man[1]* मैन्' n. (pl. *men*) **नर, मानव,** मनुज, **मनुष्य*, पुरुष, आदमी*,** इन्सान; मनुष्य-जाति^F^; (इति०) प्रजा^F^, असामी; दास, सेवक, परिचारक, नौकर; कारीगर; (प्रायः pl.) सैनिक, साधारण सैनिक, जवान; (शतरंजमें) पैदल; (चौसर, चौपड़में) गोट^F^; पति (~ & *wife*); (प्रायः संयोगमें) जलपोत (*British~-of-war*); inner~अन्तःकरण, सूक्ष्म देह; ~-at-arms सशस्त्र अश्वारोही; सैनिक, योद्धा; ~-child लड़का; ~day **श्रम-दिन, नफ़री;**^F^ ~handle मानवशक्ति^F^से चलाना; हाथसे चलाना; **जवानोंसे उठवाना;** दुर्व्यवहार करना; ~-hole **प्रवेश द्वार, छिद्र; प्रवेश-छिद्र, मनोली^F^; नर-विवर, नर-गम, नर-मोखा,** मैनहोल, (नाली^F^में) आदमीके उतरनेका छिद्र, T; ~-hour **श्रम-घण्टा,** घण्टेभरका काम, (एक मनुष्यका) एक घण्टेका काम; ~limit श्रमसीमा, **नफ़री सीमा;** ~of letters विद्वान्, साहित्यिक; ~*of* straw झूठमूठका आदमी; गैर-जिम्मेदार आदमी; ~of taste, **सहृदय;** ~-of-war **युद्धपोत, जंगी जहाज,** लड़ाई^F^का जहाज; ~-power जनबल, जनशक्ति^F^, व्यक्तियोंकी संख्या^F^; ~-rope जहाजकी रस्सी^F^; ~-servant भृत्य, सेवक, नौकर; ~shift **श्रम-पारी^F^,** ~ slaughter नरमेध, **नरहत्या^F^,** मानव-हत्या^F^; ~slayer नरहन्ता, मनुष्यवधिक; ~trap मनुष्यको पकड़नेका जाल; outer ~ स्थूल शरीर, मनुष्यका भौतिक अवयव; *be one's own* ~मुक्त होना, स्वतन्त्र होना; ~*about town* लन्दनका आवारा; ~*proposes God disposes* मेरे मन कछु और है साईंके कछु और; ~*to*~खुले आम; *the* ~ *in* (or *on* ⊙) *the street* सामान्य मनुष्य; *to a*~सभी;
~-bodied, ~-born, ~-brute, ~-changed, ~-created, ~-devised, ~eater, ~eating animals, ~-eating tiger, ~-enslaved, ~-fashion, ~-Friday, ~-god, ~-grown, ~-hater, ~high, ~-hour rate, ~keen, ~-killer, ~-made, ~-minded, ~-minute, ~overboard, ~peon, ~-ridden, ~-shaped, ~-size, ~-slaying, ~-stealer, ~-stealing, ~-stopper, ~-stopping, ~-taught, ~ward, ~way, ~wise, ~woman.

man[2] v.t. सुरक्षार्थ आदमी देना; **जनसंयोजन करना, आदमी लगाना,** आदमी रखना, आदमी भरना; आदमी लगाना; (नौवि०) मल्लाह इत्यादि रखना; स्थान-पूरण करना, पदकी पूर्ति^F^ करना; साहस रखना, हिम्मत^F^ रखना, हौसला बढ़ाना, दिल मजबूत करना ।

ma n. manual.

mana मा'नॅ n. (प्रकृति^F^की) दैवी शक्ति^F^, ईश्वरीय शक्ति^F^, अधिमानवीय शक्ति^F^; ऐन्द्रजालिक शक्ति^F^, जादूकी ताकत^F^; **माना** ।

manacle मैॅ'नॅकॅल् n. & v.t. हथकड़ी^F^ (पहनाना), निगड या बेड़ी^F^ (डालना); जंजीर^F^ (से कसना) ।

manage[1] मैॅ'निज् n. (घोड़ोंको) सिधाना, फेरना, चाल^F^ सिखाना; सिखायी हुई व्यवस्थित चाल^F^; घुड़सवारी^F^ सिखानेका स्कूल ।

manage[2] v.t. & i. व्यवस्था^F^ करना, **प्रबन्ध करना,** बन्दोबस्त करना; संचालित करना, सँभालना, देखभाल^F^ करना, देख-रेख^F^ करना; पकड़ना, प्रयोग करना, चलाना; युक्ति^F^ करना, यत्न करना; (खुशामद^F^ या चापलूसी^F^से) कार्य सिद्ध करना; काममें लाना, अपना काम निकालना; लक्ष्यप्राप्ति^F^में सफल होना; सामना करना, लड़ना ।

manageable –जॅबॅल् a. प्रणेय, विधेय, विनेय, **वश्य,** अधीन, शासनीय, प्रबन्ध्य, प्रबन्धनीय ।

manageableness, manageability –निॅस्, -बि'लिटि nn. विधेयता^F^, विनेयता^F^, वश्यता^F^, प्रबन्ध्यता^F^, प्रबन्धनीयता^F^ ।

management –ज्'मॅन्ट् n. प्रणयन, चालन, निर्वाहण,

शासन, प्रबन्धन; व्यवस्थापन; प्रबन्धाधिकरण, अधिष्ठातृत्व, **प्रबन्ध, व्यवस्था**^F; निर्वाह, विधान, इन्तजाम, **बन्दोबस्त**; युक्ति^F; उपाय, छल, कपट; प्रबन्धक; **प्रबन्ध-समिति**।

manager* –जॅर् n. प्रणेता, अधिष्ठाता, चालक, **प्रबन्धक***, प्रबन्धकर्ता, **व्यवस्थापक**, कर्ता, कारिन्दा, **मैनेजर**; (संसद्^Fके) दोनों सदनोंकी सम्मिलित सभा^Fका सदस्य; (क़ानून) कार्यसम्पादक, सरबराहकार।

manageress –रि`स् n. अधिष्ठात्री^F, प्रबन्धकर्त्री^F, व्यवस्थापिका^F।

managerial –ॲ`रिॲल् a. **प्रबन्धक** (*~corporation*), **प्रबन्ध-**, प्रबन्धकीय, प्रबन्ध-सम्बन्धी, व्यवस्था-विषयक;
~activity, ~power, ~revolution.

managership –`निजॅर् शिप् n. प्रबन्धकता^F, व्यवस्थापकता^F, मैनेजरी^F।

managing –जिंग् १. n. प्रबन्धन, **प्रबन्ध; प्रबन्ध करना**; २. a. **प्रबन्धक, व्यवस्थापक**, चालक; ~ agent **प्रबन्धाभिकर्ता**;
~body, ~committee, ~director, ~ editor, ~officer, ~owner, ~partner.

manakin मै`नॅकिन् n. उष्णकटिबन्धीय चटक^F, एक अमरीकी चिड़िया^F; = MANIKIN.

manatee, manati मैनॅटी', मैनॅटी' nn. (जीववि०) महालंका करिमकर, जलगाय^F, समुद्री गाय^F, मान्ती^F।

manche मान्स n. बाँह^F, आस्तीन^F।

Manchester School मैन्`चिॅस्टर स्कूल् n. स्वतंत्र व्यापार-समर्थक संघ।

manchet मैन्`चिॅट् n. बढ़िया डबल रोटी^F, गेहूँकी रोटी^F।

Manchu मैन्`चू n. मंचूरियावासी, मांचू भाषा^F।

-mancy -मॅन्सि -शकुन (*aero~, geo~*)।

manciple मैन्`सिपॅल् n. (बैरिस्टर कालिजके लिए) भोजनाधिकारी, सामान खरीदनेका अधिकारी, रसद^Fका अधिकारी।

Mancunian मैन्क्यू`निॲन् a. & n. मैनचेस्टर-निवासी; मैनचेस्टरकी सार्वजनिक पाठशालाका (सदस्य)।

Mancun. *Mancuniensis*, of Manchester.

mandamus मैन्डे`मॅस् n. **परमादेश**, नियोग, नियोग-समादेश, आज्ञापत्र, फरमान, हुक्मनामा।

mandarin[1] मैन्`डॅरिन् n. (चीनके नौ राजकीय पद) मन्दरिन; चीनी भाषा^F, चीनका आदर्श; प्रतिगामी विचारोंका नेता; एक चीनी वेश-युक्त गुड्डा; ~ duck चीनी बतख^F।

mandarin[2], **-ine** ईन् n. **संतरा**, एक नारंगी^F; एक शराब^F; (तारकोलसे निकलनेवाला) नारंगी रंग।

mandatary मैन्`डॅटॅरि n. (क़ानून) अधिदेशक; अधिदिष्ट व्यक्ति, अधिकृत पुरुष; वकील।

mandate[1] –डिॅट् n. शासनादेश, **अधिदेश**, समादेश, **प्रादेश, निदेश**, नियोग, समाज्ञा^F, **आज्ञा**^F, फरमान; (राष्ट्रसंघकी ओरसे) अस्वतन्त्र देशोंपर शासन करनेका अधिकार; **अधिकार-पत्र**; (पोप या मतदाताओंका दिया हुआ) आज्ञा-पत्र, हुक्मनामा।

mandate[2] –डेट्' v.t. (अधिदिष्ट व्यक्तिको राज्य आदि) समर्पित करना, सौंपना।

mandated –टिॅड् a. अधिदिष्ट, शासनादिष्ट, समर्पित (*~territory*)।

mandatory[1] –डॅटॅरि n. = MANDATARY.

mandatory[2] a. समाज्ञापक, अधिदेशात्मक, अधिनियोगात्मक, समादिष्ट, **प्रादेशग्राह्य** (*~ power, states*); आदेशात्मक, आज्ञा-सम्बन्धी, अधिदेशी, अधिदेश-विषयक, नियोजनीय; **अनिवार्य**, आवश्यक ⊙; ~state **निर्दिष्ट राज्य**; ~system अधिदेश-पद्धति^F।

M. & B. Mild and bitter; drug prepared by May & Baker.

mandible मैन्`डिबॅल् n. (कृषि०) जम्भ, **अधोहनु**, (चि०) **अधोहन्वास्थि**^F, **त्रिबुकास्थि**^F, जबड़ा, (विशे० दूध पिलानेवाला जानवरोंका) नीचेका जबड़ा; (कीड़ोंका) ऊपरका जबड़ा, T.

mandibular –`ब्यूलॅर् a. (चि०) जम्भीय, **अधोहनु, चिबुक-**, अधोहनु-विषयक, जबड़ेवाला, जबड़ेका;
~arch, ~barbel, ~foramen, ~fossa, ~nerve, ~teeth, ~vein.

mandibulate –लॅट् a. जम्भमय, जबड़ेदार।

mandioc मैन्`डिऑक n. = MANIOC.

mandola, -ora मैन्डो`लॅ, -ओॲ`र् n. एक वीणा^F, सारंगी^F; मन्दोला।

mandolin(e)–`डॅलिन् n. सारंगिया, वीणा^Fके प्रकारका एक बाजा।

mandragora मैन्ड्रै`गॅर् n. (वन०) विशाखमूल-प्रजाति^F, सामान्य विशाख, = MANDRAKE.

mandrake मैन्`ड्रेक् n. विशाखमूल, लक्ष्मणा^F, कडु आलू।

mandrel, -il मैन्`ड्रॅल्, -इल nn. वर्तुलाकार-दण्ड, खराद^Fका धुरा, (बोल०, खान^F खोदनेकी) कुदाली^F।

mandrill मैन्`ड्रिल् n. नरकीश, वनमानुष, दीर्घाकार लंगूर।

manducable मैन्`ड्यूकॅबॅल् a. चूष्य, भक्ष्य, चर्वणीय, चबाने योग्य।

manducate –केट् v.t. भक्षण करना, चर्वण करना, खाना, चबाना।

manducation –के`शॅन् n. अशन, प्राशन, भक्षण, चर्वण, चबाना।

manducatory –`ड्यूकेटॅरि a. भक्षण-विषयक, चर्वण-सम्बन्धी, अशनका, चबानेका, खानेका।

mane मेन् n. (घोड़े आदि तथा ला० रूपमें व्यक्तिके लिए भी) केशर, केसर, सटा^F, **अयाल**, आल; ~sheet अयालपट्टी^F, ओढ़ना (अयाल ढकनेका)।

maned –ड a. केशरीय, केसरयुक्त, अयालदार, आलवाला।

manege मॅनेज़् n. अश्वारोहण-विद्यालय, घुड़सवारी[F] का स्कूल; अश्वारोहण-कला[F], घुड़सवारी[F]; शिक्षित घोड़ेकी चाल[F] ।

manes मे'नीज़् n. पितृदेव, पितृदेवता, पितृ, पितर, पित्तर; प्रेतात्मा[F], स्वर्गीय पूर्वजोंकी पवित्र आत्माएँ[F] ।

maneuver ⊙ मॅनूवॅर् n. and. v.t. & i. = MANOEUVRE[2].

manful मैन्'फ़ुल् a. पराक्रमी, वीर्यवान्, शूर, बहादुर, मर्द, दिलेर, साहसी; दृढ़, अटल, स्थिरचित्त, दृढ़प्रतिज्ञ, दृढ़संकल्प, बातका धनी, पक्के इरादेका ।

manfulness –नि॑स् n. पौरुष, पुरुषत्व, पराक्रम, शूरवीरता[F], शौर्य, वीर्यवत्ता[F], साहस, बहादुरी[F], दिलेरी[F], मर्दानगी[F]; दृढ़संकल्प, स्थिर-चित्तता[F], दृढ़ता[F], अटलपन ।

manganate मैन्'गॅनॅट् n. लोहकीय, लोहकिज-लवण, (रसा०) **मैंगानेट** ।

manganese –नीज़् n. लोहक, लोहकस्फटिका[F], लोहकशुक्ता[F], (रसा०) **मेंगनीज** (~*bronze*, ~*steel*)।

manganesian, manganic –'ज़िअॅन्, गै'निक् aa. लोहकिय, लौहकिक, लोहकयुक्त, मेंगनीजका ।

manganin –'गॅनिन् n. रूप्यलोहताम्र, (ताँबा और निकिल[F] की मिली धातु) ।

manganite –नाइट् n. लोहकिज, भूरे रंगकी मेंगनीज ।

mange मेन्ज् n. पामा, कच्छु, (कृषि०) **कण्डू, खाज**[F], (विशे० जानवरोंकी) खाल[F] में खाज[F] का एक रोग; (शिथिल अर्थोंमें) खाल[F] की गन्दी अवस्था[F] ।

mangel, (-wurzel), mangold (-wurzel) मैन्'गॅल् (-वर्'ज़ॅल्), मैन्'गॅल्ड् (-वर्'ज़ॅल्) nn. पालंक, राजमूल, (एक बड़े आकारका चुकन्दर) ।

manger मेन्'जॅर n. गवादनी[F], घासद्रोणी[F], चरही[F], चरई[F], चरनी[F], **नाँद**[F] ।

manginess मेन्'जिनि॑स् n. कण्डूति, खुजलाहट[F] ।

mangle[1] मैन्'गॅल् n. वायुशिफ[F]; वस्त्रमार्जन यन्त्र, इस्तरी[F], मैंगल ।

mangle[2] v.t. मशीन[F] से लोहा करना ।

mangle[3] v.t. (मुष्टिक्षत द्वारा) विकलांग या विक्षतांग करना, क्षत-विक्षत करना, खण्ड-खण्ड काटकर विरूप करना, धज्जी-धज्जी[F] करना; चीरना-फाड़ना; (भूलों[F] द्वारा उद्धरण, पाठ आदिमें) खराबी[F] करना, गड़बड़ करना, काटना, अशुद्ध उच्चारण करना ।

mangled –ड्' a. छिन्न-भिन्न, विक्षत, विक्षतांग, विच्छिन्न ।

mangler –'गॅलॅर् n. मैंगलसे इस्तरी[F] करनेवाला ।

mango मैन्'गो n. (pl. *-es*) रसाल, आम्र, **अम्ब, आम**; ~-grove आम्रकुंज, अमराई[F] ।

mangold(-wurzel) दे० MANGEL.

mangonel मैन्'गॅनॅल् n. पाषाण-क्षेपक यन्त्र, प्रस्तर-क्षेपक इंजिन, पत्थर फेंकनेका मिलिटरी इंजिन ।

mangrove –'ग्रोव् n. (वन०) वायुशिफ; आशंकुफल; (एक उष्णकटिबन्धीय वृक्ष), **कच्छ वनस्पति**, चमरंग ।

mangy –'जि a. खजुहा, खुजीली, खुजली[F] की बीमारी[F]- से युक्त; रुक्ष, रूखा ।

manhood मैन्'हुड् n. पूर्ण-पुरुषत्व, मनुष्यकी पक्वावस्था[F]; (किसी अर्थमें) प्रौढ़ मनुष्य; मानवता[F], मनुष्यत्व; वीरता[F], साहस, मरदानगी[F], हिम्मत[F]; ~ suffrage **पुरुष-मताधिकार** ।

mania मे'निअॅ n. बुद्धिभ्रम, **उन्माद**, सनक, पागलपन, झक[F]; विषयासक्ति[F], अत्यधिक उत्साह ।

-mania -मेनिअॅ -उन्माद, विक्षिप्ति[F] (*klepto*~, *megalo*~, *nympho*~); अनुसरण, प्रवृत्ति[F] या व्यवसायद्योतक (*biblio*~); श्लाघा[F], प्रेम, श्रद्धा[F] या आकर्षण द्योतक (*Anglo*~) ।

maniac –अैक् a. & n. उन्मत्त, उन्मादी, विक्षिप्त, सनकी, दीवाना, सिड़ी; पगला (आदमी) ।

maniacal मॅनाइ'अॅकॅल् a. उन्मत्त, झक्की, सनकी ।

manic मे'निक् a. उन्मत्त, विक्षिप्त, सनकी, पागल, पगला; झक्की; अतिलालसायुक्त; उन्माद-सम्बन्धी; ~ depressive insanity उतार-चढ़ाववाला पागलपन ।

Manich(a)ean मैनिकी'अॅन् a. & n. मानिकीका ।

Manich(a)eism n. मै'निकीवाद ।

manicure[1] –'निक्युअॅर् n. हाथ तथा पाँवका चिकित्सक ।

manicure[2] v.t. हाथ तथा पाँवमें ओषधि[F] लगाना ।

manicurist –रिस्ट् n. = MANICURE[1].

manifest[1] मैं'निफ़े॑स्ट् n. (नौवि०) **माल-सूची**[F]; जहाजके मालका बीजक; **वहन-पत्र** ।

manifest[2] v.t. & i. प्रव्यंजन करना, प्रव्यक्त होना या करना, प्रकट करना या होना, प्रत्यक्ष दिखाना, सम्मुख लाना, उघाड़ना; सिद्ध करना, साक्षी होना; (कृत्यों आदिको देखकर) गुणों-भावों आदिको सूचित करना; (राजनीतिक दलों आदिका) जनमतका प्रदर्शन करना ।

manifest[3] a. प्रव्यक्त, **व्यक्त**, अभिव्यक्त, स्फुट, प्रत्यक्ष, प्रादुर्भूत, स्पष्ट, प्रकट, साफ़ ।

manifestable, -ible –टॅबॅल् aa. प्रव्यंजनीय, प्रव्यक्तव्य, प्रकाश्य, स्पष्ट करने योग्य ।

manifestation –टे'शॅन् n. प्रव्यंजना[F], प्रव्यक्ति[F], **अभिव्यक्ति**[F], प्रत्यक्षीकरण, प्रकाशन, स्फुटीकरण, स्पष्टीकरण, आविर्भाव, प्रादुर्भाव, प्रकटता[F], स्पष्टता[F]; आत्मप्रकाश; उत्पत्ति[F], जन्म ।

manifestative –निफ़े॑'स्टॅटिव् a. प्रव्यंजनशील, प्रव्यक्त, प्रकाश्य, प्रदर्शनीय ।

manifested –टि॑ड् a. प्रव्यक्त, स्पष्ट, प्रकट (~ *quantity*) ।

manifester –टॅर् n. प्रकाशक, व्यंजक ।

manifestly –ट्लि adv. स्पष्टतः, प्रत्यक्षतः, प्रकट रीतिसे, व्यक्त रूपमें ।

manifestness –नि॑स् n. प्रव्यंजन, व्यक्तता[F], स्पष्टता[F], प्रव्यक्ति[F], प्रत्यक्षीकरण, प्रकाशन, स्पष्टीकरण ।

manifesto –'टो n. (pl. ~*s*) ज्ञापन[F]-पत्र, **आविस-पत्र**, लोकघोषणा[F], नीतिघोष, प्रसिद्धि-पत्र, घोषणा[F]-पत्र, मैनिफेस्टो; प्रव्यंजना[F] ।

manifold[1] मैनिफ़ोल्ड n. बहुछिद्रिल नल या कमरा।
manifold[2] v.t. बहुविध करना, बहुगुण करना, अनेक प्रतिलिपियाँ^F बनाना।
manifold[3] a. बहुविध, बहुगुण, नानाविध, नानाप्रकार, अनेक, भिन्न प्रकारका, विविध, नाना (~ *vexations*); बहुस्तरीय, कई परतोंका।
manifoldness –नि`स् n. बहुविधता^F, बहुगुणत्व, विविधता^F, अनेकता^F; बहुस्तरयुक्तता^F।
manikin मैंनिकिन् n. वामन व्यक्ति, बौना आदमी; काष्ठनिर्मित मूर्त्ति^F, (अंग-प्रत्यंग निकलने योग्य); **पुतला** (~ *test*); शरीरीय पंजर, ठठरी^F; अमरीकाका उष्ण-कटिबन्धीय पक्षी।
manilla[1] मॅनि'लॅ n. (अफ्रीकी) धातु^Fका कंगना; मुद्रा^F।
Manilla[2], **-ila** –, -इ'लॅ n. मनीली चुरट^F, मनीलाकी बनी चुरट^F; **सनका रस्सा**, T; ~ hemp (नौवि०) **सन**; ~ rope **सनी रस्सा**; ~ paper सनका कागज।
manioc मैंनिऑक् n. मण्डशिफ; सेमुल आलूका पौधा।
maniple मैंनिपॅल् n. (रोमन पुरा०; १२० या ६० व्यक्तियोंसे युक्त) लघुगुल्म, सेना^Fकी प्रतिशाखा^F; (ईसाई) पूजा^Fका परिधान, दुपट्टा, पट्टी^F।
manipular मॅनि'प्यूलॅर् a. हस्तसाध्य, हस्तक्रिया-सम्बन्धी।
manipulate –लेट् v.t. (चि०) हस्तोपचार करना; हस्तविधान करना, हाथसे चलाना; **जोड़तोड़ करना, चलाना**, स्वार्थसाधन करना, काममें लाना; दक्षता^Fसे सुलझाना; छल-योजना^F करना, छलसाधन करना, चालाकी^Fसे साधना, कारस्तानी^F करना।
manipulation –ले'शॅन् n. (चि०) हस्तोपचार, हस्त-विधान, **हस्त-प्रयोग, कुशल-प्रयोग**, हस्तसाधन, प्रहस्तन; छलसाधन, स्वार्थसाधन, छलयोजना^F, **हस्त-कौशल, क्रियाकौशल, हेरफेर**; साधना^F, पतेबाजी^F, होशियारी^F, चालाकी^F।
manipulative, manipulatory –'प्यूलेटिव्, –टॅरि aa. **हस्तप्रयोगी**, प्रहस्तनशील, हस्तकौशलपूर्ण, प्रवंचक, छलयुक्त; छलसाधनयुक्त।
manipulator –टॅर् n. हस्तकुशल व्यक्ति, स्वार्थसाधक, छलयोजक, छलसाधक, पतेबाज।
Manit. Manitoba.
manitou मैंनिटू n. (पवित्र या अपवित्र आत्माएँ^F), भूत, प्रेत; अलौकिक शक्तिसम्पन्न वस्तुएँ^F।
mankind मैन्काइन्ड्' n. मानव-जाति^F, मनुष्य-वर्ग, नर, मानव, मनुष्य।
manless –'लि`स् a. निर्जन, निर्मनुष्य, सूना, उजाड़, अरक्षित।
manlike –लाइक् a. नररूप, पुरुषाकार, मनुष्यवत्, मानव-सदृश; पुंल्लिंग; पुरुषोचित।
manliness –लिनि`स् n. **पौरुष**, शौर्य, वीर्य, वीरता^F, बहादुरी^F, निर्भीकता^F, साहस; मानवता^F।
manly –लि a. पुरुषोचित, मानवगुण-सम्पन्न, वीर, निर्भीक, साहसी।

manna मैं'नॅ n. (यहूदियोंका) आध्यात्मिक आहार; (चि०) यवासशर्करा^F, तुरंजबीन; त्वक्क्षीरी, वैणवी, बंस-लोचन, तबाशीर, पौधोंका मधुर सत्त्व।
manned ⊙ मैन्ड्' a. (अधिकृत व्यक्तियों द्वारा) रक्षित।
mannequin मैं'नि`कि(क्वि)न् n. (दर्जीका) वस्त्रवाही परिचारक, कपड़ा पहनने या दिखानेवाला नौकर।
manner मैं'नॅर् n. (pl.) **शिष्टाचार**, सभ्याचार, आचार, व्यवहार (*he has no* ~); (एक व०) **रीति^F**, रूप, **प्रकार**, विधा^F, सामाजिक चलन, **ढंग**, बर्ताव, रीति-रस्म; पद्धति^F, क्रम; adverb of ~ रीतिवाचक क्रियाविशेषण; no ~ of right अधिकारच्युति^F, अधिकाराहित्य।
mannered –ड् a. शिष्टाचारवान्, भद्र, शिष्ट, सुशील, विनीत; *ill*-~ अभद्र, अशिष्ट, बुरे आचरणवाला।
mannerism –रिज़्म् n. शिष्टता^F, आचार, आचरण, व्यवहार, **व्यवहार-वैचित्र्य**, व्यवहारशीलता^F, साहित्य या कला^Fकी शिष्ट शैली^F; शैली^F-वैशिष्ट्य, व्यवहार-प्रेम, रीति-रस्मकी पाबन्दी^F।
mannerist –रिस्ट् n. सदाचरणवादी, शिष्ट, आचार-वान्, व्यवहारशील; रीति^F या पद्धति^Fका उत्कट प्रेमी।
manneristic, -al –'टिक्, -ऑल् aa. रीति-पद्धति^Fसे काम लेनेवाला।
mannerless –'नॅर्लि`स् a. अभद्र, अशिष्ट, अविनीत, कदाचारी, दुराचारी।
mannerliness –लिनि`स् n. शिष्टाचार, शिष्टाचार-पूर्णता^F, आचारवत्ता^F, आचरणशीलता^F, व्यवहारकुशलता^F, शिष्टता^F, विनयशीलता^F, सुशीलता^F।
mannerly –लि a. आचारवान्, शिष्टाचारपूर्ण, आचरणशील, व्यवहारकुशल, भद्र, शिष्ट, विनयी, सुशील, विनीत।
mannikin मैंनिकिन् n. = MANIKIN.
mannish मैंनिश् a. नरवत्, मानवसदृश, पुरुषसदृश; पुरुषजातीय, आदमीका।
mannishness –नि`स n. पुरुषत्व, मनुष्यत्व।
manoeuvrability मॅनू (न्यू)वॅरॅवि'लिटि n. युद्धा-भ्यास-क्षमता^F; प्रवंचना^F।
manoeuvrable –'वॅरॅवॅल् a. युद्धाभ्यासक्षम; प्रवंच्य।
manoeuvre, -euver[1] ⊙ –र्, ऊ'वॅर nn. सैन्य-व्यूहन, युद्धाभ्यास, युद्धाभिनय, युद्ध-व्यपदेश; **चाल^F**, जुगत^F, चालाकी^F, दाँवघातकी चाल^F, तिकड़मबाजी^F, चतुरतापूर्ण युक्ति^F; कौशल, विदग्धता^F, कपटोपाय, माया^F, तोड़-जोड़; स्थितिपरिवर्तन।
manoeuvre, -euver[2] ⊙ v.t. युद्धाभ्यास करना, **जंगीचाल चलना; युक्ति-चालन करना**; चतुर युक्ति^Fका प्रयोग करना, चालाकी^F करना, दाँव लगाना; (व्यक्ति, वस्तु^F आदिको) निपुणता^Fसे निकालना, चतुरता^Fसे बचा ले जाना; स्थिति-परिवर्तन करना, **पैंतरा बदलना**।
manoeuvrer –'रॅर् n. युद्धाभ्यासी; कपट प्रयोक्ता, चालाक, तिकड़मबाज।
manometer मॅनॉ'मि`टॅर् n. निपीडमान, (चि०) **तनावमापी**; (वन०, रसा०, भौ०) **दाबमापी, दाबांतर-**

मापी, मैनोमीटर ।
manometric –नॅमे´ट्रिक् a. निपीडमानीय, निपीड़-मान-विषयक, **दाबदर्शी,** (भौ०) **दाबमापी** (~ *capsule*, ~ *flame*), मैनोमीटर-सम्बन्धी ।
manor मैं´नॅर् n. स्वामि-भू[F], जागीर[F], ताल्लुका, जमींदारी[F] ।
manorial मॅनॉ´रिॲल् a. स्वामिभू-विषयक, जागीर[F]-सम्बन्धी, ताल्लुकेका ।
manqué (F) a. हो सकता था किन्तु हुआ नहीं ।
mansard मैन्´सर्ड् n. **दुढालु छत**[F], दोनों ओर ढालू छत[F] ।
manse मैन्स्´ n. (विशे० स्काटलैण्डके क्षेत्रमें) पादरीका वासस्थान ।
mansion –´शन् n. सौध, सदन, भवन, प्रासाद, आगार, निकेतन, कोठी[F], महल, हवेली[F]; (pl.) बहुतल्ला भवन, कई मंजिला मकान ।
mansuetude मैन्´स्विट्यूड् n. (विरल) विनय[F], वश्यता[F], नम्रता[F], अधीनता[F] ।
manta मैन्´टॅ n. कम्बल; ढीला-ढाला लबादा; झूल[F], घोड़ेका साज ।
mantel मैन्´टॅल् n. (अब प्रायः ~ *piece*) **प्रावार, प्रावारक, अँगीठी, कानस; आवरण; जाली-थैली**[F]; T; ~ shelf **अँगीठी-पट्ट;** अँगीठी[F]के ऊपरकी आलमारी[F] ।
mant(e)let मैन्ट्´लिट् n. चोगा, छोटा लबादा, परदा, बख्तर ।
mantic मैन्´टिक् a. आध्यात्मिक ।
mantilla मैन्टि´लॅ n. ओढ़नी[F], दुपट्टा, जालीदार ओढ़ना ।
mantis मैन्´टिस् n. बद्धहस्त, झींगुरकी तरहका एक हथजोड़ कीड़ा ।
mantissa मैन्टि´सॅ n. (त्रिकोण०) (लघुगणकका) **अपूर्णांश,** दशमिकांश, दशमलवांश ।
mantle[1] मैन्´टॅल् n. (ला०) **प्रावरण,** प्रावार, बाह्यभित्ति[F], **आवरण, मण्डल, मेण्टल;** दीपावार, गैस[F]का मेण्टल (*incandescent* ~); स्त्रियों[F]का बे-आस्तीन[F]का चोगा या लबादा, अवगुण्ठन, आवरण, दुपट्टा, परदा; (शारीर०) मस्तिष्क प्रान्तस्था[F] (बाहरका धूसर भाग); ~ block **ऊष्मसह गुटका;**
~ cavity, ~ flap, ~-hose, ~ layer, ~ lobe, ~-nerve, ~-rock.
mantle[2] v.t. & i. प्रावरण करना; लबादा ओढ़ना, पहनाना, ओढ़ाना, लपेटना, ढकना, परदा डालना, छिपाना; (द्रवका) मैल जमना; (लज्जा[F]से) लाल हो उठना ।
mantlet –ट्´लिट् दे० MANTELET; **गोलीसह पर्दा** ।
mantra मैन्´ट्रॅ n. मन्त्र ।
mantua मैन्´ट्यूॲ n. (१७वीं-१८वीं शती[F]का) गौन, स्त्रियों[F]का ढीला चोगा, लहँगा; ~-maker दर्जिन[F], स्त्रियों[F]की पोशाक[F] तैयार करनेवाली ।
manual[1] मैन्´यूॲल् n. **पुस्तिका**[F], हस्तक, **गुटका,** हस्तपुस्तिका[F]; **नियम पुस्तक**[F], नियमावली[F] (~ *rules*); संग्रह; करचल, उँगलियों[F]से बजनेवाला आरगन बाजा ।
manual[2] a. **हस्त-,** हस्त्य, कर-सम्बन्धी, हस्त-सम्बन्धी, **दस्ती, हाथका,** हस्तसाधित; (यन्त्र०) **करचल** (~ *signal telephone*); शारीरिक (~ *labour*); ~ exercise (सै०) चाँदमारी[F]; ~ fire-engine करचल इंजन, हस्त-चालित इंजन; ~ alphabet हस्त-संकेत द्वारा बातचीत[F] करनेवाले वर्ण; ~ work **मजदूरोंका काम; हाथका काम;**
~ art, ~ dexterity, ~ instruction, ~ labourer, ~ lift, ~ method, ~ occupation, ~ process, ~ signs, ~ training, ~ work.
manufactory मैन्यूफ़ैक्´टॅरि n. **निर्माणी**[F], **निर्माणशाला**[F], शिल्पगृह, शिल्पशाला[F], कारखाना ।
manufactural –´चॅरॅल् a. उत्पादन-विषयक, निर्माण-सम्बन्धी ।
manufacture[1] –´च्युॲर n. शिल्पकर्म, शिल्पकारी[F], कारीगरी[F], (*wollen* ~); **औद्योगिक निर्माण, व्यापारिक निर्माण;** (वस्तुओं[F]का बड़े पैमानेपर) विरचन, उत्पादन, **विनिर्माण, निर्माण,** निर्मिति[F], बनावट[F], गढ़न[F]; निर्मित वस्तुएँ[F] ।
manufacture[2] v.t. **निर्माण करना,** उत्पादन करना, निर्मित करना, पैदा करना; (कहानी[F] इत्या०) **बनाना,** रचना, गढ़ना ।
manufactured ⊙ –´चॅर्ड् a. रचित, (वन०) **निर्मित,** गढ़ी हुई, बनावटी (~ *food, silk*) ।
manufacturer –रॅर n. **विनिर्माता,** निर्माणकर्ता, निर्मायक, **निर्माता,** उत्पादक, शिल्पी, शिल्पकार, कारीगर, कारखानेवाला ।
manufacturing –रिंग् १. n. **निर्माण, विनिर्माण;** २. a. उत्पादक, निर्माणकारी, निर्माण करनेवाला; ~ process निर्माणप्रक्रिया[F];
~ account, ~ apparatus, ~ charges, ~ chemist, ~ establishment, ~ goods, ~ plant, ~ process, ~ site, ~ value, ~ wages, ~ yard.
manumission मैन्यूमि´शॅन् n. दासमुक्ति[F], बन्धनमोक्ष, मुक्ति[F], छुटकारा, गुलामी[F]से रिहाई[F] ।
manumit –मिट् v.t. (इति०) दासमुक्त करना, स्वतन्त्र करना, आजाद करना ।
manumotive मैं´न्युमॅटिव a. हस्तचालित ।
manu propria (L) अपने हाथसे ।
manure[1] मॅन्युॲर्´ n. पशुविष्ठा[F], गोमय, गोबर; उर्वरक, (कृषि०, प्रा० भूगोल) **खाद**[F], पाँस;
~ heap, ~ mixture, ~ pit, ~-salts, ~-spreader.
manure[2] v.t. उर्वर बनाना, उपजाऊ करना, खेत कमाना, जरखेज करना; खाद[F] देना, खाद[F] डालना, पाँसना ।
manurer –´रॅर् n. उर्वरक-वितरक, खाद[F] डालनेवाला,

पाँसनेवाला।

manurial –रिमॅल् a. खाद-, खाद-विषयक, पाँत-सम्बन्धी (~method, *trial*); ~value **खाद**^F^**-शक्ति**^F^।

manus मे'नॅस n. हस्त, हाथ।

manuscript मैं'न्यूस्क्रिप्ट् a. & n. हस्तलिखित (प्रमाण, पुस्तक^F^ आदि); दस्तावेज; **हस्तलेख,** हस्तलिपि^F^, **पाण्डुलिपि**^F^;

~ exercise book, ~ heading, ~ matter, ~ register.

manward मैन्'वॅर्ड् a. मानव-प्रति, मानवकी ओर; मानवीय, मनुष्य-सम्बन्धी।

Manx मैन्क्स्' a. & n. मानद्वीपका (निवासी), मानद्वीपीय (भाषा^F^)।

many मे'नि a. & n. बहुसंख्यक, नाना, अनेक, बहु, बहुत; ~-sided **बहुमुखी** (~ *reaction*); प्रतिभासम्पन्न; ~-sidedness बहुमुखित्व, बहुमुखी प्रतिभा^F^; *a good* ~ अधिक संख्या^F^में, काफी, बहुत; *a great* ~ अनेक, बहुत-से; *as* ~ जितने, उतने; *how* ~ कितने; ~ *a slip between the cup and the lip* कानी^F^के ब्याहको नौ सौ जोखिम^F^; ~ *men* ~ *minds* मुण्डे-मुण्डे मतिर्भिन्ना, जितने लोग उतनी बातें^F^, जितने नर उतनी बुद्धि^F^; *so* ~ इतने; *~'s the* बहुत अधिक (*~'s the tale he has told us*);

~-acred, ~-angled, ~-blossomed, ~-branched, ~-bundled, ~-celled, ~-coloured, ~-eyed, ~-faced, ~-faceted, ~-forked, ~-handed, ~-headed, ~-hued, ~-jointed, ~-knotted, ~-languaged, ~-layered, ~-leaved, ~-legged, ~-lived, ~-loved, ~-mouthed, ~-pointed, ~-seeded, ~sided, ~-spotted, ~-tailed, ~-tongued, ~-valued, ~-valued function.

map^1^* मैप् n. आलेख्य-चित्र, **आलेख, मानचित्र, नकशा***; ~-reading मानचित्राध्ययन, नकशेका अध्ययन; ~ shooting **नक्शा बनाना;** *off the* ~ विस्मृत, महत्त्वहीन; *on the* ~ महत्त्वपूर्ण, स्मरणीय;

~ board, ~ cloth, ~ compilation, ~ coordinates, ~ correction office, ~ correction work, ~-projection, ~ record, ~ reference, ~ scale, ~ sheet, ~ sketch, ~ study.

map^2^ v.t. चित्रांकन करना, आलेखन करना, मानचित्र बनाना, नकशा बनाना; ~ *out* युक्ति विचारना, व्यवस्था सोचना, योजना बनाना।

maple मे'पल् n. कुट्टिमदारु; (वन०) **द्विफल,** T. मैपिल वृक्ष (जिससे मनके, लकड़ी^F^ या चीनी^F^ बनती है); मैपिलकी लकड़ी^F^; ~-leaf कुट्टिमपत्र (कनाडाराष्ट्र-प्रतीक)।

mapper मैं'पॅर् n. मानचित्रकार, नक्शानवीस।

mapping –पिंग् n. **मान-चित्रण; निरूपण; रूपान्तरण**।

Maquis माकी' n. झाड़ियों^F^का समूह; फ्रांसीसी गुरिल्ला सैनिक।

Mar. March.

mar मार्' v.t. भ्रष्ट करना, नष्ट करना, क्षति^F^ पहुँचाना, बरबाद करना, खराब करना, बिगाड़ना।

marabou मैं'रॅबू n. सारस-विशेष, मराबू।

marabout मैं'रॅबूट् n. मुसलमान संन्यासी, फकीर; (विशे० उत्तरी अफ्रीकामें) योगी, संन्यासी; ताबूत, महात्माओंका समाधि-स्थान।

marantic मॅरैन्'टिक् a. बालशोष सम्बन्धी, सूखासे ग्रस्त।

maraschino मैरॅस्की'नो n. (pl. *-s*) काले चेरी फलकी मदिरा^F^, माराशीनो^F^।

marasmic मॅरैज़्'मिक् a. बाल-क्षय-विषयक, बाल-शोष-सम्बन्धी; शरीर-क्षय-सम्बन्धी, सूखेवाला।

marasmus –'मॅस n. बाल-क्षय, बालशोष, सूखा; शरीर-क्षय।

Marathon मै'रॅथॅन् n. (कई मील^F^की) लम्बी दौड़^F^; अतिसहिष्णुता^F^, अत्यधिक सहनशीलता^F^, साहस, दम।

maraud मॅराड्' v.i. & t. प्रलुण्ठन करना, लूट-मार^F^ करना, ठगी करना, चोरी^F^ करना, डाका डालना, लूटना।

marauder –'डॅर् a. प्रलुण्ठक, चोर, बटमार, डाकू, **लुटेरा;** उपद्रवी, उपप्लवकारी।

marauding –डिंग् n. प्रलुण्ठन, **लूटमार**^F^।

maravedi मैरॅवे'डि n. स्पेनका एक प्राचीन सिक्का, पौण्ड।

marble^1^ मार'बॅल् n. (रसा०, प्रा० भूगोल, यंत्र०, कृषि०) राजाश्म, मणिशिला^F^, **संगमरमर,** T; (pl.) मूर्त्ति-संग्रह; बिल्लौर, चिकनी काँचकी गोली^F^; अभ्र, अबरी^F^; ~ bone disease (चि०) संगमर्मरके समान हड्डी कठिन, और ठोस होनेवाला अस्थिरोग, ~-edged संगमरमरके किनारेवाला; ~-hearted कठोरहृदय, निर्दय;

~ bath tub, ~ chips, ~-cutter, ~ monuments, ~ paper, ~ pea, ~ powder, ~ sides, ~ slab, ~ tile, ~-ware, ~ white, ~wood.

marble^2^ v.t. अबरी^F^ बनाना, (कागज, पुस्तक^F^, आदिके किनारे, साबुन आदिको) चित्र-विचित्र रँगना अबरी^F^ करना।

marbled –ल्ड a. राजाश्मित, संगमरमरकी तरह रेखांकित या चित्रित, अबरीदार।

marbler लॅर n. राजाश्मक, संगमरमरकी तरह रेखांकित करनेवाला चित्रकार अबरीकार।

marbling –लिंग् n. राजाश्मन, संगमरमर-सदृश रेखांकन या चित्रण, अबरी^F^।

marbly –लि a. राजाश्मवत्, मणिशिलासदृश, संगमरमरकी तरह, अबरीदार।

marc मार्क्' n. (मदिरा^F^ या तेलकी) तलछट^F^, रस निकालने पर बचा हुआ फलोच्छिष्ट।

marcasite –'कॅसाइट् n. विमाक्षीक, (बिल्लौरमेंका गन्धकयुक्त लोहा), T.

marcasitic –सि'टिक् a. विमाक्षीक-विषयक ।
marcel^1 मार्सेल्' n. (~ *wave* भी) कृत्रिम केश-तरंग, बालोंकी बनावटी लहर^F ।
marcel^2 v.t. बालोंमें लहर^F निकालना, घूँघर बनाना ।
marceline मार्'से`लिन् n. रेशमी कपड़ा ।
marcescence मार्से`'सॅन्स् n. विशीर्णता^{F}, **म्लानता**^{F}, मुर्झाहट^F ।
marcescent –न्ट् a. (वन०) विशीर्णमान, **म्लान**, (पौधा) खड़े-खड़े मुर्झानेवाला ।
marcessible –सिबॅल् a. विशीर्य, मुरझानेवाला ।
March^1 मार्च्' n. (सं० *Mar*) मार्चका महीना; ~ brown मछली^{F}का चारा (मक्खी^{F}); ~ **hare** प्रसव ऋतु^{F}का शशा ।
march^2 n. (इति०) (प्रायः बहुव० *-es* प्रयुक्त) पर्यन्त, सीमा^{F}, सीमान्त, हद^F; विवाद्य क्षेत्र, दो देशोंके बीच विवादास्पद भूमि^{F}; सीमा प्रान्त (~ *band* भी) ।
march^3 n. (सैन्य०) प्रयाण, अधियान, प्रस्थान, कूच^F, **मार्च**, (~ *discipline*); सैनिक संचलन; सैनिकों द्वारा एक दिनमें तै होनेवाली दूरी^{F}, पड़ाव; (संगी०) प्रस्थान-राग, कूचका राग; ~ of events घटना-क्रम; ~ of intellect बुद्धिविकास; ~past अभिमुख प्रयाण, मार्च-पास्ट; *on the* ~ पैदल ।
march^4 v.i. & t. (सैन्य०) प्रयाण करना, अधियान करना, प्रस्थान करना, **कूच करना, मार्च करना;** सन्तुलित प्रचलन करना, धीरे-धीरे चलना या बढ़ना, चलना; (रीति-रस्म आदिका) प्रगति^{F} करना; चलाते जाना, बढ़ाते जाना; ~ past अभिमुखप्रयाण करना, मार्च पास्ट करना; ~ *in* (सैन्य०) **पेश करो;** ~ *out* (सैन्य०) **बाहर ले जाओ** ।
marcher –'चॅर् n. क्रियागत अर्थोंमें; सीमान्तवासी ।
marchioness मार्'शॅनि`स् n. बेगम^F, मारक्विसकी विधवा स्त्री^{F}; मारक्विसके बराबर अधिकार रखनेवाली स्त्री^{F} ।
marchpane, marzipan मार्च पेन्', मार्'जिपैन् **nn.** बादामका केक ।
marcid मार्'सिड् a. क्षीण, सूखा, दुबला, मुरझाया हुआ ।
marcidity –डिटि n. क्षीणता^{F}, क्षय, ह्रास ।
marconi मार्को'नि n. & v.i. & t. बेतारका सन्देश (भेजना), T.
marconigram –निग्रैम् n. बेतारके समाचार भेजनेका मारकोनीका यन्त्र, बेतारका सन्देश ।
Mardigras मार्'डीग्रा n. ईस्टरका मंगलवार ।
mare मेअॅर्' n. (चि०) पर्वतव्याधि^{F}, समुद्र व्याधि^{F} ।
mare मेअॅर्' n. वामी^{F}, तुरगी^{F}, अश्वा^{F}, वाजिनी^{F}, **घोड़ी**^{F}; ~ s nest माया^{F}, काल्पनिक वस्तुएँ^{F}, व्यर्थकी खोज^F; ~-blob, ~ clausum, ~'s-tail पौधोंके प्रकार, **चमरी-मेघ** आदि ।
Marechal Niel n. एक प्रकारका लतरदार गुलाब ।
maremma मॅरे`'मॅ n. पंकिल वेला^{F}, दलदली तट या प्रदेश ।
mare (L) n. एक ही देशके अधिकारमें समुद्र ।
marfik मैर्फिक n. (गणि०) **एकादश सर्पधर**, T.
marg. margin; marginal.
margarine मार्'गॅ(जॅ)रिन्, मार्'गॅ(जॅ)रीन् n. उपभ्रक्षी, कृत्रिम मक्खन, T. मक्खन सदृश चर्बी^{F}का नाम ।
margarite मार्'गराइट् n. मणिस्फट, (एक चमकदार अभ्रक^F) ।
margay मार्'गे n. (द० अमरीकी) बाघ-बिल्ला ।
marge –'ज्' n. (का०) = MARGIN.
margin^1 –'जिन् n. (वन०, अर्थ०) **सीमा**^{F}, **सीमान्त,** कोर, गोट^F, **पट्टी**^{F}, किनारा; (धन, समय इत्या०) घाता, घाल, (वाणि०) उद्धारप्रतिभूति-**अन्तर; परिसर;** उपकण्ठ, तीर, (वन०) **तट**, प्रान्त, **पार्श्व**, उपान्त, **हाशिया;** मात्रा^{F}, **गुंजाइश**, (~ *of profit*); ~ trowel (यन्त्र०) **गोला** ।
margin^2 v.t. हाशिया बनाना; हाशियेमें टिप्पणी^{F} लिखना; (दलालके पास) अधिक धन जमा करना ।
marginal –नॅल् a. (वन०) **सीमान्त-**, पार्श्व-, प्रान्त-, प्रान्तवर्ती, हासियेका, हाशियेमें लिखा हुआ; **सीमांतरीय, उपान्त, उपान्तस्थ,** किनारेपर; ~ **layer बहिरावरण स्तर;** ~ note हाशिया टिप्पणी^{F}, उपान्त-टिप्पणी^{F}; ~ adjustment, ~bund, ~buyer, ~contrast, ~cost, ~cultivation, ~current, ~demand, ~distribution, ~dose, ~farmer, ~field, ~frequency, ~labourer, ~land, ~man, ~phenomena, ~price, ~producer, ~ product, ~ productivity, ~ profit, ~purchase, ~region, ~return, ~revenue, ~seller, ~significance, ~ table, ~total, ~utility, ~vein, ~zone.
marginalia –ने'लिअॅ n. (pl.) पार्श्व-टीका^{F}, उपान्त-टिप्पणी^{F}, हाशियेमें लिखी हुई टिप्पणी^{F} ।
marginalism –नलिज़्म् n. (अर्थ०) **सीमान्त वाद** ।
marginate –'जिनॅट् a. हाशियादार, हाशियेका ।
marginated –नेटिॅड् a. किनारादार, हाशियादार ।
marginism –जिनिज़्म् MARGINALISM.
margosa मार्गो'सॅ n. नीम ।
margrave मार्'ग्रेव् n. (इति०; जर्मनी देशके अमीरोंकी) पुरानी उपाधि^{F}-विशेष, मार्ग्रेव; (आरम्भमें) सीमा-प्रदेशके सैनिक गवर्नर, राज्यपाल ।
margraviate –ग्रे'विअॅट् n. (जर्मनीके) राज्यपालका अधिकारक्षेत्र ।
margravine –'ग्रविन् n. मार्ग्रेवकी पत्नी^{F} ।
marguerite मार्'गॅरीट् n. अक्षिपुष्प, डेजी ।
mariagie de convenance (F) संविदागत विवाह ।
Marian मेअॅ'रिअॅन् a. कुमारी मेरी-सम्बन्धी ।
marid (Arabi) n. शक्तिशाली प्रेत, ताकतवर जिन ।
marigold मै'रिगोल्ड् n. (वन०) गेन्दुक, **गेंदा** (पौधा

या पुष्प); इसके भेद corn, field, fig, French, march ~ ।

marigraph मॅरिग्राफ़ n. ज्वार-भाटा मापक यन्त्र, मैरीग्राफ ।

marimba मैरिम्'बॅ n. अफ्रीकी ढोल ।

marinade मैरिनेड् n. (एक प्रकारका) अचार, मुरब्बा ।

marinate मै'रिनेट् v.t. लवण-युक्त करना, नमक लगाना; अचार डालना ।

marine[1] मॅरीन् n. समुद्रयान, **समुद्री जहाज**, व्यापारी जहाज; नौका-समुदाय, जहाजी बेड़ा; (~*s*) **समुद्री सेना**F; blue, red, ~s; (इति०) आग्नेयास्त्र, पैदल; ~ stores (व्यापारके लिए बेची जानेवाली) पुराने जहाजकी सामग्रीF; mercantile ~ वाणिज्य-पोतसंघ ।

marine[2] a. **समुद्रीय**, समुद्र, समुद्र-, **समुद्री**; पोतीय, नाव्य, जलसेनाF-सम्बन्धी; नाविक विभाग-विषयक, **पोत-, नौ-, जहाज़ी**; समुद्री उपयोगका;
~ accounts, ~ adventure, ~ airport, ~ animalcule, ~ animals, ~ belt, ~blue, ~ boiler, ~ borer, ~ clay ~ climate, ~ corps, ~ court, ~ denudation, ~ deposit, ~engine, ~engineering, ~erosion, ~fauna, ~ fish cultures, ~ fisheries, ~ glue, ~ green, ~ growth, ~ hospital, ~ insurance, ~ insurance fund, ~ insurance policy, ~ league, ~life, ~ limestone, ~ losses, ~ map, ~ meteorology, ~ officer, ~ peneplaination, ~ plain, ~ policy, ~ realm, ~ sediment, ~ shell, ~ snail, ~ soil, ~ ~ store, ~ superintendent, ~ survey, ~ surveyor, ~ transgression, ~ trumpet, ~turtle, ~ work.

mariner –मै'रिनॅर् n. पोतवाह, नाविक, मल्लाह, जहाजी; ~ s compass **नाविक दिक्सूचक** ।

Marinism मॅरी'निज़्म् n. (इटलीके कवि) मेरिनीके वादोंमें विश्वास ।

marinorama मैरिनॅरा'मॅ n. सागरीय दृश्य, समुद्री दृश्य ।

Mariolatry मेअॅरिऑ'लॅट्रि n. (ईसाकी माँF) मेरीFकी मूर्त्ति-पूजाF ।

marionette मैरिॲने'ट्' n. काष्ठपुत्तलिकाF, कठपुतलीF ।

marish[1] मै'रिश् n. (काव्य०) कर्दम, दलदल ।

marish[2] a. कर्दमयुक्त, दलदली ।

marital मै'रिटॅल्, मॅराइ'टॅल् a. **दाम्पत्य**, **वैवाहिक**, (~ *rights*, *status*) पति-पत्नी विषयक, पतिका ।

maritime मै'रिटाइम् a. समुद्र-, **समुद्री**, **सामुद्रिक**, समुद्रीय, सामुद्र, सागरीय, समुद्रतटीय, **समुद्रवर्ती**, **अनुसमुद्री**, सागर-समीपस्थ, सागर-सम्बन्धी; ~ shipping समुद्र-नौवहन;
~ aircraft, ~ area, ~ belt, ~boundary, ~ ceremonials, ~ climate, ~ contract, ~ court, ~ flag, ~ forces, ~ headquarters, ~ industries, ~ jurisdiction, ~ law, ~ lien, ~ operations, ~ peril, ~ plant, ~ polar air, ~ port, ~ reconnaissance, ~region, ~rights, ~service, ~sovereignty, ~ sub-area, ~ territory, ~ traffic, ~ transport, ~ warfare.

marjoram मार्'जॅरॅम् n. मरुवक, प्रस्थपुष्प, कुठरा, (पुदीनाका प्रकार); मृदुदारु ।

mark[1]* माक्'' n. लक्ष्य, वेध्य, निशाना; (*hit*, *miss*, *the* ~) (मुष्टि-युद्ध) नाभिF; लक्ष्य, **अंक***, **चिह्न***, लक्षण, **निशान**, T; मुद्रांक, मुहरF, सीलF; तमगा, पट्टा; निशानी अँगूठा; चरित्र-पत्रीF, लिखित लक्षण; **अंक नम्बर** (*he obtained* 46% ~*s*); सीमाF, स्थिति-सूचक रेखाF आदि; विन्दु, कलंक (*black* ~), धब्बा, दाग; व्यक्ति ⊙ ; ~sheet **अंक-पत्र**; ~ s-manship **निशानेबाजी**F; ~ system **मार्क-प्रणाली**F; ~ time-reflex (चि०) **एकान्तर प्रतिवर्त**; *below the* ~ स्तरसे हीन; *besides the* ~ असंगत, लक्ष्यच्युत; *get off the* ~ (दौड़F) प्रारम्भ करना; *make* one's ~ छापF लगाना, प्रभाव डालना; विशेष योग्यताF पाना; *up to the* ~ उपयुक्त, इष्ट ।

mark[2] v.t. प्रेषांकित करना, अंकित करना, चिह्नित करना, चिह्न लगाना, निशान लगाना, मोहरF लगाना; (वस्त्रोंपर) परिचय-चिह्न लगाना, नाम लिखना, मूल्य लिखना; प्राकृतिक चिह्न या दाग लगाना, दागना, गोदना; अंक लगाना, **नम्बर देना**, (चिह्नों या अंकों द्वारा मानचित्रपर स्थान या वर्ण उच्चारण) सूचित करना; रिकार्ड लिखना, (खेलमें) जीतFके अंक चढ़ाना; (अरुचिF, नापसन्दगीF) प्रकट करना; विशेषताF होना; ध्यानसे देखना, गौर करना, नोट करना (~ *his words*), देखना; (~ *down* भी) (मुर्गेकी जातिFके पक्षियोंके) विश्राम-स्थलोंका ध्यान रखना; (फुटबाल) विरोधी खिलाड़ीके साथ लगे रहना; ~ *off* पृथक् करना, सीमाबद्ध करना; ~ *out* निर्देश करना; सीमाF निश्चित करना; ~ *up* अधिक मूल्य निर्धारित करना ।

markab मार्कॅब n. (ज्यौ०) **प्रथम खगाश्व, मार्कॅब** ।

markeb मार्कॅब n. (ज्यौ०) **दशम खगाश्व, मार्कॅब** ।

marked –ड् a. विशिष्ट, नामी (~ *feature*); मुद्रांकित, **अंकित**, ~price, ~ value, रेखांकित, चिह्नित (~ *cheque*); सुस्पष्ट (~ *difference*) ।

markedness –'किड्'निस् n. विशिष्टताF; प्राकट्य, प्रकटीकरण ।

marker –कॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) अंकक, चिह्नक; (~ *beacon*) । चिह्न लगानेवाला, **निशान-नवीस**; गणक, अंकगणक, मुनीम, अंक गणनाF करनेवाला; **रेखाकारी**; (बमबारीF करनेमें सहायक) प्रकाशकी स्मारक ⊙ ।

market[1]* मार्'कि'ट् n. (अर्थ०) **विपणि**F, प्रापण,

(अर्थ०) **हाट**^{F}, (अर्थ०) **मण्डी**^{F}*, (वाणि०, अर्थ०) **बाजार***, **मार्केट**; हाट^{F}का समय; पशु-मेला; क्रयविक्रय; क्रय-विक्रय-मूल्य, बाजार-भाव, दर^F, भाव; वस्तुओं^{F}की माँग^F; स्टॉक-एक्सचेंज ⊙; black ~ चोर बाजार; ~-day बाजारका दिन; ~ garden (बिक्री^{F}के लिए उत्पादित) शाक-फल इत्यादिकी बाड़ी^{F}; ~ overt **खुला बाजार**; ~ report विपणि^{F}-सूचना^{F}, **मण्डी^{F}-विवरण, बाजार-भाव, बाजारकी खबरें^{F}, बाजारकी गतिविधि^{F}**; the corn ~ गल्लेका बाजार; *bring* one's *eggs* or *hogs to a bad* ~ योजनाओं^{F}में असफल होना; *make a ~ of* (ला०) परिवर्तन करना, हेर-फेर करना, तब्दीली^{F} करना; *put on the* ~ विक्रयार्थ रखना;
~ committee, ~ conditions, ~ cross, ~ day, ~ due, ~ fluctuation, ~ intelligence, ~ organization, ~ place, ~ price, ~ produce, ~ quotations, ~ rate, ~ sentiment, ~ supply, ~ tendency, ~ tone, ~ town, ~ trend, ~ value, ~ vendor, ~ wastes.

market[2] v.i. & t. आपणन करना, विपणन करना, क्रय-विक्रय करना, बाजार करना, बाजारमें वस्तुएँ बेचना।

marketability –टॅबि'लिटि n. = MARKETABLENESS.

marketable –'किटॅबॅल् a. **विपण्य**, आपण्य, (अर्थ०) **पण्य, विक्रेय**, क्रय करने योग्य, बेचने लायक;
~ form, ~ goods, ~ security, ~ size, ~ surplus, ~ timber, ~ tree.

marketableness –निस् n. **विपण्यता**^{F}, आपण्यता^{F}, (अर्थ०) **पण्यता^{F}, पण्य-योग्यता^{F}**, विक्रेयता^{F}।

marketing –टिंग् n. (कृषि०, अर्थ०) क्रयविक्रय, **विपणन**, हाट-व्यवस्था^{F} (~ *officer*)।

markhor मार्'कॉर् n. मारखोर, अफगानी जंगली बकरा।

marking मार्किंग् n. **अंकन**, चिह्नन, आँकना, चिह्नित करना, **निशान लगाना**, रंजन, रँगना; अंक या **नम्बर देना**; ~ gauge **अंकनी, खतकश**; ~-ink अंकन-मसि^{F}; ~ nut भिलावा, भल्लातक;
~ hammer, ~ hatchet, ~ pin, ~ timber, ~ trees, ~ wave.

marksman मार्क्स'मॅन् n. अंकक, प्रांकक, चिह्नकर्ता; धनुर्विद्, लक्ष्यभेदी, **निशाने-बाज; अंगूठा लगानेवाला**; *good ~ may miss* शहसवार भी गिर सकता है।

marksmanship –शिप् n. लक्ष्यभेदिता^{F}, **निशानेबाजी**^{F}।

Mark Tapley मार्क टैप'लि n. सदा हृष्टपुष्ट व्यक्ति, चिरप्रसन्न पुरुष।

marl[1] मार्ल् n. अवमृद्, चिक्कण मृत्तिका^{F}, **चिकनी मिट्टी^{F}**, चूनेदार मिट्टी^{F}, **खेतीली मिट्टी^{F}**; (खाद^F बनानेमें प्रयुक्त एक) रासायनिक मिट्टी^{F}, T; ~-pit अवमृद्गर्त, खाद^F और मिट्टी^{F}का गड्ढा।

marl[2] v.t. उर्वर बनाना, खाद^F डालना, पाँसना।

marl[3] v.t. (नौवि०) बटना, बाँधना, **ऐंठन देना**, बल देना, भाँजना।

marl[4], **marle** n. (प्रा०) = MARVEL.

marline मार्'लिन् n. (नौवि०, दो बलकी) **छोटी डोरी**^{F} या रस्सी^{F}; **मारलीन**^{F}; ~-spike (रस्सी^{F}के बलोंको दूर करनेका) लौह-यन्त्र, **मारलीन^F, सूआ**।

marling मार्'लिंग् n. (कृषि०) **खेतीली मिट्टी^{F} बनाना**।

marlite –लाइट् n. अवमृदा^{F}-विशेष, **खेतीली मिट्टी^{F}**, एक प्रकारकी चूनेदार मिट्टी^{F}।

marlitic –'टिक् a. चिकनी मिट्टी^{F}का।

marly –'लि n. चिकनी मिट्टी^{F}का।

marmalade मार्'मॅलेड् n. फलमिष्टान्न, फलपाग, फलोंका मुरब्बा, **मार्मलेड**।

marmarize मार्'मराइज़् v.t. (चूनेके पत्थरको) संगमरमरमें बदलना।

marmarosis –रो'सिस् n. (चूनेके पत्थरको) संगमरमरमें बदलनेका कार्य।

marmite[1] मार्'माइट् n. प्रकिण्वसत्त्व, खमीरका रस, विटामिन 'बी' का योग।

marmite[2] n. हँडिया^{F}, हाँडी^{F}; हाँडी^{F}के आकारका बमगोला।

marmolite मार'मॅलाइट् n. **शालिग्राम पत्थर**।

marmoraceous –मॅरे'शॅस् a. संगमरमर जैसा।

marmorate(d) –'मॅरेट् (-टि'ड्) a. संगमरमरका, संगमरमरवाला।

marmoreal, -ean –'रिॲल्, –इॲन् aa. (का०) संगमरमरी, संगमरमरका; संगमरमर जैसा, संगमरमर-सदृश।

marmoset मार्'मॅजेट् n. वानरक, (अमरीकाका) नखर-कपि, (उष्णकटिबन्धीय गुच्छेदार पूँछवाला बन्दर)।

marmot मार्'मॅट् n. हिममूष, (गिलहरी^{F}की जाति^{F}-का एक जन्तु); (स्नानकेसमयकी) एक टोपी^{F}; prairie~ मैदानी कुत्ता।

marocain मैरॅ'केन् n. सिला हुआ कपड़ा।

Maronite मैरॅ'नाइट n. सीरियाका ईसाई।

maroon[1] मॅरून्' n. पटाका, आतशबाजी।

maroon[2] n. यायावर; निर्जन वनमें परित्यक्त व्यक्ति; (एक नीग्रो-सम्प्रदाय), मारून।

maroon[3] v.t. & i. मारा-मारा फिरना, आवारागर्दी^{F} करना, लोफरी^{F} करना, मटरगश्ती^{F} करना; (दण्डस्वरूप) निर्जन बनमें छोड़ देना, **असहाय छोड़ना**।

maroon[4] १. n. घनारुण वर्ण; २. a. घनारुण, निरक्तपीत, गहरा लाल।

marooning –'निंग् n. (किसी द्वीपमें) अकेला छोड़नेका कार्य।

maroquin मैरॅ'किन् n. मराको चमड़ा।

marplot मार्'प्लॉट् n. योजनाध्वंसक; **अभिसन्धिभ्रंशक**।

Marq. Marquis; Marquess.

marque मार्क् n. (शत्रु-पोतोंको पकड़नेवाला) आज्ञा-पत्र; आज्ञापत्रप्राप्त जहाज ।

marquee मार्की n. पटमण्डप, बड़ा शिविर, बड़ा खेमा, बड़ा टेण्ट ।

marquetry, -terie मार्'किट्रि, -टॅरि nn. उत्कृति[F], खुदा काम ।

marquis, -quess मार'क्विस, -क्विॅस् nn. (स्त्री० *marchioness*) महासामन्त, उमराव, सरदार, राणा, **मार्किस** ।

marquisal मार्'क्विज़ॅल् a. महासामन्तीय, मार्किसका ।

marquisate –क्विसॅट् n. महासामन्तता, महासामन्त-क्षेत्र, महासामन्तपद, मार्किसका पद, सरदारी[F] ।

marquise –कीज़् n. महासामन्ती, मार्किसके समान अधिकारवाली उसकी विधवा पत्नी[F]; (~*ring* भी) नुकीले अण्डाकार रत्नसे जटित अँगूठी[F]; (प्रा०) तम्बू, खेमा, टेण्ट ।

marquisship –'क्विस्शिप् n. महासामन्तता[F], सरदारी[F] ।

marquois मार्'काएँज़ n. समानान्तर रेखाएँ[F] खींचनेका फुटा ।

marram मैं'रॅम् n. वेलातृण, सागरतटीय घास[F] ।

marriage मैं'रिज् n. परिणय, पाणिग्रहण, **विवाह,** ब्याह, गठबन्धन, शादी[F]; (ला०) अन्तरंग संयोग; राजा-रानी[F]के अन्तरंग संयोगका घोषणा-पत्र; civil ~ पौर-विवाह, ~ articles विवाहकी शर्तें[F]; विवाह-पत्र; ~ party, procession बरयात्रा[F], बरात[F]; ~ portion दहेज; *give in* ~ विवाहमें देना, दहेजमें देना; *take in* ~ परिणय करना, विवाह करना;

~ brokage *or* brokerage, ~ certificate, ~ contract, ~ dissolution, ~ flight, ~gift, ~ insurance, ~ licence, ~ portion, ~ rate, ~ rite, ~ settlement.

marriageable –जॅबॅल् a. परिणेय, **विवाह-योग्य,** परिणेयायु, विवाहयोग्य अवस्था[F]का ।

married* –रिड a. परिणीत, पाणिगृहीत, **विवाहित*,** शादीशुदा, ब्याहता; ~print (फिल्म) युक्तप्रति ।

marrier –रिॲर n. परिणेता, परिणायक, विवाही, विवाह करनेवाला व्यक्ति ।

marrow[1] मैं'रो n. (अस्थि) **मज्जा[F],** (~ *cavity*), मेदा, गूदा; ~ bone मज्जायुक्त अस्थि[F], ~(fat) बड़े आकारकी मटर[F] ।

marrow[2] n. (बोली[F]में, एक ही आकृति[F]के) संगी, सह-चर, साथी; विवाहार्थी, वर-वधू[F] ।

marrowless –लिॅस् a. निर्मज्ज, मज्जाहीन, बेगूदा ।

marrowy –इ a. वसायुक्त, मेदस्वी, मज्जायुक्त, समज्ज, मज्जादार, सारपूर्ण, गूदेदार ।

marry[1] मैं'रि v.t. & i. परिणय करना, पाणिग्रहण करना, **विवाह करना;** पुत्रिदान करना, हाथ पीले करना, ब्याहना, शादी[F] करना; (ला०) घनिष्ठ सम्बन्ध करना, अत्यधिक स्नेह करना; (नौवि०) साटा लगाकर बाँधना, **सान्धना, गूँथना;** एक करना, मिलाना; (पति-पत्नी[F]का) ग्रन्थिबन्धन करना, गठ जोड़ा करना ।

marry[2] intr. (प्रा०) आश्चर्य, दृढ़ोक्ति[F], क्रोध आदिका व्यंजक (~ *come up*) ।

Mars मार्ज् n. **मंगल,** भौम; कुमार, कार्तिकेय, युद्ध-देव; युद्ध; T. ।

Marsala मॅर्सा'लॅ n. मारसाला-मद्य, मारसाला शराब[F], सिसलीकी सफेद शराब[F] ।

marsh मार्श् १. n. पंक, अम्लिपंक, कीचड़, **दलदल;** ~ fever (चि०) विषमज्वर; ~land अनूपदेश, कच्छ-भूमि[F], दलदली प्रदेश; २. a. दलदली;

~ bird, ~ cress, ~ crowfoot, ~ gas, ~-harrier, ~ marigold, ~ mint, ~ orchis, ~ parsley, ~ plant, ~-sandpiper, ~ spotted babbler, ~ test, ~-tit, ~ trefoil, ~-warbler.

marshal[1] मार्'शॅल् n. सेनापति, सेनाधिदेशक, बला-धिकृत, बलाधिकारी, मार्शल; Field M~ महा-बलाधिकृत ।

marshal[2] v.t. & i. एकत्र करना; सुविन्यस्त करना, **विन्यास करना; क्रमबद्ध करना,** रचनाक्रम बनाना, सजाना, सँजोना; आगे चलना, शिष्टाचार सहित ले जाना ।

marshalcy –लिस n. मार्शलका पद या कार्यालय ।

marshalled मार्'शॅल्ड् a. क्रमबद्ध, एकत्रित, **विन्यस्त** (~ *train*) ।

marshalling –लिंग् n. समाहरण, **विन्यास,** (~ *camp*, ~*yard*) **क्रम बन्धन** ।

marshalsea –'शॅल्सी n. बलाधिकृत न्यायालय ।

marshalship –ल्शिप् n. सेनापतित्व ।

marshiness मार्'शिनिॅस् n. पंकिलता[F], दलदली स्थिति[F] ।

marshy –शि a. पंकिल, जलाढ्य, दलदली, दलदल-दार; ~ land **भावर,** दलदल भूमि[F] ।

marsupial[1] मार्स्यू'पिॲल् n. शिशुधानी जीव, **धानी प्राणी,** बच्चेके लिए थैली[F]से युक्त पशु (जैसे कंगारू), T.

marsupial[2] a. शिशुधानीय, शिशुधानयुक्त, थैलीवाले (पशु) ।

marsupium –ॲम् n. (जीव०) शिशुधान, थैली[F] ।

mart मार्ट् n. विपणि[F], आपण, हाट[F], मण्डी[F], बाजार; व्यापारकेन्द्र; नीलामका कमरा ।

martello मार्टे'लो n. (pl. *-s*) समुद्रतट-रक्षक गोल दुर्ग ।

marten मार्'टिन् n. कशीका, कसिया; नेवले जैसा एक जन्तु, T.

Martial[1] मार्'शॅल् a. मांगलिक, मंगलीय; दैविक ।

martial[2] मार्'शल् a. सांग्रामिक, सामरिक, युद्ध-सम्बन्धी, समरोचित, रणयोग्य, सेनाविषयक, जंगी; सैनिक, फौजी (~ *law*); समरासक्त, रणप्रिय, युद्धप्रिय,

लड़ाकू; (~ *race*); मंगलगृहका; (चि०) लोहयुक्त।
martialize –शॅलाइज़् v.t. सेना^{F} सज्जित करना; फौज^F तैयार करना, युद्धके उपयुक्त बनाना।
Martian मार्'शन् n. मंगलग्रह-निवासी।
martin मार्'टिन् n. अबाबील; M~ (चौथी शती^{F}के एक प्रसिद्ध सन्त) सेण्ट मार्टिन।
martinet मार्टिने'ट् n. कठोर अनुशासक, उग्र शासक; = MARTIN.
martinetish –'टिश् a. कठोरानुशासकीय, तीक्ष्ण शासनविषयक।
martinetism –टिज़्म् n. कठोर शासन, अनुशासनकी कठोरता^{F}।
martingale मार्'टिंगेल n. (घोड़ेका) अधोबन्धन, जेरबन्द, पेशबन्द; (नौवि०) जहाजके मस्तूलको बाँधनेकी रस्सी^{F}; जुएका एक खेल।
martini[1] मार्टी'नी n. मार्टिनी^{F}, हेनरी रायफल^F, रायफल^{F}का नाम।
martini[2] मार्टी'नी n. मिश्रित मदिरा^{F}, (बिनौला, नागदौन, खट्टी नारंगी^{F} आदिसे बनी हुई) मार्टिनी शराब^F।
Martinmas मार्'टिन्मस् n. (११ नवम्बरको होनेवाला) सन्त मार्टिनका भोज।
martlet मार्ट्'लिट् n. वेगवान्, शीघ्रगामी, तीव्र; (सामन्तकालका) पादहीन, अबाबील, मार्टलेट।
martyr[1] मार्'टॅर् n. **हुतात्मा^{F}**, बलिदानी, **शहीद**; *make a ~ of oneself* आत्मबलिदान करना, प्राणोत्सर्ग करना, शहीद हो जाना।
martyr[2] v.t. बलिदान करना, शहीद करना; घोर यन्त्रणा^{F} देना, दारुण यातना^{F} देना, कष्ट देना।
martyrdom –डॅम् n. **प्राणोत्सर्ग, प्राणाहुति, हुतात्मता**, बलिदान, त्याग, शहादत^F; यातना^{F}, पीड़ा, सन्ताप, कष्ट।
martyrization –राइज़े'शॅन् n. आत्मबलिदान।
martyrize –'टॅराइज़् v.t. आत्मबलिदान करना, प्राणोत्सर्ग करना, शहीद होना, शहीद बनाना।
martyro- हुतात्मा-, बलिदानी-, शहीद- (~ *latry*, ~ *logy*, ~ *logical*)।
martyrological –रॅलॉ'जिकॅल् a. हुतात्मा-विषयक, शहीदोंके विषयमें।
martyrologist –रॉ'लॅजिस्ट् n. आत्मबलिदानियोंका इतिहासकार।
martyrology –जि n. हुतात्मा-वर्णन, शहीदोंका इतिहास, शहादतनामा।
martyry –'टॅरि n. हुतात्मा-स्मारक, शहीदोंकी समाधि^{F} या कब्र^F इत्यादि।
marvel[1] मार्'वॅल् n. चमत्कार, कौतुक; आश्चर्यकारी गुण; अद्भुत वस्तु^{F}, आश्चर्यजनक वस्तु^{F}, ताज्जुबवाली चीज^F; (प्रा०) आश्चर्य, विस्मय, अचम्भा, अचरज।
marvel[2] v.i. (सा०) विस्मित हो जाना, चकित हो जाना, आश्चर्यान्वित होना, अचम्भेमें पड़ना।
marvellous –लॅस् a. चमत्कारपूर्ण, असामान्य, असाधारण, अद्भुत, चमत्कारिक, विचित्र, आश्चर्यजनक, अलौकिक, अनूठा, अनोखा; पूर्णतया असम्भव।
marvellousness–निॅस् n. असामान्यता^{F}, अद्भुतता^{F}, अलौकिकता^{F}, विचित्रता^{F}, आश्चर्य, विलक्षणता^{F}, अनोखापन, अनूठापन।
Marxian मार्क्'सिअॅन् a. **मार्क्सवादी** (~ *socialism*), समाजवादी।
marxism –सिज़्म् n. समाजवाद, **मार्क्सवाद**।
marxist –सिस्ट् n. = MARXIAN.
marzipan मार्'ज़िपैन् दे० MARCHPANE.
mas., masc. masculine.
mascara, -on मैस्का'रॅ, -ऑन् n. बरौनियों^{F}को धोनेकी ओषधि^{F}, मेस्केरा।
mascaron ⊙ मैस्'कॅरॉन् n. (पत्थरोंकी) मेहराबदार बनावट^F।
mascle मैस्'कॅल् n.(कवच) विषमकोण चतुर्भुज आकारकी ढाल^F।
mascot मैस्'कॅट् n. रक्षा^{F}, सौभाग्यजनक वस्तु^{F}, तावीज^F।
masculine[1] मा(मै)'स्क्यूलिन् n. पुल्लिंग।
masculine[2] a. पुं-, पुरुष-, पौरुषी, पुंजातीय; पुरुषोचित, पुंवत्, पुरुषों जैसा, मर्दाना (~style); पुष्ट, बलिष्ठ; पुरुषस्वभाव (स्त्री^{F}); ~ gender पुल्लिंग; ~protest **पुंस्पृहा^{F}; अभिभावन आपत्ति^{F}**।
masculineness, masculinity –नि'स्, –निटि nn. पुंस्त्व, **पुरुषत्व**, पौरुष, पुंवत्ता^{F}।
masculinise –'स्क्यूलिनाइज v.t. & i. पुल्लिंग बनाना या होना, पुरुषत्व लक्षण विकसित करना या होना, **पुंस्त्व देना**।
masculinity –'निटि n. **पुरुषत्व, पुंस्त्व**।
mash[1] मैश् n. (शराब^F बनानेके लिए) जौ और गर्म पानीका मिश्रण, घोल, **मैश**; सानी^{F}, घोड़ेका दाना या उबाली हुई **दलिया^{F}**; (ग्रा०) कुचले हुए आलू; अनेक वस्तुओं^{F}का मिश्रण, गड़बड़झाला; ~ *hammer* **छोटा हथौड़ा**; ~hook (कृषि०) **दलियादानी^{F}**; ~-tub नाँद^F, हौदा, पानी देनेका बर्तन।
mash[2] v.t. जौको गरम पानीमें मिलाना; चूर्ण करना, पीसना, कुचलना, मलना, मसलना, दलमल करना, लुगदी^{F} बनाना; घोल या दलिया बनाना, आलू कुचलकर बनाना, **मलगजा करना**।
mash[3] n. प्रेयसी^{F}, प्रियतमा^{F}, प्यारी^{F}, मनमोहन, मनमोहनी^{F}, जान^F, जानी^{F}।
mash[4] v.t. प्रेमाभिव्यंजन करना, प्रेमप्रलाप करना; अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशंसा^{F} करना; मोहित होना।
masher –'शॅर् n. नारी^{F}-चित-चोर, रँगीला, रसिया, छैला, मजनू, दिल-फेंक।
mashie, -y मै'शि, -इ n. (गॉल्फके खेलमें प्रयुक्त) लौह-दण्ड, मैशी^{F}।
masjid म'स्जिड n. मस्जिद^F।
mask[1] मास्क् n. (नृत्यादिके अवसरपरका) मुखावरण;

मुखच्छद, मुखपट, आवरण, अवगुण्ठन, चेहरा, मखौटा, नकाब, परदा, T; (ला०) कपटवेश, स्वांग; कितव, छद्मवेशी व्यक्ति, बहुरूपिया; धूर्त व्यक्तिका चेहरा या सिर।

mask² v.t. अवगुण्ठित करना, आच्छादित करना, गोपन करना, छिपाना, ढकना; कपटवेश धारण करना, छद्मवेश धारण करना, स्वांग भरना, चेहरा या नकाब लगाना; (सैनि०) सैन्यशक्ति^F छिपाना, सैन्य-शक्ति^F दिखाकर शत्रुके कार्यकलापोंको रोकना; भावों आदिको छिपाना।

masked –ड् a. गुप्त, गूढ़, अवगुण्ठित, कपटवेशी, कपटवेशधारी।

masker, -quer–कॅर्, -कॅर् nn. छद्मवेशी, बहुरूपिया, नकाबपोश, मुखावृत्त अभिनयमें भाग लेनेवाले व्यक्ति।

masochism मॅ'ज़ॅकिज़्म् n. क्रूर व्यवहारका आनन्द, पीड़ा-सम्भोग, स्वपीडनरति^F, कामक्रूरता^F।

masochist –किस्ट् n. मर्षणप्रिय, कामक्रूर, क्रूर सम्भोग या व्यवहारसे प्रसन्न होनेवाला।

masochistic –'टिक् a. कामक्रूर व्यक्ति-सम्बन्धी।

mason¹ मे'सॅन् n. गण्डक, चितिकार, राज, कड़िया, राजगीर, लेपक, थिवई, मिस्त्री, संग-तराश; (यूरोपके अनेक गुप्त चिह्नोंवाले) एक तान्त्रिक-सम्प्रदायका सदस्य, मेसन।

mason² v.t. पाषाणका दृढ़भवन निर्मित करना।

masonic मॅसॉ'निक् a. तान्त्रिक-सम्प्रदायका, फ्रीमेसनोंका।

masonry मे'सॅन्रि n. चिति^F, वस्तु^F, पक्की चिनाई^F, जुड़ाई^F; राजगीरी^F, थिवईगीरी^F; ~dam पक्का बाँध; ~building, ~-lined wall, ~ pillar, ~structure, ~weir, ~work.

Mas(s)ora(h) मैसोऑ'रॅ n. मसोरा, (इंजीलके ऊपर) टीका-टिप्पणी^F, सूची^F।

Mas(s)orete, -ite –'सॅरीट्, -आइट् nn. (इंजीलके) मसोराका टीकाकार।

masque मास्क् n.संगीत-नाट्य; (आरम्भमें) कठपुतली^F; (अब) छन्दोबद्ध संलाप; नाटकीय रचना^F।

masquer –'कॅर् n. कठपुतली^F नचानेवाला।

masquerade¹ मास्कॅरेड् n. सहनृत्य, बॉलडान्स; छद्म-क्रीड़ा^F, छल-स्वांग, छद्मवेशधारण, बहुरूप, बनावट^F, झूठा दिखावा।

masquerade² v.t. छद्मवेश धारण करना, स्वाँग बनाकर आना, बहुरूपिया वेश धारण करना।

masquerader –'डॅर् n. कपटवेशी, बहुरूपिया, नकाबपोश।

mass¹ मैस् n. (रोम० कैथा०) पूजा-समारोह; ईसाई-पर्व-विशेष; high ~ संगीत-समारोह; low ~ बिना संगीतके संक्षिप्त धार्मिक संस्कार।

mass²* n. राशि^F, कलाप, प्रचय, ओघ, पुंज, संहति^F, समुदाय; (गणि०, गतिवि०, स्थितिवि०) द्रव्यमान; पण्ड, ढेर*; (pl.) जनपुंज, जनता^F, सामान्य जनसमूह, भीड़^F*, जमाव; (गुण०) सामूहिक (*~method*); घन, संहत (*~ fibre*); (प्रकाशादिका) अबाधित विस्तार, (भौति०) मात्रा^F; ~action द्रव्यमान अनुपाती अभिक्रिया^F; ~movement जनान्दोलन; ~mutation यूथ उत्परिवर्तन; ~of land स्थल खण्ड; ~production पुंजोत्पादन; ~ therapy सामूहिक चिकित्सा^F; the~es जनसमूह, जनसाधारण;
~concrete, ~ contact, ~ education, ~equation, ~function, ~ loss, ~ meeting, ~ mentality, ~ method, ~ migration, ~number, ~ production, ~ psychology, ~radiography, ~ reflex, ~ revolution, ~ scale, ~selection, ~ spectrograph, ~spectrum, ~ suggestion, ~ survey, ~susceptibility, ~therapy, ~treatment.

mass³ v.t. & i. जमाव करना, भीड़^F लगाना, इकट्ठा करना या होना; (सैन्य०) सेना^Fको केन्द्रीभूत करना, सेना^F जुटाना।

Mass. Massachusetts.

massacre मै'सॅकॅर् n. & v.t. जनसंहार (करना), वध (करना), घात (करना), हत्या^F (करना), कत्ल (करना)।

massage¹ मैसाज् n. अभ्यंग, अभ्यंजन, मर्दन, मालिश^F; (चि०) अभ्यंग चिकित्सा^F।

massage² v.t. अभ्यंजन-चिकित्सा^F करना, शरीर-मर्दन द्वारा चिकित्सा^F करना, मालिश^F करना।

massagist मै'सॅजिस्ट n. (चि०) मर्दन चिकित्सक; अभ्यंजक, मालिश^F करनेवाला।

masse(F) मै'से n. (बिलियर्डके खेलमें) तेजी^Fसे मारना; सीधी चोट^F।

masser, massor मे'सॅर्, मै'सॅर् nn. अभ्यंजक, शरीर-मर्दन करनेवाला, मालिश^F करनेवाला।

masseter मॅसी'टॅर् n. (चि०) चर्वणी^F, (चर्वणपेशी), नीचेके जबड़ेको ऊपर करनेकी पेशी^F।

masseur मैसॅर्' n. अभ्यञ्जक (पुरुष)।

masseuse मैसर्ज् n. अभ्यङ्ग करनेवाली स्त्री।

massicot मै'सिकॉट् n. (चि०) मुर्दासंग, मृद्दार शृंग, सीसजारेयिज।

massif मै'सिफ् n. (पर्वतोंकी ऊँचाई^Fका घना) पुंजक, समूह, गिरिखण्ड।

massiness –निँस् n. = MASSIVENESS.

massive –सिव् a. महाकाय, महापुंज, बृहत्, अतिविशाल, सर्वव्यापी, बहुत बड़ा; गुरु, स्थूल, (*~ sandstone*) वजनी, भारी भरकम; (वदनाकृतियाँ^F; सिर आदि) संहत-साँचेमें ढली हुई; सारमय, पिण्डाकार, ठोस; भव्य, चित्ताकर्षक, शानदार; विशाल (ग्रन्थ); ~pneumonia (चि०) स्राव परिपूर्ण फुफ्फुसपाक।

massiveness –निस् n. महाकायता^F, पुंजयुक्तता^F, अतिविशालता^F; गुरुत्व, स्थूलता^F; गुरु भार।

Massorah मैसोऑ'रॅ n. इंजील^Fकी टीकाओं^Fका मूल संग्रह।

massotheraphy –थेरापि n. मर्दन-चिकित्सा^F, अभ्यंजन-चिकित्सा^F।

massy मै'सि a. महापुंज, पुंजवत्, घना, ठोस; भारी, वजनी।

mast[1] मास्ट्' n. कूपक, कूपदण्ड, **मस्तूल, स्तम्भ** (~*radiator*), **डोल**, वल्ली[F], शहतीर; (वल्ली[F] या बाँस इत्यादि बाँधनेकी) जंजीर[F] या रस्सी[F]; ध्वजदण्ड; ~ head कूपकशिखर, मस्तूलका सिरा, टोपी।

mast[2] n. चषफल (बीच, बलूत इत्यादि अन्य जंगली वृक्षोंके फल)।

mastaba मैस्'टॅबॅ n. प्राचीन मिस्री मकबरा, मस्तबा।

mastalgia मैस्टॅल्'जिअॅ n. (चि०) वक्षार्ति[F], स्तनार्ति[F], वक्षःशूल, छाती[F]का दर्द।

master[1] मा'स्टॅर् n. अध्यक्ष; प्रभु, नाथ, पति, **स्वामी, मालिक**; गृहपति, घरका मुखिया, पुरखा; (गुण०) महा; दक्ष, **प्रवीण**, विशेषज्ञ, गुरु, श्रेष्ठ, प्रमुख, **प्रधान**; (नौवि०) **कप्तान**; सरदार; **अध्यापक**, शिक्षक, **मास्टर**; दक्ष श्रमिक, कुशल मजदूर, **उस्ताद**; महान् कलाकार; (१३वीं-१७वीं शती[F]का) चितेरा, चित्रकार, कलाकार; आचार्य; न्यायविद्, विधानविद्, कानून-दाँ; बच्चों या नौकरोंको पुकारनेके लिए प्रयुक्त (*M~Tom, M~Jones*); अधिस्नातक (~ *of Science*); ~ agreement **मानक करार**; ~-at-arms पोत-आरक्षकाधिकारी, जहाजका पुलिस अधिकारी, T; ~-builder प्रधान निर्माता; ~card **मूल कार्ड**; ~-key सर्वकुंजी[F], मास्टर कुंजी[F], सभी तालोंकी कुंजी[F]; ~-mind (किसी साहसपूर्ण कार्यका) नेता मुखिया; ~ piece अत्युत्कृष्ट या **श्रेष्ठकृति**[F], अत्युत्तम वस्तु[F]; ~ plan महायोजना; ~sentiment **नियामक मनोभाव**; ~.sheet **मूल-पत्रक**; ~-stroke उत्तम चित्रकारी[F]; The M~ईश, पति, प्रभु; *be one's own* ~ स्वतन्त्र होना, इच्छानुसार कार्य करना;

~armourer, ~clock, ~compass, ~controller, ~cylinder, ~eye, ~hand, ~.joint, ~leaf, ~ lever, ~ mariner, ~ oscillator, ~ precis, ~-sentiment, ~ stamper, ~'s ticket, ~switch.

master[2] v.t. अभिभूत करना, पराजित करना, जीतना; अधीन करना, वशीभूत करना, दबाना; पारंगत होना, पूर्ण ज्ञाता होना; प्रभुत्व जमाना; स्वामिवत् शासन करना।

masterdom –डॅम् n. राज्य, आधिपत्य।

melting² a. द्रवण-, द्रावण-, द्रवणशील, गलता हुआ; ~-point (रसा०, भौ०, चि०) गलनांक, द्रवांक; ~ pot मूषा^F, कुठाली^F; *go into the ~ pot* परिवर्तित होना, रूप बदलना; *in the ~-pot* अनिर्णया-त्मक अवस्था^F में, अनिश्चयात्मक दशा^F में, खटाई^F में; ~ area, ~ department, ~ furnace, ~ ice, ~-point apparatus, ~-point tube, ~ range, ~ temperature.

melton मे॑ल्टॅन् n. (पुरुषोंके लिए) एक वस्त्र-विशेष।

mem. memorandum; *memento*, remember.

member मे॑म्बॅर् n. अंग, प्रांग, अवयव, भाग, अंश (विशे०) हाथ-पैर; सभासद्, सदस्य, मेम्बर (~ *secre-tary*); पुरुष; राजनीतिक दलकी उपशाखा^F; वाक्यांश; पद, एकक, संख्या-राशि^F; घटक; मठर, माठर; ~ incharge कार्यभारी सदस्य; ~ of Christ ईसाई; ~ of Parliament (M.P.) संसद् सदस्य; unruly ~ जिह्वा^F, जीभ^F, जबान^F।

membered –र्ड a. अंगी, अवयवी।

memberless –र्लिस् a. अंगविहीन, अवयव-रहित।

membership –शिप् n. सदस्यता^F, मेम्बरी^F; सदस्य-संख्या^F।

membral मे॑म्ब्रॅल a. अंग-विषयक, अवयव-सम्बन्धी।

membranaceous, membranous, mem-braneous मे॑म्ब्रॅने॑शॅस, मे॑म्ब्रॅनॅस्, मे॑म्ब्रे॑निअॅस् aa. कलावृत, त्वगावृत, झिल्ली-विषयक, झिल्ली-सम्बन्धी; परदेदार, झिल्लीमय, झिल्लीदार; झिल्ली-जैसा, कलास्वरूप।

membrane –'ब्रेन् (चि०, वन०, जीव०) त्वक,

कला^F, सूक्ष्म आवरण, झिल्लिका^F, झिल्ली^F, (लपेटा हुआ) लिखनेका चमड़ा।

membranous –ब्रॅनॅस् a. **कलामय**, झिल्लीदार, झिल्लीका (~ *labyrinth*)।

memento मि॑मे॑न्'टो n. (pl. -*es*) स्मारक, यादगार^F, निशानी^F।

memento mori (L) याद^F रख तू मरेगा।

memo⊙ मे॑'मो n. ज्ञाप, **ज्ञापक**, ज्ञापपत्र, स्मार, स्मृतिपत्र, **यादी, मेमो** (~ *invoice*); स्मारक, यादगार^F।

Memo. memorandum.

memoir मे॑म्वार् n. विवरण, वृत्तान्त, चरित, वृत्त, इतिहास; व्यक्तिगत परिचय, व्यक्तिगत ज्ञान; संस्मरण, आत्मचरित, जीवन-चरित; अनुसन्धान लेख, गम्भीर विद्वत्तापूर्ण निबन्ध, पेपर।

memoirist –रिस्ट् n. विवरण-कर्ता, रिपोर्ट^F देनेवाला; अनुसन्धान-लेखक; चरितकार, जीवनी-लेखक।

memorabilia (L) n. pl. स्मरणीय तथ्य, याद^F रखने योग्य बातें^F; स्मरणीय वस्तुएँ^F।

memorability –लिटि n. स्मरणीयता^F।

memorable –'मॅरॅबॅल् a. स्मरणीय, अविस्मरणीय; प्रख्यात, विख्यात, प्रसिद्ध, सुविज्ञात, नामी, नामवर।

memorableness –नि॑स् n. स्मरणीयता^F, अविस्मरणीयता^F।

memorandum मे॑मॅरैन्'डॅम् n. (pl. -*da*, -*s*) अनुबोधक, स्मरण-लेख, स्मारक, स्मार-पत्र, **स्मरण-पत्र**, स्मृतिपत्र; **घोषणा-पत्र**; (कानून) प्रलेख, दस्तावेज; **ज्ञापक, ज्ञापन-पत्र, ज्ञापिका^F, ज्ञापन, यादी^F**; पत्र, उपपत्र, चिट्ठी^F, मेमोरैण्डम; ~ book ज्ञापन-पुस्तक^F; ~ calendar स्मारक तिथिपत्री^F; ~ of association नियमावली^F, प्रतिष्ठान-पत्र।

memorative –'मॅरॅटिव् n. स्मृति-सम्बन्धी; स्मरणशक्ति-सहायक।

memorial[1] मि॑मॉ'रिॲल् n. **स्मारक**, स्मृति-चिह्न, यादगार^F, (प्रायः बहु व०) स्मरण-लेख, **स्मरण-पत्र**, अभिलेख, राजकीय पत्र, अनौपचारिक पत्र; **प्रज्ञप्ति^F**, विनिवेदन, **अभ्यावेदन**, प्रतिनिवेदन, याचिका^F, प्रार्थना-पत्र, आवेदनपत्र।

memorial[2] a. (प्रतिमा^F, उत्सव आदिका) स्मारक, अनुबोधक, स्मरण करानेवाला, याद^F दिलानेवाला; स्मरण-विषयक, यादगारी।

memorialist –लिस्ट् n. संस्मरण लेखक; राजकीय-पत्र लेखक; आवेदन-पत्र लेखक इत्यादि; **अभ्यावेदक**, विनिवेदक, प्रार्थी।

memorialize –लाइज् v.t. स्मरण-दिवस मनाना; स्मारक बनवाना; आवेदन-पत्र द्वारा प्रार्थना^F करना।

memoria technica मि॑मॉ'रिॲ टे॑क'निक् n. स्मरण-शक्ति-वर्द्धक विधि^F, याददाश्त^F बढ़ानेकी शास्त्रीय पद्धति^F।

memoriter (L) adv. कण्ठस्थ करके, घोटकर।

memorize मे॑'मॅराइज् v.t. प्रपंजीगत करना, बही^F पर चढ़ाना, रजिस्टरपर लिखना; स्मरणार्थ लिपिबद्ध करना; **कण्ठ करना**, स्मरण करना या रखना, **याद^F करना** या रखना, घोटना, रटना।

memory∗ मे॑'मॅरि n. स्मरणशक्ति^F, मेधा^F, धारणाशक्ति^F, याददाश्त^F, याद^F करनेकी ताकत^F; स्मृति^F, स्मरण∗, **याद^F**∗; स्मृतिकाल;

~apparatus, ~curve, ~image, ~level, ~residue, ~span, ~time, ~trace, ~training.

mem-sahib मे॑म्-सा'इब् n. भगवती^F, श्रीमती^F, देवी^F, सुन्दरी^F, मेमसाहब^F।

men मे॑न्' n. pl. दे० MAN.

-men -MENT के अर्थमें प्रयुक्त (*acu*~, *albu*~, *cogno*~, *grava*~, *regi*~, *speci*~, *sta*~)।

menace[1] मे॑'नॅस् n. अभिशाप, विभीषिका^F, भयदर्शन, संत्रास, तर्जन, भीति^F, धमकी^F, घुड़की^F, डरावा।

menace[2] v.t. तर्जन करना, भर्त्सना^F करना, धमकाना, घुड़कना, डराना; आँखें^F दिखाना।

menacer –सॅर् n. तर्जक, सन्त्रासक, भयभीत करनेवाला, डरानेवाला, धमकानेवाला।

menacing –सिंग् a. भर्त्सनात्मक, भीषण, भयप्रद।

menage (F) मेनाज' n. गृह-प्रबन्ध, गृहस्थी^F का प्रबन्ध।

menagerie मि॑नै'जॅरि n. वितंस, पिंजड़ा; (पिंजड़े इत्यादिमें) वन्यपशु-संग्रह, **प्राणि-संग्रह**।

menagogue मे॑'नॅगॉग् n. रजोवर्धक औषधि^F।

mend[1] मे॑न्ड्' n. संस्कृत या प्रतिसंस्कृत छिद्र, मरम्मत^F किया हुआ स्थान; मरम्मत^F; *on the* ~ (स्वास्थ्य या अवस्था^F में) प्रगतिशील।

mend[2] v.t. & i. संस्कृत करना, प्रतिसंस्कृत करना, सुधारना, मरम्मत^F करना; इच्छित आकृति^F के अनुसार काटना; स्वास्थ्य सुधारना, ठीक करना, भला-चंगा करना; ~ *fire* आग^F में ईंधन लगाना; ~ *matters* स्थिति^F में सुधार करना, मामले ठीक करना; ~ one's *pace* द्रुतगामी बनना, चाल^F तेज करना।

mendable –'डॅबॅल a. संस्कार्य, प्रतिसंस्करणीय, सुधार-योग्य, मरम्मत लायक।

mendacious मे॑न्डे'शॅस् a. मिथ्यावादी, झूठा।

mendacity –डै'सिटि n. मिथ्यावादिता^F, मिथ्या भाषण, असत्यता^F, झूठ।

mender मे॑न्'डॅर् n. संधाता, संस्कर्ता, परिष्कर्ता, सुधारक, उद्धर्ता, मरम्मत^F करनेवाला; मोची, चमार, जूते गाँठनेवाला।

mendicancy मे॑न्'डिकॅन्सि n. प्रव्रज्या^F, भिक्षावृत्ति^F, भिखारीपन, फकीरी^F।

mendicant[1] –न्ट् n. भिक्षार्थी, **भिक्षुक**, भिखारी, याचक, भिखमंगा, फकीर।

mendicant[2] a. भिक्षा^F-सम्बन्धी, भिखारीका।

mendicity –डि'सिटि n. भिक्षा^F-जीवन; भिक्षा^F-याचना^F।

mending मे॑न्'डिंग् n. संस्कार, संधान, परिष्कार, सुधार, उद्धार, मरम्मत^F; ~ fences **अप्रकट तैयारी**।

M.Eng. Master of Engineering.

menhir मेन्‌'हीअॅर् n. (यूरोप, अफ्रीका, एशियामें प्राप्य) दीर्घाश्य स्तम्भ, स्मृति-प्रस्तर, **लाट पत्थर, मेनहिर।**

menial[1] मी'निअॅल् n. सेवक, किंकर, भृत्य, गृह-परिचारक, दास, चाकर, घरेलू नौकर; अवर कर्मचारी; (pl.) भृत्यवर्ग।

menial[2] a. गृह्य, घरेलू, घरका (~ *servant*); भृत्य-, दासवत्, दासोचित, दास-सम्बन्धी (~ *quarters*); नीच, ओछा।

meningeal मि'निन्‌'जि'अॅल् a. मस्तिष्कच्छदीय, **तानिका-**, मस्तिष्कावरण-विषयक;
~artery, ~nerve.

meningitis मे'निन्जाइ'टिस् n. मस्तिष्कावरण शोथ, मस्तिष्क-झिल्लीकी सूजन, cerebrospinal ~ (चि०) प्रमस्तिष्क सुषुम्नावरण शोथ, गर्दन-तोड़ बुखार।

meningocele मि'निन्‌'गॅसील् n. मस्तिष्कावरण वर्ध्म; मस्तिष्कावरणका हानिया।

meninx मी'निन्क्स n. (pl.) meninges मस्तिष्कच्छद, मस्तिष्कावरण; (चि०) **तानिका**[F]।

meniscal, -cate मी'निस्कल्, -कॅट् aa. नवचन्द्राकार, इन्दुकास्थि-सम्बन्धी; नवचन्द्राकार काच-सम्बन्धी।

meniscus मि'निस्‌'कॅस् n. (pl. *-ci*) इन्दुकास्थि[F]; इन्दुकला[F]; नवचन्द्राकार-काच, नवचन्द्राकार लैंस; (रसा०, चि०) **अर्द्धेन्दु, अर्धचन्द्रक;** (भौ०) **नवचन्द्रक** (~ *lens*); (गणित) अर्द्धचन्द्राकार आकृति[F]; (भौ०) वक्र तल।

menispermine मे'निस्पेर्‌'मिन् n. काकफली[F], चन्द्र-बीज।

menkalinan –कैलेनिन् n. (ज्यौ०) **द्वितीय प्रजापति**, T.।

menkar –कर् n. (ज्यो०) **प्रथम तिमिंगल**, T.।

menkib –किब् n. (ज्यौ०) **द्वितीय खगाश्व**, T.।

meno- ऋतु-, रजः-, रजो-, मासिकधर्म- (~ *pause*, ~ *rrhagia, rrhoea*)।

menology मीनॉ'लॅजि n. पर्वपंजिका[F], (यूनानी गिरजा-घरोंमें) उत्सव-सूची[F]।

menopause मे'नॅपॉज् n. **रजोनिवृत्ति**[F], मासिक धर्मका स्वाभाविक बिलकुल बन्द हो जाना।

menophenia ⊙ मे'नॅफी'निअॅ n. रजः प्रवृत्ति[F], आर्तवका प्रथम दर्शन।

menoplania ⊙ मे'नॅप्ले'निअॅ n. आर्तव विमार्गता[F]।

menorrhagia मे'नॅरे'जिअॅ n. अत्यार्तव, रक्त-प्रदर।

menorrhoea –रीअॅ n. ऋतुस्राव; अति रजःस्राव।

mensa ⊙ मे'न्‌'सॅ n. (इति०) **पठार, मेन्सा।**

mensal[1] मे'न्‌'सॅल् a. मासिक, माहवारी[F]।

mensal[2] a. भोजन-सम्बन्धी, भोजनमें प्रयुक्त।

mens conscia recti (L) phr. शुद्ध बुद्धि[F]।

menses मे'न्‌'सीज् n. (pl.) ऋतुस्राव, रजोधर्म, **मासिक धर्म, आर्तव**, महीना, माहवारी[F]; बहिःपुष्प।

Menshevik मे'न्‌'शिविक् n. कम गरम दलका रूसी साम्यवादी।

mens rea (L) (कानून) अपराधी मन, **दुराशय।**

mens sana in corpore sano (L) phr. स्वस्थ शरीरमें स्वस्थ मस्तिष्क रहता है।

menstrual मे'न्‌'स्ट्रुअॅल् a. ऋतुस्राविक, प्रतिमासिक, मास्य, मासिक, **आर्तव**, माहवारी[F] (~ *cycle*); ~ fluid **रज**; (ग० ज्यो०) ~ period ऋतुकाल।

menstruant –अॅन्ट् a. आर्तवग्रस्त, रजस्वला, ऋतुमती।

menstruate –एट् v.t. ऋतुस्राव होना, रजोधर्म होना, मासिकधर्म होना, रजस्वला होना, माहवारी[F] होना।

menstruation –ए'शॅन् n. (चि०) **आर्तव, रजोधर्म, रजःस्राव**, बहिःपुष्प, **ऋतुस्राव**, माहवारी[F]।

menstruous –स्ट्रुअॅस् a. आर्तवी, ऋतुस्रावीय, रजोधर्म-विषयक, मासिकधर्म-सम्बन्धी; ऋतुमती, आत्रेयी, मलिनी, अस्पर्शा कपड़ोंसे।

menstruum –अॅम् n. (pl. *-ua*) ऋतुस्राव; द्रावण, विलायक, घुलानेवाला।

mensurability मे'न्स्यूरॅबि'लिटि n. मेयता[F], माप्यता[F], मापनेकी योग्यता[F]; ससीमता[F], परिमितता[F], नियमितता[F]; तालयुक्तता[F]।

mensurable –'स्यूरॅबॅल् a. मेय, माप्य, नापने योग्य; ससीम, परिमित, नियमित; (संगीत) तलयुक्त।

mensural –रॅल् a. माप-विषयक; (सं०) दे० MENSURABLE.

mensuration –रे'शॅन् n. मापिकी[F], (गणि०) **क्षेत्र-मिति**[F], भूमिति[F]; (ग०) **विस्तार-कलन**, माप[F], मिति[F], मापन, पैमायश[F]; T.।

-ment क्रिया[F] या अवस्था-सूचक संज्ञाएँ[F] बनानेमें प्रयुक्त (*atone~, frag~, abridge~*)।

mentagra मे'न्‌'टॅग्रॅ n. चिबुक-स्फोटिकाएँ, ठोढ़ी[F]की फुन्सियाँ[F]।

mental[1] मे'न्‌'टॅल् a. & n. मनः-, मानस, मनस्थ, **मानसिक** (घटना[F], रोगी या पागल); मनोगत, चित्तगत, मस्तिष्क-सम्बन्धी, बौद्धिक, बुद्धिगत, दिमागी; **~ arithmetic** मौखिक गणित, जबानी हिसाब; **~ backwardness** अल्पमनोविकार; ~ defective मनोविकल, भ्रष्टबुद्धि, भ्रष्टमस्तिष्क, बददिमाग, कमजोर दिमागका; ~ deficiency मनोवैकल्य, **मानसिक कमी**[F]; ~ disease मानसिक रोग, आधि[F], ~ function मनोव्यापार; ~ home (asylum) पागलखाना; ~ nurse पागलोंकी नर्स[F]; ~ patient मानसिक रोगी; ~ protuberance **चिबुक प्रोद्वर्ध**; ~ science मनोविज्ञान, मानसशास्त्र; ~ tubercle **चिबुक गुलिका**[F];
~ aberration, ~ ability, ~ abnormality, ~ activity, ~ alertness, ~apparatus, ~ attitude, ~ capacity, ~ condition, ~ conflict, ~ construction, ~ deterioration, ~ development, ~ discipline, ~education, ~ evolution, ~ examination, ~ faculties,

~ fatigue, ~grouping, ~growth, ~health, ~ hospital, ~ hygiene, ~ infirmity, ~ labour, ~life, ~maturity, ~measurement, ~ organization, ~ pathology, ~ process, ~ reaction theory, ~ shelf, ~ state, ~ testing, ~ training, ~weakness.

mental[2] मे॑न्‌टॅल् a. चिबुक-सम्बन्धी, ठुड्डी^F^का।

mentalis मे॑न्‌'टॅलिस् n. (चि०) **अधर उन्नमनी**^F^।

mentalism ⊙ मे॑न्‌'टॅलिज़्म् n. मानसवाद, **मनोवाद**, मानसिक प्रवृत्ति^F^; मेधा^F^, मनःशक्ति^F^।

mentality मे॑न्‌'टैलिटि n. **मनोवृत्ति**^F^, मनोऽवस्था^F^; मेधाशक्ति^F^, मनःशक्ति^F^; मन, चित्त, बुद्धि^F^, स्वभाव, मिजाज।

mentation –टे॑शॅन् n. मानसिक-कार्य; मानसिक अवस्था^F^।

menthol मे॑न्‌'थॉल् n. (रसा०) पर्णासव, **पोदीनेका सत्त, मेन्थाल**।

menticulture मे॑न्‌'टिकल्ट्युअॅर् n. मनोविकास, मनः साधना^F^।

mention[1] मे॑न्‌'शॅन् n. निर्देश, उल्लेख, चर्चा^F^, कथन, वर्णन, जिक्र; honourable ~ (परीक्षा^F^, कला-कार्य आदिमें विद्यार्थीका) कीर्त्तन, योग्यता-निर्देश।

mention[2] v.t. निर्देश करना, उल्लेख करना, चर्चा^F^ करना, वर्णन करना, जिक्र करना, जबान^F^पर लाना, कहना, नाम लेना, बयान करना।

mentionable –नॅबॅल a. निर्देश्य, निर्देशनीय, उल्लेख्य, उल्लेखनीय, चर्चा^F^ करने योग्य, जिक्र करने लायक, जबान^F^पर लानेवाला।

mentioned –न्ड् a. निर्दिष्ट, कथित, निर्देशित, उल्लिखित, वर्णित, कीर्तित, चर्चित।

mentor –'टॅर् n. विश्वसनीय मन्त्री, अनुभवी परामर्शदाता, उपदेशक, पुराना सलाहकार।

mentorial –टॉ'रिॲल् a. उपदेशकीय, परामर्शदाता-सम्बन्धी।

mentum मे॑न्‌'टॅम् n. (जीव०) चिबुक, **चिबुकांग**।

menu मे॑'न्यू n. भोज्य-सूची^F^, **व्यञ्जन-सूची**^F^, आहारिका^F^, भोजनी^F^, (किराये या भोजनका) पुर्जा, मेनू।

menus plaisirs (F) n. जेब खर्च^F^।

Mephistophelean, -lian मे॑फ़िस्टॉफ़ि'लीअॅन्, -लिॲन् aa. मेफिस्टोफेलीस सम्बन्धी, दानवीय, दैत्य-।

Mephistopheles मे॑'फ़िस्टॉफ़ेलीज़ n. = DEVIL.

mephitic मि॑'फिटिक् a. हानिकर, प्राणहर; पूतिमय, दुर्गन्धमय, विषैला, जहरीला, बदबूदार, गन्दा, सड़ा हुआ।

mephitical –कॅल् a. = MEPHITIC.

mephitis मि॑फाइ'टिस् n. विषैली गन्ध^F^, हानिकर दुर्गन्ध^F^, जहरीली बू^F^।

mephitism मे॑'फिटिज़्म् n. (जहरी गैसों^F^ या दुर्गन्धों^F^में साँस^F^ लेनेसे उत्पन्न बीमारी^F^) पूति रोग, दुर्गन्धामय।

merak मे रॉक् n. (ज्यौ०) **पुलह**।

mercantile मे॑'र्‌'कॅन्टाइल् a. **वाणिज्य-**, वाणिज्यिक, **वाणिज्य-सम्बन्धी**; व्यावसायिक, व्यापारिक, महाजनी, व्यापारका; लाभपरायण, धनलोलुप, स्वार्थी, भाड़ेका टट्टू; ~ marine वाणिज्य नौविभाग; व्यापारिक बेड़ा; ~ marine department, **जल-परिवहन-विभाग**; ~ system वाणिज्य-शास्त्र;

~ agency, ~ agent, ~ business, ~ character, ~ community, ~custom, ~document, ~ film, ~ information Bureau, ~law, ~ marine, ~occupation.

mercantilism –लिज़्म् n. तृष्णा^F^, लालच^F^, लाभपरायणता^F^, धनलोलुपता^F^; (अर्थ०) **वणिक्वाद, वाणिज्यवाद**, व्यापारवाद।

mercantilist –लिस्ट् n. वणिक, व्यवसायी, व्यापारी, कारबारी; व्यापारवादी।

mercaptan मॅ॑ऱ्'कैप्टॅन् n. रसंग्रभ, (आक्सीजनकी जगह^F^ गन्धकयुक्त एक मद्यसार)।

mercenariness मे॑'र्‌सिनॅरिनिस् n. लाभदृष्टि^F^, लोभपरायणता^F^, धनलाभ, धनलोलुपता^F^, लोभ, स्वार्थ; वेतन-भोग, भृतिभोग, भाड़ेपर कार्य करनेकी भावना^F^।

mercenary –रि n. & a. अर्थवश, लाभपरायण, धनलोलुप, लोभी, स्वार्थी; भृतिभोगी, भूतक सैनिक, भाड़ेका टट्टू।

mercer मर्'सॅर् n. कौशेयवणिक्, (बहुमूल्य) रेशमी वस्त्रोंका व्यापारी।

mercerization –राइज़े॑'शॅन् n. दहक्षारण, दहविक्षारण, रेशमी बनाना।

mercerize –'सॅराइज़् v.t. (वस्त्रोंको) दहक्षारित करना, दहविक्षारित करना; चिकना और रेशमी-सा बनाना।

mercerized –ड् a. दहक्षारित, दहविक्षारित, चिकना, रेशमी-सा (~ *cotton*)।

mercery –रि n. कौशेयवस्त्र-व्यवहार, रेशमी कपड़ोंका व्यापार।

merchandise मर्'कॅन्डाइज़् n. **पण्य**, वाणिज्य-द्रव्य, व्यापारद्रव्य, **वाणिज्या**^F^, पण्य वस्तु^F^, अटाला, **व्यापारी माल, माल**;

~ broker, ~ goods, ~ marine, ~ marks, ~ traffic.

merchant मर्'चॅन्ट् n. & a. श्रेष्ठी, पण्याजीवी, आपणिक, **वणिक, व्यापारी**, व्यवसायी, **सार्थवाह**, बनजारा, **सौदागर**; ~ man, ~ ship वणिक्पोत, भाण्डपोत, **व्यापारी जहाज**; ~ prince श्रेष्ठी, महाजन, धनिक व्यापारी; ~ service व्यापारी पोत; **व्यापारी बेड़ा**; speed-~ तेज मोटर^F^ चलानेवाला;

~ appraiser, ~ banker, ~ flag, ~ fleet, ~ marine, ~ navy, ~s account, ~seaman, ~ shippers, ~-shipping, ~-vessel.

marchantable –टॅबॅल् a. विक्रेय, वाणिज्योपयोगी, बिकाऊ।

merchantry –ट्रि n. वाणिज्य, व्यापार, सौदागरी^F^, बनियई^F^।

merciful मर्'सिफुल् a. सदय, सकरुण, दयालु, दयावान्, दयापूर्ण, दयार्द्र, कृपाशील, दयाशील, करुणार्द्र, कृपालु ।

mercifulness –नि्स् n. दया^F, कृपा^F, दयावत्ता^F, दयालुता^F, दयापूर्णता^F, दयाशीलता^F, दयार्द्रता^F, करुणार्द्रता^F, कृपालुता^F, अनुकम्पा^F ।

merciless –सिलि्स् a. निर्दयी, **निष्ठुर**, दयाविहीन, निष्करुण, क्रूर, कठोर, दुष्ट, बेदर्द, बेरहम ।

mercilessness –नि्स् n. निर्दयता^F, निष्ठुरता^F, कठोरता^F, दुष्टता^F, बेदर्दी^F, बेरहमी^F ।

mercuration मर्क्युअॅरे'शॅन् n. **पारद-निवेशन ।**

mercurial[1] मॅर्क्युअॅ'रिअॅल् n. पारदीय औषध^F, पारायुक्त दवा^F ।

mercurial[2] a. **पारद**, पारायुक्त, पारदात्मक; पारदमय, पारदीय, पारा-सम्बन्धी, पारेका, (~*pyrometer*); (ग्रह) बुध, रोहिणी; चंचल, अस्थिर, त्वरितबुद्धि^F; स्फूर्तिवान्, फुर्तीला, चुस्त, चालाक, तेज ।

mercurialism n. –लिज़्म् (चि०) पारदात्यय, पारद चिकित्साजन्य विकार ।

mercurialist –लिस्ट् n. पारद-प्रयोगवादी, गुप्त रोगोंमें पारेके प्रयोगपर विश्वास करनेवाला ।

mercuriality –अॅ'लिटि n. चंचलता^F, अस्थिरता^F, स्फूर्ति^F, फुर्तीलापन, त्वरित बुद्धि^F ।

mercurialization –अॅलाइज़े'शॅन् n. (चि०) पारदयुक्तता^F, पारद-चिकित्सा^F; पारदीयन, पारद-साधन, पारद-साधना ।

mercurialize –'रिअॅलाइज् v.t. पारदयुक्त करना, पारद-चिकित्सा^F करना, पारा चढ़ाना ।

mercuric –रिक a. (रसा०) **पारदिक**, पारदात्मक, पारेका; T.;

~ chloride, ~ cyanide, ~ fulminate, ~ oxide.

mercurify –'क्यूअॅरिफ़ाइ v.t. पारदीयित करना, पारदीयन करना, पारदमिश्रित करना, पारा मिलाना, पारा चढ़ाना ।

mercurize –राइज् v.t. **पारद निवेश करना ।**

mercurous –क्यूरॅस् n. पारद्य, **पारदस**, पारा जैसा, T.

mercury –रि n. (रसा०, भौ०, यन्त्र०) **पारद**, रस, **पारा**; (M~) (रोमवासियोंका देवता) अग्निदेवता, **मरकरी**, **बुध** ग्रह; विनोद, जीवट (*has no ~ in him*);

~ arc lamp, ~ barometer, ~ cleaning apparatus, ~ column, ~ copper iodide, ~ diffusion pump, ~distillation apparatus, ~ drying apparatus, ~ gauge, ~ lamp, ~ levelling bulb, ~ manometer, ~nitrate, ~ ointment, ~ pendulum, ~ phosphate, ~ pool, ~ red, ~ regulator, ~ reservoir, ~ silver iodide, ~ still, ~ switch, ~thermometer, ~thread, ~tray, ~-vapour lamp.

mercy मर्'सि n. कारुण्य, **दया**^F, (~ *petition*); अनुकम्पा^F, कृपा^F, अनुग्रह, दयालुता^F, दयाभाव, करुणा^F, तरस, (~ *petition*); (गिरजेमें) ~-seat ईश-सिंहासन; *at the ~ of* किसीके आश्रित, वशमें ।

mere[1] मीअॅर् n. पोखरा, तालाब, झील ।

mere[2] n. सीमा^F, परिधि^F, घेरा; ~ sman सीमानिर्णायक, सीमानिर्धारक, सीमा-निश्चायक व्यक्ति; ~stone सीमाप्रस्तर, हदबन्दी^F ।

mere[3] v.t. सीमाबद्ध करना, हदबन्दी^F करना ।

mere[4] a. मात्र, शुद्ध, केवल, सिर्फ़, निरा, खाली; ~ right त्रिला कब्जा हक ।

merely –'लि adv. मात्र, केवल, सिर्फ़, निरा ।

meretricious मॅरि'ट्रिशॅस् a. बाह्यरुचिर, **कृत्रिम** शोभामय, मिथ्याशोभन, बनावटी शोभायुक्त; वेश्यासम्बन्धी, वेश्यावृत्तिका, कस्बीका; वेश्यावृत्तिवाला, कस्बियों-जैसा, कामी और झूठा ।

meretriciousness –नि्स् n. वेश्यावृत्ति^F; बनावटी शोभा^F, दिखावा ।

merganser मर्गैन्'सॅर् n. कारण्ड, (गोता मारनेवाली और मत्स्यभोजी) बत्तक^F ।

merge मर्ज् v.t. विलय करना, विलयन करना, संविलयन करना, विलीन करना या होना, समावेश करना, समाविष्ट करना या होना, मिल जाना, मिला देना (अधिकार, भूसम्पत्ति^F आदिका), डूबना, डुबाना ।

merged –ड्' a. विलीन, संविलीन, समाविष्ट, (~ *states*) ।

mergence –'जॅन्स् n. विलयन, संविलय, समावेश, इत्यादि ।

merger –जॅर् n. **विलय, विलयन**, संविलयन; समन्वय, सात्करण; निलम्ब; परिशमन; विलयक, निमज्जक, डुबानेवाला ।

mericarp मे'रिकार्प् n. (वन०) **एकास्फोटि**^F, एकबीजास्फोटि^F, (बीजका वह भाग जहाँसे उसके दो भाग हो जाते हैं) ।

meridian[1] मि'रिडिअॅन् n. मध्याह्न, दोपहर^F; **मध्याह्न रेखा**^F, (त्रिकोण०, भौ०, प्रा०, ज्यौ०) **याम्योत्तर**, (~ *altitude, circle*), याम्योत्तर रेखा^F, **ध्रुववृत्त**, ध्रुव-रेखा^F, रेखांश; (नक्षत्रोंका सर्वोच्च) शिरोबिन्दु; (ला०) उत्कर्ष, वैभव; चरमसीमा^F, पराकाष्ठा^F; ~ passage, **ध्रुववृत्त संक्रमण**; ~ plane **अक्षीय तल ।**

meridian[2] a. माध्याह्निक, मध्याह्न-विषयक; उत्तम, परम, ऊँचा ।

meridional[1] –नॅल n. (विशे० फ्रांसके) दक्षिण-निवासी, दाक्षिणात्य ।

meridional[2] a. **रेखांशीय, अनुरेखांश**, (~ *circulation*) मध्याह्नरेखा-सम्बन्धी; दाक्षिणात्य, दक्षिणदेशीय, दक्षिणी, दक्षिणाभिमुख, दक्षिणी यूरोपका ।

meridionality –नै'लिटि n. (विशे०) दक्षिणी फ्रांसीसीके गुण, दक्षिणी लक्षण या संस्कृति^F, दाक्षिणात्यता ।

meringue मॅरैन् n. एक प्रकारकी मिठाई^F।
merino मॅरी'नो n. (pl. -s) (~ *sheep* भी) मरीना भेड़^F। (फ्रांसीसी, काश्मीरी प्रकारका) मरीनेका कपड़ा, सुन्दर ऊनी वस्त्र; महीन ऊनी तन्तु।
meristem मे'रिस्टेम् n. (वन०) **विभज्या**^F, प्रविभाजी, पौधोंको बढ़ानेवाले तन्तु।
meristematic -टिमॅ'टिक् a. (वन०) **विभाजी**।
meristogenous ⊙ मॅरिस्टॉ'जिनॅस् a. (वन०) **एक-तन्तुज**।
merit[1] मे'रिट् n. दक्षता^F, **योग्यता**^F, पात्रता^F, भाजनता^F; श्रेष्ठता^F; विशिष्टता^F; **गुण**, उत्कर्ष, गुणवत्ता^F, खूबी^F, अच्छाई^F; (प्रायः pl.) पुण्य, धर्म, श्रेय; (कानून) **तत्व, गुण-दोष**, गुणागुण; ~ increase **गुणाधारित वृद्धि**^F; the ~s गुण दोष, गुणागुण; पापपुण्य; *judge on its ~s* गुणदोषके आधारपर निर्णय देना; *make a ~of* योग्य रूप बनाना; *~requires no recommendation* गुणके ग्राहक स्वतः आते हैं;
~list, ~rating, ~scholarship, ~system.
merited -टिड् a. युक्त, उचित, योग्य।
meritorious टॉ'रिॲस् a. योग्य, **श्लाघ्य**, प्रशंसनीय, **सराहनीय**, (*~service*), प्रशस्त, स्तुत्य, प्रशस्य, कीर्तिकर; गुणी, गुणवान्, गुणान्वित; पुण्यशील, पुण्यवान्, पुण्यात्मा, भला।
meritoriousness -निॅस् n. श्लाघ्यता^F, योग्यता^F, स्तुत्यता^F, प्रशस्यता^F, कीर्तिकरता^F; गुणवत्ता^F, पुण्यवत्ता^F।
merk -मर्क् n. स्काटलैण्डका एक चाँदी^Fका सिक्का, मर्क।
merle मर्ल' n. कोयल^F।
merlin मर'लिन् n. वेगी श्येन, एक प्रकारका बाज, मर्लिन।
merlon मर'लॅन् n. (दो तोपों^Fके झरोखोंके बीचका) **कंगूरा**, युद्धके लिए छाती^Fतककी दीवार^F।
mermaid मर'मेड् n. समुद्रकन्या^F, मत्स्यस्त्री^F, मत्स्यांगना^F, **जल-परी**^F, मछनारी^F; अवपीतहरि वर्ण।
merman मर'मैन् n. समुद्रकुमार, जलपुरुष, मत्स्य-पुरुष।
mero- अंश-, आंशिक (*~ blast, ~ hedral*)।
meroblastic मेरॅब्लैस्'टिक् a. (अण्डा या बीज) **अंशभंजी**, अपूर्णभाजी, एक भागमें फूटनेवाला; *~ cleavage* **अपूर्णभेदन**।
merogenesis मेरॅजे'निसिस् n. विभाजन, विभक्त जन्म, खण्डजन्म; खण्ड जनन।
merope मे'रॉप् n. (ज्यौ०) **चतुर्थक वृष, मिरोप**।
-merous -अवयव, -खण्ड, -भाजीय (*di~, 5~*)।
merozoite मे'रॅजाॅइट् n. (चि०) **खण्डज**, खण्डज बीजाणु, मेरोझाइट।
merriment मे'रिमॅन्ट् n. आह्लाद, आमोद-प्रमोद, प्रहर्ष, उल्लास, आनन्द, विलास, विनोद, क्रीड़ा^F, चुहुल; हास्य, परिहास, ठट्ठा-मस्करी^F।
merriness मे'रिनिस् n. आनन्द, आनन्दमयता^F, प्रसन्नता^F, उल्लासवृत्ति^F।
merry[1] मे'रि n. एक प्रकारका काला पहाड़ी फल, मेरी-चेरी।
merry[2] a. सानन्द, सोल्लास, प्रोत्फुल्ल, प्रसन्नवदन, परिविनोदी, प्रमुदित, प्रहृष्ट-चित्त, खुश; हासशील, हँसोड़; नशेमें चूर; ~-andrew भड़आ; ~-go-round चक्रदोला, नगरदोला, झूला, हिंडोला; ~-making उत्सव, आनन्द-प्रमोद, चुहुल^F; ~thought (पक्षीके सीने और गलेके बीचकी) दुसंखी हड्डी^F; *make ~* आनन्द मनाना, *make ~ over* किसीकी हँसी^F हँसी-मजाक करना; करना, किसीका मजाक उड़ाना।
mersion मॅर'सॅन् n. निमज्जन, अवगाहन, बुड़की^F, डुबकी^F, गोता।
merycism मे'रिसिज़्म् n. (चि०) (मनुष्योंमें) रोमंथ या जुगाली^F।
mesa मे'सॅ n. पटलप्रस्थ, पटलशैल, (प्रा० भूगोल) **मेसा**^F, मेजके आकारकी चट्टान^F।
mesalliance मेज़ै'लिॲन्स् (F) n. अनमेल विवाह; नीच जाति^Fसे विवाह।
mesaraic मेसॅरे'इक् a. आन्त्रयोजनी^Fसे सम्बन्धित।
M.E.S. Military Engineering Service.
Mesartim मेसॅर्टिम् n. (ज्यौ०) **तृतीयमेष, मेसार्तिम**।
mescal मॅस्काल्' n. (नशेके लिए चूसा या दिया जानेवाला) एक प्रकारके पौधेका बीज या रस, T.
mesdames (F) मॅ'डॅम्, (F) मेज़'डॅम्ज़ n. भगवती^F, श्रीमती^F, देवी^F, सुन्दरी^F, मेम^F साहब, मैडम^F।
meseems मिजीम्स् v.i. (प्रा०) मुझे ऐसा प्रतीत होता है, ऐसा जान पड़ता है।
mesembrianthemum, -bry- मिसेम्ब्रिऐन्'थिमॅम्, -ब्रि- n. (वन०) एक गेंदा, T.
mesencephalon मेसिन्से'फॅलॅन् n. **मध्यमस्तिष्क, मध्यमस्तुलुंग**, मस्तिष्कका मध्य भाग, T.
mesenteric मेसेन्टे'रिक् a. अन्त्रयुजीय, **आन्त्रयोजनी**^F, अन्त्रबन्धनी-सम्बन्धी, मध्यान्त्र-सम्बन्धी; T.
~ artery, ~ filament, ~ vein.
mesenteritis -टॅराइ'टिस् n. (चि०) आन्त्रयोजनी^F शोथ, अन्त्रबंधनिका शोथ, अन्त्रयुजप्रकोप, मध्यान्त्र-प्रदाह, अन्त्रबन्धनिका-प्रदाह।
mesentery -'सॅन्टॅरि n. (कृषि०, जीव०, चि०) अन्त्रपेशी^F, **आन्त्रयोजनी**^F (*~ reinforcement*) अन्त्रयुज, आन्त्रकला^F, अन्त्रबन्धनिका^F, मध्यान्त्र, आँतों^F-की झिल्ली^F।
mesh[1]* मे'श् n. अक्षि^F, **जालाक्षि**^F, जालरन्ध्र, झंझरी^F, **जाली^F, जालके छेद**; (pl.) जाली^Fका काम; (लाक्ष०) फन्दा, **जाल***; (श०र०शा०, pl.) गुम्फ, जालीदार गठन^F; रक्तवाहिनियाँ^F; तन्त्रिकाएँ^F इत्यादिका; फँसे हुए चर्खी^Fके दाँते; ~ work जाल, जाली^Fका काम; *in ~* व्यस्त, उलझा हुआ।
mesh[2] v.t. & i. (शा० तथा ला०) जालमें फँसना या **फाँसना**; चर्खी^Fके दाँतोंका परस्पर फँसना या फँसाना।

meshy –'शि a. जालवत्, जालरूप, जाल-सदृश, जालाकृति, जालीदार।

mesial मी'ज़िॲल्, मे´'सिॲल् a. मध्यगामी, मध्य, मध्यस्थ, बीचका।

mesmeric मे´स्मे´'रिक् a. वशीकरण विद्या[F]-विषयक, मेस्मरेजिम-सम्बन्धी।

mesmerism मे´ज़्'मॅरिज़्म् n. सम्मोहन विद्या[F], मूर्च्छित करनेकी विधि[F], मेस्मरेजिम।

mesmerist –रिस्ट् n. सम्मोहक, मूर्च्छित करनेवाला, मेस्मरेजिम करनेवाला।

mesmerization –राइज़े'शॅन् n. विमूर्च्छन कार्य, सम्मोहनीकरण, मेस्मरेजिमका कार्य।

mesmerize –'मॅराइज़् v.t. अचेत करना, सम्मोहित करना, मूर्च्छित करना, मेस्मरेजिमसे प्रभावित करना, बेहोश करना।

mesnality मे´स्नै'लिटि n. जागीर[F]; छोटी जमींदारी[F], जागीरदारी[F], पट्टेदारी[F]।

mesne मीन्' a. अन्तःकालीन, मध्यका, **मध्यवर्ती** (~ *mortgage*, ~ *profits*); मँझला, दरमियानी (~ *profit*); ~ lord पट्टेदार।

meso- मध्य-, मेसो- (~*coracoid*, ~*cuneiform*, ~ *kurtosis*, ~ *nephros*, ~ *thelium*)।

mesoblast मे´'सॅब्लास्ट् n. (चि०) मध्यजन स्तर, बीजक, बीजकी परत[F]।

mesoblastic –लैस्'टिक् a. (चि०) मध्यजन स्तरीय, बीजकीय, बीजक-सम्बन्धी।

mesocarp मे´'सॅकार्प n. (वन०) मध्यवृत्ति[F], **मध्यच्छद, मध्यस्तर, मध्यभित्ति[F]**, मध्यावरण, बीज या फलकी भीतरी परत[F]।

mesocephalic मे´सॅसिफै'लिक् a. (जीववि०, चि०) मध्यमशीर्ष, शीर्षमध्य, **मध्यशिरस्**, कपालमध्यस्थ, सिरके बीचका, मझोले सिरवाला; ~ skull **मध्यमशिरस्कपाल**।

mesocolon मे´सॅको'लॉन् n. स्थूलान्त्रयुज, **बृहदान्त्रयोजनी**।

mesoderm मे´'सॅडे´र्म् n. (बीज या अण्डेका) (चि०, जीव०) मध्यस्तर, मध्यत्वचा[F], बीचकी परत[F], तन्तु या रेशे।

mesogastrium मे´सॅगैस्'ट्रिॲम् n. (चि०) **जठरयोजनी**।

mesolite मे´'सॅलाइट् n. मध्यमिज, **मेसोलाइट**।

mesolithic मे´सॅलि'थिक् a. मध्यप्रस्तर-कालीन।

mesometrium मे´सॅमी'ट्रिॲम् n. (चि०) **गर्भाशय-मध्यस्तर**।

mesomorph मे´'सॅमार्फ् n. मध्यरूप; मध्यमाकारी, मझोले कदका; **आयतकार**।

mesophyll मे´'सॅफिल् n. (वन०) **पूर्णमध्यक**, मध्यपर्णोति, मेसोफिल, बीचकी झिल्ली[F]।

mesophyte मे´'सॅफाइट् n. मध्योद्भिद्, बीचका पौधा।

mesopodium मे´सॅपो'डिॲम् n. (जीव०) **मध्यपाद**।

mesosperm मे´'सॅपे´र्म् n. मध्यच्छद, मध्यवर्ती आवरण, बीचका छिलका।

mesosternum मे´सॅस्टॅ'र्नॅम् n. मध्योरोस्थि[F], T.

mesotergum मे´सॅटॅ'र्गम् n. (जीव०) **मध्यपृष्ठक**।

mesothorax मे´सॅथॉ'रैक्स् n. उरोमध्य, **मध्यवक्ष**, बीचकी छाती[F]।

mesothorium मे´सॅथॉ'रिॲम् n. मध्य हसातु।

mesovarium मे´सॅवेअ'रिॲम् n. (जीव०, चि०) **डिम्बग्रन्थियोजनी; अण्डाशय धर**, T.

mesozoic मे´सॅज़ो'इक् a. (~ *era*) मध्यकल्प, **मध्यजीव कल्प**; मध्यजीव युग, गौणशिला-युग।

mesquit(e) मे´स्'कीट् n. उत्तरी अमेरिकाका एक फलदार वृक्ष, मेस्कीट; (~ *grass* भी) मस्कीटके निकटकी घास[F]।

mess[1] मे´स् n. भोजनालय, भोजनशाला[F], **मेस**; मिश्रण, संकर, संकुल, खिचड़ी[F], घालमेल, मिलाव, गड्डबड्ड; मिश्रित भोजन; अन्न, खाना, भोजनका अंश; (वस्तुओंकी) अव्यवस्थित अवस्था[F]; गन्दी वस्तु[F]; बखेड़ा, झंझट; (नौसेना[F] आदिका) सहभोजी दल, पंगत[F]; सहभोज; ~ mate सहभोजी, साथ भोजन करनेवाला; ~ room सहभोजन-कक्ष, साथ खानेका कमरा; *make a ~ of* गड़बड़ करना;

~ charges, ~ council, ~ deck, ~ dress, ~ garden, ~-jacket, ~ secretary, ~ supervisor.

mess[2] v.t. & i. मिश्रण करना या कराना, अव्यवस्थित करना, गड्डमड्ड करना, एकमें मिला देना; गन्दा करना; (व्यापारमें) गड़बड़ कर देना; साथ भोजन करना, खा लेना।

message[1] मे´'सिज् n. **सन्देश**, संवाद, वृत्ति[F], वार्ता[F], वृत्तान्त, वात[F]; समाचार, खबर[F]; ईश्वर-प्रेरित संवाद; ~ posting sheet **सन्देशांक पत्र**;

~ code, ~ draft, ~ revenue, ~ stick, ~ tin.

message[2] v.t. सन्देश भेजना, संवाद देना, समाचार भेजना, खबर[F] भेजना।

messenger मे´'सॅन्जॅर् n दूत, सन्देशहर, सन्देशवाहक, पत्रवाहक, हरकारा; (जहाजके ऊपर पालको खींचनेके लिए) चर्खी[F]पर चढ़ी हुई डोर[F]; ~ service सन्देशहर-व्यवस्था[F]।

Messiah मॅसाइ'ॲ n. ईसामसीह, मुक्तिदाता, मसीहा।

Messiahship –शिप् n. ईसामसीहका पद।

Messianic मे´सीऍनिक् a. मसीही, ईसवी, ईसा-सम्बन्धी।

messieurs मे´स्ये´र् n. (*monsieur* का एकव०) = MESSRS.

messiness मे´'सिनिस् n. गन्दगी[F]; गड़बड़।

messrs n. pl. सर्वश्री, श्री।

Messrs., Messieurs. Sirs, Gentlemen (used as Pl. of Mr.)।

messuage मे´स्विज् n. (का०) वाटिकागृह, गृह-वाटिका^F, घरवाड़ी^F।

messy मे´सि a. गड्डमड्ड, गन्दा, गड़बड़ीवाला।

mestee मे`स्टी´ n. (विशे० श्वेतांगियोंकी) वर्णसंकर सन्तान^F।

mestizo मे`स्टी´जो n. (pl. -*s*) स्पेन या पुर्तगालका वर्णसंकर, (विशे० स्पेनदेशीय और अमरीकी भारतीय पुत्र)।

met मे`ट´ MEET का past तथा p.p.

meta-, met- **मैटा-**, उत्तर-, अनु-, **पश्च-**, पश्चात्- (~ *caphalic*, ~ *cryptozoid*); **अधि-** (~ *ethic*, ~ *language*); सह-, स-, सम- (~ *chronism*, ~ *protein*); रूपान्तर- (*metamorphosis*, *metaphor*, *metonymy*)।

Met., metaph. Metaphysics; metaphor; metaphorical.

met. metropolitan.

metabasis n. अवस्था-परिवर्तन, स्थिति^F में अन्तर; (चि०) रोग-परिवर्तन, रोगस्थान परिवर्तन।

metabola मि`टैबॅल् n. **व्यक्तरूपान्तरण**।

metabolic मि`टैबॉ´लिक् a. चयापचयी, चिति-अपचिति-सम्बन्धी, **उपापचयात्मक**, उपापचय-; रचनान्तर-; कायाग्निक, रस-प्रक्रियात्मक, विपाकीय;
~ activity, ~ disturbance, ~ efficiency, ~ nucleus, ~ rate.

metabolism मि`टैबॅलिज़्म् n. (वन०, कृषि०) **विपचन, उपापचयन, चयापचयन, उपापचय**, चयापचय, कायाग्नि^F, रस-प्रक्रिया^F, रचनान्तर-क्रिया^F, धातु-परिपोषणक्रम (*constructive*, *destructive*, ~)।

metabolite –लाइट् n. (चि०) चयापचय-जनित, चयापचित, **उपापचयज**।

metabolize –लाइज़् v.t. चयापचय करना; रचनान्तरित करना; धातु-परिपोषणक्रम रखना।

metacarpal मे`टकार्´पॅल् a. (चि०) पाणिशलाकीय, **करभास्थि** (~ *bone*), हस्त-सम्बन्धी; first ~ **अंगुष्ठ-करभास्थि^F**; fifth ~ **कनिष्ठा करभास्थि^F**; fourth ~ **अनामिका करभास्थि^F**; second ~ **तर्जनी या प्रदेशिनी करभास्थि^F**; third ~ **मध्यमा करभास्थि^F**।

metacarpus –पॅस् n. (चि०, जीव०, कृषि०) मूलकर, मूलहस्त, पाणिशलाका^F, मध्यपाणि^F, **करभ**, (चि०, जीव०, कृषि०) **करभास्थि^F** (चि०), **करशलाका^F**, हथेली^F की हड्डियाँ^F।

metacentre मे`टॅसे`न्´टॅर् n. (भौ०) **उपप्लव केन्द्र, आप्लवकेन्द्र, चलकेन्द्र** (तैरनेवाली वस्तुओं^F का वह स्थान जो उतने जलको हटाकर रहता है)।

metacentric⊙ –ट्रिक् n. **उपप्लवकेन्द्रीय, चलकेन्द्रीय, चलकेन्द्री** (~ *height*)।

metachronism मि`टैक्रॅनिज़्म् n. न्यूनकाल-निरूपण, घटनानिरूपण।

metachrosis मे`टॅक्रो´सिस् n. (पशुओंका) वर्ण-परिवर्तन, रंगपरिवर्तन।

metage मी´टिज् n. कोयला आदि मापनेका प्रामाणिक माप; कोयला तौलनेका भाड़ा, कोयलेके बोझपर चुंगी^F।

metagenesis मे`टॅजे´निसिस् n. एकान्तर-जनन, एकान्वेक-जनन।

metagenetic –जिने´टिक् a. एकान्तर-जनन-संबंधी, एकान्वेक-जनन-विषयक।

metal[1]* मे´टॅल् n. (रसा०, अर्थ०, भू०) **धातु^F***, धात^F; **लोहा**, (~ *hairpin*); (सैन्य०) कवचित गाड़ियाँ^F, टैंक^F; (*road*- भी) गिट्टी^F, रोड़ी^F, कंकड़, पत्थर; रेल^F की पटरी^F (*train leaves the* ~*s*); **पिघला काँच**; तेज, साहस, जीवट; ~ master **धातु-मूल**;
~ age, ~arm, ~-badge, ~bar, ~barrier, ~ box, ~ case, ~ casement, ~ casing, ~ casting, ~ clamp, ~ cup, ~ cutting compound, ~ date stamp, ~ disc, ~ drift, ~ furniture, ~ image, ~ lath, ~ label, ~ melter, ~ picket, ~ polish, ~ printer, ~ rectifier, ~ reel, ~ shield, ~ shop, ~ skirt, ~ sleeper, ~ spoon, ~ spraying, ~ stair, ~stores, ~ strap, ~tape, ~ ware, ~ welding electrodes, ~ white, ~ worker.

metal[2] v.t. धातु^F लगाना, धातु^F से मढ़ना; पक्की सड़क^F बनाना, कंकड़ियों^F से सड़क^F की मरम्मत^F करना।

Metal., metall. metallurgy.

metalepsis मे`टॅले´प्सिस् n. = METONYMY, (विशे०) जटिल अलंकार, अलंकारयुग्म।

metaleptic –´टिक् a. जटिल अलंकारसे सम्बन्धित, अलंकारयुग्म-सम्बन्धी, दोहरे अलंकारवाला।

metalled मे´टॅल्ड a. अश्मित, पक्की (~ *road*)।

metallic, -al मि`टैलिक्, -ॲल् aa. (रसा०, भू०) **धातुक**, धातु-, **धात्विक, धात्वीय**, धातु-सम्बन्धी, धातव; धातुमय, धातुरूप, धातुसदृश; ~ fouling **धातु^F का मैल**; ~ lustre **धातुद्युति^F**;
~ circuit, ~ covering, ~ currency, ~ emitter, ~ eyelet, ~ filings, ~ foil, ~ meteorite, ~ mineral, ~money, ~packing, ~ pair, ~poisoning, ~reserve, ~ring, ~ salts, ~ sheet, ~ sound, ~ standard, ~ treatment, ~ tube.

metallicity –लि´सिटि n. धात्विकता^F, धात्वीयता^F, धातुमयता^F।

metalliferous मिटॅलि´फ़ॅरस् a. धातुप्रद, धातूत्पादक।

metalliform –टै´लिफ़ार्म् a. धात्वाकार, धातुरूप, धातु^F-जैसा।

metalline मे´टॅलाइन् n. = METALLIFEROUS.

metalling –लिंग् n. (सड़क^F पक्की करनेमें प्रयुक्त) कंकड़ इत्यादि सामग्री^F; सड़क^F पक्की करनेकी क्रिया^F, **रोड़ी^F डालना; धातु^F चढ़ाना**।

metallist –लिस्ट् n. धातुकार, धातु[F]का काम करनेवाला।

metallization –लाइजे'शन् n. धात्वीयन, धातुरूप करनेकी क्रिया[F]।

metallize –'टॅलाइज् v.t. धात्वीयन करना, धातुमय करना, धातु[F] बनाना; रबरको गन्धक[F] मिलाकर सख्त करना।

metallographical –लॅग्रै'फिकॅल् a. धात्विकीय, धातुशास्त्रीय।

metallography –लॉ'ग्र'फि n. धात्विकी[F], धातुविज्ञान, धातु विद्या[F], **धातुरचना[F]-विद्या[F]**, धातुशास्त्र।

metalloid –'टॅलाऍड् १. n. (रसा०) **उपधातु[F]**; -al भी २. a. धात्वाभ, धातु[F]के रूप-रंगका; धात्विक।

metallurgic, -al –लर्'जिक्, -ॲल् a. **धातुकार्मिक, धातुकर्म-, धातुकर्मीय, धातुकर्म-सम्बन्धी, धातु-शोधन-विद्या[F]-सम्बन्धी**, ~*laboratory*; ~ test, ~ treatment.

metallurgist मि'टैलॅर्जिस्ट् n. **धातुकर्मी**, धातुकर्म-विज्ञ, धातुशोधक, धातुशोधनकर्ता, धातुविद्।

metallurgy –र्जि n. धातुकार्मिकी[F], (रसा०) **धातुकर्म, धातुकर्म-विज्ञान**, धातु-शोधन-विद्या[F], धातुकर्म।

metalogical मे'टॅलॉ'जिकॅल् a. अधितार्किक।

metamer मि'टैमिॲर् a. **मध्यावयवी**।

metamere मे'टॅमीॲर् n. **विखण्ड; आदिखण्ड**; समखण्ड, समभाग; वलय।

metameric मे'टॅमे'रिक् a. **विखण्ड-**, समखण्डीय, समभाजिक, आदिखण्डीय; वलयीय, वलय-सम्बन्धी; ~ segmentation **विखण्डीभवन**।

metamerism मे'टैमॅरिज़्म् n. **विखण्डता[F]**; समखण्डता[F], समभाजिता[F]; **मध्यावयवता[F], वर्गावयवता[F]**।

metamorphic मे'टॅमॉर्'फिक् a. रूपान्तरिक, रूपान्तरका, परिवर्तनशील; (भू०) **कायान्तरित**, (भौति०; प्राकृतिक शक्ति[F] द्वारा) रूपान्तरित; ~ aureole, ~ change, ~ rocks.

metamorphism –फिज़्म् n. रूपान्तर, (रसा०) **उपरूपान्तरण**, रूपान्तरण, (भू०) **कायान्तरण**, काया-पलट[F]।

metamorphopsia मे'टमॉर्फॉप्'सिॲ n. (चि०) दृश्य वैरूप्य, दृष्टि-परिवर्त, दृष्टिभ्रम।

metamorphose मे'टॅमॉर्'फोज् v.t. रूपान्तरण करना, **कायान्तरित करना**, कायापलट[F] करना, बिलकुल बदल देना, रूप बदलना।

metamorphosis –फॅसिस् n. (pl. *-oses*) (कीट वि०) **कायान्तरण**, रूपान्तर, रूपान्तरण; परिवर्त, रूपभेद, रूपविकार, आकार-परिवर्तन; कायापलट[F], रूपविक्रिया[F]।

metamyclocyte मे'टॅमि'क्लॅसाइट् n. (चि०) **मध्य-मज्जाणु**।

metaoestrum –ओएस्ट्रम् n. (कृषि०) **अनुमद-काल**।

metaphase मे'टॅफेज् n. (वन०) **मध्यावस्था[F], मध्य रूप**, T.

metaphor मे'टॅफॅर् n. रूपकालंकार, लक्षणा[F]; आलंकार प्रमाण, उदाहरण एवं लक्षण; mixed ~ मिश्र अलंकार; sustained ~ सांगरूपक।

metaphoric, metaphorical –फॉ'रिक् –कॅल् aa. लाक्षणिक, आलंकारिक।

metaphorist –'टॅफॅरिस्ट् n. अलंकारप्रयोक्ता, अलंकारवादी, रूपकका प्रयोग करनेवाला।

metaphrase मे'टॅफ्रेज् n. & v.t. शब्दानुवाद (करना), अक्षरशः अनुवाद (करना)।

metaphrast मे'टॅफ्रास्ट् n. शब्दानुवादक, रूपान्तरकार।

metaphrastic –फ्रैस्'टिक् a. शब्दानुवाद-सम्बन्धी; रूपान्तरित, उल्था-सम्बन्धी।

metaphysic मे'टॅफि'जिक् a. = METAPHYSICAL.

metaphysical –कॅल् a. आत्मविषयक, आत्मविद्या-सम्बन्धी, आध्यात्मिक, आत्मिक, **तात्त्विक** (~ *ethics*), **तत्त्वमीमांसीय** (~*theory*), सामान्य तर्कोंपर आधृत; अशरीरी; अतिसूक्ष्म, प्राकृत, पारलौकिक, अतिलौकिक; काल्पनिक, अमूर्त्त।

metaphysician –ज़ि'शन् n. अध्यात्मविद्यावेत्ता, तत्त्वज्ञानी, तात्त्विक; मनोवैज्ञानिक; सूक्ष्मविचारक।

metaphysics –'जिक्स् n. (pl.) अध्यात्मविद्या[F], आत्मतत्त्वशास्त्र, तत्त्व-शास्त्र, **तत्त्वविज्ञान; तत्त्वमीमांसा[F]**; अमूर्त विषयज्ञान; निरालम्ब या सूक्ष्म विचार; सिद्धान्त मात्र।

metaplasia मे'टॅप्ले'जिॲ n. ऊत्यन्तरण, ऊतिकोशान्तरण।

metaplasm मे'टॅप्लैज़्म् n. (जीव०) **निर्जीवांश, निर्जीवांश द्रव्य**, उपद्रव्य, गौणद्रव्य, (जीवाणुमें प्रोटोप्लाज़मके निरर्थक अन्य द्रव्य), रसान्तर; शब्दान्तर, शब्द परिवर्तन।

metapsychics, -chology मे'टॅसाइ'किक्स्, -कॅलॉजि nn. अतिमानसविज्ञान, **अधिमनोविज्ञान**।

metasomatism मि'टैसो'मॅटिज़्म् n. (भू०) धात्वन्तरण, कायान्तरण, रासायनिक प्रतिस्थापन।

metastable ⊙ मि'टैस्'टेबॅल् a. (रसा०) **मितस्थायी**: ~ atom, ~ equilibrium, ~ state.

metastasis मि'टैस्'टॅसिस् n. (विकृति[F]का) स्थलान्तर, स्थानान्तरण; मितस्थायित्व।

metatarsal मे'टॅटार'सॅल् a. (चि०) **पादशलाक-**, प्रपदीय, पादशलाकीय, पादमूलशलाका-सम्बन्धी, मध्यपाद-सम्बन्धी, तलवेका; (~ *bone* भी) (चि०) **प्रपदिका[F]**, प्रपदास्थि[F], **अनुगुलिफका[F]**।

metatarsus –सॅ n. (श० र० शा०) प्रपद, **पादशलाका[F]**, (चि०) **प्रपदिका[F], प्रपदास्थि[F], अनुगुलिफका[F]**, मध्यपाद, पादकी कमान[F]की हड्डियाँ[F]।

metathesis मि'टैथि'सिस् n. (pl. *-ses*) (व्या०; अक्षर, ध्वनि[F] आदिका) व्यत्यास, विपर्यास, विपर्यय;

(रसा०; दो व्यूहाणुओंके बीचमें परमाणुओंका) व्यत्यय, स्थानान्तरण, स्थान-परिवर्तन ।

metathetical मे`ट्थे`'टिकॅल् a. अक्षर-विपर्यास-सम्बन्धी, ध्वनिविपर्य-सम्बन्धी ।

metathorax मे`ट्थॉ'रैक्स् n. उरःपश्च, **पश्चवक्ष**, कीड़ेके पेटका तीसरा और अन्तिम भाग ।

metayage (F) मे`'टेयाज् n. वण्टन, बँटाई^F^; **बटाई**^F^, लगानके रूपमें पैदावार^F^का भाग ।

metayer (F) मे`'टेयेर् n. अर्द्धार्द्ध-पद्धति^F^, सस्यवण्टन-पद्धति^F^, अधिया बँटाई^F^का तरीका; किसान, काश्तकार ।

metazoa मे`टॅज़ो'अॅ n. (जीववि०) अनेककोशी, कई जीवाणुवाले जानवर, T.; (एकव० *metazoon*) ।

metazylum (metaxylum) –ज़िलम् n. (वन०) **अनुदारु**, T. ।

mete[1] मीट्' n. (कानून) सीमा^F^, परिधि^F^; माप^F^, पैमाना ।

mete[2] v.t. (सा०, का०) मापना, नापना, पैमाइश^F^ करना ।

metempiric मे`टे`म्पि'रिक् a. अनुभवातीत, अनुभवसे परे ।

metempirical –कॅल् a. = METEMPIRIC.

metempiricism –रिसिज़्म् n. अनुभवातीत ज्ञान, अनुभवसे परेका ज्ञान ।

metempsychosis मे`टे`म्प्सिको'सिस् n. (pl. *-ses*) आत्मान्तरण, आवागमन, देहान्तरागमन, **पुनर्जन्म**, जन्मान्तर ।

metempsychosist –स्ट् n. आत्मान्तरणवादी, पुनर्जन्मवादी ।

Meteor. meteorology.

meteor मी'टि`अॅर् n. केतु, **उल्का** (~ *magnitude*, ~ *shower*), टूटा हुआ तारा ।

meteoric –ऑ'रिक् a. ऋतु-, ऋतव्य, ऋतुवैज्ञानिक; वायुमण्डलीय; उल्का (~ *iron*); (भू०) **अववृष्ट** (~ *water*); (ला०) क्षणिक; उज्ज्वल, जलता हुआ, चमकीला;

~ iron, ~ showers, ~ stones.

meteorism –'टि`अॅरिज़्म् n. (चि०) आनाह, (अँतड़ियों^F^में) अतिवायुता^F^; आध्मान ।

meteorite –राइट् n. (भौ०, रसा०, भू०) **उल्काश्म**, **उल्कापिण्ड**, **उल्कापत्थर**; टूटा हुआ तारा; ~ iron **उल्का-लोह** ।

meteorograph –रॅग्राफ् n. अन्तरिक्ष-लेखक, जलवायु-लेखक, (उल्कापात चित्रित करनेका यन्त्र), T. ।

meteorography –रॉ'ग्रॅफि n. उल्का-शास्त्र, उल्का-विद्या^F^ ।

meteoroid मी'टि`अॅरॉइड् n. उल्का-परमाणु ।

meteoroidal –'डॅल् a. उल्का-परमाण्वीय ।

meteorolite –'टि`अॅरॅलाइट् n. उल्काश्म ।

meteorologic, -al –लॉ'जिक्,-अॅल् aa. ऋतु-, ऋतव्य, ऋतु-विज्ञानीय, **मौसम-विज्ञान-सम्बन्धी**, **मौसमी**, **अन्तरिक्षवैज्ञानिक**, अन्तरिक्ष-विद्या^F^-विषयक, वायु-विज्ञानसम्बन्धी;

~ branch, ~ broadcasts, ~ bureau, ~ charts, ~ data, ~ department, ~ factor, ~ observation, ~ observatory, ~ office, ~ organisation, ~ phenomena, ~ radar, ~ report, ~ station, ~ telegram.

meteorologist –रॉ'लॅजिस्ट् n. ऋतुविज्ञानी, अन्तरिक्ष-विद्याविद्, जलवायुविज्ञानवेत्ता ।

meteorology –जि n. (भौ०) **आवाहिकी**^F^, आन्तरिक्षिकी^F^, ऋतुविज्ञान, जलवायुविज्ञान, **मौसमशास्त्र**, **मौसमविज्ञान**; (भौ०, प्रा० भूगोल); अन्तरिक्ष-विज्ञान, नभविद्या^F^, वायुशास्त्र; घनवातिकी^F^, वायुमण्डलीय अवस्था^F^ ।

meter मी'टॅर् n. मान, माप^F^, **मापी**, **मापक**, मापक-यन्त्र, मीटर; ~ gauge छोटी लाइन^F^;

~ angle, ~ book, ~ bridge, ~ chain, ~ connection, ~flume, ~ gauge, ~ reader, ~reading, ~ scale, ~ supply, ~ tester.

-meter -मान, -माप, -मापी (*baro~*, *calori~*, *gaso~*) ।

metewand मीट्'वॉन्ड् n. (प्रा०) गज ।

meth. methylated spirit.

methane मे`थेन् n. प्रोदीन्य, T, सड़ी हुई वनस्पति^F^से उत्पन्न गैस^F^, दलदलकी वायु^F^ ।

methanol –मे`'थॅनॉल् n. = METHYL.

metheglin मि`थे`ग्'लिन् n. मध्वासव, मधुमद्य, शहदसे बनी मदिरा^F^ ।

methem- विकृत (~ *albumin*, ~(o)*globin*) ।

methinks मि`थिन्क्स्' v. i. (प्रा०; भूत० *methought*) मुझे ऐसा लगता है ।

method मे`'थॅड् n. **विधि**^F^, **रीति**^F^, परिपाटी^F^, **प्रणाली**^F^, व्यवस्था^F^, **पद्धति**^F^, प्रकार, तरीका, ढब, क़ायदा, **ढंग**; विचारक्रम, विचार-तारतम्य; क्रम, अनुक्रम, क्रमबद्धता^F^; सद्व्यवहार, दस्तूर, अच्छी आदत^F^; *there's ~ in his madness* (etc.) लगता नहीं कि पागल है ।

methodic मि`थॉ'डिक् a. यथाक्रम, विधियुक्त, ढबका ।

methodical –कॅल् a. विधियुक्त, **विधिवत्**, रीति-सम्मत, पद्धतिसंगत, व्यवस्थित, यथाक्रम, क्रमानुगत, ढबदार, **तरीकेका**, **बाक़ायदा** ।

methodicalness –नि`स् n. विधियुक्तता^F^, यथा-क्रमता^F^, व्यवस्था^F^, रीति^F^ ।

methodics –क्स् n. तर्कशास्त्र; विज्ञान-रीति-शास्त्र ।

Methodism मे`'थॅडिज़्म् n. (ईसाइयोंका) नियमवाद, निश्चयवाद ।

methodist –डिस्ट् n. (M ~) (ईसाई सम्प्रदाय-विशेषका सदस्य) मेथाडिस्ट; कट्टर, दृढ धार्मिक-विचारोंका व्यक्ति; नियमवादी, निश्चयवादी; रीतिवादी, क्रमवादी; (चि०) सिद्धान्तवादी-चिकित्सक ।

methodistical –'टिकॅल् a. नियमवादीय, निश्चयवादी व्यक्तिसे सम्बन्धित ।

methodize –'थॅडाइज् v.t. व्यवस्थित करना, क्रमबद्ध करना, तरतीब[F] देना ।

methodology –डॉ'लॅजि n. रीति-शास्त्र, **रीति-विज्ञान**, कार्यपद्धति[F], विधिपूर्वक कार्य करनेकी क्रिया[F] ।

methought मॅथॉट्' n. दे० METHINKS.

methyl मे'थिल् n. प्रोदल, मद्योपयोगी वनस्पति[F], **मेथाइल; मेथिल;**
~ alcohol, ~ blue, ~ bromide, ~ cotton blue, ~ ether, ~ green, ~ indigo, ~ orange, ~ red, ~ violet, ~ water blue.

methylate मे'थिलेट् v.t. प्रोदलीयन करना; (मद्यसार) मिश्रण करना, मिलाना, बसाना ।

methylated –टि'ड् a. प्रोदलीयित, T., (~*spirit*) ।

methylene मे'थिलीन् n. प्रोदलेन्य, मेथिलीन (~ *blue, green*) ।

methylic मि'थि'लिक् a. प्रोदलीय, विशिष्ट वनस्पति-विषयक, मद्यसार-सम्बन्धी, मेथिलका ।

metic मी'टिक् n. (कुछ समयसे रहनेवाला) विदेशी ।

meticulous मि'टि'क्यूलॅस् a. **अतिसावधान,** अत्यधिक सतर्क, बहुत सावधान; कायर; सूक्ष्म ।

meticulousness –नि'स् n. **अतिसावधानता[F],** अतिसतर्कता[F] ।

metier (F) मे'ट्'ये n. कला[F], व्यवसाय, धन्धा, कारबार, काम-काज; वंश, खानदान ।

metis मी'टिस् a. (कनाडाके श्वेतांगियों और अमेरिकी इण्डियनोंका) वर्णसंकर व्यक्ति, दोगला आदमी ।

Metonic मि'टॉ'निक् a. ~ cycle = (गणि०) **मीटनीय चक्र**; १९ वर्षका चक्र—२३५ चन्द्रमास ।

metonym मे'टॅनिम् n. वक्रोक्ति[F], अलंकार-पद ।

metonymic –'मिक् a. वक्रोक्त, अलंकार-सम्बन्धी ।

metonymical –कॅल् a. नामविपर्यय-सम्बन्धी, वक्रोक्ति- ।

metonymy मि'टॉ'निमि n. नामविपर्यय, वक्रोक्ति[F], अलंकार ।

metope मे'टॅपि, मे'टोप् n. स्रोत, सोता, चश्मा; (यंत्र०) त्रिधारी शिला, **मेटोप** ।

metopic मि'टॉ'पिक् a. (चि०) **ललाट-, ललाटीय, मेटोपी** ।

metoposcopist मे'टॅपॉस'कॅपिस्ट् n. इङ्गितज्ञ, (चेहरेसे) आचरण जाननेवाला ।

metoposcopy –पि n. (चेहरेसे) आचरण जाननेका इङ्गित-विज्ञान ।

metra मेट्रॅअ n. (चि०) गर्भाशय ।

metre[1] मी'टॅर् n. वृत्त, छन्द ।

metre[2] n. (फ्रांसदेशीय, अब व्यापक, नाप-विशेष) **मीटर** (~ *gauge*) ।

metric मे'ट्रिक् a. **मापीय** (~ *property*), दशांश, दशमिक, **मीटरी**, मीटर-सम्बन्धी (~ *system*); **दूरात्मक** ~ ton = ३६ मन ।

metrical मे'ट्रिकॅल् a. पद्यात्मक, छन्दोबद्ध (~ *composition*), छन्द-सम्बन्धी; माप-विषयक, मीटरी (~ geometry) ।

metrician मि'ट्रि'शन् n. वृत्तवेत्ता, छन्दःशास्त्री ।

metrics मे'ट्रिक्स् n. वृत्त-विद्या[F], छन्दःशास्त्र, पद्यशिक्षा[F] ।

metrify –ट्रिफ़ाइ v. i. पद्य-रचना[F] करना, कविता[F] करना ।

metrist –ट्रिस्ट् n. = METRICIAN.

metritis मि'ट्राइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) **गर्भाशय-शोथ** ।

metrological मे'ट्रॅलॉ'जिकॅल् a. भारमानिकीय, भारमान-पद्धति-विषयक, मापविद्या[F]-सम्बन्धी ।

metrologist मि'ट्रॉ'लॅजिस्ट् n. भारमापविज्ञानी, मापलेखक ।

metrology –जि n. भारमानिकी[F], भारमान-पद्धति[F], माप-विज्ञान, **माप-विद्या[F]** ।

metromania मेट्रॅमे'निअॅ n. काव्योन्माद, छन्द लिखनेकी धुन[F] ।

metronome मे'ट्रॅनोम् n. (संगीत) तालमान, तालमापनी[F], तालघड़ी[F], तालमापक-यन्त्र ।

metronomic मे'ट्रॅनॉ'मिक् a. तालमानीय, तालमापनीय, तालमापकयन्त्र-विषयक, तालघड़ी[F]का ।

metronymic मीट्रॅनि'मिक् १. n. मातृनाम, मातृपक्षका नाम; २. a. माता[F]के नामसे सम्बन्धित ।

metropolis मि'ट्रॉ'पॅलिस् n. **महानगरी[F],** प्रमुख नगरी[F], **राजधानी[F]**; धर्माध्यक्ष-क्षेत्र; कार्यकलाप-केन्द्र; the ~ लन्दन ।

metropolitan मे'ट्रॅपॉ'लिटॅन् n. & a. राजधानीय, महानगरी[F]-सम्बन्धी, राजधानी[F]का; मातृभौमिक, जन्मभूमि[F]का; **केन्द्रीय** (~ *clearing house*); धर्माध्यक्ष-क्षेत्र-विषयक; विशप, धर्माध्यक्ष; राजधानी[F]का निवासी ।

metropolitanate –नॅट् n. कर्माध्यक्ष-क्षेत्र ।

metropolitical मे'ट्रॅपॅलि'टिकॅल् a. राजधानी-विषयक ।

metrorrhagia मे'ट्रॅरे'जिअॅ n. (चि०) गर्भाशयरक्त-स्राव (अनार्तवकालीन), अतिकालार्तव ।

metrorrhea ⊙ मे'ट्रॉ'रि'अॅ n. (चि०) गर्भाशयस्राव ।

metrostyle ⊙ मे'ट्रॅस्टाइल् n. (पियानोका) गति-वर्धक ।

-metry -मिति (*alkali~, psycho~*) ;

mettle मे'टॅल् n. प्रकृति-गुण, तत्त्व, स्वभावकी विशेषता[F]; तेज, सत्त्व, ओज, पौरुष, उत्साह, साहस, दिलेरी[F]; *put one on his* ~ साहस या दिलेरी[F] परखना ।

mettled –ड् a. स्वाभाविक गुणोपेत; तेजोमय, वीर, पराक्रमी ।

mettlesome –लसॅम् a. स्वाभाविक गुणयुक्त; तेजस्वी, महासत्त्व, ओजस्वी, साहसी, उत्साही, तेजवान्, दिलेर ।

mettlesomeness –नि'स् n. शौर्य, वीरता[F]; हृष्टता[F], प्रफुल्लता[F] ।

meuse म्यूस्', –ज़्' n. (झाड़ियों[F] इत्यादि में) बचकर निकलनेका रास्ता[F], निकास ।

M.E.V., Mev. Million Electron-Volts.

meum et tuum (L) मेरा-तेरा ।

mew[1] मीऊ' n. (*sea-~ भी*) जलकुक्कुट, अनेक जाति

सामुद्रिक पक्षी, मुर्गाबी^F।

mew² n. बाजका पिंजड़ा; बन्धन, निरोध।

mew³ v.t. (बाजको पिंजड़ेमें) वन्द करना, (ला० भी) पिंजड़ेमें कैद^F करना।

mew⁴ v.t. (प्रा०, बाजका पिंजड़ेमें) पर या बाल झाड़ना।

mew⁵ n. & v.t. (बिल्ली^F या मुर्गाबी^F की भाँति) म्याऊँ-म्याऊँ^F की ध्वनि^F (करना)।

mewl, mule मीऊल्', म्यूल्' vv. i. धीमेसे चिल्लाना, धीरे-धीरे बोलना; म्यों-म्यों करना, ऊँ-ऊँ करना।

mewler –'लॅर् n. रोता हुआ शिशु, ऊँ-ऊँ करनेवाला।

mews मीऊस्' n. अश्वशाला^F, अश्वगोष्ठ, अस्तबल, घुड़साल।

Mex. Mexico, Mexican.

mezzanine मे'ज़ॅनीन् n. (प्रेक्षागृहमें) रंगभूमि^F के नीचेकी छत^F।

mezzo मे'ज़ो a. मध्य; ~ termine (It.) n. मध्य-मार्ग।

mezzotint¹ मे'ड्ज़ॅटिन्ट् n. चित्रांकनपद्धति^F; विशिष्ट-पद्धति^F का चित्रांकित फलक।

mezzotint² v.t. फलकपर अंकित करना।

M.E.Z. *Mittel europaische Zeit*, Central European Time.

mf. microfarad.

M.F.A. Manual of Food Administration.

M.F.C. Magistrate First Class.

M.F.D. Military Farm Department.

mfd. manufactured.

M.F.H. Master of Foxhounds.

M.Food Minister of Food.

mfr. manufacture; manufacturer.

m.ft. *mistura fiat*, let a mixture be made.

M.G. Manager of Godowns; **m.g.** भी; Machine-Gun; Meter Gauge.

Mg. Magnesium.

mg. milligramme.

M.G.D. Million Gallons per Day.

M.G.M. Metro-Goldwyn-Mayer (Pictures, Ltd.)

mgm. = MG.

M.G.O. Master General of Ordnance.

Mgr. Monseigneur; Monsignor; = my Lord.

M.H. Ministry of Health.

M.H.G. Middle High German.

M.H.R. Member of the House of Representatives.

M.Hy. Master of Hygiene.

M.I. Military Intelligence; Ministry of Information.

Mi. Mississippi.

M.I.A. Middle Indo-Aryan.

M.I.A.E. Member, Institute of Automobile Engineers.

M.I.C.E. (or M.Inst.C.E.) Member of the Institution of Civil Engineers.

mho मो' n. द्युसंवाह, (विद्युद्ग्राही तारोंकी मात्रा^F-विशेष)।

mi मी' n. (संगीत) 'गा' (तीसरा स्वर)।

miaow मिऑउ' n. & v. i. म्याऊँ-म्याऊँ^F (करना)।

miaplacidus –प्लैसिडस् n. (ज्यौ०) **द्वितीय नौका^F**, T.।

miasm, miasma माइ'अैज़्म्, माइअैज़्'मॅ nn. (pl. *-s, -ta*) पूतिवाष्प, सड़ाँध^F, दलदलकी दूषित वायु^F (विशे०, मलेरियाकी); वायु^F-संवाहित जीवाणु।

miasmal, miasmatic –'मॅल्, –मै'टिक् aa. रोग-कर, पूतिवाष्प-सम्बन्धी, दूषित, गन्दा, बदबूदार।

miau, miauw मिऑउ', मिऑउ' vv. i. म्याऊँ-म्याऊँ^F बोलना, बिल्ली^F की भाँति बोलना।

miaul मिऑल v. i. बिल्ली^F की भाँति चिल्लाना।

mica माइ'कॅ n. (कृषि०, रसा०, भौ०, भू०) **अभ्रक, अबरक, अबरख;**
~ flake, ~ insultation, ~ segment, ~ slate, ~ tape, ~ wrapper.

micaceous माइके'शॅस् a. **अभ्रकी,** अभ्रकमय, अभ्रक-वाला; **अभ्रकाभ,** चमकदार।

Micawber मिकॉ'बॅर् n. ~, *Mr* ~, *Wilkins* ~, शेखचिल्ली, स्वप्नदर्शी।

Micawberism –रिज़्म् n. शेखचिल्लीका कार्य, शेख-चिल्लीपन।

mice माइस' n. MOUSE¹ का बहुव०।

Michaelmas माइ'कल्'मॅस् n. संत माइकलकी याद^F में बड़ा दिन, जैसे क्रिसमस।

Mich. Michigan.

miche मिच्' v. i. इत्वर होना, स्वच्छन्द होना, आवारागर्दी^F करना; गोपन रखना, गुप्त रखना, छिपाना; लज्जित होना, घड़ों पानी पड़ना; (v.t.) चोरी^F करना।

micher –'चॅर् n. इत्वर, स्वच्छन्द व्यक्ति, आवारा आदमी; गोपन रखनेवाला, छिपानेवाला; अपमानित होनेवाला।

Mickey Mouse मि'कि मॉउस् n. हवाई जहाजोंसे बम फेंकनेका विद्युत् यन्त्र।

mickle, muc- मि'कॅल्, मक् aa. & nn. प्रचुर (परिमाण), अधिक (मात्रा^F), बहुत (तादाद), बड़ा; *many a little* or *pickle, makes a* ~ बूँद-बूँद^F ताल भरता है, सात-पाँचकी लाठी^F एक जनेका बोझ।

micracoustic माइक्रॅकॉउस्'टिक् १. n. सूक्ष्म श्रवण-यन्त्र; २. ध्वनिवर्द्धक।

micro- **माइक्रो, सूक्ष्म,** (*~analysis, ~balance, ~burette, ~chemical, ~evolution, ~mechanics, ~mutation, ~proficior, ~technique*); **अणु** (*~fauna, ~flora, ~nutrient*); **लघु** (*~conjugent, ~cyclic, ~nucleus,*

~sporangium.) ।

microbe माइ'क्रोब् n. (चि०) **सूक्ष्माणु,** रोगाणु, **अणुजीव,** (कृषि०) **जीवाणु** ।

microbial, -bic –बिअॅल्, -बिक् aa. (चि०) रोगाणु विषयक, **अणुजीवी,** जीवाणु-सम्बन्धी (*~ activity, ~ tissue*) ।

microbicide –बिसाइड् n. अणुजीवघ्न, जीवाणुनाशक औषध[F], रोगाणुनाशक ।

microbiological–क्र`बाइअॅलॉ'जिक`ल् a. **सूक्ष्मजीव-,** सूक्ष्मजीव विज्ञान-सम्बन्धी ।

microbiology –ऑ'लॅजि n. (कृषि०, जीव०) **अणुजीवविज्ञान,** जीवाणुविज्ञान, अणुजैविकी[F], (चि०) **सूक्ष्मजीवविज्ञान,** सूक्ष्म प्राणियोंकी जानकारी[F] ।

microcephalic माइक्र`सिफै'लिक् a. अति लघु, बहुत छोटा (सिर); **अपह्रसितशीर्ष, लघुशीर्ष,** छोटे सिरवाला, T; ~skull **लघुशिरस्कपाल** ।

microcephalous –से`'फ़लॅस् a. = MICROCEPHALIC.

microcephaly –लि n. **लघुशीर्षता[F], शीर्षह्रास, शीर्षापह्रास,** शीर्षलाघव, T.

microcline माइ'क्र`लाइन् n. अणुप्रवणिज, T; (पुटाश-मिश्रित एक खनिज पदार्थ) ।

micrococcus माइक्र`कॉ'कॅस् n. (जीव०, वन०) **एकल गोलाणु,** गुच्छ गोलाणु, गोलाणु-प्रजाति[F] ।

microcosm माइ'क्रॅकॉज़्म् n. सूक्ष्म ब्रह्माण्ड; क्षुद्र जगत्, क्षुद्र पृथिवी[F]; मनुष्य; सूक्ष्मरूप, छोटा नमूना ।

microcosmic, -al –मिक्, -अ`ल् aa. स्वैष्टिक, जागतिक, सांसारिक, विश्व-सम्बन्धी (*~salts*), T.

microcosmography –मॉ'ग्रॅफ़ि n. सृष्टि-ज्ञान, सांसारिक ज्ञान ।

microcystalline माइ(मि)क्र`किस्'टॅलाइन् a. (भू०) **सूक्ष्मस्फटीय** ।

microeconomics माइक्र`इ`कॅनॉ'मिक्स् (अर्थ०) **आर्थिक व्यष्टिभाव** ।

microfarad –फ़ैरॅड् n. अणुद्यु मात्रा, T; (विद्युत्-शक्ति[F]-की एक विशेष इकाई[F]का लाखवाँ भाग) ।

microfilaria ⊙ माइक्र`फ़िलेॲ'रिॲ n. सूक्ष्मश्लीपद कृमि (रक्तगत) ।

microfilm माइ'क्रॅफ़िल्म् a. **लघुफ़िल्म,** T.

microgamete माउक्रॉ'गॅमीट् n. (चि०, वन०) **पुंयुग्मक, लघुयुग्मक,** लघुजन्यु ।

microglia माइक्रॉ'ग्लिॲ n. (चि०) **सूक्ष्मतन्त्रिबन्ध** ।

microgram –क्र`ग्रैम् n. अणु-धान्य, प्रयुति-धान्य, एक ग्रामका दस लाखवाँ भाग; T.

micrograph माइ'कॅग्राफ़् a. अणुचित्र-लेख, माइक्रोग्राफ़ ।

micrographic –क्र`ग्रै'फ़िक् a. लघ्वक्षर-लिखित, बारीक अक्षरोंमें लिखा हुआ; लघ्वक्षर-लेखनशास्त्र सम्बन्धी; अणुवर्णनात्मक ।

micrography –क्रॉ'ग्र`फ़ि n. अणुवर्णना, सूक्ष्म पदार्थोंका विवेचन करना; अणुवीक्ष-प्रयोग ।

microhm माइ'क्रोम् n. एनाहम (विद्युत् सहनशक्ति[F]की इकाई[F]) का दस लाखवाँ भाग, माइक्राहम ।

microlith माइ'क्र`लिथ् n. अण्वश्म, **लघु-अश्म, लघु-पाषाण,** प्रस्तरयुगीन अस्त्र-विशेष ।

micrology माइक्रॉ'लॅजि n. सूक्ष्म-पदार्थ-विज्ञान, सूक्ष्म द्रव्य विज्ञान ।

micromere माइ'क्रॅमीॲर् n. (जीव०) **लघुखण्ड** ।

micromerozoite –रॅज़ोइट् n. **लघुखण्डज** ।

micrometeorology माइक्र`मीटॅरॉ'लॅजि n. (ज्यौ०) **शस्य-मौसम-विज्ञान** ।

micrometer माइक्रॉ'मिटॅर् n. (रसा०, चि०, भौ०) अणुमान, प्रयुतमान, **सूक्ष्ममापी,** T; ~microscope, ~screw, ~tube.

micrometric, -al –क्र`मे`'ट्रिक्, -अॅल् aa. अणुमानीय, प्रयुतमानीय, अणुमान-विषयक, प्रयुतमान-सम्बन्धी ।

micrometry –क्रॉ'मिट्रि n. अणुमापन, प्रयुतमापन, लघुमिति[F] ।

micron माइ'क्रॉन् n. एक मीटरका लाखवाँ भाग, **माइक्रोन** ।

micro-organism माइक्रो-ऑर गॉ'निज़्म् n. (चि०) जीवाणु, **सूक्ष्म जीव;** (जीव०, कृषि०, वन०) **अणुजीव** ।

microphone माइ'क्रॅफ़ोन् n. सुश्रावक, सूक्ष्मध्वन्युत्प्रसारक, **सूक्ष्मध्वनिग्राहक,** रेडियो-, (*~publicity, ~test*), ध्वनिक्षेपक यन्त्र, ध्वनि-विस्तारक यन्त्र, (भौ०) ध्वनिपोष, **ध्वनिवर्द्धक; माइक, माइक्रोफोन** ।

microphonics –फ़ॉ'निक्स् n. (भौति०) ध्वनिबाढ़िकी[F], अणुभाषिकी[F], ध्वनिवर्ध-शास्त्र, अणुभाष-विद्या[F] ।

microphotography माइक्र`फ़ॅटॉ'ग्र`फ़ि n. अणुभाचित्रिकी, **सूक्ष्म फोटोग्राफी[F],** T., छोटे आकारका चित्र लेनेकी कला[F] ।

microphotometer ⊙ माइक्रोफ़ॅटॉ'मिटॅर् n. **सूक्ष्म-प्रकाशमापी,** T.

microphotometry ⊙ –ट्रि n. **सूक्ष्म-प्रकाशमिति[F]** ।

micropodal माइक्रॉ'पॅडॅल् a. अणुपाद, सूक्ष्मपाद ।

micropsia माइक्रॉप्'सिॲ n. (चि०[F]) लघ्वीक्षा[F], लघुदर्शी, अणुदृष्टि[F] ।

micropyle माइ'क्रॅपाइल् n. (चि०) डिम्बरन्ध्र (जिसमेंसे शुक्राणु प्रवेश करता है); (वन०) पर्यण्डद्वार, अंकुर; (जीव०, कृषि०) **अण्डद्वार, बीजाण्डद्वार** ।

microsclere माइ'क्रॅस्कलीॲर् n. (जीव०) **लघुकटिका[F]** ।

microscope माइ'क्र`स्कोप् n. (वन०, भौ०, चि०, कृषि०, गणि०) **सूक्ष्मदर्शी** (*~ objective*), (रसा०) अणुवीक्षक यन्त्र, सूक्ष्मदर्शक, अणुदर्शी; (*~slide*), T.

microscopic –कॉ'पिक् a. **सूक्ष्मदर्शी,** अणुवीक्ष-, अन्वीक्षीय; **सूक्ष्म** (*~ fraction, ~ granule*), अण्वीक्ष्य, अण्वीक्ष-दृश्य ।

microscopical–कॅल् a. MICROSCOPIC; अणुवीक्षण-

यन्त्र-सम्बन्धी, **सूक्ष्मदर्शीय** (~*examination*), सूक्ष्म-दर्शक यन्त्र-सम्बन्धी; अतिसूक्ष्म, अत्यल्प, तिलभर।

monogenism मॅनॉ'जिनिज़्म् n. एकमूलवाद।
monogenous –नॅस् a. एकयोनि, एकमूलीय, एक विकासी; अमैथुनजन्य, विभजन-जनित।
monogeny –नि n. (चि०) एकदम्पतिजनन (सम्पूर्ण मानवोंका); एकयोनि^F एक ही पुरखासे सन्तति^F।
monoglot मॉ'नॅग्लॉट् n. एकभाषिक, एक भाषा^F में लिखित।
monogony मॉ'नॅगॅनि n. अलैंगिक सृजन या उत्पत्ति^F, अमैथुन-जनन।
monogram मॉ'नॅग्रैम् n. गुम्फाक्षर, दो या अधिक अक्षरोंके मेलसे बना हुआ एक अक्षर, **तुग्रा**।
monogrammatic –ग्रॅमै'टिक् a. गुम्फाक्षरीय, दो या अधिक अक्षरोंके मेलसे बने हुए अक्षरका।
monograph मॉ'नॅग्राफ् १. n. विनिबन्ध, निबन्ध, प्रबन्ध; २. v.t. किसी एक विषयपर प्रबन्ध लिखना।
monographer, monographist मॅनॉ'ग्रॅफॅर्, –फ़िस्ट nn. विप्रबन्धकार, विलेखक, प्रबन्ध-लेखक।
monographic मॉनग्रै'फ़िक् a. प्रबन्ध-सम्बन्धी।
monogynian मानॅजि'निॲन् a. एकपत्नीवान्, एकपत्नीव्रती; एक-सी शैली^F का।
monogynous मॅनॉ'जिनॅस् a. एकपत्नीक; (वन०) **एकस्त्री-केसरी**^F, एक ही गर्भकेसरवाला अथवा एक ही पुष्पकेसरके अग्रभागका।
monogyny –नि n. एकपत्नीत्व, एकपत्नीव्रत।
monohybrid मॉनॅहाइ'ब्रिड् a. (कृषि०) **एकसंकर**, T; ~cross, ~ inheritance, ~ ratio.
monoideism मॉनॅआइडी'इज़्म् n. एकाग्रता^F; एकभावता^F; (चि०) एक ही बातपर बराबर जोर देनेवाली रोगीकी अवस्था^F।
monolatry मॅनॉ'लॅट्रि n. एकपूजा^F, एकदेवपूजा^F।
monolith मॉ'नॅलिथ् n. केवल एक पत्थरका स्तम्भ; (इति०) **एक शिला**^F।
monolithal, -ic –थॅल्, –'थिक् a. **एकाश्म, एकशिला**, केवल एक पत्थरके स्तम्भवाला; ~ concrete **अखण्ड कंक्रीट**।
monolocular –मॅनॉ'लॅक्यूलॅर् a. एककोषीय; (चि०) एक गह्वर।
monological मॉनॅलॉ'जिकॅल् a. स्वगत-भाषण-सम्बन्धी।
monologist मॅनॉ'लॅजिस्ट् n. स्वगत भाषण-कर्ता, आत्मवक्ता।
monologize –लॅगाइज़् v.i. स्वगत भाषण करना।
monologue मॉ'नॅलॉग n. (नाटकमें) स्वगतभाषण, स्वगतकथन, स्वगतवचन; **एकपात्री** नाटक या **रूपक**; **एकालाप**।
monologuist –गिस्ट् n. स्वगतवक्ता, स्वगतभाषी, स्वगत बोलनेवाला; एकपात्राभिनेता।
monology मॅनॉ'लॅजि n. स्वगत, स्वगतभाषण, स्वगभाषिता^F।
monomachy मॅनॉ'मॅकि a. द्वन्द्व, द्वन्द्वयुद्ध, मल्लयुद्ध, जोड़की कुश्ती^F।
monomania मॉनॅमे'निॲ n. **एकोन्माद**, एकविषयोन्माद, एकविषयासक्ति^F, एकमानसिक-विकार; एक विचारकी लगन^F।
monomaniac, -al –ऐक्, –ॲल् aa. एकोन्मादी, एकविषयोन्मत्त, एकविषयविक्षिप्त।
monomaniacal मानॅमॅनाइ'ॲकॅल a. एकविषयी।
monometallic मॉनॅमिटै'लिक a. (मुद्रा^F) **एकधातुक**, एकधातु^F का।
monometallism –मे'टॅलिज़्म् n. एकधातु-प्रणाली^F, एकधातुचलन, एकधातुमुद्रावाद, **एकधातुमान**, एकधातुता^F, मुद्रामानके लिए केवल एक धातु^F का व्यवहार।
monometallist –लिस्ट् n. (मुद्रा^F) एकधातुतावादी।
monometer मॅनॉ'मिटॅर् n. एकच्छन्द, एकपद-छन्द-शिक्षा^F, T.
monometric मॉनॅमे'ट्रिक् a. एक छन्दवाला, एकपद छन्द-शिक्षा-सम्बन्धी।
monomial मॅनो'मिॲल n. & a. (बीज०) **एकपदी**,

एकपद, एक संख्या^F^ का (अंक)।
monomorphic मॉनमॉर्'फ़िक् a. एकरूप, एक आकार-विषयक, एकरूप-सम्बन्धी, (चि०) सम्पूर्ण विकासावस्थाओंमें एक रूपधारक।
monomorphous –फ़स् a. अपरिवर्तितरूप, एकरूप।
mononym मॉ'ननिम् n. (भाषा०) एकनाम।
monooestrus मॉनॅअे'स्ट्रस् n. (कृषि०, चि०) वर्षोन्मादी (स्त्री-स्तन प्राणी), **वार्षिक मदकाल।**
monopathy मॅनॉ'पॅथि n. एकावयव-विकार, एकांग-विकार, एकांग रोग।
monopetalous मॉनॅपे'टॅलॅस् a. एकदलीय, **एकदली,** संयुक्तदल-सम्बन्धी, मिली हुई पंखुड़ियों^F^ वाला।
monophagous मॅनॉ'फ़ॅगॅस् a. एकभोजी, **एकाहारी,** एक खाद्य-भोजी, एकविधाहारी, (~ *animal*)।
monophobia मॉनॅफो'बिअॅ n. (चि०) एकान्त संत्रास, एकाकीपनका भय, अकेलेपनका डर।
monophthong मॉ'नफ़्थॉन्ग् n. (भाषावि०) एकस्वर, सामान्य स्वर-ध्वनि।
monophyletic मॉनॅफाइले'टिक् a. एकोद्भव, **एक-क्रमोद्भवी, एकमूलोद्भवी, एकवंशी।**
monophyllous मॅनॉ'फ़िलॅस् a. (वन०) एकपत्रीय, एकदलीय।
Monophysite मॅनॉ'फ़िसाइट् n. ईसाकी केवल एक प्रवृत्ति^F^ को माननेवाला।
monoplane मॉ'नॅप्लेन् n. एकपक्षी विमान, एकपंखी वायुयान, एकपंखेका हवाई जहाज; एकतल।
monoplegia मॉनॅप्ली'जिअॅ n. (चि०) एकांगघात, **एकांग संस्तम्भ,** एक अंगका लकवा।
monopodial मानपो'डिॲल् a. (वन०) **एकाक्षिक,** एकाक्षी, एकाक्षीय, एकपदी।
monopodium –ॲम् n. (वन०) एकाक्ष, एकपद।
monopolism मॅनॉ'पॅलिज़्म् n. एकाधिकारवाद, एका-धिकारत्व।
monopolist –लिस्ट् n. एकाधिकृत, **एकाधिकारी;** एकाधिकारका पक्षपाती।
monopolistic –'टिक् a. सर्वाधिकार-सम्बन्धी, एका-धिकार-सम्बन्धी; ~ organization एकाधिकृत संघटन, **एकाधिकार संगठन।**
monopolization –लाइज़े'शॅन् n. एकाधिकरण, स्वायत्तीकरण।
monopolize –'पॅलाइज़् v.t. (व्यापारिक वस्तु^F^, व्यापार, वार्तालाप, व्यक्तिके ध्यान आदिपर) **एकाधि-कार करना,** एकाधिकरण करना, एकाधिकार स्थापित करना।
monopolizer –ज़ॅर् n. सर्वाधिकारी, एकाधिकारी, सर्वग्राहक; एक-विक्रयिता, प्रधान विक्रयिता।
monopoly –लि n. **एकाधिकार,** सर्वाधिकार, **इजारा;** एकच्छत्रता^F^, **एकाधिपत्य,** पूर्णाधिकार; एकाधिकारमें लायी हुई वस्तु^F^; व्यावसायिक एकाधिपत्य, (किसी वस्तु^F^ के क्रयविक्रयका) अकेला (सर्वतन्त्र) अधिकार;
~ control, ~ equilibrium, ~ price, ~ procurement, ~ profit, ~ purchase, ~ return, ~ revenue, ~ value.
monopsony ⊙ मॅनॉप्'सॅनि (अर्थ०) **एकक्रमण।**
monopsychism मॉनॅसाइ'किज़्म् n. **एकात्मवाद।**
monorail मॉ'नॅरेल् n. एक पटरी^F^ की रेलगाड़ी^F^; एक पटरी^F^, **एकपटरी^F^-लाइन।**
monorhyme मॉ'नॅराइम् n. एकतुक; परस्पर साम्य रखनेवाली रेखाओं^F^ का क्रम।
monosepalous मॉनॅसे'पॅलॅस् a. संयुक्तदल-सम्बन्धी, सभी पंखुड़ियों^F^ का एकमें मिला हुआ।
monosomic मॉनॅसो'मिक् a. (कृषि०) **एकोनसूत्री, न्यूनैकसूत्री।**
monostich मॉ'नॅस्टिक् n. एकपदी कविता^F^, एक पंक्ति^F^ की कविता^F^।
monostichous मॅनॉस'टिकॅस् a. एक पदमें, एक पंक्तियुक्त।
monostrophic मॉनॅस्ट्रॉ'फ़िक् a. एक ही श्लोकके क्रमकी पुनरावृत्तिवाला।
monostyle मॉ'नॅस्टाइल् a. एक पायेका, एक खम्भेका; एक शैली^F^ का।
monosyllabic मॉनॅसिलै'बिक् a. एकाक्षरी, एकाक्षर-सम्बन्धी।
monosyllabism –'लॅबिज़्म् n. एकाक्षरी शब्द, एकाक्षरका व्यवहार या सिद्धान्त।
monosyllabize –बाइज़् v.t. एकाक्षर करना।
monosyllable –बॅल् n. एकाक्षर; *speak in ~ s* बहुत संक्षेपमें उत्तर देना, हाँ या नके अतिरिक्त कुछ नहीं कहना।
monothalamous मॉनॅथै'लॅमॅस् a. एककक्षीय, एक घरवाला।
monotheism मॉ'नॅथीइज़्म् n. अद्वैत, **एकेश्वरवाद,** अद्वैतवाद, वेदान्त।
monotheist –इस्ट् n. एकेश्वरवादी, **अद्वैतवादी,** वेदान्ती।
monotheistic –'स्टिक् a वेदान्तिक, एकेश्वरवादी, अद्वैतवाद-सम्बन्धी।
monotint मॉ'नॅटिन्ट् n. एक रंगकी चित्रकारी^F^।
monotone मॉ'नॅटोन् १. n. एकतान^F^, एकरस, (क्रमिक स्वरोंका उच्चारण लिखनेमें शैली^F^ की) एकरूपता^F^; २. v.t. एक ही स्वरमें जोर-जोरसे गाना, एकतान^F^ बोलना या दोहराना।
monotonic मॉनॅटॉ'निक् a. (संगी०) एकसुरा; (गणि०) **एकदिष्ट** (~ *function*, ~ *sequence*)।
monotonize मॅनॉ'टॅनाइज़ v.t. एक स्वरमें गाना; उबा देना, थका देना, उकता देना।
monotonous –नॅस् a. एकस्वर, एकतान^F^, एकलय, एकरूप, अभिन्नस्वर, एकरस, नीरस; उबानेवाला, उकता देनेवाला, एक ढर्रेका, बेमजा।
monotonousness, monotony –निॅस, –नि

nn. एकस्वरता[F], स्वराभेद, एकतति[F], एकतानता[F], एकरसता[F], अभिन्नता[F], नीरसता[F]; **उकताहट**[F], **ऊब**[F]।

monotropic मॉनॅट्रॉ'पिक् a. **एकरूपी**।

monotropy मॅनॉ'ट्रॅपि n. **एकरूपिता**[F]।

monotype मॉ'नॅटाइप् n. (रसा०, यन्त्र०) एकमुद्र, **मोनोटाइप**।

monotypic –टि'पिक् a. एकरूपिक, **एकप्रतिरूपी**, एक रूपमें ही प्रदर्शित; (रसा०) समान परमाणुओंवाला, एक परमाणुवाला।

monovalence, -cy मॅनॉ'वॅलॅन्स्, -सि nn. (रसा०, कृषि०) एकसंयुजता[F], **एकसंयोजकता**[F]।

monovalent –न्ट् a. (रसा०) **एक संयोजक, एक संयोजी**, एकसंयुज, उद्जनके अणुसे मिश्रित होनेवाला।

mono-variant मॉनॅवेअ'रिॲन्ट् a **एकचर** (*~system*), **एक-परिणम्य**।

monoxide मॉ'नॉक्साइड् n. (रसा०) एकजारेय, T.

Monroeist मॅन्रो'इस्ट् n. मनरोका राष्ट्रवादी सिद्धान्त माननेवाला।

Monsieur (F) मस्ये'र् n. श्री, श्रीमान्, महोदय; श्रीयुत, महोदय, = MISTER.

Monsig. Monsignor, Lord Prelate.

monsoon मॉन्सून्' n. ऋतुवायु[F], वर्षावायु[F], कालवात[F], मौसमी हवा[F] (*dry, wet ~*); (कृषि०, नौ०) वर्षा[F], **मानसून**[F]; वर्षाऋतु[F], वर्षाकाल; विभिन्न समयोंपर चलनेवाली अन्य हवाएँ[F]; ~ *breaks* मानसून शुरू;

~ burst, ~ climate, ~ forest, ~ period, ~ planting, ~ plough, ~rainfall, ~system, ~ type, ~ winds.

monsoonal –'नॅल् a. वर्षावातीय, मानसूनी।

monster मॉन्'स्टॅर् १. n. (चि०) विकृताकृति[F] गर्भ या जीव; दैत्य, राक्षस, दानव; विकटाकार पशु या वस्तु[F]; अद्भुत गर्भ, वनस्पति[F] अथवा पशु; असंगत-तत्त्वोंका काल्पनिक पशु; २. a. अतिविशाल, बहुत बड़ा; विकटाकार, भीमाकार, अद्भुत, अपरूप, विरूप।

monstrance मॉन्'स्ट्रॅन्स् n. (गिरजाघरोंमें) पवित्र प्रसाद-पात्र।

monstrosity मॉन्स्ट्रॉ'सिटि n. दैत्यता[F], राक्षसपन; सहजविरूपता[F], विरूपता[F], वैरूप्य, **अत्यरूपता**[F], अपरूपता[F]; भयंकरता[F], घोरता[F], विकटता[F], अद्भुतता[F]; विकृताकार जीव, काल्पनिक विकृताकृतिधारी जीव, पाशविक वस्तु[F]।

monstrous –स्ट्रॅस् १. a. पिशाची, राक्षसी; अतिकुत्सित, विकटाकार, अनोखा; बीभत्स, अद्भुत, विरूप, भीमाकार, विकटरूप, विकट, डरावना, घोर; सब प्रकारसे न्यायविरुद्ध, पूर्णरूपेण अयोग्य, सरासर गलत; भारी, बड़ा, २. adv. बहुत अधिक (*~ good friends*)।

monstrousness –नि'स् n. भयंकरता[F], डरावनापन; विरूपता[F], सहज विरूपता[F], विकट आकारका राक्षसी रूप; = MONSTROSITY.

montage मॉन्'टाज़् n. **मोन्ताज**; (फिल्मके छोटे टुकड़ोंसे बनी बड़ी फिल्म[F]।

montane मॉन्'टेन् a. पर्वतीय, पर्वत-सम्बन्धी।

montanic –टॅ'निक् a. = MONTANE.

Montanism मॉन्'टॅनिज़्म् n. तपश्चर्या[F], माण्टेनसका त्यागवाद।

monte मॉन्'टि n. वनभूमि[F], वनप्रान्त, वनप्रदेश; एक प्रकारका स्पेनी ताशका खेल।

monteith मॉन्टीथ्' a. (१७वीं और १८वीं सदी[F]का) पुराना चाँदीका अँग्रेजी प्याला।

Montem मॉन्'टॅम् n. छात्रोंकी सुखसुविधा[F]के लिए बाथ नामक सड़क[F]पर चन्दा एकत्र करनेकी प्रथा[F]।

montero मॉन्टेॲ'रो n. आखेटक, शिकारी; स्पेनी घुड़सवारकी टोपी[F]।

Montessorian मॉन्टेसोॲ'रिॲन् a. मोण्टीसोरी शिक्षा-पद्धति[F]-सम्बन्धी।

Montessori system मॅन्टिसोॲ'रि सिस्'टिम् n. स्वयंविकासी शिशुशिक्षणरीति[F], (बच्चोंके पढ़ाने-लिखानेकी) मोण्टीसोरी-पद्धति[F]।

month* मन्थ् n. **मास**, महीना*, माह; एक मासके दिवससे दूसरे मासके उसी दिवसके बीचका काल; ३० दिनका समय; calender ~ पंचांग मास; lunar ~ चान्द्रमास; ~ of Sundays (बोल०) दीर्घकाल, अनिश्चित काल; ~'s mind मासिक श्राद्ध; *this day* ~ आज दिनसे एक महीने बाद।

monthling मन्थ्'लिंग् n. एक मासका छोटा पशु।

monthly[1] मॅन्थ्'लि १. n. (pl.) मासिकधर्म, महीना; मासिकपत्रिका[F]; २. a. मास्य, **मासिक, माहवार,** मासमें एक बार किया गया; हर महीने होनेवाला; महीनेमें चुकाने योग्य; ~ courses, period, sickness (चि०) आर्तव, मासिक रजस्राव, माहवारी[F]; ~ nurse बच्चा पैदा होनेके एक मास बादतक स्त्री[F]की सेवा-सुश्रूषा[F] करनेवाली दाई[F]; ~ rose प्रत्येक मासमें फूलनेवाला गुलाब, चीनी गुलाब;

~ abstract, ~ account, ~ allowance, ~ balance, ~ check, ~ consumption, ~ deduction, ~ deposit, ~ income, ~ instalment, ~ issue, ~ licence, ~ payment, ~ progress, ~ report, ~ return, ~ statement, ~ statistics, ~test, ~ticket, ~ tour, ~ visit.

monthly[2] adv. प्रतिमास, महीनेवार।

monticle मॉन्'टिकॅल् n. पर्वतक, गिरिका[F], छोटी पहाड़ी[F]।

monticule मॉन्'टिक्यूल् n. पर्वतक, गिरिका[F], छोटी पहाड़ी[F], टीला, ढूह; मसा, (शरीरपर मांसका) उभार।

monture मॉन्'ट्युॲर् n. मढ़ाई[F] (विशे० हीरेकी)।

monument मॉ'न्यूमॅन्ट् n. **स्मारक,** स्मारकचिह्न, संस्मारक, आस्मारक, कीर्तिस्तम्भ; स्तूप, समाधि[F], चैत्य; अभिलेख; the M~ लन्दनका मीनार।

monumental –मे'न्'टॅल a. स्मारकीय, कीर्तिस्तम्भका,

स्मरणार्थ, स्मारक-सम्बन्धी, यादगारी^{F}; चैत्य-सम्बन्धी; बृहत् और चिरस्थायी (साहित्यिक कार्य); आश्चर्यजनक (*~ignorance*); ~ mason समाधि-चितिकार ।

monumentalize –लाइज़् v.t. स्मारक बनाना, कीर्ति-स्तम्भ बनाना; चैत्य बनाना; अभिलेख लिखना ।

-mony संज्ञार्थक (*parsi~, testi~*) ।

moo मू´ १. n. रम्भण, गाय^F या बैलकी बोली^{F}; २. v.i. गाय-बैल^{F}की तरह शब्द करना, रम्भाना ।

mooch, mouch मूच्, मूच् १. vv.t. चुरा लेना, मूसना, उड़ा लेना, उठाईगीरी^{F} करना; २. vv.i. व्यर्थ इधर-उधर घूमना, मटरगश्त करना, बेकार फिरना ।

moocher –´चॅर् n. चोर, चुरानेवाला, उड़ा लेनेवाला; इत्वर, आवारा, लोफर ।

mood[1] मूड् n. वृत्ति^{F}, मनोवृत्ति^{F}, चित्तवृत्ति^{F}, भाव, **भावदशा**^{F}, भावावस्था^{F}, मनःस्थिति^{F}, मनोभाव, मिजाज; क्रोध, रोष, गुस्सा; (दर्श०) **संयोग, संघात;** लटक^F; *in no~*(किसी कामको करनेकी) वृत्ति^{F}का न होना; *in the ~* (किसी कामको करनेकी) वृत्ति^{F} होना ।

mood[2] n. (व्या०) लकार, क्रियार्थ-भेद, क्रिया^{F}के रूप, क्रिया-पदकी अवस्था^{F} बतलानेवाले रूप (*indicative~*); (तर्क०) प्रकार, उपप्रकार, भेद, वर्ग, तत्त्व; (संगीत) = MODE.

moodiness मू´डिनि´स् n. चित्तोद्विग्नता^{F}, उदासीनता^{F}; रुष्टता^{F} ।

moody –डि a. चित्तोद्विग्न, उदास, म्लान; सविषाद, विषण्ण, दीन, दीनमनस्क; रुष्ट; क्रुद्ध, क्रोधी, चिड़चिड़ा; स्वैरी, मनमौजी, मनचला ।

moon[1]* मून् n. कलानिधि, सुधांशु, विधु, इन्दु, मृगांक, शशांक, शशि, **चन्द्र*, चन्द्रमा, चाँद***; (का०) मास, महीना (*where summer is but three ~s long*); full~ **पूर्णिमा**^{F}, **पूर्णमासी**^{F}; पूर्णिमा^{F}का चाँद; gibbous ~ **अर्धाधिक चन्द्र;** hunter's ~ **आखेट पूर्णिमा**^{F}; new ~ **अमावास्या**^{F}; **नवचन्द्र,** प्रतिपदा^{F}का चाँद; ~ beam शशिकर, सुधांशु, किरण^F, शशिरश्मि^{F}, चन्द्रिका^{F}; ~ calf बैल, पैदायशी बेवकूफ; ~ drop **चन्द्रकान्त;** ~face गोल और भरा चेहरा; ~ flower **चन्द्रकान्ति**^{F}; ~ light ज्योत्स्ना^{F}, चन्द्रप्रभा^{F}, चन्द्रिका^{F}, कौमुदी^{F}, चाँदनी^{F}; ~ lighter आयलैंडमें लैण्डलॉर्ड^{F}की ओरसे रात^{F}में किसानोंको सतानेवाले लोग; ~lit चन्द्रसे प्रकाशित; ~shine चन्द्रप्रभा^{F}, चाँदनी^{F}; स्वप्नप्रलाप, मनगढन्त, ख्याली पुलाव; चुंगीवालोंसे चुराकर लायी गयी शराब^F; ~shiner ⊙ (ग्रा०) चोरी^{F}से शराब^F बनानेवाला; चुंगी^{F}से, बेचनेके लिए चोरी^{F}से शराब^F लानेवाला; ~stone चन्द्रमणि, **चन्द्रकान्तमणि;** ~ ~struck चन्द्राहत; विक्षिप्त, हतमति, पागल, दीवाना; new~ परेवाका चाँद; phases of ~ चन्द्रकला^{F};

~-blanched, ~-blind, ~-born, ~bright, ~-charmed, ~-crowned, ~down, ~-eyed, ~-faced, ~fall, ~fish, ~-gazing, ~glade, ~glow, ~mad, ~path, ~ray, ~rise, ~sail, ~seed, ~seed family, ~set, ~shade, ~shining, ~sick, ~-spit, ~tide, ~-touched, ~wort.

moon[2] v.t. & i. विक्षिप्तकी तरह इधर-उधर देखना; ऊँघते हुए चलना, खोया हुआ-सा होना, गुम-सुम रहना; व्यर्थमें समय नष्ट करना, बैठे-बैठे समय काटना ।

moonish मू´निश् a. चन्द्रवत्, चन्द्राभ, चन्द्रमा-जैसा ।

moonless –न्´लि´स् a. चन्द्रहीन ।

moonlet –लिट् n. बालचन्द्र, लघुचन्द्र, छोटा चन्द्रमा ।

moonshee –शी n. मुंशी ।

moony –नि a. चन्द्र-सम्बन्धी, चाँद-सा; विक्षिप्त; स्वप्नवत्, काल्पनिक ।

Moor[1] मुॲर् n. हब्शी, बर्बर, मूर ।

moor[2] n. जीर्णकभू^{F}, **खादर, झाबर,** बंजर भूमि^{F}, बीहड़ भूमि^{F}; दलदल, धसान; (कार्नवालकी) बंजर भूमि^{F} (टीनवाली); ~cock जंगली मुर्गा, डाहुक; ~ game कृष्णतित्तिर; ~land जीर्णकभूमि^{F}, कच्छप्रदेश, झाबर; ~stone ग्रेनाइटका-सा पत्थर;

~-hen, ~plant, ~wort.

moor[3] v.t. (लंगर आदि द्वारा नाव^F अथवा पानीमें चलनेवाली चीजों^{F}को) **बाँधना,** लंगर डालना ।

moorage–´रिज् n. घाट; नौबन्धन-कर, घाटका महसूल ।

mooring –रिंग् n. (pl.) नौबन्धस्थल, **लंगर-स्थान; बाँध,** (*~boards, ~buoy*), घाट; **नौबन्ध, नौका**^{F} या जहाज आदि बाँधनेका रस्सा या जंजीर^F; ~ bitt, (नौवि०) **मकरी**^{F} ।

Moorish[1] मुॲ´रिश् a. मूर-सम्बन्धी, हबशी ।

moorish[2] a. कच्छ, बीहड़ भूमिका-सा, दलदली, ऊबड़-खाबड़, कच्छारी; ~arch **नलडाट**^{F}, **नल मेहराब**^{F} ।

moory –रि a. बीहड़ भूमि^{F}-सम्बन्धी ।

moose मूस् n. उत्तरी अमेरिकाका हिरन ।

moot मूट् १. n. (इति०) सभा^{F}, मजलिस^F; न्यायाभिनय; इजलास; वादविवाद; २. v.t. वादविवाद करना, विवादके लिए प्रश्न करना, तर्क करना, झगड़ा करना, ऊहापोह करना; ३. a. विवाद्य, विवादास्पद; ~ case विवाद्य-विषय; वादमूल; ~ court विधि-सभा^{F}; ~- hall न्यायागार, विचार-सदन; ~point, ~ed point ⊙ सन्दिग्ध-विषय, विवादविषय, विचारविषय ।

mootable –´टॅबॅल् a. विवादास्पद, विवादमय; विवाद्य ।

mooter –टॅर् n. तार्किक, उद्भावक, विचारक ।

mooting –टिंग् n. विवाद-रीति^{F}; विवाद करना, तर्क करना ।

mop[1] मॉप् n. झाड़न, सूत अथवा कपड़ेकी गुच्छेदार झाड़ू; सम्मार्जनी^{F}, झाड़ू, कूँची^{F}; **पोंचा, पोंछा;** ~ board **किनारी**^{F}; ~ head सिरके गुच्छेदार बाल, सिरपर गुच्छेदार बालोंवाला व्यक्ति; ~s & mows अर्द्धमदिरोन्मत्त; अस्वस्थ ।

mop[2] v.t. झाड़ू देना, झाड़ना, बुहारना; पोंछा लगाना, **पोचा फेरना; बचे-खुचे दुश्मनोंका सफाया करना;** आँसू या पसीना आदि पोंछना; ~& *mow* मुँह चिढ़ाना;

~ *up* साफ करना, पोंछना; (सेना^F) लूटकर अथवा बचे हुए शत्रु-सैनिकोंको मारकर (जिले आदिपर) पूर्ण अधिकार करना; परिसमापन करना, मार डालना, ठिकाने लगा देना, खातमा कर देना; (ग्रा०) (लाभ आदिको) खपा जाना, निगल जाना।

mop³ n. शरद् ऋतु^F का मेला या जमघट (जिसमें कृषकों अथवा नौकरोंको किरायेपर लिया जाता है)।

mope मोप् १. n. उद्विग्न व्यक्ति, उदास व्यक्ति, ढीला आदमी, गावदी; २. v.t. & i. उद्विग्न रहना, उदास करना या होना, खोया-खोया रहना; क्लान्ति^F का शिकार होना या बनाना; ~-eyed निकट दृष्टिका, दूर तक न देखनेवाला; the ~s क्लान्ति^F, उत्साहहीनता^F।

moping मो'पिंग् a. = LISTLESS.

mopish मो'पिश a. उद्विग्न, विषण्ण, अवसन्न, उदास; उत्साहहीन, ढीला।

mopishness –नि स् n. उद्विग्नता^F, विषण्णता^F, अवसन्नता^F, उदासी^F; उत्साहहीनता^F।

mopoke मो'पोक् n. आस्ट्रेलियाका उल्लू।

moppet मॉ'पिट् n. पटपुत्तलिका^F, पुतला, कपड़ेकी गुड़िया^F।

moppy मॉ'पि a. कूँची-सम्बन्धी, झाड़ू-सम्बन्धी।

mopus मो'पॅस् n. छोटा सिक्का; शैतान, ऊधम करनेवाला।

moquette मॅके'ट् n. (गलीचेका) ऊन, सन इत्यादि।

Mar. Morocco.

mora¹ मॉ'रॅ n. लध्वक्षरोच्चारण काल।

mora² n. एक प्राचीन खेल।

moraine मॅरेन्' n. **हिमोढ**, बर्फ^F की चट्टानों^F का कूड़ा-कर्कट, ग्लैसियर परका रोड़ा-कंकड़का ढेर, T.

moral मॉ'रॅल् १. n. शील, आचार; नैतिक तत्त्व (*point a* ~ दृष्टान्त द्वारा स्पष्ट करना अथवा प्रयोग करना); (pl.) = MORALITY; **शिक्षा**, नैतिक **उपदेश** (*draw the*~); २. a. **नैतिक**, **नीतिशास्त्रीय**, आचारिक, आचार-सम्बन्धी, नीतिसंगत, न्यायानुसारी; विधिनिषेधाधीन; नीतिज्ञ; साधु, साधुवृत्त; **सदाचारी**, सच्चरित्र, सदसदाचार-विषयक; ~ certainty नैतिक निश्चय; नितान्त संभावना^F, असन्दिग्ध फल; ~ courage **नैतिक बल**, **नैतिक साहस**, आत्मबल, आन्तरिक शक्ति^F; ~ law नैतिक विधान; ~philosophy नीतिविज्ञान; नीतिदर्शन, ~restraint **संयम**; ~science शीलविज्ञान, **नीतिशास्त्र**; आचार-शास्त्र; ~sense नैतिक बुद्धि^F या भावना^F, विवेक; ~victory नैतिक विजय^F; the very ~ of (ग्रा०) अनुरूपता^F;

~abandonment, ~asymmetry, ~attitude, ~behaviour, ~character, ~code, ~consideration, ~cowardice, ~decadence, ~dualing, ~duty, ~evidence, ~exhortation, ~faculty, ~faith, ~force, ~good, ~grading, ~imbecility, ~ indignation, ~insanity, ~ institutions, ~judgment, ~lawlessness, ~necessity, ~obligation, ~optimism, ~order, ~personality, ~persuasion, ~predicate, ~pressure, ~psychology, ~purism, ~restraint, ~rightness, ~sentiment, ~subject, ~support, ~syllogism, ~symmetry, ~training, ~turpitude, ~value, ~viewpoint.

morale मॅराल् n. (सैनिकोंकी अनुशासन एवं विश्वास-सम्बन्धी) मानसिक अवस्था^F, नैतिकता^F, मनःस्थिति^F, मनोधैर्य, **मनोबल**, नैतिक स्तर; **धृति**^F; साहस, धैर्य, **हौसला**।

moralism मॉ'रॅलिज़्म् n. नैतिकता^F, सदाचारिता^F, साधुता^F।

moralist–लिस्ट् n. नीतिवादी, नैतिकतावादी, **नीतिज्ञ**, नीतिशास्त्रज्ञ, नीत्युपदेशक, सदसद्विवेचक; सदाचारमार्गी, सदाचारपरायण व्यक्ति, **सदाचारी**।

moralistic –'टिक् a. नैतिकता^F-सम्बन्धी, धर्मोपदेश-सम्बन्धी।

morality मॅरै'लिटि n. आचार, **सदाचार**, नीति^F, **नैतिकता**^F, शील; (pl.) **नीतिशास्त्र**, नीतिविज्ञान, सद्व्यवहारशास्त्र; आचारनीति^F (*commercial* ~); पुण्यशीलता^F; नैतिक आचरण; नैतिक-शिक्षा^F देनेवाला नाटक, ~of slaves **दास-नीति**^F।

moralization मॉरॅलाइज़े'शॅन् n. नैतिकीकरण, आदर्शीकरण, **सुशीलीकरण**।

moralize –'रॅलाइज़् v.t. & i. नीतिसंगत करना; नैतिक संकेत करना, नैतिक व्याख्या^F करना; (किसी विषयसे) नैतिक शिक्षा^F निकालना अथवा उपदेश करना; **सुशील बनाना**।

moralizer –ज़ॅर् n. नैतिकतावादी, धर्मोपदेशक, नीति-उपदेष्टा।

morass मॅरैस् n. (शा०) कच्छ, कीचड़, दलदल, चहला।

morassy –सि a. दलदली।

morat मॉ'रैट् n. शहतूतके रस और मधुका पेय।

moratorium मॉरॅटॉ'रिॲम् n. **अधिस्थगन-काल**; **विलम्बन**; **विलम्बकाल**, ऋणशोध-विलम्बकाल, (अर्थ०) **अधिस्थगन**, ऋण-स्थगन, ऋण चुकानेकी कानूनी मोहलत^F।

moratory मॉ'रॅटॅरि a. ऋण-रोधी, कर्जमें देर^F करानेवाला।

Moravian मॅरे'विॲन् n. & a. ह्यूसाइटके सिद्धान्तोंको माननेवाला, प्रोटेस्टेण्टोंका (एक सम्प्रदाय); मोरवियाका (निवासी)।

morbid मॉ'र्बिड् a. (चि०) रोगी, रोगाक्रान्त; रोग-सम्बन्धी; विकृत; अस्वस्थ विचारोंका; व्याधित, उद्भ्रान्त, विकृत, दूषित, अस्वस्थ, रुग्ण, बीमार, (~*condition, tissue*); ~anatomy विकृतशारीर, रोगाक्रान्त अंगका अध्ययन।

morbidezza मॉर्बिडे'ट्स n. सजीव चित्रकारी-पद्धति^F।

morbidity, morbidness मार्बि'डिटि, –नि स् nn. **अस्वस्थता**^F, **विकृति**^F, **रुग्णता**^F, बिगाड़ (~*rate*)।

morbific, -al मॉर्बि'फ़िक, -अॅल् aa. व्याधिकर, रोगकारी।
morbose –'बोस् a. रोगी, अस्वस्थ।
morbus मॉर्'बॅस् n. (चि०) रोग, व्याधि^F, विकार।
morceau(F) –'सो n. साहित्य-कृति^F; गीत; संक्षिप्त प्रबन्ध, संक्षिप्त निबन्ध।
morcellation मॉर्सिले''शॅन् n. (शिल्प०) विभाजन, छेदन, खण्डन; (चि०) खण्डहरण, अर्बुद या गर्भको खण्डित करके निकालना।
mordacious मॉर्डे'शॅस् a. दंशक, तीव्र, चुभनेवाला।
mordacity, mordancy –डॅ'सिटि, –'डॅन्सि nn. तीव्रता^F, दंशन, काट^F, तेजी^F।
mordant –न्ट् n. & a. उग्र, तीव्र, कटु, तीखा, चुभनेवाला (व्यंग्य); क्षयकारक, शोधक, निर्मल करनेवाला (तेजाब); **स्थापक** (~ *dye*); (रसा०) **रंगास्थापक, रंगबंधक**, रंगको पक्का या चटक करनेवाला (पदार्थ)।
mordent मॉर्'डॅन्ट् n. (संगीत) स्वरमिश्रण।
more मोअॅर् १. n. आधिक्य, अतिरेक, अतिशय; २. a. अतिरिक्त, अधिक, बहुत, ज्यादा (*there is ~ truth in it than you think*); अधिकतर, और अधिक (*hope to see ~ of you*); और (*what ~ do you want ?*); ३. adv. पुनश्च, फिर, एक बार और (*once ~*); अधिक मात्रा^F में (*you must attend ~ to details*); *be no ~* मर जाना; *~and ~* उत्तरोत्तर, अधिकाधिक; *~ or less* प्रायः, न्यूनाधिक, लगभग; *neither ~ nor less than* बिलकुल ठीक; *no ~* मृत, गत।
moreen मॅरीन् n. पर्दोंके लिए प्रयुक्त ऊनी अथवा सूती कपड़ा।
morel[1] मॅरे'ल् n. क्षुम्प, गुच्छी^F, खुम्भी^F।
morel[2] n. रात्रान्धकार, अँधेरा।
morello मॅरे''लो n. कटुबदर, एक कड़वा बेर।
more majorum (L) adv. पूर्वजोंके अनुसार, बापदादाके ढंगपर।
moreover मोअॅवौ'वॅर् adv. अथापि, अपितु, पर, इसके अतिरिक्त, इसके सिवाय, तिसपर भी, बल्कि।
morepork मोअॅर्'पोअॅर्क् n. = MOPOKE ⊙.
mores मोर्स n. **लोकाचार, लोकनीति^F**।
Moresque मोरेस्क १. n. मूरी सज्जा^F; २. a. शैली^F में मूरलोगोंकी भाँति, मूरी।
more suo (L) adv. अपनी रीतिसे।
morganatic मॉर्गॅनै'टिक a. ~ marriage अनुलोम विवाह; ~ wife अपनेसे निम्नस्तरमेंसे विवाहित स्त्री^F।
morgue[1] मॉर्ग' n. गर्व, अभिमान, घमण्ड, अकड़^F; = MORTUARY, शवगृह, **मुर्दाघर, मृतालय** (~ *supervisor*)।
morgue[2] (F) n. क्रोधी प्रकृति^F।
moribund मॉ'रिबन्ड् a. (शा० तथा ला०) म्रियमाण, मृतप्राय, मरणासन्न, मरणोन्मुख, आसन्नान्त, मृत्यु^F के समीप।

moril मॅरिल्' n. = MOREL.
morion मॉ'रिअॅन् n. शिरस्क, बिना छज्जेका टोप, प्राचीन फौलादी टोपी^F।
Morisco मॅरिस्'को १. n. (१९४० में ग्रनाडाकी विजय^F के पश्चात्) ईसाई बनाये गये हब्शी; मूरभाषा^F; २. a. हबशी।
morkin माअॅर्'किन् n. अकालमृत पक्षी या पशु।
morling माअॅर्'लिंग् n. अकालमृत्यु-प्राप्त भेड़^F या उसका ऊन।
mormo मॉअॅर्'मो n. मिथ्या भय, झूठा डर, हौवा।
Mormon ⊙ मॉर्'मॅन् n. बहुविवाह-प्रथावलम्बी समुदाय विशेषका व्यक्ति, मारमान; बहुपत्नी^F, बहुविवाह करनेवाला व्यक्ति।
Mormonism –निज़्म् n. मारमानका सिद्धान्त।
morn. morning.
morn मार्न्'' n. प्रातःकाल, सवेरा।
morning* –'निंग् n. प्रातःकाल, सुबह*, भोर, तड़का, सवेरा; (का०) ऊषाकाल, अरुणोदयकाल; (गुण०) प्रातःकालीन, सुबहका; good ~ सुप्रभात, नमस्कार, नमस्ते; ~ call पूर्वाह्नकी भेंट^F; ~ glory **कलदाना**; ~ performance प्रातःकालीन नाट्याभिनय; ~prayer इंग्लैण्डके नये धर्मसमाजकी प्रातःकालीन प्रार्थना^F; ~-room प्रातःकालीन बैठनेका कमरा; ~ star **प्रातःतारा**, प्रभाततारा, शुक्रग्रह; ~ sickness प्रातरुत्क्लेश (गर्भवती^F का);
~ coat, ~ draught, ~ dress, ~ gown, ~ health parade, ~ meal, ~ parade, ~ red, ~ watch.
morocco मॅरॉ'को (p.l. -*s*) अजिन, समाककी पत्तियों^F से कमाया हुआ बकरेका चमड़ा, नरी^F, मोरक्कोका चमड़ा।
moron मोअॅ'रॅन् n. (प्रा०) **क्षीण मति^F, क्षीण-बुद्धि^F**, मन्दबुद्धि, **बालिश**, आदमी, (१२ वर्षके वयकी बुद्धि^F का); नीच व्यक्ति, अधम पुरुष, कमीना आदमी, **क्षीण**।
moronity –रॉ'निटि n. **बालिशता^F**, मन्दबुद्धिता^F, मूर्खता^F; क्षीणता^F।
morose मॅरोस्' a. उदास, उदासीन, उदासवृत्ति, म्लान; कर्कश, कटुप्रकृति^F का, वामशील, दुःशील, रूक्ष, रूखा, कड़ा, तीखा, चिड़चिड़ा, रूखे मिजाजका; असामाजिक, अमिलनसार, बुद्धू।
moroseness –निॅस् n. औदासीन्य, उदासीनता^F, म्लानता^F; कर्कशता^F, वक्रता^F, वामता^F, स्वभावकटुता^F, वक्रशीलता^F, रूक्षता^F, चिड़चिड़ापन, तीखापन; असामाजिकता^F, अमिलनसारी^F, बुद्धूपन।
Morpheus मॉर्'फ़ीऊस् n. स्वप्नदेवता, निद्रादेवी^F; *in the arms of ~* सुप्त, सोया हुआ।
morphiate मॉर्'फ़िअेट् v.t. मार्फियासे चिकित्सा^F करना।
morphic मॉर्'फ़िक् a. रूपीय, आकार-सम्बन्धी।
morphine, morphia मॉर्'फ़िन्, मार्'फ़िअॅ nn. प्रमीली, अफीमका एक तन्द्रोत्पादक सत, मारफिया, **मारफीन** (~ *sulphate*)।

morphinism –निज़्म् n. अफीमका सार खानेकी आदत^F; अफीमका सत खानेकी बीमारी^F, (चि०) मारफिनात्यय (मारफिनके अधिक सेवनसे उत्पन्न)।

morphogenesis मॉर्फ़ॅ जॅ'नि॑सिस् n. रचनाजनन, **आकारजनन, रचना-विकास,** अंगोत्पत्ति^F, अंगविकास-जनन, T.

morphogeny –फ़ॅ'ज़ि॑नि n. = MORPHOLOGY; **आकृति-रचना^F**।

morphography –ग्रॉफ़ि n. आकृतिवर्णन, रूपचित्रण।

morphologic, -al मॉर्फ़ॅ'लॉजिक, –कॅल् aa. रचनाकारीय, गठनतत्त्वीय (~*differentiation*); पदरचना-सम्बन्धी, रूप-सम्बन्धी (~ *studies*); **आकारिकीय,** आकृतिमूलक, रचनामूलक (~ *classification*); आकारविचारीय, रूपरचना^F-विज्ञानसे सम्बन्धित।

morphologist –फ़ॉ'लॅजिस्ट् n. (प्राणिवि०) रचनाकारविज्ञ, शरीर रूपरचना^F-शास्त्रज्ञ, रचनाशास्त्री।

morphology –जि n. (भा० वि०) पदरचना-विज्ञान, रूपतन्त्र, रूपविचार, गठनतत्त्व; (जीववि०) **आकृति-विज्ञान,** रूपरचनाविज्ञान, (वन०) **आकारिकी^F**; पशुओं और पौधोंके रूपका विज्ञान; रचनाकारिकी^F; रूपवर्णना^F, (वन०) आकार-विज्ञान, आकार-विचार, शरीर-विज्ञान, शरीरशास्त्र।

morphonomy मॉर्फ़ॉ'नॅमि n. पशुरचना^F-विज्ञान; पशुरूपशास्त्र।

morris मॉ'रिस् (*morrice* भी) n. & a. (~*dance*) अनेकजातीय नृत्य, राबिनहुडके पात्रोंकी भाँति स्वाँग।

Morrison shelter मॉ'रिसॅन् शॅ'ल्टॅर् n. हवाई आक्रमणसे बचनेके लिए एक स्टीलकी पेटी^F।

morris tube मॉ'रिस्'ट्यूब् n. छोटे मुँहकी नाल^F।

morrow मॉ'रो n. (सा०); the ~उत्तरदिन, परदिवस, आगामी दिवस, कल, दूसरा दिन, अगला दिन; *on the ~ of a long war etc.* दीर्घयुद्धके पश्चात्।

morse¹ मॉर्स् n. समुद्री घोड़ा, दरियाई घोड़ा, बड़े दाँतोंवाला समुद्री जन्तु-विशेष।

Morse² १. a. तार-संकेतसे सम्बन्धित; २. n. एस० एफ० बी० मोर्स द्वारा आविष्कृत तार देनेका संकेत या तारक्की^F, ~ alphabet, code तारक्की^Fकी संकेतावली^F।

morse³ n. पादरीके चोगेका जड़ाऊ बकसुआ या बकलस।

morsel मॉर्'सॅल् n. ग्रास, कवल, नेवाला, गस्सा, कौर; क्षुद्रभाग, पिण्ड, खण्ड, कण, टुकड़ा, जर्रा।

mort¹ मार्ट् n. (शिकारमें) तुरही^F या नरसिंहे द्वारा हरिणकी मृत्यु^Fका एलान।

mort² n. त्रिवर्षीया (तीन सालकी) सामन मछली^F।

mort³ n. (बोल०) अत्यधिक परिमाण, पर्याप्त मात्रा^F, बहुत बड़ी संख्या^F (*a ~ of*)।

mortal मॉर्'टॅल् १. n. मर्त्य, मरणशील प्राणी, शरीरी, मनुष्य, आदमी; (हास्य०) व्यक्ति, जन, पुरुष (*thirsty ~*); २. a. मर्त्य, मरणशील, मरणधर्मी, मर्त्यधर्मा, मृत्युधर्मी, नश्वर, मृत्युवश, नाशाधीन, कालधर्मी, मरणायत्त, कालायत्त, कालवश, अनित्य, विनाशी; कर्त्तव्य; करणशील; करणाधीन; (प्रायः ला०) प्राणान्तक, **घातक,** (~ *wound*), प्राणघातक, मारक, मारात्मक, अन्तक, अन्तकर, प्राणघ्न, प्राणघ्नी, मरणावह, प्राणापह, जीवितापह, जानलेवा; (शत्रु) अतोषणीय, दुस्तोषणीय, दुराराध्य, कठोर, जानी; (युद्ध) आमरणान्तक, अतिक्लेशक, अतिदारुण, विकट, महान्, घमासान; (कष्ट, भय आदि) उग्र, मर्मभेदी, तीव्र, भयंकर, प्राणहर; (पाप) विकराल, घोर, भारी, बहुत बड़ा; मृत्युपद, मृत्युदायक, मरणतुल्य, अतिकष्टकर (~ *agony*); (ग्रा०) अतिदीर्घ, क्लान्तिवह, उबा देनेवाला, थका देनेवाला (*for two ~ hours*); (ग्रा०) असीम, निःसीम, अतिमहान्, बहुत, बेहद (*in a ~ hurry*)।

mortality –टॅ'लिटि n. मृत्युधर्म, मरणधर्म, मरणशीलता^F, मर्त्यता^F, **विनाशिता^F**, मरणाधीनता^F, नश्वरता^F, मृत्युवशता^F, अनित्यता^F; **मृत्यु^F, मरण,** नाश, जीवितनाश, मौत^F, मरी^F; मृत्युगति^F, मृत्युअनुपात, **मृत्यु^F-संख्या^F, मृत्युदर^F**, मरणानुपात, मृत्युक्रम; (निर्धारित अवधि^Fमें) (चि०) **मृत्युसंख्या^F**, मौत^Fकी दर^F (~ *rate* भी); ~ table मरणसारिणी^F, **मृत्यु-सारिणी^F, मृत्यु-अनुपात-सारिणी^F**।

mortalize –'टॅलाइज़् v.t. मर्त्य बनाना।

mortar मॉ'टॅर् १. n. मर्दक, **खरल, खल,** उलूखल, **ऊखली^F, ओखली^F**, कूँड़ी^F, कुण्डी^F; शतघ्नी^F, शतघ्निका^F, छोटी मार्टर बन्दूक^F; T, आतिशबाजी^Fमें गोले फेंकनेका आला, (~ *bomb, position*); (यन्त्र०) सम्मर्द, **गारा, मसाला,** (~ *mill*), गच; २. v.t. छोटी तोपों^Fसे आक्रमण करना, गोलाबारी^F करना; गारेसे जोड़ना, गारेसे पलस्तर करना; ~-board कॉलेजके विद्यार्थियोंकी वर्गाकार टोपी^F; गारा चूना ले जानेका तख्ता।

mortarless –लिस् a. बिना चूना-गारेका, बेगारेका।

mortary –रि a. गारेवाला, गारे-जैसा, गारेकी तरहका।

mortgage¹ मॉर्'गिज् n. न्यास, निक्षेप, प्राधि^F, आधि^F, (अर्थ०, कानू०) **बन्धक;** गहना, **गिरवी^F, रेहन;** (~ *deed* भी) न्यासपत्र, बन्धकपत्र, रेहननामा; redemption of ~ बन्धकमोचन, आधिमोक्ष;

~ bank, ~ bond, ~ debenture, ~-debt, ~ money, ~ property, ~ security company.

mortgage² v.t. न्यास करना, निक्षेप करना, बन्धक रखना, आधि^F करना, गिरवी^F रखना, गिरो^F रखना, रेहन करना; किसी उद्देश्यकी प्राप्ति^Fके लिए प्रतिज्ञाबद्ध होना, कटिबद्ध होना, लगा देना, बीड़ा उठाना।

mortgaged –ड' a. आधिग्रस्त, **बन्धकित** (~ *property*)।

mortgagee –गॅ'जी' n. **बन्धकी,** न्यासग्राही, बन्धकधारी, प्राधिमान्, आधिधर्ता, आधिग्राही, आधिधारी, बन्धकगृहीता, **बन्धकग्राही,** गिरवीदार, रेहनदार।

mortgager, mortgagor –'गॅजॅर्, मॉर्गॅ'जॉर्' nn. निक्षेप्ता, आधाता, प्राधायक, **बन्धककर्त्ता, बन्धक-दाता,**

आधिकारी, रेहन करनेवाला, गिरवी^F करनेवाला, राहिन।
mortician ⊙ मॉर्टि'शन् n. महाब्राह्मण, प्रेतकर्म करानेवाला।
mortification मॉर्टिफ़िके'शन् n. इन्द्रियदमन, इन्द्रिय-निग्रह, विषयविमुखता^F, निग्रहकरण, वैराग्य, संयम, तप, आत्मनियन्त्रण, कामविरक्ति^F; मानभंग, मानध्वंस, मानापमान, उपेक्षा^F; दर्पखण्डन; अभिभव, अपकर्ष; आत्मयातना^F; दुःख, क्लेश, व्यथा^F; मनःसन्ताप; (विकृति^F) मांसकोथ, कोथ, मृदु ऊतकोंकी मृत्यु^F; सड़ान्ध^F।
mortified –'टिफ़िड् a. खण्डित, अभिभूत, वशीभूत, नियंत्रित।
mortifier –फ़ाइअॅर् n. विनाशक, नाशकर्ता; शक्ति^F खो देनेवाला।
mortify –इ v.t. & i. आत्मनियंत्रण करना, इन्द्रियों^Fको अभिभूत अथवा दमन करना, मन मारना; मानभंग करना, गर्व चूर करना, अपमान करना, लज्जित करना, नीचा दिखाना; भावोंको आघात पहुँचाना, ठेस^F पहुँचाना; (मांस) सिमटकर रह जाना; सड़ना; कुढ़ाना, जलाना।
mortifying –इंग् a. इन्द्रियजेता, आत्मनियन्ता, आत्मनियमनकारी, इन्द्रियों^Fको दमन करनेवाला; मानध्वंसी, मानभंजक, दर्पहारी, मानभंगी, अपमानजनक; मनःसन्तापी, क्लेशकारी।
mortis cause (L) **मृत्युकालिक**।
mortise, -ice मॉर'टिस, -इस् १. n. काष्ठसन्धि^F, **चूल**^F; घर, छेद, सूराख, खाना; २. v.t. जोड़ना, **सालना**, चूल^F बैठाना, **चूल**^F ठोकना; छेदना; ~ chisel **साल रुखानी**^F, चूल बनानेकी छेनी^F; ~ lock **खाँचा ताला**।
mortising –सिंग् n. **सालना**।
mortling मार्ट्'लिंग् n. मरी भेड़^Fका ऊन।
mortmain मार्ट्'मेन् n. (कानून) (किसी संस्था^Fका) अदेय भाग, अन्यादेय भाग, स्थायी भूसम्पत्ति^F (की दशा^F), अक्राम्यता^F; *in* ~ (ला०) अक्राम्य, अदेय, अनधिकृत व्यक्तिके अधिकारमें।
mortuary मॉर्'ट्युॲरि १. n. **शवशाला**^F, **शवाधि**, (~ *monuments*, ~ *relics*), शवगृह, मृतकगृह, **मुर्दाघर** (~ *clerk*), मुर्दाखाना, **लाशघर**, हड़वार; **मृतकोपशेष**; २. a. मृत्यु-सम्बन्धी, मरणविषयक; ~ chamber **शवगृह**।
mortum मॉर्'टॅम् n. मृत्यु^F, मरण।
morula मॉ'रॅलॅ n. (जीववि०) तूत, युक्तूत; T. अण्डकोष या बीजकोशके कीटाणु; (भ्रूणवि०) बुद्बुद्, मोरूला।
M.O.S. Ministry of Supplies.
mos. months.
mosaic[1] मॅज़े'इक् १. n. कुट्टिमचित्र, चित्रकुट्टिम, पच्चीकारी^F, पच्चीकारी^Fका काम, **मोजेक**, चित्रकारी^F; २. v.t. पच्चीकारी^F करना, चित्रकारी^F करना; ३. a. चित्तिल (~*finish*), पच्चीकारी^Fका; चौरंगी; ~ floor **चित्तिल फ़र्श, छींट फर्श**; ~ woolwork ऊनपर कढ़ाई^F।
Mosaic[2] a. मूसाका (~ *law*)।
mosaicist –इसिस्ट् n. कुट्टिमचित्रकार, चित्रकुट्टिमकार।
Mosaism –इज़्म् n. मूसाई धर्म।
mosasaurus मोसॅसोॲ'रॅस् n. एक अतिप्राचीन विशालकाय ढाँचा।
moschatel मॉस्कॅटे'ल् n. कस्तूरी पुष्प, एक छोटा पौधा, मुश्कबू।
moschiferous मॉस्कि'फ़ॅरॅस् n. कस्तूरी^F देनेवाला।
moschus –'कॅस् n. कस्तूरी^F।
moselle मॅज़े'ल् n. एक प्रकारकी सफेद शराब^F।
Moslem, Muslim मॉज़्'लॅम्, मस्'लिम् १. n. यवन, मुसलमान, मुस्लिम; २. a. यवनीय, यवन-सम्बन्धी, मुसलमानी, मुसलमानका।
Moslemism मॉज़्'लिमिज़्म् n. इसलाम, यवनधर्म, मुसलमानियत, मुसलमानी मजहब।
moslings मॉज़'लिंग्ज़् n. pl. खुरण्ड, (मृतपशुकी) खाल^Fकी सफ़ाई^F।
mosque मॉस्क्' n. मुसलिम पूजागृह, मस्जिद^F।
mosquito मॉस्की'टो n. **मशक**, मशा, मसा, डंस, **मच्छर**; ~-craft (सेना^Fके एक स्थानसे दूसरे स्थानतक ले जानेमें प्रयुक्त) हलका छोटा जहाज; ~-curtain, ~-net मसहरी^F, मच्छरदानी^F;
~ adulticide, ~ control, ~ control unit, ~ index, ~ larva, ~ larvicide, ~ netting, ~ oil, ~ plant, ~ proof, ~ survey.
moss मॉस्' १. n. पंक, कीचड़, दलदल, चहला; **मॉस**, शोषणशील भीगी भूमि^F; जलनीलिका^F, जलनीली^F, हरिता^F, शैवाल^F, शेवाल^F, सेवार^F, काई^F; २. v.t. हरिताच्छादन करना, हरितावृत्त करना, शैवालावृत करना, शेवालाच्छन्न करना, काई^Fसे ढक लेना; ~-agate **सशाखि गोमेद**; ~ gold**सशाखि स्वर्ण**; ~-rose काईदार डण्ठलादिसे युक्त गुलाब, (विशे०) गोमिया गुलाब; ~trooper १७वीं शताब्दी^Fका सरहदी डाकू या लुटेरा; *rolling stone gathers no*~;
~ agate, ~-bearing, ~ bunker, ~-clad, ~ green, ~ grey, ~-grown.
mossiness –'सिनिॅस् n. शैवालीयता^F, काईपन।
mossy –सि a. शैवालीय, शैवालवत्, शैवाली, सिवारकी तरह, काईदार, काईवाला, **मॉसी**।
most मोस्ट् १. a. अधिकांश, भूयिष्ठ, उत्तम, परम, अत्यधिक, अतिशय, अधिकतम, बहुतम, सबसे बढ़कर, सबसे ज्यादा (*you have made* ~ *mistakes*); अधिकतर, बहुमतमें, ज्यादातर (~*people think so*); २. adv. अति, सर्वाधिक, अधिकतम रूपमें, अत्यधिक रूपसे, सबसे ज्यादा (*what*~*annoys me*); लगभग ⊙; *for the* ~ *part* प्रायः, प्रायशः, बहुधा, अधिकतर, ज्यादातर; *ten at* ~ अधिकसे अधिक दसतक, दससे अधिक नहीं; *this is at* ~ *a makeshift* यह केवल कामचलाऊ उपाय है।
-most -तम (*after*~, *in*~, *ut*~, *back*~, *top*~, *centre*~, *upper*~, *utter*~, *further*~,

beller~)।

mot मो' n. छोटी किन्तु मनोरंजक उक्ति^F, अनूठी बात^F, चुटकला, लतीफा; ~ juste अभीष्ट अर्थद्योतक शब्द या कथन।

mot a mot (F) adv. शब्दानुशब्द, शब्दशः।

mote मोट्' n. रेणु, धूलिकण, रजकण, अणु, कणिका^F, कण, रवा, मिट्टी^F का जर्रा; अणुमात्र दोष; **टीला**।

motet मॅटे'ट्' n. (संगीत) धार्मिक गीत, भजन, पद।

motey मो'टी a. अणुमात्र; रेणुवत्।

moth मॉथ्' n. (कीट वि०) **शलभ**, कीट, **पतंग**, **पतंगा**, पांखी^F, परवाना, T; कपड़ेका कीड़ा; (कीट वि०) रात-कीड़ा; लोभी पुरुष, लालची व्यक्ति; ~-ball कपड़ेको कीड़ोंसे बचानेके लिए एक रासायनिक दवा^F, कपड़ेकी गोली^F; ~-eaten कपड़ेके कीड़ों द्वारा नष्ट या बर्बाद किया गया, खाया हुआ; (ला०) प्राचीन, जर्जरित, पुराना; ~, the ~ (समूह०) कपड़ेके कीड़े, कीड़े-मकोड़े।

mother¹* म'दॅर् n. **मातृ**^F, **जननी**^F, माता^F*, अम्बा^F, माँ^F*, माई^F, महतारी^F, अम्माँ^F; जन्मदात्री^F; कारण, हेतु, जड़, मूल, वजह^F (*necessity is the ~ of invention*); निम्नवर्गकी वृद्धा^F, बाई^F, माई^F, बुढ़िया^F, दाई^F, स्त्री^F, धार्मिकसंघकी अध्यक्षा^F (*M ~ Superior*); मुर्गी^F के बच्चोंको पालनेका एक आला; (प्रा०) वायुगोला, हिस्टीरिया; M~-Church ईसाइयोंका मातृपूजागृह, मातृ-गिरजाघर; M~-Church मुख्य गिरजाघर; ~country मातृ-देश, **मूल राज्य**; ~-craft मातृविद्या^F, शिशुपालन-की कला^F; ~ earth स्वदेश, मातृदेश; (हास्य०) भूमि^F, जमीन^F; ~ goddess मातृदेवी^F, **मातृका**^F; ~-in-law श्वश्रू^F, सास^F; ~land, **मातृभूमि**^F, जन्मभूमि^F, स्वदेश; ~'s mark (चि०) न्यच्छ, नीलिका^F, जन्मचिह्न; ~ of pearl शुक्ता^F, मोतीकी सीपी^F, कुछ घोंघोंकी भीतरी चमकती हुई चिकनी परत^F; ~ of thousands or millions एक बेलदार पौदा; ~ ship **आधारपोत**, टारपीडो चलानेवाले युद्धपोत या पनडुब्बा जहाजके अधि-**कारमें रहनेवाला जहाज**; ~'s son मनुष्य, आदमी, **इन्सान**; ~ tongue भाषाओं^F की जननी^F; **मातृभाषा**^F, मादरी जवान^F; ~ wit साधारण बुद्धि^F, समझ^F, असली **अक्ल**^F;

~ axis, ~-cell, ~ colony, ~ complex, ~-cyst, ~ gallery, ~ liquid, ~ liquor, ~ plant, ~ root, ~seed, ~'s-heart, ~ starter, ~ substance, ~ tree, ~ tincture, ~ wort.

mother² v.t. मातृवत् व्यवहार करना, माता^F के सदृश रक्षा^F करना, गोद लेना, पालन-पोषण करना; (प्रायः ला०) जन्म देना, जनना, पैदा करना; (शा० एवं ला०) (बच्चे-की) माँ^F बनना; शरण^F में लेना; ~ing Sunday मातृदिवस, माँसे मिलनेका रविवारी पर्व।

mother³ n. सिरकेकी फफूँदी^F।

motherhood –हुड् n. जननीत्व, मातृत्व, मातृभाव, मातृधर्म, मातापन।

motherless –लिस् a. अमातृक, मातृविहीन, माता-हीन, अनाथ, बिना माता^F का; बिना माँ^F का।

motherlike –लाइक् a. जननीवत्, मातृवत्, माता^F के तुल्य, माँ^F की भाँति।

motherliness –लिनिॅस् n. मातृसंनिभता^F, मातृ-सदृशता^F, मातृयोग्यता^F, माँ^F-जैसा व्यवहार।

motherly –लि a. मातृक, मातृसंनिभ, मातृसदृश, मातृवत्, मातृयोग्य, माता^F की भाँति, माँ^F-जैसा, मादराना।

mothery म'दॅरि a. फफूँदीदार, गादा, जमा हुआ।

mothy मॉ'थि a. कीड़ेदार, पतंगोंवाला।

motif मोटीफ़ n. (कला^F की किसी वस्तु^F का) **अभिप्राय**, अंगीभूत लक्षण, प्रधान विचार; कपड़ेपर अलगसे लगाया गया लेस या गोटेकी जरदोजी^F या कलाबत्तू, कपड़ेपर अलगसे सलमेसितारेका काम।

motile मो'टिल् a. (वन०) **चल**, **चर**, सचल, गतिशील, गतिपरक (अनैच्छिक)।

motility मॅटि'लिटि n. गतिशीलता^F, चलनक्षमता^F (स्वाभाविक)।

motion¹* मो'शॅन् n. अंगविक्षेप, मुद्रा^F में परिवर्तन; चलने आदिमें शरीरको चेष्टाशील करनेकी रीति^F; **गति**^F*, चेष्टा^F, क्रिया^F, व्यापार, चलन, स्पन्दन, चाल^F*, हरकत^F; हावभाव, संकेत, इशारा; (कानून) **समावेदन**, न्यायालय-से प्रार्थीकी प्रार्थना^F या दरख्वास्त^F; (विचारसभा^F में औप-चारिक) प्रस्ताव, **उपस्ताव**; **प्रावेदन**, प्रस्थापना^F, मत; शौच, रेचन, उच्चार, पेटका झरना, मलत्याग; कोई गति-शील यन्त्र, चलनेवाली मशीन^F; ~picture ⊙ **चल-चित्र** ⊙; ~ study **गति-प्रेक्षण**, **गत्यध्ययन**; *in* ~ चेष्टायुक्त, गतिशील, गमनशील, चाल^F में हरकत^F के साथ, रवाँ; *put in* ~ चेष्टायुक्त करना, गतिशील बनाना, गमनशील बनाना, चाल^F में लाना, चालू करना, रवाँ करना।

motion² v.t. & i. (किसी व्यक्तिको कोई काम करनेके लिए) संकेत करना, इशारा करना; संकेतसे आज्ञा^F देना, संकेत करके बतलाना, इशारेसे कहना।

motional –नल् a. चेष्टामय, गतियुक्त, गत्यात्मक, गमनात्मक, चाल-सम्बन्धी, चालू।

motionless –न्‌लिॅस् a. निश्चेष्ट, अचेष्ट, निश्चल, **अचल**, गतिशून्य, **गतिहीन**, स्थिर, स्तब्ध, अस्पन्द, निष्कम्प, चालरहित।

motivate –'टिवेट् v.t. दे० MOTIVE².

motivating –टिंग् a. **अभिप्रेरणात्मक** (*~ value*)।

motivation –वे'शॅन् n. **प्रेरणा**^F, प्रोत्साहन, **अभि-प्रेरण**, प्रणोदन, प्रवर्तन; कारण, प्रयोजन।

motive¹ –'टिव् १. n. **प्रेरणा**^F; निमित्त, हेतु, **प्रेरक हेतु**, कारण, **प्रयोजन**, **उद्देश्य**, अर्थ, कार्य, निदान, लक्ष्य, ध्येय, नीयत, मंशा^F, गरज^F, मकसद; किसी कलामय वस्तु^F में प्रधान विचार या विशेष लक्षण; कपड़ेपर जरदोजी^F या कलाबत्तू; २. a. **प्रेरक**, **प्रवर्तक**, **हेतुक**, कारणभूत, चालक, चाल^F लानेवाला; गत्यात्मक, गामक, गमन-

सम्बन्धी, चेष्टा^F से सम्बन्धित; ~ power प्रेरक शक्ति^F, प्रवर्तक शक्ति^F, गामक शक्ति^F, **चालन शक्ति^F** ।

motive², motivate –वेट् vv.t. प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना, प्रोत्साहन देना, अभिरुचि^F लाना, अग्रसर करना, प्रवृत्त करना; हेतु होना, हेतु प्रस्तुत करना, कारण होना ।

motiveless –लि'स् a. निष्कारण, निष्प्रयोजन, निष्कार्य, ध्येयशून्य, लक्ष्यविहीन, निरुद्देश्य ।

motivity –'विटि n. प्रेरणा^F, प्रवर्तना^F, हेतुकता^F, चालकता^F, प्रेरक या चालक शक्ति^F ।

mot juste (F) n. उचित पद, ठीक शब्द ।

motley मॉट्'लि १. n. मिश्रण, गड्डमड्ड, खिचड़ी^F; (इति०) विदूषकका चित्रविचित्र कपड़ा, दरबारी मसखरेका रंगबिरंगा कपड़ा; २. a. नानाविध, नानावर्ण, बहुप्रकार, विविध, विभिन्न प्रकारका, कई मेलका, पंचमेल (~ *assembly*); चित्र-विचित्र, विविध रंगोंका, रंगारंग, रंग-बिरंग, पँचरंगा; *wear* ~ विदूषकका सा आचरण करना, मसखरापन करना, मसखरेका-सा काम करना ।

motor मो'टॅर् १. n. (श०र०शा०) चालक पेशी^F, उत्तेजक पेशी^F; प्रेरक, (नाड़ी^F); पैशिक क्रिया^F उत्पन्न करनेवाली नाड़ी^F; वहित्र, गाड़ी^F या जहाज, **मोटर^F**; २. v.t. & i. मोटरकार^F में जाना या लाना; ३. a. (मनो०, चि०) **प्रेरक**, प्रवर्तक, **चालक**, गतिप्रदाता, गामक, चेष्टाप्रदाता, चाल लानेवाला; गति (~ *coordination*, ~ *response*); ~ aphasia **वाचाघात**; ~ bandit मोटर रखनेवाला डाकू; ~ boat इंजिनदार नाव^F; ~-car वहित्रयान, मोटरकार; ~ cells **प्रेरक कोशिकाएँ^F**; ~-coach उत्तम प्रकारकी मोटरबस^F; ~ cycle वहित्र-चक्र, फटफटिया^F, मोटर साइकिल^F; ~man मोटरवाला, T; ~omnibus **सैलानी बस^F**; ~speech **उच्चरित वाणी**; ~ vehicle **मोटरगाड़ी^F**;

~ action, ~ ambulance, ~ area, ~attendant, ~ battalion, ~ bicycle, ~-bus, ~ cab, ~ camper, ~-car advance, ~-car chassis, ~ centre, ~ cleaner, ~ controller, ~ converter, ~ conveyance, ~ coordination, ~ development, ~-driven, ~ driver, ~ drome, ~ end plate, ~ engine, ~ function, ~ garage, ~ generator, ~-instructor, ~launch, ~lawn mower, ~-lorry, ~ mechanic, ~ mechanism, ~-minded, ~nerve, ~nerve ending, ~neuron disease, ~ oil, ~ pathway, ~ power, ~ road, ~ ~ roller, ~-ship, ~spirit, ~stand, ~starter, ~ system, ~ taxi-cab, ~ torpedo boat, ~ tract, ~ tractor, ~ transport, ~trawler, ~ tricycle, ~ trolley, ~ truck, ~ tyre, ~-van, ~ vessel, ~ way, ~ working.

motorial, motory मॅटॉ'रिॲल्, मो'टॅरि aa. गत्यात्मक, गमनशील, चेष्टावह नाड़ी^F से सम्बन्धित ।

motoring मो'टॅरिंग् n. मोटर^F-चालन ।

motorist –रिस्ट् n. मोटर^F का प्रयोग करनेवाला, मोटर^F चलानेवाला, मोटरवाला ।

motorization –राइजे'शॅन् n. (सेना^F आदिके यातायात या आवागमनके लिए) मोटरों^F का प्रयोग ।

motorize –'टॅराइज़् v.t. (सेना^F आदिको आने-जानेके लिए) मोटर^F देना, (सेना^F आदिको) मोटर^F से युक्त करना ।

mottle मॉ'टल् १. n. रंग-बिरंगकी बिन्दकियाँ^F या धब्बे या उनका समूह; इस प्रकारका धब्बा; रंग-बिरंगका ऊनी तागा, पँचरंगा ऊन; २. v.t. (साबुनपर) **कर्बुरित करना**, पँचरंगी बिन्दकी^F डालना, साबुनको चितकबरा बनाना, रंगबिरंगा करना ।

mottled –ड a. शबल, **कर्बुर**, (~ *pig-iron*); **चित्रल, कर्बुरित**, चित्रित, **चित्तीदार**, (~ *butter*) **रंगबिरंगा, चितकबरा**, बहुरंगा ।

motto मॉ'टो n. (pl. *-es*) आदर्श सूक्ष्मवाक्य, **आदर्श वाक्य, आदर्शोक्ति^F**, वचन; मुद्रालेख, कहावत^F; सिद्धान्त, सिद्धान्त-वाक्य, नीति-मन्त्र, नीतिवाक्य, मस्ला; (किसी अध्याय या पुस्तक^F के ऊपर उद्धृत) शीर्षवाक्य; (संगीत) टेक, लाक्षणिक महत्त्वका बार-बार प्रयुक्त वाक्य या वाक्य-खण्ड ।

mottoed –ड् a. उद्दिष्ट, सोद्देश्य ।

motu proprio (L) अपने आप, स्वेच्छा^F से ।

mouch द्रे० = MOOCH.

moucher मू'चॅर् n. बदमाश, आवारा ।

moue मू n. विकृत वदन, वदनविकार, मुखविरूपता^F ।

moujik, muzhik मू'जिक्, मू'जिक् n. रूसी कृषक या किसान; स्त्रियों^F की ढीली समूरी टोपी^F ।

mould¹ मोल्ड्' n. जुती भूमि^F की ऊपरी मिट्टी^F; मृत्तिका^F, मृत्चूर्ण, नरम या ढीली या चिकनी मिट्टी^F; ~ board मृतपट्ट, **मिट्टी पलट**, T; man of ~ मर्त्य, नश्वर प्राणी ।

mould² n. संचक, **साँचा**; आकार, रूप, मूर्ति^F, बनावट^F, तराश^F, नमूना; माँद^F, परात^F ढालनेके लिए मिट्टी^F या धातु^F का बर्तन; साँचेमें बनी फिरनी^F या पडिंग^F; पशुके शरीरका आकार, काठी^F या शकल^F; (स्था०) दीवार^F की कार्निस^F या लकड़ी^F की वस्तुओं^F में सजावटी हाशिया; ~ loft (नौवि०) **ढाँचा घर, फर्मा घर; रंगाई घर**, *cast in heroic* etc. ~ योद्धा बनाना, शूरवीर बनाना ।

mould³ v.t. मिट्टी^F बनाना, मिट्टी^F से ढकना; संचककरण करना, गढ़ना या **ढालना**, साँचेमें ढालना, किसी आकारमें ले आना, किसी नमूनेपर ढालना; गूँधना, सानना, मिलाना; रूपदेना, सँवारना, माडल बनाना; नानपावकी लोई^F बनाना, पावरोटी^F बनाना ।

mould⁴ n. ऊर्णिका^F, ऊर्णा^F, झिल्ली^F; (वन०) फफूँद^F, **फफूँदी^F**, मुकड़ी^F ।

mould⁵ v.i. फफूँदी^F लगना, सड़ना ।

mouldable मोल्'डॅबॅल् a. संचककरणीय, साँचेमें ढालने

योग्य, सँचियाने लायक।

moulded –डिड् a. **साँचेका ढला; गढ़ा हुआ** (~ *panel*); ~ depth **खड़ी गहराई**।

moulder[1] –डर् n. संचककार, साँचा बनानेवाला, ढलैया, **ढालनेवाला;** ~ instructor संचक-शिक्षक, साँचा-मास्टर।

moulder[2] मोल्'डर् v.i. मिट्टी[F] में मिल जाना, गलकर मिट्टी[F] हो जाना, खाक[F] हो जाना; भुसभुसा होना, रेह[F] लगना, (प्रायः ला०) नष्ट-भ्रष्ट हो जाना, सड़ जाना, गल जाना, वर्बाद हो जाना।

mouldiness मोल्'डिनि॑स् n. सोणिकता[F], फफूँदपन, भुकड़ीदारी[F]; क्लान्तिजनकता[F], अरुचिकरता[F], ऊब[F]; अप्रचलन, अनाधुनिकता[F], पुरानापन, बासीपन।

moulding मोल्'डिंग् n. (यन्त्र०) संचकन, **गढ़न**[F], गढ़ाई[F], **रूपण; साँचा** (~ *box, machine*); **ढलाई**[F] (~ *powder*); किसी नमूनेपर ढालना; (चि०) शीर्षानुकूलन (गर्भका अपत्यपथमें); ~-board आटा गूँधनेका तख्ता।

mouldwarp मोल्ड्'वार्प n. मूष, छछुन्दर[F]।

mouldy[1] मोल्'डि n. (नौवि० ग्रा०) पनडुब्बी अस्त्र।

mouldy[2] a. ऊर्णिकामय, सोणिक, फफूँदवाला, भुकड़ीदार, भुकड़ी[F] लगा; मलिन, गन्दा; (ग्रा०) क्लान्तिजनक, अरुचिकर, थका देनेवाला, उकता देनेवाला, उबा देनेवाला, बोरिंग।

moulin मूलैन्' n. (हिमखण्डोंमें बननेवाली) नाली[F], झरी[F]।

moulinage ⊙ मूली'निज् n. रेशमकी कताई[F]।

moulinet मूलिने॑ट् n. क्रेनका ढोल, मोड़नेकी मशीन[F]।

moult मोल्ट्' १. n. (जीव०, कृषि०, भू०, कीटवि०) **निर्मोचन, निर्मोक,** पर्णपतन, पर्णगलन, शृंगमोचन, पक्ष्मोचन, रोमपातन, पंख या रोवाँ गिराना; २. v.t. & i. (पक्षीका) पर्णपतन करना, पक्ष्मोचन करना, निर्मोचित करना, रेशा-रेशा करना, पर झाड़ना, रोवाँ गिराना, सींग गिराना

moulted –'टि॑ड् a. पतितपक्ष, मुक्तरोम।

moulting –टिंग् n. पर्णगलन; निर्मोक, (जीव०, चि०, कीट वि०) **निर्मोचन** (~*gland*); (चि०) कन्चुकमोचन, निर्मोकमोचन, कन्चुली[F] छोड़ना (सर्पादि प्राणियोंमें)।

mound[1] मॉउन्ड' n. मुकुट आदिपर लगी हुई सोनेकी गेंद[F]।

mound[2] १. n. स्तूप, स्तूपक, भृत्तिकाचय, मृद्राशि[F], वल्मीक, बामलूर, मिट्टी[F] या पत्थरका टीला, भीटा, ढूहा, धुस्स, मेंड़[F], मोर्चा; क्षुद्र पर्वत, छोटी पहाड़ी[F]; चय, पिण्डक, ढेर; २. v.t. टीला बनाना, ढेर लगाना, मिट्टी[F] या पत्थरोंके टीलोंसे घेरना; मेंड़[F] बाँधना, धुस्स बनाना, मोर्चाबन्दी[F] करना; ~ layering **ढौल दाब;**

~-maker, ~-planted, ~ planting, ~ sowing.

mount[1] मॉउन्ट्' n. अद्रि, गिरि, शैल, नग, भूधर, महीधर, अचल, पर्वत, पहाड़, पहाड़ी[F], कोह[F]; (सामुद्रिक विद्या[F]) गदोरी[F], हथेली[F]पर मांसल उन्नत भाग; मांसका उभरा हुआ भाग; (जीव०) **आरोप्य, आरोपण,** आरोप; (सैन्य०) **सवारी**[F], **गाड़ी**[F]।

mount[2] v.t. & i. पर्वतारोहण करना, चढ़ना; ऊपरकी ओर जाना या बढ़ना; कपोलोंपर लालिमा[F] आना, गालोंपर ललाई[F] आना, (रक्त) चेहरेपर झलकना; घोड़े आदिपर सवार होना, (घोड़े आदिकी) सवारी[F] करना, **चढ़ाना, सवार करना,** उठाना; चढ़ढी[F] लेना, फलाँग[F] मारकर चढ़ना; घनत्वका अधिक होना, शक्ति[F], घनत्व, पद आदिके उच्चतर स्तरपर जाना, अधिक शक्तिशाली होना, ऊँचे पदपर जाना; हथियारबन्द करना; (~ *up* भी) मात्रा[F]में अधिकता[F] होना; (चर्खे आदिको) ठीक करना, चालू करना, दुरुस्त करना; (तोपों[F]को) कल[F]पर चढ़ाना; सोने आदिपर (मणि आदि) जड़ना; (चित्र आदिको) मढ़ना, दफ्ती[F]पर चिपकाना; (नाट्य) रंगमंचपर लाना, दिखाना; (वस्त्रोंको) प्रदर्शित करना, सजाना; किसी वस्तु[F]को दूरवीक्षक-यन्त्र या खुर्दबीनके शीशेपर रखना; ~ guard आरक्षीदल, घुड़सवार; ~*guard* (*over* a thing) रक्षक या गार्डकी ड्यूटी[F] करना, निगरानी[F] करना।

mount[3] n. (व्यवसायी घुड़सवार द्वारा) घुड़सवारी[F], चढ्ढी[F]; सवारी[F]का घोड़ा; **सवारी**[F], **चौकी**[F], **गाड़ी**[F]; चित्र या तसवीर[F]का हाशिया; दफ्ती[F] (जिसपर तस्वीर[F] चिपकाते हैं); किसी वस्तु[F]का धातुमय चौखटा या फ्रेम।

mountable –'टॅबॅल् a. आरोहणीय, चढ़ने योग्य।

mountain* मॉउन्'टिन् n. अद्रि, नग, गिरि, महीधर, भूधर, धरणीधर, शैल, महीध्र, अचल, **पर्वत*, पहाड़***, कोह; **धारक;** बृहत्राशि[F], बहुत बड़ा ढेर, पहाड़का पहाड़, ढेरका ढेर; (~ *wine* भी) पहाड़ी अँगूरोंकी सफेद शराब[F]; foot of ~ **गिरिपाद;** ~ ash गिरिप्रभूर्ज, पर्वती देवदारु; ~ breeze **पर्वत समीर, अवरोही हवा**[F]; ~ chain **पर्वतश्रेणी**[F], गिरिमाला[F], **पर्वतमाला**[F], पर्वतशाखा[F]; ~ dew (बोल०) स्काटलैण्डकी यवमदिरा[F] या ह्विस्की[F]; ~ sickness **पर्वत रोग,** ऊँचाईपर विरल वायु[F] होनेके कारण उत्पन्न रोग या बीमारी[F]; *Mahomet and the ~, Mahomet will go to the ~* दोष-प्रकाशनपर भी लज्जित न होनेवाला व्यक्ति, ढीठ, निर्लज्ज, बेशर्म (छलिया या बहुरूपिया); *the M ~* प्रथम फ्रांसीसी क्रान्ति[F]में सर्वप्रिय दल; *waves ran ~s high, ~-high* पर्वतके सदृश ऊँची तरंगें[F] उठीं, बहुत ऊँची-ऊँची लहरें[F] उठीं;

~ artillery, ~ balsam, ~ bitter cress, ~ bloodwood, ~ blue, ~ building, ~ climate, ~ cure, ~ elm, ~-finch, ~ green, ~ hare, ~ hospice, ~ hut, ~ knot, ~ laurel, ~ limestone, ~ lion, ~-meal, ~ pass, ~ pine, ~ plum, ~-quail, ~ railway, ~ range, ~ rat, ~ region, ~ rose, ~ side, ~ slide, ~ sorrel, ~ system, ~ tallow, ~-thrush, ~-tobacco, ~-top, ~-tract, ~ warfare, ~ wind, ~-wood.

mountaineer –नीअॅर्' n. पर्वतारोही, पर्वतारोहणमें प्रवीण व्यक्ति; पर्वतनिवासी, शैलाट, पहाड़ी आदमी, पर्वतोंपर रहनेवाला।

mountaineering –'रिंग् n. **पर्वतारोहण,** पर्वतारोहण-कला^F, पहाड़पर चढ़नेमें चतुरता^F।

mountainous –'टिनॅस् a. शैलमय, **पर्वतीय, पर्वती,** पर्वतबहुल, पहाड़ी, कोहिस्तानी; पर्वताकार, बृहद्, विशाल, महान्; बड़ा भारी।

mountainousness –नि॑स् n. पर्वतीयता^F, पर्वतमयता^F, पर्वतबहुलता^F।

mountebank मॉउन्'टि॑बैन्क् n. कूटचिकित्सक, छद्मवैद्य, मिथ्यावैद्य, नीमहकीम; घूम-घूमकर दवा^F बेचनेवाला, बाजारू वैद्य, सफरी दवाफरोश; अताई।

mountebankery –कॅरि n. कूटचिकित्सा^F, छद्मवैद्यकी^F, मिथ्यावैद्यकी^F; बाजारी या सफरी दवाफरोशी^F; अताईपन।

mounted माउन्'टि॑ड् a. **आरोपित** (*~skeleton*), **आरूढ़, चढ़ा हुआ, सवार;** अश्वारोही, **घुड़सवार** (*~ police, troops*)।

mounter –टॅर् n. आरोहक, चढ़नेवाला; आरोपक, मढ़नेवाला।

mounting –टिंग् १. n. आरोह, आरोहण, **चढ़ाई^F; घोड़ी^F,** सवारी^F; **चौखटा चढ़ाना, चौकी^F पर रखना, आरूढ़ करना; आरोपण** (*~ media*), **आरोप,** मढ़ाई^F; **स्थापन-व्यवस्था^F,** सजावट^F, **साज;** २. a. जड़ाऊ (*~ plates*)।

mourn मोॲर्न् v.t. & i. शोक प्रकट करना, सन्ताप करना, खेद प्रकट करना, शोक मनाना, विलाप करना, शोकान्वित होना, खिन्न होना, दुःखी होना, क्षुब्ध होना, दुःखित होना, दुःख मनाना, रंज करना, रोना-पीटना, रोना-धोना, आह^F भरना, मातम करना।

mourner –र्'नॅर् n. परिदेवक, शोचक, विलापी, विलाप करनेवाला; (किसी मित्र या सम्बन्धीकी) लाश^F के साथ जानेवाला; भाड़ेका मातमी, किरायेपर जनाजेमें सम्मिलित होनेवाला व्यक्ति।

mournful –र्न्'फ़ुल् a. दुःखद, शोकप्रद, शोच्य, शोकावह, शोकातुर, शोकाकुल, शोकान्वित, शोकमय, शोकार्त, विषण्ण, उद्विग्न, उदास, मलिन, दुःखद, खेदयुक्त, विलापी, खेदान्वित, खिन्न, दुःखित।

mournfulness –नि॑स् n. शोकप्रदता^F, शोकावहता^F, शोकार्तता^F, शोकाकुलता^F, उद्विग्नता^F, खिन्नता^F, मलिनता^F, दुःखदता^F, उदासी^F; दुःख, शोक, उद्वेग, आकुलता^F।

mourning –'निंग् n. शोक, क्षोभ, विलाप, परिदेवन, आक्रन्दन, रोदन, उद्वेग, खेद, दुःख, रंज, गम, मातम; शोकवस्त्र धारण (*deep, half, ~*); ~-coach जनाजेके साथ जानेवाली गाड़ी^F; ~-dove ⊙ एक रोनेवाला पक्षी; ~-paper काले हाशियावाला मृत्यु^F सूचना-पत्र; *in ~* मृत्यु^F पर कृष्णवस्त्र धारण करनेवाला, शोकातुर।

mouse¹ मॉउस' n. **मूषक,** मूपिका^F, आखु, **चूहा,** मूष, मूस, चुहिया (*field-, house-, harvest-, ~*); लज्जालु व्यक्ति, लजीला या शर्मीला आदमी; एकान्त चाहनेवाला व्यक्ति; (ग्रा०) कृष्णनेत्र, बुरी नजर^F; **लपेटा;** ~-colour आपीत भूरा रंग, ~ deer मातृका मृग; ~-ear मूषकर्णी पौधा; ~ hare आखु शश; ~ hole **छोटा सूराख (बनाना);** ~'s tail एक पौधा, ~ trap चूहेदानी^F, चूहोंका पिंजरा;

~ bird, ~-ear grass, ~ grey, ~ lemur, ~ opossum ⊙.

mouse² मॉउज़्' v.t. & i. (बिल्ली^F या उल्लूका) मूसोंका शिकार करना, मूसोंको पकड़ना; घात^F में बैठना, ताक^F लगाना, किसी चीज^F की तलाश^F में चक्कर लगाना, मँडराना; परिश्रमके साथ ढूँढ़ना या खोजना, कोना-कोना छान डालना, चप्पा-चप्पा ढूँढ़ना; **लपेटा देना**।

mouser –'ज़र् n. चूहेमार, चूहोंका शिकारी।

mousie, mousekin मॉउ'सि, मॉउस्'किन् nn. छोटा चूहा।

mousmee –मी n. (जापानमें) कुमारी^F, अविवाहिता बालिका^F; (चायघरोंमें) परिचारिका^F।

mousquetaire मस्किटेॲर् n. = MUSKETEER; एक फैशनी कालर; (१९वीं शती^F का) एक प्रकारका स्त्रियों^F का चोगा।

mousse मूस् n. मथकर जमायी हुई स्वादिष्ट मलाई^F, फिरनी^F, बरफ मलाई^F।

mousseline मूस्लीन्' n. फ्रांसीसी मलमल, एक पतला फ्रांसीसी वस्त्र; काँचका पतला गिलास।

moustache, mustache ⊙ मॅस्टाश', मॅस्टाश' nn. श्मश्रु, मूँछ^F, मोंछ^F; जानवरोंकी मूँछ^F।

Mousterian मूस्टीॲ'रिॲन् a. **मूस्टेरी,** प्राक्प्रस्तरयुगीन संस्कृति^F (जो अचीलियन और ओरिगनेशियन देशोंके बीच फैली हुई थी)।

mousy मॉउ'सि a. चूहोंवाला, चूहेका-सा।

mouth¹* मॉउथ्' n. वक्त्र, वदन, आनन, **मुख*** (*~ cavity*), **चेहरा, मुँह*,** मूँड़; तुण्ड, लपन^F; (ग्रा०) धृष्टता^F, ढिठाई^F, मुँहजोरी^F, गाला, गुस्ताखी^F; दरीमुख; घटमुख; नदीमुख, मुहाना, नदी^F का दहाना; छेद, सूराख; प्रमुख वक्ता; ध्वनि^F, आवाज^F; good, bad, hard, ~ (घोड़ा) खुशलगाम, सख्तलगाम, बदलगाम; ~-filling (शब्द) बड़ा, लम्बा; ~ of river **नदीमुख, मुहाना;** ~-organ सुषिरवाद्य, मुँहका बाजा; ~ part (जीव०) **मुखांग;** ~-piece मुखांग, **मुखिका^F, मुखक,** मुँहनाल, मुँहमें लिया जानेवाला पाइप या बाजेका भाग; मुख, दूसरोंकी ओरसे बोलनेवाला व्यक्ति; useless ~ बेकार आदमी; *down in the ~* खिन्न, खेदयुक्त, मलिन, उदास, दुःखी, पस्त; *give ~* भौंकना; *make a wry ~* नाक-भौंह^F चढ़ाना; *~ waters at* (भोजन देखकर) मुँहमें पानी भर आता है, लार^F टपकने लगती है; *put into* person's ~ किसी व्यक्तिकी बात^F दूसरे व्यक्ति द्वारा कही जाना; *put words into his ~* पट्टी^F पढ़ाना, बात^F सिखाना, कहलाना, बकवाना; *take the words out of* person's ~ बात^F पकड़ लेना, बात^F

काटना, पहले ही लोक लेना; *this sounds strange in your* ~ आपके मुँहसे यह बात[F] अच्छी नहीं लगती, आपके योग्य नहीं।

mouth² v.t. & i. स्पष्ट भाषण करना, एक-एक शब्द अलग-अलग कहना; भरे मुँहसे कहना, चबा-चबाकर बातें[F] करना, ठसेसे कहना; मुखसे स्पर्श करना, मुखसे खाना, चबाना, मुँह चलाना; लगाना, मुँहमें (भोजन) डालना, मुँहमें (कवर) लेना; मुँह बनाना, मुँह बिचकाना, मुँह चिढ़ाना; (घोड़ेको) लगाम[F]का आदी करना।

mouthed –ड्' a. मुखयुक्त, मुँहवाला।

mouther –'थँर् n. मुँह लगानेवाला, मुँह चलानेवाला।

mouthful –थ्'फ़ुल् n. मुँहभर; ग्रास, कवल, गस्सा, कवर, कौर; थोड़ी मात्रा[F]; बड़ा शब्द, बड़ी बात[F]।

mouthing माउ'दिंग् n. प्रभावित भाषण।

mouthless मॉउथ्'लि॑स् a. अमुख, मुखहीन, बेमुँहका, बेदहानेकी।

mouthy मॉउ'दि a. निन्दा[F] करनेवाला, बकवादी, बड़बड़ानेवाला; बदजबान; (शब्द) दुरूह, कठिन, बहुत बड़ा, लम्बा।

movability, movableness मूवॅबि'लिटि, –नि॑स् nn. गमनार्हता[F], चलता[F], चलिष्णुता[F], गमनशीलता[F], गमनयोग्यता[F], चलन-शक्यता[F], हिलनेकी सामर्थ्य[F]।

movable मू'वॅबॅल् १. n. (pl.) निजसम्पत्ति[F], अपनी जायदाद[F], **जंगम सम्पत्ति[F], चल** या **जंगम सम्पत्ति[F]**; सामान, घरसे हटायी जाने योग्य मेज-कुर्सी[F]; २. a. (कृषि०) (सम्पत्ति[F]) **चल,** मनकूला; गमनार्ह; **सर्पी, चलती,** चलनशील, चलिष्णु, गमनशक्य, **अस्थावर,** चलनक्षम, गमनशील, **चल, जंगम,** चलायमान, चलाने योग्य, स्थानान्तरणीय; ~ feast अनियत भोज; बदलती दावत[F];

~ article, ~ contact, ~ court, ~ estate, ~ jockey, ~ joint, ~ property, ~ pulley, ~target, ~ value.

move¹ मूव्' n. ध्येयपूर्ति[F]के लिए प्रयत्न, चेष्टा[F], उपाय, कार्रवाई[F]; (शतरंज या अन्य खेलोंकी) चाल[F], चलनेकी बारी[F]; *get a ~ on* (ग्रा०) शीघ्रता[F] करना, जल्दी[F] करना, फुर्ती[F]से काम लेना, तुरत-फुरत करना; *make a* ~ जाना; *on the* ~ दोलायमान, अस्थिर, चल, चलता, इधर-उधर हिलनेवाला, इधर-उधर चक्कर लगानेवाला, रवाँ।

move² v.t, & i. (किसी मामलेमें) आगे बढ़ना, कार्रवाई[F] करना; प्रार्थना[F] करना, प्रार्थनापत्र देना, दरख्वास्त[F] देना; (शरीर, अंग आदिको) **प्रचलित करना,** प्रचालित करना, चलायमान करना, हिलाना*, चलाना, डुलाना, हटाना, सरकाना; हिलना*, सरकना, हटना, चलना; शतरंज आदिमें चाल[F] चलना; (किसी व्यक्तिको किसी कार्यकी ओर) अग्रसर करना, तत्पर करना, आकृष्ट करना, झुकाना; एक स्थानसे दूसरे स्थानपर आना-जाना, इधर-उधर टहलना; हृदयपर प्रभाव डालना, दिलपर असर करना; (हँसी[F], क्रोध आदि) उत्तेजित करना, भड़काना, छेड़ना, उभड़ना; भड़कना, छिड़ना; प्रस्तावित करना, **उपस्ताव रखना,** विचारसभा[F]में प्रस्ताव करना, प्रस्तुत करना, रखना; (न्यायालयमें) प्रार्थनापत्र देना, निवेदन करना, प्रार्थना[F] करना, दरख्वास्त करना; अँतड़ियों[F]को काममें लगाना, कब्ज दूर करना; गृह-परिवर्तन करना, मकान बदलना, जाना, स्थान-परिवर्तन करना, उन्नति[F] करना, आगे बढ़ना, अग्रसर होना (*the work ~s slowly*); (अँतड़ियों[F]का) मलत्याग होना, रेक[F] या रेचन होना, पाखाना करना, हगना; (निर्जीव वस्तु[F]की) स्थिति[F]में परिवर्तन होना; (व्यक्ति या अंग) कम्पित होना, हिलना, डुलना, पहलू बदलना; ~ *heaven and earth* अत्यधिक प्रयत्न करना, आकाश-पाताल एक कर देना, कुछ कमी[F] उठा न रखना; जमीन-आसमानके कुलावे मिलाना; ~ *in* किसी नये मकानमें आकर बसना; ~ *in step* **कदम मिलाकर चलना;** ~ *on* (पुलिसवालेका संकेत) (लोगोंको) एक स्थानपर खड़ा न रहने देना, हटा देना; (पुलिसवालेकी आज्ञा[F]) चलते रहिये, चलो, आगे बढ़ो; *the spirit ~s me* मेरे हृदयमें यह इच्छा[F] उत्पन्न होती है, मैं चाहता हूँ, मेरा जी चाहता है।

moveable = MOVABLE.

moved –ड् a. चलित, प्रेरित; प्रस्तुत, प्रस्तावित; प्रभावित।

moveless –व्'लि॑स् a. अस्पन्द, स्तब्ध, गतिशून्य, निश्चेष्ट, अचेष्ट, निश्चल, स्थिर, अचल, निष्कम्प, कम्पनशून्य, बिना हिले-डुले।

movement –'मॅन्ट् n. स्पन्द, स्पन्दन, **गति[F]**, व्यापार, क्रिया[F], चेष्टा[F], **संचलन,** संचरण, चलन, **आन्दोलन, हलचल[F]**; चाल[F], **हरकत[F]**; गमनागमन; मनोवृत्ति[F], प्रवृत्ति[F], भावना[F], मनोवेग, भाव, मानसिक क्रिया[F]; अंगविक्षेप, शरीरके क्रिया-कलाप; सैन्यसंगठनमें परिवर्तन; मशीन[F]के हिलने-डुलनेवाले पुर्जे; इन पुरजोंका विशिष्ट समूह; कविता[F] या कहानी[F] आदिका विकास; (संगीत) ग्राम, मूर्च्छना[F], किसी गीतके प्रमुख विभाग; (बाजारमें मालकी) गरमबाजारी[F]; (pl.) गतिविधि[F]; गति[F];

~ area, ~ control, ~ control assistant, ~ control order, ~ director, ~ graph, ~inspector, ~light, ~order, ~programme, ~register, ~ report, ~ section, ~ serial, ~ table.

mover –'वॅर n. प्रेरक, प्रवर्तक, चालक, संचालक, उपक्षेपक, प्रयोजक, चलानेवाला, हिलानेवाला, आगे बढ़ानेवाला आदि क्रियागत पर्थोंमें; **उपस्तावक,** प्रस्तावक, प्रस्तावकर्त्ता, प्रस्तुतकर्ता, प्रस्ताव प्रस्तुत करनेवाला; prime ~ उपयोगी विचारोंका आविष्कर्त्ता या आविष्कारक; संचालक शक्ति[F]का (प्राकृतिक या यान्त्रिक) मूलोद्गम।

movie मू'वि a. चलचित्र-सम्बन्धी (~ *screen*)।

movies –वीज् n. (ग्रा०) सिनेमा, चलचित्र, सिनेमाके चलते-फिरते चित्र।

moving मू'विंग् a. जंगम, **चल, गतिमान्,** गतियुक्त, गतिशील, चलता-फिरता; **प्रेरक** (~ *power*); मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी, हृदयग्राही, करुणात्मक, करु...,

हृदयद्रावी, प्रभावशाली, परिवर्ती;
~ area, ~ average, ~ axis, ~ barrage, ~ blade, ~ body, ~ coil, ~dimensions, ~ galvanometer, ~ hospital, ~ ice, ~ magnet, ~ party, ~ point, ~ snow, ~ staircase, ~ tale, ~ target, ~ trihedral, ~ water.

movingness –निंस् n. गतिशीलता^F, गति-संचलता^F ।

mow¹ मॉउ' n. धान्यचयन, धान्यराशि^F, तृणराशि^F, तृणोत्कर, घास^F या गल्ले आदिका ढेर; गल्लेका बखार, घास^F की बुसौली^F ।

mow² मो' v.t (~ *ed*, ~*n*) कटाई करना, (खेतकी) फसल^F काटना, लवनी^F करना; हँसिया या मशीन^F से (घास^F आदि) काटना; काटकर गिरा देना, नष्ट कर देना, तहस-नहस कर देना, मूली^F, गाजर^F की तरह काटना ।

M.O.W.(B.) Ministry of Works Buildings.

mower –'ॲर् n. लावक, खेत काटनेवाला, घास^F काटनेवाला, मोवर ।

mowing –'इंग n. (कृषि०) लवन, कर्तन, कटाई^F; काटना; लवन-भूमि^F (जहाँसे घास^F काटी जाय) ।

moya माएँ'ॲ n. लावा, ज्वालामुखीसे निकला हुआ पदार्थ ।

mozambique मौज़ॅमबिक् n. मुसम्मी^F, मौसमी^F ।

Mozarab मोज़ै'रॅब् n. (मोअर राज्यमें स्पेन देशका) विशेषाधिकार-प्राप्त ईसाई, मोजरब ।

Mozarabic –ज़ॅरै'बिक् a. मोजरब-सम्बन्धी (दे० MOZARAB) ।

moze मोज़' v.t. कपड़ेके रोएँ उठाना ।

mozetta मॅज़े'टॅ, मॉटसे''टॅ n. पादरियोंकी विशेष प्रकारकी टोपी^F ।

M.P. Member of Parliament; Military Police(man); Metropolitan Police; (U.S.) Municipal Police; Madhya Pradesh.

m p. melting point.

M.P.C.S. Multipurposes Co-operative Society.

m.p.g.h. miles per gallon hour.

m.p.h. miles per hour.

Mpret –प्रेट्' n. अलबानिया देशका शासक ।

M.P.S. Member of the Philological Society; Member of the Pharmaceutical Society.

M R. Maritime Regiment, Master of the Rolls; Minning Rules; Miscellaneous Revenue Money Order; Moral Rearmament; Muster Roll.

Mr मिस्'टॅर् n. =MISTER.

M.R.A. Moral Rearmament.

M.R.A.S. Member of the Royal Asiatic Society; Member of the Royal Academy of Sciences.

M.R.Ae.S. Member of the Royal Aeronautical Society.

M.R.C.C. Member of the Royal College of Chemistry.

M.R.C.P. Member of the Royal College of Physicians.

M.R.C.S. Member of the Royal College of Surgeons.

M.R.C.V.S. Member of the Royal College of Veterinary Surgeons.

M.R.G.S. Member of the Royal Geographical Society.

M R.H. Madras Higher Standard.

M R.I. Member of the Royal Institution.

M.R.I.A. Member of the Royal Irish Academy.

M.R.L. Madras Lower Standard.

Mrs. मिसिज़ n. श्रीमती^F, विवाहिता स्त्री^F के नामके पूर्व प्रयुक्त उपाधि^F, बेगम^F, दे० MISTRESS.

M.R.S.A. Member of the Royal Society of Arts.

M.R.S.L. Member of the Royal Society of Literature.

M.S. Master of Surgery; Member of Staff; Middle School; *memoriae sacrum*, Sacred to the Memory; Ministry of Supplies.

MS. Manuscript.

M/S., m.s. months (after) sight.

M.S. and. L. (Taxation Act) Motor Spirit and Lubricants.

M.S.C. Magistrate Second Class; Military Staff Committee.

M.Sc. Master of Science.

m.sec. microsecond.

M.S.K. Maintenance Store-keeper.

m.s.l. mean sea level.

M.S.M. Meritorious Service Medal.

M.S.S. Member of the Statistical Society.

MSS. Manuscripts.

M.T. Mandated Territory; Mechanical Transport; Member Transportation; Metric Ton; Motor Transport.

Mt. (or **mt.**) mount; mountain.

M.T.B. Motor Torpedo-Boat.

mtg. mortgage.

mth. month.

M.T.I. Maintenance Telegraph Inspector.

M.T.L. Monthly Transit Licence.

M.T.P.I. Member of the Town Planning Institute.

Mt. Rev. Most Reverend.
M.T.S. Machine Tractor Station.
M.T.W. Minister Tribal Welfare.
M.U. Motor Union.
mu म्यू n. ग्रीक भाषा^F का 'म' वर्ण (*M*); विड्।
much* मच् १. a. प्रचुर, विपुल, भूरि, उत्कट, नितान्त, अतिमात्र, अत्यन्त, बहुल, बहु, अधिक*, बहुत*, ज्यादा, बहुत ज्यादा (~ *time, trouble*) २. adv. अत्यन्त, अतिशय रूपमें, अधिक मात्रा^F में, प्रायः, बहुत (*I ~ regret the mistake*); लगभग, करीब-करीब (~ *of a size*); *as ~* जितना; *so ~* इतना; *too ~ for* आवश्यकता^F से अधिक; तुलना^F में अधिक, *too ~ of evrything is bad* अति सर्वत्र वर्जयेत्।
muchness –'निस् n. प्राचुर्य; प्रचुरता^F, विपुलता^F, प्रगाढ़ता^F, उत्कटता^F, बहुलता^F, अधिकता^F, बहुतायत^F, ज्यादती^F; *much of a ~* लगभग एक-सा, करीब-करीब वही।
mucid म्यू'सिड a. दुर्गन्धी, सड़ा हुआ; लसलसा, चिपचिपा।
mucidity –'डिटि n. दुर्गन्धता^F, सड़ापन; लसलसापन, चिपचिपापन।
mucidness –'सिड्-निस n.=MUCIDITY.
mucific म्यूसि'फ़िक् a. श्लेष्मोत्पादक, कफदार।
mucilage म्यू'सिलिज् n. निर्यासोद, निर्यासलेप, लेवी^F, गोंद ⊙; वसा^F, वपा^F, मेदा, मज्जा^F, (कृषि०) **लासा**, लस^F, (वन०, वाणि०) लसदार या चिपचिपी वस्तु^F; **श्लेष्म**, कफ; आँव^F, क्लेद।
mucilaginous –ले'जिनस् a. निर्यासोदीय, **श्लेष्मक**, श्लेष्मल, चिक्कण, स्निग्ध, लसदार, चिपचिपा, चेपदार, लसलसा (~ *cell*); श्लेष्मपूर्ण, कफदार।
mucin –'सिन् n. (कृषि०) **श्लेष्मरस**।
mucivorous –सि'वॅरस् a. वसाभक्षी, निर्यासभोजी, गोंद खानेवाला।
muck[1] मक् n. जीर्णक, खात, खाद^F, पाँस^F, **कुपाँस**^F; कर्दम, मल, कीचड़, कूड़ाकरकट (~ *worm*); गोबर; (बोल०) **कोई** घृणित वस्तु^F, अमेध्य वस्तु^F, गन्दी चीज^F; (बोल०) कलुषता^F, अमेध्यता^F, मैलापन, गन्दगी^F; **मक** (~ *soil*); ~-rake (ला०) छिद्रान्वेषी, गन्दगी^F उछालनेवाला; कूड़ा इकट्ठा करनेका पाँच; कूड़ा-करकट बटोरनेकी हेंगी^F; ~ sweat गन्दा पसीना; ~-worm गुबरैला।
muck[2] v.t. & i. भ्रष्ट या अपवित्र करना, मैला करना, गन्दा बनाना; (ग्रा०) कामको बिगाड़ देना, पट कर देना; (ग्रा०) इधर-उधर मारा-मारा फिरना, निरुद्देश्य टहलना, उठल्लूकी तरह फिरना, मुँह उठाये फिरना, आवाराकी तरह घूमना।
mucker –'कॅर् n. (ग्रा०; शा० एवं ला०) भ्रंश, महा पतन, बड़ी अवनति^F, भारी ह्रास, **रेज़ा**; पछाड़^F; *come a ~* महान् पतन होना, भारी अवनति^F या ह्रास होना, पछाड़^F खाना; *go a ~* अपव्यय करना, रुपया-पैसा उड़ाना, फजूलखर्ची^F करना।
muckiness –किनिस् n. कलषता^F, अमेध्यता^F, पंकिलता^F, समलता^F, मलिनता^F, गन्दगी^F।
muckle म'कॅल् a. & n.=MICKLE.
muckna मकना n. मकुना हाथी।
mucky म'कि a. कलुष, भ्रष्ट, पंकिल, मलिन, समल, अपवित्र, गन्दा, मैला-कुचैला।
mucocyte म्यू'कॅसाइट् n. श्लेष्म-कोश।
mucor म्यू'कॉर् n. श्वेता^F, फुई^F, **फफूँद**^F, **फफूँदी**^F, हरिता^F, T; MUCIDITY.
mucosity म्यूकॉ'सिटि n. श्लैष्मिकता^F, श्लेष्मकरता^F, श्लेष्मलता^F; चिक्कणता^F, चिपचिपापन, लसलसाहट^F, लसदार अवस्था^F।
mucous म्यू'कॅस् a. (चि०, रसा०, जीव०,) **श्लेष्म-**, **श्लैष्मिक**, श्लैष्म, श्लेष्मकार, (कृषि०) **श्लेष्मल**, श्लेष्म-भरा, कफयुक्त, कफकर, कफदार; चिक्कण, चिपचिपा, चेपदार, लसदार; ~ membrane **श्लेष्मकला**^F, **श्लेष्मधरा कला**^F, **श्लेष्मल झिल्ली**^F;
~ cells, ~ gland, ~ membrane, ~ sheath, ~ tissue.
mucro म्यू'क्रो n. **उग्राग्र**, **उग्राग्रक**, नोक^F।
mucronate म्यू'क्रनेट् a. **उदग्र**, नोकदार।
muculent म्यू'क्यूलॅन्ट a. श्लेष्मयुक्त, चिक्कण, चिपचिपा।
mucus म्यू'कॅस् n. श्लेष्म, **श्लेष्मा** (~ *membrane*), श्लेष्मामल; चेप, लस^F, कफ, बलगम।
mud मड् १. n. **पंक**, कर्दम, कीच^F, कीचड़, जम्बाल, दलदल, चहला; (स्था०) **गारा**; (ला०) निष्क्रिय वस्तु^F, भद्दी बात^F, निकम्मी या बेकार चीज^F, गन्दगी^F; २. v.t. (रसा०) **मूँदना**; ~box **कचरा बक्स**; ~brick **कच्ची ईंट**^F, ~guard पंकनिवारक, पंकरक्षी; (साइकिल^F की नालीदार पाटी^F), मडगार्ड; ~lark कीचड़में लोटनेवाला, कीचड़में गुजर करनेवाला; गृहविहीन बालक, लावारिस छोकड़ा; ~mortar गारा; ~ pie (खेलमें बना) मिट्टी^F का समोसा; ~-scow मशीन^F से कीचड़ निकालनेका एक छोटा जहाज; ~-slinging कीचड़ उछालना; ~-valve पंककपाट, (छिद्र जिससे होकर ब्वायलरसे जमाव इत्यादि निकालते हैं); *fling, throw,* ~ कीचड़ उछालना, अपमानजनक बातें^F कहना, बदनामी^F करना;
~-cart, ~ eel, ~ fever, ~-flet, ~-flows, ~-hole, ~ mortar, ~ plaster, ~ shale ~ skipper, ~ stone, ~ tortoise, ~ volcano.
muddiness –डिनिस् n. पंकिलता^F, गँदलापन; अस्पष्टता^F, धुँधलापन, प्रकाशका धीमापन; आवाज^F का भारीपन।
muddle[1] म'डॅल् n. संक्रम, कुव्यवस्था^F, अव्यवस्था^F, अनियम, गड्डमड्ड, गड़बड़ी^F; ~-headed जड़बुद्धि, स्थूलबुद्धि, मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ।
muddle[2] v.t. & i. (बिना किसी ध्येयके) अव्यवस्थित रूपमें काम करना, निष्फल प्रयत्न करना, किसी काममें

बेकार भिड़े रहना; कामको बिगाड़ देना, चौपट कर देना, गड़बड़ करना, खराब कर देना; अस्तव्यस्त करना, बिना क्रमसे मिलाना, गड़बड़ाना, खिचड़ी^F कर देना, गड्डमड्ड कर देना; मदिरोन्मत्त करना, पिलाकर किंकर्त्तव्यविमूढ़ बना देना, नशेमें चूर करना, मदहोश करना, बदमस्त करना; ~ *on* गिरते पड़ते निकल जाना; ~ *through* किसी तरह पार हो जाना।

muddlesome –सॅम् a. आकुल करनेवाला, व्याकुल करनेवाला; गड़बड़ करनेवाला, अस्त-व्यस्त करनेवाला, क्रम बिगाड़नेवाला; किंकर्त्तव्यविमूढ़ करनेवाला, हतबुद्धि करनेवाला।

muddy म'डि १. v.t. पंकयुक्त करना, पंकिल बनाना, मलिन करना, कीचड़ भरना, गँदला करना; अस्पष्ट करना, धुँधला बनाना; व्यग्र करना, व्याकुल करना; २. a. पंकिल, पंकयुक्त, पंकवत्, पंकसदृश, कर्दममय, मलिन, कीचभर, कीचड़से भरा हुआ; कीचड़की तरह, किचड़ीला; (प्रकाश) मन्द, धीमा; मैला-मैला; अस्पष्ट, दुर्बोध, गूढ़, प्रच्छन्न; अन्धकारमय, धुँधला; व्यग्र, व्याकुल, घबड़ाया हुआ, परेशान; (ध्वनि^F) भारी, मोटी।

mudir मुडीॲर्' n. (मिश्रमें) राज्यपाल, मदीर, गवर्नर।

muezzin मुअॅ'जिन् n. बाँग^F देनेवाला, मुल्ला, मुअज्जिन।

muff[1] मफ़' n. स्त्रियों^Fका लोममय हस्तत्राण, औरतों^Fका हाथ गरम रखनेके लिए एक दस्ताना, मफ; foot ~ मोजा।

muff[2] १. n. मूर्ख या भद्दा व्यक्ति, अनाड़ी या गावदी आदमी, बेवकूफ; क्रिकेटकी गेंद^Fको पकड़नेमें असफलता^F या चूक^F; २. v.t. (गेंद^F पकड़नेमें) चूकना, अनाड़ीपनसे गेंद^F छोड़ देना।

muffetee मफ़िटी' n. (प्रा०) मफलर, गुलूबन्द; ऊनी कफ।

muffin म'फ़िन् n. कुलचा, एक मीठी रोटी^F, मफिन^F; ~man कुलचेवाला।

muffineer मफ़िनीॲर n. नमकपाश, शक्करपाश, कुलचेपर नमक या शक्कर^F छिड़कनेके लिए छोटी शीशी^F।

muffish म'फ़िश् a. बुद्धू, भद्दा, गावदी, अनाड़ी, बेवकूफ।

muffle[1] म'फ़ॅल् n. थूथन (शा०र०शा०) **पशुका ऊपरी होंठ।**

muffle[2] n. अवगुण्ठन, **छादन;** बिना अँगुलियों^Fका दस्ताना, पागलोंका चर्मी दस्ताना; भट्ठी^Fका खाना (जिसमें बर्तन पकाये जाते हैं); ~ furnace अपवारित या छदित भट्ठी^F; **आवृत भट्ठी^F, बन्द भट्ठी^F।**

muffle[3] v.t. (अपनेको, अपने गले आदिको) गर्म रखनेके लिए आच्छन्न करना, परिवेष्टित करना, ढकना, ढाँपना; (आवाज^F कम करनेके लिए घण्टी^F, ढोल, घोड़ेकी टाप^Fमें) कपड़ा लपेट देना; (आवाज^F रोकनेके लिए किसी व्यक्तिके सिरपर) कपड़ा डालना; शाप आदिकी ध्वनि^Fको कम करना, दबाना।

muffled –ड् a. परिवेष्टित, आच्छन्न, ढँका हुआ।

muffler –लॅर n. गुलूबन्द, गुलूपोश, मफलर; मोटा दस्ताना; मुक्केबाजी^Fका दस्ताना; आच्छादन, मुखाच्छादन, ठूँसा।

muffling –लिंग् n. अवगुण्ठन, आवरण, छिपाना, ढँकना, ढाँपना, ठूँसा भरना।

mufti मफ़्'टि n. फतवा देनेवाला, मुफ्ती^F; साधारण परिधान, सादे कपड़े, सादी पोशाक^F।

mug[1] मग् n. पानपात्र, जलपात्र, लोटा, गड्डुआ, मग; इस बर्तनमें भरा पदार्थ; एक ठण्डा शर्बत।

mug[2] n. (ग्रा०) मन्दबुद्धि, जड़बुद्धि, मूढ़, मूर्ख, बुद्धू, अनाड़ी, बेवकूफ।

mug[3] १. n. परीक्षा^F, इम्तहान; परिश्रमी विद्यार्थी, बहुत पढ़नेवाला, रटनेवाला, रट्टू; २. v.t. & i. किसी विषयका गहरा अध्ययन करना, पढ़नेमें घोर परिश्रम करना, बड़ी मिहनत^Fसे पढ़ना; (~ *up* भी) तैयार करना, घोटना, रट^F डालना।

mugger म'गॅर् n. मकर, मगरमच्छ।

mugginess म'गिनिॅस् n. श्वासावरोध, घुटन^F, उमस^F, गर्मी^F और नमी^F।

muggins म'गिन्स् n. सरल मनुष्य, सीधा आदमी; मूढ़, मूर्ख, दुर्बुद्धि; बच्चोंका एक ताशका खेल।

muggish म'गिश् a. = MUGGY.

muggy –गि १. n. उष्णार्द्र ऋतु^F, घुटन^F; २. a. श्वासावरोधक, बन्द, गला घोंटनेवाला, जिसमें दम घुटता हो; उष्णार्द्र, क्लिन्न, नम और गर्म, उमसदार (~ *day*)।

mugwump मग्'वम्प् n. महान् व्यक्ति, मुखिया, बड़ा आदमी ⊙; तटस्थ पुरुष, निर्दलम्मन्य व्यक्ति, दलगत राजनीति^Fसे अलग रहनेवाला आदमी।

Muhammadan मुहॅ'मॅडॅन् a. मुसलमान, मुहम्मदी, मुहम्मद साहबका अनुयायी।

muir म्यूॲर्' n. (स्काट०) बंजर प्रदेश, ऊसर भूमि^F, म्यूर।

mujik मुजिक् n. रूसी किसान।

mulatto म्यूलॅ'टो १. n. (pl. *-s*) अश्वखर; यूरोपी और हब्शी नस्ल^Fकी सन्तान^F या औलाद^F, मुलट्टो; २. a. पक्का भूरा, काला भूरा।

mulberry मल्'बॅरि n. ब्रम्हदारु, यूप, **शहतूतका पेड़;** शहतूतका फल, तूद, (कृषि०, वन०) **शहतूत, तूत;** ~bush बच्चोंका लुकन-मीटीका-सा एक खेल; ~calceulus (चि०) कदम्ब पुष्प सम अश्मरी^F, कैल्शीयम ऑक्सालेटकी पथरी; ~mass (चि०) बुद्बुद, भ्रूणकी प्रारम्भिक स्थिति^F;

~ bramble, ~ cultivation, ~ fruit, ~ purple, ~ silkworm, ~ tree.

mulch मल्च् १. n. छादि, (कृषि०) पलवार, **मल्च,** (नये पौधोंकी जड़ोंके रक्षणार्थ) गीली पत्तियों^F या तिनकों आदिका अवगुण्ठ; घास-पात; २. v.t. छायावरण लगाना, सरपत आदिकी सहायता^Fसे पौधोंकी रक्षा^F करना, **पलवार करना,** घास-पातसे ढाँकना।

mulct मल्क्ट् १. n. दण्ड, अर्थदण्ड, वित्तदण्ड, डाँड़, जुर्माना; २. v.t. अर्थदण्ड देना; जुर्माना करना; (किसी

व्यक्तिको किसी वस्तु^F से) रहित करना, वंचित करना, छीन लेना।

mulctuary –'च्युॲरि a. दण्ड्य, दण्डयुक्त, जुर्मानेवाला।

mule[1] म्यूल् n. अश्वतर, वेश्वर, अश्वखर, **खच्चर**; दोगला जानवर या पौधा; अड़ियल टट्टू; मूर्ख व्यक्ति; मूढ़ या बेवकूफ आदमी; तर्कुयन्त्र, चर्खा, कातनेकी एक विशेष मशीन^F।

mule[2] n. बिना एड़ी^F की चट्टी^F या स्लीपर; ~-spinner चट्टी^F बुननेवाला, स्लीपर बनानेवाला।

muleteer म्यूलिटीॲर् n. खचरवान, खच्चरवाला।

muliebrity म्यूलिऐ'ब्रिटि n. स्त्रैण, स्त्रीत्व, नारीत्व, स्त्रीभाव, जनानापन; (चि०) स्त्रीत्व स्वीकार (पुरुष द्वारा)।

mulish म्यू'लिश् a. खचर जैसा; हठी, दुराग्रही, जिद्दी, अड़ियल, मूढ़; मुँहजोर।

mulishness –निस् n. खचरपन; मूर्खता^F, मूढ़ता^F; दुराग्रह, हठ, अड़ियलपन, जिद्दीपन, बेवकूफी^F।

mull[1] मल् n. (वन०) **मृदु ह्यमस**, मलमल, **मल**।

mull[2] १. n. खिचड़ी^F, घालमेल, गड्डमड्ड, गड़बड़ (*make a ~ of*); २. v.t. गड़बड़ करना, गुड़गोबर एक कर देना, मिला देना; v.i. ⊙ गम्भीर विचार करना, सोचना।

mull[3] n. (स्काट०) अन्तरीप (*M~ of Cantyre*)।

mull[4] n. (स्काट०) सुँघनीदानी^F, सुँघनी^F की शीशी^F या डिबिया^F।

mull[5] v.t. शराब^F में चीनी^F, मसाला, अण्डेकी जरदी^F आदि मिलाकर उष्ण पेय बनाना।

mull[6] ⊙ v.i. (किसी विषय या वस्तु^F पर) चिन्तन करना, विचार करना, ध्यान देना।

mullah, moollah म'ला, मु'ला n. इस्लामी धर्मशास्त्रका विद्वान्, मुल्ला।

mullein म'लिन् n. स्वर्णधान्य, एक प्रकारकी बूटी^F।

muller म'लॅर् n. पेषणी^F, लोढ़ा, बट्टा।

mullet म'लिट् n. मछलियों^F की दो प्रजातियाँ^F (Red, Grey, M~); मलिना।

mulligatawny मलिगॅटॉ'नि n. (~ *soup* भी) स्वादिष्ट चटपटा, पूर्वी भारतका एक चटपटा; ~ paste इस चटपटेको तैयार करनेके लिए गोश्तका शोरबा।

mulligrubs म'लिग्रब्ज् n. (pl.) चित्तग्लानि^F, विषाद, उदासी^F, आत्मा^F का दमन, दिलका बैठ जाना; अन्त्रवेदना^F, अन्त्रशूल, उदरपीड़ा^F, पेटका दर्द।

mullion म'लयॅन् n. खिड़की^F में लगी हुई **छड़**^F, **बिचली लर**^F, **बिचली छड़**^F, खड़ाडण्डा।

mullioned –न्ड् a. छड़दार, डण्डेदार, खड़े डण्डेवाला, सलाखदार।

mullock म'लॅक् n. (आस्ट्रे०) स्वर्णविहीन खान; (बोल०) कूड़ा-करकट।

mulse मल्स' n. मधुमद्य, मधुपेय

mulsh मल्श्= MULCH.

multangular मल्टैन्'ग्यूलॅर् a. बहुकोणीय, बहुकोण, कोणबहुल, अनेक कोणका, बहुभुज।

multarticulate मल्टार्टि'क्यूलॅट् a. अनेकसन्धि, बहुसन्धि, कई जोड़ोंवाला।

multeity मल्टी'इटि n. अनेकस्तर, बहुस्तर, कई परतोंवाला।

multi- बहु-, अनेक (~*atomic*, ~ *engine*, ~ *national*, ~ *nuclear*, ~ *perforate*, ~*point*, ~ *racial*, ~*storeyed*, ~ *union*, ~*vibrator*)।

multicavous मल्टिके'वॅस n. बहुछिद्र, विवरबहुल।

multicellular मॅल्टिसे'ल्युलॅर a. (वन०) बहुकोश, **बहुकौशिक** (~ *gland*), **बहुकोशिकी**^F, अनेककोशा, कई घरोंवाला।

multicipital मल्टिसि'पिटॅल् a. बहुशिर, अनेकशिर, कई सिरवाला।

multicolour मल्'टिकलॅर् n. नानावर्ण, अनेकवर्ण, बहुरंग, कई रंग।

multicoloured –र्ड a. नानावर्ण, रंगबिरंगा।

multicostate मल्टिकॉस्'टॅट् a. (वन०) बहुप्रनाडीक; अनेकपर्शु; कई पसलियोंवाला।

multicraft मल्'टिक्राफ़्ट् a. **बहुशिल्पी** (~*union*)।

multicuspidate मल्टिकस्'पिडेट् a. (जीव वि०) बहुकूट, बहुखराग्र, अनेक दलवाला।

multidentate मल्टिडे'न्'टॅट् a. बहुदशन, अनेकदन्त, कई दाँतवाला।

multidigitate मल्टिडि'जिटॅट् a. अनेकांगुलि, बहु'गुलि, कई अँगुलियोंवाला।

multifarious मल्टिफ़ेॲ'रिॲस् a. नानाविध, **बहुविध**, बहुप्रकार, **बहुमुखी**, बहुरूप, विविध, विभिन्न, अनेक प्रकार, कई प्रकारका; रंग-बिरंग, भाँति-भाँतिका, तरह-तरहका; ~ suit अनेकार्थ वाद; **बहुविधवाद, बहुमुखीवाद**।

multifariousness –निस् n. नानाविधता^F, वैविध्य, **विविधता**^F, **बहुमुखता**^F, **बहुविधता**^F, बहुता^F, बहुलता^F, अनेकता^F।

multifid मल्'टिफ़िड् a. (वन०, चि०) बहुविभक्त, बहुपाश, बहुदर, अनेक भागोंवाला।

multifidis, -us मल्टिफ़ाइ'डिस्, -अस् nn. (चि०) **बहुपाशा** (पेशी^F)।

multifidous –'फ़िडॅस् a. बहुदरीय, बहुपाशीय, अनेक भागोंवाला।

multiflorous मल्टिफ़्लॉ'रॅस् a. अनेकपुष्प, बहुपुष्प, अनेक पुष्पोंवाला (~ *stalk*)।

multifoil मल्'टिफ़ॉएॅल् a. बहुस्तर, **बहुचाप**, अनेक स्तर, कई परदोंवाला।

multifold मल्'टिफ़ोल्ड् a. बहुगुण, अनेक गुणित, कई गुना।

multifoliate मल्टिफ़ो'लिॲट् a. बहुपर्णक, नानादलीय, कई पत्तोंवाला।

multiform मल्'टिफ़ॉर्म् n. बहुरूप, अनेक रूप, अनेकाकार, नानारूप, विविधरूपीय, नानारूपी, अनेक आकारका, अनेक प्रकारका, चित्रविचित्र, बहुविध।

multiformity –'मिटि n. अनेकरूपता^F, नानारूपत्व,

बहुविधता^F, विविधरूपता^F, रूपवाहुल्य, आकारबाहुल्य ।

multigrapher ⊙ मल्टि'ग्रॅफ़ॅर् a. **बहुलेखित्र** ।

multigyrate मल्टिजाइॲ'रॅट् a. बहुभ्रमी, अनेकवलय ।

multijugous मल्टिजू'गॅस् a. (वन०) बहुयुग्मीय, (पत्तोंकी) बहुतसी जोड़ियोंवाला ।

multilateral मल्टिलै'टॅरॅल् a. **बहुपक्षीय, बहुदेशीय,** अनेकराष्ट्रीय (~ *settlement*); बहुपार्श्व, **बहुपार्श्विक,** बहुपार्श्वीय, बहुभुजीय, अनेकभुजीय; ~ school बहुकल्प विद्यालय ।

multilineal मल्टिलि'निॲल् a. बहुरैखिक, अनेक-रेखीय, कई रेखाओं^Fका ।

multilobate मल्टिलो'बॅट् a. बहुखण्ड, अनेक पालियों-वाला ।

multilocular मल्टिलॉ'क्यूलॅर् a. (वन०) बहुगह्वर, बहुकक्षीय, अनेक गह्वरोंवाला ।

multiloquence मल्'टिलॅक्वॅन्स n. बहुभाषण, बहु-शाब्दिकता^F ।

multimillionaire मल्टिमिलयॅनेॲर् n. बहुलक्षपती, करोड़पति, कई लाखका आदमी ।

multinodate मल्टिनो'डॅट् a. बहुग्रन्थिल, बहुत गाँठोंवाला ।

multinomial मल्टिनो'मिॲल् १. n. बहुपदी-व्यंजक; २. a. (ग०) **बहुपद, बहुपदी,** बहुसंज्ञक, बहुनामक (~ *theorem*) ।

multinominal –नॉ'मिनॅल् a. **बहुपदी,** अनेकपदी, अनेक नाम ।

multipara मल्टि'पॅरॅ n. (चि०) **बहुप्रसू^F,** बहुप्रसूता^F, बहुप्रजाता^F स्त्री^F, अनेक बार प्रसूत हुई स्त्री^F ।

multiparity –पै'रिटि n. बहुप्रसवावस्था^F; बहुगर्भ प्रसवावस्था^F, एक प्रसवमें अनेक गर्भोंको जन्म देनेवाली अवस्था^F ।

multiparous –'पॅरॅस् a. (वन०) **बहुसृट्;** (चि०) बहुप्रसवा^F, **बहुप्रसू-,** बहुप्रसवीय, एक प्रसवमें अनेक बच्चे जननेवाली ।

multipartite मल्टिपार्'टाइट् a. बहुभागीय, अनेक भागोंमें विभक्त ।

multiped(e) मल्'टिपे'ड् a. & n. (जीव वि०) अनेकपद, बहुपाद, अनेक पैरोंवाला (जीव०) ।

multiplane मल्'टिप्लेन् n. बहुपक्षीय विमान ।

multiple मल्'टिपॅल् १. n. (रसा०, ग०) **बहुगुण, अपवर्त्य, गुणित, बहुपद, गुणज,** (*14 is a~of 7*); २. a. अनेकतत्त्वीय, अनेकावयव, बहुभागी, बहुखण्डीय; **बहु-, बहुल,** (~*points*); (भौ०) **बहुलित;** सार्वगुणज या अनेकधा, विविध, बहुविध, बहुरूप, विभिन्न, **अनेक,** अनेकरूप, भाँति-भाँतिका, तरह-तरहका, किस्म^F-किस्म^Fका; least common ~ लघुतम समापवर्त्य; ~ amputation अनेकांगच्छेदन; ~ births बहुजन्म, बहुजनन; ~ pregnancy बहुगर्भावस्था^F;

~ accordance, ~ angle, ~ answer, ~ choice, ~ bar, ~ call, ~ charge, ~ coincidence, ~ correlation, ~ cost, ~ cross, ~ currency, ~ echo, ~ exchange, ~ expansion, ~ exposure, ~ factors, ~ fission, ~ frequency table, ~ integral, ~ integration, ~ lines, ~ nature, ~ pad, ~ perforation, ~ personality, ~ planting, ~ pressure, ~ proportion, ~ reflection, ~ regression, ~ root, ~ shop, ~ star, ~ telegram, ~ unit, ~ values, ~ yield.

multiplex मल्'टिप्लेक्स a. अनेकतत्त्वीय, बहुभागीय, बहुतत्त्वीय, **बहुपथ,** नानाविध, बहुविध, बहुरूप, विविध, विभिन्न, अनेक ।

multipliable मल्'टिप्लाइॲबॅल् a. गुण्य, गुणनशक्य, गुणनीय, गुणा करने योग्य; प्रचुरीकरणक्षम, वृद्धि^F करने योग्य ।

multiplicable मल्'टिप्लिकॅबॅल् a. गुणनयोग्य, गुण-नीय, गुणा करने योग्य ।

multiplicand –कॅन्ड् n. (गणि०) **गुण्य,** संख्या^F (जिसको गुणा किया जाय) ।

multiplicate –'टिप्लिकॅट् a. अनेक, अनेकीय, एकसे अधिक ।

multiplication –के'शॅन् n. (गणि०) **गुणन,** गुणा, जरब; गुणनक्रिया^F; वृद्धि^F, बढ़ोतरी^F; ~ cross वज्र गुणन; ~ factor **पुनरुत्पादन गुणक;** ~ table **गुणन सारणी^F; पहाड़ा;** symbol of ~ गुणन-चिह्न, × ।

multiplicative –'टिप्लिकेटिव् a. गुणनशील, **गुणना-त्मक,** गुणक, गुणा करनेवाला, (~ *function*) ।

multiplicator –टॅर् n. गुणक ।

multiplicity –लि'सिटि n. गुणनावस्था^F; अनेकावस्था^F; **बहुकता^F,** बहुलता^F, बाहुल्य, बहुत्व, अनेकत्व, बहुविधता^F, प्राचुर्य, प्रभूतत्व, विविधता^F; विभिन्नता^F, अनेकता^F, आधिक्य, अधिकता^F, बहुतायत^F; *a, the, ~ of* प्राचुर्य, बाहुल्य, अधिकता^F, अधिक संख्या^F ।

multiplier –'टिप्लाइॲर् n. वर्धक, संख्या^Fमें वृद्धि^F करनेवाला, गुणा करनेवाला; पौधोंकी पौध^F बढ़ानेवाला, आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (गणि०) **गुणक,** गुणन-संख्या^F; (विद्यु०, चुम्ब०) बलवर्धक, बल, प्रवाह आदिके घनत्वमें वृद्धि^F करनेका एक यन्त्र या आला ।

multiply –इ v.t. & i. (गणित) **गुणा करना,** जरब करना (*6 ~ied by 4 is 24*); गुणित होना; **संवर्धन करना;** जननक्रिया^F द्वारा संख्या^Fमें वृद्धि^F होना, **बढ़ना,** नस्ल^Fमें बढ़ती होना; जानवरोंकी संख्या^F बढ़ाना; (पशुओंकी) नस्ल^Fमें वृद्धि^F करना; (पौधोंकी) पौध^F **बढ़ाना;** अनेक (उदाहरण) उपस्थित करना, कई (प्रमाण) पेश करना; **नकलें निकालना** ।

multi-ply n. बहुस्तरीय काष्ठ ।

multipolar मल्टिपो'लॅर् a. अनेकध्रुवीय, बहुध्रुवीय, **बहुध्रुवी** ।

multipotent मल्टिपो'टॅन्ट a. बहुकार्यक्षम, बहुसमर्थ,

बहुशक्ति, अनेक कार्य करनेकी शक्तिवाला ।

multipresence मल्टिप्रि'ज़ेन्स् n. बहुस्थानविद्यमानता^F, अनेकस्थानविद्यमानता^F ।

multipresent –न्ट् a. बहुस्थानविद्यमान, अनेकस्थानोंपर उपस्थित ।

multipurpose मल्टिपर्'पॅस् n. & a. बहुप्रयोजन, बहुमुखी, बहुहेतुक, **बहुधंधी**, बहु-उद्देशीय, ~ scheme बहुमुखी योजना^F; ~ school बहुधन्धी विद्यालय ।

multiradiate मल्टिरे'डिॲट् a. बहुकिरण ।

multisect मल्'टिसॅक्ट् v.t. बहुखण्डित करना, कई टुकड़े करना ।

multi-shift मल्'टिशिफ़्ट् (श्रम०) **बहुपारी**^F (~ *system*) ।

multi-stage मल्'टिस्टिज् (अर्थ०, यन्त्र०) **बहुपद** (~ *compresser, system*); **बहुक्रम** (~*sample*) ।

multisonous मल्टिसो'नॅस् n. बहुनाद, बहुध्वनि^F ।

multisulcate मल्टिसल्'कॅट् a. बहुस्रोतीय ।

multisyllable मल्टिसि'लॅबॅल् a. अनेकाक्षर, बह्वक्षर ।

multitude मल्'टिट्यूड् n. बहुसंख्या^F, अधिक संख्या^F, ज्यादा चीज^F; बाहुल्य, बहुलता^F, बहुत्व, बहुविधता^F, विविधता^F, बहुरूपता^F, अनेकरूपता^F, वैभिन्य, विभिन्नता^F, प्राचुर्य, प्रचुरता^F, अनेकता^F, आधिक्य, अधिकता^F; संग्रह; जनसमूह, जनौघ, पुंज, जनसमुद्र, बहुजन, समुच्चय, गण, समवाय, वर्ग, समाज, जनमेलक, जनता^F, जनसमुदाय, जमघट, भीड़^F, भीड़-भड़क्का^F, the ~ सामान्य जनता^F, साधारण लोग, आम पब्लिक^F ।

multitudinism –'डिनिज़्म् n. बहुहितवाद, बहुजनकल्याणवाद ।

multitudinist –निस्ट् n. बहुहितवादी, बहुजनकल्याणवादी, लोकहितके सिद्धान्तका अनुयायी ।

multitudinous –'डिनॅस् a. बहुसंख्यक, असंख्य, प्रचुर, बहुल, अगणित, अधिक, कईगुणा, बहुत, अनगिनत, बेशुमार ।

multitudinousness –नॅस् n. प्रचुरता^F, बहुलत्व, बहुलता^F, बहुतायत^F, अगणितता^F, अधिकता^F, बहुसंख्यकता^F, अनगिनती^F, बेशुमार ।

multivagant मल्टि'वॅगॅन्ट् a. यायावर, घुमक्कड़, आवारा ।

multivalent मल्टि'वॅलॅन्ट् a. (जीववि०, रसा०) बहुयुक्त, अनेकसंयुज, **बहुसंयोज**, **बहुसंयोजक** ।

multivallate ⊙ मल्टिवै'लॅट् a. (इति०) **बहुप्राचीर** ।

multivalved ⊙ मल्टिवॉल्'विॅड् a. (जीववि०) बहुपुट, बहुकपाट ।

multivariate ⊙ मल्टिवै'रिॲट् a. (सांख्यिकी) **बहुचर** (~ *analysis*) ।

multiverbal ⊙ मल्टिवर्'बॅल् a. **अनेकशब्द**, बहुशब्द (~ *term*) ।

multivious मल्टि'विॲस् a. बहुमार्गागामी, अनेक मार्गोंसे आनेवाला ।

'tivocal मॅल्टि'वॅकॅल् a. श्लेषार्थक, अनेकार्थक ।

multocular मल्टॉ'क्यूलॅर a. बहुनेत्र, बहुलोचन, अनेक आँखोंवाला ।

multum मल्'टॅम् n. शराब^F बनानेकी मिलावनी^F ।

multum in parvo (L) n. गागरमें सागर, थोड़ेमें बहुत ।

multungulate मल्टङ्ग'ग्यूलॅट् a. बहुशिफ, अनेकखुर, बहुतसे खुरोंवाला ।

multure मल्'च्यु़अॅर् n. पीसनेवालेको अनाज या आटेके रूपमें दी गयी पिसाई^F, पिसनहारेके हकका आटा या गल्ला ।

mum[1] मम् n. (इति०) एक प्रकारकी मदिरा^F ।

mum[2] v. i. मूक अभिनय करना, चुप स्वाँग खेलना, मूक नाटकमें काम करना ।

mum[3] १. a. अनालाप, नीरव, निःशब्द, मूक, शान्त, चुप, खामोश; २. int. निःशब्द ! शान्त ! चुप ! चुप रहो ! खामोश ! ~'s *the word* चुप रह जाइये ।

mumble मम्'बॅल् १. n. अव्यक्त वचन, अस्पष्ट वाणी^F, मुनमुनाहट^F, बुदबुदाहट^F; २. v.t. & i. अस्पष्ट बोलना, मुँह ही मुँहमें बोलना, चबाकर बात करना, मूँछ^Fके नीचे-नीचे बोलना, मुनमुनाना, बुड़बुड़ाना, बुदबुदाना; मुँह बन्द करके खाना, पपोले मुँहसे खाना या चबाना, पपोलना ।

mumblement –मॅन्ट् n. मुनमुनाना, फुसफुसाना, मन-ही-मन बोलना ।

mumbler –लॅर् n. मुनमुनानेवाला, फुसफुसानेवाला, मन-ही-मन बोलनेवाला ।

Mumbo jumbo मम्'बो जम्'बो n. अफ्रीकी कबीलों द्वारा पूजित होनेवाली भद्दी मूर्त्ति^F; (ला०) मूर्खतापूर्ण आदरकी वस्तु^F ।

mumchance ⊙ मम्'चॅन्स् n. शठ, मूर्ख, मूढ़; किंकर्तव्यविमूढ़, स्तब्ध, चुप, खामोश ।

mumm मम् v.t. चेहरा लगाकर खेल करना, नकाब पहनना ।

mummer –'मॅर् n. दाम्भिक, छद्मवेशी, भण्ड, अभिनेता, अभिनयपात्र, नाटकवाला, भाँड़, नाटकका भड़ुआ; (इति०) मूक अभिनेता ।

mummery –रि n. विडम्बन, माया^F, छल, दम्भ, छद्मवेष, भण्डता^F, बहुरूपियापन, मूक अभिनय, स्वाँग, बहुरूपियेका तमाशा; हास्यपूर्ण प्रथा^F या रस्म ।

mummied ⊙ म'मिड् a. (शव) रक्षित, मसालेमें लिपटा हुआ ।

mummification ममिफ़िके'शॅन् n. मृतकरक्षा^F, सुगन्धित द्रव्यलेप द्वारा लाश^Fका सुरक्षीकरण; परिशोषण, शुष्कीकरण, परिकुंचन, सुखाना; (चि०) गर्भशुष्कीभवन; शुष्ककोथ या कर्दम ।

mummiform –'मिफ़ार्म् a. चिरशवाकार, ममीकी आकृति^Fका ।

mummify –फ़ाइ v.t. शवमें सुगन्धित द्रव्यका लेपकर सुरक्षित रखना, लाश^Fको मसाला लगाकर सुरक्षित करना; शुष्क करना, परिकुंचित करना, सुखाना, झुराना; (चि०) गर्भका सूख जाना ।

mummy[1] –मि n. पुरातन शव, (सुगन्धित द्रव्यलेप द्वारा) सुरक्षित शव, रक्षित मृतशरीर, मसाला लगाकर सुरक्षित लाशF, चिर शव, पुराशव, सुखायी हुई लाशF, **ममी**; गहरा भूरा रंग; *beat to a* ~ कचूमर निकालना, मारमारकर भुर्ता बना देना।

mummy[2] म'मि n. माँF, माईF, अम्माँF, दाईF।

mump[1] मम्प्' v. i. शान्त रूप धारण करना, चुप रहना, चुपचाप बैठना; मनमें कुढ़ना, चुप चुप गुस्से होना, बुड़बुड़ाना, कुड़कुड़ाना, मुँहमें बोलना; चबाना।

mump[2] v. i. भिक्षायाचन करना, भीखF माँगना, भीखF माँगते फिरना, दर-दर फिरना।

mumper –'पॅर् n. भिक्षुक, भिखमंगा, भिखारी, मँगता।

mumping मम्'पिंग् a. शान्त, चुपचाप।

mumpish –पिश् a. तुरन्त रूठनेवाला, तुनुकमिजाज।

mumps मम्प्स्' n. (pl.) (चि०, कृषि०) कर्ण-पूर्व ग्रन्थिशोथ, **कनपेड़**, मम्पस, कनसूएका रोग; आन्तरिक क्रोधका भाव या अवस्थाF, रूठना, कुढ़नF।

mumpsimus मम्प्'सिमॅस् n. प्राचीन व्यक्ति, अप्रसिद्ध व्यक्ति।

munch मन्च्' v.t. & i. चबाकर खाना, चबाना, करर-करर चबाना, चपड़-चपड़ खाना, जुगालीF करना।

Munchausen मॅन्चॉ'ज़न् n. (Baron ~) जर्मन-लेखक आर० ई० रैस्प द्वारा अँग्रेजी भाषाFमें रचित साहसिक कार्योंसे युक्त नायक; अत्युक्तिमय कथाF, अतिशयोक्तिF-युक्त कहानीF।

muncher मन्'चॅर् n. शब्दकर भोक्ता, शब्द करके खानेवाला।

mundane मन्'डेन् a. पार्थिव, ऐहलौकिक, लौकिक, ऐहिक, सांसारिक, दुनियावी; विश्व-सम्बन्धी, सृष्टिF-सम्बन्धी, सृष्टिFका, जगतका।

mundaneness, mundanity –नि'स्, –निटि nn. पार्थिवताF, लौकिकताF, ऐहिकताF, सांसारिकताF, दुनियावीपन।

mundatory⊙ मन्'डॅटॅरि a. स्वच्छकर, साफ करनेवाला।

mundic मन्'डिक् n. लोहेके साथ गन्धकFका मिश्रण।

mundificant –डि'फ़िकॅन्ट् a. शुद्धिकरणीय, शुद्धिकारक।

mundification –के'शॅन् n. शुद्धिकरण।

mundificative –फ़िकॅटिव् a. विशुद्ध, शोधनशील।

mundify –'डिफ़ाइ v.t. शुद्ध करना, विशुद्ध करना।

mundungus मन्डन्'गॅस् n. बदबूदार तम्बाकूF।

munerary म्यु'नॅरॅरि a. उपहाररूप, औपहारिक।

mungo मन्'गो n. एक प्रकारका ऊनी झरझरा कपड़ा, मंगो।

mungoose मङ्ग्'गूस् n. नकुल, नेवला।

municipal म्यूनि'सिपॅल् a. नगरपालिकाF या म्युनिसिपैलिटीF द्वारा संचालित (~ *school*); नगरपालिकाFके अधीन, नगरपालिकाF-, पौरसंघ-विषयक, म्युनिसिपैलिटीFसे सम्बन्धित, म्युनिसिपैलिटीFका; नगरीय, नगर-, पौर, शहरी; ~committee **नगरपालिकाF**, नगर-समितिF; ~ law नगर-पालिकाविधिF, पौरविधान, म्युनिसिपल-कानून, म्युनिसिपैलिटीFका कानून; विशिष्टराज्यका विधान; ~ act, ~ affairs, ~ area, ~ authority, ~ board, ~ bonds, ~ bye-law, ~ commissioner, ~ corporation, ~ council, ~ courts, ~ debt, ~ duty, ~ engineer, ~ establishment, ~ forest, ~ fund, ~ health, ~ institution, ~ law, ~ limits, ~ market, ~ member, ~ official, ~ park, ~ record, ~ register, ~ regulations, ~ revenue, ~ sanitation, ~ tax, ~ town, ~ trading, ~ tramways, ~ undertaking, ~ vaccinator, ~ veto, ~ water-supply.

municipalism –लिज़्म् n. नगरपालिकावाद, पौरसंघवाद, नगरपालिकाFका नियम।

municipalist –लिस्ट n. नगरपालिकावादी, पौरसंघवादी।

municipality –पै'लिटि n. **नगरपालिकाF**, पौरसंघ, पौरपरिषद्F, पौरसभाF, नगरसभाF, म्युनिसिपैलिटीF; नगरपालिकावाला नगर।

municipalization –सिपॅलाइज़े'शॅन् n. नगरपालिकीकरण, नगरपालिकाFके अधिकार या शासनमें लाना।

municipalize –सिपॅलाइज़् v.t. नगरपालिकाFका शासन करना, नगरपालिकाF शासनके अधीन लाना।

munificence म्यूनि'फ़िसॅन्स् n. वदान्यताF, औदार्य, अत्युदारताF, दयालुताF, दानशौर्य, दानशीलताF, उदारताF।

munificent –न्ट् a. वदान्य, दानशूर, दयालु, दानशील, अत्युदार, दाता, दानी।

munifience⊙ म्यूनि'फिॲन्स् n. सुरक्षाF, दृढ़ताF, गढ़बन्दीF, मजबूतीF, किलाबन्दीF।

munify म्यू'निफ़ाइ v.t. सुरक्षित करना, दृढ़ बनाना, मजबूत करना, गढ़बन्दीF करना, किलाबन्दीF करना।

muniment म्यू'निमॅन्ट् n. (प्रायः pl.) अधिकार पत्र, अधिकारों या विशेषाधिकारोंके साक्ष्यस्वरूप प्रलेख या दस्तावेज; बचाव, आड़F, धुस्स, गढ़ीF, मोर्चा।

munition म्यूनि'शॅन् १. n. (pl.) अस्त्रक, सैन्यशस्त्रास्त्र, गोलाबारूद (*Ministry* etc. *of* ~*s*); (प्रा०) युद्धसामग्रीF, लड़ाईFके सामान या हथियार; २. v.t. युद्धसामग्रीF जुटाना, गोलाबारूदF जुटाना, लड़ाईFके सामान सप्लाईF करना।

munitioner –नॅर् n. शस्त्रास्त्रके कारखानेका मजदूर।

munitions –न्स् n. pl. संगरोपकरण, युद्धसामग्रीF।

munity म्यू'निटि n. (चि०) अरोगक्षमताF, उपसर्गग्राहिताF।

munnion⊙ म'न्यॅन् n. (स्था०) **मध्याF, बिचली लरF**; (खिड़कीFका) डण्डा।

munshi मून्'शि n. मुंशी।

muntin n. (स्था०) **मध्याF, बिचली लड़F**।

muntjak मन्ट्'जैक् n. मुंजक हरिण, एक छोटा हिरन।

murage म्युअॅ'रिज् n. भित्ति-शुल्क, भवन-कर।

mural –रॅल् १. n. **भित्ति**F**-चित्र,** दीवालFपरकी चित्रकारीF आदि ⊙; २. a. भित्ति-, भित्तिF-सम्बन्धी, भीतFका, दीवालFके सदृश, दीवालFसे सम्बन्धित, दीवालFपरका (~ *paintings*)।

murder[1] मर्'डॅर् n. हनन, **हत्या**F, घातF, **वध,** सूदन, हिंसा, कत्ल, **खून;** *cry blue* ~ व्यर्थ शोर मचाना, खाली चिल्लाना, बेकारका हल्ला करना, खाहमखाह शोर मचा देना, अकारण हाय-हाय करना; ~ ! हत्याF ! वध ! खून !; ~ *will out* वध अगोप्य है, खून कभी छिपाया नहीं जा सकता है, खून सर चढ़कर बोलता है; *the* ~ *is out* रहस्य ज्ञात हो गया, भेद खुल गया, बातF खुल गयी।

murder[2] v.t. हत्याF करना, वध करना, मार डालना, खून करना, कत्ल करना; निर्दयतापूर्ण हिंसाF करना, बेरहमीFसे कत्ल करना; कामका सत्यानाश करना, बर्बाद करना; भाषाFके स्वरूपको बिगाड़ देना, (भाषाFकी) टाँगF तोड़ना।

murderer –रॅर् n. हन्ता, घातक, वधकारी, मारक, सूदक, **हत्यारा,** हिंसक, **खूनी,** कातिल।

murderess –रिस् n. घातिकाF, घातिनीF, हत्यारिनF, हिंसिकाF, खून करनेवालीF।

murderous –रॅस् a. (व्यक्ति, अस्त्र, कार्य आदि) जिघांसु, वधोद्यत, वधैषी, हिंसक, हिंसाकर्ता, हिंसालु, हिंसाबुद्धि, हन्तुकाम, वधकर्ता, घातक, प्राणान्तक, घातुकी, जीवनाशी, मारात्मक, निर्दय, निष्ठुर, दारुण, हत्यारा, खूनी, खुनेरा, खूँख्वार, कातिल।

mure म्युअॅर् v.t. कारावासमें रखना, बन्द करना, कैदF करना।

murex म्युअॅ'रेक्स् n. (pl. *-ices, -xes*) जम्बुमन्थर (मत्स्य), घोंघेदार मछलीF।

muriate म्युअॅ'रिॲट् n. विडीय, हरिद, अम्ललवण, क्लोराइड, T.

muriated –एटि'ड् a. विडीयित, क्लोराइड-युक्त।

muriatic –ऐ'टिक् a. समुद्र लवण-, विडीयिक; ~ acid (वाणि०, रसा०) लवणाम्ल, हाइड्रोक्लोराइड एसिड, T.

muricate म्यू'रिकॅट v.t. (नुकीली वस्तु'से) छेड़ना, उत्तेजित करना।

muriculate म्यूरि'क्यूलॅट् a. (वन०) छोटे-छोटे काँटों-वाला ; गुमड़ीदार।

muriform म्यू'रिफ़ार्म् a. भित्तिरूप; गुमड़ीरूप।

murine म्यू'रिन् a. मूषकवत, मूषक-पीड़क, मूष-सम्बन्धी।

muriti –रिटी n. (ब्राज़ीलका बड़े पत्तेवाला) ताड़, तालवृक्ष.।

murk, mirk मर्क्, मर्क्' aa. अँधेरा, धुँधला।

murkiness मर्'किनिस् n. निविड़ताF, तमोमयताF, अन्धकारमयताF, धुँधलापन, अँधेरा।

murky–कि a. निविड़, तमोमय, अन्धकारमय, अन्धकार-पूर्ण, घना, धुँधला, अँधेरा।

murmur[1] मर्'मॅर् n. गुनगुनाहटF, बुदबुदाहटF, कुर-बुराहटF; फुसफुसाहटF; कानाफूसीF; **मर्मर,** मरमर-ध्वनिF, कलकलF, भिनभिनाहटF; कड़कड़ाहटF, बड़बड़ाहटF; स्रोतों या तरंगोंF आदिके प्रवाहकी गम्भीर ध्वनिF, सरसराहटF।

murmur[2] v.t. & i. गुनगुनाना, ओठोंके नीचे बातF करना, बुदबुदाना, फुसफुसाना, बुरबुराना, कुरबुराना, कुरकुराना; भनभनाना, बड़बड़ाना, कड़कड़ाना; मन्द ध्वनि करना, सरसराना, सरसर बहना।

murmerer –रॅर् n. बड़बड़ानेवाला; शिकायतF करने-वाला।

murmurous –रॅस् a. बड़बड़ाहटFका, बड़बड़ाहटवाला।

Murphid मरफिड् n. (ज्यौ०) **सप्तम भूतेश; मरफ़िद।**

murphy मर्'फि n. (ग्रा०) आलू।

murrain म'रिन् n. जानवरोंका एक संक्रामक रोग, पशुओंकी महामारीF, मारीF, छुआछूतFकी बीमारीF; *a* ~ *on you* ! भगवान् करे तेरा नाश हो जाय ! तुम्हारे ऊपर गाजF पड़े।

murrey म'रि a. न्युद्रक्त, शहतूतके रंगका।

murrhine म'रिन्, -राइन् n. चीनी मिट्टीFका पात्र; ~ glass चीनी शीशा।

Murzim मॅर्ज़िम् n. (ज्यौ०) **मरज़िम, द्वितीय बृहत् श्वान।**

mus. music; museum.

Mus.B.,Mus.Bac. Bachelor of Music.

Musca n. (ज्यौ०) **मक्षिका**F**; मस्का**F।

muscadel मस्कॅडे'ल् n. = MUSCATEL.

muscadine मस्'कॅडाइ(डि)न् n. भीनी सुगन्धियुक्त अंगूरविशेष, कस्तूरीFकी सुगन्धवाला अंगूर; अंगूरी शराबF।

muscardine मस्'कर्डिन् n. रेशमके कीड़ोंकी बीमारीF, (कृषि०) **श्वेतमारी**F।

muscat, muscatel, muscadel मस'कैट्, मॅस्कॅ-टे'ल्, मस्कॅडे'ल् nn. कस्तूरीFकी सुगन्धिवाला अंगूर, मुश्कबू अंगूर; इस अंगूरकी बहुत मीठी शराबF; इसकी किशमिशF।

muscle* म'सॅल् १. n. (चि०, जीव०) **पेशी**F*, मांस-पेशीF, पेशीतन्तु; २. v.i. ~-bound अधिक व्यायामके कारण कठोर मांसपेशीवाला; ~ *in* ⊙ अनधिकार प्रवेश करना, (अन्दरकी ओर) जबरदस्ती मार्ग बनाना; *not move a* ~ सर्वथा निष्कम्प होना; पूर्ण शान्त रहना; ~cell, ~corpuscle, ~curve, ~fibre, ~plate, ~sense, ~tonus.

muscled –ड a. मांस-पेशीF-युक्त।

muscleless –ल्'लिस् a. पेशीहीन, पेशीतन्तुविहीन, बिना पट्ठेका।

muscoid मस्'काइड् a. (वन०) शैवाल-, शैवाल-सदृश।

muscology मस्कॉ'लॅजि n. शैवालविज्ञान।

muscovado मस्कॅवा'डो n. अशुद्ध शर्कराF, साफ न की हुई शक्करF।

muscovite[1] मस्'कॅवाइट् n. अभ्रिज, **श्वेत अबरक**

(अभ्रक), मामूली अवरक, T.

Muscovite² १. n. रूसदेशीय व्यक्ति, रूसी; रूस देशकी भाषा^F; २. a. रूस-सम्बन्धी, रूसी।

Muscovy मस्'कॅवि n. (प्रा०) रूस; ~duck = MUSK-duck.

muscular मस्'क्यूलॅर् a. (चि०) **पेशी-, पेशीय,** मांस-पेशीय, पैशिक (क्रियाशीलता); मांसपेशी^Fसे सम्बन्धित, पट्ठेका; उपचितगात्र, **मांसल,** सुविकसित मांसपेशीवाला; दृढ़ांग, गठीला, पुष्ट, पक्का, गठा हुआ; ~apathy पेशी^F-क्षीणता; ~Christianity (किंगस्लेकी कृतियों^Fमें) आदर्श धार्मिक भाव;

~action, ~activity, ~atrophy, ~coat, ~coordination, ~fibre, ~mass, ~movement, ~ power, ~rigidity, ~sac, ~sensation, ~sense, ~system, ~tissue, ~tone, ~twitching.

muscularity –लै'रिटि n. पैशिकता^F, पेशीयता^F, हृष्टता^F, पुष्टता^F, मांसलता^F, गठीलापन।

musculation –ले'शॅन् n. पेशी^F-तन्त्र, **पेशी^F-विन्यास,** समग्र पेशी^F-रचना^F।

musculature –क्यूलॅच्युअॅर् n. = MUSCULATION.

musculo-cutaneous –क्यूलो-क्यूटेनिअॅस् a. (चि०, जीव०) **पेशीत्वचीय,** T, (~*nerve, vein*)।

Mus. D. Doctor of Music.

muse¹ म्यूज़्' (का०) कवि, शायर; *The M ~s* कविता^F, संगीत आदिकी प्रेरक नौ देवियाँ^F (*Calliope, Clio, Erato, Euterpe, Melpomene, Polyhymnia, Terpsichore, Thalia, Urania*); *the ~* सरस्वती^F, भारती^F, वाग्देवता, काव्यदेवता, काव्यप्रतिभा^F।

muse² १. n. (प्रा०) चिन्ता^F, ध्यान; ख्याल; सोच, खिन्नता^F, उदासी^F, अनमनापन; २. v.i. गम्भीर विचार करना, मनन करना, चिन्तन करना, ध्यान लगाना; (दृश्य आदिको) ध्यानपूर्वक देखना, आँखें^F फाड़-फाड़कर देखना, गौरसे देखना।

museful –फ़ुल् a. चिन्तित, चिन्तनपर, ध्यानमग्न।

museless –लिॅस् a. अभावुक, असहृदय, हृदयहीन; अरसिक, अरसज्ञ, काव्य-सौन्दर्यपर विचार न करनेवाला; विचारशून्य।

muser –ज़ॅर् n. चिन्तक, चिन्तनपर व्यक्ति, ध्यानमग्न मनुष्य।

musette म्यूजे'ट् n. एक मशकबीन^F; मशकबीन^Fकी ध्वनि^Fके सदृश सुरीली कोमल लय^F या राग; इस लय^Fपर होनेवाला नृत्य; अरगन बाजेका पर्दा।

museum म्यूज़ी'अॅम् n. कौतुकालय, कौतुकागार, कौतुक-भण्डार, **संग्रहालय, अजायबघर,** अजायबखाना।

mush¹ मश् n. (उत्तरी अमरीका) एक रबड़ी^F या लपसी^F, एक दलिया; **झूशकार;** मुलायम गूदा, नरम मगज।

mush² n. (ग्रा०) आतपत्र, छाता, छतरी^F; किरायेकी गाड़ीवाला, गाड़ी^Fका मालिक।

mushiness –'शिनिॅस् n. लपसी^Fकी तरह होना, मुलायम गूदेकी तरहका पिलपिलापन।

mushroom मश्'रूम् १. n. (चि०, वन०) छत्र, कवक, **छत्रक,** गगनधूल, साँपकी छतरी^F, **खुम्बी^F, खुम्भी^F, कुकुरमुत्ता;** (ला०) सहसा उन्नतावस्था^Fको प्राप्त व्यक्ति, नवधनी, नौ-दौलत, नया नवाब, कलका रईस; (बोल०) औरतों^Fकी चटाई^Fकी टोपी^F; २. v. i. साँपकी छतरी^F बटोरना, कुकुरमुत्ते इकट्ठा करना; (गोली^Fका) फैलकर चपटा हो जाना; ३. a. छत्रकसदृश, क्षणध्वंसी, आशुवर्धी; ~gland छत्रक-ग्रन्थि^F; ~growth अल्पकालीन वृद्धि^F, आकस्मिक वृद्धि^F; बरसाती मेढ़क या मच्छरकी तरह बाढ़^F; ~head (नौवि०) **घुमट;** (यन्त्र०) **छतरा सिरा।**

mushroomed ⊙ –ड् a. विस्तृत, फैला हुआ, छितरा हुआ।

mushy म'शि a. गूदेदार, गूदेवाला।

music* म्यू'ज़िक् n. संगीतशास्त्र, संगीतविद्या^F, गन्धर्व-विद्या^F, वादनविद्या^F, गानविद्या^F, वाद्यविद्या^F, संगीत* (*instrumental, vocal ~*) सुरीली ध्वनियाँ^F, संगीत-मय ध्वनियाँ^F, लय^F, सुर, राग; रागकी मुद्रित या लिखित लिपि^F; ~-book संगीत-पुस्तक^F; ~box ⊙ = MUSICAL (BOX); ~- hall संगीतशाला^F, संगीतभवन; ~-paper संगीत पुनर्लेखनके लिए रेखांकित कागज; ~- stool पियानोकी तिपाई^F; rough ~ हुल्लड़; *face the ~* समालोचकोंका सामना करना; *set to ~* (कविता^F आदिको) लय^Fमें ढालना, लय^F मिलाना, तान^Fपर बैठाना।

musical–कॅल् १. n. (बोल०) संगीतात्मक चित्रपट, संगीत-मय फिल्म^F; २. a. **संगीत-,** संगीत-विषयक, संगीत-सम्बन्धी; (ध्वनि^F स्वर आदि) **संगीतमय,** सुस्वर, रागयुक्त, लययुक्त, मधुर, सुरीला, गानेका, मीठा; संगीतज्ञ, संगीतप्रवीण, संगीत-कुशल, संगीतप्रिय, संगीतका शौकीन; तान^Fपर बैठाया हुआ, तरानेमें ढला हुआ; ~box दस्ती अरगन बाजा; ~chairs कुर्सी^F बदलनेका खेल; ~ comedy संगीत, नृत्य आदि सहित सुखान्त नाटक; ~ flame **गायक ज्वाला^F;** ~glasses एक बाजा; ~score स्वरलिपि^F;

~ability, ~acoustics, ~ appreciation, ~clock, ~echo, ~feature, ~flame, ~instruments, ~ interlude, ~ interval, ~notation, ~ note, ~ performance, ~scale, ~sound, ~studio, ~time, ~variety.

musicale ⊙ –काल् n. संगीत समारोह, संगीतमय उत्सव।

musicality, musicalness –कै'लिटि, –निॅस् nn. संगीतमयता^F, संगीतप्रियता^F, रागमयता^F, लययुक्तता^F, संगीतज्ञता^F, संगीतकुशलता^F, मधुरता^F, सुरीलापन, मीठापन।

musician –ज़ि'शॅन् n. संगीतशास्त्री, संगीतज्ञ, संगीत-वेत्ता, सांगीतिक, वादित्र-कुशल, वादक, सुस्वराभिज्ञ, गायक; गायक, गाता, गवय्या।

musicianly –लि a. गायकीय, संगीतशास्त्रीय, गवय्येके

अनुरूप, गायक जैसा।
musicological –ज़िकॉलॉ'ज़िकॅल् a. संगीतशास्त्रीय, संगीत-विद्या-विषयक, सांगीतिक।
musicologist –कॉ'लॅजिस्ट् n. संगीतज्ञ, संगीतशास्त्री।
musicology –जि n. संगीतशास्त्र, संगीतविज्ञान, संगीत-विद्या^F।
musicomania –कॅमे'निॲ n. संगीतोन्माद।
musing म्यू'ज़िंग् n. ध्यान, चिन्तन, एकाग्रचित्तता^F।
musk मस्क्' n. मृगमद, मृगनाभि^F, कस्तूरिका^F, कस्तूरी^F, मुश्क^F; कस्तूरी पौधा, मुश्कबू पौधा; ~-deer गन्धमृग, कस्तूरी मृग, कस्तूरा; ~-duck अमरीकाके उष्णप्रदेशकी बतख^F, आस्ट्रेलियाकी बतख^F; गन्धहंसक; ~melon (कृषि०) सरदा, **खरबूजा**; ~-ox अमरीकाके ध्रुवीयप्रदेशका बैल; ~-rat गन्धाखु, छछूँदर^F; इसकी खाल^F; ~-root जटामासी^F; ~-rose झाड़ीदार गुलाब;
~beaver, ~-mallow, ~-pear, ~-shrew, ~-thistle.
musket मस'किट् n. तुपक, नलिका^F, नाली^F, (पैदल सिपाहियोंकी दस्ती) बन्दूक^F।
musketeer –टीॲर् n. (इति०) बन्दूक^F लेकर चलनेवाला सैनिक, बन्दूकिया, बन्दूकची।
musketoon, musquetoon–टून्' nn. छोटी दस्ती बन्दूक^F; बन्दूकचा।
musketry –किट्रि n. दस्ती बन्दूकें^F; नलिकाभ्यास, बन्दूक^F चलानेकी कला^F, बन्दूकबाजी^F, चाँदमारी^F; बन्दूकचियोंका दस्ता; (सेना०) राइफल^F चलानेकी शिक्षा^F या अभ्यास;
~course, ~practice, ~prize, ~prize allowance.
muskiness मस्'किनि`स् n. कस्तूरीपन, कस्तूरी^Fके गुण।
musky –कि a. मृगनाभिगन्धि, कस्तूरी-वासित, कस्तूरी-युक्त, कस्तूरी^Fकी-सी गन्धवाला, सुगन्धित, खुशबूदार।
Muslim मज़्'लिम् n. मुसलमान, मुसलिम।
muslin मज़्'लिन् १. n. अंशुक; सूक्ष्मांशुक, सूक्ष्मवस्त्र, मलमल, तनजेब; २. a. आंशुक, मलमली।
muslined –ड् a. मलमली, तनजेबी।
muslinet मज़्लिने`ट् n. एक प्रकारकी मोटी मसनद^F।
musquash मस्'कॉश् n. छछूँदर^F; छछूँदर^Fका समूर या खाल^F।
muss मस n. उपद्रव, छीनाझपटी^F, हाथापायी^F।
mussel म'सॅल् n. **शम्बुक**^F, सीपदार मछली^F, **सीपी**^F, सीप^Fकी जाति^Fका कीड़ा, **मुसेल**, ~plum गहरे बैंगनी रंगका आलूचा, बैंगनी आलू बुखारा।
mussitation मसिटे'शॅन् n. (चि०) अस्पष्ट प्रलाप^F (बिना आवाजी होंठ हिलाना), बड़बड़ाहट^F।
mussuck म'सॅक् n. मशक, पानी भरनेका चर्मस्यून।
Mussulman म'सॅल्मन् n. (pl. -s) यवन, मुसलमान।
must[1] मस्ट् n. द्राक्षारस, कच्ची शराब^F; नवीन मदिरा^F, नयी या ताजी शराब^F, ठर्रा।
must[2] n. फफूँदी^F, भुकड़ी^F।
must[3] v.i. & t. फफूँदी^F लगना, उमसना, औसना, फफूँदी^F लगाना।
must[4] १. n. मदोन्मत्तता^F, मद, मस्ती^F; २. a. (हाथी और ऊँट) मदमत्त, मदोत्तेजित, मस्त।
must[5] v. aux. अवश्य, आवश्यक है, चाहिये, होगा, पड़ेगा, लाजिम है, जरूरी है, होना है (*you~find it*); अवश्यम्भावी होना, निश्चित होना, पक्का होना (*you~lose, whichever happens*); *he~be mad* वह अवश्य पागल है।
mustache = MOUSTACHE.
mustachio मॅस्टा'शो n. (प्रा०; pl. -s) मुच्छ^F, मूँछ^F, मोंछ^F, मोंछा।
mustachioed –ड् a. मूँछदार, मूँछवाला।
mustang मस्'टैन्ग् n. मसतुरंग, मेक्सिको और कैलीफोर्नियाका जंगली घोड़ा; ~ grape टेक्सस (Taxas) का छोटा लाल अँगूर।
mustard मस्'टॅड् n. सर्षप, राजिका^F, **राई**^F, **सरसों**^F, सरसों^Fका पौधा; (संयुक्तराष्ट्र अमरीका; ला०, ग्रा०) सुस्वादु वस्तु^F, स्वादिष्ट चीज^F; रोचक व्यक्ति, मजेदार आदमी; French ~ सिरका मिली राई^F या सरसों^F; ~ gas सर्षपवाति^F, एक तरल विषैली गैस^F; black ~ (वन०) **कृष्णसर्षप, राई**^F; ~ aphis **लाही**^F; *grain of ~ seed* राई^Fका दाना, छोटीवस्तु^F;
~ cake, ~ family, ~ gas, ~ oil, ~ plaster, ~-pot, ~ sawfly, ~ tree, ~ yellow.
muster[1] मस्'टॅर् n. गणना^F, गिनती^F, हाजिरी^F, जोड़मेल; (निरीक्षण या मुआयने आदिके लिए लोगोंका) इकट्ठा होना; समागम, समुदाय, समूह, जमघट; (~ parade); **सूची**^F; ~board **नामावली**^F**-पट्ट**; ~-book सैनिक-प्रपंजी^F, हाजिरी^F-रजिस्टर; ~-roll **उपस्थिति**^F**-नामावली**^F, परिगणन पट्ट, उपस्थितिपत्र, संनामावली^F, हाजिरी^Fका **चिट्ठा**; *pass ~* पर्याप्त माना जाना, पसन्द होना, काफी होना।
muster[2] v t. & i. हाजिरी^F लेना; **भरती^F करना**, (उपस्थिति^F लेनेके लिए या निरीक्षणार्थ) इकट्ठा करना, संख्या^F गिनना, गिनती^F लेना, चेहरा लिखना; एकत्र करना या होना, **इकट्ठा** करना या **होना**, जमा करना या होना, जुड़ना या **जुटाना**, बटुरना या बटोरना; शक्ति^F इकट्ठा करना, साहस करना, हिम्मत^F बाँधना, ताकत^F बटोरना, जोर करना; ~ *into service* सेना^Fमें भरती^F करना।
mustiness मस्'टिनि`स् n. फफूँदीदार अवस्था^F, फफूँदी^F लगा होना, भुकड़ीदार होना; उमसापन, बासीपन; पुरानापन।
musty –टि a. **फफूँदीदार**, भुकड़ीदार; बासी स्वादवाला, उमसा हुआ; (ला०) पुराना, बासी, सड़ा; निःस्वाद, विरस, निस्सार, बिगड़ा हुआ; अप्रचलित; ~ taint (कृषि०) **फफूँदी गन्ध**^F।
mutability म्यूटॅबि'लिटि n. चंचलता^F, चपलता^F,

अस्थिरता[F], अव्यवस्था[F]; उत्परिवर्त्यता[F], विकारशीलता[F], परिवर्तनीयता[F], परिवर्तनशीलता[F]; चंचलबुद्धिता[F]।

mutable –'टॅबॅल् a. चंचल, चपल, अस्थायी, अनियत, अस्थिर, अव्यवस्थित, चंचलबुद्धि, चंचलवृत्ति, क्षणिकबुद्धि, परिवर्तनशील, परिवर्तनीय, विकारवान्, अन्तरणीय, वदलने योग्य, वदलनेवाला; परिणामप्रवण, परिणामशील, परिणामस्वभाव, विकारशील।

mutableness –निॅस् n. = MUTABILITY.

mutant –टॅन्ट् a. & n. (जीव०, कृषि०) **उद्भेदी, उत्परिवर्ती** (~ *form*), परिवर्तित वस्तु[F]; (जीवविं०) उत्परिवर्ती पक्षी, परिवर्तनोत्पन्न जाति[F]।

mutation –'शॅन् n. (चि०) गर्भगति विकार; (पशु-पालन, कृषि०) **गुणक्रान्ति[F], उत्परिवर्तन,** नामान्तरण, परिवर्तन, (वन०) **गुरुपरिवर्तन,** विकार, विक्रिया[F], अदल-वदल, तवदीली[F], दाखिलखारिज; (प्राणिवि०) **उद्भेदन,** नवोद्भव, नवोत्पत्ति[F], T;
~ case, ~ clerk, ~ entry, ~ lethal, ~ pressure, ~ proceedings, ~ rate, ~ register fees, ~ theory, ~ trend.

mutationist –निस्ट् n. (जीव०) **उत्परिवर्तनवादी।**

mutatis mutandis (L) adv. आवश्यक परिवर्तन सहित, **यथापरिवर्तित रूपसें।**

mutative –'टॅटिव् a. परिवर्तनशील, नामान्तरणीय, नामान्तरण-सम्बन्धी; उत्परिवर्तनीय, आकस्मिक परिवर्तन-सम्बन्धी।

mutato nomine (L) नामका परिवर्तन मात्र करके।

mutch मच् n. (स्त्रियों[F]की) एक प्रकारकी टोपी[F]।

mutchkin मच्'किन् n. (एक प्रकारका) स्कॉट द्रव-मापक।

mute[1] म्यूट् १. n. स्पर्श व्यंजन; मूक अभिनेता या ऐक्टर; मौनी, मूक या गूँगा व्यक्ति; (पूर्वीय देशोंमें) चुप्पा नौकर; किरायेपर रोनेवाला आदमी, किरायेका मातमदार; (वाजोंकी आवाज[F]को) कम करनेकी गद्दी[F], (वेला[F] आदिके तारोंके अनुनादको) मन्द करनेकी क्लिप[F]; २. a. (व्यंजन) स्पर्श (*b, p, ph, d* आदि); अनुच्चारित; (व्यक्ति या पशु) नीरव, वाणीहीन, अवाक्, वाक्शून्य, **मूक,** चुप्पा, चुप-चाप[F], अव्यक्तध्वनि[F], गूँगा (~*print*); अस्पष्ट ध्वनि[F]से युक्त; शान्त, मौन, चुप, खामोश; निःशब्द (~*appeal*); (शिकारी कुत्ता) जो भूँकता न हो; *stand ~of malice* (कानून) प्रतिवाद न करना, प्रत्युत्तर देनेसे इन्कार करना।

mute[2] v.t. (वाजेकी ध्वनि[F]को) मन्द करना, धीमा करना, दवाना।

mute[3] n. पुरीष, वीठ।

mute[4] v.t. & i. (पक्षीका) पाखाना करना, चिरकना, हगना, वीठ करना।

muteness म्यूट्'निॅस् n. वाक्शून्यता[F], ध्वनिहीनता[F], वाक्स्तम्भ, वागभाव, मौनभाव, मूकभाव, जाड्य, मूकता[F], नीरवता[F]; शान्ति[F], गूँगापन, खामोशी[F]।

muticous म्यू'टिकॅस् a. (वन०) **कुंठित, खुटला।**

mutilate म्यू'टिलेट् v.t. विकलांग करना, **विकृत करना,** अंग-भंग करना, अंगविच्छेद करना, हाथ-पाँव काट लेना, हाथ-पाँव वेकार कर देना, लँगड़ा-लूला करना; पुस्तक[F]का कुछ अंश काटकर अपूर्ण कर देना, खण्डित करना, काटकूट करना।

mutilated –लेटिॅड् a. **विकृत,** क्षतविक्षत, विकलांग, विच्छिन्न, छिन्नभिन्न, खण्डित, लँगड़ा-लूला, कटा-छँटा, **कटा-फटा,** फटा-टूटा;
~ bill, ~ cheque, ~ group, ~ note, ~ telegram, ~ ticket.

mutilation –ले'शॅन् n. अंगच्छेदन, अंगविच्छेद, अंगकर्तन, अवयवच्छेद, व्यंगीकरण, **अंगभंग,** खण्डन, अंगका कटाव, काट-छाँट; **विकृति[F],** विकार, विकलन।

mutilator –'टिलेटॅर् n. अंगच्छेदक, अंग काटनेवाला, हाथ-पाँव काटनेवाला, काट-छाँट[F] करनेवाला, गद्दार।

mutineer म्यूटिनीॲर् n. क्रान्तिकारी, विद्रोही, दंगा करनेवाला, वलवाई, वागी, वगावत[F] करनेवाला।

mutinous –'टिनॅस् a. क्रान्तिकारी, **विद्रोही,** दंगा करनेवाला, वलवाई, वागी, वगावत[F] करनेवाला, (~ *crew*)।

mutinousness –निॅस् n. विद्रोहशीलता[F], विद्रोह-मयता[F], वागीपन।

mutiny –नि १. n. क्रान्ति[F], **विद्रोह,** सैन्यद्रोह, **वगावत[F], गदर;** २. v.t. क्रान्ति[F] करना, विद्रोह करना, सैन्यद्रोह करना, वगावत[F] करना, गदर करना।

mutism म्यू'टिज़्म् n. मूकता[F], मौनता[F], चुप; मौन।

muto- परिवर्तन-, परिवर्तक- (~ *graph*, ~ *scope*, ~ *scopic*)।

mutoscope म्यू'टॅस्कोप् n. चलचित्र-प्रदर्शनका पूर्वरूप।

mutt ⊙ मट् n. = ASS.

mutter म'टॅर् १. n. अस्पष्ट भाषण, गुनगुनाहट[F], भुनभुनाहट[F], वड़वड़ाहट[F], कड़कड़ाहट[F]; गुनगुनाये या भुनभुनाये हुए शब्द; २. v.t. & i. (कोई वात[F]) धीरेसे कहना, आहिस्तासे कहना; धीरे-धीरे वोलना, मुँह-ही-मुँहमें वोलना, गुनगुनाना, भुनभुनाना, वुदवुदाना, वड़वड़ाना, कड़कड़ाना, वरवराना, कुड़वुड़ाना, चुपके-चुपके शिकायत[F] करना; (ला०) घुसर-फुसर करना, काना-फूसी[F] करना, कानमें कहना, चुपकेसे कहना, कानमें फूँकना।

mutterer –रॅर् n. अस्पष्टभाषी व्यक्ति, अस्पष्ट वोलने-वाला आदमी, वड़वड़िया, भुनभुनानेवाला।

muttering –रिंग् n. अस्पष्ट भाषण, अव्यक्त उच्चारण, वुड़वुड़ाहट[F], गुनगुनाहट[F], भुनभुनाहट[F]।

mutton म'टॅन् n. अविमांस, मेषमांस, भेड़का मांस या या गोश्त; **भेड़[F] वकरी[F]का मांस;** (हास्य०) मेष[F], भेड़[F]; ~ chop भेड़[F]के मांसकी भूनी[F] या तली हुई टिकिया[F], मटन चाप; ~-fist लम्वा पुष्ट हाथ; ~-head (वोल०) मन्दमति, मूर्ख व्यक्ति, मन्दवुद्धि या जड़वुद्धि व्यक्ति, वेवकूफ आदमी; *dead as ~* सर्वथा मृत, विलकुल मुर्दा, विलकुल मरा हुआ; *~ dressed like lamb* वुढ़िया[F] नवयुवती[F]के वेशमें; *to our ~s* अपने विषयपर आओ,

अपने मतलबकी बातF करो।

muttony –नि a. मेषमांसवत्; भेड़Fके गोश्तका-सा।

mutual म्यू'च्यूअॅल् a. (कार्य, भाव आदि) अन्योन्य, **पारस्परिक,** परस्पर, इतरेतर, आपसका, एक-दूसरेका, **आपसी;** सम्मिलित, साझेका, (*our* ~ *friend*); ~ admiration society परस्पर प्रशंसक समाज, आपसमें एकदूसरेके गुणोंका प्रचार करनेवालोंका समुदाय;
necromantic –न्'टिक् a. ऐन्द्रजालिक, मन्त्रतन्त्रीय, पिशाचविद्या^F-सम्बन्धी, जादू-सम्बन्धी।

necrophagous नेॅक्रॉ'फॅगॅस् a. शवाहारी, शवभक्षी, मुरदा खानेवाला।

necrophilia नेॅक्रॅफि'लिॲ n. = NECROPHILISM.

necrophilism –क्रॉ'फिलिज़्म् n. शवप्रेम, शवकामुकता^F, मुर्देबाजी।

necrophilous –लॅस् a. (चि०) शवकामुक, मुर्देबाज।

necrophobia नेॅक्रॅफो'बिॲ n. शवभीति^F, शव-भय, शव-सन्त्रास।

necrophorous –क्रॉ'फॅरॅस् a. शव हटानेवाला, मुरदारको ठिकाने लगानेवाला।

necrophyte –'क्रॅफाइट् n. (वन०) **शवोपजीवी**।

necropolis नेॅक्रॉ'पॅलिस् n. समाधिस्थल, समाधिक्षेत्र, **श्मशान**, कब्रिस्तान।

necropsy नेॅक्रॉप्'सि n. (चि०) शवपरीक्षा^F, मृतक-परीक्षा^F, मरणोत्तर परीक्षा^F।

necroscopic नेॅक्रॅस्कॉ'पिक a. शवपरीक्षा^F-सम्बन्धी।

necroscopy नेॅक्रॉस्'कॅपि n. = NECROPSY.

necrosis नेॅक्रो'सिस n. (कृषि०, वन०, चि०) **ऊति-क्षय**, ऊतिमृत्यु^F, **ऊतिगलन, परिगलन**।

necrosized नेॅ'क्रॅसाइज़्ड् a. (चि०) परिगलित, गलित, निर्जीव, विमृत।

necrotic नेॅक्रॉ'टिक् a. गलितऊति; **ऊति-क्षयी**; विमृत; **परिगलित**।

necrotize नेॅ'क्रॅटाइज् v.i. परिगलन करना, गलाना, निर्जीव करना।

nectar नेॅ'कॅटॅर n. पीयूष, सुधा^F, अमृत; सुमधुर पनीय, सुस्वादु पेय, स्वादिष्ट मद्य; (कृषि०, चि०) **मकरन्द, मधुरस**, पुष्परस, मधु, शहद।

nectareal, nectarean –'टि'ॲल, –ॲन् aa. मकरन्दयुक्त, सुधामय, अमृतमय; अमृतोपम, अमृतवत्, सुधारूप; सुस्वादु, सुमधुर, बहुत मीठा।

nectared नेॅक्'टॅर्ड् a. पीयूषपूर्ण, अमृतमय, सुधामय, मकरन्दयुक्त।

nectareous नेॅक्टेॲ'रिॲस् a. अमृतवत्, मधुमय, मीठा।

nectarial –रिॲल् a. मधुरसीय, अमृत, सुधायुक्त।

nectariferous –टॅरि'फॅरॅस् a. मकरन्द-उत्पादक, मकरन्दीय, मधुरसविषयक, सुधारूप।

nectarine –'टॅरिन् n. मधुरस; (कृषि०) **शफतालू**।

nectarium –टेॲ'रिॲम् n. पुष्पासव, फूलका रस; सोमरस।

nectarous –'टॅरॅस् a. सुधारूप, अमृतमय; सुस्वादु, सुमधुर।

nectary –रि n. (वन०) मकरन्द ग्रन्थि^F, **मकरन्दकोष**, मधुकोष, पुष्पका मधुदायी भाग, मधु-ग्रन्थि^F, सुधा-ग्रन्थि^F।

nectocalyx नेॅक्टॅके'लिक्स् n. (वन०) घण्टाप्लवांग, तैरनेवाला घण्टापुष्प।

Neddy नेॅ'डि n. खच्चर, गधा, गदहा।

N.E.D. New (*now* **O.** Oxford) English Dictionary.

N.E.E., NEE. East of North East.

nee (F) ने a. उत्पन्न, जात; कुँवारी (कन्या^F); जन्मजात, पैदाइशी।

need[1]* नीड् n. प्रयोजन, हेतु, निमित्त, **आवश्यकता**^F*, जरूरत^F*; संकट, आपत्तिकाल, तंगी^F, (*a friend in ~is a friend indeed; failed him in his~*); निःस्वता^F, कष्ट, दुःख, अभाव, निर्धनता^F, गरीबी^F; आकांक्षा^F; ईप्सित वस्तु^F (*my ~s are few*); माँग^F (*the ~ of further securities*); (pl.) प्रकृति^Fके कार्य; ~fire रगड़^Fकी आग^F; *had~* चाहिये (*had~ remember*); *have ~ of* चाहना।

need[2] v.i. & t. आकांक्षा^F करना, चाहना, दरकार होना, आवश्यक होना; (*he~ not trouble himself*); अभाव होना; बन्धनमें होना।

needer –डॅर् n. आवश्यकता-ग्रस्त व्यक्ति, जरूरतमन्द।

needful –ड्'फ़ुल् a. प्रयोजनीय, उपयुक्त, आवश्यक, जरूरी; निःस्व, दीन, दुःखी, दरिद्र, अभावग्रस्त, गरीब; the ~ इच्छित कार्य।

needfulness –'नॅस n. आवश्यकता^F, प्रयोजनीयता^F; अभावयुक्तता^F, दारिद्र्य।

neediness नी'डिनिॅस् n. आवश्यकता^F, अभाव, तंगी^F।

needle[1]* नी'डॅल् n. **सूची**^F, (वन०) **सूचिका**^F, **सुई**^F*, शलाका^F, सलाई^F, **सुआ**, सूजा; *crochet, darning, knitting, packing*, -~; **कड़ी**^F; (कुतुबनुमा इत्यादिकी) सुई^F; खोदाई^F करनेकी शलाका^F; (शल्यचिकित्सा^F आदिका) नुकीला यन्त्र; कन्दाकारी^Fका नुकीला औजार;

गोली^{F} चलानेकी सलाई^F; सूच्याकार स्तम्भ, नोकदार मीनार^F; (नुकीली) चोटी^{F}, चट्टान^F; थूनी^{F}; स्नायविक बीमारियों^{F}का दौरा; ~-bath (चि०) छींकर स्नान; ~ beam **कड़ी**^{F}; ~-book सुई^F रखनेकी किताब^F; ~-case सुइयाँ^{F} रखनेका केस; ~-eye अत्यन्त छोटा सूराख; ~ful सूईभर; ~-gun छोटे कारतूसकी बन्दूक^F; ~ match कड़ी प्रतियोगिता^{F}; ~-point सुई^{F}की नोक^F; **बिरंजी**^{F}; ~-shaped **सूच्याकार, सूच्याकृतिक, सुई^F-जैसा**; ~woman सीना-पिरोना करनेवाली स्त्री^{F}; ~work सूत्रीकार्य, सूचीशिल्प, सीना-पिरोना, सिलाई^F, कढ़ाई^F, कसीदा; the ~ चुभन^F, दौरा; *sharp as a* ~ तीव्र, तीक्ष्ण, तीक्ष्णबुद्धि, तीव्रदृष्टि;

~ bar, ~ barings, ~ blight, ~ craft, ~-fungus, ~-furze, ~ gorse, ~ hole, ~ layer, ~-litter, ~ man, ~ roller bearing, ~ scaffold, ~-sharpener, ~-sharpening stone, ~ tooth, ~ valve.

needle² v.t. सूच्याकार पत्थर बनाना; थूनी^{F} लगाना; घुस-पैठकर निकलना, अन्दर घुस जाना; चीर-फाड़ करना, छेदना; चुभोना; सीना।

needless नीड्'लिस् a. व्यर्थ, निरर्थक, निष्प्रयोजन, अहेतुक, अनावश्यक, बेकार (~ *to say*)।

needlessness –निस् n. निरर्थकता^{F}, निष्प्रयोजनता^{F}, अनावश्यकता^{F}, अहेतुकता^{F}, बेकारी^{F}।

needling नी'डलिंग् n. (चि०) सूचीवेधन कर्म (मोतियाबिन्दका)।

needly –लि a. = THORNY.

needments नीड्'मेन्ट्स् n. (pl.) पाथेय, यात्रा^{F}के सामान।

needs नीड्ज़्' adv. अवश्य, अनिवार्यतः, मजबूरन (~ *must do* or *must* ~ *do*)।

needy नी'डि a. दीन, दरिद्र, निर्धन, आवश्यकताग्रस्त, अभावग्रस्त, गरीब।

neem नीम् n. नीम।

ne'er नेअर्' adv. (का०) कभी नहीं, बिलकुल नहीं।

ne'er-do-well नेअर्-डु-वेल् n. इत्वर, स्वच्छन्द व्यक्ति, आवारा; अयोग्य, निकम्मा; असत्कर्मा।

neeze नीज़्' v.i. छिंका आना, छींकना।

N.E.F.A. North East Frontier Agency.

nefandous निफैन्'डस् a. दुष्ट, शठ, खल, जुगुप्स्य, घृण्य, घृणास्पद, घृणा करने योग्य।

nefarious निफ़ेअ'रिअस् a. पापी, पापिष्ठ, जघन्य, अधर्मी, अतिदुष्ट; अतिघोर, दारुण, निन्द्य, बुरा।

nefariousness –निस् n. पाप, पापिष्ठता^{F}, अधार्मिकता^{F}, दुष्टता^{F}; दारुणता^{F}; घोरता^{F}।

neg. negative.

negate निगेट्' v.t. प्रत्यादिष्ट करना, निष्फल करना, मिटाना, रद्द करना, प्रत्याखान करना; प्रतिवाद करना, अस्वीकार करना, न मानना; उपेक्षा^{F} करना; खण्डन करना।

negation –गे'शन् n. नास्तिवचन, नकारात्मक कथन, निषेध, प्रत्याख्यान, प्रत्यादेश, अस्वीकार, अस्वीकरण; प्रतिवाद, इन्कार; अपलाप, (तर्क०) भेद या बहिष्करणका निश्चय; असार वस्तु^{F}; अभाव, शून्यता^{F}।

negationist –निस्ट् n. नास्तिक, नास्तिवादी; निषेधवादी, छिद्रान्वेषी समालोचक, अविश्वासी व्यक्ति।

negative¹ ने'गेटिव् n. नकार, निषेध, अस्वीकृति^{F}; अभाव, कमी^{F}; निषेधात्मक गुण; निषेधात्मक अधिकार; अस्वीकारसूचक शब्द, निषेधार्थक पद या कथन; (बीजग०) क्षयराशि^{F}, ऋणराशि^{F}; (फोटो०) ऋणचित्र, फोटो^{F}की उल्टी छाप^F, **नेगेटिव**; *he returned a* ~ उसने न कर दी; *in the* ~ नहीं; *it was decided in the* ~ प्रस्ताव गिर गया।

negative² v.t. निषेध करना, रोकना; मना करना; विरोध करना, भंग करना; अस्वीकार करना; अप्रमाण करना, खण्डन करना, झूठा ठहराना, गलत करना; प्रतीकार करना; उदासीन करना, अपक्षपाती करना।

negative³ a. नास्ति-, नास्त्यात्मक, **नकारी, नकारात्मक, निषेधक**, निषेधार्थक, (रसा०) **निषेधात्मक**, अस्वीकारसूचक; निवारणक्षम; **अभावात्मक**; (~ *freedom*) धनात्मक (गुण); (बीजग०, रसा०, चि०, फोटो^{F}०) **ऋण-, ऋणात्मक**; विलोम, **प्रतिकूल**, उलटा; **प्रभावहीन**; (विद्युत्०) ठण्डा; (दर्शन०) निवृत्त; ~ balance ऋणशेष; ~ latitude **दक्षिणी अक्षांश**; ~ print प्रतिच्छाप; ~ quantity (ग० भी) **ऋणराशि**^{F}, कुछ नहीं; ~ virtue अकरण सद्गुण, दुष्कर्मसे बचाव; ~ voice निषेधाधिकार;

~ acceleration, ~ adaptation, ~ adsorption, ~ agreement, ~ angle, ~ anomaly, ~ answer, ~ aspect, ~association, ~attributes, ~ averment, ~ catalysis, ~ catalyst, ~ character, ~ charge, ~ condition, ~ corpuscle, ~ correlation, ~ corystal, ~ definition, ~ deviation, ~ discharge, ~ easement, ~ elongation, ~ energy, ~ evidence, ~ examiner, ~ experiment, ~ exponent, ~ factor, ~ feeders, ~ field, ~glow, ~information, ~instances, ~interest, ~ion, ~ lens, ~ loop, ~ mass, ~ moment, ~mother, ~ number, ~pedal, ~ plate, ~ posting, ~ practice, ~ probability, ~ proof, ~ proposition, ~ proton, ~ quantity, ~ reaction, ~ resistance, ~ response, ~ result, ~servitude, ~ side, ~ skewness, ~ slip, ~ statute, ~ strike, ~ suggestion, ~ term, ~ test, ~ testimony, ~transfer, ~usage, ~utility, ~value, ~ variation, ~ vote, ~ wave, ~work.

negativeness –निस् n. अस्वीकारात्मक शब्द, निषेधात्मक शब्द; नकारात्मकता^{F}, निषेधात्मकता^{F}; नकार।

negativism –विज़्म् n. नकारवृत्ति^F, निषेधाचरण-वृत्ति^F, **निषेधवृत्ति**^F; प्रत्याख्यान, अस्वीकृति^F, इनकार; नास्तिवाद; प्रतिवाद; **निषेधवाद**, अभाव।

negativist –विस्ट् n. (चि०) निषेधाचारी; नास्तिक, नास्तिवादी; प्रतिवादी, विरोधी, **निषेधवादी**।

negativity –विटि n. निषेधार्थक शब्द; निषेधार्थकता^F, नकारात्मक अवस्था^F।

negatory –'गेटेरि a. निषेधात्मक, प्रत्याख्यानात्मक, अस्वीकारात्मक, नकारात्मक; ऋणात्मक।

neglect[1] नि'ग्ले'क्ट् n. **उपेक्षा**^F, असावधानी^F, अवज्ञा^F, प्रमाद, अवहेला^F, भूलचूक^F, लापरवाही^F; तिरस्कार; त्याग।

neglect[2] v.t. **उपेक्षा^F करना**, उपेक्षित करना, असावधानी^F करना, अवहेला^F करना, लापरवाही^F करना; अधिक्षेप करना, पराभव करना, तिरस्कार करना; ध्यान न देना, सुध^F न लेना, भूल^F जाना; असावधान होना, आलसी होना, कर्तव्यशिथिल होना; कर्तव्य-विमुख होना, कर्तव्यच्युत होना।

neglectable –'टेबॅल् a. अधिक्षेप्य, पराभवनीय, तिरस्कार्य, उपेक्षणीय, नगण्य।

neglected –टिड् a. **उपेक्षित** (~ *child*)।

neglectedness –निस् n. उपेक्षा^F, उपेक्षितता^F, उपेक्षाभाव, उपेक्षित अवस्था^F, लापरवाही^F।

neglectful –ट्'फुल् a. उपेक्षक, प्रमादी, प्रमत्त, असावधान, कर्तव्य-शिथिल, कर्तव्य-विमुख, आलसी, लापरवाह, सुस्त, बेखबर।

neglectfulness –निस् n. प्रमत्तता^F, असावधानी^F, लापरवाही^F।

neglector –टॅर् n. उपेक्षक, प्रमादी, उपेक्षा^F करनेवाला।

neglige ने'ग्'लिझे n. अनौपचारिक परिधान, सुगम वेशभूषा^F; विवस्त्रता^F।

negligeability ने'ग्लिजॅबि'लिटि n. उपेक्ष्यता^F, उपेक्षणीयता^F।

negligeable ने'ग्लिजॅबॅल a. (क्व०) = NEGLIGIBLE.

negligee ने'ग्'लिज़ी n. मणिमाला^F, मुक्तामाला^F; ढीला वस्त्र, गाउन।

negligence ने'ग्'लिजॅन्स् n. शैथिल्य, अवहेला^F, अवहेलना^F, अवज्ञा^F, **उपेक्षा**^F, अनवधान, **असावधानी**^F, **प्रमाद**, भूलचूक^F, बेपरवाही^F, **गफलत**^F, लापरवाही^F; लोप, अतिक्रम; (साहित्य एवं कला^F में) निर्बन्धता^F, अनियमितता^F; contributory ~ (क़ानूनमें क्षति^F अथवा अपराध होनेमें) सहायक प्रमाद।

negligent –न्ट् a. उपेक्षक, **उपेक्षाकारी**, अवहेलापर, **प्रमादी**, **प्रामादिक**, अनवधान, **प्रमादपूर्ण**, असावधान, आलसी, बेखबर, **लापरवाह**, **गफलतभरा** (~*flying*)।

negligibility –जिबि'लिटि n. असावधानी^F, उपेक्ष्यता^F, तुच्छता^F, निकृष्टता^F।

negligible –'लिजिबॅल् a. तुच्छ, नगण्य, उपेक्ष्य, **उपेक्षणीय** (~ *weight*), तिरस्करणीय, निकृष्ट; नगण्य, अत्यल्प, **बहुत थोड़ा**, **बहुत कम**, **ज़रा-सा** (~*quantity*)।

negotiability नि'गोशॅबि'लिटि n. (क़ानून) विनिमेयता^F, विक्रेयता^F, **परक्राम्यता**^F, **बेचनीयता**^F, समझौतेकी गुंजाइश^F।

negotiable –'शॅबॅल् a. विनिमेय, विक्रेय, विनिमय-साध्य, हस्तान्तरणीय; (क़ानून) **परक्राम्य** (~ *document*, ~ *instrument*); **बेचनीय**।

negotiant नि'गो'शिॲन्ट n. प्रबन्धक, समझौता करानेवाला व्यक्ति; विजयी, लाँघनेवाला।

negotiate –ॲेट् v.i. & t. सन्धि^F करना, समझौता करना, सुलह^F करना; (सुलह^F करनेकी दृष्टि^F से) परामर्श करना, समझौता-वार्ता^F करना, **बातचीत^F करना**; (कार्यका) प्रबन्ध करना, तय करना, **सौदा करना**; (मनोवांछित) कार्य होना; (साख-पत्र) विनिमय करना, हस्तांतरित करना, **परक्रामण करना**, **बेचान करना**, बेचना, व्यापार करना; (हुण्डी^F आदिका) सकारना, भुनाना; (बाड़ा, कठिनाई^F आदि) पार करना, लाँघना, फाँदना, दूर करना।

negotiating –ॲेटिंग् n. **परक्रामण**, अन्तरण; **वार्ता**^F, **बातचीत**^F; ~ committee, **वार्ता समिति**^F; ~ machinery वार्ता-तन्त्र, बातचीत^F के साधन।

negotiation –सि(शि)ॲे'शॅन् n. परक्रामण, हस्तान्तरण; **वार्ता**^F, **बातचीत**^F, मामला; सन्धिवार्ता^F, पत्रालाप, पत्रव्यवहार; व्यवहार, व्यापार, कारोबार; सौदा, समझौता; तोड़, भाँज^F, फुरकर; बिक्री^F; हुण्डी^F।

negotiator –शिॲेटॅर् n. मध्यस्थ, बिचौलिया; व्यापारी, व्यवहारी, **वार्ताकार**।

negotiatress, negotiatrix –शॅट्रिस, –शॅट्रिक्स nn. मध्यस्था^F; मध्यस्थता^F करनेवाली स्त्री^F।

Negress नी'ग्रिस् n. नीग्रोकी स्त्री^F, हब्शी औरत^F।

negrillo नि'ग्रि'लो n. (pl. -*s*) नाटा हब्शी, नेग्रीलो (मध्य तथा बौने हब्शियोंकी एक जाति^F)।

negrito नि'ग्री'टो n. (pl. -*s*) (मलाया या पोलीनीशिया प्रदेशमें) कालेयक, एक नाटी हब्शी जाति^F।

negritoid –टाॅइड् a. कालेयाभ।

Negro[1] नी'ग्रो n. (pl. -*es*) कालेय, कृष्णांग, हब्शी, नीगरो; n~ ant, bat, monkey काले रंगकी च्यूँटी, चमगादड़, काला बन्दर; n~-head पानीकी तमाखू^F; निम्न कोटिका भारतीय रबर; ~ land अफ्रीका; n~-minstrels हब्शियोंकी गायन तथा नर्तन-मण्डली^F।

Negro[2] a. कालेयकीय, काले रंगका, हब्शी जाति^F का; हब्शियों द्वारा अधिकृत; हब्शी सम्बन्धित।

negroid नी'ग्राॅइड् a. & n. कालेयाभ (व्यक्ति), हब्शी सदृश (मनुष्य)।

negroidal –'डॅल् a. कालेयाभ, कालेयवत्, हब्शी सदृश।

negroism –'ग्रोइज़्म् n. हब्शीवाद।

negrophil –ग्रोफिल a. & n. हब्शियोंके पक्षका समर्थक।

negrophile –फाइल n. कालेयप्रेमी, हब्शीवादी,

नीग्रो-मित्र, नीग्रोका पक्षपाती।
negrophilism नीग्रॉ'फिलिज़्म् n. निग्रोमैत्रीवाद, हब्शी-मित्रता^F।
negrophilist –लिस्ट् n. = NEGROPHILE.
negrophobe नी'ग्रॅफोब् n. हब्शी-जुगुप्सक, नीग्रोसे घृणा^F करनेवाला।
negrophobia नीग्रॅफो'बिॲ n. हब्शी-भय।
negus[1] नी'गॅस् n. उष्ण सुस्वादु मद्य-विशेष, एक गरम मीठी मदिरा^F, नीगस^F।
Negus[2] नी'गॅस् n. हबशराज।
N.E.I. Netherlands East Indies; *non est inventus*, has not been found.
neigh[1] ने' n. अश्वनाद, हींस^F, हिनहिनाहट^F।
neigh[2] ने' v.i. हींसना, हिनहिनाना (विशे० घोड़ेका)।
neighbour[1], **neighbor** ⊙[1] ने'बॅर्, ने'बॅर n. प्रतिवेशी, प्रतिवासी, निकटवासी, **पड़ोसी** (*are next-door ~s*); मनुष्यमात्र (*duty to our ~s*); पासवाला (*the falling tree brought down its ~*)।
neighbour[2], **neighbor** ⊙[2] v.t. & i. प्रतिवेशी होना, प्रतिवासी होना, पड़ोसी होना, समीपवर्ती होना, निकट रहना; मिला हुआ होना, बराबर होना।
neighboured –ड् a. अड़ोस-पड़ोसवाला (*ill-~*); विशिष्ट परिवेशयुक्त (*a beautifully ~ town*)।
neighbourhood –र्-हुड् n. प्रतिवेशित्व, प्रतिवेश, प्रतिवास, प्रतिवेशिभाव, **पड़ोस** (*good ~*), पड़ोसदारी^F; समीप मण्डल, पास-पड़ोसकी जनता^F; **सामीप्य,** निकटता^F, उपकाष्ठ, सान्निध्य (*in the ~ of Rs. 500* लगभग)।
neighbouring –रिंग् a. **प्रतिवेशी,** आसन्न, सन्निहित, समीपवर्ती, निकटस्थ, **निकटवर्ती,** पासका, **पड़ोसी,** पड़ोसका;
~ country, ~ district, ~ state, ~ territory, ~ troops.
neighbourless –र्लिस् a. प्रतिवेशिविहीन, प्रतिवासिहीन, बिना पड़ोसीका।
neighbourliness –लिनिस् n. समीपता^F, निकटता^F, पड़ोस।
neighbourly –लि a. पड़ोसी जैसा, हितेच्छु, मिलनसार।
neighbourship –शिप् n. प्रतिवेश, प्रतिवास, पड़ोस।
neighing ने'इंग् n. अश्वनाद, हिनहिनाना, हिनहिनाहट^F।
neither नाइ(नी)'दॅर १. adv. किसी प्रकार नहीं, बिलकुल नहीं, दोनोंमेंसे कोई नहीं, एक ओर भी नहीं, (*~ knowing nor caring*); इतना भी नहीं (*I don't know that ~*); २. conj. (प्रा०) न तो, और न तो (*~ can I guess*); ३. a. एक भी नहीं (*~ of them knows*)।
nek नेक् n. (द० अफ़्रीका) दे० COL।
nekkar नेकॅर् n. (ज्यौ०) **द्वितीय भूतेषु,** देकार।
nekton नेकटॅन् १. n. **तरण जलचर;** २. a. **तरणशील**।
nemat helminth n. (चि०) वृतकृमि (गोल और सूत्र कृमियोंका वर्ग)।
nemato- सूत्र-, तन्तु-, (*~ ocyst, ~ode, ~ oid*)।
nematocyst ने'मॅटॅसिस्ट् n. सूच्यंग, **दंशकोशिका^F,** (मछली^F आदि जीवोंके) स्वरयन्त्र।
nematode ने'मॅटोड् n. (*~ worm* भी) (कृषि०, चि०) गोलकृमि, **सूत्रकृमि,** चुन्ना, सूत-सा कीड़ा, **गोल कीड़ा,** T.
nematoid –टॉइड् a. सूत्रवत्, चुन्नेके रूपका; सूत्राभ, सूत्रवत्।
nematoidea ने'मॅटॉइ'डिॲ n. pl. सूत्रकृमि, चुन्ने।
nem. con. *nemine contradicente*, no one contradicting.
nem. diss. *nemine dissentiente*, no one dissenting.
Nemesis ने'मिसिस् n. प्रतिशोध देवी^F।
nemoral ने'मॅरॅल् a. वृक्षवाटिका^F-विषयक, कुंज-सम्बन्धी, कुंजका।
nemine contradicente (L) a. निर्विरोध।
nemine dissentiente (L) a. बिना सम्मतिके।
N.E.N., NEN. North of North East.
ne nimium (L) अति नहीं, अति सर्वत्र वर्जयेत्।
nenuphar ने'नॅफार् n. कमलिनी^F, नीलोत्पल, नीलोफर, कोकाबेला^F, कोई^F।
neo- नव- (*~ cerebellum, ~ classicism, ~ humanism, ~ intuitionism, ~mutationist, ~ syndicalism*)।
ne obliviscaris (L) भूलो मत।
neocosmic नीॲकॉज़्'मिक् a. नवसृष्टि^F-सम्बन्धी।
neocracy नीऑ'क्रॅसि n. नवतन्त्र, अनुभवहीन नये-नये लोगोंका शासन।
neodymium नीॲडि'मिॲम् n. आपीतला, नवधातु^F।
neogaean नीॲजी'ॲन् n. नवायनवृत्तप्रदेशीय, नव अयनवृत्तीय प्रदेश-सम्बन्धी।
neogamist निॲऑ'गॅमिस्ट् n. सद्यःपरिणीत, नवपति, नव-विवाहित; नवोढ़ा^F, नयी बहू^F।
neogene नी'ॲजीन् a. सद्यःजात, नवोत्पन्न, नवजात।
neo-Hellenism नीॲहे'लिनिज़्म् n. नवयूनानवाद, नवयूनानी संस्कृति^F।
neolalia नीॲले'लिॲ n. (भाषावि०) **शब्द-गढ़न^F, नवशब्द-घटन^F**।
neolite नी'ॲलाइट् n. नवाश्म, T.
neolithic नीॲलि'थिक् a. नवपाषाणकालिक, उत्तर प्रस्तरयुगीन, **उत्तर पाषाणकालीन,** ~age **नवपाषाण युग**।
neologian[1] नीॲलो'जिॲन् n. नवमतवादी, नवमत-प्रचारक।

neologian² a. नवमतवादी; नवमतावलम्बी, नूतनमत-सम्बन्धी, विलक्षणमत-सम्बन्धी

neological निॲलॉ'जिकॅल् a. नवशब्द-सृष्टि^F-सम्बन्धी, नवशाब्दिक।

neologise –ऑ'लॅग्राइज़् v.i. नूतन पद समाविष्ट करना, नये शब्दोंका प्रयोग करना; नये धर्मका प्रचार करना।

neologism, neology –गिड़्म्, –लॅजि nn. नववाद, नूतनमत; नवमतवाद, नवमत-ग्रहण; नवप्रयोग, नवशब्द-निर्माण, **नवशब्द-घटन,** नया-शब्द।

neologist –लॅजिस्ट् n. नववादी, नूतन मतवादी, बुद्धिवादी, नवसिद्धान्तवादी, नूतनमत-प्रचारक; नये शब्द गढ़नेवाला।

neologistical –टिकॅल् a. नवमतवाद-सम्बन्धी, नवीन विचारधारा^F से सम्बन्धित।

neology –'लॅजि n.=NEOLOGISM.

neo-Malthusianism नीॲमॅल्थ्यू'ज़ॅनिड़्म् n. (अर्थ०) **नवमाल्थसवाद,** नवोत्पत्तिविरोधविधि^F, गर्भ-निरोधक उपायोंका प्रयोग।

neomata नीॲमे'टॅ n. (दर्शन०) प्रज्ञेय।

neon नी'ऑन् n. (रसा०) शिथिराति^F, **निओन,** (एक विशेष गैस^F); ~ lights निओन-दीप।

neonatal निॅऑ'नॅटॅल् a. **नवजात,** सद्योजात।

Neonomian नीॲनो'मिॲन् n. (ईसाई) नवीनधर्म-प्रचारक।

Neonomianism –निड़्म् n. (ईसाई) नवीन धर्म, नवीन सिद्धान्त।

neontology नीऑन्टॉ'लॅजि n. नवजातिशास्त्र, नव-जीवविज्ञान।

neophobia नीॲफो'बिॲ n. नवद्वेष, नवभय, नवातंक, नवघृणा^F।

neophyosis नीॲफिओ'सिस् n. (कृषि०) **नवरोपण, नवीकरण।**

neophyte नी'ॲफाइट् n. (विशेष पुराने ईसाइयों और रोमके कैथोलिकों में) नवमतानुयायी, नवधर्मी, नवदीक्षित पादड़ी; नवशिष्य, नवछात्र, नवदीक्षित व्यक्ति, नौसिखिया।

neoplasm नी'ॲप्लैड़्म् n. (चि०) अर्बुद, नववृद्धि^F, नवघटन, ~ of skin नया चर्मार्बुद।

neoplastic –लैस्'टिक् a. नवघटनिक, नवप्ररसीय; प्लास्टिक-चिकित्सा^F-सम्बन्धी।

neoplasty –'ॲप्लैस्टि n. (चि०) आङ्गमोति सन्धानकर्म, रोगीके शरीरसे आवश्यक अङ्ग लेकर व्रणका सन्धान करना।

Neoplatonic नीॲप्लॅटॉ'निक a. नवप्लेटोवाद सम्बन्धी।

Neo-platonism नीॲप्ले'टॅनिड़्म् n. नवप्लेटोवाद, प्लेटोके तत्त्वज्ञान और प्राचीन तत्त्वविद्या^F का सम्मिश्रण।

Neoplatonist –निस्ट n. नवप्लेटोवादी।

neoteric, -cal नीॲटे'रिक्, -कॅल् aa. नव, नवीन, नया; आधुनिक, वर्तमान, हालका; नवीनता-प्रिय, नये फैशनका।

neoterise नीऑ'टॅराइज़् v. i. नवीन करना, नया कर देना, आधुनिक बनाना।

neoterism –रिज़्म् n. नवशब्द-प्रयोग; आधुनिकता^F, नवीन वस्तुओं^F का प्रयोग।

neotropical नीॲट्रॉ'पिकॅल् a. नवायनवृत्तीय, नवायन-वृत्त-सम्बन्धी।

neozoic नीॲज़ो'इक् a. (~ *era*) नव कल्प।

N.E.P. New Economic Policy (U.S.S.R.).

Nep. Neptune.

nepa नी'पॅ n. जलवृश्चिक।

Nepalese, Nepali नेपालीज़्, नेपाली n. नेपाली (व्यक्ति और भाषा^F)।

nepenthe(s) नि'पे'न्'थि, -थीज़् n. दुःखशामक; शोकनिवारक औषध^F, दुःखविसारक मादक, दुःख भुलाने-वाली दवा^F; (वन०) **घटपर्णी।**

nephalism ने'फॅलिड़्म् n. सुरानिषेध, मद्यनिषेधवाद।

nephew ने'फीऊ n. भागिनेय, भगिनी-पुत्र, भानजा; भ्रात्रीय, भातृ-पुत्र, भतीजा।

nephogram ने'फॅग्रैम् n. मेघचित्र।

nephology नि'फॉ'लॅजि n. मेघविज्ञान, मैघिकी^F, मेघ-तत्त्व, मेघविद्या^F, मेघशास्त्र।

nephoscope ने'फॅस्कोप् n. मेघेक्ष, बादलोंकी ऊँचाई^F आदि देखनेका यन्त्र।

nephra-, nephro- वृक्क-, गुर्दा।

nephralgia, -gy नि'फ्रै'ल्'जिॲ, -जि nn. (चि०) वृक्कार्ति^F, दर्द-गुर्दा।

nephrectomy ने'फ्रे'क्'टॅमि n. वृक्कोच्छेदन, गुर्देको शस्त्र-क्रिया^F द्वारा बाहर निकालना।

nephric ⊙ ने'फ्रिक् a. वृक्कीय, गुर्देका।

nephridial नि'फ्रि'डिॲल् a. उत्सर्गी, निकासी (~ *tubes*); **वृक्कक** (~ *gland*)।

nephrite ने'फ्राइट् n. वृक्काश्म, गुर्देकी बीमारी^F के लिए पत्थर; हरितमणि^F, T.

nephritic, -al नि'फ्रि'टिक, -ॲल् aa. (चि०) वृक्क-शोथीय, वृक्कशोथ-सम्बन्धी, गुर्देका; वृक्कशूलीय।

nephritis नि'फ्राइ'टि'स् n. वृक्ककोप, वृक्कशोथ, मूत्र-ग्रन्थिप्रदाह, मूत्राशय-प्रदाह, गुर्देकी सूजन^F, गुर्देकी जलन^F।

nephrocele ने'फ्रसील् n. **वृक्कस्फीति^F,** वृक्कवर्धम, गुर्देका हर्निया रोग।

nephrogenic ने'फ्रॅजे'निक् a. वृक्कोद्भव, **वृक्कजन्य,** गुर्देसे उठा हुआ।

nephroid ने'फ्राएड् a. (चि०) वृक्काभ, वृक्कवत्, वृक्क-सदृश, गुर्देके रूपवाला।

nephrolith ⊙ ने'फ्रॉ'लिथ् n. (चि०) वृक्काश्मरी^F।

nephrology ने'फ्रॉ'लॅजि n. वृक्करचनाशास्त्र।

nephron ⊙ ने'फ्रॉन् n. (चि०) वृक्काणु।

nephrosis ⊙ ने'फ्रो'सिस् n. (चि०) **अपवृक्कता^F।**

nephrostome ने'फ्रॅस्टोम् a. **वृक्कमुख,** T.

nephrotomy ने'फ्रॉ'टॅमि n. वृक्कच्छेदन, गुर्देकी

चीरफाड़^{F}।

ne plus ultra (L) n. पराकाष्ठा^{F}, चरमसीमा^{F}; विघ्न, रोक^F।

nepotic नि॑पॉ॑टिक् a. बन्धु-पक्षपात-सम्बन्धी; स्वजनपक्षपाती, आत्मजनपोषी।

nepotism ने॑(नी)॑पॅटिज़्म् n. बन्धु-पक्षपात, स्वजन-पक्षपात, बन्धु-पोषण, सम्बन्धियोंके प्रति पक्षपात, कुनबा-परस्ती।

nepotist –टिस्ट् n. बन्धु-पक्षपाती, स्वजनपोषक।

Neptune ने॑प्'ट्यून् n. **वरुण,** समुद्रदेवता; ~ cup एक प्रकारका प्रवाल।

Neptunian –'निॲन् a. (भूग०) वारुणी, जलनिर्मित; जलशिलावादी।

Neptunist –'ट्यूनिस्ट् n. जलशिलावादी।

neptunium –प्ट्यू'निॲम् n. (रसा०) **नेपट्यूनियम,** (यूरानियम-अणु तथा न्यूट्रन्सके संयोगसे बननेवाला अस्थिर तत्त्व)।

ne quid nimis (L) अति सर्वत्र वर्जयेत्।

N.E.R. North-Eastern Railway.

Nereid नीॲ॑रिइड् n. वरुणाप्सरा^{F}, जलपरी^{F}।

neretic –टिक् a. (जीव०) **तटजल-जीवी।**

neroli नीॲ॑रॅलि n. सन्तरेका इत्र; ~ oil **नारंग फूल-तेल।**

Neronian नि॑रो॑निॲन् a. सम्राट नीरोका, नीरोकी तरह; नीरोकालका; निर्दय, क्रूर, व्यभिचारी, दुराचारी, उत्पीड़क, अत्याचारी।

nervate नर्'वेट् a. (वन०; पत्तियाँ^{F}) गुणमय, सूत्रमय, रगदार, नसदार, रेशेदार; स्नायविक, स्नायवीय।

nervation, nervature –वे॑शॅन्, –'वॅट्युॲर् nn. (पत्तियों^{F}का) नाडीविन्यास, गुणमयता^{F}, सूत्रमयता^{F}, रेशेदार होना; स्नायवीयता^{F}, स्नायविकता^{F}।

nerve[1]* नर्व्' n. (शारीर०) नाड़ी^{F}, **तन्त्रिका^{F}**; नस^F*; चेता, मानसिक शक्ति^{F}; बल, दृढ़ता^{F}, कर्मशक्ति^{F}, तेज; धैर्य, उत्साह, कसाव; (वन०) पत्तोंकी नस^F; (ला० भी, *good laws are the ~s of a State*); (pl.) कम्पन, शीघ्रबोध; तन्त्री-सूत्र, नाड़ी-सूत्र; धैर्य, साहस, आत्मविश्वास, हिम्मत^F, दिलेरी^{F}; निश्चय; आश्रय, आसरा, सहारा; ~-Knot तन्त्रिका-ग्रन्थि^{F}, तन्त्रिका^{F}-गण्डिका^{F}, = GANGLION; *a fit of ~s* परेशानी^{F}की दशा^{F}; *get on* one's ~ नाक^{F}में दम कर देना, परेशान कर देना; *has iron ~s, ~s of steel* दृढ़, निर्भय, निडर, अदम्य, साहसी; *lose* one's ~ दुविधा^{F}में पड़ जाना, डर जाना, घबड़ा जाना; *strain every* ~ यथाशक्ति प्रयत्न करना;

~ cell, ~ centre, ~ chord, ~ collar, ~ element, ~ eminence, ~ ending ~ fibre, ~ foramen, ~ ganglion, ~ impulse, ~ layer, ~ leprosy, ~ net, ~ paste, ~-pentagon, ~ plexus, ~ ring, ~ trunk.

nerve[2] v.t. शक्ति^{F} देना, तेज देना, साहस प्रदान करना; आपत्ति^{F} झेलनेके लिए तैयार करना।

nerved –ड् a. (चि०) तन्त्रिका^{F}-युक्त; उत्साहयुक्त।

nerveless –'लि॑स् a. शक्तिहीन, दुर्बल, निर्बल, कमजोर; निस्तेज; स्तब्ध; साहस-हीन; आत्मबलहीन, आलसी; (वन० शा०, क्र० शा०) तन्त्रिका^{F}-विहीन, नाड़िकाहीन; (शैली^{F}) असम्बद्ध, वाग्बहुल, शिथिल।

nervelessness –नि॑स् n. शक्तिहीनता^{F}. निर्बलता^{F}; आत्मबलहीनता^{F}, आलस्य; असम्बद्धता^{F}, वाग्बाहुल्य, शैथिल्य; साहसहीनता^{F}।

nervine –'वाइन् a. & n. (चि०) तन्त्रिका^{F}, उत्तेजना^{F}-की शान्तिकारी (औषध^F), नाड़ीमण्डलको शान्त करने-वाली (दवा^{F})।

nervose –वोस् a. (चि०) तन्त्रिका^{F}-मय; नाड़ी^{F}-मय; (वन०) रेशेदार।

nervous –वॅस् a. पुष्ट, मांसल, स्नायवीय, स्नायविक; बलिष्ठ, वीर्यशाली; (चि०) **तन्त्रिका-**; (साहित्यिक शैली^{F}) गहन, चेतामय, ओजस्वी, सबल, ओजपूर्ण, धीर, प्रतिभा-शाली; (चि०) नाड़ी^{F} विशिष्ट, तन्त्रिका^{F}युक्त; असम्बद्ध तथा मुलायम नसोंवाला; उत्तेजनीय; **अधीर,** विक्षुब्ध, भयातुर, **कातर,** डरपोक; ~ system **तन्त्रिकातन्त्र,** नाड़ीतन्त्र, नाड़ीमण्डल;

~ apoplexy, ~ collector, ~ disease, ~ dyspepsia, ~ impulse, ~ matter, ~ organs, ~ prostration, ~ tension, ~ tissue, ~ trembling.

nervousness –नि॑स् n. शक्ति^{F}, बल; ओज, तेज; उत्साह, साहस; प्रतिभा^{F}, प्रतिभाशालिता^{F}; कम्पन; अधैर्य, अधीरता^{F}, कातरता^{F}, विक्षोभ, भयातुरता^{F}।

nervure नर्'वयॅर् n. (कीड़ेके बाजूकी) नस^F, नली^{F}; (पत्तेकी प्रधान) शिरा^{F}, नाड़ी^{F}।

nervy नर्'वि a. (का०) पुष्ट, प्रबल, सबल, मांसल; स्नायविक, स्नायवीय; (ग्रा०) शान्त, शीतल; विश्वासी; निर्लज्ज; निस्सन्देह, धृष्ट, ढीठ; कम्पनशील; (ग्रा०) उत्तेज-नीय, बेचैन करनेवाला, परेशान करनेवाला।

N.E.S. National Extension Service.

nescience ने॑'श्यॅन्स् n. ज्ञानाभाव, **अज्ञान, अविद्या^{F},** मूढ़ता^{F}, नासमझी^{F}।

nescient –न्ट् a. & n. अज्ञ (व्यक्ति), अनभिज्ञ, अज्ञानी, ज्ञानहीन (पुरुष); अज्ञेयवादी (व्यक्ति), जड़ या जड़वादी (पुरुष)।

nesh ने॑श्' a. मृदु, कोमल, सुकुमार।

-ness -त्व, -ता, (भाववाचक संज्ञाएँ^{F} बनानेमें, *bitter ~, loving~, new~, pretti~, tired~, up-to-date~*)।

ness ने॑स्' n. भूनासिका^{F}, अन्तरीप, रास।

nest[1] ने॑स्ट्' n. कुलाय, **निलय,** नीड़, पक्षिगृह, खोंता, घोंसला; आनन्दगृह, सुखका आवास; आश्रयस्थल, विश्राम-की जगह^F; लुटेरोंका स्थान; कोष्ठ, स्थान, आधार, घर, अड्डा, डेरा; (कीड़ों, पक्षियों या सवारोंका) समुदाय, झुण्ड; (एक-सी वस्तुओं^{F}की) पंक्ति^{F}, माला^{F}; ~ ball बालीबाल-

का एक खेल; ~-egg दरबेमें छोड़ा अण्डा; *it is an ill bird that fouls its own* ~ अपने घरकी निन्दा^F करनेवाला बुरा।

nest² v.t. & i. घोंसला बनाना; घोंसले उतारना, घोंसले एकत्र करना; घोंसलेमें रखना या रहना, बसेरा करना, अड्डोंपर आराम करना।

nestful –'फ़ुल् n. नीड़-परिमाण, घोंसलाभर।

nestle ने'सल v. i. & t. लालन-पालन करना, पालना, पालन-पोषण करना; शरण लेना, स्थान बनाना, रहना, बसना; रखना, बसाना; टिकाना (*down, in, into, among* के साथ)।

nestlike नेस्ट्'लाइक a. नीड़वत्, घोंसले-जैसा।

nestling ने'स्लिंग, नेस्ट्'लिंग् n. नीडक, नीडशावक, पक्षिशावक, चिड़िया^F का बच्चा।

Nestor ने'स्'टॉर् n. उपदेष्टा, बुद्धिमान वृद्धपुरुष, मण्डली^F का प्रमुख विद्वान् मनुष्य।

net¹* ने'ट् n. पाश, **जाल*** (*cricket, fruit, hair, tennis*, -~); भ्रम, धोखा; फन्दा, फाँस^F, छाँद^F; मकड़ी^F का जाला; जाली^F का काम; कोई जालवत् वस्तु^F; छींका; ~ball गेंद^F का एक खेल, नेटबाल; ~work कुल केन्द्र; **तंत्र, जाल, जाली**^F, जालसूत्र, जालीका काम; जालीदार लकीरें^F।

net² v.t. & i. जाली^F या जालमें रखना, जाली^F से ढँक देना; जाल फैलाना, जालमें फँसाना, जालसे पकड़ना; जाल बनाना; जालीदार बनाना; जाल-सा फैला देना।

net³ v.t. शुद्ध लाभके रूपमें प्राप्त करना या देना।

net⁴ a. मूल, **वास्तविक**, असल, **असली**; **शुद्ध**; पूरा, **कुल, पक्का**, निरा;

~ advantage, ~ amount, ~ area, ~ assets, ~ balance, ~ capacity, ~ cash, ~ circulation, ~ earnings, ~ energy, ~ expenditure, ~ income, ~ increase, ~ interest, ~ lift, ~ load, ~ loss, ~ premium, ~ price, ~ proceeds, ~ produce, ~ product, ~ production, ~ profit, ~ rent, ~ return, ~ sales, ~ selling, ~ terms, ~ tonnage, ~ total, ~ value, ~ weight, ~ yield.

netful ने'ट्फ़ुल् a. जालभर; जालयुक्त।

Neth. Netherlands.

nether ने'दर् a. (प्रा० या हास्य०) पातालदेशीय; निम्नतर, निम्नस्थ, अधस्थ, अवर, नीचेका, निचला (~ *lip, jaw*); ~ *man* or *person* निचला धड़, टाँगें^F; ~ millstone पाषाणहृदय, कठोरहृदय, पत्थर-दिल; ~ world, regions अधोलोक, पाताल लोक; (प्रायः) नरक, यमलोक; निम्नतम, सबसे नीचेका।

nethermost –मोस्ट् a. = LOWEST.

Nethinim ने'थिनिम् n. pl. (यहूदी मन्दिरमें) भृत्य, परिचारक, चाकर, सेवक।

ne tr. s. num. *ne tradus sine nummo*, do not deliver unless paid.

netsuke ने'ट्सुके n. (एक बटन सदृश जापानी आभूषण) नेट्सुक।

nett ने'ट्' a. दे० NET⁴.

netting ने'टिंग् n. जाल, जाली^F का काम, जाली^F; जाल बिछाना, **जाली^F लगाना**, जाल बनाना इत्यादि; सूत्र।

nettle¹ ने'टॅल् n. (वन०) पीतपर्णी^F; **दद्दारोम**, बिछुआ, (एक प्रकारका पौधा), **बिच्छू-बूटी**^F; ~-cloth मोटे धागेका सूती वस्त्र (जिसका प्रयोग चमड़ेकी तरह होता है); ~-rash पित्ती^F, शीतपित्त, उत्कोठ; ~ stuff (नौवि०) **सुतली**^F।

nettle² v.t. डंक मारना, काँटा चुभोना; बिच्छू-बूटी^F से मारना, बिच्छू-बूटी^F कटाना; क्रोध दिलाना, उत्तेजित करना, चिढ़ाना, सताना, खिझाना; विरक्त करना, अन्यमनस्क करना।

nettler –लॅर् n. उत्तेजक, उकसानेवाला, उत्तेजित करनेवाला व्यक्ति, भड़कानेवाला।

nettlesome –लसॅम् a. उत्तेजक, भड़कीला।

neural न्युअॅ'रॅल् a. **तान्त्रिकय, तन्त्रिकी, तन्त्रि-**, नाड़ी^F का, नसोंका; केन्द्रीय स्नायुमण्डल-सम्बन्धी;

~ arch, ~ canal, ~ crest, ~ fold, ~ gland, ~ groove, ~ plate, ~ position, ~ ridge, ~ side, ~ spine, ~ tube, ~ type.

neuralgia न्युअॅरैल्'जॅ n. (चि०) **तन्त्रिका^F-शूल**, तन्त्रिकार्ति^F, नाड़यर्ति^F।

neuralgic –जिक् a. (चि०) तन्त्रिकार्ति^F-सम्बन्धी, वातशूल-विषयक, वातनाड़ी^F-शूल-सम्बन्धी, स्नायुशूलवाला।

neurasthenia न्युअॅरॅस्थी'निअॅ n. नाड़ीदौर्बल्य; **मनःश्रान्ति**; तन्त्रिकावसाद, नाड़यवसन्नता^F।

neurastheniac ⊙ –अैक् a. (चि०) नाड़ी-दुर्बल, तन्त्रिकावसादसे पीड़ित, श्रान्त।

neurasthenic ⊙ –निक् a. नाड़ीदौर्बल्य-सम्बन्धी, तन्त्रिका^F दुर्बलता^F या थकावट^F से सम्बन्धित।

neuration न्युअॅरे'शॅन् n. **नाड़िकाविन्यास**, स्नायु-विभाजन, स्नायुवितरण, स्नायवीकरण।

neuraxis न्युअॅरैक्'सिस् n. केन्द्रीय तन्त्रिकातन्त्र।

neurenteric –रॅन्टे'रिक् a. **तन्त्रिकान्त्र**, तन्त्रि-कान्त्रीय, नाड़ी आन्त्रिक (भ्रूणावस्थिक) (~ *passage*)।

neurilemma न्युअॅरिले'मॅ n. (श० र० शा०) तन्त्रि-कावर्म, नाड़ीवर्म।

neurine न्युअॅ'राइन् n. (एक विषैला द्रव्य) चेतारस, न्यूराइन, तन्त्रिका^F ऊतकका धार द्रव्य।

neuritic न्युअॅरि'टिक् a. नाड़ीशोथ-सम्बन्धी, तन्त्रिका^F-शोथ।

neuritis –राइ'टिस् n. (चि०) नाड़ीशोथ, तन्त्रिकाशोथ।

neur(o)–चेता (~ *fibril*, ~ *lemma*, ~ *pore*, ~ *sensory*)।

neuroblast ⊙ न्युअॅ'रॅब्लास्ट n. (चि०) **तन्त्रिका^F-प्रसू**।

neurocyton ⊙ न्युअॅरॉ'सिटॉन् n. (चि०) **तन्त्रकोशिका पिण्ड**।

neurogenesis न्युरॉजे´निॅसिस् n. (चि०) **तन्त्रि-जनन** ।
neurogenic –निक् a. (चि०) **तन्त्रिजनक**; theory हृत्तन्त्रिका^{F}-**सिद्धान्त** ।
neuroglia ○न्युॲरॉल्´जिॲ n. (श० र० शा०) **तन्त्रि-बन्ध**, मस्तिष्क, सुषुम्नाका जालीदार ढाँचा T. ।
neurological–लॉ´जिकॅल् a तन्त्रिका^{F}-विज्ञान-सम्बन्धी, **तान्त्रिकीय**, **तन्त्रिका-**^{F}, (~ *development*), नाड़ी^{F}-शास्त्र-सम्बन्धी ।
neurologist –´लॅजिस्ट् n. (चि०) तन्त्रिका^{F}-विज्ञान-वेत्ता; तन्त्रिकाविज्ञानी, नाड़ी^{F}-विशेषज्ञ ।
neurology –जि n. तन्त्रीविज्ञान, **तन्त्रिकाविज्ञान**, नाड़ी^{F}-शास्त्र, T.
neuroma न्युॲरो´मॅ n. (pl. *-ta*) (चि०) तन्त्रिकार्बुद, नाड्यर्बुद ।
neuromuscular न्युॲरॅमस´क्यूलॅर a. (चि०) तन्त्रिका^{F}-पेशीय, **पेशीतन्त्रिका**^{F} ।
  ~apparatus, ~ control, ~ preparation, ~spindle.
neuron(e) न्युॲ´रॉन् n. (श० र० शा०) चेतैक; चेताकोशा^{F}, (चि०) **तन्त्रिका^{F} कोशिका**^{F}, **तन्त्रिकाणु**, **न्यूरन** ।
neuropath न्युॲ´रॅपैथ् a. = NEUROPATHIST; तन्त्रिका^{F}-रोगी, स्नायुरोगी ।
neuropathic, -al-थिक, -ॲल् a. नाड़ी^{F}-रोग-सम्बन्धी ।
neuropathist –रॉ´पॅथिस्ट् n. (चि०) तन्त्रिकारोग विशेषज्ञ, नाड़ी^{F}-चिकित्सक, तन्त्रिका^{F}-चिकित्सक ।
neuropathology –रॅपॅथॉ´लॅजि n. (चि०) नाड़ी^{F}-विकृति^{F}-विज्ञान, तन्त्रिका^{F}-चिकित्सा^{F} ।
neuropathy –रॉ´पॅथि n. (चि०) तन्त्रिका^{F}-विकार, नाड़ी^{F}-विकार ।
neuro-physiology –रॅफिज़िऑ´लॅजि n. (चि०) तन्त्रिकान्त्र विज्ञान, स्नायु-विज्ञान, **तन्त्रिका^{F}-विज्ञान** ।
neuroplasm –´रॅप्लैज़्म् n. (चि०) **तन्त्रिका^{F}-द्रव्य** ।
neuro-psychic –रॅसाइकिक् a. मनोवैज्ञानिक चेता-सम्बन्धी, तन्त्रिका^{F} मनश्चिकित्सा ।
neurosis न्युॲरो´सिस् n. (pl.*-ses*) (चि०) तन्त्रि-कामयता^{F}, तन्त्रिका^{F}-व्यतिक्रम; विक्षेप, उन्माद, पागलपन; मनस्ताप, **आधि**^{F} ।
nurotic –रॉ´टिक् a. & n. (चि०) तन्त्रिकामय पीड़ित; कातर; असाधारण संवेदना-सम्पन्न (व्यक्ति), अत्यधिक उत्तेजना-प्रवण (व्यक्ति); **मनस्तापी** (~ *tendency*); **रुग्णतन्त्रिक** ।
neurotomy न्युॲरॉ´टॅमि n. (चि०) तन्त्रिकाच्छेदन; नाड़ीच्छेदन ।
neut. neuter.
neuter^1 नीऊ´टॅर् n. नपुंसकलिंग, षण्ढ, क्लीव, नपुंसक व्यक्ति; बाँझ कीड़ा, बधिया जानवर, तटस्थ व्यक्ति ।
neuter^2 a. (व्या०) क्लीव, **नपुंसक** (~ *gender*); (क्रिया) अकर्मक; निष्पक्ष, निरपेक्ष, उदासीन, तटस्थ; (कृमि०) अलिंगी, बाँझ, ऊसर ।
neutral^1 नीऊ´ट्रॅल् n. तटस्थ व्यक्ति; तटस्थ राष्ट्र ।
neutral^2 नीऊ´ट्रॅल् a. निरपेक्ष, (प्रा० भूगोल, रसा०, चि०, स्थितिवि०) **उदासीन**, **तटस्थ**; निष्पक्ष, पक्षपातशून्य, **मध्यग**, अपक्षपाती, समदृष्टि; सन्दिग्ध, अस्पष्ट, अनिश्चित, अनिर्दिष्ट, अस्थिर, अलग-अलग, **निराकृत**, निष्क्रिय; (कृमि०, वन०) अलिंग, अयौन, बन्ध्या, बाँझ; ~ tint धवल रंग; ~ tinted धवल;
  ~ area, ~ asylum, ~ axis, ~ black, ~ conductor, ~ duties, ~ dye, ~ equilibrium, ~ forms, ~ gear, ~ glass, ~ goods, ~ market, ~ oxide, ~ plane, ~ point, ~ position, ~ powers, ~ reaction, ~ rights, ~ rocks, ~ salt, ~ soil, ~ spore, ~ state, ~ surface, ~ temperature, ~ vowel, ~ waters, ~ wire, ~ zone.
neutrality –ट्रै´लिटि n. निरपेक्षता^{F}, अपक्षपात, **मध्यगता**, **औदासीन्य**, **उदासीनता**^{F}, **तटस्थता**^{F}, समदृष्टि^{F}, निष्पक्षता^{F}, निष्क्रियता^{F}; क्लीवता^{F}, नपुंसकता^{F}; अस्थिरता^{F}; (अर्थ०) **यथेच्छा**, **मर्ज़ी**^{F} ।
neutralization –ट्रॅलाइज़े´शॅन् n. (कृषि०, रसा०, चि०) **निराकरण**, नपुंसकीकरण, क्लीवन; प्रतितुलन; (रसा०) मध्यगीकरण, **उदासीनीकरण**; तटस्थीकरण, **युद्धमोचन**; **प्रभावहीनता**^{F}; अप्रभावीकरण ।
neutralize –´ट्रॅलाइज़् v. t. तुल्यभार करना, प्रति-तुलन करना, बराबर करना; क्लीव बनाना, **निष्प्रभावित करना**, **निष्प्रभाव करना**, **बे-असर करना**, उदासीन करना, **तटस्थ करना**, **निराकरण करना**, निष्क्रिय करना; कार्यकारिता^{F} नष्ट करना, अकर्मण्य बनाना ।
neutralized –ड् a. तुल्यभार, प्रतितुलित; क्लीवित; **तटस्थीकृत** ।
neutralizer ज़ॅर् n. (कृषि०) **निराकर**, अप्रभावी, उदासीन करनेवाला ।
neutralizing –ज़िंग् a. शमनकारी, **उदासीनकारी** ।
neutron नीऊ´ट्रॉन् n. क्लीवाणु ।
ne varietur (राज०) **अपरिवर्तनीय** ।
neve ने´वे n. हिम, **कणहिम**, बर्फ़^{F} ।
never ने´वॅर् adv. कदापि नहीं, कभी नहीं, बिलकुल नहीं (~ *after, before, since, yet*); (विस्मयादि या अविश्वास-द्योतक) अवश्य नहीं, अजी नहीं; ~a कोई नहीं; ~ a one एक भी नहीं; ~ dying अमर; ~ ending अनन्त; ~ *mind* चिन्ता^{F} मत करो, परवाह^F न करो; ~ *so* इतना भी नहीं; ~ *the* कोई नहीं; ~ *to-be-forgotten* कभी न भूलनेवाला ।
nevermore –मोॲर् a. कदापि नहीं, अब कभी नहीं, आगे कभी भी नहीं ।
nevertheless –थॅ-लॅस् adv. & conj. किन्तु, परन्तु, पर, तथापि, तिसपर भी, फिर भी, अतिरिक्त, तो भी ।
new^1* नीऊ´ a. अभिनव, नव, **नवीन**, **नूतन**, **नया***

ताजा; अपूर्व; अज्ञान, अनजान, निराला, अनोखा, अनदेखा; अपरिचित; अधिक, अतिरिक्त; व्यतिरिक्त, दूसरा, और; नव्य, नवागत, आधुनिक, अर्वाचीन; उत्तरकालीन, बादका, हालका; अनभ्यस्त; (वंश या व्यक्ति) नवोदित; ~ deal **पुनर्व्यवस्था**, नयी अर्थनीति^F; ~ growth (चि०) **नवोतिवृद्धि**^F, अर्बुद; ~ man (ईसाई धर्ममें) नवदीक्षित व्यक्ति; ~ moon **अमावस्या**^F, शुक्ल प्रतिपदा^F; **प्रतिपदाचन्द्र, नवचन्द्र,** बालेन्दु, दूज^Fका चन्द्रमा; N ~ World नूतन जगत, अमरीका; ~ year's day नववर्ष-दिन, वर्षका प्रथम दिन, पहली जनवरी^F; ~- year's eve ३१ दिसम्बर; N ~Zealander न्यूज़ीलैण्डका वासी, माओरी; the ~ women स्वैरिणी महिलाएँ^F, स्वतन्त्र विचारवाली महिलाएँ^F; the N ~ World **नया संसार,** नयी दुनिया^F, अमेरिका; *put on the ~ man* अपना सुधार करना, अपने आचार व्यवहारको ठीक रखना;

~ arrivals, ~ case, ~ cheese, ~ deal, ~ difficulty, ~ employment, ~ equipment, ~ fashion, ~ formation, ~ issue, ~ item, ~ journalism, ~ learning, ~ life, ~ loan, ~ matter, ~ measures, ~ order, ~ pattern, ~ pay code, ~ scale, ~ series, ~ tax, ~ term, ~ theology, ~ wine, ~ year, ~ year's gift, ~year's wishes.

new² नीऊ' adv. पुनः, फिरसे, नये सिरेसे, नयी तरहसे; नया, नया-नया, अभी, हालमें; ~ born (चि०) सद्योजात (एक मास तक);

~-blown, ~-built, ~-coined, ~-come, ~-fledged, ~-found, ~-made, ~-mown.

newcomer नीऊ'कमॅर् n. नवागन्तुक, अभ्यागत।

newel नॅ'विॅल् n. (घुमावदार सीढ़ी^Fका) मध्यस्तम्भ, **थम्बा,** (*stair*)।

newfangled नीऊ'फैन्गॅल्ड् a. नवनिर्मित, नवकल्पित, नवानुरागी, नवीनता-प्रेमी, नयी चीजों^Fका शौकीन।

newfangledness –निॅस् n. नवनिर्मितत्त्व, नवकल्पितत्त्व, नवानुराग।

Newfoundland नीऊ'फ़ाउन्ड्'लैन्ड्, नीऊफॅन्ड्लैन्ड् n. एक शिकारी कुत्ता।

newish नीऊ'इश् a. नवसदृश, कुछ नया, नया-सा।

newly –'लि adv. नव-, थोड़े दिनोंसे, हालमें, नया-नया (*the ~-discovered country*); नये सिरेसे, नये ढंगसे; नये तौरपर।

New M. New Mexico.

Newmarket नीऊ'मार्किॅट् n. घोड़ोंकी बिक्री^Fके लिए प्रसिद्ध नगर; ताशका एक खेल; तंग बड़ा कोट।

newness नीऊ'निस् n. अपूर्वता^F, नूतनता^F, नवीनता^F, नयापन; नवाचार; अपरिचय, अज्ञानता^F।

news* नीऊज़्' n. (pl.) वृत्त, वृत्तान्त, वार्ता^F, विवरण, संवाद, **समाचार***, खबर^F* (*latest ~, ill ~ flies apace*); ~-agent, समाचार-अभिकर्ता, समाचारदाता, **अखबार एजेन्ट;** ~-boy,-man समाचारपत्र-वट्ठ, समाचारपत्र-विक्रेता, अखबारवाला; ~ dealer ⊙ = NEWSAGENT; ~-letter समाचार-पत्रक, **वृत्तपत्र,** विशेष परिशिष्ट; ~-man संवाददाता; ~monger वार्ता-प्रसारक, संवाददाता; जल्पक, गपोड़ी, गप्पी; ~organ **समाचारपत्र;** ~paper **समाचारपत्र,** अखबार; ~ paperman ⊙ पत्रकार, जर्नलिस्ट; ~print अखबारी कागज; ~reel **वृत्त-चित्र,** समाचार-चित्रावली^F; ~ relay समाचार-प्रसारण; ~-stand ⊙, book-stall; ~-vendor समाचारपत्र-विक्रेता; ~-writer पत्रकार, विशेष-समाचार लिखनेवाला; *that is no ~* कोई नयी बात^F नहीं, यह तो ज्ञात ही है;

~ agency, ~ analysis, ~ branch, ~ bulletin, ~ cast, ~ column, ~ commentary, ~ correspondent, ~ despatch, ~ editor, ~ feature, ~ gathering, ~ item, ~ letter, ~ officer, ~ paper article, ~ paper cutting, ~paper employer, ~ paper propaganda, ~ paper report, ~ photographs, ~ reader, ~ reporter, ~ review, ~ -room, ~-sheet, ~ sources, ~ value, ~ writing.

newsie ⊙ –'ज़ि n. = NEWS (boy)।

newsiness नीऊ'जिनिॅस् n. वृत्तिपूर्णता^F, वार्तामयता^F, वृत्तान्तयुक्तता^F, संवादपूर्णता^F, समाचारयुक्तता^F।

newsless –ज़्'लिॅस् a. वृत्तिविहीन, वार्ताविहीन, वृत्तान्तरहित, संवादशून्य, समाचारहीन।

newsy –'ज़ि a. वृत्तिपूर्ण, वार्तामय, वृत्तान्तयुक्त, संवादपूर्ण, समाचारयुक्त।

newt नीऊट्' n. जलगोधिका^F, क्षुद्रगोधा^F, एक प्रकारकी गोह^F।

newtonian¹ नीऊटो'निअॅन् n. न्यूटनवादी; प्रतिक्षेपक दर्पण, न्यूटन-दूरबीन^F।

newtonian² a. न्यूटनका, न्यूटन-सम्बन्धी, न्यूटनके विश्व-सिद्धान्तसे सम्बद्ध; न्यूटन द्वारा आविष्कृत।

next¹ नॅक्स्ट्' n. (विशेषण या लुप्तपदी प्रयोग) दूसरा व्यक्ति या पदार्थ; दूसरा पति; दूसरा बच्चा, अगला पत्र; अगला अंक; अगला प्रश्न; ~ of kin **निकटतम, सम्बन्धी या सकुल्य।**

next² a. परवर्ती, संसक्त, आसन्न, सन्निहित, निकटस्थ, निकटतम, समीपस्थ, पासका, करीब, **आगामी, अगला,** (*the person ~ to him*); दूसरा; ~ heir **निकटतम दायाद;** ~ man ⊙ कोई अन्य व्यक्ति, आगन्तुक; *lives ~ door* बगलवाले मकानमें रहता है; *~ to impossible* प्रायः असम्भव।

next³ adv. अनन्तर, ठीक उसके बाद, दूसरे नम्बरपर; (*~ came a strange figure*)।

next⁴ prep. दूसरी श्रेणी^Fमें, दूसरे नम्बरपर; दूसरे

अवसरपर; ठीक पीछे, ठीक आगे, समीप, ठीक पास (*placed his chair ~ to hers*)।

nexus –नें'क्सॅस् n. सम्बन्ध, सम्पर्क, संयोग, मेल, जोड़; बन्धन; the cash ~ अर्थ सम्बन्ध, आर्थिक सम्बन्ध, लेन-देन।

N.F. Norman French; Northern French; National Formulary; Near Fore.

N.F. (or **NF.** or **Nfd.**) Newfoundland.

N.F.P.T.E. National Federation of Posts & Telegraphs Employees.

N.F.S. National Fire Service.

N.F.U. National Farmers' Union.

N.G. National Gallery; National Guard; New Guinea.

N.G.O. Non-Gazetted Officer.

N.H. National Health; Naval Hospital; New Hampshire.

N.H.I. National Health Insurance.

Ni. Nickel.

nib[1] निब्' n. जिह्वा[F], निब[F], कलम[F]की जीभी[F] या नोक[F]; अणि[F], **किंगरी**[F], यन्त्रकी नोक[F]; चँचु, तुण्ड, चोंच[F], टोंट[F]; कोकोकी दलिया[F]।

nib[2] v.t. कलम[F] बनाना; कलम[F]में निब[F] लगाना; नोक[F] बनाना।

nibble[1] नि'बॅल् n. कर्तन, कुतरन, कतरन, कटाव; खाँचा; लघुग्रास।

nibble[2] v.t. & i. लघुग्रास लेना, व्यदन करना, कुतरना, काटना, घटाना, खुटकना, थोड़ा-थोड़ा करके खाना; छिद्रान्वेषण करना, दोषान्वेषण करना, दोष निकालना।

nibbler –लॅर् n. कर्तक, कुतरनेवाला; छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी, दोष निकालनेवाला।

niblick निब्'लिक् n. (चौगान खेलनेका बल्ला), निबलिक।

nibbling नि'बॅलिंग् a. **खाँचेदार** (~ *plank*)।

nibs निब्ज़्' n. (ग्रा०, प्रहसनमें उपाधि[F]) श्रीमान् (*his* ~)।

N.I.C. area Non-Intensive Cultivation area.

nice[1] नाइस a. दुस्तोष्य, दुस्तोषणीय, दुराराध्य, नकचढ़ा, नखरेबाज; सूक्ष्मदृष्टि, कुशाग्रबुद्धि, सतर्क, सावधान, सचेत, चैतन्य, खबरदार; क्लिष्ट, कठिन, गूढ़, दुरूह, पेचीदा, मुश्किल (~ *question point*); सूक्ष्म, बारीक, महीन (*a* ~ *distinction*); कुशल, निपुण, तेज, फुर्तीला; मृदु, सुकुमार, कोमल; भोला; प्रिय, मनोहर, रुचिकर, आनन्दप्रद, शोभन; सु, उत्तम, श्रेष्ठ, बढ़िया, अच्छा, उमदा; सुस्वादु, रसमय, सुरस, रसीला, जायकेदार, मजेदार।

nice[2] adv. सन्तोषपूर्वक, अच्छी तरह।

Nicene नाइसीन्', नाइ'सीन् a. नीकिया नगर-विषयक, नीकिया नगरका, नीकिया नगरवाला; ~ Creed (नीकिया नगरकी प्रथम परिषद्[F]में निश्चित) ईसाई धर्मके सिद्धान्त।

niceness नाइस्'निॅस् n. सुन्दरता[F], लालित्य; सतर्कता[F], सावधानी[F]; सूक्ष्मता[F]; कठिनता[F]; दक्षता[F], कुशलता[F], निपुणता[F]; उत्तमता[F]; सुरसता[F]।

nicety –सि'टि n. विधि[F], नियम; ध्यान, विचार; अतिशय सूक्ष्म-दर्शिता[F]; नियम-निष्ठा[F], सूक्ष्माचार, नियमनिष्ठता[F]; सुस्वादु वस्तु[F]; मनोहारिता[F]; दुष्प्रसाध्यता[F]; यथातथत्व, यथार्थता[F], वास्तविकता[F], औचित्य, सचाई[F], मर्मज्ञता[F], सुकुमारता;[F]; सूक्ष्मता[F], **बारीकी**[F]; सूक्ष्मान्तर; साधारण बात[F], मामूली बात[F], (बहु०) सूक्ष्म-विवेचन, सूक्ष्म-विचार; सुन्दर या सुस्वादु पदार्थ; *to a* ~ ठीक-ठीक।

niche[1] निच्' n. गवाक्ष, गौखा, आला, **ताख**; पात्र; (ला०) आधार, व्यवसायका निर्दिष्ट स्थान; ~ *in the temple of fame* वीरतापूर्ण कार्योंके ख्यातियुक्त स्थान।

niche[2] v.t. गवाक्षमें रखना, ताखमें रखना, आलेमें बैठाना, गौखेमें रखना; सुरक्षित रखना, छिपाना; कोनेमें आसन जमा लेना।

niched –ड् a. (वस्तु[F]) गवाक्ष-स्थित, ताखमें रखी हुई, आलेमें रखी हुई।

nicish नाइ'सिश् n. ललित, मनोहर, सुन्दर, उत्तम, बढ़िया; सूक्ष्म।

nick[1] निक्' n. चिह्न, निशान; लक्ष्य; अवच्छेद, **चिब**, दाँता, दनदाना; कटाव, **खाँचा**; शुभ योग, शुभ काल, उपयुक्त मुहूर्त, उपयुक्त समय; ~-eared कानकटा; *in the* ~ (*of time*) अनुकूल समयपर, ठीक समय।

nick[2] v.t. & i. दाँते बनाना, दाँतेदार बनाना, दाँते डालना, दाँतेदार होना; चिह्नित करना, निशान लगाना; (घोड़ेकी पूँछ[F]की जड़[F]में) छेद करना; काट डालना, टुकड़े-टुकड़े करना; सत्य अनुमान करना, समझ जाना, ताड़ जाना (~*the truth*), सही अन्दाज लगाना; (गाड़ी[F] इत्यादिका) ठीक समयपर पहुँच जाना; धर लेना, पकड़ लेना, गिरफ्तार करना; दाँव लगाना, पाँसा फेंकना, (घुड़दौड़[F]में) कतराकर निकल जाना; दो नस्लों[F]का घुलमिल जाना।

nick[3] n. = DEVIL (*the old* ~)।

nickel[1] नि'कॅल् n. **रूपा, रूपक, निकल**[F], गिलट, कलई[F], मुलम्मा; (अमेरिकी) ५ सेण्टकी मुद्रा[F] विशेष;

~ accumulator, ~ basin, ~ bloom, ~coin, ~-copper scrap, ~-copper-zinc alloy, ~-copper-zinc alloy scrap, ~dish, ~ frame, ~ glance, ~ green, ~ grey, ~ nitrate, ~ phosphate, ~-plate, ~-plated, ~pyrites, ~silver, ~silver scrap, ~silver ware, ~steel, ~vitriol, ~wire.

nickel[2] v.t. निकल[F] करना, निकल[F] चढ़ाना, निकल[F]-

की कलई^F करना, निकल^F के पतले पत्रसे मढ़ना, गिलट चढ़ाना।
nickel³ a. रूपकीय, रूपकयुत, गिलटका; ~ silver ताम्ररूपक, निकलसिलवर; ~ steel रूपक वज्रायस, **निकल-इस्पात,** निकल^F और लोहेका मिश्रण।
nickelage –लिज् n. गिलटसाजी^F, मुलम्मासाजी^F।
nickelic निके´लिक् a. रूपकीय, गिलट-सम्बन्धी।
nickeliferous –लि´फ़रॅस् a. गिलट-युक्त, गिलटवाला।
nickeline –कॅलाइन् n. रूपकी^F, (रसा०) **निकेलाइन^F**।
nickelize –लाइज़् v.t. रूपकायित करना, रूपकारोपण करना, गिलट बनाना।
nicker¹ निकॅर् n. कर्तक, काटनेवाला; उठाईगीर, उचक्का।
nicker² v.i. हिनहिनाना, हिँहियाना।
nick-nack निक्´नैक् दे० KNICK-KNACK.
nickname¹ निक्´नेम् n. विद्रूपित नाम, कौतुकजनक नाम, **उपनाम, फ़र्ज़ी नाम,** चिढ़ानेका नाम; परिचित नाम, संक्षिप्त नाम।
nickname² v.t. विद्रूपित नाम देना, कौतुकजनक नामसे पुकारना, उपनामसे पुकारना, नाम धरना, नाम रखना; उपाधियुक्त करना (*some people are never ~d*)।
nicotian¹ निको´शिॲन् n. तम्बाकू^F पीनेवाला।
nicotian² a. तम्बाकू^F-सम्बन्धी, तम्बाकू^F का।
nicotine नि´कॅटीन् n. ताम्रकूटी^F, तम्बाकू^F का सत्व, तम्बाकू^F का सार, तम्बाकू^F का विष, (चि०) **निकोटीन**।
nicotinic निकॅटि´निक् a. ताम्रकूटिक, T, (*~acid*)।
nicotinism नि´कॅटीनिज़्म् n. (चि०) निकोटिनात्यय, तमाखू^F-अत्यय, तम्बाकू^F के अधिक सेवनसे उत्पन्न रोग-विशेष, निकोटीनका विषैला प्रभाव।
nicotinize –नाइज़् v.t. ताम्रकूटियित करना, निको-टीनसे विषैला करना।
nictate, nictitate निक्´टेट्, निक्´टिटेट् vv.t. पलक^F मारना, आँख^F झपकाना, आँख^F मारना, सैन करना, इशारा करना।
nict(it)ating membrane –´ट(इट्)गे´टिंग् मेम्ब्रेन n. (बहुतेरे पशुओंकी तीसरी या भीतरी) पलक^F, पपोटा।
nictation, nictitation –टे´शॅन्, –टिटे´शॅन् nn. निमीलन, निमेष (नेत्रका); झपकी^F, सैन, इशारा।
nicy नाइ´सि n. (शिशुभाषा^F) मिठाई^F।
nidal ⊙ नाइ´डॅल a. नीडीय, नीड-सम्बन्धी, घोंसलेसे सम्बन्धित; बीजकोषीय; रोगाणुकेन्द्र-सम्बन्धी; अण्डोंके समूहका।
nidamental –डॅमे´न्´टॅल् a. **अण्डावरण-,** अण्डप्रद, अण्ड-, (*~gland, capsule*)।
nidation नाइडे´शॅन् n. गर्भकला^F का पुनर्निर्माण, गर्भा-शयकी त्वचा^F का पुनर्गठन या नवीन होना।
nid(d)ering नि´डॅरिंग् a. & n. क्षुद्र, कायर, डरपोक, निकम्मा (व्यक्ति) अकुलीन, नीच।
niddle-noddle नि´डॅल्-नो´डॅल् १. a. कम्पनशील, अस्थिर, हिलता-डुलता; २. v.t. & i. (सिर) हिलाना, डुलाना, हिलना-डुलना।
nide नाइड् n. पशुशावक, पक्षिशावक, पशुओं या पक्षियों-के बच्चे।
nidge निज् v.t. पत्थर गढ़ना, तराशना।
nidicolous ⊙ निडि´कॅलॅस् a. नीडवासी, नीडवास-सम्बन्धी, घोंसलेमें अधिक समय पड़ा रहनेवाला।
nidificate, nidify –डिफिकेट्, नि´डिफाइ vv.t. नीड बनाना, घोंसला बनाना।
nidification –के´शॅन् n. नीड-निर्माण।
Nidifugae –फ़्यूगे n. नीडत्यागी, घोंसला छोड़नेवाला पक्षी।
nidifugous ⊙ –डिफ़्यूगॅस् a. नीडत्यागी।
nidify नि´डिफ़ाइ v.t. नीडनिर्माण करना, घोंसला बनाना।
nid-nod निड´नॉड् v.t. & i. सिर कँपाते रहना, सिर हिलाते रहना।
nidor नाइ´डॅर् n. पक्वान्न-दुर्गन्धि^F, पके हुए भोजनकी बदबू^F।
nidorose –रोस् a. (वन०) **दुर्गन्धित, बदबूदार;** NIDOROUS.
nidorous –रॅस् a. पक्वान्न-सुगन्धियुक्त, पके हुए भोजन-की महकवाला।
nidulant नाइ´ड्युलॅन्ट् a. पड़ा हुआ।
nidulation –ले´शॅन् n. नीडप्ररचना^F, नीडसृजन, घोंसला बनाना।
nidus नाइ´डॅस् n. (pl. *-di, -es*) नीड, घोंसला; बीज-कोष, बीजोत्पत्तिस्थान, बीजदानी^F; (चि०) रोगोत्पत्तिस्थान; उपसर्ग केन्द्र, संक्रमणस्थल; प्राकृतिक कोष; अण्ड-समुदाय, अण्ड-समूह, अण्डभण्डार; कीटाणुराशि^F।
niece नीस् n. भ्रात्रीया^F, भ्रातृकन्या^F, भ्रातृ-पुत्री^F, भतीजी^F; भागिनेयी^F, भानजी^F।
niello निए´लो n. (धातुओं^F की नक्काशी^F के लिए) एक मसाला, नियलो; स्याह नक्काशी^F का काम, एक प्रकारके कामकी बानगी^F।
nielloed –ड् a. नक्काशदार।
niellure –ल्युॲर् n. स्याह नक्काशी^F का काम, नियलो मसालेसे की गयी नक्काशी^F।
Nietzschean नी´चिॲन् a. & n. नीट्शे-सिद्धान्तवादी, नीट्शे मतानुयायी, नीट्शेवादी।
nifnaff¹ निफ़्´नैफ़् n. तुच्छ वस्तु^F, नगण्य वस्तु^F, नाचीज़; वामन, बौना।
nifnaff² v.i. नष्ट करना, उड़ा देना, बर्बाद कर देना।
nifty ⊙ निफ़्´टि a. उत्तम, बढ़िया; चुस्त, फुर्तीला; सज्जाप्रिय, ठाठदार, फैशनदार।
nigella नाइजे´लॅ n. (कृषि०) **कलौंजी^F**।
niger नि´गॅर् n. **रामतिल, तिल्ली^F,** (*~plant*)।
niggard नि´गॅर्ड् a. & n. अल्पव्ययी, मितव्ययी; क्षुद्र, कृपण (मनुष्य), सूम (व्यक्ति), कंजूस (आदमी), ख़सीस, मक्खीचूस (आदमी)।
niggardliness –लिनिस n. अल्पव्यय, मितव्यय,

अल्पव्ययिता^F, मितव्ययिता^F, कृपणता^F, कंजूसी^F ।

niggardly –लि a. अल्पव्ययी, मितव्ययी, कृपण, कंजूस, सूम, मक्खीचूस ।

nigger[1] नि'गॅर् n. कालेय, कालेयक, हब्शी; (शिथिल अर्थोंमें) काला आदमी; आस्ट्रेलियाका नागरिक; काली तितली^F; काला शलमग; ~- brown काला, भूरा; ~ head दे० NEGRO-head; ~ melody, song अमेरिकी हब्शी संगीत; ~minstrel हबशी बना हुआ भाँड़; ~ *in the woodpile* or *fence* ⊙ (ग्रा०) रंगमें भंग; कुछ दालमें काला ।

nigger[2] ⊙ a. गुप्त, छिपा हुआ ।

niggerdom –'गॅर्डॅम् n. कालेयदेश, कालेयकदेश, हब्शियोंका प्रदेश ।

niggle नि'गॅल् v.i. तुच्छ बातों^Fमें कालक्षेप करना, तुच्छ बातों^Fमें समय नष्ट करना, बात^F बढ़ाना; भटकना ।

niggler –लॅर् n. कालापव्ययी व्यक्ति, तुच्छ बातों^Fमें समय नष्ट करनेवाला आदमी ।

niggling –लिंग् n. क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, नीच, हेय, छछोरा; घटिया, छोटा; (हस्तलेख) घना, अपाठ्य, अवाच्य, अपठनीय, घसीट ।

nigh नाइ' a., adv. & prep. आसन्न; सन्निहित, निकटवर्ती, समीपस्थ, अदूर, अनतिदूर, पासका, करीब, नजदीक; ~-hand पास, समीप, निकट, लगभग, करीब ।

night* नाइट् n. क्षपा^F, विभावरी^F, यामिनी^F, रजनी^F, निशा^F, रात्रि^F, रात^F* (*black, dark, as*~); तम, अन्धकार, अँधेरा; विपत्ति, मुसीबत; ~-bird उल्लू, कुचकुचवा, खूसर; चमगीदड़, निशाचर, रात्रिचर मनुष्य; ~-blindness निशान्धता^F, रात्र्यन्धता^F, रतौंध^F, रतौंधी^F; ~cap पहिनकर सोनेकी टोपी^F; रात^Fकी शराब^F; ~-chair पाखानेकी चौकी^F; ~-clothes शयन-वस्त्र, रात^Fकी पोशाक^F; ~-club (नर्तकोंकी) रात^F-की गोष्ठी^F; ~-dress, ~-gown, ~-robe ⊙ रात्रिवेश, (महिलाओं एवं बच्चोंकी) रात^Fकी पोशाक^F; ~ fall निशामुख, दिनान्त, सन्ध्या, शाम; ~-glass (समुद्र-यात्रा^Fमें प्रयुक्त) रात्रिकालीन दूरबीन; रातका टेलीस्कोप; ~-hag निशाचरी^F, रात्रिचरा^F, चुड़ैल^F; ~-hawk चोर, उठाईगीर; ~jar नप्तृका^F, नपता^F, एक अबाबील^F; ~latch **सुरक्षा-सिटकिनी**^F; ~-light रात्रिदीप; ~-line वंशी^F, कँटिया^F; ~-long रातभर; ~ man मेहतर, (गाड़ी^Fमें टट्टी^F भरकर ले जानेवाला) जमादार; ~mare दुःस्वप्न, भयानक कुस्वप्न; हौआ, सदा बना रहनेवाला भय; ~-piece रात्रि^Fके दृश्यका चित्र; ~-porter (होटलों या अस्पतालोंमें) रात^Fका पहरेदार; ~season (का०) रात^Fका समय; ~-shirt शयन-वस्त्र, नाइट-गाउन; ~-soil मल, (कृषि०) **विष्ठा,** मैला, पाखाना, गूह; (नाबदान या मोरी^Fका) गन्दा पानी; ~-stool रात^Fकी चौकी^F, पाखानेकी बन्द चौकी^F; ~-suit रात^Fका सूट (पायजामा तथा कमीज^F); ~sweats (चि०) नैशातिस्वेदता^F; ~terror, terrors **भयानक स्वप्न,** दुःस्वप्न, **डरावना, सपना;** ~-walker निद्राचारी^F, स्वप्नमें चलनेवाला; ~- walking स्वप्नमें चलना; ~watch रात^Fका चौकीदार; रात^Fका पहरा; *all* ~, *all* ~ *along* सारी रात^F, रातभर; *at* ~ रात^Fको; *make a* ~ *of it* रातभर विलास करना, रातभर ऐश मनाना; ~*& day* सर्वदा, रात-दिन;

~adult school, ~ alarm, ~ attack, ~-attire, ~-black, ~-blooming, ~blue, ~-boat, ~-capped, ~-cloaked, ~closure, ~-cradled, ~ dark, ~ duty, ~-enshrouded, ~-filled, ~firing, ~fish, ~ flight, ~flower, ~-flowering jasmine, ~fly, ~fowl, ~frost, ~green, ~guard, ~-haired, ~-haunted, ~heron, ~-hid, ~ jessamine, ~ latrine, ~- mantled, ~-moth, ~ movement, ~ -overtaken, ~passenger train, ~patrol, ~peon, ~-porter, ~protection, ~reconnaissance, ~round, ~-scented, ~school, ~sentry, ~shift, ~shirt, ~shooting, ~ signal, ~-struck, ~swift, ~-time, ~travelling, ~-veiled, ~ vision, ~ visit, ~ wake, ~ward, ~watchman, ~wear, ~-work, ~-worker.

nightingale[1] नाइटिन्'गेल् n. कलविंकक, बुलबुल ।

nightingale[2] n. बण्डी^F, जैकेट (विशे० रोगियोंकी) ।

nightless नाइट्'लिस् a. रात्रिहीन, अन्धकार-विहीन ।

nightly[1] –लि a. निशा-, नैश, रात्रि-, रात्रीय, रात्रिकालीन; रात्रिकृत; रात्रिको होनेवाला ।

nightly[2] adv. रातो-रात, प्रत्येक रात्रि^Fमें, रात^Fमें, रात-रात^F ।

nightshade नाइट्'शेड् n. काकमाची, रजनी माची, धतूरा; Deadly N ~ घातक, बेलाडोना; Woody N~ (बैंगनी फूल और लाल फलवाला) जंगली धतूरा ।

nigrescence नाइ(नि)ग्रे'सॅन्स् n. झाँवरापन, कुछ कालापन ।

nigrescent नाइ(नि)ग्रे'सॅन्ट् a. कृष्णाभ, साँवला, झाँवरा, काला-सा ।

nigrify नाइ'ग्रिफ़ाइ v.t. कृष्णवर्ण करना, काला करना ।

nigrine नि'ग्राइन् n. कालिज, एक प्रकारका खनिज ।

nigritude नि'ग्रिट्यूड् n. (शा० एवं ला०) कृष्णता^F, साँवलापन, कालापन ।

Nihal निहाल् n. (ज्यौ०) **द्वितीय शश, निहाल ।**

nihil नाइ'हिल् n अभाव, अनस्तित्व, शून्य, नहीं ।

nihil ad rem (L) pred. a. असंगत, बेतुका ।

nihilism –'(हि) इलिज़्म् n. **नाशवाद, शून्यवाद,** शून्यमत; शून्यमयता^F, शून्यता^F; (दर्श०) नास्तिवाद, संशयवाद; (१९वीं शती^Fके रूसी क्रान्तिकारियोंका) सर्वखण्डनवाद, निषेधवाद ।

nihilist –लिस्ट् n. **शून्यवादी, नाशवादी,** नास्तिवादी; रूसी सर्वखण्डनवादी, निषेधवादी ।

nihilistic –लिस्टिक् a. नास्तिवादी, शून्यवाद-सम्बन्धी, भेदनिरासवादी।

nihility –हि'लिटि n. असत्ता^F, अनस्तित्व, नाश, अस्तित्वहीनता^F, शून्यता^F, अभाव; तुच्छ वस्तु^F, नगण्य वस्तु^F; विफलता^F, निष्फलता^F; अकार्यकारिता^F।

nil निल्' n. अभाव, शून्य; किंचित् नहीं, कुछ नहीं; ~ admirari कुछ अच्छा नहीं।

Nil निल्' शून्य, कुछ नहीं।

nil desperandum (L) निराश मत हो।

nilgai निल्'गाइ n. नीलगाय^F।

nill निल्' v.i. इच्छा^F न होना; *will he ~ he* वह चाहे अथवा न चाहे (अब प्रायः *willy-nilly*)।

Nilometer नाइलॉ'मिटॅर् n. नील^Fका जलमापक-स्तम्भ।

Nilotic नाइलॉ'टिक् a. नील नदी^Fका।

nimble निम्'बॅल् a. द्रुतगामी, शीघ्रगामी; चपल, चंचल, फुर्तीला; दक्ष, पटु, निपुण, प्रवीण, कुशल, चतुर; प्रगल्भ, प्रखर, कुशाग्र, तेज; लघु, लघुशरीर; ~-fingered चौरकर्ममें पटु, चोरी^Fमें होशियार; ~-footed प्रजवी, वेगवान्, तेज चलनेवाला; ~-witted व्युत्पन्नमति;
~-braind, ~-headed, ~-jointed, ~-mouthed, ~-spirited, ~ tongued.

nimbleness –निस् n. लघुता^F, क्षिप्रता^F, द्रुतगामिता^F, शीघ्रगामिता^F; चपलता^F, चंचलता^F, फुर्तीलापन; दक्षता^F, पटुता^F, निपुणता^F, प्रवीणता^F, चालाकी^F; लघुता^F, हलकापन।

nimbus निम्'बस् n. (भूगोल) जलद, वर्षामेघ, जलमेघ, (~ *clouds*); प्रभामण्डल।

nimbused –ड् a. प्रभामण्डलयुक्त।

nimiety निमाइ'इटि n. (क्र०) अति^F, अधिकता^F, प्रचुरता^F, अतिशयता^F।

niminy-piminy नि'मनि'पि'मिनि a. औपचारिक, कृत्रिम, बनावटी।

N' importe (F) कोई चिन्ता^F नहीं, कोई बात^F नहीं।

Nimrod निम्'रॉड् n. (बड़ा) आखेटक, शिकारी, खिलाड़ी।

nincompoop निन्'कॅम्पूप n. मूर्ख, लण्ठ, अनाड़ी, गँवार, जड़, बेवकूफ, बुद्धू, भोंदू, गोबरगणेश।

nine[1] नाइन्' n. नवकी संख्या^F; नौ (बजे), नौ (रुपये), नौ (वर्ष) आदि; *dressed up to the ~s* ठाटबाटसे सजा हुआ; *to the ~* पूर्णरूपेण, पूरी तरह।

nine[2] a. नव, नौ (~ *days*); ~-holes एक प्रकारका खेल; ~pins (नौ पिनों^Fसे खेला जानेवाला) एक प्रकारका खेल; *~days' wonder* चार दिनकी चाँदनी^F; *~ times out of ten* प्रायः।

ninefold –'फ़ोल्ड a. & adv. नवगुण, नौगुना।

nineteen –'टीन a. & n. नवदश, ऊनविंशति, उन्नीस (की संख्या^F); उन्नीस वर्षकी अवस्था^F; *is nearly ~* लगभग १९ वर्षका।

nineteenth –न्थ् a. नवदश, एकोनविंश, उन्नीसवाँ।

ninetieth –टिइथ् a. नवतितम, नब्बेवाँ।

ninety –टि a. & n. नब्बे (की संख्या^F); ~ eight अट्ठानवे, ~ five पंचानवे, ~ four चौरानबे, ~ nine निन्नानवे, ~ one इक्यानवे, ~ six छियानबे, ~ three तिरानवे, ~ two बानवे। *~-nine out of a hundred* प्रायः लगभग सभी; *the ~ies* थर्मामीटरके अंश; शताब्दीके वर्ष; नवासी और सौके बीचकी संख्या^F।

ninny नि'नि n. मूर्ख, निर्बोध, अबोध, अल्पधी, जड़, अज्ञान, अनाड़ी, लण्ठ, गँवार, गोबरगणेश, बुद्धू, बेवकूफ, भोंदू।

ninny-hammer –हैमॅर् n. = NINNY.

ninon (F) नी'नान् n. सूक्ष्म अंशुक, हलका रेशमी वस्त्र; निनन।

ninth[1] नाइन्थ्' n. नवमांश, नवाँ भाग।

ninth[2] a. नवम्, नौवाँ; (~*day, part*); ~ part of a man दर्जी।

ninthly –'लि adv. नवमतः, नौवें, नवम स्थानमें।

niobate नाइ'अॅबेट् n. (रसा०) काशीय (अम्ल)।

Niobe नाइ'अॅबि n. शोकातुरा महिला^F, विधवा^F, वियोगिनी^F।

Niobean –बी'ॲन् a. वियोगिनी^F, शोकातुरा^F; वियोगिनीसदृश, शोकातुरा^F-सदृश।

niobic नाइओ'बिक् a. (रसा०) काश्य।

niobium –बिअॅम् n. (रसा०) काश धातु^F, नियोबियम।

niobous –बॅस् a. (रसा०) काश्य।

nip[1] निप्' n. कटाव, चुटकी^F; कटूक्ति^F, व्यंग्य, ताना; काट^F, छाँट^F; वाताघात, वायु^Fकी शीतलता^F; (वनस्पति^F-का) तुषार द्वारा विनाश, तुषाराघात, पाला मार जाना।

nip[2] v.t. & i. चुटकी^F लेना, चोंकना, चुभोना, कोंचना, नोचना, दबाना; (कली^Fका) तोड़ लेना; कर्तन करना, उच्छेद करना, कतरना, काटना, छाँटना, विनाश करना, नष्ट करना, मारना; ताने मारना; (शीतका) कष्ट देना, दर्द पैदा करना, असर करना; झपट^F लेना, चुपकेसे ले जाना; (ग्रा०) भूल^Fसे प्रवेश करना; *~in the bud* दे० BUD.

nip[3] n. थोड़ी-सी मदिरा^F।

nip[4] v.i. & t. पीना, घूँट लेना, चुसकी^F लेना, ढालना।

nipa नी'पॅ, नाइ'पॅ n. ताड़, खजूर, नीपा (वृक्ष); ताड़ी^F।

nipped निप्ड्' a. छिन्न, कृत्त, काटा हुआ; हिमार्त, हिमपीड़ित।

nipper नि'पॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) चुटकी लेनेवाला, कतरनेवाला; जेबकतरा; बाजारी लड़का, आवारा छोकरा; (pl.) संसी^F, मोचना, चिमटा; (pl.) सदशक, (नाक^F पकड़नेवाला) चश्मा; घोड़ेके अगले दाँत; कछुएके पंजे।

nipperkin नि'पॅकिन् n. मद्य^F-मापक, सुरा-मापक; लघु चषक, छोटा प्याला।

nippiness नि'पिनिस् n. चुस्ती^F; फुर्तीलापन, फुर्तई^F।

nipping नि'पिंग् a. अवच्छेद, कर्तन, छेदन, कटाई^F;

हिमार्तीकरण; (शीत आदिकी) कष्टप्रदता^F।

nipple नि'पॅल् n. स्तनमुख, **स्तनाग्र, चूचुक,** ढेंपनी^F, चूँची^F; (दूध पिलानेवाली बोतल^Fकी) चुसनी^F, चूचुक आकारकी कोई वस्तु^F, घुण्डी^F; (पर्वतोंपर) छोटा गोल उभार; छोटा टीला; बन्दूक^Fका निपिल; ~wort स्तन-वीरुध, चूचू पौधा।

Nippon नि'पॅन् n. जापान।

Nipponian –पो'निअॅन् a. जापानी, जापान-सम्बन्धी।

Nipponism –'पॅनिज़्म् n. जापानवाद, जापानियोंका आदर; जापानियोंकी विशेषता^F।

nippy नि'पि a. चुस्त, फुर्तीला; शीतल, ठण्ढा।

ni. pri. *nisi prius*, to take effect unless, after a time, some condition referred to be fulfilled.

nirvana नर्वा'नॅ n. निर्वाण, मुक्ति^F, मोक्ष।

nisi नाइ'साइ conj. अन्यथा; जबतक कि न, यदि नहीं; a. **प्रारम्भिक** (*decree* ~, *judgement* ~)।

N.I.S.I. National Institute of Science of India.

nisi (L) जब तक न, यावन्न (*decree, rule,* ~)।

nisi Dominus frustra (L) ईश्वरकी सहायता बिना तुम्हारा सारा परिश्रम निष्फल है।

nisi prius (L) adv. किसी विषयका पूर्वविरोध न होते हुए।

Nissen hut नि'सॅन् हट् n. गोल झोपड़ी^F।

nisus नाइ'सॅस् n. प्रवृत्ति^F; प्रयत्न, कोशिश; संघर्ष, कलह^F; (चि०) मलोत्सर्जनार्थ मध्यच्छदों तथा उदर पेशियोंका सङ्कोच।

nit निट' n. यूकाण्ड, लिक्षा^F, लीख^F, ढील^F; अन्य छोटे कीड़ोंके अण्डे, डिम्भ।

nitid नि'टि'ड a. प्रदीप्यमान, आभामय, प्रकाशमय, चमकदार।

niton नाइ'टॉन् n. रेडनका प्राचीन नाम दे० RADON.

nitrate¹ नाइ'ट्रेट् n. भूयीय, (वन०, रसा०) **नाइट्रेट।**

nitrate² –ट्रेट्' v.t. भूयीयन करना, **नाइट्रेटित करना,** (किसी वस्तु^Fमें) नाइट्रिकएसिड मिलाना।

nitratine –'ट्रॅटिन् n. भूयीयी, सोडियम नाइट्रेट नामक धातु^F।

nitration –ट्रे'शॅन् n. भूयीयन, (रसा०) **नाइट्रेटीकरण।**

nitre नाइ'टॅर् n. (कृषि०, रसा०) **यवक्षार, कलमी शोरा, शोरा, नाइटर,** पोटाशियम नाइट्रेट; *cubic* ~ **सोडियम नाइट्रेट;** ~ beds, ~ cakes, ~ oven.

nitric –ट्रिक् a. (चि०, रसा०) यवक्षार-सम्बन्धी, जौखार-वाला, भूयिक, **नाइट्रिक,** शोरेदार, शोरेका।

nitride –ट्राइड् n. भूयेय, (रसा०) **नाइट्राइड।**

nitriding –डिंग् n. भूयेयन, भूयदंहण, नाइट्राइडमें परिवर्तित करना।

nitriferous –ट्रि'फ़रॅस् a. क्षारयुक्त, क्षारप्रद, शोरायुक्त, **शोरामय,** शोरेवाला।

nitrification नाइट्रिफ़िके'शॅन् n. (कृषि०, वन०, रसा०) भूयन, यवक्षारण, नाइट्रोजननिग्रहण; **नाइट्रीकरण, नाइट्रेटीकरण।**

nitrifier –'ट्रिफ़ाइअॅर् n. भूयनकर्ता।

nitrify –ट्रिफ़ाई v.t. यवक्षारण करना, यवक्षार बनाना, भूयन करना, शोरेदार बनाना; शोरा बनाना।

nitrite नाइ'ट्राइट् n. भूयित, (रसा०) **नाइट्राइट।**

nitro- भूय- (~*acid,* ~-*compound,* ~-*explosive,* ~-*glycerine,* ~-*powder,* ~-*sulphuric,* ~*xyl*)।

nitro-bacteria नाइट्रॅबैक्टीअॅ'रिअॅ n. pl. भूयय तृषाणु, नाइट्रोबैक्टीरिया, नाइट्रेटमें बदलनेवाला तृषाणु।

nitro-benzol नाइट्रबे`न'जॉल् n. भूय-धूपन।

nitro-cellulose नाइट्रॅसे`'ल्यूलोस् n. भूय-कोशाधु, सेलूलोज नाइट्रेट।

nitrogen नाइ'ट्रॅजिॅन् n. (चि०, कृषि०, वन०, रसा०) यवक्षार-वात, भूयाति^F, **नाइट्रोजन।** ~assimilation, ~bulb, ~content, ~cycle, ~determination apparatus, ~equilibrium, ~equivalent, ~ family, ~ fixation, ~-fixing, ~-fixing bacteria, ~ flask, ~ gauge, ~-hardening, ~ manure, ~ requirements, tube.

nitrogenate –ट्रॉ'जिॅनेट् v.t. भूयातीयित करना, नाइट्रोजन-युक्त करना।

nitrogenation –नें'शॅन् a. भूयातीयन, **नाइट्रोजनीकरण,** नाइट्रोजन बनाना।

nitrogenization –नाइजे'शॅन् n. भूयातीयन, **नाइट्रोजनीकरण,** नाइट्रोजन बनाना।

nitrogenize –'जिॅनाइज़् v.t. भूयातन करना, भूयाति-योजन करना, भूयाति व्यापन करना, **नाइट्रोजनीकरण।**

nitrogenous –नॅस् a. यवक्षारीय, भूयात्य, **नाइट्रोजनमय, नाइट्रोजनी, नाइट्रोजनीय** (~ *manures*), नाइट्रोजन-सम्बन्धी; नाइट्रोजनसे युक्त।

nitro-glycerin(e) नाइट्रॅग्लि'सरीन्(अॅ) n. भूयमधुरि^F, शोरेके अम्लसे युक्त ग्लेसरीन, T.

nitro-magnesite नाइट्रॅमैग्'नि`साइट n. भ्राजभूयिज, नाइट्रोमैगनेसाइट।

nitrometer नाइट्रॉ'मि`टॅर् n. भूयमान, नाइट्रोमापी, **नाइट्रोजनमापी,** नाइट्रोमीटर, (~ *clamp*)।

nitro-naphthalene नाइट्रॅनैफ़्'थॅलीन् n. भूयोतैलेन्य।

nitrophilous नाइट्रॉ'फि`लस a. भूयप्रिय, नाइट्रोजन-प्रेमी।

nitrous नाइ'ट्रॅस् a. (रसा०) यवक्षारमय, यवक्षार तुल्य, भूयय, **नाइट्रस,** (~ *acid*), शोरेका; यवक्षार गर्भ, शोरा मिला हुआ।

nitty नि'टि a. यूकाण्डपूर्ण, लिक्षायुक्त, लीखों^Fसे भरा हुआ।

nivation नाइवे'शॅन् n. (भू०) **कणहिमप्रभाव,** T.
nitwit निट्'विट् n. मन्दबुद्धि, अल्पबुद्धिसम्पन्न व्यक्ति, कमदिमागी आदमी।
nitwitted ⊙ –टि'ड् a. मन्दबुद्धि, अल्पबुद्धि, मूर्ख, कमदिमाग।
nix[1] निक्स्' n. (बहुव० *nixies*) जलपरी[F]।
nix[2] n. (ग्रा०) शून्य, बिल्कुल नहीं, कुछ नहीं।
nix[3] int. (ग्रा०) सावधान ! होशियार !
Nizam निज़ाम् n. (प्राचीन हैदराबाद रियासत[F]के शासककी पदवी[F]), निजाम।
N.J. New Jersey.
N.L. Navy League; North Latitude.
n.l. *non licet*, it is not permitted; *non liquet*, it is not clear; *non long*, not far.
N.M. New Mexico.
N.M.E.P. National Malaria Eradication Project.
N.N.E.(NNE) North-North-East.
N.N.R.C. Neutral Nations Repatriation Commission.
N.N.W. (NNW.) North-North-west.
N.O. New Orleans; Natural Order; Notice of Occupation.
No., no. *numero*, number.
no[1] नो' n. (pl. -*es*) निषेध, इन्कार, नाहीं, नहीं, न; (*will not take ~ for an answer*); (pl.) नहिंक पक्ष, 'न'-पक्ष (*~s to the left*)।
no[2]* a. नहीं*; कोई नहीं, एक भी नहीं, (*~ circumstances could justify it*); कुछ नहीं (*is ~ distance, in ~ time*); थोड़ा-सा, जरा-सा, बहुत ही कम, (*service of ~ honourable kind*); संभव नहीं; (*there's ~ accounting for tastes*); 'नाम-मात्र, बरायनाम, (*these opinions are rather ~ opinions*); (लुप्तपद वाक्योंमें) कदापि न होना चाहिए, हम कदापि नहीं चाहते (*~ taxation movement*); ~ account ⊙ कोई महत्ता[F] नहीं; ~-being नास्तित्व, सत्ताहीनता[F], अभाव; ~body कोई नहीं; नगण्य व्यक्ति, तुच्छ व्यक्ति (*everybody's business is ~ body's business*); ~ confidence **अविश्वास,** ~how किसी प्रकार नहीं; ~ load **शून्य भार;** ~man's land **स्वामिहीन भूमि[F], अस्वामिक भूमि[F], अवान्तर भूमि[F],** भूमि[F], **लावारिस जमीन[F],** बंजर भूमि[F]; (सेना[F]०) दो आक्रमणकारियोंके बीचका मैदान; ~ meaning अनर्थक, अर्थहीन; ~ one = body; अकेला नहीं (*no one man could lift it*); ~ profit **निर्लाभ;** ~ thoroughfare आम रास्ता नहीं है; ~ way, ~ ways, ~ wise किसी मात्रा[F]में नहीं, किसी प्रकार नहीं, बिल्कुल नहीं; ~ whence, ~ whither कहींसे नहीं, कहींको नहीं; ~ whit तनिक भी नहीं, बिलकुल नहीं; *by ~ means* कदापि नहीं, किसी प्रकार नहीं।
no[3] adv. नहीं, तनिक भी नहीं, बिलकुल नहीं, विशेष नहीं, फिर नहीं, दुबारा नहीं, अब नहीं, अबसे नहीं; ~*less* इतना, इतने; ~ *more* और नहीं (*have no more to say*); मृत, गत, समाप्त (*Mr...is ~ more*); न तो (*you did not come ~ more did he*); ~ *sooner than* ज्यों ही (*~ sooner said than done*); *is ~ more* दिवंगत हो गये, अब नहीं रहे।
Noachian, Noachic नोअे'किअॅन्, नोअे'किक् aa. हजरत नूहका, नूहकालीन।
nob[1] नॉब' n. (ग्रा०) कुलीनवंशीय व्यक्ति, उच्चवर्गीय व्यक्ति।
nob[2] n. शीश, मुण्ड, शिर, कपाल, मस्तक, सिर, खोपड़ी[F]; (ताशके एक खेलमें) तुरुपके रंगका गुलाम।
nob[3] v.t. (मुक्केबाजी[F]) सिरपर वार करना।
nobble नॉ'बॅल् v.t. (घुड़दौड़[F]में जीत[F] न होने देनेके लिए) अनुचित प्रभाव डालना, अनधिकृत दबाव डालना, पक्षपात करना; (धन इत्या०) अवैध रीति[F]से प्राप्त करना, छीन लेना; (अपराधीको) पकड़ना।
nobbler –लॅर् n. घातक प्रहार; मदिरा[F]की एक ड्राम मात्रा[F]।
nobby नॉ'बि a. (ग्रा०) अभिजात, उच्चवर्गीय; सुवेश, भव्य, सुन्दर, भड़कीला, रँगीला, चटकीला, अलबेला, बाँका, खुश-लिबास।
nobiliary नॅबि'ल्यॅरि a. महत्त्वयुक्त, कुलीन, अभिजात, कुलीनताका, कुलीनवर्ग-सम्बन्धी, शरीफ घरका।
nobility –लिटि n. औदार्य, उच्चचरित्र; अभिजात्य, कुलोत्कर्ष, कौलीन्य, कुलीनता[F], उच्चपदस्थता[F], उच्चपद; गहिमा[F], उत्कर्ष, श्रेष्ठता[F], प्रकर्ष, प्रताप, ऐश्वर्य, विभूति[F]; सम्भ्रान्त श्रेणी[F], **अभिजात वर्ग,** उच्च कुल, भद्र परिवार।
noble[1] नो'बॅल् n. महानुभाव, भद्र व्यक्ति, अभिजात व्यक्ति, कुलीन व्यक्ति; श्लाघ्य व्यक्ति, प्रशंसनीय पुरुष; अप्रचलित स्वर्ण मुद्रा[F]-विशेष = ५ रुपये; (pl.) अभिजात, **अमीर।**
noble[2] a. सु, सद्-, भद्र, अभिजात, कुलीन; उदार; सच्चरित्र; उच्चपदस्थ; महात्मा, महामना, उदारात्मा; भव्य, महान्, गरिमापूर्ण, बड़ा; प्रकाण्ड, अत्युत्कृष्ट; चित्ताकर्षक, प्रभावशाली, रोबदार, शानदार; श्लाघ्य, प्रशंसनीय, सराहनीय; **उत्कृष्ट,** श्रेष्ठ, उत्तम, प्रशस्त, बढ़िया; प्रमुखत्वसूचक, वैभवयुक्त; रासायनिक क्रिया-रोधक, वायु[F]में नष्ट होनेवाला, जलमें विलीन होनेवाला; (अम्लों द्वारा) सरलता[F]से आक्रान्त होनेवाला; ~cane **पौंडा, मोटा गन्ना;** ~ man कुलीन पुरुष, **उदात्त पुरुष,** अमीर आदमी; ~ metal अकुप्य धातु[F], सुधातु[F], **राजधातु[F], राजसीधातु[F], उत्तमधातु[F];** ~-minded = NOBLE; ~-mindedness उदाराशयता[F], सहृदयता[F], महानुभावता[F], विचारौदार्य; ~woman कुलीना स्त्री[F], उच्च-स्त्री[F], अमीर स्त्री[F];
~ art, ~-born, ~-featured, ~-hearted,

~-looking, ~manly, ~mentals, ~-natured, ~-spirited, ~-tempered.

nobleness –निॅस् n. कुलीनता[F], महत्त्व, महिमा[F], उत्कर्ष, वैभव, श्रेष्ठता[F], अमीरी[F], बड़ाई[F]।

noblesse (F) नॅब्लॅ'स् n. कुलीनता[F], श्रेष्ठता[F]; कुलीन-जन, कुलीन परिवार; अभिजात-वर्ग, कुलीन लोग।

nocake ⊙ नो'केक् n. (अमरीकन अन्नसे बनी) कर्पट्टिका[F], सत्तू।

nocent नो'सॅन्ट् a. कष्टकारक, दुःखदायी; दोषी, अपराधी।

nock[1] नॉक्' n. (प्रत्यंचा[F]के चढ़ानेके लिए) बाणका दाँता या खाँचा।

nock[2] v.t. (धनुषपर) बाण चढ़ाना।

nock[3] n. पालके ऊपरका अगला कोना।

no-confidence नो-कॉन्'फ़िडॅन्स् n. अविश्वास, अप्रतीति[F], (~ *motion*)।

noctambulant नॉक्टैम्'ब्यूलॅन्ट् n. (चि०) निद्रागामी, निद्रा[F]में चलनेवाला।

noctambulation –लें'शॅन् n. (चि०) निद्राभ्रमण, नींद[F]में चलना, स्वप्नमें चलना।

noctambulism –'ब्यूलिज़्म् n. = NOCTAMBULATION.

noctambulist –लिस्ट् n. (चि०) निद्रागामी, स्वप्नमें चलनेवाला, नींदमें चलनेवाला।

noct(i)- नैश, निशा-, रात्रि- (~*ambulant*, ~*iflorous*, ~*ilucent*, ~ *ivagant*, ~*ivagous*)।

noctiflorous नॉक्टिफ़्लॉ'रॅस a. (पौधा आदि) रात्रि[F]में विकसित होनेवाला।

noctilucent नॉक्टिलू'सॅन्ट् a. निशाचकासी, **निशादीप्त** (~ *cloud*), निशाप्रभासी, रात्रिमें चमकनेवाला।

noctivagant, noctivagous नॉक्टि'वॅगॅन्ट्, –गॅस् nn. रात्रिचर, निशाचर, शबगर्द आदि।

noctivagation –गे'शॅन् n. नैशभ्रमण, रात्रि-परिभ्रमण, निशागमन, निशाचरण, रात्रि-चरण, रात[F]में चलना या घूमते फिरना।

noctule नॉक्'ट्यूल् n. विलायती चमगीदड़।

nocturnal नॉक्टर्'नॅल् a. **नैश** (~ *periodicity*, ~ *radiation*), रात्रि[F]-, रात्रि[F]-सम्बन्धी, रात्रिकालीन, रात[F]का; रात्रिचर, **निशाचर**, **निशाभू** (~*insects*); रात[F]में सक्रिय, रात[F]में होनेवाला; ~emission (चि०) स्वप्न दोष।

nocturne नॉक्'टर्न् n. स्वप्नसंगीतांश; (चित्र०) रात्रि[F]-का दृश्य।

nocuous नॉ'क्यूअॅस a. घातक, दुःखदायी, पीड़ाकर, कष्टकारक, तकलीफदेह।

nocuousness –निॅस् n. घातकता[F], दुःखदायिता[F], पीड़ाकरता[F]।

nod[1] नॉड्' n. शिरःकम्पन, मस्तक-कम्पन, शिरश्चालन; आज्ञा[F], आदेश, हुक्म (*the empire was at* or *dependent on his* ~), पूर्ण सत्ता[F]का प्रतीक; *land of N*~ निद्रा[F], नींद[F]।

nod[2] v.i. & t. निद्रालु होना, निद्रावस्था[F]में होना, झीमना, झूमना, ऊँघना, आँख[F] लगना, अलसाना; (निद्रा[F]में) कुछका कुछ करना, कुछका कुछ कहना; सम्मत होना, अनुमोदन करना; अंगीकार करना, स्वीकार करना; (इमारत[F] इत्यादिका, ला० भी) लम्बसे नीचेकी ओर झुकना या झुकाना, नीचा करना; (पंखोंका) ऊपर-नीचे नाचना; शिरश्चालन करना, सिर हिलाना; (सिर हिलाकर) नमस्कार करना या सम्मति[F] प्रकट करना; (किसी वस्तु[F]को) नत करना, आनत करना, झुकाना; *Homer sometimes ~s* उत्कृष्टतम व्यक्तियोंसे भी भूलें[F] हुआ करती हैं।

nodal नो'डॅल् a. पर्वीय, **पात-**, **पातिक**, पर्व-, पार्विक, पर्व-सम्बन्धी, ग्रन्थि विषयक; ग्रन्था[F]-सम्बन्धी, गिल्टी[F]का; **निष्पन्दित; निस्पंद, निर्नति, नीड-**; ~line (ज्यौ०) **पात-रेखा**[F]; (गणि०) **नीडरेखा**[F]; (भौ०) **निस्पंद रेखा**[F]; ~ locus, ~ plane, ~planes, ~ points, ~ time.

nodality नॅडै'लिटि n. पातिकता[F]; ग्रन्थिमयता[F]।

nodalize नो'डॅलाइज़् v.t. पातविन्दु बनाना; (किसी व्यवस्था[F]का) केन्द्रविन्दु बनाना।

nodated नो'डॅटॅ'ड् a. ग्रन्थिल, गाँठदार।

nodation नॅडे'शॅन् n. ग्रन्थिमयता[F]; ग्रन्थियुक्त स्थान।

nodder नॉ'डॅर् n. शिरश्चालक, सिर हिलानेवाला, उनींदा।

nodding –डिंग् १. n. शिरश्चालन, सिर हिलाना, राम-राम कहना, नमस्कार करना (~ *acquaintance*); २. a. सिर हिलानेवाला (~ *reed*)।

noddle[1] नॉ'डॅल् n. (बोल०) शीश, मस्तक, मुण्ड, सिर, कपाल, खोपड़ी[F]।

noddle[2] v.t. सिर हिलना या हिलाना, सिरका झुकना या झुकाना।

noddy नॉ'डि n. निर्बोध, मूर्ख, अबोध, सीधा, गँवार, गावदी; मन्दकुररी[F] (एक उष्णसागरीय पक्षी)।

node नोड्' n. (चि०, वन०) **पर्व**, पर्वसन्धि[F], (गणि०, ज्यौ०) **पात**, ग्रन्थि[F], गिल्टी[F], **गाँठ**[F], ग्रन्था[F], सख्त गिल्टी[F]; शिरोविन्दु (जहाँ महामण्डल एक दूसरेको काटते हैं); (भौ०, रसा०) **निस्पन्द**, (आवेप पदार्थका) निष्पन्द विन्दु, विश्राम-विन्दु; कम्पन-विन्दु **मेलबिन्दु**, (ग०) T.

nodical –'डिकॅल् a. पार्विक, पर्वसन्धीय, **पातिक** (~*month*), ग्रन्थि[F]-सम्बन्धी; मेलविन्दु-सम्बन्धी।

nodiferous नॅडि'फ़ॅरॅस् a. पर्वयुक्त, ग्रन्थिल, ग्रन्थिमय, गाँठदार।

nodiform नॉ'डिफ़ाम्' a. पर्ववत, ग्रन्थि[F]-सदृश, गाँठ[F]-जैसा।

nodose नॅडोस्', नो'डोस a. **ग्रन्थिल**, ग्रन्थियुक्त, ग्रन्था[F]-मय, **गँठीला**, गाँठदार।

nodosis –'सिस् n. पर्वयुक्तता[F], ग्रन्थिलता[F], ग्रन्थि[F]-**मयता**[F]।

nodosity –डॉ'सिटि n. ग्रन्थिलता[F], गठीलापन; पर्व,

पर्वसन्धि^{F}, कोंपल^F फूटनेका स्थान; ग्रन्थि^{F}, गाँठ^F, गिल्टी^{F}, गुत्थी^{F}; (ग्रन्थियुक्त) शोथ. सूजन^F।

nodous नो'डॅस् a. (वन०) ग्रन्थिल, ग्रन्थियुक्त, गँठीला, गाँठदार।

nodular नॉ'ड्यूलॅर् a. पर्वमय, **ग्रन्थिल,** ग्रन्थामय, ग्रन्थिमय; (पौधे) ग्रन्थि^{F}-विषयक, गाँठ^F-सम्बन्धी, गुमड़ेवाला; स्नायुगण्ड-सम्बन्धी, गिल्टीवाला; **पिण्डाकार**।

nodulate –लेट् v.t. पर्वयुक्त करना, ग्रन्थिल बनाना, ग्रन्थिमय करना, गाँठदार बनाना।

nodulated, nodulose, nodulous –टिड्, –लोस्, –लॅस् aa. ग्रन्थिविन्यस्त, ग्रन्थिल, ग्रन्थियुक्त, गिल्टीदार, गिरहदार।

nodulation –ले'शॅन् n. ग्रन्थि^{F}-विन्यास, (गिल्टीदार या गिरहदार होनेकी अवस्था^{F})।

nodule –'ड्यूल् n. (चि०) पर्व, **पर्वक,** (वन०) **ग्रन्था^{F},** (रसा०) **ग्रन्थि^{F},** ग्रन्थिका^{F}, (पौधेमें) लघुग्रन्थि^{F}, गाँठ^F; **गुटिका^{F}** (~ *bacteria*); स्नायुगण्ड, (प्रा० भूगोल) **पिण्डिका^{F}, पिण्ड,** गोली^{F}, शिरा^{F}की ग्रन्थि^{F}, छोटी गाँठदार गिल्टी^{F}।

nodulose –लोस a. पर्वीय, पर्व-विषयक, ग्रन्थि^{F}-सम्बन्धी।

nodulous –लॅस् a. = NODULOSE.

nodus n. (pl. *-di*) जटिल स्थान; जटिलता^{F}, कठिनता^{F}, पेचीदगी^{F}, (चि०) ग्रन्थि^{F}, गाँठ^F।

Nodus secondus n. (गणि०) **चतुर्थकालिय,** T.

Noel नोअे 'ल् n.=NOWEL.

noematical नोइमै'टिकॅल् a. बौद्धिक चेष्टा-सम्बन्धी।

noesis नॅई'सिस् n. **प्रज्ञान,** बौद्धिक चेष्टा^{F}।

noetic[1] –ई(अे)'टिक् (sing. *or* pl.) बुद्धि-विज्ञान।

noetic[2] a. **प्रज्ञात्मक** (~ *process*), बौद्धिक, बुद्धि-विषयक, बुद्धि^{F}का, मानसिक, ज्ञान-सम्बन्धी; अशारीरिक, अमूर्त्त; बौद्धिक विचारसे सम्बन्धित।

nog[1] नॉग् n. (पूर्वी ऐंग्लियाकी) मदिरा^{F}, यवसुरा^{F}, यवमदिरा^{F}, नोग।

nog[2] n. (काष्ठकी) नागदन्त, खूँटी^{F}, चिप्पड़, कील^F; (वृक्षका निकला हुआ) दाँतेदार सिरा; (टूटी हुई डाल^{F}का) अवशिष्ट भाग, ठूँठ, खूँटी^{F}।

nog[3] v.t. (ईंट^F, कँकरीट^F या पत्थरकी चुनाई^{F}के अनुकरणपर) लकड़ी^{F}के चौखटेमें कोई चीज^F डालना।

noggin नॉ'गिन् n. मद्यक, चषक, लघुपात्र, प्याली^{F}; (१/४ पाइण्ट मदिरा^{F}के समाववाला) लघु-मापन-विशेष।

nogging नॉ'गिन्ग् n. लकड़ी^{F}के चौखटेमें ईंट^F या कँकरीट^F या पत्थरकी ढलाई^F।

noil नाॅइल् n. क्षुद्रक; ऊनकी छोटी गड्डी^{F}।

noise[1]* नाॅइज् n. निनाद, नाद, महास्वर, **राव,** उच्च **रव,** उच्च कोलाहल, गुल-गपाड़ा, हुल्लड़, हल्ला-गुल्ला, शोर शराबा, **शोर***, गुल; कर्कश ध्वनि^{F}, रूक्ष ध्वनि^{F}; (संगीतमें) **राव;** चर्चा^{F}, धूम^F; *make a* ~ बहुत शिकायत^F करना; अत्यधिक चर्चित होना; (संसारमें) अपकीर्ति^{F} प्राप्त करना, बदनाम होना;

~ *figure*, ~ *generator* ~*level*, ~*meter*, ~ reduction.

noise[2] v.t. & i. (प्रसिद्धि^{F} ना तथ्यकी) घोषणा^{F} करना, प्रचार करना, सार्वजनिक बनाना, बाहर फैलाना (*it was ~d abroad*); (क्रि०) शब्द करना, चीत्कार करना, कोलाहल करना, शोर मचाना।

noiseless –'लिस् a. स्तब्ध, निस्तब्ध, निःशब्द, नीरव, शान्त, मौन, चुप, बे-आहट।

noiselessness –निस् n. स्तब्धता^{F}, निस्तब्धता^{F}, निःशब्दता^{F}, नीरवता^{F}, मौन, शान्ति^{F}, चुप्पी^{F}, खामोशी^{F}।

noisette न्वाजे 'ट् n. पाटलजाति-विशेष, गुलाबकी एक जाति^{F}।

noisiness नाॅ'जिनिस् n. कलरवपूर्णता^{F}, कोलाहलमयता^{F}, आन्दोलन, शोर, शोर-शराबा; कलरव, कोलाहल, महारव, शोर; (रंग, पोशाक^F, साहित्यिक-शैली^{F} आदिकी) सुव्यक्तता^{F}, चमकीलापन, जगमगाहट^F।

noisome नाॅ'सॅम् a. अस्वास्थ्यकर, अपकारी, मारक, घातुक, क्षयकर, अहितकारी, हानिकर, नुकसानदेह; दुर्गन्धित, दुर्गन्धियुक्त, बदबूदार; घृणाजनक, कुत्सित, दुष्ट, अपमानजनक; अप्रीतिकर, विरक्तिकर, आपत्तिजनक, दोषावह, नागवार।

noisomeness –निस् n. अस्वास्थ्यकरता^{F}, अपकारिता^{F}, अहितकारिता^{F}, हानिकरता^{F}; घृणाजनकता^{F}, कुत्सितता^{F}, दुष्टता^{F}, बुराई^F; पूति^{F}, दुर्गन्ध^F, दुर्गन्धियुक्तता^{F}, बदबू^{F}; अपमानजनकता^{F}; प्रथमाघातकारिता^{F}, अप्रीतिकरता^{F}, विरक्ति^{F}, आपत्तियुक्तता^{F}; दोषावहता^{F}।

noisy नाॅ'जि a. उपद्रवकारी, शब्दकारी, **शोरमय,** शोर मचानेवाला; कोलाहलपूर्ण, मुखर, शोरगुलसे भरा हुआ; (रंग, पोशाक^F, शैली^{F} आदि) व्यक्त, सुप्रकट; प्रचण्ड, प्रबल, तीव्र, घोर, उग्र; ऊँचा; उज्ज्वल, प्रकाशित, चमकीला, जगमगाहटवाला।

nolens volens (L) adv. व्यर्थमें, खामखा।

noli me tangere (L) n. नाड़ी-व्रण, नासूर।

noll नोल् n. (मस्तकका) शिखर, चोटी^{F}।

nolle prosequi (L) n. मुकदमा चलानेपर अनुद्यत।

nolo episcopari (L) n. पद ग्रहण करनेसे इन्कारी।

nom., nomin. nominative.

noma नोमॅ n. (चि०) सव्रग मुखशोथ, मुखपाक।

nomad, nomade नॉ(नो)'मॅड् (विकृतरूप) nn. & aa. अस्थिरवास, **यायावर** (जाति^{F}का), परिभ्रमणकर्ता (सम्बन्धी), अस्थिरवासी, **चलवासी,** बंजारा, **खानाबदोश** (~ *tribe*)।

nomadic नॅमै'डिक् a. **अस्थिरवासी,** यायावरीय, **चलवासी,** पर्यटनशील, विचरणशील, भ्रमणप्रिय, घुमन्ता, घुमक्कड़, खानाबदोश; परिभ्रमण-विषयक, अस्थिरता-सम्बन्धी, **खानाबदोशी^{F}** (~ *herding*) खानाबदोशका (~ *stage*)।

nomadism नॉ(नो)'मॅडिज्म् n. यायावरत्व, परिभ्रमणप्रियता^{F}, पर्यटनशीलता^{F}, विचरणशीलता^{F}, **खानाबदोशी^{F}** (की जिन्दगी^{F})।

nomadize –डाइज् v.i. (चरागाहकी खोजᶠमें) पर्यटन करना, परिभ्रमण करना, विचरण करना, खानाबदोश बनना।

nombrill नाम्'ब्रिल् n. ढालᶠके मध्यके नीचेका बिन्दु।

nom de guerre (F) उपनाम, कल्पित नाम।

nom de plume (F) नाम् डॅ प्लूम्' n. उपनाम, कवि नाम, कल्पित नाम।

nome नोम्' n. प्रदेश, देशभाग, भूखण्ड, (प्राचीन मिस्र या आधुनिक ग्रीसका) एक प्रान्त या विभाग।

nomenclative नो'मॅन्क्लेटिव a. तालिकाᶠ-सम्बन्धी, सूचीᶠ-विषयक, फेहरिस्तᶠका; पंजीᶠ-सम्बन्धी, चिट्ठेका, किताबवाला, बहीखातेका, रजिस्टरका; नामावलीᶠ-विषयक, नामपद्धतिᶠ-सम्बन्धी, नाममालाᶠ-सम्बन्धी; परिभाषाᶠ-सम्बन्धी।

nomenclator –लेटॅर् n. (प्राचीन रोमन) दास, ग्राहक, मवक्किल; नाम स्थापक, नामोंका आविष्कर्ता, नामदाता, नाम धरनेवाला, नाम रखनेवाला।

nomenclatory, -tural ⊙ मे`न्क्ले`'टॅरि, –चॅरॅल् a. पारिभाषिक, परिभाषाᶠ-सम्बन्धी; **नामार्थ, नामावलीᶠ**-विषयक, नाममालाᶠ-सम्बन्धी।

nomenclature नो'मॅन्क्लेच्युअॅर् n. (तर्क०) **नाम-प्रणालीᶠ**, (तर्क०, जीव०, वन०) **नामपद्धतिᶠ**; (रसा०) **नामतन्त्र; अभिधान**, नामकरण; नामावलीᶠ, नाममालाᶠ, नामकोश, नामतालिकाᶠ; **संज्ञाᶠ**; परिभाषाᶠ, नाम, पारिभाषिक शब्दावलीᶠ; सूचीᶠ, तालिकाᶠ, फेहरिस्तᶠ, फर्द; पंजीᶠ, चिट्ठा, किताबᶠ, बहीखाता, रजिस्टर।

nomial नो'मिअॅल् a. (का०) एकपद-, एकपदीय।

nomic नो'मिक् a. व्यावहारिक लौकिक, प्रचलित।

nominal नॉ'मिनॅल् a. नामविषयक, नामीय, नाम-, संज्ञाᶠका, संज्ञाᶠ-सम्बन्धी, नाम-सम्बन्धी (~ *flexion*); **नाममात्र**, बराय नाम; नामयुक्त, नामधारी, नामस्थापक; अवास्तविक; (कानू०) **सांकेतिक**; वाचनिक, **शाब्दिक** (~ *definition*); अभिहित, (वाणि०) **अधिकृत** (~ *capital*); ~ account (वाणि०) **आय-व्यय लेखा, आमदखर्च**, झूठा लेखा; ~ ledger **सामान्य खाता**, ~ rent वस्तुतः नाममात्रका लगान या किराया, ~ roll नामावलीᶠ, **कर्मचारी सूचीᶠ**;

~ consideration, ~ cost, ~ damages, ~ demand, ~ exchange, ~ frequency, ~ income, ~ maintenance, ~ member, ~ partner, ~ plaintiff, ~ price, ~ rate, ~ stress, ~ sum, ~ value, ~ wage, ~ work.

nominalism –लिज़्म् n. नामवाद, **नाममात्रवाद, नामरूपवाद**, आभासवाद, कल्पनावाद, सामान्य सत्तावाद, ध्वनिवाद, (यह सिद्धान्त कि शब्द ध्वनिमात्र हैं)।

nominalist –लिस्ट् n. नामवादी, संज्ञावादी, कल्पनावादी, आभासवादी, नामरूपवादी, सामान्य सत्तावादी।

nominalistic –'टिक् a. नामवाद-सम्बन्धी; कल्पनावादी, नामरूपवादी, आभासवादी, सामान्य-सत्तावाद-सम्बन्धी।

nominally –'मिनॅलि adv. नाममात्रको, बराय नाम।

nominate –नेट् v.t. **नामित करना, नामनिर्दिष्ट करना**, नाम बताना; नामसे पुकारना; नियोग करना, नियुक्त करना, मनोनीत, करना, नामजद करना; निर्वाचनार्थ प्रस्ताव करना।

nominated –टिड् a. **नामनिर्दिष्ट**, निर्दिष्टनामा, **नामित**, नियुक्त, नामीकृत, मनोनीत, नामजद (~ *member*)।

nomination –ने'शॅन् n. नामनिर्देशन; **नामन, नामांकन** (~ *paper*, ~ *roll*), नामीकरण, **नामजदगीᶠ, मनोनयन**; नियोग, नियोजन, प्रतिष्ठापन, मनोनयन अधिकार, नियुक्त करनेका अधिकार।

nominatival नॉमिनटाइ'वॅल् a. नामनिर्देशन-सम्बन्धी, नामजदगीᶠका; नियोजन-विषयक, मनोनयनीय, मनोनीतिᶠ-सम्बन्धी (~ *principles*); कर्तृकारक-सम्बन्धी।

nominative[1] –'मिनॅटिव् a. कर्तृकारक, कर्ता, प्रथमा विभक्तिᶠ; ~ absolute पूर्ण कर्ता, पूर्ण अपादानकारकमें कृदन्तीय प्रयोग (*this being so, I did nothing*)

nominative[2] a. (व्या०, कारक) कर्तृकारक-सम्बन्धी, कर्तृ-कारक-बोधक (~ *ending, form*); नामकारी; ~ case कर्तृकारक।

nominator –नेटॅर n. **नामक**, नामनिर्देशक, नाम बतानेवाला, नाम लेनेवाला; **नामनकर्ता**, नियोगकारी, मनोनयनकारी, मनोनीत करनेवाला, **नामज़द करनेवाला**; नियोजक; प्रस्तावक।

nominee –नी' n. निर्वाचित व्यक्ति, नामीकृत या **नामित** व्यक्ति, निर्दिष्टनामा व्यक्ति, मनोनीत व्यक्ति, नामजद आदमी; नियुक्त या अधिकृत व्यक्ति; (पद या निर्वाचनके लिए) प्रस्तावित व्यक्ति; ~ share holding (अर्थ०) **बेनामी शेयर धारणा**।

nomistic नॅमिस्'टिक् a. विधि-आधारित, धर्मपर आधृत।

nomogram नॉ'मॅग्रैम् n. **संरेखण-चार्ट**, T.

nomograph नॉ'मॅग्राफ् n. **संरेखण-चार्ट**।

nomography नॅमॉ'ग्रॅफि n. विधिᶠ-वर्णन, **सूत्रालेखन**, नियमोंको वर्णित करनेकी कलाᶠ।

nomology नॅमॉ'लॅजि n. विधि-विज्ञान, अनुगम-शास्त्र, विधान।

nomothetic नॉमॅथे`'टिक् a. विधि-विषयक, विधिकर्ता-सम्बन्धी, विधानकार-सम्बन्धी।

-nomy -विद्याᶠ (*chirog* ~)।

non- अ-, अन्-, भिन्न, -इतर (~*-absorber*, ~*-adjustable*, ~*-agricultural*, ~*-aqueous*, ~*-assessable*, ~*-attachable*, ~ *bailable*, ~ *biological*, ~*-central*, ~*-circular*, ~*-circulating*, ~*-collective*, ~*-commercial*, ~*-communist*, ~*-confirmatory*, ~*-consecutive*, ~*-contractile*, ~*-corrodible*, ~*-credit*, ~*-criminal*, ~ *critical*, ~*-crystalline*, ~*-cyclic*, ~*-depa-*

rtmental, ~-derogatory, ~-descriptive, ~-detrimental, ~ deviation, ~-diffusible, ~-diplomatic, ~-directional, ~-discriminatory, ~-disjunction, ~-earning, ~-elastic, ~-emigrant, ~-endospermic, ~ eternal, ~-exempted, ~-extradition, ~-government, ~-granular, ~-homogenous, ~ homologous, ~-hostile, ~-hydraulic, ~-industrial, ~-infectious, ~inferential, ~initial, ~ intersecting, ~-intoxicating, ~-isolated, ~-judicial, ~-legal, ~-leviable, ~-luminous, ~ magnetic, ~-marketable, ~-military, ~-ministerial, ~-national, ~-negative, ~ negotiable, ~-normal, ~-occupational, ~-operative, ~-overlapping, ~-parasitic, ~-partisan, ~-pecuniary, ~-pensionable, ~-periodic, ~-permanent, ~-polar, ~-political, ~-porous, ~-possession, ~-postat, ~-prehensible, ~-reckonable, ~recognition, ~ reflecting, ~-registration, ~-regular, ~ reinforcement, ~ residential, ~-reversible, ~-rotational, ~-selective, ~-sensory, ~-significant, ~-spiritual, ~-standard, ~-statistical, ~-stipendary, ~ stomatal, ~-synchronous, ~-technical, ~-transferable, ~-venomous, ~-visual, ~-volatile, ~-votable.)

non-abstainer नॉन्-ॲब्स्टे'नर् a. अनिग्रही, (जो मदिरा^F इत्या० से नहीं बच पाता)।

non-acceptance नॉन्-ॲक्से˘प्'टॅन्स् n. अप्रतिग्रहण, **अस्वीकृति^F**, नामंजूरी^F।

non-access नॉन्-ऐक्'सि˘स् n. (कानून) **अनुपागम, अनधिगम,** अनभिगम्यता^F।

non-age नॉ(नो)'निज् n. **अवयस्कता^F**, अप्राप्तवयस्कता^F, बाल्यावस्था^F, लड़कपन, नाबालिगी^F; प्रारम्भिक अवस्था^F; अप्रौढ़ता^F, अपूर्णता^F, अपरिपक्वता^F।

nonagenarian –नॅजि˘नेॲ'रि˘ॲन् a. & n. (८९ और १०० वर्षके बीचकी आयुवाला व्यक्ति), नवतिवर्षीय (व्यक्ति)।

nonagesimal नॉनॅजे˘'सिमॅल् n. (गणि०) **नवत्यंशी;** क्षितिजसे नब्बे अंशका कोण।

non-aggression नॉन्-ॲग्रे˘'शन् n. **अनाक्रमण, अनभ्रघर्षण,** अनभिघात (~ *pact*)।

nonagon नॉ'ॲगॅन् n. (ग० भी) **नवभुज,** नवकोण; regular ~ सम नवभुज।

non-apparent नॉन्-ॲपै'रॅन्ट् n. **अप्रत्यक्ष, परोक्ष** (~ *easement*)।

non-appearance नॉन्-ॲपीॲ'रॅन्स् n. (विशे० न्यायालयमें, पक्ष या साक्षीकी) **अनुपसंजाति^F**, अविद्यमानता^F, अदर्शन, अनुपस्थिति^F, गैरहाजिरी^F; **पेश न होना।**

non-applicant नॉन्-ऐ'प्लिकॅन्ट् a. अनावेदक।

non-arrival नॉन्-ॲराइ'वॅल् n. अनागमन।

non-articulate नॉन्-आर्टि'क्यूलॅट् n. (वन०) **विस्तारी** (~ *ducts*)।

nonary नो'नॅरि १. n. नवक; २. a. नवमय, नौ-नौका।

non-attendance नॉन्-ॲटे˘न्'डॅन्स् n. अनुपस्थिति^F, गैरहाजिरी^F।

non-automatic नॉन्-ऑटॅमै'टिक् a. **परतन्त्र।**

nonavenu (F) a. अघटित।

non-being नॉन्-बी'इंग् n. असत्।

non-belligerent नॉन्-बे˘लि˘'जॅरॅन्ट् a. & n. तटस्थ (राष्ट्र), युद्धविरत, **अ-युद्धकारी,** युद्धमें क्रियात्मक रूपसे भाग न लेनेवाला (देश)।

non-block नॉन्'-ब्लॉक् a. **अवरोध-रहित;** ~ station **झंडी स्टेशन।**

nonce नॉन्स्' n. वर्तमान समय, वर्तमान काल, तत्तत्कका समय, फिलहाल (*for the* ~); ~-word समय-शब्द, एक अवसरके लिए गढ़ा हुआ शब्द।

nonchalance नॉन्'शॅलॅन्स् n. अनुत्तेजना^F, अनुत्तेजित अवस्था^F, अटलता^F, अचलता^F, दृढ़ता^F, स्थिरता^F; विरति^F, उदासीनता^F, तटस्थता^F, निःसंगति^F, अपक्षपातिता^F।

nonchalant –न्ट् a. अनुत्तेजित, अविचलित, अटल, अचल, दृढ़, स्थिर; निरुत्सुक, उदासीन, निःस्पृह, तटस्थ, अपक्षपाती।

non-coelomate नॉन्-कोईलोमेट् a. (वन०) **अगुह** (~ *animal*)।

non-coexistence नॉन्-कोइग्जिस'टॅन्स् n. **असह-भाव, असहास्तित्व।**

non-cognizable नॉन्-कॉग्'निज़ॅबॅल a. असंज्ञेय; **अप्रज्ञेय** (~ *case*); **अहस्तक्षेप्य** (~ *offence*)।

non-cognizance –ज़ॅन्स् a. **अप्रज्ञान।**

non-coincidence नॉन्-कोइन्'सिडॅन्स् n. **असंपात।**

noncollegiate नॉन्'कॅली'जिॲट् a. अविद्यालयीय, किसी महाविद्यालयसे असम्बद्ध; (विश्वविद्यालयके) अन्तर्भुक्त कालेजसे भिन्न।

non com. non-commissioned.

non-combatant नॉन्-कम्'बॅटॅन्ट् a. & n. असांगरिक, असामरिक; **अयोधी,** असंयोधी, निरायुध, अयोद्धा, अयुद्धकारी, युद्धविरत, असैनिक नौकर, **गैर-लड़ाकू,** नागर, जनपदाधिकारी।

non-commissioned नॉन्-कॅमि'शॅन्ड् a. अनायुक्त (~ *officer*), अनाज्ञप्त, **अनधिकृत, अराजादिष्ट,** बिना किसी सनद^F के।

non-committal नॉन्-कॅमि'टॅल् n. अनार्पण, अनात्मसमर्पण, अप्रतिश्रुति^F (किसी निश्चित गति^F अथवा पक्षकी ओर) प्रतिज्ञा-मुक्ति, **वचनबद्ध न होना,** मतामत-विरक्ति^F (~ *answer*)।

non-communicant नॉन्-कम्यू'निकॅन्ट् a. & n. (ईसाके अन्तिम भोजपर) अनुपस्थित (व्यक्ति)।

non-compliance नॉन्'कम्प्लाइ'अॅन्स् n. अननुवर्तन, अपालन।

non compos नॉन्-कॉम्'पॉस् a. (क़ानून) मूर्ख, पागल, झक्की; ~*mentis* (L) विकृत चित्त; विक्षिप्त, सनकी।

non-compoundable नॉन्-कॅम्पॉउन्'डॅबॅल् a. अप्रशम्य।

Noncon. Nonconformist.

non-con. non-content.

non-concurrence नॉन्-कॅन्क'रॅन्स् n. अमेल; असंयुक्त कार्य या स्थिति[F]।

non-conducting नॉन्-कॅन्'डक्टिंग् a. असंवाही, अपरिचालक (ताप या विद्युत्का)।

non-conduction –क्'शॅन् n. असंवाहन, अपरिचालन।

non-conductor[1] –'टॅर् n. असंवाहक, अचालक, माध्यम, विद्युत्ताप तथा प्रकाशके लिए।

non-conforming नॉन्-कॅन्फ़ॉर्'मिंग् a. प्रचलितधर्मविरोधी।

nonconformist –मिस्ट् n. विरोधी, अननुवर्ती, भिन्न मतावलम्बी, मतान्तरावलम्बी, प्रोटेस्टैण्ट, नानकन्फर्मिस्ट; ~ conscience धर्मविरोधी, सद्‌विचार, सदसद्विवेक।

nonconformity –मिटि n. भिन्न मतावलम्बन, मतान्तर-ग्रहण; प्रोटेस्टैण्ट मतभेद; असम विन्यास; विरोध, अनैक्य।

non-congestive नॉन्-कॅन्जे'स्'टिव् a. (चि०) रक्ताधिक्यहीन, अरक्तसंकुल (~ *heart failure*)।

non-conscious नॉन्-कॉन्'शॅस् a. अचैतन्य।

non-consent नॉन्'-कॅन्से'न्ट् a. असम्मति[F]।

non-conservative नॉन्-कॅन्सर्-वॅटिव् a. रूढ़िविरोधी; विनाशी, असंरक्षी (~ *force*)।

non-contagious नॉन्-कॉन्टे'जॅस् a. असांसर्गिक (~ *cases*)।

non-content नॉन्-कॅन्'टॅन्ट् n. असन्तुष्ट।

non-continuous नॉन्-कॅन्टि'न्यूअॅस् a. विच्छिन्न (~ *service*); विरल (~ *easement*)।

non-co-operation नॉन्-को-ऑपॅरे'शॅन् n. असहयोग, असहकार (~ *movement*)।

non-dangerous नॉन्-डेन्'जॅरॅस् a निरापद, अभयावह, अभय (~ *point*)।

non-delivery नॉन्-डि'लि'वे'रि n. अनर्पण, अदान, अप्रदान, अवितरण (~ *advice*, ~ *report*), गैर-सुपुर्दगी[F]।

nondescript[1] नॉन्'-डि'स्क्रिप्ट् n. श्रेणीच्युत जीव, अवर्गीकृत जाति[F] या वस्तु[F]; अकथनीयता[F], अवाच्यता[F]; अवर्णनीयता[F]; वर्णसंकर, दो-नस्ला पौधा या जानवर।

nondescript[2] a. अवर्णित; (पशुपालन) अज्ञात कुल, वर्णसंकर, विलक्षण, अपूर्व, क्रममें न रहनेवाला।

non-differential नॉन्-डिफ़रे'न्'शॅल a. समप्रभावी (~ *tax*)।

none[1] नन् pron. कोई नहीं, कोई भी नहीं (~ *of this concerns me*); कोई व्यक्ति नहीं (~ *but fools have ever believed*)।

none[2] a. नहीं, कोई नहीं (*poetry we have almost* ~)।

none[3] adv. किसी परिमाणमें नहीं; लेशमात्र नहीं, बिलकुल नहीं; (*are* ~ *so fond of it*)।

non-effective नॉन्-इफ़े'क्'टिव् a. अकार्यसाधक, अप्रभावी, निष्क्रिय, प्रभावहीन, निष्प्रभाव, निष्फल, असमर्थ, गैरचालू।

non-efficient नॉन्-इफ़ि'शॅन्ट् a. अकार्यक्षम, असाधक, अकुशल।

non-ego नॉन्-अे'गो n. (अध्या०) अनहम्, अनात्म।

non-elect नॉन्-इ'ले'क्ट् a. अनिर्वाचित।

non-election –क्'शॅन् n. अनिर्वाचन।

non-elective –'टिव् a. अनिर्वाचनीय।

non-employment नॉन्-अे'म्प्लाएँ'मॅन्ट् n. बेरोजगारी।

nonentity नॉ(नँ)ने'टिटि n. असत्ता[F], अनस्तित्व, सत्ताहीनता[F], अस्तित्वहीनता[F], शून्यता[F], अभाव, अविद्यमानता[F], असत्व, अवस्तु[F]; महत्त्वहीन व्यक्ति, नगण्य पुरुष; शून्य।

Nones नोनॅस्' n. (pl. -*us*) IDES के आगे-पीछेका दिन, (मार्च, मई[F], जुलाई[F], अक्टूबरकी ७वीं तथा अन्य महीनोंकी ५वीं तारीख[F]); (ईसा०) अपराह्नकालीन उपासना[F], एक धार्मिक कृत्य।

non-essential नॉन्-इसे'न्'शॅल् a. असारभूत, असारवत्, अनपेक्षित, अनावश्यक।

nonesuch नन्'सच् n. अतुल वस्तु[F], असामान्य वस्तु[F], असाधारण पदार्थ; अनुपम पुरुष।

non-existent नॉन्-इग्जिस्'टॅन्ट् a. अविद्यमान, अस्तित्वहीन।

non-ethical नॉन्-अे'थिकॅल् a. न-नैतिक, न-नीतिशास्त्रीय।

non-fatal नॉन्-फे'टॅल् a. अघातक (~ *accident*)।

non-feasance नॉन्-फ़ी'जॅन्स् n. (क़ानून) अकरण, अपकरण, कृत्यलोप, अवश्यपूरणीय अभाव।

non-feasor –जॅर् n. (का०) अकर्ता।

non-ferrous नॉन्-फ़े'रॅस् a. लौहहीन, अलोहीय, अलोह, लौह-भिन्न, लौहेतर (~ *metal*)।

non-field नॉन्'-फ़ील्ड् a. अक्षेत्री (~ *forces*)।

non flammable नॉन्-फ़्लै'मॅबॅल a. अदाह्य, अनभिज्वाल्य, अज्वलनशील।

non-fundamental नॉन्-फन्डमे'न्'टॅल् a. अतिव्याप्त (~ *syllogism*)।

non-gazetted ⊙ नॉन्-गॅजे'टिड् a. अराजपत्रित, अपत्रित (~ *officer*)।

non-human नॉन्-ह्यू'मॅन् a. अमानवीय, मानवजाति[F]के बाहरका।

nonillion नॅनि'लयॅन् n. १०,००,०००^{९} = १००,००,

·०१,००,००,००,००,००,००,००,००,००,००,००,००,००, ००,००,००,००,००,००,००,००,००,००,०० ।

non-interference नॉन्-इन्टर्‌फ़ीअॅ'रॅन्स n. (विशे०, राजनीति[F] एवं अन्तर्राष्ट्रीय मामलोंमें) निर्बाधता[F], अहस्तक्षेप, अहस्तक्षेपनीति[F], तटस्थता[F] ।

non-intervention नॉन्-इन्टॅर्वे'न्‌'शॅन् n. दे० NON-INTERFERENCE; (~ *will*) ।

non-interventionist -निस्ट् n. अहस्तक्षेपी, तटस्थ ।

non-irrigated नॉन्'इ'रिगेटि'ड् a. बारानी ।

non-joinder नॉन्-जाएँन्'डॅर् n. (क़ानून) असंयोजन, त्याग, उत्सर्ग ।

non-juring नॉन्-जुअॅ'रिंग् a. शपथ[F] न लेनेवाला ।

non-juror -रॅर् n. शपथ[F] न लेनेवाला व्यक्ति ।

non-jury -रि a. बिना न्याय-सभ्यके निर्णीत ।

non-living नॉन् लि'विंग् a. अजीव, निर्जीव, बेजान ।

non-logical नॉन्-लॉ'जिकॅल् a. तर्कहीन, अतार्किक, तर्कशून्य, युक्तिशून्य ।

non-metal नॉन्-मे'टॅल् n. (रसा०) अधातु[F] ।

non-metallic -मि'टै'लिक् a. अधातवीय, अधात्विक, (~ *mineral*), अधात्वीय, अधातु-सम्बन्धी ।

non mi ricordo (It.) मुझे स्मरण नहीं है ।

non-moral नॉन्-मॉ'रॅल् a. अनैतिक, न-नैतिक, निर्नैतिक; न-नीतिशास्त्रीय ।

non-natural नॉन्-नै'चॅरॅल् a. अनैसर्गिक, अस्वाभाविक, न-प्राकृतिक ।

non-observance नॉन्-अॅब्ज़र'वॅन्स् n. अपालन, अननुवर्तन, उल्लंघन ।

non obst. *non obstante*, not-withstanding.

non-observation नॉन्-ऑब्ज़र्वे'शॅन् n. अनवलोकन ।

non-official नॉन्-ऑफ़ि'शॅल् a. अनाधिकारिक; अशासकीय, अराजकीय, गैर-सरकारी, (~ *circles, sources*) ।

nonpareil[1] नॉन्पॅरे'ल् n. अद्वितीय वस्तु[F], अनुपम व्यक्ति; (मुद्र०) टाइपका आकार या विस्तार; छापेका छोटा अक्षर; सेब, चिड़िया[F], पतंग, गेहूँ आदिकी जातियाँ[F]; अतुल्यता[F]; अतुल उत्कर्ष ।

nonpareil[2] a. अद्वितीय, अनुपम, अप्रतिम, निरुपम ।

non-party नॉन्-पार्'टि a. दल-निरपेक्ष, निष्पक्ष, निर्दलीय (~*Conference*) ।

non-payment नॉन्-पे'मॅन्ट् n. अशोधन (ऋणादिका), चुकता न करना; अप्रदानता[F] (कर आदिकी), ना अदायगी[F], न देना ।

non-performance नॉन्-पॅर्फ़ॉ'र्'मॅन्स् n. अनिष्पादन, अपालन, अकरण, न करना, अनुष्ठान न करना ।

nonplus[1] नॉन्प्लॅस् n. अगति[F], स्तब्धता[F], गतिरोध, अचल अवस्था[F]; कुण्ठा[F], विमोह, व्याकुलता[F]की अवस्था[F], संकटावस्था[F], विषम समस्या[F], असमंजस; *at a ~, reduced to a ~* किंकर्तव्यविमूढ़, हतबुद्धि, हक्का-बक्का ।

nonplus[2] v.t. निराश करना, व्याकुल करना, निरुत्तर करना, किंकर्तव्यविमूढ़ करना, हैरान करना, हक्का-बक्का करना ।

nonplussed -ड् a. कुण्ठित, विमूढ़, विह्वल, संकटापन्न, हक्का-बक्का; गतिहीन ।

non-poisonous नॉन्-पाएँ'ज़ॅनॅस् a. निर्विष, विषहीन (~*snake*) ।

Non-price नॉन्'प्राइस् a. (अर्थ०) मूल्येतर (~*competition*) ।

non-productive नॉन्-प्रॅडक्'टिव् a. अनुत्पादी, अनुत्पादक, उत्पन्न न करनेवाला ।

non-professional नॉन्-प्रॅफ़े'शॅनॅल् a. अव्यावसायिक ।

non-proficient नॉन्-प्रॅफ़ि'शॅन्ट् a. अकुशल, अप्रवीण ।

non pros. non prosequitur, does not prosecute.

non-provided नॉन्-प्रॅवाइ'डि'ड् a. असज्जित; अनियुक्त; युक्तिरहित ।

non-recurring नॉन्-रि'कॅ'रिंग् a. (ग०भी) अनावर्ती, अन्यवर्ती, अनावर्त्तक (~*grant*) ।

non-residence नॉन्-रे'ज़िडॅन्स् n. अन्यत्रवास, अनावास, अनिवास, अवास, अपने स्थानपर न रहनेकी स्थिति[F] ।

non-resident -न्ट् a. अन्यत्रवासी, अनिवासी (~ *account*), अनावासी, अवासी, अपने स्थानपर न रहनेवाला ।

non-resistance नॉन्-रि'ज़िस्'टॅन्स् n. अप्रतिरोध, अप्रतिरोधकता[F] ।

non-resistant, non-resisting -न्ट्, -टिंग aa. अरोधक (~*rock*), अप्रतिरोधी, अप्रतिरोधक ।

nonsense[1] नॉन्'सॅन्स् n. प्रलाप, मृषालाप, अनर्थक वाक्य, अर्थहीन वाक्य, असंगत बात[F], असम्बद्ध वचन, निरर्थक शब्द, बेहूदगी[F]; मूर्खतापूर्ण व्यवहार, झक[F]; कुप्रबन्ध; ~book बेहूदगी[F]से मज़ाक उड़ानेवाली पुस्तक[F]; ~figure निरर्थक आकृति[F]; ~syllable अर्थहीन अक्षर; ~verses पूर्णतया असंगत पद्य ।

nonsense[2] int. बकवास[F] !, क्या, बेकारकी बात[F] है !

nonsensical नॉन्से'न्'सिकॅल् a. अनर्थक, अर्थहीन, निरर्थक, असंगत, असम्बद्ध, मूर्खतापूर्ण ।

non seq. non sequitur, it does not follow.

non-sequitur -सि'क्विटॅर् n. (तर्क०) नानुमिति; (क़ानून) अफल, अनिर्णय, अपरिणाम, अघटित परिणाम ।

non-singular नॉन्-सिं'ग्यूलॅर् a. साधारण (~ *transformation*) ।

non-skid नॉन्-'स्किड् a. (पहिया) न फिसलनेवाला, सुरक्षीकृत ।

non-social नॉन्-सो'शॅल् a. समाजनिरपेक्ष, असामाजिक, समाज-बाहर ।

non-stop नॉन्-स्टॉप् a. अविराम, निरन्तर, लगातार; अनवरोधी ।

non-suburban नॉन्-सॅबॅर्'बॅन् a. अनुपनगरीय, नगरोपान्तवाह्य (~*area*) ।

nonsuch नॉन्'सच् n.= NONESUCH.

nonsuit[1] नॉन्'स्यू ट् n. वादावसान, (मुकदमेकी) रोकाई^F, खारिजी^F।

nonsuit[2] v.t. वादावसान करना, (कानून, मुकदमेको) रोक देना, खारिज कर देना।

non-supporter नॉन्-सॅपॉर्'टॅर् n. (रसा०) अपोषक।

nontronite –ट्रॅनाइट् n. जलायस्सिज, नाण्ट्रोनाइट।

non-union नॉन्-यू'नियॅन् a. असंघीय (~*countries*)।

non-unionist –निस्ट् n. असंघी।

nonuple a. नवसंख्यायुक्त, नौगुणा।

nonus नो'नॅस दे० PRIMUS[1], n. (चि०) अधोजिह्व-तन्त्रिका^F।

nonuser नॉन्-यू'ज़ॅर n. (का०) अनुपयोग।

non-variant नॉन्-वेॲ'रिॲन्ट् a. अचर, शून्यचर (~*system*)।

non-vegetarian नॉन्-वे'जिटेॲ'रिॲन् a. मांसाहारी; सामिष, मांसयुक्त।

non-violence नॉन्-वाइ'ॲलॅन्स् n. अहिंसा^F।

non-violent नॉन्-वाइ'ॲलॅन्ट् a. अहिंसात्मक (~ *resistance*)।

non-voluntary नॉन्-वॉ'लॅन्टरि a. इच्छानिरपेक्ष, अनैच्छिक, जबरदस्ती^F।

noodle[1] नू'डॅल् n. निर्बोध, अबोध, अज्ञान, मूर्ख, जड़मति, मंद, अनाड़ी, गावदी, बुद्धू।

noodle[2] n. लपसी^F, नूडल।

noodle[3] v.t. सेंवई^F पूरना; लपसी^F बनाना।

noodledom –डॅम् n. मूर्खता^F, मूढ़ता^F, बुद्धूपन।

nook नूक् n. निभृत स्थान, निर्जन स्थान, अलग जगह^F; विश्रान्ति^F, विराम, छुट्टी^F; आला, ताक; कोण, कोना, गोशा।

noon नून् १. n. मध्याह्न, मध्यकाल, दुपहर^F, दोपहर^F; (ला०) चरम उत्कर्ष, चरम उन्नति^F, चरम सीमा^F; २. a. माध्याह्निक; ~day मध्याह्न, मध्यकाल, दोपहर^F इत्यादि; ~tide = day।

nooning –निंग् n. मध्याह्न-श्रमापनोदन, दोपहर^F का आराम।

noose[1] नूस् n. विवाहबन्धन; पाश, बन्धन, फाँद^F, फन्दा, कमन्द, जाल; मेल, जोड़; इकरारनामा, तमस्सुक; बेड़ी^F, कैद^F।

noose[2] v.t. पाशबद्ध करना, फन्देमें डालना, फँसाना, कमन्दसे जकड़ना, कैद^F करना; (डोरी^F इत्यादिका) फन्दा बनाना, फन्दा डालना, फन्दा लगाना।

n.o.p. not otherwise provided.

nopal नो'पॅल् n. अमरीकी नागफनी^F।

nor[1] नॉर्, नॅर् adv. (प्रा०) = NEITHER (~ *gold* ~ *silver*)।

nor[2] conj. अधिक नहीं, और नहीं, और न, न तो, दोनों नहीं, दोनोंमेंसे एक भी नहीं (*not a man* ~ *a child was to be seen*)।

Nordenfelt नॉर'डॅन्फे ल्ट् n. एक मशीनगन^F, मशीन^F से चलनेवाली तोप^F-विशेष।

Nordic नॉर्'डिक् a. उदीच्य, नार्डिक, उत्तरी जाति^F-सम्बन्धी।

Norfolk jacket नॉर्'फ़ॅक् जै'किट् n. पेटीवाली खुली जैकिट^F।

noria नोॲ'रिॲ n. (कुएँका) रहट।

norland नार्'लॅन्ड् n. उत्तरी भूभाग, देश या सीमा^F।

norm नॉर्म् n. मान, प्रमाप, प्रतिमान, मानक, कसौटी^F; प्रसमा^F, आदर्श, नमूना; (गणि०) प्रसामान्यक; श्रेणी^F, कक्षा^F; चिह्न, लक्षण, उदाहरण, डौल; (चि०) पूर्ण प्रकृति^F, प्रकृति^F।

norma नॉर्'मॅ n. (चि०) प्रतिमाम रेखा^F; (ज्यो०) गुनिया^F, T.

normal[1] –मॅल n. (ज्या०) अभिलम्ब, लम्ब रेखा^F; (औ० शा०) (निरूपित मात्राओं^F का) मध्यमान, मध्यस्थ; सामान्य स्थिति^F; अनुक्रम; मान, प्रतिमान, प्रमाप; समतल भूमि^F; (मानव शरीरका) सामान्य तापमान; ~school दीक्षा-विद्यालय, शिक्षण पाठशाला^F।

normal[2] a. (गति वि०) अभिलम्बीय, लम्बरूप, अभिलम्ब-, लम्बस्वरूप; यथार्थ, ठीक; स्वाभाविक, (चि०) प्रकृत, प्रकृतस्थ, प्राकृतिक, सामान्य, साधारण, प्रसामान्य, मामूली; प्रसम; अनुक्रम (~ *fault*); मानक; तुल्यांकी, यथाक्रम, नियमित, वैधिक, सुव्यवस्थित, प्रणालीबद्ध, प्रामाणिक, संगत; अभ्याससिद्ध; आदर्शरूप, आदर्शानुरूप, सिद्ध, नमूनेके उपयुक्त; प्रचलित; T.; ~ acceleration, ~action, ~ angle, ~ authorisation, ~ axis, ~ behaviour, ~circumstances, ~condition, ~ coordinates, ~correlation, ~ curve, ~delay, ~delivery, ~demand, ~ density, ~ difference, ~dispersion, ~ distribution, ~equation, ~erosion, ~error, ~farm, ~flux, ~frequency, ~induction, ~integrals, ~ issue, ~ magnification, ~manner, ~mode, ~number, ~ permeability, ~ place, ~ population, ~ position, ~ practice, ~ presentation, ~pressure, ~profit, ~reaction, ~route, ~salt, ~setting, ~ soil, ~ solution, ~state, ~stress, ~tax, ~temperature, ~tension, ~value, ~velocity, ~working.

normalcy –सि n. मध्यमावस्था^F, मध्यमदशा^F।

normality –मैं'लिटि n. लम्बरूपता^F, लम्बस्वरूपता^F; सामान्यता^F, एकरूपता^F, नियमितता^F; यथार्थता^F; समतलत्व; प्राकृतिक अवस्था^F; प्रकृतता^F; क्रमयुक्तता^F, सुव्यवस्थितता^F, प्रणालीबद्धता^F; आदर्शस्वरूपता^F; प्रचलितता^F, सामान्यता^F।

normalization –मॅलाइज़े'शॅन् n. नियमन, नियम-निर्धारण; (चि०) प्रकृतिकरण; एकरूपीकरण, समतलीकरण; यथार्थीकरण; प्रणालीबन्धन, (रसा०) संस्थिति^F-करण,

सुव्यवस्थितीकरण; (इंजी०) **संस्करण**, सामान्यीकरण, **सामान्य बनाना**, प्रचलन; आदर्शीकरण।

normalize –'मॅलाइज़् v.t. नियम बनाना, नियमबद्ध करना; एकरूप करना, समतल करना; यथार्थ होना; प्रणालीबद्ध करना, सुव्यवस्थित करना; आदर्शरू- होना, नमूना बनाना; **सामान्यीकृत करना**, सामान्य होना, साधारण करना या होना।

normalizing –ज़िंग् n. = NORMALIZATION.

normally –लि adv. सामान्यतः, प्रसमतः।

Norman नॉर्'मॅन् a. (फ्रांसके) नारमण्डीका, नार्मन, नार्मनोंका, नार्मण्डीवासी-सम्बन्धी (~*English*); N ~ French (नार्मनजाति^F द्वारा प्रयुक्त) फ्रांसीसी भाषा^F; ~style स्थापत्यमें नार्मन शैली^F।

Normanesque –ने'स्क् a. नार्मन-स्थापत्यशैली-व्यंजक।

Normanism –'मॅनिज़्म् n. नार्मनवाद; नार्मन-शैली^F-का जीवन; नार्मन शैली^F, नार्मन रीति^F, नार्मन प्रकार, नार्मन मुहावरा।

Normanization –नाइज़े'शॅन् n. नार्मनीकरण।

Normanize –'मॅनाइज़् v.t. & i. नार्मन रीति^Fका अनुसरण करना, नार्मनका ढंग अपनाना, नार्मन बनना या बनाना।

normated नॉर्'मेटिड् a. प्रमापानुरूप, मानयुक्त; **मानीकृत**।

normative –मॅटिव् a. **मानक**, प्रामाणिक (~ *currency*); प्राकृतिक, यथाक्रम, **आदर्शक**, **आदर्शमूलक**, **मानकीय**, आदर्शी;
~laws, ~rules, ~science.

Norse नॉर्स् a. प्राचीन स्कैण्डिनेवियाका, नार्वे-सम्बन्धी, नार्वीजी, नार्वेका; ~land नार्वे; नार्वेकी भूमि^F; ~man नार्वी, नार्वे-निवासी, नार्वीजी।

Norsk नॉर्स्क्' n. & a. = NORSE.

north¹* नार्थ् n. उदीची, **उत्तर*** (~ *court*), उत्तर दिशा^F; (हम्बरको छोड़कर) इंग्लैण्डका उत्तरी भाग; (अमरीकाका) दास प्रथारहित उत्तरी राज्य; (किसी देशका) उत्तरीभाग; उत्तरी वायु^F; magnetic ~ **चुम्बकीय उत्तर**; ~ Atlantic **उत्तरी अटलांटिक**; ~-east, (सं० NE., NW.) **उत्तरपूर्व**, ईशान, ईशान दिशावर्ती प्रदेश, वायव्य; **उत्तर-पश्चिम**, **वायुकोण**, ~-west, वायव्य दिशावर्ती प्रदेश; ~ light उत्तरी वात्यालोक, उषादेवी^F; N~ man नार्वेका अधिवासी; N~ polar उत्तरध्रुवीय, उत्तरीध्रुवका; N~ Pole **उत्तरध्रुव**, उत्तरी ध्रुव; ~ star = POLE-star; ~ westerly, -western, -westward उत्तर-पश्चिमकी ओर।

north² a. उत्तरस्थ, उत्तरवासी, उत्तरी, उत्तरदिशा^Fमें स्थित (*N~ America, pole*); उत्तरमुखी, उत्तरके सम्मुख स्थित; उत्तरसे आगत; N~ Britain (पता या ठिकानाके लिखनेमें, सं० N. B.) स्काटलैण्ड; स्काटिस्तान; N~ Briton स्काटलैंडवासी, स्काटिस्तानी; N~ Country इंग्लैण्डका उत्तरी भाग; N~ Countryman उत्तरी इंग्लैण्डका अधिवासी; ~ easterly, eastern, eastward उत्तर-पूर्वकी ओर;
~latitude, ~light roof, ~point.

north³ adv. उत्तर दिशा^Fमें, उत्तरमें, उत्तरकी ओर।

Northants. Northamptonshire.

north-easter नार्थ्-ईस्'टॅर् n. उत्तरपूर्वस्थित, उत्तर-पूर्वी।

norther ⊙ नॉर्'दॅर् n. (मैक्सिकोकी खाड़ी^Fकी) प्रचण्ड शीतल उत्तरी वायु^F।

northerly¹ –लि a. उदीच्य, उदीचीन, उदीची-प्रवण, उत्तर दिगुन्मुख; (विशे० वायु^F) उत्तरी, उत्तरदिशा^Fसे आगत; उत्तरवासी।

northerly² adv. उत्तरकी ओर।

northern¹ नॉर्'दॅर्न् n. उदीच्य, उत्तरदेशवासी, उत्तरमें रहनेवाला।

northern² a. उदीचीदिक्स्थ, **उत्तर-**, उत्तरस्थ, **उत्तरी** ⊙, उत्तरका; उत्तरसे आगत; उत्तरदिशा^Fका; ~lights उत्तरी वात्यालोक, **उत्तरी ध्रुवप्रकाश**, ध्रुव-ज्योति^F, उषा देवी^F;
~ circle, ~ light, ~ hemisphere, ~node, ~zone.

northerner –नॅर् n. उत्तरदेशवासी, उत्तरी व्यक्ति, उत्तरमें रहनेवाला।

northernmost, northmost –मोस्ट्, –मोस्ट् aa. सुदूर उत्तरी, सुदूर उत्तरका, सबसे उत्तरका, बिल्कुल उत्तरी सिरेका।

northing –'थिंग् n. (जलपोतका) उत्तरपारण, उत्तर-दिशा^Fकी ओर विपथन (*two miles* ~)।

Northmb. Northumberland.

northomorph ⊙ नॉर्'थॅमॉर्फ् n. (वन०) **संकर रूप**, **संकर आकार**, T.

northwardly नॉर्थ'वॅर्ड्लि a. = NORTHWARDS².

northwards¹ –डॅज़् n. उत्तरी प्रदेश, उत्तर दिशा।

northward(s)² adv. उत्तराभिमुख, उत्तरको, उत्तर-की ओर।

north-wester नॉर्थ्-वे'स्टॅर् n. काल बैसाखी^F, उत्तर-पश्चिमी हवा^F।

Norvic. *norvicensis* of Norwich.

nor'wards नॉर्'वॅर्ड्ज़् = NORTHWARD(S).

Norwegian नार्वी'जिॲन् १. n. नार्वे देशवासी, नार्वीजी भाषा^F; २. a. नार्वेका।

nor'wester नॉर्'वे'स्टॅर् n. उत्तर-पश्चिमी हवा^F; एक गिलास तेज शराब^F; मोमजामेका टोप; **काल-बैसाखी**^F; ~wind **काल बैसाखी**^F।

Nos., nos. Numbers.

nosce teipsum (L) स्वयंको पहचानो।

nose¹* नोज़् n. **नासा**^F, **नासिका**^F, घ्राणेन्द्रिय^F, **नाक**^F*; घ्राणबोध, घ्राणशक्ति^F, घ्राण-चेतना^F, सूँघनेकी शक्ति^F; गन्ध^F, सुगन्ध^F, महक^F, खुशबू^F; (नली^F, धौंकनी^F इत्यादिकी) टोंटी^F सिरा; पोतका अग्रभाग;. (किसी

वस्तु^F^का) बाहर निकला हुआ भाग; (ला०) बुद्धिमानी^F^; ~bag घोड़ेके मुँहमें लगा झोला; ~band प्रोथ, पूजी-पत्ता (लगाम^F^की निचली पट्टी^F^); ~bit नुकीला बर्मा; ~bleed (चि०) नक्सीर फूटना; ~brain (चि०) घ्राणमस्तुलुंग; ~ bridge नाकका बाँसा; ~ dive (वायुयानका) झटकेके साथ उतरनेकी क्रिया^F^; नीचेकी ओर अचानक उतरना; ~ gay कुसुम-स्तबक, पुष्पगुच्छ, फूलोंका गुच्छा; ~-monkey सूँड़वाला दन्दर; ~ of wax मोमकी नाक^F^, ढुलमुल आदमी; ~-piece = ~band; ~-pin फुल्ली^F^, पुल्ली^F^; ~rag जेबी रूमाल; ~-ring बैलकी नाथ^F^; नथनी^F^, नथुनी^F^; ~ screw, ~ studs लौंग; ~ warmer (ग्रा०) छोटा नलका, छोटा पाइप; *bite* or *snap* one's ~ *off* झुँझुलाहट^F^के साथ उत्तर देना; *count* or *tell* ~s साथी गिनना, अपने पक्षके लोगोंका नाम लेना; *cut off* one's ~ *to spite* one's *face* अपनी हानि^F^ करके दूसरेको लांछित करना; *follow* one's ~ अन्तर्वृत्ति^F^ द्वारा परिचालित होना, नाक^F^की सीध^F^में जाना; ~ *up* नाक^F^ उठाओ; ऊर्ध्वाग्र; आगा उठा हुआ; *pay through the* ~ भारी कीमत^F^ देना, कड़ा दाम भरना; *poke, thrust, etc.* one's ~ अनधिकार चेष्टा^F^ करना, हस्तक्षेप करना, दखल देना; अनधिकार प्रवेश करना; *put* one's ~ *out of joint* (चालाकी^F^से किसी व्यक्तिके स्थानपर) अधिकार करना; व्याकुल करना, निराश करना, नजर^F^से गिर जाना; *turn up* one's ~ *at* नाक^F^ सिकोड़ना, किसीके प्रति घृणा^F^ दिखाना; *under* one's ~ किसीके मुँहपर, बिलकुल सामने;

~-belled, ~ bleed, ~ bone, ~ drag, ~flute, ~high, ~-leafed, ~-led, ~-pulled, ~ scraper.

nose[2] v.t. & i. आघ्राण करना, घ्राण लेना, सूँघना, गन्ध^F^का अनुभव करना; गन्ध^F^ द्वारा पता लगाना, सूँघकर पता लगाना; नाक^F^ घुसेड़ना; नाक^F^ लगाना, नाक^F^से रगड़ना, नाक^F^से मलना; जोरसे साँस^F^ खींचना, जोरसे सूँघना, टोह लेना, पता लगाना, खोजना (~*s a job in everything*), खूब जाँच^F^ करना; धक्का देना, [illegible]ना; घुस जाना (~ one's *way*); (विशे० पोतका) पानीको चीरकर आगे जाना; (सतह^F^ इत्या० का) नीचेको झुकना, सतह^F^पर उभर आना; अनुनासिक उच्चारण करना, नकियाना, नकनकाना, नाक^F^से बोलना।

nosed –ड् a. सनासा, नाकदार, नाकवाला।

noseleaf नोज़्'लीफ़् n. (चमगादड़का) नासपुट, झिल्ली^F^।

noseless –'लिस् a. अनासिक, नासाविहीन, नकटा, बिना नाकका।

nosema n. (चि०) रोग, व्याधि^F^।

noser –ज़र् n. तीक्ष्ण वात, विरोधी वायु^F^, भीषण वायु^F^।

nosey –ज़ि a. नासावान्, नासिकावान्, नाकदार।

nosing नो'ज़िंग् n. (साँचेमें ढला हुआ) सीढ़ी^F^के डण्डे-का गोल किनारा; धातु^F^का एक खेल; (यंत्र०) गोला; line of ~ ढाल रेखा।

noso- रोग- (~ *graphy*, ~ *logy*)।

nosocomial नॉसॅको'मिॲल् a. चिकित्सालयीय, चिकित्सालय-सम्बन्धी, अस्पतालका।

nosography नॅसॉ'ग्रॅफि n. रोग-वर्णन, व्याधि-विवरण।

nosological नॅसॅलॉ'जिकॅल् a. व्याधितत्त्वीय, रोग-विज्ञान-सम्बन्धी, (औषध^F^-विज्ञानकी एक शाखा^F^-विशेषसे सम्बन्धित)।

nosologist –सॉ'लॅजिस्ट् n. व्याधितत्त्ववेत्ता, रोग-वैज्ञानिक, रोग-निदानशास्त्री।

nosology –जि n. व्याधितत्त्व-विज्ञान, रोगनिदानशास्त्र, रोग-विज्ञान, रोगोंका वर्गीकरण।

nosophobia नॉसॅफो'बिॲ n. व्याधि-भय, रोग भय, रोग-भीति^F^, व्याधि सन्त्रास^F^।

nostalgia नॉस्टैल्'जिॲ n. आध्यान, गृहविरह-आतुरता^F^, गृहविरहार्ति^F^, [illegible]र पहुँचनेकी व्याकुलता^F^, घरकी याद^F^।

nostalgic –जिक् a. गृहातुर, गृहातुरता-सम्बन्धी, घर-पर पड़े रहनेकी आदत^F^से सम्बन्धित।

Nostradamus नॉस्ट्रॅडे'मॅस् n. ज्योतिषी, भविष्य-वक्ता।

nostril नॉस्'ट्रिल् n. (चि०, जीव०) नासारन्ध्र, नासिका-छिद्र, नासाद्वार, नथुना; *stink in* one's ~*s* बदबू^F^ देना, बुरा लगना।

nostrilled –ड a. नासारन्ध्रयुक्त।

nostrum नॉस्'ट्रॅम् n. (चि०) गुप्त औषधि^F^, कठवैदकी ओषधि^F^, नीम हकीमका उपचार; राजनीतिक सुधारकी युक्ति^F^, सामाजिक सुधारका विशेष कौशल, लटका।

nosy नो'ज़ि a & n. दीर्घ नासावाला (व्यक्ति), बड़ी नाकवाला (आदमी); दुर्गन्धियुक्त (अनाज या घास); सुग-न्धित (चाय); (दुर्गन्धियोंका) प्रभाव-ग्रहणशील (व्यक्ति), संवेदनशील (व्यक्ति); (ग्रा०) जिज्ञासु, कुतूहली।

not*, **n't** नॉट advv. & a. न, मत, नहीं*; ~ affected अप्रभावित; ~ available अप्राप्य, अलभ्य; ~ existing अविद्यमान; ~ guilty निर्दोष; ~ half (ग्रा०) बहुत अधिक, बहुत; ~paid अशोधित; ~ relative निरपेक्ष; ~ sufficient (सं० N. S.) अनादरण, धनादेशपर अधिकौषिकका चिह्न; ~ *at all* कदापि नहीं, बिलकुल नहीं; ~ *exceeding* अधिक-से-अधिक, तक; ~ *including* छोड़कर; ~ *more than* अधिक-से-अधिक; ~ *once* or *nor twice* कई गुणा, कई गुना, बार-बार।

nota bene (L) v. भलीभाँति ध्यान दें।

notabilia नोटॅबि'लिॲ n. pl. विशेष कथन, स्मरणीय कथन।

notability नोटॅ[illegible]लिटि n. प्रसिद्धि^F^, कीर्ति^F^, प्रख्याति^F^, प्रख्यात व्यक्ति; महत्त्व, आदर, उल्लेखनीयता^F^ (*names of no historical* ~); दर्शनीय पदार्थ, स्मरणीय वस्तु^F^; प्रसिद्ध पुरुष; (प्रा०) सुगृहिणी-कला^F^, सुगृहिणी-कौशल, सुगृहिणी-पटुता^F^, अच्छी घरैतिन^F^की दक्षता^F^।

notable[1] नो'टॅबॅल् n. कुलीन जन, विशिष्ट पुरुष, प्रख्यात व्यक्ति।

notable[2] a. स्मरणीय, अवधारणीय, उत्कृष्ट, उत्तम, विशेष, विशिष्ट, दर्शनीय; अपूर्व, अद्भुत, असामान्य, असाधारण, विलक्षण; ख्यात, प्रख्यात, प्रतिष्ठित, प्रथित, प्रसिद्ध, नामवर, जानामाना; (रसा०) संलक्ष्य, प्रत्यक्ष्य (*a ~ quantity*); योग्य; अनुभवनीय, अनुभवगम्य; समर्थ, योग्य, ग्रहण-क्षम, धारणक्षम; सुगृहिण्योचित, सुगृहिणी^{F}-सुलभ।

notably –लि adv. विशेषतः, विशेषतया, विशेषकर, विशेष रीतिसे, प्रमुख रीतिसे।

notandum नॅटैन्'डॅम् n. अवलोकनीय वस्तु^{F}, नोट करने योग्य चीज^F।

notarial नॅटेऑ'रिअॅल् a. विपत्र-प्रमाणक-सम्बन्धी, लेख्यप्रमाण, प्रमाणित करनेवाले नोटरीसे सम्बन्धित; ~ stamp विपत्र-प्रमाणक-मुद्रांक।

notary नो'टॅरि n. (~ *public* भी) विपत्र-प्रमाणक, **लेख्य-प्रमाणक**, लेखप्रमाणक, **नाजिर निकराई**^{F}, नाजिर रजिस्टरी^{F}, **नोटरी**^{F}।

notate नो'टॅट् a. अंकलेखनीय, अंकलेखन-सम्बन्धी।

notation नॅटे'शॅन् n. अंकन, अंकलेखन, अंक-विद्या^{F}, गणना^{F}, संकेत, **संकेतन; स्वरलिपि**^{F}, संकेतलिपि^{F}, संक्षेपलेखन, **संकेत-पद्धति**^{F}, (अंकों, मात्राओं^{F} इत्यादिका) चिह्नों द्वारा चित्रण, **अंकन-पद्धति**^{F}, अंकलेखरीति^{F}; चिह्न।

notational –नॅल a. संकेत-विद्या^{F}-सम्बन्धी; अंक-विद्या^{F}-विषयक; स्वरलिपि^{F}-सम्बन्धी।

notch[1] नॉच् n. दन्त, **दाँता**; संकीर्ण पथ, तंग रास्ता, दर्रा ⊙; छिद्र, छेद; **काकपद खाँच; काप, दाँता**, मोखा, कटाव; कर्त, काट^F; (अप्र क्रि०) क्रिकेटका रन; ~-board सीढ़ियोंके अंतका तख्ता; ~-wing छिद्रे पंख-वाला एक पतंगा।

notch[2] v.t. दाँते बनाना, दाँते डालकर आरा बनाना, दाँतेदार बनाना; (सीढ़ियोंके जीनेमें) दाँतोंके जरिये जड़ना; छिद्र करना, खाँज डालना, दरार करना, **खाँचा बनाना**, काकपदमें रोपण करना, खाँचेमें लगाना।

notched –ड् a. (वन०, जन्तुवि०) दन्तुर, दन्दानेदार, **दाँतेदार; खाँचेदार**, दरारदार, (~ *beam*)।

notching –'चिंग् n. **खाँचा बनाना**।

notchy –चि a. (वन०, जन्तुवि०) दन्दानेदार दाँतेदार।

note[1]* नोट् n. **स्वर** (*there is a ~ of complacency in his voice*); **स्वर संकेत**, स्वरलिपि^{F}, गानस्वर, संगीत-ध्वनि^{F}; कम्प, थरथराहट^F, तान^F, गिट-किरी^{F} ⊙; (स्वरकी ऊँचाई^F एवं अवधि^{F}का) लिखित चिह्न ⊙; (पियानो इत्या० का) परदा; **नोट***; संगीत-सम्बन्धी यन्त्र; (पक्षियोंके कलरवमें) एकाकी स्वर; चिह्न, अंक, सांकेतिक चिह्न, निशान, **टीप**^{F}; संकेत, इशारा; निदर्शन, लक्षण; लांछन, कलंक, दाग, बट्टा; अवधेय, आलोक, अवलोक; (तथ्यों, मुद्रणों या विषयोंका) संक्षिप्त स्मारक-लेखा, हुण्डी^{F}; (प्रायः pl.) भाष्य, टीका^{F}, **टिप्पणी**^{F}, **टिप्पण**, व्याख्या^{F}; परिपत्र, संक्षिप्त **पत्र**, चिट्ठी^{F}, परचा; उपलेख; पत्रव्यवहार; यश, ख्याति^{F}, प्रथितता^{F}, प्रतिष्ठा^{F}, प्रसिद्धि^{F}, कीर्ति^{F}, सम्मान; महिमा^{F}, महत्त्व, गौरव, उच्च-पद, उच्चस्थान (*critic, philosopher, of ~*); विज्ञप्ति^{F}, सूचना^{F}, चेतावनी^{F}, घोषणा^{F}; अर्थपत्र, रुपयोंका नोट; बुना हुआ जाली^{F}का काम ⊙; bank-~ अधिकोष-पत्र; ~ book आलोक-पुस्तिका^{F}, स्मरण-पुस्तिका^{F}, स्मरण-लिपि^{F}, याददाश्त^{F}की कापी^{F}, प्रपत्र-पुस्तिका^{F}, नोटबुक^F; ~ paper आलोकपत्र, टिप्पण-पत्र, पत्र लिखनेका कागज;

~ broker, ~cancellation, ~ cancellation section, ~ circulation, ~ enclosed, ~ examination, ~ examiner, ~ pass, ~ refunds, ~ sheet, ~-taking, ~ verification, ~ verification section.

note[2] v.t. अवधृत करना, ध्यान देना, विचारना, सोचना, ध्यानपूर्वक देखना; टीपना; लिखना, टाँक लेना, लिपिबद्ध करना, लिख लेना; व्याख्या^{F} करना, टिप्पणी^{F} करना, टीका^{F} करना; चिह्नित करना।

noted –'टि ड् a. प्रथित, प्रख्यात, प्रसिद्ध, विख्यात, लब्धप्रतिष्ठ, विश्रुत, नामी, नामवर ⊙; आलोकित; लिखित, अभिलिखित, अंकित; लक्षित, निरूपित; **नोटकर लिया**; ~ *below* निम्नांकित।

noteless –ट्'लिस् a. अप्रथित, अख्यात, अविख्यात, अप्रसिद्ध, अतिसाधारण; (संगीत) अस्वरीय।

notelet –लिट् n. छोटी स्मरण-पुस्तिका^{F}, छोटी नोटबुक^F।

noter –'टॅर् n. टिप्पणीकार, उपलेखक।

noteworthy –ट्'वर्दि a. अवधारणीय, उल्लेखनीय, स्मरणीय, विचारणीय, विचारयोग्य।

nothing[1] नथिंग् n. शून्य (०), अवस्तु^{F}, कोई वस्तु^{F} नहीं, कुछ नहीं, नाचीज^F; अत्यन्त निकृष्ट वस्तु^{F}, तुच्छ वस्तु^{F}, नगण्य वस्तु^{F}; (अंक०) मिश्रधनाभाव; अविद्यमानता^{F}, अन-स्तित्व, अभाव; नगण्य उक्ति^{F}; तुच्छ व्यक्ति (*the new officer was ~*); नास्तिवाद, जड़वाद, अज्ञेयवाद; *all to ~* सब बेकार; विश्वास नहीं होता; असम्भव; *be ~* नास्तिक होना, जड़वादी होना; *can make ~ of* मुझे समाधान नहीं मिलता, मैं इसे नहीं समझ सकता, यह मेरे कामका नहीं, यह किसी कामका नहीं; *come to ~* व्यर्थ होना, निष्फल होना, असफल होना, टाँय-टाँय फिस्स होना; *dance on ~* फाँसी^{F} पाना, फाँसी^{F}पर टँगना; *fade away to ~* धीरे-धीरे लुप्त होना; *for ~* फोकटमें, मुफ्त; *make ~ of* क्षुद्र समझना, तुच्छ समझना; नगण्य समझना; *~ else than* यही, मात्र; *~ less than* सरासर, पूरा; *~ venture ~ have* हिम्मत^F किये बिना कुछ नहीं बनता।

nothing[2] adv. किसी रूपमें नहीं, तनिक भी नहीं, बिलकुल नहीं; (अमेरिकी, विस०, बोल०) कदापि नहीं, किसी भी प्रकार नहीं, जरा भी नहीं, हर्गिज नहीं।

nothingness –निंस n. अभाव, शून्यता^{F}; असत्त्व,

अविद्यमानता^{F}, अनस्तित्व, अस्तित्वाभाव, अस्तित्वहीनता^{F}; **अवस्तुता^{F}**, असारता^{F}, नगण्यता^{F}; अगुरुत्व; अगौरव; तुच्छ पदार्थ, मामूली बात^F; अप्रयोजन, अनाडम्बर; निरर्थकता^{F} ।

nothasaur –सॉअॅर् n. कूटसरट, विजात सरट ।

notice[1] नो'टिस् n. वृत्ति^{F}, वार्ता^{F}, वृत्तान्त, वर्णन, कथन, संवाद, जानकारी^{F}, **सूचना^{F}**, सन्देश, संकेत, निवेदन, खबर^F; घोषणा^{F}, **नोटिस**; चेतावनी^{F} देनेवाली घटना^{F}; चेतावनी^{F}, आगाही^{F}, तम्बीह^F; विज्ञापना^{F}, विज्ञप्ति^{F}, विज्ञापनयुक्त घोषणा^{F}; निर्देश, उल्लेख; मनोयोग, अवधान, ध्यान, सावधानी^{F}; बोध, ज्ञान, अवगति^{F}; अवलोकन, निरूपण, अवेक्षण; (समाचारपत्रमें किसी वस्तु^{F}-पर) लेख, अनुच्छेद; (पुस्तक^F, नाटक इत्यादिपर) टिप्पणी^{F}; आदर, सत्कार; **सूचनापत्र**; ~-board **सूचनापट**, विज्ञप्ति-पट्ट, सूचनाफलक, नोटिस-बोर्ड; *at short, ten minutes'*, etc. ~ थोड़ी देर^{F}की सूचना^{F}पर, दस मिनटके नोटिसपर; *bring to* ~ ध्यानमें लाना; *come into* ~ ध्यान आकर्षित करना; *take no ~ of* उपेक्षा^{F} करना, परवाह^F न करना; *take ~ of* ध्यानपूर्वक देखना; समझना; *take ~ that* वह चेतावनी^{F} देता है कि ।

notice[2] v.t. अवलोकन करना, अवधान देना, ध्यान देना, अवहित होना, देखना, बूझना, खबर^F लेना; विनम्रता^{F}से व्यवहार करना, सत्कार करना, भद्रता^{F}से व्यवहार करना; सूचित करना (*was ~d to quit*), नोटिस^F देना, नोटिस^F जारी करना; आलोचना^{F} करना, टीका-टिप्पणी^{F} करना; उल्लेख करना, कहना, बोलना, बातचीत^F करना ।

noticeable –सॅबॅल् a. अवधेय, अवधारणीय, विचारणीय; उल्लेखनीय, स्मरणीय; दर्शनीय, देखने योग्य; सूच्य ।

notifiable –टिफ़ाइअॅबॅल् a. अभिसूच्य, घोषणीय, अवश्य **सूचनीय**, प्रज्ञापनीय, प्रख्यापनीय (*~disease*) ।

notification –फ़िके'शॅन् n. **विज्ञप्ति^{F}**, **अधिसूचना^{F}**, ख्यापन, प्रज्ञापन, घोषणा^{F}, विज्ञापन, **सूचना^{F}**, संज्ञप्ति-पत्र, घोषणापत्र, विज्ञापनपत्र ।

notified –टिफ़िड् a. **अधिसूचित**, **सूचित**, **परिज्ञापित**, घोषित (~ *area*; *boundary*) ।

notify –फ़ाइ v.t. ज्ञापन करना, प्रसिद्ध करना; घोषित करना, जताना; वर्णन करना, बयान देना; **अधिसूचित करना**, अधिसूचना^{F} देना, सूचना^{F} देना, संवाद देना ।

noting –टिंग n. टिप्पण, लेखन; (वाणि॰) **निकराई^F**, **नोट करना**, **नोट करवाना**; ~ *charges* (वाणि॰) **निकराई^F-प्रभार** ।

notion नो'शॅन् n. आशय, अभिप्राय; **अन्तर्बोध**, बोध, भावना^{F}, मनोभाव; कल्पना^{F}, अनुमान; धारणा^{F}, **विचारणा^{F}**, सम्मति^{F}, मत, मति^{F}, विचार, सिद्धान्त, विश्वास, राय^F (*has a ~ that—*); योग्यता^{F}, क्षमता^{F}, शक्ति^{F}; समझ^F (*has no ~ of discipline*), सस्ती और कम मूल्यकी वस्तुएँ^{F} ⊙; (*pl.*) (स्काटलैण्डके विंचेस्टर कालेजका परम्परागत) विशेष शब्द-भण्डार; ~ counter ⊙ बिसातीका बाना ।

notional –नॅल् a. (ज्ञान इत्यादि) सैद्धान्तिक, चिन्तनशील; मनोगत, ख्याली; (वस्तु^{F}) काल्पनिक, कल्पित, कल्पनापूर्ण; लहरी, झक्की ।

notionalist –लिस्ट् n. भाववादी, कल्पनावादी ।

notitia नॅटि'शिअॅ n. सूचीपत्र ।

noto- पश्च-, पृष्ठ- (~ *branchiate*, *~chord*, *~podium*) ।

notopodium नोटॅपॉ'डिअॅम् n. पृष्ठशाखा^{F} ।

notoriety नोटॅराइ'इटि n. ख्याति^{F}, विख्याति^{F}, प्रसिद्धि^{F}; कुख्याति^{F}, कुकीर्ति^{F}, कुप्रसिद्धि^{F}, दुर्नामत्व ।

notorious नॅटॉ'रिअॅस् a. विख्यात (*it is ~that*); कुख्यात, कुप्रसिद्ध, दुर्नामा, बदनाम (*~smuggler*); (धिक्कारके लिए प्रयुक्त) बुरा ।

notoriousness –निॅस् n. कुप्रसिद्धि^{F}, कुख्याति^{F}, दुर्नामता^{F}, कुकीर्ति^{F}, बदनामी^{F} ।

Notts. Nottinghamshire.

notwithstanding[1] नॉट्विथ्स्टैन्'डिंग् adv. यद्यपि, तथापि, तदपि, तो भी, बिलकुल ।

notwithstanding[2] prep. होते हुए भी, रहते भी, बावजूद कि (*~his resignation*); ~ *anything* किसी बात^{F}के रहते भी ।

notwithstanding[3] conj. यद्यपि, तिसपर भी, इस तथ्यके रहते भी ।

nougat नू'गा n. कलाकन्द, गरी^{F}की मिठाई^F ।

nought[1] –नॉट्' n. (चीनी^{F}, काष्ठफलों इत्यादिका) मिष्टान्न, पाग ।

nought[2] n. (काव्य, प्रा॰) अभाव, असत्व, कुछ नहीं; (विशे॰ गणित, अन्य भी) शून्य, शून्य अंक (०); *bring to* ~ नष्ट करना; *come to* ~ नष्ट होना; *set at* ~ उपहास करना, उपेक्षा^{F} करना, अनादर करना, तिरस्कार करना, हँसी^{F} उड़ाना, खिल्ली^{F} उड़ाना ।

noumenon नाउ'मिॅनॉन् n. (pl -*a*) वस्तु^{F}, पदार्थ, प्रकृति^{F}-तत्त्व, सहजोपलब्धि^{F}का उद्देश्य, परमार्थ, सत्, सद्बुद्धि^{F} द्वारा कल्पित या गृहीत वस्तु^{F} ।

noumenonal –नॅल् a. तात्त्विक ।

noun नाउन् n. नाम, संज्ञा^{F}; ~ adjective विशेषण; ~ of agency कृतवाचक संज्ञा; ~-substantive संज्ञा^{F}; विशेष्य ।

nounal –'नॅल् a. (व्या॰) संज्ञीय, संज्ञा^{F}-विषयक ।

nourish न'रिश् v.t. पोषित करना, पुष्ट करना, पालन-पोषण करना, भरण-पोषण करना, पालना, बढ़ाना, सेवा-सुश्रूषा^{F} करना; पढ़ाना-सिखाना ।

nourishable –शॅबॅल् a. पालनीय, पोषणीय, संवर्ध्य ।

nourisher –शॅर् n. पालक, पोषक, संवर्धक ।

nourishing –शिंग a. पौष्टिक, पुष्टिकर, बलवर्द्धक, शक्तिदायक ।

nourishment –श'मॅन्ट् n. पालन, संवर्धन, पुष्टि^{F}, **पोषण**, भरण-पोषण; पोषाहार, आहार, पुष्टिकर भोजन,

पौष्टिक पदार्थ, गिजा^F।

nouriture, nourriture न'रिचॅर् nn. = NOURISHMENT.

nous नॉउस्' n. (यूना० दर्शन) मन, चित्त, धी^F, बुद्धि^F, ज्ञान, चित्तशक्ति^F, मेधाशक्ति^F, प्रज्ञाविचार, तर्कशक्ति^F; (बोल०) सामान्यज्ञान, व्यावहारिक बुद्धि^F, मामूली अक्ल^F।

nous avons change tout cela (F) हमने वह सब बदल दिया है।

Nov. November.

nova नो'वॅ n. (रसा०) आकस्मिक नक्षत्र, अकस्मात् उदय होनेवाला तारा, **नवतारा** T.

novate नॅवेट्' v.t. नवीकृत करना, नया बनाना।

novation –वे'शॅन् n. नवीयन, **नवीकरण**, नवादेशन; (अर्थ०) **दायित्व नवीयन**।

novel[1] नॉ'वॅल् n. उपन्यास, नाविल; (रोमन विधि०, विधिसंहिता^F का अनुपूरक) आज्ञापत्र, प्रादेश।

novel[2] नॉ'वॅल a. नव, अभिनव, नूतन, नवीन, अपूर्व, अज्ञात, असामान्य, असाधारण, अद्भुत, अपूर्व, विस्मयजनक, विलक्षण, अनूठा, नया, अनोखा, निराला।

novelette नॉवॅले'ट् n. क्षुद्र उपन्यास, लघु उपन्यास, छोटा उपन्यास; (संगी०) पियानोपरका एक राग।

novelettist –टिस्ट् n. लघु उपन्यासकार।

novelism नॉ'वॅलिज़्म् n. नवप्रवर्तन, नवप्रयोग; नवता^F, नवीनता^F।

novelist –लिस्ट् n. उपन्यासकार, उपन्यास-लेखक, नाविल-लेखक।

novelistic –'टिक् a. औपन्यासिक, उपन्यासकी रीति^F का।

novelization नॉवॅलाइज़े'शॅन् n. उपन्यासीकरण, औपन्यासिकता^F; नवीकरण।

novelize –वॅलाइज़् v.t. उपन्यासीकरण करना, उपन्यासके रूपमें अन्तरित करना, उपन्यासरूपमें लिखना।

novelty नॉ'वॅल्टि n. अभिनव वस्तु^F, अद्भुत वस्तु^F, असामान्य वस्तु^F, कौतुक, असाधारण वस्तु^F; अपूर्वता^F, नवता^F, नूतनता^F, नावीन्य, नूतनत्व, नवीनता^F, नयापन; ~ies, ~goods नूतन वस्तुएँ^F, अनूठा सामान।

November नॅवे'म्बॅर् n. नवम्बर, (अँग्रेजी वर्षका ग्यारहवाँ महीना)।

novena नॅवी'नॅ n. नवदिवसीय पूजा^F, नवदिनकी मन्नत^F।

novenary नॉ'विनॅरि a. नव-, नौके अंकका।

novendial नॉवे'न्'डिॲल् a. नवदिवसीय।

novennial नवे'निॲल् a. नववर्षीय, नौ बरसका, नव वर्षमें होनेवाला।

novercal नॅवर्'कॅल n. वैमात्रीय, वैमातृक, विमाताविषयक, सौतेली माँवाला; विमाता-सा, सौतेली माँ-सा।

novice नॉ'विस् n. नवशिष्य, नवदीक्षित व्यक्ति, अभ्यासी, नवीन धर्मान्तरित व्यक्ति, नवक, नवछात्र, नवशिक्षित, अनभ्यस्त, नौसिखिया।

noviciate, -tiate नॅवि'शिॲट्, शिॲट् nn. नवछात्रता^F, शिक्षार्थिता^F; अभ्यासकाल, शिक्षाकाल, विद्यारम्भकाल; शिक्षार्थी व्यक्ति; नवदीक्षित व्यक्ति, नवछात्र, अनभ्यस्त, नौसिखिया; (नवदीक्षितोंके लिए) निर्धारित स्थान या निवास।

novilunar नॉ'विलूनॅर a. बालचन्द्र सम्बन्धी, नये चाँदका।

novitiate n. दे० NOVICIATE.

novocaine नॉ'वॅकेन् n. (कृषि०, चि०) **नोवोकेन**^F (एक स्थानीय संज्ञाहारी औषध^F)।

now[1] नॉउ' n. वर्तमान, वर्तमान समय, अभी, इस समय (*till* ~); (*every*) ~ *& then or again* कदाचित्, यदाकदा, समय-समयपर, कभी-कभी, जभी-तभी; ~ ...~, ~...*then*, ~... *& again* इस क्षण यह, उस क्षण वह।

now[2]* adv. सम्प्रति, अब*, अभी, आजकल, इस समय; अबतक, इस समयतक; ऐसी परिस्थिति^F में, इस दशा^F में, ऐसी सूरत^F में, ऐसी हालत^F में; झटिति, सपदि, सत्वर, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त, फौरन; निकट वर्तमानमें, अभी हालमें; तत्पश्चात, तदनन्तर, इसके बाद (*Babar* ~ *marched towards the east*); तबतक, उस समयतक; ~ *or never* बस यही समय है।

nowaday नॉउ'ॲडे a. आजकलका, इन दिनोंका।

nowadays –डेज़् n. & adv. वर्तमानकाल (में), आजकल, इन दिनों।

nowed न्'इड a. ग्रन्थिल, गाँठदार।

Nowel[1], **Noel** नोऍ'ल', नोऍ'ल् nn. क्रिसमस, बड़ा दिन।

nowel[2] intr. (क्रिसमसके भजनमें व्यक्त हर्ष) बहुत अच्छा! वाहवाह!

nowhere नो'ह्वेॲर्, –नो'वेॲर adv. कहीं भी नहीं, कहीं नहीं, कहींको भी नहीं; *be come in*, ~ प्रतियोगिता^F या दौड़^F में कोई स्थान न पाना।

nowise नो'वाइज़् adv. कदापि नहीं, किसी प्रकार नहीं, हरगिज नहीं।

nowt, nout नॉउट्', नॉउट nn. पशु, मवेशी, चौपाया।

nowy नॉउ'इ a. पर्वमय, ग्रन्थिल, गाँठदार।

noxious नॉ'क्शॅस् a. क्षतिकारक, अनिष्टकारक, अनिष्टजनक, **अनिष्टकर**, अपकारी, अपकारक, उपद्रवी, दुष्ट, अहितकर, हानिकारक, हानिकर, अपथ्य, घातुक, अस्वास्थ्यकर; विषाक्त, विनाश-साधक, जहरीला (~ *drug*)।

noxiousness –नॅस् n. क्षतिकरता^F, अपकारिता^F, अनिष्टकारिता^F, हानिकारिता^F; अपकार, हानि^F; विषाक्तता^F, विनाश-साधकता^F, जहरीलापन।

noyade (F) n. डुबोकर मारनेका प्राणदण्ड।

noyau न्वायो' n. ब्राण्डी^F, कड़ी मदिरा^F।

nozzle नॉ'जल् n. थोथनी^F, **थुथुना**, थूथुन, नासाग्र; **तुण्ड, चंचु**^F; प्रोथ, **तुण्ड, टोंटी**^F; नम्यनाल, मुँहनाल,

नाली^{F}, पनाली^{F}, फव्वारा।

N.P. Notary Public; New Paragraph; New Providence; No Place (on title-pages).

Np. Neptunium.

N.P.D. North Polar Distance.

N.P.L. National Physical Laboratory.

N.R. Northern Range; Northern Railway.

N.R.A. National Rifle Association.

N.R.O. National Recovery Organization.

N.S. New Style; Nova Scotia.

N/S Not Sufficient.

n.s. not specified.

N.S.P.C.C. National Society for Prevention of Cruelty to Children.

N.S.W. New South Wales.

N.T. National Trust; New Testament; Northern Territory.

nth a. अनिश्चित, अनिश्चित परिणामका।

N.T.P. Normal Temperature and Pressure.

n.u. name unknown.

nuance न्यू'अँन्स् n. छायार्थ, (भाव, मत इत्यादिमें) सूक्ष्म अर्थान्तर, अर्थच्छाया^{F}।

nub[1] ⊙–नब्' n. CORE.

nub[2], **nubble** नब्', न'बॅल् nn. सामान्य गाँठ^F या राशि^{F}; (कथा^{F} आदिका) विन्दु, लक्ष्य; उद्देश्य; विषयवस्तु^{F}, कथावस्तु^{F}।

nubbly न'बॅलि a. ग्रन्थिमय या गाँठदार कोयलेसे सम्बन्धित।

nubecula न्यूबे'क्यूल् n. (pl.-*e*) मेघाच्छन्नता^{F}; धुँधलापन (जैसे मूत्रका)।

nubia न्यू'बिअ n. एक लोमाच्छादित मफलर।

nubiferous न्यूबि'फॅरॅस a. मेघमय, बादल लानेवाला।

nubiform –'बिफॉर्म् a. मेघ-सदृश, मेघसमान, बादल-जैसा।

nubigenous –बि'जिनॅस् a. मेघजात, मेघोत्पन्न।

nubile न्यू'बाइ (बि)ल a. (विशे० स्त्री-विषयक) परिणेया, विवाह-योग्य, वरयोग्य।

nubility –बि'लिटि n. परिणेयता^{F}, विवाह-योग्यता^{F} (लैङ्गिक दृष्टया)।

nucellar न्यूसे'लॅर् a. परिभ्रूण-विषयक, गर्भकोश-सम्बन्धी; गर्भ-प्रदेशीय, **नाभिकीय।**

nucellus –लॅस् n. (वन०) **प्रदेश,** प्रदेह; परिभ्रूण, गर्भाशय-पोषक पेशी-जाल, गर्भकी झिल्ली^{F}।

nuciferous न्यूसि'फॅरॅस् a. सत्वक्, त्वचामय, छिलकेदार।

nuciform –सिफ़ार्म् a. त्वगाकृति, त्वचा^{F}के सदृश, छिलकेकी तरह।

nucivorous –सि'वॅरॅस a. त्वगभक्षी, त्वचा^{F} खानेवाला, छिलका खानेवाला।

nucleal, nucleary न्यू'क्लिअॅल्, -अॅरि nn. न्याष्ट, न्यैष्टिक; बीज-सम्बन्धी; नाभिकीय, केन्द्रक-विषयक, मध्य-भाग-सम्बन्धी; ~fission विखण्डन, परमाणुन्यष्टि, आणविक स्फोटन।

nuclear –अॅर् a. न्यष्टि-, न्यैष्टिक, (वन०, रसा०, भौ०) **नाभिकीय, केन्द्रक-, न्यूक्लीय,** T.; = NUCLEAL.

~apparatus, ~ atom, ~ attraction, ~ bombardment, ~ charge, ~ chemistry, ~ compound, ~ chromatin, ~ collision, ~ division, ~ emulsion, ~ energy, ~ explosion, ~ fission, ~ forces, ~ fuel, ~ fusion, ~ mass, ~ membrane, ~ particle, ~ physics, ~ reaction, ~ reticulum, ~ sap, ~ science, ~ size, ~ spindle, ~ stability, ~ structure, ~ test, ~ vacuole, ~ weapon.

nucleate –एट् v. t. न्यष्टीयन, न्यष्टि या केन्द्रक बनाना।

nucleated –टिड् a. सन्यष्टि, न्यष्टित, न्यष्टीयित, केंद्रकित।

nucleiform –क्ली'इफॉर्म् n. न्यष्टयाकृति^{F}, न्यष्टि^{F}के आकारका।

nucleolar न्यू'क्लिअॅलॅर् a. न्यैष्टिक; निन्याष्ट; (वन०) **अणु नाभिकीय;** गूदेवाला, गूदेके भीतरका।

nucleolate (d) –लॅट् (ड) a. संन्यष्ट, न्यष्टित, निन्यष्टित; बीज या गूदाके भीतरका।

nucleole –ओल n. (जीववि०) न्यष्टि^{F}, निन्यष्टि^{F}, बीज, गूदा।

nucleolus –लॅस् n. (जीव०, कृषि०) **केन्द्रिका^{F},** निन्यष्टि^{F}; (वन०, रसा०, इंजी०) **अणु नाभिक।**

nucleoplasm –अॅप्लैज़्म् n. **केन्द्रक द्रव्य,** (वन०) **नाभिक द्रव्य।**

nucleus न्यू'क्लिअॅस् n. (ग० ज्यो०) धूमकेतुका शीर्षभाग; (भौ०) न्यष्टि^{F}, नाभि^{F}, (चि०, जीव०) **नाभिक, केन्द्र, केन्द्रक,** (~ *form*, ~ *zone*), मूल केन्द्रविन्दु (~ *of the story*), भारयुक्त मध्यभाग; मुख्यांश, गूदा; बीजकेन्द्र, बीज, अन्तर्बीज, गिरी^{F}; उद्भिदका मूल उपादान, वनस्पति-पेशी^{F}।

nudation न्यूडे'शॅन् n. विवस्त्रीकरण, नंगापन।

nude[1] –ड् n. (चित्रकला^{F} या तक्षणकला^{F}में) नग्न-चित्र, नग्नमूर्ति^{F}।

nude[2] a. नग्न, विवस्त्र, निर्वस्त्र, वस्त्रहीन, आवरणहीन, नंगा; अभूषित, असज्जित, स्पष्ट, खुला हुआ; (का०) **प्रतिफलहीन,** (~ *Contract*, ~ *pact*)

nudeness –'निॅस n. = NUDITY.

nudge[1] नज' n. कोहनी^{F} मारना, धक्का।

nudge[2] v.t. कोहनी^{F}से संकेत करना, कुहनी^{F}से मारना; (ला०) ध्यान आकर्षित करना, ध्यान खींचना।

nudicaudate न्यूडिकॉ'डॅट a. बालरहित पूँछवाला

(जैसे चूहा)।

nudism न्यू'डिज़्म् n. नग्नवाद।

nudist –डिस्ट् n. नग्नवादी, नग्नपूजावादी, नग्नपूजा^F या भक्ति^F का अनुगामी।

nudis verbis (L) स्पष्ट शब्दोंमें, साफ़-साफ़।

nudity –डिटि n. नग्नता^F, विवस्त्रता^F, निर्वस्त्रता^F, निरावरणता^F, अनावरणता^F, नंगापन; नग्नमूर्ति^F, नग्न-चित्रका नमूना; (pl.) नग्न अंश।

nudum pactum (L) n. अमान्य संविदा^F।

nugae (L) n. pl. नगण्य वस्तुएँ^F; सामान्य बातें^F।

nugae न्यू'गी(जी) n. तुच्छ वस्तु^F।

nugatoriness न्यू'गॅटॅरि-नि स् n. क्षुद्रता^F, तुच्छता^F, नगण्यता^F, साधारणता^F, व्यर्थता^F, निरर्थकता^F, निष्फलता^F।

nugatory –रि a. क्षुद्र, तुच्छ, सामान्य, साधारण, नगण्य, मूल्यहीन, असार, अयोग्य, व्यर्थ, निष्फल, विफल, अनिष्पन्न, अप्रभावी, निरर्थक, निकम्मा; अपुष्ट, अक्षम, अकार्यसाधक।

nuggar न'गॅर् n. एक प्रकारकी चौड़ी नाव^F।

nugget न'गिट् n. (सोनेका) पिण्ड, ढेला, सिली^F; असमतल राशि^F, खुरदरी राशि^F।

nuisance न्यू'सॅन्स् n. अनुत्रास, **कण्टक**, बाधा^F; आपत्तिजनक वस्तु^F, दुःखदायी वस्तु^F; अहितकर मनुष्य, घृणित व्यक्ति; अनिष्टकर विषय, विरक्तिकर विषय, जंजाल, बलाय; कुचार, **अपदूषण, उत्पात**, ऊधम।

null नल' १. a. **शून्य** (~ *space*); अवैध, अप्रमाण, अयुक्त; अमान्य, असमर्थ, निर्बल, दुर्बल, रोग-दुर्बल; अकारगर, अस्तित्वहीन; अग्राह्य, व्यर्थ, निष्प्रभाव, विफल, निष्फल; झूठा; २. n. (लिपिमाला^F अथवा किसी पाण्डुलिपि^F में) शून्य अक्षर, निरर्थक अक्षर; (प्रा०) तुच्छ वस्तु^F; ~method (भौ०) **सन्तुलन-विधि^F; शून्य-विक्षेप-विधि^F**; ~*and void* प्रवृत्तिविहीन, अप्रभावी, **अकृत और शून्य, अप्रवर्ती, निष्फल**, निष्प्रभाव, शून्य, रद्द; ~set **रिक्त समुच्चय;**
~ hypothesis, ~ line, ~ matrix, ~ plane, ~ point, ~ sing, ~ space.

nullah न'ले n. स्रोत, सोता, नाला, चश्मा; गहरी घाटी^F; पहाड़ी दर्रा।

nullification नलिफ़िके'शॅन् n. **अकृतीकरण**, शून्यन, शून्यीकरण, निष्प्रभावन, निष्फलीकरण, असफलीकरण, विफलता^F, निष्फलता^F, शून्यता^F।

nullifidian नलिफ़ि'डिॲन् a. & n. अधार्मिक, अविश्वासी, धर्मविमुख (व्यक्ति), बेधर्मी।

nullifier न'लिफ़ाइॲर् n. शून्यक, शून्य करनेवाला।

nullify –इ v.t. **अकृत करना, निष्फल करना**, असफल करना, विफल करना, शून्य करना, रद्द करना, मिटाना; विलोपन करना; शून्य करना, झूठा करना, रद्द करना।

nullipara –नॅलि'पॅरॅ n. (चि०) **अप्रसू^F**, अप्रसूता^F, वन्ध्या स्त्री^F, बाँझ स्त्री^F।

nulliparity –पै'रिटि n. (चि०) अप्रसूतता^F, वन्ध्यता^F, बाँझपन।

nulliparous –'पॅरॅस् a. (चि०) अप्रसूता^F, **अप्रसू**-, सदाबाँझ।

nullipore न'लिपोॲर् n. रन्ध्रशून्या^F (काई^F)।

nulli secundus (*L*) a. अद्वितीय।

nullity न'लिटि n. विधिरहितता^F, विधिविरुद्धता^F, **अकृति**, (~ *of marriage*); असमर्थता^F, अमान्यता^F, अप्रामाण्य; निर्बलता^F; **शून्यता^F**, अभाव, अविद्यमानता^F, अनस्तित्व; असारता^F, अस्तित्वहीन वस्तु^F; नगण्य वस्तु^F; निष्फलत्व, वैफल्य, असफलता^F, व्यर्थता^F।

Num., Numb. Numbers.

numb[1] नम्' v.t. अवसन्न कर देना, सुन्न कर देना; (ला०) स्तम्भित कर देना; ठिठुराना, ठण्डा कर देना, संज्ञाशून्य करना, लकवा मारना; निःसहाय करना।

numb[2] a. भावनारहित, गतिरहित, स्तब्ध, संज्ञाशून्य, चेतनाशून्य, अचेतन, जड़, जड़ीभूत, अवसन्न, सुन्न, ठिठुरा हुआ (~ *with cold*); ~-fish विद्युत्किरणयुक्त मत्स्य, स्पर्शघाती मत्स्य-विशेष।

number[1]* नम्'बॅर् n. **संख्या^F***, (~*slip*, ~ *theory*) पूर्णसंख्या^F, गणना^F, गिनती^F; कुल योग, हिसाब, शुमार, मीजान; सारांश, निष्कर्ष; धन, राशि^F, रकम^F; गणितका प्रश्न; संघ, गण, समूह; **अंक*** (*special ~ of a paper*); **नम्बर** (~ *axis*), क्रमांक; (pl.) सांख्यिक प्रबलता^F (*won by ~s*); सांख्यिक गणना^F, संख्यात्मक गणना^F; वचन (*singular, plural ~*); जनता^F; छन्द, पद्य, कविता^F, छान्दिक चरण (*tell me not in mournful ~s*); संगीतका स्वरसमूह; back~ (पत्रिका^F का) पिछला अंक; cardinal ~ गण संख्या^F; ordinal ~ क्रमसूचक संख्या^F; prime ~ अभाज्य संख्या^F; pure ~ केवल संख्या^F; science of ~s अंकगणित; serial ~ क्रमसंख्या^F, क्रमांक; without ~ अगणित, असंख्य, अनगिन, अनगिनती; *lose the ~ of* one's *mess* मरना; one's ~ *goes up* मर जाता है; *not of our ~* हममेंसे नहीं कोई और।

number[2] v.t. गणना^F करना, गिनना, गिनती^F करना; संख्या^F का निश्चय करना, निश्चित करना, गिनती^F में आना, शुमार करना या होना; अन्तर्भूत करना, शामिल करना; संख्या^F में सीमाबद्ध होना, इतनी संख्या^F होना; अंकित करना, अंक डालना; संख्या^F में भेद दिखाना।

numbered –ड् n. **अंकित**, संख्यांकित, क्रमांकित, संख्यात, **गिना हुआ**, (~ *paragraph*) **नम्बर लगाया हुआ**, *his years are ~* जीवन समाप्त होनेवाला है।

numberer –रॅर् n. गणक, संख्यांकक; संख्यात्र, संख्यांकनयन्त्र।

numbering –रिंग् n. गणन, गणना^F, **अंकन**, संख्यांकन, क्रमांकन, **गिनना, क्रमसंख्या^F लगाना;**
~ clerk, ~ machine, ~ stamp.

numberless –रॅलिस् a. अगणित, असंख्य, अगण्य,

संख्यातीत, अनगिनत ।

numbles नम्'बॅल्ज़् n. pl. मृगान्त्र, हरिणके यकृत् और हृदय आदि उदरके अंग ।

numbness नम्'निॅस् n. जड़ता^F, जाड्य, सुन्नता^F, स्तब्धता^F, चैतन्यनाश, ठिठुरापन ।

numen न्यू'मे ॅन् n. दैवेच्छा; दिव्य शक्ति^F, तेज ।

numerable न्यू'मॅरॅबॅल् a. **संख्येय,** गणनीय, गणन-साध्य, गणना^F करने योग्य, शुमार करने लायक ।

numeral[1] –रॅल् n. **अंक, संख्या**^F, (ग० भी) **संख्यांक,** संख्या-शब्द, संख्यापद ।

numeral[2] a. **संख्यात्मक,** अंकबोधक, संख्यावाचक, संख्या-सूचक, गिनती^Fका ।

numerary –रॅरि a. अंक-सम्बन्धी, संख्या-विशेष-सम्बन्धी ।

numerate –रेट v.t. गणना^F करना, गिनना ।

numeration –रे'शॅन् n. **संख्यान,** संख्यांकन, **संख्या लेखन,** संख्यावाचन, **संख्या**^F **देना**; गणनापद्धति^F, गणित, गणितविद्या^F, गिननेकी क्रिया^F; गणना^F, गिनती^F ।

numerative –'मॅरेटिव् a. संख्यानीय, संख्यावाचन-सम्बन्धी ।

numerator –रॅटर n. **अंकित्र,** गणक, गिननेवाला व्यक्ति; (तर्क०) **भाज्य;** (ग० भी) **लव, अंश,** (साधारण भिन्नमें रेखा^Fके ऊपरकी संख्या^F) ।

numeric न्यूमे'रिक् १. n. पूर्णसंख्या^F, संख्या^F, भिन्न, भिन्न-संख्या^F; २. a. = NUMERICAL.

numerical –कॅल् a. अंक-, अंकगत, **आंकिक,** सांख्य, सांख्यिक, **संख्यात्मक,** (~ *data*) **संख्यावाची,** संख्यावाचक, संख्यासूचक (~ *prefix*); तुल्य-संख्यक; ~ strength संख्या^F-बल, संख्या^F;

~ abstract, ~ aperture, ~ characteristics, ~ coefficient, ~ data, ~ order, ~ relation, ~ value.

numerology –मॅरॉ'लॅजि n. अंकार्थविज्ञान ।

numerosity न्यूमॅरॉ'सिटि n. बाहुल्य, अधिकता^F, अगणितता^F, बहुतायत^F; संख्या-दशा^F; निर्विरोध प्रवाह ।

numerous न्यू'मॅरॅस् a. नानाभाग (~ *army, family, library*); नानाविध; अगणित, अनेक, बहु, भूरि, प्रचुर, बहुसंख्यक, बहुत; संकुल, जनकीर्ण (~ *country*); (पद्य या गद्य) तालबद्ध, तालानुगत, मधुर, निर्विरोध, अनुरूप, संध्वनियुक्त, सुरीला ।

numerousness –निॅस् n. बाहुल्य, बहुलता^F, बहु-संख्यकता^F ।

numinous न्यू'मिनॅस् a. दैवी; दिव्य, देवत्व-सम्बन्धी ।

numinousness –निॅस् n. देवत्व, दिव्यभाव, दिव्यता^F, देवतापन ।

numismatic न्यूमिज़्मै'टिक् n. पदक-सम्बन्धी; मुद्रा^F-विषयक, मुद्रा^F, मुद्रा^F-सम्बन्धी, सिक्कोंका ।

numismatics –क्स् n. पदक-विद्या^F; **मुद्राशास्त्र, मुद्रातत्त्वशास्त्र, टंक-विज्ञान,** सिक्कोंकी जानकारी^F ।

numismatist –मिस्'मॅटिस्ट् n. मुद्राविज्ञानी, मुद्रा^F-शास्त्री, मुद्रातत्त्वविद्, मुद्राविज्ञानवेत्ता, सिक्कोंका जानकार ।

numismatologist –टॉ'लॅजिस्ट् n. मुद्राशास्त्री, मुद्रा^F-शास्त्रविद्, मुद्रातत्त्वविद् ।

numismatology –जि n. मुद्राशास्त्र, मुद्राविज्ञान ।

nummary, nummulary न'मॅरि, न'म्यूलॅरि aa. मुद्रागत, मुद्रा^F-सम्बन्धी ।

nummiform न'मिफ़ॉर्म् a. टंकाकार, सिक्केके समान (जैसे थूक) ।

nummular –म्यूलॅर् a. मुद्रा^F-सदृश, मुद्रा^Fके आकारका ।

nummulary –रि a. = NUMMARY.

nummulation –ले'शॅन् n. मुद्राकरण, मुद्रा^F-सूची^F; (चि०) मुद्राकार धारण करना; रक्ताणु-रचना^F ।

nummuline –'म्यूलिन् a. मुद्रा^F-सदृश, मुद्रा^Fके आकारका ।

nummulite –लाइट् n. टंकाश्म, वालुका प्रस्तर, नुमुलाइट (सिक्केके आकारका जीवाश्म) ।

nummulitic –लि'टिक् a. टंकाश्मयुक्त, टंकाश्ममय, नुमुलाइटवाला ।

numnah नम्'नॅ n. पल्ययन वस्त्र, जीनपोश, जीन^Fका कपड़ा, घोड़ेकी जीन^Fके नीचेकी गद्दी^F, नमदा ।

numskull नम्'स्कल् n. निर्बोध, मूर्ख; जड़बुद्धि, मूर्ख व्यक्ति, लण्ठ, अहमक, गावदी, कूढ़मग्ज़; मूर्खका सिर, औंधी खोपड़ी^F, उल्टी खोपड़ी^F, उल्टा दिमाग ।

numskulled –ड् a. निर्बोध, मूर्ख, जड़बुद्धि, औंधी खोपड़ीवाला ।

nun नन्' n. भिक्षुणी^F, संन्यासिनी^F, भक्तिन^F, वैरागिन^F, परिव्राजिका^F, मठवासिनी^F, तपस्विनी^F; क्षुद्र पारावत-विशेष, एक प्रकारका छोटा कबूतर; ~'s cloth पतला ऊनी कपड़ा; ~'s thread श्वेत ऊनी धागा; ~'s veiling बारीक पोशाक^Fका कपड़ा ।

nun-buoy नन्-'बाएँ n. उभारवाला पीपा ।

nuncheon नन'शॅन् n. = LUNCHEON, दिनका भोजन, हलका भोजन ।

nunciature नन्'शॅय्युॲर् n. धर्मदूत-पद, सन्देशवाहकका पद; **नंसियो-आवास** ।

nuncio नन्'शिओ n. (pl. -*s*) पोपका दूत, धर्म दूत, **नंसियो** ।

nuncle नन्'कॅल् n. UNCLE का रूपान्तर ।

nuncupate नन्'क्यूपेट v.t. अलिखित इच्छापात्र घोषित करना, मौखिक रिक्थ घोषित करना, जबानी वसीयतनामा देना ।

nuncupation –पे'शॅन् n. अलिखित इच्छापत्र, मौखिक रिक्थपत्र, नाममात्रकी वसीयत^F ।

nuncupative –'क्यूपॅटिव् a. (वसीयत) अलिखित, **मौखिक,** जबानी (~ *will*) ।

nuncupatory –टॅरि a. मौखिक, बिना लिखा हुआ ।

nundine नन्'डाइन् a. पैठ, हाट, बाजार, मेला ।

nunhood नन्'हुड् n. भिक्षुणीत्व, तपस्विनी-जीवन, संन्यासिनीजीवन ।

Nunki नुंकी n. (ज्यौ०) **अष्टादशधनु,** नुंकी ।

nunlike नन्'लाइक् a. तपस्विनी^F-सदृश, भिक्षुणी^F के समान।

nunnation नने'शॅन् n. नकार-योजन, न- प्रत्यय लगाना; (चि०) न-ध्वनि योजन, (बार-बार और अनावश्यक, ध्वनिकी अनुनासिकता^F)।

nunnery न'नॅरि n. मठ, आश्रम, विहार, वैरागिनी^F की कुटी^F।

nunnish –निश् a. भिक्षुणी^F-सदृश, तपस्विनी^F का-सा।

nunquam non paratus (L) सदा उद्यत, तैयार बर तैयार।

nunship –न्'शिप् n. भिक्षुणीपद, संन्यासिनीत्व, भक्तिनपन।

nuphar न्यू'फार् n. नीलोत्पल, नीलोफर।

nuptial[1] नप्'शल् n. (प्रायः pl.) परिणयोत्सव, विवाहोत्सव, विवाह।

nuptial[2] a. वैवाहिक, विवाह-, विवाह-सम्बन्धी, परिणयघटित, ब्याहका।

N.U.R. National Union of Railwaymen.

nurl नर्ल्' n. & v.t. = KNURL.

nurse[1] नर्स' n. पालिका^F, उपचारिका^F, नर्स^F, परिचारिका^F; (*wet* ~) धात्री^F, उपमाता^F, धाय^F, दाया^F, दाई^F, अन्ना^F, दूध पिलाई^F परिचारक, (किसी गुण इत्यादिको) पोषण करनेवाला देश (*the* ~ *of liberty*); पालनपोषण, परिचारण; (वनरक्षण-विद्या^F) (अन्य वृक्षोंके रक्षार्थ आरोपित) रक्षक-वृक्ष; (कृमि०; यौन दृष्टि^F से अपूर्ण) निखट्टू चींटी^F या शहद^F की मक्खी^F; अयोनिसम्भव, अन्तर्जन्मकी स्थिति^F का प्राणी; ~-balloon गैस-गुब्बारा; ~ child पोष्यशिशु; ~-frog मेंढकका एक प्रकार; ~-maid धाय^F, धात्री^F, दाई^F;

~ cells, ~ crop, ~ educator, ~ examiner, ~ hound, ~ tree.

nurse[2] v. t. & i. स्तनपान कराना, दूध पिलाना; धाय^F के रूपमें कार्य करना, दाईगीरी^F करना; पालना, पोसना; (कर्म०) पालन-पोषण होना, पाला जाना; (कला^F, घृणा^F इत्यादिको) प्रवृत्त करना, उत्साहित करना; (पौधों, सम्पत्ति^F का) समुत्थापन करना; शुश्रूषा^F करना, परिचर्या^F करना, सेवा^F में उपस्थित रहना, रोगीकी परिचारिका^F बनना; (बच्चेको) अंकमें लेना; (आग^F के निकट) मिलकर बैठना; (निर्वाचन-क्षेत्रको) आदर करके प्रसन्न रखना; (किरायेकी गाड़ी^F या घुड़दौड़^F में) साथ लगा रहना, साथ न छोड़ना, पीछे-पीछे लगा रहना।

nurs(e)ling –'लिंग् n. स्तनप शिशु, दूधपीता बच्चा; स्तनन्धय।

nurser –'सॅर् n. पोषक, पालक, पालन-पोषण करनेवाला।

nursery –रि n. (चि०) शिशुपोपालय, शिशुपालनगृह, पोषणालय, शिशुशाला^F, शिशुगृह; धात्रीगृह, धायघर; संवर्धनगृह, संवर्धनशाला^F, (कृषि०) रोपणी^F, पौधाघर, नर्सरी^F, जखीरा; मछली^F पालनेका तालाब; पशु-जीवन-विकास स्थान; ~ bed (कृषि०) रोपणक्यारी^F, ~ governess पोषशासिका^F, परिचारिका^F एवं गृह-शिक्षिका^F; ~ man संवर्धनगृहका स्वामी, रोपणिक, पौधाघरका मालिक, पेड़ीघरका मालिक; ~ school शिशु-पाठशाला^F; ~ sowing पनीरी बोना, पौद बोना;

~ crop, ~ education, ~ ground, ~lines, ~ officer, ~ seedbeds, ~ stock, ~ work.

nursing –'सिंग् n. (बच्चोंका) पालन, पोषण; परिचर्या^F, शुश्रूषा^F, परिचारण, उपचर्या^F, सेवा^F, उपचारण, धातृकर्म; ~ father पोषक पिता; ~ home उपचर्या-गृह, परिचर्या-गृह; ~ mother (चि०), स्तन्यदा माता;

~ administration, ~ arrangement, ~ art, ~ care, ~ charge, ~ establishment, ~ institution, ~ officer, ~ orderly, ~ organization, ~ practice, ~ procedure, ~ section, ~ service, ~ sister, ~ staff, ~superintendent, ~ technique.

nurture[1] नर्'ट्युअॅर् n. शिक्षा^F, शिक्षण, प्रशिक्षण; वर्धन, पुष्टि^F, पालन-पोषण; पोषक द्रव्य, पुष्टिकर भोजन, भक्ष्य, आहार, खूराक^F।

nurture[2] v.t. (भोजन द्वारा) पोषित करना, पालना, बनाना, उठाना, खड़ा करना; उत्साहित करना; शिक्षा^F देना, सुयोग्य बनाना, सिखाना-पढ़ाना, शिक्षा^F देकर तैयार करना।

nurturer –रॅर् n. पोषक, पालक।

Nusakan नुसाकन् n. (ज्यौ०) नुसाकन, द्वितीय उत्तरकिरीट।

N.U.T. National Union of Teachers.

nut[1]* नट्' n. शम्बी^F, शम्बा; काष्ठफल, दृढ़फल, गिरीदार फल, गरीफल*, (जैसे, बादाम, सुपारी^F, नारियल आदि); (ग्रा०) आडम्बरप्रिय युवक, प्रदर्शनप्रिय नवयुवक, दिखावा-पसन्द नौजवान; शिर; (pl.) रुग्ण, क्षीण, कमजोर व्यक्ति, (*nerts* ⊙ भी) सनकी व्यक्ति; (कृषि०) अल्पराशि^F, नह; दाँतेदार पहिया, (दन्तचक्रसे लगा हुआ छोटा) दाँतेदार धुरी^F का बहिर्गत भाग, (मशीन^F में) छोटी-सी लोहेकी फिरकी^F; (अर्गली^F या कील^F को बैठाने या बाँधनेके लिए भ्रमि^F या पेंचसे छेद-युक्त, प्रायः धातु^F की) छोटी इष्टका^F, घिरनी^F, ढिबरी^F, T. (pl.) कोयलेके छोटे-छोटे टुकड़े; ~-brown पिंगल-वर्ण, दृढ़फल बभ्रु, भूरा, बादामी रंगका; ~-butter काष्ठफलका मक्खन, गरी^F के तेलका मक्खन; ~ cracker (प्रायः pl.) वाताम्र-त्रोटक, वाताम्र-भंजक, सरौता, बिना धार^F का सरौता; (एकव०) एक प्रकारका विलायती पक्षी; ~-gall (रँगनेकी सामग्री^F की तरह प्रयुक्त) द्रस्फोट, मैफल, माजूफल; ~ hatch एक रींगनेवाला काष्ठफल-भक्षी पक्षी; ~-hook कटवाँसा, लग्गी^F, लगुनी^F; ~ oil गिरी^F का तेल; मूँगफली^F का तेल; ~-palm आस्ट्रेलियाका खजूर; ~ shell कठोर त्वचा^F, छिलका; तुच्छ वस्तु^F, ~-weevil (HAZLE-~ के भीतर अण्डे देनेवाला) गुबरौलेकी जाति^F का कीड़ा; *be* ~*s or dead* ~*s on* दक्ष होना, पटु होना, चतुर होना, बहुत पसन्द आना,

बागबाग कर देना; *hard ~ to crack* कठिन समस्या^F, लोहेके चने चबाना; *off* one's ~ उन्मादग्रस्त, पागल ।

nut² v. i. (कठिन आवरणसे युक्त फल जैसे, बादाम, सुपाड़ी^F, नारियल आदि) गिरीफल एकत्र करना, काष्ठफल जमा करना, खोजना, फल बीनना ।

nutant न्यू'टॅन्ट् a. प्रणतशिर, झुकनेवाला ।

nutarian न्यूटेॲ'रिॲन् n. काष्ठफल-भक्षी, गिरी^F का भोजन करनेवाला व्यक्ति ।

nutate न्यू'टेट् v. i. (वन०) वनस्पति^F का झुक जाना, कुम्हलाना; निद्रालु होना, ऊँघना ।

nutation –टे'शॅन् n. मस्तककम्पन, शिरश्चालन; (वन०) **शिखा वर्तन**; (ग० ज्यो०, भौ०) **अक्षविचलन**, अक्षदोलन, (ज्यौ०) **विदोलन**, पृथ्वी^F की धुरी^F का झूलना; दोलावर्धन (बढ़ते हुए पौधेके डण्ठलमें वक्रता^F); (कताई^F के कामके) सर्वोच्च भागका दोलन; अभिसर्पण ।

nutmeg नट्'मे ग् n. जातिफल, **जायफल**, जायफर (*~-tree*); ~-liver यकृत्की अस्वस्थ दशा^F, हृद्रोगादि चिरकारी रोगोंमें जायफलके समान दिखाई देनेवाली ।

nutmegged –ड् a. जातिफल युक्त, जायफल मिला हुआ ।

nutmeggy –गि a. जायफलवत् (स्वादिष्ट या सुगन्धित), जायफलकी तरह (स्वादु) ।

nutria न्यु'ट्रिॲ n. जलमूष, ऊदबिलाव; (दरियाई ऊदबिलाव या चूहेका) चर्म, लोम ।

nutrient न्यू'ट्रिॲन्ट् a. (चि०, पशुपालन) पोषणवाहिनी^F, **पोषक**, (*~artery, ~ foramen*), पुष्टिजनक, पौष्टिक, पोषक, पोषणसाधक, पुष्टिकर; पुष्टिकर भोजन परोसनेवाला ।

nutrification न्यूट्रिफ़िके'शॅन् n. पोषण, आहारपुष्टि^F ।

nutrify –ट्रिफ़ाइ v.t. पोषित करना, आहारपुष्ट करना ।

nutriment न्यू'ट्रिमॅन्ट् n. आहारपुष्टि^F, **पोषण**; (शा० एवं ला०) पोषक भक्ष्य, **पोषक आहार**, पुष्टिकारक भोजन, **पोषाहार**, पोषद्रव्य, खूराक^F; ~ salt पोषक लवण ।

nutrimental –मे न्'टॅल् a. (कृ०) आहार-सम्बन्धी; पुष्टिसाधक, बलवर्द्धक ।

nutrition न्यूट्रि'शन् n. पोष, पुष्टि^F, **पोषण**, **आहार पुष्टि^F**, आहार सात्म्यीकरण प्रक्रिया^F, आहार-पोषण, (वन०, वाणि०) पोषक तत्त्व, **पोषाहार**, पुष्टिकर भोजन; सन्तर्पण;

~ balance, ~ deficiency, ~ diseases, ~ nucleus, ~ scheme, ~ survey ~ value.

nutritional –शॅनॅल् a. पोषाहार-सम्बन्धी, आहार्य; पोषणिक; पोषण-सम्बन्धी; ~ anaemia (चि०) हीनाहार-जन्य रक्त-क्षीणता^F;

~ deficiency, ~ disease, ~ disturbance, ~ needs, ~survey, ~ value.

nutritious –शॅस a. पुष्टिकारक, **पौष्टिक**, पोषी, पोषक, बलवर्धक, पोषद, **पुष्टिकर**, (*~ diet*); **भोजनके समान** बलदायक ।

nutritousness –निॅस् n. **पौष्टिकत्व**, **पोषिता^F**, **पुष्टिकरता^F** ।

nutritive¹ न्यू'ट्रिटिव n. **पौष्टिक**, **खाद्य-सामग्री^F**, **भोजन-सामग्री^F** ।

nutritive² a. (रसा०, चि०) पोषी, (वन०) **पोषक**, **पुष्टिकर**, **पौष्टिक**; पालन-पोषण-विषयक **द्रव्य-सम्बन्धी**; आहार्य, भोज्य, खाद्य, भोजनकी तरह उपयोगी;

~ cell, ~ element, ~ equilibrium, ~ ratio, ~ ration, ~ requirements, ~ solution, ~ tissue, ~ tonic, ~ value.

nutritiveness –निॅस् n. पोषकता^F, पौष्टिकता^F ।

nutritory न्यू'ट्रिटॅरि a.= NOURISHING.

nutrolite न्यूट्रॅलाइट् n. (वन०) **सूक्ष्मपोषणांश** ।

nutty न'टि a. अतिस्वादिष्ट, अत्यन्त मधुर; **अतिशय** सुगन्धित; काष्ठफलयुक्त, नहाकार; (कृषि०) **अल्पराशिक**; (ग्रा०) उत्साहपूर्ण या रसीला ।

nux vomica नक्स्वॉ'मिकॲ n. (चि०, कृषि०) कारस्कर, कुचला, विषतिन्दुक वृक्षके बीज, कुचला नामक विष ।

nuzzer न'ज़र् n. भेंट^F, नजर, नजराना ।

nuzzle न'ज़ॅल् v.i. & t. गन्ध^F लेना, सूँघना; (गन्ध^F द्वारा) खोजना, पता लगाना, टोह^F लेना; ढूँढ़ निकालना; नाक^F घुसेड़ना, (नाक^F से) बिल खोदना, दबाना, **नाक^F से** घिसना, रगड़ना; दीर्घ निःश्वास लेना, **जोरसे साँस^F** खींचना; सुखसे रखना या रहना, आरामसे लिटाना, लेटना, छिपा पड़ा रहना ।

N.V. New Version.

N.V.F. National Volunteer Force.

N.V.M. Nativity of the Virgin Mary.

N.W. (NW) North-West.

N.W.F.P. North West Frontier Province.

N.W.N. North of North-West.

N.W.W. West of North-West.

N.Y. New York (State).

nyctalopia निक्टॅलो'पिॲ n. निशान्धता^F, रात्र्यन्धता^F, रतौंध, रतौंधी^F ।

nyctalops –लोप्स n. निशान्ध, रतौंधी^F का रोगी ।

nyctitropic निक्टिट्रॉ'पिक् n. (वन०) निद्रावर्तक, निशावर्ती ।

nyctitropism –'ट्रॅपिज़्म् n. (वन०) निद्रावर्तना^F ।

nyctophobia निक्टॅफो'बिॲ n. निशोन्माद, **निशाभीति^F**, तिमिर संत्रास, निशा सन्त्रास, रात^F का डर ।

N.Y.D. not yet diagnosed.

nye नाइ n. निकट ।

nylg(h)au निल्'गॉ n. नीलगाय^F ।

nylon नाइ'लॉन् n. बलांशुक (अत्यधिक चिमड़ा कपड़ा; समन्वयात्मक आकारप्रद पदार्थ) निलोन, **T.**, (pl. बोल०) पोशाक^F, (विशे० स्त्रियों^F का) मोजा ।

nymph निम्फ n. अप्सरा^F, वनदेवता, वनदेवी^F,

विद्याधरी^F; परी^F; (कीटवि०) डिंभक (नीफ़); (काव्य०) शिशु, कुमारी^F, अल्पवयस्का बालिका^F, कन्या^F, अविवाहिता सुन्दरी^F; सुन्दर युवती^F, अर्भक. (चि०) कुप्पक, कीट-विकासकी तृतीय अवस्था^F-विशेष।

nymphac, nymphas –फ़ैक, –फ़स nn. (चि०) लघुभगोष्ठ।

nymphal –'फ़ल a. अप्सरा^F-सम्बन्धी।

nymphean –फी'अॅन् a. आप्सरिक, अप्सरा^F-सम्बन्धी, परी^Fका; (चि०) अप्सरा^F-निवासित।

nymphic –'फ़िक् a. अप्सरा^F-सम्बन्धी।

nymphish –फ़िश् a. आप्सरिक, अप्सरा^F-विषयक, परी^F-सम्बन्धी; (चि०) अप्सरा^Fसम।

nymphlike–फ्'लाइक् a. अप्सरा^F-तुल्य, परी^Fकी तरह।

nympholepsy निम्'फ़ॅलें'प्सि n. हर्षातिरेकोन्माद, भावोन्माद, सामयिक उन्मत्तता^F, बेसुध अवस्था^F; (चि०) लघुभगोष्ठच्छेदन।

nympholept –प्ट् n. (विशे० किसी आदर्शके लिए) हर्षातिरेकोन्मत्त, प्रबलोत्साह-प्रेरित व्यक्ति, दीवाना, सौदाई^F।

nympholeptic –'टिक् a. प्रबलोत्साह-प्रेरित व्यक्ति-सम्बन्धी, दीवानेका, सौदाई^Fका।

nymphomania निम्फ़ॅमें'निअॅ n. (स्त्रियों^Fका) सुरतोन्माद, कामोन्माद।

nymphomaniac –अैक n. सुरतोन्मत्त (स्त्री^F), कामोन्मत्त स्त्री^F।

nystagmus निस्टैग'मॅस् n. (चि०) अक्षिदोलन, नेत्र-दोलन, नेत्र-भ्रान्ति^F, उँघाई^F (प्रायः खनकोंकी)।

N.Z. Newzealand.

O

O[1] (pl. *Os, O's, Oes*) अंग्रेजी वर्णमाला^Fका एक स्वर अक्षर, ओ, ऑ; मण्डल, शून्य, सुन्ना, सिफर, गोला, घेरा, चक्कर; एक सम्बोधन (~*dear me !*, ~ *for a breathing space !*); अरे, हे, अरे हाँ ! वाह ! अहा, हा, अहो !

O'[2] = OF, का, की, के (*ten ~ clock*; *Jack ~-lantern*); = ON, पर, को (*cannot sleep o' nights*)।

-o- दो शब्दोंके संयोगके अवसरपर बीचमें प्रयुक्त (*Franco-German* में)।

O. Office, Ohio; Opium; Oriya; Oxygen.

O.A. Opium Act.

o/a on account of.

oaf ओफ़् n. (pl. -*ves*) जारज, दोगला; कुरूप, बेडौल; अपाहिज या मूर्ख बच्चा; कुत्सित, अनाड़ी, भद्दा, अयोग्य, जड़मति, मूर्ख, गँवार, अहमक (आदमी); (प्रा०) किसी दुष्ट जीव (भूत-प्रेत) का बच्चा।

oafish –'फ़िश् a. कुरूप, बेडौल; मूर्ख; अपाहिज; कुत्सित, भद्दा; जड़मति, मूर्ख, गँवार।

oak ओक्' n. वंजु, (नेपाली^Fमें) बाँज, शाहबलूत, बलूत, ओक; बलूतकी लकड़ी^F; (का०) लकड़ी^Fका जहाज; विश्वविद्यालयोंमें कमरोंके बाहरी किवाड़; बलूतकी पत्तियाँ^F; बलूतकी नयी पत्तियों^Fका रंग; ~-apple, -fig- -gall, -plum, -potato, -spangle, -wort वंजुस्फोट, वंजुफल, ~-beauty, -egger, -hooktip, -moth पतंगोंके प्रकार; *sport* one's ~ किवाड़ बन्द रखना, आने न देना;

~ bark, ~-beamed, ~-boarded, ~ brown, ~-clad, ~-crested, ~-crowned, ~-fern, ~ green, ~-leafroller, ~-leaved, ~ timber, ~-timbered, ~ tongue, ~-tree, ~-wainscot, ~-wood.

oaken –'कॅन् a. वांजुल, बलूती।

oaklet, oakling –क्'लिॅट्, –लिंग् nn. वंजुलक, बलूतका छोटा पेड़।

oakum ओ'कॅम् n. रस्सी^Fके टुकड़े, (पुरानी रस्सियों^Fका) सन; (चि०) रस्सी^Fके शीर्ण तन्तुओंसे बनाया हुआ व्रणबन्धन; *pick* ~ (पुरानी रस्सियों^Fसे) सन निकालना।

oaky ओ'कि a. ओक-सदृश, ओक-जैसा; दृढ़।

O.A.P. Old Age Pension or Pensioner.

oar[1] ओअॅर् n. नौकादण्ड, पतवार, चप्पू, हलिस्र; डाँड़; नाविक, माँझी, मल्लाह; (ला०) (विशे० मछली^Fके) पंख; ~sman खिवैया, नाविक; ~swoman नौका^F चलानेवाली स्त्री^F; *chained to the* ~ कड़े काममें लगाया गया; *have an ~ in every man's boat* हर काममें दखल देना; ~ one's *arms* or *hands* पतवारकी तरह हाथ चलाना; *pulls a good* ~ कुशल मल्लाह है; *put in* one's ~ (किसीके काममें) हस्तक्षेप करना, दखल देना; *rest, lie, on* one's ~*s* सुस्ताना, दम लेना।

oar[2] v.t. & i. चप्पू लगाना, (नौका^F) चलाना, खेना; ~ one's *arms* or *hands* हाथ-पैर मारना (तैरनेमें)।

oarage –'रिज् n. खेवाई^F, नाव^F खेनेकी मजदूरी^F।

oared –ड् a. डाँड़युक्त, डाँड़वाला, चप्पूवाला।

oarless –र्'लिॅस् a. बिना डाँड़का, बेपतवार।

oarsman –सॅ'मॅन् n. नाविक, खेवैया, केवट, पतवार चलानेवाला।

oarsmanship –शिप् n. केवटाई^F, नाव^F खेनेका पेशा।

oary –'रि a. (का०) डाँड़युक्त, डाँड़-जैसा।

O.A.S. On Air Service.

oasis ओअॅ'सिस् n. हरितभूमि^F, शाद्वल, मरूद्यान, मरुस्वर्ग, नखलिस्तान; (चि०) अस्वस्थ अंगके भीतरका एकाकी स्वस्थ स्थान।

oast ओस्ट n. (शराब^Fकी माल्ट लता^Fको सुखानेकी)

भट्टी^F; ~-house भट्टी-घर।

oat ओट् n. (बहु०) (चि०, कृषि०, वन०) यव, यविका[F], जई[F]; जई[F]का पौधा; जई[F]का भूसा; चरवाहोंका गीत; ~ cake जई[F]की पतली रोटी[F]; ~ meal यविका-चूर्ण, (कृषि०) जई[F]का दलिया; जई[F]; *feel* one's ~s ⊙ आत्मश्लाघा[F] प्रदर्शित करना, अपनी महत्ता[F] दिखाना; *sow* one's *wild* ~s (अपनी सुदृढ़ स्थिति[F] बना लेनेके पहले ही) यौवनकी मूर्खताओं[F]में पड़ जाना;
~ bin, ~ ear, ~-fed, ~ field, ~ fowl, ~ land, ~ seed, ~-shaped, ~ smut.

oaten –'टॅन् a. जई[F]का, जई[F]के भूसेवाला।

oath ओथ्' n. शपथ[F], सौगन्ध[F], सौंह[F], हलफ[F], कसम[F]; शपथ-वचन (~ *of office*); श्राप, शाप, अभिशाप; भाषणका अशिष्ट अंश; ~ commissioner शपथ अधिकारी, *administer* ~ शपथ[F] देना; *on, under* ~ शपथबद्ध, शपथ खाकर; *take, make, swear, an* ~ शपथ[F] खाना, सौगन्ध[F] खाना, शपथबद्ध होना, हलफ[F] उठाना, कसम[F] खाना।

ob-, oc-, of-, op- अभि-, (अनावृत्त्यर्थक, *object, obnoxious, obtrude, obverse*; सम्मिलन-द्योतक, *occasion, offend*; सामना करनेके अर्थमें, *observe, obstetric, obviate*; दिशा-सूचक, *oblation, oblique, oblong*; स्वाभाविकता[F] या सौहार्द-द्योतक; *obey, obsequious, office*; विरोध या शत्रुता-द्योतक, *objurgate, obloquy, oppose, oppress, opprobrium*; रोध या रोकके अर्थमें, *obdurate, obmutescent, obstinate, obtuse*; बाधा[F], विघ्नके अर्थमें *obligato, oblige, obliterate, obscure, obstruct*; पूर्णता-द्योतक, *oblivion, obtain, obtruncate, occident*)।

o.b. outside broadcast.

ob. *obiit*, died.

O.B. Opening Balance.

obbligato ऑब्लिगा'टो n. (संगीत) सुषिरवाद्यका संगीत, मुँहसे बाजा बजाना।

obcompressed ऑब्कॉम्प्रे'स्ड्' a. अग्रपश्च संपीडित, आगेसे पीछेको चपटा बनाया हुआ।

obconical ऑब्कॉ'निकॅल् a. कोणयुक्त।

obcordate ऑब्कॉर्'डॅट् a. (वन०) अभिहृद्वत्, प्रतिहृदयाकार।

obdormition ऑब्डॉर्मि'शॅन् n. = NUMBNESS, (चि०) नाड़ीपीड़न-जन्य सुन्नता[F]।

obdt. obedient.

obduracy ऑब्'ड्युअॅरॅसि n. चित्तकाठिन्य, निष्ठुरता[F], कठोरता[F], दुराग्रह, हठ, कड़ाई[F], ढिठाई[F]।

obdurate –रॅट् a. कठोरहृदय, कठिनचित्त, निष्ठुर, कठोर, दुराग्रही, कड़ा; रूखा, अक्खड़, हठी।

obdurateness, obduration –निॅस्, –रे'शॅन् nn. दे० OBDURACY.

obdurator –रेटॅर् n. संवरक।

O.B.E. Officer of the (Order of the) British Empire.

obeah ओ'बिॅअॅ n. (पश्चिमी अफ्रीकाका) तन्त्र, एक जादू-टोना।

obeahism –इज़्म् n. तान्त्रिकता[F], जादू टोना, टोनागरी[F]।

obedience अॅबी'डिअॅन्स् n. आदेशानुवर्त्तन, आज्ञा-पालन, आज्ञापरता[F], आज्ञाकारिता[F]; अनुसरण, पालन, मानना; (ईसाई धर्म-व्यवस्था[F]में) अधिकार, अधिकार-क्षेत्र (*return to the ~ of the Pope*); passive ~ अनिच्छापूर्ण आज्ञाकारिता[F]।

obedient –अॅन्ट a. आदेशानुवर्ती, आज्ञापालक, आज्ञाकारी, आज्ञानुवर्ती, आज्ञाधीन, कर्तव्यशील (*your most ~ servant*)।

obediential –अे'न्'शॅल् a. आदेशानुवर्तनीय, आज्ञा-पालनात्मक, आज्ञाकारिता-विषयक।

obedientiary –शॅरि n. मठका आज्ञाकारी सेवक।

obediently –डिअॅन्ट्-लि adv. यथादिष्ट, यथाज्ञा, वश्यतः, आज्ञानुसार।

obeisance अॅबे'सॅन्स् n. अभिवादन, प्रणाम, प्रणति[F], वन्दन, नमस्कार, श्रद्धा[F], भक्ति[F], सम्मान-प्रदर्शन, दण्डवत् (*do, make, pay*, ~); अधीनता[F]।

obeisant –न्ट् a. नमस्कर्ता, नमस्कार करनेवाला, प्रणत।

obelion ऑबी'लिअॅन् (चि०) शिखाविन्दु।

obeliscal ऑबि'लिस्'कॅल् a. स्तम्भाकार।

obelisk –'बि'लिस्क् n. शिलास्तम्भ, सूच्याकार स्तम्भ, T; (नौवि०) चौकोर मीनार[F], मीनारा; (*obelus* भी) स्तम्भचिह्न, प्राचीन पाण्डुलिपियों[F]में प्रयुक्त चिह्न (–, ÷); (हाशिया वगैरहमें) संकेतचिह्न (†); double ~ ‡, दोहरा स्तम्भचिह्न।

obelize –लाइज़् v.t. (किसी शब्द या पादको अनियमित बतानेके लिए) –, ÷ चिह्न लगाना।

obelus –लस n. (pl.) दे० OBELISK.

obese अॅबीस् a. पीन, पीवर, मेदुर, स्थूल, मोटा, तोंदवाला।

obeseness, obesity –निॅस, अॅबी'सिटि nn. पीनता[F], पीवरता[F], मेदुरता[F], स्थौल्य, स्थूलता[F], मुटापा, मोटापन।

obey अॅबे' v.t. & i. अनुवर्तन करना, आज्ञा पालन करना, आदेश पालन करना, आज्ञा[F] मानना, हुक्मकी तामील[F] करना।

obeyer –'अॅर् n. अनुवर्तक, आज्ञापालक, आदेशपालक, आज्ञाकारी।

obfuscate ऑब्'फ़स्केट् v.t. अँधेरा करना, धुँधला करना; स्तब्ध कर देना, स्तम्भित कर देना, संज्ञाशून्य कर देना, घबरा देना; होश खतम कर देना, अक्ल[F] गुम कर देना।

obfuscation ऑब्फ़स्के'शॅन् n. (चि०) अभ्रता[F], धुँधलापन; तिमिरव्याप्ति[F], अँधेरा; घबराहट[F], बदहवासी[F]।

obi[1] ओ'बि n. = OBEAH.

obi[2] ओ'बि n. जापानी अँगोछा।

obiit (L) v.i. 3rd. sing. स्वर्गवास हुआ, मरा; ~ *sine prole* निःसन्तान मरा।

obit ऑ'बिट् n. (प्रा०) स्मृति-प्रार्थना^F, मरणोत्तर श्राद्ध; मृत्यु-सूचना^F।

obiter dictum (L) n. आपेक्ष, प्रासंगिक, विचार, अनन्वितोक्ति, आनुषंगिक टीका-टिप्पणी^F।

obitual ऑबि'ट्युॲल् a. स्मृति-प्रार्थना^F-विषयक, मरणोत्तर।

obituarist ॲबि'ट्युॲरिस्ट् n. (समाचारपत्रोंमें) मृतक-परिचय-लेखक।

obituary[1] –रि n. मृत्यु-सूचना^F, निधन-सूचना^F, मृत्युलेख; (समाचारपत्रोंमें) मृतक-परिचय, स्वर्गवासीका संक्षिप्त जीवन।

obituary[2] a. मृत्यु-सूचक, मृत्यु-सम्बन्धी, मृतव्यक्ति-सम्बन्धी, मृत-व्यक्तिका; ~ notice मृत्यु-समाचार।

obj. object; objective.

object[1] ऑब्'जे`क्ट् n. बिम्ब; वस्तु, अर्थ, पदार्थ, चीज़^F; इन्द्रियार्थ; दयनीय पुरुष, उपहास्य व्यक्ति; विषय, पात्र, आस्पद, भाजन (*he is a proper ~ of or for charity*); अन्त; उद्देश्य, लक्ष्य, अभिप्राय, प्रयोजन, लक्षित वस्तु^F; (अध्या०) बाह्यार्थ, अनात्मा, अनहं; (व्या०) ~attitude वस्तुगत प्रवृत्ति^F; कर्म; ~-glass or -lens (भौ०) प्रतिबिम्ब काँच, अभिबिम्ब काँच, अभिदृश्यक, वस्तुवीक्ष, उपदृश्यताल या लेंस; ~-lesson वस्तुपाठ, पदार्थपरक-शिक्षा^F;

~-ball, ~-finder, ~-plate, ~ point, ~ space.

object[2] ॲब्जे`क्ट् v.t.& i. आपत्ति^F उठाना, आपत्ति^F करना, असहमति^F प्रकट करना, विरोध करना, एतराज करना, नापसन्द करना; (*I ~ to being treated like this*)।

objectification –फ़िके'शॅन् n. विषयाश्रितकरण, अंगीभूतकरण, विचारोंका आपत्तिस्वरूप उपस्थापन।

objectify –टिफ़ाइ v.t. विषयाश्रित बनाना, अंगीभूत बनाना, पदार्थवाचक बनाना, कर्म-विषयक बनाना।

objection ॲब्जे`क्'शॅन् a. आपत्ति^F, बाधा^F, विरोध, विप्रतिषेध, असहमति^F, एतराज, हुज्जत^F, नापसन्दगी^F;

~ book, ~ memo, ~ sheet, ~ slip, ~ statement.

objectionable –नॅबॅल् a. बाध्य, सबाध, वर्ज्य, निषेधार्ह, परिहार्य, आशंकनीय, अनिच्छित, अरुचिकर, अप्रीतिकर, अस्वीकार्य, आपत्तिजनक (~ *matter*)।

objectival ॲब्जे`क्टाइ'वॅल a. पदार्थ-सम्बन्धी, यथार्थ-शील, वस्तु^F-विषयक।

objectivate –'टिवेट् v.t. वस्तुगत बनाना, वस्तुरूपमें लाना, इन्द्रियग्राही बनाना।

objective[1] –टिव् n. (व्या०) कर्मकारक; वस्तुनिष्ठा^F, (बढ़ती हुई सेना^Fका) उद्देश्य, ध्येय, लक्षित बिन्दु, उद्दिष्ट लक्ष्य; ~-glass दे० OBJECT[1].

objective[2] a. (दर्शन०) बाह्य, बहिर्व्यक्त, अभिदृश्यक, अनात्म, वैषयिक, वस्तुनिष्ठ, वस्तुगत, वस्तुतंत्र, वस्तु-, पदार्थनिष्ठ, विषयाश्रित, यथार्थनिष्ठ, वस्तुपरक, (~ *observation*); (औषध^F लक्षण आदि) (अन्यद्वारा) निरीक्ष्य, परप्रत्यय (रोगी द्वारा) अनुभूत; (व्या०) कर्म-विषयक; निष्पक्ष, तटस्थ, व्यक्ति-निरपेक्ष (~*method*); ~ case (व्या०) कर्मकारक; ~ contact इन्द्रिय सन्निकर्ष; ~ point (सेना०) ध्येय, गन्तव्य स्थान; ~spirit असत्ता^F;

~ aspect, ~ condition, ~ connotation, ~ data, ~ ethics, ~ judgment, ~ loudness, ~ measurement, ~ naturalism, ~ sampling, ~ theory, ~ value.

objectiveness, objectivity, –निॅस्, ऑब्जिॅ`क्टि'विटि un. अनात्म्य, बाह्यवस्तुविषयकता^F, वास्तविकता^F; कर्मविषयकता^F, पदार्थनिष्ठता^F, वस्तुनिष्ठता^F, वस्तुपरकता^F।

objecivism –विज़्म् n. पदार्थज्ञान, अनात्मवाद; अनात्मकी ओर झुकाव।

objectivist –विस्ट् a. पदार्थवादी, पदार्थज्ञानी, जड़वादी।

objectless –'जे`क्ट्-लिॅस् a. उद्देश्यहीन, निष्प्रयोजन, निरर्थक।

objector ॲब्जे`क्'टॅर् n. अपवादक, आपत्तिकर्ता, बाधक; conscientious ~ भरती^F या टीकेका विरोधी।

objuration ऑब्जुॲरे'शॅन् n. अभियोग; शपथ^F या कसम^F दिलाना।

objurgate ऑब्'जर्गेट् v.t. भर्त्सना^F करना, उपालम्भ देना, आक्षेप करना, बुरा-भला कहना, कोसना, डाँटना।

objurgation –गे'शॅन् n. भर्त्सना^F, उपालम्भ, धिक्कार, आक्षेप, कोसना, डाँटना।

objurgatory –'जॅगॅटॅरि, –जर'गॅटॅरि a. भर्त्सनायुक्त, सोपालम्भ, आक्षेपयुक्त, निन्दक, निन्दार्थक।

obl. oblique; oblong.

oblanceolate ऑब्लैन्'सिॲलेट् a. (वन०) प्रतिवृत्त, अभिप्रासवत्, अभिप्रासाकार, प्रतिभालाकार।

oblate[1] ऑब्'लेट् n. ध्रुवचिपिट; (गणि०) लघ्वक्ष (~ *spheroid*); अर्पित व्यक्ति।

oblate[2] ॲब्लेट्', ऑब्'लेट् a. (रेखाग०, भूगोल) नारंगी-जैसा दोनों सिरोंपर चपटा (~*spheroid*)।

oblateness –'निॅस् n. लघुअक्षता^F, (ध्रुवोंका) चपटापन।

oblation ॲब्ले'शॅन् n. याग, हवन, हुत, हव्य, आहुति^F, बलि^F; बलिपशु, बलि^F दिया हुआ जीवित जन्तु; धार्मिक दान, ईसामसीहके अन्तिम भोजनके स्मारकस्वरूप रात्रि-भोजन।

oblational, oblatal, oblatory–नॅल्,–टल्, ऑब'लॅटॅरि aa. बलिविषयक, चढ़ावेका।

obligant ऑब्'लिगॅन्ट् n. = OBLIGOR.

obligate[1] –गेट् v.t. आभार करना, आभारी बनाना; अधिबद्ध करना, वचनबद्ध करना ⊙।

obligate[2] –गॅट् a. अधिबद्ध, सदालग्न, आग्रही, (~ *parasite*); **अनिवार्य**।

obligation –गे'शॅन् n. **आभार,** अधिबन्धन, दायित्व, उपकार, एहसान; प्रतिज्ञापत्र, इकरारनामा; **बन्धन, आबन्ध,** अनुबन्धन, करार; वैधानिक आदेशपत्र; भार, कर्तव्यता^F, देयता^F, अनिवार्यता^F, बाध्यता^F, ऋण; of ~ = OBLIGATORY; *be, put, under an* ~ आभारी होना या करना।

obligatoriness ॲब्लि'गॅटॅरि-निस् n. बाध्यकरता^F, अनिवार्यता^F, आभारिता^F।

obligatory ॲब्लि'गॅटॅरि, ॲब्'लिगेटॅरि a. (जी०वि०) आग्रही; **बाध्य, बाध्यकर,** बाध्यकारी, अपरिहार्य, **अनिवार्य,** आभारपूर्ण, आदेश-सूचक, अवश्यकरणीय, **आग्रही, आबन्धक**।

oblige ॲब्लाइज् v.t. **आभारी करना,** अनुगृहीत करना, बाध्य करना, बन्धन बाँधना, मजबूर करना; उपकृत करना, कृपा^F करके उऋण करना; (बोल०) मनोरंजनमें योग देना; (कर्म०) उपकार द्वारा बँध जाना; व्यक्ति या छलके प्रति आबद्ध करना (प्रा० वैधानिक); अनुग्रहीत करना, एहसान करना।

obliged –ड a. उपकृत, आभारी, बाध्य, मजबूर।

obligee ऑब्लिजी' n. (क्र०) उपकारशील व्यक्ति; अधिबन्धक, **आभार्य**।

obligement ॲब्लाइज्'मॅन्ट् n. आभार, उपकार, एहसान।

obliger –'जॅर् n. उपकर्ता, उपकारक, **आभारी,** एहसान करनेवाला।

obliging –जिंग् a. सुजन, अनुग्रहशील, उपकारी, सुशील, शिष्ट, अनहंकारी, भद्र, नम्र; दक्षिण, हितबुद्धि, अनुकूल, उपकारी।

obligingness –निॅस् n. सौजन्य, अनुग्रहशीलता^F, सुशीलता^F, शिष्टता^F, अनहंकारिता^F, भद्रता^F, नम्रता^F, दाक्षिण्य, हितबुद्धि^F, अनुग्रह, उपकार, अनुकूलता^F, उपकारिता^F।

obligor ऑब्'लिगॉर् n. (कानून) अधिबद्ध, प्रतिश्रुत व्यक्ति, प्रतिज्ञा^F या अनुबन्धसे स्वयंको बाँधनेवाला; (वैधानिक) प्रतिज्ञापत्र लिखनेवाला, इकरारनामा लिखनेवाला।

oblique ॲब्लीक् १. v.i. लक्ष्यकी ओर वक्रगति^Fसे प्रयाण करना; २. a. (निर्दे० ज्या०, घ० ज्या०, वन०) **तिर्यक्,** तिर; कुटिल, विषम, **तिरछा,** टेढ़ा, आड़ा; वक्र, असरल, जो लक्ष्यकी ओर सीधा न जाय; (श० र० शा०) अंग अथवा शरीरके महत् लम्बके न तो समानान्तर और न लम्बरूप,(वन०, पत्ता) असम किनारोंवाला; (रेखागणितमें) (रेखा^F, समतल, चित्र; तलपृष्ठ) समकोणके अतिरिक्त अन्य किसी कोणपर, (कोण) असम, न्यूनकोण अथवा अधिककोण, (शंकु, स्तम्भ इत्यादि)आधारके समतलसे टेढ़ा, असम अक्षीय; ~case (व्याकरण)अप्रधान कारक, तिर्यक् रूप जो सम्बोधनकारक अथवा कर्त्ताकारक न हो, ~ oration *or* narration *or* speech वक्रोक्ति^F;

~ angle, ~ arrangement, ~ axis, ~ camera, ~ cone, ~ coordinates, ~ cord, ~fault, ~ frustum, ~illumination, ~ impact, ~ incidence, ~ line, ~ multiplication, ~ muscle, ~ offset, ~ parallel-piped, ~ plane, ~ prism, ~ prison, ~ projection, ~ pyramid, ~ ray, ~ridge, ~ section, ~ sphere, ~ system, ~ train, ~ vein, ~ visibility.

obliqueness, obliquity –निॅस्, –लिक्विटि nn. वक्रता^F, कौटिल्य, **तिर्यकता^F,** वैषम्य, तिरछापन।

obliquitous –लि'क्विटॅस् a. वक्र, वक्रतायुक्त, कुटिल, विषम।

obliterate ॲब्लि'टॅरेट् v.t. व्यामृष्ट करना, उन्मूलन कर देना, कोई स्पष्ट चिह्न न छोड़ना, उच्छेद कर देना; विलुप्त कर देना, अभिलोपन करना, विनष्ट कर देना, **मिटाना,** मिटा डालना, काटना, पोंछना।

obliterated –टि॒ड् a. अभिलोपित, व्यामृष्ट, विलुप्त, उन्मूलित, मिटाया हुआ (~ *label, note*)।

obliteration –'शॅन् n. व्यामर्श, उन्मूलन, उच्छेद, लोप, **अभिलोपन,** मार्जन, काटकूट^F, मिटाना।

obliterator –'टॅरेटॅर् n. **विरूपक,** (~*stamp*), व्यामर्शकर्त्ता, उन्मूलक, उच्छेदक, लोपकर्त्ता, मार्जनकर्ता।

oblivion ॲब्लि'विॲन् n. अस्मृति^F, असरण, विसरण, विस्मृति^F; उपेक्षा^F, सर्वक्षमा^F, क्षमादान; *fall into* ~ विस्मृत हो जाना, भुलाया जाना।

oblivious –ॲस् a. (का०) विसारक, विस्मृतिकर, स्मृतिहर, विसरण-सम्बन्धी; विसरणशील, अमनोयोगी, असावधान, अचेत, भुलक्कड़, विसराऊ।

obliviousness –निॅस् n. विसरणशीलता^F, विस्मृतिकारिता^F; विस्मृति^F, अमनोयोग, असावधानी^F, अचेतता^F।

oblivisence ऑब्लि'विसॅन्स n. **विस्मृति^F**।

oblong ऑब'लॉन्ग् १. n. (गणित) आयतरूप, दीर्घायत; आयताकार वस्तु^F, दीर्घपक्ष आकृति^F या पदार्थ; (वन०) दीर्घवृत्त; २. a. (पुस्तक^F, कागज, आयताकार डाक^Fके टिकट आदि) **आयतरूप,** आयताकार, **चौकोर,** (~ *stamp*); (रेखागणित) असम संलग्नभुजा^F, आयत; (अण्डगोलक) ध्रुवोंकी ओर प्रलम्बित; (वन०) **दीर्घवत्,** लम्बा।

oblongish –गिश् a. दीर्घायतवत्, दीर्घायत-सदृश, आयत-जैसा, लम्बा।

oblongness –ग्-निॅस् n. दीर्घायतता^F, आयतता^F।

obloquy ऑब'लॅक्वि n. गर्हा^F; निन्दोक्ति^F, अपवाद, परिवाद, कलंक, निन्दा^F, बदनामी^F, बुराई^F; दुर्वचन, अपशब्द।

obmutescence ऑब्म्यूटे'सॅन्स् n. (चि०) स्वरनाश, वाचा-नाश, (हठके कारण) मूकता^F, गूँगापन, चुप।

obmutescent –न्ट् a. मूक, गूँगा ।
obnoxious ॲब्नॉक्'शॅस a. अपवर्ज्य, निन्द्य, गर्ह्य, वर्जित, द्वेषणीय, अनिष्ट, अनिष्टकारी, आपत्तिजनक, अप्रीतिकर, घृणित, घृणाजनक, अप्रिय, **बेहूदा**; अहितकर, हानिकर, बुरा (*~disease*) ।
obnoxiousness –निॅस् n. अपवर्ज्यत्व, गर्ह्यता^F, द्वेष्यता^F, आपत्तिजनकता^F, घृणाजनकता^F; अहितकारिता^F; अनिष्ट ।
obnubilate ऑब्न्यू'बिलेट् v.t. (चि०) मनका भ्रान्त होना; अन्धकार करना, घेरना, ढाँपना, छाना ।
obnubilation –ले'शॅन् n. अन्धकारमयता^F; घुप्प अँधेरा, बादलोंका घिर जाना; (चि०) (मनकी) भ्रान्तस्थिति^F, व्यग्र अवस्था^F, घबड़ायी हुई स्थिति^F ।
oboe ओ'बो n. शहनाई^F, नफीरी^F ।
oboist –इस्ट् n. शहनाई^F बजानेवाला, नफीरी^F बजानेवाला ।
obol ऑ'बॅल् n. (*obolous* भी) (pl. *oboli*) नानका एक सिक्का =१॥ आना, ९ नये पैसे ।
obolary ऑ'बॅलरि a. अतिनिर्धन, बहुत गरीब ।
obovate ऑबो'वॅट् a. (वन०) **अण्डवत्** , अभ्यण्डवत्, अभ्यण्डाकार ।
O.B.R. Outbreak Report.
obreption ऑबेरॅप'शॅन् n. झूठ बोलकर दान या पुरस्कार लेना ।
obreptitious –प्टि'शॅस् a. चोरी^F या धोखेसे लिया हुआ ।
obs. observation; obsolete.
obscene ॲब्सीन् n. कामुक, लम्पट, फूहड़; (प्रा०) कुत्सित, अभद्र, बीभत्स, **अश्लील**, अशिष्ट, ग्राम्य, अवाच्य, बेशर्म, मैला, गन्दा ।
~ article, ~ language, ~ literature.
obsceneness –'निॅस् n. =OBSCENITY.
obscenity –'निटि n. कामुकता^F, लम्पटता^F, फूहड़पन; (प्रा०) ग्राम्यता^F, **अश्लीलता**^F, अशिष्टता^F, अभद्रता^F, बेशर्मी^F, गन्दगी^F ।
obscurant ॲब्स्क्युॲ'रॅन्ट् n. ज्ञानोन्नति^F या सुधारका विरोधी ।
obscurantism –ट्ज़िम् n. सुधार-विरोध, **ज्ञान-विरोध**; (दर्शन०) **निगूहन-वृत्ति**^F ।
obscurantist –टिस्ट् n. & a. (व्यक्ति) ज्ञानोन्नति-विरोधक, सुधार-विरोधी, **ज्ञान-विरोधी** ।
overbuild –बिल्ड् v.t. अतिनिर्माण करना, आवश्यकता^{F}से अधिक बनाना।

overburden –बर्'डॅन् १. n. अधिभार; २. v.t. अधिक लाद देना, दबा देना।

overburdened –ड् a. अतिभाराक्रान्त।

overburnt –बर्न्ट् a. अतिदग्ध, बहुत जला हुआ।

overbusy –बिज़ि a. अत्यधिक व्यस्त, वांछितसे अधिक कार्य करनेवाला।

overbuy –बाइ v.i. महँगा खरीदना, आवश्यकताओं^{F}की पूर्ति^{F}के लिए अधिक खरीदना।

overcanopy –कैॅनॅपि v.t. शामियाना या सायबान तानना।

overcapitalize –कैॅपिटॅलाइज़् v.t. अधिपुंजीयित करना, (किसी व्यापारिक संघ इत्यादिकी) पूँजी^{F} बहुत अधिक निश्चित करना या अनुमानना; अधिक मूलधन लगाना।

overcareful –केॅअॅर्'फ़ुल् a. अतिसावधान, आवश्यकता^{F}से अधिक चौकन्ना।

overcarry –कैॅरि v.t. **अतिवाहन करना, अधिक दूर^{F}ले जाना।**

overcast –कास्ट् १. a. मेघावृत, मेघाच्छन्न, तमोवृत्त, **आच्छादित, घिरा हुआ, आच्छन्न,** छाया हुआ (~ *sky*); २. v.t. (आकाशको) अन्धकार या मेघों द्वारा आच्छन्न कर देना; फेंक देना; काला कर देना, ढँक देना, छाना।

overcharge –चार्ज् १. n. **अधिप्रभार** (~ *sheet*), अधिक भार, **अतिभार, अतिप्रभार;** अधिक दर^F; अत्यधिक भरा हुआ विस्फोटक-पदार्थ; २. v.t. (किसी व्यक्तिसे या किसी वस्तु^{F}का) अधिप्रभार लगाना, **अति प्रभार लेना, अत्यधिक दाम लेना,** अधिक दर^F लगाना, सही या ठीक दामसे अधिक लेना; अधिक काम लाद देना, छकाना; अत्यधिक बारूद^F या अन्य विस्फोटक पदार्थ भरना; अतिशयोक्तिपूर्ण या अत्यधिक विवरण देना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना।

overcloud –क्लॉउड् v.t. बादलों या छायाओं^{F}से आच्छन्न कर देना या ढाँक देना; (ला०) शोकाकुल करना।

overcoat –कोट् n. ऊपरी कोट, बालाई कोट, बालापोश, फरगल, ओवरकोट, बड़ा कोट।

overcold –कोल्ड् a. बहुत ही ठण्डा।

overcolour –क'लॅर् v.t. अधिक रंग देना; (वर्णन इत्यादिको) अतिशयोक्तिपूर्ण बनाना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना।

overcomable –क'मॅबॅल् a. पराजेय, वश्य, पार करने योग्य।

overcome[1] –म् v.t. & i. **अतिक्रमण करना, आक्रान्त करना,** पराजित करना, अभिभूत करना, वशीभूत करना, वशमें लाना, जीतना, छा जाना, काबू पाना, बसमें लाना, सर करना, पार करना (~ *difficulties*); किसी वस्तु^{F}का उत्कृष्टतर भाग प्राप्त करना, लाभ उठाना; (भौ०) **निष्प्रभावित करना;** (p.p.) श्लथ, क्लान्त, थका हुआ; हताश, बदहवास; अपनी सम्पत्ति^{F}से वंचित किया हुआ; ~ *with liquor* मदिरोन्मत्त।

overcome[2] a. पराजित, वशीकृत, ग्रस्त, अभिभूत, हावी. दे० ऊपर भी।

overcostly –कॉस्ट्'लि a. अतिमहार्घ, बहुत महँगा।

overcredulous –क्रेॅड्यलॅस् a. अतिविश्वासी, अन्धविश्वासी, शीघ्र विश्वास करनेवाला।

overcrop –क्रॉप v.t. (जमीन^{F}को) अत्यधिक अनाज उगाते-उगाते कमजोर बना देना, जरूरत^{F}से ज्यादा काश्त^F

करना, काश्त[F] करते-करते जमीन[F]का सत निकाल लेना।

overcrow –क्रो v.t. विजय-गर्वित होना, विजय[F] पाना, जीतना, जयजयकार[F] करना, जीत[F]के नगारे बजाना; डींग[F] मारना, बहकना, ऐंठना, अकड़ना।

overcrowd –क्राउड् v.t. बड़ी भीड़[F] लगाना।

overcrowded –'डिड् a. अति संकुलित, अति घन, घना, घनी आबादीवाला।

overcrowding –डिंग् n. अतीव जनाकीर्णता[F], **अतिसंकुलता**[F], बड़ी भीड़[F]; **बहुत भीड़[F] होना**।

overcurious –क्यूॲ'रिॲस् a. अत्यधिक जिज्ञासु, अत्यधिक नियमानुवर्ती, सावधान अथवा दुस्तोषणीय।

overdate –डेट् v.t. बादकी तारीख[F] डालना।

overdated –टिड् a. बादकी मिति[F] या तारीख[F] डाला हुआ।

over-develop –डिवे'लॅप् v.t. (फ़ोटो) अतिविकसित करना, अधिक बढ़ाना; फ़िल्म[F]को रासायनिक पदार्थ द्वारा अत्यधिक धो डालना।

overdimensional –डाइमे'न्शॅनॅल् a. **अतिमित, अत्यायाम**।

overdo –डू v.t. अति करना, सीमोल्लंघन करना; अत्यधिक पकाना या जला देना, शक्ति[F]से अधिक कार्य करना या कराना, थका डालना।

overdone –डन् a. अतिपक्व, आवश्यकता[F]से अधिक पकाया हुआ; अतिश्रान्त, अतिक्लान्त।

overdoor –डोॲर् n. किवाड़ोंकी लकड़ी[F]पर किया हुआ सजावट[F]का काम।

overdosage –डोसिज् n. (चि०) मात्राधिक्य।

overdose –डोस् n. (चि०) मात्राधिक्य, अधिक मात्रा[F], **अतिमात्रा**[F]।

overdraft –ड्राफ्ट n. **अधिविकर्ष**, अधिकर्ष, जमासे अधिकका ड्राफ्ट, अधिककी हुण्डी[F]।

overdraw[1] –ड्रॉ v.t. & i. अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन करना, बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन करना, चित्रकारी[F]में अति करना; (बैंकमें जमा रकम[F]से अधिकका) चेक काटना; अधिक लेना, (बैंकसे अपनी रकम[F]से) अधिविकर्ष करना, अत्याहरण करना, ज्यादा निकाल लेना।

overdraw[2] v.t. **अधिविकर्ष करना**।

overdrawn –ड्रॉन् a. अधिकृष्ट, अतिकृष्ट, अतिविकृष्ट (~ *bill*)।

overdress –ड्रेस् n. ऊपरी वस्त्र, ऊपरकी पोशाक[F], दूसरी पोशाक[F]।

overdrive –'ड्राइव् v.t. अधिक हाँकना, तेज चलाना, (घोड़े इत्यादिको) दौड़ाकर या (व्यक्तिको) काम लेते-लेते थका डालना।

overdue –'ड्यू a. वीतकाल, कालातीत, कालातिदेय, **समयपश्चात्, समयसे पीछे; अत्यवधि; अतिदेय, अतिप्राप्य**, ठीक समयपर अदा न किया हुआ; ~*bill* **खड़ी हुण्डी**[F]।

~ account, ~ interest, ~ traffic.

overeat –ईट् v.t. अतिभोजन करना, बहुत खा जाना।

overestimate –ॲ'स्'टिमेट् १. n. अध्यागणन, अतिगणना[F]; अत्यनुमान, **अत्यंकन, अतिप्राक्कलन**, ज्यादा तखमीना; २. v.t. **अति प्राक्कलन करना**, अतिगणना[F] करना, किसी परिमाण या महत्त्वको वास्तविकता[F]से बहुत अधिक अनुमानना, अधिक आँकना, वास्तविकता[F]से अधिक समझना, असलियत[F]से ज्यादा तखमीना लगाना।

overestimation –मे'शॅन् n. अधिक मूल्य-निरूपण।

overexposure –इॅक्स्पो'ज़ॅर् n. अतिप्रकटना; (फ़ोटो०) अतिप्रकाशन, अति प्रकाश-दर्शन, अधिक प्रकाशदर्शन, प्लेटको आवश्यकता[F]से अधिक प्रकाशमें रखना।

overfeed –फ़ीड् v.t. & i. अधिक खिलाना, भकोसना।

overfill –फ़िल् v.t. परिमाणमें अधिक भरना।

overfish –फ़िश् v.t. अधिक मछलियाँ[F] पकड़ना।

overflooded –फ़्ल'डिड् a. अति जलमग्न।

overflow[1] –फ़्लो १. n. प्लावन, परिप्लावन, आप्लाव, पूरवाह, **परिवाह**, उत्प्रवाह, मूत्र, अश्रु इत्यादिका निरन्तर स्रवण; तूफ़ान, बाढ़[F], अतिबाहुल्य, अतिप्रचुरता[F], प्राचुर्य, अतिरेक, अत्याधिक्य, छलकी हुई वस्तु[F] (जल), फालतू चीज[F], फाजिल चीज[F]; जलवृद्धि[F], बाढ़[F], सैलाब; २. v.t. प्लावित होना, परिप्लावित होना, **बह निकलना**, अन्दर न समाना, छलकना, उमड़ना, लबालब भर जाना, बाढ़[F] आ जाना; (ला०) बाहरतक पहुँचना, (जमघट आदिका कमरेमें) भर जाना; (दयालुता[F], फसल[F] आदिका) प्रचुर होना; ~ meeting सभा-प्लावन, सभा-परिप्लावन, सभा[F]के बाहरकी भीड़[F]; ~ pipe **उमड़ नल**।

overflow[2] v.t. & i. ऊपरसे बह जाना, जलथल होना।

overflowing –इंग् १. n. प्लावन, आप्लावन, उपरिप्लावन, उफान, बहाव; अत्याधिक्य, बाहुल्य, प्रचुरता[F], बहुतायत[F]; २. a. अतिपूर्ण, आप्लुत, लबालब, छलकता हुआ, उमड़ता हुआ; अति, अत्यन्त, बहुत।

overfreight –फ्रेट् v.t. अधिक बोझ लादना।

overglance –ग्लान्स् v.t. शीघ्रता[F]से देखना, निगाह[F] फेरना।

overgo –गो v.t. बढ़ना, लाँघना, पार करना; फैलना, छा जाना; पारण करना; निकल जाना।

overgovern –गवॅर्न् v.t. अतिशासन करना, अनावश्यक बन्धनों तथा नियमोंके साथ शासन करना।

overgreen –ग्रीन् v.t. हरियाली[F] छा जाना।

overground –ग्राउन्ड् a. भूम्यूपरि, पृथ्वीतलके ऊपरका, जमीन[F]के ऊपरका (~ *heap*)।

overgrow –ग्रो v.t. (बेलों[F] या लतरों[F]का दीवार[F] आदिपर) फैल जाना, ढँक लेना, छा जाना।

overgrown –ग्रोन् a. अतिवृद्ध, अधिक बढ़ा हुआ, फैला हुआ।

overgrowth[1] –ग्रोथ n. (चि०) अतिवृद्धि[F], अतिविकास, **अधिवृद्धि**[F], (~*crystals*), ऊपरी अस्वाभाविक वृद्धि[F], असाधारण वृद्धि[F]।

overgrowth[2] n. किसी वस्तु^F पर उगी हुई बेलें^F या लतरें^F ।

overhand –हैन्ड् a. & adv. हाथसे ढँककर; हाथ ऊपर उठाकर, हाथ उठाकर किया हुआ (~ *bowling*); हाथ ऊपर निकालकर, हाथ दिखाकर (तैराकीमें ~ *stroke*); ~ rail **उपरली पटरी** ।

overhang –हैन्ग् n. कोई निकला हुआ भाग, **निकासा,** झुकाव; झुकावकी मात्रा^F, झुकावकी अवस्था^F; v.t. & i. प्रलम्बित होना, ऊपर लटकना, ऊपर लटकाना, झुकना, आगेको निकला हुआ और किसी चीज^F पर छाया^F किये होना; आसन्नवर्ती होना; (ला०) सिरपर खेलना, मँडराना ।

overhanging –'गिंग a. **बहिर्लम्बी, प्रलम्बी,** (~ *rock*), बाहर निकला हुआ, ऊपर लटका हुआ ।

overhappy –हैं'पि a. अतिप्रसन्न, अधिक प्रसन्न ।

overhardy –हार्'डि a. अतिसाहसी, बहुत दिलेर ।

overhasty –हेस्'टि a. अतिसाहसी, अतिक्षिप्र, अधीर, उतावला, जल्दी मचानेवाला ।

overhaul –हॉल् १. n. **पुनर्कल्पन,** कायापलट, **पूरी मरम्मत**^F, T; २. v. t. पुनर्कल्पना^F करना, जीर्णोद्धार करना, नया करना; परीक्षण या निरीक्षणके लिए विभिन्न अंगोंको पृथक् करना; प्रत्येक अवयवको पृथक् करके परीक्षण करना, दशा^F का परीक्षण करना, देखभाल^F करना, जाँच-पड़ताल^F करना; बराबर पहुँच जाना, जा पकड़ना, जा लेना ।

overhauling –हॉ'लिंग् n. जीर्णोद्धार करना, यन्त्र इत्यादि साफ करना, सुधारना, नया कर देना, **ओवर हॉल करना ।**

overhead[1] –हे'ड् a. **व्योमस्थ, ऊर्ध्वस्थ,** ऊर्ध्ववर्ती, ऊँचाई^F में स्थित, **उपरला,** ऊपरका; ~ charges (वाणि०) उपरिव्यय, पूरक व्यय, कार्यालय खर्च; ~ cost **बंधी लागत** ।
~ cable, ~ circuit, ~ costs, ~ cover, ~ equipment, ~ expenses, ~ fire, ~ line, ~ price, ~ rail, ~ reservoir, ~ route, ~ safety, ~ shade, ~ tank, ~ valve, ~ welding, ~ wire.

overhead[2] adv. सिरपर, ऊपर आकाशमें, ऊँचाई^F में, ऊपरकी मंजिल^F में ।

overhear –हीअर् v.t. (p.t. , p. p. **overheard**) दूसरेकी गुप्त बात-चीत^F सुन लेना, अनिच्छित रूपसे सुनना, अदृश्य रूपसे अथवा गुप्त श्रोताके रूपमें सुनना, ऊपरसे सुन पाना ।

overheat –हीट् v.t. अत्युष्ण करना, अतितप्त करना, अधिक गरम करना ।

overissue –इ'सू n. बहुत अधिक जारी किया हुआ नोट या कम्पनी^F का हिस्सा वगैरह; अधिनिर्गमन, अधिनिर्गम, (वाणि०) **अतिप्रचालन,** अधिकारपूर्ण परिमाण या योग्यता^F के अनुसार चुकानेकी सामर्थ्यसे अधिक (नोट, कम्पनी^F का हिस्सा वगैरह) जारी करना ।

overjoy –जाएँ १. n. प्रहर्ष, अतिमोद; २. v.t. अतिमोदित करना, अतिप्रसन्न करना ।

overjoyed –ड् a. प्रहृष्ट, प्रमुदित, उल्लसित, अत्यन्त प्रसन्न, बहुत ही खुश, बाग-बाग ।

overkind –काइन्ड् a. अतिदयालु ।

overknee –नी n. घुटनोंके ऊपरका (~ *shorts*) ।

overlabour –ले'बर् v.i. (किसी कार्यको) घोर परिश्रमसे करना, बेहद मेहनत^F करना ।

overlade –लेड् v.t. (जहाजपर) बहुत अधिक बोझा लादना ।

overladen –ले'डॅन् a. अतिभारित, दबा हुआ ।

overland –लैन्ड् १. n. स्थलका अथवा कुछ जल तथा कुछ स्थलका (मार्ग); २. adv. स्थलमार्गसे, खुश्की^F के रास्तेसे ।

overlap –लैप् १. n. अतिछादक वस्तु^F, अतिछादन, आंशिक रूपसे आच्छादित करनेकी क्रिया^F, पूर्णतः आच्छादित करके निकले रहनेकी क्रिया^F, अतिव्याप्त होना; किसी सीमा^F तक समान गुणधर्मा होनेकी क्रिया^F; २. v.t. **अतिव्याप्त करना;** किसी हद^F तक एक-दूसरेको ढँकना (*the great difficulty in classification is the ~ping of species*); अतिछादन करना, आंशिक रूपसे आच्छादित करना, पूर्णतः आच्छादित करके बाहर निकला रहना, ढँकना, ढँककर बाहरकी ओर बढ़ना; किसी सीमा^F तक समान गुणधर्मा होना ।

overlapping –पिंग १. n. अतिछादन, परस्परव्याप्ति^F, **अतिव्यापन,** अतिव्याप्ति^F, २. a. **अतिछादी, अतिव्यापी,** (~ *involution*, ~ *shifts*); **परस्परव्यापी, परस्पर-व्याप्त** (~ *division*) ।

overlavish –लै'विश् a. अत्युदार, बहुत अधिक व्ययशील ।

overlay –ले १. n. (सैन्य०) **अधिचित्र;** छोटा मेजपोश, चादर^F, बिस्तरपोश; सतह^F पर फैलायी हुई किसी चीज^F की तह^F, चढ़ी हुई पर्त^F, जमायी हुई पर्त^F; दाबका कागज; २. v.t. सतह^F पर फैलाना, बिछाना, पर्त^F चढ़ाना, ढाँकना, लीपना, तह^F जमाना; बहुत लादना; दबाकर मार देना; (गलत प्रयोग) अधिशयन करना ।

overlaying –'इंग् n. आच्छादन, अधिच्छादन ।

overleaf –लीफ् adv. पत्रकी दूसरी ओर, पन्नेके दूसरी तरफ, दूसरे पृष्ठपर, वर्कके दूसरी तरफ ।

overleap –लीप् v.t. जय^F करना, विजय^F करना, सर करना, गालिब आना; नजर-अन्दाज कर जाना; अतिक्रमण कर जाना, लाँघ जाना; लोप कर जाना, छोड़ जाना, कूद जाना, छलाँग^F जाना, फाँद जाना, फलाँग जाना, उछल जाना ।

overleather –ले'दर् n. जूतेका ऊपरी चमड़ा ।

overlie –लाइ v.t. अधिशयन करना, ऊपर लेट जाना (इस तरह बच्चेके ऊपर लेट जाना कि दम घुटकर मर जाय) ।

overlive –लिव् v.i. (अन्य व्यक्ति, विशिष्ट युग इत्यादिके) पश्चात् जीवित रहना, बादमें जिन्दा रहना ।

overload –लोड् १. n. अतिभार; (~ *release*); २. v.t. अतिभार रखना, भारी करना, अधिक लादना।

overlong –लॉन्ग् a. बहुत अधिक लम्बा।

overlook –लुक् v.t. उपेक्षा^F करना, लोप कर जाना, अतिक्रम कर जाना, अनदेखी करना, नजर^F न पड़ना; जाने देना, नजर-अन्दाज करना; उच्चतर होना, ऊँची स्थिति^F परसे देखना, ऊँचे स्थानसे किसी दृश्यको देखना, ऊँचाई^F से देखना; पर्यवेक्षण करना, सतर्कता^F से निरीक्षण करना, निगरानी^F करना; दोष क्षमा^F करना; बुरी नजर^F से टोना-टोटका कर देना, नजर^F लगाना।

overlooker –कॅर् n. सतर्कता^F रखनेवाला, चौकसी आदमी।

overlord –लार्ड् n. अधिराज, सर्वाधिपति, प्रधान स्वामी।

overlying –लाइ'इंग् a. **उपरिस्थ, ऊर्ध्वशायी** (~ *rock*)।

overman –मैन् n. अतिमानव, अधिमानव, महामानव।

overmantel –मैन्'टॅल् n. आतिशदानके ऊपरका सजावट^F का काम।

overmasted –मास्'टिड् a. भारी मस्तूलोंवाला, मस्तूलोंके कारण भारी।

overmaster –मास्'टॅर् v.t. अभिभूत करना, शासन करना, अधीन करना, दबाना।

overmatch –मैच १. n. (प्रतियोगिता^F में अन्यकी अपेक्षा^F) विजयी व्यक्ति, अधिक बलशाली व्यक्ति २. v.t. (प्रतियोगिता^F में अन्यसे) अधिक बलशाली होना, बढ़ा हुआ होना; पराजित करना, हराना, मात करना, जीतना, काबू करना, हावी होना।

overmeasure –मे'ज़र १. n. पर्याप्त अथवा उचितसे अधिक परिमाण; २. v.t. अधिक आँकना, अधिक कूतना।

overmodest –मॉ'डिस्ट् a. अतिविनीत, अत्यधिक विनीत।

overmuch –मच् १. n. आधिक्य, बाहुल्य, अतिरेक, अत्यधिक परिमाण या वस्तु^F इत्यादि; २. a. अत्यधिक, अत्यन्त, अतिमात्र, अति, हद^F से ज्यादा।

overnice –नाइस् a. अत्युत्तम, अतिसूक्ष्म, अतिमृदु, (हद^F से ज्यादा) नाजुकमिजाज।

overnight –नाइट् १. n. निशार्ध, पिछली रात^F को घटित या कृत, पिछली रातका; २. adv. रातोरात, रात्रि^F को; ~ stay **रात्रिवास**।

overpass –पास् v.t. & i. पार निकल जाना, आगे बढ़ जाना, पीछे छोड़ जाना, परे निकल जाना, गुजर जाना, गालिब आना, बाजी^F मार लेना; बिता देना, बसर कर देना, गुजार देना; समाप्ति^F तक पहुँचना, अंजामको पहुँचना; विजित करना, सर करना।

overpassed, -past –ड्, -पास्ट् a. गत, विगत, समाप्त, व्यतीत, गुजरा हुआ।

overpay –पे v.t. (किसी व्यक्ति या किसी सेवा^F के लिए उचित क्षतिपूर्ति^F या वेतनसे) अधिक दे देना।

overpayment –पे'मॅन्ट् n. अधिशोधन, **अधिक भुगतान**।

overpeopled –पी'पॅल्ड् a. अत्यधिक जनाकीर्ण, हद^F से ज्यादा आबाद।

overpersuade –पॅस्वेंड् v.t. अनुनय-विनय करना, सम्मत कर लेना, किसी-न-किसी तरह राह^F पर ले आना, बावजूद इनकारके राजी^F कर लेना या मनवाना, बहकाना, फुसलाना।

overpitch –पिच् v.t. विकटके पास गेंद^F फेंकना।

overplus –प्लस् n. अतिरेक, आधिक्य, उद्वर्त, उद्वृत्त, बचत^F, बढ़ती^F, बढ़ोतरी^F, अधिकाई^F, फाजिल।

overply –प्लाइ v.t. अतिशक्ति^F लगाना, अधिक बल लगाना, जान^F मारना।

overpoise –पाएँज् v.t. भार या तौल^F में अधिक होना।

overpopulation –पॉप्यूले'शॅन् n. **जनसंख्यातिरेक**, अत्यधिक जनाकीर्णता^F, अतिजनसंख्या^F; अतिप्रजनन।

overpost –पोस्ट् v.t. अतिशीघ्रता^F करना।

overpower –पॉउ'उॅर् v.t. (उष्णता^F, भावों इत्यादि-का) अत्यधिक तीव्र होना; (किसी वस्तु^F या बात^F इत्यादिको) अपेक्षाकृत अधिक तीव्रता^F से प्रभावहीन अथवा अप्रत्यक्ष बना देना; आक्रान्त करना, वशवर्ती करना, काबूमें लाना, दबा लेना; बेबस करना; पराभूत या अभिभूत करना, विजयी होना, पराजित करना, छा जाना, हावी हो जाना, दबाना, गिरा देना, लताड़ना, पछाड़ना, मात करना।

overpowering –पॉउ'अॅरिंग् a. अत्यधिक।

overpraise –प्रेज् n. & v.t. अतिप्रशंसा^F (करना), अत्यधिक सराहना^F (करना)।

overpressure –प्रे'शॅर् n. **अतिदाब**, अत्यधिक भार, बेहद दबाव।

overprint –प्रिन्ट् १. n. **अधिमुद्रण**; २. v.t. उपरि-मुद्रण करना, **अक्षरपर अक्षर छापना**, छपेपर छापना; (फ़ोटो०) प्लेटपर आवश्यकता^F से अधिक प्रकाश-दर्शन कराना।

overprinting –'टिंग् n. **अक्षरपर अक्षर छापना**।

overprize –प्राइज् v.t. मूल्यमें अधिक होना, दाममें बढ़ जाना।

overproduce –प्रॅड्यूस् v.t. & i. अत्युत्पादन करना, माँग^F की अपेक्षा^F अधिक माल पैदा करना।

overproduction –प्रॅडक्'शॅन् n. (अर्थ०) **अत्युत्पादन**, बहुत अधिक उपज^F।

overproof –प्रूफ् a. अत्यन्त तीव्र, तेज (शराब^F)।

overrate[1] –रेट् n. अधिमूल्यांकन, अधिक अनुमान।

overrate[2] v.t. (किसीके विषयमें) अत्युच्च मत स्थिर करना, अत्यधिक ऊँची धारणा^F रखना, अत्यधिक मूल्य लगाना।

overreach –रीच् v.t. & i. पकड़ लेना, ऊपर चढ़ जाना, बहुत आगे बढ़कर क्लान्त होना; (घोड़ेका) अगले पैरकी टापों^F को पिछले पैरोंकी टापों^F में मारकर जख्मी कर लेना; (चालाकी^F में) मात करना, कान कतरना, कान

काटना; प्रवंचित करना, धोखा देना, ठगना, बुत्ता देना, चूना लगाना, बेवकूफ बनाना, छल करना।

overreaching –'चिंग् n. प्रतारणा^{F}, प्रवंचना^{F}।

overread –रीड् v. i. अत्यध्ययन करना, बहुत पढ़ना।

overrefine –रि`फ़ाइन् v.t. बहुत साफ करना।

overrent –रे`न्ट् v.t. **अतिभाटक लेना, अतिभाड़ा लेना,** बहुत अधिक लगान वसूल करना, बहुत ज्यादा किराया लेना।

override –राइड् v.t. (*overrode, overridden*); बहुत चढ़ना, (घोड़ेको) दौड़ा-दौड़ाकर थका डालना; सशस्त्र सैन्यसहित (शत्रुके देशपर) चढ़ आना, कुचलना, अभिभूत करना, दबाना, लँघना।

overrule –रूल् v.t. (उच्चतर अधिकारी द्वारा किसी निर्णय, तर्क या प्रस्तावको) अधिशासित करना, रद्द कर देना, मंसूख कर देना; विरुद्ध व्यवस्था^{F} देना, प्रत्यादिष्ट करना, (किसी व्यक्तिका प्रस्ताव) अस्वीकृत कर देना।

overrun –रन् v.t. अतिक्रमण कर जाना, पददलित करना, **कुचलना,** मात करना, (सीमा^{F}से) बढ़ जाना; ध्वंस कर देना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना, तहस-नहस कर डालना, लूटना और बरबाद कर देना, उजाड़ देना; छा जाना, फैलना।

oversaving –से`विंग् n. (अर्थ०) **अधिबचत^F।**

oversea(s) –सी(ज़्) १. n. वैदेशिक, समुद्रपार, समुद्रके पारका; २. adv. विदेशमें, **समुद्रपार;**
~ allowance, ~ broadcast, ~ call, ~ command, ~ communication, ~ countries, ~ department, ~ despatches, ~ empire, ~ exchange, ~ importer, ~ imports, ~ investments, ~ issue, ~ leave, ~ pay, ~ scholarship, ~ service, ~ telegram, ~ territory, ~ tourist, ~ trade, ~ trunk, ~ university.

oversee –'सी v.t. (कर्मचारियोंमें कार्यके पालनका) पर्यवेक्षण करना, देख-भाल^F करना, निगरानी^{F} करना; (किसी वस्तु^{F}का) अधिदर्शन करना, ऊपरसे देखना (क्व०)।

overseer –सीअ`र् n. अध्यवेक्षक, पर्यवेक्षक, सर्वेक्षक, अधिकर्मी, दारोगा, पेशकार, निगहवान, निगरान, **ओवरसियर;** अधिदर्शक, उपदर्शक; ~ of the poor निर्धनादिदर्शक, निर्धनोंकी सहायता^{F} या दान इत्यादिके लिए नियुक्त पदाधिकारी, नाज़िर खैरात।

oversell –से`ल् v.t. & i. (वस्तु^{F}, राशि^{F}का) अधिक परिमाणके विक्रयका व्यापार करना; महँगा बेचना।

overset –से`ट् v.t. & i. उलटना, नीचे गिराना, औंधा करना, पलट देना।

oversew –र्'-सौ़ v.t. दोनों सिरे मिलाकर सीना, तुरपना।

overshade –शेड् v.t. ढाँपना, छाया^{F} डालना, छाना, अँधेरा करना।

overshadow –शै`डो v.t. छाया^{F} करना, धूप^{F}से बचाना, छाँह^{F}में कर देना, छाँह^F करना, ढँक देना; (अपनी उज्ज्वलता^{F} या कान्ति^{F}से अन्यकी) कान्ति^{F}को निष्प्रभ कर देना, आब^F व ताब^{F}में बढ़ जाना; आक्रमणसे रक्षा^{F} करना (क्व०)।

over-shoe –शू n. ऊपरी जूता, जूतेके ऊपर पहननेका रबर, नमदा, वालाई जूता।

overshoot –शूट् v.t. अस्त्रका आगे पहुँचना, निशानेसे परे अस्त्र फेंकना; लक्ष्य इत्यादिकी सिद्धि^{F} प्राप्त कर लेना; **अतिलंघन करना,** लाँघना, पार जाना, **आगे निकल जाना,** दूर निकल जाना; अत्युक्ति^{F} करना; किसी कार्यकी अति^{F} करना, बढ़ा देना।

overside[1] –साइड a. (माल चढ़ाने-उतारनेवाली नौकाओं^{F}से) जहाजकी ओरका, नौकाओं^{F}की ओरका।

overside[2] adv. बाजू, एक ओर, (माल चढ़ाने-उतारनेवाली नौकाओं^{F}से) जहाजकी ओर, नौकाओं^{F}की ओर।

oversight –साइट् n. अधिदर्शन, अन्वेक्षा^{F}, पर्यवेक्षण, निरीक्षण, देख-भाल^F, निगरानी^{F} (क्व०); दृष्टिदोष; प्रमाद, त्रुटि^{F}, ध्यानलोप, असावधानता^{F}, अतिक्रम, असावधानता-दोष, भूल^F, चूक^F, गलती^{F}।

overskip –स्किप् v.t. लाँघना, फाँदना, फलाँग जाना।

oversleep –स्लीप् v.t. अत्यधिक समयतक सोना।

oversleeve –स्लीव् n. आस्तीनपोश, आस्तीन^{F}पर चढ़ा कपड़ा।

overslip –स्लिप् n. अधिसर्पण, भूल^F, चूक^F।

oversoul –सोल् n. ब्रह्म, परम आत्मा^{F}।

oversow –सो v.t. परिमाणसे अधिक बोना।

overspend –स्पे`न्ड् v.t. & i. (उपलब्ध साधनोंकी अपेक्षा^{F}) अधिक व्यय करना।

overspent –स्पे`न्ट् a. अतिक्लान्त, परिश्रान्त, बहुत थका हुआ।

overspill –स्पिल् n. अतिरिक्त जनसंख्या^{F}, फाजिल आबादी^{F}; गिरा हुआ या छलका हुआ पानी आदि।

overspread –स्प्रे`ड् १. v.t. विकीर्ण हो जाना, फैलना; (किसी वस्तु^{F}का) धरातलका तल आच्छादित कर लेना या घेर लेना, छा जाना, बिछ जाना, ढँक लेना; २. a. आच्छादित, आवृत, आस्तीर्ण, व्याप्त, छाया हुआ।

overstamped –ड् a. अधिमुद्रांकित।

overstate ओ`वॅर्-स्टेट् v.t. अतिरंजित करना, अत्युक्ति^{F} करना, बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन करना या बताना, बात^F बढ़ाना।

overstatement –मॅन्ट् n. अतिकथन, अत्युक्ति^{F}।

overstay –स्टे` v. i. (आतिथेयकी इच्छा^{F}की अपेक्षा^{F}) **अधिक ठहर जाना,** ज्यादा ठहरना।

overstep –स्टे`प् v.t. (ला०, सीमा^{F}का) अतिक्रमण करना, सीमोल्लंघन करना, बाहर कदम रखना, अधिक आगे बढ़ जाना।

overstock –स्टॉक n. & v.t. अतिसंचय (करना),

अतिसंग्रह (करना), भर देना।
overstrain –स्ट्रेन्' १. n. हानिकारक शारीरिक या मानसिक परिश्रम; २. v.t. परिश्रम कराकर हानि^F पहुँचाना, अत्यधिक भार डालना, हद^Fसे ज्यादा काम करना या लेना; (सन्देह या संकोच इत्यादिका) अत्यधिक लाभ उठाना।
overstrained –स्ट्रेन्ड् a. अतिश्रान्त।
overstream –स्ट्रीम v.t. बह निकलना।
overstrung –स्ट्रॅन्ग a. अत्यधिक क्लान्त अथवा पीड़ित, (प्यानो) एक-दूसरेको तिरछे काटते हुए तारोंवाला।
oversubscribe –सॅब्स्क्राइब् v.t. अपेक्षाकृत अधिक चन्दा देना; (ऋण इत्यादिसे) अपेक्षाकृत अधिक हिस्से खरीद लेना।
over-summering –स'मॅरिंग n. **ग्रीष्मातिचार**।
oversupply –सॅप्लाइ n. & v.t. माँग^Fसे अधिक देना।
overswear –स्वीअॅर् v.t. फिर शपथ^F लेना।
overswell –स्वे'ल् v.t. उमड़ना, चढ़ना।
overt अॅवर्ट' a. अगुप्त, अगोपित, विवृत, व्यक्त, स्पष्ट, सुप्रकाश, प्रकट, प्रत्यक्ष, स्फुट, खुला, खुल्लमखुल्ला किया हुआ (~ *act*); market ~ (विक्रयार्थ वस्तुओं^Fका प्रत्येक व्यक्तिके) सम्मुख प्रदर्शन।
overtake –टेक् v.t. (दुर्भाग्य, तूफान इत्यादिका) एका-एक आ जाना; अभिलंघन करना, बराबर आ जाना, जा पकड़ना, जा लेना, पहुँच जाना, जा घेरना।
overtaking –'किंग् ~ vessel (नौवि०); अभिलम्बी पोत, जा पकड़नेवाला जहाज।
overtask –टास्क् v.t. (किसीके लिए या किसीको) अत्यधिक गुरुतर कार्य या भार देना अथवा लादना, दबाना।
overtax –टैक्स् v.t. अत्यधिक करोंसे भारग्रस्त कर देना, अधिक कर लगाना; (किसीकी शक्ति^F इत्यादिसे) अत्यधिक कार्य लेना।
overthrow –थ्रो n. (क्रिकेटमें) ऊँची गेंदबाजी^F; पराभव, पराजय^F, हार^F; क्षय, नाश, उत्साद, विध्वंस, समाप्ति^F, बरबादी^F; खात्मा; २. v.t. हरा देना, नीचे गिरा देना, पटकना, उलट देना; समाप्त कर देना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना (संस्था^F इत्यादिको)।
overtime –टाइम् n. अधिकाल, अधिसमय, **अतिसमय**, अतिरिक्त समय, **समयोपरि**, ओवर टाइम;
~ allowance, ~ bill, ~ charges, ~ exemption, ~ pay, ~ payment, ~ sheet.
overtness अॅवर्ट'निॅस् n. स्फुटता^F, व्यक्तता^F, स्पष्टता^F, प्रकटता^F, खुलापन।
overtoil ओ'वॅर्-टाऍल् v.t. अतिपरिश्रम करना।
overtone[1] ओ'वॅर्-टोन् n. (संगीत) उपरितान, **अधितान, अधिस्वर; अधिस्वरक;** ऊपरका; PARTIAL.
overtone[2] v.t. (फोटो०) उचितसे अधिक रंग भरना।
overtop –टॉप् v.t. अपेक्षाकृत अधिक उच्च होना या बनना, ऊँचाई^Fमें बढ़ जाना, बड़ा होना, बढ़में दूसरेसे अधिक बढ़ जाना; छा जाना।
overtower –टॉउ'अॅर् v.t. ऊपर चढ़ जाना।
overtrain –ट्रेन् v.t. & i. अत्यधिक व्यायाम या (कुश्ती^Fका) अभ्यास करना या कराना।
overtrump –ट्रम्प् v.t. बढ़कर तुरुप लगाना, दूसरेसे बड़ा तुरुपका पत्ता चलना।
overture –च्युअॅर् n. (परस्परके समझौते या क्रय-विक्रय-सम्बन्धी) बातचीत^Fका प्रकटीकरण, औपचारिक प्रस्ताव-निवेदन, प्रस्ताव; कविता^F इत्यादिका प्रारम्भिक भाग; (संगीत) **पूर्वरंग**, गानवाद्य-मण्डली^Fका गीतिनाट्य, धार्मिक भजन इत्यादिका प्रारम्भिक भाग।
overturn –टर्न् १. n. क्रान्ति^F, उद्वर्तन, उलट-पलट^F, पछाड़^F, उलट-फेर; २. v.t. & i. विध्वंस कर देना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना, समाप्त कर देना, मिटा देना; खात्मा कर देना; हरा देना; उलट देना, उलटकर गिरा देना, औंधा देना; गिर पड़ना, उलट जाना, पलटना, औंधा हो जाना।
overvaluation –वैल्यूए'शॅन् n. **अतिमूल्यन,** अधि-मूल्यांकन, अधिक दाम आँकना।
overvalue –'लू v.t. अधिक दाम लगाना।
overveil –वेल् v.t. ऊपरसे ढक लेना।
overwatch –वॉच् v.t. अधिक चौकसी^F करना।
overweed –वीड् v.t. अत्यधिक निराई^F करना।
overween –वीन् v.i. शेखी^F बघारना।
overweening –'निंग् a. आत्माभिमानी, गर्वित, आत्मश्लाघी, धृष्ट, अतिदृप्त, अतिश्लाघी, उद्धत, आत्म-विश्वासी, घमण्डी, खुदपसन्द।
overweight –वेट् n. (चि०) अतिस्थौल्य; अतिभार, **अधिक भार, अधिक वजन,** जायद बोझा, फाजिल वजन।
overweighted –'टि'ड् a. अतिरिक्तभाराक्रान्त, निश्चित भारसे अधिक भारवाला।
overwhelm –ह्वे'ल्म् v.t. पूछ-ताछ^F या प्रश्नोंकी बौछार^F कर देना, प्रश्न करते-करते नाक^Fमें दम कर देना, विह्वल करना, पराभूत करना, भावना^F इत्यादिसे अभिभूत करना; दबाना, ऊपरसे बोझ लाद देना, हावी हो जाना; पलभरमें विध्वंस कर देना, क्षणमात्रमें नष्ट कर देना; कुचल डालना, बरबाद कर देना, तबाह कर देना।
overwhelmed –ड् a. अभिभूत, ग्रस्त, आक्रान्त, अभिप्लुत, व्यग्र, व्याकुल, घबड़ाया हुआ।
overwhelming –'मिंग् a. अदम्य, दुर्दम्य, प्रचुर, अत्यधिक, बेहद, जबर्दस्त (संख्या^F, परिमाण इत्यादिमें) बहुत अधिक; ~ proof प्रचुर प्रमाण।
overwind –'वाइन्ड् v.t. (घड़ी^Fमें) जरूरत^Fसे ज्यादा चाभी^F देना।
overwinter –विन्'टॅर् v.t. शीतकाल पार करना, सर्दी^F बिताना।
overwintering –रिंग् n. **शिशिरातिचार**।
overwise –वाइज् a. अधिक बुद्धिमान्।
overwork –वर्क् १. n. **अतिश्रम,** अत्यधिक कार्य,

हद्द^F^से ज्यादा काम; २. v.t. & i. कार्य-श्लथ अथवा कार्य-श्रान्त करना, कठिन परिश्रम कराना, थका देना, काम करते-करते थक जाना, बहुत ज्यादा काम लेना।

overworn –वॉर्न् a. अतिश्रान्त, अतिक्लान्त, बहुत अधिक थका हुआ।

overwrest –रे`स्ट् v.t. = OVERSTRAIN.

overwrite –राइट् v.t. अत्यधिक लिखनेसे अपनी शैली^F^की क्षति^F^ पहुँचाना; ऊपर लिखना।

overwriting –'रिंग् n. लिप्त लेखना, ऊपरकी लिखाई^F^।

overwrought –'रॉट् a. बड़े परिश्रम या कारीगरी^F^से सम्पादित; अतिउत्तेजित, अत्युद्विग्न, उत्तेजना^F^की प्रतिक्रिया^F^से ग्रस्त; बहुत भारी कामका; अतिचित्रित, बहुत भारी नक्श या चित्रकारीवाला।

overzeal –ज़ील् n. अति उत्सुकता^F^, औत्सुक्य, उत्कण्ठा^F^।

overzealous –ज़े`लॅस् a. अत्युत्सुक, अतिव्यग्र।

ovi¹- डिम्ब-, अण्ड- (~ *duct*, ~ *form*, ~ *position*)।

ovi²- मेष- (~-*bovine*)।

ovibovine ओविबो'वाइन् a. कस्तूरी मृग-सम्बन्धी।

ovicell ऑविसे`ल् n. अण्डकोश।

ovicular –वि'क्यूलॅर् n. अण्डीय, अण्डे जैसा।

oviduct ओ'विडक्ट् n. (कृषि०, चि०) बीज-वाहिनी^F^; (जीवविo) अण्डाणु-वाहिनी^F^, **डिम्बवाहिनी**^F^, डिम्ब-प्रणाली^F^, अण्डप्रणाली^F^।

oviferous ऑवि'फ़ॅरॅस् a. (चि०) डिम्बजनक, अण्ड-वाही, अण्डधारी, अण्डेवाली।

ovification –फ़िके'शॅन् n. अण्डोत्पादन, डिम्बजनन, डिम्बविपाक।

oviform ओ'विफ़ॉर्म् a. अण्डाकार, अण्डेकी आकृति-वाला।

ovine ओ'वाइन् a. मेष-सदृश, अवि-सदृश, मेष-सम्बन्धी, भेड़^F^के समान।

oviparous ऑवि'पॅरॅस् a. **अण्डज**, द्विज, अण्डोत्पन्न, अण्डोंसे बच्चे पैदा करनेवाला, प्राणियोंका एक विभाग।

oviposit ओविपॉ'ज़िट् v.t. **अण्डरोपण करना**, अण्डे रखना।

oviposition ओविपॅज़ि'शॅन् n. **अण्डरोपण**।

ovipositor ओविपॉ'ज़िटर् n. **अण्डनिक्षेपक**, अण्ड-निधाता, अण्डनिधानकर्ता।

ovisac ओ'विसैक् n. (चि०) डिम्बपुटिका^F^; अण्ड, अण्डा।

ovo- = OVI-.

ovoid ओ'वाएड् n. डिम्बाकार या डिम्बाभ अथवा अण्डाकार वस्तु^F^ या तल; २. a. डिम्बाकार, **अण्डाकार**, (~ *section*), डिम्बाभ, **अण्डाभ**, अण्डरूप।

ovoidal –'डॅल् a. अण्डाकार।

ovolo ओ'वॅलो n. (यंत्र०) **उत्तरोष्ठ**; गोल सिरेवाला मांचा।

ovomucoid ⊙ ओवॅम 'काएड् a. (चि०) **अण्ड-श्लेष्माभ**।

ovoviviparous ओवॅवाइवि'पॅरॅस् a. (चि०) अण्डज-रायुज, उदरपोषित अण्डे देनेवाला; पेटमें सेया अण्डा पैदा करनेवाला।

ovular ओ'व्यूलॅर् a. डिम्ब-सम्बन्धी, असिक्त डिम्बीय, पूर्वबीजीय, पर्यण्डीय।

ovulation –ले'शॅन् n. बीजजनन, (कृषि०) **अण्डाणु-उत्पादन**; (चि०) **डिम्बक्षरण**; (जीव०) **डिम्बोत्सर्ग**, **अण्डमोचन**, डिम्बविपाक; स्त्रीबीजविपाक।

ovule –'व्यूल् n. (वन०) **बीजाण्ड**; (चि०) अण्डसम वस्तु^F^; डिम्बपुटिकागत डिम्ब; छोटा अण्ड; स्त्री-बीजाणु-कोशा^F^, स्त्री-अंकुर-कोष; पर्यण्ड, निषेकहीन डिम्ब, असिक्त डिम्ब, अनिषिक्त बीज, पूर्वबीज।

ovulite –'व्यूलाइट् n. अण्डजीवाश्म।

ovum ओ'वम् n. आर्त्तव बीज, स्त्री-बीज; स्त्रीबीज-कोषाणुक, अण्डकोशा^F^, अण्डैक; (चि०, कृषि०) अन्तःपुष्प; **डिम्ब, अण्डाणु**, अण्ड, अण्डा।

-ow संज्ञार्थक प्रत्यय (*mead* ~, *marr* ~ *swall*~); विशेषणार्थक (*narr* ~)।

owe –ओ' v.t. & i. (किसी वस्तु^F^के लिए किसीका) **ऋणी होना**, ऋणबद्ध होना, **देनदार होना**, (*I* ~ *you for your services*); आभारी होना (*we* ~ *to Newton the principle of gravitation*); ~ one *a grudge* किसी व्यक्तिसे बैर रखना।

owing ओ'इंग् pred. a. दातव्य, देय, देने योग्य, बाकी (*paid all that was* ~); ऋणबद्ध; परिणाम-स्वरूप, कारणसे (*all this was* ~ *merely to ill luck*); (prep. के रूपमें) के कारण, कारणसे (~ *to the drought, crops are short*)।

owl ऑउल् n. घूक, घुग्घू, उलूक, उल्लू, (*Church, Hooting, Horned, Screech* ~); आडम्बरपूर्ण व्यक्ति, बुद्धिमान् दिखनेवाला मूर्ख व्यक्ति; (*owl pigeon* भी) कबूतरकी एक सुन्दर जाति^F^; ~-light झुटपुटा, धुँधलका।

owler –'लॅर् n चोरी^F^से माल ले जानेवाला।

owlery –रि n. उलूकावास, उल्लूख़ाना।

owlet¹ ऑउ'लिट् n. घूकशावक, उल्लूका बच्चा।

owlet² n. उलूक, उल्लू; क्षुद्रोलूक, उलूकशावक, उल्लूका पट्ठा, बूमचा।

owling ऑउ'लिंग् n. (इंग्लैण्डसे ऊन और भेड़^F^का) अवैधानिक निर्यात।

owlish ऑउ'लिश् a. मूर्ख-सा, बेवकूफ़का-सा, उल्लू-सा।

own¹ ओन् v.t. & i. (किसी वस्तु^F^का) **स्वामित्व रखना**, सम्पत्ति^F^के रूपमें रखना, स्वामित्व होना, अधिकार रखना, **स्वामी होना**, मालिक होना, हकदार होना, विरासत^F^के रूपमें पाना; स्वीकार करना, मान लेना, कबूल करना, अपनाना, अपना बनाना, (प्रणयन, पितृत्व अथवा स्वामित्व); अपने ऊपर लेना (~*s, to a sense of*

shame, to having done); गुणावगुण स्वीकार करना, इकबाल करना, कबूलना, मानना (~*s, his deficiencies, himself indebted, he* or *that he did not know*); ~*up* (बोल०) स्पष्ट स्वीकारोक्ति^F देना, आत्मस्वीकृति^F देना, साफ-साफ तसलीम कर लेना या इकबाल कर लेना।

own² a. (सम्बन्धवाचक विशेषण अथवा कारकसे संयुक्त) पूर्ण स्वामित्व या अधिकारमें, स्वीय, स्वकीय, निजी, व्यक्तिगत, अपना, सगा, निजका, खुदका (*saw it with my ~ eyes*); (निर० रूपमें भी प्रयुक्त) निजी सम्पत्ति^F, आत्मीय जन इत्यादि (*may I not do what I will with my ~?*); (बिना पूर्वागत सम्बन्धवाचक शब्दके) सहोदर, सगा, माँ-जाया (~ *sister*); ~ brother सहोदर भाई, सगा भाई, माँ-जाया भाई; ~ cousin सगे चाचाका लड़का; ~ farming **खुदकाश्त**; ~ risk **अपना जोखिम**; *get* one's ~ *back* (बोल०) बदला लेना, बदला चुकाना, जैसेके साथ तैसा करना; *hold* one's ~ स्थिति सुरक्षित रखना या बचाना, पराजित न होना; *my* ~ प्राणप्रिये, हृदयवल्लभे, प्रियतमे !; प्रायः अधिकार या स्वामित्व-प्रदर्शनके स्थानपर किसी विषयके व्यक्तित्वपर जोर देनेके लिए प्रयुक्त (*cooks her ~ meals*); *of* one's ~ किसीका व्यक्तिगत या निजी (*I have nothing of my ~*); *on* one's ~ (ग्रा०) स्वयं अपने उत्तरदायित्व या साधनों द्वारा, स्वयं अपने भरोसे, स्वतन्त्ररूपसे।

owned –ड्' a. स्वाधिकृत, स्वीकृत, स्वामित्वयुक्त, **अपनी**।

owner* –'नर् n. प्रभु, **स्वामी***, **मालिक***, वारिस, हकदार; ~'s risk स्वामि-दायित्व, (वाणि०) **मालिकका जोखिम**।

ownerless –लिस् a. अधिकारिरहित, स्वामिविहीन, लावारिस।

ownership –शिप् n. (अर्थ०) **स्वामित्व**, स्वत्व, प्रभुत्व, अधिकार, **मालिकी**^F, मिलकियत^F, विरासत^F।

ox- = OXY- *or* OXAL- (~ *alic*)।

ox ऑक्स् n. (pl. -*en*) वृषभ, **बैल**, नरगाव, साँड़; O~-eye साँड़की-सी बड़ी आँख^F; ~-eyed एक पौधा; ~-fence पशुओंके प्रवेश-अवरोधके लिए बनी हुई लोहे या काँटोंकी बाड़^F या जंगला; ~-hide वृषभ-चर्म, बैलकी खाल^F; ~ lip पुष्प-विशेष, (प्रच०) पीतसेवतीपुष्प एवं एक अन्य पीत पुष्पका संकरज या प्रसंकर; ~ tail (सूप बनानेके लिए) गाय^F या भैंस^Fकी पूँछ^F; White ~-eye सूर्यमुखी या सूरजमुखीका फूल; Yellow O~-eye धान्य-गेन्दुक, गेंदेका फूल; *the black ~ has trod on* one's *foot* संकट आ पड़ा है;

~ bird, ~ blood, ~ bow, ~ boy, ~ brake, ~-cart, ~-fly, ~ gall, ~gang, ~-goad, ~-haft, ~-horn, ~-house, ~-like, ~ man, ~-shoe, ~-skin, ~-tail, ~-tongue.

oxalate ऑक्'सॅलेट n. तिग्मीय पदार्थ; **आक्सैलेट**।

oxalic ऑक्सॅ'लिक् a. (रसा०) अम्लीका (पौधे)से व्युत्पन्न या व्युत्पादित; तिग्मिक; ~ acid तिग्मिक अम्ल, अत्यन्त विषैला एवं खट्टा अम्ल।

oxal(o)- तिग्म- (*oxalo-nitrate*)।

oxen ऑक्'सॅन् n. ox का बहु०।

oxer ऑक्'सॅर् n. गायों^F-बैलोंका ऊँचा पक्का बाड़ा।

Oxf. Oxford.

Oxford ऑक्स्'फ़र्ड n. इंग्लैण्डका विश्वविद्यालयनगर या विश्वविद्यालय-क्षेत्र; ~ blue व्यवनीलारक्त, नीलारुणाभ असित, गहरा नीला, ~ frame तस्वीर^Fका फ्रेम; ~ man ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयमें शिक्षा-प्राप्त व्यक्ति; ~ mixture काला धूसर वस्त्र, गहरे भूरे रंगका वस्त्र; ~ movement १८३३ में चलाया हुआ धार्मिक-सुधार आन्दोलन; ~ shirting एक वेश-सामग्री^F या कमीज^F; ~ shoes टखनों तकके जूते।

oxgate ऑक्स्'गेट् n. पन्द्रह एकड़ भूमि^Fकी इकाई^F।

oxidant ऑक्'सिडॅन्ट् a. **उपचायक, आक्सीकारक**।

oxidate ऑक्'सिडेट् v.t. & i. = OXIDIZE.

oxidation –डे'शॅन् n. (चि०, रसा०, कृषि०, जीव०) **उपचयन**, जारण, जारित करने या होनेकी क्रिया^F, जारकके साथ सम्मिश्रण, **आक्सीकरण**।

oxide ऑक्'साइड् n. जारेय, जारक एवं अन्य तत्त्व अथवा प्रांगारिक मूलका मिश्र, T. (~ *electrode*)।

oxidizable –ऑक्'सिडाइज़ॅबॅल् a. (रसा०) जारणीय, **उपचयनीय, आक्सीकरणीय**।

oxidization –ज़े'शॅन् n. जारण।

oxidize –'सिडाइज़् v.t. & i. (धातु^Fपर) जारण करना, **आक्सीकरण करना, उपचयन करना**, जारेयकी पर्त^F चढ़ाना, दुर्गन्धित बनाना; जारकके साथ मिश्रित करनेका कारण उपस्थित करना; मुर्चा या जंग लगाना या लगना, जंगसे कच्चा करना या होना; जारकके साथ मिश्रित होना, जारकको अपनेमें समो लेना अथवा स्वयं उसमें प्रवेश करना।

oxidized –ड् a. (रसा०) **उपचित, आक्सीकृत**, जारित (~ *oil*)); ~ silver जारित रजत, रजत जिसपर शुल्बेयकी पर्त^F चढ़ी हो।

oxidizer –ज़र् n. जारयिता।

oxidizing –जिंग् n. जारण, **आक्सीकरण**; a. ~ agent **उपचायक, आक्सीकारक**।

~ action, ~ flame, ~ zone.

Oxon. Oxonia; *Oxford*; *Oxoniensis*, of Oxford.

Oxonian ऑक्सो'निअॅन् n. & a. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयका भूतपूर्व अथवा वर्तमान सदस्य या विद्यार्थी।

oxterplate ऑक्स्'टॅप्लेट् n. (नौवि०) **काँखपट्टी**^F।

oxy¹ –ऑक्सी- (~ *bromide*, ~ *cellulose*, ~ *phosphate*, etc.)।

oxy-² जार-, तीक्ष्ण- (~ *carpous*, ~ *opia*, ~-*acetylene*, ~-*house-gas*, ~-*paraffin*, ~-*hydrogen*, ~ *acid*)।

oxyacanthous ऑक्'सिकैन्थॅस् a. तीक्ष्णकण्टक, तेज काँटोंवाला ।

oxycarpous ऑक्सिकार्'पॅस् n. नोकदार फलवाला ।

oxygen ऑक्'सिजि॓न् n. (चि०) विष्णुपदामृत, प्राणवायु^F, जारक, ओषजन, रंगहीन, स्वादहीन, गन्धहीन, जीवन और ज्वलनके लिए आवश्यक वायु^F, (गैस^F), (अधात्विक मूलतत्त्वोंमेंसे एक मूलतत्त्व), **आक्सीजन** (~ *carrier*, ~ *standard*) ।

oxygenant –नॅन्ट, ऑक्सि'– n. जारणकर्त्ता ।

oxygenate –नेट्, ऑक्सि'– v.t. प्राणवायु^F भरना, जारक-साधन करना, जारककी पूर्ति^F करना, जारक मिश्रित करना, जारक मिलाना; श्वसन द्वारा (रक्तमें) जारकका प्रभरण करना ।

oxygenation –ने'शॅन् n. जारकण, आक्सीजनीकरण, आक्सीजन भरना ।

oxygenic ⊙ –जे॓'निक् a. जारकीय, जारक-सम्बन्धी, आक्सीजनका ।

oxygenize –'सिजि॓नाइज़्, ऑक्सि'– v.t. = OXYDIZE.

oxygenous –'जि॓नॅस् a. प्राणवायुवाला, जारक्य, आक्सीजनवाला ।

oxygon ऑक्'सिगॉन् n. दो न्यून कोणोंका त्रिभुज ।

oxyhydrogen ऑक्सिहाइ'ड्रॅजि॓न् a. जारोदजन-, जारोदजनीय, T.

oxymel ऑक्'सिमे॓ल् n. चुक्रमधु, सिरका और शहदका मिश्रण, सिकंजबीन; (चि०) औषधि^F–प्रदानके लिए एक अनुपान ।

oxymoron ऑक्सिमोऑ'रॅन् n. विरोधाभास अलंकार, विरोधालंकार ।

oxymuriate ऑक्सिम्युऑ'रिॲट n. (रसा०) जार-विडीय, क्लोराइड ।

oxymuriatic –ऐ'टिक् a. (रसा०) जार-विडीयिक, क्लोरीनका ।

oxyntic ऑक्सिन्'टिक् a. (चि०) **अम्लस्रावी** (~*cell*) ।

oxyopia ऑक्सिओ'पिॲ n. तीक्ष्ण दृष्टि^F ।

oxyphonia ऑक्सिफो'निॲ n. कर्कश उच्चारण, कर्कश-ध्वनि^F ।

oxysalt ऑक्'सिसाल्ट n. (रसा०) जार-लवण ।

oxysulphide ऑक्सिसल्'फाइड् n. (रसा०) जार-शुल्बेय ।

oxytocic ऑक्सिटॉ'सिक् a. (चि०) आविजनक, गर्भाशयक संकोचक, गर्भपातक, प्रसव-कारक ।

oxytone ऑक्'सिटोन् n. & a. (यूनानी व्याकरण) अन्तिम अक्षरपर तीव्र-स्वराघातवाला (शब्द) ।

oxyuris –सिउरिस् n. (चि०) सूत्रकृमि ।

oyer आएँ'ॲर् n. अपराधीय अन्वीक्षा^F; ~ and terminer न्यायकरणके लिए दौरा करनेवाले न्यायाधीशोंको प्रदत्त न्यायाधिकार ।

oyez, oyes, o yes ओॲे॓'स्' int. ओहयस् (सतर्क रहनेके लिए सामान्यतः तीन बार कहा जानेवाला विस्मय-सूचक पद) ।

oyster आएॅस्'टॅर n. शुक्ति^F, खाद्यशुक्ति^F, घोंघा, कस्तूरा मछली^F; (भक्ष्यद्विपुट कोमल देहधारी पशुकी एक जाति^F) घोंघा; मुर्गेके पृष्ठभागमेंका शुक्ति^Fके आकारका मांस-खण्ड; ~-bank, -bed **शुक्तितट,** शुक्तितल; ~-bar शुक्ति-विक्रय-पटल, खाद्य-शुक्तियों^Fकी मेज^F; ~-catcher शंखिनी^F, चीनशंखिनी^F, जलचर समुद्री पक्षी-विशेष; ~-knife शुक्ति-छुरी^F, खाद्य-शुक्तियों^Fको खोलनेके लिए विशेष आकारकी छुरी^F; ~ patty घोंघेका समोसा ।

oz. ounce(s).

ozena ॲज़ी'नॅ n. (चि०) पीनस, पूतिनासा^F, व्रणित-नासा^Fसे दुर्गन्धित स्रावका **रोग** ।

ozocerite, ozokerite ॲज़ो'सॅराइट्, ॲज़ॉ'कॅरिट nn. (खनि०) भूसिक्थ, असली मोम, **खनिज मोम,** T.

ozone ओ'ज़ोन् n. (ला०) आनन्ददायक प्रभाव, सुखकारी प्रभाव; (रसा०) प्रजारक, त्र्यूहाणुसे सम्बद्ध गैस^F, **ओजोन** ।

ozonic, ozoniferous ॲज़ॉ'निक्, ओज़ोनि'फ़ॅरॅस् aa. प्रजारकीय, ओज़ोनी ।

ozonize ओ'ज़ोनाइज़् v.t. प्रजारक-साधन करना ।

ozonizer –ज़ॅर् n. प्रजारक-साधित्र, ओज़ोनीकारण ।

ozonometer ओज़ोनॉ'मि॓टॅर् n. प्रजारकमान, ओज़ोन-मापी ।

P

P पी' (pl. *Ps, P's*) अँग्रेजी वर्णमाला^Fका सोलहवाँ अक्षर, प; *mind* one's ~*'s & Q's* अपने आचरणके प्रति सावधान रहना, अपने सद्व्यवहारके प्रति सतर्क रहिये ।

P. Parish; Paymaster; President; Prince; Page; Pony.

P. Phosphorus.

p. piano; participle; page.

pa. = PARA¹- (~*lsy*) ।

P.A. Press Association; Permanent Advance; Personal Assistant; Protestant Alliance; Public Accounts; Publicity Assistant.

P./A. Power of Attorney.

Pa. (or **Penn.**) Pennsylvania.

Pa. Protactinium.

p.a. *per amilie*, by favour; per annum; participial adjective; particular average; power of attorney.

P.A.A. Pan-American Airways.

pa पा' n. (बोल०) दे० PAPA.

pabular पै'ब्यूलॅर a. (चि०) आहार्य; आहार-स्वरूप, पौष्टिक, आहार-विषयक, भोजन-सम्बन्धी, खूराक^Fका,

खानेका।

pabulous –लॅस् a. पौष्टिक, आहार-सम्पन्न।

pabulum –लॅम् n. आहार, भोजन, खूराक[F], खाना, चारा।

P.A.C. Principal, College of Agriculture; Police Auxiliary Corps; Provincial Armed Constabulary; Public Assistance Committee.

paca पै'कॅ n. अमरीकी मूस।

pacable पे'कॅबॅल् a. तृप्य, तृप्त करने योग्य, शान्त करने योग्य; क्षमा[F] करने या पानेको इच्छुक।

pacation पॅके'शॅन् n. तृप्तीकरण, सन्तुष्टीकरण, क्षमा[F] करनेकी इच्छा[F]।

pace[1] पेस्' n. पद, पग, डग, **कदम**; पगका अन्तर (लगभग ३० इंच = ७६·२ सेण्टीमीटर), फाल, दोहरा कदम; गतिवेग, पदक्रम, गतिक्रम, चलने या दौड़नेकी रफ्तार[F]; (प्रायः ला०) **प्रगति**[F], उन्नति[F]की गति[F], तरक्की[F]की रफ्तार[F]; मार्ग; चलन, चाल[F]; (घोड़ेकी) कदमचाल[F]; ~-maker गतिकारक, गतिनियामक; अश्वारोही, अश्वधावक; ~-setters(श्रम०) **गति-निर्धारक**; ~-stick (सेना०) गतिमापक उपकरण, कदम परकार; *go the* ~ तीव्रवेगसे चलना, बहुत तेज चलना; (ला०) भ्रष्टाचारमें लिप्त होना; *keep* ~ समगति[F]से चलना, साथ-साथ चलना, बराबर चलना; *put person through his* ~*s* (ला०) कार्य द्वारा व्यक्तिकी परीक्षा[F] करना।

pace[2] v. i. & t. चलना, समगति[F]से चलना, गतिक्रममें चलना, धीरे-धीरे चलना; घूमना; पगोंसे नापना, कदमोंसे नापना; (घोड़ेका) धीमी चाल[F]से चलना; मौज[F]में कदम बढ़ाना; चलाना।

pace (L) adv. की आज्ञा[F]से।

paced –ड् a. समगति, समगामी, एकरसचालवाला; पदक्षेपमापित, गति[F] द्वारा नापा हुआ।

pacer –'सॅर् n. गतिनियामक अश्व, कदमबाज घोड़ा।

pace tua (L) adv. आपकी आज्ञा[F]से।

pacha पा'शॅ, पै'शॅ, पॅशा n. = PASHA.

pachometer पॅकॉ'मि'टॅर् n. = PACHYMETER.

pachycephalous पैकिसे'फॅलॅस् a. बृहन्मुण्डी, स्थूल-शीर्ष, स्थूल-कपाल (जिसके करोटीकी हड्डियाँ[F] मोटी हों)।

pachyderm पै'किडर्म् n. **घनत्वचीय प्राणी**, स्थूल-त्वक्-जानवर, स्थूलचर्मका पशु, मोटी चमड़ी[F]का जानवर, जुगाली[F] न करनेवाला जानवर (जैसे, हाथी, घोड़ा); (ला०) अचेतन व्यक्ति, संवेदनाशून्य व्यक्ति; मोटी चमड़ी-वाला आदमी।

pachydermatous –'मॅटॅस् a. स्थूलचर्मधारो, **घनत्वक्**, मोटी खाल[F]का; संवेदनशून्य, अचेतन।

pachydermia –'मिॲ n. (चि०) त्वक्-स्थूलता[F], स्थूलचर्मता[F], चमड़ा मोटा होनेका रोग।

pachymeter पॅकि'मि'टॅर् n. स्थूलित्र, स्थूलतामापक-यन्त्र।

pacifiable पै'सिफ़ाइॲबॅल् a. प्रशम्य, शान्त करने योग्य।

pacific पॅसि'फिक् a. शान्त, **प्रशान्त** (~ *coast*); शान्तिपूर्ण, शान्तिमय, निरुद्वेग, स्थिरचित्त, शान्तचित्त, सान्त्वनाशील; P~ Ocean प्रशान्त महासागर।

pacificate पै'सिफिकेट् v.t. सान्त्वना[F] देना, शान्ति[F] देना।

pacification –के'शॅन् n. सान्त्वना[F], प्रशमन, प्रसादन, ढाढस; **शान्तिस्थापन**, अमन कायम करना; शान्ति-सन्धि[F], सुलहनामा।

pacificator –'सिफिकेटर् n. शान्तिस्थापक, शामक।

pacificatory पॅसि'फिकेटॅरि a. शमक, शान्तिप्रद, शान्तिकर।

pacificism, pacifism पॅसि'फिसिज़्म्, पै'सिफिज़्म् nn. **शान्तिवाद**, युद्धनिवृत्तिवाद।

pacificist, pacifist –सिस्ट्, –फिस्ट् nn. **शान्ति-वादी**, युद्धनिवृत्तिवादी, शान्तिवादका समर्थक।

pacificity पैसिफि'सिटि n. शान्ति[F]; शान्तिवाद, युद्ध-निवृत्तिवाद।

pacifier पै'सिफ़ाइॲर् n. शमक, शान्ति[F] लानेवाला, समझौता करानेवाला।

pacify –इ v.t. प्रशमित करना, शान्त करना, सान्त्वना[F] देना, ढाढ़स देना, मनाना; शान्ति-व्यवस्था[F] लाना।

pack[1] पैक्' n. भार, बोझ, **पिटठू**; चय; गठरी[F], पोटली[F], बुकचा, मोट[F]; परिवेष्टन, गट्ठा; मण्डली[F]; समूह, दल, गुट, समुदाय, वृन्द, गण (~ *of fools, dogs, nonsense*, etc.); (रग्बी फुटबाल) फारवर्ड-खिलाड़ी; ताशकी गड्डी[F]; मछली[F] या फल आदिका विशेष परिमाण; पैकिंग[F]का ढंग; (चि०) आर्द्रवस्त्रावेष्टन; आर्द्रवस्त्रावेष्टनो-पचार; ~ animal **भारपशु**, लद्दू जानवर; ~-drill सैनिक दण्ड, दलेल[F]; ~-horse भारवाही अश्व, लद्दू घोड़ा, टट्टू; ~-ice **प्रवाही हिमपुञ्ज**, तैरते हुए हिम-खण्डोंका समूह; ~man फेरीवाला; ~-saddle पालान, खुगीर, खुरजी[F]; ~thread (पैकिंग[F] करनेका) मोटा डोरा, सुतली[F]; ~-train लद्दू जानवरोंकी गाड़ी[F]; ~-twine दे० PACKthread;

~ buffalo, ~ bullock, ~ cattle, ~-mule, ~ ration, ~-train, ~ way.

pack[2] v.t. & i. गठरी[F] बाँधना, बण्डल बाँधना, पैक करना या होना; (मांस, फल आदि) डिब्बेमें बन्द करना; ठूँसना, (कसकर) भरना, कसना, जकड़ना; (शिकारी कुत्तोंका) दल बनाना; (ताशके पत्तोंकी) गड्डी[F] बनाना; समुदाय बनाना, झुण्ड बनाना; जमघट होना, भराई[F] करना, खचाखच भर जाना; संवेष्टित करना, बेठन बाँधना; (चि०) (रोगीको) गीले कपड़ेमें लपेटना; (घूँसे-बाजी[F]) प्रबल मुक्का देने योग्य होना; सोपकरण विदा[F] हो जाना, बोरिया-बिस्तर बाँधकर तैयार होना (*up* के साथ), गठरी[F] समेत भाग खड़ा होना, चम्पत होना, चल देना, ~ *off* प्रस्थान कराना, रवाना करना, बोरिया-बिस्तर बँधवाना; ~*up* (ग्रा०, इंजनका) समाप्त हो जाना, बेकार हो जाना।

package[1] ⊙ पै'किज् n. संवेष्टन, **वेष्टन**, संवेष्ट, **गट्ठर**;

गठरी^{F}, बण्डल, पुलिन्दा, **माल-बन्द**; बुकचा, मोट^F, पार्सल (प्रायः ~s⊙), (वाणि०) **पैक करनेका खर्च**; (सामानसे भरा) सन्दूक।

package[2] v.t. गठरी^{F} बाँधना, बण्डल बाँधना, पुलिन्दा बनाना, मोट^F बनाना, पार्सल करना, सन्दूकमें बन्द करना; संवेष्टित करना, लपेटना।

packed –क्ड्' a. संवेष्टित, संचित, **पैक किया हुआ**; **बँधा हुआ** (~*goods*); संकुल, भरा हुआ (~*house*)।

packer –'कॅर् n. संवेष्टक, **वेष्टक**, बन्धक, बण्डल बनानेवाला (~*coolie*); (मांस, फल) डिब्बोंमें भरनेवाला (व्यक्ति); संवेष्टित्र, पैकिंग^{F}की मशीन^F।

packet –किॅट् n. पत्रवेष्टन, संवेष्टिका^{F}, संवेष्ट, **पुलिन्दा**, छोटा बण्डल, मुट्ठा, **पैकेट**; (सट्टेकी) अल्पधनराशि^{F}; ~-boat (or *ship*) डाक^{F}की नाव^F (या जहाज)।

packing –किंग् n. संवेष्टन, **वेष्टन**; बण्डल बनाना, पुलिन्दा बाँधना, बँधाई^F, **पैकिंग**; संवेष्टन-सामग्री^{F}; (रसा०) **संकुलन**, (चि०) (गुहा^{F} या व्रणका) निपूरण, **भरती^{F}**, भराई^F, (कृषि०) **बत्ती^{F} भरना**; तैलशोषक वस्तु^{F}; (चि०) भराई^{F}की वस्तु^{F}; ~-needle सूजा; ~ piece **भराव, पच्चर**; ~ sheet (*pack sheet*) पैकिंग^F करनेका वस्त्र; (जलचिकित्सा^{F}में रोगीको लपेटनेके लिए प्रयुक्त) गीला वस्त्र; *send* person ~ तत्काल कार्य-मुक्त करना, खड़े-खड़े निकालना;

~ account, ~ bay, ~ case, ~ charges, ~ co-efficient, ~ conditions, ~ effect, ~ energy, ~ fraction, ~ gangs, ~ gland, ~ grass, ~ jury, ~ material, ~ needle, ~ note, ~ paper, ~ pieces, ~ press, ~ ring, ~ shed.

pact पैक्ट्' n. & v.t. **संविदा^{F}** (करना), **वचनपत्र** (देना), **बन्धेज** (करना), पाशक (करना), प्रतिश्राव (करना), सन्धि^{F} (करना), वचनपत्र (लिखना), **समझौता** (करना), सुलहनामा (लिखना), इकरारनामा (करना); peace ~ सन्धिपत्र।

paction[1] –क्'शॅन् n. संविदा^{F}, बन्धेज, पाशक, प्रतिश्राव, समझौता, सुलहनामा, इकरारनामा।

paction[2] v.t. समझौता करना।

pactional –नॅल् a. संविदीय, संविदा-विषयक, बन्धेज-विषयक, पाशक-विषयक, प्रतिश्राव-सम्बन्धी, समझौतेका, सुलहनामेका, इकरारनामेका।

pactum de contrahendo **संधिपूर्व समझौता**।

pad[1] पैड्' n. राजपथ, राजमार्ग, पंथ, मार्ग, सड़क^F, रास्ता, राह^F (*gentleman of the* ~); बटमार, डाकू, लुटेरा।

pad[2] n. तल्प, चय, लेखनचय, पत्राली^{F} (*writing* ~); मसीतल्प, **संची**, सोखता, **पैड** (*ink*-~); उपबर्ह; कवलिका^{F}, पूर; (फलोंको मापनेकी) एक टोकरी^{F}; **उपधान**, पलान, चारजामा, जीन^F, नरम जीन^F; मसनद^F, **गद्दी^{F}**, भराव; (क्रिकेट) **पैड**, **गद्दी^{F}**; (चौपायोंके पैरकी) मांसल गद्दी^{F}, तलवेका मांसल भाग; (सामान, औजार, जेवर आदि रखनेका) गद्दीदार कोष्ठक, खाना; ~-lock **ताला**; ~ stone **पत्थरपद, ढोका**।

pad[3] v.t. & i. अन्दर गद्दी^{F} भरना, गद्देकी तह^F देना; (वाक्य आदिमें) व्यर्थके शब्द भरना; ~ed cell पागलखानेका गद्दीदार दीवारोंवाला कमरा; ~ *it*, ~ *the hoof* (ग्रा०) पदयात्रा^{F} करना, पा-प्यादे चलना।

pad[4] v. i. पैदल यात्रा^{F} करना, पा-प्यादे चलना; भ्रमण करना, कदम रखना, चलना।

padding –'डिंग् n. गद्दी^{F}, गद्दा; भरतीका माल, व्यर्थका शब्द; भराई^F; ~-ken चोरोंकी खोह^F।

paddle[1] पै'डॅल् n. क्षेपणी^{F}; **चप्पू**, नौका-दण्ड, डाँड़; छोटा बेलचा; बेलचेके आकारका अन्य औजार; **पैडल**; मछली^{F}के पंख, पर, बाहु; कछुएके पैर; नाव^F खेना, खेनेकी एक बारी^{F}; ~-wheel क्षेपणी-चक्र, नौका-चलनी^{F};

~-beam, ~-board, ~-boat, ~-box, ~-cock, ~fish, ~-shaft, ~-wheel, ~wood.

paddle[2] v. i. & t. डाँड़ या चप्पूसे (छोटी नाव^F) खेना, (धीरे धीरे) नाव^F खेना; (पंखोंसे) पानीमें तैरना; जलक्रीड़ा^{F} करना, उथले जलमें पाँवसे छप-छप करना; पैडिल चलाना; डगमगाकर (*in*, *on*, *about* के साथ) ठुमुक-ठुमुककर चलना, चलना।

paddler –लॅर् n. चालक, चलानेवाला, पैडिल मारनेवाला; नाविक, खेवैया, खेनेवाला।

paddock पै'डॅक् n. दादुर, मण्डूक, मेंढक; (कृषि०) वाटिका^{F}, **बाड़ा**, बाड़ी^{F}, छोटा मैदान, छोटा खेत; दौड़^{F}का मैदान, घोड़ोंके एकत्र होनेकी जगह^F।

paddy[1] पै'डि n. (कृषि०) धान्य, शाली, **धान**;

~-bird, ~-field warbler, ~ husk, ~-husking, ~ separator.

paddy[2] n. आयरलैण्डके निवासियोंका उपनाम।

paddy[3], **paddywhack** पै'डिह्वैक् nn. (बोल०) रोष, खीझ^F।

padella पॅडे'लॅ n. (विशेष प्रकारका) बासन, भाजन, पात्र, बर्तन।

Padishah, Padshah पा'डिशॅह, पा'ड्शॅह n. सम्राट, शाह, बादशाह, महाराजा।

padlock[1] पैड'लॉक् n. ताला, वियोज्य ताला, कुफ़्ल।

padlock[2] v.t. ताला लगाना, कुफ़्ल बन्द करना।

padouk पाडॉउक् n. पड़ूक वृक्ष, पड़ूक पेड़; पड़ूक काष्ठ, पड़ूककी लकड़ी^{F}।

padre पा'ड्रे n. पिता, (ईसाई) पुरोहित, पादरी।

padrone पॅड्रो'नि (It.) n. (इटलीका) जहाजका सरदार; पोताध्यक्ष; भिखमंगोंका व्यापारी।

paduasoy पै'ड्युअॅसॉइ n. एक मजबूत रेशमी कपड़ा।

paean पी'ॲन् n. प्रशस्ति^{F}, स्तुतिगान, विजयगीत, जयशब्द, जयध्वनि^{F}, जयघोष, जयगान; (मोक्षके लिए कृतज्ञता^{F}-प्रकाशनका) स्तोत्र या गान।

paederast पी'डॅरैस्ट् n. पुरुष-मैथुन-कर्ता, लौण्डेबाज।

paederasty, ped- –टि, पे'(पी)ड- n. पुरुष-मैथुन, लौण्डेबाजी^{F}।

paedeutics पीड्यू'टिक्स् n. (pl.) शैक्षिकी^F, शिक्षा-शास्त्र, शिक्षा-विज्ञान।

paediatric ⊙ पीडिऐ'ट्रिक् a. (चि०) बालचिकित्सा-सम्बन्धी, बालरोग-सम्बन्धी; ~ centre बाल-चिकित्सा-केन्द्र।

paediatrics ⊙ –क्स् n. (चि०) बाल-चिकित्सा^F, बालचिकित्सित, बालरोगविद्या^F, शिशु-स्वास्थ्य-विज्ञान; **कौमार भृत्य।**

paedo-, pedo- डिम्भ-, शिशु- (*~baptism, ~-baptist*)।

paedobaptism पीडॆबैप्'टिज़्म् n. (ईसाइयोंका) शिशु-नामकरण-संस्कार, बपतिस्मा।

paedobaptist –टिस्ट् n. नामकरण-संस्कर्ता, बपतिस्मा करानेवाला।

paedology पीडॉ'लॅजि n. (चि०) बाल-विज्ञान, शिशु-चिकित्सा-शास्त्र।

paeon पी'ॲन् n. चतुरक्षर पद, चार अक्षरोंवाला पद।

pagan[1] पे'गॅन् n. विधर्मी व्यक्ति, देवतापूजक; (इति०) **व्रात्य** (*~ superstition*); मूर्त्तिपूजक, प्रतिमापूजक, काफिर, पेगन; अबोध व्यक्ति।

pagan[2] a. अन्धविश्वासी, मूढ़, अबोध।

pagandom –डॅम् n. पेगन संसार, पेगनवर्ग।

paganish –निश् a. अन्धविश्वासी, काफिर; मूर्त्तिपूजा-विषयक।

paganism –निज़्म् n. (इति०) **व्रात्यवाद,** देवतार्चन, प्रतिमापूजन, मूर्त्तिपूजा^F, पेगन धर्म; मूढ़ता^F; अन्धविश्वास।

paganize –नाइज़् v.t. & i. अन्धविश्वासी बनाना; मूर्त्तिपूजा^F करना; मूर्तिपूजक या पेगन बनाना, काफिर बनाना; मूढ़ होना।

page[1]* पेज्' n. पृष्ठ*, पन्ना*, पेज, सफ़ा; (ला०) एकपेजी घटना^F; ~-proof पृष्ठांकित प्रतिमान या प्रूफ।

page[2] n. बालभृत्य, किंकर, परिचर, लौंडा, छोकरा, टहलुआ, चाकर, पेज।

page[3] v.t. पृष्ठांकित करना, पृष्ठसंख्या^F लगाना, पन्नोंपर नम्बर डालना।

page[4] v.t. बालभृत्य द्वारा बुलवाना, टहलुए द्वारा याद^F करना ⊙; सेवा^F करना, भृत्यबालका काम करना।

page[5] n. आँकड़ा, काँटा।

pageant पै(पे)'जन्ट् n. चमत्कारपूर्ण दृश्य, भव्य समारोह, सुन्दर जलूस, शानदार तमाशा, स्वाँग, लीला^F; (किसी स्थानके इति० का सूचक) आकर्षक प्रदर्शन; (ला०) आडम्बर, शोभा^F, कौतुक, तड़क-भड़क^F, धूमधाम^F, दिखावा।

pageantry –ट्रि n. दे० PAGEANT.

paged पेज्ड्' a. पृष्ठांकित।

pagehood, pageship पेज्'हुड्, पेज'शिप nn. बालभृत्यता^F, सेवावृत्ति^F; टहलुआपन।

paginal पै'जिनॅल् a. पृष्ठ-सम्बन्धी, प्रतिपृष्ठ, पन्नेवार; पृष्ठोंका, पन्नोंका।

paginary –नॅरि a. प्रतिपृष्ठ, पन्नेका।

paginate –नेट् v t. पृष्ठ डालना, पन्नेका अंक लगाना।

pagination –ने'शॅन् n. पृष्ठांकन; पृष्ठसंख्या^F डालना।

paging पे'जिंग् n. पृष्ठांकन, पृष्ठसंख्या^F लगाना; पृष्ठ-संख्या^F (*~ machine*)।

pagoda –पॅगो'ड् n. मेरुमन्दिर, शिवालय, देवालय, धौरहर, पैगोडा; मन्दिरकी आकृति^Fका शुण्डाकार खिलौना; (किसी समय दक्षिण भारतकी) स्वर्णमुद्रा^F, T; ~-tree देववृक्ष, कल्पवृक्ष, पारिजात; *shake the ~-tree* द्रुत-गति^Fसे धनार्जन करना, शीघ्र ही रुपया बटोरना।

pagri n. पगड़ी^F।

pah पा' int. (घृणा^F, अरुचि^F, तिरस्कार-सूचक) छिः!

pah (Maori) n. दुर्ग, किला।

paid पेड्' a. शोधित, **प्रदत्त, दत्त, भुगतान किया, अदा किया,** दे दिया, भुगताया हुआ, चुका दिया; सवेतन, वैतनिक (*~ servant*); ~traffic **दत्त शुल्क यातायात;** ~ up capital प्रदत्त पूँजी^F, चुकता मूलधन।

paideutics पॅड्यू'टिक्स् n. = PAEDEUTICS.

paidology पेडॉ'लॅजि n. = PAEDOLOGY.

paidophilia ⊙ पैटॅफि'लिॲ n. **बालरति**^F, लौंडेबाजी^F।

pail पेल्' n. **पात्र** (*system*), कलश, कलसा, गगरा, घड़ा, **बाल्टी**^F; शौचपात्र; (दूध पानी) घड़ा-भर (*half a ~ of milk*)।

pailful –'फ़ुल् n. गगराभर, घड़ाभर।

paillasse, palliasse पै'ल्यैस्, पैल्'यॅस् nn. फूसकी चटाई^F, शुष्क तृणका तोशक, सूखे पुआलका गद्दा।

paillete पैल्ये'ट् n. = SPANGLE.

pain[1]* पेन्' n. **पीड़ा**^F*, व्यथा^F, क्लेश, सन्ताप, परिताप, उद्वेग, व्याधि^F, मनस्ताप, मनोव्यथा^F, वेदना^F, **दर्द,** तकलीफ^F; प्रसववेदना^F; (pl.) कष्ट, दुःख, बखेड़ा, परेशानी^F, मेहनत^F (विशे० *be at the ~s of doing*); दण्ड, सजा^F (*~s and penalties*); ~-killing पीड़ाहर (ओषधि^F); ~-spots पीड़ाबिन्दु, **पीड़ास्थल;** *for one's ~s* कष्टके लिए (पारितोषिक या धन्यवाद इत्यादि); *on,* or *under ~ of death* प्राणदण्डकी चिन्ता^Fमें; *no ~s no gains, no gains without ~s* बिना सेवा^Fके मेवा नहीं।

pain[2] v.t. & i. पीड़ा^F देना, क्लेश पहुँचाना, दुःख पहुँचाना, दर्द पैदा करना, कसकना, मनस्ताप होना, सताना, बेचैन करना, दुखना, दर्द करना।

pained –ड्' a. पीड़ित, व्यथित, संतप्त, परितप्त, आर्त्त।

painful –न्'फुल् a. दुःखी, व्यथायुक्त, आर्त्त, पीड़ावह, कष्टजनक, व्यथाकर, दुःखदायी; दुःखद, क्लेशकर, दर्दीला; श्रमसाध्य, कष्टसाध्य, कठिन।

painfulness –निॅस् n. पीड़ावहता^F, कष्टजनकता^F, दुःखदता^F, क्लेशकरता^F, दर्दीलापन; दुःख।

painless –'लिॅस् a. पीड़ाहीन, कष्टरहित, दुःखहीन, क्लेशरहित।

painlessness –निॅस् n. पीड़ाहीनता^F, कष्ट-राहित्य, दुःखहीनता^F, क्लेशाभाव।

painstaker पेन्स्'टेकॅर् n. उद्यमी पुरुष, उत्साही व्यक्ति; सतर्क व्यक्ति, सावधान पुरुष; परिश्रमी पुरुष, मेहनती आदमी ।

painstaking –किंग् a. उद्यमशील, उद्यमी, उत्साही; सतर्क, सावधान; उद्योगी, परिश्रमी, मेहनती ।

paint[1]* पेन्ट्' n. **रंग*, रंगलेप,** आलेपन, **पेंट; रोगन,** रंगचित्र; **अधिलेप,** उबटन, पाउडर; *pretty as ~* अतिसुन्दर;

~-bespattered, ~-box, ~-brush, ~drier, ~-filler, ~-pot, ~ shop, ~-splashed, ~-spotted, ~ store, ~-strained, ~ work.

paint[2] v.t. रंगलेप करना, रोगन लगाना, रँगना, रंग भरना, आलेपन करना; रंगचित्र तैयार करना, नक्काशी[F] करना; निरूपित करना, अंकित करना, चित्रित करना; *~out* (किसी वस्तु[F]को मिटानेके लिए उसपर) रंग फेरना; *~ the lily* सुन्दर वस्तु[F]को अधिक सुन्दर बनानेकी चेष्टा[F] करना; *~ the town red* सनसनी[F] फैलाना ।

paint. painting.

paintable –'टेबॅल a. रँगने योग्य, चित्रकारी[F]के लायक ।

painted –ड् a. रंगलिप्त, चित्रांकित; अंकित, निरूपित, **चित्रित** (*~ pottery*) वर्णित (*not so black as he is ~*); चित्रगत, आलिखित; चित्रवर्ण (*~ bat, bird*); P ~ Lady नारंगी रंगकी तितली[F] ।

painter –टॅर् n. चित्रकार, रंगलेपक, रंजक, नक्काश, **रंगसाज,** T. (नौवि०) **पागर, कर्षक रस्सा,** नाव[F]के अग्रभागमें बँधी रस्सी[F]; *~'s colic* अन्त्रशूल, (काम करनेके कारण चित्रकारका) उदरशूल; *cut the ~* (विशे० उपनिवेशका) सम्बन्धविच्छेद करना ।

painting –टिंग् n. चित्रकारी[F], चित्रकर्म, चित्रविद्या[F], चित्रकला[F], रंगलेपन, नक्काशी[F], रँगाई[F]; चित्रण, आलेखन, वर्णन; **निशान,** चित्र ।

paintress –ट्रि'स् n. चित्रकर्त्री[F], महिला[F] चित्रकार; रंगसाज औरत[F] ।

pair[1] पेअॅर्' n. **युग्म,** यमल, **युगल,** द्वय, जोड़ा, (*~ of scissors, tongs, trousers*); दम्पति[F], पति-पत्नी[F], मियाँ-बीबी[F], **नर-मादा**[F], जोड़ीदार (*where is the ~ to this stockings*); *~-oar* (दो डाँड़ों[F]से खेयी जानेवाली) नाव[F]; *~ royal* एक ही नामके तीन ताशके पत्ते; *one, two, three, ~-front or back* पहली, दूसरी तीसरी मंजिल[F]का कमरा;

~ emission, ~ formation, ~ production.

pair[2] v.t. & i. जोड़े या जोड़ियाँ[F] मिलाना; जोड़ियों[F]में विभक्त करना या होना; (प्रेमी-प्रेमिका[F]) का विवाह होना; दम्पतिरूपमें बँधना, मियाँ-बीबी[F]का मिलना; (पशुओंका) नर या मादा[F] ढूँढ़ लेना; मैथुन करना, संसर्ग करना या होना; (बोल०) ब्याहना, शादी[F] करना; जोड़ा बनाना, जोड़ना, जुड़ना; *~ off* जोड़ोंमें विभक्त करना ।

paired –ड्'' a. **युग्मित,** युग्ममय, **युगल,** जोड़ोंमें विभक्त, एक ही प्रकारकी दो वस्तुओं[F]से सज्जित;

~ appendage, ~ associate, ~fin.

pairing –'रिंग् n. युग्मन (*~ time*), जोड़े बनाना; **मिलान** (*~ section*) ।

pairwise –र्'वाइज् adv. युग्मानुसार, जोड़ोंमें ।

pajamas पॅजा'मॅज् n. = PYJAMAS.

pakeha पाकी'हा n. (आस्ट्रेलियामें) अँग्रेज, इंग्लिस्तानी; यूरोपियन; विदेशी ।

pal[1] पैल्' n. सहचर, संगी, सहवासी, बन्धु, मित्र, साथी, दोस्त ।

pal[2] v.i. (प्रायः *~ up*) सहचर बनना, सहवासी होना, बन्धु बनना, मित्र होना, दोस्त बनना; मिलना-जुलना, साथ-साथ उठना-बैठना ।

pal. Palestine.

palabra n. निरर्थक वार्ता[F], बकवास, गप्प; चाटूक्ति[F], चापलूसी[F], खुशामद[F]; घिस्सापट्टी[F], चिट्टा ।

palace पै'लॅस् n. प्रासाद, राजभवन, सौध, राजमन्दिर, राजगृह, महल; प्रधान बिशपका प्रासाद; विशाल भवन, शानदार इमारत[F]; शानदार होटल, बड़ा सिनेमाघर; *~ car* प्रासादयान, शाही कार[F], सुखसुविधापूर्ण गाड़ी[F]; *~ dedanse* नाचघर ।

paladin पै'लॅडिन् n. सामन्त भट, दौरा करनेवाला योधा ।

palaearctic पै(पे)लीआॅक्'टिक् n. उदीची समशीतोष्ण प्रदेश, उदीची समशीतोष्ण कटिबन्ध T.

palaeichthyology पैलिक्थिऑ'लॅजि n. मत्स्यावशेष-शास्त्र, मत्स्यावशेष-विज्ञान, मछलियों[F]के अवशेषोंकी जानकारी[F] ।

palaeo-, paleo- पुरा- (*~ anthropic, ~psychology*) ।

palaeobotany पैलिॲबॉ'टॅनि n. वनस्पत्यवशेष-शास्त्र, वनस्पत्यवशेषविज्ञान, वनस्पतियों[F]के अवशेषोंकी जानकारी[F] ।

palaeocene पै'लिॲसीन् a. **पुरानूतन** (*~period*) ।

palaeoclimatology ⊙ पैलिॲक्लाइमॅटॉ'लॅजि n. (इति०) **प्राचीन जलवायुशास्त्र ।**

palaeocolog ⊙ पैलिॲकॉ'लॅजि n. **पुरापरिस्थिति-विज्ञान ।**

palaeocrystic पै(पे)लीॲक्रिस्'टिक् a. चिरहिमीय, चिरहिम-विषयक, अक्षुण्णहिम-सम्बन्धी, शाश्वतहिम-विषयक ।

palaeogeography ⊙ पैलिॲजिऑ'ग्रॅफि n. प्रागैतिहासिक भूगोल-विद्या[F], पुरा भूगोल ।

palaeograph पै(पे)ली'ॲग्राफ n. प्राचीन हस्तलेख, पुरालेख, पुरातन पाण्डुलिपि[F] ।

palaeographer –ऑ'ग्रॅफॅर् n. प्राचीनलिपिविद्, पुरालिपिशास्त्री, प्राचीनलेखशास्त्री ।

palaeographic –ॲग्रै'फिक् a. पुरालिपिशास्त्र-सम्बन्धी, प्राचीनलेख-सम्बन्धी, पुरालेख शास्त्रीय ।

palaeography ऑ'ग्रॅफि n. पुरालिपिशास्त्र, **पुरालिपि**[F], पुरालेख शास्त्र ।

palaeolith पै(पे)लीऑ'लिथ n. पूर्वप्रस्तरयुगीन अस्त्र

पूर्वपाषाणकालीन हथियार।

palaeolithic –लि'थिक a. पुराप्रस्तरयुगीन, **पुरापाषाणिक,** प्राचीन प्रस्तरयुगका।

palaeology पै(पे)लीऑ'लॅजि n. पुरातत्त्व।

palaeontographical पै(पे)लीऑन्टॅग्रै'फ़िकॅल् a. अवशैषिकीय, अवशैषिकी-विषयक, अवशेष-विज्ञान-विषयक, अवशेष-शास्त्र सम्बन्धी।

palaeontography –टॉ'ग्रॅफ़ि n. अवशैषिकी[F], अवशेष-विज्ञान, अवशेष-शास्त्र।

palaeontological –टॅलॉ'जिकॅल् a. **जीवाश्म-,** लुप्त-प्राणिशास्त्र-सम्बन्धी।

palaeontologist –टॉ'लॅजिस्ट् a. & n. पुराप्राणिशास्त्रज्ञ, पुरासात्त्विकीविज्ञ, लुप्तजीवविज्ञानी; अवशेष-विज्ञानी।

palaeontology –जि n. (जीव०, वन०) पुराप्राणिशास्त्र, **पुराजीव तत्व, पुराजीव-विज्ञान, जीवाश्म-विज्ञान, पुरासात्त्विकी[F],** लुप्तजन्तुविद्या[F]; **फ़ॉसिल विज्ञान।**

palaeosimia पैलिसॅसि'मिअॅ n. **पुरा अपुच्छ वानर।**

palaeozoic –ॲज़ो'इक a. पुराकल्पीय, **पुराजीवक,** आदिमजीवावस्था-विषयक, आदिमभूगर्भीय युगका; ~era **पुराकल्प, पुराजीवकल्प, आदिजीवकल्प।**

palaeozoology –ज़ूॅ'लजि n. (जीव०) पुराप्राणि-विज्ञान; **जीवाश्म प्राणि-विज्ञान।**

palaestra, pales- पॅलीस्'ट्रॅ, पॅले'(ली)स्-, nn. व्यायामशाला[F], मल्लशाला[F], मल्लभूमि[F], अखाड़ा।

palaestric –ट्रिक् a. मल्लयोधनीय, मल्लयुद्ध-विषयक, कुश्ती-सम्बन्धी; मल्लयोधन-प्रशालकक्षीय, मल्लयुद्ध-प्रशाल-कक्ष-सम्बन्धी।

palafitte पै'लॅफ़िट् n. (इटलीमें) अतीतकालीन सरिन्निवास, प्रागैतिहासिक सरोवर-आवास, T.

palanquin, -nkeen पैलॅन्कीन्, -न्कीन् n. शिविका[F], नालकी[F], पालकी[F], डोली[F], खड़खड़िया[F]।

palas पैलश् n. (हिन्दी) पलाश।

palatability पैलॅटॅबि'लिटि n.= PALATABLENESS.

palatable पै'लॅटॅबॅल् a. आस्वाद्य, (कृषि०) **स्वाद्य, सुरस, स्वादी, स्वादिष्ट,** रसीला, मजेदार, जायकेदार; सरस, रुचिकर।

palatableness –निॅस् n. अस्वाद्यता[F], **स्वादुता[F], स्वादिष्ठता[F],** जायकेदारी[F]; सरसता[F], रोचकता[F]।

palatal[1] पै'लॅटॅल् n. तालुकी ध्वनि[F], तालव्य शब्द।

palatal[2] a. तालुज, तालव्य, तालुका; ~ region **तालु-क्षेत्र।**

palatalization –लाइज़े'शॅन् n. तालव्यीकरण।

palatalize –लाइज़् v.t. (जिह्वा[F]को कठोर) तालुके साथ करके बोलना, तालव्य करना।

palate –ट् n. (चि०, कृषि०, जीव०) **तालु,** तालू, काकुद (*hard, soft,* ~); स्वाद, मजा, जायका; अभिरुचि[F], पसन्द[F]; cleft ~ (चि०) खण्डतालु।

palatial पॅले'शॅल् a. प्रासादतुल्य, महल-जैसा; भव्य, विशाल, राजसी, शाही, शानदार।

palatiform पॅलै'टिफ़ॉर्म् a. तालुरूप, तालुसम, ताल्वाकार, ताल्वाकृति, तालु-सदृश, तालु-जैसा।

palatinate पॅलै'टिनॅट n. स्वतन्त्र राज्य, रियासत[F], जागीर[F], हलका; नीललोहित-रंग।

palatine[1] पै'लॅटाइ(टि)न् n. प्रासाद; (स्त्रियों[F]का) रोएँदार गुलूबन्द; (pl.) ताल्वस्थि[F], तालव्य अस्थियाँ[F], (*County P~*) (काउण्टका) राज्यक्षेत्र।

palatine[2] a. स्वतन्त्र, रईसी, अमीर-सम्बन्धी; तालु-, तालव्य, **तालव,** तालुका;

~ artery, ~ black, ~ bone, ~ branch, ~ canal, ~ nerve, ~ process, ~ red, ~ scarlet, ~ teeth.

palatize –टाइज़ v.t.= PALATALIZE.

palatoglossal ⊙ पैलॅटॅग्लॉ'सॅल् a. **तालुजिह्वीय,** तालु-जिह्वा-।

palatogram –टॅग्रैम् n. तालुचित्र, तालुलेख।

palatopharyngeal ⊙ पैलॅटॉफिरिन्'जिॲल् a. **तालु-ग्रसनी-,** (~ *arch*)।

palaver[1] पॅला'वॅर् n. अधिवेशन, सम्मेलन; पंचायत[F], दीर्घ वाद-विवाद, लम्बी-चौड़ी बहस[F]; निरर्थक वार्ता[F], बकवास[F]; चाटूक्ति[F], चापलूसी[F], खुशामद[F], घिस्सापट्टी[F], चिट्टा, धन्धा, काम-काज।

palaver[2] v. i. & t. निरर्थक वार्ता[F] चलाना, बातें[F] बनाना, बकवास[F] करना; चाटूक्ति[F] करना, चापलूसी[F] करना, खुशामद[F] करना; घिस्सापट्टी[F] देना; चिट्टा देना।

palaverer –रॅर् n. लम्बी-चौड़ी बहस[F] करनेवाला; विवादी, बकवादी, निरर्थक वार्ता[F] करनेवाला; खुशामदी आदमी, चापलूस आदमी, घिस्सापट्टी[F] देनेवाला व्यक्ति, चिट्टा भिड़ानेवाला आदमी।

pale[1] पेल्' n. सीमा[F], हद[F], बाड़ा, कटघरा, घेरा, अहाता; खूँटा, मेख[F]; (बाड़े या अहातेकी) शलाका[F], शूल, नोकदार छड़[F]; (विशे०, ला०) वेष्टन, ढाल[F]के बीचकी ऊर्ध्वाधर पट्टी[F]; (वन०) **निशल्किका[F]।**

pale[2] v. i. & t. पाण्डु हो जाना, पीला पड़ जाना, विवर्ण हो जाना; निष्प्रभ हो जाना, फीका पड़ जाना, बेरौनक हो जाना; निष्प्रभ कर देना, पीला कर देना, फीका कर देना; घेरना।

pale[3] a. पाण्डु, पाण्डुर, विवर्ण, पीला; क्षीण; अस्पष्ट, मन्द, धुँधला; निष्प्रभ, कान्तिहीन, तेजहीन, बेरौनक; **फीका;** हलका, धीमा; ~-ale हल्के रंगकी सुस्वादु कड़वी शराब[F]; ~ buck कृष्णसार (हरिण);

~ belly, ~-blooded, ~ blue, ~ blue fly-catcher, ~ blue mantle, ~ breast, ~ bright, ~ brown shrike, ~ brown swift, ~ bush-warbler, ~ catechu, ~-cheeked, ~-coloured, ~ crag-martin, ~-dead, ~-eared, ~eastern sparrow hawk, ~-eyed, ~ face, ~-faced, ~ green, ~ grey cuckoo-shrike, ~ harrier, ~-headed wood-pecker

~-hearted, ~-horned lark, ~-hued, ~-leaved, ~-legged willow-warbler, ~-looking, ~-red, ~-reddish, ~-red poppy, ~-refined, ~ rose, ~-souled, ~ spiny mouse, ~-spirited, ~-spotted, ~-stripped, ~ thrush, ~-tinted, ~ tussock moth, ~ vision, ~ wood violet, ~ yellow, ~-yellowish rose.

paleaceous ⊙ पेलिअे'शस a. सतुष, तुषयुक्त, भूसीदार।

paled पेल्ड् a. मेखदार, बाड़ेकी छड़ों[F]से युक्त।

paleness पेल्'निस् n. पाण्डुता[F], पाण्डुरता[F], विवर्णता[F], पीलापन; क्षीणता[F]; अस्पष्टता[F], मन्दता[F]; निष्प्रभता[F], तेजहीनता[F]; फीकापन, हलकापन, धीमापन।

paleo- पे'लिअ देखिये PALAEO- और उसके आगेके सभी शब्द।

Palestinian पैलिस्टि'निअन् a. & n. फिलस्तीनी, फिलस्तीनका (निवासी)।

palestra पले'(ली)स्ट्र n. = PALAESTRA.

paletot पै'लिटोट् n. पैलीटॉट, एक प्रकारका ढीला ओवरकोट।

palette पै'लॅट् n. रंग; रंगपट्टिका[F], रंगकी तख्ती[F]; ~-knife रंगमिश्रण-क्षुरिका[F], रंग मिलानेकी छुरी[F]।

palfrenier पॉल्फ्रि'निअर् n. अश्वरक्षक, अश्वपालक, साईस।

palfrey पॉ(पै)ल्फ्रि n. क्षुद्राश्व, टट्टू, म्याना, (महिलाओं[F]का या साधारण सवारीका) घोड़ा।

palfreyed –ड् a. (महिला) अश्वपर आरूढ़, अश्वसज्जित, घुड़सवार।

Pali पा'लि n. पाली (भाषा)।

palilalia पैलिले'लिअ n. (भाषा०) **निरर्थक पुनरुक्ति**[F]।

palilogy पॅलि'लॅजि n. शब्दावृत्ति[F], शब्दपुनरुक्ति[F]।

palimpsest[1] पै'लिम्प्सेस्ट् n. **उपर्यालेखन, पुनर्लेख**।

palimpsest[2] a. पुनर्लिखित।

palindrome[1] पै'लिन्ड्रोम् n. मुजबन्ध छन्द, मुरजबन्ध; (चि०) रोगका पुनरावर्तन।

palindrome[2] a. मुजबन्ध छन्दयुक्त।

palindromic पैलिन्ड्रॉ'मिक् a. मुजबन्धीय; (चि०) पुनरावर्तित।

paling पे'लिंग n. आवरण, कठघरा, बाड़ा, अहाता, घेरा; वृत्तिदण्ड, बाड़ेकी लकड़ियाँ[F] या छड़ें[F]।

palingenesia पैलिन्जिने'सिअ n. नवजीवन, नया जन्म, पुनर्जन्म, पुनरुत्थान, पुनर्जनन; (चि०) लुप्तांगजनन।

palingenesis –जे'निसिस् n. (जीववि०) पित्र्यगुणजनन; पुनर्जन्म, पुनरुज्जीवन; पुनःस्थापन; (शा० एवं ला०) पुनर्जागरण, पुनर्जनन, पुनरुत्थान, **पुनरावर्तन**; लुप्तांगजनन।

palingenetic –जिने'टिक् a. पित्र्यगुणजननविषयक, पुनर्जन्म-सम्बन्धी, पुनर्जनन; पुनरावर्तन- (~ *character*)।

palinode पै'लिनोड् n. प्रत्याख्यानयुक्त कविता[F]; प्रत्याख्यान, खण्डन।

palisade[1] पॅलिसेड्' n. अवरोध, आवरण, वलय; लकड़कोट, कठघरा, बाड़ा, घेरा, जँगला; (वन०) **लम्ब ऊतक**; (इति०) **स्तम्भ-वलय**; स्कम्भ, खम्भा, मजबूत लट्ठा; ~ worm अश्वकीट, घोड़ेकी किलनी[F]।

palisade[2] v.t. संवृत्त करना, कठघरा लगाना, बाड़ा घेरना, (नुकीले) छड़ोंसे मोर्चाबन्दी करना।

palish पे'लिश् a. आपाण्डु, पीताभ, पीला-सा।

palki पॉल्'की n. = PALANQUIN.

pall[1] पॉल्' n. परिच्छद, प्रेतपट, शवाच्छादन, कफ़न; पर्दा; ऊनी लबादा; (ला०) लबादा, चोगा; ~-bearer शवाच्छादन करनेवाला, कफ़न थामनेवाला।

pall[2] v. i. & t. (अब केवल ला०) स्वादहीन करना या होना, नीरस करना या होना, बेमजा हो जाना; (अब केवल ला०) परितृप्त करना या होना, अघाना, छका देना; हिम्मत[F] हारना, जी चुराना; ~*on* (*upon*) रुचि न रखना।

palladic पॅले'डिक् a. (रसा०) **पलेडियम**-विषयक, पालास देवताकी मूर्ति[F]का; अभिरक्षा[F]-विषयक, आश्रय-सम्बन्धी; निचूषातवीय, निचूषातु-विषयक, निचूषातु-सम्बन्धी।

palladium पॅले'डिअम् n. (pl. *-ia*) पालासदेवताकी मूर्ति[F], पुरदेवता, रक्षादेवता; रक्षा[F], अभिरक्षा[F], आश्रय; पैलेडियम, निचूषातु।

pallescence पॅले'सॅन्स् n. पीतता, पीलापन।

pallescent –न्ट a. पीला होनेवाला।

pallet पै'लिट् n. गद्दा, तोशक, सथरी, बिछावन; तृणशैया; थापी, ठोंकनी; रंगपट्टिका[F], रंगकी तख्ती[F]; अरगन बाजेका कपाट या खुल्मुदन।

pallial पै'लिअल् a. (जीव०) अम्बरिकीय, **प्रावार-**, चोगेवाला, लबादेका;

~ cavity, ~ groove, ~ line, ~ muscle, ~ nurve, ~ siphon.

palliasse पैल्यैस्', पैल्'यॅस n. दे० PAILLASSE.

palliate पै'लिअेट् v.t. (सान्त्वना[F] द्वारा) दुःखशमन करना, ढाढ़स देना; दोष शान्त करना; अल्प करना, कम करना, घटाना, हल्का करना; आराम पहुँचाना, तसल्ली[F] देना; बहाना करना।

palliation –अे'शन् n. (रोगका) उपशमन, सान्त्वना, अल्पीकरण, प्रशमन, शान्ति[F], उपशम, ढाढ़स, तसल्ली[F]; दोषशमन, दोषमार्जन।

palliative[1] –'लिअॅटिव् n. (रोगकी) प्रशामक औषध[F]; आरामदेह चीज[F]; पापशमन।

palliative[2] a. सान्त्वनादायक, शान्तिप्रद, शमनकर, उपशमनकर, शामक; ढाढ़स देनेवाला; दोषको घटानेवाला।

palliatory –टॅरि a. अल्पीकारक, उपशामक, सान्त्वना-

प्रद, ढाढ़सदार, तसल्ली देनेवाला, राहत देनेवाला।

pallid पै'लिड् a. **पाण्डु, पाण्डुर;** निष्प्रभ, विवर्ण, पीला, फीका।

pallidity, pallidness पॅलि'डिटि, -निॅस् nn. पाण्डुरता^F, पाण्डुता^F; निष्प्रभता^F, विवर्णता^F, पीलापन, फीकापन।

pallium पै'लिॲम् n. **प्रावार, प्रावारक,** यूनानी लबादा, चोगा, अम्बरिका, पैलियम; धूसर मेघ।

pall-mall पेॅल्-मेॅल् n. गेंदका खेल-विशेष, पैल-मैल।

pallor पै'लॅर् दे० PALLIDNESS.

pally पै'लि a. (बोल०) मित्रवत्।

palm¹ पाम् n. (कृषि०, वन०) ताल, **ताड़,** खजूर, खजूरकी शाखा^F; सर्वश्रेष्ठता^F, सर्वोच्चता^F, सर्वोपरिता^F (*bear the* ~); ~-butter खजूरका जमा हुआ तेल; ~house (खजूर तथा अन्य उष्णदेशीय) पौधोंके लिए काचगृह; ~-oil खजूरका तेल; उत्कोचधन, रिश्वत^Fकी रकम; P ~-Sunday ईस्टरके पूर्वका रविवार; ~-wine ताड़ी; ~ beetle, ~-cat, ~-civet, ~-honey, ~ kernel, ~ leaf, ~lily, ~-lobate, ~-squirrel, ~-swift, ~ tree, ~ wax, ~ weevil.

palm² n. पाणि, प्रतल, **करतल; हथेली^F;** दस्तानेकी हथेली^F; हथेली^Fके बराबर; (नौवि०) **छेदनी^F;** *grease person's* ~ घूस देना।

palm³ v.t. धोखा देना, चकमा देना; धोखा देकर चलना, धोखेसे गले मढ़ना; (ताशके पत्ते आदि) हथेली^Fमें गुप्त रखना; करतल स्पर्श करना, हथेली^Fसे छूना या थपथपाना, पकड़ना; उत्कोच देना, मुट्ठी^F गरम करना, रिश्वत^F देना।

palmaceous पैल्मे'शॅस् a. तालवत्, ताल-सदृश, ताल-जैसा; तालप्रजातीय, तालप्रजाति^F-विषयक, तालप्रजाति^F-सम्बन्धी।

Palma Christi पैल्'में क्रिस्'टि n. एरण्ड, कैस्टर-आयलवाला पेड़।

palmam qui meruit ferat (L) जिसने जीता उसीको मिले।

palmar पैल्'मॅर् a. करतलगत, प्रतलगत, तलीका, हथेलीमें, ~arch **करतल चाप;** ~ligament **करतल-स्नायु।**

palmary पैल्'मॅरि a. श्रेष्ठ, उत्कृष्ट, वरेण्य, विशिष्ट, प्रधान, सर्वप्रधान, अग्रगण्य; उत्तम।

palmate, -ated –मॅट, -ॲटेॅड् aa. (वन०) **पाणि-वत्,** करतलाकार, हथेली^F-जैसा।

palmatifid –मै'टिफिड् a. (वन०) **पाणिदर,** हथेली^F-जैसा।

palmature –'मॅच्युॲर् n. जालीयित अँगुलियाँ^F, झिल्ली-दार अँगुलियाँ^F।

palmer पा'मॅर् n. निर्धन व्रती, भ्रमणशील भिक्षु, जेरू-सलेमसे लौटा हुआ यात्री; (~-*worm* भी) तालकृमि, केशकृमि, हानि^F पहुँचानेवाली लोमश इल्ली^F; लोमश मक्षिका^F।

palmette पैल्मेॅट् n. (प्रा०) तालपत्रालंकार, तालपत्र-जैसा आभूषण।

palmetto पैल्मेॅ'टो n. छोटा ताड़, T.

palmiferous पैलि'फॅरॅस् a. तालवृन्तवाही, तालवृन्त-धारी, तालपत्रवाही, तालपत्रधारी।

palmigrade पैल्'मिग्रेड् a. = PLANTIGRADE.

palmiped, -pede पैल्'मिपेॅड्, -पीड् aa. जालपाद-युक्त, झिल्लीदार पैरोंवाला (पक्षी)।

palmist पा'मिस्ट् n. सामुद्रिक, सामुदिकशास्त्री, हस्त-रेखापण्डित।

palmistry –ट्रि n. सामुद्रिकशास्त्र, मुद्रविद्या^F, हस्त-रेखाविद्या^F।

palmitic पैलि'टिक a. तालिक, ताड़का, (~*acid*)।

palmy पा'मि a. तालसंकुल, ताड़-सम्बन्धी, खजूरका; खजूर-सदृश; श्रीमान्, विभवसंकुल; विजयी; उन्नतिशील; समृद्ध, सम्पन्न (~*days*); पाणिवत्, हथेली^F-सा।

palmyra पैलमाॲ'रॅ n. ग्रन्थताल, द्रुमेश्वर, ताल-वृक्ष, पंखिया खजूर, **पनई ताड़।**

palp पैल्प् १. n. स्पर्श; (जीव०) **स्पर्शिनी^F,** T. (कीड़ोंमें), (~*muscle*); २. v.t. स्पर्श करना, छूना, छूकर देखना।

palpability, palpableness –पॅबि'लिटि, –निस् nn. स्पृश्यता^F; स्पर्शज्ञेयता^F, स्पर्शगोचरता^F, सहज-ग्राह्यता^F; प्रत्यक्षता^F, सुस्पष्टता^F, प्रतीयमानता^F।

palpable –पॅबॅल् a. **परिस्पृश्य** (~*spleen*); स्पर्शज्ञेय, स्थूल, स्पर्शगोचर, सहजग्राह्य, मोटा; व्यक्त, प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, प्रतीयमान।

palpably –लि adv. प्रत्यक्षतः, प्रतीयमानरूपसे, सुस्पष्टतया।

palpate –पेट् v.t. (चि०) परिस्पर्शन करना, स्पर्श-परी-क्षण करना, हाथसे परीक्षण करना; a. स्पर्शेन्द्रिययुक्त।

palpation–पे'शॅन् n.(चि०) स्पर्शपरीक्षण, स्पर्शपरीक्षा^F, स्पर्शीकरण, स्पर्श, **परिस्पर्शन,** संस्पर्शन, **धड़कन^F।**

palpebra पैल्'पिब्रॅ n. (चि०) वर्त्म, पलक^F।

palpebral –ब्रॅल् a. भ्रू-, भौंहों^Fका; पक्ष्मीय, पक्ष्म-विषयक, नेत्रलोम-सम्बन्धी, बरौनियों^Fका, वार्त्म, नेत्रच्छद-, पलक^F-विषयक, पलक^F-सम्बन्धी, पलकों^Fका (~*vessels*)।

palpebrate¹ –पिब्रेट् v.i. अपांगचालन करना, आँख^F मारना।

palpebrate² a. वार्त्म, नेत्रच्छद-, पलक-युक्त, पलकों-वाला।

palpebration –ब्रे'शॅन् n. (चि०) अक्षिनिमेष।

palpebrum –पिब्रॅम् n. (चि०) **नेत्रच्छद।**

palpitant पैल्'पिटॅन्ट् a. स्फुरणशील, स्पन्दनशील, धड़कनेवाला, धकधकानेवाला; कम्पनशील, थरथरानेवाला, थर्रानेवाला।

palpitate–टेट् v.i. स्पन्दित होना, धड़कना, धकधकाना; (नाड़ी^Fका) स्फुरित होना, फड़कना, तड़पना, चलना; (हर्ष, भय आदिसे) कम्पित होना, थरथराना, थर्राना।

palpitation –टे'शॅन् n. (चि०, पशुपालन) स्पन्दन,

धड़क^F, **धड़कन**^F, धकधक^F, धुकधुकी^F, धकधकाहट^F; स्फुरण, वेपन, कम्पन, थरथराहट^F।

palsgrave पॉल्'स्ग्रेव् n. राजप्रासाद-रक्षक काउण्ट या अर्ल।

palsied पॉल्'ज़िड् a. स्तम्भ-रुग्ण, स्तम्भ-रोगी, संस्तम्भः रोगी, अंगघात रुग्ण, अंगघाती, पक्षघाती, अधरंगी, लकवेवाला।

palstave पॉल्'स्टेव् n. (एक प्रकारकी कुल्हाड़ी^F), पाल्स्टेव।

palsy[1] पॉल्'ज़ि n. (चि०) (हल्का) अंगघात, सौम्यलकवा, **संस्तम्भ,** पक्षाघात, कम्पवायु^F, **फालिज;** (ला०) स्तम्भ, निरुपायता^F, उद्यमहीनता^F; birth ~ (चि०) जन्मांगघात।

palsy[2] v.t. संस्तम्भित होना, पक्षाघात होना, लकवा मारना, फालिज गिरना; (ला०) निरुपाय करना, उद्यमहीन करना, बेकार करना।

palter पॉल्'टॅर् v.i. छल-कपट करना, दुहरी बात^F करना; मोल-तोल करना, झंझट^F पैदा होना, तकरार^F करना; चुटकियों^Fमें उड़ाना, टाल देना, टालमटोल^F करना, हटाना।

palterer –टॅर् n. पत्तेबाज।

paltriness पॉल्'ट्रिनिॅस् n. निरर्थकता^F, क्षुद्रता^F, अपकृष्टता^F, तुच्छता^F, नीचता^F, उपेक्षणीयता^F, कमीनापन।

paltry –ट्रि a. निरर्थक, क्षुद्र, लघु, अपकृष्ट, तुच्छ, उपेक्षणीय, व्यर्थ, असार, नीच, अधम, कमीना।

paludal पॅल्यू'डॅल्, पै'ल्युडॅल् a. दलदली, मलेरियासम्बन्धी।

paludic, paludicolous –डिक्, –कॉ'लॅस् aa. दलदलका, दलदल-सम्बन्धी, दलदलमें उगनेवाला।

paludinal, paludine, paludinous –डिनॅल्, पै'ल्युडाइ(डि)न्, पॅल्यू'डिनॅस् aa. दे० PALUDIC etc.

paludism पै'ल्युडिज़्म् n. (चि०) विषम ज्वर, मलेरिया, दलदली रोग।

paludose, paludous –डोस्, –अॅस् aa. कच्छ-, दलदलका, दलदली; मलेरिया-विषयक।

paludrine पै'ल्यू ड्राइन् n. मलेरिया-निरोधक औषध^F, पेलूड्रीन^F।

palustral, palustrian, palustrine पॅलॅस्'ट्रॅल्, –ट्रिॲन्, –ट्रिन् aa. दे० PALUDIC, PALUDINAL, PALUDOSE etc.

paly पे'लि a. (का०) पाण्डुराभ, पीला-सा, फीके रंगका, मन्द, धुँधला, फीका, बेरंग।

pam. pamphlet.

pam पैम् n. चिड़ी^Fका गुलाम।

pampa पैम्'पॅ n. (pl. -z or -s) महाप्रस्थ, (द० अ०, आमेजनके दक्षिणमें विशाल) वृक्षहीन मैदान; ~-grass पैम्पाघास^F (द० अ० की)।

pamper पैम्'पॅर् v.t. खूब पेट भरना, अघाना, छका देना; अधिक लाड़-प्यारसे खराब कर देना, आदत बिगाड़ देना; अनुचित प्रश्रय देना।

pampered –ई a. स्फीत, परिपुष्ट, हृष्ट-पुष्ट, आपीन।

pampero (Sp.) पैम्पेॲ'रो n. (pl. -s) पैम्पाकी एक हवा^F; पैम्पाका भारतीय, पैम्पाका आदिवासी, पैम्पाका इण्डियन; एण्डीज-पवन, पैम्पेरो।

pamphlet पैम्फ़्'लिट् n. **पुस्तिका**^F, पत्रिका^F, **चौपन्ना,** छोटा रिसाला, पैम्फलिट^F।

pamphleteer[1] –टीॲर् n. पुस्तिकालेखक, पत्रिकाकार, रिसाला लिखनेवाला, पैम्फलिट^F लिखनेवाला।

pamphleteer[2] v.i. पुस्तिका^F लिखना, पैम्फलिट^F लिखना।

Pan. Panama.

pan- सर्व- (~-*African*, ~-*Anglican*, ~-*genesis*, ~-*German*, ~-*Hellenic*, ~-*Hellenism*, ~-*Islam*, ~-*logistic*, ~-*Slavism*, ~*spermatism*, ~*spermy*)।

pan[1] पैन् n. **कटाह, कड़ाह, कड़ाही**^F, तवा, तसला; पात्र, भाजन, (कृषि०) **कूँड़ा,** वर्तन; **तुलापात्र, पलड़ा;** इनके आकारकी कोई वस्तु^F; कपाल, खोपड़ी^F, रंजकदान, रंगकी प्याली^F; (बन्दूक^F या तोप^Fमें) बारूद^Fकी प्याली^F; (*P*~) प्रकृति^Fकी आत्मा^F, यूनानका ग्राम-देवता; मूर्तिपूजनवाद, पेगनवाद; पैन; **पटल, परत, पपड़ी** (~-*formation*); hard-~ मिट्टी^Fकी कठोर परत^F; ~-cake मालपुआ, पुआ; ~handle ⊙ (किसी देशके दो भागोंके बीचका) एक राजनीतिक विभाग; ~ baudler ⊙ भिक्षुक, भिखमंगा; *out of the frying ~ into the fire* आसमानसे गिरा खजूरमें अटका; ~-boiler, ~-broil, ~-drop, ~fish, ~ head, ~-headed, ~ iron, ~ man, ~-mixer, ~side, ~smith.

pan[2] v.t. & i. स्वर्णकणयुक्त मिट्टी^Fको तसलेमें धोना; घुमाना, थाला बनाना; **घुमाना;** ~*off*, *out* (तसलेमें) धोकर साफ करना; ~*out* सोना उत्पन्न करना, सोना निकालना, (ला०) सफल होना, कार्यसम्पादन करना, चल जाना।

panacea पैनॅसी'ॲ n. रामबाण, सर्वव्याधिहर, सर्वरोगघ्न, सर्वभेषज, त्रैलोक्य-चिन्तामणि, सब रोगोंकी अचूक दवा^F।

panache पॅनाश्', पॅनैश् n. कलँगी^F, तुर्रा; (ला०) प्रदर्शन, आडम्बर; डींग^F, शेखी^F, अकड़^F।

panada पॅना'डॅ n. पुआ, लुचई^F; स्वादिष्ट टिकिया^F।

Pan-African पैन्-ऐ'फ्रिकॅन् a. सर्वाफ्रीकीय, अफ्रीकाकी एकता^Fसे सम्बन्धित।

Panama पैनॅमा' n. (~*hat* भी) पनामा हैट।

Pan-American पैन्-ॲमे'रिकॅन् a. अखिल अमेरिकी।

Pan-Anglican पैन्-ऐन्'ग्लिकॅन् n. सर्व-ऐंग्लिकन गिरजेका, इंग्लैण्डके गिरजेकी समस्त शाखाओं^Fका।

pan-Asianism पैन्-एशिय'निज़्म् n. सर्व-एशियावाद।

panary पै'नॅरि a. कर्पट्रिकीय, कर्पट्रिका-विषयक, रोटी^Fका।

panchromatic पैन्क्रॅमै'टिक् a. **सर्ववर्ण, सर्ववर्णिक,** सर्वच्छाय, आलोकग्राही; समानरूपसे संवेदनशील।

pancosmism ⊙ पैन्कॉस'मिज़्म् n. भौतिक ब्रह्माण्ड-

वाद, भौतिक ब्रह्माण्ड-सिद्धान्त (यह सिद्धान्त कि भौतिक ब्रह्माण्डके परे किसी वस्तु^F^की सत्ता^F^ नहीं है)।

pancratic पैन्क्रै'टिक् a. मल्लक्रीड़ा-निपुण, कसरती, पहलवान; (खिलाड़ी) सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, अद्वितीय।

pancratist –क्रॅटिस्ट् n. सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी, सर्वोत्तम खिलाड़ी, अद्वितीय मल्ल या पहलवान।

pancratium –क्रेशिॲम् n. मल्लयुद्ध, मल्लक्रीड़ा^F^, दंगल, पंक्रेशियम (प्राचीन यूनानमें क्रीड़ा-प्रतियोगिता^F^)।

pancreas पैन्'क्रिॲस् n. (चि०, कृषि०, वाणि०) क्लोम, सर्वकिण्वी, **अग्न्याशय,** पाचक ग्रन्थि^F^।

pancreatectomy ⊙ पैन्क्रिॲटेक्'टॅमि n. (चि०) **अग्न्याशयोच्छेदन।**

pancreatic –ऐ'टिक् a. (कृषि०, चि०) **अग्न्याशय** (~*juice*), सर्वकिण्वीय, **अग्न्याशयिक,** क्लोम-सम्बन्धी, पाचन रसकी कोशिका^F^से सम्बन्धित (~ *duct, secretion*)।

pancreatin –क्रिॲटिन् n. (चि०) अग्न्याशय रसका किण्व।

pancreatitis –टाइ'टिस् n. (चि०) अग्न्याशय-शोथ, क्लोमप्रदाह, क्लोमशोथ, पाचनरसकी कोशिका^F^की जलन^F^।

panda पैन्'डॅ n. पण्डक, (विशे० *giant* ~) हिमालय तथा तिब्बतका एक विशालकाय रीछ।

pandation पैन्डे'शॅन् n. नति^F^, झुकाव, मोड़; मरोड़^F^, ऐंठन^F^।

P. & D. Dept. Planning and Development Department.

Pandean, -aean पैन्डी'ॲन्, -ई'ॲन् aa. यूनानी ग्रामदेवता-विषयक।

pandect पैन्'डेक्ट् n. संहिता^F^, स्मृतिसंहिता^F^, पूर्ण-सार, सम्पूर्ण विधि-संग्रह, कानूनोंका पूरा संग्रह।

pandemic पैन्डे'मिक् a. & n. (चि०) सर्वसामान्य, सार्वलौकिक, सार्वदेशिक, **देशान्तरगामी** (महामारी^F^), जनता-व्यापी (रोग), प्रमारक विश्वमारी (रोग)।

pandemonium पैन्डिमो'नि‌ॲम् n. पिशाच-सभा^F^, अव्यवस्थित स्थान; प्रेतावास, भुतहा घर; अशान्तिपूर्ण स्थान, अन्धेर-नगरी^F^; मछली बाजार; उपद्रव, विप्लव, कोलाहल, गड़बड़।

pander[1] पैन्'डॅर् n. रमणदूत, कुटना, भँड़आ, दलाल; संचारक, विट, बुरे कार्योंमें सहायता^F^ देनेवाला।

pander[2] v. i. & t. निम्न विचारोंको उभाड़ना, बुरे कार्योंमें सहायता^F^ देना, लम्पटता^F^में सहायक होना; कुटनाका कार्य करना, भड़आपन करना।

panderess –रिस् n. कुटनी^F^, दूती^F^, दलालिन^F^।

panderism –रिज़्म् n. कौट्टिन्य, कुटनापन, भड़ुआपन, दलाली^F^; दौत्य।

pandiculation पैन्डिक्यूले'शॅन् n. अँगड़ाई^F^ और जम्हाई^F^, कसमसाहट^F^।

pandit पॅन्'डिट् n. पण्डित।

pandour, -oor पैन्'डुॲर, -डुॲर् n. क्रोशियायी पदाति-सैनिक; निर्मम योद्धा, निर्दय वीर, पण्डूर।

panduriform –ड्युॲ'रिफ़ॉर्म् a. सारंगीवत्, **बेला-कृति**^F^, सारंगी^F^के आकारका, चिकारे-जैसा।

pandy पैन्'डि n. (नग्न भुजा^F^पर) प्रहार, आघात, चोट^F^।

pane[1] पेन् n. (वातायनका) काचपट्ट, काचफलक, (खिड़की^F^का) शीशा; चित्र-विचित्र वस्तु^F^का आयताकार खण्ड, पुर्जा; चौखटा; सीधी भुजा^F^।

pane[2] v.t. चित्र-विचित्र नमूनेका बनाना, रंग-विरंगे चौखाने बनाना; काँच लगाना।

paned –ड् a. काचपट्टयुक्त, शीशेदार।

panegyric[1] पैनि'जि'रिक् n. संस्तव, श्लाघा^F^, प्रशंसा^F^, गुणवर्णन, गुणकीर्तन, स्तुति^F^, प्रशस्ति^F^, प्रशंसात्मक संलाप।

panegyric[2], **-al** –क्, -ॲल् aa. प्रशस्तिपूर्ण, प्रशंसा-त्मक, स्तुतिमय।

panegyricon ⊙ –कॉन् n. (यूनानी गिरजाघरोंमें पर्व-अवसरोंपर) प्रवचन-संग्रह, उपदेश-संग्रह।

panegyrist –'रिस्ट् n. वैतालिक, संस्तावक, चारण, मागध, भाँड़, भाट।

panegyrize –'निजिराइज़् v.t. गुणवर्णन करना, प्रशंसा^F^ करना, स्तुति^F^ करना, प्रशंसात्मक लेख लिखना, भूरि-भूरि प्रशंसा^F^ करना।

panegyry ⊙ –रि n. धार्मिक पर्व, महती सभा^F^, विशाल समाज।

panel[1] पै'नॅल् n. चर्मपट, चर्मपत्र; व्यक्तियोंकी नामा-वली^F^, **नामिका**^F^; न्यायसभ्य, पंच, जूरी^F^; अभियुक्त, मुलजिम; डाक्टरों आदिकी तालिका^F^; सूची^F^, क्रमणिका^F^, **तालिका**^F^ (~ *code*, ~ *meter*), पट्ट, फलक, परदा, दिल्ला; खण्ड, भागक, दालन, विशाल आलोक-चित्र, लम्बी तस्वीर^F^; चौखटा, शाखा^F^, भाग; ~heating **गुप्त-तापन;** ~point **मेल-बिन्दु;** ~ wall **परदा दीवार**^F^; **दिल्हा-दीवार**^F^; ~saw बहुत पतली लकड़ी^F^ चीरनेका आरा; ~ working कई भागोंमें विभक्त कर खान^F^ खोदनेकी व्यवस्था^F^।

panel[2] v.t. पलान रखना, जीन^F^ कसना; दिल्ला लगाना; चौखटा बनाना।

paneless पेन्'लिस् a. चौखटविहीन, बिना चौखटेके, बिना शीशेका।

panelling पै'नॅलिंग् n. पलानका ऊपरी स्तर लगाना; **दिल्हाबन्दी**^F^, दिल्ला लगानेकी क्रिया^F^; चौखटा बनाना।

panful पैन्'फ़ुल् n. कड़ाहीभर, तवाभर।

pang पैन्ग् n. यन्त्रणा^F^, यातना^F^, वेदना^F^, व्यथा^F^, पीड़ा^F^, दुःख, दर्द, टीस^F^, कसक^F^, भीतरकी चोट^F^; breast ~ हृद्-शूल।

pangamy पैन्'गॅमि n. (वन०) **सर्वसंगमन।**

pangenesis पैन्जे'नि'सिस् n. सर्वजनन।

panic[1] पै'निक n. संत्रास, समुद्वेग, उपद्रव, भीषिका^F^, **आतंक,** अतिभय, भगदड़^F^, दहशत^F^; शीघ्र विस्तरण-शील; ~-monger आतंक फैलानेवाला ~-stricken, -struck आतंकित;

~-bolt, ~-driven, ~ grass, ~-stunned.

panic² v.t. & i. संत्रस्त करना या होना, आतंक फैलाना, आतंकित करना या होना, दहशत^F से घबड़ा जाना।

panic³ a. अतिशय, अत्यन्त, अत्यधिक; निराधार, बेबुनियाद; आकस्मिक, अचानक।

panic⁴ n. संयुक्त घास (~-*grass* भी)।

panicky पैं'निकि a. (बोल०) अतिभीत, भयभीत, आतंकित।

panicle पैं'निकॅल् n. (वन०) संयुक्त मंजरी^F, यौगिक वल्लरी^F, पुष्पगुच्छ, छोटा गुच्छा।

panicled –ड् a. संयुक्तमंजरी-युक्त, संयुक्तवल्लरी-युक्त, संयुक्तपुष्पक्रमयुक्त, छोटे गुच्छेवाला।

paniculate पॅनि'क्यूलॅट् a. संयुक्त-पुष्पक्रम-युक्त, पुष्पगुच्छी, छोटे गुच्छेवाला।

panification पैनिफ़िके'शॅन् n. कर्पट्टिकीयन, कर्पट्टिका-निर्माण, रोटी^F बनाने या सेंकनेकी विधि^F, रोटी^F बनाना।

Panislam पैन्-इस्लॅम् n. अखिल इस्लामी जगत्।

Panislamic –इस्लै'मिक् a. अखिल इस्लामी जगत्-सम्बन्धी।

Panislamism –इस्'लॅमिज़्म् n. सर्व इसलामवाद।

Panjandrum पैन्जैन्'ड्रॅम् n. उपहासास्पद श्रेष्ठी, आडम्बरी अधिकारी, ठाठदार अफ़सर।

panlogism पैन्'लॅजिज़्म् n. विचार-परमतावाद, विचार-सर्वश्रेष्ठतावाद।

pannade पनेड् n. अश्वोत्पतन, घोड़ेकी उछाल^F।

pannage पैं'निज् n. शूकर-चारण, (जंगलमें) सुअरोंकी चराई^F; सुअर चरानेका अधिकार; सुअर चरानेका शुल्क; सुअरोंका चारा।

panne पैन् n. मखमली भूषा, मखमली वस्त्र।

pannier पैं'न्यॅर् n. पिट, करण्ड, टोकरी^F, कण्डोल, पिटारी^F, झाबा, डलिया^F; पल्ला, दामन; (बोल०) विशेष-वस्त्रधारी सेवक।

pannikin पैं'निकिन् n. कटोरी^F, गिलास; कटोरीभर वस्तु^F।

pannosity पॅनो'सिटि n. त्वङ्मृदुता^F, त्वक्कोमलता^F, चमड़ेकी मुलायमियत^F।

panoistic पैनाऑस्'टिक् a. अण्डोत्पादी, केवल अण्डा उत्पन्न करनेवाला, अण्डे देनेवाला।

panoplied पैं'नॅप्लिड् a. सर्वांग-कवचधारी, संवर्मित।

panoply पैं'नॅप्लि n. (प्रायः ला०) सर्वांग-कवच, सर्वांगत्र।

panopticon पैनॉप्'टिकॅन् n. गोलाकार जेल, गोल कैदखाना।

panorama पैंनॅरा(रै)'मॅ n. **दृश्यपटल,** विश्वदृश्य, **सर्वदिग्दृश्य,** विराट् दृश्य, विराट रूप, दृश्यावली, चित्रावली^F, चित्रमाला^F, फिरनेवाली तस्वीर^F; निरन्तर दृष्टि^F के सामने चलनेवाला दृश्य, गमनशील दृश्य, परिदृश्य, इर्द-गिर्दका दृश्य; ~ box **झाँकी बक्स**।

panoramic –रै'मिक् a. परिदृश्य-विषयक; सर्वतोदृश्य, विराट, **विशालदर्शी,** सर्वदर्शी (~ *view*)।

panphobia पैन्फो'बिअॅ n. (चि०) विश्व-सन्त्रास, अखिलतःभीति^F, सर्वतःभीति^F, सर्वातंक, सबसे भय, सबसे डर।

pan-pipe(s) पैन्'पाइप् n. मुँहसे बजानेका एक बाजा।

pansclerosis ⊙ पैन्स्क्ले`रो'सिस् n. (चि०) पूर्ण काठिन्यामयता^F, किसी अंग या ऊति^F का पूर्णतया कठिन तथा खरखरा हो जाना।

pansied पैन्'ज़िड् a. शबलपुष्पित, रंग-बिरंगे फूलोंसे युक्त।

pansophical पैन्सॉ'फ़िकॅल् a. मिथ्या-ज्ञानी, मिथ्या-पण्डित, मिथ्या-विद्वान्, मिथ्या-सर्वज्ञ।

pansophism –'सॅफ़िज़्म् n. मिथ्या-ज्ञान, मिथ्या-पाण्डित्य, मिथ्या-विद्वत्ता^F, मिथ्या-सर्वज्ञता^F।

pansophy –फ़ि n. सर्वाध्यात्म, सार्वभौमिक ज्ञान, विश्वव्यापी-ज्ञान, विश्वज्ञान।

panspermy पैन्-स्पर्'मि n. रोगाणु-प्रसृति-सिद्धान्त, रोगाणु-व्यापीवाद।

pansy पैन्'ज़ि n. (~ *boy* भी) स्त्रैणयुवक, लौण्डा, चमूना, युवक; पैंजी, रंगबिरंगे फूलोंवाला एक पौधा; हृत्सुख, मनःसुख।

pant¹ पैन्ट् n. स्पन्दन, हाँफनी^F, धड़कन^F, धड़धड़ाहट^F, धुकधुकी^F।

pant² v.i. & t. हाँफना, साँस^F फूलना; (ला०) उत्कण्ठित होना, लालायित होना, तड़पना, चाहना, कामना^F रखना; स्पन्दित होना, धड़कना; हाँफते हुए बोलना।

pant- दे० PANTO- (स्वरोंके पूर्व समासमें आता है)।

pantagruelian पैन्टॅग्रूअे`'लिअॅन् a. & n. भोंडा मजाक पसन्द करनेवाला।

pantagruelion ⊙ –ऑन् n. जादूकी जड़ी-बूटी^F या सन।

pantagruelism पैन्टॅग्रू'इलिज़्म् n. अशिष्ट हास्य, भोंडा व्यंग्य।

pantagruelist –लिस्ट् n. अशिष्ट-हास्यप्रेमी, भोंडा मजाक करनेवाला।

pantaloon पैन्टॅलून् n. जंघापरिधान; जंघावस्त्र, पतलून, पैण्ट; इटलीकी सुखान्त कृति^F में वेनिसका एक पात्र; भण्ड, वैहासिक, भाँड़, (अत्र मूक अभिनयमें) विदूषकका सहायक।

pantatrophia पैन्टॅट्रॉ'फ़िअॅ n. (उचित आहार न मिलनेसे) शरीरापक्षय, शरीर क्षय, सर्वांगशोष।

pantechnicon पैन्टे`क्'निकॅन् n. (लकड़ी^F के सामानका) गोदाम, फर्नीचरकी दुकान^F; ~ van फर्नीचर ले जानेवाली गाड़ी^F।

panter पैन्'टॅर n. हाँफनेवाला; उत्कण्ठित होनेवाला, लालायित होनेवाला, तड़पनेवाला, कामना^F रखनेवाला।

pantheism पैन्'थिइज़्म् n. विश्वदेवतावाद, सर्वेश्वरवाद, 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'का सिद्धान्त; देवपूजा^F।

pantheist –इस्ट् n. विश्वदेवतावादी, सर्वेश्वरवादी।

pantheistic, -al –'टिक्, -अॅल aa. विश्वदेवतावादात्मक, सर्वेश्वरवाद-विषयक।

pantheology पैन्थिऑ'लॅजि n. सर्वदेवशास्त्र, सर्वेश्वरज्ञान।

pantheon पैन्'थिअॅन्, पेन्थी'ॲन् n. देवालय, सर्वदेवमन्दिर; देवगण, **देवकुल,** देवतागण, समाधिF, स्मारकभवन, यादगारF, मकबरा; (लन्दनका) सार्वजनिक मनोरंजन-भवन।

panther पैन्'थॅर् n. द्वीपी, बाघ, चीता, तेंदुआ।

pantheress –रि'स् n. द्वीपिनीF, बाघिनF, मादा चीताF, मादा तेंदुआF।

panties पैन्'टीज़् n. स्त्रियोंFका जाँघिया।

pantile पैन्'टाइल् n. वक्र छतF, 'ड' Dके आकारका टेढ़ा खपड़ा, **नालीदार खपरैल,** पेण्टाइल।

panting पैन्'टिंग् n. (चि०) धड़कनF; कम्प, स्फुरण, उच्छ्वास, साँसF फूलना, **हाँफना।**

pantisocracy पैन्टिसॉ'क्रॅसि n. समराजकताF, समराज्य।

pantler पैन्ट्'लॅर् n. अन्नधानीपाल, अन्नकोष्ठपाल, बखारका अधिकारी, मोदीखानेका अफसर।

panto- सर्व- (~ *graph*, ~ *graphy*, ~ *logic*, ~ *mime*, ~ *morphic*, ~ *phagous*, ~ *scopic*)।

pantofle पैन्'टॅफ़ॅल्, पैन्टॉफ़ॅल्, –टॅफल् n. चप्पल, स्लीपर, सलीपट, सिलीपर।

pantograph पैन्'टॅग्राफ् n. विद्युद्ग्राही; (चि०) वक्षाकार लेखन-यन्त्र; सर्वमापलिख, प्रतिलेखयन्त्र, पैण्टोग्राफ।

pantographic –ग्रै'फिक् a. सर्वमापलिख-विषयक, विद्युद्ग्राहक-सम्बन्धी।

pantography –टॉ'ग्रॅफि n. सर्वलेख, प्रतिलेख, सर्वमापलेख; (चि०) वक्षाकार लेख।

pantologic पॅन्टॅलॉ'जिक् a. विश्वविज्ञान-विषयक।

pantological –कॅल a. = PANTOLOGIC.

pantology –टॉ'लॅजि n. विश्वविज्ञान, सर्वज्ञान।

pantometer पैन्टॉ'मिटॅर् n. उद्ग्रमान, उच्चतामापक यन्त्र; कोणमान, कोणमापक यन्त्र।

pantomime[1] पैन्'टॅमाइन् n. मूक अभिनय, मुग्धनृत्य; (इति०) मुग्ध नर्त्तक, मूक अभिनेता; (मूक अभिनय, लास्य, स्वाँग, विदूषक, प्रेमी-प्रेमिकाF आदिसे युक्त) अंग्रेजी नाटक।

pantomime[2] v.t. मूक अभिनय करना, मुग्ध नृत्य करना।

pantomimic –मि'मिक् a. मूकाभिनय-विषयक, मुग्धनृत्य-सम्बन्धी।

pantomimist –'टॅमाइमिस्ट् n. मूक अभिनेता, मुग्धनर्तक।

pantomorphic पैन्टॅमॉर्'फ़िक् a. सर्वरूपग्राही, सर्वरूपधारी; (चि०) सर्वाकारी, सर्वरूपी, बहुरूपिया।

panton पैन्'टॅन् n. अश्वनाल, घोड़ेकी नालF।

pantophagist पैन्टॉ'फ़ॅजिस्ट् n. सर्वाशी व्यक्ति, सर्वभक्षी जीव।

pantophagous –फ़ॅगॅस a. सर्वाशी, **सर्वभक्षी।**

pantoscope पैन्'टॅस्कोप् n. (चि०) दूरनिकट दर्शक; सर्ववीक्ष, सर्वचित्र कैमरा (एक बारमें सभी अवस्थाओंFका चित्र लेनेवाला कैमरा)।

pantoscopic –कॉ'पिक् a. सर्वेक्ष-, सर्वचित्रकैमराका, सर्व चित्रकैमरा-सम्बन्धी (~ *glasses*); (चि०) दूरनिकट दर्शी, (जैसे चश्मा)।

pantry पैन्'ट्रि n. अन्नाधानीF, भाण्डागार, भण्डारा, बखारF, स्टोर, **पैंट्रीF;** ~ man पाठशालाFका सेवक, खानसामा (या उसका सहायक), भण्डारी।

pants पैन्ट्स् n. (pl.) (बोल०, अमे०) जंघापरिधान, पतलून, पायजामा।

panurgy पै'नर्जि n. सर्वकार्यदक्षताF, सर्वकौशल।

panzer पैन्'ज़ॅर् a. & n. वर्मावृत (~ *troops*), कवचित (चमूF), बख्तरबन्द (फौजF)।

P. & O. Peninsular & Oriental (Steamship Company).

pa. p. past participle.

pap पैप्' n. (चि०) स्तन, कुचाग्र, स्तनाग्र, चूचुक, भिटनीF, ढोंढीF; (बहु०) पर्वतकी पार्श्ववर्तिनी शंकाकार चोटियाँF; (बच्चोंके लिए) मृदुखाद्य, हलका भोजन, पतली खिचड़ीF; भरता, फलोंका गूदा; ~-boat खाद्यवाहिनी नौकाF, नावFके आकारका; ~ meat (बच्चोंका) हलका भोजन।

papa पॅपा' n. पिताजी, बाबा (विशे० बँगलामें); बप्पा, बाबूजी, अब्बा।

papacy पे'पॅसि n. परमधर्माध्यक्षताF, सन्तपापाका पद, पोपपद, **पोपतन्त्र,** पोपदायाधिF, पोपप्रणालीF।

papal –पॅल् a. पोप-सम्बन्धी; ~ bull पोपकी प्राज्ञप्तिF; ~ cross तीन कटती छड़ोंFका क्रूस या कटाव; ~ligate **पोपदूत।**

papalism –लिज़्म् n. **पोपवाद,** पोप-व्यवस्थाF।

papalist –लिस्ट् n. पोपवादी, पोपानुगन्ता।

papalize –लाइज़् v.t. & i. पोपवादी बनाना।

papaphobia –पॅफो'बिॲ n. परमधर्माध्यक्षता-भीतिF, परमधर्माध्यक्षता-भय, परमधर्माध्यक्षता-घृणाF, पोपदायाधि-जुगुप्साF, पोपप्रणालीFसे भय।

papaver पॅपे'वॅर् n. (चि०) अफीमवर्गकी वनस्पतियाँF।

papaveraceous –रे'शॅस् a. अहिफेनी, पोस्तेसे भरा हुआ।

papaverine –'वॅरिन् n. (पोस्ताके रससे प्राप्त) अहिफेनका अलकेलॉयड।

papaverous –रॅस a. अहिफेनी, पोस्ता जैसा, खसखासी।

papaw पॅपॉ' n. पिपीतक, पपीता-विशेष; पपा, पापा ⊙।

papaya –या n. (कृषि०) **पपीता** (~ *milk*)।

paper[1]* पे'पॅर् n. **पत्र*, कागज*,** पेपर; दस्तावेज, कागज-पत्र; विनिमयसाध्य, लेख्य; कागजी-मुद्राF, हुण्डीF, नोट; (ग्रा०) निःशुल्क प्रवेशपत्र, पत्रक, पास; प्रमाणपत्र; प्रश्नपत्र, समाचार-पत्र; निबन्ध, अभिपत्र, लेख; ~-back

कागज चढ़ी किताब^F; ~-currency पत्र-चलार्थ; चल-पत्र, नोट, हुण्डी^F; ~ feed (ध्वनि०) कागज चढ़ानेकी व्यवस्था^F; ~ finger पत्र-धारक; ~-hanger (दीवार^F-पर) कागज मढ़नेवाला; ~-hangings, wall-~ दीवारी कागज^F; ~-knife कागजतराश^F, कागज काटनेकी छुरी^F; ~-mill कागजका कारखाना, पेपर-मिल^F; ~-muslin चिकना-चमकीला मलमल; ~ of pins⊙ आलपीन^Fका पैकेट; ~-weight पत्रभार, कागजका दवाव, पेपरवेट; ~ war, (-warfare) पत्रसंग्राम, कागजी लड़ाई^F; *commit to* ~ टाँक^F लेना, लिख लेना; *on* ~ कागजी, कल्पना^Fसे, हिसाब लगाकर, आँकड़ोंसे (*on* ~ *he is the better man*); *put pen to* ~ लिखना प्रारम्भ करना; *send in* one's ~*s* त्यागपत्र देना, राजीनामा देना, इस्तीफा देना;

~ advisory committee, ~-backed, ~bail, ~ bark, ~ black, ~ blockade, ~ blue, ~ board, ~-bound, ~ brilliant scarlet, ~ brown, ~-capped, ~ clip, ~ clippings, ~ coal, ~ cone, ~ core, ~ counter, ~ cover, ~credit, ~currency department, ~currency reserve, ~cutter, ~deep black, ~-faced, ~ fast blue, ~ fast bordeaux, ~-file, ~-folder, ~-gauge, ~-lined burlap, ~-maker, ~-making, ~-making process, ~ manufacturing society, ~ money, ~ mulberry, ~ nautilus, ~ particulars, ~pulp, ~pulp sheet, ~red, ~release lever, ~ rolls, ~ rupee, ~ scale, ~ scarlet, ~-shelled, ~-shuttered, ~ spool, ~ stand, ~ strip, ~ supplier, ~ support, ~ table, ~ tape, ~ technology, ~ thick, ~ thin, ~ trade, ~ transaction, ~ tray, ~ tubes, ~ ware, ~ washer, ~-weight, ~ whiteness, ~-windowed, ~ wrapper, ~ yellow.

paper² v.t. कागजमें लपेटना; (दीवार^F आदि) कागजसे मढ़ना, सजाना; कागज लगाना, कागज पहुँचाना; (ग्रा०) बहुतसे निःशुल्क पास बाँटकर (नाट्यशाला^F आदि^F) भर देना।

paperchase –चेज n. लुकन-मीरी^F खेलना, कागजके टुकड़ोंके सहारे दौड़^Fमें पीछा करना।

papering पे'पॅरिंग् n. कागज लपेटना; कागजी मढ़ाई^F, कागजी सजावट^F; कागज चढ़ाना (पुस्तकों^F आदिपर)।

papery –रि a. पत्रसदृश, कागजी।

papescent पॅपे'सॅन्ट् a. (चि०) मृदन्तसम, गूदेदार।

papier mache पैप्'ये मैं'शे n. पत्रगोर्द, (साँचेमें ढला हुआ कागजका) लुगदा।

papilionaceous पॅपिल्यॅने'शॅस् a. (वन०) चणक-कुल्य, आगस्तिक, प्रजापतिरूप, तितली^Fका (सा)।

papilla पॅपि'लॅ n. (pl.-*e*) (चि०, जीव०) **अंकुरक, प्राग्रिका**^F, अक्षिविम्ब, श्यस्फोट, फुन्सी^F, मस्सा; (वन०) मांसस्तम्भी, गूमड़ा; रोमिका^F, (वाणि०, चि०) **पैपिल्ला**।

papillar, papillary, papillate, papillose –पै'पिलॅर् –रि, –लॅट्, –लोस् aa. (चि०) अंकुरदार, **अंकुरक, प्राग्रकी**^F, फुन्सीवाला; रोमयुक्त; अर्बुद-सम्बन्धी।

papilloma –लो'मॅ n. (चि०) अंकुरार्बुद, अर्बुद, चर्म-कील, पैपीलोमा।

papillous –पिलॅस् a. सांकुर, सपिण्डक; अंकुर-सहित, पिण्डिका^F सहित; मस्सेदार; (वन०) सलोम, रोमयुक्त; मांसस्तम्भीयुक्त, गूमड़ेदार।

papish पे'पिश् a. पोपवत्, पोप-जैसा।

papism –पिज़्म् n. पोपराज्य, पोपतन्त्रका समर्थन।

papist –पिस्ट n. पोपतन्त्रका समर्थक, रोमनकैथोलिक धर्मावलम्बी।

papistic, -al पॅपिस'टिक्, -अॅल् aa. पोपतन्त्र-विषयक, पोपवाद-सम्बन्धी, रोमनकैथोलिक धर्म-सम्बन्धी।

papistry पे'पिस्ट्रि n. दे० PAPISM.

papoose पॅपूस्' n. रेडइण्डियन शिशु।

papoosh, -ouche पॅपूश्', –ऊश' n. पापोश, जूता।

pappescent पॅपे'सॅन्ट् a. बाह्यदलोत्पादी, बाह्यदलोत्पादक, रोमोत्पादक, रोमोत्पादी, रोमचूडोत्पादी, रेशे उत्पन्न करनेवाला।

pappose, pappous पॅपोस', पै'पॅस् aa. लोमश, रोमचूडायुक्त, रेशेदार।

pappus पै'पॅस् n. (वन०) कोमलरोम, **बाह्यदलरोम**, रोमचूड़ा, रेशा; (चि०) प्रारम्भिक श्मश्रु या दाढ़ी^F।

pappy पै'पि a. मृदु, कोमल, पिलपिला; मृदखाद्ययुक्त; मूर्खतापूर्ण, सरल, अत्यन्त सीधा।

papula, -ule पै'प्यूल, -यूल् nn. (pl, -*e*, -*s*,) (चि०) **पिटिका**^F, मुँहासा, फुन्सी^F, दाना, गूमड़ा; फफोला, छाला।

papular, papulose, papulous –लॅर्, –लोस, –लॅस् aa. पिटिकीय, मुँहासा-जैसा, फुन्सीवाला, गूमड़ेवाला, फफोलेका, छालेका; मुँहासेदार, फफोलेदार।

papulation –ले'शॅन् n. मुँहासों या गूमड़ोंका निकलना।

papulose, papulous –पै'प्यूलोस्, लॅस् aa. = PAPULAR.

papyraceous पैपिरे'शॅस् a. पाण्डुलिपि-सम्बन्धी, पाण्डुलिपि-विषयक; (पानीके पौधे) श्रीपत्र-सम्बन्धी, पैपीरसका; (चि०) कागजके सामान; ~ bone (चि०) झर्झरिकास्थि^F; ~ foetus ~ (चि०) गर्भशोष, शुष्कगर्भ।

papyro- पत्र-, (~*graph*, ~*graphy*, ~-*type*)।

papyrologist पॅपिरॉ'लॅजिस्ट् n. पाण्डुलिपिशास्त्री, पाण्डुलिपि-वेत्ता, पाण्डुलिपि-विद्वान्।

papyrology –जि n. पाण्डुलिपिविज्ञान।

papyrus पॅपाइॅ'रॅस् n. (pl. -*ri*) (बहु० के साथ) पाण्डुलिपि^F; (पानीका एक पौधा) श्रीपत्र, **पैपीरस**; (मिस्रवासियों द्वारा) श्रीपत्रके डण्ठलोंसे बना कागज।

par पार्' n. समता^F, तुल्यता^F, साम्य, समभाव, बराबरी^F, (विशे० *on a* ~ *with*) (ग०) सममल्य; (चि०) जोड़ा;

सामान्य परिमाण, औसत मात्रा^F, राशि^F या अवस्था^F; सममूल्यता^F, (बोल०) परिच्छेद, पैराग्राफ; ~*value* (वाणि०, गणि०) **सममूल्य**; *above* ~ अधिमूल्यपर; *at* ~ सममूल्यपर; *below* ~ घाटेपर, अवमूल्यपर; *nominal* ~ नाममात्र, नामांकित मूल्य; ~*of exchange* विनिमय समार्ध, विनिमयकी सममूल्य दर^F ।

par. paragraph; parallel, parish.

para¹ –पै'रॅ n. = PARAGRAPH.

para² पॅरॉ n. एक तुर्की सिक्का, पारा ।

para-¹ अधि- (~ *plasm*); परि- (~ *tracheal*); पर- (~*site*); परा (~*-duodenal*, ~*gastric*, ~*rectal*, ~*renal*, ~*temporal*, ~*umbilical*); सह- (~*variation*); उप-, अनु- (~*central*, ~*colon*) ।

para-² आश्रय, शरण या बचानेके अर्थमें (~*sol*) ।

parabaptism पैरॅबैप्'टिज़्म् n. असम्बद्ध बप्तिस्मा, अनुचित नामकरण संस्कार ।

parabasis पॅरैबॅसिस् n. (प्रा० यूना०) समूह-गीत, कोरस (जिसे श्रोताको सम्बोधित करके गाया जाता है) ।

parabiosis पैरॅबाइ'ॲसिस् n. (चि०) **मिथः संसक्त जीवन** ।

parable पै'रॅबॅल् n. नीति-कथा^F, **दृष्टान्त-कथा**^F, दृष्टान्त, निदर्शन, अन्योक्ति^F, नजीर^F; (प्रा०) गूढ़ लोकोक्ति^F, कहावत^F, पहेली^F; *take up* one's ~ सम्भाषण आरम्भ करना ।

parablepsis पैरॅब्लेप्सिस् n. (चि०) मिथ्यादृष्टि^F, अयथार्थ दृष्टि^F, सदोष दृष्टि^F, दूषित दर्शन, दूषित कल्पना^F ।

parabola पॅरैबॅल् n. (निर्दे० ज्या०) अनुवृत्ति, एकेन्द्र, **परवलय, पैराबोला** (~*method*)

parabole पॅरैबॅलि n. उपमा^F, तुलना^F, सादृश्य, समता^F ।

parabolic, -al पैरॅबॉ'लिक्, -ॲल् aa. नैतिक गल्पविषयक, नीतिकथा-सम्बन्धी, दृष्टान्तरूपमें वर्णित; एकेन्द्रिय, **परवलीय, परवलयिक, लाक्षणिक** ।

~ arch, ~ geometry, ~ girder, ~ layer, ~ mirror, ~ motion, ~ path, ~ reflector, ~ spiral, ~ traces, ~ trend.

paraboloid पॅरैबॅलाॅइड् n. ठोस अनुवृत्त, **परवलयज** (~ *mirror*); ~ *of revolution* **परिक्रमण, परवलयज** ।

paracentesis पैरॅसेन्टी'सिस् n. (चि०) पारवेधन ।

paracentral पैरॅसे'न्ट्रॅल् a. (चि०) अनुकेन्द्र; उपमध्य, **पराकेन्द्र-**, केन्द्रके समीप, केन्द्रके निकट ।

parachronism पॅरैक्रॅनिज़्म् n. तिथिभ्रम, कालभ्रम ।

parachute¹ पै'रॅशूट् n. परिच्छत्र, **अवतरण छत्र**, (वन०) **वायु-छत्र**, वैमानिक छत्र, हवाई छाता, हवाई छतरी^F, (~*store*), **पैराशूट**^F, ~ flare (यन्त्र०) **छतरी मशाल**^F; **छाता महताबी**; ~ mine पैराशूटसे फेंका हुआ स्फोटक, छत्र-विस्फोट, पैराशूट-बम; ~troops पैराशूट-सेना^F, छत्रधारी सैनिक ।

parachute² v.t. वायु-छत्र द्वारा भेजना, पैराशूट द्वारा उतरना ।

parachutist –टिस्ट् n. वायु-छत्री^F, हवाई छतरी^Fसे उतरनेवाली पैदल सेना^F ।

paraclete पै'रॅक्लीट् n. अभिवक्ता, पक्ष-पोषक, समर्थक ।

paracme पॅरैक्'मी n. (चि०) (रोगके) अवरोह या उपशमनकी अवस्था^F; उत्तरकाष्ठा^F, अधोगति^F, अधोगमन, अधःपतन, अवनति^F, गिरावट^F, पछाड़^F ।

paracusis पैरॅक्यू'सिस् n. श्रुति-दोष, श्रवण-दोष, कानकी खराबी^F ।

parade¹ पॅरेड् n. दम्भ, प्रदर्शन, आडम्बर, दिखावा (*make a* ~ *of*); यात्रा^F, सैन्ययात्रा^F, सैन्यप्रदर्शन; प्रयोग्या^F, सैन्यव्यायाम, सैन्यशिक्षा^F, युद्धाभ्यास, कवायद^F, **परेड**; (~ *ground* भी) प्रयोग्या-भूमि^F, सैन्यव्यायामभूमि^F; चौक, सार्वजनिक स्थान ।

parade² v.t. & i. प्रदर्शन करना, आडम्बर दिखाना, तड़क-भड़क^F दिखाना; प्रदर्शन करते हुए (जुलूस इत्यादिमें) चलना; (निरीक्षण इत्यादिके लिए सेना^Fको) एकत्र करना, सैनिक व्यायाम करना, परेड करना ।

paradigm पै'रॅडाइ (डि)म् n. निदर्शन, उदाहरण, नमूना; (विशे०) शब्दरूपावली^F ।

paradigmatic, -al –मै'टिक्, -ॲल् a. विदर्शनीय, उदाहरणस्वरूप ।

paradisaic, -al, paradisean, paradisiac, -al, paradisial, paradisian, paradisic, -al पैरॅडिसे'इक्, -ॲल्, -सिॲन्, -ज़ैक्, -ॲल, -ॲल्, -ॲन्, -सिक्, -ॲल aa. स्वर्ग्य, स्वर्गीय, स्वर्ग-सम्बन्धी, नन्दनवनका, आनन्द-धामका ।

paradise –'रॅडाइस' n. स्वर्ग, स्वर्गलोक, वैकुण्ठ, नन्दनवन; (*earthly* ~ भी) अदनवाटिका^F; आनन्दधाम; आनन्दावस्था^F; पशुवन ।

parados पै'रॅडॉस्, पै'रॅडो n. किलेका पुश्ता, कोटका टीला ।

paradox पै'रॅडॉक्स् n. असद्भास, असत्याभास, **विरोधाभास**, असंगत कथन, उलटी बात^F ।

paradoxer, paradoxist –सॅर्, –सिस्ट् nn. असद्भाषी, विरोधाभासी, उलटी बात^F बोलनेवाला ।

paradoxical –'सिकॅल् a. असत्यवत्, असद्भासपूर्ण, विरोधाभासात्मक, **विरोधाभासी**, लोकविरुद्ध (~*equation*, *statement*) ।

paradoxicality –कै'लिटि n. असद्भासपूर्णता^F, विरोधाभासिता^F, लोकविरुद्धता^F ।

paradoxicalness –'सिकॅल् निस् n. असद्भासपूर्णता^F, विरोधाभासिता^F, लोकविरुद्धता^F ।

paradoxology –सॉ'लॅजि n. असद्भासोक्ति^F, विरोधाभास-कथन, लोकविरुद्ध कथन; विरोधाभास ।

paradoxure पैरॅडॉक्'स्युॲर n. (मांसभक्षी) पुच्छविडाल, लम्बपुच्छ, मार्जार, शाखिगृतीक ।

paradoxy पै'रॅडॉक्सि n. दे० PARADOXICALITY.

paradysentery पैरॅडिसे'न्ट्रि n. उपातिसार ।

paraenesis, parenesis पॅरीनिॅसिस् nn. परामर्श, राय^F; अनुरोध।

par(a)enetic, -al पैरिॅनेॅ'टिक्, -ॲल aa. परामर्शात्मक, अनुरोधपूर्ण, राय^F से सम्बन्धित।

paraesthesia पैरी(रे) स्थी'सिॲ n. (चि०) विकृतसंज्ञता^F, विकृतसम्वेदनता^F, **अपसंवेदन**; विकृतानुभूति^F, विकृत चेतना^F, दोषयुक्त चेतना^F, सदोष ज्ञान, विकृत-इन्द्रियजनित ज्ञान।

paraffin¹ पॅ'रॅफ़िन् n. (रसा०) मृद्वसा^F, **पैराफिन**; liquid ~ तरल मृद्वसा^F, हलका विरेचक; ~ oil मृद्वसा-तैल, पेराफिनका तेल; ~ wax पेट्रोलियमसे प्राप्त ठोस पेराफिन;

~ base, ~ blowlamp, ~ burner, ~ hydrocarbon, ~ lamp, ~ liquid, ~ ointment.

paraffin² v.t. मृद्वसा^F का प्रयोग करना, पेराफिनका उपयोग करना, पेराफिन लगाना।

paragenesis पैरॅजेॅ'निॅसिस् n. वर्णसंकरता^F, दोगलापन।

paragenetic –जिॅनेॅ'टिक् a. वर्णसंकरता-विषयक, दोगलापन-सम्बन्धी, दोगला।

paragenic –जेॅ'निक् a. = PARAGENETIC.

parageusia ⊙ पैरॅजू'सिॲ n. (चि०) स्वाद विपर्यास; ज्ञानेन्द्रिय-दोषातिशय, स्वादेन्द्रिय-दोषातिशयता^F।

paraglossa पैरॅग्लॉ'सॅ n. (श० र० शा०), जिह्वोपांग, बहिर्जिह्वा^F; (चि०) जिह्वातिपुष्टि^F, जिह्वास्थूलता^F।

paragoge पैरॅगो'जि n. (शब्दके अन्तमें) अक्षर-योग, अक्षर जोड़ना।

paragogic –गॉ'जिक् a. (शब्दके अन्तमें) अक्षर-योग-विषयक, जुड़े हुए अक्षरवाला।

paragon¹ पै'रॅगॅन् n. प्रतिमा^F, प्रतिरूप, श्रेष्ठता^F का आदर्श, उपमान, नजीर^F; श्रेष्ठतम व्यक्ति, अत्युत्कृष्ट वस्तु; मूर्तिमान आदर्श; बहुमूल्य बड़ा हीरा।

paragon² v.t. (का०) तुलना^F करना, मिलान करना।

paragonite पॅरै'गॅनाइट् n. क्षाराभ्रक।

paragram पै'रॅग्रैम् n. शब्द-क्रीड़ा^F, शब्दोंका खेल; श्लेष, शब्द-द्व्यर्थकता^F; शब्दार्थालंकार।

paragrammatist –मॅटिस्ट् n. शब्दक्रीड़क, शब्दोंका खेल करनेवाला; श्लेष-प्रयोक्ता, द्व्यर्थक शब्दोंका प्रयोग करनेवाला।

paragraph¹ पै'रॅग्रा(ग्रै)फ्, n. खण्ड, कण्डिका^F, अनुच्छेद, परिच्छेद, पैरा, पैराग्राफ; (समाचारपत्रमें अलग छपा हुआ) शीर्षकविहीन समाचार; निर्देशक चिह्न (¶)।

paragraph² v.t. (समाचारपत्रमें) अनुच्छेद या पैरा लिखना; (लेख आदिको) अनुच्छेदोंमें बाँटना।

paragrapher, paragraphist –फ़ॅर्, –फ़िस्ट् nn. अनुच्छेद-लेखक, पैरा लिखनेवाला।

paragraphia –ग्रै'फ़िॲ n. **लेखन-विकार**।

paragraphic –फ़िक् a. अनुच्छेदीय, पैरा-सम्बन्धी।

paragraphing –रॅग्रा(ग्रै)फ़िंग् **प्रच्छेदन, पैरे बनाना**।

paragraphy –फ़ि n. अनुच्छेद-लेखन, पैराग्राफ लिखना।

paraheliotropic पैरॅहीलिॲट्रॉ'पिक् a. (वन०) प्रकाश-मुख, अनुप्रकाशी; पर्णवक्र, मुड़ा हुआ।

paraheliotropism –ऑ'ट्रॅपिज्म् n. (सूर्यकी किरणों^F-के समानान्तर) पर्ण-वक्रता^F, पल्लव-कुटिलता^F, पत्तियों^F-का टेढ़ापन; प्रकाशमुखता^F, अनुप्रकाशिता^F।

parakeet, paroquet, (*also*) **parroquet, paroquet, paraquito** पै'रॅकीट्, पै'रॅकेॅट्, केट्, केॅट्, किॅट् nn. कीर, शुक-विशेष, टुँइया, सुग्गा।

paralexia ⊙ पैरॅलेॅक्'सिॲ n. उच्चारण-दोष, पठनोच्चारण-हीनता^F, पाठविकार, **पठनविकार**।

paralipomena ⊙ पैरॅलिपॅमेॅ'निॲ n. परिशिष्ट, अवशेष।

paralipsis, -leipsis पैरॅलिप्'सिस्, -लाइप्'सिस् nn. (काव्य) अपह्नुति^F, बात^F को छिपाकर कहना, (*I say nothing of his antecedents, how from youth upwards* etc.)।

parallactic, -al पैरॅलैक्'टिक्, -ॲल् aa. भेदाभासी, विस्थापनाभास-विषयक; **दिग्भेद; लम्बनिक**, लम्बनसे सम्बन्धित;

~ angle, ~ ellipse, ~ equation, ~ inequality, ~ motion.

parallax पै'रॅलैक्स् n. भेदाभास, **विस्थापनाभास**, स्थानभ्रंश, च्युति^F, **दिग्भेद; लम्बन** (~ *factor*), T.

parallel¹ पै'रॅलॅल् n. अक्षांश रेखा^F, अक्षरेखा^F, अक्षवृत्त (*the 49th* ~); (सेना^F०) समानान्तर खाई^F; सदृश व्यक्ति या वस्तु^F; समानान्तर अवस्था^F, समानान्तर रेखा^F, समानान्तर स्थिति^F; सदृश्यता^F, सादृश्य, तुल्यता^F, समानता^F, बराबरी^F; *draw a* ~ *line between* दो वस्तुओं^F की बराबरी करना।

parallel² v.t. सदृशता^F दिखाना, साम्य दिखाना, तुलना^F करना, अनुरूपता^F सिद्ध करना; समानान्तर करना या होना, सदृश होना, अनुरूप करना या होना; बराबर करना, मिलाना।

parallel³* a. समदिश, सदिश; (स्थिति०, वन०, प्रा० भूगोल, ग०) **समान्तर**; समकक्ष, **समानान्तर***; सदृश, सम, तुल्य, संवादी, समान, अनुरूप; ~ bars (व्यायाम करनेके लिए लकड़ी^F के खम्भोंपर लगे) समानान्तर डण्डे; ~ ruler समानान्तर रेखा^F खींचनेकी दोहरी पटरी^F;

~ axis, ~ beam, ~ case, ~ cleavage, ~ combination, ~ connection, ~ current, ~ curve, ~ development, ~ diversion, ~ experiment, ~ flow, ~ forces, ~ gang, ~ government, ~ key, ~ light, ~ motion, ~ movement, ~ mutation, ~ plate, ~ resistance, ~ resonance, ~ rulings, ~ spin, ~ staff, ~ strips, ~ tubes, ~ variation, ~ venation.

parallelepiped, (*also*) **parallepipedon** ⊙, (*improperly*) **parallelelopiped, parallelopipedon** ⊙ पैरॅलॅले`पिपे`ड्, –'पि`डॉन्, –लॅपाइ'-पि`ड्, –डॉन् nn. (घ० ज्या०) **समान्तर फलकी**F; समानान्तर खात, समानान्तर चतुर्भुजोंसे बनी हुई ठोस आकृतिF।

parallelise पैरॅलॅलाइज् v.t. दे० PARALLEL².

parallelism –लिज़्म् n. समानान्तरत्व, **समान्तरण,** समानान्तरताF; सादृश्यसिद्धान्त, **समान्तरवाद,** सादृश्य-वाद; सदृशताF, सादृश्य, **समानता**F, तुलनाF, समताF, **बराबरी**F।

parallelist –लिस्ट् n. साम्यप्रस्तावक, सादृश्य उपस्थापक, तुलनाF करनेवाला।

parallelogram पैरॅले``लॅग्रैम् n. (गति० वि०) **समान्तरभुज, समानान्तर चतुर्भुज**।

parallelotope ⊙ पैरॅले``लॅटोप् n. (ग०) **समान्तर फलक**।

paralogia ⊙ पैरॅलो'जिअॅ n. **अभिव्यक्तिदोष,** तर्कदोष।

paralogism पॅरै'लॅजिज़्म् n. **तर्काभास,** युक्तिशून्य तर्क; भ्रान्तिF, हेतुभ्रम, हेत्वाभास, आभास।

paralogize –लॅगाइज़् v.i. तर्काभास करना, युक्ति-रहित तर्क देना; बेतुकी बातF करना।

paralogy ⊙ –लॅजि n. अयुक्त-मीमांसाF, अयुक्ति-संगत तर्क।

paralysant पैरॅलाइज़े`न्ट् a. (चि०) अंगघाती, मंस्त-म्भकर, स्तम्भकर, लकवा मार देनेवाला।

paralysation –ज़े'शॅन् n. (चि०) अंगघातक (औषधिF); संस्तम्भ, अर्धांग, पक्षाघात होना, लकवे या फालिजका प्रभाव; शक्तिहीनताF, लूलापन।

paralyse –'रॅलाइज़् v.t. (चि०) अंगघात होना, पक्षा-घात होना; लकवा मारना, फालिज गिरना; (ला०) गति-हीन करना, शक्तिहीन कर देना, बेकार कर देना, निकम्मा बना देना, लूला-लँगड़ा बना देना; ठप करना।

paralysis पॅरै'लिसिस् n. (चि०, कृषि०) **अंगघात, पक्षाघात,** स्तम्भ, संस्तम्भ, गात्रोपघात, **लकवा, फालिज,** T.; (ला०) अतिशक्तिहीनताF, जाड्य, नपुंसकताF; ~ agitans (चि०) कम्पांगघात।

paralytic¹ पैरॅलि'टिक् n. (चि०) अंगघातयुक्त रोगी, अर्धांगरोगी, पक्षाघातपीड़ित; शक्तिहीन व्यक्ति।

paralytic² a. (चि०) अंगघात-सम्बन्धी; अंगघात-पीड़ित, अर्धांगग्रस्त, स्तब्धगात्र, पक्षाघातपीड़ित; लकवा मारा हुआ; (शा० एवं ला०) शक्तिहीन, पंगु।

paramagnetic पैरॅमैग्ने``टिक् a. (रसा०) **समचुम्ब-कीय,** एकाधिचौम्बिक, समचुम्बक, **अनुचुम्बकीय,** अनु-चुम्बक।

paramagnetism –'नि`टिज़्म् n. एकाधिचौम्बिकताF, (भौ०) **समचुम्बकत्व, अनुचुम्बकत्व,** अनुचुम्बकताF।

paramatta पैरॅमै'टॅ n. (ऊन और रेशमके मिश्रणसे बना) एक मुलायम कपड़ा, पैरामैटा।

parameter पॅरै'मि`टॅर् n. (ज्यामितिF) बिन्दुपरिमाण, परिमापी, **समष्टि**F, व्यष्टि-रेखाF, **प्राचल**।

parametric ⊙ पैरॅमे``ट्रिक् a. (गणित०) प्राचल-, प्राचलिक, प्राचलीय;
~ coordinates, ~ curve, ~ equation, ~ representation.

paramnesia ⊙ पैरॅम्नी'सिअॅ n. (चि०) अपस्मृतिF, भ्रमपूर्ण स्मृतिF, भ्रमात्मक स्मरण-शक्तिF।

paramo पै'रॅमो n. (pl. -*s*) पठार, परामो, (एण्डीजमें उच्च मरुस्थल देश)।

paramount पै'रॅमॉउन्ट् a. परम (*of* ~ *importance*), सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, **सर्वोपरि,** प्रधानतम, सर्वोच्च, प्रमुख, मुख्य, उच्चतम, बड़ा; lady ~ परम महीयसीF; lord ~ परमभट्टारक, परमाधिपति, **अधीश्वर**।

paramountcy –सि nn. **प्रभुता**F; सर्वोच्चताF, सर्व-श्रेष्ठताF, **सर्वोपरिता**F, सर्वोपरि सत्ताF, **अधीश्वरता**F।

paramour¹ पै'रॅमूअॅर् a. (का०) **जार**।

paramour² n. (भाषग०) विट, **जार,** उपपति, यार, जारिणीF, उपस्त्रीF, उपपत्नीF।

parang पा'रैंग् n. खड्गिकाF, लघुखड्गF, छोटी तलवारF, परांग।

paranoia, -noea पैरॅनाएॅअ, -नी'अॅ nn. **संविभ्रम,** पीडनोन्माद, मानसिक उन्माद, चित्तविक्षेप, मनो-विभ्रम, T.

paranoiac, paranoid ⊙, **paranoidal** ⊙ –ॲक्, –नाएॅड्, –'डॅल् aa. **संविभ्रमी,** चित्तविक्षेपी, पीडनो-न्माद-युक्त।

paranthelion पैरॅन्थी'लिअॅ n. **सूर्याभास**।

paranthesis ⊙ पॅरॅन्थी'सिस् n. कोष्ठक, गोल कोष्ठक।

paranucleus पैरॅन्यू'क्लिअॅस् n. (जीववि०) उपन्यष्टिF, उपकेन्द्रक; (वन०) **उपनाभिक**।

paranymph –निम्फ् n. सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, सर्वोत्तम व्यक्ति।

parapet पै'रॅपि`ट् n. परिधाF, कमरकोटा, **मुँडेरा** (~ *gutter*), कँगूरा, मेंड़F; (सेनाF०) **प्राकार,** दमदमा, मोरचा, दीवारF, छातीFतक ऊँची दीवारF।

parapeted –टि`ड् a. कमरकोटेवाला, मुँडेरदार, मेंड़दार; दमदमादार (जिसके आगे नीची दीवारF हो)।

paraph पै'रैफ् n. हस्ताक्षरचिह्न, हस्ताक्षरके अन्तकी घुमावदार रेखाF।

paraphasia ⊙ पैरॅफे'जिअॅ n. **वाग्विकार,** वाग्वैकल्य; PARAPHRASIA.

paraphernalia पैरॅफर्ने'लिअॅ n. (pl.) व्यक्तिगत उपकरण, निजी सामग्रीF, वसन-भूषण; साज-सामान, सामान, लवाजमा; मशीनFके कल-पुर्जे।

paraphimosis पैरॅफिमो'सिस् n. (चि०, कृषि०) **परि-वर्तिका**F, शिश्नमुण्डके चमड़ेका उलटकर संसक्त हो जाना।

paraphonia ⊙ पैरॅफो'निअॅ n. **स्वरविकार**।

paraphrase¹ पै'रॅफ्रेज् n. **पदान्वय,** भावानुवाद, छायानुवाद, भाष्य, टीकाF, व्याख्याF, अर्थप्रकाश।

paraphrase² v.t. भावानुवाद करना, छायानुवाद करना, भाष्य लिखना, टीका^F करना, व्याख्या^F करना, अर्थ प्रकाशित करना।

paraphraser, paraphrast ⊙ –ज़र, पै'रॅफ्रास्ट् nn. व्याख्याता, भावानुवादक।

paraphrasia ⊙ –फ्रे'ज़िअॅ n. भावासंगति^F, वाग्वैकल्य।

paraphrastic, -al पैरफ्रै'स्'टिक्, -अॅल् aa. भावानुवाद-विषयक, व्याख्यारूप, टीकारूप।

paraphysis ⊙ पॅरै'फिसिस n. (वन०) **संसूत्र,** T.

paraplasm ⊙ पै'रॅप्लैज़्म् n. (त्रि०) द्रवद्रव्य, काचाभद्रव्य; व्यंग, वैकल्य, विकृति^F।

paraplectic ⊙ पैरॅप्ले'क्'टिक् a. अधःस्तम्भित, पादाघातग्रस्त।

paraplegia –ली'जिअॅ n. (चि०) अधरांगघात, उरूघात, अधःस्तम्भ, **सक्रियसंस्तम्भ,** पादाघात, पादस्तम्भ, पादसंस्तम्भन, पैरका लकवा; spastic ~ ऊरुस्तम्भ।

paraplegic –जिक् a. (चि०) अधरांगघात-विषयक, अधःस्तम्भ-विषयक, अधःसंस्तम्भन-विषयक, पादाघात-विषयक, पाद-संस्तम्भन-सम्बन्धी, पैरके लकवेका।

parapleuritis पैरॅप्लूअॅराइ'टिस् n. (चि०) पार्श्ववक्ष-प्राचीर-शोथ, फुप्फुसावरण-शोथ, फेफड़ेकी झिल्ली^Fकी सूजन^F।

parapophysis पैरॅपॉ'फिसिस् n. (चि०) निम्न अनुप्रस्थकशेरू प्रवर्ध; कीकसवर्ध, मेरुसन्धि-विकार, **सुण्ड तल**।

parapraxis ⊙ पैरॅप्रैक्'सिस n. **अभिव्यक्ति-विवार**।

paraquet पैरॅके'ट् n. दे० PARAKEET.

parasang पै'रॅसैन्ग् n. (प्राचीन ईरान का मान) = 3¼ मील।

paraselene पैरॅसि'लो'नि' n. (pl. -*ae*) शशिकलंक; (सैन्य०) **चन्द्राभास**।

parasitaemia ⊙ पैरॅसिटी'मिअॅ n. (चि०) परजीवीरक्तता^F, **पररक्तजीविता^F,** रक्ताश्रय।

parasite पै'रॅसाइट् n. (चि०, कीटवि०, वन०) **पराश्रयी,** परोपजीवी, **परजीवी,** परान्नभोजी, **जीवोपजीवी;** स्वार्थी, **पराश्रय,** पिछलग्गू; बिट, चाटुकार, चापलूस; (पौधे या दीवारपर चढ़नेवाली) बेल^F, लता^F; जीवन्तिका^F, वृक्षादनी^F; ~ facultative अनाग्रही; ~ obligate आग्रही;

~ carrier, ~ density, ~ formula, ~ rate.

patriliny –'लिनि n. (इति०) **पितृवंशिकता^F**।

patrimonial पैट्रिमो'निॲल् a. पैतृक, पितृदाय-विषयक, पितृप्राप्त, पित्रागत, मौरूसी, **बपौती^F**का।

patrimony –'ट्रिमॅनि n **पितृदाय**, पैतृक सम्पत्ति^F, पैतृक रिक्थ, पित्रागत धन, **बपौती^F**; विरासत^F; (प्रायः ला०) धनसमर्पण, दान, वक्फ।

patriot पै(पे)'ट्रिअॅट् n. देशभक्त, स्वदेशानुरागी, देश-मित्र।

patriotic –ऑ'टिक् a. देशभक्तिपूर्ण, स्वदेशानुराग-युक्त।

patriotism –'ट्रिॲटिज़्म् n. देशभक्ति^F, स्वदेशानुराग, देशप्रेम, स्वदेशाभिमान।

patristic, -al पॅट्रिस'टिक्, -ॲल aa (ईसाई) धर्माचार्य-सम्बन्धी; धर्माचार्यकी रचनाओं^Fसे सम्बन्धित।

patristicism –टिसिज़्म् n. ईसाई धर्माचार्योंकी विचार-पद्धति^F।

patristics –टिक्स् n. (ईसाई) धर्माचार्य-शास्त्र।

patrol¹ पॅट्रोल्' n. रक्षाभ्रमण, **गश्त^F**, पहरा, पैट्रोल; प्रहरी; आरक्षी, पुलिस सिपाही; गवेषक, सैन्यदल; ~ air-craft **गश्ती वायुयान**।

patrol² v. i. & t. रक्षार्थ भ्रमण करना, पहरा देना, **गश्त^F लगाना**; निगरानी करना, चौकसी^F करना।

patrology ⊙ पॅट्रॉलॅजि n. (प्राचीन सन्तों द्वारा विर-चित) इंजील-संग्रह, बाइबिल^Fका संग्रह।

patron पे'ट्रॅन् n. पालक, आश्रयदाता, प्रतिपोषक, **संर-क्षक**; पुरस्कर्ता, उपकारक, संवर्धक; नित्यका ग्राहक; पादरीकी वृत्ति^F देनेका अधिकारी; ~ saint संरक्षक ऋषि, सिद्ध महात्मा।

patronage –निज् n. पालन, **प्रश्रय**, आश्रय, **संरक्षण**, संरक्षकत्व, सम्वर्धन, आलम्ब, पोषण; पादरीको वृत्ति^F देनेका अधिकार; ग्राहक-सहायता^F, ग्राहक-अवलम्बन।

patronal पे(पै)'ट्रॅनॅल् a. संरक्षक ऋषि-सम्बन्धी, संरक्ष-कीय, सिद्धका (*the ~ festival*)।

patroness –नि'स् n. पालिका^F, आश्रयदात्री^F, संर-क्षिका^F।

patronize पै'ट्रनाइज़् v.t. पालन करना, आश्रय देना, संरक्षण करना, अवलम्ब देना, सहायता^F देना; उत्साहित करना, बढ़ावा देना; नम्र व्यवहार करना।

patronizer –ज़ॅर् n. पालक, पोषक, संरक्षक, आलम्बन-दाता, आश्रयदाता, सहायता^F देनेवाला; उत्साहित करने-वाला, बढ़ावा देनेवाला, नम्र व्यवहार करनेवाला।

patronizing –जिंग् a. संश्रयात्मक (~ *tone*)।

patronymic¹ पैट्रॅनि'मिक् n. पैतृक नाम, गोत्रनाम, कुलसूचक नाम।

patronymic² a. पैतृक, गोत्रीय, अपत्यवाची, कुल-सूचक।

patroon ⊙ पॅट्रून्' n. (इति०; न्यूजर्सी और न्यूयार्कमें डच सरकारके शासनमें) जमीनदार।

pattee पैटी' a. = PATEE.

patten पै'टॅन् n. काष्ठ पादुका, खड़ाऊँ।

patter¹ पै'टॅर् n. भाषा^F, बोली^F; सम्भाषण, द्रुत भाषण, द्रुत आलाप; गीत, सुखान्त नाटक, ड्रामा; पटपटाहट^F, पड़पड़ाना, 'टप-टप' या 'पट-पट' का शब्द; ~ song सुखान्त नाटकका गीत; ~ flash चोरोंकी गूढ़ भाषा^F।

patter² v.t. & i. शीघ्रतः पढ़ना, द्रुतगति^Fसे दोहराना; बड़बड़ाना, बुदबुदाना; पटपटाना, पड़पड़ाना, 'टप-टप' या 'पट-पट' का शब्द करना या होना; (पानीकी बूँदें^F) टप-टप करके गिरना; द्रुत वेगसे दौड़ना।

pattern¹ पै'टॅर्न् n. **प्रतिरूप** (*function*), **चित्र**, **आकृति^F**, प्रतिकृति^F, प्रतिमान, **ढाँचा**, **साँचा**, फर्मा; (रसा०) **क्रमादर्श**; **प्रतिमान**, **आदर्श**, **निदर्शन**, उदा-हरण, बानगी^F, **नमूना**; कलाप; शैली^F; लक्ष्य-बिन्दुपर गोलियों^Fके बने निशान; **प्रकार**, **रूप बनत^F**, ~-room, -shop प्रतिमाकक्ष, नमूनेका कक्ष या दुकान^F; साँचोंकी ढलाई^Fके कारखानोंका कमरा; ~ marker **नमूना साज**, **फर्मा बनानेवाला**, (कारखानोंमें) साँचा तैयार करनेवाला।

pattern² v.t. प्रतिमानपर रूप देना, गढ़ना; साँचा बनाना, नमूना बनाना; (नक्काशी^F आदिसे) सजाना।

patty पै'टि n. कीमेका समोसा, मीठा समोसा (~-*pan*)।

patulous पै'ट्यूलॅस् a. विस्तारी, स्तरणशील, फैलनेवाला; बृहद्‌द्वारात्मक, बृहद्‌द्वारमय, बृहच्छिद्रिल, बृहच्छिद्रयुक्त; विस्तारित, तानित, प्रतानित, फैलाया हुआ।

paucity पॉ'सिटि n. अल्पता^F, न्यूनता^F, कमी^F।

Paul पॉल्' n. ~ Pry परकार्यव्यापारी, हस्तक्षेपक।

paunch¹ पॉन्च्' n. रोमन्थिका^F, (जुगाली^F करनेवाले पशुका) (कृषि०) **प्रथम आमाशय**, प्रथम जठर; उदर तोंद^F, जठर, पेट और उसके भीतरकी वस्तुएँ^F; (नौवि०) लकड़ी^Fका जँगला, जाल, मोटी मजबूत चटाई^F।

paunch² v.t. पेट फाड़ना, अँतड़ियाँ^F निकालना।

paunchy –'चि a. दीर्घतुन्दी, दढ़ी तोंदवाला, पेटू,

तोंदड़िया।
pauper पॉ'पर् n. **अकिंचन** (~ *appeal*, ~ *suit*), निर्धन, दरिद्र, अनाथ, **कंगाल;** भिक्षु, भिक्षा-जीवी, फकीर।
pauperdom –डम् n. दरिद्रवर्ग, भिक्षुमण्डली^F; भैक्ष्य, भीख^F; भिक्षावृत्ति^F, भिखमंगापन।
pauperism –रिज़्म् n. दारिद्र्य, दरिद्रता^F, भिक्षावृत्ति^F, **अकिंचनता^F, कँगलापन, कंगाली^F।**
pauperization –राइजे'शन् n. दरिद्रीकरण, अकिंचनीकरण, अकिंचनीभवन।
pauperize –'पॅराइज् v.t. दरिद्र बनाना, अकिंचन बनाना, कंगाल बनाना।
paurometabolism पॉरमि टै'बलिज़्म् n. अल्पपरचनान्तरण।
pause[1] पॉज्' n. विरति^F, **विराम,** ठहराव; उपशम; व्यवधान, अन्तर, अन्तराल; अनध्याय; विश्राम, अवसान, यति^F, दीर्घविरामचिह्न; *give* ~ *to* असमंजसमें डालना, द्विविधा^Fमें डालना; हिचकिचाहट^Fमें डालना।
pause[2] v. i. विरत होना, ठहरना, रुकना; व्यवधान करना; अटकना, दम लेना, सुस्ताना।
pavage पे'विज् n. आचयन-शुल्क, प्रस्तराचयन-शुल्क, पथाचयन-कर, भूबन्ध-कर, पथ-बन्धन-कर, खड़ंजा लगानेका कर; आचयन, प्रस्तराचयन, पथाचयन, भूबन्ध, पथ-बन्धन, खड़ंजा लगाना।
pavan(e) पै'वॅन् n. एक शाही नृत्य, शानदार नाच।
pave[1] पेव्' v.t. आचयन करना, प्रस्तराचयन करना, पथाचयन करना, भूबन्ध लगाना, पथबन्ध लगाना, खड़ंजा लगाना, फर्शपर पत्थर या ईंट^F जड़ना; (प्रायः ला०) आच्छादित, आवृत (~*d with flowers*); ~ *the way* (*for, to*) मार्ग तैयार करना, मार्ग बनाना, (प्रारम्भिक) कठिनाइयाँ^F दूर करना।
pave[2] पथबन्धन, खड़ंजा।
pavement –'मॅन्ट् n. कुट्टिम, कुट्टिमपदी^F, आचित तल, **ऊपरी स्तर; खड़ंजा, फर्श,** फर्शबन्दी^F; पक्की सड़क^F, सड़क^Fकी पटरी^F ⊙; (जन्तुवि०) खड़ंजेकी तरह जड़े हुए दाँत; ~ light **अल्पपारदर्शी फ़र्श।**
paver, paviour –'वॅर्, पे'व्यॅर् nn. आचयनकर्ता, फर्श बैठानेवाला, खड़ंजा लगानेवाला; मार्गदर्शक।
pavid पै'विड् a. भीरु, कायर, डरपोक।
pavilion[1] पॅवि'ल्यॅन् n. प्रशाला^F, प्रशाल, **मण्डप,** मँड़वा; इमारतका सुसज्जित बहिर्भाग; तम्बू, खेमा, डेरा (विशे० बड़ा चोटीदार); गण्डप; मेखला^Fके रत्नोंका अंश; (चि०) बाह्यकर्ण; ~ roof खेमानुमा या तम्बूनुमा छत^F।
pavilion[2] v.t. मण्डप बनाना; तम्बू तानना, खेमे लगाना।
paving पे'विंग् n. आचयन, प्रस्तराचयन, पथाचयन, भूबन्धन, पथ-बन्धन, **खड़ंजा** लगाना, ~ stone **फर्शी पत्थर।**
pavior पेव्'यॅर n. आचेता, प्रस्तराचेता, पथाचेता, भूबन्धक, पथबन्धक, खड़ंजा लगानेवाला।
pavis पै'विस् n. बड़ी ढाल^F, (पूरा) वर्म, कवच।
pavisade ⊙ –सेड् n. प्रतिरक्षा^F, प्रतिरक्षा-कार्य; प्रतिरक्षात्मक जवनिका^F, रोक^F, मोर्चा।
pavo पे'वो n. (ज्यौ०) **मयूर पावो।**
pavonazzo (It.) a. & n. मयूरके रंगसे चिह्नित (संगमरमर)।
pavonine पै'वॅनाइन् a. मयूरीय, मयूर-विषयक, मोर-सम्बन्धी; मयूरवत्, मयूरसम, मयूर-सदृश, मोर-जैसा; शिखी-पुच्छवत्, मयूर-पुच्छसम, मोरकी पूँछ^Fके समान।
paw[1] पॉ' n. (पशुका) सनख पाद, पंजा, चंगुल; (बोल०) चपेट; कर, हस्त, हाथ; हस्तलिपि^F, हस्तलेख।
paw[2] v.t. & i. पंजा मारना; टाप^Fसे भूमि^F कुरेदना; रुखाई^Fसे व्यवहार करना; भद्देपनसे हाथ लगाना या उठाना।
pawkiness पॉ'किनिस् n. चातुर्य, धूर्तता^F, चालाकी^F।
pawky –कि a. चतुर, कपटी, चालाक, छँटा हुआ।
pawl[1] पॉल्' n. ग्राह, कुत्ता, (पहियेके छड़को रोकनेका यन्त्र); (नौवि०) (लंगर आदिकी) चर्खी^Fको रोकनेवाला डण्डा।
pawl[2] v.t. कुत्ता लगाना, डण्डेसे रोकना।
pawn[1] पॉन्' n. शतरंजका प्यादा; न्यास, निक्षेप, आधि^F, बन्धक, धरोहर^F, गिरवी^F, अमानत^F; प्रतिज्ञा^F; धरोहर^Fमें रखा गया) व्यक्ति या वस्तु^F; निक्षेपावस्था^F, बन्धककी अवस्था^F; आदि; ~ broker निक्षेप व्यवसायी, आधि-व्यवसायी, **गिरवीदार,** ऋण देनेवाला व्यवसायी, साहूकार, दलाल; ~broking साहूकारी^F, महाजनी^F, दलाली^F।
pawn[2] v.t. शर्त^F लगाना; **अधि^F रखना, आड़^F रखना,** बन्धकमें रखना, धरोहर^F रखना, अमानत^F रखना, गिरवी^F रखना; प्रतिज्ञाबद्ध होना, वचन देना।
pawnee –नी' n. आधिमान्, **अधिग्राही; आड़ग्राही,** न्यास-स्वीकर्ता, निक्षेप-स्वीकर्ता, अधिस्वीकर्ता, बन्धक स्वीकार करनेवाला, **गिरवीदार।**
pawner –नॅर् n. न्यासक, निक्षेप्ता, **आधिकर्ता, आड़कर्त्ता,** आधायक, बन्धक रखनेवाला, धरोहर^F रखनेवाला, गहने रखनेवाला।
pawnship –न्'शिप् n. बन्धकापण, गिरवी^Fकी दूकान^F।
pax पैक्स्' n. HIGHMASS पर्वकी निर्धारित उपासना-पद्धति^F; शान्ति^Fका चुम्बन या स्पर्श; **शान्ति^F,** सन्धि^F, सुलह^F; सलीबी तख्ती^F (~*-board* भी); ~ Romana **रोम द्वारा स्थापित शान्ति, विश्व प्रभुत्व।**
paxwax पैक्स्'वैक्स् n. (बोल०) मेरुदण्डके पासकी मोटी नस^F; गुदाकी नस^F।
pay[1] पे' n. शोधन, **मूल देय,** निष्कृति^F, भुगतान, अदायगी^F, चुकाना; भृति^F, पारिश्रमिक, **वेतन, तनख्वाह,** मजदूरी^F, मेहनताना; ~ bill, sheet वेतन-पत्र; ~-box, ~-desk ग्राहक डेस्क; ~-in-slip (वाणि०) **जमा-पर्ची^F;** ~ load भारका भुगतान, वायुयानके भारका कुछ अंश जिसपर दाम दिया जाता है; ~ load **आयभार, भारयोग;** ~ master वेतना-

धिकारी, **वेतनदाता**, वेतनाध्यक्ष; ~master general वेतन-महादाता; ~-off **चुकाई**^F; ~-office निष्कृति-कार्यालय, अदायगी^Fका आफिस; ~ patient⊙ शुल्क देनेवाला रोगी; ~ roll⊙ **वेतन-चिट्ठा**, मजदूरी^Fकी लिस्ट^F; ~-scale **वेतनमान**, *as the ~ so the work*, जैसा दाम वैसा काम;

~ abstract, ~ advance, ~ book, ~ clerk, ~ day, ~ fixation, ~ fixation statement, ~ fund, ~head, ~-list, ~order, ~range, ~ receipt, ~-sheet, ~-slip, ~time scale.

pay² v.t. & i. (*paid*) वेतन देना, तनख्वाह देना, मजदूरी^F देना; **भरना, देना**, अदा करना, **भुगतान करना, चुकाना**; क्षतिपूर्ति^F करना, प्रतिफल देना, बदले-में देना; पुरस्कार देना; समर्पण करना, प्रस्तुत करना; (व्यापार आदिमें) लाभ होना; (नौवि०) रस्सी^F काटना; निकालना, हटाना; ~ *for* पैसा भरना, व्यय करना; मूल्य देना, कीमत^F अदा करना; (ला०) दण्डित होना, सजा^F पाना; ~*heed to* ध्यान देना; ~*in* (कोई रकम^F, अपने या दूसरेके हिसावमें) जमा करना; ~ *off* **चुकता करना**, बेबाक करना; छुटकारा पाना; पतवार हटानेपर जहाजका प्रतिकूल दिशा^Fकी ओर स्थित होना; ~ *as you earn* आय^Fमेंसे (कर) कटाते चलें; ~ *out, away* (नौवि०) रस्सी^F ढीली करना; ~ (person) *out* दण्ड देना; ~ *round* जहाजका सिरा घुमाना; ~ *the piper* मूल्य चुकाना; ~ *up* सम्पूर्णतः चुकता करना, बेबाक कर देना; *robbing Peter to ~ Paul* अहमदकी पगड़ी^F मुहम्मदके सिरपर।

payable –'अॅबॅल् a. **देय**, शोध्य, शोधनीय, दिया जाने योग्य; लाभदायक, लाभकर।

P.A.Y.E. Pay As You Earn (Income Tax).

payee पेई' n. (अर्थ०) परिगृहीता, **आदाता**, प्राप्तिकर्ता, **पानेवाला**, लेखेवाला।

payer –ॲर् n. शोधक, **दाता, देनेवाला**, भुगतान करनेवाला।

paying –इंग् १. n. शोधन, देना (~-*office*); २. a. सशुल्क, लाभप्रद; ~-in book (अर्थ०) **जमा कापी**^F;

~banker, ~ capacity, ~ patient, ~ward.

payment* –'मॅन्ट् n. दाति^F, **शोधन**, निस्तार, निष्कृति^F, **भुगतान***, चुकौती^F, **अदायगी**^F, **भरपाई**^F, चुकाई गयी रकम^F; देय; (ला०) प्रतिफल, प्रतिदान, बदला; ~ down तत्क्षण शोधन;

~ clerk, ~ indent, ~ issue, ~ order account, ~ orders register, ~ ration, ~ side, ~ voucher.

paynim पेनिम् n. (प्रा०) मूर्तिपूजक, काफिर, बेदीन, (विशे०, मुसलमान या यहूदी)।

paynize पे'नाइज् v.t. लकड़ीमें कीड़ेमार दवा भरना।

paysage (F) n. ग्राम्य दृश्य, देहाती दृश्य।

paysagist पे'सॅजिस्ट् n. दृश्यकार, दृश्य-चित्रकार।

P.B. Pharmacopoeia Britannica, Playmouth Brethren; Periodic Block.

P.B. Prize Bonds.

Pb. *plumbum*, lead; Punjab.

P.B.CI. Pay Bills Clerk.

P.B.T. President Board of Trade.

P.C. *Patres Conscripti*, Conscript Fathers; Pay Comission; Privy Council(lor); Police Constable; Platoon Commander; Post-Card.

p.c. per cent; *post cibum* after food; post card.

P/C. petty cash; prices current.

P.c.c. Pradesh Congress Committee.

P.C.F. Personal Confidential File.

P.C.I. Price Current Inspector.

P.C.I.J. Permanent Court of International Justice.

P.Co.P.A. Application for a Permit in respect of Particular Contract Carriage.

P.Co.S.A. Aplication for a Permit in respect of one or more Service Contract Carriage.

P.C.P. Private Cash of Prisoners.

P.C.R.C.A. Sheets Plain Cold-Rolled Cold-Annealed Sheets.

P.C.S. Provincial Civil Service; Principal Clerk of Session.

p.c.v. pedestrian controlled vehicle.

pd¹. paid.

pd². palladium.

Pd³. Period.

pd⁴. potential difference.

P.D.A. Patents and Designs Act.

P.D.O. Poultry Development Officer.

P.D.R. Poultry Development Research.

P.E. Protestant Episcopal; Production Engineer.

pea पी' n. (वन०, कृषि०) कलाय^F, रेणुक, **मटर**^F (का पौधा या दाना); ~ nut मटर^F; मूँगफली^F; ~ politics **क्षुद्र राजनीति**^F; ~ shooter मटर बन्दूक^F; *as like as two ~s* बिलकुल एक, हुबहू;

~ berry, ~ bird, ~ chick, ~ cod, ~ crab, ~ field, ~ green, ~ jacket, ~ pod, ~-shaped bean, ~-sized, ~ soup, ~ soup fog, ~stick, ~sticking.

peace* पीस्' n. शान्ति^F*, प्रशम, युद्धविराम, मेल-मिलाप, अमन; सन्धान, मैत्री^F, सन्धि^F*, सुलह^F; विश्राम, आराम, चैन; अक्षुब्धता^F, निराकुलता^F, निरुद्वेग, अनुद्विग्नता^F; व्यवस्था^F; मौन, निःस्तब्धता^F; स्थिरता^F; मानसिक शान्ति^F; स्वस्थता^F; ~ maker

सन्धिकर्त्ता, सुलहकार; ~-monger शान्ति-संस्थापक व्यक्ति; ~offensive शान्तिप्रयास; ~offering शान्ति-दान, शान्तिप्रतीक उपहार; ~-pipe = CALUMET; ~-time **शांतिकालीन**; *at* ~ मित्रवत्, मैत्री^F की अवस्था^F में, सन्धि^F या सुलह^F की दशा^F में; युद्धनिवृत्ति^F की अवस्था^F में; *hold* one's ~ युद्धनिवृत्त रहना, शान्त रहना, चुप रहना, मौन होना; *keep the* ~ झगड़ा न करना; *make* ~ (*with*) मैत्री^F करना;

~-blessed, ~-breaker, ~-breaking, ~ conference, ~-enamoured, ~ equipment, ~ equipment tables, ~ establishment, ~ man, ~ movement, ~ negotiations, ~ officers, ~-party, ~ system, ~-trained.

peaceable –'सॅबॅल् a. शान्तिप्रिय, शान्ति^F का इच्छुक; **शान्तिमय, शान्तिपरक, साम,** (~ negotiation); कलह-विमुख; अनुद्विग्न, अक्षुब्ध, स्वस्थ, निराकुल, प्रशान्त।

peaceableness –निॅस् n. शान्तता^F, शान्तिप्रियता^F, युद्धपराङ्मुखता^F; अनुद्विग्नता^F, अक्षुब्धता^F, स्वस्थता^F, निराकुलता^F, प्रशान्ति^F।

peaceful –स्'फुल् a. शान्त, **शान्तिपूर्ण,** निरुपद्रव, विग्रहहीन, कलहविमुख, अक्षुब्ध, निष्कण्टक।

~ action, ~ change, ~ co-existence, ~ penetration.

peacefulness –निॅस् n. शान्ति^F, शान्तिपूर्णता^F, विग्रहहीनता^F, कलहविमुखता^F, अक्षोभ, निष्कण्टकता^F।

peaceless –'लिॅस् a. अशान्त, अशान्तिपूर्ण, क्षोभपूर्ण, संक्षुब्ध, बेआराम।

peach[1] पीच्' n. (एक खट्टमिट्ठा फल) आरुक, **सताल्,** आड़ू; (ग्रा०) श्रेष्ठतम व्यक्ति, सर्वोच्च व्यक्ति, अति सुन्दर बालिका; ~-colour(ed) आरुकाभ, आड़ूके रंगका, हल्के लाल रंगका;

~ bloom, ~-blossom, ~-blow, ~ brandy, ~ red, ~-tree.

peach[2] पीच्' v. i. (अब ग्रा०) जासूस बन जाना, मुखबिर बन जाना; खबर^F देना; शिकायत^F करना।

peacher '–चॅर् n. जासूस, मुखबिर।

peachery –चॅरि n. (शीशेका) आड़ू घर।

pea-chick पी'-चिक् n. मयूरक, मोरका बच्चा।

peachiness पी'चिॅनिस् n. आरुकवत्ता^F, आड़ूसदृशता^F।

peachy –चि a. आरुकवत्, आड़ूसदृश (विशे० कपोल या मुखड़ा)।

peacock[1] पी'कॉक् n. शिखी, केकी, **मयूर, मोर,** ~-throne (शाहजहाँका) मयूर-सिंहासन, तख्ते-ताऊस;

~ blue, ~-blue glasses, ~ butterfly, ~-feather fan, ~-fish, ~-flower, ~ green, ~ ore, ~-pheasant, ~'s tail.

peacock[2] v. मोरपंखोंसे अलंकृत करना; शृङ्गार करना; प्रदर्शन करना, दिखावा करना; अकड़कर चलना, इठला-कर चलना, ठसककर चलना, ऐंठकर चलना, ठुमुक-ठुमुक चलना।

peacockish –किश् a. शिखण्डी-विषयक, मयूर-सम्बन्धी; गर्वसूचक चेष्टा-सम्बन्धी।

peacock-like –क्-लाइक् a. शिखण्डीवत्, मयूर-सदृश, मोर-जैसा।

peafowl पी'फॉउल् n. मयूर या मयूरी^F, मोर या मोरनी^F।

peahen पी'हॅन् n. शिखिनी^F, मयूरी^F, मोरनी^F।

pea-jacket पी'जैकिॅट् n. समुद्री कोट, (समुद्र-यात्रा^F में) ओवरकोट।

peak[1] पीक्' n. **शिखर,** शृङ्ग, **चोटी**^F, कूट, पर्वताग्र, **सिरा;** ऊर्ध्वबिन्दु, नोक^F; सूच्यग्र, वक्रका तीक्ष्णाग्र; चूडा, शिखा^F, टोपी^F की ओलती^F, ओरी^F; (नौवि०) (जलयानका) आभ्यन्तर संकीर्ण खण्ड, जहाजके तहखाने-का तंग हिस्सा; पालका सूक्ष्म अग्रभाग; (गुण०) अधिक-तम (~ *demand*); ~-load (विद्युत^F की) महत्तम शक्ति^F, उच्चतम भार, (क्रय-विक्रय एवं परिवहन आदिका) महत्तम परिणाम; ~ period **व्यस्ततम काल,** ~ production चरमोत्पादन;

~ power, ~ tank, ~ top, ~ traffic.

peak[2] v.t. & i. (मस्तूलके सहारेको) ऊर्ध्वाधर झुकाना, आगे-पीछे झुकाना; सीध^F में झुकाना; (डाँड़के चापोंको) सीधे खड़ा रखना; (ह्वेल मछली^F का) दुम उठाना, गोता लगाते समय सीधे खड़ा होना।

peaked, peaky –ड्, 'कि aa. शृङ्गी, सकूट, चोटीदार (*roof*); शिखराकार, सूच्यग्र, नुकीला।

peakish पी'किश् a. अस्वस्थ-सा, रुग्ण-सा; क्षीण-सा, दुर्बल-सा, मरियल।

peaky –कि a. अस्वस्थ, रुग्ण, रोगजनक, वमनजनक; क्षीण, दुर्बल, सूखा, कमजोर; दे० PEAKED.

peal[1] पील्' n. (घण्टे या घण्टियों^F का) क्वणन, नाद, निनाद, घनघनाहट^F, गड़गड़ाहट^F, टिन-टिनाहट^F; घण्टियाँ^F, घण्टियों^F की पंक्ति^F; निर्घोष, महाध्वनि^F, गरज^F, कड़क^F; (विशे०) घन-गर्जन, मेघनिर्घोष; अट्टहास, जोरसे हँसनेकी आवाज^F।

peal[2] v.i. & t. निनादित होना, घनघनाना, टिन-टिनाना, गरजना, गड़गड़ाना, कड़कना; गरजकर कहना; कड़ककर बोलना; ~ *bells* जोरसे घण्टे बजाना।

pear पेॲर् n. रुचिफल, (कृषि०) **नाशपाती**^F (~*tree*); ~-drop नाशपातीवत् कर्णफूल; नाशपाती^F के आकारकी मिठाई^F; ~-shaped नाशपाती^F के आकारका।

pearl[1] पर्ल् n. (रसा०) **मुक्ता**^F, मौक्तिक, (रसा०) **मोती**^F; मणि, रत्न, बहुमूल्य पदार्थ; मुक्तोपम वस्तु^F, मुक्ताभ वस्तु^F, (जैसे ओसबिन्दु, अश्रुबिन्दु, दाँत इत्या०); छोटा टाइप, मोतिया टाइप; सूक्ष्मतम अंश, अल्पतम खण्ड; (चि०) मुलिका^F, उड़नेवाली औषधि^F की एकमात्रा^F होनेवाली काँचकी गोली^F; ~-barley मुक्तायव, मोतिया जौ; ~ disease पशुओंका यक्ष्मारोग; ~-diver (सीप^F निकालनेवाला) गोताखोर; ~-eye मोतियाबिन्द;

~-fisher द्रे० PEARLdiver; ~-fishery मुक्ता-क्षेत्र, सीप[F] निकालनेका व्यवसाय; ~millets (कृषि०) **बाजरा**; *cast ~s before swines* भैंस[F]के आगे बीन[F] बजाना, सागवालेसे हीरेका मूल्य करना, बन्दर क्या जाने अदरख-का स्वाद;

~-button, ~-blush, ~ gray, ~-hardener, ~-hardening, ~-like, ~ millet, ~ mussel, ~oyster, ~-powder, ~-sago, ~-shell, ~-spar, ~ stone, ~-white ~wort.

pearl[2] v.t. & i. (किसी वस्तु[F]के) मुक्ताभ विन्दु छिड़कना या छींटना; मोती बिखेरना; मोती-सदृश बनाना; मोतीका रंग आदि देना; हीरे-जैसा बनाना; मोतिया जौ बनाना; (जौ आदिको घिसकर) मोती-जैसा बनाना; मोती-जैसे विन्दु बनाना; सीप[F]का शिकार करना।

pearlaceous –लें'शॅस् a. सीपवत्, सीप-सदृश, सीप-जैसा।

pearled –र्ल्ड् n. मुक्तामय, मुक्तापूर्ण।

pearlies –'लिज् n. मोतीके बटन, मोतीके बटन[F] वालासूट।

pearliness पर्'लिनि'स् n. मुक्तामयता[F], मुक्ताभता[F]; मौक्तिकता[F]।

pearling पर्'लिंग् n. रेशमी फीता, परलिंग।

pearly पर्'लि a. मुक्तामय, मोतियोंवाला; मुक्ताभ, मुक्तोपम, मोती-सा, निर्मल, उज्ज्वल, चमकदार; ~ lustre **मुक्ताद्युति[F]**।

pearmain पेअॅर'मे'न् n. एक प्रकारका सेब।

peasant पे'ज़ॅन्ट n. कृषीवल, **कृषक, किसान**, (~ *community*), खेतिहर; ग्रामवासी, ग्रामीणजन, देहाती; ~ proprietor **भूमिधारी, कृषक भूस्वामी**, स्वामी कृषक, निजी भूमि[F]पर कृषि[F] करनेवाला ग्रामवासी।

peasantry –ट्रि n. कृषकवर्ग, किसान लोग; ग्रामीण समुदाय, देहाती जनता[F]।

pease पीज़् n. PEA (प्रा० = मटर[F]) का बहु०; ~-cod मटर[F]की फली[F]।

peat पीट् n. जीर्णक, (कृषि०) **पाँस** (~ *soil*); दल-दलका कोयला; (प्रा० भू०) **पीट**; ~coal **पीटज कोयला**; ~ bog (उक्त) कोयलेका दलदल; **पाँस-पंक, पीट पंक**; ~ moss (उक्त) कोयलेकी काई[F]; ~ reek (उक्त) कोयलेकी आग[F]का धुवाँ, कोयलेपर स्रवित की गयी मदिरा[F] एवं उसकी सुगन्ध[F]।

peatery –'टॅरि n. दलदली कोयलेका कारखाना।

peaty –टि a. जीर्णक-, दलदली कोयलेका-सा, इससे बना हुआ (~ *soil*)।

pebble पे'बॅल् n. अश्मिला, **उपल, कंकड़**, कण, रोड़ा, (यन्त्र०) **बटिया[F]** (~ *dash*), **गुटिका[F], गिट्टी[F], बजरी[F]**, स्फटिक, बिल्लौर; गोमेद, गोमेदक, रत्न; ~ dash **गिट्टीदार लिपाई[F]**, ~ powder, गन-पाउडर, बारूद[F]; ~ ware बहुरंगी मिट्टियों[F]के मिश्रणसे बने बर्तन।

pebbled, pebbly –ड्, –'ब्लि aa. कंकड़युक्त, कंकड़ीला, कंकड़वाला।

P.E.C, pec. Photo Electric Cell.

pecan पॅकैन् n. (मिसीसिपी प्रदेशका अखरोट जाति[F]का एक वृक्ष), भिदुकाष्ठ; इस वृक्षकी मींगी[F], गिरी[F]।

peccability पे'कॅबि'लिटि n. पापिष्ठता[F], पापीपन।

peccable –'कॅबॅल् a. पापी, पापोन्मुख, पाप-प्रवण; अपराधी, पापाधीन, पापवश।

peccadillo पे'कॅडि'लो n. (pl. -*es*) स्खलन, क्षुद्रदोष, अल्पदोष, सामान्य अपराध।

peccancy पे'कॅन्सि n. विकार, दोष, सदोषता; पापकर्म, पापशीलता[F], गुनाहगारी[F]; विकारग्रस्तता[F], रोगग्रस्तता[F]।

peccant पे'कॅन्ट् a. पापशील, दुष्ट, पापी, दोषी, अप-राधी, गुनहगार; (चि०) रोगग्रस्त, अस्वस्थ, रुग्ण; दूषित, विकृत; रोगकारी।

peccary पे'कॅरि n. (अमेरिकी) शूकर, सुअर।

peccatophobia पे'कॅटॅफो'बिअॅ n. **पापभीति[F]**।

peccavi (L) –वि sent. मैंने पाप किया है; n. पाप-स्वीकृति[F]।

peck[1] पे'क् n. अर्धद्रोण, दो गैलनकी माप[F]; इस माप[F]का पात्र, बड़ा बरतन; *a ~ of troubles* विपत्ति-राशि[F], दुःखका पहाड़, मुसीबतों[F]का **अम्बार, कष्टोंकी** भरमार[F]; ~ *of dirt* कीचड़का अम्बार, मैलका ढेर; चोंच[F], ढोंग; चंचुप्रहार; चंचुप्रहारका चिह्न; द्रुत चुम्बन; (ग्रा०) भोजन, खाना।

peck[2] v.t. & i. चोंचें[F] मारना, चोंच[F] चलाना, चोंचें[F] मारकर छेद करना; असावधानी[F]से चुम्बन करना, लापरवाही[F]से चूमना; (ला०) छिद्रान्वेषण करना, दोष निकालना, नुक्ताचीनी[F] करना; (बोल०) कुतरकर खाना, थोड़ा-थोड़ा करके खाना, चुगना; (किसी नोकदार औज़ारसे) खोदना, तोड़ना; पत्थर फेंकना; ~*out* चोंच[F]से झड़कना, उखाड़ना।

pecker –'कॅर् n. कठफोड़ा; wood ~ = PECKER; *keep your ~ up* (ग्रा०) हिम्मत[F] बाँधे रखो, घब-ड़ाओ नहीं।

peckish –किश् a. क्षुधार्त, भूखा।

pecky –कि a. (काष्ठ) सड़नेके चिह्नोंसे युक्त।

pecten पे'क्'टे'न् n. (जीववि०, pl. -*ines*) कंकतरचना[F], कंकतवर्ध, भगास्थि[F], गुदनाली[F]का मध्यभाग; ~ pubis **भगास्थि कटक**।

pectic पे'क्'टिक् a. आश्लेषिक, आश्लेष-विषयक, आश्लेष-सम्बन्धी (~ *acid*)।

pectin –टिन् n. (रसा०) आश्लेषि[F]।

pectinal पे'क्'टिनॅल् a. (चि०) भगास्थिक[F]; कंकतवत्-, कंकत-सदृश, कंकताभ, कंकतके आकारका, कंघेके आकारका, कंघी[F]का-सा।

pectinate –नेट् a. कंकतदशन, कंकतदन्त, **कंकताकार**, कंघेके दाँतोंकी तरह दाँतोंवाला, दाँतेदार (~ *line*)।

pectinated –नेटि'ड् a. = PECTIANTE.

pectination –ने'शॅन् n. कंकतवत्ता[F], कंकतसमता[F], कंकतसदृशता[F], कंघेकी तरह होना; कंकतवद्रचना[F], कंकत-

सदृश बनावट^F, कंघे-जैसी रचना^F; कंकतन, कंघा करना।

pectineal –पे`क्टि'निअॅल् = PECTINAL.

pectineus –अॅस् (चि०) कंकताभि^Fका।

pectiniform –'निफ़ॉर्म् a. कंकतवत्, कंकताकार, कंकत-सदृश, कंकत-तुल्य, कंघे-जैसा, कंघी-जैसा।

pectoral[1] पे`क्'टॅरॅल् n. उरस्त्राण, वक्षस्त्राण, कवच; अंसपक्ष, अंसपेशी^F; कफघ्न औषध^F, वक्ष रोगोंकी औषधि^F।

pectoral[2] पे`क्'टॅरॅल् a. आलंकारिक, शोभाजनक; (यहूदियोंके) प्रधान पादरीसे सम्बन्धित; कासघ्न, कफघ्न; उरस्य, (चि०, कृषि०, जीव०) अंस-, वक्षीय, उरः सम्बन्धी वक्षस्थल-विषयक, छाती^Fपरका, सीनेका (~ *cross*); ~ arch, अंस- चाप, ~ girdle वक्ष-मेखला;

~ appendage, ~ fin, ~ nerve, ~ spine, ~ vein.

pectoriloquism पे`क्टॅरि'लॅक्विज़्म् n. (फुफ्फुस रोगमें) स्टेथॉस्कोपसे रोगीके वक्षकी आवाज^F सुनना, स्टेथॉस्कोपसे रोगीके भाषणकी आवाज^F स्पष्टतया सुनाई देना।

pectoriloquy –क्वि n. = PECTORILOQUISM.

pectose पे`क्'टोस् n. (रसा० शा०) आश्लेषघु, अविलेय पदार्थ।

pectus पे`क्'टॅस् n. वक्ष, छाती^F।

peculate v.t. & i. शोषण करना, धनापहरण करना, चुराना, गबन करना।

peculation –ले'शॅन् n. धनापहरण, गबन।

peculator पि`क्यू'लेटर् n. धनापहर्ता, गबन करनेवाला।

peculiar[1] पि`क्यू'लिअॅर् n. व्यक्तिगत सम्पत्ति^F, निजी जायदाद^F; विशिष्ट अधिकार; विशेष सुविधा^F; विशिष्ट जाति^F एवं सम्प्रदाय; ईश्वरभक्त।

peculiar[2] a. प्रविशेष, विशिष्ट (~ *knowledge*, *use*); आत्मीय, स्वीय, स्वकीय, निजी, व्यक्तिगत; (विशे०, किसीके) व्यक्तिगत चरित्रका; असामान्य, असाधारण, अनोखा, निराला, अनूठा, अजीब (~ *flavour*); निर्दिष्ट, खास (*a point of* ~ *interest*); विस्मय-जनक, अद्भुत, विचित्र, विलक्षण, अनूठा; P~ People कोई व्यक्ति।

peculiarity –अॅ'रिटि n. विशिष्टता^F, विशेषता^F; असमान्यता^F, असाधारणता^F; विलक्षणता^F, अनोखापन, अनूठापन।

peculiarize –लिअॅराइज़् v.t. सुरक्षित रखना, अलग रखना।

peculiarly –लि adv. विशेषतः, विशिष्टतया; असामान्यतः, असाधारणतः, विलक्षणतया; अनोखे ढंगसे (*they dress* ~)।

pecuniary पि`क्यू'निॲरि a. धनीय, धनरूप, आर्थिक, धन-सम्बन्धी, द्रव्यविषयक, अर्थसम्बन्धी; आर्थिक दण्ड-विषयक; तावानी;

~ aid, ~ arrangement, ~ assistance, ~ consideration, ~ damage, ~ dealing, ~ embarrassment, ~ interest, ~ jurisdiction, ~ legacy, ~ liability, ~ loss, ~ penalty, ~ reparation, ~ success, ~ terms, ~ transaction.

ped. pedal.

ped पे`ड्' n. वंशपेटिका^F, बाँसकी पिटारी^F, डलिया^F, टोकरी^F।

peda पेडॅ a. (ग०) पदिक (~ *equation*)।

pedagogic, -al पे`डॅगॉ'जिक्, -अॅल् aa. शैक्षिणक (~ *age*), शिक्षणशास्त्रीय, शिक्षक-सम्बन्धी, अध्यापन-विज्ञान-सम्बन्धी (~ *institute*)।

pedagogics –क्स् n. संशैक्षिकी^F, संशिक्षा^F; शिक्षण-शास्त्र, अध्यापनशास्त्र।

pedagogue पे`'डॅगॉग् n. संशिक्षक, बाल-शिक्षक, अध्यापक।

pedagoguery –गॉरि n. पाठशाला^F, स्कूल; अध्यापन, शिक्षण।

pedagoguish –गिश् n. अध्यापक-सदृश, शिक्षककी भाँति।

pedagog(u)ism –गिज़्म् n. अध्यापकत्व; शिक्षकत्व।

pedagog(u)ist –गिस्ट् n. संशिक्षाविज्ञ, शिक्षणशास्त्र।

pedagogy –गि, -जि n. संशिक्षा^F, संशैक्षिकी^F, शिक्षण-शास्त्र; शिक्षण; प्रशिक्षण।

pedal[1] पे`'डॅल् n. पादवाद्य, काष्ठयन्त्रिका^F, (पिआनो, स्वरको पूर्णतर बनानेके लिए) पदयन्त्र; पदिक, पायदान, (सायकिल^F इत्यादिका) पैडल।

pedal[2] v. i. & t. वाद्ययन्त्रको चलाना, पदयन्त्रको चलाना; पैडलको चलाना।

pedal[3] पे`'डॅल, पी'-डॅल् a. पादिक, (गणि०, कलन) पदिक, पादक, पाद-सम्बन्धी, पैरोंका; ~ note (संगीत) टेक^F।

~ area, ~ curve, ~ disc, ~ equation, ~ gland, ~ line, ~ triangle, ~ vehicle.

pedalist पे`'डॅलिस्ट् n. पादयन्त्रचालक, पायदानचालक, पैडिल चलानेवाला।

pedant पे`'डॅन्ट् n. पाण्डित्याभिमानी व्यक्ति, विद्यादम्भी; अतिसिद्धान्तवादी पुरुष; हेकड़ीबाज, शेखी^F बघारनेवाला।

pedantic, -al पि`डैन्'टिक, -अॅल् a. पाण्डित्याभिमानी, पाण्डित्यदर्शी, विद्यादम्भी; अतिसिद्धान्तवादी; समुद्धत, हेकड़ीबाज, शेखी^F बघारनेवाला।

pedantize पे`'डॅन्टाइज़् v. t. & i. पांडित्याभिमान करना; नियमनिष्ठा^F दिखाना; सिद्धान्तपर अटल रहना, हठधर्मी^F करना।

pedantry –ट्रि n. पाण्डित्याभिमान, पाण्डित्यदर्प, विद्यादम्भ; अतिसिद्धान्तवादिता^F; हेकड़ीबाजी^F, शेखी-बाजी^F; हेकड़ी^F, शेखी^F।

pedate पे`'डॅट् a. (जीववि०) पादयुक्त, सपाद, पंजाकार।

peddle पे`'डॅल् v. i. & t. नगण्य कार्योंमें व्यस्त रहना; अल्पमात्रा^Fमें क्रय-विक्रय करना, फुटकर बेचना, फेरी^F लगाना।

peddler –लॅर् n. पादयन्त्रचालक, पैडिल चलानेवाला; पादचारी; बिसाती, फेरीवाला, खोन्चेवाला।

peddlery –रि n. पादचारिता^F, फेरीवालेका काम; भाण्डवाहन; पादचारिकोपकरण, बिसाती या फेरीवालेका सामान ।

peddling –लिंग् a. नगण्य, तुच्छ, महत्त्वहीन ।

pederasty पी(पे॑)'डॅरैस्टि n. कुमार-मैथुन, लौंडेबाजी^F ।

pedestal¹ पे॑'डि॑स्टॅल् n. **पाद-पीठ^F, उपपीठ^F, पीठिका^F, चौकी^F**; स्तम्भतल, भवनका स्तम्भपाद, खम्भेकी कुर्सी^F, आधार, नींव^F, बुनियाद^F; सचल आलमारी^F; ~ pile **मूँठदार स्थूणा^F, मूँठदार लट्ठा**; ~set **पीठिका टेलीफोन** ।

pedestal² v.t. आधारित करना, (पावेके सहारे) स्थित करना, बैठाना; (चौकी^F या किसी ऊँचे स्तम्भपर) खड़ा करना, आश्रय देना, सहारा देना ।

pedestrian पि॑'डे॑स्'ट्रिअॅन् a. & n. पदाति (व्यक्ति), पादचारी (पुरुष), **पैदल** (यात्री); विचरण-विषयक, गमन-सम्बन्धी; शुष्क तथा नीरस गद्यात्मक; क्षुद्र, उत्साहहीन; निष्प्राण; निरानन्द, बेमजा; स्फूर्ति या प्रेरणाहीन ।

pedestrianism –निज़्म् n. पादचार, पादगमन, भ्रमण; पादगमनका अभ्यास; पैदल चलनेकी कला^F ।

pedestrianize –नाइज़ v.i. पैदल चलनेका अभ्यास करना, पैदल चलना, सैर^F करना ।

pedetentous पे॑'डि॑'टे॑न्'टॅस् a. मन्थर,मन्द,मन्दगतिक ।

pediatrician पे॑'डिअॅट्रि'शॅन् n. **बालरोग-विशेषज्ञ**, बालरोग चिकित्सक ।

pediatrics –अै'ट्रिक्स् n. (चि०) कौमार-भृत्य, बाल-वैद्यकी^F, बालरोगविज्ञान, शिशुचिकित्सा^F, बालचिकित्सा^F, शिशुरोग-विद्या^F ।

pedicel, pedicle पे॑'डिसॅल्, पे॑'डिकॅल् n. (कृषि०, वन०, चि०) अर्बुदका उपवृन्त; उपवृन्त, **पुष्पवृन्त**, मंजरी^F, पुष्पबन्धन, प्रसवबन्धन; (पौधे या जीवका) ग्रीव, वृन्ताकार चक्रमूल; **पैडिसिल** ।

pedicellate –लॅट् a. सवृन्त, पुष्पवृन्तधृत, पुष्पदण्ड-धारित; मंजरी^F द्वारा उत्थापित, डण्ठल द्वारा सम्हाला हुआ ।

pedicle पे॑'डिकॅल् n. = PEDICEL.

pedicular पि॑'डि'क्यूलॅर् a. (चि०) यूकाजन्य, यूका-पूर्ण, यूकायुक्त, यूकामय, जूँ^F पड़ी हुई; लीक्षायुक्त ।

pedicularis ⊙ –'लेअॅ'रिस् n. यूकापूर्ण, पेडिक्यूलरिस (एक पौधा) ।

pediculate –क्यूलॅट् a. = PEDICELLATE.

pediculation –लेॅ'शॅन् n. = PEDICULOSIS.

pediculosis –लो'सिस् n. (चि०) यूकाजुष्टता^F, सयूकता^F, यूकायुक्तता^F, यूकामयता^F, जुएँ^F से भरपूर होना; लीक्षायुक्तता^F ।

pediculous –'क्यूलॅस् a. = PEDICULAR.

pediculus पि॑'डि'क्यूलॅस् n. यूका^F, जूँ^F ।

pedicure¹ पे 'डिक्युअॅर् n. पद-चिकित्सा^F, पैरकी दवा^F; पादचिकित्सक ।

pedicure² v.t. पाद-चिकित्सा^F करना, पैरकी दवा^F करना ।

pedicurist ⊙ रिस्ट n. पाद-चिकित्सक, पद-चिकित्सा-शास्त्री ।

pedigerous पि॑'डि'जॅरॅस् a. सपाद, पादमय, पादयुक्त, पाँवदार, पैरदार; सपादांग, पादाकार अंगयुक्त, पाँवके समान अंगवाला ।

pedigree पे॑'डिग्री n. अभिजाति^F; (पशुपालन, जीव०, कानून) **वंशावली^F**, (~ record, ~ system), वंशतालिका^F, वंशचरित, वंशविवरण, पैतृकवंश-वृक्ष; कुल, वंश, नस्ल^F, पीढ़ी^F, खानदान; (शब्दकी) व्युत्पत्ति^F, अन्वय; (गुण०) अभिजात, परिचित कुलका, जानी-बूझी नस्ल^F का (~ *cattle*) ।

pedigreed –ड् a. अभिजात, अभिजातीय, कुलीन, उच्चवंशोत्पन्न ।

pedimanous पि॑'डि'मॅनॅस् a. पादाकार हस्तयुक्त, पैरके समान हाथोंवाला ।

pediment पे॑'डिमॅन्ट् n. (प्रा० भूगोल) **शैलपद; उपकण्ठ, कण्डी^F**; (स्था०) **त्रिकोनिया^F**; (यूनानी ढंगपर) मकानके अग्रभागके ऊपरका त्रिभुजाकार तोरण; (द्वार या खिड़की^F के ऊपर) चाप, डाट^F ।

pedimental –मे॑न्'टॅल् a. (स्था०) त्रिभुजाकार ।

pedimented –'डिमॅन्टिड् a. (स्था०) त्रिभुजाकार तोरणयुक्त ।

pedlar पे॑'डलॅर् n. पादचारी, **फेरीवाला**; खोंचेवाला, **पैकार**; क्षुद्रव्यापारी, बिसाती; (ला०) संवाददाता, (प्रवाद, अफवाह^F) फैलानेवाला; ~'s French चोरोंकी बोली^F ।

pedlary –रि n. पादचारिता^F, फेरीवालेका काम; भाण्डवाहन ।

pedo- दे० PAEDO-.

pedobaptism पीडॅबैप्'टिज़्म n. शिशु-बप्तिस्मा, बाल-बप्तिस्मा, लड़कोंका बप्तिस्मा ।

pedogamy पि॑'डॉ'गॅमि n. (वन०) **अपक्कमिलन** ।

pedogenesis पे॑डॅजे॑'नि॑सिस् n. डिम्बाजनन, मृदा-उत्पत्ति^F ।

pedologist पि॑'डॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) बाल वैज्ञानिक; मृदाविज्ञानी; मृत्तिका-शास्त्री ।

pedology –जि n. (चि०) बाल्य-विज्ञान; मृत्तिकाशास्त्र, मृदाविज्ञान; (प्रा० भूगोल०) **भूमितत्त्व**, (कृषि०) **भूमि-विज्ञान** ।

pedometer पिडॉ'मि॑'टॅर् n. यात्रामापक-यन्त्र, गति-मान, दूरीमापक-यन्त्र ।

pedophilia ⊙ पीडॅफि'लिअॅ n .दे० PAIDOPHILIA.

pedrail पे॑'ड्रेल् n. पेड्रेल, एक प्रकारका ट्रैक्टर ।

pedrero, pede- पे॑'ड्रिरो, पे॑'डि॑- n. रोड़े फेंकने-वाली बन्दूक^F ।

peduncle पि॑'डन्'कॅल् n. (वन०) **पुष्पदण्ड, पुष्पपुन्ज**, वृन्त, पुष्प बन्धन; उपवृन्त, मुख्य वृन्त; (जन्तुवि०) प्रसव बन्धन, गण्डमूल ।

peduncular, pedunculate –'क्यूलॅर्, –लॅट् aa. पुष्पवृन्त-युक्त; पुष्पदण्ड-युक्त, मंजरी-युक्त, वृन्तमय, डण्ठलदार, डण्डीदार; वृन्तीय, वृन्त-विषयक ।

pedunculation –लेॅ'शॅन् n. (चि०) वृन्त-युक्तता^F;

पुष्पवृन्तता^F, पुष्पदण्डता^F, पुष्पवृन्तयुक्तता^F, पुष्पदण्ड-युक्तता^F, मंजरीयुक्तता^F, डण्ठलदार होना।

peek⊙ पीक्' n. झाँकना; ~-a-boo⊙ = HIDE AND SEEK.

peeking⊙ –'किंग् n. झाँकना।

peel[1] पील्' n. सीमा-स्तम्भ, सरहदी मीनार^F; नानवाई^F-की कलछी^F; (तन्दूरमें) रोटी^F सेंकनेका बेलचा; रोटी-वालेकी रस्सी^F; आवरण, शल्क, त्वक्, वल्कल, वकल, **छिलका**।

peel[2] v.t. & i. शल्कन करना, **छीलना**, छिलका उतारना; (वृक्ष, पशुओंके शरीर आदिका) चर्मरहित होना, खाल^F उतारना, देह^F **छिलना**, उधड़ना, उधेड़ना; (छिलकेकी भाँति) उतर जाना, निकल जाना; निरावरण होना, नग्न होना: *scattered and ~ed* नष्ट, लुण्ठित, लूटा हुआ, मारधाड़ किया हुआ, मारा हुआ।

peeler –लॅर् n. शल्कक, छीलनेवाला; शल्कन-यन्त्र, छीलनेका यन्त्र; पुलिस^F का सिपाही।

peeling पी'लिंग् n. उतरा हुआ छिलका (विशे॰ *potato ~s*); शल्कन, छिलका उतारनेकी क्रिया^F, (कृषि॰) **छिल जाना**, (कृषि॰) **छीलना**।

peen पीन्' n. हस्तघानी^F का पृष्ठ भाग, हथौड़ेका उलटा सिरा।

peep[1] पीप्' n. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ, चर-चर' इत्यादिकी ध्वनि^F; चीत्कार, कर्कश ध्वनि^F; गुप्त दृष्टि^F, छिपी निगाह^F, ताकझाँक^F; सूक्ष्म वीक्षा^F, चोर-दृष्टि^F, सतर्क दृष्टि^F; प्रथम दर्शन; प्रकटन, प्रादुर्भाव; आगम, उदय, पूर्वालोक, अरुणोदय; ~-hole **निरीक्षण-छिद्र**; गवाक्ष, जालमार्ग, मोखा, झरोखा; ~-show झाँकि-तमाशा, सैरबीन, बाइस्कोप; ~ sight बन्दूक^F आदिकी मक्खी^F; ~ *of dawn, of day* भोर, प्रातः, सुबह, तड़का।

peep[2] v.t. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ' इत्यादि शब्द करना, चर-चर करना, झिंगारना; चीत्कार करना, कर्कश ध्वनि^F करना; (*at, into* के साथ) गुप्तरूपसे देखना, छिपकर देखना, ताकना, झाँकना; दृष्टिगत होना, झलकना; दबे पाँव आना; आविर्भूत होना, प्रकट होना, उदय होना; (कली^F, फूल इत्यादिका) कुछ-कुछ खिलना, खुलना, फूटना (प्रायः ~ *out*); ~ ing Tom, (Godiva की कथामें) एक कामुक पात्र।

peep-bo पीप्-बो n. = BO-PEEP.

peeper पी-पॅर् n. प्रच्छन्न दृष्टि^F से देखनेवाला, झाँकने-वाला, छिपी निगाह^F डालनेवाला; (ग्रा॰) नेत्र, नयन, चक्षु, आँख^F।

peep-o'-day पीप्-अॅ'डे n. प्रभात, तड़का, सवेरा।

peepul, pipal पी'पॅल्, पी'पॅल n. पीपल (का पेड़)।

peer[1] पीअर् n. समकक्ष व्यक्ति, तुल्य पदासीन व्यक्ति, समान श्रेणी^F का मनुष्य, साथी (*he is not your ~*); श्रीश; (मारक्विस, अर्ल, इत्यादि) उपाधिधारी, राजुल, सामन्त; अभिजात, कुलीन, अमीर, रईस, लार्ड; श्रेष्ठी, महाजन।

peer[2] v.t. & i. समकक्ष बनाना या बनना, तुल्य बनाना या होना, समान श्रेणी^F में होना; (किसी व्यक्तिको) सभ्य समाजमें सम्मिलित करना; अमीर या लार्ड बनाना, श्रीमन्तकी उपाधि^F देना; ताकना, झाँकना, गौरसे देखना; प्रकट होना, दिखाई देना, झलकना।

peerage –'रिज् n. अभिजात जन, सम्भ्रान्त पुरुष, कुलीन व्यक्ति, सामन्त वर्ग, सम्मानित नवाब; अभि-जातता^F, सम्भ्रान्तता^F, कुलीनता^F, सम्मान; श्रीश-पद, श्रीश-वर्ग, राजुल वर्ग; सामन्त-पद, अमीर या लार्डका पद; कुलीन वंशावली^F अमीरखाता, उमराई^F।

peeress –'रिॅस् n. कुलीन व्यक्तिकी पत्नी^F; सभ्य स्त्री^F, कुलीन पद-धारिणी स्त्री^F।

peerless –र्'लिॅस् a. अप्रतिम, अनुपम, अद्वितीय, अतुल, बेजोड़।

peerlessness –निॅस् n. अप्रतिमता^F, अनुपमता^F, अद्वितीयता^F, बेजोड़पन।

peeve पीव्' v. i. & t. सन्तप्त करना या होना, दुःखी होना या करना, उत्तेजित होना या करना, चिढ़ना या चिढ़ाना, कुढ़ना या कुढ़ाना, चिड़चिड़ा होना या करना; तुनुक-मिजाज होना या करना।

peevish पी'विश् a. कलहप्रिय, युद्धोद्यत; रूक्षभाव, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज; कर्कश, रूखा; पिशुन, दुःशील; सन्तप्त होनेवाला, कुढ़नेवाला, चिढ़ जानेवाला।

peevishness –निॅस् n. कलहप्रियता^F, युद्धोद्यतता^F; चिड़चिड़ापन, तुनुक-मिजाजी^F; रूक्ष भाव, कर्कशता^F, रूखापन; पिशुनता^F, दुःशीलता^F; सन्तप्तता^F, कुढ़न^F, खीझ^F, चिढ़^F।

peewit पी'विट् n. कुयष्टि^F, कुयष्टिका^F।

peg[1] पेॅग्' n. कीलक, कील^F, **खूँटी**^F, खूँटा, नागदन्त, विरंजी^F, पिन^F; मद्यपान; मदिरा-चषक, शराब^F का प्याला, पेग; ~ box खूँटियों^F वाला बाजेका सिरा; ~-leg काष्ठपाददान; काष्ठपाद, लकड़ी^F का पैर; ~ footed **टेकदार**; ~ point **आधार विन्दु**; ~ top कीलदार लट्टू; ~ planting (कृषि॰) **रोपण खूँटी**^F; ~ point **आधार-विन्दु**; ~-top trousers चूड़ीदार पायजामा; *a ~ too low* अवमानित, निराहत; उदास, खिन्न; *off the ~* बने-बनाये कपड़े; *put (a man) on the ~* (सेना॰; ग्रा॰) सेनाधिपतिके समक्ष किसी अपराधमें उपस्थित करना; *take* (person) *down a ~ or two* (गर्वीले व्यक्तिको) विनम्र करना, अव-मानित करना, निस्तेज करना, खराब करना; दिमाग ठीक करना।

peg[2] v.t. & i. कील^F से जड़ना, मेख^F से जड़ना; (कील^F या मेख^F से) मारना, छेदना, निशाना लगाना; (खूँटियाँ^F गाड़कर) सीमारेखा^F बनाना, हद^F बाँधना; (ताशके खेलमें) कील^F से हार-जीत^F का चिह्न लगाना; ~ *at* (ग्रा॰) पत्थर फेंकना, फेंककर मारना; ~ *away* हठपूर्वक कार्यरत रहना, लगातार कार्य करना; ~ *down* नियन्त्रित करना, प्रतिबन्ध लगाना; नियमबद्ध करना, नियमित करना; ~ *out* (CROQUET के खेलमें) लक्ष्य बेधना, खूँटी^F पर गेंद^F-

से अन्तिम निशाना लगाना; खेल समाप्त करना, विनष्ट होना, बरबाद होना; मर जाना।

pegamoid पे'गॅमाएॅड् n. कृत्रिम चर्म, नकली चमड़ा, पेगैमायड।

pegasus –गेसस् n. (ज्यौ०) **खगाश्व, पेगासस।**

pegging पे'गिंग् n. उद्बन्धन; (वाणि०) **अधिकीलन**।

pegmatite पे'ग्मॅटाइट् n. निस्थूलाश्म, महाकणाश्म, बड़े एवं खुरदरे कणोंवाला ग्रेनाइट।

P.E.I. Prince Edward Island.

peignoir पे'न्वार् n. (स्त्रियों^F का) प्रसाधन-वस्त्र, प्रसाधन-वसन, बनाव-सिंगारका जाकिट।

Peine forte et dure (F) n. कठोर दण्ड।

peirastic पिरैस्'टिक् a. प्रायोगिक, प्रयोग-विषयक, प्रयोगात्मक, प्रयोगरूपमें, अनुभवात्मक, परीक्षात्मक, अनुभवरूपमें, जाँच-सम्बन्धी।

pejorate पी'जॅरेट v.t. अपकृष्ट करना, गुण घटाना, दोषयुक्त बनाना, और अधिक खराब करना या गिराना।

pejoration –रे'शॅन् n. ह्रासन, अपकर्षण; अपकर्ष, ह्रास, गुणापकर्ष, हीनता^F, कुत्सा^F।

pejorative पी'जॅरेटिव्, पिजॉ'रॅटिव् a. & n. (व्या०) प्रतिकूल; ह्रासात्मक, अपकर्षात्मक; ह्रासक या अपकर्षक (शब्द); the ~ suffix अपकर्षक प्रत्यय, (अर्थमें) ह्रास या अपकर्ष लानेवाला प्रत्यय।

pejorism पी'जॅरिज़्म् n. अतिशय दूषणवाद; अपकर्षण; अपकृष्ट प्रयोग, अपकृष्ट कथन।

pekin, peking पी'किन्, पी'किंग् n. चीनांशुक, चीन-कौशेय, चीनी रेशम।

pekin(g)ese[1] पीकिन्गीज़्' n. पेकिन (चीन) का कुत्ता।

pekin(g)ese[2] a. पेकिनी, पेकिनका, पेकिंगवासी।

pekoe पे'को n. उत्तम प्रकारकी काली चाय^F, पेको^F।

pelage पे'लिज् n. (पशुओंका) शरीर लोम तन्त्र, शिरोरुहावरण, लोमच्छद, लोमावरण, लोमाच्छादन, रोमाच्छादन, शरीरपरके बालोंकी तह^F।

pelagian[1] पि'ले'जिॲन् n. उत्सामुद्र प्राणी, समुद्री व्यक्ति या जीव।

pelagian[2] a. उत्सामुद्रप्रजात, उत्सामुद्र, सामुद्रिक, सागरीय, समुद्रवासी।

pelagic पि'लै'जिक् a. समुद्राधोवासी, **तलप्लावी,** समुद्री, **गभीर सागरीय,** (~ *deposit*), खुले समुद्रका; खुले समुद्रमें किया गया; **अगाध;** ~ *sealing* सामुद्रिक सीलगीरी^F, समुद्री सील मछली^F का शिकार।

pelargic पि'लॉर्'जिक a. क्रौंच-विषयक, क्रौंच-सम्बन्धी, महाबक-सम्बन्धी, सारसका।

pelargonium पे'लार्गो'निॲम् n. बकतुण्डी पौधा, कषायमूल, पौधोंकी एक प्रजाति।

pele mele=PELL MELL.

pelerine पे'लॅरिन्, पे'लॅरीन्' n. स्कन्ध-वस्त्र, स्त्रियों^F का गुलूबन्द।

pelf पे'ल्फ़्' n. धन, सम्पत्ति^F, अर्थ, द्रव्य, माल, दौलत^F; अन्याजित धन, मुफ्तका माल।

pelican पे'लिकॅन् n. प्लव; श्वेत-जलपक्षी, मत्स्यभक्षी जलपक्षी, पानीकी चिड़िया^F।

pelisse पि'लीस्' n. स्त्रियों^F का परिधान; जनाना चादर^F; जनाना लबादा; बच्चोंकी पोशाक^F; (अश्वारोही या सैनिकोंकी) समूरके गोटेकी जैकेट^F।

pell पे'ल्' n. त्वचा^F, चर्म, चमड़ा; चर्मपत्र-वेल्लन, चर्मपत्रका बेलना; चर्मलेख, चर्मपत्र, चर्मपत्र-लेख, चमड़ेपर लिखे गये दस्तावेज।

pellagra पि'ले(लै)'ग्र n. (चि०) त्वक्-परुषता^F, त्वग्ग्राह, वल्कचर्म, शीर्णत्वग् रोग, पिलैग्रा।

pellagrin पे'लॅग्रिन् n. शीर्णत्वग्-रोगी।

pellagrous पिले(लै)'ग्रॅस् a. (चि०) त्वग्ग्राह-पीड़ित, वल्कचर्म-विक्षिप्त, पिलैग्राके कारण पागल।

pellet[1] पे'लिट् n. पत्रकन्दुक; गुलिका^F, **रोटी**^F की छोटी गोली^F; गुलेला, गुलेली^F; वटिका^F, **गुटिका^F, गोली^F,** औषधवटी^F; टिक्की^F; **छर्रा;** (सिक्कोंपर) गोल उभार या फूल आदि।

pellet[2] v.t. (विशे० कागजकी) गोली^F या गुलेली^F से भरना।

pellicle पे'लिकॅल् n. छादि^F, पटल, तनु त्वक्, **उच्चर्म,** सूक्ष्म चर्म, सूक्ष्म आवरण, पुट, जाली^F, **झिल्ली^F;** द्रवके ऊपरका पटल।

pellicular पि'लि'क्यूलॅर् a. सूक्ष्मत्वचीय, जालीदार, झिल्लीदार बारीक चमड़ेका।

pellitory पे'लिटॅरि n. हरिपुष्पी, दन्तमूल, एक पौधा।

pell-mell[1] पे'ल्'-मे'ल् n. अनिश्चितता^F, अस्पष्टता^F; घबड़ाहट^F; अव्यवस्था^F, गड़बड़ी^F, हुल्लड़; झड़प^F, खींचातानी^F, कशमकश^F।

pell-mell[2] a. अनिश्चित, अस्पष्ट; अविवेकपूर्ण; संकुल, संकीर्ण, गडमड; अस्तव्यस्त, क्रमविहीन।

pell-mell[3] adv. अस्पष्टतः; अविवेकपूर्ण ढंगसे; गड़बड़ ढंगसे, उलटे-सीधे; बिना क्रम, गडमड, अव्यवस्थित ढंगसे, बेतरतीबीसे।

pellucid पिल्यू'सिड् a. निर्मल, विमल, स्वच्छ, **पारदर्शी, अल्पपारभासी,** झीना; स्फटिक-सदृश, बिल्लौरवत्, शीशे-सा (विशद); (शैली^F) विशद, शुद्ध, सुस्पष्ट, प्रसादपूर्ण; (विचारोंमें) सुलझा हुआ; विशद मस्तिष्कवाला।

pellucidity, pellucidness –'डिटि, –निॅस् n. निर्मलता^F, स्वच्छता^F, पारदर्शिता^F; विशदता^F, शुद्धता^F, प्रसाद, सफाई^F; दिमागका सुलझाव।

Pelmanism पे'ल्'मॅनिज़्म् n. पेलमैन-प्रणाली^F, स्मरणशक्ति^F के प्रशिक्षणकी एक बीसवीं शती^F की विधि^F।

pelmet पे'ल्'मिट n. परदा, लटकन।

pelota पि'लो'टॅ n. (टेनिससे मिलता-जुलता) बास्कका एक खेल।

pelt[1] पे'ल्ट्' n. अजिन, लोमाजिन, (बकरी^F या भेड़^F का) लोमयुक्त चमड़ा, समूरकी खाल^F; धारासार-वृष्टि^F, अति जल-वृष्टि^F, घनघोर वर्षा^F; अविरल अस्त्र-वर्षा^F, निरन्तर गोलियों^F की बौछार^F; लोष्टघात, ढेलेकी मार^F; प्रहार

आघात, ~-monger चर्म-विक्रेता; (*at*) *full* ~ पूरी गति^F (से)।

pelt² v.t. & i. धार-सार-वृष्टि^F होना, घनघोर पानी बरसना; अविरल अस्त्र-वर्षा^F करना या होना, निरन्तर गोली^F चलाना या चलना; गालियों^Fकी बौछार^F करना या होना; लोष्टाघात करना, ढेलेसे मारना।

pelta पे॑ल्'टॅ n. (प्रा०) वर्म, छत्र, ढाल^F।

peltate पे॑ल्'टॅट् a. छत्रीय, वर्माकार, **छत्राकार**, वर्माकृति, ढालके आकारका, ढालवाला।

pelter –'टॅर् n. धारासार वृष्टि^F, मुसलाधार वर्षा^F; अविरल गोलाबारी^F करना, अस्त्र-वर्षा^F करनेवाला, गोलियों^F-की बौछार^F करनेवाला; लोष्टाघात करनेवाला, ढेलेसे मारनेवाला; गालियों^Fकी बौछार^F करनेवाला।

pelting –टिंग् n. वर्षा^F, बौछार^F; अस्त्र-वर्षा^F, गोलियों^F-की बौछार^F; *at full* ~ क्षिप्र गति^Fसे, अत्यन्त वेगसे।

peltry पे॑ल्'ट्रि n. लोमयुक्त चमड़ा, बालदार चमड़ा; कच्चा चमड़ा।

pelvic पे॑ल्'विक् a. (चि०) नितम्ब-, नितम्बीय, **श्रोणि-**, श्रोणीय, श्रोणिपात्रीय, श्रोणिखातीय, पेड़ू-सम्बन्धी; कुक्षीय, कोख^Fका; वस्तिदेशीय; ~ bone (कृषि०, चि०) श्रोण्यास्थि^F; वस्ति-अस्थि^F;

~ abscess, ~ arch, ~ cavity, ~ colon, ~ diaphragm, ~ fin, ~ girdle, ~ measurement, ~ position, ~ spine, ~ vein.

pelviform –विफ़ॉर्म् a. नितम्बाकार, चिलमची^Fके आकारका।

pelvimeter पे॑ल्वि'मिटॅर् n. श्रोणिमान, श्रोणिमापक-यन्त्र।

pelvis –विस् n. (चि०) **गोणिका**^F (वृक्क) (चि०, कृषि०) द्रोणि, **श्रोणि**^F, श्रोणि-खात, श्रोणिपात्र, कुक्षि^F, **श्रोणि-प्रदेश, वस्ति-प्रदेश**, पेड़ू, कूल्हा।

Pembroke पे॑म्'ब्रॅक् n. (~ *table*, *p*~) पेम्ब्रोक नगर (वेल्स) की बनी टेबिल^F।

pemmican पे॑'मिकॅन् n. मांसभरी रोटी^F, मांसकी कचौड़ी^F; (उत्तरी अमेरिकाके मूलवासियोंकी) विशेष प्रकार-की रोटी^F; (यात्रियोंके कलेवेके लिए, किशमिश मिला एवं तला हुआ) गाय^Fका गोश्त; (ला०) संक्षिप्त निबन्ध, अति सूक्ष्म या संक्षिप्त साहित्य।

pemphigous पे॑म्'फ़िगॅस् a. फफोलेदार।

pemphigous n. चर्मरोग, फफोला।

pen-, pene- लगभग (*peninsula*, *peneplain*)।

P.E.N. (Organization of) Poets, Playwrights and Editors *or* Essayists & Novelists.

Pen. Peninsula.

pen¹* पे॑न् n. लेखनी^F, कलम^F*, होल्डर, पेन; निबन्ध, लेख, रचना^F; रचना शैली^F, (*wields a formidable* ~); क्षेत्र, खेत; वृक्षारोपण, रोपनी^F; अवरोध, व्रज, गोठ, गोशाला^F, गौसार^F, खड़क^F; घेरा, हाता; (कृषि०) **बाड़ा**, ~*& ink* लिखाई^Fका सामान, लिखाई^F; ~*-&-ink* लिखित; ~-holder होल्डर; ~ knife कोष-क्षुरक, जेबी चाकू, कलमतराश^F; ~ man ग्रन्थकार, लेखक, रचयिता, कलम^Fका धनी, लिक्खाड़; ~ manship लेखनकला^F, रचना-प्रवीणता^F, साहित्य चातुर्य; ~-name साहित्यिक उपनाम; ~ picture शब्दचित्र; ~-point ⊙ निब; ~-tray **कलमदान**; submarine ~ पनडुब्बियों^Fका बाड़ा; *live by* one's ~ लिखकर जीवननिर्वाह करना; *talk like a* ~ *gun* अतिशीघ्र बातें^F करना।

pen² v.t. सृजन करना; रचना^F करना, लिखना; अवरुद्ध करना; रोकना, मूँदना, बन्द करना, (अहाते इत्यादिमें) घेरना, छेंकना।

penal¹ पी'नॅल् n. सपरिश्रम कारावास, दण्डस्वरूप बन्धन, कठोर दण्ड; दण्डभोगस्थान (~ *colony*)।

penal² a. आपराधिक, दाण्डिक, **दण्ड-**, दण्ड-सम्बन्धी; दण्डार्ह, **दण्डनीय**, काबिल सजा; **दण्डात्मक**, दण्डस्वरूप निर्धारित, दण्डविधान-द्वारा निर्णीत; ~ code **दण्ड-संहिता**^F; ~ colony बंदी उपनिवेश; ~ servitude **कठोरश्रम कारावास**;

~ action, ~ bond, ~ clause, ~ consequences, ~ damages, ~ deduction, ~ diet, ~ effect, ~ interest, ~ labour, ~ laws, ~ measure, ~ premium, ~ provision, ~ reduction, ~ removal, ~ statute, ~ sum.

penalize –लाइज़ v.t. दण्डित करना, दण्डाधीन करना, दण्डनीय बनाना, सजाके योग्य ठहराना; (खेल०) पेनल्टी^F लगाना।

penalty पे॑'नॅल्टि n. **शास्ति**^F, **दण्ड**, (~ *clause*) अर्थदण्ड, हर्जाना, **जुर्माना**, तावान, पेनल्टी^F; हानि^F, क्षति^F, ~ area (फुटबाल) पेनल्टीक्षेत्र, पेनल्टी-एरिया।

penance¹ पे॑'नॅन्स् n. प्रायश्चित्त, अनुताप; (प्रायश्चित्त-स्वरूप) आत्मनिग्रह; **तपस्या**^F, तपश्चर्या^F; *do* ~ प्रायश्चित करना, अनुताप करना; तपस्या^F करना।

penance² पे॑'नॅन्स् v.t. प्रायश्चित्त-व्यवस्था^F करना, प्रायश्चित्त करनेका निर्णय देना; तप करना।

penannular पीनै'न्यूलॅर् a. आपूर्ण वलयित, आपूर्ण वलयाकृति, **वलयकल्प**, लगभग वलयाकार, कुछ पूरे वृत्तका-सा।

Penates पि॑ने॑'टीज् n. (यूनानी पुराण) गृहदेवता; (इति०) **कुलदेव**, नगर देवता; Lares and ~ घर-द्वार।

pence पे॑न्स् n. PENNY का बहु०।

penchant (L) पे॑न्'चॅन्ट्, पान्सान् n. रुचि^F, रुझान, झुकाव, पसन्दगी^F, तबीयत^F; प्रवृत्ति^F।

pencil¹* पे॑न्'सॅल् n. तूली^F*, तूलिका^F, **कूर्चिका**, कूँची^F, बुरुश; वर्तिका^F; रंगकारशैली^F, चित्रकारिता^F, नक्काशी^F; सीसांकनी^F, अंकनी^F, पेंसिल^F*; **शलाका**^F, रेखा-सूची^F; पेंसिल^Fकी आकृति^Fकी वस्तु^F; **किरण-कूर्चिका**^F (~ *of light*); ~-case पेंसिलदान; ~ of ray **किरणावली**^F;

~ cedar, ~ drawing, ~ eraser, ~ notes,

~ point, ~ point protector, ~ rubbing, ~ sharpener, ~ stone.

pencil² v.t. (पेंसिल^F से) चिह्न लगाना, निशान लगाना; (पेंसिल^F से) शीघ्रता^F से लिखना, संक्षेपमें लिखना; लिख रखना, दर्ज करना।

pencilled –ड् a. पेंसिल^F से लिखा या चिह्नित किया गया।

penciller –लॅर् n. (ग्रा०, घुड़दौड़^F में) शर्त^F का व्यवस्थापक, प्रबन्धक, मुहर्रिर।

pencilliform –सि'लिफ़ॉम् a. पेंसिलवत्, पेंसिल-सदृश, पेंसिल- जैसा।

pencilling –'सॅलिंग् n. (पेंसिल^F द्वारा) अंकन, चित्रण, लिखना।

pendant¹, -ent¹ पे'न्‌'डॅन्ट्, -ॲन्ट् n. दोलक, लोलक, प्रालम्ब, **लटकन**^F; कुण्डल, कर्णावतंस, कर्णफूल, झुमका, ऐरन; (नौवि०) कूप-रस्सी^F; (युद्धपोतोंपर) गोपुच्छ-ध्वजा^F, पताका^F, गावदुम झण्डा; घड़ी^F का टँगना; समकक्ष, समानान्तर, समानान्तर, समान, तुल्य, सहचर, पूरक।

pendency पे'न्‌'डॅन्सि n. लम्बमानता^F, **लम्बन,** लटकाव, झुकाव; अनिष्पन्नता^F; अनिर्णय, अनिश्चय, दुविधा^F; विचाराधीनता^F।

pendent², -ant² –न्ट्, -ॲन्ट् a. निलम्बी, लम्बमान, प्रलम्बित, लटकता हुआ, झूलता हुआ; अनिष्पन्न, अनिर्णीत, अनिश्चित, सन्दिग्ध, द्विधापूर्ण; अस्थिर; वादकालीन, विचाराधीन; (व्या०) अपूर्णरूपात्मक; (शब्द-रचना^F) त्रुटिपूर्ण।

pendente lite (L) adv. अनिश्चित रूपसे, अनिर्णयात्मक रूपसे; निर्णय हो जाने तक।

pendentive पे'न्डे'न्‌'टिव् n. (स्था०) गुम्बजीय त्रिभुज, गुम्बजकी डाट^F।

pendicle पे'न्‌'डिकॅल् n. आश्रित अंग, आश्रित भाग; पराश्रित देश, परतन्त्र देश, पराधीन देश।

pending¹ पे'न्‌'डिंग् a. **निलम्बित, लम्बित,** लम्बमान; **अनिर्णीत,** अनिश्चित; अनिष्पादित, अनिष्पन्न, अपूर्ण; स्थगित, विचाराधीन;

~ case, ~ decision, ~ retirement, ~ work.

pending² prep. **पर्यन्त,** अवधि^F में, **तक,** होनेतक, (~ *negotiations*, ~ *his return*)।

pendragon पे'न्ड्रैगॅन् n. (प्रा०) राजा, सरदार।

pendulate पे'न्‌'ड्यूलेट v.i. लोलदण्डवत् घूमना, पेण्डुलमकी तरह चक्कर काटना; (ला०) अनिश्चित रहना; अनिष्पन्न होना; विचाराधीन होना।

penduline –लाइन् a. निलम्बी, दोलायमान, चलायमान, गतिमान, अस्थिर, लटकता हुआ।

pendulous –लॅस् a. निलम्बी, लम्बित, लटकता हुआ, दोलायमान, गतिमान, **लोल,** चल, अस्थिर; स्थगित, विचाराधीन।

pendulousness –निॅस n. निलम्बिता^F, दोलायमानता^F, चलायमानता^F, गतिमानता^F, अस्थिरता^F, लटकन^F, लटकती अवस्था^F।

pendulum –लॅम् n. निदोल, दोलक, दोलक-यन्त्र, **लोलक,** (~ *movement*), लोलदण्ड, लटकन, पेण्डुलम; लंगर; गतिमान्, विलम्बी, लटकनेवाला, लहरानेवाला; *swing of the* ~ राजनीतिक अवस्था^F में उलट फेर, जनमतका उतार-चढ़ाव।

penecontemporaneous पे'नि'कॉन्टे'म्पॅरे'निॲस् a. असामयिक, लगभग समकालीन।

Penelope पि'ने'लॅपि n. सती सीता^F, सती देवी^F, पतिव्रता नारी^F; एक पक्षी।

peneplain पी'नि'प्लेन् n. (क्षरण एवं निक्षेप द्वारा निर्मित) (भू०, कृषि०) **प्रायसमभूमि, स्थलप्राय,** स्थलीप्राय, पठार, पहाड़ियोंका चौरस मैदान, पेनिप्लेन।

penetrability पे'नि'ट्रॅ'बि'लिटि n. प्रवेशनीयता^F, प्रवेश्यता^F, व्याप्ति^F, भेदनीयता^F, वेधनीयता^F; ग्राह्यता^F, पैठ^F।

penetrable –'नि'ट्रॅबॅल् a. ग्राह्य, प्रवेश्य, भेद्य, वेधनीय, छेदने योग्य।

penetralia पे'नि'ट्रे'लिॲ n. देवायतनाभ्यन्तर, देवालयका आन्तरिक भाग; रहस्य, भेद, राज।

penetrancy पे'नि'ट्रॅन्सि n. भेदकता^F, भेदकारिता^F, प्रवेशकारिता^F; सूक्ष्मदर्शिता^F, मर्मज्ञता^F; सूक्ष्मता^F, तीक्ष्णता^F, तीखापन।

penetrant –न्ट् a. वेधक, भेदकारी, भेदी, प्रवेशकारी; सूक्ष्मदर्शी, मर्मज्ञ, पैठनेवाला; सूक्ष्म, तीक्ष्ण, तीखा।

penetrate –ट्रेट् v.t. & i. प्रवेश होना, पहुँच^F होना, पैठ^F होना, आर-पार होना; प्रवेश करना, पैठना, भेदन करना, **वेधन करना,** विदीर्ण करना, भोंकना, बींधना, घुसना, चुभना, छेदना, सालना, सूराख करना, आर-पार करना, दाखिल होना; निःसरण होना, निर्गमन होना, आर-पार जाना, (व्यक्ति या वस्तु^F को) व्याप्त करना, अनुप्राणित करना, आच्छादित करना, असर डालना, रँगना; (ला०) अभिप्राय जानना, आशय ग्रहण करना, विवेक करना, बोध होना, बूझ जाना, समझना, तह^F तक पहुँचना (*into, through, to* के साथ)।

penetrating –ट्रेटिंग् a. भेदक, भेदकारी, अन्तःप्रवेशी, **अन्तर्वेधी, बेधी, वेधनशील,** तीक्ष्ण, तीव्र, प्रवेशकारी, घुसनेवाला, छेदनेवाला, चुभनेवाला, पैना, तेज (~ *power, rays*); ~ orbit **अन्तर्विष्ट कक्षा**; ~ wound (चि०) भिन्नव्रण;

~ orbit, ~ power, ~ rays.

penetration –'शॅन् n. अन्तःप्रवेशन, प्रवेशन, **बेधन,** भेदकरण, घुसना, छेदना, बेधना; **प्रवेश,** पैठ, धँसना; ज्ञान, ग्रहण-सामर्थ्य, पैठ^F; कुशाग्रता^F, तीक्ष्णबुद्धित्व, विदग्धता^F; ~ bomb **भेदक बम**; ~ turion **अन्तर्वेशी युग्म**।

penetrative –'नि'ट्रेटिव् a. वेधी, भेदी, चुभनेवाला, छेदनेवाला, वेधनेवाला; कुशाग्र, तीक्ष्णबुद्धि, सूक्ष्म-मति, विदग्ध, मर्मभेदी।

penetrator –टॅर् n. प्रवेशक, भेदक, छेदक, वेधक,

प्रवेश करनेवाला, घुसनेवाला, तह^Fतक पहुँचनेवाला; मर्मज्ञ, तीक्ष्णमति ।

penguin पे`न्'ग्विन् n. सामुद्रिक पक्षी-विशेष, (दक्षिणी जगतका एक पक्षी), पेंग्विन ।

penguinery, penguinry –नॅरि, –रि nn. पेंग्विन पक्षियोंका स्थान ।

penial पी'निॲल् a. शिश्न-विषयक, मेढ्र-सम्बन्धी, **मैथुन-**, लिंगीय (~ *artery*) ।

penicillate पे`'निसिलेट् a. सलोमगुच्छ, सरोमगुच्छ, रोमगुच्छ-युक्त, रोएँदार; पेंसिल^Fके चिह्नोंवाला ।

penicillation –ले'शॅन् n. सलोमगुच्छता^F, सरोमगुच्छता^F, रोमगुच्छ-युक्तता^F, रोएँदार होना; पेंसिल^Fके चिह्नों जैसे चिह्नोंसे युक्त होना ।

penicilliform –'लिफ़ॉर्म् a. = PENICILLATE.

penicillin –लिन् n. कूर्चकि^F, **पैनिसिलिन, पेंसिलीन,** एक प्रसिद्ध प्रतिजीवी (औषधि^F) ।

penile पि'नाइल् a. = PENIAL.

peninsula पि`निन्'स्यूलॅ n. द्वीपकल्प, **प्रायद्वीप** ।

peninsular[1] –लॅर् n. द्वीपकल्पवासी, **प्रायद्वीप-निवासी** ।

peninsular[2] a. द्वीपकल्पस्थ, **प्रायद्वीपीय,** प्रायद्वीप-सम्बन्धी; प्रायद्वीपवत् ।

peninsularity –लै'रिटि n. द्वीपकल्पस्थता^F, प्रायद्वीपीयता^F; द्वीपकल्प-स्थिति^F, प्रायद्वीप-समता^F, प्रायद्वीप-सदृशता^F ।

peninsulate पि`निन्'स्यूलेट् v.t. प्रायद्वीपन करना, प्रायद्वीप बनाना ।

penis पी'निस् n. (pl. *-nes*) (जीव०, कृषि०, श० र०शा०, चि०) मेढ्र, शेफ, **शिश्न,** उपस्थ, **लिंग** ।

penitence पे`निटॅन्स् n. प्रायश्चित्त, पश्चात्ताप, अनुताप, **अनुशोक,** अनुशोध, ग्लानि^F, पछतावा, अफसोस ।

penitency –सि n. = PENITENCE.

penitent[1] –न्ट् n. अनुतापी, पश्चात्तापी अपराधी; (pl.) सुधारक साधु ।

penitent[2] a. पश्चात्तापी, पछतानेवाला, अनुशयी, पछतावा करनेवाला ।

penitential –टे`न्'शॅल् a. पश्चात्तापरूप, अनुशयार्थक, अनुशयात्मक, अनुतापजनित, पश्चात्तापसूचक, अनुशोक-सम्बन्धी; ~ garment तपोवेष, तपोवस्त्र; *the ~ psalms* क्षमार्थ-मंत्र, प्रायश्चित्त-स्तोत्र ।

penitentiary[1] –शॅरि n. प्रायश्चित्त-गृह, पश्चात्तापागार, प्रायश्चित्तविधान-गृह, शोधनालय, बन्दीसुधार-गृह, **सुधार-घर** ।

penitentiary[2] a. प्रायश्चित्त-, पश्चात्ताप-सम्बन्धी; सुधारात्मक, सुधार-सम्बन्धी (~ *jail*) ।

Penn. Pennsylvania.

pennant पे`नॅन्ट् n. (नौवि०) दे० PENDANT; दे० PENNON.

pennate पे`नॅट् a. सपक्ष, पंखदार, पखनेदार; पक्षयुक्त, पंखवाला, परदार ।

penni- पक्ष- (~*nerved*) ।

penniferous पे`नि'फ़ॅरॅस् a. पक्षी, पंखदार; परदार ।

penniform –निफ़ॉर्म् a. (प्राकृ० इति०) पक्षाकार, पंखका-सा, पंखरूप ।

pennigerous –'निजॅरॅस् a. पक्षयुक्त, पंखवाला ।

penniless पे`'निलि`स् a. दरिद्र, निर्धन, अकिंचन, गरीब; निराश्रय, विस्थापित, असहाय, बे-घरबार ।

pennilessness –नि`स् n. निःस्वता^F, निर्धनता^F, अकिंचनता^F, दरिद्रता^F, दारिद्र्य, गरीबी^F; निराश्रयता^F, आश्रयहीनता^F, विस्थापितत्व, उद्वासितता^F, असहायता^F, बे-घरबारीपन ।

pennon पे`'नॅन् n. ध्वज, पताका^F, झण्डा, फरहरा, परचम, निशान; पंख, पर ।

pennoned :–ड् a. ध्वजीय, पताकायुक्त, झण्डेदार; सपक्ष ।

penny पे`'नि n. (pl. *pence*) (१/१२ शिलिंगके बराबर एक अँग्रेजी सिक्का) पेनी^F; (बोल०, सं० रा० अमरीका) शत, एक सौ; ~a-liner सस्ता और रद्दी लेखक, कूट लेखक; ~-wedding चन्देका विवाह; ~-weight (संक्षिप्त, *dwt*), एक पेनी^Fका भार या उसकी तौल^F, २४ रत्ती, २४ ग्रेन; ~ wise अल्पव्ययी, कमखर्च, किफायतशिआर; ~worth पेनी^Fके मूल्यका; *a bad ~ worth* हानि-क्रय, घाटेका सौदा, खराब सौदा; *a good ~-worth* लाभक्रय, लाभका सौदा, अच्छा सौदा; *a ~ saved is a ~ gained* बचाया सो कमाया, भागते भूतकी लँगोटी^F; *a pretty ~* अतुल सम्पत्ति^F, पर्याप्त धनराशि^F; *in for a ~, in for a pound* काम तो करना है चाहे धेला मिले, चाहे रुपया; *~ and ~ laid up will be many* बूँद-बूँद^Fसे तालाब भरता है; *~wise and pound foodish* अशरफियों^Fकी लूट^F रुपयोंपर मोहर; *take care of the ~* अल्पव्यय करना, किफायतशिआरी^Fसे काम लेना; *take care of the pence and the pounds will take care of themselves* चुल्लू-चुल्लू साधेगा तो द्वारे हाथी बाँधेगा; *turn an honest ~* ईमानदारी^Fके कामसे कुछ कमा लेना ।

penny mountain ⊙ पे`'नि माउ`न्'टिन् n. वन्य-पर्णासी^F ।

pennyroyal पे`निराए`'ॲल् n. राजपर्णास, (एक प्रकारका पुदीना) ।

penological पीनॅलॉ'जिकॅल् a. कारा-शास्त्रीय, दण्ड-विज्ञानीय, दण्ड-सम्बन्धी ।

penology पीनॉ'लॅजि n. कारा-विज्ञान, कारा-शास्त्र; कारानुशासन-विज्ञान, कारानियन्त्रण-शास्त्र; दण्डविज्ञान, दण्डशास्त्र, दाण्डिकी^F ।

pensile पे`न्'साइ(सि)ल् a. लम्बी, निलम्बी, आलम्बी, प्रलम्बी, लम्बमान, दोलायमान, लटकता हुआ, झूलनेवाला ।

pensility ⊙ –सि'लिटि n. लम्बिता^F, निलम्बिता^F, आलम्बिता^F, प्रलम्बिता^F, लम्बमानता^F, दोलायमानता^F, लटकन^F, झूमझाम^F, झूलन^F ।

pension[1] पे॑न्'शॅन् n. **निवृत्ति-वेतन**, अवकाश-वेतन, अवकाश-वृत्ति^F, **निवृत्तिका**^F, अनुवेतन, **पेंशन**^F; ग्रेकी धर्मशाला^F (GRAY'S INN) के सदस्योंकी परामर्श-दात्री समिति^F; यात्री-गृह, पथिकावास, धर्मशाला^F, बोर्डिंग हाउस; *live en* ~ पथिकावासमें रहना, यात्रीभवनमें रहना, आवासमें रहना;
~card, ~case, ~clerk, ~ contribution, ~establishment, ~fund, ~paper, ~paymaster, ~payment order, ~plan, ~rules.

pension[2] v.t. अवकाशवृत्ति^F देना, पेंशन^F नियत करना; ~ *off* अवकाशवृत्ति^F देकर पृथक् करना, पेंशन^F देकर अलग करना।

pensionable –शॅनॅबॅल a. अवकाशवृत्ति-योग्य, **निवृत्ति वेतन योग्य, निवृत्तिका-योग्य, पेंशन-योग्य;** निवृत्तिदेय, निवृत्ति-वेतनयुक्त, अवकाश वेतनमय, **पेंशनी** (~*service*)।

pensionary –नॅरि n. & a. निवृत्ति-वैतनिक, निवृत्ति-वेतनभोगी, अवकाशवृत्ति^F पानेवाला, पेंशन^F पानेवाला; निवृत्तिका-सम्बन्धी, पेंशन^Fका, **पेंशन**^F-(~ *charges*); किरायेके सैनिक, भाड़ेके टट्टू; Grand P ~ (इति०) हालैण्ड और जीलैण्डका प्रथम राष्ट्रपति (१६१९-१७९४); ~ right निवृत्ति-वेतनाधिकार।

pensioner –नॅर् n. अवकाशवृत्ति-भोगी, **निवृत्तिका-भोगी, निवृत्तिवेतन-भोगी**, वृत्तिभोगी, अनुवेतन-भोगी, **पेंशन-भोगी**, पेंशनर; (अप्र०) किरायेका सैनिक, भाड़ेका टट्टू; (कैम्ब्रिज विश्व०) (छात्रवृत्ति^F-उपजीवी न होकर) आत्मनिर्भर छात्र।

pensionless –शॅन्-लिॅस् a. अवकाशवृत्तिरहित, पेंशनरहित, बिला वजीफाके।

pensive पे॑न्'सिव् a. चिन्तनशील, चिन्ताकुल, चिन्ताग्रस्त, ध्यानपरक, ध्यानमग्न, विचार-मग्न, चिन्तापरायण; अन्यमनस्क, उदास, विषादग्रस्त, चिन्ताग्रस्त, विपन्न, शोकाकुल।

pensiveness –निॅस् n. चिन्तनशीलता^F, ध्यानपरता^F, विचारमग्नता^F, चिन्तापरायणता^F; अन्यमनस्कता^F, विषाद, उदासी^F, विषादग्रस्तता^F, चिन्ताग्रस्तता^F, विषन्नता^F, शोकाकुलता^F, सोच।

penstock पे॑न्'स्टॉक् n. पातनाड, **अवधारक नल**, जलप्रणाली^F, निर्गम-द्वार, मोरी^F, बाढ़^Fका पानी निकालनेका मार्ग।

pensum ⊙ पे॑न्'सॅम् n. पाठशालीय कार्य, स्कूलका काम।

pent पे॑न्ट् a. वन्दी, निबद्ध, बन्धनयुक्त; अवरुद्ध (~-*up feelings*); परिसीमित, नियन्त्रित, मर्यादित; ~ road संवृत मार्ग, बन्द सड़क^F; ~roof छज्जा, केवल एक ओर ढालू छत^F।

Pent. Pentecost; Pentecostal.

penta- पंच- (~*chloride*, ~*ploid*, ~*prism*, ~*valent*)।

pentacapsular पे॑न्टॅकैप्'स्यूलॅर् a. पंचप्रावर, पाँच प्रावरयुक्त; पंचदण्डी, पंचदण्डयुक्त, पंचद्दढरोमी, पाँच बीजकोषवाला; पंचपाद, पाँच पाँवोंवाला।

pentachord पॅन्'टॅकॉर्ड् n. पंचतन्त्री^F, पँचतारा, पाँच तारोंका वाद्ययन्त्र।

pentacle पे॑न्'टॅकॅल् n. पँचकोण तारा।

pentacoccous पे॑न्टॅकॉ'कॅस् a. पंचबीज, पाँच बीजोंवाला; पाँच बीजकोशायुक्त।

pentad पे॑न्'टैड् n. पंच, पंचसमुदाय, पंचायत; (रसा०) पंचतत्त्व, पंचयोजी; पंचदिवसावधि^F, पाँच दिनका समय।

pentadactylous ⊙ पे॑न्टॅडैक्'टिलॅस् a. पंचांगुल, पाँच अँगुलियोंवाला, पंचंगुरा; पाँच पंजोंवाला।

pentafid पे॑न्'टॅफिड् a. पंचभाजित, पंचविभाजित, पंचविभक्त, पंचधा विच्छेदित, पाँच भागोंमें विभक्त।

pentagon पे॑न्'टॅगॅन् n. **पंचभुज**, पँचकोण, पॅचकोना।

pentagonal पे॑न्टै'गॅनॅल् a. पंचभुजीय, पंचकोणी, पँचकुनिया।

pentagram पे॑न्'टॅग्रैम् n. पँचकोण तारा।

pentahedral पे॑न्टॅही(हे॑)'ड्रॅल् a. पंचतलीय, पंचमुखी।

pentahedron –ड्रॅन् n. पंचतल, पंचमुख आकृति^F।

pentamerous पे॑न्टै'मॅरॅस् a. (वन०) पंचधा, पंचविभक्त, पाँच भागोंमें विभाजित; पंचग्रन्थि, पंचावयव, पंचसन्धि, पाँच सन्धियों^Fसे युक्त, पाँच गाँठोंवाला।

pentameter पे॑न्टै'मिॅटॅर् n. पंचपदी पद्य, पंचपदी छन्द या काव्य; (अँग्रेजीमें) दस अक्षरोंकी पंक्ति^F।

pentandrous पे॑न्टैन्'ड्रॅस् a. **पंचपुंकेसर**।

pentangular पे॑न्टैन्'ग्युलॅर् a. पंचकोण, पंचास्र, पाँच कोणोंवाला; चकोणीय, पंचकोण-विषयक, पंचकोण-सम्बन्धी; पँचकुनिया; ~cricket पंचांगी क्रिकेट।

pentapetalous पे॑न्टॅपे॑'टॅलॅस् a. पंचपत्र, पंचदल, पाँच पंखड़ियों^Fवाला।

pentaphyllous पे॑न्टै'फिलॅस् a. पंचपर्ण, पंचपत्र, पाँच पत्तियोंवाला, पँचपतिया।

pentarch पे॑न्'टार्क् a. पंचसूत्र, पाँच नाड़ियोंवाला।

pentarchy पे॑न्'टॉर्कि n. पंचशासन, पाँच व्यक्तियोंकी सरकार^F।

pentaspermous पे॑न्टॅस्पर्'मॅस् a. पंचबीज, पाँच बीजोंवाला।

pentastich पे॑न्'टॅस्टिक् n. (छन्द-विशेष) पंचपदी^F, पँचपदी^F।

pentastyle पे॑न्'टॅस्टाइल् a. पंचावष्टम्भ, पंचस्तम्भ, पाँच खम्भोंवाला।

pentateuchal पे॑न्टॅटीऊ'कॅल् a. (इंजील^Fके पुराने नियमकी प्रथम) पाँच पुस्तकों^Fसे सम्बन्धित।

pentathlon पे॑न्टैथ्'लॉन् n. (ग्रीक पुराण) पाँच विषयोंकी शारीरिक प्रतियोगिता^F; (आधुनिक) चतुर्वार्षिक खेल-कूद-प्रतियोगिता^F; सम्मेलनकी प्रतियोगिताएँ^F।

pentatonic पे॑न्टॉ'निक् a. पंचस्वर, पंचतान, पंचराग, पाँच सुरोंवाला, पाँच रागोंवाला।

pentecostal पे॑न्टिकॉस्‌टल्‌ a. यहूदियोंके फसली त्यौहार पेण्टिकॉस्टसे सम्बन्धित ।

penthouse, पे॑न्ट्‌हाउस्‌, (प्रा०) **pentice** पे॑न्‌टिस्‌ nn. ढलुवाँ छत^F, सायबान, ओसारा, बरोठा, ड्योढ़ी^F, बरामदा; पाल, वितान, चँदोवा, शामियाना ।

pentode पे॑न्‌टोड्‌ n. पंचद्वार, पञ्चाग्र, पाँच द्वारवाला रेडियो कपाट ।

pentstemon पे॑न्ट्स्टी॑मॅन्‌ n. पंचकेसर, (सुन्दर रङ्गके पुष्पोंवाला) एक उद्यानीय पौधा ।

penult, penultimate[1] पे॑नल्ट्‌, पी॑नल्ट, पिनॅ॑ल्‌टिमॅट्‌ nn. उपान्त्याक्षर, पूर्वान्तिमाक्षर ।

penult, penultimate[2] aa. उपान्त्य, उपान्तिम, पूर्वान्तिम, अन्त्यपूर्व, (*~consonant*) ।

penumbra पिनॅ॑म्‌ब्रॅ n. (प्रा० भूगोल, गणि०) अपग्रास, आंशिक ग्रास, **उपच्छाया**^F, खण्डच्छाया^F, आच्छाया^F ।

penumbral –ब्रॅल्‌ a. उपग्रासमय, आंशिक ग्रास-युक्त, उपच्छाया-विषयक, खण्डच्छाया-सम्बन्धी, आच्छायी; ~eclipse आच्छाया-ग्रहण ।

penurious पिन्यू॑ॲरिॲस्‌ a. दरिद्र, निर्धन, दीन, अभावग्रस्त, कंगाल, गरीब; क्षुद्र, कृपण, कंजूस, सूम, मक्खीचूस ।

penuriousness –निॅस्‌ n. दरिद्रता^F, निर्धनता^F, दैन्य, अभावग्रस्तता^F, कंगाली^F, गरीबी^F; क्षुद्रता^F, कृपणता^F, कंजूसी^F, सूमपन, मक्खीचूसपना ।

penury पे॑न्यूरि n. दारिद्र्य, निर्धनता^F, गरीबी^F; निराश्रयता^F, असहायता^F; अभाव, कमी^F; आवश्यकता^F ।

peon पी॑ॲन्‌, प्यून्‌ n. (भारतमें) भृत्य, चपरासी, T. **पत्रवाह,** प्रेष्य, दूत, हरकारा, सिपाही, किंकर, चेर, चर, सेवक, दास, अर्दली, अमलदार; (स्पेनी अम०) (दिनका) श्रमिक, कमिया; (मध्य अमरीका) ऋणी दास; ~ book पत्रवाह-पंजिका^F, T.

peonage –निज्‌ n. भृत्यता^F, चपरासगीरी^F, अमलदारी^F; दासकार्य, नौकरी^F, चाकरी^F ।

peonism –निज़्म्‌ n. कृषिदासता^F; चपरासगीरी^F, चाकरी^F ।

peony –नि n. एक पौधा-विशेष, पियोनिया ।

people[1] पी॑प्‌ल्‌ n. **लोक,** जन, **लोग,** जन-साधारण; जाति^F, राष्ट्र (*Indian ~*); (pl.) एकाधिक देशोंके निवासी (*~s of Asia*); जनता^F, प्रजा^F; (pl.) क्षेत्रीय पुरोहितका यजमानसमूह; (pl.) यजमान-क्षेत्रके निवासी; (pl.) धर्मसभा^F, धर्मसमाज, धार्मिक जनता^F; (pl.) अंगरक्षक, सशस्त्र अनुचर; (pl.) भृत्यवर्ग, सेवक-जन; (माँ-बाप सहित) कुटुम्बके लोग (*his ~ are sure to hear of it*); (pl.) प्रजा^F, सामान्य-जन, जन-साधारण; घरके लोग; (sing. or pl.) संस्था^F, वर्ग, समाज; *House of P~* लोकसभा^F; ~'s front **सर्वदलीय मोर्चा**; *P~'s Palace* पूर्वी लन्दनके श्रमिकोंकी संस्था^F; ~'s verdict जन-निर्णय ।

people[2] v.t. जनपूर्ण करना, बसाना, आबाद करना; निवास करना, बस जाना, रहना, आबाद होना ।

peopled –ड्‌ a. निवसित, बसा हुआ, आबाद (*south-east Asia is a thickly ~ region*) ।

peotomy पिऑ॑टॅमि n. शिश्नच्छेद, लिंगोत्कर्तन, लिंग काटना ।

pep[1] पे॑प्‌ n. शक्ति^F, दम, जोर; स्फूर्ति^F, चुस्ती^F; उत्साह, जीवन, जोश, सरगर्मी^F ।

pep[2] पे॑प्‌ v.t. (*~ up*) प्रोत्साहित करना, जोश दिलाना ।

P.E.P, Pep. Political and Economic Planning.

peplos, -us पे॑प्‌लॅस्‌, -ॲस्‌ nn. (प्राचीन यूनानका) अंगरक्षक, अँगरखा, पेपलॅस, स्त्रियों^Fका शाल ।

pepo पि॑पो n. लौकी^F; ककड़ी^F, खीरा; (चि०) कुष्माण्ड, पेठाके बीज ।

pepper[1] पे॑पॅर्‌ n. (कृषि०) ऊषण, वेल्लज, गोल मरिच^F, **काली मिर्च**^F; (ला०) तिक्त पदार्थ, कड़वी या चरफरी वस्तु^F; Black P~ काली मिर्च (पौधा); black ~ कालक, गोल मिर्च; ~-and-salt काले सफेद धब्बेवाला एक कपड़ा; ~ box छिद्रिल मिर्चदानी^F; ईटनकी छोटी मीनार^F; ~-castor, -er मिर्चदानी^F; ~ corn काली गोल मिर्च^Fका दाना; ~ corn rent नाममात्रका किराया, ~ mint (वन०) तीव्रा, पोदीना, विशेष, मिर्च पोदीना; अर्क पोदीना, पोदीनाका सत्त, **पिपरमिण्ट** ।

pepper[2] पे॑पॅर्‌ v.t. मिर्चें^F छिड़कना, मिर्च^F डालना; घुरघुराना, बुरकना; (शा० एवं ला०) वर्षा^F करना, बरसाना, गोलियाँ^F या पत्थरोंकी वर्षा^F करना: कठोर दण्ड देना ।

pepperiness पे॑प्‌रिनॅस्‌ n. कालकीयता^F, मरिचीयता^F; तिक्तता^F, कटुता^F, तीतापन,...

peppering पे॑प्‌रिंग्‌ n. मिर्च^F डालना, मिर्च^F मिलाना; अस्त्र-वर्षा^F, शस्त्र-वर्षा^F, हथियारोंकी बौछार^F; मुष्टि-वर्षा^F, मुक्कोंकी बौछार^F ।

peppery पे॑पॅरि a. वेल्लजीय, कालकीय, मरिचीय, मिर्च^Fका; (ला०) कटु, तिक्त, कड़ुवा, चटपटा, चरपरा, तीता; पीस्क, क्रोधी, झक्की, गर्म मिजाजका, गर्म ।

peppy ⊙ पे॑पि a. (ग्रा०) शक्तिमान्‌, दमवाला, जोरदार; स्फूर्तिमय, उत्साही, जोशीला ।

pepsic पे॑प्‌सिक्‌ a. पाचिक ।

pepsin –सिन्‌ n. (चि०, कृषि०) पाचक रस, **पेप्सिन,** जठर रसका पाचक किण्व ।

pepsis –सिस्‌ n. आपचन ।

P.E.P.S.U. Patiala & East Punjab States Union.

peptic[1] –टिक्‌ n. पाचन, दीपन, जीर्णि^F, जठराग्नि^F, हाजमा; (बहु०) पाचनेन्द्रिय^F, आमाशय, पाकाशय, मेदा ।

peptic[2] a. आपाचक, पाचक, अग्निदीपक, अग्निवर्धक, हाजमेदार; पाचक-सम्बन्धी, पेप्सिन-सम्बन्धी; ~ ulcer पाचक-व्रण, आँत^F या पेटका फोड़ा या घाव, ग्रहणी^F या

जठरका पेप्सिनसे उत्पन्न व्रण।

pepticity –टि'सिटि n. पाचनशक्ति^F, सुपचन, पाचकता^F, हाजमा।

peptics पे'प्'टिक्स् n. पाचक ग्रन्थियाँ^F, पाचनक्रिया^F में सहायक अंग।

peptisation पे'प्टाइजे'शन् n. (रसा०) अपलयन, पेप्टीकरण।

peptised –'टाइज्ड् a. (रसा०) अपलायित।

peptiser –ज़र् n. (रसा०) अपलायक।

peptone पे'प्'टोन् n. पाचा, (चि०, कृषि०) पेप्टोन।

peptonize –टॅनाइज् v.t. पेप्टोनीकरण, पाचा या पेप्टोनकी स्थिति^F में लाना।

per- पूर्ण-, पूर्णतः, पूर्णतया, अति-, अतिशय, अत्यधिक।

per पर' prep. से, द्वारा, की सहायता^F से, के साधनसे, (~ *as*, ~ *annum*, ~ *post*, ~ *rail* etc.); प्रति, प्रत्येक, हर, फी (~ *head*, *a shilling* ~ *man*, *5* ~ *cent*); *as* ~ *usual* = AS USUAL, सामान्यतया, साधारणतः; ~ *annum* प्रतिवर्ष; ~ *capita* प्रतिव्यक्ति; ~ *cent* प्रतिशत; ~ *diem* प्रतिदिन, दैनिक; ~*mensem* प्रतिमास, मासिक; ~*se* स्वभावतः, स्वयं, स्वतः।

per. Persian.

per. period; person.

peracute परॅक्यूट्' a. अत्युग्र, अतिप्रचण्ड, अतितीक्ष्ण, बहुत तेज।

peradventure[1] परॅड्वे'न्'च्युॲर् n. सन्दिग्धता^F, सम्भाव्यता^F, द्विविधा^F, अनिश्चितता^F, सन्देह, शक; संयोग, दैवयोग; *beyond*, *without*, (*all*) ~ निःसन्देह, अवश्य, निश्चित रूपसे; *if*, *lest*, ~ यदि संयोगसे, यदि कहीं ऐसा हुआ तो।

peradventure[2] adv. कदाचित्, शायद।

perai, piraya पे'राइ, पिरा'यॅ n. पिरई^F, एक अमरीकी मछली^F।

perambulate पॅरैम्'ब्यूलेट् v.t. परिभ्रमण करना, संचरण करना, विचरना, पर्यटन करना, परिक्रमा^F करना, चलना, घूमना, फेरी^F करना, सैर करना, गश्त^F लगाना; निकल जाना, गुजर जाना; सचल निरीक्षण करना, चलफिरकर देखना; (चारों ओर घूम-फिरकर) हद घेरना।

perambulation –ले'शन् n. परिभ्रमण, परिक्रमण, संचरण, विचरण, पर्यटन, परिक्रमा^F, प्रदक्षिणा^F, फेरी^F, दौरा, सैर^F, गश्त^F; (किसी क्षेत्रका) निरीक्षण।

perambulator –'ब्यूलेटर् n. शिशुयान, बच्चागाड़ी^F, पेराम्बुलेटर (बोल०, संक्षि० *pram*); गश्त^F करनेवाला।

perambulatory –रि a. परिभ्रमणात्मक, संचरणात्मक, पर्यटन-सम्बन्धी, सैरका, गश्ती।

per an. *per annum*, per year; by the year.

per annum (L) adv. प्रतिवर्ष, वार्षिक।

per bearer पर बेअरर adv. पत्रवाहक द्वारा, दस्ती।

percale पॅर्कैल्', पॅर्काल्' n. (मसलिन-जैसा) एक मोटा सूती-वस्त्र, परकेल।

perceivable पॅर्सी'वॅबॅल् a. परीक्ष्य, परीक्षणीय; ज्ञेय, अवधेय, ध्यान देने योग्य; दृष्टिगोचर; अनुभवगम्य।

perceive –व्' v.t. ध्यान देना; परीक्षा^F करना; समझना, बूझना; पूरी तरह पकड़ना; अनुभव करना; प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना, प्रतीति^F करना; पहचानना, समझना, बूझना; विचारना; (ज्ञानेन्द्रियों^F द्वारा) ज्ञात करना; दृष्टिगोचर करना, ईक्षण करना, दृष्टिपात करना, दीठ^F डालना, देखना।

perceived –ड् a. ज्ञात, विदित, अनुभूत, प्रत्यक्षीकृत, उपलब्ध, प्रतीत, देखा हुआ, समझा हुआ।

perceiver –'वॅर् n. परीक्षक, परीक्षण करनेवाला, समझनेवाला, बूझनेवाला; ध्यान देनेवाला; विचारनेवाला; अनुभव करनेवाला; गोचर करनेवाला, प्रत्यक्ष जाननेवाला; (ज्ञानेन्द्रियों^F द्वारा) ज्ञात करनेवाला; दृष्टिगोचर करनेवाला, दृष्टिपात करनेवाला, दीठ^F डालनेवाला।

per cent., per ct. *per centum*, प्रतिशत।

per centum (L) adv. प्रतिशत, प्रतिसैकड़ा।

percentage पॅर्से'न्'टिज् n. प्रतिशतता^F, प्रतिशत, फीसदी^F, फी सैकड़ा; (शिथिल रूपमें) दर^F, अनुपात, समानुपात, प्रतिशत भाग (*only a small* ~ *of books are worth reading*); ~ modulation प्रतिशत मूर्च्छना;

~ bar, ~ charges, ~ check, ~ contract, ~ decrease, ~ deviation, ~ difference, ~ distribution, ~ error, ~ histogram, ~ increase, ~ loss, ~ omission, ~ rate, ~ reduction, ~ relationship, ~ tender, ~ variation.

percept पर्'से'प्ट् n. (दर्शन०) प्रत्यक्ष, प्रतिबोध, सम्बोध; प्रत्यक्ष ज्ञान-विषय, इन्द्रियग्राह्य विषय; प्रत्यक्ष ज्ञान, संवेदन, अनुभूति^F, अनुभव; मस्तिष्ककी उपज^F।

perceptibility पॅर्से'प्टिबि'लिटि n. अनुभाव्यता^F, वेद्यता^F; अवगम्यता^F, संलक्ष्यता^F, परिस्फुटता^F, सुस्पष्टता^F, व्यक्तता^F; दृष्टिगोचरता^F, इन्द्रियग्राह्यता^F।

perceptible –'टिबॅल् a अनुभाव्य, (रसा०) सुग्राह्य, अनुभवगम्य, वेद्य, ज्ञेय, संलक्ष्य, प्रत्यक्ष ज्ञेय, परिस्फुट, सुस्पष्ट, व्यक्त; दृष्टिगोचर, इंद्रियग्राह्य।

perception –'शन् n. प्रत्यक्ष ज्ञान, अनुभूति^F, अनुभव; अवगम; अनुभवयोग्यता^F, बोधक्षमता^F; सविकल्प प्रत्यक्ष; इन्द्रिय दर्शन, इन्द्रिय ज्ञान; प्रतिबोधन, सम्बोधना^F, बोध, दर्शन, ज्ञान, ग्रहण, विभावन; चैतन्यभाव, संज्ञा^F, तमीज^F, शऊर; वेदन-शक्ति^F, ग्रहण-शक्ति^F, समझ^F, सहजानुभूति^F, सहज शक्ति^F; (कानून) समुच्चय, संचय, संग्रह, वसूली^F।

perceptional, perceptive –नॅल्, –'टिव् aa. प्रतिबोधी, प्रातिबोधिक, प्रत्यक्ष ज्ञानशील, अनुभूतिकारी, ग्राही, चेतन, बोधक्षम, ग्रहणशील (~ *region*), इन्द्रियज्ञान-सम्बन्धी।

perceptiveness, perceptivity –नि'स, –'विटि

nn. प्रत्यक्ष ज्ञानशक्ति^{F}; बोधगम्यता^{F}, ग्राह्यता^{F}, अनुभूति-क्षमता^{F}; अर्थग्राहकता^{F}; समझ^F, तमीज^F।

perceptual ⊙ –त्यूॲल् a. **प्रत्यक्षज्ञानात्मक, प्रत्यक्ष-निष्ठ,** प्रातिबोधिक, प्रत्यक्ष-स्वरूपीय, प्रत्यक्ष-सदृश, **प्रत्यक्ष, इन्द्रियगोचर; दृश्य** (~ *language*);
~ ability, ~ intuition, ~ knowledge, ~ speed, ~ test.

perch[1] पर्च् n. प्रश्नि^{F}, पर्च मछली^{F}, (मीठे पानीकी एक यूरोपीय मछली^{F})।

perch[2] n. खग-निवास-दण्ड, पक्षिवासयष्टि^{F}, चिड़ियों^{F}का अड्डा, छतरी^{F}, डण्डा; (ला०) उच्च या सुरक्षित स्थान; (चौपहिया गाड़ियों^{F}का) धुरा; मापदण्ड, पैमाना (विशे० भूमि^{F}का) = ५॥ गज; *hop the* ~ मरना, मर जाना; *knock* (person) *off his* ~ (किसीको) विनष्ट करना, पराजित करना, गड़बड़ा देना, डगमगा देना, बरबाद करना; *take a* ~ बैठना।

perch[3] v. i. & t. (पक्षियोंका किसी शाखा^{F}पर) अध्यसन करना, विश्राम करना, उतरना, अड्डेपर बैठना; (व्यक्ति आदिका) नियुक्त होना, व्यवस्थित होना; स्थित होना, बसना, टिकना, (किसी वस्तु^{F}पर) विश्राम करना, आराम करना, खड़ा होना (*the town of Ranchi ~es on a hill*)।

perchance पर्चान्स adv. (पु० वि०) संयोगात्, संयोगवशात्, दैवात्, दैवयोगसे, इत्तफाकन; स्यात्, सम्भवतः, कदाचित्, शायद।

percher –पर्'चॅर् n. यष्टिसादी^{F}, 'गौरैया^{F} जाति^{F}का कोई बड़ा पक्षी।

percheron (F) n. परशी अश्व, फ्रांसीसी घोड़ा।

perciform पर्'सिफ़ॉर्म् a. प्रश्निवत्, पर्चमछली^{F}के आकारका।

percipience, -cy पॅसि'पिॲन्स्, -सि nn. इन्द्रियातीत ज्ञान, चेतना^{F}, प्रत्यक्ष दर्शन, बोध, ज्ञानशक्ति^{F}, बोधगम्यता^{F}, परिग्रहण।

percipient[1] –न्ट् n. प्रत्यक्षदर्शी व्यक्ति **परिग्राहक,** बोधक्षम, अनुभूतिशील व्यक्ति।

percipient[2] a. प्रत्यक्षदर्शी, प्रत्यक्षज्ञानी; अनुभवी, द्रष्टा, ज्ञाता; बोधक्षम, सचेत, बोधशक्तिसम्पन्न, **परिग्राहक,** ग्रहणशील।

perclose पॅक्लोज़्, –स् n. = PARCLOSE.

percolate पर्'कॅलेट् v. i. & t. (रसा०) **पारच्यवन करना या होना, अन्तःस्रवण करना,** अनुस्रवित होना, क्षरित होना, **संचरण करना, चूना, टपकना, रिसना, रसना,** झिरना, निचुड़ना; (ला०) रहस्योद्घाटन करना या होना, बात फोड़ना या फूटना; स्रवण करना, क्षरित करना, टपकाना, चुवाना, रिसाना, निचोड़ना, निथारना, छानना।

percolating –टिंग् a. पारच्यावी, **संचारी, अन्तःस्रावी, रिसता हुआ** (~ *water*), स्रावी (~*filter*)।

percolation –ले'शॅन् n. **अन्तःस्राव, अतःस्रवण, अनुस्रवण, संचरण;** (रसा०) पारच्यवन, **निच्यवन, च्यावन,** अतिच्यवन, स्राव, क्षरण, अनुस्रवण, रिसन^F; (कृषि०) **रिसना, टपकना, झरण,** टपकाव, निचोड़, निथार, छनाई^F; (ला०) रहस्योद्घाटन।

percolator –'कॅलेटर् n. पारच्यवक, अतिच्यवक, **पारच्यावी,** क्षारित्र, स्रावक, क्षरक, **झरनी^{F},** छाननेवाला; छन्ना, छन्नी^{F}, छलनी^{F}; रहस्योद्घाटक।

per contra (F) adv. पक्षान्तर, प्रतिकूलतया, उलटी रीति^{F}से (~ *credit*)।

percursory पॅर्कर्'सॅरि a. त्वरित, क्षिप्र, शीघ्र, तेज; कृत्रिम, बनावटी; अपरिसमाप्त, असमाप्त, अधूरा।

percuss पॅर्कस्' v.t. (निदान०) परिताड़न करना; समाहत करना, संघर्ष करना, टक्कर^F देना, भिड़न्त^F करना, चोट^F देना, ठेस^F देना, ठोकर^F देना; आहत करना, अभिहत करना, प्रतिहत करना, मारना; थाप^F देना, थपकी^{F} देना, थपथपाहट^F करना, ठुकाई^F करना।

percussion –'शॅन् n. प्रघात, समाहनन, **परिताड़न,** संघट्ट, टक्कर^F, भिड़न्त^F, चोट^F, ठेस^F, **ठोकर^F;** (चि०) परिताड़न, अभिताड़न, अभिघातन, **आघात,** प्रतिघात, (रसा०) **समाघात,** मार^F; थाप^F, थपकी^{F}, **थपथपाहट^F,** (कृषि०) **ठोंक-जाँच^F,** ठुकाई^F; ~ cap (रसा०) **समाघात-पिधान,** टक्कर^{F}की टोपी^{F}, **दगाऊ टोपी^{F};**
~ cap, ~ figure, ~ fuse, ~ instrument, ~ primer, ~ resonance, ~ rig, ~ testing machine.

percussive –'सिव a. प्रतिघातक, आघातशली, टक्करदार, ठेसी, थपकीदार, थापदार, मारू; थाप^F देकर बजाने योग्य।

percutaneous पॅर्क्यूटे'नि ॲस् a. त्वकीय, चर्मकृत, चर्म द्वारा कृत, त्वचा द्वारा कृत।

per diem (L) adv. प्रतिदिन।

perdition पॅडि'शॅन् n. सर्वनाश, विनाश, उच्छेद, क्षय, ध्वंस, सत्यानाश, अनन्त मृत्यु^{F}; नारकीय यातना^{F}, नरकवास; अधःपतन, अधोगति^{F}।

perdu(e) पड्यू' a. घात^{F}में बैठा हुआ; आवृत, प्रच्छन्न, गूढ़, गुप्त, रहस्यपूर्ण, छिपा हुआ।

perdurability पॅड्युॲर'बि'लिटि n. नित्यता^{F}, अविनाशिता^{F}, चिरस्थायित्व, स्थिरता^{F}, टिकाऊपन।

perdurable –'रॅबॅल् a. नित्य, अविनाशी, चिरस्थायी, स्थिर, टिकाऊ।

perdurance –रॅन्स् n. = PERMANENCE.

perduration –रे'शॅन् n. स्थायीकरण, नित्यता^{F}, नित्यभाव, शाश्वतता^{F}, अक्षुण्णता^{F}, चिरस्थायित्व, स्थिरता^{F}, टिकाऊपन।

perdure –र् v. i. स्थायी होना, चलताऊ होना, टिकाऊ होना, टिकना।

pere (F) n. तात, पिता।

peregrinate पे'रि'ग्रिनेट् v. i. परिभ्रमण करना, प्रवास करना, पर्यटन करना, यात्रा^{F} करना, सैर करना।

peregrination –ने'शॅन् n. परिभ्रमण, परदेशगमन, प्रवास, पर्यटन, यात्रा^{F}, सैर; राहीपन।

peregrinator –'रि ग्रिनेटर् n. परिभ्रमणकर्ता, प्रवासी, पर्यटक, यात्री, सैलानी, राही।

peregrin(e) –न् n. & a. आयात, विदेशी, परदेशी, अन्यदेशीय, इतरदेशीय, प्रवासी (व्यक्ति)।

peregrinity ⊙ –'निटि n. विदेशीयता^F, इतरदेशीयता^F, प्रवासिता^F।

peremptoriness पे'रिम्प्टॅरिनि स् n. अन्तिमरूपता^F, अनिवार्यता^F, आदेशात्मकता^F, निर्णयात्मकता^F; दृढ़ निश्चय, दृढ़ता^F।

peremptory –रि a. नियत, सुनिश्चित, निर्णीत, अन्तिम, आखिरी (~ *challenge*); (वक्तव्य या आदेश) अनतिक्रम्य, अलंघ्य, अलंघनीय, अनुल्लंघनीय, अपरिहार्य, अनिवार्य; अविवाद्य, अटल, अचल, पक्का; (व्यक्ति) हठी, अहम्मन्य, कट्टर, अड़ियल, ज़िद्दी; ~ mandamus (कानून) अलंघनीय परमादेश; ~ writ अनुल्लंघनीय आदेश।

perennate ⊙ पे'रिनेट्, –नॅट् १. v. i. चिरस्थायी रहना, स्थायी होना; सदाबहार होना, नित्य रहना, टिकना; २. a. (वन०) वर्षस्थायी।

perennial[1] पॅरे'न्यॅल् n. चिरस्थायी पौधा, सदाबहार, बारहमासी।

perennial[2] a. साम्वत्सर, वर्षावधि, वर्षानुवर्षी, परिवार्षिक, नित्य, निरन्तर, चिरजीवी, बारहमासी, सदाबहार; ~ industry (अर्थ०) बारहमासी उद्योग; ~ pond, ~ stream, ~ system, ~ water.

perenniality –निऍ'लिटि n. साम्वत्सरत्व, वर्षस्थायित्व, नित्यता^F, सदाबहारी^F।

perennially –'न्यॅलि adv. निरन्तर, नित्य, सतत, अजस्र, सदा, सदैव, चिरस्थायी रूपसे, सदाबहार।

perf. perfect.

per fas et nefas (L) adv. उचित या अनुचित रीति^Fसे।

perfect[1] पर्'फ़िक्ट् n. (व्या०) पूर्ण (भूत, वर्तमान या भविष्य) काल।

perfect[2] पॅफ़ें'क्ट्, पर्'फ़िक्ट् v.t. पूर्ण करना, समाप्त करना, सम्पादन करना, सम्पन्न करना, निष्पन्न करना, सिरे लगाना; भरना, पूरा करना; परिपूर्ण बनाना, सिद्धहस्त करना, पारंगत करना; (किसीकी) उन्नति^F करना, वृद्धि^F करना, आगे बढ़ाना, सुधारना, तरक्की^F देना।

perfect[3] a. पूर्ण, सम्पूर्ण, परिपूर्ण, निष्पन्न, सम्पन्न; समग्र, सकल, समस्त, अशेष, पूरा, भरपूर; अविकल, अखण्ड, अक्षत, अन्यून; निर्दोष, निरपराध; आदर्श, अनिन्द्य; (पाठ आदिका) अभिज्ञ, पारंगत, प्रवीण, दक्ष, परिपक्व, कुशल, सुपठित; (कर्तव्यमें) दक्ष, दृढ़, निपुण, परिनिष्पन्न, सिद्ध; (गणि०, कलन) यथातथ्य, यथार्थ, वास्तविक, सत्य, सच्चा; उत्कृष्ट, उत्तम; नितान्त, समग्र, सर्वथा, पूर्णतया, पूरा, एकदम, कतई (*a ~ stranger, ~ nonsense*); (व्या०, काल) पूर्णता^Fका द्योतक; (वन०) पूर्ण; future ~ पूर्ण भविष्यत; ~ interval (संगी०) पूर्णान्तर, पूर्णविराम; ~ cleavage, ~ closure, ~ competition, ~ conductor, ~ correlation, ~ crystal, ~ cube, ~ differential, ~ field, ~ figure, ~ flower, ~ fluid, ~ frame, ~ gas, ~ number, ~ obligation, ~ partition, ~ right, ~ set, ~ solution, ~ square, ~ title, ~ war.

perfecter पॅफ़ें'क्टॅर् n. पूर्णक, सम्पादक, निष्पादक, समाप्त करनेवाला; सिद्धहस्त करनेवाला, पारंगत बनानेवाला; (किसीकी) उन्नति^F करनेवाला, वृद्धि^F करनेवाला, तरक्की^F देनेवाला।

perfectibilism –टि'बिलिज़्म् n. = PERFECTIONISM

perfectibilist –बिलिस्ट् n. = PERFECTIONIST.

perfectibility –लिटि n. पूरणीयता^F, साध्यता^F, सम्पादनीयता^F, निष्पाद्यता^F, वर्धनीयता^F।

perfectible –'टिबॅल् a. पूरणीय, साध्य, सम्पाद्य, निष्पाद्य, साधनीय, वर्धनीय।

perfection, perfectness –'शॅन्, –निस् n. परिपूर्णता^F, सिद्धि^F, समाप्ति^F, सम्पादन, निष्पादन, निष्पन्नता^F; अन्यूनता^F, सम्पूर्णता^F, पूर्णता^F, समग्रता^F, समस्तता^F, अशेषता^F; निर्दोषत्व; निष्पत्ति^F, पराकाष्ठा^F, उत्कर्ष, प्रकर्ष, उत्कृष्टता^F; प्रवीणता^F, कौशल, सिद्धहस्तता^F, परिपक्वता^F; पूरणीकरण, सिद्धीकरण, सम्पन्नकरण; निष्पन्नकरण; निर्दोषीकरण; प्रवीणीकरण।

perfectionate –नेट् v.t. परिपूर्ण बनाना, सम्पूर्ण बनाना, सिद्ध करना, सर्वसम्पन्न बनाना।

perfectionism –निज़्म् n. पूर्णतावाद, चरमावस्थावाद; उत्कर्षवाद, सिद्धिवाद।

perfectionist –निस्ट् n. पूर्णतावादी, सिद्धिवादी, चरमावस्थावादी; P ~ (अमेरिकाका) एक पूर्णतावादी सम्प्रदाय।

perfectionment –न्मॅन्ट् n. पूर्णकरता^F, सिद्धिकरता^F, सम्पादकता^F, निष्पादकता^F; सिद्धीकरण, पूर्तीकरण, उत्कृष्ट अथवा प्रवीण बनाना।

perfective –'टिव् a. पूर्णकारी, पूर्ण करनेवाला; साधक, सिद्धिकर, सम्पन्न करनेवाला, सर्वांगीण बनानेवाला।

perfectness पर्'फ़िक्ट्निस् n. दे० PERFECTION.

perfector पॅफ़ें'क्टॅर् n. पूरक वस्तु^F, सर्वांगीण या सम्पन्न करनेवाली वस्तु^F, सम्पूर्ण बनानेवाली वस्तु^F; एक साथ दोनों ओर छापनेवाली मशीन^F।

perfervid पॅफ़ॅर्'विड् a. प्रचण्ड, जाज्वल्यमान; उत्साही, उत्कट, जोशीला, सरगर्म।

perficient[1] प फ़ि'शॅन्ट् n. प्रभावी, प्रभावित करनेवाला।

perficient[2] a. फलद, इष्टप्रद, अभीष्ट फलदायक।

perfidious पॅफ़ि'डिअॅस् a. विश्वासघाती, कपटी, धोखेबाज, दगाबाज, बेईमान; द्रोही, गद्दार; शठ, प्रवंचक, बेवफा।

perfidiousness –निस् n. विश्वासघात, कपटीपन, कपट, छल, दगाबाजी^F, बेईमानी^F; द्रोह, गद्दारी^F; प्रवंचना^F, बेवफाई^F।

perfidy पर्'फ़िडि n. विश्वासघात, छल, कपट, धोखा, दगा, बेईमानी^F; द्रोह, गद्दारी^F; कपटता^F, प्रवंचना^F, बेवफ़ाई^F; असत्य-संधता^F, प्रतिज्ञा-भंग।

perfoliate पॅर्फ़ो'लिअॅट् a. परिपर्ण, परिपत्रीय, टहनी^F को घेरे हुए (~ *leaves*)।

perforant पर्'फ़ॅरॅन्ट् a. छेदक, बेधक, भेदक, भेदी, सूराख करनेवाला।

perforate[1] -रेट v. t. & i. रन्ध्र बनाना, भेदना, बेधना, छेदना, सूराख करना, बर्मा करना; छेद फाड़ना, द्वार बनाना; अन्तःप्रवेशन करना, पिरोना, गुजारना, घुसेड़ना, घुमाना; बिंधना, चुभना, छिदना, घुसना।

perforate[2], **perforated** -रॅट्, -रेटिॅड् a. **सुषिर, सछिद्र,** छिद्री, **छिद्रित,** विद्ध, सरन्ध्र; **छेददार;** ~ adze, ~ cathode, ~ pipe, ~ plate, ~ sheet.

perforating -रेटिंग् a. **वेधक,** परिछिद्रक; (~ *artery*)।

perforation -रे'शॅन् n. **छिद्र,** वेध, छेद; (रसा०) **छिद्रण,** रन्ध्रण, छेदन; **बेधन,** भेदन, सूराख करना, बर्मा करना; अन्तःप्रवेशन, पिरोना, गुजारना, घुसेड़ना, घुसाना, चुभाना, पेलना; ~machine **छिद्रण मशीन**।

perforative -'फ़ॅरेटिव् a. छिद्रणीय, बेधनीय, भेदनीय, वेधनशील, रन्ध्रकारी।

perforator -रॅर् n. रन्ध्रक, बेधक, भेदक, परिछेदक, **छिद्रक,** बेधनी, छेदनेका औजार, खोपड़ी खोलनेका शस्त्र।

perforce पॅर्फ़ॉर्स्'' adv. बलात्, बलात्कारसे, बलपूर्वक, हठसे, जबरन, जबरदस्ती; विवशता^F से, लाचारी^F से; आवश्यकतावश।

perform पॅर्फ़ॉर्म' v.t. & i. पूर्ण करना, **पालन करना,** तामील करना, **पूरा करना;** प्रतिपादन करना; निभाना, निबाहना, निर्वाह करना; (उत्सव, नाटक, संगीत आदि) करना, खेलना, संचालित करना, **अनुष्ठान करना,** सम्पादन करना, **करना;** निर्वर्तन करना, आयोजित करना; अभिनय करना; (सिखाये जानवरोंका) नाट्य करना, कौतुक दिखाना, तमाशा दिखाना, करतब दिखाना।

performable -'मॅबॅल् a. करणीय, पालनीय; प्रतिपाद्य, निर्वहणीय, अनुष्ठेय, व्यवहार्य, सम्पादनीय।

performance -मॅन्स n. पूर्ति^F, **पालन,** तामील; **सम्पादन, निष्पत्ति, निष्पादन,** निर्वर्तन; अनुष्ठान, करण; व्यापार, चेष्टा^F; क्रिया^F, **कार्य,** काम, आचार; कला^F, कौशल, करतब, हुनर, फन; प्रयोग, नाट्य, कौतुक, **प्रदर्शन,** (खेल) तमाशा; stage ~ **अभिनय;** ~ rating, ~ report, ~ test.

performer -मॅर् n. पूरक, पालक, तामील करनेवाला; सम्पादक, निष्पादक, निर्वर्तक; अनुष्ठाता, कारक, प्रयोक्ता, चेष्टा^F करनेवाला, कर्ता, कार्य करनेवाला; अभिनेता, प्रदर्शक।

performing -मिंग् a. पालन करनेवाला, करनेवाला, करतब दिखानेवाला (विशे० सधा हुआ जानवर); ~*right* सार्वजनिक प्रदर्शनका अधिकार।

perfume[1] पर्'फ़्यूम् n. परिमल, पुष्पसार, सौरभ, **सुगन्ध^F,** सुवास, **खुशबू,** इत्र, सेण्ट।

perfume[2] v.t. सुवासित करना, सुगन्धित करना, महकाना, खुशबूदार करना।

perfumed -ड् a. सुवासित, सवास, सुगन्धित, धूपित।

perfumeless पर्'फ़्यूम्'लिस् a. सुरभिहीन, सुवासहीन, गन्धहीन, बेमहक।

perfumer पॅर्फ़्यू'मॅर् n. गान्धिक, गन्धी, इत्र-विक्रेता, अत्तार।

perfumery -रि n. परिमल पदार्थ, सुगन्धित सामग्री^F, खुशबूदार वस्तुएँ^F; गन्धकारी^F, इत्र या गन्ध^F का व्यापार, अत्तारी^F, इत्रकशी^F; परिमल-गृह, इत्र खींचनेका कारखाना।

perfuming -मिंग् n. अनुलेपन, विलेपन।

perfunctoriness पॅर्फ़ंक्'टॅरिनिॅस् n. प्रमाद, अन्यमनस्कता^F, बेदिली दिखावा; अनवधान, असावधानी^F, लापरवाही^F, गफलत^F।

perfunctory -रि a. अन्यमनस्क, प्रमत्त, बेमन, बेदिल; बाह्य, बाहरी, दिखाऊ, रिवाजी (*a ~ inspection*); अनवहित, असावधान, लापरवाह; अनावश्यक; यन्त्रवत्, मशीनकी तरह।

perfuse पॅर्फ़्यूज़्' v.t. उँडेलना, गिराना, चुवाना; (चि०) द्रवनिवेशन, उत्कीर्ण करना, फैलाना, चूरा डालना, बिखेरना, भुहराना।

perfusion -'ज़न् n. स्राव, उँडेलना, गिराना, चुवाना; (चि०) द्रवनिवेशन, उत्कीर्णन, फैलाव, चूरा डालना, बिखराव, भुहराना।

perfusive -'सिव् a. स्राव्य, उँडेलने योग्य, गिराने योग्य, चुवाने योग्य; उत्कीर्ण्य, फैलाने योग्य, बिखराने लायक।

pergameneous पॅर्गॅमी'निॅअॅस् a. चर्मचीरकवत्, चर्मपट्ट-सम, चर्मपत्र-सदृश, चिमड़ेके कागज-जैसा।

pergola पर्'गॅलॅ a. कुंज, लतामण्डप, **मँडवा, परगोला।**

perhaps पॅर्हॅप्स्' adv. दैवात्, स्यात्, कदाचित्, सम्भवतः, शायद।

perh. perhaps.

peri- परि-, आसपास (~ *chordal*, ~ *cycle*, ~ *follicular*, ~*medullary*, ~*plasm*, ~*position*, ~ *sperm*, ~ *trichiale*, ~ *vescular*, ~*vestricular*, ~ *viscaral*)।

peri पीॲ'रि n. अप्सरा^F, परी^F; रक्षक देवता; सुन्दर या मनोहर व्यक्ति (विशे० नारी)।

perianth पेॅरिॲन्थ् n. (वन०) परिपुष्प, पुष्पच्छद, परिवेष्टन, पुष्पावरण, पुष्पपरिकोष, पुष्पपुट, **परिदल पुन्ज।**

periapt पेॅरिॲप्ट n. रक्षाकरण्ड, यन्त्र, जन्तर, तावीज।

periastron पेॅरिॲस्'ट्रॉन् n. (ज्यौ०) **तारा-नीच।**

peribolus पिॅरि'बॅलॅस n. सीमा^F; सीमाभित्ति^F, मेंड़^F।

pericardiac परिकार्'डिॲक् a. परिहृत्-, हृच्छदीय,

हृदयावरक, हृदयच्छदीय, हृदयच्छद-विषयक, बाह्यहृद-यावरण-सम्बन्धी (~ *cavity, fluid, gland*)।

pericardial –डिॲल् a. = PERICARDIAC.

pericarditis –कॅर्डाइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) परिहृत्छोथ, परिहृदार्तिF, हृदयकोशस्फीतिF, हृदयकोशोत्तेजनाF, **हृदय झिल्लीF शोथ**, हृदयकी बाहरी झिल्लीFकी सूजनF।

pericardium–कार्'डिॲम् n. (चि०) **परिहृत्**, हृच्छद, हृदयच्छद, हृत्कोष, हृदाशय, **हृदयावरण**, फुप्फुसावरण।

pericarp पे'रिकाप् n. (वन०) फलकंक, फलभित्तिF, **परिस्तर, परिच्छद, फलावरण**, बीजकोष, बीजदानीF, फलीF, बोंडीF।

pericarpial –'पिॲल a. (वन०) फलकंकीय, फलभित्तीय, फलावरणविषयक, बीजकोष-विषयक, बीजदानी-सम्बन्धी, फली-सम्बन्धी, बोंडीFका, छीमीFका।

pericentral –पे रिसे'न्ट्रल् a. परिकेन्द्रीय, परिमध्य।

perichaetium पे'रिकी'शिॲम् n. (वन०) पत्रसंकुल, **परिवेष्टन**, परिकलाF, पर्णवृन्त।

periclasis पे'रिक्ले'सिस n. चूर्णित, अस्थिभंग, हड्डीFका टुकड़े-टुकड़े (फ्रैक्चर) हो जाना।

periclinal पे'रिक्लाइ'नॅल a. (भूग०) परीत, सर्वतोमुखी, सर्वदिक्सूचक; (वन०) **परिपूर्ण**।

pericope पॅरि'कॅपी n. अंश, भाग; उद्धरण, (विशे० बाइबिलFका)।

pericranium पे'रिक्रे'निॲम् n. (चि०) परिकपाल, कपालावरण, खोपड़ीFकी पर्यस्थिF; (हास्यमें) कपाल, मस्तिष्क, खोपड़ीF, दिमाग, बुद्धिF, जेहन।

periderm पे'रिडर्म् n. परिवल्क, (वन०) **बाह्य वल्क**, (चि०) **परित्वचाF**, बाह्यत्वक।

peridrome पे'रिड्रोम् n. (मन्दिरमें) भित्तिस्तम्भ-मध्य स्थल, दीवारF और स्तम्भके बीचका भाग।

perigastritis पे'रिगैस्'ट्रिटिस् n. (चि०) परिजठर शोथ, पर्यामाशय-शोथ।

perigeal, -ean पे'रिजी'ॲल्, -ॲन् aa. भूसमीपकीय, भूसमीपक-विषयक, भूसमीपक-सम्बन्धी, किसी ग्रहके पृथ्वीके निकटतम विन्दुसे सम्बन्धित।

perigee –'रिजी n. **अनुपृथ्विताF, उपपृथ्विकाF**, अनुभूF, (गणि०) **भूमि नीच**; भूसमीपक, (किसी ग्रह या नक्षत्रका निकटतम विन्दु)।

periglottis पे'रिग्लॉ'टिस् n. (चि०) परिजिह्वाF, जिह्वच्छद, जिह्वावरण।

perigonium पे'रिगो'निॲम् n. = PERIANTH.

perihelion पे'रिही'ल्यॅन् n. **अनुसूर्यविन्दु, उपसौरिकाF**; (गणि०) **रविनीच**; परिसूर्यक, सूर्यसमीपक।

peril[1] पे'रिल् n. विपत्तिF, भय, आशंकाF, संकट, **अति संकट**, खतरा, **जोखिमF**।

peril[2] v.t. विपत्तिग्रस्त करना, खतरेमें डालना, जोखिममें डालना; *in ~ of one's life* अपने जीवनको खतरेमें डालकर, जानF हथेलीFपर रखकर।

perilous –लॅस् a. संकटास्पद, संकटपूर्ण, सशंक, विपत्त्युत्पादक, संकटजनक, भयावह, जोखिमका, खतरनाक।

perilousness –निॅस् n. विपत्त्युत्पादकताF, संकटजनकताF, संकटपूर्णताF, भयावहताF, संकटमयताF, खतरा।

perilymph पे'रिलिम्फ् n. (जीव०) **परिलसीकाF**।

perimeter पॅरि'मि'टॅर् n. परिधिF, **परिसीमाF**, घेरा; परिमितिF; (ग०, रसा०) **परिमापी, परिमाप**, परिधिमापक-यन्त्र।

perimetrical –मे'ट्रिकॅल a. परिधीय, परिधि-विषयक, परिधि-सम्बन्धी, घेरेका; परिमितीय, परिमिति-विषयक, परिमाप-सम्बन्धी, परिधिमापकयन्त्र-विषयक।

perimetrium पे'रिमे'ट्रिॲम् n. (चि०) **गर्भाशय परिस्तर**, परिगर्भाशय (कला)।

perimetry पॅरि'मिट्रि n. (चि०) **परिमितिF**, (दृष्टि क्षेत्रकी), दृष्टि परिमितिF।

perineal पे'रिनी'ॲल् a. **मूलाधारीय**, उत्सर्गान्तरालीय, **उपजंघिका**-, गुह्यभाग-सम्बन्धी, गुदा और अण्डकोशके मध्यवर्ती भागसे सम्बन्धित;

~ artery, ~ body, ~ nerve, ~ rectinaculum, ~ vein.

perineum –ॲम् n. (चि०) **मूलाधार**, सीवनF; उत्सर्गान्तराल, गुह्यभाग, गुदा और अण्डकोशका मध्यवर्ती भाग।

period पीॲ'रिॲड् n. (त्रिकोण०) **आवर्त्त, आवर्त्तकाल, आवर्त्तक; आवर्त्तनांक**; दोलन काल (~ *of oscillation*); (ग्रह या नक्षत्रका) कालचक्र, परिक्रमणकाल; **कालावधिF, अवधिF**, मीयादF; घण्टा; (pl.) आर्त्तव, ऋतुF, मासिक धर्म; **युग, काल, समय**, जमाना, वक्त; संवत्, वर्ष; उपवाक्य; (pl.) अलंकृत भाषाF; आवर्त्तक, आवर्त्तदशमलव आदि; अन्त, अवसान; पूर्णविराम चिह्न ⊙; ~ of service सेवाकाल; the ~ वर्तमानकाल (*this is a burning question of the ~*); *put a ~ to* समाप्त करना।

periodic –ऑ'डिक् a. (रसा०) **आवर्त्त**-, (त्रिकोण०, गणि०) **आवर्ती, आवर्तिक**, (गणि०) **आवर्त्तक**, नक्षत्रपरिक्रमण-सम्बन्धी; **नियत कालिक; आवधिक; कालिक; आर्तव**, ऋतु-सम्बन्धी, मौसमी, फ़सली; आवृत्तिकालीन, पुनरावर्तनशील; मीयादी; ~ table (रसा०) आवर्तसारिणीF, रासायनिक पदार्थोंकी सामयिक तालिकाF;

~ balance method, ~ classification, ~ comet, ~ disturbance, ~ elongation, ~ function, ~ group, ~law, ~ movement, ~ precipitation, ~ ring, ~ star, ~ sums, ~ table, ~ time, ~ visits, ~ wave, ~ wind.

periodical[1] –कॅल् n. **पत्र, पत्रिकाF**, नियतकालिक पत्रिकाF, सावधिक पत्र।

periodical[2] a. आवर्तिक, **आवर्तनिक; नियतकालिक**, आवधिक; **सामयिक, कालिक; आवर्त, आवर्ती**;

~ audit, ~ check, ~ discourse, ~ function, ~ group, ~ increment, ~ inspection,

~ maintenance, ~ overhall, ~ publication, ~ recurrence, ~ renovation, ~ report, ~ return, ~ review, ~ settlement, ~ survey, ~ ticket, ~ valuation, ~ work.

periodicity –रिॲडि'सिटि n. कालक्रम, आवर्तता^F, आवर्तिता^F, आवृत्ति^F, आवधिकता^F, नियतकालिकता^F ।

periodogram –ऑ'डग्रैम् n. (ज्यौ०) अवधि-लेख; आवर्तिता लेख; आवर्तिता-वक्र (~ *analysis*) ।

perioeci पे`रिई'साइ n. समाक्षांशवासी, एकाक्षांश-निवासी ।

periosteal पे`रिऑस्'टे`ॲल् a. पर्यस्थिक, पर्यस्थिस्थ, अभ्यस्थिस्थ, पर्यस्थ्यावरण विषयक, हड्डी^F के चारों ओर लगा हुआ ।

periosteum –ॲम् n. पर्यस्थिच्छद, अस्थ्यावरण, अस्थिच्छद, पर्यस्थि ।

periostitis –ॲस्टाइ'टिस् n. पर्यस्थ-कोप, पर्यस्थिशोथ, पर्यस्थिच्छद-प्रदाह, पर्यस्थ्यावरण-शोथ ।

periotic पे`रिऑ'टिक् a. (चि०) मध्यकर्ण समीपस्थित; परिकर्णिक, परिकर्ण-सम्बन्धी, परिश्रवण- ।

peripatetic[1] पे`रिपॅटे`'टिक् n. परिगामी विक्रेता, फेरीवाला व्यापारी ।

peripatetic[2] a. (*P*~) अरस्तू-विषयक, अरस्तू-सम्बन्धी, अरस्तूका, अरस्तू-जैसा; पर्यटनशील, विचरण करनेवाला; परिगामी, फेरीवाला ।

peripateticism –'टिसिज़्म् n. भ्रमणशीलता^F, पर्यटनशीलता^F, घुमक्कड़पन ।

peripeteia पे`रिपि`टाइ'ॲ n. भाग्य-चक्र, भाग्य-परिवर्तन; परिस्थित-चक्र, परिस्थिति-परिवर्तन ।

peripheral पॅरि'फॅरॅल् a. उपान्तीय, परिधि-, परिसर-, परिसरीय, परिधीय, परिसीय, परिवृत्तीय, परिधिस्थ (~ *cell*); प्रान्तिक, परिपार्श्व, वृत्तावर्ती;
~nerve, ~nervous system, ~resistance, ~ring, ~stream.

periphery –रि n. परिमा^F, परिसर, परिवेश, उपान्त, परिवृत्त, परिरेखा^F, परिधि^F, घेरा ।

periphlebitis पे`रिफ़ि`लबाइ'टिस् n. (चि०) परिशिरा-शोथ, परिनाडप्रदाह ।

periphractic पे`रिफ़्रैक्'टिक् a. (ग०) अन्तःपरिबद्ध ।

periphrase पे`'रिफ़्रेज़् v.t. & i. अध्युक्ति^F करना, वाग्जालका प्रयोग करना, वाक्यविस्तार करना, उड़नझाइयाँ^F करना, फेरवट^F करना; प्रपंचपूर्ण बात^F करना, फेरवट^F की बात^F करना, घुमा-फिराकर कहना ।

periphrasis पॅरि'फ़्रसिस् n. (pl.-*es*) अध्युक्ति^F, वक्रोक्ति^F, वाग्जाल, वाक्प्रपंच, वाग्बाहुल्य, वाक्य-विस्तार, उड़नझाइयाँ^F, फेरवट^F, घुमा-फिराकर कही हुई बात^F ।

periphrastic पे`रिफ़्रैस्'टिक् a. वाग्जालिक, वाग्विस्तारी; अध्युक्त, वक्रोक्त; ~*form* वियोगात्मक रूपान्तर ।

periplus पे`'रिप्लॅस् n. पोतविहार, पोतभ्रमण, जहाजसे चक्कर लगानेकी क्रिया^F ।

peripolygonal पे`रिपॅलि'गॅनॅल् a. अतिबहुभुज, बहुत-सी भुजाओंवाला; अतिबहुभुजीय, अतिबहुभुज-विषयक, अतिबहुभुज-सम्बन्धी ।

peripteral पॅरिप्'टॅरॅल् a. परिस्तम्भी, समस्तम्भ-पंक्तिमय, सदृशस्तम्भ-श्रेणीयुक्त, एक ही प्रकारके खम्भोंकी कतारोंवाला ।

peripterous –रॅस् a. = PERIPTERAL.

perique पॅरीक् n. लूशियानी तम्बाकू^F, लूशियानाकी तम्बाकू^F ।

perirhinal पे`रिराइ'नॅल् a. अभिनासिक, परिनासिक, नाक^F के चारों ओर स्थित ।

periscope पे'रिस्कोप n. परिदर्श, परिदर्शी, परिदर्शक, परिवीक्षण-यन्त्र, पेरिस्कोप, T.

periscopic –कॉ'पिक् a. परिदर्शी, परिवीक्षीय, पेरिस्कोप-से देखने योग्य ।

perish पे`'रिश् v. i. & t. नष्ट करना या होना, ध्वस्त करना या होना, मिटना या मिटाना, बरबाद करना या होना; मर जाना, विनाश करना, मृत होना; क्षय होना, अन्तको प्राप्त होना; (ठण्ड^F या शीत आदिसे) हतस्फूर्ति^F करना, निस्तेज करना, निष्प्रभ करना, कष्ट देना, पीड़ित करना (*we were ~ed with heat, hunger* etc.) ।

perishability –शॅबि'लिटि n. नश्वरता^F, नाशमयता^F, विनश्यता^F, नश्यता^F, ह्रासशीलता^F, क्षयशीलता^F; पतनयोग्यता^F ।

perishable –'रिशॅबॅल n. & a. भंगुर, नश्वर (वस्तु^F), नश्य, नाशवान, (~ *commodity*, ~ *goods*), विकारी, ह्रासशील (वस्तु^F), क्षीण होने योग्य (पदार्थ); बिगड़नेवाला; क्षयशील, पतनयोग्य (व्यक्ति या वस्तु^F) ।

perishableness –निॅस् n. नश्वरता^F, विनश्यता^F, ह्रासशीलता^F, क्षीण होनेकी प्रवृत्ति^F, पतन होनेकी अवस्था^F ।

perisher –शॅर् n. (ग्रा०) शोषक व्यक्ति, पीडक मनुष्य, अत्याचारी पुरुष ।

perishing –शिग् a. (ग्रा०) नाशवान्; नाशक; शोषक; मूढ़, शठ, जंगली ।

perispome, perispomenon पे`'रिस्पोम्, पे`रि-स्पो'मि`नॅन् a. & n. (pl. *-ena*) अन्तिम अक्षरपर स्वराघातयुक्त (शब्द) ।

perisso- असम-, विषम- (~*dactylate*) ।

perissodactyl(ate) पॅरिसॅडैक्'टिल्(ॲट) a. (चि०) विषमांगुलिक, विषमांगुल, जुफ्त पंजोंवाला ।

peristalith पॅरिस्'टॅलिथ् n. (प्रा०) (समाधि^F के चारों ओर स्थित) प्रस्तर-वृत्त ।

peristalsis पॅरिस्टैल्'सिस् n. (श० र० शा०) (आन्त्र) परिसर्पण, क्रमाकुंचन; अनुलोमसंकोच; लहरी गति^F, आन्त्रगति^F ।

peristaltic –'टिक् a. (चि०) परिसर्पणात्मक, क्रमाकुंचक, क्रमसंकोचयुक्त, अनुलोमसंकोची, क्रमिक वृत्तोंमें

सिकुड़नेवाला; लहरदार स्वतन्त्र गति-सम्बन्धी; ~movement (कृषि०, चि०) **आन्त्रगति**ᶠ, आन्त्रकी परिसृपण गतिᶠ।

peristeronic पॅरिस्टॅरॉ'निक् a. पारावत-विषयक, हारीत-विषयक, कपोत सम्बन्धी, कबूतरका; गोबरगणेश-सम्बन्धी, पोंगापन्थी, चूतिया आदमीका।

peristeropod –'टॅरपॉड a. & n. पारावतपाद (पक्षी), कपोतपाद (पक्षी), कबूतरके-से पैरोंवाला (पक्षी)।

peristole पे''रिस्टोल् n. (चि०) जठर गतिᶠ; आन्त्रका परिसृपण; हृत्संकोचविस्तार-मध्यान्तर, हृदयके सिकुड़ने और फैलनेके बीचका समय।

peristome पे''रिस्टोम् n. (जीव०) **परितुण्ड** (~ *teeth*), (वन०) **परितुण्डिका** (~ *apparatus*) परिमुख, मुख-वलय, मुखका गोल किनारा।

peristrephic पे''रिस्ट्रे''फिक् a. भ्रामी, चक्कर लगानेवाला।

peristyle पे''रिस्टाइल् n. स्तम्भ-श्रेणीᶠ, **परिस्तम्भ**, स्तम्भ पंक्तिᶠ; स्तम्भ-पंक्तिᶠसे घिरा स्थान।

peritectic⊙ पे'रिटे'क्'टिक् a. (रसा०) **परिक्रांतिक**, उपक्रान्तिक; T.;

~ point, ~ reaction, ~ system, ~ temperature.

peritoneal पे'रिटॅनी'ॲल n. **पर्युदरी कला**ᶠ; उदरावरण; a. (चि०) पर्युदर्या-विषयक; अन्त्रवेष्टन-विषयक, परितुन्दीय, पर्युदरी, उदरच्छदीय, आँतोंᶠकी झिल्लीᶠका (~ *surface*)।

peritoneum, -naeum –ॲम्, -नीॲम् n. (श० र० श०) (कृषि०, चि०) पर्युदर्या (कला), उदरावरण; **उदर्या**ᶠ, (~coat), उदरच्छद, अन्त्र-वेष्टन, परितुन्द, उदयकिला, आँतोंᶠकी झिल्लीᶠ।

peritonitis –नाइ'टिस् n. अन्त्रवेष्टन-प्रदाह, उदरच्छद-कोप, परितुन्दीय प्रदाह, उदयकिला-प्रदाह, (कृषि०, चि०) पर्युदर्याशोथ, उदरावरणशोथ, **पेट-झिल्ली शोथ**, आँतोंᶠकी झिल्लीᶠका रोग।

periwig पे''रिविग् n. (बालोंकी एक विशेष प्रकारकी टोपीᶠ), पेरिविग।

periwigged –ड् a. बालोंकी नकली टोपीᶠ पहने हुए, पेरिविगधारी।

periwinkle[1] पे''रिविन्कॅल् n. (एक सदाबहार झाड़ीᶠ), पेरिविंकिल (*Greater & Lesser P*~ दो जातियाँᶠ); (~ *blue*) पेरिविंकिलका रंग, नीला रंग।

periwinkle[2] n. वारिघोंघ, करवीरबन्धु, खाद्यशम्बूक, एक घोंघा।

perjure पर'जॅर् v.refl **कूटसाक्ष्य देना, मिथ्या शपथ**ᶠ **लेना**, झूठी कसमᶠ खाना, झूठी गवाहीᶠ देना, झूठी हलफᶠ उठाना।

perjured –र्ड् a. कूटसाक्ष्य-दोषी, झूठी गवाहीᶠका आदी।

perjurer –रॅर् n. **कूटसाक्षी**, मिथ्यासाक्षी, **कूटशपक**, कूटशपथᶠ खानेवाला पुरुष, झूठी गवाहीᶠ देनेवाला आदमी।

perjurious, perjurous पॅर्जुॲ'रिॲस् aa. कूटसाक्षीय, मिथ्यासाक्षी, झूठी गवाहीᶠ देनेवाला; शपथ-भंजक।

perjury पर्'जॅरि n. **कूटसाक्ष्य**, मिथ्यासाक्ष्य, **मिथ्याशपथ**ᶠ, झूठी गवाहीᶠ; कूटशपथᶠ, शपथभंग, सौगन्धातिक्रमण।

perk[1] पर्क्'' n. (ग्रा०, प्रायः बहु०) ऊपरी आमदनीᶠ, दस्तूरीᶠ, भत्ता।

perk[2] v.i. & t. गर्वोन्नत होना, सीना उठाना, छातीᶠ उठाना, सिर उठाना, ऐंठकर चलना, अकड़ना; तीव्र करना, तेज करना, फुर्तीला करना; (आत्मदृढ़ताᶠसे या अहंकारसे शिर, पूँछᶠ) उठाना; ~ *up* अकड़ना, ऐंठना।

perk[3] a. उद्धत, अहंकारी, अकड़बाज।

perkiness –'किनिॅस् n. औद्धत्य, धृष्टताᶠ, ढिठाईᶠ, बेअदबीᶠ; अभिमान, अहंकार।

perky –कि a. उद्धत, धृष्ट, ढीठ, बेअदब; अभिमानी, अहंकारी।

perlaceous पर्ले'शॅस् n. सीपवत्, सीप-सदृश, सीपी-जैसा, मोती-सा।

perlustration पर्लस्ट्रे'शॅन् n. पर्यवेक्षण, परिनिरीक्षण।

perm पर्म्'' n. स्थायी केश-तरंगᶠ, बालोंकी स्थायी लहरᶠ।

permalloy पर्'मॅलाॅ n. (रसा०) **पारमिश्र धातु**ᶠ, मृदुलौह-मिश्रण (७८·५% निकिल)।

permanence, -cy पर्'मॅनॅन्स्, -सि nn. शाश्वतताᶠ, नित्यताᶠ; **स्थायित्व**, स्थायिताᶠ, स्थिरताᶠ; स्थायी वस्तुᶠ या स्थिरावस्थाᶠ।

permanent –न्ट् a. नित्य, **स्थायी**, स्थिर, ध्रुव, अक्षय, शाश्वत, अटल, अमर, चिरस्थायी, अपरिवर्तनीय, टिकाऊ; ~ set स्थायी वस्तु; (यन्त्र०) **स्थायी विकृति**; ~ teeth दूधके दाँतके बाद निकले हुए दाँत; ~ wave अनेक प्रक्रियाओंᶠ द्वारा बालोंमें उत्पन्न की गयी लहरᶠ; ~ way रेलᶠका पक्का मार्ग;

~ absorption, ~ accommodation, ~ address, ~ adjustment, ~ advance, ~ assets, ~ cause, ~centre, ~ court, ~deformation, ~ delegation, ~ duty, ~ employment, ~ establishment, ~ field, ~ fixtures, ~ gas, ~ hardship, ~ headquarters, ~ home, ~ interests, ~ lake, ~ lease, ~ mission, ~ nuisance, ~ parasites, ~ preparation, ~ restriction, ~ return, ~ service, ~ set, ~ settlement, ~ strain, ~ structure, ~ tenant, ~tissue, ~ value, ~ way.

permanganate पर्मैं'न्'गॅनॅट् n. दहातु-अतिलोहकीय, **परमैंगनेट**, potassium ~ *or* ~ of potash दहातुलोहक।

permanganic पर्मैंनगै'निक् a. ~ acid अतिलोहकाम्ल।

permeability पर्मि'ॲबि'लिटि n. (चि०, कृषि०, वन०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल, जीव०) **पारगम्यता**ᶠ,

(~ co-efficient) (प्रा० भूगोल) **प्रवेश्यता**^F, अतिवेध्यता^F, भेद्यता^F; व्याप्यता^F, प्रसरणीयता^F, विस्तारणीयता^F, आच्छादनीयता^F, बसनेकी अवस्था^F; **चुम्बकशीलता**^F (~ *bridge*)।

permeable –'मि ॲबॅल् a. (जीव०, प्रा० भूगोल, रसा०, वन०, कृषि०), **पारगम्य** (*rock*) (प्रा० भूगोल) **प्रवेश्य**, अतिवेध्य, भेद्य; व्याप्य, प्रसरणशील, विस्तार्य, आच्छाद्य।

permeameter पर्मिॲ'मिटॅर् n. अतिवेध्यतामान, अतिवेध्यतामापक, अतिवेध्यतामापक-यन्त्र, **चुम्बकशीलतामापी**, परमियामीटर।

permeance –ॲन्स् n. प्रवेश, पारगमन, भेदन; व्याप्ति^F, विस्तार, प्रसार; निवसन।

permeant –ॲन्ट् a. प्रवेशक, भेदक; व्यापक, विस्तारक, प्रसारक; निवासी।

permeate –एट् v.t. & i. प्रवेश करना, भेदन करना, **पारगमन करना**, बींधना या बिंधना, भर जाना, घुस जाना, पैठ जाना; परिव्याप्त करना, आच्छादित करना; लिप्त करना, रम जाना; विकीर्ण करना, विस्तार करना, प्रसार करना, (~ *through*, *among*)।

permeation –ए'शॅन् n. व्याप्ति^F, विस्तृति^F, विस्तार, प्रचार, प्रसार, फैलाव; प्रवेश, भेदन; अतिशयोक्ति^F, अतिकथन, अतिवर्णन, मिथ्याकथन, बढ़ा-चढ़ाकर कहना।

permeative –मिॲटिव् a. वेधक, वेधनशील; व्यापक।

permed ⊙ पर्'मिंड् a. शाश्वत-तरंगमय, अक्षुण्ण-तरंगयुक्त, चिरतरंगयुक्त, स्थायी लहरोंवाला।

per mensem (L) adv. **प्रतिमास, माहवार**।

Permian पर्'मिॲन् a. (मैगनीशियाके चूना-पत्थर एवं लाल रेतीले पत्थरसे युक्त), मत्स्ययुगीन, पर्मी।

permissible पॅर्मि'सिबॅल् a. अनुज्ञेय, आज्ञा^F या अनुमति^F योग्य; धर्म्य, न्याय्य; क्षमा, उचित, युक्त, जायज; अनुमत, ग्राह्य (~ *limit*)।

permission –'शन् n. **अनुज्ञा**^F, आज्ञा^F, अनुमति^F, स्वीकृति^F, इजाजत^F, रजामन्दी^F, मंजूरी^F।

permissive –'सिव् a. अनुज्ञापक, आज्ञापक, अनुज्ञाशील, **अनुज्ञात्मक**, अनुमति-सूचक।

permissiveness –निॅस् n. **अनुज्ञा**^F, अनुमति^F; अनुज्ञापकता^F, आज्ञापकता^F, अनुज्ञाशीलता^F, अनुमति-सूचकता^F।

permissory –सॅरि a. अनुज्ञा-विषयक, आज्ञा-विषयक, अनुमति-विषयक, स्वीकृति-सम्बन्धी, इजाजत^Fका; अनुज्ञात्मक, आज्ञा-निर्भर, अनुमति-पूर्ण।

permit[1] पर्'मिट् n. अनुज्ञा^F, आज्ञा^F, अनुमति^F, स्वीकृति^F, इजाजत^F; **अनुज्ञापत्र**, आज्ञापत्र, अनुमतिपत्र, स्वीकृतिपत्र, इजाजतनामा, पर्ची^F, **परमिट, परमट**, परवाना; ~ card **अनुमति-पत्र**;

~ fee, ~-holder, ~-holding guest, ~ system.

permit[2] पर्मिट् v.t. & i. **अनुज्ञा**^F **देना**, आज्ञा^F देना, अनुमति^F देना, स्वीकृति^F देना, इजाजत^F देना (~ *me to remark*); सहन करना, गवारा करना, करने देना।

permitted –'टिड् a. अनुज्ञात या आज्ञप्त (~*mortgage*)।

permittee –टी n. अनुज्ञापित व्यक्ति, आज्ञापित व्यक्ति, अनुमतिग्राही, स्वीकृतिप्रापक; अनुज्ञापत्रधारी, परमिटवाला आदमी।

permitter –'टॅर n. अनुज्ञापक, आज्ञापक, अनुमतिदाता, इजाजत^F देनेवाला, रजामन्दी^F देनेवाला।

permittivity पर्मिटि'विटि n. **विद्युतशीलता**^F; **परावैद्युतांक**।

permutable पॅर्म्यू'टॅबॅल् a. विनिमेय, क्रमसंचेय, परिवर्त्य।

permutation पर्म्यूटे'शॅन् n. विनिमय, परिवर्त, परिवृत्ति^F, (गणि०) **क्रमचय**, क्रमसंचय; (संख्या^F या राशि^F-का) क्रम-परिवर्तन, प्रतिवर्तन, उलट-पलट; प्रस्तार, क्रम-विस्तार।

permute पॅर्म्यूट् v.t. क्रम-परिवर्तन करना, विनिमय करना।

pernancy पर्नॅन्सि n. (कानून) आदान, स्वीकरण, प्राप्ति^F।

pernicious पॅर्नि'शॅस a. प्रणाशी, विनाशी, वैनाशिक, घातक, प्राणहर, तीव्र, अनिष्टकारी, **दुष्ट**, जानलेवा, अपकारी, बुरा; ~ anaemia (चि०) वैनाशिक रक्तक्षय, घातक रक्तशून्यता^F; **दुष्ट रक्तक्षीणता**^F।

perniciousness –निॅस् n. प्रणाशिता^F, वैनाशिकता^F, विनाशकता^F, घातकता^F, अपकारिता^F, अपकार, दुष्टता^F, अनिष्टकारिता^F।

pernickety पॅर्नि'किटि a. (बोल०) दुराराध्य, दुस्तोषणीय, कुटिलस्वभाव, नाजुकमिजाज, झल्लाऊ, तुनुकमिजाज, चिड़चिड़ा, बिगड़ैल।

pernoctation पर्नाॅक्टे'शॅन् n. रात्रिचर्या^F, रात्रियापन; रात^Fका पहरा।

pernor ⊙ पॅर्'नॉर् n. (कानून) लाभगृहीता।

peroneal परॅनी'ॲल a. (चि०) उपजंघास्थि-विषयक, अनुजंघास्थि-विषयक, पींडेकी हड्डी^Fका; ~ artery अनुजंघा-रोहिणी^F, **उपजंघिका-धमनी**^F।

peroneum ⊙ –ॲम् n. (चि०) उपजंघिका^F।

peroneus –ॲस् n. (चि०) पादविवर्तनी^F, जंघापेशी^F, **विवर्तनी**^F।

perorate पे'रॅरेट् v.i. विस्तृत वक्तृता^F देना, लम्बा-चौड़ा व्याख्यान देना, सविस्तार बोलना; (भाषणका) उपसंहार करना; सारांश देते हुए समाप्त करना।

peroration पेरॅरे'शॅन् n. इतिश्री^F, उपसंहार, सारांश, समाप्ति^F।

peroxide[1] पॅरॉक्'साइड् n. अतिजारेय, (रसा०) **पराक्साइड** (~ *test*)।

peroxide[2] v.t. (पराक्साइडसे बाल) श्वेत करना।

perpend[1] पर्'पॅन्ड् n. PARPEN का रूपान्तर; (यन्त्र०) **खड़ा जोड़**।

perpend[2] पॅर्पॅन्ड् v.t. मनन करना, विचार करना, सोचना, बात^Fको तौलना, उधेड़बुन^Fमें लगना, गौर करना।

perpendicular[1] पर्पॅन्डि'क्यूलॅर् n. लम्बमापक; (pl.) जलपोतकी रूपरेखा^F तैयार करनेवाली कल्पित रेखाएँ^F; लम्ब, समकोणिक रेखा^F (*is out of ~*); (ग्रा०) खड़ा भोज।

perpendicular[2] a. (निर्दे०, ज्या०, ग०) लम्ब-, लम्बरूप, लम्बवत्, खड़ा, सरल, बिलकुल सीधा; ~ distance, ~ ends, ~ positions, ~ plane, ~ section.

perpendicularity –लै'रिटि n. (निर्दे०, ज्या०) लम्बता^F, लम्बरूपता^F, समकोणीयता^F, खड़ापन।

perpetrable पर्'पिट्रॅबॅल् a. सम्पाद्य, सम्पादनीय, कार्य, करणीय, करने योग्य; अपराध्य, अपराधनीय, अपराध करने योग्य।

perpetrate –ट्रेट् v.t. (अपराध, भूल^F, नृशंस कार्य इत्यादि) करना, कर बैठना, कर गुजरना।

perpetration ट्रे'शॅन् n. पापकर्म, अपराधका कार्य, करतूत।

perpetrator –'पिट्रेटॅर् n. अपराधी, कुकर्मी, अपराध करनेवाला।

perpetuable पॅपे'ट्यूअॅबॅल् a. नित्यकरणीय, शाश्वतकरणीय, अक्षुण्णकरणीय, चिरस्थायी बनाने योग्य; अविच्छेद्य, अविच्छेदनीय, नित्य, अनवरत; अविस्मरणीय, अमर बनाने योग्य।

perpetual –अॅल् a. नित्य, शाश्वत, अविच्छिन्न, अविरत, सतत, सन्तत, निरन्तर, सनातन, चिरस्थायी, चिर, सर्वकालिक; क्रमबद्ध, अविरल; (बोल०) पुनः-पुनः होनेवाला, लगातार (*this ~ nagging*); ~ ledger खुले पन्नोंका खाता; ~ motion अविरल गति^F, सतत दोलन।

~ allawance; ~ annuity, ~ bond, ~ day, ~ debenture, ~ grant, ~ injunction, ~ interest, ~ lease, ~ loan, ~ motion, ~ night, ~ snow, ~ succession, ~ trust.

perpetualism –लिज़्म् n. (अर्थ०) शाश्वतता^F।

perpetuality –अॅ'लिटि n. अविच्छिन्नता^F, अविच्छेद, इत्यादि दे० PERPETUATION.

perpetuate –'ट्युएट् v.t. नित्य बनाना, शाश्वतत्व प्रदान करना, चिरस्थायी बनाना; अविच्छिन्न बनाना, शृंखलाबद्ध करना; अविस्मरणीय करना, अमर बनाना, कायम रखना, जारी रखना, बनाये रखना।

perpetuation, perpetuance –ॲ'शॅन्, -'ट्युअॅन्स् nn. नित्यीकरण, शाश्वतीकरण, स्थायीकरण; अनवरतता^F, नित्यता^F, शाश्वतता^F, सनातनत्व, निरन्तरता^F, चिरस्थायित्व; सन्तनन, सातत्य, अविच्छिन्नता^F, क्रमबद्धता^F।

perpetuator –'ट्युएटॅर् n. नित्यरूप देनेवाला, शाश्वत बनानेवाला, स्थायीकर्त्ता, सतत बनानेवाला, क्रमबद्ध करनेवाला, जारी रखनेवाला।

perpetuity पॅर्पि'ट्यूइटि n. नित्यता^F, शाश्वतता^F, चिरन्तनता^F, चिरस्थायित्व, सनातनता^F, अनवरतता^F, सातत्य, क्रमबद्धता^F; सनातन अधिकार; स्थायी वार्षिक वृत्ति^F, सालाना भत्ता; *in, to, for, ~* शाश्वत रूपसे, चिरन्तन रूपसे, सदैवके लिए।

perplex पॅर्'प्लेक्स् v.t. सम्भ्रान्त करना, व्याकुल करना, हतबुद्धि करना, भटकाना, उलझाना, हैरान करना, परेशान करना; (विषयको) सन्दिग्ध बनाना, क्लिष्ट बनाना, कठिन कर देना, पेचीदा बना देना; व्यग्र करना, उद्विग्न कर देना, विमूढ़ कर देना, विक्षिप्त करना, घबरा देना।

perplexed –ड् a. सम्भ्रान्त, हतबुद्धि, कातर, अधीर, आकुल, व्याकुल, घबराया हुआ।

perplexedness –'सिड-निॅस् n. हतबुद्धिता^F, कातरता^F, सम्भ्रान्ति^F, व्याकुलता^F, परेशानी^F, घबराहट^F।

perplexing –सिंग् a. मोहक, सन्दिग्ध, भ्रामक, भ्रमकारी, विषम।

perplexity –सिटि n. सम्भ्रम, व्याकुलता^F, हतबुद्धिता^F, भटकन^F, उलझन^F, हैरानी^F; (विषयकी) सन्दिग्धता^F, क्लिष्टता^F, कठिनता^F, पेचीदापन; व्यग्रता^F, उद्विग्नता^F, अधीरता^F, चित्तवैकल्य, आकुलता^F, विमूढ़ता^F, विक्षिप्ति^F, घबराहट^F।

per pro. *per procurationem,* per procuration, by the agency (of) स्थाने, लिए।

perquisite पर्'क्विज़िट् n. परिलब्धि^F, अनुलाभ, अतिरिक्त आय^F, ऊपरी आमदनी^F, (श्रम०) लवाजमात, दस्तूरी^F, भत्ता; उतारन या उतरन^F (*remains of the daily commons are among the ~s of college scouts*)।

perquisition –ज़ि'शॅन् n. सूक्ष्म अनुसन्धान, तगड़ी खोज^F, गहरी पूछ-ताछ^F, तफ़्तीश^F।

perrier पे'रिअॅर् n. (प्रा०) गोपिय, गोफना, ढेलवाँस।

perron पे'रॅन् n. (मकानोंके बाहरका) जीना, सीढ़ी^F।

perruquier पॅरू'कॅर् n. विग-विक्रेता, विगव्यापारी, कृत्रिम बालोंका व्यापारी; विग-निर्माता, कृत्रिम बाल बनानेवाला।

perry पे'रि n. नाशपाती^Fकी मदिरा^F।

pers. person, personal.

Per(s). Persian.

per saltum (L) adv. एक छलाँगमें।

per se (L) adv. स्वतः, अपने आप।

perscrutation पर्स्क्रू'टेशॅन् n. सम्यक्‌शोध, गम्भीर-गवेषणा^F, अनुसन्धान।

persecute पर्'सिक्यूट v.t. विद्वेष-दृष्टि^Fसे देखना, आघात पहुँचाना, कष्ट या दुःख देना; उत्पीडन करना, अत्याचार करना, दिक़ करना, सताना, जुल्म करना; हठ करना, आग्रह करना।

persecution –क्यू'शॅन् n. सम्पीडन, उत्पीडन, अत्याचार, उपप्लव, अभिद्रोह, उपद्रव, जुल्म; ~mania सम्पीडनोन्माद, उत्पीडनोन्माद।

persecutive –'सिक्यूटिव् a. सम्पीडनीय, उत्पीडनीय,

अत्याचार-विषयक, सम्पीडनशील, अभिद्रोह-सम्बन्धी, जुल्मका; सम्पीडनात्मक, उत्पीडनात्मक, अभिद्रोहात्मक, अतिचारी, जुल्मी।

persecutor –टॅर् n. उत्पीडक, उपद्रवी, उपप्लवकारी, अत्याचारी, जालिम।

perseus पर्'स्यूस, –सिॅअॅस (ज्यौ०) **परशु**, T.

perseverance पर्सि'वीअॅरॅन्स् n. अभिनिवेश, **प्रसक्ति**^{F}, अध्यवसाय, धैर्य, दृढ़ता^{F}, निरन्तर उद्योग, उद्यम, अनथक प्रयत्न, प्रयत्न, सातत्य, सतत उद्यम, अनवरत चेष्टा^{F} या प्रवृत्ति^{F}; (धर्म) चिरसाधुता^{F}, स्थायी सौभाग्य।

perseverant –न्ट् a. अभिनिवेशी, अध्यवसायी, धैर्यवान्, दृढ़, निरन्तर उद्योगी, अनथक प्रयत्न करनेवाला, सतत प्रयत्नशील, सतत उद्यमी, अनवरतरूपसे प्रवृत्त, लगन^{F}का धनी, धुन^{F}का पक्का।

perseveration –वॅरे'शॅन् n. कार्यावृत्ति^{F}, बेकारकी आवृत्ति^{F}, शब्दावृत्ति^{F}, पुनरावृत्ति^{F}, वाक्यावृत्ति^{F}; पुनरावृत्तिदोष, निरर्थक वाक्य-पुनरावृत्ति^{F}; (चि०) उद्दीपक कारण समाप्त होनेपर भी तज्जनित कार्यका जारी रहना।

persevere पर्सि'वीअॅर् v.i. अभिनिवेशमें लगना, अध्यवसाय में लगना, धीरज रखना, दृढ़ रहना, निरन्तर उद्योग करना, सतत उद्यमशील रहना, लगन^{F}का पक्का होना, धुन^F बाँधना, निभाना, डटे रहना।

persevering –रिंग् a. उद्यमी, अध्यवसायी, उद्योगी, प्रवृत्त, आग्रहशील।

Persian पर्'शिअन् a. & n. फारसी (भाषा^{F} और व्यक्ति); ~ clover (कृषि०) **शफतल**; ~ wheel रँहट;
~ apple, ~ ass, ~ berry, ~ carpet, ~ cat, ~ dates, ~ lamb, ~ leopard, ~ powder, ~ red, ~ yellow.

persiennes पर्सिॲे न्ज् n. pl. बाह्य वातायन-श्रृंखला^{F}, खिड़की^{F}की बाहरी सिटकिनी^{F}।

persiflage पर्'सिफ्लाज् n. व्यंग्य, विनोद, हँसी^{F}, मजाक, शेखी^{F}, दिल्लगी^{F}, ठट्ठा, बकवाद, गप्प।

persifleur –फ्लर्' n. व्यंग्य-, विनोद-प्रिय, हँसीबाज, मजाकिया, शेखीबाज, दिल्लगीबाज, ठट्ठेबाज, गप्पी।

persimon पॅर्सि'मॅन् n. पर्णाम्र, **तेन्दु**, अमेरीकी फल, परसिमन।

persist पॅसिस्ट्' v.i. अटल होना, अचल होना, स्थिर रहना, जारी रखना, जमना, बना रहना, डटना; आग्रह करना, हठ करना, जिद्द करना, अड़ना; अध्यवसाय करना, विधिपूर्वक आचरण करना; पर्यवस्थान करना; प्रयत्न या उद्योग करते रहना; अस्तित्व बनाये रखना, प्राण रखना, जिन्दा रहना।

persistence, -cy पॅसिस्'टॅन्स्, -सि nn. विलम्बन, **अनुलम्बन; निर्बन्ध;** दृढ़ता^{F}, अटलता^{F}, अचलता^{F}, स्थिरता^{F}, स्थैर्य; आग्रह, हठ, जिद्द^F; अभिनिवेश, अध्यवसाय, प्रयत्न।

persistent –न्ट् a. दृढ़, अटल, अचल, स्थिर; **आग्रही**, हठी, जिद्दी; अभिनिवेशी, अध्यवसायी, सदा प्रयत्नशील; चिरस्थायी, नित्य, स्थायी, चिरजीवी, सदा रहनेवाला (जैसे सींग, बाल, पत्तियाँ^{F} आदि); **निरन्तर**, लगातार;
~ cruelty, ~ failure, ~ gas, ~ rainfall, ~ stigma.

persistive –स्टिव् a. स्थैर्य-विशिष्ट, स्थिरता-विशिष्ट; आग्रहशील, हठ-युक्त; अभिनिवेश-विशिष्ट, अध्यवसायशील, प्रयत्न-सातत्य-युक्त; अटल, अचल, स्थिर; आग्रही, हठी; अभिनिवेशी, अध्यवसायी।

person* पर्'सॅन् n. **व्यक्ति***, पुरुष, मनुष्य, नर, आदमी, लोग; वपु, काया, तनु, **शरीर**, देह^F, व्यक्तित्व (*he had a fine* ~); (कानून) मानव, इन्सान; संघ, सभा^{F}, संस्था^{F}; (नाटक या कहानी^{F}के) पात्र या चरित्र; स्वांग, वेश, रूप; (जीववि०) जीवधारियोंकी मिश्र जाति^{F}-का व्यक्ति; first ~ उत्तम पुरुष या आत्म-पुरुष (मैं, हम, मुझे, हमें, मेरा, हमारा); second ~ मध्यम पुरुष (तुम, तुझे, तुम्हारा); the ~ उसमें, के रूपमें, के व्यक्तित्वमें (*found a friend in the ~ of her landlady*); third ~ अन्य पुरुष (वह, वे, उसे, उन्हें, उसका, उनका); in ~ स्वयं, स्वतः, व्यक्तिगत रूपसे, साक्षात्, प्रत्यक्ष, अपने-आप।

personable –नॅबॅल् a. लावण्ययुक्त, सौष्ठवपूर्ण, सुगात्र, सुरूप, रूपवान्, सुन्दर, सुडौल, खूबसूरत।

personage –निज् n. सम्भ्रान्त जन, विशिष्ट पुरुष, श्रेष्ठ पुरुष; व्यक्ति, जन, आदमी, लोग; नट, (नाटकका) पात्र या चरित्र; स्वांग।

persona grata (L) n. प्रिय पात्र, चहेता।

pinachrome पि॑नॅक्रोम् n. छविवर्णक।

pinacocyte⊙ पिनै॑कॅसाइट् n. (जीव०) **शुल्क-कोशिका**।

pinacoid पि॑नॅकाएड् n. (भू०) **पट्टपार्श्वक**, T.

pinafore पि॑नॅफ़ोर् n. वस्त्ररक्षक, ओढ़न, वालापोश; पोशाक[F]के सामनेका आच्छादन; (बच्चोंका) एक कोट, पिनाफोर।

pinaster पाइनैस्'टॅर् n. यूरोपीय देवदारु।

pince-nez (F) n. नाक-पकड़ चश्मा।

pincers पिन्'सॅर्ज़ n. (pl.) संदंशनी[F], संदंशिका[F], (कृषि०, यंत्र०) **सँड़सी**[F], चिमटा, (यंत्र०) **चिमटी**[F], संसी[F], मोचना; ~movement (सेना०) संस्रत प्रचलन एक बिन्दु या दिशा[F]के अभिमुख होकर आगे बढ़ना।

pincette (F) n. चिमटी[F], मोचनी[F]।

pinch[1] पिन्च् n. चिकोटी[F], चिहुँटी[F], चुटकी[F], कोंचन[F], चुभन[F]; (ला०, निर्धनता[F] आदिका) क्लेश, कष्ट, दुःख, बोझ, तकलीफ[F]; धनाभाव, तंगी[F], तंगहाली[F]; चुटकीभर (*a ~ of salt*); *a ~ of grain to a famished creature* ऊँटके मुँहमें जीरा।

pinch[2] v.t. & i. चिकोटी[F] काटना, चिहुंटी[F] काटना, चुटकी[F] काटना, कोंचना, वकोटना, नोचना, चुभोना; (ला० शीत, भूख[F] आदिसे) व्याकुल होना, पीड़ित होना, कष्टमें पड़ना, ग्रस्त होना; (किसी व्यक्तिसे धन आदि) हरण करना, शोषण करना, लूटना, छीनना, हथियाना, बलपूर्वक वसूल करना; (किसी व्यक्तिको अन्न, भोजन आदि देनेमें) कमी[F] करना, कोताही[F] करना, काटकपट करना; परिमित करना, सीमित करना, सीमा[F] बाँधना, हद[F] बाँधना; कृपणता[F] करना, कंजूसी[F] करना; संकीर्णता प्रकट करना, क्षुद्रता[F] दिखाना, सूमपन करना; प्रेरित करना, आगे बढ़ाना, ऐंड[F] लगाना; दबाना; (हवा[F]के रुखके अनुसार) खेना, नाव[F] चलाना; (ग्रा०) अपहरण करना, चुराना, मूसना, लूटना; बन्दी बनाना, गिरफ्तार करना; आवर्जन करना, निग्रह करना, प्रग्रहण करना; संरक्षणमें लेना, अभिरक्षा[F]में लेना, हिरासत[F]में लेना; ~ bolt **ठेस काबला**, T. ~ cock (रसा०, चि०) **चुटकी**[F]; पीडरोधनी[F]; **दाबक रोधनी**[F], T.; ~ commons भोजनकृपण, खानेमें कंजूस; ~ hitter⊙ सहायक, मददगार; ~ fist, ~ gut, ~-penny कृपण, कंजूस, सूम; *that is where the shoe ~es* यहाँ दालमें काला है, यही तो परेशानी[F] है।

pinchbeck[1] पिन्च्'बे॑क् n. कृत्रिमस्वर्ण, (ताँबे और जस्तेका मिश्रण)।

pinchbeck[2] a. कृत्रिम, बनावटी, छद्मपूर्ण, नकली, खोटा, झूठा।

pincher पिन्'चॅर् n. क्षुद्रचौर, छोटा चोर, सेंधिया; कोंचनेवाला; चुभनेवाला, चुटकी[F] काटनेवाला, चिकोटी[F] काटनेवाला, चिहुँटी[F] काटनेवाला।

pinching –चिंग् n. (कृषि०) **चुटकना**।

pinder पिन्'डॅर् n. (पशुओंको) बाड़ेमें बन्द करनेवाला।

pine[1] पाइन् n. पीतद्रु, देवदारु, पतिकाष्ठ, सरल, अनन्नास, (वन०, प्रा० भूगोल) **चीड़**, पाइन; ~apple (कृषि०) **अनन्नास**; (ग्रा०) हथगोला; ~-bone (कृषि०) अपलास्थि[F]; ~-barren समतल बलुआ प्रदेश (जहाँ देवदारु आदि उगते हैं); ~-beauty, ~ carpet देवदारु-कीट; ~-cone देवदारु-फल; ~-house अनन्नास-क्षेत्र, अनन्नास-गृह; ~ tum (बहुव० *ta*) देवदारुका जंगल;

~-bearing, ~ beetle, ~ blister, ~-bordered, ~-built, ~-bunting, ~-capped, ~-clad, ~-covered, ~-crested, ~-crowned, ~-dotted, ~-finch, ~ forest, ~-fringed, ~-kernel, ~ land, ~-marten, ~ moth, ~-needle oil, ~-needle rust, ~ sap, ~ sawfly, ~-shaped, ~-shoot tortrix, ~ soot, ~ timber, ~ weevil, ~ wood, ~ woods, ~-wool.

pine[2] n. पीड़ा[F], यन्त्रणा[F], क्लेश, दुःख, कसक[F]।

pine[3] v.i. (शोक या रोग आदिसे) क्लान्त होना, म्लान होना, शिथिल होना, श्रान्त होना, विकल होना, तड़फना, घुलना, दुबला होना, सूखना; (किसी वस्तु[F]के लिए या पीछे) लालायित होना, व्यग्र होना, उत्सुक होना, उत्कण्ठित होना, बेचैन होना, कुढ़ना।

pineal पाइ'नि॑अॅल् n. (श० र० शा०) देवदारु-फलवत्, सनोबरके फलके आकारका; ~ eye (जीव०) **मध्य नेत्र**; ~ gland ब्रह्मरंध्र, (शिक्षा०, चि०) रक्तकन्दिका[F], शीर्ष

ग्रन्थि^{F}, तृतीयनेत्रग्रन्थि^{F}, तृतीय-दृक्कन्द, दिग्यनेत्र, सरल विग्रह; ~ nerve (जीव०) **मध्यनेत्र तंत्रिका^{F}**; ~ organ **मध्यनेत्र अंग; पिनियल अंग ।**

pinery –'नॅरि n. सरलवन, अनन्नासशाला^{F}; चीड़का वन; देवदारु वृक्षारोपण, सनोवर लगानेका कार्य ।

piney –नि a. पीतद्रु-बहुल, देवदारु-बहुल, पूतिकाष्ठ-संकुल, सरल-संकुल, अनन्नासवाला, चीड़से भरा हुआ, पाइनसे भरा हुआ ।

pinfold^1 पिन्'फोल्ड् n. पशुशाला^{F}, मवेशीखाना, काँजीहाउस, कानीहौद ।

pinfold^2 v.t. (काँजीहाउसमें) बेढ़ना, बन्द करना ।

ping^1 पिन्ग्' n. झंकार^F, झनझनाहट^F, टंकार^F, सनसनाहट^F ।

ping^2 v. i. झंकार^F करना, झनझनाना, टंकार^F करना, सनसनाना, सनसनाहट^F पैदा करना ।

ping-pong पिन्ग्'-पॉन्ग् n. टेबुल टेनिस, पिंग-पाँग ।

pinguid पिन्'ग्विड् a. पीन, स्थूल, मुट्टल, थुलथल; स्निग्ध, चिकना, तैलमय, वसामय, मज्जापूर्ण, चर्बीला ।

pinguidity, pinguitude –'डिटि, –'ग्विट्यूड् n. स्थूलता^{F}, मोटाई^F, मोटापन; स्निग्धता^{F}, चर्बीलापन ।

pinguin पिन्'ग्विन् n. विलायती अनन्नास ।

pinic पाइ'निक् a. पीतद्रु-विषयक, देवदारु-विषयक, पूतिकाष्ठ-विषयक, सरल-सम्बन्धी, अनन्नास-सम्बन्धी, चीड़का, पाइनका ।

pinicoline ⊙ –'कॅलिन a. पीतद्रुवन-वासी, देवदारुवन-निवासी, चीड़के जँगलोंमें रहनेवाला; पीतद्रुवनोत्पन्न, देवदारुवन-जात, चीड़के जँगलोंमें होनेवाला ।

piniform ⊙ –'निफ़ॉर्म् n. शंक्वीय, शंकवीय, शंक्वाकृति, शंक्वाकार, शंकुके आकारका; पीतद्रुवत्, देवदारु-सदृश, अनन्नासके वृक्षके आकारका ।

pining पाइ'निंग् १. n. म्लानि^{F}, अवसाद, उत्कण्ठा^{F}; २. a. म्लान, विषण्ण, उत्सुक, उत्कण्ठित ।

pinion^1 पि'न्यॅन् n. (जीव०) **पक्षांत,** पक्ष, पंख, बाहुबन्ध, पर, डैना, पखना; (का०) पार्श्व, भुजा^{F}, बाजू^{F}, पहलू; पक्ष, ओर ।

pinion^2 n. दन्तिका^{F}; दन्तिका-चक्र, दाँतेदार या दनदानेदार छोटा पहिया; (ध्वनि०, यंत्र०) **गरारी^{F}**, पहियेमें लगा हुआ दाँतेदार टेकुआ या धुरी^{F}; हथकड़ी^{F}; (कृषि०, यंत्र०) T.

pinion^3 v.t. पक्षकर्त्तन करना, पंख काटना, पर काटना; (किसी व्यक्तिकी) भुजा^{F} बाँधना, बाँह बाँधना, जकड़ना, हथकड़ी^{F} लगाना, गिरफ्तार करना; (किसी व्यक्तिको किसी वस्तु^{F}से) कसना, जकड़ना ।

pinioning –निंग् n. (जीव०) **पक्षांत बन्धन।**

pink^1 पिन्क्' n. आपद्म, गुलाब, पाटल या पाढर वृक्ष, (वन०) **पिंक;** पाटल वर्ण, (रसा०) गुलाबी; गुलाबी रंग, प्याजी रंग; लोमड़ी^{F}के शिकारका लाल कोट; शिकारी कोटका कपड़ा; लोमड़ी^{F}का शिकारी; ~ bollworm (वन०) **गुलाबी सूँडी^{F}** ।

pink^2 n. अग्र, शिखर, पराकाष्ठा^{F}; उत्तम अवस्था^{F} (*the ~ of health*); *in the ~* (ग्रा०) अत्युत्तम, अतिसुन्दर, परमश्रेष्ठ, बढ़िया, उम्दा; स्वस्थ-रूपसे, भले-चंगे रूपसे; *~ of perfecton* चरमोत्कर्ष, सर्वोच्च स्थान; *the ~* पूर्णावस्था^{F}, नितान्तपूर्णता^{F}, चोखापन (*the ~ of elegance*) ।

pink^3 n. नौका^{F}, नाव^F, डोंगा, किश्ती^{F} ।

pink^4 n. सामन मछली^{F}का बच्चा; (बोल०) मिनो (*minnow*) मछली^{F} ।

pink^5 v.t. & i. (तलवार^F इत्यादि) बेधना, भोंकना, छलनी^{F} करना, घुसेड़ना, चुभोना; (*~ out* के साथ भी) रन्ध्रण द्वारा आभूषित करना; अलंकृत करना, सुशोभित करना, आभूषित करना; सजाना; (मोटर-इंजनका) भड़कना, धमकना ।

pink^6 a. पाटल वर्णी, (रसा०) **गुलाबी,** प्याजी, (*rose -~, salmon-~*); (राजनीति^{F}) अरुणाभ, रक्ताभ, हलका लाल, कुछ-कुछ लाल; ~ bollworm (कृषि०) **गुलाबी सूँडी^{F}**; ~ disease (कृषि०) **गुलाबी रोग;** ~-eye (घोड़ोंका) सांसर्गिक ज्वरविशेष; नेत्र अभिष्यन्द रोगका एक प्रकार; गजसूक्ष्म-नेत्रता; ~ rot (कृषि०) **गुलाबी विलगन** ।

pinkiness –'किनिॅस् n. पाटलता^{F}, पाटलवर्णता^{F}, पाटलीयता^{F}, गुलाबीपन, प्याजीपन ।

pinking पिन्'किंग् n. खड़खड़ाहट^F, खटखटाहट^F, थपथपाहट^F; आबदार पत्थरको अधिक आबदार करनेका कार्य ।

pinkish पिन्'किश् a. पाटल-सदृश, गुलाबी-सा, प्याजी-सा ।

pinkness –क्'निॅस् n. पाटलीयता^{F}, गुलाबीपन, प्याजीपन ।

pinky –'कि a. पाटल, पाटलवर्ण, पाटलीय, गुलाबी, प्याजी ।

pinna पि'नॅ n. (pl. *-ae*) (वन०) **पक्षक,** दल, पत्र, पत्रक, पल्लव, पत्ती^{F}; (जीव०) **बाह्यकर्ण;** (चि०) **कर्ण-पल्लव;** पक्ष, पर, पंख; T.

pinnace पि'नॅस् n. दो-मस्तूली लघु नौका^{F} ।

pinnacle^1 पि'नॅकॅल् n. प्रासादाग्र, कलश, अट्ट, कंगूरा, बुर्ज; (नौवि, परि०) **जल-शृंग;** (यंत्र०) **शिखर,** शृंग, शीर्ष, सिरा, चोटी^{F}, टीला; (ला०) परमावस्था^{F}, परमोच्च स्थान, चरमोत्कर्ष, चरमसीमा^{F}, पराकाष्ठा^{F} ।

pinnacle^2 v. t. कलशपर स्थित करना, चोटी^{F}पर रखना, कलश-स्वरूप देना, कलश स्थापित करना, कंगूरा लगाना ।

pinnate पि'नॅट् a. (वन०) **पक्षवत्,** पक्षकल्प, पक्षाकार, पंख-जैसा, परनुमा (*~leaf*); (जन्तुवि०) पक्षवत्, द्विशाख ।

pinnated –नेटॅड a. दे० PINNATE.

pinnatifid –नॅ'टिफ़िड् a. पक्षवत्खण्डित, पंखवच्छकलित, (वन०) **पक्षवद्दर,** T., पंखके टुकड़ेवाला ।

pinnation पिने'शॅन् n. पक्षवत्ता^{F} ।

pinnatipartite ⊙ पिनैटिपार'टाइट् a. (वन०) **पक्षवद्विदर,** T.

pinnatiped ⊙ पिनै'टिपे`ड् a. जालक-पाद, झिल्लीदार पैरोंवाला।

pinnatisect ⊙ पिनै'टिसे`क्ट् n. (वन०) **पक्षवद्विदर**, T.

Pinnepedia पिनि`पी'डिॲ n. (जीव०) **क्षेपणीपाद प्राणी**, T.

pinner पि'नॅर् n. सूचिकाकार; सूचिका-निर्माता, आलपीन^F बनानेवाला; आलपीन^F लगानेवाला, नत्थी^F करनेवाला।

pinniped ⊙ पि'निपे`ड् a. (जीव०) **युक्तांगुलि**; आलपीनयुक्त, आलपीन^F लगा हुआ, आलपीन^F से नत्थी; T.

pinnulate पि'न्यूलॅट् a. (वन०) उपपत्रयुक्त, पल्लवी; (जीववि०) पक्षकयुक्त।

pinnule पि'न्यूल् n. (वन०) उपपत्र, पल्लव; (जीववि०) उपपक्ष, (वन०) **पक्षिकी**^F।

pinny[1] पि'नि n. वस्त्ररक्षक, बालापोश; पोशाक^F के सामनेका आच्छादन; (बच्चोंका) एक कोट, बचकाना कोट, पिनाफोर।

pinny[2] a. बालवत्, शिशु-सदृश, बच्चे-जैसा; बाल-विषयक, शिशु-सम्बन्धी, बच्चेका।

pinoc(h)le पि(पी)'नॅकॅल् n. पिनोकिल, (एक अमेरिकी ताशका खेल जो *bezique* जैसा होता है)।

pinole पिनो'लि` n. पिनोल, (एक प्रकारका भोजन)।

pint पाइन्ट्' n. शराव^F, तरल शराव^F; (तरल गैसों^F की एक माप^F) गैलनका अष्टमांश, लगभग ११ छटाँक^F की माप^F; T.

pintado पिन्टा'डो n. (अब प्रायः *~-bird*) चित्रक पक्षी, शबलपक्षी।

pintle पिन्'टॅल् n. शंकु, कील^F, (परि०) **कीली**^F (*~ chain*), मेख^F, विरंजी^F; अक्ष, धुरी^F, धुरा, चूल, कब्जा; T.

pinto ⊙ पि(पी)न्'टो n. & a. शबल (अश्व); चितकबरा (घोड़ा), रंगबिरंगा।

Pinus पाइ'नॅस् n. (कृषि०, वन०) **चीड़**, T.

piny पाइ'नि a. देवदारु-विषयक, सनोबरी, चीड़ी; देवदारुवत्, सनोबर-जैसा; देवदारु या सनोबर-बहुल।

pinx; pxt. *pinxit*, painted it.

pinxit, pinxerunt (L) v.t. -रचित, -चित्रित।

piolet (F) प्योले' n. हिम-कुदाली^F, बरफ^F खोदनेकी कुदाली^F, हिम-भंजक कुठार।

pioneer[1] पाइॲनीॲर् n. (सेना०) पथप्रदर्शक पदाति, सैन्यमार्गशोधक, सफरमैना; नेता, प्रणेता, अग्रगामी, पथिकृत्, मार्गदर्शक, आविष्कारक, संचालक, प्रवर्त्तक, अगुआ; *~ corps* **श्रमिक कोर**।

pioneer[2] v.t. & i. (पथ) प्रशस्त करना, (मार्ग) तैयार करना, रहनुमाई^F करना; अग्रगामी होना, अग्रसर बनाना; निर्देश करना, हिदायत^F करना; मार्गशोधन करना, सफरमैना बनना।

pioneering –रिंग् a. (कृषि०) **पुरोगामी**।

piou-piou (F) n. पैदल सैनिक।

pious पाइ'ॲस् a. भक्त, धर्मवान्, पुण्यात्मा, पुण्यशील, शुचिव्रत, पवित्र, धर्मशील, धर्मपरायण, धर्मात्मा, धर्मी, धर्मनिष्ठ, साधु, सदाचारी, सच्चरित्र, संयमी, नेक, अच्छा; (प्रायः) कर्तव्यवान्, कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण, कर्तव्यरत; ~ founder धर्मसंस्थापक, पुण्यप्रतिष्ठापक; *a ~ cat* नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली^F हुई भक्तिन^F।

piousness –नि`स् n. भक्ति^F, धर्मवत्ता^F, धर्मनिष्ठा^F, धर्मपरता^F, पवित्रता^F, धर्मात्मता^F, पुण्यता^F, पुण्यात्मता^F, पुण्यशीलता^F, शुचिव्रतता^F, साधुता^F, सदाचारिता^F, सच्चरित्रता^F, संयम, नेकी^F, अच्छाई^F; (प्रायः) कर्तव्यवत्ता^F, कर्तव्यनिष्ठा^F, कर्तव्यपरायणता^F, कर्तव्यरति^F।

pip[1] पिप्' n. मुर्गियों^F, बाजों आदिको नेत्रनासादिका एक रोग, पिप; (ग्रा०) मूर्च्छा^F, चक्कर, गश, फिट; अत्यधिक विषाद, विषण्णचित्त; क्रोधी स्वभाव, चिड़चिड़ापन (*he, has, gives me, the ~*)।

pip[2] n. (ताश या पाँसे आदिकी) बिन्दु, अंक, चित्ती^F, टिप्पी^F, बुन्दकी^F, बिन्दी^F; (सैन्याध्यक्षका) बिल्ला, तमगा; (अधखिले फूलकी) एक पंखुड़ी^F।

pip[3] n. (कृषि०) (नासपाती^F, सेव, नारंगी^F आदिका) **बीज**।

pip[4] n. (संकेतावली^F में) प वर्ण, पी अक्षर (*~ emma, o.~* में)।

pip[5] n. पिप, पी...पी..., पों-पों, फट-फट, भर्र-भर्र (*six ~s of the time-signal*)।

pip[6] v.t. (बोल०) (असहमतिसूचक) काली गोली^F देना; असहमति^F प्रकट करना, मत या वोट न देना, हरी झण्डी^F दिखाना; पराभूत करना, पराजित करना, परास्त करना, नीचा दिखाना; गोली^F चलाना, गोली^F मारना।

pipal पी'पॅल् n. पीपल (वृक्ष)।

pipe[1]* पाइप्' n. (कृषि०, चि०) **प्रणाल, नलिका**^F; **नली**^F, बम्बा, (रसा०, कृषि०) **नल***, **पाइप**; वंशी^F, वायनाल, अलगोझा, मुरली^F, वेणु, बाँसुरी^F; (नाविक या माँझीकी) सीटी^F; इस सीटी^F की ध्वनि^F; लय^F, स्वर, राग, ध्वनि^F, आवाज़^F; गीत गाना; पक्षिगान, कू-कू^F, कुहुक^F, चह-चह^F; स्वेदप्रस्रवणिका^F, स्वेदनलिका^F; वनपक्षियोंको फँसानेकी नाली^F, (तम्बाकू^F की) चिलम^F, चिलमची^F, फरशी^F, हुक्का, गुड़-गुड़ी^F; चिलम^F भर तम्बाकू^F की मात्रा^F; मदिरापात्र, शराब^F का पीपा; ~clay नलिका मिट्टी^F, खड़िया मिट्टी^F; (v.t.) सफेदी^F लगाना, सफेद मिट्टी^F से पालिश^F करना; ~ dream ⊙ पीनक, झोंक^F, सनक^F; ~-fish नाडमत्स्य, दीर्घ थूथनवाली एक मछली^F; ~-light (पाइप या हुक्का सुलगानेके लिए) कागजकी नलकी^F; ~ line मृत्तैलनलिका^F, पेट्रोलनली^F; **नल तंत्र, पाइप लाइन**^F; **नल-लाइन**^F, ~ major सैनिकवाद्य-संचालक (अनायुक्त अथवा अनाज्ञप्त अधिकारी N. C. O.); ~-rack हुक्कादानी, चिलमदान, पाइपदान; ~-rolls (इति०) प्राचीन राष्ट्रीय राजकोशका कार्यालय; *put that in your ~ and smoke it* सहन कर जाओ, पी जाओ, विषके घूँट पीकर रह जाओ, हृदयपर पत्थर रख लो;

~ bends, ~-box, ~-crosses, ~ drain, ~ flange, ~ handrail, ~-joint, ~-outlet, ~ union.

pipe^2 v. i. & t. वेणुवादन करना, वंशी^{F} बजाना, मुरली^{F} बजाना; पी-पी^{F} करना, सीटी^{F} बजाना; निर्घोष करना, चीत्कार करना, चिँघाड़ना; (पोतके कर्मचारियों-को) सीटी^{F} बजाकर बुलाना; गाना, राग निकालना, चह-चहाना; (पिंक पौधेकी) कलमें^{F} लगाना; व्यवस्थित करना, सँवारना, सुधारना; गोट^F लगाना, हाशिया लगाना; नल लगाना, बम्बा लगाना; (नल द्वारा तेल) वहन करना, ले जाना; ~ *away* घण्टी^{F} देना, सीटी^{F} देना; ~*down* (नौवि०) पदच्युत करना, कार्यमुक्त करना, कामसे अलग हटाना; (ग्रा०) विश्वस्त होना, शान्त होना; ~ *off* ताड़ रखना, निगाह^F रखना, ताकना; ~ one's *eyes* रुदन करना, रोना, आँसू बहाना; ~ *up* गाने लगना, बजाने लगना।

pipeless –'लि`स् a. नलविहीन, बम्बेसे रहित; बिना चिलम^F या हुक्केका।

piper –'पॅर् n. वेणुवादक, मुरली^{F} बजानेवाला; भाट, वन्दीजन, कूचा गायक, जगघूम गवैया; वीनवादक, मशक-बीन^F बजानेवाला; (चि०) कालीमिर्च; मछलियों^{F}की एक जाति^{F}; पंगु अश्व, वेदम घोड़ा, अपाहिज टट्टू; लेलुहा कूकुर; *pay the* ~ (*and call the tune*) सर्वे गुणाः कांचनमाश्रयन्ति, खर्च उठाओ काबू पाओ, पैसेकी मेख^F तमाशा देख।

piperic पिपे`'रिक् a. वेलजीय, मरिच-विषयक, मिर्च-सम्बन्धी; वेलज-प्राप्त, मरिच^{F}से बना, मिर्च^{F}से पैदा हुआ; तिक्तवस्तु-विषयक, कड़वी चीज^{F}का, चरपरी चीज^{F}का।

piperine पि'पॅराइन् n. (चि०) काली, मिर्च-क्षाराभ, मरिच-क्षाराभ, मरिचका अल्कलाइड, पाइपराइन।

pipet, pipette⊙ पिपे`ट्', पिपे`ट्' nn. नली^{F}, नलिका^{F}, सूक्ष्म नली^{F} (कृषि०, रसा०, चि०) **पिपेट**; ~ brush, ~ clip, ~ electrode, ~ rest, ~ stand.

piping^1 पाइ'पिंग् n. वेणुवादन, वेणुध्मान, वंशीवादन; सीटी^{F} बजानेकी क्रिया^{F}; निर्घोष, चीत्कार, चिंघाड़; गायन, वादन, चह-चह^F, कूक^F; (पिंक या पाटल पुष्पोंकी) कलम^F या छाँटन^F; (परि०) **नीर-क्रिया**^{F}; (कृषि०) **पोली कलम**^{F}; सम्भार, सँवार, सजावट^F, (नली-सदृश तहों^{F}में लिपटी हुई डोरी^{F}से) सजावट^F करना; केकपर चीनी^{F}के रेशोंसे की गयी सजावट^F।

piping^2 पाइ'पिंग् a. वंशीवादक; घण्टी^{F} देनेवाला; ~ **hot** अत्यधिक गरम, खौलता हुआ, खुदबुदाता हुआ; *the* ~ *time*(*s*) *of peace* शान्ति-सन्धि^{F}के राग अलापनेका युग।

pipistrel(le) पिपिस्ट्रे`ल्' n. जतुका, (एक प्रकारका छोटा चमगादड़)।

pipit पि'पिट n. भरद्वाज पक्षी, चिल्लू (लवा या चण्डूल-सदृश एक पक्षी-विशेष), पिपिट।

pipkin पिप्'किन् n. चपिया^{F}, थैली^{F}, सँकोरा, भँड़िया^{F}, हँड़िया^{F}, हाँड़ी^{F}; कुल्हड़; परई^F, परवा।

pippin पि'पिन् n. एक प्रकारका सेव, पिपिन।

pipsqueak पिप्'स्क्वीक् n. एक बमगोला; (ला०) घटिया आदमी।

pipy पाइ'पि a. प्रणालिकायुक्त, नलयुक्त, नलीदार, पाइपदार।

piquancy पी'कॅन्सि n. चरपरापन; तीक्ष्णता^{F}, कमनीयता^{F}।

piquant –न्ट् a. स्वादिष्ट, चटपटा, चरपरा, चोखा; तिक्त, तीत, कटु, कड़ुवा; उग्र, तीक्ष्ण, प्रखर, तेज; (ला०) लुब्धक, आकर्षक, रुचिकर, सरस, मनमोहक, कमनीय।

pique^1 पीके n. (बटे हुए सूतसे बना हुआ) एक प्रकारका कपड़ा, पिक।

pique^2 पीक्' n. (ताशके खेलमें) क्रमशः तीस अंकोंकी विजय^F।

pique^3 v.t. & i. (ताशमें क्रमशः तीस अंकोंकी) विजय^F प्राप्त करना; ३० अंक बनाना, पिक बनाना।

pique^4 n. कलह^F; रोष, ईषत्कोप, मर्माघात, विद्वेष, मात्सर्य, अप्रसन्नता^{F}, खेद, क्रोध, रंजीदगी^{F}, नाराजगी^{F} (*in a fit of* ~)।

pique^5 v.t. रुष्ट करना, क्रोधित करना, मर्मस्थलपर चोट^F पहुँचाना, तंग करना, सताना, दिक करना, गुस्सा दिलाना, उकसाना।

piquet^1 पिके`ट, पि'के`ट् n. (ताशका एक खेल) **पिकेट**।

piquet^2 पि'किँट् दे० PICKET.

piracy पाॲ'रॅसि n. (परि०) **जलदस्युता**^{F}, नौचौर्य, (परि०) **समुद्री डकैती**^{F}; डाका, लूट-पाट^F; साहित्यिक चोरी^{F}।

pirate^1 –रॅट् n. साहसिक (परि०) **जलदस्यु**; नौचोर, (परि०) **समुद्री डाकू**; साहसिक-पोत, दस्यु-नौका^{F}, समुद्री डाकूकी नाव^F; दस्यु, डाकू, लुटेरा; अनधिकृत प्रकाशक; शब्दचोर, ग्रन्थसत्वापहारक, साहित्यदस्यु; (अनधिकृत मार्गपर चलनेवाली) चोर-बस^F।

pirate^2 v. t. & i. अपहरण करना, डाका डालना, लूट-खसोट^F करना; अनधिकृत-प्रकाशन करना; जलदस्यु बनना।

piratic, -al –रै'टिक्, -ॲल् aa. जलदस्युकीय, **जल-दस्युता-सम्बन्धी**, साहसिक, समुद्री डाकू-सम्बन्धी; साहित्यिक तस्करीय; vessel **जलदस्यु-पोत**।

piriform पाॲ(पि)'रिफ़ॉर्म a. (चि०) **पलाण्डुरूप** (~ *area*, ~ *fossa*)।

piriformis –मिस् n. (चि०) **पलाण्डुरूपिणी**^{F}।

pirn पर्न्'' n. (स्काट०) अण्टी^{F}, धागेकी गट्ठी^{F}।

pirogue पिरोग्' n. स्तम्भ-निर्मित, तनेका बना हुआ; स्तम्भनौका^{F}, स्कन्धनौका^{F}, पेड़के तनेको खोखला करके बनायी गयी नाव^F।

piroutte^1 पिरुॲ`ट्' n. (एक ही स्थानपर) भ्रमण, चक्कर, घूमना; एकांगुष्ठनृत्य, एकपादनृत्य।

piroutte^2 v.i. (एक ही स्थानपर) भ्रमण करना, चक्कर लगाना, घूमना; एकांगुष्ठनृत्य करना, एकपादनृत्य करना।

pis aller (F) अन्तिम शरण^F।

piscary पिस्'कॅरि n. परमीनाधिकार, किसीके जलाशयमें मछलियाँ^{F} पकड़ना; *common of* ~ मीन-क्षेत्र।

piscator⊙ –केॅटॅर् n. मत्स्याखेटक, मछुवा, मछलीमार, मछेरा।

piscatorial –कॅटॉ'रिॲल् a. मत्स्यवध-विषयक, मछुवा-गीरी^{F}से सम्बन्धित।

piscatory –'कॅटॅरि a. मत्स्यवधप्रिय, मत्स्यवधासक्त, मछमारी^{F}का आदी; मत्स्यवध-विषयक।

Pisces पि'सीज़् n. pl. (ज्यो०) **मीन^F**, मत्स्य, मछलियाँ^{F}; मीनराशि^{F}; (जीव०) **मत्स्य वर्ग**, T.

piscicultural पिसिकल्'चॅरॅल् a. मत्स्यसंवर्द्धन-सम्बन्धी, मत्स्यपालन-विषयक।

pisciculture –'सिकल्च्युॲर् n. मत्स्यसंवर्द्धन, (जीव०) **मत्स्यपालन**।

pisciculturist पिसिकल्'चॅरिस्ट् n. मत्स्यसंवर्द्धक, मत्स्यपालक; मत्स्यपालनप्रिय।

piscina पिसी(साइ)'नॅ n. मत्स्यकुण्ड, मत्स्यसरोवर, मत्स्यसंवर्द्धनकुण्ड, मछली^{F} पालनेका तालाब; प्राचीन रोमन स्नानकुण्ड; (गिरजेमें वेदी^{F}की) पत्थरकी छिद्रिल टोकरी^{F}।

piscine[1] पि'सिन्, पिसीन्' n. मीन-सरोवर; स्नान-सरोवर।

piscine[2] पि'साइन् a. मत्स्य-सम्बन्धी, मछली^{F}का, मछलिया।

piscivorous पिसि'वॅरॅस् a. मत्स्याशन, मत्स्याद, मत्स्यभक्षी, (जीव०) **मत्स्याहारी, मत्स्यभोजी**, मत्स्यजीवी।

pise (L) पी'ज़े n. मिट्टी^{F}का लोंदा (इति०) **गोंदा**, कड़ी मिट्टी^{F} (जिसे रद्दोंके बीच दबाकर दीवार^F बनाते हैं), गारा; पलस्तर; ~ house (इति०) **मिट्टी^{F} का लोंदा**; ~ hut (इति०) **गोंदेकी झोपड़ी^{F}**; ~ work (रेल०, यंत्र०) **दाब रंदा काम**।

pish[1] पिश्' v. i. फटकारना, धुतकारना, छी-छी करना, छिः-छिः करना, थू-थू करना।

pish[2] int. छी-छी, छिः-छिः, थू-थू, धिक्कार है इत्यादि।

pishogue पिशोग' n. मायाजाल, ऐन्द्रजालिकता^{F}, जादूगरनी^{F}का जादू; इन्द्रजाल, माया^{F}, मन्त्र, जादू।

pisiform पाइ'सिफ़ॉर्म्, पि'ज़िफ़ार्म् a. चणकाकार, कलायरूप, मटर-सदृश, मटर^{F}के आकारका; (जीव०) **वर्तुलिका^{F}**; (चि०) पलाण्डुरूप, तुम्बाकार; ~ bone (चि०) **वर्तुलिका^{F} अस्थि^{F}**।

pismire पिस्'माइॲर् n. पिपीलिका^{F}, चींटी^{F}, चींटा, च्यूँटी^{F}।

pisolite पि'ज़ॅलाइट्, पाइ'सॅलाइट् n. (भू०) **मटरी अश्म**, T.

piss[1] पिस्' n. मूत्र, मेह, मूत, पेशाब।

piss[2] v. i. & t. (अब अश्लील अर्थोंमें) लघुशंका^{F} करना, मूतना, पेशाब करना, मेह-त्याग करना, (मूत्रके साथ) प्रमेहित करना, शक्कर^F जाना; मूत्रमेहसे ग्रस्त होना; (रक्तमिश्रित) मूत्रत्याग करना; मूतसे खराब कर देना, पेशाबसे तर करना।

pistachio पिस्टे'शिओ, पिस्टै'शो, पिस्टै'चो n. (pl. -*s*) पिस्ता, पिस्तेका वृक्ष, पिस्तई रंग।

pistareen[1] पिस्टॅरीन्' n. पिस्टरीन (प्राचीन स्पेनी अधेली^{F})।

pistareen[2] a. व्यर्थ, बेकार, बेमतलब, अण्ट-सण्ट, निकम्मा।

pistil पिस्'टिल् n. पुष्पयोनि^{F}, गर्भकेशर, स्त्रीकोश, गर्भकेसर (कृषि०, वन०) **स्त्रीकेसर**; ~ abortion (कृषि०) **स्त्रीकेसर अवर्धन**।

pistillar –लॅर् a. (वन०) गदावत, गदा-सदृश, गदाकृति, गदाकार, गदाके आकारका।

pistillary, pistillate –रि, –लॅट् n. (वन०) गर्भ-केसरीय, गर्भकेसरके सदृश, (कृषि०) **स्त्रीकेसरी** (~ *flower*), **मादा** (~ *plant*)।

pistilliferous, pistilline –लि'फ़ॅरॅस्, –'टिलिन् aa. गर्भकेसरीय, स्त्रीकोशीय, गर्भकेसर या पुष्पयोनि-सम्बन्धी।

pistillode पिस'टिलोड n. (वन०) **वन्ध्य स्त्रीकेसर**।

pistol[1] पिस्'टॅल् n. तमंचा, पिस्तौल^F; ~ butt **पिस्तौल^{F}का कुण्दा; पिस्तौल^{F}का बट**; ~-grip **पिस्तौल^{F}का दस्ता**; तमंचेका दस्ता, पिस्तौल^{F}की मुठिया^{F}।

pistol[2] v.t. तमंचा मारना, पिस्तौल^F मारना।

pistole पिस्टोल' n. (इति०) पिस्तोल^F (एक विदेशी स्वर्णमुद्रा^{F}, विशेष कर स्पेनकी मुद्रा^{F} जिसका मूल्य लगभग १८ शिलिंगके बराबर होता है)।

pistoleer पिस्टॅलीॲर्' n. तमंचाधारी, पिस्तौल-सज्जित, पिस्तौलवाला।

pistolet पिस्'टॅलेॅट् n. (प्रा०) = PISTOL & PISTOLE.

pistolgraph पिस्'टॅलग्राफ् n. आशुचित्रांकनयन्त्र; अंकन यन्त्रसे लिया गया चित्र।

piston पिस्'टॅन् n. मुषली^{F}, चकली^{F}, (भौ०) **पिस्टन**; (ढोल या तुरही^{F} आदिका) ढक्कन; ~-rod मुशलीहस्त, चकली^{F}का डण्डा, (कृषि०, यंत्र०) **पिस्टन दण्ड, पिस्टन रॉड**, पिस्टन-छड़, (पिचकारी^{F}का) नल-दण्ड, बम्बेकी लाठ^F;

~ buffer, ~ clearance, ~ displacement, ~-head, ~ mechanism, ~ packing, ~ pin, ~ pump, ~ ring, ~ speed, ~ stroke, ~-type pump, ~ value, ~ valve.

pit[1] पिट' n. (वन०, जीव०, चि०, कृषि०) **गर्त, गढ़ा**, गड्ढा; विवर, छिद्र, अवट, छेद, मोखा, सूराख; खाई^F, खन्दक, खोंड़र, खोंधार, खड्ड (*chalk, gravel*, ~); क्षत-चिह्न, घावका निशान, (चि०) चेचकका चिह्न; (रंगशाला^{F}में सामाजिकोंके बैठनेके लिए) आगेका सबसे निचला स्थान; खड्डेमें बैठे हुए लोग; (मोटरदौड़^{F}में मोटरों^{F}का) विश्राम-स्थान, पेट्रोल-प्राप्ति-स्थान; विनिमय-गृह ⊙ (*wheat*-~); पेट, नाभि^{F}, बगल^F; ~ curing

(जीव०) **गर्त संसाधन**; ~ fall गूढगर्त, गूढकूप, छन्नकूप, अन्धकूप, चोरगड्ढा; (ला०) अप्रत्याशित आपत्ति^F; ~ man खान-श्रमिक, खान^F के मजदूर; मशीन^F का संयोजक-दण्ड ⊙; ~ pony खान^F में प्रयुक्त टट्टू; ~ prop (कोयलेकी खान^F में) सहारेके लिए लगी हुई पहाड़ी लकड़ी^F या टिम्बर^F; the ~ नरक; *dig a ~ for* (ला०, किसीके लिए) गड्ढा खोदना, कुवाँ खोदना, जाल बिछाना; ~ *of the stomach* उदरार्द्ध, उदरगर्त, आमाशय-खात; कौड़ी प्रदेश;

~ canal, ~ cavity, ~ coal, ~ curing, ~ dwelling, ~field, ~ latrine, ~ membrane, ~ method, ~ ochre, ~-organ, ~ planting, ~ privy, ~ process, ~ saw, ~-sawer, ~ sawing, ~tomb.

pit² v.t. & i. गर्तमें रखना, गड्ढेमें रखना, खौं^F या खत्ती^F में (शाक आदि, संग्रहार्थ) रखना; (कुत्तों आदिको लड़नेके लिए) मैदानमें छोड़ना, लुहाना; (ला०, किसी व्यक्तिको दूसरेके) मुकाबलेपर खड़ा करना, मिलाना, भिड़ाना, लड़ाना; गड्ढा खोदना; दाग बनाना, दागी करना; (निदान०, शरीरपर) चोट^F के चिह्न बनाना, उपट आना, साँट पड़ जाना, दाग बन जाना।

pit-(a-)pat पिट्'-(अ्-)पैट् n. थपथपाहट^F, धड़धड़ाहट^F, पड़पड़ाहट^F, धड़-धड़^F, धुक-धुक^F, धड़कन^F, पिट-पिट^F, धमाधम, डग-डग, हक-हक।

pit-(a-)pat² adv. धड़धड़ाते हुए, धुकधुकाते हुए, धड़कन^F के साथ, पिटपिटाते हुए, डगडगाते हुए (*his heart went ~*)।

pich¹ पिच् n. निराल, यक्षधूप, सर्जरस, सर्वरस, धूना, राल^F, तारकोल, अलकतरा, डामल, (रसा०) **डामर**; T.; ~ black अति कृष्ण, घनश्याम, घोर काला, गहरा काला; ~-cap राली या तारकोली टोपी^F; ~darkness निबिड़ तम, गहन तिमिर, सूचिभेद्य अन्धकार, घुप अन्धेरा; ~-pine तिन्दु वृक्ष, निराल तरु, देवदारु वृक्ष, सर्जरस तरु, (यंत्र०) **चीड़**, चीड़का पेड़; ~ stone लावा; (राल-सदृश) चट्टान^F; प्राचीन ज्वालामुखी, (भू०) T.

pitch² v.t. राल^F पोतना, तारकोल चुपड़ना, धूना मलना, राल^F का अंजन करना।

pitch³ n. (यंत्र०) **चूड़ी-अन्तराल, अन्तराल, ढाळू^F, तारता^F**; गोता, डुबकी^F; फेंक^F, उछाल^F, मार^F, पिच^F; उड़ान^F (*fly a high ~*); दोलन; (प्रा० भू०) **आनति^F, ढाल^F**; (प्रदर्शनार्थ) वस्तुओं^F की मात्रा^F; झोंपड़ी^F; डेरा, पड़ाव, तम्बू; शिखर, कोटि^F, काष्ठा^F, चढ़ाव, ऊँचाई^F; परिमाण, मात्रा^F; श्रेणी, कक्षा^F, दरजा; (क्रिकेट) धावस्थली^F, (स्थिति वि०) **सूत्रांतर**; (चि०, भौ०, नौवि०,) **तारत्व**; (संगीत) तारस्वर; **स्वराघात, स्वरमान**, उदात्त-स्वर; ढाल^F, ढलवाँपन; (यन्त्र, मशीन^F के) दाँतों आदिके बीचका गढ़ा, दनदानोंकी कोर^F; (मौ०) **चूड़ी-अन्तर, चूड़ी^F**; ~ of time **अक्षरका आयाम**; ~of a screw (गणि०) **पेचका सूत्रान्तर**; (मौ०) **पेंचका चूड़ी अन्तर, चूड़ी^F**; ~ of fold (भू०) **वलन आनति^F**; ~ of propeller (परि०) **पंखेका अन्तराल, पंखेका पेच-कोण, पंखेकी पेचदूरी^F**; ~ of rivets (परि०) **रिवेट-दूरी^F**; ~ of sound **ध्वनि तारत्व**; ~ ratio (परि०) **पेचदूरी अनुपात**; ~ setting (वैमा०) **पेचदूरी-विन्यास**; ~-pipe तारवंशी^F, उदात्तस्वर-वंशी^F; ~-wheel दाँतेदार चाक, दनदानेदार पहिया; *fly a high ~* चरम ऊँचाई^F तक उड़ान^F भरना, पराकाष्ठा^F तक उड़ना।

pitch⁴ v.t. & i. (शिविर, कुटी^F इत्यादि) रचना, निर्मित करना, खड़ा करना, बनाना; (निर०) शिविर स्थापित करना, पड़ाव डालना, खेमा गाड़ना; (किसी पौधे या वस्तु^F को) व्यवस्थित रूपसे रखना, सँवारकर रखना, सजाकर बैठाना; विन्यस्त करना, निविष्ट करना, आरोपित करना; (प्रदर्शनी^F में) वस्तुएँ रखना; (मार्गपर पत्थरोंको) विजड़ित करना, जड़ना, बिछाना, जमाना; (संगीत) स्वरसाधना, सुर बाँधना; (ला० विशेष शैली^F में) अभिव्यक्त करना; प्रक्षिप्त करना, फेंकना; निपातन करना, गिराना; वर्णन करना, बयान करना, कहना; (गॉल्फमें गेंद^F को) फेंकना, पिलाना; धमाकेके साथ गिरना, मुँहमार गिरना, ढाढ़ा गिरना; (जहाजका) लम्बाकार डूबना, डुबकी^F लगाना, गोता लगाना; ~-&-*toss* गोली^F का खेल, पिलावनों^F का खेल; ~ *into* (बोल०) रुचिपूर्वक कार्यरत होना, शौकसे कार्यरत होना, लगन^F से काममें जुट जाना; आघात करना, तड़ातड़ मारना; भयानक आक्रमण करना; गालियों^F की बौछार^F करना; ~ *upon* अकस्मात् पा जाना, संयोगसे चुन लेना; ~ *wickets* विकेट लगाना, गाड़ना।

pitched ⊙ पिच्ड' a. व्यूढ़, जमा हुआ, (यंत्र०) **ढलवाँ** (~ *roof*), डटकर लड़ा हुआ (~ *battle*)।

pitcher¹ –'चॅर् n.=JUG ⊙; पुटग्रीव, घटी^F, कुम्भ, घट, कलश, गगरी^F, मटका, सुराही^F, झझ्झर ⊙; (वन०) कलशपर्ण, कलशपत्र, शोधित पत्ती^F, सुराही-सदृश पत्ती^F; ~-plant (वन०) **घटपर्णी**, कलशवृक्ष, कलशपादप; *little ~s have long ears* बच्चोंको कानका चस्का होता है।

pitcher² n. (PITCH² के क्रियात्मक अर्थोंमें); गेंद^F मारनेवाला; खोमचेवाला, फेरीवाला, बिसाती; पत्थरका गुम्मा, बिछाऊ पत्थर।

pitchforck पिच'फ़ॉर्क् n. पंजा, काँटा।

pitchiness पि'चिनिॅस् n. निरालवत्कृष्णता^F, तारकोल-पन, कालापन; राल-मिश्रता^F।

pitching पि'चिंग् n. (वैमा०) **उपनिचान**; (परि०) **दोलन**; (यंत्र०) **पत्थर लगाना**, पत्थर बिछाना; ~ piece **रोधपट्ट, रोक, तख्ती**, ~ fold (भू०) **आनत वलन**; ~ moment (वैमा०) **उपनिचान क्षण, पिच-का समय**; ~ stone (परि०) जुड़ाई^F या **पटाई^F का पत्थर**।

pitchy पि'चि a. तारकोलवतकृष्ण, तारकोल-सदृश, काला; राल-विषयक, रालवाला, राल^F का।

piteous पि'टिॲस् a. दयनीय, अनुकम्प्य, चिन्त्य, दीन,

शोचनीय, करुण, करुणा योग्य, दर्दभरा, तरस^F करने योग्य, रहम^F करने लायक; क्षुद्र, तुच्छ।

piteousness –निॅस् n. दयनीयता^F, अनुकम्प्यता^F, चिन्त्यता^F, दीनता^F, दैन्य, करुणा^F।

pith¹ पिथ् n. मध्यक, बाह्यक, मज्जक, (वन०); **मज्जा^F**, रस; गर्भ; गाभा, गूदा; पृष्ठरज्जु^F, सुषुम्ना^F, मेरुनाड़ी^F, रीढ़तन्तु; (ला०) सत्व, तत्त्व, सार, सारांश, निचोड़, (प्रायः ~ *& marrow*); विशोधित तत्त्व, महत्त्वपूर्ण अंश; सत्त्व, शक्ति^F, उत्साह, शौर्य, बल, पराक्रम, विक्रम, जोर, ताक़त^F; T.

pith² v.t. (चि०) मेरुशीर्षच्छेदन, मस्तिष्कभेदन करना; पृष्ठरज्जुवेधन करना, अपवेधन करना, (पशुकी) नसें^F काटकर वध करना।

pithecanthrope पिथिॅकैन्'थ्रोप् n. कपिमानव, नर-वानर, नरमर्कट, मानवकपि; बन्दर और मानवके बीचकी स्थिति^F।

pithecoid पिथी'काएॅड् a. कपिवत् (ज्यौ०, इति०) **वानराभ**, T. वानर-सदृश, वनमानुष-जैसा।

pithiness पि'थिनिॅस् n. मज्जकबहुलता^F, मज्जापूर्णता^F; तेजस्विता^F, शौर्य, सत्वपूर्णता^F, ससत्त्वता^F, सारवत्ता^F; वीर्यवत्ता^F; गूढ़ता^F, गहनता^F, प्रगाढ़ता^F।

pithing पि'थिंग् n. (चि०) **मस्तिष्क-भेदन,** मेरु-शीर्षच्छेदन, मेरुदण्ड कशेरुका सलाईसे वेधन करके; अप-वेधन, पृष्ठरज्जुवेधन।

pithless पिथ्'लिॅस् a. मध्यकहीन, बाह्यकविहीन, मज्जक-रहित, मज्जा-रहित, सारविहीन, गर्भहीन, बिना गाभेका, बिना गूदेका; सुषुम्ना-रहित, मेरुनाड़ीविहीन, रीढ़तन्तुविहीन; (ला०) सत्वहीन, तत्वविहीन, असार, सारविहीन, विरस; शौर्यहीन, बलहीन, पराक्रमहीन, बेजोर, बेताकत।

pithy –थि a. मज्जकबहुल, गूदेदार; तेजस्वी, सत्त्वपूर्ण, ससार, ससत्त्व, सारवान्, सरस, वीर्यवान, सारगर्भित, अर्थगर्भित, गूढ़, गहन, प्रगाढ़।

pitiable पि'टिॲबॅल् a. करुण, मर्मभेदी; दीन, क्षुद्र; अनुकम्प्य, दयापात्र, कारुणिक, करुणाजनक, दयनीय, दयायोग्य, कृपापात्र।

pitiableness –निॅस् n. करुणता^F, कारुण्य, दैन्य, मर्मभेद; दीनता^F, अनुकम्प्यता^F, कारुणिकता^F, करुणा-जनकता^F, दयनीयता^F, दयापात्रता^F।

pitiful –टिफुल् a. करुणार्द्र, करुणामय, सानुकम्प, दयालु, कृपालु, करुणानिधि, दयानिधि, दीनबन्धु, दीनवत्सल, दयावान्, सहृदय; (वस्तु^F आदि) करुण, दयनीय, शोच-नीय, दीन; हेय, जुगुप्स्य, घृण्य, घृणास्पद।

pitifulness –निॅस् n. कारुण्य, करुणार्द्रता^F, करुणामयता^F, सानुकम्पत्व, दयालुता^F, कृपालुता^F, करुणा-निधित्व, दीनबन्धुता^F, दीनवत्सलता^F, दयावत्ता^F, सह-दयता^F; करुणा^F, दयनीयता^F।

pitiless –टिलिॅस् a. निरनुक्रोश, निष्ठुर, निर्मम, निर्दय, दयाहीन, निर्घृण, क्रूर, अकरुण, कठोर, कृपाहीन, बेदर्द।

pitilessness –निॅस् n. निरनुक्रोशता^F, निष्ठुरता^F, निर्ममता^F, निर्दयता^F, निर्घृणता^F, क्रूरता^F, अकरुणा^F, कठोरता^F, कृपाहीनता^F, दयाहीनता^F, बेरहमी^F।

pittance –पि'टॅन्स् n. (इति०) धर्मार्थदान, सदाव्रत, सदाबरत, (विशे० मन्दिरों इत्यादिके लिए); क्षुद्र दान, क्षुद्र वेतन, उपवेतन, अधिदेय, भत्तक, भत्ता; परितोषण, पारितोषिक, पारिश्रमिक; मजदूरी^F, दो रोटी^F, चबेना, चार चुटकी^F आय^F; अल्पांश, अल्पराशि^F, अल्प-संख्या^F।

pitted पि'टिॅड् a. सगर्त, गर्तमय, गर्तयुक्त, छोटे-छोटे गड्ढोंवाला, ऊबड़खाबड़, खुरदरा।

pitting –टिंग् n. गर्त्त बनना, **गर्त्तन, गर्त्त बनाना,** गड्ढे बनाना; (चि०) मलगर्तन, **मल गाड़ना,** (परि०) **गडढा पड़ना;** (यंत्र०) **फुटटी^F पड़ना;** ~ of the barrel **नालमें गड्ढे पड़ना;** ~ on pressure (चि०) पीड़न निम्नता^F।

pitite पि'टाइट् n. पिटवादी, राजनीतिज्ञ विलियम पिटका अनुयायी।

pituitary पिच्यू'इटॅरि a. श्लेष्मीय, श्लेष्मा-विषयक, कफ-सम्बन्धी, बलगमी, खाँसी^Fका, नजलेका, दमेका (चि०, कृषि०) **पिच्यूटरी;** ~ body (चि०) **पीयूषिका^F पिण्ड; पीयूषिका^F;** (जीव०), **पिच्यूटरी काय;** ~ gland (चि०) पीयूष ग्रन्थि^F, पीयूषिका^F; ~ fossa, ~ pouch.

pituite –'ट्यूइट् n. श्लेष्म, कफ, बलगम।

pity¹ पि'टि n. (दर्श०) **दया^F**, कृपा^F, (दर्श०) **करुणा^F**, अनुकम्पा^F, अनुग्रह, सहृदयता^F, वात्सल्य, सहानुभूति^F, तरस, रहम, हमदर्दी^F; खेद-विषय, दुःखप्रसंग, व्यथा^Fका कारण, शोकप्रसंग, शोक-विषय; *for ~'s sake* कृपया, दया^F करके, ईश्वरके लिए; *it is* or *was ~ of them* (प्रा०) लोगोंको उनपर तरस^F आता है (या था); *more's the ~* यह तो और भी खेदका विषय है; *take ~ on* दया^F करो, रहम^F करो।

pity² v.t. दया^F करना, कृपा^F करना, करुणा^F करना, अनुग्रह करना, सहृदयता^F दिखाना, वात्सल्य प्रकट करना, सहानुभूति^F दिखाना, तरस^F खाना।

pityriasis पिटिराइ'ॲसिस् n. (निदान) सिध्म, एक त्वचा रोग।

pivot¹ पि'वॅट् n. धुराग्र; (चि०) विवर्तिका^F, विवर्तनी^F, विवर्तन, अक्ष, धुरी^F, चूल, कीली^F, (गति०) **कीलक,** केन्द्रकीलक; (सेना०) शीर्षस्थ सैनिक, विवर्तन-सन्धिस्थ सैनिक; (ला०) केन्द्रबिन्दु, मध्यबिन्दु, आधार-बिन्दु, प्रधान आधार, मौलिक या मूलभूत समस्या^F: T. method **अभ्यास-पद्धति^F;**

~ flack, ~ guide, ~ method, ~ point, ~ rod, ~ ship, ~ support.

pivot² v.t. & i. विवर्तनीयुक्त करना, अक्ष लगाना, चूल लगाना, धुरी^F लगाना; कब्जे या चूलपर घूमना; (ला०) विवर्तित होना, चक्कर काटना।

pivotal –टॅल a. **धुराग्रीय;** विवर्तनीय, अक्षीय, (गति वि०) **कीलकीय,** चूलीवाला; (राज०) **निर्णायक,** (~

state); केन्द्रीय, आधारबिन्दु-सम्बन्धी।

pivoted –टि॑ड् a. धुराग्रस्त; कीलकित, (~ *magnet*), सकील, (यंत्र०) कीलित, चूलदार, धुरी-सहित।

pivoter –टर् n. विवर्त्तनीकार, कब्जा या धुरी^F बनाकर लगानेवाला।

pivoting –टिंग् n. (मशीनों^F या यन्त्रोंमें) धुरी^F का काम; ~ arm घूमनेवाला भुज।

pix पिक्स n. पेटिका^F, सन्दूक, सन्दूकची^F, पेटी^F; (चि०) डामर।

pixilated ⊙ a. सनकी, झक्की।

pixy, -xie पिक्'सि, -क्सि n. गन्धर्व-पत्नी^F, अप्सरा^F, परी^F; अप्सरा^F या परी-जैसा कोई प्राणी।

pizzicato पिट्सि'काटो a. अँगुलिवादित, अँगुलि-प्रताडित, अँगुलिचित, अँगुलियों^F से चुना हुआ, अँगुलियों^F से तोड़ा हुआ।

pizzle पि'ज़ॅल् n. पशु-शिश्न, पशु-लिंग।

Pkg. package.

Pkt. Packet; Prakrit.

pl. place; plate; plural.

P.L. Permanent Lease; Personal Ledger; Poet Laureate; Primrose League; Privilege Leave; Prospecting Licence.

P.L.A. Profit and Loss Account.

placability प्ले(प्लै)कॅबि'लिटि n. प्रसादनीयता^F, आराध्यता^F, आशुतुष्टि^F, सरलता^F, विनम्रता^F, मृदुभाव, क्षमाशीलता^F।

placable –'कॅबॅल् a. प्रसाद्य, आराध्य, आशुतोष्य, सान्त्वनीय, सरल, विनम्र, मृदुभाव, क्षमाशील, मनाने योग्य, नरम।

placableness –निस् n. = PLACABILITY.

placard[1] प्लै'कार्ड् n. फलक, फट्टा, घोषणापत्र, प्लेकार्ड; विज्ञप्ति^F, हस्तविज्ञप्ति^F, विज्ञापन-पत्र, ख्यापन-पत्र, इश्तिहार, पोस्टर।

placard[2] v.t. विज्ञप्ति^F चिपकाना, पर्चा बाँटना, पोस्टर लगाना।

placate[1] प्लॅकेट्', प्ले (प्ले) केट v.t. सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना, सान्त्वना^F देना, सन्धि^F करना, आश्वासन देना, विश्वस्त करना, तसल्ली^F देना, सहमत करना, राजी करना; (अब विशे० सं० रा० सं० में) विपक्षी या विरोधीको मनाना, आराधना करना।

placation प्लॅ'केशॅन् n. प्रसादन, प्रार्थना^F, विनय^F, आराधना^F, सान्त्वना^F, अनुनय^F।

place[1]* प्लेस् n. स्थान*, स्थल, प्रदेश, भूमि^F, ठाँव, ठाम, थान, जगह^F, ठिकाना, मुकाम; शाला^F, मन्दिर, आवास, निवास, आलय, भवन, गृह, घर, वस्ती^F, मकान; (पुस्तक^F आदिका) अंश, भाग, अवतरण; श्रेणी^F, पद, पदवी^F, पंक्ति^F, क्रम, विभाग, दरजा; गौरव, महत्त्व; (दौड़^F) सिद्धावस्था^F, सिद्धि^F की स्थिति^F; दशा^F, स्थिति^F, अवस्था^F; उचित स्थान, अवकाश, अवसर, प्रसंग, प्रकरण, गुंजाइश^F; पीठ^F, आसन, सीट^F; कर्तव्य, कार्य (*it is not my ~ to inquire into that*); ~ brick (पजावेमें हवा^F के रुखमें रखे जानेके कारण) जली हुई ईंट^F; ~ (-kick) (फुटबाल) प्लेसकिक; ~ learning (शिक्षा०) स्थानाधिगम, ~ man राजकर्मचारी, राजसेवक, सरकारी नौकर; ~-name स्थान-नाम, भौगोलिक स्थानका नाम; ~ of articulation उच्चारण-स्थान; ~ utility (अर्थ०) स्थानमूलक तुष्टिगुण; *another* ~ सामन्त सभा^F, हाउस आफ लार्ड्स; *give* ~ *to* स्थान देना, जगह^F करना, जगह^F बनाना, समाई^F बनाना, गुंजाइश^F निकालना; *in* ~ उचित, उपयुक्त, संगत, समयानुरूप, ठीक जँचता हुआ; *in* ~ *of* के स्थानपर, की जगह^F पर, के बजाय, के बदले; *out of* ~ अनुचित, असंगत, प्रसंगतर, स्थानच्युत, अप्रासंगिक, बेमौका; *take* ~ घटित होना, घट जाना, होना, *take the* ~ *of* किसीका स्थान लेना, किसीकी पदपूर्ति^F करना।

place[2] v.t. स्थापन करना, स्थित करना, रखना, धरना, लगाना; व्यवस्थित करना, ठिकाने करना, करीनेसे रखना, जमाना, बिठाना; पदारूढ़ करना, नियुक्त करना, नियत करना, तैनात करना, रोजी^F दिलाना, रोटी^F लगाना; विनियोग करना, विनियोजन करना, व्यवसायमें लगाना, फँसाना; विक्रय करना, निकाल देना, बेच डालना, फरोख्त करना; आदेश देना, आर्डर देना; (किसीपर, विश्वास) आश्रित करना, टिकाना; स्मरण करना, पहचानना; मस्तिष्कमें आना, याद^F आना, दिमागमें चढ़ना; श्रेणीकरण करना, वर्गीकरण करना; (दौड़^F में प्रायः प्रथम तीन घोड़ों या दौड़नेवालोंकी) स्थिति^F का निश्चय करना; *be* ~ *d* (दौड़^F में) प्रथम तीन घोड़ोंमें होना।

placebo प्लॅसी'बो n. (pl. *-s, -es,*) मृतकार्थ प्रार्थना^F, मृतकके लिए प्रार्थना^F; (प्रा०) अत्यनुरोधी, पिशुन, चुगलखोर; (रोगीको प्रसन्न करनेके लिए दी जाने वाली) निर्गुण ओषधि^F, निरर्थक दवा^F।

placement प्लेस्'मॅन्ट् n. श्रेणीकरण, वर्गीकरण, स्थापना; (राज०) आसन-व्यवस्था^F; (श्रम०) काम देना, नौकरी^F दिलाना।

placenta प्लॅसे'न्'टॅ n. (pl. *-ae*) अपरा^F, (वन०) जरायु^F, जरायुनाल, गर्भनाल, (चि०) गर्भकमल, अपरा, गर्भपोष, नाल, नारा, खेड़ी^F, (श० र० शा०) जेर, आँवल^F, आँवर^F, (वन०) जरायु, बीजाण्डाधार, पुष्पकेसर; ~ proevia (चि०) सम्मुखी अपरा^F।

placental –टॅल् a. गर्भपोषीय, गर्भ नालीय, नारा-विषयक, जरायवीय, जरायुज; अपरा^F, अपरा-विषयक; ~ cord (चि०) नाभिनाल, नाभिरज्जु^F।

placentalia प्लैसे'न्टे'लिॲ n. (चि०) स्तनवर्ग, जरायुज प्राणी वर्ग।

placentation –टे'शॅन् n. (वन०) जरायुन्यास, बन्धनपद्धति; (चि०) अपराविकास, अपरीभवन।

placentiform –टिफार्म् a. जरायुवत्, जरायु-सदृश, जरायुआकृति, जरायु-आकार, जरायु-जैसा।

placentitis –टाइ'टिस् n. (चि०) अपराशोथ; जरायु-

-दाह, जरायु-प्रदाह, जरायु-शोथ, (चि०) अपरावत, अपरा-सदृश; जरायुकी सूजन ।

placer प्ले(प्लै)'सॅर् n. रेती^F, रेत, बजरी^F; रखनेवाला ।

placet प्ले'से ट् n. अनुज्ञा^F, अभ्यनुज्ञा^F, स्वीकृति^F, अनुमति^F, आज्ञा^F; मत, वोट^F ।

placid प्लै'सिड् a. शान्त, सम, मृदु, विनम्र, कोमल, मधुर; उदात्त, उदार; निराकुल, अनुद्विग्न, जितक्रोध, अक्षुब्ध, धीर, शान्तात्मा, प्रसन्नचित्त, गम्भीर, गहन, गूढ़, संजीदा ।

placidity प्लॅसि'डिटि n. शान्ति^F, मृदुता^F, विनम्रता^F, कोमलता^F, मधुरता^F; उदात्तता^F, उदारता^F; असंभ्रम, अक्रोध, अक्षुब्धता^F, प्रसन्नचित्तता^F, धैर्य, धीरता^F, निराकुलता^F, अनुद्विग्नता^F, जितक्रोधत्व ।

placidness प्लै'सिड्-निॅस् n.=PLACIDITY.

placing प्ले'सिंग् n. विन्यास, न्यास, बाँधना; (अर्थ०) **नौकरी^F दिलाना** ।

plack प्लैक् n. (स्काट०) प्राचीन फार्दिंग या पैसा; *not worth a ~* बेकार ।

placket प्लै'कि ट् n. जेब, खीसा, खलीता; ~-hole जेबका मुँह ।

placoderm प्लै'कॅडर्म् n. स्थाल्याकार मत्स्य, चौड़ी गोल मछली^F; अनेकभित्ति मत्स्य ।

placoid -काॅइड् a. स्थाल्याकृति, स्थाल्याकार, स्थालीवत्, पट्टाकार, थाली^Fके आकारका, प्लेटके आकारका; ~ scale (जीव०) **दन्ताभ शल्क, पट्टिल शल्क;** ~ tooth (जीव०) **पट्टिल दन्त** ।

plafond (F) प्लै'फान्' n. अलंकृत अन्तरछद, आभूषित छत^F, सजी हुई छत^F; ब्रिज-जैसा एक खेल; चित्रित छत^F ।

plagate प्ले'गॅट् a. शबलपट्टिकीयित, चित्र-विचित्र पट्टियों^Fसे युक्त, रँग-बिरंगी पट्टीवाला ।

plage प्लाज़्' n. वेला-प्रमोद-स्थल, समुद्रतटीय आमोद-स्थान ।

plagiarism प्ले'जियॅरिज़्म् n. वाग‍पहार, शब्दचौर्य, साहित्यापहरण, भावचौर्य, (का०) **साहित्यिक चोरी^F** ।

plagiarist -रिस्ट् n. वागपहारी, शब्दचोर, साहित्य-चोर ।

plagiarize -राइज़् v.t. वागपहरण करना, शब्दचोरी^F करना, साहित्यचोरी^F करना ।

plagiary -रि n. =PLAGIARISM & PLAGIARIST.

plagio- वक्र-, परोक्ष- (*~cephalic, ~stome, ~tropism*) ।

plagiostomous प्लैजिऑस्'टॅमॅस् a. शार्कप्रजातीय, शार्क मछली^Fकी जाति^Fसे सम्बन्धित (*~fish.*) ।

plague¹ प्लेग्' n. क्लेश, दुःख, विपत्ति^F, विपदा^F, आपदा^F, आफत^F; (बोल०) अरिष्ट, कण्टक, शल्य, उपद्रव, बाधा^F, उत्पात, तकलीफ^F, मुसीबत^F; (चि०) (पिस्सूके दंशसे फैलनेवाली घातक) महामारी^F, मारी^F, (चि०) **प्लेग, ताऊन;** ~-pit महामारी^Fके मारोंकी साधारण कब्र^F; ~ sore महामारी-व्रण, प्लेगका फोड़ा; ~-spot महामारी-अंग, जहाँ प्लेगकी गिल्टी^F निकली हो, *~on it!* etc. (शापके रूपमें) इसे महामारी^F खाये, इसका नाश हो, सत्यानास !;

~ bacillus, ~ camp, ~ case, ~ commission, ~ duty, ~ epidemics, ~ free, ~ huts, ~-infected area, ~-infected rat, ~ inoculation duty, ~ measures, ~ officer, ~ operations, ~ policy, ~ preventive measures, ~ prophylactic, ~ refugee, ~rules, ~ season, ~ staff, ~-stricken rat, ~vaccine.

plague² v.t. क्लेश देना, दुःख देना; महामारी^Fसे ग्रस्त करना, प्लेग या ताऊनसे पीड़ित करना, रोग फैलाना ।

plaguesome -'सॅम् a. (बोल०) त्रासक, अत्याचारी, उत्पीड़क, परेशान करनेवाला, तंग करनेवाला, सतानेवाला ।

plaguing -गिंग् a. बाधक, पीड़क, क्लेशद ।

plaguy¹ -गि a. क्लेशद, त्रासक, दुःखदायी, सतानेवाला; अत्यधिक, आवश्यकतासे अधिक ।

plaguy² adv (बोल०) उत्पीड़नपूर्वक; अतिपूर्वक, अति^F करते हुए, आवश्यकता^Fसे अधिक, अत्यन्त (*was ~glad to get back again*) ।

plaice प्लेस् n. चिपिटिका^F, (एक यूरोपीय चपटी मछली^F) ।

plaid प्लै(ले)ड' n. पट्टू, (एक प्रकारका ऊनी चारखाना), हाईलैण्डवालोंका एक पहनावा ।

plaided -'डि ड् a. पट्टूदार, चारखानेदार ।

plaiding -डिंग् n. मजबूत ऊनी कपड़ा ।

plain¹ प्लेन्' n. प्रस्थ, समभूमि^F, समभू^F, (भू०) **भूमि^F, मैदान,** चौरस मैदान, चौरस जगह^F ।

plain² v.i. (प्रा० का०) दुःख करना, खेद प्रकट करना, क्रन्दन करना, विलाप करना, रोना-धोना; परिदेवन करना, परिवाद करना, शिकायत^F करना; अभियोग प्रस्तुत करना; विलापध्वनि^F करना, मातमी आवाज^F निकालना, विलापकी रीति^Fसे शब्द करना, हाय-हाय मचाना, कराहना ।

plain³ a. व्यक्त, स्पष्ट, स्पष्टार्थ, सुबोध (*~language*), प्रांजल, प्रकट, सीधा, **सादा,** साफ, उघड़ा हुआ; सरल, सामान्य, साधारण; अव्यंजन, अनलंकृत, अरंजित, निरंक, बेरंग; सात्विक, विलासिताहीन; निर्व्याज, स्पष्टवादी, स्पष्टवक्ता, सच्चा; शुद्ध, (रसा०) **निर्दोष,** अकपट, निष्कपट, कपटहीन, निश्छल, ऋजु, अकुटिल, सादा, भोला; सदाचारी; सम, सपाट; अमुद्रित; ~ clothes नागरिक वेश, सादा पहनावा; ~cooking साधारण भोजन बनाना; ~dealing सरल व्यवहार, निष्कपट या निश्छल व्यवहार, खरा सौदा; ~sailing सरलपोत-चालन, सीधे मार्गपर जहाजका चलाना; (ला०) सरल मार्ग, सीधा रास्ता, आसान रास्ता; ~style सुबोध शैली^F;

~ alidade, ~ bearing, ~-bodied, ~ bowtell, ~-bred, ~brow wren, ~chamfer, ~chant, ~-clothed, ~-cold-rolled

coldannealed, ~-coloured, ~-darning, ~-edged, ~-faced, ~-featured, ~flap, ~-garbed, ~-headed, ~-hearted, ~ housing, ~label, ~language, ~-looking, ~-mannered, ~muscle, ~paper, ~pile rug, ~-pranked, ~prophylactic, ~scale, ~ sedimentation, ~sheet, ~ sman, ~-soled, ~song, ~speaking, ~spirit, ~spoken, ~-spokenness, ~suit, ~tail, ~tiles, ~tract, ~vaccines, ~water, ~words, ~work.

plain⁴ adv. स्पष्टतः, स्पष्ट, स्फुट, व्यक्त, साफ-साफ।

plainant प्लेनॅन्ट् n. वादी।

plaindress प्लेन्'ड्रे`स् n. **शीर्षपता-सन्देश,** सिरनामा-सन्देश।

plainness प्लेन्'निस् n. भूषणाभाव, अनलंकृतता^F; व्यक्तता^F, सुबोधता^F, विशदता^F, स्पष्टता^F, सुगमता^F, प्राकाश्य; निर्व्याजता^F, अव्याज, निष्कपटता^F, सरलता^F, अकुटिलता^F; समता^F, सादगी^F, सीधापन, सिधाई^F; आर्जव, दाक्षिण्य।

plaint प्लेन्ट् n. अभिवाचन, अभियोग, पूर्वपक्ष, परिवाद, नालिश^F; प्रतिकथन, प्रत्युत्तर, उत्तर; वाद, अभियोग पत्र, (का०) **वादपत्र,** साध्यनिवेदन पत्र, परिदेवन, शिकायत^F, फरियाद^F; कथन, वक्तव्य; शोक।

plaintiff –टिफ् n. **वादी,** अभ्यर्थी, कार्यार्थी, अभियोगी, परिवादी, दावेदार, मुद्दई।

plaintive प्लेन्'टिव् a. सकरुण, शोकावह, शोकसूचक, शोकाकुल, विलापकारक, दुःखात्मक, परिदेवी, शिकायती, उदास।

plaintiveness –नि`स् n. सकरुणता^F, शोकावहता^F, शोकसूचकता^F, विलापकारकता^F, दुःखात्मकता^F, शोकाकुलता^F, दीनता^F।

plaintless प्लेन्ट्'लि`स् a. निरभियोग, अभियोगरहित, शिकायतरहित।

plaister प्लास्'टॅर n. (चि०) = PLASTER.

plait¹ प्लैट्' n. ऊर्मि^F, तह^F, चुनन^F, शिकन^F, चीन^F, क्रीज^F।

plait² v.t. ऊर्मिल करना, तह^F डालना, चुनन^F डालना, चुनना, शिकन^F डालना।

plait³ n. वेणी^F, चोटी^F, चुटिया^F, गुच्छा, लच्छा।

plait⁴ v.t. वेणी^F गूँथना, चोटी^F गूँथना, चोटी^F करना; घास^F बटना, डोरा या फीता बटना, बुनना।

plaited –टि`ड् a. वेणीयुक्त, गुथा हुआ (*~hair*); वलित, सोर्मि, चुन्नटवाला (*~paper*)।

plan¹ प्लैन्' n. **योजना^F,** (अर्थ०) **आयोजना^F, पूर्वायोजन,** अधियोजना^F, परियोजना^F; **मापचित्र, योजनाचित्र,** रेखाचित्र, **रेखाकृति^F, आलेख, मानचित्र,** नक्शा; **अनुप्रस्थिका^F;** अनुविक्षेप; आकृति^F, **खाका,** ढाँचा; समयसारिणी^F, अनुक्रम; कार्यक्रम, **विन्यास;** युक्ति^F, उपाय, व्यवस्था^F, विधि^F, डौल, तरकीब^F, मनसूबा, इरादा; (गणि०) **अनुविक्षेप,** विक्षेपण, परिक्षेपण, प्रक्षेपण, प्रकल्पना^F, परिकल्पना^F, रूप विधान, रूपरेखा^F; कार्य-पद्धति^F, कार्यप्रणाली^F, तरीका; T. cut & dried ~ **बँधी टँकी आयोजना^F।**

plan² v.t. & i. योजना^F बनाना, अधियोजना^F बनाना; परियोजना^F बनाना; रेखाचित्र बनाना, मानचित्र बनाना; अनुविक्षेपण करना, आकृति^F बनाना, ढाँचा तैयार करना; युक्ति^F करना, उपाय करना इत्यादि; *~to go* ⊙ जानेकी आशा^F है।

planar प्ले'नॅर a. तलीय, तल-विषयक, तल-सम्बन्धी, तलका; सम, समतल; ~structure **तल-रचना^F।**

planched प्लैंच्ड् a. फलकाच्छादित, काष्ठफलकावृत्त, काष्ठफलकपाटित, लकड़ी^F के तख्तेसे ढँका हुआ।

planchet प्लैन्'शिट् n. मुद्रा-धातु^F, सिक्केकी धातु^F, टंकण-धातु^F।

planchette प्लैन्शे`ट् n. भविष्यफलक (एक स्वचालित यन्त्र-विशेष), प्लैन्शेट।

plane¹ प्लेन्' n. (प्लैटेनस प्रजाति^F का एक विशाल वृक्ष), चनार, प्लेन; ~-tree चनार वृक्ष।

plane² n. समित्र, त्वक्षणी^F, तक्षणी^F, (यन्त्र०) **रन्दा;** धातु-तक्षणी^F।

plane³ v.t त्वक्षणन करना, रन्दा करना, (रन्दा करके) चिकनाना, रन्दना, रन्देसे छीलना; (प्रा०) सम करना, चौरस करना, बराबर करना, साफ करना, सपाट करना, हमवार करना (*~the way*)।

plane⁴ n. भूमि^F; भूमिका^F, समक्षेत्र, सपाट भूमि^F, चौरस भूमि^F, (गणि०) **समतल,** हमवार सतह^F; पटला, फलक, पटरा; कोई चपटी सूक्ष्म वस्तु^F; (वोल०) विमान, वायुयान, हवाई जहाज; (स्फटिक या बिल्लौरका) प्रतिपार्श्व पहल; मुख्य मार्ग; (ला०, विचार या ज्ञानका) धरातल, कोटि^F, श्रेणी^F, स्थिति^F, अवस्था^F, कक्षा^F, दरजा।

plane⁵ v.i. (विमानमें) भ्रमण करना, यात्रा^F करना, सफर करना।

plane⁶* a. (निर्दे० ज्या०, घ० ज्या०) **समतल,** पूर्ण समतल, सम, सपाट, चौरस*; (कोण, क्षेत्र आदि) समस्थ, समतलीय, समधरातलीय; ~chart समतल लेखाचित्र; ~of cleavage (यन्त्र०) **दारणतल;** ~ polarized light (भौ०) **रेखाध्रुवित प्रकाश;** ~table **सर्वेक्षण पटट;**

~angle, ~curve, ~face, ~figure, ~geometry, ~mirror, ~motion, ~pulse, ~quadrature, ~section, ~stabilisation, ~structure, ~surface, ~surveying, ~table, ~tabling, ~tile, ~trigonometry, ~wave.

planer प्ले'नॅर n. तक्षणीकार, रन्दा करनेवाला; तक्षणी-यन्त्र।

planet¹ प्लॅ'निट् n. (इति०) ज्योतिष्, ज्योतिष्क, (ज्यौ०) **ग्रह,** नक्षत्र; ~-struck, ~-stricken हतबुद्धि।

planet² n. ईसाइयोंका मास (mass) पर्व; ईसा-स्मारक रात्रि-भोज।

planetarium प्लैनिटेअ'रिअम् n. **कृत्रिम नभोमण्डल, नक्षत्रशाला**^F, (बहु० *-ria*) नक्षत्रकक्ष्यावीक्ष, ग्रहतन्त्रसूचक-यन्त्र, ग्रहपुंजगति-सूचक-यन्त्र, ग्रहतन्त्रनिदर्शन, ग्रहसंहति-निदर्शन; (ज्यौ०) **ग्रह-घर, तारा-घर**।

planetary –निटॅरि a. **ग्रहीय,** ग्रहोपम, ग्रह-सम्बन्धी; मर्त्यलौकिक, इहलौकिक, दुनियावी, दुनियाई; भ्रमणशील, विभ्रणपूर्ण, गमनशील, गतिमान्, चलायमान्, अव्यवस्थित, चंचल, विचलित, अस्थिर, डावाँडोल, बेपेंदीका लोटा; ~ aberration, ~ orbit, ~ procession, ~system, ~theory, ~wind.

planetography –टॉ'ग्रॅफि n. ग्रहवर्णना^F।

planetesimal –टे'सिमॅल् n. **ग्रहाणु,** (~ *hypothoses*) नक्षत्रखण्डक।

planetoid –निटाएॅड् n. (ज्यौ०) **क्षुद्रग्रह,** उपग्रह, (भू०) **ग्रहिका**^F, उपनक्षत्र, छोटा ग्रह।

plangency प्लैन्'जॅन्सि n. रोमांच, स्पन्दनशीलता^F, सिहरन^F, कम्पन, ठिठुरन^F, थर्राहट^F।

plangent –न्ट् a. रोमांचकारी, स्पन्दनशील, सिहरनपूर्ण, झन्नानेवाला; क्रन्दनपूर्ण, चीत्कारपूर्ण, विलापपूर्ण, दुःखभरा, दर्दभरा; अविचल, क्रमिक, लगातार।

plani- सम-, समतल- (~ *meter*, ~*petalous*, ~ *sphere*)।

planigraph प्लै'निग्राफ् n. चित्रालेख, चित्रालेख-यन्त्र; समतल यन्त्र।

planimeter प्लॅनि'मिटॅर् n. चित्रालेखन-मान, चित्रालेखमापक-यन्त्र; (गणि०) **क्षेत्रमापी,** (भौ०) **क्षेत्रफलमापी;** (नौवि०) **तलमापी;** समतलमान, समतलमापक यन्त्र; T.

planimetrical –मेट्रिकॅल् a. चित्रालेखमानीय, चित्रालेख-मापकीय, चित्रालेख-विषयक, चित्रालेख-सम्बन्धी; समतलमानीय, समतलमापक यन्त्र-विषयक।

planimetry –'मिट्रि n. समतलमान, समतलमिति^F।

planing प्ले'निंग् n. **रँदना**।

planipennate प्लैनिपे'नॅट् a. आयत पक्षी, दीर्घ पक्षयुक्त, लम्बे-चौड़े पंखोंवाला, बड़े-बड़े पंखोंवाला।

planipetalous प्लैनिपे'टॅलॅस् a. आयतदल, आयतपत्र, दीर्घदल, दीर्घपत्र, बड़े-बड़े पत्तोंवाला।

planish प्लै'निश v.t. (हथौड़े आदिसे) चपटा बनाना, समतल करना, चपटाना; (छायाचित्र आदिको) रोलसे पालिश^F करना, साफ करना।

planisher –शॅर् n. पच्चटकार, चिपिटकार; प्रमार्जक, पालिश^F करनेवाला।

planisphere प्लै'निस्फीअॅर् n. तल-प्रक्षिप्त गोल, धरातल-प्रक्षिप्त गोलक।

plank¹ प्लैन्क्' n. (कृषि०) **सुहागा, पाटा** (~ *floor*, ~*foundation*), फलक, फलका, पटरा, तख्ता, तख्ती^F, पाट, पटरी^F; (राज०) **आधार-स्तम्भ;** राजनीतिक कार्यक्रम, राजनीतिक योजना^F; मद; ~bed फलक शय्या^F, फलक पर्यंक, (कारागृहमें वन्दियोंके सोनेका) विना बिस्तरका तख्ता।

plank² v.t. फलकावृत्त करना, फलकाच्छन्न करना, पटरे या तख्ते बिछाना, पटरे जमाना, पटरे बिठाना, पटरावन्दी^F करना; (ग्रा०) तत्काल चुका देना, चुकता कर देना; धर देना।

planking –'किंग् n. फलकावरण, फलकाच्छादन, फलकास्तरण, तख्ताबन्दी^F, पटरावन्दी^F; (कृषि०) **सुहागा फेरना, पाटा फेरना**।

plankton प्लैन्क्'टॉन् n. (प्राणिवि०) मन्दप्लवक, प्लवंग, (भू०, चि०, जीव०) प्लवक, (प्रा० भू०) **प्लवी जीव समूह,** (प्रा० भू०, चि०, जीव०) **परिप्लावी जीव;** (नौवि०) **प्लवाणु जीव;** तरण जीवसंघ, तैरता जीवसंघ।

planless प्लैन्'लिस् a. योजनाहीन, आयोजनविहीन।

planned–न्ड् a. योजनाबद्ध, आयोजित (~*economy*, ~*parenthood*)।

planner –'नॅर n. कल्पक, प्रकल्पक, नियोजनाकार, योजक, आयोजक, योजना^F बनानेवाला।

planning –निंग् n. योजना^F, **आयोजना**^F, (चि०) **आयोजन, आयोजन बनाना,** उपाय, परिकल्पना^F; ~chart, ~ circle, ~ commission, ~ committee, ~department, ~inspector, ~ officer, ~section.

plano- सम- (~*concave*, ~*meter*)।

plano-concave प्लेनॅ-कॉन्'केव् n. (भौ०) **समतलावतल**।

plano-convex –वे'क्स् n. (भौ०) **समतलोत्तल;** ~brick (इति०) **समोत्तल ईंट**^F।

planography प्लॅनॉ'ग्रॅफि n. गृहमानचित्र-विज्ञान, अनुविक्षेप-शास्त्र, मकानोंके नक्शेकी साइन्स^F।

plant¹* प्लान्ट' n. उद्भिद्, (वन०) **पादप,** वीरुध, (प्रा० भूगोल) **वनस्पति,** (वन०) पौधा*; शस्य, सस्य, धान्य, फसल; उत्कर्ष, उन्नति^F, वृद्धि^F, उपज^F, बढ़ती^F; वंशज, सन्तान^F; (उन्नति^F करनेकी) पद्धति^F, प्रणाली^F, रूप, ढंग, दशा^F, हालत^F; (रसा०, चि०, यन्त्र०) **संयन्त्र,** यन्त्रसमुच्चय, मशीन^F, साधन, औजार; T. (ला०) मानसिक या बौद्धिक कार्यका यन्त्र या मशीन^F; (ग्रा०) (योजनाबद्ध) चोरी^F, धोखा, ठगी^F; ~house वनस्पतिगृह (गर्म जलवायु^Fमें उगनेवाले पौधोंका घेरा या मकान); ~-louse वनस्पतिकीट, वनस्पतियूक, इल्ली^F, पाई^F; *in* ~ वृद्धिगत, वर्धमान, उगता हुआ, बढ़तीमें; *lose* ~ निर्जीव होना, निस्तेज होना, मुरझा जाना; *miss* ~ पौधेका मरना, न उगना, न अँकुराना, अंकुरके रूपमें न आना;

~architecture, ~ash, ~ association, ~body, ~ breeding, ~cell, ~ classification, ~ community, ~ consociation, ~ construction, ~ controller, ~ crop, ~ debris, ~ecology, ~disease, ~factor, ~ food, ~ formation, ~ geography, ~ kingdom, ~ life, ~ migration,

~ nutrients, ~ nutrition, ~ pathogen, ~ pathology, ~ percent, ~ physiology, ~ pigment, ~ population, ~-protection, ~ protein, ~ quarantine regulations, ~ quarantine station, ~ region, ~ society, ~ tissue.

plant² v.t. (वृक्ष) आरोपित करना, रोपना, लगाना; (अंकुर) आरोहित करना, अँखुआना, उपजाना, जमाना, उगाना; (बीज) वपन करना, बोना; (तालाबमें जातिवृद्धि^F^-के लिए मछलियाँ^F^) रखना, पालना; (भूमि^F^ आदिमें या पर) आरोपित करना, निविष्ट करना, गाड़ना, जमाना (*in, on* के साथ); (गुप्तचरोंके रूपमें) नियुक्त करना, नियत करना, तैनात करना; (सम्प्रदाय, नगर, मन्दिर आदि) स्थापित करना, थापना, नींव^F^ डालना; प्रचलित करना, जन्म देना, खड़ा करना; (किसी व्यक्तिको किसी स्थानपर) अधिवासित करना, आबाद करना, बसाना; (विचार आदि मस्तिष्कमें) हृदयंगम करना, जमाना, बैठाना; (भूमि^F^को पौधोंसे) आपूरित करना, आवृत करना, हरा-भरा करना; (जिले आदिको आदमियोंसे) बसाना; (घूँसा, धक्का) लगाना, देना, जमाना, मारना, रसीद^F^ करना; (ग्रा०) (चोरी^F^का माल) गाड़ना, छिपाना, गाँजना, गुप्त रखना; निखनन करना, गाड़ना, दफनाना; (खान^F^-में, स्वर्णचूर्ण या कच्ची धातु^F^, ग्राहकको धोखा देनेके लिए) डालना, धुर-धुराना; षड्यन्त्र करना, योजना^F^ बनाना; परित्याग करना, त्यागना, छोड़ना।

planta n. (चि०) पादतल।

plantable –'टेबॅल् a. आरोप्य, रोप्य, उगाने लायक, लगाने लायक।

plantaginaceae –जिनेसीॲ n. स्निग्धजीर, प्रथपर्णी।

plantain प्लैन्'टिन् n. काष्ठीला, अंशुमत्फला, प्रथपर्णी, कदली, रम्भा, केला (~ *fibre*); कदलीफल, केलेका फल; एक जंगली झाड़ी^F^।

plantar प्लैन्'टर् a. (चि०) **पादतल-**, पादतल-सम्बन्धी, पादतल विषयक, तलवा-सम्बन्धी, तलवा-विषयक, पाँवके तलवेका;

~ aponeurosis, ~ arch, ~ flexion.

plantaris –रिस् n. (चि०) **जंघा-उपपिण्डिका^F^**।

plantation प्लैन्टे'शॅन् n. (कृषि०, भू०) **वृक्षवाटिका^F^**, वाटिका^F^, उपवन, उद्यान, रोपवन, क्षेत्र, (का०) **रोपस्थली^F^**, कृत्रिम वन; (का०) बागान; कुंज, झुरमुट; तम्बाकू^F^का क्षेत्र; जखीरा; (प्रा० भूगोल, कृषि०) **रोपण**, आरोपण, रोप लगाना, **रोपाई^F^**, बागबानी^F^; (कृषि०, भू०) **लगाना, बागना, बाग लगाना**; (इति०) उपनिवेशीकरण, उपनिवेश, दस्ती^F^; ~ song (अमरीकामें हब्शियों द्वारा गाये जानेवाले) क्षेत्र-गीत, खेतके गाने;

~ area, ~ crops, ~ industry, ~ labour, ~ technique, ~ time-table, ~ work, ~ working circle.

planter प्लान्'टर् n. क्षेत्रपाल, कृषक, खेतिहर, काश्तकार, किसान, हलवाहा; रोपक, माली, पौधे लगानेवाला, बागीचा लगानेवाला (*coffee, sugar*, -~)।

plantership –शिप् n. क्षेत्रपालत्व, कृषकत्व, खेतिहरी^F^, काश्तकारी^F^, किसानी^F^, बागबानी^F^।

plantigrade प्लैन्'टिग्रेड् a. & n. (जीव०) **पदतलचारी**, तलवोंके बल चलनेवाला (पशु या मनुष्य); ~ gait (जीव०) पादतल गमन।

planting प्लान्'टिंग् n. (कृषि०, यंत्र०) **रोपण**, रोपाई^F^, पौधा लगानेका कार्य; बागीचा, बाग, बगिया^F^; खेती^F^; (यंत्र०) **स्थापन**;

~ bed, ~ board, ~ cord, ~ crowbar, ~ date, ~ distance, ~ hatchet, ~ material, ~ peg, ~ pit, ~ plan, ~ season, ~ series, ~ weather, ~ zone.

plantlet –ट्'लिट् n. पादपिका^F^, लघु उद्भिद्, क्षुद्र वनस्पति^F^, लघु पादप, छोटा पौधा।

plantlike –लाइक् a. उद्भिद्वत्, पादप-सदृश, पौधेकी तरह, वनस्पति-समान, बूटे-जैसा।

plaque प्लाक्' n. (वन०) **विरंजिता^F^**; (शरीर०) विम्बाणु, रक्तके (धातु^F^ या चीनी मिट्टी^F^का अलंकृत) फलक; (अवैतनिक अधिकारियोंके लगानेका) एक बिल्ला, पट्टा; (निदान०) दद्रु, दाद, ददरा, ददोरा।

plaquette प्लैके'ट्' n. क्षुद्रफलक, पटिया^F^, पटरिया^F^, तख्तिया^F^।

plash¹ प्लैश् n. कर्दमयुक्त गर्त, क्षुद्र जलाशय, पोखरा, गड़हिया^F^, पोखरी^F^, जौहड़, डबरा, डबरी^F^, तलैया^F^।

plash² n. आस्फालन, छपछप^F^, छपाका, छपछपाहट^F^, गोता, डुबकी^F^, बुड्डी^F^।

pneumato- वाति-, श्वास- (~ *cyst*, ~ *logy*, ~ *meter*, ~ *phore*) ।
pneumatological –टॅलॉ'जिकॅल a. आध्यात्मिक; मनःशास्त्रीय, मनोवैज्ञानिक ।
pneumatologist –टॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) **श्वसनवैज्ञानिक**; अध्यात्मवादी, अध्यात्म-सिद्धान्ती; **मनोविज्ञानी**, मनोवैज्ञानिक, मनःशास्त्री, मानसशास्त्री ।
pneumatology –जि n. (चि०) श्वसनविज्ञान, **वायुगुणोपचार विज्ञान**; अध्यात्मशास्त्र, अध्यात्मवाद, अध्यात्म-सिद्धान्त; **मानस-शास्त्र**, मनःशास्त्र, मनोविज्ञान ।
pneumatolysis –लिसिस् n. (भू०) **वाष्पजीयता**^F ।
pneumatolytic –टॅलि'टिक् a. (भू०) **वाष्पजीय** ।
pneumatometer –'मिटॅर् n. (चि०) **श्वसनगतिमापक**; वातिमान, वायुमापक यन्त्र, न्यूमेटोमीटर ।
pneumatophore –'मॅटॅफोऑर् n. (जीववि०) श्वासमूल, (वन०) **श्वसन-मूल**, श्वसन-स्यून, T.
pneumatosis ⊙ –टो'सिस् n. (शरीरमें) **वायुचयामयता**^F, अतिवाति^F, अतिवायुता^F, वाताधिक्य, **वाई**^F ।
pneumococcus ⊙ –मॅकॉ'कॅस् n. (चि०) **फुप्फुसगोलाणु**, क्लोम गोलाणु, निमोनियाके गोलाणु ।
pneumoconiosis –कॉनिओ'सिस् n. (चि०) **फुप्फुसकणामयता**^F, वायुधात्विक रोग ।
pneumogastric नीऊमॅगैस्'ट्रिक् a. **फुप्फुसजठरीय**, फुप्फुसजठर-विषयक, फुप्फुसोदर-सम्बन्धी ।
pneumogram नीऊ'मॅग्रैम् n. (चि०) **श्वसनलेख** ।
pneumograph –ग्राफ n. (चि०, शिक्षा०) **श्वसनलेखी** ।
pneumography –मॉ'ग्रॅफि n. (शिक्षा०) **श्वासगति विज्ञान** ।
pneumonia –मो'निॲ a. क्लोमपाक, फुप्फुस-प्रदाह, (चि०) **फुप्फुसदाह**, फुप्फुसपाक, फुप्फुस-शोथ, **फुप्फुसार्ति**^F, (श० र० शा०, चि०, कृषि०) **निमोनिया**; double, single ~, द्विपार्श्वी निमोनिया, एकपार्श्वी निमोनिया ।
pneumonic –मॉ'निक् a. (चि०) फुप्फुसपाकीय, फुप्फुससम्बन्धी; क्लोमपाकीय, निमोनियायी, निमोनियाका ।
pneumonitis –मॅनाइ'टिस् n. (चि०) **फुप्फुसशोथ**, क्लोमप्रदाह, न्युमोनिटिस ।
pneumophonia नीऊमॅफो'निॲ n. (शिक्षा०) **श्वसित स्वर** ।
pneumothorax –मॉ'थॅरैक्स् n. (चि०) **वातिलवक्ष** ।
P.O. per or, by mouth, orally; Petty officer (navy); Pilot Officer; Post-Office; Postal Order; Pricing Officer; Publicity Officer.
po. polonium.
po pole.
po पो n. भाण्ड, पात्र, बर्तन, भाजन ।
poach¹ पोच्' v.t. (अण्डेको) गरम पानीमें पकाना ।
poach² v. t. & i. चुभाना, घुसेड़ना, कोंचना, टोंचना, भोंकना; (खुरसे घास^F आदि) पददलित करना, कचरना, रौंदना, कुचलना; (रौंदे जानेके कारण भूमि^F का) सिक्त हो जाना, सीलना; (ला०, विशे० भूमि^F को) हथियाना, हड़पना, चुराना, **अनधिकार प्रवेश करना**, अनधिकृत हस्तक्षेप

करना, अतिक्रमण करना, अतिचार करना; (दौड़^F आदिमें) (नियम-प्रतिकूल साधनोंसे) लाभ उठाना; (टेनिस, गेंदको) बल्लेसे मारना।

poacher पो'चॅर् n. अण्डे पकानेका वर्तन; जांगल-चौर, शिकार-चोर।

poachiness पो'चिनिस n. क्लिन्नता^F, सक्लेदता^F, आर्द्रता^F, नमी^F, नमीदारी^F।

poaching –चिंग् n. जांगल-चौर्य; क्लेदन, आर्द्रण, नम करना, भींगा हुआ होना।

poachy चि a. क्लिन्न, सक्लेद, आर्द्र, नम, गीला, तर, भींगा हुआ।

pochard पो (पॉ)'कॅ(चॅ)र्ड् n. मज्जिका^F, विलायती मुर्गाबी^F।

pochette ⊙ पॉकेट' n. (स्त्रियों^Fका) छोटा झोला, छोटी थैली^F।

pock पॉक्' n. स्फोट, फलका, पिटिका^F, छाला, दाना (विशे० शीतला^Fका); ~ mark चेचकका दाग।

pocket[1]* पॉकिट् n. (प्रा० भूगोल) **संचयिका**^F (**~ deposit**), कोष, थैली^F, बोरिया^F, झोला, झोलिया^F; जेब*, खीसा, (*coat, trouser, watch*, ~); (ला०) आय^F, आर्थिक साधना^F, नगदनारायण, रुपया-पैसा, आमदनी^F; (बिलियर्ड, कैरम आदिका) रन्ध्र, कोष, थैला, गल्ल; (स्वर्ण या अन्य खनिजोंका) विवर, कच्ची धातु^Fका खोड़र; (यंत्र०, स्था०) **गोह**^F, **खला**^F; **जलधानी**^F, शिला-विवर; (सेना०) पारकीय अधिकार क्षेत्र, विदेशी बस्तियाँ^F, छिन्नांश, द्वीप; **खाली जगह**^F; ~ battleship लघु-रणपोत ~-book पुस्तिका^F, गुटका, जेबी किताब^F; (कागजपत्र रखनेकी) जेबी थैली^F ⊙; हैण्डबैग ⊙; ~ borough एकाधीन नगर, एक व्यक्ति (या परिवार) द्वारा शासित नगर; ~ expenses व्यक्तिगत अल्पव्यय, जेबखर्च; ~ handkerchief जेबी रुमाल; ~-money जेबखर्चका पैसा; ~ of resistance **रोध-स्थल**; ~picking जेब काटनेका अभ्यास; ~-piece सगुनका पैसा, बरकती सिक्का; *empty* ~ रिक्तहस्त, खाली हाथ, खाली जेब; *five pounds in ~ by the transaction* पाँच पौण्डका लाभ; *has him in her* ~ उसे मुट्ठीमें किये हुए है, उसे वशमें कर रखा है; *out-of-~ expenses* मूलव्यय, असल खर्च; मूल लागत^F, असल लागत^F, *put* one's *pride in* one's ~ अपने सम्मानको ताकपर रखना;

~ area, ~-case, ~-clip, ~-hole, ~ instrument, ~-knife, ~-lens, ~ lighter, ~ oiler, ~-pistol, ~ radar, ~-shaped, ~ spatula, ~ spectroscope, ~ stopwatch, ~ thermometer, ~ veto.

pocket[2] v.t. जेबमें रखना, जेबियाना; (दौड़^F आदिमें) आड़े आना, रोकना, अड़ाना; हथियाना, चुराना, गड़प करना, पचाना, हजम कर जाना; अनुचित अधिकार करना; (अनुचित अत्याचार आदि) सहन कर जाना, गले उतारना, गवारा करना; (भावनाओं^Fको) छिपाना, दबाना, दुराना; (बिलियर्ड, गेंद^Fको) गल्लमें पिलाना।

pocketable –टॅबॅल् a. जेबी, जेबियाने योग्य।

pocketed –टिड् a. कोषगुप्त, अन्तर्हित।

pocketful –फुल् a. जेबभर।

pocketless –लिस् a. जेबरहित, बिना जेबका।

pockety –टि a. कोषमय: (धातुओं^F, खनिजोंके) गड्ढेमे युक्त।

pocky पॉ'कि a. चेचक-रोगी, माता^Fकी बीमारी^Fसे रुग्ण, सस्फोट, स्फोट-बहुल, फलकायुक्त, पिटिकायुक्त, फफोलेदार, छालेदार, दानेदार; दागदार, ~ cloud (ऋतु) **थनाभ मेघ**।

pococurante[1] पोकोकुअॅरान्'टे, पोकोक्युअॅरैन्'टि n. निस्पृह व्यक्ति, निरीह व्यक्ति, निष्काम व्यक्ति, उदासीन पुरुष।

pococurante[2] निस्पृह, निरीह, निष्काम, उदासीन, निर्लोभ, उपेक्षापूर्ण।

pococurantism –'टिज्म्, n. निरपृहता^F, निरीहता^F, निष्कामता^F, उदासीनता^F, उपेक्षापूर्णता^F।

poculiform पॅक्यू'लिफॉर्म a. चषकाकृति, चषकाकार, चषकतुल्य, प्याले-जैसा, कप-जैसा।

poco e poco (It) adv. थोड़ा-थोड़ा करके।

p.o.d. pay on delivery.

pod[1] पॉड् n. सील^F या ह्वेलका छोटा झोल।

pod[2] v.t. (सील^F या ह्वेल^Fको घेरकर) इकट्ठा करना।

pod[3] n. बरमेका लट्टू।

pod[4] n. शिम्बा, शिम्बी^F, शिम्बिका^F, बीजकोश, (कृषि०, वन०) फली^F, छीमी^F; रेशम-कोश, (रेशमके कीड़ेका) कोया; (टिड्डोंके अण्डोंका) कोश; तंग मुँहका जाल; T.

pod[5] v.i. & t. शिम्बीयुक्त होना, फली^F आना, छीमी^F लगना, बतियाना; (मटर^F आदिकी फली^F) छीलना, उकेलना, निकोलना, निकियाना।

podagra पॉ'डॅग्रॅ, पॅडै'ग्रॅ n. (चि०) गाठया; (विशे०) पादग्राह पादवात रक्त, पैरकी गठिया^F।

podagral –ग्रॅल् a. पादवात रक्त-सम्बन्धी, पैरके गठिया^F रोगका।

podagric, -al, podagrous पॅडै'ग्रिक, -अॅल, पॉ'डॅग्रॅस् aa. (चि०) पादवातरक्त रोगी; वातरोगी; वातुल, वातरोग या गठिया^Fसे ग्रस्त (पैरके)।

podal पो'डॅल् a. पाद-, पाद-विषयक, पाद-सम्बन्धी, पैरसे सम्बन्धित, पैरका।

podalgia n. (चि०) पादार्त, पादपीड़ा^F, पादव्यथा^F, पैरकी पीड़ा^F।

podded पॉ'डिड् a. फलीदार, छीमीदार; (ला०) सुरक्षित, सम्पन्न, सानन्द, सकुशल।

podesta (It.) पॉडेस्टॉ' n. (इटलीके नगरोंमें) न्यायाधीशोपाधि^F, न्यायाधीशकी उपाधि^F, मजिस्ट्रेटकी उपाधि^F; दण्डाधिकारी, मजिस्ट्रेट।

podex पॉ'डिक्स् n. पुच्छभाग, पृष्ठभाग, पिछला भाग; नितम्ब, चूतड़; गुदा, गुदप्रदेश, मलद्वार।

podge पॉज' n. स्थूल-वामन पुरुष; छोटा-नाटा व्यक्ति।

podgy –'जि a. स्थूल-वामन, नाटा-मोटा, नटवा।

podic, -al पॉ'डिक्,-अॅल् a. पादिक, पाद-सम्बन्धी, पाद-विषयक, पैरका; हस्त-विषयक, हस्त-सम्बन्धी, हाथका।

podium पो'डिअॅम् n. (इति०) **पादक**, पाद, पैर (यंत्र०, स्था०) **चौकी**^{F}; हस्तक, हस्त, हाथ।

podocarp पॉ'डॅकार्प् n. फलवृन्त, फलका डण्ठल।

podomere n. (जीव०) **पाद खण्ड**।

podopthalmate पॉडॉफ्थैल्'मॅट् a. (जीववि०) सवृन्ताक्ष, वृन्ताक्षयुक्त, वृन्ताक्ष।

podoscaph –स्कैफ् n. पादचालित नौका^{F}, पैरसे खेयी जानेवाली नाव^F।

podsol –सॅल् n. भस्ममृदा^{F}, (कृषि०) **भस्मी मिट्टी**^{F}, **राख मिट्टी**^{F}, धूसर भूमि^{F}, (प्रा० भू०) **रूसी**।

podzoliation –पॉजोलिएशन् n. (कृषि०) **राख मिट्टी**^{F} **बनाना, भस्मी मिट्टी**^{F} **बनाना**।

poe-bird पो'ई-बर्ड् n. = PARSON-bird.

poem पो'इम् n. पद्य, पद, कविता^{F}, छन्द, काव्य, गीत; (ला०) काव्यप्रबन्ध, काव्यबन्ध; काव्यमय कृति^{F}, पद्यमय कृति^{F}, छन्दोबद्ध रचना^{F}।

poephagous पई'फॅगॅस् a. तृणाशी, तृणभक्षी, घास^F खानेवाला।

poesy पो'इसि n. काव्यकला^{F}, काव्यरचना^{F}, पद्यरचना^{F}, छन्दरचना^{F}, कविता^{F}, कवित्व, कविताई^F; कवितासंग्रह, काव्यसंग्रह, काव्यनिचय, पद्यमाला^{F}, पदसमूह।

poet –इट् n. कवि, सूरि, पद्यलेखक, पद्यकार, गीतकार, काव्यरचयिता, काव्यप्रणेता, छन्दकार; P~s' Corner वेस्टमिनिस्टर एबेका कवि-स्थल (जहाँ अनेक कवियोंकी समाधियाँ^{F} हैं); (हास्य०) कविस्तम्भ, काव्यस्तम्भ, कवियोंका कोना (समाचार-पत्रोंमें); P ~ Laureate राजकवि।

poeta nascitur, non fit (L) कवि उत्पन्न होता है, बनाया नहीं जाता।

poetaster पोइटैस्'टॅर् n. क्षुद्रकवि, कुकवि, नगण्य कवि, कठकवि, तुक्कड़।

poetess –'इटिस् n. कवयित्री^{F}, पद्यलेखिका^{F}।

poetic, -al अे'टिक्,-अॅल् aa. काव्यात्मक, काव्यमय, काव्य-, पद्यमय, छन्दोबद्ध, पद्यात्मक, कविता^{F}बद्ध; कवि-, कवि-सुलभ (~ *licence*); (प्रायः *poetic*) सरस, भावपूर्ण; ~ works काव्यकृतियाँ^{F};
~ diction, ~ faculty, ~ genius, ~ justice, ~ prose.

poeticize –टिसाइज् v.t. काव्यात्मक बनाना, पद्यमय करना, पद्यबद्ध या छन्दोबद्ध करना, कविता^{F}का रंग देना।

poetics –टिक्स् n. काव्यशास्त्र, पद्यशास्त्र, छन्दःशास्त्र, रीतिशास्त्र, अलंकारशास्त्र, साहित्य-शास्त्र।

poeticule –टिक्यूल् n. दे० POETASTER.

poetize पो'इटाइज् v.i. (गद्यको) काव्यमय करना, पद्यमय करना; काव्य रचना, पद्य-रचना^{F} करना।

poetry –ट्रि n. काव्य, कविता^{F}; कवित्व, कविताई^F; काव्यात्मक रचना^{F}, कविकृति^{F}, काव्यरचना^{F}, काव्यबन्ध, काव्य-प्रबन्ध; काव्यात्मकता^{F}, कवित्वपूर्णता^{F}; prose ~ काव्यमय गद्य, गद्यकाव्य, गद्यगीत।

pogonion n. (चि०) चिबुक कूट।

pogrom (Russ.) पॅग्रॉम् n. (रूसमें सरकारी या अर्द्ध सरकारी) व्यवस्थित डाकाजनी^{F}, व्यवस्थित लूट^F; पूर्वनिश्चित वध, पूर्वनिश्चित हत्या^{F}, पूर्वनिश्चित कत्ल; सामूहिक वध।

poignancy पाॅइ'नॅन्सि n. तीक्ष्णता^{F}, तीव्रता^{F}, तेजी^{F}।

poignant –न्ट् a. (स्वाद या गन्ध^{F}में) तीक्ष्ण, तीव्र, तिक्त, कटु, पैना, तीता, तीखा, कड़ुवा, तेज; उग्र, घोर, भयंकर, (~ *sarcasm*) गहरा, अतितीव्र; तिग्म, प्रखर, प्रचण्ड, मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, हृदयविदारक।

poilu (F) n. (फ्रांसीसी) अश्वारोही, अश्व-सैनिक, घुड़सवार, सैनिक, सिपाही।

poind पाॅइन्ड v.t. अवरुद्ध करना, बन्द करना।

point[1]* पाॅइन्ट् n. चिह्न, (गति वि०, स्थिति वि०, कलन०, प्रा० भूगोल, अर्थ०, रेल०) **बिन्दु***, विराम, पाई^F ⊙ (*full*) ~), दशमलव-चिह्न (*four ~ six, 4.6*);(रेल०) **स्थल**, प्रकरण, पद, विषय, वस्तु^{F};(प्रदर्शनी^{F} या प्रतियोगिता^{F} आदिमें) (प्रा० भूगोल, अर्थ०, गणि०) **अंक**, नम्बर; मूल्यकी इकाई^F, **प्वाइण्ट**; (भू०, अर्थ०, गणि०) **अंश**, (टाइप या मुद्रणाक्षर नापनेकी इकाई^F), **प्वाइण्ट**; (शिकार) दौड़^{F}की सीध^F, (वह स्थान जहाँ-तक शिकार सीधे दौड़े), ढाल-चिह्न; (विशेष तापमानका) अंश, बिन्दु, दरजा; क्षण, वेला^{F}, समय, अवसर; लक्षण, विशेषण, वैशिष्ट्य, विभेदक चिह्न, विशेष चिह्न; प्रश्न, प्रसंग, विवादविषय, ठीक बात^F, (~ *of law, that is just the* ~); कोटि, अग्र*, धारा^{F}, (इति०) **अनी**^{F}, **नोक**, सिरा (~ *of the stick*); (सैनि०) धारा^{F}, अग्रदल, अग्रसर दल; घोड़ेके चारों पैर (*bay with black ~ s*); नोकदार शस्त्र, कण्टक, काँटा; (रेल०) **काँटा, प्वाइण्ट** (जहाँ पटरी^{F}पर गाड़ी^{F} बदलती है; (pl.) स्थान, जगहें ⊙; भूनासिका^{F}, (इति०) एक प्रकारका छलेदार फीता; **मुद्दे**; (इति०) **सूचि-मुख**; (परि०) **पीवता**^{F}; (कृषि०) **पशुओंके अंग**; (नौवि०) पाल-बन्द; (कहानी^{F}, व्यंग्य आदिका) सार, उद्देश्य, आशय, सारांश, तत्त्व, तात्पर्य, गूढ़ अर्थ, मर्म, रहस्य; तीक्ष्णता^{F}, तीव्रता^{F}, प्रखरता^{F}, प्रचण्डता^{F}; तीव्रानुभूति^{F} (*his remarks lack* ~); शिकारका चिह्न, शिकारी कुत्तेकी खोज^F; अन्त, अवधि^{F}; boiling ~ क्वथनांक, बुद्बुदांक; by ~ s **उपबिन्दु**; ~ points **मुख्य बिन्दु**; (गणि०) **दिग्बिन्दु**, (भौ०) **प्रधान बिन्दु**; freezing-~ श्यानांक, हिमांक; ~ at infinity (गणि०) **अनंतस्थ बिन्दु**; ~s of compass (भू०) **दिग्बिन्दु; दिशाबिन्दु**; ~ method **एक-एक भेजनेका तरीका**; ~ of aim **लक्ष्य, निशाना बिन्दु**; ~ of application (यंत्र०) **आरोप-स्थल, प्रयोग-स्थल**; (गणि०) **प्रयोग-बिन्दु**; ~ of Contact (रेल०) **स्पर्श-स्थल**; ~ of domination **प्राबल्य-स्थल**;

~ of emergence (रेल०) **निर्गमन-स्थल**; ~ equinox (ज्यौ०) **विषुव-बिन्दु**; ~ of honour **आन^F की बात^F, मानका प्रश्न**; ~ of indifference (अर्थ०) **अनधिमान-बिन्दु**; ~ of inflexion (यंत्र०) **नमन परिवर्तन-बिन्दु**;(गणि०) **नति परिवर्तन-बिन्दु**; ~ of no return (वैमा०) **ना-वापसी सीमा^F**; ~ of solstice (ज्यौ०) **अयनांत-बिन्दु**; ~ of suspension (भौ०) **आलम्बन बिन्दु**; ~ of view **दृष्टिकोण**; ~ to ~ (वैमा०) **स्थलसे स्थल**; (रसा०) **बिन्दुसे बिन्दु**; ~-duty (रेल^F) आवागमननियंत्रण, काँटेका काम; ~ of order औचित्य-प्रश्न, आपत्ति^F; ~ of view (ला०) दृष्टिविन्दु, दृष्टिकोण, विचारप्रणाली^F; ~ sman **काँटेवाला**, प्वाइण्ट्स मैन; turning ~ (ग०) आवर्तविन्दु; *at all ~s* सर्वत्र, पूर्णतया; *at the ~ of death* मृतप्राय, मरणासन्न, मरणोन्मुख, आसन्न-मृत्यु, कब्र^F में पैर लटकाये; *carry one's ~* उद्देश्यकी सिद्धि^F करना, अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेना, अपनी बात^F मनवा लेना; *give ~s to* (ला०) वरिष्ठ होना, अधिक योग्य होना; (खेलमें) प्रतिपक्षीको अंक ले लेने देना; *in ~* युक्त, युक्तियुक्त, संगत, न्याय्य, उचित, ठीक, जँचा हुआ; प्रसंगानुकूल; *make a ~* तर्क उपस्थित करना, प्रमाण प्रस्तुत करना; *make a ~ of* आवश्यक मानना, महत्त्वपूर्ण समझना; *not to put too fine a ~ upon it* सीधी बात^F कहना, खरी-खरी सुनाना, लल्लो-चप्पो^F न करना; *~ of honour* सम्मानका प्रश्न; *to the ~* युक्त, यथार्थ, संगत, प्रासंगिक, जँचता हुआ;

~ charge, ~ circle, ~ conic, ~ coordinates, ~ counter, ~ curve, ~ equation, ~ estimation, ~ function, ~ focus, ~ indicator, ~ lattice, ~ line, ~ object, ~ orifice, ~ particle, ~ reciprocation, ~ scale, ~ source, ~ system, ~ wandering.

point² *v.t. & i.* नुकीला बनाना, नोक^F निकालना, तेज करना, पैना करना, धार^F रखना; (क्वचित्) यति-चिह्न लगाना, विराम-चिह्न लगाना; (बात^F, कार्य आदिको) संगति^F प्रदान करना, तर्कयुक्त करना, गति^F देना, दिशा^F देना; (दीवार^F इत्यादिमें कन्नी^F से) टीप^F करना, जोड़ भरना; (फावड़ेसे खाद^F या मिट्टी^F) फोड़ना, अलट-पलट करना, गोड़ना; (शा० एवं ला०) ध्यान देना, ध्यान दिलाना, संकेत करना; (शिकारी कुत्तेको शिकारकी ओर) संकेत करना; इंगित करना, उँगली^F दिखाना, इशारा करना; अस्त्र उठाना, हथियार तानना; साध्य बनाना, लक्ष्य बनाना; प्रवृत्त होना; *~ out* निर्देश करना, इंगित करना, संकेत करना, इशारा करना।

point blank¹ –ब्लैन्क् a. (बन्दूक^F का निशाना) लम्ब-रूप, सरल, सीधा; ~ distance, range सीधी मार^F-की दूरी^F, सीधे निशानेकी दूरी^F, सीधी मार^F।

point-blank² adv. सीधमें, सीधा निशाना करते हुए; (ला०) प्रत्यक्षतः, स्पष्टतया, दो टूक, खरी-खरी (*refused it ~*)।

point d'appui (F) n. (सेना०) साहाय्य-स्थल, परेड-का मैदान।

point-device¹ डि'वाइस् a. (प्रा०) यथातथ्य, तथ्या-नुरूप, अक्षरशः सत्य, नपा-तुला, बिल्कुल ठीक।

point-device² adv. यथातथ्यरूपसे, तथ्यानुरूपेण, अक्षरशः सत्य, ठीक-ठीक।

pointed पाएॅन्'टिड् a. कण्टाग्र, तीक्ष्णाग्र (~*crystal*) निशित, सूच्यग्र, तीक्ष्ण, नुकीला, तीखा, **नोकदार** (~ *arch*), पैना (~ *end*); मार्मिक, मर्मभेदी, मर्म-स्पर्शी; प्रत्यक्ष, स्पष्ट, बलपूर्ण, खुला हुआ; रसपूर्ण; निर्दिष्ट, सूचित।

pointedness –निॅस् n. कण्टाग्रता^F, तीक्ष्णाग्रता^F, निशितता^F, तीक्ष्णता^F, नुकीलापन, पैनापन; मार्मिकता^F, मर्मभेदिता^F, मर्मस्पर्शिता^F; रसपूर्णता^F, प्रत्यक्षता^F, स्पष्टता^F, बलपूर्णता^F।

pointer –टॅर् n. नुकीला करनेवाला, टेनेवाला; सूई^F, (घड़ी^F की) बड़ी सुई^F, **संकेतक घड़ी^F**, (किसी भी यन्त्रकी) **सुई^F**; **संकेतक**; निर्देशक, **सूचक**; निर्देशिका^F, निर्देश-दण्ड; (बोल०) संकेत, इंगित, सूचना^F, इशारा; मृगया-दर्शक कुत्ता; (बहु०) गौतम और भरद्वाज नक्षत्र; (बहु०) नोकें^F ⊙।

pointillage पाएॅन्'टिलिज् n. (चि०) अंगुलियों^F द्वारा मालिश^F; अंगुलि^F द्वारा समाचार-प्रेषण, अंगुल्यग्र द्वारा सन्देश-वाहन।

pointillism –लिज़्म् n. बिन्दुकन, बिन्दुचित्रण, बिन्दुओं द्वारा चित्र बनानेकी शैली^F।

pointillist –लिस्ट् n. बिन्दुक, बिन्दुचित्रकार, बिन्दु चितेरा।

pointing पाएॅन्'टिंग् n. निर्देश, सूचन, निर्देशन; तीक्ष्णीकरण, टेवाई^F; (दीवार^F आदिका) सन्धिपूरण, (यंत्र०, इति०) **टीप^F**, **टीपकारी^F**, टीप करना; सन्धि-पूरण-सामग्री^F; (स्तोत्र आदिमें) यति^F, चिह्नीकरण; ~ in (कृषि०) **अनुवेधन**।

pointless पाएॅन्ट्'लिॅस् a. अनिश्चित, अतीक्ष्ण, कुन्द, भोथरा, गोंठिल, बिना धार^F का, बिना नोक^F का; फल्गु, नीरस, रुचिहीन, अर्थहीन; (खेल आदिमें) निरंक, अंकहीन।

pointlessness –निॅस् n. अतीक्ष्णता^F, भोंथरापन, गोंठिलपना; फल्गुता^F, नीरसता^F, रुचिहीनता^F, अर्थ-हीनता^F, निरंकता^F, अंकहीनता^F।

poise¹ पाएॅज़् n. (शा० एवं० ला०) **सन्तोल**; भार-साम्य, सन्तुलन, मनःशान्ति^F; अंगसौष्ठव; झुकाव, झमकाव, झमकाहट^F; दुविधा^F, असमंजस, अनिश्चय, पशोपेश, (भौ०) T.

poise² v.t. & i. सन्तुलित करना या रखना, तौलना, संभाले रहना, पकड़े रहना, थामे रहना, सहारा दिये रहना; (सिरको विशेष ढंगसे) झमकाना, झुकाना; (हवा^F में) लटकना, झूलना।

poison¹* पाएॅ'ज़न् n. जांगुल, गरल, क्ष्वेड, कालकूट, हलाहल, (चि०, कृषि०, रसा०, जीव०, का०) **विष***,

(का०, चि०) **जहर**; (ला०) विध्वंसक सिद्धान्त, विनाशक विचारधारा; ~ nut कुचला; *what's your* ~ (बोल०) क्या पियोगे ?

~ bait, ~ baiting, ~ berry, ~ bulb, ~ campaign, ~ duct, ~ fang, ~-flower, ~-gas, ~ glands, ~ hemlock, ~ ivy, ~ jaw, ~ pills, ~ poppy, ~ sac, ~ setae, ~ solution, ~-tree, ~-wood

poison² v.t. विषाक्त करना, विषयुक्त करना, विषमय करना, जहर मिलाना; जहरमें बुझाना; विषप्रयोग करना; (का०) **विष देना,** जहर देना, जहर देकर मारना; कुमार्गी बनाना, बिगाड़ना, खराब करना, गन्दा करना; (आनन्दमें) विघ्न डालना, बाधा^F पहुंचाना; ~ pen विषलेखक, (निन्दापूर्ण या अश्लील पत्रोंका) व्यंग्य-लेखक; *hate each other like* ~ परस्पर घोर घृणा^F रखना, एक-दूसरेको फूटी आँखों^F न देख सकना; *one man's meat is another man's* ~ किसीको बैंगन बैरी, किसीको बैंगन पथ्य ।

poisoned –ड् a. विष-, विषाक्त, विषलिप्त, विषपूर्ण, जहरवाला; ~ food विषान्न ।

poisoner –नॅर् n. विषघाती, विषदाता, विष देनेवाला, जहर पिलानेवाला ।

poisoning –निंग् n. (चि०) **विषायण,** (रसा०) विषाक्तीकरण, (चि०) **विषाक्तता**^F, विष देना ।

poisonous –'नॅस् a. **विषाक्त,** (चि०, कृषि०, रसा०, जीव०) **विषैला,** (रसा०) **विषालु,** सविष, (चि०) **विषमय,** (चि०) **जहरीला;**

~drug, ~gas, ~plants, ~snake, ~weed.

poisonousness –निॅस् n. विषाक्तता^F, विषालुता^F, सविषता^F, विषमयता^F, जहरीलापन ।

poissarde(F) n. मत्स्य-विक्रेत्री^F, दुकानदार महिला^F।

poitrel पोइट्रल n. अश्ववक्षस्त्राण, अश्वोरस्त्राण, घोड़ेके पेटका कवच ।

poke¹ पोॅक् n. थैला, थैली^F, बोरा, बोरी^F, झोला, खलीता, बटुआ; ~-pudding पेटू, मस्त, मोटा-ताजा (अंग्रेज); *pig in a* ~ अकस्मात् उपलब्धि^F ।

poke² n. आघात, प्रहार, भोंक^F, चुभन^F, हूल^F, गूल^F, गोंच^F, गुच्च^F, किहुनियाव, किहुनी^Fकी मार^F; (दुष्ट पशुओंके गलेका) डिंगर, डैना; (स्त्रियों^Fकी टोपी^F आदिका) छज्जा; ~-bonnet छज्जेदार टोपी^F ।

poke³ v.t. & i. आघात पहुँचाना, भोंकना, चुभोना, हूलना, ढकेलना, गोंचना, गुचना, किहुनियाना, कुहनी^F मारना; (आग^Fको सलाई^F या खोदनी^Fसे) उकसारना, उलटना-पलटना; (कालकोठरी^F इत्यादिमें बन्द होकर) बैठे रहना; चुभाकर छिद्र बनाना, भोंककर छेद करना; अड़ाना, भिड़ाना, आगे करना; भेद लेना, टोह^F लेना, आहट^F लेना, खोजना, ढूँढ़ना (प्रायः *into* के साथ); ~ *about,* ~ *& pry* भेद लेना, टोह^F लेना, छान-बीन^F करना; ~ *fun at* परिहास करना, फबतियाँ^F कसना;~ *one's nose into person's affairs* (किसीके मामलेमें) टाँग^F अड़ाना, दखल देना; ~*one's head* (स्वभावसे ही) गरदन^F झुकाकर चलना, सिर झुकाकर चलना ।

poker¹ –कॅर् n. तुद^F, **अंगार-शलाका**^F, अग्निशलाका^F; कुरेदनी^F, खोदनी^F, **सींक**^F; (आक्स० एवं कैम्ब्रि०में) भाट, चारण, कड़खेत, वन्दीजन; (बेल-बूटे काढ़नेकी) गरम सलाई^F; *as stiff as a* ~ (व्यवहार या आचरणमें) वज्रादपि कठोर, पत्थरसे भी कड़ा; *by the holy* ~ (हास्य०) मुझे सौगन्ध^F है ।

poker² v.t. (गरम सलाई^Fसे लकड़ी^Fकी चीजों^Fपर) बेलबूटे खोदना ।

poky पो'कि a. (कक्ष, स्थान आदि) तुच्छ, संकीर्ण; सँकरा, छोटा, गन्दा; (व्यवसाय आदि) क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, अधम, नीच, रद्दी ।

pol-, por- = PRO-(*pollute, portend, portray*) ।

POL. Political; Politics.

polacre, -acca पॅलॉ'कॅर्, -अैॅकॅ n. (भूमध्यसागरमें) त्रिपाल पोत, तीन मस्तूलका जलयान ।

polar¹ पो'लॅर् n. (निर्दे० ज्यामिति) **ध्रुवी,** ध्रुवीय वक्र, स्पर्शच्छेदीय वक्र रेखा^F ।

polar² a. ध्रुव-, (गणि०, कलन०, रसा०, प्रा० भूगोल, जीव०) **ध्रुवीय;** ध्रुवक्षेत्रीय; ध्रुवात्मक, चुम्बकीय; धनात्मक या ऋणात्मक विद्युत्वाला; (ला०) ध्रुवानुरूप, ध्रुवगुण-सम्पन्न, (दोनों) ध्रुवोंके समान, ध्रुवनक्षत्रके समान; नितान्त प्रतिकूल, बिल्कुल उल्टा; ~ angle कोणांक; ~ bear, hare ध्रुवीय रीछ, ध्रुवीय खरहा; ~ circles ध्रुववृत्त; ~ curve स्पर्शच्छेदी वक्ररेखा^F; ~ distance ध्रुवीय कोणीय अन्तर, **ध्रुवीय दूरी**^F, दूरी^F;

~ air, ~axis, ~ belts, ~ body, ~ cap, ~ cell, ~ charge, ~ climate, ~ compounds, ~ compression, ~ coordinates, ~ desert, ~ diameter, ~ economy, ~ environment, ~ equation, ~expedition, ~ face, ~ flattening, ~ form, ~ front, ~ globule, ~ line, ~ molecule, ~ nodule, ~ number, ~ plain, ~ plane, ~ plug, ~ point, ~ projection, ~rays, ~ reciprocal, ~region, ~ seas, ~ sub-moral, ~ subnormal, ~ sub trengular, ~ triangles, ~ trough, ~ vegetation, ~ wind, ~ zone.

polari- ध्रुव-, ध्रुवीय (~ *scope,* ~ *metric*); अभिस्पन्द (~*metry*) ।

polarimeter –रि'मिटॅर् n. ध्रुवमान, (भौ०) **ध्रुवणमापी,** ध्रुवमापक-यन्त्र; अभिस्पन्दमान; (कृषि) T.

polarimetry –ट्रि n. ध्रुवमापन, (भौ०) **ध्रुवणमिति**^F, अभिस्पन्दमिति^F ।

polaric पॅलै'रिस् n. (नौवि०, ज्यौ०, यं०, परि०) **ध्रुवतारा** ।

polariscope पॅलै'रिस्कोप् n. ध्रुवेक्ष, ध्रुवीक्षक यन्त्र, ध्रुवदर्श, (कृषि०, रसा०, भू०, भौ०) **ध्रुवणदर्शी,** ध्रुवदर्शक यन्त्र; अभिस्पन्देक्ष, T.

polarity –रिटि n. ध्रुविता^F, ध्रुवाभिसारिता^F, ध्रुवाभि-

मुखता^F^, ध्रुवदर्शकता^F^; (वन०, भौ०) **ध्रुवत्व**, (ला०) **ध्रुवता**^F^, (रसा०) ध्रुवीयता^F^, विद्युदीयता^F^, विद्युद्वहन-शक्ति^F^; (ला०) आकर्षण, चुम्बकीयता^F^ ।

polarizability पोलॅराइज़ॅबि'लिटि n. (रसा०) **ध्रुवीयणता**^F^, **ध्रुवणता**^F^ ।

polarizable –लॅराइज़ॅबॅल् a. ध्रुवणीय, अभिस्पन्दनीय।

polarization –ज़ॅन् n. (रसा०, ऋतु०, भौ०) **ध्रुवण**, ध्रुवीयण, अभिस्पन्दन; (रसा०, भौ०, ऋतु०) **विद्युद्-ग्राच्छादन** (~ *curve*), विद्युच्छक्तिजनन, चुम्बकन, चुम्बक पैदा करना ।

polarize –लॅराइज़् v.t. & i. ध्रुवन करना, **ध्रुवित करना या होना**, अभिस्पन्दन करना; विद्युत्शक्ति^F^ उत्पन्न करना, चुम्बकत्व पैदा करना; (ला०, शब्द आदिमें) चमत्कार पैदा करना, विशेष अर्थ भरना; एकदिशाभिमुख करना, एक दिशा^F^में लाना ।

polarized –ड् n. (चि०, भौ०) **ध्रुवीयकृत, ध्रुवित**, ~dielectric, ~ light, ~ plane, ~ relay.

polarizer –ज़ॅर् n. (चि०) **ध्रुवक**, ध्रुवीयक, (भू०) **उद्-ध्रुवक (उद=उत्तर-दक्षिण)**; (भौ०) **ध्रुवण-कारी**; T. अभिस्पन्दक ।

polarizing –ज़िंग् n. **ध्रुवण** (~ *angle*, ~ *microscope*) ।

polarogram ⊙ पॅलॅ'रॅग्रैम् n. (रसा०) **ध्रुवण-रेखा**^F^, T.

polarography ⊙ पोलॅरा'ग्रॅफि n. (रसा०) **ध्रुवण-लेखन**, T.

polaroid ⊙ पो'लॅरॉएड् a. (रसा०) **ध्रुवाभ**, T.

polatouche पॉलॅटूच n. (रूसी) उड़नेवाली गिलहरी^F^ ।

polder पोल्'डॅर् n. (हौलैण्डमें जलसे निकली हुई भूमि)^F^, उद्धारित भूमि^F^, समुद्रद्धरण, (प्रा० भू०) **समुद्रउद्धृत भूमि**^F^, पोल्डर ।

pole[1] पोल् n. स्तम्भ (कृषि०) **खम्भा**, लग्गा, लग्गी^F^, दण्ड, बाँस (कृषि०, यंत्र०) **बल्ली**^F^; (कृषि०) **हल-दण्ड**; (ताँगे, गाड़ी^F^ आदिका) बम; (माप) पोल=५॥ गज; ~-charges **बारूद छड़**^F^; *up the* ~ (ग्रा०) दुविधा^F^ में, असमंजसमें, कठिनाई^F^में; *under bare* ~*s* (नौवि०) बिना पालके ।

pole[2] v.t. खम्भा गाड़ना, बल्ली^F^ लगाना, लग्गा गाड़ना ।

pole[3] n. (निर्दे०, वन०, रसा०, जीव०, गणि०, वाणि०) **ध्रुव, पोल** (*North, South*, ~); (रेखा०) मूलबिन्दु, आदिबिन्दु, ध्रुवबिन्दु; बैटरी^F^के दोनों सिरे (*positive, negative* ~); (चि०) **कोटि**^F^, **छोर**; (प्राणिवि०) ध्रुव (किसी गोल अंगकी मुख्य धुरी^F^के दोनों सिरे); (ला०) विलोम, (दो विपरीत सिद्धान्तोंमेंसे प्रत्येक); magnetic ~ चुम्बकीय ध्रुव, ध्रुवबिन्दु; ~-face **ध्रुवाग्र**; ~ of the ecliptic (ज्यौ०) **कंदब, क्रांतिवृत्तका ध्रुव**; ~-star (ज्यौ०, वैत्र०, भू०) **ध्रुवतारा**, ध्रुवनक्षत्र; (ला०) आकर्षण, पथप्रदर्शक; आशाकेन्द्र, आशाबिन्दु; ~*s of a circle, of a sphere* स्पर्शच्छेदबिन्दु, व्यासके दोनों सिरे;

~ cap, ~ cells, ~ clusters, ~ crop, ~-crop methods, ~ curve, ~-strength, ~ strength measurement, ~ ward, ~ wood.

pole[4] n. पौलेण्डका निवासी, पोल ।

pole-ax(e)[1] –ऐक्स् n. कुठार, परशु, परश्वध, फरसा, तबर, गँड़ासा; शूलपरशु (भाला और फरसायुक्त); वधिक-कुठार, वधिककी कुल्हाड़ी^F^ ।

pole-ax (e)[2] v.t. (फरसे या कुल्हाड़ी^F^से पशुका) वध करना ।

Pol. Econ. Political Economy.

polecat पोल्'कैट् n. गन्धमार्जार, मार्जारिका^F^ (एक यूरोपीय मांसाहारी दुर्गन्धयुक्त चौपाया), पोलकैट ।

polemarch पॉ'लिमार्क् n. ग्रीक सैनिक अधिकारी, यूनानी कमाण्डर ।

polemic[1] पॅले'मिक् n. विवादास्पद विषय, टण्टा, बखेड़ा; (pl.) शास्त्रार्थ, वाग्युद्ध, वादविवाद; शास्त्रार्थी, वाग्योद्धा, विवादी, विवादकुशल; हुज्जती ।

polemic[2] a. विवादास्पद, विवादग्रस्त, वितण्डापूर्ण; वादकुशल; शास्त्रार्थकुशल, विवाद-प्रिय, टण्टहा, झगड़ालू, बखेड़िया ।

polemical –कॅल् a. विवादीय, शास्त्रार्थीय, विवादात्मक, वादार्थक ।

polemics –क्स् n. (दर्श०) **वादकला**^F^, शास्त्रार्थ, वादानुवाद ।

polemize पॉ'लिमाइज़् v.t. शास्त्रार्थ करना, विवाद करना ।

polemoscop पॉले'मॅस्कोप् n. दूरेक्ष, दूरवीक्षक, दूरवेक्षण-यन्त्र ।

poleward पोल्'वॅर्ड् a. ध्रुवाभिमुख, ध्रुवकी ओर^F^का ।

poleward (s) –ज़् adv. ध्रुवाभिमुख (होकर), ध्रुवकी दिशा^F^में, ध्रुवकी ओर^F^ ।

polflucht –फ्लुश् n. (भू०) **ध्रुव-प्लायन**, T.

polhode –होड् n. (गणि०) **लुंठिजा**^F^ (~ *cone*) ।

police[1] पॅलीस्' n. पौरिक, नगरपाल (विधा०, का०) **आरक्षी**, (विधा०) **आरक्षक**, (का०) **पुलिस**, आरक्षक-विभाग, पुलिस-विभाग; आरक्षक दल, पुलिसके सिपाही; ~-court आरक्षी न्यायालय, पुलिस-न्यायालय; ~-dog आरक्षक-श्वान, (का०) **आरक्षी कुत्ते**; (पुलिस^F^के सहायतार्थ कुत्ता); ~ magistrate, ~ judge ⊙ आरक्षक दण्डाधिकारी, पुलिस दण्डाधिकारी; ~ man आरक्षक जन, सिपाही, पुलिस^F^; ~-office आरक्षक कार्यालय, पुलिस कार्यालय; ~ state आरक्षक राज्य, पुलिस-राज्य; (राज०) **पुलिस-राज**; ~-station आरक्षक-स्थान, (विधा०, का०) **थाना**, कोतवाली^F^, पुलिस-चौकी^F^;

~ armour, ~ authorities, ~ authority, ~ charge sheet, ~ coat, ~ constable, ~ custody, ~ department, ~ district,

~ drill, ~ enquiry, ~ escort, ~ force, ~ gazette, ~ general diary, ~ guard, ~ hospital, ~ inspector, ~ intelligence, ~ judge, ~ jurisdiction, ~ justice, ~ library, ~ officer, ~ official, ~ out-post, ~ papers, ~ party, ~ patrol, ~ pattern, ~ post, ~ power, ~ practical test, ~ purposes, ~ register, ~-registered, ~ regulation, ~ remount fund, ~ report, ~ rules, ~ service, ~ squad, ~ surveillance register, ~ training college, ~ training school, ~ wireless officer, ~woman.

police² v.t. आरक्षण करना, पुलिस^F द्वारा नियन्त्रण करना; पुलिस^F नियुक्त करना; (ला०) नियोजन करना, नियन्त्रण करना, प्रशासन करना, व्यवस्था^F करना।

policlinic पॉलिक्लि'निक् n. सामान्य चिकित्सालय, बहुंगी-सार्वजनिक-रुग्णालय, खानगी-अस्पताल; बाह्य-चिकित्सा विभाग।

policy¹ पॉ'लिसि n. नीतिकौशल, नीतिमत्ता^F, राजनीतिज्ञता^F, राजनीति-कौशल, राज्यशासन-कौशल; नीतिज्ञता^F, वैदग्ध्य, विचक्षणता^F, चातुर्य, बुद्धिमत्ता^F; धृष्टता^F; चालाकी^F, चतुराई^F, चण्टई^F, कपटता^F; चालबाजी^F; दक्षता^F, निपुणता^F, कौशल; **कार्यनीति**^F; **नीति**^F, नय, नीतिक्रम; राजनीति^F, कूटनीति^F; कार्यक्रम, कार्यपद्धति^F, रीति^F, युक्ति^F, कार्यविधि^F; (स्काटलैण्ड) गृहोपवन, गृहोद्यान; T.

policy² n. गोपलेख, गोपपत्र, बीमापत्र, पालिसी^F; ~-holder बीमापत्रधारी, बीमाधारी, (वाणि०) **पालिसी-धारक**, पालिसी^F लेनेवाला; ~-shop द्यूत-स्थल, जुएकी जगह^F;

~-broker, ~ decision, ~ loan, ~ maker, ~ matter, ~ question, ~ statement, ~ year.

poling पो'लिंग् n. अवष्टम्भ, स्तम्भ, खम्भे; ~ board (यंत्र०) **तख्ता**।

poliomyelitis पॉ'लिओमाइईलाइ'टिस् n. (निदान०) धूसरमज्जाशोथ, धूसरमज्ज-प्रदाह, रीढ़^F के भीतरकी सूजन^F; शिशुअंगघात; (चि०) पलितमज्जाशोथ, **पोलियो**।

poliosis ⊙ पोलिओ'सिस् n. (चि०) पालित्य (अकाल में); केशपलितता^F, केश-कपिशता^F, केश-धूसरता^F या बालोंका धूसरपन।

polis ⊙ पो'लिस् n. (राज०) **नगर, नगर-राज्य**।

polish¹* पॉ'लिश् n. द्युति^F, क्रान्ति^F, चमक^F, लकलकाहट^F; रोगन, (रसा०, भौ०, रेल०, यंत्र०) **पॉलिश**^F* (~ *wax*); (ला०) परिष्कार, परिमार्जन, संस्कार, सौजन्य, शिष्टता^F, सुशीलता^F, सभ्यता^F, सुघड़ाई^F।

polish² v.t. & i. श्लक्ष्ण करना, प्रमार्जन करना, माँजना, लकालक करना, चिकनाना, चमकाना, रोगन करना, पालिश^F करना; (ला०) परिष्कृत करना, परिमार्जित करना, उपस्कृत करना, सुसंस्कृत करना, शोधना; सभ्य बनाना, सुघड़ बनाना, ~ *off* शीघ्र पूर्ण करना, चट्ट-पट्ट करना, तुरन्त समाप्त करना; ~ *up* शोभा^F उत्पन्न करना, चमक-दमक^F पैदा करना, तड़क-भड़क^F पैदा करना।

polish पो'लिश् n. पोलैण्ड-वासी, पोलिस्तानी, पोलिश।

polishable पॉ'लिशॅबॅल् a. श्लक्ष्णीय, प्रमार्जनीय, माँजने योग्य, चमकाने योग्य।

polished –इड्' a. परिष्कृत, प्रमार्जित, **पालिशदार** (~ *rice*)।

polisher –शॅर् n. परिष्कारक, प्रमार्जक, मँजैया, चमकैया, **पॉलिशगर (अर्द्धकुशल)**।

polishing –शिंग् n. (यंत्र०, चि०) **चमकाना, पालिश^F करना**; (pl.) पालिश^F के कण, झाड़न^F।

polite पॅलाइट' a. शिष्ट, सभ्य, संस्कृत, परिष्कृत; विनीत, विनम्र, सभ्य, शिष्ट (~ *manners*); दक्षिण, सुजन, सुशील, भद्र, भलामानुस; सम्भ्रान्त, कुलीन; (साहित्य आदि) परिमार्जित, परिष्कृत, मँजा हुआ; चारु, भव्य, सुन्दर, उच्चकोटि^F का।

politeness –'निस् n. शिष्टता^F, सभ्यता^F, संस्कृतत्व, परिष्कृतता^F; **नम्रता^F, विनय^F**, विनम्रता^F; सुशीलता^F, सुजनता^F, सौजन्य, शिष्टाचार।

politesse पॉलिटे'स् n. विनीति^F, विनय^F; सचातुर्य विनय^F, विदग्ध नम्रता^F।

politic पॉ'लिटिक् a. मेधावी, विचक्षण, चतुर, प्रतिभावान्, कुशाग्रबुद्धि; विवेकी, दूरदर्शी; नीतिज्ञ, नीतिकुशल, नयविज्ञ, नीतिनिपुण, कूटनैतिक, नागर; अनुभवी, दुनियादार, समझदार; उचित, उपयुक्त, संगत, श्रेयस्कर, उत्तम, वरेण्य, वांछनीय; कुशल, निपुण; चालाक, चालबाज, मक्कार; जुगुती, पतेबाज; सांवैधानिक; body ~ राज्यसंस्था^F, राष्ट्र।

political¹ –'कॅल् n. राजप्रतिनिधि।

political²* a. शासकीय, राजकीय, शासन-विषयक, राज्यविषयक; सार्वजनिक, जनविषयक; (का०, राज०) **राजनीतिक***; शासनतन्त्रात्मक, राजनीति-प्रिय, राजकाजी; ~ geography राजनीतिक भूगोल; ~ verse आधुनिक ग्रीक पद्य;

~ activity, ~ advisor, ~ affairs, ~ agent, ~ agitation, ~ ambassador, ~ appointee, ~ arithmetic, ~ aspect, ~ aspiration, ~ asylum, ~ awakening, ~ bargain, ~ clearance, ~ consciousness, ~ correspondent, ~ crime ~ deadlock, ~ department, ~developments, ~ disability, ~dissension, ~ division, ~ economy, ~ equality, ~ fugitive, ~ independance, ~ individuality, ~ issue, ~ movement, ~ necessity, ~ negotiator, ~ obligation, ~ office, ~ officer, ~ organization, ~party, ~philosophy, ~ power, ~ publicity, ~

refugee, ~ reporter, ~ rights, ~ sanction, ~ science, ~ situation, ~ subjection, ~ sufferer, ~ terrorism, ~ unrest, ~warfare.

politicaster –कैस्टर् n. क्षुद्र राजनीतिज्ञ, घटिया राजनीतिज्ञ, टुटपुँजिहा राजकाजी।

politician पॉलिटि'शन् n. राजनीतिज्ञ, राजनीतिवेत्ता, राजनीतिशास्त्री; नीतिज्ञ, नीतिकुशल, राजकार्य-धुरन्धर; राजनीतिप्रिय, राजनीति-प्रेमी; राजनीति-व्यवसायी, पेशेवर राजकाजी ⊙।

politicize पॉलि'टिसाइस v.i. & t. राजनीतिज्ञ बनाना; राजनीतिप्रवृत्त होना, राजनीति-रत होना, राजकार्य करना; राजनीतिक वार्तालाप करना; राजनीतिक रंग देना, राजनीतिके रंगमें रँगना।

politico- राजनीति-, राजनीतिक (*~-economical*, *~-geographical*, *~-moral*, *~-social*, *~-religious*)।

politics पॉलिटिक्स् n. राजनीतिशास्त्र, राजनीति-विज्ञान; (राज०) **राजनीति**ᶠ, कूटनीतिᶠ; राजनीतिक विषय, राजनीतिक सिद्धान्त।

polity –टि n. शासनतन्त्र, (राज०) **राज्य, राज्यतन्त्र,** राज्यव्यवस्थाᶠ; राज्य-पद्धतिᶠ, राज्य-शासन-विधिᶠ, राजधर्म, राजनीतिᶠ, दण्डनीतिᶠ, शासन-प्रणालीᶠ।

polk पोल्क् v.i. पोल्का (POLKA) का नाच नाचना।

polka पोल्'कॅ n. (एक बोहेमियन नृत्य) पोल्का; (स्त्रियोंᶠ की एक फतुहीᶠ) पोल्का।

poll¹ पोल्' n. (बोल० या हास्य०) मुण्ड, शिर, सिर, मूँड़; (कृषि०) **चाँद,** कपाल, खोपड़ीᶠ, कपार; पीछेका भाग; मत-लेखन; मतदाताओंकी गणनाᶠ; (राज०) **मतदान;** मत-संख्या, दत्तमत-संख्या; (नृ०) **कुंदा;** ~ book **मतदाता-सूची**ᶠ; ~-tax व्यक्ति-कर, प्रतिपुरुष-कर, प्रतिमुण्ड-कर, (का०) **मेथौत**।

poll² v.t. & i. केश-कर्त्तन करना, मूँड़ना, बाल काटना, झाड़ना; (पौधों आदिका) शीर्षच्छेदन करना, छाँटना, कतरना, कतरकर छोटा करना; मत प्राप्त करना, वोट पाना; मत माना जाना, वोट स्वीकार होना; मतदान करना, (राज०) **वोट डालना,** वोट देना।

poll³ a. & n. (समासमें विशेषणार्थक) लूनशृंग, सिंगकटा, मुण्डा, डुँड़वा, डूँड़ा; (*~-beast*, *~ox*)।

poll⁴ पॉल् n. (प्रायः वाक्यांशोंमें) (तोतेका व्यक्तिवाचक नाम) आत्माराम, गंगाराम, मिट्ठू (*~ parrot*)।

poll⁵ v.t. & i. रटना, रटाना, तोतेकी तरह बोलना।

poll⁶ n. (कैम्ब्रिज, ग्रा०) उपाधिधारी, डिग्रीधारी, साधारण शिक्षा प्राप्त व्यक्ति; (गुण०) साधारण, साधारण डिग्रीधारी; ~ degree साधारण उपाधिᶠ; ~-man साधारण उपाधिधारी, पास डिग्रीधारी, *go out in the P~* उपाधिᶠ प्राप्त करना, डिग्रीᶠ लेना।

pollable पो'लॅबॅल् a. विशोधनीय, मूँड़ने योग्य, छाँटने योग्य; मतदान योग्य; मतदान पाने योग्य।

pollack, -ock पॉ'लॅक्, -ॲक् n. (कॉड-सदृश एक मछलीᶠ), पोलकᶠ।

pollard¹ पॉ'लॅर्ड् n. कृत्तस्कन्ध, सिंगकटा, मुण्डा, डुँड़वा; (पशुओंकी) एक मुण्डी जातिᶠ; मुण्डा पेड़, ठूँठ; चोकर, भूसीᶠ, कना।

pollard² v.t. (वृक्षको) मुण्डा बनाना, छाँटना, गंजा करना।

polled पोल्ड्' a. निकृत्त, शृंगविहीन, छाँटा गया, काटा गया, बिना सींगका।

pollen¹ पौ'लिॅन् n. पुष्प-रज, रेणु, पांशु, (कृषि०, वन०) **पराग;**
~ basket, ~ box, ~ brush, ~ chamber, ~ flower, ~ grain, ~ propotency, ~ sac, ~ tube.

pollen² v.t. रजयुक्त करना, परागमय करना; रजसे ढँकना; रेणु या पराग पहुँचाना।

pollenless –लिॅस् a. रजोविहीन, परागरहित।

pollent ⊙ पो'लॅन्ट् a. दृढ़, मजबूत; सशक्त, शक्तिमान्, बलवान्, ताकती, ताकतवर।

poller पो'लॅर् n. मतदाता, वोटर।

pollex पॉ'लॅक्स् n. (जीव०) **हस्तांगुष्ठ,** अंगुष्ठ, अँगूठा; अंगुष्ठवत्, अंग, अँगूठे जैसा अंग।

pollicitation पॅलिसिटे'शॅन् n. प्रतिश्रुतिᶠ, प्रतिज्ञाᶠ, वचन, वादा।

pollinar पॉ'लिनॅर् n. सपुष्परज, पराग-युक्त, पराग-आच्छादित।

pollinate –नेट् v.t. परागण करना, पराग संक्रमण करना।

pollination ने'शॅन् n. (कृषि०, वन०, चि०) **परागण** (*~ drop*), पराग संक्रमण, पराग-दान, (प्राणि०) **पराग-सेचन,** T.

polling पो'लिंग् n. **मतदान** (*~agent*, *~officer*); ~ booth मतदान-मण्डप; ~ station मतदान-केन्द्र।

pollinic पॅलि'निक् a. परागीय, परागकेशरीय।

polliniferous पॉलिनि'फॅरॅस् a. रजबहुल, पराग-बहुल।

polliniser ⊙ पॉ'लिनाइजॅर् n. (प्राणि०) **परागण-कर्त्ता।**

pollinium –'नियॅम् n. (वन०) **पराग-पिंड, पराग-पुंज।**

pollinodium –लिनो'डिॲम् n. पुंधानीᶠ।

pollinose –'लिनोस् a. =POLLINAR.

pollinosis ⊙–'सिस् n. पीतज्वर, कालज्वर।

pollster पोल्'स्टॅर् n. (संयुक्तराज्यमें दलनिर्णयके लिए) प्रयोगात्मक मतदान लेनेवाला, प्रयोगात्मक चुनाव करनेवाला, प्रयोगार्थ वोट लेनेवाला।

pollúte पॅलूट v.t. दूषित करना, अपवित्र करना, मलिन करना, (का०) **कलुषित करना,** अशुचि करना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ना, खराब करना; (पानी आदि) पंकिल करना, गँदला करना।

polluted –'टिड् a. **दूषित,** अपवित्र (*~water*); **गन्दा।**

pollutedness –'निॅस् n. दूषितत्व, अपवित्रताᶠ,

मलिनताF, कलुषितताF, भ्रष्टताF, अशुचिताF; पंकिलताF, गँदलाहटF।

polluter –टॅर् n. दूषक, अपवित्रकर्ता, मलिनकर्ता, कलुषीकर्ता, अशुचिकर्ता, भ्रष्ट करनेवाला; पंकिल करनेवाला, गँदला करनेवाला।

pollution –शॅन् n. कलुषीकरण, दूषण, (चि०) **प्रदूषण**, अपवित्रताF, मलिनताF, कालुष्य, अशौच, भ्रष्टताF; पंकिलताF, गँदलाहटF।

pollux पोलक्स् n. (ज्यौ०) **पोलक्स, द्वितीय मिथुन**।

pollyanna –लीयाना n. (शिक्षा०) **मिथ्याशाभाव**।

polo पो'लो n. अश्वकन्दुक, चौगान, पोलो; ~-stick **अश्वकन्दुक-दण्ड**, चौगान खेलनेका डण्डा।

polocyte⊙ पो'लॅसाइट् n. (चि०) **ध्रवाणु, ध्रुवकोशिका**F।

polonaise पो(पॉ)लॅनेज़्' n. (स्त्रियोंका एक पहनावा) अँगिया, पोलोनेस; पोलैण्डका एक नाच; उस नाचके साथका संगीत।

polonium पॅलो'निअॅम् n. तोयातु, (रसा०) **पोलोनियम**।

polony पलो'नि n. (*P~ sausage* भी) सुअरके अधपके मांसका रसा या शोरवा।

poltergeist पॉ'टॅर्गाइस्ट् n. (लोकगीत एवं अध्यात्मवाद में) एक गर्जनकारी दुष्ट प्रेत, शैतान, पोल्टरजीइस्ट।

poltroon पॉल्ट्रून्' n. स्फूर्तिहीन, साहसहीन, भीरु, कादर, कायर, नपुंसक, पुरुषार्थहीन, बुजदिल, डरपोक आदमी।

poltroonery –नॅरि n. स्फूर्तिहीनताF, साहसहीनताF; भीरुताF, कादरताF, कायरताF, बुजदिलीF।

poly- बहु, अनेक (*~ nomial, ~ gamy*); पुरु- (*~ gastric, ~ graph, ~ merism*)।

poly. Polytechnic (*Institute*).

polyacoustic पॉलिअॅकॉउस्'टिक् a. बहुध्वनि-, बहुध्वनिक, विस्तृत ध्वनियुक्त।

polyadelphous पॉलिअॅडे'ल्'फॅस् a. (वन०) **बहुसंलाग**, नैकपुंकेसर, अनेकपुंकेसरी, बहुपुंकेसर-युक्त; T.

polyandrian –अैन्'ड्रिअॅन् a. = POLYANDROUS; (वन०) बहुकेसरयुक्त, बहुकेसरी, पुरुपुंकेसर।

polyandrist –ड्रिस्ट् n. अनेकपतिका स्त्रीF, बहुपतिका स्त्रीF, बहुभर्तृकाF।

polyandrous –ड्रॅस् a. (वन०) **बहुपुंकेसर, पृथक्पुंकेसर**, बहुपतिका, अनेकपतिवाली; T. दे० POLYANDRIAN.

polyandry –ड्रि n. (वन०) **बहुपुंकेसरता; बहुपुंसत्व**; (इति०, राज०) **बहुपति-प्रथा**F, **बहुपतित्व**, अनेकभर्तृकताF।

polyanthus –थॅस् n. बहुपुष्पी-प्रजातिF; पुरु-पुष्पीF, बहुपुष्पाF, एक सदाबहार भेषजF।

polyarch पॉ'लिआर्क् (वन०) **बहुचापी**।

polyarchy पॉ'लिऑर्कि n. पुरुतन्त्र, अनेकतन्त्र, बहुतन्त्र, नैकशासन, अनेकशासन, बहुशासन, कई आदमियों की सरकारF।

polyatomic पॉलिअॅटॉ'मिक् a. अनेकाण्विक, (भौ०, रसा०) **बहुपरमाणुक** (*~ gases*)।

polyautography पॉलिऑटॉ'ग्रॅफि n. LITHOGRAPHY लिथोग्राफी का पूर्व नाम।

polyaxon⊙ पॉलिअैक्'सॉन् n. (जीव०) **बहुअक्ष**।

polybasic⊙ पॉलिबे'सिक् a. (रसा०) **बहुसमाक्षरीय** (*~ acid*)।

polycarpellary⊙ पॉलिकार्पे''लॅरि a. (वन०) **बहुअण्डपी, T.**

polycarpic पॉलिकार्'पिक् a. नैककालफली, अनेककालफलीF, एकसे अधिक बार फलनेवाला।

polychasium पॉलिचे'ज़िअॅम् n. (वन०) **बहुशाखी, T.**

polychromatic पॉलिक्रॅमै'टिक् a. पुरुवर्ण, अनेकवर्णीय, बहुरंगा; (रसा०) T. (*~acid*); ~ theory (चि०) **बहुवर्णवाद**।

polychrome[1] पॉ'लिक्रोम् n. रंगविरंगा चित्र, रंगविरंगी मूर्तिF; रंगवैविध्य, वर्ण-बाहुल्य, रंगविरंगापन।

polychrome[2] a. विविधवर्ण-सज्जित, (नृ०) **बहुरंगा** (*~ vase*)।

polychromy –मि n. बहुवर्णकलाF, बहुरंगमुद्रण, रंगविरंगी छपाईF।

polycladous पॉलिक्ले'डॅस् a. पुरुवृन्त, अनेकशाख, कई डालोंवाला।

polyclinic⊙ पॉलिक्लि'निक् n. सर्वोपचारगृह, सर्वचिकित्सालय, सामान्यचिकित्सालय।

polycyclic⊙ पॉलिसाइ'क्लिक् a. (वन०) **बहुचक्री**।

polycythaemia⊙ पॉलिसिथी'मिॲ n. (चि०) **बहुलोहिताणुरक्तता**F, **लोहिताणु अतिरेक**।

polydactylous⊙ पॉलिडैक्'टिलॅस् a. (पशु) पुरुअंगुलि; अधिकांगुलिक, बहु-अंगुलि।

polydaemonism पॉलिडी'मॅनिज़्म् n. बहुदेववाद।

polydipsia पॉलिडिप्'सिअॅ n. बहुतृषाF, (शिक्षा०) **अतितृषा**F, बहुत अधिक प्यासF लगना।

polyembryony पॉलिअे'म्'ब्रिअॅनि n. (वन०, जीव०, प्राणि०) **बहुभ्रूणता**F।

polygamic पॉलिगै'मिक् a. बहुपत्नीक, पत्नीबहुल।

polygamist पॅलि'गॅमिस्ट् n. बहुपत्नीवादी; अनेकपत्नीक, अनेक पत्नियोंवाला व्यक्ति।

polygamous –मस् a. बहुपत्नीक, (जीव०) **बहुस्त्रीक**, बहुभार्यक; (स्व०) बहुपतिका; (जन्तु०) बहु-सहचर; (वन०) **बहुलिंगी**, (वन०) सर्वलिंगी, उभयलिंग (*~ plant*)।

polygamy –मि n. (दर्श०, का०) **बहु-विवाह**, अनेक विवाह, बहुभार्यत्व, **बहुपत्नीत्व**।

polygastric पॉलिगैस्'ट्रिक् a. (चि०) बहुजठर, पुरूदर, अनेकोदर, बहूदर, बह्वामाशयिक, कई पेटोंवाला।

polygenesis पॉलिजे''निसिस् n. (चि०) बहुपत्यताF पुरुजनन, अनेकजनन, (कृषि०) **बहुजननता**F।

polygenetic –जिने ̆ टिक् a. (चि०) बहुप्रज, पुरुच्छाय, बहुजननीय, नैकजनन-विषयक, अनेकजनन-सम्बन्धी, ~ soil, (भू०) **बहुमूलज मिट्टी**^F^ ।

polygenic –जे ̆ निक् a. = POLYGENETIC.

polygenous –'जि॑नॅस् a. बहुविध, बहु-प्रकार; पुरुजनन-विज्ञान-विषयक, अनेकजनन-शास्त्र-विषयक, बहुजनन-सिद्धान्त-सम्बन्धी ।

polygeny –नि n. नैकजनन-विज्ञान, अनेकजनन-शास्त्र, बहुजनन-सिद्धान्त ।

polyglot पॉ'लिग्लॉट् a. & n. बहुभाषिक, अनेकभाषी; **बहुभाषी,** बहुभाषिया; बहुभाषाविद्; (पुस्तक^F^, विशे० बाइबिल^F^) बहुभाषामय, बहुभाषा-रचित; ~ dictionary **बहुभाषाकोश** ।

polyglottal, polyglottic –'टॅल्, 'टिक aa. बहुभाषीय, अनेकभाषीय ।

polyglottalism '–लिग्लॉ'टॅलिज़्म् n. बहुभाषाज्ञान, बहुभाषियापन ।

polygon पॉ'लिगॅन् n. पुरुभुजक्षेत्र, (गति वि०, स्थिति वि०, गणि०) **बहुभुज,** बहुभुज आकृति^F^; बहुस्त्र; ~ of forces बल-बहुभुज-क्षेत्र, बल-केन्द्र, बहुकोण-आकृति^F^ ।

polygonal पॉ लि'गॅनॅल् a. बहुभुज, बहुभुजी, बहुकोण; (चि०) **बहुकोणी,** बहुकुनिया;
~ cist, ~ function, ~ ground, ~ prism, ~ soil.

polygonial ⊙ पॉलिगो'निॲल् a. (रसा०) **बहुभुजी** ।

polygram पॉ'लिग्रैम् n. बहुरेखी आकृति^F^, (चि०) T.

polygraph –ग्राफ् n. बहुप्रतिलिपिक-यन्त्र; बहु-ग्रन्थकार, विविधरचनाकार; प्रतिलिपि^F^; (चि०) T.

polygraphic –ग्रै'फिक् a. बहुप्रतिलिपिक-यन्त्रीय, बहुप्रतिलिपीय, बहुलेखीय ।

polygraphy पॉलि'ग्रॅफि n. बहुग्रन्थकारिता^F^, बहुलिपिता^F^ ।

polygyny –गिनि n. = POLYGAMY.

polyhaploid ⊙ पॉलि'हॅप्लाऍड् n. (प्राणि०) **बहुगुणितार्ध** ।

polyhedral पॉलिही(हे ̆)ड्रॅल् a. (इति०, चि०) **पृष्ठ-बहुल;** (इति०, चि०, रसा०) **बहुतलीय,** बहुतल, (~ *angle*) **बहुफलकीय** ।

polyhedron –ड्रॅन् n. बहुफलक, (घ० ज्या०) **बहुफलक क्षेत्र,** बहुतल, नैकतल, अनेकतल क्षेत्र ।

polyhistor पॉलिहिस्'टॅर् n. पुरुविद्, बहुविद्, बहुज्ञ, सर्वज्ञ, बहुपठित, बहुशास्त्रज्ञ; विद्वद्वर, महाज्ञानी, महापण्डित, उद्भट विद्वान् ।

polylogia ⊙ पॉलिलो'जिॲ n. (शिक्षा०) **अति प्रलाप,** T.

polymath पॉ'लिमैथ् n. पुरुविद, बहुज्ञ, बहुशास्त्रज्ञ इत्यादि ।

polymathy पॅलि'मॅथि n. नैकज्ञान, ज्ञानानैक्य, बहुशास्त्रज्ञान, बहुज्ञान, बहुविषयज्ञान, अनेकविषयज्ञान ।

polymer –मेर् n. (रसा०) **बहुलक;** (यन्त्र०) **बहुभाज** ।

polymeric ⊙ पॅलिमे ̆ रिक a. (रसा०, त्रि०) **बहुलकी** (~ *form*) ।

polymerisation ⊙ पॉ(पॅ)लिमॅराइज़े'शॅन् n. (रसा०) **बहुलीकरण, बहुभाजन** ।

polymerism पॅलि'मॅरिज़्म् n. गुणितावयविता^F^, पुरुभाजता^F^, (कृषि०, यन्त्र०) **बहुकारकत्व, बहुलकता**^F^, T.

polymetallism ⊙ पॉलिमे ̆ टॅलिज़्म् n. (वैंक०) **बहुधातु मान** ।

polymorph पॉ'लिमॉर्फ n. (रसा०) **बहुआकृति**^F^, (चि०) बहुरूपकेन्द्रक श्वेतकण ।

polymorphic पॉलिमॉर्'फिक् a. पुरुरूप, अनेकरूप, बहुरूप, (चि०) **बहुरूपी,** (रसा०) बहुआकृतिक ।

polymorphism –फ़िज़्म् n. पुरुरूपता^F^, अनेकरूपता^F^, (जीव०, वन०) **बहुरूपता**^F^, (रसा०) **बहुआकृतिकता**^F^ ।

polymorphonuclear ⊙ पॉलिमॉर्फो ̆ न्यूक्लीॲर् n. (चि०) **बहुरूपकेन्द्रक** ।

polymorphous –फ़स् a. = POLYMORPHIC.

polyneuritis पॉलिनीऊराइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) **तन्त्रिका-शोथ, बहुतन्त्रिका-शोथ,** पुरुतन्त्रिका-शोथ, बहुतन्त्रिकार्ति^F^ ।

polynia पॅलि'निॲ n. हिमसन्धि^F^, हिमदेशीय झील^F^, बरफिस्तानी झील^F^ ।

polynomial पॉलिनो'मिॲल् a. नैकनाम, अनेकनाम, बहुनामी, कई नामोंवाला; (बीजग०) नैकपद, अनेकपद, **बहुपद;**
~ function, ~ regression, ~ ring, ~ test.

polyonymous पॉलिऑ'निमॅस् a. नैकोपाधि, अनेकोपाधि, बहूपनाम, बहुनामी; (भाषा०) बहुपद ।

polyopia पालिओ'पिॲ n. (चि०) **बहुभासी दृष्टि**^F^, बहुदृष्टि^F^, गुणित दृष्टि^F^ ।

polyp(e) पॉ'लिप् nn. पुर्वेगक, **निम्नपशु-प्रजाति**^F^; किसी यौगिक जीव-वर्गका प्राणी ।

polypary –पॅरि n. पूर्वेगकाधार, पॉलीपरी ।

polypetalous पॉलिपे ̆ टॅलस् a. पुरुदल, अनेकपर्ण, बहुपर्ण, नैकपत्र, अनेकदल, बहुपत्र, (वन०) **पृथक परिदलीय,** कई पँखड़ियोंवाला ।

polyphagia पॉलिफे'जिॲ n. (चि०) अतिक्षुधा^F^, क्षुधातिशय, क्षुधातिशयता^F^; अत्यन्त भूख^F^; भस्मक रोग ।

polyphagous पॅलि'फॅगॅस a. घस्मर, अत्याशी, अतिभोजी, बहुभुक, बहुत खानेवाला; (जीव०) **नानाकीटहारी, विविधाहारी;** अनेकान्नभोजी, कई प्रकारके खाद्य खानेवाला ।

polyphone पॅ'लिफोन n. (लिपि) बहुस्वन वर्ण ।

polyphonous पॅलि'फॅनॅस् a. बहुध्वनि, बहुस्वन ।

polyphylesis ⊙ पॉलिफिले ̆ सिस् n. (वन०) **बहुमूलोद्भवन** ।

polyphyletic पॉलिफाइले ̆ टिक् a. (वन०) **बहुमूलोद्भव;** POLYGENETIC.

polyphyllous a. –ॲस a. बहुपर्ण; अनेकपत्र, बहुपत्र,

(वन०) पृथक् परिदलीय, बहुत पत्तियोंवाला।

polyphylogeny पॉलिफ़ाइलॉ'जि्'नि n. (वन०) बहुक्रमोद्भवी, बहुक्रमोद्भवता^F।

polyphyodont⊙ पॉलिफ़ाइ'अॅडॉन्ट् n. (जीव०) बहुदन्तावलिक, बहुशोदन्ती (~ *dentition*)।

polyploid⊙ पॉ'लिप्लाएॅड् a. (कृषि०, वन०) बहुगुणित, T.

polyploidy⊙ –'डि (प्राणि०) बहुगुणितता^F, बहुगुणता^F, T.

polypod पॉ'लिपॉड् a. & n. पुरुपाद, बहुपाद; पादबहुल, अनेकपाद, बहुतसे पैरोंवाला।

polypody पॉ'लिपॉडि n. एक पर्णांगप्रजाति^F; पुरुपादता^F।

polypoid पॉ'लिपाएॅड् a. पुर्वंगकीय, पुर्वंगकवत्, पोलीपी, पोलीप-जैसा; बहुगुणित; (चि०) अर्शाभ।

polypus[1] पॉ'लिपॅस् n. (*pl.* -*pi*) पुर्वंगक, पुरुपाद, बहुपाद, अनेकपाद; बहुमूल; (चि०) अर्श।

polypus[2] a. दे० POLYPOID.

polysaccharide –सेक्कराएड n. (रस०) बहुशर्करा^F; (कृषि०, चि०) बहुसैकेराइड।

polysemy –सेमि n. बहुर्थता^F, अनेकार्थकता^F।

polysepalous पॉलिसे'पॅलॅस् a. (वन०) पृथक् बाह्यदलीय।

polyserositis –सेरॅसिटिस् n. (चि०) बहुसीरमीकलाशोथ, T.

polysomic⊙ पॉलिसॉ'मिक a. (कृषि०) बहुसूत्रिक।

polyspermic⊙ पॉलिस्पर्'मिक् a. (कृषि०) बहुशुक्र सेचन।

polyspermous पॉलिस्पर्'मॅस् a. पुरुबीज, अनेकबीज, बहुबीज, बहुबीजयुक्त, अनेकबीजयुक्त; अनेकबीजोत्पादी, बहुबीजोत्पादी।

polysphygmograph –स्फिग्मॉग्रैफ n. (चि०) बहुस्पन्दन लेखी।

polystelic –स्टेलिक a. (वन०) बहुरम्भी।

polystome पॅ'लिस्टोम् n. अनेकास्य पशु, अनेकमुख पशु, बहुमुख पशु, कई मुँहवाला जानवर।

polystyle[1] पॉ'लिस्टाइल n. अनेकस्तम्भ भवन, कई खम्भोंवाला मकान।

polystyle[2] a. नैकावष्टम्भ, अनेकस्तम्भ, बहुस्तम्भ, कई खम्भोंवाला।

polysyllabic, -al पॉलिसिलै'बिक्, -ॲल् a. (शब्द) पुरुवर्ण, बहुवर्ण, बहक्षर, अनेकाक्षर, अक्षरबहुल पदों या शब्दोंसे युक्त।

polysyllable –'लॅबॅल् n. पुरुवर्णपद, अनेकाक्षर शब्द।

polysyllogism पॉलिसि'लॅजिज्म् n. (दर्श०) बहुहेत्वनुमान, अनेक हेत्वनुमान, बहुहेतुमद् अनुमान, अनेक हेतुमद् अनुमान।

polysyndeton पॉलिसिन्'डॅटॅन् n. (व्या०) संयोजकावृत्ति^F; संयोजक अव्ययकी पुनरावृत्ति^F।

polysynthetic पॉलिसिन्थे'टिक् a. बहुयुक्त, बहुश्लिष्ट (शब्द), ~ **twinning** (भू०) बहुसंश्लिष्ट यमल, बहुसंश्लिष्ट युग्म।

polytechnic पॉलिटे'क्निक् a & n. पुरुकलात्मक, बहु-कलात्मक, विविधकला-विषयक; P~ (Institution) बहुशिल्प-शिक्षणालय, विविधकला-विद्यालय; बहुकला-केन्द्र, पॉलीटेकनिक।

Polythalamous पॉलिथै'लॅमॅस् a. नैककक्ष, अनेककक्ष, बहुकक्ष, बहुत कमरोंवाला।

polytheism पॉ'लिथिइज़्म् n. बहुदेववाद, अनेकदेवोपासना^F।

polytheist –इस्ट् n. बहुदेववादी, बहुदेवोपासक, बहुदेवपूजक।

polytheistic '–टिक् a. बहुदेववादी, बहुदेववादात्मक, बहुदेवात्मक।

polyuria –यूरिॲ n. (चि०) बहुमूत्रता^F, अतिमूत्रता^F, बहुमूत्र प्रमेह।

polyvalent –वलेण्ट a. (रसा०) बहुसंयोजक।

polyxylic –सिलिक a. (वन०) बहुदारुक।

polyzoa पॉलिज़ो'ॲ n. जलचर, हरिताजीव, पालिजोआ।

polyzoan –ॲन् a. जलचर, हरिताजीवी, पालिजोई।

polyzoarium a. पालिजोई, जलाशय।

pom पॉम्' n. (पामरेनियाका कुत्ता) पॉम।

pomace पॅ'मिस्' n. (चि०) फलमेष, पोमेष, (पिसे हुए सेवकी बची हुई लुगदी^F)।

pomaceous –मे'शॅस् a. फलपेषनत, सेवकी लुगदी-जैसा, पोमेस-विषयक, सेवकी लुगदीवाला; सेववत्, सेब-सदृश, सेब-जैसा; सेब-विषयक, सेब-सम्बन्धी।

pomade[1] पॅमाड्', पॅमेड् n. वासवसा^F; एक सुगन्धित केश-लेप, फुलेल।

pomade[2] v.t. वासवसा^F लेपन करना, फुलेल लगाना।

pomander पॉ(पो)'मॅन्डॅर्, पॅमैन्'डॅर् n. इत्रदान, फुलेलदानी^F।

pomard, pomm पॅमार्', पॅम् n. लाल शराब^F।

pomatum पॅमे'टॅम् n. & v.t. दे० POMADE[1] & [2].

pombe पोम्बे n. (*Africans*) पोम्बी मदिरा^F।

pome पोम्' n. (वन०) उत्कोलक, आताल, (वन०) सेबीया, (वन०) पोम (रसदार फूलोंकी एक प्रजाति^F); (काव्य०) सेब; धातुगुटिका^F।

pomegranate पॉ(प)म्'ग्रैनॅट् n. करक, (वन०, कृषि०) दाडिम, (कृषि०, वन०) अनार; (~ *tree* भी) दाडिम-वृक्ष, अनारका पेड़; ~ **butterfly** (कृषि०) अनार तितली^F।

pomelo प'मॅलो n. (pl. -s) महानिम्बु, (कृषि०) चकोतरा।

pomfret पाम्'फ्रिट् n. एक मिठाई^F; एक मछली^F।

pomiculture पो'मिकल्च्युॲर् n. फल-संवर्धन, फल-पालन, फल-कृषि^F।

pomiferous पॅमि'फ़ॅरॅस a. आताली, उत्कोलकीय,

सेबवाला।

pomiform पो'मिफ़ॉर्म् a. सेबाकृति, सेबाकार, सेबकी आकृति^F का।

pommel[1] प'मॅल् n. गुल्म, पिण्ड, गोला; (विशे०, तलवार^F की मुठिया^F की) गाँठ^F; घुण्डी^F; काठी^F का उभड़ा हुआ अग्रभाग।

pommel[2] v.t. मुकियाना, घुँसियाना; (मूँठ^F या घुण्डी^F से) हूलना, पीटना, कूचना।

pomological पोमॅलॉ'जिकॅल् a. फलकृषीय, फलकृषि-शास्त्रीय, फलसंवर्धन-विज्ञान-विषयक; ~ section (कृषि०) **सेबवर्गीय फल-विज्ञान अनुभाग, फल-विज्ञान अनुभाग।**

pomologist पॅमॉ'लॅजिस्ट् n. फलकृषिशास्त्री, फल-संवर्धन-ज्ञानी।

pomology –जि n. (कृषि०) **सेबवर्गीय फल-विज्ञान,** फलकृषि-शास्त्र, फल-संवर्द्धन-विज्ञान, (कृषि०) **फल विज्ञान।**

pomona पॅमो'नॅ n. (रोमन पुराण) फलदेवी^F।

pomp पॉम्प् n. आडम्बर, आटोप, दिखावा, तड़क-भड़क^F, चमक-दमक^F; ठसक^F, धूम-धड़ाका, ठस्सा; श्री^F, शोभा^F; टीम-टाम^F, ठाठ, शान-शौकत^F; वैभव, ऐश्वर्य, प्रताप; समारोह, धूमधाम^F; (बहु०) मिथ्या वैभव, मायाडम्बर।

pompadour पॉम्'पॅडुअॅर् n. केशसज्जा^F, केशप्रसाधन, केशशृंगार।

pompano पॉम्'पॅनो n. एक खाद्य मछली^F, पम्पानो^F।

pompier –पीअॅर् a. अनलशामक, आग^F बुझानेवाला (~ *ladder*)।

pompion पम्'पिअॅन् n. कूष्माण्ड, घीया^F, लौकी^F, कद्दू, पेठा, भूरा कुम्हड़ा, मटमैला कोंहड़ा।

pom-pom पॉम्-'पॉम् n. हवामार तोप^F, पम-पम^F।

pompon –'पॉन् n. (सैन्य०) शिरोभूषण, सिरका आभूषण, सिरका अलंकरण।

pomposity पॉम्पॉ'सिटि n. आलंकारिकता^F, शब्दजाल, आडम्बर, शब्दाडम्बर।

pomposo पॉम्पो'सो adv. गौरवतः, गौरवसे, महत्त्वतः, महत्त्वपूर्वक, शान^F से, राजसी ठाठसे।

pompous पॉम्'पॅस् a. साडम्बर, भड़कीला, शानदार; विभ्राजमान्, शोभन, सश्रीक; विभूतिवान्, महाप्रताप, ऐश्वर्यवान्; साटोप; दाम्भिक, गर्वित, दर्पपूर्ण, गर्वीला, आत्माभिमानी, अहंकारी, ठस्सेबाज; (भाषा^F) अलंकृत, सालंकार, चमत्कारपूर्ण, वैचित्र्यमयी, कृत्रिम, क्लिष्ट, दुरूह, समासपूर्ण।

pompousness –नॅस् n. आडम्बर; वैभव, ऐश्वर्य; श्री, शोभा^F, शानशौकत^F, ठाट-बाट, तड़क-भड़क^F, भड़कीलापन; टीम-टाम^F; दम्भ, अहंकार; आलंकारिकता^F, शब्दाडम्बर, शब्दजाल।

pomum adami n. (चि०) कृकाटिका^F, घेंटी^F, गलेके सामनेकी उभार^F।

ponce पॉन्स् n. वारांगनोपजीवी व्यक्ति, वेश्योपजीवी पुरुष, रण्डी^F के आसरे रहनेवाला आदमी, गाँड़, भँड़ुवा।

ponceau पॉन्'सो n. अधिरक्तपीत, पोस्तका रंग, पोस्तेका रंग।

poncho '–चो n. (pl. -s) दक्षिणी अमरीकी कफ़नी^F, पोंचो^F।

pond पॉन्ड् n. सर, सरसी^F, सरोवर, तड़ाग, जलाशय, (जीव०) **ताल, तलैया^F,** पोखरा, तालाब; (हास्य०) सागर, समुद्र; ~ culture, (जीव०) **ताल मत्स्यकृषि, ताल-संवर्धन;** ~ life तड़ागजीव, जलजन्तु; ~ lily ⊙ वाटरलिली^F; ~ master तड़ाग-प्रवन्धक; ~ weed जलकुम्भी^F, सेवार^F;

~ fisheries, ~-heron, ~ reservoir, ~scum, ~-scum parasite, ~ snail, ~ tortoise, ~ weed.

pondage –'डिज् n. जलाशयता^F, तालाबकी समाई^F, जलसंचय, जलविस्तार; जलसंचय-कर या महसूल; ~ changes (रेल०) **पुल-प्रभार।**

ponder पॉन्'डॅर v.t. & i. चिन्तन करना, ध्यान करना; विवेचन करना, विमर्श करना, सोचना, विचारना; आकलन करना, आँकना, जाँचना, मनमें तौलना; चिन्तनरत होना, ध्यानमग्न होना।

ponderability –रॅबि'लिटि n. गुरुत्व, भारत्व, भारीपन; मननीयता^F, विचार्यता^F, चिन्तनीयता^F।

ponderable –'डॅरॅबॅल a. गुरु, भारी, बोझीला, वजनी; (ला०) गण्य, मननीय, विचारणीय, चिन्तनीय।

ponderableness –नॅस् n. = PONDERABILITY.

ponderal –रॅल् a. भार-विषयक, तौल-सम्बन्धी; भार-निर्णीत, तौल^F द्वारा निश्चित।

ponderance –रॅन्स् n. भार, बोझ; महत्त्व, गुरुत्व।

ponderate –रेट् v.t. & i. तौलना, वजन करना; चिन्तन करना, ध्यान करना, सोचना, विचारना।

ponderation –रे'शॅन् n. तोलन, सन्तुलन, तौलाई^F; मनन, चिन्तन, ध्यान; आकलन।

ponderer –'डॅरॅर् n. चिन्तक, ध्याता, विवेचक, विम्रष्टा, आकलयिता, आँकनेवाला, मनमें तौलनेवाला।

ponderous –रॅस् a. गुरु, सभार, भारी, बोझीला, वजनी, श्रमसाध्य, श्रमपूर्ण, कठिन, जटिल, वेढब; (शैली^F) नीरस, शुष्क; शब्दजालपूर्ण।

ponderousness, ponderosity –नॅस,–रॉ'सिटि nn. गुरुत्व, भारीपन, वजनीपन; कठिनता^F, श्रम-साध्यता^F; जटिलता^F; नीरसता^F।

pone[1] पोन् n. (ताशमें) पत्ते बांटनेवालेके दाहिनी ओरका खिलाड़ी।

pone[2] n. मक्केकी रोटी^F, जॉनी केक^F।

ponent पो'नॅन्ट् a. (सैन्य०) पाश्चात्य, पश्चिमी, पछाँही^F, पच्छाहीं^F।

pongee पन्जी' n. चीनी रेशमी कपड़ा, पांगी।

pongo पॉन्'गो n. अफ्रीकी वन-मानुष, पोंगो।

poniard[1] पॉ'न्यॅड् n. कृपाण^F, क्षुरिका^F, कटार^F, खंजर^F।

poniard[2] v.t. कृपाण[F] भोंकना, कटार[F] भोंकना, खंजर[F] मारना।
pons asinorum (L) गर्दभ-सेतु, गधोंका पुल; लोहेके चने, टेढ़ीखीर[F]।
pontage पॉन्'टिज् n. सेतु-कर, पुलपरकी चुंगी[F], पुलका टैक्स।
ponticulus ⊙ पॉन्'टिक्यूलॅस् n. (चि०) **(कर्ण) कटक**।
pontifex –'टिफ़ेक्स् n. (रोमन पुराण) रोमन पुरोहितों के महाविद्यालयका सदस्य; पादरी, पोप।
pontiff –'टिफ़् n. (रोमन) धर्माध्यक्ष, मुख्य पुरोहित, पादरी, पोप।
pontifical[1] –फ़िकॅल् n. नियमसंग्रह, नियमावली[F]; (pl.) पादरीका पहनावा।
pontifical[2] a. धर्माध्यक्षीय, पादरीका, मुख्य पुरोहित-सम्बन्धी।
pontificalia (L) n. धर्माध्यक्षीय परिधान।
pontificate –कॅट् n. धर्माध्यक्षाधिकार, पादरी-पद; धर्माध्यक्षाधिकार-काल, पादरी-पद-अवधि।
pontify–'टिफ़ाइ v.i. धर्माध्यक्ष बनना; पादरी बनना; दोषहीन होनेका दम भरना, पूर्ण होनेका दावा करना।
pont-levis (F) पॉन्ट्-ले˝विस्, पॉन्-लॅवी' n. चल सेतु, हटाया जा सकनेवाला पुल।
pontoon[1] पॉन्टून्' n. प्लुतक, चिपिट नौका[F], पाण्टून (चिपटे पेंदेकी नाव[F]); नौका-सेतु, नाव[F]का पुल, (परि०) पीपा; T. ~-bridge (परि०) **पीपोंका पुल**, नौका-सेतु।
pontoon[2] v.t. नौका-सेतु या पीपेके पुलसे पार उतरना।
pontoon[3] n. दे० VINGT(ET)-UN.
pontooneer, -ier टॅनीअॅर', -नीअॅर् n. नौका-सेतुकार, पाण्टून-सेतुकार, पाण्टून-पुल बनानेवाला।
pony पो'नि n. टट्टू, छोटजिया घोड़ा (*~-tax*)।
P.O.O. Post-Office Order.
pood पूड्' n. लगभग ३६ पौण्डके बराबर एक रूसी बाट।
poodle[1] पू'डॅल् n. मानी, पूडल (कुत्तेकी एक जाति[F])।
poodle[2] v.t. (कुत्तेके) बालोंको चित्र-विचित्र ढंगसे काटना।
pooh पू', पुह्' int. (तिरस्कार-सूचक) उँह्!
pooh-pooh पुपू' v.t. तिरस्कार करना, दुतकारना, झिड़कना; उपहास करना, हँसी[F] उड़ाना।
pool[1] पूल् n. पुष्कर, पल्वल, निपान, (भू०) **कुण्ड**, (परि०) **ताल, पूल** (*~system*), पोखर; डाबर, डबरा, तलइया[F], गड़ही[F]; (नदी[F]मेंका) खात, दह, गड्ढा।
pool[2] v.t. (मेख[F] ठोंकनेके लिए) छेद करना; (खान[F]में) सुरंग खोदना।
pool[3] n. सामूहिक जुएका एक खेल; (जुएकी सामूहिक) दाँवकी धनराशि[F]; व्यावसायिक संघ, सन्निधि[F]; संकोश, (व्यवसायोंका) गोलक, सामूहिक लाभ-कोश; (व्यक्तियों या वस्तुओं[F]का) समुच्चय, **निकाय**, (*~staff*)।
pool[4] v.t. साझा करना, पत्ती[F] करना, हिस्सा बँटाना।
pooled –'ड् a. संगृहीत, एकत्रित (*~estimates*)।
pooling –'लिंग् n. एकत्रीकरण, समूहीकरण, समुच्चयन।
poon पून्' n. एक पेड़, पून (*~oil*)।
poonac पू'नैक् n. पिष्टबीजावशेष, खल, खली[F]।
poop[1] पूप्' n. नौपृष्ठ, जलपोतका पृष्ठभाग, (नौवि०) **बराम**, पीपा, **पूप**।
poop[2] v.t. (लहरों[F]का नौपृष्ठको) प्लावित करना, बोर देना, (नौपृष्ठपर) पानी चढ़ आना।
poop[3] दे० POPE.
poop[4] n. (ग्रा०) बेहूदा, तीन कौड़ी[F]का, बेकामका।
pooped पूप्ड' a. नौपृष्ठयुक्त।
poor* पुअॅर', a. दीन, रंक, निःस्व, निर्धन, अकिंचन, वित्तहीन, दरिद्र, कंगाल, गरीब*; दुर्गत, अभावग्रस्त; कुत्सित, गर्हित, तुच्छ, अधम, विगुण, मलीन, अपकृष्ट, ओछा, घटिया, भद्दा, गया-बीता; अनुर्वर, अनुपजाऊ, ऊसर, बंजर (*~land*); रूक्ष, निर्गुण, असार; (भू०) **मन्द (उष्मा परावर्ती)**; अपर्याप्त, कम, मामूली (*~opportunity*); अशक्त, निःसत्त्व, निष्प्राण, हीन, निर्जीव, दुर्बल, बलहीन, दुबला, कमजोर; अभागा, बेचारा*; ~-box दान-पात्र; धर्मार्थ सन्दूक (जिसमें दान-के पैसे डाले जाते हैं); ~-house दरिद्रालय, अनाथाश्रम, अनाथालय, धर्मशाला[F], कंगाल-घर; ~-law दरिद्ररक्षा-कानून; ~-rate दरिद्रकर, निर्धन सहायता-कर; ~-spirited कायर, नपुंसक, पौरुषहीन, डरपोक; ~visibility (वैमा०, रेल०) **अल्पदृश्यता**[F], **कम दृश्यता**[F]।
poorga –गॅ n. (ऋतु०) **हिमवात**, T.
poorliness –'लिनिॅस् n. अस्वास्थ्य, अस्वस्थता[F]; बेहाली[F], निढाली[F]।
poorly[1] –'लि pred. a. अस्वस्थ, बेहाल, निढाल।
poorly[2] adv. येन केन प्रकारेण, ले देकर, किसी तरह, लस्टम-पस्टम; अभावपूर्ण ढंगसे, जघन्य ढंगसे, गर्हित ढंगसे, तुच्छेपनसे।
poorness –'निॅस् n. त्रुटि[F], गर्हितता[F], विगुणता[F], निकृष्टता[F]; अभाव, कमी[F], खामी[F], कसर[F]; दारिद्र्य, दैन्य, दीनता[F], निर्धनता[F], दरिद्रावस्था[F], गरीबी[F]।
pop[1] पॉप्' n. फक्, भक्, फट्, पटाक् (की ध्वनि[F]); बिन्दु, चिह्न, चिह्नारी[F], दर[F]; फेनिल मद्य (विशे०, जिंजर बियर या शैम्पेन); (ग्रा०) रेहन, गिरवी[F], बन्धक।
pop[2] n. (बोल०) लोकप्रिय संगीत-समारोह, साधारण गाना-बजाना।
pop[3] n. (ईटनकी) सामाजिक एवं वाद-विवाद-गोष्ठी[F]।
pop[4] v.t. & i. फकफकाना, फकसे होना, भकसे होना; (बन्दूक[F] आदि) दागना, छोड़ना, चलाना; पेलना, ढकेलना, पोंकना, झटकना, पटकना; धड़धड़ाना, धड़धड़ाते हुए चलना; अदृश्य होना, चल देना; (अकस्मात्) प्रश्न

कर बैठना, पूछ बैठना; आ पड़ना, टूट पड़ना; (ग्रा०) बन्धक रखना, गिरवी^F रखना, रेहन रखना; फुत्कारना, लावा करना ⊙ (मक्का इत्यादिका)।

pop⁵ adv. & int. फक्से, फट्से, भक्से।

P.O.P. Printing-out paper (Photo)

pop. popular; population.

popcorn पॉप्'कार्न् n. (मक्केका) लावा, फुटेहरा।

pope¹ पोप् n. (रोम० कैथा० चर्चका) पोप, प्रधान पादरी, पापा; (ला०) महात्मा, देवता, युधिष्ठिर, धर्मराज; P~Joan पोप जोन^F (एक कल्पित देवी^F)।

pope² n. (यूनानी गिर्जेका रूसी क्षेत्र-पादरी) पोप।

popedom –'डॅम् n. पोप-पद, पादरियत।

popeless –'लिॅस् a. पोपविहीन, पादरीरहित।

popery –'पॅरि n. पोपपद्धति^F, पोपपन्थ, पोपधर्म, पोप-प्रणाली^F, (निन्दात्मक प्रयोगमें) पोंगापन्थी^F।

pop-eyed पॉप्-'आइड् ⊙ = DEAD.

popgun –'गन् n. फिटफिटी^F, पिटपिटी^F (बच्चोंकी नकली बन्दूक^F); (हास्य०, ठीकसे काम न करनेवाली कोई बन्दूक^F) इटपिटी-पिटफिटी^F।

popinjay पॉ'पिन्जे n. (प्रा०) शुक, तोता, सुआ, सुग्गा, मिट्ठू, (इति०) शुकवेध; आत्मश्लाघी व्यक्ति, आडम्बरी पुरुष, छैला आदमी, (बोल०) हरित काष्ठकूट, हरा कठफोड़ा।

popish पो'पिश् a. पोप-सम्बन्धी, पोपपन्थीय, पादरीधर्म-विषयक, पादरीमत-सम्बन्धी।

poplar पॉप्'लॅर् n. वनपिप्पल, **पहाड़ी पीपल**, चिनार, पोपलर;छूरका वृक्ष;trembling~बेदमजनूं, मजनूंका पेड़।

poplin पॉप्'लिन् n. (प्रथमतः) एक प्रकारका रेशमी वस्त्र; (अब प्रायः) मरसराइज कपड़ा, पापलीन।

popliteal पॉप्लि'टि्अॅल् a. जानुपश्च-, जानुपृष्ठीय, घुटनेकी सन्धि^Fका; कटोरी^Fका, खोरिया^Fका;

~ artery, ~ fossa, ~ surface, ~ vein.

popliteus ⊙ –अॅस् n. जानुपृष्ठ, जानुसन्धि^F, (चि०) **जानुपृष्ठिका**^F (पेशी^F), जानुपृष्ठभाग, घुटनेकी सन्धि^F; कटोरी^F, खोरिया^F।

poplitic पॉप्लि'टिक् a. = POPLITEAL.

poppa, pop पॉ'पॅ, पॉप्' ⊙ nn. = PAPA.

popped a. स्फुट, स्फुटित; ~ corn धानी; फुला।

poppet पॉ'पिॅट् n. (अब बोल०) लल्ला, मुन्ना, नन्हा, बबुआ, बौना; चक्रयन्त्रका ऊर्ध्वभाग, खराद^Fका ऊपरी हिस्सा; (नौवि०) लकुटी^F, डण्डी^F, सॉटी^F, चोब^F, T. ~-head खराद^Fका ऊपरी भाग; (खनि०) एक चौखट।

poppied पॉ'पिड् a. अहिपुष्पयुक्त, पोस्तेदार।

popple¹ पॉ'पॅल् n. आलोड़न, तरंग^F, हिलोर^F, लहर^F।

popple² v.i. तरंगित होना, आलोड़ित होना, हिलोरें^F लेना, लहराना।

popply –'लि a. तरंगित, आलोड़ित, हिलोरयुक्त।

poppy n. अहिपुष्प, खसतिल, खसखस, (कृषि०, वन०) **पोस्ता**; opium ~ अहिपुष्प; ~-head पोस्ते-की ढोंढ़ी; गिरजेका सुन्दर कलात्मक उच्चासन; ~ seed (कृषि०) **खसखस**, पोस्तादाना;

~ cultivation, ~ oil, ~ plant, ~ red, ~ seed oil.

poppycock पॉ'पिकॉक् n. रव, शोर, बकवास^F।

popsy(-wopsy) पॉप्'सि-(वाप्सि) n. मुन्नी^F, मुनियाँ^F, रानी^F, बेटी^F, बिटिया^F, बिट्टी^F, गुड़िया^F।

populace पॉ'प्यूलॅस् n. लोक, जन, प्राकृतजन, साधारण जन, सामान्य जन, लोग; जनसमूह, भीड़^F।

popular –लॅर् a. **लौकिक**, सार्वलौकिक, लोककृत, लोकजन्य; जन-, सर्वजनीन, सार्वजनिक; लोकसंगत, जनरूढ़, लोकरूढ़, **लोकप्रसिद्ध, प्रसिद्ध**; लोक-, लोकगत, प्रचलित, जनसुगम, जनसुलभ, लोकगम्य (~ *book*); प्रिय, लोकप्रिय, जनप्रिय, सर्वप्रिय, जनरंजक, लोकमान्य, सर्वमान्य; प्रथित, सामान्य, साधारण; ~ conception लोकधारणा^F; ~ front (राजनी०) जनतान्त्रिक दल, जनवादी मोर्चा, वामपक्षीय दल; *at ~ prices* सस्ते मूल्यपर;

~ approval, ~ election, ~ explanation, ~ feeling, ~ government, ~ knowledge, ~ language, ~ mind, ~ morality, ~ name, ~ objection, ~ series, ~ vote.

popularity –लै'रिटि n. लोकप्रियता^F, जनप्रियता^F, सर्वप्रीति^F, जनप्रीति^F; सर्वमान्यता^F, लोकमान्यता^F।

popularization –प्यूलॅराइज़े'शॅन् n. प्रथितीकरण, प्रचालन, लौकिकीकरण, सर्वसाधारणीकरण; सार्वजनिकता^F, लोकमान्यता^F, लोकप्रिय बनाना।

popularize –प्यूलॅराइज् v.t. प्रसिद्ध करना, प्रचलित करना, लोकप्रिय बनाना, लोकविख्यात करना, जनप्रिय करना; सर्वजनीन बनाना, सार्वजनिक बनाना; (प्रचार-द्वारा किसी विषयको) लोकगम्य बनाना, सामान्य बनाना, साधारण बनाना।

populate पॉ'प्यूलेट् v.t. बसना, निवास करना, अधिवासी बनना, आबाद होना; बसाना, आबाद करना।

population –ले'शॅन् n. (कृषि०, चि०) **संख्या**^F, (जीव०, कृषि०) **जीवसंख्या**^F, लोकसंख्या^F, (अर्थ०, विधा०, चि०) **जनसंख्या**^F, (विधा०) **जनसमुदाय**, बस्ती^F, (अर्थ०, प्रा० भूगोल) **आबादी**^F (*progressive, retrogressive, stationary*~); (सांख्य०) **समष्टि**^F; लोक, जन, (चि०) **जनता**^F, प्रजा^F; निवासी या अधिवासीगण (*the ~ turned out to welcome him*); parent ~ **मूल समष्टि, मूल जनसंख्या**^F; *an* A 1 ~ सर्वोत्कृष्ट जनता^F; *a* C3 ~ निकृष्टतम श्रेणी^F के लोग;

~ census, ~ commission, ~ control, ~ division, ~ problem.

populism –'प्यूलिज़्म् n. जनवाद, लोकवाद; जनाधिकारवाद सिद्धान्त, जनसम्पत्ति^Fका सिद्धान्त।

populist –'लिस्ट् (रूस और सं० रा० अ०) जनवादी, लोकवादी, पापुलिस्ट; जनाधिकारवादी।

populistic –'टिक् a. जनवादी, जनवाद-विषयक,

जनसम्पत्तिवादी।

populous '–प्युलॅस् a. जनाकीर्ण, जनसंकुल, जनपूर्ण, बहुजन, प्रचुरजन, लोकबहुल, जनसंख्याबहुल, घना आबाद।

populousness –निॅस् n. जनाकीर्णता^F, जनसंकुलता^F, लोकबाहुल्य, घनी आबादी।

P.O.R. Preliminary Office Report.

por. portrait.

por- दे० POL-.

poral पोऑ'रॅल a. रन्ध्रीय, छिद्रीय।

porbeagle पॉर्'बीगॅल् n. (जीववि०) घस्मर ग्राह, पेट्ट घड़ियाल।

porcelain पॉर्स'लिन् n. मृत्सा^F, चीनी^F, चीनी मिट्टी^F; चीनी मिट्टी^F के वर्तन, चीनी मिट्टी^F की बनी वस्तुएँ^F; (रसा०) T.; (ला० गुण०) मृदु, कोमल, नाजुक, छुईमुई^F; ~ cement चीनी मिट्टी^F के वर्तनोंको जोड़नेको सीमेण्ट^F; ~ clay श्वेत चीनी मिट्टी^F; ~ shell कपर्द^F, कौड़ी^F;

~ acid dish, ~ basin, ~ beaker, ~ blue, ~ capsule, ~-casserole, ~ cup, ~ dish, ~ filling, ~ green, ~ jar, ~ mortar, ~ plug.

porcelainize (-se) –नाइज v.t. चिनियाना, बदलकर चीनी मिट्टी^F बना देना।

porcelainized –ड् a. मृत्सीयित, मृत्साकृत, चीनी मिट्टी^F के रूपमें परिवर्तित, चीनी मिट्टी^F बनाया हुआ।

porcellaneous, porcellanic –सेॅलेॅ'निॲस्, –सेॅलैॅ'निक् aa. चीनिया, चीनी मिट्टी^F का-सा।

porcellanous पॉस्'लिनॅस् a. चीनिया, चीनी मिट्टीवाला।

porch पॉर्च्' n. प्रघण, प्रघाण, अलिन्द, आलिन्द, द्वारमण्डप, दालान, ड्योढ़ी^F, बरसाती^F; **द्वार-मण्डल; देहरा;** बरामदा ⊙; the *P* ~ एथेंसका प्रसिद्ध भवन (जिसमें जेनो और उसके शिष्योंने आश्रय लिया था)।

porched –ड् a. द्वारमण्डपयुक्त, बरसातीदार, ड्योढ़ीदार।

porchless –च्'लिॅस् a. द्वारमण्डपविहीन, वेबरसाती।

porcine पॉर्'साइन् a. शूकरीय, वाराहीय, सुअरका; शूकरवत्, सुअर-जैसा।

porcupine पॉर्'क्यूपाइन् n. शल्यकी^F, शल्यक, शल्यकण्ठ, श्वाविध्, (कृषि०) **सेह^F**, साही^F; दाँतेदार मशीन^F, तीलीदार मशीन^F; (गुण०) शल्ययुक्त, काँटेदार; ~ disease (चि०) मत्स्यत्वगामयता; ~ fish शल्यकी मीन^F; ~ wood नारियलके पेड़की छाल^F।

porcupinish, porcupiny –निश्, –नि aa. शल्यके-सदृश, शल्यकवत्, साही-जैसा।

pore[1] पोऑर्' n. रोमकूप, लोमरन्ध्र, रोमछिद्र; (रसा०, कृषि०, जीव०) (सूक्ष्म) **रन्ध्र,** कूप, (जीव०) **छिद्र,** साँसा, झिंझरी; द्वार, ~ filling (यन्त्र०) **रन्ध्रपूरण, छेदबन्दी^F;** ~ space (वन०) **रन्ध्र-क्षेत्र;** (भू०) **रन्ध्रावकाश, छिद्रावकाश।**

pore[2] v. i. & t. अध्ययनमग्न होना, अनुशीलनरत होना, पढ़नेमें डूब जाना; (ला०) अध्ययन करना, चिन्तन करना, मनन करना, विचार करना; अपलक देखना, आँख^F गड़ा देना, निरखना, टकटकी^F बाँधना; ~ one's *eyes out* (अत्यन्त समीप पुस्तक^F रखकर) पढ़ते-पढ़ते आँख^F दुखा या थका डालना।

porer –'रॅर् n. कठोर अध्येता, कड़ी पढ़ाई^F करनेवाला।

poricidal पोऑरिसाइ'डॅल् a. (वन०) **रन्ध्रस्फुटी^F।**

poriform पोऑ'रिफ़ॉर्म् a. रोमकूपाकृति, लोमरन्ध्राकार, रोमच्छिद्रवत्; रन्ध्रवत्, कूप-सदृश, छिद्र-जैसा, साँसे-जैसा, झिंझरी-जैसा।

porism पोऑ'रिज़्म् n. **बहु-अस्तित्व,** T.

pork[1] पॉर्क्' n. शूकर-मांस, सुअरका गोश्त; ~-butcher शूकरवधिक, सुअर चिकवा; ~-chop सुअरकी पसली^F की बोटी^F; ~-pie सुअरका मांस भरा समोसा; ~-pie hat एक गोल टोपी^F।

pork[2] v.i. (राज०) **पौबारह होना।**

porker पॉर्'कॅर् n. बलिशूकर, मांसके लिए पाला जानेवाला शूकर।

porket –किॅट् n. घेंटा, घेंटुला, छौना, सुअरका बच्चा।

porkling –क्'लिंग् n. दे० PORKER.

porky –'कि a. शूकरीय, सुअर-सम्बन्धी; शूकरवत्, सुअर-जैसा; स्थूलकाय, थुलथुल, चर्बीला।

porno- वेश्या-, गणिका- (~ *cracy*, ~ *graphy*)।

pornographer पॉर्नॉ'ग्रॅफ़ॅर् n. अश्लील साहित्यकार, वेश्याचरित्र-लेखक, बाजारू साहित्य लिखनेवाला।

pornographic –नॅग्रै'फ़िक् a. अश्लील; वेश्या-चरित्र-सम्बन्धी।

pornography –नॉ'ग्रॅफ़ि n. अश्लील साहित्य, अश्लील साहित्य-रचना; वेश्यावृत्त, गणिका-विवरण।

porocyte ⊙ पो'रसाइट् n. **छिद्रकोशिका^F।**

poroid ⊙ पो'राऐड् a. (वन०) **रन्ध्रिकाभ,** T.

porometer ⊙ पोऑरॉ'मिटॅर् n. रन्ध्रमान, छिद्रमापक यन्त्र, (वन०) **रन्ध्रमापी,** T.

poroscope ⊙ पोऑ'रॅस्कोप् n. रन्ध्रेक्ष।

porose ⊙ पोऑ'रोस् a. छिद्रिल, रन्ध्रिल, छिद्रयुक्त, रन्ध्रमय, छेददार।

porosity –रॉ'सिटि n. (चि०) **छिद्रिलता^F,** रन्ध्रिलता^F, छिद्रयुक्तता^F, रन्ध्रमयता^F, (भौ०, रसा०, कृषि०) **सरन्ध्रता^F।**

porous –'रॅस् a. रन्ध्री, रन्ध्रिल, (कृषि०, यन्त्र०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल) **सरन्ध्र,** (वन०, भू०, यन्त्र०) **छिद्रल,** छिद्रिल, छिद्रयुक्त, छिद्रपूर्ण, छेददार, साँसेदार, झाँझर; रोमकूपमय, रोमकूपबहुल;

~ battery, ~ plate, ~ plug, ~ pot, ~ rock, ~ saucer, ~ septum, ~ soil, ~ tile, ~ wood.

porousness, porosity –निॅस्, रॉ'सिटि nn. रन्ध्रिलता^F, सरन्ध्रता^F, छिद्रिलता^F, छिद्रबाहुल्य, पोलापन,

झांझरपन; रोमकूपमयता^F।

porphyry पॉर्'फ़रि n. परिपृक्त शिला^F, श्वेत या रक्त स्फटिकशिला^F, स्फटिकयुक्त कड़ी चट्टान^F; (भूग०) आग्नेय शिला, पोरफेरी, प्रकेलास।

porpoise पॉर्'पॅस् n. शिंशुक, उलूपी, सूँस।

porraceous पॉ रे'शॅस् a. अवहरिपीत, पलाण्डुपीत, पीताभ हरा, प्याजी हरा, प्याजी पीला।

porrect[1] पॅरे'क्ट' v.t. आस्तृत करना, विस्तृत करना, फैलाना, खींचना, तानना।

porrect[2] a. (वन०) अग्राभिमुख, आस्तृत, विस्तृत, धरातलित, फैलाया हुआ, खींचा हुआ, ताना हुआ।

porrection –क्'शॅन् n. विस्तरण, धरातलन, फैलाव, खिंचाव, तनाव।

porret पॉ'रि'ट् n. लघु पलाण्डु, छोटी प्याज़^F।

porridge पॉ'रिज् n. यूष, जूष, जूस; (जई^F या जव आदिकी) दलिया या रबड़ी^F; लपसी^F, फिरनी^F; *keep one's breath to cool one's* ~ अपनी राय^F अपने लिए रखना।

porrigo पॉराइ'गो n. (निदान) दारुण, दद्रु^F, खोपड़ी^F की चमड़ी^Fका रोग।

porrima पॉरिमॅ n. (गणि०) पोरिमा, द्वितीय कक्षा।

porringer पॉ'रिन्जॅर् n. यूषपात्र, जूसपात्र, कटोरा।

port. Portugal; Portuguese.

port[1] पॉर्ट्' n. पत्तन, पोतस्थान, नौकाश्रय, बन्दर, बन्दरगाह; डाबा, वाया, T. (ला०) आश्रय, शरण-स्थल, आश्रयस्थान; पत्तन-नगर, बन्दरगाही शहर; closed ~ रुद्ध पत्तन, बन्द बन्दरगाह; free ~ अरुद्ध पत्तन, खुला बन्दरगाह; ~ admiral पत्तन नौसैनिक, पत्तननावाधिपति, पत्तननौसेनापति; ~ side (नौवि०) डाबा बाजू; ~ hole (नौवि०) मूका^F;

~ act, ~ authority, ~ charges, ~ clearance, ~ commission, ~ commissioner, ~ committee, ~ detachment, ~ dues, ~ embarkation, ~ holes, ~ lighter, ~ limits, ~ officer, ~ pol ce, ~ quarantine, ~ sub-committee, ~ trust, ~ trust bonds, ~ trust charges.

port[2] n. द्वार, मुख्यद्वार, सिंहद्वार, फाटक, सदर दरवाजा; कोटद्वार, दुर्गद्वार, नगरद्वार, पोतद्वार; (रसा०) ईंधन-द्वार, T.; (यन्त्र०) धूमछिद्र, चिमनी^F, धुआँकश; ~ hole (वायु^F, प्रकाश या तोप^Fके लिए) जहाजका झरोखा।

port[3] n. आचार, आचरण, व्यवहार, बर्ताव, चाल-ढाल^F; रंग-ढंग।

port[4] n. पोतका वामपार्श्व; (गुण०) वाम, बायाँ, उलटा।

port[5] v.t. & i. (कर्णको) वाममुख करना, (जहाजके) वामपार्श्वकी ओर करना; (पोत^Fका) वामवृत्त करना, अपने वामपार्श्वको ओर घूमना या घुमाना।

port[6] n. (~ *wine* भी) पुर्तगाली मदिरा^F, ओपोर्टोकी मदिरा^F, पोर्ट^F।

port[7] v.t. (सेना०, रायफल^F इत्यादि) वामस्कन्धकी सीध^Fमें लाना।

portability –टॅ'बि'लिटि n. वाह्यता^F, सुवाह्यता^F, संवहनीयता^F, परिवहनीयता^F, हलकापन।

portable –'टॅबॅल् a. वाह्य, सुवाह्य, संवहनीय, परिवहनीय, वहनीय, लघु, हलका, सफरी;

~ crane, ~ engine, ~ equipment, ~ heater, ~ machine, ~ motor, ~ plate, ~ set, ~ sprayer, ~ tool, ~ type-writer.

portage[1] –टिज n. संवहन, परिवहन; वहन-मूल्य, मजदूरी^F, ढुलाई^F; परिवहन-स्थल; ~ bill (परि०) आय-पत्र, mariner's ~ संवहन-क्षेत्र।

portage[2] v.t. (नाव या माल आदिका) परिवहन करना, संवहन करना, ले जाना, ढोना।

portal[1] पॉर्'टॅल् n. (शारीर०) प्रतिहार; मुख, द्वार, मुख्यद्वार, (वैमा०) सिंहद्वार, सदर दरवाजा; दुर्गद्वार; (रेल, यन्त्र०) चौखटा; ~ frame (यन्त्र०) चौखट, ड्योढ़ी कैंची^F; (परि०) द्वारमुख, कैंचीदार चौखटा।

portal[2] a. (जीव०) निवाहिका- (~ *heart*, ~ *septum*, ~ *system*), प्रतिहारीक, प्रतिहारिणी शिरा-विषयक; केशिकाभाजीय, यकृतके वक्र खातसे सम्बन्धित; ~ vein (जीव०) निवाहिका शिरा^F, (चि०) प्रतिहारिणी शिरा^F, केशिकाभाजि शिरा^F, यकृतशिरा^F; यकृद् धमनी^F।

portatile ⊙ पॉर्'टॅटिल् a. सुवाह्य, संवहनीय, परिवहनीय, लघु, हलका।

portative पॉर्'टॅटिव् a. वाह्य, सुवाह्य, संवहनीय, परिवहन-शील, हलका; वहन-विषयक, सुवहन-सम्बन्धी, संवहन-सम्बन्धी।

portcrayon पॉर्ट्'-क्रे'ॲन् n. अंकनी-पेटिका^F, अंकनी-पेटी^F, पेंसिल^Fका केस, पेंसिल^Fका डब्बा; क्रेयोनका हस्तक, चॉक पकड़नेका हैण्डिल।

portcullis पॉर्ट्'क'लिस् n. (दुर्ग-द्वारका) खिसकी दरवाजा, सरकनेवाली सुदृढ़ झँझरी^F; जालीदार जंगला।

portcullised –ड् a. खिसकी दरवाजेवाला।

porte-cohere (F) n. ड्योढ़ी^F।

portend पॉर्टे'न्ड्' v.t. पूर्वाभास देना, पूर्वज्ञान कराना, शकुनावशकुन बताना, अग्रसूचना^F देना, पूर्वचिह्न मिलना, पूर्वलक्षण मिलना; आगम देना, शकुन बताना, सगुन बताना; आगाह करना, चेतावनी^F देना, सचेत करना, चेताना, जताना।

portent –'टे'न्ट् n. उपक्रम, आगम, पूर्वलक्षण, पूर्वचिह्न, शकुन, सगुन; अघटित घटना^F, अद्‌भुत बात^F, अनहोनी^F; दुर्निमित्त, उत्पात, उपप्लव, अत्याहित, दुर्लक्षण, अवशकुन, दुश्चिह्न, अरिष्ट।

portentous –'टॅस् a. शकुनात्मक, शकुनकारी; औत्पातिक, अपशकुनकारी, अनिष्टसूचक, अपशकुनी, अशुभ।

porter[1] पॉर्'टॅर n. प्रतीहार, दौवारिक, द्वारपाल, ड्योढ़ीवान, दरबान।

porter[2]* पॉर्'टॅर् n. (रेल०) भारिक, वाहक, बोढा,

भारवाह, पल्लेदार, मजदूर, कुली*; यवासव-विशेष, जौकी तीव्र लाल मदिरा^{F}; ~-house ⊙ मधुशाला^{F}, मद्यपान-गृह, ठेका; ~'s knot इंडुरी^{F}, गेंडुरी^{F}, बिंडई^F ।

porterage –रिज् n. भारवाहन, **वाहन** (~*charge*), ढोवाई^F, बोझाई^F, कुलीगीरी^{F}; भारिकी^{F}, (रेल०) **भारिक-की मजदूरी**^{F}, भारिक शुल्क, वहनमूल्य, ढोनेकी मजदूरी^{F} ।

porteress पॉर्'टॅरि्स् n. दौवारिका^{F}, दौवारिकी^{F}, द्वारपालिका^{F}, द्वाररक्षिका^{F}, प्रतिहारी, फाटककी पहरेदारिन^F ।

porterly पॉर्'टॅर्लि a. भद्दा, भोंड़ा ।

portfire पॉर्ट्'फाअॅर् n. पटाका, पटाका उड़ानेका उपकरण ।

portfolio पॉर्ट्'फ़ो'लिओ n. (pl. -s) पत्रोद्वह, पत्राधान, पत्राधार, बस्ता; (ला०) कार्यभाग, सम्भाग, (राज०) **संविभाग**, विभाग, मन्त्रिपद, T.

portico पॉर्'टिको n. (pl. -s) द्वारमण्डप, **प्रमुख, ओसारा, ड्योढ़ी**^{F}, T. दालान, बरामदा, बरसाती^{F} ।

porticoed –ड् a. द्वारमण्डपयुक्त, बरसातीदार ।

portiere (L) पार्'टयेअॅर् n. (द्वारकी) यवनिका^{F}, पर्दा; द्वारका पर्दा, चिक^F ।

portion¹ पॉर्'शॅन् n. अंश, शकल, **खण्ड, भाग**; (जलपानगृहोंमें) खुराक^F, थालीभर भोजन; स्त्रीधन, दायजा, दहेज; भाग्य, क़िस्मत^F, नसीब, करम, तक़दीर^F; *a* ~ अंश, खण्ड, भाग, हिस्सा ।

portion² v.t. विभाजित करना, विभक्त करना, वितरण करना, भाग देना, हिस्सा लगाना, बाँटना; यौतुकदान करना, दहेज देना, दायजा देना ।

portioner –नॅर् n. भागी, सहभागी, भागीदार, हिस्सेदार ।

portioning –निंग् n. विभाजन, वण्टन, बँटवारा; विभाग ।

portionist –निस्ट् n. दानभागी, अतिरिक्त व्यय पानेवाला ।

portionless –लॅस् a. अविभक्त, अंशहीन; यौतुकहीन, दायविहीन, दायजारहित, बिना दहेजका ।

portlano (It.) n. जलयानिका^{F}, पोतसूची^{F} ।

portliness पॉर्ट्'लिनिस् n. विशालता^{F}, स्थूलकायता^{F}, भारीभरकमपन, मोटापा; भव्यता^{F}, ऊर्जस्विता^{F}, तेजस्विता^{F}, रोबीलापन ।

portly –लि a. पीन, पीवर, विराट, स्थूल, स्थूलकाय, विशाल, भारीभरकम, मोटा; ऊर्जस्वी, तेजस्वी, भव्य, दिव्य, उदात्त, धीर, रोबीला, शानदार ।

portmanteau पॉर्ट्'मैन्'टो n. (pl. -s, -x) (एक प्रकारका चमड़ेका थैला), बुगचा, पोर्टमैण्टो; मिश्रशब्द, संयुक्त शब्द ।

portrait पॉर्'ट्रिट् n. छविचित्र, व्यक्तिचित्र, आलेख्य, आलेखचित्र, भाचित्र, अनुकृति^{F}; छवि^{F}, प्रतिकृति^{F}, फोटो (~ *painter*); (मौ०) **रूपचित्र, शबीह**; (ला०) सादृश्य, समानता^{F}, प्रतिरूप, आदर्श, **नमूना**; शब्दचित्र, चित्रात्मक वर्णन; ~ figure (इति०) **प्रतिमा**^{F} ।

portraitist –टिस्ट n. चित्रकार, रूपकार, **वर्णकार**, चितेरा ।

portraiture –ट्रिचॅर n. चित्रण, आलेखन, **चित्रकारी**^{F}; चित्र, आलेख्य, तस्वीर^F; शब्दचित्र, चित्रात्मक वर्णन ।

portray पॉर्ट्रे' v.t. चित्र बनाना, आलेखन करना, प्रतिरूप बनाना, तस्वीर^F खींचना; शब्दचित्रण करना, चित्रात्मक वर्णन करना ।

portrayal –'ॲल् n. चित्रकारी^{F}, आलेखकारी^{F}, आलेखन, (चित्रात्मक) वर्णन ।

portrayer –'ॲर् n. चित्रकार, रूपकार, वर्णकार, चितेरा ।

portreeve पॉर्'ट्रीव् n. कोतवाल; नगरपति, मेयर ।

portress –'ट्रिस् n. प्रतिहारी^{F}, द्वारपालिका^{F}, द्वाररक्षिका^{F}, ड्योढ़ीदारिन^F ।

portuguese पॉ'च्यूगीज् a. & n. पुर्तगाली, पुर्तगालदेशीय, पुर्तगालवासी; पुर्तगाली भाषा^{F} ।

porus n. (चि०) **छिद्र** ।

pos., posit. positive.

P.O.S.B. Post Office Savings Bank.

pose¹ पोज् n. (शिक्षा०) **मुद्रा**^{F}, स्थिति^{F}, छवि^{F}, रूप, रीति^{F}, ढब, ढंग; ढोंग ।

pose² v.t. & i. वक्तव्य देना, बयान देना; प्रतिपादन करना, निरूपण करना, विषयस्थापन करना; स्वत्व प्रकट करना, अधिकार माँगना; अभियाचना^{F} करना, अभ्यर्थना^{F} करना; प्रस्ताव करना, प्रश्न उठाना, मामला पेश करना; (विशेष स्थिति^{F}में) चित्र रखना; मुद्रा^{F} बनाना, विशेष स्थिति^{F}में बैठना; प्रकट करना, प्रदर्शित करना; दम्भ करना, ढोंग रचना ।

pose³ v.t. (प्रश्नों या समस्या^{F}से) स्तम्भित करना, कुण्ठित करना, विमूढ़ करना, चक्करमें डालना; उलझन^F में फँसा देना ।

poser –'ज़ॅर् n समस्या^{F}, प्रश्न, उलझन^F, **पहेली**^{F}, स्तम्भित करनेवाला, उलझन^{F}में डाल देनेवाला, चक्कर देनेवाला ।

poseur (F) –'ज़र' n. (व्यवहारमें) बनावटी आदमी; बगला भगत, रँगा सियार ।

posh पॉश' a. (ग्रा०) सुन्दर, बाँका, छैला, टीम-टाम-वाला ।

posit पॉ'ज़िट् v.t. ग्रहण करना, तथ्यरूपमें मान लेना, सच मानना; अधिष्ठान करना, स्थित करना, आसीन करना, बैठाना, जमाना ।

position¹* पॅज़ि'शॅन्, n. तथ्य, सिद्धान्तवाक्य; प्रमेय, प्रतिज्ञा^{F}, उपक्षेप, प्रस्थापना^{F}; उक्ति^{F}, हेतु, पक्ष; सिद्धान्त-प्रतिपादन, तथ्यनिरूपण; (चि०) गर्भगति^{F}, अंगविन्यास, अंगस्थिति^{F}, दन्ध; आसन, (प्रा० भू०, रसा०, का०, भौ०) **स्थिति**^{F}*, बनाव; (भौ०) **अवस्थिति**^{F}, दशा^{F}, संस्थान, अवस्था^{F}, हालत; मनस्कोण, मनोभाव,

मनःस्थिति^F; दृष्टिकोण, विचारपद्धति^F; पद*,- **स्थल,** (का०, भौ०) **स्थान,** दर, ठाँव, ठौर, जगह; स्तर, कोटि^F, श्रेणी^F, हैसियत^F, दरजा; T., (सेना०) व्यूह, मोर्चा, (*the ~ was stormed*); प्रतिष्ठा^F, उच्चपद, श्रेष्ठस्थिति^F; (ला०) तुल्यदशा^F, तुल्यावस्था^F, समस्थिति^F, सदृशस्थिति^F; people of ~ प्रतिष्ठित जन; *in a ~ to do* करनेकी स्थिति^F में होना, करनेके योग्य होना; *in ~* उपयुक्त स्थानपर, ठीक जगह^F में; *out of ~* अनुपयुक्त स्थानपर;

~ angle, ~ circle, ~ effect, ~ error, ~ isomesism, ~ light, ~ line, ~ line table, ~ ratio, ~ report, ~ sense, ~ sign, ~ vector, ~ warfare.

position² v.t. स्थित करना, आसीन करना, बैठाना, जमाना, ठिकानेपर रखना; (सेना^F को) व्यूहबद्ध करना, मोर्चोंपर डटाना।

positional -'नॅल् a. स्थितीय, स्थैनिक; सैद्धान्तिक; अपेक्षणीय; दृष्टिकोणीय आदि।

positive¹ पॉ'जिटिव् n. भावात्मक गुण, अतुलनात्मक विशेषण; (त्रिकोण०) **धन;** हाँ।

positive² a. **विध्यात्मक,** कृत्रिम, औपचारिक, अप्राकृतिक, प्रयत्नसाध्य, बाह्य, बाह्यप्रेरित; **स्पष्ट,** असन्दिग्ध, अगूढ़, प्रत्यक्ष, परिस्फुट; निर्णीत, निर्दिष्ट, सुनिश्चित, अविशंक्य; अन्वयी; अवैकल्पिक, आवश्यक; स्थिर, पक्का; (व्यक्ति) दृढ़मति, दृढ़निश्चय, निर्विकल्प, निःसन्देह, (का०) **निश्चयात्मक,** नियत, निश्चित, **निश्चयी,** स्वमताग्रही, दृढ़विश्वासी, कट्टर; (व्या०) सामान्य, गुणवाची; (चि०) **प्रभावयुक्त;** प्रवृत्त; सीधा; परम, सर्वथा, नितान्त, अनन्य, निरुपाधि, विविक्त, अबाधित, निरंकुश; (बोल०) पूरा, पक्का, सरासर, बिलकुल, **अनुलोम; अनुकूल;** वास्तविक तथ्य विषयक, वस्तुपरक, व्यवहार्य, आचरणीय, सच्चा, असली; इहलौकिक, भौतिक, पार्थिव; अस्तिवाची, अस्त्यात्मक, (का०) **सकारात्मक, सकारी,** (ग०) **धन** (*~ quantity*), (बीजगणित) **धनात्मक;** (छायाचित्र) पाजिटिव; ~ (*degree of*) adjective भावात्मक विशेषण, सामान्य विशेषण; ~ electricity धनविद्युत्^F; ~ ethics (दर्श०) **व्यवहृत नीतिशास्त्र, वास्तविक नीतिशास्त्र;** ~ lynchet (इति०) **भरित उत्तल;** ~ number **धनात्मक संख्या**^F, (ग०) धन-संख्या^F ~ organ एक लघु आरगन; ~ pole (चुम्बकका) उद्ध्रुव, धनध्रुव, धनात्मक ध्रुव; (पृथ्वी^F का) दक्षिणी ध्रुव; ~ science तात्विक ज्ञान; ~ sign धनचिह्न (+);

~ acceleration, ~ adaptation, ~ angle, ~ aspect, ~ association, ~ attribute, ~ catalyst, ~ character, ~ charge, ~ check, ~ clutch, ~ column, ~ condition, ~ correlation, ~ crystal, ~ deviation, ~ discharge, ~ duty, ~ electrode, ~ electron, ~ elongation, ~ evidence, ~ eyepiece, ~ factor, ~ feedback, ~ freedom, ~ health, ~ instances, ~ interest, ~ ion, ~ moment, ~ morality, ~ movement, ~ pedal, ~ plate, ~ pole, ~ potential, ~ print, ~ proof, ~ ray, ~ ray analysis, ~ response, ~ result, ~ reaction, ~ science, ~ side, ~ skewness, ~ strike, ~ term, ~ test, ~ testimony, ~ utility, ~ value, ~ virtue, ~ wave.

positiveness, positivity -'निॅस्, -'विटि nn. स्पष्टता^F, सुनिश्चितता^F, दृढ़निश्चय, असन्दिग्धता^F, भावात्मकता^F, धनात्मकता^F; सकारात्मकता^F; याथार्थ्य, मताग्रह, हठीलापन।

positivism -'विज़्म् n. गोचरवाद, (अर्थ०, शिक्षा०) **प्रत्यक्षवाद,** प्रमाणवाद, साक्षाद्वाद, वास्तविकतावाद; (अर्थ०, शिक्षा०) **वस्तुनिष्ठावाद;** प्रत्यक्षवादी, धर्म, प्रत्यक्ष ज्ञानपर आधृत मतवाद।

positivist -'विस्ट् n. गोचरवादी, प्रत्यक्षवादी, प्रमाणवादी; (राज०) **व्यवहारवादी,** विश्वासी; भाववादी।

positivistic -'टिक् a. गोचरवादीय, प्रत्यक्षवादी-विषयक, प्रमाणवादी।

posnet पॉस्'निॅट् n. लघुस्थाली^F, क्षुद्रस्थाली^F, छोटी थाली^F, छोटा तसला।

posological पॉसॅलॉ'जिकॅल् a. औषधमात्रिकीय, औषधमात्रा-विज्ञान-विषयक, औषधमात्रा-शास्त्र-सम्बन्धी।

posology पॅसॉ'लॅजि n. (चि०) मात्राव्यवस्था^F; औषधमात्रिकी^F, औषध-मात्रा-विज्ञान, औषधमात्रा-शास्त्र-मात्रा-विज्ञान।

posse पॉ'सि n. दल, आरक्षी दल, सिपाही दल; सशस्त्र सेना^F, दृढ़वाहिनी^F; सम्भावना^F, शक्यता^F, ~ comitatus राष्ट्रशक्ति^F, ~ *comitatus* (L) n. देशभक्ति^F, देशबल; दलबल, जातिबल।

possess पॅजे'स् v.t. स्वत्व रखना, आधिपत्य रखना, अधिकार रखना, स्वामी होना, अधिपति होना, मालिक होना; मुक्त करना; धारण करना; दखल रखना, काबिज होना, पास रखना; (प्रतिभा^F, गुण आदिसे) सम्पन्न होना, युक्त होना, विभूषित होना, अलंकृत होना; (धैर्य आदि) धारण करना, रखना; स्ववश होना, काबूमें रहना, जामेके अन्दर रहना; (भूत आदिका तथा ला०) आविष्ट करना, ग्रसना, आक्रान्त करना, अभिभूत करना, उपहत करना, सिर चढ़ना, पकड़ना; अन्वित होगा, उपपन्न होना, उपेत होना, युक्त होना; ~ one *self of* लब्ध करना, अधिगत करना, हस्तगत करना, प्राप्त करना, पाना; अधिकार करना, कब्जा करना।

possessed -ड् a. अधिष्ठित, अधिकृत, दखल किया हुआ, कब्जेमें; भोगभुक्त, आत्मसात्कृत; आक्रान्त, अधीन, हस्तगत, स्वायत्तीकृत, विजित; *like all ~* ⊙ आवेशके साथ, जोशके साथ; भूताविष्ट, भूतग्रस्त।

possession -'शॅन्, n. स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, अधिकार, स्ववश, दखल, (विधा०, का०) **स्ववश**

कब्जा, कब्ज़ा; भोग, भुक्ति^{F}, आत्मसात्करण; आक्रमण, स्वायत्तीकरण; भूतबाधा^{F}; (बहु०) वित्त, विभव, वैभव, सम्पत्ति^{F}, सम्पन्नता^{F}, धनदौलत^F; बाधा^{F}, पीड़ा^{F}; (विशे० शत्रुका) अधिकृतक्षेत्र; (बहु०) (का०) **द्रव्यजात**; (दर्श०) **परिग्रह**; *in* ~ (वस्तु^{F}) अधिकृत, वशवर्ती, हस्तगत, अधीन (व्यक्ति) स्वामी, अधिपति, अधिकारी, *in ~ of* अधिपति, अधिकारी, पासमें रखनेवाला; *in the ~ of* अधिकृत होना, वशवर्ती होना, अधीन होना, कब्जेमें होना; *rejoice in the ~ of* सौभाग्यसे रखना, (वस्तु^{F}के) अधिकारका सौभाग्य होना ।

possessional –'नॅल् a. स्वत्वीय, स्वामित्व-सम्बन्धी, आधिपत्य-विषयक, अधिकार-सम्बन्धी, दखलका, कब्जेका; भोगभुक्ति-विषयक, आत्मसात्करण-सम्बन्धी; आक्रान्त, स्वायत्त, कब्जेमेंका ।

possessionalism –'नॅलिज़्म् n. वैयक्तिक सम्पत्त्य-धिकारवाद, व्यक्तिगत सम्पत्ति-अधिकारका सिद्धान्त ।

possessionate[1] –नॅट् n. वैभवयुक्त भिक्षु, सम्पत्तिधारी मठवासी ।

possessionate[2] a. वैभवधारी, सम्पत्तिधारी ।

possessionlessness पॅज़े'शन्-लिॅस्-निस् n. (दर्श०) **अपरिग्रह, आकिंचन्य ।**

possessive[1] पॅज़े'सिव् n. षष्ठी, सम्बन्ध, सम्बन्ध कारक, सम्बन्ध वाचक शब्द ।

possessive[2] a. स्वत्वीय, आधिकारिक, अधिकारात्मक, कब्जेका; (व्या०) सम्बन्ध-, सम्बन्धवाचक, (~ case) ।

possessiveness –'निॅस n. स्वत्वात्मकता^{F}, अधिकारात्मकता^{F}, सम्बन्धबोधकता^{F} ।

possessor –सॅर्, n. भोगी, भोक्ता, स्वामी, अधिपति, धारक, धारण करनेवाला; अधिकारी, दखलदार, (राज०) **कब्जा करनेवाला**, मालिक ।

possessory –'रि a. स्वत्वीय, स्वत्व-विषयक, आधिपत्य-सम्बन्धी; ~ action (का०) **कब्जा लेनेका वाद, कब्जा लेनेका कार्य**; ~ lien (का०) **कब्जा-गहन, कब्जा-धारणाधिकार, कब्जा-ग्रहणाधिकार**; ~ title धारण-स्वत्व, (का०) **कब्जा-आगम, कब्जा-हक** ।

posset पॉ'सिॅट् n. पेय विशेष ।

possibilism पॉसि'बिलिज़्म् n. साध्यवाद, सम्भावनावाद ।

possibilist –'लिस्ट् n. साध्यवादी, सम्भावनावादी, उपपत्तिवादी, व्यवहारवादी ।

possibility –'लिटि, n. **शक्यता**^{F}, उपपत्ति^{F}, साध्यता^{F}; **सम्भाव्यता**^{F}, **सम्भवता**^{F}, सम्पाद्यता^{F}, घटनीयता^{F}, करणीयता^{F}, होनहारी^{F}; **सम्भावना**^{F}, सम्भव अवस्था^{F}, सम्भव घटना^{F} ।

possible[1] ऍबॅल, n. प्रथम स्थान, सर्वोच्च विजयांक, अधिकतम सम्भव अंक; सम्भाव्य प्रत्याशी या अभ्यर्थी; *do* one's ~ यथाशक्य, यावच्छक्य, यथासम्भव, शक्तिभर ।

possible[2]* a. **शक्य**, साध्य, सम्पाद्य, **सम्भाव्य सम्भव***, करणीय, व्यवहार्य, घटनीय;

~angle, ~ combination, ~ solution.

possibly –'लि adv. सम्भवतः, शक्यतया, यथाशक्य, यथासम्भव; कदाचित्, कदापि, स्यात्, शायद ।

possum पॉ'सॅम् n. (बोल०) *play* ~ बीमार बनना, बीमारी^{F}का बहाना करना ।

post[1] पोस्ट्' n. दण्ड, स्थाणु, स्तम्भ, **थम्ब** (~ *plate*), खम्भा, थून; (स्था०, यन्त्र०) **बाही**^{F}, **बाजू**^{F}, बल्ली^{F}, लग्गा, लग्गी^{F}, खूँटा; (रेतीले पत्थर आदिकी) घनी पर्त^F; (खान^{F}में, कोयलेका) ऊँचा ढेर; ~-mill खम्भेपर लगी पवन-चक्की^{F}; starting-~ प्रारम्भिक स्तम्भ, (दौड़^{F} प्रारम्भ करनेके स्थानपर गड़ा) खूँटा; winning-~ दौड़^{F} की अन्तिम सीमा^{F}का निर्देशक स्तम्भ ।

post[2] v.t. चिपकाना, लगाना; (प्रचार-पट्ट द्वारा) विज्ञापन करना, प्रचार करना; (लापता जलपोतका) विज्ञापन देना, नाम प्रकाशित करना ।

post[3] n. प्रहरिस्थान, अवस्थान, **चौकी**^{F}; (लाक्ष०) कर्मभूमि^{F}, कर्तव्यक्षेत्र; व्यूह, मोर्चा; व्यूहस्थ सैन्य; (राज०) **केन्द्र**; दुर्ग, गढ़, कोट, किला; व्यावसायिक संस्थान, व्यापारिक चौकी^{F}; (विधा०, राज०) **पद**, पदवी^{F}, (विधा०) **स्थान**, (विधा०, राज०) **जगह**, ओहदा; first ~ विश्राम-बिगुल; last ~ शोक-बिगुल ।

post[4] v.t. (सैनिकोंको) नियुक्त करना, चौकी^{F}पर बैठाना; (सेना^{F}०, नौसेना^{F}०) आयुक्त करना, पदारूढ़ करना; **पदपर नियुक्त करना, स्थानमें तैनात करना ।**

post[5] n. पत्रवाह, प्रजवी धावन, द्रुतगामी दूत; पत्रवाहन, पत्रयान, डाकगाड़ी^{F}; अश्वारोही डाकिया; प्रेष, **डाक**^{F}; प्रेषालय, डाकघर, डाकखाना; पत्रपेटी^{F}, लेटरबाक्स; कागजका विशेष आकार (लगभग २०×१६); ~-bag **डाक थैला**, डाक^{F}का थैला; ~-boat प्रेष-पोत, डाक-नौका^{F}, डाक^{F}का जहाज; ~ box **डाक-बॉक्स**; boy पत्रवाहक; अश्वारूढ़ सारथि; ~ card प्रेषपत्रक, कारड, **पोस्टकार्ड**; ~-chaise (इति०) प्रेषवाहन, डाक^{F}की गाड़ी^{F}; ~ free डाकव्ययमुक्त; ~-haste n. & adv. शीघ्रता^{F} (पूर्वक), द्रुतगति^{F} (सहित); ~-horse प्रेषाश्व, डाक^{F}का घोड़ा; ~man पत्रवाहक, डाकवाहक, **डाकिया**, चिट्ठीरसाँ, पोस्टमैन; ~mark डाक^{F}की मुहर^F; **मोहर-छाप**^{F}, (v.t.) डाक^{F}की मुहर^F लगाना; ~master प्रेषाध्यक्ष, **डाकपाल, पोस्टमास्टर**, डाकबाबू, ~mastership प्रेषाध्यक्षता^{F}, पोस्टमास्टरी^{F}; ~mistress प्रेषाध्यक्षा^{F}, पोस्टमास्टरानी^{F}; ~-office **डाकघर** डाकखाना, पोस्टआफिस; ~-paid डाकव्यय-दत्त; ~-town प्रेषनगर, डाकनगर; *by return of* ~ वापसी डाक^{F}से ।

post[6] v.i. & t. द्रुतयात्रा^{F} करना, लाँघना, डाकना; पत्र छोड़ना, चिट्ठी^{F} डालना, **डाक^{F}में डालना** या छोड़ना, डाक द्वारा भेजना, प्रविष्ट करना, **इन्दराज करना**, खतियाना, खातेमें चढ़ाना; नियुक्त करना; ~*up* पूर्ण विवरण देना, खुलासा ब्योरा देना; (रोकड़^{F} खतिया कर) वहीखातेको पूर्ण करना ।

post[7] adv. संवेग, द्रुतगति^{F}से, तत्काल, बड़ी शीघ्रता^{F}से;

पत्रवाहक अश्वोपर ।

post-[s] (संयोगमें) पश्च, पश्चात्, पर, परा, उत्तर (~-*dated*) ।

post- पश्च-, उत्तर-, -उत्तर, पर (~ *classical*, ~ *communion*, ~-*costal*, ~-*dated*, ~-*dilution*, ~-*entry*, ~-*exilian*, ~-*fix*, ~-*graduate*, ~-*impressionism*, ~*lude*, ~*millennial*, ~-*natal*, ~-*nuptial*, ~-*pliocene*, ~-*tertiary*, ~-*war*) ।

postage पोस्'टिज् n. प्रैष, डाक[F]; प्रेषशुल्क, डाकव्यय; **डाक-भार**, ~ account (वाणि०) **डाक-भार लेखा**; ~ book (वाणि०) **डाक-बही**[F] '~due' article **'देय डाक-भार' वस्तु**[F]; '~ due' stamp **'बैरंग' मोहर**[F]; **'देय डाक-भार' मोहर**[F]; ~ stamp डाक[F]-का टिकट;

~ account, ~ charges, ~service stamp, ~s recovered account.

postal –टॅल् a. प्रेष-, प्रैष, प्रेषीय, डाक[F], **डाक सम्बन्धी**, डाक[F]का; ~ union अन्तर्राष्ट्रीय प्रेषसंघ, अन्तर्राष्ट्रीय डाकसंघ;

~ address, ~ article, ~ certificate, ~ circle, ~ concession, ~ confirmation, ~ despatch, ~ facility, ~ information, ~ manual, ~ matters, ~ notice, ~ officer, ~ omnibus, ~ orderly, ~ reciept, ~ stamps, ~ stationery, ~ terms, ~ traffic, ~ union, ~ unit, ~ vote.

postaxial पॉस्टैक्'सिॲल n. (चि०) **अक्षाभि पृष्ठ**; ~ rays (जीव०) **पश्चाक्ष अर** ।

posteen पॉस्टीन n. पोस्तीन ।

post-embryonic पोस्ट्-ऍम्ब्रिऑ'निक् a. (चि०) भ्रूणावस्थोत्तर, **पश्चभ्रूणीय** (~ *development*) ।

post-epidemic ⊙ पोस्ट्-ऍपिडे'मिक् a. (चि०) मरणोत्तर ।

poster पोस्'टॅर् n. जवाश्व; प्रचारपत्र लगानेवाला, विज्ञापनपत्र लगानेवाला; प्रचारपट्ट, विज्ञापनपत्र, **विज्ञापन**, विज्ञप्ति[F], **इश्तहार**; (~ room), डाकिया, हरकारा ।

post restante (F) n. सुरक्षित डाक-विभाग ।

posterior[1] पॉस्टीॲ'रिॲर् n. (एकव० या प्रा० बहुव०) नितम्ब, गुदप्रदेश, चूतड़ ।

posterior[2] a. (वाणि०, कृषि०) **पश्च**; अवर, उत्तर, पश्चात्कालीन, उत्तरवर्ती, उत्तरकालीन, पीछेका, बादका, पिछला, (चि०) पश्चाद्भागीय; ~ fontanella (चि०) **शिवरन्ध्र** ।

~ adductors, ~aorta, ~ canaliculus, ~ chamber, ~ column, ~ commissure, ~ cornua, ~ horn, ~ media, ~ mediastinum, ~ pharynx, ~ presentation, ~ probability, ~ retractor.

posteriority –ऑ'रिटि n. पश्चता[F], अवरता[F], उत्तरता[F], पश्चात्कालीनता[F], उत्तरकालीनता[F] ।

posteriorly –रिॲर्'लि adv. परतः, उत्तरतः, पश्चतः, पश्चात् ।

posterity पॉस्टे'रिटि n. (दर्श०) **भावी सन्तति**[F], अपत्य, वंशज, सन्तान[F], औलाद[F]; (दर्श०) **भावी पीढ़ियाँ**[F], आगामी नस्ल[F] ।

postern पॉ(पो)स्'टॅर्न् n. (प्रा०) पश्चद्वार, पृष्ठद्वार, पिछवाड़ेका दरवाजा; पक्षद्वार, पार्श्वद्वार, बगलका दरवाजा; (गुण०) पश्च-, पृष्ठ-, पक्ष-, पार्श्व-, पिछला, बगलका ।

post-facto ⊙ पोस्ट् फैक्'टो n. **कार्योत्तर, घटनाके बाद** ।

postfix पोस्ट्'फ़िक्स् v.t. प्रत्यय लगाना, प्रत्यय जोड़ना ।

post-glacial पोस्ट्-ग्ले'शॅल् a. हिमयुगोत्तर, उत्तर हिमयुगीय ।

post-graduate पोस्ट्-ग्रै'ड्युॲट् a. स्नातकोत्तर, परस्नातक ।

post-gram ⊙ पोस्ट्'ग्रैम् n. **तार-पत्र** ।

post hoc ergo propter hoc (L) (दर्श०) **यत्पूर्वं तत्कारणम्**, बादकी घटना[F]को हेतु समझनेका हेत्वाभास ।

posthumous पॉस्'ट्यूमॅस् a. मरणोत्तर, निधनोत्तर; पितृमरणोत्तर, पितृनिधनोत्तर-जात (~ *child*); मरणानन्तर-प्रकाशित (~ *book*) ।

posthumously –लि adv. मृत्यूपरान्त, मरणानन्तर ।

postiche[1] पॉस्टीश्' n. क्षेपक, प्रक्षेप; खोट, जाल; कृत्रिम केशगुच्छ, कृत्रिम सज्जा[F] ।

postiche[2] a. कृत्रिम, अस्वाभाविक, बनावटी, दिखावटी, जाली, नकली ।

posticous पॉस्टाइ'कॅस् a. वहिरस्थ, पार्श्वस्थ ।

postil पॉस्'टिल् n. पार्श्व-टिप्पणी[F], पार्श्व-टीका[F], हाशियेपरका नोट, (विशे० बाइबिल[F]का); भाष्य, टीका[F], व्याख्या[F], आलोचना[F] ।

postilion, -llion पॅस्टि'ल्यॅन्, –ल्यॅन् n. अश्वारूढ़ सारथि या गाड़ीवान ।

postillate पॉस्'टिलेट् v.t. & i. टिप्पणी[F] करना, व्याख्या[F] करना; धर्मोपदेश करना, उपदेश देना, धर्म-व्याख्यान देना ।

postillation –ले'शॅन् n. टिप्पणीयन, व्याख्याकरण, धर्मोपदेशन, उपदेशन, धर्मव्याख्यान ।

posting पोस्'टिंग् n प्रपंजीयन, प्रपंजीकरण, (वाणि०) **खतियाना**, रजिस्टरमें चढ़ाना; **दर्ज करना; डाक**[F]**में डालना; डाक**[F] **भेजना**; प्रेषण, भेजना; नियुक्ति[F], (का०) **स्थापना**[F], **पदस्थापना**[F]; **तैनाती**[F]; ~ guard **रक्षी-नियोजन, गारद तैनात करना**; ~ order **तैनाती आदेश**; ~ sheets **प्रविष्टिपत्र, इन्दराजपत्र** ।

postliminy पोस्ट्लि'मिनि n. स्वदेशागमन-अधिकार, अपने देश आनेका अधिकार; (सन्धि[F]के अनन्तर) सम्पत्ति-प्रत्यर्पण, छीनी हुई सम्पत्ति[F] वापस करना ।

postlude पोस्ट्'ल्यूड् n. अन्तिम गति^F, आखिरी गति^F, आखिरी चाल^F।

postmaster पोस्ट्'मास्टर् n. (आक्सफोर्ड) मर्टन महाविद्यालयका छात्र; दे० POST[4] भी।

post meridiem (L) adv. अपराह्ण, मध्याह्नोत्तर।

post-meridian पोस्ट्-मि'रि'डिअन् n. (वन०, परि०) **अपराह्ण**।

post mortem पोस्ट्'मॉर्'टे'म् (L) n. (पशुपालन) **शव-परीक्षा**^F, (मरणोत्तर), आशुमृतकशव परीक्षा^F; a. (का०, चि०) **मरणोत्तर**, मरणकालान्तर; adv. मरणोपरान्त, मरनेके पश्चात्।

post-mortem[2] a. मृत्यूत्तर, मरणकालीन, मरणोत्तर, मृत्यूपरान्त, (~ *examination*)।

post-mortem[3] adv. मृत्यूत्तर, मृत्यूपरान्त, मरणान्तर, मृत्युपश्चात्।

postnatal पोस्ट्-ने'टल् a. (का०) **जन्मोत्तर**, प्रसवोत्तर (~ *care*)।

postnuptial पोस्ट्-नप्'टल् a. परिणयानन्तर, (का०) **विवाहोत्तर**, विवाहानन्तर, विवाहोपरान्त, विवाहके बाद।

post-obit[1] पोस्ट्-ऑ'बिट् n. मरणोत्तरी बन्धपत्र।

post-obit[2] a. (का०) **मरणोत्तर-प्रभावी**, मरणोपरि लागू होनेवाला; ~ bond (का०) **मरणोत्तर-प्रभावी बन्ध**।

post-oral पोस्ट्-ऑ'रल् a. मुखपृष्ठीय, पृष्ठमुखीय, मुँहके पीछेवाला।

post-partum पोस्ट्-पार्'टम् a. (चि०) जन्मोत्तर, **प्रसवोत्तर**।

post-pliocene पोस्ट्-प्लाइ'अॅसीन् a. नवनूतनकालोत्तर, उत्तरनवनूतनकालीन।

postponable पोस्ट्पो'नॅबल् a. व्याक्षेप्य, विलम्ब्य, स्थगनीय, विस्थगनीय, स्थगित करने योग्य, टालने योग्य।

postpone –न् v.t. & i. स्थगित करना, विस्थगित करना, व्याक्षेप करना, विलम्बित करना, (का०) **आगे बढ़ाना**, टालना; (का०) **मुल्तवी**^F **करना**; (किसी वस्तुको दूसरीसे) हेय समझना, घटकर मानना; (निदान०, जूड़ी^F आदिका) समयोपरान्त आना, विलम्बसे आना, देर^Fसे आना।

postponed –ड् a. स्थगित।

postponement –न्'मॅन्ट् n. स्थगन, विस्थगन, विलम्बन, व्याक्षेप (~ *certificate*) **मुल्तवी**^F, (का०) **आगे बढ़ाना**।

postponer –नॅर् n. व्याक्षेप्ता, विलम्बयिता, स्थगनकर्ता, विस्थगनकर्ता, स्थगित करनेवाला, टालनेवाला।

postposition पोस्ट्पॅज़ि'शॅन् n. (व्या०) परसर्ग, सम्बन्धवाचक प्रत्यय, सम्बन्धद्योतक अव्यय।

postpositive पोस्ट्पॉ'ज़िटिव् a. अनुयोजित, प्रत्ययित, बादमें जोड़ा हुआ।

postprandial पोस्ट्प्रैन्'डिअॅल् a. भोजनोत्तर, भोजनानन्तर, भोजनोपरान्त, शाम^Fके खानेके बादका (~ *oration*)।

postrorse ⊙ पॉस्'ट्रॉर्स् a. पृष्ठप्रवण, पृष्ठाभिमुख, पीछेकी ओर झुका हुआ; अधःप्रवण, अधोभिमुख, नीचेकी ओर झुका हुआ।

postscenium पोस्ट्सी'निअॅम् n. पृष्ठ-रंगमंच, रंगमंच-पृष्ठ, रंगमंचका पिछला भाग, थियेटरका पिछला हिस्सा।

postscript पोस्ट्'स्क्रिप्ट् n. अनुलेख, पश्चलेख, पुनश्च (लेख), उपलेख, बादमें जोड़ा गया अंश; अनुवार्ता^F, उपवार्ता^F, पुनर्वार्ता^F।

post-tertiary पोस्ट्-टर्'शॅरि a. तृतीयकोत्तर, उत्तर-तृतीय-युगीन।

postulant पॉस्'ट्यूलॅन्ट् n. प्रत्याशी, अभ्यर्थी, अध्यर्थी, प्रवेशार्थी, उम्मीदवार; धर्म-जिज्ञासु।

postulata (L) n. वांछित वस्तुएँ^F।

postulate[1] –लॅट् n. आधार-तत्त्व, आधारभूत तत्त्व, परमसिद्धान्त; परिग्रह, स्वीकृतपक्ष, **स्वीकृत तथ्य**, (ग०) स्वतःसिद्ध प्रमाण, गृहीतपद, पूर्वानुमान, पूर्वधारणा^F, उपधारणा^F; उपधारण, उपग्रहण; (रसा०) **मूल-कल्पना**^F, शर्त^F, मूल शर्त^F; (रेखा०) स्वयंसिद्धि^F।

postulate[2] –लेट् v.t. & i. उपधारण करना, उपग्रहण करना, परिग्रह करना, परिकल्पना^F करना, स्वीकृत करना, मान लेना, स्वीकार करना; बन्धक रखना, प्रतिबन्ध लगाना, शर्त^F रखना; आवश्यकता^F प्रकट करना, चाहना, माँगना; (ईसाई कानून) अनुज्ञासापेक्ष नामांकन या निर्वाचन करना।

postulate[3] –लॅट् a. **अभिगृहीत**।

postulation –ले'शॅन् n. अभियाचना^F, अध्यर्थना^F; परिग्रह; परिकल्पना^F, अनुमान; उपधारणा^F, उपाग्रह, पूर्वधारणा^F, पूर्वग्रहण; मूल प्रतिबन्ध, खास शर्त^F; अनुज्ञासापेक्ष नामांकन या निर्वाचन।

postulator –'ट्युलेटॅर् n. अभियाचक, अध्यर्थक; परिग्राहक; परिकल्पक; उपधारक, पूर्वधारक, पूर्वाग्रही।

postulatory –लॅटॅरि a. अभियाचकीय, अध्यर्थकीय; अभियाचनायुक्त, अध्यर्थी; उपधारणशील, परिग्रहशील; उपधारकीय, उपधारणायुक्त; परिकल्पनीय।

postural पॉस्'ट्युअॅरॅल् a. संस्थितीय, संस्थिति-विषयक, (चि०) **स्थिति-**, संस्थान-सम्बन्धी, चालढाल^Fका; अंग-विन्यास-विषयक, कायिक चेष्टा-सम्बन्धी, हाव-भावका; नाट्य-सम्बन्धी।

posture[1] –र् n. संस्था^F, संस्थिति^F, संस्थान; कायिक चेष्टा^F, (चि०, शिक्षा०) **आसन**, बन्ध, अंगविन्यास, हाव-भाव; नाट्य, चोचला, चाल-ढाल^F; अन्तर्दशा^F, (शिक्षा०) **अंगस्थिति**^F, मनःस्थिति^F, (चि०) **स्थिति**^F, दशा^F, रंग, हालत^F, रंग-ढंग, हाल-चाल^F; ~-maker नट, करतबी; ~-master नटविद्या-गुरु, व्यायामगुरु, व्यायामशिक्षक।

posture[2] v.t. & i. अंग-विन्यास करना, आसनमें आना या बैठना; ढंगसे रखना, कोई विशेष स्थिति^F ग्रहण करना, रंग पकड़ना, रंग-ढंगमें आना, किसी साँचेमें ढलना।

posturer –रॅर् n. अंग-विन्यासक, नट, हाव-भाव-प्रदर्शक,

चोचलेबाज ।

posturist –रिस्ट् n. अंग-विन्यास-विद्, कायिक-चेष्टा-वेत्ता, अभिनय-वेत्ता, हाव-भावका जानकार ।

posy पो'ज़ि n. (प्रा०) लेख, मुद्रिका-लेख, अंगुलीयक-लेख, रत्न-लेख; कुसुमस्तबक, पुष्पगुच्छ, गुलदस्ता; ~ ring आप्तवाक्ययुक्त मुद्रिका^F या अँगूठी^F ।

pot¹* पॉट् n. घट, (रसा०) **पात्र***, भाण्ड, भाजन, (रसा०) **हँडिया^F**, वर्तन*, वासन, पतीली^F, देगची^F, बटुई^F; पात्रक, चषक, प्याला, मग्गा; लोटा, गडुवा; जलपात्र; चायदान, काफीदान; गमला; मूत्रपात्र, पेशाब-दान; एक प्रकारका कागज (१५॥″×१२॥″); अतुल सम्पत्ति^F, अमित धनराशि^F; (दौड़^F प्रतियो०, ग्रा०) लम्बा दाँव, गहरा दाँव; T. ~-ale विपक्व मद्य, खमीर उठी हुई शराब^F; ~ arch (रसा०) **पात्र तापक, पॉट तापक** ~ barley भूसीरहित जौ; ~-belly तोंदूमल; ~-boiler जीविकार्थ साहित्य; साहित्य-जीवी; ~-bound (पौधा) गमलाबन्द; ~-boy, ~ man मदिरालयका कर्मचारी; ~-companion सहपायी, सहमद्यपायी; ~ culture (कृषि०) **गमला-प्रयोग, गमले द्वारा परीक्षण;** ~ hanger छींका, सिकहर; ~-head मूर्ख व्यक्ति, बेवकूफ़ आदमी; ~-herb शाक, साग-भाजी^F; ~ hole (भू०) **जलगर्तिका^F**; ~-hook अँगीठी^Fका कड़ा, वर्तनका कड़ा या काँटा; ~-house मधुशाला^F, मद्यशाला^F, मदिरालय, शराबघर; ~-hunter भुक्खड़ शिकारी, लालची शिकारी; अर्थ-कामी प्रतियोगी, पुरस्कारार्थी प्रतियोगी; ~-hunting a. & n. भुक्खड़ मृगया^F, भुक्खड़ (शिकारबाजी^F); पुरस्कारार्थ (प्रतियोगिता^F); ~ lead कृष्ण सीस, काला सीसा; ~ luck रूखा-सूखा, (*come and take ~ luck with us*); ~-metal काँच द्रव्य, धुँधला शीशा; मिट्टी^Fके वर्तनका टुकड़ा, मिट्टी^Fके बर्तनका ठीकरा; ~-shot भक्ष्य मृगया^F, भक्षणार्थ मृगया^F; छोटा शिकार, टुटपुँजिया शिकार; ~ stone **मृदुप्रस्तर, घीया पत्थर,** एक प्रकारका कणमय अभ्रक; ~-valiant पानवीर, मद्यवीर, सुराशूर; ~ wall(op)er गृहस्थ मतदाता; *big ~* बड़ा आदमी; *go to ~* नाश हो, भाड़में जाओ; *keep the ~ boiling* जीविकोपार्जन-रत रहना, रोजी^F चलाना, नून-तेल जुटाना; *make the ~ boil* दे० KEEP THE POT BOILING; *the ~ calls the kettle black* दूसरेकी फूली^F देखना अपना ढेंढर न देखना; सूप तो सूप छलनी^F क्या बोले, जिसमें बहत्तर छेद; *watched ~ never boils* तुलसी बिरवा बागके सींचेसे कुम्हिलायँ, आँजते-आँजते आँख^F कानी कर देना;

~bellied, ~ furnace, ~ glass, ~ gun, ~ lid, ~ liquor, ~ making, ~ marigold, ~ marjoram, ~ plant, ~ purslane, ~ shop, ~ sleeper, ~ still, ~ wagon.

pot² v.t. & i. (मक्खन, मछली^F इत्यादिको वर्तनमें) भरना, डालना, रखना; (गमलेमें) रोपना, लगाना; (अण्टा) पिलाना, गल्ले या थैलियोंमें डालना; वेधना, भेदना, निशाना मारना, दागना; प्राप्त करना, ग्रहण करना ।

potability पोटॅबि'लिटि n. पेयता^F, पानीयता^F ।

potable¹ –'टॅबॅल् n. (pl.) पेय, पेय पदार्थ ।

potable² a. (प्रायः हास्य०) (रसा०) **पेय** (*~ water*), पानीय, पीने योग्य, ढालने योग्य (*~ water*) ।

potage an gras (F) n. पखनी ।

potamic पॅटै'मिक् a. सरितीय, नदीय, नदीका ।

potamology पॉटॅमॉ'लॅजि n. सरिद्विज्ञान, नदीशास्त्र, नदविज्ञान ।

potassa पॅटै'स्', पॉ'टैस् n. = POTASH.

potash, (प्रा०) **potassa** पॉ'टैश्, पॅटै'स्', पॉ'टैस् nn. सज्जिका^F, सज्जी^F, क्षार, खार; (भू०, चि०) **पोटाश;** ~-water सज्जिजल, एक प्रकारका वाति-विशिष्ट जल;

~ alum, ~ bulb, ~ felspar, ~ glass, ~ mica.

potassic पॅटै'सिक् a. दहिक, पोटाशी, (कृषि०) **पोटा-सीय,** पोटासपूरक (*~ manure*) ।

potassium –सिअॅम् n. दहातु, (कृषि०, रसा०) **पोटैशियम;** ~ permanganate (श० र० शा०) **पोटास परमैंगनेट, लाल दवा^F;**

~ acetate, ~ alum, ~ bicarbonate, ~ bichromate, ~ bromide, ~ carbonate, ~ chlorate, ~ chloride, ~ cyanide, ~ ferri-cyanide, ~ iodide, ~ nitrate, ~ phosphate, ~ sulphate, ~ tetraoxalate.

potation पॅटे'शॅन् n. पान, मद्यपान, मदिरापान, पिलाई^F; (प्रायः बहु०) पान-प्रियता^F, मद्यपता^F, नशा-खोरी^F, शराबखोरी^F ।

potato* पॅटे'टो n. (pl. -es) (कृषि०) **आलू***, आलूका पौधा; ~ apple आलूका फल; ~-box, trap, मुख, मुँह; ~ chips (चर्बीमें भूने गये) आलूके लम्बे छिलके; *quite the ~* (बोल०) समीचीन, बिलकुल ठीक, सोलह आने ठीक ।

potatory पो'टॅटॅरि a. पेय, मद्यपानीय, मदिरापान-विषयक ।

poteen पॅटीन्' n. आयरलैण्डी शराब^F ।

potence, potency पो'टॅन्स्,–सि nn. **अन्तःशक्ति^F, वीर्य; बल,** शक्यता^F, **शक्ति^F**, क्षमता^F, समर्थता^F, सशक्तता^F; प्रबलता^F, जोर; **पुरुषत्व,** पुंस्त्व, ओजस्विता^F; प्रभविष्णुता^F, प्रभावशीलता^F; (कृषि०, चि०, शिक्षा०) **जननक्षमता^F**; तीव्रता^F; अकाट्यता^F, युक्तियुक्तता^F ।

potent –न्ट् a. सक्षम, प्रभावक्षम, समर्थ, सशक्त, प्रबल, शक्तिशाली, बलवान्; (का०) ओजस्वी, ओजपूर्ण, जोरदार; (तर्क) अकाट्य, युक्तियुक्त; (व्यक्ति) वीर्यवान्, प्रतापी, प्रतापवान्, दबंग; पुंसक, **जननक्षम;** (चि०) तीव्र, गुणकारी, प्रभावकारी ।

potentate पो'टॅन्टेट् n. प्रभु, राजा, सम्राट, अधिपति

नरेश्वर।

potential^1 पॅटे'न्'श्ल् n. विधिलिङ्; (विद्युत्०) विद्युत्-मात्रा^{F}, विद्युत्प्रभाव; (यन्त्र०, गणि०, भौ०) **विभव,** सम्भावना^{F}, सम्भाव्यता^{F}, शक्यता^{F}; सम्भव सूत्र, सम्भाव्य साधन।

potential^2 a **कार्यक्षम,** (राज०) **सम्भाव्य,** (राज०) शक्य, सम्भवनीय, सम्भावी, प्रभविष्णु; गुप्त, (गति० वि०) **स्थितिज;** ~ cautery (चि०) क्षारदहन कर्म; ~ difference शक्यान्तर, सम्भवान्तर; ~ energy स्थितिशक्ति^{F}, (भौ०) **स्थितिज ऊर्जा**^{F}; (चि०) शरीरकी स्थितिज शक्ति^{F}; mood विधिलिङ्;

~ ability, ~ analogies, ~ barrier, ~ demand, ~ divider, ~ drop, ~ enemy, ~ fall, ~ field, ~ fired, ~ function, ~ gradient, ~ heat, ~ instability, ~ marksman, ~ saturation, ~ sensitivity, ~ temperature, ~ value, ~ wealth, ~ ~ yield.

potentiality –'शिॲलिटि n. क्षमता^{F}, सक्षमता^{F}, सामर्थ्य^F, शक्ति^{F}, बल, पौरुष, प्रच्छन्न शक्ति^{F}; प्रभविष्णुता^{F}, शक्यता^{F}, सम्भावना^{F}।

pontentialize –'शॅलाइज् v.t. सक्षम करना, समर्थ करना, शक्तिमान् करना, बलवान् करना, पौरुष भरना: शक्य करना, सम्भाव्य बनाना; (शक्ति^{F}को) सुप्त करना, प्रच्छन्न दशा^{F}में लाना।

potentiate^1 –'शिएट् v.t. सक्षम करना, समर्थ करना, शक्तिमान् बनाना; शक्य बनाना, सम्भाव्य बनाना।

potentiate^2 –'ॲट् a. (राज०) **सत्तारूढ़,** शक्तिशाली।

potentiation –ए'शॅन् n. शक्तिवर्धन।

potentiometer –'ऑ'मि'टॅर् n. शक्यमान, विभवमान, (भौ०) **विभवमापी,** शक्ति या विभवमापक यन्त्र।

potentness पो'टॅन्ट्-निॅस n. सक्षमता^{F}, प्रभावक्षमता^{F}, समर्थता^{F}, सशक्तता^{F}, बलवत्ता^{F}; ओजपूर्णता^{F}, ओजस्विता^{F}; अतर्क्यता^{F}, युक्ति-युक्तता^{F}; वीर्यवत्ता^{F}, प्रतापवत्ता^{F}, दबंगपन; तीव्रता^{F}, गुणकारिता^{F}, प्रभावकारिता^{F}।

potful पॉट्'फुल् n. पात्रभर, बर्तनभर, लोटाभर, पतीली-भर इत्यादि।

pother^1 पॉ(प)'दॅर् n. धूलिपटल, धुन्ध^F, धूल-धक्कड़; दमतोड़ धुन्ध^F, जीघोंट धुआँ; रव, रोर, कोलाहल, कलबल, गुलगपाड़ा, हंगामा, हुल्लड़, हल्ला, हलचल^F, खलबली^{F}, शोरगुल; वाग्वितण्डा^{F}, तकरार^F, बकझक, चखचख^F, नोंक-झोंक^F; दुःख-कथा, दुखड़ा।

pother^2 v.t. & i. व्यामूढ़ करना, विमूढ़ करना, भरमाना; व्यथित करना, व्याकुल करना, परेशान करना, घबरा देना, चकरा देना, हड़बड़ा देना; कल्लोल करना, कलरव करना, कोलाहल करना, हुल्लड़ मचाना, हल्ला-गुल्ला करना, गुलगपाड़ा मचाना, चखचख^F करना, शोरगुल करना।

potiche पॉटिशे n. प्राच्य पात्र।

poticbomania पॉटिशॅमे'निॲ n. (शीशेके पात्रको) प्राच्य रीति^{F}से चित्रित करनेकी सनक^F।

potion पो'शॅन् n. (दवा^{F}की) मात्रा^{F}, खूराक^F, द्रव औषधि^{F}की एक मात्रा^{F}; (विष या औषध^{F}का) पान, घूँट।

potlatch,–lach(e) (Amevi, native) आदिवासी राजभोज।

potometer पॅटॉ'मि'टॅर n. (वन०) **उत्स्वेदन मापक, T.**

pot-pourri पो-पुऑरी n. गुलकन्द; साहित्य-संग्रह; संगीत-चयन।

potsherd पॉट्'शर्ड् n. पात्रांश, पात्र-खण्ड, बर्तनका टुकड़ा; (मृ०) **मिट्टी^{F}के बर्तनका टुकड़ा, मिट्टी^{F}के बर्तनका ठीकरा;** (प्रा०) कपाल, ठीकरा, खपटी^{F}, खपड़ी^{F}, खपरा।

pott पॉट्' n. कागजकी नाप^F (१५॥"×१२॥")।

pottage पॉ'टिज् n. (प्रा०) जूष, जूस, रसा, शोरवा; लपसी^{F}, रसादार सालन, जूसदार मांस।

potted –'टि'ड् a. भाण्डक्षिप्त, पात्र-क्षिप्त, पात्रमें रखा हुआ, बर्तनमें रखा हुआ।

potter^1 –'टॅर् n. चक्री, कुम्भकार, घटकार, **कुम्हार,** कुलाल; ~'s lathe कुम्हारकी खराद^F; ~'s wheel कुम्भकार-चक्र, कुम्हारका चाक; *every ~ praises his pot* अपना पूत सबको प्यारा।

potter^2 v. i. & t. बेगार करना, बेगार टालना; भटकना, जूती^{F} चटखाना, धूल^F फाँकना, खाक^F छानना, डुँड़आना, झख^F मारना, बेकार घूमना (*about* के साथ)।

potterer –'रॅर् n. बेगार करनेवाला; बेगार टालनेवाला, इत्वर, स्वच्छन्दचारी, भटकनेवाला, धूल^F फाँकनेवाला, जूती^{F} चटखानेवाला, खाक^F छाननेवाला, डुँड़आनेवाला, झख^F मारनेवाला।

pottery –'पॉ'टॅरि n. (रसा०) **मृद्भाण्ड, भाण्ड, मृत्तिका-भाण्ड,** मृत्पात्र, (रसा०) **मिट्टी^{F}के बर्तन;** कुम्भकारी^{F}, कुम्हारगीरी^{F}, कुम्भस्थान, घटस्थान, कुम्हराना, कुम्हरहा, कुम्हारकी दुकान^F; मिट्टी^{F}के बर्तनका कारखाना; ~clay भाण्ड-मृदा^{F}; भाण्ड-मृत्तिका^{F}, **कुम्हारी मिट्टी^{F}, बर्तनकी मृत्तिका^{F};** ~ kiln (इति०) आवाँ;

~coffin, ~ industry, ~ sequence, ~ type.

pottinger –'टिन्जॅर् n. पण्डित, महराज, रसोइया, खानसामा; जूस बनानेवाला, रसा बनानेवाला, शोरवा बनानेवाला; रसदार सालन बनानेवाला, जूसदार मांस पकानेवाला।

pottle –'टॅल् n. (प्रा०) आधे गैलनकी माप^F, आधे गैलनका पात्र; (बेतकी) टोपरी^{F}, टोकरी^{F}, टुकनी^{F}, डलिया^{F}।

potto पॉ'टो n. (अफ्रीकी) लंगूर, पोटो।

potty पॉ'टि a. तुच्छ, क्षुद्र, हेय, नगण्य, बेकार, मामूली (~ *questions*)।

potulent –'ट्यूलॅन्ट् a. आमत्त।

pouch^1 –'उच् n. (जीव०) **कोष्ठ, धानी^{F};** कोष, स्यून, थैला, थैली^{F}, झोली^{F}, खीसा, जेब; (प्रा०) बसनी^{F}, बटुआ;

पेशी^F; शस्त्रकोष, म्यान^F; (पौधोंका) बीजकोष, डौंड़ा, ढेंढ़ी^F, फली^F; उपजठर, तोंद^F ।

pouch² v.t. & i. कोषनिविष्ट करना, कोषस्थ करना, थैली^F या जेबमें रखना; हस्तगत करना, अधिकार करना, हवाले करना; (बोल०, सेवकों आदिको) पुरस्कृत करना, न्यौछावर देना, इनाम देना; थैली-सदृश लटकाना, जेबकी तरह लटकाना; हड़प करना, डकार जाना ।

pouch³ a. **जेबी, थैली** (~ *ammunition*, ~ *equipment*) ।

pouched –'ड् a. कोषयुक्त, थैलीदार, खीसादार, जेबदार ।

pouchy a. कोषीय, कोषवत्, जेबी, खीसे जैसा ।

poudrette पूड्रे'ट् n. (कृषि०) **विष्ठाचूर्ण**, पाँस, खाद^F; (कृषि०) **पुडरेट** ।

pouf, pouffe पूफ़्', पूफ़्' n. (बैठनेकी) गद्दी^F, गादी^F, पूफ; तुर्की कुर्सी^F, सोफ़ाकुर्सी^F; केशकलाप, बालोंका गुच्छा; जूड़ा; फुलाकर बाल सँवारनेका तरीका; चोटी^F ।

poult पोल्ट्' n. जीवक-शिशु, वन-कुक्कुट, भटतीतर, चूजा, बतख^F या मुर्गी^Fका बच्चा ।

poult-de-soie (F) n; पूदस्वा, महीन रेशमी वस्त्र ।

poulterer –'टॅरॅर् n. शौनिक; वैतंसिक, पक्षि-विक्रेता, कुक्कुट-विक्रयी ।

poultice¹ पोल्'टिस् n. प्रलेप, उपनाह, पुल्टिस, लेई^F; लपड़ी^F, भरता ।

poultice² v.t. प्रलेपन करना, उपनाह देना, पुल्टिस^F बाँधना, लेई^F बाँधना ।

poultry पोल्'ट्रि n. (कृषि०) कुक्कुटादि-उत्पादन, गृहपक्षी, पालतू मुर्गियाँ^F, बतख^F आदि; (कृषि०) **मुर्गी-पालन, कुक्कुटपालन**; T. ~ man कुक्कुटपालक; ~ boy, ~ developmental research, ~ farm, ~ farming, ~ husbandry, ~ house, keeper, ~ keeping, ~ manager, ~ manure, ~officer, ~ supervisor, ~ union, ~ unit.

pounce¹ पॉउन्स्' n. नख, पंजा, चंगुल; नखराघात, पंजेको मार^F, झपट^F, झपट्टा (रेल०, यंत्र०) T. (~ *bag*) ।

pounce² v.t. पंजा मारना, चंगुल मारना, दबोचना, झपट्टा मारना, चढ़ बैठना, झपटना; (ला०, त्रुटि^F आदि) पकड़ लेना, जान लेना, ताड़ जाना ।

pounce³ n. चित्रचूर्ण, चित्रकी बुकनी^F; मसिशोषणचूर्ण, स्याही^F सोखनेका चूर्ण ।

pounce⁴ v.t. चिकनाना, झकाझक करना, (झावाँ आदि से रगड़कर) निर्मल करना, साफ करना; चित्रचूर्ण धुरधुराना या छिड़कना; (चित्रचूर्ण छिड़ककर) प्रतिचित्र उतारना ।

pounced ○–स्ट्' a. नखमय, पंजेदार, चंगुलदार ।

pouncet-box पॉउन्'सिट्-बॉक्स् n. इत्रपात्र, इत्रदान ।

pound¹ पॉउन्ड्' n. प्रांजलिका^F, (रसा०, भौ०, ग०, अर्थ०) **पौण्ड** (=लगभग ११२ सेर); (~ *sterling* भी) गिन्नी^F, मुहर^F, अशरफी^F, पौण्ड; *penny wise and* ~ *foolish* अशर्फियों^Fकी लूट^F कोयलोंपर मुहर ।

pound² v. i. (एक पौण्डमें जितने सिक्के चढ़ते हैं उस हिसाबसे) एक सिक्केका तौल ज्ञात करना ।

pound³ n. पशु-अवरोध, (का०) **पशु अवरोधशाला^F**, पशु-निरोधालय, पिंजरापोल, पौनघर, **काँजीहाउस**; पशुशाला^F, ~ keeper **पशु अवरोधक**, गोठ, पशुबाड़ा, गौसार^F, मवेशी-घर, (ला०) शाला^F, बन्दीगृह, बाड़ा, अहाता; (आखेट) दुर्गम स्थान, जटिल स्थिति^F; ~ lock द्विद्वारीय शाला^F, दोदुआरी बाड़ा ।

pound⁴ v.t. अवरुद्ध करना, निरुद्ध करना, भितराना, बेंड़ना, बन्द करना ।

pound⁵ v.t. & i. चूर्ण करना, कूटना, काँड़ना, कुचलना, पीसना, पीटना, चूरा करना; मुष्टिप्रहार करना, मुकियाना, घूँसे मारना, गतका मारना, धमकाना, धमधमाना; प्रहार करना, पीटना, धुरना, धुनना, कुटम्मस करना; दलित करना, पीस देना, चपेटना, चटनी^F बनाना, कचूमर निकालना; लगातार गोली^F चलाना, गोलाबारी^F करना, गोले बरसाना; ठुमकना, धमाचौकड़ी^F मचाना, धम-धम दौड़ना ।

poundage पॉउन्'डिज् n. प्रतिपौण्ड शुल्क, प्रतिशत वेतन या पारिश्रमिक, प्रतिपौण्ड भारका मूल्य; निरोध-शुल्क, **छुड़ाई^F**, (कृषि०) **पाँडमान**, T.

pounder¹ पॉउन्'डॅर् n. क्षोदक, कूटनहार, पीसनेवाला; (विशे०) ऊखल, ओखली^F, काँड़ी^F, मुद्गर, मोंगरी^F, लोढ़ा, मूसल ।

pounder² n. अधसेरा, पौण्डभरकी वस्तु^F; एक पौण्डके गोलेवाली तोप^F; -~ इतने पौण्ड मूल्यकी या इतने पौण्ड तौलकी; इतने पौण्डका स्वामी या व्यक्ति ।

pounding –'डिंग् n. (यंत्र०, परि०, नौवि०) **अवपात**; पेषण, (यंत्र०, परि०) **कूटना**, कुटाई^F करना ।

pour¹ पोअॅर्' n. घोरवृष्टि^F, दरेरा, मूसलधार वृष्टि^F; **बहाव**; (सन्धानी^F या ढलाई^F) पिघली हुई धातु^Fका एक घान; ~ point **बहाव-तापांक**, (रसा०) **बहाव-बिन्दु**; ~ test (रसा०) **बहाव-परीक्षण** ।

pour² v.t. & i. आधारण करना, ढालना, ढारना, उँडेलना; प्रवाहित करना, स्रवित करना, बहाना, ढुलकाना, ढरकाना; निस्सरण करना, निसारना; दरेरा बाँधना, दरेरना; (प्रकाश) देना, निकालना; (प्रायः *forth*, *out* के साथ, पत्थर या गोले आदि) सन्नाना, सनसनाना, चलाना, उरसाना, धड़धड़ाना; (गाली^F आदि की) वर्षा^F करना, बौछार^F करना; (समूहको) धकेलना, तितरबितर कर देना, छाँट देना, भगाना, हटाना; (शब्द) लबलबाना, जल्द-जल्द बोलना; (संगीत) स्वरोंका तार बाँधना; (तरल पदार्थका) ढुरकना, बह निकलना, उमड़ना; धारासार वृष्टि^F होना, घोर वृष्टि^F होना, मूसलाधार बरसना; (ला०) अत्यधिक मात्रा^Fमें आना, उमड़ पड़ना, उमड़ना, भर जाना, ताँता बँध जाना (*letters* ~ *in from all quarters*); *it never rains but~s* (लाक्ष०) छिद्रेष्वनर्था बहुली भवन्ति, कंगाली^Fमें आटा गीला हो जाता है; मुसीबत^F या खुशी^F अकेली नहीं आती;

~ *cold water on* (ला०) निराश करना, निरुत्साहित करना; उमंगोंF पर पानी फेरना, हौसला ठण्डा करना; ~ *oil upon troubled waters* विद्रोहकी ज्वालाF को शान्त करना, उपद्रव मृदु शब्दोंमें शान्त करना, आगF ठण्डी करना।

pourboire (F) पुर्अब्वार n. उपदान, आनुतोषिक, पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम, बखशीशF, टिपF।

pourer पोअ'र्‌र् n. स्रावक, सेचक, सेक्ता।

pour faire rire (F) ठहाका मारना।

pouring १. –'रिंग् n. स्राव, सेचन; २. a. धारासार, मूसलाधार; ~ wet वेगके साथ बरसनेवाला।

pour memoire n. (राज०) **पर्चा**।

pourparler पुअ'र'पार्ले n. प्रारम्भिक चर्चाF, प्रारम्भिक विचार-विनिमय; आरम्भिक सम्मेलन, प्रारम्भिक कान्फरेन्स।

pour parler (F) सन्धि-वार्ताF।

pour passer le temps (F) समय बिताना, दिन काटना।

pour pendre conge (F) अवकाश ग्रहण करना, छुट्टीF लेना।

poussette[1] पूसे'ट्' n. फगुड़ीF, चाई-माईF (नाचका खेल)।

poussette[2] v.i. फगुड़ीF खेलना, चाई-माईF खेलना।

poussin n. कुक्कुटी-शावक, मुर्गीF का बच्चा।

pout[1] पॉउट् n. पाउट मछलीF; एक मत्स्य-प्रजातिF (*whiting, eel, horn,~*)।

pout[2] n. वहिःक्षेप (विशे० होठोंका); क्रोधावेश, होठोंकी लटकF; *in the ~s* मुँहलटका, चिड़चिड़ा, बिगड़ैल।

pout[3] v.t. & i. (होंठ) निकालना, काढ़ना, लटकाना, मुँह फुलाना।

pouter –'टर् n. बुदबुदक, होंठ लटकानेवाला, बेदुर काढ़नेवाला, बीदुर काढ़नेवाला, मुँह बिचकानेवाला; (खूब पेट फुला सकनेवाली) कबूतरकी प्रजातिF; (*whiting ~* भी) पाउट मछलीF।

poverty पॉ'वर्टि n. दारिद्र्य, निर्धनताF, अभाव, दीनताF, कंगालीF, तंगीF, गरीबीF; (चि०) आवश्यक द्रव्यों या संघटकोंकी कमी; (गुण आदिमें) मीनमेष, कोर-कसरF, खोट, कमीF, कोताहीF; नगण्यताF, तुच्छताF, हीनताF, छोटाई; विवशताF, असहायताF, असमर्थताF, लाचारीF; ~ ~ *breeds strife* दरिद्रताF कलहF की जड़F है; ~-stricken दीन, दरिद्र, अभावग्रस्त, गरीबीF का मारा; (ला०) शब्ददारिद्र्ययुक्त (*stricken language*)।

P.O.W. Prisoner of war; Prince of Wales.

powder[1]* पाउ'डर् n. क्षोद, पिष्ट; (चि०) **चूर्ण***, रज, चूरा, बूरा*, बुकनीF; रस, भस्म, चूरन; प्रसाधन-क्षोद, **पाउडर** (*~puff*); आग्नेय-चूर्ण, **बारूद**F; (खेल आदिमें) शक्तिF, वेग, बल, ताकतF; ~ ~blue चूर्णनील, चूर्णनील-रंग; ~-box पाउडरका डिब्बा; ~closet प्रसाधनकक्ष; ~-flask बारूदपात्र, बारूददान; ~-magazine बारूदशालाF, बारूदघर; *smell of ~* युद्धका अनुभव, लड़ाईका अनुभव;

~ method, ~ mill, ~ room, ~ van.

powder[2] v.t. क्षोदाच्छादित करना, चूर्णाविष्ट करना, चूरा छिड़कना, **चूर्णन करना, चूर्ण करना,** धुरकना, पीसना, भुरकना, बुरकना, बुकनीF बनाना; (किसी कागज या अन्य धरातलको छोटे-छोटे चित्रोंसे) सज्जित करना, छिटियाना।

powdered –ड्‌ a. क्षोदित, (यन्त्र०), चूर्णित, चूर्ण किया हुआ, पिसा हुआ;

~ brick, ~ charcoal, ~ milk.

powderiness –रिनि स् n. चूरणीयताF, पेषणीयताF, चूरा होनेकी क्षमताF; चूर्णसादृश्य, चूर्णमयताF।

powdery –रि a. क्षोदित, चूरणीय, पेषणीय; चूर्णवत्, चूर्णसदृश, पीसा हुआ; चूर्णमय, चूर्णाविष्ट, (*~ mildew*)।

power[1]* पॉउ'अर् n. वश्यताF, (जीव०, भौ०, रसा०) क्षमताF, शक्यताF, (स्थिति०, रसा०) सामर्थ्यF, बस; कर्तृत्व, पौरुष, पराक्रम; प्रतिभाF, धीशक्तिF, दिमागी ताकतF; (चि०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल) **शक्ति**F*, शौर्य, वीर्य, तेज, बल*, ऊर्ज, ओज, जोर, दम, ताकतF; स्फूर्तिF, फुर्तीF, सत्ताF, राज्य, शासन, सरकारF, हुकूमतF; ईश्वरत्व, प्रभुताF, विभव, ऐश्वर्य, अधिकार; अधिप, अधीश, सत्ताधिकारी, प्राधिकारी; नियन्त्रण, समधिकार, प्रभाव; दबाव, कब्जा; प्राधिकरण, प्राधिकृतिF, अधिकार-प्रदान; गौरव; (बहुव०) अतिशक्तिशाली राष्ट्र (*four big ~s*); देव, सुर, अमर, देवता; (ग्रा०) समुद्र, अपरिमित परिमाण, अगणित संख्या, भरमारF; (ग०) **आयास** (*~ arm*); (गणित) **घात** (*~ curve*); **यन्त्र,** शक्तियन्त्र, बलकल; यन्त्रशक्तिF, कलशक्तिF; शक्तिF; जलशक्तिF, विद्युतशक्तिF, (अर्थ०) **विद्युत्F, बिजलीF,** आतिशी शीशेकी आकर्षण-शक्तिF; ~ off (वैमा०) **इंजन बन्द,** ~ on (वैमा०) **इंजन चालू,** ~ politics सत्तार्थक राजनीतिF, अधिकारार्थ राजनीतिF; (राज०) **शक्ति राजनीतिF, बल राजनीतिF,** ~-station विद्युत्केन्द्र, बिजलीघर; the ~s that be वैधानिक सत्ताएँF, विधान-सम्मत अधिकारी-वर्ग;

~ alcohol, ~ applied, ~ available, ~ channel, ~ cleaning, ~ consumption, ~ curve, ~ demand, ~ department, ~ ~ development, ~ driven blower, ~-driven compressor, ~ duster, ~ equation, ~ factor, ~ failure, ~ ferry, ~ fishing, ~ jitter, ~ generation, ~ hammer, ~ house, ~ implements, ~-lathe, ~ level, ~ lift, ~ lines, ~ loom, ~ loom cloth, ~ loss, ~ mill, ~ output, ~ plant, ~ potential, ~ press, ~ pressure, ~ resources, ~ shovel, ~ sprayer, ~ stage, ~ stroke, ~ superintendent, ~ supervisor, ~ supply, ~ unit, ~

vacuum.

powered –ड् a. शक्तियुक्त, शक्तिमान्, शक्तिशाली।

powerful –र्-फुल् a. सशक्त, सबल, बलाढ्य, शौर्यवान्, वीर्यवान्, बलवान्, बली, शक्तिशाली, शूर, वीर, जोरदार, तगड़ा, ताकतवर; प्रभावी, सक्षम, समर्थ, प्रभविष्णु; तेजस्वी, सतेज, तेजवान्, ऊर्जस्वल, प्रतापी, ओजस्वी; सत्तावान्, सत्ताधारी, अधिपति; प्रतिभावान्, प्रज्ञावान्, धीमान्।

powerfulness –निस् n. क्षमता^F, सत्तावत्ता^F, समर्थता^F; पौरुषपूर्णता^F, पराक्रमशीलता^F; प्रतिभावत्ता^F, धीमत्ता^F; शक्तिमत्ता^F, वीर्यवत्ता^F, तेजवत्ता^F, बलवत्ता^F, ओजपूर्णता^F, प्राबल्य, ताकतदार होना।

powerless –लिस् a. अशक्त, निर्बल, दुर्बल, अक्षम, शक्तिहीन, असमर्थ; निष्प्रभाव; सत्ताविहीन, आधिपत्य-रहित, निःसत्त्व, पुरुषार्थविहीन; (सहायता^F आदि देनेमें) विवश, बेबस, लाचार।

powerlessness –निस n. अशक्ति^F, अशक्तता^F, अक्षमता^F, निर्बलता^F, शक्तिहीनता^F; प्रभावराहित्य; सत्ताविहीनता^F, आधिपत्य-राहित्य; निःसत्त्वता^F, विवशता^F, असमर्थता^F, बेबसी^F, लाचारी^F!

powwow[1], pawaw पॉउवॉउ, पॉऑ n. दवा^F या साग-भाजी^F बेचनेवाला अमेरिकी इण्डियन; ऐन्द्रजालिक समारोह; उत्तरी अमेरिकी इण्डियनोंका संघ; राजनीतिक या अन्य प्रकारकी मीटिंग^F ⊙; (ग्रा०) सैन्य-संचालनके अवसरपर अफसरोंकी बैठक।

powwow[2] v. i. (अमेरिकी ढंगका) जादू करना, टोना-टोटका चलाना; ⊙ बात-चीत^F करना, सलाह^F करना।

pox पॉक्स् n. फुंसी^F, दाने; (चि०) मसूरिका^F, चेचक^F, महारानी^F, देवी^F; फिरंग, उपदंश, गर्मी^F।

pozz(u)olana (It.) पॉट्स(त्स)ऽलाने n. ज्वालामुखी-वज्रचूर्ण, ज्वालामुखी-सीमेण्ट^F, ज्वालामुखी-भस्म या राख^F (जिसका प्रयोग सीमेण्ट^Fके रूपमें होता है); ज्वालामुखी-पाजुओली, भस्म^F।

pozzy पॉजी n. बेतार-समाचार-अवरोध, तारबर्कीके समाचारमें रुकावट^F।

P.P. Parish Priest; Present Pupil; Private Personal (call); Previous Papers; Presidency Postmaster; Public Prosecutor.

p.p. Past Participle.

p.p. *Pianissimo*, very softly; Pages; *per procurationem*, by proxy.

p.p. a. *phiala prius agitate*, the bottle be first shaken.

P.P.C. (p.p.c. भी) *pour prendre conge*, to take leave; Picture Post-Card.

P.P.I. Plan Position Indicator.

P.P.O. Pension Payment Order.

ppp. *pianississimo*, very very softly.

P.Pr.P.A. Application for a Private Carrier's Permit.

P.P.S. *post-postscriptum*, a later additional Postscript; Parliamentary Private Secretary.

P.Ps. Previous Papers.

P.Pu.C.A. Application for a Public Carrier's Permit.

P.R. Police Regulations; Prize Ring, Porto Rico; Proportional Representation; *populus Romanus*, the Roman People; Public Relations.

Pr. Prince; Priest; Provencal.

pr. pair; per; present; price.

P.R.A. Paymaster Rear-Admiral; President of the Royal Academy.

praam प्राम् n. (हालैण्ड और बाल्टिकमें प्रयुक्त) छिछले तलकी नाव^F, प्राम।

practicability, practicableness प्रैक्टिकॅबि'लिटि, –निस् n. शक्यता^F, साध्यता^F, व्यवहार्यता^F, उपपाद्यता^F, करणीयता^F, प्रवर्त्तनीयता^F, गम्यता^F, तरणीयता^F, सम्भावना^F।

Practicable –टिकॅबॅल् a. शक्य, **साध्य**, प्रयोज्य, प्रवर्त्तनीय, सम्पाद्य, उपपाद्य, करणीय; **व्यवहार्य**, व्यवहारगम्य; (मार्ग इत्यादि) गम्य, तरणीय, चलनीय, यात्रायोग्य; (प्रेक्षागृह, खिड़की^F आदि) वास्तविक, असल।

practical[1] –कॅल् n. (प्रायः बहुव०) **प्रयोग**, प्रयोग परीक्षाएँ^F।

practical[2] a. (दर्श०, रसा०) **व्यावहारिक**, व्यवहारोचित; आभ्यासिक, अभ्यासप्राप्त, अभ्यास-सिद्ध; आचारात्मक, आचारिक; **क्रियात्मक, प्रयोगात्मक,** (रसा०) **प्रायोगिक** (~ *geography*); आनुष्ठानिक, व्यवसायात्मक; व्यवहारानुरूप, व्यवहार्य, कामका; ~ politics कार्यान्वित किये जानेवाले उपाय या प्रस्ताव; ~ ability, ~ activity, ~ advantage, ~ agriculture, ~ application, ~ aspect, ~ chemistry, ~ class, ~ control, ~ ~ demonstration, ~ difficulties, ~ duty, ~ effectiveness, ~ examination, ~ experience, ~ geometry, ~ ideal, ~ imagination, ~ imperative, ~ joke, ~ knowledge, ~ loss, ~ mind, ~ reason, ~ result, ~ science, ~ shape, ~ syllogism, ~ test, ~ training, ~ unit, ~ value, ~ virtue, ~ work, ~ zoology.

practicality, Practicalness –'लिटि, –निस् nn. व्यावहारिकता^F, क्रियात्मकता^F, आनुष्ठानिकता^F आदि।

practically –टिकॅलि adv. यथार्थतः, वस्तुतः; लगभग, सचमुच देखा जाय तो, एक प्रकारसे (*it is ~ nothing*)।

practice, practise ⊙ –टिस्, –टिस् n. (क्रा०)

व्यवहार, आचार; (चि०) **आचरण;** (चि०) **अभ्यास;** रीति[F], पद्धति[F], मार्ग, सम्प्रदाय; (का०) **कार्यप्रणाली**[F], क्रियासातत्य, क्रियाप्रबन्ध, क्रम, नित्य-वृत्ति[F], नित्यचर्चा[F]; नित्य प्रयोग, (दर्श०) **अनुष्ठान;** अनुशीलन, आवृत्ति[F]; कार्यप्रणाली[F], परिपाटी[F], चलन, प्रचलन, **प्रथा**[F], दस्तूर; विधान, वैधानिक कार्यवाही[F]; अनुशीलनकाल, अभ्यासकाल; (वकील या चिकित्सकका) (का०) **व्यवसाय,** वृत्ति[F], पेशा[F], वकालत[F], डाक्टरी[F]; आयोजन; योजना[F], उपाय, प्रयत्न; षड्यन्त्र, व्याज, कैतव, जाल, हथकण्डे, चालाकी[F], साजिश[F] (विशे० बहुव० में); (ग०) व्यापारगणित; (गणि०) **व्यवहार-गणित,** हिसाब तिजारत; *in* ~ व्यवहाररूपमें, क्रिया-रूपमें; *is good* ~ उत्तम अभ्यास है; *out of* ~ निष्प्रवृत्त; अप्रयुक्त, अव्यवहृत; ~ *makes perfect* कामको काम सिखाता है; *put in (to)* ~ क्रियात्मक रूप देना, व्यावहारिक रूप देना; प्रवर्तन करना, प्रवृत्त करना, प्रयोग करना;

~ ammunition, ~ effect, ~ field, ~ parade, ~ theory.

practician –टि'शन् n. कार्यकर्ता, कर्मचारी, कमिया, कामगर; व्यवसायी, पेशेवर।

practisant –'टिज़ेन्ट n. षड्यन्त्रमें सहायक व्यक्ति।

practise –'टिस् v. t. & i. क्रियात्मक रूप देना, व्याव-हारिक रूप देना, काममें लाना; (विधा०) **आचरण करना,** अनुसरण करना; (का०) **अभ्यास करना,** सतत क्रिया करना; अनुष्ठान करना; प्रवृत्त होना, अनुशीलन करना; व्यवसायप्रवृत्त होना, (का०) **व्यवसाय करना,** कर्मप्रवृत्त होना; योजना[F] करना; युक्ति[F] करना, कपट करना, जाल रचना, जुगुत[F] सोचना; ~ *(up) on* सौजन्यसे अनुचित लाभ उठाना, चक्करमें लाना, जालमें फँसाना, मूँड़ना; ~ *what you preach* वचन पूरा करना, कौलका सच्चा होना।

practised –ट् a. अभ्यस्त, अभ्यासी, अनुभवी, व्यव-हारज्ञ, ज्ञानवृद्ध (~ *player*)।

practiser –सॅर् n. क्रियात्मक रूपदाता, व्यावहारिक रूप देनेवाला; आचरण करनेवाला, अनुसरण करनेवाला, अभ्यास करनेवाला, सतत क्रिया[F] करनेवाला, अनुष्ठान करनेवाला; प्रवृत्त होनेवाला, अनुशीलन करनेवाला; कर्मप्रवृत्त होनेवाला, योजना[F] करनेवाला।

practising –सिंग् a. क्रियाशील, व्यावहारिक रूप देनेवाला; आचरण करनेवाला; (विधा०) **वृत्ति**[F] **करने-वाला (व्यक्ति);** अभ्यासी, अभ्यास करनेवाला (~ *lawyer*, ~ *physician*)।

practitioner –शॅनॅर n. कर्मी, (का०) **वृत्तिक, व्यव-सायी,** चिकित्सक, व्यवहारज्ञ, व्यवहारदर्शी; general ~ सामान्य चिकित्सक, सर्वचिकित्सक।

prae- पूर्व- (केवल लैटिन शब्दोंमें प्रयुक्त, जैसे, ~*no-men*, ~*tor*)।

praecipe प्री'सिपी n. कृत्य-लेख, अभियोग-लेख, अभियोग-पत्र।

praecocial प्रीको'शॅल् a. (चिड़ियों[F]के बच्चे, पैदा होनेके तुरन्त बाद) स्वयंपोषी, उड़ने योग्य, चलने-फिरने योग्य, दाना चुगने लायक।

praecognita प्रि'काग्'निटॅ n. pl. आरम्भिक ज्ञान, प्रारम्भिक ज्ञान (जिससे अन्य विषयका ज्ञान प्राप्त हो सके)।

Praemunire (L) n. आह्वान-पत्र।

praeosepe n. (गणि०) **प्रीसीप।**

praepostor, pre- प्रीपॉस्'टॅर्, प्री- n. छात्र-मुख्य, छात्रपति, मानीटर, प्रीफेक्ट।

praetor प्री'टॅर् n. दण्डनायक, दण्डाधिकारी, (इति०) **प्रीटर,** प्रायटर।

praetorial –टॉ'रिॲल् a. दण्डाधिकारी-सम्बन्धी, प्राय-टरीय, प्रायटरोचित।

praetorian, pre-[1] –ॲन्, प्री- nn. दण्डनायक, प्रायटर पदासीन व्यक्ति; महासेनाध्यक्ष अथवा सम्राट का अंगरक्षक।

praetorian, pre-[2] aa. प्रायटरीय, प्रायटरका; (रोम-देशीय) महासेनाध्यक्ष अथवा सम्राट् के अंगरक्षकका।

praetorium –ॲम् n. रोमीय सैन्यपति-शिविर, रोमन जनरलकी छावनी[F]; रोमीय राज्यपाल-निवास, रोमन गवर्नरका महल।

praetorship –'टॅर्-शिप् n. दण्डनायकत्व, प्रायटरका पद, प्रायटरी[F]।

pragmatic, -al प्रैग्मै'टिक्, -ॲल् aa. धृष्ट, हस्त-क्षेपी, विघ्नकारी, टाँग[F] अड़ानेवाला, दखल देनेवाला; दम्भी, हठवादी; हस्तक्षेपीय; हठवाद-विषयक; (शिक्षा०) **फलमूलक;** (*pragmatic*) राज्य-विषयक, राजकाजी; ऐतिहासिक-तत्त्व-विवेचक; ~ absolute (दर्श०) **व्यावहारिक निरपेक्षमान;** ~ sanction साम्राजीय स्वीकृति, राजकीय अध्यादेश।

pragmaticality –कै'लिटि n. दम्भ, हस्तक्षेप।

pragmatism –'मॅटिज़्म् n. विघ्न, हस्तक्षेप, परकार्य-चर्चा[F], अनधिकारचर्चा[F], पाण्डित्याभिमान, पाण्डित्य-प्रदर्शन; दर्प, दम्भ, दाम्भिकता[F]; वस्तुवाद, यथातथ्यवाद; (दर्श०) उपयोगवाद, उपयोगितावाद, व्यवहारवाद; प्रयोगवाद; (दर्श०) **अर्थक्रियावाद, फलानुमेय प्रामा-ण्यवाद;** (शिक्षा०) **फलवाद।**

pragmatist –टिस्ट् n. हस्तक्षेपी, हस्तक्षेपवादी; वस्तु-वादी, यथातथ्यवादी; उपयोगितावादी, व्यवहारवादी, प्रयोगवादी।

pragmatistic –'टिक् a. हस्तक्षेपीय; वस्तुवाद-विषयक; व्यवहारवाद-सम्बन्धी।

pragmatize –'मॅटाइज़् v.t. सत्याभास कराना, वास्तविक-जैसा प्रस्तुत करना, सच-जैसा रखना; (पौराणिक गाथाओं[F]को) बुद्धिसंगत करना, युक्तिसंगत बनाना।

prairie प्रेॲ'रि n. प्रशाद्'वल, वृक्षरहित विस्तृत मैदान, प्रेरी; ~-chicken, -hen (उत्तरी अम०) एक तितिर-जातीय पक्षी; ~-dog श्वमूषक, उत्तरीअमरीकी घूँस[F], ~-oyster कच्चा अण्डा; ~-schooner ⊙ एक उजले

रंगकी गाड़ी^F; ~ value (प्राकृतिक अवस्था^F में) खाली जमीन^F का मूल्य।

praisable प्रे'ज़ॅबॅल् a. श्लाघ्य, श्लाघनीय, प्रशंस्य, प्रशंसनीय सराहनीय; वन्द्य, वन्दनीय, स्तुत्य, स्तुति-योग्य।

praise¹ –ज् n. श्लाघा^F, प्रशंसा^F, सराहना^F (*was loud in his ~*); वन्दना^F, स्तुति^F, स्तोत्र; कीर्त्तन; *self- ~ is no recommendation* अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना।

praise² v.t. श्लाघा^F करना, प्रशंसा^F करना, प्रशस्ति^F करना, बड़ाई^F करना, बखानना, सराहना; वन्दना^F करना, स्तुति^F करना, स्तवन करना, कीर्तन करना, यशोगान करना, गुणगान करना।

praiseful –फुल् a. प्रशंसापूर्ण, प्रशस्तिमय, श्लाघात्मक।

praisefulness –'निॅस् n. प्रशंसापूर्णता^F, प्रशस्तिमयता^F।

praiseless –'लिॅस् a. श्लाघाहीन, प्रशंसाविहीन, सराहना^F के अयोग्य; वन्दनाविहीन; स्तुति^F हीन।

praiser –'ज़ॅर् n. प्रशंसक, स्तावक, श्लाघक।

praiseworthiness –ज़्'वर्दि-निॅस् n. श्लाघ्यता^F, श्लाघनीयता^F, प्रशंस्यता^F, प्रशंसनीयता^F; वन्द्यता^F, वन्दनीयता^F, स्तुत्यता^F, स्तुति-योग्यता^F।

praiseworthy –दि a. स्तुत्य,' वन्द्य, श्लाघ्य, प्रशंस्य, प्रशंसार्ह, प्रशंसनीय, सराहनीय।

praline प्रा'लिन् n. गरीपाक, मेवा-पपड़ी^F, प्रालिन मिठाई^F।

pram¹ प्राम् n. (बोल०) ठेला, दूधका छकड़ा; = PERAMBULATOR, गड़ोलना, (बच्चोंको घुमानेकी) छोटी गाड़ी^F।

pram², **praam** (Du.) n. चपटे पेंदेकी नौका^F।

prance¹ प्रान्स् n. किलोल^F, कुलाँच^F, कुदान^F, (विशे० पिछली टाँगें^F उठाकर घोड़ेकी) छलाँग^F, चौकड़ी^F, उछलकूद^F।

prance² v. i. & t. किलोल^F करना, कुलाँच^F भरना, कुदान^F भरना, फलाँगना, कूदना, उछलना, छलाँग^F मारना; (ला०) इठलाना, ऐंठे-ऐंठे घूमना, इतराना, गर्वपूर्वक चलना, अकड़कर चलना, बगलें^F बजाना।

prancing –सिंग् n. छलाँग^F, चौकड़ी^F, कुलाँच^F भरना।

prandial प्रैन्'डिॲल् a. (हास्य०) भोजीय, भोज-विषयक, भोजन-सम्बन्धी।

prang प्रैन्ग्' v.t. (ग्रा०) सफलतापूर्वक बम गिराना।

Prank¹ प्रैन्क्' n. लीला^F, केलि^F, क्रीड़ा^F, चेष्टा^F, चापल्य, किलोल^F, चुहल^F, अठखेलियाँ^F, छेड़छाड़^F, नटखटपन, शोखी^F; (ला०) डगमगाहट^F, खड़खड़ाहट^F; भड़भड़, लड़खड़ाहट^F।

prank² *v.t. & i.* सज्जित करना, अलंकृत करना, आभूषित करना, सुवेशित करना, सजाना, सिंगारना, बनाव-ठनाव करना; सँवारना; (v. i.) आत्मप्रदर्शन करना, बनना, ठनना, तड़क-भड़क^F दिखाना।

prankish, prankful –'किश्, –'फ़ुल् aa. लीलापूर्ण, केलिमय; क्रीडापूर्ण, क्रीडात्मक, क्रीडाशील; चपल।

prankishness –निस् n. किलोल^F, केलिपूर्णता^F, क्रीडात्मकता^F, चपलता^F।

prankle प्रैन्'कॅल् v. i. कुदान^F भरना, चौकड़ी^F भरना, छलाँग^F भरना, थोड़ा-थोड़ा फुदकना।

pranky प्रैन्'कि a. = PRANKISH.

prate¹ प्रेट्' n. वाग्मिता^F, वाक्चापल्य, जल्पना^F, प्रलाप, वाचालता^F, बकवास^F, गप-शप^F, झक-झक^F, चख-चख^F, चायँ-चायँ^F।

prate² v. i. & t. जल्पना^F करना, प्रलाप करना, वाचाल होना, बकवास^F करना, गप^F मारना, झक-झक^F करना, चख-चख^F करना, चायँ-चायँ^F करना; बातों^F के दस्त आना, पेटमें बात^F न पचना।

prater –'टॅर् n. वाक्चपल, जल्पक, प्रलापी, वाचाल, बहुभाषी, बकवासी, झकझकी, चखचखी।

praties प्रे'टिज़् n. pl. आलू।

prating प्रे'टिंग् १, a. प्रलाप, प्रजल्पन, वाचालता^F, बकवाद^F; गप्प^F; २. n. प्रलापी, प्रजल्पी, वाक्चपल, वाचाल, वातूनी, गप्पी, बड़बड़िया।

pratique (F) प्रै'टिक, प्रॅटीक्' n. वाणिज्यपोतानुज्ञप्ति^F, व्यापार-जलयान-अनुज्ञप्ति^F, बन्दरगाहसे संसर्ग रखनेका अनुज्ञापत्र, जहाजी लाइसेन्स; (नौवि०) **प्रातीक**।

prattle¹ प्रै'टॅल् n. बाल-कलरव, मितवार्ता^F, अल्पवार्ता^F, बालसुलभ वार्ता^F, चहक^F, भोली-भाली बात^F, तुतलाहट^F।

prattle² v. i. & t. बाल-कलरव करना, मितवार्ता^F करना, अल्पवार्ता^F करना, बालसुलभ बातें^F करना, चहकना, भोली-भाली बात^F करना, तुतलाना; बड़बड़ाना, बकबक करना, बकना।

prattlebox –बॉक्स् n. बालकवत् प्रलापी, बकवासी, चहकारा, बक्की, बड़बड़िया; बच्चा।

prattler –लॅर् n. दे० PRATTLEBOX.

prattling –लिंग् १. a. प्रलाप, प्रजल्पन; २. n. बालकवत् प्रलापी, चहकनेवाला, बकवादी।

pravity प्रै'विटि n. (क्वचित्) पतन, अपकर्ष, दुर्वृत्तता^F, चरित्रभ्रष्टता^F; (भोजन आदिका) दोष, विकार, विक्रिया^F, बिगाड़, खराबी^F।

prawn¹ प्रान्' n. प्रचिंगट^F, (जीव०) **झींगा, झिंगा**, झींगा मछली^F।

prawn² v. t. झींगे^F मारना, झींगे^F पकड़ना।

prawning –'निंग् n. झींगामारी^F, झींगेका शिकार।

praxis प्रैक्'सिस् n. चर्या^F, आचार; रीति^F, क्रम, पद्धति^F, व्यवहार, रस्म, रिवाज, दस्तूर; (व्या०) अभ्यास, अभ्यासार्थ प्रश्न, अनुशीलनार्थ उदाहरण।

pray प्रे' v.t. & i. स्तुति^F करना, स्तवन करना, विनय^F करना, विनती^F करना, (का०) **प्रार्थना^F करना**; नमन करना, वन्दना^F करना, अर्चना^F करना, प्रणाम करना, नमस्कार करना; ध्यान करना, स्मरण करना;

पूजा^F करना, उपासना^F करना, आराधना^F करना; श्रद्धा-पूर्वक समर्पण करना; चाहना, माँगना; अभियाचना^F करना, अभ्यर्थना^F करना, गिड़गिड़ाना, चिरौरी^F करना, हाथ-पैर जोड़ना, आरज़ू-मिन्नत^F करना; ~ *consider* प्रार्थना^F है कि आप विचार करें; ~ *in aid of* त्राहि त्राहि करना, पाहि-पाहि पुकारना, शरण^F चाहना, सहायतार्थ पुकारना।

prayer[1] प्रेअॅर्' n. स्तुति^F, स्तवन, स्तोत्र, विनय^F, नमस्या^F, (क्रा०) **प्रार्थना**^F; अर्चना^F, आराधना^F, उपासना^F, नीराजना^F, कीर्तन, भजन, पूजा^F, जाप, जप-तप; अभियाचना^F, अभ्यर्थना^F, विनती^F, चिरौरी^F, गिड़गिड़ाहट^F, मिन्नत^F, Book of Common P~s (इंग्लैण्डके गिर्जेकी) प्रार्थना-पुस्तक^F; ~-monger यन्त्रवत् उपासक, बेसमझ पुजारी; ~-wheel प्रार्थना-चक्र, प्रार्थनांकित वर्तुलाकार भ्रमणशील चक्र।

prayer[2] n. विनीत प्रार्थी, निवेदक; उपासक, आराधक, अर्चक, पुजारी।

prayerful प्रेअॅर्'फ़ुल् a. स्तुतिपूर्ण, आराधनामय, विनयपूर्ण, प्रार्थनाशील, भजनपरायण।

prayerfulness –'निॅस् n. स्तुतिपूर्णता^F, आराधनामयता^F, प्रार्थनाशीलता^F।

prayerless –'लिॅस् a. नास्तिक, प्रार्थनाशून्य, अविनीत, आराधनाहीन, याचनारहित, पूजापाठरहित।

prayerlessness –निॅस् n. नास्तिकता^F, प्रार्थनाशून्यता^F, अविनय^F, याचनाराहित्य।

praying प्रे'इंग् n. स्तुति^F, स्तवन, स्तोत्र, विनय^F, नमस्या^F, प्रार्थना^F; अर्चना^F, आराधना^F, उपासना^F, नीराजना^F, कीर्तन, भजन, जप; अभियाचना^F, अभ्यर्थना^F, विनती^F, चिरौरी^F, गिड़गिड़ाहट^F, मिन्नत^F।

P.R.B. Pre-Raphaelite Brotherhood.

Pre- पूर्व-, अग्र-, पुरस्- (*~-acquaint, ~-admission, ~-admonish, ~admonition, ~-advise, ~-announce (ment), ~-appoint (ment), ~-arrangement, ~-audience, ~-calculate, ~compose, ~-concert, ~-condemn, ~-condition, ~contact, ~decease, ~define, ~-elect, ~-engagement. ~-extension, ~-limit, ~motion, ~primary.*

preach[1] प्रीच्' n. (बोल०) प्रवचन, उपदेश, शिक्षा^F, वक्तृता^F।

preach[2] v. i. & t. दीक्षा^F देना, शिक्षा^F देना, प्रवचन करना, उपदेश देना, सिखाना, सीख^F देना, पाठ पढ़ाना; (इंजील^F आदिकी) व्याख्या^F करना, मीमांसा^F करना, विवृति^F करना, प्रख्यापन करना, टीका^F करना, अर्थ प्रकाशित करना, प्रचार करना; सम्प्रतिपादन करना, पक्षपोषण करना, पृष्ठपोषण करना, वकालत^F करना, बखान करना; मनोगत करना, मनमें बैठाना, हृदयंगम करना या कराना; भाव उपजाना; ~ *down*, हेय बताना धक्कर बताना; भर्त्सना^F करना, फटकारना, खबर^F लेना, निरुत्तर करना, खण्डन करना; ~ *up* प्रशंसा^F करना, सराहना, आसमानपर चढ़ाना, सिरपर चढ़ाना।

preachable –'चॅ़बॅल् a. शिक्षणीय, प्रवचनीय, उपदेश्य, व्याख्येय, मीमांस्य, विवरणीय, टीका^F योग्य; प्रतिपाद्य, पृष्ठपोषणीय; प्रख्यापनीय।

preacher –'चॅर् n. उपदेशक, धर्मोपदेष्टा, प्रवचनकर्ता, प्रचारक, प्रवक्ता, व्याख्याता, मीमांसक।

preachership –शिप् n. धर्मप्रचारक या धर्मोपदेशक आदिका पद।

preachify –चिफ़ाइ v. i. उपदेश झाड़ना, भीषण भाषण करना, व्याख्यान झाड़ना, वक्तृता^F झाड़ना।

preachiness –चिनिॅस् n. उपदेशप्रियता^F, प्रवचनप्रियता^F आदि।

preaching –चिंग् n. धर्मप्रचार, धर्मोपदेश, धर्मशासन, प्रवचन; प्रख्यापन।

preachment –च्'मॅन्ट् n. (प्रायः अपकृष्ट अर्थोंमें) कोरा उपदेश देना, लम्बी-चौड़ी वक्तृता^F झाड़ना।

preachy –'चि a. (बोल०) उपदेशप्रिय, प्रवचनप्रिय, शिक्षणप्रिय, उपदेश-कुशल, प्रवचन-पटु, व्याख्यान-प्रवृत्त।

preadaptation प्रीॲडैप्टे'शॅन् n. (क्रा०) **पूर्वानुकूलन**।

preadolescence प्रीऐडॅले'सॅन्स n. कौमार्य, तारुण्य, (चि०) **प्राक्कौमार**, प्राग्विवर्धमानता^F।

preadolescent –न्ट् n. (चि०) प्राक्-कुमार; कुमार, तरुण, (शिक्षा०) **प्राक्किशोर**।

preamble[1] प्रीऐम्'बॅल् n. (वैमा०, राज०, क्रा०) **आमुख**, मुखबन्ध, उपोद्घात, (राज०, वैमा०) **प्रस्तावना**^F, भूमिका^F, प्राक्कथन, उपक्रम, सरनामा।

preamble[2] v. i. मुखबन्ध जोड़ना, उपोद्घात बनाना, प्रस्तावना^F करना, भूमिका^F लिखना, प्राक्कथन करना।

preambulatory –'ब्यूलॅटॅरि a. आमुखीय, आमुखविषयक, मुखबन्ध-विषयक, उपोद्घातीय, प्रस्तावना-सम्बन्धी, भूमिका-सम्बन्धी, प्राक्कथन-सम्बन्धी।

preaudience प्रीऑ'डिॲन्स् n. श्रवणाग्राधिकार, अग्रश्रवणीयता^F, (क्रा०) पूर्व सुनवाई^F।

preaudit प्रीऑ'डिट् १. n. पूर्वलेखापरीक्षा^F, पूर्वावेक्षण; २. a. लेखापरीक्षणपूर्व (~ *cheque*)।

preaxial प्रीऐक्'सिॲल् a. (चि०) **अक्षाभिमुख**; (जीव०) **अग्राक्ष**, (~ *rays*)।

preb. Prebend; Prebendary.

prebend प्रे'बॅन्ड् n. पुरोहित-देय, याजक-वृत्ति^F; वृत्तिमूल-भूमि^F, याजक-वृत्ति-भोग।

prebendal –डॅल् a. याजकवृत्ति-सम्बन्धी।

prebendary –डॅरि n. धर्मयाजक, वृत्तिभोगी याजक, पण्डा; याजक-पीठ, वृत्तिभोगी याजकका आसन।

prebendaryship –शिप् n. याजनवृत्तिभोगिता^F, पण्डागीरी^F।

prec. Preceding; Precentor.

precarious प्रिकेअॅ'रिॲस् a. पराश्रित, परावलम्बित, परायत्त, पराधीन, परमुखापेक्षी, परवशवर्ती, अन्याधीन, अस्वतन्त्र, (~ *possession*); निस्तर्क,

तर्कहीन, निराधार, कल्पित; (*~conclusion*), अनुमित, अटकलपच्चू; अध्रुव, अनियत, अनिश्चित, सन्दिग्ध, संशयात्मक, सन्देहपूर्ण, अस्थिर, दैवाधीन, रामभरोसे; सांघातिक, संकटपूर्ण, विपत्तिजनक, अनिष्टकर।

precariousness –नि॑स् n. पराश्रय, परावलम्बन, परायत्तता^F, परमुखापेक्षा^F, पराधीनता^F, अस्वतन्त्रता^F; सांघातिकता, अनिष्टकरता^F; अनिश्चितता, अस्थिरता^F।

precast –कास्ट a. (यंत्र०) **पूर्व निर्मित**।

precative प्रे॑कॅटिव् a. याची, प्रार्थनात्मक, प्रार्थनावाची; विनयसूचक।

precatory –टॅरि a. (व्या०, शब्द या रूप) आशीर्लिंग, विनयवाचक, विनयबोधक, प्रार्थनावाची; (इच्छापत्र) विनयात्मक, (का०) **प्रार्थनात्मक**; (*~ word*), कामनासूचक, इच्छासूचक (*~trust*)।

precaution प्रिकॉ॑शॅन् n. (चि० भौ०, नौवि०, जीव०) **पूर्वोपाय, (भौ०) पूर्वावधान**, पूर्वप्रबोध, पूर्वसमीक्षा^F, सजगता^F, जागरूकता^F, सावधानी^F, सतर्कता^F, चौकसी^F, खबरदारी^F, (चि०, नौवि०) **एहतियात**।

precautionary –नॅरि a. सपूर्वोपायी, पूर्वावधानात्मक, पूर्वावधानपूर्ण, सतर्कता^F या जागरूकता-विषयक, एहतियाती।

precautious –शॅस् a. पूर्वोपायी, (*~attachment, ~landing*), पूर्वावधानी, पूर्वप्रबोधी, सावधान, पूर्वसमीक्षक, सजग, जागरूक, चौकस, खबरदार।

precede प्रिसीड्॑ v.t. & i. अग्रचर होना; प्राथमिक होना, पूर्वगमन करना; पूर्वघटित होना, पहिले होना; मार्गदर्शन करना, पुरःसरण करना, आगे-आगे चलना; पूर्वकालीन होना, (समयमें) पूर्ववर्ती होना, पहलेका होना; अग्रगण्य होना, अधिक महत्त्व होना; आगे निकलना, पिछाड़ना; अधिक आवश्यक होना; प्राथमिकता^F देना, प्रमुखता^F देना; (कार्यको) प्रथमतः करना, प्रघटित करना।

precedence, -cy प्रे॑सिडॅन्स्, प्रिसी॑डॅन्स्, -सि nn. (राज०) **पूर्वता^F**, (का०) **पूर्ववर्तिता^F**, अग्रचरण, (राज०) **अग्रता^F**, प्राथमिकता^F, अग्रगमन, पुरःसरण, अग्रसरण; (का०) **पूर्व निदर्शन**; अग्रिमता^F, अग्रपद, अग्रगण्यता^F; श्रेष्ठता^F, गुरुत्व, वरिष्ठता^F, महत्ता^F; उत्कर्ष, प्राधान्य, पुरस्कार, अग्रत्व; प्रथमाधिकार, अग्राधिकार, श्रेष्ठाधिकार; अग्रसम्मानाधिकार, अग्रपूजाधिकार; *takes ~ (-cy) of all others* सर्वाधिक प्रमुख या वरिष्ठ है।

precedent[1] –न्ट् n. (का०) **दृष्टान्त, पूर्वोदाहरण, पूर्व निर्णय, पूर्व दृष्टान्त**, पूर्वनिदर्शन, नमूना, नजीर^F (*do not take it as a ~*), पूर्वादर्श; पूर्वन्याय; पूर्वघटना^F; पूर्वगुण, प्रतिभा^F।

precedent[2] a. (अव क्र०) प्राथमिक, (का०) **पूर्ववर्ती**, पूर्वभावी; वरिष्ठ, प्रमुख।

precedented –डॅन्टिड् a. पूर्वदृष्टान्तसम्पन्न, पूर्वोदाहरणपुष्ट, पूर्वदृष्टान्तसमर्थित, दृष्टपूर्व।

precedential –न्॑शॅल् a. पूर्वप्रमाणसदृश, पूर्वदृष्टान्तवत्, पूर्वनिदर्शनकी भाँति।

preceding प्रिसी॑डिंग् a. पूर्व, पूर्वग, (विधा०) **पूर्वगत**, (का०) **पूर्वगामी**, पूर्ववर्ती, पहलेवाला, पहला (*~ paragraph*)।

precent प्रिसे॑न्ट्' v.t. & i. मुख्य गायन करना, पूर्वगायन करना, गानेमें नेतृत्व करना।

precentor –टॅर् n. मुख्य गायक, पूर्वगायक, गायकाग्रणी।

precentorship –शिप् n. मुख्यगायक-कार्य, पूर्वगायक-कार्य; मुख्य-गायक-कार्यकाल, पूर्व-गायक-कार्यकाल।

precept प्री॑सेप्ट् n. आज्ञा^F, (बैंक०, का०) **आदेश**, समादेश, अनुशासन; नियम, विधि^F, लीक^F; सूत्रवाक्य; स्थिति^F, मर्यादा^F, उपदेश, नीतिवचन, (बैंक०, का०) **आदेशिका^F**; धर्मानुज्ञा^F, धर्मशासन; प्राह्वान, अधिपत्र, आदेशपत्र, सूचनापत्र; करसंग्रहका आदेश, भुगतानका आदेश।

preceptive प्रिसे॑प्टिव् a. वैधिक, नैयमिक, समादेशीय, आदेशात्मक, उपदेशी।

preceptor –टॅर् n. गुरु, शिक्षक, आचार्य, उपाध्याय, उपदेशक, अध्यापक।

preceptorial प्रीसे॑प्टॉ॑रिॲल् a. शिक्षकोचित, आचार्योचित; गुरु-सम्बन्धी, उपदेशक-सम्बन्धी।

preceptorship प्रिसे॑प्टॅर्शिप् n. गुरुत्व, गुरुपद, आचार्य-पद, शिक्षक-पद।

preceptory –रि n. (धर्म-सैनिकोंके अधीन) धर्मयोद्धा; (धर्मयोद्धाकी) सम्पत्ति^F, भवन आदि।

preceptress–ट्रि॑स् n. शिक्षिका^F, आचार्या^F, उपदेशिका^F, अध्यापिका^F, गुरुवाइन^F।

precession प्रिसे॑शॅन् n. (भौ०) **पुरस्सरण**, अग्रगमन, अग्रगति^F, पूर्ववर्तित्व; (गणि०, ज्यौ०, भौ०) **अयन**, अयनांश; ~ of the equinoxes सम्पात, क्रान्तिपात-गति^F, अयनगति^F, अयन-चलन, विषुवपुरःसरण, अयनांश-भाग।

precessional –शॅनॅल् a. सम्पातिक, क्रान्तिपातगतिक, अयनगति-सम्बन्धी, अग्रगम्य।

precinct प्री॑सिन्क्ट् n. प्राचीर, प्रांगण, परकोटा, कोट, हाता, अहाता, बाड़ा; (का०, राज०) **चुनाव उपक्षेत्र**, (न्द्रु०) उपकण्ठ, पर्यन्त, अवधि^F, (का०, राज०) **उपान्त**, परिसर, (का०, राज०) **प्रसीमा^F**, सीमावर्ती प्रदेश, सरहद^F, मेंड़^F; (चुनावके लिए) नगर इत्यादिके उपविभाग।

preciosity प्रे॑शिऑ॑सिटि n. अतिशिष्टता^F, अतिपरिष्कृतता^F, अतिकलात्मकता^F, अतिकोमलता^F, मृदुता^F, नाजुकमिजाजी^F।

precious[1] प्रे॑शॅस् a. महार्घ, अनर्घ्य, महार्ह, मूल्यवान्, **बहुमूल्य**, अमूल्य, अमोल, **कीमती**; उत्कृष्ट, परमश्रेष्ठ; लाभप्रद, शिक्षाप्रद, गुणकारी, परमोपयोगी; (भाषा^F या कौशल आदिमें) अतिशिष्ट, अतिसंस्कृत, अत्यधिक परिष्कृत; कृत्रिम, चिकना, मिट्ठू, बनावटी;

अतिकोमलमना, अत्यधिक सौन्दर्यप्रिय; (बोल०) पूर्ण, नितान्त; my ~ मेरे प्रियतम; ~ metals महार्घ धातुएँ^F, (भू०) **बहुमूल्य धातु^F, कीमती धातु^F**, सोना चाँदी^F; ~ mineral **बहुमूल्य खनिज, कीमती खनिज;** ~ stone रत्नाश्म, उपरत्न, (भू०) **रत्न,** (रसा०) **मणि,** जवाहर;
~ garnet, ~ opal, ~ serpentine.

precious² adv. असामान्यतः, असाधारणतः, नितान्त, परमरूपसे, अत्यन्त, अत्यधिक रूपसे (*took ~ good care of that*)।

preciousness –निॅस् n. महार्घता^F, अनर्घ्यता^F, महार्हता^F, मूल्यवत्ता^F, बहुमूल्यता^F, अमूल्यता^F, अमोलता^F; उत्कृष्टता^F, परमश्रेष्ठता^F; शिक्षाप्रदता^F, अतिशिष्टता^F, कृत्रिमता^F; अतिकोमलता^F, अतिसौन्दर्यप्रियता^F।

precipe प्री'सिपी n. = PRAECIPE.

precipice प्रे''सिपिस् n. प्रपात, औंधेमुँह गिरना; (प्रा०, भू०) **पातुक,** भृगु, डाँग, (प्रा०, भू०) **खड़ी चट्टान^F,** ढाल^F, करारा, कगार।

precipitability प्रिॅसिपिटॅबि'लिटि n. निःसादनीयता^F, प्रक्षेपणीयता^F, अवक्षेपणीयता^F।

precipitable –'पिटॅबॅल् a. निःसादनीय, प्रक्षेपणीय, अवक्षेपणीय, (ऋतु०) **संघननीय** (*~ water*)।

precipitance, -cy –टॅन्स्, –सि n. निःसादकता^F, प्रक्षेपकता^F, अवक्षेपकता^F; साहस।

precipitant –न्ट् n. निःसादक, प्रक्षेपक, (रसा०) **अवक्षेपक**।

precipitate¹ –टॅट् n. (रसा०) निःसादन, निःसाद, (रसा०) **अवक्षेप,** प्रक्षेप, तलछट^F; (भौति०, वाष्पके शीतलीकरण द्वारा संगृहीत) आर्द्रता^F (जैसे, ओस^F, वर्षा^F, हिमपात); ~ recognition (का०) **सत्वर मान्यता^F**।

precipitate² –टेट् v.t. (रसा०) **अवक्षेप करना,** वेगसे नीचे गिराना, शीघ्रता^Fसे फेंकना या गिराना, खोपड़ी^Fके बल दे मारना, औंधेमुँह पटकना; (ला० परिस्थिति^Fमें) गिराना, डालना, फँसाना; (घटनाओं^Fको बढ़ानेके लिए) उत्तेजित करना, अनुरोध करना, व्यग्रता^F दिखाना, शीघ्रता^F करना, उतावली^F करना, पीछे पड़ना, सिर खाना, जल्दी^F मचाना, नाक^Fमें दम करना; (रसा०) निःसादन करना, अवक्षिप्त करना, प्रक्षिप्त करना; वाष्पक द्रवीभूत करके जमाना।

precipitate³ –टॅट् a. अधोमुख, अवाङ्मुख, अवाक्शिर, औंधेमुँह, मुसरा, मुँहभार; अविमृष्ट, अतिक्षिप्र, व्यग्रतापूर्ण, भागा-भागा, भसर-भसर; (व्यक्ति या कार्य) साहसी, व्यग्र, अन्धाधुन्ध, जल्दबाज, हड़बड़िया, भड़भड़िया, हड़बड़ीवाला; ~ labour (चि०) साहस प्रसव, अतिक्षिप्र प्रसव।

precipitated –टेटिॅड् a. (रसा०) **अवक्षेपित,** निस्सादित (*~ copper*)।

precipitately –ट्लि adv. अवाक्शिरसा, औंधेमुँह, सिरके बल; सहसा, अन्धाधुन्ध, जल्दबाजी^F करते हुए।

precipitateness –निस् n. अधःपातन, अवपातन, अवक्षेपण, अधःक्षेपण; साहस, साहसिकता^F, क्षिप्रकारिता^F, द्रुतगमन; अविमृश्यकारिता^F, उतावलापन, जल्दबाजी^F, हड़बड़ी^F।

precipitation –टे'शॅन् n. अवक्षेप, अवपात, अधःपतन, (वैमा०, रसा०, यन्त्र०, ऋतु०) **अवपतन,** अधःपात, सिरके बल गिरायी गयी वस्तु^F; व्यग्रता^F, उतावलापन, हड़बड़ी^F; अविमृश्यता^F, अविवेक; (वैमा०, रसा०, यन्त्र०, ऋतु०) **वर्षण,** वर्षा^F, हिमपात, उपलवृष्टि^F; निःसादन, (यन्त्र०, प्रा० भू०, रसा०, ऋतु०, वैमा०) **अवक्षेपण;** साहस, साहसिकता^F।

precipitator –'पिटेटॅर् n. अधःपाती, अवपाती; वेगतः गिराने या पटकनेवाला; व्यग्र, उतावला, हड़बड़िया, जल्दबाज, साहसी; निःसादक, अवक्षेपक; निःसादन-यन्त्र, जलशोधन-कुण्ड।

precipitous –टॅस् a. पातुक, विप्रपाती, विषम, प्रवण, अवसर्पी; उतावला, जल्दबाज, अक्खड़; प्रपातवत्, भृगुसदृश, कगार-जैसा, चट्टान-जैसा, खड़ा, ढलुवाँ।

precipitousness –निॅस् n. पातुकता^F, विप्रपातित्व; खड़ापन; अक्खड़पन, उतावली^F, जल्दबाजी^F; ढाल^F, ढलाव।

precis (F) प्रे'सी n. तत्त्व, संक्षेप, सार, सारांश; सारांश बताना, निचोड़ निकालना; ~-writing सारांश-लेखन-कला।

precise प्रिॅसाइस् a. यथार्थ, यथातथ्य, परिछिन्न, सुव्यक्त, सूक्ष्म, व्यक्त, स्फुट, ठीक-ठीक; (भौ०) **परिशुद्ध;** सुनिश्चित, नियत (*the ~ moment*); नियमनिष्ठ, नियमाग्रही, विधाननिष्ठ, सिद्धान्तनिष्ठ, व्यवस्थाप्रिय; संक्षेपानुरोधी;
~ account, ~ meaning, ~ measurement, ~ nature, ~ statement.

precisely –'लि adv. यथार्थतः, सुतथ्यतः, सूक्ष्मतया, नियत रूपसे, निश्चित रूपसे, हूबहू।

preciseness –'निॅस् n. नियतता^F, सुनिश्चितता^F, सुतथ्यता^F, निर्दिष्टता^F, निर्देश, सूक्ष्मता^F, याथार्थ्य, व्यक्तता^F, स्फुटता^F; नियमनिष्ठा^F, नियमाग्रह, व्यवस्थाप्रियता^F।

precisian प्रिॅसि'जन् n. नियमनिष्ठ, नियमाग्रही, व्यवस्थाप्रिय, कर्मठ, कर्मनिष्ठ, कर्मपरायण, नियमी, सख्त पाबन्द।

precisianism –जॅनिज़्म् n. नियमनिष्ठावाद, कर्मनिष्ठावाद; नियमनिष्ठा, नियमाग्रह, व्यवस्थाप्रियता^F; कर्मठता^F, कर्मनिष्ठा^F, कर्म-परायणता^F, नियमितता^F, सख्त पाबन्दी^F।

precision –ज़न् n. यथार्थता^F, सुतथ्यता^F, (सांख्य०, ग०) **सूक्ष्मता^F,** यथातथ्यता^F, सुनिश्चितता^F, विशुद्धता^F, (भौ०) **परिशुद्धि^F, परिशुद्धता^F,** सुव्यक्तता^F, सुव्यवस्था^F, अचूकपन; (गुण०) सूक्ष्मतापूर्ण, अचूक, सूक्ष्म (*~ bombing, tools*); arm of ~ सूक्ष्मास्त्र, बन्दूक^F या तोप^F आदि; ~ grinder **सूक्ष्मपेषक, महीन**

पीसनेवाला; ~ instrument **यथार्थमापी यन्त्र**; ~ turner **सूक्ष्मकर्म खरादिया**।

precisionist –जॅनिस्ट् n. यथार्थतावादी, सुतथ्यतावादी, सूक्ष्मतावादी; व्यवस्थाप्रिय, नियमाग्रही, नियमनिष्ठ।

precisive –साइ'सिव् a. निर्देशात्मक, निश्चयात्मक, विशुद्ध; यथार्थ, सुतथ्य, ठीक-ठीक।

preclimax ⊙ प्रि`क्लाइ'मैक्स् n. पूर्वकाष्ठा^F, (वन०) **प्राक्चरम**।

preclude प्रि`क्लूड् v.t. निवारण करना, प्रतिवारण करना, विरत करना, निवृत्त करना; प्रतिषेध करना, निषेध करना; प्रतिरोध करना, निरोध करना, व्यवधान डालना, प्रतिबन्ध लगाना, बाधा^F पहुँचाना, रोकना, बन्द करना; पृथक् रखना, बहिष्कृत रखना, परे रखना, दूर रखना, बाहर रखना; उपेक्षा^F करना; दुष्कर कर देना, असम्भव बना देना।

precluded –डिॅड् a. प्रतिवारित, प्रतिबाधित, विरत, निवृत्त, प्रतिषिद्ध, प्रतिरुद्ध।

preclusion –'जन् n. निवारण, प्रतिवारण, विरतीकरण, निवर्तन, प्रतिषेधन, निषेधन; प्रतिरोधन, निरोधन, प्रतिबन्ध, व्यवधान, बाधा^F पहुँचाना; पृथकीकरण, बहिष्करण, बहिष्कार; दुष्कर कर देना।

preclusive –'सिव् a. निवारक, प्रतिवारक; प्रतिषेधक, प्रतिरोधक; प्रतिबन्धक, निरोधक।

precoating प्रीको`टिंग् n. (परि०) **पूर्वलेपन**।

precocious प्रि`को'शॅस् a. (पौधा) अकालपक, (शिक्षा०) **अकालप्रौढ़**, अकालपुष्पी, पूर्वपक्व, कालपूर्व, बेमौसम फलनेवाला (~ *development*); (शिक्षा०) **विलक्षण**, (व्यक्ति) बाल-प्रौढ़, अकाल-परिणत, अकाल-प्रतिभ।

precociousness, precocity –निॅस्, कॉसिटि nn. अकालपक्वता^F, (शिक्षा०) **अकालप्रौढ़ता^F**, अकाल-परिणति^F; (शिक्षा०) **विलक्षणता^F**; बालप्रौढ़ि^F, पूर्वविकास।

precogitation प्रीकॉजिटे`'शॅन् n. पूर्वधारणा^F, पूर्व-विचारणा^F, पहलेका विचार।

precognition प्रीकॉग्नि'शॅन् n. पूर्वज्ञान, पूर्वबोध, पूर्व-परिचय, पूर्वजानकारी^F।

precognosce –नोस् v.t. पूर्वज्ञान प्राप्त करना, पूर्व-परिचित होना, पहिलेसे जानकारी^F रखना।

preconceit प्रीकॅन्सीट्` n. पूर्वकल्पित भावना^F, पूर्वानुमान, पूर्वनिर्णय, पूर्वविचार, अग्रधारणा^F, पूर्वकल्पना^F।

preconceive प्रीकॅन्सीव् v.t. पूर्वचिन्तन करना, पूर्व-कल्पना^F करना, अग्रकल्पना^F करना, पूर्वनिर्णय करना, पूर्वधारणा^F बनाना, पूर्वानुमान करना, पूर्वसम्मति^F बना लेना, पहिलेसे सोच रखना।

preconceived –ड् a. पूर्वचिन्तित, पूर्वानुमानित, अग्रधारित, पूर्वसंकल्पित, पूर्वनिर्णीत (~ *idea*, ~ *diagnosis*)।

preconception प्रीकॅन्से`प्'शॅन् n. (शिक्षा०) **पूर्व-प्रत्ययन**, पूर्वबोध, पूर्वचिन्तन, पूर्वकल्पना^F, पूर्वानुमान, अग्र-कल्पना^F, पूर्वनिर्णय, पूर्वधारणा^F, पूर्वभावना^F, अग्र-धारणा^F, पूर्वसम्मति^F, पक्षपात।

preconization प्रीकॅनाइज़ो'शॅन् n. उद्घोषणा^F, (पोप द्वारा) सार्वजनिक स्वीकृति^F।

preconize –'कॅनाइज् v.t. उद्घोषणा^F करना, प्रचार करना, ढिंढोरा पीटना, खुल्लमखुल्ला कहना; (सार्वजनिक रूपसे) प्रशंसा^F करना, सराहना; (नाम लेकर) पुकारना, गुहारना; (रोमन गिर्जेमें पादरीकी नियुक्ति^Fके लिए सार्वजनिक रूपसे) सहमति^F प्रदान करना।

precursive प्रि`कर्'सिव् a. प्राथमिक, आदि, पूर्ववर्ती, अग्रगामी।

precursor –सॅर् n. (चि०) पुरःसर; अग्रेसर, पूर्वग, पूर्वगामी, अग्रगामी, अग्रचारी, अग्रचर, पुरोगामी; (चि०) **पुरोवर्ती**; अग्रदूत, पुरोधावक; पूर्वपदाधिकारी, पदमें प्रथम।

precursory –रि a. = PRECURSIVE.

predacious प्रि`डे'शॅस् a. आखेटप्रिय, मृगयाजीवी, (कृषि०, जीव०) **परभक्षी**, शिकारप्रिय; हिंस्र, हिंस्रक, हिंस्रजीवी, हिंसाजीवी, दस्युवृत्ति, रक्तप्रिय, बनैला, खूँख्वार; हिंस्रकीय, हिंस्र-जन्तु-सम्बन्धी (~ *instinct*)।

predacity –डै'सिटि n. हिंस्रता^F, हिंस्रकता^F; बनैलापन।

predate प्रीडेट् v.t. पूर्वदिनांकित करना, गततिथि^F डालना, पिछली तारीख^F डालना।

predatism –ज्म n. (जीव०) **परभक्षिता^F**, अपाहारिता^F।

predative ⊙ प्रे`डॅटिव् a. आखेटशील, आखेटप्रेम-विषयक, मृगयाजीविका-सम्बन्धी, शिकारी।

predator ⊙ –टॉर् n. लुण्ठक, (कृषि०, जीव) **परभक्षी**, अपाहारी, अपहारी, लुटेरा, (कीट वि०) **शिकारी कीट**।

predatory –टॅरि a. लुण्ठक, उपद्रवी, अपहरणप्रिय, अपहारक, दस्युवृत्ति, दस्युस्वभाव, लुटेरा; (जन्तु०) हिंस्र, मृगयाजीवी; ~ union **स्वार्थी संघ**, ~ fishes (जीव०) **मत्स्यभक्षी मीन**।

predecease प्रीडि`सीस' n. & v.t. पूर्वमरण (होना), पूर्वमृत्यु^F (होना)।

predecessor प्री`डि`सेसॅर् n. (का०) **पूर्ववर्ती**, पूर्व-गामी, **पूर्वाधिकारी**; पूर्वग, पूर्वभूत, अग्रगामी, पूर्ववर्ती वस्तु^F; पितर, पूर्वज, पुरखा, बापदादा।

predella प्रि`डे`'ॅल n. वेदी-मंच, वेदिका-मंच।

predesignate प्रीडे`'ज़िग्नॅट् a. & v.t. पूर्वनिर्दिष्ट (करना), पूर्वाभिहित (करना); ~ proposition (दर्श०) **मात्रिक तर्कवाक्य**।

predestinarian[1] प्रि`डे`स्टिनेॲ'रिॲन् n. भाग्यवादी, अदृष्टवादी, नियतिवादी, दैववादी, दैष्टिक व्यक्ति।

predestinarian[2] a. दैवपर, दैववादी, अदृष्टवादी, भाग्यवादी, प्रारब्धवादी, नियतिवादी, दैवायत्त; दैववादीय, प्रारब्धवाद-विषयक।

predestinarianism –निज़्न् n. नियतिवाद, प्रारब्ध-वाद, दैववाद।

predestinate[1] प्रि`डे`स्'टिनेट v.t. प्रारब्धमें लिखना,

अदृष्ट निश्चित करना, भाग्यरेखा^F डालना, नियति^F निर्धारित करना; पूर्वविधान करना, पूर्वविहित करना, पूर्वनिरूपित करना, पूर्वनिर्दिष्ट करना, पहलेसे नियत करना।

predestinate² –नॅट् a. भावी, विधिविहित, भाग्यांकित, प्रारब्धांकित, पूर्वनियत, होनहार।

predestination –ने'शॅन् n. अग्रनिर्देश, दैववाद, मुक्तिविधान, अमरत्वविधान; (दर्श०) **पूर्वनियति^F**, नियति^F, अदृष्ट, प्रारब्ध, भावी^F, होनहार^F, तकदीर^F।

predestinator –'टिनेटॅर् a. पूर्वविधाता, पूर्वनिर्णायक, पहलेसे ही भाग्य बतानेवाला।

predestine –न् v.t. पूर्वविधान करना; पूर्वनिरूपण करना, पूर्वनिर्देश करना, पूर्वनियत करना; प्रारब्धांकन करना, भाग्यरेखा^F डालना, भावी^F निश्चित करना, नियति^F निश्चित करना।

predestined –ड् a. पूर्वनिर्दिष्ट, अग्रनिर्दिष्ट, पूर्वनियत; प्रारब्ध, दैवाधीन।

predestiny –नि n. पूर्वविधान, पूर्वनिर्णय; अमिट नियति^F, अटल भाग्य^F।

predetermination प्रीडि`टर्मिने'शॅन् n. पूर्वनिश्चयन, पूर्वनिश्चय, पूर्वनिर्धारण, पूर्वनिर्णय, अग्रसंकल्प; पूर्वविधान, पूर्वनिर्देश।

predetermine –'मिन् v.t. पूर्वनिश्चय करना, अग्रनिश्चय करना, पूर्वनिर्धारण करना, पूर्वनिर्णीत करना, पूर्वसंकल्प करना; पूर्वविधान करना, पूर्वनिर्देश करना।

pre-determined प्रीडि`टर'मिन्ड् a. **पूर्व-निर्धारित** (~ cost)।

predeterminism –निज़्म् n. (दर्श०) **पूर्वनियतिवाद**।

predial प्री'डिॲल् a. क्षेत्रीय, क्षेत्र-सम्बन्धी, खेतका; ग्रामीण, देहाती।

predicability प्रे`डिकॅबि'लिटि n. अभिधेयता^F, विधेयता^F, वाच्यता^F; प्रकथनीयता^F।

predicable¹ –डिकॅबॅल् n. अभिधेय वर्ग या वस्तु^F, विधेय पदार्थ, (दर्श०) **विधेय धर्म**, वाच्यतत्त्व; वचन, अभिधान, प्रकथन; विधान, व्यवस्था^F, पुष्टि^F; (विशे० बहुव०) विधेयवर्ग।

predicable² a. अभिधेय, विधेय, वाच्य; प्रतिपाद्य, पोष्य, पोषणीय, स्थापनीय।

predicament प्रि`डि'कॅमॅन्ट् n. विधेयमान वस्तु^F, पदार्थ, (विशे० बहुव०) अरस्तूके १० पदार्थ; वर्ग, जाति^F, दशा^F, अवस्था^F, वृत्ति, विकट परिस्थिति^F, कठिन परिस्थिति^F, विषमावस्था^F, कष्टावस्था^F, धर्मसंकट, दुःखद परिस्थिति^F।

predicamental –मे`न'टॅल् a. विधेयमान वस्तु-विषयक, विधेयमान वस्तु-सम्बन्धी; विकट परिस्थति-विषयक, कठिन समस्या-सम्बन्धी; धर्मसंकट विषयक, दुःखद परिस्थिति-सम्बन्धी, समस्यामूलक, संकटपूर्ण।

predicant¹ प्रे`डिकॅन्ट् n. = PREDIKANT.

predicant² a. उपदेशरत, शिक्षारत, प्रचाररत।

predicate¹ प्रे` (प्री)'डिकॅट्, n. (तर्क०, व्या०, दर्श०) **विधेय**, (जैसे, *he is a fool* में *a fool*); गुण, विशेषता^F, विशेषण।

predicate² –केट् v. t. (किसी वस्तु^F की सत्यता^F या अस्तित्वके विषयमें) प्रकथन करना, दृढ़ कथन करना, प्रतिपादन करना, निरूपण करना, निर्देश करना, पुष्टि^F करना (*we ~ goodness or badness of a motive*); (तर्क०) विधान करना, (कर्ताके सम्बन्धमें कोई बात^F) स्थापित करना।

predication –के'शॅन् n. प्रकथन, दृढ़कथन, अभिधान, निरूपण, प्रतिपादन, समर्थन, पुष्टि^F।

predicative प्रि`डि'कॅटि`व् a. प्रकथयिता, अभिधाता, विधाता, विधायक, विधेयकारी, निरूपक, प्रतिपादक; ~ view (दर्श०) **विधेयमत**।

predicatory प्रे`'डिकॅटॅरि a. औपदेशिक, प्राचारिक, उपदेश-विषयक; उपदेशरत, धर्म-प्रचारित; शिक्षाप्रद; उपदेशधर्मी, प्रचारधर्मी।

predict प्रि`डिक्ट्' v. t. पूर्वसूचित करना, भविष्यवाणी^F करना, पहिलेसे बताना; उपदेश करना, समादेश करना।

predictability –टॅबि'लिटि n. पूर्वसूचनीयता^F, पूर्वलक्षणयुक्तता^F, होनहारी^F।

predictable –टॅबॅल् a. पूर्वसूचनीय, (दर्श०) **पूर्वकथनीय**, भविष्यवचनीय, पूर्वलक्षणयुक्त, पूर्वानुमेय (~ *intervals*)।

predicted –टि`ड् a. (दर्श०) **प्रागुक्त**, ~ fire **पूर्वनिर्धारित शलक**।

prediction –'शॅन् n. भविष्यद्वाणी^F, भविष्यवाणी^F, कथन, भावीकथन, (दर्श०) **पूर्वकथन, भविष्य कथन, प्रागुक्ति^F, प्राक्कलन**, पूर्वकलन, पूर्वसूचना^F, आदेश, समादेश।

predictive –'टिव् a. पूर्वसूचक, लक्षणसूचक, लक्षण-वाची, शकुनकारी; भविष्य-कथनात्मक, शकुनात्मक।

predictor –टॅर् n. भविष्यवक्ता, पूर्ववादी, पूर्वसूचक, अग्रनिरूपक; सिद्ध, आदेष्टा; पूर्वसूचित, अग्रनिर्देशक, (यन्त्र०), प्रीडिक्टर।

predigestion प्रीडिजे`स्'चॅन् n. (चि०) पूर्वपाचना^F; कृत्रिम अर्ध पाचन (जिसमें अन्न शरीरमें जानेके पूर्व ही अधपच किया जाता है)।

predikant प्रे`डिकान्ट् (Du.) n. डच पादरी (विशे० अफ्रीकामें); प्रोटेस्टैन्ट पादरी।

predilection प्रीडिले`क्'शॅन् n. प्राथमिकता^F, अभिमान; प्रवृत्ति^F, पूर्वानुराग, रुचि^F, पक्षपात, पूर्वस्नेह, चाह^F।

predispose¹ प्रीडिसपोज़् n. (वन०), **पूर्व वृत्ति^F**।

predispose² प्रीडिसपोज़् v. t. (भावना^F, रोग आदि की ओर) प्रवृत्त होना, प्रवणशील होना या करना, झुकना; पूर्वप्रवृत्त करना, उद्युक्त करना, प्रयुक्त करना, उद्यत करना, उन्मुख करना, अनुकूल बनाना, झुकाना।

predisposed –ड्' a. पूर्वप्रवृत्त, पूर्वोद्यत; उन्मुख।

predisposing –ज़िंग a. (चि०) रोगप्रवण।

predisposition –पॅज़ि'शॅन् n. क्षमता^F, योग्यता^F, पात्रता^F; (शिक्षा०) **पूर्ववृत्ति^F, पूर्वानुकूलता^F**, पूर्व प्रवृत्ति, प्रवृत्ति^F, शील, उद्युक्तता^F, प्रयुक्ति^F, उद्यतता^F, उन्मुखता^F, प्रवणता^F, प्रभाव्यता^F; (चि०) रोगोन्मुखता^F, रोगप्रवणता^F।

predominance प्रि'डॉ'मिनॅन्स् n. प्रमुत्व, प्रभविष्णुता^F, अधिकार, वर्चस्व, सत्ता^F, साम्राज्य; प्राबल्य, महत्त्व, विशेषता^F, प्राधान्य, प्रभाव, तूती^F बोलना, दाव, दबदबा, बोलबाला; प्राचुर्य, अधिकता^F, आधिक्य, अतिरेक।

predominant –न्ट् a. प्रभविष्णु, प्रधान, वर्चस्वी; **प्रबल**, सर्वप्रमुख, अधिभावी, प्रभावी; प्रचुर, अधिक, सातिरेक, हावी।

predominantly, predominatingly –लि, –टिंग्लि, advv. प्रभविष्णुतया, प्रधानतः, प्रबलतया, प्रचुरतया, अधिकतः, सातिरेक, हावी होते हुए।

predominate[1] –नेट् v. i. (किसीपर) प्रभुता^F या प्रभुत्व रखना, आक्रान्त करना, सत्ता^F स्थापित करना, अधिकार जमाना, दबाना, मुट्ठी^F में रखना; वरीयस् होना, श्रेष्ठ होना, प्रबल होना, प्रधान होना; प्रचुर होना, अधिक होना, अतिरेकमें होना, भरमार होना।

predominate[2] –नॅट a. (कृषि०) **प्रभावी**।

predominating –नेटिंग् a. = PREDOMINANT (~ *authority*).

predomination –ने'शॅन् n. प्रभुता^F, प्रभुत्व, प्रभविष्णुता^F, आक्रान्ति^F, सत्तास्थापन, अधिकार जमाना; वरिष्ठता^F, श्रेष्ठता^F, प्रबलता^F, प्रधानता^F; आधिक्य, प्रचुरता^F, अतिरेक, भरमार।

pre-eminence प्री-ऍ'मिनॅन्स् n. उत्कर्ष, श्रेष्ठता^F, वरेण्यता^F, वैशिष्ट्य, प्राधान्य, प्रधानता^F, प्रमुखता^F, अग्रगण्यता^F, उत्तमता^F।

pre-eminent –न्ट् a. उत्कृष्ट, परम, श्रेष्ठ, वरेण्य, विशिष्ट, प्रधान, सर्वप्रधान, प्रमुख, अग्रगण्य, उत्तम।

pre-eminently –लि adv. सविशेष, सातिशय, प्रधानतः, सर्वप्रधान-रूपेण, अग्रगण्य रूपसे, बढ़कर।

pre-emphasis प्रीऍ'म्फॅसिस् n. **पूर्वबलन**।

pre-empt प्री-ऍम्प्ट्' v. t. & i. पूर्वक्रमेण प्राप्त करना, पूर्वक्रियाधिकारसे प्राप्त करना; अग्रक्रयण करना ⊙; (ला०) पूर्वाधिकार करना, पहिले हथिया लेना; (ब्रिजके खेलमें) पूर्वक्रमसे हाथ बोलना।

pre-emption – प्'शॅन् n. अग्रक्रय, (का०) **पूर्वक्रय**; अग्रक्रयाधिकार, पूर्वक्रयाधिकार; (का०) **हकशफ़ा**।

pre-emptive –'टिव् a. पूर्वक्रमिक, सर्वोच।

pre-emptor –टॅर् n. (का०) **पूर्व-क्रयाधिकारी, शफ़ी**।

preen प्रीन्[1] v. t. (पंखोंको चोंच^F से) सँवारना, ठीक करना; (व्यक्तिका स्वयंको) सुसज्जित करना, सजाना, बनाना।

pre-engagement प्री-इंगेज्'मॅन्ट् n. पूर्वप्रतिज्ञा^F, पूर्वसंकल्प।

preening प्री'निंग् n. चंचुसाधन, चंचुस्नेहन।

pre-existence प्री-इॅग्ज़िस्'टॅन्स् n. पूर्वजन्म, पूर्वजीवन; (दर्श०) **प्राग्भाव**।

pre-existing –टिंग् a. **पूर्ववर्त्ती**, (~ *debt*, ~ *rock*)।

pref. *preface*.

prefabricate प्रीफ़ै'ब्रिकेट् v. t. पूर्वनिर्माण करना, अग्रगठन करना, पहलेसे बना रखना।

prefabrication –के'शॅन् n. (यंत्र०) **पूर्वविरचन**, पूर्वनिर्माण, अग्रनिर्माण, अग्रगठन^F।

preface[1] प्रे'फ़ॅस्, n. मुखबन्ध, उपक्रम, उपोद्घात, आमुख, (विधा०) **प्राक्कथन**, पूर्वपीठिका^F, प्रस्तावना^F, भूमिका^F; वाङ्मुख, भाषणका आरम्भिक भाग।

preface[2] v. t. मुखबन्ध रचना, उपोद्घात लिखना, आमुख लिखना, प्राक्कथन लिखना, भूमिका^F लिखना; (व्याख्यान आदि) उपक्रान्त करना, प्रारम्भ करना, (एक घटना^F का दूसरी घटना^F के) भूमिकास्वरूप होना; (v. i.) प्राक्कथन करना, उपक्रम करना।

prefacer –सॅर् n. मुखबन्धकार, उपक्रम रचयिता, उपोद्घातरचयिता, आमुख-लेखक, प्राक्कथनकार, पूर्वपीठिकाकार, भूमिका-लेखक; वाङ्मुखकर्ता, भाषणके आरम्भिक भागका रचयिता।

prefatorial, prefatory प्रे'फ़टॉ'रिॲल्, –फ़ॅटॅरि aa. मुखबन्धीय, उपोद्घातीय, प्राक्कथन-सम्बन्धी, आमुख-विषयक, प्रस्तावनात्मक, भूमिका-सम्बन्धी।

prefect प्री'फ़ॅक्ट् n. (रोमनपुराण तथा फ्रांस) प्रशासक, अधिनायक, प्रशासनाधिकारी; (शिक्षा०) (कुछ सार्वजनिक विद्यालयोंमें) नायक, वर्गाध्यक्ष, कक्षाप्रधान, प्रीफेक्ट।

prefectoral, prefectorial प्रिफ़ॅक्'टॅरॅल्, प्रीफ़ॅ-क्टॉ'रिॲल् aa. प्रशासकीय, प्राध्यक्षीय, नायकोचित।

prefectural –'चॅरॅल् n. प्रशासक-पद-विषयक; वर्गाध्यक्षपदीय।

prefecture प्री'फ़िक्च्युॲर् n. प्रशासक-पद, प्राध्यक्ष-पद; प्रशासकपदावधि^F, प्राध्यक्षपदावधि^F; प्रशासक या प्राध्यक्ष-निवेश; प्रशासक या प्राध्यक्षके अन्तर्गत क्षेत्र।

prefer प्रिफ़र्' v. t. उन्नत करना, पदवृद्धि^F करना, स्थानोन्नति^F करना, वृद्धि^F करना, बढ़ती^F करना; प्रवर्तन करना; पुरोभृत करना, पुरोभरण करना, उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, **आरोप करना, करना**, देना, आगे धरना, पेश करना; (रसा०) **अधिमान्यता^F देना**, वरीयता^F देना, **अधिमान देना**, प्रशंसा^F करना, प्रवर समझना, श्रेयस्कर समझना, श्रेष्ठ मानना, अधिक मानना, पसन्द करना (~ *to leave it alone*)।

preferability प्रे'फ़ॅरॅबि'लिटि n. वरिष्ठता^F, अधिमान्यता^F, श्रेयस्करता^F, गरिष्ठता^F, वरेण्यता^F, अधिक अच्छा होना।

preferable –'फ़ॅरॅबॅल् a. अधिमान्य, वरीय, श्रेयस्कर, गरीयस्, उत्तम, वरेण्य, अधिक अच्छा।

preferableness –निॅस n. = PREFERABILITY.

preference –रॅन्स् n. **अधिमान**, प्राथमिकता^F, **अभिरुचि^F, वरीयता^F**, अधिमान्यता^F, अधिकानुराग, आदरातिशय; **तरजीह^F**; अधिमानित वस्तु^F; (वित्त० ऋण-

शोधनका) पूर्वाधिकार; अधिमान-दान, (व्यापार इत्यादिमें, किसी देशको दूसरेसे) अधिक मान देना; पसन्द; आदर; ~ bond पूर्वाधिकार-बन्ध; ~ share पूर्वाधिकार-अंश; ~stock पूर्वाधिकार-स्कन्ध;
~ creditors, ~ dividend, ~ function, ~ schemes, ~ share, ~ surface, ~ system.

preferential –रे'न्'श्ल् a. (रसा०) **वर्णनात्मक; अधिमान्य,** (अर्थ०) **पूर्वाधिमानी,** अधिमानी, अधिमानात्मक, पक्षपातपूर्ण, **तरजीही।**
~ adsorption, ~ combustion, ~ creditor, ~ duties, ~ hiring, ~ payments, ~ rate, ~ traffic, ~ treatment.

preferentialism –शॅलिज़्म् n. प्राथमिकतावाद, सुविधावाद, अधिमानवाद।

preferentialist –लिस्ट् n. प्राथमिकतावादी, सुविधावादी, अधिमानवादी।

preferment प्रिफ़र्'मॅन्ट् n. उन्नति^F, पदोन्नति^F, पदोत्कर्ष, अधिमान, स्थानोन्नति^F, प्रतिष्ठापद, गौरवास्पद, बढ़ती^F, तरक्क़ी^F।

preferred –र्ड्' a. अधिमानित, अधिमान-प्राप्त, (का०) **पूर्वभावी;** ~ shares, stock, etc. पूर्वाधिकार-अंश, स्कन्ध आदि।

preferrer –'रॅर् n. उन्नतिकर्ता, पदवृद्धिकर्ता, स्थानोत्कर्षकर्ता, बढ़ती करनेवाला; प्रवर्तक; पुरोभर्ता, उपस्थापयिता; प्रस्तुतिकर्ता, पेश करनेवाला; अधिमाता, प्रशंसक, प्रवर समझनेवाला, श्रेयस्कर समझनेवाला।

prefigurate¹ प्रीफ़ि'ग्यूरेट् v. t. पूर्वकल्पना^F करना, पहिले सोच लेना; दिग्दर्शन करना, पूर्वप्रतिबिम्बित करना।

prefigurate² –रॅट् a. पूर्वकल्पित, पूर्वचिन्तित, पूर्वदिग्दर्शित।

prefiguration –रे'शॅन् n. पूर्वदिग्दर्शन, पूर्वाभिव्यक्ति^F, पूर्वचित्रण, पूर्वगत झलक^F।

prefigurative –ग्यूरॅटिव् a. पूर्वदिग्दर्शनात्मक, पूर्वलक्षणात्मक, पूर्वचित्रात्मक, पूर्वप्रतिबिम्बात्मक।

prefigure प्रीफ़ि'गॅर् v. t. पूर्वप्रतिबिम्ब दिखाना, दिग्दर्शन कराना, पूर्वचित्र दिखाना; पूर्वचित्र करना, पूर्ववर्णित करना, पहिलेसे कल्पना^F करना।

prefigurement –मॅन्ट् n. = PREFIGURATION.

prefix¹ प्री'फ़िक्स् n. **उपसर्ग;** उपपद, आस्पद (जैसे, Mr., Mrs., Sir, Dr.)।

prefix² v. t. पूर्वविन्यस्त करना, अग्रन्यस्त करना, पूर्वयोजित करना, आदिमें जोड़ना, पहले जोड़ना; उपसर्जन करना, उपसर्ग लगाना।

prefixion, prefixeturs –क्'शॅन्, –'स्चुअॅर् n. पूर्वविन्यास, पूर्वयोजना, पूर्वप्रत्ययन, पूर्वोपसर्जन।

prefloration प्रीफ़्लॅरे'शॅन् n. पूर्वकलिका-रचना^F, पूर्वकलिका-दल-विन्यास।

prefoliation प्रीफ़ोलिए'शॅन् n. पर्णकलिका-रचना^F, मुकुलपत्र विन्यास, (वन०) **कलिकापर्ण-विन्यास।**

preform प्रीफ़ॉर्म' v. t. पूर्वनिर्माण करना, पूर्वगठित करना, पूर्वरचना^F करना, पहिलेसे गढ़ना या बनाना।

preformation –में'शॅन् n. पूर्वनिर्माण; पूर्वगठन, पूर्वरचना^F, पूर्वरूप।

preformationist –निस्ट् n. (कृषि०) **प्राक्‌घटनवादी।**

preformative¹ –'मॅटिव् n. रचनात्मकोपसर्ग, उपसर्गरूप रचनात्मक शब्द।

preformative² a. पूर्वनिर्माणात्मक, पूर्वगठनात्मक, पूर्वरचनात्मक; (रचनात्मक तत्त्वके रूपमें) पूर्वस्थित, पूर्वस्थापित।

preformed –म्ड्' a. पूर्वनिर्मित, पूर्वरचित, पहिलेसे गढ़ा हुआ।

preformism –मिज़्म n. (शिक्षा) **कोशिकावाद।**

pregenital प्रीजे'निटॅल् a. (चि०) लिंग प्राधान्यपूर्व; जननपूर्व।

pregnable प्रे'ग्'निबॅल् a. जेय, सुजेय; सुगम।

pregnancy प्रे'ग्नॅन्सि n. (चि०, श० र० शा०) **सगर्भावस्था,** सगर्भता^F, (चि०) **गर्भिणीता^F,** गर्भधारण, गर्भग्रहण, गर्भिणीभाव।

pregnant a. गर्भधारिणी, (कृषि०, श०र०शा०) सगर्भा, **गर्भवती,** गर्भिणी, अन्तर्वत्नी, आपन्नसत्त्वा, (कृषि०) **गाभिन, ओरई;** भारी पैरवाली; उद्भावनामय, कल्पनापूर्ण; फलगर्भ, आढ्य, वरदायी, परिणामकारी; (शब्द या कृत्य) गूढ़, सारगर्भित, अर्थगर्भ, अर्थपूर्ण, विचारपूर्ण; भारी, भरा हुआ; ~ construction (व्या०) अर्थादेशपूर्ण रचना^F; ~ uterus (चि०) सगर्भ गर्भाशय।

prehensile प्रिहे'न्'सिल् a. ग्रहणक्षम, (जीव०) **परिग्राही,** ग्रासक्षम, पकड़नेवाला (~ *tail*)।

prehensility प्रीहे'न्सि'लिटि n. ग्रहणक्षमता^F, परिग्राहिता^F, ग्रासक्षमता^F।

prehension –'शन् n. बोध, समझ^F; (कृषि०) **परिग्रहण,** ग्रास; धारण, ध्यान।

prehensor ⊙ –'सॅर n. ग्रहीता, धारयिता।

prehensory ⊙ –'रि a. ग्रहण-सम्बन्धी, ग्रहणशील; धारयिता-सम्बन्धी, ग्रहण करनेवालेसे सम्बन्धित।

prehistoric प्रीहिस्टॉ'रिक् a. (नृ०, इति०) **प्रागैतिहासिक,** पूर्वैतिहासिक, इतिहासपूर्व;
~ age, ~ animal, ~ archaeology, ~ cemetery, ~ mane.

prehistory –'टॅरि n. प्रागैतिहासिक सामग्री^F, प्रागैतिहासिक युग, प्रागितिहास-काल।

prejudge प्रीजज्' v.t. अकालनिर्णय करना, पूर्वनिर्णय करना, (बिना जाँच^F के) फ़ैसला करना; पूर्वनिष्कर्ष निकालना, पहिलेसे ही मत स्थिर करना, आगेसे ठानना।

prejudg(e)ment, prejudication –मॅन्ट, प्रीजूडिके'शन् nn. पूर्वनिर्णय, पूर्वनिष्कर्ष, पूर्वनिश्चय, पूर्वन्याय।

prejudicate प्रीजू'डिकेट् v.t. & i. पूर्वनिर्णय कर लेना, पूर्वधारणा^F बना लेना, पहिलेसे ही समझ^F रखना।

prejudicative –'टिव् a. पूर्वनिर्णयशील, पूर्वधारणापर, पहिलेसे ही समझ रखनेवाला।

prejudice[1] प्रे'जुडिस् n. संग, पक्षपात, **पूर्वग्रह**, विधारणा^F, पक्षग्रहण, तरफदारी^F (~ *against in, favour of*); चेतोविकार, अविचारमति^F, अरुचि^F, प्रतिकूलता^F, अननुकूलता^F; (का०) **अपकृति**^F, क्षति^F, अपाय, नाश, हानि^F, घाटा, बिगाड़; कुफल, (विधा०) **प्रतिकूल प्रभाव, विपरीत प्रभाव,** दुष्परिणाम, हर्ज।

prejudice[2] v.t. पक्षपात करना, पक्षग्रहण करना, तरफदारी^F करना; (अधिकार, अभ्यर्थना^F या वक्तव्यको) आवर्जित करना, विकृत करना, बिगाड़ना; (व्यक्तिको) पक्षमें करना, फोड़ लेना, मिलाना; *without* ~ निष्पक्ष, पक्षपातरहित।

prejudiced –'ड् a. पक्षपातयुक्त, पूर्वग्रहपूर्ण।

prejudicial '–शल् a. पक्षपातजनक, पक्षपातकर; पक्षपातपूर्ण, विपरीत, प्रतिकूल, विरुद्ध; अहितावह, अपकारक, क्षतिजनक, हानिकर, हानिप्रद; ~ *to* के प्रतिकूल, के लिए हानिकर।

prelacy प्रे'लॅसि n. महन्तपद, मठाधीशपद, धर्माचार्यपद; महन्तगण, गिर्जाध्यक्षवर्ग; महन्तराज्य, गिर्जाई शासन।

prelate –'लॅट् n. धर्माध्यक्ष, मठाधीश, महन्त, गिर्जाध्यक्ष, प्रिलेट।

prelatess –'टिस् n. मठाध्यक्षा^F, महन्तिन^F; (हास्य०) मठाध्यक्ष-पत्नी^F, महन्त-पत्नी^F।

prelatical प्रि'लै'टिकॅल् a. मठाधीशीय, मठाधीश-विषयक, महन्त-सम्बन्धी, गिर्जाध्यक्ष-सम्बन्धी, प्रिलेटका; महन्तपद-विषयक, मठाधीशपद-विषयक, गिर्जाध्यक्षपद-विषयक; महन्तराज्य-विषयक, गिर्जाई शासन-सम्बन्धी।

prelatism प्रे'लॅटिज़्म् n. = PRELACY.

prelatist –'टिस्ट् n. महन्तराज्यवादी, गिर्जाई शासनका पक्षपाती।

prelatize –'टाइज़् v.t. गिर्जावरोंको महन्त-शासनके अन्तर्गत लाना।

prelature –'ट्युअॅर् n. महन्ती, गिर्जाध्यक्षपद; महन्तजन, गिर्जाध्यक्षगण।

prelect प्रि'ले'क्ट् v.i. वक्तृता^F देना, भाषण करना, व्याख्यान देना, वक्तव्य देना, बोलना।

prelection –क्'शॅन् n. वक्तृता^F, भाषण, व्याख्यान, वक्तव्य।

prelector –'टॅर् n. वक्ता, व्याख्याता, भाषणकर्ता, अध्यापक।

prelibation प्रीलाइबे'शॅन् n. पूर्वास्वाद, पूर्वभुक्ति^F; (प्रा०, ला०) पूर्वानुभव, पूर्वबोध, पूर्वाभास।

prelim प्रि'लिम्' n. (बोल०, *preliminary* का संक्षेप) पूर्वपरीक्षा^F, पूर्वपरीक्षण, प्राथमिक परीक्षा^F, प्राथमिक जाँच^F।

preliminary[1] –'मिनॅरि n. पूर्वकार्य, पूर्वविषय, प्राथमिक प्रबन्ध, प्रारम्भिक व्यवस्था^F; उपक्रम, तैयारी^F (प्रायः बहुव० में)।

preliminary[2] a. प्राथमिक (नि०, राज०) **प्रारम्भिक** परिचयात्मक, प्रास्ताविक, प्रस्तावनारूप, प्रबन्धात्मक, उपक्रमस्वरूप;

~ action, ~ adjustment, ~ arrangements, ~ budget, ~ canvass, ~ course, ~ dividend, ~ enquiry, ~ estimate, ~ examination, ~ expenses, ~ grant, ~ injunction, ~ inspection, ~ investigation, ~ measure, ~ notice, ~ objection, ~ operation, ~ point, ~ report, ~ sorting, ~ stage, ~ storing, ~ surface, ~ survey, test, ~ treaty, ~ wave.

prelude[1] प्रे'ल्यूड् n. आमुख, प्रस्तावना^F, भूमिका^F, मंगलाचरण, पूर्वरंग; उपक्रम, प्रारम्भ, शुरुआत; (संगीत) आलाप, स्वरालाप, पूर्वालाप, लय, स्वरमिलाप।

primitive¹ प्रि'मिटिव n. (पुनर्जागरणकालके पूर्वका) चित्रकार, रंजक, रंगकार; चित्रकला^F, चित्रकारी^F; धातु^F, अव्युत्पन्न शब्द; मूल रेखा^F, मूल आकृति^F, पूर्वग रेखा^F, पूर्वग आकृति^F।

primitive² a. **आद्य, आदिम** ~ (*man*), आदि (~ accumulation) पूर्व-, प्राक्-, **पूर्वग,** प्रारम्भिक, प्राचीन, **आदिकालीन,** पुरातन; असभ्य, खूसट, पुरानी चाल^F का; असंस्कृत, घटिया, सादा, भोंडा, अनगढ़; मूल, मौलिक (~ *colours* लाल, पीला, नीला); (व्या०) मूल, अव्युत्पन्न; (गणित, रेखा^F, आकृति^F आदि) **पूर्वग;** आद्यज, पूर्वज;

~ accumulation, ~ ancestor, ~ ~ behaviour, ~ communism, ~ community, ~ entoderm, ~ equation, ~ fold, ~ function, ~ habitation, ~ horde, ~ man, ~ moral, ~ morality, ~ mouth, ~ node, ~ nomadism, ~ plate, ~ polynomial, ~ race, ~ root, ~ stock, ~ streak, ~ transformation, ~ virtue.

primitiveness –निॅस् n. प्राचीनता^F, पुरातनता^F, पुरानापन; संस्कृतता^F; सादापन, भोंडापन; मूलता^F, मौलिकता^F।

primitivism –विज़म् n. अतीतवाद, पुरातनतावाद, प्राचीनतावाद।

primness प्रिम्'निॅस् n. औपचारिकता^F, बनावट^F, तकल्लुफ।

primo (L) adv. प्रथमतः, पहिले-पहिल।

primogenial प्राइमॅजे'निॲल् a. = PRIMIGENIAL.

primogenital, primogenitary प्राइमॅजे'निटॅल्, –टॅरि aa. ज्येष्ठता विषयक, अग्रजत्व-सम्बन्धी, ज्येष्ठांश-सम्बन्धी।

primogenitive –टिव् a. प्रथमजन्मा।

primogenitor –टॅर् n. आद्य पूर्वज, प्रथम पूर्वज, आदिपुरुष, प्रथमपुरुष, कुलपुरुष; पूर्वपुरुष; (शिथिलतः) पूर्वज, पुरखा, बापदादा।

primogeniture–च्युॲर n. वयोज्येष्ठता^F, अग्रजन्मता^F, अग्रजत्व, ज्येष्ठता^F, जेठाई^F, अग्रजाधिकार, (का०) **ज्येष्ठाधिकार,** ज्येष्ठांश।

primordial प्राइमॉर्'डिॲल् a. (प्राणि०, रसा०) आद्य, (रसा०, प्राणि०) **आदि,** आदिम (~ *faith*), (प्राणि०, रसा०) **प्रारम्भिक,** आदिकालिक, प्रथम; मूल, (रसा०, प्राणि०) **मौलिक,** मूलभूत, बीजभूत; आदिजात; ~ pit (वन०) **गर्त क्षेत्र।**

primordiality –ऑॅलिटि n. आद्यता^F, प्राथमिकता^F, आदित्व, प्रथमता^F; मूलता^F, मौलिकता^F, मूलभूतता^F।

primordium –'डिॲम् n. (वन०) **आद्य अंग,** (चि०) आद्यावस्था^F; मूल कारण, मूलस्रोत, मौलिक उद्‌गम; उत्स, आरम्भ, प्रारम्भिक दृश्यमान रूप।

primrose प्रिम्'रोज़ n. पीतसेवती^F, बसन्ती गुलाब, बसन्ती गुलाबका फूल; ~ path विलास, आनन्द, सुख।

primrosy –ज़ि a. पीतसेवीय, बसन्ती गुलाबका-सा, बसन्ती गुलाबके रंगका।

primula प्रि'म्यूलॅ n. पीतसेवी-प्रजाति^F, प्रिमुला^F।

primum mobile (L) n. चल ग्रह; (ज्यौ०) **आदि प्रवर्तक;** (ला०) गतिहेतु, क्रियाहेतु।

primus¹ प्राइ'मॅस् n. (स्का० गिर्जेका) प्रधान पादरी।

primus² n. (~ *stove*) प्राइमस स्टोव।

primus³ a. प्रथम, पहिले क्रमका, पहला (*Jones* ~ प्रायः *Jones I* लिखा जाता है)।

prince प्रिन्स् n. प्रभु, शासक, राजा, अधीश्वर, सम्राट्; राजन्य, राजवंशी; राजपुत्र; सामन्त, रईस, सरदार, सूबेदार, जागीरदार; (राज०) **राजकुमार,** युवराज, शाहजादा; (रोमन कैथालिक गिर्जाघरके धर्माध्यक्षका पद) प्रिंस; (ला०) श्रेष्ठ, अग्रणी, शिरोमणि, प्रमुख, मुकुटमणि, सरताज; P~Albert ⊙ फ्राक कोट; ~ consort राज्ञीपति; ~ of peace यीशु, ईसामसीह; ~ royal युवराज; ~'s-feather कलँगी पौधा; ~'s metal पीतल।

princedom –डॅम् n. राज्य, राष्ट्र, रियासत, राजन्य-पद; राजकुमार-पद, युवराज-पद।

princekin, princelet –किन्,–लिॅट् nn. छोटा-मोटा; राजकुमार।

princelike –लाइक् a. नृपोपम; राजोचित, राजन्योचित, युवराजोचित, राजकुमारोचित, राजसदृश, राजकीय; ऐश्वर्यवान्, वैभवशाली।

princeliness –लिनिॅस् n. ऐश्वर्य, वैभव, राज्यश्री^F, प्रताप, ठाट-बाट, शान^F।

princeling –लिंग् n. राजन्यक, कुमार।

princely –लि a राजसी, ऐश्वर्यशाली, वैभवशाली, प्रतापशाली, ठाट-बाटका, शानदार; (दे०) PRINCE-LIKE.

princess –सेॅस् n. (प्रा०) राज्ञी^F, सम्राज्ञी^F, रानी^F, राजमहिषी^F, महारानी^F, मलिका^F; राजवधू^F, राजकुमारकी पत्नी^F; नृपसुता^F, राजकन्या^F, राजपुत्री^F, (राज०) **राजकुमारी^F,** शाहजादी^F; ~ post (स्था०, यन्त्र०) **गौणखम्भा;** ~ royal (इंग्लैण्डकी) ज्येष्ठ राजकुमारी^F (की उपाधि^F)।

principal[1] प्रिन्'सिपॅल् n. मुख्य, **प्रधान,** मुखिया; अधिपति; अध्यक्ष; **प्रधानाचार्य, आचार्य, प्रिंसिपल;** नेता, नायक; **स्वामी, मालिक,** (*I must consult my ~*); मुख्य अपराधी; मूल ऋणी, असली कर्जदार; द्वन्द्वयोद्धा; (स्था०) **मुख्य कड़ी**F; धन्नीF, धरनF, **शहतीर;** (गणि०) **मूलधन,** पूँजीF।

principal[2] a. (निर्दे० ज्या०) **मुख्य,** प्रमुख, प्रथम, परम, **प्रधान, मूल,** वास्तविक, खास, असल;
~ apartment, ~ appraiser, ~ axis, ~ challenge, ~ clause, ~ court, ~ debtor, ~ diogonal, ~ direction, ~ director, ~ duties, ~ focus, ~ food, ~ function, ~ ideal, ~ matron, ~ meridian, ~ moment, ~ money, ~ normal, ~ obligation, ~ office, ~ officer, ~ operation, ~ parameter, ~ parts, ~ planes, ~ point, ~ radius, ~ reaction, ~ root, ~ secretary, ~ section, ~ security, ~ sentence, ~ series, ~ submatrix, ~ sum, ~ term, ~ valency, ~ yield.

principality –पैʹलिटि n. शासन, आधिपत्य, हुकूमत; मण्डल, (राज०, इति०) **राज,** राज्य, प्रदेश, रियासत, (राज०) **जागीर**F; सामन्तराज्य; (राज०, इति०) **सामन्त देश,** (बहुव०) देवदूतोंका प्रथमक्रम।

principally –सिपॅलि adv. मुख्यतः, प्रधानतः; मुख्यतया, प्रधानतया, विशेषतया।

principalness –ल्ॅनि॑स् n. प्रामुख्य, प्राधान्य, प्रमुखताF, प्रधानताF, मुख्यताF।

principalship –शिप n. प्रधानाचार्यका पद, प्रिंसिपलीF।

principate –पॅट् n. (रोमन इति०) साम्राज्य, अधिराज्य; सामन्तशासन, सामन्तराज्य; राज्य, रजवाड़ा, रियासतF।

principia प्रिन्सि॑पिॲ n. pl. प्रथम सिद्धान्त, प्राथमिक सिद्धान्त, आरम्भिक सिद्धान्त, प्रारम्भिक सिद्धान्त, मूल सिद्धान्त, मौलिक आधार।

principle –सिपॅल् n. **तत्व,** सूत्र, **प्रमुख नियम, नियम,** (गति० वि०, अर्थ०) **सिद्धान्त,** सार, बीज; मूलतत्त्व, मूलस्रोत; मूल कारण, हेतु; **सारघटक, सारतत्व;** (चि०) आद्यगुण या सार; (भौति०) प्रनियम, विधिF, व्यवस्थाF, रीतिF, मर्यादाF, पद्धतिF, प्रणालीF; (बहुव०, समूह एक०) सत्याचरण या सदाचार-सम्बन्धी व्यक्तिगत मात्राF; धर्म, स्वभाव, सत्यनिष्ठाF; first ~s मूल-सिद्धान्त, *in ~* सिद्धान्तरूपमें; *on ~* सिद्धान्ततः, सिद्धान्तोंके कारण, सिद्धान्तके लिए।

principled –ल्ड् a. सिद्धान्तमण्डित, सिद्धान्तयुक्त, सिद्धान्ती, सिद्धान्तवादी; सिद्धान्तधारी।

prink प्रिंक् v.t.& i. (स्वयंको) विभूषित करना, वस्त्राभरित करना, सजाना, सिंगारना, सँवारना, छैला बनाना; सजना; सँवरना, छैला बनना, बनाव-ठनाव करना, अकड़ना; (पक्षीके पंख) सँवारना, काढ़ना, ऊँछना।

prinker –कॅर् n. आत्म-विभूषक, आत्मवस्त्राभर्ता, अपने को सजानेवाला, स्वयंको सिंगारनेवाला, छैला बननेवाला; विभूषयिता, सजानेवाला, सँवारनेवाला।

print[1]* प्रिन्ट् n. चिह्न, अंक, छाप, ठप्पा, मोहरF, निशान; छींटF; मुद्रण, छपाईF*; मुद्रणाक्षर (*large, small, clear ~*); (विशे०, अमरीकामें) मुद्रित प्रकाशन (विशे०, समाचारपत्र); (चित्रफलक या ठप्पेसे उतारा हुआ) चित्र, बेलबूटा; (फोटो) छाया-चित्र; **प्रति, प्रिण्ट;** (अक्सी प्लेटFसे) उतारा गया चित्र; foot ~ पदचिह्न; ~-seller मुद्र-विक्रेता; उत्कीर्ण वस्तुओंFका व्यवसायी; ~-works सूती कपड़ोंकी छपाईFका कारखाना; *book is in ~* ग्रन्थ मुद्रित है, बाजारमें लभ्य है, पुस्तकF छपी हुई है; *out of ~* छाप-बाहर, अप्राप्य।

print[2]* v.t. चिह्न लगाना, छापा लगाना, ठापFलगाना, निशान लगाना, मुहरF लगाना; मुद्रांकन करना, छपाईF करना, छापना*; (ला०) अमिट चिह्न बनाना, प्रभावित करना, छापF लगाना; मुद्रित कराना, मुद्रण कराना, छपाना; मुद्राभिव्यक्त करना, छपे हुए रूपमें प्रकट करना; ढालना; छीटF बनाना; (छायाचित्रण-फलक द्वारा) चित्र उतारना, प्रिण्ट लेना।

printable –टॅबॅल् a. मुद्रणीय, छपाईFके योग्य; प्रकाशनीय; छींट बनानेके उपयुक्त; छायाचित्रणके योग्य।

printed –टिड् a. मुद्रित, यन्त्रमुद्रित, **मुद्रांकित,** छापा हुआ;
~ communications, ~ copies, ~ form, ~ paper, ~ report.

printer –टॅर् n. (वैमा०) **मुद्रक,** मुद्रण-व्यवसायी, छापाकार; मुद्रण यन्त्र, छपाईFकी कलF।

printery ⊙ –रि n. मुद्रण-कार्यालय।

printing –टिंग् n. मुद्रण, मुद्रांकन, **छपाई**F; मुद्रण-कलाF; ~- press **मुद्रणालय;** मुद्रण-यन्त्र, छापेकी मशीनF;
~ black, ~ blue, ~ branch, ~ brown, ~ charges, ~ frame, ~ green, ~ ink, ~ material, ~ metal, ~ paper, ~ process, ~ point, ~ reperforator, ~ requisition, ~ technology, ~ violet.

printless –ट्'लि॑स् a. चिह्नरहित, बिना छापF, छापरहित।

prior[1] प्राइ'ॲर् n. मठाध्यक्ष, मठाधीश, मठाधिपति, आश्रम-प्रमुख, विहारपाल, महन्त, प्रायर; (मठमें) उपमहन्त, सहायक मठाधीश।

prior[2] a. (विधा०) **पूर्व,** आद्य, अग्र, प्रथम, आदिम, प्राग्वर्ती, पूर्वगामी, पूर्ववर्ती, पहला; गुरुतर, प्रधान, मुख्य।

prior[3] adv. पूर्वतः, आद्यतः, प्रथमतः (*~ to his appointment*)।

priorate, priorship –रॅट, –शिप् nn. मठ, संघ; मठाधीश-पद, प्रायरका पद।

prioress –रिॅस् n. मठाध्यक्षाF, महन्तिनF।

priority –ऑ'रिटि n. **पूर्वता**F, आद्यताF, **अग्रता**F,

प्राथमिकताF, प्रथमताF, आदिमताF, प्राग्वर्तिताF, **पूर्ववर्तिताF**; अग्राधिकार, पूर्वाधिकार, श्रेष्ठताF, प्राधान्य; first, top, ~ सर्वप्राथम्य;
~ buyer, ~ cabin, ~ call, ~ categories, ~ classes, ~ indent, ~ indication, ~ job, ~ list, ~ marking, ~ move, ~ prefix, ~ programme, ~ telegram.

priorship –ॲर्-शिप् n. दे० PRIORATE.

priory –रि n. मठ, संघ, कुल, आश्रम, मन्दिर, विहार।

prisage प्राइ'सिज n. (इति०) मद्य शुल्क, मद्यकर, प्राइसेज, शराबFपर टैक्स।

prise प्राइज़=PRIZE.

prism प्रिज़्म् n. (प्रा० भू०, गणि०, ऋतु०, भौ०) **स्तम्भ**; संक्षेत्र, (प्रा०भू०, गणि०, ऋतु०, भौ०) **समपार्श्व**, त्रिपार्श्व, काचपार्श्व, छेदित घन-क्षेत्र; त्रिपार्श्वकाच; (शिथिलतः) वर्णानुक्रम; T. (बहुव०) सप्तवर्ण, इन्द्रधनुषका रंग;
~ binocular, ~ cap, ~ spectroscope, ~ table.

prismal –मॅल् a. समपार्श्विक, समभिपार्श्विक, संक्षेत्रीय, काचायत-विषयक।

prismatic, -al –मै'टिक्, -ॲल् aa. (कृषि०) **त्रिधारी**, (रसा०) **सांक्षेत्रिक, समपार्श्विक**, समभिपार्श्विक, (रसा०) (प्रा० भू०, घ० ज्या०) **समपार्श्वीय**, काचायत-विषयक, (घन ज्या०) प्रिज्मीय (~ *cell, system*); (रंग) प्रखर, तीव्र, तेज, गहरा; ~ compass संक्षेत्रीय दिक्सूचक, समपार्श्विक दिक्सूचक, प्रिज्मेटिक कम्पास।
~ binoculars, ~ cell, ~ coefficient, ~ compass, ~ layer, ~ slice, ~ structure, ~ sulphur, ~ system.

prismatoid –मॅटाऍड a. संक्षेत्र, संपार्श्वाभास, प्रिज्मेट्वायड।

prismatoidal –डॅल् a. संक्षेत्रीय, संपार्श्व-विषयक, प्रिज्मेट्वायड-सम्बन्धी।

prismoid –माऍड् n. संक्षेत्राभ, समपार्श्व-सदृश।

prismoidal –डॅल् a. संक्षेत्राभीय, संक्षेत्राभ-सम्बन्धी, (गणि०, घ० ज्या०) **समपार्श्वाभीय, प्रिज्माभीय**, (~*formula*, ~ *solid*)।

prismy –मि a. संक्षेत्रीय, समपार्श्विक।

prison[1]* प्रि'ज़न् n. कारा, (विधा०) **कारावास**, (का०) **कारागार**, बन्दीगृह, कैदखाना, जेलखाना*, (का०) **जेलF**, हवालातF; संसीमन, परिसीमन, परिरोध, बन्धन, अभिरक्षाF, विनिबन्धन, हिरासतF, कैदF*; ~-breaker कारा-भेदी, जेलFका भगोड़ा, फरार; ~-breaking (का०) **काराभेदन**; (बन्दीगृहसे) फरार हो जाना; ~-house कारागृह, कारागार, बन्दीगृह; ~ van कैदी-गाड़ीF; (रेल०) **बन्दी डिब्बा**;
~ bounds, ~ breach, ~ cloth, ~ contract, ~ fever, ~ kit, ~ offence, ~ subordinates.

prison[2] v.t. बन्दी करना, कारागारमें डालना, जेलFमें डालना, बन्द करना, कैद करना।

prisoner –ज़ॅनॅर n. (का०) **बन्दी**, (विधा०) **काराबन्दी**, कारावासी, (का०) **कैदी**, बँधुवा; ~ of State (का०) **राजबन्दी**, राजनीतिक कैदी।

pristine प्रिस्'टिन् a. मूल, आद्य, आदिम, प्रारम्भिक, पूर्व, प्राक्तन, पूर्वकालीन, पुरातन, प्राचीन, पुराना।

prithee प्रि'दि int. कृपया, कृपाF करके, मेहरबानीFसे (*tell*~)।

prittle-prattle प्रि'टॅल्-प्रै'टॅल् n. निस्सार आलाप, बक-बकF, झक-झकF, चिख-चिखF।

privacy प्राइ(प्रि)'वॅसि n. विविक्तवास, अन्तरंग, एकान्त, (का०) **एकान्तताF**, एकान्तवास (*lived in absolute* ~); विविक्तताF, गोपनीयताF, गुप्तताF, रहस्य, प्रच्छन्नताF, (का०) **परदा**, ओटF, दुराव, छिपाव; निर्जन स्थान, एकान्त स्थान; ~ *code* **गोपन कोट**।

private[1] प्राइ'वॅट् n. सामान्य सैनिक; (बहुव०) उपस्थ, गुप्तांग, गुह्यांग।

private[2]* a. (व्यक्ति) **अशासकीय**, शासनेतर, **गैरसरकारी** (~ *member*); गुप्त*, गूढ़, प्रच्छन्न, अन्तरंग, अव्यक्त, अप्रकट, मेदभरा (~ *conversation*), **अलोक**, अलोकसामान्य, स्वजनिक, **असार्वजनिक**; व्यक्तिगत, **वैयक्तिक**, स्वकीय, आत्मीय, **निजी**, अपना*; **खासगी**; सविश्रम्भ, विश्वस्त; एकान्त, निर्जन, विजन, सुनसान; **एकान्तिक**, (प्रायः) एकान्तवासी, एकान्तप्रिय; T; ~ bank **खासगी बैंक**; ~ house निजी गृह, वैयक्तिक आवास; ~ parts उपस्थ, गुप्तांग, गुह्यांग (योनिF, लिंग आदि); ~ person गैरसरकारी आदमी; ~school निजी विद्यालय, असार्वजनिक स्कूल, गैरसरकारी स्कूल; ~ student गृहपाठी, T, ~ tuition गृह-शिक्षण; *in* ~ एकान्तमें, अकेलेमें, व्यक्तिगत रूपसे, अन्तरंग जीवनमें;
~ account, ~ act, ~ adjustment, ~ affairs, ~ agency, ~ agreement, ~ arbitration, ~ bill, ~ business, ~ candidate, ~ capacity, ~ carrier, ~ case, ~ charity, ~ company, ~ concern, ~ debt, ~ defence, ~ document, ~ employer, ~ employment, ~ enterprise, ~ estate, ~ exchange, ~ ferry, ~ flying, ~ gain, ~ good, ~ injury, ~ land, ~ ledger, ~ life, ~ line, ~ loan, ~ market, ~ merchandise, ~ negotiation, ~ nuisance, ~ number, ~ ownership, ~ party, ~ pilot, ~ practice, ~ property, ~ prosecutor, ~ residence, ~ road, ~ sale, ~ saloon, ~ seal, ~ secretary, ~ sector, ~ telegram, ~ trade, ~ transfer, ~ ward; ~ works.

private-do cent-zent(G) n. अवैतनिक प्राध्यापक।

privateer प्राइवॅटीअॅर्' n. दस्यु-पोत, अशासकीय दस्यु पोत, लुटेरोंका जहाज, प्राइवेटीयर; दस्युपोत-महाबलाधिकृत, स्वयं-सैनिक, प्राइवेटीयर-कमाण्डर; (pl.) उक्त पोतका खलासी।

privateering –'रिंग् n. (प्राइवेटीयर द्वारा) शत्रुपोतका विनाश।

privateersman –अॅर्स्'मॅन् n. दस्युपोताधिकारी, दस्युपोत-महाबलाधिकृत, प्राइवेटीयर-कमाण्डर।

privateness प्राइ'वॅट्-निॅस् n. गुप्तता^F, गूढ़ता^F, अव्यक्तता^F, अप्रकटता^F, रहस्यमयता^F; अलोकता^F, अलोकसामान्यता^F, असार्वजनिकता^F, वैयक्तिकता^F, आत्मीयता^F, निजीपन; एकान्तता^F, विजनता^F, सुनसान; एकान्तवासित्व, एकान्तप्रियता^F।

privates प्राइ'वेट्स् n. (चि०) जननेन्द्रियाँ^F, शिश्न, योनि^F, इत्यादि; सैनिक, सिपाही।

privation प्राइवे'शॅन् n. (का०) **विच्छेद**; क्षय, हानि^F, नाश, लोप, (दर्श०) **वंचन, राहित्य,** अभाव (*cold is the ~ of heat*); दरिद्रता^F, कमी^F, तंगी^F, कंगाली^F; कष्ट, विपत्ति^F, असुविधा^F, तकलीफ^F।

privative प्रि'वॅटिव् a. अभावात्मक, अभावोत्पन्न, अभावरूप, क्षयजन्य, लोपजन्य, हानिकृत; अनस्तित्व-वाची; वैकल्यवाची, नकारात्मक; क्षयकर, हानिकर; ~ term (दर्श०) **वैकल्य-पद**।

privet प्रि'विट् n. शोभावृत्ति^F, (बाड़ा बनानेकी एक झाड़ी^F-विशेष)।

privilege[1] प्रि'विलिॅज् n. स्वत्व, (~ *tax*) प्राधिकार, (~ *leave*) स्वाधिकार, असामान्याधिकार, (राज०, का०, दर्श०) **विशेषाधिकार,** विशेष कृपा^F, विशेष सुविधा^F, विशेष लाभ, रियायत^F; एकस्व, एकाधिपत्य, एकाधिकार; ~ ticket **सुविधा-टिकट**; writ of ~ विशेषाधिकार-समादेश।

privilege[2] v.t. अनुज्ञा^F देना, विशेषाधिकार देना, विशेष सुविधा^F देना, रियायत^F करना; विमुक्ति^F देना, विमुक्त करना, छूट^F देना, बरी करना, रिहा करना, माफ करना।

privileged –ड् a. अधिकारविशिष्ट, विशेषाधिकारी, विशेषाधिकृत, विशेषाधिकारयुक्त, **सविशेषाधिकार,** विशेष सुविधा-प्राप्त;

~ communication, ~ motion, ~ occasion, ~ occupant, ~ publication, ~ will, ~ witness.

privity प्रि'विटि n. (कानून) संसर्ग, (का०) **सम्बन्ध,** सहसम्बन्ध, एकात्मकता^F; रक्तसम्बन्ध; व्यापार-सहसम्बन्ध, सेवा-सहसम्बन्ध, साझेदारी^F; सहज्ञान, सहवेदना^F, समवेदना^F; मर्मज्ञता^F, जानकारी^F; गुप्त स्थान, गुप्त इन्द्रिय^F।

privy[1] प्रि'वि n. (प्रा०) मलकुण्ड, (यंत्र०, स्था०) **शौच-गर्त**; शौचालय, सण्डास^F, (यंत्र०) **खुड्डी^F,** टट्टी^F, पाखाना; सहकर्मी, सहभागी, सहपन्थी, सहमत, सहयायी, सहायक।

privy[2] a. विविक्त, गूढ़, गुप्त, प्रच्छन्न, अन्तरंग, रहस्य-पूर्ण, पोशीदा; निजी, अपना; (~ *to*) (का०) **संसर्गी,** सहज्ञानी, सहायक, सहकारी; मर्मज्ञ, सहमर्मी; P~ Council संवित् परिषद्^F, अन्तः-परिषद्^F, (का०) **प्रिवी कौंसिल^F**; ~ councillor, ~ counsellor संवित्पारिषद, अन्तः-पारिषद, प्रिवी कौंसिल^Fका सदस्य; ~ parts गुप्तांग, गूढेन्द्रिय^F, गुह्येन्द्रिय^F; ~ purse वैयक्तिक कोष, (का०, राज०) **निजी कोष; निजी राशि^F, निजी थैली^F,** जेब खास; निजी कोषपाल, निजी कोषाध्यक्ष; P ~ Seal श्रीमुद्रा^F, (का०) **राजमुद्रा^F,** सरकारी मुद्रा^F।

prix fixe (F) n. निर्धारित मूल्य।

prize[1] प्राइज् n. उपायन, पारितोषिक, (का०) **पुरस्कार, इनाम**; (ला०) काम्य वस्तु^F, श्रमसाध्य वस्तु^F; धन, निधि^F, रत्न, मणि^F, द्रव्य; (गुण०) पुरस्कृत, पुरस्कारप्राप्त, पुरस्कारार्थी (~ *fellow, ox*); जयलाभ; (का०) **नौजित माल, जीत^Fका माल**; (नौवि०) **विजितपोत**; ~-fight (पुरस्कारार्थ) द्वन्द्वयुद्ध, मल्लयुद्ध, मुष्टियुद्ध, घूँसेबाजी^F; ~-fighter (पुरस्कारार्थ) द्वन्द्वयोद्धा, मल्लयोद्धा, मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज; ~-fighting दे० PRIZE fight; ~-ring घूँसेबाजी^Fका बाड़ा, अखाड़ा; घूँसेबाजी^F-की प्रतियोगिता^F;

~ appointment, ~ bond, ~ bond circular, ~ bond section, ~ book, ~ chit, ~ chit fund, ~ court, ~ fund, ~ goods, ~ law, ~ money, ~ telegram.

prize[2] v.t. अतिमूल्यवान् समझना, बहुमूल्य मानना; वरेण्य समझना, वरीय समझना, आदर करना।

prize[3] n. युद्धजित धन या द्रव्य, युद्धलुण्ठित नौसामग्री^F; ~ court युद्धलुण्ठित नौसामग्रीका न्यायालय; ~ money युद्धलुण्ठित नौसामग्री^Fके विक्रयसे प्राप्त धन; *make ~ of* (पोत आदिको) युद्धबन्दी बनाना, हथियाना, गिरफ्तार करना।

prize[4] v.t. (नौसामग्री^F आदिको) लुण्ठित करना, मार लेना; युद्धबन्दी बनाना।

prize[5] n. उद्याम-प्रयोग, उद्यामन-क्रिया^F, टेकन^Fसे काम लेनेका ढंग।

prize[6] v.t. उद्याम या टेकन^Fसे खोलना, रम्भेसे तेजी^Fके साथ उघाड़ना।

prized प्राइज्ड्' a. अभीप्सित, इष्ट।

prizeless –ज्'लिॅस् a. पुरस्कारवंचित, पुरस्कारविहीन, पारितोषिकरहित।

pro- प्रति- (*~-cathedral, ~-chancellor, ~-proctor, ~-rector, ~-Maharashtrian*); के पक्षमें, की ओर (*~-Boer, ~-British, ~-German, ~-educational, ~-negro, ~-papist, ~-slavery*)।

P.R.N. *pro re nata*, for special occasion arising.

P.R.O. Poultry Research Officer; Public

Record Office; Public Relations Officer.

Pro. Professional

proa प्रोअॅ n. (मलयदेशीय नौका^F) डोंगी^F, प्रौ^F ।

pro and con[1] प्रो ॲन्ड् कॉन् n. (pl. *-s and -s*) विधि-निषेध, पक्ष तथा विपक्ष, पक्ष-विपक्ष-तर्क ।

pro and con[2] adv. पक्ष तथा विपक्षमें, दोनों ही पक्षोंसे ।

pro aris et focis (L) धर्म तथा परिवारके लिए ।

proatlas प्रॅऐट्'लास् n. (जीव०) **पूर्व शीर्षधर** ।

pro-attitude प्रोॲ'टिट्यूड् n. (दर्श०) **अन्वभिवृत्ति**^F ।

prob. probably.

probabiliorism प्रॉबॅबि'लिॲरिज़म् n. (धर्म०) प्रबलपक्षवाद; शक्यवाद, (दर्श०) **अधिसंभाव्यवाद,** सम्भाव्यवाद, सम्भावनावाद ।

probabiliorist –रिस्ट् n. प्रबलपक्षवादी; सम्भावनावादी ।

probabilism –'बॅबिलिज़्म् n. यथेच्छवाद, आत्मज्ञानवाद, सम्भवतर्कवाद, सम्भाव्यतावाद; (दर्श०) **संभाव्यवाद; व्यवस्थावाद** ।

probabilist –लिस्ट् n. यथेच्छवादी, सम्भाव्यतावादी, सम्भवतर्कवादी ।

probabilistic –'टिक् a. (सांख्य०) **प्रायिकता-सम्बन्धी, संभाविता-सम्बन्धी** ।

probability –'लिटि n. **प्रायिकता**^F, (ऋतु०, भौ०, सांख्य०) **सम्भाविता**^F, **सम्भावना**^F, शक्यता^F, अनुमान, (दर्श०, का०) **सम्भाव्यता**^F; सर्वाधिक सम्भव बात^F; (गणित) सम्भाविकी^F;

~ amplitude, ~ curve, ~ density, ~ distribution, ~ factor, ~ function, ~ integral.

probable[1] –'बॅबॅल् n. सम्भाव्य प्रत्याशी या सदस्य, सम्भाव्य घटना^F ।

probable[2]* a. **प्रायिक,** संभावित, सम्भावी, (का०, भौ०) **सम्भाव्य***, शक्य, संघटनीय, आनुमानिक, अटकली, होनेवाला;

~ argument, ~ cause, ~ density, ~ error, ~ events, ~ evidense, ~ generalisation, ~ lapse, ~ life, ~ occurence, ~ proof, ~ requirements.

probably –लि adv. प्रायः, प्रायशः, सम्भवतः, स्यात्, कदाचित्, यथासम्भवरूपसे ।

probandum प्रॅबैन्'डॅम् n. (दर्श०) **प्रमेय** ।

probate प्रो'बॅट् n. संप्रमाण, अधिप्रमाण; मृतलेख-प्रमाण, (का०) **इच्छापत्र-प्रमाण;** प्रमाणित इच्छापत्र; T.;

~ assistant, ~ bond, ~ code, ~ court, ~ duty.

probation प्रॅबे'शॅन् n. परीक्षा^F, **परिवीक्षा**^F, परीक्षण, परख^F (~ *officer*), जाँच^F; नैतिक परीक्षा^F या अनुशासन; परिवीक्षा-मुक्ति^F, परीक्षोत्तर-मुक्ति^F; परीक्षण-काल; on ~ परीक्ष्यमाण; ~ officer आचरण सुधार अधिकारी ।

probational –नॅल् a. परिवीक्षाधीन, परीक्षाधीन ।

probationary –नॅरि a. परिवीक्ष्य, परीक्ष्यमाण, **परिवीक्षाधीन** (~ *service*), **परीक्षाधीन** (~ *officer*), ~ employee **परिवीक्षाधीन कर्मिक;** ~ period परिवीक्षावधि^F; **परिवीक्षा काल,** परख अवधि^F ।

probationer –र् n. परीक्ष्यमाण या परिवीक्ष्यमाण व्यक्ति, परीक्षाधीन या परिवीक्षाधीन व्यक्ति; अभ्यर्थी, **परिवीक्षाधीन,** प्रत्याशी, परखपर, उम्मीदवार, नवाभ्यासी, नौसिखिया; परिवीक्षाधीन अभियुक्त ।

probationership –शिप् n. परीक्ष्यमाणत्व, परिवीक्ष्यमाणता^F, परीक्षाधीनता^F, परिवीक्षाधीनता^F ।

probative प्रो'बॅटिव् a. सम्प्रमाणक, (दर्श०) **प्रमाणक** (~ *force*), प्रमाणदाता, प्रमाणस्वरूप, प्रमाणकारी, साक्ष्यस्वरूप ।

probe[1] प्रोब् n. क्षत-शलाका^F, (कृषि०) **एषणी**^F, (घावकी) गहराई^F जाँचनेकी सलाई^F; (ला०) परीक्षण, अनुसन्धान, जाँच^F, खोज^F ।

probe[2] v.t. (चि०) एषण, शलाका-परीक्षण करना, सलाई^Fसे घावकी गहराई^F जाँचना; (किसी वस्तु^Fमें तीक्ष्ण यन्त्र) चुभोना, घुसेड़ना; (ला०) सूक्ष्म परीक्षण करना, निपुणता^Fके साथ जाँच-पड़ताल^F करना, आलोचना^F करना; अन्वीक्षण करना, खोज^F लगाना, छानबीन^F करना, तलाश^F करना ।

probing –'बिंग् n. टोहना; (रेल०, यंत्र०) **गहराई**^F **नापना** ।

probity प्रॉ'बिटि n. ऋजुता^F, सत्यता^F, धर्मिष्ठता^F, न्यायिता^F, साधुता^F, सचाई^F, ईमानदारी^F ।

problem प्रॉब्'लॅम् n. **प्रश्न, समस्या**^F, सन्दिग्ध प्रश्न, विवाद विषय, धर्मसंकट, उलझन^F, (रेखा०) **निर्मेय;** (शतरंज) मोहरों^Fका व्यूह; ~ child (माता-पिता आदिके लिए) समस्यात्मक शिशु; ~ play, novel समस्या-नाटक, समस्या-उपन्यास;

~ adjustment, ~ box, ~ period, ~ solving.

problematic, -al –मै'टिक्, -ॲल् aa. **सन्दिग्ध,** (~ *judgements*, ~ *proposition*), वैकल्पिक, अनिश्चित, समस्यात्मक, समस्यापूर्ण (*the whole question is* ~); (तर्क०) शक्यतावाची ।

problemist, -atist –लॅं'मिस्ट्, -ॲटिस्ट् nn. समस्यापूरक, समस्याओं^Fको सुलझानेवाला; (शतरंज) व्यूहको भेदनेवाला, नक्शेको हल करनेवाला ।

pro bono publico (L) जनहिताय ।

proboscidean, -ian प्रॉबॉसि'डीॲन्, -इॲन् १. aa. शुण्डी, शुण्डायुक्त, सूँड़धारी; शुण्डीय, सूँड़-सदृश, सूँड़का; २. nn शुण्डी या शुण्डि-प्रजाति^F, लम्बी नाकवाला बन्दर ।

proboscidiferous प्रॉबॉसिडि'फ़ॅ रॅस a. शुण्डी, सूँड़धारी; शुण्डवत्, सूँड़-जैसा।

proboscidiform प्रॉबॉसि'डिफ़ॉर्म a. शुण्डाकार, सूँड़के आकारका।

proboscis प्रॅबॉ'सिस् n. (वाणि०, कृषि०) **शुण्ड**, शुण्डा, सूँड़; नासावृद्धि^F, नाक^F बढ़ना, ओष्ठवृद्धि^F, होठ बढ़ना।

procacious प्रॅकॅ'शॅस् a. निर्लज्ज, धृष्ठ, ढीठ, गुस्ताख।

procambium प्रॅकैम्'बिॲम् n. (वन०) **प्रागेधा^F**, T.

procartilage ⊙ प्रॅकार्'टिलिज n. (जीव०) **पूर्व उपास्थि^F**।

procedural -सीड्'यूरल् a. प्रक्रियात्मक,(राज०) **कार्य-विधिक** (~ *committee*), क्रियाविधि-विषयक, कार्य-पद्धतिसे सम्बन्धित; ~ ground प्रक्रिया आधार;
~ act, ~ capacity, ~ clause, ~ committee, ~ debate, ~ matters.

procedure प्रॅसी'ड्यॅर् n. क्रिया^F, कार्यवाही^F; आचार, व्यवहार; **प्रक्रिया^F**; प्रवृत्ति^F, प्रस्थान, प्रगमन; **क्रिया-विधि^F**; (राज०) कार्य-विधि^F, कार्यपद्धति^F, कार्यप्रणाली^F, कार्यनीति^F, विधान, रीति^F, कार्यविधि^F, क्रियाविधि^F; व्यवहारविधि^F (*civil* ~); criminal ~ दण्डविधि^F; ~ message **संकेत-संदेश**।

proceed प्रॅसीड्' v. i. प्रगमन करना, पुरोगमन करना, प्रयाण करना, प्रस्थान करना, आगे बढ़ना, चलना; मार्ग अपनाना, रास्ता पकड़ना, ढर्रा पकड़ना; (किसीके विरुद्ध) वैधानिक कार्यवाही^F करना, दावा करना (*with* के साथ); आगे कहना, कहना जारी रखना; (कार्यका) प्रारम्भ होना, चालू होना; निःसृत होना, उत्पन्न होना, उप-जना, जन्म लेना, पैदा होना, निकलना (*from* के साथ)।

proceeding -'डिंग् १. n. प्रगमन, पुरोगमन, प्रयाण, अग्रसरण, पुरस्सरण; अनुष्ठान, आचरण, व्यवहार; **कार्यवाही^F, कारंवाई^F** (*legal ~s*); २. a. उत्पन्न, उद्भूत, उत्थित;
~s abstracts, ~s closed, ~s sheet, ~s number, ~s volume.

proceeds प्रो'सीड्स् n. (Pl.) (का०) **आगम**, आय^F, लाभ, आमदनी^F, अर्थागम, **बिक्री^Fकी रकम^F**; फल, उपज^F, परिणाम।

proceleusmatic प्रॉसिॅलीऊमै'टिक् १. a. प्रचोदक, प्रणोदक, प्रेरक, उत्प्रेरक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, प्रोत्तेजक, बढ़ावा देनेवाला; २. n. (छन्दशास्त्र) चतुष्पदी।

procephalic प्रॉसिफ़ै'लिक् a. शिराग्र-, शिराग्र-विषयक, शिराग्र-सम्बन्धी, ललाट-सम्बन्धी।

procerity प्रॅसे'रिटि n. उदग्रता^F, उत्तंगता^F, ऊँचाई^F, लम्बाई^F।

proces-verbal (F) n. लिखित वक्तव्य, लिखित बयान।

procerus प्रो'सेरस् n. (चि०) **भ्रूनमनी^F**।

process[1]* प्रो (प्रॉ)'सेॅस् n. गति^F, **प्रक्रिया^F***, (वन०, रसा०, प्रा० भू०, ग०) **प्रक्रम**; प्रगति^F, बढ़ती^F, बढ़ोतरी^F; कार्यवाही^F, क्रियाविधि^F, गतिविधि^F; (छाया-चित्रण आदिमें) यन्त्रोंकी प्रक्रिया^F; प्राकृतिक प्रवर्तन, प्रयत्नसाध्य प्रवर्तन; परिवर्तन-क्रम; **अभिसंस्कार**, पद्धति^F, परिपाटी^F, **विधि^F**, रीति^F*; ब्लाक बनानेका ढंग; वैधा-निक या कानूनी कार्यवाही^F; आह्वानपत्र, समादेशपत्र, **आदेशिका^F**; (श० र० शा०, जन्तुवि०, वन०, जीव०, चि०) **प्रवर्ध, प्रवर्धक**, प्ररोह, स्फीति^F, शोथ, सूजन^F, (चि०) **कण्टक**; ~ of law विधि-आदेशिका^F; *in ~ of time* समयकी प्रगति^Fके साथ;
~ average, ~ cost, ~-fee, ~ register, ~ schedule, ~ server, ~-serving establishment, ~-serving staff, ~ shop, ~theory, ~-writer.

process[2] v.t. अभियोग चलाना, मुकदमा दायर करना; **प्रक्रम करना**; (किसी वस्तु^F आदिको) प्रक्रियापूर्वक व्यवहारमें लाना; पण्योपयोगी बनाना; (चित्रकारी^F इत्यादिमें) प्रक्रिया^F द्वारा आलेखन करना।

process[3] प्रॅसे'स्' v.t. शोभायात्रा^Fमें चलना, जुलूस निकालना; शोभायात्रा^F या जुलूसमें निकलना।

processed प्रो (प्रॉ)'सेॅस्ड a. प्रक्रियागत, परिणमित, विधायित (~ *cloth, rice*); (कृषि०) **साधित** (~ *fish*), **तैयार**।

processing -सिंग् n. रिकार्ड बनाना, माल तैयार **करना; साधन**; (चि०) **उपयोगीकरण, उपयोगी बनाना**; (कृषि०) खाद्य-संरक्षण।

procession[1] प्रॅसे'शन् n. यात्रा^F, संयात्रा^F, शोभा-यात्रा^F, जनयात्रा^F, लोकयात्रा^F, सवारी^F, जुलूस; शोभा-यात्रा^Fके व्यक्ति, जुलूसके आदमी; (ला०) जुलूसी घुड़दौड़^F (जिसमें वैध ढंगसे प्रतियोगिता^F न हो); (धर्म०) पवि-त्रात्मा (*Holy Ghost*) का उद्भव।

procession[2] v. i. & t. शोभायात्रा^Fमें चलना, जुलूसमें निकलना; शोभायात्रा^F निकालना, जुलूस निकालना।

processional[1] -शॅनॅल् n. शोभायात्रा^Fके भजन, जुलूसी भजन।

processional[2] a. यात्रारूप, शोभायात्रा-विषयक, जुलूसका; शोभायात्रोपयोगी; शोभायात्रा^Fमें गेय।

processionary -नॅरि a. शोभायात्रा-विषयक, जुलूस-का, जुलूसवाला।

processioning -निंग् n. जुलूसमें जाना; (अमरीका) सीमापरिक्रमण, दौरा।

processionist -निस्ट् n. शोभायात्री, जुलूसमें चलने-वाला।

processionize -नाइज़ v.i. शोभायात्रा^F या जुलूस निकालना।

processive -'सिव a. = PROCESSIONAL.

prochain प्रो'शॅन् a. (क़ानून) आसन्न, समीपस्थ, समीपतम, निकटस्थ, निकटतम, सबसे करीब।

prochronism प्रो'क्रॅनिज़्म् n. अनुतिथ्य-दोष, कालक्रम-त्रुटि^F, तिथ्यंकन-दोष।

procidence प्रो'सिडॅन्स् n. स्थान-भ्रंश, स्थानच्युति^F।

proclaim¹ प्रॅक्लेम्' n. घोषणा^F, उद्घोषणा^F, ढिंढोरा, ऐलान।

proclaim² v.t. प्रख्यापन करना, अभिज्ञापन करना, (का०) **उद्घोषित करना, उद्घोषणा^F करना,** घोषणा^F करना, प्रचार करना, ढिंढोरा पीटना, डुग्गी^F पीटना, ऐलान करना, मुनादी^F करना।

proclaimed –ड' a. (का०) **उद्घोषित** (~ *offender*), प्रचारित।

proclaimer –'मॅर् n. प्रख्यापयिता, अभिज्ञाप्ता, घोषयिता, उद्घोषक, उद्घोषयिता, प्रचार करनेवाला, ऐलान करनेवाला, मुनादीवाला।

proclamation प्रॉक्लॅमे'शॅन् n. प्रख्यापन, अभिज्ञापन, (इति०, राज०) **घोषणा^F**, घोष, (इति०, राज०) **उद्घोषणा^F**, प्रचार, ढिंढोरा, डुग्गी^F, ऐलान; राजघोषणा^F; सरकारी घोषणा^F।

proclamatory प्रॅक्लै'मॅटॅरि a. प्रख्यापनात्मक, अभिज्ञापनात्मक, घोषणात्मक, उद्घोषणात्मक, प्रचारात्मक।

proclitic प्रॅक्लिटिक् a. अस्वतन्त्र, परतन्त्र, दूसरेपर निर्भर।

proclive प्रॅक्लाइव्' a. प्रवृत्त, उन्मुख, झुका हुआ।

proclivity प्रॅक्लि'विटि n. रुचि^F, प्रवृत्ति^F, प्रवणता^F, अभिरुचि^F, रुझान, झुकाव; (विशे०) कुप्रवृत्ति^F, दुष्प्रवृत्ति^F।

proclivous –क्लाइ'वॅस् a. प्रवृत्त, प्रवण, उन्मुख, झुका हुआ।

proconsul प्रोकॉन्'सॅल् n. (रोमन इति०) आनुपदीय प्रान्तका शासक; प्रान्तपति, प्रान्तशासक; उपप्रदूत, **प्रोकौंसल**।

proconsular –लॅर् a. उपप्रदूत-विषयक; प्रोकौंसली; उपप्रदूत-पद; प्रोकौंसलके अधीन क्षेत्र।

proconsulate –लॅट् n. प्रान्तपति-पद, प्रान्तशासक-पद, प्रोकौंसलका पद; उपप्रदूत-पद।

proconsulship –ल्-शिप् n. उपप्रदूत-पद, प्रोकौंसल-पद।

procrastinate प्रॅक्रैस्'टिनेट् v.t. & i. कालक्षेप करना, व्याक्षिप्त करना, दीर्घसूत्री होना, विलम्ब करना, सुस्ती^F करना, देर^F लगाना; (क०, कार्य) स्थगित रखना, रोकना, टालना, उठा रखना।

procrastination –ने'शॅन् n. कालक्षेप, व्याक्षेप, दीर्घसूत्रता^F, विलम्ब, देरी^F; टाल-मटोल^F, ~ *is the thief of time* गया वक्त फिर हाथ आता नहीं।

procrastinative, procrastinatory –'टिनेटिव्, –टॅरि aa. कालक्षेपयुक्त, व्याक्षेपपूर्ण, दीर्घसूत्रताशील, सविलम्ब; दीर्घसूत्री, विलम्बी।

procrastinator –र् n. कालक्षेपक, व्याक्षेपक, दीर्घसूत्री, विलम्बी, विलम्बप्रिय, देर^F लगानेवाला, टालनेवाला।

procreant प्रो'क्रिॲन्ट् a. प्रजनक, प्रसावक, जनयिता, उत्पादक, प्रजनन करनेवाला, पैदा करनेवाला।

procreate –एट् v.t. प्रसव करना, जन्म देना, जनना, उत्पन्न करना, पैदा करना।

procreation –ए'शॅन् n. प्रसव, प्रसूति^F, (शिक्षा०) **प्रजनन**, जनन, उत्पत्ति^F, प्रजोत्पादन, सृष्टि^F।

procreative –'क्रिॲटिव् a. प्रसवक्षम, प्रसवशील, प्रजननक्षम, उत्पादनक्षम, प्रजननशील।

procreativeness –निॅस् n. प्रसवक्षमता^F, प्रजननशीलता^F।

procreator –टॅर् n. उत्पादयिता, विधाता, जनक, पिता, जन्मदाता।

procrustean प्रॅक्रस्'टिॲन् a. हिंसावादी।

proctalgia प्रॉक्टैल्'जिॲ n. (चि०) मलाशयार्ति^F, गुदार्ति^F, गुदा-शूल, गुदा पीड़ा^F।

proctitis –टाइ'टिस् n. (चि०) मलाशयशोथ, गुदाशोथ, गुदाकी सूजन^F।

proctodaeum प्रॉक्टॅडी'ॲम् n. (चि०) **आदि गुहा^F**; (जीव०) **पश्चान्त्र**, T.

proctology –टॉ'लॅजि n. (चि०) मलाशय रोग विज्ञान, गुदारोग-विज्ञान।

proctor प्रॉक्'टॅर् n. (विश्ववि०) कार्याध्यक्ष, अनुशासनाधिकारी, **प्रॉक्टर**; (अत्र मुख्यतया ईसाई) व्यवस्थापक; (कानून) नियन्ता; King's, Queen's P~ राज्याधिवक्ता, सरकारी प्रॉक्टर।

proctorage –रिज् n. कार्याध्यक्ष-व्यवस्था^F, प्राक्टरका प्रबन्ध।

proctorial –टॉ'रिॲल् a. अनुशासनाधिकारीय, प्रॉक्टरका; ~ board नियन्तामण्डल।

proctorization –टॅराइजे'शॅन् n. अनुशासनाधिकारीय दण्ड विधान।

practorize –'टॅराइज् v.t. (किसी पूर्वस्नातकको) अनुशासनाधिकारीके रूपमें दण्ड देना, अनुशासन चलाना, नियन्त्रण करना।

proctorship –र्-शिप् n. अनुशासनाधिकारी-पद, प्रॉक्टर-पद।

procumbent प्रॅकम्'बॅन्ट् a. शयान, प्रणत, (वन०) **आनत**, दण्डवत्, धराशायी, साष्टांग प्रणिपात, अधोमुख, औंधेमुँह, मुँहके बल गिरा हुआ, पड़ा हुआ; (वन०) भूसर्पी, बढ़ा हुआ।

procurable प्रॅक्युॲ'रॅबॅल् a. प्राप्य, उपलभ्य; सम्पाद्य, उपार्ज्जनीय।

procuracy प्रॉ'क्युॲरॅसि n. अभिकर्तृत्व, प्रतिनिधित्व, एजेन्सी^F; अभिकर्ता-पद, मुख्तारगीरी^F।

procural, procurance प्रॅक्युॲ'रॅल्, –रॅन्स् nn. प्राप्ति^F, उपार्जन, उपलब्धि^F।

procuration प्रॉक्यूरे'शॅन् n. (का०) **प्राप्ति^F**, उपार्जन, उपलब्धि^F; (का०) **प्रापण**; प्राभिकरण, प्रबन्धाधिकार,

मुख्तारी^{F}; अधिकार-पत्र, मुख्तारनामा; प्राभिकरण-शुल्क; ऋण-वार्ता^{F}; (ऋण दिलानेकी) आढ़त^F, दस्तूरी^{F}; दलाली^{F}, कुटनागिरी^{F}।

procurator –'क्यूरेटॅर् n. (रोमन इति०) कोषाधिकारी, अफसर खजाना; अभिकर्ता, प्राभिकर्ता, (राज०) **समाहर्ता,** प्रतिनिधि, कारिन्दा, मुख्तार, गुमाश्ता; (इटलीके कुछ नगरोंमें) दण्डाधिकारी, मजिस्ट्रेट; ~ fiscal (स्काटलैण्डका) राजकीय अभियोक्ता, सरकारी वकील।

procuratorial –रटॉ'रिअॅल् a. प्राभिकरणिक, अभिकर्ता-विषयक, प्रतिनिधि-सम्बन्धी, मुख्तारका, मुख्तारी।

procuratorship –'क्यूरेटॅर्-शिप् n. प्राभिकर्तृत्व, अभिकर्ता-व्यवसाय, मुख्तारी^{F}, कारिन्दागीरी^{F}।

procuratory –रटॅरि n. प्राभिकरण, अधिकार-प्रदान, मुख्तारी^{F}; २. a. प्राभिकरणीय; letters of ~ प्राभिकरण पत्र, अधिकार-पत्र, मुख्तार-नामा।

procuratrix –रेट्रिक्स् n. (रोमन इति०) कोषाधिकारिणी^{F}, खजानेकी अफसर; अभिकर्त्री^{F}, प्राभिकर्त्री^{F}, स्त्री^{F} प्रतिनिधि, औरत^F कारिन्दा, औरत^F मुख्तार; दण्डाधिकारिणी^{F}, औरत^F मजिस्ट्रेट।

procure प्रॅक्युअॅर्' v.t. & i. **प्राप्त करना,** उपार्जन करना, उपलब्ध करना; सम्पादन करना, पाना; प्रबन्ध करना, खोज लाना, ढूँढ़ लाना; (प्रा०) अस्तित्वमें लाना; संघटित करना (*~ed his death by poison*); विकट कर्म करना; दूतिका^{F}का कार्य करना; कुटनापा करना, कुटनागीरी^{F} करना, दलाली^{F} करना।

procurement –'मॅन्ट् n. प्राप्ति^{F}, **अधिप्राप्ति**^{F}, उपलब्धि^{F}, सम्पादन, उपार्जन, समाहार, वसूली^{F} (विशे० अन्नकी); **मुहैया करना।**

procurer –'रॅर् n. प्रापक, प्रापयिता, समाहर्ता, उपार्जक; अन्वेषक; संचारक, भँड़ुआ, विट, कुटना; संचारिका^{F}, कुटनी^{F}, दलाल औरत^F।

procuress –रिस् n. दूती^{F}, दूतिका^{F}, संचारिका^{F}, कुटनी^{F}।

procyon –सिओन् n. (गणि०) **प्रथम लघु स्वान।**

prod¹ प्रॉड्' n. चुभन, कचोका, टीस^F, ठेस^F; अनी^{F}, शूल, शंकु, अंकुश, सुआ, सूजा, खोदनी^{F}।

prod² v.t. & i. चुभोना, भोंकना, कोंचना, गड़ाना, ठेस^F देना; (ला०) कष्ट देना, दिक करना, छेड़ना, सताना।

prodder –'डॅर् n. चुभोनेवाला, भोंकनेवाला, कोंचनेवाला, गड़ानेवाला, ठेस^F लगानेवाला; (ला०) कष्ट देनेवाला; दिक करनेवाला, छेड़नेवाला, सतानेवाला; **सुरंग-खोजी छड़**^{F}।

prodding –डिंग् n. **सुरंग^F खोजना।**

prodelision प्रोडि'लि'ज़न् n. स्वर-संहार, स्वर-वियोजन, स्वर-लोप (*'I am'* मेंसे *a* निकालकर *I'm*)।

prodigal प्रॉ'डिगॅल् a. & n. अपव्ययी (व्यक्ति), अतिव्ययी (पुरुष), बहुव्ययी (मनुष्य), अमितव्ययी, (धन) उड़ाऊ, बहाऊ, फिजूलखर्च; मुक्तहस्त, अति उदार; ~ son पापाश्रित्तकर्ता पापी, लौटा हुआ घुमक्कड़।

prodigalism –लिज़्म् n. अपव्ययिता^{F}, अपव्यय, अतिव्यय, अपव्ययी जीवन, अपव्ययवाद।

prodigality –गै'लिटि n. अपव्ययिता^{F}, अपव्यय, अतिव्यय, बहुव्यय, फिजूलखर्ची, लुटाऊपन, बहाऊपन, उड़ाऊपन।

prodigalize –'डिगॅलाइज़् v.t. अपव्यय करना, अतिव्यय करना, मुक्तहस्तसे व्यय करना, धन लुटाना, फिजूलखर्ची^{F} करना।

prodigious प्रॅडि'जॅस् a. अद्भुत, अपूर्व, अलौकिक, आश्चर्यजनक, विलक्षण, विचित्र, अजीब, अनोखा; विशाल, महाप्राण, बृहदाकार, महान्, बड़ा, जबरदस्त; तीव्र, विकट; अस्वाभाविक, असाधारण।

prodigiousness –निॅस् n. अद्भुतता^{F}, अपूर्वता^{F}, अलौकिकता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, विलक्षणता^{F}; विशालता^{F}, महाप्राणता^{F}, बृहदाकारता^{F}, महानता^{F}; तीव्रता^{F}, विकटता^{F}; अस्वाभाविकता^{F}, असाधारणता^{F}।

prodigy प्रॉ'डिजि n. कौतुक, उत्पात, विलक्षण घटना^{F}; अद्भुत प्राणी; अद्भुत विषय, अपूर्व वस्तु^{F}; (गुणका) विलक्षण प्रतिरूप, आश्चर्यजनक नमूना; (शिक्षा०) **विलक्षण प्रतिभाशाली** (व्यक्ति), विचक्षण पुरुष, विदग्ध या असामान्य प्रतिभा^{F}का व्यक्ति; अद्भुत शक्ति^{F}।

prodition प्रॅडि'शॅन् n. विश्वासघात, छल, कपट, द्रोह; देशद्रोह, राजद्रोह, बगावत^F, देशको धोखा देना।

prodrome प्रॉ'ड्रॅम् n. आमुख, प्राक्कथन, भूमिका^{F}, दो शब्द; (नाटकमें) प्रस्तावना^{F}; (चि०) प्राक्-रूप, पूर्वरूप, आरम्भिक लक्षण, प्रारम्भिक लक्षण, प्राथमिक लक्षण।

prodromic प्रॅड्रॉ'मिक् a. प्रारम्भिक, प्राथमिक; (चि०) प्राक्-रूपीय, प्राथमिक लक्षणयुक्त।

prodromus प्रॉ'ड्रॅमॅस् n. (चि०) पूर्वरूपावधि^{F}; प्राथमिक ग्रन्थ, आरम्भिक ग्रन्थ, प्रारम्भिक रचना।

produce¹ प्रॉ'ड्यूस् n. उत्पाद, उत्पादन, **उपज**^{F}, (अर्थ०) **उत्पत्ति**^{F}, (अर्थ०) **पैदावार**^{F}; आय^F, प्राप्ति^{F}; (अर्थ०) **माल**; अर्जन, उपार्जन, कमाई^F (*~ of his labours*); युद्ध-सामग्री^{F}के अवशेष; *brought to ~* विक्रयार्थ छाँट-छाँट कर रखा हुआ; ~ exchange (वाणि०) **फसल बाजार,** (अर्थ०) **मण्डी**^{F}।

produce²* प्रॅड्यूस्' v.t. समक्ष रखना, उपस्थित करना, **प्रस्तुत करना, पेश करना,** आगे लाना, देना; प्रकाशित करना, प्रदर्शित करना, दिखाना; (रेखा^{F} या भुजा^{F}को किसी विन्दुतक) बढ़ाना; निर्माण करना, निर्मित करना, गढ़ना; **वर्धन करना; बढ़ाना;** फैलाना, मचाना, मचा देना; **तैयार करना; उत्पादन करना, पैदावार** बढ़ाना, उत्पन्न करना, पैदा करना*; प्रजनन करना, जनना, जन्म देना, ब्याना।

produced –ड्' a. उत्पन्न, उत्पादित, उद्भूत।

producer –'सॅर् n. समक्षक, प्रस्तोता, **प्रस्तुतकर्त्ता,** उपस्थापक; तैयार करनेवाला; **प्रोग्राम संयोजक;** सर्जक, (रसा०, अर्थ०) **उत्पादक;** (चलचित्र) **निर्माता,** (रसा०) **उत्पादित्र,** T.; ~ gas सर्जक वाति^{F}, सर्जक गैस^F, (रसा०) **उत्पादित्र-गैस**^{F}, उत्पादक गैस^F; **प्रोड्यूसर गैस**^{F}।

producibility –सिबि'लिटि n. प्रस्तुत्यताF, उपस्थेयताF, उत्पाद्यताF, उत्पादक शक्तिF।

producible –'सिबॅल् a. प्रस्तुत्य, उपस्थेय, प्रदर्श्य, समक्ष लाने योग्य, पेश करने योग्य; उत्पाद्य, उत्पादनीय, उत्पादन योग्य।

product प्रॉ'डॅक्ट् n. **उत्पत्ति**F, **उपज**F, **उत्पादन, पैदावार**F; (चि०) **पदार्थ**; निर्मित वस्तुF; **उत्पादक कार्य, माल**; (रसा०) **उत्पाद**, लाभ, श्रमफल; (गणित) **गुणन** (~ *movement*), **गुणनफल** (~ *set*), उत्तर-फल; (प्रा० भू०) **परिणाम**, (रसा०) फल, मिश्रण-फल।

productile प्रॅडक्'टिल् a. आस्तरणीय, विस्तरणीय, वितान्य, फैलाने योग्य, विस्तृत करने योग्य।

production प्रॅडक्'शॅन् n. उत्पाद, उत्पत्तिF, उद्भव, जन्म, (कृषि०, रसा, अर्थ०) **उत्पादन, पैदावार**F; उपस्थापन, **प्रस्तुति**F, प्रस्तुतीकरण; प्रस्तुत करना, **पेश करना, प्रोग्रामका संयोजन, प्रोग्रामकी तैयारी**F; सृष्टिF, सृजन, निष्पादन, रचनाF, निर्माण, कलाकृतिF; निर्मित वस्तुF;

~ account, ~ branch, ~ commissioner, ~ committee, ~ concession, ~ control, ~ cost, ~ deviation, ~ efficiency, ~ engineer, ~ foreman, ~ manager, ~ ministry, ~ work.

productional –नॅल् a. उत्पादीय, उत्पादनीय, उत्पादन-विषयक, उपज-सम्बन्धी; उपस्थापनीय, प्रस्तुतीकरण-विषयक; सृष्टि-विषयक, सृजन-सम्बन्धी, रचना-सम्बन्धी, निर्माण-सम्बन्धी, कलाकृति-सम्बन्धी।

productive –'टिव् a. उत्पादी, **उत्पादक**, उत्पादनशील, **उत्पादनकारी, अर्जक**, पैदा करनेवाला; उर्वर, उपजाऊ;

~ capacity, ~ consumption, ~ forces, ~ labour, ~ land, ~ life, ~ ration, ~ savings, ~ technique, ~ unity, ~ value.

productiveness, productivity –नि्स्, प्रोडॅक्टि'विटि nn. (अर्थ०) **उत्पादिता**F, उत्पादनशीलताF, उत्पादनक्षमताF, उर्वरताF, उपजाऊपन।

proem प्रो'इॅम् n. अथवाद, अवतरणिकाF, प्रस्तावनाF, प्राक्कथन, भूमिकाF।

proemial प्रोई'मिॲल् a. अथवादीय, प्रास्ताविक, भूमिकात्मक, प्राक्कथनात्मक।

proemptosis प्रोअे`म्प्टो'सिस् n. अधिदिवस-वर्द्धन, पंचांग-शुद्धिFमें एक दिनकी वढ़ोतरीF।

proestrus प्रोअे`स्'ट्रॅस् n. (चि०) **पुरः स्त्रीमद**।

prof. professor.

profanation प्रॉफ़ॅने'शॅन् n. अपवित्रीकरण, दूषण, भ्रंशन; अवज्ञाF, अवहेलाF, अवमाननाF, असम्मान, धृष्टताF, बेअदबीF।

profane[1] प्रॅफ़ेन्' v.t. दूषित करना, भ्रष्ट करना, अशुद्ध करना, अपवित्र करना, कलुषित करना, गन्दा करना, बिगाड़ना, खराब करना; अवज्ञाF करना, अवहेलाF करना, अवमाननाF करना, असम्मान करना; धृष्टताF करना, बेअदबीF करना।

profane[2] a. पार्थिव, प्रापंचिक, लौकिक, सांसारिक, दुनियावी; अपुण्य, अशुद्ध, (का०) **अपवित्र, अधार्मिक**, धर्मभ्रष्ट, धर्मबाह्य, भ्रष्ट, अपावन; बर्बर, असभ्य; धर्म-निन्दक, ईश्वरनिन्दक, भक्तिशून्य, नास्तिक।

profaneness, profanity –'नि्स्, –फ़ॅ'निटि nn. पार्थिवताF, (दर्श०) **लौकिकता**F, सांसारिकताF, अपुण्यताF, (दर्श०) **अपवित्रता**F, अशुद्धिF, धर्मभ्रष्टताF, धर्मबाह्यताF, असंस्कृतताF, आचारभ्रष्टताF; बर्बरताF, असभ्यताF; धर्मनिन्दाF, ईश्वरनिन्दाF; बेअदबीF।

profaner –'नॅर् n. दूषक, भ्रष्टकर्ता, अशुद्धकर्ता, अपवित्र करनेवाला, भण्डासराध करनेवाला, गन्दा करनेवाला, खराब करनेवाला; अवज्ञाकारी, अवमाता, असम्माता, अपमान करनेवाला; धृष्टताF करनेवाला, बेअदबीF करनेवाला।

profanum vulgus (L) n. निर्लज्ज जन।

profectitious प्रोफे`क्टि'शॅस् a. पैतृक, वंशागत, वंशानुगत, बपौती।

profess प्रॅफ़े`स्' v.t. & i. दम्भ करना, गर्वोक्तिF करना, दम भरना, डींगF हाँकना, शेखीF बघारना, दावा करना; ख्यापन करना, ज्ञापन करना, प्रकाशन करना, प्रदर्शन करना (*they ~ extreme regret*); घोषणाF करना, प्रचार करना, खुलेआम कहना; स्वीकार करना, अंगीकार करना, (विधा०) **मानना**; (धर्म आदिमें) आस्थाF प्रकट करना, विश्वास प्रकट करना; वृत्तिF अपनाना, पेशा अख्तियार करना; प्राध्यापन करना, पढ़ाना, प्रोफेसरीF करना।

professed –ट्' a. स्वज्ञापित, स्वीकृत, अंगीकृत, आत्मज्ञापित; ख्यात, प्रसिद्ध, प्रकट, सुप्रकाशित, तथाकथित; दम्भी, आत्मज्ञापक; ~ monk, nun व्रतधारी, संन्यासी या संन्यासिनीF।

profession –'श्'न् n. उक्तिF, वचन, स्पष्टोक्तिF, प्रकाशोक्तिF, प्रकाशवचन; घोषणाF, ज्ञापन, ख्यापन; अंगीकार, स्वीकार, मान्यताF, आस्थाF, आस्था-प्रकाश, विश्वास-प्रकाश (*accept my sincere ~ of regard*); व्रत, प्रतिज्ञाF; (विधा०, चि०, राज०) **वृत्ति**F, (*~tax*), उद्यम, (विधा०, चि०, राज०) **व्यवसाय**, व्यापार, उपजीविकाF, धन्धा, (विधा०, चि०, राज०) **पेशा**, रोजगार (*carpenter by ~*)।

professional[1] –नॅल् n. उद्यमी, व्यवसायी, कामकाजी, रोजगारी; व्यावसायिक खिलाड़ी, पेशेवर खिलाड़ी।

professional[2] a. (का०, चि०) **वृत्तिक, व्यावसायिक**, व्यवसायी, **पेशावर**, पेशेका;

~ ability, ~ adjustment, ~ advice, ~ capacity, ~ college, ~ development, ~ diplomatist, ~ ethics, ~ etiquette, ~ examination, ~ experience, ~ income, ~ institution, ~ jealousy, ~ journal, ~ matters, ~ men, ~ nature, ~ opinion, ~

qualification, ~ secret, ~ training, ~ trend, ~ valuation.

professionalism –लिज़्म् n. व्यवसायवाद; वृत्तिताF, व्यावसायिकताF; व्यवसायीकरण, पेशेवर लोगोंका नियोजन।

professionalize –लाइज़् v.t. व्यवसायीकरण करना, पेशेवर बनाना।

professionless –लिस् a. व्यवसायहीन, कामधन्धा-रहित, बेकार, बेपेशा।

professor प्रॅफ़े'सॅर् n. धर्मव्यवसायी, महन्त, पण्डा; **प्राध्यापक, आचार्य, प्रोफेसर;** (बोल०) व्यवसायी, व्यावसायिक।

professorate –रॅट् n. प्राध्यापकपद, प्राध्यापकीF, प्रोफेसरीF; प्राध्यापकवर्ग।

professoress –रिस् n. प्राध्यापिकाF, महिलाF प्राध्यापक, प्रोफेसरानीF।

professorial प्रॉफ़िसॉ'रिॲल् a. प्राध्यापकीय, प्राध्यापकोचित।

professoriate –ॲट् n. प्राध्यापक-संघ, प्राध्यापक-वर्ग।

professorship प्रॅफ़े'सॅर-शिप् n. प्राध्यापकीF, प्राध्यापक-पद, प्रोफेसरीF।

proffer1 प्रॉ'फ़र् n. भेंटF, समर्पण, अर्पण, प्रदान।

proffer2 v.t. (उपहार, सेवाएँF आदि) भेंटF करना, समर्पित करना, अर्पित करना, प्रदान करना, दे देना।

profferer –रॅर् n. अर्पक, समर्पक।

proficiency प्रॅफ़ि'श्न्सि n. कौशल, कुशलताF, नैपुण्य, पाटव, सुविज्ञताF, (शिक्षा०) **प्रवीणताF**, दक्षताF, विशेष योग्यताF;

~ certificate, ~ test.

proficient –न्ट् a. कुशल, **प्रवीण,** निपुण, पटु, दक्ष, निष्णात, विचक्षण, पारंगत, अभिज्ञ, लब्धज्ञान, विशेषज्ञ।

profile1 प्रो'फ़ील्, प्रो'फ़ाइल् n. **पार्श्विकाF, पार्श्व-चित्र,** अर्धमुखचित्र, एकरुखी तस्वीरF; **अनुदैर्घ्य** (~ *levelling*); पार्श्वदृश्य, **पार्श्वरूप, रूपरेखाF, बाह्य रूपरेखाF**, चपटा खाका, एकरुखा खाका; मिट्टीFका धुस्स; दुर्गका तिरछा खड़ा भाग।

profile2 v.t. पार्श्वचित्र खींचना, एकरुखी तस्वीरF बनाना।

profilist प्रो'फ़ी(फ़ाइ)लिस्ट् n. पार्श्वचित्रकार, एकरुखी तस्वीरF खींचनेवाला।

profit1* प्रॉ'फ़िट् n. (अर्थ०) **लाभ***, हित, फल, अर्थ-कल्याण, उपकार, फायदा, नफ़ा, **मुनाफ़ा;** ब्याज, सूद (प्रायः बहुव०में); ~-sharing (अर्थ०) **लाभ-सहभाजन।**

profit2 v.t. & i. लाभ होना, हित होना, अर्थकर होना, लाभ देना; लाभ उठाना, लाभान्वित होना, फायदा उठाना (*hope to ~ by your advice*)।

profitable –टॅबॅल a. सलाभ, लाभप्रद, लाभकर, (का०) **लाभकारी, लाभदायक,** अर्थकर, फलप्रद, फलावह, हितकर, उपयोगी, फायदेवाला, मुनाफेवाला।

profitableness –'निस् n. लाभकारिताF, लाभप्रदताF, लाभदायकताF, अर्थकरताF, फलप्रदताF, फलावहताF, हितकरताF, उपयोगिताF, उपयुक्तताF।

profit a prendre (का०) **परस्वभोग।**

profiteer1 प्रॉफ़िटीॲर् n. वार्धुषिक, अतिलाभ-भोगी, अपलाभी, नफाखोर, मुनाफाखोर, सूदखोर।

profiteer2 v.i. अनुचित लाभ उठाना, अति लाभ लेना, नफाखोरीF करना, मुनाफाखोरीF करना, सूदखोरीF करना।

profiteering –'रिंग् n. अपलाभ, (अर्थ०) **मुनाफा-खोरीF**, अनुचित लाभ उठाना।

profitless प्रॉ'फ़िट्-लिस् a. निर्लाभ, लाभरहित, निष्फल, व्यर्थ, निष्प्रयोजन, निरर्थक, बेफायदा, बेकार।

profitlessness –निस् n. निर्लाभताF, लाभराहित्य, निष्फलताF, निष्प्रयोजनताF, निरर्थकताF।

profligacy प्रॉ'फ़्लिगॅसि n. दुराचार, दुर्वृत्तताF, कामुकताF, लम्पटताF, व्यभिचारिताF, भोगासक्तताF, व्यसन, भोगासक्तिF, चरित्रभ्रष्टताF, लुचपन; अपव्यय, अपव्ययिताF, उड़ाऊपन, लुटाऊ।

profligate –गॅट् a. & n. दुराचारी, दुर्वृत्त, कामुक, लम्पट, व्यभिचारी, भोगासक्त, व्यसनी, नष्टचरित्र, (का०) **दुश्चरित्र, चरित्रहीन,** चरित्रभ्रष्ट, बदकार, लुच्चा; अतिव्ययी, अपव्ययी, उड़ाऊ, लुटाऊ।

profligateness –निस् n. दुराचारिताF, दुर्वृत्तताF, कामुकताF, लम्पटताF, व्यभिचारिताF, चरित्रभ्रष्टताF, बदकारीF, लुचपन; अपव्यय, अपव्ययिताF, जड़ाऊपन, लुटाऊपन।

profluent प्रो'फ़्लुॲन्ट् a. अग्रवाही, अग्रप्रवाही, आगेकी ओर बढ़नेवाला।

pro forma (L) adv. रूपार्थ, निदर्श।

profound1 प्रॅफ़ॉउन्ड्' n. (का०) अगाधताF, अतलताF, गहनताF, गूढ़ताF, गाम्भीर्य, गम्भीरताF, गहराईF, समुद्र, सागर।

profound2 a. सूक्ष्म, गहन, अगाध, अथाह, गम्भीर, (~ *treatise*); परम, व्युत्पन्न, उद्भट, निष्णात, प्रकाण्ड, पारंगत (~ *scholar*); गूढ़, निगूढ़, दुर्ज्ञेय, दुर्गम्य, परम गहन; अत्यन्त, अत्यधिक; तीव्र, हार्दिक; अतिगम्भीर, गाढ़, घना, गहरी (~ *sleep*)।

profoundness, profundity –निस्, प्रॅफ़न्'डिटि nn. गाम्भीर्य, गूढ़ताF, प्रगाढ़ताF, अगाधताF, गहनताF, घनताF, गाढ़ताF, घनापन, गहराईF।

profuse प्रॅफ़्यूस्' a. अमितव्ययी, अतिव्ययी, अपव्ययी, फिजूल-खर्च; मुक्तहस्त, अत्युदार, परम दानी, लुटाऊ; प्रभूत, प्रचुर, विपुल, अतुल, अतिशय, अत्यधिक, भरपूर, बहुत।

profuseness, profusion –'निस्, –यू'जन् nn.

अमितव्यय; अतिव्यय, अपव्यय, फिजूल खर्च; मुक्तहस्तता^F, अत्युदारता^F; प्रभूतता^F, प्राचुर्य, प्रचुरता^F, विपुलता^F, समृद्धि^F, बाहुल्य, अतुलता^F, अतिशयता^F, उद्रेक, बहुतायत^F।

profusive –'सिव् a. अपव्ययी, अतिव्ययी, अति उदार।

prog[1] प्रॉग्' n. खाद्य, खाद्य-सामग्री^F, भोजन-सामग्री^F।

prog[2] v.t. छुरा मारना, चुभोना, भोंकना, छुरेसे वध करना; अलग कर देना, छाँटना।

prog[3] v.t. = PROCTORIZE.

progenitive प्रजे'निटिव् a. प्रजनन-क्षम, प्रजननिक, प्रजनन-सम्बन्धी।

progenitor –टर् n. पिता, (का०) **जनक, प्रजनक,** प्रजनयिता; कुलपुरुष, (का०) **पूर्वज,** पूर्वपुरुष, पुरखा, बुजुर्ग; प्रजापति; (ला०) मनीषी, सज्ञान, सयाना; मूल, मूल प्रति^F।

progenitorial –टॉ'रिअल् a. पिता-विषयक, प्रजनयिता-सम्बन्धी, पूर्वजीय; प्रजापति-विषयक; मूल-सम्बन्धी।

progenitorship –'निटर्-शिप् n. प्रजापतित्व; ज्येष्ठता^F, बुजुर्गी^F।

progenitress –ट्रिस् n. प्रजननी^F, जनयित्री^F।

progeniture –ट्युअर् n. प्रसव, प्रजनन; प्रजा^F, सन्तानोत्पत्ति^F, सन्तति^F, सन्तान^F।

progeny प्रॉ'जिनि n. **प्रजा**^F, अपत्य, (जीव०, इति०, पशुपालन, कृषि०) सन्तति, (~ *row*, ~ *lest*), सन्तान^F, नस्ल^F, (ला०) फल, परिणाम, निष्कर्ष, नतीजा।

progeria प्रोजीअ'रिअ n. (चि०) **अकालजरा**^F।

prognathic प्रॉग्नै'थिक् a. = PROGNATHOUS.

prognathism –'नथिज़्म् n. (चि०) वहिर्हनुकता^F; जबड़ेका बाहरकी ओर निकला होना; उद्गति^F, प्रक्षेपिता^F, प्रक्षेपात्मकता^F, वहिःक्षेपात्मकता^F, बाहरकी ओर निकला होना।

prognathous –थस् a. (चि०) वहिर्हनुक, जिसका जबड़ा बाहरकी ओर निकला हुआ है; प्रक्षेपी, प्रक्षेपात्मक, वहिःक्षेपात्मक, बाहरकी ओर निकला हुआ।

prognose प्रॉग्नोस्' v.t. प्रबोध करना, शकुन बताना, लक्षण बताना, फलानुमान करना, पूर्वसूचना^F देना, अग्रसूचना^F देना; (चि०) पूर्वज्ञापन करना, साध्यासाध्यता^Fका।

prognosis –'सिस् n. प्रबोध, शकुन, लक्षण, (शिक्षा०, कृषि०) फलानुमान, पूर्वसूचना^F, अग्रसूचना^F, (चि०) साध्यासाध्यता^F -प्राक्-ज्ञान।

prognostic[1] –नॉस्'टिक् n. शकुन, लक्षण, पूर्वचिह्न, पूर्वसंकेत, पूर्वाभास, भविष्यकथन, भविष्यवाणी^F; (चि०) प्राक्ज्ञान विषयक।

prognostic[2] a. शकुनात्मक, लक्षणात्मक, पूर्वचिह्नात्मक, पूर्वसंकेतात्मक, भविष्य-कथनात्मक, अग्रसूचक।

prognosticable –कॅबॅल् a. पूर्वसूचनीय, भविष्यवचनीय, भविष्यवाणी^F करने योग्य।

prognosticate –केट् v.t. पूर्वज्ञापित करना, भविष्यवाणी^F करना, आगम कहना, पूर्वसूचना^F देना; पूर्वसंकेत करना, लक्षण बताना, चिह्न प्रकट करना; (चि०) साध्यासाध्यता^Fका कथन करना।

prognostication –केशॅन् n. पूर्वज्ञापन, भविष्यकथन; पूर्वसंकेत, शकुन, पूर्वलक्षण, पूर्वसूचना^F, भविष्यवाणी^F।

prognosticative, prognosticatory –'टिकेटिव्, –टॅरि aa. पूर्वज्ञापनात्मक, भविष्यकथनात्मक, पूर्वसूचक, पूर्वसूचनात्मक, शकुनकारी।

prognosticator –र् n. पूर्वलक्षणज्ञ, आगमवक्ता, भविष्यवक्ता, शकुनकारी; (चि०) साध्यासाध्यता^F-विशेषज्ञ।

prognostics –क्स् n. पूर्वसूचना^F, भविष्यवाणी^F, ऋतु-वार्ता^F, (ऋतु०) **ऋतु अनुमानिकी**^F, **मौसम-वार्ता**^F, ऋतु-सूचना^F; (चि०) साध्यासाध्यता^F-विज्ञान।

program ⊙, **-me**[1] प्रो'ग्रैम् n. **कार्यक्रम,** योजना^F, कार्यसूची^F, आयोजन, **पुरोगम,** पेशनाम, **प्रोग्राम;** ~-music क्रमिक संगीत; ~-picture क्रमिक चलचित्र;

~ assistant, ~ branch, ~ delivery, ~ executive, ~ indent, ~ material, ~ meeting, ~ parade, ~ publicity, scrutiny, ~ ~ secretary, ~ staff.

programmatic –ग्रॉमै'टिक् a. कार्यक्रमीय, योजना-विषयक, प्रोग्रामसे सम्बन्धित; (कथात्मक या दृश्यात्मक) संगीत-सम्बन्धी।

program (me)[2] प्रोग्रैम् v.t. कार्यक्रम बनाना, योजना^F तैयार करना।

programmed –ड् a. कार्यक्रमबद्ध, योजनाबद्ध, **पूर्व-योजित** (~ *delivery*)।

progress प्रोग्रिस् n. प्रगमन, पुरःसरण, प्रसरण, प्रक्रमण, प्रयाण; वृद्धि^F, उत्कर्ष, उन्नयन, उत्थान, उन्नति^F, **प्रगति**^F (*made slow* ~); विकासावस्था^F; (प्रा०) राजयात्रा^F, शासकीय प्रवास, प्रस्थान (*royal* ~);

~ card, ~ chart, ~ clerk, ~ office, ~ record, ~ register, ~ report, ~ representative, ~ return, ~ statement.

progress[2] प्रग्रे'स् v. i. प्रगमन करना, पुरःसरण करना, प्रसरण करना, प्रक्रमण करना, प्रयाण करना; उत्कर्ष करना, उत्थान करना, उन्नति^F करना, प्रगति^F करना, आगे बढ़ना।

progression –'शन् n. वृद्धि^F, विकास, उन्नति^F, प्रगति^F, बढ़ाव, (गणि०, अर्थ०) **श्रेढी**^F, श्रेणी^F, (संगीत) आरोह-अवरोह, स्वरक्रम।

progressional – शॅनॅल् a. वृद्ध्यात्मक, विकासोत्मक, प्रगत्यात्मक; श्रेढीय, श्रेणीय; स्वरक्रमीय, क्रमिक

क्रमबद्ध, सिलसिलेवार।

progressionism –निज़्म् n. प्रगतिवाद, विकासवाद।

progressionist –निस्ट् n. प्रगतिवादी, प्रगतिसमर्थक, विकासवादी।

progressist प्रो (प्रॉ)'ग्रॅसिस्ट a. विकासवादी, प्रगतिवादी।

progressive[1] प्र्ग्रे'सिव् n. प्रगतिवादी व्यक्ति, प्रगतिसमर्थक मनुष्य।

progressive[2] a. वर्द्धी, **प्रगामी**, प्रगमनशील, प्रगत्युन्मुख, वर्धनशील, विकासोन्मुख, **वर्धमान**, ऊर्ध्वगामी; अनुक्रमिक, **क्रमिक**, उत्तरोत्तर, क्रमशः वर्धमान (~ *tax*); **प्रगतिशील**, उन्नतिशील; प्रगतिवादी, सुधार-समर्थक; ~ increase उत्तरोत्तर वृद्धि[F];

~ average, ~ change, ~ development, ~ education, ~ effect, ~ expenditure, ~ growth, ~ improvement, ~ literature, ~ motion, ~ nation, ~ phase, ~ population, ~ principles, ~ reduction, ~ sampling, ~ tax, ~ taxation, ~ total, ~ wave.

progressivly –लि adv. अनुक्रमेण, क्रमशः, उत्तरोत्तर, अधिकाधिक।

progressiveness –निॅस् n. प्रगति[F], उन्नति[F]; प्रगतिप्रियता[F], प्रगतिशीलता[F], प्रगतिवादिता[F], विकासशीलता[F], विकासोन्मुखता।

progressivism –विज़्म् n. प्रगतिवाद, प्रगतिशीलता[F]।

pro hac vice (L) adv. इस अवसरपर।

prohibit प्रॅहि'बिट् v. t. **निषेध करना, प्रतिषेध करना**, प्रतिषिद्ध करना, निषिद्ध करना, वर्जित करना, निवारण करना, मना करना, रोकना; प्रत्यादेश करना, प्रतिबन्ध लगाना, निरोध करना, बाधा[F] पहुँचाना।

prohibited – टिॅड् a. प्रतिषिद्ध, **निषिद्ध, वर्जित, मना**।

~ area, ~ article, ~ degree, ~ goods, ~ immigrant, ~ place, ~ zone.

prohibiter, prohibitor –टॅर्, –टॅर् nn. निषेधक, प्रतिषेधी, वर्जक; प्रतिबन्धक।

prohibition प्रोइबि'शॅन् n. **प्रतिषेध, निषेध**, वर्जन, प्रत्यादेश, निवारण, रोक[F], मनाही[F]; मद्यनिषेध, शराबबन्दी[F], नशाबन्दी[F]; प्रतिषेध-पत्र, निषेधपत्र; निषेध-नियम, (कानून) निषेधाज्ञा[F]।

prohibitionary – नॅरि a. प्रतिषेधात्मक, निषेधात्मक, वर्जनात्मक; प्रतिषेध-विषयक, निषेध-सम्बन्धी, वर्जन-सम्बन्धी, रोक[F]का।

prohibitionism –निज़्म् n. मद्य-निषेधवाद।

prohibitionist –निस्ट् n. मद्य-निषेधवादी।

prohibitive प्रॅहि'बिटिव् a. प्रतिषेधात्मक, निषेधक, निषेधशील, रोकनेवाला।

prohibitiveness –निॅस् n. प्रतिषेधात्मकता[F], निषेधात्मकता[F], निषेधकता[F], प्रतिषेधकता[F]।

prohibitor –टॅर् n. निषेधक, निवारक, दे० PROHIBITER.

prohibitoy –रि a. प्रतिषेधात्मक, निषेधात्मक, प्रतिषेधी, निवारक, निषेधक, निषेधी, प्रतिषेधार्थक, निषेधबोधक, निषेधवाची; ~order निषेधाज्ञा[F]।

proh pudor (L) con. शरम!

project[1] प्रॉ'जेक्ट् n. प्रक्षेप; प्रकल्प, उपाय, प्रयोग, परियोजना[F], **प्रायोजना[F]**, (~ *officr*), युक्ति[F], **निर्माण-योजना[F]** (~ *estimates*), खाका, प्लान, प्रोजेक्ट।

project[2] n. विधेयक, ड्राफ्ट, मसौदा।

project[3] v. t. & i. **प्रक्षेपण करना**; परियोजना[F] बनाना, युक्ति[F] सोचना, जुगुत[F] सोचना, विचारना, खाका खींचना, प्लान तैयार करना; निरूपण करना, मानस चित्र बनाना; **फेंकना**, डालना; प्रविष्ट करना, पैठना; मिश्रण करना, मिलाना, घोलना; (प्रकाश या छाया[F]) प्रक्षिप्त करना, डालना; (ला०) साकार करना, स्वरूप देना, प्रत्यक्ष आकार देना; (रेखा०) विक्षेपण करना, प्रत्यालेख करना, आगेकी ओर बढ़ाना; मानचित्र बनाना, नकशा बनाना; बहिर्गत होना, बहिर्लम्बित होना, उभरा हुआ होना।

projected –'टिॅड् a. क्षिप्त, **प्रक्षिप्त**, निकला हुआ।

projectile[1] प्रॅजे'क्टिल् n. अस्त्र, प्रक्षेपणीय गोली[F], तोप[F]का गोला इत्यादि।

projectile[2] n. प्रेरक, प्रक्षेपी, उत्तेजक, फेंकनेवाला, उकसानेवाला (~ *force*); दूरवेधी, (गणि०, भौ०) **प्रक्षेप्य**, (~ *motion*), प्रक्षेपणीय, (गणि०, भौ०) **प्रक्षिप्त**, छूटनेवाला, दगनेवाला।

projecting –टिंग् a. प्रलम्ब, **प्रक्षेपी** (~ *lantern*, ~ *microscope*), **प्रक्षिप्त**, (~ *bluff*), उत्तुंग, उदग्र, बहिर्वर्ती।

projection –'शॅन् n. **प्रक्षेपण**, (सांख्य०) **बहिर्वेशन**, फेंकाई[F], डलाई[F]; धातुरूपान्तर, धातुपरिवर्तन; (प्रा० भू०, गति० वि०) **प्रक्षेप**, योजना[F], (अर्थ०) **प्रायोजना[F]**, उपाय, खाका, प्लान; मानचित्र, नकशा; प्रलम्बन, प्रलम्बता[F], उदग्रता[F], उभार; धक्का, दपेट, झपेट, ठेला, झोंक[F]; प्रत्यालेख, अवलेख; मनःचित्र, मनमोदक, कपोलकल्पना[F]; चलचित्र-प्रदर्शन; निर्गत भाग; ~ lantern **चित्रदर्शी लालटेन, चित्रप्रक्षेपी लालटेन**; powder of ~ पारस पत्थरका चूर्ण;

~ box, ~test, ~ fibre, ~ map, ~ room.

projectioal – नॅल् a. प्रक्षेपणीय, प्रक्षेपण-सम्बन्धी, फेंकाईका, डलाईका; धातुरूपान्तर-विषयक, धातुपरिवर्तन-सम्बन्धी; प्रक्षेप-विषयक, योजना-सम्बन्धी, खाकेका, तजवीजवाला; प्रलम्बनीय, उभारका; धक्केका, दपेटका, झपेटका; प्रत्यालेख-विषयक, अवलेख-सम्बन्धी; मनःचित्र-विषयक मनमोदक-सम्बन्धी, कपोलकल्पना-सम्बन्धी।

projectionist –निस्ट n. चलचित्र-प्रदर्शक, फिल्म दिखानेवाला।

~ attendant, ~-barrel, ~ bowl, ~ bowl assembly, ~ brake, ~ chamber, ~ diaphragm, ~ driver, ~ handle, ~ house, ~ plunger, ~ priming, ~ room, ~ trailer.
pump[2] v. i. & t. उदंचन करना, पम्प चलाना, पिचकारी^F छोड़ना; (कूएँको) पम्प द्वारा ओगारना; उलीचना, जहाजका पानी निकालना; (*upon* के साथ) भेद जानना, उगलवा लेना, जानकारी^F प्राप्त करना; (कठिन परिश्रमका) थकाकर चूर कर देना, धौंकनी^F चला देना, दम फुला देना, बेदम कर देना; (तापमापकमें पारेका) क्षण-क्षणमें चढ़ना-उतरना ।
pump[3] n. पम्प जूता, पम्पशू ।
pumpage पम्'पिज् n. पम्पसे किया गया काम; पम्प द्वारा निकाला गया पानी ।
pumper –पॅर् n. पम्पचालक, पम्प चलानेवाला, पम्प, तैलकूप ।
pumping –पिंग n. उद्वहन, पम्पक्रिया^F, **पम्प करना; ~ priming समुद्दीपन;**
~ action, ~ activity, ~ efficiency, ~ installation, ~ plant, ~ set, ~ station.
pumpion पम्प'यॅन्, –'पिअॅन् n. = PUMPKIN.
pumpkin पम्प्'किन् n. कूष्माण्ड, घीया^F, लौकी^F, (वन०) **कद्दू**, पेठा, भूरा कुम्हड़ा (~ *goard* भी) ।
pumpship[1] पम्प्'शिप् n. मूत्र, पेशाव, मूती^F, मूतना ।
pumpship[2] v. i. मूतना, पेशाव करना ।
pun[1] पन्' n. श्लेष, शब्दक्रीड़ा^F, अनेकार्थक शब्द ।
pun[2] v. i. श्लेषमें बोलना, अनेकार्थ शब्द-प्रयोग करना, शब्दक्रीड़ा^F करना ।
pun[3] v. i. (भूमि आदिको) धुरमुससे पटतारना, (यंत्र०) कूटना ।

puna (Peruv.) n. एण्डीजका प्यूना पठार; श्वाँस-कृच्छ्रता^F, साँसत^F।

punch¹ पन्च्' n. छिद्रक, पंचिका^F, सुम्बी^F, बरमा, छेद्नी^F, गोदनी^F; छापा; driving-~ कील-कस; starting-~ कील^F-उखाड़नेका पंच; ~ supervisor **छेदन पर्यवेक्षक**।

punch² n. मुष्टिका^F, मुष्टिप्रहार, अभिघात, मुक्का, घूँसा (*a ~ on the head*); (ग्रा०) स्फूर्ति^F, उत्साह, बल, जोर; ~-drunk मुष्टि-आहत, घूँसेकी मार^Fसे व्याकुल।

punch³ v.t. मुष्टिप्रहार करना, मुक्का मारना, घूँसा मारना; छड़ी^Fसे कोंचना, भोंकना, आर मारना; बेधना, छेदना, छेद करना, पंच करना; कील^F पैठाना, कील^F घुसेड़ना; जानवरोंको पंच करके हाँकना ⊙ ।

punch⁴ n. एक पेय।

punch⁵ n. विदूषक, भाँड़; मोटा-ताजा लद्दू टट्टू; (बोल०) गुलगोथना व्यक्ति, छोटी और मोटी वस्तु; *pleased as ~* बहुत प्रसन्न।

punched पन्च्ड' a. छिद्रित, पंच किया हुआ (~ *cards*)।

puncheon¹ पन्'शन् n. (विशे० कोयलेकी खान^Fमें) लघुस्तम्भ, थून, अड़वार^F; (स्था०) **गुटिका**^F।

puncheon² n. (इति०, ७२ से १२० गैलन तकका) बड़ा पीपा।

puncher पन्'चर् (यंत्र०, रेल०) **छेदक**, छिद्रक यन्त्र, छेनी^F, सुम्बी^F, बरमा, पंच।

punching –चिंग n. छिद्रण, **पंच करना, सुम्बा करना; ~shear छिद्रक कर्तन**;
~ board, ~ machine, ~ media.

punchinello पन्चिने'लो n. (pl. *-s*) ठिंगना और हट्टा-कट्टा व्यक्ति; (इटलीमें) कठपुतली^Fके खेलका प्रधान पात्र, भाँड़, पंचिनेलो; दे० PUNCH⁵.

punchy पन्'चि a. लघु एवं स्थूल, छोटा-मोटा, नाटा।

punctate पन्क्'टेट a. (प्राक्र० इति०, निदान) विन्दु-चिह्नित, (वन०) **बिन्दीदार**, चित्तीदार, धब्बेदार, बुँदकीदार।

punctation –टे'शन् n. विन्दुचिह्नीकरण, बुँदकी^F या चित्ती^F बनानेका कार्य।

punctiform पन्क्'टिफ़ॉर्म् a. (वन०) **बिन्दुरूप**, विन्द्वाकृति, विन्द्वाकार, बिन्दुवत्, विन्दु-सदृश, बुँदकी-जैसा।

punctilio पन्टि'ल्यो n. (pl. *-s*), (उत्सव या शिष्टाचारमें) सूक्ष्म विचार, बारीकी^F; अतिसूक्ष्मता^F; अनावश्यक औपचारिकता^F, प्रदर्शनपूर्ण शिष्टाचार, दिखाऊपन।

punctilious –ल्यॅस् a. सूक्ष्माचारी, सूक्ष्मनियमनिष्ठ, सूक्ष्मविचारी, सूक्ष्मदृष्टि, अतिशिष्टाचारी, अत्युपचारी, बेहद तकल्लुफ़वाला।

punctiliousness –नि'स् n. सूक्ष्मनियमनिष्ठा^F, अति-सूक्ष्मदृष्टि^F, प्रदर्शनप्रियता^F, औपचारिकता^F, तकल्लुफ़-मिजाजी^F।

punctual पन्क्'ट्यूअॅल् a. समयनिष्ठ, समयपरायण, समयपालक, वक्तका पाबन्द; यथासमय, ठीक समय-पर, बरवक्त (*~ arrival*); (प्रा०) शिष्टाचारप्रिय; सूक्ष्म-विचारी, बारीकीपसन्द; (रेखा०) विन्दुकीय।

punctualist –लिस्ट् n. समयनिष्ठ व्यक्ति, समयपालक व्यक्ति, वक्तका पाबन्द आदमी।

punctuality –ऐ'लिटि n. समयनिष्ठा^F, **समयपालन**, समयनिष्ठता^F; **समय-पाबन्दी**^F।

punctually –ट्यूॲलि adv. यथासमय, समयनिष्ठासे, ठीक समयपर।

punctuate पन्क्'ट्यूएट् v.t. चिह्नांकित करना, विराम-चिह्न लगाना; (ला०, विस्मयादि द्वारा भाषणमें) व्यवधान डालना, बाधा^F डालना, टोकना; (असंगत) बल देना, जोर देना (*flung it on the ground to ~ his refusal*)।

punctuation –ए'शन् n. चिह्नांकन, विरामचिह्नीकरण; चिह्नांकनकला; विरामचिह्न, चिह्न, विन्दु, अंक।

punctuative –'ट्यूएटिव् a. चिह्नांकनीय, विराम-चिह्नीय, विरामचिह्नात्मक।

punctuator –टर् n. चिह्नांकक, विरामचिह्न लगाने-वाला।

punctulate पन्क्'ट्यूलेट् v.t. चिह्नित करना।

punctulation –ले'शन् a. विन्दु, चिह्न; = PUNCTUATION.

punctum पन्क्'टम् n. (pl. *-a*) चिह्न, अंक, विन्दु, धब्बा, निशान; ~ tacrimalis (चि०) **अश्रु-अंक**।

puncture¹ पन्क्'च्यॲर n. वेध, वेधन, छिद्र, छेद, **चोभ**, पंक्चर।

puncture² v.t. & i. वेधना, वेधन करना, छिद्र करना, छेद करना, पछना, पंक्चर करना; छेद होना, पंक्चर होना।

punctured –र्ड् a. विद्ध, छिद्रालु, छिद्रित, छिद्रमय, पंक्चर हुआ।

pundit पन्'डिट् n. पण्डित; ब्राह्मण; विद्वान्; अध्या-पक, गुरु।

pungency पन्'जॅन्सि n. चण्डता^F, तीक्ष्णता^F, तीव्रता^F; तिक्तता^F, कटुता^F, तीखापन, तीतापन, चरप-राहट; रोचकता^F, मार्मिकता^F, मर्मस्पर्शिता^F, मर्मवेधिता^F, मर्मान्तकता^F।

pungent –न्ट् a. चण्ड, (रसा०) **तीक्ष्ण**, तीव्र, (रसा०) तीखा, उग्र, प्रखर, प्रचण्ड; अम्लयुक्त, तिक्त, कटु, तीता, चरपरा; रोचक; मार्मिक; मर्मस्पर्शी, मर्मवेधी, मर्मान्तक;
~ smell, ~ odour, ~ taste.

punic प्यूनिक् a. & n. फोएनीशियाई, कारथेजी, कार-थेजवासी; कारथेज भाषा।

puniceous प्यूनि'शिॲस् a. पक्व, पक्का, पका हुआ; (चि०) लाल सुर्ख।

puniness प्यू'नि-नि'स n. लघुता^F, क्षीणता^F, अल्पाकृति^F,

दुर्बलता^{F}; हीनता^{F}, नन्हापन, छोटापन, कमजोरी^{F}; क्षुद्रता^{F}, तुच्छता^{F}।

punish पॅनिश् v.t. शासित करना, ताड़ित करना, दण्डित करना, (का०) **दण्ड देना, सजा^{F}** देना; अर्थदण्ड लगाना, डाँड़ लेना, जुरमाना करना; (मुष्टियुद्धमें विरोधी-पर) प्रबल आघात करना, जोरके घूँसे लगाना; (दौड़^{F}में प्रतियोगीको) थका डालना; (भोजन आदिपर) धावा बोलना, खूब खाना।

punishability -शॅबि'लिटि n. शासनीयता^{F}, दण्ड-नीयता^{F}, सजा पानेकी स्थिति^{F}।

punishable -'निशॅबॅल a. दण्ड्य, (का०) **दण्डनीय,** शासनीय, ताडनीय, सजा पाने योग्य।

punisher -शॅर् n. शास्ता, शासक, दाण्डिक, दण्ड-यिता, सजा^{F} देनेवाला।

punishing -शिंग a. थका देनेवाला; खूब खानेवाला; (बल्लेबाजकी कमजोरी^{F}से) लाभ उठानेवाला।

punishment* -शमॅन्ट् n. शासन, निग्रह, दमन, **दण्ड***, ताड़ना^{F}, **सजा^{F}**: अर्थदण्ड, जुर्माना;
~ book, ~ file, ~ orders, ~ register, ~ return.

punition प्यूनि'शॅन् n. दण्ड, सजा^{F}।

punitive -'निटिव् a. (का०) **दाण्डिक, दण्डात्मक,** दण्डरूप, दण्डस्वरूप (~ *justice*); ~ police दण्डारक्षि, दण्डाधिकारी पौरिक, दण्डपुलिस; ~ tax, (का०) **दण्डात्मक कर,** दण्डकर;
~ cost, ~ damages, ~ law, ~ police.

punitory -टॅरि a. दाण्डिक, दण्डात्मक, दण्डस्वरूप।

punk[1] पन्क् n. अप्रयोज्य वस्तु^{F}, रद्दी चीज^F, निकम्मी चीज^F।

punk[2] n. वारस्त्री^{F}, वारांगना^{F}, वारनारी^{F}, समूहांगना^{F}, वेश्या^{F}, रण्डी^{F}, पतुरिया^{F}, छिनाल^F।

punkah पन्'कॅ n. पंखा।

punnage पॅनेज् n. श्लेषोक्ति^{F}।

punner पॅनॅर् n. धुरमुस, (यंत्र०) **दुरमुठ,** दुरमट, मुँगरी^{F}।

punnet पॅनिट् n. टोकरी^{F}, डलिया^{F}, झबिया^{F}।

punster पन्'स्टॅर् n. श्लेषकार, श्लेषभाषी, श्लेष बोलनेवाला।

punt[1] पन्ट n. तरालु, तरान्धु, बजरा, चौड़े पेंदेकी उथली नाव^F, (परि०) **डिंगी^{F}**, डेंगी^{F}, पण्ट^F।

punt[2] v.t. & i. लग्गी^{F} या बाँससे नाव चलाना, बजरे या पण्ट^{F}में माल ढोना।

punt[3] n. (फुटबालकी भूमि^{F}पर गिरनेके पहले) ठोकर^F, पण्ट^F।

punt[4] v.t. (फुटबालमें) ठोकर^F लगाना, पण्ट^F मारना।

punt[5] n. ताश आदिके जयांक।

punt[6] v.i. (ताश आदिके खेलमें) धनराशि^{F}पर दाँव रखना या लगाना; (बोल०, घोड़ेपर) शर्त^F लगाना, दाँव रखना, बाजी^{F} लगाना।

punter[1], **puntist** पन्'टॅर्, पन्'टिस्ट् nn. नाविक, केवट, माँझी, खेवैया, बजरा चलानेवाला।

punter[2] पन्'टॅर् n. शर्त लगानेवाला।

punty, pon-, पन्'टि, पॉन्- nn. लोहेकी छड़^{F}, (रसा०) T.

puny प्यू'नि a. लघु, क्षीण, दुर्बल, हीन, हलका, कम-जोर; क्षुद्र, नीच, तुच्छ, छोटा, नन्हा।

pup[1] पप् n. पिल्ला; conceited ~ आत्मश्लाघी युवा, प्रदर्शनप्रिय बालक; *in* ~ गर्भवती, गामिन; *sell* person *a* ~ ठगना।

pup[2] v.t. & i. पिल्ले देना; जनना, पैदा करना।

pupa प्यू'पॅ n. (pl. *-ae*) **शंखी,** (प्राणि०, कृषि०, कीट वि०) **कोष, (प्यूपा)**; (~ cell) कोशी, हेमकोशी, कोशित कीट, कीड़े आदिकी जन्मोत्तर तृतीयावस्था^{F}, (चि०) कुप्पा, **प्यूपा**।

pupal प्यू'पॅल् a. (चि०) कुप्पीय, कुप्पा सम्बन्धी; पोत-कीय, हेमकोशीय, कोशित, कोशशायी कीट-सम्बन्धी (~ *parasite*); ~ stage (कृषि०) **कोषावस्था^{F}**।

puparium -पेॲरिॲम् n. (जीव०, कृषि०) **प्रडिम्भ कोष,** डिम्भकोष, (जीव०, कृषि०, कीट वि०) **खाली कोष, प्यूपाकोष**।

pupate प्यू'पेट् v.i. कोशित होना; (चि०) कुप्पित होना।

pupation -पे'शॅन् n. कोशन, कोशित अवस्था^{F}, कोशित स्थिति^{F}; (कृषि०, जीव०) **कोषीकरण, प्यूपी-करण**।

pupil प्यू'पॅल् n. **शिष्य,** अन्तेवासी, छात्र, विद्यार्थी, चेला, शागिर्द; (भौ०) **द्वार**; (कानू०) किशोर, अवयस्क व्यक्ति; (आँख^{F}की) **कनीनिका^{F}**, (जीव०, चि०) दृष्टि-मण्डल, **तारा,** तारका^{F}, **पुतली^{F}**; T; ~-teacher शिक्षक-विद्यार्थी, छात्र-शिक्षक, अध्यापक-छात्र।

pupilar, pupilary -लॅर्, -रि aa. अन्तेवासीय, शिष्य-विषयक, छात्र-सम्बन्धी; कनीनिका-सम्बन्धी, नेत्र-तारकीय, पुतलीका, ~-membrane (चि०) **तारा-कला^{F}**।

pupilarity प्यूपॅलॅ'रिटि n. अप्रौढ़ता^{F}, अवयस्कता^{F}, नाबालिगी^{F}।

pupil(l)age प्यू'पिलिज् n. अवयस्कता^{F}, अप्रौढ़ावस्था^{F}, अविकसित बुद्धित्व, किशोरावस्था^{F}, कैशोर, नाबालिगी^{F}; (ला०, देश या भाषा^{F}की) अप्रौढ़ता^{F}, अविकसितता^{F}; शिष्यत्व, अन्तेवास, छात्रावस्था^{F}।

pupil(l)ize -लाइज् vv. t. & i. शिष्य बनाना, चेला मूँड़ना; (शिष्य या छात्रको) शिक्षा^{F} देना, अध्यापन करना, विद्यादान करना, पढ़ाना।

pupilship -लशिप् n. शिष्यत्व, छात्रावस्था^{F}।

puppet पॅपिट् n. पुत्तलिका^{F}, पांचालिका^{F}, गुड्डा, कठपुतली^{F}; (ला०) किसीके हाथका खिलौना; ~-play, ~-show कठपुतली^{F}का तमाशा; ~ state पराधीन राज्य।

puppetry -ट्रि n. कौतुक, तमाशा, बाजीगरी^{F}, कठ-पुतली^{F}का-सा खेल; प्रदर्शनी^{F}, नुमायश^F; कृत्रिमता^{F},

बनावट^F^ ।

puppis पप्पिस n. (ज्या०) **पप्पिस, नौपथ** ।

puppy प'पि n. पिल्ला, कुत्तेका बच्चा; बुद्धिहीन, बुद्धू, गोबरगणेश; (युवा) बाँका, छैला, छबीला, रँगीला ।

puppydom –डम् n. पिल्लापन; बुद्धूपन; छैलापन ।

puppyhood –हुड् n. = PUPPYDOM.

puppyish –इश् a. पिल्ले-जैसा, निरा बुद्धू ।

puppyism –इज़्म् n. छैलापन, बाँकापन, रँगीलापन ।

pur[1] पर् n. घुर-घुर^F^, घुरघुराहट^F^, खुर-खुर, पुर-पुर-; = PURR.

pur[2] v. i. & t. घुरघुराना, घुर-घुर करना; खुरखुराना ।

pur- के प्रति, के पक्षमें, के हेतु, -समर्थक (~*chase*, ~*loin*, ~*vey*) ।

puranic पुरै'निक् a. पौराणिक ।

purblind[1] पर्'ब्लाइन्ड् v.t. अन्धप्राय करना, चौंधियाना, क्षीणदृष्टि बनाना; संकीर्णदृष्टि करना, मतिमन्द बनाना ।

purblind[2] a. अर्द्धान्ध, अन्धप्राय, ईषदन्ध, क्षीणदृष्टि, चुन्धा, (ला०) संकीर्णदृष्टि, मतिमन्द; मन्द, कुन्द, सुस्त, चुगत ।

purblindness –निॅस् n. अन्धप्रायता^F^, क्षीणदृष्टित्व, हतदर्शिता^F^, चुन्धापन, धुन्ध^F^; संकीर्णदृष्टिता^F^, मतिमन्दता^F^ ।

purchasable पर्'चॅसॅबॅल् a. क्रेय, क्रयणीय, खरीदने योग्य; अर्ज्य, अर्जनीय, प्राप्य, प्रापणीय, प्राप्त करने लायक; उद्धृष्य, उठाने योग्य, घसीटने योग्य, खींचने योग्य ।

purchase[1] –स् n. (अर्थ०) **क्रय,** (अर्थ०) **खरीद^F^,** खरीददारी^F^, क्रीत वस्तु^F^, सौदा, मोल ली हुई चीज^F^; वार्षिक उत्पादन (*sold at 20 years' ~*); क्रीत सम्पत्ति^F^, अर्जित सम्पत्ति^F^, उपार्जन, खरीद^F^, कमाई^F^; यान्त्रिक लाभ, **यन्त्रजन्य सुविधा^F^**; उत्तोलन-यन्त्र; (प्रायः ला०) प्रभाव, असर; शक्ति^F^, सामर्थ्य; **सुविधार्थ युक्ति^F^**, लाभार्थ उपाय, (परि०) **कप्पी रस्सी^F^**, (नौवि०) रस्सी^F^, रस्सा; चरखी^F^, भार उठानेकी कल^F^, ~-money क्रयमूल्य, (का०) **क्रय धन, खरीद रकम,** मोल;

~ book, ~ committee, ~ contract, ~ control, ~ directorate, ~ journal, ~ ledger, ~ officer, ~ price, ~ rate, ~s account, ~s book, ~s day-book, ~s journal, ~s ledger, ~s ledger adjustment account, ~ slip book, ~s requisition, ~s return, ~s returns journal, ~ tax, ~ transaction, ~ value.

purchase[2] v.t. **क्रय करना, खरीदना,** मोल लेना; अर्जित करना, प्राप्त करना, हासिल करना; (नौवि०, उठानेकी कल^F^से, लंगर आदि) खींचना, उठाना, घसीटना ।

purchased ⊙ –स्ट् a. क्रीत, खरीदा हुआ ।

purchaser –सॅर् n. (का०) **क्रेता,** क्रयी, ग्राहक, गाहक, खरीददार ।

purchasing –सिंग् n. (वाणि०) **विनिमय,** क्रय, खरीद^F^ (~ *power*) ।

purdah पर्'डॅ n. परदा ।

pure प्युॲर्' a. अमिश्रित, निर्मल, विमल, (गणि०, रसा०) **शुद्ध,** (वन०, जीव०, रसा०) **विशुद्ध,** साफ; असली, खालिस; (संगी०) सस्वर, सताल, गत्यनुरूप; असंसृष्ट, सद्वंशज, शुद्धान्वय, असंकर; (ध्वा०) पूर्वस्वर-युक्त (स्वर); स्वरान्त्य (शब्द), असंयुक्त (व्यंजन); केवल, निपट, नितान्त, कोरा, निरा, पूरा, सरासर, बिल्कुल (~ *nonsense*); अभ्रष्ट, अविकृत (*his taste was severe and ~*); पूत, पवित्र, पावन, अनघ, निष्पाप, अकलुष, निष्कलंक; निर्मलचरित्र, ब्रह्मचारी; सती; ~ mathematics शुद्ध गणित; ~ line विशुद्ध वंशक्रम; ~ science शुद्ध विज्ञान;

~ banking, ~ blue, ~ bred, ~ butter, ~ capital, ~ chance, ~ charity, ~ chemistry, ~ clay, ~ culture, ~ decimal, ~ dominant, ~ drug, ~ economics, ~ equation, ~ form, ~ gene, ~ geometry, ~ hereditary, ~ intuition, ~ mathmatics, ~ note, ~ number, ~ race, ~ reason, ~ recessive, ~ science, ~ shear, ~ spectrum, ~ substance, ~ wine.

puree (F) n. प्यूरीसूप ।

pureness –'निॅस् n. शौच, शुचिता^F^, शुद्धता^F^, स्वच्छता^F^, विशुद्धता^F^, पवित्रता^F^, निर्मलता^F^, निष्कलंकता^F^, सफाई^F^ ।

purfle[1] पर्'फ़ॅल् n. गोट^F^, किनारा, किनारी^F^, हाशिया ।

purfle[2] v.t. गोट^F^ लगाना, किनारा लगाना, किनारी^F^ लगाना, हाशिया लगाना; सुशोभित करना, सुन्दर करना, सजाना, सुघड़ बनाना ।

purfling –लिंग् n. सजावट^F^, कढ़ाई^F^, बेलबूटेका काम, कशीदा ।

purgation पर्गे'शॅन् n. शुद्धि^F^, शोधन, परिष्कार, सफाई^F^; रेचन, विरेचन, विरेचक, जुलाब; आत्मशुद्धि^F^, अघमोचन, दोषनाशन; (इति०) निर्दोषिता-प्रकाशन, सफाई^F^ ।

purgative[1] –'गॅटिव् n. विरेचक, रेचक औषधि^F^, दस्तावर दवा^F^, जुलाब ।

purgative[2] a. (चि०, श०, र०, शा०, रसा०) **रेचक,** विरेचक, जुलाबी, दस्तावर; शोधक, शोधनशील, परिष्कर्ता, संस्कर्ता ।

purgatorial –गॅटॉ'रिॲल् a. परिशोधनीय, परिशोधकीय, आत्मशुद्धि-सम्बन्धी, सुधार-सम्बन्धी, पापमोचन-विषयक ।

purgatorian[1] –ॲन् n. पापमोचन-विश्वासी, आत्म-शुद्धिवादी, अघनाशन-विश्वासी, दोषनिवारण-वादी ।

purgatorian[2] a. = PURGATORIAL.

purgatory[1] –'गॅटॅरि n. पापमोचन, अघनाशन, दोष-निवारण: आत्मशुद्धि-स्थल, पापमोचनस्थान, सुधारगृह,

तपोभूमि^F ।

purgatory[2] a. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला, पवित्र करनेवाला, सुधारक ।

purge[1] पर्ज् n. शुद्धि^F, परिष्कार, संस्कार, शोधन, दोषप्रक्षालन, मार्जन; सुधार; पृथक्करण, निष्कासन, अपमार्जन, सफाई^F; रेचन, विरेचन, जुलाब देना ।

purge[2] v.t. & i. निर्मल करना, शुद्ध करना, साफ करना या होना; पेट चलाना, जुलाब देना, पेट साफ करना; छाँटना; बरी^F करना, छोड़ देना ।

purger –'जॅर् n. शुद्धि-कर्ता, परिष्कर्ता, संस्कर्ता, मोचयिता, मार्जयिता; पृथक्कर्ता, निष्कासक, अपमार्जक; सुधारक; रेचक वस्तु^F, विरेचक पदार्थ, जुलाबी चीज^F ।

purging –जिंग् n. शोधन, परिष्कृति^F, परिष्करण, संस्कृति^F, संस्करण, मोचन, मार्जन; पृथक्करण, निष्कासन, अपमार्जन; रेचन, विरेचन, जुलाब देनेकी क्रिया^F; सुधार ।

purification प्युअॅरिफ़िके'शॅन् n. **शुद्धि**^F, (कृषि०, चि०, रसा०) **शोधन**, शुद्धीकरण, (रसा०) **स्वच्छीकरण**, **निर्मलीकरण**, पूतीकरण, पावन, मार्जन, परिष्करण, सफाई^F, मँजाई^F ।

purificative, purificatory –'रिफ़िकेटिव़्, –टॅरि aa. शोधनात्मक, परिष्कारात्मक, संस्कारात्मक, शुद्धि-करण-सम्बन्धी ।

purificator –टॅर् n. (ईसाई) मद्यपात्र; (याजकी अँगुलियाँ^F और होंठ साफ करनेकी) साफी^F ।

purificatus ⊙ –'टॅस् a. = PURIFIED.

purified –'रिफ़िड् a. पूत, (रसा०) **शोधित**, विशोधित, शुद्ध, (कृषि०) **स्वादिष्ट** (~ *diet*), **परिष्कृत** ।

purifier –फ़ाइअॅर् n. (रसा०) **शोधित्र**, (रसा०) **शोधक**, विशोधक, परिशोधक, परिष्कारक ।

puriform प्युअॅ'रिफ़ॉम् a. (चि०) पूयस्वरूप, पूयसम, पूयाकृति, पूयाकार, क्लेदवत्, पीप-सदृश, पीव-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा ।

purify प्युअॅ'रिफ़ाइ v.t. शुद्धि करना, (रसा०) **शोधन करना**, पवित्र करना, परिशोधन करना, साफ करना ।

purism –'रिज़्म् n. शुद्धतावाद, विशुद्धिवाद ।

purist –रिस्ट् n. (विशे० भाषा^Fमें) विशुद्धिवादी, शुद्धतावादी ।

puristic, -al –'टिक्, -ॲल् aa. शुद्धिवादी, शुद्धतावादी; विशुद्धिवादात्मक ।

puritan[1] प्युअॅ'रिटॅन् n. (P~) प्रोटेस्टैण्ट सम्प्रदायका सदस्य, प्यूरिटन; शुद्धतावादी दलका सदस्य; (दर्श०) **विशुद्धिवादी**, नैष्ठिक, निष्ठावान्; कर्मनिष्ठ पुरुष, नियमनिष्ठ व्यक्ति ।

puritanic, -al –रिटै'निक्, -ॲल् aa. विशुद्धिवादी, प्योरिटनी; अतिनैतिकतावादी, कट्टरतावादी ।

puritanism –'रिटॅनिज़्म् n. विशुद्धिवाद, (दर्श०) **शुद्धाचारवाद**, प्योरिटनवाद; अतिनैतिकतावाद, कठोरतावाद, कट्टरतावाद ।

puritanize –टॅनाइज़् v. i. & t. विशुद्धिवादी, सदृश आचरण करना, प्योरिटनके समान कार्य करना, कट्टरता^Fसे काम लेना; विशुद्धिवादी बनाना, प्योरिटन बनाना; नैष्ठिक बनाना, कट्टर बनाना ।

purity प्युअॅ'रिटि n. (रसा०) **शुद्धता**^F, विशुद्धि^F, शौच, शुचिता^F, पवित्रता^F, विशुद्धता^F, विमलता^F, निर्मलता^F, विशदता^F, पूतता^F, निष्कलंकता^F, अकालुष्य, सफाई^F ।

purl[1] पर्ल् n. (कढ़ाई^Fके निमित्त) चाँदी^F या सोनेका तार; किनारी^F, जरी^F, कलाबत्तू^F; कढ़े हुए बेल-बूटे या झालर^F, गोटा, हाशिया, किनारा ।

purl[2] v.t. & i. (कलाबत्तू^F या जरी^Fसे) गोट^F लगाना, बेलबूटे काढ़ना, फीता लगाना, बखिया^F करना ।

purl[3] n. जलावर्तन, जलावर्त, भँवर; कल-कल ध्वनि^F, छल-छल ध्वनि^F ।

purl[4] v. i. भँवर पड़ना, लहर आना, चक्कर काटना; कल-कल ध्वनि^Fके साथ बहना, कल-कल करके बहना, छल-छल करके बहना ।

purl[5] n. धमाका, अरराहट^F, भहरन^F ।

purl[6] v.t. & i. अस्त-व्यस्त करना या होना, उलट-पलट करना या होना, सिरके बल गिरना या गिराना ।

purler पर्'लॅर् n. (घोड़ेसे, विशे० *come, take, a* ~) सिरके बल गिरना ।

purlieu पर्'ल्यू n. वनान्त; जंगलाती कानूनके अन्तर्गत भूमि^F, (pl.) सीमाएँ^F, हदें^F, सरहदें^F ।

purlin पर्'लिन् n. शहतीर, कड़ी^F; (यन्त्र०, स्था०) **बत्ता** (~ *roof*), T.

purloin पर्लॉएन्' v.t. चुराना, मूसना, मार देना, (का०) **हड़पना**, तिड़ी कर देना ।

purloiner –'नॅर् n. तस्कर, चोर, उचक्का ।

purple[1] पर्'पॅल् n. (रसा०) **नीलारुण**, नीललोहितवर्ण, बैगनी या जामुनी रंग; (प्रा०) लोहितवर्ण, गहरा लाल रंग; नीलारुण वस्त्रभूषा^F; बैगनी पोशाक; धर्माचार्यपद, धर्माचार्यकी भूषा^F, (बहुव०) शूकरज्वर; गेरुई^F, गेहूँका रोग; *born in the* ~ राजघरानेका;

~-bacteria, ~-berried, ~-clad, ~-coated, ~-coloured, ~ copper ore, ~-finch, ~-fish, ~ fleabane, ~-headed, ~ heron, ~ hue, ~-hued, ~ lake, ~-leaved, ~ light ~ navy, ~ osier, ~-robed, ~-rumped sunbird, ~ shell, ~-spiked, ~ thrush, ~-tipped, ~-veined, ~willow, ~ wood ~ wood-pigeon, ~ wort.

purple[2] v.t. & i. नीलारुण हो जाना, बैजनी रंगका हो जाना ।

purple[3] a. (रसा०) **नीलारुण**, (रसा०) **नीललोहित**, बैंजनी, **जामनी** (~ *light*); **फालसी**, गहरा लाल, खूनी; ~ emperor एक तितली^F ।

purplish, purply –'प्लिश्, 'प्लि aa. आनीलारुण, बैंजनी-सा, बैजनीपन लिये हुए ।

purpoint, pourpoint प्युअॅर्'पाएँन्द, पुअॅर्'पाएँन्द n. रूईदार अंगरखा ।

purport[1] पर्'पॉर्ट् n. (का) **अभिप्राय**, प्रयोजन, आशय, तात्पर्य, (का०) **सार**, सारतत्व, सारांश, भाव, अर्थ, मतलब; (क्वचित्) मन्तव्य, उद्देश्य।

purport[2] पॅर्पा`ट्" v.t. अभिप्राय रखना, आशय होना, तात्पर्य रखना, सारांश रखना, भाव रखना, अर्थ रखना, मतलब रखना; मन्तव्य होना, उद्देश्य रखना, मंशा रखना; प्रतीति[F] करना, पता देना, बताना।

purportless –'पॉर्ट्लिॅस् a. अनभिप्राय, अभिप्राय-हीन, सारतत्वहीन, आशयविहीन, तात्पर्यविहीन, सारांश-हीन, भावहीन, अर्थरहित, बेमतलब; उद्देश्यरहित।

purpose[1]* पर्'पॅस् n. हेतु, विचार, (का०, शिक्षा०) **उद्देश्य**, तात्पर्य, (का०, शिक्षा०) **प्रयोजन***, आशय, (का०, शिक्षा०) **अभिप्राय**, नीयत[F], इरादा, मतलब*, ख्याल, गर्ज[F]; संकल्प, दृढ़निश्चय, संकल्पशक्ति[F]; *on ~* सोद्देश्य, सप्रयोजन, साभिप्राय, कामतः, ज्ञानतः, तात्पर्य-सहित, उद्देश्यसे, मतलबसे; *to some ~* किसी उद्देश्यसे, किसी अभिप्रायसे; *to the ~* संगत, सम्बद्ध, सप्रयोजन।

purpose[2] v.t. अभिप्राय रखना, उद्देश्य रखना, संकल्प रखना, योजित करना, निर्धारित करना, मंसूबा बाँधना, इरादा रखना।

purposed⊙ –ड् a. साभिप्राय, अभिप्रेत, सोद्देश्य, वांछित, इच्छित, इच्छाकृत।

purposeful –स्फ़ुल् a. उद्देश्यपूर्ण, आशयपूर्ण, अर्थ-पूर्ण, अभिप्राययुक्त, मतलबभरा।

purposefulness –निॅस् n. उद्देश्यपूर्णता[F], अभिप्राय-युक्तता[F], सप्रयोजनता[F], मन्तव्यपूर्णता[F], अर्थपूर्णता[F], गर्जदारी[F]।

purposeless –लिॅस् a. निरुद्देश्य, आशयरहित, अभिप्रायहीन, अर्थहीन, उद्देश्यरहित, बेमतलब।

purposelessness –निॅस् n. निरुद्देश्यता[F], आशय-राहित्य, अर्थहीनता[F], अभिप्रायहीनता[F]।

purposely –लि adv. ज्ञानतः, कामतः, **सम्प्रयोजन**, **प्रयोजनसे**, अभिप्रायतः; ठानकर, जान-बूझकर, इरादा करके।

purposive पर्'पॅसिव् a. साभिप्राय, (शिक्षा०) **सोद्देश्य**, **सप्रयोजन**, लक्ष्यपूरक, कार्यसाधक, प्रयोजना-त्मक; (व्यक्ति या आचरण) उद्देश्यपूर्ण, लक्ष्ययुक्त; ~ action, ~ sampling, ~ thinking.

purposivism⊙ –विज़्म् n. (शिक्षा०) **प्रयोजनवाद**, **उद्देश्यवाद**।

purposivist⊙ –विस्ट् n. उद्देश्यवादी, प्रयोजनवादी।

pur sang (F) १. adv. पूर्णतया, बिलकुल, २. a. अभिजात, कुलीन।

purpura पर्'प्युअॅर् n. नीलारुणरुजा[F], (चि०) नील-लोहितामय, नीलोहा, जामुनी रोग; नीलारुण जीव, (जीव०) T.

purpureal –'रिॲल् a. = PURPLE.

purpuric –रिक् a. नीलारुणरुजा-सम्बन्धी; नीललोहि-तीय नीलारुण, बैंगनी रंगका, (*~ fever*)।

purr पर्' v.i. & t. दे० PUR.

purree प'री n. पीला रंग, हलदिया रंग।

purse[1] पर्स् n. थैली[F], बटुआ, मनीबैग, पर्स; (ला०) निधि[F], कोष, धन, सम्पत्ति[F], खजाना, पूँजी[F]; सहायता-निधि[F], पारितोषिक; शुल्क, चन्दा; light ~ दरिद्रता[F]; long ~ धनाढ्यता[F]; ~-bearer कोषाध्यक्ष, कोषरक्षक, धनपाल, खजांची; कोषवाहक; ~-net ग्रन्थिजाल; (जीव०) **खर्की जाल**; ~ proud धनाभिमानी; *a full ~ never lacks a friend* बने-बनेका सब कोई साथी बिगड़ेका नहिं कोय।

purse[2] v.t. & i. (होंठ, भौं[F] आदि) सिकोड़ना, सिकुड़ना, चढ़ाना, (पर) बल पड़ना या डालना; झुर्रियाँ[F] निकलना, झुर्रीदार होना; (क्वचित्) थैली[F]में रखना, बटुएमें डालना।

purseful –फ़ुल् n. थैलीभर, बटुआभर, बसनीभर।

purseless –लिॅस् a. बेथैली, बेखीसा, निर्धन।

purser –सॅर् n. कोषपाल, रोकपाल; पोताधिकारी, पोत-लेखाधिकारी, पोतभण्डारी, **पोतनीस**, किरानी, **पर्सर**, जहाजका खजांची।

pursership –शिप् n. पोतलेखाधिकारी-पद या स्थान, जहाजके खजांचीका पद।

pursiness पर्सिनिॅस् n. फुफ्फसपन, पोलापन, दम चढ़ने या फूलनेकी अवस्था[F]।

purslane पर्स्'लिन् n. लोणी[F], लोनी[F], लोनिका[F], लोनिया[F], कुल्फा।

pursuable पॅस्यूॲबॅल् a. अनुगम्य, अनुरोध्य, अनु-वर्तनीय, स्वीकार्य, ग्राह्य, अनुसरणीय, पालनीय।

pursuance –ॲन्स् n. पालन, **अनुसरण**, अनुवर्तन, अनुगमन, अनुरोध, प्रवर्तन, अनुसन्धान, अनुष्ठान, अनुशीलन, कार्यान्वय, पैरवी[F]; *in ~ of* के अनुसार।

pursuant[1] –न्ट् a. अनुरूप; पालक, अनुसारी, अनुवर्ती।

pursuant[2] adv. का पालन करते हुए, के अनुसार।

pursue पॅस्यू' v.t & i. अनुधावन करना, पछियाना, खदेड़ना, रगेदना, पीछा करना; (ला०) पालन करना, अनुवर्तन करना, अनुशीलन करना, चिपके रहना, लगे रहना; अनुसन्धान करना, अनुष्ठान करना, खोजना, ढूँढ़ना, तलाशना; (योजना[F] आदिका) पालन करना, अनुसरण करना, प्रवृत्त होना, लगे रहना; अध्ययनरत होना, अनुशीलन करना; (किसी व्यवसायको) अंगीकार करना, स्वीकार करना, अपनाना; चलाना, पैरवी[F] करना, किये जाना, जारी रखना।

pursuer –ॲर् n. अनुगामी, अनुवर्ती; अनुसारी; अनुरोधक; पैरवी[F] करनेवाला, खदेड़ू; अनुष्ठाता, पालन-कर्ता; वादी, अभिशंसक, अभियोगी, मुद्दई।

pursuit पर्स्यूट् n. अभिनिवेश, (शिक्षा०) **अनुसरण** (*~ movement*), अनुगमन, अनुधावन, पैरवी[F], पीछा, अनुष्ठान, पालन; अनुसन्धान, अन्वेषण, खोज[F], तलाश[F]; प्रयत्न, उद्यम, उद्योग, व्यवसाय, आचरण, व्यवहार, व्यापार, वृत्ति[F], धन्धा, कामकाज, कारोबार।

pursuivant पर'स्विवॅन्ट् n. शस्त्रमहाविद्यालयाधिकारी; दूत, चर, गण, चोबदार; (का०) सेवक, परिचारक; अनुचर,

अनुयायी, अनुवर्ती ।

pursy पर्'सि a. फुप्फस, पोला, फूला हुआ, जिसका दम जल्दी फूल जाय, बेदम; स्थूल, थोथला, मोटा, धमधूसर; कुंचित, झुर्रीदार, भँजा हुआ, बल पड़ा हुआ, सिकुड़ा हुआ, शिकनदार ।

purtenance –टि'नॅन्स् n. (प्रा०) हृदय, दिल, कलेजा; फुप्फुस, फेफड़े; अन्त्र, आँत^F, अँतड़ी^F; भेजा = APPURTENANCE.

purulence, -cy प्युॲ'रुलॅन्स्, -सि nn. (चि०) पूयमयता^F, पूयसमता^F, पूयस्राव, पूयस्राविता^F, पूयपूर्णता^F, क्लेदयुक्तता^F; मवादीपन ।

purulent –न्ट् a. (चि०) **सपूय**, पूययुक्त, **पूयमय**, पूयस्रावी, क्लेदयुक्त, पीबवाला ।

puruloid –लाॅएड् a. पूयीय, पूय-विषयक, क्लेद-विषयक, पीप-सम्बन्धी, पीबवाला, मवादका, पीबका, पसका; पूयवत्, पूयाभ, क्लेदवत्, पीप-सदृश, पीब-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा ।

purvey पॅर्वे' v. t. & i. (खाद्य पदार्थोंका) प्रबन्ध करना, प्रदान करना, जुटाना, पहुँचाना; व्यवस्था^F करना, रसद^F पहुँचाना, संग्रह करना, जमा करना; आहाराधिकारी या भण्डारीका काम करना ।

purveyance –ॲन्स् n. खाद्य-व्यवस्था^F, रसद-संग्रह; खाद्य; भोजन-सामग्री^F, रसद^F, खूराक^F; राजक्रयाधिकार; संविधि^F ।

purveyor –ॲर् n. आहाराधिकारी, आहारदायक, खाद्यसंग्राहक, खाने-पीनेकी सामग्री^F जुटानेवाला, भण्डारी, रसद-पूरक ।

purview पर्'व्यू n. मुख्यांश, संविधि-भाग, प्रविधान-खण्ड; (अधिनियम, प्रलेख, योजना^F, पुस्तक^F, व्यवसाय आदिका) विस्तार, सीमा^F, क्षेत्र, परिसर, फैलाव; दृष्टि-क्षेत्र, कल्पना-क्षेत्र; दर्शन, पर्यवलोकन ।

P.U.S. Parliamentary Under Secretary.

pus पस्' (चि०) **पूय**, क्लेद, (चि०) **पीप**; पीब, मवाद, पस ।

push[1] पुश् n. प्रहार, धक्का, चपेट, ठेल^F, रेला, ठेल-पेल^F; प्रभावोपयोग; (शस्त्र या सींगका) आघात, टक्कर^F, वार, हूल^F; प्रबल प्रयत्न, पूरी कोशिश^F; (सेना०) प्रबल आक्रमण, तगड़ी चढ़ाई^F; चाप, दबाव, जोर, बोझा; विषमता^F, जटिलता^F, अभाव, तंगी^F; महोद्यम, उद्योग, संकल्प, स्वत्वाग्रह; (ग्रा०) दस्युदल, अपराधी-वर्ग; ~-ball (भारी गेंद^F को ढकेलकर खेला जानेवाला) खेल; ~-bike (ग्रा०) बाइसिकल^F; ~ botton **दाब-बटन**; ~ cart⊙ दुपहिया ठेलागाड़ी^F; ~ cartman⊙ ठेलेपर लादकर घूम-घूमकर बेचनेवाला; ~-in-sleeves **धसवाँ आस्तीन**; ~ pins⊙ ड्राइंग **पिन^F**; ~ pull **संतुलित प्रवर्षक**;

~ rop, ~ tap, ~ trolley, ~ vehicle.

push[2]* v.t. & i. धकियाना, धकेलना*, **धक्का देना**, ठेलना*, रेलना, पेलना, लुढ़काना, **ढकेलना**, **खिसकाना**, सरकाना; झपटना, उछलना, कूदना, **खिसकाना**, सरकना, हुलना; सींग मारना, सिंगियाना; प्रस्फुटित करना या होना, अंकुरित करना या होना, बाहर निकालना, निकलना, फूटना; आगे बढ़ना या बढ़ाना, चलाना; झपटना; चीरकर निकल जाना; प्रबल चेष्टा^F करना, बल लगाना, जोर मारना; अनुरोध करना, आग्रह करना; सन्नद्ध करना, प्रेरित करना, उकसाना, उभाड़ना, पीछे पड़ना; प्रवर्तन करना, स्थापना^F करना, प्रतिपादन करना; सचेष्ट होना, प्रयत्नशील होना; कार्यरत होना; वर्धन करना, विस्तार करना, बढ़ाना; विवश करना, बाध्य करना, तंग करना, दबाना; लाचार करना; ~ through परिणत करना, निभा ले जाना, काम निकाल ले जाना ।

pushable –शॅबॅल् a. आधक्य, आधक्कनीय, धकियाने योग्य, चपेट देने योग्य, ठेलने योग्य; आघात देने योग्य, टक्कर^F देने योग्य, हूलने लायक; प्रबल आक्रमण करने योग्य; तगड़ी चढ़ाई^F करने योग्य; महोद्यमनीय, उद्योग योग्य, संकल्प योग्य ।

pusher –शॅर् n. धकेलनेवाला, धकेल; ठेलनेकी मशीन ।

pushful –श्'फुल् a. महोद्यमी, साहसी, उद्योगी, दृढ़-संकल्प, स्वत्वाग्रही ।

pushing –शिंग् १. n. चेष्टा^F, उद्यम; प्रक्षेपण, प्रेरण, आघात, टक्कर^F, ठेल-पेल^F; २. a. चेष्टारत, उद्यमी, उद्योगी, आगे बढ़नेके लिए प्रयत्नशील, घुस-पैठवाला, ढकेलनेवाला ।

pushtoo पश्'टू n. पश्तो, पठानी भाषा^F ।

pusillanimity प्यूसिलॅनि'मिटि n. भीरुता^F, कायरता^F, क्लीवता^F, नीचाशयता^F, लुच्चापन, नामर्दी^F, बुजदिली^F ।

pusillanimous प्यूजिलै'निमॅस् a. भीरु, कायर, पामर, क्लीव, नीचाशय, नामर्द, बुजदिल ।

pusillanimousness –निस् n. भीरुता^F, कायरता^F, कादरता^F, नीचाशयता^F, लुच्चापन, बुजदिली^F ।

puss पुस्' n. (बिल्ली^F का प्यारका नाम) पूसी^F, म्याऊँ^F, मुनमुन; बाघ, चीता; खरहा; (बोल०) लड़की^F, लौंडिया^F, मुन्नी^F, बिट्टो^F, छबीली^F ।

pussy–सि n. (बच्चोंकी बोली^F में) पूसी^F, म्याऊँ, मुनमुन^F; कोई कोमल रोएँदार वस्तु^F; ~ foot मद्यनिषेधवादी, नशाबन्दी^F का समर्थक ।

pustulant पस्'ट्यूलॅन्ट् a. (चि०) पूयस्फोटक, फफोले पैदा करनेवाला ।

pustular, pustulous –लॅर्, –लॅस् aa. सगुटि, (वन०, चि०) **कीलकित**, पूयस्फोटपूर्ण, **स्फोटपूर्ण**, छालेदार, फफोलेदार ।

pustulate –लॅट् a. फफोलेदार, पूयफुंसीदार, फोड़ेदार, छालेदार; (वन०, जन्तुवि०) पूयिकामय, पिडिकामय, किणयुक्त, पूययुक्त, मशकमय, मस्सेदार, गुमड़ीदार ।

pustulation –ले'शॅन् n. फफोले बनना, छाले पड़ना; (चि०) पूयस्फोट बनाना; पूयिका-निर्माण, आचिल-निर्माण, मशक निर्माण, मसा बनना, गुमड़ी^F बनना ।

pustule –च्यूल n. (चि०) **पूयस्फोटिका^F**, **पीपफुंसी^F**, पूयस्फोट, फफोला, **फुंसी^F**, **फोड़ा**, **छाला**; (वन०, जन्तुवि०) पूयिका^F, पिडिका^F, किण, आचिल, मशक, मसा, गुमड़ी^F,

गाँठ^F; malignant ~ सांघातिक स्फोट, घातक अर्बुदरोग, (चि०) कालस्फोट, त्वचाका एन्थ्राक्स रोग।

pustuliform –लिफ़ॉर्म a. (वन०) **स्फोटरूप**।

pustulous –लॅस् a. = PUSTULAR.

put¹, putt पुट्, पुट्' n. प्रक्षेपण, फेंका, फेंकाई^F; विक्रय-संकल्प, सौदा; ~ option (वाणि०) **मंदी**^F।

put²* v.t. & i. (*put*) फेंकना, धकेलना; भोंकना, घोंपना; दागना, छोड़ना, मारना; (खान^Fमें कोयलेकी) ट्राम^F चलाना, ठेला चलाना; (बन्दरगाहसे दूर^F या इसकी ओर) प्रस्थान करना, रवाना होना; स्थित करना, रखना*, डालना*; अंकित करना, लिखना, लगाना; जोतना, नाधना; (गाय^Fको बर्दवानेके लिए साँड़के पास) ले जाना; उतारना, ले जाना, पार लगाना, रोपण करना, डालना; उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना; अर्पित करना, समर्पित करना, दे देना; (मिश्रित करना, मिलाना, घोलना; कूतना, दाम लगाना; प्राक्कलन करना, आकलन करना, आँकना, अनुमान करना; रूपान्तरित करना, अनूदित करना, उलथा करना; व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना; महत्त्व देना; आधारित करना, निर्भर करना; प्रयुक्त करना, उपयोग करना, काममें लाना; भावना^F करना, कल्पना^F करना; प्रतिहस्तापन करना, प्रतिहस्तस्वरूप करना; दाँव लगाना; शर्त^F रखना; (पूँजी^F आदि) अधिष्ठित करना, विनियुक्त करना; निवेदन करना, अपील^F करना; आमन्त्रित करना, आह्वान करना; आरोपित करना, लागू करना; (अपमान, तिरस्कार आदि) होना, किया जाना; बलिपशु बनना, शिकार बनना; दोषारोपण करना, आरोप लगाना; परिणत करना, अन्वित करना; रूपान्तरित करना, बदलना; (मामलेको) ठीक कर देना, बता देना; (गलत मार्गपर) सिद्ध करना बनाना; (घड़ी^F इत्यादि) तेज करना; प्रवृत्त करना, कार्य करनेको कहना; बाध्य करना, विवश करना, दबाव डालना, मजबूर करना; ~ *a check, stopper, veto on it* (इसे) वर्जित करो, रोको, मना करो; ~*across* सम्पादन करना, पूर्ण करना, कृतकार्य होना; सफलता^F पाना, पार करना; ~ *an end, period, stop, to it* समाप्त करो, बन्द करो, खतम करो; ~ *away* (प्रा०) विवाहविच्छेद करना, तलाक देना; अस्वीकार करना; सँजोकर रखना, सँभालकर रखना; (ग्रा०) खाना-पीना, उड़ाना; कैद^Fमें डालना, बन्धक रखना, गिरवी^F रखना; ~ *back* गतिरोध करना, प्रगति^F अवरुद्ध करना, रोकना; पूर्ववत् कर देना, पूर्वस्थित करना; (घड़ी^Fकी सुइयों^Fको) पीछे हटाना; ~ *by* (तर्क या प्रश्न) टाल जाना, टरका देना; सुरक्षित रख छोड़ना; ~ *down* पराभूत करना, दमन करना, कुचल देना, दबा देना, जबानपर ताला लगाना; (व्यय आदिमें) कटौती^F करना, घटाना, कम करना; (खर्चीली वस्तुओं^Fका उपयोग) बन्द कर देना; लिख देना; समाविष्ट करना; समझना, ख्याल करना; ~ *forth* शक्ति^F लगाना, उद्योग करना; वाग्मिता^F प्रकट करना; प्रकाशित करना, निकालना; अंकुरित करना, फोड़ना, निकालना; ~ *forward* (स्वयंको) प्रदर्शित करना, आगे करना; (सिद्धान्त) स्थापित करना, प्रतिपादित करना; ~ *in* पद-प्रतिष्ठित करना; भर्ती^F करना; ~ *it on* अधिक मूल्य लेना, ज्यादा दाम लेना; पहन लेना; ~ *off* स्थगित करना, टालना, हीले-हवाले करना; वर्जित करना, हटाना, रोकना; वंचित करना; आरोपित करना, मत्थे मढ़ना; (वस्त्र) उतारना; (नाव^F इत्यादिका तटसे) प्रस्थान करना, रवाना होना; ~ *on* (वस्त्र) धारण करना, पहनना; (चरित्र-स्वरूप) ग्रहण करना, अभिनय करना; (मांस या भार) बढ़ जाना; ~ *(our) heads together* मन्त्रणा^F करना, परामर्श करना, मशविरा करना; ~ *out* (कन्धे आदिका) जोड़ अलग हो जाना; (क्रिके०) आउट कर देना; बुझाना, गुल कर देना; अस्त-व्यस्त कर देना, गड़बड़ कर देना; दुखाना, सताना, परेशान करना; ~ *through* पूर्ण करना; टेलीफोनका नम्बर मिलाना; ~ *together* संयुक्त करना, जोड़ना, जुटाना; (क्रिके०) रन बनाना, स्कोर करना; ~*up* (सवारके रूपमें) नियोजित करना, लगाना, नौकर रखना; अभिनय करना, नाटक खेलना; प्रदर्शित करना, (शिकारको) शिकारगाहसे निकालना, हाँका करना, खेदा लगाना; प्रस्तुत करना; याचना^F करना; ~ *up with* रहना; नतमस्तक होना, सहन कर जाना, पी जाना, गम खा जाना।

putative प्यू'टॅटिव् a. **ख्यात**, प्रसिद्ध, मान्य; उक्त, कथित; कल्पित, अनुमानित, अनुमानसिद्ध;
~ father, ~ marriage, ~ matrimony, ~ wife.

pute प्यूट्' a. (प्रा०) विशुद्ध, केवल (*pure & ~*)।

puteal प्यू'टिॲल n. (रोमन प्रा०) कुएँकी जगत^F, कुएँकी मुँडेर^F।

putid प्यू'टिड् a. नीच, अधम, रद्दी।

putidity प्यूटि'डिटि n. = PUTIDNESS.

putidness –निॅस् n. अवरता^F, अश्रेष्ठता^F, तुच्छता^F, नीचता^F, अधमता^F।

put-log, -lock पट्'लॉग्, -लॉक् n. कड़ी^F, शहतीर; (यंत्र०) **पेटी**^F (~ *hole*)।

putrefacient प्यूट्रिफ़े'शॅन्ट् a. पूयकारी, पूयोत्पादक, सड़न^F पैदा करनेवाला, पीववाला।

putrefaction –फ़ैक्'शॅन् n. (रसा०) **पूयन**, पूति^F, (चि०) **पूतिक्रिया**^F, पूतिभवन, पूतिजनन, पूतिगन्ध^F, (चि०) **सड़ाँध**, (कृषि०) सड़ान^F, (कृषि०, रसा०, चि०) **सड़ना**, बिसाँध^F, बदबू^F।

putrefactive –'ट्रिफ़ैक्टिव् a. पूयकारी, **पूतिगन्धी**, (~ *fomentation*) पूयोत्पादी, पूतिजनक, पूयनशील, सड़ानेवाला (~ *bacteria*)।

putrefiable –फ़ाइॲबॅल् a. (चि०) पूतियोग्य, पूयोत्पाद्य, सड़न^F पैदा करने योग्य।

putrefy –इ v. i. & t. (रसा०) **पूयित होना**, दुर्गन्धित होना, पूयोत्पत्ति^F होना, उपसना, (रसा०) **सड़ना**, मवाद पड़ जाना; भ्रष्ट होना, पतित होना; सड़ाना, गलाना, उपसाना; गन्दा करना या होना;

बिगाड़ना ।

putrefying –इंग् a. = PUTREFACTIVE.

putrescence प्यूट्रे'सॅन्स् n. (चि०) पूतिभवन, पूति-रक्तता^F, पूति^F, पूयनशीलता^F, दुर्गन्ध^F, सड़ाँध^F ।

putrescent –न्ट् a. पूयनशील, (वन०) **पूतिमान, विगलित**, सड़नेवाला, उग्रगन्ध, गला-सड़ा, बूदार ।

putrescible –सिबॅल a. पूयनशील, पूयनीय, दुर्गन्धित होने योग्य, सड़ने योग्य ।

putrid प्यू'ट्रिड a.. पूति, पूतिक, गलित, दुर्गन्धित, कुवास, उपसा हुआ, गला-सड़ा हुआ; अस्वास्थ्यकर, अपवित्र, हानिकर, गन्दा; (ला०) भ्रष्ट, दूषित; (ग्रा०) घटिया, रद्दी; ~ fever मोहज्वर, सन्निपातज्वर; तन्द्रिक-ज्वर, टैफसज्वर; ~ flavour (कृषि०) **कुवास, पूतिगन्ध** ।

putridity, putridness –'डिटि, –ड्निॅस nn. पूति-कता^F, सड़ाँध^F, विसाँध^F, उपसाँध^F ।

putrilage –'ट्रिलिज n. पूति^F, पूति-द्रव्य, मवाद, सड़नेवाला द्रव्य ।

putritic प्यूट्रि'टिक a. (चि०) पूयीय, पूय-विषयक, क्लेद-विषयक, पीप-सम्बन्धी, पीब-सम्बन्धी, मवादका, पसका ।

putsch पुच' n. क्रान्ति^F, विद्रोह ।

putt¹ पुट्' n. (गोल्फके खेलमें गेंद^Fपर) आघात, प्रहार, चोट^F, पुट ।

putt² v.t. (गोल्फके गेंद^Fपर) आघात करना, प्रहार करना, चोट^F करना ।

puttee प'टी n. पट्टी^F ।

putter पु'टॅर् n. (गोल्फमें) पटर, छोटी छड़ी^F ।

puttoo प'टू n. पट्टू ।

putty¹ प'टि n. धातु-ओप, (काँच या धातु^F निखारनेके लिए) सीसेका चूर्ण; (स्था०) **लाँबी^F, गच्च**; (चूने-पानी-का बालूसहित) पतला गारा, पुचारा; लेपिका^F, (काँच-फलक) जोड़नेका मसाला, **पोटीन**, (रसा०) **पुट्टी^F** ।

putty² v.t. (पुटीनसे) आवृत करना, चिपकाना, पुटीन लगाना, जोड़ना, भरना ।

puy (F) प्वी' n. शंकुशैल, शंक्वाकार ज्वालामुखी पहाड़ी^F; क्षुद्र ज्वालामुखीय शंकु ।

puzzle¹ प'ज़ॅल् n. व्यग्रता^F, उद्विग्नता^F, विकलता^F, व्यामोह, वैकल्य, घबराहट^F, हैरानी^F, परेशानी^F; जटिल समस्या^F, गोरखधन्धा, उलझेड़ा, टण्टा, पेचीदा मामला; कूट^F, पहेली^F ।

puzzle² v.t. & i. व्यग्र करना या होना, उद्विग्न करना, विकल करना, घबराना, हैरान करना, हक्का-बक्का करना या होना, परेशान करना; (समस्या^Fका) समाधान करना, सुलझाना, हल करना ।

puzzled –ड् a. मूढ़, भ्रान्त, विकल, व्यामोहित, परेशान ।

puzzledom, puzzlement –डॅम्, –मन्ट nn. व्यग्रता^F, उद्विग्नता^F, व्यामोह, विकलता^F, व्याकुलता^F, घबराहट^F, हैरानी^F, परेशानी^F ।

puzzlement –मॅन्ट् n. दे० = PUZZLEDOM.

puzzler –ळॅर् n. भ्रान्तिकारी, उलझन^Fमें डालनेवाला, घबरा देनेवाला ।

puzzling –लिंग् a. व्यग्रकारी, उद्वेजक, व्यामोहकारी, उद्वेगकर, विकलताजनक, घबराहट^F पैदा करनेवाला, व्याकुलता^F पैदा करनेवाला, परेशान करनेवाला ।

P.V.C. Param Vir Chakra; Principal, Veterinary College.

P.V.M.S. Priced Vocabulary Medical Stores.

P.W. Paid Warder; Prince of Wales.

P.W.A. Progressive Writers' Association; Public Works Accounts.

P.W.A.C. Public Works Account Code.

P.W.A.F. Public Works Account Form.

P.W.B. Public Works & Buildings.

P.W.D. public Works Department.

P.W.D.S. Post War Development Scheme.

P.W.I. Permanent Way Inspector.

P.W.O. Police Wireless Officer.

P.W.P.R. Preliminary Working Plan Report.

Pwt. Pennyweight.

pyaemia पाइई'मिॲ n. पूयरक्तता^F, पूयरक्त; रक्तपूयन; (चि०, कृषि०) **रक्तपूयता^F**, विषाक्त रुधिर ।

pyaemic –मिक् a. पूयरक्तात्मक, पूयरक्तता^Fके रोगसे सम्बन्धित ।

pycno- घन, प्रगाढ़- (~ *spore*, ~*style*) ।

pycnometer पिक्नॉ'मि टॅर् n. (प्रा० भू०) **घनत्व-मापी**, द्रवघनमान, द्रवघन-मापक यन्त्र; द्रवविशिष्टगुरुता-मान, द्रव्यघनतामापक यन्त्र ।

pye पाइ' n. = PIE.

pyedog, pi(e)- पाइ'डॉग्, पाइ- n. पाही कुत्ता, लावारिस कुत्ता; संकरवर्ण व्यक्ति, दोगला पशु ।

pyelitis पाइइॅलाइ'टिस् n. (कृषि०) **गुर्दा पूयार्ति, गुर्देमें पीप^F पड़ना** ।

pygm(a)ean पिग्मी'ॲन् a. वामनसदृश, वामनो-चित, बौनेका-सा ।

pygmy¹ पिग्'मि n. वामन, बौना; (ला०) अल्पबुद्धि; परी^F, अप्सरा^F ।

pygmy² a. वामनीय, बौनोंका ।

pygostyle पाइ'गॅस्टाइल् n. (जीव०) **फालक** ।

pyjamas, paj- ⊙ पिजा'मॅज्, पॅज्- n. pl. पाय-जामा, पैजामा ।

pylon पाइ'लॉन् n. तोरण, सिंहद्वार; कोट, पुर, (इति०) **गोपुरम् (मिश्र)**; T. (चि०) कृत्रिम काष्ठपाद ।

pyloric पाइलॉ'रिक् a. पक्काशयद्वार-सम्बन्धी, निजठर-, **जठरनिर्गम**-, मुद्रिकाकपाटीय, ग्रहणीद्वार-सम्बन्धी (~ *artery*, ~ *valve*); T.;

~ caecum, ~ constriction, ~ end, ~ gland, ~ orifice, ~ sphincter, ~ valve, ~ vein.

pylorus –रॅस् n. निजठर, मुद्रिकाकपाट, ग्रहणीद्वार, (जीव०, चि०, कृषि०) **पाइलोरस**।

pyo- पूय-, पीब-, मवाद- (~ *genesis*, ~*-rrhoea*, ~*metra*)।

pyogenesis पाईअॅजे˘'निॅसिस n. पूयन, पूय-निर्माण, क्लेद-जनन, पूय-जनन, पोप-निर्माण, पीब भरना, मवाद बनना, पस बनना।

pyogenic पाइअॅजे˘'निक् n. (चि०) पूयजनक।

pyoid पाइ'आएॅड् a. पूयवत्, क्लेद-सदृश, पीप-सदृश, पीब-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा।

pyometra पाइअॅमे˘ट्रॅ n. (चि०) पूयगर्भाशय, (कृषि०) **गर्भाशय-पूयता**^F।

pyorrhoea पाइॲरी'अॅ n. दन्ताद, दन्तपूय, दन्तावेष्ट, पूयस्राव, (गणि०, चि०) **पायरिया**।

pyramid पि'रॅमिड् n. स्तूप, मीनार; स्तूपाकार क्षेत्र; कोणस्तूप, (जीव०) **शंकु**, (चि०, गणि०, घ० ज्या०) **सूचीस्तम्भ, पिरामिड** (~*-shaped*, ~ *text*); कोण-स्तूपाकार वस्तु^F, ढूह या ढेर; कोणस्तूपाकार पौधा; ~ of credit (अर्थ०) **साख द्रव्यकी चक्रवृद्धि**^F।

pyramidal –रै'मिडॅल् a. स्तूपीय, शुण्डाकार, सूच्याकार, स्तूपाकार, (घ० ज्या०) **सूचीस्तम्भीय**, (चि०) **पिरामिडीय**;
~ lobe, ~ process, ~ solid, ~ surface, ~ system, ~ tract.

pyramidalis ⊙–रॅमिडै'लिस् n. (चि०) **शुण्डकी**^F।

pyramidalism –लिज़्म् n. (इति०) **पिरामिड-आख्यान, पिरामिडवाद**।

pyramidical –'डिकॅल् a. = PYRAMIDAL.

pyramidion –रॅमि'डिअॅन् n. (इति०) **छोटा पिरामिड**।

pyramiding –डिंग् n. (श्रम) **राशिकरण**।

pyramidist –'रैमिडिस्ट् n. पिरामिड-विशेषज्ञ।

pyramidoid –'मिडाएॅड् n. शंकु, पिरामिड; स्तूपाकृति^F।

pyramidoidal –'डॅल् a. शंकुवत्, स्तूपवत्; शंकु-सदृश, पिरामिड-जैसा।

pyramidologist –रॅमि'डॉलॅजिस्ट n. (इति०) **पिरामिड विज्ञानी**।

pyramidwise –'रॅमिड्वाइज़् adv. स्तूपशः, स्तूपके नमूनेपर।

pyre पाअॅर्' n. चितिका^F, चिति^F, चिता^F।

pyrene पाअॅ'रीन् n. (वन०) **गुठलिका**^F; (रसा०) T. (~ extinguishes)।

pyrenoid ⊙ पाअॅ'रिनाएॅड् a. (वन०) **प्रोभूजक**, T.

pyretic पाअॅरे˘'टिक्, पिरे˘टिक n. & n. ज्वरहारी (औषध^F); ज्वर-सम्बन्धी।

pyretogenesis –टॅजे˘'निॅसिस् n.(चि०) ज्वर जनन।

pyretogenous –टॉ'जि˘नॅस् a. ज्वरजनक, ज्वरकारी, बुखार पैदा करनेवाला।

pyretology –'लॅजि n. ज्वारिकी^F, ज्वर-विज्ञान, ज्वर-शास्त्र, ज्वरचिकित्सा-शास्त्र, बुखारका वैद्यक-शास्त्र।

pyretotherapy ⊙–टॅथे˘'रॅपि n. ज्वर-चिकित्सा^F।

pyrexia पाअॅरे˘क्'सिअॅ n. (चि०) **ज्वर, ताप**, बुखार।

pyrexial, pyrexic, -al –अॅल्, –'सिक्, -अॅल् aa. ज्वरीय, तापात्मक, बुखार-सम्बन्धी।

pyrheliometer पर्हीलिऑ'मिॅटॅर् n. सूर्यतापमान।

pyriform पाअॅ(पि)'रिफॉर्म् a. रुचिफलाकार, (इति०) **नाशपाती-जैसा**।

pyrite पाअॅ'राइट् n. (खनिज) (कृषि०) **माक्षीक, पाइराइट** (~ *burner*)।

pyro- अग्नि- (~*-electric*, ~*-electricity*, ~*genetic*, ~*genic*, ~*genous*, ~*graphy*, ~*gravure*, ~*latory*, ~*logist*, ~*mania*, ~*maniac*, ~*meter*, ~*metry*, ~*phobia*, ~*photograph*, ~*photography*)।

pyroclast ⊙ पाअॅ'रॅक्लैस्ट् n. (प्रा० भू०) **ज्वालामुख-क्षिप्त पदार्थ**, T.

pyroclastic पाअॅरॅक्लैस्'टिक् a. ज्वालोत्पन्न, ज्वालामुखी-जनित; **ज्वालामुखक्षिप्त** (~ *rock*), अश्मशकलोत्पन्न, अग्निशैल-खण्ड-जनित, ज्वालामुखी चट्टानों^F-के खण्डोंसे बना हुआ।

pyroelectricity पाअॅरॅइॅले˘क्ट्रि'सिटी n. (प्रा० भू०) **उत्ताप विद्युत्**।

pyrogenetic पाअॅरॅजि˘ने˘'टिक् a. = PYROGENIC.

pyrogenic –जे˘'निक् a. (चि०) ज्वरकारी, ज्वरजनक; ज्वरजनित; ऊष्मोत्पादी, ऊष्माजनक, गर्मी^F उत्पन्न करनेवाला।

pyrogenous –रॉ'जि˘नॅस् a. आग्नेय, अग्निज, ज्वालोत्पन्न, आग^Fसे उत्पन्न।

pyrographist पाअॅरॉ'ग्रॅफिस्ट् n. तुद-शिल्पी, अग्नि-शलाका-शिल्पी, कुरेदनी^F बनानेवाला।

pyrography –फि n. तुद-शिल्प, अग्निशलाका-शिल्प, कुरेदनेकी कला^F।

pyrogravure पाअॅरॅग्रॅव्युअॅर् n. = PYROGRAPHY.

pyroheliometer पाअॅरॅहीलिऑ'मिॅटॅर् n. (भौ०) **सूर्यविकिरणमापी**।

pyrolatry पाअॅरॉ'लॅट्रि n. वह्निपूजा^F, अग्निपूजा^F, अग्निभक्ति^F, अग्निउपासना^F।

pyrologist पाअॅरॉ'लॅजिस्ट् n. ज्वालाविज्ञानी, अग्निविज्ञानी, अग्निशास्त्री।

pyrology –जि n. ज्वालाविज्ञान, अग्निविज्ञान, अग्निशास्त्र।

pyrolysis ⊙–लिसिस् n. (रसा०) **उत्तापविच्छेद**, (~ *furnace*, ~ *tube*), **उत्ताप अपघटन**, तापविघट्टन, अग्न्यंशन, वयवृद्धिसे ऐन्द्रिय द्रव्योंका सड़ जाना।

pyromancy पाअॅ'रॅमॅन्सि n. अग्नि-शकुन-विचार।

pyromania पाअॅरॅमे'निॲ n. ज्वाला-उन्माद, अग्नि-उन्माद, आग^F लगानेका उन्माद।

pyrometallurgy पाअॅरॅमे'टॅलर्जि n. (रसा०) उत्ताप धातुकर्म।

pyrometamorphism पाअॅरॅमे'टॅमॉर्'फ़िज़्म् n. ऊष्मज शैल-परिवर्तन, तापक्रम द्वारा चट्टानों^Fका परिवर्तन।

pyrometer पाअॅरॉ'मि'टॅर् n. (रसा०, भौ०, यन्त्र०) **उत्ताप-मापी**, तापमान, ज्वालामान।

pyrometry –ट्रि n. उत्ताप-मापन, (रसा०, भौ०) **उत्तापमिति^F**; तापमिति^F; T.

pyromorphosis ⊙पाअॅरॅमॉर्'फॅसिस् a. = PYROMETAMORPHISM.

pyrophobia पाअॅरॅफो'बिॲ n. ज्वालाभीति^F, (शिक्षा०) **दहनभीति^F**, अग्निभय, आग^Fका डर।

pyrosis पाअॅरो'सिस् n. (चि०) अम्लिकोद्गार।

pyrophoric ⊙पाअॅरॅफॉ'रिक् a. **स्फुलिंगी**; ~ alloy, ~ iron, ~ powder.

pyrotechnic¹ पाअॅरॅटे'क्निक् n. (pl.) (चि०) **अग्निक्रीड़ा^F**, **आतिशबाजी^F**।

pyrotechnic² a. अग्निक्रीडा-सम्बन्धी, आतिशबाजी^F-का; (नौवि०) **आतिशी** (~ *signal*); (ला०) विचक्षण, आशुग्राही, चमत्कारयुक्त।

pyrotechnical –कॅल् a. अग्निक्रीड़ा-विषयक, आतिशबाजी-सम्बन्धी।

pyrotechnist –निस्ट् n. अग्निक्रीड़क, आतिशबाज।

pyrotechny –'रॅटे'क्नि n. अग्निक्रीडा^F, अग्निक्रीडनिकी^F, आतिशबाजी^F; (रसा०) **अग्नि-क्रीडा-शिल्प, आतिशबाजी-शिल्प**।

pyrrhic¹, p- पि'रिक्, प- n. प्राचीन यूनानियोंका युद्धनृत्य; छन्दोमयपद या चरण।

pyrrhic² a. नाशात्मक, सत्यानासी (~ *victory*)।

pyrrhonism पि'रॅनिज़्म् n. नास्तिकता^F, उग्रसंशयवाद, शक्कीपन।

pyrrhonist –निस्ट् n. नास्तिक, उग्रसंशयवादी, शक्की।

pyrus पाअॅ'रॅस् n. रुचिफल; (कृषि०) **नाशपाती^F**; T.

pythagorean पाइ(पि)थैगॅरी'अॅन् n. पिथागोरसका अनुयायी, शाकाहारी।

pythogenic पिथॅजे'निक् a. पंकोत्पन्न, धूलि^Fसे उत्पन्न, गन्दगीसे उत्पन्न, संडांधसे उत्पन्न।

python पाइ'थॅन् n. (जीव०) **अजगर**; प्रेत; प्रेताभिभूत व्यक्ति।

pythoness –निस् n. प्रेताभिभूत स्त्री^F; चुड़ैल^F; डाइन^F।

pythonic –थॉ'निक् a. अजगरका, पाइथनी, पाइथन-विषयक, अनागत कथन-विषयक, भविष्यवाणी-सम्बन्धी।

pyuria पाइयू'रिॲ n. (चि०) पूयमेह।

pyxidium पिक्सि'डिॲम् n. (वन०) **शीर्ष-स्फोटी**; T.

pyxis पिक्'सिस् n. (इति०) **पेटिका^F**, सन्दूकची^F, डिब्बा, डिबिया^F, (ज्या०) **नोदिक्सूचक**, T.

Q

Q क्यू' (pl. *Qs*, *Q's*) अंग्रेजी वर्णमाला^Fका सत्रहवाँ अक्षर, क।

Q-boat क्यू'बोट् n. भेदिया नौका^F।

Q (or **Qu.**) Query; Question; (or **Que.**) Quebec; Queensland.

Q. Queue.

q. *quadrans*, farthing; quart; quire; query, quintal.

Q.A.B. Queen Anne's Bounty.

Q.A.I.M.N.S. Queen Alexandra's Imperial Military Nursing Service (now Q.A.R.A.N.C.).

Q.A.R.A.N.C. Queen Alexandra's Royal Army Nursing Corps.

Q.B. Queen's Bench.

Q.B.D. Queene's Bench Division.

Q.C. Queen's College; Queen's Counsel.

Q.C.S. Quarantine Check Station.

q.d. *quaque die*, every day. *quasi dicat*, as he should say.

q.e. *quod est*, which is.

Q.E.D., q.e.d. *quod erat demonstrandum*, which was to be demonstrated, इति सिद्धम्।

Q.E.F., q.e.f. *quod erat faciendum*, which was to be done, इति कृतम्।

q.e.i. *quod erat inveniendum*, which was to be found.

q.h. *quaque hora*, every hour.

q.i.d. *quater in die*, four times a day.

q.l. *quantum libet*, as much as you please.

Q.M. Quartermaster.

q.m. *quo modo*, in what manner, how?

Q.M.G. Quartermaster General.

Q.M.S. Quartermaster-Sergeant.

q. pl. *quantum placet*, as much as you please.

Qq. (or **qq.**) quartos.

q.q.h. *quaque quarta hora*, every four hours.

q.r. quarter; quire.

Q.S. Quarter-Sessions; Quarantine Station.

q.s. (or **quant. suff.**) *quantum sufficit*,

a sufficient quantity.

qt. quantity; quart.

qto. quarto.

qts. quarts.

Qu. Queen; Question.

qu., quar. quart; quarter; quarterly.

qua क्वे' adv. के रूपमें, की हैसियत[F]से ।

quack[1] क्वैक् n. हंसनाद, कैं-कैं (बत्तख[F]का शब्द); ~-~ (बच्चोंकी बोली[F]में) बतख[F] ।

quack[2] v. i. कैं-कैं करना, बतख[F]की तरह टर्राना; चिल्ला-चिल्लाकर बकना ।

quack[3] n. मिथ्याचिकित्सक, किंवैद्य, कुवैद्य, कठवैद्य, नीम हकीम; दाम्भिक, भँड़ुआ, अताई, अनाड़ी ।

quack[4] v. i. & t. कुवैद्य होना; शेखी[F] मारना; विज्ञापन करना ।

quackery –'कॅरि n. मिथ्या-चिकित्सा[F], कठवैद्यकी[F], नीम हकीमी[F]; मिथ्याभिमान ।

quackish –किश् a. कुवैद्य-सदृश ।

quackism –किज़्म् n. मिथ्या-चिकित्सा[F], छद्म-चिकित्सा[F], किंवैद्यकी[F], कुवैद्यकी[F], कठवैदकी[F], नीम-हकीमी[F] ।

quacksalver क्वैक्'सैल्वॅर् n. = QUACK[3].

quad क्वॉड्' n. = QUADRANGLE, QUADRAT, QUADRUPLET.

quadra क्वॉ'ड्रॅ n. वर्गाकार फ्रेम ।

quadrable क्वॉ'ड्रॅ ब्ॅल् a. वर्ग्य, वर्गाकार बनाने योग्य ।

quadragenarian क्वॉड्रॅजि नेॲ'रिॲन् a. & n. चालीस वर्षका (मनुष्य) ।

Quadragesima क्वॉड्रॅजे 'सिमॅ n. (~ *Sunday* भी, क्रिस्तानोंके) चालीस दिनके व्रतका प्रथम रविवार ।

quadragesimal–मॅल् a. चालीस दिनका; चालीस दिनतक व्रत रखनेवाला ।

quadrangle क्वॉ'ड्रैन्गॅल् n. (गणि०) **चतुष्कोण** (~ *axiom*), चतुर्भुज; चतुःशाल, चौखूँटा आँगन ।

quadrangular क्वॅड्रैन्'ग्यूलॅर् a. चतुष्कोणीय, (घन० ज्या०) **चतुर्भुजीय** (~ *prism*), चौखूँटा ।

quadrant क्वॉ'ड्रन्ट् n. (प्रायः वृत्तका) **पाद, वृत्तपाद,** चरण, **चतुर्थांश,** चतुर्थ भाग, चौथाई; (कोण नापनेका) पाद-यन्त्र, **क्वाद्रान्त,** T.; (~ iron); (यन्त्र०) **चौथपत्ती[F]**;

~ angle, ~ antema, ~ block, ~ elevation.

quadrantal –ड्रैन्'टॅल् a. वृत्तपादीय (~ *error*), वृत्तपाद-विषयक ।

quadrat क्वॉड्रॅट् n. (छपाई[F]में व्यवहृत) वर्ग, चतुष्कोणक, चतुष्कोणखण्ड, काड ।

quadrate[1] –क्वॉ'ड्रट् n. चतुरस्र, चतुष्कोण, चतुर्भुज, चौकोर, टुकड़ा या चद्दर[F], चौका ।

quadrate[2] v.t. & i. (क्र०) वर्ग बनाना, वर्गाकार बनाना, वृत्त इत्यादि चौकोर करना; अनुकूल होना, जोड़ खाना, ठीक बैठना ।

quadrate[3] क्वॉ'ड्रॅट् a. (जीव०) **प्रलम्ब,** (विशे० श० र० शा०) वर्गाकार, (चि०) **चतुरस्र** (~ *ligament*, ~ *lobe*), चतुष्कोणीय, चौखूँटा, आयताकार (~ *bone*); T.

quadratic[1] क्वॅड्रै'टिक् n. (गणि०) **वर्ग**; वर्गसमीकरण, द्विघात-समीकरण ।

quadratic[2] a. (गणि० क०) **द्विघात-,** द्विघातीय; चतुरस्रीय, चतुष्कोणीय, **वर्गात्मक**;

~ crystal, ~ equation, ~ expression, ~ form, ~ function, ~ mean, ~ residue, ~ surd, ~ system.

quadratrix क्वाड्रे ट्रिक्स् n. (ज्या०) वक्र ।

quadrature क्वॉ'ड्रॅच्युॲर n. वर्गाकारता[F], (वाणि०, ग०, कलन) **क्षेत्र-कलन,** क्षेत्रनिश्चयन, क्षेत्रफल-निश्चयन, (ज्यौ०) **पादस्थिति[F]**, (ऋतु०) **सम-कोणान्तर स्थिति[F]**; **पदिक स्थिति[F]**, **तुरीय स्थिति[F]**, (ग० ज्यो०) तुरीयक (चन्द्रमाका सूर्यसे ठीक समकोण होनेका स्थान) ।

quadregemina ⊙ क्वॉड्रिजे'मिॅनॅ n. (चि०) **चतुष्टय** ।

quadrel क्वॉ'ड्रॅल् n. चतुष्कोण पाषाण, चतुष्कोण प्रस्तर, चौकोर पत्थर, पत्थरका चक्का, चौकी[F] ।

quadrennial क्वॅड्रे'निॲल् a. चतुर्वार्षिक, चतुर्वर्षीय, प्रत्येक चौथे वर्ष होनेवाला ।

quadri- चतुः, चतुर्-, चतुस्-, चतुष्- (~ *fid*, ~*lateral*, ~ *lingual*, ~ *llion*) ।

quadric क्वॉ'ड्रिक् a. (गणि०) **द्विघात** (~ *quantic*), **द्विघाती** ।

quadricentennial क्वॉड्रिसे'न्टे'निॲल् n. चतुः-शताब्दी[F] (समारोह) ।

quadricorn क्वॉ'ड्रिकॉर्न् n. चतुःशृंग, चार सींगों-वाला पशु, चरसिंहा; चरसिंघा ।

quadricostate क्वॉड्रि'कॉस्'टॅट् a. चतुःपर्शु, चार पसलियोंवाला ।

quadricycle क्वॉ'ड्रिसाइकॅल् a. चतुश्चक्र, चार चक्रोंवाला ।

quadridentate क्वॉड्रिडे'न्'टॅट् n. चतुर्दन्ती, चौदन्ता ।

quadridigitate क्वॉड्रिडि'जिटॅट् a. चतुरंक, चार अंकोंवाला; (चि०) चतुरंगुलक; चार अंगुलीवाला ।

quadriennium क्वॉड्रिॲ'निॲम् n. (pl. *-ia*) चार वर्ष, चार साल ।

quadrifoliate क्वॉड्रिफो'लिॲट् n. (वन०) चतुष्पर्णी, चार पत्तियोंवाला ।

quadriga क्वॉड्राइ'गॅ n. (pl. *-ae*) प्राचीन रथ ।

quadrigenarious क्वॉड्रिजि नेॲ'रिॲस् a. चतुःशत, चार सौका ।

quadrilateral क्वॉड्रिलै'टॅरॅल् a. (गणि० भौ०) चतुः-पार्श्व, **चतुर्भुज,** (~ *muscle*, ~ *prism*) ।

quadrilingual क्वॉड्रिलिन्'ग्वॅल् a. चतुःभाषीय,

चतुर्भाषात्मक, चार भाषाओंवाला।

quadriliteral[1] क्वॉड्रिलि'टॅरॅल् n. चतुवर्णीय शब्द।

quadriliteral[2] a. चतुरक्षरीय; चतुर्वर्णीय; चार अक्षरोंका।

quadrille[1] क्व(क्वॅ)'ड्रिल् n. (ताश) चौपत्ती^F, T.

quadrille[2] n. चार जोड़ोंका नृत्य।

quadrillion क्वॅड्रि'ल्यॅन् n. एकोत्तर चतुर्विंशतिस, एक करोड़ संख।

quadrilocular क्वॉड्रिलॉ'क्यूलॅर् a. (चि०) चतुर्गह्वर, चतुष्कोशीय।

quadrinomial क्वॉड्रिनो'मिॲल् a. चतुःशाब्दिक; (बी० ग०) चार अंकका।

quadripartite क्वॉड्रिपार्'टाइट् a. (राज०) **चतुष्पक्षीय,** चतुर्विध, चतुर्वर्गित, चतुर्विभाजित, चार भागोंमें विभाजित, चार फाँकोंमें विभाजित।

quadripartition –टि'शॅन् n. चतुर्वर्गण, चतुर्भाजन, चतुर्विभाजन, चार भागोंमें विभाजन, चार फाँकों^F में बँटाई^F।

quadripennate क्वॉड्रिपे'नॅट् n. चतुष्पक्ष, चतुष्पत्र, चार पंखोंका, चार पखनोंका।

quadriphyllous क्वाड्रि'फ़िलॅस् a. चतुर्दल, चतुष्पत्र, चतुष्पर्ण, चार पत्तियोंवाला।

quadriplegia ⊙क्वाड्रिप्ली'जिॲ n. (गणि०, चि०) **चतुरंगसंस्तम्भ,** चतुरंगघात, चतुर्शाखाघात; हस्तपादाघात।

quadrireme क्वॉ'ड्रिरीम् n. चारपालोंवाली नौका^F।

quadrisection क्वॉड्रिसेक्'शॅन् n. चतुर्वर्गण, चतुर्भाजन, चतुर्विभाजन, चार भागोंमें विभाजन, चार फाँकों^F में बँटवारा।

quadrisyllabic क्वॉड्रिसिलै'बिक् a. चतुरक्षरीय, चार अक्षरोंका।

quadrisyllable –लॅबॅल् n. चतुरक्षर शब्द, चार अक्षरोंका शब्द।

quadrivalence क्वॉड्रि'वॅलॅन्स् n. (रसा०) **चतुःसंयोजकता^F, चतुःसंयोज्यता^F**।

quadrivalent –न्ट् a. (कृषि०) **चतुर्योजी,** चतुर्योजक; (रसा०) **चतुःसंयोजक;** चतुर्युक्त।

quadrivial क्वॅड्रि'विॲल् a. चौराहेका; चार गणितोंका।

quadrivium –ॲम् n. गणितचतुष्टयशास्त्र, गणितशास्त्र की चार शाखाएँ^F—गणित, रेखागणित, ज्योतिष, संगीत।

quadroon क्वॅड्रूऩ' n. वर्णसंकर, दोगला (विशे० एक चौथाई नीग्रो रक्तवाला); दोनस्ला (जानवर, वनस्पति^F आदि)।

quadrumanous –'मॅनॅस a. चतुर्भुजी (दूध पिलानेवाले जानवर), चार हाथवाले।

quadruped[1] क्वॉड्रुपिॅड् n. (जीव०) **चतुष्पाद,** चतुष्पद, चौपाया।

quadruped[2] a. चतुष्पदीय, चौपाया, चौपायेका।

quadrupedal क्वॅड्रु'पिॅडॅल् a. चतुष्पाद, चतुष्पदीय, चौपायेका।

quadruple[1] ड्रुपल् an. चौगुनी संख्या^F या मात्रा^F।

quadruple[2] v.t. चौगुना करना या होना।

quadruple[3] a. **चतुष्क,** (~ *link,* ~*point*), चतुर्गुण, चौगुना, चौहरा (~ *pump*), चौलड़ा, चौपर्ता; चार इकाइयों^F का (~*algebra*); चार दलोंका (~ *alliance*)।

quadruplet क्वॉड्रुप्लिॅट् n. (pl.) चतुष्क, (~ *linkage*), एक साथ जनमे हुए चार बच्चोंमें एक; चारका काम; चारकी सायकिल^F (बोल० ~ *quads*)।

quadruplex क्वॉ'ड्रुप्लेॅक्स् a. चतुःस्तृत, चतुस्तृत, चार स्तरका; चतुःपंक्ति, चार पक्तियों^F का।

quadruplicate[1] क्वॅड्रू'प्लिकॅट् n. (pl.) चतुर्थक, चौथी प्रति^F; **चार प्रतियाँ**^F।

quadruplicate[2] v.t. चतुर्गुण करना, चौगुना करना; चार प्रतियाँ^F तैयार करना।

quadruplicate[3] a. चौगुना; **चौहरा;** चार बार दुहराया गया; चार प्रतिलिपियोंवाला।

quadruplication –के'शॅन् n. चतुर्गुणन, चतुर्गुणीकरण, चौगुना करनेका कार्य।

quadruplicity क्वॉड्रुप्लि'सिटि n. चतुर्गुणावस्था^F, चौगुनापन।

quaere क्वीॲ'रि n. पृच्छा^F, अनुसन्धान, अन्वेषण, खोज^F (*most interesting, but* ~, *is it true?*)।

quaestor क्वीस्'टॅर् n. (प्रा० रोमका सरकारी) कोषाध्यक्ष; वेतनवितरक; दण्डनायक, प्राचीन रोमन अधिकारी, न्यायाधीश।

quaestorial –टॉ'रिॲल् a. QUAESTOR के दर्जेके अनुसार।

quaestorship –'टॅर्-शिप् n. दण्डनायकपद, न्यायाधीशपद।

quaestuary क्वीस्'ट्युॲरि a. & n. धनार्जयिता (व्यक्ति), धन कमानेवाला (आदमी), जमा करनेवाला; क्षमाशील, क्षमा^F करनेवाला।

quaff क्वाफ़् v. i. & t. अतिपान करना, पीना, खाली करना (प्याला इत्यादि), बड़े-बड़े घूँटोंमें पीना, एक साँस^F में चढ़ा जाना।

quaffer –'फ़ॅर् n. अतिपायी, अतिमद्यप, अतिशय मदिरा-सेवी, बहुत शराब^F पीनेवाला; बड़े-बड़े घूँट पीनेवाला।

quag क्वैग् n. धँसन, धँसाव, धँसनी^F, दलदल।

quagga क्वै'गॅ n. (गधेके सदृश) अफ्रीकाका एक चौपाया, गोरखर, दरियाथी गधा।

quaggy क्वै'गि a. दलदली, दलदलदार।

quagmire क्वैग'माइॲर n. पंकभूमि, धँसन, धँसाव, (प्रा० भू०) **दलदल;** कछार।

quahog, -haug क्वॉ'हॉग्,-हॉग् n. एक अमेरीकी घोंघा, काहॉग।

quaich, quaigh क्वेच',क्वेक् nn. (प्रायः काष्ठनिर्मित) सुरापात्र, एक विशेष प्याला।

race[1] रेस् n. यात्रा[F], प्रयाण, प्रस्थान; संचार, अग्रगति[F]; प्रवाह, प्रवेग, प्रखर धारा[F], प्रबल धारा[F] (*tide set with a strong* ~); सूर्यकक्ष्या[F], चन्द्रपथ; जीवन-यात्रा[F], जीवनक्रम; प्रणाली[F], नाली[F] (*mill-*~); चक्कर, (करघेकी नाल[F]के घूमनेका) चक्करदार मार्ग; धावन (-प्रतियोगिता[F]), दौड़[F]; (बहुव०) अश्व-धावन, घुड़दौड़[F] ⊙; स्पर्द्धा[F], ईर्ष्या[F]; प्रतियोगिता[F], होड़[F], मुकाबला; ~course धावन-पथ, घुड़दौड़[F]का मार्ग या मैदान; ~horse जवाश्व, प्रतियोगिताश्व, दौड़[F]का घोड़ा;

~ ball, ~-card, ~course manager, ~ cup, ~-goer, ~-meeting, ~ psychology, ~ rail, ~ way, ~ wheel.

race[2] v. i. & t. धावन-प्रतियोगिता[F]में भाग लेना, आगे बढ़ जानेका प्रयत्न करना; घुड़दौड़[F]में घोड़ेको दौड़ाना; दौड़ाना, भगाना (~*d his bicycle against a motor car*); (पंपे आदिमें पानी आदिका) चक्कर खाते हुए निकलना; दौड़ना, भागना, दौड़ लगाना; (सम्पत्ति[F]) नष्ट करना, बहाना, लुटाना ।

race[3] n. अन्वय, **मूलवंश**, वंश, वर्ण, कुल, सन्तति[F], गोत्र, रक्त, नस्ल (*Mongolian* ~); (कृषि०, इति०) **जाति**[F], (~ *difference*), **प्रजाति**[F], भेद, **प्रभेद**, विभाग, (~ *hatred*); वर्ग, श्रेणी[F], समुदाय (*the race of poets etc*); T. ~ suicide सन्तति-नियन्त्रण ।

race[4] n. मूल, (विशे० अदरख[F]की) जड़[F] ।

racemation –मेशन् n. गुच्छिकायन, गुच्छिकीकरण ।

raceme रॅसीम्′ n. (वन०) **एकवर्ध्यक्ष**, पुष्प-गुच्छ, पुष्प-स्तवक, गुच्छा ।

racemed –ड्′ a. पुष्पस्तवकमय, गुच्छित, गुच्छेदार ।

racemic –′मिक् a. गुच्छिक (~ *camphor*), T. (~ *acid*, ~ *form*) ।

racemiferous रैसॅिमि′फॅरॅस् a. सैकवर्ध्यक्ष, एकवर्ध्यक्ष-युक्त, पुष्पगुच्छयुक्त, पुष्पस्तबकयुक्त, फूलोंके गुच्छेवाला ।

racemise रै′सिॅमाइज् v. i. & t. गुच्छिकायित होना या करना, पुष्पगुच्छमें परिवर्तित होना या करना, स्तवक या गुच्छा बनना या बनाना ।

racemism –मिज़्म् n. गुच्छिकत्व, गुच्छिकता[F] ।

racemization –माइज़े′शॅन् n. गुच्छन, गुच्छा बनाना ।

racemose रै′सिॅमोस् a. (वन०, शा०) पुष्पगुच्छयुक्त, गुच्छेदार; (श० र० शा०, वन०) **एकवर्ध्यक्षीय**, वर्धक्षीय, गोलस्तवकयुक्त, द्राक्षागुच्छाकार ।

racemule –म्यूल n. लघ्वैकवर्ध्यक्ष, लघु पुष्पगुच्छ, लघु पुष्पस्तबक, फूलोंका छोटा गुच्छा ।

racer रे′सॅर् n. धावक, दौड़बाज; धावन-प्रतियोगी, दौड़-प्रतियोगी; धावन-तरणी, दौड़[F]की नौका[F]; धावन-यान (जैसे, सायकिल[F] इत्यादि); बन्दूक[F]का घोड़ा, बन्दूक[F]की नली[F]; ज्वाश्व, घुड़दौड़[F]का घोड़ा ।

rach रैच्′ n. घ्राणक श्वान, घ्राणक आखेट-कुक्कुर, सूँघकर पता लगानेवाला शिकारी कुत्ता ।

rachialgia रैकिॲल्′जिॲ n. (चि०) मेरु दण्डार्ति[F], पृष्ठवंशार्ति[F], मेरु-शूल, मेर्वस्थि-शूल, रीढ़[F]की पीड़ा[F] ।

rachidian रॅकि′डिॲन् a. मेर्वस्थीय, मेर्वस्थि-विषयक, मेरुदण्ड-सम्बन्धी, रीढ़का; अक्षीय, डण्डी[F]का ।

rachis, rha –रे′किस्, रे- n. (pl.-*ides*) (चि०) मेरु-दण्ड- पृष्ठवंश; (कृषि०) **पुष्पक्रम अक्ष**; (जीव०) **दण्ड**; **पिच्छाक्ष**; (पत्तोंका) प्रधान अक्ष, (वन०) **प्राक्ष**, **डण्डी**[F], T.

rachi(o)- मेरु-, रीढ़- (~*tism*, ~*tomy*) ।

rachitic रॅकि′टिक् a. (चि०) बालास्थिवक्रता[F]-सम्बन्धी, बालवक्र-, बालवक्रीय, बालवक्र-विषयक, मेरुप्रदाह-सम्बन्धी, रीढ़[F]की हड्डी[F] फूलनेके रोगसे सम्बन्धित, रिकेट्स-सम्बन्धी ।

rachitis –काइ′टिस् n. (चि०) बालास्थिवक्रता[F], बालवक्र, बालवक्रता[F], मेरूत्सेध, मेरुकोप, मेरुदण्डप्रदाह, फक्करोग, रिकेट्स; रीढ़की हड्डी[F] फूलनेका रोग, T.

rachitism –टिज़्म् n. बालशोषण, बालशोष, बालास्थि-विकृति[F], बालास्थिविकार-प्रवृत्ति[F], फक्कप्रवृत्ति[F], अति-कृशता[F]का रोग; सूखेका रोग ।

racial रे′शॅल् a. **जाति-, जातीय**, जात्यात्मक, जाति-मूलक, प्रजातिगत, वंशगत, नस्ली;

~ adaptation, ~ consanguinity, ~ cycle, ~ discrimination, ~ inheritance, ~ segregation, ~ tension.

racialism –′शॅलिज़्म् n. **जातिवाद**, जातीयता[F] ।

raciation ⊙ –शिए′शॅन् n. (इति०) **जातिकरण** ।

raciness रे′सिनिॅस् n. सजीवता[F], ओजस्विता[F], चित्त-ग्राहिता[F], अनूठापन; प्रसाद-गुण-सम्पन्नता[F], चोखापन ।

racing रे′सिंग् n. अश्वधावन, अश्वधावन-प्रतियोगिता[F], घुड़दौड़[F], घुड़दौड़-प्रतियोगिता[F]; (नौवि०) **तेजी**[F] ।

raciology ⊙ रेसिऑ′लॅजि n. (इति०) **जाति-विज्ञान** ।

racism ⊙ –′सिज़्म् n. (राज०, इति०) **जातिवाद, प्रजातिवाद** ।

rack[1] रैक्′ n. सचल घन, उड़ते हुए बादल; प्रलय, विनाश, तबाही[F] ।

rack[2] v. i. (बादलोंका) हवा[F]में उड़ना ।

rack[3] n. (लकड़ी[F] या धातु[F]का छड़दार) निलय, गवा-दनी[F], चारादान, चरही[F], झावा; निधानी[F], फ्रेम, (कृषि०) **रैक** (*plate, hat, tool*, -~); दाँतेदार छड़ या पटरी[F] (~-*rail*); ~ and pinion (यन्त्र०, भौ०) **दण्ड-चक्री**[F]; **दण्ड-चक्र**; ~ carriage (वाणि०) **आरी**[F]; ~-raliway दाँतेदार रेल[F] या पटरी[F]; ~-wheel दाँतेदार पहिया ।

rack[4] v.t. & i. चरही[F] भरना; (घोड़ेको) चरही[F]की पहुँच[F]में बाँधना; चरही[F]में (या पर) रखना ।

rack[5] n. काष्ठगृह, कठघरा, पीडन-यन्त्र, शिकंजा; ~-rent अत्यधिक भाटक, अधिभू-राजस्व, (कृषि०) **निष्ठुर लगान**, (अर्थ०) **आसीम किराया**, कमरतोड़ मालगुजारी[F]; (v.t.) अधिक कर या मालगुजारी वसूल करना; ~ renting (कृषि०) **अत्यधिक लगान लेना**; *on the* ~ (शा० एवं ला०) विपत्ति[F]में, संकटमें, शिकंजेमें ।

rack[6] n. यातना[F], व्यथा[F] ।

rack[7] v.t. विग्लापित करना, यन्त्रणा[F] देना, व्याकुल करना, ग्रसना, सताना, जलाना (~*ing headache*); झकझोरना, हिलाना; माथापच्ची[F] करना; मरोड़ना; (रुपया इत्यादि) ऐंठना, निचोड़ना; (आदमियोंका) शोषण करना, चूसना; (धरती[F]का) सत्व खींच लेना, (को) चूसना ।

rack[8] n. सत्त्व, सत्त, अर्क, आसव ।

rack[9] n. (घोड़ेकी) कुदान[F], लंगूरी चाल[F] ।

rack[10] v. i. (घोड़ेका) लंगूरी चाल[F] चलना ।

rack[11] v. t. (शराब[F]को) तलछट[F]से निचोड़ना ।

rackarock रै′कॅरॉक् n. बारूदगोला, पत्थरतोड़ ।

racker रै′कॅर् n. उत्पीड़क व्यक्ति, पीड़क व्यक्ति, अत्या-चारी, दुःखदायी व्यक्ति, कष्ट पहुँचानेवाला ।

racket[1], **racquet** रै′किॅट्, रै′किॅट् nn. (टेनिस इत्यादिका) बल्ला, डण्डा, रैकेट (~ *ball, press*); (बहुव०) गेंद-बल्ला, रैकेटका खेल; वर्फ मोजा ।

racket[2] रै'किट् n. कोलाहल, गर्जन-तर्जन, चख-चखF, बमचखF, खलबलीF, गुल-गुपाड़ा, हंगामा; कल्लोल, किलोलF, रँगरेलियाँF, धमाचौकड़ीF, चहल-पहलF, रौनकF; लम्पटताF, छिछोरापन, मटरगश्तीF, (ग्रा०) छल, कूट-योजनाF, चालF, चालाकीF, चरका, खेल, तिकड़म; नीतिF, युक्तिF, उपाय, योजनाF; धन्धा, काम, कारबार, पेशा; (मूल० अमरीका) दस्युवृत्तिF; अग्नि-परीक्षाF, कठिन परीक्षाF, संकटकाल; *to stand the ~* फल भोगना, मूल्य चुकाना।

racket[3] **v. i.** विलास करना, आनन्द मनाना, गुलछर्रे उड़ाना, धमाचौकड़ीF मचाना।

racketeer रैकि'टीअॅर् n. दस्यु, बलाद्ग्रहीता।

racketeering –'रिंग् n. दस्युताF, बलाद्ग्रहण, लूटपाटF।

racketing रै'किटिंग् n. कल्लोलपूर्ण आमोद, कोलाहल-मय प्रमोद, चखचखभरा आनन्द, बमचकवाली खुशीF।

rackety –टि a. बदमाश, लुच्चा; शोर मचानेवाला।

racking रै'किंग् n. (नौवि०) **आँटीF बाँधना**; (स्था०) **दाढ़ा**; ~ strain (परि०) **पार्श्वविकृतिF**।

raconteur रॉकॉन्टर् (F) n. (fem. *raconteuse*) कथा-वाचक, कहानीकार।

rac(c)oon रॅकून् n. भल्लूक, भालू, रैकून, (अमरीकी मांसाहारी रीछ)।

R.A.C. of S.T. Regional Assistant Commissioner of Sales Tax.

racy रे'सि a. उत्तम, उच्चकोटिFका, बढ़िया (~ *flavour*); सरस, रसवान्; अनुपम, अद्वितीय, अनूठा।

rad रैड्' n. दे० RADICAL.

Rad. Radical.

rad. *radix*, root.

R.A.D.C. Royal Army Dental Corps.

radar रे'डार् n. तेजोन्वेष, राडार; सर्वदर्शित्र, सर्वदर्शी यन्त्र, **राडर**।

~ cover, ~ fire, ~ laying, ~ mechanic, ~ operator, ~ picket, ~ searching, ~ spotting, ~ technician, ~ workshop.

raddle[1] रै'डॅल् n. वृक्ष-शाखाओंFसे प्रच्छन्न बाड़ा; गेरू, लाल मिट्टीF।

raddle[2] v.t. गेरूसे पोतना या रँगना; भद्दे ढंगसे पोतना; गूँथना, बटना, बुनना।

radial[1] रे'डिॲल् n. (चि०) बहिःप्रकोष्ठिकाF–(नाड़ीF, धमनीF); (यंत्र०, ग०, भौ०) **त्रिज्याF**, अरलि-शिराF, अरलि-धमनीF, अन्वरलि-रोहिणीF, कुहनीFकी नसF; अरास्थिकाF, अरीय पट्ट।

radial[2] a. किरणीय, किरणस्थ, किरणगत, रश्मियुक्त, किरणान्तर्गत; (चि०) विकिरक, अर्द्धव्यासवत्; **बहिः-प्रकोष्ठिक, अरीय**, अर-सदृश, तीलीदार (~ *fibres*); (गतिवि०) **त्रैज्य**; (वन०) **त्रिज्यक**; (गणि०) **त्रिज्य**; अन्वरलीय, अरलीय; (चि०) **रेडियल**;

~ acceleration, ~ arm, ~ artery, ~ astigmatism, ~ bearing, ~ bundle, ~ caeca, ~ canal, ~ cartilage, ~ cross-vein, ~ davit, ~ factor, ~ field, ~ force, ~ fossa, ~ function, ~ groove, ~ highway, ~ load, ~ movement, ~ nerve, ~ notch, ~ pulse, ~ road, ~ shake, ~ shrinkage, ~ symmetry, ~ vein, ~ velocity, ~ vessel.

radiality –ऐ'लिटि n. किरणीयताF, विकिरणीय सम्मितिF, अरीय सम्मितिF, विकिरणीय सुडौलपन; रश्मीयताF।

radialization –ॲलाइज़े'शॅन् n. अरीकरण, अरी या तीलीदार बनानेका कार्य।

radialized –'डिॲलाइज्ड् a. अरीकृत, अरयुक्त या तीलीदार बनाया हुआ; किरणोंFकी तरह संयोजित।

radian –ॲन् १. n. आर, (त्रिकोण०) **रेडियन** (~ *measure*), संचापारकोण, समत्रिज्याकोण, रेडियन; २. a. आरीय।

radiance, radiancy –ॲन्स्, –सि nn. (ऋतु०) **विकिरण**, विकीर्णताF, विकिरताF, प्रकाश, तेज, कान्तिF, प्रभाF, दीप्तिF, ज्योतिF, चमकF।

radiant[1] –न्ट् n. ज्योति-केन्द्र, प्रकाश-केन्द्र, दीप्ति-केन्द्र, किरण-स्थल; (गणि०) उल्का-विकीर्षक; (चि०) विकिरण-शील द्रव्य।

radiant[2] a. (भौ०) **विकीर्ण**, **विकिरणी**, विकिरक; कान्त; प्रभापूर्ण, ज्योतिर्मय, दीप्तिमान्, तेजस्वी, चमकदार; समुज्ज्वल, उज्ज्वल; (नेत्र) शुभ्र, ज्वलन्त, तेजोमय, प्रकाशवान्, चमकदार, जगमग; (ज्यो०) **उल्का-विकीर्णक**, (प्रकाश) चकाचौंधF करनेवाला; (सौन्दर्य) चमत्कारी, शोभामय, दगदगाता हुआ; अर-सदृश, त्रिज्यावत्; ~ point विकिरण-केन्द्र, ज्योति-केन्द्र, किरण-मूल, प्रकाश-मूल, उल्का-समापातमूल;

~ coordinates, ~ energy, ~ flux, ~ heat, ~ matter.

radiantness –न्सि्स् n. = RADIANCE.

radiate[1] –एट् v. i. & t. विकीर्ण करना, (वन०, रसा०) **विकिरण करना**, किरणेंF बिखराना, प्रकाश फैंकना; (प्रकाश या तापका) विकीर्ण होना, बिखरना, बिखेरना, फैलाना, फैलना, चमकना; विद्युत्-चुम्बकीय तरंगेंF भेजना या उठाना; (जीवन, प्रीतिF, हर्ष आदि) विकीर्ण करना, पसारना, पसरना, फैलना, फैलाना।

radiate[2] a. विकीर्णांग, अरीयांग, किरणांग, विकिरणयुक्त, (प्रा०, भू०) **विकीर्ण** (~ *ligament*), त्रिज्यावत्।

radiated –एटि'ड् a. (प्रा० भू०) **विकीर्ण**, प्रस्तीर्ण, बिखरा हुआ, छिटका हुआ।

radiating –टिंग् a. = RADIANT (~ *power*); **विकिरणकारी**।

radiation –ए'शॅन् n. प्रभा-प्रसारण, (यंत्र०, प्रा० भूगो०, भौ०, रसा०) **विकिरण**, दीप्ति-प्रसारण, किरण-स्फुरण, छिटकना, बिखरना;

~ balance, ~ damping, ~ detection, ~ effect, ~ field, ~ fog, ~ pressure, ~ process, ~ pyrometer, ~ pyrometry, ~ resistance, ~ temperature, ~ therapy.

radiative –'डिॲटिव् a. **विकिरक, विकिरणशील,** (रसा०) विकिरणी, विकिरणकारी;
~ capture, ~ equilibrium, ~ viscosity.

radiator –ॲटर् n. (यन्त्र०, भौ०) **विकिरक;** चमकानेवाला; तापविकिरक कक्ष; (मोटर^F^में) तापनाशक यन्त्र, T.;
~ cap, ~ core, ~ mounting, ~ muff, ~ neck, ~ tube.

radical¹ रैʼडिकॅल् n. (भाषा वि०) धातु^F^, मूलभूत सिद्धान्त; (गणि०) **करणी^F^;** (वन०) **मूल,** (रसा०) **मूलक;** मूल शब्द या ध्वनि^F^; (मूलतः पोलैण्डमें एवं बोल०), (दर्श०) **आमूल परिवर्तनवादी,** उग्र सुधारवादी।

radical² a. मौल, मौलिक, मूल-सम्बन्धी, जड़का; महत्त्वपूर्ण, मूलगत, तात्त्विक, आधारभूत, बुनियादी; सहज, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सत्य, जन्मगत; आवश्यक; आद्य, प्रारम्भिक, असली; आद्योपान्त, मूलोपान्त, आमूल, आमूलचूल; (अर्थ०) व्यक्तिनिष्ठ; (ग०) त्रिज्य (~ *velocity*); (राजनीतिशा) उन्मूलक, उन्मूलनवादी, सुधारवादी, (*R~ Party*) पराकाष्ठावादी दलका, पूर्णसुधारवादी; (ग०) मूलीय, मूलविषयक; (निर्दे० ज्या०) मूल (~ *axis*), (भाषावि०) धात्विक, धात्वीय, मौलिक, (संगी०) शब्दमूलीय, स्वरताल-विषयक, तारके मूलका; (वन०) मूलज, मूलीय, मूलरुह; (चि०) रोगोन्मूलक; कुल, पूरा; ~ centre (ग०) **मूलाक्ष-केन्द्र, अक्षकेन्द्र;** ~ distance **अरीय दूरी^F^;** ~ sign (ग०) करणी चिह्न;
~ alterations, ~ axis, ~ change, ~ cure, ~ error, ~ idea, ~ nature, ~ operation, ~ plane, ~ reform, ~ sawing, ~ socialist.

radicalism –लिज़्म् n. उन्मूलनवाद, पराकाष्ठावाद, आमूल सुधारवाद, परिवर्तनवाद।

radicality –कैʼलिटि n. = RADICALNESS.

radicalization –कॅलाइज़ेʼशॅन् n. आमूलसुधारवादिता^F^, आमूलसुधार चाहना, पराकाष्ठावादी बनने या बनानेका कार्य।

radicalize –ʼडिकॅलाइज़् v.t. & i. मौलिक बनना या बनाना; उन्मूलनवादी करना या होना, आमूल सुधारवादी बनाना या बनना।

radicalness –ल्निस् n. मौलता^F^, मौलिकता^F^; मूलगतता^F^, तात्त्विकता^F^, आधारभूतता^F^, बुनियादीपन; सहजता^F^, स्वाभाविकता^F^; आद्यता^F^, प्रारम्भिकता^F^; आमूलता^F^, आमूल-चूलता^F^; उन्मूलन, उन्मूलकता^F^, उन्मूलनवादिता^F^, सुधारवादिता^F^।

radicant –कॅन्ट् a. मूलीय, मूलोत्पादी, मूलजनक, जड़^F^ पैदा करनेवाला।

radicate¹ –केट् v. t. सुसंस्थापित करना, स्थायी रूप देना, बिठाना, गाड़ना, गहरी नींव^F^ डालना, जड़^F^ जमाना।

radicate² a. सुसंस्थापित, स्थायी, सुनिश्चित, सुव्यवस्थित, जमा हुआ।

radicating –केटिंग् n. (वन०) **मूलवत् प्रसरण।**

radication –केʼशॅन् n. स्थायित्व, सुसंस्थापन, सुनिश्चिति, जड़^F^की रचना^F^, जमाव।

radicel रैʼडिसेॅल् n. मूलक, क्षुद्र मूल, लघु मूल, छोटी जड़।

radicicolous –सिʼकॅलॅस् a. मूलाधारी, मूलाहारी, जड़^F^पर उगनेवाला, जड़^F^से अपनी खुराक^F^ लेनेवाला।

radiciform –सिफ़ॉर्म् a. (चि०) दन्तमूलसम; मूलवत्, मूलाकार, जड़^F^की तरह।

radicivorous –सिʼवॅरॅस a. मूलाहारी, जड़^F^ खानेवाला।

radicle रैʼडिकॅल् n. शाखिक, (कृषि०, वन०) **मूलांकुर,** मूलाणु, गर्भमूल, भ्रूणमूल, आदिमूल, छोटी जड़^F^; (शा० र० शा०) मेरुनाड़ी^F^, मूलतन्तु, मूलसूत्र; शाखिका^F^ (तन्त्रिका^F^की); सिराका प्रारम्भ, T.

radicular रॅडिʼक्यूलॅर् a. मूलीय, गर्भमूलीय, मूलसूत्रीय, मेरुनाडीमूलीय।

radiculose ⊙–लोस् a. मूलगुच्छित; जड़गुच्छल।

radiferous ⊙ रॅडिʼफ़ॅरॅस् a. तेजातुमय, रेडियमयुक्त।

radio¹ रेʼडियो n. (pl. -*s*) **रेडिय विकिरण;** संवह, वितन्तु-सन्देशन, वितन्तुप्रेषण; तेज, आकाशवाणी^F^, नभवाणी^F^, बेतारका तार, **रेडियो;** ~ therapeutist रश्मि-चिकित्सक;
~-acoustics, ~-actinism, ~ adaptation, ~ aids, ~ amplifier, ~ apparatus, ~ astronomy, ~-autograph, ~-balance, ~-beacon, ~-bearing, ~broadcast, ~ broadcasting, ~carpal, ~cast, ~ channel, ~ chronometer, ~ circuit, ~ communication, ~ compass, ~ control, ~ deception, ~ detection, ~ detector, ~ diagnosis, ~ dispatch, ~ division, ~ documentary, ~ dynamics, ~ element, ~ engineer, ~ engineering, ~ field, ~ field intensity, ~ frequency, ~goniometer, ~-gramophone, ~ inspector, ~ interference, ~ iodine, ~ isotopes, ~lead, ~ link, ~-location, ~-luminescence, ~-man, ~ message, ~ metal, ~ metallography, ~ micrometer, ~-micrometry, ~ modulation, ~movies, ~ muscular, ~ navigation, ~ necrosis, ~ newsreal, ~ observer, ~ operator, ~paque, ~parent, ~ phony, ~ photo, ~ piracy, ~ programme, ~ puling, ~

pulse, ~ range, ~ receiver, ~ red, ~ reflections, ~ report, ~ round-up, ~-search, ~-sensibility, ~-sensitive, ~ series, ~ set, ~ shop, ~ signal, ~ silence, ~ sonde, ~-sonic, ~ spectator, ~ station, ~-stereoscopy, ~ stores, ~-surgery, ~-symmetrical flower, ~-talk, ~ technology, ~-telegram, ~-telegraph, ~-telegraphy, ~-telephone, ~-telephony, ~ terminal, ~-thalium, ~ thorium, ~ transmitter, ~transparent, ~tron, ~tropic, ~ tube, ~-ulna, ~ valve, ~vision, ~-wave, ~ yellow.

radio² v.t. & i. (सन्देश इत्यादि) आकाशवाणी^F द्वारा भेजना, प्रसारित करना।

radio- अर- (*~-carporal*); तेज- (*~-activity, ~-balance, ~-goniometer, ~ gram, ~-telegram, ~-gramophone, ~graph, ~-location, ~logy, ~meter, ~phony, ~scopy, ~-therapy*); वितन्तु- (*~-acoustics*)।

radio-active रेडिॲ-ऐक्'टिव् a. (रसा०, भौ०) **विघटनात्मक**; तेजोद्दिरि, तेजोधर्मी, स्कन्दनकारी, (रसा०, भौ०) रेडियोधर्मी, **रेडियो-एक्टिव**; ~ constant, ~ decay, ~ deposit, ~ equilibrium, ~ mineral, ~ transformation।

radio-activity –ॲक्टि'विटि n. तेजोद्दिरण, तेजोद्दिरता^F, स्कन्दनकारिता^F, **विघटनशीलता^F, विकिरणशीलता^F**, (रसा०, चि०, भौ०) **रेडियो-धर्मिता^F, रेडियो-एक्टिवता^F**।

radiochemistry –के'मिस्ट्रि n. तेज-रसायन, (रसा०) **रेडियो-रसायन, रेडियो-ऐक्टिव-रसायन**, रेडियो-केमिस्ट्री^F।

radiogram रे'डिॲग्रैम् n. वितन्तु-लेख, वितन्तु-सन्देश, रेडियो-तार, रेडियोग्राम।

radiograph¹ –ग्राफ् n. वितन्तु-सन्देशन, वितन्तु-प्रेषण; किरणलेख यत्र, गभस्ति-लेख; क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्स-रे-चित्र।

radiograph² v.t. क्ष-रश्मि-चित्रण करना।

radiographer –ऑ'ग्रॅफॅर् n. क्ष-रश्मि-चित्रक, **एक्स-रे-चित्रकार**।

radiographic –ॲग्रै'फिक a. क्ष-रश्मि-चित्रण-विषयक, रेडियोग्राफ-सम्बन्धी (*~ work*)।

radiography –ऑ'ग्रॅफि n. **विकिरणी-चित्रण**, क्ष-रश्मि-चित्रण, **एक्सरे-चित्रण**, एक्सरेसे चित्र लेना।

radiolarian रेडिॲलें'ॲरिॲन् a. अरसूत्रपाद-, अरसूत्र-पादीय, जल-जीवीय, जलजीवी-विषयक, समुद्रके छोटे-छोटे जीवोंसे सम्बन्धित।

radiolocation रेडिॲलॅके'शॅन् n. =RADAR; एक्स-रे-स्थित्यन्वेषण, रेडियोरश्मि^F द्वारा स्थिति^F का अन्वेषण।

radiological रेडिॲलॉ'जिकॅल a. (रसा०) **विकिरण-विज्ञान-सम्बन्धी; विकिरण-चिकित्सात्मक, ऐक्स-किरण-चिकित्सात्मक**, रेडियोधर्मी; क्ष-रश्मिक, क्ष-रश्मि-कीय, एक्स-रेका (*~ physiology*)।

radiologist –ऑ'लॅजिस्ट् n. (रसा०, चि०) **विकिरण-विशारद**, रश्मिविद्, क्ष-रश्मि-विज्ञानी, **विकिरण-चिकित्सक, ऐक्स-किरण-चिकित्सक, एक्स-रे-विद्**, एक्स-रे-विशेषज्ञ।

radiology –जि n. क्ष-रश्मिकी^F, क्ष-रश्मि-विद्या^F, **विकिरण-चिकित्सा^F, ऐक्स-किरण-चिकित्सा^F**; (रसा०, भौ०) **विकिरण-विज्ञान, रेडियम-विज्ञान, एक्स-रे-विज्ञान**, T.

radiometer –'मि'टॅर् n. विकिरणमान, (रसा०, भौ०) **विकिरणमापी, रेडियोमीटर**, T. (*~effect*)।

radiometry –ट्रि n. (भौ०) **विकिरणमिति^F**।

radiomicrometer –ॲमाइक्रॉ'मि'टॅर् n. (भौ०) **सूक्ष्म-विकिरणमापी**।

radiometrical –मे'ट्रिकॅल् a. विकिरणमानीय, विकिरणमान-विषयक, विकिरण-सम्बन्धी, रेडियोमीटरका।

radiophone रे'डिॲफोन् n. विकिरणभाष, रेडियोफोन।

radioscope रे'डिॲस्कोप् n. विकिरण-दर्श या दर्शक यत्र, (रसा०) **रेडियदर्शी, रेडियोऐक्टिवतादर्शी**, रेडियोस्कोप।

radioscopy रे'डिॲस्कॅपि n. तेजेक्षा^F, रेडियोस्कोपी।

radiotherapy रे'डिॲथे'रॅपि n. (चि०) **विकिरण-चिकित्सा^F, रेडियो-चिकित्सा^F**, क्ष-रश्मि-चिकित्सा^F, एक्स-रे-चिकित्सा^F।

radish रै'डिश् n. (कृषि०) **मूली^F**।

radium रे'डिॲम् n. तेजातु, (रसा०) **रेडियम**; ~ bath; ~ emanation, ~ heat, ~ lead, ~ point, ~ preparation, ~ therapy, ~ vermilion.

radius रे'डिॲस् n. (pl. *-ii*) (कृषि०, चि०) **रेडियस**, (जीव०, कृषि०, चि०) **बहिष्प्रकोष्ठिका^F**, अनुप्रकोष्ठास्थि^F, कुहनी^F की हड्डी^F; जन्तुओंकी अगली टाँगों^F की हड्डी^F, पक्षियोंके पंखोंकी हड्डी^F; (ग०) अरित्र, अर, अरा, जीवा^F, (वन०, रसा०, त्रिकोण०, कलन०, भौ०) **त्रिज्या^F** (*~ rod*), अर्द्धव्यास, **व्यासार्ध**; त्रिज्यावत् कोई अन्य रेखा^F; (किसी स्थानसे) समान दूरी^F पर चारों ओरका क्षेत्र, घेरा (*knows everyone within a ~ of 20 miles*); **अर-पट्ट**, T.; वर्तुलाकार क्षेत्र, अर्धव्यासकी परिधि^F; (वन०) पुष्पचूड़ा^F, किसी पुष्पकी ऊपरी गोट^F, छत्रस्तबककी आरवत् शाखाएँ^F; ~ of action **फेरकी दूरी^F**; ~ of movement **संचलन दूरी^F**; ~ vector (ग०) **सदिश त्रिज्या^F; ध्रुवान्तर, ध्रुवांतर रेखा^F**।

radix रे'डिक्स n. (pl. *-ices*), मूल संख्या^F, (गणि०) **मूलांक** (*~ fraction*); (चि०) मूल (मूलतन्त्रिकाओं^F-

का), मूलस्रोत, आदि स्रोत, उद्गम।

radon रे'डॉन् n. (रसा०) तैजसवाति[F], रेडियम-गैस[F], T.

radula रै'ड्यू लॅ n. रेत्रिका[F], (जीव०) **रेतीजिह्वा[F]**; चूर्णप्रावार-जिह्वा[F], T.

raduliform रे'ड्यू लॅफॉर्म् a. रेत्रिकाकृति, रेत्रिकाकार, चूर्णप्रावार-जिह्वा सदृश, फीते-जैसा।

R.-Adm. Rear-Admiral.

R.A.E.C. Royal Army Education Corps.

R.A.e.S. Royal Aeronautical Society.

R.A.F. Royal Air Force.

raff रैफ़्' = RIFF-RAFF.

Raffaelesque, Raphaelesque रैफ़ेअे`लें`स्क्', रैफ़ेअे`लें`स्क्' aa. रैफ़ेलकी शैली[F]से सम्बन्धित।

raffia रे फ़िअें n. वज्रतन्तु, रैफ़िया (मैडागास्करकी खजूर[F] या ताड़[F])।

raffish रै'फ़िश् a. दुर्वृत्त, दुर्नाम, निन्द्य, नीच, लम्पट, व्यसनी, आमोदप्रिय, पोच, ओछा, छिछोरा, बदनाम, बदमाश।

raffle[1] रै'फ़ॅल् n. द्यूत-विक्रय, जुआ-बिक्री[F], चिट्ठी[F] डालकर वस्तु-विक्रय, चिट्ठी[F], पाँसा, लाटरी[F]।

raffle[2] v. i. & t. द्यूत-विक्रयमें भाग लेना, द्यूत-विक्रय करना, चिट्ठी[F] डालकर सामान बेचना, पाँसा फेंकना।

raffle[3] n. कीट, छीलन-छालन, कतवार, कबाड़, कूड़ा-करकट, कंकड़-पत्थर, तलछट[F]।

R.A.F.M.S. Royal Air Force Medical Service.

raft[1] राफ़्ट्' n. उडुप, प्लव, **बेड़ा, तरापा**, (नौका रूपमें प्रयुक्त) लट्ठोंका ठाट; पटरा; छिछला तट⊙; ~ foundation (यंत्र०) **फ़र्शी नींव[F], बेड़ेदार नींव[F], बेड़ेदार बुनियाद[F]**; ~sman (बेड़ेका) खेवैया, खेवनहार।

raft[2] v.t.& i. बेड़ा बनाना; बेड़ा खेना; बेड़ेसे पार करना।

rafter[1] –'टॅर् n. बेड़ा बनानेवाला।

rafter[2] n. धरण, धरणी[F], स्थूणा[F], धन्नी[F], (यंत्र०) **कड़ी[F]**, शहतीर।

rafter[3] v.t. (प्रायः भूतकृ० में) धन्नी लगाना, कड़ी[F] लगाना; छोड़-छोड़कर गण्डेदार जुताई[F] करना।

rafty राफ़्'टि a. क्लिन्न, आर्द्र, नम।

rag[1] रैग्' n. चीवर, चीर, चिथड़ा, धज्जी[F], लत्ता; (बहुव०) जीर्ण-शीर्ण वस्त्र, चिरकुट, गूदड़; टुकड़ा (*flying ~s of cloud*); (अपमानजनक) झण्डा, रूमाल, पर्दा, समाचारपत्र, कागज; (क०) दाँतेदार या कटावदार छज्जा; ~ bolt (यंत्र०) **काँटेदार काबला**, ~ time (अमेरिकाका) एक हब्शी संगीत; (गुण०) हास्यास्पद; ~-boy गुड्डा; ~ sorters' disease (चि०) घातक ऐन्थ्राक्स; ~ wort कल्यापर्ण; *in ~s* फटा-पुराना; *~-bleacher, ~ jag, ~ paper, ~ sorter ~ weed.*

rag[2] n. (छत[F]में लगानेका) एक खुरदरा स्लेटी पत्थर।

rag[3] n. कोलाहल, तुमुल, हंगामा, चिल्लपों[F]।

rag[4] v.t. & i. (बोल०) कटु भर्त्सना[F] करना; डाँटना, डपटना, फटकारना, झाड़ बताना, झल्लाना, बौखलाना, खरी-खोटी सुनाना, बुरा-भला कहना, खबर[F] लेना; ताने मारना, आवाजें[F] कसना; चिल्लाना, हल्ला करना; (कमरेमें वस्तुएँ[F] आदि) अव्यवस्थित कर देना, विपर्यस्त कर देना, गड़बड़ कर देना; मज़ाक करना, चिढ़ाना; सताना, दिक करना; चिथड़े करना, गूदड़ बनाना।

ragamuffin रै'गॅमफ़िन् n. चिथड़ेदार, चिरकुटदार, गूदड़धारी, फटीचर, फटेहाल।

rage[1] रेज्' n. (शिक्षा०) **रोष**, प्रकोप, प्रचण्ड क्रोध, क्रोधावेश, क्रोधोन्माद, क्षोभ, उत्ताप, ताव, तैश, तमक[F], झुँझलाहट[F], गुस्सा; उन्माद, उन्मेष, उत्सेक, उत्कट भावना[F], उत्साह, उमंग[F], उफान, जोश, झोंक, झोंका; उत्कट वासना[F], तीव्र लालसा[F], प्रबल आकांक्षा[F]; व्यसन, आसक्ति[F], अनुरक्ति[F], बेहद शौक़, लत[F]; उच्चण्डता[F], तीक्ष्णता[F], तीव्रता[F]; काव्योन्माद, कविता[F]का जोश; दैवी स्फुरण, दिव्य प्रेरणा[F]; सैनिक उमंग[F] या जोश।

rage[2] v.t. क्रुद्ध होना, कुपित होना; क्रोध करना, बकना-झकना, बमकना, तमकना, बौखलाना; (हवा[F]का) हरहराना; (समुद्रका) क्षुब्ध होना, ज्वारमें होना, उफनना, गर्जन करना; आवेशमें आना, तैशमें होना, झल्लाना, तावमें आना; (पीड़ा[F] आदिका) प्रचण्ड होना, प्रबल होना, उग्र होना, तीव्र होना; (युद्ध आदिका) जोर पकड़ना, होते रहना; ~ one*self out* (झंझा या तूफ़ानका) शान्त हो जाना, प्रशान्त होना, उतर जाना; आवेग शान्त होना, भड़ास निकल जाना, ठण्डा पड़ना, जोर घट जाना।

rageful –फ़ुल् a. क्रोधान्वित, कोपाकुल, आवेशपूर्ण।

ragg रैग्' n. = RAG[2].

ragged रै'गिड् a. (वन०) **चीर्ण**, चीरित; भद्दा, खुरदरा; दन्तुर, दाँतेदार, नुकीला; विषम, असम, उच्चावच, ऊँचा-नीचा, नाहमवार; (अग्र०) प्रक्षेपी, प्रक्षेपयुक्त; जीर्ण-शीर्ण- वस्त्रधारी, गूदड़; जीर्ण-शीर्ण, फटे हाल, फटा-पुराना; सदोष, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, असंगत, अनुपयुक्त, खराब; ~ cutting (कृषि०) **भौंडी कटाई[F]**, ~school निर्धन-पाठशाला[F], धर्मार्थ विद्यालय।

raggedness –निंस् n. चीर्णत्व, चीर्णता[F], चीरितत्व, चीरितता[F]; भद्दापन, खुरदरापन; दन्तुरता[F], दाँतेदार होना, नुकीलापन; उच्चावचता[F], विषमता[F], असमता[F], नाहमवारी[F]; प्रक्षेपिता[F], प्रक्षेपयुक्तता[F]; जीर्ण-शीर्णता[F], गूदड़पन; सदोषता[F], अपूर्णता[F], त्रुटिपूर्णता[F]।

rage(g)ie रा'गी n. रागी[F], जुन्हरी[F], मोटा अनाज।

ragi[1] रा'गी n. = RAGIE.

raging[1] रे'जिंग् n. क्रोध, कोप, गुस्सा, गुस्सा करना।

raging[2] रे'जिंग् a. सक्रोध, सकोप, क्रोधपूर्ण, कोपपूर्ण; उग्र, तीक्ष्ण, तीव्र, उच्चण्ड।

Raglan रैग्'लॅन् n. (एक प्रकारका कोट), रैगलन।

ragman –मॅन् n. चीर-चेता, चिथड़े एकत्र करनेवाला, चिम्दी[F] एकत्र करनेवाला; गुदड़ी[F] इकट्ठा करनेवाला; चीर-

व्यापारी, गुदड़ी^F का व्यापारी, कबाड़ी।

ragout¹ रॅगूट्' n. सालन, तरकारी^F।

ragout² v.t. सालन पकाना, कोरमा पकाना।

ragtag रैग्'टैग् n. जनसमुदाय, जनकलाप, जनसमूह, भीड़^F; गुण्डे लोग।

ragtime –टाइम् n. (संगीत) रैगटाइम, एक अमेरिकी धुन^F।

reguly रैं'ग्यूलि a. (टहनियाँ) उत्प्रसारी, बहिःप्रसारी, उत्क्षिप्त, बहिःक्षिप्त, बाहरकी ओर निकली हुई।

rahat lackoum रा'हैट् लॅकूम् n. (एक प्रकारकी तुर्की मिठाई^F), राहते-लकम।

raid¹ रेड्' n. अभियान, सहसाक्रमण, आकस्मिक चढ़ाई^F; (पुलिस^F या दस्युदलका) **धावा, छापा,** हमला, लूटमार^F।

raid² v.i. & t. आक्रमण करना, **धावा बोलना, छापा मारना,** हमला करना।

raider –डॅर् n. अभियात्री, सहसाक्रान्ता, आक्रमणकारी, आकस्मिक चढ़ाई^F करनेवाला, छापा मारनेवाला, धावा बोलनेवाला, हमला करनेवाला।

raik¹ रेक्' n. मार्ग, रास्ता; यात्रा^F, सफर; क्षेत्र, विस्तार, अवधि^F, मार^F, पहुँच^F; मैदान, चारागाह।

raik² v.i. जाना, घूमना, पहुँचना।

rail¹* रेल्' n. कटहरा, बाड़ा*, रोक^F; (लकड़ी^F या लोहे की) शलाका^F, सलाख, सरिया, छड़; वंशक, अयोवंश, सयान, लोहेकी पटरी^F*, रेल^F*; (बहुव०) रेलवे अंश; ~ bearers (यन्त्र०) **बन्धक कड़ी**^F; ~-chair पटरी-बैठक^F, पटरी-पकड़^F; ~head पथ-सीमा^F, पटरी-शीर्ष, रेलवे लाइनका अन्त; ~-motor स्वचालित रेल-यान; रेल^F,मोटर^F; ~ move **रेल^F द्वारा, रेलसे;** ~ opening (रेल०) **खुली पुलिया**^F; ~road ⊙ संयान, संयान-पथ, अयोमार्ग, रेलपथ, **रेल मार्ग,** रेलवे; v.t. (किसी व्यक्ति या वस्तु^F को) घसीट ले जाना, घुसेड़ देना, झपटकर लिवा जाना; ~roader ⊙ रेलवेका आदमी; *off the ~s* अव्यवस्थित, अक्रम;

~ bearer ~ bender, ~ bond, ~-borne traffic, ~ car, ~-carriers, ~ clamps, ~ closure, ~ cluster, ~-cum-sea route, ~-cum-steamer route, ~-cum tramway ticket, ~ drill, ~ end, ~ fare, ~ fracture, ~ head, ~ joint, ~ journey, ~ level, ~ priority, ~ profile, ~ road bridge, ~road car, ~road services, ~road yard, ~ section, ~ sheats, ~ table, ~ ticket, ~ trade, ~-truck, ~ wing.

rail² v.t. & i. कटहरा लगाना, घेरा बनाना, बाड़^F लगाना; (बेंच^F आदिमें) लकड़ी^F की पट्टियाँ^F लगाना; रेल^F लगाना, पटरी^F बिछाना, सरिया बिछाना; रेल-यात्रा^F करना, रेल^F में चढ़ना या चढ़ाना।

rail³ n. (एक पक्षी-विशेष), रेल^F।

rail⁴ v.t. दुर्वचन कहना, गाली^F देना, अबे-तबे कहना, डाँट-फटकार^F करना, झाड़ना, ताना मारना।

railer –लॅर् n. दुर्वचनी, अपवादी, निन्दक, आक्रोशक, गाली बकनेवाला।

railing¹ –लिंग् n. कटहरा, (यन्त्र०) **वेदिका**^F; बाड़ा, **जंगला,** रेलिंग^F।

railing² n. दुर्वचन, अपवाद, आक्रोश, भर्त्सना^F, गाली^F, फटकार^F, झाड़^F।

railing³ a. दुर्वचनपूर्ण, अपवादात्मक, झाड़-फटकार-वाला।

raillery –लॅरिं n. विनोद, परिहास, व्यंग्य, दिल्लगी^F, ठठोली^F, फबती^F, चुहल^F, मजाक, हँसी^F, बोली-ठोली^F; = RAILING².

railless रेल्'लिॅस् a. बेपटरी, बिना रेल^F का, बेरेल।

railway –'वे n. संयान; रेल^F; अयोमार्ग, लौहमार्ग, रेलपथ, रेलमार्ग, रेलवे लाइन^F, **रेलवे**^F;

~ accident, ~ administration, ~ advice, ~ authority, ~ ballast, ~ bill, ~ board, ~ bookstall, ~ bridge, ~ car, ~ carriage, ~ cash guard, ~ charges, ~ clearing accounts office, ~ company, ~ concessions, ~ construction, ~ consultant, ~ contract, ~ control, ~ creeper, ~ crossing, ~ department, ~ dispensary, ~ district, ~ embarkment, ~ employee, ~ enclosures, ~ engine, ~ engineer, ~ engineering, ~ exchange accounts, ~ fare, ~ free, ~ freight, ~ gate, ~ goods clerk, ~ gradient, ~ guard, ~ hospital, ~ institute, ~ invoice, ~ journey, ~ label, ~ land, ~ line, ~ loops, ~ mail, ~ material, ~ matters, ~ note, ~ officer, ~ parcel, ~ parcel office, ~ pass, ~ police, ~ project, ~ protection force, ~ provident fund, ~ receipt, ~ refreshment car, ~ refreshment room, ~ refreshment room licence, ~ reservation, ~ restriction, ~ risk, ~ route, ~ 's adviser, ~ saloon, ~ servant, ~ shares, ~ siding, ~ signaller, ~ sleeper, ~ staff, ~ station staff, ~ stitch, ~ stock, ~ system, ~ ticket, ~ time, ~ track, ~ train, ~ transport, ~ traveller, ~ tribunal, ~ truck, ~ tunnel, ~ wagon, ~ warrant, ~ warrant form, ~ works.

railwayless –लिॅस् a. रेलमार्ग-विहीन।

raiment रे'मॅन्ट् n. (छन्द तथा भाषण०) वस्त्रालंकार, वस्त्र-सज्जा^F, वेशभूषा^F, परिच्छद, कपड़े,पहनावा, लिबास, जामा।

rain¹* रेन्' n. वर्षागम, वृष्टि^F, (प्रा० भूगोल०, कृषि०) **वर्षा**^F*, मेह, बरसात^F*, बारिश^F; (बहुव०) धारासार वृष्टि^F, मूसलाधार वर्षा^F, झड़ी^F, मेहके झाले, छींटा, बौछार^F; ~coat **बरसाती**^F; ~fall (कृषि०)

वृष्टिF, **वर्षा**F, वृष्टिF (की मात्राF), (कृषि०) (~ *distribution*, ~ *map*, ~ *variability*) ~ gauge (कृषि०) **वर्षामापी**, वर्षामान, वृष्टिमान, **वृष्टिमापी**, वर्षामापक;~ -glass वायु-चाप-मापक, वायु-दाब-मापक यन्त्र, बैरोमीटर; ~ shadow वर्षा-प्रतिमुख-प्रदेश; (प्रा० भू०, ऋतु०) **वृष्टिछाया**F; ~-spell वर्षाFकी झड़ीF; ~-worm केंचुआ, केंचुला, गोजईF; ~ *or shine* बरसे या न बरसे; *the* ~*s* वर्षाF, वर्षाकाल, पावसF, वर्षाऋतुF, बरसातF;

~ band, ~ bearing, ~-beaten, ~ bird, ~-bitten, ~-bound, ~ bow, ~ burst, ~-damped, ~-drenched, ~-driven, ~ drop, ~ factor, ~fall auxiliary, ~fall chart, ~fall constant, ~fall curve, ~fall data, ~fall distribution, ~fall efficiency, ~fall factor, ~fall intensity, ~fall normal, ~fall recording station, ~fall registration, ~fall station, ~fall statistics, ~fall table, ~forest, ~ fowl, ~-gauge platform, ~-gauge station, ~ indicator, ~-making ~ print, ~ proof, ~-quail, ~ shadow, ~-soaked, ~ spell, ~ squall, ~ storm, streaked, ~ s weeding, ~-swept, ~ thunder, ~ tight, ~ tree, ~ wash, ~ water, ~-water pipes, ~ weather.

rain² v. i. & t. बरसना, पानी पड़ना, मेंह गिरना, बारिशF होना; (ला०) वर्षाF होना, तार बँधना, बौछारF होना, झड़ीF लगना; उमड़ना, भरमार होना; वृष्टि करना, वर्षाF करना, बरसना, बौछारF करना (*flowers* ~ *from their hands*; ~ *in*) अन्दर बौछारF आना।

rainbow –बो n. इन्द्रचाप, **इन्द्रधनुष**; (गुण०) इन्द्रधनुषी, बहुरंगी;

~ orange, ~ red, ~ scarlet, ~-trout.

raininess –निनिस् n. बहुवृष्टिF, वर्षालुताF; वर्षा-बाहुल्य, वृष्टिमत्ताF, बरसातीपन।

rainless –न्'लिस् a. निर्वृष्टि, वर्षाहीन, शुष्क, सूखा।

rainy –नि a. वृष्टिमन्, वर्षिक, बहुवृष्टि, वर्षाबहुल; प्रावृषिक, मेह-सम्बन्धी, **बरसाती**, बरसातका (~*season*); जलधर, वर्षाकारी, नीर-भरा, मेंह भरा; ~ day (ऋतु०) **वर्षाका दिन**; (ला०) दुर्दिन, आपत्काल, संकटकाल, विपन्नावस्थाF (*provide against a* ~ *day*)।

raise¹ रेज़् n. वेतन-वृद्धिF; पोकरका दावँ, ब्रिजकी बोलीF।

raise² v.t. (प्रायः *up* के साथ) उन्नीत करना, उद्वहन करना, उन्नत करना, उत्थापन करना, उत्थित करना, उत्क्षिप्त करना, ऊपर उठाना, (विधा०) **ऊँचा करना**, ऊँचे उठाना; सचेत करना, चेताना; प्रोत्साहित करना, उत्साहित करना, जाग्रत करना, उकसाना, उभाड़ना, जोश दिलाना; (किसीके विरुद्ध) उत्तेजित करना, भड़काना; अभिजनन करना, उत्पन्न करना, प्रजनन करना; निर्माण करना, रचना, गढ़ना; उत्क्रोश करना, उद्घोष करना, श्राव्य बनाना, कहना; (विवाद आदिका) अवसर देना, कारण उपस्थित करना; (किसी बातFसे) निष्कर्ष निकालना, फल निकालना, उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना; (आपत्तिF) उठाना, करना; पदवृद्धिF करना, उच्चतर पदपर नियुक्त करना; (भूमिFसे) कर्षित करना, खींचना, निकालना; ऊर्ध्वोन्मुख या ऊर्ध्वमुख करना; श्रेष्ठतर बनाना, शुद्धतर बनाना, पवित्रतर बनाना; (ध्वनिF आदिका) तीव्रतर करना; (नौवि०, भूमिF या पोतका) दृष्टिFमें आना, दिखाई पड़ना; स्तर ऊँचा उठाना; उद्ग्रहण करना, उगाहना, वसूलना; संग्रह करना, इकट्ठा करना (~*money*, *tax*); आरोपित करना; (घेरा; मार्गावरोध इत्यादि) मुक्त करना, उठा लेना, हटा लेना, त्याग देना; वाध्य करना; उठना, उन्नतिF करना ⊙; बढ़ाना, विकसित करना ⊙; पोषण करना, पालन करना ⊙; ~ *a dust* (शा० एवं ला०) वात्याचक्र पैदा करना, बवण्डर उठाना, गर्दF उड़ाना, धूलF डालना; सत्यपर पर्दा डालना; ~ *a laugh* हँसीF मचाना, लोगोंको हँसाना; ~ *a siege* घेरा उठा लेना; ~ *bread* रोटीF फुलाना; ~ *cloth* कपड़ा घोंटना, कपड़ेपर रोयाँ जमाना; ~ *loans* उधार लेना; ~ *one's eyes* ऊपर देखना, आँखF उठाना; ~ *one's hat* विनम्र होना, विनत होना, टोपीF उतार लेना; ~ *the wind* रुपया उधार लेना।

raised ⊙ –ड्' a. जात, उत्पन्न; पोषित, लालित, पालित; शिक्षित; उन्नीत, उत्थापित, **उत्थित**, उद्वाहित, उभरा, उठाया हुआ;

~ beach, ~ causeway, ~ head, ~ panel.

raiser –'ज़र् n. उन्नायक, उन्नेता, उत्क्षेप्ता, उद्वाहक, उत्थाता, उठानेवाला; सचेतक, चेतानेवाला; प्रोत्साहक, जोश दिलानेवाला, उकसानेवाला।

raisin रे'ज़्न् n. द्राक्षाF, दाखF, मुनक्का, किशमिश।

raising रे'ज़िंग् n. उत्थापन, उन्नयन, उठाना, खड़ा **करना**, बढ़ाना।

raison de etre (F) मुख्य प्रयोजन, मूल अभिप्राय।

raisonne रे'ज़ने a. सुव्यवस्थित, परिव्यवस्थित, पूर्णरूपसे व्यवस्थित; क्रमयुक्त, क्रमपूर्ण, क्रम-व्यवस्थित।

raj राज' a राज्य, राज; (*the British* ~ *in India*)।

raja(h) रा'जॅ n. राजा।

rajput राज'पूट् n. राजपूत।

rake¹ रेक' n. संकिर, (कृषि०) **पाँचा**, (यंत्र०) **पंजा**, (कृषि०) **जेली**, हेंगा, T.

rake² v.t. & i. (पाँचेसे) संकृत करना, संकीर्ण करना, एकत्र करना, बटोरना, समेटना, खींचना, हटना, हटाना, बुहारना; उकसाना, कुरेदना; खोलना (~ *out the fire*); खुरचना, खरोंचना; गोलीF बरसाना, गोलाबारीF करना; दृष्टिF दौड़ाना, निगाहF डालना; पाँचा या जेलीF चलाना; खोजF करना, खोजना, ढूँढ़ना, छानबीनF करना, टटोलना (*has* ~*d all history for a proof*); ~-off ⊙ कमीशन।

rake[3] n. दुश्चरित्र, लम्पट, व्यसनी, दुराचारी, विलासी, बाँका, छैला, बना-ठना, आवारा, गुण्डा ।

rake[4] n. वक्रता^F, नति^F, (परि०) **निकासा, झुकाव,** मोड़, खम ।

rake[5] v. i. & t. (पोतक) पेंदेसे निकलना या निकालना, पृष्ठभागकी ओर झुका हुआ होना (*bicycle's front forks are ~d*) ।

rakehell रेक्'हे्ल् n. लम्पट, व्यसनी, लुच्चा, आवारा ।

raker रे'कॅर् n. संकर्ता, संकीर्णक, समेटनेवाला, बटोरनेवाला; कुरेदनेवाला, खुरचनेवाला; (यंत्र०) **धक;** (इंजी०) **पंजा,** गोलाबारी^F करनेवाला; ढूँढ़नेवाला, छानबीन^F करनेवाला ।

raking[1] रे'किंग् n. संकिरण, (कृषि०) **कुरेदना,** पाँचेसे बटोरना, पटेलासे बटोरना, जेलीसे बटोरना, हेंगासे बटोरना; संकीर्ण वस्तु^F, बटोरी हुई वस्तु^F, एकत्र की हुई चीज^F; ~ out **कुरेदना;** ~ shore (यंत्र०) **धक** ।

raking[2] a. क्षिप्र, प्रजवी, प्रवेगी, शीघ्रगतिवान्, जल्दी-जल्दी चलनेवाला; ~ bond **तिरछी चाल^F;** ~ flashing **ढलवाँ ढाँप** ।

rakish[1] रे'किश् a. लम्पट, व्यसनी, भोगासक्त, दुराचारी, आवारा; दुराचार-विषयक ।

rakish[2] a. दस्यु-पोत, आवारा जहाज, छापामार जहाज ।

rakishness –निॅस् n. दुश्चरित्रता^F, लम्पटता^F, व्यसन, विलासिता^F, दुराचार, गुण्डई^F, आवारापन ।

R.A.L. Royal Academy of Literature.

rale राल्' n. (चि०) आगन्तुक ध्वनि^F, फुप्फुसकी, बुद्‌बुदध्वनि^F, श्वसनियो^Fमें मिलनेवाली ।

rally[1] रै'लि n. पुनरेकत्रीकरण, पुनःसम्मिलन; व्यूहीकरण, समाहरण; **सम्मेलन यात्रा^F, रैली;** समागमन, जमाव, जुटाव, जमघट; प्रकृतिस्थता^F, स्वास्थ्य, बल-लाभ ।

rally[2] v.t. & i. एकत्र होना, सम्मिलित होना, श्रेणीबद्ध होना, **इकट्ठा करना या होना,** जमना, जुटना; पुनः संघर्ष करना, फिर युद्ध आरम्भ करना; पुनः एकत्र करना, समाहरण करना, व्यूहीकरण करना; समुत्थित होना, प्रकृतिस्थ होना, स्वस्थ होना, बल-लाभ करना, आरोग्य-लाभ करना ।

rally[3] v.t. परिहास करना, विनोद करना, चुहल^F करना, चुटकी^F लेना, हँसी-ठट्ठा करना, मजाक करना ।

ram[1] रैम्' n. जलमेष, मेष, मेढ़ा, भेड़ा, दुम्बा; (*the R~*) मेष राशि^F; युद्धपोतकी नोक^F या फाल; नुकीला युद्धपोत; (नींव^F आदिकी कड़ी^F गाड़नेकी) मोंगरी^F, मूसल, थापी^F, दुरमुस, दुरमुट; (तोप^Fका) मुसला; पानी ऊपर चढ़ानेकी कल^F; जल-पम्पकी धौंकनी^F या प्लंजर ।

ram[2] v.t. कूटना, (कूट-पीसकर) ठीक करना; दुरमुस चलाना, थापी^F चलाना, मोंगरी^F चलाना; (स्तम्भ या पौधेको चारों ओरकी) मिट्टी^F कूट-पीटकर मजबूत करना; ठोंकना, गाड़ना, बैठाना; ठूँसकर भरना (*~ med his clothes into the bag*); पूरा भरना, भरकर ठूँसना; फाल मारना, चीर देना; धक्का मारना, (परि०) **टक्कर^F मारना,** लड़ाना; पटकना, दे मारना (*~med his head against the wall*) ।

ram[3] n. (नौवि०) नौका^Fकी पूरी लम्बाई^F ।

R.A.M. Royal Academy of Music.

R.A.M.C. Royal Army Medical Corps.

Ramadan रैमॅडैन्' n. (मुसलमानोंका) रमजान (का महीना) ।

ramal रे'मॅल् a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनियों^Fका ।

ramapithecus पिथेकस् n. (इति०) **शाखाकपि** ।

ramble[1] रैम्'बॅल् n. संचरण, विचरण, परिभ्रमण, पर्यटन, विहार ।

ramble[2] v.i. संचरण करना, विचरना, पर्यटन करना, विभ्रमण करना, विहार करना, सैर^F करना, घूमना, टहलना; प्रलाप करना, असम्बद्ध बोलना, बेसिर-पैरकी बातें^F करना ।

rambler –लॅर् n. संचरणशील, विचरणशील, पर्यटक, परिभ्रमणकारी, घुमन्तू, घुमक्कड़, सैलानी; एक आरोहणशील गुलाब ।

rambling –लिंग् a. संचरणशील, पर्यटनशील, भ्रमणशील; असंगत, असम्बद्ध, असंलग्न, शिथिल; (पौधा) आरोहणशील, इधर-उधर चढ़नेवाला या छिटकनेवाला; (घर, मार्ग इत्यादि) अनियत, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, अलूल-जलूल, बेढंगा, बेकायदा, बेतरीका ।

ramekin, -quin रैमि'किन्, -किन् n. मक्खन और अण्डेवाली रोटी^F ।

ramentum ⊙ रैमे'न्'टॅम् n. (वन०) **शल्कावरण,** T.

rameous रे'मि'ॲस् a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखागत, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनी^Fका ।

ramicole –कोल a. (वन०) **शाखाश्रयी** ।

ramie रै'मी n. चीन-घास^F (तन्तु), (चीन और पूर्वी द्वीपसमूहकी) एक प्रकारकी बिच्छू-बूटी^F (का रेशा) ।

ramification रैमिफ़िके'शॅन् n. उपशाखा^F, (ग०) **बहुशाखन, बहुशाखिता^F,** (चि०) **प्रशाखीभवन,** शाखा-प्रतिशाखा^F, (कृषि०) **शाखा^Fमें शाखा-विस्तार,** शाखा-संविभाग, शाखाविभाजन, श्रेणी-विभाग (*the ~s of a river, society, trade*);

~ group, ~ index, ~ number.

ramified –'मिफ़िड् a. शाखामय; शाखायित (*railways were ~ over the country*) ।

ramify –फ़ाइ v. i. & t. शाखायित करना, शाखावत् निकालना, शाखाओं^Fमें विभक्त होना या करना, हिस्सोंमें बँटना या बाँटना, फटना, अलग-अलग होना ।

ramline रैम्'लाइन् n. नौरज्जु^F, पोतरज्जु^F, बननेवाले जहाजके बीचकी रस्सी^F ।

rammer रै'मॅर् n. (कृषि०, यंत्र०) **थापी, दुरमुस, दुरमुठ, धुम्मस, मोंगरी^F,** मुग्दर, ठूँसनी^F; **ठोकनेवाला** ।

ramming –मिंग् n. (यंत्र०, परि०) **कुटाई^F** ।

rammish रै'मिश् a. पौतिक, पूतिमय, दुर्गन्धित, दुर्गन्धमय, उग्रगन्ध, तीव्रगन्धयुक्त, बदबूदार।
rammishness –निॅस् n. पौतिकता^F, पूतिमयता^F, दुर्गन्धिता^F, दुर्गन्धमयता^F, बदबूदार होना।
rammy रै'मि a. अजमेषवत्, मेषवत्, मेढ़ा-जैसा, भेड़ा-जैसा, दुम्मा-जैसा, दुम्बा-सा।
ramose रॅमोस्' a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखाबहुल, शाखदार।
ramous रे'मॅस् a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखा-बहुल, शाखदार, टहनीदार।
ramp¹ रैम्प्' n. प्रवणी^F, उद्भंग, (यंत्र०, इति०, परि०) ढाल, **ढलान,** ढलुवाँ, उतार; उछलकूद^F, **रपटा,** कुलाँच^F।
ramp² v. i. & t. आक्रमणकारी मुद्रा^F में आना, पिछले पैरोंपर खड़ा होना; क्रोध दिखाना; आक्रमण करना, झपटना, आ पड़ना, चढ़ बैठना; कूदना, फाँदना, उछालना; ढालू बनाना, चढ़ाना या उतारना; चढ़ाव-उतारमें करना।
ramp³ n. & v. i. & t. कल्पित ऋण (वसूलनेकी चेष्टा करना), चोरबाजारी^F के सामान (पर अत्यधिक मूल्य लेना)।
rampage¹ रैम्पेज्' n. प्रखर व्यवहार, हिंसात्मक वर्ताव।
rampage² v. i. दुर्व्यवहार करना, अशिष्ट व्यवहार करना, बुरा वर्ताव करना; क्रोध दिखाना, आवेशमें आना, झुँझलाना; आक्रमण करना, झपटना, टूट पड़ना।
rampageous –'जॅस् a. हिंस्र, खूँखार, रूखा।
rampageousness –निॅस् n. हिंसा^F, अमर्ष, खूँखारी^F, रूखापन।
rampancy रैम्'पॅन्सि n. उग्रता^F, उद्रिक्तता^F, उत्सिक्तता^F, दुर्दान्तता^F, प्रचण्डता^F, अनियन्त्रण, प्रबलता^F; उच्छृंखलता^F; जोर; आक्रमणकारिता^F; व्याप्ति^F; विवृद्धि^F, संवृद्धि^F, उत्क्रम, आरोहणोन्मुखता^F।
rampant –न्ट a. उग्र, उद्रिक्त, उत्सिक्त, प्रचण्ड, दुर्दान्त, प्रबल, अनियन्त्रित, उच्छृंखल, असंयत, निरंकुश (~ *theorist*); पामर, नीच; आक्रमणकारी; व्याप्त; विवृद्ध, संवर्द्धित; आरोहणोन्मुख, ढालू (~ *arch*), परस्पर ऊँचे जोड़वाला।
rampart¹ रैम्'पार्ट् n. दुर्गप्राचीर, प्राकार, रक्षा-प्राकार, कोट, **परकोटा,** चहारदीवारी^F, शहरपनाह; रक्षा^F, आड़^F, बचाव, ओट^F।
rampart² v. t. (प्रायः चहारदीवारी^F इत्यादि बनाकर) रक्षा^F करना, बचाना, ओट^F लगाना।
rampike रैम्'पाइक् n. स्थाणु, नीरस-तरु, शुष्क-वृक्ष, सूखा पेड़, ठूँठ।
rampire रैम्'पाअॅर् n. (प्रा०) = RAMPART.
ramrod रैम्'रॉड् n. (बन्दूक^F की नली^F साफ करने या बारूद^F ठूँसनेका) छड़, ठूँसनी^F।
ramshackle रैम्'शैकॅल् a. भ्रष्ट, लड़खड़ाता, डावाँडोल, ढीला-ढाला (प्रायः मकान अथवा वाहन)।
ramson रैम्'सन् n. वन्य लशुन, जंगली लहसुन।
ramulose रै'म्यूलोस् a. = RAMULOUS.
ramulous –लॅस् a. शाखी, प्रशाखी, शाखामय, प्रशाखाबहुल, टहनीदार।
ramulus रे'मॅस् n. शाखिका^F।
ramus रे'मस्' n.(चि०) **प्रशाखा^F,** उच्छाखा^F, (सिरा, धमनी^F, तन्त्रिका^F की); (जीव०) **चिबुक-शाखा^F,** शृंग, अस्थिकाण्डसे तिरछा निकलनेवाला भाग; उपशिरा^F, नस^F।
ran¹ रैन्' n. (सुतली^F या रस्सी^F की) एक नाप^F।
ran² RUN² का भूतकालिक रूप।
R.A.N. Royal Australian Navy.
rance रैन्स् n. धूसर मर्मर, धूसर संगमरमर, धारीदार पत्थर।
ranch¹ n. (अमेरिकामें) पशुपालन केन्द्र, (प्रा० भू०) **पशुसंवर्धनालय।**
ranch² v.t. (पशुपालन-संस्था^F) संचालित करना, चलाना; खेत कमाना।
rancher –'चॅर n. पशुपालक, पशुपालन-क्षेत्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्रका मालिक।
ranchero रान्चेअॅ'रो n. गोपाल, गोपालक, चारक, चरवाहा; पशुपालन-क्षेत्र-श्रमिक, पशुपालन-केन्द्र-अधिकारी।
ranchman रैन्च्'मॅन् n. पशुपालक, पशुपालन-क्षेत्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्राधिकारी, पशु-स्वामी।
rancho रान्'चो (pl. -*s*) (यात्रियोंके लिए) झोपड़ी^F या झोपड़ियाँ^F, पशुपालन-केन्द्र।
rancid रैन्'सिड् a. कटु, दुर्वास, तीव्रगन्धि, दुर्गन्ध, **कुवासी,** (चि०) **विरस,** कुवासयुक्त, उग्रगन्ध, (रसा०, कृषि०) **पूतिगंधी, विकृतगंधी,** पूतिगन्धयुक्त, बदबूदार, गन्दा, (सड़ी हुई वासी चर्बीके समान गन्ध या स्वाद-वाला); ~ flavour (कृषि०) **खट्टा स्वाद।**
rancidity, rancidness –'डिटि, –निॅस nn. (कृषि०, रसा०) **विरसता^F, पूतिगन्धिता^F,** कटुता^F, दुर्वासता^F, कुवास^F, कुवासता^F, तीव्रगन्ध^F, कटुगन्ध^F, दुर्गन्ध^F, (कृषि०) **खटवास^F,** बदबू^F; तीव्रगन्धयुक्तता^F।
rancorous रैन्'कॅरॅस् a. द्वेषशील, विषपूर्ण, विषाक्त; द्रोही, विद्वेषी, ईर्ष्यालु, ईर्ष्यापरवश, घृणामय; हिंसापूर्ण।
rancour –र् n. असूया^F, मात्सर्य, द्रोह, अतिद्वेष, विद्वेष, ईर्ष्या^F, बद्धमूल शत्रुता^F, वैर, मनमुटाव, डाह^F; हिंसा^F।
rand रैन्ड्' n. (जूतेका) भीतरी तल्ला; (द० अफ्रीकामें) घाटियों^F के दोनों ओरकी पहाड़ियाँ^F; the R~ जोहान्सबर्ग।
randan¹ रैन्डैन्' n. तीन व्यक्तियोंके खेनेकी रीति^F; ऐसी रीति^F की नाव^F।
randan² n. नौविहार; मत्तोल्लास, आनन्दोत्सव, कोलाहलपूर्ण मद्यपान; एक प्रकारकी नौका^F।
randem रैन्'डॅम् n. अश्वत्रय-वाहन, तीन घोड़ोंकी गाड़ी^F, तिनघोड़ा गाड़ी^F।
randiness रैन्'डिनिॅस् n. विलासिता^F, कामवासना^F।

random^1 रैन्'डम् n. दैवाधीन गति^{F}, अनिश्चित गति^{F}, अनियत रूप; लक्ष्यहीनता^{F}, यदृच्छा^{F}, *at* ~ अपूर्वसूचित, अतर्कित, सहसा, ससम्भ्रम, ससंवेग, अचानक; यत्रतत्र; योंही ।

random^2 a. दैवाधीन, अनिश्चित, अनियत, **अनियमित**, विशृंखल, यत्रतत्र, **बेतरतीब**; यदृच्छ, **यादृच्छिक**, अविचारित, **सांयोगिक**, आकस्मिक, समसम्भावित, अटकलपच्चू, बिना सोचे-समझे; ~ check **स्थालीपुलाक जांच**;

~ assortment, ~ fluctuation, ~ method, ~ motion, ~ numbers, ~ sample, ~ sampling, ~ selection, ~ shot, ~ throws, ~ variable, ~ variations.

randomization –माइज़े'शॅन् n. (सांख्य०) **यादृच्छिकीकरण; बेतरतीब करना** ।

randomized –डॅमाइज़्ड् a. (सांख्य०) **यादृच्छिकीकृत** (~ *blocks*) ।

randomness –म्-निॅस् n. यदृच्छा^{F}, **यादृच्छिकता^{F}**, विशृंखलता^{F}, अविचारपूर्णता^{F} ।

R.&.R. Relief and Rehabilitation.

randy रैन्'डि a. उद्धत, अशिष्ट, असभ्य, हल्ला करनेवाला, शोर मचानेवाला; दृढ़, बलिष्ठ, मजबूत; (स्काट० में, गाय^F आदि) **दुष्ट**, वन्य, अड़ियल, मुँहजोर, जंगली; (बोल०) सम्भोगेच्छु, कामोपभोग-वृत्तिमय, कामातुर विलासी, व्यसनशील ।

ranee रा'नि n. राज्ञी^{F}, सम्राज्ञी^{F}, रानी^{F} ।

rang रैन्ग् RING^2 का भूतकालिक रूप ।

range^1* रैन्ज्' n. **क्षेत्र, प्रक्षेत्र**, परिक्षेत्र, **मण्डल, इलाका**; (भौ०, गति वि०, गणि०) **परास, परिसर**; गोचर, अभिसीमा^{F}*, भ्रमण-सीमा^{F}, (प्रा० भू०) **विस्तार**, (प्रा० भू०) **विस्तृति^{F}**, हद्द*, फैलाव; स्थिति^{F}, दिशा^{F}; (नौवि०) **दृश्यता^{F}**; अवली^{F}, वीथी^{F}, क्यारी^{F}; श्रेणी^{F}, राजि^{F}, पंक्ति^{F}, कतार^F; पर्वतश्रेणी^{F}, **माला^{F}**; विचरण, संचरण, भ्रमण, **परिभ्रमण**, पर्यटन, इधर उधर घूमना; चक्र, **मण्डल**, गोला, घेरा; पंजी^{F}, बही^{F}, रजिस्टर; (प्रा० भू०) **सीमान्तर**, रूपान्तरसीमा^{F}, परिवर्तनसीमा^{F}; तुला^{F}, सीमित माप^F, नाप^F; **दूरी^{F}**, पहुँच^F, (*the ~ of her voice*); मनके दौड़नेकी शक्ति^{F}; **चाँदमारी^{F}, तकनी^{F}**; (बन्दूक^F, आदिका) गतिक्षेत्र, रसाई^F, दौड़^{F}, **मार^F**, सुदीर्घ चुल्ली-विशेष, पकानेका चूल्हा, रेंज; ~ finder लक्ष्य-दूरी-मापक यन्त्र, रेंज-फाइंडर; ~ officer वनराजि अधिकारी;

~ appliances, ~ assistant, ~ assistant's circle, ~ calibration, ~ card, ~ clerk, ~ course, ~ drum, ~ engineer, ~ finder, ~ lines, ~ management, management plan, ~ mark, ~ office, ~ officer, ~ orderly, ~ orders, ~-oscilloscope, ~ pole, ~ practices, ~ recorder, ~scale, ~ shooting, ~ staff, ~ stock register, ~ subordinates, ~ table, ~ taker, ~ taking, ~ warden.

range^2 v.t. & i. विन्यस्त करना, विन्यास करना, श्रेणीबद्ध करना, पंक्तिबद्ध करना, क्रममें लगाना, लाइनों^{F}में बाँटना; एक सीध^{F}में दौड़ना; दो छोरोंमें बदलना; (निश्चित प्रदेशमें) होना, पाया जाना; फैल जाना, फैला रहना; उचित गौरव पाना, उचित प्रतिष्ठालाभ करना, स्थान पाना, बराबर होना (*~s with the great writers*); भ्रमण करना, परिभ्रमण करना, संचरण करना, विचरण करना; (गोली^{F}के लिए) विस्तारभर फेंकना, आर-पार जाना; सब ओर जाना; समुद्रमें खेना, तीरभूमि^{F}में चलाना ।

ranger 'जॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) पंक्तिबद्ध करनेवाला, श्रेणी^{F}से लगानेवाला; राजिक, वनपाल, अरण्यपाल, राजोद्यानपाल, उपवनरक्षक कर्मचारी, रेंजर; (प्रायः R~) ⊙ अमरीकी सैनिक; (pl. अश्वारोही तथा अन्य) सैनिक, घुड़सवार सिपाही; पर्यटक, भ्रमणकारी; लुब्धक, व्याध, शिकारी; शिकारी कुत्ता; बालचरनेत्री, रेंजर ।

rangership –शिप् n. उपवनरक्षकता^{F}, अरण्यपालिता^{F}, उद्यानपालका पद ।

ranging^1 –जिंग् n. गोचरान्वेषण, मूलान्वेषण; **परासन, परासना**; (यंत्र) **आरेखन** (~ *pole*), **सीध^F बाँधना**, ~ out पंक्तिबन्धन ।

ranging^2 a. विचरक, संचरक, पर्यटक, परिभ्रमणशील ।

rangy ⊙ रेन्'जि a. श्रेणीयुक्त; ⊙ छरहरा, पतला ।

rani रा'नि n. राज्ञी^{F}, रानी^{F} ।

ranine रे'नाइन् a. (जीववि०) भेकवत्, मेंढकी; (चि०) जिह्वाधस्तलीय, जिह्वाग्रके तले ।

rank^1 रैन्क्' n. **कोटि^{F}**, श्रेणी^{F}, **पंक्ति^{F}**, पाँत^F, कतार^F (~ *correlation*); सैन्य-विन्यास; वर्ग, गण, जत्था, मण्डली^{F}; मान, मर्यादा^{F}, **पद, पदवी^{F}, ओहदा, दर्जा**; पदश्री^{F}, गौरव, स्थान; स्थिति^{F}, प्रतिष्ठा^{F}, उत्कर्ष, अनुस्थिति^{F}; विधि^{F}, नियम, क्रम, व्यवस्था^{F}; माप-क्रम, मानचिह्न; आभिजात्य, कुलोत्कर्ष; front ~ आगेकी कतार^F; person of ~ and fashion उच्चवर्गीय व्यक्ति; उच्च कुल, प्रतिष्ठित समाज; rear ~ पीछेकी कतार^F; *break* ~ क्रमबद्ध न रह सकना, पंक्ति^{F} तोड़ना *keep* ~ क्रमबद्ध रहना, पंक्ति^{F}में रहना; *rise from the ~s* (साधारण सैन्यपदसे) उच्चपद प्राप्त करना; उन्नत होना, बढ़ जाना; the ~ s or the ~ s and file सामान्य सैन्यदल, साधारण सैनिक, समग्र निम्नश्रेणीके सिपाही; सामान्यलोक, सामान्यजन, सामान्य जनता^{F}, जनसाधारण; *the ~s were broken* क्रम टूट गया, व्यवस्था^{F} भंग हो गयी ।

rank^2 v.t. & i. क्रमविन्यास करना, क्रमबद्ध करना, श्रेणीबद्ध करना या होना, यथारीति सज्जित करना या होना; (प्रायः सैन्य०) पदस्थ होना, पदविशिष्ट होना; पदवितरण करना, स्थान प्रदान करना, ओहदा देना; समादर करना, अनुराग करना; समादृत होना, स्थान पाना (*~s among the great powers*); (किसी

कालके) हकदारोंमें स्थान पाना।

rank[3]. अतिवर्धित, अति-उर्वर; (कानून) अतिमात्र, अत्यधिक, प्रभूत, प्रचुर, विपुल; आत्यन्तिक; घासवाला, मोथेसे भरा हुआ; कटुगन्धि, दुर्गन्धित; उग्र गन्धमय, भ्रष्ट, दूषित, अश्लील, घृणास्पद, घिनौना; अच्युत, बलिष्ठ, ओजपूर्ण, शक्तिसम्पन्न (प्रा०); उग्र, उत्कट, विषम, प्रचण्ड (~ *treason*); मलिन, मूढ़; स्थूल, भारी; कुरूप, भद्दा।

ranked रैन्'किं‌ड् a. श्रेणीबद्ध, कोटिबद्ध, कोटिकृत (~ *character*), पंक्तिबद्ध।

ranker –कॅर् n. सैनिक (जो आयुक्ताधिकारी रह चुका है); क्रमविन्यासक; (pl.) पंजा।

ranking –किंग् n. क्रम विन्यास।

rankle रैन्'कॅल् v.i. (बोल०, घाव इत्यादिका) सड़ना, पीड़ा^F देते रहना; उग्र होना, प्रबल होना, मर्मभेदी होना, खटकना, खुभना, चुभना, अनवरत पीड़ा^F पहुँचाना, तंग करना, सताना।

rankness रैन्क्'निस् n. मोटापा, मोटाई^F, भद्दापन; मूढ़ता^F; प्राचुर्य, प्रचुरता^F, अतिरेक, उद्रेक, विपुलता^F; विरूपता^F; दुर्गन्ध^F; अश्लीलता^F, दूषितता^F, भ्रंश; तीक्ष्णता^F; उग्रता^F; प्रज्वलन।

ransack रैन्'सैक् v.t. अनुसन्धान करना, अन्वेषण करना, अच्छी तरह ढूँढ़ना, खूब तलाश^F करना; लुण्ठित करना, लूटना, ठगना, छीनना, डाका डालना, लूट-खसोट^F करना।

ransom[1] रैन्'सॅम् n. निष्क्रय, (का०) **परिक्रय**, निष्कृति-धन, निस्तार-धन, मुक्तिमूल्य, बन्दीका उद्धार-मूल्य, आल; निस्तार, बन्दित्वमोचन, बन्दी-उद्धार, छुटकारा; छुड़ाई^F; ~-bill, ~-bond, ~-contract, ~debt, ~money.

ransom[2] v.t. उद्धार करना, मुक्त करना; स्वतन्त्र करना; मुक्त्यर्थ धन देना, स्वतन्त्रता^F खरीदना, मुक्ति^F खरीदना; निष्क्रय करना, निस्तार करना; *hold on to* ~ (किसीको) निष्क्रयद्रव्यपर छोड़नेको पकड़ रखना; *worth a king's* ~ महार्घ, बहुमूल्य, कीमती।

ransomer –मॅर् n. निस्तारक, निष्क्रेता, उद्धर्ता, मोचक, स्वतन्त्र करनेवाला, छोड़नेवाला।

ransomless –म्-लिस् a. मुक्तिमूल्यरहित, उद्धारमूल्य-रहित, निस्तारधनरहित, निष्क्रयद्रव्यरहित।

rant[1] रैन्ट्' n. शब्दाडम्बर; ऊँचा स्वर, ऊँचागान; अनर्गल प्रलाप, बकवाद^F, अर्थहीन वाक्य, बकझक^F, बकवास^F, बेतुकी बात^F।

rant[2] v. i. & t. प्रगल्भता^F करना, शब्दाडम्बर करना, वागाडम्बर करना, निरर्थक भाषा^F का प्रयोग करना, आलंकारिक भाषा^F बोलना; लम्बी-चौड़ी हाँकना, बकना, डींग^F मारना।

ranter –टॅर् n. बहुवादी, बहुभाषी, अनर्गल प्रलापी, उच्चभाषी, प्रलापी, उच्चसंलापी, गड़बड़िया, जोर-जोरसे बातचीत^F करनेवाला।

rantipole ⊙ रैन्'टिपोल् a. वन्य, वनज, वनजात, जंगली; अशिष्ट, असभ्य, मूढ़, मूर्ख, गँवार।

ranula रैन्'यूलॅ n. (चि०) उपजिह्वारोग, अधोजिह्वापुरी^F, अधोजिह्वार्बुद, जिह्वा^F के नीचेका फोड़ा, T.

ranunculus रॅनन्'क्यूलॅस् n. नवनीतचष, (फूलनेवाले पौधोंकी एक जाति^F)।

R.A.O. Refund Adjustment Order.

R.A.O.C. Royal Army Ordnance Corps.

rap[1] रैप्' n. अणु, सबसे छोटा टुकड़ा; *not morth a* ~ क्षुद्र, रद्दी, बेकार।

rap[2] n. १२० गज सूतकी लच्छी^F।

rap[3] n. आघात, खटका, धक्का, ठोकर^F, खड़खड़ाहट^F, थपक^F, थपथपानेकी आवाज^F; थप्पड़; *a* ~ *on the knuckles* (ला०) भर्त्सना^F या झिड़की^F; बच्चेको दी गयी सजा^F, दण्ड।

rap[4] v.t. & i. धक्का देना, ठोकर मारना, तीव्र प्रहार करना, ठोंकना; अपहरण करना, छीनना, झपटना; भड़भड़ाना, खड़खड़ाना, खटखटाहट^F का शब्द करना; उसी क्षण बोलना, चिल्ला पड़ना; तुरन्त बोल उठना; कठोर शब्दका प्रयोग करना; खड़खड़ाहट^F द्वारा व्यक्त करना।

rapacious रॅपे'शॅस् a. ग्रसनशील, बलाद्ग्राही, बल-पूर्वक ग्रहणकारी, सर्वग्राही, लुण्ठक, लुण्ठनकारी, अपहारी, अपहरणशील, उत्पीड़क, लुटेरा; अतिलुब्ध, अतिलोलुप; लालची, घाऊघप।

rapaciously –लि adv. बलात्, हठात्, बरबस, जबर-दस्ती।

rapaciousness –निस् n. ग्रसनशीलता^F, बलाद्-ग्राहिता^F, बलपूर्वक ग्रहणकारिता^F, सर्वग्राहिता^F, अप-हारशीलता^F, लुण्ठकता^F, लुण्ठनकारिता^F, लूट-मार^F; ●अतिलुब्धता^F, अतिलोलुपता^F।

rapacity –पै'सिटि n. बलाद् हरण, अपहरणवृत्ति^F, साह-सिकता^F, लुटेरापन; पीड़न, उत्पीड़न, अत्याचार; गृध्रता^F, अतिलोभ, लुब्धता^F, लालच।

R.A.P.C. Royal Army Pay Corps.

rape[1] रेप' n. (मदिरा^F बनानेके बाद अवशिष्ट) अंगूरका गूदा; (सिरका बनानेका) पात्र, बर्तन।

rape[2] n. सर्षप, श्वेत सर्षप, सरसों^F, तेलहन; (कृषि०) **तोरिया**^F; ~ cake खली^F; wild ~ जंगली सरसों^F।

rape[3] n. (१०८६ से ससेक्सका) जिला।

rape[4] n. अपहरण, लूटखसोट^F; (का०) आधर्षण, हठ-सम्भोग, बलाद्रति^F, (का०) **बलात्कार**, जबर-रिजना।

rape[5] v.t. अपहरण करना, बलपूर्वक ले जाना; आधर्षण करना, हठसम्भोग करना, सतीत्व नष्ट करना, बलात्कार करना।

Raphaelesque, Raff- रैफ़ेअे लेस्क्, रैफ़- a. रफेलकी शैली^F का (चित्र)।

Raphaelism –'फ़ेअे`लिज़्म् n. रफेल (१४८३-१५२०) की चित्रकला^F, रफेलकी-सी कलाशैली^F।

raphe रे'फ़ि n. (वन०, चि०) **सेवनी**^F, **संधि-रेखा**^F, T.

raphia रे'फ़िअॅ n. = RAFFIA, खजूर।

raphides रेफ़िडीज़् n. pl. (वन०) **सूचिस्फट,** T; (वन०) सूचितन्तु ।
rapid[1] रै'पिड् n. द्रुतवाह, तीव्र प्रवाह; तेज उतार, खड़ा ढाल^F, (यंत्र०) **तीव्र ढाल^F, तरखा;** (pl.) (प्रा० भू०) **उच्छलिका^{F}** ।
rapid[2] a. (यंत्र०) **द्रुत** , त्वरित, शीघ्र, **तेज** (~*transmission*);
~ blast, ~ evaporation, ~ fire, ~ flowage, ~ hardening.
rapidity रॅपि'डिटि n. द्रुतता^{F}, बेग, द्रुतगति^{F}, तेजी^{F} ।
rapidness रै'पिड्-नि॑स् n. द्रुतत्व, द्रुतता^{F}, प्रजविता^{F}, त्वरिता^{F}, त्वरा^{F}, वेग, शीघ्रता^{F}, तेज़ी^{F} ।
rapier रे'पिअॅर् n. क्षुरिका^{F}, क्षुद्र कृपाण^F, कटार^F, कटारी^{F}, छुरा, किरिच^F ।
rapine रै'पिन् n. लुण्ठन, लूटपाट^F, लूटखसोट^F, डाका ।
rapparee रैपॅरी' n. (इति०, सत्रहवीं शती^{F}का आयरलैण्डका) अव्यवस्थित सैनिक, लुटेरा ।
rapped ⊙ रैप्ट्' a. आलोचित, समीक्षित, ठोंक बजाकर देखा हुआ ।
rappee रैपी' n. घटिया नास, मामूली सुँघनी^{F} ।
rappel –पेल् n. (सैन्य०) डिंडिमनाद, पटह-प्रताड़न, भेरी^{F} बजना, ढोलक^F बजना, ढोल बजना ।
rapper रै'पॅर् n. धक्का देनेवाला, ठोकर मारनेवाला, तीव्र प्रहार करनेवाला; अपहर्ता, अपहरण करनेवाला; भड़भड़ानेवाला, खड़खड़ानेवाला; तत्क्षण बोलनेवाला; चिल्ला पड़नेवाला ।
rapport रॅपॉर्ट्',रॅपॉर्' n. सारूप्य, सादृश्य; (शिक्षा०) **घनिष्ठता^{F},** घनिष्ठ सम्बन्ध, ताल्लुक, रिश्तेदारी^{F}, नातेदारी^{F}, वास्ता ।
rapporteur -अर् n. (राज०) **संवक्ता, प्रतिवेदक, रिपोर्टर ।**
rapprochement (F) राप्रोश्'मान् n. ऐक्य, (राज०) **पुनर्मेल,** पुनर्मिलन; पुनः सौहार्द, पुनर्मित्रता^{F}, (दो राज्योंमें) अनुकूल्य, अनुकूलन, वैरशमन, विरोधोपशमन, पुनर्मैत्री^{F}, सौहार्द-स्थापन, सन्धि^{F}, अनुनय^F, सन्तोष; सामंजस्यविधान ।
rapscallion रैप्सकै'ल्यॅन् n. (प्रा०) शठ, धूर्त, दुर्जन, दुरात्मा, दुष्ट, पाजी, कमीना, शैतान, बदमाश ।
rapt रैप्ट्' a. (सामान्य अनुभूतियों^{F}से) विचारमग्न, लीन, लवलीन, निमग्न, डूबा हुआ; हर्षोन्मत्त, उल्लसित, अत्यानन्दित, गद्गद ।
raptorial[1] रैप्टॉ'रिअॅल् n. प्रसहपक्षी, शिकारी चिड़ियों^{F}की एक जाति^{F}का पक्षी ।
raptorial[2] a. बलपूर्वक हरणकारी, लुण्ठक, लुण्ठाकारी, लुटेरा, उठाईगीर ।
raptorious –ॲस a. = RAPTORIAL.
rapture रैप्'च्युअॅर् n. अतिशयोल्लास, प्रहर्ष, हर्षोन्माद, आनन्दातिरेक, उल्लास, हर्षावेश, परमानन्द; अन्तरण, बदली^{F}, ~s आनन्दातिरेक-प्रदर्शन, अत्यानन्दानुभूति^{F}; *be in, go into,* ~s हर्षोन्मत्त होना ।

९६ ।

raptured –ट्र्यॅर्ड' a. हृष्ट, हर्षित, प्रहृष्ट, हर्षोन्मत्त, प्रमोदमग्न, खुशीमें लीन ।
rapturise ⊙ –ट्युअॅराइज़् v. i. परमानन्दित होना, हर्षोन्मत्त होना, हर्षाविष्ट होना ।
rapturist ⊙ –रिस्ट् n. अतिशयोल्लसित व्यक्ति, हर्षोन्मत्त पुरुष, आनन्दातिरेकयुक्त मनुष्य, हर्षाविष्ट व्यक्ति ।
rapturous रैप्'ट्यूॅरॅस् a. हर्षोन्मत्त, मग्न, लीन; परमोल्लासजनक,उल्लासजनक,हर्षसूचक,खुशी^{F} पैदा करनेवाला ।
rapturously –लि adv. सोन्माद, सानन्द, सहर्ष, परमानन्दपूर्वक ।
rara avis (L) n. दुर्लभ वस्तु^{F} ।
rare[1] रेअॅर्' a. सूक्ष्म, अघन, पतला (~ *atmosphere of hill tops*), हल्का, झीना; (रसा०) **विरल** (~*gas*) प्रकीर्ण, बिड़र, बिखरा हुआ; असामान्य, असाधारण, अत्युत्कृष्ट, परम, अपूर्व, अदृष्टपूर्व, अतुल्य, अनुपम, निराला, अनूठा; दुष्प्राप्य, **दुर्लभ** (~ *book*); ~ earths (रसा०) **विरल मृदा^{F}, दुर्लभ मृद;** कतिपय धातुओं^{F}का जारेय;
~ arch, ~ element, ~ gas, ~ isotope, ~ medium.
rare[2] ⊙ रेअॅर् a. (मांस) अधपका, अधचुरा, कम सिझा हुआ ।
rarebit –'बिट् n. खरगोशका भुना हुआ मांस ।
raree-show रेअॅ'रो-शो n. (सन्दूकमें घुमाकर किया जानेवाला) बाइस्कोप, एक प्रदर्शन, एक तमाशा ।
rarefaction, rarefication रेअॅरि`फ़ैक्'शॅन् , –फ़िके'शॅन् nn. अघनत्व, असान्द्रता^{F}, (रसा०) **विरलता^{F},** विरलीकरण, (यन्त्र०, रसा०) **विरलीभवन, विरलन,** तनूकरण; अपूर्वता^{F}, विलक्षणता^{F}; लाघव, लघुता^{F}; असामान्यता^{F}, असाधारणता^{F}; दुष्प्राप्यता^{F}, दुर्लभता^{F}; सूक्ष्मता^{F}, पतलापन ।
rarefactive –'रिफ़ैक्टिव् a. तनु, विरल, सूक्ष्म, लघु, पतला, हल्का; अपूर्व, दुर्लभ, दुष्प्राप्य ।
rarefiable –फ़ाइअॅबॅल् a. अघननीय, असान्द्रणीय, विरलनीय, विरलीकरणीय, तनूकरणीय, पतला करने योग्य; असामान्यीकरणीय, असाधारणीकरणीय; दुष्प्राप्य, दुर्लभ्य ।
rarefied –फ़िड् a. (रसा०) **विरलित** (~*gas*), (रसा०) **विरलीकृत,** पतला किया हुआ ।
rarefy –फ़ाइ v. t. & i. सघनता^{F} कम करना, ठोसपन कम करना; शुद्ध करना, परिष्कार करना, स्वच्छ करना, साफ करना; सूक्ष्म बनाना; विरल होना, **विरल करना,** पतला करना ।
rareness –र्'नि॑स् n. सूक्ष्मता^{F}, अघनता^{F}, हलकापन, पतलापन, झीनापन; विरलता^{F}, बिखरापन; असामान्यता^{F}, असाधारणता^{F}; अत्युत्कृष्टता^{F}, अपूर्वता^{F}, अतुल्यता^{F}; अनुपमता^{F}; दुष्प्राप्यता^{F}, दुर्लभता^{F} ।
rareripe –'राइप् a. & n. प्राक्पक्व (फल) मौसमके पहलेका (फल) ।
rarity –'रिटि n. असान्द्रता^{F}, विरलता^{F}, दुर्लभत्व (दे० RAREFACTION); असामान्य वस्तु^{F}, उत्कृष्ट कृति^{F}, दुर्लभ

वस्तुF, अपूर्व पदार्थ; कौतुक, चमत्कार।

R.A.S. Royal Agricultural Society; Royal Astronomical Society; Royal Asiatic Society.

R.A.S.C. Royal Army Service Corps.

rasalas रासलस् n. **रासलस, द्वादशसिंह।**

rasalgethi –गेथी n. **रास अलेगेथी, प्रथम भीम।**

rasalhague –हेग n. **रस लहेग, प्रथम सर्पधर।**

rascal रा'स्कॅल् १. n. & a. दुष्ट, **दुर्जन,** शठ, **धूर्त्त,** खल, पाजी, बदमाश, लुच्चा, लफंगा, चण्ट (प्रायः बच्चोंके लिए, प्यारमें; *you lucky* ~!); २. a. (प्रा०) समुदायस्थ, गणयुक्त, भीड़का; the ~ rout जनता-, सामान्य लोग, जनसाधारण।

rascaldom, rascalism, rascality –'डॅम्, –लिज़्म्, –कै'लिटि nn. शठताF, दौरात्म्य, दौर्जन्य, दुष्टताF, धूर्तताF, लुच्चापन, पाजीपन, शरारत, शैतानीF, बदमाशीF।

rascallion, rapscallion रैप्स्कै'ल्यॅन् nn. धूर्त, शठ, प्रतारक, दुष्ट, खल, अधम, पामर, नीच, जघन्य, कमीना, लुच्चा, बदमाश।

rase रेज़' दे० RAZE.

rash¹ रैश्' n. (चि०) विस्फोट, फोड़े, फुन्सियाँF, चकत्ता, दिरोरा, लाल अन्हौरीF।

rash² a. उग्र, प्रचण्ड; अविवेचक, अविमृश्यकारी, अविवेकी, अदूरदर्शी, अनवहित, दुस्साहसपूर्ण, अपरिणामदर्शी, हठी, हठकारी; उद्धत, उद्दण्ड, उजड्ड, उतावला;
~ act, ~ brain, ~-conceived, ~-headed, ~-hearted, ~-minded, ~-spoken.

rasher रै'शॅर् n. शूकरमांस (विशे० जंघाके मांसका पतला टुकड़ा); खण्ड।

rashling रैश्'लिंग् n. अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य व्यक्ति, मूढ़ व्यक्ति, मूर्ख पुरुष, गँवार आदमी।

rashly –लि adv. सहसा, बिना विचारे, उतावलीFसे; सावेग।

rashness –'निस् n. अविवेचकताF, अविमृश्यकारिताF, उद्धतताF, अनवेक्षाF, अविवेक, अविचार, उजड्डपन, उतावलापन; (दर्श०) **दुस्साहस, सहसाकारिताF,** आवेग; उत्ताप।

rasp¹ रास्प्' n. (उठे हुए दाँतेवाली) मोटी रेतीF; घर्षण, रगड़F; उत्तेजनाF, चिढ़F; कर्णकटुताF, कर्कशताF।

rasp² v.t. & i. (मोटी रेतीFसे) रेतना, घिसना, पीसना; उत्तेजित करना, चिढ़ाना; कर्णकटु या कर्कश स्वर करना।

raspatory –'स्पॅटॅरि n. (शल्य चि०) रेतनेका शस्त्र, जर्राहकी रेतीF; चिकित्सक-शल्य, सर्जनकी छुरीF।

raspberry रा'ज़्बॅरि n. रसभरीF, (कृषि०) **रसबरीF,** रसबदरीF; असम्मतिF, अस्वीकृतिF, अरुचिF, अपहास; दूरीकरण, बरखास्तगीF; ~-canes रसभरीFके पेड़; ~ vinegar रसभरीFका सिरका या शरबत।

rasper रॉ'स्पॅर् n. दुर्गम चहारदीवारीF, घेरा, रोकF, आड़F।

rasping¹ रा'स्पिंग् n. (मोटी रेतीFसे) रेतना, रगड़ना, घिसना।

rasping² a. कठोर, कठिन, रगड़कर चूर करनेवाला।

raspy –पि a. अचिक्कण, विषम, खुरदरा।

rasse रै'सि, रैस्' n. गन्धमार्जार, मुश्कबिलाव, रस्से।

rastaban रास्तबाँ n. (ज्यौ०) **रास्तबाँ, द्वितीय कालिय।**

R.A.S.T.O. Resident Assistant Sales Tax Officer.

rasure रे'ज़्युअॅर् n. शल्कन, प्रमार्जन, काटकूटF, छीलछालF, छीलना; खुरचन, खुरचना।

rat¹* रैट्' n. **मूषक,** मूषिकाF, **चूहा*,** घूँस; चूहेकी बड़ी जातिFका जन्तु; बदलनेवाला, बेवफा; दलत्यागी श्रमिक (हड़तालFमें भाग न लेनेवाला मजदूर), गद्दार; ~-catcher चूहेमार, घरोंसे चूहे हटानेवाला; (ग्रा०) साधारण शिकारीकी पोशाकF; ~ line (परि०) **पैर रस्सीF;** ~sbane (अब केवल काव्य) संखियाF, चूहा मारनेका विष; ~'s-tail चूहेकी दुमFकी तरहकी चीजF (रेतीF, छुरीF); ~-tail घोड़ेकी बालरहित दुमF, ~-trap चूहेदानी, (कृषि०) **मूषपाश, चूहेदान,** मूषकशः *like a drowned* ~ भीगे चूहेकी तरह; R~s! अविश्वनीय!, निरर्थक!, व्यर्थ! बेमतलब!, वाहियात!; *smell a* ~ कुछ दालमें काला है, सन्देह या संशय होना;
~-bite, ~-bite fever, ~ burrow ~ campaign, ~-coloured, ~-deserted, ~-epizootics, ~-eyed ~ fish, ~ flea, ~-gnawn, ~ haunt, ~ holes, ~-infested, ~-inhabited, ~ kangaroo, ~ killer, ~-like, ~ mortality, ~ population, ~-proof grain godown, ~-ridden, ~-snake, ~'s-tail cactus, ~-tailed, ~-tight, ~-virus.

rat² v. i. घूँस पकड़ना, चूहे पकड़ना; प्रतिपक्षका आश्रय लेना, अपने दलको त्यागना, गद्दारीF करना।

ratability रेटॅबि'लिटि n. मूल्यनिरूपणीयताF, करधारणयोग्यताF, कर देनेकी योग्यताF; आनुरूप्य, आनुपातिकताF।

ratable –'टॅबॅल् a. अनुरूप, यथानुपात, आनुपातिक, समानुपातिक; मूल्यनिरूपणीय, करधारणयोग्य, करयोग्य, करधार्य, उपशुल्क्य।

ratafia रैटॅफ़ी'अॅ n. (बादाम इत्यादिकी गिरीFसे सुवासित) शराबF; एतद्वत् सुवासित बिस्कुट; बेरके समान लाल फल, एक प्रकारका शाहदाना।

ratal रे'टॅल् n. मूल्य, दरF।

rataplan¹ रैटॅप्लैन्' n. ढमाढम (ढोल या नगाड़ेका शब्द)।

rataplan² v. t. & i. ढमढमाना, नगाड़ा बजाना, ढोल बजाना, ढिंढोरा पीटना, हल्ला मचा देना।

ratchel रै'चॅल् n. अश्म-शकल, अश्म-खण्ड, प्रस्तर-खण्ड, पत्थरके टुकड़े, कंकड़, कंकड़-पत्थर (धरातलपर) बिछे हुए

पत्थर, रोड़ी^F, गिट्टी^F ।

ratchet[1], **ratch**[1] रै'चिट्, रैच् nn. (छड़ या पहिये इत्यादिमें) दाँतोंकी पंक्ति^F; (ध्वनि०) किड़किड़ा; T. (~ *plate*, ~ *spring*); ~ wheel अनिवर्ती चक्र, रोकदार दाँतोंके हाल या किनारेवाली पहिया ।

ratchet[2], **ratch**[2] vv. t. रोकदार दाँते जड़ना ।

rate[1]* रेट्' n. अर्घ, **पौरकर-उपशुल्क,** उपशुल्क, उपकर (*taxes* & ~*s*); अनुमान, प्रमाण; **भाव,** निर्ख, (कलन) **दर**^F*; जव, गति^F, वेग, रफ्तार^F (*unemployment is growing at a fearful* ~); **घटाबढ़ी अन्तर;** मूल्य, दाम, कीमत^F, हिसाब; मूल्य निर्धारण, करनिर्धारण; कोटि^F, कक्षा^F, श्रेणी^F, दर्जा; अनुपात; *at any* ~ किसी प्रकार, कमसे कम, बहरहाल; *at that* ~ इस अनुमानसे तो, इस हिसाबसे तो, इस तरहसे तो;

~cards, ~ contract, ~ cutting, ~ fixer, ~list, ~-measure, ~ measurer, ~ payer, ~s committee, ~s proposed, ~ structure.

rate[2] v. t. & i. सम्मान करना, आदर करना, कद्र^F करना; गुणका मूल्य लगाना, योग्यता^Fका दाम लगाना; दाम लगाना; गिनना, मानना, समझना (*I* ~ *him among my benefactors*); मूल्यांकन करना, दाम स्थिर करना, मोल लगाना; स्थानीय कर लगाना; (नौसैनिकके) अधीन होना, पद माना जाना ।

rate[3] v. t. & i. चपेटना, डाँटना, फटकारना, झिड़कना, धमकाना, ताना मारना, बुरा-भला कहना; आक्रमण करना, झपट पड़ना ।

rateable रे'टॅबॅल् a. अर्घ्य, करयोग्य, (~ *value*); (का०) **उपशुल्क्य,** उपशुल्कयोग्य (~ *property*); अनुमेय, प्रमेय (~ *distribution*); भाव करने योग्य, मूल्य करने योग्य, दाम लगाने योग्य, हिसाब करने लायक; कोटि^F निर्धारित करने योग्य, श्रेणीविभाजन योग्य, दर्जा बनाने लायक; आनुपातिक, यथानुपात ।

rated –टि`ड् a. अर्घित, निर्धारितार्घ, निर्धारित ।

rater रे'टॅर् n. (दौड़-प्रतियोगी) केलिपोत, विहार-नौका^F ।

-rater पोत (10-~, 2 *1/2*-~) ।

rath राथ्' n. (प्रा० आयरलैण्डमें) प्रागैतिहासिक पार्वत्य दुर्ग; अति प्राचीन पहाड़ी किला, T.

rathe[1] रेद्' n. (ऋतु^Fमें) पहले होनेवाले सेब, मटर^F इत्यादि ।

rathe[2] a. (का०) (वर्ष या दिनमें) बहुत पहले आनेवाला, ऋतुपूर्व विकसित, समयसे पहले खिलनेवाला या फलनेवाला ।

rather रा'दॅर् adv. यथार्थतः, यथावत्, वस्तुतः, वास्तवमें, दरअसल; प्रायः, विशेषतः; अधिकतर, अधिकांश; किसी प्रकार; बल्कि; भले ही; थोड़ा-थोड़ा, कुछ-कुछ, एक प्रकारसे, कुछ हदतक, (*I* ~ *think you know him*); यथेष्ट, यथेच्छ, यथाभिमत, अपेक्षाकृत, (*would much* ~ *not go*); (बोल०) अवश्यमेव, निश्चय, निःसन्देह, बेशक; *the* ~ *that* विशेषतः इसीलिए, इसीलिए और भी कि ।

rathe-ripe, rathripe रेद्'राइप्, रैथ्'राइप् aa. अकाल-प्रौढ़, ऋतुपूर्व पकनेवाला ।

rathskeller⊙ राट्'स्के`लॅर् n. मद्यशाला^F, शराबघर, ठेका ।

raticide रै'टिसाइड् n. मूषघ्न, मूषकघात, चूहामारक दवा ।

ratification रैटिफ़िके'शॅन् n. (का०, राज०) **अनुसमर्थन,** सम्पुष्टि^F, विशोधन, **सत्यांकन,** संस्तम्भन, स्थिरीकरण, अनुपोषण, पुष्टीकरण, दृढ़ीकरण ।

ratified –'टिफ़िड् a. अनुसमर्थित, सम्पुष्ट, सम्पोषित, स्थिरीकृत, सत्यांकित ।

ratifier –फ़ाइॲर् n. अनुसमर्थक, सम्पोषक, विशोधक; संस्तम्भक, स्थिरीकर्ता, पुष्टिकर्ता ।

ratify –इ v. t. **अनुसमर्थन करना,** अनुमोदित करना, प्रमाणित करना, न्याय्य ठहराना, उचित ठहराना; विशोधित करना, दोहराना, ठीक करना; संस्तम्भित करना, अनुपोषित करना, स्थिर करना, दृढ़ करना; निश्चित करना ।

rating[1] रे'टिंग् n. कवलन, वेधन; वर्गक्रम; समादरण, सम्मान; (शिक्षा०) **योग्यता-क्रम-निर्धारण,** मूल्यांकन, शुल्कनिरूपण, करनिर्धारण; निश्चित मूल्य, निर्धारित कर; (जहाजके रजिस्टरोंमें अंकित) श्रेणी^F, पद, दर्जा; अनाज्ञप्त नाविक; (दौड़-प्रतियोगी विहार-नौकाओं^Fकी) कोटि^F, श्रेणी^F; (pl.) खेरवाह (~ *barracks*, ~ *canteen*, ~ *lavatory*, ~ *library*, ~ *mess*); ~ scale निर्धारण-मान ।

rating[2] n. भर्त्सना^F, तिरस्कार, झिड़की^F, घुड़की^F, डाँट-फटकार^F, झाड़-झपट^F ।

ratio रे'शिओ n. (pl. -s) निष्पत्ति^F, (रसा०, ग०, भौ०) **अनुपात,** प्रमाण; (दो वस्तुओं^Fका) आनुपातिक सम्बन्ध, मूल्यानुपात; भागफल;

~ arm, ~ chart, ~ cognoscendi, ~ essendi ~ scale, ~ test.

ratiocinate रैटि(शि)ऑ'सिनेट् v.i. तर्क करना, विचार करना, युक्तिपूर्वक विचार करना, सन्याय विमर्श करना, बहस^F करना ।

ratiocination –ने'शॅन् n. विमर्श, वितर्क, विवाद, युक्ति, (तर्क०) **अनुगमन; निगमन, तर्क-शक्ति^F,** बहस^F ।

ratiocinative –सिनेटिव् a. तर्कसम्मत, युक्तिपूर्ण, विचारपूर्ण; विवादग्रस्त ।

ration रै(रे)'शॅन् n. अन्न, खाद्य, **रसद^F,** अनाज; समभक्त, सीधा; खाद्य-परिमाण, अन्नमात्रा^F, आहारांश, खूराक^F; समपात, खाद्य-वस्तु^F, भोजनका सामान, निश्चित खाद्य-परिमाण, (पशुपालन, कृषि०) **राशन;**

~ account, ~ allowances, ~ book, ~ card, ~ card-holder, ~ depot, ~ money; ~ office, ~ permit, ~ scale, ~ shops, ~

store, ~ strength.

rational[1] रै'शॅनॅल् n. उपपत्ति^F, युक्तियोग।

rational[2] a. विज्ञ, ज्ञानी, सज्ञान, व्युत्पन्न, सचेतन, विवेकी, बौद्धिक, विचारशील, विचारवान्, तर्कशील, समझदार; युक्त, उपपन्न, संगत, युक्तिमूलक, युक्तिपूर्ण, न्यायानुरूप, न्याय्य, यथोचित, यथायोग्य; अकरणीगत, करणी-चिह्नके बिना व्यक्त करने योग्य; (चि०) मीमांस्य, तर्कसंगत; (गणित) **परिमेय;** ~ dress नेकरबाकर; ~ horizon (गणि०) **दृष्ट क्षितिज;** *has ~ leanings in religion* अन्धविश्वासी नहीं है;

~ behaviour, ~ coefficient, ~ doubt, ~ equation, ~ explanation, ~ fraction, ~function, ~ idealism, ~ intent, ~ interpretation, ~ mechanics, ~ number, ~ operation, ~ principle, ~ representation, ~ scale, ~ selection, ~ self, ~ therapeutics, ~ thinking, ~ utilitarianism, ~ will.

rationale –ने'लि n. (चि०) मीमांसा^F; युक्तियुक्त विवरण, हेतुवाद-समन्वित विवरण; उपपत्ति^F, मूल कारण, तर्क-आधार।

rationalism –शॅनॅलिज़्म् n. हेतुवाद, कारणवाद, युक्तिवाद, बुद्धिवाद, (दर्श०) **तर्कबुद्धिवाद, तर्कनावाद।**

rationalist–लिस्ट् n. & a. हैतुक, हेतुवादी, युक्तिवादी।

rationalistic –टिक् a. परिमेयात्मक; तर्कवादी; हेतुवादी; सहेतु, युक्तियुक्त, युक्तिपूर्ण ~ intuitionism (दर्श०) **तर्कनापरक अन्तःप्रज्ञावाद, तर्कबुद्धिपरक, अन्तःप्रज्ञावाद;** ~ naturalism (दर्श०) **तर्कनावादी प्रकृतिवाद।**

rationality –नै'लिटि n. तर्क, उपपत्ति^F, युक्तता^F, न्याय्यता^F, विच्छत्ति^F, चेतनत्व, चैतन्य, चेतना^F, अवबोध, तर्कशक्ति^F, ज्ञानशक्ति^F।

rationalization–नॅलाइज़े'शॅन् n. वैज्ञानिक व्यवस्था^F, (शिक्षा०) **औचित्यस्थापन,** विवेक संगति^F, (दर्श०) **व्याज-समर्थन; यौक्तिकीकरण,** (अर्थ०) **युक्तिकरण, युक्तिसंगत बनाना;**(ग०) **परिमेयीकरण** (*~policy*), सहयोगात्मक वैज्ञानिक व्यवसाय संगठन; अभिनवीकरण, सुधार।

rationalize –शॅनॅलाइज़् v.t. & i. तर्कान्वित करना, सिद्ध करना, प्रमाणित करना, युक्तियुक्त बनाना, बुद्धिगम्य बनाना; हेतुवादी बनाना, तार्किक होना; (गणि०) करणी-रहित करना; (किसी व्यवसायका) परिष्कार करना, सुधार करना।

rationalized a. वैज्ञानिकित, बुद्धिगम्य, नवीकृत।

rationalizing –ज़िंग् a. तर्कानुकूली, (गणि०) **परिमेयकारक** (~ factor), करणीहार खण्ड।

rationing रै'शॅनिंग् n. समवितरण, समभाजन, नियन्त्रित वितरण; नियन्त्रण, (अर्थ०) **राशन;** राशनबन्दी^F; ~ of credit (वाणि०) **उधारक्षमता-नियतन;**

~ commitments, ~ department, ~ enquiry order, R~ Inspector, ~ office, ~ officer, ~ order, ~ organization, ~ preparatory measures order, ~ statistics.

ratite रै'टाइट् a. अकूटिका (पक्षियोंकी शुतुरमुर्ग आदि जाति^Fका)।

ratlin(e), -ling रैट्'लिन्, -लिंग् n. (प्रायः pl. पोतमें मस्तूलकी रस्सियों^Fपर) सीढ़ी^Fकी तरह लगी हुई रस्सियाँ^F।

ratoon रॅटून्' n. इक्षुप्ररोह, इक्ष्वंकुर, ईख^Fका अँखुआ; (कृषि०) **मूढ़ी^F, पेड़ी^F,** मूलांकुर; ~ crop (कृषि०) **पेड़ी^F, मूढ़ी^F।**

rattan[2] रॅटैन् n. वंजुल, वेत्र, प्रवेत्र, बेंत; (गृह-निर्माणमें प्रयुक्त) ताड़, खजूर; ताड़ या खजूरके तनेका टुकड़ा।

rattan[3] n. डिंडिमनाद, पटह-प्रताड़न, भेरी^F बजना, ढोलक बजना, ढोल बजना।

rat-tat, ratatat, rat-tat-tat रैट्-टैट्', रैटॅटैट्', रैट्'-टॅट्-टैट nn. खट्-खट्-खट्, खटखटाहट^F।

ratteen रॅटीन्' n. ऊर्णवस्त्र-विशेष, एक ऊनी कपड़ा, रट्टीन।

ratten रै'टॅन् v.t. (किसी कारीगर या मालिकके कल-पुर्जे इत्यादि तोड़-फोड़कर) क्षति^F पहुँचाना, सताना, तंग करना; बायकाट करना।

ratter –टॅर् n. मूषमार, चूहेका शिकार करनेवाला।

rattinet रैटिने'ट्' = RATTEEN.

ratting –टिंग् n. मूषमारण, मूषक-विनाशन, चूहोंका मारना।

rattish–टिश् a. मूषाभ, मूषवत्, मूषक-सदृश, चूहों-जैसा।

rattle[1] –टॅल् n. (बच्चोंका खिलौना), (इति०) **झुनझुना; शिंजनी,** T. (अमेरिकामें) रैटल नामक सर्पकी पूँछ^Fकी घेरियाँ^F; (पकनेपर छीमी^F खड़खड़ानेवाले) पौधोंकी जातियाँ^F; खटखट, खड़खड़ाहट^F, खनखनाहट^F, भड़भड़ाहट^F, झनझनाहट^F, प्रलाप, बकवास^F, टॅ-टॅ^F, टर्र-टर्र^F, गुल-गपाड़ा, शोर-गुल; घरर-घरर (*death-~*); ~-brain, ~-head, ~-pate मूढ़, निर्बुद्धि ⊙, बुद्धिहीन, बुद्धू, बददिमाग, कूढ़मग्ज; ~brained, ~headed, ~pated मूढ़, निर्बुद्धि; ~snake एक अमेरिकी साँप; ~trap रद्दी छकड़ा।

rattle[2] v.i. & t. खनखनाना, खड़खड़ाना, तड़तड़ाना, झनझनाना, भड़भड़ाना; प्रलाप करना, बकते जाना, बड़बड़ाना, बेसिरपैरकी बातें^F करना; (प्रायः *on, away, along* के साथ) खड़खड़ाते हुए चलना, बेतहाशा भागना, भड़भड़ाते हुए धड़ामसे गिरना, सरपट दौड़ना, तेज सवारी^F करना; तेजी^Fसे पाठ करना, जल्दी-जल्दी कहना; उत्तेजित करना, उकसाना, सुस्ती^F दूर करना; घबड़वाना, डराना; तेज चलाना।

rattled ⊙ –ड् a. (शराब^F पिलाकर) उन्मत्त बनाया गया।

rattler –लॅर् n. खड़खड़ानेवाला, झनझनानेवाला, भड़भड़ानेवाला; छकड़ा; खनखनाता हुआ चलनेवाला एक

अमेरिकी नाग (दे० RATTLE के अन्तर्गत rattle-snake ⊙)।

rattling[1] –लिंग् n. क्वणन, खनखनाना, खड़खड़ाना; खड़खड़ाहट[F], खड़खड़ाहट[F]; प्रजल्पन।

rattling a. पुष्ट, प्रबल, प्रचण्ड, तीव्र, तेज, फुर्त, (*a ~ wind*); (*good* इत्यादिके पूर्व) सातिशय, विशेष रूपसे, बहुत ही, (*had a ~ good run, dinner*)।

ratty रैʹटि a. चूहे-सा; क्रोधी, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज, बदमिजाज।

raucity रॉʹसिटि n. कर्कशता[F]; कर्णकटुता[F], कठोरता[F], भारीपन, भर्राहट[F], फटापन, बैठापन (विशे०आवाज[F]का)।

raucous रॉʹकॅस् a. कर्कश, कर्णकटु, कठोर, खरखरा, भारी, भर्राई, फटी, बैठी (आवाज[F])।

raughty रॉʹटि a. दे० RORTY.

ravage रैʹविज् n. ध्वंस, विध्वंस, उद्ध्वंस, नाश; विप्लव, उपद्रव, लूट-खसोट[F], तबाही[F]; (विशे० pl.) विध्वंस-परिणाम, उपद्रव-फल; क्षति[F]।

ravager –जॅर् n. ध्वंसक व्यक्ति, विध्वंसक व्यक्ति, उध्वंसक व्यक्ति, उच्छेदक, नाशक व्यक्ति; विप्लवी, उपद्रवी, लूट-खसोट[F] करनेवाला, तबाही[F] लानेवाला।

R.A.V.C. Royal Army Veterinary Corps.

rave[1] रेव् n. (छकड़ेकी) पटरी[F], गड़ारी[F]; (pl.) गाड़ी[F]की समाई[F] बढ़ानेके लिए) किनारोंपर लगा कठघरा, जँगला।

rave[2] n. (पवन, सागर इत्यादिका) घोर रव, प्रचण्ड गर्जन।

rave[3] v.i. & t. ध्वस्त करना, विध्वंस करना, उद्ध्वंस करना, उजाड़ना, तबाह कर देना; प्रलाप करना, प्रचण्डता[F]से बोलना, आवेशमें बोलना; (सागर या पवन आदिका) गरजना, प्रचण्ड शब्द करना; मुक्तकण्ठसे प्रशंसा[F] करना, प्रशंसा[F]के पुल बाँधना; (*about* या *of* के साथ) मुग्ध होना; पागलकी तरह बकते जाना (*~one's grief*)।

ravel[1] रैʹवॅल् n. जटिलता[F], उलझन[F], गुत्थी[F], गाँठ[F], फँसाव।

ravel[2] v.t. & i. जटिल होना, क्लिष्ट होना, पेचीदा बनाना, उलझना, उलझाना, लिपटना, लिपटाना, फँसना, फँसाना, घपला करना; सुलझाना, उधेड़ना, उधड़ना, गुत्थी[F] दूर होना।

ravelin रैवॅलिन् n. दुर्ग-प्राकार, दुर्ग-बहिर्वेष्टन, खाईं[F]के बाहरका दोरुखा मोर्चा।

ravelling रैʹवॅलिंग n. उलझन[F], गुत्थी[F], गाँठ[F], फँसान[F], पेचीदगी[F]; विश्लेषण, सुलझाना, (परि०) **उधड़ना**, उधेड़ना; सुलझा हुआ डोरा।

ravelment –लमॅन्ट् n. जटिलता[F], क्लिष्टता[F], पेचीदापन, उलझन[F], लिपटन[F], घपलेबाजी[F]।

raven[1] रैʹवॅन् n. काकोल, द्रोणकाक, काला कौआ, पहाड़ी कौआ।

raven[2] v.t & i. डाका डालना, लूटना, लूटपाट[F]का दाँव लगाना, शिकारकी तलाश[F] करना; मुक्खड़की तरह खाना, भकोसना, निगलना; मरभुखा होना, पेटू होना, लालच करना।

raven[3] a. मेचक, काला स्याह, आबनूसी; ~ locks काले बाल।

ravener रैʹवॅनॅर् n. तस्कर, चौर, चोर, डाकू, लुटेरा; घस्मर, बहुभुक्, बहुभोजी, अतिभोजी, भुक्खड़, मरभुख।

ravening –निंग् n. तस्करता[F], चोरी[F], डाका, लूट[F]।

ravenous –नॅस् a. लुटेरा, लोलुप, लोभी, लालची; क्षुधातुर, घस्मर, क्षुधार्त, बुभुक्षित, बहुभोजी, भुक्खड़, पेटू, भूखा।

ravenousness –निॅस् n. क्षुधार्तता[F], बुभुक्षा[F], लोलुपता[F]।

raver रेʹवॅर् n. कोपी, क्रोधी, रोषी, गुस्सेबाज।

ravin रैʹविन् n. (का०) डाका, लूट-पाट[F], लूटखसोट[F]; beast of ~ हिंसक पशु, शिकारी जानवर।

ravine रॅवीन् n. कन्दरा[F], खोह[F], खड्ड, उपघाटी[F], गहरी पतलीघाटी[F], (*~ land*), (प्रा० भू०) **तंगघाटी, नाड़[F]**; ~ land **गलीदार भूमी[F]**।

ravined –ड' a. कन्दरामय, खोह-खड्डवाला, घाटी या दर्रेवाला।

raving रेʹविंग् n. (प्रायः pl.) गर्जन[F], प्रलाप, बड़बड़।

ravioli –विओली n. मांसका समोसा, पैटी[F]।

ravish रैʹविश् v.t. अपहरण करना, हर ले जाना, छीन ले जाना; (मृत्यु[F], परिस्थितियों[F] आदिके लिए) जीवन या दृष्टि[F]से परे ले जाना; आधर्षण करना, बलात्भोग करना, (का०) **बलात्कार करना**, सतीत्व नष्ट करना; आनन्द-विभोर करना, मस्त करना; मुग्ध करना, मोहित करना।

ravished –ड् a. धर्षित, बलाद्भुक्त, बलात्कृत।

ravisher –शॅर् n. आधर्षक, बलाद्भोक्ता, (का०) **बलात्कारी**, बलात्कार करनेवाला; अपहर्ता, अपहरण करनेवाला।

ravishing –शिंग् a. आधर्षणकारी, अपहरणकारी; चित्ताकर्षी।

ravishment –श्मॅन्ट् n. आधर्षण, बलाद्भोग, (का०) **बलात्कार**; अपहरण।

raw[1] रॉʹ n. (मनुष्यों तथा घोड़ोंके चमड़ेका) कच्चा घाव, मर्मस्थल, दुखती जगह[F]।

raw[2] v.t. खरोंचना, मलना, दलना, ख़रहरा करना, खराश डालना; मलकर ताजा कर देना, रगड़कर साफ कर देना।

raw[3] a. अप्रौढ़, अपरिष्कृत, अपरिपक्व, असम्पूर्ण, अकृत, अनिर्मित, अधूरा, (कृषि०, रसा०) **अपक्व, कच्चा** (*the finished product of one industry is the ~ material of others*); **असंस्कृत**, अनलंकृत, फूहड़, अनगढ़; असिद्ध, अकुशल, अनभ्यस्त, अनुभवहीन, नौसिखुआ; त्वग्विदारित, चमड़ा उधेड़ा हुआ; संवेदनशील, व्यथामय, कष्टपूर्ण, कष्ट देनेवाला; (वायुमण्डल या दिन आदिके लिए) शीत, शीतल, नम, तर, ठण्डा; (शैली आदि) भयानक, विकराल, डरावना; ~-boned क्रूर, क्षीण, दुर्बल, हड्डियों[F]का ढाँचा; ~ hide अपरिष्कृत

चर्म, वेकमाया चमड़ा, कच्चा चमड़ा; ~ material उपादान, मौलिक द्रव्य, कच्चा माल; *touch one on the* ~ मर्माघात करना, मार्मिक क्लेश पहुँचाना;

~ batch, ~ beef juice, ~-coloured, ~ cotton, ~ cotton trade, ~-cullet, ~ drug, ~-edged, ~-faced, ~ fruit, ~ grain, ~-handed, ~ head, ~-headed, ~ hide, ~ humus, ~-looking, ~ material, ~ mix, ~-mouthed, ~-nosed, ~ nourishment, ~ opium, ~ produce, ~ product, ~ recruit, ~-ribbed, ~ rice, ~ rubber, ~ score, ~ sewage, ~ sienna, ~ silk, ~ sludge, ~ spirit, ~ stock, ~-striped, ~ tobacco, ~ umber, ~ vegetable, ~ vermiculite, ~ water, ~ wool.

rawish –'इश् a. कच्चा-सा, अधकचरा।

rawness –'निॅस् n. अप्रौढ़ता^F, अपरिष्कृति^F, अपरिपाक, अपरिपक्वता^F, **कच्चापन**; असम्पूर्णता^F, अकृतता^F, अनिर्मितता^F, अधूरापन, फूहड़पन।

ray[1]* रे' n. मयूख^F, मरीचि^F, अंशु, कर, (भौ०, चि०) **किरण^F***, रश्मि^F; (चि०) अर; (जीव०) **शंकुश; भुजा^F**; T.; प्रकाशरेखा^F; प्रसारणरेखा^F; प्रकाश, रोशनी^F; (ला०), आनन्दवर्धक प्रभावका अवशेष, आशा^F, सुसन्देश; व्यापार्थ; विकिरणशील रेखाओं^Fमेंसे कोई; (वन०) जुटे फूलका बहिर्भाग; ~-therapy = RADIOTHERAPY;

~ acoustics, ~ blight, ~ canal, ~ cell, ~ field, ~ fishery, ~ floret, ~ fungus, ~ shade, ~ shake, ~ tracing.

ray[2] v. i. & t. (ज्योति^F, विचार, आशा^F आदिके लिए) विकीर्ण होना, किरणोंका समान फैलना, फैलाना, प्रकट होना, झलकना, चमकना, चमकाना, दिखाई पड़ना।

ray[3] n. शार्क-सदृश बड़ी मछलियों^Fकी जातियाँ^F (विशे०, स्केट)।

Rayah राइ'अॅ n. तुर्कीकी गैरमुस्लिम प्रजा^F या रियाया^F।

rayed रेड्' a. किरणित, तेजोमय, ज्वलन्त, प्रकाशित, चमकीला, उजला।

rayless रे'लिॅस् a. किरणविहीन, अन्धकारमय, अँधेरा।

raylet –लिॅट् n. सूक्ष्म रश्मि^F, छोटी किरण^F।

rayon रे'अॅन् n. कौशेयक, कृत्रिम कौशेय, कृत्रिम रेशम, (रसा०) **रेयान**।

raze, rase रेज़्', रेज़् vv. t. (क्व०) हल्की चोट^F देना; घिसकर साफ कर देना, खुरचना; छीलना, रगड़ना; उन्मूलित करना, उच्छिन्न करना, काटना; (नगर, गृह, दीवार^F आदि) भूमिसात् करना, मटियामेट कर देना, ढहाना, गिराना।

razee रॅज़ी n. एक जहाज।

razor[1] रे'ज़ॅर् n. **क्षुर**, छुरा, **उस्तुरा**; ~-bill छुरेकी तरह तेज चोंच^F; ~-*billed* छुरे-सी चोंचवाला; ~-edge तेज धार; जबरदस्त ढाल^F; शोचनीय परिस्थिति^F, खतरनाक हालत^F; सूक्ष्म-विभेद; ~-strop (छुरा तेज करनेका चमोटा), उस्तुराकश; *be on a ~-edge* संकटमें पड़ना; (गुण०) तीक्ष्ण, पैना, पैनी धारवाला, तेज;

~ blade, ~ bladed, ~-bowed, ~ cam, ~-edged, ~-fish, ~-grinder, ~ keen, ~-leaved, ~ maker, ~ making, ~-shaped, ~-sharp- ~-tongued, ~-witted.

razor[2] v.t. (क्व०) बाल बनाना, मूँड़ना; छुरा फेरना, उस्तुरा चलाना; काटकर साफ कर देना।

razz ⊙ रैज़्' n. (अस्वीकृति-सूचक शब्द) शि-शि^F, हश्-हश्।

razzia रै'ज़िअॅ n. (विशे० द० अफ्रीकाके मुसलमानों द्वारा) अभियान, आक्रमण, हमला, लूट^F, छापा, रजिया।

razzle (-dazzle) रै'जॅल् (-डै'ज़ॅल्) n. (बोल०) उत्सव, प्रेमक्रीड़ा^F, खेल-तमाशा, नाचरंग; धूमधाम^F, हलचल^F, चहल-पहल^F, दौड़-धूप^F।

R-boat आर्-बोट्' n. जर्मनीकी तेज मोटर^F, माइन स्वीपर।

R.B. Rifle Brigade.

Rb. Rubidium.

R.B.A. Royal Society of British Artists.

R.C. Roman catholic; Reconnaissance Corps; Red Cross; Range Clerk; Receipt Clerk; Registration Certificate; Registration Clerk, Registry Clerk.

R.C.A. Royal Canadian Academy; Royal College of Art.

R.C.A.F. Royal Canadian Air Force.

R.C.C. Reinforced Cement Concrete.

R.C.M. Royal College of Music; Regimental Court-Martial.

R.C.N. Royal Canadian Navy; Royal College of Nursing.

R.C.P. Royal College of Physicians.

R.C.S. Royal College of Surgeons; Royal Corps of Signals; Registrar, Co-operative Societies.

R.D. Rural Dean; Reserve (Officer's) Decoration; Registered Dealer; Release Diary; Revenue Department; Revenue Deposit; Rural District.

r.d. refer to drawer (Bank term).

Rd. Road.

Rd Radium.

R/D. Refer to Drawer.

R.D.I. Royal Designer for Industry.

R.E. Royal Engineers; Royal Society of Etchers and Engravers; Royal Exchange; Resident Engineer.

Re Rhenium.
re. regarding, relating.
re-[3] पुनः-, पुनर्-, पुनस्-, फिर, दुबारा (*~adjust, ~affirm, ~apparel, ~arm, ~arrange, ~asset, ~baptism, ~coin, ~organize, ~write, ~consider, ~constitute*); मिथः-, परस्पर, पारस्परिक, आपसका, आपसमें, उलटे, बदलेमें (*~act, ~ciprocal, ~compense, ~crimination*); प्रति, विरोधी (*~bel, ~calcitrant, ~luctance, ~sist, ~volt*); अनु-, पृष्ठ-, पश्च-, पश्चात्, अनन्तर, पीछे, बादमें (*~lic, ~linquish, ~lish, ~main, ~morse*); निर्जनता, गुप्तता, गोपनीयता, एकान्तवास, अवकाश-ग्रहण इत्यादिके अर्थमें (*~cluse, ~condite, ~course, ~fuge, ~mote*); पृथक्-, अलग, दूर, बहुत दूर, बाहर, नीचे इत्यादिके अर्थमें (*~bate, ~lax; ~lease, ~miss, ~nounce, ~press*); प्रगाढ़, गाढ़ा, अत्यधिक, तीव्र, बढ़ता हुआ इत्यादिके अर्थमें (*~dolent, ~double, ~doubtable, ~bound*); अ-, अन्, अन- (*~proach, ~proof, ~probate*)।
re[1] रे' n. (सरगमका दूसरा सुर), रे।
re[2] (*prep.* जैसा) विषयमें, बारेमें, बाबत।
re-absorption ⊙ रीऍब्सॉर्प्'शॅन् n. = RESORPTION; (चि०) **पुनरवशोषण**।
reacceptance ⊙ रि ॅऐक्से ॅप्'टॅन्स् n. (बैंक०) **पुनःसकार**; (ग०) **प्रतिघात** (*~coil*)।
reaccustom ⊙ रीऍकस्'टॅम् v.t. पुनः अभ्यस्त करना या होना, फिरसे आदी बनाना या होना।
reach[1] रीच्' n. विषय, प्रसार, पहुँच[F]; प्रभाव-क्षेत्र, हाथ इत्यादिकी रसाई[F]; परिधि[F], आयतन, फैलाव, घेरा, दायरा (*has a wide ~*); (नौवि०) पालके रस्सेकी लम्बाई[F]; (नदी[F]का) पाट।
reach[2] v.t. & i. व्याप्त होना, विस्तृत होना, व्यापक होना, बढ़ना, बढ़ाना, फैलना, फैलाना; आगे बढ़नेका प्रयत्न करना, आगे बढ़नेके लिए हाथ-पैर मारना; हस्तगत करना, प्राप्त करना; पहुँचना, पाना, हाथ आना (*he ~ed his goal*); अधिकृत करना, वशमें लाना, जीतना, काबूमें लाना, पकड़ना, लेना; ~-me-down (बोल०; वस्त्र या पोशाक[F]) पूर्वनिर्मित, तैयार, रेडीमेड।
reachable –'चॅबॅल् a. प्राप्तव्य, गन्तव्य, पाने योग्य, पहुँच[F]के भीतर।
reacher –चॅर् n. प्रसारी, पहुँचनेवाला, फैलनेवाला।
reaching ⊙ रि ॅऍ'चिंग n. **समकोण गति**[F]।
react रि ॅऐक्ट्' v. i. प्रतिकार करना, प्रतिक्रिया[F] करना; प्रत्याघात करना; प्रत्याक्रमण करना, जवाबी हमला करना; पूर्वरूप होना, परिवर्तित होना, बदल जाना; प्रभावित होना, असर पड़ना (प्रायः *upon* के साथ); घृणा[F]से प्रेरित होना; उल्टी ओर मुड़ पड़ना, पीछेकी ओर झुक जाना; (रसा०) सक्रिय करना या होना, गति[F] प्रकट करना, प्रत्यक्ष करना, प्रभावित करना (*nitrous oxide ~s upon the metal*)।
reactance रि ॅऐक्'टॅन्स् n. (रसा०, भौ०) **अवरोध, प्रतिबाधा**[F], प्रबाधा[F], (विद्यु०) **प्रतिकार्यता**[F]: (*~ voltage*), प्रतिकर्म।
reactant –न्ट् n. (रसा०) **अभिकारक,** प्रतिकारक, प्रतिकारी; प्रतिघाती, प्रत्याक्रामक, जवाबी हमलेवर।
reacting –टिंग् a. प्रबाधी, प्रतिकारी, प्रतिक्रियात्मक।
reaction* –'शॅन् n. प्रतिकर्म, (भौ०, जीव०) **प्रतिक्रिया**[F]*; (रसा०) **क्रिया**[F], **अभिक्रिया**[F]; (यंत्र०) **आलम्ब बल**; (अंग या अवयव आदिकी) संवेदना[F]; (उद्दीपन आदिके प्रति अंग आदिकी बाह्य जगत्के साथ) सहानुभूति[F]की भावना[F]; पुनरावर्तन, पूर्वतन स्थिति[F]में वापस आ जाना; घात-प्रतिघात; प्रत्याक्रमण, जवाबी हमला; पूर्वाभिमुखी प्रवृत्ति[F], पीछे जानेवाली प्रकृति[F], प्राचीनता[F]की अभिरुचि[F], पुरानी बातों[F]की ओर झुकाव;
~ chamber, ~ choke, ~ coil, ~ cylinder, ~ flocculation, ~ formation, ~ isochore, ~ isotherm, ~ order, ~ pattern, ~ product, ~ rim, ~ time, ~ time experiment, ~ turbine.
reactional –नॅल् a. प्रबाधात्मक, प्रतिक्रियात्मक (*~ phase*)।
reactionary –नॅरि a. & n. प्रतिक्रियावादी, प्रतिक्रियाजनक, प्रतिक्रियाशील, प्रतिक्रियात्मक, प्रतिगामी, उन्नति-प्रतिरोधक।
reactionist –निस्ट् n. प्रतिक्रियावादी; प्रतिरोधक।
reactivate –'टिवेट् v. t. सक्रिय करना, पुनःक्रियाशील बनाना।
reactivation –वे'शॅन् n. **पुनरुत्प्रेरण**, पुनःसक्रियता[F], पुनःक्रियाशीलता[F], **फिरसे सक्रिय करना**।
reactive –'टिव् a. प्रबाधी, (रसा०) पुनःक्रियाशील, (रसा०) **अभिक्रियाशील**, प्रतिक्रियाशील, प्रत्याघाती, प्रतिघाती;
~ component, ~ current, ~ factor, ~ load.
reactivity –'विटि n. प्रबाधा[F], प्रतिघात, प्रत्याघात, (रसा०) प्रतिक्रिया-क्षमता[F], पुनःक्रियाशीलता[F], (रसा०) **अभिक्रियाशीलता**[F], प्रतिक्रिया[F], प्रतिकर्म, जवाब।
reactor –'टॅर् n. प्रबाधक, प्रतिकर्ता, (चि०) **प्रतिकर्मी**, प्रतिकारी, (रसा०) **अभिक्रियक,** T.
read[1] रीड' n. पाठ्यकाल, पढ़ाई[F]का समय (*have a short, long, good, quiet, ~*)।
read[2] v.t. & i. (*read*, रे ॅड्) बाँचना, पढ़ना (*he ~s a letter*); अनुशीलन करना, परिशीलन करना, अध्ययन करना, स्वाध्याय करना; भेद बताना; अनुमान करना, अर्थ लगाना (*~ dreams*); भविष्य बताना, शकुन बताना; समझना, बूझना, ताड़ लेना; मनमें दुहराना, घोखना; (शब्दोंका) उच्चारण करना; (किसी

वस्तु^F^को) फटा हुआ, छपा हुआ इत्यादि पाना: भाव खोल सकना, मतलब लगा सकना, (*can ~ shorthand, music*); अर्थ निकालना, समझना, मतलब करना (*may be ~ several ways*); (लेखकके शब्दोंका) भेद जानना, रहस्य पाना; (सम्पादकके लिए, लेखक द्वारा) पाठ-भेद स्थिर करना, वैकल्पिक शब्द देना; (पाठ करके) लाना (*~ me to sleep*); (मापक यन्त्रोंका) अंक बताना (*thermometer ~s 33°*); श्रुति-मधुर होना; (पढ़कर) श्रोतापर प्रभाव डालना; *~ between the lines* गुप्त अर्थ खोज निकालना; गूढ़ार्थ ढूँढ़ना या पाना; *~ oneself in* (खुलेआम निर्धारित शपथ^F^ पढ़कर) पद ग्रहण करना, कार्यालयमें प्रवेश करना।

readability, readableness –डॅबि'लिटि, –निॅस् nn. सुपाठ्यता^F^, सौपाठ्य, (शिक्षा०) **सुवाच्यता**^F^, पाठ-सौकर्य, पाठ-सुकरता^F^, पाठ्यता^F^, पठनीयता^F^।

readable री'डॅबॅल् a. सुपाठ्य, (शिक्षा०) **सुवाच्य**, पाठ-सुकर, पाठ्य, पठनीय।

readdress रीॲड्रे'स्' v.t. (पत्र इत्यादिको) अनुप्रेषित करना, परिप्रेषित करना, (आये हुए पत्रको) पता बदलकर अन्यत्र भेजना, रिडायरेक्ट करना।

reader री'डॅर् n. उपस्थापक, प्रस्तुतकार, पेशकार; पाठक, वाचक, **प्रवाचक**, अध्येता, पढ़नेवाला; अर्थ लगानेवाला, समझनेवाला, ताड़नेवाला; प्रूफ-संशोधक; (देवमन्दिर या गिरजेका) स्तोता, स्तुति-पाठक; (विश्व-विद्यालयोंमें) प्रवाचक, प्राध्यापक, शिक्षक, **रीडर** (*~ in History*); पाठ्यपुस्तक^F^, पाठावली^F^।

readership –शिप् n. प्रवाचकत्व, प्राध्यापकत्व, उपस्थापकत्व।

readily रे'डिलि adv. झटिति, अविलम्ब, सत्वर, तुरन्त, तत्काल; निःसंकोच, बेखटके, बेहिचक; सानन्द, प्रसन्नतापूर्वक; निर्बाध, निर्विघ्न, सरलतापूर्वक, सरलता^F^से।

readiness –डिनिॅस् n. उद्यतता^F^, सत्वरता^F^, तत्परता^F^, जल्दी^F^; सुविधा^F^, सुगमता^F^, सरलता^F^; प्रत्युत्पन्नता^F^, सूझ-बूझ^F^; (शिक्षा०) **आसज्जा**^F^, **तैयारी**^F^।

reading* री'डिंग् १. n. वाचन, पढ़ना; (शिक्षा०) **पठन**, पढ़ाई^F^*, पढ़त^F^; स्वाध्याय, अध्ययन, अनुशीलन, परिशीलन; ज्ञान, शास्त्र-बोध; (पाण्डुलिपि^F^में प्राप्त) पाठ (*various ~s*); (पाठ्य-वस्तु^F^का) निश्चित गुण (*is good, dull, ~*); (प्रा० भू०) **पाठ्यांक**, (मापक यन्त्रोंका) अंक (*40° difference between day & night ~s*); व्याख्या^F^ (*what is your ~ of the situation*), अनुमान; (pl.) (भौ०) **पाठ्यांक**, **अंक**; २. a. पढ़नेका; ~-desk (पढ़नेकी) चौकी^F^ या डेस्क^F^; ~-room **वाचनालय**;

~ accelerator, ~ age, ~ book, ~ chart, ~ clerk, ~-game, ~ glass, ~ guidance, ~ lamp, ~ lens, ~ level, ~ microscope, ~ rate, ~ readiness, ~ sequence, ~ series, ~ span, ~ stage, ~ supplimentary, ~ telescope, ~ trouble.

readjourn रीॲजर्न्' v.t. पुनःस्थगित करना, फिरसे स्थगित करना।

readjust रीॲड्जस्ट्' v.t. पुनः समायोजन करना, **पुनः समंजन करना**, पुनः समीकरण करना, पुनर्व्यवस्थित करना, फिरसे मेल बिठाना या ठीक कर देना।

readjusted –'टिॅड् a. पुनः समायोजित, पुनर्व्यवस्थित।

readjustment –ट्'मॅन्ट् n. पुनः समायोजन, **पुनः समंजन**, पुनः समीकरण, पुनर्व्यवस्थापन।

readmission रीॲड् मि'श् न् n. पुनः प्रवेश, पुनः नाम-प्रवेश, फिरसे नाम लिखा जाना, दुबारा भरती^F^।

readmit –मिट् v.t. पुनः प्रवेश करना, पुनः नाम-प्रवेश करना, फिरसे नाम लिखाना, दुबारा भरती^F^ करना।

readmdttance –टॅन्स् n. REAIMISSION.

ready[1] रे'डि n. लक्ष्यवेधकी पूर्वस्थिति^F^, निशाना मारनेके पहलेकी हालत^F^; रायफल^F^ रखनेका ढंग या पैतरा (*come to the ~*)।

ready[2] v. t. (बोल०, घुड़दौड़^F^में) चालाकी^F^से हरा देना।

ready[3]* a. सज्ज, सज्जित, प्रस्तुत, उत्सुक, उद्यत, समुद्यत, उन्मुख, सन्नद्ध, तत्पर, **तैयार***, बना-ठना; सुव्यवस्थित, ठीक; स्वस्थ; कृत-संकल्प, दृढ़निश्चय; सन्निहित, निकटस्थ; प्रत्युत्पन्न, सिद्ध; सूक्ष्म, तीक्ष्ण, दक्ष, कुशाग्र, पटु, निपुण, कुशल; सहज, सुगम, सरल; शक्य, साध्य, प्राप्य, अनुकूल; निःसंकोच, बेखटका, बेहिचक; कालोचित; हस्तगत; अनायास, सुखसाध्य; द्रुत, शीघ्र, तुरत, सत्वर, अविलम्ब, झट; प्रागुपस्थित, प्राक् कृत, पूर्व कृत; ~ about (नौवि०) **तैयार माँच**; ~-made clothes पूर्वनिष्पन्न वस्त्र, सिले-सिलाये कपड़े; ~-made shop सिले-सिलाये कपड़ोंकी दूकान^F^; ~-minded प्रत्युत्पन्नमति; ~ money (बोल०) सद्योरोक^F^, रोक^F^, नकद दाम; ~ poet आशुकवि; ~ reckoner सुलभ गणक, तैयार लेखा-पुस्तक^F^; ~-witted प्रत्युत्पन्न-मति, कुशाग्रबुद्धि, हाजिरजवाब;

~built, ~ cash, ~-coined, ~-cooked, ~ delivery, ~-dressed, ~-furnished, ~-grown, ~-handed, ~-made, ~-made business, ~-made garments, ~-made goods, ~ order, ~ price, ~ purchase, ~ reckoner, ~ reference, ~ sale, ~ shipping, ~-typed, ~-worded, ~written.

reaffirm रीॲफ़र्म्' v.t. पुनः पुष्ट करना, पुनः दृढ़ करना, फिरसे पक्का करना।

reaffirmation –में'शन् n. पुनः पुष्टीकरण, पुनर्दृढ़ीकरण।

reafforest रीॲफ़ॉ'रिॅस्ट् v.t. पुनर्वनरोपण करना, पुनः वन आरोपित करना, फिरसे जंगल लगाना।

reafforestation –टे'शॅन् n. (प्रा० भू०) **पुनर्वनरोपण**, पुनर्वनारोपण।

reagency रीऐ'जॅन्सि n. प्रत्याघात-क्षमता^F^, प्रतिकार-

योग्यता^F, प्रतिकारशीलता^F ।

reagent –न्ट् n. (रसा०) **प्रतिकर्मक,** (चि०) **प्रतिकर्मी, अभिकर्मक,** (~ *bottle*) **प्रतिकारक,** प्रतिकर्ता, प्रतिक्रियाशील द्रव्य या शक्ति^F ।

real[1] री(रे)'अॅल् n. (स्पेन एवं स्पैनिश-भाषी देशोंमें) पुराना चाँदीका सिक्का, रील ।

real[2]* री'अॅल् a. अवितथ, तथ्यपूर्ण, **यथार्थ,** याथार्थिक, **वास्तव, वास्तविक,** सत्य, तात्त्विक, **असल,** असली*, सच्चा* (~ *value*); अन्वर्थ, अकृत्रिम, अकल्पित, प्राकृतिक, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सहज; (विधि०) स्थावर, अचल (~ *estate*); ~ life यथार्थ जीवन; ~ property भूसम्पत्ति^F; the ~ (आदर्शके विपरीत) यथार्थ;

~ axis, ~ cort, ~ definition, ~ earning, ~ estate, ~ focus, ~ form, ~ gas, ~ image, ~ issue, ~ line, ~ mix, ~ number, ~ proposition, ~ servitude, ~ substance, ~ union, ~ wages.

real[3] ⊙ adv. =REALLY.

realgar रि'अॅल्'गर् n. (चि०) **मनःशिला^F, मनःशिल, मनसिल** ।

realign रीअॅलाइन्' v. t. पुनर्व्यवस्थित करना, पुनः क्रमबद्ध करना, फिरसे पंक्तिबद्ध करना ।

realism री'अॅलिज़्म् n. **यथार्थवाद,** वास्तववाद, व्यावहारिक-विचार, व्यावहारिक रीति-नीति^F; चित्रण-की यथार्थता^F, प्राकृतिक प्रतिबिम्बन, यथार्थ विवरणपर बल ।

realist –लिस्ट् n. & a. यथार्थवादी, वास्तववादी ।

realistic –'टिक् a. याथार्थिक (~ *method*); यथार्थवादी, वास्तववादी, जगत्‌को सत्य माननेवाला ।

reality –अॅ'लिटि n. यथार्थता, याथार्थ्य, (दर्श०) **वास्तविकता^F,** (~ *principle*), तात्त्विकता^F, मूलरूपता^F (*reproduced with startling* ~); तथ्य, सत्य, सत्यता, **सत्ता^F,** वस्तुस्थिति^F, मूलरूप, प्रकृत-स्वरूप, सचाई^F, असलियत^F, हक़ीक़त^F; *in* ~ यथार्थतः, तत्त्वतः, सचमुच, वस्तुतः ।

realizability रीअॅलाइज़ॅबि'लिटि n. प्राप्यता^F, रोकरणीयता^F ।

realizable –अॅलाइज़ॅबॅल् a. प्राप्य, प्राप्तव्य; रोककरणीय, काबिल वसूली; अनुगम्य; कार्यान्वित होने योग्य, परिणत होने योग्य; विक्रेय ।

realization –ज़े'शॅन् n. प्राप्ति^F, ग्रहण, आदान; रोककरण, संग्रह (अर्थ०, का०) **उगाहना,** (अर्थ०) उगाही^F, **वसूली^F,** सिद्धि^F, निष्पत्ति^F, पूरण, सम्पादन, साधन; प्रत्यक्षीकरण; आत्मज्ञान, आत्मदर्शन; ~ account (वाणि०) **नकदीकरण लेखा;** ~ feeling (दर्श०) **सिद्धिजन्य भावना^F** ।

realize –अॅलाइज़् v.t. (किसी आशा^F या उपाय इत्यादिको) साधना, सिद्ध करना, चरितार्थ करना, पूर्ण करना, पूरा करना, क़र दिखाना; प्रत्यक्ष करना, स्पष्ट करना, स्वरूप देना, साकार कर देना, चित्रित करना, खड़ा कर देना (*these details help to* ~ *the scene*); अनुभव करना, समझ लेना; सटीक अनुमान लगाना, ठीक अन्दाज लगाना; यथार्थ रूपमें देखना, हूबहू नकशा खींच देना; (निधि^F, सम्पत्ति^F इत्यादि) बेच या बदलकर नगदी बनाना; (धनराशि^F, नियत लाभ इत्यादि) संग्रह करना; बटोरना, उगाहना, वसूल करना; मूल्य लगाना, दाममें उठाना, बेचना ।

realized –ड् a. प्राप्त; रोककृत; सिद्ध, प्रत्यक्षीकृत ।

realizedness –निॅस् n. (दर्श०) **सिद्धता^F** ।

realliance रीअॅलाइ'अॅन्स् n. पुनर्मैत्री^F, पुनः सहयोग, पुनः सन्धि^F ।

really रि'अॅलि adv. यथार्थतः, वस्तुतः, निश्चयतः, वास्तवमें, सचमुच, दरअसल; मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ, ~ ? क्या आपका यही अभिप्राय है ? यही बात^F है क्या ?

realm रे'ल्म् n. राष्ट्र, राज्य, देश; प्रान्त, प्रदेश, मण्डल, क्षेत्र, (जीव०) **परिमण्डल;** विषय (*in the entire* ~ *of literature*) ।

realness री'अॅल्-निॅस् n. अवितथता^F, तथ्यपूर्णता^F, यथार्थता^F, याथार्थिकता^F, वास्तवता^F, वास्तविकता^F, सत्यता^F; तात्त्विकता^F, असलीपन, सच्चापन; अन्वर्थता^F, अकृत्रिमता^F, अकल्पितता^F, प्राकृतिकता^F, नैसर्गिकता^F, स्वाभाविकता^F, सहजता^F ।

real-politik रेआल् पॉलिटीक् n. वास्तविक राजनीति^F, यथार्थ राजनीति^F ।

realtor री'अॅल्टॉर् n. सम्पत्ति-अभिकर्ता, जायदाद^Fका एजेण्ट ।

realty –अॅल्टि n. स्थावर सम्पत्ति^F, अचल सम्पत्ति^F ।

ream[1] रीम' n. (कारतूस^Fके कोष या खोल आदिका) पेंदा, सिरा, छोर; (नौवि०) सन्धि^F, जोड़ ।

ream[2] n. (बोल०, विशे० इंग्लैण्डके द०-पश्चिममें; कच्चे दूधकी) मलाई^F, बालाई^F, झाग ।

ream[3] n. विंडी^F, **रीम^F** (कागजके २० दस्ते); कागजका ढेर, ढेरों कागज (*wrote* ~ *s & ~s of verse*) ।

ream[4] v.t. (बर्मा या टेकुएसे, धातु^Fको छेदकर) चौड़ा करना, बड़ा बनाना; छेद करना ।

reamer री'मर n. (चि०) परिछिद्रक, बर्मा, टेकुआ, **छिद्रवर्धक,** दाँतोंके छिद्रोंको बढ़ानेके लिए; (रेल०) T.; ~ out (रेल०) **परिरूपण** ।

reanimate रीअॅ'निमेट् v.t. अनुप्राणित करना, नया प्राण फूँकना, नयी जान^F डालना; पुनश्चेतन बनाना, पुनः सजीव कर देना, पुनर्जीवित कर देना, दुबारा जीवन देना ।

reanimation –मे'शॅन् n. अनुप्राणन, पुनः प्राणसंचार, **पुनरुज्जीवन,** पुनर्जीवन, **पुनर्जीवित करना** ।

reap रीप् v. i. & t. शस्यच्छेदन करना, (फसल^F इत्यादि) काटना, लवना, मशीन^Fसे काटकर संग्रह करना; (ला०) फसल^Fकी तरह संग्रह करना, परिणाम पाना,

फल भोगना; ~ *as one has sown* कियेका फल पाना, जैसी करनी^F तैसी भरनी^F, बोया पेड़ बबूलका आम कहाँ ते खाय; ~ *the fruits of* फल भोगना; *sow wind and* ~ *whirlwind* जैसा कर्म वैसा फल।

reaper –'पॅर् n. अभिलवक, शस्यसंग्रही (कृषि०) **फसल-कट**, काटनेवाला, लवनेवाला, कटैया, (कृषि०) **रीपर**।

reaping¹ –पिंग् n. अभिलवन, छेदन, कर्तन, कटाई^F, (कृषि०) **काटना**।

reaping² a. छेदक, कर्तक, काटनेवाला: ~-hook हँसिया^F; ~-machine कटाई^F की मशीन^F।

reapparel रीॲपॅ'रॅल् v.t. पुनः सज्जित करना, फिरसे कपड़े पहनना या पहनाना।

reappear रीॲपीॲर' v. t. पुनः प्रकट होना, फिरसे उपस्थित होना, दुबारा हाजिर होना।

reappearance –रॅन्स् n. पुनरुपस्थिति^F, पुनः प्रकाशन, पुनरागमन, पुनर्दर्शन, **उन्मीलन**।

reappoint रीॲपाऍन्ट् v.t. पुनर्नियुक्त करना, पुन-र्नियोजित करना, फिरसे नियुक्त करना, फिरसे (किसी कार्यपर) लगाना।

reappointment रीॲपाऍन्ट्'मॅन्ट् n. **पुनर्नियुक्ति^F**, पुनर्नियोजन, दुबारा पद या स्थान मिलना, फिरसे लगना।

reappropriation रीॲप्रोप्रिॲ'शॅन् n. **पुनर्विनियोग** (~*budget*), पुनर्विनियोजना।

rear¹ रीॲर' n. (सैन्य इत्यादिका) पश्च भाग, **पृष्ठ भाग**, सबसे पिछला हिस्सा, पिछवाड़ा, पिछाड़ी^F; (स्थान, शिविर, व्यक्ति आदिका) पृष्ठ देश; (बोल०) शौचगृह, पाखाना, नाबदान; *take enemy in the* ~ शत्रुपर पीछेसे आक्रमण करना।

rear² v.t. & i. ऊर्ध्वीकृत करना, ऊपर उठाना, सीधा खड़ा करना (प्रायः भाषण इत्यादिमें), ~ *a pillar, cathedral*); उत्पन्न करना या होना, उद्भूत होना, उगाना, पैदा करना या होना; पोषण करना, पालना, (जीव०) **पालन-पोषण करना**, पोसना; पढ़ाना, सिखाना; संस्कार करना, सुधारना; वपन करना, बोना, बढ़ाना; (घोड़े इत्यादिका) पिछले पैरोंपर खड़ा होना, अल्फ हो जाना।

rear³ a. पश्च, **पृष्ठ-**, **पिछला**, पीछेका (~ *wind*); ~ admiral (परि०) **सहनौबलाध्यक्ष**; ~ guard पृष्ठानीक, अनुबल, पृष्ठारक्षी; पृष्ठरक्षी; **चँदावल दस्ता**; ~most पश्चतम, पृष्ठतम, सबसे पिछला, अन्तिम; ~-rank (पैरेडमें) दूसरी पंक्ति^F;

~ axle, ~ crosspiece, ~ headquarter, ~ mounted, ~ party, ~ quarter, ~ rally.

rearer –'रॅर् n. पोषक, पालक; अलफ हो जानेवाला घोड़ा।

rearing –रिंग् n. उत्थापन; भरण, पोषण, संवर्धन, (कृषि०, जीव०) **पालन-पोषण**, **पालन**, **पालना**; ~ pond **पालन-पोषण ताल**।

rearm रीआर्म्' v. i. & t. पुनः शस्त्रीकृत करना, (सैन्यको) शस्त्रास्त्रोंसे पुनः सुसज्जित करना।

rearmament –मॅमॅन्ट् n. पुनः शस्त्रीकरण, पुनर-स्त्रीकरण।

rearrange रीॲरेन्ज्' v.t. पुनर्विन्यास करना, फिरसे व्यवस्थित करना, फिरसे ठीक-ठाक लगाना।

rearranged –ड्' a. पुनर्विन्यस्त, पुनर्व्यवस्थापित, क्रमबद्ध।

rearrangement –ज्'मॅन्ट् n. (रसा०) **पुनर्विन्यास**, पुनःरचना^F, पुनर्व्यवस्था^F, पुनर्व्यवस्थापन।

rearward रीॲर्'वॅर्ड १. a. पश्च, पृष्ठ, पिछला; २. adv. (-s) पश्चाभिमुख, पृष्ठाभिमुख, पीछेकी ओर।

reason¹* री'ज़ॅन् n. मीमांसा^F, (ग०, भौ०) **हेतु**, (शिक्षा०) **तर्क**, (दर्श०) **तर्कना^F**, **तर्कबुद्धि^F**, युक्ति^F, दलील^F; प्रयोजन, अभिप्राय, आशय, (भौ०, ग०) **कारण***, जगह^F; युक्तियुक्तता^F, युक्तता^F, न्याय्यता^F; प्राज्ञान, **प्रज्ञा^F**, ज्ञान, बोध; विमर्श, विवेक, शुद्ध बुद्धि^F; चैतन्य, चेतनता^F (*has lost his, is restored to* ~), संयम, समझ-बूझ^F; **अलौकिक अनुभूति^F**, **अन्तर्दृष्टि^F**, **अतीन्द्रियता^F**, **अवश्यभावि नियम**; प्रज्ञाशक्ति^F, विचारणाशक्ति^F, चिन्तनशक्ति^F; ~ of State राजकार्य, राजनीतिक समाधान; *by* ~ *of* के कारण।

reason² v. i. & t. (सम्बद्ध विचार द्वारा) निष्कर्ष निकालना, परिणाम निकालना; तर्क करना, विचारपूर्वक सिद्धान्त लाना; परीक्षा^F करना, विचार करना; तर्करूपेण प्रकट करना, प्रतिवादरूपमें व्यक्त करना; वादविवाद करना, बहस^F करना; (फल, परिणाम इत्यादि) अनुमान कर लेना, सोच लेना, समझ लेना; मनाना, समझना-बुझाना, कायल करना, दलील^F करके समझा लेना (*tried to* ~ *him out of his fears*)।

reasonable –नॅबॅल् a. युक्त, (विधा०) **युक्तियुक्त**, युक्तिसंगत, विचारपूर्ण, विवेकयुक्त, बुद्धिसम्मत, न्याय्य, न्यायसंगत, तर्कानुमोदित, (का०) **सयुक्तिक**, युक्तिसिद्ध, मीमांसानुकूल, **उचित**, समुचित, यथोचित, ठीक; पर्याप्त; अनुत्पीड़क; मितव्ययी; आशानुरूप; मर्यादापूर्ण;

~ assistance, ~ belief, ~ care, ~ cause, ~ certainty, ~ charges, ~ conduct, ~ diligence, ~ doubt, ~ efforts, ~ facilities, ~ interference, ~ measures, ~ mind, ~ notice, ~ opportunity, ~ precaution, ~ proof, ~ sense, ~ sum, ~ suspicion, ~ terms, ~ time, ~ use.

reasonableness –निॅस् n. युक्ति^F, युक्तियुक्तता^F, **तर्क**, संगतता^F, विवेकयुक्तता^F, बुद्धिसम्मतता^F, न्याय्यता^F, उपपत्ति^F, औचित्य, अनतिक्रम; परमितता^F; आशानु-रूपता^F; कामचलाऊपन।

reasoner –नॅर् n. नैयायिक, हैतुक, हेतुवादी, तार्किक, विचारक।

reasoning –निंग् n. हेतुवाद, (शिक्षा०, दर्श०) **तर्क**, युक्ति^F, ऊहापोह, विचार, दलील^F, बहस^F; तर्कणा^F,

तर्कना^F, तर्क करना।

reasonless –न्‌लि॑स्‌ a. अयौक्तिक, तर्कहीन, अहैतुक, निष्कारण, अकारण, असार, युक्तिरहित, विचार-शून्य, बुद्धिहीन।

reassemble रीॲसे॑म्‌'ब॑ल्‌ v.i. & t. पुनस्समवेत करना, **पुनः संयोजन करना**, पुनः एकत्र करना या होना, दुबारा इकट्ठा करना या होना।

reassess रीॲसे॑स्‌' v.t. पुनराकलन करना, पुनर्निश्चित करना, दुबारा निश्चित करना, दुबारा जाँचना या कूतना।

reassessment –'मॅन्ट्‌ n. पुनराकलन, पुनर्निश्चयन, **पुनर्निर्धारण**, पुनर्निश्चय।

reassurance रीॲशुॲ'रॅन्स्‌ n. पुनः प्रतिपत्ति^F, पुनः आश्वासन।

reassure –र्‌ v. t. पुनः आश्वस्त करना, पुनः विश्वास दिलाना, आशंकाएँ^F दूर करना, फिरसे विश्वास दिलाना।

reassuring –'रिंग्‌ a. विश्वासवर्द्धक, पुनराश्वासनप्रद, पुनर्विश्वासप्रद।

reasty रीॲस्टी a. कडु, दुर्वास, तीव्रगन्धि, दुर्गन्धी, पूतिगन्धयुक्त, बदबूदार।

reata रिआ'टॅ n. काष्ठ-रेखाएँ^F, लकड़ी^Fपरकी लम्बी धारियाँ^F।

reave, reive रीव,'रीव्‌' v.i. & t. (प्रा०, का०; बलपूर्वक) हरण करना; छीन ले जाना, उचक ले जाना, उड़ा ले जाना।

reback रीबैक्‌' v.t. प्रत्यर्पण करना, पुनः वापस करना।

rebarbative रीबार्‌'बॅटिव्‌ a. जुगुप्स्य, जुगुप्साई, घृण्य, घृणार्ह, घृणास्पद, घिनौना।

rebate[1] री'बेट्‌, रिबेट्‌' n. अवहार, अवहरण, (अर्थ०) घटौती^F, **कटौती**^F, (वाणि०) **छूट**^F, कमी^F, **बट्टा**, मिनहाई^F, मोजराई^F; (यंत्र) **पताम** (~ *plane*)।

rebate[2] रि॑बेट्‌' v.t. अवहरण करना, अपहरण करना, क्षीण करना, मन्द करना, कमी^F करना, छूट^F देना, घटाना; धार^F मारना, खोटा करना।

rebate[3] रै॑'बिट्‌, रिबेट' n. & v.t. =RABBET.

rebating रि॑'बेटिंग्‌ n. (यंत्र०) **पताम बनाना**।

rebato n. रिबटो, एक प्रकारका कालर।

rebec (k) री'बे॑क्‌ n. (तीन तारोंका मध्यकालीन वाद्य) बेला, सारंगी^F या चिकारेका पूर्वरूप।

rebel[1] रे॑'वॅल्‌ n. & a. राजद्रोही, विद्रोही, विप्लवी, बागी।

rebel[2] रि॑बे॑ल्‌' v. i. राजद्रोह करना, विद्रोह करना, बगावत^F करना; (किसी रीति^F इत्यादिसे) विराग रखना, द्वेष रखना।

rebellion –'ल्यॅन्‌ n. सशस्त्र विद्रोह, (राज०, का०) **विद्रोह, अभिद्रोह**, राजद्रोह, विप्लव, प्रजा-क्षोभ, उल्लंघन, बगावत^F, गदर।

rebellious –यॅस्‌ a. राजद्रोही, विद्रोही, विप्लवकारी, बागी (~ *mob*); (रोग, व्यसन आदि) दुःसाध्य; निरंकुश, अदम्य, दुर्दमनीय, अविनीत, अ-वश्य, अनाज्ञाकारी।

rebelliousness –नि॑स्‌ n. विद्रोहशीलता^F, निरंकुशता^F, द्रोह, विप्लवकारिता^F।

rebellow रि॑बे॑'लो v. i. & t. (का०) घोर प्रतिध्वनि^F करना, जोरसे गूँजना।

rebind रीबाइन्ड्‌' v.t. पुनः जिल्द^F बनाना, फिरसे बाँधना।

rebirth रीबर्थ्‌' n. पुनर्जन्म।

rebite रीबाइट्‌' v.t. (तेजाब आदिसे) पुनः कर्तन करना, फिरसे काटना।

reboant रे॑'बोॲन्ट्‌ a. (का०) प्रतिध्वनित, प्रतिशब्द-रूप।

reboil रीबाएॅल' v.t. (रसा०) **पुनः स्फुटन करना**।

rebound[1] रि॑बाउन्ड्‌' n. **प्रतिक्षेप**, प्रतिघात, प्रतिस्कन्दन, (भौ०) **प्रत्यास्कन्दन, प्रतिध्वनि**^F; **उच्छलन**^F, पलट पड़नेकी क्रिया^F; (ग०) उत्पतन।

rebound[2] v. i. **प्रतिक्षिप्त होना**, प्रतिहत होना, प्रतिस्कन्दित होना, प्रत्यास्कन्दित होना, प्रतिध्वनित होना; उत्पतन करना, **टकरा कर लौटना**, पलट पड़ना, फिरना, उलट आना (*our evil example will ~ upon ourselves*); प्रतिघात करना।

rebounder –'डॅर्‌ n. प्रतिक्षेपक, प्रतिघातक, प्रतिस्कन्दक, प्रत्यास्कन्दक, प्रतिध्वनक।

rebroadcast रीब्रोड्‌'कास्ट्‌ १. n. **पुनः प्रसार**, पुनः प्रसारण; २. v. i. पुनः प्रसारित करना।

rebuff[1] रि॑बफ्‌' n. प्रतिक्षेप, निग्रह, अवरोध, बाधा^F, प्रतिबन्ध, रुकावट^F, रोक^F; प्रतिघात, पराभव, पराजय^F, हार^F; झिड़की^F, घुड़की^F, धुतकार^F।

rebuff[2] v.t. प्रतिक्षिप्त करना, निगृहीत करना, अवरुद्ध करना, रोकना; प्रतिहत करना, पराभूत करना, पराजित करना, हराना; झिड़कना, घुड़कना, धुतकारना।

rebuild रीबिल्ड्‌' v.t. पुनर्निर्माण करना; फिरसे बनाना।

rebuilding –'डिंग्‌ n. पुनर्निर्माण।

rebukable रि॑ब्यू'कॅबॅल्‌ a. उपालम्भ्य, उपालम्भनीय, निर्भर्त्स्य, निर्भर्त्सनीय, निन्द्य, निन्दनीय, फटकारने योग्य।

rebuke[1] –क्‌' n. उपालम्भ, निर्भर्त्सना^F, निन्दा^F, झिड़की^F, घुड़की^F, डाँट^F; फटकार^F, धुत्कार^F।

rebuke[2] v.t. उपालम्भ देना, निर्भर्त्सना^F करना, निन्दा^F करना, झिड़की^F देना, डाँटना, डपटना, फटकारना, धुतकारना, धमकाना।

rebukeful –फुल्‌ a. सोपालम्भ, निर्भर्त्सनामय, निन्दापूर्ण।

rebuker –'कॅर्‌ n. उपालम्भक, निर्भर्त्सक, निन्दा करनेवाला, झिड़कनेवाला, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, धुत्कारनेवाला, धमकानेवाला।

rebus री'बॅस्‌ n. (चित्र द्वारा) शब्द-प्रकाश, शब्द आदिका गूढ़ वर्णन; कूट^F, **चित्रलिपि**^F, (~*writing*), प्रहेलिका^F, पहेली^F, बुझौवल^F।

rebut रि॑बट्‌' v.t. विरोध करना, (का०) **खण्डन करना**, मिथ्या सिद्ध करना, **काट करना**; पीछे ढकेलना, पीछे हटाना, रोक देना।

rebutment, rebuttal –'मॅन्ट्, –'टॅल् nn. विरोध, (का०) **खण्डन, काट**F (~ *evidence*), पीछे हटानेकी क्रियाF ।

rebuttable –'टॅबॅल् a. (कानून) खण्डनीय; खण्ड्य (~ *presumption*), काट्य ।

rebuttal –'टॅल् n. दे० REBUTMENT.

rebutted –'टिड् a. खण्डित, पराभूत, पराजित ।

rebutter –'टॅर् n. विरोधक, खण्डयिता; पराभूत करनेवाला, पराजित करनेवाला; (का०) **खण्डन, काट,** खण्डनोत्तर, प्रत्युत्तर ।

rebutting –'टिंग् a. (कानून) खण्डनकारी, काटनेवाला (~ *evidence*) ।

Rec. *recipe*, take; receipt; record.

recalcitrance रि'कैल्'सिट्रॅन्स् n. अविनयF, हठधर्म, अनुशासनहीनताF, उपेक्षाF, अवज्ञाF ।

recalcitrant –न्ट् n. & a. (राज०) **उपेक्षक पक्ष;** अविनयी, हठधर्मी, अनुशासनहीन, उपेक्षक ।

recalcitrate –ट्रेट् v. i. अविनयी होना, अनुशासनहीन होना, दुर्विनीत होना, अवज्ञाF करना ।

recalcitration –ट्रे'शॅन् n. अविनयF, अनुशासनहीनताF, दुर्विनयF, दुराग्रह, दुर्दमनीयताF, हठ, जिदF ।

recalesce रीकॅले'स' v. i. पुनरुष्ण होना, फिरसे गरम हो जाना ।

recalescence –न्स् n. (रसा०) **पुनर्दीप्तिF, पुनरुद्दीपन,** पुनरुष्णन, पुनरुष्णीकरण, फिरसे गरम करना या होना ।

recalescent –न्ट् a. (रसा०) **पुनर्दीप्त,** पुनरुष्णीकृत ।

recall[1] रि'कॉल्' a. **प्रत्याह्वान,** (शिक्षा०) **प्रत्यावाहन,** पुनःस्मरण, प्रत्यावर्तन, प्रत्यानयन, **वापस बुलाना, बुलाना, वापस माँगना,** (विदेशमें की हुई) नियुक्तिF रद्द करना; (जलपोत इत्यादिका) प्रत्यावर्तन-संकेत, लौटानेकी झण्डीF; वापस लेनेकी सम्भावनाF (*beyond, past*, ~); ~ method (शिक्षा०) **प्रत्यास्मरण प्रणालीF** ।

recall[2] v.t. प्रत्याह्वान करना, प्रत्यावर्तित करना, पुनः स्मरण करना, लौटाना, पलटाना, वापस बुलाना; (समुद्र-पार भेजे हुए अधिकारीको) पदच्युतिF करना, नियुक्तिF रद्द करना या मन्सूख करना, काटना; प्रत्यास्मरण करना, स्मरण करना, यादF करना; (उपायन, पुरस्कार या भेंटF इत्यादि) वापस लेना, लौटाना ।

recallable –'लॅबॅल् a. प्रत्याह्वानीय, प्रत्यावर्तनीय, प्रत्यानेय, पुनः स्मरणीय, लौटाने योग्य; रद्द करने योग्य, मन्सूख करने लायक ।

recalled –ल्ड्' a. प्रत्याहूत, प्रत्यावर्तित, प्रत्यानीत, वापस बुलाया गया ।

recant रि'कैन्ट्' v.t. & i. (गलतीF स्वीकार करके) पूर्वमत परिवर्तन करना, बातF वापस लेना, फेरना; रद्द करना ।

recantation –'टे'शॅन् n. प्रत्यादेश, प्रत्याख्यान, खण्डन, पूर्व मत-परित्याग, बातFकी वापसीF, इन्कार ।

recapitulate रीकॅपि'ट्यूलेट् v.t. संक्षेपावृत्तिF करना, संक्षेपमें कहना, शीर्षक पढ़ देना, सरसरी तौरपर दुहरा देना ।

recapitulation –ले'शॅन् n. (शिक्षा०) संक्षेपावृत्तिF, **संक्षिप्तावृत्तिF, सार कथन,** संक्षिप्त पुनर्कथन, आवृत्तिF, दोहराव, **दोहराना,** (विशे०, प्राणिवि०) भ्रूणोंकी पुनरुत्पत्तिF, **पूर्वजन्मावर्तन;** ~ theory (वन०, जीव०) **पुनरावर्तन सिद्धान्त** ।

recapitulative, recapitulatory रीकॅपि'ट्यूलेटिव्, –टॅरि aa. सूक्ष्म पुनरावृत्ति-विषयक; पुनरुत्पत्ति-सम्बन्धी ।

recaption रि'कैप्'शॅन् n. (का०) पुनर्ग्रहण, पुनः-संग्रहण, प्रत्यादान, वापसीF; प्रतिकार, प्रतिक्रियाF, बदला ।

recaptor रीकैप'टॅर् n. पुनरधिकर्ता, पुनर्हस्तगतकर्ता, पुनर्ग्रहीता, फिरसे पकड़नेवाला ।

recapture[1] –च्युअॅर् n. पुनर्बन्दीकरण, **पुनः बन्दीकरण** ।

recapture[2] v.t. पुनर्बन्दीकृत करना, (राज०) **पुनः बन्दी बनाना,** पुनः हस्तगत करना, पुनरधिकृत करना, पुनः जीत लेना, फिरसे हथियाना या पकड़ना ।

recast[1] रीकास्ट्' n. समुन्नत व्यवस्थाF; नयी आकृतिF, नया रूप या साँचा ।

recast[2] v.t. व्यवस्थाF सुधारना, अच्छा इन्तजाम करना; नया रूप देना, फिरसे ढालना ।

recd. received.

recede रि'सीड्' v. i. पश्चापसरण करना, प्रतिसरण करना, निवर्तित होना, पीछे हटना, वापस होना, लौटना; बदल जाना; (गुण, मूल्य या उपादेयताFमें) घटना, कम हो जाना ।

receding –'डिंग् १. n. अपसरण, अपक्रमण; २. a. पश्चप्रवण, पश्चागामी (~ *difference*), पृष्ठाभिमुख, पीछेकी ओर जानेवाला ।

receipt[1]* रि'सीट्' n. प्राप्त द्रव्य, वसूल रकमF; (वाणि०) **वसूलीF;** (वाणि०, अर्थ०) **प्राप्तिF,** आदान, ग्रहण, आगम, स्वीकृतिF (*entrusted with the ~ of subscription*); प्राप्तिकाF, प्राप्तिपत्रक, भरपायीF, **पावतीF,** पहुँचF*, (अर्थ०) **रसीदF*;** **आयF;** (प्रा०) राजकीय ढंगसे धन ग्रहण करनेका स्थान; (pl.) **आयF; प्राप्तियाँF;** प्राप्त कागजपत्र;

~ book, ~ certificate, ~ challan, ~ clerk, ~ deliverer, ~ diary, ~ group, ~ inspection, ~ memoranda, ~ paper, ~ register, ~ side, ~ slip, ~ stamp, ~ voucher, ~ writer.

receipt[2] v.t. (बिल, बीजक या हुण्डीFकी) प्राप्तिF अंकित करना, पहुँच लिखना, प्राप्तिF छापना, रसीदF लिखना या छापना ।

receivable रि'सी'वॅबॅल् a. प्राप्य, प्राप्तव्य ।

receive –व्' v. t. **प्राप्त करना या होना,** ग्रहण करना, **पाना,** लेना; प्रतिगृहीत करना, प्रतिग्रहण

करना, स्वीकार करना; अधिकारमें लेना, हस्तगत करना (~ *stolen goods*); पकड़ना; भार सहना, बोझ उठाना; विरोधका सामना करना; समाना, अँटाना, समाने देना, अमाना, घुस पाना, गुंजायशF करना; शरणF लेना; मानना; पात्र बनाना; आतिथ्य करना, स्वागत करना, सत्कार करना, अगवानीF करना, खातिर करना, बढ़कर लेना (*shall not be ~d at my house*); उपार्जन करना, पाना, मिलना, दिया जाना, जोड़ दिया जाना (*have not yet ~ed my dividend*); सम्मिलित होना, भाग लेना, हिस्सा लेना, हाथ बँटाना, शरीक होना।

received –ड्' a. प्राप्त, लब्ध, आदत्त, गृहीत, पाया, मिला हुआ; आगत (~ *traffic*)।

receiver –'वॅर् n. सहनेवाला, सामना करनेवाला; सम्हालनेवाला; आतिथ्य करनेवाला, स्वागत करनेवाला, सत्कार करनेवाला, अगवानीF करनेवाला; **आदायक, लेनेवाला; प्रापक, पानेवाला;** सम्प्रापक, (भौ०) **प्राप्ता, संग्राही, ग्रहीता,** (रसा०) **ग्राही,** प्रतिग्राहक, आदाता, अमीन; आड़F (चोरोंFका मामला छिपानेवाला); (रेडियो) ग्राहित्र, ग्राहक-यन्त्र, ग्राहकांग, **चोंगा** (यन्त्रमें कुछ रखनेके लिए बना) रिक्त स्थान, आधान, भाजन, पात्र, T.

receivership –शिप् n. सम्प्रापक पद, आदातृत्व, प्रतिग्राहक या अमीनका पद।

receiving –विंग् १. n. प्रापण, प्रतिग्रहण, आदान, प्राप्त करना; २. a. संग्राही, ग्राहक, आदानी; ~ state प्रतिग्राही राज्य, **ग्राही राज्य;** ~ country **शरणदाता राज्य;**

~ apparatus, ~ attention, ~ centre, ~ ~ channel, ~ department, ~ epoch, ~ flask, ~ jail, ~ note, ~ office, ~ officer, ~ order, ~ set, ~ station, ~ unit.

recency रीसॅन्सि n. अभिनवताF, प्रत्यग्रताF, नवीनताF, नूतनताF (~ *effect*), आधुनिकताF, नयापन, ताजगीF।

recension रि'सॅन्'शन् n. पुनरालोचनाF, पुनरावलोकन, पुनर्विचार, संशोधन, संशोधित संस्करण, आवृत्तिF।

recent रीसॅन्ट् a. अपुरातन, अनतिप्राचीन, (प्रा० भू०) **अभिनव** (~ *era*), प्रत्यग्र; अर्वाचीन (~ *epoch*), नव्य, नवीन, नव, नूतन, आधुनिक, हालका (~ *advances, work*); अचिर-प्रसूत, अदीर्घकालीन, नया, ताजा, आजकलका, अभीका।

recently –लि adv. हालमें; अभी-अभी।

recentness –निस् n. अभिनवताF, प्रत्यग्रताF, नूतनताF, नवीनताF, आधुनिकताF, नयापन, ताजगीF।

recept रीसॅप्ट् n. (दर्शन०) मनश्चित्र, मानस-चित्र, मानसिक चित्र, मनमें बननेवाली मूर्तिF।

receptacle रि'सॅप्'टॅकॅल् n. आधान, स्थान, भाजन, भाण्ड, (यंत्र०) **पात्र,** वर्तन; (रसा०) **ग्राही;** (वन०) (पौधेके अंगोंका) सामान्य आधार, (प्राणि०) **पुष्पधर, आधार; धानी; आशय;** आश्रय; (गुल्म, स्तवक या गुच्छका) अक्ष, पीनाक्ष।

receptacular –टॅक्यूलॅर् a. आधानवत्, भाण्डवत्, भाजनवत्, पात्रवत्, वर्तन-जैसा; धान्याश्मवत्, धान्याधानवत्, धान्यभाण्डवत्, अनाजके वर्तन-जैसा।

receptibility रि'सॅप्टिबि'लिटि n. प्राप्यताF, प्राप्तव्यताF, प्राप्यगुण-सम्पन्नताF, प्रापणीय गुण।

reception रि'सॅप्'शॅन् n. **स्वागत,** सत्कार, आदर, उपचार, सम्मान, अगवानीF; **स्वागत-समारोह; स्वागत-कक्ष,** आदान, स्वीकार; **आपान;** प्रवेश (*he was honoured by ~ into that Academy*); स्वागत-समारोह (*after the review there will be a ~*); **अभिग्राहिकाF,** ग्राहिका-शक्तिF, बुद्धिFकी ग्रहण-शक्तिF (*has a great faculty of ~*); (वितन्तु संकेतों या संज्ञप्तियोंFका) ग्रहण, प्रतिग्रहण, (भौ०) **संग्रहण,** प्रतिग्रह-पटुताF, ग्रहण-कुशलताF, ~ committee स्वागत-कारिणी समितिF; ~ order (पागलखानेमें पागलके) प्रवेशकी आज्ञाF; ~-room (प्रायः शयनागारके सामनेवाला) **स्वागत-कक्ष, स्वागत-कमरा,** मिलनेका कमरा; warm ~ शानदार स्वागत; (व्यंग्य) जबरदस्त विरोध;

~ area, ~ bay, ~ camp, ~ clerk, ~ officer, ~ report, ~ service.

receptionist –निस्ट् n. स्वागतकर्ता, स्वागतकर्त्री; **स्वागती;** (चित्रकार या दन्त-चिकित्सक इत्यादि द्वारा) ग्राहकोंके स्वागतार्थ नियुक्त व्यक्ति।

receptive –'टिव् a. आशुग्राही, ग्राही (~ *attitude*), आदायी, ग्रहणशील, आदानशील; (परि०) **लाभात्मक** (~ *tourism*) विचक्षण, मेधावी, तेज (*a mind more ~*); (भौ०) (वन०) **संग्रहणशील** (~ *apparatus*)।

receptiveness, receptivity –निस्, री(रे)-सॅप्'टिविटि nn. विचक्षणताF, मेधावीपन; आशुग्राह्यताF, द्रुतग्राह्यताF, (भौ०) **संग्रहणशीलताF, संग्राहकताF,** ग्रहणशीलताF।

receptor –टॅर् n. प्रापक, आदाता, (जीव०, शिक्षा०, चि०) **संग्राहक, ग्रहीता, ग्राहक;**

~ cell, ~ organ, ~ patches, ~ region.

receptrix –ट्रिक्स् n. प्रापिकाF, आदात्रीF, पानेवालीF।

recess[1] रि'सॅस्' n. विश्राम, **विश्रान्तिF,** विराम, कार्य-निवृत्तिF, **अवकाश,** मध्यावकाश, अल्पावकाश, कार्यावकाश, छुट्टीF, तातीलF; **विश्रान्तिकाल;** क्षेत्रावकाश; (वन०, जल, भूमिF, हिमनदीF इत्यादिका) अपसर्पण, पश्चगमन, प्रत्यावर्तन, वापसीF, पीछे लौटना; निगूढ़ स्थान, विविक्त स्थान, गुप्त स्थान, (चि०) **दरीF,** गुफाF, गुहाF, खोहF (*in the innocent ~es of heart*); (पर्वतका) पीछे खिसकनेवाला भाग; (दीवालFका) मण्डप, ताखा, विनौंचीF, आला; **कटाव, झिरी, खाँचा;** (श० र० शा०) किसी अंगका मोड़, सिकुड़नFका गड्ढा, दरी।

recess[2] v.t. गड्ढेमें रखना, खोडरेमें रखना; पोल बनाना, गड्ढे बनाना; आला बनाना; पीछे हटना; (मध्य,

अल्प) अवकाश लेना, आराम करना।

recession –'शन् n. पश्चायन, प्रतिसर, प्रतिसरण, अपसर्पण, पीछे हटना; संकोचन, सिमटना, सिकुड़ना; (किसी वस्तु^F का) पश्चगामी भाग; विराम; (अर्थ०) **सुस्ती^F**; व्यापारिक मन्दी^F ⊙।

recessional¹ रि'से'शॅनॅल् n. (उपासना-समाप्ति^F पर भजनमण्डली^F द्वारा गाया गया) भजन, गीत।

recessional² a. अवकाशी (~ *moraine*), (ब्रिटिश पार्लामेण्ट^F के) अवकाशसे सम्बन्धित।

recessive¹ रि'से'सिव् n. पश्चसम्बन्ध, (द्वितीय या तृतीय पीढ़ी^F में प्रकट होनेवाले) मूलपुरुषोंके अप्रकट लक्षण।

recessive² a. (कृषि०, वन०, जीव०) तिरोहित, पश्चापसारी, पश्चगामी, पीछे सरकनेवाला (~ *character*); (प्राणि०) **अप्रबल, अप्रभावी**, अधोभावी, अधःप्रभावी।

Rechabite रे'कॅबाइट् n. मद्यपान-विरोधी, शराब^F न छूनेवाला।

rechauffe (F) रिशो'फे n. उष्णीयित भोजन, गरम किया हुआ अन्न; गरमागरम भोजन; पुरानी लकीर दुहराना।

recheat रेशोफे' n. (शिकारीका) शृंगवादन, सींग बजाना।

recherche रॅशेॲर्'शे n. दुर्लभ, विरल, दुष्प्राप्य; अतिवांछित, अत्यभीप्सित, बढ़िया (शब्द या भोजन); यत्न-साध्य, सपरिश्रम तैयार किया हुआ।

rechurned रिचर्न्ड a. (कृषि०) **पुनर्मथित**, दोबारा बिलोया हुआ।

recidivation रि'सिडिवे'शॅन् n. (रोगका) पुनराक्रमण, दोहार।

recidivism रि'सि'डिविज़्म् n. (चि०) पुनरावर्तिता^F (रोगकी); प्रत्यावर्तिता^F, (अर्थ०) **अपराध-व्यसन**, अपराध-वासना^F।

recidivist –विस्ट् n. प्रत्यावर्ती, रोग-व्यसनी, अपराधरागी।

recidivous –वॅस् a. प्रत्यावर्तनीय, प्रत्यावर्तक, रोग-व्यसनी, अपराधरागी।

recipe¹ (L) रे'सिपि v.t. ले लें।

recipe² रे'सिपि n. अनुक्रमणिका^F, तालिका^F, फिहरिस्त^F; पर्ची^F, नुस्खा; उपचार, उपाय, उपकरण, साधन; युक्ति^F, (चि०) **योग**, तरकीब, तरीका।

recipiency रि'सि'पिॲन्सि n. प्राप्ति^F, प्रापकता^F, प्रतिग्राहकता^F, ग्रहणशीलता^F, आदान, ग्रहण।

recipient –न्ट् a. & n. प्रापक, प्रतिग्रहीता, प्राप्तिकर्ता, आदाता, प्राप्त करनेवाला, ग्रहण करनेवाला, **पानेवाला**।

reciprocal¹ रि'सि'प्रॅकॅल् n. उलटा, उलट-फेर (*1/5 is the ~ of 5*)।

reciprocal² a. मिथः, (कृषि०) **अन्योन्य, परस्पर**, (रसा०, तर्क०, गणि०) **पारस्परिक**; इतरेतर, आदानप्रदानात्मक, दोतरफा-, (रसा०, गणि०) **व्युत्क्रम** (~ *equation*), (का०) **व्यतिहारी**, सदृश, समान, मिलता-जुलता, हूबहू; अनुपूरक; पारस्परिक क्रिया-सूचक, **पारस्परिक सम्बन्ध-सूचक**; ~ fees प्रतिशुल्क; ~ proportion व्युत्क्रम-अनुपात।

~ arrangement, ~ bases, ~ basis, ~ combustion, ~ copulation, ~ cross, ~ demand, ~ determinant, ~ figures, ~ hybrid, ~ innervation, ~ levelling, ~ love, ~ mating, ~ matrix, ~ observation, ~ promises, ~ pronoun, ~ quartic, ~ relation, ~ spiral, ~ theorem, ~ translocation, ~ will.

reciprocality –कै'लिटि n. अन्योन्यता^F, पारस्परिकता^F, परस्परता^F, आदान-प्रदानात्मकता^F; सदृशता^F, समानता^F, मिलता-जुलता होना; अनुपूरकता^F; पारस्परिक-क्रिया-सूचकता^F, पारस्परिक-सम्बन्ध-सूचकता^F।

reciprocalness –'प्रॅकॅल्निस् n. = RECIPROCALITY.

reciprocate –केट् v.t. & i. विनिमय करना, आदान-प्रदान करना, अदला-बदली^F करना; (~ *greetings*); प्रतिदान करना, प्रतिफल चुकाना।

reciprocating –टिंग् a. व्यतिहारी; पश्चाग्र, आगे-पीछे चलनेवाला; ~ saw (यन्त्र०) **सीधा आरा**;

~ compressor, ~ engine, ~ motion, ~ pump, ~ territory.

reciprocation –के'शॅन् n. (ग०) **व्युत्क्रमण**; विनिमय, आदान-प्रदान, व्यतिहार, लेन-देन, अदल-बदल, हेरफेर।

reciprocative –'प्रॅकेटिव् a. व्यतिहारपूर्ण, आदान-प्रदानात्मक; परिवर्तनशील, पारस्परिक।

reciprocator –टॅर् n. विनिमेता, आदान-प्रदाता, प्रतिदाता, अदला-बदली^F करनेवाला।

reciprocity रे'सिप्रॉ'सिटि n. पारस्पर्य, **पारस्परिकता^F**, **परस्परता^F, अन्योन्यता^F** (~ *theorem*), आपसदारी^F; (का०) **व्यतिहार**; विनिमय-सिद्धान्त, आदान-प्रदान-नीति^F।

recision रि'सि'ज़न् n. निराकरण, अपखण्डन, विच्छेदन, रद्द कर देना।

recital रि'साइ'टॅल् n. आख्यान, वर्णन, विवरण; **प्रस्तुति^F**, प्रपठन, वाचन, उच्चारण, (सस्वर) पाठ करना; (संगीतज्ञका) गान, गायन, (का०) उपकथन।

recitation रे'सिटे'शॅन् n. प्रपठन, वाचन, उच्चारण, सस्वर पाठ, **पाठ, काव्य-पाठ**, नाद-साधना^F, गायन, गाना; वर्णन; स्मृति-पाठ; उद्धरणी^F; ~ period ⊙ पाठका समय, पठन-काल, वाचन-समय; ~-room ⊙ पाठकक्ष, कक्षा^F, क्लासरूम।

recitative¹ रे'सिटॅटीव्, रीसि'टॅटिव् n. संगीत-कौशल, संगीत-चातुरी^F; संगीत-आलाप, बोल।

recitative² a. पठनात्मक, वाचन-सम्बन्धी; संगीत-आलाप-सम्बन्धी, गायन-सम्बन्धी।

recite रि'साइट्' v.t. & i. प्रपठन करना, पाठ करना,

पढ़ना, सुनाना; (क़ानून) तथ्य कथन करना, उपकथन करना, बातें सुनाना; वर्णन करना, कहना; क्रमानुसार गणना^{F} करना; स्मरणशक्तिसे कविता-पाठ करना, सस्वर पाठ करना, अलापना ।

reciter –'टॅर् n. पाठकर्ता, उच्चारक; नाद-साधक; सस्वर पाठक, सस्वरपाठ-पुस्तिका^{F} ।

reck रे`क् v. i. & t. (प्रा०, का०; ~ *of*) ध्यान देना, ख्याल करना, परवाह^{F} करना; व्यस्त रहना, चिन्तित करना या होना, परेशान करना या होना ।

reckless –'लिॅस् a. निरपेक्ष, असावधान; अदूरदर्शी, अपरिणामदर्शी; साहसिक, दुःसाहसी, उद्दण्ड, उतावला, निर्भय, निरातंक, बेधड़क; प्रमत्त, अचेत, लापरवाह, बेपरवाह, अन्धाधुन्ध ।

recklessness –निॅस् n. अविमृश्यकारिता^{F}, अविचारिता^{F}, अनवधान, प्रमाद, बेख़बरी^{F}, लापरवाही^{F}; दुःसाहस, साहसशीलता^{F} ।

reckon रे`कॅन् v.t. & i. (संख्या^{F}, मात्रा^{F} या परिमाण) स्थिर करना, निश्चित करना, तै करना, (विधा०) **संगणना करना,** (का०) **संख्यान करना; संख्या^{F} करना, गिनना;** सम्पूर्ण जोड़ लगाना (*I ~ 53 of them*); विशेषताएँ^{F} गिन लेना, कोटि^{F}में गिनना, श्रेणी^{F}-में रखना; विचारना, समझना, मानना (*~ him wise*); निष्कर्ष निकालना, नतीजा निकालना, हिसाब लगाना; दृढ़ विश्वास रखना; समाप्त करना, चुकता करना; आश्रित रहना; आधारित रहना, निर्भर रहना, आश्रित करना या होना ।

reckonable –नेॅबॅल a. संगणनीय (*~ service*) ।

reckoned –ड् a. संगणित, गिना हुआ ।

reckoner –नॅर् n. गणक, संगणक, गणना^{F} करनेवाला, हिसाब लगानेवाला ।

reckoning –निंग् n. गणना^{F}, गिनती^{F}, लेखा, हिसाब; (परि०) **संगणन,** अनुगणना^{F}, गणन, गणनापत्र; (विशे० सराय^{F} या मदिरालयकी) देयपत्रिका^{F}, बिल; day of ~ परिशोध-दिवस, बदला चुकानेका दिन, हिसाबका दिन; प्रलय-दिवस, कयामत^{F}का दिन ।

reclaim[1] रि`क्लेम्' n. पुनरावर्तन, पुनरवाप्ति^{F}, पुनर्लाभ; कुपथ्य-त्याग, सुधार ।

reclaim[2] v.t. & i. (नृशंसता^{F}, दुरवस्था^{F} आदिसे) उद्धार करना, मुक्त करना; शिष्ट करना, सभ्य बनाना, सँवारना, सुधारना, पालतू बनाना; सुपथपर लाना; कृष्य बनाना, कृषि-योग्य बनाना, उपजाऊ बनाना, जोतना-बोना; विरोध खड़ा करना, विरोधमें कहना ।

reclaimable –'मॅबॅल् a. पुनरावर्तन योग्य, सुधार योग्य; कृष्य, काबिल काश्त ।

reclaimed –म्ड्' a. उद्धृत, कृष्यकृत (*~ land*) ।

reclaiming –'मिंग् a. (नृशंसता^{F} इत्यादिसे) उद्धारक, मोचक; शिष्टकारक, सभ्यकारक, सुधारनेवाला; कृष्यकारक, कृषियोग्य बनानेवाला ।

reclaimless –म्'लिॅस् a. पुनरावर्त्तनहीन, पुनरवाप्ति-विहीन, पुनर्लाभ-विहीन; सुधाररहित ।

reclamation रे`क्लॅमे'शॅन् n. (वैक०) **संशोधन;** पापनिवृत्ति^{F}, उद्धार, मुक्ति^{F}, छुटकारा; सुधार; (कृषि०) भूमि-सुधार, कृष्यकरण, उपादेयकरण (*~ of land*); **भूमि-उद्धार, उपयोगी बनाना;** पुनर्ग्रहण, पुनर्लाभ ।

reclame (F) रे'क्लाम् n. ख्याति^{F}, कुख्याति^{F}, बदनामी^{F}; चालबाज़ी^{F}; ख्याति^{F} या कुख्याति^{F} पानेका ढंग; आत्मविज्ञापन, अपयश-संग्रह ।

reclassification रि`क्लॅसिफिके'शॅन् n. **पुनर्वर्गीकरण, दुबारा दर्जाबन्दी^{F}** ।

reclinate रे`'क्लिनॅट् a. अधोविलम्बित, अधोमुख, अधोनत, (वन०) **अवनत,** लटकता हुआ, झुका हुआ ।

reclination रि`क्लाइने'शॅन् a. अधोविलम्बन; मोड़, झुकाव; (ज्या०) उदग्रके साथ घस्त्रनीक कोण ।

recline –न्' v.t. & i. (प्रायः क्षैतिज अवस्था^{F}में) लिटाना, टिकाना, झुकाना; (तकिया^{F}पर) आश्रय लेना, झुककर बैठना, टेक^{F} लेना, सहारा लेना; (ला०) आश्रित होना, पूरा भरोसा रखना ।

reclined –ड्' a. अधोनत, (क्षितिजीय अवस्था^{F}में) पड़ा हुआ, लेटा हुआ, झुका हुआ; आश्रित ।

recliner –'नॅर् n. लिटानेवाला, टिकानेवाला, झुकानेवाला; (तकिये^{F} इत्यादिपर) आश्रय लेनेवाला, झुककर बैठनेवाला; टेक^{F} लेनेवाला, सहारा लेनेवाला; (ला०) पूरा भरोसा रखनेवाला ।

reclining –निंग् a. (वन०) आलम्बी, लटक, झुका, मुड़ा, लेटा; आश्रित, अवलम्बित; ~-chair रोगीकी आराम कुर्सी^{F} ।

recluse रि`क्लूस् a. & n. संन्यासी, विरागी, परिव्राजक, साधु, तपस्वी, तपस्विनी^{F}, एकान्तवासी ।

reclusion –क्लू'ज़न् n. एकान्तसेवन, विराग; एकान्तवास, एकान्त कारागार ।

reclusive –'सिव् a. एकान्तप्रिय, वैराग्ययुक्त ।

reclusory –सॅरि n. एकान्त कुटिया^{F}, एकान्त योगीकी गुहा^{F} ।

recoal रीकोल' v.t. (पोत या छकड़ेमें) फिरसे कोयला भरना ।

recognized ⊙रे`'कॉग्नाइज़्ड् a. **मान्य** (*~ agent*), **मान्यताप्राप्त, अभिज्ञात** ।

recognition रे`कॅग्नि'शॅन् n. प्रत्यभिज्ञा^{F} (*~ memory*), **अभिज्ञान,** परिज्ञान, **पहचान^{F},** (*~ bee*), शिनाख्त^{F}; प्रस्वीकरण, अंगीकार, स्वीकार, प्रतिपत्ति^{F}, **मान्यता^{F}**; ~ knowledge **प्रत्यभिज्ञान** ।

recognitive रि`कॉग्'निटिव् a. अभिज्ञानीय, परिज्ञानीय, पहिचान-सम्बन्धी, शिनाख्तका; प्रस्वीकरणीय, मान्यता-सम्बन्धी ।

recognitory –नॅटॅरि a. परिचायक, जान-पहचानवाला ।

recognizability रे`कॅग्नाइज़ॅबि'लिटि n. अभिज्ञानार्हता^{F}, माननीयता^{F}, स्वीकृति^{F}, अंगीकार, मान्यता^{F} ।

recognizable –'कॅग्नाइज़ॅबॅल् a. माननीय, मान्य, स्वीकार्य, अंगीकार्य; अभिज्ञानार्ह, अभिज्ञेय, परिज्ञेय, पहचानने योग्य, स्पष्ट, शिनाख्त^{F}के काबिल ।

recognizance रि`कॉग्(का)'निज़ॅन्स् n. प्रतिभूF, प्रतिभाव्य, विबन्ध, जमानतF, (का०) **मुचलका**; प्रतिभू-पत्र, विबन्ध-पत्र; अभिज्ञान, पहचानF; अभिस्वीकार।

recognizant –न्ट् a. प्रज्ञान-सूचक, अभिज्ञान-बोधक, पहचानF करानेवाला, यादF दिलानेवाला।

recognize रे`कॅग्नाइज़् v.t. (सूचना या विचारका) व्यक्त करना, प्रकट करना; (प्रकृतिF या स्वभावका) पता लगाना, समझना; पुष्टिF करना, मानना, ग्रहण करना; **अभिज्ञात करना**, जानना, **पहचानना**, पूर्वपरिचित ठहराना; स्वीकार करना, प्रस्वीकार करना, **मान्यता देना**; अभिस्वीकार करना।

recognized –ड् a. अभिज्ञात, परिचित; प्रस्वीकृत, मान्य, मान्यताप्राप्त (~ *agent, language*)।

recoil¹ रि`काएॅल्' n. विवर्तन, परावर्तन, **प्रतिक्षेप**, पलटा, धक्का, झटका; झिझकF, हिचकF; T.; ~ atom, ~ electron, ~ factor, ~ indicator, ~ lug, ~ portion, ~ spring, ~ system.

recoil² v. i. (शत्रुसे) पीछे हटना, पलटना, हटना, लौटना; सहम जाना, हिचकना, झिझकना, टक्करF खाकर लौट पड़ना; (आग्नेयास्त्रोंका) झटका खाना, झटका देना।

recoiler –लॅर् n. पश्चगामी, पीछे हटनेवाला, पलटनेवाला, लौटनेवाला; सहम जानेवाला, हिचकनेवाला, झिझकनेवाला; टक्कर खानेवाला।

recoilment –ल्'मॅन्ट् n. पश्चगमन, पीछे हटना, पलटना, लौटना, सहमना, हिचकना, झिझकना।

recoinage रीकाएॅ'निज् n. **दोबारा ढलाई**F।

recollect रे`कॅले`क्ट्' v. t. स्मरण करना, याद कर लेना; स्मृतिF में आ जाना।

recollection –क्'शॅन् n. स्मृतिF, स्मरण, यादF; अनुस्मरण, स्मृतिवस्तुF, स्मारक, यादगारF; स्मृतिकाल, स्मरणावधिF (*it happened within my* ~); अनुबोध, अनुचिन्तन, स्मरणशक्तिF, याददाश्तF।

recollective –'टिव् a. स्मरणात्मक, स्मृतिगत, स्मरण-सम्बन्धी, यादवाला।

recolonization रीकॉलॅनाइज़े'शॅन् n. पुनरुपनिवेशीकरण, पुनः उपनिवेश-निर्माण।

recolonize –लॅनाइज़् v.t. पुनरुपनिवेशीकृत करना, फिरसे उपनिवेश बनाना।

recombination रीकॉम्बिने'शॅन् n. **पुनः संयोग**, **पुनर्मिलाप**।

recomforture रीकम्'फ़्टॅयुअॅर् n. सान्त्वनाF, दिलासाF, ढाढ़स।

recommence –मेंस v.t.पुनः सूत्रपात करना, पुनरारम्भ करना, पुनः आरम्भ करना, फिरसे शुरू करना।

recommencement –'मॅन्ट् n. पुनः सूत्रपात, पुनरारम्भ, दुबारा शुरूआतF।

recommend रे`कॅमे`न्ड्' v.t. न्यस्त करना, निक्षेप करना, समर्पित करना, सौंपना, सिपुर्द करना; अनुशंसाF करना, अभिस्ताव करना, अनुरोधन करना, संस्तुतिF करना, सिपारिशF करना, **सिफारिशF करना**; प्रशंसाF करना, सराहना, गुण-कीर्तन करना, तारीफF करना: (किसी कामके लिए) अच्छा समझना (*can you* ~ *me a cook* ?); प्रशंसापत्र देना, ग्राह्य बनाना, मान्यताF देना; परामर्श देना, सलाहF देना; उपदेश देना।

recommendable –'डॅबॅल् a. प्रशंसार्ह, प्रशंसनीय, स्तुत्य; अनुशंसनीय, अभिस्ताव्य, अनुरोधनीय, सिफारिशF लायक।

recommendableness –निॅस् n. प्रशंसार्हताF, अनुशंसनीयताF, स्तुत्यताF; अभिस्ताव्यताF, अनुरोधनीयताF, सिफारिशF।

recommendation –डे'शॅन् n. प्रशंसाF, गुण-कीर्तन; अनुशंसाF, अभिस्तव, संस्तुतिF, अनुरोध, आग्रह **सिपारिशF, सिफारिशF**।

recommendatory –'डॅटॅरि a. प्रशंसार्ह, प्रशंसक, अभिस्तावक, गुणकीर्तनकारी, अनुशंसाकारी, संस्तुतिमय, **सिफारिशी**, (~ *certificate*)।

recommended –डि`ड a. अनुशंसित, अभिस्तावित, अनुरोधित, संस्तुत।

recommender –डॅर् n. अभिस्तावक, अनुशंसक, अनुरोधक।

recommit रीकॅमिट्' v.t. पुनः सौंपना, फिरसे सिपुर्द करना; (विधेयक इत्यादि) पुनर्विचारके लिए भेजना।

recommitment, reocmmittal –'मॅन्ट्, –'टॅल nn. पुनः समर्पण, पुनर्विचारार्थ प्रेषण।

recommunicate रीकॅम्यू'निकेट् v.i. पुनर्निवेदन करना, पुनरावेदन करना, पुनः प्रतिवेदन करना, फिरसे सूचित करना।

recompact रीकॅम्पैक्ट्' v.t. पुनः सम्मिलित होना, दुबारा शामिल होना, फिरसे सम्पर्क स्थापित करना।

recompensated रि`कॉम्'पे`न्सेटि`ड् a. पुनःपूरित, क्षतिपूर्तिकृत।

recompensation –से'शॅन् n. पुनःपूर्तिF, क्षतिपूर्तिF, मुआवज़ा।

recompense¹ रे`कॅम्पे`न्स् n. पारितोषिक, पुरस्कार; परिशोध, प्रतिशोध, प्रतिफल, प्रतिपूर्तिF, प्रतिकार, बदला; प्रतिदान, क्षतिपूर्तिF, मावज़ा, हरजाना; निर्यातन, निष्कृतिF, निष्क्रय, निस्तार, छूटF।

recompense² v.t. परिशोध करना, प्रतिशोध लेना, बदला लेना; पुरस्कृत करना; दण्डित करना; प्रतिदान करना, प्रतिफल चुकाना, क्षतिपूर्तिF करना, हरजाना देना, बदला देना, मावजा देना; निष्कृतिF करना, निस्तार करना, छुड़ाना।

recompenser –सॅर् n. परिशोधयिता, प्रतिशोधक, बदला लेनेवाला; पुरस्कर्ता; दण्डित करनेवाला, प्रतिपादित करनेवाला; प्रतिफल चुकानेवाला; क्षतिपूर्तिF करनेवाला, हरजाना देनेवाला, मावजा देनेवाला; निष्कर्ता, निस्तार करनेवाला, छुड़ानेवाला।

recompose, recompound रीकॅम्पोज़्', रीकॅम्पॉ-उन्ड्' vv.t. पुनर्गठन करना, पुनः एकाकार बनाना, फिर मिलाना; शान्त करना।

reconcilability रे`कॅन्साइलॅबिलिटि n. ऐक्य-प्रेम, समन्वयशीलताF, समाधानोन्मुखताF, प्रशमन-प्रियताF, प्रसादशीलताF, समझौतेकी अवस्थाF।

reconcilable –'कॅन्साइलॅबॅल् a. (भौ०) **समाधेय,** समाधानशील; अनुकूल, अनुरूप; प्रशमप्रवण, प्रसादप्रिय, ऐक्यप्रिय, सम्मिलनार्ह।

reconcile –ल् v.t. (विरक्तिFके बाद पुनः) ऐक्य-विशिष्ट करना, **पुनर्मेल करना,** पुनर्मिलित करना, पुनः मैत्रीF स्थापित करना, मेल करना, (*to, with* के साथ); समाहित करना, **समाधान करना,** सांत्वनाF देना; अनुनयF करना; उपशमन करना, निराकरण करना; सन्धि करना, सामंजस्य करना, अनुकूल बनाना, समझौता करना, राजी करना; (दूषित होनेके बाद पुनः) पवित्र करना, शुद्ध करना, शमन करना, शान्त करना, सही करना, ठीक करना; सामंजस्य स्थापित करना, अनुरूपताF लाना, संगतिF बैठाना, एक ही रंगमें रँगना।

reconciled –ड् a. समाहित, कृतसन्धि, शान्त।

reconcilement, reconciliation –ल्'मॅन्ट्, –सिॲॅशॅन् nn. ऐक्य, **पुनर्मेल,** पुनर्मिलन, **मेल-मिलाप, मिलान;** (~ *register*), मिलाप, मेल; आनुकूल्य, अनुनयF, तोषण; **समाधान, निपटारा;** वैरशमन, सन्धान, वैरशान्तिF, सन्धिF, पुनर्मैत्रीF, विरोधोपशम, समझौता, सामंजस्यविधान, संगतिF।

reconciler –लॅर n. ऐक्य, ऐक्यकर्ता, पुनर्मेलक, बिचौलिया, पुनः मिलनेवाला; वैरशामक; अनुनायक, सन्तापक; समाधाता, सन्धिF करनेवाला, पुनर्मैत्रीF या समझौता करनेवाला; सामंजस्य-विधाता।

reconciliatory –सि'लिॲटॅरि a. ऐक्यक, पुनर्मेली, समन्वयकारी, पुनः मिलानेवाला; वैरशामक; अनुनायक, सन्तोषक; सन्धिकारी, पुनर्मैत्रीF करनेवाला, समझौतेवाला।

recondite रे`कॅन्डाइट्, रिकॉन्'डाइट a. गूढ़, गहन, दुरवगाह, दुर्बोध (~ *phrases*), दुर्ज्ञेय, गुप्त, गम्भीर, रहस्यमय, अव्यक्त, अप्रकट; असामान्य, असाधारण, पेचीदा; अल्पख्यात, अल्पप्रसिद्ध (लेखक), कूटप्रयोक्ता, कठिन शब्दोंका प्रयोग करनेवाला।

reconditeness –निस् n. काठिन्य, रहस्यमयताF, गूढ़ताF, गहनताF, गाम्भीर्य, दुर्ज्ञेयताF।

recondition रीकॅन्डि'शॅन् v.t. जीर्णोद्धार करना, पुनरुद्धार करना, **सुधार करना,** प्रत्यवस्थापित करना, नये सिरेसे दुरुस्त करना, मरम्मतF करना, नया करना, ज्यों-का-त्यों करना।

reconditioned –ड् a. प्रत्यवस्थापित, नवीकृत, परिष्कृत।

reconditioning –निंग् n. (रेल०) **पुनर्नवीयन, सुधार, दुरुस्तीF।**

reconduction रीकॉन्डक्'शॅन् n. (राज०) बल-निष्कासन।

reconfirm रीकॅन्फर्म् v.t. प्रतिपादन करना, दुबारा पुष्ट या स्थिर करना, फिरसे पक्का करना।

reconfirmation –मे'शॅन् n. **पुनः पुष्टिF करना।**

reconnaissance रि`कॉ'निसॅन्स् n. भूमीक्षण, अभीक्षण, (यंत्र०, परि०) **वीक्षण, प्रारम्भिक सर्वेक्षण,** अवेक्षण, पर्यवेक्षण, जासूसी देखभालF, **टोहF,** गश्तF; सूक्ष्म निरूपण, गवेषणाF; पर्यवेक्षणदल, निरीक्षकगण; नापजोखF, पैमाइशF।

reconnoitre[1] रे`कॅनाएँ'टॅर् n. पर्यवेक्षण, निपुण निरीक्षण, नापजोखF, जांच-पड़तालF, छान-बीनF।

reconnoitre[2] v.t. & i. पूर्वेक्षण, करना, पर्यवेक्षण करना, निरीक्षण करना, निरूपण करना, देखभाल करना; अनुसन्धान करना, **टोहF लगाना,** खोजना, छानबीनF करना, जाँच-पड़तालF करना, नाप-जोखF करना।

reconnoitrer –रॅर् n. पर्यवेक्षक, निरीक्षक, अनुसन्धाता, खोजनेवाला, छानबीनF करनेवाला, जाँच-पड़तालF करनेवाला, खोजी।

reconsider रीकॅन्सि'डॅर् v.t. पुनर्विचार करना, पुनर्विवेचनाF करना, फिरसे सोचना।

reconsideration –रे'शॅन् n. पुनर्विचार, पुनर्विमर्श।

reconstituent रीकॅन्स्टि'ट्यूॲन्ट् १. a. पुनःस्थापी, पुनर्निर्माणकारी, फिरसे बनानेवाला; २. n. पुनःस्थापी ओषधिF।

reconstitute रीकॉन्'स्टिट्यूट् v.t. पुनः संस्थापित करना, पुनर्गठित करना, पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना।

reconstituted –टिड् a. (विधा०) **पुनर्गठित;** ~ wood **कृत्रिम लकड़ीF।**

reconstitution –ट्यू'शॅन् n. पुनःस्थापनाF, पुनर्निर्माण, पुनर्गठन, नयी बनावटF, फिरसे बनाना।

reconsttuct रीकॅन्स्ट्रक्ट्' v.t. पुनर्रचनाF करना, पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना।

reconstruction –क्'शॅन् n. **पुनर्निर्माण,** पुनारचनाF, नयी बनावटF, फिरसे बनाना।

reconstructive –'टिव् a. पुनर्निर्माणकारी, पुनारचनाकारी, फिरसे बनानेवाला।

reconvene रीकॅन्वीन्' v.t. (सभाF इत्यादि) पुनरायोजित करना, फिरसे बुलाना।

reconvention रीकॅन्वेन्'शॅन् n. (कानून) प्रतियाचनाF, प्रतिवाद।

reconversion रीकॅन्वर्'शन् n. पुनःरूपान्तरण, प्रति परिवर्तन।

reconveyance ⊙रीकॅन्वे`'यॅन्स् n. प्रतिहस्तान्तरण (~ *of property*)।

record[1]* रे`'कॉर्ड n. लेख, लेखा, लेखन, आलेख, लिपिबन्धन; प्रलेख*, **अभिलेख,** दस्तावेज, तहरीरF; (अभियोग में बहसF आदिकी) प्रतिलिपिF, नकलF; वैयक्तिक दैनन्दिनीF; अभिलेख, शिलालेख, उत्कीर्णलेख, ऐतिहासिक प्रमाण, लिखित प्रमाण, सुरक्षित विवरण, वृत्त, पुरातत्त्व-

ग्रन्थ, ऐतिहासिक प्रलेख, तारीखी दस्तावेज; T.; स्मारक, यादगार^F; स्वरांक, तवा, रेकार्ड; कारनामा, अमलनामा; कीर्तिमान, जीवनी^F, जीवन-इतिहास (*has an honourable ~*); सर्वोत्तम कृति^F; अनूठी घटना^F; *break the ~* मात करना; *keep to the ~* सुसंगत रहना; *off the ~* ⊙ अनाधिकारिक; *on ~* अभिलिखित; *place on ~* अभिलेखबद्ध करना, कार्रवाई^F में लिख रखना; *travel out of the ~* बहक जाना;

~ book, ~ branch, ~ changer, ~ clerk, ~ compilation, ~ establishment, ~ evidence, ~ form, ~ judgement, ~-keeping, ~ music, ~ note, ~ office, ~ officer, ~ order, ~ pass book, ~ position, ~ rack, ~ ribbon, ~ room, ~ room officer, ~ room receipt, ~s book, ~ section, ~ sheet, ~ slip, ~ sorter, ~s room, ~ staff, ~ supplier, ~ typewriter.

record² रिकॉर्ड् v.t. खींचकर नाद साधना, कण्ठ दबाकर गानेका अभ्यास करना, गुनगुनाना; अभिलेखन करना (निर्देश, संकेत या स्मरण करनेके लिए) लिखना, (वाणि०) **टीपना, दर्ज करना**, लिपिबद्ध करना, **लेखाबद्ध करना, अंकित करना**, खतियाना; किसी स्थायी रूपमें रखना।

recordable –'डॅबॅल् a. आलेख्य, लिपिबद्ध करने योग्य, लिखने लायक।

recorded –डॅड् a. अभिलिखित, प्रलिखित, संगृहीत, लिखकर एकत्र की हुई (*~ proceedings*)।

recorder –डॅर् n. **अभिलेखक, अभिलेखी,** अभिलेखपाल, आलेखक, प्रलेखक, लेखक; दण्डाधिकारी (इजलासवाला) **अंकित,** अभिलेखित्र, ध्वनिलेख-यन्त्र, T.

recordership –शिप् n. न्यायदण्डाधिकार।

recording –डिंग् n. (कृषि०, गणि०) **अभिलेखन,** आलेखन, लिपिबन्धन, **लिखना, रिकार्ड करना;** ध्वनि-रक्षण; (वितारके लिए पुनः प्रसरणार्थ; ध्वनिलेखन-प्रक्रिया^F, ध्वन्यंकन, स्वरांकन, ध्वनि-अभिलेखन-सामग्री^F; (बिम्ब, चित्रपट इत्यादिका) पुनरुल्लिखित ध्वनि-कार्यक्रम;

~ charactristic, ~ disc, ~ head, ~ instrument, ~ operator, ~ room, ~ system, ~ tambour, ~ tape.

recount¹ रीकॉउन्ट् n. (मतपत्रोंकी) पुनर्गणना^F।

recount² v.t. (विशे० मतपत्रोंकी) पुनर्गणना^F करना, फिरसे गिनना।

recount³ रिॅकॉउन्ट्' v.t. विवृत करना, सविस्तर वर्णन करना, विस्तारसे कहना, रामकहानी^F कहना।

recountal ⊙ रिॅकॉउन्'टॅल् n. वर्णन, कथन, कहना; गणना^F, गिनती^F।

recounting रीकॉउन्'टिंग् n. = RECOUNT.

recoup रिॅकूप्' v.t. & i. (कानून) प्रतिकर्तन करना, घटाना, कमी^F करना, काट लेना, निकाल लेना, रख छोड़ना; क्षतिपूर्ति^F करना, हानिकरण करना, घाटा पूरा करना, मावजा देना।

recouping –पिंग् n. पूर्ति^F, पूरण।

recoupment –प्'मॅन्ट् n. प्रतिकर्तन, कमी^F; निष्क्रय, पुनरादान, **आपूर्ति^F**, पुनःप्राप्ति^F, पूर्ति^F, पूरण।

recourse रिकोॅर्स n. गति^F, आश्रय, समाश्रय, उपाश्रय, अवलम्ब, आलम्ब, शरण^F, सहारा, आसरा; उपाय, (वैंक०) **उपचार,** उपकरण, साधन, **चारा;** आश्रयदायी वस्तु^F; *have ~ to* आश्रय लेना, सहारा लेना, काममें लाना, अपनाना।

recover¹ –रिक'वॅर् n. (आत्मरक्षा^F इत्यादिमें) तलवार^F लौटानेका ढंग।

recover² v.t. & i. पुनः हस्तगत करना, पुनः अधिकार पाना, पुनः अधिकृत करना, दोबारा पाना, फिर हाथ लगाना (*has ~ed his friend's affection*); प्रतिभू^F पाना, निष्क्रय पाना, क्षतिपूर्ति^F पाना, पुनः सम्पत्तिलाभ करना, (का०) **वसूल करना,** मावजा पाना (*an action to ~ damages*); पुनः चैतन्य होना, पुनः संज्ञालाभ करना, पुनरुज्जीवित होना; पुनः नीरोग होना, पुनः स्वास्थ्यलाभ करना; प्रकृतिस्थ होना; पूर्वावस्था^F पाना, पूर्वस्थिति^F में आना; ढूँढ़ लेना; पहुँचना; पूरा करना; निरापद होना; पलटना, वापस होना, पीछे लौटना; *~ oneself* स्वस्थ होना; इन्द्रियों^F पर काबू पाना; *~ one's legs* गिरनेके बाद फिर खड़ा हो जाना; *~sword* प्रहारके बाद तलवार^F लौटा देना।

recoverable –रॅवॅल् a. पुनर्हस्तगमनीय, पुनरधिकरणीय, प्रत्यादेय, दुबारा हस्तगत करने योग्य (*~ loan*); प्रतिभूय, निष्क्रेय, क्षतिपूर्य, (का०) **वसूली योग्य,** मावजा पाने योग्य; चैतन्य होने योग्य, संज्ञालाभ करने योग्य; प्रकृतिस्थ होने योग्य, स्वस्थ होने योग्य।

recoverableness –निॅस् n. पुनर्हस्तगमनीयता^F, पुनरधिकरणीयता^F; प्रतिभूयता^F, निष्क्रेयता^F, क्षतिपूर्यता^F, मावजा पानेकी योग्यता^F; चैतन्ययोग्यता^F।

recovered –ड् a. पुनर्गृहीत, **पुनराप्त,** प्रत्यादत्त, पुनरादत्त, प्रतिलब्ध; समुत्थित, लब्धारोग्य, स्वस्थ, नीरोग, रोगमुक्त; चेतनापन्न।

recoveree –री n. (कानून) प्रतिदाता।

recoveror –रॅर् n. प्रतिप्रापक, पुनरादाता, प्रत्यादाता, फिरसे पानेवाला व्यक्ति।

recovery –रि n. प्रत्यादान, पुनरादान, पुनर्लाभ, (रसा०) **उपलब्धि^F**, प्रत्याप्ति^F, **पुनःप्राप्ति^F**; पुनराप्ति^F (*~ company*), आरोग्यलाभ, रोगमुक्ति^F, प्रकृतिलाभ, निरामयत्व, आरोग्य, स्वस्थता^F (*~ room*); चेतनालाभ, पुनरुज्जीवन, समुत्थान; **वसूली^F**।

recpt. receipt.

recreancy रेॅ'क्रिॲन्सि n. भीरुता^F, कायरता^F, क्लीबता^F, नपुंसकता^F; पतन, स्वधर्मत्याग; अविश्वास, विश्वासघात।

recreant –न्ट् a. & n. (भाषण०, का०) भीरु, क्लीव, नपुंसक, कातर, कायर, डरपोक; पतित, धर्मभ्रष्ट, स्वपक्ष-

त्यागी; अविश्वासी, विश्वासघातक ।
recreate[1] –एट् v.t. & i. विनोद करना, प्रमोद करना, आनन्द मनाना, प्रसन्न करना या होना, रिझाना, दिल बहलाना, खुशी^F मनाना (*~s himself with cricket*); विश्राम करना; विहार करना, क्रीड़ा^F करना, मनोरंजन करना ।
recreate[2] रीक्रिएट् v.t. पुनर्निर्मित करना ।
recreation रेक्रिऐशन् n. शान्तिविनोदन, विश्राम, आमोद-प्रमोद, उत्सव, आनन्द, **विहार**, **विनोद**, **मनोरंजन**, रंजन, **मनबहलाव**, बहलाव, खुशी^F; पुनर्निर्माण;
~ club, ~ room, ~ value.
recreational –नॅल् a. शान्तिविनोदनीय, विश्रामप्रद, आनन्दप्रद, आमोद-प्रमोद-विषयक, उत्सव-सम्बन्धी, मनोरंजन-विषयक, खुशी^Fका ।
recreative –क्रिॲटिव् a. विनोदशील, विश्रामप्रद, आनन्दप्रद, (शिक्षा०) **मनोरंजनात्मक**, मनोरंजक, मजेदार ।
recreativeness –निॅस् n. विनोदशीलता^F, विश्रामप्रदता^F, आनन्दप्रदता^F, मनोरंजकता^F, मजेदारी^F ।
recrement रे'क्रिमॅन्ट् n. अवशेष, अवशिष्ट भाग, बचा हुआ भाग, तलछट^F; (चि०) पुनःप्रचूष्य स्राव या द्रव्य, जैसे लाला, पित्त ।
recremental –मॅन्टॅल् a. अवशिष्ट, बचा हुआ, तलछट^F ।
recrementitial –टिशॅल् a. = RECREMENTAL.
recrementitious –शॅस् a. = RECREMENTAL.
recriminate रिक्रि'मिनेट् v.t. प्रत्यभियोग लगाना, प्रत्यपवाद लगाना, प्रत्यारोप करना, परस्पर दोषारोपण करना, आपसमें इलजाम लगाना ।
recrimination –नेशॅन् n. प्रत्यभियोग, प्रत्यपवाद, प्रत्यारोप, मिथः दोषारोपण, आपसी इलजाम ।
recriminative, recriminatory –मिनॅटिव्, –नेटॅरि aa. प्रत्यभियोगी, प्रत्यपवादी, प्रत्यारोपी ।
recriminator –टॅर् n. प्रत्यभियोगी, प्रत्यारोपक, प्रत्यपवादी, मिथः दोषारोपण करनेवाला, आपसमें इलजाम लगानेवाला ।
recrudesce रीक्रुडे'स् v.i. (व्रण, रोग इत्यादिका तथा असन्तोष इत्यादिका, ला०) पुनः प्रकोप होना, पुनः वर्धित होना, पुनः प्रारम्भ होना, फिरसे फैलना, दोबारा भड़क उठना ।
recrudescence –सॅन्स n. (चि०) पुनरोद्भव, पुनरावर्तन, पुनःप्रकोप, पुनःसंक्रमण ।
recrudescent –न्ट् (चि०) पुनरुद्भूत, पुनः प्रकोपी, पुनः वर्द्धनशील, फिरसे उभड़नेवाला ।
recruit[1] रिक्रूट n. नवसैनिक, नयी भर्ती^Fका सिपाही, रँगरूट ।
recruit[2] v.t. & i. आप्रविष्ट करना, प्रविष्ट करना, भर्ती^F करना, रँगरूट बनाना, दाखिल करना; एकत्र करना, जमा करना; नयी भर्ती^Fके लिए जवान ढूँढ़ना; **भर्ती करना**; पुनर्नवीकृत करना, फिरसे भरना; क्षयपूरण करना, क्षतिपूर्ति^F करना, पूरा करना; संवर्धन करना, स्वस्थ बनाना या होना, नवजीवन देना, सबल बनाना (*has gone to the country to ~*); पुनःप्राप्ति^Fका प्रयत्न करना ।
recruital –टॅल् n. स्वास्थ्यलाभ ।
recruiter –टॅर् n. आप्रवेशक, भर्ती^F करनेवाला ।
recruiting –टिंग् n. **भर्ती^F**; आप्रवेशन-, भर्ती^Fका (*~ allowance*); भर्ती^F करनेवाला (*~ sergent*);
~ badge, ~ demand.
recruitment –ट्'मॅन्ट n. आप्रवेशन, प्रवेश, दाखिला; **क्रमवृद्धि^F**; **भरती^F**, **भर्ती^F**, (*~figures, ~publicity*); नवसंयोजन, नयी भर्ती^F ।
Rect. Rector; Rectory.
rectal रे'क्टॅल् a. गुद-, गुदा-विषयक, **मलाशयी**, मलाशय-विषयक, मलाशय-सम्बन्धी, मलाशय, गुदा-सम्बन्धी;
~ ampulla, ~ caecum, ~ gland, ~ sac, ~ valve.
rectangle रे'क्'टैन्गॅल् n. (ग०) समकोण, समचतुरस्र, **आयत** ।
rectangular –ग्यूलॅर् a. समकोण (भौ०, निर्दे० ज्या०); **समकोणीय**; **लम्ब**; समचतुरस्र, (कृषि०) **आयताकार**, **आयतीय**, (*~ prism*); लम्बकोणस्थ, लम्बकोणवत्; *~ axis* लम्ब अक्ष ।
~ array, ~ axis, ~coordinates, ~ distribution, ~ hyperbola, ~ matrix, ~ parallel piped, ~ section, ~ solid, ~ tomb.
rectangularity–लै'रिटि n. समकोणत्व, आयताकारत्व, आयताकारिता^F ।
rectangulation ⊙ –लेशॅन् n. (चि०) **आयतीकरण** ।
rectangulator ⊙ –ग्यूलेटॅर् n. (यन्त्र०) **आयतीकारक** ।
rectifiability रैक्टिफाइॲबि'लिटि n. (गणि०) **चापकलनीयता^F** ।
rectifiable –टिफ़ाइॲबॅल् a. संशोधनीय, शोधयोग्य, संस्कारार्ह, परिष्कारार्ह ।
rectification –फ़िकेशॅन् n. समाधान, संशोधन, सुधार, संस्कार, परिष्कार, (का०, रसा०) **परिशोधन**, (विधा०) **शोधन**, **शुद्धि^F**, शोधनकार्य, सफाई^F; (**कलन**०) चापकरण; ऋजुकरण; (विद्यु०, भौ०) **एकदिशकरण** ।
rectified –टिफ़ाइड् a संशोधित, **परिशोधित**, (रसा०) शोधित (*~ current*), साफ किया हुआ; **दिष्टकृत**, (*~ spirit*); (विद्यु०) ऋजुकृत, सरलीकृत, एकदिश, एकायनी एकायनिक (*~ current*) ।
rectifier –फ़ाइॲर n. संशोधक, संस्कर्ता०, (रसा०) परिशोधी, **परिशोधक**, दिष्टवर्तक, **दिष्टकारी**; परिष्कारक; (विद्यु०, यन्त्र०) **एकदिशकारी**, (विद्युद्धारा^Fका) संशोधित्र;

(भौ०) ऋजुकारी, सरल रेखा^F।

rectify –ई v.t. शोधना, संशोधन करना, संस्कार करना, परिशुद्ध करना, (का०) **परिशोधन करना**, सुधारना, ठीक करना, सँवारना, दुरुस्त करना; (रेखागणि०) ऋजु करना, वक्रके बराबर सरल रेखा^F निकालना; (रसा०) आसव बनाना, सत्त निकालना, साफ करना।

rectifying –इंग् n. (रसा०, भौ०) **परिशोधन**; **दिष्टकरण**; (ग०) **चापकलन**; a. (भौ०) **एकदिशकारी**; ~ column, ~ mistake, ~ plane, ~ valve.

rectigrade रे`क्'टिग्रेड् a. अग्रगामी, सरल गति, आगे चलनेवाला, सीधे चलनेवाला।

rectilinear, -eal रे`क्टिलि'नि`ॲर्, -इॲल् aa. (ग० भौ) ऋजुरेख, **ऋजुरेखीय**, ऋजुरेखावेष्टित, (गति-वि०) ऋजुरैखिक, **सरलरेखी**, सरलरैखिक, सरलरेखीय, **सरलरेखात्मक**, सीधी रेखावाला; ~ fissure, ~ motion, ~ propagation, ~ velocity, ~ vortex.

rectilinearity –ऐ'रिटि n. ऋजुरेखावैशिष्ट्य, सरल रेखात्मकता^F।

rectirostral ⊙ रे`क्टिरॉस्'ट्रॅल् a. ऋजुचंचु, सीधी चोंचवाला।

rectitis रे`क्टाइ'टिस् n. (चि०) मलाशय शोथ, मलाशयकी सूजन^F; गुददाह, गुदप्रदाह, गुदाशोथ, गुदाकी सूजन^F।

rectitude रे`क्'टिट्यूड् n. (दर्श०) **आर्जव**, ऋजुता^F, दाक्षिण्य, **साधुता**^F, सदाचार, सरलता^F, सद्वर्ताव; सत्यशीलता^F, न्यायपरता, ईमानदारी^F, सिधाई^F; शौच; पुनीतता^F, पवित्रता^F; (क्वचित) **शुद्धि**^F, संशुद्धि^F, औचित्य, न्याय्यता^F।

recto रे`क्'टो n. (खुली पुस्तक^Fका) दाहिना पृष्ठ, पन्ने या पत्तेके सामनेका हिस्सा।

rector –टॅर् n. नियामक, शासक, प्रबन्धकर्ता; ग्रामाचार्य, ग्रामपुरोहित; वृत्तिभोगी; याजक, मठाध्यक्ष, धर्मशाला-ध्यक्ष, कुलपति, मुख्याधिष्ठाता, अधिशिक्षक, (शिक्षालय एवं विश्वविद्यालयका) प्राचार्य, प्राध्यक्ष, रेक्टर।

rectorate, rectorship –रॅट्, रे`क्'टॅर्'शिप् nn. प्राचार्यत्व, रेक्टरका पद।

rectorial –टॉ'रिॲल् a. प्राध्यक्ष-सम्बन्धी, रेक्टर-विषयक, रेक्टर सम्बन्धी (~ *election*)।

rectory –टॅरि n. रेक्टर-निवास; रेक्टरकी वृत्ति^F।

rectoscope रे`क्'टॅस्कोप् n. (चि०) मलाशयदर्शी, मलाशयदर्शक यन्त्र; गुददर्शी, गुदादर्शी, गुह्यदेश-दर्शक यन्त्र, गुह्यद्वार-दर्शक यन्त्र, मलनालीदर्शी, सरलान्त्रदर्शी, रेक्टोस्कोप।

rectotomy ⊙ रे`क्टॉ'टॅमि n. (चि०) मलाशयच्छेदन; गुदशल्यन, गुह्यदेश-शल्यन, गुह्यद्वार-शल्यन, मलनाली^F-की चीर-फाड़^F, सरलान्त्रकी चीर फाड़^F।

rectress रेक्'ट्रि`स् n. रेक्टरकी पत्नी^F।

rectricial ⊙ –शल् a. प्रशासिका-विषयक, प्रबन्धकर्त्री-सम्बन्धी।

rectrix –ट्रिक्स् n. (pl. *-ces*) नियामिका^F, प्रशासिका^F, अधिकारिणी^F, स्त्री^F शासक, महिला^F राज्यपाल; (यन्त्र मोड़नेमें प्रयुक्त) पूँछ^Fका लम्बा पर।

rectum रे`क्'टॅम् n. गुद, गुदा, गुह्यदेश, गुह्यद्वार, (कृषि०, चि०, जीव०) **मलाशय**, मलनाली^F, सरलान्त्र, स्थूलान्त्रका अन्तिम भाग, T.

rectus रे`क्'टॅस् n. (चि०) समापेशी^F, ऋजुपेशी^F, रेक्टस।

recumbence, -cy रि`कम्'बॅन्स्, -सि nn. आनति^F, समालम्बन, अवलम्बन, झुकाव, टेक^F; आलस्य, सुस्ती^F, आराम।

recumbent –ट् a. शायी, शयित, पार्श्वशायी, अर्द्ध-शयान, समालम्बित, अवलम्बित, सहारा लिये हुए, टिका हुआ; (प्रा० भू०) **परिवलित** (~ *fold*), अलस, आलसी, सुस्त; ~ fold (प्रा०भू०) **परिवलन**।

recuperability रि क्यूपॅरॅबि'लिटि n. पुनरुद्धरणीयता^F; पुनः स्वस्थयोग्यता^F; पुनःप्राप्यता^F, पुनःप्रापणीयता^F, फिरसे प्राप्त होनेकी स्थिति^F; पूरणीयता^F, पूरा होनेकी स्थिति^F।

recuperable –पॅरॅबॅल् a. पुनरुद्धरणीय; पुनः स्वस्थ होने योग्य; पुनः प्राप्त होने योग्य; पूरा होने योग्य।

recuperate –रेट् v.t. & i. पुनः स्वस्थ होना, रोगमुक्त होना, श्रान्तिमुक्त होना, थकावट^Fसे छुटकारा पाना; खोया धन पाना, पुनः प्राप्त करना; पूरा करना, फिरसे भर देना।

recuperation –रे'शॅन् n. (चि०) पुनरारोग्यलाभ, उल्लाघ, रोगनिवृत्ति^F; (रसा०) पुनः उद्धारण; पुनर्लाभ, पुनःप्राप्ति^F; **पुनर्योजन**, पूरण।

recuperative –पॅरॅटिव् a. स्वास्थ्यवर्द्धक, आरोग्यप्रद।

recuperator –रेटॅर् n. (रसा०) **ताप उपलम्भी**, **पुनर्योजी**; पुनःप्राप्तकर्ता; पुनः स्वस्थ होनेवाला, पुनरा-रोग्यलाभ करनेवाला; पुनरुद्धारक, (रसा०) पुनः उद्धारक।

recur –रि`कर् v.i. पुनरुक्ति^F करना, पुनरावृत्ति^F करना, **पुनरावृत्ति**^F **होना, आवृत्त होना, पुनः होना**, दुहराना; पुनः स्मरण करना, फिरसे ख्याल करना, याद^F आ जाना, सुध^F आना; पुनरागमन करना; पुनरुपस्थित होना, पुनरुत्थापित होना, फिरसे घटित होना, फिर होना।

recurrence, -cy –रॅन्स, -सि nn. प्रतिवर्तन, प्रत्यावृत्ति^F, पुनरावर्तन, **पुनरावृत्ति**^F, **आवर्तन**, **आवृत्ति**^F, पुनर्वर्द्धन, पुनः संघटन; पुनराविर्भाव, पुनरुपस्थिति^F; पुनरागमन, प्रादुर्भाव, उदय; ~ formula, ~ relation, ~ tendency.

recurrent[1] –न्ट् n. (चि०) **आवर्तक**, प्रत्यावर्तिनी धमनी^F।

recurrent[2] a. पौनःपुनिक, पुनरावर्तक, प्रत्यावर्ती, आवर्ती (~ *nuisance*), **आवर्तक**, प्रत्यागमनशील (~ *epidemics*); (स्नायु, शिरा^F, शाखा^F इत्यादि) प्रतिवर्ती, पीछे मुड़कर दिशा^F बदलनेवाला; पुनः-पुनः,

बहुशः, नियमित समयसे होनेवाला।
recurring –रिंग् a. आवर्त, (ग०) **आवर्ती,** (विधा०) **आवर्तक;**
~ charges, ~ decimal, ~ deposit, ~ expenditure, ~ grant, ~ liability, ~ period, ~ series, ~ value.
recursive रि॑कर्'सिव् n. & a. (भाषा०) आवर्त (ध्वनि^F), द्विस्थानी (ध्वनि^F)।
recurvate रि॑कर्'वेट् a. प्रतिवर्तित, पीछे झुका हुआ, पीछे मुड़ा हुआ।
recurvature –व्युअॅर् n. पीछेका झुकाव, उल्टा मोड़।
recurve[1] रिकर्व् n. (ऋतु०) **प्रतिवर्तन।**
recurve[2] v.t. & i. पीछे झुकना या झुकाना; उल्टा मुड़ना या मोड़ना।
recurved –ड् a. = RECURVATE; **प्रतिवर्तित।**
recurvous –वॅस् a. पश्चवक्र, पीछेकी ओर टेढ़ा, पीछेकी ओर झुका हुआ, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ।
recusance, -cy रे॑क्यूज़ॅन्स्, -सि nn. वैमत्य, मत-वैभिन्न्य; दुराग्रह, निरंकुशता^F; धार्मिक मतभेद, धर्मद्रोह; निराकरण।
recucant –न्ट् n. & a. निराकर्ता; धार्मिक विषयोंमें राजाज्ञा^F अस्वीकार करनेवाला (व्यक्ति), विद्रोही, दुराग्रही, हठी।
recusation रि॑क्यूज़े'शॅन् n. (क़ानून) आपत्ति^3, आरोप, आवेदन, एतराज, अपील^F।
-red[1] अवस्था^F (*hat~, kind~*)।
red[2] ⊙ रे॑ड्' n. = LOSS.
red[3]* a. शोण, अरुण, **रक्त,** लोहित, **लाल,** सुर्ख, ख़ूनी; रक्तस्राव-विषयक; प्रदाह-सम्बन्धी; अत्याचार-विषयक; क्रान्ति-सम्बन्धी; क्रान्तिवादी, साम्यवादी, कम्युनिस्ट; अशुभ, ~-breast रक्तकुमारी^F, (एक छोटी गानेवाली अँग्रेजी चिड़िया^F); ~cap ⊙ स्टेशनपरका दौवारिक या द्वारपाल, ~ cent ⊙ सबसे छोटा सिक्का, फार्दिंग; ~-eye 'रड' नामक एक प्रकारकी लाल मछली^F; ~ flag विद्रोह-चिह्न, विप्लव-ध्वज, युद्धसंकेत; विघ्नसंकेतक; खतरेकी झण्डी^F; ~ gold (प्रा० और का०) शुद्ध स्वर्ण, असली सोना, खालिस सोना; ~hat अँग्रेजी मुख्याधिकारी (उसके उपनामके रूपमें भी); (रोमन कैथा०) धर्माध्यक्षका हैट; ~-hot (रसा०) **रक्त-तप्त,** रक्तोष्ण, तपकर अति रक्तवर्ण; प्रमत्त, उत्तेजित, क्षुब्ध; क्रुद्ध ~ ink interest (वाणि०) **अप्रतिथि ब्याज;** ~ lead n. & v.t. (रसा०, यन्त्र०) **रक्त-सिन्दूर,** (यन्त्र०) **सिन्दूर,** सेंदुर (लेपन करना), सिंदूर (लगाना); ~-letter (पंचांगमें रक्ताक्षरोंमें सूचित) उत्सव; (ला०) महत्त्वपूर्ण, शुभ, सरणीय; (v.t.) स्वर्णाक्षरोंमें लिखना, आनन्दार्थ सरणीय रूपमें स्थिरता^F देना; ~ man, R~ Indian (उत्तरी अमेरिकाका मूल-निवासी), रेड इंडियन; ~ nag उत्तेजक वस्तु^F; ~skin दे० ~ man; ~ ochre **गेरू;** pumpkin gourd (कृषि०) **सीताफल, काशीफल;** ~ soldier एक प्रकार का शूकरज्वर (जिसमें चमड़ा लाल हो जाता है); शूकर-ज्वरसे पीड़ित सुअर; ~ spider पतमकड़ी^F (अंगूरकी पत्ती^F खानेवाला एक कीड़ा); ~start लाल दुमवाली एक विलायती चिड़िया^F; ~-streak लाल सेव; ~ tape दीर्घसूत्रता^F, दफ्तरी घिसघिस^F; ~-tapery नियम-जाल; ~-tapism अन्यौपचारिकता^F, नियमातिशय्य, नियम-बाहुल्य, फीताशाही^F; ~-tapist अतिशय नियमपालक; दीर्घसूत्री, वाह्याडम्बर-प्रेमी, घिस्सू, घिस-घिस^F करनेवाला; ~-water or tictet fever (श० र० शा०) चिचिड़ी ज्वर, (कृषि०) **रक्तमूत्र रोग,** (मवेशियों और भेड़ों^Fका) मलेरिया (जिसमें लाल पेशाब आने लगती है); ~wood लाल काठवाले वृक्षोंकी जातियाँ^F; ~ worm (मछली^Fके चारेमें प्रयुक्त) केंचुआ; the R~ Flag लाल झण्डी^F; एक आधुनिक क्रान्तिगीत; *see the ~ light* (ला०) विपदागमका आभास पाना, विपत्ति^F आनेका अनुमान करना;
~ algae, ~ antimony, ~ blood, ~ bodies, ~ cell, ~ clay, ~ corpuscle, ~ ~ crag, ~ cross, ~ deflector, ~ edge, ~ ensign, ~ gland, ~ heat, ~ hot, ~ milk, ~ nucleus, ~ ochre, ~ pine, ~ sea, ~ signal, ~ soil.
redact रि॑डैक्ट्' v.t. रूप-रंग देना, ढंगसे सजाना; साहित्यिक रूप देना; संशोधन करना; सज्जित करना, सुसज्जित करना; सम्पादन करना, सम्पादित करना।
redacteur रेडैक्टुर्' n. सम्पादक, संग्रहकर्ता।
redaction रि॑डैक्'शॅन् n. नूतन संस्करण; संशोधन, क्रमबन्धन, पुनरावृत्ति^F; रूपरंजन, सजावट^F; सम्पादन, संग्रहण।
redactor –'टॅर् n. सम्पादक, संशोधक, संग्रहकर्ता; रूपरंजक, सजानेवाला।
redan रि॑डैन्' n. दुर्ग-प्राचीरोत्क्षेप, दुर्ग-प्राचीरोत्सेध, किलेकी चहार-दीवारी^Fका उभार; द्विमुख गढ़, दुर्ग-प्राचीर, दोरुखा किला या उसकी दीवार^F।
redargue रि॑डार्'ग्य v.t. प्रतिषिद्ध करना, मना करना, रोकना; आनाकानी^F करना।
redd रेड्' v.t. सुलझाना, सँभालना, सँवारना, तरीकेसे रखना, साफ रखना; लड़ाई-झगड़ेसे बचाना।
redden रे॑'डॅन् v. t. & i. सराग करना, रक्तवर्ण करना या होना, लाल करना या होना, शर्माना, तमतमाना।
reddish, reddy रे॑'डिश्, रे॑'डि aa. आरक्त, **रक्ताभ,** रागाभास-, रक्ताभास-, अर्द्धरक्त, ईषद्रक्त, कुछ-कुछ लाल।
reddishness –निॅस् n. आरक्तता^F, रागाभास, रक्ताभास, अर्द्धरक्तता^F, ईषद्रक्तता^F, रक्ताभता^F, सुर्खी^F, लाली^F।
reddition रि॑डि'शॅन् n. समर्पण, आत्मसमर्पण; प्राप्ति^F, पुनःप्राप्ति^F, वापसी^F।
reddle[1] रे॑'डॅल् n. गैरिक, रक्तमृत्तिका^F, हिरौंजी मिट्टी^F,

गेरू; ~man गैरिक-खनक; गेरूका व्यापारी।

reddle[2] v.t. गैरिकरंजित करना, गेरूसे रँगना।

rede[1] रीड् n. (प्रा०) परामर्श, सलाह^F^, राय^F^, मशविरा; उपदेश, शिक्षा^F^, पाठ, सीख^F^; संकल्प, निश्चय, मंसूबा, इरादा; लक्ष्य, उद्देश्य, आशय, अभिप्राय; वर्णन, विवरण; प्रबन्ध, कथा^F^, कहानी^F^।

rede[2] v.t. (प्रा०) परामर्श देना, सलाह^F^ देना, मशविरा देना; उपदेश करना, शिक्षा^F^ देना, सीख^F^ देना, पाठ पढ़ाना; अर्थ लगाना, मतलब समझना, हल करना; रहस्य खोलना, भेद जानना।

redeem रि`डीम्' v.t. (का०) **निष्क्रय करना, मोचन करना,** विमुक्त कराना, रिहा कराना, **छुड़ाना;** वापस लेना, लौटालना, मूल्य देकर भी पुनः प्राप्त करना, दाम देकर फिरसे खरीद लेना, छुड़ा लेना (~ *honour, position, land*); समाप्त करना, समझौता करना, दरहम-बरहम करना; प्रग पूर्ण करना, प्रतिज्ञा^F^ पूरी करना, वचन निभाना; (धन देकर निष्क्रयदान द्वारा अपनी) प्राणरक्षा^F^ करना, जान^F^ बचाना; त्राण करना, परित्राण करना, उद्धार करना, मुक्त करना, रक्षा^F^ करना, क्षतिपूर्ति^F^ करना, प्रतिभू^F^ देना, घाटा भरना, मावजा देना; प्रायश्चित करना; (किसी दोषसे) बचाना।

redeemability –मॅबि'लिटि n. निष्क्रेयता^F^, शोध्यता^F^, शोधनीयता^F^; विमोच्यता^F^, मोचनीयता^F^, उद्धरणीयता^F^, स्वतन्त्र करणीयता^F^, स्वच्छन्दकरणीयता^F^।

redeemable –'मॅबॅल् a. शोध्य, शोधनीय; **निष्क्रेय** (~*rights*); (अर्थ०) प्रतिदेय (~ *debenture*, ~ *shell*), विमोच्य, **मोच्य,** मोचनीय, उद्धरणीय, छुड़ाने लायक।

redeemed –म्ड् a. निष्क्रीत, विमोचित, उद्धारित।

redeemer –'मॅर् n. (विशे० ईसामसीहके लिए) परित्राता, निष्क्रमी, (का०) **निष्क्रेता, मोचयिता,** समुद्धर्ता, उद्धारकर्ता, मुक्तिदाता, मोक्षक, **छुड़ानेवाला।**

redeless रीड्'लिॅस् a. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, प्रज्ञाविहीन, मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ, बददिमाग।

redemise[1] रीडि`माइज़् n. पुनर्भूदान पुनर्भूमिप्रदान, भूमिप्रतिदान, जमीन^F^की वापसी^F^।

redemise[2] v.t. पुनः भूदान करना, पुनः भूमि^F^ प्रदान करना, फिरसे जमीन^F^ देना।

redemption रि`डेॅम्प्'शॅन् n. (कृषि०, का०) **निष्क्रय,** त्राण, (विधा०) **विमोचन,** (कृषि०, का०) **मोचन, छुड़ाना;** (अर्थ०) **प्रतिदान** (~ *yield*); मोक्ष, (दर्श०) **उद्धार,** मुक्ति^F^, बचाव, छुटकारा (*beyond, past*, ~); मोक्ष देनेवाली वस्तु^F^, क्रय, खरीद, (मोल लेनेकी क्रिया^F^); ~ charges मोचन-व्यय, (विधा०) **विमोचन-भार,** (का०) **मोचन-भार,** निष्क्रमण-प्रभार।

redemptioner –नॅर् n. (घर लौटनेके लिए) भाड़ा जुटानेका निश्चय करनेवाला प्रवासी।

redemptive –'टिव् a. निष्क्रयशील, निष्क्रमणकारी, उद्धृत, समुद्धृत, आत्म-मुक्ति; छुटकारेका, बचाववाला।

redemptory –टॅरि a. निष्क्रयण-विषयक, विमोचन-विषयक, मोक्ष-सम्बन्धी, उद्धार-सम्बन्धी, मुक्ति-सम्बन्धी, छुटकारेका; क्रय-विषयक, खरीद^F^का।

redeposition रीडिॅपॅज़ि'शॅन् n. (प्रा० भू०) **पुनर्निक्षेपण।**

redif रि`डिफ़् n. (*Turk*~) तुर्की सैनिक, अरक्षित-सेना^F^।

redingote रे`'डिन्गोट n. स्त्रियों^F^का सबसे ऊपर पहना जानेवाला लम्बा कोट।

redintegrate रि`डिन्'टिग्रेट v.t. पूर्ण करना, संघटित करना, पुनरेकाकार करना, मिला देना; पुनरुद्धार करना, जीर्णोद्धार करना, पुनः स्थापित करना, नया करना, नवनिर्माण करना।

redintegration –ग्रे'शॅन् n. नवनिर्माण, पुनर्नवतापादन, जीर्णोद्धार, पुनरुद्धार; पुनर्गठन।

redintegrator –'टिग्रेटॅर् n. पुनरुद्धारक, जीर्णोद्धारक, नवनिर्माता; संघटक, पूर्णकर्ता, पुनरेकीकर्ता।

redirect रीडॅरे`क्ट्' v.t. पुनर्निर्देश करना, फिरसे हिदायत^F^ करना; (विशेषकर) पुनः प्रेषित करना, चिट्ठी^F^ का पता बदलना, अन्य स्थानपर भेजना।

redirected –'टिॅड् a. **पुनः प्रेषित (वस्तु^F^), अन्य पतेपर भेजी गयी (वस्तु^F^)।**

redirection –'शॅन् n. (दर्श०) **दिशान्तरण; पुनर्निर्देशन;** पुनः प्रेषण, अन्य पतेपर भेजना।

rediscontinuity ⊙ रीडिस्कॅन्टिन्यू'इटि n. **पुनर्भंजन।**

rediscover रीडिस्क'वॅर् v.t. पुनरन्वेषण करना, पुनर्गवेषणा^F^ करना, फिरसे खोज निकालना।

redisseizin रीडिसी'ज़िन् n. (जमीन^F^के बारेमें) विधिलेख, अभियोग-लेख, अभियोग-पत्र, पट्टा।

redistillation ⊙ रीडिस्टिले'शॅन् n. (रसा०) **पुनरासवन, पुनःआसवन।**

redistribute रीडिस्ट्रि'ब्यूट् v.t. पुनर्वितरण करना, फिरसे बाँटना।

redistribution –ब्यू'शॅन् n. **पुनर्वितरण,** दोबारा बँटवारा।

redistributive –'ब्यूटिव् a. पुनर्वितरणकारी, पुनर्वितरण-सम्बन्धी।

redivivus (L) a. पुनर्जीवित, उज्जीवित।

redness रे`ड'निॅस् n. रक्तता^F^, रक्तिमा^F^, अरुणता^F^, अरुणिमा^F^, लालिमा^F^, लाली^F^, सुर्खी^F^, ललाई^F^।

redolence रे`'डॅलॅन्स् n. सौरभ, सुगन्ध^F^, महक^F^, खुशबू^F^।

redolent –न्ट् a. ससौरभ, सौरभमय, सुरभित, सुगन्धित, खुशबूदार; (सम्प्रति क्व०) तीक्ष्ण गन्धयुक्त; (ला०) व्यंजक, सूचक; स्मारक।

redondilla रेडॉन्डी'ल्यॅ n. एक प्रकारका छन्द (जिसमें प्रथम-तृतीय एवं द्वितीय-चतुर्थ चरणोंमें अन्त्यानुप्रास होता है)।

redouble[1] रि`ड'बॅल् n. विवर्द्धन, द्विगुणीकरण; अतिवृद्धि^F^।

redouble² v. t. & i. विवृद्ध करना, द्विगुणित करना, दूना या दुगुना करना, अत्यधिक वृद्धि^F करना, अधिकाधिक प्रबल करना, बढ़ाना, तेज करना (~ *one's efforts*)।

redoubled –ड् a. विवृद्ध, द्विगुणित, अधिककृत।

redoubt रि`डॉउट्' n. उपदुर्ग, गढ़ी^F, कोट, किला।

redoubtable –'टॅबॅल् a. दुर्धर्ष, दुर्दान्त, दुर्जेय, अदम्य, भीम, उग्र, भयंकर, विक्रान्त, पराक्रमी, पराक्रान्त, चीमड़।

redoubted –'टिड् a. (प्रा०) दुर्धर्ष, दुर्दान्त, अजेय, उग्र, भीम, भयानक, भयंकर, पराक्रमी, पराक्रान्त, डरावना।

redound रि`डॉउन्ड्' v. i. फलप्रसू होना, सफल होना, परिणत होना (*it will ~ to our credit*); उलटकर प्रभाव डालना, किसी व्यक्तिके सिर पड़ना, पुनः प्रेरित होना; लौटना; वापस जाना, पलटा खाना।

redress¹ रि`ड्रे`स्' n. **निवारण;** प्रतिकार, समाधान, निष्क्रय, प्रतिभू^F, क्षतिपूर्ति^F, चारा, हरजाना, मुआवजा; ~ of grievance कष्ट-निवारण।

redress² v. t. त्राण करना, परित्राण करना, रक्षा^F करना; निवारण करना, दूर करना, (~ *a grievance*); प्रतिकार करना, उपचार करना, दवा^F करना; शुद्ध करना, सुधारना, दुरुस्त करना, सही करना, ठीक करना; क्षतिपूर्ति^F करना; ~ *the balance* सन्तुलन स्थापित करना।

redressable –'सॅबॅल् a. प्रतिकार्य, संशोध्य, विमोच्य।

redresser –सॅर् n. प्रतिकर्ता, संशोधयिता, विमोचयिता, त्राता, परित्राता, रक्षक; उपचार करनेवाला, दवा^F करनेवाला; शुद्ध करनेवाला, सुधारनेवाला; दुरुस्त करनेवाला।

redressive –सिव् a. प्रतिकारक, प्रतिकार-साधक, उपचारात्मक।

redressment –स्'मन्ट् n. प्रतिकरण, संशोधन, विमोचन, त्राण, परित्राण रक्षण; (चि०) विरूपतानिराकरण, उपचार, दवा-दारू^F; ठीक करना, दुरुस्त करना।

reduce रि`ड्यूस्' v.t. & i. (सम्प्रति केवल शल्यमें) मौलिक अवस्था^Fमें लाना, मूल स्थानमें या अवस्था^Fमें लाना (जैसे हार्निया^F, अस्थिभंग); उपचार करना; (ग०) **लघु करना,** प्रह्रासित करना या होना, घटना, **घटाना,** कम करना; (शरीर या मनसे दूसरे रूपमें) परिवर्तन करना, बदलना; वर्गीकरण द्वारा घटित करना; परिवर्तनानुकूल बनाना; **समानयन करना, अपनयन करना,** न्यून करना, हीन करना, निम्न अवस्था^Fमें लाना; बाध्य करना; वशीकृत करना, दमन करना, पराभूत करना; पराजित करना, परास्त करना, जीतना; विच्युत करना, पदच्युत करना, छँटनी^F करना, हटाना; वित्तहीन करना, निर्धन बनाना, गरीब कर देना; क्षीण बनाना, कृश बनाना, दुर्बल बनाना, कमजोर करना; भस्म करना, फूँकना; संकुचित करना, सिकोड़ना; (अपना) परिमाण घटाना, बोझ हल्का करना, वजन कम करना।

reduced –ड् a. निर्धारित (~ *level*); (ग०) **लघुकृत;** **समानीत;** अवकृत, (रसा०) **अपचित,** प्रह्रासित, (रसा०) **न्यूनीकृत,** घटाया गया, कम किया गया (~ *charge*); परिणत, घटित; (शल्य०) पूर्वस्थान या पूर्वस्थिति^Fमें लाया हुआ;

~ charge, ~ degree, ~ establishment, ~ mass, ~ oxide, ~ pressure, ~ quantity.

reducent –'सॅन्ट् a. वशीकारक, दमनकारक, पराभूतिकारक, पराजित करनेवाला; कम करनेवाला; वित्तहीन बनानेवाला, निर्धन बनानेवाला, गरीब बनानेवाला।

reducer –सॅर् n. घटानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (विशे० फोटोमें, निगेटिवके गाढ़े रंगको फीका करनेवाला) घोल, घोलक।

reducibility –सिबि'लिटि n. अवकार्यता^F, अवकरणीयता^F, अपचेयता^F, प्रह्रास्यता^F, घटाने योग्य अवस्था^F; परिणमनीयता^F, परिणत होनेकी स्थिति^F।

reducible –'सिबॅल् a. अवकार्य, अवकरणीय; **अपचयक्षम, अपचेय,** प्रह्रास्य, प्रहस्य, घटाने योग्य; (चि०) पूर्वस्थिति^F-प्रापणयोग्य; परिणमनीय, परिणत होने योग्य; ~ path **अविन्दुकोची पथ।**

reducing –सिंग् a. (रसा०) **अपचायक,** (रसा०, चि०) **अवकारक,** अवकर्षक;

~ agent, ~ area, ~ cubic, ~ flame, ~ gear, ~ properties, ~ substance, ~ sugar, ~ valve, ~ zone.

reductant रि`डक्'टॅन्ट् a. (रसा०, चि०) **अपचायक।**

reductio absurdum (L) विसंगति-प्रमाण।

reductio ad absurdam अनिष्ट प्रदर्शन।

reduction रि`डक्'शॅन् (रसा०) **अवकरण,** (रसा०) **अपचयन, समानयन,** (तर्क०) आकृत्यान्तरण, (दर्श०) **आकृत्यंतर;** प्रह्रासन, प्रहसन, **लघूकरण,** न्यूनीकरण, खर्वीकरण, तनूकरण; (चि०) पूर्वावस्थापन; अपकर्ष, विच्युति^F, अपचय, **न्यूनता^F, कमी^F,** घटी^F, **कटौती^F, घटाव,** छूट^F, छँटनी^F; पदावनति^F; (वन०) ह्रास, मूल्यह्रास; (चित्र या मानचित्र इत्यादिका) सूक्ष्मीकृत प्रतिलिपि^F; प्रकारान्तरण, (प्रा० भू०) परिवर्तन; (किसी सिद्धान्तको अकरणीयता^Fकी सीमातक खींच ले जानेकी क्रिया^F);

~ division, ~ factor, ~ formula, ~ gear, ~ gearing, ~ potential, ~ print, ~ series, ~ table book, ~ tube.

reductional –नॅल् a. प्रह्रासी, घटनेवाला।

reductionist –निस्ट् a. (दर्श०) **अवव्याख्यावादी।**

reductive –'टिव् a. = REDUCIBLE.

redundance, -cy रि`डन्'डॅन्स्, -सि nn. अतिरिक्ति^F, समाधिकता^F, आधिक्य, अतिरेक, अत्यधिकता^F; प्रचुरता^F, पूर्णता^F, परिपूर्णता^F; व्यर्थता^F, अनावश्यकता^F।

redundant –न्ट् a. व्यतिरिक्त, अतिरिक्त (~ *definition*); (यन्त्र०) **अतिरिक्तांगी,** समधिक, अनावश्यक, अत्यधिक, निष्प्रयोजन, व्यर्थ, बेकार, फजूल, फालतू; प्रचुर, पूर्ण, परिपूर्ण, भरपूर।

reduplicate रि'ड्यू'प्लिकेट् v.t. द्विगुणित करना, दूना करना, बढ़ाना; पुनरावृत्ति^F करना, दोहराना।

reduplication –के'शॅन् n. द्विगुणन, द्विगुणीकरण, (चि०) **द्विगुणावृत्ति**^F, द्विरावृत्ति^F, पुनरावृत्ति^F; द्विरुक्ति^F, दोहराव; प्रतिमूर्ति^F, प्रतिरूप; सहायक अंग।

reduplicative –'प्लिकॅटिव् a. पुनरावृत्तिशील, दोहराने योग्य, दुगुना, दोहरा; (भाषा०) द्विरुक्त।

ree री' n. =REEVE.

reebok री'बॉक् n. अफ्रीकी कुरंग।

re-echo री-ऍ'को v. i. & t. प्रतिध्वनि^F करना, गूँजना।

reechy री'चि a. धूमिल, धुँधला।

reed रीड्' n. नड, प्रनड, (कृषि०, वन०) **नरकुल, नरसल**, नरकट; शर, **सरकण्डा**, नरई^F; (का०) शर, वाण, तीर; (भौ०) **रीड**^F, **पत्ती**^F; (नरकुलके डण्ठलोंसे बनी हुई) बाँसुरी^F; वानीर, वेतस्, वेत्र, बेंत; वेणु, नल; (भौ०) **कम्पिका**^F; (चरवाहोंका) गीतिकाव्य, विरहा; (खड्डी^Fका पोला) करघा, कंघी^F; ~-mace एरका, (एक प्रकारका पौधा); ~-pipe विपंची-नाड, वंशी^F, बाँसुरी^F, मुरली^F; ~-stop बाजेकी खूँटी^F; नरकुल या सरकण्डेका पौधा; *broken* ~ अविश्वसनीय व्यक्ति या वस्तु^F; *lean on a* ~ कमजोर व्यक्तिपर आश्रित होना, कमजोर वस्तु^F-पर विश्वास या भरोसा करना;
~-bird, ~ bunting, ~ field, ~ hut, ~ instrument, ~ organ, ~ pen, ~ pheasant, ~ pipe, ~ space, ~ warbler.

reeded –'डिड् a. शरमय, शरपूर्ण, शराच्छादित, नरकुलोंसे भरा हुआ।

re-edify रीऍ'डिफ़ाइ v.t. पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना; (आशा^F इत्यादिका) पुनः संचार करना, दोबारा धारण करना; (क्षीण तन्तुओं आदिका) पुनः स्वस्थ बनाना, पुनः सबल बनाना।

reediness री'डिनि'स् n. क्षीणता^F, दौर्बल्य; अव्यवस्था^F; अस्पष्टता^F।

reeding री'डिंग् n. मुद्रान्त-वर्षण, मुद्राप्रान्त-घर्षण, सिक्केके किनारेकी घिसाई^F।

reedless रीड्'लिॅस् a. नडहीन, प्रनडविहीन, नरकुलहीन, नरकटसे रहित; शरविहीन, सरकण्डाहीन, नरईहीन; (का०) शरहीन, तीरविना, वाणरहित; वानीरहीन, वेतस्विहीन, बिना बेंतका।

reedling रीड्'लिंग् n. मूषक-विशेष, एक प्रकारका चूहा।

reedy री'डि n. नलमय, शराच्छन्न, नरकुलोंसे भरा हुआ; सरकण्डेका (~ *couch*), सरकण्डेका-सा; शरवाद्यके समान स्वरवाला; अस्पष्ट; अव्यवस्थित।

reef[1] रीफ़्' n. पालके तीन या चार भाग (जो खोले और लपेटे जायँ); *take in a* ~ सावधानी^Fसे चलना;
~-band, -knot, ~-point.

reef[2] v.t. (**पाल**) लपेटना, सिकोड़ना, समेटना, घटाना, **छोटा करना**, कम करना।

reef[3] n. प्रवालिका^F, प्रवाली^F; सन्दर^F; शिलाश्रेणी^F, शैलमाला^F; (पानीकी सतह^F या उसके ठीक ऊपर या नीचे स्थित) शिलोच्चय, पाषाण-खण्ड-संघात, शिलासंघात, बालुका-विस्तारः भित्ति^F, **शैलभित्ति**^F; (परि०) **समुद्री चट्टान**^F, **जल-शैल, खराबा**; (स्वर्णखनन) शिलास्तर, स्वर्णमय स्फटिककी धारी^F या धातुरेखा^F; **रीफ़**^F;
~-builder, ~ cringle, ~-fish, ~ gold, ~-heron, ~ knot, ~ point.

reefer री'फ़र् n.(क्रियागत अर्थोंमें), लपेटनेवाला, घटानेवाला; (परि०) **वर्दी कोट**; (ग्रा०) पोताधिकारी, जहाजका अफसर; दोहरी गाँठ^F।

reefy री'फ़ि a. प्रवालीमय, सन्दरयुक्त, शैलमालायुक्त; जलस्थ शिलोच्चययुक्त, जलमग्न-पाषाणखण्ड-संघातमय।

reek[1] रीक्' n. (विज्ञान एवं साहित्य) धूम्र, धुआँ; वाष्प, भाप^F; दुर्गन्धि^F, बदबू^F; दुर्गन्धिमय जलवायु^F, सड़ी आबहवा^F।

reek[2] v.t. धूम्रनिर्गमन करना, धुआँ निकालना; वाष्प छोड़ना, भाप^F छोड़ना; उग्र दुर्गन्ध देना।

reekly –'लि a. धूम्रोद्गामी, वाष्पोद्गारी; वाष्पमय, भाप^Fसे परिपूर्ण।

reeky –'कि a. धूम्र-निर्गामी, धुआँ निकालनेवाला, धुएँदार; वाष्पोद्गिरक, भाप^F निकालनेवाला।

reel[1] रील्' n. बेलं, बेलन, घिरनी^F, (परि०) **चर्खी**^F, गिट्टी^F, गड़ारी^F, **गरारी**^F, **रील**^F, गोला; डोर लपेटने या ढीली करनेकी प्रक्रिया^F; (सूत लपेटनेका) अटेरन, छोटा बेलन, छोटी चर्खी^F, विभिन्न यन्त्रोंका चक्कर काटनेवाला भाग; (चलचित्रमें एक बेलनपर लपेटी हुई) चित्रपट्टी^F, (कृषि०) **रील**^F।

reel[2] v.t. & i. (सूत इत्यादि) चर्खी^Fपर लपेटना, बेलनपर लपेटना; अटेरना; उतारना, अलग करना; (~ *off* भी) बड़बड़ा जाना, एक साँस^Fमें कह जाना, धड़ल्लेसे बोल जाना; (पतिंगों इत्यादिका) चलती गड़ारी^Fके समान चूँ-चूँ करना; ~ in **चर्खी^Fपर लपेटना**; *off the* ~ (ला०) निःसंकोच, बेधड़क, बेखटके, बेरुकावट, धड़ाधड़, फड़ाफड़, एकके बाद एक।

reel[3] n. (शा० या ला०) स्खलन, विचलन, प्रकम्पित गति^F, कम्पनमय चाल^F (*without a ~ or a stagger*):

reel[4] v.i. (आँख^F, मन, सिरके लिए) प्रकम्पित होना, कम्पित होना, डगमगाना, लड़खड़ाना, चकराना, घूमना, हिलना (*his mind, the ship, ~ed under the shock*); काँपते हुए खड़ा होना, रोते हुए चलना; (एक ओरसे दूसरी ओर) तेजी^Fसे जाना; जोरसे झूलना, लुढ़कना।

re-elect री-इॅले'क्ट् v.t. पुनर्निर्वाचित करना, फिरसे चुनना।

re-election –कॅ'शॅन् n. **पुनर्निर्वाचन**, दोबारा चुनाव।

reeler री'लॅर् n. बेलक, बेलनपर लपेटनेवाला, घिरनी^Fपर चढ़ानेवाला, चर्खी^Fपर घुमानेवाला, गिट्टी^F बनानेवाला, गड़ारी^Fपर बनानेवाला, गोला बनानेवाला।

reeling –लिंग् n. (वस्त्रोद्योगमें) वलन, (कृषि०) **लपेटना**,

रीलिंग^F (~ *machine*)।

reemployment रीइॅम्प्लाऐ'मॅन्ट् n. पुनर्नियोजन, (श्रम०) **पुनर्नियुक्ति^F, दुबारा काम** देना, फिरसे नौकरी^F देना।

re-enactment री-इॅनैक्ट्'मॅन्ट् n. पुनरधिनियमन, पुनर्विधायन।

re-encounter री-इॅन्कॉउन्'टॅर् n. आकस्मिक द्वन्द्व, आकस्मिक मल्लयुद्ध, आकस्मिक टक्कर^F, आकस्मिक भिड़न्त; आकस्मिक प्रतियोगिता^F।

re-enter री-ऍ'न्'टॅर् v. i. & t. पुनः प्रवेश करना, पुनः प्रवेश कराना।

re-entrance –ट्रॅन्स् n. पुनः प्रवेश।

re-entrant –न्ट् a. & n. (कोण) अन्तर्मुख, (यन्त्र०) **अन्तःप्रवेशी**; (ग०) **अन्तःप्रविष्ट** (~ *angle*); **भीतरी घाटी^F**।

re-entry –ट्रि n. पुनः प्रवेश, फिर घुसना; (कानू०) पुनः स्वत्व-स्थापन, पुनरधिकार, दोबारा कब्जा।

reest रीस्ट्' v. i. ठिठकना, रुकना; धरना, मारना।

re-establish v. t. पुनः प्रतिष्ठित करना, पुनः स्थापित करना, फिरसे जमाना।

re-establishment –मॅन्ट् n. पुनःप्रतिष्ठा, पुनः-स्थापन।

reeve[1] रीव्' n. (इति०, नगर या जिलेका) मुख्य दण्डाधीश; (कनाडामें, ग्राम या नगर-परिषद्^Fका) अध्यक्ष; पोतका नौसैनिक कर्मचारी।

reeve[2] n. भटजलरंका, खर-मीन।

reeve[3] v.t. (*rove, roved*); (नौवि०; किसी छिद्रमें) रस्सी^F डालना; (किसी रस्सी^F, इष्टका या अन्य पदार्थको) पिरोकर बाँधना; (परि०) **पिरोना,** मार्ग निकालना।

re-examination री-इॅग्ज़ैमिने'शॅन् n. (का०) **पुनः परीक्षा^F**, पुनःपरीक्षण, दुबारा इम्तहान; **पुनःपृच्छा^F, अनुपृच्छा^F**।

re-examine –'मिन् v.t. पुनःपरीक्षण करना, फिरसे इम्तहान लेना, दोबारा जाँचना या देखना।

ref. referee; reference.

Ref. ch. Reformed church.

refection रि'फ़े'क्'शॅन् n. जलयोग, जलपान, लघु-भोजन, अल्पाहार, उपाहार, नाश्ता; (चि०) प्रकृतिस्थ होना।

refective –'टिव् a. जलयोग-सम्बन्धी, जलपानका; अल्पाहार योग्य, नाश्तेके लायक; श्रमापहारक, प्रकृतिस्थ करनेवाला, ताजा कर देनेवाला।

refectory –'टॅरि n. जलपानगृह, भोजनशाला^F, उपहार-शाला^F, खानेका कमरा।

refer रि'फ़र्' v.t. & i. अभ्युदिष्ट करना, निर्दिष्ट करना, निर्देश करना, **निर्देशन करना,** (का०) निरूपण करना, अनुबन्ध जोड़ना, सम्बन्ध स्थिर करना; आरोप करना, परिणत करना; समर्पण करना, सौंपना, सिपुर्द करना, **भेजना**; आश्रय लेना, शरण^Fमें जाना, सहायता^F लेना; प्रार्थना^F करना, अपील करना; उल्लेख करना, प्रसंग बताना, सन्दर्भ देना, सन्दर्भित करना, उद्धृत करना, **उल्लेख करना, हवाला देना,** निर्दिष्ट होना; अन्वित होना, सम्बन्ध रखना; (श्रोता इत्यादिके लिए) अन्वय करना, संकेतित होना; (कथा^F या उक्ति^F आदि) देखना, संकेतानुसार पाना; संकेत करना, ध्यान आकर्षित करना, इशारा करना; पृच्छा^F करना, पूछना, सलाह करना; लक्ष्य करना, उद्देश्य बनाना।

referable रे'फ़'र'बॅल् a. आरोप्य, विवेच्य; संकेतार्ह, निर्देश्य, सन्दर्भार्ह, निरूपणीय; समर्पणीय।

referee[1] रे'फ़'री n. मध्यस्थ, निर्देश्य पुरुष, **निर्देशी,** पंच; निर्णेता, अभिनिर्णायक; विचारक, विनिर्धारक, जज, रेफरी।

referee[2] v. i. & t. मध्यस्थ बनना, पंचायत^F करना, निर्णेता बनना, निर्णय देना।

reference[1] रे'फ़'रॅन्स् n. (किसी निर्णेताको दी गयी) अधिकार-सीमा^F; प्रेष्टि^F, प्रेषण, प्रतिप्रेष; **अनुषंग,** सम्बन्ध, सम्पर्क, अन्वय, मेल, समानता, अन्योन्याश्रयत्व; अर्पण, निवेदन, संकेत, (का०) **निर्देशन, निर्देश, सन्दर्भ,** प्रसंग, इशारा; उद्धरण, उल्लेख, **हवाला,** (~ *officer*); पृच्छा^F; विमर्श; संकेत-चिह्न; निरीक्षण, सन्दर्भावलोकन, (विक्रय एवं नौकरी^Fमें) आवेदकका सहर्ष अनुमोदक व्यक्ति; तारक-चिह्न ⊙; book of ~ उद्धरण पुस्तक^F, सन्दर्भ-पुस्तक^F; ~ Bible हाशियों^Fपर उल्लेखयुक्त बाइबिल^F; ~ library सन्दर्भ पुस्तकालय, जहाँसे पुस्तकें^F बाहर नहीं जा सकतीं; *without ~ to* निरपेक्ष, अनपेक्षित, अपेक्षारहित; *with ~ to* विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें; ~ book, ~ box, ~ chart, ~ clerk, ~ cycle, ~ electrode, ~ map, ~ mark, ~ number, ~ object, ~ pegs, ~ plane, ~ point, ~ position, ~ register, ~ room, ~ section, ~ solution, ~ star, ~ station.

reference[2] v.t. (पुस्तक^Fमें) प्रमाण उद्धृत करना, निर्देशांकित करना।

referenced –ड् a. निर्देशांकित, सन्दर्भित।

referencer –सॅर् n. निर्देशांकक, सन्दर्भलेखक।

referencing –सिंग् n. **हवाला देना**।

referendary रे'फ़'रे'न्'डॅरि n. (क०) निर्णायक, पंच; अभिनिर्धारक, आयोग-निर्धारक, कर-निर्धारक; पुनरीक्षण उपाधिकारी, प्रतिवेदन उपाधिकारी।

referendum –डॅम् n. **आपृच्छा^F**, लोकपृच्छा^F, लोकमत, जननिर्देश, लोकनिर्णय, जनमत; **जनमत-संग्रह**।

referent रे'फ़'रॅन्ट् n. संकेतित व्यक्ति, निर्दिष्ट मनुष्य, संकेतित पुरुष; (दर्श०) **निर्देश्य**।

referential –रे'न्'शॅल् a. अपेक्षित; विषयक, सम्बन्धी; आनुषंगिक; अन्वित, उद्धृत, उल्लिखित, निर्दिष्ट।

referral ⊙ रि'फ़ॅरॅल् n. (अर्थ०) **परामर्श**; (श्रम०) संप्रेषण, नाम भेजना।

referred रिफर्ड्' a. अभ्युदिष्ट, निर्दिष्ट, सन्दर्भित; ~ *to as* (विधा०) **के नामसे निर्दिष्ट**।

referrible रे´'फ़रिबॅल् a. = REFERABLE.

refill रीफ़िल' १. n. स्थानापन्न वस्तु^F, भरती^F की वैसी चीज^F; २. v.t. फिरसे भरना।

refinable रि´फ़ाइ'नॅबॅल् a. शोध्य, मार्जनीय, संस्कार्य; संस्करणीय, परिष्करणीय, शुद्ध करने योग्य, साफ करने लायक; रुचिलालित्य लाने योग्य, शील-सौन्दर्य बढ़ाने योग्य, मनोहर बनाने योग्य।

refine –न् v.t. & i. शोधित करना, परिमार्जित करना, संस्कार करना, संस्कृत करना, परिष्कार करना, शुद्ध करना, निर्मल करना, साफ करना या होना, निथारना, निथरना; रुचिलालित्य लाना, शीलसौन्दर्य बढ़ाना, रम्य बनाना, मनोहर बनाना; उत्कर्षलाभ करना, समुन्नत होना; (विचार या भाषा^F में) सौक्ष्म्य लाना, सौष्ठव लाना, लाघव लाना; सूक्ष्म विभेद करना, सूक्ष्म सम्भाषण करना।

refined –ड् a. शोधित, शुद्ध, विशुद्ध, निर्मल; परिष्कृत, परिमार्जित, संस्कृत, साफ; शिष्ट; सूक्ष्म।

refinedness –'निॅड्निॅस् n. शोधितत्व, शुद्धता^F, विशुद्धता^F, निर्मलता^F, सफाई^F; परिष्कृतत्व, परिष्कृतता^F, संस्कृतता^F।

refinement –न्'मॅन्ट् n. शुद्धता^F, शोधन, विशोधन, संशोधन, परिष्कृति^F; शुद्धि^F, प्रमार्जन, संस्कार, (रसा०) **परिष्कार**, निर्मलता^F, सफाई^F, शिष्टाचार, शिष्ट व्यवहार, शिष्टता^F, सुसंस्कृत आचरण; **परिक्रमण; सूक्ष्मीकरण;** अतिसूक्ष्मता^F; सूक्ष्म या कुशल प्रतिभा^F; सूक्ष्म विभेद; सूक्ष्म तर्क, बारीक निगाह^F; प्राचुर्य, बाहुल्य, आधिक्य।

refiner –'नॅर् n. शोधक, विशोधक, संशोधक, संस्कर्ता, परिमार्जक, परिष्कारक, (विशे० धातु^F इत्यादिको) साफ करनेवाला; (रसा०) **परिष्कार-कक्ष**।

refinery –रि (धातु^F इत्यादिकी) संस्करणी^F, परिष्करणी^F, (रसा०) **परिष्करण-शाला^F**, विशोधनालय, रिफायनरी^F।

refining –निंग् १. n. (रसा०, चि०) **परिष्करण,** संशोधन, (इंजी०) शोधन, प्रमार्जन, (रसा०, चि०) **संस्करण**, साफ करना; २. a. परिमार्जनकारी।

refit रीफ़िट् v.t. & i. पुनः प्रशस्त करना; जीर्णोद्धार करना, सुधारना, मरम्मत^F करना; फिरसे फिटिंग^F करना, बिठाना।

refit, refitment रीफ़िट्',–मॅन्ट् nn. जीर्णोद्धार, मरम्मत^F, (परि०) **दुरुस्ती^F**, दुबारा फिटिंग^F।

reflate रि´फ़्लेट्' v.t. & i. (मुद्रास्फीति^F के बाद) मुद्राविकास करना या होना।

reflation –ले'शॅन् n. पुनर्मुद्रास्फीति^F, मुद्राविकास, प्रतिस्फीति^F, (बैंक०, अर्थ०) **प्रत्यवस्फीति^F**।

reflationary –नॅरि a. प्रतिस्फीतिकारी।

reflect रि´फ़्ले´क्ट् v.t. & i. (सतह^F या द्रव्यको) पीछे या वापस निक्षिप्त करना, परिवर्तित करना, प्रतिक्षेप करना, उछालना; प्रतिबिम्बित करना, अक्स डालना; प्रतिफलित होना, उल्टा फल देना; पलटा खाना, पलटना, फिर जाना, लौटना, मुड़ना; प्रतिरूप होना, एकरूप होना; कलंकित करना, निन्दित करना; स्मरण करना, याद^F करना; ध्यान करना, चिन्तन करना; प्रकट करना; विमर्श करना, मनमें विचार करना, सोचना; (*on, upon* के साथ) अपनेको स्मरण हो आना; उपेक्षापूर्ण आलोचना^F करना।

reflectance –'टॅन्स् n. (भौ०) **परावर्तकता^F**।

reflected –'टिॅड् a. संक्रान्त, प्रतिफलित, प्रक्षिप्त, प्रतिक्षिप्त, **परावर्तित**, (~ *ray*, ~ *way*), प्रतिबिम्बित (~ *light*)।

reflectible –टिबॅल् a. प्रक्षेप्य, परावर्त्य, प्रतिक्षेप्य, उछालने योग्य; प्रतिबिम्ब्य, अक्स डालने योग्य; प्रतिफलदेय, विरोधी परिणाम देने योग्य, उल्टा फल देने योग्य।

reflecting –टिंग् a. परावर्तनकारी, परावर्ती, प्रतिबिम्बीय, प्रतिफलक (~ *telescope*); चिन्ताशील, विचारशील।

reflection, -exion –'शॅन्,-ऍक्'शॅन् nn. प्रक्षेपण, प्रतिक्षेपण, (भौ०) **परावर्तन**, प्रतिबिम्बन; प्रतिच्छाया^F, **प्रतिबिम्ब**, परछाई^F, छाया^F; प्रतिक्षेप-क्रिया^F, परावर्तित, कार्य; प्रतिफलन; निन्दा^F, परिवाद, आक्षेप, अधिक्षेप, दोषकथन, दोषारोपण; अयशस्कर वस्तु^F, निन्दाजनक कार्य; चिन्तन; (शिक्षा०) **विमर्श**, पुनर्विमर्श, पुनर्मनन, पुनर्विचार, ध्यान; बौद्धिक शक्ति^F, मानसिक सामर्थ्य; भाव, भावना^F, कल्पना^F; चिन्ता^F, समीक्षा^F, मानसिक या वाचिक आलोचना^F; *angle of* ~ परावर्तन-कोण, परावृत्त कोण;

~ co-efficient, ~ factor, ~ galvanometer, ~ loss, ~ telescope.

reflectional –नॅल् a. प्रक्षिप्त, प्रतिक्षिप्त, परावर्तित, परावृत्त, प्रतिबिम्बित, फेंका हुआ; विचारशील, चिन्तनशील।

reflectionless –न्-लिॅस् a. प्रक्षेपवर्जित, परावृत्तिहीन, प्रतिबिम्बरहित; विचारशून्य, चिन्तनरहित।

reflective –'टिॅव् a. प्रक्षेपक, प्रतिक्षेपक, परावर्तक, परावर्ती, प्रतिबिम्बक, छाया^F डालनेवाला, परछाई^F डालनेवाला; (प्रकाश इत्यादि) परावृत्त, प्रतिबिम्बित, फेंका हुआ; (क्र०) अन्योन्य, पारस्परिक; भावात्मक मननसम्बन्धी, विचारगत; (व्यक्ति, भाव आदि) चिन्तनशील, विचारशील, **मननोन्मुख, ध्यानप्रवण, ध्यानमग्न;**

~ index, ~ insultation, ~ morality, ~ power, ~ wave.

reflectiveness –निॅस् n. गाम्भीर्य, गम्भीरता^F, विचारशीलता^F, मननशक्ति^F, चिन्तनशीलता^F, ध्यानमग्नता^F, भावात्मकता^F।

reflectivity –टि'विटि n. प्रक्षेपकता^F, प्रतिक्षेपकता^F, (भौ०) **परावर्तकता^F**, प्रतिबिम्बकता^F; परावृत्ति^F, प्रतिबिम्बन; अन्योन्यता^F, पारस्परिकता^F; ध्यान-विषयकता^F, मननसम्बन्धिता^F, ध्यानमग्नता^F, चिन्तनशीलता^F, विचारशीलता^F।

reflectometer ⊙ –ट्रॉ'मिॅटॅर् n. **परावर्तमापी**।

reflector –'टॅर् n. प्रतिक्षेपक, (भौ०) **परावर्तक**, (~*layer*), **प्रकाशक्षेपी**, प्रतिबिम्बक, दर्पण, मुकुर, शीशा; सम्मिलित दूरेक्ष, सम्मिलित दूरदर्शक, मूर्तिपरावर्तक यन्त्र।

reflet (F) n. कान्ति^F, चमक^F।

reflex[1] रीफ़्लेॅक्स् n. परावृत प्रकाश; प्रतिक्षिप्त रंग; प्रतिबिम्बित कीर्ति^F; (किसी चित्रका) दूसरे भागके प्रकाश या रंगसे प्रभावित भाग; पुनरुत्पत्ति^F; गौण प्रकाश; अनुरूप परिणति^F, सदृश परिणाम; प्रत्यावर्तन, प्रतिक्षेप क्रिया^F, **प्रतिवर्त**, (चि०) क्रिया^F (~ *immitation*, ~ *movement*), **सहज क्रिया**।

reflex[2] रीफ़्लेॅक्स् a. प्रत्यावर्तित, मुड़ा हुआ; परावृत्त, पुनरावर्तित; (विचार आदि) आभ्यन्तर, आन्तर, अन्तर्मुख, आत्मचिन्तनमय; (परिणाम या प्रभाव) प्रतिक्रियात्मक, उल्टा प्रभाव डालनेवाला; (व्या०) स्वार्थे प्रयुक्त, स्वयमर्थक, निजवाचक; निजी; ~ action, (चि०) **प्रतिवर्त क्रिया**^F; (जीव०) **प्रतिवर्ती क्रिया**^F; (शरीर०) सहज प्रतिक्षेप, स्वाभाविक कार्य; ~ angle प्रतिक्षिप्त कोण, बृहत् कोण;
~ arc, ~ camera.

reflexed –रिफ़्लेॅक्स्ट्' a. (वन०) प्रतिक्षिप्त, पुनः प्रत्यावर्तित, **प्रतिवर्तित**, पुनः परावृत, दोबारा मुड़ा हुआ।

reflexibility –सिबि'लिटि n. प्रक्षेप्यता^F, प्रतिक्षेप्यता^F, परावर्तनशीलता^F, प्रतिबिम्बनशीलता^F।

reflexible, reflectible –सिबॅल् –'टिबॅल् aa. प्रक्षेप्य, प्रतिक्षेप्य, परावर्तनीय, प्रतिबिम्बित होने योग्य।

reflexion –'शॅन् दे० = REFLECTION.

reflexive –'सिव् a. & n. परावर्तक; प्रत्यावर्तित, परावर्तित; परावर्ती; (व्या०) निजवाचक (~ *pronoun*), स्वयमर्थक (पद); प्रतिफलनक्षम; पूर्वसम्बन्धी, अतीत घटित; (व्या०) कर्तृविषयक, कर्तृ सम्बन्धी।

reflexivity –'विटि n. (ग०) **स्वसमता**^F, **स्वतुल्यता**^F।

reflourish रीफ्ल'रिश् v. i. प्रतिस्फुटित होना, लहलहाना, फिर पनपना।

refluence रेॅ'फ़्लुअॅन्स् n. परावर्तन, प्रतीपप्रवाह, उल्टी गति^F।

refluent –न्ट् n. परावर्ती, प्रतीपवाही, उल्टा बहनेवाला।

reflux रीफ़्लक्स् n. प्रतिप्रवाह, पश्चप्रवाह, उल्टा प्रवाह, पीछेकी ओर गति^F; भाटा, उतार।

refluxed –स्ट्' a. (रसा०) **अधोवाहित**।

reforest रीफ़ॉ'रिस्ट् v.t. पुनः वन लगाना फिरसे जंगल उगाना।

reforestation रीफ़ॉरिस्टे'शॅन् n. (प्रा० भू०) **पुनर्वनरोपण**।

reform[1] रि फ़ॉर्म् n. पुनर्गठन, संशोधन, संस्करण, परिष्करण, उन्नयन; दोषनिवृत्ति^F, **सुधार**।

reform[2] v.t. & i. पुनर्गठन करना, संशोधन करना, संस्कृत करना, उन्नत बनाना, सुधारना, **सुधार करना**, सुधरना, ठीक करना, अच्छा बन जाना; मिटाना, हटाना, दूर करना।

reform[3] v.t. & i. नवनिर्माण करना, पुनर्निर्माण करना, सुधारना, मरम्मत^F करना, फिर बनाना, ठीक करना, सँवारना।

reformable रिफ़ॉर्'मॅबॅल् a. पुनर्गठनीय, संस्कार्य, संशोधनीय, सुधारने योग्य।

reformation रेॅफ़ॅमे'शॅन् n. संस्कार, संस्करण, संशोधन, पुनर्गठन; नवनिर्माण, पुनर्निर्माण, **सुधार**, (~ *officer*) मरम्मत^F; (राजनीति^F, सामाजिक इत्यादि विषयोंमें) मौलिक परिवर्तन; **धर्म-सुधार**, पापनिवृत्ति^F; (ईसाई) धर्मान्दोलन।

reformational –नॅल् a. सुधार-सम्बन्धी; सुधारात्मक।

reformative, reformatory[1] रिफ़ॉर्'मॅटिव्, –टॅरि aa. संस्कारक, संस्कारजनक, सुधारात्मक, सुधारोत्पादक, पुनर्गठन करनेवाला।

reformatory[2] –टॅरि n. (विधा०, का०) **सुधारालय**, सुधार-शाला^F, बाल-सुधारक विद्यालय।

reformed –र्म्ड्' a. संस्कृत, संशोधित, सुधारा या सुधरा हुआ, सुधारित; नवनिर्मित, पुनर्गठित, परिवर्द्धित, उन्नत।

reformer –'मॅर् n. संस्कारक, संशोधक, धर्मप्रवर्तक, पुनरुद्धारक, परिवर्द्धक, उन्नायक, सुधारक।

reformism –मिज़्म् n. (शिक्षा०) **सुधारवाद**, संस्कारवाद।

reformist –मिस्ट् n. संस्कारक, पुनरुद्धारक, नवनिर्मित, परिवर्द्धक, उन्नायक, सुधारक; सुधारवादी, उन्नयनवादी।

refract रिफ़्रैक्ट् v.t. (पानी, वायु^F, शीशा इत्यादिके तिरछा होनेपर प्रकाशको) वक्र करना, परावृत करना, मोड़ना, फेरना, तिरछा करना; (दुष्ट विवेचनार्थ) विश्लेषण करना, खण्ड-खण्ड करना।

refracted –टिड् a. वक्र, परावृत्त, मुड़ा हुआ, फिरा हुआ, तिरछा; विश्लेषित, विखण्डित।

refractile ⊙ –टिल् a. वक्रकारक, परावर्तक, मोड़नेवाला, फिरनेवाला, तिरछा करनेवाला; विश्लेषण करनेवाला, विखण्डित करनेवाला।

refracting रिफ़्रैक्'टिंग् a. परावर्तक (~ *telescope*)।

refraction –'शॅन् n. व्यतिया^F, दिक्परिवर्तन, किरणवक्रता^F, वक्रीभाव, वक्रीकरण, परावर्तन, **अपवर्तन**, (~ *correction*), व्यावर्तन, (यंत्र०, भौ०) **वर्तन** (~ *error*)।

refractional, refractive –नॅल्, –'टिव् aa. दिक्परिवर्तित, वक्रीभूत, परावर्तित, फेंका हुआ, मोड़ा हुआ; ~ index अपावर्तनांक, (भौ०) **वर्तनांक**।

refractiveness –निॅस् n. दिक्परिवर्तित्व, वक्रीवाव, **अपवर्तकता**^F, परिवर्तितता^F, फेंका हुआ होना, मोड़ा हुआ होना।

refractivity –टि'विटि n. REFRACTIVENESS.

refractometer –टॉ'मिटॅर् n. परावर्तमान, (भौ०) **वर्तनांकमापी**, वक्रमापी।

refractor –'टॅर् n. (ऋतु०) **वर्तक**, परावर्तक, परावर्ती, दूरवीक्षण यन्त्र; दिक्परिवर्ती साधन।

refractoriness रिफ़्रैक्'टॅरि-निॅस् n. अबाध्यता^F, दुराग्रह, प्रतीपता^F, वक्रता^F, अदम्यता^F, ढिठाई^F,

(शिक्षा०) **हठीलापन,** अड़ियलपन, हठ; अविधेयता[F], अविनय[F], अशिष्टता[F], दुःशीलता[F]।

refractory –रि a. विमति, विभ्रान्त, जिद्दी, अड़ियल, ढीठ,हठी; (रसा०,इंजी०)**उष्मसह; गलनरोधी;** (शिक्षा०) **दुर्जेय;** (भौ०) **वर्तक;** (चि०) दुश्चिकित्स्य; ~ period **अननुसरणकाल; दुर्जेयकाल;**
~ brick, ~ crucible, ~ furnace, ~ lining, ~ metal, ~ ore.

refragable रे'ॅ.फ्रॅगॅबॅल् a. प्रत्याख्येय, अस्वीकार्य, अस्वीकरणीय, खण्डनीय, अनंगीकार करने योग्य।

refrain[1] रि'फ़्रेन् n. (गीत आदिमें) टेक[F], **स्थायी टेक**[F]।

refrain[2] v.t. & i. (आत्मा[F], आँसू इत्यादिपर नियंत्रण रखना, संयम रखना, अधिकार रखना, निग्रह करना, दमन करना, अड़ना, रोकना, रुकना, थामना; (किसी कामसे) विरत रहना, दूर रहना, बाज आना, मुँह फेरना, न करना, हटना।

refrangibility रि'.फ्रैन्जिबि'लिटि n. (भौ०) **वर्तनशीलता**[F], **अपवर्तनशीलता**[F], परावर्तनीयता[F], प्रतिबिम्बनशीलता[F]।

refrangible –'जिबॅल् a. (भौ०) **वर्तनशील, अपवर्तनशील,** परावर्तनीय, प्रतिबिम्बनशील।

refrangibleness –निॅस् n. =REFRANGIBILITY.

refresh रि'फ़्रेश्' v.t. & i. उत्साहित करना, प्रचोदित करना, प्रेरित करना; पुनः सबल करना, पुनः शक्ति[F] देना या पाना, श्रमलाघव करना, विश्रान्त करना या होना, थकावट[F] दूर करना, ताजा दम करना या होना; (विशे०) अल्पाहार करना, जलपान करना।

refresher –'शॅर् n. पुनर्बोधक, पुनरुज्जीवित करनेवाला इत्यादिके क्रियागत अर्थोंमें; (बोल०) पेय, मद्य, जलपान, शरबत; ~ course प्रबोधन-पाठ्यक्रम, आवृत्तिचर्या[F], **पुनश्चर्या**[F], (चि०) **नवीकर पाठ्यक्रम।**

refreshing –शिंग् a. शीतल, सुखप्रद, स्फूर्तिजनक, मधुर, श्रमापहारक, श्रान्तिनिवारक, स्फूर्तिदायक।

refreshingness –निॅस् n. शीतलता[F], स्फूर्तिजनकता[F], मधुरता[F], श्रमापहारकता[F], सुख विश्रान्ति[F], आराम।

refreshment –श्'मॅन्ट् n. विश्रान्ति[F], विश्राम, आराम (*the sight was a ~ to me*); नवीकरण, नयी ताजगी[F]; जलपान, उपाहार, पेय या खाद्य-पदार्थ, नाश्ता;
~ allowance, booth, ~ car, ~ room.

refrigerant[1] रि'फ़्रि'जॅरॅन्ट् n. तापहरक, (भौ०) **प्रशीतक, प्रशीतक द्रव्य;** (यंत्र०) **प्रशीति**[F]; दाहशमक ओषधि[F]।

refrigerant[2] a. तापहर, दाहहर,(चि०)ज्वरहर, तृषाहर; शीतकर, (कृषि०) **प्रशीतकर।**

refrigerate –रे'ट् v.t. & i. (भौ०) **प्रशीतित करना,** प्रशीतल करना, प्रशीतन करना, शीतल करना, जमाना, ठण्डा करना; (खाद्य वस्तुओं[F]को जमाने या सुरक्षित रखनेके लिए घोर शीत[F]में रखना।

refrigerating –टिंग् a. (भौ०) प्रशीतक (*~engine*)।

refrigeration –रे'शॅन् n. शीतल चिकित्सा[F]; शीतन, (भौ०, कृषि०, चि०, रसा०) **प्रशीतन,** शीतलीकरण, तापहरण, ठण्डा करके जमाना;
~ cycle, ~plant, ~ van.

refrigerative –'जॅरॅटिव् a. प्रशीतक, शीतल करनेवाला, तापहर।

refrigerator –रे'टॅर् n. (पदार्थोंको सुरक्षित रखनेवाला) तापशामक यन्त्र (चि०, रसा०, कृषि०, भौ०) **प्रशीतक,** (भौ०) **प्रशीतित्र,** शीतन-यन्त्र, **रेफ़्रीजरेटर।**

refrigeratory[1] –रॅटॅरि n. तापहर यन्त्र, (वाष्प[F] जमानेके लिए यन्त्रमें जुड़ा हुआ शीतल जलका पात्र)

refrigeratory[2] a. प्रशीतक, तापहर, शीतलकारी, तापहारी।

refringent रि'फ़्रिं'जॅन्ट् a. =REFRACTING.

reft रे'फ़्ट्' REAVE का कृदन्तरूप।

refuge[1] रे'फ़्यूज् n. आश्रय, संश्रय, शरण[F], आश्रयस्थान, शर स्थल, आसरा, ओट[F], आड़[F] (*take ~ in a cave*); शरण्य, आश्रयदाता (*he is the ~ of the distressed*); (रास्तोंके बीच विश्रामार्थ निर्मित) चबूतरा; house of ~ शरणालय।

refuge[2] v.t. & i. (क्व०) संश्रय देना, आश्रय प्रदान करना, प्रश्रय देना, शरण[F] देना; संश्रय ग्रहण करना, शरण[F]में जाना, आसरा लेना।

refugee –जी' n. आश्रित व्यक्ति, शरणापन्न व्यक्ति, शरणागत, (राज०) शरणार्थी (*~ department*)।

refugeeism –'इज़्म् n. आश्रित स्थिति[F],शरणापन्नता[F], शरणागति[F], शरणार्थिता[F]।

refulgence, -cy रि'फ़ल्'जॅन्स्, -सि nn. दीप्ति[F], प्रभा[F], तेज, औज्ज्वल्य, प्रकाश, चमक[F]।

refulgent –न्ट् a. भास्वर, तेजोमय, प्रकाशमान, देदीप्यमान, समुज्ज्वल, चमकदार।

refund[1] रि'फ़न्ड् n. प्रत्यर्पण, प्रतिनिचयन, पुनः प्रदान, लौटाना, वापसी[F], धन वापसी[F], दोबारा अदायगी[F];
~ adjustment, ~ order, ~ application, ~ bill, ~ payment order, ~ statement, ~ voucher, ~ warrant.

refund[2] v.t. & i. (प्राप्त धनको) प्रतिनिचित करना, प्रत्यर्पण करना, पुनःप्रदान करना, दोबारा देना, लौटा देना, लौटाना, वापस करना, लिया हुआ फेर देना, फिरसे अदा करना।

refundable –'डॅबॅल् a. प्रतिनिचीय, प्रत्यर्प्य, प्रत्यर्पणीय; **लौटाने योग्य, वापसी योग्य;** (विधा०) **लौटाया जानेवाला,** फिरसे लौटनेवाला।

refunded –डिॅड् a. प्रतिनिचित, प्रत्यर्पित, प्रतिदत्त, फिरसे लौटाया हुआ।

refundee –डि' n. प्रत्यर्पिती, प्रत्यर्पणग्राही।

refunder –'डॅर् n. प्रत्यर्पयिता, प्रतिनिचेता, लौटानेवाला।

refunding –डिंग n. प्रत्यर्पण (*~ board*); ~bond

(अर्थ०) **वापसी बांड** ।
refundment –ड्'मॅन्ट् n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, पुनःप्रदान ।
refusable रि'फ़्यू'ज़'बॅल् a. अस्वीकार्य, अग्राह्य, अमान्य, नामंजूर करने लायक ।
refusal –ज़ॅल् n. असम्मतिF, अस्वीकृतिF, अस्वीकरण, इनकार; प्रत्यादेश, प्रतिषेध, मनाहीF, न; अस्वीकरणाधिकार (*give person the ~ of*) ।
refuse[1] –ज़' v.t. & i. अस्वीकार करना, (विधा०) **अस्वीकृत करना,** अग्राह्य करना, अनंगीकार करना, प्रतिषेध करना, इनकार करना, नामंजूर करना, साफ जवाब देना, न देना, मना करना, न मानना (~ *offer, office*); (ताशके पत्तोंका) क्रम पूर्वक न होना, लगातार न चलना ।
re-fuse[2] री-फ़्यूज़् v.t. & i. एकरूप करना या होना, पुनः मिलना, दोबारा जोड़ना, जुड़ना ।
refuse[3] रॅ'फ़्यूस् १. a. उच्छिष्ट, परित्यक्त, निषिद्ध, असार, व्यर्थ, निकम्मा; २. n. अवशिष्ट, शेष, मैल, तलछटF, (चि०) **कचरा,** (~ *disposal*); **कूड़ा ।**
refused रि'फ़्यूज़्ड् a. अस्वीकृत (~ *article*, ~ *money*) ।
refuser –'ज़र् n. अस्वीकर्ता, अग्राहक, इनकार करनेवाला ।
refutability रॅ'फ़्यूटॅबि'लिटि n. अप्रमेयताF, निरसनीयताF, निराकरणीयताF, खण्डनीयताF, काटा जाना, इनकारमें आनेकी अवस्थाF ।
refutable –टॅबॅल् a. अप्रमेय, निरसनीय, निराकरणीय, खण्डनीय, काट्य, प्रत्याख्येय, गलत ।
refutal, refutation –टॅल्, –टे'शॅन् nn. निरसन, निराकरण, निषेध, प्रतिक्षेप, **खण्डन,** प्रत्याख्यान, काटF ।
refutatory –टॅटॅरि a. अप्रमेयक, निरसनकारी, निराकरण करनेवाला, खण्डन करनेवाला, काटनेवाला, गलत बना देनेवाला ।
refute –ट्' v.t. निराकरण करना, प्रत्याख्यान करना, **खण्डन करना,** त्रुटिपूर्ण बताना, गलत ठहराना; असिद्ध करना, झुठलाना, काटना, रद्द करना ।
refuter –'टॅर् n. अप्रमेता, निरसनकर्ता, निराकर्ता, प्रत्याख्याता, खण्डक, काटनेवाला, गलत ठहरानेवाला ।
Reg. Registrar; Regional.
regain रि'गेन्' v.t. पुनः अधिकार प्राप्त करना, फिरसे पाना (~ *consciousness*); फिर पहुँचना; प्रतिष्ठित करना, स्थिर करना, सँभालना, जमाना (~ *one's foot*) ।
regal[1] री'गॅल् n. (एक छोटा-सा वाद्य-यन्त्र), रीगल ।
regal[2] a. राजार्ह, राजोचित, राजकीय; शाही (~ *office, title*); भव्य, शानदार (*lives in ~ splendour*) ।
regale[1] रि'गेल् n. (शा० एवं ला०) भोज, दावतF; स्वादिष्ट भोजन, स्वादिष्ट वस्तुF; स्वेच्छा भोजन, इच्छानुसार स्वाद या रस ।
regale[2] v.t. & i. (भोजन या वार्तालाप द्वारा) यथेच्छ तृप्त करना, इच्छानुसार सन्तुष्ट करना; (सौन्दर्य, फूल इत्यादिका) प्रफुल्लित करना या होना, आह्लादित करना, आनन्द देना, प्रसन्न करना; सुस्वादु भोजन करना, दावतF करना; परिपुष्ट करना ।
regalement –'मॅन्ट् n. भोज, उत्सव, आमोद, प्रमोद; सेवन ।
regalia[1] रि गे'लयॅ n. (मान०) **राजचिह्न,** राजोपचार; राजाधिकार, शाही अधिकार, राजशक्तिF ।
regalia[2] n. अच्छे किस्मका सिगार, बढ़िया प्रकारका चुरट ।
regalism री'गॅलिज़्म् n. राजवाद, धर्मको राजसापेक्ष माननेवाली नीतिF, राजाका धार्मिक सर्वाधिकारका सिद्धान्त ।
regality रि'गैलिटि n. प्रभुत्व, राजत्व, राजकीयताF, राजभाव, राजशक्तिFके गुण या लक्षण; राज्य, राजतन्त्रात्मक शासन; राजस्वत्व, राजकीय अधिकार; राजकीय ठाठ ।
regard[1] रि'गाड्' n. अवेक्षण, निरीक्षण, दृष्टिF, निगाहF; स्नेह, प्रीतिF, अपेक्षाF, सम्मान, श्रद्धाF, आदर (*feel a great ~ for him*); मनोयोग, एकाग्र दृष्टिF, ध्यान, अवधान; (pl. पत्र आदिमें) अभिनन्दन, स्नेहप्रदर्शन, नमस्कार (*give him my ~s*); प्रशंसाF, बधाईF; *as ~s, in, with ~ to* या *of* के विषयमें, इस बारेमें; *in this ~* इस विषयमें ।
regard[2] v.t. & i. अवेक्षण करना, निरीक्षण करना, दृष्टिपात करना, ताकना, देखना, निगाहF डालना (~*s me with curiosity*); ध्यान देना, विचार करना; समादृत करना, मानना (*does not ~ my advice*); आदर करना, सम्मानित करना, सम्मान करना, प्रतिष्ठाF करना, सत्कार करना, इज्जतF करना, कद्रF करना; गणनाF करना, विचारना, सोचना, समझना (*is to be ~ed as a wild beast*); (वस्तुओंFके लिए) अपेक्षाF रखना, अवेक्षित होना ।
regardant –'डॅन्ट् a. सावधान, चौकस; खबरदार ।
regardful –ड्'फ़ुल् a. मनोयोगी, अभिनिविष्ट, लवलीन; सापेक्ष; सावधान, खबरदार; अपेक्षक, सत्कारपूर्ण, आदरयुक्त, सम्मान करनेवाला ।
regardfulness –निॅस् n. (क्व०) अपेक्षाF, सत्कार, समादर, सम्मान, विचार, ख्याल ।
regarding –'डिंग् prep. के विषयमें, **के बारेमें** ।
regardless –ड्'लिॅस् a. & adv. अनपेक्ष, निरपेक्ष, उपेक्षावान्, असावधान, अनुत्सुक, विरक्त, उदासीन; अमनोयोगी, अचेत, बेखबर, बेपरवाह ।
regardlessness –निॅस् n. अनपेक्षाF, उपेक्षाF, असावधानताF, लापरवाहीF, बेलिहाजीF ।
regatta रि'गैटॅ n. नौक्रीड़ाF, नौका-प्रतियोगिताF, नौकादौड़F, नावोंFकी दौड़F; (परि०) **नौकादण्ड ।**
regauging ⊙ रि'गॉ'जिंग् n. पुनर्मापन ।
Regd. Registered.

regelate रीजि॑लेट्' v. i. (एकत्रित तुषार आदिका) फिरसे जमकर एकाकार हो जाना।

regelation –ले॑'शॅन् n. (प्रा॰ भू॰, भौ॰) **पुनर्हिमायन,** पुनःश्यान, फिरसे जमनेकी क्रिया^{F}।

regency री'जॅन्सि n. प्रतिशासन, नियन्त्रण; (राज॰, का॰) **राजपता,** T. राज्यसंरक्षकत्व, प्रतिशासकपद; राजप्रतिनिधित्व, राजप्रतिनिधिपद; प्रतिराजमण्डल, प्रतिराजाधिकारीमण्डल; प्रतिराजक्षेत्र; प्रतिशासक-पद-ग्रहण-काल।

regeneracy रि॑जे॑'नॅरॅसि a. पुनर्जननता^{F}, पुनर्जन्मता^{F}, पुनरुज्जीवनता^{F}, पुनरुत्पादन, पुनरुत्पत्ति^{F}; पुनरुत्थान; नवोत्साह, नयी उमंग^F; पुनरुद्धार, पुनःसंस्कार।

regenerate[1] –रेट् v.t. & i. उच्चतर या आध्यात्मिक प्रवृत्ति^{F} प्रदान करना, आध्यात्मिक स्थिति^{F} सुधारना; **पुनर्योजित करना;** ओजस्वी एवं समुन्नत जीवन बिताना; **पुनरुत्पादन करना, पुनर्जनन करना,** पुनर्जन्म देना, पुनरुज्जीवित करना, फिरसे पैदा करना या होना, नया जन्म होना या देना; आत्मसुधार करना, **पुनरुद्धार करना** (प्रायः अपना)।

regenerate[2], **-ed** –रॅट्, -इॅड् aa. पुनरुद्धारकृत, धर्मसंस्कारापन्न; पुनर्जात, पुनरुज्जीवित, पुनरुत्पन्न, नवोत्साहयुक्त।

regeneration –रे॑'शॅन् n. पुनर्जन्म, पुनरुज्जीवन, पुनरुद्धार, (रसा॰, प्राणि॰) **पुनर्जनन,** पुनरुत्पत्ति^{F}; (चि॰) नववृद्धि^{F}, (कृषि॰) **प्रवृद्धि^{F};** पुनरुत्थान, (रसा॰, भौ॰) **पुनरुत्पादन;** (भौ॰) पुनर्नियोजन, **पुनर्योजन;** पुनःसंस्कार, सुधार, उद्धार; (कृषि॰) **तापदान;** नवोत्साह, नयी उमंग;

~ area, ~ coupe, ~ feeling, ~ interval, ~ period, ~ plan, ~ technique.

regenerative –'नॅरॅटिव् a. (रसा॰) **पुनर्जनक, पुनरुद्धारक, पुनरुत्पादक;** (यन्त्र॰) **पुनर्जननीय,** संस्कार-साधनशील, नवोत्पत्ति-विशिष्ट, पुनरुज्जीवित करनेवाला, पुनरुत्पन्न करनेवाला; नया उत्साह भरनेवाला; (भौ॰) **पुनर्नियोजी; पूर्वयोजित;** पुनरुद्धार-विषयक;

~cell, ~ cycle, ~ furnace, ~ operation, ~ system, ~ voltage.

regenerator –रेटॅर n. (रसा॰) **पुनर्जनित्र;** पुनरुत्थापक, (रसा॰) **पुनरुद्धारक,** पुनरुत्पत्तिकर्ता, **पुनरुत्पादक; पुनर्योजित्र;** पुनरुज्जीवक; भट्ठों^{F}में ईंधन बचानेके लिए ईंटों^{F}का आवा।

regeneratory –रॅटॅरि a. पुनरुज्जीवक, नवोत्पत्ति-विशिष्ट, पुनरुत्पत्ति-सम्बन्धी; पुनरुत्पादक; प्रणोदक, प्रचोदक, उत्साहवर्द्धक, नया उत्साह देनेवाला; संस्कार-साधनशील, पुनरुद्धार-विषयक, नवोत्साह-विषयक, नयी उमंगवाला।

regenesis रीजे॑'नि॑सिस् n. पुनर्जनन, पुनर्जन्म, पुनरुज्जीवन, पुनरुत्पत्ति^{F}, पुनरुद्धार।

regent री'जॅन्ट् n. शास्ता, प्रतिशासक; **राजप,** राज्य-प्रतिनिधि, शासनपाल; प्रतिराज, प्रतिसंरक्षक, (राजाकी अल्पवयस्कता^{F} या अनुपस्थिति^{F}में शासन चलानेवाला व्यक्ति); T. (किसी राजकीय विश्वविद्यालयमें) शासन-मण्डलका सदस्य ⊙।

regentship –शिप् n. शास्तृपद, प्रतिशासकता^{F}; प्रतिराजत्व, अनुराजत्व।

regerminate रीजर्'मिनेट् v. i. पुनः अंकुरित होना।

regermination –ने'शॅन् n. पुनरुद्भेदन, पुनः अंकुरोत्पत्ति^{F}।

regicidal रे॑जिसाइ'डॅल् a. राजवध-विषयक, राजहत्या-सम्बन्धी।

regicide –'जिसाइड् n. राजहन्ता, राजघातक, राजघाती; राजहिंसा^{F}, (राज॰) **राजवध,** राजहत्या^{F}।

regie (F) n. राज्य-नियन्त्रण, राज्यका एकाधिकार।

regime रेझीम्' n. शासन, शासन-पद्धति^{F}, राज्यक्रम, राज-शासन-प्रणाली^{F}; शासनकाल, राज्यकाल।

regimen रे॑'जिमॅन् n. शासन; शासनतन्त्र, प्रणाली^{F}, पद्धति^{F}, रीति^{F}, ढंग, कायदा; (व्या॰) अनुशासन, कारक-प्रक्रिया^{F}, पारस्परिक-सम्बन्ध; पथ्यापथ्यनियम।

regiment[1] रे॑'जॅ(ज)मन्ट् n. अनुशासन, नियम, विधि^{F}, विधान, शासन, (छोटे कर्नलके अधीन) महागुल्म, गुल्म, सैन्यदल, व्यूह, पल्टन; T.

regiment[2] v.t. व्यूहबद्ध करना, पल्टनों^{F}में खड़ा करना; (कार्यकर्ता या श्रमजीवियोंको) संगठित करना; नियन्त्रणमें रखना, अनुशासित करना।

regimental[1] –मे॑न्'टॅल् n. (प्रायः pl.) सैन्यवेश, सेना-परिधान, सैनिक वस्त्र, फौजी वर्दी^{F}।

regimental[2] a. सैन्यदलीय, महागुल्मीय, सैन्यदलका, व्यूह-सम्बन्धी; पल्टनका; **रेजिमेण्टका;**

~ accounts, ~ appointment, ~ association, ~ book, ~ fund, ~ garden, ~ headquarters, ~ magazine, ~ officer, ~ police, ~ school, ~ sports, ~ store, ~ temple.

regimentation –टे'शॅन् n. (राज॰) **एकमार्गीकरण;** संव्यूहन, व्यूह-बन्धन, व्यूह-रचना^{F}, व्यूह-निर्माण, सेनाओं^{F}को टोलियों^{F}में खड़ा करना; **प्रधिशासन,** कठोर नियन्त्रण; (श्रमजीवियों इत्यादिका) संगठन।

regina (L) रि॑जाइ'नॅ n. राज्ञी^{F}, सम्राज्ञी^{F}, रानी^{F}, बेगम^F; सिंहासनारूढ़ महाराज्ञी^{F}, गद्दीनशीन बेगम^F।

reginal –नॅल् a. राज्ञीय, राज्ञीय-विषयक, सम्राज्ञी-सम्बन्धी, रानी^{F}का, बेगम।

region री'जॅन् n. लोक, (प्रा॰ भू॰) **प्रदेश, क्षेत्र,** भूभाग, मण्डल, भूखण्ड, (कृषि॰) **इलाका;** (*a desert, fertile,* ~); सीमा^{F}, अधिकार-क्षेत्र; अंगक्षेत्र (*the ~ of the eyes*); *lower* ~ रसातल, पाताल, प्रेतलोक; *upper* ~ स्वर्ग, परलोक, आकाश।

regional –जॅनॅल् a. **क्षेत्रीय, प्रदेश-, प्रादेशिक** (कृषि॰) इलाकाई;

~ agencies, ~ area, ~ arrangement,

~ classification, ~ commission, ~ commissioner, ~ council, ~ differences, ~ director, ~ distribution, ~ epidemic, ~ fund, ~guide, ~ language, ~ office, ~ planning, ~ representative, ~ station, ~ telegram, ~ trial.

regionalism –लिज़्म् n. क्षेत्रीयता^F, प्रान्तीयता^F; क्षेत्रीयतावाद, प्रान्तीयतावाद, प्रादेशिकतावाद; शासन-विकेन्द्रण, शासन-विकेन्द्रीकरण, देशको कई प्रशासन-क्षेत्रोंमें बाँट देना।

register¹ रे`जिस्टर् n. पंजिका^F, **पंजी^F**, बही^F, **रजिस्टर, मीज़ान दर्शक;** आलेख्य; तालिका^F, सूची^F, अनुक्रमणिका^F; (बाजोंमें स्वर ठीक करनेकी) सरकन^F, पेंच, स्वरनिर्देशक (*upper, middle, lower,* ~); गति-लेखक यन्त्र, शखिलेखयन्त्र; (मुद्रण०) कागजके दोनों ओर मुद्रित पंक्तियों^Fका सटीक मेल (*to make* ~); (चित्र०) चित्र-पट्टिका^Fका केन्द्रित करनेवाले पर्दोंके साथ मेल या संगति^F; ~ office = REGISTRY office;

~ keeper, ~ number, ~ tonnage.

register² v.t. & i. पंजीबद्ध करना, आलिखित करना, क्रमानुसार लिखना, लेखबद्ध करना, बहीखातेमें चढ़ाना, इन्दराज करना; निबद्ध करना; (ला०) याद कर लेना, मनमें चढ़ा लेना; (यन्त्रका) निर्देश स्वतः अंकित करना या बताना; (चल-चि०) भावभंगिमा^Fसे व्यक्त करना, आकृति^Fसे प्रकट करना; (गुण इत्यादि) तुल्य बनना, समान होना, एकरूप होना; ~ *oneself* मतदाताओंकी सूची^Fपर अपना नाम चढ़वाना।

registered –ड् a. पंजीयित, **पंजीकृत, पंजीबद्ध, निबद्ध, रजिस्ट्रीकृत, रजिस्ट्री किया हुआ;** T.।

~ account, ~ address, ~ animal, ~ bag, ~ debenture, ~ depth, ~ file, ~ firm, ~ gradiate, ~ letter, ~ list, ~ matter, ~ nurse, ~ office, ~ post, ~ refugee, ~ tonnage.

registering –रिंग् n. **कागज बिठाना; रजिस्टर करना।**

registrable –स्ट्रॅबॅल् a. आलेखार्ह, पंजीकरणीय, पंजीयन योग्य, अंकित करने योग्य।

registrant –ट्रॅन्ट् n. पंजीकृत व्यक्ति, आलिखित वस्तु, प्रपंजीयित नाम, व्यक्ति जिसके नाम अथवा ट्रेडमार्ककी रजिस्ट्री^F हो गयी हो।

registrar –ट्रार् n. पंजिकाधिकारी, निबन्धक, (वाणि०) **पंजीयक,** पंजीकार, अभिलेखपाल, मुहाफिज-दफ्तर, **रजिस्ट्रार;** (विश्वविद्यालयमें) प्रस्तोता, (शिक्षा०) **कुल-सचिव;** ~ general महारजिस्ट्रार।

registrarship –शिप् n. आलेखन, प्रपंजीकरण।

registrary –ट्रॅरि n. (कैम्ब्रिज वि० वि० का) रजिस्ट्रार।

registration –ट्रे`शन् n. आलेख्य, अंकन, **पंजीकरण, पंजीयन;** पंजीबन्धन, निबन्धन, इन्दराज, **रजिस्ट्री^F;** (कृषि०) **रजिस्ट्री^F करना,** रजिस्ट्रीकरण; उपस्थिति^F, हाजिरी^F ⊙; नाम लिखाना;

~ authorities, ~ card, ~ centre, ~ certificate, ~ circle, ~ clerk, ~ control, ~ counter, ~ department, ~ envelope, ~ fees, ~ mark, ~ number, ~ office, ~ officer, ~ register, ~ report, ~ rules, ~ safe, ~ scheme, ~ seal, ~ section, ~ tribunal, ~ window, new cases, ~ window, old cases, ~ work.

registry –'जिस्ट्रि n. पंजीयन, पंजीकरण, निबन्धन, आलेखन, अंकन, नामांकन, इन्दराज, **रजिस्ट्री^F,** (~ *office* भी) नामांकन-स्थान, पंजीयनालय, रजिस्ट्री^Fका दफ्तर (*married at a* ~)।

regius री`जिअॅस् a. (हेनरी आठवें द्वारा स्थापित कैम्ब्रिज और आक्सफर्डमें) पीठ^Fका प्रत्याशी (~ *professor of Greek*)।

reglet रे`ग्'लिट् n. (मुद्रण) पट्टिका^F, (लकड़ी^Fकी) पट्टी^F, फाँटी^F; (यन्त्र०) **खाँचा।**

reglum donum (L) n. राजकीय अनुदान।

regma रे`ग्'मॅ n. बहुभागी फल, **नैकांशी फल,** अनेकांशी फल, कई फाँकोंवाला फल, (वन०) **एरंड फल,** T.

regnal –नॅल् a. प्रशासकीय, शासन-सम्बन्धी; ~ period शासनकाल, राज्यकाल।

regnancy –नॅन्सि n. शासन, राजत्व; राज्यकाल।

regnant –न्ट् a. शासक, राज्याधिकारी, शासन करनेवाला (~ *prince*); (वस्तुओं^F, गुणों या मतों आदिके लिए) प्रधान, प्रमुख, प्रचलित, प्रबल, सर्वोपरि।

regolith ⊙रे`गॅलिथ् n. (प्रा० भू०) **आवरण प्रस्तर।**

regorge रि`गॉर्ज् v. t. & i. उद्गीर्ण करना, उगलना; वमन करना, छाँडना, कै^Fकरना; (स्रोत आदिका) उभड़ना, उबल पड़ना, निकल पड़ना; (पुनः) निगल जाना, खा डालना।

Reg. Prof. Regius Professor.

regrate रि`ग्रेट्' v.t. (इति०) लाभविक्रय करना, मुनाफाखोरी^F करना।

regrater, -or –टॅर्, -ॲर् n. लाभविक्रेता, मुनाफाखोर।

regress¹ री'ग्रे स् n. (शिक्षा०) **प्रतीपायन,** प्रतीपगति^F, परावर्तन, प्रत्यावर्तन, प्रतिगमन, अवनति^F, वापसी; प्रत्यागम-क्षमता^F।

regress² रि`ग्रे`स v.t. प्रतीपगमन करना, उल्टा चलना, पीछे जाना या हटना।

regression –शन् n. (सांख्य०) **समाश्रयण;** (शिक्षा०) **प्रतीपायन, परावर्तन,** प्रत्यावर्तन, (कृषि०, प्राणि०) **अपवर्तिता^F,** प्रत्यागमन, (शिक्षा०) **प्रतिगमन,** पश्चगमन, (ज्यो०) **पश्चागमन,** पश्चाद्गमन, प्रतीपगति^F, उल्टी चाल^F, वापसी^F, हटनेकी क्रिया^F; पुनःपतन, पलटा, दोहार (विशे० स्वस्थ होकर फिर बीमार पड़ना); T.;

~ coefficient, ~ curve, ~ equation,

~ error, ~ function, ~ hypersurface, ~ lines, ~ plane, ~ polynomial, ~ ratios, ~ time.

regressive –सिव् a. प्रत्यावर्तनशील, प्रतीपगामी, पश्चाद्गामी, प्रतिगामी, पलटनेवाला (~ *taxation*), (का०) **प्रत्यनुपाती** ।

regressiveness –निॅस् n. प्रत्यावर्तनशीलता^F, पीछे या उल्टा चलनेका स्वभाव ।

regret¹* रिॅग्रेॅट् n. अनुताप, परिताप, पश्चात्ताप, खिन्नता^F, शोच, दुःख, **खेद***, सन्ताप, उद्वेग, पछतावा, रंज (*refuse with great* ~); **खेद है** ।

regret² v.t. अनुताप करना, परिताप करना, पश्चात्ताप करना, दुःख प्रकट करना, खिन्न होना, खेदयुक्त होना, पछताना, अफसोस करना; सन्तप्त होना, सन्ताप करना, प्रायश्चित्त करना; (शब्दों द्वारा) खेद प्रकट करना, दुःखी होना, लज्जित होना ।

regretful –फुल् a. सन्तप्त, परितप्त, अनुतप्त, खेदयुक्त, शोकाकुल, दुःखित, खिन्न, उद्विग्न ।

regrettable –टॅबॅल् a. अनुतप्य, खेद्य, शोचनीय, खेद-का विषय ।

regt. regiment; regent.

regulable रेॅग्यूलॅबॅल् a. अनुशासनीय, नियमनशील, नियमापेक्षी, नियमित करने योग्य ।

regular* –लॅर् a. (रसा०) **समभुजकोणीय;** (ईसा०) नैयमिक, विधिवत्, सविधान, औपचारिक, वैधिक, यथारीति, सुव्यवस्थित, (धार्मिक मठके नियमोंसे सम्बद्ध); (घ० ज्या०, रसा०) **सम** (~nonagon); तुल्य, समरूप, अनुरूप, एकरूप, सदृश, बराबर; व्यवस्थानुयायी, अभ्यास-सिद्ध, (रसा०) **नियमित***, नियत (~ *channel*), **सम्मित, सुव्यवस्थित**, व्यवस्थित, कालानुवर्ती, नियमानुसारी, नियमपर, शिष्टाचारानुकूल, रीति^F न तोड़नेवाला; (शिक्षा०) संस्थागत (~ *student*); अनुक्रमागत, यथाक्रम, क्रमानुसारी; **स्थायी;** अनवरत, सतत; यथार्थ, समुचित, सही, ठीक (*had no* ~ *introduction*); निपुण, सुयोग्य, सुसम्पन्न, दोषरहित, सिद्ध (*cooks like a* ~ *cook*); (बोल०) पूर्ण, सम्पूर्ण, पूरा, पक्का (*a* ~ *rascal*); ~ army नियमित (वैतनिक सैनिकों^Fसे बनी) सेना^F; the ~ clergy (रोमन कैथोलिक देशोंमें साधारण पादरियोंके विपरीत) मठजीवी साधु;

~ accommodation, ~ allowance, ~ appeal, ~ army, ~ assessment, ~ cadre, ~ channel, ~ commission, ~ course, ~ dealer, ~ decagon, ~ demand, ~ despatches, ~ distribution, ~ dodecahedron, ~ ~ doublet, ~ employee, ~ engagement, ~ entegral, ~ establishment, ~ figure, ~ flower, ~ fluctuation, ~ function, ~ heptagon, ~ hexagon, ~ hexahedron, ~ icosahedron, ~ integral, ~ intervals, ~ meeting, ~ nomenclature, ~ nonagon, ~ octagon, ~ octahedron, ~ officer, ~ out-line, ~ parallelepiped, ~ pentagon, ~ polygon, ~ polyhedron, ~ prism, ~ procedure, ~ pyramid, ~ reflexion, ~ salary, ~ service, ~ session, ~ settlement, ~ solid, ~ staff, ~ suit, ~ supply, ~ system, ~ tetrahedron, working, ~ year.

regularity –लैॅ'रिटि n. **नियमितता**^F; नियमानुवर्तन, नियमनिष्ठा^F, नियमबद्धता^F, नियमानुसारिता^F, संयम; नियम, प्रणाली^F, व्यवस्था^F; धारावाहिता^F, निरन्तरता^F, ऐकरूपता^F; अनुक्रम ।

regularization –लॅराइज़े'शॅन् n. नियमितकरण, **नियमानुकूलन**, नियमानुसरण, नियमबन्धन, वैधानी-करण, सुव्यवस्थापन, **नियमित करना** ।

regularize –ग्यूलॅराइज़् v.t. **नियमित करना, विनियमित करना;** सुव्यवस्थित करना, विधिवत बनाना ।

regulate –लेट् v.t. **विनियमित करना**, नियमानुसार स्थिर करना, मर्यादा^F बाँधना, व्यवस्था^F करना, क्रमबद्ध करना; **विनियम करना, नियमन करना, नियंत्रण करना, नियन्त्रित करना**, शासित करना, विधान बनाना, आवश्यकतानुकूल करना, ठीक करना, दुरुस्त करना ।

regulated –टिॅड् a. **नियमित** (~ *perception*), **नियन्त्रित, विनियमित** (~*market*, *schemes*) ।

regulating –टिंग् a. नियामक, विनियामक (~*gate*)।

regulation –ले'शॅन् n. व्यवस्थिति^F, व्यवस्था^F, व्यवस्थापन, नियन्त्रण, (चि०) **नियमन** (~ *station*), **विनियमन; विनियम**, विधान-नियम; क्रम; विधिपरि-पालन; (गुण०) सामान्य, साधारण, विधिवत्, नियमा-नुसार (*of the* ~ *size*); ~ aim **हुक्मी निशान;** ~ time **नियमित अवधि**^F ।

regulative –लॅटिव् a. विनियामक, **नियामक** (~ *science*), नियमकारी, नियम या मर्यादा^F स्थिर करनेवाला ।

regulator –लेटॅर् n. नियन्ता, (भौ०, रसा०) **विनियामक, नियामक**, (~ *mixture*), **विनियंत्रक** (~ *current*) **नियंत्रक**, व्यवस्थापक, शास्ता, संविधाता; (घड़ी^Fकी गति^Fको ठीक रखनेवाला सूक्ष्म-यन्त्र), नियन्त्र, सन्नियन्त्र, रेगुलेटर;

~ current, ~ mixture.

regulatory –लॅटॅरि a. व्यवस्थापकीय, व्यवस्थिति-विषयक, व्यवस्थापन-सम्बन्धी, नियन्त्रण-सम्बन्धी, विनियम-विषयक, विधिनियम-विषयक, विधाननियम-सम्बन्धी; विधिवत्, नियमानुसारी ।

reguline –लाइन् a. धातुकीय; मघानक्षत्र-सम्बन्धी ।

regulus –लॅस् n. (pl. *-li*) R~ सिंह राशि^Fका प्रथम मघा नक्षत्र, (गणि०) **मघा;** (रसा०) **धातुक,** धातुकी, सुरमा, अंजन; T.; (सुनहली कलँगीवाली) फुदकनेवाली चिड़िया^F ।

regurgitant रिॅगर'जिटॅन्ट a. प्रत्यावर्ती, प्रतिक्षेपी ।

regurgitate -टेट् v. t. & i. उबल पड़ना, उभड़ पड़ना, उफान आना, उगलना, उल्टा फेंक देना; (पेट या बर्तनके लिए) उँडेलना, ऊपर फेंक देना।

regurgitation -टे'शॅन् n. (चि०, रसा०) पुनरुद्गीरण, उद्वलन, उगलना; ऊर्ध्वनिक्षेप, प्रत्यावर्तन, (कृषि०, चि०) **प्रत्यावहन, प्रतिक्षेपण,** उल्टा फेंकनेकी क्रिया^{F}।

rehabilitate रिहॅबि'लिटेट् v.t. अधिकार प्रदान करना; स्थापना प्रदान करना, पुनः प्रतिष्ठित करना, बहाल करना; पुनरावास देना।

rehabilitation -टे'शॅन् n. (शिक्षा०) **पुनःस्थापन, पुनर्वासन, पुनर्वास;**
~ benefit, ~ circle, ~ finance administration, ~ grant, ~ inspector, ~ loan, ~ minister, ~ officer.

rehandle रीहैन्'डॅल् v.t. पुनः हाथमें लेना, फिरसे हाथ लगाना।

rehang -ङ्' v.t. (विशे० तस्वीर^F) पुनः लटकाना, फिर टाँगना।

rehash -श्' v.t. (निर्जीव या पुरातन वस्तु^{F}को, विशे० साहित्य-सम्बन्धी) नया रूप देना, नये ढंगसे प्रस्तुत करना।

rehear रीहीॲर्' v.t. (का०) **पुनःश्रवण करना;** (न्यायालयमें) मुकदमा **फिरसे सुनना, फिरसे सुनवाई^F करना।**

rehearing -रिंग् n. (का०) (न्यायालयमें) **पुनःश्रवण,** पुनर्विवाद-श्रवण, दुबारा जिरह^F, **फिरसे सुनवाई^F।**

rehearsal रि'हर्'सॅल् n. पूर्वप्रयोग, **पूर्वाभ्यास,** पूर्वाभिनय, **रिहर्सल;** आवृत्ति^{F}, पुनरावृत्ति^{F}, दोहराव; dress ~ परिधान सहित नाट्याभ्यास।

rehearse -स्' v.t. पूर्वप्रयोग करना, **पूर्वाभ्यास करना, अभ्यास करना;** पूर्वाभिनय करना, **रिहर्सल करना;** गणना^{F} करना, गिनना; सूची^{F} देना, आवृत्ति^{F} करना, पुनरावृत्ति^{F} करना, दोहराना।

rehearser-सॅर् n. पूर्वप्रयोक्ता, पूर्वाभ्यासी, पूर्वाभिनेता, रिहर्सल करनेवाला; पूर्वप्रयोगकारयिता, पूर्वाभ्यास-कारयिता, पूर्वाभिनयकारयिता, रिहर्सल करानेवाला।

rehouse रीहॉउस्' v.t. पुनरावास देना, फिरसे गृह प्रदान करना, नये घर देना, फिरसे बसाना।

Reich राइख्' n. जर्मनी, जर्मन साम्राज्य; **राइक;** ~srat(h) जर्मन विधानपरिषद्^{F}; ~stag जर्मन लोकसभा^{F}; ~swehr जर्मन सेना^{F}।

reification रीइफ़िके'शॅन् n. कार्यान्वयन, कार्यरूपण, कार्यरूप-परिणति^{F}, कार्यरूपमें बदलना।

reify -इफ़ाइ v.i. कार्यान्वित करना, कार्यरूपमें परिणत करना, कार्यरूपमें बदलना।

reign[1] रेन् n. प्रभुत्व, प्रभुता^{F}, राज्य, राजत्व, स्वामित्व, एकाधिकार, साम्राज्य (*the ~ of law in nature*); शासन, आधिपत्य; राज्यकाल, शासनकाल; राज्यविस्तार, अधिकार-क्षेत्र; R.~ of Terror आतंक-युग।

reign[2] v.t. आधिपत्य करना, शासन-सूत्र ग्रहण करना, राजा या रानी^{F} होना, शासन करना (*a king who desired to rule as well as ~*); सर्वोपरि होना, व्याप्त होना, फैल जाना।

reimburse रीइम्बर्स् v.t. शोध करना, परिशोध करना, प्रतिदान करना, निष्कृति^{F}प्रदान करना, (का०) **प्रतिपूर्ति^{F} करना,** प्रतिपूरित करना, वापस करना, लौटाना, फेर देना, चुकाना, अदा करना, भरना (दण्ड, क्षति^{F} आदि); (खर्चके लिए धनको) पूरा करना, जमा करना।

reimbursement -मॅन्ट् n. परिशोध, प्रतिशोधन, प्रतिदान, (का०) **प्रतिपूर्ति^{F},** निष्कृति^{F}, चुकौती^{F}, भरपायी^{F}, **वापसी^{F}।**

rein रेन्[1] n. रश्मि^{F}, निग्रहणी^{F}, संयमनी^{F}, प्रग्रह, प्रग्रहणी^{F}, वल्गा^{F}, वाग^F, वागडोर^F, रास^F, लगाम^F; (ला०) प्रग्रहसाधन; *assume the ~s of government* राज्यकी बागडोर^F सँभालना; *draw ~* रास^F खींचना, घोड़ा रोकना; व्यय कम करना; यत्न छोड़ देना; *take the ~s* संचालन करना, नेतृत्व करना; *throw the ~s, to, give ~* or *the ~s to* (one's *imagination*) (कल्पना^{F}को) पूरी स्वतन्त्रता^{F} देना, ढीला छोड़ना।

rein[2] v.t. वाग^F या लगाम^{F}से काबू करना, थामना, सँभालना।

reincarnation रीइन्कार्ने'शॅन् n. पुनरवतार, पुनरीश-जन्म, (दर्श०) **पुनर्जन्म।**

reincarnationist -निस्ट् n. पुनरवतारवादी, पुनरीश-जन्मवादी, पुनर्जन्मवादी, फिरसे अवतार लेनेमें विश्वास करनेवाला।

reindeer रेन्'डीॲर् n. (ध्रुवदेशका) वाहमृग, वल्गा-हरिण, रेण्डियर।

reinfection रीइन्फ़ेक्'शॅन् n. (चि०) पुनरुपसर्ग, (चि०) **पुनःसंक्रमण।**

reinforce[1]–रीइन्फ़ॉर्स् n. (बन्दूक^{F}के) कुन्देका मोटा भाग; (किसी वस्तु^{F}में जोड़े हुए) परिपोषक अंग, दृढ़कारी पट्टी^{F}।

reinforce[2] v.t. संबृंहण करना, **उपोद्बलित करना** बलयुक्त करना, बलवान करना, पुनः बलवत् करना, पुनः बलवान् बनाना, तगड़ा करना (*~ party, the bases*); **कुमक^F भेजना** (का०) पुनः प्रचालित करना, फिरसे चालू करना, पुनः लागू करना; समर्थन करना; सहायता^{F} पहुँचाना।

reinforced ⊙-ड् a. (रसा०) **उपोद्बलित,** (रेल०), स्ंबलित, (यन्त्र०) **प्रबलित** (*~ concrete, ~ point*)।

reinforcement-मॅन्ट् n. संबृंहण, **प्रबलन, पुनर्बलन, प्रबलीकरण, बलवर्धन,** पुनः बलीकरण, पुनः बलसंगठन, दृढ़ीकरण, पुष्टीकरण, पोषण; (प्रायः बहुव०) अतिरिक्त सैन्य, नूतनसैन्य-समावेश, बलवृद्धि^{F}, **कुमक^F।**

reinless रेन्'लिस् a. प्रग्रहहीन, निरंकुश, उच्छृङ्खल, उद्दण्ड, दुराग्रही, उद्धत, अनियन्त्रित।

reins रेन्ज़्' n. pl. (चि०) (प्रा०) प्लीहा, गुर्दे; वृक्क; वृक्क देश; मूत्रदेश, मूत्रस्थली^{F}; कटिप्रदेश।

reinsert रीइन्सर्ट v.t. पुनः सन्निविष्ट करना, अन्तर्गत

~करना, फिरसे घुसेड़ देना।
reinsertion रीइन्सर्'शॅन् n. पुनर्निवेशन।
reinstall –स्टॉल्' v.t. पुनः स्थापित करना, पुनः संस्थापित करना, फिरसे जगह^F पर बैठाना, फिरसे लगाना; फिर गद्दी^F पर बिठाना।
rëinstallation –ले'शॅन् n. पुनःस्थापन, पुनरभिषेक।
reinstate रीइन्स्टेट्' v.t. पुनरधिकार देना, पुनः पदस्थ करना, पुनरधिष्ठित करना, प्रत्यास्थापित करना, **पुनः स्थापित करना, बहाल करना**; पुनः स्वास्थ्य प्रदान करना; समुचित क्रम देना।
reinstatement –मॅन्ट् n. पुनरधिकार-दान, (का०) **पुनःस्थापन**, पुनःप्रतिष्ठापन, **बहाली**^F।
reinsurance रीइन्शुअॅ'रॅन्स् n. पुनः बीमाकरण, (अर्थ०, वाणि०) **पुनर्बीमा**।
reinsure शुॅअ'र, –रें v. i. & t. फिरसे बीमा करना।
reinsurer –'रॅर् n. दुर्घटनागोपक, दुर्घटना^F के विरुद्ध जीवन-बीमा करानेवाला।
reintegrate रीइन्'टि'ग्रेट् v.t. पुनः पुष्ट करना।
reintegratoin –ग्रे'शॅन् n. (शिक्षा०) **पुनः संकलन**।
reinvestment रीइन्वे'स्ट्'मॅन्ट् n. पुनर्द्रव्य-निक्षेप, पुनर्द्रव्य-नियोग, फिरसे पूँजी^F लगाना।
reinvigorate[1] रीइन्वि'गॅ रॅट् n. पुनः शक्तिदान।
reinvigorate[2] –रेट v.t. पुनः शक्ति-प्रदान करना।
reinvigoration –रे'शॅन् n. (कृषि०) **पुनर्बलन**।
reis रेस्' n. (१९११ तक) एक पुर्तगाली मुद्रा^F; रईस, अमीर।
reissuable रीइ'स्यूअॅ'बॅल् a. पुनर्निर्गमनीय, फिरसे निकाला जाने योग्य, **पुनः इजरा योग्य**।
reissue[1] –स्यू n. पुनःप्रकाशित अंक।
reissue[2] v.t. पुनः निर्गमन करना, पुनः प्रकाशित करना, फिरसे निकालना।
reiterance रीइ'टॅ रॅन्स् a. पुनरावृत्ति^F, पुनराख्यान, पुनर्व्याख्यान, पुनर्वचन, समभिहार, दोहराव।
reiterant –रन्ट् a. पुनरावर्तक, पुनरावृत्तिकारी, पुनराख्यानकर्ता, पुनर्वचनकर्ता, दोहरानेवाला, फिरसे कहनेवाला।
reiterate –रेट् v.t. पुनर्वचन देना; पुनरावृत्ति^F करना, समभिहार करना, दुहराना, बार-बार कहना।
reiterated –टिड् a. पुनरुक्त, पुनरावृत्त, दोहराया हुआ।
reiteration –रे'शॅन् n. पुनरावृत्ति^F; पुनराख्यान, पुनर्वचन, पुनःकथन, समभिहार, दोहराव।
reiterative –'टॅ रॅटिव् a. पुनरुक्तियुक्त, पुनरावृत्ति-विषयक, पुनराख्यान-सम्बन्धी।
reiver रीवॅर् n. वंचक, प्रवंचक, ठग, छली, धूर्त; लुण्ठक, डाकू, लुटेरा।
reject[1] री'जे'क्ट् n. त्यक्त, परित्यक्त, निरसित, अस्वीकृत या नामंजूर व्यक्ति या वस्तु^F।
reject[2] रि'जे'क्ट्' v.t. प्रत्याख्यान करना, परित्याग करना, निरसन करना, अस्वीकृत करना; **अस्वीकार करना**, अप्रयोज्य ठहराना, अग्राह्य बनाना, अविश्वसनीय ठहराना, इन्कार करना (~ *food, request*); छोड़ देना, रद्द करना; मलोत्सर्ग करना, वमन करना, त्यागना, फिरसे बाहर फेंक देना।
reject[3] a. (शिक्षा०) **स्नेहवंचित**।
rejectable –'टॅबॅल् a. त्याज्य, परित्याज्य, अस्वीकार्य, अग्राह्य।
rejectamenta (L) –टॅमे'न्'टॅ n. (pl.) क्षिप्त पदार्थ, परित्यक्त वस्तु^F, फेंका हुआ पदार्थ; मल, मैला, गुह, उच्छिष्ट, कूड़ा-करकट।
rejected –'टिड् a. त्यक्त, परित्यक्त, **अस्वीकृत**, (~ *bid*) निरसित, अगृहीत (~ *candidate*), **रद्द** (~ *stores*)।
rejecter –टॅर् n. त्यक्ता, परित्यक्ता, अस्वीकर्ता, निरसक, अगृहीता, रद्द करनेवाला।
rejection –'शॅन् n. त्याग, परित्याग, प्रत्याख्यान, उत्सर्ग, **अस्वीकृति**^F, **अस्वीकरण**, निरसन, निराकरण, प्रत्यादेश, **अस्वीकार, नामंजूरी**^F, **रद्दगी**^F।
rejective –'टिव् a. त्याजक, परित्याजक, प्रत्याख्याता, उत्सर्जक, अस्वीकारक, निरसक, निराकर्ता, प्रत्यादेष्टा, परित्यागशील।
rejectment –ट्'मॅन्ट् n. त्यक्त वस्तु^F, परित्यक्त वस्तु^F, प्रत्याख्यात वस्तु^F, अस्वीकृत पदार्थ, निरसित पदार्थ; निरसन, अस्वीकृति^F, प्रत्याख्यान; गूह, कूड़ा, कचरा।
rejector –'टॅर् n. प्रत्याख्याता, उत्स्रष्टा, अस्वीकर्ता, निरसक, निराकर्ता, प्रत्यादेष्टा, इन्कार करनेवाला।
rejoice रि'जाएॅस् v.t. & i. आनन्दित करना, प्रफुल्लित करना, प्रसन्न करना, खुश करना; हर्षानुभव करना, आनन्द मनाना, आह्लादित होना, प्रमुदित होना, प्रसन्न होना (*I am ~ed to hear it*); (*in or at* के साथ) आनन्द पाना, आनन्द लेना; ~ *in* (किसीको पाकर) अपनेको धन्य समझना।
rejoicings –'सिंग्ज़् n. (pl.) आनन्द, आनन्द-प्रकाश, आनन्दोत्सव, आह्लाद, आमोद-प्रमोद, राग-रंग, उत्सव, खुशियाँ^F, रंगरेलियाँ^F।
rejoin[1] रि'जाएॅन्' v.i. & t. (कानून, आरोप या जिरह^F का) प्रत्युत्तर देना, जवाब देना।
re-join[2] री'जाएॅन् v.t. & i. पुनर्युक्त होना या करना, पुनर्मिलित होना या करना, फिरसे जोड़ना या मिलाना; पुनः सम्मिलित होना, फिरसे मिल जाना; फिरसे साथ हो जाना; दोबारा जोड़ना।
rejoinder रि'जाएॅन्'डॅर् n. प्रत्युक्ति^F, (का०) **प्रत्युत्तर, पुनरुत्तर**, प्रतिवचन, उत्तर, जवाब; प्रतिस्मरण, प्रतिस्मरण-पत्र।
rejoint रि'जाएॅन्ट् v.t. जोड़ मिलाना; जोड़ भरना।
rejuvenate, rejuvenize रि'जू'वि'नेट्, रि'जू'वि'नाइज़् vv.t. & i. नवजीवन देना या पाना, कायाकल्प करना या होना, पुनर्युवा करना या होना, पुनर्यौवन पाना, फिरसे नौजवान बनाना या होना।
rejuvenation –नेॅ'शॅन् n. (वन०, जीव०) **कायाकल्प**

पुनर्युवाकरण, पुनर्युवाभाव, पुनर्यौवन, नवयौवन; **पुनर्नवीकरण**; नवजीवन, पुनरुज्जीवन; (कृषि०) **तरुण बनाना या होना**।

rejuvenator –'वि`नेट्र्‌ n. कायाकल्पक, पुनर्युवाकर्ता, पुनर्यौवनदाता, नवयौवनदाता; नवजीवनदाता।

rejuvenesce रि`जूवि`ने`स' v.t. & i. पुनर्यौवन प्राप्त करना, पुनर्युवा होना, नवयौवन धारण करना, फिरसे जवान करना या होना; (प्राणिवि०, कोशोंको) नवशक्ति-समन्वित होना, नूतन शक्ति[F] प्रदान करना।

rejuvenescence –न्स्‌ n. (जीव०) **पुनरोजीकरण**, नवयौवन, नवयौवनशक्ति[F], कायाकल्प, पुनर्यौवन-प्राप्ति[F], नवशक्ति[F]।

rejuvenescent –न्ट्‌ a. कायाकल्पशील, नवयुवा, पुनर्यौवन धारण करनेवाला।

rejuvenize –'वि`नाइज्‌ v.t. = REJUVENATE.

rekindle रीकिन्'डल्‌ v.t. & i. पुनः प्रज्वलित करना, पुनर्दीप्त करना, फिरसे जलना या जलाना।

-rel, erel (मन्द या क्षीण होनेकी प्रवृत्ति[F]के लिए) शब्दोंके अन्तमें प्रयुक्त।

rel. relating; relation; relative.

relais रि`ले' n. (प्राचीरको खाई[F]के पानीकी मार[F]से बचानेके लिए) तंग रास्ता, खाली जगह[F], गलियारा।

relapse[1] रि`लैप्स्‌' n. पुनःपतन, प्रत्यावर्तन, (का०, चि०, जीव०) **पुनरावर्त, पुनरावर्तन**, आवृत्ति[F], पुनराक्रान्ति[F], दोहराव, पलटा; (आंशिक स्वास्थ्यलाभके बाद) पूर्वावस्था-प्राप्ति[F], पुनःस्वास्थ्य-पतन, रोगाक्रमण।

relapse[2] v.t. (चि०) पुनरावर्तित होना, पुनः पतित होना, प्रत्यावृत्त होना, पुनराक्रान्त होना; फिरसे फँसना; फिरसे रोगग्रस्त होना।

relapser –'सॅर्‌ n. (विशे० दुष्कर्मों इत्यादिमें) पुनः पतित व्यक्ति, प्रत्यावृत्त व्यक्ति, पुनराक्रान्त व्यक्ति, फिरसे फँसनेवाला मनुष्य, फिरसे गिरनेवाला आदमी।

relapsing –सिंग्‌ a. (चि०) पुनरावर्ती, प्रत्यावर्ती (~ *fever*)।

relate रि`लेट्‌' v.t. & i. सम्बन्धित करना, सम्बन्ध स्थापित करना, सम्बन्ध रखना; **सम्बन्ध होना**, अनुषक्त होना, अन्वित होना, सापेक्ष होना, सन्दर्भ रखना, सम्पर्क रखना; वर्णन करना, बयान करना, कहना; पुनरावृत्ति[F] करना, पुनर्कथन करना, दोहराना।

related –'टि`ड्‌ a. सम्बन्धित (~ regression), सम्बद्ध (~ *object*), अन्वित, संसक्त, संपृक्त, सम्बन्ध-विशिष्ट (*the law extends to several ~ persons*); कथित, वर्णित।

relatedness –नि`स्‌ n. अन्वय, सम्बन्ध, संसर्ग, सम्पर्क।

relater –टॅर्‌ n. कथयिता, वक्ता, वर्णनकर्ता।

relating –टिंग्‌ a. सम्बद्ध, सम्बन्धित।

relation* –'शॅन्‌ n. **सम्बन्ध***, **रिश्ता**, **नाता**; संसर्ग, सम्पर्क, व्यतिषंग; समानता[F], तुलना[F], समभाव; सजातित्व, सजातीयता[F]; बन्धुत्व, बन्धुता[F], सगोत्रता[F]; **सम्बन्धी, नातेदार[F], रिश्तेदार**; *in or with ~ to* के विषयमें, के सम्बन्धमें, के बारेमें।

relational –नॅल्‌ a. सापेक्ष, अन्वित; सम्बन्ध-सूचक; ~ proposition (दर्श०) **सम्बन्धी तर्कवाक्य;**

~ balancing, ~ coiling, ~ editing.

relationless –नॅलि`स्‌ a. निरपेक्ष, अनन्वित, असम्बद्ध, सम्बन्धरहित, सम्बन्धहीन।

relationship –शिप्‌ n. अन्वय, आत्मीयता[F], **सम्बन्ध**, बन्धुता[F], सगोत्रता[F], नाता, **रिश्ता**; जातिभाव, भाईचारा, रिश्तेदारी[F], **नातेदारी[F]**।

relatival रे`लॅटाइ'वॅल्‌ a. सम्बन्धसूचक, अन्वय-सम्बन्धी, पारस्परिक सम्बन्ध रखनेवाला।

relative[1] –'लॅटिव्‌ n. (व्या०) सम्बन्धबोधक शब्द (विशे०) सर्वनाम; (दर्शन) सापेक्ष पदार्थ, अन्योन्याश्रित वस्तु[F], मर्यादा[F] या पद; सजातीय, सगोत्र; **सम्बन्धी**, बान्धव, आत्मीय, **नातेदार**, **रिश्तेदार**।

relative[2] a. (व्या०) संयोजक, सम्बन्ध-सूचक (~ *pronoun, adjective, adverb*); (वाक्यांशके लिए) पूर्वशब्दसे संयोजक द्वारा जुड़ा हुआ; (गति०, तर्क०, रसा०, भौ०, प्रा० भू०, ग०) **सापेक्ष, आपेक्षिक, अनुपाती**, आनुपातिक (~ *positions*); (क्व०) अन्योन्यान्वित, अन्यान्य-सम्बन्धित, परस्पर-सम्बद्ध; (क्व०) प्रासंगिक, विषयानुकूल, विषयोपयुक्त, अनुरूप, समुपयुक्त, ठीक; तुलनात्मक (*what are the ~merits of the two ?*); (वस्तुतः विरोधात्मक, किन्तु) अन्योन्यान्वित, मिलते-जुलते विचारका, (*the conceptions of husband & wife are ~ to each other*); अन्वित, सन्दर्भित (*detailed the facts ~ to the matter*); (शिथिलतया adv. के समान भी) सम्बन्धमें, विषयमें (*I wrote to him ~ to renewal of the lease*);

~ abundance, ~ acceleration, ~ accommodation, ~ change, ~ co-efficient, ~ dating, ~ density, ~ deviation, ~ direction, ~ dispersion, ~ efficiency, ~ error, ~ fact, ~ humidity, ~ importance, ~ intensity, ~ lowering, ~ maxima, ~ minima, ~ motion, ~ position, ~ precedence, ~ price, ~ rights, ~ seniority, ~ sensitivity, ~ size, ~ speed, ~ suggestion, ~ temperature, ~ term, ~ transpiration, ~ value, ~ variability, ~ velocity, ~ viscosity, ~ weight, ~ wind.

relativeness –नि`स्‌ n. संयोजकता[F], सम्बन्ध-सूचकता[F]; आनुपातिकता[F], सापेक्षता[F], आपेक्षिकता[F]; अन्योन्य-सम्बन्धिता[F], परस्पर-सम्बन्धिता[F]; प्रासंगिकता[F], विषयानुकूलता[F], विषयोपयुक्तता[F], अनुरूपता[F], समुपयुक्तता[F]।

relativism –विज़्म्‌ n. ज्ञानसापेक्षवाद, सापेक्षवाद।

relativist –विस्ट्‌ n. ज्ञानसापेक्षवादी।

relativistic –टिक् a. आपेक्षिकीय;
~ correction, ~ effect, ~ mechanics, ~ physics.

relativity –'विटि n. अन्यापेक्षा^F, (शिक्षा०, ग०, भौ०) **सापेक्षता^F, आपेक्षिकता^F** (~ *principle*, ~ *theory*), **आपेक्षिकी^F**, अन्योन्याश्रयत्व; T.; (विश्व-गणितज्ञ आइन्स्टाइनका) सृष्टिसिद्धान्त, सापेक्षतावाद, (*theory of* ~, *doctrine of* ~ भी)।

relator रि'लेटॅर् n. वक्ता, आख्यायक, वर्णनकर्ता, कथयिता, कहनेवाला; (क़ानून) सम्बन्ध-स्थापक, सापेक्षता^F स्थिर करनेवाला।

relax रि'लैक्स् v.t. & i. शिथिल करना या होना, ढीला करना या होना (~ one's *grasp*, *must not* ~ *in* one's *efforts*); **छूट^F देना**; क्षीण करना, दुर्बल करना, अशक्त करना या होना, हलका करना, धीमा करना, मन्द करना, धीरा करना, खण्डित करना, लँगड़ा करना; न्यून करना, घटाना, कम करना; (काठिन्य, कठोरता^F, कर्कशता^F इत्यादिमें) कम होना; मृदु करना, कोमल बनाना, नरम बनाना या होना।

relaxable –'सॅबॅल् a. शिथिल करने योग्य, दुर्बल करने योग्य, अशक्त करने या होने योग्य; खण्ड्य, खण्डित करने योग्य, लँगड़ा करने लायक; **छूट^F देने योग्य**; न्यून करने योग्य, घटाने योग्य; मृदु करने योग्य।

relaxant –सॅन्ट् n. (चि०) श्लथक, विश्रामक, तनाव कम करनेवाला।

relaxation –से'शॅन् n. श्लथन, (चि०) **शिथिलन**, शिथिलीकरण; शैथिल्य, शिथिलता^F, निवृत्ति^F, ढीलापन, **ढिलाई^F, ढील^F, रियायत^F, छूट^F**; (दण्ड, कर इत्यादिमें) आमुक्ति^F, आंशिक कमी^F; उपशान्ति^F, (शिक्षा०, प्राणि०) **विश्राम**, (रसा०) विराम, विश्रान्ति^F, विनोद, आमोद, प्रमोद, बहलाव, आराम;
~ feeling, ~ heat, ~ period, ~ principle, ~ time.

relaxative ⊙रि'लैक्सॅटिव् a. श्लथक, शिथिलीकारक; विश्रामक, आमोदक, प्रमोदक।

relaxed –सिॅड् a. शिथिलित, शिथिल, ढीला।

relaxing –सिंग् a. **श्लथक**, शिथिल करनेवाला; विश्रामक, विश्राम देनेवाला, थकावट^F दूर करनेवाला।

repository –रि n. भाण्ड, भाजन, पात्र; **निधान**, **संग्रह**, कोष, निधि[F], संग्रहालय, निक्षेपागार, अजायबघर, गोदाम, खजाना (*that person is a ~ of curious information*); कब्र[F], कब्रिस्तान; आश्रय, आधार; रहस्य प्रतिग्राहक, गुप्त वार्तों[F]का पानेवाला; ~ preparation (चि०) निक्षेपयोग ।

repossess रीपॅज़ेस' v.t. पुनरधिकृत करना, पुनर्हस्तगत करना, फिरसे प्राप्त करना, फिरसे कब्जेमें करना, फिरसे पाना ।

repossession –'शन् n. पुनराधिपत्य, पुनरधिकार, पुनर्ग्रहण ।

repot रीपॉट्' v.t. (पौधेको) दूसरे गमलेमें रखना, गमला बदलना ।

repousse[1] रॅपू'से n. अलंकृत धातुपत्र ।

repousse[2] a. उद्गत, उद्भृत, अलंकृत, हथौड़ेसे उभड़ा हुआ ।

repp, rep, reps nn. पर्देका कपड़ा, रेप ।

repped रे॑प्ट्' a. रेप (कपड़े) के समान सतहवाला ।

reprehend रे॑प्रि॑हे॑न्ड्' v.t. अनुयोग करना, दोषारोपण करना, दोष निकालना; निन्दा[F] करना; निर्भत्सना[F] करना, भर्त्सना[F] करना, डाँटना, फटकारना, धिक्कारना, झिड़की[F] देना ।

reprehender –'डॅर् n. अनुयोक्ता, दोषारोपयिता, दोषान्वेषक, निन्दक; निर्भर्त्सक, भर्त्सक, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, धिक्कारनेवाला, झिड़कनेवाला ।

reprehensible –'सिबॅल् a. अनुयोग्य, उपालभ्य,

दोषारोप्य, दोष निकालने योग्य; निन्द्य, निर्भर्त्स्य, गर्हित, गर्हणीय, भर्त्सना^{F} करने योग्य, धिक्कार्य, डाँटने-फटकारने योग्य।

reprehensibleness –निॅस् n. अनुयोग्यता^{F}, दोषारोप्यता^{F}, निन्द्यता^{F}, निर्भर्त्स्यता^{F}, धिक्कार्यता^{F}, फटकारनेकी स्थिति^{F}।

reprehension –'शन् n. अनुयोग, दोषारोप, उपालम्भ, कलंक; निन्दा^{F}, भर्त्सना^{F}, गर्हा^{F}, डाँट-फटकार^F, धिक्कार^F।

reprehensive –'सिव् a. अनुयुक्त, दोषारोपित, कलंकित; फटकार^{F}से भरा हुआ, निन्दा^{F}में कहा गया।

reprehensory –सॅरि a. = REPREHENSIVE.

represent रे'प्रि'ज़ेॅन्ट् v. t. वर्णन करना, चित्रण करना, चित्र बनाना, प्रस्तुत करना, उपस्थापित करना (*am not what you ~ me to be*); (समान रूपमें) समझा जाना, सादृश्यका काम देना; समझनेका प्रयत्न करना, मनमें बैठानेकी कोशिश^F करना; **अभिवेदन करना,** (ग० भी) प्रतिरूपित करना, **निरूपित करना, निरूपण करना,** प्रतिरूपण करना, नमूना बनाना, नकल^F करना; (नाटक आदिका) अभिनय करना, रूप भरना, खेलना; संकेतमय बनाना; प्रतिरूप होना, सदृश होना, तुल्य होना; उस जैसा होना, नमूना बनना; स्थानापन्न होना, स्थानपूर्ति^{F} करना; अभिवेदन करना; प्रतिनिधान करना, प्रतिनिधित्व करना, प्रतिनिधि होना, प्रणिधि बनना; दोबारा प्रस्तुत करना।

representability –टॅबि'लिटि n. वर्णनीयता^{F}; अभिनेयता^{F}, प्रदर्शनीयता^{F}, चित्रणीयता^{F}।

representable –'टॅबॅल् a. वर्णनीय; अभिनेय, प्रतिदर्शनीय, चित्रणीय।

representation –टे'शॅन् n. (रसा०, ग०) **निरूपण,** वर्णन, चित्रण; रूप, प्रतिकृति^{F}, प्रतिरूप, प्रतिमा^{F}, चित्र, प्रतिमूर्त्ति^{F}; प्रतिनिधान, (राज०) **प्रतिनिधित्व;** (राज०) **विरोध-प्रदर्शन;** स्वाँग, नाटक; अभिनय, (रसा०) प्रतिदर्शन; (विधा०) **अभिवेदन, प्रतिवेदन,** अभ्यावेदन, आवेदन, विज्ञापना^{F}, निवेदन; आवेदन-पत्र प्रयोग।

representational –नॅल् a. प्रतिरूप-विषयक, चित्रण-सम्बन्धी, वर्णनका; अभिनय-सम्बन्धी, प्रदर्शन-सम्बन्धी; प्रतिरूप-सम्बन्धी; अभ्यावेदनीय, आवेदनीय, निवेदन-विषयक।

representationism –निज़्म् n. प्रतिबिम्बवाद, यह सिद्धान्त कि इन्द्रियों^{F} द्वारा अनुभूत जगत्में प्रथम अनुभूत विषय चेतनातीत विषयको प्रतिबिम्बित करता है।

representationist –निस्ट् n. प्रतिबिम्बवादी।

representative^1 –'टॅटिव् n. आदर्श, उदाहरण, बानगी^{F}, नमूना; साम्य, समरूपता^{F}, समानता^{F}, सादृश्य; प्रतिमूर्ति^{F}, प्रतिकृति^{F}, प्रतिपुरुष, (वाणि०, राज०) **प्रतिनिधि,** कार्यवाहक; (गणि०) **निरूपक;** अभिकर्ता; (प्रा०, भू०) **उपलक्षक;** स्थानापन्न, उत्तराधिकारी; प्रतिनिधि-मण्डलका सहकारी।

representative^2* a. प्रतिरूपक, प्रतिरूप-प्रदर्शक, आदर्शभूत, सादृश्य प्रदर्शक, स्मरणात्मक; (वाणि०) प्रतिनिधि-*, (दर्श०) **प्रातिनिधिक,** प्रतिनिधिस्वरूप; (ग० भी) द्योतक, **निरूपक,** (किसीके) चित्रणस्वरूप, संकेतस्वरूप (*a group ~ of the theological virtues*); (मनमें) भाव उत्पन्न करनेवाला, विचार उपस्थित करनेवाला (*imagination is a ~ faculty*); आदर्शभूत, बानगीस्वरूप, नमूनेके रूपमें; प्रतिनिधि-संकुल, प्रतिनिधि-युक्त;

~ chamber, ~ data, ~ element, ~ fiction, ~ firm, ~ fraction, ~ house, ~ money, ~ object, ~ point, ~ sample, ~ target.

representativeness –निॅस् n. प्रतिरूपता^{F}; प्रत्याकृतित्व; प्रणिधित्व, प्रतिनिधित्व।

represented –टिड् a. प्रतिनिहित, प्रतिनिधित्व किया हुआ।

representer –टॅर् n. प्रतिनिधि, कार्यकर्ता; अभिकर्ता, एजेण्ट; स्थानापन्न, उत्तराधिकारी।

representment –'मॅन्ट् n. वर्णन, चित्रण; अभिनय, प्रदर्शन; अभ्यावेदन, आवेदन, निवेदन।

repress रि'प्रे'स् v.t. निरोध करना, प्रतिरोध करना, (का०) **दमन करना,** दबाना, शमन करना, वशमें करना, अधिकारमें लाना, रोक रखना; विस्फोट रोकना, चटखने न देना; दंगा न करने देना, फसाद न होने देना।

represser –'सॅर् n. अत्याचारी, दमनकर्ता, पददलित करनेवाला, दबानेवाला; रोधक, अवरोधक, रोकनेवाला।

repressible –सिबॅल् a. दलनीय, दमनीय, पददलित करने योग्य; रोधनीय, अवरोधनीय, रोकने योग्य।

repression –'शॅन् n. (विशे० विषय-वासना^{F}के लिए) शम, शमन, दम, (दर्श०) **निग्रह, निरोध,** नियन्त्रण, **दमन,** दबाव; प्रतिरोध, रोक^F।

repressive –'सिव् a. शामक, निरोधक, निरोधी, निग्रहकारी, दमनकारी, दबानेवाला (*~ policy*)।

reprieval, reprieve^1 रि'प्री'वॅल्, रि'प्रीव् n. व्यवक्षेप, विश्राम, अवकाश, विराम, विरति^{F}, छुट्टी^{F}; दण्डविराम, **प्रविलम्बन;** (प्राणदण्ड क्षमा^{F} करने या उसमें हेर-फेर करनेके लिए) अधिकारपत्र, व्यवक्षेत्र-पत्र।

reprieve^2 –व्' v.t. (विधा०, का०) (दण्डित व्यक्तिका) **प्रविलम्बन करना,** प्राणदण्ड रोकना, फाँसी^{F} स्थगित करना; विराम देना, विश्राम देना, अवकाश देना।

reprimand^1 रे'प्रिमान्ड् n. (दोषके लिए) तीव्र अनुयोग, वाक्ताडन, निर्भर्त्सना^{F}, उपालम्भ; (अधिकारीकी हैसियत^{F}से) झिड़की^{F}, डाँट-फटकार^F, **फटकार^F**।

reprimand^2 v.t. तीव्र अनुयोग करना, वाक्ताडन करना, निर्भर्त्सना^{F} करना, डाँट-फटकार^F बताना, झिड़कना, **फटकारना**।

reprint^1 रीप्रिन्ट्' n. पुनर्मुद्रित लेख।

reprint^2 v.t. पुनर्मुद्रण करना, फिरसे छापना।

reprisal रि'प्राइ'ज़ल् n. प्रतिपीड़न, प्रतियातन,

प्रतिहिंसाF, प्रतिविधान, (का०) **प्रतिशोध**, हरजाना, बदला; (का०) **प्रत्यपकार**, प्रत्यपहार, प्रत्यपहरण, प्रतिहरण, बलात्कार।

reprise –ज़्′ n. (कानून) वार्षिक प्रदेय कर, अन्य वार्षिक देय धन; (क०) पुनः कार्यारम्भ; *beyond, besides, above*, ~ *s* समग्र देय-प्रदानके अनन्तर।

reproach[1] रि′प्रोच् n. लज्जास्पद वस्तुF, अपमान-सूचक वस्तुF; कटुवचन, दुर्वचन, निन्दाF, आनिन्दन, धिक्कार, गर्हाF, तिरस्कार, झिड़कीF; परिवाद, बुराईF; बदनामीF, धिक्कृतावस्थाF, निन्दित स्थितिF, तिरस्कृत दशाF (*live in ~ and ignominy*); भर्त्सनाF, दोषारोपण, कलंक (*the state of municipal roads is a ~ to civilization*); (pl.) (विशे० रोमन कैथोलिक ईसाइयोंमें) भर्त्स्ना-गीत, गुडफ्राइडेके दिन जनताFके लिए ईसाके धिक्कारोंFके अनुकरणमें किये हुए गान और अनुवचन; *term of ~* दुर्वचन, कटु-वचन, भर्त्सनापूर्ण शब्द, निन्दाFका शब्द।

reproach[2] v.t. निर्भर्त्सन करना, भर्त्सनाF करना, तिरस्कार करना, धिक्कार करना, धिक्कारना, बुरा-भला कहना; निन्दाF करना, आनिन्दित करना; भर्त्सनाF सूचित करना (*his eyes ~ me*)।

reproachable –′चॅबॅल् a. निन्दार्ह, भर्त्सनार्ह; धिक्कारने योग्य।

reproachableness –निॅस् n. निन्दार्हताF, निर्भ-र्त्स्यताF।

reproacher –चॅर् n. निन्दक, भर्त्सक, फटकारनेवाला।

reproachful –च्फुल a. निन्दामय, भर्त्सनापूर्ण, परिवादात्मक, गर्हित, लज्जाजनक।

reproachfulness –निॅस् n. निन्दनीयताF, भर्त्स-नीयताF, लज्जापूर्णताF, तिरस्कार।

reproachless –′लिॅस् a. निर्दोष, निष्कलंक, निन्दा-रहित।

reprobacy रे′प्रॅबॅसि n. परित्यक्तावस्थाF।

reprobate[1] –बेट् v.t. (का०) **निरनुमोदन करना**, अस्वीकार करना, अग्राह्य ठहराना; निन्दाF करना, दोष देना, बुरा बताना; (ईश्वरका मनुष्यको) मुक्तिF न देना, त्याग देना, मुक्तिFसे परे करना।

reprobate[2] –बॅट् a. & n. ईश्वर-परित्यक्त (व्यक्ति), पापी, पापिष्ठ, अधम या नीच पुरुष, दुराचारी, दुर्वृत्त, आचारहीन, भ्रष्ट, दुष्ट, दुश्शील, धिक्कृत, बदमाश, गुण्डा, लुच्चा।

reprobation –बे′शॅन् n. (का०) **निरनुमोदन**, अस्वी-कृतिF, परित्याग; गर्हाF, धिक्कारF; दुष्टताF, दुश्शीलताF।

reprobationer –नॅर् n. अस्वीकर्ता, परित्यागी।

reprobatory –′प्रॅबेटॅरि a. अस्वीकृति-विषयक, परि-त्याग-सम्बन्धी; धिक्कारात्मक।

reproduce रीप्रॅड्यूस्, v.t. & i. प्रत्युत्पन्न करना, पुनरुत्पादन करना; प्रतिकृतिF तैयार करना, प्रतिलिपिF बनाना; पुनः प्रस्तुत करना; सन्तानF उत्पन्न करना; पुनर्गठन करना; उद्धृत करना, उदाहरण देना।

reproduced –ड् a. पुनरुत्पादित; उद्धृत, पुन-र्लिखित।

reproducer –′सॅर् n. पुनः पुनरुत्पादक; प्रतिकृतिकार, प्रतिलिपिकार; पुनः प्रस्तोता; सन्तान उत्पन्न करनेवाला; पुनर्गठन करनेवाला; उद्धृत करनेवाला, उदाहरण देनेवाला।

reproducible –सिबॅल् a. पुनरुत्पादनीय, प्रतिकृतिF योग्य; सन्तानोत्पत्तिF योग्य।

reproduction –डक्′शॅन् n. प्रत्युत्पत्तिF, पुनर्जनन, प्रत्युत्पादन, (भौ०) **पुनरुत्पादन**, (दर्श०) **उत्पादन**; (चि०, रसा०) प्रजोत्पादन, प्रजनन, (प्राणि०) **जनन**, सन्तानोत्पत्तिF, प्रतिरूप, मूर्तिF, प्रतिकृतिF (*~ office*); (शिक्षा०) **तथाकथन**, पुनः प्रस्तुतीकरण; उद्धरण; प्रति-लिपिF, प्रतिकृतिF, ~ rate **जन्म-दर**, जनन-दरF।

reproductive –′टिव् a. (चि०) प्रजनन (*~ system*), **जनन**-(*~ cycle*), **जननीय**, प्रजोत्पादक, पुनरुत्पादी, पुनरुत्पादक, फिरसे पैदा करनेवाला; ~ function **प्रजनन क्रियाF**; **जननेन्द्रियF** कार्य, जनन-कार्य, ~ instinct, **प्रजनन सहज प्रवृत्तिF**; ~ organ (कृषि०, वन०) **जन-नेन्द्रियF**; ~power प्रजनन-शक्तिF, प्रजोत्पादन-शक्तिF; ~system (चि०) प्रजननतन्त्र, प्रजोत्पादन तन्त्र।

reproductiveness –निॅस् n. (चि०) प्रजोत्पाद-कताF, पुनरुत्पादिताF, पुनरुत्पादकताF, फिरसे पैदा करनेकी स्थितिF।

reproductivity –′विटि n. REPRODUCTIVENESS.

reproductory –′टॅरि a. प्रजनन-सम्बन्धी (*~ system*)।

reproof[1] रि′प्रूफ् n. निर्भर्त्सनाF, निन्दाF, दोषारोपण, धिक्कारF, झिड़कीF (*a word, glance, of ~*)।

reproof[2] रीप्रूफ़′ v.t. (कोट आदिको) फिरसे जलरोधी बनाना।

reprovable रि′प्रूवॅबॅल् a. निन्दार्ह, निन्दनीय।

reprovableness –निॅस n. निन्द्यताF, निन्दार्हताF, निन्दा योग्यताF, निन्दनीयताF।

reproval –वॅल् n. निन्दाF, भर्त्सनाF, धिक्कार, झिड़कीF।

reprove –व्′ v.t. भर्त्सना करना, निन्दाF करना, कलंक मढ़ना, दोषारोपण करना, दोष लगाना, धिक्कारना, झिड़कीF देना।

reprover –′वॅर n. भर्त्सक, निर्भर्त्सक, निन्दक, कलं-कित करनेवाला, दोषारोपण करनेवाला, झिड़कीF देनेवाला

rept. receipt.

reptant रे′प्टॅन्ट a. रेंगनेवाला।

reptation –टे′शॅन् n. सरीसरण, रेंगना।

reptatorial ⊙–टॅटॉ′रिॲल् n. = REPTATORY.

reptatory –′टॅटॅरि a. रेंगनेवाला।

reptile[1] रे′प्′टाइल् n. (जीव०) **सरीसृप**, **भुजंगम**, (जीव०) उरग, सर्प, रेंगनेवाला, पेटके बल चलनेवाला

जीव, (जन्तुओंकी सरीसृप जाति^F)।

reptile² a. (जानकारीके लिए) सर्पी, सर्पणशील, सरकनेवाला, रेंगनेवाला; पामर, नीच, कमीना।

Reptilia –टि'लिअ n. (जीववि०) सरीसृप, **सरीसृप-वर्ग** T.

reptilian –अॅन् a. & n. सरीसृपका, रेंगनेवाले जन्तुका।

reptiliferous –लि'फ़रॅस् a. सर्पोत्पादी, साँपवाला।

reptilious, reptiliform –'टिलॅस्, रॅप्'टि'लिफ़ॉर्म् aa. सरीसृपवत्, रेंगनेवाले जानवरके सदृश।

reptilivorous –लि'वॅरॅस् a. सरीसृपाशी, सरीसृप-भुक्, सरीसृप भक्षी, रेंगनेवाले पशुओंको खानेवाला।

republic (राज०) **गणराज्य**, गणतन्त्र, लोकतन्त्र, प्रजातन्त्र; (ला०) सदस्योंमें पारस्परिक समता^F माननेवाले मनुष्यों या पशुओंका समाज; ~ day गणतन्त्र दिवस; *the ~ of letters* साहित्य; साहित्यिक-वर्ग।

republican¹ –कॅन् n. गणतन्त्रवादी, लोकतन्त्र-समर्थक, प्रजाप्रभुत्ववादी; (पक्षि) सामाजिक, बड़े-बड़े समूहोंमें रहनेवाले; (R~) रिपब्लिक पार्टी^F का सदस्य ⊙।

republican² a. गणतन्त्रात्मक, लोकतन्त्रात्मक, प्रजातन्त्रीय, जनतन्त्रीय, प्रजावादी, प्रजातन्त्रवादी, प्रजातन्त्र-सम्बन्धी।

republicanism –निज़्म् n. प्रजातन्त्रानुराग, प्रजातन्त्रवाद; गणतन्त्रात्मक शासनप्रणाली^F।

republicanize नाइज़् v.t. लोकराज बनाना, प्रजातन्त्रात्मक रूप देना, गणतन्त्रात्मक बनाना।

republish रीपब्'लिश् v.t. पुनः प्रकाशित करना, फिरसे छापना।

republished ⊙ –ड्' a. पुनः प्रकाशित।

repudiabte रि'प्यू'डिॲबॅल् a. प्रत्याख्येय, अस्वीकार्य, अस्वीकृत करने योग्य।

repudiate –ॲट् v.t. & i. विवाह-विच्छेद करना, सम्बन्ध-विच्छेद करना, तलाक^F देना; निराकरण करना, निकाल बाहर करना; अस्वीकार करना, अनंगीकार करना, अग्राह्य ठहराना, (का०) **प्रत्याख्यान करना**, खण्डन करना; त्याग देना, छोड़ देना, इनकार कर देना, नामंजूर करना; प्रभुत्व न मानना; (अधिकारीकी) आज्ञा^F न पालन करना; (कर्तव्य या ऋण) पूरा करना; (राज्यके लिए) लोकऋणको अस्वीकार करना।

repudiated –टि'ड् a. (का०) **प्रत्याख्यात**, अस्वीकृत।

repudiation –ॲ'शॅन् n. अस्वीकृति^F, **प्रत्याख्यान**, प्रत्यादेश, निराकरण, **इन्कार**; विवाह-विच्छेद, परित्याग।

repudiationist –निस्ट् n. प्रत्याख्यान-समर्थक; लोक-ऋण अस्वीकृत करनेका समर्थक।

repudiator –'डिॲटॅर् n. प्रत्याख्याता, अस्वीकर्ता, इनकार करनेवाला।

repugn रि'प्यून् v.t. & i. (क०) विरुद्ध होना, विरोध करना, विपरीत होना; सामना करना, मुकाबला करना; प्रतिकूल पड़ना, रुचिविरुद्ध पड़ना।

repugnance, -cy रि'पग्'नॅन्स, -सि nn. (भावों, वक्तव्यों आदिमें) असंगति^F, (विधा०, शिक्षा०) **विरोध**, (का०) **प्रतिकूलता**^F, वैपरीत्य, **प्रतीपता**^F, असामंजस्य; असन्तोष; विरक्ति^F, विराग, (विधा०, शिक्षा०) **जुगुप्सा**^F, (दर्श०) **द्वेष**, घृणा^F, अनिच्छा^F, अरुचि^F, नापसन्दी^F।

repugnant –न्ट् a. विपरीत (का०) **विरुद्ध**, प्रतिविरुद्ध, विमुख, प्रतिकूल, **प्रतीप**, विद्रोही; (किसीसे) असंगत, सामंजस्यविहीन, अनमेल; (का०) अविनीत, दुराग्रही, अवरोधी, हठी; विरस, अप्रीतिकर, अरुचिकर।

repullulate रॅ'प'ल्यूलेट् v. i. (क०) पुनरंकुरित होना, फिरसे फूट पड़ना; (रोगका) फिर शुरू हो जाना।

repulse¹ रि'पल्स् n. प्रतिनिवृत्ति^F, पराजय^F, उखाड़^F, हार^F, भगदड़^F; प्रतिघात; अपसारण; प्रत्याख्यान, तिरस्कार।

repulse² v.t. प्रतिकृष्ट करना, विकर्षित करना; पराभूत कर देना, प्रतिनिवृत्त कर देना, पराजित कर देना, पैर उखाड़ देना, पिछाड़ देना, पीछे हटाना, पीछे ढकेलना, भगा देना; प्रतिघात करना, रोकना; प्रत्याख्यान करना, तिरस्कार करना; (प्रार्थना^F, भेंट^F या उसके करनेवालेको) अस्वीकृत कर देना।

repulsed ⊙ –ट् a. (भौ०) **प्रतिकृष्ट, प्रतिकर्षित**।

repulsion –'शन् n. प्रतिनिवृत्ति^F, पराजय^F, हार^F, उखाड़^F; (रसा०, भौ०, कृषि०) **प्रतिकर्षण, विकर्षण**, (~ *phase*), अपकर्षण, निराकरण, अपसारण; प्रत्यावर्तन; प्रत्यादेश, प्रत्याख्यान, तिरस्कार; (कृषि०) **विलग्नता**^F, **अपलग्नता**^F; (शिक्षा०) जुगुप्सा-वृत्ति^F, विरक्ति^F, विराग, घृणा^F, अरुचि^F, **अनिच्छा**^F।

repulsive –'सिव् a. निषेधक, प्रतिषेधक, विरोधक, संरोधक; (भौ०) प्रतिकर्षी (~ *force*), (भौ०) अपकर्षक, विकर्षणशील, हटानेवाला; उदासीन, निरुत्साह, सहानुभूतिरहित; अप्रिय, घृणित, वीभत्स, विरक्तिकर, अरुचिकर, घृणोत्पादक, घृणाजनक, जुगुप्सामय, बुरा; अप्रीतिकर, अनुरागविहीन।

repulsiveness –निस् n. अप्रीतिकरता^F, अप्रसन्नता^F, अनुरागविहीनता^F, उदासीनता^F, अरुचिकरता^F; घृणोत्पादकता^F, घृणाजनकता^F, जुगुप्सा^F, विरक्ति^F।

repulsory रि'पल्'सॅरि a. = REPULSIVE.

repurchase¹ रीपर'चॅस् n. **पुनः क्रय**, दुबारा खरीद^F; पुनः क्रीत वस्तु^F, दुबारा खरीदी हुई चीज^F।

repurchase² v.t. पुनः क्रय करना, **फिरसे खरीदना**, दुबारा खरीदना।

repurified रीप्युॲ'रिफ़िड् a. पुनः शुद्ध, दुबारा शुद्ध किया हुआ।

repurify –फ़ाइ v.t. पुनर्मार्जन करना, पुनः शुद्ध करना, फिर साफ करना।

reputability रॅप्यूटॅ'बि'लिटि n. प्रशंस्यता^F, सम्मान्यता^F, कीर्तिमत्ता^F, प्रतिष्ठा^F।

reputable –'प्यूटॅ'बॅल् a. प्रशंस्य, प्रशंसनीय, सम्भ्रान्त, सम्मान्य, प्रतिष्ठित, लब्धप्रतिष्ठ, विख्यात, कीर्तिमान्, प्रसिद्ध, यशःशाली, नामी।

reputableness –निॅस् n. = REPUTABILITY.

reputation –टे'शॅन् n. लोकमत; सम्भ्रम, सम्मान, मर्यादा^{F}, (का०, दर्श०) **ख्याति**^{F}, विख्याति^{F}, विश्रुति^{F}, सुनाम, प्रसिद्धि^{F}, प्रतिष्ठा^{F}, गौरव, विशिष्टता^{F}, प्रशंसा^{F}, यश, कीर्ति^{F}; नामवरी^{F}, धाक^F (*has a ~ for integrity*) ।

reputative ⊙–'प्यूटॅटिव् a. प्रसिद्ध, प्रसिद्धिप्राप्त, यशस्वी, ख्यातिवान्, विख्यात ।

repute[1] रि'प्यूट्' n. सुख्याति^{F}, ख्याति^{F}, विख्याति^{F}, विश्रुति^{F}, प्रसिद्धि^{F}, प्रशंसा^{F}, यश, कीर्ति^{F}; गण्यता^{F}, मान्यता^{F}, प्रतिष्ठा^{F} ।

repute[2] v.t. गणना^{F} करना, गिनना, विचारना, सोचना, मानना, जानना, समझना; माना जाना, विचारा जाना, सोचा जाना, गिना जाना; गण्य-मान्य समझना ।

reputed –'टिॅड् a. विख्यात, ख्यात, सुख्यात, विश्रुत, प्रथित, सम्भ्रान्त, गण्य, मान्य, श्रद्धार्ह, प्रसिद्ध, सर्वज्ञात, नामी, नामवर, मशहूर (~ *character, person*) ।

request[1]* रिॅक्वे'स्ट्' n. अनुरोध, **प्रार्थना**^{F}*, विनय^F विनती^{F}; **निवेदन**, अभ्यर्थना^{F}, आवेदन, याचना; प्रार्थित वस्तु^{F}; ~ note प्रार्थनापत्र; *by* ~ व्यक्त इच्छा^{F} के अनुरूप, प्रार्थना^{F}के जवाबमें ।

request[2] v.t. अनुरोध करना, प्रार्थना^{F} करना, विनय^F करना, विनती^{F} करना, **निवेदन करना**, अभ्यर्थना^{F} करना; माँगना ।

requester –'टॅर् n. अनुरोधक, प्रार्थी, विनेता, अनुनेता, निवेदक, अभ्यर्थी ।

requiem रे'क्विअेॅम् n. (मृत व्यक्तिकी आत्मा^{F}के शान्त्यर्थ गाया हुआ) मंगलगीत, शोकशान्ति^{F} ।

requiescat (L) मृतात्मा^{F}की शान्ति-कामना^{F} ।

requirable रिॅक्वाअॅ'रॅबॅल् a. आवश्यक, विनेय, प्रार्थ्य, चाहा जाने योग्य ।

require –र्' v.t. & i. आवश्यकता^{F} समझना, अपेक्षा^{F} रखना, अपेक्षित समझना, जरूरत^F समझना; आवश्यक होना, मांग करना, जरूरी होना, चाहना; दावा करना, माँगना ।

required –ड्' a. आवश्यक, अपेक्षित, जरूरी (~ *standard*); *as* ~ यथापेक्षित ।

requirement –'मॅन्ट् n. **अपेक्षा**^{F}, **आवश्यकता**^{F}, माँग^F ।

requisite[1] रे'क्विज़िट् n. (स्थिति वि०) अपेक्षित वस्तु^{F} या गुण, **आवश्यक गुण**, आवश्यक चीज^F या शर्त^F, माँग^F ।

requisite[2] a. अपेक्ष्य, (रसा०) **आवश्यक**, **अपेक्षित**, वांछित, जरूरी (~ *number, standard*); प्रयोजनीय ।

requisiteness –निॅस् n. अपेक्षा^{F}, वांछा^{F}, आवश्यकता^{F}, जरूरत^F ।

requisition[1] –ज़ि'शॅन् n. पत्र-गर्भित आश्वासन, लिखित प्रार्थना^{F}, **अधियाचन**, लिखित अधियाचना^{F}, अर्थना^{F}, माँगनी^{F}, माँग^F; अपेक्षा^{F} (सैन्य-प्रदाय-हेतु नगरको दिया गया) आदेश; कामके लिए बुलाना, काममें लगाना, **अधिग्रहण**, छीनना; प्रयोग; *put in* ~, *call into* ~ अवलम्बन करना, आश्रय लेना, सहारा लेना; *under* · प्रयुक्त;

~ book, ~ form, ~ number, ~ register, ~ slip.

requisition[2] v.t. अर्थना^{F} करना, अधियाचना^{F} करना, माँग^F करना; (नगर आदिसे) सैन्य-सामग्री^{F} माँगना; प्रयुक्त करना; किसी अभिप्रायसे बुलाना, अधिग्रहण करना ।

requisitioned –ड्' a. अर्थित, अधियाचित; **अधिग्रहीत**, अध्याप्त (~ *land*) ।

requisitionist, requisitor –निस्ट्, –क्विज़िटॅर nn. अधियाचक, अर्थनाकारी, अर्थनाकर्ता, प्रार्थनाकारी, माँगनेवाला ।

requisitory रिॅक्वि'ज़िटॅरि a. अधिग्रहणात्मक, पत्रगत-आश्वासन-विषयक, लिखित प्रार्थना-विषयक, अधियाचना-सम्बन्धी, माँग-सम्बन्धी; अधिग्रहण-विषयक; प्रयोग-सम्बन्धी ।

requital रिॅक्वाइ'टॅल् n. प्रतिदान, पुरस्कार, (दर्श०) **प्रतिफल**, प्रतिरोध, प्रतिशोध, बदला, वापसी^{F} ।

requite –ट्' v.t. (सेवा^{F}का) प्रतिदान देना, पुरस्कार देना; (आघात, भूल^F आदिका) प्रतिशोध करना, परिशोध करना, प्रतिफल देना, बदला देना, चुकाना; (व्यक्तिको) लौटाना, वापस करना, फेरना ।

requiteless –'लिॅस् a. ऋणविमुक्त; प्रतिफलरहित, प्रतिशोध-शून्य, विना बदलेका ।

rerebrace रीअॅर'ब्रेस् n. भुजत्राण, भुजकवच, बाँहों^{F}का जिरह-बख्तर ।

reredos रीअॅर'डॉस् n. (वेदी^{F}के पीछे दीवाल^{F}पर पड़ा हुआ) आवरण, पर्दा ।

R.E.S. Royal Economic Society; Royal Entomological society.

resail रीसेल' v.t. & i. वापस खेना, पीछेकी ओर नाव^F या जहाज^F इत्यादि चलाना ।

res angusta domi (L) n. दरिद्रता^{F}, गरीबी^{F} ।

rescind रिॅसिन्ड्' v.t. निराकरण करना, निरस्त करना, उत्सादित करना, अपखण्डन करना, (का०) **विखण्डित करना**, **मंसूख करना**, काट देना, रद्द करना, हटा देना ।

rescinded –'डिॅड् a. निराकृत, उत्सादित, अपखण्डित, निरस्त, आपरिवर्तित ।

rescission –सिॅ'ज़न् n. निरसन, अपखण्डन, (वाणि०) **विखण्डन**, खण्डन, निराकरण, उत्सादन, काट^F; विलोप, लोप; (राज०) **मंसूखी**^{F} ।

rescissory –'सॅरि a. निराकरणकारी, रद्द कर देनेवाला (~ *action*) ।

rescript री'स्क्रिप्ट् n. व्यवस्था^{F}; शासन, निदेश; राज-

निर्णय, राजाज्ञा^F; पोप निर्णय, पोपका व्यवस्थापत्र; राजघोषणा^F, शाही फरमान^F; पुनर्लेख, पुनर्लेखन; लेखन-सामग्री^F; पाण्डुलिपि^F ।

rescuable रे`स्'क्यूअॅवॅल् a. त्राणीय, परित्राणीय, मुक्तियोग्य, अपमोचनीय, निस्तारणीय, बचाने लायक ।

rescue¹ –क्यू n. त्राण, परित्राण, उद्धार, विमुक्ति^F, अपमोचन, मोक्षण, रक्षण, निस्तार, बचाव; ~bid (ब्रिजके खेलमें) बचावका दाँव ।

rescue² v.t. अपमोचन करना, बचाना; उद्धार करना, निस्तार करना, **छुड़ा लेना** ।

rescuer –क्यूअॅर् n. उद्धारक, परित्राता, रक्षक, मोक्षक, मुक्तिदाता, छुटकारा देनेवाला, बचानेवाला ।

research¹ रि`सर्च n. **शोध**^F, शोधन, अनुशीलन, तत्त्व-परीक्षण, पुनःपरिशीलन; (कृषि०) **अनुसन्धान, गवेषणा**^F, समन्वेष, अन्वेषण, **खोज**^F, तलाश^F, छानबीन^F (*his ~es have been fruitful*); ~ supervisor शोध पर्यवेक्षक;

~ assistant, ~ centre, ~ department, ~ guide, ~ institute, ~ laboratory, ~ officer, ~ paper, ~ scheme, ~ scholar, ~ scientist, ~ section, ~ station, ~ student, ~ superintendent, ~ wing, ~ work, ~ worker.

research² v.i. अनुशीलन करना, अनुसन्धान करना, खोज^F करना, छानबीन^F करना, खोजना ।

researcher –'चॅर् n. शोधकर्ता, (रसा०) **अन्वेषक**, अनुसन्धानकर्ता, **अनुसंधायक**, अनुशीलनकर्ता, खोज^F करनेवाला ।

resect रि`से`क्ट्' v.t. कर्तन करना, काट^F निकालना, काटकर निकाल फेंकना, **दुबारा टुकड़े करना** ।

resection –क्'शॅन् n. **स्थिति-निर्धारण (नक्शेपर)**; कर्तन, छेदन, काटकर निकालना, काटकर निकाल फेंकना ।

resemblance रि`ज़े`म्'ब्लॅन्स् n. (दर्श०) **साम्य**, सादृश्य, सदृशता^F, समरूपता^F, अनुरूपता^F, सारूप्य; अनुहार; प्रतिकृति^F, प्रतिरूप ।

resemblant –न्ट् a. सदृश, तुल्य, समान, समरूप, अनुरूप, मिलता-जुलता ।

resemble रि`ज़े`म्'बॅल् v.t. सदृश होना, समरूप होना, अनुरूप होना, मिलना, मेल खाना; (प्रा० *to* के साथ) मिलाना, तुलना करना ।

resembling –लिंग् a. अनुरूप, समान, अनुहारी, मिलता-जुलता, सदृश ।

resent रि`ज़े`न्ट्' v.t. आक्रोश करना, क्रुद्ध होना, रोष प्रकट करना, बिगड़ना, बुरा मानना, नाराज हो जाना; प्रतिहिंसा^F चाहना, मनमें आघात बनाये रखना ।

resenter –'टॅर् n. आक्रोष्टा, क्रोधी व्यक्ति, रोषी व्यक्ति, बिगड़नेवाला आदमी, नाराज होनेवाला ।

resentful –ट्'फुल् a. आक्रोशी, आक्रोशशील, क्रोधी, रोषी, क्षुब्ध, रोषपूर्ण ।

resentive –टिव् a. आक्रोशी, आक्रोशशील, रोषयुक्त, रोषशील, क्रोधशील, क्रोधी, क्रोधपूर्ण, नकचढ़ा, नाराजगीका ।

resentment –ट्'मॅन्ट् n. आक्रोश, अमर्ष, (शिक्षा०) **रोष**, क्षोभ, क्रोध, गुस्सा, नाराजगी^F ।

reservable रि`ज़र्'वॅबॅल् a. प्रारक्षणीय, भविष्यके लिए बचाने योग्य ।

reservation रि`ज़'वे`शॅन् n. प्रारक्षीकरण, **प्रारक्षण, रक्षण**, आरक्षा^F, आरक्षिति^F, **आरक्षण**, (~ *office*), पूर्वरक्षण, संरक्षण, आत्मनिग्रह, आत्मदमन, संयम, संकोच; (ईसा०, पादरीके रिक्त स्थानपर किसीको) मनोनीत करनेका अधिकार; (दूसरोंको दोषमुक्त करनेका बड़ोंका) रक्षित अधिकार; संचिति^F, संचय, संचयन; आरक्षित भूखण्ड ⊙; प्रतिबन्ध, बन्धन, रोक^F, शर्त^F, कैद^F; अपवाद; गोपन, अप्रकाश; पश्चाद्धारण; (रेल^Fकी सीट^F इत्यादि) रिजर्व करना ⊙; mental ~ संकोच, मानसिक प्रतिबन्ध;

~ clerk, ~ office, ~ ticket.

reserve¹ रि`ज़र्व्' n. प्रारक्षित पदार्थ, रक्षित वस्तु^F, आरक्षित पदार्थ, अतिरिक्त संचय, अवशेष-संग्रह, बचत^F, (प्रा० भू०) **उपलभ्य; T.**; संचिति^F, संचय (*has a great ~ of energy*); आरक्षितदल, रक्षितसैन्य; रक्षित सेना^Fका सैनिक, रिजर्व; (खेलोंमें) अतिरिक्त खिलाड़ी; (अर्थ०) **प्रारक्षण, आरक्षण**, रक्षण, पूर्वरक्षण; रक्षित स्थान; (प्रदर्शनियों^Fमें) विशिष्ट पुरस्करण; आत्मसंयम, आत्मनिग्रह, आत्मनिरोध, संयम, निग्रह, सन्तुलन, अति परित्याग; मित-भाषण, संयत-भाषण, अल्प-भाषण, वाक्संयम, मौनावलम्बन, आलाप-विरक्ति^F, मौनभाव; अनुत्साह, हृदयहीनता^F; संकोच, अमिलन-शीलता^F, रुखाई^F, रूखापन; कपट, छल; संवरण, मनोगुप्ति^F, सत्यका स्वेच्छित गोपन; ~ force (चि०) प्रारक्षित शक्ति^F; ~ fund **आरक्षित निधि**^F; **रिज़र्व निधि**^F; ~ price नियत मूल्य; *without* ~ पूर्णतः, पूर्णरूपेण, पूरी तरहसे;

~ account, ~ bank, ~ buoyancy, ~ capital, ~ clerk, ~ collection, ~ command, ~ food, ~ forces, ~ forest, ~ fund, ~ leave, ~ liability, ~ material, ~ price, ~ product, ~ ratio, ~ rations, ~ service, ~ sorter, ~ stock, ~ tissue.

reserve² v.t. प्रारक्षित करना, भविष्यके लिए बचा रखना; आधिपत्य सुरक्षित रखना, अधिकार रक्षित करना; पूर्वनिर्दिष्ट करना, नियत करना; (*for* के साथ) भाग्यमें लिखा होना ।

reserved –ड्' a. रक्षित, **आरक्षित**, पूर्वरक्षित, संचित, पहलेसे बचाया हुआ; **रिज़र्व किया हुआ**; गूढ़, गुप्त; मौन, अल्पभाषी, वाक्संयमी, मितभाषी; संकोची, लज्जाशील; शर्मीला; पश्चाद्धृत, रखा हुआ;

~ accommodation, ~ berth, ~ compartment, ~ demolition, ~ force, ~ forest, ~ position, ~ powers, ~ price, ~ right,

~ seat.

reservedness –'वि॑ड्'निॅस् n. रक्षिततत्व, आरक्षितता^F, संचितता^F; गुप्तता^F; मौनता^F, वाक्संयमिता^F, मितभाषिता^F; संकोचशीलता^F, लज्जाशीलता^F; पश्चाद्धृत।

reservist –विस्ट् n. प्रत्याधृति^F, आरक्षित सैनिक, रिजर्ववाला।

reservoir¹ रे॑'ज़॒र्व्वार् n. (प्रा० भू०, स्था०) **जलाशय, जलागार,** (प्रा० भू०) **जलाधार,** सरोवर, **तालाब,** पोखर, ताल; **तरलाशय,** आशय, (रसा०) **कुण्ड, हौज;** आश्रय; **स्थायी आश्रय;** रक्षितपूर्ति^F, संचिति^F, संचय, संग्रह, **भाण्डार,** (चि०) **भण्डार, आगार,** खजाना (*~ of wisdom*); ~ pen मसिकोष-लेखनी^F; ~ rock (प्रा० भू०) **तैलाधार शैल।**

reservoir² v.t. (जलाशय इत्यादिमें) एकत्र करना, संचित करना, जमा करना।

reset¹ रि॑सेट्' n. (स्का०) अपराधी-रक्षण, अपराधी-परिरक्षण, अपाश्रयण, अपराधीको शरण^F देना; चोरित वस्तु-ग्रहण; चोरी^Fकी चीज^F।

reset² v.t. & i. अपाश्रित करना, अपराधीको शरण^F देना, अपहृत धन ग्रहण करना, चोरीका माल पाना।

re-set³ री'से॑ट् v.t. (विशेष हीरे-जवाहरात) फिरसे जड़ना, फिरसे जमाना, ठीक करना।

resetter रि॑से॑'टॅर n. चोरित-वस्तु-ग्रहीता, चोरी^Fका माल लेनेवाला।

resettle रीसे॑'टॅल् v.t. पुनः स्थापित करना, पुनः संस्थापन करना, पुनर्व्यवस्था^F करना, नया प्रबन्ध करना, फिरसे बस्तोबस्त करना; (किसी स्थानको) नयी आबादी^Fसे बसाना।

resettled –ड्' a. पुनःस्थापित, पुनर्व्यवस्थापित, पुनर्निवासित।

resettlement –टॅल्मॅन्ट् n. पुनर्व्यवस्था^F; पुनर्वासन, **पुनःस्थापन** (*~section*)।

res gestae (L) n. साहसिक कार्य।

reshape रीशेप्' v.t. नयी आकृति^Fप्रदान करना।

reshuffle रीश'फ़ॅल् v.t. पुनर्घटित करना, आपरिवर्तित करना, फिरसे स्थान बदल देना; (विशे० ताशके पत्तोंको) उलट-पुलट देना, फेंटना।

reshuffling –लिंग् n. आपरिवर्तन, हेरफेर, उलट-पुलट^F।

reside रि॑ज़ाइड्' v.i. वास करना, निवास करना, बसना, रहना, टिकना; निहित होना, न्यस्त होना; प्राप्त होना; (गुणोंका) अन्तर्निहित होना, विद्यमान होना, मौजूद होना।

residence रे॑'ज़िडॅन्स् n. वास, आवास, (क्रा०) **निवास** (*honoured the place with her ~*); (विधा०) **पदावास,** वास-भूमि^F, वासस्थान, आवास-स्थान, निवासस्थान, घर, मकान; *take up* one's ~ रहना आरम्भ करना।

residency –सि n. वासस्थान, वासामात्य भवन, वासामात्यपद, **रेजीडेन्सी**^F (भारतीय देशी राज्यमें गवर्नर जनरलके प्रतिनिधि रेजीडेण्टका सरकारी निवास स्थान)।

resident¹ –न्ट् n. अधिवासी, स्थायी निवासी, वासी, **निवासी,** (राज०) रिहायशी, बाशिन्दा, रहनेवाला; आवासी प्रतिनिधि, वासामात्य, (राज०) **रेजीडेण्ट;** राजनैतिक अभिकर्ता, पोलिटिकल एजेण्ट।

resident² a. वासी, निवासी, वासकारी, अधिवासी; **स्थानिक,** एकस्थानी, चिरवासी; (प्रायः *in* के साथ) केन्द्रित, अन्तर्निहित, स्थित, अन्तर्हित, निहित (*a right ~ in the nation*);

~ account, ~ alien, ~ clerk, ~ co-sharer, ~ cultivator, ~ engineer, ~ magistrate, ~ representative, ~ sub-divisions, ~ substitute, ~ surgeon, ~ surgical officer, ~ tutor.

residenter –टॅर् n. (स्का०) = RESIDENT.

residential –डे॑न्'शॅल् a. वास विषयक, **आवास-विषयक,** आवासिक, **निवास-सम्बन्धी,** रहायशी; वासभूमि-विषयक, वासस्थान-सम्बन्धी, आवास-स्थान-सम्बन्धी, निवास-स्थान-सम्बन्धी; अधिवासी-विषयक, बाशिन्देका; प्रत्युपराज-विषयक, वासामात्यका, रेजीडेण्टका; ~ house आवासगृह, रहायशी मकान;

~ area, ~ building, ~ density, ~ family, ~ quarters, ~ representative, ~ university.

residentiary¹ –शॅरि n. अधिवासी, स्थिरनिवासी; एकस्थानी पादरी।

residentiary² a. वासस्थानार्थ, सरकारी निवासार्थ; सरकारी निवाससे सम्बद्ध।

residentship –ज़िडॅन्ट्शिप् n. रेजीडेण्टका पद।

resider रि॑ज़ाइ'डॅर् n. वासी, अधिवासी, स्थायी निवासी, बाशिन्दा, बसनेवाला।

residual¹ रि॑ज़ि'ड्यूॲल् n. शेष, (अर्थ०) **अवशेष** (*~ value*), अवशिष्टांश, अवशिष्ट राशि^F।

residual² a. (गणित) **शेष,** बाकी; शिष्ट, (चि०, रसा०, भौ०, प्रा० भू०) **अवशिष्ट,** बचा हुआ, (कृषि०) मूलज; (गणना^Fकी भूल^Fके सम्बन्धमें) जिसका हिसाब न हुआ हो, जो रद्द न की गयी हो;

~ air, ~ affinity, ~ asphalt, ~ charge, ~ claimant, ~ clay, ~ current, ~ deposit, ~ dispersion, ~ effect, ~ energy, ~ error, ~ immunity, ~ ionization, ~ magnetism, ~ phenomenon, ~ rays, ~ soil, ~ valency, ~ value.

residuary –ॲरि a. शेषांश-सम्बन्धी, अवशिष्टांश-विषयक, अवशिष्टांशका; (का०) **अवशिष्ट,** शेष बचा हुआ, रहा-सहा (*~ powers*); जायदाद^Fके बाकी हिस्सेका।

residue रे॑'ज़िड्यू n. शेष, (कृषि०, रसा०, चि०, अर्थ०) **अवशेष** (*~ crop,~ class*), बाकी, बचा-खुचा, पदार्थ; अवशिष्ट, अवशिष्ट सम्पत्ति^F, बाकी जायदाद^F; **प्रतिरोधक।**

residuent ⊙ रि`ज़ि`ड्यूअॅन्ट् n. (कारखानोंमें) उप-उत्पादन, शेषोत्पादन, अवशेषोत्पादन, अवशिष्ट पदार्थसे दूसरी वस्तु^F बनाना।

residuous ⊙ –अॅस् a. शेष, अवशिष्ट।

residuum –अॅम् n. (pl. *residua*) **अवशेष,** अवशिष्टांश; (गणना^F आदिमें) अज्ञात अन्तर, रोकड़ बाकी (जिसका हिसाब न मिलता हो); अन्त्यज, निम्नवर्गी, नीच लोग।

resign[1] रि`ज़ाइन्' v.t. & i. आत्मसमर्पण कर देना, आत्मोत्सर्ग कर देना, समर्पित कर देना, अर्पित कर देना, हस्तान्तरित करना, सुपुर्द करना, सौंपना, हवाले करना (~ one-*self to another's guidance*); तिलांजलि^F देना, त्यागना, परित्यक्त कर देना, छोड़ना; सन्तोष करना, अवस्था^F के अनुकूल बनाना; सहना, सब्र करना; **त्यागपत्र देना, पदत्याग करना,** अलग होना, **इस्तीफा देना।**

re-sign[2] री-साइन्' v. i. & t. पुनः हस्ताक्षर करना, दुबारा दस्तखत करना।

resignation रे`ज़िग्ने'शॅन् n. (दर्श०) **आत्म-समर्पण,** समर्पण, अर्पण, उत्सर्ग, **त्याग,** अवरोधाभाव, पदाक्षेप, परित्याग; **त्यागभिवृत्ति^F, त्यागपत्र;** (विधा०) **पद-त्याग, इस्तीफा;** आत्मसमर्पण, आत्मोत्सर्ग; तितिक्षा^F, वैराग्य, भाग्याश्रय, भाग्यवादिता^F, मौन भावसे कष्ट-सहन।

resigned रि`ज़ाइन्ड्' a. समर्पित, उत्सृष्ट, छोड़ा हुआ; तितिक्षु, सन्तुष्ट, सन्तोषी, धीर, भाग्याश्रयी, भाग्यवादी, सहनशील; सधैर्य, धैर्ययुक्त, धैर्यवान्, धीर, गम्भीर; दूसरों की बात^F मान लेनेवाला।

resignee रे`ज़िनी' n. त्यागपत्र-आदाता, त्यागपत्र-ग्रहीता, त्यागपत्र लेनेवाला व्यक्ति।

resigner रि`ज़ाइ'नॅर् n. त्यागपत्र देनेवाला, इस्तीफा देनेवाला; भाग्यवादी, विरागी।

resile रि`ज़ाइल्' v.i. (लचनशील पिण्डोंका) तनकर सिकुड़ जाना, उभर आना; लचनशील होना, उभरने या सिकुड़ने योग्य होना; पीछे हटना।

resilience, -cy –ज़ि'ल्यॅन्स्, -सि nn. **विकृति ऊर्जा^F;** सुनम्यता^F, लचनशीलता^F, **लचीलापन; लचक^F,** लोच; पश्चापसारिता^F, प्रत्यास्कन्दन, **प्रति-स्कन्दन,** प्रत्यास्थान, उभरनेकी शक्ति^F, पलटा; पुनरुत्थान, स्वस्थ प्रतिक्रिया^F।

resilient –न्ट् a. सुनम्य, लचनशील, **लचकीला** (~ *material*), **लचीला,** लोचदार; पश्चादपसारी, प्रत्यास्कन्दक, प्रत्यास्थानक।

resin[1] रे`ज़िन् n.(वन०) **सर्जास,** उद्यास,(रसा०) **रेज़िन,** धूना, यक्षधूप^F; (प्रा० भू०) **लीसा, राल^F; बरोजा;** (रासायनिक क्रिया^F द्वारा प्राप्त) धूप^F जैसे पदार्थ;
~ **blaze,** ~ **canal,** ~ **cavity,** ~ **cerate,** ~ **channel,** ~ **distiller,** ~ **duct,** ~ **enamel,** ~ *gall,* ~ **ointment,** ~ **opal,** ~ **passage,** ~ *plaster,* ~ *tapper,* ~ *tapping.*

resin[2] v.t. धूना देना, राल^F मलना या लगाना।

resinaceous –ने'शॅस् a. उद्यास-, उद्यासमय, उद्यास-रूप, उद्यासवत्, राल-जैसा, राल^F का, राल-युक्त।

resined –न्ड्' a. उद्यासित, रालवाला।

resinic रिज़ि'निक् a. सर्जासीय, उद्यास-विषयक, रेजन-विषयक, धूनेवाला, धूनेका, धूप-सम्बन्धी, राल^F का; सर्जासोत्पन्न, उद्यास-जनित, धूप^F से पैदा हुआ, राल^F से निकला हुआ।

resiniferous –नि'फ़ॅरस् a. ससर्जास, उद्यासयुक्त, रेजनयुक्त, धूनेवाला, धूपयुक्त, रालवाला; सर्जासोत्पादी, धूप^F पैदा करनेवाला, राल^F देनेवाला।

resinification –फ़िके'शॅन् n. उद्यासयुक्त बनानेकी क्रिया^F।

resiniform –निफ़ार्म a. सर्जासवत्, उद्यास-सदृश, रेजन-सदृश, धूने-जैसा, धूप-जैसा, राल-जैसा।

resinify –ज़िनिफ़ाइ v.t. & i. रालयुक्त बनाना या होना, राल^F बनाना या बनना।

resinise –नाइज़् v.t. राल^F मिलाना।

resinoid –नाइॅड् a. & n. उद्यासाभ, राल-जैसा (पदार्थ), राल-जैसी (वस्तु^F)।

resinosis ⊙ –नो'सिस् n. उद्यास-स्राव, राल^F का असाधारण स्रवण।

resinous –ज़िनॅस् a. उद्यास-, उद्यासमय, उद्यासरूप, उद्यासवत्, (चि०) राल-स्वरूप, (वन०) **रालदार,** राल-जैसा, राल^F का, धूना-मिला; ~ **lustre** (प्रा० भू०) **बेरोज़ा द्युति^F।**

resinousness –निॅस् n. उद्यासमयता^F, उद्यासरूपता^F, उद्यासवत्ता^F, धूपयुक्तता^F, रालयुक्तता^F।

resiny –नि a. = RESINOUS.

resipiscence रे`सिपि'सॅन्स् n. अनुभव, अनुभव-बुद्धि^F, अनुभव-ज्ञान, अनुभूति^F, संचित ज्ञान; दोष-स्वीकरण, त्रुटि-स्वीकरण, गलती^F मानना; अनुताप, पश्चात्ताप।

resipiscent –न्ट् a. अनुभवी, अनुभव-बुद्धि-युक्त, संचित-ज्ञानयुक्त, अनुभूतिमय; पश्चात्तापपूर्ण।

resist[1] रि`ज़िस्ट्' n. रोध, रोधी, मसाला।

resist[2] v.t. & i. बाधा^F देना, (का०) **प्रतिरोध करना,** मार्गावरोध करना, गतिरोध करना, विरोध करना, खिलाफ होना, मुकाबला करना; निवारण करना, रोकना, दूर^F रखना; प्रवेश न करने देना, बाहर रखना; प्रभावित न होने देना; चोट^F न आने देना; सहन करना, रक्षा^F करना, बचाना; खण्डन करना, न मानना; बचना, दूर^F रहना (*who can ~ God's will ?*); (किसीके विरुद्ध) प्रबल उद्योग करना, होड़^F लगाना; सहमत न होना, बात^F माननेसे इनकार करना।

resistance –टॅन्स् n. बाधा^F, (चि०, गतिवि०, भौ०, जीव०) **प्रतिरोध,** प्रतिघात, अवरोध, विरोध; प्रतिरोध-शक्ति^F, विरोधका बल; बाधा^F, व्यवधान, प्रतिष्टम्भ, रुकावट^F, रोक^F, रोड़ा, अड़ंगा; (विद्यु० चुम्ब०, ताप) रोध, अचालकता^F; (विद्युत्-उपकरणका वह भाग जो धारा^F का नियमित प्रतिरोध करनेमें प्रयुक्त होता है); (भौ०)

प्रतिरोधक; passive ~ सत्याग्रह, अहिंसात्मक विरोध, शान्तिपूर्ण विरोध; *take line of least* ~ (ला०) सबसे सुगम मार्ग ग्रहण करना;
~ arm, ~ box, ~ bridge, ~ cell, ~ coil, ~ grid, ~ lamp, ~ movement, ~ overcome, ~ strip, ~ thermometer, ~ variety, ~ wire.

resistant[1] –न्ट् (जीव०, भौ०, गतिवि०) **प्रतिरोधी,** प्रतिरोधक व्यक्ति या वस्तु^F^ ।

resistant[2], **resistent, resistive** –न्ट्, –टिव् a. रोधी, रोधक, (गति०, भौ०, जीव०)**प्रतिरोधी** (~ *rock*), प्रतिरोधनशील, प्रतिरोधकारी, निवारक, रोकनेवाला; तितिक्षु, सहिष्णु, सहनशील ।

resisted –टि ॅड् a. रुद्ध, अवरुद्ध, प्रतिरुद्ध ।

resistent –ऍन्ट् a. (क्व०) = RESISTANT.

resister –ऍर् n. प्रतिरोधक, अवरोधक, रोधकर्ता, विरोधी; passive ~ सत्याग्रही, अहिंसात्मक प्रतिरोधी ।

resistibility –ऍबि'लिटि n. रोध्यता^F^, प्रतिरोध्यता^F^, अवरोध्यता^F^, प्रतिरोधनीयता^F^; प्रतिरोध-शक्ति^F^, सहनशीलता^F^ ।

resistible –टॅबॅल् a. रौध्य, प्रतिरोध्य, प्रतिरोधनीय, प्रतिबाध्य, विरोध-योग्य, बाधा^F^ देने योग्य ।

resisting –टिंग् a. (चि०) प्रतिरोधी;
~ medium, ~ shoulder.

resistive –टिव् a. = RESISTANT.

resistivity –टि'विटि n. रोधिता^F^, रोधकता^F^, (भौ०) **प्रतिरोधकता^F^**, प्रतिरोधनशीलता^F^, प्रतिरोधता^F^, प्रतिरोधकारिता^F^, निवारकता^F^; तितिक्षा^F^, सहिष्णुता^F^, सहनशीलता^F^ ।

resistless –ट्'लिस् a. (का०) अप्रतिरोधनीय, अप्रतिरोध्य, अनिवार्य, प्रतिरोधशून्य, विरोधरहित, बाधाशून्य, बेरोक, विवश ।

resistlessness –निस् n. अप्रतिरोधनीयता^F^, अप्रतिरोध्यता^F^, अनिवार्यता^F^, प्रतिरोधशून्यता^F^, विरोधराहित्य, बाधाशून्यता^F^ ।

resistor –टॅर् n. (विद्युत्०) रोधी यन्त्र, तरंग-रोधक, (भौ०) **प्रतिरोधक** ।

res judicata (L) n. पहलेसे ही निर्णीत मुकदमा ।

resolubility रे'ज़ॉलु(ल्यू)बि'लिटि n. विगलनीयता^F^, विघटनियता^F^, विश्लेष्यता^F^, घुलनशीलता^F^, घुलनेकी स्थिति^F^ ।

resoluble –ज़ॉलु(ल्यू)बॅल् a. घुलने योग्य, विगलनीय, विश्लेष्य ।

resolute –ज़ॅलु(ल्यू)ट् a. कृतसंकल्प, दृढ़संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ, दृढ़निश्चय, स्थिरमति, स्थिर, दृढ़, अटल, अडिग, पक्का, कड़ा, हठी; साहसी, निर्भीक, जीवटका, हिम्मती, दिलेर ।

resolution –लु(ल्यू)'शॅन् n. (घटकोंमें) पृथक्करण, पृथग्दर्शन, (गतिवि०) **विघटन, खण्डन, गुणनखण्ड करना**; विश्लेषण, रूपान्तर, दूसरे रूपमें परिवर्तन, घटावः (भौ०) **वियोजन, विभेदन,** (चि०) शोथोपशमन, सहज आरोग्य; पीप आये फोड़े-फुन्सियों^F^का बैठ जाना; पीप आये बिना सूजन^F^का लोप; (छ०; एक लम्बे शब्दांशके स्थानपर छोटे शब्दांशोंका) उपस्थापन, प्रतिस्थापन; (संगीत) असंगति^F^से स्वर-संगति^F^की रचना^F^; शंका-समाधान, समस्या^F^का निराकरण, प्रश्नका सुलझाव, सवालका हल; (राज०) **प्रस्ताव, संकल्प,** (दर्श०) **निश्चय,** संकल्पका विषय; स्थिर चित्त, दृढ़ चरित्र; दृढ़ता^F^, दृढ़प्रतिज्ञता^F^, दृढ़संकल्पता^F^, इरादेकी कड़ाई^F^ ।

resolutioner –नॅर् n. प्रस्तावक, प्रस्ताव-सहयोगी, प्रस्ताव-भागी, प्रस्तावमें हिस्सा लेनेवाला ।

resolutive –ज़ॅल्(ल्यू)टिव् a. & n. विघटनकारी (लेप), विगलनीय (औषध^F^), विगलनशील, विश्लेषणकारी (पदार्थ), घुलनेवाली (दवा^F^); निर्णयकारी (~ *condition*) ।

resolvability रि ॅज़ॉल्वॅ'बिलिटि n. विभेद्यता^F^, विश्लेष्यता^F^, विश्लेषणीयता^F^, खण्डनीयता^F^, द्रवित^F^, विघटनीयता^F^, विगलनशीलता^F^; परिवर्तनीयता^F^, रूपान्तरणीयता^F^; समाधानार्हता^F^, सुलझानेकी योग्यता^F^; निश्चयार्हता^F^ ।

resolvable –वॅबॅल् a. विभेद्य, विश्लेष्य, विश्लेषणीय, खण्डनीय; द्रावक, विघटनीय, विगलनीय, विगलनशील; परिवर्तनीय, रूपान्तरणीय, बदलने योग्य; समाधानार्ह, सुलझाने योग्य, हल करनेमें सहायक; निश्चयार्ह, इरादा करने लायक ।

resolve[1] –व्' n. संकल्प, दृढ़ निश्चय, प्रतिज्ञा^F^, इरादा (*she kept her* ~); (रसा०, भौ०) **वियोजन, विभेदन**; (का०) संकल्पशक्ति^F^, दृढ़ता^F^, अडिगपन (*a mind of high* ~) ।

resolve[2] v.t. & i. निर्गलित होना, विगलित होना, विघटित होना, पिघलना, पिघलाना, घोलना, घुलना, गलाना, गलना, खोलना; (रसा०) **वियोजित करना, विभेदन करना,** विच्छेद करना, विश्लेषण करना, **विघटित करना,** व्यवच्छेद करना, (ग० भी) **खण्डित करना, खण्डन करना,** खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े-टुकड़े करना, छिन्न-भिन्न करना, पृथक् करना या होना; परिवर्तित करना या होना, रूपान्तरित करना या होना, बदलना; (संगीत) सस्वर बनना, सुर मिलाना, सुरीला होना; समाधान करना, स्पष्ट करना, सुलझाना, हल करना, साफ करना (*the problem of its origin is still to be* ~ *d*); व्याख्या^F^ करना, मीमांसा^F^ करना; मनस्थ करना, दृढ़ निश्चय करना, संकल्प करना; प्रस्ताव करना, ठान लेना, इरादा करना, ठानना, ठहराना; (विधानसभा^F^ इत्यादिका) पारित करना; (परिस्थितियों^F^ आदिका किसी व्यक्तिको कार्य करनेके लिए) कटिबद्ध करना; (चि०) प्रकृतिस्थ करना, विकारोपशम करना ।

resolved –ड् a. द्रवित, विगलित, (ग० भी) विघटित, वियोजित (~ *art*), विश्लिष्ट (~ *element*); प्रस्तावित; पारित; स्थिर, दृढ़, दृढ़प्रतिज्ञ, संकल्पित ।

resolvedness –विॅड्-निस् n. द्रवितत्व, विगलितत्व, विघटितत्व, विश्लिष्टता^F^; प्रस्तावितता^F^, पारितता^F^,

स्थिरता^F, दृढ़ता^F, दृढ़प्रतिज्ञा^F, संकल्प।

resolvent[1] –वॅन्ट् n. विघटनकारी पदार्थ; (चि०) प्रकृतिस्थापक, विलायक, विशोषक औषधि^F; शोथहर औषध^F या लेप।

resolvent[2] a. (चि०) प्रकृतिस्थापक, विलायक, शोथहर; विघटनकारी, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला, अलग-अलग करनेवाला; गलाऊ, घुलाऊ।

resolver –वॅर् n. निर्गलक, विगलक, विघटयिता; विभेत्ता, विच्छेत्ता, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला; व्याख्याकार, मीमांसाकार; हल करनेवाला, साफ करनेवाला; निश्चेता, संकल्पक; प्रस्तावक।

resolving –विंग् a. विघटन, विघटनकारी; ~ power (भौ०) **विभेदकता^F, विभेदन-क्षमता^F**।

resonance रे'ज़ॅनन्स् n. (भौ०, चि०) **संस्पन्दन, अनुस्पन्दन,** (रसा०) **अनुकम्पन, संदोलन;** (भौ०, चि०) **अनुनाद,** प्रतिनाद, प्रतिध्वनि^F, प्रतिस्वन, प्रतिस्वनिता^F, गूँज^F, गमक^F, झंकार^F;

~ absorption, ~ box, ~ curve, ~ energy, ~ level, ~ line, ~ method, ~ potential, ~ scattering, ~ structure, ~ tube.

resonant –न्ट् a. (भौ०) **अनुनादी** (~ *circuit*), प्रतिस्वनी (~ *recorder*); अनुनादित, प्रतिध्वनित, प्रतिनादित, शब्दायमान, गुंजित, मुखरित, गूँजनेवाला, झंकारभरा, गमकदार।

resonate –नेट् v. i. (रसा०) **संस्पन्दन करना,** अनुनादित होना, ध्वनित होना, झंकृत होना, कम्पित होना, प्रतिध्वनित होना, मुखरित होना, गूँजना।

resonation –ने'शॅन् n. (रसा०) **संस्पन्दन**।

resonator –टॅर् n. अनुनादी, (चि०, भौ०) **अनुनादक,** प्रतिध्वनक; अनुनादक यंत्र, (ध्वनियों^Fको अनुनाद प्रदान करनेका साधन)।

resorb रि'सॉर्ब्' v.t. निगल जाना, गटक जाना, लीलना: पुनः ग्रहण करना, फिरसे खपा लेना।

resorbent –'बॅन्ट् a. (चि०) विकृत द्रव्य चूषक; पुनःग्राहक, संचूषक, फिरसे सोखनेवाला, फिरसे खपालेनेवाला।

resorcin रॅ'ज़ॉर्'सिन् n. शेयास, रंगका गोंद।

resorption रि'सॉर्प्'शॅन् n. (चि०) विकृत द्रव्य-चूषण; पुनर्ग्रहण, पुनश्चूषण, फिरसे सोखना, फिरसे खपा लेना।

resorptive –'टिव् a. पुनर्ग्रहणात्मक, पुनर्ग्रहण-विषयक, फिरसे सोखनेका, पुनर्चूषी, चूषणशील, पुनर्ग्राहक, फिरसे खपा लेनेवाला, पुनः सोखनेवाला।

resort[1] रि'ज़ॉर्ट्' n. आश्रय, अवलम्ब, शरण^F; उपाय, युक्ति^F; साधन, मार्ग, चारा, रास्ता; समागम, गमनागमन; गमनस्थान, समागमस्थान; स्थान (*health, holiday,* ~); जमघट, भीड़^F; गीत; *in the last* ~ अन्तिम प्रयत्नके रूपमें।

resort[2] v.i. आश्रय लेना, अवलम्बित होना, शरण^F लेना, सहायता^F लेना, आसरा लेना, सहारा लेना, काम लेना, मदद^F चाहना; बड़ी संख्या^Fमें जाना; आना-जाना; प्रयोग करना, लगाना।

re-sort[3] री-सॉर्ट्' v.t. दुबारा छाँटना, फिरसे बीनना या चुनना।

resorter रि'ज़ॉर्'टॅर् n. आश्रयी, अवलम्बी, शरणार्थी, आसरा लेनेवाला, सहारा लेनेवाला, काम लेनेवाला।

resound रि'ज़ॉउन्ड्' v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिनादित होना, अनुनादित होना, गूँजना; स्थानको ध्वनित करना, आवाज^Fसे भर देना; प्रतिध्वनि^F उत्पन्न करना, गूँज^F पैदा करना; यशोविस्तार करना, कीर्तिप्रसार करना, प्रसिद्धि फैलाना, मशहूर कर देना; (ख्याति^F या घटना^Fकी) चर्चा^F होना, फैलना; हलचल^F फैलना, धूम^F मचाना, सनसनी^F पैदा करना; (उच्चस्वरमें) पुनरावृत्ति^F करना, दुहराना।

resounding –डिंग् a. प्रतिध्वनिशील, प्रतिनादी, अनुनादी, गूँजनेवाला, आवाजसे भर देनेवाला; यशोविस्तारक, कीर्तिप्रसारक, प्रसिद्धि फैलानेवाला, मशहूर करनेवाला; धूम^F मचानेवाला, सनसनी^F पैदा करनेवाला।

resource रि'सोर्स्' n. (pl.; देशके सामूहिक) (राज०) **साधन,** संसाधन, साधन-स्रोत, **स्रोत,** उपाय, गति^F, मार्ग, चारा, रास्ता; धन, विभव, सम्पत्ति^F, द्रव्य, सामग्री^F, (अव क०) सहायता^Fकी सम्भावना^F, सहारेकी आशा^F, कालक्षेपका उपाय, समय काटनेका साधन, अवकाशका काम; कल्पनाशक्ति^F, कुशाग्र बुद्धि^F, व्युत्पन्न मति^F, उद्योग बुद्धि^F, हाजिरदिमाग; ~ operation (अर्थ०) **धन-परिचालन**।

resourceful –'फ़ुल् a. साधन-सम्पन्न; उद्योगी, उद्योगशील; युक्तिपूर्ण; व्युत्पन्नमति, उद्योगबुद्धिवाला, सूझबूझवाला, हाजिर-दिमाग।

resourcefulness –निस् n. साधनसम्पन्नता^F, युक्तिपूर्णता^F, उद्योगीलता^F; प्रत्युत्पन्नमतित्व, व्युत्पन्न मति^F, उद्योग बुद्धि^F, सूझबूझ^F, हाजिरजवाबी^F।

resourceless –'लिस् a. असहाय, निराश्रय, साधनशून्य, साधनहीन; युक्तिहीन, उद्योगरहित; अवकाश कार्यरहित; उद्योगबुद्धिहीन, बिना सूझबूझ^Fका।

resourcelessness –निस् n. साधनशून्यता^F, साधनहीनता^F; युक्तिहीनता^F, यत्नाभाव, उद्योगाभाव; अवकाशशून्यता^F, उद्योगबुद्धिहीनता^F, सूझबूझ^Fकी कमी^F।

respeak रीस्पीक' v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिवादित होना, अनुवादित होना, गूँजना, उत्तर देना, जवाब देना।

respect[1]* रि'स्पेक्ट् n. प्रसंग, सन्दर्भ, प्रकरण, विषय, सम्बन्ध, बाबत (प्रायः *to* के साथ) (*the terms have* ~ *to position alone*); ध्यान, ख्याल, लिहाज (*have not* or *had, paid* ~ *to anything but colour*); दृष्टि^F, पक्ष, पहलू (*in all* ~*s*); विचार; मान, **सम्मान,** अर्चा^F, सत्कार, **आदर*,** इज्जत^F; (pl. *my, his* आदिके साथ) अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार; *in* ~ *of* के बारेमें।

respect[2] v.t. सम्बन्ध रखना, सम्पर्क रखना, सम्बन्धित होना, विषयमें होना; मान करना, सम्मान करना,

सम्मानित करना, सत्कार करना, आदर करना, इज्जत[F] करना; ध्यान रखना, ख्याल रखना, लिहाज करना; श्रद्धा[F]का बर्ताव करना; ~ *innocence* or *the innocent* भ्रष्टाचारसे दूर रहना, पापोंसे विरत रहना, पतनसे बचना; ~ *oneself* आत्मसम्मानका ध्यान रखना; ~ *persons* (प्रभावके कारण) अनुचित पक्षपात करना, रिआयत[F] करना; ~ *yourself and you will be ~ed* अपनी मर्यादा[F] अपने हाथ, अपनी इज्जत[F] अपने हाथ ।

respectability –टॅबि'लिटि n. आदरणीयता[F], मान्यता[F], सम्माननीयता[F], सम्मानार्हता[F]; प्रतिष्ठा[F], सम्मान; भद्रजन, सम्मानित लोग, आदरणीय व्यक्ति, बड़े आदमी ।

respectable –'टॅबॅल् a. मान्य, माननीय, सम्माननीय, आदरणीय, श्रद्धेय, श्रद्धास्पद (~ *gentleman*); विशिष्ट, महत्त्वशाली, महत्त्वपूर्ण, सुनामयुक्त; गुणयुक्त, सद्गुणविशिष्ट; पर्याप्त, बहुत अधिक, बहुत काफी (~ *antiquity*); भद्र, साधु, सज्जन, सम्मानित, प्रतिष्ठित; योग्य, श्रद्धास्पद, सच्चरित्र, भला, नेक, ईमानदार; सज्जनोचित, भद्र व्यक्तिके अनुकूल ।

respectableness –नि॑स n. RESPECTABILITY.

respectables ⊙ –ल्ज़् n. (pl.) सम्मानित जन, प्रतिष्ठित पुरुष, भद्र लोग ।

respectant रि॑स्पे॑क्'टॅन्ट् a. मिथःदर्शी, परस्परापेक्षी, एक-दूसरेकी ओर देखनेवाला ।

respecter –टॅर् n. (~ *of persons*) पक्षपाती, पक्षपात करनेवाला ।

respectful रि॑स्पे॑क्ट्'फ़ुल् n. विनीत, विनयशील, सविनय, आदरसूचक, आदरपूर्ण, सादर, सम्मानपूर्ण, श्रद्धायुक्त, भद्र, शिष्ट (~ *behaviour*) ।

respectfulness –नि॑स् n. विनय[F], विनयशीलता[F], विनीतता[F], सम्मानपूर्णता[F], श्रद्धालुता[F], आदरसूचकता[F], आदरपूर्णता[F] ।

respecting रि॑स्पे॑क्'टिंग् prep. के सम्बन्धमें (*legislation ~ property*) ।

respective –टिव् a. तत्सम्बन्धी, स्व-स्व, निज-निज, अपना-अपना, (विधा०) **अपनी-अपनी**, वैयक्तिक, निजी (*go to your ~ places*); विभिन्न ।

respectively –लि adv. **क्रमशः**, यथाक्रम, यथायोग, **क्रमानुसार**, **क्रमसे**, एक-एक करके, अपने-अपने ढंगसे ।

respectless रि॑स्पेक्ट्'लि॑स् a. मानहीन, सम्मानविहीन, सत्कारविहीन, आदरहीन, अनादृत, बेइज्जत ।

respirability रे॑स्पॅरॅबि'लिटि, रि॑स्पाअॅरॅबि'लिटि n. निःश्वास-प्रश्वासोपयुक्तता[F], श्वसन-योग्यता[F], श्वास-योग्यता[F]।

respirable –'पॅरॅबॅल्, 'रॅबॅल् a. निश्वास-प्रश्वासोपयुक्त, श्वसन-योग्य, श्वास-योग्य ।

respiration रे॑स्पॅरे'शॅन् n. (चि०, रसा०, कृषि० जीव०) **श्वसन**, (~ *apparatus*), **श्वास-प्रश्वास**, **साँस[F] लेना**; श्वास-प्रश्वास-क्रिया[F]; प्राण, **श्वासोच्छ्वास**, श्वास[F], साँस[F], (पौधोंका) श्वास-परित्याग, श्वासग्रहण; विश्राम, आराम ।

respirational –नॅल् a. श्वसन-विषयक, श्वासोच्छ्वास-विषयक, श्वास-सम्बन्धी, साँस[F]का; श्वास-परित्याग-विषयक, श्वास-ग्रहण-सम्बन्धी ।

respirative –'पॅरॅटिव्, रिस्पाअॅ'रॅटिव a. = RESPIRATORY.

respirator –रॅटॅर् n. श्वसित्र, (श्वास[F] लेनेका आला), **श्वास यन्त्र**, **साँस-यन्त्र**, रेसपिरेटर; (सेना०, विषैली गैस[F]से रक्षार्थ) निस्यन्दन या विशोधक श्वसित्र ।

respiratory, respirative –रि, रि॑स्पाअॅ'रेटिव् aa. (चि०, वन०, जीव०) **श्वास-**, **श्वसन-**, श्वास-प्रश्वास-सम्बन्धी; श्वसनकारी; ~ organ (चि०, जीव०) **श्वसनांग**, श्वास-यन्त्र;

~ aperture, ~ cavity, ~ centre, ~ disease, ~ enzyme, ~ heart, ~ movement, ~ organ, ~ passage, ~ pigment, ~ quotient, ~ root, ~ stimulant, ~ system, ~ tree, ~ tube, ~ valve.

respire रि॑स्पाअॅर' v.i. & t. श्वासोच्छ्वास करना, श्वास-प्रश्वास लेना, साँस[F] लेना और निकालना, श्वास[F] निकालना, दम[F] लेना; सुस्ताना, आराम करना ।

respirometer रे॑स्पॅरॉ'मिटॅर् n. (चि०) श्वासमान, श्वास-मापक यन्त्र, श्वसन-स्वरूप-मापक यन्त्र ।

respiroscope –पाअॅ'रॅस्कोप् n. (वन०) **श्वसनदर्शी** ।

respite[1] रे॑स्'पिट् n. अवकाश, विरति[F], लघु विराम, विश्राम, विश्रान्ति[F], फ़ुरसत[F], **विराम**, आराम; उपस्थगन, प्रास्थगन; मध्यान्तर, देर[F], नागा; अवकाश-दान, मोहलत[F] ।

respite[2] v.t. अवकाश देना, विराम देना, फ़ुरसत करना; दण्डदान स्थगित करना, सजा[F] मुल्तवी करना; आभारग्रहण स्थगित करना; अवकाश-दान करना, छुट्टी[F] देना, मोहलत[F] देना; (कष्ट इत्यादिसे) स्थायी छुटकारा देना, आराम देना; (सेना०) वेतन रोक लेना ।

resplendence, -cy रि॑स्प्ले॑न्'डॅन्स, -सि nn. दीप्ति[F], आभा[F], उज्ज्वलता[F], तेज, ज्योति[F], प्रकाश, चमक-दमक[F], जगमगाहट[F] ।

resplendent –न्ट् a. दीप्त, अत्युज्ज्वल, समुज्ज्वल, प्रकाशमय, विभ्राजमान, देदीप्यमान, जगमगाता हुआ ।

respond[1] रि॑स्पॉन्ड' n. (स्था०) (मेहरावको सहारा देनेके लिए दीवालसे लगा हुआ) अर्द्धस्तम्भ; (स्था०) **भित्तिस्तम्भ**, याजक द्वारा उच्चारित पंक्ति[F], श्रोतागण द्वारा दिया गया उत्तर ।

respond[2] v.i. प्रश्नोत्तर करना, सवाल-जवाब देना; उत्तरमें कोई कार्य करना; उत्तर देना, जवाब देना; (व्यवहार या परिवर्तन द्वारा) प्रतिचार होना, संवेदनशीलता[F] प्रकट करना, शक्ति[F] या उत्तेजना[F]के अनुसार कार्य करना, प्रभावित होना, प्रतिक्रिया[F] दिखाना (*does not ~ to kindness*); सदृश होना, अनुकूल होना, जोड़का होना ।

respondeat –डीअेट् उन्हें (या उसे) उत्तर देने दो ।

respondence, -cy रि॑स्पॉन्'डॅन्स्, -सि nn. उत्तर

प्रत्युत्तर, जवाब; सादृश्य, अनुकूलता^F, मेल, जोड़ ।
respondent रे`स्पॉन्`डेन्ट् a. & n. (कानून) प्रतिवाद अस्वीकर्ता; प्रतिवादी, (का०) **प्रत्यर्थी**, प्रतिपक्षी, उत्तरवादी, मुद्दआलह ।
respondentia रे`स्पान्डे`न्`शिअ n. (वाणि०) पोत-ऋण, जलयान-ऋण, **नौभारबन्धक**, (जो जहाजके ठीक हालत^F में पहुँचनेपर दिया जाता है; (~ *bond*) ।
responding रि`स्पॉन्`डिंग् a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी; अनुरूप ।
responsal –'सॅल् n. = RESPONSE.
response –स्' n. **उत्तर, प्रत्युत्तर,** (चि०) प्रतिवेदन, प्रतिवचन, **जवाब; प्रतिक्रिया^F, अनुक्रिया^F,** (~ *words*), **अनुचार,** प्रतिचार, प्रतिचेष्टा^F, (*in ~ to; made no ~*); संवेदनशीलता^F (*called forth no ~ in his breast*); (ईसा०, पादरी द्वारा उच्चारित पंक्ति^F के) उत्तरके रूपमें गायी गयी पंक्ति^F ।
responsibility –सॅ`बि`लिटि n. दाय, **दायित्व, उत्तरदायित्व,** प्रष्टव्यता^F, **जिम्मेदारी^F,** जवाबदेही^F ।
responsible* –'सॅबॅल् a. दायी, दायग्रस्त, **उत्तरदायी*,** प्रष्टव्य, **जिम्मेदार*,** जवाबदेह (~ *agent*); विख्यात, प्रसिद्ध; आदरणीय; विश्वसनीय; उत्तरदायित्वपूर्ण, जिम्मेदारीवाला (*a ~ office*) ।
responsibleness –निॅस् n. = RESPONSIBILITY.
responsions रि`स्पॉन्`शन्ज़् n. (pl.) आक्सफर्डकी बी० ए० की उपाधि^F के लिए तीन परीक्षाएँ^F ।
responsive रि`स्पान्`सिव् a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी, उत्तरदान-प्रवण, प्रत्युत्तर देनेवाला, जवाबी; (किसीके प्रभावके प्रति) सत्वर प्रवृत्त, संवेदनशील, प्रतिक्रियात्मक, संवादी (~ *cooperation*); करुणापूर्ण, समवेदनापूर्ण, सहानुभूतिसूचक, हमदर्द ।
responsiveness –निॅस् n. प्रतिचारिता^F, प्रत्युत्तरदायिता^F, उत्तरदान-प्रवणता^F; संवेदनशीलता^F, **अनुक्रियाशील, अनुक्रियात्मक,** प्रतिक्रियात्मकता^F; करुणामयता^F, सहानुभूति^F, समवेदना^F, हमदर्दी^F ।
responsory[1] रि`स्पॉन्`सॅरि n. बाइबिल^F के पाठके साथ गाया गया भजन ।
responsory[2] a. सप्रत्युत्तर, उत्तरपूर्ण, जवाबवाला ।
ressaldar रे`सॅल्डार' n. रिसालदार ।
rest[1]* रे`स्' n. (अर्थ०, चि०) **विश्राम,** उपशान्ति^F, (स्थिति वि०) **विराम,** सुख, (अर्थ०) **आराम*,** चैन; शयन, निद्रा^F, नींद^F (*go, retire to ~*); विश्रान्ति^F, कार्य-निवृत्ति^F, व्यापार-निवृत्ति^F, फुरसत^F; स्थिरता^F, अचलता^F, निश्चलता^F, निश्चेष्टता^F, ठहराव; विश्रान्तिकाल, कार्यनिवृत्ति-समय, फुरसत^F का समय; विश्रामस्थल, आरामकी जगह^F; आश्रय, अवलम्ब, आधार, सहारा, टेक^F; (संगीत) विराम, नियत मध्यान्तर; विराम-संकेत, मध्यान्तर-चिह्न; day of ~ रविवार; ~-cure विश्राम-चिकित्सा^F; *at ~* शान्त, प्रशान्त, उपशान्त, विश्रान्त, निश्चल, निश्चेष्ट, अचल, स्थिर; निर्व्यापार, निरुद्योग; अक्षुब्ध, अनुद्विग्न, अव्यग्र, अव्याकुल; *lay to ~* समाधिस्थ करना, गाड़ना, दफन करना; *set person's mind at ~* शान्ति^F प्रदान करना, मानसिक शान्ति^F देना, आराम देना;
~ area, ~ day, ~ house, ~ mass, ~ pause, ~ periods, ~ room, ~ station, ~ shelter.
rest[2] v. i. & t. विश्राम करना, आराम करना, आराम देना, सुस्ताना; शान्त होना, निश्चल होना, निश्चेष्ट होना, स्थिर होना, थिर होना, चुप होना, ठहरना, टिकना, रुकना, रहना; सहारा देना, आश्रित होना, अवलम्बित होना, निर्भर रहना, सहारेपर होना, भरोसेपर होना, लेटना, पड़ा होना; टेक^F लगाना, सहारा लेना (*I ~ upon your promise*); विश्वास करना; ~ or *God ~ his soul* ईश्वर उनकी आत्मा^F को शान्ति^F प्रदान करे; *~ in the churchyard* समाधिस्थ होना, कब्र^F में पड़ा होना; *~ (up)an one's oars* (थोड़े समयके लिए) परिश्रम बन्द करना; खेना बन्द करना; *~ with* अधीन होना, हाथमें होना, अख्तियारमें होना, चार्जमें होना ।
rest[3] n. (इति०) भालेकी टेक^F ।
rest[4] n. शेष भाग, अवशेष, बाकी हिस्सा (*the ~ of it*); शेष जन, बाकी लोग; शेष मात्रा^F; बाकी संख्या^F; (महाजनी^F) सुरक्षित धननिधि^F; सुरक्षित पूँजी^F; (वाणि०) मालकी जाँच-पड़ताल^F; (टेनिस आदि) गेंद^F के इधरसे उधर जानेके बीचका अन्तराल ।
rest[5] v. i. (प्रा०) शेष रहना, बाकी रहना, बचना; (*whatever ~s of hope*); विशेष दशामें होना, रहना, बनना ।
restant –'टॅन्ट् a. = PERSISTANT.
restaurant रे`स्`टॅरॅन्ट् n. विश्रान्तिगृह, आरामघर; आहारगृह, उपाहारगृह, भोजनालय, होटल, रेस्तराँ; ~ car **भोजन-यान, खानेकी गाड़ी^F,** रेलगाड़ी^F में खानेका डिब्बा ।
restaurateur (F) रे`स्टॅरॅटर्' n. भोजनालय-पाल, भोजनालयका स्वामी, होटलका मालिक, रेस्तरांका मालिक ।
restauration रे`स्टॅरे`शॅन् n. = RESTORATION.
restful रे`स्ट्`फुल् a. शान्त, प्रशान्त, विश्रान्त; अबाध, निर्बाध, निरुपद्रव; प्रशामक, सुखजनक, आरामदेह ।
restfulness –निॅस् n. शान्ति^F, प्रशान्ति^F; विश्रान्ति^F, विश्राम, आराम; अबाधता^F, निर्बाधता^F, निरुपद्रवता^F; प्रशामकता^F, सुखजनकता^F, आरामदेही^F ।
rest-harrow रे`स्ट्''हैरो n. (कड़ी जड़वाली एक झाड़ी^F), रेस्टहैरो^F ।
restiform रे`स्`टिफॉर्म् a. रज्जुवत्, रस्सी-जैसा, डोर-जैसा ।
resting रे`सॅ`टिंग् a. **विश्रामी** (~ *point*), आराम पानेवाला, आरामका (~ *period*); आश्रित, आलम्बित, विहित, स्थित, टिका हुआ, (on के साथ);
~ nucleus, ~ period, ~ point, ~

potential, ~ spore.

restitution रे`स्टिट्यू`शॅन् n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, वापसी^F, **वापस देना, वापस दिलाना**; क्षतिपूर्ति^F; प्रत्यापनयन, पुनरुद्धार; (का०) **प्रत्यानयन, पुनरास्थापन** (~ bill), (कानून, गणित) पुनराप्ति^F, (भौ०) **प्रत्यवस्थान**, प्रत्यास्थापन, पूर्वस्थितिस्थापन, पुनःस्थापन, स्थितिस्थापन, मूल अवस्था^F में लाना या आना (~ *of conjugal rights*); ~ nucleus (कृषि०) **अपृथक् केन्द्रक**।

restitutive ⊙–'टिट्यूटिव् a. प्रत्यर्पक, प्रतिदानी, वापस करनेवाला; क्षतिपूर्तिकर्ता, नुकसानदेही चुकानेवाला; प्रत्यापनेता, पुनरुद्धारक, प्रत्यवस्थापक, प्रत्यास्थापक, पुनःस्थापक।

revokableness –नॅस् n. दे० REVOCABLENESS.

revoke¹ –क्' n. (क०) प्रतिसंहरण, निरसन, खण्डन, मंसूखीᶠ; प्रत्यपनयन, प्रत्याह्वान, प्रत्यावर्तन; प्रत्यासरण; प्रत्युपयोजन, पुनरुपयोजन।

revoke² v.t. & i. (सम्मतिᶠ, प्रतिज्ञाᶠ इत्यादिका) (का०) **प्रतिसंहृत करना; प्रतिसंहरण** करना, विखण्डन करना, खण्डन करना, निरसन करना, तोड़ना; रद्द करना, हटाना, मंसूख करना; प्रत्यानयन करना, प्रत्याह्वान करना, प्रत्यावर्तन करना, वापस लेना; प्रत्यासरण करना, पुनरुपयोजन करना।

revoked –ड् a. प्रतिसंहृत, विखण्डित, खण्डित, निरसित (~ *licence*)।

revokement –क्'मॅन्ट् n. = REVOCATION.

revolt¹ रि'वोल्ट् n. (का०) **विद्रोह**, राजद्रोह, विप्लव, बगावतᶠ, गदर, बलवा; पक्षत्याग।

revolt² v.i. & t. विद्रोह करना, राजद्रोह करना, विप्लव करना, बगावतᶠ करना, बागीᶠ होना, गदर मचाना, बलवा मचाना; जुगुप्साᶠ उत्पन्न करना या होना, विरक्त होना, घृणाᶠ करना, घिनᶠ पैदा होना (*common sense ~s against it*); आघात करना।

revolted –'टिड् a. विद्रोही, विप्लवी, कृतविद्रोह।

revolter –टॅर् n. विद्रोही, राजद्रोही, विप्लवी, बगावती, बागी, गद्दार, बलवाई।

revolting –टिंग् a. जुगुप्साजनक, घृणाजनक, वीभत्स, विरक्तिकर, अरुचिकर, गर्ह्य, घिनौन; विद्रोही, बगावतᶠ करनेवाला।

revolute¹ रे'लू'ट' v.i. राजनैतिक क्रान्तिᶠ करना, इनकलाब लाना।

revolute² रे'वॅलू(ल्यू)ट् a. (वन० आदि) **बहिवर्तित**, बहिर्वलित (पीछेको मुड़े हुए किनारेवाला)।

revolution –लू(ल्यू)'शॅन् n. (गणि०, भौ० भी) परिक्रम, **परिक्रमण, परिक्रमा**ᶠ, आवर्तन, परिभ्रमण, घूर्णन, आवर्त, घुमाव, घुमरीᶠ, भँवर, चक्कर; परिक्रमणका समय; परिक्रमणकी पूर्णताᶠ; चक्रावर्तन; (राज०) **क्रान्ति**ᶠ, विप्लव, पूर्णपरिवर्तन, उथल-पुथल, इनकलाब, हेरफेर, रद्दोबदल; ~ counter **घूर्णनिगणित्र**।

revolutional –नॅल् a. क्रान्तिकारी; क्रान्ति-विषयक।

revolutionary¹ –नॅरि n. क्रान्तिकारी, विप्लवकारी, विप्लवी; क्रान्तिवादी।

revolutionary² a. वैप्लविक, क्रान्ति सम्बन्धी, (राज०) **क्रान्तिकारी** (~ *ideology*, ~ *socialism*), **क्रान्तिवादी**, क्रान्तिमान्, इनकलाबी (~ *change*); उग्र-परिवर्तनवादी, घोरपरिवर्तनवादी; (क०) घूर्णन-शील, परिक्रमा-सम्बन्धी।

revolutionism –निज़्म् n. क्रान्तिवाद, विप्लववाद, इनकलाबपसन्दी।

revolutionist –निस्ट् n. क्रान्तिवादी, विप्लववादी, क्रान्तिकारी, इनकलाबी।

revolutionize –नाइज़् v.t. क्रान्ति लाना, आमूल परिवर्तित करना, राष्ट्रविप्लव संघटित करना, कायापलटᶠ करना, इनकलाब लाना।

revolve रि'वॉल्व्' v.t. & i. परिगत करना, घूर्णित करना, (प्रा० भू०) **परिक्रमा**ᶠ **करना**, परिक्रमाᶠ दिलाना, चक्कर खिलाना या खाना, घूमना या घुमाना,

चक्कर काटना (*earth ~s both round* or *about the Sun & on its axis*); ध्यानपूर्वक विचार करना, गम्भीर विचार करना, गम्भीर चिन्ता^F करना, उधेड़-बुन करना।

revolvency –'वॅन्सि n. परिक्रमण, घूर्णन, घुमाव; परिक्रमणशीलता^F।

revolver –वॅर् n. पिस्तौल, रिवाल्वर; घूर्णक, परिक्रामक; ~ course रिवाल्वर शिक्षाक्रम।

revolving –विंग् a. (भौ०) घूर्णायमान, भ्रमत्-, आवर्ती, **परिक्रामी,** परिक्रमणशील, परिक्रमणी, परिभ्रामी; ~ axis, ~ bookshelf, ~ curve, ~ door, ~ drum, ~ fund, ~ furnace, ~ line, ~ pot, ~ stirrer, ~ storms, ~ tube, ~ washer.

revue रि'व्यू' n. (सामयिक घटनाओं^F के विद्रूपात्मक चित्रणसे युक्त) विशृंखल नाटक या खेल।

revulsant ⊙ रि'वल्'सॅन्ट् n. (चि०) प्रत्युत्तेजक ओषधि^F, प्रत्युपदाहक दवा^F; दूरस्थ अंगसे रक्त खींचनेवाला।

revulsion –'शन् n. प्रत्युत्तेजन, प्रत्युपदाह (दूसरे अंगपर प्रभाव डालकर किसी अंगकी चिकित्सा^F); प्रतिकर्षण, खिंचाव (*the ~ of capital*); रस-परिवर्तन, भावनों^F की क्रान्ति^F; प्रतिक्रिया^F, पलटा; विराग, जुगुप्सा^F, घृणा^F, घिन^F।

revulsionary –शॅनॅरि a. प्रत्युत्तेजक, प्रत्युद्दाहक; खींचा जानेवाला; प्रत्युत्तेजनशील, प्रत्युद्दाहपूर्ण; प्रतिकर्षी, प्रतिवर्ती; परिवर्तन-सम्बन्धी, प्रतिक्रिया-विषयक, पलटेका; जुगुप्सा-विषयक, घृणा-सम्बन्धी।

revulsive[1] –'सिव् n. प्रत्युत्तेजनकारी या प्रत्युद्दाहकारी औषध^F।

revulsive[2] a. प्रत्युत्तेजनात्मक, प्रत्युपदाहशील; प्रत्युत्तेजक, प्रत्युद्दाहक।

Rev. Ver. Revised Version.

reward[1]* रिवॉर्ड्' n. (का०) **पुरस्कार, पारितोषिक,** इनाम*; श्रमफल, पारिश्रमिक; प्रतिदान, प्रतिफल, (अर्थ०) फल, बदला।

reward[2] v.t. श्रमफल देना, पुरस्कार या पारिश्रमिक देना; क्षतिपूर्ति^F करना, मुआवजा देना; दण्ड देना, सजा^F देना।

rewardable –डॅबॅल् a. परितोष्य, पुरस्कार्य, पुरस्करणीय, इनामके लायक।

rewardableness –नि'स् n. परितोष्यता^F, पुरस्कार्यता^F, पुरस्करणीयता^F।

rewarder –डॅर् n. परितोष्टा, पुरस्कर्ता, इनाम देनेवाला।

rewardful –र्ड्'फुल a. पारितोषिकप्रद, पुरस्कारयुक्त, इनामवाला।

rewardless –'लि'स a. पारितोषिकरहित, पुरस्कारशून्य, बेइनाम; प्रतिफलरहित।

rex (L) रे'क्स्' n. तात्कालिक सम्राट्, राजा, महाराजा, बादशाह, सुल्तान।

rexine ⊙ रेक्'सिन् n. (जिल्द^F बनानेका) कृत्रिम चर्म, रेक्सीन।

Reynard रे'(रे)'नॅर्ड् n. एक लोमड़ी^F; लोमड़ी^F (का व्यक्तिवाचक नाम)।

R.F. *Republique francaise,* French Republic, Reserve Fund.

r.f. radio frequency.

R.F.A. Royal Field Artillery; Rehabilitation Finance Administration.

R.F.C. Royal Flying Corps (now R.A.F.).

R.G. *regulae generales,* General Regulation (s).

R.G.A. Royal Garrison Artillery.

R.G.G. Royal Grenadier Guards.

R.G.S. Royal Geographical Society.

Rgt. Regiment.

Rh. Rhodium.

R.H. Royal Highness.

r.h. right hand.

R.H.A. Royal Horse Artillery; Royal Hibernian Academy.

rhabdoidal रैब्डाऍ'डॅल् a. दण्डाकार, वेतसरूप, छड़ जैसा।

rhabdology, -mancy रैब्डॉ'लॅजि, रैब्'डॅमैन्सि n. दिव्य-शक्ति-दण्डप्रयोग, जादूके डण्डेका प्रयोग; दण्ड-ज्यौतिष, दण्डविद्या^F।

Rhadamanthine रैडॅमैन्'थिन् a. कठोर, कड़ा, ईमानदार (न्यायाधीश)।

Rhaetic री'टिक् n. & a. रीशियन आल्पसके स्तरों (से सम्बन्धित)।

Rhaeto-Romance रीटॅ-रॅमैन्स् nn द० पू० स्विटजरलैण्ड और टायरालकी बोलियों^F का नाम।

Rhaeto-Romanic रीटॅ-रॅमै'निक् aa. रोमांस भाषा-सम्बन्धी।

rhagadiose रेगॅडिओस् a. (वन०) **गाढ़ विदरित।**

rhagon रेगॅन n. गुटिका^F, गिट्टी^F, रोड़ा।

rhamphoid रैम्'फाऍड् a. चंचुरूप, चोंचका-सा।

rhapsode रैप्'सोड n. (प्राचीन ग्रीक) महाकाव्यपाठी कथावाचक या भाट।

rhapsodic –सॉ'डिक a. भावात्मक, काव्यात्मक, रस-विषयक, उत्तेजनापूर्ण भाषण-सम्बन्धी; असंगत, असम्बद्ध, बेजोड़।

rhapsodical –कॅल् a. भावुकतापूर्ण, जोशीला; भावात्मक कविता-विषयक, उत्तेजनापूर्ण भाषण-सम्बन्धी; असंगत, असम्बद्ध, अनर्गल, बेजोड़, बेमेल।

rhapsodist –'सॅडिस्ट् n. भाव-कवि, आशुकवि; महाकाव्य-प्रणेता।

rhapsodize –डाइज़् v.i. & t. आवृत्ति^F करना, पुनरावृत्ति^F करना, सस्वर पाठ करना; महाकाव्य या

भावात्मक कृति^F की चर्चा^F करना, असंलग्न वाक्यावली रचना^F।

rhapsody –डि n. (एक समयमें गाया जा सकनेवाला) असम्बद्ध काव्य या उसका एक खण्ड; असंलग्न रचना^F, असम्बद्ध वाग्विन्यास; भावमय काव्य, जोशीली कविता^F।

R.H.C.A. Regional Honorary Cement Advisor.

rhea रि'अॅ n. उष्ट्रपत्री^F (एक प्रकारकी घास^F); (ग्रीक पुराण) पंचम उपशनि; (द० अमरीका) पैरकी तीन उँगलियों^F वाला-शुतुरमुर्ग।

rhematic रीमै'टिक् a. शब्दनिर्माण-सम्बन्धी; क्रियागत।

Rhenish[1] रे'निश् n. राइन प्रदेशकी मदिरा-विशेष।

Rhenish[2] a. राइन और उसके तटवर्ती प्रदेशोंसे सम्बन्धित।

rhenium री'निअॅम् n. वाष्पातु (मैंगनीज वर्गका एक विरल धातु-तत्त्व)।

rheo-, reo- विद्युत्प्रवाह-, विद्युद्धारा- (*rheology, rheostat*)।

rheochord री'अॅकॉर्ड् n. स्रोतस्थाप, धारानियन्त्रक, विद्युत्प्रवाह-मापक तार।

rheocrat री'अॅक्रैट् n. प्रवाहनियन्त्र, गतिनियन्त्रक यन्त्र।

rheology रीऑ'लॅजि n. द्रवप्रवाहिकी^F, द्रवगतिकी^F, द्रवप्रवाह-शास्त्र, द्रवगतिशास्त्र; (चि०) (हृदयादि अंगोंमें) रक्तप्रवाह विज्ञान।

rheometer रीऑ'मिटॅर् n. विद्युत्प्रवाहमान, विद्युत्प्रवाहमापक यन्त्र; (चि०) रक्तप्रवाहवेगमापी।

rheomotor री'अॅमोटॅर् n. विद्युत्प्रजनित्र।

rheoscope री'अॅस्कोप् n. विद्युद्दर्श, विद्युद्दर्शक यन्त्र, (चि०) **विद्युत्धारदर्शी**, T.

rheostat री'अॅस्टैट् n. =RHEOCHORD (भौ०) **धारा नियंत्रक**, T.

rheotaxis ⊙ रीअॅटैक्'सिस् n. (जीव०) **धारावर्तन**।

rheotome री'अॅटोम् n. विद्युत्प्रवाहच्छेदक यन्त्र, T.

rheotropism ⊙ रिऑ'ट्रॅपिज़्म् n. (जीव०) **धारावेदन**।

rhesus री'सॅस् n. भारतीय वन्दर।

rhet. rhetoric (s).

rhetor री'टॅर् n. (प्राचीन ग्रीस या रोमका) अलंकारशास्त्री, अलंकार-शिक्षक; (व्य०) वाग्मी, वक्ता, भाषणकर्ता।

rhetoric, -al रे'टॅरिक्,-अल् aa. आलंकारिक, अलंकारपूर्ण, कृत्रिम, अत्युक्तिपूर्ण; वाग्मितापूर्ण; प्रभावोत्पादक; वाग्मिता-विषयक; अलंकारशास्त्रीय; ~ question वाग्मितापूर्ण प्रश्न।

rhetorician रेटॅरि'शन् n. अलंकारवादी, अलंकारशास्त्री, अलंकारशास्त्रका अध्यापक; वाग्मी, वाग्भट्ट।

rhetorics –'टॅरिक्स् n. (pl.) वाग्मिता^F, आकर्षक भाषण, वाक्पटुता^F, प्रभावशाली भाषण; आलंकारिक भाषा^F; कृत्रिम एवं अत्युक्तिपूर्ण भाषा^F; रीतिशास्त्र, साहित्यशास्त्र, अलंकारशास्त्र; (आकृति^F या क्रिया-कलापकी) प्रेरकता^F, प्ररोचकता^F, प्रभावशालिता^F।

rhetorize –'टॅराइज़् v.i. & t. कुशल वक्ताका अभिनय करना; वाग्मितापूर्वक संशोधन करना; आलंकारिक रीति^F से कहना, अलंकारपूर्ण शैली^F में कहना, साहित्यिक बनाना।

rheum रूम्' n. कास, श्लेष्मा, कफ, नजला, आँसू, आँव^F या लार^F; सर्दी^F, जुकाम^F, इनमें फुफ्फुस या नासासे निकलनेवाली खाँसी^F; (pl.) सन्धिपीड़ा^F, गाँठों^F या जोड़ोंका दर्द।

rheumarthrosis ⊙ रूमार्थ्रो'सिस् n. (चि०) संधिरोग, सन्धिवात, वातरोग, गठिया^F।

rheumatic[1] रूमै'टिक् n. आमवातरोगी, आमवातरोगाक्रान्त व्यक्ति; (pl. बोल०) वातरोग, गठिया^F, वाई^F।

rheumatic[2] a. सन्धिवातीय, आमवातरोग-विषयक; सन्धिवातग्रस्त, आमवातरोगाक्रान्त, आमवातग्रस्त, वातोपहत, वाई^F का (~ *joint*); वातकारी, गठियाकारी; ~ fever (चि०) **आमवातिक ज्वर**, सन्धिज्वर, वातज्वर, **रूमैटी ज्वर**, गठियेका बुखार।

rheumaticky –कि a. (बोल०) आमवातग्रस्त, आमवातपीड़ित, गठिया^F से रुग्ण।

rheumatism, (ग्रा०) **rheumatiz** –'मॅटिज़्म्, –'मॅटिज़् nn. अंगमर्ष, सन्धिवात, **आमवात**, वाई^F, (श० र० शा०) **गठिया**^F; वातरोगजन्य प्रमाद; T.

rheumatismal –'मॅल् a. सन्धिवात-विषयक, आमवातरोग-सम्बन्धी, गठिये^F का।

rheumatiz –'मॅटिज़् n. = RHEUMATISM.

rheumatoid –टाॅएड् a. सन्धिवाताभ, आमवाताभ, आमवातरोग जैसा, गठिया-जैसा या वाला।

rheumy रू'मि a. (प्रा०) श्लेष्मायुक्त, कफमय, नजलाभरा; आँसूवाला; (वायु^F) नम, तर, सर्द, ठण्डी।

R.H.G. Royal Horse Guards; Rural Home Guards.

rhinal राइ'नॅल् a. (श० र० शा०) नासा-, नासीय, नाक-सम्बन्धी, नथुनेका (~ *fissure*)।

rhinalgia –नैल्'जिअॅ n. (चि०) नासार्ति^F, नासाशूल, नथुनोंका दर्द।

rhine रीन्' n. घाटी^F, गर्त, खाई^F।

rhinion ⊙ राइ'निऑन् n. (चि०) **नासाकूट**।

rhinitis राइनाइ'टिस् n. (चि०) नासाशोथ, नासिकाशोथ, नासाकोप, नासिका-प्रदाह, (कृषि०) **नासार्ति**^F, नाक^F की सूजन^F।

rhino- राइ'नो- नासा-, नासिका- (~*pharyngeal*, ~*plastic*, ~*scopic*, ~*scopy*)।

rhino[1] राइ'नो n. गण्डक, गैंडा।

rhino[2] n. रुपया-पैसा, रोकड़^F (*ready* ~)।

rhinoceros राइनॉ'सॅरॅस् n. गण्डक, गैंडा (अफ्रीका और दक्षिण एशियाका जंगली जानवर); ~ beetle गण्डभृंग, एकशृंगी कीड़ा।

rhinocerotic –रॉ'टिक् a. गण्डकीय, गण्डक-सम्बन्धी, गैंडे-जैसा या का।

rhinodynia ⊙ राइनॅडाइ'निअॅ n. नासापीड़ा^F।

rhinolith राइ'नॅलिथ् n. (चि०) नासाश्मरी^F, नासाश्म।
rhinological राइनॅलॉ'जिकॅल्‌ a. नासाशास्त्रीय, नासिकीय।
rhinologist –नॉ'लॅजिस्ट् n. नासाविज्ञानी।
rhinology –जि n. नासिकी^F, नासा-विज्ञान, नासिका-शास्त्र; नासा-चिकित्सा-शास्त्र, नकवैदकी^F।
rhinoplasty राइ'नॅप्लैस्टि n. (चि०) नासासंधानकर्म।
rhinorrhagia ⊙ राइनॅरे'जिॲ n. नासारक्तस्राव, नासीर, नकसीर।
rhinorrhea ⊙ राइनो'रि॑ॲ n. (चि०) नासास्राव।
rhinoscope राइ'नॅस्कोप् n. नासाभ्यन्तर-दर्शी, नासिका-भ्यन्तर-दर्शक यन्त्र।
rhinoscopy –नॉ'स्कॅपि n. नासाभ्यन्तरदर्शन, नाक^F के अन्दरका भाग यन्त्रसे देखना।
R. Hist. S. Royal Historical Society.
rhizo- मूल-, -मूल (~*carp*)।
rhizogenic राइज़ॅजे॑'निक् a. (वन०) मूलोत्पादी, मूल-जनक, जड़^F पैदा करनेवाला।
rhizoid –'ज़ाएॅड् n. (कृषि०, वन०) **मूलांग,** मूलवत्, मूल-सदृश, जड़-जैसा।
rhizomatous ⊙ राइज़ो'मॅटॅस् a. (वन०) **प्रकन्दात्मक**।
rhizome –'ज़ोम् n. (वन०, कृषि०, चि०) **भूमिस्थ** काण्ड, **प्रकन्द,** शिफास्तम्भ, शिफावृन्त, मूलस्तम्भ, मूल-कोष्ठ, मूलग्रन्थि^F, (कृषि०, वन०) **राइज़ोम**।
rhizophagous –ज़ॉ'फ़ॅगॅस् a. मूलाशी, मूलभक्षी, जड़^F खानेवाला।
rhizophorous –फ़ॅरॅस् a. मूलीय, मूलधारी, जड़-युक्त।
rho रो' n. यूनानी वर्णमाला^F कार।
rhodanise ⊙ रो'डॅनाइज़् v.t. (विद्युत्^F द्वारा) रोडियम धातु^F की कलई^F करना।
Rhode Island रोडॅ आइ'लॅन्ड् a. अमरीकी जाति^F का कृष्ण-अरुणाभ घरेलू मुर्गा।
rhodic रो'डिक् a. (रसा०) नाम्लातु-विषयक, रोडियम-सम्बन्धी।
rhodium[1] रो'डिॲम् n. (~*wood* भी) पाटलकाष्ठ, गुलाब, रोडियम (कनारी द्वीपकी सुगन्धपूर्ण लकड़ी^F)।
rhodium[2] n. (रसा०) नाम्लातु, (रसा०) **रोडियम** (प्लैटिनम वर्गकी कठोर सफेद धातु^F, ~*pen*)।
rhodo- रोडॅ- पाटल-, गुलाब- (~*spermous*)।
rhododendron रोडॅडे॑'न्ड्रॅन् n. तालीश-प्रजाति^F (एक प्रकारकी सदाबहार झाड़ी^F)।
rhodosporous ⊙ रॅडॉस्'पॅरॅस् a. (वन०) **लाल-बीजाणुक**।
rhodous रो'डॅस् a. नाम्लातुपूर्ण, रोडियमयुक्त।
rhomb रॉम्ब्',रॉम्'n. तिर्यग्वर्ग, तुल्यचतुर्भुज, विषमकोण समचतुर्भुज-; समचतुर्भुजी काच-फलक; (मणिभ०) तिर्यगनीक, तिर्यगायत षडनीक; चक्र।
rhombate ⊙ –'बॅट्, –'भॅट् a. **समचतुर्भुजी**।
rhombic –'बिक् a. तिर्यग्वर्गीय, तिर्यग्वर्गिक, तिर्यग्वर्ग-रूप, (रसा०) **समचतुर्भुज-, समचतुर्भुजीय,** चतुःसमभुजीय;
~ aerial, ~ crystal, ~ sulphur.
rhombo- चतुःसमभुज (~*hedron*)।
rhombohedral ⊙ रॉम्बॅही'ड्रॅल् a. (प्रा० भू०) **समचतुर्भुज-पार्श्वकीय; समचतुष्फलकीय;** ~ system (रसा०) **समचतुर्भुज-पार्श्वक तंत्र; त्रिकोणीय वर्ग**।
rhombohedron रॉम्बॅहे॑(ही)'ड्रॅन् n. तिर्यगनीक, (प्रा० भू०) **समचतुर्भुज-पार्श्वक,** समचतुष्फलक, तिर्यगायत षडनीक, (छः समचतुर्भुजोंका ठोसके आकारका मणिभ)।
rhombohedronal –नॅल् a. तिर्यगनीक-, तिर्यगायत षडनीक-सम्बन्धी, छः समचतुर्भुजोंसे निर्मित आकारका।
rhomboid[1] रॉम्'बाएॅड् n. तिर्यगायत, विषमकोण आयत; (गणि०) **समचतुर्भुज फलक, समप्रतिभुज; असम समान्तर चतुर्भुज;** अंसापकर्षणी, कन्धेकी हड्डियों^F को मिलानेवाला पुट्ठा; ~ muscle अंसापकर्षणी, कन्धे और रीढ़^F की हड्डियों^F को मिलानेवाला पुट्ठा।
rhomboid[2] a. तिर्यग्वर्ग-, तिर्यग्वर्गीय, समचतुर्भुजवत्, विषमकोण समचतुर्भुजीय।
rhomboidal –'डॅल् a. तिर्यग्वर्गिक, तिर्यग्वर्गीय; तिर्यगाकार, विषमकोण समचतुर्भुजाकार।
rhombus रॉम्'बॅस् n. (pl. -es, *rhombi*) = RHOMB; चपटी मछली^F की एक जाति^F; (ग०) **समचतुर्भुज**।
rhotacism रो'टॅसिज़्म् n. *R* का अत्युच्चारण; *S* या *Z* के उच्चारणका *R* का-सा परिवर्तन, रकार प्रयोग।
rhotacize –साइज़् v.i. र करके बोलना।
R.H.S. Royal Humane Society, Royal Horticultural society; Royal Historical Society.
rhubarb रू'बार्ब् n. चोनरेच^F, (कृषि०) **रेवन्द चीनी^F**, रेवाचीनी^F, रेवाचीनी लता^F-विशेष; पौधोंके गूदेदार डण्ठल; (गुण०) रेवाचीनी^F की भाँति पिलाई लिये हुए भूरा (रंग); (कृषि०) **रुबार्ब**।
rhubarby –बि a. रेवाचीनीय, रेवाचीनी-विषयक, रेवन्द-चीनी^F का, रेवन्द-जैसा।
rhumb रम्' n. (नौवि०) नौपथ, दिग्रेखा^F, राम्बस; दिक्सूचक यन्त्रके सिरोंके बीचका कोणीय अन्तर; ~ line (ग०) **एकदिश नौपथ,** दिशिसमकोण-रेखा।
rhumba रम्बॉ n. रम्बा, एक हब्शी नृत्य।
rhyme[1], **rime**[3] राइम्', राइम्' nn. अन्त्यानुप्रास, तुक^F, काफ़िया; मित्राक्षर कविता^F, तुकान्त कविता^F (*prefer blank verse to*~); तुक^F का प्रयोग; तुकान्त शब्द; female *or* feminine ~ द्व्यक्षरी तुक^F; male *or* masculine ~ एकाक्षरी तुक^F; *without* ~ *or reason* अकारण, अटकलपच्चू, यों ही।
rhyme[2], **rime**[3] राइम्', राइम्' vv. i & t. तुकान्त

कविताएँ^F लिखना, तुकबन्दी^F करना, तुक^F मिलाना या मिलना, पद्य लिखना, कविता^F लिखना; (कहानी^Fको) पद्यबद्ध करना, तुकोंमे बाँधना; (तुकबन्दी^Fमें) समय व्यतीत करना, तुक्कड़ बने फिरना; तुकें^F चुनना।

rhymeless –'लिँस् a. अन्त्यानुप्रासहीन, तुकरहित, तुकहीन, बेतुका, बेकाफिया।

rhymelessness –निँस् n. बेतुकी, बेतुकापन।

rhymer, rhymester –मॅर्, –'स्टॅर् nn. सामान्य कवि, पद्यकार, कुकवि, तुक्कड़, कठकवि, तुकवाज।

rhyming –मिंग् n. (शिक्षा०) **तुकबन्दी**^F, **तुक**^F **मिलाना**; a. अन्त्यानुप्रासानुसारी (~ *dictionary*)।

rhymist –मिस्ट् n. अन्त्यानुप्रास-कवि, तुक-प्रेमी।

rhynchodont ⊙ रिन्'कॅडॉन्ट् a. दन्ततुण्ड, दाँतेदार चोंचवाला।

rhynchosporous ⊙ रिकॉस्'पॅरॅस् a. (वन०) **चंचु-बीजाणुक**।

rhyparography राइपॅरॉ'ग्रॅफि n. अचल-वस्तु-चित्रण।

rhythm* रि'द्म्, रि'थ्म् n. गति^F, प्रवाह, वजन, रवानी^F; **ताल***, **लय**^F*, छन्द, तालानुगति^F, लयानुगति^F, ठेका; (चि०) **स्पन्दलय**; (अंगोंका) सामंजस्य, मधुर सम्बन्ध।

rhythmic, -al रिद्(थ्)मिक, -ॲल् aa. लयात्मक, लयानुगत, तालपूर्ण, **तालबद्ध**, लयबद्ध (~ *alternation*, ~ *sentence*); प्रवाहपूर्ण; छन्दःसम्बन्धी; समन्वयात्मक, सामंजस्यपूर्ण; ताल-विषयक; लयतालानुसारी।

rhythmicality ⊙ –मिकै'लिटि n. (चि०) **ताल-बद्धता**^F।

rhythmicity ⊙ –मि'सिटि n. **तालता**^F।

rhythmics –'मिक्स् n. तालविज्ञान, लयशास्त्र।

rhythmise –माइज् v.t. & i. ताल^F लगाना, लय^F मिलाना, तालबद्ध करना, लयात्मक बनाना, छन्दोबद्ध करना।

rhythmist –मिस्ट् n. छन्दोवादी, लयवादी, लयप्रेमी, तालप्रेमी, प्रवाहवादी।

rhythmless –म्'लिँस् a. लयहीन, तालरहित, प्रवाहशून्य, छन्दोविहीन।

rhythmus ⊙ –'मॅस् n. लय^F, ताल^F, प्रवाह।

R.I. Rhode Island; Royal Institute (of Painters in Water Colours); Rationing Inspector; Reserve Inspector; Revenue Inspector; Rotary International.

rial ⊙ राइ'ॲल् n. ईरानी सिक्का = १८ नये पैसे, रेयाल।

rialto –टो n. विनिमय, अदलाबदली^F; आपण, आपण-वीथी^F, बाजार, हाट।

riant राइ'ॲन्ट् a. उल्लसित, हर्षित, मुदित, प्रसन्न, खुश; स्मितियुक्त, मुस्करानेवाला।

rib[1] रिब् n. पर्शु^F, (चि०) **पर्शुका**^F, पार्श्वास्थि^F, (चि०, कृषि०, जीव०) **पसली**^F; पाँजर; प्रनाड़ी^F; पली^F, स्त्री^F, बीवी^F; (पत्ती^Fकी) नस^F, रग^F; (परकी) डण्डी^F; पहाड़का आगे निकला हुआ खण्ड; भूस्तरके बीचकी दरार^F; हलके उभरे हुए रेखा-चिह्न; (रेत^Fपर) लहर^Fका चिह्न; (जाली^F बुननेके काममें) उभरी हुई रेखा^F; (जहाजकी) मुड़ी हुई लकड़ी^F; महराबदार छत^Fकी डाट^F; पुलके गार्डर; शलाका^F, छातेकी कमानी^F या तीली^F; ~-grass, -wort छोटे पत्तेवाला केला; ~ meristem (वन०) **रैखिक विभज्या**^F; ~ mesh (यंत्र०) **बरफी-जाली**^F; *poke one in the ~s* चुटकी^F काटना, (किसीका) ध्यान आकर्षित करना; ~ or ~*s of beef etc.*, गोश्तकी पसलियाँ^F इत्यादि; *smite under the fifth ~* (बाइ०) पेटमें छुरा भोंकना।

rib[2] v. t. पसली^F चढ़ाना, पसलियाँ^F जोड़ना; डाट^F लगाना, बन्द करना; तीली^F लगाना; उभरी हुई रेखाओं^Fसे चिह्नित करना; आधा-आधा जोतना; कड़ी रखना।

R.I.B.A. Royal Institute of British Architects.

ribald[1] रि'डॅल्ड् n. नीच, अभद्र, अशिष्ट; विनोदी, असंगत विनोद करनेवाला, मुँहफट आदमी।

ribald[2] अशिष्टभाषी, अश्लील, कुत्सित, नीच, बेहूदा, गन्दा।

ribaldrous –ड्रॅस् a. अश्लील, बुरा-भला, मुँहफट, गाली-गलौजवाला, बेहूदा।

ribaldry –ड्रि n. अश्लीलता^F, नीच वाक्य, अश्लील भाषण, अश्लील वार्ता^F, अश्लील कथन, बेहूदगी^F, फक्कड़-पन; बुरी-भली बकवास^F, मुँहफटपन, गाली-गलौज^F।

riband रि'बॅन्ड् n. = RIBBON.

ribanded –डिॅड् n. = RIBBONED.

ribband रि'डॅन्ड् n. (जहाज बनानेमें प्रयुक्त) लकड़ी^Fकी पट्टिया^F।

ribbed रिब्ड् a. पार्श्वास्थियुक्त, पाँजरयुक्त, पसलीदार (~ *lath*), पसलीवाला (~ *glass*); सकूट, पत्ती^Fकी नस^Fका; ~ gourd तोरई^F, तोरी^F।

ribbing रि'बिंग् n. छातेकी तीलियाँ^F; (स्था०) **धज्जी**^F **लगाना**।

ribbon रि'बॅन् n. पट्टिका^F, पट्टबन्ध, **फीता**; धज्जी^F, पतली लम्बी पट्टी^F, फीते-जैसी वस्तु^F; फीते-जैसा चिह्न; T.; (pl. घोड़ोंकी) वल्गाएँ^F, बागें^F, रासें^F, ~ development किसी नगरका बाहरकी ओर फैलाव; ~-fish एक प्रकारकी पतली, चपटी, लम्बी मछली^F; ~-man रिबन सोसाइटी^Fका सदस्य; R~ Society (१९वीं शती^F) आयर्लैंण्डके रोमन कैथोलिकोंकी रिबन सभा^F; *hang in, torn to*, ~ धज्जी^F-धज्जी^F होना;

~ fern, ~ gear, ~-like, ~ mechanism, ~ process, ~ spalls, ~ spool, ~ switch, ~ vibrator, ~ width, ~-worm.

ribboned –ड a. फीतेदार, फीतेका।

Ribbonism रि'बॅनिज़्म् n. रिबन-सभा^Fके सिद्धान्त।

ribbonry ⊙ –न्-रि n. बहुतसे फीते।

ribes राइ'बीज् n. (वन०) पाकबदरी^F, झरबेरी^F; किश-मिश, चक्रांगझुली^Fका पौधा।

ribless रिब्'लिस् a. पार्श्वास्थिरहित, पाँजरविहीन, बिना पसली^F^का; बिना नस^F^का; (छाता) बिना तीली^F^का।

ribmet –मेट् n. **जाल** (~ *floor*)।

Ribston pippin रिब्'स्टॅन् पि'पिन् n. एक प्रकारका सेब।

R.I.C. Royal Irish Constabulary; Royal Institute of Chemistry.

-ric संज्ञार्थक (*bishop*~)।

rice* राइस्' n. धान्य, तण्डुल, (कृषि०) धान*, **चावल***; भात; धानका पौधा; fluffed ~ मुरमुरा; ~-bird चावलचिड़िया^F^, जावाकी गौरैया^F^, अमरीकाकी गानेवाली चिड़िया^F^; ~ milk चावलकी खीर^F^; ~ water मण्ड, माँड़; ~ stools (चि०) माँड़-जैसा दस्त; ~ paper चावली कागज, (झीना) राईस पेपर; ~-beer, ~ biscuit, ~ bug, ~ curing, ~ dust, ~-field, ~-flour, ~-glue, ~ grain, ~ grasshopper, ~-growing tract, ~ gundhy bug, ~ hull, ~ huller, ~ husk, ~ land, ~-mill, ~ milling, ~ moth, ~ pests, ~ polish, ~ polishings, ~-pounder, ~-pudding, ~ soil, ~-soup, ~-straw, ~ technology, ~ weevil, ~ zone.

rich रिच्' a. समृद्ध, सम्पत्तिशाली, अर्थशाली, धनाढ्य, धनवान्, धनशाली, धनी, मालदार, दौलतमन्द; (देश) धनधान्यपूर्ण, प्राकृतिक-साधन-सम्पन्न; प्रतापवान्, समृद्धिशाली; (भूमि^F^) उर्वर, उपजाऊ; बहुमूल्य, मूल्यवान्, कीमती (~ *harvest*); भड़कीला, ठाठदार, शानदार, रोबदार; (खाद्य पदार्थ) सारवान्, पौष्टिक, चर्बीला; (रंग इत्यादि) नयनरंजक, नयनाभिराम, दर्शनीय, सुन्दर, सौन्दर्यपूर्ण, चमकीला; (ध्वनियाँ^F^ तथा गन्ध^F^ आदि) मधुर, सुरीली, सुमधुर, अतिमिष्ट, मीठी; यथेष्ट, यथेप्सित, प्रचुर, विपुल, प्रभूत, पूर्ण, पर्याप्त, भरपूर, बहुत काफी (~-*clad*); (घटनाएँ^F^) विनोदपूर्ण, मनोरंजक, मजेदार, दिलचस्प; ~ mixture **गाढ़ा मिश्रण**।

richen –चॅन् v.i. & t. समृद्धिशाली होना या बनाना, धनी बनना या बनाना, दौलतमन्द होना या करना; महार्ह बनना या बनाना, बहुमूल्य होना या करना।

riches –चिज् n. (pl. की भाँति) अर्थ, ऐश्वर्य, विपुल धनराशि^F^, प्रचुर साधन-सम्पन्नता^F^, समृद्धि^F^, विपुल सम्पदा^F^, प्रचुर धनराशि^F^; धन, वित्त, सम्पत्ति^F^, धन दौलत^F^; धनाढ्यता^F^, सम्पन्नता^F^, विभव, सम्पत्तिशालिता^F^, दौलतमन्दी^F^, अमीरी^F^; प्राचुर्य, प्रचुरता^F^, विपुलता^F^, बहुलता^F^, बहुतायत^F^; उर्वरता^F^; मूल्य, महार्घता^F^; अलंकार-बाहुल्य; ~ have wings लक्ष्मी^F^ चंचला है, दौलत^F^के पर होते हैं; *the* ~ धनिक वर्ग, धनी लोग।

richly –च्'लि adv. पूर्णतया, नितान्त (~ *deserves the reward*); प्रभूत, बहुत, भरपूर।

richness –निॅस् n. सम्पन्नता^F^, धनबाहुल्य, धनाढ्यता^F^, धनधान्यपूर्णता^F^, धनीपन, मालदारी^F^, अमीरी, दौलतमन्दी^F^; उर्वरता^F^; समृद्धि^F^; बहुमूल्यता^F^, उत्तमता^F^, बढ़ियापन; (कृषि०) **स्नेहविपुलता^F^**; पौष्टिकता^F^, चर्बीलापन; माधुर्य, सुमधुरता^F^, मिठास^F^; अतिशोभा^F^, प्रताप; प्रचुरता^F^, प्रभूतता^F^, बहुलता^F^, बाहुल्य, बहुतायत^F^; मनोरंजकता^F^, दिलचस्पी^F^।

ricinine रि'सिनिन् n. एरण्डी^F^।

ricinus –नॅस् n. (चि०) एरण्डवृक्ष।

rick[1] रिक् n. (सूखी घास^F^ या अनाज इत्यादिका) स्तूप, राशि^F^, ढेर, अम्बार, गंज, चट्टा, गंजी^F^, अटाला।

rick[2] n. & v.t. दे० WRICK[1, 2]।

ricker रिकॅर् n. पेड़का छोटा तना।

ricketiness रि'किटि-निस् n. अस्थिवक्रता^F^; फक्कता^F^, लड़खड़ाहट^F^, कमजोरी^F^।

rickets –ट्स् n. (sing. या pl.) बालवक्र, बालशोष, अतिकृशता^F^का रोग, बालास्थिविकार, (श० र० शा०) अस्थिवक्रता^F^, **सूखा रोग**, फक्करोग, सूखेका रोग, **T.**

rickety –टि a. बालशोष-पीड़ित, बालास्थि-विकारग्रस्त, अतिकृशतारोगाक्रान्त, फक्कग्रस्त, रिकेट्स-पीड़ित; बालशोष-विषयक, बालशोष-जैसा; क्षीणशक्ति, जीर्ण, कमजोर; कम्पायमान, लड़खड़ाता हुआ, डावाँडोल; (विशे० लकड़ी^F^का सामान) ढिलमिल, नाजुक।

ricksha(w) रिक्शॉ n. (दे० JINRICKSHAW भी) नरयान, रिक्षा, रिक्शा।

ricochet[1] रि'कॅशे, रि'कॅशे ट् n. (तोप^F^ इत्यादिकी गोली^F^का भूमि^F^ या जलपर) उछलते हुए चलना (~-*shot*) **उछलना**।

ricochet[2] v.i. & t. (बन्दूक^F^ इत्यादिकी गोली^F^का) उछलते हुए जाना; उछलकर निशाने लगाना।

R.I.C.S. Royal Institution of Chartered Surgeons.

rictus रिक्'टॅस् n. (चि०) चँच्वायाम, वक्त्र, मुखायाम, दरार^F^।

rid रिड्' v.t. (*rid* or *ridded*, a. *ridden*) परित्राण करना, मुक्त करना; छुटकारा देना, छोड़ना; (किसी स्थान को) भारसे मुक्त करना, छोड़ देना; उन्मूलन करना, निराकरण करना, नष्ट करना, मिटा देना, हटाना; मुक्ति^F^ पाना, छुटकारा पाना; परिष्कार करना; *get ~ of* (किसी व्यक्ति या वस्तु^F^से) मुक्त होना, छुटकारा पाना, जान^F^ छुड़ाना।

rid a. मुक्त, वर्जित, हीन, रहित।

ridable राइ'डॅबॅल् a. आरोहणीय, आरोहणयोग्य, सवारी^F^-के उपयुक्त।

riddance रि'डॅन्स् n. निष्कृति^F^, निस्तार, उद्धार, मुक्ति^F^, मोक्ष, छुटकारा, रिहाई^F^।

riddel, ridel रि'डॅल्, रि'डॅल् nn. (ईसा०) वेदी^F^का पर्दा।

ridden रि'डन् RIDE का भूत कृदन्त।

riddle[1] रि'डॅल् n. कूटप्रश्न, हस्तकूट, गूढ़, प्रहेलिका^F^, पहेली^F^, बुझौवल^F^; रहस्यमय बात^F^, रहस्यपूर्ण तथ्य, पेचीदी बात^F^; रहस्यपूर्ण व्यक्ति; उलझानेवाली चीज^F^।

riddle^2 v.i. & t. पहेलियाँ बुझाना या कहना, पहेलियों^{F}में बातें करना; पहेली^{F} बूझना, पहेली^{F} सुलझाना या हल करना; ~ *me* ! मुझे पहेली^{F} बुझाते हो !

riddle^3 n. शोधनी^{F}, चालनी^{F}, मोटा छलना, मोटी छलनी^{F}, झारा; (तार सीधे करनेके लिए) जन्ता।

riddle^4 v.t. छलनेसे अनाज छानना, चलनी^{F} करना, छलनी^{F}से अनाज छानना; भूसी^{F} अलगाना; (ला०, प्रमाण या सत्यकी) परीक्षा^{F} करना, छानबीन^F करना, खरा खोटा परखना; बन्दूक^{F}की गोलियों^{F}से छलनी^{F} करना; (कृषि०) **छेद करना;** (ला०) प्रश्नोंकी झड़ी^{F} लगा देना, प्रश्नोंकी भरमार^F करना, सवालोंकी बौछार^F करना; (सिद्धान्त आदिकी तथ्योंके साथ) आलोचना^{F} करना, खण्डन करना।

riddler रि'डॅलॅर् n. प्रहेलिकाकार, पहेली^{F} बनानेवाला; अस्पष्टभाषी, कूटोक्ति^{F} बोलनेवाला।

ride^1 राइड्' n. घोड़ेकी सवारी^{F}, गाड़ी^{F}की सवारी^{F}; अश्वारोहण; अश्वारोहण-स्थान; सीमापथ; अश्वचालन पथ; रोहणमार्ग, अश्वमार्ग, वनपथ; (सेना०) नवसैनिक अश्वारोही गुल्म, सवार रँगरूटोंका दस्ता।

ride^2 v.i. & t. अश्वारोहण करना, अश्वारूढ़ होना, घोड़ेपर चढ़ना, (सायकिल^F इत्यादिपर) सवारी^{F} करना; लंगरपर रुकना, ऊपर-ऊपर तैरना; (सूर्य आदिका) तैरते हुए दिखाई देना; (समतल वस्तुओं^{F}का) बाहर निकलना, एक-दूसरेको ढँक लेना, एक दूसरेपर चढ़ जाना (*bone ~s, rope ~s*); चढ़ना, सवार होना, सिरपर सवार होना, छाती^{F}पर चढ़ना; (घोड़ेपर चढ़कर) पार करना, यात्रा^{F} करना, चढ़करके जाना (~ *the country, desert*, etc.); अभिभूत करना, प्रभावमें रखना, शासन करना; अत्याचार करना, दमन करना, सताना; आरूढ़ करना, चढ़ाना, बैठाना, सवार करना; (भूमि^{F}का चढ़नेके लिए) ढलवाँ होना, घुड़दौड़^{F}के उपयुक्त होना; ~ *easy* लंगर (~ *soft, well*); डालकर खड़ा होना; ~ *for a fall* उतावलेपनसे सवार होना, (ला०) अदूरदर्शिता^{F} या उतावलेपनसे काम करना; खतरा मोल लेना; ~ *in steamer* ⊙ स्टीमरमें यात्रा^{F} करना; ~ *off on* बात^F टालना, हटाना, नयी बात^F छेड़ना; ~ one *down* दौड़ाकर जा पकड़ना, बराबर पहुँच जाना; ~ one *on rail* (दण्डके रूपमें) किसी व्यक्तिको टाँगें^{F} फैलाकर पटरी^{F}पर चलाना; ~ *out the storm* (शा० एवं ला०) संकटसे सुरक्षित रूपसे निकलना, अच्छी तरहसे बच निकलना; ~ *to hounds* शिकार करना।

rideau रिडो' n. क्षुद्र भूस्तेध, छोटा टीला, छोटा भीटा।

rident राइ'डॅन्ट् a. = RIANT (अति प्रसन्नताके^{F} कारण) बलबलानेवाला, खिलखिलानेवाला।

rider –डॅर् n. (रसा०, भौ०) **आरोही**, आरोहक, अश्वारोही, सवार, घुड़सवार; अश्वचालक, घोड़ा हाँकनेवाला; (नौवि० pl.) अतिरिक्त तख्ते, अतिरिक्त लोहेकी नहरें^{F}, (sing.) ऊपरी रस्सा, रस्सेका बल; (दूसरेकी जगह^{F}पर रखा गया) पत्थर; (संसदीय विधेयकमें) संशोधन, अनुवृद्धि^{F}; जुड़ा हुआ अपर खण्ड, ऊपरका फालतू पत्थर; नैसर्गिक अनुपूरक, स्वाभाविक परिणाम; मताभिव्यक्ति, निर्णयगत अभिस्ताव; (गणित) अभ्यासका प्रश्न, आजमाइशी सवाल; मशीन^{F}का ऊपरी पुर्जा; ~ shore **चढ़ी धक^F**;
~ arch, ~ mechanism, ~ plate.

riderless –लिॅस् a. अश्वारोहीविहीन, बेसवार; अनुवृद्धिरहित; आरोहकरहित।

ridge^1 रिज्' n. कूट, (वन०, कृषि०) **कूटक**, उद्वर्तभूमि^{F}, ऊर्ध्वभूमि^{F}, उन्नत भूमि^{F}, भीटा; शैल-शिला^{F}, पर्वतमाला^{F}, पर्वतश्रेणी^{F}; **उद्रेख**; (प्रा० भू०, चि०) **कटक**, टीला, पहाड़की लम्बी सँकरी चोटी^{F}; पृष्ठ, पीठ^F; (यन्त्र०)**कोठी^{F}**, (दो नदी-प्रवाहोंके बीच स्थित) उन्नत सीमा^{F}; उत्संग, (कृषि०) डाँड़, **डाँड़ा, डौल, मेंड़^{F}**, नालियों^{F}के बीचका उभरा हुआ भाग, मेंड़^{F} (*~-plough*); (तरबूज आदिकी) ऊँची क्यारी^{F}; ~-piece (छप्परके) मँगरा, मँगरी^{F}; बँड़ेर, बँड़ेरी^{F}, मँगरेपर रखी हुई कड़ी^{F}, धन्नी^{F} या शहतीर^F, लरही, (*~-pole*), ~ planting (कृषि०) मेंड़-रोपण; ~ tile (इंजी०) **मगरी खपरैल^F**;
~ belt, ~ board, ~ capping, ~ line, ~ piece, ~ roller, ~ roof, ~ sowing, ~ terrace, ~ ventilator.

ridge^2 v.t. & i. उभरी हुई रेखाओं^{F}में चिह्नित करना; बीचमें मेंड़-सी छोड़कर जोतना; (ककड़ी^{F} आदिको) ऊँची क्यारियों^{F}में बोना, बाँधना, मेंड़^{F} बनाना; समुद्रमें ऊँची लहरें^{F} उठाना या उठना।

ridged –ड् a. सकूट, उद्वृत, ऊर्ध्वभूमियुक्त, टीलेवाला, भीटेदार; शैलशिलायुक्त, पर्वतमालायुक्त, पर्वतश्रेणीयुक्त।

ridgel रि'जॅल् n. अर्द्धषण्डित पशु, आधा बधिया पशु; एकवृषणोत्पादित नर या पशु याने एक वृषणी।

ridgeling –लिंग् n. वृषणैक नर या पशु, एकवृषण नर या पशु, एक अण्डकोषका नर या जानवर, एक वृषणोत्पादित नर या पशु।

ridger ⊙ रि'जॅर् n. (कृषि)० **डौल-यन्त्र, मेंड़-यन्त्र**।

ridging रि'जिंग् n. कूटकरण, मेंड़^{F} बनाना, (कृषि०) **मेंड़^{F} बाँधना, डौल बाँधना**, नालियाँ^{F} बनाना; भीटा बनाना, छत^{F}की बँड़ेर^F बनाना; ~ plough (कृषि०) **मेंड़कारी हल**।

ridgy रि'जि a. पर्वतश्रेणीयुक्त; मँगरेवाला, मँगरीवाला।

ridicule^1 रि'डिक्यूल् n. उपहास्य वस्तु^{F}, हँसी^{F}की चीज^F; उपहास्यता^{F}, हास्यास्पदता^{F}; विद्रूप, परिहास, (दर्श०) **उपहास**, अवहास, खिल्ली^{F}, दिल्लगी^{F}, ठट्ठा, हँसी^{F}, मजाक, अवज्ञा^{F}।

ridicule^2 v.t. विद्रूप करना, उपहास करना, हँसी^{F} उड़ाना, मजाक बनाना, दिल्लगी^{F} या ठट्ठा उड़ाना।

ridiculer –लॅर् n. विद्रूपक, उपहासक व्यक्ति, अवहासक पुरुष, खिल्ली^{F} उड़ानेवाला, दिल्लगीबाज, ठट्ठेबाज, मजाकिया।

ridiculous–लॅस् a. उपहास्य, उपहसनीय, **हास्यास्पद**

(~*hypothesis*), परिहासयोग्य, मजाकिया; हासकर, हासोत्पादक; असम्भव, असंगत, विचित्र, बेतुका, बे सिर-पैरका, बेढंगा।

ridiculousness–निॅस् n. उपहसनीयता^F, उपहास्यता^F, हास्यास्पदता^F, मजाकियापन; असंगति^F, विचित्रता^F, बेढंगापन, बेहूदगी^F।

riding¹ राइडिंग¹ १. n. आरोहण, अश्वारोहण, घुड़सवारी^F, सवारी^F; घुड़सवारोंके लिए हराभरा मार्ग; क्षेत्र; २. a. आरोही, सवारी^F का;

~-boot, ~-breeches, ~ cultivator, ~-glove, ~-habit, ~-hood, ~-lamp, ~-master, ~-path, ~ plough, ~ quality, ~-school, ~ whip.

riding² n. यार्कशायरका प्रशासकीय खण्ड; (विलायतमें) प्रान्त, प्रदेश, मण्डल।

ridotto रिडॉ'टो n. सार्वजनिक आमोद, सार्वजनिक प्रमोद, नाचरंग, रासलीला^F।

R.I.E. Royal Indian Engineers.

ri faci mento (It.) n. (pl. menti) पुनः कथन।

rife राइफ़् a. सामान्य, सर्वमान्य, सामयिक, प्रचलित, वर्तमान, चालू, मौजूदा; व्यापक, बहुल, प्रचुर, अधिक, बहुत; सम्पन्न, परिपूर्ण, भरपूर, मालामाल (*language is ~ with maxims*); प्रबल।

rifeness –निॅस् n. व्यापकता^F, सामान्यता^F; प्रचुरता^F, अधिकता^F, बहुतायत।

riffle रि'फ़ल् n. (न्यारियोंके) सूपकी झरी^F (जिसमें सोनेके कण जमा होते हैं)।

riff-raff रिफ़्'रैफ़् n. निम्न वर्गके लोग, नीचजन, गँवारदल, धुनिए-जुलाहे, तेली-तँबोली, ऐरे-गैरे नत्थू-खैरे; झाड़न-बुहारन; उत्सृष्ट वस्तु^F, परित्यक्त वस्तु^F, कचरा, मैला, कूड़ा-करकट, छाँट-छूँट^F।

rifle¹ राइ'फ़ल् n. प्रणालिका^F, बन्दूक^F की नली^F; पेंचदार नालीवाली बन्दूक^F, **रायफल**^F; (pl.) बन्दूकधारी सैन्य, राइफलधारी सैनिकदल; ~-bird ब्रिटिश सैन्यदल-विशेष, रेजिमेण्ट; ~(-)green n. (वर्दी^F का-सा) गहरा हरा रंग; (a.) गहरे हरे रंगका; ~-pit राइफलधारी सैनिकोंकी खाई^F;

~-corps, ~ drill, ~ exercises, ~ grenade, ~ holster, ~ man, ~ platoon, ~ press, ~ rack, ~-range, ~-shot.

rifle² v.t. & i. हरण करना, अपहरण करना, लूटकर पलायन करना, लूट^F के मालकी तरह ले भागना, झाड़-पोंछकर लूट^F ले जाना, छीन लेना; बन्दूक^F में पेंचदार नली^F लगाना; बन्दूक^F चलाना, रायफल^F से मारना।

rifled –ड् a. **झिरी-कटा**।

rifling –लिंग् n. हरण, अपहरण, लूट^F; बन्दूक^F में पेंचदार नली^F लगाना; राइफिल^F से निशानेबाजी^F करना; सीता^F, सीताकरण, झरी^F, झरीं बनाना, **झिरी^F काटना**।

rift¹ रिफ़्ट् n. निर्भ्रंश, छिद्र, दरार^F, कटाव, फटाव, चीर, चिराव, कटान, फटन^F; ~fault (प्रा० भू०) **द्रोणी-भ्रंश**; ~ sawing (यन्त्र) **सीधी चिराई**^F; ~-valley **विभ्रंश घाटी**^F, भूभ्रंश घाटी^F; *a ~ within the lute* रंगमें भंग।

rift² v.t. & i. भेद करना, छेद डालना, दरार^F डालना या होना, चीरना, काटना, कटना, फाड़ना, फटना, फोड़ना, फूटना, खुलना, खोलना।

rifted –टिॅड् a. भग्न, विभिन्न, भिन्न, छिन्न, दरारवाला, फटावदार।

riftless –लिॅस् a. बिना दरार^F का।

rig¹ रिग्' n. (जहाजमें) पाल लगानेका तरीका, मस्तूल लगानेका ढंग; **यन्त्राधार**; (परिवर्तित) रूप, सजधज^F, (नौवि०) **सज्जा**^F, वस्त्राभूषणोंकी सज्जा^F, T.

rig² v.t. & i. (जहाजको आवश्यक वस्तुओं^F से) सज्जित करना, बल्लियों^F, रस्सियों^F आदिसे लैस करना, कील-काँटा दुरुस्त करना, सँवारना, पुर्जे ठीक तरहसे बैठाना; (वस्त्र आदिसे) सजाना, पोशाक^F पहनाना; कामचलाऊ बनाना, टरकाऊ काम करना, उल्टा-सीधा बनाकर रखना, ढाँचा खड़ा कर देना, तैयार करना; बहिष्कृत कर देना, निकाल देना ⊙।

rig³ n. वंचकता^F, प्रतारकता^F, कैतव, छल, धोखा, झाँसा।

rig⁴ v.t. वंचित करना, प्रतारित करना, छल करना, धोखा देना, पट्टी^F पढ़ाना, चाल चलना, बेईमानी^F करना; मूल्योन्नयन करना, कूट मूल्योन्नयन करना, मूल्याप-नयन करना, भावको घटाना-बढ़ाना (*to ~ the market*)।

rigel राइगल् n. (गणि०) **राइगल**, द्वितीय मृग, **कालपुरुष**।

rigadoon रिगॅडून्' n. रिगाडून (एक प्रकारका नृत्य)।

rigescence रिगे'सॅन्स् n. अनाम्यता^F, अनमनीयता^F, परिदृढ़ता^F, दृढ़ता^F, दुष्परिवर्तनशीलता^F, कठोरता^F, कठिनता^F; कड़ाई^F।

rigescent –न्ट् a. अनाम्य, अनमनीय, परिदृढ़, दृढ़, दुष्परिवर्तनशील, कठोर, कठिन, कड़ा।

rigged रिग्ड्' a. सज्जित, रस्सों आदिसे व्यवस्थित।

rigger –'गॅर् n. RIG² के क्रियागत अर्थोंमें, **सज्जक**, पोत-प्रबन्धक, विमान-सज्जक; सज्जित पोत; (रेल०) T.

rigging –गिंग् n. (जहाजकी) सज्जा^F, सामग्री^F, सामान, (परि०) **रस्से, रस्सियाँ**^F, **स्तिंगीमूरा**, मस्तूल, बल्लियाँ^F आदि; मूल्योन्नयन, कूट मूल्योन्नयन, (वाणि०) **भाव बढ़ाना**, दाममें घटाबढ़ी^F करना; (रेल०) T.

riggish –गिश् a. सज्जाप्रिय, शृंगारप्रिय, भोगी, विलासी; आराम-पसन्द, चंचल, नटखट, खिलाड़ी; मर्यादा-हीन; हठी, अभिमानी; निर्दयी; अन्यायपूर्ण, अनुचित।

right¹* n. यथार्थ, याथार्थ्य, सत्यता^F, तथ्यता^F, सत्य, न्याय्यता^F, सच्चाई^F, इन्साफ; **अधिकार***, औचित्य, स्वत्व, स्वाम्य, सत्ता^F, दावा, पावना, हक (*civic ~s*); अधिकरणीय वस्तु^F, अधिकारगत पदार्थ; यथार्थ स्थिति^F, वास्तविक अवस्था^F, सही हालत^F, सच्ची कैफियत^F, दक्षिण पार्श्व, दाहिना भाग; (राज० प्रायः R~) (संसद^F-के) पुराणपन्थी सदस्य, दक्षिणपन्थी सदस्य, अनुदारदलीय

सदस्य; Miss R~ भावी पत्नी[F]; Mr. R~ भावी पति; ~-about विपरीत दिशा[F]; ~ and left उभयतः, परितः, दोनों ओर, चारों ओर; ~-hand man विश्वस्त सहयोगी; ~-handed blow सीधे हाथका प्रहार; ~-hander सीधे हाथका प्रहार; *all* ~ बहुत ठीक, बिलकुल ठीक; *be in the* ~ सत्यपथपर होना, न्याय-पथपर होना, सच्चाई[F]पर होना; *by* ~ or ~*s* यदि न्याय बरता गया; *do* one ~ (किसीके साथ) न्याय करना, ईमानदारी[F] करना, इंसाफ करना; *get* ~ सीधा करना या कराना, सुधारना, ठीक करना; ~ *away*⊙ सीधे दूर; ~ *here*⊙ ठीक यहीं और अभी; ~ *now*⊙ पूर्वतः ही, पहिले ही; ~ *of way* भूमि[F]परसे आने-जानेका अधिकार।

right² v.t. & i. ठीक स्थानपर लाना; सीधी स्थिति[F]में लाना या आना, सीधा करना या होना, लम्बवत् करना या होना; सुधारना, सुधरना, ठीक करना या होना (*the fault will* ~ *itself*); (जहाज आदिका) सीधा खड़ा होना; सीधा करना; प्रतिशोध लेना, बदला देना या लेना; क्षतिपूर्ति[F] करना; औचित्य प्रमाणित करना; न्यायसंगत सिद्ध करना, उचित ठहराना; पूर्वावस्था[F]में लाना; संशोधन करना, सुधारना, ठीक करना, सही करना, सँवारना।

right³* a. ऋजु, सरल*, सीधा, (अब केवल ~ *line* में); सम, (ग० ज्या०) लम्ब (~ *angle*); समकोण-, समकोणीय, लम्बकोणीय; सम्यक्, न्याय्य, उचित, युक्त, यथायोग्य, संगत, धर्मानुरूप, मुनासिब, भला, नेक, सच्चा, अच्छा, ठीक*; सत्, सत्य, यथार्थ, सटीक, शुद्ध, सही; योग्य, समीचीन, उपयुक्त, ठीक (~ *man in the* ~ *place*); सन्तोषप्रद, सन्तोषजनक, अच्छी अवस्था[F]में, ठीक हालत[F]में; प्रकृत; अपसव्य, दक्षिण*, दाहिना, दायाँ; ~-angled लम्बकोण, समकोण; ~-handed दक्षिणावर्त, दाहिना; R~ reverend (राज०) महाआदरणीय; ~ *off*, ~ *away* तत्काल, तुरन्त, तत्क्षण, शीघ्र, झटिति, एकदम, झटपट, फौरन; *set* or *put* ~ व्यवस्थित करना, ठीक करना; स्वस्थ करना; भ्रान्त धारणा[F]का निवारण करना, गलतफहमी[F] दूर करना; पक्षपुष्टि[F] करना, न्यायसंगत सिद्ध करना; *the* ~ *side of a fabric* कपड़ेकी सीधी ओर; ~ incline (सेना०) दाहिने तिरछा जो; ~ side of forty चालीस वर्षसे कम; ~ turn (सेना०) दाहिने मुड़ो;

~ angle, ~ ascension, ~ atrium, ~ auricle, ~ bank, ~-brained, ~ bronchus, ~ conoid, ~ course, ~ cylinder, ~ deflection, ~ diagonal lines, ~ dress, ~-eyed, ~flank, ~ flank guard, ~ form, ~ frustum, ~ hand, ~-handed crystal, ~-handedness, ~-hand rule, ~-hand screw, ~-hand side, ~-hearted, ~ heir, ~ helicoid, ~ jugular vein, ~ lobby, ~ lung, ~ lymphatic duct, ~ marker, ~-minded, ~-mindedness, ~ motion, ~ parallelepiped, ~-principled, ~ prism, ~ pyramid, ~ quotient, ~ section, ~ side, ~siphonal artery, ~ thread, ~ time, ~ turn, ~ use, ~-whale, ~wheel, ~ wing.

right⁴ adv. पूर्णतया, पूरी तरह, पूरा, (*sank* ~ *to the bottom*); ठीक, बिलकुल, (~*in the middle*); न्यायतः उचित रूपसे, ईमानदारी[F]से; वस्तुतः, सत्यतः, ठीक तरहसे (*if I remember* ~); दाहिनी ओर, सीधे हाथकी तरफ; सीधे (*go* ~ *on*); ~-*down* पूर्णतया, बिलकुल (*was* ~-*down sorry*)।

rightable –'टॅबॅल् a. संशोधनीय, सुधार योग्य।

righten –टॅन् v.t. = RIGHT².

righteous राइ'चॅस् a. न्यायी, न्यायनिष्ठ, न्यायपरायण, साधु, सच्चा, ईमानदार; धर्मात्मा, धर्मपरायण, सद्गुणी, पुण्यवान्, पुण्यात्मा; यथार्थ, न्याय्य, उपयुक्त, सीधा, भला, नेक, अच्छा; (जीवन या कर्म) पवित्र, संयत।

righteousness –नि॒स् n. धर्मभावना[F], न्यायनिष्ठता[F], (दर्श०) नीतिपरायणता[F], न्यायपरायणता[F], साधुता[F], सच्चाई[F], ईमानदारी[F]; साधु वृत्ति[F], पुण्यभाव, पवित्रता[F], संयम; औचित्य।

righter राइ'टॅर् n. संशोधक, सुधारक, ठीक करनेवाला; क्षतिपूर्ति[F] करनेवाला; पुनः स्थापक, स्वस्थ करनेवाला।

rightful –ट्'फुल् a. न्यायसम्मत, (का०) न्यायपूर्ण, न्याययुक्त, वैध, उचित, जायज, ठीक; अधिकारी, स्वत्व-विशिष्ट, अधिकारपूर्ण, अधिकारयुक्त, अधिकृत, (~ *heir, owner*); अधिकार-विशिष्ट; अधिकारगत।

rightfulness –नि॒स् n. न्याययुक्तता[F], न्यायपूर्णता[F]; अधिकारित्व, अधिकृति[F]; अधिकरणीयता[F], अधिकार।

rightist⊙ राइ'टिस्ट् a. & n. दक्षिणपन्थी।

rightless राइट्'लि॒स् a. अधिकारविहीन, अनधिकारी, बेहक।

rightlessness –नि॒स् n. अधिकारहीनता[F], अनधिकारता[F]।

rightness राइट्'नि॒स् n. (प्रा०) सरलता[F], ऋजुता[F], सीधापन; समकोणत्व; औचित्य, न्यायौचित्य, न्यायसंगति[F], नैतिकता[F], सच्चरित्रता[F], सच्चाई[F], ईमानदारी[F]; सत्यता[F], सटीकता[F], शुद्धता[F]; समीचीनता[F], उपयुक्तता[F]; स्वस्थता[F], सन्तोषप्रदता[F], वास्तविकता[F]।

rightward राइट्'वर्ड् a. & adv. दक्षिणपन्थी; दक्षिणतः, दाहिनी ओर।

rightwards राइट्'वॅर्ड्ज़् adv. दक्षिणपंथसे, दाहिनी ओर।

rigid₀ रि'जिड् a. अनाम्य, अनम्य, परिदृढ, (रसा०, ग०, स्थिति वि०) दृढ, उग्र, कठोर, अशिथिल, कठिन, कड़ा, बेलोच; (राज०) दुस्संशोध्य; अपरिवर्तनीय; दृढनिश्चय, आचारदृढ, नियमनिष्ठ;

~ body, ~ constitution, ~ disciplinarian, ~ frame, ~ gel, ~ harrow, ~ insulation.

rigidify -डिफ़ाइ v. t. & i. कड़ा करना या होना।
rigidity -डिटि n. अनम्यता^F, अनमनीयता^F, परिदृढ़ता^F, (रसा०, इंजी०, भौ०) **दृढ़ता^F**, दुष्परिवर्तनशीलता^F, काठिन्य, कठोरता^F, कठिनता^F, कड़ापन; नियमनिष्ठा^F, आचारनिष्ठा^F, कड़ाई^F, सख्ती^F।
rigidness-जिड्'निस् n. = RIGIDITY.
rigil kentaurus रिजिलकेंटॉरस n. (गणि०) **प्रथम किन्नर**।
riglet रिग्'लिट् n. = REGLET; पटरी^F, तख्ती^F।
rigmarole रिग्'मरोल् n. अनर्गल गल्प, दीर्घ गल्प, अनर्गल भाषण, निरर्थक कथा^F, निरर्थक वार्तालाप, बेकारकी गप्प^F।
rigor (L) रि^'गॉर् n. (ज्वरके पूर्वका) कम्पन, कँपकँपी^F, थरथरी^F, (चि०) **जूड़ी^F**; (चि०) **काठिन्य, स्तब्धता^F**, अकड़न^F; ⊙ = RIGOUR; ~ mortis (चि०) मृत्युजकाठिन्य।
rigorism रि'गरिज़्म् n. शीतकम्प; अतिकाठिन्य, अत्यन्त कठोरता^F, अति निर्ममता^F, अति निर्दयता^F; तार्किक सटीकता^F, धार्मिक कट्टरता^F; (दर्श०) **कठोरतावाद, निग्रहवाद**।
rigorist -रिस्ट् n. कठोरतावादी, कट्टरतावादी।
rigorous -रस् a. कठिन, **कठोर**, अशिथिल, कड़ा, **सख्त**; निर्दय, निर्मम, उग्र, क्रूर; अत्यन्त दारुण; ~ imprisonment सश्रम या **कठोर कारावास**, कड़ी कैद^F, **सख्त कैद^F**।
rigorousness -निस् n. काठिन्य, कठिनता^F, कठोरता^F, कड़ापन, सख्ती^F; निर्दयता^F, निर्ममता^F, उग्रता^F, अत्यन्त दारुणता^F।
rigour -र् n. निष्ठुरता^F, काठिन्य^F, कठिनता^F, दृढ़ता^F, कठोरता^F, कड़ाई^F, कड़ापन, सख्ती^F; निर्दयता^F, निर्ममता^F, कठोरताएँ^F, सख्तियाँ^F; कठोर नियन्त्रण, सख्त पाबन्दी^F (*with the utmost ~ of the law*); (चि०) शीत कँपकँपी; (शीत, कष्ट आदिकी) चरम उग्रता^F, तीव्रता^F, महान् संकट; तप, कट्टरता^F, चीमड़पन।
rigsdag (Da.) n. डेनमार्क-संसद्।
riksdag (Sw.) n. स्वीडन-संसद्।
rile राइल् v.t. उत्तेजित करना, क्रोधित करना, चिढ़ाना, खिजाना, गुस्सा दिलाना।
rill¹ रिल् n. लघु स्रोत, छोटा सोता; **अल्प सरित^F** (~*-erosion*), क्षुद्र नदी^F, नद, सरिता^F, छोटा नाला, कुण्ड (~ *erosion*)।
rill² v. i. लघु स्रोतमें बहना, छोटे सोतेके रूपमें बहना, छोटे नालेके रूपमें बहना, झरना, रिसना।
rille रिल् n. चन्द्ररेखा^F, चन्द्रमा^Fपरकी हल्की-सी रेखा^F; (~ *on the moon*); (ज्यौ०) **चन्द्रघाटी^F**।
rillet रि'लिट् n. लघूत्सेध, लघु निर्झर, छोटा झरना; लघु स्रोत, छोटा सोता, छोटा नाला।
rim¹ रिम् n. आन्त्रिक झिल्ली^F, पेटकी झिल्ली^F।
rim² n. (भौ०) **परिचक्र**; (भौ०) **प्रधि^F; परिमा^F**, घेरा, पहियेका घेरा, रिम (~*-brake*); छलनी^Fका घेरा, गला; (का०) गोलाकार पदार्थ; (नौवि०) समुद्रतल, पानीकी सतह^F; (किसी वस्तु^Fकी अत्युन्नत) प्राधि^F, प्रान्त, ओठ, कोर, किनारा, कगार; golden ~ राजमुकुट, ताज ~bit (कृषि०) **पुट्ठी^F**; ~ drive **नेमिचालन**।
rim³ v.t. रिम लगाना, किनारा बनाना, कगार बनाना।
rime¹ राइम् n. & v.t. & i. = RHYME^{1,2}.
rime² n. हिमानी, तुहिन, (ऋतु०) **तुषासा (तुषार+कुहासा)**, तुषार, कुहासा, पाला; नीहार, कुहरा; ~-deposit (प्रा० भू०) **तन्तुतुषार**।
rime³ v.t. तुषारावृत करना, पाला पड़ना।
rimless रिम्'लिस् a. बिना कगारका, बिना घेरेका, बेकिनारा, बिना रिमका।
rimmed -म्ड् a. घेरेवाला, कगारदार, रिमवाला।
rimmer -'मॅर् n. पेस्ट्री^F बनानेका ढाँचा।
Rimmon रि'मॅन् n. दमिश्कके देवता; *bow bown in the house of* ~ अपना मत छोड़ना।
rimose राइ'मोस् a. = RIMOUS.
rimous -मॅस् a. रन्ध्रपूर्ण, विदीर्ण, (वन०) **विदरित**, दरारवाला, फटानवाला।
rimple¹ रिम्'पॅल् n. झुर्री^F, शिकन^F, चुन्नट^F।
rimple² v.t. झुर्री^F डालना, शिकन^F या चुन्नट^F डालना।
rimy राइ'मि a. तुषारावृत्त, तुषारमय, कुहरेसे ढँका हुआ।
R.I.N. Royal Indian Navy.
rind¹ राइन्ड् n. शल्क, त्वक्, चर्म, वल्क, वल्कल, बक्कल, बकला, छाल^F, खाल^F, (कृषि०) **छिलका**; (पनीर इत्यादिकी) पपड़ी^F; बाह्य पक्ष, बाहरी पहलू या पर्दा; ऊपरी तल, सतह^F।
rind² v.t. बक्कल निकालना, छाल^F उतारना, छीलना।
rinded, rindy -डिड्, -'डि aa. शल्कमय, सत्वक्, चर्मिल, वल्कयुक्त, वल्कलमय, बक्कलदार, छिलकेवाला; पपड़ीवाला; बाह्यपक्ष सहित; छीला हुआ।
rinder-pest रिन्'डॅपेस्ट् n. पशु-महामारी, (श० र० शा०) **मालमारी^F, पशु प्लेग**, बैल-रोग, **कैटिल प्लेग**।
rindle रिन्'डॅल् n. स्रोतस्विनी^F, क्षुद्र नदी^F, छोटी धारा^F; लघु कुल्या^F, छोटी नहर^F; नाला, मोरी^F।
rine राइन् n. गर्त, खाई^F; उपत्यका^F, घाटी^F।
ring¹* रिंग् n. अँगूठी^F*, **मुद्रिका^F**, मुँदरी^F, **छल्ला**; (रसा, चि०, गणि०) **वलय**, बाली^F, नथ^F, वृत्ताकार वस्तु^F, बेलनाकार वस्तु^F; ऊर्मिका^F, धूँघर; कड़ा, कुण्डा, कुलाबा; चक्र, कुण्डल, घेरा*, चक्कर*; **मण्डल**, चौक, हाता, बाड़ा, गोल अखाड़ा (~ *side*); चक्करदार मार्ग, गोलाकार व्यूह; शब्द, बहुस्वरात्पादित तरंग^F; T.; ~ course **कड़ा**; ~-dove धवल कपोतक, वनकपोतक, पिण्डुक, जंगली कबूतर, फाख्ता; ear-~ बाली^F, काँटे; ~-finger (जीव०) **अनामिका^F**; ~-form (चि०) **मुद्रिकारूप** (विषमज्वर कीटाणुका); ~-goal रिंग गोल (एक प्रकारका खेल जिसमें हल्का कड़ा लकड़ी^Fसे गोलकी

ओर लुढ़काते हैं);~leader नायक नेता, दलपति, सर्दार, (गुट्टक' ुखिया, अगुआ; nose-~ नाथ^F; ~-master सरकसके खेलका प्रबन्धक; ~ ouzel ब्लैकबर्डके सदृश एक पक्षी^F; ~-stand अँगूठी-दान; ~ tail वलयपुच्छ कुतिया^F, टेढ़ी पूँछवाला कुत्ता; ~-wall अहातेकी दीवार^F, जँगला; ~-worm मण्डलकुष्ठ, (चि०) दद्रु, (चि०, कृषि०) दाद; *make ~s round* भीड़-भड़क्केसे काम करना; अधिक तेजी^Fसे जाना;

~-adorned, ~ arrangement, ~ axiom, ~ base, ~ bill, ~-billed, ~ bird, ~-bolt, ~-bound, ~ budding, ~ building, ~ clip, ~ compound, ~ counting, ~ craft, ~ current, ~ dance, ~-dyke, ~ end, ~ eye, ~-eyed, ~ fascination, ~ foot, ~ fracture, ~ frame, ~ gauge, ~ hole, ~ hydrocarbons, ~ maker, ~man, ~mark, ~ mill, ~-necked shrike babbler, ~ net, ~-pored wood, ~-porous, ~-porous wood, ~ road, ~ section, ~ shake, ~-shaped, ~ snake, ~-streaked, ~ structure, ~ system, ~-tailed, ~-taw, ~-terminal, ~ ~ test, ~ velvet, ~-vessel, ~ walk, ~ well, ~ work.

ring² v. i. & t. (*p. rang. rung, p.p. rung*) (बाजका) ऊपर चक्कर काटना, मँडराना; (लोमड़ी^F इत्यादिका) घुमावदार रास्ता लेना; चक्करदार रास्ता तै करना, चक्कर मारना; वलयन करना, वलयमारण करना, वलयकर्तन करना, वेष्टन करना, वेष्टित करना, घेरना, घिरान करना, हाता बना देना, घेरा डालना, घेर लेना; (मवेशीको) चारों ओरसे घेरकर हाता बाँधना; अँगूठी^F पहनना, छल्ला पहनना; (सुअर या बैलको) नाथना।

ring³ n. घण्टा; क्वणन, (घण्टेकी) झंकार^F, टनटनाहट^F, (घण्टी^Fकी) टनटनाहट^F; (सिक्के एवं वर्तनकी) खनक^F, ठनक^F; घण्टी^F; टेलीफोनकी आवाज^F।

ring⁴ v. i. & t. (*rang*, अब क्र० *rung, rung*) निनादित होना या करना, वादित होना या करना, क्वणित होना, झंकृत होना या करना, ठनठनाना, टनटनाना, आवाज^F करना, बजाना*, बजना* (*bell, trumpet, coin, sound, ~s*); (घण्टा बजाकर) घोषणा^F करना, बुलाना; प्रतिध्वनित होना, गुंजित होना, गूँजना; सहानुभूतिपूर्ण ध्वनि^F करना; (सिक्केको) पटककर बजाना; (बुलानेके लिए) घण्टी^F बजाना; मृत्यु^Fके घण्टे बजाना, घण्टोंसे तरह-तरहकी आवाजें^F निकालना; घण्टी^F बजाकर भीतर या बाहर जाना (*~ at door*); टेलीफोन करना; *~ curtain up* or *down* (नाटकमें) घण्टी^F बजाकर पर्दा उठाना या गिराना; *~ for* (नौकर आदिके लिए) घण्टी^F बजाना; *~ in* one's ears कानोंमें गूँजना; *~in* one's *heart* याद^F आती रहना; *~ off* टेलीफोनकी बातचीत^F काट देना; *~ up* टेलीफोन करना।

ringed रिंग्ड् a. वलयित, घिरा हुआ।

ringent रिन्'जेन्ट् a. सावकाश, सान्तर (वन०) **विवृत**, खुला।

ringer रिन्'जर् n. (QUOITS नामक खेलमें प्रयुक्त) एक प्रकारका छल्ला; (शिकारी कुत्तोंके आगे) चक्कर काटकर भागनेवाली लोमड़ी^F।

ringhals –हल्स् n. काला नाग, अफ्रीकी साँप।

ringing रिन्'गिंग् n. वलयन, (वन०) **वलयीकरण** घेरा डालना; क्वणन, टनटनाहट^F, बजाना, बजना।

ringlet रिंग्'लिट् n. क्षुद्र अँगूठी^F, छोटी अँगूठी^F, छोटा छल्ला, छोटा कड़ा; घास^Fके बीच गहरे रंगका चक्र; वृत्त-वत् आकार, छल्लेदार चिह्न; काकपक्ष, चूर्णकुन्तल, घुँघराली लट^F, घूँघरदार बाल।

ringleted –टिड् a. क्षुद्र-अंगुष्ठिकायुक्त, अँगूठीदार; काकपक्षीय, चूर्णकुन्तलयुक्त, घुँघराली लटवाला, घूँघरदार।

ringlety –टि a. चूर्णकुन्तलयुक्त, घूँघरदार।

rink¹ रिन्क्' n. हिमावृत क्रीडा-भूमि^F, स्केटिंग खेलनेका वर्फ़^Fका मैदान, स्केटिंग हॉल, रिंक।

rink² v. i. स्केटिंग^F करना।

rinker –'कर् n. हिमक्रीड़ाभूमि^Fपर खेलेनेवाला, स्केटिंग^F करनेवाला।

rinse¹ रिन्स्' n. आक्षालन, (रसा०) **छालन**, (कृषि०) **खँगालना**।

rinse² v.t. उदकप्रक्षालन करना, जलसे परिष्कार करना, पानीसे धोना, पखारना, कुल्ला करके साफ करना; कोई तरल पदार्थ डालना; पानी डालना, हलकेसे धोना, (कृषि०) **खँगालना**; (मदिरा^Fके साथ भोजनको) गलेसे नीचे उतारना, वहाना।

rinser –'सर् n. उदकप्रक्षालक, जलपरिष्कारक, पानीसे धोनेवाला, कुल्ला करके साफ करनेवाला; पानी डालनेवाला, खँगालनेवाला।

rinsing –सिंग् n. (pl.) तरल पदार्थ (जिसमें कोई वस्तु^F खँगाली गयी हो); आचमन, **प्रक्षालन**, (रसा०) **क्षालन, खँगालना, धोना**।

rinthereout रिंथरेऑउट् n. & a. (स्काट०) आवारा।

riot¹ राइ'अट् n. जनसम्मर्द, अनियन्त्रित भीड़^F, भीड़-भड़क्का, रेल-पेल^F; तुमुल कोलाहल, हल्लागुल्ला; प्रकृति-कोप; विप्लव, शान्तिभंग, **बलवा**, झगड़ा, फिसाद, दंगा, हंगामा; लम्पटता^F, विलासिता^F, चरित्रहीनता^F, बद-चलनी^F, ऐयाशी^F; विलासक्रीड़ा^F, पानोत्सव, आमोद-प्रमोद, अतिभोजन, अतिभोजपानोत्सव; अतिचार, उच्छृंखल व्यवहार; *to run ~* ऊधम मचाना; बहुत बढ़ना।

riot² v. i. & t. विलासी जीवन बिताना, मस्ती^Fसे रहना, रँगरेलियाँ^F करना; भोगविलासमें समय नष्ट करना, सारा जीवन अय्याशी^Fमें गुजार देना; ऊधम मचाना, हल्लागुल्ला करना; उच्छृंखल होना, उपद्रव मचाना, शान्तिभंग करना, दंगा करना, फसाद या बलबा मचाना।

rioter –टर् n. उच्छृंखल, अतिचारी, उपद्रवी, झगड़ालू, बलवाई, दंगाई; फसादी।

rioting –टिंग् n. झगड़ा-फसाद; उपद्रव करना, **बलवा करना**, दंगा करना।

riotous –टस् a. असंयत, उच्छृंखल; भोगासक्त, विलासी, कामुक, उन्मादी, मतवाला, अय्याश; उपद्रवपूर्ण, विद्रोही, राजद्रोही, विप्लवी, उपद्रवी, दंगाई, (का०) **बलवाई** (~ *assembly*); विलासिता-सम्बन्धी, अय्याशीका; तुमुलकारी; दंगेसे सम्बन्धित।

riotousness, riotry –निस्, –ट्रि nn. विलासीभाव, उच्छृंखलता^F, मतवालापन; उपद्रवीपन, गुण्डागिरी^F।

R.I.P. *requiescat in pace*, may he (*or* she) rest in peace.

rip¹ रिप्' n. लम्पट, कामुक, दुश्चरित्र व्यक्ति, अय्याश आदमी; सड़ियल घोड़ा, निकम्मा घोड़ा।

rip² n. (समुद्र या नदी^Fमें बढ़े हुए पानीका) विस्तार, पाट, फैलाव।

rip³ v.t. & i. छिन्न करना, विच्छिन्न करना, चीरना, काटना; फाड़ना, खोचा लगाना, फोड़ना; (छत^Fका) उघाड़ देना, खोल देना, उधेड़ना, खपरे उतार देना, स्लेटें^F और पट्टियाँ^F उतार देना; चीरकर रास्ता बताना; घावको खोल देना, घाव हरा कर देना, घाव ताजा कर देना; (झगड़ा इत्यादि) पुनः आरम्भ करना, फिरसे छेड़ देना; (शोकको) पुनः जागृत करना, फिरसे ताजा करना; अतीतकी बात^F छेड़ना, गड़े मुर्दे उखाड़ना; विच्छिन्न होना, जोरसे फटना, खुलना, तेजी^Fसे अलग होना; *let her* ~ उसकी गति^F धीमी मत करो, तेजी^Fसे जाने दो; *don't* ~*-up old sores* गड़े मुर्दे मत उखाड़।

rip⁴ n. विपाटन, विच्छेद, चीर-फाड़^F।

riparial राइपेअॅ'रिॲल् a. तट-स्वामी-विषयक, तटके मालिकसे सम्बन्धित।

riparian¹ –ॲन् n. तट-स्वामी, नदीतीरवासी व्यक्ति, नदी^Fतटका मालिक।

riparian² a. (राज०, यंत्र०) **तटीय, तटवर्ती** (~ *state*); नदीतटीय, नदीतीर-सम्बन्धी, नदी-किनारेका (~ *forest, nights*)।

ripe¹ राइप्' v.t. & i. (विशे० का०) विकसित करना या होना, पकना या पकाना।

ripe² a. पक्व, परिपक्व, प्रौढ़, परिणत, पका (~ *crops, fruit*); पूर्ण, विकसित, पूरा; मधुर, कोमल; योग्य, समर्थ, सम्पन्न, सर्वांगसुन्दर; उद्यत, सज्जित, सन्नद्ध, प्रस्तुत, तैयार; ~ age बुढ़ापा; ~ lips बिम्बाधर, लाल होंठ; *soon* ~ *soon rotten* जल्दी पका, जल्दी सड़ा।

ripen –'पॅन् v.t. & i. पक्व होना, परिपक्व होना, परिणत होना, पूर्ण होना, विकसित होना, पकना, पकाना; सर्वांग-सुन्दर बनाना, व्यवहारोपयोगी बनाना।

ripened –ड् a. पक्व, पका हुआ।

ripeness –प्'निस् n. प्रौढ़ता^F, पूर्णता^F, परिपाक, पक्वता^F, परिपक्वता^F, पक्वावस्था^F, पकापन।

ripening –पॅनिंग् n. (कृषि०, चि०) **परिपाक**, (~ *stage*), **परिपक्व होना, पकना**, a. (कृषि०) परिपक्व।

R.I.P.H. Royal Institute of Public Health.

R.I.P.H.H. Royal Institute of Public Health & Hygiene.

ripole ⊙ रिपोल् n. **ऊर्मिका**^F।

riposte¹ रिपोस्ट् n. प्रतिघात, प्रत्याक्रमण, प्रतिप्रहार, पलटा, जवाबी चोट^F; प्रतिकार, बदला।

riposte² v. i. प्रत्याक्रमण करना, बदलेमें प्रहार करना, जवाबी वार करना।

ripper रि'पॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) चीरनेवाला, फाड़नेवाला; (छप्पर, खपरैल^F आदिको) उखाड़नेका यन्त्र; (यंत्र०) **काँटी**^F, **T.**; एक प्रकारका आरा; (ग्रा०) प्रथम श्रेणी^Fकी वस्तु^F या व्यक्ति।

ripping रि'पिंग् a. प्रथम श्रेणी^Fका, बढ़िया, सुन्दर, अव्वल दर्जेका।

ripple¹ रि'पॅल् n. सनी^Fके बीज साफ करनेका कंघा।

ripple² v.t. (कंघेसे सनी^Fके बीज) साफ करना।

ripple³ n. ऊर्मिका^F, ऊर्मि^F, (विद्यु०, ग०) **वीचि**^F, (भौ०) **तरंग**^F (~ *mark*), लहरी^F, क्षुद्र तरंग^F, हिल्लोल^F, हिलकोरा, हिलोर^F, छोटी लहर^F; **गुगानी**^F, (बालों या फीतोंका) लहरियापन; ध्वनि-तरंग, लहरदार हल्की आवाज^F (~ *of conversation*)।

ripple⁴ v. i. & t. तरंगायित करना या होना, हिल्लोलित करना, हिलोर पैदा करना, लहरियाँ^F बनाना, लहराना, हिलोर उठना; कल-कल ध्वनि^F करना।

rippler रिप्'लॅर् n. झुर्रियाँ^F बनानेवाला व्यक्ति या यन्त्र।

ripplet रिप्'लिट् n. लघु तरंग^F, छोटी-से-छोटी लहर^F।

rippling –लिंग् १. n. RILPLE³; २. a. तरंगाकुल, क्षुब्ध।

ripply –लि a. तरंगायित, ऊर्मिल, ऊर्मिपूर्ण, लहरीला, लहरदार।

riprap रिप्'रैप् n. (जलमें) प्रस्तराधार, पत्थरकी नींव^F; (कृषि०) **धरुण-भराव**।

ripsaw रिप्'सॉ n. आड़ी आरी^F।

Ripuarian रिप्यूअॅ'रिॲन् a. म्यूज और मोसेलके बीच राइनके तटपर फ्रैंक जाति^Fके रहनेवाले।

Rip van Winkle रिप् वैन् विन्'कॅल् n. अति प्राचीन विचारोंवाला व्यक्ति, दकियानूसी आदमी, पुरानी जानकारीवाला, पुराने ढर्रेका आदमी।

risaldar रिसालदार n. रिसालदार।

rise¹ राईज़' n. **उदय** (*at* ~ *of day*); उद्रोह, आरोहण, चढ़ाव, **चढ़ाई**^F, पहाड़ी, टीला, ऊँचाई^F (*chapel stands on a* ~); उत्प्लवन, उछाल^F; उत्कर्ष, **उदय**, उत्थान, उन्नति^F, वृद्धि^F, बलवृद्धि^F, शक्तिवृद्धि^F, पदोन्नति^F, मूल्यवृद्धि^F, वेतनवृद्धि^F; मूल, स्रोत, उद्गम, उत्पत्तिस्थान; प्रक्रम, आरम्भ, **उठान**^F; (मछली^Fका तलपर) आना, उठना; *give* ~ *to* कारण होना।

rise² v.i. & t. (*rose, risen*) उद्रोहित होना, उत्थित

होना, उठना, उठ बैठना, खड़ा होना, बिस्तर छोड़ना, सोकर उठना; सीधा खड़ा होना; सीधा होना; पुनः जीवन प्राप्त करना, जी उठना; आधिपत्य न मानना, विद्रोह करना, राजद्रोह करना, विप्लव करना, सिर उठाना, बगावत^F करना; ऊर्ध्वोत्थित होना, ऊँचा उठना, ऊपर उठना, उदय होना, चढ़ना, निकलना; ऊपरकी ओर बढ़ना; प्रगतिशील होना, प्रगति^F करना, उन्नति^F करना; फूल जाना; तेजी^F पैदा करना, जोर बढ़ाना; दृष्टिगत होना, दृष्टिगोचर होना, दिखाई पड़ना, नजर^F में आना; शक्ति^F उत्पन्न करना, सामर्थ्य जगाना, हिम्मत^F जगाना; उत्पन्न होना, जन्म लेना, होना, आरम्भ होना, शुरू होना (*river ~s from a spring*), मूलस्रोत होना, निकलना, फूटना, बहने लगना; उठना, उठ खड़ा होना; उठाना, चढ़ाना, ऊँचा करना, *gorge ~s* क्रोध आता है, खून खौलता है; *~ to the occasion* समयपर अपना गुण दिखाना; *spirits ~* और अधिक प्रसन्न होना, तबियत^F खुश होना; *stomach ~s* घृणा^F होती है, घिन^F आती है, नफरत^F होती है।

risen –'ज़्‌न्‌ a. RISE का भू० कृ०।

riser –'ज़र्‌ n. उद्गतांश, सीढ़ियों^F को मिलानेवाला खड़ा भाग; (यंत्र०) खड़ा पट्टा; अड्डा; (रेल०) T.

risibility रिज़िबि'लिटि n. कौतुकावहता^F, हास्यजनकता^F, हास्योद्दीपकता^F, आनन्दजनकता^F, हँसनेकी प्रवृत्ति^F, हँसी^F।

risible –'ज़िबॅल्‌ a. कौतुकावह, हास्यजनक, हास्योद्दीपक, आनन्दजनक (*~ faculties*); (क०) उपहसनीय, हास्यकर, हास्यास्पद, हँसने योग्य; असंगत, बेढब, बेढंगा।

rising राइ'जिंग्‌ १. n. उद्रोह, उद्रोहण, आरोहण, चढ़ाई^F; उदय; उन्नति^F, उत्थान, विकास; दे० RISE¹; (*~-again* भी) पुनर्जीवन, समाधि^F से पुनः जीवित हो उठना, प्रजाक्षोभ, विद्रोह, विप्लव, बलवा, बगावत^F; फोड़ा-फुंसी^F; २. a. **आरोही**, उद्रोही, उन्नतिशील, उत्कर्षोन्मुख, उदीयमान, चढ़ता;

~ coast, ~ coast line, ~ main, ~ market, ~ sum.

risk¹ रिस्क्‌ n. विपदा^F, आपदा^F, क्षतिभय, हानिभय, भय, संकट, खतरा, (अर्थ०) **जोखिम**; दायित्व, जिम्मेदारी^F; *at owner's ~* स्वामीके दायित्वपर, मालिककी जिम्मेदारी^F पर; *run the ~s* जोखिममें पड़ना, खतरेमें पड़ना; take ~ s खतरा मोल लेना;

~-bearing, ~-note, ~ purchase, ~ sale, ~ taking.

risk² v.t. आपद्ग्रस्त करना, विपदा^F में डालना, विपन्न करना, खतरेमें डालना, जोखिममें डालना; साहसपूर्वक खतरेका सामना करना, खतरा सिरपर मोल लेना, जोखिम उठाना (*~ a battle*)।

riskful –'फुल्‌ a. विपदामय, आपदामय, संकटपूर्ण, खतरनाक, खतरेवाला, जोखिमवाला।

riskiness –'किनिस्‌ n. भयावहता^F, विपत्तिसंकुलता^F, संकटमयता^F, खतरा; अभद्रता^F, उजड्डपन।

riskless –क्‌'लिस्‌ a. क्षतिभय-मुक्त, खतरेसे खाली।

risky –'कि a. विपत्तिजनक, आपदामय, भयावह, क्षतिभयपूर्ण, विपत्तिसंकुल, खतरेवाला; आपत्तिजनक, अनुचित, अभद्रतापूर्ण।

risorgimento रीज़ार्जिमे'न्‌टो n. पुनर्जागरण, पुनरुत्थान।

risorial राइसाॅ'रिॲल्‌ a. हास-विषयक, हास-सम्बन्धी, हँसी^F का।

risorius –ॲस्‌ a. (चि०) **सृक्कापकर्षणी**।

risp रिस्प्‌ n. (आलू इत्यादिका) तना।

risque रिस्क्यू a. अश्लील, अभद्र, तुच्छ; अधम, हल्का; अमर्यादित, अवर, अश्रेष्ठ, उजड्डु, घटिया।

rissole रि'सोल्‌ n. मछली^F या गोश्तका तला हुआ कोफ्ता।

rite राइट्‌ n. कल्प, कृत्य, कर्मकाण्ड, धर्म-कर्म, (दर्श०) **धार्मिक कृत्य**, धार्मिक विधि^F, संस्कार, आचार, रीति^F, रस्म; durial *or* funeral ~s अन्त्येष्टि^F; conjugal *or* nuptial ~s सम्भोग संस्कार, सहवास संस्कार।

riteless –'लिस्‌ a. कर्मकाण्ड-मुक्त, संस्काररहित, रीतिहीन, बेरस्म।

ritornello रीटॉर्ने'लो n. आवृत्ति^F, पुनरावृत्ति^F, दुहराव, दोहार।

ritual¹ रि'ट्यूॲल्‌ n. (प्रायः pl.) (इति०) **कर्मकाण्ड**, कल्प, संस्कार, संस्कार-विधि^F, अनुष्ठानपद्धति^F; क्रियाशास्त्र, धार्मिक पूजा^F या कर्मकाण्डकी पुस्तक^F, प्रार्थना^F या सन्ध्या^F की पुस्तक^F; कर्मकाण्ड-सम्पादन, संस्कार-पालन।

ritual² a. शास्त्रोक्त, शास्त्रसिद्ध, वैधिक, आनुष्ठानिक, सांस्कारिक, संस्कारीय, संस्कार-सम्बन्धी, **कर्मकाण्डी**, कर्मकाण्ड-विषयक;

~ behaviour, ~ ceremony, ~ circle, ~ monument, ~ objects, ~ value.

ritualism –लिज़्म्‌ n. कर्मकाण्डवाद, संस्कार, धार्मिक-संस्कारानुराग; क्रियापद्धति^F, क्रियानुष्ठान।

ritualist –लिस्ट्‌ n. कर्मकाण्डवादी, **कर्मकाण्डी**, संस्कार-शास्त्री।

ritualistic –'टिक्‌ a. संस्कार-सम्बन्धी, आनुष्ठानिक; कर्मकाण्डवादी, कर्मकाण्डी^F का।

ritualize –ट्यूॲलाइज़्‌ v. i. & t. आनुष्ठानिक रूप देना, धार्मिक विधि^F या संस्कारका रूप देना।

rivage राइ'विज्‌ n. वेला^F, तट, तीर।

rival¹ राइ'वॅल्‌ n. स्पर्धी (*~ union*), संस्पर्धी, **प्रतिद्वन्द्वी**, प्रतिस्पर्धी, (*~ hypothesis*), विरोधी, प्रतियोगी, मुकाबला करनेवाला (*~ candidate*); *without a ~* अद्वितीय, अजातप्रतिद्वन्द्वी।

rival² v.t. & i. प्रतिद्वन्द्विता^F करना, प्रतिस्पर्द्धा^F करना, प्रतिपक्षता^F करना, मुकाबला करना, बराबरी^F करना, लाग डाँट^F रखना; प्रतिद्वन्द्वी होना, विरोधी होना।

rivalize –लाइज़्‌ v.t. प्रतिद्वन्द्विता^F करना, प्रतिपक्षिता^F

करना; प्रतिद्वंन्द्वी बनाना।

rivalry –ल्रि n. स्पर्धा^{F}, संस्पर्धा^{F}, प्रतिस्पर्धा^{F}, **प्रतिद्वन्द्विता**^{F}, प्रतिपक्षता^{F}, प्रतियोगिता^{F}, विरोध, वैर, मुकाबला।

rivalship –ल्‌-शिप n. प्रतिस्पर्धीभाव, प्रतियोगिता^{F}, प्रतिपक्षीभाव, प्रतिद्वन्द्विता^{F}, विरोधिता^{F}।

rive[1] राइव् n. चीर-फाड़^{F}।

rive[2] v.i. & t. (*rived, a. riven*) फूटना, फटना, टूटना; चीरना, फाड़ना, फोड़ना, तोड़ना।

rivelled ⊙ रि'वॅल्ड् a. ऊष्मा-संकोचित, गर्मी^{F}से सिकुड़ा हुआ।

riven रि'व्न् a. विश्लिष्ट, शकलित, खण्डित, विच्छिन्न, टुकड़े-टुकड़े।

river* रि'वॅर् n. तटिनी^{F}, प्रवाहिनी^{F}, निम्नगा^{F}, स्रोतस्विनी^{F}, **नदी**^{F}*, सरिता^{F}, दरिया; जीवन-सरिता^{F}, जीवन-प्रवाह; (गु० वा०) नदी^{F}का, नदी^{F}पर प्रयुक्त, नदी^{F}में पाया जानेवाला; ~-bed नदीगर्त, नदीपात्र, नदी^{F}का पाट; (प्रा०भू०) **नदी-तल;** ~ terrace **नदी वेदिका**^{F}, **नदी-तलवेदी**^{F}, नदी^{F}की सीढ़ीदार घाटी^{F}; *deep ~s move with silent majesty, shallow brooks are noisy* अधजल गगरी^{F} छलकत जाय, भरी गगरिया^{F} चुप्पे जाय; *~s of blood* अतिरक्तपात, खूनकी नदियाँ^{F};

~ bank, ~ basin, ~-bed cultivation, ~-bed level, ~-birch, ~-borne trade, ~ capture, ~ catchment, ~ channel, ~ course, ~-craft, ~ crossing, ~ diversion, ~ drift, ~ dues, ~ erosion, ~ fan, ~ fisheries, ~ flood, ~ gorge, ~ gradient, ~ grass, ~ gunboat, ~ head, ~ improvement, ~ island, ~ keeper, ~ navigation, ~ piracy, ~ pirate, ~ police, ~ pollution prevention, ~ port, ~ profile, ~ sand, ~ s conservancy, ~ settlement, ~ ~ side, ~ system, ~ tern, ~ ternlet, ~ terrace, ~ tortoise, ~ training, ~ transshipment point, ~-turtle, ~ valley, ~ valley project, ~ watcher, ~ water, ~ weed, ~ works.

riverain[1] –रेन् n. नदीतीरवासी, नदी-किनारे रहनेवाला व्यक्ति।

riverain[2] a. नदीय, नदीक्षेत्रीय, नदीतटीय, (यंत्र०) **तटीय, तटवर्ती**, तीरवर्ती, नदी^{F}का (~ *colonization, site*)।

rivered –ई् a. नदीयुक्त, नदीबहुल, नदीवाला।

riverine –राइन् a. तीरवर्ती; नदीतटीय, नदीतटीका, नदीपार्श्वस्थ, अनुनदीय, किनारेका (~ *fisheries*)।

riverless –ए्-लिस् a. सरिताशून्य, नदीरहित, बेदरिया।

rivet[1] रि'वि ट् n. लवंग, लवंगकील^F, **कीलक**, रिपट, रिपिट^F, कील^F, T.;

~ group, ~ head, ~ shank, ~ shear.

rivet[2] v.t. लवंगकीलित करना, दृढ़ करना, दृढ़बद्ध करना, रिपिट^F करना या लगाना, बोल्ट जोड़ना; कील^F ठोंकना; पक्का करना, जड़ना, मजबूत करना; कसके पकड़ लेना; (*upon* के साथ, नेत्र या ध्यान आदिको) केन्द्रित करना, एकाग्र करना, गाड़ना; जमाना; (ध्यान) आकर्षित करना, खींचना।

riveted –टि ड् a. लवंगित, लवंगकीलित, कीलित (~ *joint*)।

riveter –टॅर् n. दृढ़बद्ध करनेवाला, कील^F जोड़नेवाला, रिपट करनेवाला, **रिवेट लगानेवाला**, T.; रिपिट^F करनेकी मशीन^F; चित्तको एकाग्र करनेवाला।

riveting –टिंग् n. लवंगन, कीलन, रिपिट^F लगाना।

riviere रि'विअेअॅर्, रीव्येअॅर्' n. मणिमाला^{F}, रत्नमाला^{F}, मणियोंका हार।

rivulet रि'व्यूलिॅट् n. नदिका^{F}, **उपनदी**^{F}, क्षुद्र नदी^{F}, **अल्पनदी**^{F}, **अल्पस्रोत, नाला**; क्षुद्र प्रवाह, छोटी नदी^{F}; शलभ-विशेष, एक प्रकारका पतंगा।

rivulose रि'व्यूलोस् a. (वन०) **सरित रेखी**, वक्र-रेखांकित, लहरिया रेखाओं^{F}से युक्त।

rix-dollar रिक्स्-'डॉलर् n. १६ वीं–१७ वीं शती^{F}का एक सिक्का।

riziform ⊙ राइ'ज़िफ़ॉर्म् a. (चि०) तण्डुल-कणिकासम, शालिवत्, धान्यवत्, धान-जैसा, धानके दाने-जैसा।

rizzared रि'ज़र्ड् a. लवणयुक्त तथा धूप^{F}में सुखाया हुआ।

R.K. Record Keeper.

R.L. Reduced Level.

R.L.S. Robert Louis Stevenson.

R.L.W.A. Application for assignment of Registered Laden Weight.

Rly. rly. railway.

R.M. Royal Mail; Royal Marines, Resident Magistrate; Riding Master, Raw Materials; Reference Mark; Registration Moharrir (clerk).

r.m. ream.

R.M.A. Royal Military Academy; Royal Marine Artillery.

R.M.C. Royal Military College.

R.M.L.I. Royal Marine Light Infantry.

R.M.L.O. Rice Mills Licensing Order.

R.M.O. Resident Medical Officer; Revenue Money Order.

R.M.S. Railway Mail Service; Royal Mail Steamer; Royal Microscopical Society.

R.N. Royal Navy.

Rn Randon.

R.N.A.S. Royal Naval Air Service.

R.N.R. Royal Naval Reserve.

R.N.S. Royal Numismatic Society.

R.N.V.R. Royal Naval Volunteer Reserve.

R.N.Z.A.F. Royal New Zealand Air Force.

R.N.Z.N. Royal New Zealand Navy.

R.O. Range Officer; Rationing Officer; Recruiting Office (r); Regional Office (r); Registering Officer; Release Orders; Relieving, Officer; Royal Observatory.

r.o. *recto*, right-hand page.

roach¹ रोच्' n. हरिचन्द्रा^F, (*carp* जाति^F की, पोखरोंमें पलनेवाली, मछली^F से मिलती-जुलती मीठे पानीकी छोटी मछली^F); ~-backed उन्नत-पृष्ठभाग-युक्त, उभरी हुई पीठवाला; *sound as a* ~ अस्वस्थ।

roach² n. (नौवि०; वर्गाकार पालके निचले भागमें ऊपरकी ओरको जानेवाली) वक्रता^F, मोड़।

road¹* रोड' n. (प्रायः pl.; ~ *stead* भी) लंगर-स्थान, लंगरगाह; रथ्या^F, राजमार्ग, जनपथ, मार्ग, **सड़क**^F*, रास्ता, रोड; पद्धति^F, उपाय, ढंग, तरीका; ~ hog बेधड़क मोटर^F चलानेवाला, लापरवाही^F से साइकिल^F चलानेवाला; ~ house धर्मशाला^F; पान्थशाला^F, सराय^F; ~man सड़क^F की मरम्मत^F करनेवाला; ~ metal सड़क^F की गिट्टी^F; ~-sense **सड़क-ज्ञान**, (सड़क^F परका) चालनचातुर्य, (सड़क^F पर सवारी^F चलानेकी होशियारी^F); ~side मार्ग-पार्श्व, **सड़क^F की पटरी^F या किनारा**; सड़क^F का किनारा; ~ stead (नौवि०) **पोताश्रय, चिखिल बन्दरगाह**; ~ way, मार्ग, मार्गपथ, **सड़कमार्ग**, सड़क^F; ~ ways रथ्यायान, मोटरगाड़ियाँ^F; *in the* ~ किसीके काममें बाधा^F डालते हुए, रास्तेमें रोड़े डालते हुए; *royal* ~ *to* सरल उपाय, सीधा मार्ग, आसान ढंग; *take the* ~ (यात्रा^F के लिए) प्रस्थान करना, चल देना, रास्ता पकड़ना;

~ alignment, ~ ballast, ~ bed, ~ block, ~-book, ~-borne, ~-bound, ~ cess, ~ classification, ~ closed, ~ construction, ~ corner, ~-craft, ~-crossing, ~ decking, ~ design, ~ etiquette, ~ expedient, ~fund, ~ gradient, ~ heater, ~ inspector, ~ journey allowance, ~ junction, ~ labourer, ~ land, ~ maintenance ~ making, ~ map, ~ material, ~-mending, ~ metalling, ~ mileage allowance, ~net, ~network, ~ nil, ~ oil, ~ patrol, ~ plant, ~ register, ~ roller, ~ roller driver, ~ roller mechanic, ~ rolling, ~-scraper, ~s division, ~ service, ~ sheet, ~ shocks, ~ side, ~ sign, ~ springs, ~ stone, ~-surface, ~-surveyor, ~ system, ~ tar, ~ toll, ~ transport, ~ tunnel, ~ wheels, ~ worthiness, ~ year.

road² v.t. (कुत्तेका घ्राण-शक्ति^F द्वारा) अनुगमन करना, पीछा करना।

roadability –बि'लिटि n. (मोटर^F की) राजपथ-योग्यता^F, राजमार्ग-प्रयोज्यता^F, सड़क^F पर चलनेकी अवस्था^F।

roaded –'डिड् a. मार्गयुक्त, सड़कदार।

roadless –ड्'लिस् a. मार्गशून्य, मार्गरहित, बेसड़क।

roadster रोड्'स्टर् n. (लंगरगाहमें) लंगरपर खड़ा हुआ जहाज; (सड़कों^F पर चलनेका) वाहन, यान, गाड़ी^F, सवारी^F; सिद्ध यात्री, अनुभव प्राप्त मुसाफिर।

roam¹ रोम्' n. (क्व०) भ्रमण, संचरण, सैर^F, सफर^F।

roam² v.i. & t. इतस्ततः भ्रमण करना, संचरण करना, निरुद्देश्य घूमना, डोलना, रमते फिरना, आवारा फिरना; मारे-मारे फिरना, भटकते फिरना।

roamer –'मर् n. निरुद्देश्य-पर्यटक, भ्रमणकारी, भटकनेवाला, घुमक्कड़।

roaming –मिंग् १. n. भ्रमण, पर्यटन; २. a. भ्रमणकारी, पर्यटक, घूमता हुआ (~ *ambassador*)।

roan¹ रोन्' n. (जिल्द^F बाँधनेमें प्रयुक्त) भेड़^F का नर्म चमड़ा।

roan² n. शबल अश्व, चित्रघोटक, चितकबरा घोड़ा; विचित्र वर्ण, अद्भुत रंग।

roan³ a. (पशु आदि) शबल, चित्र-विचित्र, चितकबरा, चित्तीदार।

roar¹ रोअर्' n. सिंह-गर्जन, दहाड़^F, गुर्राहट^F, गूँज^F, चिंघाड़^F; (व्यक्ति या समुदायका) चीत्कार, चिल्लाहट^F; ठट्ठा, ठहाका; कड़क^F; भभक^F, धड़ाका-जन्य शब्द।

roar² v.i. & t. गर्जन करना, गरजना, हुंकार भरना, दहाड़ना, चिंघाड़ना, गुर्राना; चीत्कार करना, चीखना; (क्रोधमें), चिल्लाना; (हँसी^F में) ठट्ठा मारकर हँसना; (बिजली^F का) कड़कना; (तोप^F का) धड़ाका होना; (भट्ठेका) भभकना; (घोड़े आदिका) फूत्कार करना, फुफकारना, साँस^F लेनेमें खुर्र-खुर्र करना; (स्थानका) कोलाहलमय होना, शोरगुलसे गूँज^F उठना; तारस्वरेण शब्दोच्चारण करना; ऊँचे स्वरमें गाना; गर्जन करके छा जाना, चिल्लाकर दबा देना।

roarer –रर n. चिल्लानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; खुर्र-खुर्र करनेवाला घोड़ा।

roaring¹ –रिंग् n. घोड़ेकी खुर्र-खुर्र; गर्जना^F, गुर्राहट^F, दहाड़^F; घनरव, गड़गड़ाहट^F, निर्घोष, नाद।

roaring² a. **आक्रोशी**, (~ *fortis*), कोलाहलकारी, उपद्रवी, ऊधमी, झगड़ालू, दहाड़ने या गुर्रानेवाला; स्फूर्तिवान्, फुर्तीला, तेज; कोलाहलमय, होहल्लेवाला; वर्धमान, विकासशील, उन्नतिशील, बढ़ता हुआ; ~blade (प्रा०) दुश्चरित्र व्यक्ति, अल्पकालमें स्वशक्ति क्षीण करनेवाला व्यक्ति।

roast¹ रोस्ट्' n. भुना हुआ मांस, कबाब; (रसा०) **भर्जन**, भूननेकी क्रिया^F।

roast² v.t. & i. विभर्जित करना, **भूनना**, सेंकना, कबाब बनाना; (धातु^F को) तपाना, गरमाना, जलाना;

(स्वयं) झुलस जाना; चुटकियाँ^{F} लेना, बुद्धू बनाना, मजाक उड़ाना; भुनना, तपना, झुलसना, मजाक सहना।

roasted –'टि॑ड् a. उत्तप्त, अतितप्त, भृष्ट, भूना हुआ (~ *coffee*)।

roaster –टॅर् n. भर्जक, भूननेवाला, तपानेवाला; भ्राष्ट्री, भट्ठी^{F}, तन्दूर; (रसा०) **भर्जित्र**; (कहवेके बीजोंको) भूननेका बर्तन; भूनने योग्य सुअर या आलू।

roasting टिंग् n. विभर्जन, (रसा०) **भर्जनक्रिया**^{F}, भ्राष्ट्रभर्जन, भर्जन, **भूनना; सेंकना;** ~ furnace (रसा०) भर्जित्रभ्राष्ट्र^F, **भर्जन भट्ठी**^{F}, **भूननेवाली भट्ठी**^{F}, भूननेकी भट्ठी^{F}।

rob^1 रॉब् n. मुरब्बा, पाग (शहतूत-रसका); (चि०) शहद या शर्करा^{F}के साथ मिलाया हुआ पक्व फलोंका रस।

rob^2 v.t. लुण्ठन करना, बलात् हरण करना, बलपूर्वक अपहरण करना, लूट लेना, (का०) **लूटना**, डाका डालना, छीनना; वंचित रखना, पाने न देना: *to ~ Peter to pay Paul* गाय^F मारकर जूता दान।

roband रॉबॅन्ड् n. = ROBBIN.

robber –बॅर् n. अवस्कन्दक, दस्यु, लुण्ठक, (का०) **लुटेरा**, डाकू, बटमार।

robbery –रि n. अवस्कन्दन, दस्युवृत्ति^{F}, लुण्ठकता^{F}, अपहरण, अपहार, लुण्ठन, बटमारी^{F}, डाका, (का०) **लूट**^{F}।

robbin –बिन् n. (नौवि०) पाल-रज्जु, पालकी रस्सी^{F}।

robe^1 रोब् n. परिच्छद, वस्त्र, पोशाक^F, राजपोशाक^F, गाउन, लबादा, अँगरखा, चोगा; ऊपरका कोट, ओवरकोट; बच्चेका झँगुला; *gentlemen of the ~* वकील; *the long ~* लम्बा परिच्छद, लम्बा चोगा (विशे० पादरियों या वकीलोंका)।

robe^2 v.t. & i. परिच्छद पहनाना, पोशाक^F पहनाना; परिच्छद पहनना, पोशाक^F पहनना, वस्त्राच्छादित करना या होना, वर्दी^{F} पहनना।

Robert रॉबॅर्ट् n. पुलिस सिपाही।

robin⊙, **Robin**⊙ रॉबिन्, रॉबिन् rn. (~ *redbreast* भी) क्षुद्र गायक पक्षि-विशेष, एक लाल चिड़िया^{F}, रोबिन; ~ flower रक्त कषायमूल; R~ Goodfellow रंगकारी भूत-विशेष, चंचल प्रेत, चालाक भूत; R~ Hood (विख्यात मध्ययुगीन दस्यु) रोबिन-हुड;

~ hedge-sparrow, ~-in-the-hedge, ~-redbreast, ~ redshanks, ~'s eggblue, ~'s eye.

roborant^1 रोबॅरॅन्ट् n. वाजीकरण, शक्तिदायक ओषधि^{F}, शक्तिवर्द्धक दवा^{F}, टानिक।

roborant^2 a. शक्तिदायक, शक्तिवर्द्धक।

robot –बॉट् n. यन्त्रमानव, मानवाकार स्वयंचालित यन्त्र, मनुष्यवत् कर्मचारी यन्त्र, यन्त्रवत् व्यक्ति, मशीन-जैसा आदमी; स्वयंचालित यातायात-संकेत; गुंजप्रस्फोट, उड़ता हुआ बमगोला।

robotization रॉबॅटाइजे॑शॅन् n. यन्त्रीयन, यन्त्रीकरण, मशीन^F बना देना; यन्त्रीयित व्यवहार, यन्त्रीकृत व्यवहार, मशीन-जैसा कामकाज।

robotize –बॅटाइज् v.t. यन्त्रीयित करना, यन्त्रीकृत करना, मशीन^F बना देना।

roburite रोबॅराइट् n. बलस्फोटक।

robust रॅबस्ट् a. सतेज, तेजवान्; मांसल, दृढ़ांग, दृढ़, बलवान्, हट्टाकट्टा, तगड़ा; (शरीर) सुगठित, गठीला; शक्तिपूर्ण, बलपूर्ण, बली, ताकतवर; (बुद्धि^{F} या समझ^F) सहज, सरल, सच्ची, खरी।

robustious –टिॲस् a. उद्दण्ड, उपद्रवी, ऊधमी, भड़भड़िया, झगड़ालू।

robustness –ट्निॅस n. दृढ़ता^{F}, दृढ़ांगता^{F}, मांसलता^{F}, बलशालिता^{F}, हृष्टपुष्टता^{F}, मजबूती^{F}, ताकत^F, तगड़ापन; सरलता^{F}, सहजता^{F}, स्पष्टवादिता^{F}, खरापन।

roc रॉक् n. (अलिफ लैला^{F}की कहानियों^{F}में वर्णित) रुख, विशालकाय पक्षी-विशेष।

R.O.C. Royal observer Corps.

rochet रॉकिॅट् n. लबादा, चोगा, कफनी^{F}।

rock^1 रॉक् n. (भूमि^{F}के नीचेका) ठोस भाग, कड़ी भूमि^{F}; (रसा०, प्रा० भू०) **शैल**, पर्वत, पहाड़; मिट्टी^{F}का टीला, समुद्री टीला; पाषाण, पत्थर, शिला^{F}, (रसा०, प्रा०भू०) **चट्टान**^{F}; आश्रय, रक्षासाधन; संवात, शक्ति^{F}, बल; एक प्रकारकी कड़ी मिठाई^F; पहाड़ी कबूतर; ~ born (इति०) **शैलज**; ~-bottom चट्टानी तल; (बोल०) निम्नतम, बहुत ही कम; ~-cake पत्थर फोड़नेवाली मशीन^F; ~-crystal शैल स्फ़र, (रसा०) शैलमणिभ, शिलामणिभ, (रसा०) **बिल्लौर**, पत्थरी बिल्लौर; **स्फटिक, क्वाट्ज़;** ~ dove गिरिकपोत, पहाड़ी पेंडुकी^{F}; ~-garden पथरीला चबूतरा, चट्टानी टीला (जिसकी दरारों^{F}में चट्टानी पौधे उगाये जाते हैं); बाग (जिसमें कृत्रिम रूपसे पथरीले टीले बनाये जाते हैं); R~ of ages यीशू; ~-oil खनिज तैल, मिट्टी^{F}का तेल; ~-pigeon नीलकपोत, गिरिकपोत, पहाड़ी कबूतर; ~-rabbit गिरिशशक, पहाड़ी खरगोश; ~-salt शैललवण, खनिजलवण, (प्रा० भू०) **सैन्धव, खनिज नमक,** पहाड़ी नमक, लाहौरी नमक; (कृषि०) **सेंधा नमक;** ~ tar मिट्टी^{F}का तेल; पेट्रोल; the R~ जिब्राल्टर; *on the ~s* असावधान, पैसेसे खाली, टोटेमें;

~ ablation, ~-alum, ~ architecture, ~ arrangement, ~ asphalt, ~ barnacle, ~-based, ~ bashion, ~ basin, ~-bed, ~-boring, ~-bound, ~ brake, ~-built, ~ bushquail, ~-cleft, ~ climber, ~ couloir, ~ cress, ~ crevice, ~ crystal, ~-cut, ~ cut cave, ~-cut temple, ~ drill, ~ dwelling, ~-fall, ~ fish, ~ flour, ~ form, ~ formation, ~ forming, ~ fracture, ~ fragment, ~-free, ~ glacier, ~-goat, ~ grain, ~-hearted, ~-hewn, ~ hopper, ~ ~ inscription, ~ jasmine, ~ joint, ~-lark, ~ lobster, ~ mass, ~ meal, ~ melon, ~

milk, ~ minerals, ~ oil, ~ outcrops, ~ painting, ~ phosphate, ~-pipe, ~ pipit, ~-plant, ~ pool, ~ rib, ~-ribbed, ~ roofing, ~ scarlet, ~ shaft, ~ shelter, ~ slide, ~ snake, ~ soil, ~ sparrow, ~ stratum, ~-strewn, ~ structure, ~ surface, ~ system, ~ temple, ~ thrush, ~-torn, ~ tripe, ~ type, ~ waste, ~-water, ~ weathering, ~ weed, ~-wood.

rock[2] n. (इति०) तकुआ, बड़ी तकली[F] या तकला।

rock[3] n. झूलना, हिलना, डोलना, झोंक, झोंका।

rock[4] v.t. & i. कम्पित होना, विकम्पित होना, इधर-उधर हिलना, हिलाना, झोंका देना या खाना, डोलना या डुलाना, झूलना, झुलाना (~ *him to sleep*); घूमना या घुमाना, चक्कर खाना या देना।

rockaway रॉक्'वे n. ⊙ एक चौपहिया गाड़ी[F]।

rocker रॉ'कॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) (रसा०) **दोलक**, झुलानेवाला, हिलानेवाला, डुलानेवाला; हिंडोला, पालना; (सोनेकी खानवालोंका) झूलन छाज; मुड़ा हुआ स्केट; *off* one's ~ उद्भ्रान्त, सनकी, झक्की;

~ arm, ~ bearing, ~ bottom, ~ pattern.

rockery रॉ'कॅरि n. (कृषि०) **शैल-उद्यान**, कृत्रिम शिलामाला[F], बनावटी चट्टानों[F]की श्रेणी[F], पत्थरोंका बनावटी ढेर।

rocket[1] रॉ'किट् n. (सलाद[F]में प्रयुक्त) तन्तुभ, सलाद[F]का एक पौधा, कलगा, (कृषि०) **तारामीरा**।

rocket[2] n. प्रोल्का, अग्निबाण, हवाई बान, **राकेट**;

~ apparatus, ~ arm, ~ bomb, ~ gun, ~ launcher, ~ trail.

rocket[3] v.t. & i. राकेटोंकी बमबारी[F] करना, हवाइयों[F]-की बौछार[F] करना; (घोड़े या सवारका हवाई[F]की भाँति) ऊपरको तेजी[F]से बढ़ना, तीरकी तरह ऊपर चढ़ना; (तीरका) तेजी[F]से सीधा और ऊँचा उड़ जाना।

rocketer –टॅर् n. तेजी[F]से ऊपर उड़नेवाला तीर।

rocketting–टिंग् a. (ला०) गगनचुम्बी (~ *prices*)।

rockiness रॉ'किनिॅस n. पाषाणहृदयता[F], निर्ममता[F], कठोरता[F]; दृढ़ता[F], अडिगता[F]; पथरीलापन, ठोसपन।

rocking रॉ'किंग् १. n. दोलन, झूलना; २. a. दोली, झूलनेवाला (~ *chair*)।

rockless रॉक्'लिॅस् a. शिलाशून्य, चट्टानरहित।

rocklet–लिॅट् n. क्षुद्र शिला[F], पाषाण, छोटी-सी चट्टान[F]।

rocklike –लाइक् a. शिलावत्, शिलासंकाश, शिलासदृश, चट्टानों[F]की भाँति, पथरीला, कड़ा।

rockling –लिंग् n. एक मछली[F]।

rocky रॉ'कि a. (प्रा०भू०) **शैल-**, **शैलमय**(~*barrier*, ~ *soil*) शिलापूर्ण, पहाड़ी, चट्टानी, चट्टानों[F]से भरा, पथरीला; (चट्टान[F]की भाँति) निर्मम, कठोर, दृढ़, अडिग, कड़ा, ठोस; (क०) अस्थिर, हिलता-डुलता; ~ mountain fever (चि०) शैलपर्वतज ज्वर; the R~ ies राकी शैलमालाएँ[F] (उत्तरी अमरीकामें)।

rococo[1] रॅकों'को n. कला[F]की अलंकृत शैली[F]।

rococo[2] a. अत्यलंकृत, भड़कीला, चमकीला; अप्रचलित, पुरानी चाल[F]का।

rod* रॉड् n. (रसा०) **शलाका**[F]; बेत्र, बेंत, (स्थिति०, रसा०) **दण्ड**, यष्टि[F], **छड़**[F]*, छड़ी[F]; शासनदण्ड, प्रभुता-चिह्न; प्रभुत्व; दण्ड, शासन, सजा[F]; उत्पीड़न, अत्याचार; अनाचार; अन्वय, जाति[F], वंश; मछली[F]की बंसी[F]; (श० र० शा०) डण्डेके आकारका ढाँचा; ~ and line (जीव०) **बंसी**[F], **छिप**[F]; *have a ~ in pickle for* दण्ड देनेके लिए तुला रहना, मौकेकी घात[F]में रहना, *spare the ~ and spoil the child* बच्चेको मारो नहीं तो बिगड़ जायगा;

~ cell, ~ fishing, ~-like, ~ mill, ~ proof, ~ thinning.

rodding –डिंग् n. दण्ड, दण्ड-समूह, डण्डे।

rode[1] रोड्' RIDE का भू० कृ०।

rode[2] v. i. सान्ध्य-विचरण, (सन्ध्याकालमें) उड़ना।

rodent[1] रो'डॅन्ट् n. तीक्ष्णदन्त जन्तु, (चि०) **कृन्तक**, (जीव०) **कृन्तक प्राणी**, कर्तक जन्तु, कुतरनेवाला जन्तु; मूषक, मूस; T.; ~ measure (चि०) **कृन्तकरोधी उपाय**।

rodent[2] a. चर्वणकारी, कर्तनकारी, कुतरनेवाला, कृन्तक, मांसक्षय करनेवाला, काटनेवाला; ~ *ulcer* (चि०) सर्वकृन्तक व्रण, अस्थिमांसादि सर्व ऊतकोंको कुतरनेवाला क्षत।

rodential रॅडें'न्'शल् a. कृन्तक, कुतरनेवाला; मूसका।

rodenticide ⊙–टिसाइड् n. कृन्तकहत्या[F], **मूषकघात**; कृन्तघ्न, कृन्तकघ्नो, (चि०) **कृन्तकनाशी**, मूसमार।

rodeo रोडे'ओ n. (पश्चिमी अमरीकामें **चरागाहोंमें** दागनेके लिए पशुओंका) वृन्द, पशुसमूह, हँकाव, घिराव; गोष्ठ, एकत्र करनेका बाड़ा; ग्वालोंके चातुर्यकी **प्रदर्शनी**[F]; (परिवर्तित) मोटरसाइकिल[F]के खेलोंका प्रदर्शन।

rodomontade[1] रॉडॉमॅन्टेड्' n. उद्धत वचन, दम्भपूर्ण कथन, गर्वोक्ति[F], डींग[F], शेखी[F], बेतुकी बात[F]।

rodomontade[2] v.t. गर्वोक्ति[F] करना, डींग[F] मारना, दूर[F]की हाँकना, लम्बी-चौड़ी बातें[F] करना, शेखी[F] बघारना, बेतुकी हाँकना।

rodomontade[3] a. गर्वोक्तिपूर्ण, दम्भमय, **डींगभरा**, शेखीभरा।

rodomontader –डॅर् n. दम्भी, घमण्डी, **डींग** हाँकनेवाला, शेखीबाज।

rodster रॉड्'स्टॅर् n. मत्स्याखेटक, मछुआ, **मछेरा**।

roe[1] रो' n. (collect. sing. या pl. के लिए) मृगी[F], हरिणी[F], लाल हिरनी[F], चिकारा, (छोटी जाति[F]का एशियाई या यूरोपीय हरिण)।

roe[2] n. मत्स्याण्ड, मीनगर्भ, मत्स्यशुक्र (मछली[F]के अण्डाशयमें) अण्डोंका गुच्छा; ~-stone दानेदार चूना-पत्थर।

roebuck –बक् n. मृग, हरिण।

roed –ड' a. मत्स्याण्डयुक्त, मत्स्यशुक्रयुक्त।

Roffen. *roffensis*, of Rochester.

rogation रॉगे'शॅन् n. (प्रायः pl.) प्रार्थना^F; (रोम० पुरातत्त्व; न्यायमण्डल द्वारा जनता^Fके प्रस्तावित) विधान, विधि^F, कानून ।

rogational –नॅल् a. प्रार्थना-विषयक, विक्रयपूर्ण ।

rogue रोग्' n. दुरात्मा, प्रतारक, कितव, धूर्त, दुर्जन, शठ, खल, लम्पट, वंचक, कूटकार, ठग, पाजी, लुच्चा, लफंगा, बदमाश, आवारा; चंचल बालिका, नटखट बालक; वन्य पशु, आवारा जानवर (~ *elephant*); (कृषि०) **कण्टक, कुतृण**; (नये अंकुरोंके बीचका) हीनांश, बेकार पौधा; शिकारका अड़ियल घोड़ा ।

roguery –गॅरि n. कैतव, प्रतारकता^F, शठता^F, दौर्जन्य, वंचकता^F, दुर्जनता^F, लम्पटता^F, धूर्तता^F, चालबाजी^F, शरारत^F; आवारागर्दी^F; लुच्चापन, बदमाशी^F ।

roguing –गिंग् n. (वन०) **निष्कासन**; (कृषि०) **निष्कण्टक करना**; (कृषिवि०) हीनापनयन, (बड़े पौधों द्वारा छोटोंका दबा दिया जाना) ।

roguish a. कितव, वंचक, प्रतारक, धूर्त, शठ, बदमाश, आवारा, गुण्डा ।

roguishness निॅस् n. कैतव, प्रतारकता^F, वंचकता^F, शठता^F, धूर्तता^F, गुण्डापन, बदमाशी^F, चालबाजी^F; नटखटपन, मसखरापन ।

roi (F) n. सम्राट्, महाराज ।

roil रॉइॅल्' v.t. उत्तेजित करना, क्रोधित करना, गुस्सा दिलाना, ताव दिलाना, चिट्टा भरना, हुलकारना; मलिन करना, गन्दा कर देना, गँदला कर देना ।

roinek, rooi-, (S. Afri. Du.) n. नवागन्तुक, प्रवासी ।

roister[1] राइॅस्'टॅर् n. दम्भकारी, शेखीबाज; गर्जन-तर्जनकारी, कलहप्रिय, बड़बड़िया, हल्लागुल्ला करनेवाला ।

roister[2] v.t. कोलाहलपूर्ण पानोत्सव मनाना, रँगरेलियाँ^F मनाना, ठट्ठा करना, हल्लागुल्ला करना ।

roisterer –टॅर् n. = ROISTER[1] ।

roistering –रिंग् n. दम्भकरण, गर्जन-तर्जन; हल्लागुल्ला, आमोद-प्रमोद, धमाचौकड़ी^F, रँगरेलियाँ^F, ठहाका, जोरकी हँसी^F ।

rokelay रोक्'ले n. (१९वीं शती^Fका) महिला-वस्त्र, जनाना-लबादा ।

roker ⊙रॉ'कॅर् n. उल्टे काँटोंवाली मछली^F ।

role रोल्' n. भूमिका^F, अभिनेय अंश, भाग, कार्यभाग, पार्ट; योगदान; गृहीत कार्य, महत् कार्य, कृत्य, कर्त्तव्य ।

roll[1] रोल्' n. (स्तम्भपर) कुण्डल, कुण्डलाकृति^F; प्रलेख, दस्तावेज; **पंजी**^F, नामावली^F, सूची^F, तालिका^F, (शिक्षा०) **रजिस्टर**, पुस्तो^F, बही^F, खर्रा, फिहरिस्त^F; उपस्थितिपंजी^F, उपस्थिति-रजिस्टर, हाजिरी-रजिस्टर; **फ़र्द**; (किसी वस्तु^Fका) बेलनाकार अथवा अर्धबेलनाकार भाग; पिण्ड, **गोला**, वट्टी^F, टिकिया^F (*a ~ of butter, soap, tobacco*); (किसी वस्तु^Fका) मुड़ा हुआ किनारा (जैसे कोटका कालर); बेलनाकार औजार, (स्था०) **बेल्लन**, बेलन, रोलर; ~-call (शिक्षा०) **उपस्थिति**^F, **हाजिरी**^F; ~ back (अर्थ०) **कीमत अवधारण**; ~ cap (यंत्र०) **गोला टोपी**^F; ~ cornice (इति०) **कुंडलित कार्निस**; ~ cumulus **वर्त्तुलपक्षाभ मेघ**; ~ number अनुक्रमांक; **क्रमांक**, T.; *strike off the* ~ नाम काट देना;

~ crusher, ~ film, ~ grinder, ~ sulphur.

roll[2]* v.t. & i. वेल्लित होना, आन्दोलित होना, संचालित होना, इतस्ततः चालित होना, दोलायित होना, झूमते चलना, **डगमगाना**, डाँवाँडोल होना, लुढ़कना*, लुढ़काना*, ढुलकाना, लुढ़की^F खाना या खिलाना; भटकाना, फिराना; (कीचड़, बालू^F आदिमें) लोटना, लोट^F लगाना; तरंगित होना, लहराना; तरंगित होकर आगे बढ़ना; लहराते हुए आगे खिसकना; गड़गड़ाना, गड़-गड़ शब्द करना, लहराती हुई ध्वनि^F उत्पन्न करना; (किसी पहियेदार सवारी^Fका) चलना, घिसटना; गाड़ी^Fसे जाना; बेलन फेरना, बेलनसे दबाना, लोढ़ना, एक-सा करना, बराबर करना; (बेलनकी तरह) **लपेटना** या लिपटना, बेलनाकार होना, बण्डल-सा बन जाना या बनाना; फटाफट बजाना; वेष्टित करना, तह^F करना; ~ *up* (शत्रुसैन्यके) पार्श्वभागको पीछे धकेलना, खदेड़ना; लपेटना; (बोल०) प्रकट होना, दिखाई पड़ना ।

rollable रो'लॅबॅल् a. बेलनीय, लुठनीय, लुढ़कने योग्य, लुढ़काये जाने योग्य, एक-सा किये जाने योग्य ।

rolled –ल्ड् a. **वेल्लित**, लुठित, लुलित, लुढ़काया हुआ; बेलनपर साफ किया हुआ;

~ glass, ~ rim, ~ steel.

roller –'लॅर् n. (लकड़ी^F, धातु या पत्थरका) वर्तनयन्त्र, बेलना, (यंत्र०) **बेलन**, लोढ़ा; T.; लुढ़कने या लुढ़कानेवाला, लपेटनेवाला, बेलनाकार बनानेवाला; (प्रायः ~ *bandage*) लपेटी हुई पट्टी^F; नीलकण्ठ, चाष; लोटन कबूतर; उत्ताल तरंग, जोरकी लहर^F; (नौवि०) **मौज**^F; एक जर्मन गायक पक्षीकी नस्ल^F; ~ towel बेलनपर चढ़ी हुई तौलिया^F;

~ bearing, ~-caster, ~ chain, ~ composition, ~ fillet, ~ flour mill, ~-ginned cotton, ~ mill, ~ mill process, ~ moulder, ~ printing, ~ rod, ~ wheels.

rolley रॉ'लि दे० RULLEY.

rollick[1] रॉ'लिक् n. कोलाहलमय आमोद-प्रमोद, विलासपूर्ण व्यवहार, रंगरेलियाँ^F, गुलछर्रे ।

rollick[2] v.t. आमोदप्रिय होना, प्रसन्नचित्त होना, हँसना-हँसाना, आनन्दपूर्वक जीवन बिताना, हँसते-हँसाते जिन्दगी^F गुजारना, जीवन-सुख लूटना, रँगरेलियाँ^F करना, गुलछर्रे उड़ाना, मौज^F करना ।

rollicking –किंग् a. आमोदी, प्रमोदी, तमाशाबाज, मनमौजी, बेपरवाह ।

rolling[1] रो'लिंग् n. वेल्लन, व्यावर्तन (भौ०, ग०) **लंठन**, घूर्णन, परिभ्रमण, लुढ़कना, (यंत्र०) **बेलना**,

(कृषि०) बेलन फेरना ।
rolling² a. घूर्णमान, भ्रममाण; (स्थिति वि०) लुण्ठन-; लहरदार (~ *expanse*, *plain*); चल; ~ door लिपटवाँ किवाड़; ~ look विलोल दृष्टि^F; ~-pin बेलना, बेलन; ~ stone बेपेंदीका आदमी;
~ barrage, ~ capital, ~ coulter, ~ curve, ~ friction, ~ grass, ~ mill, ~ motion, ~ platform, ~ resistance, ~ ring, ~ shutter, ~ stock, ~ surface, ~ wheel.
roly-poly¹ रो'लि-पो'लि n. (~ *pudding* भी) बर्फी^F, पडिंग^F ।
roly-poly² a. (बच्चा) थूलमथूल, गोलमटोल, मोटा-ताजा ।
Rom. Romans.
rom roman (type).
Rom. (Romany) n. (pl.-a) n. रोमणी, जिप्सी, खानाबदोश ।
rom रॉन्' n. कंजड़, खानाबदोश आदमी, बंजारा, रोमनी ।
Romaic रॅमे'इक् n. & a. आधुनिक ग्रीसकी भाषा^F; रोमेयिक भाषा-विषयक ।
romaika –इकॅ n.रोमाइका, आधुनिक यूनानी राष्ट्रनृत्य ।
romal रॅमैल्' n. कशा-चर्म, चाबुकका चमड़ा ।
Roman¹ रोमॅन् n. रोम-अधिवासी, रोम-निवासी, रोमन; (pl.) प्राचीन रोमके ईसा^F ।
Roman² a. रोमीय, रोम-विषयक, रोम-सम्बन्धी, रोमन; ~ alphabet रोमन लिपि^F, रोमन वर्णमाला^F;
~ architecture, ~ balance, ~ capitals, ~ cement, ~ fever, ~ history, ~ honesty, ~ law, ~ letters, ~ nose, ~ numerals, ~ ochre, ~ pottery, ~ school, ~ simplicity, ~ type, ~ virtue, ~ wormwood.
Roman Catholic रो'मॅन् कै'थॅलिक् a. & n. रोमन चर्चसे सम्बद्ध (व्यक्ति); रोमके चर्चका (सदस्य) ।
Roman- Catholicism –कॅथॉ'लिसिज़्म् n. रोमन-कैथोलिक मत, रोमका कट्टर ईसाई धर्म ।
romance¹ रॅमैन्स् n. (R~, पुराने फ्रांसकी देशी भाषा^F) रोमांस; रोमांचक घटना^F; कल्पित कथा^F; मध्य-युगीन वीरगाथा^F; रोमांसवादी साहित्य; प्रणयसाधना^F, स्वच्छन्द प्रेम; प्रेमालाप; सहानुभूतिपूर्ण काल्पनिकता^F, रोमांस-प्रवृत्ति^F; अतिशयोक्ति^F, अत्युक्ति^F; (संगीत) सरल गीत, गीतिका^F, छोटा गीत ।
romance² v.i. अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन करना, सत्यको तोड़ना-मरोड़ना, लम्बी-चौड़ी हाँकना; काल्पनिक बात^F गढ़ना ।
romance³ a. (प्रायः) लैटिन^Fसे निःसृत या निकली हुई ।
romanceless –'लि॑स् a. रोमांसशून्य ।
romancer –'सॅर् n. मिथ्यावादी; कल्पितकथाकार, प्रेमगाथाकार, रोमांसवादी साहित्यकार ।
romancist –सिस्ट n. कल्पितकथाकार, रोमांस-लेखक ।
Romanes n. जिप्सी-भाषा^F ।
Romanese रॉ'मॅने॑स् n. रोमनी भाषा^F ।
Romanesque¹ रोमॅने॑स्क्' n. (प्राचीन फ्रांसकी देशी भाषा^F) रोमांस; (सामुदायिक) लैटिन^Fसे निकली हुई भाषाएँ^F; (स्था०, मध्ययुगमें रोम-प्रभावित) स्थापत्य-शैली^F ।
Romanesque² n. लैटिन^Fसे निकली हुई; मध्ययुगीन स्थापत्य-शैली^Fका ।
Romanic रॅमै'निक् n. रोमांस भाषा^F, रोमांस भाषा-भाषी; रोमन सभ्यता^Fका उत्तराधिकारी ।
Romanish रो'मॅनिश् a. रोमन कैथोलिक धर्म-सम्बन्धी, रोमन-कैथोलिकका-सा ।
Romanism –निज़्म् n. रोमनत्व, रोमवाद, रोमनपन; रोमन-कैथोलिक धर्मनीति^F ।
Romanist –निस्ट् n. रोमवादी, रोम-धर्मवादी; रोमन-कैथोलिक मतावलम्बी ।
Romanistic –'टिक् a. रोमनी; = ROMANISH ।
Romanity रॅमै'निटि n. (क्व०) रोमनत्व, रोमनपन; रोमन-साम्राज्य ।
Romanization रोमॅनाइजे'शॅन् n. रोमीकरण करना, रोमी रंगमें रँगना, रोमन-कैथोलिक बनानेकी क्रिया^F ।
Romanize –'मॅनाइज् v.t. रोमी बनाना, रोमन रँगमें रँगना, रोमन कैथोलिक बनाना; रोमन अक्षरोंमें लिखना ।
Romanizer –ज़ॅर् n. रोमीकर्ता, रोमीकरण करनेवाला, रोमन रंगमें रँगनेवाला, रोमन-कैथोलिक बनानेवाला ।
Romansh, Rou-, Ru-, रॅमैन्श्, रॅ-, रू- n. (पूर्वी स्काटलैण्डके उत्तर-पश्चिमी भागकी बोली^F), रोमांश ।
romantic¹ रॅमैन्'टिक् n. स्वच्छन्दतावादी, रोमांसवादी, रोमाण्टिक; स्वच्छन्द-प्रेमी ।
romantic² a. स्वच्छन्द, काल्पनिक, स्वप्नदर्शी, कल्पना-जीवी; स्वप्नजीवी, भावुक, अव्यवहार्य; अनुभूतिशून्य, रोमानी, रोमाण्टिक (~ *adventure*, *story*); (संगीत) कल्पनाबहुल, कल्पित, भावुक, रोमांसपूर्ण; (योजनाएँ^F) अद्भुत, विचित्र, विलक्षण, रोमांचकारी, असंगत, निरा-धार, अव्यावहारिक, स्वप्नलोकीय, ख्याली, शेखचिल्लीकी-सा, निराला, अनूठा; (साहित्य) भावप्रधान, कल्पना-प्रधान, उत्तेजनात्मक, भावुकतापूर्ण, चित्रमय, मुक्त, स्वच्छन्द, अलंकृत, आलंकारिक; रोमनी ।
romanticism –टिसिज़्म् n. भावात्मकता^F, काल्प-निकता^F, स्वच्छन्दता^F, रोमानियत, रोमांसवाद; स्वच्छन्द-प्रेमवाद ।
romanticist –सिस्ट् n. स्वच्छन्दतावादी, भावुकता-वादी, रोमांसवादी, स्वच्छन्दप्रेमवादी, प्रेमी ।
romanticize –साइज् v. i. & t. काल्पनिक बनाना, भावुकतापूर्ण बनाना, रोमानी रंग चढ़ाना, रोमानी बनाना या बनना, रोमाण्टिक होना ।
romanticness –'टिक्-नि॑स् n. स्वच्छन्दता^F, काल्प-निकता^F, स्वप्नदर्शिता^F, कल्पनाजीविता^F, स्वप्नजीविता^F, भावुकता^F, अव्यवहार्यता^F, अनुभूतिशून्यता^F, रोमानीपन, रोमांसपूर्णता^F; अद्भुतता^F, विचित्रता^F, विलक्षणता^F,

आश्चर्यजनकता^{F}, असंगति^{F}, अव्यावहारिकता^{F}; अलंकृतता^{F}, आलंकारिकता^{F}; दृश्यबहुलता^{F}, वन्यता^{F} ।

Romany^1 रो'मॅनि n. (pl.) यायावर, कंजर, खानाबदोश, बनजारा, जिप्सी; यायावरीय भाषा^{F}, जिप्सी-भाषा^{F} ।

Romany^2 a. यायावर-, यायावरीय, कंजर-विषयक, जिप्सीका ।

romaunt रॅमॉन्ट्' n. (प्रा०) कल्पनाप्रधान कथा^{F}, कल्पनाप्रधान उपन्यास ।

Rom. Cath. Roman Catholic.

Romish रो'मिश् a. (मुख्यतः अपमान०) रोमन कैथोलिक धर्म-सम्बन्धी, कट्टर ।

romp^1 रॉम्प्' n. धमाचौकड़ी^{F}, लम्पझम्प^F, गोलमाल, गुत्थमगुत्था, हुड़दंग, ऊधम; प्रगल्भ स्त्री^{F}, ऊधमी लड़का ।

romp^2 v.i. ऊधम मचाना, गुत्थमगुत्था होना, धमाचौकड़ी^{F} मचाना, दौड़ा-दौड़ी^{F} करना, गोलमाल करना, लम्प-झम्प^F करना; (घुड़दौड़^{F}में) बिना मेहनत^{F}के निकल जाना, हँसते-खेलते मैदान मार ले जाना, आसानी^{F}से बाजी^{F} मार ले जाना ।

romper रॉम्'पॅर् n. (sing. या pl.) बच्चेका ऊपर पहननेका वस्त्र ।

rompish रॉम्'पिश् a. क्रीड़ाप्रिय, लम्पझम्प^F करनेवाला, कुदक्कड़ ।

rompishness –निॅस् n. क्रीड़ाप्रियता^{F}, लम्प-झम्प^F करनेकी आदत^F ।

rompu रॉम्'पु a. भग्न, खण्डित, विच्छिन्न, टूटा हुआ ।

rompy रॉम्'पि a. क्रीड़ाप्रिय, खिलाड़ी, मौजी ।

rondeau रान्'डो n. (दस या तेरह पंक्तियों^{F}की कविता^{F}) रोण्डो ।

rondel रॉन्'डॅल् n. RONDEAU का अन्य रूप ।

rondure रॉन्'ड्युअॅर् n. वृत्त, वलय; छल्ला, अँगूठी^{F}; वर्तुलता^{F}, गोलाई^F ।

Roneo रो'नि ॅओ n. एक प्रतिलिपियन्त्र (का नाम) ।

rontgenism ⊙ रॉन्ट्'जि ॅनिज़्म् n. (चि०) क्ष-किरणालय, क्ष-रश्मि-प्रयोग, एक्स-रेका उपचार, राञ्जनालय ।

rontgenize ⊙ –नाइज़् v.t. क्ष-रश्मि-प्रभावित करना, एक्स-रे-लगाना ।

rontgenogram रन्'ट्यॅनॅग्रॅम् n. (धनवेधी या राञ्जन रश्मियों^{F} द्वारा लिया गया फोटो), एक्स-रे-छायाचित्र ।

rontgenography ⊙ –नॉ'ग्रॅफि n. क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्स-रेसे फोटो^{F} लेना ।

rontgenology ⊙ –नॉ'लॅजि n. (चि०) (निदान-चिकित्सार्थ) क्ष-रश्मिकी^{F}, क्ष-रश्मि-विज्ञान, क्ष-रश्मि-शास्त्र, एक्स-रे-विज्ञान ।

rontgenotherapy ⊙ –नॅथे ॅ'रपि n. क्ष-रश्मि-चिकित्सा^{F}, एक्स-रे-चिकित्सा^{F} ।

rontgen rays रॅन्ट्'जन्रेज़् n. धनवेधी रश्मि^{F}, क्ष-रश्मि^{F}, एक्स-रे, राञ्जन-रश्मि^{F} ।

rontography ⊙ रॉन्टॉ'ग्रफि n. क्ष-रश्मि-चित्रकला^{F}, एक्स-रे-चित्रण ।

ronyon रॅन्'यन् n. RUNNION.

rood रूड्' n. क्रूस, क्रास; क्रासपर ईसामसीहकी प्रतिमा^{F}; चतुर्थांश-प्रहल, चौथाई एकड़ = १२२० वर्ग गज; गट्ठा; ~-beam आड़ी शहतीर; ~-loft दीवारी पर्देके ऊपरकी गैलरी^{F}; ~-screen दीवारी पर्दा ।

roof^1* रूफ़्' n. छदि^{F}, (प्रा० भूगोल०) **छत***, (~ *garden*, ~ *truss*) छप्पर, सायबान; **पृष्ठ;** तालु; पटल; ~ of the mouth तालू; *under* one's ~ किसीके अतिथिके रूपमें ।

roof^2 v.t. छादन करना, छत^F डालना, छप्पर बनाना, छाना, पाटना ।

roofage –'फ़िज् n. छत^{F}का सामान ।

roofed –फ़्ट्' a. छतदार, छप्परदार; पटलाच्छन्न ।

roofer रू'फ़ॅर् n. (बोल० विदा होनेके अनन्तर दर्शक या अतिथि द्वारा प्रेषित) धन्यवाद-पत्र ।

roofing रू'फ़िंग् n. छाजन, छवाई^F, छत^F बनाना; पर्ण, पयाल, पतेर, सरपत, कास, छाजनकी सामग्री^{F}; ~ felt, ~ tiles.

roofless –फ़्'लि ॅस् a. बेछत, बिना छप्परका; निराश्रय ।

roofy –'फ़ि a. छतदार, छाजनदार; छवाईदार ।

rooinek रू'इने ॅक् n. रोयनेक (अँग्रेजोंका उपनाम) ।

rook^1 रुक्' n. संघकाक, रुक; (ताश या जुएमें) वंचक, पत्ताचोर, चालबाज; प्रतारक, ठग; पादरी ।

rook^2 n. (शतरंज) = CASTLE^1, रुख ।

rook^3 v.t. (ताश या जुएमें) चालबाजी^{F}से जीतना, बेईमानी^{F}से जीतना; (ग्राहकोंको) प्रवंचित करना, प्रतारित करना, ठगना, धोखा देना, लूटना, मूँड़ना, अधिक दाम लेना ।

rookery रु'कॅरि n. काकाश्रय; रुक पक्षियोंका अड्डा, कौओंके अड्डोंसे युक्त वृक्ष-समूह; घना बसा हुआ मुहल्ला; वेश्यालय, चकला ।

rookie रु'कि n. (सेना^{F}, ग्रा०) रँगरूट ।

rooklet, rookling रुक्'लि ॅट्, रुक्'लिंग् n. क्षुद्र संघकाक, छोटा रुक पक्षी, रुकका बच्चा ।

rooky –'कि a. संघकाक-संकुल, रुक पक्षियोंसे भरा हुआ ।

room^1* रूम्' n. स्थान, ठौर, जगह^F* (*takes up too much* ~); अवकाश, रिक्त स्थान, खाली जगह^F, समाई^F, गुंजाइश^F (*we have no* ~ *here for idlers*); सुयोग, अवसर, मौका; (चि०) गृह; **कक्ष,** कोष्ठ, प्रकोष्ठ, कोठा, कोठरी^{F}, **कमरा*;** (pl.) अस्थायी निवास; ~ clerk ⊙ स्वागत-करणिक, स्वागत-क्लर्क; *give* ~ जगह^F खाली कर जाना, हटना; *make* ~ स्थान देना, जगह^F देना, सरकना, हटना; ~*s away* ⊙ (के) बाहर ।

room^2 ⊙ v.t. अस्थायी निवास बनाना, थोड़े समयके लिए टिकना, कमरा लेना ।

roomage –'मिज् n. कक्ष-संख्या^{F}, कमरोंकी संख्या^{F}, गुंजायश^F ।

roomed –म्ड्' a. कक्षयुक्त, प्रकोष्ठमय, कमरेवाला।
roomer ⊙ –'मॅर् n. अस्थायी निवासी, किरायेदार।
roomful –म्'फ़ुल् n. एक कमरेभर।
roominess –'मिनिॅस् n. प्रशस्तता^F, विशालता^F, विस्तार, फैलाव, लम्बाई-चौड़ाई^F, समाई^F।
rooming-house ⊙ –मिंग्'-हॉउस् n. अस्थायी निवास-गृह।
roomy रू'मि a. प्रशस्त, विशाल, विस्तृत, विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा, खुला।
roop रूप्' n. कर्कशता^F, कर्णकटुता^F।
roopy –'पि a. परुष, कठिन, कठोर, श्रुतिकटु, कर्णकटु।
roost[1] रूस्ट्' n. (*Orkneys* एवं *Shetland* द्वीपोंके आसपासका) ज्वार-वेग।
roost[2] n. विश्राम-दण्ड, वास-दण्ड, निवास-दण्ड, पक्षि-दण्ड, वासयष्टि^F; (मुर्गियों^F इत्यादिका) अड्डा, बसेरा, दरवा; शयनकक्ष, शयनागार; *at* ~ अड्डेमें, बसेरेपर; बिछौनेपर, बिस्तरमें; *go to* ~ सोनेके लिए जाना, बिस्तरपर जाना।
roost[3] v.i. & t. (व्यक्तियोंका) वास करना, विश्राम करना, सोने जाना, आराम करना; (पक्षियोंका) बसेरा लेना, अड्डेपर जाना; बिस्तर आदिका प्रबन्ध करना, सोनेके लिए स्थान देना या पाना।
rooster ⊙ –'टॅर् n. पालतू मुर्गा; (कृषि०) **बसेरू, घरेलू**।
roosting –टिंग् n. (पक्षियोंका) शयन, निलयन; (कृषि०) **बसेरा करना**; ~ house **विश्राम-घर**।
root[1] रूट् n. (श० र० शा०, ग०, वन०, कृषि०) **मूल**^F, (कृषि०, वन०) **जड़**^F*; भित्ति^F; तलदेश; प्रत्यग्र प्ररोह, नव अंकुर, अँखुआ, कल्ला; (किसी अवयवके भीतर) मूलावयव, मूल अंग, मूल भाग, आदि, आरम्भ, आदिकारण, उद्गम; आधार, बुनियाद^F; निर्भरता^F, जारी रखनेका साधन; तल, तह^F; मूलतत्त्व, मूलसार, मूलप्रकृति^F, असलियत; (गणित) **मूल**; (चि०) **दन्तमूल**; (भाषा वि०) **धातु**^F, मूलरूप; (संगीत) मूलस्वर, मौलिक स्वर, बुनियादी स्वर; ~ & branch कुल, पूरा, सारा; ~ cap (कृषि०, वन०) **मूलछद**, (कृषि०) **मूलटोपी**, **T.**; ~ climber (वन०) **मूल-रोहिणी**; ~ fallacy मूलाभास; ~ gaper (कृषि०) **अन्तरकी**^F; ~ germ (वन०) **मूलोद्गम**; ~-house जड़ों^Fका बना छप्पर; आलू आदि रखनेका स्थान; ~ idea मूल विचार; ~-stalk (वन०) **प्रकन्द**; *lay axe to ~ off* मूल^Fपर कुठाराघात करना, जड़^F काटना; *pull up by the ~s* मूलोच्छेद करना, उन्मूलन करना, जड़^Fसे उखाड़ना; *take, strike*, ~ मिट्टी^Fसे पोषण ग्रहण करने लगना, जड़^F पकड़ने लगना; (ला०) स्थापित होना, जमना, कायम होना;

~ absorption, ~ bark, ~-beer, ~-borer, ~ buds, ~-cause, ~ collar, ~ competition, ~ cortex, ~-crop, ~ cutting, ~ development, ~ disc, ~ disease, ~ distribution, ~-eater, ~ effects, ~ excretions, ~-fallen, ~-fast, ~-hair, ~ hair region, ~-knot, ~ leaf, ~-like; ~ meristem, ~-neck, ~ nodule, ~ nodule bacillus, ~ parasite, ~ penetration, ~ pocket, ~ pressure, ~-pruning, ~ regions, ~ rot, ~-rubber, ~ section, ~ sheath, ~ shoot, ~ spine, ~ stock, ~ sucker, ~ swell, ~ swelling, ~ system, ~ tendril, ~ test, ~ thorn, ~ tip, ~ trace, ~ tuber, ~ tubercle, ~ vegetable, ~-wood, ~ zone.

root[2] v.t. & i. दृढ़ करना, दृढ़ रूपसे स्थित कर देना, बद्धमूल करना, स्थिर करना, अच्छी तरह जमा देना, गाड़ना (*take care to ~ them firmly*); जड़^F जमा देना; स्थापित होना, स्थिर होना, जड़^F पकड़ना, पक्का होना, जमना; (*up* या *out* के साथ) मूलोच्छेद करना, उन्मूलन करना, उखाड़ फेंकना, उजाड़ना।
root[3], **rout** रॉउट्' v. i. & t. (सुअर आदिका) थूथनसे मिट्टी^F कुरेदना, खोदना; (*up* के साथ); परिश्रम करना, मेहनत^F करना; खोज^F लेना, ढूँढ़ निकालना, तलाश^F कर लेना, (अमेरिका ग्रा०) दूसरेके लिए सक्रिय होना, दूसरेकी सक्रिय सहायता^F करना।
rootage रू'टिज् n. रोपण, दृढ़ीकरण, प्रतिष्ठापन; (कृषि०) **मूलबन्ध**।
rooted –टिॅड् a. दृढ़, सुदृढ़, बद्धमूल, धृतमूल, जड़दार।
rootedness –निॅस् n. दृढ़ता^F, सुदृढ़ता^F, बद्धमूलता^F, निश्चलता^F, पक्कापन, गहराई^F, मजबूती^F।
rootery –टॅरि n. जड़ों^F और ठूँठोंका ढेर (जिसपर पहाड़ी पौधे उगाये जाते हैं)।
rootle रू'टॅल् v. i. & t. = ROOT[3].
rootless रूट्'लिॅस् a. अमूल, मूलहीन, मूलविहीन, बिना जड़^Fका।
rootlet –'लिॅट् n. (कृषि०, वन०) **मूलिका**^F, क्षुद्रमूल^F, लघुमूल^F, छोटी जड़^F, T.
rooty[1] रू'टि n. (सेना०, ग्रा०) रोटी^F।
rooty[2] a. समूल, जड़दार, जड़वाला।
rope[1] रोप्' n. रज्जु^F, रस्सा, **रस्सी**^F, जेंवरी^F, जउरी^F, डोरी^F, लड़ी^F (~ *of onions, pearls*); ~-dancer रज्जुनर्तक, रज्जूपरिनर्तक, डोमर, नट, ~-dancing रज्जुनर्तन; ~-walk रस्सी^F बटनेकी सड़क^F; ~-walker रज्जुनर्तक, रज्जूपरिनर्तक; ~-walking रज्जुनर्तन; ~-yard रस्सी^F बनानेका कारखाना; ~-yarn रस्सी^Fका सूत; क्षुद्र वस्तु^F; *give one* ~ ढील देना, न रोकना; ~ *in* पक्षमें करना, फाँसना, रस्सी^F डालना; *pull the ~s* नियन्त्रण करना; *the* ~ फाँसी^F-की रस्सी^F;

~ gall, ~ gear, ~ knot, ~-ladder, ~ lashing, ~ making, ~ polygon, ~ pulley, ~ways, ~-wire.

rope[2] v.t. & i. (पर्वतारोहणमें) रस्सी^Fसे बाँधना या

जकड़ना; रस्सी^F बटना, रस्सी^F बनाना; (नाव^F खींचनेके लिए) रस्सेका प्रयोग करना; (रस्सेसे) घेरा डालना, वाड़ बनाना; (घुड़दौड़^F) घोड़ेको रोकना; (किसी प्रतियोगीका) पूरी शक्ति^F न लगा पाना, हार^F जाना; लसदार होना, तार·बाँधने लगना।

roper –'पॅर् n. रज्जुनिर्माता, रज्जु^F बटनेवाला; शठ, चालबाज।

ropery –रि n. रज्जुनिर्माणालय, रज्जु^F बटनेका स्थान, रस्सी^Fका कारखाना; शठता^F, चालबाजी^F।

ropiness रो'पिनि'स् n. (कृषि०) **सूत्ररूपिता^F**; चिपचिपापन, लसलसाहट^F, चेप^F।

roping रो'पिंग् n. रस्सी^F बटना, रस्सी^F बनाना।

ropy, ropish रो'पि, रो'पिश् aa. रज्जुधर्मी; सान्द्र, चिपचिपा, लसदार।

roque रोक़् n. CROQUET खेलका एक रूप।

Roquefort रॉ'क्फ़ॉर् n. (बकरी^Fके दूधका) एक प्रकारका फ्रांसीसी पनीर।

roquelaure रॉ'क्लोऑर् n. (पुरुषोंका एक) उपरिवस्त्र, अँगरखा।

roquet¹ रो'किॅट् n. गेंदों^Fके टकरानेकी अवस्था^F, गेंद^Fपर गेंद^F मारनेकी क्रिया^F।

roquet² v.t. & i. किसी गेंद^Fको दूसरी गेंद^Fपर मारना, एक गेंद^Fका दूसरी गेंद^Fसे टकराना; हत्थेसे मारना।

roral ⊙रोॲ'रॅल a. अवश्याय-सदृश, ओस-जैसा, शबनम-जैसा; अवश्यायपूर्ण, ओसवाला।

roric ⊙–रिक् a. = ROBAL.

rorqual रॉर्'क्वॅल् n. (पंखयुक्त) ह्वेल मछली^F।

rorty, raughty रॉर्'टि, रॉ'टि aa. सुखद, मनोरंजक, आनन्दप्रद, मजेदार, मनोरंजन-प्रिय, खेल-तमाशेका शौकीन।

rosace रो'जेस् n. चक्राकार खिड़की^F, गुलाबके फूलके आकारकी खिड़की^F; (गुलाबके आकारका) आभूषण, प्ररचना^F, डिजाइन^F।

Rosaceae –सेइऑ n. पाटल-कुल, गुलाबकी जाति^F, T.

rosacean रॅजे'शॅन् n. गुलाब-प्रेमी, गुलाबके फूलका शौकीन।

rosaceous –शॅस् a. पाटलीय, गुलाबजातीय, गुलाब-वाला।

rosaniline रोजै'निलाइन् n. आनीलरक्त वर्ण, कुछ नीला लाल रंग।

rosarian रॅसेॲ'रिॲन् n. पाटलवेत्ता, पाटलविद्, पाटल-वैज्ञानिक, गुलाबका जानकार।

rosarium (L) n. पाटलोद्यान, **गुलाब-उद्यान**, गुलाब-का बगीचा।

rosary रो'जॅरि n. पाटलोद्यान, गुलाबकी क्यारी^F, गुलाबका चमन; प्रार्थना^Fका एक रूप; अक्षसूत्र, रुद्राक्ष-माला^F, जपमाला^F; lesser ~ ५५ गुरियों^Fकी सुमिरिनी^F; ~ pea गुंजा।

rose¹ –ज़' n. पाटल-पुष्प या वृक्ष, सेवती^F, **गुलाब**, गुलाबका फूल या पौधा; (राजवंशका) पाटल-चिह्न, गुलाबका चिह्न; पाटलाकार प्ररचना^F, गुलाबकी·सी डिजाइन^F; गुलाबी रंग (*has quite lost her natural ~s*); (पादरीके टोपपर बना हुआ) गुलाब; फुँदना; (जानवरोंके) सींगकी जड़^Fका उभार; (पक्षीकी) आँख^Fका फुलाव; शीकरक, हजारेकी टोंटी^F; **~-apple** जम्बु^F, जामुन^F; (कृषि०) **गुलाब जामुन**; ~ box (परि०) **जाली^F**, **~-bush** गुलाबका पौधा; **~ catarrh**, **~ cold** (चि०) तृण पुष्प ज्वर, औषधिगन्धज ज्वर, हेफीज्वर, **~-chafer** (प्रायः गुलाबमें पाया जानेवाला) हरा या ताँबेके रंगका कीड़ा; **~-colour** पाटलवर्ण, रक्त, लाल, गुलाबी; (ला०) सुखमय अवस्था^F, आनन्द ही आनन्द, मजा; **~-coloured** पाटलवर्णीय, गुलाबी; (ला०) आशावादी, उत्साही; प्रमुदित, प्रसन्नचित्त, खुश; **~-drop** लाल चित्तीवाला चर्मरोग; **R~ of May** सफेद नरगिस, रोज आव् मे; **~-pink** (लकड़ी^Fके काढ़ेसे बनी हुई) ब्राजीलकी खरिया मिट्टी^F या उसका रंग; **~-red** गुलाबी, गुलाबकी भाँति लाल; **~ window** गुलाबके आकारकी गोल खिड़की^F; **~wood** प्रशिशपा^F, पाटलकाष्ठ, एक सुगन्धित लकड़ी^F; *bed of ~s* सुखशय्या^F, आनन्दशय्या^F, सुखकी सेज^F, फूलोंकी सेज^F; *beneath the ~ lies the serpent* विषरस भरा कनक-घट जैसे; *gather ~s or life's ~s* जीवनका सुख लूटना, जिन्दगी^Fके मजे उड़ाना; *path strewn with ~s* आनन्दमय जीवन, सुखमय जीवन, चैनकी जिन्दगी^F; *(no) ~ without a thorn* जहाँ फूल तहाँ काँटा, असम्भव सुख, निष्कंटक पाटल, वास्तविक आनन्द, शुद्ध आनन्द; *the ~ of* (अमुक स्थानकी) सर्वोत्तम सुन्दरी^F; *under the ~* रहस्यपूर्ण;

~ bay oleander, ~ berry spurge, ~ blush, ~-bowl, ~-bud, ~ burner, ~-diamond, ~-finch, ~ lake, ~ laurel, ~-lipped, ~ lotion, ~ madder, ~ morn, ~ purple, ~ quartz, ~-red, ~-ringed, ~ tan, ~ tangle, ~-topaz, ~-tree, ~-water, ~ wood.

rose² v.t. चेहरेको गुलाबी करना; (बर्फीली ढाल^Fको) चमका देना, गुलाबका रंग देना।

rose³ a. पाटलीय, गुलाबी।

rose⁴ RISE¹ का भूतकालिक रूप।

roseal ⊙रो'ज़िॲल् a. ROSEATE.

roseate –ॲट् a. पाटलवर्ण, गुलाबी; (ला०) रमणीय, मनोहर।

roseately –लि adv. सोत्साह, आशापूर्वक, सहर्ष, खुशी-खुशी।

rosed रोज़्ड' a. टोंटीवाला; गुलाबी, लाल।

roseless –ज़्'लि स् a. पाटलशून्य, बिना गुलाबका; बिना फुँदनेका।

roselike –'लाइक् a. पाटलवत्, गुलाब-सा।

rosella रॅजे'लॅ n. रक्ताम्रालिका^F।

rosemary रोज़्'मॅरि n. केशवास, सहदेवी^F (एक सुगन्धित गुल्मविशेष)।

roseo- पाटल-, रक्त-, गुलाबी (लवणों एवं क्षारोंके नामोंमें (*~-cobalt*) ।

roseola रोज़ी'अॅलॅ n. चर्मदाह, चर्मप्रदाह, चर्मशोथ, चमड़ेकी सूजन^{F}; (चि०) त्वचा^{F}पर गुलाबी रंगकी फुन्सियों^{F}का निकलना ।

roset रॅज़ेट' n. लाल रंग ।

rosette रॅज़ेट्' n. पाटलक, (वन०) **गुलाबवत्**, कृत्रिम पाटल पुष्प, बनावटी गुलाबका फूल; गुलाबके आकारका फुँदना; भित्तिपाटल, दीवाल^{F}पर बना हुआ गुलाब; गुलाबके फूल जैसी खिड़की^{F}; गुच्छ, गुच्छा; गुच्छाकार रचना^{F}, गुलाब-जैसा अवयव; गुलाब-जैसा रंग या चिह्न ।

rosetted –टिड् a. पाटलालंकृत, कृत्रिम गुलाबसे अलंकृत, गुलाबसे सजा हुआ, गुलाबकी सजावटवाला ।

Rosicrucian^{1} रोज़िक्रू'शन् n. (१४८४ ई० में *Christian Rosenkreuz* द्वारा स्थापित) तान्त्रिक सम्प्रदायका सदस्य, रोजीक्रूसका अनुयायी ।

Rosicrucian^{2} a. तान्त्रिक, रोजीक्रूसी ।

Rosicrucianism –शॅनिज़्म् n. रोजीक्रूसवाद ।

rosin^{1} रॉ'ज़िन् n. = RESIN; उद्यास, (रसा०) **गन्धराल^{F}**; धूप^{F}, राल^{F}, धूना, (रसा०) **रोज़िन**; (चि०) तारपीन-तेल तिर्यक पातित करनेपर बचा हुआ ठोस अवशेष ।

~ compound, ~ oil, ~ plant, ~ soap, – spirit, ~ wash.

rosin^{2} v.t. गन्धराल^{F} लगाना, राल^{F} लगाना, धूना उगाना या मलना ।

Rosinante, Rozinante रॉज़िनैन्'टि, रॉज़िनैन'टि nn. सड़ियल टट्टू, मरियल घोड़ा ।

rosinate ⊙ रो'ज़िनॅट् a. उद्यासीय, रालयुक्त ।

rosiness –निॅस् n. ललाई^{F}, सुर्खी^{F}, गुलाबीपन; उत्साह, प्रसन्नता^{F}, आशामयता^{F} ।

rosiny –नि a. उद्यासमय, रोजनतुल्य, रोजनगर्त, राल-भरा, राल-जैसा, धूना-सा ।

rosmarine रॉस्'मॅरीन् n. = ROSEMARY.

rosolio रॅज़ो'लिओ n. विलायती शरबत^{F} ।

ross^{1} रॉस्' n. तनेका पपड़ीला तल, छाल^{F} ।

ross^{2} v. t. (तनेसे) पपड़ी^{F} या छाल^{F} साफ करना ।

rosser –'सॅर् n. पपड़ी^{F} साफ करनेवाला श्रमिक, छाल^{F} उतारनेवाली मशीन^{F} ।

rossignol रॉ'सिन्योल् n. कोकिला^{F}, कोयल^{F} ।

rostellum ⊙ रॉस्टे'लॅम् n. (जीव०) **शीर्षाग्र**, तुण्डक; (वन०) T.

roster रोस्'टॅर् n. समय-सूची^{F}, कार्यक्रम-सूची^{F}, कार्यक्रमावली^{F}, क्रमिका^{F}, कृत्यावली^{F}, नामावली^{F}, तालिका^{F}, T.

rostral –ट्रॅल् १. n. तुण्डास्थि^{F}; २. a. मंचीय; तुण्डीय, तुण्डवत्, चोंच-जैसा ।

rostrate, -ed ट्रॅट्, -ट्रॅड् aa. (चि०) सतुण्ड, तुण्डसम प्रवर्धयुक्त, चंचु-विशिष्ट, (वन) **चोंचदार, टोंटदार** ।

rostratus ⊙ –ट्रॅस् a. चंचुकित, चोंच-जैसा ।

rostriferous –ट्रि'फ़ॅरस् a. = ROSTRATE.

rostriform –'ट्रिफॉर्म् a. तुण्डाकार, चंचु-सदृश, चोंच-जैसा ।

rostroid –ट्रॉएड् a. चंचुवत्, चंचु-सदृश, चोंच-जैसा, टोंट-जैसा ।

rostrum रॉस्'ट्रॅम् n. (pl. *ums*, *-a*) व्याख्यानपीठ, भाषणमंच, सार्वजनिक मंच, मंच, चौकी^{F}; (रोमन पुरा०) युद्धनौका^{F}, युद्धपोतका अग्रभाग; (जन्तुवि०, कृमिवि०, वन०) **चंचुभ, चंचु^{F}, तुण्ड**, चोंच^{F}; थुथनी^{F}, चोंच-जैसा मुँह ।

rosulate रॉ'ज्यूलॅट् a. पाटलगुच्छित (~ *leaves*), (वन०) **गुलाब-सदृश** ।

rosy रो'ज़ि a. पाटलवर्ण, रक्त, अरुण, लाल, गुलाबी; (अन्न क०) गुलाबकी-सी सुगन्धवाला; पाटलापूरित, पाटलाच्छादित, गुलाबोंसे ढँका हुआ, गुलाबोंसे भरा हुआ ।

rot^{1} रॉट' n. क्षय, अपक्षय, अपक्षयण, पूयन, नाश, ह्रास, गलन^{F}, सड़न^{F}; दुर्गन्धि^{F}, सड़ान्ध^{F}; (भेड़ों^{F}का) हृदयरोग; (आलुओंकी) बीमारी^{F}; कूड़ा, कचरा; निरर्थक कथन, बेकारकी बात^{F} (*dont talk ~*) ।

rot^{2} v.t. & i. अपक्षय होना, विकृत होना, नष्ट होना, गलित होना, गलना, सड़ना, घुन लग जाना; (ला० समाज या संस्थाओं^{F}का) नष्टभ्रष्ट हो जाना, टूट जाना; (कैदीका) पड़े-पड़े घुलना; गलित करना, गलाना, पचाना, सड़ा डालना; (ग्रा०) खेल बिगाड़ना, मजा किरकिरा करना; (ग्रा०) सताना, तंग करना, मजाक बनाना, छेड़ना; व्यंग्यपूर्वक बोलना; ~ *off* तनेसे सड़कर गिर जाना ।

rota रो'टॅ n. कार्यक्रम-तालिका^{F}, व्यक्तियोंकी सूची^{F}; (रोमन कैथो० चर्चमें R~) धार्मिक न्यायालय, अनुक्रम ।

rotameter ⊙ रॅटै'मिटॅर् n. चक्रमान, (रसा०) **वक्र-रेखामापी** ।

rotaney रो'टॅनी n. (गणि०) **रोटनी^{F}, द्वितीय समुद्र मीन^{F}** ।

rotaplane ⊙ रो'टॅप्लेन् n. उत्पतनशील यन्त्र, चक्र-विमान ।

Rotarian रॅटेअॅ'रिअॅन् a. & n. चक्रिल गोष्ठी^{F}का (सदस्य), रोटरी-क्लबका (मेम्बर) ।

rotarianism –निज़्म् n. रोटरीवाद, रोटरीके सदस्योंका सिद्धान्त ।

rotary^{1} रो'टॅरि n. (रसा०) **घूर्णक, घूर्णनी^{F}**, चक्रिल कल, परिभ्रामी यन्त्र, रोटरी मशीन^{F}; (The) R~, R~ Club(s) गोष्ठी चक्र, रोटरी क्लब ।

rotary^{2} a. घूर्णी, भ्रामी, चक्रिल, चक्रावर्ती, चक्रगति, परिभ्रामी, भ्राम्यमान, आवर्तमान, घूर्णमान, घूम-घूमकर चलनेवाला, रोटरी;

~ converter, ~ copying, ~ cultivator, ~ engine, ~ furnace, ~ hoe, ~ intersection, ~ kiln, ~ machine, ~ motion, ~ pump.

rotatable रॅटे'टॅबॅल् a. भ्रमत्-, भ्राम्यमान, चक्रिल,

घूमने योग्य, घुमाने योग्य।

rotate¹ –ट्' v. i. & t. घूर्णित करना, (ग०) **घूर्णन करना**, घूर्णमान होना, प्रत्यावर्तित करना, परिक्रमा^F^ करना, चक्कर लगाना, **घूमना**; बारी-बारीसे व्यवस्थित करना, लेना, आना, करना।

rotate² रो'टॅट् a. (वन०) **चक्राकार**, चक्रिल, T.

rotating¹ रॅटे'टिंग् n. घूर्णन, परिभ्रमण; (रसा०, यन्त्र०) **घूर्णकी^F^**।

rotating² a. (रसा०, यन्त्र०) **घूर्णक-**, घूर्णिल, **घूर्णमान**, परिभ्रामी; आवर्ती;
~ coil, ~ director, ~ electrode, ~ field, ~ furnace, ~ movement, ~ shaft, ~ shift, ~ shutter, ~ table.

rotation –'शॅन् n. (गणि०, रसा०, भौ०) **घूर्णन**, परिक्रमण, (प्रा० भू०, चि०) **परिभ्रमण**, भ्रान्ति^F^, चक्रावर्तन, (कृषि०) घुमाव, फेरा, (प्रा० भू०, चि०) **हेरफेर**, घूम^F^; परिवृत्ति^F^, परिवर्त, आवर्तन, क्रमशः आगमन, नियमित कालपर बारी-बारीसे होनेकी क्रिया^F^; चक्रानुक्रम, चक्रगति^F^, क्रम, बारी^F^; क्रमिक अधिकार-ग्रहण।

rotational –नॅल् a. घूर्णीय, **घूर्णी**, **घूर्णनात्मक**, आवर्ती, चक्रावर्तन-सम्बन्धी, चक्रक्रमयुक्त, परिभ्रमण-, परिभ्रमणकृत;
~ energy, ~ inertia, ~ level, ~ line, ~ motion, ~ spectrum, ~ working.

rotative रो'टॅटिव् a. घूर्णक, घूर्णमान, भ्रमत्-, भ्राम्यमान, परिभ्रामी, चक्रित, घूमनेवाला; बारी-बारीसे होनेवाला।

rotator रॅटे'टॅर् n. (श० र० शा०) घूर्णक, परिभ्रमित्र, (जीव०) **आवर्तनी^F^**, घुमानेवाली (मांसपेशी^F^); घूर्णक अभिकरण, घूर्णक यन्त्र, घुमानेवाली कल^F^ या पुर्जा, T.

rotatorius रोटॅटोअ'रिअॅस् n. (चि०) **मेरुविवर्तनी^F^**।

rotatory –'टॅटॅरि a. = ROTATIVE; **घूर्णन**;
~ dispersion, ~ furnace, ~ motion, ~ polarisation, ~ power.

rotch(e) रॉच' n. ऑकपक्षी।

rote रोट्' n. (बिना अर्थ समझे हुए) शब्दव्यवहार, शब्द-प्रयोग, शब्दावृत्ति^F^, तोतेकी-सी रट^F^, रटन^F^, घोंटना।

rotiform रो'टिफॉर्म् a. चक्रिल, चक्राकार, चक्र-सदृश, चक्र-जैसा चक्करदार।

rotograph रो'टॅग्राफ् n. (हस्तलिखित प्रति^F^का फोटोग्राफ), रोटोग्राफ।

rotor रो'टॅर् n. (कल^F^का) परिभ्रमित्र, (भौ०, यन्त्र०) **परिभ्रमक**, (कृषि०) **भ्रमी**, (भौ०, यन्त्र) **घूर्णक**, घूर्णक यन्त्र, घूमनेवाला पुर्जा; (हैलीकोप्टरके ऊपरका) घूर्णमान पंख; T.

rotoscope रो'टॅस्कोप् n. (शिक्षा०) **आवृत्तिदर्शी**, T.

rotten रॉ'टॅन् a. विगलित, दुर्गन्धपूर्ण, पूतिमय, बदबूदार, सड़ता हुआ, गला-सड़ा, (~ *egg*, ~ *manure*); जीर्ण-शीर्ण, ह्रासशील (~ *borough*); (भेड़) यकृत रोगग्रस्त; नष्ट-भ्रष्ट, अव्यवस्थित, भ्रष्टाचारग्रस्त, खराब, बर्बाद; दूषित, अयोग्य, निकम्मा, नाकारा, बेकार, रद्दी; (वस्तुस्थिति^F^, योजना^F^ आदि) अप्रिय, अरुचिकर, दुःखद, अनुपयुक्त, कुविचारपूर्ण, नामाकूल; अविश्वस्य, अविश्वस्त, विश्वासघातक; ~-stone (धातु^F^को साफ करनेमें प्रयुक्त) एक प्रकारका खराब चूना-पत्थर।

rottenness –नि॑स् n. जीर्ण-शीर्णता^F^, ह्रासशीलता^F^, गलितावस्था^F^, सड़ी-गली हालत^F^; दुर्गन्धि^F^, सड़ान्ध^F^, गन्दगी^F^; भ्रष्टाचार, खराबी^F^; अयोग्यता^F^, निकम्मापन, रद्दीपन; कुविचारपूर्णता^F^; अविश्वस्यता^F^, अविश्वस्तता^F^, विश्वासघातकता^F^।

rotter रॉ'टॅर् n. (ग्रा०) निष्क्रिय व्यक्ति, अनैतिक व्यक्ति, जघन्य व्यक्ति, अपमानित मनुष्य, नीच आदमी, निकम्मा या बेकार आदमी, नामाकूल आदमी।

rotund रॅ'टन्ड् a. वृत्ताकार, (वन०) **वर्तुल**, गोलाकार, गोल; (बोलते समयका) गोलाकार (मुँह); (भाषण) गोल मुँह बनाकर दिया गया; मुखर, ध्वन्यात्मक, निनादी, बागाडम्बरपूर्ण, ठस्सेदार।

rotunda –'डॅ n. गोलाकार भवन, गुम्बदवाली इमारत^F^, गोल मकान।

rotundate –डॅट् a. (कृ०) वर्तुल, वर्तुलाकार, कुण्डलाकार, गोलाकार, गोल।

rotundifolious –डिफो'लिअॅस् a. गोलपर्ण, वर्तुल-दल, गोल पत्तियोंवाला।

rotundity –'डिटि n. वर्तुलता^F^, वलयाकृति^F^, गोलाई^F^; मुखरता^F^, बागाडम्बरपूर्णता^F^।

roturier (F) n. सामान्यजन, साधारण व्यक्ति।

rouble रू'बॅल् n. (रूसी सिक्का) रूबल।

roucou रूकू' n. सिन्दूरक (पेड़)।

roue रू'अे n. लम्पट, कामुक, विलासी, वेश्यागामी, बदमाश।

rouge¹ रूज्' n. (फुटबालमें) खिलाड़ियों^F^की भिड़न्त^F^; (ईटन फुटबालमें स्पर्शरेखा^F^को छूनेका) विरोधीको मिलनेवाला अंक।

rouge² n. आकुंकुम, (रसा०) **कुंकुमी**, रक्तशृंगार-क्षोद, लाल बढ़िया पाउडर, सुर्खी^F^, रूज; महावर; (धातुके बर्तनोंको साफ करनेमें प्रयुक्त) आक्साइड चूर्ण, आक्साइड-पाउडर; जुएका एक खेल।

rouge³ v.t. & i. रूज नामक पाउडर लगाना, रंगना।

rough¹ रफ्' n. ऊबड़खाबड़ भूमि^F^; संकटकाल; अशिष्ट-जन।

rough² v.t. (उलटी तरफ हाथ फेरकर) अनाजकी बालों^F^को खड़ा करना; (घोड़ेकी नाल^F^में) लम्बी कीलें^F^ जड़ना; घोड़ेको निकालना; योजना^F^ बनाना; मोटी रूप-रेखा^F^ बनाना, मोटे तौरपर आकृति^F^ बनाना; (प्यानोका) सरसरी तौरपर सुर मिलाना; (रत्नों आदिको) छील-छालकर कुछ रूप देना, थोड़ा-बहुत तराशना।

rough³* a. उच्चावच, विषम, असम, असमतल, ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा (~ *ground*); लोमश, केशबहुल, बालदार (~-*legged*); **खुरदरा***, खरखरा; **मोटा**;

satire सै'टाअॅर् n. प्रहसनकाव्य, विद्रूपात्मक साहित्य, व्यंगिका[F], व्यंग्य-साहित्य, व्यंग्यलेख, उपहासपूर्ण कृति[F], हजो; (रोमन पुराण) काव्यात्मक व्यंग्य, काव्यात्मक सम्मिश्रण, व्यंगकाव्य; व्यंग्योक्ति[F] व्याजोक्ति[F], उपहास, व्यंग्य, अवहास, मजाक (*our lives are a ~ upon our religion*); किसी (बुराई[F] या मूर्खता[F]को प्रकट करने तथा रोकनेके लिए) भाषण या लेखनमें किया गया उपहास, आक्षेप, व्यंगोक्ति[F] आदिका प्रयोग, निन्दाख्यान, निन्दोपाख्यान, अपालम्भ, व्याजस्तुति[F], कटूक्ति[F], ताना, फबती[F]।

satiric सॅटि'रिक् a. प्रहसनात्मक; विद्रूपात्मक, व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यकारक, व्यंग्यविषयक, उपहासात्मक, उपहास-सम्बन्धी, साक्षेप, निन्दात्मक, निन्दापूर्ण, उपहासपूर्ण, हास्यलेखक, प्रहसनकारी; हजोनवीस, हजो या लिखनेवाला (~ *poem*, *writer*)।

satirical –कॅल् a. प्रहसनशील, व्यंग्यभाषी, व्यंग्यप्रिय, अवहासात्मक, प्रहसनप्रिय, उपहासप्रिय, उपालम्भप्रिय, व्यंग्यप्रिय, तानेबाज; मृदुनिन्दाभाषी; हास्यप्रिय-दोषदर्शी, व्याजस्तुतिकारी, हँस-हँसकर आलोचना करनेवाला।

satirically –लि adv. व्यंग्यपूर्वक, उपहाससहित, निन्दापूर्वक, प्रहसनके साथ, तानेसे, फबती[F] कसते हुए।

satiricalness –ल्-निस् n. व्यंग्यभाषिता[F], व्यंग्यप्रियता[F], उपहासप्रियता[F], प्रहसनशीलता[F], प्रहसनपूर्णता[F], तानेबाजी[F]।

satirist सै'टॅरिस्ट् n. व्यंग्यकार; प्रहसनप्रिय व्यक्ति, आक्षेपवादी, निन्दक, निन्दाभाषी।

satirize –राइज़् v.t. हास्यपूर्ण आलोचना[F] करना, व्यंग्यप्रहार करना, व्यंग्यकी चोट[F] करना, उपहास करना, व्यंग्य करना या लिखना, तानेबाजी[F] करना, हँसी-हँसी[F]में तीखी बात[F] कहना, निन्दागर्भ बात[F] लिखना, निन्दा[F] करना, हजो लिखना; विद्रूपात्मक शैली[F]में वर्णन करना, व्यंग्यात्मक ढंगसे वर्णन करना, निन्दात्मक शैली[F]में कहना, तानेबाजी[F]के साथ बयान करना।

satisfaction सैटिस्फ़ैक्'शॅन् n. (अर्थ०, शिक्षा०) **तुष्टि**[F], तृप्ति[F], संतृप्ति[F], शान्ति[F], **समाधान**, परितोष, **सन्तोष**, सन्तुष्टि[F], परितुष्टि[F], इच्छातृप्ति[F], इच्छापूर्ति[F], इच्छानिवृत्ति[F], निवृत्ति[F]; तृप्तिदायक वस्तु[F], सन्तोषप्रद वस्तु[F], सुखद वस्तु[F]; क्षतिपूर्ति[F], पलटा, बदला, एवज, मुआवजा; (ईसा०) अनुताप, प्रायश्चित्त, आत्मशोधन (*Christ is the ~ for our sins*); संशयच्छेद, समाधान; साधना[F], तपस्या[F]; कर्त्तव्यपालन, दायित्वपूर्ति[F], जिम्मेदारी[F]का पालन, फर्ज पूरा करना; (अर्थ०) **पूर्ति**[F]; निस्तारण, निराकरण, ऋणमुक्ति[F], ऋण निष्कृति[F]; ऋणभुगतान, चुकाव, निपटाव, भुगतान, भरपायी[F], चुकती[F], अदायगी[F], बेबाकी[F] (~ *of a decree*); (कुश्ती[F]में) पकड़ लेनेका अवसर, मौका, चांस (*give*, *demand*, ~); *find ~ in* किसी वस्तु[F]से सान्त्वना[F] प्राप्त करना; *to the ~ of* किसीके सन्तोषके अनुरूप, इत्मीनानके लिए; *if you can prove it to my ~* प्रमाणसे यदि मुझे सन्तोष दिला सको।

satisfactoriness –'टॅरि-नि'स् n. सन्तोषप्रदता[F], परितोषणीयता[F], परितृप्ति[F], संतोष, सान्त्वना[F], आशाप्रदता[F], इच्छापूरकता[F], तसल्ली[F], इत्मीनान; प्रायश्चित्तशीलता[F], प्रायश्चित्तकरता[F]; पर्याप्ति[F], यथेष्टता[F]।

satisfactory –रि a. सन्तोषप्रद, सन्तोषद, सन्तोषदायक, **सन्तोषजनक**, तुष्टिप्रद, इच्छाप्रद, तुष्टिकर, तृप्तिदायक, मनचीता, सान्त्वनीय, तसल्ली देनेवाला, इत्मीनानबख्श; पर्याप्त, यथेष्ट, काफी (~ *manner*, ~ *proof*); विश्वासप्रद, संशयोच्छेदक, संशय-निवारक, समाधानकारी, बिना शिकायत[F]का; (धर्म०) धर्मके लिए प्रायश्चित्त करनेवाला, प्रायश्चित्तकर, प्रायश्चित्तकारी, प्रायश्चित्तशील।

satisfiable सै'टिस्फ़ाइअॅबॅल् a. तोषणीय, परितोषणीय, सन्तुष्टियोग्य, सन्तोष देने लायक; समाधेय, समाधानीय, मानने योग्य, समझ[F]में आने लायक; विश्वसनीय; (अभाव) निवारणीय, (भूख[F]) शान्त करने योग्य; स्वीकार्य, प्रेय, तृप्तियोग्य, आशा[F]के योग्य; प्रायश्चित्त करने योग्य; पालनीय; चुकाने योग्य, भुगतानके योग्य।

satisfied ⊙ –स्फ़िड् a, सन्तुष्ट, परितृप्त।

satisfier –फ़ाइअॅर् n. सन्तोषक, सन्तोषदाता, परितर्पक, पूरा करनेवाला, तसल्ली[F] करनेवाला।

satisfy –इ v.t. & i. सन्तुष्ट करना, सन्तोष देना, सन्तोष दिलाना, परितृप्त करना, पूर्ण रूपसे तृप्त करना, इच्छापूर्ति[F] करना, मनाना, तसल्ली[F] देना; सन्तुष्ट होना, तृप्त होना, पुष्टि[F] करना, प्रसन्न होना, खुश होना, राजी होना; पर्याप्त समझना, यथेष्ट समझना, और अधिककी

माँग^F न करना; बहुत काफी समझना, और ज्यादा न चाहना; पूर्ति^F करना, (~ *the conditions*) पूरा करना, विचारके अनुकूल आना, किसीकी धारणा^F या पूर्व अनुमान आदिके अनुकूल होना, ठीक पड़ना; पर्याप्त समझना; (pass.) अच्छी मान ली जाना, ठीक समझी जाना, पसन्द आना (~ *the examiners* विश्वविद्यालयोंमें केवल उत्तीर्ण हो जाना, सन्तोषप्रद समझा जाना); सन्देह दूर करना, समाधान करना, यथेष्ट प्रमाण प्रस्तुत करना, आवश्यक तर्क उपस्थित करना, विश्वास दिलाना, समझाना, मनाना, समझमें बैठाना; अभावकी पूर्ति^F करना, क्षुधा^F शान्त करना, पर्याप्त रूपमें भोजन देकर भूख मिटाना, सामग्री देकर कमी^Fसे छुटकारा दिलाना, कमी^F पूरी करना, प्यास^F बुझाना; निस्तारण करना, ऋण चुकाना, निपटाना, भुगतान करना, कर्ज चुकाना, कर्ज अदा करना, पैसा लौटा देना; मनुष्यके पापोंके लिए (उसका) प्रायश्चित्त करना; माँग^F पूरी करना; कर्त्तव्य-पालना, जिम्मेदारी^F पूरी करना, फर्ज अदा करना।

satisfying –इंग् a. सन्तोषप्रद, सन्तोषजनक, तुष्टिकर।

satis verborum (L) शब्देन अलम्।

satrangi सेट्रंगी n. सतरंगी^F, बंगाली चादर^F।

satrap सै(से)'ट्रैप् n. (आजकलके) उपशासक, (इति०) **क्षपत्र**, उपराजा, राज्यपाल, गवर्नर आदि; (प्राचीन फारसके साम्राज्यमें) प्रान्तका प्रान्तपति, राज्यपाल, क्षत्रप, विषयपति, मण्डलेश, सूबेदार, वाइसराय, गवर्नर।

satrapal से'ट्रैपल्, सै'ट्रैपॅल् a. औपनिवेशिक, क्षेत्रीय, क्षत्रप-विषयक, उपराजा-विषयक, राज्यपाल-विषयक, विषयपति विषयक, मण्डलेश-सम्बन्धी, सूबेदारका, गवर्नरका।

satrapy सै(से)'ट्रैपि n. पारसी राज्य या राज्यपद।

Satsuma सैक्'स्यूम् n. (~ *ware* भी) हलके पीले रंगके जापानी मिट्टी^Fके वर्तन।

saturability ⊙ सैट्यू'रॅबि'लिटि n. अनुवेध्यता^F।

saturable ⊙ –ट्यूरॅबॅल् a. अनुवेध्य, संसिक्त करने योग्य, तर करने योग्य, भरने योग्य, रँगने योग्य; सन्तृप्ति-योग्य; अव-शोषणीय।

saturant[1] ⊙ –रॅन्ट् n. क्षार-क्लीवक पदार्थ, अम्ल क्लीबक वस्तु^F; अलकली या तेजाबको खपानेवाला पदार्थ।

saturant[2] ⊙ –रॅन्ट् a. अनुवेधक, संसिक्त करनेवाला, तरवतर करनेवाला, सराबोर करनेवाला।

saturate[1] –रेट, सै'चॅरेट v.t. संसिक्त करना, भिगोना, पूर्णतः सिक्त करना, तर करना, तरबतर करना, सराबोर करना; रंजित कर देना, रंग देना; (रसा०, प्रा० भू०) **संतृप्त होना, संतृप्त करना**; आपूर्ण करना, परिपूर्ण करना, लबालब भरना, पूरी तरह भरना; (रसा० आदि) किसी पदार्थ, वायु^F, भाप^F, धातु^Fको आविष्ट करना या खपा लेना, अवशोषित कराना या बनाना; (लक्षित क्षेत्र या रक्षित सेनाओं^Fको) निरन्तर बम गिराकर ध्वस्त करना, बमबारी^F, मटियामेट करना।

saturate[2] –रॅट, a. (काव्य०, रंगके अतिरिक्त) संसिक्त, भीगा; आपूर्ण, परिपूर्ण, भरा हुआ।

saturated –रेटि'ड् p.p. अतिसिक्त, तरबतर, सराबोर; परिपूर्ण, आपूरित, भरपूर, भरा हुआ; (रसा०, भौ०) **सन्तृप्त**; बिना सफेदीके, गहरा, गाढ़ा (रंग); आक्रान्त; अनुविद्ध;

~ atmosphere, ~ compound, ~ molecule, ~ soil, ~ steam, ~ vapour.

saturation –रे'शॅन् n. अतिक्लेद, अतिसेक, भिगोना; परिपूर्ण, परिपूर्णता^F, (रसा०, प्रा० भू०, चि०) **सन्तृप्ति^F**, (रसा०) **सन्तृप्तीकरण**, भराई^F; रँगना; बमों द्वारा ध्वंस, विनाश; **अधिकतम ऊँचाई^F**;

~ coefficient, ~ content, ~ current, ~ curve, ~ deficit, ~ humidity, ~ level, ~ point, ~ pressure, ~ tank, ~ temperature.

saturator –'ट्यूरेटॅर् n. अतिसेक-यन्त्र, अतिसेचक यन्त्र, सम्पृक्ति यन्त्र, सैट्यूरेटर।

Saturday सै'टॅडे n. सप्ताहका सातवाँ दिन, शनि, **शनिवार**, शनैश्चर, सनीचर।

Saturn सै'टर्न् n. शनिश्चर, शनैश्चर, (ज्यौ०) **शनि**, शनि ग्रह; (रोमन पुरा०) कृषि^Fका देवता।

Saturnalia –ने'लिअॅ n. (प्राचीन रोमवालोंका) शनि देवताका (दिसम्बर मासका) उत्सव, शनिमहोत्सव (बड़े दिनके आमोद-प्रमोदका यह पूर्वरूप है); (s~) असंयत या कोलाहलपूर्ण आमोद-प्रमोदका दृश्य या समय; *a~ of crime* अपराधकाल, अपराधका युग।

saturnalian सेटॅर्ने'लिअॅन् a. क्रीडातत्पर, आमोदप्रिय, व्यभिचारासक्त, विलासी; आमोद-प्रमोद या विलासके युगसे सम्बन्धित।

Saturnian सॅटर'निअन् १. n. (pl.) शनिपद्य, शनिछन्द; शनिग्रहवासी; २. a. शनिश्चरी, शनिदेवता-सम्बन्धी या शनिग्रह-विषयक; ~ age स्वर्णकाल, स्वर्णयुग, सुनहरा जमाना; ~ metre, ~ verse शनिपद्य या शनिछन्द।

saturnine सै'टॅर्नाइन् a. विषण्ण और मन्द आकृति^Fका, मन्दप्रकृति, खिन्नप्रकृति, जड़प्रकृति, उदास और सुस्त स्वभावका, बेमन, मुर्दादिल, मनहूस शक्लका, गमगीन; सीसेके विषसे ग्रस्त, सीसेके विषका, सीसेके जहरसे प्रभावित (~ *patients*); सीसेका (*a ~ poultice*)।

saturnism –निज़्म् n. सीस-विषमिश्रण, सीसात्यय, सीसेसे विषाक्त होना, सीसेसे विषाक्त करना।

saturnist –निस्ट् n. विषण्ण व्यक्ति, मन्दाकृति व्यक्ति, खिन्न पुरुष, उदास व्यक्ति, सुस्त आदमी, मुर्दादिल आदमी, बेमन आदमी, मनहूस आदमी, गमगीन आदमी।

satyagraha सात्या'ग्रेहा n. सत्याग्रह।

satyr सै'टॅर् n. (बव०) बनमानुस; अतिकामुक मनुष्य, विलासी, पशुप्रवृत्ति, पाशविक वृत्तिवाला; वनदेवता, अजदेवता, ग्रीकदेवताओंमेंसे घोड़ेके कान और पूँछवाला मनुष्यके आकारका वन्यदेवता या आधे मनुष्य आधे बकरेके आकारका देवता।

satyriasis –राइ'ॲसिस n. (चि०) (पुरुषोंमें) अति

कामुकता^F, अति लम्पटता^F, अति भोगेच्छा^F; (शिक्षा०) **कामार्ति**^F, भोगोन्माद, कामोत्कटता^F ।

satyric सॅटि'रिक् a. वनदेवता-विषयक, अजदेवता-सम्बन्धी ।

satyrism ⊙ सै'टिरिज़्म् n. अति कामुकता^F, अति कामेच्छा^F, अति लम्पटता^F, भोगोन्माद, अति सहवास, अति रति^F ।

satyromaniac ⊙ –रॅमे'निॲक् a. अति कामुक, कामोन्मत्त, अति कामी, अति लम्पट, अति भोगी, अति रति॰प्रिय ।

sauce सॉस् १. n. (ला०) उत्तेजनाप्रद वस्तु^F, उत्तेजित करनेवाली चीज^F; कटुता^F, कड़ुवापन, चरचरापन (*is tame without the ~ of danger*); रोचनी^F, (कृषि०, चि०) **चटनी**^F; (किसी वैज्ञानिक प्रयोगमें काम आनेवाला) नमक या दूसरे तत्त्वोंका घोल; अनादरपूर्ण भाषण, औद्धत्यपूर्ण कथन, निर्लज्जता^F एवं अविनयपूर्ण व्यवहार, अनुशासनहीनता^F; धृष्टता^F, ढिठाई^F, बेअदबी^F, गुस्ताखी^F, शोखी^F (*none of your ~ !*); २. v.t. मसालेदार बनाना, नमक-मिर्च^F मिलाना, चटनी^F मिलाना; (ला०) स्वादिष्ठ बनाना, चरपरा बनाना, चटपटा बनाना, मजेदार बनाना, जायकेदार बनाना; (अशिष्ट) निर्लज्ज होना, ढीठ होना, ढिठाई^F से सम्बोधन करना, बेअदब होना; ~-boat (इति०) **चटनी-पात्र**, चटनीदानी^F, चटनी^F परोसनेका बर्तन; ~box धृष्ट व्यक्ति, ढीठ आदमी; ~pan डेकची, सॉसपॅन, भोजन पकानेका एक ढक्कनदार बर्तन; *serve with the same ~* एक ही प्रकारका व्यवहार करना, सबको एक लाठी^F से हाँकना; *what is ~ for ths gander is ~ for the goose* जो बीबी^F को सुहावै वही मियाँको भावै ।

saucer सॉसॅर् n. शरावक, शराविका^F, पात्री^F, चाय^F की तश्तरी^F, रकाबी^F, प्लेट^F; गमलादान, गमलेके नीचे रखनेकी तश्तरी^F; ~ eye (रकाबी^F की शक्ल^F की) बड़ी और गोल आँख^F; ~-eyed गोल और बड़ी आँखवाली ।

saucerful –फ़ल् n. तश्तरीभर, रकाबीभर ।

saucerless –लिॅस् a. शराविकाहीन, बेतश्तरी, बिना रकाबी^F के ।

sauciness सॉसिनिॅस् n. उद्दण्डता^F, अविनय^F, अहंकार, धृष्टता^F, निर्लज्जता^F, ढिठाई^F, बेअदबी^F, गुस्ताखी^F; स्फूर्ति^F, सजीवता^F, चुस्ती^F, फुर्तीलापन, तेजी^F, शौकीनी^F ।

saucy –सि a. उद्दण्ड, अविनीत, अहंकारी, धृष्ट, निर्लज्ज, उद्धत, उच्छृंखल, अनुशासनहीन, प्रगल्भ, ढीठ, मुँहफट, दिलेर, बेलगाम, बेअदब, गुस्ताख, शोख; (ग्रा०) स्फूर्तिवान्, सजीव, सक्रिय, क्रियाशील, चुस्त, फुर्तीला, तेज, चंचल, चालाक, जिन्दादिल, शौकीन ।

saul सॉल् n. SAL.

sault सो', सू' n. (कनाडाकी नदी^F में) द्रुतवाह, प्रपात; उछाल^F ।

Saumur सो'म्युॲर् n. सोमरस, फ्रांसीसी शराब^F ।

saunders, red सॉन्'डॅर्स्, रेड् n. रक्तचन्दन, लाल चन्दन, देवीचन्दन ।

saunter सॉन्'टॅर् १. n. निश्चिन्त गति^F, मन्द परिक्रमण, व्यर्थ भ्रमण, निरुद्देश्य भ्रमण, मनमौजी चाल^F, मटरगश्ती^F, आवारागर्दी^F; २. v. i. परिभ्रमण करना, मन्द-मन्द परिक्रमा^F करना, निरुद्देश्य घूमना, धीरे-धीरे टहलना, इधर-उधर फिरना, मस्ती^F से घूमना, सैर^F करना, बेकार फिरना, रमते फिरना, आवारा घूमना, जगह-जगह की खाक^F छानना, मटरगश्ती^F करना (ला० भी); ~ *through life* जीवनके दिन काटना, जिन्दगी^F बसर करना ।

saunterer –रॅर् n. व्यर्थ परिभ्रमणकारी, निरुद्देश्य घुमक्कड़, धीमे-धीमे चहलकदमी^F करनेवाला, मटरगश्ती^F करनेवाला ।

saurian सॉ'रिॲन् n. & a. एक प्रकारकी सॉरिया (*sauria*) या रेंगनेवाले जानवर, छिपकली^F, मगर आदिकी एक जाति^F (सम्बन्धी) ।

sauroid –राइॅड् n. & a. छिपकली^F या उसकी जाति^F के जन्तु (से सम्बन्धित) ।

saury –रि n. छिपकली-मछली^F ।

sausage सॉसिज् n. गोश्तभरी मसालेदार जानवरकी आँत^F, एक तरहका मांसक। कबाब, लँगोचा, गुलमा; **सासेज** (*~ form*, *~-shaped*); ~-machine गुलमा भरनेका यन्त्र, मशीन^F; ~-meat गुलमेमें टुकड़े-टुकड़े या मसाले लगाकर भरा जानेवाला मांस और डबॅल-रोटी^F; ~ roll गोश्त भरा गुलमा ।

saute सो'टे a. वसाभूंजित, चर्बी^F में भूना हुआ ।

Sauterne सोटेॲन्'' n. एक प्रकारकी मीठी सफेद फ्रांसीसी शराब^F ।

sauve qui peut (F) जो स्वयंको बचा सके उसे बचने दो; n. भगदड़^F ।

savable से'वॅबॅल् a. संरक्षणीय, रक्षणीय, बचानेके योग्य, बचा रखने लायक ।

savableness –निॅस् n. रक्षणीयता^F, संरक्षणीयता^F, बचाये जानेकी योग्यता^F, बचा रखनेकी स्थिति^F ।

savage से'विज् १. n. बर्बर मनुष्य, अशिष्ट या असभ्य जन, राक्षस, नरपशु, जंगली खूँख्वार आदमी, जंगली कबीलेका आदमी; २. v.t. बर्बर होना या बनाना; (घोड़े-का किसीको) गिरा देना या कुचल डालना (*was ~ed by his horse*); ३. a. **प्राकृत**, अशिष्ट, असभ्य; **असंस्कृत**, (*~ time*), अक्खड़, गँवार (*~ life*, *tribes*); (प्रा०) अनुन्नत, अविकसित, **वन्य**, बनैला, **जंगली**, **बहशी** (*a ~ scene*); (बोल०) कुपित, क्रुद्ध, क्रोधी, नाराज, गुस्से; (अप्र०) नग्न, नंगी (मनुष्यकी आकृति^F); नृशंस, निष्ठुर, क्रूर, दारुण, प्रचण्ड, हिंस्र, अकरुण, निर्दय, बर्बर, भीषण, भयंकर, भयावना, डरावना, खूनी (*~ persecution*) ।

savagedom –डॅम् n. वन्य शासन, जंगली जाति^F का राज्य; असभ्यावस्था^F ।

savageness –निॅस् n. असंस्कृति^F, असभ्यता^F; वन्यावस्था^F, जंगलीपन, निर्दयता^F, प्रचण्डता^F, बर्बरता^F,

भीषणता^{F}, बेरहमी^{F}, बहशीपन ।

savagery सै'विज्-रि n. असंस्कृत आचरण, असभ्य व्यवहार, वन्याचरण, बर्बर वर्ताव, (का०, इति०) **नृशंसता**^{F}, बर्बरता^{F}, निष्ठुरता^{F}; (का०, इति०) **प्राकृतावस्था**^{F}, वहशी अवस्था^{F}; **बहशीपन** ।

savagism –जिज़्म् n. SAVAGERY.

savagize –जाइज़् v.t. (इति०) **प्राकृत बनाना** ।

savanna(h) सॅवै'नॅ n. वृक्षहीन स्थली^{F}, बिना पेड़ोंका मैदान, तृणस्थली^{F}, घास^{F}का मैदान, (प्रा० भू०) **उष्णकटिबन्धीय घास^{F}के मैदान, सवाना** ।

savant सा'वान् n. बुधजन, प्राज्ञ, विद्वान्, पण्डित, ज्ञानी ।

savate (F) सॅवाट्' n. (फ्रांसीसी) मुष्टियुद्ध, मुक्केबाजी^{F}, बॉक्सिंग; पादप्रहार ।

save¹ सेव् १. n. (ताश या ब्रिजमें) बचावका उपाय या तरीका (जिससे बड़ी हारोंको रोका जा सके); (फुटबॉल) विपक्षी खिलाड़ियोंको गोल करनेसे रोकनेका काम, मुठभेड़^{F}; २. v.t. & i. संचय् करना, संचयन करना, मितव्ययिता^{F}के साथ व्यय करना, मितव्ययिता^{F}से या किफायत^{F}के साथ रहना, धन बचाकर रखना, व्यय न करना, बचा लेना, आगेके लिए बचाये रखना, बचत^F करना, रख लेना, जमा करना, खर्च करनेसे मुँह मोड़ना (*has never ~d*); (संकट, दुर्भाग्य, क्षति^{F} या बदनामी^{F}से) उद्धार करना, त्राण देना, मुक्त करना, छुटकारा देना, निजात देना (*~ me*); सुरक्षित रखना, रक्षा^{F} करना, बचाना, छुड़ाना; (फुटबॉल आदि) विपक्षियोंको गोल बनानेसे रोकना, भिड़ जाना; आरक्षित करना, संरक्षित करना, बन्धन लगाना, रोक^F रखना, शर्त^F करना; धन व्यय करनेकी आवश्यकता^{F}से (किसी व्यक्तिको) बचाना, खिन्नता^{F} या प्रतिक्रिया^{F}से बचाना, कष्टसे छुड़ाना, आवश्यकता^{F}का निवारण करना, आवश्यक धनको घटाना, जरूरत^{F}से बचाना, जरूरत^F पूरी करना (*that will ~ me £ 50*); अनन्त नारकीय यातना^{F}से छुड़ाना, आध्यात्मिक मुक्ति^{F} दिलाना, मोक्ष दिलाना, अभिशापसे मुक्त कराना (*who then can be ~d ?*); (part.) पापसे उद्धार करना; क्षतिपूर्ति^{F} करना (*has the ~ing grace of humour*); हस्तगत करनेमें सफल होना, समयपर जा लेना; जाने न देना, हाथसे निकलने न देना, ठीक वक्तपर जा लेना, ग्रहण करना, पकड़ना, पाना (*shall we ~ the tide ?*); *~-all* शमादान (जिसमें मोमबत्ती^{F} आखिर तक जल सके); *~ appearances* निर्वाह करना, निबाहना; *~ the follow on* (क्रिकेटमें) प्रतियोगीको लगातार पारी^{F} रोकना, दोहरी हार^F रोकनेका उपाय करना; *~ the situation* आये हुए संकटका निवारण करना, कठिनाई^{F}मेंसे रास्ता ढूँढ़ निकालना, आयी बला^{F} टाल देना; *~ up* (किसी कार्यके लिए) धन एकत्र करना; *~ us.* भगवान् बचाये (विस्मयसूचक) ।

save² १. prep. (विधा०) **अन्यथा**^{F}, किन्तु, बिना, **सिवाय**, छोड़कर, साथ ही, अलावा (*all ~ him*); २. conj. (प्रा०) इसके अतिरिक्त कि, जब तक कि न (*thou seest no beauty ~ thou make it*); *~ in such cases* ऐसे मामलोंको छोड़कर ।

saveloy सै'वॅलॉएँ n. बहुत ही मसालेदार सुखाया हुआ कबाब, गुलमा या लँगोचा ।

saver से'वॅर् n. (संकट, क्षति^{F} आदिसे) रक्षक, रखवारा, रखवाला, बचानेवाला; मितव्ययी, बचाकर रखनेवाला, बचत^F करनेवाला, कंजूस; उद्धारक, मोक्षदाता, आध्यात्मिक मुक्तिदाता, त्राणकारी; निस्तारकर्ता; किसी कमी^{F}से छुड़ानेवाला; आवश्यक रकम^{F}को घटानेवाला ।

saving –विंग् १. n. रक्षण, (का०) **व्यावृत्ति**^{F}, संचय, संचित धन, (अर्थ०) **बचत**^{F}, (का०) **बचाव**, किफायत^F; अपवादी; ~ fund बचत खाता; ~s-bank संचय अधिकोष, **बचत बैंक**, सेविंग्स बैंक; २. a. संचयी; (pl.) (विधा०) **व्यावृत्ति**^{F}, (अर्थ०) **बचत**^{F};

~ clauses, ~ deposit, ~ game, ~ method, ~ provision, ~s account, ~s bank deposit, ~s bank pass book, ~s bureau, ~s certificate, ~s clause, ~s commitee, ~s deposit, ~s group, ~s plan, ~ stores.

saviour –व्यॅर् n. राष्ट्रपिता, राज्योद्धारक, राज्यरक्षक, राज्यको संकटसे बचानेवाला, विनाशसे उद्धार करनेवाला; त्राता, परित्राता, त्राणकर्ता, उद्धारक, उद्धारकर्ता, तारक, मोक्षदाता, मुक्तिदाता; the, our, S~ ईसामसीह ।

savoir faire (F) n. कार्यक्षमता^{F}, कार्यनिपुणता^{F} ।

savoir vivre (F) n. शिष्टाचार ।

savonette सैवॅने'ट् n. प्रसाधन साबुन ।

savory से'वॅरि n. पुदीने-जैसी एक वनस्पति^{F}; a. (चि०) सुगन्धी या स्वादिष्ट ।

savour से'वॅर् n. संकेतात्मक गुण, व्यंजनात्मक गुण, दर्शनीय सम्मिश्रण, सन्देह, दुविधा^{F}, स्वाद, रुचि^{F}, रस (*a not unpleasing ~ of preciosity*); (अत्र क्र०) स्वादको प्रभावित करनेवाली गन्ध^F, वास^F, महक^F, खुशबू^{F}; (शा० एवं ला०) आनन्द, भोजनसुख, रस, विशेष स्वाद, मजा, जायका; प्रसिद्धि^{F}; २. v.t. & i. (क्र०) स्वादिष्ट बनाना, सुगन्धित करना, स्वाद बनाना, सरस करना; मसाला डालना; (प्रा०, शा० एवं ला०) प्रशंसा^{F} करना, तारीफ^F करना; अच्छा लगना, समझना, देखना, भाँपना; स्वाद लेना, चखना, मजा लेना; स्वाद या गन्ध^{F}का आभास देना, गन्ध^F आना, लगना (*the offer ~s of impertinence*); सम्मति^{F} देना, राय^F देना ।

savouriness –रि-निँस् n. सलवणता^{F}, लवणमयता^{F}, लवणयुक्तता^{F}, नमकीनपन, चटपटापन, मसालेदार होना; सुरभिपूर्णता^{F}, सुगन्धिता^{F}, मनोहर गन्धयुक्तता^{F}, खुशबूदारी^{F}, स्वादिष्टता^{F}, रुचिकरता^{F}, स्वादुता^{F}, स्वादयुक्तता^{F}, रसपूर्णता^{F}, रसीलापन, मजा ।

savourless –र्-लिँस् a. लवणहीन, नमकीनपन-रहित, चटपटापन-रहित, मसालारहित; सुरभिहीन, सुगन्धिहीन, खुशबू-विना; स्वादहीन, रुचिकरतारहित, स्वादुताविहीन, रसीलेपनसे रहित ।

savourous –रॅस् a. स्वादिष्ठ, स्वादु, स्वादयुक्त, रुचिर, रोचक।

savoury –रि १. n. एक प्रकारका नमकीन खाद्य; २. a. नमकीन, चटपटा, मसालेदार (खाद्य) (*sweet* or ~ *omelette*); सुरभिपूर्ण, सुगन्धित, मनोहर गन्धयुक्त, सोंधा, खुशबूदार; स्वादिष्ठ, रुचिकर, स्वादु, स्वादयुक्त, सरस, सुरस, रसपूर्ण, रसीला, मजेदार, जायकेदार, रसदा; क्षुधावर्धक; दुर्गन्धरहित, दुर्गन्धमुक्त, निर्गन्ध, बदबूसे खाली (स्थान आदि)।

savoy सॅवाएँ n. झुर्रीदार पत्तियोंवाली एक प्रकारकी बन्द गोभी^F, करमकल्ला।

savvy[1] सै'वि n. चातुर्य, चतुरता^F, चतुराई^F, होशियारी^F; योग्यता^F, बुद्धिमत्ता^F, समझ^F।

savvy[2] v.t. & i. अवधृत करना, समझना, जानना, दिलमें बैठा लेना।

saw[1] सॉ' १. n. करपत्र, (कृषि०, यंत्र०) **आरा, आरी**^F; (जन्तु०) दाँतेदार अंग या अवयव; २. v.t. & i. (p. ~*ed*, pp. ~*ed*, ~*n*) आरा चलाना, आरेसे लकड़ी^F चीरना, पट्टियाँ^F आदि बनाना, तख्ते चीरना, आराकशी^F करना; आरा चलानेवालेकी भाँति हवा^F में हाथ चलाना, आगे-पीछे चलाना या चलना; सुगमता^F से या बुरी तरहसे चीरा जाने देना; (जिल्दसाजी^F) चीरा देना, छेद करना; ~-bones (ग्रा०) शल्यशास्त्री, जर्राह, सर्जन; ~dust क्रकचचूर्ण, काष्ठधूलि^F, (कृषि०, यंत्र०) **बुरादा, लकड़ी^F-का बुरादा**; (*let the ~ dust out of* ला०, मिथ्या-चरित्र और बहानेबाजी^F का उद्घाटन करना, जाहिर कर देना); fish क्रकचमत्स्य, आरा मछली^F, दाँतेदार थूथन-वाली एक मछली^F; ~mill क्रकचालय, **आराघर**, चिराई-घर; क्रकच-यत्र, चीरनेका यत्र, **आरा मशीन**^F, लकड़ी^F चीरनेकी मशीन^F; ~-pit क्रकच-गर्त, आरेका गड्ढा; ~ blade, ~ cuts, ~ doctor, ~ doctoring, ~ dust, ~-edged, ~-fly, ~-frame, ~-ginned cotton, ~-log, ~-mill clerk, ~-mill engineer, ~-mill layout, ~-mill manager, ~-mill site, ~ palmetto, ~ set, ~ shark, ~ sharpener, ~ tooth, ~-toothed, ~ voltage.

saw[2] n. प्राचीन सूक्ति^F, प्रवाद-वाक्य, कहावत^F, मसल^F (प्रायः *wise* or *old* ~)।

sawder सॉ'डॅर् १. n. सन्धा, टाँका, राँगा, झाल, धातु^F जोड़नेका मसाला; चापलूसी^F, soft ~ चाटूक्ति^F, चाटुकारिता^F, चापलूसी^F, मक्खन लगाना; २. v.t. चाप-लूसी^F करना।

sawing सॉ'इंग् n. (यंत्र०) **चीरना**; ~ machine (यंत्र०) **आरा मशीन**^F।

sawn सॉन्' a. क्रकचित, चिरी हुई (~ *timber*)।

Sawney सॉ'नि n. बुद्धू, मूर्ख-सा, सीधा-सादा; स्कॉट-लैण्डवासीका (अपनाम)।

sawyer सॉ'यॅर् n, क्रकचचालक, **आराकश, आरा चलानेवाला**; घुन, लकड़ी^F को कोलनेवाला कीड़ा; (अमेरिकामें) जड़^F से उखड़कर नदी^F में उतराता हुआ पेड़।

sax सैक्स' n. (यंत्र०) **स्लेट छैनी**^F; (स्लेट बनानेका) रन्दा।

saxatile सैक्'सॅटाइ(टि)ल् a. चट्टानी, पथरीला, पहाड़ी।

saxe सैक्स् n. एक प्रकारका फोटोग्राफी^F का कागज, फोटो-पेपर।

saxhorn सैक्स्'हॉर्न् n. तुरही-विशेष, विगुल; पीतलका सात साइजोंमें बना हुआ बाजा।

saxicavous सैक्सिके'वॅस् a. प्रस्तरच्छेदी, पाषाणच्छेदी, शिलाछेदी, पत्थरमें बोरिंग^F करनेवाला।

saxicolous –'कॅलॅस् a. प्रस्तररुह, शिलारुह, पाषाण-रोही, पत्थरपर उगनेवाला।

saxifrage –'सिफ्रिज्, -सिफ्रेज् n. पाषाणभेद; आल्प्स पर्वत या चट्टान^F में पाया जानेवाला एक पौधा; (चि०) अश्मरी भेदक करके पूर्वकालमें प्रसिद्ध।

Saxon सैक्'सॅन् १. n. अँग्रेजी भाषा^F में ट्यूटानिक तत्त्व; आधुनिक सैक्सोनी प्रदेशका निवासी; उत्तरी जर्मनीके ट्यूटानिक लोगोंमेंसे कोई एक व्यक्ति या उनकी भाषा^F, **सैक्सन**; २. a. सैक्सनोंसे सम्बन्धित, सैक्सनका।

Saxondom –डॅम् n. सैक्सन आधिपत्य, सैक्सनराज्य।

Saxonism –निज़्म् n. सैक्सनवाद (भाषा^F, जाति^F, कला^F आदिके सम्बन्धमें)।

Saxonist –निस्ट् n. सैक्सन भाषाविद्, सैक्सनवादी।

Saxonize –नाइज् v.t. & i. सैक्सन होना या सैक्सन बनाना।

saxony सैक्'सॅनि n. उत्तम प्रकारकी ऊन, बढ़िया ऊन; बढ़िया ऊनके बने हुए वस्त्र।

saxophone सैक्'सॅफ़ोन् n. रणमुरली^F; कई साइजोंका पीतलका बाजा, विगुल।

saxophonist ⊙–सॉ'फॅनिस्ट् n. तुरहीवादक, विगुल बजानेवाला।

saxtuba सैक्स्'ट्यूबॅ n. शहनाई^F।

say[1] से' n. (अब क्वचित्) बढ़िया सर्ज-जैसा कपड़ा।

say[2] n. कहनेका अवसर; निवेदन, उक्ति^F, कथन, मत, विचार, बयान, कहावत^F, बात^F कहना (~ *your* ~)।

say[3]* v.t. & i. (*said*) उच्चारण करना, बोलना, मुँहसे शब्द निकालना, मुँह खोलना, ओठ खोलना, कहना*; पाठ करना, साधारण बोलनेकी ध्वनि^F में दुहराना; (अपना मत देते हुए) कहना, (विशिष्ट रूपसे) टिप्पणी^F देना; प्रयोग करना, पूर्वाभ्यास करना; प्रतिज्ञा^F करना, वचन देना, वादा करना; वर्णन करना, बताना, बयान देना (*he ~s that all men are liars*); भविष्य बताना; भविष्यवाणी^F करना, आगेकी कहना; निश्चय करना, दावा करना; व्याख्यान देना, भाषण करना; वार्तालाप करना, चर्चा^F करना, बातचीत^F करना (~ *away*); अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, भाषाबद्ध करना, शब्दोंमें बाँधना, प्रकट करना, (*that was well said*); मत स्थिर करना, धारणा^F बनाना, राय^F कायम करना; मत व्यक्त करना, मत देना, निर्णय देना, सम्मति^F देना, विचार देना, एक बात^F कहना, कतई राय^F देना, -राय^F

प्रकट करना (*here is no ~ing*); कारण प्रस्तुत करना, तर्क उपस्थित करना, दलील^F पेश करना, बहाना पेश करना, वजह बताना; उत्तर देना, जवाबमें कहना (*have you nothing to ~ for yourself ?*); उदाहरणके रूपमें चुनना, कल्पना^{F} करना, किसी संख्या^{F}विशेषको ग्रहण कर लेना, मान लेना, फर्ज कर लेना; (*let us ~*); hear~ उड़ती बात^F, सुनी-सुनायी बात^F, खबर^F; *has said his ~* कह दिया जो उसे कहना था; *~ a good word for* प्रशंसा^{F} करना, सिफारिश^F करना; क्षमा^{F} करना, माफ करना; *~ grace, prayer* विनय^F करना, प्रार्थना^{F} करना, दुआ माँगना; *~ lesson* पाठ सुनाना, सबक सुनाना; *~ no* निषेध करना, बरजना, न कर देना, इन्कार करना; *~ no more* चुप रहिए, अब कुछ न कहिए, अब मत बोलिए, बस करिये; *~ out* स्पष्ट रूपसे व्यक्त करना, पूर्णरूपेण कह डालना; *~ something* ईशविनय^F करना, धर्मपुस्तक^{F}का पाठ करना; भाषण करना, बोलना; *~ the word* आज्ञा^{F} देना, हुक्म देना; *~ yes* स्वीकार करना, समर्थन करना, मानना, हाँ करना, हामी^{F} भरना; *that is to ~* दूसरे शब्दोंमें; *you may well ~ so* आपका कहना उचित है।

saying –'इंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें); लोकोक्ति^{F}, प्रवाद, सुवाक्य, संक्षिप्त एवं अर्थपूर्ण कथन, सारगर्भित उक्ति^{F}, कथन, वाणी^{F}, उक्ति^{F}, मत, वचन, सूक्ति^{F}, प्रवाद-वाक्य, कहावत^F, मसल^F (*as the ~ is*); *goes without ~* निर्विवा है, स्पष्ट है; *~ and doing* कथन और क्रिया^{F}, कथनी^{F} और करनी^{F}; *there is no ~* उसमें कुछ कहने-सुननेको नहीं।

Say(y)id, Said से'यिड्, सेड्' n. सैयद।

S.B. Savings Bank; Security Bond; Service Book; Special Branch; Statistical Bureau.

Sb Stibium = ANTIMONY.

S.B.I. Sub-Bridge Inspector.

sbirro (It.) स्बि'रो n. स्बीरो, इटाली आरक्ष, पुलिस^F, इताली पुलिस^F, इताली सिपाही।

S.C. Salvage Corps; Scheduled Castes; Security Council; South Carolina; *senatus consultum*, a decree of the Roman Senate; Special Constabulary; Supreme Court; Staff College; Staff Corps; Settlement Commissioner; Statistical Clerk; Steel Controller.

Sc. Scandium.

s.c. (or **s. caps. sm. caps.**) small capitals.

sc. (or **scil.**, **sciz.**) *scilicet*, to wit, namely.

sc. (or **sculp.**, **sculpo.**) *sculpsit*, engraved it.

scab स्कैब् १. n. खर्जु^{F}, पामा, खुजली-जैसा, चर्मरोग-विशेष; खुरण्ड, खट्ट, पपड़ी^{F}; घावके भरनेके बाद चिह्न, निशान, दाग; पौधोंका रोग-विशेष; (श्रम०) गद्दार, (मजदूर संघवादमें) हड़तालविरोधी, हड़ताल^{F}में भी काम करनेवाला मजदूर; गैरहड़ताली ⊙; हीन, अधमजन, क्षुद्र, दुष्ट, नीच, कमीना आदमी (प्रा०); २. v.i. (घावपर) पपड़ी^{F} पड़ना; पपड़ियाना, घाव भर आना, अच्छा होना।

scabbard स्कै'बॅर्ड n. असिकोष, कोष, **म्यान** (*~stud*); *fling, throw, away the ~* किसी बातको अन्ततक निबाहनेकी प्रतिज्ञा^{F} करना।

scabbed, scabby स्कैब्ड्, –'वि aa. भरा हुआ, पपड़ी^{F} जमा हुआ (घाव); नीच, अधम, तुच्छ, कमीना।

scabbiness –'बिनिॅस् n. कण्डुति^{F}, कण्डूया^{F}, खर्जन-मयता^{F}, खर्जनयुक्तता^{F}, खुजली^{F}, खाज^F; (घावका) भरा हुआ होना, पपड़ी^{F} जमा हुआ होना; नीचता^{F}, अधमता^{F}, तुच्छता^{F}, कमीनापन।

scabble स्कै'बॅल् v.t. मोटा काम करना, (पत्थर इत्यादि) खान^{F}से निकालना।

scabbling –लिंग् n. **कच्ची गढ़ाई**^{F}।

scabby स्कै'बि a. दे० SCABBED.

scabies स्के'बिईज़् n. (चि०) **कच्छू**, कण्डू, **खाज**^{F}, खर्जु^{F}, खुजली^{F}, खारिश^F।

scabietic –बिए'टिक् a. कण्डू-विषयक, खाज-विषयक, खर्जु-विषयक, खुजलीवाला, खारिश^{F}का; सकण्डू, खाज-युक्त, खर्जुमय, खुजलीपीड़ित, खारिश^{F}से रुग्ण।

scabious स्के'बिअॅस् १. n. खुजलीमार पौधा; २. a. खुजलीवाला; चर्मरोगग्रस्त, खुजली^{F}का।

scabrescent स्के'ब्रॅसॅन्ट् a. (वन०) सूक्ष्मतया असम, सूक्ष्मतः विषम, हलका खुरदरा; कम काँटेदार।

scabrid –ब्रिड a. ईषत् असम, ईषत् विषम, कुछ खुरदरा; कुछ नोकदार, कुछ काँटेदार।

scabridity स्कॅब्रि'डिटि n. ईषद्समता^{F}, ईषद्विषमता^{F}, कुछ खुरदरापन; कुछ नोकदार होना, कुछ काँटेदार होना।

scabrous स्के'ब्रॅस् a. (साहित्य; विषय, परिस्थिति^{F} आदि) अनिश्चित, रूखा, कठिन; दुस्तर, नाजुक; (जन्तु०, वन० आदि) असम, (वन०) **खुरदरा**; गठीला, गाँठदार।

scabrousness –निॅस् n. (साहित्य) गम्भीर स्थिति^{F}, गम्भीरता^{F}, रूक्षता^{F}, रूखापन, कठिनाई^F, नाजुक हालत^F।

scaffold स्कै'फ़ॅल्ड् १. n. घातस्थान, वध्यमंच, पाशमंच, मंच, मचान, तख्ता (विशे० फाँसी^{F}का); (*the ~* के अर्थमें भी) जल्लादके हाथोंसे मृत्यु^{F}, वध; (*~ing* के अर्थमें भी) प्रेक्षामंच, चबूतरा; (प्रायः *~ing* के अर्थमें भी, मकान बनाने या मरम्मत^F करनेके लिए कारीगरोंके खड़े होनेका बल्ली^{F} और पाटियों^{F}का बना हुआ) मचान, पाइट, पाड़; (श०. र० शा०, गर्भ०; *~ing*) ढाँचा; खाका; २. v.t. (मकानके लिए) मचान रखना, पाड़ बाँधना; *the ~* फाँसी^{F}का दण्ड, फाँसी^{F}।

scaffoldage –डिज् n. वध्यमंच, वधस्तम्भ, फाँसी^{F}का तख्ता; नाट्यशाला^{F}की दीर्घा^{F} या गैलरी^{F}; मंच, पाड़।

scaffolder –डॅर् n. जल्लाद; (यंत्र०) **पाड़** या पाइट **बाँधनेवाला**।

scaffolding –डिंग् n. दे० SCAFFOLD, समाधार, मंच, (इति०) **मचान,** पाड़; (यंत्र०) **पाड़ बाँधना**; ~-pole मचानके लिए बाँस या बल्ली^F^।

scaglia स्कैग्'लिॲ, स्कै'ल्यॅ n. ईषदरुण चूर्णप्रस्तर, अरुणाभ चूर्णप्रस्तर; गुलाबी चूनेका पत्थर; ईषच्छ्वेत चूर्णाश्म, श्वेताभ चूर्णप्रस्तर, कुछ सफेद-सा लाइमस्टोन।

scagliola स्कैल्यो'लॅ n. प्लास्टरका बनावटी पत्थर।

scalable स्के'लॅबॅल् a. scale[1]; [2], [3] के क्रियागत अर्थोंमें।

scalar स्के'लॅर् a.=SCALARIFORM; (ग०) अदिष्ट ~(*quantity*), **अदिश**;
~ matrix, ~ potential, ~ product.

scalariform स्कॅलै'रिफ़ॉर्म् a. निःश्रेणीवत्, (वन०) **सोपानवत्** (~ *conjugation, perforation*), सोपानाकृति, सोपानाकार, सोपान-सदृश, सीढ़ी-जैसा, T.

scalawag, scalla-, scally- स्कै'लॅवैग्, स्कै'लॅ-, स्कै'लि n. दुष्ट, धूर्त, निर्दयी, दुर्जन, बदमाश, पाजी, गुण्डा; अकर्मण्य पुरुष, निष्क्रिय, व्यर्थका मनुष्य, नाकारा आदमी, निकम्मा आदमी; छोटा, नाटा, दुबला, पतला, कमजोर, मरियल, भूखों मरनेवाला पशु।

scald[1] स्कॉल्ड्' १. n. (चि०) द्रव-दग्ध, स्नेह-दग्ध; द्रव-दहन, गर्म पानी या भाप^F^से झुलसना; जलन^F^, (वन०) **दाह**, चर्मदाह, फफोला, झलका, आब्ला; २. v.t. गर्म पानी, भाप^F^ आदिसे (किसी मनुष्य या उसके अंग या खाल^F^को) पीड़ा^F^ पहुँचाना, जलाना, फफोला करना, झुलसना (*was ~ed to death by the steam*); बर्तन आदिको खौलते हुए पानीसे धोना, साफ करना; दूध-को खौलाना, उबालना; ३. a. फफोलेदार; चर्मदाह रोगी; रद्दी, मामूली।

scald[2] n. भाट, चारण (प्राचीन स्कैण्डीनेवियाका महापुरुषोंके सम्मानमें काव्यरचना^F^ करके सुनानेवाला कवि)।

scalder स्कॉल्'डॅर् n. ओषणक, बुद्बुदक, उबालनेवाला, खौलानेवाला; क्वाथभाण्ड, ओषण-पात्र, उबालनेका बर्तन; बर्तनोंको गर्म पानीसे साफ करनेवाला।

scaldic स्कॉल्'डिक् a. चारणीय, चारण-, भाटोंका।

scalding स्कॉल्'डिंग् n. (चि०) **तप्त द्रव-दाह**।

scaldings ⊙ स्कॉल्'डिंग्ज् n. मार्गसे हट जानेके लिए चेतावनी^F^, हट-हटकी आवाज^F^।

scaldino (It.) n. छोटी अँगीठी^F^।

scale[1]* स्केल्' १. n. (सरीसृप, रेंगनेवाले जीव या मत्स्यका चर्मरक्षक सूक्ष्म किन्तु कठिन) (कृषि०,वन०,जीव०) **शल्क** (~ *leaf*), बल्कल, परत^F^*, **पपड़ी**^F^, वरक, छिल्का; कोंपल या उगता हुआ पंख; फूलके नीचेकी छोटी पत्ती^F^; भूसा, छीमी^F^; तितली^F^ आदि कीड़ोंके रूपान्तरित बाल या रोएँ; (नौवि०) मजूसा, घनी जोड़^F^; स्तर, तह^F^; चर्म या खाल^F^की परत^F^, पपड़ी^F^, खुरण्ड; मुर्चा या जंग खाये हुए लोहेपरकी परत^F^; दाँतपरका मैल; डेगची^F^ या इंजिनके बॉयलरके भीतर जमी हुई पपड़ी^F^; २. v.t. & i. छिलका उतारना, छीलना, वर्क उतारना; शल्क दूर करना या दन्तशर्करा^F^ हटाना, पपड़ी^F^ उतारना, परत^F^ हटाना (~ *fish, almond, peas, teeth*); (छिलके, पर्तों आदिका) अलग होना; (खाल^F^, धातु^F^ आदिका) हटना, उतरना, छिलना; (छाल^F^, पर्त^F^को) गिराना; ~-armour परतदार बख्तर; ~-board चित्र या शीशे आदिकी पीठ^F^पर लगायी जानेवाली पतली लकड़ी^F^; ~-fern शल्कपर्ण; ~-insect खपरीदार कीड़ा; ~-moss काई-जैसी पत्तियोंवाला पौधा; ~-work परतदार बनावट, पपड़ी^F^के ऊपर पपड़ी^F^ जमानेका काम, खपरीली तरतीब^F^।

scale[2] १. n. तराजू^F^का पलड़ा; (pl.) (*pair of ~s* के अर्थमें भी) तुला^F^, साधारण तराजू^F^; २. v.t. (तुली हुई वस्तु^F^का तराजू^F^में) भार बताना, जाँचना, कूतना, वजन बताना; (क०) तराजू^F^में तौलना, वजन करना; ~-beam तुलादण्ड, डाँड़ी^F^; ~ discharge (परि०) **अनुभार उतराई**^F^; ~ pan तुलापात्र, पलड़ा; *hold the ~s even* निष्पक्ष निर्णायक होना, न्यायकी तुला^F^ पकड़ना; *throw sword into ~* तलवार^F^के बलपर अपने अधिकारको पुष्ट करना; *turn the ~* मन्तव्य या परिस्थिति^F^का निर्णयात्मक होना, पाँसा पलटना।

scale[3]* १. n. अधिरोहिणी^F^, सोपानपद्धति^F^, अनुक्रम, **क्रम**, श्रेणी^F^, शृंखला^F^, माला^F^, पंक्ति^F^, परम्परा, क्रमिक व्यवस्था^F^, स्तर, दर्जा, (*is high in the ~ of creation*); (रसा०) **शल्क**; (संगीत) **स्वरग्राम**, सुरक्रम, ग्राम, प्रयुक्त सुरोंकी क्रमिक व्यवस्था^F^, सरगम (*minor ~*); किसी मानचित्र आदिमें आपेक्षिक विस्तार, आयाम, अनुपात, लम्बाई-चौड़ाई^F^ (*a building of small ~*); (प्रायः ~ *of notation* के अर्थमें भी; (रसा०, चि०) **मापक्रम**; संख्या^F^के भिन्न स्थानोंकी इकाइयोंके बीचके अनुपातके द्वारा व्यक्त) अंकक्रमका आधार, सांकेतिक चिह्नोंका क्रम, संकेतन, अंकपद्धति^F^; अंकश्रेणी^F^, अनुमाप, नाप^F^*, (चि०, रसा०, प्रा० भूगोल) **पैमाना**, अंकोंका पैमाना*; नापनेको या घटाव-बढ़ावके लिए एक नियत दूरी^F^की रेखा^F^पर अंकित चिह्न, इन अंकित चिह्नोंके बीचकी दूरी^F^ निश्चित करनेका साधन, मापयंत्र, मापश्रेणी^F^, मापदण्ड, **माप-सारणी**^F^; **मात्रा**^F^; **मान**, (प्रा० भूगोल, गणि०, रसा०, चि०) **मापनी**^F^, पटरी^F^, **स्केल**^F^; २. v.t. & i. मापना, सामान्य माप^F^ करना, एक-सा मानदण्ड रखना, एक-सा पैमाना रखना; समान मानवाला होना, निर्मित होना; वास्तविक विस्तार-के आनुपातिक विस्तारमें प्रकट करना, प्रस्तुत करना, सामान्य क्रम (सार्वक्रम) में लघुकरण करना, घटाना; दीवाल^F^ या किसी ढालू स्थानपर सीढ़ी^F^के सहारे ऊपर चढ़ना या कठिनाई^F^से चढ़ना; binary ~ द्विवर्णीक्रम, दुक्के या चौकेकी इकाइयों^F^का द्योतक; ordinary *or* denary *or* decimal ~ क्रमिक इकाई^F^, दहाई^F^, सैकड़ा आदिकी सूचक माप^F^, साधारण या दर्शांशिक तथा

दाशमिक मान; दशांशिक क्रम जैसे, १४=चार+दस; ~ of pay वेतन-मान; ternary ~ त्रिवर्णक क्रम; तीन और नौकी इकाइयों^F का सूचक; *sink in the* ~ दर्जेमें कम होना, स्तर गिरना; *to* ~ वास्तविक नाप-जोख^F के अनुपातमें;

~ coefficient, ~ degree, ~ height, ~ line, ~ value.

scaled स्केल्ड् a. वल्कलयुक्त, शल्कयुक्त, मछली^F के चमड़े-जैसा, परतदार, चमड़ेवाला।

scaleless –ल्'लिस a. शल्करहित, शल्कहीन, बिना छिलकेका, बेपरत !

scalene स्कॅलीन्' १. n. विषमबाहु त्रिभुज, रीढ़^F की मांसपेशी^F; २. a. (ग०) विषमभुज, **विषमबाहु**; ~ cone विषमशंकु, आधारकी ओर झुकी हुई धुरीवाला शंकु; ~ triangle (प्रा० भू०, ग०) **विषमबाहु त्रिभुज, विषमबाहु त्रिकोण,** विषम त्रिकोण, त्रिभुज जिसकी कोई दो भुजाएँ^F समान न हों; ~ tubercle (चि०) **विषम गुलिका^F, स्केलीन गुलिका^F।**

scalenohedron ⊙ स्कॅलिनो'हिड्रॉन् n. द्वादशतल, द्वादशतल ठोस, (प्रा० भू०) **विषम त्रिभुज पार्श्वक**।

scaler स्के'लॅर् n. शल्कक; छिलका उतारनेवाला, पर्त^F उतारनेवाला, वर्क उतारनेवाला; (मछली^F का शल्क, दाँत-का मैल, शर्करा^F, इत्यादि) दूर करनेवाला; अलग करने-वाला, उतारनेवाला, हटानेवाला; (भौ०) **अदिश, अदिष्ट;** अनुपातित करनेवाला, अनुपातमें प्रकट करने-वाला; अनुक्रमबन्धक, श्रेणीबद्ध करनेवाला, शृंखलाबद्ध करनेवाला, माला^F बनानेवाला; आरोहक, आरोहण करनेवाला, चढ़नेवाला।

scaliness –लिनिस् n. शल्कयुक्तता^F, स्तरमयता^F, छिलकेदारी^F।

scaling स्के'लिंग् n. मापन, **मापना**; चढ़ना (~ *ladder*); पार करना; (चि०) दन्तशर्कराहरण; **पपड़ी^F उतारना**; ~ circuit **अधिरोही परिपथ**; ~ down **श्रेणी^F घटाना, मात्रा^F घटाना**।

scall स्कॉल्' n. (प्रा०) चर्मपरके छाले, पपड़ी^F, खुजली^F; dry ~ सूखी खुजली^F; moist ~ अपरस, छाजन; द्रवदग्ध।

scallion स्कै'ल्यॅन् n. एक प्याज।

scallop, sco- स्कै'लॅप्, स्कॉ- १. n. (इति०) **कम्बूकृत, कम्बुक,** एक सीपदार मछली^F; T.; (~*-shell* के अर्थमें भी) इस सीप^F का घर, घोंघेका खोल; (आधु०) छिछली कड़ाही^F या बर्तन; तीर्थयात्रीका बिल्ला; सीप^F की कोर^F के अनुकरणमें कटा हुआ किनारा, कामदार, सजीली कोर, मगजी; २. v.t. कड़ाही^F विशेषमें पकाना, अर्द्ध-वृत्ताकार रूपमें किनारे काटना, सीप^F के किनारे निकालना, सीप^F की-सी कोर^F सजाना।

scalloping –पिंग् n. कामदार कोर काढ़ना, मगजी^F सजाना।

scallywag स्कै'लिवैग् n. दे० SCALAWAG.

scalp स्कैल्प् १. n. (रसा०, चि०) **शिरोवल्क,** कर्परा-वरण, शिरोस्थि-चर्म, खोपड़ी^F का केशयुक्त चर्म; शिरोऽग्र, मस्तक, सिरका सबसे ऊपरी भाग, खोपड़ी^F; बिना नीचेके जबड़ेका ह्वेल^F का सिर; २. v.t. मस्तक-त्वक्‌को अलग करना, सिरकी खाल^F उतारना, खोपड़ी^F की चमड़ी उता-रना; उद्दण्डतापूर्वक छिद्रान्वेषण करना, अशिष्टतापूर्वक आलोचना^F करना, जंगली ढंगसे नुक्ताचीनी^F करना; ~-lock शिखा^F, चुटिया^F; *take* ~ सिर उतारना; *out for* ~*s* युद्धपथपर, लड़ाई^F के रास्तेपर; (ला०) आक्रामक या कटु विरोधपूर्ण या अशिष्टतापूर्ण मनोदशा^F-में, झगड़ा करनेको तैयार।

scalpel स्कैल्'पॅल् n. विच्छेदनी^F, (प्राणि०) **छुरिका^F, क्षुरिका^F,** शल्यचिकित्सक (जर्राह) का कलम^F जैसा छोटा हल्का चाकू, छुरी^F, **T.**

scalpelliform –पे'लिफ़ार्म a. (शल्यचिकित्सक या सर्जनके) छूरेके आकारका, चाकू-जैसा।

scalper स्कैल्'पॅर् n. मस्तक-त्वक्-शल्कक, खोपड़ी^F की चमड़ी^F उतारनेवाला; मस्तकशल्कक यत्र, खोपड़ी^F की चमड़ी^F उतारनेवाला औजार।

scalpriform स्कैल्'प्रिफ़ार्म् a. टंकाकृति, टंकाकार, छेनी-सदृश, छेनी-जैसा, रुखानी-जैसा।

scalprum ⊙ स्कैल्'प्रॅम् n. शल्यचिकित्सक या सर्जनकी रेती^F या बड़ा चाकू।

scaly स्के'लि a. शल्कमय, शल्की, शल्कयुक्त, वल्कावृत्त, वल्की, भूसीवाला, छिलकेदार, खोलदार; पर्तदार, तहदार (~ *bark, bud*); ~ant eater **शल्की चींटाखोर**।

scamble स्कैम्'बॅल् v.t. & i. संघर्ष करना, होड़^F करना, छीना-झपटी^F करना, ऊधम मचाना, धक्कमधक्का करना, जल्दी मचाना; न्योछावर करना, बिखेरना, लुटाना, फेंकना; घुटनोंके बल चढ़ना, घिसट-घिसटकर चढ़ना।

scambler –लॅर् n. संघर्षकर्ता, लुण्ठक, होड़^F लगाने-वाला, छीनाझपटी^F करनेवाला, धक्कमधक्का करनेवाला, चुलबुला, चिलबिला, हड़बड़िया; बिखेरनेवाला, न्योछावर करनेवाला, लुटानेवाला, फेंकनेवाला; घुटनोंके बल चढ़ने-वाला, घिसट-घिसटकर चढ़नेवाला।

scammony स्कै'मॅनि n. (चि०) तीव्र विरेचक, एक पौधा और उसकी राल^F।

scamp[1] स्कैम्प' n. धूर्त, दुष्ट, दुर्जन, शरीर, लुच्चा, बदमाश, आवारा, बदजात, (कभी-कभी प्रेमके रूपमें प्रयुक्त); कामचोर; नटखट।

scamp[2] v.t. बिना ध्यानके काम करना, अच्छे ढंगसे काम न करना, दिल लगाकर काम न करना, काममें मन न लगाना, लापरवाही^F से करना, बुरी तरह करना, असाव-धानी^F से काम करना, जी चुराना, टालना, अनमने काम करना, बेगार टालना।

scamper स्कैम्'पॅर् १. n. द्रुत यात्रा^F, जल्दी-जल्दीका सफर; सवेग गमन, द्रुत धावन, भागदौड़^F, भगदड़^F; घोड़ेकी सरपट^F सवारी^F; सवेग पाठ, शीघ्र पाठ; २. v. i. भयभीत पशु या खेलते हुए बच्चेकी भाँति बेतहाशा दौड़ना, सिरपर पाँव रखकर भागना, जी-जान^F छोड़कर

भागना, चम्पत होना, तेज़ी[F]से दौड़ना; काफ़ूर होना, सटक जाना ।

scampish स्कैम्'पिश् a. थोड़ा धूर्त, दुष्ट-सा, दुर्जन-जैसा, बदमाशीकी ओर झुकाववाला ।

scan स्कैन्' v.t. & i. पिंगल या छन्द नियमके अनुसार शुद्ध होना (*line does not ~*), लयात्मक पाठ होना (*line will not ~*); लयात्मक पाठ करना, लय[F]पर बल देकर पढ़ना; छन्द-निर्णय करना, छन्द-मात्रा[F] गिनना, (टेलीविजन *television*) संचरणके हेतु (किसी चित्रका) उसके प्रकाश एवं छाया[F]के तत्त्वोंमें विभेदन करना; अन्वनुलोकन करना, **अवलोकन करना,** सूक्ष्म परीक्षा[F] करना, ध्यानसे देखना, **बारीक जाँच करना,** जाँचना, तौलना, पड़तालना; (चेहरे या क्षितिजके) सभी भागोंको देखना ।

scandal स्कैन्'डल् n. निर्वाद, लोकापवाद, अपकीर्ति[F], कलंक, (का०) **अवधूरण,** दूषण, आक्षेप, अपमान, अपमान-वचन, सार्वजनिक निन्दा[F], बदनामी[F], बुराई[F], जिल्लत[F] (*a grave ~ occurred*); परिवाद, प्रवाद, (का०) **अपवाद,** पिशुनवाक्य, द्वेषपूर्ण वार्ता[F], कुत्सा[F], गर्हणा[F], निन्दा[F], चुगली[F]; (कानून) सार्वजनिक अपमान, न्यायालयमें दिया गया अपमानजनक वक्तव्य, बदनामी[F] करनेवाला बयान ।

scandalize[1] –लाइज् v.t. नैतिक आचरणपर आघात करना, शिष्टाचार-सम्बन्धी धारणाओं[F]को तिरस्कार करना, नैतिक भावनाओं[F]को चोट[F] पहुँचाना, दोषारोपण करना, निन्दा[F] करना, अपयश फैलाना, बदनाम करना, नामको बट्टा लगाना, बुरी बात[F] कहना ।

scandalize[2] v.t. (नौवि०) पाल या बादबानके फैलावको छोटा कर लेना ।

scandalled स्कैन्'डल्ड् a. कलंकित, अपकीर्तित, अपभाषित, निन्दित, अपमानित; अपमानजनक, लज्जाजनक, निन्दापूर्ण ।

scandalous –लॅस् a. दूषणीय, अकीर्तिकर, गर्हित, निन्द्य, कलंककर, निन्दाजनक, निन्दात्मक; (का०) **अवधूरक,** अपवादक, परिवादात्मक, आक्षेपगर्भ; निन्दास्पद, बदनाम ।

scandalousness –निॅस् n. कलंक, अपवादकता[F], निन्दात्मकता[F], आक्षेपगर्भता[F], निन्दापूर्णता[F], बुराई[F], बदनामी[F], थुक्काफजीहती[F], फजीहत[F], तौहीन ।

scandent स्कैन्'डन्ट् a. (वन०) **आरोही,** चढ़नेवाला, लतर-जैसा ऊपर जानेवाला ।

Scandinavian स्कैन्डिने'विॲन् n. & a. स्कैण्डिनेविया (डेनमार्क, स्वीडन और आइसलैण्ड)का (निवासी, भाषा[F], परिवार) ।

scandium स्कैन्'डिॲम् n. (रसा०) स्तोकातु, स्कैण्डिनेवियाकी धातु[F], T.

scannable स्कैॅ'नॅबॅल् a. अन्वनुलोकनीय, सूक्ष्मपरीक्षणीय, सूक्ष्मपरीक्षा-योग्य, ध्यानसे देखने योग्य, जाँचने लायक ।

scanning स्कैॅ'निंग् n. परिलोकन, **अवलोकन, क्रमवीक्षण** (*~ technique*), परीक्षण; **बारीक जाँच[F],** (विद्यु०) **अंशेक्षण;** छन्द्परीक्षण, छन्दोविभाजन; (चि०) विभक्त शब्दोच्चारण, रुक-रुककर शब्दोच्चारण करना ।

scansion –न्'शॅन् n. गण विभाग, मात्रा-गणन, छन्द-नियमन, छन्दपरीक्षण, चरण एवं अक्षर गिननेकी विधि[F], = SCANNING.

scansorial स्कैन्सॉ'रिॲल् a. (वन०, जीव०) **वृक्षारोही, आरोही** (*~ leg*), आरोहणशील, चढ़नेवाला, ऊपर जानेवाला (पक्षी); चढ़नेके काम आनेवाले, चढ़नेके लिए बने हुए (पक्षीके पैर); ~ adoptation **आरोहण अनुकूलन** ।

scant स्कैन्ट्' १. v.t. (प्रा०) (सामग्री[F] या रसद[F], मनुष्योंको) मितव्ययिता[F]से देना, सीमित कर देना, घटाना; कृपणता[F]के साथ देना, असन्तोषपूर्वक देना, हद[F] बाँध देना, कम-कम देना, बुरे मनसे देना; २. a. (प्रा०, काव्य०) अपर्याप्त, अप्रचुर, स्वल्प, अत्यल्प, अल्प (*~ demand*), न्यून, बहुत कम, नामभरको, बहुत थोड़ा, नहींके बराबर, नामको, जरा-सा, नाकाफी, मुश्किल[F]से काफी, बराये नाम (*with ~ courtesy, ~ of breath*) ।

scantiness –'टिनिॅस् n. अपर्याप्तता[F], अप्रचुरता[F], स्वल्पता[F], अत्यल्पता[F], न्यूनता[F], कमी[F], नाकाफीपन, तंगी[F]।

scantity –'टि n. = SCANTINESS.

scantle स्कैन्'टॅल् १. n. स्लेट[F]की माप[F]; छोटी स्लेट[F], २. v.t. नापके अनुसार ठीक करना या बैठाना ।

scantling स्कैन्ट्'लिंग् n. (यन्त्र०) **बत्ता, कड़ी चिरान[F],** लकड़ी[F]का छोटा टुकड़ा, **कड़ी[F]; ऐसा आकार** या नाप[F] जिसके अनुसार पत्थर या लकड़ी[F] काटी जावे; ढाँचेके भागोंके लिए लम्बाई[F]-चौड़ाई[F]का स्टैण्डर्ड नाप; पीपेकी लकड़ी[F]का ढाँचा; खाद्य पदार्थका अल्प परिमाण; छोटी राशि[F], थोड़ी रकम[F]; वांछित भण्डार, आवश्यक संचय, जरूरी रसद[F]; आदर्श, नमूना, बानगी[F] (प्रा०); (परि०) **घटक माप[F], घटक चिरान[F], घटक** ।

scantness स्कैन्ट'निॅस् n. अल्पता[F], अपर्याप्ति[F], लघुता[F], क्षुद्रता[F], छुटाई[F], छोटापन; संकीर्णता[F], तंगी[F], दिक्कत[F] ।

scanty –टि a. अपर्याप्त, अप्रचुर; स्वल्प, विरल, अत्यल्प, न्यून, कम, नाकाफी; असंकीर्ण ।

S.C.A.P.A. Society for Checking the Abuses of Public Advertising.

scape[1] स्केप्' १. n. (प्रा०) पलायन, बचाव; २. v.t. पलायन करना, निकल भागना, बच निकलना, बाल-बाल बचना (*hairbreadth ~s*) ।

scape[2] n. (वन०) निवृन्त, (कृषि०) **पुष्पदण्ड,** पत्ती-रहित पुष्प-डण्ठल; T.; परोंकी डण्डी[F]; **स्तम्भका** सन्धि-भाग (जहाँसे मोड़ समाप्त होता है और दूसरा भाग आरम्भ होता है); (कृमि०) कृमिका उपशृंगमूल, नाक[F] या मूँछ[F]की जड़[F] ।

scapegoat स्केप'गोट् n. (बाइबिल) बलिछाग, बलि[F]का बकरा, बलि[F]; दूसरोंके लिए दोषी ठहराया जानेवाला व्यक्ति ।

scapegrace स्केप्'ग्रेस् n. नराधम, हतभाग्य मनुष्य,

पापी व्यक्ति, अभागा आदमी।

scapeless –लिॅस् a. निवृन्तहीन, निवृन्तविहीन, बिना डण्ठल, पुष्प दण्डरहित।

scapement –मॅन्ट् n. त्राण, परित्राण, रक्षा^F, परिरक्षा^F, बचाव।

scaphism स्कै'फिज़्म् n. (प्रा० ईरानी) प्राणदण्ड (जिसमें अपराधी तरुकोटरमें डाल दिया जाता था, उसके शरीरमें शहद लगाया जाता था और डंकदार कीट उसे काटते थे)।

scaphoid –फ़ॉइड a. (जीव०) **नावस्थि**; (चि०) नौकाभ; नौकारूप, नौसदृश, नौकाकृति, नौकाकार, नावके आकारका; ~ abdomen (चि०) **नौनिभ** (भीतर धँसा हुआ) ऊदर; ~ fossa (चि०) **नौकाभ खात**, ~-bone (चि०) **नौकाभ अस्थि**; कलाई या टखनेकी हड्डी^F।

scapigerous ⊙ स्कॅपि'जॅरॅस् a. (वन०) डण्ठलवाला।

scapple स्कै'पॅल् v.t. (पत्थरको) समकुट्टिमित करना, समतल करना।

scappling –लिंग् n. (यन्त्र०) **कच्ची गढ़ाई**^F।

scapula –प्यूलॅ n. अंस, (कृषि०, चि०, जीव०) **अंसफलक, स्कन्धास्थि**, कन्धेकी हड्डी^F, T.

scapular –लॅर् १. n. किसी ईसाई धर्मके आयोजनमें-का प्रवेशपत्र या बिल्ला; कन्धोंको ढकनेवाला धार्मिक परिच्छद-विशेष, पादरीका लिबास; दे० SCAPULARY भी; कन्धेपरके पर, पंख स्कन्ध (~ *reflex*), स्कन्धफलक-की पट्टी^F, कन्धोंकी पट्टी^F; २. a. अंसीय, अंसफलकीय, (चि०, जीव०) **अंशफलक** (~ *region*), स्कन्ध-सम्बन्धी या स्कन्धास्थि-सम्बन्धी, कन्धेकी हड्डीवाला (~*feathers*)।

scapulary –रि n. धार्मिक परिच्छद; (चि०) स्कन्ध बन्धन पट्ट।

scapulated ⊙ स्कै'प्यूलेटि'ड् a. श्वेतपक्ष, सितस्कन्ध-पत्रयुक्त।

scapulo अंसफलक- (~*-humeral*, ~*-radial*, ~*-ulnar*)।

scapus ⊙ स्कै'पॅस् n. (चि०) **लोमकाण्ड**।

scar[1] स्कार्' १. n. वृन्तयु, बीजनाभि^F, किसी पत्ती^Fके गिर जानेसे किसी पौधेपरका चिह्न; (कृषि०, चि०) **क्षत-चिह्न**, क्षतांक, व्रणचिह्न, सूखे हुए घावका निशान; अंक, किण, (कृषि०, चि०) **चिह्न**, चकत्ता, दाग, धब्बा, निशान; (ला० भी; शोक अथवा चिन्ता^Fके स्थायी प्रभाव, दिलके दाग); २. v.t. & i. क्षतचिह्न छोड़ना, ठीक हो जाना, अच्छा होना, घावका भर जाना, चकत्ता बनाना, दाग बन जाना; क्षतचिह्न करना, निशान बनाना, दाग लगाना; *he jests at ~s who never felt a wound* जाके पैर न फटी बिवाई^F सो क्या जाने पीर^F पराई।

scar[2], **scaur** स्कोॲर' n. पर्वतके एक ओरका ढाल, चट्टानी भाग।

scarab स्कै'रॅब् n. प्राचीन मिस्र देशका पवित्र भृंग या गुबरैला-विशेष; (इति०) **गुबरैला**, गुबरैलेके आकारकी कटी हुई मणि^F।

scarabaeoid –बी'आॅइड् a. (इति०) **गुबरैलाकार**, गुबरैले-जैसा।

scarabaeus –ॲस् n. पुरीषकीट, गुबरैला।

scaramouch स्कै'रॅमॉउच् n. कायर, डरपोक; (प्रा०) वैहासिक, बहुरूपिया, भण्ड, भाँड़; बड़बोला, शेखीबाज।

scarce स्केॲर्स्' a. दुष्प्राप्य, (अर्थ०) **दुर्लभ** (~ *goods*), विरल, असुलभ, कठिनाई^Fसे मिलनेवाली (*a ~ book*); अपर्याप्त, अप्रचुर, स्वल्प, अल्प, न्यून, बहुत कम, नाममात्रको, थोड़ा, नाकाफी (प्रायः खाद्य-सामग्री^F, धन या जीवनकी अन्य आवश्यक वस्तुओं^Fके सम्बन्धमें); *make* one *self* ~ (बोल०) दूर^F होना, चल देना, मुख मोड़ लेना, हट जाना, चम्पत हो जाना।

scarcely –लि adv. सम्प्रति, अभी-अभी, इसी समय (*had ~ arrived when he was told that–*); कठिनाई^Fसे, मुश्किल^Fसे, लगभग, करीब-करीब (*is ~ seventeen years old*); निश्चित रूपसे नहीं, वास्तवमें नहीं, बिलकुल नहीं; नहींके बराबर, लगभग असम्भव (*you will ~ maintain that*); नहीं (का नम्रता-पूर्ण स्थानापन्न) (*I ~, think so, know what to say*); सचमुचमें नहीं, कदापि नहीं (*I ~ know what to say*)।

scarcement स्केॲर्स'मॅन्ट् n. छज्जा, कगर।

scarceness–निॅस् n. दुष्प्राप्यता^F, दुष्प्राप्ति^F, दुर्लभता^F, विरलता^F; न्यूनता^F, स्वल्पता^F; = SCARCITY.

scarcity –सिटि n. स्वल्पता^F, अपर्याप्ति^F, (विधा०) **दुर्लभता**^F, (ऋतु०) **विरलता**^F, न्यूनता^F, अभाव, **कमी**^F; दुर्भिक्ष, दुष्काल, अकाल, भुखमरी^F;
~ area, ~ conditions, ~ programme, ~ relief, ~ rent, ~ value, ~ wages, ~ works.

scare स्केॲर्' १. n. आकस्मिक डर, अकारण भय, निराधार आतंक, झूठा डर, झूठ-मूठका अन्देशा, सनसनी^F (~ *headline*); हौआ, खतरा ⊙; व्यावसायिक या व्यापारिक आतंक, तिजारती खतरा; २. v.t. धमकी^F या घुड़की^Fसे भयभीत करना (~ *away*); आकस्मिक विभीषिका^Fसे आतंकित करना, अकस्मात् ही भयाक्रान्त करना, भयभीत करना, सम्भीत करना, भयसे चौंका देना, त्रासना, डराना, बाबा आदिसे डराना, भयसे चौंका देना, खौफ दिलाना; हुसकारना, पक्षियोंको उड़ाना या भगाना; ~-crow विभीषिका^F, चिंचानर, काकभगौड़ा, चिड़ियों^Fके डरानेके लिए फूसका पुतला, बाबा, हौआ, जूजू, डरावा; विकटरूपधारी, विकृतवेशी, विचित्र वेशधारी, कुवेशी, भद्दे कपड़ोंवाला; अत्यन्त कृषकाय मनुष्य, क्षीणकाय व्यक्ति, हड्डियों^Fका ढाँचा; ~ (head) ⊙ सनसनीदार समाचार-शीर्षक।

scaremonger –मङ्गॅर् n. अकारण भय-प्रसारक, निराधार आतंक-प्रसारक, झूठा डर फैलानेवाला, आकस्मिक सनसनी^F फैलानेवाला।

scarf[1] स्कार्फ़' n. उत्तरीय, दुपट्टा, ओढ़नी^F, गले या कन्धेपर डालनेका रूमाल, गुलूबन्द, स्कार्फ; तलवार^Fके परतले-जैसा कपड़ा; (चि०) हाँथको बाँधनेकी त्रिकोणाकार

पट्टी^F; ~ joint **मल्ल जोड़**; (इति०) **चेलक संधि**^F; ~-pin नेकटाई^F बाँधनेकी सोनेकी या जड़ाऊ पिन^F, टाईपिन^F; ~-ring नेकटाई^Fका सुन्दर छल्ला; ~-skin बाह्य त्वक्, ऊपरी खाल^F, चमड़ी^F, खलड़ी^F, खाल^Fकी बाहरी परत^F, झिल्ली^F।

scarf[3] १. n. दँदाना, दाँता, झरी^F, नली^F, खाना; लकड़ी^F या चमड़ेका जोड़; धातु^Fका जोड़; २. v.t. (लकड़ी^F, धातु^F या चमड़ेके टुकड़ोंके) सिरोंको तिरछा छीलकर या दाँते बनाकर जोड़ना, मेल मिलाकर जोड़ना (कि दोनों एक मालूम हों); (ह्वेल मछली^Fको) काटना या उसकी खाल^F निकालना।

scarfed स्कार्फ़्ट् a. गलबन्धयुक्त, गुलूबन्द बाँधे हुए, स्कार्फ़ बँधे हुए।

scarification स्कैरिफ़िके'शॅन् n. (चि०)प्रच्छान विधि^F, छेदनविधि^F, नश्तर लगानेकी क्रिया^F; (वन०) **खुरचना**।

scarificator –रिफ़िकेटॅर् n. क्रियागत अर्थोंमें; शल्य-चिकित्सा-शास्त्र, (नश्तर चाकू); समाखुरक।

scarifier –फ़ाइॲर n. विदारक आदि क्रियागत अर्थोंमें, आलोडित्र, समाखुरक, (यन्त्र०, परि०, स्था०) **उत्पाटक, उपाड़मशीन, उपाडिया,** खेती^Fकी मशीन^F; विदारक यन्त्र, सड़क^F तोड़नेकी कीलेदार मशीन^F।

scarify –इ v.t. (चि०) प्रच्छान लगाना; (परि०) **उत्पाटन करना, उखाड़ना**; आकृन्तन करना, समाखुरण करना, त्वचा^F या चर्मच्छेदन करना, खाल^F काटना, खाल^F छेदना, खरोंच^F डालना, खोंचा मारना, नश्तर लगाना; खेतमें मैड़ा या हेंगा चलाना; पछना लगाना; कटु छिद्रान्वेषण करके दुःख देना, तीव्र आलोचना^Fके द्वारा व्यथा^F पहुँचाना, तीखी आलोचना^F करना; खोदना।

scariose ⊙स्कॅ'रिओस् a. = SCARIOUS.

scarious –ॲस् a. वलिकुंचित, संकुचित, झुर्रीदार, झुलसा हुआ, सिकुड़ा हुआ; (वन०) **पपड़ी-सा**; परिम्लान, शुष्क, चुरमरा।

scarlatina स्कार्लॅ'टीनॅ n. (चि०) लोहितज्वर, शोणत्वग्ज्वर, आरक्तज्वर, अरुणज्वर, लोहितांग-सन्निपात, लाल बुखार।

scarlatinous स्कार्लॅ'टिनॅस् a. शोणत्वग्ज्वरवत्, आरक्तज्वर-सदृश, अरुणज्वर-सदृश, लोहितांग-सन्निपातवत्, लाल बुखार-जैसा; शोणत्वग्ज्वर-विषयक, आरक्तज्वर-सम्बन्धी।

scarlet स्कार्'लॅट् n. & a. सिन्दूरवर्ण, शोण, सिन्दूरी, सन्तरे जैसे चमकीले लाल रंग (का); लाल रंगका कपड़ा या कपड़े (*dressed in~*);T.;~admiral एक प्रकार-की तितली^F; ~ fever शोणत्वग्ज्वर, आरक्तज्वर, अरुणज्वर, लोहितांगसन्निपात; (चि०, कृषि०) **लोहित ज्वर, T. ज्वर**, लाल बुखार; (हास्य०) सैनिकोंके साथ प्रेम करनेकी प्रवृत्ति^F, चस्का; ~-grain कृमिविशेष, कोई कोड़ा; ~ hat ईसाई धर्माध्यक्षका टोप; ईसाई धर्माध्यक्षका पद या क्षेत्र; ~ rash ताम्रविसर्प, खसरेके दाने, जर्मनी खसरा; ~ red (ऋतु०) **शोणरक्त**; ~ runner लालपुष्पयुक्त लतिका^Fविशेष; ~ ware (इति०) **लोहित भाण्ड**; ~ woman, whore (बाइ०) सांसारिकता^F, सांसारिक प्रतीक, मूर्तिपूजक रोम, पोपका रोम।

scarp स्कार्प १. n. लम्ब, दुर्गनिर्माणमें खाई^Fकी भीतरी दीवाल^F या ढाल^F, समुत्प्रपात, प्रलम्ब ढाल^F, सीधी ढाल^F, ढलान^F; (प्रा० भू०) **कगार**^F; २. v.t. प्रलम्ब या सीधी (ढाल^F) बनाना, खाई^Fमें भीतर और बाहरकी ओर सीधी ढाल^F करना या बनाना; ~ fault (प्रा० भू०) **कगार-भ्रंश**।

scarped ⊙–पि्ड् p.p. (पहाड़ी^Fके सम्बन्धमें) ढालू, सीधी ढलानवाली, ढालू चट्टान-जैसी।

scarph स्कार्फ़् n. (परि०) **मल्लबन्ध**।

scarred –ड् a. सक्षतचिह्न, क्षतांकयुक्त, क्षतांकित, व्रणचिह्नमय, अंकमय, किणयुक्त, चकत्तेदार, दागदार।

scarus स्कॅ'रॅस् n. शुकनास मीन^F।

scary –रि a. भयावह, भयानक, डरावना; भीरु, कायर, डरपोक।

scat स्कैट् १. n. बौछाड़^F; २. int. हटो, परे हो।

scathe स्केद् १. n. क्षति^F, अपकार, आघात, हानि^F, चोट^F, नुकसान (*without, guard from ~*) २. v.t. क्षति^F पहुँचाना, हानि^F पहुँचाना, नुकसान पहुँचाना (झुलसाकर या सुखाकरके); (नकारात्मक शब्दके साथ) न्यूनतम क्षति^F पहुँचाना, बालतक बाँका न करना (*shall not be ~d*)।

scatheful –फ़ुल् a. क्षतिकारक, हानिप्रद, नुकसानदेह; अपकारक, आघातक, चोट^F पहुँचानेवाला।

scatheless –लिस् a. अक्षत, क्षतहीन, निर्व्रण, सकुशल, स्वस्थ, बिना बाल बाँका हुए, बिना चोट^F खाये, सही-सलामत।

scathing –दिंग् n. & a. नाश, विनाश; विघटन, विकीर्णन, बिखर जाना; अति कठोर, अत्यन्त कड़ा (~ *sarcasm, remarks*)।

scatology स्कॅटॉ'लॅजि n. पुरीष-विज्ञान।

scatophagous –फ़ॅगॅस् a. पशुपुरीषाशी, पशुपुरीष-जीवी, पशुपुरीषभुक्, पशुपुरीष-भक्षी, गोबर खानेवाला।

scatter[1] स्कै'टॅर् n. (शिक्षा०) **प्रसार, फैलाव**; (ऋतु०) **प्रकीर्णन**।

scatter[2] v.t. & i. पर्यसन करना, विकिरण करना, (ऋतु०) **प्रकीर्णन करना**, अपकिरण करना, विकीर्ण करना, तितर-बितर करना, छितराना, फैलाना, इधर-उधर बिखेरना, दखेरना, बिथराना (*~ gravel on road, road with gravel*); (प्रकाशको) विकीर्ण करना, प्रसारित करना, फैलाना; (बन्दूक^F) इस प्रकार चलाना कि छर्रा फैल जाय, फैलाते हुए चलाना; (आशाओं^Fको) नष्ट करना, (बादलको) छिन्न-भिन्न करना, तितर-बितर करना; छिड़कना, छींटना; बिखरना, तितर-बितर होना, छितर जाना, छितराना; पूरी तरहसे हरा देना, इधर-उधर भगा देना, भगदड़^F मचा देना, भदड़^F मच जाना; पूर्ण रूपसे पराजित होना, हारकर इधर-उधर भागना, पूरी तरह

हार जाना; ~-brain अनुत्तरदायी मनुष्य, असावधान व्यक्ति, ध्यानरहित मनुष्य, बेपरवाह आदमी, बेफिक्र आदमी; ~-brained अनवधान, असावधान, बेफिक्र, बेपरवाह; अव्यवस्थित, असन्तुलित।

scattered –ड a. विकीर्ण, (ऋतु०, भौ०) **प्रकीर्ण, प्रकीर्णित**, अपकीर्ण, बिखरा हुआ, छितराया हुआ, तितर-बितर, छुटपुट; विभिन्न, दूर-दूरतक विस्तृत, अनेकत्र स्थित, एक साथ न बसा हुआ, बिखरकर बसा हुआ, कहीं-कहीं (*hamlets*);

~ areas, ~ diagram, ~ echo, ~ holding, ~ light, ~ rain, ~ remains, ~ renewals.

scattering –रिंग् n. विकिरण, विक्षेपण; (यत्र०) **प्रकीर्णन**; (pl.) विकीर्ण पदार्थ, बिखरी वस्तु[F], छितरायी हुई चीज[F]।

scatterling –लिंग् n. इत्वर, स्वच्छन्द, स्वतन्त्र, मुक्त, स्वच्छन्दचारी, आवारा, घुमक्कड़।

scattery –'टॅरि a. विरल, छिन्न-भिन्न, छितरा-वितरा।

scattling स्कै'टॅलिंग् n. (परि०) **मोखा खोलना**।

scatty स्कै'टि a. फुहारी, फुहारदार; फुहारवाला; विक्षिप्त, पागल, झक्की, सनकी।

scauper स्कॉ'पॅर n. स्कापर (नक्काशी[F] करनेका एक औजार।

scaur स्कॉर्' n. समकोणीयित शैल, सीधी खड़ी चट्टान[F]।

scavage स्कै'विज् n. विक्रय-पदार्थ-समूह, बेचनेकी चीजों[F]का ढेर; ~ efficiency **संमार्जन-क्षमता**[F]।

scavenge स्कै'विन्ज् v.t. & i. (सड़कों[F] और गलियों[F] का) कूड़ा-कर्कट उठाना, मेहतरोंका काम करना; बुहारना, सफाई[F] करना; इञ्जिनके बेलनसे गैस[F]को निकालना।

severity सिॅवेॅ'रिटि n. उग्रता^F, तीव्रता^F, तीक्ष्णता^F, गर्मी^F, तेजी^F; दुःसहता^F, दुःसाध्यता^F, क्लिष्टता^F; कष्टसाध्यता^F; निर्दयता^F, परुषता^F, कर्कशता^F, निष्ठुरता^F, (दर्श०) **कठोरता**^F, तीक्ष्ण दण्ड, कड़ापन, कड़ाई^F, सख्ती^F, संयम, संक्षिप्तता^F, गहनता^F, अलंकारहीनता^F, सज्जाशून्यता^F, सरलता^F, सादापन; व्यंग्यात्मकता^F, कटूक्तिपूर्णता^F, चुभन^F, तीखापन; (pl.) अत्याचार, कठोर व्यवहार, कठोर बर्ताव।

severy सेॅ'वॅरि n. (स्था०) महराबदार या लदाऊ छतवाला कमरा।

Seville orange सेॅ'विलॅ ऑ'रिन्ज् n. कटु नारंग, खट्टा सन्तरा।

sevres सेव्र' n. सीवरेस, (फ्रांसके स्थान-विशेष) की चीनी मिट्टी^F या उसके बर्तन।

sew सो' v.t. & i. (p.~*ed*, p.p. ~*ed*, ~*n*) सिलाई^F करके बनाना, सीकर तैयार करना, सीकर बनाना (~ *shirt*); सिलाई^F करना, सीना, बखिया^F करना (~ *cloth*); सीकर टाँकना या लगाना, बाँधना, जोड़ना (~ *on a button*); किसी चीज^Fको सीकर बन्द करना (~ *up money in a bag*); (घाव, छेद, थैले आदि का) सीकर मुँह बन्द करना, टाँका लगाना; ~ing-press किताबें^F सीनेका यन्त्र, सिलाई^Fकी मशीन^F; ~ one *up* (ग्रा०) बहुत बुरी तरह थका देना, चूर-चूर कर देना; मदोन्मत्त करना, नशेमें चूर करना या धुत करना, डुबाना।

sewage सीऊ'इज् १. n. अधोवाहित मल, (यन्त्र०) **अधिवाहित मल**, मलप्रवाह, (रसा०, चि०) **मलमूत्र, मैला**, (रसा०) **मल**, कचड़ा, (कृषि०) मोरी^F या **गन्दी नाली^Fका पानी**; २. v.t. मैले या गन्दे पानी आदिकी खाद^F बनाना; ~-farm मलप्रवाह प्रक्षेत्र, (खादके लिए) गन्दे पानी या मैलेवाला खेत, (चि०) **मलमूत्र फ़ार्म**, ~ grass मैले और कचड़ेवाली भूमि^Fपरकी घास^F;

~ bacteria, ~ disposal, ~ disposal scheme, ~ drain, ~ farming, ~ irrigation, ~ sickness, ~ system, ~ treatment, ~ water.

sewed ⊙, **sewn** सोड्', सोउन्'aa. सिला हुआ।

sewel सीऊ'अॅल n. = SHEWEL.

sewellel सिॅवेॅ'लॅल् n. अमेरिकी मूस।

sewer[1] सीऊ'अॅर् n. सीवक, सीनेवाला, दर्जी।

sewer[2] n. (इति०) खानसामा!

sewer[3] १. n. (चि०) **मलसुरंग**^F, जलप्रणाली^F, मलमार्ग, सार्वजनिक मलनिर्गम, (रसा०) **मलनाली**^F, **मलमोरी**^F, निचली नाली^F, **गन्दी नाली**^F, नाली^F, नाला, **गन्दा नाला**, बन्द नाला, मोरी^F, नाबदान, T; २. v.t. पानी और मैलेके निकासका प्रबन्ध करना, नालियाँ^F बनाना; ~-gas गन्दे नालोंकी दुर्गन्धपूर्ण वायु^F, गन्दी हवा^F, भवका।

sewerage –रिज् n. (चि०) मलसुरङ्ग-प्रणाली^F, मोरी^F; (यंत्र०) **मल-व्यवस्था**^F; मलप्रणालीकी व्यवस्था^F, (चि०) **मलसुरंगतन्त्र**, नगरके सार्वजनिक मलमार्गोंका प्रबन्ध, मोरियों^F और नालोंका ताँता।

sewin, -en सीऊ'इन्, –इॅन् n. सेविन मछली^F।

sewing सीऊ'इंग् १. n. स्यूति^F, सीवन^F, सीवनकर्म, सिलाई^F, सीनेका काम; २. a. सीनेका;

~ basket, ~ board, ~ cotton, ~ machine, ~man, ~ needle, ~ press, ~ school, ~ table, ~ teacher, ~ thread, ~ thread yarn, ~ wire, ~woman, ~ work.

sex-, sexi- षट्- (~*angle*, ~ *centenary*, ~*digitate*, ~*ennial*, ~*foil*, ~*illion*, ~*isyllable*, ~*partite*, ~*tuple*)।

sex* सेॅक्स्' १. n. (वन०, चि०, प्राणि०) **लिंग***, लिंगभेद, योनि^F, स्त्री-पुरुष-भेद, (*what is its ~?*); यौनभाव; नारीजाति^F या नरजाति^F, स्त्रीवर्ग या पुरुषवर्ग, मादा^F या नर; (सामुदायिक रूपमें; *is the fairest of her ~*); काम; T.; (गुण०) लैंगिक, लिंगचेतनाविषयक, लिंगभेदजन्य, कामवृत्ति^Fका, योनि-सम्बन्धी, यौनभाव-सम्बन्धी; यौनवृत्ति^Fका (~ *antagonism*); ~ appeal (प्रायः स्त्रियों^Fकी) आकर्षकता^F, आकर्षण, मोहकता^F, खिंचाव; ~-reversal लिंग-परिवर्तन, पुरुषका स्त्री^Fमें और स्त्री^Fका पुरुषमें परिवर्तन; the fair, gentle, softer, weaker, ~ तथा हास्य० the ~ नारी जाति^F; स्त्री^F, नारी^F, कोमलांगी^F, सुन्दरी^F, अबला^F; *the sterner* ~ नर, पुरुष;

~ act, ~ call, ~ cell, ~ character, ~ chromosome, ~ control, ~ determinant, ~-determination, ~ differentiation, ~ distribution, ~ education, ~ feeling, ~ function, ~ gland, ~ gland preparation, ~ gratification, ~ hormone, ~ hygiene, ~ instinct, ~ life, ~ limited, ~-limited transmission, ~ linkage, ~-linked, ~ morality, ~ mosaic, ~organs, ~perversion, ~ product, ~ psychology, ~ ratio, ~ reversal, ~-stimulating, ~ units, ~ urge.

sexagenarian सेॅक्सॅजिॅनेअॅ'रिॲन् n. & a.

षष्टिवर्षीय, ५९ और ६९ वर्षके बीचकी आयुवाला (व्यक्ति)।

sexagenary –जी'नॅरि n. षष्टिसंख्यासूचक, साठ-साठसे चलनेवाला, साठका, साठ-साठका, साठा।

Sexagesima से'क्सॅजे'सिमॅ n. सेक्सजेसिमा, (लेण्टके पूर्व दूसरा रविवार)।

sexagesimal से'क्सजे'सिमॅल् n. & a. (ग०) षाष्टिक, साठ-साठसे चलनेवाला, साठवाँ, साठ-सम्बन्धी, साठका, साठ-साठका (~ *fractions, system*)।

sexangle से'क्'सैन्गॅल् n. षट्कोण, षट्कोण क्षेत्र।

sexangular –'ग्यूलॅर् a. षट्कोण-, षट्कोणी, षट्कोण-युक्त।

sexcentenary से'क्से'न्'टिनॅरि १. n. ६००वाँ वर्षदिवस या ६००वीं वर्षगाँठ^F, ६ सौका; २. a. ६००वें वर्षका।

sexed से'क्स्ट् a. लैंगिक, लिंग-सम्बन्धी; सलिंग, लिंग-युक्त।

sexennial से'क्से'नियॅल् a. षड्वर्षीय, षडब्दिक, षड्-वार्षिक, छःसाला, छः वर्षोंमें एक बार होनेवाला।

sexfoil से'क्स्'फ़ाएॅल् n. षट्पत्री आकृति^F, (किसी इमारत^F में) छः पत्तोंवाली पच्चीकारी^F, छःपतिया पौधा।

sexillion से'क्सि'ल्यॅन् n. दस लाखकी छठवीं घात^F, संख्या^F (जिसमें एकके अंकके आगे ३६ शून्य हों)।

sexisyllabic से'क्सिलै'बिक् a. षडक्षरी, छः अक्षरोंका।

sexless से'क्स्'लिस् a. (चि०) लिङ्ग-हीन, योनि-रहित, नपुंसक, लिंगभेदरहित, हिजड़ा।

sexlessness –निस् n. लिंगभेदशून्यता^F, लिंगभेद-हीनता^F।

sexlocular से'क्स्लो'क्यूलॅर् a. (चि०) षट्गहरी^F, षट्-कोशी, छः कोशोंवाला।

sexological से'क्सॅलॉ'जिकॅल् a. लैंगिकीय, लिंगरचना-शास्त्र-सम्बन्धी; कामविज्ञानीय।

sexologist –सॉ'लॅजिस्ट् n. लैंगिकीविद्, लिंगरचना-शास्त्री, योनि-रचना-वैज्ञानिक; कामविज्ञानी।

sexology –जि n. (चि०) लिङ्ग-विज्ञान, लैंगिकी^F, लिंग-रचनाशास्त्र, योनिरचनाशास्त्र; कामविज्ञान।

sexpartite से'क्स्पार्'टाइट् a. षड्भक्त, षड्भाजित, षडंशःविभक्त, छः भागोंवाला।

sext(e) से'क्स्ट् n. (रोमीय गिर्जाघरोंमें) मध्याह्न-कार्यालय।

sextain से'क्स्'टेन् n. षट्पदी छन्द, छः चरणोंवाला छन्द।

sextan से'क्स्'टॅन् a. छठवें दिन आनेवाला ज्वर, छठिया बुखार।

sextans –टेन्स् n. (गणि०) षष्ठांशक, T.

sextant से'क्स्'टॅन्ट् n. (ज्यौ०) षष्ठक, वृत्तका षडंश या षष्ठ भाग, घेरेका छठवाँ हिस्सा (अप्रच०); नौचालन (नौतरण) में प्रयुक्त तथा कोणिक दूरी^F नापनेका यन्त्र-विशेष, (यंत्र०, प्रा० भू०, भौ०, परि०) T. (~ *angle*, ~ *bubble*)।

sextet(te) से'क्स्टे'ट् n. षटक; छः ध्वनियों^F या गायकोंके गाने योग्य गीत अथवा छः वाद्ययन्त्रों या वादकों-से बजायी जानेवाली रागरागिनी^F, संगीतात्मक कृति^F; (परिवर्तित) छःका समूह।

sextillion से'क्स्टि'ल्यॅन् n. दस लाख गुणे दस लाख छः बार, १ के साथ ३६ शून्य।

sexto से'क्स्टो n. (pl. *-s*) कागजके छः परत^F मोड़कर बनी हुई पुस्तक^F या ऐसा ताव।

sextodecimo से'क्स्टॅडे'सिमो n. सोलह पन्नोंमें मुड़े हुए कागजका ताव; इस प्रकारसे तावको मोड़ना (*in* ~); १६ पन्नोंमें मुड़े हुए तावकी पुस्तक^F।

sexton से'क्स्'टॅन् n. समाधिखनक अचारज, गिर्जेका निम्न श्रेणी^F का कर्मचारी-विशेष (जो गिरजेके बर्तनों और सम्पत्ति^F की रक्षा^F के साथ ही प्रायः कब्रें खोदने या छर्वी^F-का काम करता है), सेक्स्टन।

sextonship –शिप् n. समाधिजनक-पद, समाधिखनक-कार्य, समाधिखनन।

sextuple से'क्स्'ट्यूपॅल् १. n. & a. षड्गुण, छःगुना (धन या रकम^F); २. v.t. & i. छः से गुणा करना, छःगुना करना, छःगुना होना।

sextuplet ⊙–प्ले'ट् n. षट्समूह, षट्कलाप, षड्वृन्द, छःका समूह, छक्का; (चि०) षष्ठक, एक समयमें जन्मे हुए छःमेंसे एक।

sextuplicate से'क्स्ट्यू'प्लिकेट् १.n. छः प्रतियाँ^F, २. a. छः प्रतियों^F वाला।

sextus से'क्स्'टॅस् a. षष्ठ, छठा।

sexual से'क्'स्यू(शु)ॲल् a. मैथुनिक, लैंगिक, लिंग-, लिंगमूलक, लिंगी, लिंगवान्, लिंगसंक्रान्त, लिंगभेद-सम्बन्धी, यौन, योनि-सम्बन्धी, जननेन्द्रियविषयक, स्त्री-पुरुष-सम्बन्धी, स्त्री-पुरुषभेद-सम्बन्धी; (वन०) लिंगापेक्षी, सलिंग, पौधोंमें लिंगभेदके आधारपर किया गया (वर्गीकरण); कामुक; ~ **affinity** प्रतिकूल योनियों^F का सम्पर्क, भिन्न-लिंगीय व्यक्तियोंका पारस्परिक आकर्षण, लैंगिक मोहकता^F, ~ **appetite** सम्भोग-क्षुधा^F, भोगेच्छा^F, मैथुनइच्छा^F, भोगासक्ति^F, कामुकता^F, कामवासना^F; ~ **impulse** कामविकार; ~ **indulgence** सम्भोगसुख, कामतृप्ति^F; भोगासक्ति^F; ~ **intercourse, commerce** व्यवसाय, यौनसम्बन्ध, सम्भोग, समागम, संगम, मैथुन; ~ **pleasure** विषयसुख, ~ **trauma** (शिश्ना०) कामा-घात;

~ **apparatus**, ~ **behaviour**, ~ **craving**, ~ **cycle**, ~ **development**, ~ **dimorphism**, ~ **impotence**, ~ **individual**, ~ **infantilism**, ~ **instinct**, ~ **isolation**, ~ **latency**, ~ **maturity**, ~ **method**, ~ **organs**, ~ **phase**, ~ **reproduction**, ~ **selection**, ~ **stimulant**, ~ **union**.

sexualism –लिज़्म् n. यौन भावना^F, लैंगिक रुचि^F, भोग, कामवासना^F।

sexualist –लिस्ट् n. लिंगसिद्धान्तवादी, कामवादी।

sexuality –ऐ'लिटि n. (वन०, चि०) स्त्री-पुरुष-लिंग-

भेदकता^F, (वन०) लिंगिता^F, लैंगिकता^F, लिंगमूलकता^F, सम्भोगजन्यता^F, यौनत्व; लिंगभेद; कामुकता^F, कामवासना^F।

sexualization –ॲलाइज़े'शॅन् n. लैंगिकीकरण, यौन-निर्धारण, लिंगभेद-प्रदर्शन, लिंग-निरूपण।

sexualize –'स्यू(शु)ॲलाइज़् v.t. लिंग निरूपण करना, यौननिर्धारण करना, लिंगभेद बताना।

sexy –सि a. कामुक, कामातुर, अति विलासी; काम-विषयक, कामुकता-सम्बन्धी, विलासिता-सम्बन्धी।

S.F. Sinn Fein (Irish Homerule Movement); Secretary Food; Seed Farm.

S.F.S. Superior Forest Service.

S.G. *salutis gratia*, for the sake of safety; Solicitor-General; State Government.

s.g. specific gravity.

S.G.A. Select Grade Auditor.

S.G.G.I. Surgeon-General with the Government of India.

S.G.P. Superintendent, Govt. Printing.

S.G.P.C. Shiromani Gurudwara Prabandhak Committee.

sgt. sergeant.

S.H. Slaughter-House.

shabbiness शै'बिनिस् n. जीर्ण दशता^F, मालिन्य, अस्तव्यस्तता^F, हीनता^F, दुर्दशा^F, गुदड़ियापन, फटेहाली^F; जघन्यता^F, घृणास्पदता^F, गर्हणीयता^F, क्षुद्रता^F, तुच्छता^F, अपकृष्टता^F, नीचता^F, नीचपन, कमीनापन; कार्पण्य, कृपणता^F, कंजूसी^F।

shabby –बि a. जीर्ण, जीर्णशीर्ण, क्षयग्रस्त, अस्तव्यस्त, दुर्दशाग्रस्त, जर्जर, मलिन, दीन हीन, दरिद्र, फटा-पुराना, बुरी दशा, फटीचर, फटेहाल; जघन्य, घृणास्पद, कुत्सित, निन्द्य, घृण्य, घृणायोग्य, हेय, गर्हणीय, क्षुद्र, नगण्य, तुच्छ, तिरस्करणीय, असम्माननीय, अनादरणीय (*played me a ~ trick*); कृपण, अपकृष्ट, अधम, नीच, कंजूस, ओछा, कमीना, मक्खीचूस, ~-genteel फटीचर बाबू।

shabbyish –बिइश् a. ईषज्जीर्ण, किंचिज्जीर्णशीर्ण, कुछ फटेहाल, फटेहाल-सा; मलिन-सा, दीन-सा, दरिद्र-सा; ईषज्जघन्य, ईषद्घृणास्पद, ईषत्कुत्सित, किंचिन्निन्द्य किंचिद्घृण्य, हेय-सा, गर्हणीय-सा, क्षुद्र-सा।

shabrack शैब्'रैक् n. जीनपोश।

shack शैक्' n. (अमेरिका और कनाडामें) साधारण कुटिया^F, मामूली झोपड़ी^F।

shackle शै'कॅल् १. n. हथकड़ी^F, बेड़ी^F; (pl.) निगड^F, पाश, बन्धन, विघ्न, बाधा^F, नियन्त्रण, प्रतिबन्ध, हथकड़ियाँ^F, बेड़ियाँ^F, रुकावटें^F, कैद^F (*the ~s of convention*); (लोहे आदिकी) श्रृंखला^F, कड़ी^F, जंजीर^F, ताऊेका कड़ा; संयोजक-श्रृंखला^F, मिलानेवाली बड़ी कड़ी^F, कड़ियों^Fको जोड़नेवाली पेचसे कसी हुई कड़ी^F, (नौवि०) कुन्दा, साँकल^F; T. (~ *pin*), (टेलीग्राफके तारोंके लिए) एक प्रकारका पृथक्न्यास; (नौवि०) लंगूरी जरीब; २. v.t. मिलाना, जोड़ना; अवरुद्ध करना, श्रृंखलाबद्ध करना, बाधा^F डालना, बाँधना, साँकल^Fमें बाँधना, रोकना, रोड़े अटकाना, बाधा^F देना, रुकावट^F डालना, जकड़ना, बन्धनमें डालना।

shad शैड्' n. वारिकर्पूर, हेरिंग जाति^Fकी चौड़ी मछली^F।

shaddock शै'डॅक् n. महानिम्बु, चकोतरा, (मलाया और पोलीनेशियाका सन्तरेकी जाति^Fके पेड़का फल)।

shade[1]* शेड्' १. n. (रसा०) कान्ति^F, (भौ०) आभा^F, छाया^F*, वर्णाभास, हल्का अँधेरा, परछाई^F, साया^F, छाँह^F, छाँव^F; (ला०) व्यवधान; प्रच्छन्नता^F, आंशिक दुर्बोधता^F, तुलनात्मक अल्पता^F; (प्राय: p.p.) प्रच्छाय-निवास, शीतल विश्रामस्थल, एकान्त शरणस्थल, आश्रय, निरातप स्थान, छायादार स्थान, छायाकुंज, छायामय स्थल; रात्रि^F या सन्ध्या^Fका अन्धकार, झुटपुटा; द्राक्षाकुंज, द्राक्षालताप्रतान या वितान, अंगूरकी बेलों^Fका मण्डप; चित्रका अपरिस्फुट अंश, अन्धकारमय भाग, छाया^F, धुँधलापन; आराग, हलका रंग, रंगका क्रमविन्यास, रंगका आभास, गहराई^F या फीकापन (*in all ~s of purple*); असत्य वस्तु^F, भ्रान्तिजनक या मिथ्या वस्तु^F, अवास्तविक पदार्थ, असार या झूठी चीज^F; अपछाया^F, प्रेतात्मा^F, भूत, जिन्न (*spoke with the ~ of Homer*); यवनिका^F, वितान, आवरणी^F पर्दा, चिक^F, छतरी^F आदि; आतपरक्षक, शीशेका ढक्कन आदि; (गुण०) स्वल्पान्तर, स्वल्प, लेशमात्र; अत्यल्प, बहुत थोड़ा, मामूली; सूक्ष्म भेद, थोड़ा अन्तर या फर्क (*am a ~ better today*); पर्दा⊙ (*window ~*); *is the shadow of a ~* मिथ्या, भ्रान्तिजनक, भ्रम उत्पन्न करनेवाला; *throw into the ~* दूसरेकी अपेक्षा^F अधिक देदीप्यमान या प्रसिद्ध होना, मात करना, बढ़ जाना; *went down to the ~s* प्रेतलोकमें जाना, मर जाना; *without light and ~* (चित्रकला^Fमें) बिना प्रकाश और छाया^F-का; एक-सा; (ला० भी) अरुचिकर, उबानेवाले, एक रूप (चरित्र या वर्णन);

~-avoiding, ~-bearer, ~-bearing, ~-bearing evergreens, ~ card, ~-demanding, ~ endurance, ~ experiment, ~ leaves, ~-loving, ~-needing, ~ plant, ~-right, ~ temperature, ~-tolerance, ~-tolerant.

shade[2] v.t. & i. अन्धकारमय बनाना, अँधेरा करना, धुँधला करना, (*a sullen look ~d his face*); छायावरण करना, छादन करना, आवरण डालना, अत्यधिक प्रकाशसे ओट^F करना, छाया^F करना, धूप^F या घामसे बचाना, छाना, आड़^F करना, बचाना (*~d his eyes with his hand*); (बिजली^Fकी चकाचौंध^Fसे बचानेके लिए किसी वस्तु^Fसे) आच्छादित करना, परदा डालना; छिपाना, चकाचौंध^F कम करना, ओट^F करना; (चित्रकारी^F) अन्धकारमय करना, हलका रंग करना, धुँधला करना, शेड देना; (रंग या प्रकाशका) क्रमशः एकसे दूसरेमें परिवर्तन होना, क्रमशः बदलना;

(रंग आदिको) क्रमशः रंगान्तरण करना; घटाना, घटना; (ला०) मत या प्रथा^F^का परिवर्तित होना, एकसे दूसरा आकार ग्रहण कर लेना, क्रमशः रूप बदलना; (अरगन बाजेके) सुरको मन्द करना, धीमा करना।

shaded –'डिड् a. ⊙ किंचित् घटाया हुआ; छायाकृत।

shadeless –ड्'लिस् a. छायाहीन, छायारहित, चित्रके छाया^F^ अंशके बिना, बिना परछाई^F^के।

shadiness –'डिनिस् n. छायामयता^F^, छायाप्रदता^F^, छायादारी^F^; वर्णाभासमुक्तता^F^; गुप्ताचरणशीलता^F^, नीचता^F^, बेईमानी^F^, बदमाशी^F^।

shading –डिंग् n. छायाकरण, अन्धकारमय करना, रंग गहरा करके छाया^F^ दिखाना, चित्र आदिमें शेड देनेका कार्य।

shadoof शॅडूफ्' n. (मिस्रका) चरसा, डोल, शदूफ।

shadow[1] शैडो n. छायाकुंज, छायारूप, (ज्यौ०) **छाया^F^**, (~ *cone*), छाँह^F^, छाँव^F^ (*sitting in the ~*); चित्रका अपरिस्फुट अंश, छायांश, अन्धकारमय पक्ष, कमरेका अन्धकारपूर्ण भाग; छायांश, छायाभाग, प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया^F^, परछाई^F^; (ला०) अनुचर, अनुगामी, अपृथक् सहचर, सहगामी, संगी, साथी; प्रतिमा^F^, (भौ०) **प्रतिच्छाया^F^**, प्रतिरूप, प्रतिमूर्ति^F^, प्रतिबिम्ब, अक्स; अपच्छाया^F^, छायामूर्ति^F^, प्रेत, भूत (*is but the ~ of his former self*); असत् वस्तु^F^, अवास्तव पदार्थ (छायावत्), मिथ्या या अवास्तविक वस्तु^F^, असार या नकली चीज^F^ (*what ~s we are!*); अस्पष्ट प्रतिरूप, प्रकार, आदर्श, अस्पष्ट रूपरेखा^F^, धुँधली छाया^F^, झलक^F^, हल्का खाका; पूर्वलक्षण, पूर्वसूचना^F^, पूर्वचेतावनी^F^, आभास; लेशमात्र, किंचित्, संकेत, आभास, सूक्ष्मतम चिह्न, गन्ध^F^, लेश, जरा भर (*without a ~ of doubt*); संरक्षण, सुरक्षा^F^, आश्रय, शरण^F^, बचाव, पनाह^F^ (*under the ~ of the Almighty*); एकान्तिकता^F^, एकान्तवास, एकाकीपन, निर्जनता^F^, गोपनीयता^F^, प्रच्छन्नता^F^, अकेलापन, निजीपन; अप्रसिद्धि^F^, अन्धकार (*content to live in the ~*); (छोटी नौका^F^-में) अनुकूल पवनमें प्रयुक्त हलका पाल; ~-boxing छाया-मुष्टियुद्ध, नकली मुक्केबाजी^F^ (जो अभ्यासके लिए कल्पित विरोधीसे की जाती है); ~ factory छाया यन्त्रालय, संकटकालीन यन्त्रालय; (महायुद्धकी आपदा^F^से यथासम्भव सुरक्षित) उत्पादनके लिए पूर्वनियोजित या निर्मित कारखाना; ~ fight परछाइयों^F^में परस्पर युद्ध, छायायुद्ध, परछाइयों^F^का युद्ध, काल्पनिक शत्रुओंके साथ युद्ध; ~ figure केवल रूपरेखा^F^, रेखाचित्र; ~ letter **अस्पष्टपुनरावृत्ति^F^**; ~ zone (भौ०) **छायाप्रदेश**; (ऋतु०) छाया-क्षेत्र; ~ wall (रसा०) **रोध-भीत^F^**; *coming events cast their ~s before* होनहार बिरवानके होत चीकने पात;

~ cabinet, ~ cone, ~ method, ~ picture, ~ post.

shadow[2] v.t. आच्छादित करना, छाना, छिपाना; अस्पष्ट रूपसे प्रयुक्त करना, रूपकके ढंगसे रखना, धुँधली रूपरेखा^F^ देना, धुँधला खाका खींचना; (मुख्यतः का०) प्रतिबिम्ब डालना, छाया^F^ डालना, छाया^F^ करना, छायामय करना; (सारी गतिविधियों^F^को गुप्त रूपसे) भाँपते रहना, पहरा देना, निगरानी^F^ रखना।

shadowgraph ⊙–डॅग्राफ् n. (चि०) क्ष-रश्मिचित्रण; छायाचित्र।

shadowiness –डोइनिस् n. छायात्मकता^F^, छायामयता^F^, मन्द तेजस्कता^F^, अन्धकारपूर्णता^F^, अन्धकारमयता^F^; असारता^F^, असत्यता^F^, अवास्तविकता^F^।

shadowless –डो'लिस् a. छायाहीन, छायारहित, बिना छाया^F^का; प्रतिच्छायाहीन, प्रतिबिम्बरहित; अन्धकाररहित; आकारहीन; आश्रयहीन, शरणविहीन, बिना सहारेका।

shadowy –डोइ a. छायात्मक, छायामय, अन्धकारमय, छायारूप, मन्दतेज, मन्दकान्ति; असत्य, असार, अवास्तविक, नकली, झूठा।

shady –शें'डि a. निरातप, छायावृत, छायाप्रद, छायाबहुल, छायामय, छायायुक्त, छायादार, घना; वर्णाभासी; अप्रकट, गुप्त, निकृष्ट, हीन, छिपा, कुख्यात, बदनामीवाला, अविश्वस्त, अविश्वसनीय, सन्दिग्ध, सन्देहपूर्ण (आचरण, व्यवहार); ~*side of forty* etc. चालीस सालसे ऊपर।

S.H.A.E.F. (or **SHAEF**) Supreme Headquarters of the Allied Expeditionary Force.

shaft शाफ्ट्' n. (भौ०, यंत्र०) ईषा, शर, इषु; वाण, तीर (ला० भी, *~s of satire*); (यंत्र०, भौ०) **दण्ड, नाल**, भाला या बर्छी^F^ (का पतला लम्बा डण्डा या बाँस); स्तम्भ या खम्भेके बीचका भाग; स्तम्भावली^F^, स्तम्भसमूह, खम्भोंका जुट; शिखर, मन्दिरादिकी चोटी^F^, पंखकी लम्बी डण्डी^F^; (जीव०) **गात्र; पिच्छाक्ष; पर्शुका काण्ड**; अस्थिदण्ड; पसली^F^; नली^F^; तना; (चि०) **काण्ड**, डण्ठल; (*ventilling ~* भी) छत^F^के ऊपरकी चिमनी^F^का सिरा; प्रकाशकिरण^F^, बिजली^F^की कड़क^F^; औज़ारकी मूठ^F^, मुठिया^F^, दस्ता; (यन्त्र०) घूमता हुआ लोहदण्ड, छड़^F^, (रेल०) बड़ा धुरा; बारूद^F^के विस्फोटका रास्ता; गन्दी हवा^F^ या धुएँके निकलनेका रास्ता, खान^F^की सुरंग^F^; (प्रा० भू०) **चालकः कूप**; (कृषि०) **कोठी (कूप)**; कूपक, गर्त, गड्ढा; गाड़ी^F^का बम (जिसमें घोड़ा जोता जाता है) ;(यंत्र०) T.; ~-horse बममें जुता हुआ घोड़ा; ~ bone (चि०) **अस्थिकाण्ड**; ~ coupling (नौवि०) **धुरा जोड़, दण्ड जोड़**; ~ tunnel (नौवि०) **धुरासुरंग^F^**;

~ bearing, ~ governer, ~ grave, ~ journal; ~ oil, ~ straighteners.

shafted –'टिड् a. ईषायुक्त, शरयुक्त, इषुयुक्त, वाणमय, तीरवाला; भल्ल-युक्त, भालेसे युक्त; (मन्दिर इत्यादि) शिखरमय, चोटीदार; स्तम्भावलीमय, स्तम्भसमूहयुक्त; सहस्तक, मूठवाला, मुठियादार, बेंटदार।

shafter –टॅर् n. = SHAFT-horse.

shafting –टिंग् n. ईषाधातु; ईषासंहति^F^; यान्त्रिक

व्यवस्था[F] (जिसमें लम्बे धुरेके द्वारा शक्ति[F] आगे बढ़ायी जाती है)।

shag[1] शैग्′ १. n. (प्रा०) लोमश वस्त्र, एक प्रकारका रोएँदार मोटा कपड़ा; पशमी लोम, स्थूल रोम, गुच्छेदार बाल या रोएँ, झबरे बाल; मोटी पत्ती[F]की कटी हुई पीनेकी तम्बाकू[F]; २. v.t. लोमश करना; खुरदरा करना ।

shag[2] n. मछली[F] खानेवाला बड़ा कलंगीदार समुद्री पक्षी ।

shagbark ⊙ शैग्′बार्क् n. अखरोटकी तरहका एक वृक्ष ।

shagged शै′गिॅड् a. (क्व०) गुथे हुए रूखे रोओंवाला, झबरे बालवाला, झबरा ।

shagginess –गिनिॅस् n. लोमशत्व, लोमयुक्तता[F], रोएँदारी[F]; झबरीलापन, रूक्षता[F], खुरखुरापन ।

shaggy –गि a. लोमश, लोमावृत, रोमश्वर, झबरा, लम्बे रूखे बालोंवाला; मलिन, घने, रूखे, झबरे (बाल); (वन०, जीवि०) लोमश, लोमयुक्त, स्थूलरोमी, रोएँदार; खुरखुरी टेढ़ी-मेढ़ी शाखाओं[F] या टहनियोंवाला (पेड़); जंगल या झाड़ीदार पेड़ोंसे भरी, जंगली, झाड़ीदार (भूमि[F] आदि); रूक्ष, खुरखुरा, बीहड़ ।

shagreen शैग्रीन्′ n. शार्क नामक समुद्री ग्राहकी खाल[F]; रूक्षा[F], (घोड़े, गधे, ऊँट आदिकी खाल[F]का कृत्रिम रूपसे) दानेदार बनाया हुआ चमड़ा, नकली खाल[F], कीमुख्त ।

shah शा′ n. फारसका सम्राट्, बादशाह, शाह ।

shakable शे′कॅबॅल् a. कम्पमान, अस्थिर, चंचल, अस्थायी; विचलनीय, संक्षोभ्य, संक्षोभनीय, दोलायमान, झकझोरने योग्य, डगमगाने लायक; कम्पनीय, प्रकम्पनीय, कंम्पित करने योग्य, कँपाने योग्य, हिलाने लायक; स्पन्दनीय, लहराने योग्य, थरथरानेवाला; आकुल, व्यग्र, विचलित होने योग्य; दुर्बल, कमजोर; प्रकम्प- (ध्वनि) ।

shake[1] शेक′ n. विचलन, संक्षोभ, कम्पन, प्रकम्पन, झकझोर[F]; (pl.) थरथराहट[F], डगमगाहट[F], कँपकँपी[F], हिलना, हिलाना, (*with a ~ of the head*); आघात, झटका, धक्का, हिचकोला, चोट[F], ठेस[F]; आरोह-अवरोहके साथ गायन, आवाज[F]में उतार-चढ़ाव या लहर[F] पैदा करते हुए गाना, कम्पित स्वरमें गायन; (ध्वनि[F]में या वाद्ययन्त्रपर) गानमें द्रुत गति[F]से परिवर्तन, दूधका गिलास, सुगन्धमिश्रित स्वादिष्ट दूध-अण्डा, मिल्क-शेक ⊙; विपाट, फूट[F], (यंत्र०) (बढ़ती हुई लकड़ी[F]में) दरार[F], दरेड़, टूट[F], चटख[F]; निमिष, क्षण, क्षणमात्र, पल; तड़ाका; ~-out ऐसा संकट (जिसमें कमजोर सट्टेबाजोंको बाजार छोड़ना पड़े); ~ proof हिलत सह; ~-up कम्प, कम्पन, प्रकम्पन, झकझोर, कँपना; विचलन, स्पन्दन, आन्दोलन, धक्का, ठेस[F]; the ~s पीड़ा[F], दर्द; *all of a ~* कम्पमान, काँपता, थरथराता; *in two* etc. *~s of a lamb's tail* etc, or *~s* क्षणमात्रमें ही, बहुत ही शीघ्रता[F]से, झटपट, जरा-सी देर[F]में; *is no great ~s* कोई बहुत अच्छा नहीं है ।

shake[2]* v.t. & i. (*shook, shaken*) कम्पित करना, प्रकम्पित करना, कँपकँपी[F] उत्पन्न करना, स्पन्दित करना, चंचल करना, कँपाना*, झुलाना, झटके देना, आगे-पीछे हिलाना, थरथराना, डुलाना, फहराना, लहराना, इधर-उधर घुमाना, हिचकोले खाना, हिचकोले खाकर चलना, हिचकोले देना (*~ the house*); (हथियार) चलाना, घुमाना, भाँजना; आन्दोलित करना, आकुल कर देना, स्तम्भित करना, विक्षुब्ध करना या होना, व्याकुल करना, अव्यवस्थितचित्त करना, धक्का पहुँचाना, उलझन[F]में डालना, घबरा देना, डिगाना, गड़बड़ा देना, तंग करना, परेशान करना (*was much ~n by the news*); (किसी वस्तु या व्यक्तिको उग्रता[F]से या तेजी[F]से इधर-उधर या ऊपर-नीचे) हाथसे हिलाना, हिलाना-डुलाना, झकझोरना, झँझोड़ना, हिलाना*, डुलाना, फेंटना, झटकना, झाड़ना (*like a terrier ~ing a rat*); हिलना*, डोलना, लड़खड़ाना; कँपना*, थर्राना; अयुक्तिसंगत-सा करना, विकृत करना, बिगाड़ना, खराब करना; दुर्बल कर देना, निर्बल कर देना, मन्द करना, बलहीन बना देना, कमजोर करना; स्थायित्व कम करना, कच्चा करना, स्थिरता घटाना, दृढ़ता[F] कम करना, कच्चा होना, घटना, डगमगाना (*his faith in Providence was greatly ~n*); उत्साह ढीला करना, विश्वास हिला देना, हिम्मत तोड़ देना (*the ranks were ~n but, not broken*); (संगीतात्मक गान, ध्वनि[F], गायक आदिके सम्बन्धमें) द्रुत गति[F]से आरोह और अवरोह लाना, स्वरकम्पनके साथ गाना, कँपती हुई आवाज[F]में गाना, ध्वनि[F] या लहर[F]में कँपकँपी[F] उत्पन्न करना, कम्पित स्वर निकालना, आवाज[F] कँपाना, उतार-चढ़ावकी तरंग[F] लाना (*his voice shook with emotion*); (आज्ञा०; बोल०), हाथ मिलाओ; ~down पुआल या कम्बल आदिका मामूली बिछौना (जो जहाँ चाहे बिछाया जा सके); *hand ~s* हाथ अस्थिर है, चंचल है, हिलता है; *~down* पुआल या बिस्तरा बिछाना; बर्तनमें अनाजको हिलाकर बैठाना, ठीक तरह जमाना; पेड़से फलोंको हिलाकर गिराना, झोरना; v.t. सामंजस्य स्थापित करना, परिस्थितियों[F]के अनुरूप बनना, अनुरूप होना, (अपनी तरहके साथियोंके साथ ठीक प्रकारसे) जम जाना, घनिष्ठ होना; *~ hands*, ~ one *by the hand* (मिलनेपर या अलग होनेपर, समझौतेमें या बधाई[F]के रूपमें) हाथ मिलाना; *~ off* धूल[F] आदि झाड़ना; फेंकना, अलग करना; (ला०, परेशान होकर अवांछित साथी या चिन्ता[F]से) छुटकारा पाना, छुट्टी[F] पाना, झाड़कर चल देना; ~ one's *fist, stick*, etc., *in person's face* or *at* भयभीत करना, घूँसेसे डराना, धमकाना, डण्डा दिखाना; ~ one's *head* अस्वीकृति[F] प्रकट करना, (अस्वीकृति[F] या निरनुमोदन या मतभेद या इन्कारपर) सिर हिलाना, नाराजी[F] दिखाना; *~ in* one's *shoes* भयसे विचलित होना, आतंकित होकर कम्पित होना, भयकी कल्पना[F]से काँपना, डरसे काँपना, थरथराना; *~ out* वस्त्रोंसे धूल[F] झाड़ना; (बर्तनको हिलाकर चीजें[F]) बाहर निकालना, बर्तन खाली करना; (झण्डा) फहराना; पालके एक भागको फैलाना, खोलना; *~ up* सक्रिय बनाना, क्रियाशील बनाना, जागरूक

करना, हिलाना, (गतिहीन या आलस्यपूर्ण या रूढ़िग्रस्त अवस्था^F से) उठाना, जगाना, होशियार करना; हिला-डुला-कर (तकिये आदिको) ठीक करना; (तत्त्वों या अंशोंको) मिश्रित करना, हिलाकर मिलाना; ~ *with fear, cold etc.* डर या सर्दी^F के मारे कम्पित होना, बहुत अधिक तेजी^F से काँपना।

shakeable –'कॅबॅल् a. = SHAKABLE.

shaken –कॅन् a. प्रकम्पित, विपाटित, धूनित, उखड़ा हुआ (~ *faith*)।

shaker –कॅर् n. क्रियागत अर्थोंमें; (रसा०) हल्लित्र, हलित्र, धवित्र, कम्पक, हिलानेवाला; मैनचेस्टरके एक धार्मिक सम्प्रदायका सदस्य (जिसका विश्वास है कि ईसाका दुबारा आगमन हो चुका है), अवतारवादी, शेकर।

Shakeress शे'कॅरि'स् n. मैनचेस्टरके धार्मिक सम्प्रदायकी अनुयायिनी महिला, शेकर महिला।

Shakerism –रिज़्म् n. शेकरवाद; शेकर मत, अवतार-वाद।

Shak(e)spe(a)riana शेक्सपीअॅ'रिॲन् a. शेक्स-पियरकी (शैली^F में); शेक्सपियरी।

Shak(e)spe(a)riana '–नॅ n. (pl.) शेक्सपियरकी रचनाएँ^F।

shakiness शे'किनि'स् n. कम्पमानता^F, कम्पनशीलता^F, चलत्व, चंचलता^F, अस्थिरता^F, डाँवाडोलपन; अदृढ़ता^F, दुर्बलता^F, अनिश्चितता^F, अविश्वसनीयता^F, संकोचशीलता^F, दोलायमानता^F।

shaking –किंग् १. n. धूनन, झकझोरना, डुलाना, डोलना, झँझोड़ना, हिलाना (~ *apparatus*); कम्पन, वेपन, थर्राहट^F; संक्षोभ, व्याकुलता^F; २. a. चल, लोल, हिलता हुआ; सकम्प, काँपता हुआ; क्षोभकारी;
~ apparatus, ~ machine, ~ table.

shako शै'को n. (pl- -s) एक प्रकारका ऊँचा लम्बा फौजी टोप।

shaky शे'कि a. कम्पमान, कम्पनशील, लोल, चल, चंचल, अस्थिर, दुर्बल, निर्बल, अदृढ़, क्षीण, अविश्वसनीय, अनिश्चित, सन्दिग्ध, दोलायमान, अस्थिरचित्त, संकोच-शील, झिझकता हुआ; विपाटी, हिलता हुआ, ढीला, डाँवाडोल, कमजोर, कच्चा, डगमग, झेंपू, बोदा;
~ courage, ~ credit, ~ hand, ~ house, ~ table, ~ voters.

shale शेल्' n. मृच्छिलिका^F, जम्बशिला^F, स्लेट-जैसी मिट्टी^F की चट्टान^F, एक परतदार पत्थर; (कृषि०, परि०), **स्लेटी पत्थर**, (यन्त्र०, प्रा० भू०) **शेल** (~ *aggregate*); = SHELL; ~*-oil* (रसा०) **शिलातेल**, एक पथरीली राल^F।

shall शैल् v. aux. भविष्यकालसूचक सहायक क्रिया^F, गा, गी, गे; *it should seem* ऐसा मालूम पड़ता है; *you ~ find* (प्रा०) तुम्हें प्राप्त होगा ही।

shalloon शॅलून' n. शैलून, (कोटके अस्तर और स्त्रियों^F-के वस्त्रोंके लिए) एक हल्का कपड़ा।

shallop शैलॅप n. छोटी हलकी नौका^F।

shal(l)ot शॅलॉट्' n. प्याजकी तरहका पौधा।

shallow शै'लो १. n. पुलिन, कम पानीका स्थान, कछार, छिछला स्थान, समुद्र, नदी^F आदिको छिछला तट; २. v.t. & i. छिछला किनारा बनाना; अल्पबुद्धि या अल्पमति होना, अगम्भीर होना, अल्पबुद्धि या ओछा बनाना, छिछला या उथला होना, ओछा होना, छिछला बनना, उथला बनना; ३. a. (शा० एवं ला०) अल्प-बुद्धि, अल्पमति, तुच्छ, असार, सारहीन, **गाध**, स्वल्प-गम्भीर, अल्पगम्भीर, छुलछुला, **छिछला**, **उथला**, कम गहरा, हलका, ओछा, ऊपरी-ऊपरी;
~ argument, ~-brained, ~ camouflet, ~ crest, ~ dish, ~ fording, ~ frying, ~ hearted, ~ love, ~ man, ~ mind, ~ pated, ~ plate, ~ ploughing, ~ shock, ~ stream, ~ temperature, ~ trench, ~ water, ~ well.

shallowness –नि'स n. अल्प बुद्धि^F, अल्प मति^F, अबोधत्व, स्वल्प गम्भीरता^F, अगम्भीरता^F, छिछलापन, उथलापन, ओछापन, तुच्छता^F, हलकापन, ऊपरीपन।

shalm शॉम् n. = SHAWM.

shalt शैल्ट् v.aux. SHALL का मध्यम पुरुष, एकव० रूप।

shaly शे'लि a. मृच्छिलिकीय, मृच्छिलिका-विषयक; जम्बशिला-सम्बन्धी स्लेटी पत्थरवाला।

sham शैम्' १. n. प्रवंचना^F, प्रतारणा^F, वंचना^F, छद्म, व्यपदेश, पाखण्ड, स्वाँग, छल, कपट, धोखा, बहाना, ढोंग, धाँधली^F, चालाकी^F, दिखावा, बनावट^F, दगा, जाल (*this age of ~s*); मिथ्याचारी, आडम्बरी, पाखण्डी, कपटी, बहाना करनेवाला व्यक्ति, अवास्तविक, असत्य, मिथ्या, झूठ, स्वांग; (*sheet-~, pillow-~* भी) बेल-बूटेदार दिखावटी सनके कपड़े (जो दिनमें सजा-वट^F के लिए पलँगपर रखे जाते हैं); २. v.t. &. i. छल करना, छलना, ढोंग करना, दिखावा करना, बनना, बहाना करना, बनावट^F करना, हीला-हवाला करना (*~med ill, dead, asleep*); स्वाँग करना, भाँड़ बनना, नकल^F करना (*is only ~ ming*); ३. a. स्वाँगयुक्त, प्रपंची, कृत्रिम, (का०) **मिथ्या**, छली, छाद्मिक, कपटी, कल्पित, आभासी, कापटिक, पाखण्डपूर्ण, अवा-स्तविक, अयथार्थ, मिथ्या, असत्य, झूठा, बनावटी, नकली, दिखावटी, जाली (~ *fear, illness*); ~ battle ⊙, ~ fight छायायुद्ध, (सैन्यदलोंके प्रशिक्षणके हेतु) नकली युद्ध, झूठमूठकी लड़ाई^F; ~ plea (कानूनमें) मिथ्या तर्क या पक्ष-पोषण।

shama शा'मॅ n. सारिका^F; शामा^F।

Shamanism शै'मॅनिज़्म् n. मंगोलधर्म, पुरोहितवाद, (दर्श०) **शामानी धर्म**।

shamble शैम्'बॅल १. n. विरूप गति^F, भद्दी चाल^F, लड़खड़ाती चाल^F, बेढंगी दौड़^F; २. v. i. टेढ़े-मेढ़े होकर चलना या दौड़ना, भद्दे ढंगसे भागना, बेढंगेपनसे दौड़ना, लड़खड़ाके चलना।

shambles शैम्'बॅल्ज़् n. (pl.) मांसविक्रयस्थान, पशु-

वधशाला^F, पशुवधगृह, सूना, कसाईखाना, कमेला, बूचड़-खाना; वधस्थान, हत्याकाण्ड (*the place became a* ~); मिश्रित भोजन, खिचड़ी^F, गड्डमगड्ड।

shambling शैम्'बॅलिंग् १. n. बनावटी या टेढ़ी-मेढ़ी चाल^F, भद्दी चाल^F; २. a. वक्र, विरूप, टेढ़ा-मेढ़ा; चपल, चंचल।

shame¹* शेम्' n. व्रीडा^F, संकोच, (दर्श०) लज्जा^F*, लाज^F, शर्म^F*, झिझक^F, झेंप^F, हया^F, गैरत^F (*flushed with* ~); संकोचशीलता^F, लज्जाशीलता^F, शर्मिन्दगी^F, शर्म^F की बात^F (*cannot do it for very* ~); अपकीर्ति^F, मानभंग, अप्रतिष्ठा^F, अपमान, निरादर, कलंक, निन्दा^F, धिक्कार, बेइज्जती^F की अवस्था^F या स्थिति^F, लानत^F (~ *on you!*); अपकीर्तिदाता, कलंककर्त्ता, अपमानकारी व्यक्ति या वस्तु^F, बदनामी^F करानेवाला आदमी (*is a* ~ *to his parents*); अपमानकी बात^F, बेइज्जती^F की बात^F (*is a sin and a* ~); *for* ~! शर्म^F करो! शर्म^F की बात^F है! (प्रायः चेतावनी^F या फटकार^F के लिए प्रयुक्त); *put one to* ~ लज्जित करना, मुँह फीका करना, पानी उतारना, झेंपाना, शर्मिन्दा करना; *think* ~ लज्जित होना, शर्मिन्दा होना।

shame² v. t. & i. (किसी बड़ेको छोटेके गुणोंके द्वारा) लज्जित करना; नीचा दिखाना, शर्मिन्दा करना, झेंप^F में डालना (*a dog's fidelity* ~*s us*); लज्जित करना, अपमानित करना, लजाना, संकोचमें डालना, शर्म^F की बात^F होना, शर्मिन्दा करना, झेंपना; व्रीडान्वित होना, लज्जित होना, सकुचाना, लजाना, शरमाना, झेंपना; (प्रा०) निर्लज्ज होना, बेशरम होना (*he* ~*d not to say*); लज्जा^F के कारण डरना, शर्म^F के मारे निढाल होना, शर्मिन्दा होकर काँपना।

shamed —ड्' a. लज्जाशील, लज्जालु, लज्जित, व्रीडित, शर्मिन्दा।

shamefaced —'म्'फ़ेस्ट् a. लज्जालु, लज्जावान्, लज्जान्वित, लज्जित, लज्जाशील, लजीला, संकोची, शर्मीला, झेंपू; (काव्य०, गुण, फूलों आदिके सम्बन्धमें) एकान्तिक, एकान्तप्रेमी, एकान्तप्रिय, लज्जालु, लज्जाशील, विनम्र, विनीत, नमनशील, विनयी।

shamefacedness सिं'ड्(फ़ेस्ट्) निस् n. लज्जाशीलता^F, लज्जालुता^F, लजीलापन, संकोचीपन, शरमीलापन, संकोच, झेंप^F; लज्जाजनकता^F; एकान्तप्रियता^F, विनम्रता^F, विनयशीलता^F।

shamefast ⊙ —फ़ास्ट् a. लज्जालु, शर्मीला, झेंपू।

shameful —फ़ुल् a. लज्जापूर्ण, लज्जालु; लज्जास्पद, लज्जाकर, लज्जाप्रद, लज्जाजनक, गर्ह्य, अश्लील, अपकीर्तिकर, बुरा, खराब, शर्मनाक, शर्म^F के लायक।

shamefulness —निॅस् n. लज्जास्पदता^F, लज्जाप्रदता^F, लज्जापूर्णता^F, लज्जाकरता^F, लज्जा^F, अपकीर्ति^F, अपमान, खराबी^F, शर्मसारी^F।

shameless —लिॅस् a. निर्लज्ज, लज्जारहित, लज्जाहीन, धृष्ट, त्यक्तलज्ज, ढीठ, बेशर्म, बेहया।

shamelessness —निॅस् n. निर्लज्जता^F, लज्जाहीनता^F, धृष्टता^F, ढीठपन, ढिठाई^F, बेशरमी^F, बेहयाई^F।

shamer शे'मॅर् n. लज्जित करनेवाला, शर्मिन्दा करनेवाला।

shammer शैं'मॅर् n. वंचक, छली, छलिया, स्वाँग करनेवाला, प्रपंचकर्त्ता, पाखण्डी, धोखेबाज, बननेवाला, बहाना करनेवाला।

shamming —मिंग् n. बहानेबाजी^F।

shammoy शैं'मॉए v.t. (ग्रीस या तेलसे) चमड़ा पकाना, चमड़ा बनाना, चमड़ा तैयार करना।

shammy शैं'मि n. तैलपक्व चर्म, ग्रीससे पकाया चमड़ा।

shampoo शैम्पू'१. n. संवाह, संवाहन, केशक्षाल, केशक्षालन, शिरमर्दन, सिरकी मालिश^F; २. v.t. केशक्षालन करना, (सिरके बालोंको) साबुनसे मलना, धोना और रगड़ना, (अब व्व०) (शरीर आदिको गर्म जलसे स्नान आदि करनेके बाद) मलना, मालिश^F करना, चप्पी^F करना, dry ~ छिलकेदार साबुन, बाल धोनेका पाउडर; साबुन या पाउडरसे सिर धोना या बाल साफ करना।

shampooer —'अॅर् n. संवाहक, केशक्षालक।

shampooing —इंग्' n. संवाहन, अंगमर्दन; केशक्षालन।

shamrock शैम्'रॉक् n. हिमालयकी अम्ल लोणी^F, (आयरलैण्डके राष्ट्रीय चिह्नके रूपमें व्यवहृत) त्रिपत्र घास^F, श्वेत लौंग^F।

Shan शैन्' n. शान जाति^F, (चीन, स्याम, आसाममें रहनेवाली) एक पहाड़ी जाति^F।

shandrydan शैन्'ड्रिडैन् n. दो पहियेवाली हलकी गाड़ी^F; पुरानी कमजोर सवारी गाड़ी^F।

shandy(gaff) शैन्'डि(गैफ़) n. बीअर और जिंजर-बीअरका मिला-जुला पेय।

shanghai शैङ्हाइ' v.t. (नौवि०, ग्रा०) किसीको कुछ पिला देना और जब अचेत हो तो जहाजपर बिठाकर मल्लाहकी तरह काम लेना, शांघाई^F करना।

shank शैन्क् १. n. (चि०) प्रजंघिकास्थि^F; उसकी अग्रधारा^F; घुटनेके नीचेसे पादतलका पैरका भाग; (कृषि०) पाथा; (श०र०शा०) पिंडली^F, पिण्डुली^F, टाँग^F; मोजेकी टाँग^F; चिड़िया^F के पंजेका खड़ा भाग; फूलकी डण्डी^F; जूतेके तल्लेका बीचका तंग हिस्सा; खम्भेका बीचका भाग, औजारके सिरे और मुठिया^F के बीचका हिस्सा; मछली^F के काँटेका सीधा भाग; चाभी^F: प्रस्तुव-मध्य, चम्मच, लंगर आदिके बीचका भाग; २. v.t. & i. (गॉफ) डण्डे या लाठी^F की मोड़^F से गेंद^F पर चोट^F लगाना; S~s's 'mare अपनी निजी टाँगें^F, पैदल (घुड़सवारी^F की तुलना^F में); ~ *off* फूलोंका मुरझा जाना, मुरझाकर गिर जाना, झड़ जाना।

shanked —ट्' a. (चि०) घुटनेके नीचेकी टाँगवाला, या उसके रोगसे पीड़ित।

shanny शैं'नि n. (यूरोपकी) शैनी मछली^F।

shantung शैन्'टन्ग् n. एक प्रकारका मुलायम कच्चा

रेशम।

shanty[1] शैन्'टि n. कुटीर, कुटी^F, कुटिया^F, छोटा घर, झोंपड़ी^F, कोठरी^F।

shanty[2] n. समुद्री गान।

shapable शे'पॅबल् a. रचनीय, सृष्टिकरणीय, निर्माण-के योग्य; रूपार्ह, रूप ग्रहण करने योग्य; अनुकूल अथवा उपयुक्त बनाने योग्य, गढ़ने योग्य, ढालने लायक, योजना^F में बिठाने योग्य; सूझ^F का, कल्पनीय, कल्पना^F का।

S.H.A.P.E. (SHAPE) Supreme Headquarters Allied Powers Europe.

shape[1] –प्' n. **आकृति**^F, **आकार**, रचना^F, **रूप**, डीलडौल, बनावट^F, गठन^F, सूरत^F, शक्ल^F (*has the ~ of a boat*); बाह्याकृति^F, बाह्याकार, रंगरूप, रंगढंग, रूप, वेष, जामा, शक्ल^F (*monster in human ~*); प्रतिनिधिरूप, अवतार, प्रत्यक्ष प्रतिरूप, साक्षात् रूप, सच्चा आकार (*showed me politeness in the ~ of an invitation*); श्रेणी^F, प्रकार, जाति^F, भाँति, ढंग, तरह, किस्म (*made no overtures in any ~ or form*); आदर्श, नमूना, टोप आदि बनाने-का साँचा; किसी साँचेमें तैयार फिरनी^F; (रुई^F की) गद्दी^F (जिसे अभिनेता लोग पहिनते हैं); समुचित व्यवस्था^F, क्रमबद्ध व्यवस्था^F, समस्थित या निश्चित रूप (*get one's ideas into ~*); अव्यक्त पुरुष, अप्रकट व्यक्ति, कल्पित मनुष्य, प्रेत, छाया^F, भूत (*a grim mysterious ~ stalked towards me*); अवस्था^F; दशा^F ⊙; *to put in ~* ⊙ फिट करना, फ़िट बनाना, बैठाना।

shape[2] v.t. & i. निर्माण करना, निर्मित करना, घटन करना, गठन^F करना, गढ़ना; **आकार देना**, रूप प्रदान करना, सृष्टि^F करना, रचना^F करना, सूरत^F बनाना या पैदा करना; रूपण करना, इच्छित या निश्चित आकृति^F या रूप देना, इच्छापूर्वक गढ़ना, आदर्शानुरूप गठन^F करना, साँचेमें ढालना, बनाना; अनुकूल बनाना या होना, मुताबिक करना या होना, माफिक बनाना या होना; उपाय निकालना, योजना^F बनाना, रास्ता सोचना, तरकीब^F सोचना, मंसूबा बाँधना; आकृति^F ग्रहण करना, विशेष आकारमें विकसित होना, रूप धारण करना, रूप पाना, गढ़ा जाना, आकार ग्रहण करना, खास शक्ल^F में बढ़ना; कल्पना करना, कल्पित करना, मस्तिष्कमें चित्र खींचना, मनमें गढ़ना, सूझना, खाका खींचना, दिमागमें नक्शा बनाना; नियमित करना, निरूपित करना, मार्गकी ओर लक्ष्य करना, (मार्ग आदिका) निर्देश करना, (ठीक रास्तेपर) लगाना; ~ *one's course* मार्ग निर्धारित करना, रास्ता चुन लेना; ~*s well* होनहार है; ~ *up* ⊙ प्रस्तुत करना, तैयार करना, बना लेना।

shapeable –'पॅबल् a. = SHAPABLE.

shaped –प्ट् a. साकृति, आकारगत, आकारयुक्त, साकार, सरूप, रूपयुक्त, रूप-रंगका, सूरतका, शक्लका (~ *like a pear*); बाह्याकारी, वेशपूर्ण; सुडौल, ढंगका, भाँतिका, प्रकारका, तौरका, नमूनेका।

shapeless –प्'लिॅस् a. आकृतिविहीन, विरूप, अनाकार, नीरूप, निराकार, अमूर्त, कुरूप, अपरूप, कुगठित, बेढंगा, बेडौल, बदसूरत।

shapelessness –निॅस् n. आकृतिविहीनता^F, आकारहीनता^F, कुरूपता^F, कुगठन^F, बेढंगापन, बेडौलपन।

shapeliness –लिनिॅस् n. सुरूपता^F, दर्शनीयता^F, सुगठन^F, सुन्दरता^F, सुडौलपन, खूबसूरती^F, खुशनुमाई^F।

shapely –लि a. आकारवान्, दर्शनीय, रूपवान्, रूपशुद्ध, शुद्धाकार, सुरूप, सुन्दर, सुगठित, सुरेख, सुडौल, सुढाल, डौलदार, खूबसूरत, खुशनुमा।

shaper –'पॅर् n. (रेल०) **रूपित्र**; (क्रियागत अर्थोंमें) निर्माता, सृष्टिकर्ता, **आकृतिकार**, आकार देनेवाला, रूप देनेवाला, बनानेवाला; खराद^F; T.

shard, sherd शाड्'', शेॅड्'' n. (प्रा०) मृत्पात्र-खण्ड, ठीकरा, ठीकरी^F (गमलेके छेदके ऊपर भी रखा जाता है); भौंरेके परका खोल; ~-beetle गुबरेला।

share[1] शेॲर्' n. देयभाग, समभाग, भाग, समान अंश, बाँट^F, बँटाई^F (*that is your fair ~*); (रसा०) **सहभागिता**^F, (सबके धनका एक) **अंश, भाग**, (अर्थ०, का०) **हिस्सा, शेयरधारी, शेयर** (*must get a ~ of the plunder, had a large ~ in bringing it about*); सम्मिलित स्वामियोंकी सम्पत्ति^F में साझा-पत्ती^F, पाँति^F, साझा (*has a ~ in the estate, etc.*); ~-bone पुरोनितम्बास्थि^F; ~ capital (कृषि०, का०) **अंश-पूँजी**^F, हिस्सा पूँजी^F, **शेयर पूँजी**^F; ~ cropper ⊙ फसल^F में अपने हिस्सेके अनुसार लगान देनेवाला; ~ holder अंशग्राही, (अर्थ०, का०) **अंशधारी, शेयरधारी**, अंशभागी, भागग्राही, भागीदार, साझीदार, पट्टीदार, **हिस्सेदार**; ~-list अंशसूची^F, (भिन्न कम्पनियों^F में) अंशोंके वर्तमान मूल्योंकी सूची^F; ~-out वितरण, बँटवारा, बाँट^F; ~-pusher (बोल०) (प्रायः हीनमूल्यके) अंशोंका तुच्छ व्यापारी; deferred ~s आस्थगित अंश, (अंश जिनपर नियत तिथि^F या आकस्मिक घटना^F तक कोई लाभ न दिया जावे या कम दिया जायगा); ordinary ~s सामान्य अंश, साधारण हिस्से; preference or preferred ~s पूर्वाधिकार अंश, अधिमानित हिस्से (जिनपर नियत लाभ देनेका निश्चय पहलेसे ही कर लिया गया हो); *go ~s* दूसरोंके साथ समभाग करना, बाँटना, हिस्से करना; ~ *and ~ alike* समभाग करना, बराबर-बराबर बाँटना;

~ allotments, ~ broker, ~ certificate, ~ crop, ~ cultivation, ~ ledger, ~ market, ~ money, ~ pitch, ~ point, ~ qualification, ~ register, ~ rent, ~ tenancy, ~ tenant, ~ transfer, ~ transfer book, ~ transfer fees, ~ transfer stamp, ~ warrant.

share[2] v.t. & i. भाग लेना, सम्मिलित होना, सम्मिलित रूपसे पाना या प्रयोग करना या सहन करना, हिस्सा लेना, शामिल होना; **सहभागी होना**, अंश प्राप्त

करना, अंश लेना, अंशधारी होना, अंश रखना, हिस्सेदार होना, हिस्से रखना (*will ~ with you in the undertaking*); (सम्पत्तिF, भोजन, कार्यभार आदिको) विभाजित करना, अंश देना, हिस्सा देना, दूसरोंमें बाँटना, भाग करना, बँटवारा करना, हिस्से करना (*would ~ his last crust*); ~ out वितरण करना, बाँटना।

share[3] n. कुशी, हलका लोहेका फाल, (कृषि०) **फाल**, फल, फार, (कृषि०) **फालीF**, कुसी; बीज बोने या काटने-की मशीनF का फाल; ~-beam हलके फालकी लकड़ीF।

sharer शेअ॑'रॅर् n. अंशधारी, अंशभागी, अंशी, भागी, भागीदार, हिस्सेदार, साझीदार, पट्टीदार; अंशवितरक, भागकर्त्ता, बाँटनेवाला, हिस्सा देनेवाला।

sharing –रिंग् n. विभाजन, बँटाईF; **साझा, साझेदारीF**; ~ pair (रसा०) **सहभागी युग्म**।

shark शार्क्'' १. n. (लम्बे आकारका अगल-बगल नथुने-वाला छोटे मुँहका) समुद्री मत्स्य या मच्छ; (जीव०) **शार्क, हांगुर** (*~ fin, ~ fishery*); नक्र, ग्राह, घड़ियाल, मगर (*White, Blue, Dusky, ~*); वंचक, प्रवंचक व्यक्ति, धूर्त, छली, ठग, धोखेबाज मनुष्य; प्रतिभाशाली छात्र, होशियार विद्यार्थी; घाघ⊙; २. v.t. & i. वंचनाF करना, ठगीF करना, ठगना, चार सौ-बीसीF चलाना, कपट-व्यवहार करना; अपमानजनक साधनोंसे संचित करना, बेईमानीF से एकत्र करना, बेईमानीF से जमा करना; साहसिक होना, साहसिकताF दिखाना (*~s for a living*); भुक्खड़की भाँति निगल जाना; थपकीF लगाना⊙; ~-moth घड़ियाल-जैसा पतिंगा; ~'s-mouth पालमें मस्तूल आदिके लिए छेद।

sharker –'कॅर् n. लुण्ठक, साहसिक, वंचक, ठग, लुटेरा, पतेबाज, चार सौ बीस।

sharking –किंग् a. वंचक, धोखा देनेवाला, चार सौ बीस, ठग, ठग्गू, चूना लगानेवाला।

sharp[1]* शार्प्'' १. n. तीक्ष्णाF, सीनेकी पतली सुईF; (संगीत) आरोहके ऊपर उठाया हुआ स्वर, उदात्त स्वर, उच्च स्वर, अनुच्चरित या कठोर व्यंजन; वंचक, चार सौ बीस आदमी, ठग, धोखेबाज, दगाबाज आदमी⊙; दक्ष, प्रवीण, विशारद, विज्ञ, विशेषज्ञ, कारीगर आदमी⊙ (*mining-~*); (pl.) (चोकर और आटेके) बीचका पिसान, सूजीF; २. a. प्रखर, **तीक्ष्ण**, तेज*, पैना*, तीखा, धारदार, बारीक (*~ knife*); तीक्ष्णाग्र, नुकीला, नोकदार, अनीदार (*~ gable*); दाहक, कटु, अम्ल, कर्णकटु, कर्कश, कड़ुआ, चुभता हुआ, अम्लयुक्त, चरपरा, खट्टा; मर्मभेदी, कष्टप्रद, पीड़क, पीड़ादायक, पीड़ामय; **भयंकर, घोर**; अत्यन्त, अत्यधिक; प्रचण्ड, कठोर, कठिन, **उग्र, तीव्र**, काटता हुआ, कड़ा, सख्त (*~ flavour, wine, voice, cry, etc.*); व्युत्पन्नमति, कुशाग्रबुद्धि, तीक्ष्ण-बुद्धि, तीव्रबुद्धि, सूक्ष्मग्राही, विदग्ध, सजग, सतर्क, तत्पर, प्रवीण, चतुर, निपुण, प्रगल्भ; आशुक्षुब्ध, संवेदन-शील, जागरूक, चेतन, सावधान, धीमान्, किसी चीजF-को देखने या सुनने या समझनेकी क्षमतावाला, होशियार, चौकस, चालाक (*~ eyes, child, intelligence, attention*); कोनदार, मोड़दार, आकस्मिक, एकदमका (*~ turn, incline*); स्पष्ट, सुस्पष्ट, भली भाँति व्याख्यात, साफ, साफ-सुथरा (*~ outline*); (ध्वनि०, अनुच्चरित ध्वनियोंF के सम्बन्धमें) अनुच्चरित, अध्वनित, कठोर; (संगीत) साधारण स्वरारोहसे ऊँचा; विजयाकांक्षी, लाभाकांक्षी, जीतनेपर उतारू; अवसरवादी, काइयाँ, चालाक, घाघ, बेईमान, जल्दी फायदा उठानेवाला, अवि-वेकी, गलत; उत्साहपूर्ण, उत्साही, साहसी; द्रुत, शीघ्र, वेगपूर्ण, वेगवान्, वेगमय, प्रचण्ड, तुरतफुरतवाला (*take a ~ walk*); adv. नियमित समयपर, ठीक समयपर; (संगीत) वास्तविक स्वरारोहसे ऊँचा करते हुए; ~ bend **कैंची मोड़ (सड़कF का)**, ~-cut सुस्पष्ट, अतिस्पष्ट, सुनिश्चित; ~-nosed सुगन्धप्रिय; नुकीली नाकवाला; ~ practice छल, कपट, धूर्तताF, चालाकीF; ~-set बुभुक्षित, भूखा; ~-shod नाल जड़ा हुआ (*~ horse*); ~-shooter लक्ष्यवेधी, बहुत ही कुशल निशानेबाज; ~-sighted दूरद्रष्टा, तीक्ष्णदृष्टि, चतुर, बुद्धिमान्, चालाक, काइयाँ; ~-visaged कृशमुख, दुबले-पतले चेहरेवाला; ~ work जी-तोड़ संघर्ष या लड़ाईF, शीघ्रताF से किया जानेवाला या होनेवाला काम; *as ~ as a needle* प्रबुद्ध, बहुत ही चतुर, होशियार; *~'s the word.* (शीघ्रताF करनेके लिए प्रयुक्त वाक्य) जल्दी करो, फुर्तीF से; *was too ~ for me* मुझे छल लिया, ठग लिया;

~-angled, ~-beaked, ~-billed, ~ chisel point, ~-clawed, ~ contrast, ~-cornered, ~ curve, ~-edged, ~-ended crystals, ~-ended points, ~-faced, ~ focussing, ~-line, ~-looking, ~ melting point, ~ note, ~ pencil, ~ rise, ~ series, ~ steel, ~-toothed, ~-witted.

sharp[2] v.t. & i. (प्रा० या गँवारू) तीक्ष्ण करना, तेज करना, धारF धरना, धारF तेज करना, पैना करना, सानF पर चढ़ाना; स्वरको ऊँचा चढ़ाना, आवाजF उठाना, आवाजF को तेज करना; (ताश आदिके खेलमें) धोखा देना, चालाकीF करना, बेईमानीF से खेलना।

sharpen –'पॅन् v.t. & i. **तेज करना** या होना, **धारF लगाना**, धारF धरना, शानF रखना, सानF पर चढ़ाना, पैनाना; स्पष्ट करना; उत्सुक करना, उत्साहित करना, संवेदनशील बनाना; कर्कश करना, स्वरारोहसे ऊँचा करना; काइयाँ होना, चालाक होना; उग्र या कष्टप्रद बनना; चरपरा करना।

sharpener –नॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) तेज करनेवाला; शाणF, सानF, धारF धरनेवाला मनुष्य या यन्त्र।

sharper –पॅर् n. प्रवंचक, धूर्त, ठग, धोखेबाज, उचक्का, बेईमान, घाघ।

sharping –पिंग् n. कपट-व्यवहार, छल-कपट, धोखेबाजीF।

sharpish –पिश् a. ईषत्तीक्ष्ण, किंचित् तीव्र, कुछ तेज, तेज-सा; ईषदम्लयुक्त; खट्टा-सा; ईषत्प्रचण्ड, ईषत्कठोर,

उग्र-सा, काटता हुआ-सा; ईषद्व्युत्पन्नमति, ईषत्कुशाग्रमति, तीक्ष्णबुद्धि-सा; काफी होशियार।

sharpness –प्'निॅस् n. तीक्ष्णता^F, तीव्रता^F, नुकीलापन, पैनापन, तेजी^F; कष्टप्रदता^F, प्रचण्डता^F, उग्रता^F, कर्कशता^F, कठोरता^F, दाहकता^F, कटुता^F, चरपराहट^F, तीखापन; सुस्पष्टता^F; तीव्र दृष्टि^F, सतर्कता^F; संवेदनशीलता^F, जागरूकता^F, चेतनता^F; वेग, द्रुतता^F; अवसरवादिता^F, धूर्तता^F, चालाकी^F, बेईमानी^F।

sharps शार्प्स् n. pl. (गेहूँका) खराब आटा, खराब मैदा, घटिया पिसान।

Shastra शा'स्ट्रॅ n. शास्त्र, धर्मग्रन्थ।

shatter शै'टॅर् v.t. & i. ध्वस्त करना, विनष्ट करना, पूरी तरहसे अव्यवस्थित करना, छिन्न-भिन्न करना, उलटपुलट कर देना, बर्बाद करना, धज्जियाँ उड़ाना, छितराना, बिखेरना (*~ed nerves, constitution, hopes*); खण्डित करना या होना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना या हो जाना, छिन्न-भिन्न करना या होना, चूर-चूर करना या होना, एकदम टुकड़े-टुकड़े कर डालना या हो जाना, तोड़ डालना या टूट जाना; ~-proof विध्वंसावरोधक; ~ zone (प्रा० भू०) **विसरण-खण्ड**।

shattering –रिंग् n. **टूटकर बिखरना**।

shatters ⊙ –ज़् n. pl. छिन्न अंश, टूटे टुकड़े।

shattery –रि a. विध्वंसशील, भंगुर, विनाशशील, टूटनेवाला, भुरभुरा।

Shaula शौला n. (ज्यौ०) **शाउला, एकादश वृश्चिक**।

shave¹ शेव्' n. मुण्डन, दाढ़ी^F बनवाना, हजामत^F (*must have a ~*); समीपता^F, आस्पर्श, पहुँच^F, बचाव, बाल-बाल बचाव, चूक^F (*had a close ~ of it*); वंचन, कपट, धूर्तता^F, छल, धोखा, चाल^F, मक्कारी^F, शरारत^F; लकड़ी^F छीलनेके लिए दोनों सिरेपर लगे दस्तेवाला चाकूका फल; फाँक^F, टुकड़ा, कतला।

shave² v.t. & i. क्षौर कर्म करना, क्षुरण करना, दाढ़ी बनाना, सिर मूँड़ना, बाल बनाना, बाल काटना, मूँड़ना, हजामत^F बनाना (*a ~n chin*); (intr.) अपनी दाढ़ी^F बनाना (*he does not ~ every day*); बिना छुए पाससे निकल जाना, बाल-बाल बचना, थोड़ा छूते हुए निकलना, बहुत थोड़ा चूकना, बिल्कुल करीबसे गुजरना; लकड़ी^Fको रन्दे आदिसे छीलना, छाँटना; ~-hook छैनी^F, रुखानी^F, टाँकी^F।

shaveling –'लिंग् n. (प्रा०) मुण्डितशिर, सिरमुँड़ा, मुँड़े हुए सिरवाला व्यक्ति या साधु या पादरी, मुँड़िया।

shaver –'वॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) क्षौरिक, क्षुरक, नापित, नाई, हज्जाम, मूँड़नेवाला; ठग व्यापारी; लुटेरा (बोल०) लड़का, छोकरा, लौंडा, ननका (प्रायः *young ~*); चतुर व्यवसायी।

Shavian शे'विॲन् a. (नाटककार जार्ज बर्नार्ड) शॉकी (शैली^Fमें या ढंगपर)।

shaving शे'विंग् n. मुण्डन, क्षौर; (रसा०) **छीलन**, कतरन^F, (रन्दा करनेसे बना) लकड़ी^Fका बुरादा; छीलनेका कार्य; ~-brush बाल बनानेका ब्रुश, हजामती ब्रुश; ~ horse लकड़ी^F छीलनेकी घोड़ी, एक प्रकारकी बेंच^F।

shaw शॉ' n. (प्रा० एवं का०) छोटा जंगल, झाड़ी^F, झाड़झंखाड़^F।

shawl शॉल्' १. n. शाल, स्त्रियों^F द्वारा कन्धोंपर ओढ़नेका दुशाला; २. v.t. शाल द्वारा आवृत्त करना, शाल या दुशाला उढ़ाना; ~-dance दुशाला-नृत्य; शाल-नाच (जिसमें नर्त्तक या नर्त्तकी^F अपने शालको लहराते हैं); ~-pattern दुशालेका एक नमूना।

shawm शॉम्' n. (एक प्रकारका हारमोनियम बाजा जो अब अप्रचलित है), शाम।

shay शे' n. शे^F; बग्घी^F, घोड़ागाड़ी^F।

she शी' १. n. नारी^F, स्त्री^F, महिला^F, औरत^F (*is the child a he or a ~?*); २. a. (प्रायः समास-चिह्नके साथ) मादा^F (*~-goat*); ~-cat बिल्ली^F; ~-devil पापिष्ठा^F, दुष्टा^F, पापिनी^F, राक्षसी^F; कुट्टिनी^F; ३. pron. वह (स्त्री^F); *the not impossible ~* भावी स्त्री^F (जिससे प्रेम हो सके)।

shea शी' n. घृतपादप, शी, (पश्चिमी अफ्रीकाका एक पेड़ जिससे घी मिलता है)।

sheaf शीफ़्' १. n. (pl. -ves, प्रायः बँधा हुआ और एक साथ लम्बाई^Fमें रखा हुआ चीजों^Fका) गट्ठा, (कृषि०) **पूला, पूली^F**, पुलिन्दा, मुट्ठा, बण्डल (*~ of papers*); २. v.t. गट्ठोंमें बाँधना, पूला या पूली^F बाँधना, पुलिन्दा या मुट्ठा या बण्डल बाँधना; ~-binder पूलियाँ^F या गट्ठे बाँधनेका औजार।

sheafy –फ़ि a. गट्ठरयुक्त, पूलीवाला, पुलिन्दा बना हुआ, मुट्ठेदार, बण्डलदार।

shealing शी'लिंग् n. लघु कुटीर, छोटी कुटिया^F, छोटी झोपड़ी^F।

shear¹ शीॲर्' n. कर्तरी^F, कतरनी^F, कैंची-जैसा एक बड़ा औजार (*hand me the ~s*); (यन्त्र०) निर्मित वस्तु^F आदिपर दबाव या बोझा (जिससे उसकी परतें^F एक दूसरे पर आ पड़ें); **अपरूपण**, विरूपण; (प्रा० भू०) **विकृन्तन**, (यन्त्र०, भौ०) **कर्त्तन**; ~bill कटी चोंचवाला पक्षी; ~steel परतदार इस्पात; ~tail भिनभिनाती हुई चिड़िया^F (जिसकी पूँछ^F कैंची^Fकी तरह होती है);
~ cake, ~ force, ~ joint, ~ modulus, ~ reinforcement, ~ resistance, ~ strain, ~ stress, ~ wave, ~ wire.

shear² v.t. & i. (*~ed, shore; ~ed, shorn*) कैंची^Fसे कतरना, काटना, मूँड़ना (*~sheep* ऊन काटना; *shall be ~ing my sheep tomorrow*); (का०) तलवार^F आदिसे काटना या कटना, उड़ाना या उड़ना (*shore off his plume*); (ला०) वंचित करना, छीनना, ले भागना, ऐंठ लेना, ठगना, लूटना, खसोटना, मूँड़ना (*come home shorn*); (मकानके ढाँचे, सामान आदिका) बोझके कारण टूट जाना, तोड़ा-फोड़ा जाना, भारके द्वारा टूटना-फूटना या तोड़ना; ~water तरंगकाक, एक प्रकारकी नीचे-नीचे उड़नेवाली समुद्री चिड़िया^F; *~ cloth* कपड़ेका रोआँ कतरना।

shearer –रॅर् n. लोमच्छेदी, कतरनेवाला, काटनेवाला, रोआँ आदि कतरनेवाला; मूँड़नेवाला; कैंची^F।

shearing–रिंग् n. **कर्त्तन**, कल्पन, ऊन-कटाई^F; (कृषि०) ऊन काटना; a. **अपरूपक**;

~ force, ~ machine, ~ planes, ~ resilience, ~ strain, ~ strength, ~ stress.

shearling र्'लिंग् n. भेड़^F (जिसका ऊन केवल एक बार कतरा गया हो)।

sheatfish शीट'फ़िश् n. जर्मन मछली^F।

sheath शीथ्' n. (वन०) **छाद**, (चि०, प्राणि०) **छादन**, **आच्छद**, पिधान, पुट, आवेष्टन, गिलाफ; (वन०, जन्तु०, श० र० शा०) **आवरण**, प्रावरणी^F, वृत्ति^F, कोश, छद्न, कंचुक, कला, खोल, झिल्ली^F; (कृषि०) **मुतान**, **शिश्नच्छद**; **कोष**, **म्यान**; नदी^Fको बाँधनेके लिए पत्थरोंका बाँध।

sheathe शीद्' v.t. ग़िलाफ़^F चढ़ाना, म्यान^Fमें रखना, सुरक्षित करना, मढ़ना, बक्समें बन्द करना; आवरण आदिमें रखना, म्यान^Fमें डालना, खोल^F चढ़ाना; ~ *the sword* तलवार^Fको म्यान^Fमें डाल देना; (ला०) युद्ध समाप्त करना।

sheathing –दिंग् १. n. आवरण द्वारा संरक्षण, म्यान^F-में रखनेका कार्य; (स्था०) **तख्ता-जड़ाई**^F; गिलाफ चढ़ानेका काम; (परि०) **चादर**^F; २. a. आवरक।

sheathless –थ्'लिस् a. आवरणरहित, बिना छाद, बिना म्यान^Fके, बिना गिलाफके; बिना पत्थरोंके बाँधके; ~ plate आवरण-पट्ट।

sheathy–थि a. छादयुक्त, म्यानवाला; म्यान^Fकी तरह।

sheave[1] शीव्' n. चरखी^F आदिका दाँतेदार पहिया; (कृषि०) **घिर्री**^F, **चरखी**^F; गड़ारी^F।

sheave[2] v.t. (अनाज आदिको) पूली^Fमें बाँधना, पूलियाँ^F बनाना, मुट्ठा या गट्ठा बाँधना।

sheaved –ड्' a. पूलादार, पुलिन्दादार, बण्डलदार; प्रदीप्त, दीप्तिमान्, प्रज्वलित।

sheaves शीव्ज़्' दे० SHEAF.

shebang⊙ शिबैंग्' n. वर्तमान समस्या^F, आधुनिक प्रश्न, आजका मसला; व्यवसाय, व्यापार, रोजगार (*the whole* ~); (ग्रा०) (अमेरिकामें प्रचलित) आलय, शाला^F, कोषागार, भण्डार, घर, बैठक, कमरा, स्टोर।

shebat⊙ शेवॅट् n. यहूदियोंका पाँचवाँ महीना, शेबत।

shebeen शिबीन्' n. मदिरालय, शराबखाना (जिसमें बिना लाइसेंसके शराब^F बिकती हो)।

shed[1] शेड् n. शालिका^F, छादक, (पशु या सवारियों या माल या कारखानेके लिए) एकमंजिला छाजन, **छानी**^F, शाला^F, घर, **सायबान**, छप्पर, ओसारा, झोंपड़ा, मड़ैवा, **शेड**;

~ appraiser, ~ foreman, ~ supervisor.

shed[2] v.t. (*shed*) विकीर्ण करना, प्रसारित करना, तितर-बितर करना, दूरतक फैलाना, छितराना, बिखेरना (~ *love around*); (दूसरोंका) रक्त प्रवाहित करना, खून बहाना; बूँद-बूँद गिराना, बहाना, टपकाना, ढलकाना, छोड़ना; त्यागना, परित्याग करना, जाने देना, अलग करना, गिर जाने देना, निकालना, गिराना, छोड़ना, झाड़ना, अलगाना (*tree* ~*s leaves*); (विद्यु०) उदाह्य भार कम करना; ~ *light on* किसी वस्तु^Fपर प्रकाश डालना, आभामय करना, चमकाना; व्याख्या करना; ~ one's *blood for* one's *country* देशके निमित्त बलि^F देना या मारे जाना; ~ *tears* रोना, आँसू बहाना।

shedder –डर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) मोचक, फैलानेवाला, छितरानेवाला; स्रावक, बहानेवाला, टपकानेवाला; पातक, गिरानेवाला, अलगानेवाला।

shedding –डिंग् n. छप्पर, झोपड़े, उसारे आदि (बनाना); (कृषि०) **झड़ना**।

sheen शीन्' n. प्रभा^F, कान्ति^F, ज्योति^F, तेज, दीप्ति^F, आभा^F, छवि^F, सौन्दर्य, उज्ज्वलता^F, चमक^F, दमक^F, रोशनी^F।

sheeny[1] शी'नि n. (ग्रा०) यहूदी (हीनतासूचक), शीनी।

sheeny[2] a. (काव्य०) प्रभायुक्त, कान्तिमान्, ज्योतित, ज्योतिर्मय, दीप्तिमान्, आभामय, छविपूर्ण, सुन्दर, उज्ज्वल, चमकीला, दमकीला, चमकदार, रोशन।

sheep✽ शीप्' n. (pl. वही) छवि^F, मेष^F, (जीव०) भेड़^F✽, मेढ़ा; संकोची व्यक्ति, लज्जालु, लज्जाशील मनुष्य, भीरु, शर्मीला, झेंपू, झिझकनेवाला आदमी; (प्रायः pl., अब मुख्यतः हास्य०) पादरीके क्षेत्रके ईसाई जन; भेड़^Fकी खाल^Fका चमड़ा; black ~ काली भेड़^F; कलंकी मनुष्य; ~-bot (भेड़ों^Fको सतानेवाले) कीटडिम्भ, भेड़मक्खी; ~-cote, ~-fold, ~-pen (प्रा०) (क्वचित्) भेड़ों^Fका बाड़ा या हाता; ~-dog (छोटी पूँछ^Fका खुरदरी खाल^Fकी नस्लवाला) गड़ेरियेका कुत्ता; ~ dung (कृषि०) **मेंगनी**^F; ~-faced = SHEEPISH; ~-hook गड़ेरियेका आँकड़ा; ~-louse, ~-tick भेड़ों^Fकी जूँ^F; ~-run भेड़ों^Fकी चरागाह; ~'s-bit अविपुष्प (एक पौधा); ~'s fescue अवितृण, एक प्रकारकी चरागाहकी घास^F; ~shank गाँठ^F या गिरह^F (जिसके द्वारा अस्थायी रूपसे रस्सी^Fकी लम्बाई^F घटायी जाती है); ~skin ऊनके साथ भेड़^Fकी खाल^Fकी पोशाक^F या गलीचा, मेषी चर्म, भेड़^Fकी खाल^F-का चमड़ा, बनाया हुआ चमड़ा या उसपर लिखी हुई पुस्तक^F आदि (या कोई श्रेष्ठ कार्य या प्रमाणपत्र जो चमड़ेपर अंकित हो); ~-wash कीड़ेको मारने या ऊन की रक्षा^Fके लिए एक प्रकारकी तरल ओषधि^F; *cast* ~'*s eyes* कातर दृष्टि^Fसे देखना; *follow like* ~ भेड़चाल^F चलना, अन्धानुकरण करना, अन्धोंकी तरह पीछे-पीछे चलना, अधीन होना; ~ *and goats* भले और बुरे, नेक और बद; ~ *that have no shepherd* आश्रयहीन या अवलम्बहीन जनसमूह, बिना नेताकी भीड़^F; *wolf in* ~'*s clothing* भेड़^Fके वेशमें भेड़िया;

~ berry, ~-breeding, ~-dung, ~ fly, ~ hide, ~master, ~-pox, ~-run, ~-shearing, ~ sorrel, ~ suet, ~ track, ~ trail,

~-walk.

sheepish–पिश् a. नष्टवीर्य, निष्प्रभ, निस्तेज; मेषशील, भेड़F के स्वभावका, भेड़-जैसा; लज्जालु, लज्जाशील, अप्रतिभ, जनभीत, भीरु, डरपोक, शरमीला, झेंपू, भोला।

sheepishness –निस् n. लज्जालुताF, लज्जाशीलताF, निष्प्रभताF, शरमीलापन, झेंपूपन, भेंड़पन।

sheer[1] शीअॅर् n. (नौवि०) जहाजका रास्तेसे भटकना; जहाजका सामने या पीछेकी ओर झुकना।

sheer[2] v. i. (नौवि०) मार्गसे विचलित होना, पथभ्रष्ट होना, भटक जाना, बेरास्ते हो जाना; फिरना, मुड़ना, कतराना; ~ *off* संग छोड़ना, साथ छोड़ना, खिसकना, अलग हट जाना, नाता तोड़ देना, कतरा जाना।

sheer[3] n. पोतका झुकाव; (नौवि०) **उठान**; भारी बोझ उठाकर जहाजमें लादनेवाली एक मशीनF; ~-hulk इस काम आनेवाला बिना मस्तूलका जहाज; ~strake (नौवि०) **उठान पट्टी**F, मुरैठा।

sheer[4] १. a. (वाणिज्य, वस्त्रोत्पादन) शुद्ध, स्वच्छ; (चट्टानF, पतन, झरना, चढ़ाईF आदिके सम्बन्धमें) लम्बवत्, लम्बाकार, खड़ा, आड़ा, बिना ढालF के; अमिश्रित, असंयुक्त, निर्मल; नितान्त, निपट, निरा, निरी, सीधा-सादा, स्पष्ट, साफ-साफ, सरासर, पूरा-पूरा, (*~ folly, waste*); मात्र, केवल, सिर्फ, फकत, महज (*did it by ~ force*); २. adv. लम्ब रूपमें; प्रत्यक्षतः, मात्र, बिल्कुल साफ-साफ, साफ तौरपर (*rises ~ from the water*)।

silken –'कॅन् a. (प्रा०, का०) क्षौमी, कौशेय, पाटी, रेशमी; रेशमकी भाँति मृदु, कोमल, मुलायम, चमकीला, चमकदार, भड़कीला; कौशेयवस्त्रधारी, रेशमी कपड़ोंमें; शिष्ट, सुखद, मोहक, रुचिकर, प्रिय, मधुर, मीठा, लुभाने-वाला (आचार, व्यवहार आदि)।

silkiness –किनिॅस् n. कोमलताF, रेशमीपन, चिक-नाहटF, सफाईF।

silky a. **कौशेय** (~ *lustre*), **रेशमी**, सुन्दर, कोमल, चिकना, मुलायम, चमक-दमकF या मुलायमियतFमें रेशम-जैसा; ~ manner प्रिय, सुखद, मधुर आचरण, शिष्टाचार।

sill सिल्' n. तलसर, तलदण्ड, द्वारमें लकड़ीFकी देहलीF (जिसपर लाकर फाटक लगाते हैं); शिलाF, तलपट्ट, सिलF, देहलीF, दरवाजेके आगे लगा हुआ लकड़ीF या पत्थरका टुकड़ा, T.

sillabub सिॅलॅबब् n. अंगूरी शराबF और मक्खनसे मिश्रित जमाया हुआ खाद्य पदार्थ।

siller सिॅलॅर् n. (Sc.) मुद्राF, रुपया-पैसा; रजत, चाँदीF।

sillery सिॅलॅरि n. जर्मन शराबF।

silliness सिॅलिनिॅस् n. मूढ़ताF, मूर्खताF, बुद्धि-हीनताF, जड़ताF, भोंदूपन, अनाड़ीपन, नासमझीF; सर-लताF, सीधासादापन, भोलापन, नादानीF।

silly –लि १. n. (बोल०) मूर्ख व्यक्ति, गावदी आदमी; २. a. वालिश, मूढ़, मूर्ख, अल्पधी, अल्पमति, अल्पबुद्धि, हीनमति, मन्दबुद्धि, जड़बुद्धि, बुद्धिहीन, बुद्धू, नासमझ, भोंदू, बेवकूफ, गावदी; (प्रा०) सरल, निर्दोष, असहाय, सीधा सादा, भोला, भोला-भाला, नादान; ~ point, short leg (क्रिकेटमें) खेलनेवालेके बिल्कुल पास ही फील्डरका स्थान।

silo साइ'लो १. n. (pl. -s) हरितालय, संग्रहभाण्ड, कोई गड्ढा या कोई हवाबन्द चीजF (जिसमें हरी घासFको दबाकर पशुओंके चारेके लिए रख देते हैं); (इंजी०) **कुशूल**F, **बुखारी**F, **खत्ती**F, T.; २. v.t. इस प्रकारसे हरी घासFको सुरक्षित रखना; ~ pit (कृषि०) **साइलो-गर्त**; ~ tower (कृषि०) **साइलोघर**।

silt सिल्ट्' १. n. शाद, साद, पंकराशिF, **गाद**F, नीचे बैठनेवाली मिट्टीF, (यत्र०, कृषि०) **भलF**, **रेग**, **खाद**F, **सिल्ट**F; २. v.t. & i. तलमें पड़ी हुई मिट्टीF या गिलावका रोकना या पाट देना या अट जाना;

~ analyst, ~ chamber, ~ control, ~ deposition, ~-laden waters, ~ loam, ~ regulator, ~ slope, ~ stone.

silted –'टिॅड् a. सादपूर्ण, गादवाला।

silting –टिंग् n. (कृषि०) **रेग जमना, मल जमना**।

silty –टि a. शादीय, शादवत्, साद-सदृश, तलछटवाली, नीचे बैठनेवाली मिट्टीF जैसी; शादोत्पादी, सादपूर्ण, तल-छटF पैदा करनेवाला।

Silurian सिल्यूअॅ'रिअॅन् a. & n. सिलूरी, प्राचीन लन्दनकी एक जातिF; सिलूरी चट्टानF (वाला)।

silva सिल्'वॅ n. वनस्पतिF; वन, जंगल।

silvan, sy- सिल्'वॅन्, सि- a. आरण्य, वन्य, वन-सम्बन्धी, जंगली; ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती।

silvanus ⊙ सिल्'वॅनॅस् n. (इति०) **वन-देवता**।

silvatic ⊙ सिल्वै'टिक् a. (चि०) वन-सम्बन्धी, जंगलमें होनेवाला।

silver[1]* सिल्'वॅर् n. कलधौत, रौप्य, (रसा०) **रजत**, रूपा*, (रसा०) **चाँदी**F; रौप्यमुद्राF, चाँदीFका सिक्का, रुपया (*have you any ~ on you?*); चाँदीFका सामान, बर्तन, औजार आदि (*melted down all his ~ in the king's service*); (गुण०) अतिधवल, रजतोपम, रुपहला, चाँदी-जैसा, चमकीला, भड़कीला; खनकती हुई ध्वनिF, खनकF (*has a ~ or ~y tone*); फोटोग्राफीFके पेपरको आलोकग्राही या फोटो लेने योग्य बनानेमें प्रयुक्त चाँदीFका क्षार; (रसा०) **छोटा तन्तु**; ~-fish रजत-मत्स्य, रुपहली मछलीF-विशेष; रजत-कृमि; ~ fox सितलोमशीF, सफेद लोमड़ीF, ~ gilt नकली सुनहरा मुलम्मा; चाँदीFके मुलम्मेवाला; ~-grey रजत धूसर, चमकीला भूरा रंग; ~-hair रजतकेश, धवलकेश, पलितकेश, रुपहले बाल, पके हुए बाल; ~ jubilee रजत जयन्तीF; ~ paper (शिथि-लतः) राँग या टीनकी पत्तीF; बढ़िया बारीक कागज, पन्नीF; ~ plate रजत-पात्र, चाँदीFकी तश्तरीF; ~ point (एक विशेष प्रकारके कागजपर) चाँदीFकी नोंक-वाली पेंसिलFका (रेखाचित्रांकन) (*a head in ~ point*); ~ sand रेणुका, रजतधूलिF, सफेद और बारीक रेतF; ~-screen रजतपट; ~ side गायFके गोश्तका पुट्ठेका सबसे अच्छा भाग; ~smith रजतकार, सुनार; ~ streak इंगलिश चैनल; ~ tongued वाग्मी, मिष्टभाषी, मिठबोला, रिझानेवाला, मीठी-मीठी बातेंF करनेवाला; ~-top पौधोंकी चोटीFपर सफेद फफूँदीFकी बीमारीF; ~ wedding विवाहकी रजत-जयन्तीF; ~-weed पीले फूलोंवाला रुपहली पत्तियोंFका

जलीय पौधा; *every cloud has a ~ lining* दुर्भाग्यके काले घनमें आशा^Fकी सुनहरी दामिनी^F भी छिपी रहती है; *has a ~ tongue* मधुरभाषी, मिष्टभाषी, कुशल वक्ता, भाषणपटु, मीठी-मीठी बातें^F करनेवाला; *speech is ~ or ~n but silence is golden* बोलना अच्छा, परन्तु चुप रहना उससे भी अच्छा;

~ acetate, ~ amalgam, ~ arsenate, ~-back, ~-backed, ~ badge, ~-bark, ~ beet, ~ belly, ~ bromide, ~ bromide gelatin, ~ carbonate, ~ chloride, ~ chromate, ~ citrate, ~ coin, ~-copper glance, ~ cyanide, ~ di-chromate, ~-eared, ~ fir, ~ foil, ~ fringe, ~ gauge roller, ~ glance, ~ grain, ~ graphite, ~ green, ~ halite, ~ iodate, ~ iodide, ~ king, ~ lactate, ~-lead, ~ leaf, ~-leaved, ~leaved bark, ~-leaved ironbark, ~ litharage, ~ maple, ~ medal, ~ mercuric iodide, ~-mercury, ~ mirror, ~ nitrate, ~ nitrite, ~ ornaments, ~ oxide, ~ parting, ~ pheasant, ~ phosphate, ~-plating, ~ potassium cyanide, ~ powder, ~ protein, ~ salt, ~ standard, ~ sulphate, ~ sulphide, ~ thaw, ~ thio-cyanate, ~ thread, ~ tip, ~ top, ~ vine, ~ voltameter, ~-ware, ~ wattle, ~-white, ~ wire, ~ wool, ~ worker.

silver² v.t. & i. शीशेकी पीठ^Fपर राँगा, पारा आदि चढ़ाना; चाँदी^Fका पत्तर चढ़ाना, चाँदी^F चढ़ाना या चाँदी^Fकी कलई^F करना, चाँदी^Fका मुलम्मा चढ़ाना, चाँदी^Fसे मढ़ना; चिकना करना; (बालोंका) पलित करना या होना, सफेद करना या होना; (चन्द्रमा या शुभ्र प्रकाशका) चाँदी^Fकी भाँति चमकना, रुपहला रूप दिखना।

silvered –ड् a. (रसा०) रजतित; ~ surfaces (भौ०) परावर्तकीकृत पृष्ठ, परावर्तंकित पृष्ठ।

silveriness –रि-निस् n. रूप्यवर्णता^F, शुभ्रता^F, धवलता^F, रजतोपमता^F, रुपहलापन, चमक^F, चमकीलापन; झनक^F।

silvering –रिंग् n. (रसा०) रजतन, राँगा चढ़ाना, पारा चढ़ाना, कलई^F करना, चाँदी^F चढ़ाना, चाँदी^Fका मुलम्मा चढ़ाना (~ *of lens, mirror, prism*)।

silverize –राइज् v.t. राँगा चढ़ाना, पारा चढ़ाना, कलई^F करना, रुपहला पानी चढ़ाना या मुलम्मा चढ़ाना।

silverling –र्'लिंग् n. चाँदी^Fका सिक्का।

silvern –र्न् a. (प्रा०) रौप्य, रौप्यनिर्मित, रजतनिर्मित।

silvery –रि a. शुक्ल, शुभ्र, अति धवल, चमकदार, रूप्यवर्ण, राजत, रजतोपम, रुपहला, चाँदी-जैसा।

silvics ⊙ सिल्'विक्स् n. (कृषि०) वन-वृक्ष-विज्ञान।

silvicultural सिल्'विकल्चॅरॅल् a. वनवर्धकीय (~ *skill, system*)।

silviculture, sy- –ल्च्युअॅर; सि- n.(कृषि०) वन-वृक्ष-विज्ञान, वनविज्ञान, वनवर्धन।

simian सि'मिअॅन् n. & a. पुच्छहीन वानर (-वत्) वानर या बन्दर (जैसा); (जन्तुवि०) नरवानर (सम्बन्धी), वनमानुष, बन्दर (का)।

similar सि'मिलॅर् १. n. समान वस्तु^F, परस्पर मिलनेवाली वस्तु^F; (pl.) समान वस्तुएँ^F, एकसी चीज़ें^F; २. a. तत्सम, अनुरूप, तुल्य, समतुल्य, सम, सदृश, समान, (निर्दे० ज्या०, ध० ज्या०) समरूप, एकरूप, सजातीय, एक-सा, भाँति, वैसा ही, उसी प्रकारका, मिलता-जुलता, बराबर, एकसरीखा, एक तरहका; (रेखा०) समरूप, समाकृति^F, समाकार;

~ beam, ~ bending, ~ ellipses, ~ figure, ~ pyperbolas, ~ solid.

similarity –लै'रिटि n. सारूप्य, समरूपता^F, अनुरूपता^F, समता^F, साम्य, समानता^F, सादृश्य, तुल्यता^F, सजातीयता^F, एकसरीखापन, मेल।

similarly –'मिलॅर्-लि adv. तद्वत्, तथैव, समान रूपसे, वैसे ही उसी प्रकारसे।

similative ⊙ –लॅटिव् a. सादृश्यद्योतक, साम्याभिव्यंजक।

similia similibus curantur (L) विषमेव विषस्यौषधम्, विषही विषकी दवा^F है।

simile –लि n. सादृश्य, उपमा^F, तुल्यता^F (*the ~ of the dome of many-coloured glass*); निदर्शना^F; उपमा-अलंकार (*a style rich in ~ and metaphor*)।

similitude –'लिट्यूड n. साम्य, सादृश्य, समरूपता^F, समानता^F, तुल्यता^F, अनुरूपता^F; रूप, बाह्यरूप, वेश, भेस (*in, assume, the ~ of*); निदर्शना^F, उपमा^F, तुलना^F, बराबरी^F (*talks in ~s*); प्रतिरूप, प्रतिच्छाया^F, प्रतिलिपि^F, प्रतिमा^F, जीता-जागता चित्र, नकल^F (क०; *is the very ~ of*)।

similize –'मिलाइज़ v.t. & i. उपमा^F देना, तुलना^F करना; उपमा^F अलंकारके द्वारा बताना, उपमा^Fके द्वारा स्पष्ट करना।

similor सि'मिलॉर् n. नकली सोना।

simioid ⊙ सि'मिआॅयड् a. नरवानरवत्।

simmer सि'मॅर् १. n. हलका उबाल, धीमा उबाल, खदकना, खदबदाना; (ला०) अवरुद्ध क्रोध या रुद्ध हास्यकी अवस्था^F (*at a* or *on the ~*); २. v.t. & i. धीरे-धीरे पकना, धीमे-धीमे खौलना, खौलनेवाला ही होना, उबलनेको होना, उबलनेके करीब रखना, खदकना, खदबदाना, (रसा०) सिमसिमाना, सनसनाना, चुरना; (ला०) अवरुद्ध क्रोधकी अवस्था^Fमें होना, रुद्ध हास्यको व्यक्त करने लगना, क्रोधसे भीतर-भीतर जलना, खीजना,

भभकना, ताव खाना; ~*down* शीतल करना, ठण्डा करना।

simnel सिम्'नेल् n. सिमनेल, (एक प्रकारका केक)।

simoniac सिमो'निॲक् n. गिरजाके याजकीय पदके क्रय विक्रयका अपराधी।

simoniacal सिमॅनाइ'ॲकॅल् a. धर्मपद व्यापारी; धर्मपद-विक्रयापराधी; गिरजेके धर्मपद क्रय-विक्रय-सम्बन्धी।

Simon Pure साइ'मॅन् प्युॲर् n. वास्तविक व्यक्ति या यथार्थ वस्तु^F, असली चीज^F (प्रायः *the real* ~)।

simony सि'मॅनि n. (दर्श०) धर्म-विक्रय, धर्मपदविक्रय; धर्मालय या गिरजाघरके याजकीय पदके क्रम-विक्रयका अपराध।

simoom सिमूम् n. उत्तम वायु^F, अरबके मरुस्थलकी धूलभरी आँधी^F, लू^F-का अन्धड, (ऋतु०) सिमूम।

simous साइ'मॅस् a. नतोदर, खोखला।

simper सिम्'पॅर् १. n. विकृत सिति^F, झूठी हँसी^F, बनावटी मुसकान^F; कृत्रिम हास्यपूर्ण भावप्रदर्शन; २. v.t. & i. कृत्रिम या झूठी हँसी^F हँसना, मूर्खतापूर्वक या बेढंगेपनसे मुस्कराना, दाँत निकाल देना, खीस^F कादना; कृत्रिम हँसी^F के द्वारा प्रकट करना, दाँत निकालकर जताना, खीस^F काढ़कर कहना।

simperer –रॅर n. कृत्रिम या विकृत हँसी^F हँसनेवाला, बनावट^F से मुसकानेवाला।

simple सिम्'पॅल् १. n. (चि०) वास्तविक औषधि^F के गुण-धर्म-युक्त जड़ी^F-बूटी^F, सिम्पल^F; एक जड़ी^F से तैयार औषधि^F; २. a. ऋजु, सहज, संवृत, अकृत्रिम, अनलंकृत, सज्जारहित, अवक्र, सुगम, अजटिल, अकष्टसाध्य, सीधा, (रसा०, कलन०, गति०) सरल, आसान, सादा*, विना उलझनके, सीधा-सादा, विना साजबाजके (*the style is*~); शुद्ध, अविश्लेषणीय, मात्र, केवल, निरवयव, एकरूप, सरल, असंयुक्त, अमिश्रित, निरा, खालिस; (रसा०) साधारण; नैसर्गिक, प्राकृतिक, स्वाभाविक, कलाहीन, अकुटिल, अकृत्रिम, कूटतर्करहित, पाखण्डरहित, सीधा-सादा, सरल आकृति एवं आचरणका (*a~ person*); विनम्र, विनीत, सुशील, शालीन; सुकर, सुगम, सुबोध, बोधगम्य, सरल, सहज, शीघ्रबोध, कष्टरहित, आसान, सहल, विना कठिनाई^F का (*the problem is very* ~); समग्र, पूरा, निर्बन्ध, बन्धन-रहित, शुद्ध, निरपेक्ष, पूर्ण, मात्र, मूल, केवल, विशेषता रहित, गुणहीन; समुचित, उपयुक्त, ठीक, सही, वाजिब; अज्ञ, अनभिज्ञ, अज्ञानी, क्षुद्रमति, अनुभवहीन, मूर्ख, मूढ़, नासमझ, बुद्धू, नादान, अनाड़ी, फूहड़ (*am not so* ~ *as to suppose*); क्षुद्र, तुच्छ, महत्त्वहीन, अमहत्त्वपूर्ण; निम्न श्रेणी^F या पदका, नीचे दर्जेका, मामूली; ~ equation सरल समीकरण; ~forms of life विकास-सिद्धान्तके अनुसार निचली श्रेणी^F के जीव, साधारण जीव-जन्तु; ~*fracture* अव्रण अस्थिभंग, (चि०) संवृत अस्थिभंग, (कृषि०) अस्थिभंग; a. ~-hearted निष्कपट मानस, सरलहृदय, शुद्धहृदय, सीधा-सादा; ~-minded ऋजुस्वभाव, सरलचित्त, सीधा-सादा; ~ *quantity* सरल मात्रा^F (जो एक ही संख्या^F से व्यक्त हो सके); vowel सामान्य स्वर; *induction by* ~ *enumeration* कुछ थोड़ेसे उदाहरणोंके आधारपर निर्मित अनुमान; *in* ~ *beauty* अनलंकृत, सज्जारहित, विना साजसिंगारके;

~ addition, ~ arbitrage, ~ arithmetic, ~ articulation, ~ bending, ~ calculation, ~ classification, ~ competition, ~ contract, ~ conversion, ~ curve, ~ debenture, ~ deposit method, ~ derivative, ~ details, ~ dilemma, ~ epicheirema, ~ epithelium, ~ equation, ~ extension, ~ field, ~ formula, ~ fraction, ~ fruit, ~ hurt, ~ hypothesis, ~ imprisonment, ~ integral, ~ interest, ~ larceny, ~ leaf, ~ levelling, ~ machine, ~ microscope, ~ module, ~ mortgage, ~ mortgagee, ~ obligation, ~ observation, ~ pendulum, ~ pitting, ~ pivot, ~ proportion, ~ protein, ~ recall, ~ salt, ~ sentence, ~ source, ~ structure, ~ substitution, ~ term, ~ tertian, ~ translocation, ~ trust, ~ unit.

simpleness, simplicity –नि, –प्लि'सिटि nn. साधारणता^F, शुद्धता^F, एकरूपता^F, अमिश्रता^F, असंयुक्तता^F, समग्रता^F, पूर्णता^F; उपयुक्तता^F, समुचितता^F; सारल्य, सरलता^F, सहजता^F, अनलंकारता^F, अजटिलता^F, सीधा-सादापन, सादगी^F; स्वाभाविकता^F, निष्कपटता^F, अकृत्रिमता^F, भोलापन; सुबोधता^F, सुकरता^F, आसानी^F; अनुभवहीनता^F, मूढ़ता^F, क्षुद्रता^F।

simpler – लॅर् n. शाक-चेता, जड़ी-संचयिता, बूटियाँ^F एकत्र करनेवाला; (चि०) जड़ी-बूटी^F-वैद्य, काष्ठौषधि^F-वैद्य।

simpleton सिम्'पॅल्टॅन् n. अल्पज्ञ, अल्पमति, मूर्ख, मूढ़, गोबरगणेश, बुद्धू, भोंदू, गावदी, अनाड़ी, उजबक; उल्लू आदमी, अहमक।

simplex ⊙ सिम्'प्लेक्स् =SIMPLE.

simpliciter सिम्प्लि'सिटॅर् (L) adv. विना अभिप्रायके, विना मतलब, विना व्यंजना^F किये हुए; केवल, मात्र; पूर्णतः, बिल्कुल।

simplicity –टि n. =SIMPLENESS.

simplification –लिफ़िके'शॅन् n. सरलन, सरलीकरण, सुगमीकरण, सरल बनाना; सारल्य।

simplified ⊙ –'प्लिफ़िड a. सरलित, सरलीकृत (~ *method*)।

simplify –फ़ाइ v.t. सरलन करना, सरलीकरण करना, सरल करना, सुगम करना, सुकर बनाना, सहज करना, विशद करना, सुबोध या स्पष्ट बनाना, आसान करना।

simplism –प्लिज़्म n. कृत्रिम सरलता^F, मिथ्या साधुत्व, बनावटी भोलापन, दिखावटी सादगी^F।

simplist –प्लिस्ट् n. जड़ी-बूटियों^Fका जानकार वैद्य ।
simulacrum सिम्यूले'क्रॅम् n. (pl. -*ra*) छायासादृश्य, छायात्मक समरूपता^F, छलरूप, कपटरूप, कपट, छल, नकली वस्तु^F, नकल^F; (इति०) **प्रतिरूप**, मूर्त्ति^F, प्रतिच्छाया^F ।
simulant सि'म्यूलॅन्ट a. कृत्रिम, छद्माकारयुक्त, छद्मरूपधारी, कपटरूप, नकली शक्ल^Fका (*stamens ~ of petals*) ।
simulate –लेट् v.t. स्वाँग करना, छल करना, झूठा रूप बनाना; पाखण्ड करना, ढोंग करना, बनना, धारना (*~ virtue*); बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करना, होनेका बहाना करना, भाण बनाना, भँड़ैती^F करना, वेश बनाना, रूप धारना, हूबहू मिलना, **नकल^F करना**; (शब्दका) स्वाँग भरना, परिवर्तित रूप धारण करना (अशुद्ध व्युत्पत्तिके आधारपर) (*actor ~s king* etc.) ।
simulated –टि'ड् a. कूटपूर्ण, छलमय, नकली ।
simulation –ले'शॅन् n. (शिक्षा०) **भ्रामक अनुरूपता^F**, अनुकरण, भाणपन, नकल, **छद्म**, कपट, छल; व्याज, **बहाना**, ढोंग; मिथ्याचरण, पाखण्ड, स्वाँग, वेशपरिवर्तन; (चि०) छद्म रुग्णता^F; रोगसे रोगानुकरण ।
simulative ⊙ –'म्यूलॅटिव् a. अनुकरणात्मक, भाणपनभरा, नक़लवाला; कपटमय, कपटशील, मिथ्याचरणयुक्त, पाखण्डपूर्ण, छलयुक्त; व्याजात्मक, बहानेदार, ढोंगदार ।
simultaneity सिमल्टॅनी'इटि n. **समक्षणिकता^F**, समकालिकता^F, समकालीनता^F, समसामयिकता^F; **यौगपद्य**, **युगपदता^F**, एकत्रवृत्ति^F ।
simultaneous –टे'निॲस् a. (रसा०) **समक्षणिक**, **समकालिक**, समकालीन, समसामयिक, **युगपद्**, यौगपदिक, . एककालिक, **एकसाथ**, एक ही समयका, एकदम;
~ bearing, ~ congruence, ~ equation, ~ interpreter, ~ reaction, ~ reflex, ~ variation.
simultaneously –लि adv. युगपत् , साथ ही साथ, एक ही समयमें ।
simultaneousness –नि'स् n. समकालिकता^F, समकालीनता^F, समसामयिकता^F, युगपद्‌ता^F, युगपद्भाव, यौगपदिकता^F, एककालिकता^F, हमवक्ती^F ।
simurg सिमर्ज् n. (ईरानी पुराण) सीमुर्ग, महापक्षी ।
sin. sine.
sin सिन्' १. n. (सुरुचि^F या सदाचारके) विरुद्ध आचरण, (ईश्वरीय विधान या नैतिक सिद्धान्तोंके विरुद्ध) अपराध, धर्मोल्लंघन, अधर्म, नीतिभंग, कल्मष, दुरित, अघ, दोष, कुकर्म, पातक, (दर्श०) **पाप**, अपकर्म, दुष्कर्म, दुराचार, पापकर्म, गुनाह; (गणित) ज्या^F; २. v.t. & i. (सभ्यता^F, धर्म आदिके) विरुद्ध व्यवहार करना, अपराध करना, पाप या गुनाह करना; ~-offering पापमुक्ति^Fके हेतु बलिदान, उपहार, भेंट^F, नज़र^F, क़ुरबानी^F, *for my ~s* (हास्य०) अपने पापोंके परिणामस्वरूप, अपने बुरे कामोंके बदलेमें; *seven deadly ~s* सात भयानक पाप (घमण्ड, लोभ, क्रोध, विलास, असन्तोष, ईर्ष्या^F, आलस्य); *~ is sweet* चोरी^Fका गुड़ मीठा; ~ one's *mercies* कृतघ्न होना, सौभाग्यके लिए भी आभारी न होना ।
Sinanthropus सिनैन्थ्रो'पॅस् n. चीनी वनमानुष ।
sinapis सिने'पिस् n. सर्षप, सरसों ।
sinapism सि'नॅपिज़्म् n. (चि०) सर्षपोपनाह, राई^Fकी लुपड़ी^F या पुलटिस^F ।
since सिन्स'स१. adv. उन दिनोंसे, जबसे (*has* or *had been healthy ever ~*); २. prep. अमुक समयसे लेकर बराबर, (विशिष्ट भूतकालके) उपरान्त, पश्चात, बाद, उस समयसे (*has* or *had been going on ~ 1900* or *Christmas*); ३. conj. क्योंकि, जोकि, इसलिए कि (*a more dangerous, ~ unknown, foe*), इतना होनेपर, यह देखते हुए कि (*~ that is so, there is no more to be said*); उस समयसे, इस समय तक, अबतक, तबसे (*what have you done ~ we met ?*) ।
sincere सिन्सीॲर् a. शुद्ध, सहज; सरल, ऋजु, हार्दिक, शुद्धमति, शुद्धात्मा, सद्भावी, स्पष्ट, अकृत्रिम, आडम्बररहित, स्वाभाविक, वास्तविक, निष्पाप, निश्छल, निर्व्याज, निष्कपट, सत्यशील, सत्यनिष्ठ, सच्चा, असल, सही, ठीक-ठीक, साफ, ईमानदार; खरा, बेलाग ।
sincereness, sincerity –'मि'स् –से'रिटि nn. (दर्श०) **सद्भाव**, सरलता^F, सारल्य, शुद्धहृदयता^F, निष्कपटता^F, अकृत्रिमता^F, विमलात्मता^F, **निश्छलता^F**, सत्यनिष्ठा^F, यथार्थता^F, ईमानदारी^F, सचाई^F ।
sinciput सिन्'सिपट् n. (चि०) अग्र-कपाल, अग्रोत्तर मस्तक, खोपड़ी^Fका अग्रभाग ।
sindon सिन्'डॅन् n. वेष्टन, आवेष्टन, बस्ता; आवेष्टनपत्र, बाँधनेका कागज, बेठन ।
sine- बिना, अ-, अन- (*~ cure*) ।
sine साइन् n. (त्रिकोण०, भौ०) (*~ of arc*) **ज्या^F**, लम्ब-रेखा^F (जो चापके एक सिरेसे उस त्रिज्या^Fपर पड़ती है जो उसके दूसरे सिरेसे मिलती है), **साइन**; (*~ of angle*) लम्ब-रेखा^Fका त्रिज्या^Fके साथ अनुपात;
~ condition, ~ curve, ~ galvanometer, ~ inverse, ~ law, ~ method, ~ positoion, ~ vibrator, ~ wave.
sinecure साइ(सि)' नि क्युॲर् n. कार्यभाररहित नौकरी^F, सक्रिय-सेवा-शून्य वैतनिक पद, चैनकी नौकरी^F, आरामकी नौकरी^F ।
sinecurism –रिज़्म् n. कार्यभाररहित, जीविकावाद, बिना कामकी चैनकी नौकरी^Fका ढंग ।
sinecurist –रिस्ट् n. कार्यभारविहीन वेतनभोगी, कुछ न करके पूरे वेतन और पदप्राप्ति^Fका पक्षपाती ।
sine die (L) prep. अनिश्चितकालके लिए, **अनियतकालके लिए** ।
sine dubio (L) निस्सन्देह; असन्दिग्ध ।
sine nomine (L) अनाम ।

sine prole (L) a. निस्सन्तान।

sine qua non (L) अनिवार्य।

sinew सि'नीऊ १. n. स्नायु^F, अस्थि-मांसपेशी-संयोजक कण्डरा^F, नस^F; (pl. शिथिलतः) मांसपेशी^F, पुट्ठा; बलशालिता^F, बलवत्ता^F, शारीरिक शक्ति^F, जोर, ताकत^F; (ला०) स्रोत, साधन, संचालक शक्ति^F; २. v.t. (का०) संघटित रखना, सम्हालना, धारना; कण्डरा^F के काम आना; गाँठना, गूँथना, जोड़ना; पुष्ट करना; the ~s of war युद्ध-साधन (धन, सैन्य-सामग्री^F आदि)।

sinewed –ड् a. सस्नायु, स्नायवित, स्नायुयुक्त, शिरामय, कण्डरामय, नसदार; बलयुक्त, दृढ़, पुष्ट, जोरदार।

sinewiness –ऊइ'निस् n. स्नायुयुक्तता^F; बलशालिता^F, बलवत्ता^F, शक्तिमत्ता^F, बल, पुष्टता^F, दृढ़ता^F, मजबूती^F।

sinewless –ऊ'लिस a. (चि०) स्नायुरहित; कण्डरारहित; शक्तिहीन, कमजोर।

sinewy –ऊइ a. स्नायुमय, कण्डरायुक्त; पुष्ट, प्रबल, सबल, बलवान्, पुष्ट, ताकतवाला।

sinful सिन्'फुल् a. दुष्ट, आततायी; धर्मोल्लंघक, नीतिभंजक, कल्मषी, दुरितमय, अघमय, पातकी, पापी, पापात्मा, कुकर्मी, दुष्कर्मी, दुराचारी, गुनाहगार।

sinfulness –निस् n. दुष्टता^F, आततायिता^F, धर्मोल्लंघता^F, नीतिभंग, पाप, कल्मषता^F, अघमयता^F, पातकिता^F, पापीपन, पापमतिता^F, दुराचारिता^F, गुनाहगारी^F।

sing. singular.

sing सिन्ग्' v.t. & i. (*sang, sung*) ध्वनि^F निकालना, गान गाना, गायन करना, गीत गाना, चहकना, गलेसे सुर निकालना (*birds were ~ing*); गाना, अलापना; ध्वनि^F निकालना, गुंजारना, गूँजना, भनभनाना, कूजना, चहचहाना, सीटी^F की आवाज^F निकालना (*wind, kettle, bee, ~s*); (कानोंका) बजना, गूँजना (*have a ~ing in one's ears*); काव्यरचना^F करना, कविता^F कहना (सौन्दर्य, महान् घटना^F, वीर पुरुष आदिपर); अतीत या आगामी वर्षकी गायनसे विदाई^F या स्वागत करना; गाकरके प्रसन्न करना या सुलाना; ~ *another song* or *tune* धीमा स्वर करना, स्वर बदलना; ~ *small* अत्यधिक विनम्र होना या विनीत होना, विषण्ण या उदास होना, हीन होना; ~ *one's praises* प्रशंसा^F करना, गुण गाना, तारीफ^F करना; ~ *out* घोषणा^F करना, चिल्लाना, जोरसे पुकारना।

singable –'गेबॅल् a. गेय, गाने योग्य, गाने लायक।

singe सिन्ज्' n. & v.t. & i. झुलसना, झुलसाना, थोड़ा-थोड़ा जलना या जलाना, अधजला करना, दागी करना, दाग लग जाना; ~ one's *feathers* or *wing* किसी बड़े कामके यत्नमें हानि^F उठाना, नुकसान सहना।

singer सिन्'गॅर् n. गायक, गानेवाला, गवैया।

Singhalese सिन्गॅलीज् n. सिंहली, सीलोनी (भाषा^F)।

singing सिन्'गिंग् १. n. गायन, गाना; गीत, गीति^F; २. a. गायक (~ *arc, frame*), गानेवाला; ~ing-man वैतनिक गायक; ~ing-voice आरोह-अवरोहपूर्ण ध्वनि^F, सुरीली ध्वनि^F।

single[1] सिन्'गॅल् १. n. क्रिकेटमें एक रनकी हिट^F (जिसमें कुल एक ही रन बनाया जा सके); एक-एकका खेल (जिसमें दोनों ओर एक-एक खिलाड़ी हों); इकहरा टिकट; (ताशके छोटे ह्विस्ट खेलमें) ५-४ से जीता हुआ दाँव या बाजी^F; (pl.) इकहरे तारोंसे बटे हुए रेशमी धागे; २. a. एकी, एकल, केवल, एक व्यक्तिके लिए अथवा एक जनके द्वारा प्रयुक्त या सम्पादित, अविभक्त, एक, एकमात्र, एकनिष्ठ, केवल एक, इकहरा; एक ओरका; स्वतन्त्र; निरवलम्ब, असहाय, एकान्त, ऐकान्तिक; एकाकी, अद्वितीय, अकेला, तनहा (*a ~ tree stands on the ridge*); अनूढ़, अविवाहित, कुँवारा; (निषेधात्मक प्रयोगोंमें) न्यून, बिलकुल एक, एक भी, कोई भी (*did not see a ~ one*); निपुण, चतुर, निष्कपट, विश्वासी, स्थितिशील, द्विविधा-रहित, निश्छल, सत्य, अमिश्रित, शुद्ध, सच्चा, दृढ़, खरा, पक्का, बेलाग; a ~ eye उद्देश्यानुरक्ति^F; लक्ष्यासक्ति^F, एक धुन^F, एकमात्र लगन^F या लगाव; ~ affection अनन्यभाव; ~ bed एक शायिका^F, एक पलंग, इकहरा बिछौना; अकेलेका बिछौना; ~ blessedness (हास्य०) अविवाहित अवस्था^F, कुँवारेका जीवन; कुँवारापन; ~ court लॉन टैनिस आदिमें एक-एकके खेलका मैदान; ~ game एक-एकका खेल (जिसमें दोनों ओर एक-एक खिलाड़ी हो); ~-handed एकाकी, अकेला; ~ heart or mind चरित्रकी सरलता^F, आर्जव, सारल्य, सादगी^F; ~-hearted एकचित्त; ~-line spacing इकहरा अन्तर; ~-storeyed एकतला, एकमंजिला;

~ account, ~ account system, ~ acting, ~ adult, ~ agreement, ~ arm, ~-banked, ~-barrelled, ~ berth, ~-bodied, ~ bond, ~ brass, ~-breasted, ~ butt joint, ~-celled, ~-chamber, ~ colour printing, ~ combat, ~ condition, ~ cost, ~ cost accounts, ~ costing, ~ cover, ~ crop, ~ crop area, ~ crystal, ~ cusp, ~ cuspid, ~-decker, ~-deck vessel, ~ disc, ~ dose, ~ driver locomotive, ~ drop, ~-edged, ~ ~ endowment, ~ engined, ~ entry, ~ entry system, ~ epicheirema, ~ event, ~-eyed, ~ fare, ~ file, ~ flap door, ~ floor, ~-foot, ~-grained, ~ holder, ~ integral, ~ ionization, ~ journey, ~ lath, ~-layered, ~ lens, ~ line, ~-line stream, ~-loader, ~ lock, ~-mantled flame, ~-notched, ~ option, ~ pan, ~ phase motor, ~ piece, ~ pole tent, ~ pulley, ~-riveted, ~ round, ~ row, ~-seater, ~ shear, ~ slip crossing, ~ standard, ~ stem silviculture,

~ stick, ~ stitch, ~ strap, ~ suites, ~-surfaced, ~ tabulation, ~ tax, ~ tax system, ~ tender, ~-textured, ~-threaded, ~ ticket, ~ touch, ~ transaction, ~ transfer, ~ transferable vote, ~ tree, ~ trial, ~ unit, ~ unit train, ~-valued, ~ weights, ~ woman, ~ yarn, ~ yoke.

single[2] v.t. (*out* के साथ, किसी विशेष अभिप्रायके लिए बहुतोंमेंसे एक) निकालना, उदाहरणके रूपमें चुनना, निराना, छाँटना।

singleness –नि॑स् n. निःसंगता[F], ऐकान्तिकता[F], एकाकीपन, अकेलापन, तन्हाई[F]; असहायता[F]; अविभक्तता[F], कैवल्य, अनन्यभाव, अनन्यता[F]; इकहरापन; निपुणता[F], निष्कपटता[F], द्विविधाहीनता[F], दृढ़ता[F], सचाई[F]।

singlet सिन्ग्'लिट् n. एकक रेखा[F]; कुर्ता या कमीज[F]के नीचे पहननेका वस्त्र, फतुही[F], बनियान[F]; a. (रसा०) एकक, एकल।

singleton सिन्'गल्टन् n. एकमात्र वस्तु[F], एकमात्र सन्तान[F] या बच्चा आदि; खिलाड़ीके हाथमें एक रंगका एकमात्र पत्ता।

singsong सिन्ग्'सॉन्ग् १. n. कुत्सित स्वर, आरोह-अवरोह-विहीन लय, एक-सी लय[F] या धुन[F]; कुगीत, अताई गान; बोलचाल[F]में एकरूप या नीरस उतार-चढ़ाव; अताई गानकी सभा[F]; २. v.t. & i. (कविता[F] आदिका) एक लय[F]में पाठ करना या एक लय[F]में बोलना, बेसुरा गाना; ३. a. नीरस, एक ही लय[F] या धुन[F]में गाया हुआ।

singular सिन्'ग्यूलॅर् १. n. (व्या०) एकवचन; एकवचनात्मक शब्द; २. a. एकवचनात्मक, एकवाची; व्यष्टिगत, व्यक्तिगत, वैयक्तिक, एकनिष्ठ, एकमात्र, अकेला; विचित्र, विलक्षण, विस्मयकारी, अद्भुत, लोकोत्तर, अलौकिक, असामान्य, विशिष्ट, असामान्य, असाधारण, अनूठा, अनोखा, निराला, औसतसे परे (~ *point*); (अब क०) अनन्य, अप्रतिम, अद्वितीय, अपूर्व, अनुपम, विलक्षण, बेजोड़; परम्पराविरुद्ध, विचित्र रूपमें व्यवहार करनेवाला, विक्षिप्त-सा, पागल-सा, बेढंगा, बेतुका; ~ number एकवचन; *all and* ~ सामूहिक रूपसे या व्यक्तिगत ढंगसे, अलग-अलग;

~ form, ~ integral, ~ judgment, ~ matrix, ~ point, ~ proposition, ~ solution, ~ tangent, ~ term, ~ transformation.

singularism –रिज़्म् n. एकसत्तावाद, एकशक्तिवाद, एकेश्वरवाद, अद्वैतवाद।

singularist –रिस्ट् n. एकसत्तावादी, एकशक्तिवादी, एकेश्वरवादी, अद्वैतवादी।

singularity –लै॑रिटि n. एकवचनात्मकता[F]; एकमात्रता[F]; (ऋतु०) विशिष्टता[F], असाधारणत्व, असाधारणता[F], विलक्षणता[F], लोकोत्तरता[F], (ग०) विचित्रता[F], अपूर्वता[F] इत्यादि विशेषणगत अर्थोंमें; असंगति[F]।

singularization –लॅराइज़े॑शॅन् n. एकवचनीकरण।

singularize –'ग्यूलॅराइज़् v.t. एकवचनका रूप देना, एकवचन बनाना।

singultus सिंगल्'टॅस् n. हिक्का[F], हिचकी[F]।

singulum ⊙सिन्'ग्यूलॅम् n. (चि०) वक्र चूलिका[F]।

sinh. hyperbolic sine.

Sinhalese सिनॅलीज़् a. & n. सिंहली, सीलोनी (भाषा[F] या सिंहलवासी)।

sinical सि'निकॅल् n. ज्या-विषयक, ज्या-सम्बन्धी।

Sinicize सि'निसाइज़् v.t. & i. (चीन देश) चीनीकरण करना, चीनी बनाना; चीनीकृत होना, चीनी बनना।

Sinify सि'निफ़ाइ v.t. = SINICIZE.

sinister सि'निस्टॅर् a. घोर पातकी, पापी; दुष्ट, कुटिल, वक्र, बुरा; अमंगल, अमंगलसूचक, दुर्भाग्यजनक, अशुभ, अकल्याणप्रद, अपशकुनयुक्त, मनहूस; (हास्य०) वाम, बाँया; खल, अनिष्टकारी, दुष्ट, कुटिल, कुरूप, बुरा, भद्दा, बदसूरत (रूप, दृष्टि[F] या चेहरा); (अग्रदौ०) ढाल[F]की बायीं ओरका।

sinistrad सि'निस्ट्रैड् adv. वामाभिमुख, बायीं ओर।

sinistral सिनिस्'ट्रॅल् a. (द्व०) वामस्थ, (जीव०) वामावर्ती (~ *set*), वामपार्श्ववर्ती, बायीं ओरका; बायीं ओरको घूमनेवाले वृत्त या चक्रवाला, उलटे छल्लोंवाला (शंख); (चि०) वामहस्त, खब्बा।

sinistrality –ट्रै'लिटि n. (शिक्षा०) वामपार्श्वता[F], बायाँपन; (चि०) वामहस्तता[F], खब्बापन।

sinistration –ट्रे'शॅन् n. वामाभिमुख वक्रता[F], बायीं ओरको या उल्टी वर्तुलता[F]।

sinistro- वाम· (~*cerebral*, ~*rsal*)।

sinistrorsal –ट्रॉर्'सॅल् a. = SINISTRAL.

sinistrous –'निस्ट्रॅस् a. = SINISTRAL.

sink[1] सिङ्क् n. (ऋतु०) कुंड-क्षेत्र; (ग०) निष्कास; जलनिर्गम, (रसा०) अपवाहिका[F], गन्दे पानीका कुण्ड, (यंत्र०) हौदी[F], गड्ढा, नावदान, नाली[F], मोरी[F] (अब प्रायः ला०; *the Chinese quarter is a* ~ *of iniquity*); दलदल या पोखर; सीसे या चीनी मिट्टी[F]की ऊँची-सी नाँद[F]; रंगमंचका खुला भाग (जिसमेंसे पर्दा उठता है और गिरता है); ~-hole अवतरण रन्ध्र, घोल-रन्ध्र।

sink[2] v. t. & i. (p. *sank*, p.p. *sunk*, *sunken*) डूबने देना, जल या भूमि[F]के नीचे भेजना, डुबोना, गर्क करना (*would sooner* ~ *the ship than surrender*); डूबना; अदृष्ट बनाना, दृष्टि[F]के परे करना, कोई संकेत न करना, रहस्य या पृष्ठभूमि[F]में रखना, छिपाना, आँखों[F]से ओझल करना, चुराना, लुकाना, लुकना; डुबोना, बैठाना, धँसाना, तल नीचा करना, उतारना; गलाना, नाश करना, बिगाड़ना; खनन द्वारा निकालना, खनना, खोदना, कुरेदना, उरेहना; पैठना, बींधना, छिदना, धँसना, रास्ता बनाना, घुसना (*lesson sank into the mind* or *memory*); पतित होना, अधःपतित होना, पतन या ह्रास होना, धीरे-धीरे नीचेकी ओर

गिरना, दबना, झुकना, अस्त होना, क्षितिजके नीचे जाना या डूबना, ढलना, नीचे बैठना, (*sun is ~ing*); मृत्यु[F]को प्राप्त होना या नष्ट होना, क्रमशः समाप्त होना; गिरना, उतरना (*my spirits sank*); तह[F] या पेंदेमें बैठना, जमना; निराश होना, हताश होना, साहस छोड़ना, मन गिरना, दिल बैठना, कुम्हलाना, हिम्मत[F] टूटना; *darkness sank upon the scene* अँधेरा छा गया; *dye ~s in* रंग घुलता है; *her eyes sank* नेत्र विनत हो गये, आँखें[F] नीचे झुक गयीं; *here goes, ~ or swim* डूबें या पार लगें अब तो नाव पानीमें डाल दी; *life is ~ing* जीवनका अन्त हो रहा है, जिन्दगी[F] खतम हो रही है; *~ a die* ठप्पे बनाना, मुहर[F] खोदना; *~ a fact* किसी बात[F]को अप्रकट रखना, गुप्त रखना; *~ in one's estimation* किसीकी दृष्टि[F]में हीन होना, नजरों[F]में गिरना; *~ shaft, well* कुँआ खोदना या जमीन[F]में छेद करना, *voice ~s* आवाज[F] मन्द होती है, धीमी होती है, बैठती है।

sinkable –'कॅबॅल् a. डूबने योग्य, नीचे गिरने लायक; धँसने योग्य, घुसने लायक; डुबाने, छिपाने या खोदने योग्य।

sinkage –'किज् n. निषदन, नीचे बैठना।

sinker –कॅर् n. डूबने या डुबोनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); निमज्जक (*~ method*)।

sinking –'किंग् a. धँसता हुआ; n. **धँसना; गलाना, गलान,** डूबना या डुबोना इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); आन्तरिक क्षोभ, अवसन्नता[F], आतंक अथवा क्षुधाजनित अवसाद, दिल बैठना; ~-fund (का०) **निक्षेपनिधि[F]**, ऋणनिवारण-निधि[F], (वाणि०, अर्थ०) **शोधन-निधि[F]**, ऋणपरिशोध-कोष, धीरे-धीरे ऋणपरिशोधक धन, कर्जअदाई-फण्ड; the ~-fund ऋणशोधननिधि[F]; *raid the ~-fund* इस प्रकारके बचत[F]के धनको भी वर्षमें किन्हीं और मदोंमें लगा देना।

sinless सिन्'लिॅस् a. निष्पाप, पापरहित, पापहीन, पापमुक्त; निर्दोष, अनघ, निरपराध, पवित्र, बेगुनाह।

sinlessness –निॅस् n. पापहीनता[F], पापमुक्तता[F], निर्दोषता[F], अनघत्व, बेगुनाही[F]।

sinner –'नॅर् n. पापी, पातकी, दोषी, कुकर्मी, पाप करनेवाला, बदकार (प्रायः हास्य०; *you young ~*)।

Sino- चीन-, चीनी- (*~phobia, ~-Japanese, ~-Indian*)।

sinogram सिॅनॅग्रैम् n. चीनी लिपि[F], चीनी अक्षर।

sinologer –नॉ'लॅजॅर् n. = SINOLOGUE.

sinological –नॅलॉ'जिकॅल् a. चीन-शास्त्र-विषयक; चीनी भाषा-सम्बन्धी, चीनी इतिहास-सम्बन्धी।

sinologist –नॉ'लॅजिस्ट् n. चीनशास्त्री, चीनी भाषा[F], इतिहास या रीतिनीति[F] आदिका विशेषज्ञ।

sinologue –'नॅलो(लॉ)ग् n. चीनी भाषा[F] या इतिहास तथा राजनीति[F] आदिका पण्डित।

sinology –नॉ'लॅजि n. चीनशास्त्र, चीनी भाषा[F] या इतिहास तथा रीति-नीतियों[F] आदिका शास्त्र।

sinophil –'नॅफिल् a. चीनी-पर, चीनी प्रिय, चीनी भाषा[F] या संस्कृति[F]का प्रेमी।

Sinophobe –फोब् n. चीनी-भीति[F], चीनी भाषा[F] या व्यक्तिका भय।

sinter सिन्'टॅर् n. साद, निसाद, संपुंजन, सोतोंकी तह[F]-में जमी हुई मिट्टी[F] आदिसे निर्मित सैकत्य (बालू[F]का) या चूर्णीय (चूनेकी) चट्टान[F], (प्रा० भू०) T.

sinuate[1] सि'न्यूएट v.t. वक्रित करना, लहरदार करना।

sinuate[2] a. (विशे० वन०) वक्रप्राप्त, तरंगी, लहरीला, लहरीली, लहरदार, पेचदार।

sinuated –टिॅड् a. = SINUATE[2].

sinuation –ए'शॅन् n. तरंगीयता[F], तरंगिता[F], लहरियापन।

sinuose ⊙ सि'न्यूओस् a. = SINUOUS.

sinuosity –ऑ'सिटि n. वक्रिमा[F], वक्रता[F], कुटिलता[F], कौटिल्य, तरंगीयता[F], तरंगिता[F], लहरपन; मोड़।

sinuous –'न्यूॲस् a. वक्र, वक्रमय, तरंगित, तरंगायित, तरंगाकार, जिह्म, सर्पिल, असरल, कुटिल, लहरीला, (वन०) **लहरदार**, चक्करदार, पेंचदार, टेढ़ा-मेढ़ा।

sinus साइ'नॅस् n. (pl. *-uses, -us*) (श० र० शा०, जन्तुवि०) नाली[F], (चि०) **विवर**, (वन०) **कोटर**, छिद्र, गर्त, थैली[F]के आकारका खोल; (कपालास्थियों[F]के वायुपूर्ण) विवर या कोटर; (वन०) **खाँचिका[F]**, पत्तेके दोनों भागोंके बीचमें बननेवाली नाली[F]-सी; (चि०) **शिरानाल,** (निदान०, चि०) **नालीव्रण, नासूर,** नली[F]की शक्ल[F]का फोड़ा; T.; ~ venosus (चि०, जीव०) **शिरापात्र; विवर पात्र;** vinous ~ (चि०) सिरानाल (सिरागत रक्तसे भरी हुई बड़ी नाली[F])।

sinusitis –साइ'टिस् n. छिद्रदाह, गर्तदाह, गह्वरप्रदाह, गह्वरका शोथ।

sinusoid –'साएॅड् n. (ग०) **ज्यावक्र;** (चि०) **विवरिका[F]**।

sinusoidal –'डॅल् a. **ज्यावक्रीय;** ~ oscillation, ~ spiral, ~ vibration, ~ wave.

-sion शर्त[F], अवस्था[F] एवं क्रियाद्योतक भाववाचक संज्ञा[F] बनानेमें, (*suspen~, ten~*)।

sion, cion सिऑन् nn. (वन०) **रोप्य प्ररोह, कलम[F]**।

Sioux सू'स्यू १. n. उत्तरी अमेरिकी इण्डियन कबीलेका सदस्य, सूज़; २. a. सूज़से सम्बन्धित।

sip सिप्' १. n. आचमन; घूँट, चुसकी[F]; २. v.t. & i. आचमन करना; घूँट-घूँटसे या थोड़ा-थोड़ा करके पीना, चूसना, चुसकी[F] लेना, सुड़पना, सुड़कना।

sipahee सी'पॅही n. सैनिक, सिपाही।

sipe[1] साइप्' n. स्रुति[F]; स्राव, निस्यन्द, निस्यन्दन, चुआव, रिसना।

sipe[2] v.i. स्राव करना, निस्यन्दित होना, चूना, टपकना, रिसना।

siphon साइ'फॅन् १. n. उपक्षेपणी[F], वक्रनाली[F], V के

आकारकी एक ऊँचे और एक नीचे पेंदेवाली नली^{F} (जिसके द्वारा पीपा आदिसे तरल पदार्थ निचली सतह^{F}पर प्रवाहित किया जा सकता है), (जीव०) **नाल, जलनाल,** निनाल, (चि०, भौ०) **साइफ़न;** (~-*bottle* के अर्थमें भी) सोडा-वाटरकी बोतल^F; (जन्तुवि० *siphuncle* के अर्थमें भी) घोंघों इत्यादिकी निनालिका^{F}, कुछ कीटाणुओंकी नाली^{F} (जिससे वे अपना खाद्य चूसते हैं); २. v.t. & i. निनाल-से प्रवाहित होना या प्रवाहित करना, साइफनमेंसे बहना या निकलना (*water is ~ing from the vase on the tablecloth*);

~ barometer, ~-cup, ~ extractor, ~ gauge, ~ spillway, ~ trap, ~ tube, ~-wick-lubricator.

siphonage –निज् n. टेढ़ी नली^{F} (साइफन) मेंसे प्रवहण, बहाव, बहना।

siphonal, siphonic –नॅल, –फॉ'निक् aa. टेढ़ी नली^{F}का या उसके समान, साइफनका।

siphonate –नॅट् a. निनालाकृति, निनालाकार, निनाल-सदृश, साइफन-जैसा।

siphuncle साइ'फन्कॅल् n. (प्राणिवि०) = SIPHON.

siphunculated –'क्यूलेटि'ड् a. सनिनाल, निनालिकामय, निनालिकायुक्त, साइफनवाला।

sipper सि'पॅर् n. आचमक, आचमनकर्ता, घूँट-घूँट पीनेवाला, चुसकी^{F} लेनेवाला।

sippet सि'पि'ट् n. टोस्ट या तली हुई रोटी^{F}का टुकड़ा; किसी तरल पदार्थमें भींगा हुआ रोटी^{F}का छोटा टुकड़ा।

S.I.R. Scientific & Industrial Research.

sir सर' १. n. श्रीमन्, **श्रीमान्, महोदय,** महाशय, भगवन्, आर्य, प्रभु, महाराज, जी, (मालिक या अपनेसे बड़े या भवनके अध्यक्षके लिए सम्बोधन-रूपमें प्रयुक्त), साहब, सरकार, जनाब, हुजूर, हजरत, सर; नाइटों और बैरनोंकी प्रतिष्ठासूचक उपाधि^{F}, बहादुर, सर (*S~ John Moore*); २. v.t. 'महाशय', 'सर' इत्यादि कहकर सम्बोधन करना, श्रीमान् कहना (*don't ~ me*);।

sircar सर'कॅर् n. सरकार^F।

sirdar सर'डॅर् n. (मिस्रमें) सेनाध्यक्ष, प्रधान सेनापति, फौज^{F}का सिपहसालार, (भारत आदिमें) नेता, पथप्रदर्शक, अग्रणी, अगुआ, सरदार।

sire साअॅर' १. n. (सम्बोधन) श्रीमन्, महाराज, देव, श्रीमदेव, सरकार, हुजूर, जहाँपनाह; (का०) जनक, तात, पिता या पूर्वपुरुष, पूर्वज, पुरखा, दादा; नर, (पशु०) **प्रजनक साँड़,** साँड़, भैंसा, पड़वा आदि (जो नस्ल^F बनानेके लिए पाला जाय); २. v.t. (साँड़ोंका) उत्पन्न करना।

siren साअॅ'रि'न् n. मत्स्यपिंका^{F}; समुद्री अप्सरा^{F} या आधी स्त्री^{F} और आधी पक्षीरूप (जो अपने संगीतसे भटकनेवाले समुद्री यात्रियोंको आकर्षित कर लेती है), सायरिन^F, लोभयित्री^{F}, मायिनी^{F}, मायाविनी स्त्री^{F}, मोहिनी^{F}, कुट्टिनी^{F}, ठगिनी^{F}, खतरनाक रूपसे लुभानेवाली औरत^F, (गुण०) बहुत ही अधिक मोहक, आकर्षक, लुभावनी (*~ appearance*); सुमधुर गायिका^{F}; (इति०) T.; प्रशृंग, भोंपू, खतरे या चेतावनी^{F}की सूचना^{F} देनेवाला यन्त्र; श्रवण-सम्बन्धी प्रयोगों या ध्वनि-वर्धनमें काम आनेवाला यन्त्र।

sirenes साअॅरिनिस् (इति०) **जलपरी^{F}**।

sirenian साअॅरी'निअॅन् n. & a. दुधारू मछली^{F}की (जाति^{F})।

sirenic –रे'निक a. मायिनी, मायाविनी, मोहिनी, आकर्षक।

sirius सि'रिअॅस् n. (ज्यौ०) **लुब्धक**।

sirloin सर'लाएॅन् n. बैलके पुट्ठेके मांसका सर्वोत्तम भाग, पुट्ठा।

sirocco, sci- सिरॉ'को, सि- n. (pl. -*s*) उष्णानिल, सहाराकी उष्ण वायु^{F}का इटैलियन नाम, लू, (इटलीमें) जाड़ेमें चलनेवाली गर्म ऊमसदार हवा^{F}।

sirrah, sir(r)ee ⊙ सि'रा, सरी nn. जी, अजी, अरे, रे, अबे!

sirup साइ'रप् a. = SYRUP.

-sis क्रिया^{F} अथवा अवस्था^{F} (*the ~*)।

sisal-grass, -hemp सि'सॅल्-ग्रास्, -हे'म्प् nn. गौर शण, अमेरिकी घीकुवाँरका सन, सुतली^{F}; (कृषि०) **बाँस केवड़ा, केतरी^{F}**।

siskin सिस्'किन् n. चटिका^{F}, क्षुद्र गायक पक्षिविशेष, एक हरा छोटा गायक पक्षी।

sissoo सि'सू n. शीशम।

sissy ⊙ सि'सि n. दूधमें भिगोया रोटी^{F}का टुकड़ा, मिल्कसॉप।

sist[1] सिस्ट्' n. स्थगन, बन्द करना।

sist[2] v.t. आह्वान करना, बुलाना; स्थगित करना, बन्द करना।

sister* सिस'टॅर n. भगिनी^{F}, सहोदरा^{F}, स्वसा^{F}, बहिन^F*, दीदी^{F}, जीजी^{F}, बीबी^{F}, धर्मभगिनी^{F}, धर्मबहिन^F, सौतेली बहिन^F; (किसी सम्प्रदाय या वर्ग या मानव-समूहसे सम्बन्धित) मित्र सदस्या^{F}; भगिनी^{F}, बहिन^F, सहेली^{F}, सखी^{F}; भगिनीवत् गुण या वस्तु^{F} (जिसकी बहिन^{F}से तुलना^{F}की जावे, जैसे *prose, younger ~ of verse*); भिक्षुणीवर्ग या भगिनी-समाजकी सदस्या^{F}, धार्मिक महिला-मण्डलकी सदस्या^{F}; उपचारिका^{F}, महोपचारिका^{F}, नर्स^F, सिस्टर^F, अस्पतालकी बड़ी नर्स^F, half-~ सौतेली बहिन^F; S~ Anne वह व्यक्ति जो किसी दूसरेके स्थानपर आनेवालेकी प्रतीक्षा^{F} कर रहा हो; ~ german सगी बहिन^F, ~-in-law साली^{F}, जीजी^{F}, बीबी^{F}, ननद^F, नन्द^F, भाभी^{F}, भौजाई^F, देवरानी^{F}, जिठानी^{F}, ~ of mercy नर्सों^{F}के भगिनी-मण्डलकी सदस्या^{F}; ~ ships (नौवि०) युगल पोत, **जोड़ीका जहाज;** एक आकार-प्रकारके जहाज।

sisterhood –हुड् n. भगिनीत्व, भगिनी-सम्बन्ध, बहनापा, बहिन^{F}का रिश्ता; भगिनी-गण, भगिनी-मण्डल, भगिनीसमाज, बहिनसमाज।

sisterless –लि'स् a. भगिनीहीन, बिना बहिन^{F}के

बेवहिनका।

sisterliness –लिनि॑स् n. भगिनीभाव, बहनापा।

sisterly –लि a. भगिनीवत्, भगिनीयोग्य, स्वस्रीय, बहिन-जैसा; स्नेहशील, स्नेहपूर्ण।

siste, viator (L) यात्री, ठहरो।

sistrum सिसट्रम् (इति०) झाँझ।

sisyphean सिसिफी॑अॅन् a. निरन्तर अध्यवसायशील, अविराम परिश्रमी, बहुत मेहनती, सिसीफसकी भाँति।

sit सिट्' v.t. & i. (*sat*) उपवेशन करना, आसन ग्रहण करना, बैठना, तशरीफ़[F] रखना; किसी व्यवसायमें लगना (जिसमें कि बैठा रहना पड़े); घोड़ेपर आसन जमाये रखना, जमकर बैठना, अच्छी तरह बैठना (*he could not ~ his mule*); (पक्षियों या कुछ पशुओंका) पैर मोड़कर बैठना, बसेरा लेना; (मुख्यतः निर्जीव वस्तुओं[F]का) स्थित होना, स्थिर होना, टिकना, रुकना, रहना, बैठना, पड़ना, लगना, थमना (बहुत कुछ स्थायी रूपसे); बैठाना, टिकाना, लगाना; ~ *at home* निष्क्रिय होना, बेकार होना, बेकार पड़े रहना, आलसी होना; ~ *down* बैठ जाना, धरना मारकर बैठना; ठहर जाना ⊙; ~ *down under* (अपमान आदिको) भय-पूर्वक सह लेना, चुपचाप पी जाना; ~ *for borough* etc. पार्लियामेण्ट[F]में किसी क्षेत्रका प्रतिनिधित्व करना; ~ *for fellowship* etc. किसी छात्रवृत्ति[F]के लिए परीक्षा[F]में बैठना; ~ *for one's portrait* चित्र खिंच-वानेके लिए बैठना; ~ *in judgement* आलोचक होना, छिद्रान्वेषण करना, नुक्ताचीनी[F] करना; दूसरोंपर निर्णय देनेका अधिकार लेना; ~ *on* or *upon* (पंच इत्यादिका) सत्र चलाना, इजलास बैठना; ~ *on his head* (ग्रा०) भर्त्सना[F] करना, बुरा-भला कहना, दबाना, दबाव डालना, डाँटना, सिरपर चढ़ना (*he wants ~ting upon*); गिरे हुए घोड़ेको शान्त रखनेके लिए सिरपर बैठना; ~ *out* दूसरे मेहमानोंके जानेके बादतक ठहरना या किसी खेलकी समाप्ति[F]तक रुकना या बैठे रहना; बाहर बैठना, खुली हवा[F]में बैठना; किसी बात[F]में सम्मि-लित न होना, भाग न लेना, शामिल न होना; ~ *tight* (बोल०) स्थिर रहना, चंचल या अस्थिर न होना, पक्का रहना, किसी तरफ न खिंचना, जमकर बैठना, जमे रहना, ढीठ बने रहना; ~ *under* किसी धार्मिक सभा[F]में सम्मिलित होना; ~ up⊙ आँख[F] खोलनेवाला; ~ *up* सीधे बैठना, तनकर बैठना, विस्तर छोड़ना, उठ बैठना, लेटनेसे उठ बैठना (*make one ~ up* उठाना); (बोल०) पीड़ित या विस्मित करना, कठिन काम कराना, चक्करमें डालना; ~ *up and take notice* (बोल०) अपने स्वार्थपर एकाएक दृष्टि[F] जाना, चौंक उठना, स्वार्थकी याद[F] आ जाना; ~*s well* घोड़ेपर खूब बैठता है, अच्छी सवारी[F] करता है।

sitar सिटार' n. सितार।

site साइट्' १. n. स्थिति[F], अवस्थिति[F], संस्थिति[F], स्थान, अवस्थान, स्थल, सन्निवेश, आस्पद, भूमि[F], ठिकाना, मौका, जगह[F], जमीन[F] (भवन इत्यादिके लिए); घटनास्थल; २. v.t. स्थित करना, बसाना, बैठाना, रखना, जमाना; ~ class, ~ conversation, ~-crowded, ~ factor, ~ maintenance, ~-plan, ~ planner, ~ quality, ~ value.

sith सिथ्' conj. तो, तब, तिसपर, उसे देखकर।

siting साइ॑टिंग् n. (परि०) स्थान-निर्धारण (~ *board*), स्थान चुनना; तोपें[F] लगाना।

sit(i)o- भोज्य-, खाद्य-, भोजन- (~*ology*, ~*ophobia*)।

sitiology साइटिऑ॑लॅजि n. = SITOLOGY.

sitology –टॉ॑लॅजि n. (चि०) आहार-विज्ञान, पथ्य-विज्ञान, पथ्यशास्त्र।

sitomania –टॅमे॑निॲ n. (चि०) महाशनोन्माद; अति-क्षुधा[F]।

sitophobia –टॅफो॑बिॲ n. (शिक्षा०, चि०) भोजन-भीति[F], अन्नविद्वेष, भक्तद्वेष।

sitter सि॑टॅर् n. बैठनेवाला इत्यादि क्रियागत अर्थोंमें; सरल लक्ष्यवेध, आसान निशाना, सहज कार्य, सहल या आसान काम।

sitting –टिंग् n. उपवेशन, बैठक, बैठन, बैठना आदि क्रियागत अर्थोंमें; उपवेशन, आसन, अधिवेशन, सत्र, सभा[F], बैठक[F], लगातार बैठनेका समय, इजलास (*wrote the whole poem at a ~*); गिरजाघरमें किसी व्यक्ति-के बैठनेका आसन, बैठकी[F], सीट[F]; एक झोलके अण्डे; ~-room बैठक[F], बैठक खाना; ~ tenant वर्तमान असामी या किरायेदार, मौजूदा काश्तकार।

situate सि॑ट्यूॲट् a. दे० SITUATED.

situated –एटि॑ड् a. स्थित, अवस्थित, स्थापित, निविष्ट (~ *on the top of the hill*); *awkwardly ~* दुविधा[F]में, कठिनाई[F]में, उलझन[F]में, मुसीबत[F]में।

situation –ऐ॑शॅन् n. गति[F], वस्तुस्थिति[F], अवस्था[F], परिस्थिति[F], भाव दशा[F], हाल, हालत[F], सूरत[F] (*came out of a difficult ~ with credit*); परिवेश, सन्निवेश, अवस्थान, अवस्थिति[F], (प्रा० भू०, अर्थ०) स्थिति[F], स्थान, ठौर, जगह[F], मौका, मुकाम (*house stands in a fine ~*); नाटकका संकटापन्न विशिष्ट स्थल या बहुत ही नाजुक मुकाम (*curtain falls on a strong ~*); नियोग, वृत्ति[F], सेवा[F], पद, कार्य, धन्धा, काम, नौकरी[F], जगह[F], चाकरी[F] (*cannot find a ~*);

~ rent, ~ report, ~ set, ~ test, ~ value.

situs साइ॑टॅस् n. स्थिति[F], अवस्थिति[F], संस्थिति[F], स्थान, अवस्थान, स्थल, सन्निवेश, आस्पद, भूमि[F], ठिकाना, मौका, प्लाट।

sitz-bath सिट्स्-बाथ् n. (चि०) कटि[F]-स्नान।

six सिक्स्' १. n. छः का अंक या संख्या[F] (*twice ~ is twelve*); ताश या पाँसेका छक्का (*the ~ of spades*); (pl.) एक पौण्डकी छःवाली मोमबत्तियाँ[F]; २. a. षष्, षट्, छः (~ *of the men*); ~monthly

षाण्मासिक, अर्धवार्षिक, **छःमाही**; *at ~es and sevens* तीन तेरह होना, अव्यवस्थित, व्यग्र, असन्तुलित, दुविधा^F^में, उलझन^F^में; *it is ~ of one and half-a-dozen of the other* अन्तर नाममात्रका है, फर्क तो कहने भरका है; *~ to one* बड़ी विषमता^F^; लम्बा अन्तर, अधिक अनुपात।

sixer –सर् n. छौवा, छक्का (क्रिकेटमें जब एक बारकी चोट^F^से छः रन बनते हैं)।

sixfold –स्'फ़ोल्ड् a. & adv. छःगुना।

six-o-six (606) n. (चि०) सालवर्सन।

sixte सिक्स्ट्' n. लकड़ी^F^ या गतकेका एक हाथ या दाँव।

sixteen सिक्स्टीन्' १. n. सोलहका अंक या संख्या^F^ (*twice ~ is, thirty-two*); २. a. षोडश, सोलह।

sixteenth –थ् a. षोडश, सोलहवाँ।

sixth –स्थ्' १. n. छठी कक्षा^F^; छठा भाग, छठा हिस्सा; (संगीत) छः सुरोंका संयोग, छः वर्णोंके सरगमका विराम; २. a. षष्ठ, छठा; ~ part किसी विभाजित वस्तु^F^का छठा भाग; the ~ छठा दिनांक, माहकी छठी तारीख^F^; छठी कक्षा^F^; ~ nerve (चि०) आँख^F^की उद्विवर्तनी^F^ तन्त्रिका^F^।

sixtieth –स्'टिअे^ं^थ् n. & a. षष्टितम, साठवाँ।

sixty –टि १. n. साठका अंक या संख्या^F^; २. a. षष्टि, साठ ६०; ~ eight अड़सठ, ~ five पैंसठ, ~ four चौंसठ, ~ nine उनहत्तर, ~ one इकसठ, ~ seven सड़सठ, ~ six छियासठ, ~ three तिरसठ; ~ two बासठ, the ~ies किसीकी आयु^F^ या किसी शताब्दी^F^में ५९ से ६९ के बीचके वर्ष।

sizable साइ'ज़ॅबॅल् a. दीर्घाकारी, बृहदाकारी, उपयुक्त आकारका, बड़े आकारका, लम्बा-चौड़ा, बड़े साइजका, बड़ा, अधिक, काफी ⊙।

sizar –ज़ॅर् n. सहायताप्राप्त विद्यार्थी, घटा हुआ शुल्क देनेवाला कैम्ब्रिज या ट्रिनिटी कॉलेज डबलिनका छात्र।

sizarship–शिप् n. छात्रवृत्ति^F^, निश्शुल्कता^F^, रियायती फीस^F^।

size[1]* साइज़् १. n. सज्जा^F^, (प्रा० भूगोल) **आकार, विस्तार**, आयतन, **परिमाण**, आकारमान, आकृतिमान, प्रकार, लम्बाई^F^-चौड़ाई^F^; डीलडौल, **माप^F^, नाप^F^***, कद*, साइज (*~ matters less than quality*); (टोपी^F^, जूते, कपड़ों आदिका) आकार-क्रम, नाप^F^ या नम्बर (*is made in several ~s*); मात्रा^F^, परिमाण ⊙; पेद; (इति०, खाने-पीनेकी वस्तु^F^को तौलनेका) बाट, माप^F^ नापनेका पैमाना, बटखरा; (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयमें) भण्डारसे प्राप्त खाने-पीनेकी सामग्री^F^, नित्यका सीधा, खूराक^F^, राशन; (रसा०) **सज्जक द्रव्य**; (यन्त्र०) **सरेस**; मुक्तामापक यन्त्र, मोती नापनेका औजार; २. v.t. भिन्न आकारोंमें समूहीकृत करना, आकार-क्रमसे बाँटना या छाँटना; सजाना; ३. v.i. (अमेरिकामें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयके सम्बन्धमें) खाद्यसामग्री^F^ माँगना, खूराक^F^ माँगना; ~-stick मोचीका (पाँवकी लम्बाई^F^ लेनेका) पैमाना, कालबुत, कालिब; *are both of a ~* समान आकारका, एक ही साइजका; *~up* आकारका अनुमान करना, साइजका अन्दाजा लगाना; (बोल०) किसी व्यक्तिके सम्बन्धमें निर्णय देना, मत स्थिर करना, मापना, थाह^F^ लेना, राय^F^ कायम करना;

~ class, ~ distribution, ~ group, ~ scale.

size[2] १. n. एक प्रकारका चिपचिपा पदार्थ, लासा, **सरेस**; २. v.t. लासा लगाना या लपेटना, कागज आदिको सरेससे कड़ा करना।

sizeable –ज़ॅबॅल् a. = SIZABLE.

sized –ज़्ड्' a. आकारी, आकारका, मापका।

sizer –ज़ॅर् n. आकारमापक, आकारके अनुसार वर्गीकरण करनेवाला या छाँटनेवाला।

siziness साइ'ज़िनिस् n. संलागिता^F^, चिपचिपापन, लसलसाहट^F^, 'सरेस-जैसी अवस्था^F^।

sizing साइज़िंग् n. (रसा०) **सज्जीकरण**, (यन्त्र०) **सरेस लगाना; आकार देना**, साइजमें रखना या होना; **चिक्कण करना**; (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयमें) भण्डारसे प्राप्त खाद्य-सामग्री^F^, सीधा, खूराक^F^, राशन।

sizy साइ'ज़ि a. लसलसा, चिपचिपा, चिपकनेवाला, सरेस-जैसा, लेसदार।

sizzle सि'ज़ॅल् १. n. सिसकार^F^, हिस^F^, तलनेका छन्-छन् शब्द; २. v.i. किसी वस्तु^F^को तलने या अकोरनेके समय छन्-छन् करना, हिस^F^-का शब्द करना।

sizzling –लिंग् n. छन्-छन्^F^, सन्-सन्^F^।

S J. Society of Jesus; Senior Jailor.

S.J.A.A. St. John Ambulance Association.

sjambok शैम्'बॉक् १. n. गैंड़ेकी खाल^F^का कोड़ा या चाबुक; २. v.t. गैंड़ेकी चाबुकसे मारना, कोड़े बरसाना।

S.K. Store Keeper.

skain स्केन्' n. = SKEAN.

skald स्कॉल्ड्' n. (प्रा० स्कैण्डिनेवियाका) चारण, स्तुतिपाठक, स्तोता, स्तवन-पाठक, भाट।

skaldic –डिक् a. चारण-विषयक, स्तुतिपाठक-सम्बन्धी, स्तवन-पाठक-सम्बन्धी, भाटका, स्तुतिपूर्ण, स्तवनयुक्त; चारण-रचित, स्तुतिपाठक-विरचित, भाटका लिखा हुआ।

skat स्कात्' n. (जर्मनीमें ताशका एक खेल), तिपत्ति^F^; (ज्यौ०) **चतुर्थ कुंभ, स्कैट**।

skate[1] स्केट् n. तनुका^F^; एक प्रकारकी मछली^F^, **स्केट**।

skate[2] १. n. धावुका^F^, बर्फ^F^ या कठोर चिकने धरातलपर फिसलनेकी लोहेकी खड़ाऊँ^F^, स्केट^F^, २. v.t. & i. बर्फ^F^पर चलना या फिसलना, स्केटिंग^F^ करना; ~ing-rink धावुक स्थल, स्केटिंग^F^के लिए कृत्रिम रूपसे तैयार बर्फखण्ड या फर्श; ~ *on thin ice* जोखिममें पड़ना, खतरेमें पड़ना; *~ over thin ice* टेढ़ी समस्या^F^पर चर्चा^F^ करना, नाजुक मामलेमें पड़ना, बुरी तरह फँसना।

skate[3] ⊙ a. कृपण, कंजूस, लोभी।

skater स्के'टॅर् n. बर्फ^F^पर फिसलनेवाला, स्केट^F^पर चलनेवाला, स्केटिंग^F^ करनेवाला।

skean स्कीन्' n. खंजर, छुरा।

skedaddle स्किडै'डल् १. n. हड़बड़ी^F, भगदड़^F; २. v.i. (बोल०) तितर-बितर हो जाना, सिरपर पाँव रखकर भागना, भगदड़^F मचना।

skee स्की' n. = SKI.

skeel स्कील' n. काष्ठ-पात्र, काष्ठ-भाजन, लकड़ी^F की बाल्टी^F।

skeeter स्की'टॅर् n. मशक, मच्छर।

skein स्केन्' n. वन्य राजहंसदल, जंगली हंसोंका उड़ता हुआ समूह या झुण्ड; सूत या रेशमकी पंजिका^F, पंजी^F, पेचक^F, लच्छा, (कृषि०) **लच्छी**^F, अण्टी^F;(ला०) दुविधा^F, गुत्थी^F, झंझट^F, उलझन^F, गोलमाल, पेच; (जीव०) समसूत्रणा^F की प्रारम्भिक अवस्था^F में दिखाई देनेवाली सूत्रसम आकृति^F।

skeletal स्के'लिटॅल् a. (जीव०, चि०) **कंकाल-**, कंकालीय, अस्थिपंजरका, ढाँचेका;

~ muscles, ~ soils, ~ system, ~ tissue.

skeletization –टाइज़े'शॅन् n. (चि०) कंकालमात्र रहना, अतिकृशता^F; कंकालके मांसादि मृदु भागोंको निकालना।

skeletogenous–टॉजिनॅस् a. (जीव०) **कंकाल-जनक**, अस्थिपंजर कर देनेवाला, ढाँचा बना देनेवाला (~ *layer*)।

skeletography –ग्रॅफि n. (चि०) कंकाल विवरण, कंकालवर्णन, कांकालिकी^F, कंकाल-विज्ञान।

skeletology –लॅजि n. (चि०) अस्थि-विज्ञान, कंकाल-विज्ञान, कंकालशास्त्र, अस्थिपंजर शास्त्र।

skeleton –लिटॅन् n. (चि०, कृषि०, जीव०) **कंकाल**, (कृषि०, जीव०) **अस्थिपंजर**, **ढाँचा**, (मनुष्य, पशु या वनस्पति^F का); किसी वस्तु^F का आवश्यक अंग, गठन^F या गढ़न^F; मृत कंकाल, मृत अस्थिपंजर, मरे हुएका ढाँचा, ठठरी^F; अवशिष्टांश, शेषांश, अवशेष, (उपयोगिता^F नष्ट हो जानेपर) बचा हुआ भाग; वस्तुमात्र, तथ्यांश, सार, सारांश, संक्षेप, रूपरेखा^F, खाका; (अतिशयोक्ति^F से) दुर्बल व्यक्ति, निर्बल मनुष्य, क्षीण पुरुष, दुबला-पतला आदमी; family ~ परिवारका रहस्य, गुप्त भेद; ~ crew, regiment, *etc.* छोटा-सा विशिष्ट, नाविकदल या (रेजीमेण्ट) सैन्यदल आदि; ~ wheel (कृषि०) **सादा पहिया**; ~ key प्रत्येक तालेकी कुंजी^F, खोखली कुंजी^F; ~ *at the feast* आनन्दमें विषाद, हर्षमें शोक, दालभातमें मूसलचन्द, रंगमें भंग; ~ *in the cupboard* परिवारका गुप्त भेद;

~ budget, ~ form, ~ girder, ~ programme, ~ scheme, ~ steps, ~ system, ~ trace map, ~ tracing.

skeletonize –नाइज़् v.t. मांसको अलग करके कंकाल या अस्थिपंजरमात्र रहने देना, ढाँचा-ही-ढाँचा रहने देना, हड्डी-हड्डी^F कर देना; विस्तार हटाकर संक्षिप्त करना, रूपरेखामात्र रहने देना, खाका रहने देना।

skelp स्के'ल्प्' १. n. थप्पड़, झापड़, तमाँचा, चपत^F; २. v.t. थप्पड़ या तमाचा मारना।

skelter[1] स्के'ल्टॅर् n. द्रुतधावन, शीघ्रता^F, उतावली^F, हड़बड़ी^F।

skelter[2] v. i. जल्दी-जल्दी दौड़ना, जल्दी^F में भागना या दौड़ना, उतावली^F मचाना, हड़बड़ी^F में पड़ना।

skep स्के'प्' n. मुलायम टहनियों^F या घास^F का छत्ता; मुलायम बेंत या लकड़ी^F की बनी हुई एक प्रकारकी टोकरी^F, छींका, पिंजरा।

skepsis –सिस् n. = SCEPSIS.

skeptic –टिक् n. = SCEPTIC.

skerry स्के'रि n. शैल द्वीप, चट्टानी द्वीप।

sketch स्के'च्' १. n. आरूप, प्रारूप, **रेखाकृति**^F, स्थूलचित्र, (ग० भी) **स्थूल रेखाचित्र**, **शब्द-चित्र**, **रेखाचित्र**, रेखा^F, ढाँचा, कच्चा नकशा, खाका; सामान्य रूपरेखा^F, वर्णन, सामान्य संक्षिप्त विवरण, खुलासा, मसविदा^F; संक्षिप्त संगीतात्मक नाटक या साहित्यिक रेखाचित्र, **स्केच**; एक ही गतकी संगीत-कृति^F, एक गतका गान; २. v.t. & i. आरूप खींचना, स्थूल चित्र बनाना, खाका बनाना; प्राकृतिक दृश्योंके रेखाचित्र खींचना, रेखाचित्रके रूपमें वर्णन करना, वर्णित करना, स्थूल रूपमें अंकित करना या आँकना, संक्षेपमें या मोटे तौरपर मुख्य-मुख्य बातें^F बताना, कच्चा कर लेना; ~-block, ~-book आरूपण-पुस्तक^F, रेखाचित्र खींचनेकी पुस्तिका^F; ~map **रेखाचित्र**।

sketchable –चॅबॅल् a. आरूप्य, प्रारूप्य, रेखाचित्रणीय, स्थूलचित्रणीय, खाका बनाने लायक, वर्णनीय, अंजनीय, कच्चा ढाँचा करके रखने लायक।

sketcher –चॅर् n. आरूपक, रेखाचित्रकार, खाका बनानेवाला।

sketchiness –चिनिस् n. बाह्यांकन, बाह्य रूपरेखा-मात्र, संक्षिप्तता^F, रूपरेखामात्र।

sketching –चिंग् n. आरूपण, रेखांकन (~ *board*)।

sketchy –चि a. रूपरेखात्मक, रूपरेखा-सदृश, संक्षिप्त, मोटा-मोटा, अधूरा, खाके-जैसा।

skew स्कीऊ' १. n. मकानके कोनेकी मुँड़ेर^F, दोपलिया छत^F के किनारेकी दीवार^F के तिकोने भागकी मुँड़ेर^F;मोर्चेकी दीवार^F का सिरा (*~-back*); थूनी^F या पुश्तेका ढालू सिरा;२.a.विषम, विषमतल,विषमतली, वक्र, **टेढ़ा**, **तिरछा**, तोड़ा-मरोड़ा, बेंड़ा, आड़ा, टेढ़ा-मेढ़ा (~ *correlation*); (गणित) विषमतल; ~-back (रसा०) **चाप आधार**, **तिरछी डाट**^F; (रेल०, परि०) **कमान टेक**^F; (स्था०) **सिंघा**; ~ corbel (यन्त्र०) **तिरछा टोडा**; ~ bridge तिरःसेतु, (यन्त्र०, परि०) **तिरछा पुल**; कैंचीका पुल; ~-eyed ऐंचाताना, भेंड़ा, भेंगा, टेढ़ी निगाहवाला; ~-whiff (बोल०) = ASKEW;

~ gears, ~ lines, ~ quadrilateral, ~ rays, ~ span, ~ surface.

skewer –ॲर् १. n. मांसशलाका^F, कबाबका सीखचा या सीख^F; कीलक, शलाका^F; (हास्य०) असि^F, तलवार^F, छुरा, संगीन^F; २. v.t. सीखचेसे छेदना या उसकी भाँति पिरोना, सीख^F में इकट्ठा बाँधना या लपेटना।

skewness –निँस् n. (ग०) **वैषम्य,** वक्रता^F, (ग०) **टेढ़ापन,** तिरछापन, **तिरछाव** ।

ski शी', स्की'१.n.(pl. ~,-s) धावफलक, (स्कैण्डिनेविया में) बर्फ^F पर दौड़नेका लकड़ी^F का तख्ता या पतली पटिया^F, स्की^F; २. v.i. उपर्युक्त पटिया^F को बाँधकर बर्फपर फिसलना ।

skiagram ⊙स्काइ'अँग्रैम् (चि०) **एक्स-रे-चित्र** ।

skiagraph –ग्राफ् n. छायाचित्र, क्ष-रश्मि-चित्र, एक्स-रे-फोटो^F ।

skiagraphical –ग्रै'फिकल् a. छायाचित्रीय, क्ष-रश्मिच्छाया चित्रण विषयक, एक्स-रे-फोटोग्राफी सम्बन्धी ।

skiagraphy–अँ'ग्रॅफि n. छायाचित्रण, क्ष-रश्मिच्छाया-चित्रण, एक्स-रे-फोटोग्राफी^F ।

skiascopy –अँस्'कॅपि n. क्ष-रश्मि-परीक्षण, क्ष-रश्मि-चिकित्सा^F, एक्स-रे-परीक्षा^F ।

skid स्किड्' १. n. अवरोध, पहियेको घूमनेसे रोकनेके लिए लकड़ी^F या लोहेकी रोक^F, आड़^F या ब्रेक, कुत्ता, दिल्ली^F, पहियेको रोकनेके अन्य उपकरण; (नौवि०) **गुटका; फिसल^F,** पहियेकी कीचड़^F में फिसलन^F या रिपटन^F; चौखटा या लकड़ी^F जो सहारा देने या बीचमें अड़ाने या टेकनेके काम आवे; २. v.t. & i. सर्पण करना, **फिसलना,** हिलना, खिसकना, खिसकाना, फिसलाना, पहिया या सवारी गाड़ी^F आदिका फिसलना, रिपट^F जाना; लकड़ी^F की टेक^F लगाना या उससे चलना या रक्षा^F करना या रोकना, रोक^F लगाना; ~-way सर्पिका^F, ढलवीं नाली^F ।

skidding –'डिंग् n.(परि०)**फिसलना** (~*distance*)।

skied स्काइड्' a. उच्चालम्बित, ऊँचाई^F पर टँगा हुआ; उच्चक्षिप्त, उच्चप्रक्षिप्त, ऊँचाई^F पर फेंका हुआ ।

skier शी'अॅर् n. धावफलकपर चलनेवाला, स्कीपर दौड़नेवाला ।

skiff स्किफ़्' n. क्षुद्र नौका^F, लघु नौका^F, तरी^F, हल्की नाव^F, छोटी किश्ती^F, डोंगी^F, परेवा^F, पंसुआ^F, डिंगी^F, होडी^F, शिकारा, T.

skijoring⊙ स्किजोअॅ'रिंग् n. स्किजोरिंग, (एक बर्फानी खेल) ।

skilful स्किल्'फुल् a. प्रवीण, पटु, निपुण, दक्ष, चतुर, कुशल, अभ्यस्त, विचक्षण, विदग्ध, कलाकुशल, विशारद, विज्ञ, युक्तिशील, सयाना, होशियार, चालाक, कारीगर, उस्ताद, हुनरी, हिकमती, हुनरमन्द ।

skilfulness –निँस् n. प्रवीणता^F, पटुता^F, निपुणता^F, दक्षता^F, चतुरता^F, कौशल, अभ्यस्तता^F, विचक्षणता^F, विदग्धता^F, वैदग्ध्य, कलाकुशलता^F, विशारदता^F, विज्ञता^F, युक्तिशीलता^F, सयानापन, होशियारी^F, चालाकी^F, कारीगरी^F, उस्तादी^F ।

skill स्किल् n. प्रावीण्य, प्रवीणता^F, पटुता^F, **नैपुण्य, निपुणता^F,** चातुर्य, चतुरता^F, चतुराई^F, दक्षता^F, कौशल, (अर्थ०) **कुशलता^F,** अभ्यास, विदग्धता^F, गुण, योग्यता^F, क्षमता^F, होशियारी^F, हुनर, हुनरमन्दी^F, कारीगरी^F, उस्तादी^F, महारत, शऊर, सलीका, तमीज^F; युक्ति^F, हस्तकौशल, कला^F, कर्त्तव्य, हाथकी सफाई^F, जुगुत^F, हिकमत^F ।

skilled –ड् a. प्रवीण, दक्ष, सुदक्ष, **कुशल,** कौशलपूर्ण, कार्यक्षम, कार्यकुशल, शिक्षित, प्रशिक्षित, अभ्यस्त, **चतुर,** होशियार, सीखा-सिखाया, सीखा हुआ, माहिर; ~ coordination **कुशल समन्वय; ~** labour (कृषि०) **सिद्धहस्त श्रमिक, कुशल श्रमिक;** ~labourer दक्ष श्रमिक, प्रशिक्षित श्रमिक, शिक्षण-सम्पन्न श्रमिक, सीखा हुआ कारीगर; ~ workman दक्ष श्रमिक, प्रशिक्षित कामगार; (यन्त्र०) **कारीगर,** सीखा हुआ मजदूर ।

skillet स्कि'लिॅट् n. रसोई^F में काम आनेवाली मुठियावाली या कड़ेदार डेगची^F या पतीली^F ।

skill-less स्किल्'-लिॅस् a. अदक्ष, कौशलरहित, युक्तिहीन, चातुर्यहीन, निर्बुद्ध, अनाड़ी, बेहुनर, बेशऊर, बेसलीका ।

skills स्किल्स्' v.i. (प्रा०) *it ~ not* यह सब व्यर्थ है या अनुपयोगी है, बेकार है; कोई अन्तर नहीं पड़ता, कुछ फर्क नहीं होता ।

skilly स्कि'लि n. जई^F का पतला दलिया ।

skim¹ स्किम्' n. मण्ड, फेन, झाग; मलाई^F ।

skim² v.t. & i. १. (रसा०) काँछना, ऊपर उतराती हुई चीज^F को उतारना, **मलाई^F उतारना,** मलाई^F, फेन या मैल आदिको उतारना, **मल उतारना,** पपड़ी^F उतारना; स्पर्श मात्र करते हुए निकलना, छूते हुए चले जाना, उड़े चले जाना; शीघ्रावलोकन करना, मुख्य-मुख्य बातें^F ले लेना, मोटी-मोटी बातें^F समझ लेना, सरसरी तौरपर पढ़ जाना, सरसरी नजर^F से देखना, एक नजर^F डालना; २. a. ~ed milk दूधी, मखनिथा दूध, स्प्रेटा, उद्धृत स्नेह या मलाई^F उतरा दूध; ~ming-dish (ग्रा०) प्रतियोगिता-नौका^F, चौरस तलवाली दौड़की छोटी नाव^F, दौड़^F की किश्ती^F; हलकी तेज मोटर-नाव^F; ~ *the cream off* (प्रायः ला०) सर्वोत्तम अंश ग्रहण करना, सार-सार निकाल लेना, सत निकाल लेना ।

skimble-skamble स्किम्'बॅल्-स्कैम्'बॅल् a. असभ्य प्रलापी, अण्ड-बण्ड बोलनेवाला; बनैला, जंगली, असंगत, अण्डबण्ड, बेमेल ।

skimmer स्कि'मॅर् n. मलाई^F आदि उतारनेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); मलाई^F उतारनेकी झरिया^F, करछी^F, छन्ना, पौनी^F; द्रुतगामी मोटर-नाव^F, हलकी तेज मोटर-बोट^F ।

skimmings –मिंग्स् n. (pl.) छादी^F, मल, मैल, मलाई^F; ~ tank (चि०) **छादी कुण्ड** ।

skimp स्किम्प्' v.t. & i. कृपण होना, मितव्ययी होना, कंजूस होना, कंजूसी^F करना; कृपणता^F के साथ (धन, भोजन, व्यय, सामग्री^F आदि) प्रदान करना, नपा-तुला सामान आदि देना, नाप-तौलकर देना, कसकर या हिसाबसे देना ।

skimping –'पिंग् a. = SKIMPY.

skimpy –पि a. अपर्याप्त, तंग, थोड़ा, नपा-तुला ।

skin¹* स्किन् n. (श० र० शा०) (चि०) त्वक्, त्वचा^F, झिल्ली^F; चर्म, चाम, चमड़ा*, खाल^F, खलड़ी^F, चमड़ी^F; चमड़ेका थैला, मशक; (फल, पेड़, पौधे आदिका) वक्कल, छाल^F, छिलका; नाव^F या जहाजके भीतर या बाहरकी लकड़ी^F या लोहेकी चादर^F, आवरण; ~-deep चर्मगत, हलका, ऊपरी, छोटा-सा, ऊपर-ऊपरका (घाव); क्षुद्र, अगम्भीर, हलका, ऊपरका, बाह्य, बाहरी, झूठा, बनावटी, यों ही सा (मनोभाव, प्रभाव, सौन्दर्य आदिके सम्बन्धमें); ~-friction पानीमें चलते हुए जहाजसे टकरानेवाली पानीकी चोट^F या रुकावट^F; ~-game (अमेरिकामें) (ग्रा०) छल, कपट, धोखा, चार सौ बीस; ~-grafting (चि०) त्वक्सन्धान कर्म, चर्म आरोपण, (शल्य-चिकित्सा^F में शरीरके दूसरे अंगसे या दूसरे व्यक्तिसे) खाल^F लेकर लगाना; thick ~ धृष्टता^F, ढिठाई^F; thin ~ भावुकता^F; *change* one's ~ चरित्रमें अस्वाभाविक या असम्भव परिवर्तन करना, कलेवर बदलना, कायाकल्प करना, चोला बदलना; *escape with the ~ of* one's *teeth* बहुत बच जाना, बाल-बाल बचना; *save* one's ~ बच निकलना, जान बचाना; *would not be in his* ~ उसकी स्थितिमें होना अच्छा नहीं समझता, वैसा नहीं बनना चाहता;

~ appendages, ~ centre, ~ disease, ~ effect, ~ eruption, ~ formation, ~ marking pencil, ~ receptor, ~ resistance, ~ specialist, ~ sweating, ~ test, ~-tight, ~ trouble, ~-wool, ~ work.

skin² v.t. & i. चर्ममोचन करना, चमड़ा उतारना, चमड़ा निकालना, चमड़ा कमाना, चमड़ा उधेड़ना, खाल^F खींचना, खाल^F या वक्कल छीलना; (घावका) अपने आप भरना, घावपर नयी खाल^F पुरना; क्षत या घाव आदिको खाल^F से ढकना, नयी खाल^F ला देना, घाव पूरना; (बोल०) अपने या दूसरेके कसे हुए कपड़े खोलना, जर्सी^F आदि उतारना; (ग्रा०) कंगाल करना, नंगा करना, चम्पत होना, ले भागना, ठग ले जाना, लूट-मार^F करना, मूस लेना; ~flint कृपण, कंजूस, मक्खीचूस, खसीस; *keep your eyes ~ned* (ग्रा०) सावधान रहना, होशियार या चौकस रहना, चौकन्ने रहना।

skink स्किन्क' n. मरुगोधा^F, एक गोह^F, छिपकली^F।

skinker स्किन्'कर् n. मद्यबाला^F, मधुबाला^F, साकी, शराब^F देनेवाला या वाली।

skinless स्किन्'लिस् a. त्वचारहित, चर्महीन, बिना चमड़ी^F के, बेखाल; छिलके बिना, बेवक्कल।

skinned –न्ड् a. त्वचापूर्ण, चर्मयुक्त, चमड़ीवाला; छिलकेदार, वक्कलदार।

skinner –'नर् n. चमड़ा खींचनेवाला या कमानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); (अब प्रायः किसी कम्पनी^F के लिए) चर्मव्यवसायी, चर्मव्यापारी, चर्मकार, चमार, खाल^F के सौदागर (*M/S......~s*)।

skinniness –निनि'स् n. क्षीणता^F, दुर्बलता^F, दुबलापन; मांसहीनता^F।

skinny –नि a. क्षीण, कृश, दुर्बल, चर्मभूत, मांसहीन, दुबला-पतला; चमड़ेका।

skip¹ स्किप् १. n. प्लुति^F (~ *distance*), उछलनेकी गति^F, उछाल^F, छलाँग^F, कूद^F, फाँद^F, फँदान^F; (यन्त्र०) झोल; २. v.t. & i. (बच्चोंका, बकरी^F के बच्चे या मेमने आदिका) कूदना, उछलना-कूदना, छलाँग मारना, छलाँगना, फुदकना, उचकना, कुदकना; एक पैरसे दूसरे पैरपर हलकेसे उछलना; (बच्चोंका) कूदनेकी रस्सी^F हाथमें लेकर कूदना, रस्सी^F फलाँगना; अस्थिर मन होना, चंचलचित्त होना; जल्दी ही एक व्यवसाय या बात^F से दूसरीपर पहुँच जाना, एक काम छोड़कर दूसरेमें लग जाना; अन्तर्धान होना, अदृष्ट होना, आँखों^F से ओझल होना, भाग खड़ा होना, लम्बा होना, चलते बनना, खिसकना, गोल होना, सरक जाना, गायब होना, उड़नछू होना, रफूचक्कर होना; बीच-बीचमें छोड़ जाना, छोड़-छोड़कर चलना या पढ़ना; भूलना।

skip² स्किप्' n. डबलिनमें कॉलेजका कर्मचारी या स्काउट।

skip³ n. BOWLS तथा CURLING खेलोंमें किसी एक पक्षका दलनायक, मुखिया या कप्तान।

skip⁴ n. खानों^F (खदानों^F) में व्यवहृत झूला, टोकरा, खाँचा आदि (जिसके द्वारा मनुष्यों और पदार्थोंको खानों^F में उतारा या चढ़ाया जाता है)।

skipper¹ स्कि'पर् n. नचनिया, कूदने या उछलनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; अल्हड़ आदमी।

skipper² n. विमाननायक, हवाई जहाजका कप्तान; नाविक, समुद्री नायक, जहाजी कप्तान; वाणिज्यपोताधिकारी, लघुपोतस्वामी, छोटे व्यवसायी पोतका स्वामी, हवाई जहाजका कप्तान; T.; (परि०) खेलोंमें पक्षप्रमुख, दलनायक, कप्तान; ~'*s daughters* जलकन्याएँ^F, तुंग फेनिल उज्ज्वल तरंगें^F, ऊँची चमचमाती हुई लहरें^F।

skippet स्कि'पिट n. पेटिका^F, पेटी^F, सन्दूक, बक्स, बकस।

skipping स्कि'पिंग् १. n. प्लुति^F, उत्पतन, उछलन, उछाल^F; २. a. प्लुतगामी, उत्पतनशील; उछलनेवाला, उछाल^F भरनेवाला; ~-rope कूदनेकी डोरी^F।

skirl स्कर्ल् १. n. मशकबीन-जैसी पीं-पींकी आवाज^F; चीख^F, चिल्लाहट^F; २. v. i. मशकबीन-जैसी पीं-पींकी आवाज^F करना, चिल्लाना।

skirmish –'मिश् १. n. विशृंखल द्वन्द्व, अव्यवस्थित संघर्ष, खण्डयुद्ध, सामान्य युद्ध, खटपट^F; भिड़न्त^F, मुठभेड़^F, छुटपुट मुकाबला; डिम्बयुद्ध, वाग्युद्ध, संघर्ष, कहासुनी^F, झड़प^F, नोंकझोंक^F; २. v. i. अव्यवस्थित रूपसे लड़ना, बिना सोचे-समझे झगड़ना, छोटे-छोटे दलोंमें होकर लड़ना, छोटी टुकड़ियों^F में भिड़ना; खटपटी^F करना, नोंकझोंक^F करना।

skirmisher –शर् n. खण्डयोद्धा, छोटी लड़ाई^F करनेवाला, झड़पनेवाला, लड़ाकू, नोंकझोंक^F करनेवाला।

skirt* स्कर्ट' १. n. प्रान्त, सीमा^F, पर्यन्त, छोर, सबसे दूर^F का भाग, किनारा, गोट^F, हाशिया; अंचल*, (कोट

या कमीज[F]का) नीचे लटकनेवाला भाग, पल्ला, दामन; घेरा; लहँगा, घाँघरा, साया या पेटीकोटके ढंगका स्त्रियों[F]-का अधोवस्त्र; (ग्रा०, बोल०) स्त्री[F], घाँघरा पलटन; २. v.t. & i. समुद्रतट या दीवाल[F] आदिके किनारे-किनारे चलना; किनारेपर स्थित होना, पास ही होना; किनारे-किनारे घूमना, चक्कर खाकर जाना, घेरना; divided ~ घाँघरे-जैसा ढीला पाजामा; ~-dance, -dancing घाँघरानृत्य, घाँघरानाच, सायानाच; ~ing-board साया-जैसी पट्टियाँ; ~ of beef *etc.* गाय[F] या बैलके मांसकी झिल्ली[F], छेछड़ी[F]; *on the ~s of* छोरपर; न बाहर न भीतर।

skirted –'टि ड् a. लहँगेका या घाँघरेका, किनारेदार।

skirting –टिंग n. स्त्रियों[F]के घाँघरेका कपड़ा; ~ board (यन्त्र०) किनारी[F]।

skirtless –ट्'लिस् a. बेघाँघरा, बिना लहँगेका, बेदामन।

skit[1] स्किट्' n. श्लेष, व्यंग्य, छींटा, ताना, छींटाकशी[F], भड़ौआ; विनोद; लघुरूपक, व्यंग्यकृति[F], व्यंग्यात्मक छोटी रचना[F], निन्दाकाव्य, स्किट[F]।

skit[2] n. (बोल०) जनसमूह, भीड़-भाड़[F], जमघट।

skite स्काइट्' n. आकस्मिक आघात, अचानक धक्का, अचानक झटका।

skitter स्कि'टर् v. i. & t. द्रुतगमन करना या कराना, क्षिप्रगमन करना या कराना, तेजी[F]से निकल जाना या निकालना, तेजी[F]से सरकना या सरकाना।

skittish स्कि'टिश् a. स्वेच्छाचारिणी, कामोद्दीपनी, विनोदमयी, उन्मत्त, उन्मुक्त, उच्छृंखल, चंचल, चपल, अस्थिर, सहृदय, सजीव, हँसमुख, चुलबुली, आवारा, जिन्दादिल, अलमस्त, सैलानी (स्त्री[F] आदि); बिचकनेवाला, भड़कनेवाला, अड़नेवाला, अड़ियल (घोड़ा आदि)।

skittishness –निस् n. चंचलता[F], चपलता[F], अस्थिरता[F], चुलबुलापन; भड़कीलापन, अड़ियलपन।

skittle स्कि'टल् १. n. नौ मेखोंसे खेला जानेवाला एक खेल; २. v.t. (क्रिकेटमें) *~ out* बल्लेबाजोंमेंसे एकके बाद दूसरेको शीघ्रता[F]से बैठा देना या आउट कर देना; *~s!* (ग्रा०) व्यर्थ, निरर्थक, अर्थहीन, बेकार, रद्दी, बेकाम, बेमतलब; beer and ~s मनोविनोद, खेल-तमाशा, हँसी-खुशी[F] (*life is not all beer and ~s*); ~-alley *or* ~-ground स्किटल-भूमि[F], मेख गाड़नेकी जगह[F]।

skive स्काइव्' v.t. विच्छिन्न करना, विभक्त करना, अलगाना, अलग-अलग करना, तोड़ना, फाड़ना।

skiver –'वर् n. (जिल्दसाजी[F]में प्रयुक्त) मेषचर्म, भेड़[F]का चमड़ा; अवर चर्म, खराब किस्मका चमड़ा; चर्मछुरिका[F], चर्मछुरा, चमड़ा काटनेकी छुरी[F]।

skivvy स्कि'वि n. (बोल०) नौकरानी[F], महरी[F]।

Skt. Sanskrit.

skua स्क्यू'अ n. लुण्टाक, एक समुद्री पक्षीकी जाति[F]।

skug[1] ⊙ स्कग्' n. छाया[F], प्रतिच्छाया[F], परछाईं[F]।

skug[2] ⊙ n. गिलहरी[F]।

skulk[1] स्कल्क्' n. गुप्त स्थानमें पलायन, छिपना, बचाव, दुबकना, लुकाव।

skulk[2] v.i. दायित्वसे भागना, कर्त्तव्यसे बचना, दृष्टि[F]से हटते रहना, (कायरता[F] या किसी बुराई[F]के कारण) किसी गुप्त स्थानमें पलायन करना, प्रच्छन्न रहना, घात[F]में रहना, छिपकर ताकना, संकटके समय पलायन करना, दुबक रहना, दुबकना, छिपना, खतरेसे मुँह छिपाना, लम्बा होना, खिसक जाना, कामसे जी चुराना, नजरों[F]से बचते रहना, पहलू बचाना।

skulker –'कर् n. पलायनकारी, छिपने या भागनेवाला, कामचोर, मुँहचोर, जाँगरचोर, दबकैल, भगेलुआ।

skull स्कल्' n. (जीव०, चि०) करोटि[F], शिरोस्थिपंजर, शिरोस्थि[F], कर्पर, (चि०, कृषि०) कपाल, (कृषि०, चि०, जीव०) खोपड़ी[F]; ~ and crossbones एक खोपड़ी[F] और आड़ी-आड़ी रखी हुई दो जघास्थियाँ[F] (यह प्रतीक मृत्यु[F]का चिह्न समझा जाता है); ~ bone (चि०) करोटि[F], खोपड़ी[F]; ~-cap (चि०) कपाल शिखर; अग्रकपाल; मखमलकी तंग टोपी[F]; लोहेके टोपके आकारके फूलवाला पौधा-विशेष; ~ foramina (जीव०) करोटि रन्ध्र।

skulled –ड्' a. करोटियुक्त, खोपड़ीवाला।

skunk स्कन्क् n. अमेरिकाका एक मांसभक्षी पशु; स्कंक पशुका रोम या रोंआ; क्षुद्र मनुष्य, हेय जन, नीच व्यक्ति, घृणास्पद व्यक्ति, दुर्गन्धपूर्ण या बदबूदार आदमी।

sky १. n. अभ्र, व्योम, अम्बर, नभ, नभोमण्डल, अन्तरिक्ष, गगन, आकाश*, आसमान (*clear ~*); पानी, जलवायु[F], आबहवा[F]; वातावरण, वायुमण्डल, ऋतु[F], मौसम, (*try what a warmer ~*); २. v.t. आकाशकी ओर फेंकना; (क्रिकेटमें) ऊँची हिट[F] लगाना; किसी चित्रकारी[F]का प्रदर्शन करना, (चित्रको) दीवाल[F]पर ऊँचा टाँगना; ~-born स्वर्गीय, दिव्य; ~clad दिगम्बर, नग्न, नंगा; ~-high गगनस्पर्शी, गगनचुम्बी, बहुत ऊँचा, आसमानको छूनेवाला; ~ lark १. n. चातक पक्षी, व्याघ्राट, भारद्वाज, भरतपक्षी, लवा पक्षी; २. v.i. व्यावहारिक विनोद या मजाक करना, क्रीड़ा[F] करना, उछलकूद[F] करना, चाल चलना, किलोलें[F] करना, तंग करना, खिजाना, हरकतें[F] करना, शरारतें[F] करना; ~ light काशायन, आकाश-प्रकाश; गवाक्ष, हवा[F]का छेद, (यन्त्र०, परि०) (ऊपर या नीचेकी छत[F]का) झरोखा, रोशनदान; ~ line दिग्वलय, क्षितिज, आकाशकी पृष्ठभूमि[F]में पर्वत आदिकी रूपरेखा[F], गगनरेखा[F]; ~pilot (ग्रा०) स्वर्गचालक, गगनचालक; गुरु, पुरोहित, पादरी; ~-rocket आकाश बाण, हवाई बान (आतिशबाजी[F]में); ~ sail एक प्रकारका हलका पाल या बादबान; ~-scape गगनचित्र, आकाशचित्र, आकाशचित्रण; ~ scraper (हास्य०) अभ्रकष, गगनचुम्बी प्रासाद या अट्टालिका[F], (यन्त्र०) गगनचुम्बी भवन, ऊँची चिमनी[F] आदि, कई मंजिलों[F]की ऊँची इमारत[F], ~-writing विमान-धूम्र-लेख, आकाशमें उड़ते हुए हवाई जहाजके धुएँसे बननेवाले विज्ञापन-लेख; *if the*

।।.।

~ *falls we shall catch larks* कल्पित असम्भाव्य विपत्तियोंFका उपचार सोचना व्यर्थ है; *laud to the ~ies* अत्यधिक प्रशंसाF करना, आसमानपर चढ़ाना, बेहद तारीफF करना;

~-blasted, ~ blue, ~-capped, ~ colour, ~ gazer, ~-grey, ~-high, ~-kissing hills, ~ light, ~ man, ~ radiation, ~ sail, ~ shine, ~ sign, ~ space, ~ ward, ~ wave, ~ way.

Skye स्काइ' n. (~ *terrier*) स्कॉटलैण्डी कुत्ता।

skyer स्काइ'अॅर् n. (क्रिकेटमें) बहुत ऊँची चोटF या हिटF।

skyey स्काइ'इ a. आकाशवत्, आकाशी, आसमानी, नभोमण्डलीय।

skyish –इश् a. अभ्रवत्, व्योमवत्, अम्बरवत्, नभवत्, नभोमण्डल-सदृश, अन्तरिक्ष-सदृश, गगन-सदृश, आकाश-जैसा, आसमान-जैसा।

skyless –'लिॅस् a. आकाशहीन, बेआसमान; वायु-मण्डल या जलवायुरहित।

skyward (s) –'वॅर्ड् (ज्) a. & adv. आकाशकी ओरका; आकाशकी ओर, आसमानकी तरफ।

S.L. South Latitude; Sub-lieutenant; *sigilli loco*, the place of the seal.

slab[1] स्लैब्' १. n. प्रस्तरखण्ड, शिलाखण्ड, शिलाफलक, शिलापट्ट, (ऋतु०, भौ०) **शिलापट्टीF**, शिलाF, सिलF, **सिल्लीF**, फर्रा, पट्टीF; **पटियाF**; लकड़ीFके कुन्देका ऊपरी टुकड़ा; २. v.t. (किसी पेड़ या कुन्देसे) पट्टियाँF बनानेके लिए टुकड़े निकालना या काटना;

~ bridge, ~ culvert, ~ glass.

slab[2] a. लसदार, चिपचिपा, गाढ़ा और चिपकनेवाला (तरल पदार्थ)।

slabber[1] स्लै'बॅर् n. फलक-यन्त्र, चटियाF बनानेकी मशीनF।

slabber[2] १. n. थूक; २. v.t. थूकना, रालF बहाना।

slabber[3] v.t. & i. शीघ्र भोजन करना, निगलना, जल्दीFसे खाना, भकोसना।

slabbiness स्लै'बिनिॅस् n. स्थूलताF, मुटापा; क्लिन्नताF, सक्लेदताF, क्लेदमयताF, नमीF, भीगापन; मलिनताF, गन्दापन।

slabby –बि a. स्थूल, गाढ़ा, मोटा; क्लिन्न, सक्लेद, क्लेदमय, नम, भीगा; मलिन, गन्दा।

slack स्लैक् १. n. शैथिल्य; रस्सीFका ढीला भाग, ढीली लटकी हुई रस्सीF (*haul in the ~*); **फालतू तार**; कोयलेका चूरा; (pl.) पाजामा; (बोली०) अशिष्टताF, धृष्टताF, उद्दण्डताF, ढीठपन, ढिठाईF, उजड्डपन; (बोल०), निष्क्रियताF या विश्रामका समय, खाली समय (*I'm going to have a good ~ this afternoon*); व्यापारकी मन्दीFका समय, मन्दा, ठण्डा बाजार; २. *v.t. & i.* (रस्सीFको) ढीला करना; विश्राम करना, आलसी या सुस्त होना; शिथिल या ढीला करना या होना, निष्क्रिय बनाना या बनना; ३. a. श्लथ, शिथिल, गलित, शिथिलीकृत; निष्क्रिय, कार्यहीन, उदासीन, उपेक्षाशील, अलसाया, म्लान, क्लान्त, अलस, प्रमत्त, असावधान, मन्दा, सुस्त, धीमा, मन्द, आलसी, ढीला, ढीलाढाला, थका हुआ, ठलुआ, लापरवाह, काहिल, गाफिल; ४. adv. अपर्याप्त रूपसे, मन्द गतिFसे, धीरे-धीरे, थोड़ा-सा, नाकाफी तौरपर (*~-dried hopes*); a ~ rope शिथिल रज्जुF, ढीली रस्सीF; ~ season मन्दा समय; ~ weather आलसकी ऋतु; ~ water भाटा, ज्वारका उतार; (नौवि०) **नरम पानी**; ~ *up* रोकनेके पहले रेलगाड़ीFकी चालF कम करना या धीमी करना, रफ्तारF घटाना।

slacken स्लै'कॅन् v.t. & i. शिथिल बनाना या बनना, असावधान करना या होना, मन्द या ढीला करना या होना, (परि०) (चालF) **धीमी करना**, धीमा करना या होना, ढील डालना या ढील देना, ढिलाना, ढीले पड़ना, ढिलियाना, सुस्तीF करना, अलसाना; बुझाना।

slackened –ड् a. शिथिलित, शान्तवेग।

slackening –निंग् n. श्लथन, ढीला करना।

slacker –'कॅर् n. ढिलाईF करनेवाला, ढीलF डालनेवाला, ढीलाढाला, कामचोर, काहिल।

slackness –क्'निॅस् n. शैथिल्य, शिथिलताF, मन्दताF, ढीलापन, ढिलाईF, ढील, सुस्तीF, काहिलीF।

slacks स्लैक्स्' n. ढीला पायजामा।

slade स्लेड् n. क्षुद्रोपत्यकाF, लघु उपत्यकाF, छोटी घाटीF।

slag स्लैग्' १. n. (रसा०) **कांचमल**; (रसा०, प्रा० भू०, रेल०) **धातुमल**, कच्ची धातुFको स्वच्छ करनेमें निकला हुआ मैल; ज्वालामुखीका निकला हुआ पदार्थ, लावा; **कचरा, कीट, मैल**; २. v.i. धातुFका मैल बनना या ज्वालामुखीका लावा निकलना; धातुFका मैल-सदृश राशिFमें इकट्ठा होना, जमना; ~ wool (यन्त्र०) **खनिज रूईF**।

slagging –'गिंग् n. (रेल०) **कचरा निकालना, मैल निकालना**।

slaggy –गि a. धातुमलयुक्त; ज्वालामुखीके कीटसे भरा हुआ।

slain स्लेन्' SLAY का भू० कृ०।

slainte स्लेन्टे n. सुस्वास्थ्य, सुन्दर स्वास्थ्य, अच्छी तन्दुरुस्तीF।

slake स्लेक्' v.t. (प्यासF, भाषण, बदलेका भाव) (रसा०) **शमन** करना, शान्त करना, तृप्त करना, ठण्डा करना, (रसा०) **बुझाना**; बदला लेना, बदला चुकाना; (रसा०) निर्वापन होना, बुझना; (*slack* के अर्थमें भी) चूना बुझाना, चूना और पानी मिलाना; ~ ed lime (रसा०, यन्त्र०) **शमित चूना, बुझा चूना**।

slakeless –'लिॅस् a. (का०) अशान्त, तृषित, अतृप्त, न बुझनेवाला।

slaking –'किंग n. निर्वापन, (यन्त्र०) **बुझाना**।

slalom स्ला'लॅम् n. हिमरोध-धावन, टेढ़े-मेढ़े मार्गसे बर्फानी दौड़^F।

slam स्लैम्' n. टक्कर^F, धक्की आवाज^F, दरवाजा भेड़ने-की आवाज^F; ब्रिज, ह्विस्ट या ताशके खेलकी हर बाजी^F जीतना; २. v. t. & i. द्वार धड़से बन्द करना या होना, जोरकी आवाज^F के साथ दरवाजा भेड़ना या भिड़ाना या भिड़ जाना; किसी वस्तुको धम्मसे नीचे रखना, धड़से पटकना; (ग्रा०)- सुगमता^F से विजय^F पाना, आसानी^F से दूसरेको हराना; मारना, पीटना, ठोंकना।

slammer –मॅर् n. प्रबल वात, प्रबल वायु^F, तेज झकोरा, तेज झोंका; (ब्रिज इत्यादिमें) सब बाजी^F जीतने-वाला।

slammerkin स्लै'मॅर्किन् n. मलिन स्त्री^F, अस्वच्छ स्त्री^F, गन्दी स्त्री^F, फूहड़ औरत^F, बदतमीज औरत^F।

slander स्लान्'डॅर् १. n. कुत्सा^F, अख्याति^F, मिथ्या-निन्दा-कथन, पैशुन्य, बुराई^F, बदनामी^F; अपयश, कलंक, अपवाद, परिवाद, मिथ्यानिन्दा^F, (विधा०) **अपमान-वचन**, पिशुन वचन, (का०) **अपवचन**, झूठी रिपोर्ट^F; (कानून) अपकीर्ति^F, अपभाषण, मिथ्या मौखिक मान-हानि^F, हतकइज्जत^F; २. v. t. अपमान-वचन बोलना, झूठी निन्दा^F करना या बुराई^F करना, मिथ्यारूपसे मान-हानि^F करना, कलंक लगाना, बदनाम करना।

slanderer –रॅर् n. मिथ्यानिन्दक, पिशुन, अपमान-कर्त्ता, अपमानकारी, अपवादी, मानहानि^F करनेवाला।

slanderous –रॅस् a. मिथ्यानिन्दात्मक; (का०) **अप-वचनात्मक**; कुत्सापूर्ण, अपवादात्मक, परिवादात्मक, सापवाद, सपरिवाद, पिशुन; मानहानिपूर्ण।

slanderousness –निॅस् n. मिथ्यानिन्दात्मकता^F; अपवादात्मकता^F, परिवादात्मकता^F; मानहानिपूर्णता^F, कुत्सा^F।

slang स्लैन्ग् १. n. वर्गभाषा^F, जातिभाषा^F, किसी व्यवसायके लोगोंकी भाषा^F (*racing*, *thieves'*, ~); खलोक्ति^F, उपशिष्ट भाषा^F, अपभाषा^F, ग्राम्यभाषा^F; बोलचाल^F की शब्दावली; २. v.t. अपशब्दका प्रयोग करना, गाली^F देना।

slanginess स्लैन्'गिनिॅस् n. अपभाषापन, ग्राम्य-भाषापन।

slangy –गि a. अपभाषायुक्त, ग्राम्यभाषा सम्बन्धी, गँवारू; अपभाषी^F, ग्राम्यभाषा^F बोलनेवाला।

slant स्लान्ट्' १. n. वक्र स्थिति^F, टेढ़ी या तिरछी अवस्था^F, ढाल^F; (प्रा०) व्यंग्यप्रहार, कुटिलोक्ति^F, तिर्यक् प्रहार, अपमानवचन, अप्रत्यक्षनिन्दा^F, पीठ-पीछे बुराई^F; दृष्टिकोण, वस्तु-विचार-पद्धति^F, विचारशैली^F, विचारकोण ⊙; घुमाव, मोड़ ⊙; कटाक्ष, तिरछी नजर^F; २. v.t. & i. ढलाव होना या ढाल^F बनाना, ढालू होना या करना, एक रेखा^F से अपसृत होना; खड़ी या पड़ी लकीर^F की ओर तिरछे जाना, तिरछा होना, झुकना, आड़े जाना; ३. a. (मुख्यतः का०, रसा०, ग०) **तिर्यक** (~*height*), कुटिल, वक्र, प्रवृत्त, प्रवण, (रसा०) **ढलवाँ**, ढालू, ढाल-दार, तिरछा, टेढ़ा, आड़ा, झुका हुआ, मुड़ा हुआ; *a* ~ *of wind* (नौवि०) अनुकूल वायु^F; *on the* or *a* ~ तिर्यक् या वक्रभावसे, तिरछेपनसे; ~ *on* ⊙ (के विषयमें) सोचनेको उत्सुक।

slantendicular, slantin(g)dicular –टॅन्डि'क्यूलॅर्, –टिन्(ग्)डि'क्यूलॅर् aa. (हास्य०) तिर्यक्, वक्र, टेढ़ा, तिरछा।

slanting –'टिंग् a. तिर्यक, वक्र, (प्रा० भू०) **तिरछा**, (~*ray*) टेढ़ा, झुका हुआ।

slantwise –ट्'वाइज् adv. वक्र, तिरछा, ढालू, ढलवाँ।

slap स्लैप्' १. n. चपेट^F, चपत^F, चाँटा, धौल^F, थप्पड़, धप्पा, लप्पड़, थपेड़ा, तमाँचा; २.v.t. चपत^F मारना, चाँटा लगाना, धौल^F लगाना, थप्पड़ मारना, तमाचा मारना, चपत रसीद करना; ३. avd. द्रुत, अतिशीघ्र, बहुत तेज, उत्तम, बढ़िया, अच्छा (*a* ~ *ping pace*); तीव्रता^F से, वेगसे, एकाएक, तेजी^F से, पूरी तरहसे, ठीकसे झटसे, पटसे, चटसे, तड़ाकसे, तड़से, निशानेसे; ~-bang योंही, बिना समझे-बूझे, उग्रता^F से, तेजी^F से, जोरसे, तड़ाकसे; ~dash[1] n. दैवाधीन कार्य या क्रम; झट; a. दैवाधीन, अनियत रूपसे निर्मित, योंही; प्रचण्ड, वेगवान्; ~dash[2] उग्रतासे, योंही, तेजी^F से, जोर-शोरसे, अन्धाधुन्ध, झटपट; ~ up a. (ग्रा०) बिलकुल नया-नया, आजके जमानेका, बिलकुल नये फैशनका; ~ *in the face* (शा०, ला० भी) अपमान, धमकी^F, डाँट^F, घुड़की^F, बेइज्जती^F; थप्पड़।

slapjack ⊙ स्लैप्'जैक् n. एक प्रकारका केक।

slapstick स्लैप्'स्टिक् n. (मूकाभिनय करनेवाले विदू-षक द्वारा प्रयुक्त) लचकदार और टूटदार लकड़ी^F की पट्टी^F; (ला०) रूखे-सूखे ढंगका कोलाहलपूर्ण ओछा प्रहसन, हलके ढंगका मजाक।

slash स्लैश् १. n. काट, लकड़ी^F की छीलन, (पेड़ोंके नष्ट-भ्रष्ट होने या गिरानेसे इकट्ठा हुआ) कूड़ा करकट; दीर्घ-च्छेद, लम्बी चीर^F, (तलवार^F आदिके झटकेसे बना हुआ) घाव या खोंप; २. v.t. & i. (सेना०) दीवार^F आड़^F बनानेके लिए पेड़ोंको गिराना; तलवार^F, चाकू आदिसे लम्बा गहरा चीरा देना, हाथ चलाना, झटकेसे काटना, चीरना, चाक करना, लम्बे पतले घाव बना देना, जोरका हाथ मारना, खोंप बना देना; (किसीको) कोड़ेसे मारना, कोड़ा फटकारना, चाबुकसे मारना।

slashed ⊙ –ड्' a. किसी धारदार वस्तु^F से कटा हुआ; ~ sleeve *etc.* कटी आस्तीन (जिसमेंसे अस्तर दिखाई दे)।

slashing –'शिंग् १. n. सैनिक अवरोध-स्वरूप वृक्षोंका गिराना; गिराये गये वृक्ष; स्वच्छता^F, सफाई^F; किसी धारदार वस्तु^F का घाव; २. a. निर्दयतापूर्वक चीरनेवाला, काटनेवाला; मर्मभेदी, तीक्ष्ण; धक्का देनेवाला, टकराने-वाला; अतिविशाल, बहुत बड़ा; ~ *criticism* कटु या तीव्र आलोचना^F, स्पष्ट रूपसे निन्दा^F, खुली आलो-चना^F।

slat[1] स्लैट्'n. फन्नी^F, पच्चर, लकड़ी^F की पतली सँकरी पट्टी^F।

slat[2] v.t. & i. मुक्का मारना, पीटना, किसी धरातलपर जोरसे मारना या टकराना; (पाल, रस्सियों^F आदिका) मस्तूल आदिसे फड़फड़की आवाज^F करते हुए टकराना।

S. Lat. South Latitude.

slatch स्लैच्' n. स्थानीय वातावधि^F, अस्थायी पवन-अवधि^F, अस्थायी हवा^F बहनेका समय; अच्छे मौसमका समय।

slate[1] स्लेट्' १. n. शिलिका^F, शिलापट्ट, (बच्चों और छोटे दुकानदारोंके) लिखनेकी (प्रा० भू०, रसा०) **स्लेट**^F; छतों^F के छानेके कामके चौके; भूरी या हरी या नीली बैंगनी चट्टान^F; २. v.t. स्लेट^F के चौकोंसे छत^F छाना; ३. a. स्लेट^F का, स्लेटी; ~-club सहोपयोगी संघ (जिसमें थोड़ा-थोड़ा साप्ताहिक चन्दा देना पड़ता है); ~-colour (ed) गहरा नीला या स्लेटी मटमैला रंग (का); ~-pencil शिलांकनी^F, स्लेट^F की पेंसिल^F; *clean the* ~ अनुग्रहसे मुक्त होना, कर्त्तव्य निभा देना, भारसे उऋण होना, हिसाब चुकता करना;

~ axe, ~ black, ~ blue, ~ green, ~ grey, ~ olive, ~ palette, ~ purple, ~ violet, ~-white.

slate[2] v.t. (बोल०) कड़ी आलोचना^F करना, धज्जियाँ^F उड़ाना, सख्ती^F से नुक्ताचीनी^F करना; अपशब्द कहना, कड़वी आलोचना^F करना, डाँटना, फटकारना, गाली^F देना, बुरा-भला कहना, खबर^F लेना।

slater स्ले'टर् n. स्लेट^F से छत^F छानेवाला या पाटने-वाला।

slating स्ले'टिंग् n. कड़ी आलोचना^F, डाँट-डपट^F; (स्था०) **स्लेटबन्दी**^F।

slattern स्लै'टर्न n. अपरिष्कृतवेशा^F, अपरिष्कृता नारी^F, मैली-कुचैली या फूहड़ स्त्री^F।

slatternliness –लिनि'स् n. अपरिष्कृता^F, फूहड़पन।

slatternly –लि a. फूहड़ स्त्री^F का-सा, फूहड़, फूहड़-पनवाला।

slaty स्ले'टि a. शिलिकावत्, शिलापट्टवत्, शिलाफलक-सदृश, सिलेट जैसा; स्लेटवाला; परतदार।

slaughter स्लॉ'टर् १. n. घातन, संहार; (का०) **हनन, वध**, हत्या^F, हत्याकाण्ड, खून, तलवार^F से काटना, कत्लेआम; २. v.t. लोगोंका बर्बरतापूर्वक वध करना, हनन करना, कत्ल^F करना, मार डालना, हत्या^F करना या मारना; मांसके लिए काटना, काट डालना, हलाल करना, जान^F लेना; ~-house वधस्थान, **वध-शाला**^F, हत्यागृह, सूना, कमेला, (चि०) **कसाईखाना, बूचड़खाना**; ~man वधिक, जल्लाद, पशु-वधक, कसाई; ~ stone (इति०) **बलि-शिला**^F।

slaughterer –रर् n. घातक, सौनिक, वधिक, हिंसक, वधक, हत्यारा, कत्ल करनेवाला, कातिल।

slaughterous –रस् a. (भाषण०) जिघांसु, हत्याप-राधी, हिंसाप्रिय, हिंसापूर्ण, हत्यापरायण, हत्यारा, हत्या-रत, खूनी।

slaughtery –रि n. वध, हनन; वधशाला^F; बूचड़-खाना।

Slav. Slavic, Slavonic.

Slav स्लाव् n. स्लैव (जाति^F)।

slave स्लेव्' १. n. पराधीन व्यक्ति, अधीन मनुष्य, असहाय जन; प्रभावाधीन, शिकार (*is a ~ to drink*); क्रीतदास, **दास**, किंकर, भृत्य, बन्धुआ, चाकर, **गुलाम** (~ *system*); दिनरात काम करनेवाला सेवक, चौबीस घण्टेका नौकर, टहलुआ; २. v. i. नीच काम करना, दासकी भाँति काम करना, टहल^F करना; ~-bangle अनन्त कंकण; ~-driver दास-अधीक्षक, गुलामोंको हाँकनेवाला, कसकर काम देखनेवाला, काम करते हुए गुलामोंका मेट; ~-holder दासस्वामी, गुलामोंका मालिक; ~-ship दास-व्यवसाय-पोत, बेचनेके लिए गुलामोंको भरनेवाला जहाज; ~ States उत्तरी अमेरिकाकी दक्षिणी रियासतें^F या राज्य (जिनमें गृहयुद्धके पूर्व दासता^F प्रचलित थी); ~-trade (इति०) **दास-व्यापार**; दास-व्यवसाय, दास-विक्रय, गुलामोंका रोज-गार;

~-born, ~ breeder, ~ clock, ~ court, ~ economy, ~ emancipation, ~-hunter, ~ labour, ~ market, ~ mentality, ~ merchant, ~ owner, ~trader.

slaver[1] –'वर् n. दासव्यवसायी, दासव्यापारी, दास-व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति या जहाज।

slaver[2] स्लै'वर् १. n. लसिका^F, लुआब, थूक या लार^F; (ला०) तुच्छ अथवा दासवत् चाटुकारिता^F, खुशामद^F, ओछी गुलाम-जैसी चापलूसी^F या जीहुजूरी^F; २. v.t. & i. मुँहसे थूक या लार^F गिराना या गिरना; कपड़ोंपर अपना थूक या लार^F गिराना, लुआब टपकाना, चूमनेमें दूसरेके गालको थूक या लार^F से भर देना।

slaverer –रर् n. अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति, गँवार आदमी, भोंदू आदमी, बुद्धू।

slavery[1] स्ले'वरि n. **दासत्व**, (राज०) **दासता**^F, दास्य, दासावस्था^F, (राज०) **गुलामी**^F, दासस्वामित्व, **दास-प्रथा**^F, गुलामोंको रखना; दास्यभाव, दास्यवृत्ति^F, दिन-रातका काम, चौबीस घण्टेकी नौकरी^F, चाकरी^F, टहल^F, टहलुआपन।

slavery[2] स्लै'वरि a. थूकसे सना हुआ, लारयुक्त, लार-भरा; चाटुकार, चापलूस, खुशामदी।

slavey स्ले'वि n. (sl.; pl. -*s*) घरके सभी काम करने-वाली सेविका^F, दासी^F, नौकरानी^F, चाकरिन^F, बाँदी^F, लौंडी^F।

slavish –विश् a. दासोचित, दासवत्, दासानुकूल, अधम, क्षुद्र, तुच्छ, हीन, नीच, ओछा, गुलामों-जैसा, पाजी, कमीना; परिश्रमी; ~ imitation अन्धानुकरण, दासोचित अनुकरण, अन्धी नकल^F।

slavishness –निस् n. क्षुद्रता^F, नीचता^F, तुच्छता^F, दासत्व, दासवृत्ति^F, दास-स्वभाव, कमीनापन, गुलामी^F।

slavocracy स्लेवॉ'क्रसि n. (राज०) **दासतन्त्र**।

slavocrat ⊙ –'वक्रैट् n. (राज०) **दासप्रथावादी**।

Slavonian स्लॅवो'निअॅन् a. स्लैवोनिया (आस्ट्रिया)का।
Slavonic -वॉ'निक् n. & a. स्लावोंकी (भाषा^F), स्लावोनिक।
Slavonicize -निसाइज् v.t. स्लावीकरण करना, स्लावी बनाना, स्लावी रंग चढ़ना।
Slavophil स्ला(लै)'अॅफिल् n. स्लावमित्र, स्लाव जाति^F-का दोस्त।
Slavophobe ⊙ -फोब् n. स्लाव-शत्रु, स्लाव जाति^F का दुश्मन।
slaw ⊙ स्लॉ' n. बन्दगोभी^F या करमकल्लेका सलाद।
slay स्ले' v.t. (*slew, slain*) संहार करना, वध करना, हनन करना, हत्या^F करना, प्राण ले लेना, विनष्ट करना, मार डालना, यमलोक पहुँचा देना, गर्दन^F उड़ा देना, खून करना, मौत^F के घाट उतारना, कत्ल करना, हलाल करना (का०, भाषण० या हास्य०; प्रायः निरपेक्ष, *went forth ~ing and spoiling*)।
slayer स्ले'अॅर् n. घातक, वधक, हत्यारा, कत्ल करनेवाला, कातिल।
SL.C. Search-Light Control.
sld. sailed.
S/Ldr. Squadron Leader.
sleave[1] स्लीव्' n. मृदु अंशुक, मसृण अंशुक, कोमल एवं चिकना रेशम।
sleave[2] v.t. सूत्र पृथक् करना, तागे अलग करना, सुलझाना, अलगाना।
sleaziness स्ली'जिनि`स् n. दुर्बलता^F, कृशता^F, क्षीणता^F; सूक्ष्मता^F, झीनापन, बारीकी^F।
sleazy -जि a. दुर्बल, कृश, क्षीण; सूक्ष्म, महीन, बारीक, पतला, झीना।
sled स्ले'ड् n. =SLEDGE[1].
sledded -'डिॅड् a. हिमगास्थ, हिमशकटस्थ, विचक्रशकटस्थ, बर्फगाड़ीमें स्थित, स्लेजमें बैठा हुआ; हिमगावाहित, हिमशकट-वाहित, विचक्रशकट-वाहित, बर्फगाड़ी^F द्वारा ले जाया गया।
sledding -डिंग् n. ⊙ JOB; बर्फगाड़ी^F चलाना।
sledge[1], **sleigh** स्ले'ज्', स्ले' १. nn. हिमगा^F, हिमशकट, विचक्रशकट, बर्फगाड़ी^F; बिना पहियोंकी बर्फ^F-पर फिसलनेवाली घोड़ों या कुत्तों या रेण्डियरोंवाली गाड़ी^F, लदिया^F, **स्लेज^F**; २. vv. t. & i. स्लेजगाड़ी^F में यात्रा^F करना या जाना, उसमें कोई वस्तु^F ले जाना।
sledge[2] n. (*~-hammer* के अर्थमें भी) घन, मुगदर, लुहारोंका बड़ा **हथौड़ा**।
sledging -जिंग् n. (परि०) **तुषाई^F**।
sleech स्लीच्' a. कर्दम, भवपंक, कीच^F, कीचड़, चहला, चँहटा; पंकिल भूखण्ड।
sleek[1] स्लीक्' n. (रसा०) **खरोंच^F**।
sleek[2] १. v.t. मुलायम, चिकना और चमकीला करना, चिकना-चुपड़ा बनाना, चिकनाना, गुलगुला करना; २. a. श्लक्ष्ण, मसृण, चिक्कण, मृदु, स्निग्ध, कोमल, नरम, सुखस्पर्श, चिकना, मुलायम, गुलगुला (बाल, रोम, त्वचा^F या ऐसी त्वचा^F या बालोंवाले मनुष्य या पशुके सम्बन्धमें)।
sleeker -'कॅर n. चिक्कण-यन्त्र, चिकना या गुलगुला करनेका यन्त्र, स्लीकर।
sleekit स्ली'किट् a. (स्काट०) चिक्कण, चिकना; स्पष्टवादी, मुँहफट; चतुर, चालाक, मक्कार।
sleekness स्लीक्'नि`स् n. मसृणता^F, स्निग्धता^F, मृदुता^F, कोमलता^F, नरमी^F, चिकनापन, चिकनाहट^F, चमकीलापन, चमक^F।
sleeky -'कि a. मसृण, चिक्कण, चिकना, मुलायम।
sleep[1]* स्लीप्' n. सुप्ति^F, सुप्तावस्था^F, शयन, निद्रा^F, नींद^F*, सोना; निद्रावधि^F, निद्राकाल, झपकी^F (*shall try to get a ~*); (ला०) शान्ति^F; विश्रान्ति^F, विश्राम, मृत्यु^F, मौत^F, मौन, उपेक्षा^F, निस्तब्धता^F, सुस्ताना, आराम, खामोशी^F, लापरवाही^F, गफलत^F; ~ epilepsy (चि०) निद्रापस्मार; ~ talking स्वप्न भाषण, (चि०) **स्वाप-भाषण**, ~-walker स्वप्नचर, स्वप्नचारी, स्वप्नभ्रमणकारी, निद्राचारी, नींद^F या सपनेकी अवस्था^F में चलनेवाला; ~-walking (चि०) **स्वाप-भ्रमण;** स्वप्नभ्रमण, स्वप्नसंचरण, निद्राभ्रमण, नींदमें चलना-फिरना (एक प्रकारका रोग); broken ~ भग्न निद्रा^F, बेचैनी^F-की या बराबर टूटने या उचटनेवाली नींद^F; *go to ~* नींद^F लेना, सो जाना; (ला०) मरना; *in one's ~* सुप्तावस्था^F में सोते समय, नींद^F में; *the ~ of the just* प्रगाढ़ निद्रा^F, गहरी, गाढ़ी या पक्की नींद^F।
sleep[2] स्लीप्' v.t. & i. (*slept*) निद्रामग्न होना; सोना, नींद^F लेना, झपकी^F लगना, आँख^F लगना; सोकर व्यतीत करना, सोकर दूर करना, सोनेमें गुजारना (*~ the hours away*); रात^F में विश्राम करना, रातभरके लिए बसेरा करना, ठहरना; (*with* के साथ) भोग करना, सम्भोग करना, साथ सोना; सोनेका प्रबन्ध करना, सोनेको स्थान देना (*lodging-house ~s 300 men*); समाधि^F में सोना, कब्र^F में लेटना, दफन होना; निष्क्रिय होना, क्रियाहीन रहना, निद्रित होना, ऊँघना, अलसाना, सुस्त होना, बेकार होना (*sword ~s in the scabbard*); ~ talking निद्रा^F भाषण; *~like a log or top* गहरी नींद^F सोना, जड़वस्तु^F की तरह सोना।
sleeper -'पॅर् n. शायी, शयालु, निद्रालु, सोनेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); आलसी; **स्लीपर**, लकड़ी^F का कुन्दा (जिसपर रेलकी पटरियाँ^F बिछायी जाती हैं), सलीपट; ~ berth **शायिका^F**; ~ wall **भित्तिका^F**, **बौनी दीवार^F**;
° ~ beam, ~ density, ~ packing.
sleepiness -पिनि`स् n. शान्ति^F, मौन, असावधानी^F, आलस्य, सुस्ती^F, खामोशी^F; निद्रालुता^F, ऊँघनेकी अवस्था^F या आदत^F, निन्दास^F, ऊँघास^F, ऊँघाई^F, ऊँघ^F, झपकी^F, उनींदापन।
sleeping[1] -पिंग n. सुप्ति^F, स्वाप, शयन, निद्रा^F; ~ berth शयनिका^F।

sleeping[2] a. सुप्त, (चि०) **निद्रालु,** सोया हुआ; ~ accommodation **सोनेका स्थान, सोनेकी जगह**F; ~-bag सोनेका खोल या थैला (जिसमें घुसकर बाहर मैदानमें भी सोया जा सकता है); ~-car(-riage) (रेल०) **शयन-यान;** सोनेका डिब्बा (जिसमें बिस्तर लगाकर यात्री सो लेते हैं); ~-draught नींदF लानेवाली ओषधिFका घूँट; अफीमवाली निद्राजनक ओषधिF; ~ partner उदासी भागीदार, (अर्थ०) **निष्क्रिय साझीदार,** निष्क्रिय सहभागी; ~ sickness (चि०) **निद्रालु रोग,** निद्रारोग, सुषुप्ति-रोग; ~ ward शयन कक्ष; *let ~ dogs lie* सोते कुत्तोंको न जगाओ;
~ movement, ~ service, ~ top.

sleepless –लिस् a. नष्टनिद्र, अनिद्र, विनिद्र, निद्रारहित, बिना नींदका; अविराम, विश्रामरहित, चेतन, सावधान।

sleeplessness –निस् n. निद्राभाव, अनिद्रताF, निद्राभ्रंश, निद्राहीनताF, उनींदापन, बेचैनीF, अविश्रान्तिF, अशान्तिF, अविश्राम; जागरूकताF, सजीवताF, सावधानीF।

sleepy –पि a. शयालु, तन्द्रालु, निद्रापर, निद्राशील, निद्रालु, उनींदा, ऊँघता हुआ; अचेतन, अजागरूक, निष्क्रिय, असावधान, सुस्त, आलसी, बेपरवाह, काहिल; शान्तिपूर्ण, कोलाहलरहित, निःशब्द, शान्त, मौन, खामोश (*a ~ little town*); सूखा, भरा हुआ (*~ fruit*); ~head असावधान व्यक्ति, आलसी, ऊँघनेवाला आदमी, ऊँघनचन्द।

sleet स्लीट्' १. n. तुषारवृष्टिF, सीकर, तुषारासार, सहिम वर्षाF, उपलवृष्टिF, शिलावृष्टिF, आश्यानवर्षाF, करकापात, (प्रा० भू०) **सहिम(जल)वृष्टि**F, मेहके साथ मिले हुए हिम या ओले, पत्थर, बर्फF, २. v.i. *it ~s* तुषार या बर्फF पड़ती है, पत्थर पड़ता है, ओले गिरते हैं।

sleetiness –टिनिस् n. तुषारवर्षापूर्णताF, शिलावृष्टिF-की अवस्थाF, तुषारवर्षिताF।

sleety –टि a. तुषारवृष्टिपूर्ण, शिलावृष्टियुक्त, बर्फF या ओलेवाला।

sleeve स्लीव्' n. (यन्त्र०, कृषि०) बाहुप, **बाँह**F, **आस्तीन**F; नलीF (जिसके भीतर लोहेकी छड़F या एक और नलीF हो); T.; ~-link बाँहFका बटन; ~ connection **पत्ती जोड़;** ~ piece (यन्त्र०) **जोड़ नल;** *hang on the ~* आश्रित होना; *have card, plan,* etc., *up* one's ~ मनमें कोई योजनाF या बातF छिपाये रखना, मौकेके लिए कोई चीजF छिपाये रखना, तरकसमें तीर होना; *laugh in* one's ~ धूर्तताFसे, गुप्त रूपसे, चालाकीFसे, हँसना; *turn, roll, up* one's *~s* काम या लड़ाईFके लिए तैयार होना, कमर कसना, बाँहेंF उठाना, आस्तीनF चढ़ाना;
~-button, ~-dog, ~-waistcoat.

sleeved –ड्' a. बाँहवाला, आस्तीनदार।

sleeveless –व्'लिस् a. अबाहुप, बिना बाँहF या आस्तीनFके; बेठौर; निरर्थक, बेकार।

sleigh[1] स्ले' n. दे० SLEDGE[1].

sleigh[2] v.i. हिमगा-यात्राF करना, हिमशकट-यात्राF करना, विचक्रशकट चलाना, बर्फगाड़ीFसे यात्राF करना, स्लेजF चलाना, स्लेजFपर जाना।

sleighing –इंग् n. हिमगा-यात्राF, हिमशकट-यात्राF, विचक्रशकट-यात्राF, बर्फगाड़ीFकी सैरF, स्लेजFपर घूमना फिरना।

sleight स्लाइट् n. (प्रा०) कौशल, इन्द्रजाल, चातुर्य, चतुराईF, चातुरीF, धूर्तताF, करतूतF; चालF, चालाकीF, पेच, होशियारीF, ~-of-hand हस्तकौशल, मदारीपन, करतब, हाथकी सफाईF; पटेबाजीF या गदकाफरीFमें तेजीF, फुर्तीF।

slender स्लें'न्'डर् a. किंचित, अत्यल्प, सापेक्षिक रूपसे अल्प, कम, थोड़ा, अनुचित, अनुपयुक्त, कठिनाईFसे पर्याप्त, मुश्किलसे काफी, नाकाफी (*~ income*); तनु, क्षीण, कृश, दुर्बल, सूक्ष्म, अल्द, **पतला,** सुकुमार, छरहरा, दुबला, कमजोर, नाजुक (*~ girl*)।

slenderize –राइज् v.i. & t. तनु होना या करना, क्षीण होना या करना, कृश होना या करना, दुर्बल होना या करना; सुकुमार होना या करना, नाजुक होना या करना।

slenderness –र्-निस् n. अल्पताF, अत्यल्पताF, अनुपयुक्तताF, तंगीF, कमीF, तनुताF, (*~ ratio*), क्षीणताF, कृशताF, दुर्बलताF, दुबला-पतलापन, सुकुमारताF, दुबलापन, पतलापन, कमजोरीF, नजाकतF।

slept स्ले'प्ट्' SLEEP का भू० कृ०।

sleuth-hound स्लू(स्यू)थ्'-हॉउन्ड् n. प्रखरघ्राणशक्तिविशिष्ट शिकारी कुत्ता, रक्तगन्धखोजी या खूनकी बासF ले लेनेवाला कुत्ता (शा० एवं ला०); (अमेरिकामें केवल *sleuth* भी) गुप्तचर, भेदिया, खुफिया, जासूस।

slew[1] स्लू' SLAY का भूतकालिक रूप।

slew[2], **slue** स्लीऊ', स्लू' १. n. घूमने या फिरनेकी गतिF, घुमाव, घूमF, मोड़; २. v.t. & i. यत्नपूर्वक या बलपूर्वक मोड़ना या मुड़ना, घुमाना या घूमना, फिराना या फिरना, झुलाना या झूलना (*~ round, to the left*, etc.)।

slewing –इंग् n. (रेल०) **हटाना।**

slice स्लाइस्' १. n. (ग० ज्या०) **छेदिका**F, शकल, छिद्य, खण्ड, टुकड़ा, कतला, फाँकF; अंश, भाग, शाखा, हिस्सा (*a ~ of territory*); (नौवि०) **कँगोरी**F, **कुरेदनी**F, पतले चौड़े फलका चपटा छुरा; २. v.t. & i. खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े करना या काटना, हवाFको काटते हुए जाना, फाँकेंF करना, फाँकेंF काटना, बरक उतारना; डाँड़ या गोल्फके डण्डेसे गलत काट करना, पानीको चप्पूसे काटना (*~ the water*)।

slicer–सॅर् n. छेदक, शकलक, खण्डक, टुकड़ा करनेवाला, फाँकF बनानेवाला।

slick स्लिक्' १. v.t. सुन्दर और भड़कीला करना, चिकना और चमकीला बनाना; २. a. पटु, दक्ष, चातुर्यपूर्ण, कौशलयुक्त, अच्छा, चतुराईका, होशियार, साफ,

सफाईसे किया हुआ, सफाईदार, हाथकी सफाई[F]का, फुर्तीला; २. adv. (बोल०) पूर्णरूपेण, पूरी तरहसे, ठीक-ठीक, सही तौरपर, सीधे-सीधे, सीधे तौरपर (*came ~ into the middle of them*)।

slicken –कॅन् v.t. चिकना करना, चमकाना, पालिश[F] करना।

slicker स्लि'कॅर् n. ⊙ मोमजामा, बरसाती[F], वाटरप्रूफ।

slid स्लिड्' SLIDE का भू० कृ०।

slidable स्लाइ'डॅबॅल् a. विसर्पणीय, फिसलने या सरकने वाला, सरकने योग्य, फिसलने लायक।

slidder[1] स्लि'डॅर् n. पहाड़ीके नीचेका ढालू मार्ग, ढलान[F]।

slidder[2] v.i. फिसलना, सरकना।

sliddery –रि a. ढलवाँ, फिसलना, फिसलाऊ, फिसलहटी।

slide[1] स्लाइड् n. ढाल[F], ढलाव या फिसलन[F]; बर्फ[F]पर लोगोंके फिसलनेका मार्ग, फिसलनेका रास्ता; सर्पण, सरकन[F], फिसलनेकी क्रिया[F]; फिसलना पाट, झुका हुआ तख्ता या पटिया[F] (जिसपरसे सामान नीचे सरकाया जाता है); (*~-way* भी) पटरी[F], ढलवाँ नाली[F] (जिसपर या जिसके बीचमें फिसलनेवाले भाग चलते हैं); फिसलनेवाला मशीन[F]का पुर्जा या औजार; (*~-valve* भी) सप कपाट, फिसलनेवाला टुकड़ा (जो इधर-उधर फिसलकर छेदको खोलता और बन्द करता है); (वन०, चि०, भौ०, जीव०) **काँचपट्टिका**[F], जादुई लालटेन[F]का सिनेमा, (वन०, चि०) **स्लाइड**; (a.) **सर्पी**;

~ bar, ~ box, ~ caliper, ~ chair, ~ error, ~ gauge, ~ guide, ~ projector, ~ ~-rest, ~ rule, ~ valve.

slide[2] v.t. & i. (p. *slid*, p.p. *slid*, *slidden*) विसर्पित होना, **सर्पण करना**, (किसी चिकनी भूमि[F]पर) ढलकना, **फिसलना**, फिसलते हुए बढ़ना, खिसकना, **सरकना**, रपटना; धिसकाना, खिसकाना, फिसलाना, सरकाना; (दौड़[F]के धक्केके साथ बिना स्केटोंके भी) बर्फ[F]पर फिसलते जाना, अपनेआप खिसकना; बिना हस्तक्षेपके जाना, निरपेक्ष रहना, उदासीन रहना, चुपचाप निकल जाना, बिना कुछ बोले गुजरना; अचेतन रूपसे या बिना किसीके देखे धीरे-धीरे बढ़ना, चुपकेसे जाना, आहिस्तेसे जाना, दे० SLIP[2], GLIDE, (*~s into sin*); बच्चे सेना ⊙; *let things* ~ उदासीन रहना, उपेक्षाशील होना, होतेको होने देना, बेपरवाह रहना।

slideable –डॅबॅल् a. = SLIDABLE.

slider –डॅर् n. (यन्त्र०) **सरक**[F]; सर्पी, विसर्पी, सरकनेवाला, फिसलनेवाला, T.

sliding –डिंग १. n. विसर्पण, अवसर्पण, खिसकन[F]; २. a. (भौ०) **विसर्पी, सर्पी**; rule, (*slide-rule* भी) सप रेखक, विसर्पी गणक, सरकनेवाला पैमाना (जिससे गणितकी कुछ प्रक्रियाएँ[F] अपने-आप हल हो जाती हैं), स्लाइड रूल; ~ scale सर्पी अनुमाप, विसृप अनुमाप, (कृषि०) **विसर्पी क्रम**, विसर्पी सारिणी (जो मूल्यादिके अनुसार अपने-आप हिसाब बता देती है); ~ seat सरकनेवाली गद्दी[F] या सीट[F];

~ bearing, ~ cursor, ~ door, ~ friction, ~ pallet, ~ plate, ~ resistance, ~ shutter, ~ valve.

slight[1] स्लाइट्' १. n. अवज्ञा[F], अवमान, अपमान, तिरस्कार, अनादर, निरादर, उपेक्षा[F]; २. v.t. (किसी व्यक्ति, अध्ययन-शाखा[F] आदिका) अवज्ञा[F] या तिरस्कार करना, अपमान करना, निरादर करना, उपेक्षा[F] करना, तुच्छ समझना, महत्त्वहीन समझना, कुछ न समझना, लापरवाही[F] करना; ~ *over* उपेक्षा[F] करना।

slight[2] a. सामान्य, साधारण, हलका, मामूली (*has a ~ cold*); कृश, क्षीण, सूक्ष्म, सुकुमार, दुर्बल, दुबला-पतला, कमजोर, नाजुक (*saw a ~ figure approaching*); अल्प (*~ movement*), स्वल्प, अधिक नहीं, अपर्याप्त; नगण्य, किंचित, क्षुद्र, थोड़ा, जरा कम, (*after ~ inquiry, ~est inconvenience*)।

slighting –टिंग् a. सावज्ञ, अनादरपूर्ण, सावमान, अपमानजनक।

slightish –टिश् a. साधारण-सा; अल्प-सा, क्षुद्र-सा, हलका-सा, कुछ कम, कुछ-कुछ; आकृश, क्षीण-सा, सुकुमार-सा, दुबला-पतला-सा या नाजुक।

slightness –ट्'निॅस् n. स्वल्पता[F], क्षुद्रता[F], नगण्यता[F], कमी[F], थोड़ापना; सामान्यता[F], साधारणता[F], मामूलीपन; क्षीणता[F], कृशता[F], दुर्बलता[F], सुकुमारता[F], कमजोरी[F], नजाकत[F]; उपेक्षा[F], तिरस्कार, अनादर।

slim स्लिम्' १ v.i. (व्यायाम और पथ्यसे) स्थूलता[F] दूर करना, मोटापा कम करना; दुबला होना, पतला होना; २. a. कृश, तनु, क्षीण, दुर्बल, कमजोर, दुबला-पतला, इकहरा, छरहरा, पतले आकारका, नाजुक; अविवेकी, वादशील, युद्धकुशल, छली, कपटी, धूर्त, आँकड़े भिड़ानेवाला, जोड़-तोड़ बैठानेवाला, मक्कार; हल्का ⊙।

slime स्लाइम्' १. n. कर्दम, (रसा०) **अवपंक, पंक**, कीच[F], **कीचड़**, दलदल, चहला, पतला कीचड़ या चिपचिपा पदार्थ, श्लेष्म, लसदार वस्तु[F]; २. v.t. & i. (अपने शिकारको निगलनेके पहले) कीचड़में लथपथ करना, लथेड़ना, कीच[F]में लपेटना; (ग्रा०) (शारीरिक या नैतिक दृष्टि[F]से) फिसलकर पार हो जाना, फिसलकर निकल जाना, साफ बच जाना;

~ cell, ~ eel, ~ fungi, ~-gland, ~ mould, ~ plug, ~ separation, ~ spore.

sliminess –मिनिॅस् n. श्लेष्मलता[F], पंकिलता[F], चिकनापन, चिकनाहट, चिपचिपाहट[F], लसलसाहट[F], लिबलिबापन; चाटुकारिता[F], चापलूसी[F], खुशामद[F]।

slimmish स्लि'मिश् a. कृश-सा, दुबला-पतला-सा, नाजुक-सा; धूर्त-सा, चालाक-सा, मक्कार-सा।

slimness –म्'निॅस् n. कृशता[F], सुकुमारता[F], दुबलापतलापन, छरहरापन, दुर्बलता[F], कमजोरी[F]; युद्धकुशलता[F], चतुरता[F], कण्टीपन, चालाकी[F], मक्कारी[F]।

slimy स्लाइ'मि a. श्लेष्मल, (वन०, प्राणि०)

श्लेष्मल, श्लैष्मिक, कीचड़का; (रसा०) **अवपंकी, अवपंक-**, पंकमय, **पंकिल,** कीचड़में लथपथ, लथड़ा हुआ; चिक्कण, चिकना, फिसलनेवाला, चिपचिपा, लिबलिबा; प्रियवादी, धूर्त, मिठबोला, मुँहमीठा पेट कसाई, चापलूस, चाटुकार, खुशामदी, दब्बू।

sling[1] स्लिन्ग् १. n. पाशी, सिक्य, दोला, गोफन, गोफना, वस्तुएँ^F लटकानेके छींके; (नौवि०) छींका, झूला, उद्बन्धन, गलपट्टी^F, (कृषि०) **स्लिंग**^F; लटकन^F, २. v.t. & i. (*slung*) गोफनेमें रखकर पत्थर फेंकना या मारना, गोफना चलाना; (क्व०) फेंककर मारना; छींकेमें लटकाना, गलेकी पट्टी^F में (हाथको) लटकाना, झुलाना, लटकाकर हिलाना-डुलाना; सामानको लटकन^F में झुलाना, किसी लटकन^F में रखकर किसी सामानको एक स्थानसे दूसरे स्थानपर पहुँचाना, झूलेपर उठाना; ~ hook (परि०) **काँटा, झूला;** ~sman = SLINGER; ~ *ink* लेखक या पत्रकार होना, लिखना, कलम-घिसाई^F करना;
~ chain, ~ plate, ~ rifle, ~ stay, ~ stone, ~ swirel, ~ thermometer.

sling[2] n. एक प्रकारकी ताड़ी^F।

slinger स्लिन्ग्'गॅर् n. गोफना चलानेवाला, गोफना मारनेवाला।

slinging –गिंग् n. (यन्त्र०) **परिबन्धन**।

slingshot ⊙ -ग्'शॉट् = CATAPULT.

slink[1] स्लिन्क् १. n. समयके पहले उत्पन्न पशु; बछड़ेका मांस; २. v.t. & i. समयके पहले ही गर्भ गिरना या पेट गिरना, वक्तके पहले ही बच्चा पैदा करना या होना, (मादा पशुका) बच्चा गिराना।

slink[2] v. i. (*slunk*) (अपराधी भावसे या लज्जा^F के कारण) छिपकर जाना, चोरकी तरह चलना, चुपकेसे निकल जाना या खिसक जाना, सरक जाना, चम्पत होना।

slinking –किंग् १. n. अपसर्पण, सरकन; २. a. अपसर्पी।

slinky –कि a. अपसर्पी, चुपकेसे सरक जानेवाला; वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा; दुबला-पतला; चुस्त (~ *garment*)।

slip[1]* स्लिप् n. (ऋतु०) **सर्पण, सरकना,** (यन्त्र०) **फिसलन**^F*, बिछलन^F, रपटन^F, (परि०) **सरक**^F, **खिसक**^F, खिसकन^F* क्रियागत अर्थोंमें (*a ~ on a piece of orangepeel may be fatal*); (कृषि०, यंत्र०) T.; त्रुटि^F, (दर्श०, भौ०) **स्खलन,** अशुद्धि^F, भ्रम, दोष, अपराध, च्युति^F, प्रमाद, अतिक्रम, आकस्मिक अभिचार, भयंकर भूल^F, भूल-चूक^F, **चूक**^F, गलती^F, ढीला ढाला वस्त्र या जामा; (नौवि०) **ऊँधा;** (कृषि०) **प्ररोह;** ढालू चौरस भूमि^F (जिसपर जहाज बनाये और मरम्मत^F किये जाते हैं); पत्थरकी बनावटी ढाल^F (जिसपर जहाज उतारे जा सकें); (पतली लकड़ी^F या कागज आदिकी लम्बी) पत्ती^F, पट्टी^F, पर्णी^F, (सांख्य०) **परची**^F*, धज्जी^F, पुर्जी^F (~ *book*); मुद्रकका फरमा (प्रूफ); कुत्तेका पट्टा या तसा; क्लिप^F या किसी चिपकी हुई चीज^F को एकाएक खोलनेका खटका; (इंजी०) **घोल;** पतली चिकनी मिट्टी^F (जो पत्थरोंपर बेल-बूटे बनाने या फेरनेके काम आती है); शाख^F, शाखा^F, काण्ड, टहनी^F, डाल^F, कलम^F; (क्रिकेटके खेलमें) बल्ले-बाजके पास विकेटके पीछे खड़ा होनेवाला कोई एक खिलाड़ी या फील्डर; इस खिलाड़ी (स्लिप^F) के खड़े होने-का स्थान (*was caught in the ~s* or *at ~*); (pl.) नहानेका जाँघिया; छोटी चपटी मछली^F; विमानको यात्रा^F में दूरी^F का लोप; (रंगमंच, pl.) नाट्कीय स्थल (जिसमेंसे दृश्य निकाल दिये गये हों) या ऐसा स्थल जहाँ-पर पात्र या अभिनेता रंगमंचपर आनेसे पूर्व खड़े होते हैं; घोल; ~-carriage कटा हुआ डिब्बा, पूरी गाड़ी^F से किसी स्टेशनपर कट जानेवाला रेलगाड़ी^F का कोई एक डिब्बा; ~ hernia सृप वर्ध्म; ~-knot सरकती गाँठ^F, फिसलनी गाँठ^F, सरक फंदा, झटकेसे या ताननेसे खुल जानेवाली गाँठ^F; ~shod चप्पल^F, चटकानेवाला, स्लीपर^F पहने हुए; असावधान, लचर, भोंड़ा, फूहड़; (ला०, भाषण, लेखन, वक्ता, लेखक, कार्यशैली^F आदिके सम्बन्धमें) अक्रम, क्रमरहित, क्रमहीन, अव्यवस्थित, अस्पष्ट, अनिश्चित, असावधान, चिन्तारहित, लापरवाह, बेपरवाह, बेतुका, ढीला, ढीला-ढाला; ~-up ⊙ n. (बोल०) त्रुटि^F, बड़ी भूल^F, गलती^F; खतरा; ~way (नौवि०) **संस-र्पिका**^F, जहाजोंके फिसलनेकी जगह^F; *give* one *the ~* बच जाना, बचकर निकल जाना, कटकर निकल जाना; *~ of the tongue, pen* जिह्वा^F या लेखनी^F की भूल^F, किसी और बात^F के लिए कुछ और बात^F कह जाना या लिख जाना;
~ bands, ~ books, ~ fibre, ~ knot, ~ ledger, ~ lines, ~ planes, ~ rack, ~ ring, ~ share, ~ siding, ~ system.

slip[2] v.t. & i. सरकते हुए या फिसलते हुए जाना, सरक जाना (*as the door closes the catch ~s into place*); स्खलित होना, हटना, थोड़ी दूर^F तक अनजान-में ही फिसलना, अनजाने ही फिसलनेके कारण सध न पाना, जगहसे हट जाना, पाँव चूक^F जाना, रपटना, **फिसलना** (*~ped in the mud*); पलायन करना, एक-दो तीन होना, नौ-दो ग्यारह होना, चुपचाप ही या बिना देखे ही जल्दी^F से चलते बनना, खिसक जाना, लम्बे होना, सरक जाना, आँख^F बचाकर चल देना, चम्पत हो जाना, रफूचक्कर होना (*~ out of the room*); फिसलकर निकल जाना, सरक जाना, फिसल जाना, निकल जाना, पकड़^F में न आना, बच जाना, छूट जाना, साफ खिसक जाना (*let reins ~ out of his hands*); त्रुटि^F या भूल^F करना, चूकना, भूलना, गलती^F कर जाना, चूक^F जाना (*~s now and then his grammar*); बचा जाना, बचाकर निकालना, खिसका देना (*dog ~s his collar*); बन्धनमुक्त करना, किसी प्रकारके बन्धनसे छोड़ देना, रिहाई^F देना, छुट्टी^F करना, खोल देना; कपड़ोंको जल्दी-जल्दी पहनना या उतारना; एकाएक ढंगसे सन्निवेश करना, गुप्त रूपसे थमाना, खिसका-कर डालना, चोरी^F से भीतर डालना, भीतर खिसका देना

(~*ped half a crown into the porter's hand*); ~ *along* तेज जाना, बहुत तेज रफ्तार^F से चलना; ~ *anchor* लंगर उठाना, जहाज हटाना; ~ *greyhounds from leash* कुत्तोंका पट्टा खोल देना; ~ *into* (ग्रा०) मुक्के मारना, मरम्मत^F करना, घूँसे जमाना, पीटना, ठोंकना; ~ *off* or *away* खिसक जाना, मौका पाकर निकल जाना, बिना आज्ञा^F लिये या सूचना^F दिये चल देना, आँख^F बचाकर चल देना; ~ *up*⊙ उल्टे ढंगसे जाना, गलत दिशा^F से चलना; भूल^F करना।

slip³ n. (बर्तनपर चित्रकारी^F करनेके लिए) लेवी^F।

slipper स्लि'पॅर् १. n. पादुका^F, चप्पल^F, चट्टी^F, स्लीपट^F, स्लीपर^F; (नौवि०) सर्पक (~ *block*); कुत्तोंकी दौड़^F दौड़नेवाला आदमी; (गाड़ी^F के पहियेमें लगी हुई एक प्रकारकी) रोक^F या ब्रेक; २. v.t. (बच्चोंको दण्ड देते हुए) चट्टी^F लगाना, स्लीपर^F चलाना; ~ **thorn** नागफण।

slippered –र्ड् n. चट्टीयुक्त, चप्पलवाला, स्लीपट^F पहने हुए, स्लीपर^F पहने हुए।

slipperiness –रिनि'स् n. चिकनापन, फिसलन^F, फिसलाहट^F, धूर्तता^F, अनैतिकता^F, चंचलता^F, बेईमानी^F, चातुर्यापेक्षा^F; कठिनाई^F।

slippery –रि a. चिक्कण, मेदुर, सर्पणशील, चिकना, पिच्छिल, फिसलाऊ, फिसलनी, रिपटनी (भूमि^F); (ला०) दुर्गम, चातुर्यापेक्षी, कष्टसाध्य, कूटबुद्धिसाध्य, चतुराई या होशियारीसे करने योग्य, सावधानीसे समझने लायक, पेचीदा (विषय, मामला); अनवस्थित, चपल, चंचल, अस्थिर, अनिश्चित, तरल, परिवर्तनशील, पकड़^F में न आनेवाला, फिसलकर निकल जानेवाला (व्यक्ति या पदार्थ); अनैतिक, अविश्वसनीय, अनुपयुक्त, अविवेकी, धूर्त, चलता हुआ, चालाक, बेठिकाने, बेईमान।

slippiness –पिनि'स् n. पिच्छिलता^F, चिक्कणता^F, चिकनापन, फिसलन^F, फिसलाहट^F।

slipping⊙ स्लिपिंग् n. बहाव (प्रायः *over* के साथ)।

slippy स्लि'पि n. (ग्रा०) पिच्छिल, चिकना, फिसलना, रिपटना; *look* or *be* ~ (ग्रा०) शीघ्रता^F करना या तेज होना, चलो जल्दी, जल्दी करो।

slipshod स्लिप्'शॉड् a. मन्द, अलस, आलसी।

slipslop¹ स्लिप्'स्लॉप् n. अवर मद्य, खराब मदिरा^F, घटिया शराब^F।

slipslop² a. निःस्व, दीन, दरिद्र; कृश, कृशकाय, क्षीण, दुर्बल।

slit स्लिट्' १. n. दीर्घ छिद्र, दरी^F, **दरार^F, झिरी^F, चीर**; बेध, चाक, शिगाफ (*a ~ is provided for the coin to drop through*); (रसा०, भौ०) **रेखाछिद्र, विदर**; दीर्घच्छेद, लम्बा चीरा; काट, कटाव या फटाव, फाँट^F; **T.**; २. v.t. & i. (*slit*) विदीर्ण करना, लम्बाई^F में काटना, लम्बाई^F में चीरना, पतले लम्बे टुकड़े काटना, चीरना, फाड़ना, लम्बा चीरा बनाना, चाक करना, (*threatened to ~ his nose*); ~ **trench** दरी^F, खात, शत्रुके लिए तंग या सँकरी खन्दक^F, **सँकरी खाई^F, दरारनुमा खाई^F**, दीर्घ खाई^F।

slither स्लि'दॅर् v. i. (बोल०) अस्थिरतापूर्वक फिसलते जाना, रुक-रुककर फिसलना, सरकते या रिपटते हुए चलना।

slithery –रि a. अविश्वस्य, अविश्वसनीय; वंचक, प्रवंचक, धूर्त, ठग, धोखेबाज; अस्थिर।

slitter स्लि'टॅर् n. विदारक व्यक्ति, लम्बाई^F में काटनेवाला औजार।

sliver स्लाइ(स्लि)'वॅर् १. n. पीवरी^F, (मछली^F मारनेमें प्रयुक्त) छोटी मछली^F का काटा हुआ एक भाग (जो काँटेमें चारेके रूपमें लगाया जाता है); लकड़ी^F का फटा हुआ टुकड़ा, फर्रा^F, छिपट^F, छिपटी^F; २. v.t. & i. टुकड़े काटना या छिपटें^F करना, विभाजित करना या होना, छिपटें^F बनाना।

sloam स्लोम्' n. (कोयलेकी परतों^F के बीच) मृदु मृत्तिका-स्तर, चिकनी मिट्टी^F की परत^F।

slob स्लॉब्' n. पिच्छिल भूमि^F, कर्दम-भूमि^F, कीचड़दार जमीन^F।

slobber स्लॉ'बॅर् १. n. अर्द्धोन्मत्त अवस्था^F की बातचीत^F, भावुकता^F या चुम्बन; राल^F, लार^F; २. v.t. & i. (बच्चे या अर्द्धोन्मत्त व्यक्तिका) मुँहसे राल^F बहाना, लुआब आना, लार^F बहाना; (किसीके कपड़ों या चूमनेमें किसी व्यक्तिको) थूकसे गीला कर देना; भद्दे ढंगसे या फूहड़पनसे काम करना, बेढंगेपनसे करना, खराब करना, बिगाड़ना।

slobberiness –रिनि'स् n. अर्द्धोन्मत्तता^F, मस्ती^F, बेसुधपन।

slobbery –रि a. अर्द्धोन्मत्त, मस्त, बेसुध; गीला, तर।

sloe स्लो' n. श्यामकण्ट^F, एक कँटीली झाड़ी^F, कँटीली जंगली झाड़ी^F का नीला काला बेर-जैसा (फल); काली कँटीली झाड़ी^F (का फल)।

slog स्लॉग्' १.n. थप्पड़, घूँसा; २. v.t. & i. घूँसेबाजी^F में (मुक्केबाजी^F और क्रिकेटमें) अन्धाधुन्ध हाथ चलाना, जोरसे और बिना देखे कसके चोट^F लगाना, बेतहाशा मारना; अविराम गति^F से चलते जाना, दृढ़तापूर्वक चलते जाना, लगातार काम किये जाना।

slogan स्लो'गॅन् n. स्कॉटलैण्डका युद्धघोष, समाघोष, सिंहनाद, जंगका नारा; सम्प्रदायों या दलोंके सूत्रशब्द, आदर्श वाक्य, सांकेतिक वाक्य या शब्द, नीतिवाक्य, घोष, दलगत घोषणा^F; पुकार^F, **नारा**; विज्ञापनबाजी^F में प्रयुक्त छोटे आकर्षक कथन या शब्द; ~ **stamp वाक्य मोहर^F**।

slogger स्लॉ'गॅर् n. अन्धाधुन्ध हाथ चलानेवाला, अटकलपच्चू हाथ मारनेवाला।

sloid, sloyd स्लाएॅड्', स्लाएॅड् n. काष्ठकला-प्रशिक्षण, कायिक श्रम, शारीरिक श्रम।

sloop स्लूप्' n. क्षुद्र पोत-विशेष, एक प्रकारका मस्तूलवाला जहाज; ~ **of war** (इति०) तोपों^F को रखे हुए छोटी नावोंवाला पोत या जहाज।

slop¹ स्लॉप' १. n. (pl.) रसोई^F का मैला पानी, गन्दा

पानी, सकरा पानी, बर्तनोंका सकरा, जूठन^F आदि; मदिरारहित पेय, रसीला खाद्य जैसे शोरबा आदि; पंक, कीचड़; २. v.t. & i. (कपड़ों या फर्शपर) गन्दा पानी डालना या उससे भिगोना, गन्दा पानी या सकरा गिराना, सकरा या जूठन^F गड्डबड्ड करना; भिगोना, तर करना, बहाना, छलकाना, बहना, छलकना; ~-basin जूठन^F या सकरेका बर्तन; ~-pail शयनागारमें सकरे या जूठन^Fकी बाल्टी^F, गन्दे पानीकी बाल्टी^F; ~ *over* (ला०) भावोच्छ्वास प्रकट होना, भावप्रवण या भावुक होना, मदोन्मत्त-सा होना, फूट पड़ना।

slop² n. (केवल pl. में) (प्रा०) चौड़ा ढीला जाँघिया या नेकर; बने-बनाये कपड़े; नौसेना^Fमें नाविकोंको दिये गये बने-बनाये कपड़े, बिछौने आदि; ~-shop तैयार किये हुए कपड़ोंकी दुकान^F।

slop³ n. (ग्रा०) सिपाही, पुलिसवाला।

slope* स्लोप्' १. n. प्रावण्य, **प्रवणता^F**, नितार, (प्रा० भू०, कृषि०) **ढाल^F**, (~ *gauge*), (प्रा० भू०) **ढलान^F***, उतार, झुकान^F (*there is always a certain ~ in a ship's deck*); प्रवण भूमि^F, अवसर्पिणी भूमि^F, ढालू भूमि^F, ऊँची-नीची भूमि^F, उतराई^F; कन्धेपर झुकी हुई बन्दूक^F रखनेवाले सिपाहीकी मुद्रा^F, बन्दूक^Fकी पोजीशन^F; २. v.t. & i. ऊपर या नीचेको ढालू होना, ढाल^F होना, तिरछा पड़ा होना, झुकना, आड़े पड़ना; ढालपर या ढालवाँ ढंगसे रखना, ढालू या ढलवाँ करना, तिरछा करना, सलामी^F करना या लगाना, ढाल^Fमें जमाना (*must ~ the sides of the pit*); (ग्रा०) इधर-उधर चक्कर काटना, चलते बनना, भाग खड़े होना, हट जाना, टहलना, लम्बे होना, मटरगश्ती^F करना; ~ *arms* कन्धेके ऊपर बन्दूक^Fको तिरछे रखना;

~ distance, ~ gauge, ~ gradient, ~ measurement, ~ wash.

slopewise –'वाइज़् adv. ढालू रूपमें, ढलवाँ, तिरछा, आड़ा।

sloping –'पिंग् १. n. प्रावण्य, ढाल^F, ढलान^F; २. a. प्रवण, ढालू, (~ *roof*), ढलवाँ, तिर्यक्, तिरछा (~ *land*); ~ character (वणि०) **वक्र रेखाएँ^F**।

sloppiness स्लॉ'पिनिस् n. पंकिलता^F, गन्दापन, भीगापन; क्रमहीनता^F, अव्यवस्था^F, बेढंगापन, बेतुकापन; उन्मत्तता^F, भावुकता^F, मस्ती^F।

sloppy –पि a. पंकिल, भीगी, कीचड़वाली, बरसाती पानी और भरे हुए गड्ढोंवाली (सड़क^F); सकरन या पानीके गिर जानेसे भीगा (फर्श, मेज^F आदि); क्रमहीन, उल्टा-सीधा, बेढंगा, बेतुका, बेकायदा (काम); मदोन्मत्ततापूर्ण, भावुकतापूर्ण, उन्मत्त (भावना^F या वार्ता^F)।

slops स्लॉप्स्' n. (pl.) सुथना, पयजामा, पायजामा, गोड़ंगा।

slopy स्लो'पि a. प्रवण, ढालू।

slosh¹ स्लॉश्' n. प्रबल आघात, प्रबल आक्रमण, भयानक प्रहार।

slosh² *v.t.* प्रबल आघात करना, प्रबल आक्रमण करना, भयानक प्रहार करना।

slot¹ स्लॉट् १. n. (नाटकके रंगमंचके) द्वारका खटका, बिल्ली^F; किसी मशीन^Fमें कटाव, छिद्र, छेद, दरार^F, बिल, सूराख, झिरी^F, शिगाफ (जिसमें कोई दूसरा पुर्जा बैठाया जा सके); खाँचा; T.; २. v.t. मशीनमें इस प्रकारके छेद या दराँचे रखना; ~-machine स्वयंचालित छेदवाली मशीन^F (जिसमें सिक्का डालनेपर छोटी चीजें^F अपने-आप बाहर निकल जाती हैं) **स्लाट मशीन^F**; ~ mortise **सिरा साल**।

slot² स्लॉट्' n. मृगपथ, हिरन आदिका पदचिह्नित मार्ग, हिरनका शिकारी रास्ता।

sloth स्लोथ्' n. शाखालम्बी, (दक्षिणी अमेरिकाका) स्तनपायी पशु; निष्क्रियता^F, कार्यविमुखता^F, तंन्द्रा^F, शिथिलता^F, आलस्य, अलसता^F, मन्दता^F, आलस, सुस्ती^F, ढील^F, ढीलापन, काहिली^F; ~-bear मन्द रीछ, मधु-रीछ।

slothful –फ़ुल् a. तद्रालु, तन्द्रिल, आलस्यपूर्ण, अलस, आलसी, सुस्त, काहिल।

slothfulness –निस् n. तन्द्रिलता^F, शिथिलता^F, आलस्य, आलसीपन, सुस्ती^F, काहिली^F।

slotted स्लॉ'टिड् a. छिद्रिल, छिद्रमय, छिद्रयुक्त, छेददार, कटावदार, दरारदार, बिलदार, सूराखदार;

~ batten, ~ disc, ~ link, ~ pipe, ~ weights.

slotter –टर् n (रेल०) **स्लाट काटनेवाला**।

slouch स्लॉउच्' १. n. भद्दा कारीगर, अनाड़ी आदमी, फूहड़ आदमी, ढीलाढाला आदमी; अलस वृत्ति^F, शिथिल भाव, फूहड़पन, ढीली-ढाली चाल^F, भद्दी चाल^F; (टोपके एक किनारेका नीचेको) झुकाव; सिरका झुकाव; २. v.t. & i. शिथिल गति^Fसे चलना, ढीले-ढाले होकर चलना, खड़े होना या बैठना; लटकना, लापरवाही^Fसे लटकाना, झुकना, झुकाना, झुका लेना; टोपका किनारा एक ओर नीचेको झुकाना, मोड़ लेना।

slouching –'चिंग् a. प्रलम्ब, आनत, झुकनेवाला।

slough¹ स्लॉउ' n. महापंक, पंकिल स्थान, दलदल, कीचड़की जगह^F; *the S~ of Despond* अपराध या पापोंमें निराशापूर्ण छटपटाहटकी अवस्था^F।

slough² स्लफ़् १. n. निर्मोक, निर्मोचन, अहित्वचा^F, केंचुल, केंचुली^F या किसी जन्तुके शरीरसे अलग होनेवाला कोई भाग; (विकृति०) मृत त्वचा^F, मृत चर्म, मरी हुई खाल^F, खुरण्ड, घाव आदिका मुरदार मांस; (ला०) परित्यक्त वृत्ति^F, छोड़ी हुई आदत^F, भुलाई हुई टेव^F; v.t. & i. केंचुली^F छोड़ना या उतारना; केंचुली^Fकी भाँति उतार फेंकना।

sloughy¹ स्ल'फ़ि a. पंकिल, दलदली, कीचड़से भरा।

sloughy² स्लॉउ'इ a. केंचुली^Fका; मृत त्वचा-सम्बन्धी, खुरण्डदार, खुरण्डका; (ला०) त्यक्त वृत्ति-सम्बन्धी।

sloven स्ल'वन् n. असावधान, व्यक्तिगत रूपसे अव्यवस्थित, मलिनवेषधारी व्यक्ति, अस्वच्छ, गन्दा, मैला-कुचैला, आलसी, लापरवाह, बेढंगा, बेतुका, सुस्त, फूहड़

या काहिल, नासमझ, बेतमीज, बेशऊर आदमी।

slovenliness –लिनिस् n. अपरिष्कार, मलिनता^F, अस्वच्छता^F, अव्यवस्था^F, बेढंगापन, फूहड़पन, बेशऊरी^F, गन्दगी^F;

slovenly –लि a. मलिन, अव्यवस्थित, अपरिष्कृत, अस्वच्छवेश, गन्दा, मैला, बेढंगा, फूहड़, बेतमीज, बेशऊर।

slow* स्लो' १. v.t. & i. (रेलगाड़ी^F, जहाज आदिकी) गति^F धीमी करना, चाल^F कम करना, सुस्त होना; २. a. मन्थर, मन्दचारी, मन्दगामी, मन्दगति, मन्द*, दीर्घसूत्री, धीरे-धीरे चलनेवाला या काम करनेवाला, सुस्त, मद्धिम, धीमा* (~ *bend*) ढीला (~ *and steady wins the race*); पराङ्मुख, विमुख, अनिच्छुक, विलम्बकारी, घृणालु, टालनेवाला, टालमटोल करनेवाला, टरकानेवाला (*was not ~ to defend himself*); असंवेदनशील, अभावुक, अक्षिप्र, निश्चेष्ट, स्तिमित, स्थिरचित्त; शान्त, ठण्डा (*is ~ to anger*); ठीक समयसे पीछे, सुस्त (घड़ी^F) (*is 20' ~*); मन्दमति, मन्दबुद्धि, निर्बोध, स्थूलबुद्धि, अल्पबुद्धि या जड़, मूर्ख, मोटी समझका, कुन्द, बुद्धू, मट्ठर (*is ~ of speech, of wit*); धीमापन लानेवाले,धीमा करनेवाले (धरातल, फर्श) (*a ~ pitch*); निर्जीव, आनन्दहीन, अरसिक, नीरस, रसहीन, रूखा-सूखा, बेमजा, फीका (*entertainment was voted ~*); (फोटोग्राफीके लैन्स या वीक्षके सम्बन्धमें) छोटे छेदका (जिसमें लम्बे प्रकाशदर्शनकी आवश्यकता^F हो); ३. adv. शनैः-शनैः, मन्थर गतिसे, धीरे-धीरे, धीमे-धीमे, बड़े मजेसे (*how ~ he climbs!*); ~ coach मन्दबुद्धि, मन्थरमति, मन्दगति, आलसी, बुद्धू, मट्ठर; ~ march (सेना०) वन्द मार्च; ~ match धीमी दियासलाई^F (जिससे विस्फोटक पदार्थोंमें धीरे-धीरे आग^F लग जाती है); ~-motion विलंबित गति^F, मन्द गति^F; *go ~* ⊙ समय लेना, अधिक समय लगाना; *run ~* ⊙ मन्द करना, धीमा करना;

~ bend, ~ cutting, ~ evaporation, ~ flowage, ~ neutron, ~ roll, ~ running, ~ shooting.

slowing –'इंग् n. गतिमन्थरण, मन्दीकरण, चाल^F धीमी करना।

slowness –'निस् n. मन्थरता^F, मन्दरता^F, मान्द्य, दीर्घसूत्रता^F, मन्द गति^F, विलम्ब, मन्दी^F, मन्द बुद्धि^F, धीमापन, सुस्ती^F।

slows स्लोज़ n. (चि०) कम्परोग (पशुओंका)।

slow-worm स्लो'वर्म् n. मन्दसर्प, साँप और छिपकली^F के बीचका छोटा अहिंसक जन्तु।

sloyd स्लाएँड' n. =SLOID.

s.l.p. *sine legitima prole*, without lawful issue.

S.L.R. Superintendent of Land Records.

slub[1] स्लब् n. वक्रीयित सूत्र, बटे हुए धागे।

slub[2] v.t. सूत्र बटना, धागे बटना, ऊन माँजना।

slubber[1] स्ल'बर n. वक्रण-यन्त्र, बटनेकी मशीन^F।

slubber[2] v.t. & i. मन्दतया करना, आलस्य या फूहड़पनसे करना; धब्बा डालना, मैला करना।

slubberdegullion स्लॅबर्ड'गॅल्यॅन् n. क्षुद्र व्यक्ति, नीच व्यक्ति, अवर व्यक्ति, शठ व्यक्ति, गँवार आदमी।

sludge स्लज् n. कर्दम, अवपंक, पंक, कीच, गाढ़ा चिकना कीचड़; मोरी^F या नरदवा (नाबदान)का कीच, गाद, गिलाव; (चि०, कृषि०) अवमल, मैल, T.;

~ cock, ~ gas, ~ index.

sludgy –जि a. कीचड़भरा, गिलावभरा, गन्दला, मैला।

slue स्लू' v.t. n. घुमाना, फेरना।

slug[1] स्लग् १. n. (जीव०) (पौधोंको नष्ट करनेवाले आवरणहीन) शम्बुक, कीड़े आदि; (रसा०) धातु-खण्ड, अतन्तु-काँच; संयुक्त मुद्र, लीनोटाइप मुद्रणमें टाइपकी पंक्ति^F, लोष्टक, धात^F का गोल पिण्ड; बन्दूक^F की बेडौल-सी गोली^F; (यन्त्र०, भौ०) T.; २. v.i. उद्यान इत्यादिमें शम्बुक कीड़ोंको एकत्र करके नष्ट कर डालना।

slug[2] ⊙ =SLOG.

sluggard स्ल'गॅर्ड् n. जड़, मन्द आलसी पुरुष, सुस्त आलसी व्यक्ति, आरामतलब आदमी।

sluggardize –डाइज् v.t. मन्द बनाना, आलसी बनाना।

slugged ⊙ स्लग्ड्' a. धक्का देकर गिराया हुआ; ~ bottom (रसा०) विषम पेंदा।

sluggish स्ल'गिश् a. मन्थर, मन्दगति, मन्दगामी, धीमा, धीमे चलनेवाला; निश्चेष्ट, स्तिमित, अनुद्योगी, आलसी, तन्द्रालु, निष्क्रिय, मन्द, आलस्यशील, जड़, मट्ठर, आरामतलब, काहिल, सुस्त;

~ liver, ~ machine, ~ person, ~ stream.

sluggishness –निस् n. मन्दता^F, मान्द्य, अनुद्योगिता^F, निष्क्रियता^F, तन्द्रा^F, आलस्य, आलसीपन, जड़ता^F, धीमापन, मट्ठरपन, सुस्ती^F, काहिली^F, मन्दगतिता^F।

sluice स्लूस्'. १. n. जलद्वार, जलमार्ग, (यन्त्र०) जलकपाट, कपाट (~ *valve*); नहप, बाँधका दरवाजा, जलको रोकने या निकालनेका फाटक; (परि०) तूम (~ *gate*); बाँधका पानी, बाँधके द्वारपर या नीचे या उसमेंसे निकलनेवाला पानी; जलप्रवाह, परिवाह; (~ *way* भी) जलमार्ग, कृत्रिम जलप्रणाली^F, बनावटी नहर^F, (कृषि०) मोरी^F; सफाई^F, धुलाई^F; २. v.t. & i. (पानीका) बाँधके द्वारोंसे वेगपूर्वक बाहर आना, जोरसे बाहर निकलना; बाँध खोलकर पानी भरना; बाँधमें दरवाजा लगाना; पानीसे खँगारना; (किसी वस्तु^F पर) खुले ढंगसे पानी ढालना या फेंकना, खूब पानी डालकर धोना।

sluicy –सि a. धाराद्वारके सदृश, बाँधके दरवाजेकी तरह धाराद्वारसे निकल बहनेवाला; शोषक, सोख लेनेवाला।

sluit स्लूट्' n. (दक्षिणी अफ्रीका) तंग नहर^F।

slum[1] स्लम्' १. n. मलिन वसति, कलंक वसति, दरिद्र मुहल्ला, नगरकी गली^F, मैला-कुचैला स्थान, गन्दा

मुहल्ला, (स्था०, अर्थ०) **गन्दी बस्ती**^F (~ *clearance*), गन्दा कूचा; २. v. i. गन्दी गलियों^F में जाकर वहाँके निवासियोंकी अवस्था^F जाँचना या पड़ताल^F करना।

slum² n. तैल-पंक, घटिया रद्दी तेलका अचिक्कण अंश, चिकनाई^F से खाली तेल; चिकने तेलका बचा-खुचा गोंद जैसा भाग।

slumber स्लम्'बॅर् १. n. शयनावस्था^F, निद्रा^F, तन्द्रा^F, नींद^F, ऊँघ^F, झपकी^F (*fell into a troubled* ~); २. v.t. & i. सोना, ऊँघना, झपकी^F लेना।

slumberer –रॅर् n. सोनेवाला, नींद^F लेनेवाला; निद्रालु व्यक्ति; आलसी आदमी।

slumberous –रॅस् a. निद्रालु, निद्राजनक, तन्द्रापूर्ण, उनींदा, निन्दासा।

slumbersome –र-सॅम् a. = SLUMBEROUS.

slumbery –रि a. = SLUMBEROUS.

slumbrous a. दे० = SLUMBEROUS.

slummer –स्ल'मॅर n. गरीबोंकी गन्दी बस्ती^F का अधीक्षक, गरीब गलियों^F में जाकर सेवा^F करनेवाला।

slummock स्ल'मॅक् v.i. (बोल०) भकोसना, भुक्खड़की तरह निगलना; अशिष्टतया बोलना, असभ्यता^F से बोलना, गँवारपनसे बोलना, उजड्डुपनसे चलना या बात^F करना।

slummocky –कि a. उपेक्षी, अनवहित, लापरवाह; मन्द, अलस, आलस्ययुक्त; फूहड़।

slummy स्ल'मि a. मलिनवसतिमय, कलंकवसतियुक्त, दरिद्र मुहल्लोंवाला; मलिन झोपड़ियों^F से भरा हुआ, गन्दी झोपड़ियोंवाला।

slump स्लम्प् १. n. **अवपात, अवपातन** (~ *test*, ~ *value*), मन्दता^F, मूल्यह्रास, आकस्मिक ह्रास, मन्दी^F, **गिरावट**^F, घटती^F, उतार; अवसाद; २. v.i. भाव उतरना, एकाएक भाव गिर जाना, दाम घटना; पूर्णतः असफल होना, बिल्कुल न चलना; (ऋतु०) **धँसना**; ~ remission मन्दी^F की छूट^F।

slumping –'पिंग् n. (प्रा० भू०) **अवपात**।

slung स्लॅन्ग्' SLING का० भू० कृ०।

slunk स्लॅन्क्' SLINK का० भू० कृ०।

slur स्लर्' १.n. अपकीर्ति^F, दूषण, दोष, दोषारोषण, निन्दा^F, कलंक, लांछन, कालिमा^F, धब्बा, खोट, दाग, बदनामी^F, ऐब, इल्जाम (*he put a* ~ *upon me*); छल, कापट्य, दगाबाजी^F; (हस्तलेखन, उच्चारण या गायनमें अक्षरों, ध्वनियों^F या स्वरोंका), अस्पष्ट मिश्रणका विकार; (संगीत) एक साथ गीत स्वरोंके ऊपर लगाया हुआ वक्रचिह्न (⌒); मीड़चिह्न, गिटकरी^F का निशान; २. v.t. & i. (प्रा०) दूषित करना, दोषारोपण करना, कलंकित करना, अपराध लगाना, लांछन लगाना, मलिन या मैला करना, पाप लगाना, दागदार करना, इलजाम लगाना; बिगाड़ना, किसीके विरुद्ध फुसलाना, बहकाना; (अपराध, तथ्य आदिको) दृष्टि^F से निकल जाने देना, यों ही चले जाने देना, कम करना, घटाना, जाने देना; टाल जाना, छिपाना, टालना; मिले-जुले अस्पष्ट अक्षर लिखना या मिश्रित ध्वनियाँ^F बोलना; अक्षरों या ध्वनियों^F को अस्पष्ट रूपसे मिलाकर उच्चारण करना या लिखना; (संगीत) अबाध रूपसे एक लय^F में गाना, मीड़^F या मूर्छना^F में गाना, एक बोलसे गाना; संगीत स्वरोंपर वक्रचिह्न लगाना, गटकरी^F या मरगोल करना; ~ (*at*) ⊙, ~ *on* लांछित करना।

slurred ⊙ –र्ड्' a. कलंकित, चिह्नांकित, लांछित।

slurry¹ स्ल'रि n. (रसा०, यंत्र०) **अवपंक, पतला गारा, घोल**।

slurry² v.t. आलिप्त करना, लिप्त करना, लपेटना, लिपटाना, सानना; मलिन करना, गन्दा करना।

slush स्लश् n. पंक, तरल कर्दम, पतला कीचड़, दलदल, गलित बरफ^F, गलता हुआ हिम; (ला०) मूर्खतापूर्ण भावुकता^F, उल्टी सीधी लिखाई^F, व्यर्थकी बातें^F।

slushy –'शि a. पंकिल, कीचड़दार, दलदली; भावुकतापूर्ण, उलटा-सीधा।

slut स्लट्' n. पुंश्चली^F, अस्वच्छ या मैली-कुचैली स्त्री^F, गन्दी औरत^F, फूहड़ स्त्री^F, बदतमीज औरत^F, (हास्य०) लड़की^F।

slutch स्लच्' n. कर्दम, कीचड़, दलदल।

sluttery स्ड'टॅरि n. असभ्यता^F, गन्दापन, फूहड़पन, बेसलीकापन।

sluttish –टिश् a. मलिन, भ्रष्ट, गन्दी या मैली-कुचैली-सी, फूहड़-सी (~ *woman*)।

sluttishness –नि'स् n. अव्यवस्था^F, गन्दापन, फूहड़पन, गन्दगी^F।

sly स्लाइ' a. (*-er, -est*) अप्रकट, गुप्त, गूढ़, दृष्टिचोर, छिपाकर काम करनेवाला, छिपे-छिपे, नजरचोर; छद्मी, छाद्मिक, शठ, धूर्त, कपटी, चतुर, चालाक, सयाना, मक्कार, चलता हुआ, काइयाँ, धूर्तता^F का, मक्कारीका, फरेबी, अय्यार; व्यंग्यपूर्ण, उपालम्भपूर्ण, ठट्ठा करनेवाला, दिल्लगी करनेवाला, फुसलानेवाला, उकसानेवाला, मसखरेपनका, शरारतका; ~ boots (खेलमें) मक्कार आदमी; ~ dog चुपचाप आनन्द लूटनेवाला, छिपा रुस्तम; *on the* ~ बिना प्रचार या विज्ञापनके, गुप्त रूपसे, चुपचाप, छुपकर।

slyness –'नि'स् n. धूर्तता^F, छद्म, छल, कपटता^F, चालाकी^F, मक्कारी^F, ऐयारी^F, शरारत^F।

slype स्लाइप्' n. वह मार्ग जो बड़े गिरजेके भीतरसे सभागृह या पादरीके घरतक जाता है।

S.M. Station Master; Short Metre; Sergeant-Major; *Sa Majeste*, His (*or* Her) Majesty.

smack¹ स्मैक्' n. स्वाद, आस्वादन, रस, वास^F, गन्ध^F, स्वादमिश्रित गन्ध^F, लज्जत^F; किसी खाद्य पदार्थकी अल्प मात्रा^F, गुणका आभास, चरित्रकी झलक^F, किसी विशेषता^F की हल्की-सी झलक^F, सार, पुट, हलका-सा रंग, चटाका, गरम मसाला, बघार, छौंक^F, हल्की-सी मिलावट^F (*has a* ~ *of ginger in it*); २. v. i. (स्व०) अप्रत्याशित या गौण या हल्की-सी विचित्र रुचि^F रखना; स्वाद, गन्ध का आभास देना, हलका-सा स्वाद लेना, पुट

रहना, प्रभाव रहना, हल्का-सा रंग होना (*his manner ~ed of superciliousness*); चटकारना, थपथप करना; *hove a ~ at* यत्न करना, चेष्टा^F करना, समारम्भ करना।

smack² १. n. सशब्द चुम्बन, चटखारेके साथ चूमा (*gave her a hearty ~*); होठोंको एकाएक खोलनेकी ध्वनि^F; धरातलपर हथेली पटकनेकी आवाज^F, चटखारा, चटाक; थपक^F, घोड़ेकी तड़ाक-सड़ाक^F; चाँटा, चपत^F, थप्पड़, तमाचा; क्रिकेटमें जोरका हाथ, जोरकी हिट^F; २. v.t. & i. शब्द करते हुए उत्सुकता^Fमें होंठ खोलना, भोजनकी खुशी^F या किसी दूसरे आनन्दमें जोरसे होंठ चटखारना; कोड़ा या चाबुक फटकारना; गालपर चपत^F जमाना, मुँहपर थप्पड़ मारना; ३. adv. उग्रता^Fसे, सीधे-सीधे, ठीक-ठाक, ठीक तौरपर, चटसे, धड़से, पटसे, चटाखसे (*went ~ through windows, into ditch*)।

smack³ n. मत्स्य नौका^F, मछली^F मारनेकी एक मस्तूली नौका^F; ~sman मस्तूली नौका^F चलानेवाला मल्लाह।

smacker स्मै'कॅर् n. (ग्रा०) सशब्द चुम्बन, चटाकसे चूमा; सशब्द आघात, आवाज करती हुई चोट^F; किसी वस्तु^Fका विशिष्ट या बड़ा नमूना, बड़ी बानगी^F; डॉलर ⊙।

small* स्मॉल्' १. n. (pl. बोल०) धोबी-घरके छोटे कपड़े; (pl. ऑक्सफोर्डमें) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयकी स्नातक परीक्षाका प्रथम खण्ड; किसी वस्तु^Fका सबसे पतला भाग; लघ्वक्षर, छोटे वर्ण; अल्पभार; २. a. किंचित्, अल्प, रंचमात्र, थोड़ा, बहुत नहीं (*there was no ~ excitement about it*); सामान्य, ह्रस्व, तुच्छ, शक्ति^F या सत्ता^F या संख्या^Fमें क्षुद्र, (ग० ज्या०) **लघु***, लघुरूप, नन्हा, **छोटा***, हलका, कम, थोड़ा, दुर्बल, निर्बल, कमजोर, हीन इकाइयोंवाला, कम हैसियत^Fका (*~ scale, voice*); नैतिक रूपसे हीन, नीच, (चि०) **क्षुद्र**, अनुदार, कुत्सित, तुच्छ, बुरा, कमीना, घटिया (*his ~ spiteful nature*); अमहत्त्वपूर्ण, अनावश्यक, मामूली (*is great in ~ matters*); सामाजिक रूपसे अविख्यात, विनम्र, विनीत, विनयी, छोटा, अस्पष्ट, धुँधला, निर्धन, गरीब, बेनाम (*have experimented with radium in a ~ way*); ~ beer मन्द यविरा^F, हलकी यविरा^F, हलकी बियर^F; ~ capitals लघु दीर्घाक्षर (जो कि सामान्य दीर्घाक्षरोंसे कम ऊँचाई^Fका होता है); ~ cause (का०) **लघुवाद**; ~ cause court (का०) **लघुवाद-न्यायालय**; ~ charge हलके आक्षेप, टिप्पणियाँ^F; ताँबे और चाँदी^Fके सिक्के; ~-clothes (प्रा०) जाँघिया, घुटन्ना, नेकर; ~ craft नौकाएँ^F, नावें^F; ~ gross = १० दर्जन; ~ hand साधारण लिखावट^F; ~ hours आधी रात^Fके बादका समय; ~ intestine (चि०, जीव०, कृषि०) **लघ्वन्त्र**^F, क्षुद्रान्त्र^F, छोटी आँत^F; ~ letters लघु अक्षर, छोटे वर्ण; ~ pica टाइपका छोटा अक्षर, छोटा पाइका; ~pox (चि०) **मसूरी**, **चेचक**^F, **माता**^F, शीतला^F, वसन्तरोग; ~ sword करौली^F; खंजर, छुरा; ~ talk थोथी वार्ता^F, बकवास^F, साधारण बातचीत^F; *& ~ blame to him, & ~ wonder* हालमें ही वर्णित आचरणपर टीका-टिप्पणी^F; *has ~ Latin* लैटिन^F कुछ नहीं समझता; *lives in a ~ way* अकृत्रिम रूपसे, मामूली ढंगसे रहता है; *look, feel, ~* हीन होना, लज्जित होना; *~ of the back* कमरका पिछला भाग; *think no ~ beer of oneself* (प्रा०) आत्मश्लाघी होना, आत्माभिमानी होना, आत्मप्रशंसा^F करना;

~-ankled, ~ aperture, ~-arched, ~ arm, ~ armed, ~ arms, ~ arm sling, ~-billed, ~ bindweed, ~ brackets, ~ calorie, ~-celled, ~ circle, ~ cog wheels, ~ coins, ~ consignment, ~ crane's-bill, ~-crowned, ~ cuckoo, ~ damages, ~ debt, ~ end, ~ end bearing, ~ factory, ~-flowered, ~ game, ~ hail, ~ hawk-cuckoo, ~-hearted; ~ holdings, ~ ivy, ~-leaved lime tree, ~ line, ~ longtongued fruit-bat; ~ mastaba, ~-minded, ~-mouthed, ~ multangular bone, ~ number, ~ olive bulbul, ~ oscillation, ~ physic nut, ~ pole, ~ post octavo, ~ sample, ~ sand-martin, ~ savers, ~ savings scheme, ~ scale, ~ shop keeper, ~size, ~ sperm-whale, ~ sunbird, ~ traffic, ~ wares, ~ waterdock, ~ whitethroat, ~ wood.

smallage स्मॉ'लिज् n. अजमोदा, जंगली चौराई^F।

smallish स्मॉ'लिश् a. लघु-सा, छोटा-सा, हलका सा।

small-minded –ल्'-माइन्'डिड् a. संकीर्ण हृदयका, क्षुद्रबुद्धि, ओछा, छोटे दिलका।

smallness –'निस् n. अल्पता^F, लघुता^F, छोटापन, हलकापन, क्षुद्रता^F, ओछापन, तंगी^F; कमी^F, छोटाई^F।

smalm स्मॉम् v.t. आलिप्त करना, लिप्त करना, लपेटना, लिपटाना, सानना; चाटूक्ति^F करना, चाटुकारी^F करना, चापलूसी^F करना।

smalmy –'मि a. लागी, संलागी, लसदार, चिपचिपा; चाटूक्तिपर, चाटुकार, चापलूस, खुशामदी।

smalt स्मॉल्ट्' n. सैसकेजा, कोबाल्ट धातु^Fका नीला शीशा; उन्नीलारक्त, कोबाल्टको बारीक पीसकर बनाया हुआ नीला रंग, (रसा०) T. (*~ blue*)।

smaragd स्मै'रॅग्ड n. = EMERALD.

smarm स्मार्म' v.t. & i. मलना, पोतना, लेपना, पलस्तर करना, लथेड़ना, भद्दी तरहसे चित्रित करना; चिकना बनाना, चमकीला बनाना; प्यारसे लुरियाना; चिकना होना, चिकना-चुपड़ा होना; SMALM.

smarmy –'मि a. (बोल०) चाटुकार कृपापात्र, चिकने-चुपड़े ढंगसे कृपा^F पानेवाले; घृणार्ह, घृणित, हेय।

smart¹ स्मार्ट्' n. यन्त्रणा^F, ज्वाला^F, मर्मवेदना^F, शारीरिक या मानसिक तीव्र वेदना^F, कष्ट, पीड़ा^F, व्यथा^F,

दुःख, शूल, चुनचुनाहट^F, कसक^F, चुनन^F, टीस^F, दर्द, तकलीफ^F; २. v. i. (किसी व्यक्तिका उसके अंग या घाव-का, या ला० फेंके हुए अस्त्र या अपमानसे) तीव्र वेदना^{F}का अनुभव करना, कष्ट पाना, पीड़ा^{F} पहुँचना, हृदयमें चुभना, कसकना, जलन होना, टीस^F उठना, दुखना, दर्द करना, बुरा लगना (*my finger ~s*); ~-money क्षतिपूर्ति^{F} या दण्डस्वरूप दिया हुआ धन, हरजाना, मुआवजा; ~ *for* दण्ड पाना, भुगतना, मजा चखना, सजा^{F} पाना ।

smart² a. तीक्ष्ण, तीव्र, उग्र, बलपूर्ण, सप्राण, सजीव, स्फूर्त, मार्मिक, तीखा, तेज, जोरदार, चुभनेवाला, नुकीला (*gave him a ~ rap over the knuckles*); व्यापारकुशल, व्यवसायपटु, चुस्त, लाभ उठानेमें होशियार, कुशाग्रबुद्धि, तीक्ष्णमति, विदग्ध, चतुर, चालाक, व्युत्पन्नमति, तत्पर, तैयार, होशियार, सौदा करनेमें चण्ट, चलता हुआ, काइयाँ; अनैतिक रूपसे चतुर, धूर्त, स्वार्थी, चालाक (*a ~ talker*); प्रसन्नचित्त, बाह्यतः उज्ज्वल, उजला-उजला, चमकीला, सुवेश, बढ़िया वस्त्रोंमें, अच्छे कपड़ोंमें, सजा हुआ, ठाटबाटवाला, पूर्ण अवस्थामें या मरम्मत^F किया हुआ, भड़कीला, बना-ठना, बाँका, छैला, चुस्त, फुर्तीला (घोड़ा); रंगीन, रंगदार, रंगीला, चमकीले रंग या नये रंगवाला (*~ clothes*); समाजमें प्रमुख, विख्यात, सुप्रतिष्ठित, ऊँचे दर्जेका, दिखावटी फैशन^{F}में अगुआ, रईसाना, शौकीन (*the ~ set*); ~ (aleck⊙) घमण्डी पुरुष; ~alec(k)⊙ होनहार चतुर व्यक्ति ।

smarten –'टॅन् v.t. तीक्ष्ण या तेज बनाना; होशियार करना, चण्ट बनाना, फुर्तीला बनाना ।

smartish –टिश् a. ईषत्तीक्ष्ण, ईषत्तीव्र, ईषदुग्र, सप्राण-सा, सजीव-सा, स्फूर्त-सा, जीवटवाला, तीखा-सा, तेज-सा, फुर्तीला-सा; ईषद्विदग्ध, कुछ चण्ट, होशियार-सा ।

smartness –ट्'निॅस् n. व्यवसायपटुता^{F}, तीव्रबुद्धिमत्ता^{F}, धूर्तता^{F}, चतुरता^{F}, चालाकी^{F}, होशियारी^{F}, चलतापन, बाँकपन, चण्टई^F, सप्राणता^{F}, सजीवता^{F}, तीक्ष्णता^{F}, मार्मिकता^{F}, तीव्रता^{F}, स्फूर्ति^{F}, फुर्ती^{F}, तेजी^{F}, चुस्ती^{F}, शोभा^{F}, सुथरापन, साजसज्जा^{F}, ठाट-बाट, भड़कीलापन ।

smarty –'टि n. भावी फुर्तीला व्यक्ति, होनहार आदमी ।

smash* स्मैश्' १. n. विनाश, ध्वंस, प्रमाथ, घोर पतन, आपदा^{F}, संकट, दुर्घटना^{F}, टक्कर^F, भिड़न्त^F, बर्बादी^{F}, तबाही^{F}; टेनिसमें जोरका हाथ; घूँसे आदिका जोरका प्रहार; धक्का, मुक्केकी मार^F; निर्दलन, चूर्णन, भंजन, खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े-टुकड़े होना, तोड़ फोड़^{F}*; वाणिज्य व्यवसाय-सम्बन्धी असफलता^{F}, दिवालियापन, चौपट, तबाही^{F}; शराब^F और सुगन्धित जलमिश्रित पेय, शर्बत; २. v.t. & i. (सवारी^{F} आदिका) भिड़न्त^F होना, टक्कर^F मारना, टक्कर^F खाना, टकराना, लड़ जाना, भिड़ जाना; शत्रुको पूरी तरह हरा देना, तितर-बितर करना और उखाड़ देना; भयंकर आघात पहुँचाना, प्रहार करना, जोरकी चोट^F लगाना; बलपूर्वक चूर्ण करना, भंजन करना, अकस्मात् टुकड़े कर डालना, चूर-चूर या टुकड़े-टुकड़े करना, तोड़-फोड़ डालना, नष्ट करना; बड़े जोरसे (टेनिसकी गेंद^{F}को) नीचे करके जालके ऊपर मारना; (व्यापारिक फर्म या कोठी^{F}की) अवस्था गिर जाना, बिगड़ जाना, बैठ जाना, दिवाला निकल जाना, बर्बाद होना; (ग्रा०) खोटा या जाली सिक्का चलाना; ~-up पूर्ण ध्वंस, पूर्ण खण्डन, पूरी तबाही^{F}; *go to ~* नष्ट होना, ध्वस्त होना, असंगठित होना, नष्टभ्रष्ट हो जाना, बिगड़ जाना, बर्बाद हो जाना, मिट जाना, चौपट हो जाना ।

smasher –'शॅर् n. नाशक, ध्वंसकर्त्ता, खण्डखण्डकारी, तहस-नहस करनेवाला, मिटानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें ।

smatter स्मै'टॅर् v. i. साधारण जानकारी^{F}की बातें^{F} करना ।

smatterer –रॅर् n. अल्पज्ञानी, कठज्ञानी, पल्लवग्राही, साधारण जानकार, नीमहकीम ।

smattering –रिंग् n. पल्लवग्राहिता^{F}, किसी भाषा-विषयका अल्पज्ञान, ऊपरी जानकारी^{F}, छिछली जानकारी^{F}, कठज्ञान ।

S.M.C.H.A. Stockman-cum-Health Assistant.

smear स्मीॲ'र् १. n. (वि०) आलेप, लेपन, लेप, (किसी चिकने पदार्थके लेपनके द्वारा बना) धब्बा, कलंक, दाग; २. v.t. लेप करना, लेपन करना, चिह्न बनाना, मलिन करना, धब्बा लगाना, लेपना, मलना, लगाना, पोतना, चुपड़ना, दाग लगाना (किसी चिकने पदार्थका); (लेखन, ड्राइंग^{F}की) धुँधली रूपरेखा^{F} बनाना, अस्पष्ट बनाना, कलंकित करना, धुँधला करना, धब्बे लगाना; कुख्याति^{F} करना, बिगाड़ना, गन्दा करना, मैला करना, बदनाम करना, दाग लगाना ।

smeariness –रिनिॅस् n. कलंकपूर्णता^{F}, कलंकमयता^{F}, धबीलापन, धब्बेदार होना, गन्दलापन ।

smearing –रिंग् n. लेप, लेपन, अंजन आदि मलना या पोतना ।

smeary –रि a. कलंकी, धब्बीला, धब्बेदार, चिपकनेवाला, लसलसा, दगीला, गन्दला ।

smectite स्मे'क्टाइट् n. चिकनाहट^{F}को खा जानेवाली मिट्टी^{F} ।

smeech, smitch स्मीच्', स्मिच्' nn. (बोल०) जलाँध^F, सुलगाँध^F, जलनेकी गन्ध^F ।

smegma स्मे'ग्मॅ n. (चि०) भगौष्ठ, शिश्नमल, भगोष्ठमल ।

smell* स्मे'ल्' १. n. (चि०, जीव०) गन्ध^F, (*~ compensation*), वास^F, महक^F, बू^{F} (*has no ~*); घ्राणक्रिया^{F}, गन्ध-ग्रहण, सूँघना*, सूँघनेकी क्रिया (*take a ~ at it*); घ्राणेन्द्रिय^F, घ्राणशक्ति^{F}, गन्धग्रहणशक्ति^{F}, सूँघनेकी शक्ति^{F} (*~ is less acute in man than in most animals*); २. v.t. & i. (*~ ed* or *smelt*) गन्ध^{F}का अनुभव करना, नासिका^{F} द्वारा अनुभव करना, गन्ध^F लेना, सूँघकर टोह^F लेना, खोज^F करना (*~t it* or *at it to see if it was high*); आघ्राण लेना, गन्ध^F लेना, बास लेना, सूँघना (*am*

sure I ~ gas); विशिष्ट प्रकारकी सुगन्ध^F निकलना, सुगन्ध^F देना, गन्ध^F निकलना, बास^F छूटना, बू^F देना (*flowers that do not ~*); दुर्गन्ध^F देना, गन्धित होना, गन्धाना, सड़ना, बदबू^F आने लगना, बदबू^F देना, बू^F से मालूम पड़ना (*milk ~s sour*); घ्राण-शक्ति^F होना, गन्धज्ञान होना, गन्धशक्ति^F होना, बू^F पाना (*can, do, fishes ~?*), (कुत्तेका) खोज^F लगानेके लिए इधर-उधर सूँघना, सूँघकर शिकार करना; (कुत्तेके) सूँघनेकी टोह^F के द्वारा (रहस्य, षड्यन्त्रकारीका) भेद जानना, भेद मालूम करना, पता लगाना, सूँघ लेना, खोज^F लेना, जान जाना, ताड़ना, भाँपना; ~ *a rat* (ला०) धोकेकी शंका^F करना; ~ *of the lamp* (पुस्तक^F आदिसे) प्रकट होना कि रात^F में बड़े परिश्रमसे लिखी गयी है; दियेकी गन्ध^F आना।

smellable –लॅब्‌ल्‌ a. सुगन्धित, सूँघने योग्य, महकनेवाला, खुशबूदार।

smelled ⊙, **smelt** –ल्ड्', स्मे`ल्ट् SMELL का भू० कृ०।

smeller –लॅर n. सूँघनेवाला, महकनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (ग्रा०) नासिका^F, नाक^F।

smelling –लिंग् १. n. गन्ध^F, वास^F; २. a. गन्धयुक्त, वासयुक्त, खुशबूदार; ~-bottle लखलखे या सुँघनी^F की शीशी^F।

smellless –ल्'लि`स् a. गन्धरहित, गन्धहीन, बेबू; ~ salt गन्धलवण।

smelly –लि a. गन्धपूर्ण, गन्धयुक्त, बूदार।

smelt[1] स्मे`ल्ट्' n. (रसा०) **प्रदावण; आगलन**; गन्धा^F, सामनकी जाति^F की स्वादिष्ठ खाद्य मछली^F।

smelt[2] v.t. (रसा०, प्रा०भू०) **प्रदावण करना**, गलाकर शुद्ध करना, खनिज धातु गलाकर शोधना, कच्ची धातु^F को पिघलाकर साफ करना, गलाकर धातु^F निकालना, **पिघलाना**, गलाना।

smelter –टॅर् n. लोहद्रावक, (रसा०) **प्रद्रावक**; (प्रा० भूगोल) विद्राविका^F; **आगलक**; प्रद्रावणशाला, (धातु^F को पिघलानेकी) भट्ठी^F।

smeltery –रि n. प्रद्रावणी^F, प्रद्रावणशाला^F, (धातु^F को पिघलानेकी) भट्ठी^F।

smelting –टिंग् n. (रसा०) **प्रदावण; आगलन।**

smew स्मीऊ' n. श्वेत कारण्डव, मछलियों^F को पकड़कर खानेवाली बतख^F; मछलीमार बतख^F।

smicker स्मि'कॅर् v.t कृत्रिम हास्य करना, मूर्खतापूर्ण हँसी^F करना, मूर्खोंकी भाँति मुसकाना, बनावटी हँसी^F हँसना, दाँत निकालना, दाँत काढ़ना, खीस^F निपोरना।

smiddy स्मि'डि n. लोहारी^F, लोहारका काम; लोह-शाला^F, लोहारका कारखाना, भट्ठी^F, दे० SMITHY.

smilax स्माइ'लैक्स् n. चीनमूल^F, पर्णपीवरी^F, सजावट^F के काम आनेवाली एक प्रकारकी अंगूरी बेल^F; (चि०) चोप चीनी^F; रामदातून जैसे कुछ पौधोंकी एक जाति^F जिनसे सार्सापरीला प्राप्त होता है।

smile* स्माइल' १. n. सिति^F, मन्दहास, मुस्कान^F, मुस्कराहट^F, हँसना; प्रफुल्लाकृति^F, उत्फुल्ल रूप; २. v.t. & i. मुस्कराना*, मुस्काना, मुस्कराते हुए देखना, हँसना* (~ *sweetly*); मुस्कानके द्वारा प्रकट करना, मुस्कराकर व्यक्त करना (~ *welcome*); विशेष प्रकारकी हँसी^F हँसना (~*d an ironical, a curious ~*); हँसी^F उड़ाना, प्रफुल्ल होना, प्रसन्नचित्त होना, आनन्दित होना, प्रसन्न लगना, उज्ज्वल प्रतीत होना, चमचमाना, चमकना (*fortune, occasion, ~s on us*); मुसका करके (व्यक्तिका मनस्ताप) दूर करना, हँस करके किसी व्यक्तिको प्रसन्न करना, हँसी^F करके चिढ़ाना, चिन्ता^F मिटा देना, मजाकसे राजी करना या नाराज करना; ~ *at* मजाक उड़ाना।

smileless –लि`स् a. सितहीन, मुस्कानरहित, बिना मुस्कान^F के।

smiling –लिंग् a. सित, प्रसन्न, प्रफुल्ल, मुस्कराता; *come up* ~ नयी कठिनाई^F का सामना करना, नयी मुसीबत^F के सामने आना (मुक्केबाजके सम्बन्धमें जो फिरसे मुक्केबाजी^F शुरू करे)।

smilingness –नि`स्. सिति^F, स्मितिपूर्णता^F, हास्यमयता^F, मुस्कान^F, मुस्कराहट^F; प्रफुल्लता^F।

smirch सर्च्' १. n. (शा० एवं ला०) अपयश, कलंक, धब्बा, बदनामी^F, दाग; २. v.t. दूषित करना, कलंकित करना, मलिन करना, मैला करना, धब्बा या दाग लगाना, चिकने धब्बे लगाना, गन्दा करना, भद्दा करना, बदनाम करना (*a ~ed reputation*)।

smirk स्मर्क्' १. n. विलक्ष हास, विकृत सित, कृत्रिम मुस्कान^F, मूर्खतापूर्ण या बनावटी हँसी^F; २. v.t. कृत्रिम हास्य करना, मूर्खतापूर्ण हँसी^F हँसना, मूर्खोंकी भाँति मुस्काना, बनावटी हँसी^F हँसना, दाँत निकालना, दाँत काढ़ना, ठिलठिलाना, खीसें^F निपोरना; ३. a. स्फूर्त, चुस्त, फुर्तीला; उत्फुल्ल, प्रसन्न।

smit ⊙ स्मिट्' n. (भेड़ों^F पर मालिकका) अंक, चिह्न, निशान, छाप^F।

smite स्माइट्' १. n. (बोल०) आघात, प्रहार, वार, चोट^F, हाथ; २. v.t. & i. (*smote, smitten*) दण्ड देना, सजा^F देना (*God shall ~ thee*); प्रहार करना, आघात या वार करना, मारना, पीटना, ठोंकना, चोट^F करना (*whosoever shall ~ thee on thy right cheek*); भारी पराजय^F देना, बुरी तरह हराना; जलाना, फूँकना; (रोग या इच्छा^F या आकर्षणसे) प्रभावित होना या पीड़ित होना, प्रेरित होना, आबद्ध होना, मोहित होना, बँधना या खिंच जाना (~*ten with a desire to*); लग जाना; अकस्मात् ही आ टपकना, जोरसे अथवा एकाएक आकर टकराना, पड़ना लगना, (*sound ~s upon the ear*); ~ *them hip and thigh* पूरी तरह पराजित करना, हाथ-पैर तोड़ देना।

smiter –टॅर् n. आघातक, हन्ता, प्रहारकर्त्ता, मारनेवाला, चोट^F करनेवाला।

smith स्मिथ् n. शिल्पी, कारीगर; **लुहार**, लोहे आदि धातु^F का काम करनेवाला; gold~स्वर्णकार; iron~लुहार।

smithereens, smithers स्मिदॅरीन्ज़्, स्मि'दॅर्ज़् nn. (pl.) खण्ड-खण्ड, छोटे-छोटे टुकड़े (*smash into* ~)।

smithery –दॅरि n. लुहार आदि धातुकर्मीका काम, लुहारी^F; लुहारकी दुकान^F या भट्ठी^F।

smithing –थिंग् n. लौहकर्म, लौहकार्य, लोहारी^F।

Smith. Inst. Smithsonion Institution.

smithy –थि n. शिल्पशाला^F, कर्मशाला^F; लोहशाला^F, लुहारका कारखाना, भट्ठी^F; लोहारी^F; ~ shop लुहार-खाना।

smitten –टॅन् a. अभिभूत, प्रभावित, वशीकृत, लीन; आरब्ध, आहत।

S.M.Lond.Soc. *Societatis Medicae Londiniensis Socius*, Member of the London Medical Society.

S.M.M. *Sancta Mater Maria*, Holy Mother Mary; Saw Mill Manager.

S.M.O. Senior Medical Officer.

smock स्मॉक्' १. n. बच्चोंका पहनावा, लिबास, स्त्रियों^F-का अन्तर्वसन, जनाना कमीज़^F, कुरती^F; शाटक, अधोवसन; २. v.t. चुन्नटों^F से अलंकृत करना, चुन्नटों^F से सजाना; ~-faced स्त्रैण; ~-frock श्रमवासा, खेतमें काम करनेवालोंका चुन्नटदार जामा या ढीला-सा कुर्ता।

smocking –किंग् n. सुवलन, कपड़ोंपर घनी चुन्नट^F की कढ़ाई^F, कढ़ाई^F, कसीदा, सोकिंग^F।

smog स्मॉग् n. धूम्र, कोहरा; धूम्र-कोहरा, काला धुँआ, धूम्र और कोहराका मिश्रण।

smokable स्मो'कॅबॅल् a. धूम्रपेय, धूम्रपान करने योग्य; धूमायनीय, धूमनिर्गमनीय, धुआँ छोड़ने योग्य।

smoke[1] –क् n. धूम्र, धूम, (रसा०) धुआँ, धुन्ध^F (*a cloud of* ~); (प्रा०) सिगरेट; धूम्रपान, (सिगरेट, सिगार, हुक्के आदिके) कश (*must have a* ~); (pl.) (प्रा० भू०) घन-धुन्ध^F; ~-dried धुएँमें रक्षित, धुएँमें सुखाया हुआ; ~-screen (सेना०, नौवि०) (रसा०) धूमावरण, धूमपट, धुएँका पर्दा या ओट^F; ~ stack ⊙ धूम्रनाड, (नौवि०) चिमनी^F, स्टीमरका धुँआरा और भाप^F निकालनेवाले नल, स्मोक स्टैक; *end, go up, in* ~ व्यर्थ जाना, बेकार जाना, अकारथ होना; *from* ~ *into smother* आकाशसे गिरा खजूरमें अटका; *like* ~ सुगमता^F से, जल्दी^F से, बिना कठिनाई^F या रुकावट^F के; ~ ball, ~ bomb, ~ box, ~ box door, ~ brown, ~-bush, ~ candle, ~ composition, ~ generator, ~ glasses, ~ grenade, ~ grey, ~ nuisances, ~ round, ~ screen, ~ shell, ~ signal, ~ tree, ~ tube, ~ tube boiler, ~ yellow.

smoke[2]* v.t. & i. (आग^F या चिमनी^F का) धुआँ देना, कमरेमें धुँधाना; धूमायित होना, धूम निर्गत करना, धुआँ छोड़ना या निकालना, धुँआँ देना*, धुँआना, भाप^F निकालना, भाप^F देना, भफाना, धुआँ उठना, सुलगना; धुआँ करना, धूमन करना; (बीड़ी^F, हुक्का, अफीम, गाँजा, चुरुट, सिगरेट, सिगार आदि) पीना*, धूम्रपान करना, तमाखू पीना (~*s too much* or *like a chimney*); धूम्रपान करके (या बीड़ी^F सिगरेट आदि पीकर अपनेको किसी) विशिष्ट अवस्था^F में लाना, किसी अवस्था^F को प्राप्त करना (*has* ~*ed himself ill, sick, stupid, into tranquillity*); धुएँके द्वारा (मांसादिको) रक्षित करना; धुआँ दिखाना; भोजनका स्वाद बिगाड़ना; धुएँसे काला करना या रँगना, धुँधला करना, धुआँधार करना, धुआँना; धुएँसे दम घुटना, साँस^F रुकना; कीड़ोंको नष्ट करना या मारना (~ *insects plant*); संशयालु या सन्देहशील होना, सन्देह करना, शकमें पड़ना; इंगित या संकेत मिलना, आभास मिलना, भाँप^F जाना, समझ^F जाना, जान जाना, पहचानना, ताड़ना; (प्रा०) हँसना, हँसी^F उड़ाना, बनाना, दिल्लगी^F करना, ठट्ठा करना, मजाक करना।

smokeless –लि'स् a. निर्धूम, (रसा०) अधूमक, धूम्रहीन, धूमहीन, धूमरहित, बिना धुएँका।

smokelessness –नि'स् n. निर्धूमता^F, धूम्रहीनता^F, धूम्राभाव, धुआँ न होनेकी अवस्था^F।

smoker –कॅर n. (कृषि०) धूमकर, धूमकारी, धुआँधार करनेवाला, धुआँ उड़ानेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); धूम्रपायी, धूमसेवी, धूम्रपानका व्यसनी, बीड़ी-सिगरेटका आदी; धूम-संगीत-सभा^F (जहाँ धूम्रपानकी आज्ञा^F हो); रेलगाड़ी^F में धूम्रपान या बीड़ी-सिगरेट पीनेका डिब्बा; ~'s heart, throat अत्यधिक धूम्रपानके कारण उत्पन्न हृद्रोग या कण्ठरोग।

smokiness –किनि'स् n. धूम्रता^F, धूमिलता^F, सधूमता^F, धूमययता^F, धुँधलापन, धुआँपन।

smoking –किंग् n. धूमन, धूम्रालब, धुआँ देना; (रेल०) धूम्रपान, तम्बाकू^F पीना; ~-cap कामदार टोपी^F या चिलकनी टोपी^F (जो धूम्रपान करते समय लगायी जाती है); ~ car (-riage) या -compartment (रेल०) धूम्रपान-यान, धूम्रपानका डिब्बा, रेलगाड़ी^F में तमाखू^F पीनेवालोंका डिब्बा; ~-concert धूम-संगीत-सभा^F (जिसमें धूम्रपानकी आज्ञा^F हो); ~-room (भोजनालय या बड़े घरमें) धूम्रपानकक्ष, बीड़ी-सिगरेट पीनेका कमरा; ~-tobacco पीनेकी तमाखू^F, पीनी तम्बाकू^F।

smoky –कि a. धूमाच्छादित, धूमावरुद्ध, धूम्र-, धूमिल, धूमल, धूमर, धूमपरिपूर्ण, सधूम, धूमबहुल, धूमँमय, (रसा०) धुएँदार, धुँधला; धूमसदृश, धूमवत्, धूमाकार; धुआँधार, धुएँसे काला, धुआँ देनेवाला (*a* ~ *fire, room*); ~ quartz (प्रा० भू०) धुनैला।

smolder ⊙ स्मोल्'डॅर् = SMOULDER.

smolt स्मोल्ट्' n. दूसरे सालकी सामन मछली^F।

smooth[1] स्मूद्' १. n. समतलकारी स्पर्श, बालोंको चिकना करनेवाला हाथ; २. v.t. & i. समतल करना, बराबर करना, समान करना, चौरस करना, सपाट करना, साफ करना, हमवार करना; चिकना करना, नम्र या विनीत होना, शान्त या प्रसन्न होना (*sea presently*

~ed down); नरम करना, घटाना, कम करना, बाधाओंF या असुविधाFसे मुक्त करना, रोड़ा हटाना, रुकावटF दूर करना (*~ the way*); दोषोंको ढकना, त्रुटियोंFपर पर्दा डालना, गलतियोंFपर लीपापोतीF करना।

smooth²* a. **मसृण, चिक्कण**, स्निग्ध, (जीव०) **समतल*, चिकना***, सम, सपाट, चौरस, एक-सा, हमवार (*~ skin*); विनम्र, विनयशील, शिष्ट, नम्र, प्रशान्त, स्थिरचित्त; धीर, शान्त, समचित्त, ठण्डा; प्रवाह-युक्त; अविक्षुब्ध, निर्विघ्न, निर्बाध, सरल, आसान; मैत्री-पूर्ण, मिलनसार, मिलनशील; प्रशंसात्मक, प्रशंसा-सूचक, सम्मानसूचक, अभिनन्दनात्मक, चाटुकारिताप्रिय, खुशामदी (*~ temper*); सुचारु, स्वादु, स्वादिष्ट, मृदु, मधुर, अकटु, अकर्कश, मीठा, (ग०) **निष्कोण** (*~ curve*); ~-bore सादी बन्दूकF (जिसमें सीधी नालF होती है); ~faced चिकने चेहरेवाला; कपटी, झूठा मित्र; ~ gourd निनुआ, गिलका; ~ things चिकनी-चुपड़ी बातेंF, अनुचित प्रोत्साहन, चाटुकारिताF, खुशामदF; ~-tongued मृदुभाषी, मधुरभाषी, मुँहमीठा, मिठबोला, खुशामदी, चिकनी-चुपड़ी बातेंF बनानेवाला; ~ water सुख, आराम;

~-bored, ~-browed, ~-cast, ~-cheeked, ~-chinned, ~-coated, ~-combed, ~ curve, ~ elm, ~ material surface, ~ newt, ~ passage, ~ pate, ~ pea, ~ pulley, ~ sea, ~-spoken, ~ surface, ~ topography, ~ ~-walled, ~ working.

smoothe ⊙स्मूद्' v.t. (क्वचित्) समतल करना, बराबर करना, चिकना करना, चौरस करना, हमवार करना, साफ करना; = SMOOTH.

smoothen ⊙–दॅन् v.t. & i. समतल होना या करना, बराबर होना या करना, चिकना करना या होना, चौरस करना या होना, हमवार करना या होना, साफ करना या होना; नम्र करना या होना, चाटुकारीF करना।

smoothing –द्गिं n. **समरेखण, सपाट करना**; ~ iron (परि०) **इस्त्री**F; ~ plane (यन्त्र०) **बारीक रंदा**।

smoothness –द्'निॅस् n. स्निग्धताF, चिकनाहटF, (शिक्षा०) **चिकनापन**, समतलताF, बराबरीF, हमवारीF, मृदुताF, मधुरताF, मीठापन; प्रवाहयुक्तताF; शान्तिF, अक्षोभ, शान्तभाव, अक्षुब्धताF, धैर्य; मिलनसारीF, चाटुकारिताF, खुशामदF।

smote स्मोट् SMITE का भूतकालिक रूप।

smother स'दॅर् १. n. (प्रा०) जलती राखF, भूभलF, भुलभुलF (*from the smoke into the ~*); (क्व०) धूलFके बादल, घना गर्दा, धुआँ, फुहारF; धुआँ, अन्धकार, अँधेरा, धुँधलापन; २. v.t. & i. वायुरोध करना, वायु-रोध करके मार डालना, श्वासावरोध करना, साँसF रोककर या हवाF निकालकर वध करना, गला घोंटना, गला घोंटकर मारना, (उपहार, दयाF, चुम्बनादिसे) अभिभूत करना, नाकFमें दम करना, लाद देना; पूर्ण रूपसे ढँक लेना, पूरी तरह छा जाना (*strawberries ~ed in cream*); (क्व०) साँसF लेनेमें कठिनाईF होना, साँसF रुकना, दम घुटना, दम घुटकर मरना; (आगFको) राखFके ढेरमें दबा देना, (आगFको) ठण्डा कर देना; दमन करना, बातFको प्रकट न होने देना, दबा रखना, छिपा देना, दबाना, दृष्टिFसे बचाना, नजरFसे बचाना (*the facts were ~ed up*)।

smothered –ड्' a. रुद्धश्वास, प्राणरुद्ध।

smothery –रि a. श्वासरोधक, साँसF रोकनेवाला, गला या दम घोंटनेवाला।

smouch स्मूच्', स्माउच्' v. i. & t. चुराना, मार लेना, उड़ा ले जाना, गायब कर देना, तिड़ी कर देना; कपट करना, छल करना, धोखा देना।

smoulder, smolder⊙ सोल्'डॅर्, सोल्'डॅर् १. n. प्रधूमन, प्रसुप्त दहन, (रसा०) **अन्तर्दहन**, अन्तर्जलन, धधकनF, धधकाव, सुलगाहटF (*the ~ will soon be a flame*); २. v. i. भीतर ही भीतर जलना, **धीरे-धीरे जलना**, ढँके रूपमें जलना, निर्ज्वाल जलना, सुलगना, लपटFके बिना जलना, धधकना; (भावनाओंF-का) सक्रिय होना, हृदयमें पोषित किया जाना, भीतर ही भीतर भड़कना, बाहर प्रकट न होकर भीतर ही उमड़ना, छुपाना, मनमें होना या चलना, उभड़ना, भड़कना।

smouldering –रिंग् a. अन्तर्दाही, गूढ़ दाहयुक्त, सुल-गनेवाला (*~ discontent*)।

s.m.p. *sine mascula prole*, without male issue.

smudge¹, smutch स्मज्', स्मच' १. n. गन्दा निशान, धब्बा, दाग; (ला०) कलंकित रेखाF, धब्बेदार लकीरF, धुँधला चिह्न; **घना धुँआ**; २. v.t. & i. (चेहरे, कागज या फर्शपर) गन्दे निशान बनाना, धुँधला करना, भद्दे धब्बे डालना, धूलFका धब्बा डालना, मैला करना, गन्दा करना, खराब करना, बिगाड़ना; धुआँ देना; (व्यक्तिके कार्यवृत्त, कीर्तिF आदिको) विकृत करना, भ्रष्ट करना, अपमानित करना, दोष लगाना, सचाईFपर कलंक लगाना, मान घटाना, पवित्रताF कम करना, धब्बा लगाना, बिगाड़ना; (स्याहीF, ड्राइंगF आदिका) धुँधला होना, भद्दा होना।

smudge² n. घना धुआँ करनेवाली घरके बाहर कीड़ोंको भगानेके लिए जलायी गयी आगF, धुएँवाला ईंधन।

smudged –ड्' a. = SMUDGY.

smudginess –'जिनिॅस् n. कलंकपूर्णताF, कलंक-मयताF, धुँधलापन, धब्बीलापन, गन्दापन।

smudging –'जिंग् n. **धुँआना**।

smudgy –जि a. कलंकित, कलंकपूर्ण, धब्बेदार, धब्बीला, गन्दा, दागदार; = SMOKY.

smug¹ स्मग्' १. n. (मुख्यतः विश्वविद्यालयका, ग्रा०) असमाजी, सत्संगहीन व्यक्ति, असभ्य और समाजके अनुपयुक्त व्यक्ति, एकान्तसेवी, खेलकूद आदिसे घबराने-वाला, घुन्ना, घुरमुसहा; २. a. असामाजिक, आत्मकेन्द्रित, संकीर्णबुद्धि, आत्मतुष्ट और आत्मसेवी, आत्मतृप्त, परितुष्ट,

अपनेमें मस्त; **छैला, बनाठना, मनमौजी** ।

smug[2] v.t. समपहरण करना, जप्त करना ।

smuggle स्मॅगॅल् v.t. अपवहन करना, छिपाकर ले जाना, उड़ा देना, गायब करना; करापहरण करना, (का०) **चोरी[F]से लाना या ले जाना**, गैर-कानूनी तौरपर (सामानका) आयात या निर्यात करना, घाट मारना, चुंगी[F] मारना, छिपाकर माल मँगाना या निकासी[F] करना ।

smuggler –लॅर् n. अपवाहक, करापहारी, चौर्य-पणिता, **तस्कर व्यापारी**, चुंगीचोर, **चौकीमार**, (का०) **चोरी[F]से लाने या ले जानेवाला**, बिना महसूल दिये मालको इधर-उधर भेजनेवाला ।

smuggling –लिंग् n. अपवहन, चौर्यानयन, चौर्य-पणत्त, **चौकीमारी[F]**, चुंगी-चोरी[F], **तस्कर व्यापार**, कानून विरुद्ध मालका आयात-निर्यात; **चोरी[F]से लाना या ले जाना** ।

smugness स्मग्'निंस् n. सत्संगहीनता[F], असामा-जिकता[F], आत्मसन्तोषीपन, घुन्नापन, घुरमुसहापन ।

smut स्मट्' १. n. दुर्वचन, भ्रष्ट शब्द, अश्लील बातें[F], गन्दी कहानियाँ[F]; मसी[F], कालिमा[F], काला चिह्न, जालेका टुकड़ा, कालिखका धब्बा, धुएँका धब्बा, कलूँस[F], करौंछ; (कृषि०, वन०) **कायमा, कंड, कंडवा**, कालरोग (~ *ball*, ~ *fungi*); कालिका, काला रोग, अनाजका करखा रोग; २. v.t. & i. कालिख[F] लगाना, काले धब्बे बनाना, दाग लगाना या लगना, काला करना; अनाजमें काला रोग लगना या फैलना ।

smutch स्मच्' (प्रा०) = SMUDGE.

smuttiness स्मॅटिनिंस् n. कालिख, जाला, करखा, काजल-जैसा धुएँका धब्बा; अश्लीलता[F] ।

smutty –टि a. मलीन, कालिख-भरा, काले धब्बेवाला, कालिका-रोग-ग्रस्त, करखा-लगा; अश्लील, दुरुक्त, गन्दा ।

Sn *stannum*, tin.

s.n. *secundum naturam*, according to nature; *sine nomine*, without name.

snack स्नैक्' n. अंश, भाग; अल्प भोजन, साधारण कलेवा, हल्का नाश्ता; *go ~s* खानेमें सम्मिलित होना, बाँट लेना ।

snaffle[1] स्नैॅफ़ॅल् n. वल्गा[F], इकहरी लगाम[F] (जिसमें बिना जंजीर[F]का दहाना हो); *ride* one *on the ~* (ला०) नम्रता[F]से वशमें करना, नरमी[F]से व्यवहार करना ।

snaffle[2] v.t. लगाम[F] लगाना; (ग्रा०) अधिकार करना, मार लेना, उड़ा लेना, चुराना, कब्जा करना ।

snaffled –ड् a. इकहरी लगामवाला ।

snag स्नैग्' १. n. ग्रन्थि[F], गाँठ[F]; ठूँठ, ठुंठ, ठुंट, ठुण्ड, पेड़का कटा हुआ तना; नोंकदार बाहरको निकली हुई वस्तु[F]; समुद्र या नदी[F]के तलमें खड़ा हुआ लकड़ी[F]का बड़ा बेढंगा कुन्दा या टोर, बड़ी भारी चट्टान[F]; (ला०) आक-स्मिक व्यवधान, अप्रत्याशित बाधा, उलझन[F]; फन्दा, रोड़ा, रुकावट[F]; सिटकनी[F]; २. v.t. (जहाजका) पानीके नीचेके कुन्दे या चट्टान[F]से टकराना, किसी टोरसे भिड़ना; (भूमि[F], जलमार्ग, पेड़के तनेसे) लकड़ी[F]के कुन्दे या टोर हटाना, ठुंठ काटना, ठूँठ काटना ।

snagged, snaggy –ड्, –'गि aa. कुन्देवाला, टोर-वाला; ठुंठदार, ठूँठवाला; गठीला, गाँठदार ।

snail स्नेल्' १. n. (गुण०) मन्थर (~ *pace*); अलस व्यक्ति; शम्बूक, (कृषि०) **घोंघा**; (~-*wheel* भी) घोंघेसे मिलती-जुलती दीवालघड़ी[F]की घण्टे नियमित करनेवाली चक्री[F] या चरखी[F]; (~-*clover*, ~-*trefoil* भी) घोंघे-जैसी कलियोंवाले पौधेकी जातियाँ[F]; २. v.t. & i. बाग-को घोंघोंसे रिक्त करना, वहाँसे घोंघे निकाल फेंकना, घोंघे मारना ।

snailery स्ने'लॅरि n. घोंघे पकड़नेका व्यवसाय ।

snaillike स्नेल्'लाइक् a. शम्बूक-सदृश, घोंघे-जैसा, मन्थर ।

snake* स्नेक्' n. भुजंग, भुजग, भुजंगम, उरग, व्याल, नाग, विषधर, **सर्प, साँप***; कपटी निर्दयी व्यक्ति, कृतघ्न जन, धोखेबाज आदमी; (रसा०) **सर्पिल दरार[F]**; ~-charmer सँपेरा; ~ gourd (कृषि०) **चिचिंडा**; ~-fence सँपीली बाड़, लहरदार जँगला; ~ root (चि०) सर्पगन्धा[F], सेनेगा तथा अन्य कुछ वृक्षोंकी जड़ियाँ[F] जो सर्पदंशपर उपयुक्त मानी गयी थीं; ~s head बिच्छू बूटी[F]; ~'s poison-food कट्वामधु[F]; ~ *in the grass* गुप्त रहस्य, प्रच्छन्न संकट, अप्रकट बात; गुप्त शत्रु, छिपा हुआ दुश्मन; *warm*, *cherish*, etc. *a ~ in* one's *bosom* आस्तीन[F]का साँप पालना, कृतघ्नता[F]से पाला पड़ना, नेकी[F]के बदले बदी मिलना;
~ antivenin, ~-berry, ~-bird, ~ bite, ~ wood.

snakiness –'किनिंस् n. सर्पबहुलता[F]; सर्पसादृश्य, निर्दयता[F], दुष्टता[F], कृतघ्नता[F], कपटीपन, धोखेबाजी[F], दगाबाजी[F], मक्कारी[F] ।

snaking –किंग् n. (रसा०) **सर्पिल दरार[F]** ।

snakish –किश् a. = SNAKY.

snaky –कि a. सर्पबहुल, सर्पमय, साँपोंसे भरा हुआ; सर्पवत्, सर्पसदृश, विषैला, ईर्ष्यापूर्ण, कपटी, अकरुण, निर्दय, विश्वासघाती, शठ, धूर्त, कृतघ्न, धोखेबाज, मक्कार; जटिल, सर्पिल, चक्करदार, पेचीदा; ~ *hair* सर्पजूड़ा, साँपके (से) बाल ।

snap स्नैप्' १ n. एक प्रकारका ताशका खेल; कंगन आदिका खटका; एक प्रकारका छोटा खस्ता केक; स्फोटन, दंश, कड़क[F], धायँ[F], धड़ाका, चटाक[F], तड़ाक[F], खट[F], फट[F] (~ *went an oar*); (रसा०) **संडासी[F], सन्सी[F]**; (*cold ~* के अर्थमें) पाला, पालेका आक्रमण, एकाएक पाला पड़ना; (गुण०) आकस्मिक, एकाएक, विस्मित, अचम्भित, चकराया हुआ, भौंचक्का (*a ~ division*); **झट, फौरी**; अभिनेताके रूपमें अल्पकालिक कार्य, एक्टर-की थोड़े दिनकी नौकरी[F]; सुगम कार्य, सरल कार्य, आसान काम ⊙; पुरस्कार, अधिक लाभ, ऊपरी आमदनी[F] ⊙; शैली[F]की सप्राणता[F], सजीवता[F], स्फूर्ति[F], रोचकता[F],

जोश, ताजगी^F, फुर्ती^F, तेजी^F, जिन्दादिली^F; २. v.t. & i. तुरत-फुरतमें या अनिच्छा^F में ही फोटो ले लेना; चटसे चित्र उतार लेना, बेखबरी^F में फोटो लेना; तड़से टूट जाना, चटाख^F से टूटना या तोड़ना, कड़कना, तड़कना, चटकना, चटकाना (~ *the string*); धड़ाका करना, धायँ^F से करना, फटकारना, दनसे दागना, सड़काना (~ *pistol, whip*); धड़से बन्द होना, फटसे या फटाकसे बन्द होना, धड़, तड़ या खटाककी आवाज^F के साथ बन्द करना (~ *the clasp together*); अचानक चबा खाना, मुँह भर लेना, आवाज^F के साथ एकाएक जोरसे काटना, चींथना (*dog ~ped viciously*); (ला०) कुत्सित बातें कहना, द्वेषपूर्ण बातें^F बोल देना, बुरी-भली बातें^F कहना; काट डालना, काट फेंकना, उड़ा देना; (छोटे टुकड़ेको) जल्दी^F से उठा लेना, झटसे पकड़ लेना, चुनना; (ला०) चटपट सौदा करना; (सम्भाषणकर्त्ताको) अपना भाषण पूर्ण करनेके पहिले ही उठा देना, बीचमें ही रोक देना; (क्रिकेटमें) फुर्ती^F के साथ विकेटके पास ही (बल्लेबाजको) गेंद^F को गुपकना या लोकना; ~ dragon नासापुष्प, एक प्रकारका पौधा; बड़े दिनका एक खेल; किशमिश चुननेका खेल; ~shot n. (~ के अर्थमें) तात्कालिक लक्ष्यवेध, चटपट चलायी हुई गोली^F; क्षणचित्र, क्षणचित्रण, झट्चित्रण, एक निमिषमें गृहीत आलोकचित्र, हाथकैमरासे लिया हुआ तात्कालिक चित्र, **स्नैप-शाट;** २. v.t. क्षणचित्रण करना, एकाएक फोटो ले लेना; T. लेना; soft ~ ⊙ सरल कार्य, सरल व्यवसाय; ~ *out* one's *nose* (ला०) क्रोधपूर्वक या उद्दण्डता^F के साथ बात^F करना, बात^F काटना, बीचमें बोलना; ~ one's *fingers* किसी व्यक्तिका अनादर करते हुए उसे ठेंगा दिखाना, उपेक्षा^F करना, अँगूठा दिखाना, परवाह^F न करना; ~ one *up* डाँट-डपट^F करना; ~ *out of it* ⊙ (किसी मनोदशा^F, स्वभाव या आदत^F से) छुटकारा पाना, छूटना।

snapper-up स्नै'पर्-ॲप् n. तुरत व्यवसायी, चटपट सौदा करनेवाला।

snappish स्नै'पिश् a. दंशोन्मुख, काट खानेवाला, कटखना; क्रोधी, कर्कश, तीखा, तेज, झल्लानेवाला, झल्लर, चिड़चिड़ा; विरक्तिपूर्ण।

snappishness –निॅस् n. कटखनापन; झल्लापन, चिड़चिड़ापन; विरक्तिभाव।

snappy –पि a. सप्राण, सजीव, स्फूर्तिपूर्ण, रोचक (शैली^F); उत्साही, फुर्तीला, ताजा; भुरभुरा, चुरमुरा ⊙।

snare स्नेॲर् १. n. पक्षियों या जन्तुओंके पकड़नेका पाश, जाल, बन्धन, फाँस, फन्दा; (शल्य०) कृमि पकड़ने और अर्श-अर्बुद निकालनेके लिए तारका फन्दा; (शत्रु या किसी भोले-भाले आदमीको बन्दी बनाने, हराने, असफल करने, अपमानित करने, क्षतिग्रस्त करने या) उलझानेका उपाय, चली हुई चाल^F, फन्दा, जाल, तरकीब^F; आकर्षक वस्तु^F, लुभानेवाली बात^F, मोहपाश, मोहबन्धन, मोहजाल (*popularity is often a ~*); (pl.) ताँत^F की डोरियाँ^F या खाल^F; २. v.t. पाशबद्ध करना, (पक्षी आदिको) जालमें डालना, फँसाना, पकड़ना; (किसी व्यक्तिको) फँसाना, फाँसना।

snarer –'रॅर् n. पाशबद्धकर्त्ता, जालमें फाँसनेवाला, फँसानेवाला; पकड़नेवाला, फन्दा डालनेवाला।

snarky स्नार्'कि a. मूढ़, मूर्ख, शठ, अशिष्ट, असभ्य, गँवार; दुष्ट, दुःशील, चिड़चिड़ा, बदमिजाज।

snarl[1] स्नार्ल्' १. n. कर्कश क्रोधपूर्ण शब्द, गुर्रानेका शब्द, गुर्राना, गुर्राहट^F, बड़बड़ाहट^F; २. v.t. & i. (कुत्तेका) जोरसे गुर्राना, घुर्राना; (किसी व्यक्तिका) सनकीकी भाँति बकना, कर्कश आलोचना^F करना, क्रोधमें जलीकटी^F सुनाना, टर्राना, बड़बड़ाना, गुर्राना; बड़बड़ाकर या गुरगुराकर (अपना असन्तोष) प्रकट करना।

snarl[2] १. n. (प्रा०) उलझन^F, गाँठ^F, पेच, फाँस^F, गुत्थी^F ⊙; २. v.t. & i. (प्रा०) फँसना, फँसाना, उलझना, उलझाना; जटिल होना, जटिल बनाना; परेशान करना; (धातु^F के सँकरे गलेके अलंकृत पात्रपर) फूल-पत्ती^F बनाना, अलंकृत करना, भीतरसे ठोंककर बेलबूटे उभारना।

snarler –'लॅर् n. गुर्रानेवाला, बड़बड़ानेवाला।

snarling –लिंग् a. गर्जनमय, गुर्रानेवाला, गरजनेवाला; उलझनी, उलझन पैदा करनेवाला।

snarly –लि a. गुर्रैल, गुर्रानेवाला; चिड़चिड़ा, झल्ला, वक्की, बड़बड़िया।

snatch स्नैच्' १. n. सहसा आकलन, आकस्मिक ग्रहण, आच्छेद, पकड़^F, छीनाझपटी^F; झपट्टा (*made a ~ at it*); (प्रायः pl.) अल्पान्तराल, अल्पावकाश; गीत या गायन या वार्ता^F के क्षुद्र अंश, लघु खण्ड, छोटे टुकड़े; क्षणिक आवेग, क्षणप्रवृत्ति^F (*works by ~es, fits & starts*); २. v.t. & i. झपट^F मारना, झपट्टा मारना, हाथ मारना; शीघ्रता^F से हाथ मारना, धरना, पकड़ना, छीनना, खींचना, मुँहसे निकाल लेना, बाल-बाल बचाना, कठिनाई^F से बचा पाना या रखना, खूब बचाना, एकाएक ले भागना, उड़ा ले जाना, झपटना, झपट^F लेना, झपट^F कर छीन लेना, उचकना, चंगुलसे छुड़ाना, मुश्किलसे बचाना (~ *ed his gun up, down*); ~-block (नौवि०) **खुल कप्पी^F**।

snatcher –'चॅर् n. सहसा आकलक, आकस्मिक ग्रहीता, धारयिता, झपट्टा मारनेवाला, छीननेवाला।

snatchy –चि' a. अक्रम, अनियमित, बेढब, बेतुका।

snathe स्नेद्' n. हस्तक, हत्था, मूठ^F, मुठिया^F, बेंट।

snead स्नीड् n. =SNATHE.

sneak स्नीक्' १. n. रिपटनी गेंद^F, भूमि^F से घिसटती हुई फेंकी गयी गेंद^F; (स्कूल०, ग्रा०) भेदी, भेदिया, मुखबिर; भीरु, कुत्सित, धूर्त मनुष्य, नीच, कायर, कपटी व्यक्ति, कमीना, मक्कार, बुजदिल आदमी; २. v.t. & i. (स्कूलका ग्रा०) भेद बताना, गुप्त बात^F बताना, हाल बता देना, भण्डाफोड़ करना, चुगली^F करना या खाना, मुखबिर होना; (ग्रा०) खिसकना, सटकना, चुपचाप निकल जाना, चुपकेसे चल देना, चुपके-चुपके जाना; (ग्रा०) चुराके भागना, लेकर चम्पत होना, लेकर चल देना, चुराना; ~-thief भुट्टाचोर, उचक्का, लुच्चा,

उठाईगीर, चोट्टा।
sneaked –ड्' a. गुप्त, अप्रकट, छिपा।
sneaker –'कॅर् n. (क्रि०) रिपटनी गेंद^F फेंकनेवाला; चुगलखोर।
sneakers स्नी'कॅर्स् n. फिसलने जूते (जिनसे आवाज़^{F} न हो); टेनिसके जूते⊙।
sneaking स्नी'किंग् a. रहस्यमय, गुप्त, गूढ़; कुत्सित-बुद्धि, अधम, नीच, झेंपू, दुबकनेवाला, कमीना; घटिया, चुगलखोर; अनुचित (*has a ~ kindness for him*)।
sneakingness –निॅस् n. अपक्रमणता^{F}, रहस्यमयता^{F}, गुप्तता^{F}, गूढ़ता^{F}; नीचता^{F}, कमीनापन, झेंपूपन, दुबकनेवाला स्वभाव; चुगुलखोरी^{F}।
sneakish –किश् a. भीरु, झेंपू; अधम, कुत्सितोचित, नीचोंके अनुरूप; चुगलखोर।
sneaky –कि a. = SNEAKING.
sneath स्नीथ्' n. = SNATHE.
sneck स्नेॅक्' n. सिटकनी^{F}, कुण्डा।
sneer स्नीअॅर्' १. n. तिरस्कारपूर्ण या अवज्ञापूर्ण दृष्टि^{F}, उपालम्भ, उपहासपूर्ण दृष्टि^{F}, उपहास, अवज्ञाहास, अवहास, ताना, बोली-ठिठोली^{F}; मजाक, आवाज^F; २. v.t. & i. उपहासपूर्ण शब्द बोलना, अवहास करना, व्यंग्य करना, उपालम्भपूर्ण या व्यंग्यपूर्ण बातें^{F} कहना, ताना मारना, बोली^{F} मारना, आवाज^F कसना; द्वेषभावसे हँसना, व्यंग्यसे हँसना, हँसी^{F} उड़ाना, उपहास करना, खिल्ली^{F} उड़ाना; अपमानित करना या होना, लज्जित करना, झेंपाना, शर्मिन्दा करना; खिन्न करना, अप्रसन्न करना, नाराज करना।
sneerer –'रॅर् n. उपहासकर्त्ता, हँसी^{F} उड़ानेवाला, ठिठोली करनेवाला।
sneeshing स्नी'शिंग् n. नस्य, नास, हुलास^F, सुँघनी^{F}।
sneeze* स्नीज़्' १. n. छिक्का^{F}, छींक^F, छींकनेका शब्द और क्रिया^{F}; २. v.i. छींकना*, छिक्का^{F} लेना; *not to be ~d at* स्वीकरणीय है, ठीक ही है, बुरा नहीं है; *~wort* छिक्कनी^{F}, नाक-छिक्नी^{F}; *~ into a basket* फाँसी पाना।
sneezing –'जिंग् १. n. छिक्का^{F}, छींकना; २. a. छींकनेवाला।
snell[1] स्नेॅ'ल् n. बाल, ताँत^F, डोर^F।
snell[2] a. तीक्ष्ण, तीव्र, तेज।
snib[1] स्निब्' n. चिटकनी^{F}, फाँस^F, पेंच।
snib[2] v.t. चिटकनी^{F}से कसना, फ़ाँस^{F}से कसना, पेंच लगाना; पकड़ना, फँसाना।
snick स्निक् १. n. अल्पकर्त्तन; छोटी-सी दरार^F या कटाव, हलका-सा दाँता; (क्रिकेटमें) बल्लेसे गेंद^{F}का हलका-सा स्पर्श; २. v.t. छोटी-सी दरार^F डालना, छोटा-सा कटाव डालना, छोटा-सा दाँता बनाना; (क्रिकेटमें) बल्लेसे जरा-सा गेंद^{F}को छू देना।
snicker स्नि'कॅर् १. n. हींसना, हिनहिनाहट; २. v. i. हींसना; (घोड़ेका) हिनहिनाना, ठी-ठी करना।
snickersnee स्निकॅर्स्नी' n. (हास्य०) बड़ा चाकू, छुरा।
snide स्नाइड्' १. n. खोटे सिक्के, नकली गहने; २. a. तथ्यहीन, मिथ्या, असार, असत्य, भ्रान्त, झूठा; कृत्रिम, खोटा, बनावटी, नकली, जाली।
Snider –'डॅर् n. (~ *rifle* भी) पुराने ढंगकी तोड़दार बन्दूक^F (१८ वीं शती^{F}में)।
snidesman स्नाइड्स्'मॅन् n. जाली सिक्के चलानेवाला।
sniff स्निफ़्' १. n. ऊपर खींची हुई वायु^{F}की मात्रा^{F}; नाक^{F}से जोरसे साँस^F खींचनेकी क्रिया^{F} एवं शब्द, सुड़कन^F, सूँ सूँ^{F}; २. v.t. & i. (वायु^{F}, सुगन्ध^{F}को) नाक^{F}में ऊपरको साँस^{F}के साथ खींचना, (तरल पदार्थको) नाक^{F}से ऊपरको सुड़कना, (मांस, फूल, ब्राण्डी^{F} आदिकी) गन्ध^{F}को जोरसे सूँघना, ऊपर खींचना; सूँ-सूँ^{F} करते हुए नाक^{F}से साँस^F खींचना, नाक^{F}से साँस^F लेते हुए सूँ-सूँ^{F} करना, नाक^F सुड़कना; मालूम करना या होना, सुराग^F लगना; सूँघकर पता लगाना; *~ at* गन्ध^{F}की परीक्षा^{F} करना, सूँघकर देखना; द्वेष या असन्तोष प्रकट करना, नाक-भौं^{F} सिकोड़ना, नाक^F चढ़ाना; (कुत्तेका) आदमीकी पिण्डली^{F} काटनेके लिए मुँह बढ़ाना, मुँह मारना।
sniffle स्नि'फ़ॅल v.i. नाक^{F}से बोलना, थोड़ा नकनकाना, मिनमिनाना।
sniffy स्नि'फ़ि a. (बोल०) कुछ-कुछ दुर्गन्धपूर्ण या बदबूदार; घृणाशील, अभिमानी, घमण्डी, ऐंठू, नकचढ़ा।
snift स्निफ़्ट्' v.i. नाक^{F}से रेंट निकालना, नाक^F बहना, नाक^F सुड़कना।
snifting-valve –'टिंग्-वैल्व् n. हवा^{F} निकलनेका कपाट।
snigger स्नि'गॅर् १. n. अप्रकट हँसी^{F}, मन-ही-मनकी मुसकान^F; २. v. i. (अशिष्टता^{F} या निर्लज्जता^{F}पर सनकी जैसी या विनोदपूर्ण) अस्फुट हँसी^{F} हँसना, (किसी बेशरमी^{F} या बदतमीजी^{F}पर) चुपके-चुपके मुसकाना।
sniggle स्नि'गॅल् v.t. ग्रहण करना, धरना, पकड़ना; जालमें पकड़ना, जालमें फँसाना।
snip स्निप्' १. n. कर्तन, काट^F, कैंची^{F}से कतरने या काटनेका काम; कतरन^F, कतरा हुआ कपड़ा; (बोल०) दर्जी, छीपी, टेलरमास्टर; (दौड़का ग्रा०) (*dead ~* भी) निश्चय, निश्चित रूपसे; २. v.t. & i. कतरना, कैंची^{F} या कतरनी^{F}से काटना (*cloth, ~ off the ends*)।
snipe स्नाइप्' १. n. कुनाल, चहा, दीर्घचञ्चु पक्षी; २. v.t. & i. चहे पक्षीका शिकार खेलना; (सेना०) छिपे हुए स्थानसे शत्रुओंपर गोलियाँ^{F} बरसाना या किन्हीं व्यक्तियोंपर निशाना मारना, इस प्रकारसे किसीको आघात पहुँचाना या मारना; *~-fish* लम्बी थूथुनवाली मछली^{F}।
sniper –'पॅर् n. कपटाघाती, छलाघाती, गुप्त स्थानसे गोली^{F} चलानेवाला, कमीनदार (*~ magazine*)।
sniping स्नाइ'पिंग् n. **छिपकर गोलियाँ^{F} चलाना**।
snipper स्नि'पॅर् n. ग्रहीता, धरनेवाला, पकड़नेवाला; जालमें पकड़नेवाला, जालमें फँसानेवाला।
snippet स्नि'पिट् n. कतरन^F, छोटा कटा हुआ (कपड़ेका) टुकड़ा; (pl.) सूक्तिसंग्रह, सूक्तिखण्ड, ज्ञान अथवा

जानकारीᶠके स्फुट वाक्य, अवतरण, चयनिकाᶠ, इधर-उधरकी बातेंᶠ।
snippetiness –निॅस् n. सामान्य ज्ञान, फुटकर ज्ञान, स्फुट बोध।
snippety –टि a. खण्डज्ञानी, खण्डश्रुत, थोड़ा जानकार, फुटकर बातोंको जाननेवाला।
snipping स्नि'पिंग् n. (कैंचीᶠसे) कटाईᶠ, कर्त्तन, कतरनᶠ।
snippy स्नि'पि n. खण्डात्मक, अंशात्मक; कृपण, कंजूस, सूम; चिड़चिड़ा = SNIPPETY.
snip-snap स्निप्'-स्नैप् n. तुरत-फुरत वार्तालाप।
snip-snap-snorum –स्नॉ'रम् n. गोलाईᶠमें बैठकर अलग-अलग स्वतन्त्र रहकर खेलनेका ताशका खेल।
snipy स्नाइ'पि a. चहेके समान, चहे-जैसा; कुनाल-बहुल।
snitch स्निच्' n. वार्ताहर, वार्तावह, दूत, सूचनाᶠ देनेवाला, समाचार देनेवाला; (ग्रा०) नाकᶠ, नकटीᶠ, नाकᶠसे निकलनेवाला कफ।
snitcher –'चॅर् n. वार्ताहर, वार्तावह, दूत, सूचनाᶠ देनेवाला, समाचार देनेवाला; हस्त-शृंखलाᶠ, हथकड़ीᶠ।
snivel स्नि'वॅल् १. n. मिथ्यारुदन, रें-रेंᶠ,पें-पें, रिरियाना; नाकᶠ, रेंटᶠ, नासामल; कपटवचन, पाखण्डपूर्ण मिथ्यावार्ताᶠ, झूठी बातेंᶠ, मक्कारीᶠकी बातᶠ; २. v. i. नाकᶠ बहना, नाकᶠसे रेंट निकलना; अश्रुपूर्ण होना; मिथ्या पश्चात्ताप करना, बुद्धूपनकी भावुकताᶠ दिखाना, आँसू भर लाना, रोना, झूठमूठ रें-रें करना, ठिनकना।
sniveller –लॅर् n. मिथ्यारोदक, रें-रें करनेवाला, पें-पें करनेवाला, नाकᶠ रेंटनेवाला।
S.No. Serial Number.
snob स्नॉब् n. चर्मकार, मोची, चमार; (विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक पाठशालाओंᶠमें; प्रा०) नागरिक, नगरवासी, कस्बेका रहनेवाला, शहरी; अभद्र, अकुलीन, निम्नवंशीय, निम्न स्थितिका, ओछी जातिᶠका व्यक्ति; सभ्यम्मन्य, भद्रमानी; वर्गदम्भी, घमण्डी, उच्चवर्गके शिष्टाचारोंका अनुकरण करनेवाला और छोटोंको हीन समझनेवाला व्यक्ति, फतोबाबू, नकचढ़ा अमीर, धन्नासेठ।
snobbery –'बॅरि n. कपटभद्रताᶠ, मिथ्यावैभवप्रेम, सभ्यम्मन्यताᶠ, अमीरीᶠकी अकड़ᶠ।
snobbish –बिश् a. मिथ्यावैभवप्रेमी, बना अमीर।
snobbishness –निॅस् n. मिथ्यावैभवप्रेम, अमीरीᶠकी अकड़ᶠ।
snobbism –बिज़्म् n. = SNOBBISHNESS.
snobby –बि a. = SNOBBISH.
snobling –ब्'लिंग् n. मिथ्यावैभवप्रेमी व्यक्ति, अमीरीपरस्त आदमी; सभ्यम्मन्य व्यक्ति, दम्भी आदमी।
snobocracy –बॉ'क्रसि n. मिथ्यावैभवराज्य, सभ्यम्मन्यतन्त्र, भद्रमानीतन्त्र, भद्रमानीवर्ग, अमीरीपरस्त लोग।
snoek स्नूक्' n. (द० अफ्रीका) खाने योग्य बड़ी समुद्री मछलीᶠ।
snood स्नूड' n. मछलीᶠ मारनेकी कँटियाᶠको बड़ी डोरीᶠ-के साथ बाँधनेका सूत या ताँतᶠ; स्काटलैण्डकी कुमारियोंᶠके जूड़ा बाँधनेका फीता, डोरीᶠ।
snooded –'डिॅड् a. फीतेदार।
snook¹ स्नूक्' n. विशेष समुद्री मछलीᶠकी जातियाँᶠ।
snook² n. (ग्रा०) अँगूठेको नाकᶠपर रखकर और उँगलियोंᶠको फैलाकर घृणाᶠ या अनादर प्रकट करनेका एक संकेत या हाव, खुट्टीᶠ करनेका एक ढंग (*cock*, *cut*, *make*, *a* ~ or ~*s*)।
snooker स्नू'कॅर् n. एक प्रकारका बिलियर्ड टेबिलका खेल।
snool स्नूल्' v.t. (स्कॉट०) अधीन करना, दबाना।
snoop स्नूप्' v.t. & i. चोरीᶠ करना, चुराना; कानून तोड़नेके उपाय खोजना; कानूनसे कतराना; (मूल० अमेरिकी बोल०) भेद जाननेका अनुचित यत्न करना, बेजा दखल देना, खाहमखाह टाँगᶠ अड़ाना।
snooper –'पॅर् n. गुप्तभेदी, भेदिया, न जाननेकी बातोंᶠका भेद लगानेवाला।
snooping⊙ –पिंग् n. सूक्ष्म परीक्षण, रहस्यान्वेषण, भेद लेना, रहस्य जानना।
snooty स्नू'टि a. अहंमन्य, अहंकारी, घमण्डी; दुष्ट, दुःशील, चिड़चिड़ा, बदमिजाज; = SNOBBISH.
snooze स्नूज़्' १. n. अल्पनिद्राᶠ, दिनके समयकी हलकी झपकीᶠ; २. v. i. तन्द्राभिभूत होना, दिनके समय हल्की-सी झपकीᶠ या नींदᶠ लेना (~ *time away*); निष्क्रिय उदासीनताᶠमें समय व्यतीत करना, बेकार वक्त बिताना।
snoozer –ज़ॅर् n. अल्पनिद्रित व्यक्ति, झपकीᶠ लेनेवाला आदमी।
snore स्नोॲर्' १. n. नासिका-ध्वनिᶠ, खर्राटा, घुरकनᶠ; २.v.t. & i. नींदᶠमें खर्राटे लेना या भरना, घुरकना, घुरघुर करना; खर्राटोंमें समय बिताना, सोकर या घुरक-घुरककर वक्त गुजारना; घुर्राटे भर-भरके जगाना या सपने लेना (~ one*self awake*)।
snorer –'रॅर् n. खर्राटे भरनेवाला, घुरकनेवाला।
snort¹ स्नॉर्ट' १. n. घुर्राटा, खर्राटा, फुनफुनाहटᶠ; २. v.t. & i खर्राटे लेना, फुफकारना, फुनफुनाना; (भापᶠके इंजिनका) भकभक करना; फुनफुना करके या नथुने फुलाकर घृणाᶠ या निषेध प्रकट करना, फुनफुनाते हुए बोलना।
snort² n. पनडुब्बियोंᶠके इंजिनों और नाविकोंके लिए हवाᶠ भरनेका उपाय या तरकीबᶠ (जब कि वे जलके भीतर हों)।
snorter –'टॅर् n. फुनफुनानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; बलसूचक या आवेशसूचक प्रदर्शन, जोरदार, तमाशा; (ग्रा०) फुफकारती हुई हवाᶠ, झंझा, झक्कर।
snot स्नॉट्' १. n. (ग्रा०) नाकᶠ; नाकᶠकी रेंटᶠ; क्षुद्र गालीᶠ (जब किसी व्यक्तिको रद्दी कहा जावे); नीच मनुष्य; २. v.i. नाकᶠ छिनकना, नाकᶠ साफ करना; ~-rag रूमाल, नकपोंछना।
snottiness –'टिनिॅस् n. गन्दापन, रेंटापन, मैलापन।
snotty –टि १. n. (जलसेनाᶠ, ग्रा०) जहाजका छोटा

अधिकारी; २. a. गन्दा, रेंटभरा, रेंटा (जिसकी नाक[F] बहती रहती हो); गन्दा, घिनौना; (गँवारू; एक प्रकारकी गाली[F] भी); (बोल०) उद्विग्न, चिड़चिड़ा, खीजा हुआ, परेशान।

snout स्नॉउट्' १. n. नासा, (प्रा० भू०) **प्रोथ**, (किसी वस्तु[F]का) आगेको निकला हुआ भाग, टोंटी[F], टोंटा (~ *of glacier*) (जीव०) **तुण्ड**, थूथन, थूथनी[F], (हास्य०) मनुष्यकी नाक[F] या मुँहकी; २. v.t. थूथन लगाना, टोंटी[F] लगाना।

snouted –'टि्ड् a. सतुण्ड, तुण्डमय, थूथनदार, थूथनीदार; टोंटीवाला, टोंटीदार।

snouty –टि a. तुण्डवत्, तुण्डसदृश, थूथनवाला; टोंटीवाला।

some* सम्,सॅम् १. a. कतिपय, कतक, अल्प, कुछ*, थोड़ा-सा, थोड़े-से (*drink ~ water*); कोई, किसी, किन्हीं (व्यक्ति या वस्तु^F) (*saw it in ~ book*); बहुतेरे, चन्द (*went ~ miles out of our way*); किस सीमा^Fतक, किस हद^Fतक, किसी कदर (*that is ~ guide, test, proof*); महत्त्वपूर्ण, कुछ बड़ा (*this is ~ war !*); (प्रायः बल देकर) कुछ तो, थोड़ी-सी तो, जरा भर, तनिक (*do have ~ mercy on our nerves*); लगभग, कोई, करीब (*waited ~ 20 minutes*); २. adv. (ग्रा०) कुछ अंशमें, कुछ और, थोड़ा-बहुत (*he seemed annoyed ~*); ~**body** कोई व्यक्ति, कोई आदमी, कोई, (pl. *~bodies*) महत्त्व-पूर्ण व्यक्ति, विशिष्ट व्यक्ति, खास आदमी; ~**how** येन केन प्रकारेण, किसी प्रकार, किसी कारणसे, किसी तरह, जैसे-तैसे (*he ~how dropped behind*); (बल प्रयोग करनेपर) किसी-न-किसी प्रकारसे (*must get it finished ~how*); ~ **measure** कुछ-न-कुछ; ~ **one** कोई विशेष (व्यक्ति या वस्तु^F), कोई भी (*choose ~ one place as a centre*); ~ **picture** ⊙ चित्र-जैसा कुछ; ~**thing** कुछ, कोई बात^F, कोई वस्तु^F, कोई चीज़^F (*have ~thing to tell you*); adv. (प्रा०) समान, कुछ वैसा ही, मिलता-जुलता (*shaped ~thing like a cigar*); (बोल०, *like* पर बल देते हुए) श्रेष्ठ, उत्तम, अच्छा, बढ़िया, बड़ा, क्या कहना है (*this is ~thing like a pudding*); ~ **time** adv. थोड़े समय, कुछ देर, थोड़ी देर^F (*have been waiting ~ time*); कभी, किसी समय, किसी वक्त (*must see him about it ~ time*); ~**time** a. & adv. (प्रा०) एकदा, पूर्वकालमें, किसी समयमें, पहले (*was ~time mayor of Barnstaple*); ~ **times** adv. यदा-कदा, कभी-कभी, जब-तब, बाज वक्त, गाहे-गाहे (*have ~times thought*); ~**way** किसी उपायसे, किस ढंगसे, किस तरहसे; ~**what** (adv.) किंचित्, यत्किंचित्, अनिर्दिष्ट परिमाणमें, कुछ-कुछ, थोड़ा-सा, किसी कदर (*it is ~what difficult*); (pron. प्रायः) कुछ, कोई चीज^F (*found ~what to detain him*); ~-**when** (क०, कृत्रिम) कभी न कभी, किसी न किसी समय; ~**where** किसी स्थानमें, किसी जगह, कहीं, कहींपर (*lives ~where near us*); नरकमें भी, भाड़में (*will see him ~where*); ~**whither** (प्रा०) कहींको, किसी जगह^F-को; *and then* ~ ⊙ (अमेरिकामें, ग्रा०) और उससे भी बहुत अधिक, बहुत काफी;
~ **day**, ~ **measure**, ~ **part thereof**, ~**why**, ~**wise**.
somersault, -set[1] स'मॅर्सॉल्ट्, -सेॅट् १. n. कलाबाजी^F, डिगराजी^F, पलटा, ढेंकली^F, गुलाँट^F (*double, treble, ~*); २. v. i. कलाबाजी^F खाना, ढेंकली^F लगाना, गुलाँट^F मारना।
somerset[2] स'मॅर्सेॅट् n. गद्देदार काठी^F।
Somerset House स'मॅर्सिॅट् हाउस् n. लन्दनका मालगुजारीका दफ्तर, सॉमरसेट हाउस।
somite सो'माइट् n. (जीव०) देहभाग, तनूखण्डक।
somnambulant सॉम्नै'म्ब्युलॅन्ट् a. स्वप्नसंचरणशील, निद्राभ्रमी, निद्राचारी, निद्रासंचरणशील, स्वप्नाचारी, ऊँघ^Fमें घूमनेवाला।
somnambulate –लेट् v. i. (क०) निद्राभ्रमण करना, नींदमें चलना, ऊँघ^Fमें घूमना।

somnambulation, -lism –ले'शॅन्, -लिज़्म् n. निद्राभ्रमण, निद्राटन, (शिक्षा०) **निद्राचार**, स्वप्न-चारिता^F, स्वप्नसंचरण, स्वप्नाचरण, स्वप्नाटन, ऊँघ^Fमें चलना-फिरना; निद्राभ्रमणकी चित्तवृत्ति^F, निद्रासंचरणकी (मस्तिष्ककी) अवस्था^F।

somnambulist –'ब्यूलिस्ट् n. निद्राचर, स्वापचारी, स्वप्नसंचरणकर्त्ता, स्वप्नाचारी, ऊँघ^Fमें चलनेवाला।

somnambulistic –'टिक् a. निद्राभ्रमण-विषयक, स्वप्न-संचरण-सम्बन्धी; स्वप्नचारी।

somni- स्वाप-, निद्रा- (~*ferous*, ~*loquence*, ~*loquism*, ~*loquy*, ~*pathist*)।

somnifacient –नि'फ़ेशन्ट् a. & n. निद्रा^F-जनक (ओषधि^F), निद्रापक (ओषधि^F),नींद^F लानेवाली (दवा^F)।

somniferous –'फ़ॅरस् a. सुप्तिकारक, निद्राकर, निद्राजनक, नींद^F या ऊँघ^F लानेवाला।

somnific –फ़िक् a. स्वापकारी, निद्राजनक, नींद^F लानेवाला।

somniloquism –'लॅक्विज़्म् n. स्वापालाप, स्वाप-संलाप, निन्द्रा-संलाप, नींद^Fमें बड़बड़ाना।

somniloquist –क्विस्ट् n. निद्राभाषी, स्वापालापी, निद्रा-प्रलापी, नींद^Fमें बड़बड़ानेवाला।

somniloquous –क्वॅस् a. स्वापालापी, स्वाप संलापी, निद्रा-प्रलापी, नींद^Fमें बड़बड़ानेवाला।

somniloquy –क्वि n. =SOMNILOQUISM.

somnipathist –'पॅथिस्ट् n. निद्रोपचारी; ऐन्द्र-जालक; इन्द्रजालसुप्त व्यक्ति, मन्त्रसुत व्यक्ति, जादूसे सोया हुआ व्यक्ति, मेसमरेजिमसे बेहोश आदमी।

somnipathy –थि n. निद्रोपचार; इन्द्रजाल-स्वाप, मन्त्रसुप्ति^F, जादूकी नींद^F, मेसमरेजिमकी बेहोशी^F।

somnolence, -cy सॉम्'नॅलॅन्स्, -सि nn. (चि०) **तन्द्रा**^F, तन्द्रालुता^F, तन्द्राच्छन्नता^F, तन्द्रिलता^F, निद्रा^F, (शिक्षा०) **निद्रालुता**^F, नींद^F, निदास^F, ऊँघास^F, ऊँघ^F, उनीदापन।

somnolent –न्ट् a. तन्द्रालु, तन्द्रा या निद्राजनक, निद्राप्रवण, निद्रालु, निद्रालस, निँदासा, ऊँघता हुआ, उनींदा; (निदान०) तन्द्रिल, अर्धसुप्त।

somnolescent ⊙ सॉम्नॉ'लॅसॅन्ट् a. अर्धसुप्त।

somnolism सॉम्'नॅलिज़्म् n. अस्वाभाविक निद्रा^F, सम्मोहिनी निद्रा^F, वशीकरणकी नींद^F, जादुई नींद^F।

somoplasm ⊙ सो'मॅप्लैज़्म् n. (वन०) **अजनित्र द्रव्य**, T.

-son = TION. (*rea*~, *trea*~)।

son* सन्' n. आत्मज, नन्दन, तनय, सुत, पुत्र*, कुमार, बेटा*, लड़का, पूत, बच्चा; वंशज, वंशधर, सन्तान^F, औलाद^F (~*s of Abraham*); (प्यारमें) वत्स, तात, बेटा, लाल, भइया; अनुयायी, शिष्य, उत्तराधिकारी, गुणानुवर्ती, गुणानुगामी, गुणयुक्त (~ *of toil*, ~*s of light*); किसी देशका अधिवासी, मूलवासी, बाशिन्दा; ~**-in-law** जामाता, दामाद, जमाई; ~ **and heir** पुत्र एवं उत्तराधिकारी; ~ of God ईसा; ~ of Mars सैनिक, सिपाही; ~ of the soil देशवासी, अधिवासी, भूमिधर, धरती^Fका लाल, ग्रामीण, देहाती, गाँववाला; The S~ of Man (न्यू टेस्टामेण्टमें) ईसा मसीह; (ओल्ड टेस्टामेण्टमें) आदमकी सन्तान^F, the ~s of men मानव जाति^F।

sonance सो'नॅन्स् n. = SONANCY.

sonancy –सि n. ध्वनिपूर्णता^F, स्वनता^F, निनादत्व, शब्दायमानता^F, उच्चारणत्व, आवाज^F।

sonant –न्ट् १. n. स्वन, निनादी या शब्दायमान ध्वनि या वर्ण; २. a. स्वनयुक्त, ध्वनिपूर्ण, निनादी, (भौ०) **वादी**, स्पष्टध्वनित, शब्दायमान, सुरीला, आवाजदार।

sonantal –'टॅल् a स्वनमय, निनादी, शब्दायमान, ध्वनिपूर्ण, आवाजदार।

sonata सॅना'टॅ n. यान्त्रिक सुर, प्यानोका एक राग, सोनाटा।

sonatina सोनॅटी'नॅ n. SONATA का सरल अथवा संक्षिप्त रूप, छोटा राग, सोनाटिना।

song* सॉन्' n. **गीत***, पद, गेय लघु कविता^F, गीति-कविता^F, **गान**, गाना*; अन्त्यानुप्रासयुक्त कविता^F, तुकापेक्ष कविता^F, तुकवाली कविता^F; पद्य, कविता^F, छन्द; कण्ठ्य संगीत, गायन, राग, गायकी^F, तराना, नगमा (*burst forth into* ~); पक्षीगायन, चिड़ियों^Fकी सुरीली ध्वनि^F, चहकना, चहचहाहट^F (~*-birds*); तुच्छ वस्तु^F; S~ of S~s, S~ of Solomon सुलेमानके गीत; *bought, sold, it for a* ~ or *an old* ~ कौड़ियों^Fके मोल खरीदा या बेचा; *nothing to make a* ~ *about* बहुत ही क्षुद्र बात^F, मामूली-सी चीज^F।

songful –'फ़ुल् a. गानयुक्त, गीतमय; गीत-सदृश, गानेकी भाँति, संगीतमय, सुरीला; मधुर, सरस, मीठा।

songless –'लिॅस् a. गीतरहित, रागहीन, कण्ठहीन, अकण्ठ, बेसुरा; नीरस, फीका।

songster –'स्टॅर् n. गायक पक्षी, गानेवाली चिड़िया^F; गायक, गवैया, गानेवाला; कवि, गीतकार।

songstress –स्ट्रिॅस् n. गायिका^F, गानेवाली^F; कवयित्री^F, गीतलेखिका^F।

sonic ⊙ सॉ'निक् a. स्वनीय, (भौ०) **ध्वनि-, ध्वानिक** (~ *energy*), ध्वनितरंगीय, ध्वनितरंग-विषयक, ध्वनि-तरंग-सम्बन्धी, सुरका।

soniferous सॅनि'फ़ॅरस् a. निनादी, शब्दायमान, ध्वनि-जनक, स्वनोत्पादी, आवाज^F उत्पन्न करनेवाला।

sonless सन्'लिॅस् a. निःसन्तान, सन्तानहीन, अपुत्र, पुत्रहीन, निपूता, बेऔलाद।

sonnet सॉ'निॅट् n. चतुर्दशपदी कविता^F, एक प्रकारकी चौदह पंक्तियों^Fकी कविता^F, सॉनेट; (अव क्व०) कोई छोटा गीत, गीति^F।

sonneteer सॉनिटीअॅर् १. n. चतुर्दशपदी कविता-लेखक, सॉनेटकार, सॉनेटबाज; २. v.t. & i. चतुर्दशपदी कविता^F लिखना, सॉनेट कहना, सॉनेटमें अभिव्यक्ति करना।

sonny स॑नि n. लड़केको प्रेमसे बुलानेका शब्द, वत्स, बच्चा, बेटा, भइया, छोरा, सन्नी ।
sonometer सॅनॉ'मिटॅर् n. ध्वनिमान, स्वनमापी, सुरमापी, स्वरमापी, ध्वनिमापित्र, ध्वनिमापक यन्त्र, सोनोमीटर ।
sonorescence सॉनॅरे'सॅन्स् n. निनादिता^F, शब्दकारिता^F, स्वनता^F, ध्वनि-जनकता^F, आवाज^F करना ।
sonorescent –न्ट् a. निनादी, शब्दकारी; स्वनोत्पादी, ध्वनि-जनक, आवाज^F करना (जैसे, चमड़ा या रबड़) ।
sonorific –रि'फ़िक् a. = SONIFEROUS.
sonority, sonorousness –सॅनॉ'रिटि, –रॅस्‌निॅस् nn. उच्च घोष, गम्भीर नाद; स्वनत्व, मुखरता^F, निनादिता^F, गरज^F, गूँज^F; माधुर्य, मंजुलता^F, स्पष्टता^F; शब्दाडम्बरपूर्णता^F ।
sonorous –रॅस् a. घोषपूर्ण, उच्चशब्दकारी, गर्जनकारी, गरजनेवाला, गरजता हुआ, बुलन्द आवाज^Fका; मुखर, निनादी, सनाद, सस्वन, (भौ०) **सुस्वनिक**, प्रतिध्वनिपूर्ण, **ध्वनिज** (~ *figures*), गुंजायमान; मधुर, मंजुल, सुरीला; स्पष्ट, परिस्फुट; ओजस्वी, प्रभावशाली, शब्दाडम्बरपूर्ण, गर्जनपूर्ण, तड़क-भड़कदार, जोशीला (भाषण, शैली^F आदि) ।
sonorousness –निॅस् n. दे० SONORITY.
sonship सन्'शिप् n. आत्मजता^F, पुत्रत्व, बेटापन ।
sonsy सॉन्'सि a. स्थूल, मोटा; विनीत, सरल, सहज, नम्र, विनम्र ।
soojee सू'जि n. सूजी^F ।
soon सून्' adv. सत्वर, झटिति, अचिरात्, शीघ्र, अविलम्ब, विना विलम्ब, तुरन्त, अभी, झटसे, झटपट, जल्द, जल्दीसे, थोड़ी देर^Fमें, फौरन (*shall ~ know the result*); स्वेच्छासे, इच्छापूर्वक, खुशी^Fसे (*I would just as ~ stay at home*); पहले, तड़के, सवेरे, जल्दी (*what makes you come so ~?*); *as ~ as* जिस क्षण, ज्योंही, जैसे ही; *no ~ er than* ज्यों ही; *no ~er said than done* कहते देर^F लगी करते नहीं, बात^F मुँहसे निकलते ही पूरी हो गयी; *~er or later* कभी न कभी, देर-सवेर ।
soot सुट्' १. n. (रसा०) **कज्जल, काजल, कजली^F, कालिख^F**, (~ *blower*), कलौंस^F; धूँगा; २. v.t. कालिख पोतना, कालिख लगाना; ~-cancer, ~-wart (चि०) धूमनी कर्कट, चिमनी^Fकी कालिख साफ करनेवालोंमें होनेवाला अण्डकोषका कर्कट रोग ।
sooterkin सु'टॅर्किन् n. (प्रा०) मिथ्या प्रसव; (ला०) असफल योजना^F ।
sooth सूथ्' n. (प्रा०) तथ्य, यथार्थता^F, वास्तविकता^F, सत्य, सत्यता^F, सचाई^F, हकीकत^F; *in (good) ~* सत्यतः, निश्चय ही, वास्तवमें, सचमुचमें ।
soothe सूद्' v.t. सान्त्वना^F देना; (पीड़ा^Fको) शान्त करना, न्यून करना, (दर्द) धीमा करना, कम करना, घटाना, नरम करना, मिटाना; (व्यक्ति, स्नायुओं^F, आवेगों या उत्तेजनाओं^Fको) प्रशमित करना, तुष्ट करना, ठण्डा करना, ठण्डक पहुँचाना, ढाढ़स देना; (किसी व्यक्तिको) मुँहदेखी बात^F कहना, चुपड़ी बातें^F करना, चापलूसी^F करना, खुश करना; चुमकारना; पुचकारना ।
soother –'दॅर् n. प्रशामक, उपशामक, सान्त्वनकर्त्ता, शान्तिकारी, शान्त करनेवाला, ढाढ़स देनेवाला; चाटुकार, चापलूस; बच्चेके चूसनेके लिए रबरकी चुसनी^F ।
soothfast सूथ्'फ़ास्ट् a. (प्रा०) सत्यनिष्ठ, धर्मसन्ध, दृढ़, पक्का ।
soothing सू'दिंग् १. n. प्रशमन, उपशमन, निर्वाण, सान्त्वन; २. a. प्रशमनकारी, शामक, शान्तिकर, तापहर, सान्त्वक ।
soothsay सूथ्'से v. i. भविष्यवाणी^F करना, आगेकी बात^F बताना ।
soothsayer –सेॲर् n. भविष्यवक्ता, मौहूर्तिक, दैवज्ञ, ज्योतिषी, जोशी, नजूमी ।
soothsaying –सेइंग् n. भविष्यकथन, भविष्यवाणी^F, मुहूर्त्त-चिन्तन, ज्यौतिष ।
sootiness सु'टिनिॅस् n. कज्जलमयता^F, कालिख ।
sootless –ट्'लिॅस् a. कज्जलरहित, बिना कालिखका ।
sooty –'टि a. **कज्जलिक**, कज्जलयुक्त, धूमिल, कालिख^F-से भरा हुआ, धुएँदार, काला, (रसा०) **कालखी, कालख**, कालिखवाला ।
sop. soprano.
sop सॉप्' १. n. पिण्ड, अन्न, पिष्टक खण्ड, शोरबेमें भीगा हुआ रोटी^Fका टुकड़ा आदि, तर टुकड़ा; किसी खतरनाक पशु या मनुष्यको परचानेके लिए दी गयी वस्तु^F; उत्कोच, घूस^F; २. v.t. & i. (रोटी^F आदिको शोरबेमें) डुबोना, भिगोना, तर करना; (तौलियाका) पानी सोखना, पूरी तरह भिगोना; पूरी तरह भीग जाना, तर होना, सराबोर होना (*am ~ping with rain*); *~in the pan* तली हुई डबल रोटी^F ।
soph सॉफ़्' n. = SOPHISTER.
sopherim सो'फ़ॅरिम् n. (यहूदी शास्त्रके) टीकाकार ।
sophiology ⊙ सोफ़िऑ'लॅजि n. वैचारिकी^F, विचारविज्ञान, विचार-शास्त्र, विचार-विद्या^F ।
sophism सॉ'फ़िज़्म् n. आभास, सत्याभास, युक्त्याभास, (शिक्षा०) **हेत्वाभास**, मिथ्यातर्क, कुतर्क, कूटतर्क, वाक्छल, मिथ्यावाद, मिथ्याहेतुवाद, धोखा, लपेट^F, पेच, चक्कर ।
sophist –फ़िस्ट् n. हेत्वाभासवादी, मिथ्यातार्किक, कुतर्की, कूटतार्किक, वाक्छली, वितण्डावादी, झूठी दलील^Fसे धोखा देनेवाला; तार्किक, प्राचीन ग्रीकके दर्शन तथा अलंकार या भाषणशास्त्रके सवैतनिक शिक्षक, वेतनभोगी अध्यापक; T. ।
sophister –टॅर् n. स्नातक, ग्रेजुएट ।
sophistic, -al सॅफ़िस्'टिक, –ॲल् a. कूटतर्क-विषयक, कुतर्क-सम्बन्धी; कूटतर्कात्मक, हेत्वाभासरूप, आभासात्मक, कुतर्कपूर्ण, मिथ्या, धोखेका, झूठा, गलत ।
sophisticalness –निॅस् n. कूटतर्कविषयकता^F, कुतर्कसम्बन्धिता^F; कूटतर्कात्मकता^F, हेत्वाभासरूपता^F,

आभासात्मकता^F, कुतर्कपूर्णता^F ।

sophisticate –केट् v.t. & i. कुतर्कके द्वारा किसी व्यक्तिको पथभ्रष्ट करना, भ्रान्त पथपर चलाना, गुमराह करना, बिगाड़ना; (किसी विषयमें) कूटतर्क या कुतर्कसे काम लेना, कुछका कुछ कर देना; (किसी व्यक्ति या वस्तु^Fकी) सादगी^F दूर करना, कृत्रिम या झूठा बनाना, खोटा बनाना, खराब करना; तर्क करनेके लिए (पाठ) विकृत कर देना, (पाठ आदिको) परिवर्तित करना, गलत बना देना; कुतर्कका प्रयोग करना, झूठी दलील^F देना; (शराब^F आदि) अपद्रव्यण करना, दूषित करना, अपमिश्रित करना, मिलाना; मिलौनी^F करना, घालमेल करना।

sophisticated –टिड् a. संस्कारित (~*attieudt*); दूषित, भ्रष्ट, अपमिश्रित, व्यवहारविद्, व्यवहारकुशल, दुनियादार; घाघ।

sophistication –के'शॅन् n. कुतर्कप्रयोग; बहकाव, भटकाव; विकृतीकरण, अशुद्धीकरण, भ्रष्टता, कपट, छल, धोखा, बिगाड़; (चि०) (अन्न, औषधि^F आदिका) अपद्रव्यण; व्यामिश्रण, अपमिश्रण, घालमेल, मिलावट^F, मिलौनी^F, खोट^F।

sophisticator –टिकेटॅर् n. अपमिश्रणकर्ता, भ्रष्टकर्ता, अपमिश्रण करनेवाला; भ्रान्तपथनेता, गुमराह करनेवाला।

sophistry सॉ'फिस्ट्रि n. कूटतार्किकता^F, कुतर्किता^F, कुतर्कपूर्णता^F, वितण्डा, (दर्श०) **जल्प, कुतर्क**, भ्रान्तिपूर्ण तर्क, धोखाधड़ी^F।

sophomore ⊙ सॉ'फॅमोऑर् n. विश्वविद्यालयका द्वितीय वर्षका विद्यार्थी।

sophomoric ⊙ –मॉऑ'रिक् a. कालेज-विद्यार्थीका; = PRETENTIOUS.

Sophy सो'फि n. (इति०) १६वीं-१७वीं शती^Fके ईरानी बादशाह (उनकी उपाधि^F), सूफी।

sopite सोपाइट्' v.t. मन्द करना, शान्त करना, सुलाना, अन्त करना।

sopor सो'पॅर n. (चि०) गाढ़ निद्रा^F, नींद^F।

soporiferous सॉ(सो)पॅरि'फ़ॅरॅस् a. निद्राकर, निद्राकारी, निद्राजनक, नींद^F लानेवाली।

soporific –फ़िक् १. n. निद्राकर ओषधि^F; २. a. (चि०) तन्द्राकर, तन्द्रावह; निद्राकर, निद्राकारी, निद्राजनक, नींद^F लानेवाली।

soporose –'पॅरोस् a. तन्द्रिल, तन्द्रालु, निद्रालु, सुआँसा, सोवाँसा।

soporous –रॅस् a. = SOPOROSE; (चि०) गाढ़-निद्रस्त; सन्यासग्रस्त, सन्यास-सम्बन्धी।

sopping सॉ'पिंग् १. n. आचूषण, आर्द्रीकरण, भिगोना, तर करना; २. a. आचूषी, भिगोनेवाला।

soppy सॉ'पि a. सिक्त, आर्द्र, तर, भीगा हुआ; (बोल०) हेयभावपूर्ण घृणोत्पादक भावयुक्त।

sopranist सॅप्रा'निस्ट् n. उच्चकण्ठका गायक या गायिका^F, उच्चतम स्त्रीस्वरमें गानेवाली या बालकके स्वरमें गानेवाला।

soprano –नो n. (pl. -*nos*, -*ni*) तीव्र स्वर, तार, स्त्री^Fका उच्चतम कण्ठस्वर, रमणी^F या बालकके कण्ठका उच्चतम स्वर।

-sor -क, -वाला (*profes* ~)।

sora सॉ'रॅ n. एक अमेरिकी पक्षी, सोरा।

sorb सॉर्ब' n. शैलभूर्ज, एक फलदार पेड़, सेब्रा।

sorbate –'बॅट n. शैलभूर्ज-लवण, शैलभूर्जिक लवण (SORBIC एसिडका नमक)।

sorbefacient सॉर्बिफ़े'शन्ट a. & n. अवशोषकारी (ओषधि^F)।

sorbet सॉर्'बिट् n. हिमजल, शर्बत।

sorbic सॉर्'बिक् a. शैलभूर्जिक (~ *acid*)।

sorbo ⊙ सॉर्'बो n. छिद्रिल घृषि^F, सरन्ध्र रबर (नाम)।

sorcerer सॉर्'सॅरॅर् n. ऐन्द्रजालिक, मायाकर अभिचारी, इन्द्रजाल-प्रदर्शनकारी व्यक्ति, भूतसाधक, जोगी, सयाना, जादू टोना करनेवाला, ओझा, जादूगर।

sorceress –रिस् n. भूतसाधिका^F, ऐन्द्रजालिका^F, जोगिनी^F, अभिचारिणी^F, जादूगरनी^F, ओझाइन^F।

sorcerous –रॅस् a. ऐन्द्रजालिक, भूतसिद्धि-विषयक, जन्तरमन्तर-सम्बन्धी, जादू-सम्बन्धी।

sorcery –रि n. इन्द्रजाल, भूतसिद्धि^F, (दर्श०) **अभिचार**, जन्तर-मन्तर, ओझाई^F, **जादू**, जादूगरी^F, **टोना**।

sordes सॉर्'डीज् n. किट्ट, सीठी^F, छाँटन, अवर पदार्थ, तुच्छ पदार्थ, रद्दी चीज^F; व्यक्त पदार्थ, फेंकी हुई चीज^F; (बुखारमें) दशनमल, दन्तमल, दाँतोंका मैल।

sordid सॉर्'डिड् a. नीच, अधम, नीचकुलोत्पन्न, क्षुद्र, हीन, घटिया, कमीना; दुष्ट, कुत्सित, संकीर्ण, कृपण, ओछा, लोभी, कंजूस, सूम, खसीस; (वन०, जन्तु०, रंगोंका) कर्दमसिक्त, कीचड़से भरा; मलिन, अशुद्ध, मैला।

sordidness –निस् n. नीचता^F, अधमता^F, कमीनापन; संकीर्णता^F, कृपणता^F, ओछापन, कंजूसी^F; मलिनता^F, अशुद्धता^F, गन्दापन।

sordine सॉर्'डीन् n. ध्वनिनिरोधक यन्त्र या खूँटी^F।

sore सोऑर्' १. n. (चि०) **व्रण**, क्षत, घाव, जलन^F, छिलन^F, जख्म, फोड़ा-फुंसी^F; (ला०) क्लेश, दुःख, विपता^F, दुःखदायी स्मृति^F, कष्टप्रद चर्चा^F, मर्मभेदी बात^F, कसक^F, टीस^F, २. a. सरुज, रोगी, क्षतयुक्त, छिला हुआ, दुखता हुआ, सूजा हुआ, चोट^F खाया हुआ; स्पर्शासह, संवेदन, अत्यन्त कष्टकर, वेदनायुक्त, पीड़ाकर, दुःखदायी, पीड़ादायक, दुखनेवाला (*has a ~ arm*); मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी, उत्तेजक, कष्टप्रद, असह्य; क्लेशजनक, प्रदाहयुक्त, वेदनायुक्त, उग्र, खिजानेवाला (*a ~ subject*); (प्रा०, काव्य) चिन्ताप्रद, कष्टकर, दारुण, भीषण, क्लेशप्रद या दुःखदायी, कठोर, कड़ा, भारी, सख्त (*in ~ distress*); व्यथित, चिन्तित, दुःखी, खिन्न, क्रुद्ध, खीजा हुआ, झल्लाया हुआ, चिड़चिड़ा, बिगड़ा हुआ (*is very ~ about his defeat*); ३. adv. उत्कट रूपसे, अतिशय, बहुत बुरी तरह (~ *oppressed*); ~eye (चि०) **दुखती**

आँखF; ~throat (चि०) गलक्षत; *a sight for ~ eyes* मनोरम या नेत्रशीतलकारी दृश्य, आँखोंF को ठण्डा करनेवाला दृश्य, बहुत ही सुन्दर; *like a bear with a ~ head* चिड़चिड़ा, झल्लाया हुआ; *made him ~ head* ⊙ उसे चिड़चिड़ा कर दिया; *touched him on a ~place* मर्मस्पर्श करना, मर्मको छू देना।

sorel सॉ'रॅल् a. & n. =SORREL².

soreness सोॲर्'निस् n. क्लेश, पीड़ाF, दुःख; कष्ट, क्लेशप्रदताF, मर्मस्पर्शिताF, चिन्ताF, जलनF; चिड़चिड़ापन, झल्लाहटF, खीजF।

sorghum सॉर्'गॅम् n. (चि०)एक प्रकारकी इक्षुशर्कराF; यवनालप्रजातिF, ज्वारF, (कृषि०) चरीF, (बाजरा और चीनीF गन्ना आदि घासF की जातियाँF)।

soricine सॉ'रिसाइ(सि)न् a. मौषिक-, मूषक-विषयक, मूषक-सम्बन्धी, चूहेका।

sorites सॅराइ'टीज् n. न्यायश्रेणीF, तर्कशास्त्रकी धारावाहिक प्रतिज्ञापरम्पराF, शृंखलाबद्ध न्याय, कूटात्मक मालाकार तर्क, लगातार कूटतर्क, कुतर्कक्रम, कुतर्करूप; (दर्श०) संक्षिप्त आकारानुमान, संक्षेपमाला।

soritical सॅरि'टिकॅल् a. न्यायश्रेणी-सम्बन्धी, शृंखलाबद्ध न्याय-विषयक; कूटात्मक, कुतर्कक्रमपूर्ण।

sorn सॉर्न v.i. बलात् प्रवेश करना, हठपूर्वक प्रवेश करना, जबर्दस्तीF घुसना; धरना देना।

soroptimist सॅरॉप्'टिमिस्ट् n. (महिलाF) रोटरी क्लबकी सदस्याF।

sororal सॅरॉॲ'रॅल् a. भगिनीवत्, बहन-जैसा; भगिनीF का, बहनF का।

sororate ⊙ –रॅट् n. (जंगली प्रथाF) सालीF से ब्याह।

sororicide ⊙ -रिसाइड n. स्वसाघात, भगिनी-हत्याF, बहनF की हत्याF।

sororise ⊙ –राइज़ v.i. बहनF बनाना, बहन-जैसा सम्बन्ध रखना।

sorority सॅरॉ'रिटि n. उपासनात्मक भगिनीत्व; (कालेज या विश्वविद्यालयमें) स्त्रियोंF की संस्थाF ⊙।

sorosis सॅरो'सिस् n. (वन०) सरसाक्ष, फलपुंज, मुलायम गूदेदार फल (जैसे अनन्नास),T.।

sorption सॉर्प्'शॅन् n. (रसा०) परिशोषण, शोषण।

sorra सॉ'रॅ adv. (आयरलैण्ड, ग्रा०) नहीं, कभी नहीं, हर्गिज नहीं, बिल्कुल नहीं।

sorrel¹ सॉ'रॅल n. अम्ललोणिकाF, एक प्रकारका शाक या वनस्पतिF, (वन०) खट्टीमीठीF, खट्टी भाजीF, चुक्र, खटमिट्ठा चोका, लोनीF, T.।

sorrel² १. n. पाटलवर्ण; लालीF लिये हुए बादामी रंग; उस रंगका पशु; (*sorel* भी) तीसरे सालका हिरन; चूका, खट्टा साग; २. a. पीताभ, पाटल, लालीF लिये हुए बादामी रंगका।

sorriness सॉ'रिनिस् n. दुःख, खिन्नताF, खिन्नावस्थाF, घृण्यताF, क्षुद्रताF, तुच्छताF, हीनताF, असारताF, हल्कापन, घटियापन, बुराईF, खराबीF।

sorrow सॉ'रो १. n. आपदाF, विपदाF, विपत्तिF, आपत्तिF, दुर्भाग्य, अभाग्य, संकट, शोकावसर, मुसीबतF, परेशानीF, आफतF (*has had many ~s*); क्लेश, मनस्ताप, मनोवेदनाF, वेदनाF, व्यथाF, शोक, चिन्ताF, खेद, दुःख, विषाद, सन्ताप, रंज, अफसोस, गम; क्रन्दन, विलाप, हाहाकार, रोना-पीटना (*his ~ was loud and long*); २. v.i. (*at, for, over* के साथ) खेद करना, विलाप करना, शोक मनाना, रोना, मातम मनाना; चिन्तित होना, चिन्ताF व्यक्त करना, चिन्ताF करना, दुःखी होना, खेद प्रकट करना, रंज करना; गमगीन होना;

~-beaten, ~-blinded, ~-laden, ~-melted, ~-stricken, ~wasted, ~-worn.

sorrower –रोॲर n. विलापी, विलाप करनेवाला, मातम मनानेवाला।

sorrowful –रोफुल् a. सशोक, शोकार्त, शोकाकुल, शोचनीय, विषादयुक्त, शोकपूर्ण, चिन्तापूर्ण, अवसन्न, म्लान, विषण्ण, शोकग्रस्त, शोकातुर, उद्विग्न, खिन्न, दुःखित, दुःखी, गमगीन, उदास।

sorrowfulness –निस् n. शोचनीयताF, शोकार्तताF, चिन्तापूर्णताF, खिन्नताF, विषादग्रस्तताF आदि; उद्विग्नताF, अवसन्नताF, दुःख, उदासीF, गमगीनीF।

sorrowing –रो-इंग् a. चिन्ताF करता हुआ, खेद प्रकट करनेवाला, रंज करनेवाला; विलापी, शोकाकुल, शोकार्त।

sorry सॉ'रि a. खिन्न, दुःखित, दुःखी, खेदयुक्त, असुखी, पछताऊ (*will be ~for this some day*); (साहि०) घृणित, हेय, तुच्छ, क्षुद्र, नगण्य, हीन, हलका, निचली श्रेणीF का, बुरा, खराब (*a~ fellow, plight*)।

sort¹* सॉर्ट् n. प्रकार* (*nothing of the ~*); (बोल० *an awfully good ~*); श्रेणीF, वर्ग, प्रकार, जातिF, समूह, समुदाय, जिन्स, किस्म, मेल (*biscuits of several ~*); (प्रा०) ढंग, रीतिF, प्रकार, भाँतिF, ढौल, तौर, तरीका (*in seemly, courteous, etc., ~*); (मुद्र०) टाइपके साँचेका एक अक्षर या अंश; (मुद्र०) टाइपके साँचेके अक्षरोंमें ह्रस्व स्वर; *out of ~s* अस्वस्थ, निरुत्साह, खिन्न, क्रुद्ध, सुस्त।

sort² v.t. & i. श्रेणीविन्यस्त करना, वर्गोंमें विभाजित करना, अलग-अलग समूहोंमें बाँटना, अलग-अलग बाँटना; पृथक्करण करना, छाँटकर अलग करना, सजाना, लगाना, बीनना या छाँटना, चुन लेना; जोड़ना (*~ed out those of the largest size*); लगना, छँटना, जुड़ना, सजना; (प्रा०) अनुरूप होना, अनुकूल होना, मेल खाना, मुताबिक होना (*his actions ~ ill, well, with his professions*)।

sortable –'टॅबॅल् a. श्रेणीबद्धकरणीय, पृथक्करणीय, चुनने योग्य, छाँटने लायक।

sortation –टे'शॅन् n. पृथक्करण, वर्गीकरण, श्रेणीयन, श्रेणीविन्यास, श्रेणी-विभाजन, पृथक्न, अलगाव, छाँटF, छँटाईF।

sorted –'टिड् a. पृथक्कृत, छँटा हुआ (*~sweets*)।

sorter –टर् n. पृथक्कार, श्रेणीविन्यासकर्त्ता, वर्गोंमें बाँटनेवाला, छाँटनेवाला, चुननेवाला, T.।

sortie सॉर्'टी n. अवरुद्ध सेनादलका हठात् बहिर्गमन, अवरुद्ध स्थानसे निर्गमन, धावा; निष्पान, अवपात, (विमानकी) उड़ान[F]; T.।

sortilage, -ege सॉर्'टिलिज् n. भाग्यनिश्चय।

sorting सॉर्'टिंग् n. पृथक्करण, वर्गीकरण, छँटाई[F], छाँट[F], छाँटना;

~ almirah, ~ article, ~ bag, ~ bundle, ~cabin, ~ case, ~ department, ~ inspector, ~ ledge, ~ list, ~ memo, ~ office, ~ postman, ~ seal, ~ siding, ~ table, ~ tub.

sortition सॉर्टि'शॅन् n. पाँसा या लाटरी[F] डालना, फेंकना।

sortment सॉर्ट्'मॅन्ट् n. =SORTATION.

sorus सोअॅ'रॅस् n. (वन०) **बीजाणुपुंज,** (वन०) **धानी-**गुच्छ; राशि[F], ढेर; T.।

-sory संज्ञाओं[F] एवं विशेषणोंमें -ORY का विशेष रूप (*acces~, promis ~*)।

S.O.S. Save Our Souls (Wireless signal of distress at sea), हम संकटमें हैं, सहायता करो, बचाओ; हाय मरे! *si opus sil,* if it is necessary.

S.Os. Standing Orders.

so-so सो'सो a. & adv. ऐसा ही, ठीक ही (है)।

sot सॉट्' १. n. अभ्यस्त मद्यप, मद्यासक्त, सदापानरत, पानासक्त, पानमूढ़, रोजका शराबी, पुराना या पक्का शराबी, पानव्यसनी, पियक्कड़, नशाबाज, नशाखोर, दारूबाज; २. v. i. मन्दोन्मत्त होना, मदिरा[F] पीना, कसरत[F]से शराब[F] पीना।

soteriology सॅटीरिऑ'लॅजि n. स्वास्थ्यविज्ञान, स्वास्थ्य-चर्चा[F]।

sotnia सॉट्'निअॅ n. सॉटनिया (रूसी कज्जाक सेना[F])।

sottise⊙ सॉ'टिस् n. दुर्व्यवहार, अशिष्ट व्यवहार, असभ्य व्यवहार, मूर्खतापूर्ण व्यवहार, गँवारपना।

sottish सॉ'टिश् a. पानोन्मत्त, पानासक्त, मत्त, पान-मूढ़, मूर्ख, अचेतन, मदहोश, बेहोश, पियक्कड़, धुत्त।

sottishness –निॅस् n. मदोन्मत्तता[F], पानमूढ़ता[F], पियक्कड़पन, नशाबाजी[F], नशाखोरी[F], मस्ती[F], बेहोशी[F]।

sou सू' n. सू[F] (फ्रांसीसी ताम्र-मुद्रा[F]), दमड़ी[F]।

soubise –बिज़े n. प्याजकी चटनी[F]।

soubrette (F) सूब्रे'ट् n. अभिनेत्री[F], तारिका[F], ऐक्ट्रेस[F]; परिचारिका[F], सेविका[F], नौकरानी[F]।

soubriquet सूब्रिके' n. कल्पित नाम, उपनाम, फरजी नाम, उर्फ।

soucar, sowkar सॉउ'कॉर, सॉउ'कार् n. साहुकार, महाजन।

souchong सू'शॉन्ग् n. ताज़ी-ताज़ी पत्तियों[F]से बनी हुई एक प्रकारकी काली चाय[F]।

S(o)udanese सूडॅनीज़्' n. & a. सूडानी, सूडान-सम्बन्धी; सूडानवासी।

souffle (F) सूफ़्ले' n. (निदान०) मर्मर या हलकी-सी शब्दध्वनि[F] (जो परिश्रवणमें सुनाई देती है); हल्का भोजन।

sough[1] सफ् n. नाला, मोरी[F]।

sough[2] सफ्, सॉउ, १. n. सरसर[F], सीटी[F], सनसनाहट[F], सायँ-सायँ[F]की आवाज[F]; २. v.i. पेड़ोंके बीचसे हवा[F]के चलनेसे सायँ-सायँ[F]की आवाज़[F] होना, सन्-सन् करना, सरसराना।

sought सॉट्' SEEK का भू० कृ०।

soul n. **आत्मा**[F], शरीरात्मा[F], क्षेत्रज्ञ, देही[F], रूह[F] (*immortality of the ~*); अन्तरात्मा[F], अन्तःकरण, आत्मा[F], चित्त, मन, विवेक, तबियत, (*his whole ~ revolted from it*); जीव, जीवात्मा[F], प्राण, प्राणी-तत्त्व, सार, बुद्धि[F], बुद्धिवृत्ति[F]; मति[F], मस्तिष्क, चैतन्य, चेतना[F], चिदात्मा, अक्ल[F] (*keep body and ~ together*); प्राण, जीवनाधार, जीवनीशक्ति[F], बल, उत्साह, दिलेरी[F], हिम्मत[F], जान[F] (*he was the life and ~ of the enterprise, of the party*); विभूति[F], आत्माएँ[F], मनीषा[F] (*the greatest ~s of antiquity*); सप्राणता[F], सजीवता[F], स्फूर्ति[F], आत्मशक्ति[F] (*the fellow has no ~*); (व्यक्तियोंके सम्बन्धमें) साक्षात् रूप, प्रतीक, प्रत्यक्ष रूप, उदाहरण, जीता-जागता नमूना, पुतला; गतात्मा[F], हुतात्मा, दिवंगतात्मा, मुरदा; प्रेतात्मा, शरीरहीन आत्मा[F]; प्राणी, व्यक्ति, मनुष्य, जन (*not a ~ to speak to for miles round*); (परिचय, संरक्षण, अनुग्रह, घृणा[F] आदिको प्रकट करते हुए *my good ~*); *commend* one's *~ to God* (मरते समय किसी व्यक्तिका) भगवन्मय होना, भगवान्से लौ[F] लगाना; ~ houses (इति०) **प्रेतावास;** ~ scout or shot (इति०) **प्रेत-शुल्क;** ~ theory (शिक्षा) **आत्मवाद;** *is the ~ of honour* सम्मानका साक्षात् रूप है; *upon my ~* अपनी सौंह[F], अपनी कसम[F]।

souled –ड् a. आत्मवान्, आत्मावाला।

soulful –ल्'फ़ुल् a. मर्मस्पर्शी, प्रभावशाली, भावनापूर्ण, भावपूर्ण, अनुभूतियुक्त, विचारपूर्ण, अर्थपूर्ण, भावव्यंजक।

soulfulness –निॅस् n. प्रभावशालिता[F], भावपूर्णता[F], अर्थपूर्णता[F], भाव-व्यंजकता[F]।

soulless –लिॅस् a. निष्प्राण, निर्जीव, निरात्मा, प्राण-रहित, सजीवताहीन; निर्वीर्य, उत्साहहीन।

soullessness –निॅस् n. निष्प्राणता[F], निर्जीवता[F], आत्माहीनता[F], निष्प्रभता[F], निर्वीर्यता[F], नीचता[F]; उत्साह-हीनता[F], तेजहीनता[F]।

sound[1]* सॉउन्ड् १. n. ध्वनि-कम्पन, स्वरकी लहरें[F]; निस्वन, स्वर, घोष, रव, **ध्वनि***, निनाद, **शब्द,** आहट[F], आवाज[F], खटका; मानवीय ध्वनि[F], (*vowel, consonant, ~s*); केवल शब्द (*~ and fury*); (ला०) मौखिक या वक्तव्य आदिसे उत्पन्न मानसिक प्रभाव, असर (*will have a queer ~*); (विज्ञान) ध्वानिकी[F]; २. v.t. & i.

ध्वनि^F निकालना, निनादित करना, बजाना, बजना (*the trumpets ~*); (ला०) प्रभाव डालना, लगना, मालूम पड़ना (*~s to me like something cracking*); (ढोल आदि) बजाना; प्रतिध्वनित करना, विख्यात करना, प्रसिद्ध करना; गुँजाना, नाम फैलाना (*~ his praises far and wide*); घण्टा इत्यादि बजाकर सूचना^F देना या घोषणा^F करना; उच्चारण करना (*the 'h' in hour is not ~ed*); सूचित करना, चेतावनी^F देना, चेताना, बताना, खबर^F देना, आगाह करना (*~ a note of alarm*); परीक्षा^F करना; (रेल^Fके पहियेको हथौड़ेसे ठोंककर) जाँचना; ~-proof (शिक्षा०, यन्त्र०) ध्वनिसह, **ध्वनिरोधी**; ध्वनिरुद्ध, **ध्वनिरोक**, आवाजरोक; ~ ranging **सीसाडोर**;

~ absorber, ~ absorption, ~ band, ~-board, ~ boarding, ~-box, ~ camera, ~ channel, ~ deadening, ~ detector, ~ effect, ~ energy, ~ field, ~ film, ~ focus, ~ head, ~-hole, ~ image, ~ insulation, ~ intensity, ~ lens, ~ locator, ~ photography, ~ picture, ~ pipe, ~ post, ~ projector, ~ proofing, ~ propagation, ~ pulse, ~ quality, ~ shadow, ~ signals, ~ symbol, ~ system, ~ test, ~-track, ~-wave, ~ vowel.

sound[2] १. n. सर्जनकी ध्वनि-शलाका^F या सलाई^F; २. v.t. & i. (चि०) मूत्राशयकी पथरी^Fका शलाका^Fके द्वारा निदान^F करना; बड़ी चेतनता^F या शान्ति^Fसे किसी व्यक्तिकी मनोवृत्तियों^F या रुचियों^Fकी जाँच^F करना; (जहाजके पेंदेमेंकी पानीकी) **गहराई^F नापना**; (समुद्र, नदी^F, नाला या हौजकी) गहराई^F नापना, तलहटी^Fका पता लगाना, थाह^F लेना; (तापमान, नमी^F, दबाब आदिका) हिसाब लेना, आँकना; (मछली^Fका) गोता लगाकर समुद्रकी तह^Fमें चला जाना।

sound[3] n. (प्रा० भू०) **सागर-सन्धि^F**; जलडमरूमध्य, आबनाय; मछली^Fका गलफड़ा; मासिक्षेपी।

sound[4]* १. a. (कृषि०) अक्षत, सुस्थित, सुदृढ़, नीरोग, अरोगी, निरामय, स्वस्थ*, अविकल, बेरोग, चंगा, अच्छा, भला, तन्दुरुस्त (*a ~ body*); ससार; प्राज्ञ, सविवेक, यथार्थ, साधार, दृढ़ाधार, युक्तिसंगत, तर्कसंगत, न्याय्य, धर्म्य, अभ्रान्त, उपयुक्त, ठीक, सही, दुरुस्त (*~ doctrine*); निर्दोष, विशुद्ध; समग्र, पूर्ण, सारा, पूरा, अखण्ड, अभिन्न, समूचा; तीक्ष्ण, तीव्र; गम्भीर, अगाध, गाढ़, गहरा; (वाणि०, कम्पनी^F आदि सम्बन्धी) ऋण-शोधनक्षम, अच्छी साखवाला, खरा, चोखा; निश्चिन्त (सोनेवाला); २. adv. सुखपूर्वक, चैनसे, खूब, गहरेमें (*~ asleep*);

~ absorption, ~ argument, ~ band, ~ conditions, ~ fruit, ~ grain, ~ health, ~ knowledge, ~ life, ~ mind, ~ policy, ~ views.

sounded –डिड् a. ध्वनित, स्वनित, निनादित।

sounder[1] –डर् n. (प्रा०) वराहयूथ, जंगली सुअरोंका झुण्ड, लहँडा; (कुछ प्रा०) जंगली सुअरका बच्चा।

sounder[2] n. शब्दक, (यन्त्र०, भौ०) **ध्वनित्र, भोंपू**; ध्वनिता, बजनेवाला, बजानेवाला, चेतानेवाला (SOUND[1] के क्रियागत अर्थोंमें)।

sounder[3] n. गाधतामापक, (भौ०) **थाहमापी**, थाह^F लेनेवाला, हिसाब करनेवाला (SOUND[2] के क्रियागत अर्थोंमें)।

sounding –डिंग १. n. वादन, शब्दन; गभीरतामान; **गभीरतामापन**; (भौ०) परिमापन; **परिज्ञापन**; तलावगाहन, (समुद्रकी) **गहराई^F मापना** (SOUND[2] के क्रियागत अर्थोंमें); (pl.) समुद्रके किनारेके पासके स्थान (जहाँ गहराई^F नापी जा सके) (*be in, come into, ~s*); २. a. शब्दायमान, मुखर, निनादी; गहराई^F नापनेवाला;

~ baloon, ~ board, ~ line, ~ machine, ~ pipe, ~ rod.

soundless –लिस् a. निःशब्द, ध्वनिहीन, अध्वनिक, ध्वनिरहित, शब्दहीन, मूक, बेआवाज; अगाध, अथाह, गहरा।

soundness –निस् n. (परि०) **समांगता^F**; स्वास्थ्य, आरोग्य, नीरोगता^F, निर्दोषता^F, (*~ test*); अकाट्यता^F, तर्कपूर्णता^F; गम्भीरता^F, अगाधता^F; अखण्डता^F।

soup* सूप् n. जूष, रसा*, सुरुआ, शोरबा, झोल, सूप; (कानूनी ग्रा०) छोटे बैरिस्टरको दिया गया अभियोजन-संक्षेप; ~-kitchen सदावर्तगृह, जूषशाला^F (जहाँपर गरीबोंको रसा मुफ्त बाँटा जाता है); ~-plate रसा निकालनेकी गहरी रकाबी^F, ~-ticket जूषशाला^Fकी परची^F (जिससे गरीबोंको जूष मिलता है); *in the ~* विपदा^Fमें, कठिनाइयों^Fमें।

soupcon (F) n. कौंध^F, चमक^F।

soupy –पि a. जूषचूर्ण, रसादार, रसीला, रसा-जैसा।

sour –सॉउअर' v.t. & i. खट्टा होना, खट्टा करना, फाड़ना, (दूधका) फटना; सड़ाना; कठोर बनाना या होना; चिड़चिड़ा बनाना; २. a. शुक्त, (प्रा० भू०) **अम्ल**, (कृषि०, रसा०) **खट्टा**, चटपटा, तुर्श (*~ apples*); खट्टी खमीर-जैसी (गन्ध^F); नम, गीली, सीली (मिट्टी^F); कर्कश, कठोर, दारुण, दुश्शील, कड़ा, उग्र, क्रोधी, चिड़चिड़ा, तेज, सख्त, बदमिजाज (व्यक्ति या स्वभाव);

~ berry, ~-blooded, ~ bread, ~-breathed, ~ cherry, ~ dock, ~ dough, ~-eyed, ~-faced, ~ gourd, ~ grapes, ~ grass, ~ gum, ~-hearted, ~ humus, ~ lime, ~ milk, ~-natured, ~ orange, ~ plum, ~-tempered, ~-tongued.

source सोर्स' n. (ग०) **स्रोत** (*~ rock*), उत्स, प्रभव, उद्भव, **उद्गम**, (*~ region*) उद्गमसूत्र, **सोता**, निकास (*the ~s of the Nile*); साधन; आदिकारण, प्राप्तिस्थान, उत्पत्तिस्थान, उद्गमस्थान, मूल, हेतु, आदि.

मूलकारण, (अर्थ०) **मूलसाधन**, मुख जड़^F, (*the ~ of all our woes*); ~book मूलग्रन्थ, आकर-ग्रन्थ, आदिग्रन्थ।

sourdeline n. छोटा बीन बाजा।

sourdine सुअॅर्डीन्' n. = SORDINE.

souring सॉउअॅरिंग् n. अम्ल या (कृषि०) **खट्टा होना**; सिरका।

sourish –रिश a. खट्टा-सा, चिड़चिड़ा-सा।

sourness र्'निस् n. अम्लता^F, खटाई^F, (कृषि०) **खट्टापन**, खटास^F; कर्कशता^F, उग्रता^F, चिड़चिड़ापन।

soursop –सॉप् n. अम्ल सीताफल।

souse सॉउस्' १. n. नमकीन अचार, (सुअरके सिर, पाँव और कानोंकी) चटनी^F, लवणजल या सिरकामग्न मांसादि; गोता, डुबकी^F; बौछाड़^F; २. v. t. & i. अचार डालना (*~d mackerel*); अचारमें डालना; तरल पदार्थमें डालना या डुबोना, तर करना, सराबोर करना, भीगना, भिगोना, डूबना, डुबोना; मदोन्मत्त करना या होना; मारना, वार करना, आ पड़ना, टूट पड़ना, झपट्टा मारना; ३ adv. उद्दाम वेगसे, सिरके बल, बड़ी तेजी^Fसे (*came ~ into our midst*)।

soused –ड्' a. (ग्रा०) मदमत्त, मतवाला, नशेमें चूर या धुत, पिये हुए।

soutane सूटान्' n. (रोमन कैथलिक चर्च) पादरीका चोगा या उसके नीचे पहननेका तंग कपड़ा।

souteneur (F) सूटॅनर्' n. वेश्या^F-वणिक, वाराङ्गना^F-व्यापारी, वह व्यक्ति जो स्त्रियों^Fको अनैतिक व्यवहारके लिए प्राप्त करता है; वेश्योपजीवी, भँड़ुवा।

souter सूटॅर् n. चर्मकार, मोची, चमार।

souterrain सूटॅरेन् n. (इति०) **अन्तर्भूकक्ष**, अधःकक्ष, भूमिकक्ष, **तहखाना**, नीचेका कमरा।

south* सॉउथ्' १. n. अवाची, **दक्षिण*** (*~ court*); **दक्खिन**; इंग्लैण्ड, स्कॉटलैण्ड, आयरलैण्ड, भारत या यूरोपका दक्षिणी भाग; दक्षिणी रियासतें^F (अमेरिकाकी); २. v.i. दक्षिणकी ओर चलना या मुड़ना; (चन्द्रमा आदिका) किसी स्थानके ध्रुववृत्तको पार करना; ३. a. दक्षिणस्थ, दक्षिणी, (*~ latitude, ~ Pole*), दक्षिणवासी, दाक्षिणात्य, दक्षिणाभिमुख, **दक्षिण**, दक्षिण दिशाका; ४. adv. दक्षिणतः, दक्षिणकी ओर या समीप; ~ down n. & a. साउथ डाउनकी पहाड़ियों^Fकी एक जाति^Fकी अच्छे मांसकी समझी जानेवाली भेड़ें^F, उन भेड़ों^Fसे सम्बन्धित; ~ east आग्नेय, (ज्यौ०) **दक्षिण-पूर्व**; **अग्निकोण**; S~ Kensington साउथ केन्सिंग्टनके संग्रहालय, म्यूजियम या वहाँका संस्कृति^F एवं कलासम्बन्धी वातावरण; ~ west (ज्यौ०) **नैऋत्यकोण**; **दक्षिण-पश्चिम**।

southeaster –थीस्'टॅर् n. अग्निकोणीय वायु^F, दक्षिणपूर्वी हवा^F, दक्षिणी वायु^F।

souther –थॅर् n. दक्षिणवात, दक्षिणपवन, दखिनहिया^F।

southerliness स'दॅर्लिनिस् n. दक्षिणायनता^F, दक्षिण-प्रवणता^F, दक्षिणाभिमुखता^F, दक्षिणकी ओर होना।

southerly –लि a. & adv. दाक्षिणात्य, दक्षिणायन, दक्षिण-प्रवण, दक्षिणाभिमुख, दक्षिणकी ओर; दक्षिणी, दक्षिणसे आनेवाली (वायु^F)।

southern स'दॅर्न् १. n. दक्षिणी, दक्षिणवासी, दक्खिनी; २. a. दाक्षिणात्य, दक्षिणस्थित, दक्षिणी, दक्षिणका; दक्षिणाभिमुख, दक्षिणमुखी, दक्षिणकी ओरका (*a ~ aspect*); ~most a. ध्रुवदक्षिण, धुरदक्षिण, बिल्कुल दक्षिणका; ~ node (ज्यौ०) **दक्षिण-पात**; ~wood दक्षिणद्र, नागदौना पौधा, एक सुगन्धित पत्तियोंवाला पौधा;

~circle, ~ hemisphere, ~ section, ~ zone.

southerner –नॅर् n. दक्षिणवासी, दक्षिणनिवासी, दखिनहा, दक्खिनमें रहनेवाला।

southing सॉउ'थिंग् n. (ज्यौ०) **दक्षिणयाम्योत्तरगमन**, दक्षिणगति^F, दक्षिणगमन, दक्षिणको मुड़ना; (नौवि०) दक्षिणान्तर, दक्षिणमें जलयात्रा^F करनेके कारण अक्षांशका अन्तर।

southness –थ्'निस् n. दाक्षिण्य, दक्षिणता^F।

southron स'द्रॅन् १. n. (प्रा० Sc.) दक्खिनी, इंग्लैण्डवासी, अंग्रेज; २. a. दक्षिणायन, दक्षिण-विषयक, दक्षिणसम्बन्धी; इंग्लैण्डका।

southwester सॉउथ्वे'स्'टॅर् n. दक्षिणपश्चिमी पवन; बरसाती टोप (जिसका पिछला किनारा चौड़ा होनेके कारण गर्दन^Fकी रक्षा^F करता है)।

souvenir सू'वॅनीअॅर् n. स्मारक, **स्मारिका^F**, स्मृति-उपायन, स्मृतिचिह्न, स्मृतिउपहार, स्मरणचिह्न, अभिज्ञान, यादगार, याद^Fके लिए दी हुई या रखी हुई चीज^F, निशानी^F; १९१४-१८ ई० के महायुद्धकी रक्षणीय वस्तु^F; अभिध्यान।

sovereign सॉव्'रिन् १. n. सर्वसत्ताधारी, अधिपति, अधीश्वर, **अधिराज**, महाराजा, **प्रभु**, सम्राट्, बादशाह, सुल्तान, शाहंशाह; (बोल०, संक्षि० *sov.*) अशर्फी, १ पौण्डका अंग्रेजी सोनेका सिक्का, सावरन; २. a. (गुण०, विधा०) **सम्पूर्ण**, **प्रभुत्व-सम्पन्न**, सर्वसत्ताधारी, सर्वप्रधान, (*~ power, state*); उत्तम, बढ़िया (*~ remedy*); परम, उच्च, बड़ा (*with ~ contempt*), ~ authority, प्रभुसत्ताधारी;

~ equality, ~ power, ~ tsak.

sovereignty –न्'टि n. आधिपत्य, एकाधिपत्य, **प्रभुसत्ता^F**, स्वामित्व, पूर्णप्रभुत्व, **प्रभुता^F**, एकच्छत्रता^F, साम्राज्य, अधिराज्य।

soviet, S- सो(सॉ)'विअेट्, स्-n.रूसदेशीय श्रमिकों तथा सैनिकोंद्वारा निर्वाचित जिलेकी परिषद्^F, पंचायत^F, सोवियट; प्रान्तकी परिषद्^F; अखिल रूसकी प्रतिनिधि कांग्रेस^F।

Sovietism सो(सॉ)'विअेटिज़्म् n. पंचायत तन्त्र, सोवियत राज्य; साम्यवाद।

sovietize सो(सॉ)'विअेटाइज़् v.t. रूसके नमूनेपर परिवर्तन लाना, रूसी बनाना; साम्यवाद लाना।

sovran सॉव्'रॅन् a. (का०) = SOVEREIGN.

sow[1] सो′ n. वराही[F], शूकरी[F], सुअरी[F], सुअरनी[F]; (*~-bug* भी) एक प्रकारकी लकड़ी[F]की जूँ[F]; मुख्य हौद (जिसमेंसे पिघला हुआ लोहा इधर-उधरकी नालियों[F]में ढलनेके लिए बहता है); इस हौदके लोहेका बड़ा पिण्ड; ~bread जल्दी फूल खिल आनेवाला कन्द, नलीदार पौधा; ~-thistle छोटे पीले फूलों और दूधिया रसवाला एक पौधा; *get the wrong ~ by the ear* किसी व्यक्ति या वस्तु[F]पर मिथ्या आरोपित करना, गलत परिणामपर पहुँचना, गलत बैठाना, गलत जमाना।

sow[2] v.t. (p. ~ed, pp. ~ed, ~n) वपन करना, बोना, (बीज) डालना या बिखेरना, आरोपण या रोपण करना, बुवाई[F] करना, रोपना; पौधा लगाना, खेत लगाना; (ला०) फैलाना, फर्श[F]-सा बिछा देना; छींटना, छितराना; *must reap what you have ~n* जैसा बोया वैसा काटो।

S.O.W. Superintendent of Works.

sowar सवार् n. अश्वारोही, सवार।

sower सो′अॅर् n. वापक, बीजारोपक, बीजरोपणकर्त्ता, बोनेवाला।

sowing –इंग् n. वापन, आरोपण, (कृषि०) **बुवाई**[F], **बोना;**

~ drill, ~ horn, ~ machine, ~ seed.

sox सॉक्स्′ ⊙ n. pl. = SOCKS।

soy साएँ′ n. जापान और चीनमें सोयाबीनसे बनी हुई एक प्रकारकी चटनी[F]।

soya, soy, -bean साएँ′अॅ, साएँ, -बीन् n. (चि०) **भटमाष,** चीनमाष, दक्षिण-पूर्वी एशियाके छीमीदार पौधे-का एक बीज, (कृषि०, वन०) **सोयाबीन** (*~ oil, ~ meal*)।

soyez ferme (F) डटे रहो।

sozzled सॉ′ज़्ल्ड् a. मत्त, मद्यपीत, धुत, नशेमें, शराब[F] चढ़ाये हुए।

S.P. Sample Plot; Selling Price; Superintendent Power.

s.p. *sine prole*, without issue; small pica (type); starting point.

Sp. Spain, Spanish.

sp. spelling; (pl. spp.) species; specimen; spirit.

spa स्पा′, स्पॉ′ n. खनिज स्रोत (वाला स्थान), धातुस्रोत; खनिज जलका उत्सस्थान, T.।

space[1]* स्पेस्′ n. **देश;** अन्तर, अन्तराल, दूरत्व, दूरी[F], **स्थान,** मैदान, **जगह**[F]* (*separated by a ~ of 10 ft.*); **समष्टि**[F]; **दिक्,** नभोमण्डल, अन्तरिक्ष, शून्य, (प्रा० भू०, रसा०) **आकाश,** दिगन्तर, बीचकी जगह[F]; विस्तार, फैलाव; (मुद्र०) शब्दोंके बीचका स्थान, अन्तर, गुंजाइश[F]; शब्दान्तरमें लगाया जानेवाला टाइप, स्पेस; (प्रा० भू०, चि०, ग०, भौ०) **अवकाश,** व्यवधान, मध्यवर्ती काल, समयका अन्तर, अन्तराल (*in the ~ of an hour*); ~ charge **पर्यावेश;** ~ lattice त्रिदिक् जालक; ~ relations देश-सम्बन्ध; ~-time (भौ०) **दिक्काल,** (दर्श०) देश-कालके सिद्धान्तका एकीकरण;

~ bar, ~ centrode, ~ configuration, ~ differentiation, ~ duals, ~ flight, ~ group, ~ integral, ~ interference, ~ key, ~ lattice, ~ locus, ~ orientation, ~ out, ~ perception, ~ quantization, ~ relation, ~ senses, ~ sprays, ~ structure, ~ time, ~-travel, ~-writer, ~-writing.

space[2] v.t. & i. अन्तरपर रखना, दूरी[F]पर रखना, समयान्तर देना, (छपाई[F]में) बीचमें स्थान रखना, दूरी[F], रखना, फासलेपर रखना; टाइपरायटरमें शब्दोंके बीच रिक्त स्थान रखना, जगह[F] बनाना (*don't forget to ~*)।

spaceless –लिॅस् a. अन्तरहीन, अन्तरालहीन, बिना दूरी[F]के; स्थानरहित; अवकाशरहित।

spacer –सॅर् n. (इति०) **अन्तरक** (*~ bed*), टाइप रायटरमें दूरी[F] या अन्तराल ठीक करनेका यन्त्र।

spacial –शल् a. शून्य-विषयक, शून्यस्थानीय, शून्यस्थान सम्बन्धी, शून्यस्थान-विषयक, अन्तरविषयक, अवकाश-सम्बन्धी।

spacing –सिंग् n. (कृषि०) **अन्तरण,** (यन्त्र०) **अन्तर,** (भौ०) **अन्तराल,** (यन्त्र०) **फासला; अन्तर छोड़ना,** अन्तर रखना, दूरी[F] रखना, जगह[F] देना या बनाना; ~ dog (वाणि०) **कुत्ता;** ~ gear (वाणि०) **अन्तरक;** ~ lever (कृषि०) **अन्तरक लीवर**।

spacious –शॅस् a. प्रशस्त, विस्तृत, विस्तीर्ण, विशाल, फैलावदार, लम्बा-चौड़ा, खुला, गुंजाइशवाला।

spaciousness –निॅस n. विस्तार, विस्तृति[F], विस्तीर्णता[F], फैलाव, लम्बाई-चौड़ाई[F], गुंजाइश[F]।

spadassin स्पॅडै′सिन् n. साहसिक, लुण्ठक, लुटेरा, डाकू, ठग, बदमाश, चोर, लड़ाका।

spade* स्पेड्′ १. n. खनित्र, बेलचा, कुदाल[F], (कृषि०) फरुआ, **फावड़ा*;** कुदाल[F] या फावड़ेके आकारका एक औजार; (ताशोंमें) हुकुम; (pl.) हुकुमके पत्ते; २. v.t. कुदाल[F] या फावड़ेसे भूमि[F] खोदना; फावड़े-जैसे औजारसे ह्वेल मछली[F]की चर्बी[F] निकालना; ~ base **टेक;** ~ bone कन्धेकी हड्डी[F]; ~ husbandry कुदाल[F]की खेती[F]; ~-work (ला०) आदि कार्य, आरम्भिक परिश्रम; *call a ~ a ~* स्पष्ट रूपसे कहना, साफ-साफ बात[F] कहना, लगी-लिपटी न रखना;

~-cut, ~-dug, ~ guinea, ~man, ~-shaped.

spadeful –फुल् n. बेलचाभर, फावड़ाभर।

spadger स्पैजॅर् n. (ग्रा०) SPARROW का विकृत रूप।

spadiceous[1] स्पॅडि′शॅस् a. अवरक्त, हल्के लाल रंगका।

spadiceous[2], **spadicose** ,स्पे′डिकोस् aa. उपकणिशीय, स्थूलमंजरी-सम्बन्धी, तालिकामय।

spadille स्पॅडिल′ n. (ताशमें) हुकुमका एक्का।

spadix स्पे'डिक्स n. (pl. *-ices*) (वन०) उपकणिश, (वन०) **स्थूलमंजरी**, निदण्डिक, शकुक, छदशूकी, **स्पैडिक्स**, मांसल अक्षदण्डके चारों ओर पास-पास स्थित फूलोंकी शूकी^{F} या कण्टक।

spado स्पे'डो n. षण्ढ, वधिया, प्रजननशक्तिहीन व्यक्ति, नपुंसक व्यक्ति।

spae स्पे' v.t. & i. भविष्यकथन करना, भविष्यवाणी^{F} करना, आगम बताना।

spaewife –वाइफ़् n. भविष्यवक्त्री^{F}।

spaghetti (It.) n. चौड़ी सेवई'^{F}।

spahi, -ee स्पा'ही, -ई n. १४ वीं शताब्दी^{F}की तुर्कोंकी अनियमित अश्वारोही सेना^{F}का सवार, सिपाही; फ्रांसकी अल्जीरियाई अश्वारोही सेना^{F}का सवार।

spake स्पेक्' SPEAK का प्रा० भू० का०।

spall[1] स्पॉल्' n. खण्ड, अंश, टुकड़ा, चैली, चिथड़ा; (यन्त्र०) **कत्तर**।

spall[2] v.t. (हथौड़ेसे) खण्ड-खण्ड करना, भग्न करना, टुकड़े करना, तोड़ना।

spallation ⊙–ले'शॅन् (रसा०) **बिखरन**^{F}।

spalling –लिंग् n. समुत्खण्डन, टुकड़े-टुकड़े करना।

spalpeen स्पैल्पीन्' n. (आयर०) क्षुद्र मनुष्य, नीच व्यक्ति, दुष्ट आदमी, गुण्डा, बदमाश, कमीना।

spalt स्पॉल्ट् a. भंज्य, भंजनीय, टुकड़े करने योग्य, तोड़ने योग्य।

spam स्पैम्' n. एक अमेरिकी मिठाई^F।

span[1] स्पैन्' n. **वितस्ति**^{F}, **वित्ता**; **विस्तृति**^{F}, वितति^{F}, वियाम, (यन्त्र०) **विस्तार**, **विस्ता**, **पाट**, एक सिरेसे दूसरे सिरे तकका पूरा फैलाव; (*~ of a bridge*) दो आधारोंके बीचका पुलका प्रत्येक भाग; समय, अवधि^{F}, काल; अल्पकाल, कम अवकाश, अल्प अन्तर, कम दूरी^{F} (*our life is but a ~*); अर्धहस्त-परिमाण, वित्ता या बालिश्तकी लम्बाई^F = ९ इंच; पौधोंके उगाने या रखनेका शीशेका घर या इसी प्रकारका छाया-मण्डप; (नौवि०) रस्सा, दोहरा रस्सा; (अमेरिकी उपनिवेशमें) घोड़ों या खच्चरोंकी जोड़ी^{F}, बैलोंकी जोड़ी^{F}; ~-dogs अँकुड़ा; ~ new बिलकुल नया; ~ of memory स्मृति-विस्तार।

span[2] v.t. & i. (महराब इत्यादिका) एक ओरसे दूसरी ओर तक फैला होना, आर-पार फैलाना, फैलना; (ला०) (स्मृति^{F}का समयपर) छाया^{F}होना, पार होना; (इंजीनियर-का नदी^{F}पर) पुल बाँधना, पुल बनाना; जोड़ना, जोतना; (किसी वस्तु^{F}के) फैलावका अनुमान करना, अनुमानसे विस्तार बताना, नापना; जाँचना; बित्तासे नापना; (नौवि०) (पालकी बल्लियों^{F}को) रस्सियों^{F}से घेरना; तितली-के पूर्वरूपकी भाँति फुदकते हुए चलना।

span[3] १. n. घोड़े या बैलोंकी जोड़ी^{F}; २. v.t. जोतना।

spanaemia स्पॅनी'मिॲ n. रुधिरक्षय, रक्तक्षय, रक्ताल्पता^{F}, खूनकी कमी^{F}का रोग।

spancel स्पैन्'सॅल् n. (घोड़े इत्यादिकी) पश्चपाद रज्जु^{F}, पिछाड़ी^{F}।

spandrel –ड्रॅल् n. वियाम, स्फीति^{F}, (यन्त्र०, स्था०) कन्धा; (परि०) **चाप-स्कन्द**, महराबके किसी एक सिरे और उस चौखटेके बीचकी दूरी^{F} (जो उसके चारों ओर होती है) या दो समीपस्थ महराबोंके सिरों और चौखटेके बीचकी दूरी^{F}; ~ step (यन्त्र०) **तिकोनी पैड़ी**^{F}; ~ wall (यन्त्र०) **स्कन्द दीवाल**^{F}, महराबके चापपर बनी दीवार^F।

spang[1] स्पैन्ग् n. आघात, धक्का; उत्पतन, उछाल^F, कूद^F।

spang[2] v.i. साघात प्रक्षिप्त करना, धक्केसे फेंकना; उत्पतन करना, उछलना, कूदना।

spangle –ल् १. n. स्फुरत्शल्क, स्फुरत्खण्ड, वस्त्रोंपर टँका हुआ सितारा, धातुतारा, चमकी^{F}, पत्नी^{F}की बिन्दी^{F}; टिकली^{F}, सलमा; कोई छोटी चमकती हुई वस्तु^{F}; (*oak-~*) बलूत या ओककी पत्तियों^{F}परका बहुछिद्रयुक्त और शोषण-शील अर्बुद, बलूती सेब; २. v.t. रत्नखचित करना, सितारे टाँकना या लगाना, सलमा जड़ना।

spangler –लॅर् n. रत्नजटयिता, रत्नखचेता, रत्नखचित करनेवाला।

spangly –लि a. सितारेदार, सलमे सितारेका, चमकी-वाला।

Spaniard स्पै'न्यॅर्ड् n. स्पेनवासी, इस्पानी।

spaniel स्पै'न्यॅल् n. लोमश क्षुद्र कुत्ता, शिकारी कुत्ता, स्पेनियल कुत्ता; (ला०) चापलूस, चाटुकार, खुशामदी आदमी।

Spanish –निश् १. n. स्पेनी भाषा^{F}, स्पेनिश^F; २. a. स्पेनका या स्पेनवासियोंका, **स्पेनी** (*~ blind*); ~ fly चमकीला हरा कीड़ा, स्पेनी मक्खी^{F}, ~ main (इति०) स्पेनी समुद्रतट, ओरीनीको नदी^{F} और पनामा^{F}के बीचमें और कैरिबियन सागरसे मिला हुआ दक्षिणी अमेरिकाका दक्षिण-पूर्वी तट; ~ windlass रस्सी^{F} कसने या पट्टी^{F} बाँधनेमें प्रयुक्त लकड़ी^{F}की बँहगी^{F} या ढाँचा।

spank स्पैन्क्' १. n. चूतड़ोंपर लगाये गये थप्पड़, तमाचा; २. v.t. & i. चूतड़ोंपर थप्पड़, या एँड़^{F} मारना, थप्पड़ मारकर या कोड़े मारकर आगे बढ़ाना; (घोड़ेका) तेजी^{F}के साथ चलना।

spanker –कॅर् n. चूतड़ोंपर थप्पड़ मारनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); द्रुतगामी घोड़ा; (बोल०) बड़े आकार या गुणका व्यक्ति या पदार्थ, स्तम्भित करनेवाला, आँखें^{F} खोल देनेवाला व्यक्ति या पदार्थ; (नौवि०) अगला-पिछला पाल।

spanking –किंग् १. n. चूतड़ोंपर थप्पड़ोंकी मार^F; २. a. चूतड़ोंपर थप्पड़ मारता हुआ, तेज दौड़ता हुआ आदि क्रियागत अर्थोंमें; (बोल०) महत्त्वपूर्ण, उल्लेखनीय, आकर्षक, प्रभावशाली, सर्वोत्तम, अत्युत्तम, बहुत अच्छा (*had a ~ time*) ३. adv. बहुत ही (*a ~ fine woman*); ~ breeze जोरका झोंका या हवा^{F}।

spanless स्पैन्'लिस् a. (का०) असीम माप^{F}के परे।

spanner स्पै'नॅर् n. पुल या महराब आदिको आर-पार फैलानेवाला, पुल बाँधनेवाला, नापनेवाला, आदि (क्रिया-गत अर्थोंमें); (कृषि०, यन्त्र०) **पाना**, T. (*~ box*);

विकुंच, पेचपर ढिबरी^F कसनेका औजार, रेंच; पुल इत्यादिकी कैंची^F; समानान्तर गति^F में चलनेवाले इंजिनके पुर्जोंको जोड़नेवाला डण्डा।

spar¹ स्पार् १. n. दारुखण्ड, जहाजके मस्तूल आदिका मजबूत डण्डा; धन्नी^F; बेंड़ा, वल्ली^F; २. v.t. जहाजमें बल्ली^F लगाना, जहाजको वल्लियों^F द्वारा उथले पानीमेंसे निकलनेमें सहायता^F करना।

spar² n. (प्रा० भू०) कान्त, (रसा०) आकरज, मणिमाकार खनिज-पदार्थ-विशेष, धातविया, **स्पार**।

spar³ १. n. मुष्टियुद्ध-प्रतियोगिता^F, मुष्टियुद्ध या मुक्केबाजी^F की प्रतियोगिता^F, मुष्टियुद्ध, घूसमघूसा, मुक्केबाजी^F-के पैंतरे, मुक्का, घूँसा; मुर्गोंकी लड़ाई^F; २. v.i. मुष्टियुद्ध करना, मुक्के चलाना, मुट्ठी^F बाँधकर हाथ मारना, मुक्केबाजी^F की तरह हाथ चलाना, घूँसे चलाना; (ला०) वाग्युद्ध करना, विवाद करना, झगड़ना, तू-तू मैं-मैं करना [*they are always ~ring (at each other)*]।

sparable स्पै'रॅबल् n. जूतेके तल्ले और एड़ियों^F के लगानेकी बिना सिरेकी कील^F।

spare¹ स्पेअॅर् n. मशीन^F का अतिरिक्त या फालतू पुर्जा; २. a. **अतिरिक्त**, आवश्यकता^F से अधिक, अवकाशका, **फालतू**, खाली (*how to use your ~ time*); सुरक्षित, अधिक और समय-कुसमयके लिए सहेजकर रखा हुआ (*always take a ~ cap*); अल्प, स्वल्प, परिमित, अबहुल, थोड़ा, सादा (*~ diet*); कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला-पतला (*man of ~ frame*); ~rib कटे हुए सुअरके सीनेमें पसलियों^F के ऊपरका भाग; ~ room अभ्यागतके लिए विश्राम-कक्ष;

~ copy, ~ engine, ~ gear, ~ parts, ~ sheets, ~ vehicle.

spare² v.t. & i. आवश्यकता^F न समझना, छोड़ना (*can not ~ him just now*); हाथ खींचना, कमी^F करना, बचा रखना, छोड़ देना, बचा देना, उठा रखना, टालना (*~ the rod and spoil the child*); (प्रा०) (करनेसे) बचना, करना छोड़ देना, टलना, टालना, परहेज करना, बचना, बाज रहना; हत्या^F न करना, जान^F न लेना, (मारने, चोट^F पहुँचाने, घाव करने आदिसे) रुकना (*~ me*); उत्तेजित न करना, भावनाओं^F को ठेस न पहुँचाना (*~ his feelings*); दण्ड देनेसे निवृत्त होना, दण्ड क्षमा^F करना, माफ करना (*~ me these protestations*); मितव्ययी होना, परिमित व्यय करना, कम खर्च करना।

spareness –'निॅस् n. स्वल्पता^F, परिमितता^F; क्षीणता^F, कृशता^F, दुर्बलता^F, दुबलापन।

sparer –'रॅर् n. अनुमाता, नापनेवाला, जाँचनेवाला; बचत^F करनेवाला।

sparge स्पार्ज् v.t. छींटा मारना, जल छिड़कना।

sparger –'जॅर् n. झारा, स्पार्जर (जल छिड़कनेका यंत्र)।

spargosis ⊙ स्पार्गो'सिस् n. (चि०) श्लीपद, हाथीपाँव; अंगाभिवृद्धि^F, विशेषतया दूधसे स्तनोंकी।

sparing स्पेअॅ'रिंग् a. मितव्ययी, अल्पव्ययी, अमुक्तहस्त, कमखर्च, किफायती।

sparingness –निॅस् n. उपेक्षा^F, कमी^F, अल्पव्ययिता^F, कोताही^F।

sparings –ग्स् n. बचत^F, बचत^F की आय^F।

spark¹ स्पार्क् n. (रसा०, कृषि०) **स्फुलिंग**, (रसा०) **चिनगारी**^F; (विद्यु०) विद्युत्स्फुलिंग, बिजली^F की चिनगारी^F (*advance the ~*); अग्निकण, आग^F का छोटा-सा कण; (ला०) प्रतिमांश, आभांश, गुणका आभास, लव^F, झलक^F, चमक^F (*not a ~ of life remained*); लेश, लव, अणु; कान्ति^F, ज्योति^F, जोत^F, छोटा चमकीला पदार्थ या बिन्दु; (ला०) आशुबुद्धि^F, व्युत्पन्नमति^F का चमत्कारी उद्भावन, सूझबूझ^F का प्रकटीकरण या चमक^F; *as the ~s fly upward* प्राकृतिक नियमके अनुसार जैसे चिनगारियाँ^F ऊपर उड़ती हैं; *strike ~s out of* person मौलिक या सजीव वार्तालाप^F के लिए किसी व्यक्तिको प्रेरित करना;

~-arrester, ~ coil, ~-discharge, ~ frequency, ~ gap, ~ length, ~ plug, ~ potential, ~ resistance, ~ spectrum, ~ testing, ~ transmitter.

spark² v. i. विद्युत्स्फुलिंग निकलना, बिजली^F या आग^F की चिनगारियाँ^F छूटना; (विद्यु०) विद्युत्कुण्डली^F के मानबिन्दुसे चिनगारियाँ^F छूटना; ~ing-plug मोटर-इंजिनमें स्फोटक मिश्रणको जलानेका बटन।

spark³ १. n. प्रसन्न व्यक्ति, प्रेमी जीव; रसिक जन, रसिया; रमणीरंजक पुरुष, नागर, बाँका, छैला, यार; २. v. i. प्रेमव्यापार करना, रसिक होना, छैला बनना, यार बनना, नजरबाजी करना।

sparking –'किंग् n. (रसा०) **स्फुलिंग** (*~ plug, ~ voltage*)।

sparkish –'किश् a. रमणीरंजक, प्रेमी, छैला, बाँका, रसिया, रँगीला; भड़कीला, चमकीला।

sparkle स्पार्'कॅल् १. n. स्फुलिंग, चिनगारी^F, दीप्ति^F, ज्योति^F, प्रभा^F, उज्ज्वलता^F, आभास, झलक^F, चमक^F, चमक-दमक^F; २. v. i. उत्स्फुरण होना, चिनगारियाँ^F निकलना, चिनगारी^F छोड़ना, (जवाहरातका) चमकना, जगमगाना, चमचमाना, दमकना, झलकना, कौंधना; (ला०) (आशुबुद्धि^F का) चमकना, तेजस्वी होना, प्रभावपूर्ण होना; भेद खोलना; ~ing wines जोशदार शराब^F।

sparkler –लॅर् n. उत्स्फुरक, चिनगारी^F छोड़नेवाला, झमचमानेवाला, दमकनेवाला।

sparkless –क्'लिॅस् a. (भौ०) **स्फुलिंगहीन**, स्फुलिंगरहित; ज्योतिहीन, कान्तिहीन।

sparklet –लिॅट् n. लघुस्फुलिंग, छोटी चिनगारी^F; सोडावाटर मशीन^F में काम आनेवाला एसिडका आवेश या चार्ज।

sparkling –लिंग् a. दीप्तिमान्, प्रभासित, प्रभासमान्, चमकदार, जगमग, चमकदार, चटकीला।

sparring स्पा'रिंग् n. (मुष्टियुद्धमें) प्रारम्भिक मुष्टि-प्रहार, मुक्केबाजी^F का अभ्यास; नोंकझोंक^F, झड़प^F, ~ partner मुक्केबाजी^F सीखनेमें सहायक।

sparrow स्पै'रो n. कुलिंग^F, चटक^F, छोटी सादा रंगकी चिड़िया^F, (जीव०) **गौरैया**^F; ~-hawk चटक-श्येनक, गौरैया^F का शिकार करनेवाला छोटी जाति^F का बाज, बाशा, चिप्पख।

sparry स्पा'रि a. मणिभाकार, धात्वियायुक्त, बिल्लौरी, स्पारयुक्त।

sparse स्पार्स्' a. विरल, अनिबिड़, दूर-दूर बसा हुआ, बिखरा हुआ, पतला, छुटपुट, फैली-फूटी, छितरी (आबादी आदि); (वन०, जन्तुवि०) अव्यवस्थित, अक्रम, अनियमित, दूर-दूर, छितरा।

sparseness, sparsity –'निस्, –'सिटि n. विरलता^F, अनिबिड़ता^F, पतलापन, बिखरा-बिखरापन।

spartacist स्पार्'टॅसिस्ट् n. क्रान्तिकारी, क्रान्तिवादी (जर्मन)।

spasm स्पै'ज़्म् n. उग्र पेशी-आकुचन, पेशी-संकोचन, (कृषि०, चि०) स्तम्भ, उद्वेष्टन, अंगसंकोच, अंगग्रह, आक्षेप, (चि०) **आकर्ष**, खिंचाव; आकस्मिक आवेग, आकुंचन, **ऐंठन**^F, मरोड़^F, दौरा, धड़कन^F, जोर; (ला०) उद्वेष्टन, ऐंठन^F; टूटन^F (~*s of grief*, etc.)।

spasmodic –मॉ'डिक् a. (चि०) **उद्वेष्टकर, आकर्षी**, उग्र पेशी-आकुंचनयुक्त, गृहीतांग, (चि०) स्तम्भयुक्त, आक्षेपिक, आक्षेपजन्य, आक्षेप-निर्भर (*a ~ jerk*); आकस्मिक आवेगयुक्त; अन्तर देकर होने या किया जानेवाला, दौरेकी भाँति, कमी-कमीका (*~ effort*)।

spasmology –'लॅजि n. उग्र पेशी-आकुंचन-सम्बन्धी ज्ञान, उद्वेष्ट, आक्षेप-विज्ञान।

spastic स्पैस्'टिक् a. = SPASMODIC; स्तम्भयुक्त, (चि०) **स्तब्ध**।

spasticity –टि'सिटि n. (चि०) **स्तब्धता**^F।

spat[1] स्पैट्' १. n. बालशुक्ति^F, सीपदार मछली^F का अण्डा; बच्चा; २. v.t. & i. (सीपदार मछली^F का) अण्डे देना; बच्चे पैदा करना।

spat[2] n. मुक्का, घूँसा; क्रूर स्वभाव ⊙; टंटा, झगड़ा ⊙; मदिरा^F का एक घूँट ⊙।

spat[3] n. (प्रायः pl.) मोजेका गिलाफ।

spat[4] SPIT[2] का भूत क्रि० रूप।

spatchcock स्पैच्'कॉक् १. n. झटपट मारा और पकाया गया पक्षी; २. v.t. (बोल० तारमें) जल्दी-जल्दी (शब्द) लिखना, घसीट देना।

spate स्पेट्' n. नदी^F की बाढ़^F (*river is in ~*)।

spathaceous स्पॅथे'शॅस् a. (वन०) पृथुपर्णात्मक, पृथुपर्णयुक्त, **पृथुपर्णी**, स्थूलमंजरीयुक्त, स्पेदवाला।

spathe स्पेद्' n. (वन०) **पृथुपर्ण**, स्थूलमंजरी^F, शूकीछद, पुष्पगुच्छको आच्छादित करनेवाला वृहत् निपत्र अथवा निपत्रोंका युग्म, T., (*~ like*)।

spathic स्पै'थिक् a. धात्विया या मणिभाकार खनिजविशेषके समान (*~ ore*); SPAR[2] का।

spathiform स्पै'थिफ़ॉर्म् a. मणिभाकार, धात्वियासदृश।

spathose स्पे'थोस् a. = SPATHIC.

spathulate स्पै'थ्युलॅट् (वन०) **पृथुपर्णवत्**, T.

spatial स्पे'शॅल् a. (चि०) **अवकाशिक**, (भौ०) **आकाशीय, स्थानिक**, स्थान-विषयक, शून्यस्थानीय, शून्यस्थान-सम्बन्धी, अन्तर या अवकाश-सम्बन्धी;
~ coordinates, ~ formula, ~ relation, ~ series.

spatiality –शिऐ'लिटि n. शून्यस्थानीयता^F, अन्तरयुक्तता^F, अन्तर, अवकाश, स्थान।

spaticity ⊙ स्पॅटि'सिटि n. उग्र पेशी-आकुंचनयुक्तता^F, गृहीतांगता^F, आक्षेपिकता^F, आक्षेपजन्यता^F, आक्षेपनिर्भरता^F।

spatiotemporal ⊙ स्पैटिऑटे'म्'पॅरॅल् a. देश और कालसे सम्बन्धित, दूरी^F और समयसे सम्बन्धित।

spattee स्पैटी' n. जुराबका गिलाफ।

spatter स्पै'टॅर् १. n. कीचड़का छिड़कना या छींटना, छिड़कन, छितराव; छपछप या पटपटकी आवाज^F; २. v.t. & i. (तरल पदार्थ, कीचड़ आदिको) छिड़कना, छितराना, बिखेरना, कीचड़ आदिके छींटे गिराना, छींटे डालना या पड़ना; (किसी व्यक्तिपर) मिथ्या दोष लगाना, कुख्यात करना, दुर्नाम करना, झूठी बदनामी^F लगाना, कीचड़ उछालना, बदनाम करना; (तरल पदार्थकी) बूँदें^F इधर-उधर पड़ना, छींटे उड़ना; ~dashes (अब केवल *spats*) जुराबके ऊपरका गिलाफ।

spatula स्पै'ट्यूल n. = SPATULE; (चि०) लेपनी^F, प्रलेपनी^F, रंगों इत्यादिको चलानेके लिए चौड़े फालका औजार, चपटा चिमटा; शल्यचिकित्सकका (जीभ^F को दबानेका) सुवा, पत्ती^F; (मान०) **करनी**^F; (रसा०) **चमस**, T.।

spatulate –लॅट् a. (वन०) **सुवाकार**, चपटाकार, चिमटेके आकारका, चिमटे-जैसा।

spatule स्पै'ट्यूल् n. पक्षि-पुच्छ^F, चिड़ियों^F की पूँछ^F।

spavin स्पै'विन् n. सन्धिशोथ, घोड़ेके पिछले पैरके घुटनेके जोड़का रोग, बतौरी रोग, हड्डा, मोथरा; blood ~ खूनका लोथड़ापन (बीमारी^F); bone ~ हड्डी^F में लोथड़े बन जानेकी बीमारी^F।

spavined –ड् a. बतौरी रोगवाला, हड्डा या मोथरा रोगका रोगी।

spawl[1] स्पॉल' n. थूक, लार^F।

spawl[2] v. i. थूकना, थूक चुआना, लार^F बहाना।

spiritualize -'रिट्यूअलाइज़् v.t. (चरित्र, व्यक्ति, विचारोंका) अध्यात्मीकरण करना, आध्यात्मिक बनाना, परिष्कृत करना, उन्नत बनाना, उठाना, धार्मिकताF लाना, पवित्रताF लाना, रूहानियतF पैदा करना; (क०) अनुप्राणित करना, सप्राण या सजीव बनाना, प्राण फूँकना, जीवन फूँकना, जानF डालना, रूहF फूँकना; आध्यात्मिक अर्थ लगाना।

spiritualizer -ज़र् n. आध्यात्मिक परिष्कर्ता, उन्नेता, धार्मिकताF लानेवाला, पवित्र बनानेवाला।

spiritualness -ल-नि्स् n. आत्मिकताF, आध्यात्मिकताF, अभौतिकताF, अपार्थिवताF, पुनीतताF, पवित्रताF, दिव्यताF, धार्मिकताF; मेधाविताF, शुद्धबुद्धिसम्पन्नताF, रूहानियतF।

spirituel(le) स्पिरिट्यूए'ल् a. सुशील, सभ्य, सुसंस्कृत, सहृदय, सुकुमार, (विशे० महिला) मनस्विनी।

spirituosity स्पिरिट्यूऑ'सिटि n. = SPIRITUOUSNESS.

spirituous -'रिट्यूअस् a. प्रासुत, प्रासवीय, मादक, मद्यसारमय, सुरासारगुणविशिष्ट, अर्क उतारा हुआ, अल्कोहलभरा; स्पिरिटके गुणवाला, साफ़, तेज।

spirituousness -नि्स् n. मद्यसारमयताF, सुरासार-पूर्णताF; तेजीF, गर्मीF, हिम्मतF।

spiritus स्पाअ'रिटस् n. श्वसन, निःश्वसन, साँसF लेना; (चि०) **स्पिरिट**।

spirivalve स्पाअ'रिवैल्व् a. सर्पिल कपाटयुक्त।

spirket स्पर'किट् n. वक्र कीलF, टेढ़ी खूँटीF।

Spiro- श्वास- (*~graph*, *~meter*, *~scope*, *~metric*, *~metry*, *~phore*)।

spirochaete स्पाअरोकी'टी n. (चि०) चक्रकीटाणु, कुन्तलाणु, सर्पकीटाणु, स्पायरोकीटी।

spirograph स्पाअ'रोग्राफ़् n. श्वासलिख, श्वासलेखक यन्त्र, श्वासचित्र, स्पिरोग्राफ़।

spirometer -रॉ'मिटर् n. (चि०) श्वसन शक्तिमापी, श्वासोच्छ्वासमापक, श्वासमान, (शिक्षा०, चि०) श्वास-मापी, श्वासमापक यन्त्र, T.।

spirometry -ट्रि n. (चि०) श्वसन-शक्तिमापन, श्वास-मान, श्वासमिति, श्वासमापन, साँसF नापना।

spirophore -'रफ़ोअर् n. (चि०) कृत्रिमश्वसन-यन्त्र, श्वासयन्त्र।

spirt, spurt स्पर्ट्', स्पर्ट्' १. n. वेगपूर्ण निस्सारण, धाराF, तेज बहाव, फव्वारा; २. v.t. & i. निस्सृत होना, बह निकलना, फूट निकलना, धारF निकलना, धारF बाँधकर निकलना, धारF बहना, उबलना, फूटना।

spiry[1] स्पाअ'रि a. शृंगयुक्त, शिखरयुक्त, शिखर-सम्बन्धी, नोकदार।

spiry[2] a. मीनारदार; कुण्डलित, कुण्डलीयुक्त, आवर्तपूर्ण, सर्पिल, पेचदार।

spissated ⊙ स्पि'साटिड् a. संहत, स्थूलित, मोटा किया हुआ, गाढ़ा।

spissitude ⊙ -सिट्यूड् n. संहति, घनत्व, गाढ़ापन।

spit[1] स्पिट्' १. n. (समुद्रमें प्रविष्ट पृथ्वीकी) जिह्वाF; (प्रा० भू०) संकमभित्तिF; लम्बा सँकरा जलमग्न तट; शूल, कबाबकी सीखF या सीखचा; २. v.t. (*spat*, अनु० *spit*) (मांस आदिमें) सीखF घुसेड़ना, सीखचा

पिरोना; (ला०) तलवार[F] आदिसे विद्ध करना, छेदना, बींधना, भोंकना, घुसेड़ना।

spit² १. n. कुछ कीड़ोंके अण्डे; खों-खों, खोंखियाना; (क०) छीव, थूक, राल[F]; प्रतिरूप (*he is the very ~ of his father*); २. v.t. & i. (अणु० *spit, spat*) (बिल्ली[F]का) घुरघुराना, गुस्साना, खोंखियाना; (ला०) (किसी व्यक्तिका) खोंखियाना, क्रोध या वैरको प्रकट करते हुए थूकने-जैसा शब्द करना; थूकना, मुँहसे (थूक, खून, कौर आदिको) उगलना; (ला०) (भर्त्सना[F], अभिशाप आदि) आवेशके साथ उच्चारित करना, (अभिशापादि) देना; (वर्षा[F]का) धीरे-धीरे पड़ना, फुहार[F] पड़ना; (आग[F], बत्ती[F]का) चिनगारियाँ[F] छोड़ना; (कलम[F]से) स्याही[F] छिटकना, भुरकना, चिटचिटाना; ~ and polish सैनिक आदिका चमक-दमक[F]का ठाटबाट; ~fire उग्र स्वभावका व्यक्ति, तेजमिजाज आदमी; (*~devil* के भी अर्थमें) गोली-बारूद[F]का खिलौना या अनार; ~ *at* or *upon* (ला०) अपमानित करना, कलंकित करना, मुँहपर थूकना, फजीहत[F] करना; ~ *it out* (ग्रा०) खुलकर गाना, जोरसे कह डालना।

spit³ n. कुदालभर या गैतीभर मिट्टी[F], फावड़ाभर गहराई[F] (*dig it two ~s* or *~ deep*)।

spital स्पि'टॅल् n. चिकित्सालय, दवाखाना, अस्पताल, हस्पताल।

spitch-cock स्पिच्'-कॉक् n. कबाबी मछली[F]।

spite स्पाइट्' १. n. आक्रोश, द्वेष, विद्वेष, वैमनस्य, अहित-कामना[F], दुर्भावना[F], द्रोह, (*did it from pure ~* or *in* or *out of ~*); असूया[F], ईर्ष्या[F], वैर, लाग[F], जलन[F], डाह[F] (*has a ~ against me*); २. v.t. क्षति पहुँचाना, विरोध करना, व्यर्थ कर देना, विफल करना, दमन करना, नीचा दिखाना, पीड़ा[F] पहुँचाना, सताना, तंग करना, दिक करना (*does it to ~ me*); *cut off* one's *nose to ~* one's *face* द्रोहपूर्ण भावना[F]से अपने आपको आघात पहुँचाना, दूसरेके असगुनके लिए अपनी नाक[F] कटा लेना; (*in*) *~ of* तथापि, तो भी, होते हुए भी, फिर भी।

spiteful –'फ़ुल् a. सासूय, आसूयायुक्त, द्वेषपूर्ण, विद्वेषपूर्ण, दुष्ट, द्वेषी, विद्वेषी, वैमनस्यपूर्ण, ईर्ष्यापूर्ण, ईर्ष्यालु, दुर्भावनायुक्त।

spitefulness –निस् n. द्वेषपूर्णता[F], विद्वेषमयता[F], ईर्ष्याभाव, दुर्भावनापूर्णता[F], डाह[F], जलन[F]।

spitter स्पि'टॅर् n. थूकनेवाला; खोंखियानेवाला, चिटचिटानेवाला।

spitting –टिंग् n. निष्ठीवन, थूकना; (परि०) चटचटाना।

spittle¹ स्पि'टॅल् n. निष्ठीव, थूक, लार[F], लाला[F]।

spittle² n. हस्पताल।

spittle³ n. छोटा बेलचा।

spittoon स्पिटून्' n. ष्ठीवाधान, पीकदान, थूकदान, उगालदान।

spitz स्पिज् n. (*~-dog* भी) लम्बी थूथुनका कुत्ता, पोमेरेनी।

spiv स्पिव्' n. अनुचित लाभ उठानेवाला व्यापारी, बेईमान व्यवसायी, चोरबाजारी करनेवाला, काले बाजार-वाला, बेईमान चालबाज दुकानदार।

spivery –'वॅरि n. चोरबाजारी[F], बेईमानी[F] (के दाँव)।

spivish –विश् a. चोरबाजारी[F]का, ब्लैक करनेवालेका।

Spl. Special.

splanchnic स्प्लैन्क'निक् a. (चि०) आशयिक अन्त्रीय, अँतड़ियों[F]का।

splanchnology –नॉ'लॅजि n. (कृषि०, चि०) आशय प्रकरण; आशय विज्ञान, पाचन-विज्ञान, अन्त्रविज्ञान।

splash स्प्लैश्' १. n. छप-छप[F], छपके या छींटे[F] उछालनेका शब्द (*we heard a ~*); आस्फालन, द्रवकम्प, छींटा, छींटना, छपाका, छपछपाना; छींटोंके पानीकी मात्रा[F]; (बोल०) सोडावाटर इत्यादिकी अल्प मात्रा[F]; छींटा, धब्बा, रंगकी चित्ती[F], निशान, दाग; चावलके आटेका चूर्ण, पाउडर; २. v.t. & i. (पानी आदिके) छींटे उड़ना, बूँदें[F] उड़ना; अपस्फुरण करना, छपछपाना, छप छप[F] करना, छप-छप[F] करते हुए पानीमेंसे जाना, पानीके छींटे उड़ाना, (किसी व्यक्तिपर तरल पदार्थ) छिड़कना, छींटे डालना; (किसी व्यक्तिको पानी, कीचड़ आदिसे) सानना, लथपथ करना, लथेड़ना, कीचड़ उछालना; छींटे उड़ानेके लिए (पानी आदिमें) कूदना, घुसना, डुबकी[F] लगाना; (रुपया-पैसा) छितराना; बिन्दकी[F] बिन्दकी[F] रखकर सुसज्जित करना, सजाना, छींट[F] बनाना; ~-board मडगार्ड, गाड़ियों[F]में आगेकी ओरकी कीचड़-मिट्टी[F]से बचानेकी पटिया[F] या तख्ती[F]; *make a ~* (ला०) बहुत अधिक ध्यान आकर्षित करना, चकाचौंध[F] उत्पन्न करना, हलचल[F] पैदा करना।

splasher –'शॅर् n. छपछपानेवाला, छींटे उछालनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); बिन्दुरक्ष, इंजनके पहियों के ऊपर कीचड़ आदि रोकनेकी आड़[F]; दीवाल[F]की रक्षा[F] करनेके लिए चिलमची[F]के पीछेका पर्दा, आड़[F]।

splashing –शिंग् n. अपस्फुरण, आस्फालन।

splashy –शि a. कर्दमयुक्त, गीला, बूँदवाला, कीचड़भरा।

splatter स्प्लै'टॅर् v.t. & i. छपछप[F] करते रहना, छप-छप[F]की बराबर आवाज[F] करना; छींटे उड़ाना; छितराना; अस्पष्ट भाषा बोलना, भिन्न-भिन्न करना, गिटपिट-गिटपिट[F] करना, गपड़-सपड़ बोलना, अंड-बंड बकना; ~-dash कोलाहल, शोर, गुल-गपाड़ा।

splay स्प्ले' १. n. झरी[F], ढाल[F], पनाम[F] (खिड़की[F] या दरवाजेका); २. v.t. & i. (झरोखे या मोखेके लिए) बाहरी भागको टेढ़ा करना, ढालू बनाना; (मोखा, ताक या उनके हिस्सेका) टेढ़ा होना, ढालू होना; घोड़ेके कन्धेकी हड्डी[F] उतार देना, जोड़ अलग करना, खिसका देना, ३. a. चौड़ा और चपटा, बाहरको मुड़ा हुआ (*~ mouth*); तिरछा (*~ end, knot*); ~-foot n. & a. (चि०) सपाट पाद, जिसका पादतल सपाट हो, बाहरको निकले हुए चौड़े चपटे पैरवाला।

spleen स्प्लीन्' n. (चि०, कृषि०, जीव०) प्लीहा,

(चि०, कृषि०) **तिल्ली**^{F}; आत्मा^{F}की क्षुद्रता^{F}, तुच्छता^{F}, द्वेष, ईर्ष्या^{F}, घृणा^{F}, अमर्ष, राग, कर्कशता^{F}, चिड़चिड़ापन, मलाल, बदमिजाजी^{F} (*a fit of ~*); ~wort प्लीहापर्णांग, प्लीहाघ्न, प्लीहा-रोग-निवारक एक बूटी^{F}।

spleenful –'फ़ुल् a. क्षुद्र, तुच्छ, ईर्ष्यालु, कर्कशस्वभाव, चिड़चिड़ा, झल्ला, तुनुकमिजाज, बदमिजाज।

spleenish –'निश् a. क्षुद्र-सा, तुच्छ-सा, ईर्ष्यालु, चिड़चिड़ा, बदमिजाज।

spleenishness –निॅस् n. ईषत्क्षुद्रता^{F}, किंचित्तुच्छता^{F}, कुछ बदमिजाज होना, बदतमीज-सा होना।

spleenitis –नाइ'टिस् n. प्लीहाशोथ।

spleenless –न्'लिॅस् a. प्लीहारहित, बेतिल्ली; द्वेषरहित, शान्त, विशालहृदय, उदार।

spleeny –'नि a. रुष्ट, क्रुद्ध, क्रोधयुक्त, कोपमय, चिड़चिड़ा, गुस्सेसे भरा, तुनुकमिजाज; दुःखी।

splen- प्लीहा- (*~algia, ~ectomy, ~itis, ~itic, ~ology, ~otomy*)।

splendent स्प्लॅन्'डॅन्ट् a. (प्रा० भू०) **तेजोमय**, (खनिज०, कृमि०) दीप्तिमान्, देदीप्यमान, उज्ज्वल, चमकीला, चमकदार, धातु^{F}की चमकवाला।

splendid स्प्लॅन्'डिड् a. (बोल०) श्रेष्ठ, परम सुन्दर, अत्युत्तम, बहुत अच्छा, बहुत बढ़िया, शानदार (*a ~ chance of escape*); श्लाघ्य, प्रशंसनीय, विख्यात, महत्त्वशाली, गौरवशाली, भव्य, तेजस्वी, महान्, प्रभावशाली, ठाठदार, रौबदार (व्यक्ति); गुरु, गरिमापूर्ण, गौरवपूर्ण, वीरोचित, महत्त्वपूर्ण, अति महान्, विशाल, अतिसुन्दर, दीप्तिमान्, उज्ज्वल, सुप्रभ, अतिप्रभ, अतिशोभन, राजसी, बड़ा (*~ palace, gift*)।

splendide mendax (L) a. अतिमिथ्या, बहुत ही झूठ।

splendidness –निॅस् n. श्रेष्ठता^{F}, परमसुन्दरता^{F}, अत्युत्तमता^{F}, अतिशोभा; श्लाघ्यता^{F}, प्रशंसनीयता^{F}, विख्याति^{F}, उत्तमता^{F}, महानता^{F}, प्रभावशालिता^{F}; गरिमापूर्णता^{F}, गौरवपूर्णता^{F}।

splendiferous –डि'फ़ॅरॅस् a. (बोल०) देदीप्यमान, भव्य, श्रेष्ठ, अत्युत्तम, बढ़िया, शानदार।

splendour –'डॅर् n. श्री^{F}, शोभाश्री^{F}, भव्यता^{F}, गरिमा^{F}, गौरव, विभव, विभूति^{F}, वैभव, विशालता^{F}, महानता^{F}; शान-शौकत^F, ठाट; प्रभा^{F}, आभा^{F}, दीप्ति^{F}, कान्ति^{F}, शोभा^{F}, प्रताप, उज्ज्वलता^{F}, तेज, चटक, चमक-दमक^F; तड़क-भड़क^F, आबताब^F; *sun in ~* आभापूर्ण या प्रकाशमान् सूर्य।

splenectomy⊙ स्प्लॅनॅक्'टॅमि n. (चि०) प्लीहोच्छेन, प्लीहा-अपच्छेदन, तिल्लीका चीरा।

splenetic स्प्लिॅ'नॅटिक् १. n. प्लीहा रोगकी ओषधि^{F}, प्लीहारोगी; २. a. प्लीहा (*~ artery, ~vein*), प्लीहाका, तिल्ली-सम्बन्धी; कर्कश, क्रोधी, वक्रशील, कोपन, कर्कश स्वभावका, खीजनेवाला, चिड़चिड़ा, झल्ला, तुनुकमिजाज, बदमिजाज।

splenial स्प्ली'नि‌ॲल् n. (जीव०) **शल्किका**^{F}, T. (*~ centre, ~ gyrus*)।

splenic स्प्लॅ'निक् a. प्लैहिक, प्लैह (जीव०) **प्लीहा**, तिल्ली^{F}मेंका, तिल्ली^{F}का; ~fever प्लीहाज्वर, प्लैहिक ज्वर, पशुओंका संक्रामक ऐन्थ्राक्स रोग; ~ artery, ~ plexus, ~ vein.

splenitis स्प्लिनाइ'टिस् n. (चि०) प्लीहा-शोथ, तिल्लीकी सूजन।

splenitive स्प्लॅ'निटिव् a. उत्तेजनशील, उत्तेजनामय, उत्साहपूर्ण, जोशभरा; सबल, बलयुक्त, बलमय, जोरदार।

splenium स्प्ली'नि‌ॲम् n. (चि०) **पट्टिका**^{F}. T.।

splenius स्प्ली'निॲस् n. ग्रीवापेशी, पट्टिका-पेशी^{F}; ~ capitis **पट्टिका शिरस्या**^{F}; ~ cervicis **पट्टिका ग्रैवी**^{F}।

splenocele स्प्ली'नॅसील् n. प्लीहावर्ध्म, तिल्ली-वर्ध्म, तिल्ली^{F}की हार्निया।

splenoid –नाॅइड् a. प्लीहावत्, तिल्लीनुमा।

splenology –नॉ'लॅजि n. प्लैहिकी^{F}, प्लीहा-विज्ञान, प्लीहाशास्त्र, तिल्ली-शास्त्र।

splenomegaly⊙ –'मिॅगॅलि n. (चि०) **प्लीहा-बृंहण**, प्लीहातिवृद्धि^{F}, प्लीहोदर, प्लीहावृद्धि^{F}।

splenotomy –नॉ'टॅमि n. (चि०) **प्लीहाच्छेदन**।

splice स्प्लाइस् १. n. शिरोबन्धन, लकड़ी^{F}के टुकड़ोंका जोड़, दो रस्सियोंका जोड़; **जोड़**; (नौवि०) **पलास**; २. v. t. (रस्सियों^{F}के) सिरोंको लड़ें^{F} गूँथकर जोड़ना; (लकड़ी^{F}के टुकड़ोंको) एक-दूसरेपर रखकर जोड़ना, **पलासना**; (बोल०) विवाहकी गाँठ^F बाँधना, गँठबन्धन करना, गाँठ^F जोड़ना (*when did he or they get ~d ?*); *sit on the ~* (क्रिकेट, ग्राम०) सावधानीपूर्वक, बचावका खेल खेलना, बहुत ही अधिक सावधानी^{F}से बल्लेबाजी^{F} करना; ~ grafting (कृषि०) **तराशी कलम**^{F} **बाँधना**; ~ plate (यन्त्र) **ढक्कन प्लेट**; ~ rail (रेल०) **जोड़ पटरी**^{F}।

splicer –'सॅर् n. शिरोबन्धक व्यक्ति या वस्तु^{F}; शिरोबन्धित्र, शिरोबन्धक यन्त्र जोड़नेवाला।

splicing –सिंग् n. (यन्त्र) **समनुबंधन**, **अयोजन**, **पलासना**।

spline स्प्लाइन् n. काष्ठपट्टी^{F}, खड़का फुट्टा; सीता, रन्ध्र; **चाबी**, **कील**, T.।

splint स्प्लिन्ट् १. n. (शल्य०) कुशा^{F}, लकड़ी^{F} आदिकी फलिका^{F}, काष्ठखण्ड; कमची^{F}, **फाँस**^{F}, कमठी^{F} या खपची^{F}, (कृषि०) **खपची**^{F}, (चि०) **चपती**^{F}, T.; (मनुष्यकी) अनुजंघास्थि^{F}, बिबला^{F}, पिंडली^{F}के बाहरकी ओरकी हड्डी^{F}, (श० र० शा०) (*~-bone* के अर्थमें) घोड़ेके आगेके पाँवोंकी उनमेंसे हड्डियों^{F}मेंसे एक (जो रान^{F}की हड्डी^{F}के पीछे और उसके समीप होती है); (घोड़ेके आगेकी टाँगों^{F}में रान^{F}के पासकी हड्डी^{F}के रोगके कारण उत्पन्न) अर्बुद, मांसग्रन्थि^{F}, गाँठ^F, गिल्टी^{F}, गूमड़ा; २. v.t. (टूटे हुए अंगपर कमठी^{F} लगाना, खपची^{F} बाँधना।

splinter स्प्लिन्'टॅर् १. n. काष्ठखण्ड, (यन्त्र०) **विभंगिका**^{F}, **कमाँची**^{F}, लकड़ी^{F} या पत्थर आदिका टुकड़ा,

छीलन, चैली[F], चीप[F], छिपटी[F], खपची[F], (चि०) उपजङ्घिका[F]; गलित-हड्डी[F] या भग्न हड्डी[F]का टुकड़ा; २. v.t. & i. (यन्त्र०) **विभंजित होना,** छिपटी[F] उतारना या उतरना; छोटे-छोटे टुकड़े करना या होना, चिपटी बनाना या होना, पतली खपची[F] फाड़ना या होना; ~-bar गाड़ी[F]के आड़े डण्डे; ~-bone अनुजघास्थि[F], विबला[F], पिंडली[F]के बाहरकी ओरकी हड्डी[F]; ~-proof स्फोटखण्ड-रोधी, बमोंके फटनेसे उड़नेवाले टुकड़ों या किरचोंसे बचानेवाली वस्तु[F]।

splintered –र्ड a. (इति०) **खण्डित** (~ *rock*)।

splintery –रि a. (प्रा० भू०) **शितखण्डीय,** काष्ठखण्डोंका, छिपटियों[F]का; काष्ठखण्डवत्, चैली-जैसा, छिपटीवाला, खपचीदार, छिपटियाँ[F] बनाने योग्य, चैलियों[F]के लायक।

split[1] स्प्लिट् n. दलोंमें विघटन, पृथक्करण, भेद, मतभेद, गुटोंमें फूट, बिगाड़; (चि०) (अनुदैर्घ्य,) विदर, विपाट, चीर, छेद, दरार[F], फटन[F], चटख[F], टूट; (वन०) **पाटन, भंग, विखण्ड, खण्डन;** (भौ०) **विदारण,** चीरना, तोड़ना, फाड़ना; फौलाद बेंत आदिकी एक छड़[F]; चिरा हुआ बाँस; चीरे हुए चमड़ेकी एक पर्त[F] या तह[F]; करघेकी कंघी[F]की छड़[F]; लेमनेड या सोडेकी आधी बोतल[F]; मद्यका आधा गिलास; (फेरो नामक ताशके खेलमें) बराबरके अंकोंके दो पत्तोंका निकलना (जिसमें शर्तें[F] बँट जाती हैं): (गुण०) **विभक्त,** विभाजित; पाटित, विपाटित; (pl.) धरती[F]पर दोनों भिन्न दिशाओं[F]को टाँगें[F] फैलाकर बैठनेकी विधि[F] या बाजीगरका आसन (*do ~s*); ~ shift **द्विपाली पारी**[F]; ~ pebble (इति०) **भिन्नोपल;**
~ base, ~ bearing, ~ cork, ~ focus, ~ income, ~ pin, ~ plot, ~ pulley, ~ ring, ~ seam, ~ shank, ~ wheel.

split[2] १. v. t. & i. (*split*) विरोधी दलोंमें विभाजित होना या विभाजित करना, (वन०) **छिटकना;** (किसी प्रश्नपर) विरोधी गुटोंमें बँट जाना; भेद हो जाना, एका भंग होना या भंग करना; **भंग करना, खण्डित करना,** खण्ड-खण्ड करना, फाड़ना, अलग करना, भागोंमें बाँटना, अलग-अलग मोटाइयों[F]में बाँटना (~ *it into three layers, the job, sum*, etc.); पाटन करना, विपाटन करना, **विपाटित करना,** विदीर्ण करना, चीरना, चिरना, टूटना, फटना; २. a. विपाटित, विभक्त, पाटित, फाड़ा हुआ, फटा हुआ, चिरा हुआ, खुला (~ *bamboo, nut*); ~-footed खण्डित-पाद, फटे पैरवाला; ~ grain दाल[F]; ~ infinitive विभक्त क्रियार्थक संज्ञा[F] (जब *to* और क्रिया[F]के बीचमें क्रिया-विशेषण आ जाता है); ~ peas(e) मटर[F]की दाल[F]; ~ pelvis (चि०) खण्डित श्रोणी[F], भगास्थियों[F]का सहज असंयुक्त रहना; ~ ring विपाटित वलय, मुँहखुला छल्ला; ~ second विकलांश, निमिष, क्षण, पल, अत्यल्प समय; ~ shot, stroke ऐसी चोट[F] या निशाना जिससे पास-पास रखी हुई लकड़ी[F]की दो गेंदें[F] भिन्न-भिन्न दिशाओं[F]में चली जावें; *head is ~ ting* (पीड़ा[F]से) सिर फटा जा रहा है; ~ *hairs* सूक्ष्म आलोचन करना, सूक्ष्म विवेचन करना, बालकी खाल[F] निकालना; ~ *on* (ग्रा०) (अपने सहयोगीका) रहस्य प्रकट करना, भण्डाफोड़ कर देना, भेद प्रकट करना; ~one's *sides* (या intr.) हँसते-हँसते लोटपोट होना, हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ जाना; ~ one's *vote* प्रत्येक विरोधी उम्मीदवारको वोट देना, विरोधी उम्मीदवारोंमें अपने वोट (मतपत्र) विभाजित करना; ~ *the difference* मध्यमान या बीचकी रकम[F] लेना।

splitter –टॅर् n. विपाटक, विदारक, चीरनेवाला, फाड़नेवाला, तोड़नेवाला; side-~ विनोद, हँसी-मजाक; विनोदी, बहुत अधिक हँसानेवाला व्यक्ति।

splitting –टिंग् n. (कृषि०, वन०, यन्त्र०) **विभजन, विखण्डन, विपाटन,** विदारण, **फटना;** side-~ बहुत अधिक हँसाना; बहुत अधिक हँसानेवाला; ~ headache तीव्र शिरोवेदना[F], बहुत जोरका सिरदर्द।

splodge स्प्लॉज्' n. दे० SPLOTCH.

splosh स्प्लॉश्' n. (बोल०) (पानीका) छपाका।

splotch, splodge स्प्लॉच्', स्प्लॉज्' nn. कलंक, लेप, निशान, धब्बा, दाग।

splotchy –'चि a. कलंकपूर्ण, धब्बेदार, दगीला, दागदार।

splurge स्प्लर्ज' n. कृत्रिमता[F], बनावटीपन, दिखावा।

splutter स्प्ल'टॅर् v.t. & i. & n. = SPUTTER.

spluttering –टिंग् n. प्रस्फुरण, फड़फड़ाहट[F]।

Spode स्पोड्' n. बढ़िया चीनी[F]के बर्तन।

spoffish, spoffy स्पॉ'फ़िश, स्पॉ'फ़ि aa. = FUSSY.

spogel seeds स्पोगेल् सीड्स् n. (चि०) ईसबगोल।

spoil[1] स्पॉएल्' n. खात[F], कटान, कीचड़ निकालने आदिमें बाहर निकाली गयी या फेंकी गयी मिट्टी[F]; (स्था०) **फालतू मिट्टी**[F]; युद्धमें शत्रुसे अपहृत द्रव्य, अपहरण, लूट[F], खसोट[F], लूट[F]का धन; बटमारी[F]; (ला०) उपयोग, जयांश, लाभ, फायदा, नफा, मुनाफा, (जो किसी प्रतियोगिता[F]में सफलतारूप प्राप्त हो); बरबादी[F], खराबी[F], बिगाड़; सरकारी नौकरी[F]में उपवेतन, ऊपरी आय[F], लाभ; प्रत्येक खिलाड़ीको पाँच पत्ते बाँटे जानेका ताशका खेल (~ *five*) में बराबरी; ~s system ⊙ पदपुरस्कार व्यवस्था[F], सफलता-प्राप्त दलके समर्थकोंको सार्वजनिक पद प्रदान करनेकी पद्धति[F]।

spoil[2] v.t.& i.(*spoilt* or *~ed*) (प्रा०, साहित्यिक) अपहरण करना, वंचित करना, बलपूर्वक ग्रहण करना, बलपूर्वक छीन लेना, लूटना, पार कर लेना, चोरी[F]से मार देना, चुरा लेना, छीन लेना, जबरदस्ती[F] ले लेना; गुणोंको क्षीण करना, दूषित करना, विकृत कर देना, विशेषताओं[F]को कम कर देना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ देना, रंगमें भंग करना, खराब कर देना, मजा किरकिरा कर देना, तबाह करना (*was quite ~t by the rain*); लाड़ या प्यारसे आदत[F] खराब कर देना (*spare the rod and ~ the child*); (फल, मछली[F] आदिका) बिगड़ जाना, खराब होना, सड़ना, उबस जाना; (ला०,

विनोद आदिके सम्बन्धमें) नीरस हो जाना, किरकिरा हो जाना, बदमजा हो जाना; ~-sport खेल बिगाड़नेवाला; *dog is ~ing for a fight* कुत्ता न लड़नेसे खराब हो रहा है अर्थात् लड़नेको इच्छुक है।

spoilage –'लिज् n. विकृत वस्तु^F, बिगड़ी हुई चीज^F, रद्दी माल, (चि०) रद्दी^F, कूड़ा-कबाड़ा; (छपाई^F) विकृत पत्र; v.t. रद्दी करना, बिगाड़ना।

spoiled –ल्ड्' a. विकृत, दूषित, मलिनीकृत, बिगड़ा हुआ (~ *stamps*); दुर्लालित (~ *child*)।

spoiler –'लॅर् n. अपहारक, डकैत, डाकू, लुटेरा; गुणहारक, गुणोंको क्षीण करनेवाला; विघ्नकर्त्ता; रंगमें भंग करनेवाला; लाड करनेवाला, बिगाड़नेवाला; पंगु बनानेवाला, अपाहिज करनेवाला।

spoke[1] स्पोक् १. n. गाड़ी^F के पहियेको चढ़ाई^F में नीचे लुढ़कनेसे रोकनेवाली बल्ली^F या आड़^F; (भौ०) अर, अरा, पहियेकी तीली या आरा, स्पोक; सीढ़ी^F का डण्डा; जहाज चलानेके चक्र या पहियेकी त्रिज्याकार मुठिया^F; २. v.t. (पहियेको) बल्ली^F या आड़^F की सहायता^F से रोकना या थामना; आरा लगाना, तीलियाँ^F लगाना; ~shave दोनों ओर दो मुठियोंवाला आरा छीलनेका रन्दा; *put a ~ in person's wheel* (ला०) किसीके स्वार्थोंमें बाधा^F उपस्थित करना, कामोंमें रोड़ा डालना।

spoke[2] SPEAK का भूतकालिक रूप।

spoken –'कॅन् SPEAK का भू० कृ०, कथित, उक्त।

spokesman n. स्पोक्स्'मॅन् (pl. *-men*) अधिवक्ता, प्रवक्ता, प्रतिनिधिवक्ता, मुखपात्र, किसीकी ओरसे बोलनेवाला प्रतिनिधि, नुमाइन्दा।

spolia opima (L) n. लूट^F का माल।

spoliate स्पो'लिएट् v.t. & i. क्षति^F पहुँचाना, वंचित करना, लूटना-पाटना, लूटना-खसोटना।

spoliation –ऍशॅन् n. अपहृत द्रव्य, अपहार, लूट^F, लूटपाट^F, डाका; (विधा०) लुण्ठन, लूटना; (ला०) उत्पीड़न, बलपूर्वक धनापहरण, सताना; (ईसा०) मिथ्या उपाधि^F के नामसे पादरीकी वृत्ति^F ग्रहण करना; (कानून) दस्तावेजका अंश, नाश, परिवर्तन, बिगाड़ (ताकि वह प्रमाणके रूपमें प्रयुक्त न किया जा सके)।

spoliative –'लिॲटिव् a. वंचक, क्षति^F पहुँचानेवाला, ह्रास करनेवाला, लूटने-खसोटनेवाला, ले लेनेवाला।

spoliator –ऍटॅर् n. संलुण्ठक, अपहारक, दस्यु, लुटेरा, लूटनेवाला; मिथ्यारूपसे पादरीसे पादरीवृत्ति^F लेनेवाला; विनाशकर्त्ता, मिटानेवाला, ले लेनेवाला।

spoliatory –ॲटॅरि a. अपहरणकारी, अपहारी, लूटपाट-सम्बन्धी, लूटने या नष्ट करनेवाला।

spondaic स्पॉन्डे'इक् a. द्विदीर्घाक्षरीय (छन्द)।

spondee –'डि n. द्विदीर्घाक्षर चरण (छन्द)।

spondulicks ⊙ स्पॉन्ड्यू'लिक्स् n. मुद्रा^F, रुपया पैसा, धन-दौलत^F।

spondylus ⊙ स्पॉन्'डिलॅस् n. (इति०) शंखाभूषण (~ *shell*)।

sponge[1]* स्पन्ज्' n. जालक जीव, छिद्रिष्ठ, शरीरपर छेदोंवाला निम्न श्रेणी^F का (जलशोषक) जलजीव, (रसा०, प्रा० भू०, जीव०) स्पंज*; जलशोषक समुद्री पदार्थ-विशेष, स्पंजकी भाँति सोख लेनेवाली कोई वस्तु^F; स्पंजप्रदेश; स्पंजका अस्थिपंजर या ढाँचा; (ला०) पराश्रयी, परान्नभोजी, परावलम्बी व्यक्ति, रोटी-तोड़, टुकड़-खोर; ~ cake एक रससिक्त कोमल पिष्टक, स्पंजकेक; ~ guard (कृषि०) कालीतोरी^F; *pass the ~ over* (अपराध या बुराई^F को) क्षमा^F कर देनेका समझौता करना, गलती^F भुला देना; *throw up the ~* (मुक्केबाज या उसके अनुगामीके द्वारा) तौलिया-जैसा स्पंज फेंकना; (ला०) मुष्टियुद्ध छोड़कर भागना, पराजय स्वीकार करना, मुक्केबाजीमें हार^F मानना;

~ bowl, ~-cloth, ~-fisher, ~gold, ~ gourd, ~iron, ~-like, ~man, ~ tree, ~ wood.

sponge[2] १. n. स्पंजसे झाड़-पोंछ^F, स्पंजसे सफाई^F, स्पंजद्वारा अवशोषण; ~ bath (चि०) पानी और स्पंजसे हलका स्नान (*had a ~ down*); चापलूसी^F से काम निकालना; २. v.t. & i. स्पंजसे पोंछना, साफ करना; स्पंजसे (शरीरके अवयवोंपर) पानी निचोड़ना; स्पंजसे (लेख, ला० वस्तु^F की स्मृति^F आदि) मिटा देना, पोंछ डालना, धो देना, साफ कर देना; स्पंजसे पानी सुखाना या सोखना, जज्ब करना, स्पंज (शोषक जलजीव) एकत्र करना, इकट्ठे करना, चाटुकारिता^F से प्राप्त करना, चापलूसी^F या खुशामद^F से काम निकालना, ~ *on* पराश्रित होकर रहना, परान्नभोजीकी भाँति रहना, नीचतापूर्वक दूसरेपर निर्भर होना।

spongeous –ॲस् a. = SPONGY.

sponger –जॅर् n. जलशोष-प्रयोक्ता, स्पंजसे पोंछनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); अन्नदास, परान्नभोजी, मुफ्तखोर, टुकड़खोर।

spongicolous –जि'कॅलॅस् a. जलजीवान्तर्वर्ती, जलशोषयुक्त, जलजीवमय, स्पंजदार।

spongiform –जिफ़ॉर्म् a. स्पंज-जैसा, स्पंजके ढाँचेके समान।

sponginess –जिनिस् n. स्पंजीपन, जलशोषकता^F, जलजीवसदृशता^F, स्पंज अवस्था^F; छिद्रिष्ठता^F, छिद्रपूर्णता^F, बहुच्छिद्रिलता^F, शोषणशीलता^F; नम्यता^F, लचीलापन, शिथिलता^F, पोलापन, झिरझिरापन।

sponging –जिंग् n. (चि०) स्पंज करना, स्पंजसे पोंछना, सोखना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); ~-house (इति०, प्रा० अर्थमें निचोड़ना) कुर्क अमीनका घर (जिसमें गिरफ्तार ऋणीको अस्थायी रूपसे रखा जाता था)।

spongioplasm ⊙ जिॲप्लैज़म् n. कोशाजालिका^F, (जीव०) जालिद्रव्य, (चि०) स्पंजीद्रव्य।

spongiose, spongious –जिओस्, –ॲस् aa. जलशोषवत्, जलजीव-सदृश, स्पंज-जैसा, स्पंजवाला।

spongologist स्पॉन्गॉ'लॅजिस्ट् n. स्पंजविद्याविद्।

spongology –जि n. स्पंजविद्या^F, छिद्रिष्ठविद्या^F।

spongy स्पन्'जि a. (वन०) स्पंजी, स्पंजकी भाँति; छिद्रिष्ठ, छिद्रपूर्ण, बहुछिद्रयुक्त और शोषणशील, सोखने-

वाला, शिथिल, नरम, मुलायम, पोला, झिरझिरा, लचीला, गिलगिला, शिथिलतः संलग्न, नरम, झिरझिरी (धातु^F); ~ bone (कृषि०, चि०) मृदु और विरल अस्थि^F, मृदु अस्थि^F;

~ bone, ~ cell, ~ layer, ~ lead, ~ platinum, ~ substance, ~ texture, ~ tissue.

sponsal स्पॉन्'सल् a. वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, विवाह-विषयक; पति या पत्नी-विषयक, भार्या-विषयक, स्त्री-सम्बन्धी।

sponsion–शन् n. प्रतिभूति^F, जमानत^F, जामिनदारी^F; संविदा^F।

sponson –सॅन् n. जहाजके बड़े डाँड़के बक्सके आगे-पीछेका तिकोना चबूतरा या चौरस भाग; (नौवि०) फलाट; **टोडा डेक**; युद्धपोतमें एक ओरको निकला हुआ छज्जा, T.।

sponsor –सॅर् १. n. प्रवर्तक, संस्थापक; **प्रायोजक**; धर्मपिता या धर्ममाता, धर्मशिक्षा^Fका भार ग्रहण करनेवाला; उत्तरदायी, प्रतिभू, दूसरेका दायित्व अपनेपर लेनेवाला व्यक्ति, जमानतदार, जामिन; विज्ञापनकर्त्ता; पुरस्कर्ता; २. v.t. प्रवर्त्तन करना, चलाना; उत्तरदायी होना, प्रतिभू बनना, जामिन होना; बुलाना; पोषित करना; विज्ञापनोंका मूल्य चुकाना; पुरस्कृत करना।

sponsorial –सॉ'रिअॅल् a. प्रतिभू-सम्बन्धी; प्रतिभू-जैसा; विज्ञापनकर्त्ताका, प्रवर्तकीय।

sponsoring –सॅरिंग् a. प्रवर्ती, प्रायोजी, प्रायोजक;

~ authority, ~ director, ~ directorate, ~ officer.

sponsorship –र्-शिप् n. प्रवर्तकता^F; प्रतिभूत्व, प्रतिभूका पद, जामिनी^F, जमानत^F; विज्ञापनकर्तृत्व।

spontaneity, spontaneousness स्पॉन्टॅनी'इटि, –अॅस्निॅस् nn. स्वतः स्फूर्ति^F, स्वयंस्फूर्ति^F, स्वेच्छा^F, यदृच्छा^F, स्वतोभाव, स्वयंचालन, (दर्श०) **स्वतः प्रवृत्ति^F**, आत्मस्फूर्ति^F; स्वजन्म, स्वचालन; स्वयंपरिवर्तन, (भौ०) **स्वतः प्रवर्तिता^F**, स्वयं-क्रियाशीलता^F; सहजता^F, नैसर्गिकता^F, स्वाभाविकता^F।

spontaneous –टे'निॅअॅस् a. ऐच्छिक, आत्मस्फूर्त, स्वतः, स्वतःप्रेरित, स्वयंस्फूर्त, **स्वतःस्फूर्त**, आत्मस्फुरित; मनमाना, अपने मनका, अपनी खुशी^Fका (*made a ~ offer of his services*); स्वेच्छाचारी, यदृच्छ, स्वतःस्फूर्त, स्वेच्छाकृत, स्वेच्छाप्रणोदित, स्वेच्छाप्रसूत, **स्वजात**, स्वतोभावी, स्वाभाविक, अपने-आप करनेवाला या किया हुआ या होनेवाला; **स्वतः प्रवर्तित**, स्वचालित, स्वतःचालित, अनायास, सहज, अप्रयत्न-सम्भूत, अपने-आप होनेवाला, बिना किसी चेतन प्रयत्नके होनेवाला, खुदबखुद (*~ movement, change*); नैसर्गिक, प्रकृति-जात, स्वयंजात, अपने-आप उगनेवाला; सहज, स्वाभाविक, अकृत्रिम, मुक्त (अंगसंचालन, हावभाव); (प्राणि०) (पौधोंके आकार-सम्बन्धी परिवर्तनों तथा छोटे जीव-जन्तुओं-की पेशियों^Fकी क्रियाओं^Fके सम्बन्धमें) स्वयंक्रिय, स्वयं-परिवर्तित, स्वभावसिद्ध, प्राकृतिक, स्वयंवर्धित; ~ generation निर्जीव पदार्थसे सजीवकी उत्पत्ति^F, स्वयं जन्म;

~ application, ~ combustion, ~ contraction, ~ emission, ~ delivery, ~ generation, ~ growth, ~ movement, ~ nasalization, ~ suggestion, ~ variation.

spontaneousness –निॅस् n. दे० SPONTANEITY.

sponte sua (L) adv. स्वेच्छया, अपनी इच्छासे।

spontoon स्पॉन्टून्' n. (इति०) संगीन, तलवार^F।

spoof स्पूफ़्' १. n. छल, कपट, धोखा, ठगी, झाँसा, चकमा, दगा; (गुणवा०) कल्पित, मिथ्या, रचा हुआ, मनगढ़न्त, झूठा; २. v.t. छल करना, कपट-व्यवहार करना, धोखा देना, ठगना, बुद्धू बनाना, झाँसा देना, चकमा देना, जाल करना।

spoofer –फ़ॅर् n. वंचक, लम्पट, ठग, जालसाज़।

spoofing⊙ –फ़िंग् n. झाँसा, छलना या धोखा देना।

spook स्पूक्' n. (हास्य०) प्रेत, भूत, पिशाच।

spookish, spooky –किश्', –कि aa. प्रेत-सम्बन्धी, प्रेतवत्, भुतैला, भूत-जैसा।

spool स्पूल् १. n. बलनी^F, (कृषि०) **अन्तरनली^F**, **अन्तर फिरकी^F**, **चर्खी^F**, फोटोके फ़िल्म^F आदिकी चरखी^F, तागा लपेटनेकी रील^F, फिरकी^F, परेता; २. v.t. फिरकी^Fपर लपेटना।

spoom स्पूम्' v.i. वायुवाहित होना, हवा^Fकी दिशा^Fमें चलना।

spoon[1] स्पून् v.i. = SPOOM.

spoon[2]* १. n. स्रुव, कम्बी^F, (रसा०) **चम्मच**, चमचा, **चमस***, **करछुल**, डोई^F (*tea, dessert, table, ~*); चम्मचके आकारकी कोई वस्तु^F; २. v.t. & i. चम्मचसे उठाना या निकालना; धातु^F लगे चारेसे मछली^F मारना; (croquet नामक गेंदके खेलमें) गेंद^Fमें धक्केकी चोट^F लगाना; (क्रिकेट) गेंद^Fपर धीमी चोट^F लगाना, बल्लेसे गेंद^Fको उछालना, हल्केसे मारना, ~beak, ~-bill दर्वीमुख, चम्मचदार चोंचवाला पक्षी; ~ bit (यन्त्र०) **चपटा वर्मा**; ~-fed (ला०; सरकारी आर्थिक सहायता^F या आयात-करों द्वारा) अस्वाभाविक रूपसे प्रोत्साहित (उद्योग-धन्धे); ~-meat रसीला खाद्य, तरल खाद्य, बच्चोंका दूध, लपसी^F (ला० भी); ~ nail (चि०) चमसनख, चम्मचके समान गड्ढेदार;

~-backed, ~-billed, ~ drift, ~ ended spatula, ~-formed, ~ maker, ~-shaped, ~wise.

spoon[3] १. n. आसक्त कामुक, बुद्धू प्रेमी, रसिया; (ग्रा०) बुद्धू, भोंदू, गोबरगणेश, उल्लू; २. v.t. & i. कामुक-जैसा व्यवहार करना, (लड़की^F आदिके प्रति) प्रेमी जैसा व्यवहार करना, डोरे डालना, इश्कबाजी^F करना; *be ~s on* प्रेममें पगला जाना, बुद्धू बनना, उल्लू बन जाना।

spooner(ism) स्पू'नॅर् (इज़्म्) n. दो या अधिक शब्दोंके आरम्भिक अक्षरोंका आकस्मिक स्थानान्तरण या हेरफेर,

स्पूनरवाद।

spoonful स्पून्'फ़ुल् n. कम्बीमात्र, चम्मच भर, चमचा भर, एक चम्मच (परिमाण); थोड़ा।

spooniness स्पू'निनि'स् n. कामुकता^F, भावुकता^F, रसिकता^F, विलासीपन; मूर्खता^F, भोंदूपन, बुद्धूपन।

spoony –नि १. n. बुद्धू; बुद्धू प्रेमी, दिलफेंक; २. a. (ग्रा०) कामुक, भावुक, आसक्त, रसिक, विलासी, प्रेमी, शृंगारप्रिय, मधुर, रसिया; सरल, मूर्ख, सीधा, बुद्धू, भोंदू।

spoor स्पुअर् १. n. पशुका गमनचिह्न, पदचिह्न, पशुगन्ध, पशुके पैरका निशान या वास; २. v.t. & i. पशुकी गन्ध^F या उसके चिह्नको देखकर खोज^F लगाना, पीछा करना।

spoorer –रॅर् n. खोजी, पशुकी गन्ध^F या उसके पदचिह्नसे पता लगानेवाला, खोजनेवाला।

S.P.O.R. *Senatus Populusque Romanus*, the Senate and People of Rome.

sporadic स्पॅरै'डिक् a. क्वाचित्क, कदाचित्क, यदाकदाभावी, एकल, असामूहिक, यत्रतत्रघटित (चि०) **यत्रतत्रिक विकीर्ण,** विक्षिप्त, यत्रतत्र, छिटफुट, कहीं-कहीं, जहाँ-तहाँ, कभी-कभी, किसी-किसी जगहपर होनेवाला (~ *disease*), बिखरा हुआ, पृथक्, अलग, इक्का-दुक्का;
~ disease, ~ layer, ~ malaria, ~ meteor, ~ test.

sporadical–कॅल् a. (क०) कहीं-कहीं पाया जानेवाला।

sporadicalness –निॅस् n. यत्रतत्र घटित होना, पृथक्ता^F, बिखरापन, छिटपुटपन, इक्का-दुक्कापन।

sporangium स्पॅरैन्'जिअॅम् n. जीवाणुकोष, बीजाणुकोष, (वन०) **बीजाणुधानी^F**, T.।

spore स्पोॲर्' n. (प्राणिवि०) जीवाणु, प्रांगारिक लघु पिण्ड; (वन०, पुष्पहीन पौधोंमें) रेणु^F, स्वायत्त कण, (चि०, वन०, कृषि०, जीव०) **बीजाणु, स्पोर,** स्वतन्त्र कोशिका^F (~ *formation*); (ला०) कीटाणु या बीज; (जीव०) बीजाणु, प्रतिकूल परिस्थिति^F में उत्पन्न होनेवाली कुछ तृणाणुओंकी विश्रब्धावस्था^F।

sporicidal ⊙–रिसाइ'डॅल् a. बीजाणुघाती।

sporiferous –रि'फॅरॅस् a. बीजाणुजन, बीजाणुभर, बीजाणुधर।

sporification–फ़िके'शॅन् n. छिद्रीकरण, सच्छिद्रीकरण, छेदयुक्त बनाना; (वन०) **बीजाणुकरण।**

sporigenous ⊙–रि'जिनॅस् a. (चि०) बीजाणुजनित, बीजाणुजन (~ *tissue*); छिद्रक, छिद्रकारी, छेद बनानेवाला।

sporo- बीजाणु- (~*genesis*, ~*genous*, ~*phore*, ~*phyll*)।

sporoblast ⊙ स्पोॲ'रॅब्लास्ट् n. (चि०) **बीजाणुजप्रसू, स्पोरज प्रसू।**

sporocarp –रॅकार्प् n. (वन०) **बीजाणुफलिका^F।**

sporocyst –रॅसिस्ट् n. (जीव०) **बीजाणुपुटी^F।**

sporogenous–रॉ'जिनॅस् a. (वन०) **बीजाणुजनन-।**

sporogony ⊙ स्पॅरॉ'गॅनि n. **बीजाणुजनन,** (जीव०) **स्पोरजनन,** (चि०) विषमज्वर कीटाणुका मच्छर आमाशयगत लैङ्गिक जीवनचक्र, T.।

sporograph ⊙ स्पोॲ'रॅग्राफ् n. (वन०) **बीजाणु लेखा-चित्र,** T.।

sporophore ⊙ –रॅफोॲर् n. (वन०) बीजाणुधर, **बीजाणुधानी-वृन्त।**

sporophyll ⊙ –फ़िल् n. (वन०) **बीजाणुपर्ण,** बीजाणुपत्र, T.।

sporophyte ⊙ –रॅफ़ाइट् a. (वन०) **बीजाणुजनक,** T.।

sporran स्पॉ'रॅन् n. सजावटी थैला (जिसे हाईलैण्डर सिपाही अपने घाघरेके सामने लटकाये रखते हैं)।

sport. sporting.

sport स्पार्ट' १. n. आखेट, मृगया^F, **क्रीड़ा^F,** मनोरंजन, खेल, मनबहलाव, दिलबहलाव; मनोरंजनके साधन या मैदानके खेल; (कृषि०) **नवोदय;** (वन०) **लीला;** विनोद, परिहास; हास-परिहास, आमोद-प्रमोद, मनोविनोद, मनोरंजन, हँसी-खुशी^F, हँसी-मजाक, लीला^F, विलास, आनन्द; विडम्बना^F; (ग्रा०) अच्छा व्यक्ति, भला आदमी; खिलाड़ी, खेल और शिकारका शौक़ीन; अपनी जाति^F से भिन्न रूपमें उगा हुआ पौधा या भिन्न पशु; (pl.) खेलकूद^F (~ *review*, ~ *store*); २. v.t. & i. आमोद करना, कौतुक करना, किलोल करना, खेलना, अपना मनोरंजन करना, अपना जी बहलाना, खेल-तमाशेमें लगना; प्रदर्शन करना, बन-ठनकर रहना, दिखावा करना, भड़कीले कपड़े पहनना (~*ed a gold tie-pin*); (वन०, जन्तुवि०) विचित्र पौधा या पशु उत्पन्न करना, विचित्र आकारका पौधा या पशु होना; ~s coat, jacket खेलोंमें पहननेका कोट या जैकेट^F; ~sman, ~swoman शिकारी, खिलाड़ी, लुब्धक, व्याध, अहेरी, बन्दूक^F चलाने या मछली^F मारनेमें रुचि^F रखनेवाला पुरुष या स्त्री^F; (ला०) जीवनका खिलाड़ी, जीवनको एक खेल समझनेवाला व्यक्ति; निर्भय व्यक्ति, निर्भीक खिलाड़ी, साहसी पुरुष या स्त्री^F; ~smanlike खिलाड़ीके योग्य, जीवनके खिलाड़ी-जैसा, शिकारीका-सा; ~smanship n. शिकार और खेलमें रुचि^F और शौक़^F; क्रीड़ाकौशल, खिलाड़ी योग्यता^F, **खिलाड़ीपन;** *be the ~ of Fortune* etc. भाग्यका खिलौना होना, किसमत^F के हाथमें होना; *have good ~* अच्छा शिकार मार लेना, खूब शिकार कर लेना; *in ~* विनोदमें, हँसी-मजाकमें, दिल्लगी^F में; *make ~ of* विनोदपूर्ण व्यवहार करना, हँसी^F करना, ठट्ठा करना, मजाक बनाना, दिल्लगी^F करना।

sporter –टॅर् n. आखेटक, मृगयाशील व्यक्ति, शिकारी; विनोदक, परिहासक व्यक्ति, मनोरंजक व्यक्ति, हास-परिहास करनेवाला आदमी; क्रीड़क, खिलाड़ी।

sportful –टॅ'फ़ुल् a. सविनोद, परिहासमय, मनोविनोदमय, मनोरंजनयुक्त, हँसी-मजाकवाला।

sportfulness –निॅस् n. विनोदिता^F, परिहासमयता^F, मनोविनोदमयता^F, मनोरंजन, मनोविनोद, हँसी-मजाक, अठखेली^F, चुहलबाजी^F।

sporting –टिंग् a. क्रीड़ापर, खेलनेवाला, खेलका शौकीन; शिकारी, खेलका, शिकारका;
~ ammunition, ~ conduct, ~ dog, ~ lease, ~ paper, ~ terms.

sportive –टिव् a. केलिप्रिय, क्रीड़ाप्रिय, क्रीड़ाशील, आमोदकारी, विलास-प्रिय, विनोदी, प्रफुल्ल, खेलनपर, चपल, चंचल, खिलाड़ी।

sportiveness –निस् n. क्रीड़ाप्रियता^F, रंगप्रियता^F, विनोद, प्रफुल्लता^F, खेलनपरता^F, चपलता^F; चंचलता^F, चुहल^F, खेल।

sportless –ट्'लिस् a. विनोद-विहीन, परिहास-विहीन, मनोविनोदरहित, मनोरंजनरहित, विना हँसी-मजाक।

sporty –टि a. = SPORTIVE.

sporular स्पॉ'र्‌यूलर् a. बीजाणु-सम्बन्धी, बैजाणुक।

sporulation –ले'शन् n. (चि०, जीव०) **बीजाणु-उत्पत्ति^F, बीजाणु रचन**, बीजाणु-निर्माण (~ *form*)।

sporule –'र्‌यूल् n. (जीव०) **बीजाणुक**, छोटा स्पोर।

spot[1] स्पॉट्' n. (प्रा० भू०) निश्चित **स्थल, भूमि^F, स्थान** या स्थिति^F, मुकाम, मौका, खास जगह^F (*dropped it on this precise* ~); तत्स्थाने, तैयारी^F, गोलाकार चिह्न, **धब्बा**, अंक, **बिन्दु**, टीका, गोल निशान, दाग, तिल, मसा, (चि०) **बुँदकी^F, चित्ती^F**; (ला०) कलंक, चारित्रिक धब्बा, लांछन, दोष, दाग, ऐब (*without a ~ on his reputation*); (बिलियर्ड खेलमें) बिलियर्डकी मेज^Fके बीचोबीचका काला चिह्न; किसी वस्तु^Fकी अल्प मात्रा^F (*a ~ of leave, lunch*); चिह्नित अश्व, निशान लगा हुआ घोड़ा; (ग्रा०) जीतनेवालेपर चिह्न लगानेका कार्य; स्पॉट मछली^F या पालतू कबूतरकी एक जाति^F; (गुण०, वाणि०) **प्रस्तुत, हाजिर**; ~-bellied पृषोदर; ~bill घर्घर हंसक (पक्षी); ~ delivery (वाणि०) तत्स्थान सिपुर्दगी^F; ~ goods उपस्थित वस्तुएँ^F, तत्स्थान वस्तुएँ^F; ~ light ⊙ केन्द्रक-द्वीप, (भौ०) **बिन्दु-प्रदीप**, (रंगमंच) विशेष पात्रपर फेंका गया प्रकाशपुंज या इसी अभिप्रायके लिए प्रयुक्त प्रकाशक्षेपक यन्त्र; ~-stroke बिलियर्डकी मेज^Fके काले चिह्नपर रखी हुई लाल गेंद^Fको पाकिटमें डालना; *a tender* ~ (ला०) मर्मस्थल, मर्मभेदी विषय, चुभनेवाली बात^F; *on the* ~ तत्काल, तत्स्थान, इसी स्थानपर, यहीं, उसी समय और वहीं, इसी ठिकाने, हाल ही, फौरन; जागरूक, बहुश्रुत, जानकार, उपयुक्त ढंगसे खेलनेवाला, अच्छा खिलाड़ी (व्यक्ति); *put on the* ~ (ग्रा०) (अमेरिकामें) किसीकी हत्या^Fका निर्णय देना, कत्लका फैसला करना; *upon the* ~ तुरन्त;
~ cash, ~ cotton, ~ exchange, ~ goods, ~ height, ~ level, ~ lighting, ~ plate, ~ rate, ~ renewal.

spot[2] v.t. & i. (वस्तुओं^F आदिका) दागी होना, दागदार होना; (शा०) चिह्नित करना, धब्बा लगाना, चित्तियाँ^F डालना, दाग लगाना, दागी करना; (ला०) (चरित्र आदिपर) कलंक लगाना, कलंकित करना, दोष लगाना, धब्बा लगाना; (बोल०) (दौड़^Fमें जीतनेवाले व्यक्ति या घोड़ेको) चिह्नित करना, अलग करना, चुन लेना; (गुणावगुण) भाँप लेना, पता लगा लेना, जान लेना, मालूम कर लेना; (सेना०) शत्रुकी स्थिति^Fका निर्देश करना।

spotless –'लिस् a. बिन्दुरहित, विना चित्ती^Fका; निश्चितस्थानरहित; चिह्नरहित, बेनिशान, बेदाग; (ला०) अकलंक, निष्कलंक, निष्पाप, विशुद्ध, अमलिन, निर्मल, स्वच्छ।

spotlessness –निस् n. निष्कलंकता^F, कलंकहीनता^F, निर्मलता^F, पवित्रता^F, स्वच्छता^F।

spotted –'टिड् a. बिन्दुकित, धब्बेदार, चित्तीदार, चितकबरा, चितला; (चि०) कर्बुर; ~ dove चित्र कपोतक, चित्तीदार फाख्ता; ~ fever (चि०) कर्बुरज्वर, पृषज्ज्वर, मस्तिष्क-मेरु-ज्वर, मस्तिष्क-मेरुमज्जा-शोथ;
~ bollworm, ~ deer, ~ dog, ~ hyena, ~ rock, ~ sickness, ~ white.

spottedness –निस् n. कलंकितता^F, धबीलापन, दागीपन, दागदारी^F।

spotter –टर् n. स्थित्यन्वेषक, **भेदिया** (~ *reconnaissance*, ~ *system*), शत्रुके स्थानका पता लगानेके लिए भेजा जानेवाला उड़ाकू; इस प्रकारका प्रशिक्षण-प्राप्त व्यक्ति।

spottiness –टिनिस् n. शबलता^F, चित्र-विचित्रता^F, रंग-बिरंगापन, चित्तीदार होना, चितकबरापन।

spotting –टिंग् n. स्थित्यन्वेषण; बिन्दुकरण।

spotty –टि a. शबल, चित्र-विचित्र, रंग-बिरंगा, चित्तीदार, चितकबरा, धब्बेदार, दागदार।

spousal[1] स्पॉउ'ज़ल् n. परिणय, पाणिग्रहण, विवाह, शादी^F।

spousal[2] a. परिणय-विषयक, पाणिग्रहण-सम्बन्धी, वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, शादी^Fका।

spouse –ज़् n. वर या वधू^F, पति या पत्नी^F, भर्ता अथवा भार्या^F, स्वामी या स्त्री^F, विवाहित जोड़ी^F।

spouseless –लिस् a. अपरिणीत, अपाणिगृहीत, अविवाहित, अनब्याहा।

spout स्पॉउट्' १. n. तुण्ड, पनाली^F, नाली^F, **टोंटी^F**; ओष्ठ; (तरल पदार्थका) वेग, धारा^F, फुहारा; (गल्लेका) गिराव; नल, **पाइप**, बम्बा; (~-*hole* के अर्थमें भी) ह्वेल मछली^Fका नथुना; २. v.t. & i. वेगके साथ निकलना या निकालना, तेज धार^Fमें बहना या बहाना, झारे या फुहारेमेंसे छोड़ना, फुहारेकी तरह छूटना या छोड़ना (*blood ~s from wound*); व्याख्यान झाड़ना, आडम्बरपूर्ण ढंगसे (कविताओं^Fका) पाठ करना, बड़े जोर-शोरसे बोलना; (ग्रा०) बन्धक रखना, गिरवी^F रखना।

spouter स्पॉउ'टर् n. फव्वारा छोड़नेवाला; जोरसे भाषण करनेवाला या पाठ करनेवाला।

spoutless –ट्'लिस् a. विना नाली^Fका, बेटोंटीका; झाराहीन; विना बम्बेका।

S.P.R. Society of Physical Research.

sprack स्प्रैक् a. स्फूर्तिमय, उत्तेजित; सावधान, चौकन्ना; प्रफुल्ल, सोल्लास, मगन।

sprag¹ स्प्रैग् n. (बोली^F) सामन मछली^F।

sprag² n. निरोध, निरोधकाष्ठ, गाड़ी^F का पहिया रोकने-का लकड़ी^F का टुकड़ा या अन्य कोई अड़गोड़ा, (रेल०) **गट्टा।**

sprain स्प्रेन् १. n. अतिवितान, अतिक्षेप, सन्ध्यभिघात, (कृषि०, चि०) **मोच^F**, मरोड़^F; २. v.t. (टखने या कलाई^F आदिको) जोरसे मरोड़ देना, मोड़ना, मोच^F ला देना; थका मारना।

sprang स्प्रैन्ग् SPRING का भू० काल।

sprat स्प्रैट् १. n. नलमीन^F, सामुद्रिक तल मत्स्य, खाद्यकी भाँति प्रयुक्त यूरोपकी एक छोटी मछली^F; दूसरी स्प्रैट मछलियाँ^F, (हास्य) निर्बल शिशु, दुबला-पतला बच्चा; २. v.i. स्प्रैट मछली^F का शिकार करना या उसे मारना; ~-day नलमत्स्य-दिवस (९ नवम्बर); *throw a ~ to catch a herring* या *mackerel* या *whale* अधिककी प्राप्ति^F के लिए थोड़ी-सी हानि^F उठा लेना।

spratter –टॅर् n. स्प्रैट मछली^F का मारनेवाला या शिकारी।

spratting –टिंग् n. स्प्रैट मछली^F का शिकार।

sprawl स्प्रॉल् १. n. अव्यवस्थित प्रसार, अक्रम कुविस्तार (गति^F या प्रवृत्ति^F), बेकायदा फैलाव; २. v.t. & i. (सेना^F की टुकड़ियों^F को) अव्यवस्थित ढंगसे फैला देना; (रचना^F, पौधे आदिका) अक्रम होना, विचित्र रूपमें बढ़ना, गलत ढंगसे फैलना, बिखरना, बेकायदे फैलना; अपना शरीर फैलाना, अँगड़ाई^F लेना, लोटना, लापरवाही^F से बेढंगेपनसे हाथ-पैर फैलाना, बेतुके ढंगसे फैलाना या पसारना।

sprawly स्प्रॉलि a. अक्रम, वक्राकृति, टेढ़ी-मेढ़ी आकृति^F का।

spray¹ स्प्रे n. पुष्पपत्रसज्जित अलंकार या आभूषण; प्रांकुर, प्रशाखिका^F, क्षुद्र शाखा^F, पुष्पपत्रयुक्त शाखा^F या टहनी^F, (कृषि०) **कोमल टहनी^F**, पतली सुन्दर डाली^F, कोंपल^F, सांटी^F।

spray² १. n. तुषार, सीकरसमूह, लहरोंपरके जलकण, सीकर, छिड़काव, बौछार^F, (कृषि०, परि०) **फुहार^F**, छींटे; इस प्रकारसे किसी यन्त्रसे छिड़का जानेवाला औषधीय या अन्य तरल पदार्थ; २. v.t. फुहारके रूपमें (तरल पदार्थको) छिड़कना, फुहार डालना, **फुहारना**, बूँद-बूँद^F छिड़काव करना; ~ gun (यन्त्र०) **पिचकारी^F**; ~-bath, ~ bellows, ~ carburetor, ~ cleaning, ~ drying, ~ injection, ~ irrigation, ~ machine, ~ nozzels, ~ painting, ~ pond, ~ tube.

sprayer –ॲर् n. सीकरक, सीकर यन्त्र, **छिड़कनेका यन्त्र**, सीकरी, फुहारा, **फुहारक**, झारा, हजारा।

sprayey¹ स्प्रेइ a. शाखामय, सुन्दर-शाखायुक्त, सुन्दर शाखाओंवाला।

sprayey² a. सीकरपुंज-सा, तुषारीय, सीकरयुक्त, फुहार-भरा, फुहार-सा।

spraying –इंग् n. सीकरण, फुहरन^F, छिड़काव, (यन्त्र०, चि०) **फुहारना, फुहार^F करना।**

spread¹ स्प्रेड् n. अभिवृद्धि^F, प्रतान, विस्तृति^F, विस्तार, (प्रा० भू०) **प्रसार, फैलाव**, फैलाना; विस्तार-क्षमता^F, फैलानेकी योग्यता^F (*inferior to the eagle in ~ of wings*); परिधि^F, घेरा, चौड़ाई^F (*arches of equal ~*); शरीरका बढ़ा हुआ घेरा (*middleaged ~*); (शिक्षा^F आदिका) विस्तार, प्रसार; (बोल०) भोजन, प्रीतिभोज, खाना-पीना, दावत^F (*had no end of a ~*); चादर^F (*bed-~*); (वाणिज्य०) बनाने और बेचनेके मूल्योंका अन्तर ⊙।

spread² v.t. & i. (*spread*) विस्तरण करना, विस्तृत करना, प्रसार करना, प्रसारित करना, आच्छादित करना, फैलना, बिछना, बिछाना, तानना, बढ़ाना (*peacock ~s its tail*); (ला०) आँखों^F के सामने प्रदर्शित करना, प्रत्यक्ष करना, प्रस्तुत करना, प्रकट करना, नजर^F के सामने लाना; विस्तार प्रकट करना, व्यापक फैलाव दिखाना (*river here ~s out to a width of half a mile*); प्रचारित करना, प्रकाशित करना, फैलाना (*his name ~ fear in every quarter*); आच्छादित करना, छा लेना, छा जाना, फैलना; लगाना (*slices of bread ~ with jam*); ~ eagle n. (सिक्कोंपर पायी जानेवाली) पैर और पंख फैलाये हुए गरुड़ (उकाब) की आकृति^F; एक ही समयमें आगे-पीछे बढ़ने-हटनेकी दोनों ओरकी स्केटिंग^F की गति^F; (बोल०) पीठ^F की ओरसे चीरा हुआ और भूना हुआ पक्षी; (नौवि०; दण्डके रूपमें) जहाजकी रस्सियों^F से बँधा हुआ आदमी (कि हाथ और पाँव इधर-उधर फैले हों); ~-eagle a. बड़ी-बड़ी बातें^F मारनेवाला, बड़बोला, दूरकी हाँकनेवाला, शेखीखोरा; ~-eagleism दम्भपूर्ण देशभक्ति^F, डींगभरी राष्ट्रीय भावना^F, डींग^F, बड़बोलापन; ~-over (श्रम०) **श्रम-समय-विस्तार; समय-विस्तार**; ~-over (system) लचीली प्रणाली^F (जिसमें कामके वर्जित घण्टोंको भी विशेष आवश्यकता^F पड़नेपर प्रयोग करनेकी व्यवस्था^F हो); ~ *on* ⊙ तथ्य-संग्रह करना, संचय करना।

spreader –डॅर् n. विस्तारक, प्रसारक, प्रसारवर्धक, फैलानेवाला, ताननेवाला, बिछानेवाला; (परि०) **बिछाई मशीन^F**; (ला०) प्रदर्शक, प्रत्यक्षकर्त्ता।

spreading –डिंग् १. n. विसर्पण, वितति^F, फैलाव, फैलना; प्रवर्धन; २. a. व्याप्तिशील, विस्तृतिशील, विस्तारी, प्रसर्पी, **फैला हुआ, फूलता हुआ**; फैलनेवाला, फैलानेवाला; प्रवर्धी।

spree स्प्री १. n. क्रीड़ाकौतुक, आनन्दोत्सव, आमोद-प्रमोद, रंगरास, पानोत्सव, पानोल्लास, रंगरेलियाँ^F; २. v. i. क्रीड़ाकौतुक मनाना, पानोल्लास मनाना; *is on the ~* पानोत्सव मना रहा है, रंगरेलियों^F में है।

sprent स्प्रेन्ट् v.t. छिनकारना, छिड़कना।

sprig स्प्रिग् १. n. टहनी^F के आकारका आभूषण; शाखिका^F, क्षुद्र शाखा^F, छोटी शाखा^F, प्रांकुर, (कृषि०)

टहनी^F, कल्ला; कोंपल^F, फुनगी^F; बेसिरकी छोटी कील^F; (प्राय: अपमान०) युवक, युवाजन, नौजवान (*who is this ~?*); वंशधर, सन्तान^F; २. v.t. & i. बेलबूटोंसे सजाना, टहनियों^Fसे सजाना (*~ged muslin*)।

spriggy –'गि a. शाखामय, टहनियोंवाला।

spright स्प्राइट्' n. = SPRITE.

sprightful –फुल् a. = SPRIGHTLY.

sprightless –'लिस् a. अहृष्ट, अप्रफुल्ल, अस्फूर्त, अनुल्लसित, अप्रमुदित, अप्रसन्न, अनुत्साही, अजीव, मुर्दादिल, बेजान।

sprightliness –लिनिस् n. हर्ष, प्रहर्ष, प्रफुल्लता^F, उल्लास, स्फूर्ति^F, उत्साह, सजीवता^F, प्रसन्नता^F, जिन्दादिली^F, तेजी^F।

sprightly –लि a. हर्षित, प्रफुल्ल, स्फूर्तिवान्, उल्लसित, सोल्लास, प्रमुदित, प्रसन्न, आनन्दी, मगन, उत्साही, सजीव, छबीला, खुशमिजाज, जिन्दादिल।

spring¹* स्प्रिंग्' n. (कृषि०, प्रा० भू०) **वसन्त*** ऋतु^F, बहार^F (*~-frost*); उत्स, (कृषि०, प्रा० भू०) स्रोत, **सोता**, निर्झर, झरना*, **चश्मा**; (पानी या मिट्टी^Fके तेलका) इस प्रकारका कुआँ (*hot, mineral, ~s*); कूद^F, उछाल^F, छलाँग^F, चौकड़ी^F, कुदान^F, फलाँग^F (*took a ~*); (यन्त्र०) स्कन्द, **कमानी**^F*, **स्प्रिंग** (*~ balance, knob, steel*); लपक^F, लौट^F, पलटा, पीछेकी गति^F, स्थितिस्थापकत्व, लचक^F, लचीलापन, लचन^F; स्थापकत्व, प्रत्यास्थता^F (*his muscles have no ~ in them*); (ला०) उद्भव, उत्प्लव, उदय, उत्पत्ति^F; अभिप्राय, ध्येय, उद्देश्य, हेतु, स्रोत, मूल, उत्पत्तिस्थान (*the ~s of life*); ~-board छलाँग^F मारनेकी पटिया^F, कूदनेका कमानीदार तख्ता; ~ gun चोरबन्दूक^F, स्प्रिंगदार बन्दूक^F; ~-halt चलनेमें घोड़ेकी पिछली टाँग^Fका झटका; ~ tide (नौवि०) **बृहत्ज्वार**, बड़ा ज्वार; **पूर्ण ज्वार-भाटा**; उत्तुङ्ग वेला^F, अमावस्या^F या पूर्णमासी^Fके बादका भरा ज्वार; ~time वसन्त ऋतु^F; ~ tooth harrow (कृषि०) **कमानीदार हैरो**; ~ arm, ~ assembly, ~ balance, ~ bolt, ~ bow, ~ brake, ~ buckle, ~ catch, ~ clip, ~ contact, ~ cultivation, ~ door, ~ drive, ~ equinox, ~ exercise, ~ fastener, ~ flood, ~ flooring, ~ flowering, ~ knob, ~ mineral, ~ maker, ~ nut, ~ platform, ~ release, ~ seatings, ~ shop, ~ smith, ~ snout, ~ steel, ~ tongue, ~ trip, ~ valve, ~ washer, ~ water, ~ well, ~ wood, ~ yoke.

spring² v.t. & i. (*sprang, sprung*) (*up, out, over, away* आदिके साथ) वेगके साथ निकलना, उछाल^F लेना, उछलना, लपकना (*branch sprang back*); चौकड़ी भरना, छलाँग^F मारना, उछलना-कूदना, तेजी^Fसे एकाएक बढ़ना; अस्तित्व ग्रहण करना, प्रकट होना, प्रत्यक्ष होना, उत्पन्न होना, फूटना, उठना, निकलना, उगना (*a breeze sprang up*); आ टपकना, एकाएक आ जाना (*where do* or *did you ~ from?*); (लकड़ी^Fका) टेढ़ा होना या कर देना, ऐंठना या ऐंठा देना, फट जाना, तड़क^F जाना, चटख^F जाना (*bat is* or *has sprung*); चीरना, फाड़ना; (मोटरगाड़ियों^Fमें) कमानियाँ^F या स्प्रिंग^F लगाना; अप्रत्याशित रूपसे विकसित करना, अचानक कोई बात^F छेड़ना, एकाएक उत्पन्न करना; एकाएक कर बैठना; चौंक उठना, चौंकाना; (आखेट योग्य पशुको) उसके छिपे स्थानसे हाँकना, उसकाना; *~ a butt* (नौवि०) प्रचण्ड या दुर्गम सागरमें परिश्रमके कारण जहाजकी पटिया^Fके सिरेका खुल जाना या ढीला होना; *~ a leak* (नाव^Fमें) पानी भरने लगना; *~ on* झपटना; *~ the* or *her luff* पवनके समीपी पतवार और पालके अनुकूल होकर चलना।

springald स्प्रिन्'गॅल्ड् n. युवक, युवा, जवान।

springbok स्प्रिन्'बॉक n. (दक्षिणी अफ्रीकाका) गिजाल नामक छोटा सुन्दर हिरन।

springe स्प्रिन्ज्' n. छोटे शिकार (आखेट-जन्तु) के लिए पाश, जाल, फन्दा, लासा।

springer –जॅर् n. उछलनेवाला, लचकनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पौधा; (स्था०) **उठान-पत्थर (या ईंट^F)**; **डाटाधार**; (स्था०) महराबका सीधा सिरा (जहाँसे गोलाई^F शुरू होती है); इस सिरेका सबसे नीचेका पत्थर; छज्जे या माँग^Fका सबसे नीचेका पत्थर; महराबदार छत^Fकी डाट^F; एक प्रकारका समुद्री स्तनपायी जन्तु; दक्षिण अफ्रीकाका गिजाल (विशेष जाति^Fका हिरन)।

springification स्प्रिन्जिफ़िके'शॅन् n. (वन०) **बीज-संस्कार**।

springiness–जिनिस् n. स्कन्दवत्ता^F, लचनशीलता^F, लचीलापन।

springing –जिंग् १. n. स्कन्द-व्यवस्था^F, स्प्रिंग^F लगाना; २. a. कुदानवाला, कुदक्कड़; ~ line (यन्त्र०) **उठान रेखा**^F, ~ point (यन्त्र०) **उठान रेखा**^F; ~ piece (यन्त्र०) **तिकोनी चपती**^F, ~ system **कमानी तंत्र**।

springization स्प्रिन्गाइज़े'शॅन् n. (वन०) **बीज-संस्कार**।

springless स्प्रिन्'लिस् a. वसन्तहीन; (जल) स्रोतहीन; लचनहीन, बेलचक; कमानीरहित, बेकमानी; उद्देश्यहीन, अभिप्रायहीन, (विचार) स्रोतहीन।

springlet –लिट् n. छोटा सोता या झरना।

springlike –लाइक् a. वसन्त जैसा; कमानी-जैसा।

springy स्प्रिन्'जि a. (गति^F या पदार्थके सम्बन्धमें) स्थितिस्थापक, स्कन्दवान्, कमानीदार, संकोच-प्रसारशील, लचनशील, लचीला, लचकदार।

sprinkle –कॅल् १. n. (वर्षा^F आदिकी) फुहार^F, बूँदा-बाँदी^F; २. v.t. & i. (तरल पदार्थ, कण, राख^F आदिका) बिन्दुपात करना, सेचन करना, छोटे-छोटे कणों या बूँदों^Fमें बिखेरना, छिड़कना, छींटना, भुरकना; (तरल पदार्थका)

इस प्रकारसे बिखरना, गिरना; (धरती[F]या किसी पदार्थको) छिड़कावके योग्य बनाना; ~ irrigation (कृषि०) **बौछारी सिंचाई[F]** ।

sprinkler—लॅर् n. सेक्त्र, सेचक, छींटनेवाला, छिड़कनेवाला, झारा, हजारा ।

sprinkling —लिंग् n. आसेचन, छींटना, (यन्त्र०) **छिड़काव**, भुरकाव, छींटा (~ *filter*); (ला०) अल्प परिमाण, किंचित् मात्रा[F], अल्प संख्या[F], कोई-कोई, छिटपुट; ~ wagon⊙ पानीकी गाड़ी[F], पानी छिड़कनेवाली गाड़ी[F] ।

sprint स्प्रिन्ट्' १. n. तेज दौड़[F]; २. v.t. & i. पूर्ण वेगसे (विशिष्ट दूरी[F]तककी) दौड़[F] दौड़ना, सरपट[F] दौड़ना, पूरी रफ्तार[F]से छोटी दौड़[F] दौड़ना ।

sprinter —टॅर् n. पूरी रफ्तार[F]से छोटी दौड़[F] दौड़नेवाला ।

sprit स्प्रिट्' n. मस्तूलसे पालके ऊपरी बाहरके कोनेतक कर्णरूपमें फैला हुआ छोटा बाँस या बल्ली[F]; ~sail उपर्युक्त बाँसके सहारे फैला हुआ पाल ।

sprite स्प्राइट्' n. प्रेत, भूत, वेताल, जिन, रूह[F] ।

sprocket स्प्रॉ'किट् n. दन्ती, चक्रदन्त, **दाँतेदार पहिया[F]**; घेरा, पहियापरका दाँता, स्प्रॉकेट (जिसपर चेन[F] चढ़ी रहती है); (pl.) (परि०) **दन्दाना**; ~ piece (यन्त्र०) **गुटका**;
~ hole, ~ shaft, ~ spindle, ~ tooth.

sprout स्प्राउट्' १. n. प्ररोह, पल्लव, प्रांकुर, (चि०) **अंकुर**, मंजरी[F], (कृषि०) **कोंपल[F]**, अँखुआ, सुवा, डाभ, (कृषि०) **कल्ला**; २. v.t. & i. अंकुरित होना, अँखुआ निकलना, उगने लगना, फूटना, कल्ले निकलना, कलयाना; अंकुरित करना, पल्लवित करना, मंजरी[F] आना, बढ़ाना, जमाना, उपजना; निकल आना, ऊपर निकलना, उग आना, उठना ।

sprouted —टिड् a. अंकुरित, पल्लवित, स्फुटित (~ *horns, seeds*) ।

sprouting —टिंग् n. उद्भेद, (चि०) **अंकुरण**, उगाव ।

spruce[1] स्प्रूस्' n. (~ *fir* भी) प्रसरल, सनोबर वृक्षकी जातियाँ[F]; झाऊ; ~-beer सनोबरकी शराब[F], स्प्रुस बियर[F] ।

spruce[2] १. v.t. अपनेको स्फूर्तिवान् बनाना, फुर्तीला करना; स्वच्छ रखना, सँवारना, सजाना; २. a. स्फूर्त, चुस्त, फुर्तीला; सुसज्जित, स्वच्छवेशधारी, बाँका, छबीला, अलबेला, सजा-सँवारा, बना-ठना, साफ-सुथरा ।

spruceness—निॅस् n. स्वच्छवेशपूर्णता[F], सुसज्जित रूप, सज्जा[F], सजाव-सिंगार, ठाटबाट, छैलापन, अलबेलापन; स्फूर्ति[F], फुर्ती[F], चुस्ती[F] ।

sprue[1] स्प्रू' n. आवाल; नाली[F] या छेद; नाली[F]में पिघलकर बहती हुई धातु[F] ।

sprue[2] n. संग्रहणी; (चि०) रक्तक्षय, मुखक्षत, मुखपाक (श्वेतादि क्षार युक्त उष्ण प्रदेशोंका एक रोग) ।

spruit स्प्रेट्' n. (दक्षिणी अफ्रीकामें) छोटा जलमार्ग ।

sprung स्प्रन्ग' SPRING का भू० कृ० ।

sprunt[1] स्प्रन्ट्' n. उत्पतन, उछाल[F], कूद[F] ।

sprunt[2] v.i. उछलना, कूदना ।

spry स्प्राइ' a. कर्मठ, सक्रिय, सजीव, जीवन्त, स्फूर्त, फुर्तीला, तेज ।

s.p.s. *sine prole superstite*, without surviving issue.

S.P. Stamp Service Postage Stamp.

S.P. Switch Single Pole Switch.

spt. seaport.

spud स्पड् १. n. खुरपा, खुरपी[F], घास[F] निरानेका छोटा फावड़ा; ठिंगना आदमी; कोई छोटी-मोटी चीज[F]; (ग्रा०) आलू; २. v.t. अनावश्यक पौधोंको उखाड़ना, खुरपेसे खेत निराना ।

spuddle स्प'डॅल् v.i. (बोल०) इधर-उधर खोदना, हल्के-हल्के खोदना, गोड़ना ।

spuddy स्प'डि a. छोटा-मोटा ।

spue स्प्यू v.t. & i. निगीर्ण करना, वमन करना, उगलना, उकलाना ।

spume स्प्यूम्' १. n. झाग, फेन; २. v.i. झाग उठना, फेनिल होना, फेन उठना; v.t. झाग उड़ाना ।

spumescence —मे'सॅन्स् n. झगीलापन, फेनिलता[F], फेनीलापन ।

spumescent —न्ट् a. झगीला, झागदार, फेनिल-सा ।

spumiferous —मि'फ़ॅरॅस् a. फेनिल, सफेन, फेनयुक्त, फेनदार, झागदार ।

spuminess —मिनिॅस् n. फेनिलता[F], फेनायितता[F], झागदार होना ।

spumous —मॅस् a. फेनयुक्त, झगीला, झागदार, झागभरा, फेन-सम्बन्धी, फेनवाला ।

spumy —मि a. फेनायित, फेनिल, झागदार ।

spun स्पॅन्' SPIN का भू० कृ०, कर्त्तित, काता हुआ (~ *gold, yarn*) ।

spunge स्पन्ज्' n. SPONGE का प्राचीन रूप ।

spunk स्पन्क्' n. क्रोध, आवेश, जोश, चिड़चिड़ापन, गुस्सा; उत्साह, ओज, आत्मबल, साहस, जीवट[F], तेज, दम[F], दिलेरी[F]; दियासलाई[F] (की लकड़ी[F]) ।

spunky —कि a. उग्र, क्रोधी; साहसी, जीवटवाला, दमदार ।

spur स्पर्' १. n. (ला०) उत्साह, उत्तेजना[F], प्रेरणा[F], बढ़ावा, उकसावा; (प्रा०भू०) **पर्वत प्रक्षेप**; (यन्त्र०) **परिवाल, ठोकर[F]**; (भौ० रसा०; ग०) **नख** (~ *of a curve*); पादायुध, पक्षायुध, अश्वताड़िनी[F], घुड़सवारकी एड़ी[F]का नोकदार चुभनेवाला काँटा या चुभना, एड़[F]; (वन०) **लांगूलिका[F]**, उपांगुष्ठ, एड़[F]के आकारकी वस्तु[F]; (जीव०) **कण्ट, पदकण्ट**, लोहेकी नोक[F], काँटा; मधुदीर्घा[F], फूलका बाहरको निकला हुआ भाग; शैलबाहु, बाहुकूट, पर्वतमाला; चहारदीवारी[F]के भीतरके भागसे मिलनेवाली दीवार[F]; (परि०) **T.**; २. v.t. & i. (किसी व्यक्तिको) उत्तेजित करना, प्रेरित करना, उकसाना, काम करनेके लिए बढ़ावा देना; (घोड़ेको) एड़[F] लगाना; ठोकर

मारना; मुर्गेकी टाँग^F में नुकीला लोहा लगाना; (v.t.) घोड़ा तेज दौड़ाना, कसके सवारी^F करना; ~ wheel (वाणि०) **मोचन चक्र**; *need the* ~ शिथिल होना, आलसी होना; *on the* ~ *of moment* तत्काल ही, उसी क्षण, झटपट, एकदम, फौरन; *set* ~*s to* एड़^F लगाना; ~ *a willing horse* (ला०) चलते घोड़ेको एड़^F लगाना; अनावश्यक रूपसे पीछे पड़ना; *win* one's ~*s* वीर या नाइटका पद प्राप्त करना; (ला०) ख्याति^F प्राप्त करना, प्रसिद्धि^F पाना, नाम कमाना;

~-clad, ~-driven, ~-finned, ~ fowl, ~-galled, ~-geared, ~ gull, ~-heeled, ~like, ~ pepper, ~ track, ~ way, ~-winged, ~-wing plover.

spurgall[1] स्पर् ´गॉल् n. क्षत अंग, व्रणयुक्त अंग, घाववाली जगह^F ।

spurgall[2] v.t. क्षत करना, विक्षत करना, व्रणीयित करना, व्रणयुक्त करना, घावयुक्त करना ।

spurge स्पर्ज´ n. स्नुही, थूहड़, विरेचक निर्यासयुक्त वनस्पति, विषैले दूधिया रसवाला पौधा ।

spurious स्प्युअॅ´रिॲस् a. कल्पित, अप्रकृत, कूट, **कृत्रिम**; कपटपूर्ण; **आसक्त, मिथ्या, बनावटी**, झूठा, **खोटा**, नकली, जाली; जारज, दोगला, हरामी; (जन्तुवि०) क्रिया अथवा आकारमें अलग, क्रियामें समान किन्तु आकारमें भिन्न;

~ affection, ~ coin, ~ correlation, ~ count, ~ emission, ~ eyes, ~ legs, ~ response, ~ testimony.

spuriousness –निॅस् n. मिथ्यात्व, कृत्रिमता^F, बनावटीपन, खोटापन, नकलीपन, जालीपन, दोगलापन, हरामीपन ।

spurless स्पर्´लिॅस् a. एड़^F के बिना; कंटकचक्रहीन; उपांगुष्ठरहित, बिना लोहेकी नोक^F का; उत्साहहीन ।

spurn स्पर्न´ १. n. अवहेलना^F, उपेक्षा^F, तिरस्कार, घृणापूर्ण अस्वीकृति^F; ठोकर^F, लात^F; २. v.t. & i. तिरस्कार या घृणा^F करना, अवमानित करना, अस्वीकार करना, द्वेषपूर्ण वर्ताव करना, अस्वीकार करना (~ *advances, offer, person*) लात मारना, ठुकराना, लतियाना ।

spurner–नॅर् n. अवहेलयिता, उपेक्षक व्यक्ति, तिरस्कर्ता, अस्वीकर्ता; ठुकरानेवाला, लतियानेवाला ।

spurred स्पर्ड´ a. शंकुमान्, कण्टयुक्त, एड़दार, एड़वाला (~ *petal*), (वन०) **स्परपटयुक्त**, T. ।

spurrer स्प´रॅर् n. उत्तेजक व्यक्ति, प्रेरक व्यक्ति, उकसानेवाला आदमी; पादायुध-प्रयोक्ता, एड़^F लगानेवाला आदमी ।

spurrier स्प´रिॲर् n. एड़साज, कीलकाँटा बनानेवाला ।

spurt स्पर्ट´ १. n. (शिक्षा०) **स्फुरण**; हठोद्यम, सवेग, आकस्मिक उग्र प्रयास, प्रवाह, धक्का; प्रयत्न; २. v.i. धक्केसे करना, फूट पड़ना, कूदना, एकाएक बहुत जोरसे प्रयत्न या कोशिश^F करना ।

spurtle स्पर्´टॅल् v.t. = SPURT.

sputter स्प´टॅर् १. n. बकवास^F, बड़बड़ाहट^F; लार^F, लुआब; २. v.t. & i. अव्यवस्थित रूपसे (शब्दोंका) उच्चारण करना, बेतुके ढंग या तावमें बड़बड़ाना या बकना; तेजी^F से या जोशके साथ बोलना, कसके बातें^F झाड़ना; थू-थू करके मुँहसे लार^F निकालना, लुआब गिराना, राल^F टपकाना ।

sputterer –टॅर् n. जल्दी-जल्दी बकनेवाला, बेतुके ढंगसे बातें^F झाड़नेवाला; थूक उछालनेवाला ।

sputum स्प्यू´टॅम् n. (pl. *-ta*) निष्ठीव, (चि०) निष्ठ्यूत, **थूक**, राल^F; बलगम, खखार ।

S.P.W.I. Sub-Permanent Way Inspector.

standardization –डाइज़े'शन् n. प्रमापण, प्रमापीकरण, माननिर्धारण, (अर्थ०, कृषि०) **मानकीकरण,** (रसा०) प्रमाणिकीकरण; प्रमाणीकरण, स्तरीकरण, आदर्शीकरण।

standardize –डॅर्डाइज़् v.t. प्रमापित करना, स्तरीकरण करना, स्तरपर लाना, स्तर या आदर्शके अनुकूल बनाना, निर्धारित आदर्शके अनुरूप बनाना; (रसा०) तुलना^{F}के हेतु विश्लेषणके द्वारा (घोलकी) विशिष्ट माप^F प्राप्त करना।

standardized –ड् a. प्रमापित, (रसा०) प्रमाणिकीकृत, **मानकित** (~ *milk*), **मानकीकृत,** आदर्शीकृत।

stander स्टैन्'डर् n. खम्भा लगानेवाला, थूना खड़ा करनेवाला; स्थाता, स्थित होनेवाला व्यक्ति, खड़ा रहनेवाला आदमी।

standing[1] –डिंग् n. स्थायित्व, स्थिति^{F}, अवस्थिति^{F},

अवस्थान आदि (क्रियागत अर्थोंमें); बल, ज़ोर; कालावधि^F, समय, जमाना, मुद्दत^F (*a dispute of long ~*); सेवाकाल; आस्पद, पद, स्थान, पद-मर्यादा^F, ख्याति^F, प्रतिष्ठा^F, पदवी^F, हैसियत^F; दर्जा, साख^F (*men of high ~*)।

standing² a. स्थित, खड़ा हुआ, बसा हुआ आदि (क्रियागत अर्थोंमें); अप्रगामी, प्रस्थापित, स्थिर, जमा हुआ (*a ~ rule*); स्थायी, टिकाऊ (*~ army*), ~ crop स्थित सस्य, खड़ी फसल^F; ~ orders **स्थायी आदेश**; ~ rigging (परि०) **अचल रस्से**, पक्का रस्सा, मस्तूलको सहारा देनेवाली जहाजकी रस्सियाँ^F; ~ room खड़ा होनेकी जगह^F;

~-bed, ~ bowl, ~ committee, ~ counsel, ~ credit, ~ crop, ~ dummy, ~ duty, ~ ground, ~ instruction, ~ part, ~ patrol, ~ ~-place, ~ procedure, ~ seam, ~-stone, ~ timber, ~ wave.

standish स्टैन्'डिश् n. (प्रा०) मसिपात्र, दवात^F।

standpatter⊙ स्टैन्ड्'पैटॅर् n. अपने दलके सिद्धान्तोंका दृढ़ अनुयायी राजनीतिज्ञ।

standstill –न्ड्'स्टिल् n. (चि०) प्राणावरोध; स्तब्धता^F, गतिरोध।

stang स्टैन्ग्' n. स्तम्भ, खम्भा, पोल, बाँस, लग्गी^F; दीर्घ शलाका^F, लम्बी छड़^F।

stanhope स्टैं'नॅप् n. दो या चार पहियोंकी हल्की खुली गाड़ी^F; (*S~ press* भी) स्टैनमुद्रण-यन्त्र, लोहेकी छापनेवाली मशीन^F।

staniel –न्यॅल् n. = KESTREL.

stank स्टैन्क' STINK का भूतकालिक रूप।

stannary स्टै'नॅरि n. & a. त्रपुष्ठ, टीनकी खान^F, टीनकी खानों^Fवाला स्थान।

stannate –नॅट् n. त्रप्वीय, **स्टेनेट**।

stannic –निक् a. त्रप्विक, टीनी, टीन-सम्बन्धी, T.।

stanniferous –नि'फ़ॅरॅस a. त्रपुभर, टीनभरा, टीन-वाला, उत्पन्न करनेवाला।

stannous –नॅस् a. त्रप्य, टीनभरा, टीन-सम्बन्धी, टीन का, T. (*~ acid*)।

stanza –न्'ज़ॅ n. स्तवक, श्लोक, पद्यांश, छन्द, बन्द (*Spencerian ~*); चतुष्पदी^F, चौपाई^F, कुछ ग्रीक और लैटिन छन्दोंमें चार पंक्तियों^Fका छन्द (*Alcaic ~*)।

stanza'd, stanzaed –ज़ॅड्, –ज़ॅड् aa. छन्दबद्ध, छन्दयुक्त।

stanzaic –ज़े'इक् a. छन्द-सम्बन्धी।

staphylococcus n. (चि०) स्तवकगोलाणु, द्राक्षागुच्छ सम दिखाई देनेवाले या इकट्ठा रहनेवाले।

staple¹ स्टे'पॅल् १. n. कुण्डी^F, नोकदार छल्ला, स्टेपल; चोर-तालेका घर; तारकी सिलाई^Fमें प्रयुक्त मुड़ा हुआ तार; ओबे और इसी प्रकारके अन्य बाजोंके पर्दोंको पकड़नेवाली धातु^Fकी नली^F; (स्था०, यन्त्र०) **गुटक**; (इति०) **कुण्डी**^F; (कृषि०) **रेशा**; २. v.t. कुण्डी^F जड़ना, कुण्डी^Fसे बाँधना; तारसे नत्थी^F करना (*~ing machine*); ~ fibre (रसा०) **तन्तुक**।

staple² १. n. वाणिज्यकी प्रमुख वस्तु^F, प्रधान पण्यद्रव्य, दिसावरी जिन्स, सौदा (*the ~s of that country*); कच्चा माल; मण्डी^F, बाजार; (ला०) प्रधान उपादान, मुख्य तत्त्व या विषय-वस्तु^F (*formed the ~ of conversation*); आयाम; देशका प्रधान उत्पन्न द्रव्य; (कपास^F, ऊन आदिकी विशेषता^F जाननेके विचारसे) रेशा, सूत (*cotton of fine, short, ~*); २. v.t. वर्गीकरण करना, रेशेके अनुसार (ऊन आदिको) अलग-अलग छाँटना; ३. a. प्रमुख, मुख्य, विशिष्ट, प्रधान, खास, अहम (*~ commodities, ~ crop*)।

stapled –ड्' a. गुणमय, गुणयुक्त, रेशेदार।

stapler –लॅर् n. पण्यजीवी, आढ़तिया, व्यापारी; (रेशेके अनुसार) विभाजित करनेवाला, छाँटनेवाला।

star¹* स्टार्' n. नक्षत्र, (ज्यौ०) **तारक, तारा***, सितारा; (*fixed ~* भी) तारकपिण्ड, स्थिर तारा; तारकचिह्न; तारा, घोड़ेके मत्थेपरका श्वेत चिह्न; तारेके आकारकी चमकती हुई वस्तु^F; (ताशके खेलमें) अतिरिक्त बाजी^F; दैवी नक्षत्र, भाग्यका तारा (*born under an unlucky ~*); तारक या तारिका^F, कम्पनी^Fमें प्रमुख अभिनेता या अभिनेत्री^F (*film ~*); लब्धप्रतिष्ठ या विख्यात जन, प्रतिष्ठित या प्रतिभावान् व्यक्ति; binary ~ द्विक तारा, एक-दूसरेके आसपास घूमनेवाले दो तारे; day~ (का०) प्रातःकालीन तारा, सूर्य; ~-apple पश्चिमी भारतका सेबके आकारका खाद्य फल; ~-drift तारागति^F, आकाश-के एक ही भागमें अनेक स्थिर तारोंका सामान्य दिशा^Fमें अपवहन; ~fish शल्यतारक, तारा मछली^F, पाँच या उससे अधिक बाजुओंवाला माणवचर्म मत्स्य; ~-gazer (हास्य) तारेक्ष, गणितज्योतिषी; *S~ of India* सितारे हिन्द नामक उपाधि^F-विशेष; ~ shell तारास्फोट, हवा^Fमें फटनेवाला गोला; ~-spangled सितारों-भरा; ~ turn किसी प्रदर्शन या खेलका प्रमुख प्रकरण; the ~ system नाटकके लिए एक-दो अभिनेताओंका भरोसा;

~ bard, ~-bright, ~ burner, ~ cloud, ~ grading, ~ grass, ~ group, ~ jasmine, ~-led, ~light, ~ lily, ~-nosed mole, ~ number, ~ pay, ~ point method, ~ production, ~-proof, ~ quartz, ~ sapphire, ~ shake, ~ shell, ~-shine, ~-thistle.

star² v.t. & i. तारोंसे अलंकृत करना, तारे जड़ना, सितारोंसे सजाना; (सूची^Fमें नामपर) तारांकित करना, ताराचिह्न अंकित करना; नाटक या चित्रपटके तारकके रूपमें प्रस्तुत होना, रंगमंचपर प्रधान अभिनेताकी भाँति आना, स्टेजपर उतरना; (ताशके खेलमें) अतिरिक्त दाँव खरीदना।

starboard स्टार्'बॅर्ड् १. n. आगेको निकला हुआ जल-यानका दक्षिण पार्श्व; **जमना**; २. v.t. (पतवारको) जहाजकी दाहिनी ओर घुमाना या मोड़ना, दाहिने रखना; ~ side (परि०) **जमना, जमना बाजू, सोध**

बाजू, जमना हाथ, सीधा हाथ।

starch स्टार्च्'' १. n. (चि०) **श्वेतसार,** (वन०, रसा०, जीव०) **मण्ड,** माँड़, (कृषि०) **माँड़ी**^F, निशास्ता, कलफ, (जीव०, कृषि०, चि०) **स्टार्च;** (ला०) बाह्यानुष्ठान, शिष्टाचारिता^F, नियमनिष्ठा^F, व्यवहारमें कठोरता^F, हठ, कड़ापन; मैदा, आटा ⊙ (*corn ~*); २. v.t. माँड़ी^F या कलफ लगाकर कड़ा करना, कलफ देना; ३. a. (अब क०) आनुष्ठानिक, नियमनिष्ठ, कठोर नियमानुवर्ती; कड़ा;
~ adhesive, ~ blue, ~ cellulose, ~ content, ~ equivalent, ~ factory, ~ grain, ~ granule, ~ gum, ~ iodide paper, ~ paper, ~ paste, ~ sheath, ~ storage, ~ -storing cells, ~-textured, ~ thickening.

starched –ड् a. मण्डयुक्त, कड़ा किया हुआ, कलफ लगाया हुआ, कलफदार, कड़ा।

starchedness –'चिॅडनिॅस् n. कड़ापन, कलफदारी^F।

starcher –चॅर् n. कलफ लगानेवाला; कलफ लगानेकी कल^F।

starchiness –चिनिॅस् n. कड़ापन, कलफदारी^F।

starchness –च्''निॅस् n. नियमनिष्ठता^F, कठोरता^F, कड़ापन।

starchy –'चि a. (कृषि०) **मण्डमय;** कलफदार; कठोर, कड़ा।

stare स्टेॲर्' १. n. अन्यदृष्टि^F, स्थिर दृष्टि^F, निर्निमेष दृष्टि^F, एकदृष्टि^F, टकटकी^F; २. v.t. & i. (विस्मय, प्रशंसा^F, अज्ञानता^F, व्याकुलता^F, आतंक, धृष्टतापूर्ण उत्सुकता^F आदिमें) विस्फारित नेत्रोंसे निहारना, आँखें^F फाड़-फाड़कर देखना, आँख^F गड़ाना, आँखें^F गड़ाकर देखना, टकटकी^F लगाकर देखना, निहारना, ताकना, घूरना; (मुख्यतः part. में) अनुपयुक्त रूपसे प्रसिद्ध होना, बहुत अधिक भड़कीला होना, खटकने लगना, भद्दा लगना (*a ~ing waistcoat*); घूरकर (किसीको) मना करना, असमंजसमें डाल देना, घबरा देना, झेंपा देना (*~d him out of countenance*), ~ decisis (का०) **दृष्टान्तानुसरण, निर्णीतानुसरण;** ~ *down* घूर डालना, टकटकी^F लगाकर देख डालना; ~ person *in the face* दिखावा करना, प्रदर्शित होना, स्पष्ट होना, साफ दिखाई पड़ना।

starer –'रॅर् n. विस्फारित नेत्रोंसे देखनेवाला, आँखें^F फाड़कर देखनेवाला, आँखें^F तरेरनेवाला, नजरबाज।

staring –रिंग a. बद्धदृष्टि, टकटकी^F लगाये; बद्धलक्ष्य।

stark स्टार्क्'' १. a. (का०) पुष्ट, बलिष्ट, दृढ़, पक्का, मजबूत; (का०) दुर्दमनीय, अडिग, अटल, दृढ़प्रतिज्ञ, आग्रही, दृढ़निश्चयी, हठी, जिद्दी; कठिन, कठोर, रुक्ष, कड़ा, सख्त (*lies ~ in death*); अशेष, सम्पूर्ण, पूर्ण, समग्र, पूरा, अत्यन्त, केवल, पक्का, निपट, निरा, सरासर, निहायत (*~ mad, naked*); २. adv. पूर्णरूपेण, पूरा-पूरा, निपट, बिलकुल।

starkness –'निॅस् n. बलिष्ठता^F, दृढ़ता^F, पक्कापन, मजबूती^F; दुर्दमनीयता^F, अडिगता^F, अटलता^F, दृढ़प्रतिज्ञता^F, आग्रहिता^F, दृढ़निश्चयित्व, हठीपन, जिद्दीपन; कठिनता^F, कठोरता^F, सख्ती^F; अशेषता^F, सम्पूर्णता^F, पूर्णता^F, स्पष्टता^F, अत्यन्तता^F, निरापन।

starless स्टार्'लिॅस् a. तारकशून्य, ताराविहीन, बेतारा।

starlet –लिॅट् n. तारक, तारिका^F, छोटा तारा।

starlike –लाइक् a. नक्षत्रवत्, ताराकार, तारारूप, तारा-जैसा।

starling[1] –'लिंग् n. सारिका^F, मैना पक्षी।

starling[2] n. (स्था०) **रक्षक स्थूणा**^F, **बचाव लट्ठे,** (पुलके खम्भेके चारों ओर सुरक्षा^Fके लिए आधारके रूपमें नदी^Fके तलमें गाड़ा हुआ) पुश्ता।

starred स्टार्ड्'' a. तारकित, **तारांकित** (*~question*); तारकखचित, तारामय, सितारोंसे भरा।

starriness –'रिनिॅस् n. नक्षत्रखचितत्व, तारासंकुलत्व, तारासंकुलता^F, तारामयता^F, सितारों-भरा होना।

starry –रि a. नक्षत्रखचित, तारकित, तारासंकुल, तारामय, तारों-भरी; तारा-सम्बन्धी, तारोंका।

start[1] स्टार्ट्'' n. प्रस्थान, प्रस्थानारम्भ, यात्रा^F या कार्य या दौड़^Fका प्रारम्भ, आरम्भ, श्रीगणेश, शुरुआत^F (*shall make an early ~ for town*); प्रस्थानस्थल, दौड़^F-के आरम्भका स्थल, मुकाम; आकस्मिक प्रकम्प, स्फुरण, कम्पन, हिचकोला, धक्का, चौंक^F, चमक^F, भड़क^F; लहर^F, मौज^F; (pl.) सान्तर या सविराम प्रयत्न या आन्दोलन, बेसिलसिला काम या कोशिश^F (*works by fits and ~s*); दौड़^Fमें सुविधा^F, रियायत^F (*will give you 60 yards ~*); व्यापारादिमें प्राप्त उपयोगी स्थिति^F, अवसर, अच्छा या फायदेका मौका (*got a good ~ in life*); (बोल०) विस्मयकारी घटना^F; *got the ~ of his rivals* अपने विरोधीसे अधिक लाभमें रहा।

start[2]* v.t. & i. प्रस्थान करना, यात्रा^F आरम्भ करना, चल देना*, रवाना होना, कूच करना, चलना, निकलना, छूटना (*we ~ at six*); (यात्रा^F, उद्योग, पुस्तक^F, सिगार आदि) आरम्भ करना; (काम) छेड़ना, शुरू करना; आरम्भ होना, शुरू होना; (लकड़ियों^F आदिका) अपनी जगह^Fसे हट जाना, डुल जाना, खिसक जाना; (आकस्मिक आघात या प्रेरणावश) विचलित होना, एकाएक स्थिति^F परिवर्तित करना, जगह^Fसे हटना (*~ aside, from* one's *chair*); (पीड़ा^F, विस्मय आदिके कारण) बिदकना, चमकना, भड़कना, चौंक उठना, चौंक जाना, उछल पड़ना (*~ed in his seat*); (उद्योग, समाचार-पत्र, व्यवसायका) संचालन करना, प्रारम्भ करना, जन्म देना, चालू करना, चलाना; (घड़ी^F) चलाना; (झगड़ा आदि) पैदा करना, खड़ा करना, हो पड़ना, खड़ा होना; (आपत्तियाँ^F) उठाना; कारण होना, आरम्भ कराना, शुरू कराना (*this ~ed me coughing*); (किसी व्यक्तिसे) व्यापार आरम्भ कराना या करनेके योग्य बनाना, कामपर लगाना; (दौड़^F आरम्भ करनेका संकेत) चलो!; (शिकारको) निकालना, उठाना, अपनी जगह^Fसे हाँकना;

(नौवि०) पीपेसे (मदिरा^F) निकालना, बाहर ढालना; (दाँत, लकड़ी^F आदिका) हटाना, निकलवाना, हटना, खिसकना; ~ *in* (बोल०) आरम्भ करना, काम शुरू करना; ~ *out* करनेकी इच्छा^Fसे कदम उठाना, करना, शुरू कर देना; ~ *up* चौंक उठना, चौंक पड़ना, चौंकाना, उठाना, आसनसे उठ खड़े होना, एकाएक उठना, उछल पड़ना; कार्यान्वित होना, अस्तित्व ग्रहण करना, प्रकट होना, उठना, सूझना, दिमागमें आना, अमलमें आना (*many difficulties, rivals, have ~ed up*); (परि०) (इंजिन) का दौड़ना; *to ~ with* प्रथम स्थानमें, पहली जगह^Fमें (*you have no right to be here, to ~ with*); प्रारम्भमें, आरम्भमें, शुरू-शुरूमें (*had 6 members to ~ with*)।

startability –टॅ बि'लिटि n. (मोटर^F इत्यादिकी) चलनीयता^F, संचालनीयता^F, स्टार्ट होनेकी ताकत^F।

starter –'टॅर् n. चौंकानेवाला; आरम्भक, (कृषि०) **प्रारम्भक**, आरम्भ करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); **प्रवर्तक**; दौड़नेवाला घोड़ा या प्रतियोगी (*list of probable ~s*); दौड़^F आरम्भ करनेवाला संकेतक, इशारा करनेवाला; प्रबोध, (कृषि०) **जाग, जामन**; mother ~ (कृषि०) **मूल जाग, मूल जामन**;

~ button, ~ motor, ~ signal, ~ switch.

startification ⊙ स्टार्टिफ़िके'शॅन् n. (कृषि०) **स्तरण**।

starting –'टिंग् १. n. प्रारम्भण, आरम्भण, प्रयाण, प्रस्थान; प्रारम्भ करना, प्रस्थान करना, चौंकना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); २. a. **प्रवर्तक; आरम्भिक**; ~-post दौड़^Fका स्थान या खम्भा (जहाँसे प्रतियोगी दौड़^F आरम्भ करते हैं); ~ prices घुड़दौड़^F शुरू होनेतककी आखिरी बोली^F;

~ date, ~ entry, ~ friction, ~ handle, ~ permit, ~ point, ~ resistance, ~ station, ~ switch.

startish –टिश् a. प्रयाणवत्, प्रयाण-सदृश, प्रस्थान-सदृश, प्रस्थान-समान।

startle स्टार्'टॅल् १. n. भड़क^F, चौंक^F, झिझक^F, हड़बड़ी^F; २. v.t. स्तम्भित करना, आतंकित करना, विस्मित या चकित करना, चौंका देना, भौंचक्का कर देना, चकरा देना, हड़बड़ा देना, घबरा देना, डरा देना, भड़काना, बौखला देना, धक्का पहुँचाना, सदमा पहुँचाना; ~ reflex (शिक्षा०) चकित **प्रतिवर्त**।

startled –ड्' a. स्तम्भित, चकित, भौंचक्का।

startler –लॅर् n. उद्वेगकारी, विस्मयकारी, आश्चर्यजनक, भड़कानेवाला, चौंकानेवाला (व्यक्ति या वस्तु^F आदि)।

startling –लिंग् १. n. स्तम्भन, आतंकन, विस्मित होना, चौंकना, भौंचक्का होना, चकराना, हड़बड़ाना; २. a. स्तम्भनकारी, विस्मयजनक, चकरानेवाला।

starvation स्टार्वे'शॅन् n. (चि०) क्षुत्क्षामता^F, **अनशन**, आहारहीनता^F, आहाराभाव, उपवास, अनाहार, अनाहारमें प्राणत्याग, भूख^Fसे मृत्यु^F, भुखमरी^F, फाका।

starve –व'' v.t. & i. निराहार रहना, क्षुधार्त होना, भूखों मरना, भोजन न मिलना, फाका करना; निर्धनता^F-के दिन काटना, दाने-दानेको तरसना, मुँहताज होना; क्षुधातुर होना, भूख^F लगना (*am simply ~ing*); भूखों मारना, भूखों मारकर नष्ट कर देना, खाना न देना, दाने-दानेको तरसाना, खाना देनेमें कमी^F करना, कोर-कसर^F रखना; भोजन न देकर नगररक्षक सेनादलको आत्मसमर्पणके लिए विवश करना, भूखों मारकर मजबूर करना; (ला०) मानसिक या आध्यात्मिक अभावका अनुभव करना; (सहानुभूति^F, मनोरंजन, ज्ञान आदि) पानेकी प्रबल आकांक्षा^F होना, तीव्र इच्छा^F होना; (अव क०) ठण्डसे नष्ट हो जाना, ठण्ड लगना, सर्दी^F लग जाना; ठण्डसे नष्ट करना, ठण्डसे मारना, सर्दी^Fसे मार डालना।

starved –ड्' a. क्षुधापीड़ित, क्षुधार्त, निराहार, निरन्न, भूखा, भुखमरा; अपुष्ट।

starveling –व्''लिंग् १. n. बुभुक्षित, क्षुधित, भुखमरा, भुक्खड़, भूखा टूटा, मरियल व्यक्ति या पशु; शीर्ण, कृश, दुर्बल, बलहीन पशु या व्यक्ति; २. a. क्षुधित, भुखमरा, भुक्खड़, भूखों मरनेवाला, भूखा, दुर्बल, दुबला।

starving –विंग a. n. (कृषि०) **वृद्धिरोधन**; = STARVED.

stasis स्टे'सिस् n. (निदान०) (चि०) संचरणावरोध, संचाररोध, स्थाय, शरीरके किसी भी तरल पदार्थके संचारका अवरोध; रक्त-संचरणमें बाधा^F।

-stat -स्थाप (*aero~, photo~, thermo~*)।

statable स्टे'टॅबॅल् a. वर्णनीय, विवरणीय, कथनीय, प्रकट करने योग्य; निर्धारणीय, निश्चित करने योग्य।

statant –टॅन्ट् a. अचल, अविचल, स्थिर, बिना हिले-डुले खड़ा रहनेवाला।

state[1] स्टेट्' १. n. (राज०) **राज्य**, रियासत^F, राज (*the United S~s of America*) (रसा०) **स्थिति^F**, अवस्थिति^F, गति^F, वृत्ति^F, **अवस्था^F**, दशा^F, हाल, हालत^F, हवाल (*found him in the same ~*); असैनिक या नागरिक शासन, मुल्की सरकार^F या हुकूमत^F (*Church and S~*); प्रतिष्ठा^F, गरिमा^F, गौरव, पद, श्रेणी^F, पदवी^F, दर्जा, शान-शौकत^F, रुतबा (*in a style befitting his ~*); *Jersey* एवं *Guernsey* की व्यवस्थापिका सभा^F, विधानसभा^F, कच्चे ब्लाकसे लिया गया मुद्रण, खुदे हुए धातुपत्र (प्लेट^F) से ली गयी छाप^F; जत्था, मण्डली^F, टोली^F; किसी पुस्तक^Fके एकमात्र संस्करणके दो भिन्न रूप; (प्रा०) सिंहासन, राजासन, राजगद्दी^F, तख्त; (*chair of ~* भी) मंच, सिंहासनका साया; वैभव, समृद्धि^F, ऐश्वर्य; समारोह, धूमधाम^F, ठाठबाट, शान-शौकत^F (*arrived in great ~*); २. a. शासनिक, राजकीय, राज्यार्थ, राज्यविषयक, राज्यसम्बन्धी; समारोहके अवसरोंके लिए रक्षित या प्रयुक्त (*~ carriage*); free, slave, S~ ⊙ दासप्रथारहित, दासप्रथायुक्त, राज्य; ~ call (बोल०) औपचारिक साक्षात्कार या भेंट^F, रस्मी मुलाकात^F; S~ Department ⊙ विदेश-विभाग; ~ of aggregation (रसा०) **समुच्च**-

यावस्था^F; (भौ०) **समूहनकी अवस्था^F, सामूहिकता^F**; ~ of equilibrium (रसा०) **साम्यावस्था^F**; ~ paper (राज०) **राज्यिक पत्र**; ~ prisoner राजबन्दी, राजनीतिक बन्दी, शाही कैदी; S~ rights⊙ (संघके) अलग राज्योंके अपने-अपने अधिकार; ~-room राज्य-कक्ष, सरकारी कमरा; अग्निबोटपर एकाकी शयनकक्ष या सोनेका प्राइवेट कमरा; ~ wide राज्यव्यापी; *in* ~ समारोहपूर्वक, धूमधाम^Fसे; *keep* ~ दर्शन दुर्लभ होना; अपनी प्रतिष्ठा^F बनाये रखना, शान^Fसे रहना; *lie in* ~ (मृतशरीरका) सार्वजनिक स्थानमें दर्शनके लिए रखा जाना; ~ *of life* किसीका पद और व्यवसाय;

~ aid, ~-aided, ~ bank, ~ bulletin, ~ cabin, ~ carriage permit, ~-caused, ~ ceremony, ~ coach, ~ commission, ~ criminal, ~ dinner, ~ drive, ~ emblem, ~ enterprise, ~ expense, ~-farming, ~ force, ~ forest, ~ functions, ~ ~ fund, ~ funeral, ~ garden, ~ government, ~ guests, ~ headquarters, ~ highways, ~ hospitality, ~ insurance, ~ interference, ~ irrigation works, ~ land, ~ language, ~ laws, ~ line, ~ list, ~ lottery, ~ medical faculty, ~ mills cloth, ~ monopoly, ~ museum, ~ newspapers, ~ notes, ~ occasion, ~-owned, ~ ownership, ~ pension, ~ point, ~ policy, ~ priority, ~ prison, ~ prisoner, ~ public service, ~ railways, ~ reserve, ~ revenue, ~ service, ~ servitudes, ~'s evidence, ~ ship, ~ size, ~s ministry, ~ socialism, ~ stationery depot, ~ succession, ~ tank, ~ telegram, ~ territory, ~ trade, ~ trading, ~ treasury, ~-wise, ~-wide.

state² v.t. व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, **कथन करना, वर्णन करना, कहना,** बताना, बयान करना, बयान देना (*have ~d my opinion*); (तिथि^F आदि) निर्दिष्ट करना, निश्चित करना, बाँधना, ठहराना, व्यवस्था^F करना (*at ~d intervals*); (बीज०) प्रतीकोंके रूपमें (प्रश्न, सम्बन्ध आदिकी) शर्तें^F प्रकट करना।

statecraft स्टेट्'क्राफ़्ट् n. = STATESMANSHIP.

stated स्टे'टि ड् a. वर्णित, उक्त, व्यक्त, कथित, कहा गया; ~ meetings⊙ व्यवस्थित या नियमित बैठकें^F;

statehood स्टेट्'हुड् n. (राज०) **राज्यपद, राज्यत्व,** राज्यता^F, रियासतपन; शोभा^F, ऐश्वर्य, वैभव, नागरिकता^F।

stateless–लिँस् a. (राज०) **राष्ट्रिकताहीन** (~ *individual, ~ person*); नागरिकताहीन, नागरिकता-विहीत, देशविहीन, राज्यहीन; शोभाहीन, विभवविहीन, छविरहित।

statelessness –निस् n. (का०) **राष्ट्रहीनता^F**।

stateliness –लिनि'स् n. भव्यता^F, सुन्दरता^F, गौरवपूर्णता^F, वैभवशीलता^F, राजसीपन, शान^F।

stately –लि a. भव्य, सुन्दर, गौरवान्वित, सवैभव, वैभवशाली, गरिमायुक्त, गौरवपूर्ण, प्रभावशाली, उन्नत, प्रौढ़, विशाल, राजसी, बुलन्द (भाषा^F, आचरण, व्यक्ति, साहित्यिक शैली^F, लय, भवन इत्यादिके सम्बन्धमें); राजकीय।

statement* –मॅन्ट् n. (का०) **वक्तव्य*,** आवेदन, **कथन, वर्णन,** बयान (*requires clearer ~*); वचन, वर्णित या कथित वस्तु^F, उक्त बात^F (*the ~ is unfounded*); (विधा०) **विवरण,** तथ्योंका औपचारिक विवरण, विज्ञापना, सारिणी^F, लेखा, हिसाब (*the Bank issues monthly ~s*)।

stater स्टे'टॅर् n. स्टेटर^F (एक अतीतकालीन यूनानी मुद्रा^F)।

statesman स्टेट्स्'मॅन् n. नीतिनिष्णात, नीतिमान्; शासन-मर्मज्ञ, राजदर्शी, (राज०) **राज्यमर्मज्ञ,** राज्य-विशारद, राजनीतिज्ञ; भूस्वामी, (उत्तर इंग्लैण्ड) स्वयं अपनी जमींदारी^F चलानेवाला छोटा जमींदार।

statesmanlike –लाइक् a. राजनीतिज्ञोचित, राजनीतिज्ञ-जैसा।

statesmanly–लि a. राजनीतिज्ञोचित, राजनीतिज्ञका।

statesmanship –शिप् n. नीति^F, राजनीतिज्ञता^F, राजकौशल।

static स्टै'टिक् a. (स्थिति वि०) **स्थैतिक,** स्थिति-सूचक, स्थैतिकीय, **स्थिर,** अप्रवाही, गतिहीन, निश्चल; स्थिति-विज्ञान-सम्बन्धी;

~ ataxia, ~ ataxy, ~ battle, ~ defence, ~ discharge, ~ equilibrium, ~ friction, ~ line, ~ method, ~ moment, ~ movement, ~ organ, ~ pressure, ~ process, ~ property, ~ reflex, ~ speedometer, ~ tank, ~ warfare, ~ worker, ~ zone.

statical –कॅल् a. **स्थैतिक**;

~ coordinates, ~ directrix, ~ friction, ~ property.

statics –क्स् n. (pl.) (भौ०, ग०) **स्थैतिकी^F; स्थिति-विज्ञान,** बोझ-विद्या^F; अन्तरिक्षकी^F, स्थिर भार, T.।

statim (L) तुरन्त, तत्काल।

station* स्टे'शॅन् ?. n. रेल^Fका **स्टेशन,** टेसन; (प्रा० भू०) **प्रेक्षण-स्थल; केन्द्र, स्थान,** केन्द्रस्थान, अवस्थान, स्थल, ठिकाना*, जगह^F, मुकाम, पड़ाव, थाना (*was assigned a ~ in the valley*); स्थिति^F, स्थिरता^F, अचंचलता^F, ठहराव (*a ~ like the herald Mercury*); मुख्य नगर; भण्डार कार्यालय या गोदाम; छावनी^F, सैनिक चौकी^F; (आस्ट्रेलियामें) अवि-शाला^F, भेड़ों^Fके रहनेका स्थान; व्यवसाय, वृत्ति^F, पेशा, पद, श्रेणी^F, स्थिति^F, पदवी^F, ओहदा, हैसियत^F (*occupied a humble ~*); (यन्त्र०) **चाँदा;** (सर्वेक्षण-पद्धति^Fमें)

माप-बिन्दु, सर्वेक्षण-स्थल, १०० या ६६ फुटका प्रामाणिक अन्तर या दूरी^F; (वन०, जन्तुवि०) पौधेके थाले या जन्तु-की खोह^Fकी अवस्था^F; (ईसा०) (इति०) बुधवार और शुक्रवारका उपवास या व्रत; (~ *of the cross* भी) ईसाके मनोवेगकी प्रतीकरूप १४ मूर्तियों^F या चित्रोंके क्रममें प्रत्येक; गिरजाघर, स्टेशन; २. v.t. (व्यक्ति या स्वयंको) किसी स्थानपर रखना या ठहराना, टिकाना, धरना, बैठाना, स्थान सौंपना, जगह^Fदेना; ~ agent ⊙ स्टेशन-मास्टर; ~wise **केन्द्रवार** ।

~ adjustment, ~ apparatus, ~ armoury, ~ article, ~ bill, ~ board, ~ bundle, ~ canteen, ~ commander, ~ dak, ~ delivery book, ~ despatch register, ~ director, ~ engineer, ~ garden, ~ headquarter, ~-house, ~ keeping, ~ limits, ~ machinery, ~ mark, ~-master, ~ officer, ~ order, ~ parade, ~ platform, ~ point, ~ receipts, ~ section, ~ staff, ~ stamp, ~ supervisor, ~ workshop, ~ yard.

stational –नल् a. स्थानीय, केन्द्रस्थान विषयक, वास-स्थान-सम्बन्धी, ठिकानेका, मुकामका, चौकी^Fका, थानेका; स्टेशन-सम्बन्धी, स्टेशनका ।

stationariness –नरि-नि॑स् n. स्थावरत्व, स्थिरता^F, निश्चलता^F, अचलता^F; स्थायित्व, स्थायीपन, टिकाऊपन; अपरिवर्तनशीलता^F ।

stationary –रि १. n. निश्चल या स्थिर व्यक्ति; २. a. **स्थावर, स्थायी, स्थिर, स्तब्ध, निश्चल, अचल,** अटल, ठहरा, खड़ा (*balloon was now* ~); स्थायी, टिकाऊ; **अप्रगामी;** अवहनीय, न ढोने योग्य (~ *engine, troops*); देशान्तरमें प्रत्यक्ष गति^Fसे शून्य (ग्रह); समस्थित, ह्रास-वृद्धि-रहित, एक-सी, (परिमाण, संख्या^F, योग्यता^F, क्षमता^F आदिमें) अपरिवर्तनशील; ~ air स्थायी वायु^F; श्वासकर्म या साँस^F लेनेपर फेफड़ेमें रहनेवाली वायु^F; ~ diseases (वातावरणके कारण उत्पन्न) स्थानीय रोग;

~ curve, ~ engine, ~ field, ~ front, ~ level, ~ orbit, ~ oscillation, ~ point, ~ population, ~ scrubber, ~ state, ~ tangent, ~ value, ~ wave.

stationer स्टे॑शनर् n. लिपिभाण्डिक, लेखनसामग्रिक, लैखनिक, लेखनसामग्रीविक्रेता, कलम, कागज, स्याही^F आदिका विक्रेता, स्टेशनर ।

stationery –रि n. **लेखनसामग्री^F,** लेखनसज्जा^F, स्टेशनरी^F; ~ articles लेखन-सामग्री^F;

~ allowance, ~ articles, ~ box, ~ case, ~ clerk, ~ depot, ~ office, ~ rack, ~ rules, ~ section, ~ stock book, ~ store, ~ supply, ~ target.

stationing स्टे॑शनिंग् n. अवस्थापन, रखना, टिकाना; ~ speed (नौवि०) किफ़ायती चाल^F ।

statist स्टे॑टिस्ट् n. सांख्यिक, अंकशास्त्री, परिसंख्यानविद्, सांख्यिकी^Fका विद्वान्; राजनीतिज्ञ, राजप्रवीण ।

statistic¹ स्टटिस्॑टिक् n. (सांख्य०) **प्रतिदर्शज** ।

statistic², -al –अल् aa. सांख्यिकी, **सांख्यिकीय,** सांख्यिक विवरण-संग्रह-सम्बन्धी, आँकड़ोंका;

~ abstract, ~ analysis, ~ assistant, ~ average, ~ branch, ~ chart, ~ coefficient, ~ commission, ~ data, ~ derivative, ~ digest, ~ division, ~ engineering, ~ enquiry, ~ error, ~ fluctuation, ~ frequency, ~ graph, ~ independence, ~ induction, ~ information, ~ investigator, ~ law, ~ maps, ~ mechanics, ~ methodology, ~ methods, ~ office, ~ parallax, ~ physics, ~ picture, ~ population, ~ process, ~ representative, ~ section, ~ series, ~ statement, ~ summary, ~ survey, ~ table, ~ theory.

statistician स्टैटिस्टि॑शन् n. सांख्यिक, आंकिक, अंकशास्त्री, संख्याशास्त्री, **सांख्यिकीविद्, संख्याविद्** ।

statistics स्टटिस्॑टिक्स् n. अंकशास्त्र, संख्यायन, **सांख्यिकी^F,** आंकिकी^F, संख्याविद्या^F (जिसमें सांख्यिक विवरण संगृहीत, वर्गीकृत तथा प्रयुक्त होते हैं); **न्यास,** संख्या^F, समंक, **आंकड़े** (~ *of population, crime*); (ग०) **उपात्त** ।

statistology ⊙ स्टैटिस्टॉ॑लजि n. संख्याशास्त्र ।

statocyst ⊙ स्टै॑टसिस्ट् n. (जीव०) **साम्यवेदी, स्थिति अंग** ।

statolith ⊙ स्टै॑टलिथ् n. (जीव०) **साम्यायूम** (~ *sac*) **स्थिति कण** ।

stator स्टे॑टर् n. (विद्युत्०) स्थूणी^F, स्थाता, शमक; विद्युज्जनक या चालकका पक्का पुर्जा, T. ।

statoscope स्टै॑टस्कोप् n. चापदर्श, दाबवीक्ष ।

statuary स्टै॑ट्यूअरि १. n. भास्कर्य, मूर्तिनिर्माणविद्या^F, **मूर्तिविद्या^F,** मूर्तिकला^F; **मूर्ति-संग्रह,** प्रतिमाली; भास्कर, तक्षक, प्रतिमाकार, **मूर्तिकार,** मूर्तिनिर्माता; २. a. प्रतिमार्थ या प्रतिमा-सम्बन्धी, (प्रा० भू०) **मूर्ति-योग्य,** मूर्ति-सम्बन्धी (~ *art, marble*) ।

statue स्टै॑ट्यू n. विग्रह, प्रतिकृति^F, प्रतिमा^F, मूर्ति^F, पुतला, बुत ।

statued –ड् a. प्रतिकृतिमय, प्रतिमामय, मूर्तियुक्त, बुतदार ।

statuesque स्टैट्यूऍ॑स्क् a. प्रतिमोचित, प्रतिमा-सदृश, मूर्तिवत्, प्रतिमा^Fकी भाँति गरिमापूर्ण या सुन्दर ।

statuesqueness –नि॑स् n. प्रतिमौचित्य, प्रतिमा-सादृश्य, मूर्तिमत्ता^F ।

statuette स्टैट्यूऍ॑ट् n. लघु प्रतिकृति^F, **लघुप्रतिमा^F,** छोटी मूर्ति^F, छोटा बुत ।

stature स्टै॑चर् n. (चि०) (खड़े होनेपर) देह^Fकी

स्वाभाविक उच्चताF, शरीरकी विशालताF या ऊँचाईF, लम्बाईF, **कद** (*of mean ~*); आकृतिF, आकार, डीलडौल।

statured –र्ड् **a.** ऊँचाईFका, लम्बाईFका।

status स्टे'टस् **n.** (राज०) **परिष्ठाF**; प्रस्थितिF, पदस्थितिF, सामाजिक **स्थितिF, पद,** स्थान, गौरव, **प्रतिष्ठाF**,मर्यादाF, पदवीF, ओहदा, दर्जा, रुतबा, **हैसियतF**, (*his ~ among novelists*); (कानून) आस्थितिF, अवस्थाF, कानून द्वारा निर्धारित किसी व्यक्तिका दूसरेसे सम्बन्ध; अवस्थाF, दशाF, हालतF; ~ (*in*) *quo* प्रस्तुत दशाF, यथास्थितिF, अपरिवर्तित अवस्थाF; (~ *quo, ante* भी) पूर्वस्थितिF, पूर्व अवस्थाF, यथापूर्व; ~ epilepticus (चि०) निरन्तर अपस्मारावस्थाF।

statutable स्टै'च्यूटॅबॅल् **a.** प्रतिकृति-विज्ञाप्य, प्रतिमा-विज्ञाप्य, मूर्तिFद्वारा प्रदर्श्य, बुत द्वारा प्रकट करने योग्य।

statute –ट' **n.** (का०) **सविधि, अधिनियम,** परिनियम, प्रविधान, विधानसभाFका लिखित कानून (*private, public, ~*); स्थायी बनानेके लिए निगम या कम्पनीF आदिका अध्यादेश, अनुविधिF (*University ~s*) (बाइ०) दैवी विधान, ईश्वरीय विधान (*kept thy ~s*); ~ mile (नौवि०) **मानक मील;**

~ adult, ~-barred, ~-barred debt, ~ book, ~ law, ~ merchant, ~ mile, ~ roll.

statutory–टॅरि **a.** वैध, वैधानिक, परिनियत, अनुविहित, संविधिगत, संवैध, (का०) **सांविधिक, अधिनियमित,** प्राविधानिक, अनुविध्यात्मक, विधिबद्ध, संविहित, कानूनी;

~ authority, ~ company, ~ declaration, ~ lien, ~ meeting, ~ minimum, ~ modification, ~ obligation, ~ orders, ~ percentage, ~ provisions, ~ report, ~ rights, ~ rule, ~ statement, ~ tenant.

staunch[1], stanch स्टॉन्च्', स्टान्च् **aa.** दृढ़, स्थिर, अटल, पक्का, मजबूत, हवारोक, पनरोक (जहाज, जोड़ आदि); (नौवि०) **लदानयोग्य;** विश्वस्त, विश्वसनीय, दृढ़-निष्ठ, भक्त, ईमानदार, कट्टर (~ *friend, supporter*)।

staunch[2] **v.t.** = STANCH.

staunchness –निँस् **n.** दृढ़ताF, पक्कापन, मजबूतीF; विश्वस्तताF, विश्वसनीयताF, दृढ़ निष्ठाF, कट्टरपन।

stauroscope स्टॉ'रॅस्कोप् **n.** स्फायेक्षयन्त्र, ध्रुवप्रकाश-वीक्ष।

stave[1] स्टेव्' **n.** संगीतांश, श्लोक, छन्द, पद्य, पद; सीढ़ीF-का डण्डा; काष्ठपट्टिकाF, पीपे आदिमें लगनेवाली मुड़ी हुई लकड़ीFकी पट्टीF, पटरीF; किसी कुएँ या खोलकी मेंड़Fका तख्ता।

stave[2] **v.t.** (~*d* or *stove*) (पीपे आदिमें) पट्टियाँF लगाना, तख्ते जोड़ना या बैठाना; (पीपे, नावFमें) छेद करना, सूराख करना; (टोप, सन्दूकको) नष्ट-भ्रष्ट करना, तोड़-मरोड़ देना, कुचल डालना, तोड़-फोड़ डालना; (धातुF आदिको) कूटकर जमाना, दबाकर पक्का करना, मजबूत करना; ~ *off* परिहार करना, दूर करना, टाल देना, हटा देना, परे हटाना, निकालना, धकेलना, सरकाना, बचाना, बाज रखना (विनाश, शीतातपके प्रभावको)।

staves स्टेव्ज्, स्टाव्ज् (प्रा०) STAFF का बहु०।

stavesacre स्टेव'ज़ेकॅर् **n.** जंगली कलगा।

stay[1] स्टे' १. **n.** निवास, वास, अवस्थान, ठहराव, बसेरा; निवासकाल, बसेरेकी अवधिF (*made a long ~ in London*); (मुख्यतः साहित्यिक) नियन्त्रण, बन्धन, प्रतिबन्ध, संयम, (का०) **रोकF** (*will endure no ~*); न्यायिक कार्यवाहियोंFका **उपस्तम्भ,** स्थगन; (यन्त्र०) **स्थाप,** (~ *tube*), प्रतिबन्ध, निरोध, गतिरोध, कार्यवाही-रोकF, रोकF, रुकाव,(रेल०)**टेकF**; (pl.)कंचुकीF, अंगिकाF, चोलीF, अँगियाF; आधार, अवलम्ब, आश्रय, सहारा, आड़, आसरा (*you have been the ~ of my old age*); धैर्य, सहनशीलताF, सहनशक्तिF, बरदाश्तF; २. **v.t. & i.** ठहरना, रहना (~ *here till I return*); (बोल०) सम्मिलित होनेके लिए बहुत काफी समयतक प्रतीक्षाF करना, देरतक ठहरे रहना (*can you ~ supper ?*); अस्थायी रूपसे ठहरना; बसना, टिकना (किसी नगर, होटलमें किसीके साथ); (विनिश्चय, निर्णय, फैसला) उपस्तम्भित करना, स्थगित करना, मुल्तवी करना; (अब मुख्यतः साहित्यिक) (प्रगतिF, रोगके आक्रमण आदिको) नियन्त्रित रखना, रोक रखना; थूनीFकी भाँति या थूनीFसे सहारा देना, थामना, पुश्तावन्दीF करना; निवारण करना, **रोक देना,** रोकना, अटकाना, ठहराना, थामना; (गतिF, कार्य, भाषण आदिमें) विराम लेना, विरमना, रुकना, रुक जाना, थमना, ठहर जाना (*get him to ~*); सहनF करना, सहना, बरदाश्तF करना (*does not seem able to ~*); ~-at-home **n. & a.** गृहसेवी, घर घुसना, घरघुसा (व्यक्ति); ~ bar (स्था०) **आड़ी पट्टीF**; ~-in strike काम-न-करो हड़तालF; ~-lace तंग अँगियाF या कॉर्सेटका फीता; ~ of execution कार्यान्विति-उपस्तम्भ, कार्यान्वितिरोध; ~ of proceedings कार्यवाहीF रोकना; ~ order रोधनादेश, रोकनेका आदेश; ~ rod स्थाप-दण्ड; *has come to ~* (बोल०) स्थायी होना, स्थापित होना, स्थिर होना; ~ *on* डटे रहना, देरतक रहना; ~ one's *stomach* भूखF शान्त करना।

stay[2] १. **n.** (नौवि०) **तानF, तान रस्सीF**, जहाजके मस्तूलका रस्सा; २. **v.t.** मस्तूल आदिको रस्सोंसे सहारा देना, बाँधना; (जहाजको) पाल द्वारा दूसरी निश्चित दिशाFमें जाना; ~ sail (नौवि०, ग्रा०) मस्तूलके रस्से पर फैलाया हुआ कोई पाल।

stayer स्टे'अॅर् **n.** ठहरनेवाला; सहनशील, बरदाश्तF करनेवाला (व्यक्ति); परिश्रमशील, निरन्तर श्रम करनेवाला, मेहनती (व्यक्ति)।

staying –इंग् **n.** निवास, अवस्थान, ठहराव।

stayless –'लिँस् **a.** अस्थायी; तंग अँगियाFके बिना।

S.T.C. Sales Tax Commission; State Trading Corporation.

S.T.D. *Sacrae Theologiae Doctor*, Doctor of Sacred Theology.

Ste. *Sainte*, Fem. of *Saint*.

stead स्टे ड्' n. भूमि^F, (अब मुख्यतः साहित्यिक) स्थान; साहाय्य^F; दशा^F; पलंग; *in* person's ~ उसके स्थान-पर, उसके स्थानापन्नके रूपमें; *stand* (person) *in good* ~ उपादेय या उपयोगी होना, कामका होना।

steadfast स्टे ड्'फ़ॅस्ट् a. स्थिर, सतत, अविरत, ध्रुवक, दृढ़, अडिग, अटल, अचल, निश्चल, पक्का, पुख्ता।

steadfastness –निॅस् n. (दर्श०) **स्थैर्य**, स्थिरता^F, सातत्य, ध्रुवता^F, दृढ़ता^F, अचलता^F, (दर्श०) **धृति**^F, धैर्य, क्षान्ति^F, धीरज, अडिगपन।

steadiness –'डिनिस् n. दृढ़ता^F, **स्थिरता**^F, स्थैर्य, मजबूती^F (~ *tester*); अचलता^F, अविचलता^F, निश्चलता^F, दृढ़चित्तता^F, स्थिरचित्तता^F; नियमितता^F, एकरूपता^F; धैर्य, शान्ति^F, धीरज।

steading स्टे'डिंग् n. पशुशाला^F, अन्नशाला^F आदि सहित निजी कृषिभूमि^F, खलिहान; ~span **स्थिरकारी जंजीर**^F।

steady स्टे'डि १. n. हाथ या औजारके काममें प्रयुक्त सहारा, टेका; (बोल०) प्रेमीजन, सहृदय, मृदुहृदय ⊙; नवयुवक, जवान आदमी ⊙; २. v.t. & i. दृढ़निश्चयी करना या बनाना, सुस्थिर, दृढ़, मजबूत या पक्का बनाना या होना, एकरूप बनाना या होना, साधना या सधना, सम्हालना या सम्हलना (~ *the boat*); ३. a. दृढ़, सुस्थिर, सुस्थित, **अचर**, अचल, अटल, अस्खलित, (भौ०) **अपरिवर्ती**, निश्चल, अविचल, पक्का, मजबूत, कायम, जमा हुआ, डटा हुआ (*not ~ on his legs*); (सेना०) चौकस; (भौ०) स्थायी (~ *state*), सतत, अविरत, नियमित तथा एकरूप, लगातार, एक-सा, इकसार (~ *pace*), अटूट, बराबर (*went off at a ~ pace*); दृढ़, दृढ़-संकल्प, दृढ़चित्त, स्थिरचित्त, स्थिरमति; स्थिरबुद्धि, धीर, अक्षुब्ध, पक्का (~ *in his principles*); स्थिरबुद्धि, स्थितधी, ठण्डे दिल-दिमागका;

~ flow, ~ mass, ~ motion, ~pace, ~ state.

steak स्टेक्' n. मांसखण्ड, भूननेके लिए गाय^F, सुअर, हिरन या मछली^Fके मांसका टुकड़ा (*beef ~*)।

steal स्टील्' v.t. & i. (~ *stole, stolen*) अपहरण करना, चम्पत करना, मूसना, चुपकेसे ले भागना, चुराना, चोरी^F करना (*who ~s my purse ~s trash*); छिपाना; प्रच्छन्न रूपसे किसी वस्तु^Fको ले जाना; अकस्मात् ही पा लेना, अचानक मार लेना, उड़ा देना, धोखेसे या चोरी^Fसे तिड़ी करना (*stole a kiss*); (~ *away* भी) लुभा लेना, मोह लेना, छल लेना; (किसी व्यक्तिके हृदयको) वशीभूत करना, मोहना, लुभाना, चालबाजी^Fसे फँसा लेना, दिल चुराना; (intr.) गुप्त रूपसे या चुपचाप आना-जाना, चुपचाप खिसकना, दबे-पाँव चलना; चलते बनना (*stole out of the room*); ~ *a march on* आगे बढ़ जाना, निकल जाना; पहले-से देख लेना या पा लेना।

stealer –'लॅर् n. अपहर्ता, तस्कर, चौर, चोर।

stealing –लिंग् n. चौरकर्म, चौर्य, चोरी^F।

stealth स्टे ल्थ' n. अपहरण, चोरी^F, (दर्श०) **प्रच्छन्नता**^F, गुप्तता^F, गोपनीयता^F, रहस्यमयता^F, गोपनीय व्यवहार, गुप्त क्रिया^F या पद्धति^F; छल; दुराव, छुपाव; *by* ~ छल-कपटसे, प्रच्छन्न रूपसे, गुप्त रूपसे, चोरी-छिपे।

stealthiness –'थिनिॅस् n. प्रच्छन्नता^F, गोपनीयता^F, दुराव, छिपाव।

stealthy –थि a. अलक्षित, प्रच्छन्न, गुप्त, गूढ़, गोपनीय, अप्रकट रूपसे सम्पादित, छिपा।

steam[1]* स्टीम्' n. प्रवाष्प, जलीय वाष्प, (रसा०) **भाप**^F*; वाष्पोच्छ्वास, कोई वाष्पोद्गम, वाष्पकण, नमी^F, गीलापन, भाप^Fकी बूँदें^F, (बोल०) उत्साह, बल, शक्ति^F (*let off, put on, ~*); ~ boat वाष्पीय नौका^F, अग्निबोट, स्टीमर; ~-coal भाप^Fका कोयला, भाप^F बनानेमें काम आनेवाला कोयला; ~-engine प्रवाष्प यन्त्र, **भाप^Fका इंजिन**; ~ navvy भाप^Fसे चलनेवाली खोदनेकी कल^F, ~-roller भाप-बेलन, सड़क^F कूटनेका भारी भाप-इंजिन; **भाप-रोलर**, स्टीम रोलर; (ला०) दमनकारी शक्ति^F, कुचलनेवाली ताकत^F; (v.t.) (सड़क^F बनानेके इंजिनकी भाँति) कुचल डालना; ~ship वाष्पपोत, **जहाज**, **पोत**; भाप^Fका जहाज; *get up* ~ तत्पर होना; किसी विशेष प्रयत्नके लिए शक्ति^Fका बटोरना, मुस्तैद होना;

~ anchor, ~ bath, ~ black, ~-boiler, ~ box, ~ calorimeter, ~ chamber, ~-chest, ~-chest cover, ~ chocolate, ~ coal, ~ cock, ~-collector, ~ cone, ~ connection, ~ cushion, ~ cylinder, ~ distillation, ~ dome, ~ drier, ~ dryness, ~-electric, ~-electricity, ~ fog, ~-gas, ~ gauge, ~ generator, ~ green, ~gun, ~ hammer, ~-heat, ~ heating, ~ indigo blue, ~ jacket, ~-jacketed, ~ launch, ~ line, ~ locomotive, ~ navigation, ~ oven, ~ pipe, ~ point, ~ port, ~ ports, ~ power, ~ railway engine, ~ reheater, ~ space, ~ stand, ~ sterilizer, ~ superheater, ~ table, ~-tight, ~ trap, ~ trawler, ~ tug, ~ turbine locomotive, ~ vehicle, ~ vessel, ~ whistle, ~ winch, ~ yacht.

steam[2] v. t. & i. वाष्प या भाप^Fको बाहर निकालना, भाप^F छोड़ना (*a sirloin ~ed on the table*); भाप^F बनकर उठना या उड़ना; वाष्पशक्ति^Fसे चालित होना या चलना (*we, the vessel, ~ed down the*

river); भाप^F^से (भोजन) पकाना या राँधना; दम देना; भाप^F^ देना, भपियाना, भापके द्वारा (लकड़ी^F^को) मुलायम करना; (बोल०) महान् प्रगति^F^ करना, अत्यधिक उन्नति^F^ करना, तत्परता^F^से काम करना, मुस्तैदी^F^के साथ करना (~ *ahead*)।

steamer –'मॅर् n. भाप^F^ बनकर उड़नेवाला, भाप^F^ छोड़नेवाला, भाप^F^ देनेवाला, भाप^F^से भोजन पकानेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); वाष्पनौका^F^, वाष्पपोत, भाप द्वारा चालित जलयान, (नौवि०) **अगिन बोट, स्टीमर**; वाष्पित, भाप^F^से भोजन पकानेका पात्र; आग^F^ बुझानेका भाप^F^का इंजिन;

~ agents, ~ clerk, ~ company, ~ crews, ~ service.

steaminess –मिनिस् n. वाष्पमयता^F^, भापयुक्तता^F^, भापीलापन।

steaming –मिंग् n. (कृषि०) **भपारा, भपारा देना**; ~ light (परि०) **चालू बत्ती^F^**; ~vessel (रसा०) **वाष्पन-पात्र, भाप-पात्र, भापतापी पात्र**।

steamy –मि a. वाष्पमय, वाष्पवत्, भापयुक्त, भापीला, भाप-सा।

steaning स्टी'निंग् n. = STEENING.

stearate स्टी'अॅरेट् n. वसीय।

stearic स्टि'ऐ'रिक् a. वसिक, वसि-सम्बन्धी।

stearin स्टी'अॅरिन् n. वसि, पशुओं तथा वनस्पतियों^F^की ठोस चर्बी^F^में पाया जानेवाला विशेष प्रकारका तत्त्व; वसिक, अम्ल, इसी तत्त्वसे भाप^F^के द्वारा निकाला हुआ उपर्युक्त चर्बीले तत्त्वका अम्ल, (रसा०, चि०) T.।

stearinery –नॅरि n. वसिनिर्माण, विशेष चर्बी^F^का कारखाना।

steatite स्टी'अॅटाइट् n. शैलखटी^F^, एक प्रकारकी सेलखड़ी^F^ (~ *seal*), (प्रा० भू०) T.।

steatosis ⊙ स्टीअॅटो'सिस् n. (चि०) वसाजनन, मोटापा।

steed स्टीड्' n. (का०, भाषण० या हास्य०) अश्व, युद्धाश्व, रणतुरंग, घोड़ा, लड़ाई^F^का घोड़ा।

steel[1]* स्टील्' १. n. वज्रक, वज्रायस, सारलोह, (रसा०, कृषि०) **फौलाद*, इस्पात*** (~ *pen*), इस्पातकी गावदुम (क्रमसूक्ष्माग्र) और खुरदरी छड़^F^; अँगिया^F^ या चोली^F^को कड़ा करने या सायेको फैलानेमें काम आनेवाली इस्पातकी पट्टी^F^; (का०, बोल०) शस्त्र, तलवार^F^ (*a foe worthy of one's ~*); २. v.t. निष्ठुर बनाना, कड़ा करना (हृदयको, अपने-आपको); a grip of ~ फौलादी पकड़^F^; a heart of ~ पाषाणहृदय, वज्रहृदय, कठोरहृदय; ~-clad कवचधारी; ~-bowed ⊙ जिसका ढाँचा स्टीलका हो;

~ analysis beaker, ~ anchor, ~ angle, ~ axe, ~ axle, ~ band, ~ bar, ~ barrel, ~ beam, ~ bloom, ~-blue, ~ bolt, ~-bound, ~ box, ~ cabinet, ~ cage, ~ cap, ~-cased, ~ chain, ~ channel, ~ cistern, ~-coloured, ~ cotter, ~ cutting edge, ~ die, ~ door mat, ~ dustbin, ~-engraving, ~-faced, ~file, ~ fire-bar, ~ floor, ~ frame, ~ framed, ~ furniture, ~ gate, ~ girder, ~-gray, ~ gutter, ~ hammer, ~ hanger, ~-hearted, ~ helmet, ~ hydrant, ~ joist, ~ knife edge, ~ ladder, ~-maker, ~-master, ~ mesh, ~-mounted, ~ nails, ~ pad, ~ pans, ~pen, ~ pile, ~ pin, ~plates, ~ pointed eraser, ~ pole cap, ~-processing, ~ prop, ~ ribbon, ~ roof, ~ rope, ~ rule, ~ scaffolding, ~ scrap, ~ screw, ~ shovel, ~ shutter, ~ sleeper, ~ spade, ~ spatula, ~ spring, ~ strapped, ~ tank, ~ tape, ~ trough, ~ trunk, ~ tyre, ~ valve, ~ vat, ~ ware, ~ washer, ~ weight, ~ wheel, ~ window, ~ window frame, ~ wire, ~ worker, ~ works.

steelify –'लिफ़ाइ v.t. वज्रायसी बनाना, फौलादी बनाना, इस्पाती बनाना, इस्पातमें बदलना।

steeliness –लिनिँस् n. वज्रकठोरता^F^, कड़ापन; फौलादीपन, इस्पातीपन, इस्पात-जैसी कठोरता^F^।

steely –लि a. वज्रायसी, फौलादी, इस्पाती; फौलाद-जैसा कड़ा, इस्पातवत् कठोर; वज्रकठोर, पुष्ट, दृढ़, सख्त (~ *glance, composure*)।

steelyard –ल्' यार्ड् n. (स्थिति वि०) **विषमभुज-तुला^F^**, वज्रायस-यष्टि^F^, तोल-यन्त्र, तुलादण्ड, इस्पातकी तराजू^F^।

steen ⊙ स्टीन्' v.t. (ईंटों या पत्थरोंसे) कुएँकी दीवार^F^ बनाना, अस्तर करना।

steenbok (Du.) n. अफ्रीकी हिरन।

steening –'निंग् n. (स्था०) मंड; (रेल) **गोला बाँधना**; (कुएँमेंकी ईंटों या पत्थरोंकी) गोल दीवार^F^, कुएँकी दीवार^F^की चुनाई^F^।

steep[1] स्टीप्' १. n. प्रवण शैल, ढालू चट्टान^F^, टीला (प्रा० भू०) **सीधा ढाल, खड़ा ढाल**, ढालू स्थान या पहाड़ी^F^; २. a. प्रपाती, प्रवण, **ढालू** (~ *land*); ढलवाँ (~ *hills*); दुरारोह, दुर्गम; तुंग, उन्नत, उत्सर्पी; **सीधा, खड़ा** (~ *slope*) (बोल०, मूल्य, माँग आदिके सम्बन्धमें) असंगत, अनुचित, बेजा (*seems a bit ~ that we should have both the trouble and the expense*); (कहानी^F^के सम्बन्धमें) अविश्वास्य, अत्युक्तिपूर्ण, कपोल-कल्पित; ~gradient (रेल०) **खड़ी चढ़ाई^F^**; ~ slope (प्रा० भू०) **सीधा ढाल, खड़ा ढाल**, खड़ी उतराई^F^, ~ turn **खड़ा मोड़**, ~ water (रसा०) **आमज्जक जल**;

steep[2] १. n. भिगोनेकी प्रक्रिया^F^, नहलानेका क्रम; तरल पदार्थ (जिसमें कोई वस्तु^F^ भिगोयी या नहलायी जाती है); २. v.t. सिक्त करना, तर करना, सराबोर

करना, भिगोना; ~ *in* (ला०) परिव्याप्त होना, तल्लीन होना, डूबा हुआ होना; डुबोना।

steeped –प्ड a. परिव्याप्त, सिक्त, मग्न, निमज्जित, सराबोर (~ *in misery, Greek*)।

steepen –'पॅन् v.t. & i. ढालू होना या बनाना।

steeper –पॅर n. तर करने या भिगोनेका वर्तन।

steepiness –पिनिॅस् n. प्रवणता^F, ढालूपन, ढालवाँपन।

steeping –पिंग् n. निमज्जन,(रसा०) **आमज्जन,** (चित्र०) **विमज्जन,** (यन्त्र०, चि०) **भिगोना**।

steeple स्टी'पॅल् n. शृंग, (इति०) **शिखर,** धौरहरा, गिरजा या मन्दिरकी चूड़ा^F, मीनार^F, लाट^F; ~ chase खाइयों^F, बाड़ों आदिके प्रदेशकी घुड़दौड़^F (जिसमें उछाल^F लेनी पड़ती है), ग्रामदौड़^F, बस्तीदौड़^F (जिसमें सड़कों^F का ध्यान न रखते हुए खेतों आदिमेंसे भी दौड़ना पड़े); ~-crowned hat लम्बा नोकदार टोप; ~jack मीनार^F आदिपर चढ़कर मरम्मत^F करनेवाला कारीगर।

steepled –ड् a. चूड़ायुक्त, मीनारदार।

steeplewise –ल्-वाइज् adv. चूड़ावत्, मीनार^F के सदृश।

steepness स्टीप्'निॅस् n. प्रवणता^F, ढालूपन, ढलवाँपन, ढलान; दुरारोहता^F, दुर्गमता^F, तुंगता^F, उन्नति^F, चढ़ाई^F; असंगति^F, अनौचित्य, अनुचितता^F; अविश्वास्यता^F, अतिशयोक्तिमयता^F, अत्युक्तिपूर्णता^F, कपोल कल्पना^F।

steepy –'पि a. (का०) प्रवण, ढालू, ढलवाँ; विकृत (~ *cream*)।

steer[1] स्टीअॅर' n. अल्पवयस्क वृष, बछवा, बछड़ा; बलद, (कृषि०) **बधिया पशु**।

steer[2] v.t. & i. मार्गदर्शन करना, विशेष दिशा^F में ले चलना, (जलयानको) खेना, चलाना; (परि०) **कर्ण चलाना;** वहन करना, संचालित करना, (वायुयान, मोटर^F आदिको) चक्केसे चलाना; (मुख्यतः बोल० या का०) (मार्ग) प्रदर्शन करना, विशेष दिशा^F में निर्देश करना (~*ed his flight heavenwards*); ~sman कर्णधार, कर्णी, पोतवाहक, नाविक, माँझी; ~ smanship पोतवाहन चातुर्य, जहाज चलानेकी कला^F; ~ *clear of* परिहार करना, बचना, अलग रहना।

steerable –'रॅबॅल् a. वहनीय, खेने योग्य।

steerage –रिज् n. (अब क्व०) प्रचालन, परिचालन, पोतचालन, जहाज चलानेका कार्य; (नौवि०) **कर्ण-प्रभाव,** (नौवि०) जहाजपर पतवार^F की मार^F, चलायी^F (*ship went with easy ~*); (इति०) (युद्धपोतमें) पोताध्यक्षके कक्षके आगे ही बैठनेकी डेक^F का एक भाग, (निम्न अधिकारियों, क्लर्कों आदिके) आवास या क्वार्टर्स; जहाजमें सस्ते किरायेपर यात्रा^F करनेवाले यात्रियोंका निर्दिष्ट स्थान; ~ passenger (परि०) **सुकानी यात्री;** ~-way (नौवि०) **कर्ण चालु^F,** पतवार^F द्वारा नियन्त्रित की जाने योग्य जहाजकी गति^F या बढ़ाव।

steerer –रॅर् n. कर्णधार, नाविक, पोतचालक, माँझी।

steering –रिंग n. (नौवि०) कर्णन, कर्ण; चालन (~-*wheel*); T.; ~ Committee कर्णधार समिति^F;
~ box, ~ chain, ~ compass, ~damper, ~ device, ~ engine, ~ gear, ~ head, ~ knuckles, ~ linkage, ~ oar, ~ spindles, ~ wheel.

steerling स्टीअॅर'लिंग् n. वृषक, वत्स, बछड़ा, बछवा।

steeve स्टीव्' v.t. भरना, परिपूर्ण करना, लादना।

steeving –'विंग् n. भरण, परिपूर्णन, लादना।

steganography स्टेॅगॅनॉ'ग्रॅफि n. = CRYPTOGRAPHY.

steganopod स्टेॅ'गॅनॅपॉड् n. झिल्लीदार पंजेवाला पक्षी।

stegnosis स्टेॅग्नो'सिस् n. = CONSTIPATION; (चि०) सन्निरुद्धता^F।

stegomyia –गोमिॲ n. (चि०) स्टीगोमैया^F, मच्छरोंकी एक उपजाति^F, जो दण्डक और पीत ज्वरको फैलाती है, T.।

stein स्टेन् n. मृत्पात्र, मृण्मय पात्र, मृत्तिका-भाण्ड, मिट्टीका वर्तन।

steinbock स्टाइन्'बॉक् n. एक पहाड़ी हिरन।

steining स्टे'निंग n. = STEENING.

stela ⊙स्टी'लॅ n. (आधार एवं शीर्षविहीन) स्तम्भ, खम्भा।

stelar ⊙–लॅर् a. स्तम्भीय, स्तम्भ-विषयक, खम्भेका।

stele –ली n. (pl. *-ae*) (वन०) **रम्भ,** स्तम्भ, सीधा खड़ा पत्थर या खम्भा, **स्टील**।

stellar स्टेॅ'लॅर् a. (भौ०) **तारकीय,** नाक्षत्रिक, **नाक्षत्र,** नक्षत्र-सम्बन्धी, तारोंका; ~ spectrum तारा-रंगावली^F;
~ aberration, ~ constitution, ~ energy, ~ evolution, ~ interperometer, ~ magnitude, ~ map, ~ parallax, ~ phosphate, ~ structure.

stellate, -ated –लॅट्, -ॲ'टिॅड् aa. किरण-विकीर्णक, ताराकृति, तारोपम, (वन०) **ताराकृति** (~ *cell*), **ताराकार,** तारावत् (~ *fracture*); ~ gang[illegible]on (चि०) **नक्षत्र गुच्छिका^F**।

stellated –लेटिॅड् a. **तारोपम**।

stelliferous –लि'फ़ॅरॅस् a. नक्षत्रपूर्ण, तारामण्डित, तारों-भरा।

stelliform –'लिफ़ॉर्म् a. नक्षत्राकार, ताराकार, तारावत्।

stellular –'ल्यूलॅर् a. तारकाकृति, छोटे तारोंकी आकृति^F का, छोटे तारोंसे जटित।

stellulate –लॅट् a. तारिकावत्, लघु तारावत्।

stelography ⊙स्टिलॉ'ग्रॅफि n. अभिलेख, स्तम्भ-लेख।

stem[1]* स्टेॅम्' १. n. वृन्त, नाल, डण्डी^F*; (रसा०) **स्तम्भिका^F,** दण्ड, स्कन्ध, काण्ड, (कृषि०, वन०, यंत्र०) **स्तम्भ,** (कृषि०, वन०) पेड़का **तना*,** झाड़ी^F या पौधेका

डण्ठल; स्तम्भाकार भाग; तम्बाकू-पाइपकी नली^F; घड़ी^Fको कसनेकी विविध खूँटियाँ^F, संगीतमें मानचित्रमें स्वरके सिरेसे चढ़ाव या उतारकी खड़ी रेखा^F; प्रातिपदिक*, मूल शब्द; वंशक्रम, वंशशाखा^F, वंश, नस्ल^F (*descended from an ancient, a collateral* ~); (नौवि०) **सिक्का; मन्दान, ; माथा; अनी**^F; अग्र, पोताग्र, पोतके अग्रभागमें जहाजके पटरेके साथ जुड़ा हुआ लकड़ी^Fका टुकड़ा; मुड़ी हुई लकड़ी^F या धातु^F (जिससे जहाजकी दोनों कोरें^F आगेके सिरेपर जुड़ जाती हैं); २. v.t. & i. हटाना या डण्ठल निकाल देना; उत्पन्न होना, फूट निकलना ⊙; ~-winder ⊙ कुंजीरहित घड़ी^F; *from ~ to stern* एक सिरेसे दूसरे सिरे तक; ~ *from* ⊙ (से) उत्पन्न होना, निकलना;

~ analysis, ~ blister, ~ body, ~-borer, ~ canker, ~ cell, ~ climber, ~ cutting, ~ diameter, ~-enlarging, ~ fire, ~ form, ~ form factor, ~ gap, ~-like, ~-mother, ~ number, ~ orientation, ~ reptile, ~ rot, ~ shoot, ~ spine, ~ tendril, ~-thorn, ~ timber, ~ tuber, ~ villus, ~ wood.

stem² v.t. गतिरोध करना, प्रतिरोध करना, (किसी धारा^Fको) रोकना, बाँधना, बन्ध बाँधना (शा० एवं ला०); ठहराना, (शा० एवं ला०) प्रतिकूल दिशा^Fमें अग्रसर होना।

stemless –'लिस् a. वृन्तरहित, स्तम्भहीन, बिना डण्ठलका, बेडण्डीदार; वंशरहित।

stemlet –लिट् n. लघु स्तम्भ, छोटा डण्ठल।

stemma स्टे'मॅ n. (pl. *-ta*) वंशावली^F, वंशपरम्परा^F; नस्ल^F।

stemmed स्टे'म्ड् a. स्तम्भयुक्त, सकाण्ड, दण्डयुक्त (~ *axe*), डण्ठलदार, डण्डीदार।

stemmer –'मॅर् n. (तम्बाकू^Fकी) डण्डी^F निकालनेवाला।

stemming –मिंग् n. (यंत्र०) **सीधी टेकबन्दी**^F।

Sten (gun) स्टे'न्' (गन्) n. कम वजनकी मशीनगन, **स्टेनगन**।

stench स्टे'न्च्' n. पूति^F, दुर्गन्ध^F, सड़ायन्ध^F, बदबू^F; ~-**trap** दुर्गन्धरोधक, दुर्गन्धरोक, बदबू^Fको बाहर निकलनेसे रोकनेवाला (पाइप)।

stenchy –'चि a. दुर्गन्धमय, बदबूदार।

stencil स्टे'न्'सॅल् १. n. (~-*plate* भी) धातु^Fकी पतली चद्दर^F; निकृन्त, धातु^Fकी पट्टी^Fमें कटी हुई अक्षरमाला^F या फूलपत्ती^F; T., २. v.t. धातुपत्रपर कूची^Fसे रंग भरना, फलकपर (फूलपत्ती^F) निकालना, फलकपर रखे हुए धातुपत्रपर कूँची^Fसे रंग भर कर बेलबूटे सजाना;

~ paper, ~ pen, ~ plate, ~-punch, ~ switch.

stenciller –लॅर् n. निकृन्तक, धातुपत्रपर फूलपत्ती^F निकालनेवाला, (अर्थ०) **स्टैन्सिल काटनेवाला**।

steno- आशु- (~*graphy*, ~*typist*)।

steno स्टे'नो n. = STENOGRAPHER.

stenocephaly –सेफॉली n. (चि०) अनायत शीर्षता^F, शिरस्तनुता^F, सिरका पतलापन।

stenochromy स्टि'नॉ'क्रॅमि n. आशु-वर्णमुद्रण।

stenograph स्टे'नॅग्राफ् १. n. आशुलिपि^F, आशुलेख, संकेतलेख, संकेतलिपि^Fके अक्षर; संकेतलिपि^Fके लिए प्रयुक्त यन्त्र; २. v.t. & i. आशुलेख लिखना।

stenographer स्टि'नॉ'ग्रॅफॅर् n. संकेतलिपिकार, **आशुलिपिक, आशुलेखक**, शीघ्रलिपिक, संकेतलिपिलेखक; शार्टहैण्ड राइटर।

stenographic स्टि'नॅग्रै'फिक् a. संकेतलिपि-सम्बन्धी।

stenographist स्टि'नॉ'ग्रॅफिस्ट् n. संकेतलिपिकार, आशुलिपिक, आशुलेखक, शीघ्रलिपिक।

stenography –फि n. संकेतलिपि^F, आशुलिपि^F, शीघ्रलिपि-विद्या^F।

stenosed ⊙ स्टि'नोज़्ड् a. (चि०) सन्निरुद्ध, संकुचित, सिकुड़ा हुआ।

stenosis ⊙ स्टि'नो'सिस् n. (चि०) सन्निरोध, **संकट**।

stenospermocarpy ⊙ स्टि'नॉस्पर्'मॅकार्पि n. (कृषि०) **भ्रूण-स्राव**।

stenotic ⊙ स्टि'नॉ'टिक् a. (चि०) सन्निरोधयुक्त, संकोची, संकुचित।

stenotypist ⊙ स्टे'नॅटाइपिस्ट् n. **आशुटंकक**, आशुटीपक, **आशुटाइपकार**, T.।

Stentor स्टे'न्'टॉर् n. मेघनाद, उच्चशब्दकारी, जोरसे बोलनेवाला या बुलन्द आवाज^Fका व्यक्ति।

stentorian स्टे'न्टॉ'रिॲन् a. अत्युच्च, ऊँचा, बुलन्द (शब्द, आवाज^F)।

stentorophonic ⊙ –टॅरॅफॉ'निक् a. उच्चभाषी, उच्चध्वनिक, जोरसे बोलने या गुंजार^F करनेवाला।

stentorphone –'टॅफोन् n. विद्युदुच्चभाष, विद्युद्ध्वनिविस्तारक-यन्त्र, बिजली^Fका लाउड-स्पीकर।

step- वि-, सौतेला, सौतेली (~*child*, ~*son*, ~*daughter*, ~*father*, ~*mother*, ~*parent*, ~*sister*)।

step¹* स्टे'प्' n. (चलने, दौड़ने या नाचनेमें) पद, **पग***, डग, **कदम**; एक डग, एक कदमकी दूरी^F; पदचाप, पदध्वनि^F, पैरोंकी आहट^F; पदचिह्न, चरणचिह्न; पदन्यास, पदपात; सह-पदक्षेप, दूसरोंके साथ मिलाकर कदम रखना; पदगति^F; पैर रखनेका ढंग; (ला०) उपाय, यत्न, कार्यवाही^F, कार्रवाई^F, जतन, तदबीर^F (*that is a long ~ towards success*); क्रम; चढ़ने या उतरनेके लिए धरातल, सोपान, द्वार या वेदी^Fके सामनेका पत्थर, कदमचा, देहरी^F या चबूतरा, सीढ़ी^Fका डण्डा, (*staircase of 50 ~s*); **पैड़ी**^F, बर्फपर चढ़नेके लिए उसमें बनाया हुआ खोंच, गाड़ी^Fका पायदान; चौड़ी सीढ़ियाँ^F और टेकवाली चौड़ी नसेनी^F, (ला०) उन्नतिक्रम या विकासक्रमकी एक श्रेणी^F, एक श्रेणी^Fसे दूसरी श्रेणी^Fपर अग्रगमन, तरक्की^Fका दर्जा; (नौवि०) मस्तूलका घर या चबूतरा; (काष्ठकला^F) लकड़ी^Fका एक टुकड़ा (जिसमें दूसरा टुकड़ा

सीधा-सीधा बैठाया गया हो); (यन्त्र०) चूल, धुरेका निचला खाना या घर; one ~, two-~ नाचोंके नाम; ~ angle **कोण दूरी**^F; ~-dance पदनृत्य (जिसमें मुद्रा^F-की अपेक्षा^F पदक्षेप, मुख्य या कठिन या विशेष महत्त्वका होता है); ~ down (भौ०) **अपचायी**; ~ fault (प्रा० भू०) **सोपान-भ्रंश**, ~ flaking (इति०) **सोपान-शल्कन**; ~ up (भौ०) **उच्चायी**; ~ well (इति०) **बावली**; *break* ~ साथ-साथ चलनेमें कदम चूक जाना; *in* ~ कदम मिलाकर; *in his* etc. ~*s* उसके उदाहरणके अनुकरणमें; *keep* ~ साथ चलना, कदम मिलाना; *keep* ~ *with* person किसीके साथ कदम मिलाकर चलना; *mind, watch, your* ~ सावधान होना; *out of* ~ पैर मिले हुए न होना; ~ *by* ~ क्रमशः, उत्तरोत्तर, धीरे-धीरे; *turn* one's ~*s* विशिष्ट दिशा^F में जाना, पग फेरना, घूमना, मुड़ना, कदम मोड़ना।

step[2] v.t. & i. पग धरना, डग बढ़ाना, डग भरना, कदम रखना, चलना; कुछ कदम चलना, कदम-कदम चलके थोड़ी दूर^F जाना; किसी विशेष दिशा^F में थोड़ी-थोड़ी प्रगति^F करना या बढ़ना (~ *across the line, road*); नृत्य करना, नाचना; डगों या कदमोंसे दूरी^F नापना; (नौवि०) मस्तूलको ठीक जगह^F खड़ा करना या जमाना; (ला०) उद्देश्यकी पूर्ति^F का साधन बनाना; ~ *aside* (शा० एवं ला०) विचलित होना, अलग होना, अपने पद या स्थानसे हटना; अप्रासंगिक बात^F करना; ~ *down* नीचे उतरना, नीचे कदम रखना; ~ *high* पैर ऊँचा उठाकर चलना; ~ *in* घर या कमरेमें प्रवेश करना; ~ *in* (ला०) हस्तक्षेप करना, सहायता^F करने या बाधा^F डालनेके लिए बीचमें पड़ना; ~ *into* घुसना, पैठना; ~ *on it* (ग्रा०) शीघ्रता^F करना, तेजी^F करना, जल्दी करना; ~ *out* लम्बे डग भरना, चाल^F बढ़ाना, लम्बे कदम उठाना; ~ *out* (घर या कमरेके) बाहर जाना, निकल जाना; ~ *short* छोटे-छोटे डग भरना या कदम रखना; ~ *through a dance* नृत्यके पग धरना, पैर ठुमकाना; ~ *up* बढ़ाना, आगे चलाना; तीव्र करना; आदर करना, सत्कार करना ⊙; एक पग उठाना; सीढ़ी^F बनाना।

step-brother स्टे॑प्'-ब्रदॅर् n. विभ्राता, विमातृज, वैमात्रेय, सौतेला भाई।

step-child –'चाइल्ड् n. वैमात्र, विसन्तान, सपत्नी-शिशु, (का०) **सौतेला बच्चा**।

step-daughter –'डॉटर् n. विदुहिता^F, सपत्नीकन्या^F, (का०) **सौतेली पुत्री**^F।

step-father –'फ़ादॅर् n. विपिता, (का०) **सौतेला** पिता, सौतेला बाप।

stephanion स्टि॑फे'निऑन् n. (चि०) **शिरोबिन्दु**।

stephanotis स्टे॑फ़नो'टिस् n. काचगृहमें उत्पन्न सुगन्धित कोमल फूलोंवाला पौधा।

step-mother स्टे॑प्'-मदॅर् या (प्रा०) **step-dame** n. विमाता^F, (का०) **सौतेली माँ**^F।

stepney स्टे॑प्'नि n. (pl. -*s*) मोटर^F में लगा हुआ बिना तीली^F का अतिरिक्त पहिया।

step-parent स्टे॑प्'-पेअॅरॅन्ट् n. विपितर, सौतेले माता-पिता।

steppe स्टे॑प्' n. शोषस्थली^F, मरुभूमि^F, अनुर्वर भूमि^F, स्टेपी^F, वृक्षरहित चौरस मैदान; S ~ dwellers स्टेप्स-वासी।

stepped स्टे॑प्ड्' a. सोपानयुक्त, पायदानवाला, कदमचादार; (स्था०) पैड़ीदार, मेहराबदार (~ *arch*); ~ up ⊙ विकासित, जिसमें वृद्धि^F की गयी हो।

stepper –'पॅर् n. प्रजवी अश्व, प्रवेगी अश्व, तेज कदम चलनेवाला घोड़ा; पादक्षेप्ता, कदम रखनेवाला।

stepping –पिंग् n. पादन्यास; (परि०) **कगर**^F; ~-stone सीढ़ी^F का पत्थर, पैर रखकर आगे जानेका पत्थर (ला० भी)।

step-sister स्टे॑प्'-सिस्टॅर् n. विमातृजा^F, विभगिनी^F, सौतेली बहिन^F।

step-son –'-सन् n. सपत्नीपुत्र, वैमात्र, विपुत्र, (का०) **सौतेला पुत्र**, सौतेला बेटा।

stepwise स्टे॑प्'वाइज़् adv. पदशः, पगपर; सीढ़ीपर, कदमचेपर।

-ster -क, -कर, -कर्ता (*brew*~, *huck*~, *game*~, *malt*~, *pun*~, *hol*~, *bol*~)।

ster. (*or* **stereo**) stereotype.

stercoraceous, stercoral स्टॅर्कॅरे॑शॅस्, स्टर्'-कॅरॅल् aa. (चि०) विष्ठायुक्त, विष्ठाका, मल या गोबर-सम्बन्धी।

stercus ⊙ स्टर्'कॅस् n. (चि०) विष्ठा, मल, गोबर।

stere स्टीअॅर्' n. घनमान, सहस्र-प्रस्थ, एक घनमीटर (लगभग ३५·३ घनफुट)।

stereo- सान्द्र-, घन- (~*chemistry*, ~*gram*, ~*graph*, ~*scope*, ~*tomical*)।

stereo स्टे॑'रिओ = STEREOTYPE; (~ *department*)।

stereognosis ⊙ स्टे॑रिॲनो'सिस् n. घनाभिज्ञान, पिण्डनिदान; (चि०) **विन्यास-ज्ञान**, आकाराभिज्ञान, रूपनिदान, स्पर्शसे विविध वस्तुओंकी रूपाकृतियों^F को पहचानना।

stereogram स्टे॑'रिॲग्रैम् n. (कृतु०) **घनचित्र**, पिण्डचित्र, (भौ०) **त्रिविमचित्र**।

stereograph –ग्राफ् n. पिण्डचित्र, घनचित्र, पिण्डदर्शक चित्र, पिण्डदर्शकमें काम आनेवाला चित्र-युग्म या फोटोग्राफका जोड़ा।

stereoisomer ⊙ स्टे॑रिॲआइसो'मॅर n. (रसा०) **विन्यास समावयव; त्रिविम समावयवी**।

stereoisomarism ⊙ –रिज़्म् n. (रसा०, चि०) **विन्यास समावयवता**^F, **त्रिविम समावयवता**^F।

stereopticon स्टे॑रिऑप्'शॅन् n. अतिबल ऐन्द्रजालिक दीप, सान्द्रदर्शक, जोरदार जादुई लालटेन^F।

stereoscope स्टे॑'रिॲस्कोप् n. त्रिविमेक्ष, (भौ०) **त्रिविम-दर्शी, विन्यास-दर्शी**, पिण्डदर्श, (मनो०) घन-

दर्शक, **घनदर्शी**, सैरबीन, T.।

stereoscopic –कॉ'पिक् a. पिण्डदर्शकीय, पिण्डदर्शन-सम्बन्धी, घनदर्शी, **त्रिविम**-;

~ camera, ~ effect, ~ film, ~ radius, ~ telescope, ~ vision.

stereoscopist –ऑस्'कॅपिस्ट् n. पिण्डदर्शन-वैज्ञानिक, पिण्डदर्शन-शास्त्री।

stereoscopy –पि n. पिण्डदर्शन-विज्ञान, पिण्डदर्शन-शास्त्र।

stereotaxis ⊙ स्टे'रिॲटैक्'सिस् n. (चि०) **स्पर्शी नियमन**।

stereotomical स्टे'रिॲटॉ'मिकॅल् a. उत्कीर्णन-विषयक, उत्कीर्णनविद्या-विषयक, उत्कीर्णन-कला-सम्बन्धी, खुदाई^F^की विद्या^F^का।

stereotomy –ऑ'टॅमि n. उत्कीर्णन, उत्कीर्णन-विद्या^F^, उत्कीर्णन-कला^F^, खुदाई^F^की विद्या^F^।

stereotype स्टे'रिॲटाइप् १. n. सान्द्र मुद्र, छपाई^F^-का फलक या तख्ती^F^; इस प्रकारकी तख्तियों^F^का प्रयोग; (ला०) स्थिर धारणा^F^, (शिक्षा०) **नियत प्रकार**, स्थायी प्रभाव या छाप^F^; (गुण०) स्तब्ध, सान्द्रज; २. v.t. ऐसे फलकोंसे छापना; ऐसे फलक बनाना; (ला०) विधिसंगत करना, औपचारिक बनाना, अपरिवर्तनीय बनाना, स्थिर बनाना, दृढ़ या पक्का करना, नियमितता^F^ लाना, एक-रूपता^F^ देना, स्तब्ध करना, जमाना, ठीक तरहसे बैठाना।

stereotyped –ड् a. अपरिवर्तनीय, नियत, निश्चित, **रूढ़िगत**, रूढ़िबद्ध, **रूढ़**, स्तब्ध, सान्द्र, सान्द्रमुद्रित, बँधा-बँधाया, (~ *form*)।

stereotyper –पॅर् n. सान्द्रमुद्रक, इस प्रकारके मुद्रण-फलकका निर्माता, **सीसा-पट्टीवाला**।

stereotypist –पिस्ट् n. सान्द्र मुद्रणफलकका काम करनेवाला।

stereotypography –पॉ'ग्रॅफि n. सान्द्र मुद्रणफलक द्वारा मुद्रणका कार्य।

stereotypy –'रिॲटाइपि n. सान्द्रमुद्रण, सान्द्र मुद्रण-फलकका निर्माण-कार्य।

sterigmata ⊙ स्टीॲरिग्'मॅटॅ n. (वन०) **बीजाणु-सूत्र**।

sterile स्टे'राइ(रि)ल् a. अजीवाणु, जीवाणुशून्य, निष्प्राण, निर्जीव (~ *air, milk*); नीरस, रूखा, बेमजा; निष्फल, अफल, मोघ, फलहीन; (कृषि०, चि०) **अनुर्वर**, अनुत्पादक, अनुपजाऊ, (जीव०, वन०, कृषि०) **वन्ध्य**, **वन्ध्या**, निस्सार, परिणामहीन, (कृषि०) **बाँझ**, ऊसर, बंजर (~ *land, period*); ~ culture (वन०) **विसंक्रमित संवर्धन**।

sterility स्टॅरि'लिटि n. (चि०) **विसंक्रमणता**^F^, (कृषि०) अफलता^F^, अनुत्पादकता^F^, वन्ध्यत्व, (चि०, कृषि०) **अनुर्वरता**^F^, (कृषि०) **वन्ध्यता**^F^, **निष्फलता**^F^, निस्सारता^F^, ऊसरपन, (कृषि०) **बाँझपन**; (जीव०) निर्जीवाणुकता^F^; one child ~ (चि०) काकवन्ध्यता^F^, एक बार गर्भ धारण होनेपर फिर गर्भ धारण न होना।

sterilizable स्टे'रिलाइज़ॅबॅल् a. अजीवाणुकरणीय, वन्ध्य या बाँझ करने योग्य।

sterilization –ज़े'शॅन् n. (चि०) **विसंक्रमण** (~ *room*), जीवाणुहनन, (पशुपालन, कृषि०) निर्बीजीकरण, जीवाणु-शून्यीकरण, निष्कीटन, (कृषि०) वन्ध्यकरण, (चि०) **अनुर्वरीकरण**, बाँझ बनानेका कार्य, (श० र० शा०) बाँझ करना।

sterilize –'रिलाइज़् v.t. (रसा०, यन्त्र०) **विसंक्रमित करना**, विनिवृत्त करना; (विशे०) **जीवाणुरहित करना**, जीवाणुशून्य करना; वन्ध्य या बाँझ करना।

sterilized –ड् a. निष्कीटित, हतजीवाणु, (पशु०) निर्जीवीकृत, (चि०) **विसंक्रामित**, (वन०) **निर्बीजित** (~ *syringe*); वन्ध्याकृत, बधिया।

sterilizer –ज़ॅर् n. (चि०) निर्जीवाणुकारी, जीवाणु-शून्यकारी, जीवाणुहा; वन्ध्यकर्त्ता, बाँझ बनानेवाला; (कृषि०) **जीवाणुनाशक यन्त्र**, (पशुपालन) निर्जीवीकरण यन्त्र, निर्जीवाणुक।

sterilizing –ज़िंग् n. विसंक्रमण (~ *room*); a. जीवाणुघ्न, वन्ध्याकारी (~ *agent*)।

sterlet स्टर'लिट् n. (प्राणिवि०) पचपालिका^F^ (मछली^F^)।

sterling स्टर'लिंग् १. a. विलायती मुद्रा^F^; (विदेशी सिक्कोंकी अपेक्षा^F^में) ब्रिटिश मुद्रा^F^, (अर्थ०) **पौण्ड**; T.; २. a. (परिवर्तित) सारभूत, उत्कृष्ट, विशुद्ध, प्रकृत, यथार्थ, वास्तविक, अकृत्रिम, आडम्बरहीन, सच्चा, खरा, (*is a ~ fellow*); (सिक्कों या बहुमूल्य धातुओं^F^के सम्बन्धमें) विशुद्ध, शुद्ध, असली, खरा, प्रामाणिक मूल्यका; ~ balance (अर्थ०) **पौण्ड पावना**।

stern[1] स्टर्न्' n. नितम्ब, पुच्छान्त भाग, पशुका पुट्ठा, चूतड़; पूँछ^F^; (नौवि०) **दबूसा**, **दुम्बाल**, **पीछल**, **पिच्छल**; (नौवि०) **किलिन** (~ *castle*); नाव^F^ या जहाजका पृष्ठभाग, पश्चाद्भाग, पीछेका हिस्सा, पिछाड़ी; ~ bearing (नौवि०) **पश्च धारक**; ~ chase अनुसरण, एक जहाजका दूसरे जहाजके बिल्कुल पीछे-पीछे जाना; ~-fast जहाजके पिछले भागको घाटसे बाँधनेका रस्सा या जंजीर; ~ foremost पीछेकी ओर घूमना या मुड़ना; ~-post जहाजके पश्चाद्भागका खम्भा या लट्ठा; (नौवि०) **कुदास**; ~ sheets जहाजके पश्चाद्भागमें यात्रियों और मल्लाहोंके बैठनेकी जगह^F^के बीचका स्थान; ~-way पीछेकी ओर संचालन या गति^F^, अथवा जहाजका वेग;

~ anchor, ~ castle, ~ fast, ~ frames, ~ light, ~ palm, ~ post, ~ sheet, ~ tube, ~ wheeler.

stern[2] a. निष्ठुर, दारुण; निर्दय, कर्कश, रूक्ष, शाक्त, परुष, अविनीत, अविनम्र, प्रतिकूल, असहानुभूतिशील, अनुशासनप्रिय, अनुशासनवादी, उग्र, कठोर, कड़ा, (~ *countenance*)।

sternal स्टर'नॅल् a. वक्षास्थि-सम्बन्धी, उरोस्थि-;

~ angle, ~ artery, ~ plate, ~ rib.
sterned स्टर्न्ड् ' a. पश्चाद्भागयुक्त (जहाज) ।
sternmost –र्न् ''मोस्ट् a. पश्चाद्वर्ती, सबसे पीछेका, बिल्कुल पीछे आनेवाला ।
sternness स्टर्न् ''निस् n. निष्ठुरताF, निर्दयताF, कठोरताF, परुषताF, कर्कशताF, असंवेदनाF, अविनीतताF, असहानुभूतिF, अनुशासनप्रियताF, कड़ापन, सख्तीF, कड़ाईF ।
stern(o)- उरः-, उरस्-, उरो-, वक्षः, वक्षस्- (*~algia, ~oclavicular, ~ofacial, ~othyroid*) ।
sternothyroideus ⊙ स्टॅर्नॅथिराएँ'डिअॅस् n. (चि०) **उरोवटुकाF** ।
sternohyoideus ⊙ स्टॅर्नॅहाइ'डिअॅस् n. (चि०) **उरःकण्ठिकीF** ।
sternum स्टर् 'नॅम् n. (pl. *-a*) (चि०) उरःफलक, वक्षास्थिF, (चि०, कृषि०, जीव०) **उरोस्थिF**, (*~ body, ~ manubrium*), (चि०) **स्टरनमF**, गर्दनFसे आमाशयतक पसलियोंवाली हड्डीF ।
sternutation स्टर्न्यूटे 'शॅन् n. छिक्काF, छींकF, छींकना ।
sternutative –'टॅटिव् a. छिक्काकारी, छींकF लानेवाली, मास, नस्य ।
sternutatory –टॅरि a. & n. नस्य, छिक्काप्रद (वस्तुF), छिक्काकारी (ओषधिF), छींकF लानेवाली (चीजF), सुँघनी ।
Sterope स्टेरोप् n. (गणि०) **दकादशक और द्वादशक वृष** ।
steror ⊙ स्टे''रॉर् n. (चि०) (श्वासकी) घर्घरध्वनिF ।
stertorous स्टर् 'टॅरॅस् a. घरघराहटFका शब्द करना, (श्वासFका या साँसF लेनेवालेका) घर्र-घर्रकी या खर्र-खर्रकी आवाजF करना ।
stertorousness –निॅस् n. नासाध्वनिF, घरघराहटF, खर्राटा ।
stet (L) तिष्ठतु, पूर्ववत् रहने दो ।
stethometer स्टिॅथॉ'मिॅटॅर् n. (चि०) उदरमापी, उरोमान, वक्षोमापी ।
stethoscope स्टे''थॅस्कोप् १. n. उरश्श्रव, वक्षपरीक्षायन्त्र, आकर्णनयन्त्र, हृद्वीक्षणयन्त्र, हृदय अथवा फेफड़ेकी गतिF सुननेका यन्त्र, (चि०) **स्टेथॉस्कोप**; २. v.t. वक्षपरीक्षा-यन्त्रसे परीक्षाF करना, स्टेथॉस्कोप लगाकर देखना ।
stethoscopic –कॉ'पिक् a. (चि०) उरःश्रवणयन्त्रसम्बन्धी, आकर्णनयन्त्र-सम्बन्धी ।
stethoscopist –थॉस्'कॅपिस्ट् n. (चि०) उरश्रवण्-परीक्षक, उरश्श्रवप्रयोगी, आकर्णनयन्त्र प्रयोग करनेवाला ।
stethoscopy –पि n. (चि०) उरश्रवण परीक्षण, उरश्श्रवप्रयोग, आकर्णनयन्त्र-प्रयोग ।
stetson स्टे'ट्'सॅन् n. आयतप्रान्त हैट, चौड़े किनारेका हैट ।
stevedore स्टी'वि'डोॲर् n. उदवभृत्य, (नौवि०) **नौभरक**, जहाजी कुली, जहाजपर माल लादने या उतारनेवाला व्यक्ति ।
stew[1] स्टीऊ' n. (प्रा०) वेश्यालय, वेश्यागृह, कोठा, अड्डा, रण्डीखाना, चकला, कस्बीखाना ।
stew[2] १. n. बन्द वर्तनमें थोड़े पानीमें देरतक उबालकर पकाया हुआ मांस या तरकारीF; उद्वेग, परेशानीF; २. v.t. & i. बन्द वर्तनमें थोड़े पानीमें देरतक उबालकर पकाना या पकना; (ला०) बन्द हवाF या उमसFसे विकल होना; ~-pan ढक्कनेदार कड़ाहीF; ~-pot उबलते पानीमें पकानेका वर्तन; *let* person, thing, ~ *in his* etc. *own juice* or *grease* भाग्यपर छोड़ देना, सहायताF करनेसे कतराना, उसीकी किस्मतFपर छोड़ देना; *the tea is ~ed* देरतक थोड़े पानीमें पकानेसे चायF कड़वी हो गयी है ।
stew[3] n. घोंघे पालनेकी कृत्रिम समुद्री खाईF; मत्स्यकुण्ड, जीवित मछलियोंFको पालनेका तालाब ।
steward स्टीऊ'ॲड् n. भाण्डागारिक, भण्डारी, पाकशालाFका बकावल; (संघ, क्लब, कालेज, जहाज आदिके भोजनादि या रसदFका) प्रबन्धकर्त्ता, कार्याधीश; जहाजपरके यात्रियोंका परिचारक, सेवक; (श्रम०) श्रमिक प्रतिनिधि; उपस्थायक, प्रबन्धकर्त्ता, किसी बड़े घराने या जागीरFकी सम्पत्तिFका प्रबन्धक, दीवान, कारिन्दा, कारभारी, गुमाश्ता; (प्रदर्शनीF, खेल, घुड़दौड़F आदिका) व्यवस्थापक; T. ।
stewardess –डिॅस् n. प्रबन्धकर्त्रीF, प्रबन्धक महिलाF, उपस्थायिकाF; भण्डारिनF, जहाजकी परिचारिकाF; दौड़F या मेले आदिकी प्रबन्धक महिलाF ।
stewardship –ड्''शिप् n. कार्याधीशत्व, उपस्थायकका पद, दीवानीF, प्रबन्धक या प्रबन्धाधिकारी या परिचारकका पद ।
stewartry स्टीऊ'ॲट्रि n. (स्कॉट०) = STEWARDSHIP.
stg. Sterling.
sthenia ⊙ स्थे''निॲ n. (चि०) बल, शक्तिF, सक्रियताF ।
sthenic स्थे''निक् a. प्रबल, स्फूर्त, क्रियाशील, फुर्तीला ।
S.T.I. Sales Tax Inspector.
stibium स्टि'बिॲम् n. सौवीर, यामुन, अंजन, सुरमा ।
sticcado स्टिका'डो n. इटलीका काष्ठवाद्य ।
stich स्टिक' n. चरण, छन्द-पंक्तिF, कविताFकी पंक्तिF ।
stichic –'किक् a. छन्द-पंक्ति-विषयक, कविताFकी पंक्तिF से सम्बन्धित, चरणात्मक ।
stichomyth, -thia –कॅमिथ, -थि'ॲ n. चम्पू, गद्यपद्यमय संवाद ।
stick* स्टिक्' १. n. यष्टिF, लगुडF, दण्ड, छड़, छड़ीF*, बेंत, लकड़ीF, लाठीF*, सोंटा, डण्डा (*cut a ~ from the hedge*); **पूर**; (संगी०) निर्देश-यष्टिF, संगीतनिर्देशक या बेण्डमास्टरकी छड़ीF, (नौवि०, हास्य०) मस्तूल या मस्तूलकी बल्लीF; (ला०) बुद्धिहीन या साहसहीन या सामाजिकताहीन व्यक्ति, भीरु, दब्बू, दम्भी व्यक्ति; सारंगीF बजानेकी कमानीF, ढोलका डण्डा; कम्पोजिंगFकी चोबF; मिश्रीFकी डण्डीF, लाखकी बत्तीF, साबुनकी गोल

डण्डी^F; वायुयानसे शीघ्र क्रममें फेंके हुए बमोंकी संख्या^F; चोभा, घोंप; कठिनाई^F, रुकावट^F, रोक^F; २. v.t. & i. (*stuck*) नोंकदार चीज^F भोंकना, घुसाना (*will pull out a knife and ~ you*); नुकीली चीज^F पर जमाना, लगाना, लगना, बैठाना; (बोल०) विशिष्ट स्थिति^F में रखना (*heads were stuck on spikes of gateway*); विद्ध करना, विंधना, बींधना, चुभना, चुभोना, भोंकना, घुसेड़ना, खोंसना, हूलना, छेदना (*~ the spurs in*); आगेको बढ़ाना, आगेको निकालना या निकलना, बाहरको निकालना; (*~ one's head out of window*); सीधा खड़ा करना या होना, सीधा करना, संलग्न करना या रहना, जमे रहना, साथ जुड़े रहना, लगना, लगाना, चपकना, चपकाना, चिपका रहना, लगा रहना, जोड़ना, जुड़ना, चिमटना, लिपटना, चस्पाँ होना या करना (*this envelope will not ~*); पौधेके सहारे या चढ़नेके लिए टेक^F लगाना, लकड़ी^F लगाना; अचल हो जाना, गति^F खोना, अटक जाना, रुक जाना, न चलना (रगड़न^F, जकड़न^F, हवा^F के दवाव कम होने या अन्य कठिनाई^F से); झिझकना, आगा-पीछा करना; कम्पोजिंग^F स्टिक या टाइप चोबमें टाइप जमाना; Mrs. S~-in-the-mud श्रीमती अमुक; ~-in-the-mud a. अप्रगतिशील, रूढ़िवादी, लकीर^F का फकीर, मन्द, धीमा, मट्ठर; ~ lac (कृषि०) कच्ची लाख^F; ~ing-place, ~ing-point (ला० भी) संलग्न बिन्दु (जहाँपर पेच फँस जाये); ~ing-plaster घावपर चिपक जानेवाला पलस्तर; ~ insect तृणकीट; ~ jaw (ग्रा०) दाँतोंमें चिपकनेवाली मक्खनकी एक मिठाई^F; ~-rest टिकाऊ छड़^F; *~ at nothing* किसी भी संकोचके कारण न रुकना, किसीकी परवाह^F न करना; *~ bills* दीवार^F पर विज्ञापन चिपकाना; *~ fast* खुभ जाना, दलदलमें धँसा होना; *~ in one's throat* बात^F का मुँहमें ही रह जाना; *~ in the mud* (ग्रा० एवं ला०) कीचड़में अटके रहना, रूढ़िवादी होना; *~ it on* (ग्रा०) अत्युक्तिपूर्ण वर्णन करना; बहुत अधिक मूल्य माँगना, ज्यादा दाम लेना; *~ it out* or *~ it* (ग्रा०) सहन करना, झेलना, बरदाश्त करना (*could not ~ it any longer*); *~ out for higher price, better terms*, etc. कम मूल्य स्वीकार न करना, ऊँचे दाम माँगना; *~ to it* प्रयत्न न छोड़ना, लगे रहना, डटे रहना, जम जाना; *~ to the point* विचलित न होना, इधर-उधर भटक न जाना; *~ up* ⊙ रोककर लूट लेना; *~ up a target* दण्डायमान करना, सीधा करना; समर्थन करना; *~ up bank, mail-coach*, etc. लूटनेके लिए अधिकारियों, यात्रियों आदिको आतंकित करना, धमकाना; *~ up for* पक्षपोषण करना, हिमायत करना; *~ up to* विरोध करना, सामना करना, किसीके सामने न झुकना, किसीसे न दवना;

~ commander, ~ light, ~ method, ~ pin, ~ seed, ~ sulphur, ~ tail, ~ thinning, ~ weed, ~ wort.

sticker –'कॅर् n. चुभानेवाला, भोंकनेवाला, चिपकानेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें), अतिथि, मेहमान, ठहरनेवाला व्यक्ति; धीरे-धीरे रन बनानेवाला और बहुत देर बाद आउट होनेवाला बल्लेबाज; (अमेरिकामें) चिपकनेवाला सूचकपत्र या लेबिल; अरगन बाजेमें आगे-पीछे बढ़नेवाले दो-लीवरों (भारवाहक दण्डों) के सिरोंके बीचमें गति^F बढ़ानेवाली लकड़ी^F की डण्डी^F; pig-~ लम्बे फलका नोकदार चाकू।

stickiness –किनिॅस् n. संलगिता^F, चिपचिपापन, लसलसाहट^F, लस^F, चेप^F; विरोधवृत्ति^F, अनम्रता^F, आलोचना^F या निन्दावृत्ति^F; कष्टप्रदता^F, अप्रियता^F।

stickit स्टि'किट् a. लग्न, लगा हुआ, चिपका हुआ; प्रयाणाक्षम, प्रस्थान करनेमें असमर्थ।

stickle स्टि'कॅल् १. n. द्रुत प्रवाह, बहाव; २. a. द्रुत, तेज; ढलवाँ; ३. v. i. & t. वाद-विवाद नियमित करना, प्रतियोगिता^F नियमबद्ध करना; नियमानुसार चलना; मध्यस्थता^F करना, बीचमें पड़ना, पाँव अड़ाना; वाद-विवाद करना, प्रतियोगिता^F करना, संघर्ष करना, झगड़ा करना, लड़ना; अति सावधान होना, छोटी-छोटी वस्तुओं^F का अधिक ध्यान रखना; शान्त करना, झगड़ा, निपटाना।

stickleback स्टि'कॅल्बैक् n. कण्टकपृष्ठ, एक प्रकारकी छोटी मछली^F।

stickler स्टि'कॅलॅर् n. सामान्य विषयपर विवाद करनेवाला, झगड़ालू, लड़ाका; ~ for दृढ़ पक्षपोषक, हठी, आग्रहपूर्वक समर्थन करनेवाला या पक्षपोषण करनेवाला या लगा रहनेवाला व्यक्ति, हुज्जती (*is a great, am no, ~ for authority, precision*, etc.)।

sticky* स्टि'कि a. संलागी, लसदार*, (कृषि०) चिपचिपा*, चिपकनेवाला, लसलसा, स्निग्ध, चिक्कण, चिकना; (*~ butter*); निन्दक, अनम्र आलोचक, आपत्ति^F उठानेवाला, कड़ा, हुज्जती (*he was very ~ about giving me leave*); (ग्रा०) कष्टप्रद, दुःखमय, दुःखद तथा पीड़ादायक (*he'll come to a ~ end*); ~-back संलागी चित्र या फोटो (जिसकी पीठ^F पर गोंद लगी हो); ~ point (कृषि०) असंलाग बिन्दु।

stiff* स्टिफ् १. n. दुष्प्रबोध, शठ, जड़, मूर्ख; शव, मृतदेह, मिट्टी, लाश; (ग्रा०) विक्रेयपत्र, विनिमयसाध्य या पक्की हुण्डी; २. a. दुर्दमनी, अदम्य, अनम्य, स्तब्ध, अशिथिल, दृढ़, कठोर, कड़ा*; आग्रही, हठी, सख्त, (नौवि०) अडोल, बेलोच, जिद्दी, चीमड़, पक्का, कड़ा, ढीठ (*~ problem, soil*); असुगम, दुर्गम, कठिन, कृत्रिम, निर्जीव, बाधित, रूक्ष, अकरुण, कान्तिहीन, रूखा, फीका; औपचारिक, अभिमानी, दम्भी, घमण्डी, चुप्पा, (*~manners, attitude*); अटकता हुआ, टकराता हुआ, रुकता हुआ, अड़नेवाला (*a~ hinge, piston*, etc.); (शरीरावयव, मांसपेशी आदि) कठिन परिश्रम या मेहनत^F के कारण दुखनेवाला, दर्द करनेवाला; (बोल०) मृतप्राय, अशक्तप्राय, अतिथकित, चूर-चूर

(*bore, scare, ~*); दुर्ज्ञेय, दुर्बोध, गहन, कठिन, दुष्कर, बुद्धि-सापेक्ष, भारी, मुश्किल (*~ examination*); संहत, सान्द्र, घन, गाढ़ा (गारा, लुगदी^F आदि): अधिक, (*~ price*); ~joint (चि०) सन्धि स्तम्भ, सन्धिग्रह; ~ neck (चि०) मन्यास्तम्भ, वातरोगके कारण अकड़ी हुई गर्दन^F; ~-necked (ला०) दुर्दमनीय, अदम्य, हठी, अक्खड़, जिद्दी; ~-neckedness (ला०) अदम्यता^F, ऐंठ^F, अकड़^F, ~ neck fever (चि०) मस्तिष्क सुषुम्नाज्वर, गर्दनतोड़ बुखार; *keep a ~ upper lip* (ला०) दृढ़ होना, चरित्रकी दृढ़ता^F प्रकट करना, साबितकदम रहना;
~ cell, ~ frame, ~ joint.

stiffen स्टि'फ़न् v.t. & i. दुर्गम बनाना, कठिन बनाना या होना, कठोर बनाना या होना, कड़ा करना या होना, ऐंठ जाना, अकड़ना; अक्खड़ या जिद्दी होना; गाढ़ा करना।

stiffener –नॅर् n. स्तम्भक, स्थिरकर, (रेल०) दृढ़क, कठोर या कड़ा बनानेवाला व्यक्ति या यन्त्र; (परि०) **पुश्तीबान**।

stiffening –निंग् n. स्तब्धकरण, स्तम्भन, कड़ा होना; कड़ा बनानेवाली वस्तु^F (*~ plate*)।

stiffish –फ़िश् a. कठिन-सा, कठोर-सा, कड़ा-सा; हठी-सा, जिद्दी-सा।

stiffness –फ़्'निॅस् n. अदम्यता^F, (यन्त्र०) **दुर्नम्यता**^F, स्तब्धता^F, दृढ़ता^F, कठोरता^F, **कड़ापन**; अक्खड़पन; काठिन्य, निर्जीवता^F, रूक्षता^F, रुखापन; दुर्गमता^F, दुष्कार्यता^F; गाढ़ापन; शक्ति-क्षय।

stifle[1] स्टाइ'फ़ॅल् v.t. = SMOTHER.

stifle[2] n. (*~-joint* भी) (कृषि०) घुट्टी^F, **घुट्ठा**, घोड़ेका घुटना, चूतड़ और जाँघ^Fके बीच घोड़ेकी पिछली टाँग^Fका जोड़; पुट्ठेका रोग।

stifled –ड् a. घुट्ठेके रोगका रोगी; श्वासावरुद्ध।

stifling स्टाइ'फ़्लिंग् a. स्नेहादिसे अभिभूत करनेवाला; श्वासरोधक, दम घोंटनेवाला, गला घोंटनेवाला, दबा देनेवाला।

stigma स्टिग्'मॅ n. (pl. *-s & -ta*) अपवाद, कलंक, कलंकका टीका, निन्दा, (शिक्षा०) **दूषण, लक्षण**, लांछन, धब्बा, बट्टा, बदनामी^F; (वन०, जीव०) **नेत्रबिन्दु, प्रकाश बिन्दु**; (प्रा०) (अपराधी, दास, गुलाम आदि परका) दहन-चिह्न, दगा हुआ चिह्न, धब्बा, दाग; (कृषि०, वन०) **वर्तिकाग्र, स्टिग्मा**; कुक्षि^F; रजपात्र, रजकोष, स्टिग्मा; (निदान०) त्वचा^Fका लाल धब्बा; त्वचा^Fपरका धब्बा जिसमें समय-समयपर रक्तस्राव हो जाता है; (ईसा०) ईसाई साधक असीसीके संत फ्रांसिसके तथा अन्यके शरीरपर ईसा मसीहकी शूली^Fके क्षतिचिह्नोंके अनुरूप चिह्न।

stigmatic, stigmatose –मै'टिक्, –'मॅटोस aa. कलंकी, कलंकपूर्ण, निन्दापूर्ण; (वन०) **वर्तिकाग्री**, (*~ head*); (भौ०) **बिन्दुक, बिन्दवीय**, लांछनयुक्त, कलंक-सम्बन्धी; दहनचिह्नयुक्त, दागदार; कुक्षि-सम्बन्धी (*~ area*)।

stigmatism –'मॅटिज़्म् n. (चि०) नीलाञ्छनता^F; चिह्नयुक्तता^F; (भौ०) **बिन्दुकता^F, बिन्दुबीयता^F**, दृष्टि स्वस्थता^F।

stigmatist –टिस्ट् n. ईसा मसीहके समय क्षत-चिह्न-युक्त व्यक्ति या ईसाई सन्त।

stigmatization –टाइज़े'शॅन् n. कलंकीकरण, दोषारोपण, अपमान, निरादर, निन्दा^F, निन्दाकर्म; (चि०) त्वचा^Fके नीलाञ्छनके दाग।

stigmatize –मॅटाइज़् v.t. कलंकित करना, शरीरपर सम्मोहनके द्वारा कलंक उत्पन्न करना, छाप^F बनाना, दाग लगाना; निन्दात्मक रूपसे वर्णन करना, अपमानसूचक शब्द प्रयोग करना, निन्दा^F करना, कलंकका टीका लगाना, बुरा-भला कहना, बदनाम करना (*shall not ~ him as he deserves*)।

stigmatose –टोस् a. = STIGMATIC.

stigmatosis –'सिस् n. शबल त्वग्दाह, चित्तीदार त्वचाशोथ।

stigmonose ⊙ –स्टिग्'मॅनोस् n. (वन०) **बिन्दुकार्ति, दाग**।

stikke स्टि'कि n. टेनिसका-सा एक खेल, स्टिकी।

stile[1] स्टाइल् n. सोपान-श्रेणी^F, सीढ़ी^F, पैड़ी^F, बाड़^F आदिको पार करनेके लिए बनी हुई सीढ़ियाँ^F अड़डण्डा, अड़ाड़^F (*help lame dog over ~*); (जीव०) **शूक**।

stile[2] n. दरवाजेकी चौखट^Fके जड़ावमें खड़ी छड़^F, **लर**^F।

stiletto स्टिले'टो १. n. (pl. *-s, -es*) (चि०) सूची-मुख-शलाका^F; छोटा छेद बनानेका नोकदार औजार; छोटा-सा खंजर या कटार^F; २. v.t. छुरा भोंकना, खंजर भोंकना।

still[1]* स्टिल' १. n. निःशब्दता^F, अपार नीरवता^F, निस्तब्धता^F, शान्ति^F, चुप, सन्नाटा, खामोशी^F (*in the ~ of night*); **अचल चित्र, स्थिर वस्तु-चित्र**, अगतिक चित्र, (चलचित्र नहीं), तस्वीर^F, फोटो; २. v. t. & i. प्रशमित करना, शमन करना, शान्त करना, निःशब्द या चुप करना, (क्व०) शान्त होना, तृप्त होना या करना, ठण्डा करना या होना, स्थिर करना, या होना, धीमा करना, ठहराना, ठहरना, (*when the tempest ~s*); चुआना, टपकाना, खींचना; ३. a. निस्तब्ध, मूक, मौन, नीरव, निःशब्द, गतिहीन, गति-शून्य, स्तिमित, प्रशान्त, **निश्चेष्ट**, स्थिर, शान्त, निश्चल, निष्कम्प, अचल, अटल, ठहरा हुआ, बँधा, थमा हुआ, चुप, चुपचाप*, खामोश (*a ~evening*); ४. adv. अद्यप्रभृति या आज पर्यन्त, अभी तक भी, अब तलक, आजतक; तदपि, तथापि, इसपर भी, तो भी, फिर भी, तिसपर भी, दूसरी ओर, बावजूद इसके; निरन्तर, सर्वदा, सदा, सतत रूपसे, बराबर, लगातार, हमेशा, आद्यतन; (प्रा०) तदुपरान्त, उसके बाद भी, उस समय तक, तब तक, तभी, तभी तक, तब या अब ~ birth (कृषि०, चि०) मृत-जन्म, **मृतप्रसव**, मृत शिशुका जन्म,

~-born (चि०) जातमृत, **मृतजात, मुर्दा-पैदा**, मृत अवस्थामें उत्पन्न: ~small voice अन्तर्ध्वनि^F, आन्तरिक पुकार^F, भीतरकी आवाज^F; ~-life चित्रों आदिमें निष्प्राण जीवन, जड़ पदार्थ;

~-admired, ~-fish (v.), ~hunt (n.) ~-hunt (v.), ~-life (a.), ~ meditation, ~photograph, ~ photography, ~ room.

still² १. n. बकयन्त्र, आसोत्र, (रसा०, चि०, प्रा० भू०) **आसवन-यन्त्र** (~ *head*), आसव खींचनेका **भभका**; २. v.t. (का०) स्रावित करना, खीचना, बूँद बूँद^F चुआना; भभकेसे आसव या अर्क उतारना, (मदिरा^F) खींचना; ~-room आसोत्र-गृह, आसव खींचनेका कमरा; बड़े घरमें गृहरक्षकका भण्डार।

stillage स्टि'लिज् n. सामानके लिए चौकी^F।

stillatitious स्टिलॅटि'शॅस् a. विन्दुस्रावी, विन्दुच्यावी, बूँद-बूँद^F टपकनेवाला, बूँद-बूँद^F रिसनेवाला।

stillatory –'लॅटॅरि n. =DISTILLER; LABORATORY.

stiller स्टि'लॅर् n. प्रशामक व्यक्ति, शान्तिकर्ता आदमी।

stilliform स्टि'लिफ़ॉर्म् a. विन्द्वाकार, बिन्दु-सदृश, बिन्दु-जैसा, बूँद-जैसा।

stilling, stillion स्टि'लिंग्, स्टि'ल्यॅन् nn. मटकेकी टेकन^F।

stillness स्टिल्'निॅस् n. निस्तब्धता^F, निःशब्दता^F, नीरवता^F, शान्ति^F, शान्तता^F, निश्चेष्टता^F, निश्चलता^F, निष्कम्पता^F, मन्दापन, धीमापन, सन्नाटा, चुप^F, खामोशी^F।

stilly स्टिल्'लि a. (का०) स्तब्ध, निश्चल, अचल; निःशब्द, नीरव, शान्त, मौन, चुपचाप, खामोश।

stilt स्टिल्ट् १. n. पादयष्टि^F, पाददण्ड, घोड़ा, पावाँसा, वैसाखी^F, डगर^F; (~-*bird* या ~-*plover* या ~-*walker* भी) टिटिभ, टिटिहरी^F, लमटंगा पक्षी; २. v.t. ऊँचा करना, उठाना; ~palm जटा-ताल; ~root (वन०) **जटामूल**, T.; *on~s* (शा० एवं ला०) स्फीत, उठा हुआ; उच्चध्वनिविशिष्ट, शब्दाडम्बरपूर्ण।

stilted -'टिड् a. पाददण्डयुक्त; पैरदार (~ *arch*); ऊँचा उठा हुआ; स्फीत, उच्चध्वनिपूर्ण, शब्दाडम्बरपूर्ण, लच्छेदार, (साहित्यक शैली^F आदि); सीधे खड़े खम्भोंवाला (महराव)।

stiltedness –निॅस् n. स्फीतता^F, स्फीति^F, उभार, उठाव; शब्दाम्बरपूर्णता^F, असारता^F।

Stilton स्टल्'टॅन् n. Huntingdonshire के ~ नामक स्थानके नामपर बना बढ़िया क़िस्मका पनीर।

stimie स्टाइ'मि n. =STYMIE.

stimulant स्टि'म्यूलॅन्ट् १. n. प्ररोचन, उत्तेजक पदार्थ या तत्त्व या उत्तेजक खाद्य या पेय; उत्तेजक ओषधि^F; २. a. (चि०, श०, र० शा०) **उद्दीपक**, (कृषि०) **उत्तेजक**, उत्तेजनकारी, चेतनोत्तेजक, चेतनावर्धक (~ *medicine*); भड़कानेवाला, जोश दिलानेवाला।

stimulate –लेट् v. t. स्फूर्ति^F देना, अनुप्राणित करना, **उत्तेजित करना**, उत्साह देना, प्रोत्साहित करना, प्राण फूँकना, चेतना^F प्रदान करना, उद्दीप्त करना, उद्दीपन करना, उत्तेजक पदार्थका प्रयोग करना, उकसाना, उभाड़ना, बढ़ावा देना।

stimulating, stimulative –टिंग्, –'म्युलॅटिव् aa. स्फूर्तिप्रद, उत्तेजनाकारी, उद्दीपक, उत्तेजक, प्रोत्साहक, चेतनावर्द्धक, उकसानेवाला, भड़कानेवाला।

stimulation –ले'शॅन् n. उद्दीपना^F, (चि०) **उद्दीपन**, प्ररोचना^F, उत्तेजन, (~ *fatigue*), उत्तेजना^F, प्रेरणा^F, प्रोत्साहन, संजीवनीशक्तिसंचार, उकसावा, भड़काव, उभाड़।

stimulative 'म्यूलॅटिव् a. =दे० STIMULATING.

stimulator –लेटॅर् n. उद्दीपक, उत्तेजक, उत्तेजनकर्त्ता, उकसाने या उभाड़नेवाला।

stimulatory –लॅटॅरि a. =STIMULATING.

srimulus लॅस् n. (pl. -*s*) स्फूर्तिप्रद, उत्तेजक, कार्यप्रेरक, चेतनावर्द्धक वस्तु^F (*so lethargic that no ~ affects him*); उत्तेजना^F, प्रोत्साहन, (जीव०) **उद्दीपन**, (चि०) उद्दीपन, **उद्दीप्ति^F**, उत्तेजक प्रभाव, प्ररोचना^F, उकसाहट^F, भड़काव, उभाड़ (*under the ~ of hunger*); अंकुश, ताड़ना^F; (वन०) दंश, चोभा, कोंचा, काँटा; उद्दीपक, उत्तेजक, प्रवर्त्तक, स्नायुओं^F में गति^F उत्पन्न कर देनेवाली वस्तु^F; (ईसा०) पादरीकी छड़ी^F या डण्डेकी नोक^F; ~ of milking पसान;

~ attitude, ~ factor, ~ word.

stimy स्टाइ'मि n. & v. t. =STYMIE.

sting स्टिन्ग' १. n. (कृषि०, जीव०) **दंश, डंक**; साँप आदिका विषदन्त; पौधोंका शूल या काँटा; दंशन, डंक मारनेका घाव या डंककी पीड़ा^F, डंक मारनेका प्रभाव या गुण; (ला०) मर्म, वेदना^F, क्लेश, शरीर या मनकी उग्र पीड़ा^F; स्फूर्ति^F, शक्ति^F; तीव्रता^F, तेजी^F (*a jest with a ~ in it*), २. v.t. & i. (*stung*) दंशन करना, डंक मारना, काटना, डंकसे घाव करना (*a bee stung him, his finger*); मनोभावोंको आहत करना, उग्र मानसिक या शारीरिक पीड़ा^F उत्पन्न करना, पीड़ित करना, काटना, चुभोना, जलाना, खटकना (*pepper ~s* one's *tongue*); (किसीके शरीर-अवयवका) उग्र पीड़ा^F का अनुभव करना, दुखना, दर्द होना (*my hand ~s*); डंक होना, डंक मारने योग्य होना (*some bees do not ~*); (ग्रा०) व्यय करनेको बाध्य होना, चपत^F पड़ना, खर्च मत्थे पड़ना, खर्च पड़ना, छला जाना, ठगा जाना, फँस जाना (*he was stung for a fiver*); करना ⊙; ~-nettle बिच्छू पौधा।

stinger –'गॅर् n. डंक मारनेवाला, उग्र पीड़ा^F उत्पन्न करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पीड़ाप्रद प्रहार, जोरका हाथ।

stinginess –'जिनिॅस् n. (दर्श०) **कृपणता^F**, कार्पण्य, कंजूसी^F, सूमपन।

stinging –स्टिन्'गिंग् १. n. दंशन, डंक मारना; २. a. दंशी, डंक मारनेवाला (~ *fly*); कटु, कडुआ, तीत; ~ apparatus (जीव०) **दंश उपकरण**।

stingless –ग्'लिस् a. दंशविहीन, बेडंक, बिना डंकका; विषदन्तहीन; उग्रपीडारहित; अतीव्र, मन्द ।

stingo स्टिन्'गो n. (प्रा०) तेज बीयर या शराब^F^ ।

stingy स्टिन्'जि a. कदर्य, क्षुद्र, कृपण, बद्धमुष्टि, कंजूस, सूम, मक्खीचूस, खसीस ।

stink स्टिङ्क्' १. n. पूतिगन्ध^F^, पूति^F^, तीव्रगन्ध^F^, दुर्गन्ध^F^, कुवास^F^, बदबू^F^; (pl. ग्रा०) रसायन, प्राकृतिक विज्ञान; २. v.t. & i. (p. *stank*, *stunk*, p.p. *stunk*) तीव्र गन्ध^F^ छोड़ना, वास^F^ आना, दुर्गन्ध^F^ छोड़ना, बदबू^F^ करना, उबासना, उबसना, गन्धाना; (ग्रा०) दुर्गन्ध^F^ पाना, बदबू^F^ लेना (*can* ~ *it a mile off*); ~-ball, ~-bomb विषाक्त गैसोंवाला बम, बदबूदार गोला; ~pot दुर्गन्धपात्र, बदबू^F^का डब्बा, (जिसमें कोई बदबूदार चीज^F^ रखी हो); (~-*ball* भी) कुत्सित जीव, सड़ियल आदमी, किसी व्यक्ति या वस्तु^F^के लिए गाली^F^; ~-trap बदबूरोक, मोहरी^F^की बदबू^F^ रोकनेवाला ढक्कन; ~ *of money* (ग्रा०) सम्पन्नता^F^के लिए कुख्यात होना, धनकी दुर्गन्ध^F^ आना, दौलत^F^की बू^F^ आना; ~ one *out* किसीको दुर्गन्धसे भगा देना;
~ bird, ~ bug, ~ damp, ~ horn, ~ stone, ~ weed, ~ wood.

stinkard स्टिन्'कॅर्ड् n. असभ्य व्यक्ति, अशिष्ट व्यक्ति, गँवार आदमी, गन्दा आदमी, बदतमीज आदमी ।

stinker स्टिन्'कॅर् n. दुर्गन्धपात्र; दुर्गन्धी, दुर्गन्ध^F^ फैलानेवाला व्यक्ति या वस्तु^F^; एक बदबूदार बड़ा समुद्री पक्षी; (ग्रा०) उत्तेजक, अपमानजनक, तीखा या कड़ा उत्तर, खिजानेवाला पत्र (*I wrote him a* ~) ।

stinking –किंग् a. गर्हणीय, घृण्य, आपत्तिजनक, अप्रिय, निन्द्य, खिजाने या खटकनेवाला, नापसन्द; (विशे० पशुओं या पौधोंके नामके रूपमें प्रयुक्त) पूतिगन्धी, दुर्गन्धपूर्ण, बदबूदार (~ *weed*); ~ smut or bunt **कलगेहूँ, बन्टा** ।

stint स्टिन्ट्' १. n. परिमिति^F^, नियमन, परिसीमन, प्रयत्न और मात्रा^F^का सीमाबन्धन, सप्लाई^F^ या कोशिश^F^-की कमी^F^; किसी वस्तु^F^का नियत या निरूपित परिमाण, मर्यादा^F^, निश्चित कार्य, कार्यकी सीमा^F^, हद^F^; कोयलेकी खान^F^की खुली हुई सतह^F^का क्षेत्र; SANDPIPER जातिका लाल पीठवाला रेगिस्तानी पक्षी; २. v.t. खर्व करना, सीमाबद्ध कर देना; (प्रा०) अवरुद्ध करना, उठा देना, बन्द करना, ठप्प करना, रोक देना; कम भत्तेपर रखना, कमी^F^में रखना, भूखा रखना (~one*self* or person or animal *in* food etc.); कम मात्रा^F^में देना, मुँह बनाकर देना, खीजकर देना, थोड़ा-थोड़ा देना, कंजूसी^F^के साथ (रसद^F^) देना (~ *food*); *laboured without* ~ दिल खोलकर परिश्रम किया ।

stinted –'टिड् a. परिमित, सीमित, प्रतिबन्धित, मर्यादित, नियमित, अवरुद्ध ।

stion टिॲन् n. (कृषि०) **भेंट**^F^ ।

stipe, stipes स्टाइप्', स्टाइ'पीज् n. (वन०, जन्तुवि०) वृन्तक, उद्वृन्त, (वन०) **छत्रवृन्त**, डण्ठल, डण्डी^F^ ।

stipel स्टाइ'पॅल् n. (वन०) **अनुपत्रक**, अनुपर्णक; अनुपत्र ।

stipellate –लॅट् a. (वन०) अनुपर्णकयुक्त; अनुपत्रिल ।

stipend स्टाइ'पॅन्ड् n. **वृत्तिका**^F^, वृत्ति^F^, छात्रवृत्ति^F^, शिष्यवृत्ति^F^, भृति^F^, वेतन, पारिश्रमिक, निर्धारित भत्ता, **वजीफा**, तनखाह^F^ ।

stipendiary स्टाइ(स्टि)पॅन्'डिॲरि n. & a. **वृत्तिक, वृत्तिकाग्राही**, वृत्तिभोगी, वृत्तिग्राही; वैतनिक, वेतनभोगी, **वज़ीफ़ेदार**, वजीफा पानेवाला (~ *nurse*, *student*); ~ magistrate **वैतनिक दण्डनायक, वैतनिक दण्डाधिकारी**, (गृहसचिव द्वारा नियुक्त बड़े नगरोंका) वृत्तिभोगी पुलिस मजिस्ट्रेट ।

stipiform, stipitiform स्टाइ'पिफ़ॉर्म्, स्टि'पिटिफ़ॉर्म् aa. वृन्तक, छत्रवृन्त, उद्वृन्त-सदृश, डण्डी-जैसा ।

stipitate स्टि'पिटॅट् a. वृन्तक, पुष्पवृन्तयुक्त, (वन०) **छत्रवृन्ती**, छत्रवृन्तीय, उद्वृन्त-सम्बन्धी, डण्डीदार, डण्डी^F^का ।

stipple स्टि'पॅल् १. n. उत्कीर्णन, चित्रण, रँगना, पेण्टिंग^F^; बिन्दूत्कीर्णन; उत्कीर्ण वस्तु^F^, चित्रित पदार्थ; चित्रित करने या रँगनेकी कूँची^F^; २. v.t. & i. बिन्दूत्किरण करना, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी^F^ करना; (किसी वस्तु^F^, पट्टी^F^को) बिन्दुच्छादन करना, बिन्दुओंसे अंकित करना, बिन्दियाँ^F^ बनाना (~ *engraver*) ।

stippled –ड् a. बिन्दूत्कीर्ण, बिन्दी-बिन्दीवाला ।

stippler –लॅर् n. बिन्दुकार, बिन्दीकार, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी^F^ करनेवाला ।

stippling –लिंग् n. (चि०) विवर्णन, **विवर्णता**^F^, बिन्दु-अंकन-कला^F^, (इति०) **बिन्दुचित्रण**, बिन्दूत्कीर्णन, नुक्ताकारी^F^, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी^F^ (~ *tool*), **गुदना** ।

stipula स्टि'प्यूलॅ n. (वन०) = STIPULE.

stipulaceous –ले'शॅस् a. उपपर्णयुक्त, अनुपत्रयुक्त ।

stipular, stipulary, stipulate[1] –'प्यूलॅर्, –रि, –लॅट् aa. उपपर्ण-सम्बन्धी, (वन०) **अनुपत्रित**, अनुपत्रीय, पर्णमूल-सम्बन्धी, डण्ठलदार, डण्डीदार (~ *flower*, *thorn*) ।

stipulate[2] स्टि'प्यूलेट् v.t. & i. (~ *for*) अनुबद्ध करना, (का०) **अनुबन्ध करना**, समझौता करना या सौदा करना, बन्धेज करना; समझौतेकी आवश्यक शर्त^F^पर बल देना; प्रतिज्ञा^F^ करना, शर्त^F^ लगाना, बदना, तय करना, ठहराना ।

stipulated –टिड् a. **अनुबद्ध**, अभिसंविदित, प्रतिज्ञात, निर्दिष्ट, नियत, संकेतित, निरूपित, तय (~ *period*, ~ *service*) ।

stipulation[1] –ले'शॅन् n. प्रतिज्ञा^F^, **अनुबन्ध**, अभिसंविदा^F^, ठहराव, संकेत, शर्त^F^, करार ।

stipulation[2] n. अनुपत्र-क्रम, डण्ठलकी बनावट^F^ ।

stipulative –'प्यूलॅटिव् a. -निरूपित; ~ definition (दर्श०) **स्वनिर्दिष्ट परिभाषा**^F^ ।

stipulator स्टि'प्यूलेटॅर् n. अनुबन्धक, प्रतिज्ञा^F^ करनेवाला, शर्त^F^ करनेवाला, करार करनेवाला ।

stipule स्टि'प्यूल् n. (वन०) **अनुपत्र,** पत्रमूल, पर्णमूल, डण्ठल, डण्डी^F^ ।

stipuliform –'लिफ़ॉर्म् a. अनुपत्राकार, अनुपत्रवत् ।

stir[1] स्टर' १. n. संक्षोभ, विक्षोभ, क्षोभ, उत्तेजना^F^, घबराहट^F^; विप्लव, उपद्रव, आन्दोलन, हलचल^F^, गड़बड़ी^F^, चहल-पहल^F^, दौड़धूप^F^, सनसनी^F^, हड़बड़ी^F^, खलबली^F^, हुल्लड़, उधेड़बुन^F^, हंगामा (*full of ~ and movement*); हलकी-सी मोड़^F^; (रसा०) **विलोडन,** आलोड़न, विचालन, मन्थन, गति^F^, हरकत^F^ (*give the fire a ~*); २. v.t. & i. आलोड़ित करना, विचालित करना, चालित करना, गतिशील करना या होना, गति^F^ देना, चलाना, हिलाना, चलना, हिलना, सरकना, डोलना, हरकत देना (*sit without ~ring a foot, leg, etc.*); प्रोत्साहित करना, अनुप्राणित करना, आन्दोलित करना, प्राण फूँकना, जागृत करना, प्रेरित करना, उठाना; (रसा०) **क्षोभन करना,** उकसाना, भड़काना, जान^F^ फूँकना (*~ up strife*); ~ one's *blood* उत्साहित करना, झकझोरना, उठाना, जोश दिलाना, भड़काना, उभारना; ~ one's *wrath, bile, etc.* क्रुद्ध करना, क्रोध भड़काना, उकसा देना या गुस्सा पैदा करना; ~ *up* उत्तेजित करना, हिला देना, चलाना, फेंटना, एकमेल करना; ~ *your stumps* (बोल०) शीघ्रता^F^ करना, जल्दी करना, जल्दी-जल्दी चलना ।

stir[2] n. (ग्रा०) बन्दीगृह, कारागार, कैदखाना, जेल^F^ ।

stirk स्टर्क' n. (बोल०) वर्षभरका बछड़ा या बछेड़ा ।

stirless स्टर'लिस् a. निश्चल, स्थिर, गतिहीन, अचंचल ।

stirps स्टर्प्स' n. (कानून) जनक, पुरखा; (प्राणिवि०) उपकुल ।

stirrer स्ट'रर् n. चालक, विचालक, (रसा०, भौ०) **विलोडक,** चलानेवाला, हिलाने-डुलानेवाला; उत्तेजक, प्रोत्साहक, उकसाने या भड़कानेवाला ।

stirring –रिंग् १. n. विचालन, (रसा०) **विलोडन** (*~ rod*); २. a. प्रक्षोभी, स्फूर्त, स्फूर्तिमय, फुर्तीला; उद्दीपक, स्फूर्तिदायक, उकसानेवाला;
~ apparatus, ~ device, ~ machine, ~ rod.

stirrup स्टि'रप् n. पादधारणी^F^, पदाधान, **रकाब**^F^; (नौवि०) पालको खोलने-लपेटनेमें काम आनेवाली छेद-युक्त रस्सी^F^; (स्था०, यन्त्र०) **छल्ला;** ~ *bone* (चि०) वलयक, पदाधानास्थि^F^; ~-cup सवारको दिया गया प्याला; ~-iron बिना चमड़ेकी रकाब^F^; ~-leather रकाब लगानेका चमड़ा, रकाबका तस्मा ।

stitch* स्टिच्' १. n. तीव्र (पार्श्व) शूल, सूचीवेधनसम तीव्र पीड़ा^F^, (बगल^F^का) जोरका दर्द; सीवन, तोपा, तुरपा, टाँका*, बखिया^F^ (*if one ~ gives the rest will*); टाँका लगाने या सिलाई^F^ आदिका ढंग (*am learning a new ~*); २. v.t. & i. सीवाकरण करना, प्रसीवन करना, सिलाई^F^ करना, सीना, टाँका लगाना, तुरपना, बखिया^F^ करना; *a ~ in time saves nine* वक्तका एक टाँका बेवक्तके सौ टाँकोंसे बढ़कर है; *drop a ~* (कसीदाकारीमें) एक टाँका छोड़ देना; *has not a dry ~ on him* सिरसे पैरतक भीगा हुआ है; ~ *up* फिरसे सी देना, फटे कपड़ेकी मरम्मत करना ।

stitcher –'चर् n. सीवक, प्रसीवक, सिलाई^F^ करनेवाला, टाँका लगानेवाला, सीवायन्त्र ।

stitchery –रि n. सीवन, प्रसीवन, सिलाई^F^का काम, सुई^F^का काम ।

stitching n. सीवन, प्रसीवन, सिलाई^F^, टाँका लगाना (*~ machine*) ।

stithy स्टि'दि n. (प्रा० एवं का०) लुहारखाना, लुहारकी भट्ठी^F^ या दुकान^F^; निहाई^F^, अहरन ।

stiver स्टाइ'वर् n. छोटेसे छोटा सिक्का, मुद्रा^F^-विशेष ।

Stn. Station.

S.T.O. Sales Tax Officer; Sub-Treasury Officer.

stoat[1] स्टोट्' n. बभ्रुद्युति^F^, नेवलेकी जाति^F^का जन्तु ।

stoat[2] v.t. (फटे कपड़े या उसकी कोरको) गफ करके सीना (ताकि उसके टाँके दिखाई न दें) ।

stochastic स्टकैस्'टिक् a. (सांख्य०) **यादृच्छिक** (*~ progress*), T. ।

stock स्टॉक्' १. n. वाणिज्य-वस्तु^F^, (वाणि०, अर्थ०) **स्टॉक,** (व्यापार या व्यवसाय आदिकी) सामग्री^F^, **सामान, माल,** (अर्थ०, वाणि०) **शेष माल;** (मिलों^F^, फैक्टरियों^F^का) कच्चा माल; संचय, संग्रह, कोष, स्कन्ध, (अर्थ०) भण्डार; मूल, मूलधन; (जीव०) वंशमूल, वंश-स्रोत, कुलोद्गम, गोत्र, **वंश,** कुल, कुटुम्ब, परिवार, नस्ल^F^; (कृषि०) **पशुधन,** ढोर-डगर (*~ breeding*); हत्था, दस्ता, मूठ^F^, मुठिया^F^ (किसी औजार या मशीन^F^की); (कृषि०) **मूलवृन्त, स्कन्ध,** कुन्दा, (कृषि०) **धड़,** तना, प्रकाण्ड, **काण्ड,** डण्डी^F^, वृक्षका ठूँठ; सुगन्धित फूलोंवाला पौधा; (pl. इति०) काठ, लकड़ी^F^की टिकठी^F^ या शिकंजा (जिसमें अपराधियोंको पाँव फँसाकर बैठाये रखा जाता था); चमड़ेकी चौड़ी कड़ी पट्टी^F^; (pl.) स्थाणु, थूनी^F^; बल्ली^F^, बनते समय जहाजको ऊपर उठाये रखनेवाले शहतीर; भट्ठी^F^में पकायी हुई बहुत ही बढ़िया ईंट^F^, बड़े आवाँमें पकायी हुई ईंट^F^ (*malm ~*); (वित्त) राष्ट्रऋण, सरकारी ऋण या उधार (*has money, £ 50,000, in the ~s*); निधि^F^, अंशपूँजी^F^, संचित राशि^F^, कम्पनी^F^ या कारपोरेशनका मूलधन; (गुण०) संचित, तैयार पड़ा हुआ, जमा (*~ argument, poke*); (pl.) (कृषि०) **अरगड़ा;** (परि०) **पीठिका^F^, जागबान;** २. v.t. & i. (बन्दूक^F^ आदिमें) कुन्दा लगाना, दस्ता लगाना; (इति०) काठमें पाँव फँसा देना; (दुकान^F^में) सम्भरण करना, सामान भरना; संचय करना, संचित करना, जमा करना, बटोरना, जोड़ना, आवश्यक सामग्री^F^ जुटाना (*a well-~ed larder, library, etc.*) (पशुशाला^F^में) पशु तथा सामान आदि देना, भण्डार या गोदाममें सामग्री^F^ रखना (*we do not ~ the out*

sizes); घास[F] उगाना, भूमि[F]में फसल[F] पैदा करना, चारेसे भर देना या छा देना; closing ~ (वाणि०) इतिशेष-माल, रहतिया; opening ~ (वाणि०) अथ शेष-माल; fat ~ खाद्य मांसके लिए बध करने योग्य पशु; ~-breeder (कृषि०) पशुधन प्रजनक, पशुपालक, अवि-पाल, मवेशी पालनेवाला; ~broker स्कन्धमध्यग, कम्पनी[F]के हिस्सोंका दलाल, शेयरदलाल, स्टॉकदलाल; ~broking स्कन्ध-क्रयविक्रय, स्टॉकदलाली[F]; ~character रूढ़पात्र; ~ company स्कन्ध-मण्डली[F], थियेटर आदि चलानेके लिए अर्द्धस्थायी प्रमण्डल या कम्पनी[F]; ~dove तरुकपोतक, यूरोपीय जंगली कबूतर; ~ exchange, ~-market ⊙ (विधा०) श्रेष्ठि-चत्वर, स्कन्धविपणि[F], कम्पनी[F]के हिस्सों (शेयरों) के क्रय-विक्रयका स्थान, (वाणि०) शेयर बाजार, ऋणपत्रकी सट्टेबाजी[F]का स्थान, सर्राफा, स्टॉक एक्सचेंज; (अर्थ०) फाटका; ~-farmer पशुपालक, मवेशी पालनेवाला; ~fish सूखी काड जाति[F]की मछली[F]; ~-holder स्कन्धभागी, स्कन्धधारी, हिस्सेदार, शेयर-होल्डर; माल रखनेवाला, (अर्थ०) स्टाकधारी, स्टाकधारक; ~-in-trade किसी व्यवसायकी आवश्यक सामग्री[F], माल, सामान; (वाणि०, अर्थ०) बिक्री[F]का माल, माल पोटे; पण्यस्कन्ध; (ला०) धन, पूँजी[F] (*the politician's ~-in-trade of a dozen catchwords*); ~ jobber स्टॉकका सट्टा खेलनेवाला, सर्राफ; स्कन्ध-वणिक, कम्पनी[F]के हिस्सों (शेयरों) का क्रय-विक्रय करनेवाला व्यक्ति, स्टॉकदलाल; ~jobbing कम्पनी[F]के पत्रोंका क्रय-विक्रय, स्टॉकका सट्टा; स्टॉकदलाली[F]; ~list स्कन्धसूची[F], सर्राफेके भावोंकी फिहरिस्त[F], स्टॉकमूल्यसूची[F]; ~man स्कन्धक; (आस्ट्रेलिया) पशुपाल, पशुधनपाल, पशुशाला[F]का कर्मचारी, मवेशियोंकी देखभाल[F] करनेवाला; ~-market स्कन्ध-विपणि[F], सर्राफा[F] या सर्राफेका बाजार, स्टॉक एक्सचेंज; ~-pot हड्डियों[F]का शोरवा रखनेका बर्तन; ~rider (आस्ट्रेलिया) मेड़ों[F]के खुले बाड़ेका चरवाहा; ~-still निश्चल, स्थिर, शान्त, मूर्तिवत्, अटल; ~s and stones निर्जीव वस्तुएँ[F], बेजान चीजें[F]; आलसी व्यक्ति; ~ subway (परि०) पशु-गलियारा; ~-taking स्कन्धमूल्यन, सामग्री-अन्वीक्षण, माल-पड़ताल[F], माल जाँचना, स्टाक लेना, मालकी सामयिक परीक्षा[F] या पड़ताल[F] या हिसाब; ~yard पशुओंका बाड़ा; *buy, hold,* ~ हिस्सेका मालिक होना, स्टॉककी पूँजी[F]पर ब्याज लेनेका अधिकार होना, स्टॉक खरीदना; *comes of a good* ~ उत्तम परिवारमें उत्पन्न हुआ है, अच्छे खानदानका है; *have in* ~ तैयार रखना, भण्डारमें भरना; *is on the S~ Exchange* लन्दनके स्टॉक एक्सचेंजका सदस्य; *on the ~s* (जहाज) निर्माणाधीन, निर्माण-स्थिति[F]में, बनता हुआ; ~ *up* कुन्दे लगाना; *take* ~ स्कन्ध या स्टॉककी जाँच[F] करना; *take ~ in* (ला०) किसी कार्य या वस्तु[F]से अपना सम्बन्ध जोड़ना; *take ~ of* (ला०) किसी वस्तु[F]के चरित्र या गुण आदिका अनुमान करनेके लिए जाँचना, परखना; विश्वास करना, इत्मीनान करना ⊙;

~ account, ~ article, ~ ballance, ~ ~ bill, board, ~ book, ~ breeding, ~ brush, ~ certificate, ~ character, ~ control, ~ depot, ~-feeder, ~ figure, ~ head, ~ house, ~ inspection, ~-keeper, ~ ledger, ~ limit, ~ list, ~-map, ~-mapping details, ~ mixture, ~ mortgage, ~ note, ~-owner, ~ piles, ~-piling, ~ position, ~ proof, ~ rail, ~ rates, ~ receipt, ~ register, ~ return, ~ room, ~ section, ~ seed, ~ shot, ~ situation, solution, ~ ~ supervisor, ~ taking, ~ valuation, ~ verification, ~ verifier, ~ warrant.

stockade स्टॅकेड् १. n. बाड़ा, आड़[F], लकड़कोट, मोर्चा, सीधी खड़ी लकड़ियों[F]का बना हुआ घेरा; २. v.t. लकड़ियाँ[F] गाड़कर आड़[F] बनाना, घेरा बनाना, मोर्चा खड़ा करना।

stocked ⊙ स्टॉक्ड् a. सम्भृत, संचित।

stockholm tar स्टॉक्‌होम् टार् n. एक गोंददार तारकोल, (परि०) स्टाकहोम तारकोल।

stockiness स्टॉकिनिस् n. हृष्टपुष्टता[F], गठीलापन।

stockinet, -nette स्टॉकिनेट्, -नेट् n. बनियान[F] आदिके लिए प्रयुक्त लचीला कपड़ा; छोटा कुन्दा, स्टाकीनेट।

stocking[1] स्टॉकिंग् n. पादत्र, पादावरण, लम्बा मोजा, बड़ी जुर्राब[F] (~ *frame, machine*); elastic ~ मोजेकी भाँतिका शल्यचिकित्सकका यन्त्र; white ~ घोड़ेकी टाँग[F]का निचला सफेद भाग; ~-feet जूते उतारकर ली गयी ऊँचाई[F] फुटोंमें।

stocking[2] n. संचयन, (जीव०) संग्रहण, (वाणि०) माल इकट्ठा करना।

stockinger स्टॉकिंगर् n. मोजे बुननेवाला।

stockingless –ग्‌लिस् a. बिना मोजेके।

stockish स्टॉकिश् a. मूढ़, मूर्ख, अशिष्ट, असभ्य, गँवार, उजड्ड, बुद्धू, बदतमीज।

stockishness –निस् n. मूढ़ता[F], मूर्खता[F], गँवारपन।

stockist स्टॉकिस्ट् n. स्कन्धभागी, स्कन्धधारी, भांडारी, माल भरनेवाला, स्टॉकिस्ट।

stockless –क्‌लिस् a. स्कन्धहीन, स्कन्धरहित, बिना ठूँठका, बेकुन्दा, बिना मुठिया[F] या दस्तेका।

stocky, stuggy –कि, स्टगि aa. (बोल०) हृष्टपुष्ट, स्थूल, नाटा और सुगठित शरीरवाला; (वन० तथा जन्तु-वि०), गठीला (~ *plant*)।

stodge स्टाज् १. n. (स्कूली ग्रा०) गरिष्ठ भोजन; भोज, भरपेट भोजन, दावत[F]; भुक्खड़, पेटू, खानेवाला; २. v.t. & i. भकोसना, भुक्खड़की भाँति खाना।

stodginess स्टॉजिनिस् n. अपच्यता[F] गरिष्ठता[F]; परिपूर्णता[F], भरपूरपन; नीरसता[F], तथ्यपूर्णता[F]।

stodgy –जि a. अपाच्य, गरिष्ठ (भोजन); परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ, फूला हुआ (थैला, बटुआ आदि); तथ्य-पूर्ण, नीरस, अत्यधिक तथ्यों या सूचनाओं^F से भरपूर (पुस्तक^F, शैली^F आदि)।

stoep स्टूप्' n. बरामदा, ओसारा, बरण्डा।

stogy ⊙, **-gie** स्टो'गि, -गि n. एक प्रकारका भारी जूता या बूट; लम्बा खराब ढंगका सिगरेट।

stoic[1] स्टो'इक् n. निर्लिप्त, निःसंग, निस्पृह, जितेन्द्रिय, उदासीन, विषयविरागी, समबुद्धि, स्थितप्रज्ञ, आत्मसंयमी, उदासी, साधक या तपस्वी (~ *philosopher*, *doctrines*); ३०८ ई० पू० एथेंसमें जीनो (Zeno) द्वारा संस्थापित सम्प्रदायका दार्शनिक।

stoic[2], **stoical** –कॅल् a. जितेन्द्रिय, निःसंग, निस्पृह, विषयविरागी, समबुद्धि, उदासीन, उदासी; स्टोइक-सम्बन्धी।

stoichiology स्टाइंकिऑ'लॅजि a. (चि०) ऊतिकोशा-विज्ञान, शरीरतन्तुशास्त्र, देहतत्त्वविज्ञान।

stoichiometry –मि'ट्रि n. (रसा०) **तत्त्वयागमिति**^F, देहतत्त्वमिति^F, शरीरतन्तुमापन।

stoicism स्टो'इसिज़्म् n. तितिक्षावाद, उदासीनतावाद, निस्पृहता^F, वैराग्य, इन्द्रियजय, आत्मसंयम, समत्व, संन्यासवृत्ति^F, सम-बुद्धि^F, स्थितप्रज्ञा^F, उदासीनता^F; स्टोइकवाद।

stoke स्टोक्' v.t. & i. (इंजिनकी) भट्ठी^F में कोयला डालना, कोयला झोंकना; (भट्ठी^F को) ईंधन द्वारा उद्दीपित करना, प्रज्वलित करना, प्रचण्ड करना, भड़काना, ईंधन या कोयला आदि झोंककर जलाये रखना; (ला०; बोल०) भकोसना, भखना, जल्दी-जल्दी निगलना; ~hole, ~hold अंगारकक्ष, (नौवि०) **भट्ठीघर**, भट्ठी^F का कमरा (जिसमें स्टीमरकी आग जलती रहती है)।

stoker स्टो'कॅर् n. आंगारिक, **आगवाला**, इन्धनदाता, भट्ठी^F में कोयला झोंकनेवाला, T.।

stoking –किंग् n. (नौवि०, यन्त्र०) **कोयला झोंकना**।

stole[1] स्टोल्' n. उत्तरीय वस्त्र विशेष, ईसाई धार्मिकोंकी पोशाक^F, गर्दन^F के पिछले भागसे कन्धेपर और नीचे घुटनों तक लटकती हुई रेशम^F या किसी दूसरे कपड़ेकी पट्टी^F; (रोम०, पुरा०) प्राचीन रोमन महिला^F का ऊपर ओढ़नेका चोगा, लबादा।

stole[2] STEAL का भूतकालिक रूप।

stole[3] n. = STOLON.

stolen STEAL का भू० कृ०।

stolid स्टॉ'लिड् a. निर्बोध, दुराग्रही, हठी, निष्ठुर, कठोर, निरावेग, नीरस, निर्जीव, स्फूर्तिहीन, उत्साहहीन, अरसिक, अभावुक, हृदयहीन, निष्क्रिय, अचेत, जड़, आलसी, सुस्त, ठस, जिद्दी, भोंदू, अल्हड़।

stolidity स्टॅलि'डिटि n. निर्बोधता^F, निष्ठुरता^F, कठोरता^F, हठीपन, नीरसता^F, निर्जीवता^F, अरसिकता^F, हृदयहीनता^F, निष्क्रियता^F, मट्ठरपन, भोंदूपन, अल्हड़पन।

stolidness स्टॉ'लिड्-निॅस n. = STOLIDITY.

stolon, stole स्टो'लॉन्, स्टोल्' n. भूमि^F के नीचे उगनेवाली सेवार^F की पत्तियोंसहित बेल^F, विरोह, (वन०, कृषि०) **विरोहक**, पेड़की बड़ी झुकी हुई शाखा^F; (जन्तुवि०) जड़^F की भाँति फैली हुई वस्तु^F, T.।

stolonate, stoloniferous –लॅनेॅट्, –नि'फ़ॅरॅस् aa. विरोहयुक्त, विरोहसम्बन्धी, शाखावाला।

stoma स्टो'मॅ n. पर्णमुख; श्वास-रन्ध्र, (वन०, कृषि०) **रन्ध्र**, वदन, मुख, मुँह, T.।

stomach* स्ट'मॅक् १. n. पाकस्थली^F, (जीव०, चि०) **जठर***, (जीव०, चि०, श०र०शा०, कृषि०) **आमाशय**, मेदा*; (शिथिलतः) उदर, पेट; (कुछ पशुओंमें) अनेक आमाशयोंमेंसे एक; क्षुधा^F, भूख^F; प्रवृत्ति^F, उत्साह, तत्परता^F, रुचि^F, चाह^F, शौक, हिम्मत^F, दम (*had no ~ for the fight*); दर्प, औद्धत्य; २. v.t. खानेमें स्वादिष्ट लगना, अच्छा लगना, स्वादसे खाना, गले उतारना; (ला०) (अपमान आदिका) सहन करना, बरदाश्त करना (*can not ~ it*); coat of the ~ आमाशयका आमयुक्त अन्तरावरक, मेदेकी भीतरी झिल्ली^F; high ~ दर्प, औद्धत्य, घमण्ड, गरूर; pit of the ~ आमाशय खात; proud ~ दर्प, अभिमान, घमण्ड, अकड़; ~-ache उदरशूल, पेटका दर्द; ~-pump आमाशयको खाली करनेका पम्प, स्टमक पम्प; *what a ~ he has got!* उसकी कितनी बड़ी तोंद^F है;

~ bed, ~ cancer, ~ digestion, ~-formed, ~-poison, ~ preparation, ~-shaped, ~-sick, ~ tooth, ~ ulcer, ~-weary, ~-worn.

stomachal –कॅल् a. आमाशय-सम्बन्धी, मेदेका।

stomacher स्ट'मॅचॅर् n. स्तनावरण, १५वीं से १७वीं सदी^F में स्त्रियों^F की चोली^F, अँगिया^F।

stomachful स्ट'मॅक्-फुल् n. पेटभर।

stomachic –मै'किक् १. n. पाचक या क्षुधावर्द्धक ओषधि^F; २. a. जाठर, आमाशय-सम्बन्धी; क्षुधावर्द्धक, अग्निवर्द्धक, पाचनशक्तिवर्द्धक, पाचक, भूख^F बढ़ानेवाला।

stomachless –मॅक्लि'स् a. आमाशयहीन; क्षुधाहीन, बिना भूखके; स्वादहीन; स्फूर्तिहीन, उत्साहहीन।

stomata स्टॅमे'टॅ n. (कृषि०, वन०) **रन्ध्र**, T.।

stomatal –टॅल् a. (वन०) **रन्ध्री**;

~ apparatus, ~ frequency, ~ index, ~ movement, ~ slit, ~ transpiration.

stomatitis स्टॉमॅटाइ'टिस n. (कृषि०, चि०) मुख-शोथ, मुखार्ति^F।

stomato- मुख- (~*gastric*)।

stomatology स्टॉमॅटॉ'लॅजि n. (चि०) मुखरोग विज्ञान, मुखविज्ञान।

stomium ⊙ स्टोमिॲम् n. (वन०) **स्फुटन मुख**; मुख, वदन, मुँह, T.।

stone* स्टोन्' १. n. अश्म, शिला^F, (वन०) **प्रस्तर**, **पाषाण**, कंकड़, **पत्थर***, बटइया^F, गिट्टी^F, ढेला, पत्थरका टुकड़ा (*built of great ~s*); (प्रायः *precious ~*) रत्न, बहुमूल्य पत्थर, मणि, जवाहर आदि (*no ~ in it worth less than £ 100*); भवन-निर्माण आदिकी

सामग्री^F के रूपमें प्रयुक्त शिला^F या पत्थर, संग (*built of* ~); (निदान०) कड़ेपनमें पत्थरके समान मूत्राशयादिमें पननेवाली कोई वस्तु^F, अश्मरी^F, पथरी^F; (वन०) गुठली^F, बड़ीला, फलोंकी (वन०) गुठली^F, अंगूरका बीज; अण्डकोष; करका, उपल, बनौरी^F, ओला, ओलेकी पथरी^F (*hailstorm with ~s as big as marbles*); चौदह पौण्डका भार, मछली^F की ८ पौण्डकी, पनीरको १६ पौण्डकी तौल^F, स्टोन (~ *of meat* etc.) २. **v.t.** पत्थर जड़ना या बैठाना, पत्थर जमाना; पथरियाना, पत्थर मार-मारकर मार डालना(~ *to death*);(फलकी) गुठलियाँ^F निकालना; ३. **a.** प्रस्तरनिर्मित, पत्थरका बना; ~ **age** पाषाण युग, पाषाण-काल; ~ **apple** बिल्व; **artificial** ~ सीमेण्टी पत्थर, कंकरीट; ~ **bow** (इति०) गुलेल^F; ~-**blind** सम्पूर्ण अन्ध, निपट अन्धा, बिल्कुल अन्धा; ~-**cast** पत्थर फेंके जानेकी दूरी^F; ~-**cold** प्रस्तरवत् शीतल, बिल्कुल ठण्डा; ~**crop** शैलरुहा^F, चट्टान^F या दीवाल^F पर उगनेवाला पौधा, पत्थरबेल; ~-**dead** पूर्णतः मृत, बिलकुल मुर्दा, बिलकुल ठण्डा; ~-**deaf** नितान्त बधिर, बिलकुल बहरा; ~-**fly** अश्मपतंग, प्रस्तरकीट, पत्थरोंके नीचे पाया जानेवाला एक कीड़ा; ~-**fruit** अष्ठिफल, (कृषि०) गुठली^F वाले फल, गुठलीदार फल (बेर आदि); ~-**horse** (प्रा०) बीजाश्व, साँड घोड़ा (अर्थात् जो बधिया न किया जाय); ~**man** समाधि^F के आकारमें पत्थरोंका ढेर; ~-**mason** राजमिस्त्री, प्रस्तर-गृह-निर्माता, पत्थरोंके भवन बनानेवाला; ~-**oil** मट्टी^F का तेल; ~-**pine** अष्ठिसरल, दक्षिणी अफ्रीकाका देवदार-विशेष; ~**wall v.t. & i.** पार्लियामेण्ट^F की कार्यवाहियों^F में बाधा^F डालना, रुकावट^F डालना; क्रिकेटमें रुकावटी बल्लेबाजी^F करना (जिसमें हिट^F जरा भी न लगानी पड़े); ~**ware** प्रस्तरपात्र, पत्थरचीनी^F के बर्तन; ~ **weed** पुरुसन्धि^F; ~**wort** मूलाइम, पत्थरचट्टा पौधा; *break ~s* सड़क^F कूटनेका काम करना, पत्थर तोड़कर पेट भरना अर्थात् बहुत ही निर्धन हो जाना; *cast, throw, ~s* or *a ~ at* (शा०) ढेले बरसाना, पत्थर मारना; (ला०) दोषारोपण करना, अपराध लगाना, चरित्रपर लांछन लगाना, इल्जाम लगाना; *give a ~ and a beating to*(मूल० घुड़दौड़^F का ग्रा०) आसानी^F-से मार ले जाना, पछाड़ देना, आगे बढ़ जाना या निकल जाना; *give a ~ for bread* सहायता^F के बहाने हँसी^F उड़ाना, भिक्षा^F में पत्थर देना; *harden into ~* पथराना, पत्थर बनाना या बनना; पाषाणहृदय बनाना या बनना; *leave no ~ unturned* प्रत्येक सम्भव साधनकी परीक्षा^F कर लेना, कोई कोशिश^F उठा न रखना, अपने सब उपाय कर देखना; *mark with a white ~* आमोद-प्रमोदका दिन स्थिर करना या समझना; *those who live in glasshouses should not throw ~s* सूप बोले तो बोले छलनी क्या बोले जिसमें हजार छेद;

~-**arched**, ~ **axe**, ~ **bird**, ~ **black**, ~ **boat**, ~ **bramble**, ~-**breaking**, ~-**bruise**, ~**canal**, ~ **cell**, ~ **celt**, ~ **chat**, ~ **circle**, ~ **collar**, ~-**covered**, ~-**cutter**, ~ **drain**, ~ **drill**, ~-**eyed**, ~-**falcon**, ~ **fish**, ~ **flag**, ~ **flagging**, ~ **gall**, ~ **garland**, ~ **ginger beer bottle**, ~ **green**, ~ **grey**, ~ **grinding**, ~ **grinding mill**, ~ **head**, ~-**hearted**, ~ **idol**, ~-**implements**, ~ **inscription**, ~-**liver**, ~-**marten**, ~ **masonary**, ~ **metal**, ~ **money**, ~ **nets**, ~-**pitching**, ~-**plover**, ~ **polygons**, ~ **pumice**, ~ **quarry**, ~ **rings**, ~ **river**, ~-**roller**, ~ **root**, ~ **shot**, ~**ware**, ~**ware acid funnel**, ~**ware acid jug**, ~**ware bottle**, ~**ware funnel**, ~**ware jar**, ~-**ware pipe**, ~ **waste**, ~**work**, ~ **yard**.

stoned –ड्‌ **a.** प्रस्तरयुक्त, पत्थरका; गुठलीदार।

stoneless –न्‌ 'लिस्‌ **a.** प्रस्तरहीन, बिना पत्थरका; बिना गुठली^F का।

stoner –नॅर्‌ **n.** प्रस्तर-क्षेप्ता, पत्थर फेंकनेवाला।

stoniness –निनिस्‌ **n.** प्रस्तरपूर्णता^F, पथरीलापन; प्रस्तरबहुलता^F, प्रस्तरमयता^F, पाषाणाच्छन्नता^F, पथरीलापन; निर्दयता^F, स्थिरता^F, कठोरता^F, कड़ापन।

stony –नि १. **n.** प्रस्तरावृत, प्रस्तरमय, प्रस्तराकीर्ण, प्रस्तरबहुल, उपलसंकुल, प्रस्तर या पाषाण निर्मित, पाषाणयुक्त, (प्रा० भू०) आश्मिक (~ *meteorite*), पाषाणाच्छन्न, पत्थरोंभरा, पत्थरका, पथरीला, पत्थरोंसे ढँका हुआ; स्थिर, अचल, अडिग, प्रस्तरवत्, कड़ा, पथराया हुआ, पत्थरकी भाँति; निष्ठुर, कठोर, निर्दय, हठी; कट्टर; (वन०) अष्ठिल, गुठलीदार; २. **adv.** पूर्णरूपेण, पूरी तरह, बिल्कुल; ~-**hearted a.** निष्ठुर, निर्मम, वज्रहृदय, कठोर हृदय; ~ **layer** (वन०) वज्र परत^F।

stooge स्टूज्‌' १. **n.** विमानशिक्षार्थी, उड़ना सीखनेवाला व्यक्ति; प्रतिनिधि; उपहास्य वस्तु^F या व्यक्ति, हँसी^F का पात्र ⊙; २. **v.t.** इधर-उधर या चारों ओर घूमना।

stook[1] स्टुक्‌ **n.** गट्ठर, बोझ।

stook[2] **v.t.** गट्ठर बाँधना, बोझ बाँधना।

stool स्टूल्‌' १. **n.** काष्ठासन, पीठ, तिपाई^F, नीची बेंच^F, चौकी^F, पीढ़ा, मोंढ़ा, मचिया^F, टेक^F, स्टूल, (स्था०) खिड़की^F के नीचेकी चौखट^F; (चि०) मलजीवाणु (~ *culture*); खुड्डी^F, मलत्याग करनेका स्थान; उच्चार, विष्ठा, (चि०) पुरीष, मल, पाखाना, टट्टी^F, (*go to* ~); (कृषि०) मूलपादप, मूढ़, पौधेकी जड़^F या ठूँठ (जिससे कल्ले फूटते हैं); मड्डा, लकड़ी^F का टुकड़ा (जिसपर एक चिड़िया^F इसलिए टाँग देते हैं ताकि दूसरी चिड़ियाँ^F आकर फँस जायँ); २. **v.t.** (प्रा०) मलत्याग करना, टट्टी^F जाना, पाखाना करना या होना; जड़^F से ही टहनियाँ^F या कल्ले निकालना; ~ **ball** क्रिकेटकी तरहका एक पुराना खेल; ~ **examination** (चि०) मल-परीक्षा^F; ~ **of repentance** पश्चात्तापका स्थान;

fall between two ~s साँप-छछूँदर^F की गति^F होना, दुविधा^F में पड़ना।

stooling –लिंग् n. (कृषि०) **प्ररोह निकलना**।

stoop¹ स्टूप्' १. n. नति^F, नमन, झुकाव, कन्धोंको या शरीरको झुकाकर चलनेका स्वभाव; (प्रा०) बाजका झपट्टा, झपट^F, झपेट^F; २. v.t. & i. अपना सिर और कन्धे झुकाकर चलना; अवनत होना, नमन करना, मस्तक झुकाना, झुकना, सिर नवाना; (ला०) अपनेको नीचा या क्षुद्र बनाना, किसी कामके लिए गौरवको छोड़ना, अपनी मर्यादा^F से नीचेका काम करना, किसी ओछे कामपर उतर आना; (पीपेको) आगेकी ओर झुका देना या टेढ़ा करना; (बाज आदिका, परि०; प्रा०, का०) झपटना, झपट्टा मारना, टूट पड़ना, गिरना; front ~⊙ अगली सीढ़ियाँ^F, ~ *to conquer* अपनेको हीन बनाकर दूसरेपर विजय^F प्राप्त करना, दबकर या झुककर काम निकाल लेना।

Stoop² n. (यत्र०) (घरके सामनेका खुला) **चबूतरा, घड़ा**।

stoop³ n. जलपात्र, गंगाझारी^F, लोटा।

stooping स्टू'पिंग् १. n. नति^F, नमन, अवनमन, झुकाव; २. a. नत, प्रवण, नतांग झुकनेवाला।

stoor¹ स्टुअॅर्' n. आक्रमण, युद्ध, लड़ाई^F; जनसम्मर्द, भीड़-भड़क्का^F, कोलाहल, खलभल^F, हलचल^F; धूलि^F, धूल^F।

stoor² v.t. & i. उत्तेजित करना, उत्साहित करना; पात्रान्तरित करना, उँडेलना; बादल बनना, बादल बनकर उड़ जाना।

stoor³ a. (प्रा०) = STOUR².

stop- रोध-, रोधन- (*~cock, ~-collar, ~-cylinder, ~-drill, ~-gap, ~-order, ~ plate, ~-press, ~-valve, ~-volley, ~-watch*)।

stop¹ स्टॉप् n. रोधन, अवरोधन, स्तम्भ, विष्टम्भ, रोध, प्रतिबन्ध, नियन्त्रण, **निरोध, विराम**, बन्धन, बाधा^F, स्थिति^F, ठहराव, **रोक**^F, अटकाव, रुकावट^F; अड़ाव, बन्दिश^F (*put a ~ to*); (परि०) **स्थाम**; विराम-चिह्न; विच्छेद, निवृत्ति^F, विश्रान्ति^F; यति; (संगी०) वाद्ययन्त्रमें तारको दबानेके कारण स्वरारोहमें परिवर्तन, (अरगन बाजेमें) पिधान, संछद, एक ही प्रकारके नलोंके परदे (जो कि बाजेकी छोटी खूँटी^F से चलाये जाते हैं); (ला०) (विशेष प्रभाव डालनेके लिए प्रयुक्त) एक विशेष प्रकारकी भाषण-पद्धति^F, बोलनेका खास ढंग, वाग्भंगिमा^F, लहजा (*can put on* or *pull out the pathetic, blustering, virtuous*, etc. *~ at will*); खूँटा, खूँटी^F, आड़^F; (प्रकाश०, फोटो०) व्यवधि^F डायफ्राम; (ध्वनि०) स्पर्श; (नौवि०) मस्तूलके निचले सिरेका आगे निकला हुआ भाग; बाँधनेके काम आनेवाली रस्सी^F या डोरी^F; full ~ पूर्ण विराम; ~cock शिखिपिधा^F, वृत्त रोधनी^F; (रसा०, यन्त्र०) **रोधनी**^F, **रोक टोंटी**^F; पानीकी टोंटी^F, ~ consonant स्पर्श (वर्ण); ~gap स्थानापन्न, अस्थायी प्रबन्ध, सामयिक उपाय; ~gap relief **काम-चलाऊ सहायक; कामचलाऊ सहायता**; ~ over **मध्य विश्राम**; ~-press (छपाई^F आरम्भ हो जानेके पश्चात पत्रमें सम्मिलित किये गये) देरके समाचार, छपते-छपते; ~-watch विराम घड़ी^F (जिसे स्वेच्छापूर्वक बन्द कर सकते और चला सकते हैं); ~-watch work समयपरक कार्य; (अर्थ०) **कालनिष्ठ कार्य, घड़ी^F की सुइयों^F पर होनेवाला काम**;

~ advice, ~block, ~board, ~ booking, ~ butt, ~ clock, ~-collar, ~ cylinder, ~ hound, ~ indicator, ~-key, ~-knob, ~ light, ~-loss, ~-order, ~ point, ~ ring, ~ screw, ~ signal, ~-valve, ~-volley, ~ work.

stop²* v.t. & i. प्रतिरोध करना, (गति^F आदि) अवरुद्ध करना, पूरी तरहसे गति^F या प्रगति^F या क्रिया^F को अटकाना, बाधा^F देना, मना करना, रोकना* (*~ progress* etc.); स्थगित करना, हटा देना, काट देना, उड़ा देना, बन्द करना, मना करना, मनाही^F करना (*shall ~ your wages*); रुद्ध करना, मार्ग अवरुद्ध करना, अभेद्य बनाना, बन्द करना, भर देना, मना करना, डाट लगाना, रास्ता रोकना; श्वासावरोध करना, दम घोंटना, गला घोंटना; घावका स्राव रोकना, खून बन्द करना; बेलाके तारको उँगली^F से दबाकर इच्छित सुर निकालना, बेला बजाना; विरमण करना, समाप्त होना, अन्त होना, बन्द होना, ठहरना*, रुकना*, थमना, खत्म करना (*he ~ped in the middle of a sentence; my watch has ~ped*); गतिरोध उत्पन्न करना, चलनेसे रोकना, (अपने कामको) रोक देना, छोड़ देना, बन्द करना; रुद्ध होना, अड़ जाना, अटकना, (बोल०) प्रवास करना, अस्थायी रूपमें ठहरना, रहना, टिकना, होना (*shall ~ in bed, at home*); (व्या०) विराम-चिह्न लगाना (*a badly spelt ~ped letter*); (नौवि०) (बड़े रस्सोंको) कसकर बाँधना, जकड़ना; ~ *a gap* अस्थायी रूपसे काम आना या काम चलाना; ~ *a tooth* दाँतमें (सोने आदिकी) भराई^F करना; ~ *a wound* घावमें रेशम आदि भरकर रक्त बहना बन्द करना, ~ *by* ⊙ = LOOK (IN); ~ *dead* or *short* एकाएक रुक जाना, एकदमसे रुक जाना; ~ one's *ears* कानोंमें उँगलियाँ^F दे लेना, कान बन्द करना; अनसुनी करना, एक न सुनना; ~ one's *mouth* (ला०) मुँह बन्द करना, घूस^F आदि देकर चुप कर देना, जबान बन्द करना; ~ *one* (ग्रा०) मारा जाना, गोली^F से उड़ाया जाना; ~ one's *breath* साँस^F रोक देना, गला घोंटना, दम घोंटकर मार डालना; ~ *payment* ऋण आदि मुगतान करनेमें अपनी असमर्थता^F की घोषणा^F करना, दिवाला निकाल देना; ~ *payment of a cheque* बैंकवालोंको किसी चेकके बदलेमें रुपया न देनेका आदेश देना; ~ *the way* रुकावट^F डालना, प्रगति^F में बाधक होना; ~ *thief* ! चोरको रोको ! ~ *up* शयन न करना, बिस्तरपर न जाना, जागते रहना।

stope स्टोप्' n. निखनन, खात, खड्डा।

stopless स्टॉप्'लिस् a. अवरोधरहित, प्रतिबन्धमुक्त, विरामशून्य; विरामचिह्नरहित; स्वरारोह-परिवर्तनसे मुक्त; बिना खूँटीके; स्पर्शरहित।

stoppage –'पिज् n. स्तम्भ, विरति^F, विराम, रोध, अवरोध, समाप्ति^F, बन्द, रोक^F, अटक^F, (रेल०) **रुकना,** रोकने या बन्द करनेका कार्य; निषेध, अस्वीकृति^F; प्रतिबन्ध, बाधा^F; रुद्ध अवस्था^F, रुकाव, ठहराव, थमाव।

stopped –प्ड्' a. परिस्तब्ध, रुद्ध, बन्द (~*chamfer*) रुका हुआ।

stopper –'पॅर् १. n. रोधक, अवरोधक, बाधा^F डालनेवाला, रोकनेवाला, बन्द करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पिधा, पिधान; रोध, (रसा०, यन्त्र०) (बोतलकी) **डाट^F**, ढाट^F, ठेपी^F; (नौवि०) रस्सा, आँकड़ा, दुहरा पंजा आदि जकड़नेका सामान; २. v.t. डाट^F लगाना; जहाजको रस्से या बन्दसे जकड़ना; *put a ~ on* किसी वस्तु^F पर रोक^F लगा देना।

stopping –पिंग् n. **निरोधी;** निरोध; रोधन, स्तम्भन, रोक^F; (सोना, पारा; सीमेण्ट^F आदिकी) दाँतमें **भराई^F**, (यन्त्र०) **भराई^F**;

~ distance, ~ potential, ~ power.

stopple स्टॉ'पॅल् १. n. बोतल या किसी दूसरे बर्तनकी डाट^F या ठेपी^F; २. v.t. डाट^F लगाना।

storable स्टोॲ'रॅबॅल् a. संचेय, संग्रहणीय, संरक्षणीय, संचित करने या जमा करने योग्य, भण्डारमें भरनेका।

storage –रिज् n. **भण्डार,** संग्रह-स्थान, संचय-स्थान, **गोदाम;** (वन०, इंजी०, चि०) **संग्रह,** संग्रहण, अर्जन, **संचय,** संचयन, सामग्री-संचय, संग्रह करनेकी रीति^F, माल भरनेका तरीका; संग्रहागार-भाटक, मालभराई^Fका कर या महसूल, **गोदाम-प्रभार, गोदाम-भाड़ा;** cold ~ शीत-संग्रहण, हिमीकारक (रिफ्रिजरेटर) में खाद्यान्नोंका संग्रह, ~ capacity संचायन-क्षमता^F, (रेल०) **संचायन-धारिता^F**, संग्रह-धारिता^F;

sumpitan -टॅन् n. सम्पिटन (वाद्ययन्त्र-विशेष), मुरली^F।

sumpter सम्प्'टॅर् n. (प्रा०) लद्दू घोड़ा या उसका हाँकनेवाला, परतल टट्टू।

sumptuary सम्प्'च्यूॲरि a. व्ययसीमक, व्ययरोधी; व्ययनियामक, व्ययविषयक, व्यय-सम्बन्धी, खर्चका; ~ allowance (का०) भोजाधिदेय, **आतिथ्य-भत्ता, सत्कार-भत्ता**; ~ law (का०) **व्यय-नियंत्रक विधि**^F।

sumptuosity -ऑ'सिटि n. = SUMPTUOUSNESS.

sumptuous -'च्यूॲस् a. महार्घ, बहुव्ययसाध्य, व्ययसाध्य, बहुमूल्य, विशिष्ट, विलासपूर्ण, शानदार, बहुत बढ़िया, कीमती, उम्दा, ठाठदार।

sumptuousness -निस् n. महार्घता^F, बहुव्ययसाध्यता^F, अतिव्यय, विशिष्टता^F, ठाटबाट, तड़कभड़क^F।

sun* सन्' १. n. सविता, मार्तण्ड, दिवाकर, दिनकर, भास्कर, भानु, आदित्य, रवि, (ज्यौ०, ऋतु०) **सूर्य***, **सूरज***; सूर्यालोक, आतप, सूर्य-प्रकाश, धूप^F, घाम, सूरजकी रोशनी^F और गरमी^F, उपग्रहोंके सहित स्थित नक्षत्र; (का०) दिवस, दिन; (~ *burner* भी) छत^Fमें लटकानेका फ़ानूस (जिसके भीतर गैस^F या बिजली^Fकी बत्तियाँ^F इकट्ठी जलती रहती हैं); प्रभावान् पदार्थ, अत्यन्त विख्यात वस्तु^F; २. v.t. & i. धूप^F देना, धूप^Fमें रखना, घाम दिखाना, धूप^Fमें सुखाना; धूप^F खाना, घाम लेना; mock ~ उपसूर्य, सूर्यसमीपस्थ प्रभामण्डल; Order of the Rising S~ जापानी व्यवस्था^F; ~-and-planet चक्कर गीयर, मशीन^Fका जुड़वाँ गीयर (जिसमें एक छोटी दाँतेदार चरखी^F अपने धुरेपर घूमती जाती है और एक बड़े पहियेको छूती हुई इसके आस-पास चक्कर काटती है और उसे गति^F देती है); ~-bath सूर्यस्नान, नग्न होकर धूप खानेकी क्रिया^F; ~beam सूर्यरश्मि^F, **सूर्यकिरण-पुंज**, (ज्यौ०) **सूर्यकिरणावली**^F, सूर्यकिरण^F; ~-bird शींजिरिका, सूर्यपक्षी, मधुमक्षी लाल रंगका छोटा पक्षी; ~-blind सूर्यान्ध; आतपच्छद, खिड़की^Fका बाहरी पर्दा; ~-bonnet छत्रटोप (धूप^Fसे बचावके लिए किनारेदार टोपी^F; ~burn सूर्यदाह; (वन०) **धूप-झुलस**^F; धूप^Fके कारण मुँह काला पड़ जाना, साँवला पड़ना; ~burnt या ~burned आतपदग्ध, सूर्यदग्ध, सूर्यातप्त, धूप^Fसे झुलसा हुआ या काला पड़ा हुआ; ~dew कीटाश, एक प्रकारका छोटा-सा दलदलमें उगनेवाला पौधा; ~-dial (ज्यौ०) सूर्यघड़ी^F, **धूपघड़ी**^F; ~-dog (ऋतु०) **सूर्याभास**; ~down सूर्यास्त; ~downer आस्ट्रेलियाका माल लादनेवाला जहाज (जो सन्ध्यासमय बन्दरगाहपर पहुँचा करता है); (बोल०) सूर्यास्तके समयका मदिरापान; ~-dried आतपशुष्क, आतपपक, धूप^Fमें सुखाया हुआ; ~fish सूर्यमीन^F, सूर्यमत्स्य, सूरज मछली^F, गोलाकार बड़ी मछली^F; ~flower (वन०) **सूर्यमुखी, सूरजमुखी** फूल या अन्य कोई इसी प्रकारका फूल; ~-god सूर्यदेवता, ~lit सूर्यसे प्रकाशित; ~rise **सूर्योदय**; ~set दिनान्त, **सूर्यास्त**; सूर्यास्तके समयका रंग-बिरंगा आकाश; (ला०) जीवन-सन्ध्या^F, जिन्दगी^Fकी शाम^F, ~shade छाता, छोटी छतरी^F, छप्पर, (यन्त्र०) (दुकान^Fकी खिड़कीके ऊपरका) **सायबान; झाँप**^F; (धूप^F) **झाँप**^F; ~shine **आतप, धूप**, सूर्यालोक, सूर्यका प्रकाश, रोशनी^F; सूर्यके प्रकाशसे आपूर्ण धरातल; अच्छा मौसम; (ला०) सौभाग्य, प्रसन्नता^F, खुशदिली^F, ~shiny a. सूर्यप्रकाशयुक्त, सुहावना; प्रसन्न, खुशदिल; प्रसन्नताप्रसारक; ~-spot सूर्यलांछन, (ज्यौ०) **सूर्यकलंक, सूरजका धब्बा**; ~stone (प्रा० भू०) **सूर्याश्म**; ~-stroke आतपाघात, सूर्याघात, लू^F; (कृषि०) **लू^F लगना**; *a place in the* ~ (ला०) अनुकूल अवस्था^F या परिस्थिति^F, *hail* or *adore the rising* ~ आगामी या नये शासकका पक्ष प्राप्त करनेके लिए चाटुवादिता^F करना, खुशामद^F करना; *his, its, etc.*, ~ *is set* उनका जीवन-सूर्य अस्त हो गया; *hold a candle to the* ~ सूर्यको दीपक दिखाना; *in the* ~

धूपF में, घाममें, *rise with the* ~ प्रातःकाल उठना, बड़े सवेरे उठना; ~ *oneself* धूपF खाना, घाम लेना; *take the* ~or (ग्रा०) *shoot the* ~ (नौवि०) धूपF खाना; भोगांशको निश्चित करनेके लिए उन्नतांश स्थिर करना;

~-baked, ~-blackened, ~-blindness, ~-bonnet, ~-bright, ~ burnt, ~compass, ~-crack, ~-cured, ~ drying, ~ glasses, ~ glow, ~gold, ~-hat, ~helmet, ~ light, ~-myth, ~ pillar, ~ plant, ~-rays, ~room, ~-scald, ~-scalded, ~ shine-hour, ~shine recorder, ~ signal, ~-spurge, ~ valve, ~-worship, ~ yellow.

Sun. Sunday.

sundae⊙ सन्'डि n. कुचले हुए फल, नारियल आदिसे मिश्रित आइसक्रीम।

Sunday –सन्'डि n. रविवार, आदित्यवार, इतवार, सप्ताहका प्रथम दिवस; month of ~s लम्बी अवधिF, दीर्घकाल; ~best (प्रायः हास्य०) रविवारको पहननेके पोशाकी कपड़े, बढ़िया कपड़े; ~ saint रविवारी सन्त, बगुला भक्त, ~-school धार्मिक पाठशालाF, रविवारीय विद्यालय (जिसमें रविवारको धार्मिक प्रवचन होते हैं)।

sunder सन्'डॅर् v.t. & i. (प्रा०, भाषण०, का०) स्वतन्त्र करना, पृथक् करना या होना, विच्छेद करना, अलग करना या होना, अलगाना; (क्वचित्) काट देना, तोड़ना, अलग रखना, कटना, टूटना; ~land बिलगाव भूमिF।

sunderance –रॅन्स् n. पृथक्करण, विभाजन, विभाग, अलग करना आदि (क्व०)।

sundries⊙ सन्'ड्रिज़् n. (pl.) विविध वस्तुएँF।

sundry –ड्रि १. n. (pl.) बची-खुची या अगड़म-बगड़म बातेंF; अनुल्लेखनीय छोटी मदेंF, (आस्ट्रेलियामें) क्रिकेट-का अतिरिक्त खिलाड़ी; २. a. (मुख्यतः प्रा० एवं हास्य०) नाना प्रकार, नाना, विविध, प्रकीर्ण, बहुविध, अनेक, विभिन्न, कई एक, कई, (~ *assets, payment*); *all and* ~ सामूहिक रूपसे और व्यक्तिगत रूपसे प्रत्येक, मिलकर और स्वतंत्र भावसे भी, प्रत्येक और सब;

~ assets, ~ creditor, ~ debtor.

S.U.N.F.E.D. Social United Nations Fund for Economic Development.

sung संग् SING का भू० कृ०।

sunk(en) सन्क् (-ॲन्) SINK का० भू० कृ०, निमग्न, निमज्जित;

~ coast, ~ peaks, ~ road.

sunless सन्'लिॅस् a. निरातप, आतपशून्य, बेधूप, छायादार।

sunlessness –निॅस् n. निरातपताF, आतपशून्यताF, धूपFका अभाव।

sunlike –लाइक् a. सूर्यवत्; सूर्यसमान, सूरजका-सा।

sunn सन् n. शण, सन; ~ hemp (कृषि०) सनईF।

sunniness स'निनिॅस् n. सातपताF, प्रकाशमयताF, उज्ज्वलताF, चमकF, उष्णताF, गर्मीF; प्रफुल्लताF, प्रसन्नताF, मनोहारिताF, आकर्षकताF, सुन्दरताF।

Sunnite सनीट्' n. सुन्नी मुसलमान।

sunnud स'नॅड् n. सनदF, प्रमाणपत्र।

sunny स'नि a. सातप, आतपाक्रान्त, (प्रा० भू०) आतपयुक्त, आतपव्याप्त, धूपयुक्त, धूपदार, सूर्यके प्रकाशसे दीप्तिमान्, सूर्यकी भाँति उज्ज्वल, सूरजकी रोशनीFकी तरह चमकीला, रोशन; (क्व०) सौर, सूर्य-सम्बन्धी, सूरजका; सूर्यतप्त, धूपFमें रखा हुआ; (ला०) प्रमुदित, प्रफुल्ल, प्रसन्नता-प्रसारक, उज्ज्वल, आकर्षक, सुन्दर, मनोहर, ~ habit (वन०) आतपवास; the ~ side घरका धूपFमें रहनेवाला पक्ष; (ला०) उज्ज्वल पक्ष, परिस्थितियोंFका अधिक आनन्दप्रद रूप, रोशन पहलू।

Sunnyasee, -si सन्या'सी, -सि n. संन्यासी।

sunproof सन्'प्रूफ् a. सूर्यरोध, आतपत्र, धूपरोक, धूपFसे बचानेवाला।

sunward –'वॅर्ड् a. & adv. सूर्योन्मुखी, सूर्यमुखी, सूरजकी ओरका; सूरजकी ओर।

sunwise–वाइज़् adv. घड़ीFकी सुईFकी तरह; दायींसे बायीं ओरको।

sup सप्' १. n. घूँटF, चुस्कीF (*neither bit* or *bite nor* ~); २. v.t. & i. (चायF, रसा आदिको) चुस्की-चुस्की पान करना, घूँटघूँट लेना, थोड़ा-थोड़ा पीना, चम्मच चम्मच पीना, सुड़पना; रात्रिकालीन भोजन करना, रातFका खाना-खाना, (आतिथेय या मेजमानका) किसीको भोजन कराना, (भोजन) ब्यालूके काम आना या काम देना; *he must have a long spoon that* ~s *the devil* अविश्वासी व्यक्तियोंसे बातचीतF करना खतरेसे खाली नहीं है।

sup. superfine; superior; (also **superl.**) superlative; supreme; *supra*, above; supine.

Sup. Ct. Superior Court; Supreme Court.

sup- =SUB- (~ *port*, ~*plant*, ~*ply*)।

super- ऊर्ध्व, -उपरि (~*columnar*, ~*humeral*, ~*aqueous*, ~*terrene*, ~*celestial*); अधि-, अति- (~*ethical*, ~*human*, ~*normal*, ~*natural*, ~*sede*, ~*sensible*, ~*structure*); असाधारण (~ *intelligence*)

super स्यू'पॅर् १. n. अतिरिक्त अभिनेता, सामान्यसे अधिक संख्याका अभिनेता; (ला०) अतिरिक्त या अवांछित या अनावश्यक व्यक्ति आदि; अधीक्षक, सुपरिण्टेण्डेण्ट; (वाणि०) उत्तम कोटिका वस्त्र, बढ़िया किसमका कपड़ा या वस्तु; बहुत अधिक व्ययसे निर्मित चलचित्र; २. a. परम, उत्कृष्ट, उत्तम, बढ़िया, अच्छी किस्मका; अतिरिक्त, अधिक, बहुत, छिछला, ऊपरी, दिखाऊ; वर्गगत (मापF)।

superable स्यू'पॅरॅबॅल् a. निवार्य, परिहार्य, अतिक्रमणीय, वश्य, शक्तिगम्य।

superabound स्यूपॅर्-ॲबॉउन्ड् v.t. असामान्य मात्रा-F

में होना, अत्यधिक होना, प्रचुर परिमाणमें होना, बहुतायत^F^से होना, हद^F^से ज्यादा होना।

superabundance –बन्'डॅन्स् n. अत्याधिक्य, आधिक्य, आतिशय्य, अतिप्राचुर्य, असामान्य विपुलता^F^, बाहुल्य, बहुतायत^F^, रेलपेल^F^, ज्यादती^F^।

superabundant –न्ट् a. अत्यधिक, अतिप्रचुर, अतिरिक्त, बहुल; प्रचुर, बहुत ज्यादा।

superadd –ऐड् v.t. अतिरिक्त जोड़ना, और जमा करना।

superannuate[1] –ऐन्यूॲट् n. **वार्धक्य-निवर्त्तन; अधिवर्ष**।

superannuate[2] –ॲट् v.t. परीक्षा^F^में अनुत्तीर्ण छात्रको विद्यालयसे निकाल देनेकी आवश्यकता^F^ समझना; पेंशन देकर सेवानिवृत्त करना; वार्धक्यके कारण अयोग्य ठहराना, प्रयोग या कामके लिए अत्यधिक वृद्ध या पुराना घोषित करना और आगे चलानेके अनुपयुक्त बता देना, वृद्धावस्था^F^के कारण कार्यमुक्त करना, पुरानेपनके कारण निकाल देना, बेकार कह देना।

superannuated –टिड् a. वयोधिक, अतिवय, अनुपयोगी, वृद्धता^F^के कारण असमर्थ, पुराना, बुड्ढा।

superannuation –ऍ'शॅन् n. अनुत्तीर्ण छात्रको विद्यालयसे निकालना; कार्यमुक्ति^F^, वार्धक्य-निवृत्ति^F^, वृद्धावस्था^F^के कारण सेवानिवृत्ति^F^, अवकाश; (का०) **अधिवार्षिकी^F^, अधिवर्षता^F^**, वृद्धतावृत्ति^F^, निवृत्तिवेतन; वृद्धत्व, अतिवयता^F^, वृद्धावस्था^F^, वार्धक्य, बुढ़ापा (~ *pension*); ~ allowance (का०) **वार्धक्य-निवृत्ति भत्ता, अधिवार्षिकी भत्ता**; ~ fund (का०) **अधिवर्ष-निधि^F^**; ~ pension **अधिवार्षिकी देय**; ~ right अधिवर्षाधिकार।

superb स्(स्यू)पर्ब' a. उत्कृष्ट, अतिशोभन, मनोरम, भव्य, ऐश्वर्ययुक्त, चमत्कारपूर्ण, महान्, विशाल, उत्तम कोटि^F^का, चारु, बहुत ही शानदार, बड़ा, बढ़िया, आलीशान, ऊँचे दर्जेका (~ *beauty*); (प्रा०) उद्धत, दृप्त।

superbness, superbity ⊙–'निॅस्, बिटि nn. उत्कृष्टता^F^, अतिशोभनता^F^, मनोरमता^F^, भव्यता^F^, ऐश्वर्य, चमत्कारपूर्णता^F^, महानता^F^, बढ़ियापन; दृप्ति^F^, दम्भ, घमण्ड, अकड़^F^।

supercalendered –कैलिॅण्डॅर्ड् a. बहुत ही अधिक घुटा हुआ, जरूरत^F^से ज्यादा पालिश^F^ किया हुआ (कागज)।

supercargo –'कार्गो n. (pl. *-es*) नौपण्यकाधीक्ष, पोतपण्याधिकारी, मालविक्रेता, माल कप्तान, व्यापारी जहाजमें सामानकी बिक्री^F^का प्रबन्धक अधिकारी।

supercharge –चार्ज् v.t. अधिक ग्रहण करना, अधिक मूल्य लगाना, ज्यादा चार्ज करना।

supercharger –'जॅर् n. (यन्त्र०) **अतिभरक**, वायुयान और मोटरकारके इंजिनके सिलिण्डरोंमें अतिरिक्त मात्रा^F^में विस्फोटकारी मिश्रणको भरनेके कामका विशेष पम्प।

supercharging –चॉर्'जिंग् n. (यन्त्र०) **अतिभरण, अतिचार्जीकरण**।

superciliary –सि'लिॲरि a. **अधिभ्रू**, (~ *arch*, ~*border*), भ्रूत्तर, भ्रूसम्बन्धी, आँख^F^के ऊपरका भौंहों^F^परका।

supercilious –सि'लिॲस् a. उद्दण्ड, गर्वित, अहंकृत, अत्युद्धत, असहनशील, दृप्त, अभिमानी, गर्वीला, घमण्डी, नकचढ़ा।

superciliousness –निॅस् n. औद्धत्य, अतिगर्व, उद्दण्डता^F^, अभिमान, घमण्डीपन, नकचढ़ापन।

supercilium –सि'लिॲम् n. (श० र० शा०) भ्रू^F^, भौंह^F^।

super conductivity ⊙ –कॉन्डक्टि(विटि) n. (रसा०, भौ०) **अतिसंवाहकता^F^, अतिचालकता^F^**।

supercool –'कूल् १. v.t. अतिशीतल करना, किसी तरल पदार्थको इतना ठण्डा करना कि वह बर्फ बननेकी अवस्था^F^से कुछ ही नीचे रहे, बहुत ही अधिक ठण्डा करना; २. a. (रसा०) **अतिशीत**।

supercooling –'लिंग् n. (कृषि०, ऋतु०, भौ०) **अतिशीतन, अतिशीतलन**।

superdreadnought –ड्रॅड्'नॉट् n. ड्रेडनॉटसे अधिक शक्तिशाली या मजबूत जंगी जहाज।

supereminent –ऍ'मिनॅन्ट् a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, अत्युत्तम, अतिश्रेष्ठ, श्रेष्ठतम, अत्युच्च, अतिप्रख्यात, अतिप्रतिष्ठित, बहुत ही बड़ा।

supererogation –ऍरॅगे'शॅन् n. अतिरिक्तकारिता^F^, नियमातिरेक, अतिरिक्ताचार, कर्त्तव्यसे अधिक काम करना; (धर्म०) नियमातिरेक या बहुकर्म, अति^F^, ज्यादती^F^।

supererogatory –इरॉ'गॅटॅरि a. नियमातिरेक-विषयक, अतिरिक्ताचार-सम्बन्धी, विध्यतिरिक्त, कर्तव्यातिरिक्त, कर्त्तव्यसे अधिक कार्य करनेका।

superexcellence –ऍक्स'सॅलॅन्स् n. अत्युत्कृष्टता^F^, अत्युत्तमता^F^, उत्तमोत्तमता^F^, सर्वोच्चता^F^, कमाल, खूबी^F^।

superexcellent –न्ट् a. अत्युत्कृष्ट, परमोत्कृष्ट, अत्युत्तम, उत्तमोत्तम, सर्वोत्कृष्ट, सर्वोच्च, बहुत ही बढ़िया।

superfatted –फ़ैटिड् a. अत्यधिक वसामय, बहुत ज्यादा चर्बीला (~*soap*)।

superficial –फ़ि'शॅल् a. उपरिष्ठ, (प्रा० भू०) **पृष्ठस्थ**, अगम्भीर, (वन०, शिक्षा०) **धरातलीय**, तलोपरिक, **बाह्य, ऊपरी**, दिखाऊ, बाहरी, ऊपर ऊपरका, सतही, सतह^F^परका, बाहर-बाहरका; गाध, अगाढ़, छिछला, हलका, थोड़ा, कच्चा, उथला, थोथा, (~ *colour*, *knowledge*); पल्लवग्राही, सामान्य; ~ expansion (भौ०) **क्षेत्रीय प्रसरण, क्षेत्रीय प्रसार**; ~ feet (परि०) **वर्गफुट**; ~ artery, ~ cleavage, ~ density, ~ deposit, ~ eruption, ~vein.

superficiality –शिऐ'लिटि n. उपरिष्ठता^F^, तलोपरिकता^F^, अगम्भीरता^F^, हलकापन, सतहीपन, ऊपरीपन, छिछलापन, उथलापन, कच्चापन, थोथापन।

superficialness –'शॅल्-निॅस् n. =SUPERFICIALITY.

superficies –शिइज़् n. धरातल, तल, उपरितल, ऊपरकी या बाहरकी सतह^F; पृष्ठ, पृष्ठदेश; बहिर्दिक्, बाहर।

superfine –फ़ाइन् a. (वाणि०) विशिष्ट, सर्वोत्कृष्ट, अत्युत्तम, (रसा०) **अतिसूक्ष्म**, अधिचारु, अतिरिक्त-विशेषता-पूर्ण, बहुत ही बढ़िया; महीन, बारीक (~ *cloth*); संस्कार-प्रिय, परिमार्जनप्रिय, विशुद्धता-प्रेमी।

superfineness –'निस् n. विशिष्टता^F, सर्वोत्कृष्टता^F, अत्युत्तमता^F, अतिसूक्ष्मता^F, अधिचारुता^F; परिमार्जन-प्रियता^F, विशुद्धताप्रेम।

superfluity –फ़्लू'इटि n. बाहुल्य, बहुलता^F, आधिक्य, अतिरिक्त मात्रा^F; आवश्यकता^Fसे अधिक राशि^F, अतिरिक्त या फालतू धन या रकम^F (*give of one's* ~); अनावश्यक वस्तु^F।

superfluous सुपर्'फ़्लुअस् a. अत्यधिक, प्रचुर, विपुल, प्रभूत, अतिरिक्त (~ *hypothesis*), निष्प्रयोजन, निरर्थक, व्यर्थ; अनावश्यक, ज्यादा, आवश्यकता^Fसे अधिक, बहुत काफी, जरूरत^Fसे ज्यादा, फालतू, बेजरूरत, फाजिल (~ *copies*)।

superfluousness –निस् n. अतिरेक, प्रचुरता^F, आधिक्य, प्रयोजनातिरिक्तता^F, अनावश्यकता^F, फाजिल होना।

superflux स्यूपर्'फ़्लक्स् n. अतिप्रवाह, फालतू बहाव।

superheat –हीट् १. n. **अधिताप**; २. v.t. अतितप्त करना, पानीके क्वथन-बिन्दुसे ऊपरके तापक्रमतक उत्तप्त करना या गरमाना, उबलनेसे भी ज्यादा गरम करना।

superheated –'टिड् a. (रसा०, भौ०) **अतितप्त, अतितापित**।

superheater –'टर् n. अधितापक, (यन्त्र०) **अतितापक, उत्तापक**, अतिताप-यन्त्र।

superheating –टिंग् n. (रसा०, भौ०) **अतितापन**।

superhuman –ह्यू'मॅन् a. मनुष्यागम्य, अतिमर्त्य, अतिमानुषी, अधिमानवीय, अपौरुष, दैवी, अलौकिक, मनुष्यकी शक्ति^Fसे परे।

superimpose –इम्पोज़् v.t. **अध्यारोपण करना**, अध्यारोपित करना, **ऊपर रखना** या लगाना, (किसी दूसरी वस्तु^F पर) लादना।

superimposed –ड् a. **अध्यारोपित**, अधिनिविष्ट, **ऊपर रखा**।

superimposition –पॅज़ि'शॅन् n. (रसा०, यन्त्र०) **अध्यारोपण**, अधिक लादना।

superincumbent –इन्कम्'बॅन्ट् a. उपरिन्यस्त, अध्याश्रित, उपरिशायी, उपरिस्थित, **उपरिस्थ** (~ *load*), उपरिवर्ती, किसी वस्तु^Fके ऊपर पड़ा हुआ या रखा हुआ।

superinduce स्यूपर्'इन्ड्यूस् v.t. संयोग करना, कोई नयी वस्तु^F विकसित करना, वृद्धि^F करना, नयी वस्तु^F जोड़ना या बढ़ाना, ज्यादा करना।

superinduction –डॅक्'शॅन् n. संयोजन, नयी वस्तु^F जोड़ना।

superintend –इन्टे'न्ड् v.t. & i. तत्त्वावधान करना, अधीक्षण करना, निरीक्षण करना, अधीक्षक होना, प्रबन्ध करना, प्रबन्धको लेना, उसे व्यवस्थित करना और कामको देखना, देखभाल^F करना, निगरानी^F करना।

superintendence, -cy –'डॅन्स्, -सि n. (का०) **अधीक्षण**, निरीक्षण, प्रबन्ध, निगरानी^F; तत्त्वावधायकता^F, अधीक्षकपद, अधिकरणकर्तृत्व, सुपरिण्टेण्डेण्टका पद।

superintendent –न्ट् n. पर्यवेक्षक, (राज०) **अधीक्षक**, (~ *jail*, ~ *police*), तत्त्वावधायक, अध्यक्ष, संचालक, पुलिस सुपरिण्टेण्डेण्ट।

superior सु(स्यू)पीअॅ'रिअॅर् a. उत्तरवर्ती, (वन०) **उत्तरीय**, (का०) **उत्कृष्ट**, उत्कृष्टतर, गुरुतर, महत्तर, **उच्च**, उच्चतर, उत्तर, उपरि (~ *clerk, court*); अधिकतर, श्रेष्ठ, उत्तम, बड़ा, बेहतर, बरतर, बढ़ा हुआ (*by* ~ *wisdom*); (जीव०) ऊर्ध्व, (n.) वरिष्ठ, **प्रवर, प्रकृष्ट** (~ *authority*); ज्येष्ठ, गुरु, अधिक योग्यतावाला व्यक्ति, उच्चतर पदपर स्थित व्यक्ति, अच्छा, बड़ा, बुजुर्ग (*is deferential to his ~s*); (वन०) पुष्पकोश या बीजकोशके ऊपर रखा हुआ (पुष्पकोश या बीजकोश); स्वगुणाभिमानी, अत्यभिमानी, अभिमानी, दम्भी (*he remarked with a* ~ *air*); विशिष्ट, प्रमुख, असामान्य, असाधारण, अधिक गुणवान्, गुणी, उच्च कोटि^Fका, अच्छा, बढ़िया, असाधारण विशेषताओं^Fका, ऊँचे दर्जेका (*my cook is a very* ~ *woman*); दृढ़, अटल, निश्चिन्त, चिन्तामुक्त, लोभ मोह आदिसे परे (~ *to bribery, temptation*); मठाध्यक्ष, मठाधीश; ~ characters (वाणि०) **शीर्षाक्षर**; ~ figures पंक्ति^Fके ऊपर मुद्रित या लिखित अंक; ~ letters पंक्ति^F-के ऊपर मुद्रित या लिखित अक्षर; ~ mode of living ऊँचा रहन-सहन; ~ numbers अधिक संख्या^F (*was overcome by* ~ *numbers*); ~ persons अच्छे भले शिक्षित व्यक्ति; (प्रायः व्यंग्य) दम्भी व्यक्ति; ~ wings बड़े पंख (जो दूसरोंके ऊपर फैले रहते हैं)।

~ adult, ~ artery, ~ authority, ~ brachium, ~ bulb, ~ canaliculus, ~ child, ~ conjunction, ~ court, ~ crops, ~ establishment, ~ ganglion, ~ horn, ~ intelligence, ~ lobe, ~ meatus, ~ mediastinum, ~ oblique, ~ planet, ~ recess, ~ rectus, ~ service, ~ umbilicus, ~ venacava, ~ vermis.

superioress –रिस् n. मठाध्यक्षा^F, मठाधीशा^F।

superiority सॅपीअॅ(पे)रिऑ'रिटि n. विशिष्टता^F, गुणाधिक्य, प्राधान्य, गुरुता^F, महत्ता^F, उत्कृष्टता^F, उत्तमता^F, प्रमुखता^F, विशेष योग्यता^F, बड़प्पन, खूबी^F; **श्रेष्ठत्व**, श्रेष्ठता^F, वरिष्ठता^F, उच्चता^F, उपरिकता^F; स्वाभिमान, दृढ़ता^F, निश्चिन्तता^F; ~ complex अहम्मन्यता^F; ~ feeling **उत्कर्ष भावना**^F।

superjacent स्यूपर्-जे'सॅन्ट् a. उपरिवर्ती।

superlative सुपॅर्'लॅटिव् १. n. अतिशयोक्ति, उत्तम कोटि^Fमें कहा हुआ शब्द; 'उत्तम कोटि' या रूप (*not*

used in the ~); २. a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रधान, श्रेष्ठतम, प्रधानतम, परम, सर्वोच्च श्रेणीFका, उत्तम कोटिका, सबसे बढ़कर (*~ wisdom, beauty, etc.*); *his talk is all ~s* वह अतिशयोक्तिपूर्ण बातेंF करता है।

superlativeness –निॅस् n. सर्वोत्कृष्टताF, सर्वोत्तमताF, उत्तमताF।

superman स्यूपॅर्'मैन् n. (शिक्षा०) **अतिमानव,** अधिमनुष्य, अवतारी पुरुष।

supermundane –मन्'डेन् a. अधिपार्थिव, भूमण्डलके ऊपरका, पृथ्वीकी वस्तुओंFकी अपेक्षा श्रेष्ठ।

supernacular –नै'क्यूलॅर् a. विशिष्ट, अत्युत्तम, अधिचारु, प्रथम श्रेणीFका, पहले दर्जेका।

supernal स्यूपॅर्'नॅल् a. (का०, भाषण०) दिव्य, दैवी, स्वर्गीय, आकाशी, पारलौकिक, ऊर्ध्वलोकस्थ, महान्, ऊँचा।

supernatant स्यूपॅर्-ने'टॅन्ट् a. प्लावी, तिरनेवाला, ऊपर-ऊपर तैरनेवाला; ~ liquor अधिद्रव।

supernatation –नॅटे'शॅन् n. प्लवन, तिरना, ऊपर-ऊपर तैरना।

supernational –ने'शॅनॅल् a. सार्वभौम, सार्वभौमिक, अन्तर्राष्ट्रीय।

supernatural –नै'चॅरॅल् a. (शिक्षा०, दर्श०) **अतिप्राकृतिक,** अतिप्राकृत, प्रकृतिबाह्य, मानवासाध्य, अतिमानुषिक, अमानुषी; आधिदैविक, लोकातीत, लोकोत्तर, दैवी, **अलौकिक,** प्रकृतिFसे परे; आश्चर्यजनक।

supernaturalism –लिज़्म् n. अलौकिकतावाद, अपौरुषेयत्ववाद, लोकोत्तरवाद, दैवी शक्तिFमें विश्वास।

supernaturalist –लिस्ट् n. अलौकिकतावादी, अपौरुषेयत्ववादी, लोकोत्तरशक्तिवादी।

supernaturalistic –'टिक् a. अलौकिकतावादी, अपौरुषेयत्ववाद-विषयक, दैवीशक्ति-सम्बन्धी।

supernaturalize –लाइज़् v.t. अतिप्राकृत रूप देना, निसर्गातीत बनाना, प्रकृतिFसे परे उठाना।

supernaturalness –ल्-निॅस् n. लोकोत्तरताF, अतिप्राकृतताF, अतिमानुषिकताF, मानवासाध्यताF, अलौकिकताF, विलक्षणताF।

supernormal –नॉर्'मॅल् a. (शिक्षा०, चि०) **अधिसामान्य, अतिसामान्य।**

supernumerary –न्'मॅरॅरि १. n. निर्दिष्ट संख्याFसे अधिक व्यक्ति या वस्तुF, फालतू आदमी; २. a. संख्यातिरिक्त, अधिसंख्य (*~ post*), अधिसंख्यक (*~ strength*), अधिक, अतिरिक्त, आवश्यकता या नियत संख्यासे अधिक, फालतू, जायद, फाजिल (*~ bud*)।

superpassage –पै'सिज् n. (यन्त्र०) **ऊर्ध्वलंघिका**F।

superphosphate –फ़ॉस'फेट् n. अधिभास्वीय, (रसा०) **अधिमात्रिक फास्फेट,** (कृषि०) T.; फास्फोरसके अम्लकी अधिकतम मात्रा-मिश्रित फास्फेट।

superposable –पो'ज़ॅबॅल् a. आच्छाद्य, अध्यारोप्य, (प्रा० भू०, ग०) **अध्यारोपणीय।**

superpose –ज़्' v.t. (ग०) **अध्यारोप करना,** अध्यारोपित करना, अध्यारोप करना, आच्छादित करना, ऊपर स्थापन करना, किसी पदार्थको दूसरेपर रखना, एकको दूसरेपर जमाना।

superposition –पॅज़ि'शॅन् n. (चि०) **अध्यारोप,** (यन्त्र०, प्रा० भू०) **अध्यारोपण,** आच्छादन।

supersaturate –सै'ट्यूअरेट् v.t. अध्यनुविद्ध करना, अतिसंतृप्त करना, आवश्यकताFसे अधिक संतृप्त करना।

supersaturated –टिॅड् n. (रसा०, भौ०) **अतिसंतृप्त।**

supersaturation –रे'शॅन् n. अतिसंतृप्तीकरण, (ऋतु०, रसा०) **अतिसंतृप्तिF, संतृप्तिF।**

superscribe –स्क्राइब्' v.t. उत्कीर्ण करना या अंकित करना, ऊपर या बाहरकी ओर लिखना या खोदना।

superscribed –ड्' a. उपरिलिखित, उत्कीर्ण, उपर्यंकित, ऊपर लिखा हुआ (*~ words*)।

superscript –'स्क्रिप्ट् a. अधिलिखित, पंक्तिFके ऊपर लिखा हुआ।

superscription –प्'शॅन् n. बहिर्नाम, उपरिलेख, शिरोनाम, शीर्षक, सरनामा, किसी वस्तुFके ऊपर या बाहर उत्कीर्ण या अंकित शब्द, पता।

supersede –सीड्' v.t. (का०) **विस्थित करना,** निरस्त या निष्प्रभाव करना, स्थानच्युत करना, अवक्रान्त करना, अधिलंघन करना; अधिकारच्युत करना, **अधिक्रमण करना,** (राज०, ऋतु०) **अतिक्रमण करना,** उखाड़ फेंकना, निकाल देना, पीछे छोड़ देना, हटा देना, उठा देना; प्रयोग न करना, काममें न लाना, रद्द करना; (क़ानून) लेखरोध करना।

supersedeas (L) n. कार्यवाही- रोधाज्ञापत्र।

supersedure⊙ –'ड्युअॅर् n. अवक्रमण, निरसन, निष्प्रभावण, शून्यन, अधिलंघन, अधिकार-वंचन, जगहF ले लेना, आगे बढ़ जाना; (क़ानून) लेखरोधन।

supersensible –सें'न्'सॅबॅल् a. इन्द्रियातीत, (दर्श०) **अतीन्द्रिय,** इन्द्रियोंसे परे।

supersensitive –सिटिव् a. अतिसंवेदनशील, अतिविकारशील, अतिप्रभावग्रहणशील।

supersensitiveness –निॅस् n. अतिसंवेदनशीलताF, अतिविकारशीलताF, अतिप्रभावग्रहणशीलताF।

supersensual, supersensuous –स्यूॲल्, –ॲस् aa. अतिपार्थिव, अतीन्द्रिय, इन्द्रियातीत, इन्द्रियोंFसे परे।

supersession –से'शन् n. अधिक्रम, अतिक्रम, अधिलंघन, निष्प्रभावीकरण, स्थानाधिकार-परिवर्तन, स्थानापन्नता, एकके स्थानपर दूसरे व्यक्ति या वस्तुFकी नियुक्तिF या स्थापनाF; *in ~ of* का अतिक्रमण करके।

supersonic –सॉ'निक् a. अधिस्वनिक, (भौ०) **पराध्वनिक, कर्णातीत;**

~ speed, ~ telegraphy, ~ velocity, ~ waves.

supersonics –क्स् n. (भौ०) **पराध्वानिकीF,** आधिस्वनिकीF, अधिस्वन-विज्ञान।

superstition –स्टि'शॅन् n. कुसंस्कार, अन्यथाधर्म, अलीकधर्म, मिथ्याधर्म, मिथ्याभक्ति^F, भ्रमात्मक श्रद्धा^F, तामसी निष्ठा^F, अतिभक्ति^F, **अन्धविश्वास**, मूढ़विश्वास, मूढ़ाग्रह, वहम।

superstitious –शॅस् a. कुसंस्कारविशिष्ट, कुसंस्कार-जनित, मिथ्याधर्मयुक्त, मिथ्याधर्मी, अन्धश्रद्धाजनित, अन्धश्रद्धालु, मूढ़ग्राही, मूढ़ाग्रहमूलक, अन्धविश्वासपूर्ण, अन्धविश्वासी, वहमी।

superstitiousness –नि॑स् n. मिथ्याधर्मिता^F, मिथ्याधर्मीपन, अन्धश्रद्धालुता^F, मूढ़ाग्रह, अन्धविश्वासीपन; मिथ्याधर्म, अन्धश्रद्धा^F, अन्धविश्वासपूर्णता^F, वहमीपन।

superstratum –स्ट्रे'टॅम् n. मूर्धास्तर, ऊर्ध्वस्तर, ऊपर-की परत^F।

superstruction, superstructure –स्ट्रक्'शॅन्, –स्ट्युॲर् nn. अधिरचना^F, भवनका ऊपरी भाग, ऊपरका ठाट, ऊपरी बनावट^F।

superstructive –'टिव् a. दे० SUPERSTRUCTURAL.

superstructural –'चॅरॅल् a. अधिरचनात्मक।

superstructure –'स्ट्युॲर् n. उपरिसंरचना^F, **अधिरचना^F**, अधिरचिति^F, उपरिभवन, **ऊपरी-ढाँचा**, (इंजी०) ऊपरी तामीर^F।

supertax –'टैक्स् n. (का०) **अधिकर, अतिकर**, अतिरिक्त आयकर।

supertone –'टोन् n. अधितान^F, संगीतके विधानमें मौलिक सुरसे ऊपरका अर्थात् ऊँचा प्रथम सुर।

supervacaneous –'वॅके'नि॑ॲस् a. निष्प्रयोजन, अनावश्यक, व्यर्थका, बेकार, बेजरूरत, फालतू, फिजूल।

supervene –वीन्' v. i. अकस्मात् आ पड़ना, बीचमें घटित होना, एक काममें दूसरा काम भी आ टपकना, अड़ना, आ पड़ना, टूट पड़ना।

supervenient –'निॲन्ट् a. अकस्मात् घटित होनेवाला, ऊपरसे टपकनेवाला, ऊपर आ पड़नेवाला, जायद।

supervention –वे॑न्'शॅन् n. (चि०) अधिघटना^F, उपरिघटना^F, अकस्माद्घटन, आ टपकना, आ पड़ना, टूट पड़ना।

supervisal –वाइ'ज़ॅल n. = SUPERVISION.

supervise –ज़्' v.t. (का०) **पर्यवेक्षण करना, परिवीक्षण करना**, परिनिरीक्षण करना, देखरेख^F करना, **देखभाल^F करना**, सुपरवाइज करना।

supervising –'ज़िंग् a. पर्यवेक्षी (~ *staff*)।

supervision –वि'ज़्न् n. (कृषि०) **पर्यवेक्षण**, (~ *liquidation*), **परिवीक्षण** (~ *order*), परिनिरीक्षण, देखरेख^F, **देखभाल^F**।

supervisor –वाइ'ज़ॅर् n. (कृषि०) **पर्यवेक्षक**, (~ *publication*), **परिवीक्षक**, परिनिरीक्षक।

supervisory –रि n. (राज०) आवेक्षण; **पर्यवेक्षण, परिवीक्षण**; a. **पर्यवेक्षी**, पर्यवेक्षण-विषयक, परिनिरीक्षण-सम्बन्धी (~ *body*); पर्यवेक्षणात्मक, परिनिरीक्षणयुक्त।

supinate स्यू'पिनेट् v.t. & i. हाथ उलटना, गदोली^F उलटना; पैर ऊपर उठाना, चित लेटना।

supination –ने'शॅन् n. उन्मुखता^F, उत्तलावस्था^F, उत्तानितत्व, (चि०, जीव०) **उत्तानन, करोत्तानन**, उत्तानावस्था^F, चित लेटनेकी अवस्था^F।

supinator –'पिनेटॅर् n. (चि०) **उत्ताननी^F**; (जीव०) **उत्तानवेशी^F, T.**।

supine[1] –'पाइन् n. (लैटिनमें) क्रियार्थक संज्ञा^F।

supine[2] स्यूपाइन् a. (चि०) पृष्ठशायी, (वन०) **उत्तान**, ऊर्ध्वमुख, उन्मुख, उत्तल, चित, ऊपरको मुख किये पड़ा हुआ; उपेक्षापरायण, निरुद्योगी, उदासीन, अलस, आलसी, निष्क्रिय, निकम्मा, सुस्त, कामचोर, ढीला, मट्ठर।

supineness –'नि॑स् n. चित पड़े होनेकी अवस्था^F; निष्क्रियता^F, उद्योगहीनता^F, आलस्य, तन्द्रा^F, आलसीपन, सुस्ती^F, काहिली^F, कामचोरी^F, निकम्मापन।

supp. (or Suppl.) supplement; supplementary.

suppedaneum सपि॑डे'निॲम् n. (ईसा०) वेदी^Fका पावदान।

supper स'पॅर् n. **निशाहार** (~ *bar*), व्यालू, नैश-भोजन, रात^Fके समय किया जानेवाला अन्तिम खाना।

supperless –लि॑स् a. भोजनरहित, भूखा।

supplant सॅप्लान्ट्' v.t. गुप्त भावमें मूलोत्पाटन करना, मूलोच्छेदन करना, निस्सारण करना, दूसरेका स्थान चालाकी^Fसे हथिया लेना, गुप्त रूपसे जड़ उखाड़ देना, पाँव उखाड़ना, निष्कासित करना, निकाल देना, दूर करना, हटाना।

supplantation –टे'शॅन् n. अधिकारापहरण, मूलोत्पाटन, मूलोच्छेदन; विध्वंस, नाश।

supplanter –'टॅर् n. पदापहारक, निष्कासनकर्त्ता, उत्पाटक, उखाड़नेवाला, दूसरेके स्थानको हथियानेवाला।

supple स'पॅल् १. v.t. & i. अप्रतिरोधकारी बनाना या होना, वशीभूत करना, कोमल करना, नमनशील बनाना या होना, दब्बू बनाना या होना; सुनम्य बनाना या होना, लचकदार बनाना या होना, लचीला बनाना या होना; झुकाना, झुकना; २. a. अप्रतिरोधकारी, नमनशील, अद्दढ़, वशवर्ती, अधीन प्रकृति^Fका; चाटुवादिताप्रिय, चापलूस, चापलूसीभरा, दब्बू, दबकर काम निकालनेवाला, खुशामदी, लल्लो-चप्पो^F करनेवाला; सुनम्य, नमनशील, नमनीय, मृदु, कोमल, मुलायम, लचीला, लचकदार, लोचदार; ~ *horse* घोड़ेको थोड़ेसे इशारेपर दौड़नेवाला बना देना; ~ *jack* लचीला बेंत।

supplement[1] सप्'लि॑मॅन्ट् n. (का०) **अनुपूरण; परिशिष्ट^F; जोड़बन्ध**; (गणि०) **सम्पूरक, ऋजुपूरक**, द्विसमकोणपूरक; पूरक, शेषपूरक, अनुपूरक, परिशिष्ट, क्रोड पत्र, अतिरिक्त अंश।

supplement[2] सप्लि॑'मे॑न्ट्' v.t. (ग०) **सम्पूर्ण करना**, सम्पूरण करना, अनुपूरित करना, परिशिष्ट जोड़ना, वृद्धि^F करना, बढ़ाना, जोड़ना, लगाना।

supplemental, supplementary –'टॅल्, –टॅरि aa. **पूरक, सम्पूरक**, परिशिष्ट-विषयक, विशेष-संस्करण-

सम्बन्धी; (क्रा०) **अनुपूरक**, परिपूरक, परिशिष्ट, अतिरिक्त, जुड़ा हुआ, बादका;

~ affidavit, ~ agenda, ~ angle, ~ budget, ~ charges, ~ demand, ~ estimate, ~ examination, ~ factor, ~ food, ~ grant, ~ mineral, ~ question, ~ statement, ~ test, ~ treaty, ~ twin.

supplementation –टे'शॅन् n. सम्पूरण, अनुपूरण, भरण, जोड़, जमा।

suppleness स'पॅल्-निॅस् n. अप्रतिरोधकारिता^F, वशवर्तिता^F, चाटुकारी^F, चापलूसी^F, दब्बूपन; सुनम्यता^F, नम्नशीलता^F, नमनीयता^F, लचक^F, लोच^F, लचीलापन।

suppletory सप्'लिॅटॅरि a. पूर्तिकारी, आपूर्णकारी, पूरक, कमी पूरी करनेवाला।

suppliance स'प्लिॲन्स् n. = SUPPLICATION.

suppliant –न्ट् १. n. विनयी, प्रार्थी, अनुनयकर्ता, दीन याचक; २. a. दीन, निवेदक, याचक, अनुनयकारी, प्रार्थक, प्रार्थनाकारी, प्रणत, नम्र, कृतांजलि, बद्धांजलि, शरणागत, शरणार्थी; अनुनय-विनय-द्योतक, अनुनय या प्रार्थना सूचक, दीन-याचना^F करनेवाला।

supplicate स'प्लिकेट् v.t. & i. सानुनय आवेदन करना, अनुनय करना, सांजलि याचना^F करना, करबद्ध प्रार्थना^F करना, विनती^F करना, दीनभावसे माँगना, मिन्नत करना, गिड़गिड़ाना, अर्ज^F करना।

supplication –के'शॅन् n. अनुनय^F, विनय^F, नम्र निवेदन, याचना^F, विनम्र प्रार्थना^F, विनती^F, भिक्षा^F, मिन्नत^F, अर्ज^F।

supplicatory –'प्लिकॅटॅरि a. अनुनयात्मक, प्रणतिपूर्ण, याचनापूर्ण, प्रार्थनासूचक, विनतीवाला, मिन्नतभरा; अनुनय-विनय-सम्बन्धी, विनती-भरा।

supplier सॅप्लाइ'अॅर् n. **सम्भारक**, **सम्भरक**; (~ *consumer*); सम्भरणकर्त्ता, पूर्तिकर्त्ता, समायोजक, प्रदायक, दायक, देनेवाला।

supply[1] –इ' n. (अर्थ०) **सम्भरण**, पर्यर्पण, **प्रदाय**, आपूर्ति^F, (अर्थ०) पूर्ति^F, अभावपूरण, समायोजन, भरती^F, देनेकी क्रिया^F; सम्भार, संग्रह, संचय, भण्डार, प्रदान की हुई सामग्री^F की राशि^F, **रसद**^F (*an inexhaustible ~ of fish, coal,* etc.); (pl.) सेना^F के उपभोगकी आवश्यक वस्तुएँ^F, रसद-पानी; (pl.) प्रदाय, सरकार^F के व्ययके लिए संसद^F के द्वारा प्रदत्त धनानुदान, किसी व्यक्तिका अधिदेय या भत्ता (*his father cut off the ~ ies*); Committee of S~ पूर्ति-समिति^F, ब्रिटेनकी लोकसभा^F में लोकसेवा^F के व्ययोंपर विचार करनेवाली समिति^F; ~ and demand (राज०, अर्थ०) प्रदाय और अभियाचन, पूर्ति^F और माँग^F;

~ base, ~ bill, ~ bowl, ~ breaker, ~ bundles, ~ committee, ~ contractor, ~ current, ~ curve, ~ department, ~ depot, ~ division, ~ inspector, ~ line, ~ measures, ~ officer, ~ pay bills, ~ personnel, ~ pipe, ~ platoon, ~ point, ~ position, ~ price, ~ room, ~ schedule, ~ schemes, ~ section, ~ share, ~ ship, ~ system, ~ voltage.

supply[2] v.t. **सम्भरण करना**, **रसद**^F **देना**; आपूरित करना, आपूर्ति^F करना, भरना; हाजिर करना, ला देना, मँगा देना; भरती^F करना।

support* सॅपॉर्ट्'' १. n. भरण-पोषण, **संपालन**, पालन-पोषण, **अनुपोषण**; पक्षपोषण, **समर्थन**; साहाय्य, **सहायता**^F; भारवहन, **अवलम्ब**, आश्रय, सहारा*, टेकन^F (*give ~ to; troops stationed in ~*); अवष्टम्भ, **आधार**, **अवलम्ब**, **आलम्ब**, **टेक**^F, प्रोत्साहन, शक्ति^F देना या पाना; प्रमाणीकरण, सिद्धि^F; प्रस्तुतीकरण; २. v.t. भरण-पोषण करना, पालना, चलाना, **संपालन करना** (*~ a family*); भारवहन करना, **अवलम्ब देना**, धारण करना, सहारा देना, कुछ भार सम्हालना, बोझ ले जाना, भार उठाना, गिरने या धसकने न देना, **टेक**^F **देना**, सधाना, थामना (*had to be ~ed home*); जीवनी-शक्ति^F देना, प्रोत्साहित करना, उत्साह बढ़ाना, बल प्रदान करना, ढाढ़स देना या बढ़ाना, गिरनेसे बचाना, हिम्मत बढ़ाना, दिलासा^F देना (*what ~ed him* or *his strength was a glass of brandy, a good conscience, hope, your approval*); सहन^F करना, सहना, झेलना, बरदाश्त^F करना (*~s fatigue well*); पक्षपोषण करना, पुष्ट करना, **समर्थन करना**, आगे बढ़ाना, **सहायता**^F **करना**, सहायता^F देना, कृपा^F करना, साथ देना, पीठ^F ठोंकना, हिमायत^F करना (*~ a candidate, cause*); (वक्तव्य, सिद्धान्त, आरोप) प्रमाणित करना, पृष्ठपोषण करना, सप्रमाण कहना, **समर्थन करना**, सिद्ध करना, स्थिर करना, निश्चित करना, पक्का करना, साबित करना; भूमिका^F में पूरा-पूरा अभिनय करना, पार्ट प्रस्तुत करना; ~ trench गोला-बारूद^F की खाई^F और सुरक्षा^F की खाई^F के बीचकी दूसरी पंक्ति^F; ~ institution किसी संस्था^F को चन्दा देना।

supportable –'टॅबॅल् a. सह्य, सहनीय, सहने योग्य, बरदाश्तके लायक; सहायतार्ह, आलम्बन योग्य।

supportableness –निॅस् n. सह्यता^F, सहनीयता^F, सहनेकी योग्यता^F, सहायतार्हा^F।

supportance –टॅन्स् n. साहाय्य, सहायता^F, मदद^F; अवलम्ब, सहारा; समर्थन, पक्षपोषण।

supported –टिॅड् a. आधृत, समर्थित।

supporter –टॅर् n. **संपालक**, **अनुपोषक**, भरण-पोषण-कर्त्ता, पोषक-पालक, भारवहनकर्त्ता, सहन करनेवाला; उत्साहवर्द्धक, शक्तिदाता पृष्ठपोषक, आलम्बी, समर्थनकारी, सहायक, पक्षपोषक, प्रमाणित करनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (अग्रदौत्य) ढाल^F लेकर खड़ा हुआ सिपाही, कुलचिह्नांकित ढाल^F के पास बनी मूर्त्ति^F।

supporting –टिंग् a. आधारी, सहारा देनेवाला; समर्थक, पोषी, सहायी, सहायक; ~ film गौण या कम महत्त्वपूर्ण चलचित्र या फ़िल्म^F;

~ airforce, ~ arms, ~ axis, ~ cell, ~ extension, ~ frame, ~ moulding, ~ rod, ~ weapon.

supportless –ट्'लिस् a. निरवलम्ब, आश्रयहीन, असहाय, अनाथ, बेकस, बिना सहारेका।

supposable सॅपो'ज़ॅबॅल् a. अनुमेय, भावनाग्राह्य, कल्पनीय, उपकल्प्य, मान लेने योग्य, फर्ज करने लायक।

supposal –ज़ॅल् n. (शिक्षा०) **उपकल्पना**^F; = SUPPOSITION.

suppose –ज़्' v.t. अनुमानित करना, उपकल्पित करना, (ग०) **कल्पना**^F **करना, मान लेना,** मानना, समझ लेना (*let us ~ a second flood*); (परिणाम, सिद्धान्त आदिकी) अपेक्षा^F रहना, आवश्यकता^F होना, आवश्यक होना, शर्त^F होना (*that ~s mechanism without flaws*); ठहराना; स्वीकृत करना, सम्भव मान लेना, अनुमान करना, अज्ञानके कारण मान लेना, सोचने लगना, सोच लेना, समझना, विचारना (*I ~ we shall be back in an hour*); *be ~d* कर्त्तव्य समझना, कर्तव्यके रूपमें होना, (*he is not ~d to clean the boots*)।

supposed –ड्' a. सम्भावित, अनुमानित, उपकल्पित, (भौ०) **कल्पित**, विशिष्ट, माना हुआ (*his ~ brother, generosity*)।

supposer –'ज़ॅर् n. अनुमाता, कल्पनाशील व्यक्ति, माननेवाला, समझ लेनेवाला।

supposition –पॅज़ि'शॅन् n. उपकल्पना^F, (ग० भी) **कल्पना**^F, अनुमान, मानना, अटकल^F, अन्दाज; विचार, समझ^F।

suppositional –नॅल् a. काल्पनिक, उपकल्पित, अनुमेय, आनुमानिक, अनुमान-विषयक, उपकल्पना-सम्बन्धी, अटकल^Fका।

suppositious –ज़ॅस् a. काल्पनिक, कल्पित, अनुमित, फर्ज़ी।

supposititious सॅपॉज़िटि'शॅस् a. कृत्रिम, कपटरूप, कूट, अकल्पित, झूठा, बनावटी, जाली, नक़ली (*~ child, writings*)।

supposititiousness –निॅस् n. कृत्रिमता^F, कपटरूप, कूटपन, जालीपन, नकलीपन।

suppositive सॅपॉ'ज़िटिव् a. कल्पित, अनुमानित, उपकल्पनाशील, अनुमानशील, अटकल किया हुआ, समझा हुआ।

suppository सॅपॉ'ज़िटॅरि n. (चि०) गुदवर्ती, गुह्यवर्ती, **वर्ति**^F, पाखाना करानेके लिए गुदामें रखी जानेवाली वेजलीनकी बत्ती^F।

suppress सप्रे'स्' v.t. (विद्रोह, बगावत^F, आन्दोलन, विद्रोही आत्मा^F, समुद्री डाका, डाकू, मठ आदिको) नष्ट करना, (रसा०) **दमन करना,** अन्त कर देना, समाप्त कर देना, मिटा देना, बन्द करना, रोक देना, (रसा०) **दबाना**, कुचल डालना; (आर्तनाद, भावनाओं^F, जम्हाई^F, नाम, पुस्तक^F, प्रमाण, तथ्यको) नियन्त्रित करना, संयत करना, निवारण करना, वशमें रखना, प्रकाशित न होने देना, प्रकट न करना, प्रतिबन्ध लगाना, दबा लेना, रोक लेना, बन्द करना, छिपा लेना, छपने न देना, जाहिर न होने देना, जब्त कर लेना।

suppressed ⊙ –ट्' a. दमित, निगृहीत, विलोपित, अप्रकाशित, बाधाप्राप्त, दमन किया हुआ, दबाया हुआ, रोका हुआ (*~ measles*); (वन०) **अवरुद्ध**; अधिच्छादित, छाया हुआ, दबा-दबा (*~ seedlings*)।

suppressible –'सिबॅल् a. निग्रहणीय, दमनीय, बन्द करने योग्य, दबाने योग्य; प्रतिबन्ध लगाने योग्य; विलोप्य, गोपनीय, छिपाने लायक।

suppression –'शन् n. **अधिलंघन;** दमन, निवारण, निरोध, निग्रह, संयम, निग्रहण, नियन्त्रण, नियमन, स्तम्भन, विलोपन, रोध, दबाव, जब्ती^F; गोपन, छिपाव; (चि०) स्रावनिरोध, स्रावस्तम्भ।

suppressio veri (*L*) n. तथ्य-गोपन, सत्य-निरोध।

suppressive –'सिव् a. दमनकारी, सन्निरोधी (*~ therapy*); गोपनकारी, विलोपनशील, छिपानेवाला।

suppressor –सॅर् n. दमनकर्त्ता, निगृहीता, (वन०) **दमनकारी** (व्यक्ति), निग्रहकर्त्ता, निरोधकर्त्ता, प्रतिबन्धक, निग्रही, दबानेवाला; गोपनकर्त्ता।

suppurant स'प्युअॅरॅन्ट् a. = SUPPURATIVE.

suppurate –रेट् v.t. (चि०) पूयभवन, पूयोत्पादन करना, पीप^F पड़ना, (घावका) पकना।

suppuration –रे'शॅन् n. (चि०) पूयभवन, संपूयन, सपूयत्व, पूयसंचय, पूयोत्पत्ति^F, सपूयता^F, पीप^F आना, पीप^F।

suppurative –'प्युअॅरॅटिव् a. पूयज, पूयोत्पत्तिकारक, पूयवर्धक, पीप^F लानेवाला।

supra (*L*) adv. ऊर्ध्व, ऊपर।

Supr. Supreme.

supra- उत्-, उपरि-, के ऊपर (*~clavicular, ~-orbital, ~renal, ~maxillary*); वर-, वरिष्ठ- [*~mundane, ~colloquial(ism)*]।

supra-angular ⊙ स्यूप्रॅ-ऐङ्'ग्यूलॅर् a. उपरिकोणीय (*~ bone*)।

supraglenoid ⊙ –ग्ले'नाएॅड् n. (चि०) अध्युत्तान।

suprahyoid ⊙ –हाइ'आएॅड् n. (चि०) **अधिकण्ठिकी**^F (*~ artery*)।

supra-intestinal ⊙ –इन्टे'स्'टिनॅल् a. अन्त्रोपरि, आँतों^Fके ऊपरका (*~ vessel*)।

supra-mundane ⊙ –मन्'डेन् a. अपार्थिव, स्वर्गीय, पारलौकिक, संसारके ऊपरका।

supraorbital ⊙ –ऑर'बिटॅल् a. (जीव०) **ऊर्ध्वाक्षिका**, अधिनेत्रगुहा;
~ artery, ~ canal, ~ fissure, ~ line, ~ margin, ~ nerve, ~ vein.

supra-rational –रे'शॅनॅल् a. ज्ञानातीत, निर्विकल्प।

supra-renal –री'नॅल् a. (चि०) **अधिवृक्क** (*~ vein*), वृक्कोपरि;

~ body, ~ gland, ~ impression, ~ plexus, ~ vein.

supraspinatus ⊙ -स्पिने´ट्स् n. (चि०) **अध्यंस-पृष्ठिका**F ।

supremacy सू(स्यू)प्रे´मॅसि n. आधिपत्य, स्वाम्य, (राज०, का०) **सर्वोपरिता**F, अतिसर्वता F, परमेष्ठिता F, परमशक्तिमत्ता F, परमाधिकार; प्राधान्य, श्रेष्ठता F, **सर्वोच्चता**F, सरदारी F, बड़ाई F, अहमियत F ।

supreme -प्रीम्´ a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रधान, **सर्वोच्च** (*~command*), सर्वोपरि, प्राधिकार या पदमें सबसे बड़ा; महत्तम, महानतम, परम, सर्वाधिक, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण, सबसे ज्यादा अहम, सबसे ऊँचा, सबसे बड़ा (*wisdom, courage, etc.*); उच्चतम, सर्वमान्य (*the ~ test of fidelity*); ~ authority परम अधिकारी; (राज०) **सर्वोच्च प्राधिकारी, सर्वोच्च सत्ता**F; S~ Court **परम न्यायालय, सर्वोच्च या उच्चतम** न्यायालय; the S~ Being ईश्वर ।

Supt. Superintendent.

Sura(h) (Arab.) n. कुरान F का सूरा ।

sur1- =SUB- (*~rogate- ~reined, ~render*) ।

sur2- =SUPER- (*~charge, ~face, ~feit, ~loin, ~mount, ~prise*) ।

surah स्युअॅ´र´ n. रेशमी कपड़ा, टसर, सुरा ।

surat सुरैट्´ n. सूरतका कपड़ा, छींट ।

surcease सॅर्सीस्´ १. n. (प्रा०) निवृत्ति F, विराम, गतिरोध, समाप्ति F, खात्मा, रुकाव; २. v.i. निवृत्त होना, निरस्त करना, शेष होना, समाप्त होना, बन्द हो जाना, रुकना, खत्म होना ।

surcharge सर्´चार्ज (n., v.b.), सॅर्चार्ज´ १. n. (अर्थ०) **अधिप्रभार, अधिभार,** अत्यधिक या अतिरिक्त बोझा या भार, भरतीका बोझा; अधिभाटक, अधिकर, अतिरिक्त कर, अधिक किराया या भाड़ा या महसूल, ज्यादा रकम F; करयोग्य सम्पत्ति F का गलत हिसाब देनेके दण्डमें लगाया गया जुरमाना; आवश्यकता F से अधिक शक्ति F, विद्युत् F आदिका प्रदाय या सप्लाई F; लेखेकी भूल F दिखाना (जो ज़मा-खातेमें लिखी जानी चाहिए); भरनी F, सरकारी लेखेकी रकम F (जो लेखापरीक्षक द्वारा पारित न हो और जिसे उससे सम्बन्धित व्यक्तिको भरना पड़े); ऊपरी ठप्पा (जो डाक F के टिकटपर मूल्यके बदलनेके लिए लगाया जाता है); २. v.t. बहुत बोझिल करना, बहुत अधिक बोझ लाद देना, भरना; (करनिर्धारक का) विशेष कर लेना; (लेखापरीक्षक द्वारा) अपारित धनका वसूल करना, भरनी F वसूल करना; करयोग्य सम्पत्ति F के गलत हिसाब देनेपर किसी व्यक्तिपर जुर्माना लगाना; लेखेमें जमाखातेकी भूल F दिखाना; आवश्यकता F से अधिक तर करना या भिगोना ।

surcharged -ड्´ a. अतिभाराक्रान्त, अधिभारित (*~ mail*) ।

surcharger -´जॅर n. अधिभारक व्यक्ति, बोझ लादनेवाला आदमी; अर्थदण्डयिता, सरकारी चार्ज करनेवाला ।

surcingle सर्´सिन्गॅल् १. n. (घोड़ेका) **बालातंग,** काठी F बाँधनेका पट्टा, कोतलकश; पेटी F (विशे०) पादरियोंके चोगेके नीचेके तंग कपड़ेकी पेटी F; २. v.t. घोड़ेपर बालातंग कसना, पेटी F से कम्बल आदिको कसना ।

surcoat सर्´कोट् n. (इति०) वर्मके ऊपर स्थित परिच्छद, कवचके ऊपर पहननेका लबादा; १५वीं-१६वीं सदी F का स्त्रियों F का सलूका या जैकेट ।

surd सर्ड´ १. n. (ग० भी) **करणी**F, करणीगत राशि F, श्वासोच्चारित या अघोष व्यंजन या व्यंजनात्मक ध्वनि F; २. a. मौलिक, (गणित) करणीगत, करणीघटित; (ध्वनि०) अघोष, श्वासोचरित, साँस F से बोला हुआ (न कि आवाज F से) ।

surdation -डे´शॅन् n. अघोषण, श्वासोच्चारण ।

surdity -´डिटि n. करणीत्व, अघोषता F; (चि०) बहरापन, बधिरता F ।

surdomutism ⊙सर्डो´म्यूटिज़्म् n. गूँगा-बहरापन ।

sure शुअॅर´ १. a. अमोघ, अचूक, अवश्यम्भावी (*there is only one ~ way*); विश्वसनीय, विश्वासी, विश्वासके योग्य, भरोसेका, यकीनके लायक (*put it in a ~ place, sent it by a ~ hand*); निर्भ्रान्त, निस्संशय, संशयहीन, निश्चित, स्थिर, दृढ़निश्चय, दृढ़, पक्का, सन्देहशून्य, विश्वासयोग्य, विश्वासी, भरोसा करनेवाला, यकीन करनेवाला (*are you ~ ?*); स्थिर, नियत, निश्चयात्मक, निश्चित, असन्दिग्ध, विश्वस्त, पक्का, भरोसेका (*is ~ to turn out well*); बिल्कुल सच, असन्दिग्ध रूपसे सत्य, सच्चा, बिल्कुल सही, ठीक ठिकानेका (*one thing is ~*); अचूक (*a ~ shot*); २. adv. (बोल०, अमेरिकामें) असन्दिग्ध रूपसे, बिना किसी सन्देहके, बिला शक (*it ~ was cold*); निश्चित रूपसे (*as ~ as eggs is eggs, as ~ as a gun*); ~ card अवश्यम्भावी योजना F; ~ fire ⊙ अचूक निशाना; ~-footed स्थिरचरण, दृढ़चरण, कदमका सच्चा; (ला०) दृढ़चित्त, अटल; *a~ draw* लोमड़ी F के छिपनेकी आड़ F; सफल उक्ति F; *make ~* निश्चित करना, पक्का करना, किसी इच्छित बात F को पूरा करनेके लिए प्रयत्न करना; *make ~ of* सत्य स्थिर करना, सत्यकी स्थापना F करना, घटना F का निश्चय करना, भरोसा कर लेना, पक्का करना; *~ enough* सचमुच ।

sureness -´नि`स् n. दृढ़ता F, निर्भ्रान्तता F, संशयहीनता F, निश्चयात्मकता F, निस्संशयता F, पक्कापन; अमोघत्व, अवश्यम्भाविता F, विश्वास, सुरक्षा F, निर्भयता F; निश्चयात्मकता F, असन्दिग्धता F; सत्य, सच्चाई F, यकीनी होना ।

surety -´टि n. (प्रा०) निश्चयता F, निश्चय, यकीन; (अब क०) प्रतिभूति F, जमानत F, मुचलका, जमानत F के रूपमें रखी जानेवाली वस्तु; (अर्थ०) **प्रतिभू**, बन्धक, **जामिन,** जमानत F देनेवाला; *of a ~* निस्सन्देह, निश्चित रूपसे, सचमुच; *stand ~* जमानत F देना, मुचलका देना, जामिन होना ।

suretyship –शिप् n. प्रतिभूत्व, (का०) **प्रतिभूति**^F, जमानत^F ।

surf सर्फ़् १. n. (प्रा० भू०) **भग्नोर्मि**^F; (नौवि) वीचि^F; हिल्लोल^F, उग्र तरंग^F, लहर^F, फेन सहित उग्र लहरें^F, कल्लोल^F; २. v. i. खेल-खेलमें पट्टियों^F पर बैठकर समुद्रके साथ बहना; ~-boat समुद्रकी तरंगों^F पर तैरनेवाली नाव^F; ~-riding समुद्रकी लहरों^F में पट्टियों^F पर बैठकर तैरनेका खेल;

~-battered, ~-bird, ~ board, ~-bound, ~-man, ~-torn, ~-washed, ~-worn.

surface सर्'फ़िस् १. n. वाह्य रूप, बाह्याकार, (स्थिति-वि०) **पृष्ठ**, पृष्ठदेश, (कृषि०) पृष्ठ भूमि^F, ऊपरी मिट्टी^F; पीठ^F, ऊपरी रूप, तल रूप, (भौ०, रसा०, वन०) **तल**, भूतल, **सतह**^F, किसी पदार्थका बाहरी हिस्सा (*has a smooth, uneven, ~*); (ला०) बाह्य दृष्टिकोण, ऊपरी विचार, सतही पहलू (*looks only at the ~ of men and things*); (गुण०) तलीय, बाहरी, ऊपरी, सतही (*~ impressions*, etc.) समुद्रकी ऊपरी सतह^F (*~ mail*); (रेखा०) तल, सतह^F; २. v.t. & i. (कागज आदिको) तलयुक्त बनाना, विशेष तल रखना; (पनडुब्बी^F को) समुद्री तलपर लाना, ऊपर लाना; (पनडुब्बी^F का) तलपर उठ आना; plane ~ सम तल, एक-सी सतह; ~ cooler (कृषि०) **तल-शीतक**; ~ heater तल-तापक, ~-man रेलपथ-प्रबन्धक, रेलपथ-रक्षक, रेल^F-के मार्गोंकी व्यवस्था^F करनेवाला; ~-tension तलोत्तेजना^F, (यंत्र०, भौ०) **पृष्ठाततिं**^F, **पृष्ठ तनाव**, **तल-तनाव**, सतही तनाव (जो तरल पदार्थमें होता है जिससे बुलबुले और बूंदें^F बन जाती हैं); ~-water (प्रा० भू०, चि०) **भूपृष्ठजल**, **पृष्ठजल**, तलवर्ती जल, सतही पानी, कुछ देर तक सतहपर रहकर फिर बह जानेवाला पानी; ~ worker **खान^F के ऊपरका कर्मी**;

~ ablation, ~ area, ~ barrier, ~ catalysis, ~ catalyst, ~ channel, ~ collection, ~-colour, ~ combustion, ~ condenser, ~ cover, ~ covering, ~ cracking, ~ craft, ~ currents, ~ damage, ~ density, ~ drain, ~ drainage, ~-dressing, ~ effects, ~ energy, ~ erosion, ~ evaporation, ~ expansion, ~ extent, ~ feature, ~ films, ~ finds, ~ finishing, ~ fire, ~ float, ~ friction, ~ harmonic, ~ heater, ~ humus, ~ indication, ~ inspection, ~ integral, ~ irregularity, ~ layer, ~-living, ~-mail, ~ marking, ~ molecule, ~ noise, ~ printing, ~ rent, ~ right, ~ rock, ~ run off, ~ ship, ~ soil, ~ strain, ~ stream, ~ transport, ~ treatment, ~ velocity, ~ vibrator, ~ view, ~ vessel, ~ wave, ~ wind.

surfaced –स्ट् a. तलयुक्त, सतहवाला ।

surfacing –'सिंग् n. (स्था०) घुटाई^F, (परि०) ऊपरी तह^F ।

surfeit सर्'फ़िट् १. n. अतिभोजन, अतिपान, खाने-पीनेमें अति^F या ज्यादती^F; अतिभोजन-जनित अरुचि^F या कष्टबोध, अतितृप्ति^F, अतिपूरण, अजीर्ण, अघाई^F, अफरा, अफराई^F; (चि०) घोड़ेकी पित्ती^F; २. v.t. & i. अपरिमित आहार करना, इच्छा^F से भी अधिक खाना या खिलाना, अतिभोजन या अतिपान करना, अतितृप्त होना, कोई वस्तु आवश्यकता^F से अधिक पिला देना, हद^F से ज्यादा पिला देना या पी लेना, छका देना, अघा देना; अफरा देना, छक जाना, अघा जाना, अफरा जाना ।

surfeiter –टर् n. घस्मर, बहुभुक्, अतिभुक्, अतिभोजी व्यक्ति, भुक्खड़ आदमी, पेटू आदमी ।

surfy सर्'फि a. समुद्र-तटपर टकरानेवाली तरंगोंवाला, समुद्री फेनसे भरा हुआ ।

surg. surgeon; surgery.

surge सर्ज् १. n. (प्रा० भू०, ऋतु०) **वीचि**^F, ऊर्मि^F, **महोर्मि**^F, तरंग, कल्लोल^F, (विद्यु०) **हिल्लोल**^F, हिलोर^F, लहर^F, मौज^F; भावना, भावुकता; (भौ०, रसा०) **प्रोत्कर्ष**; तरंगायित गति^F, उभार^F, चढ़ाव, उमड़ना; २. v. i. (समुद्रका) तरंगायित होना, तरंगित होना, उद्वेलित होना, लहरें^F मारना, लहरें^F लेना, हिलोरें^F लेना, मौजें^F मारना, लहराना, चढ़ना, उमड़ना, बहना, लहलहाना, समुद्रकी लहरों^F की भाँति उमड़ना; (नौवि०, भारोत्तोलक या वजन उठानेकी मशीन^F परकी रस्सी^F या जंजीर^F का) झटकेके साथ पीछे फिसलना, पीछे रिपटना; (पहियेका) रेल^F या सड़क^F पर बिना आगे बढ़े घूमना, चक्कर काटना ।

surgent ⊙ –जेंन्ट् a. ऊर्मिल, तरंगित होनेवाला, उमड़नेवाला ।

surgeon सर्'जन् n. (चि०) शल्यकार, शल्यशास्त्री, **शल्यचिकित्सक**, शल्यवैद्य, शल्य-चिकित्सा-पटु, शस्त्र-चिकित्सक, शस्त्रवैद्य, चीर-फाड़^F करनेवाला डाक्टर, जर्राह, **सर्जन** (*civil, military, ~*); (पहले प्रयुक्त) औषध-विक्रेता, सामान्य वैद्य, हकीम, तबीब; समरविभागका चिकित्सक, नौसेना या स्थलसेना^F या सैन्य-चिकित्सालय-का चिकित्सा-अधिकारी;

~ fish, ~'s duty room, ~'s examination room, ~'s room.

surgeoncy –न्सि n. शल्यशास्त्री-पद, शल्यचिकित्सक-पद, शल्यवैद्य-पद, शल्य-वैद्य-पद; सर्जनी ।

surgery –जॅरि n. (चि०) **शल्यचिकित्सा**^F, शल्य, शल्यशास्त्र, शल्यतन्त्र, शल्यविद्या^F, (रसा०, चि०) **शल्य-कर्म**, शस्त्रचिकित्सा^F, जर्राही^F, जर्राही^F का काम; शल्य-चिकित्सा-कक्ष, शस्त्रोपचार-कक्ष, सर्जनका कमरा; conservative ~ संरक्षात्मक शल्य-चिकित्सा^F (जिसमें अंगच्छेद नहीं किया जाता है) ।

surgical –जिकॅल् a. शल्यचिकित्सकीय, शल्यशास्त्रीय, शस्त्र-चिकित्सा-विषयक, शल्योपयोगी, जर्राही^F का, जर्राहका (*~ instruments, skill*); शस्त्रचिकित्सा^F द्वारा सम्पादित; ~ fever (चि०) शस्त्रकर्मज्वर, शल्यज्वर,

जर्राही^F या ऑपरेशनका बुखार; ~ operation (चि०) शस्त्र-कर्म; ~ treatment शल्यचिकित्सा^F, **शस्त्र-चिकित्सा**^F;

~ department, ~ measure, ~ nursing, ~ specialist, ~ stores, ~ ward.

surgy सर्'जि =SURGENT.

sur le champ (F) adv. तुरन्त।

surliness सर्'लिनिस् n. अविनीतता^F, दुःशीलता^F, कटुभाषिता^F, असभ्यता^F, अभद्रता^F, रूक्षता^F, अशिष्टता^F, कर्कशता^F, अक्खड़पन, चिड़चिड़ापन, ऐंठूपन।

surloin सर्'लाएँन् n. =SIRLOIN.

surly सर्'लि a. अविनीत, दुःशील, कटुभाषी, असभ्य, अभद्र, अशिष्ट, दुष्ट, परुषस्वभाव, रूक्ष, कर्कश, रूखा, अक्खड़, चिड़चिड़ा, ऐंठू, कड़ा, बदमिजाज; अशिष्टता-द्योतक; रोषपरवश; म्लानवदन।

surmaster सर्'मास्टॅर् n. उपाचार्य।

surmisal सर्माइ'ज़ॅल् n. वितर्क, आशंका^F, शंका^F, अन्देशा; अनुमान, कल्पना^F, अटकल^F, अन्दाजा।

surmise –ज़्' १. n. वितर्क, आशंका^F, शंका^F, अन्देशा; अनुमान, कल्पना^F, अटकल^F, अन्दाजा; २. v.t. & i. किसीके अस्तित्वमें सन्देह रखना, वितर्क करना, शंका^F करना; अनुमान करना, कल्पना^F करना, किसी वस्तु^Fके सम्बन्धमें विचार दौड़ाना, अटकल^F लगाना, अन्दाजा करना।

surmiser –ज़ॅर् n. आशंकक व्यक्ति, शंकालु व्यक्ति, अन्देशा करनेवाला आदमी; अनुमेता, कल्पनाशील व्यक्ति, अटकलबाज, अन्दाज करनेवाला।

surmount सर्मा'उन्ट् v.t. (कठिनाई^F, रुकावट^Fका) उल्लंघन करना, अतिक्रम करना, जय^F करना, जीत लेना, पार करना, सर कर लेना, फतह^F कर लेना; मस्तक आच्छन्न करना, शिखरको आच्छादित करना, ऊपर चढ़ना, चोटी^Fपर होना, चोटी^F ढँक लेना (*peaks ~ed with snow*)।

surmountable –'टॅबॅल् a. उल्लंघनीय, अतिक्रमणीय, जेय, पार करने योग्य, जीतने या सर करने लायक।

surmountableness –निॅस् n. उल्लंघनीयता^F, अति-क्रमणीयता^F, जेयता^F, पराजित होनेकी योग्यता^F।

surmounter –टॅर् n. उल्लंघयिता, अतिक्रमणकर्ता^F, अतिक्रान्ता, जेता, पराजेता।

surmullet सॅर्मॅ'लिॅट् n. लाल रंगकी एक समुद्री मछली^F।

surname सॅर्'नेम् १. n. उपनाम; अधिनाम, उपाधि-नाम; वंशनाम, गोत्रनाम, **कुलनाम**, जाति नाम; पदवी^F; २. v.t. उपाधिनाम देना, उपाधि^F या पदवी^F देना, किसी व्यक्तिका कुलनाम रखना, उपनाम देना।

surnamed –ड् a. उपनामसे पुकारा हुआ, कुलनामसे बुलाया हुआ, उपनामका, कुलनामका।

surnominal सॅर्नॉ'मिनॅल् a. उपनामीय, अधिनाम-विषयक, वंशनामवाला, कुलनाम-सम्बन्धी, पदवीका।

surpass सॅर्पास' v.t. अतिक्रम करना, पराभूत करना, उत्कृष्ट होना, पीछे छोड़ देना, आगे निकल जाना, आगे बढ़ जाना।

surpassable –'सॅबॅल् a. अतिक्रमणीय।

surpassing –सिंग् a. अतिक्रमणकारी, परमोत्कृष्ट, श्रेष्ठ, बढ़कर, ऊपर।

surpassingness –निॅस् n. अतिक्रमणकारिता^F, परमोत्कृष्टता^F, श्रेष्ठता^F, बढ़कर होना, ऊपर होनेकी स्थिति^F।

surplice सर्'प्लिस् n. (ईसा०) पादरींका परिच्छद, पुरोहितका ऊपरं पहननेका ढीला पूरी बाँहों^Fका सफेद कपड़ेका लम्बा जामा; ~ choir उपर्युक्त जामा पहनने-वाला गायकदल; ~-fee (विवाह, मृत्यु-संस्कार आदिके लिए) पादरीको दी गयी दक्षिणा^F या दान।

surpliced ⊙ –ट् a. उपर्युक्त जामा पहननेवाला, सर-प्लिसधारी।

surplus सर्'प्लॅस् n. (वाणि०, अर्थ०, का०) **आया-धिक्य**; आधिक्य, अधिकता^F, अतिरिक्त भाग, अतिरेक, **अधिशेष**; शेष, बचत^F, बढ़ती^F, (अर्थ०, वाणि०) **बेशी**^F, जायद मिकदार; (गुण०) **अतिरिक्त**, अपर, **अधिक**, **फालतू** (*~population*); **खाली**;

~amount, ~ area, ~ bag, ~ block, ~ budget, ~ coins, ~ collection, ~ copies, ~ deficiency, ~ demand, ~ discharge, ~ energy, ~ income, ~ labour, ~ material, ~ produce, ~ product, ~ profits, ~ stock, ~ stores, ~ value, ~ votes.

surplusage –सिज् n. =SURPLUS, (का०) **असंबद्ध (सामग्री^F आदि)**।

surprisal सॅर्प्राइ'ज़ॅल् n. अवस्कन्द, सहसा आक्रमण; चमत्कार, आश्चर्य, आश्चर्यजनक कार्य, विसयकारी क्रिया^F, हैरत^F, हैरानी^F।

surprise*, **surprize** ⊙ –ज़्' –ज़्' १. nn. सह-साक्रम, आकस्मिक या हठात् आक्रमण, व्यक्तियोंको अचानक धर पकड़नेकी क्रिया^F, बेखबरी^Fमें आ लेना या धर दबाना (*the fort was taken, the truth must be elicited, by ~*); विस्मय, चमत्कृति^F, चमत्कार, **आश्चर्य**, अकुलाहट^F, हैरानी^F*, घबराहट^F, अचम्भा, अचरज*, ताज्जुब (*his ~ was visible*); आश्चर्य-जनक बात^F, विसयकारी घटना^F, अचरजकी बात^F (*was a great ~ to me*); २. vv. t. सहसा आक्रमण करना, अकस्मात् टूट पड़ना, धर लेना, अचानक आ पहुँचना; बेखबरोंपर हल्ला बोलना (*~d him in the act*); आश्चर्यान्वित करना, आश्चर्यचकित करना, विसया-कुल करना, विसयमें डाल देना, विसित करना, अचम्भित करना, हतबुद्धि करना, हैरान करना, चकरा देना, हैरत^Fमें डाल देना (*should you be ~d to learn —?*); अपने आचरण या क्रिया^F या कार्यसे किसी व्यक्तिको विसयाभि-भूत करना, व्यग्र बनाना, उत्सुक बनाना, अकुला देना, परेशान करना, घबरा देना (*~d me into rudeness, consent, dropping the reins*); ~ attack

अकस्मात् आक्रमण, अचानक हमला; ~ check (रेल०) अचानक जाँच^F; ~ packet अचम्भेका पुड़ा, हैरत^F का पैकेट (जिसमें अनपेक्षित वस्तुएँ भरी हों); (ला०) अप्रत्याशित वस्तु^F; अनपेक्षित वस्तु^F, ~ target आकस्मिक लक्ष्य, आकस्मिक टार्गेट; ~ visit असूचित या अप्रत्याशित निरीक्षण, आकस्मिक निरीक्षण, अचानक जाँच^F करने आना, असूचित^F भेंट^F, *to my great* ~ मेरी आशाओं^F के प्रतिकूल, अचानक ही।

surprised,-z- —ड्‌ a. विस्मित, साश्चर्य, चकित।

surpising —ज़िंग्‌ a. विचित्र, अद्‌भुत, आश्चर्यजनक, विसयकारी, हैरान करनेवाला।

surprisingness —निंस्‌ n. विचित्रता^F, अद्‌भुतता^F, आश्चर्यजनकता^F, विसयकारिता^F; आश्चर्य, हैरानी^F।

surra, surrah स'रॅ, सुर्‌'रॅ n. (चि०) वैनाशिक रक्तक्षय, अश्व आदि पालतू प्राणियोंका; (कृषि०) सूरा, सूखा रोग।

surrealism सरी'ॲलिज्म्‌ n. अतियथार्थवाद, (बीसवीं शताब्दी^F का कला^F और साहित्यका एक आन्दोलन)।

surrealist —लिस्ट्‌ n. & a. अतियथार्थवादी।

surrealistic —'टिक्‌ a. अतियथार्थवादी।

surrebut सरि'बट्‌' v.i. प्रतिप्रत्युत्तर देना, वादी द्वारा तीसरी बार अपना पक्ष निवेदन करना, (वादीका) प्रतिवादीके तीसरे जवाबका उत्तर देना।

surrebuttal —'टॅल्‌ n. पक्ष-प्रतिपादन, प्रतिप्रतिपक्ष-निवेदन।

surrebutter —टॅर्‌ n. वादी द्वारा अन्तिम पक्ष-प्रतिपादन, पक्ष-निवेदन।

surrejoin सरि'जाॅयॅन्‌' v. i. (कानून) प्रत्युत्तर देना, जवाब देना।

surrejoinder —'डॅर्‌ n. प्रतिप्रत्युक्ति^F, (का०) प्रतिपुनरुत्तर, प्रत्युत्तरवादी द्वारा तीसरी बार पक्ष-निवेदन।

surrender सॅरॅ'न्‌'डॅर्‌ १. n. उत्सर्ग, (अर्थ०) **समर्पण**, (~ *deed*), प्रदान, **अभ्यर्पण**, अध्यर्पण, उत्सर्जन, परित्याग, अभित्याग, सौंपना, वापसी^F; **आत्मसमर्पण**, पराजय-स्वीकरण; प्रणति^F, अधीनता-स्वीकरण, सपुर्दगी^F, हिरासत^F; (pl.) (अर्थ०) **समर्पण, राशि^F**; २. v.t. & i. उत्सर्ग करना, स्वत्व त्यागना, **अभ्यर्पण करना**, अर्पण करना, समर्पण करना, समर्पित करना, अभित्याग करना, दूसरेको दे देना, दे डालना, सौंप देना, सुपुर्द करना, दूसरेके अधिकारमें दे देना, अधिकार छोड़ देना, **कब्जा देना**, दूसरेके हवाले करना (~ *office, privilege*); अध्यर्पित करना, **आत्मसमर्पण करना**, प्रतिरोध न करना, अधीन हो जाना, शरण^F लेना, दब जाना, झुक जाना, लड़ाई^F बन्द कर देना; (गढ़ी^F, जहाज, सेना^F या सेनापतिका) आत्मसमर्पण करना, शत्रुके सामने समर्पण करना, पराजय^F स्वीकार करना, शस्त्रत्याग करना, हथियार डाल देना, हार मानना; भावना^F के वशमें होना, प्रभावमें आना, किसी आदत^F से बँध जाना, आदी हो जाना, असरमें आ जाना; ~ value अध्यर्पण-अर्हा^F, (अर्थ०) **समर्पण-मूल्य**, वापसी मूल्य; ~ *to* one's *bail* जमानत^F से छूटनेके पश्चात् न्यायालयमें उपस्थित होना।

surrenderee —री' n. (का०) **अभ्यर्पिती**, अध्यर्पिती, अध्यर्पित व्यक्ति, सिपुर्ददार, व्यक्ति जिसे सिपुर्द किया जाय।

surrenderor, -rer —'डॅरॅर्‌-रॅर्‌ n. (का०) **अभ्यर्पक**, अध्यर्पयिता, अध्यर्पक, आत्मसमर्पयिता, अर्पित करनेवाला।

surreption सरे'प्‌'शॅन्‌ n. चौर्य, चोरी।

surreptitious —टि'शॅस्‌ a. (शिक्षा०) **अन्तःक्षिप्त**, प्रच्छन्न, गोपनीय, गुप्त, अप्रकट, चोरीसे किया हुआ, चोरी-छुपेका, झूठा, चोरीका खुफिया, लुका-छिपा (~*inspection*)।

surrey ⊙ स'रि n. (pl. -s) बग्घी।

surrogate स'रॅगेट्‌ १. n. उपधर्माध्यक्ष, (शिक्षा०) **प्रतिनियुक्त**, प्रतिपुरुष, **प्रच्छन्न प्रतिनिधि**, सहायक, पेशकार; (चि०) औषधिप्रतिनिधि; २. v.t. **प्रतिनियुक्त करना**।

surrogateship —गेट्‌-शिप्‌ n. प्रतिनिधित्व, उपधर्माध्यक्ष या उसके प्रतिनिधिका पद या अधिकार।

surrogatum —गे'टॅम्‌ n. स्थानापन्न व्यक्ति।

surround सॅराउन्ड्‌' १. n. (कालीन, दरी आदिके) चारों ओर दीवालों^F तक बिछा हुआ बिछावन, फर्श; २. v.t. वलयित करना, वेष्टन करना, परिवेष्टित करना, परिवृत्त करना, आवृत्त करना, परिवारित करना, परिक्रमा^F करना, चारोंसे आना, घेरा डालना, आ घेरना, घेरना, अहाता बना लेना (~ *ed with* or *by*)।

surrounding —डिंग्‌ a. प्रतिवेशी, परिवर्ती, परिवारी, पास-पड़ोसका, आसपास (~ *ground*)।

surroundings —ग्ज़्‌ n. (pl.) संवलन, परिवेष्टन, प्रतिवेश, परिवेश, परिपार्श्व, पारिपार्श्विक अवस्थाएँ^F, परिस्थितियाँ^F, आसपासका वातावरण, पास-पड़ोस (*cultured* ~)।

sursum corda (L) phr. दिल पक्का रखो।

surtax सर्‌'टैक्स्‌ १. n. (का०) **अतिकर**, अतिरिक्त कर, उपरिकर, जायद टैक्स; २.v.t. अतिरिक्त कर लगाना।

surtout सर्‌'टू n. (अब क्व०) उत्तरीय वास, ऊपर पहिननेका ढीला कोट, ओवरकोट।

surveillance सॅवे'लॅन्स्‌, -ल्यॅन्स्‌ n. तत्त्वावधान, अवेक्षण, संनिरीक्षण, देखरेख^F, **निगरानी^F**, चौकसी^F, रखवाली^F, नजर^F।

survey[1] सर्‌'वे n. (किसी वस्तु^F की अवस्था^F, आकार आदिका) **सर्वेक्षण**, निरीक्षण, परीक्षा^F, सविशेष दृष्टि^F, जाँच^F, पड़ताल^F; आपरीक्षण या पड़ताल^F का विवरण; पर्यालोकन, दृष्टिक्षेपण, सामान्य दृष्टिकोण, नजर^F डालना; मापन, भूमिति^F, परिमापन; क्षेत्रमाप; क्षेत्रमाप-विभाग, भूमापन-विभाग, परिमाप-विभाग, जमीन^F की पड़ताल^F या पैमाइश^F का विभाग; क्षेत्र-मानचित्र, पड़ताल^F या पैमाइश^F का नकशा;

~ alignment, ~ appliances, ~ book, ~ boundary mark, ~ chain, ~ clerk, ~ compass, ~ data, ~ draftsman, ~fees, ~ field mark, ~ flight, ~ form, ~ inspe-

ctor, ~ instructor, ~ line, ~ map, ~-mark, ~ number, ~ officer, ~ pillar, ~ proceedings, ~ range, ~ report, ~ scheme, ~ sheet, ~ station, ~ triangulations, ~ unit.

survey² सर्वे' v.t. **सर्वेक्षण करना**, आपरीक्षण करना, पर्यालोकन करना, मनोयोगपूर्वक दर्शन करना, सामान्य आकार-प्रकार समझ लेना, सामान्य धारणा^F बनाना, एक दृष्टि^F में देख जाना, सरसरी तौरसे देखना, नजर^F डालना, देखना, पड़ताल^F करना; (इमारत^F आदिका) निरीक्षण करना, बातों^F की जाँच^F करना, मामलेकी पड़ताल^F करना; भूमापन करना, परिमापित करना, क्षेत्रमिति^F तैयार करना, जमीन^F की पड़ताल^F करना, मापना, पैमाइश^F करना।

surveyed –ड्' a. **सर्वेक्षित**; (*~ range, ~ room*)।

surveying –'इंग् n. परिमापन, भूपरिमाप, भूमापन, भूमिति^F, क्षेत्रमाप, पैमाइश^F, सर्वेक्षण, पड़ताल^F।

surveyor –'ॲर् n. **सर्वेक्षक**, पर्यवेक्षक, आपरीक्षक, वीक्षक, पर्यालोचक, परिदर्शक; परिमापक, भू-मापक, पड़ताल या पैमाइश^F करनेवाला अफसर (*~ of weighis and measures*); भूमापक, व्यावसायिक रूपसे भूमापनका कार्य करनेवाला, पैमाइश^F करनेवाला, अमीन पैमाइश; **क्षेत्रफल-मापक**, **रकबामापी**; माप-तौल^F की पड़ताल^F करनेवाला; ~ general **महा सर्वेक्षक**।

surveyorship –शिप् n. परिमापक या भूमापकका पद, भू-मापकत्व, सर्वेक्षकत्व, पर्यवेक्षक या आपरीक्षकका पद।

Surv. Gen. Surveyor– General.

survival सॅर्वाइ'वॅल् n. अतीतका स्मृतिचिह्न व्यक्ति या पदार्थ, यादगार; उद्वर्तन (का०) **उत्तरजीविता**^F, (जीव०) **अतिजीविता**^F, (दर्श०) **अतिजीवन**, अनुजीवन, बचा रहना, बादकी जिन्दगी^F, जीता बचना, ~ rate **जीवित शेषदर**; ~*of the fittest* बलिष्ठ-अतिजीविता^F, (जीव०) **योग्यताकी अतिजीविता**^F, योग्यतमकी जय^F।

survivance ⊙ –वॅन्स् n. उत्तरजीविता^F, अतिजीविता^F, अतिजीवन।

survive –व्' v.t. & i. अस्तित्व बनाये रखना, विद्यमान होना, अभी भी जीवित होना, (का०) **बचा रहना**, टिका रहना, जीते जाना (*~ all perils*); अपेक्षाकृत अधिक समयतक जीना, (का०) **उत्तरजीवित रहना**, उत्तरजीवी होना, (किसीके) मर जानेके बादतक जिन्दा रहना, (-के पश्चात्) जीवित बचा रहना, बीचसे जीवित निकल आना, (*~ one's children*)।

surviving –'विंग् a. शेष, अवशिष्ट, अतिजीवी (का०) **उत्तरजीवी** (*~ children*)।

survivor –वॅर् n. (का०) **उत्तरजीवी**, अपेक्षाकृत दीर्घजीवी, पश्चाज्जीवी, अनुजीवी, अतिजीवी, बचा रहनेवाला।

survivorship –शिप् n. (का०) **उत्तरजीवित्व**; **उत्तरजीविता**^F, पश्चाज्जीवित्व, पश्चाज्जीवन, अतिजीविता^F, उत्तरजीवन।

sus- = SUB- (*~ pend, ~ceptible*)।

suscept सॅस्से'प्ट् a. रोगग्राही, आग्राहक।

susceptance –टंस n. आग्रहण, रोगग्रहण, (विद्यु०) **अनुकार्यता**^F।

susceptibility सॅसे'प्टिबि'लिटि n. अनुभवक्षमता^F, ग्रहणक्षमता^F, **ग्रहणशीलता**^F, **सुग्राहिता**^F, अरोधता^F, (पशु०) **प्रभाववश्यता**^F, (चि०) अरोगक्षमता^F: प्रभावग्रहणशीलता^F, पात्रता^F, योग्यता^F; तीव्रानुभूतिशीलता^F, संवेदनशीलता^F, आशु-**प्रभाव्यता**^F, सुप्रभाव्यता^F, सम्भाव्यता^F, भावुकता^F, शीघ्रमनोविकारिता^F, नाजुकमिजाजी^F, चिड़चिड़ापन, (भौ०, रसा०) **प्रवृत्ति**^F, **चुम्बकीय प्रवृत्ति**^F; (प्रायः pl.) व्यक्तिके स्वभावके मर्मस्थल, मर्मविन्दु, मर्म, भावनाएँ^F।

susceptible –टिबॅल् a. सम्भाव्य, होनेवाला, गुंजाइश^F या क्षमता^F रखनेवाला (*passage is ~ of another interpretation*); (चि०) अरोगक्षम, सुग्राह्य, अनुभवक्षम, संवेदनशील, **ग्रहणशील**, ग्रहणक्षम, **सुग्राही**, आग्राही, (पशु०) **प्रभाववश्य**, प्रभावग्रहणशील, सुप्रभाव्य, **प्रभाव्य**, पात्र, योग्य, गमनीय, नाजुक, असरमें आनेवाला (*very ~ to pain, injury, kindness, female charms*); तीव्रानुभूतिशील, संवेदनक्षम, भावुक, शीघ्रमनोविकारी, अनुरागी, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज।

susceptibleness –निॅस् n. = SUSCEPTIBILITY.

susceptive –'टिव् a. भावुक, भावप्रवण, अनुभूतिप्रवण, संवेदनशील, ग्रहणक्षम, आग्रहणशील (*the ~ faculties, nature*)।

susceptivity –विटि n. & a. भावप्रवणता^F, अनुभूतिप्रवणता^F, संवेदनशीलता^F, आग्रहणशीलता^F।

suscipient सॅसि'पिॲन्ट n. प्रापयिता, प्रापक, आग्राही, पानेवाला।

suscitate स'सिटेट् v.t. प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, प्रणोदित करना, उभाड़ना, भड़काना।

susi सू'सि n. सूती कपड़ा।

suslik सस्'लिक् n. (रूसी) मूष, मूस।

suspect¹ सस्'पॅक्ट् १. n. शंकास्पद या सन्दिग्ध व्यक्ति, आशंक्य व्यक्ति (*political ~s are kept ander surveillance*); २. a. शंकित, शंकास्पद, आशंक्य, सन्दिग्ध, सन्देहभाजन, शंकापात्र, सन्देहजनक, (*the statement of an interested party is naturally ~*); शंकितापराध।

suspect² सॅस्पे'क्ट्' v.t. अविश्वास करना, आशंका^F करना, शंका^F करना, (का०) **सन्देह करना**, संशय होना, शुबहा होना (*~ danger, a plot*); अनुमान करना, सोचने लगना, विचारना, बिचार होना, समझना, ख्याल करना (*I ~ you once thought otherwise*); भ्रम होना, प्रतीत-सा होना, कुछ-कुछ लगना (*I ~ him to be, my brother, a liar, dying*); सन्देहकी दृष्टि^F से देखना, सिधाई^F में अविश्वास करना, दोषी समझना, अपराधी समझना, ईमानदारी^F में सन्देह

करना, विश्वास न करना, शुबहाकी नजर^F से देखना, शक करना (*I ~ him of lying, of deep designs*); अनिश्चित समझना, संशय रखना, गलत समझना, ऐतवार न करना (*~ the authenticity of the evidence*); अपराधकी बू आना।

suspectable –टॅबॅल् a. (का०) आशंक्य, शंकास्पद, सन्देहास्पद, भ्रान्तिजनक, अविश्वसनीय।

suspected –टि॑ड् a. सन्दिग्ध, **सन्देहयुक्त**, अविश्वस्त, संशयित, संशयास्पद;
~ enemy, ~ poisoning, ~ vessel.

suspectedness–निॅस् n. सन्दिग्धता^F, सन्देहयुक्तता^F, सन्देहमयता^F, अविश्वस्यता^F, अविश्वसनीयता^F।

suspecter –टॅर् n. सन्देही व्यक्ति, संशयी, अविश्वासी आदमी।

suspectful –पे॑क्ट्-फुल् a. सन्दिग्ध, सन्देहयुक्त; सन्देहमय, सन्देही, अविश्वासी।

suspectless –लिॅस् a. असन्दिग्ध, असन्देहयुक्त, अनविश्वस्य, अनविश्वसनीय।

suspend सॅस्पे॑न्ड् v.t. कुछ समयके लिए स्थगित या निष्क्रिय रखना, अनिश्चित रखना, अनिश्चित अवस्था^F में छोड़े रहना, फैसला न करना, रोक रखना; विलम्ब करना, देरी^F करना; स्थगित करना, अस्थायी रूपसे अभिशून्य करना, रद्द करना, बन्द करना; (सदस्यतासे) निलम्बित करना, च्युत करना, अधिकारच्युत करना, पदच्युत करना, कार्यवंचित करना, **निलम्बित करना**, निकाल देना, हटा देना (*~ a clergyman*); **रोक देना, मुअत्तिल करना**; अधरमें रखना, लटकाना, झुलाना, टाँगना; ~ *payment* दिवाला निकाल देना, दिवालिया हो जाना, ऋण न चुका पाना, कर्ज अदा न कर पाना।

suspended –डि॑ड् a. स्थगित, लम्बित, **निलम्बित** (*~ judgment*); (रसा०, वन०, यन्त्र०) **आलम्बित, अवलम्बित, लटकता हुआ** (*balloon ~ in midair*); कार्यवंचित, पदच्युत, मुअत्तल, **मुअत्तल कर दिया गया, रोक दिया गया**; (रसा०) छितरा हुआ; ~ animation (चि०) स्थगित चेतन्य।
~ ceiling, ~ scaffold, ~ solid, ~ span.

suspender–डॅर् n. अस्थायी रूपसे पदच्युत करनेवाला, मुल्तवी^F करनेवाला; निलम्बनकर्त्ता, विलम्बकर्त्ता आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (चि०) लटकन^F; लटकानेवाला, टाँगनेवाला; ~s दो शाखें^F, टहनियों^F का जोड़ा।

suspense सॅस्पे॑न्स् n. (कानून) निलम्बन, स्थगन, अधिकार आदिकी अस्थायी समाप्ति^F; अनिश्चयता^F, अनिश्चितावस्था^F, अनिश्चय, द्वैधीभाव, विकल्प, द्विविधा^F, संशय, (शिक्षा०) **असमंजस**, आशा^F या प्रतीक्षा^F की अवस्था^F, शशोपंज; ~ account (वाणि०, का०) **निलम्बित लेखा, उचन्त लेखा, उचन्त खाता**; *keep one in ~* प्रतीक्षा^F की उत्कण्ठा^F में रखना, उत्सुकता^F की अवस्था^F में रखना, जिस (बात^F को सुननेके लिए कोई इच्छुक हो उसे) सुनानेमें देर करना।

suspensibility –सिबि॑लिटि n. निलम्ब्यता^F, निलम्बनीयता^F, अनिश्चेयता^F, अनिश्चयशीलता^F, संशय, असमंजसयुक्तता^F।

suspensible –सिबॅल् a. निलम्ब्य, निलम्बनीय; अनिश्चेय, अनिश्चययुक्त, संशयशील, असमंजसयुक्त।

suspension –शन् n. (कृषि०, रसा०, यन्त्र०, प्रा० भू०, चि०) उपशम; अवलम्बन चिकित्सा^F (मेरुदण्ड रोगकी); **आलम्बन, निलम्बन**, विलम्बन, प्रलम्बन, व्याक्षेप, ढील^F; स्थगन, निवृत्ति^F, अस्थायी पदच्युति^F, **मुअत्तली**^F आदि (क्रियागत अर्थोंमें); आलम्ब, (प्रा०भू०) **झूल**^F, **झूला**, लटक^F, लटकाव, झुलाव; (रसा०, भौ०) **आलम्बन-सूत्र, आलम्बन तन्तु**, ~ furnace (नौवि०) लटकती भट्ठी^F;
~ allowance, ~ bearing, ~ bridge, ~ colloid, ~ current, ~ fibre, ~ method, ~ rod, ~ system, ~ wire.

suspensive–सिव् a. (वन०) **अवलम्बी**, निलम्बमान; अनिश्चित, सन्देहयुक्त, असमंजसशील, सन्दिग्ध, डाँवाडोल।

suspensoid –साएँड् a.(रसा०)**निलम्बाभ; निलम्बन-कालायड**।

suspensor –सॅर् n. **भ्रूण-बन्धनी**^F; **निलम्बी, लटकन**^F; निष्क्रियकारी वस्तु^F; अनिश्चयकारी वस्तु^F, देरी^F करनेवाली वस्तु^F, लटकानेवाला; T.।

suspensorium –सोॲ॑रिॲम् n. (जीव०) **निलम्बकर**, T.।

suspensory –रि a. दुविधापूर्ण, सन्देहजनक, सन्देहपूर्ण, दोलायमान, असमंजसका, टालू; (चि०) अवलम्बी, निलम्बी; अन्यापेक्षी; लटकानेवाला; ~ bandage (चि०) कौपीनबन्ध, वृषणकोषको लटकानेवाला बन्ध;
~ clause, ~ fibres, ~ ligament.

sus. per coll. *suspensis per collurs*, hanging by the neck.

suspicion सॅस्पि॑शन् १. n. अविश्वास, संशय, (का०) **सन्देह**, आशंका^F, शंका^F, वितर्क, शक, खटका; सूक्ष्म मात्रा^F, २. v.t. (बोली०) **अविश्वास रखना**, सन्देह रखना, शंका^F करना, शक करना; *above ~* सन्देहसे परे; *under ~* सन्दिग्ध।

suspicionless –लिस् a. विश्वासी, निस्संशय, संशयमुक्त, शंकाशून्य, शंकारहित, सन्देहहीन, सन्देहमुक्त, शक या शुबहासे खाली।

suspicious –शॅस् a. सन्देहप्रवण, अविश्वासी, संशयबुद्धि, संशयालु, शंकालु, शंकाशील, सशंक, सन्देही, (*he became ~*); सन्देहास्पद, शंकात्मक, शंकोत्पादक, संशयजक, (का०) **सन्दिग्ध**, सन्देहात्मक, सन्देहजनक, सन्देहसूचक, सन्देहपूर्ण, सन्देहकारी, शक-शुबहा करनेवाला (*the ignorant are ~*)।

suspiciousness –निस् n. सन्देहप्रवणता^F, सन्देहात्मकता^F, शंकात्मकता^F, अविश्वासीपन, संशयालुता^F, शंकालुता^F, सशंकता^F, शंकाशीलता^F।

suspiration सस्पिरे॑शॅन् n. आह^F, उच्छ्वास, दीर्घ

निश्वास, उसाँस[F], लम्बी साँस[F]।

suspire –पाअर' v.i. उच्छ्वास लेना, दीर्घ निश्वास छोड़ना, उसाँस[F] लेना, ठण्डी आह[F] भरना, लम्बी साँस[F] लेना।

sustain सॅस्टेन्' v.t. प्रतिपालन करना, पोषण करना, पालन करना, हतोत्साह न होने देना, प्रोत्साहित करना, उत्साह बढ़ाना, बल प्रदान करना, रक्षा[F] करना, जीवित रखना, जिन्दा रखना, जिलाना, टूटने न देना, गिरने न देना, सँभाले रखना, हिम्मत बढ़ाना; स्थिर करना; धैर्यपूर्वक सहन करना, दृढ़तापूर्वक जमे रहना, बिना टूटे हुए डटे रहना, मजबूती[F]से टिके रहना, बरदाश्त[F] करना, मुकाबला करना (*~ed the shock of the enemy's covalry*); भारवहन करना, अवलम्ब देना, सहारा देना, धारण करना, गिरने या धसकने न देना, थामना, बोझा ढोना, उठाना; अनुभव करना, सहना, सहारना, भुगतना, झेलना, खाना (*~ a defeat*); (न्यायालय या अन्य प्राधिकरणका) वैधता[F]को स्वीकार करना या मानना, किसीके पक्षमें निर्णय देना, अनुमोदन करना, समर्थन करना, सही करार देना (*~ the objection, the applicant in his claim*, etc.); (आरोप, सिद्धान्त, वक्तव्य आदिको) प्रमाणित करना, सिद्ध करना, पक्का करना, खड़ा करना, ताईद करना; (भूमिका[F] या पात्रता[F]का) भली भाँति आचरण करना, प्रस्तुत करना, बनाये रखना, अच्छी तरह निभाना, कामयाबी[F]से अदा करना; (ध्वनि[F], प्रयत्न आदिको) अविच्छिन्न रूपसे चालू रखना; जारी रखना; ~ing food पौष्टिक भोजन, पुष्टिकारक खाद्य, ताकत देनेवाली खूराक[F]।

sustainable –नॅबॅल् a. वहनीय, भार ढोने योग्य; सहनीय; प्रोत्साहनार्ह, प्रोत्साहनयोग्य; रक्षणीय, पोषणीय; अवलम्बनीय, ढाढ़स देने योग्य, हिम्मत बँधाने लायक; प्रमाणित करने योग्य इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें)।

sustained –न्ड् a. प्रमाणित, सिद्ध; (यन्त्र०) **दीर्घकालिक** (*~ load*); **संधृत** (*~ attention*); निरन्तर, अविरत, सतत, **लगातार** (*~ effort*); ~ metaphore सांग रूपक।

sustainer –नॅर् n. वाहक, ढोनेवाला; सहिष्णु, सहनेवाला।

sustainment –मॅन्ट् n. (क्व०) भारवहन; सहनशीलता[F], प्रोत्साहन, पोषण, अवलम्बन; अनुभव; प्रस्तुतीकरण, प्रमाणीकरण आदि (क्रियागत अर्थोंमें)।

sustenance सस्'टॅनॅन्स् n. उपजीविका[F], वृत्ति[F], (का०) **निर्वाह**, भरण-पोषण, पोषण, पुष्टि[F], रक्षण, प्रतिपालन, पालन, टिकाव, जमाव (अब क्व०) (*given for the ~ of our bodies*); (शा० एवं ला०) मानसिक खाद्य, आध्यात्मिक भोजन; संधृति[F], पोषकता[F], पोषक गुण, सत्त्व, जीवनाधार, आहार, भोजन, खूराक[F] (*there is no~ in it*)।

sustentation –न्टे'शॅन् n. जीवनरक्षण, भरण-पोषण, धारण, पालन; (अब क्व०) जीवनाश्रय, जीवनाधार, जीविका[F], अवलम्ब, आहार, भोजन; ~ fund सहायतार्थ निधि[F]।

sustentative a. रक्षणात्मक, पोषण-सम्बन्धी, भरण-पोषणका।

sustention ⊙सस्टे'न्'शॅन् n. भरण-पोषण, रक्षण, पोषण, पालन।

susurrant ⊙सॅस्यू'रॅन्ट a. फुसफुसानेवाला, कानाफूसी करनेवाला।

susurration स्यूसरे'शॅन् n. फुसफुसाहट[F], कानाफूसी[F], सूसू[F]का शब्द।

susurrous स्यूस'रॅस् a. कानाफूसीवाला, सूसू[F] करनेवाला।

sutler सट्'लॅर् n. सेना[F]का मोदी, सेना[F]में खाने-पीनेका सामान बेचनेवाला, लश्कर[F]का बनिया।

sutlery–रि n. सेना[F]के मोदीका काम या उसकी दुकान[F]।

sutra सू'ट्रॅ n. सूत्र; सूत्र ग्रन्थ।

suttee, sati सॅटी', सॅटी' n. सती[F]; सतीप्रथा[F], सतीदाह-प्रथा[F]।

sutteeism –इज़म् n. सतीधर्म, सती प्रथा, सतीदाह।

sutural स्यू'चॅरॅल् a. सीमन्तीय, सीवन (*~ bone, ligament*), सीवन या सन्धि-सम्बन्धी; घावके टाँकेका।

suturation स्यूच्युअॅरे'शॅन् n. सीवन, घावमें टाँके लगानेकी क्रिया[F]।

suture –च्युअॅर् n. १. सीमान्त, (जीव०) **सीवन**, सीवन-सन्धि[F], (चि०, वन०) **सीवनी**[F], (चि०, कृषि०) **टाँका**; (प्राणि०) **संधिरेखा**[F], सन्धि[F], (कृषि०) **जोड़**, सीवन[F]की भाँति दिखाई देनेवाला खोपड़ी[F]की दो हड्डियों[F]का जोड़; (वन०, कृमि०) सीवन[F], माँग[F], धारी[F]; (शल्य०) घावकी सीवन[F], टाँका; सीवन द्रव्य; v.t. घावमें टाँका लगाना।

sutured –चॅर्ड a. टाँके लगा हुआ, सिला हुआ, जोड़ा हुआ।

suzerain स्यू'ज़ॅरेन् n. (राज०) **अधिराज** (*~ state*), श्रेष्ठ प्रभु, सामन्ताधिपति, भूस्वामी, प्रधान सामन्त, बड़ा जागीरदार, सरदार, सत्ताधारी या राजा (जो कहने भरके लिए अपने अधीन जागीरों[F]पर नियन्त्रण रखता है)।

suzerainty –टि n. अधिराजपद, प्रधान सामन्तका पद; आधिपत्य, अधिपतित्व, (राज०, का०) **अधिराजत्व**; आधिराज्य।

S.V. *Sancta Virgo*, Holy Virgin; *Sanctitas Vestra*, Your Holiness.

s.v. *sub verbo* or *voce*, under the word or title.

svelte (F) a. मृदुल, सुकुमार, छरहरा।

S.W. (SW.) South-West.

Sw. Swedish.

swab स्वॉब्' १. n. सम्मार्जनी[F], कूची[F], पुचारा, पानी आदिको सोखनेवाले कपड़ोंकी झाड़ू[F]; (शल्यचिकित्सा[F]में प्रयुक्त) (चि०, कृषि०) **रूई[F]का फोहा, फुरेरी**[F], सोखनेवाली गद्दी[F]; (नौवि०) सेना[F]के अधिकारीका झब्बा; तूलिका[F]-विशेष; कीटाणुओंके परीक्षणके लिए कूची[F]से लिये

हुए मल आदिका नमूना; फूहड़ व्यक्ति, भोंड़ा आदमी; २. v.t. सम्मार्जनी^F द्वारा परिष्कार करना, पुचारा फेरना, सोखनेवाले कूचे या झाड़ू^F से साफ करना (~ *down the deck*); सोखतासे नमी^F खींच लेना, सोखनेकी गद्दी^F से सुखा लेना, **फुरेरी^F लगाना**।

swabber –बॅर् n. फूहड़ या अनाड़ी व्यक्ति, भोंड़ा आदमी; मार्जनी, कूची^F, झाड़ू^F; मार्जक, पोछनेवाला।

swabbing –बिंग् n. (चि०) **फुरेरी^F लगाना**।

swad स्वॉड् n. सैनिक, सिपाही।

swaddle स्वॉडॅल् v.t. वस्त्रावृत करना, बहुतसे वस्त्र या कपड़े पहना देना, बहुत-सी चादरों^F से लपेटना, पट्टियाँ^F लपेटना, पट्टियों^F में बाँधना; कसना; ~ing-bands, ~ing-clothes बच्चोंको लपेटनेके कपड़े या पट्टियाँ^F; (ला०) बन्धन, प्रतिबन्ध, रोक रखनेवाले प्रभाव या दबाव।

swaddy स्वॉडि n. व्यक्तिगत सैनिक, निजी सिपाही।

swadeshi स्वाडे'शि n. स्वदेशी आन्दोलन।

swag स्वैग्' n. (ग्रा०) अपहृत सामग्री^F, लूट^F का धन, चोरी^F का माल; (परिवर्तित) राजनैतिक अथवा अन्य उपायोंसे प्राप्त अवैध सम्पत्ति^F; (आस्ट्रेलियामें) आवारा; बुगचा, गठरी^F, बण्डल, पुलिन्दा।

swage स्वेज्' १. v.t. मृदु करना, कोमल बनाना, मुलायम करना; शान्त करना; ठप्पा लगाना, ठप्पेसे सुन्दर बनाना; २. n. ठप्पा।

swagger स्वैगर् १. n. अग्रगतिशील व्यवहार, निर्भीकता^F, संकोचाभाव, स्वच्छन्दता^F, विश्वासपूर्ण आचरण, स्फूर्ति^F, फुर्ती^F; गर्व, बड़ाई^F; दर्पपूर्ण बातचीत^F, ऐंठ^F का व्यवहार, अकड़^F की चाल^F, डींग^F, धौंस^F, शेखी^F की बात^F; २. v.t. & i. गर्व करना, ऐंठ^F का बर्ताव करना, अकड़ना; दर्पपूर्वक चलना, गर्वके साथ चलना, अपने आचरणमें आत्मसन्तोष या आत्मविश्वास प्रकट करते हुए चलना, नवाबी चाल^F चलना, छोटोंके बीचमें बड़ोंकी भाँति चलना, अकड़कर चलना, रोबसे चलना, इतराकर चलना, ऐंठकर चलना, ठाठके साथ चलना; धौंस^F जमाना, डींग^F हाँकना, रोब जमाना, शेखी^F बघारना, धमकाना; धौंस^F जमाकर काम करा लेना, धमकाकर काम लेना; ३. a. (बोल०) तेजस्वी, स्फूर्तिवान्, फुर्तीला, तेज, ठाठदार, रौबदार, शौकीन, फैशनेबल (~ *clothes, society, etc.*); ~-cane सिपाहीकी छड़ी^F।

swaggerer –रॅर् n. ऐंठनेवाला, अकड़कर चलनेवाला; ऐंठकर बातचीत^F करनेवाला, रौब^F या धौंस^F जमानेवाला, अकड़बाज, शेखी^F मारनेवाला।

swaggy स्वैगि a. अधिभार-युक्त, अधिक भारसे दबा हुआ।

swain स्वेन्' n. ग्रामीण युवक, पल्लीवासी युवक, देहाती नौजवान; किसान, गड़ेरिया, कमेरा; ग्रामीण प्रेमी, चरवाहा प्रेमी, देहाती आशिक; (हास्य०) पाणिप्रार्थी, प्रणयाकांक्षी, विवाहार्थी, प्रेमी, चाहनेवाला, रसिया।

swale¹ स्वेल्' n. छाया^F, छाँह^F; छायादार स्थान; उपत्यका^F, घाटी^F।

swale² v.i. क्षीण होना, दुर्बल होना, दुबला होना, गलना, घुलना।

swallet स्वॉ'लिट् n. अन्तर्भू स्रोत, जमीन^F के अन्दरका सोता।

swallow¹ स्वॉ'लो १. n. अन्नमार्ग, अन्ननाली^F, कण्ठनाली^F, कण्ठ, गला; निगलनेकी क्रिया^F; ग्रास, कवल, कौर, एक बारमें निगली हुई मात्रा^F; (~ *hole* भी) (प्रा०भू०) **विलय-रन्ध्र**; चूनेके पत्थरमें कुप्पी^F के आकार की खोल^F या खाल^F; २ v.t. & i. उदरस्थ करना, कवलित करना, गले उतारना, हड़प जाना, लील जाना, भकोसना, खा लेना, निगलना; आत्मसात् करना, नष्ट कर देना, मार डालना, समा लेना, निगल जाना; खा जाना, हड़पना, अपने भीतर खींच लेना, गायब कर देना, हजम कर जाना (*the earth ~ed them up*); अपने शब्दोंको गलत समझकर छोड़ देना या वापिस ले लेना; (अपमान या निरादर) सहन करना, चुपचाप सह लेना, पी जाना, बरदाश्त^F करना; किसी बात^F को भोलेपनसे स्वीकार कर लेना, तत्काल विश्वास कर लेना, मान लेना, आसानी^F से ग्रहण कर लेना (*will ~ anything you tell him*)।

swallow² n. भाण्डीक, अबाबील; ~ dive अबाबील-की-सी डुबकी^F, हाथ फैलाकर पानीमें कूदना; ~ tail दुफँसी या दोशाखी पूँछ^F; दोपंखी तितली^F; ~wort अर्क, मदार, आक; *one ~ does not make a summer* अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

swallowable –लोॲबॅल् a. निगरणीय, ग्रसन योग्य, निगलने योग्य।

swallower –ॲर् n. घस्मर, बहुभुक्, अतिभुक्, भुक्खड़, पेटू।

swallowing n. (कृषि०, चि०) **निगरण, निगलना**।

swam स्वैम् SWIM का भूतकालिक रूप।

swamp स्वॉम्प्' १. n. कच्छभू, (प्रा० भू०) **महापंक-भूमि^F; कर्दम**, महापंक, कीचड़, **दलदल**, धसान^F; २. v.t. दलदलमें फँसना; (नाव या नाविकदल या वस्तुएँ^F, मकान, सामग्री^F आदिको पानीसे) प्लावित करना, निमग्न करना, डुबो देना, भर देना, बहा ले जाना, तर-बतर करना, शराबोर करना; किसी वस्तु^F या बात^F की अति करके किसीको निरुपाय बनाना, भरमार^F के कारण नाक^F में दम कर देना, बेबस करना, उबा देना (*am ~ed with letters, applications, work*); (किसी वस्तु^F की अधिक मात्रा^F या संख्या^F का दूसरी वस्तु^F को) प्रभावहीन बनाना, दृष्टि^F से ओझल कर देना, छिपा देना, ढँक लेना;

~ animal, ~ berry, ~-deer, ~ gum, ~ maple, ~-ore, ~ partridge, ~ reclamation.

swampy –पि a. कच्छ-, पंकिल, कर्दमयुक्त, दलदली, दलदलसे भरा हुआ, दलदलवाला (~ *ground*)।

swan स्वॉन्' n. मराल, **हंस, राजहंस** (*white ~*); (मरणगीतकी मधुरता^F के सन्दर्भमें ला०) कवि, गायक; राजहंस, तारा; ~-dive ⊙ = SWALLOW² (dive);

~-flower शतावरी, अमरकन्द या सालम मिश्री^F का पौधा; ~-herd राजहंस-अधिकारी; ~-neck (रेल०) **हंसग्रीव, हंसग्रीवा^F**, राजहंसी ग्रीवा^F, गैस^F आदि निकालनेवाले नलकी टेढ़ी गर्दन^F; ~'s down झालर^F बनानेमें काम आनेवाले राजहंसके मुलायम पंख; मोटी रूई^F, एक प्रकारका नरम सूती कपड़ा; ~-shot बड़े आकारकी गोलियाँ^F या गोला; ~-skin एक प्रकारका नरम फलालैन; ~ song मरते हुए राजहंसका अन्तिम गान; किसी व्यक्तिकी अन्तिम कृति^F या भाषण या कथन या प्रदर्शन या कार्य, आखिरी कारनामा; ~-upping टेम्स नदी^F के राजहंसोंकी वार्षिक गणना^F और चिह्नांकन; S~ of Avon शेक्सपियर; *all his geese are not ~s* काबुलमें सब घोड़े नहीं होते।

swank स्वैन्क' १. n. आडम्बर, दिखावा, नुमायश^F, डींग^F, रोब, धौंस^F, ठाठ^F, अकड़^F, शेखी^F; २. v. i. सम्पत्ति^F या योग्यता^F का प्रदर्शन करना, आडम्बर रखना, डींग^F मारना, रोब लेना, धौंस^F जमाना, ठाठ दिखाना, शान^F दिखाना, अकड़ना, शेखी^F बघारना; ३. a. ⊙ = SWANKY.

swanker –कॅर् n. प्रदर्शनप्रिय व्यक्ति, डींग^F मारनेवाला आदमी, रोब लेनेवाला आदमी, धौंस^F जमानेवाला आदमी।

swanky –कि a. प्रदर्शनप्रिय, डींग^F मारनेवाला, रोब लेनेवाला, धौंस^F जमानेवाला।

swannery स्वॉ'नॅरि n. हंस-पालन-स्थान, हंसगृह।

swap[1] स्वॉप्' n. विनिमय, अदला-बदला; विनिमेय वस्तु^F, बदली वस्तु^F।

swap[2] v.t. विनिमय करना, अदली-बदली^F करना।

sward स्वॉर्ड' n. शाद्वल, तृणभूमि^F, तृणाच्छादित भूमि^F, घासभूमि^F, छोटी-छोटी घास^F से ढँकी हुई जमीन^F; दूर्वादल, दूब^F।

swarded –डिॅड् a. दूर्वाच्छादित, तृणमय, दूब^F से ढँका हुआ।

swardy –डि a. = SWARDED.

sware स्वेअॅर्' SWEAR का प्रा० भूत० रूप।

swarm[1] स्वार्म' १. n. (नये छत्तेकी खोज^F में रानी मक्खी^F के पीछे चलनेवाला) (कृषि०) **पोआ** (*~ catching*), **मधुमक्खी-झुंड, मधुगण**, शहदकी मक्खियों^F-का झुण्ड; (छोटे जन्तुओं, कीड़ों, पक्षियों, बन्दूकधारी सैनिकों, घुड़सवारों आदिका शिकार या शत्रुकी खोज^F में सम्मिलित रूपसे या बिखरे हुए ढंगसे घूमनेवाला) झुण्ड, (जीव०) पुंज, समूह, **वृन्द**, कुल, गण, **दल**, भीड़^F; २. v.i. छत्ता बदलनेके लिए मधुमक्खियों^F का झुण्ड बनाना; झुण्डमें उड़ना, उमड़ना, झुण्ड बनाकर घूमना; (स्थानोंका) आकीर्ण होना, संकुल होना, जनाकीर्ण होना, बड़ी भीड़^F से भर जाना, उमड़ा पड़ना (*road ~ing with beggars*); ~-spore वृन्द बीजाणु; (जीव०) **चर बीजाणु**।

swarm[2] v.t. & i. दोनों पैर और हाथोंसे चिमटकर रस्सी^F पर चढ़ना, रस्सी^F या पेड़ या खम्भेपर चढ़ना।

swarming –मिंग् १. n. झुण्डमें आना, (कृषि०) **पौआ छोड़ना, झुण्डमें उड़ना**; (जीव०) **वृन्दन**; २. a. संकुल, व्याप्त।

swarms ⊙ स्वॉर्म्ज़्' n. शिशु-समुदाय; जन-समुदाय, तारामण्डल; पत्रोंका ढेर।

swart स्वॉर्ट्' a. (प्रा०) श्यामवर्ण, कृष्णवर्ण, काला, गहरे काले रंगका, धुँधला।

swarth ⊙ स्वॉर्द्' a. = SWARTHY.

swarthiness स्वॉर्'दिनिॅस् n. श्यामवर्णता^F, कृष्णवर्णता^F, कालापन, साँवलापन।

swarthy –दि a. श्यामवर्ण, कृष्णवर्ण, काला, साँवला, गहरे काले रंगका।

swartish –टिश् a. ईषदन्धकारमय, किंचित अँधेरा, काला-सा।

swash[1] स्वॉश्' १. n. जलपतन-शब्द, छपछप^F की आवाज^F, पानीके टकराने या उमड़नेकी गति^F या ध्वनि^F; कोलाहल, शोर; बौछार^F; धक्का; शेखी^F; २. v.t. & i. (प्रा०) प्रबल वेगसे प्रहार करना, बलपूर्वक आघात करना, जोरका हाथ लगाना, जोरसे चोट^F लगाना; (पानीका) टकराना; (पानीका) छपछप^F की आवाज^F करना, धमधड़ाम और गिरनेकी आवाज^F करना; डींग^F मारना, शेखी^F मारना; ~buckler भाड़ेका बाँका, किरायेका गुण्डा; ~-plate मशीन^F के धुरेपर घूमनेवाली टेढ़ी पट्टी^F।

swash[2] n. (मुद्रण०) घसीट^F।

swasher –शॅर् n. डींगमार, शेखीबाज।

swashing –शिंग् a. प्रबल, कठिन, कठोर, सांघातिक।

swashy –शि a. क्लिन्न, आर्द्र, भीगा।

swastika स्वैस'टिकॅ, स्वॉस्'टिकॅ n. स्वस्तिकाचिह्न, स्वस्तिक।

swat ⊙ स्वॉट् १. n. थापी, मक्खियाँ^F मारनेके लिए तख्ती^F; २. v.t. थापी^F से मारना।

swath स्वॉथ्' n. घास^F आदि काटकर साफ किया हुआ स्थान; अनाज आदिका ढेर, काटी हुई घास^F।

swathe स्वेद्' १. n. (क्व०) बन्धन, पट्ट, एक तह^F या पट्टी^F; २. v.t. पट्टियाँ^F लपेटना, पट्टियाँ^F बाँधना, कपड़ोंसे लाद देना, कपड़ों या चादरों^F में लपेटना, गर्म कपड़े या पोशाकें^F पहनाना।

sway स्वे' १. n. प्रभुत्व, आधिपत्य, वश, शासन, सरकार^F, दबदबा, हुकूमत^F, दोलायमान स्थिति^F या गति^F, झुलाव, हिलाव, झोंक, झोंका, पेंग; २. v.t. & i. प्रभावित करना, प्रभाव रखना, शासन करना, राज्य करना, संचालित करना, नियमित करना, नियन्त्रित करना; दोलायित करना, हिलाना-झुलाना, फहराना, डुलाना, झूलना, डोलना, हाथमें लेकर चलाना, दिशा-निर्देश करना, जिधर चाहे उधर मोड़ देना, असर रखना, घुमाना, (*wind ~s trees; his speech ~ed votes*); तौलना, जाँचना।

swaying –इंग् n. (रेल०) **झूमना**।

sweal स्वील्' १. v.t. जलाना, झुलसाना; गलाना, पिघलाना; २. v.i. द्रवित होना, विगलित होना, गलना,

वह निकलना, पिघलना; जलना, झुलसना ।

swear स्वेअ॒र' v.t. & i. (*swore, sworn*) शपथ-पूर्वक प्रतिज्ञा^{F} करना, (का०) **शपथ^F लेना, शपथ^F दिलाना,** शपथ^F लेकर कुछ कहना, सौगन्ध^F खाना, कसम^F खाकर दावा करना, कसम^F खाना, हलफ^F उठाना; (बोल०) दृढ़तापूर्वक घोषित करना, बलपूर्वक कहना, जोर देकर कहना (*I ~ it is too bad of him*); पाखण्ड-पूर्ण शपथ^F लेना, आवेशको प्रकट करनेके लिए अभिशाप देना, गुस्सेमें या जोशमें कसम^F खाना; सौगन्ध^F लेकर किसीके विरुद्ध आरोपको प्रमाणित करना, किसीके विरुद्ध शपथपूर्वक अपराधको पक्का करना, हलफ^F उठाकर इल्जाम लगाना (*~ treason against*); sworn broker ईमानदारी^{F}की शपथ^F लेनेवाला दलाल; दे० SWORN; *~ by* (बोल०) आस्था^{F} रखना, विश्वास रखना, नियमित रूपसे पालन करना, बराबर प्रशंसा^{F} करते रहना, तारीफ^F करना, कायल होना; *~ in* शपथ^F दिलाकर किसी पदका कार्य-भार सौंपना; *~ off* छोड़ देनेका वचन देना, त्यागना; *~ the peace against* किसीसे खतरा होनेकी शपथ^F खाना; *~ to* or *by* साक्ष्य करना, ईश्वरको साक्ष्य करके शपथ^F लेना, गवाह करना ।

swearer –रॅर् n. शपथग्राही, शपथ^F लेनेवाला, कसम^F खानेवाला; कुशपथग्राही ।

swearing –रिंग् n. शपथग्रहण ।

sweat स्वे॑ट् १. n. प्रस्वेद, (चि०) **स्वेद, पसीना,** पसेऊ (*wet with ~*); पसीना निकलनेकी अवस्था^{F}, पसीना आनेकी अवधि^{F}या दौर; (*nightly ~s*); (बोल०) उत्सुकता^{F} या चिन्ता^{F}की अवस्था^{F}, उद्विग्नावस्था^{F}, व्यग्रता^{F}, परेशानी^{F} (*in a ~*); (मुख्यतः बोल०) परिश्रम, श्रम, उद्योग, कठोर परिश्रम, टहल^F, मेहनत-मजदूरी^{F}, मेहनत^F, सख्त मेहनत^F या मशक्कत^{F}का काम (*cannot stand the ~ of it*); श्रमसीकर, श्रमबिन्दु, पसीनेकी बूँदें^{F}; २. v.t. & i. स्वेद निर्गत होना, घर्म निर्गत करना, पसीना बहना या चूना, पसीना निकलना, पसीना आना, पसीना छूटना; (ला०) पश्चात्ताप करना, पीड़ाग्रस्त या भयभीत होना, आतंक या पीड़ा^{F}या पश्चात्ताप-की अवस्था^{F}में होना; (गोंद, रक्त आदिका) पसीनेकी भाँति रिसना, चूना, बहना; (दीवार^{F}का) सीलन^F लाना, नमी^{F} पैदा करना; पसीना, बहाना, परिश्रम करना, मेहनत^F करना, बेगार करना; (पहलवान या घोड़ेको) मेहनत^{F}से पसीना लाना; रक्तशोषण करना, होड़^{F}का लाभ उठाकर श्रमिकोंका शोषण करना, भूखा रखकर अधिक काम कराना, कम वेतन देकर कई घण्टोंतक मजदूरोंसे काम लेना, खून चूसना; (मजदूरोंका) इस प्रकारके शोषण-को स्वीकार करके काम करना, ऐसी शर्तों^{F}पर काम करना; (तम्बाकू^{F}, चमड़ा आदिको) सड़ाना, खमीर उठाना; रगड़कर घोड़ेका पसीना पोंछना; थैलेमें रगड़कर (सिक्कोंकी) धातु^{F}का कुछ अंश खुरच लेना; धातुकी वस्तु^{F}को झालना, धातु^{F}का टाँका लगाना; cold ~ मृत्यु^{F}, मूर्च्छा^{F}, आतंककी अवस्था^{F}का ठण्डा पसीना; old ~ (ग्रा०) वृद्ध सैनिक; बूढ़ा सिपाही; ~-cloth घोड़ेकी जीन^{F}के नीचेका पतला कम्बल; ~-duct प्रस्वेद-प्रणाली^{F}, प्रस्वेद-नलिका^{F}, पसीनेकी नाली^{F}; ~ed clothes शोषण द्वारा निर्मित वस्त्र, श्रमिकोंका रक्त चूसकर बनाये गये कपड़े, शोषित श्रमिकों द्वारा बने कपड़े; ~ed labour (अर्थ०) **शोषित-श्रमिक, शोषित-मजदूर;** ~shop शोषण करनेवालेकी दुकान^F; *he shall ~ for it* उसे इसके लिए पछताना पड़ेगा; *in* or *by the ~ of* one's *brow* or *face* पसीना निचोड़कर या बहाकर, कठोर परिश्रमसे, मेहनत^F या मशक्कत^{F}से ।

sweater –टॅर् n. श्रमिकोंका शोषण करनेवाला, खून चूसनेवाला; घोड़ेको रगड़कर पसीना पोंछनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); शोषण करनेवाला स्वामी, खून चूसने-वाला पूँजीपति; मोटी बटनदार ऊनी बनियान^F, ऊनी स्वेटर^F ।

sweatiness –टिनिॅस् n. घर्मलिप्तता^{F}, स्वेदयुक्तता^{F}, पसीनेसे तर हो जानेकी अवस्था^{F}; परिश्रमशीलता^{F} ।

sweating –टिंग् १. n. (वाणि०) **रसायनन; प्रस्वेदन-क्रिया^{F},** प्रस्वेदन, प्रस्वेद; (अर्थ०) **अतिश्रामण, पसीना निकालना,** पसीना बहना (*~ sickness*); शोषण, कम मजदूरी^{F} देना (*~ system*); घूनन (*~ of coin*); (परि०) **पसीजना (मालका)**; २. a. पसीना लानेवाला (*~-bath, -room*) ।

sweatless –ट्'लिॅस् a. स्वेदरहित, परिश्रमरहित, बिना पसीनेका ।

sweaty –'टि a. सस्वेद, स्वेदजनक, घर्मलिप्त, घर्ममय, स्वेदयुक्त, प्रस्वेद-सम्बन्धी, पसीनेमें तर, पसीनेदार, पसीने-का; स्वेदवत्, पसीनेका-सा ।

swede स्वीड्' n. (S~) स्वीडनका अधिवासी; स्वीडनका शलजम ।

Swedish –'डिश् n. & a. स्वीडनकी भाषा^{F}; स्वीडन या उसके निवासियोंका ।

swee ⊙ स्वी' n. & v.t. & i. = SWING.

sweep स्वीप्' १. n. मार्जन, मलापहरण, झाड़ू-बुहारी^{F}, झाड़-पोंछ^F, सफाई^F, बहाव (*give it a thorough ~* or *~-up* or *~-out*); (भौ०, रसा०, ग०) **प्रसर्प,** प्रसर, वेगपूर्ण विस्तार या फैलाव, आवेग, वेग, प्रगति^{F}, तीव्र घुमाव, दौड़^{F}, फेर^F, लपेट^F, **समेट^F,** झपट^F (*with a ~ of his arm, eyes, scythe*); सड़क^F आदिका मोड़, मुड़ी हुई सड़क^{F}का एक भाग सर, प्रगति^{F}, पहुँच^F, विषय, क्षेत्र, मार^F, रसाई^F (*within, beyond, the ~ of the scythe, net, telescope, eye, human intelligence*); नाश, तबाही^{F}; **लम्बा चप्पू,** लम्बा पतवार, डाँड़; चलते-चलते थमा हुआ जहाज (*had to get out the ~s*); ढेंकली^{F}का थम्भ या लम्बी बल्ली^{F}; (प्रायः *chimney-~*) चिमनी^{F} साफ करनेवाला (मेह-तर); २. v.t & i. (*swept*) मार्जन करना, स्वच्छ करना, झाड़ू^{F}से समेटना और बाहर सकेल देना, कूड़ाकर्कट साफ करना, सफाई^F करना, झाड़ू^{F} देना, झाड़ू^{F} लगाना, झाड़ना, बुहारना (*~ up the room*); निर्बाध वेगसे

जाना या दौड़ना, समारोहपूर्वक चलना, विस्तृत होना, अनवरत मोड़ या कतार^F या ढाल^F में फैलना, शान^F के साथ चलना, तेजी^F के साथ चलना, आँधी^F की भाँति चलना, फर्राटे भरना (*cavalry ~s down on the enemy*); झपटना; अस्तित्व नष्ट कर देना, अन्त कर डालना, समाप्त कर देना, मिटा देना, खात्मा कर देना (*~ away slavery*); जोरका धक्का देना, तेजी^F से घुमाना, फिराना, तेजी^F से उड़ा ले जाना, बहा ले जाना (*river ~s away bridge*); शीघ्रतापूर्वक दृष्टि^F डालना, पर्यवेक्षण करना, तेजी^F से नजर^F घुमाना; साथ-साथ जाना, तेजी^F से पार निकल जाना, घूम जाना, हल्के-हल्के गुजर जाना, हाथ फेरना, छूते हुए निकल जाना; रगड़कर चमकाना, रगड़ना, साफ करना (*wind ~s the hillside*); (तोपखानेका) शत्रु-सेना^F पर गोलाबारी^F करना, गोलाबारी^F करके सफाया कर देना, गोले बरसाना, मार^F करना, पहुँचना, ढँक देना (*battery ~s the approaches, glacis, street*); लम्बे पतवारों या चप्पूसे बड़ी नाव^F या बजरा खेना; ~-net लम्बा-चौड़ा जाल; ~-seine मछली^F पकड़नेका महाजाल; ~stake(s) रोकड़चिट्ठी^F की बाजी, घुड़दौड़^F की बाजी^F, घुड़दौड़^F का जुआ; **दाँव लगाना**; ~-washer न्यारिया; swept and garnished नूतनीकृत, नवीनीकृत, फिरसे नया बनाया हुआ; *he swept his audience along with him* अपने भाषणसे श्रोताओंको मन्त्रमुग्ध कर दिया, अपने भाषणके वेगमें लोगोंको बहा ले गया; *make a clean ~* पुराने फर्नीचरको बिल्कुल हटा देना, पुराने सभी अधिकारियोंको भी निकाल देना; सफाया कर देना; *~ a constituency* अधिकतम मत ले जाना; *~the board* जुएकी मेज^F का सारा रुपया जीत लेना; (परिवर्तित) प्रतियोगिता^F में सभी सम्भव पुरस्कार मार लेना; *~ the horizon* (दर्शक या आँखों^F का) अन्तरिक्ष तक देख जाना; दूर तक दृष्टि^F फैलाना, इधरसे उधर तक देख जाना; *~ the seas* सभी दिशाओंके सागरोंकी यात्रा^F कर आना; सागरको शत्रुओंसे शून्य कर देना, दुश्मनोंका सफाया कर देना; *~ the strings, lute* (हाथका) तारों या मुरली^F पर हल्के-हल्के फिरना;

~ amplifier, ~ circuit, ~generator, ~ oscillator, ~ voltage.

sweeper –'पॅर् n. अपोहक, अपमार्जक, स्वच्छकर्त्ता, साफ करनेवाला; नाशक, नष्ट कर देनेवाला, वेग देनेवाला; दृष्टिप्रसारक; खेनेवाला, समेटनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); भंगी, मेहतर, झाड़ू-बुहारू लगानेवाला।

sweeping¹ –पिंग् n. (प्रायः pl) अपोहन, अपमार्जन, झाड़न, बुहारन; उच्छिष्ट, मल, कूड़ा-कर्कट, मैला; (नौवि०) **आँच-पड़ताल^F**।

sweeping² a. व्यापक, अतिव्याप्त (*~ remark*); सम्पूर्ण, पूर्ण, पूरा-पूरा, कामिल।

sweepingness –निंस् n. व्यापकता^F, अतिव्याप्तता^F; सम्पूर्णता^F, पूर्णता^F।

sweepy स्वी'पि a. द्रुत, प्रजवी, वेगवान्; लहराता हुआ।

sweet* स्वीट्' १. n. आनन्दपूर्ण अंश, मधुर भाग, खुशहाली^F का समय (*the ~ and the bitter*); मिष्टान्न, मिठाई^F*, मीठी गोली^F, चीनी^F की कोई मिठाई^F; (*sweaty* भी) (प्रायः pl.) टेबिल^F पर सजाया हुआ मीठा भोजन, (पुडिंग^F, मलाई^F आदि); (प्रायः pl.) सुगन्ध^F, खुशबू^F (*flowers diffusing their ~s on the air*); आनन्द, हर्ष, मोद, सुख, स्वाद, रस, मजे, खुशियाँ^F, बहारें^F (*the ~s of office*); प्रिय वस्तु^F, (मुख्यतः सम्बोधनमें) वल्लभ, प्रिये^F, प्रिय, प्रियतम, प्रियतमे^F, प्यारे, प्यारी^F; २. a. कर्णप्रिय, सुललित, चारु, सरस, मधुर, मीठा*, सुरीला, रसीला (*has a ~ voice*); मधुमय, सुरस, सुस्वादु, स्वादु, मिष्ट, मधुर, मीठा, मधु या मिश्री^F की भाँति स्वादिष्ठ, शहद और शक्कर^F की तरह (*~ wine*); सुरभित सुवासित, सुरभियुक्त, सुगन्धित, सुगन्धविशिष्ट, सुगन्धयुक्त, इत्र या गुलाबकी भाँति सुगन्धप्रद, भीनी, महकदार, खुशबूदार (*air is ~ with thyme*); अलवण, अतिक्त, अकटु, सुगन्धित, सुस्वादु, स्वादिष्ट, मीठा, अच्छा, ताजा (*is the milk still ~?*); सुगम, आसान; शान्त, सरल, विनम्र, नम्र, मृदुल, कोमल, अच्छा, सीधा, भला; वल्लभ, प्रिय, प्यारी, प्यारा, सहृदय कान्त, रमणीक, मोहक, प्रीतिकर, मनोज्ञ, रोचक, मंजुल, चारु, ललित, आनन्दप्रद, सुखद, मनोहर, मनोरम, आकर्षक, रुचिकर, अत्यन्त प्रिय, सुरीला, सुहावना, लुभावना; (बोल०) सुललित, सरस, लावण्यमयी, सुन्दर, खूबसूरत, खुशनुमा, मजेदार, बढ़िया (*a ~ face, nature*); a ~ girl सहृदय बालिका, प्यारी लड़की; a ~ one (ग्रा०) आघातप्रद मुष्टिप्रहार, जोरका मुक्का या घूँसा; a ~ tooth मीठी वस्तुओंमें रुचि^F, मीठी चीजोंका चस्का; ~bread क्लोम, बछड़ेका वक्षपिण्ड या पाचकाशय; (चि०) थायसिस, वृषण और अग्न्याशय; ~ curdling (कृषि०) **मीठा दही जमाना**; ~ going अच्छी सड़क^F पर या अच्छी गाड़ी^F में सुखद यात्रा^F, मजेका सफर; ~heart प्रणयी या प्रणयिनी^F, प्रियतम या प्रियतमा^F, प्रेमी या प्रेमिका^F, वल्लभ; (v. i.) प्रणय-व्यापारमें फँसना, मुहब्बत^F करना, इश्कबाजी^F में पड़ना (*go ~hearting*); ~ gale, willow दलदली कटहल, ~-john पतली पत्तियों^F का पौधा; ~meat मिष्टान्न, मिठाई^F, चीनी^F की मिठाइयाँ, चाकलेट; चीनी^F में पगा हुआ फल, मुरब्बा; गोली^F; *~ on, upon* (बोल०) मोहित; ~ one (सम्बो०में) प्रियतमे^F, प्रिय, प्यारा, प्यारी^F; ~ pea रंगीन फूलका मटरका पौधा; ~ potato शर्कराकन्द, (कृषि०) **शकरकन्द**; सालू; ~ root मुलहठी^F; ~-scented सुगन्धित, भीनी महकका, खुशबूदार; ~ sop सीताफल, ~-tempered अमायिक, मधुर स्वभावका, खुशमिजाज; ~-william भित्तिपुष्प, बागका गुच्छेदार रंग-बिरंगे फूलोंवाला पौधा; *at one's own ~ will* स्वेच्छया, अपनी रुचि^F के अनुसार, जैसे भी मन चाहे, जब भी, अपनी मर्जी^F से, योंही, बिना सोचे-समझे, अटकलपच्चू;

~ almond- ~ basil, ~ belladonna, ~ bent, ~ birch, ~ bitter, ~briar, ~ broom-

weed, ~ cassava, ~ chestnut, ~ chocolate, ~ clover, ~ corn, ~-eyed, ~-faced, ~ fennel, ~fish, ~ flag, ~ flattery, ~ gum, ~-knotted marjoram, ~ lime, ~ maker, ~ marjoram, ~ melon, ~-mouthed, ~ oil, ~ orange, ~ pea, ~-pickled, ~ pigweed, ~ rush, ~ shop, ~ smell, ~ sorghum, ~ taste, ~ toddy, ~ toil, ~ violet, ~ water, ~ willow, ~ wood, ~ wood bark, ~ woodruff, ~wort.

sweeten –'टॅन् v.t. & i. सुस्वादु करना, मधुर बनाना या होना, मीठा करना या होना, सुरीला बनाना या होना, सुगन्धित करना या होना, अच्छा और ताजा बनाना या होना; रुचिकर, प्रिय, मनोहर आदि बनाना या होना।

sweetener –नॅर n. सुस्वादुकर्ता, मधुर बनानेवाला, मीठा बनानेवाला।

sweetening –निंग् १. n. स्वादुकरण, मधुरीकरण, मधुरी-भवन, मिष्टीकरण, मीठा बनाना, मीठा होना, २. a. स्वादुकारी, मीठा करनेवाला (~ *agent*)।

sweetie स्वीटी n. मिष्टान्न, मिठाई^F; प्रणयिनी^F, प्रियतमा^F, प्रेमिका^F।

sweeting स्वी'टिंग् n. (प्रा०) प्रियतम, प्रिय, प्यारा, प्यारी^F; एक प्रकारका मीठा सेब।

sweetish स्वी'टिश् a. अल्पमिष्ट, आमधु, स्वादयुक्त, मधुर-सा, मीठा-मीठा, मीठा-सा, कुछ-कुछ मीठा, प्रिय-सा, प्यारा-सा।

sweetishness –निंस् n. अल्पमिष्टता^F, किंचिद्‌मिष्टस्वादुता^F, ईषन्मधुरता^F, कुछ मीठापन।

sweetness –ट्'नॅस् n. मधुरता^F, मिष्टता^F, मिठास^F, मीठापन; सुगन्ध^F, मीनापन; माधुर्य, कर्णप्रियता^F, सुरीलापन; सद्यता^F, ताजापन; रोचकता^F, चारुता^F, स्वादुता^F, मोहकता^F, मनोहरता^F, आकर्षकता^F; विनम्रता^F, सरलता^F; आनन्दप्रदता^F, सुखदता^F, अच्छाई^F; सुन्दरता^F, खूबसूरती^F:

swell स्वे'ल्' १. n. आवेग, स्फीति^F, शोथ^F, सूजन^F, वृद्धि^F, (परि०) **उभार,** बाढ़, फुलाव, चढ़ाव, फैलाव, दढ़ाव, बढ़ती^F, (*the ~ of the hymn floated past*); संक्षोभ, ऊर्मिप्रलोठन; (प्रा० भू०) **महातरंग, उल्लोल,** कल्लोल^F, हिल्लोल^F, हिलोर^F, एक साथ लहरों^F-का उभार या चढ़ाव, उठान^F, खलबली^F; कम अधिक बेलनाकार वस्तु^F का उभर आनेवाला या फूल आनेवाला भाग (*the ~ of the fore-arm*); स्वरका आधिक्य, आलाप; (संगीत) अरगन बाजेका उभरा भाग (जिसकी तीलियों^F या नलकियों^F को खोलने बन्द करनेसे सुरको ऊँचा-नीचा किया जाता है); सुविज्ञ, सम्मानित पुरुष, सभ्य जन, प्रतिष्ठित या निपुण व्यक्ति, बड़ा अच्छा आदमी (*is a ~ in politics*); ठाठका या शौकीन आदमी; २. v.t. & i. (p. & p.p. *~ed*, p.p. *swollen*) स्फीत होना या करना, वर्द्धित होना या करना, बढ़ना, बढ़ाना, स्वर ऊँचा करना या होना, विस्तृत या प्रसृत होना या करना, आवाज^F ऊँची करना या होना, फैलाना या फैलना, तानना या तनना, फुलाना या फूल जाना, हवा^F भरना, चढ़ाना या चढ़ना, उठाना या उठना, सुजाना या सूजना, उभर आना, उठ आना, उभारना, उमड़ना, फूलकर कुप्पा हो जाना (*river swollen with melted snow*); अकड़कर चलना, अकड़ना, ऐंठना; ३. a. श्रेष्ठ, सम्मानित, विख्यात, प्रतिष्ठित, ऊँचा, बढ़िया, ऊँचे दर्जेका (*a ~ pianist*); सुवेश, सुवेशधारी, सज्जाप्रिय, छैल-छबीला, बाँका, बनाठना, ठाठदार (*~clothes*); (चि०) फूला हुआ ~ mob, ~ mobsmen सभ्य जनोंकी भाँति वेशभूषा^F धारण करनेवाले गिरहकट, जेबकट, गँठकटे; ~-organ स्वर-परिवर्तन-पेटिकावाला अरगन बाजेका भाग; ~ed head (ग्रा०) गर्व, दम्भ, मिथ्याभिमान, घमण्ड, बेजा गरूर; *heart ~s* हृदय भावोद्रेलित होता है, हृदय उमड़ आता है, *~ like a turkey-cock* गर्वोन्मत्त होना, शेखी^F से फूल जाना; *~ note* (संगीत) अरगन बाजेके स्वरमें चढ़ाव-उतार लाना; *~ with indignation* क्रोधके कारण आपेसे बाहर हो जाना, गुस्सेमें भर जाना।

swelldom –'डॅम् n. साज-सज्जा^F का संसार, ठाट-बाटका समाज, फैशन-पसन्दोंकी या फैशन^F की दुनिया^F।

swelling –'लिंग् १. n. (चि०) अस्वाभाविक स्फीति^F, (ला०) **उत्फुलन, शोथ**^F, वृद्धि^F; सूजन^F, सूजना, वरम, उभार, (कृषि०) **फूलना,** फुलाव; २. a. उत्सर्पी, फूला हुआ; आडम्बरपूर्ण।

swellish –लिश् a. सुवेशधारी-सा, छैल-छबीला-सा, छैला-सा, ठाठदार-सा, शौकीन-सा; कुछ बढ़िया, ठाठका।

swelter स्वे'ल्'टॅर् १. n. तपता हुआ वायुमण्डल; उत्ताप, गरमी^F, उमस^F; कष्टप्रद अवस्था^F; २. v. i. (वायुमण्डलके ताप या गरमीसे) मूर्च्छोन्मुख-सा होना, हतचैतन्य-सा होना, क्लान्त होना, कष्टका अनुभव करना, तबियत^F घबड़ाना, बेहोशी^F-सी आना, पसीनेसे तर-बतर होना या भींग जाना, सुस्ती^F-सी आना, तपना, मरा जाना, परेशान होना, औंसना, उमसना (*under a ~ing sky*)।

sweltry –ट्रि a. अति उष्ण, बहुत गरम।

swept स्वे'प्ट्' SWEEP का भू० कृ०।

swerve स्वर्व्' १. n. विपथगमन, उन्मार्गगमन, पथविचलन, मार्गच्युति^F, दिशा-परिवर्तन, रास्तेसे डिगना, भटकाव, भटकन^F, डिगाव, मोड़, डगमगाती हुई गति^F, बल; झोंक^F; २. v.t. & i. विपथगामी होना, उन्मार्गगामी होना, पथ-विचलित होना, निर्दिष्ट मार्गसे मुड़ना, भिन्न दिशा^F में जाना, एकाएक मुड़ना, इधर-उधर होना, बल खाना, डिगना, झोंक^F खाना, कतराना, भटकना, किनारा काटना, हट जाना (*never ~s an inch from his duty*); गेंद^F को बल खिलाना, झोंक^F देना।

swerveless –'लिंस् a. अविचलित, स्थिर, अटल,

अडिग, बिना किसी मोड़ या झोंकके।

S.W.G. Standard Wire Gauge.

swift स्विफ़्ट्' १. n. धारा^F; अटेरन^F (जिससे सूतकी आँटी^F बनाते हैं); एक छोटी जाति^Fका गिरगिट; वेगिनी, अबाबीलकी जातिका एक पक्षी; एक जाति^Fका कबूतर; एक जाति^Fका पतिंगा; २. a. स्फूर्तिवान्, स्फूर्त, तीक्ष्ण, तीव्र, तेज (*has a ~ wit*); शीघ्रग, शीघ्रगामी, द्रुतगामी, द्रुत, सत्वर, वेगवान्, विलम्बरहित, तुरत-फुरत, फौरी (~ *movement, response*); ३. adv. शीघ्रता^Fसे, द्रुत गति^Fसे, तीव्रता^Fसे, वेगपूर्वक, हाथोंहाथ, झटसे, फौरन, जल्दी^Fसे (*he answered ~*); ~-footed द्रुतपद, द्रुतगामी, तेजकदम, जल्दी चलनेवाला; ~-handed स्फूर्तिवान्, स्फूर्त, फुर्तीला, तेज हाथ चलानेवाला।

swifter[1] –'टॅर् n. (नौवि०) रज्जु^F, रस्सी^F, डोर^F, डोरी^F।

swifter[2] v.t. रज्जु^Fसे बाँधना, रस्सी^F बाँधना, डोर^Fसे बाँधना, डोरी^F बाँधना।

swiftlet –'लिॅट् n. दुर्बलिका, अबाबील-जैसा पक्षी।

swiftness स्विफ़्ट्'निॅस् n. क्षिप्रता^F, द्रुतता^F, तीव्रता^F, शीघ्रगामिता^F, आवेग, सत्वरता^F, तेजी^F; स्फूर्ति^F, फुर्तीलापन।

swig स्विग्' १. n. मदिरा^Fका घूँट; गटागट पीनेकी क्रिया^F; २. v.t. & i. (ग्रा०) बड़े-बड़े घूँट पीना, ढकोसना, गटागट पीना।

swill स्विल् १. n. डलिया, टोकरी^F; (क्व०) मदिरापान, शराब^Fका दौर; ठर्रा, मामूली शराब^F, गन्दा पानी, मोरी^F-का पानी; पानीसे धोना या खँगालना (*give it a ~ or ~ out*); २. v.t. & i. अधिक पान करना, बड़े लालच से पीना या पिलाना, ढकोसना, गटकना, बड़े-बड़े घूँट पीना, धोना; ~room कचरेका कमरा।

swiller –'लॅर् n. मद्यप, मदिरासेवी, शराबी।

swillings –लिंग्ज़् n. pl. (घरकी) उच्छिष्ट वस्तुएँ^F, फेंकी हुई चीजें^F, कूड़ा-करकट।

swim* १. n. सन्तरण, प्लवन, तरण, पैराव, तैरनेका एक चक्कर; (क्व०) तैरनेका फुकना या ब्लैडर; नदी^Fमें मछलियों^Fका गहरा हृद; (ला०) कालप्रवाह, घटनाक्रम, हालात^Fकी रफ्तार^F; २. v.t. & i. (*swam, swum*) सन्तरण करना, सतह या तलपर बहना, उतराना, तिरना, तैरना* (*with bubbles ~ming on it*); (धारा^F, दूरी^F आदि) पार करना, पूरी करना, तैराकी^Fकी प्रतियोगिता^Fमें सम्मिलित होना, तैरना, पैरना (पानीके ऊपर या पानीमें), (घोड़े, कुत्ते आदिको) तैराना; (ला०) तैरते जाना, समगति^F या क्रमसे चलते जाना (~ *on one's chest, back, side*); प्लावित होना, सिक्त होना, भर आना, बाढ़^F आना, उमड़ आना, तर-बतर होना, डूबना, भींगना (*eyes, deck, ~ming with, tears, water*); घूर्णमान होना, चक्कर-सा आना, सिर चकराना, चकराना, चक्कर खाना, घूमना, फिरना, घूमता-सा दिखाई देना; *in the ~* सम-सामयिक घटना^Fमें व्यस्त या उससे परिचित, चलते हुए मामलेमें हिस्सा लेनेवाला या उसको समझनेवाला; ~ *to the bottom* या ~ *like a stone* या ~ *like a tailor's goose* (हास्य०) डूब जाना; ~ *with the tide* or *stream* प्रवाहके साथ बहना, बहुमतके अनुकूल आचरण करना।

swimmer –'मॅर् n. सन्तारक, तैराक, पैराक, तैरनेवाला, पैरनेवाला; लिप्तपद जलचर पक्षी।

swimmeret –'मॅरे'ट् n. (जीव०) प्लवपाद, **तरणपाद, तरणक**।

swimming –मिंग् १. n. चक्कर (*has a ~ in the head*); प्लवन, तैराकी^F, इत्यादि, दे० SWIM; २. a. प्लावी, तैरनेवाला, तैरनेका (*pool*), ~-bath तैरनेका बड़ा हौद या कमरा; ~-bladder प्लवनाशय, मछली^F-का फुकना;
~ animals, ~ crab, ~ locomotion, ~ pool, ~ tank.

swimmingly –लि adv. शनैः-शनैः, मजेसे (*go on ~*)।

swimmy –मि a. चकराते सिरवाला।

swindle स्विन्'डॅल् १. n. मायारूप, कपट व्यक्ति, कपट वस्तु^F; प्रतारणा^F, कपट, मायाजाल, कपट योजना^F, चाल^F, छल, ठगी^F, बेईमानी^F, धोखेबाजी^F, उचक्कापन, फरेब; २. v.t. & i. प्रतारणा^F करना, कपट या छल करना, किसी व्यक्तिको धोखा देना, ठगना, दगा करना, पैसा ऐंठ लेना, रकम^F उड़ा लेना, रुपया ठगना, फरेबसे लूट लेना।

swindler –लॅर् n. प्रतारक, प्रवंचक, ठग, दगाबाज, उचक्का, एड़ीमार, जालसाज।

swindlery –रि n. प्रतारकता^F, प्रवंचकता^F, ठगी^F, दगाबाजी^F, उचक्कापन, जालसाजी^F।

swindling –लिंग् n. छलादान, प्रतारण, प्रवंचन, ठगी^F, दगाबाजी^F, उचक्कापन, जालसाजी^F।

swine स्वाइन्' n. वराह, शूकर, सुअर, सुअरी^F; पाशविक प्रवृत्तियोंका व्यक्ति, लोभी व्यक्ति, लालची आदमी, गन्दा या नीच आदमी; ~-herd शूकर-रक्षक, शूकरपाल, पासी, सुअर चरानेवाला।

swinery –'नॅरि n. सुअरोंका बाड़ा; सुअरपन।

swing स्विन्ग्' १. n. दोलन, प्रेंख, आवर्तन, दोलायमान अवस्था^F या गति^F, झूम^F, लटक^F, झोंका, हिलकोरा, झूमनेकी गति^F, पेंग^F; आरोह-अवरोह-पूर्ण गति^F, दोलायमान गति^F, लहराती हुई लय^F, वेग, लटक^F, हिलकोरेकी चाल^F, झूल^F, झूमझाम^F (*goes with a ~*); (~ *music* भी) अमेरिकाके हब्शियोंका विशेष प्रकारका नृत्य या गायन; दोलन सीमा^F, झूलनेकी दूरी^F या फासला (*has a ~ of 3 ft.*) हिंदोल, हिंडोला, पालना, **झूला**; सामान्य कार्यावधि^F, कार्यकाल, काम करनेका समय (*let it have its ~* चलने दीजिये); २. v.t. & i. (~ *swung*) लटकते-लटकते चलना, झूमते हुए जाना, झूलते हुए चलना (*he swung out of the room*); दोलायमान रहना, अस्थिर रहना, चक्कर खाना या खिलाना, आगे-पीछे हिलना या हिलाना, झुलाना या झूलना, **झुलाना, घुमाना**, फिराना, विचलित होना,

बढ़ना, घूमना, डोलना, हिलना-डुलना, इधर-उधर हिलना या हिलाना, लहराना, डुलाना, डुलना, झुमाना, झूमना, पेंग^F चढ़ाना; फाँसी^F देना, इस प्रकारसे लटकाना या टाँगना (कि पेण्डुलम या दरवाजे या डाल या पौधे या लंगर डाले हुए जहाजकी भाँति हिलता-डुलता रहे) (*ship ~s at anchor*; *sat on the table ~ing his legs*); ~ basket (कृषि०) **बेड़ी^F, झूलन टोकरी^F**; ~-boat नखके आकारकी झूला गाड़ी^F; ~ bridge, pan⊙ दोलायमान सेतु, उठाऊ पुल; ~ plough बिना पहियों^Fका हल; ~ shift **अपरपारी^F**; *door swung to* बन्द दरवाजा; *~ the lead* (सेना^F-की सेवा^Fका ग्रा०) कामसे जी चुराना, बीमारी^Fका बहाना करना; *the ~ of the pendulum* (ला०) परिवर्तन-की प्रवृत्ति^F, पेण्डुलमकी-सी गति^F।

swinge स्विन्ज v.t. अत्यन्त प्रहार करना, कठोर आघात करना, जोरकी चोट^F मारना, जोरसे मारना, अच्छी तरह मरम्मत^F करना, खूब ठोंकना, कसके मारना, खूब पीटना, लठियाना, जुतियाना।

swingeing –'जिंग् a. अत्यायत, अतिदीर्घ, अतिशय विशाल, बहुत बड़ा, भारी (~ *majority, damages*)।

swinger स्विन्'गॅर् n. दोलक व्यक्ति, दोलायमान करने-वाला, झुलानेवाला।

swinging –गिंग् a. दोलायमान, झूलनेवाला; ~ choke, ~ door, ~ pin, ~ transverse.

swingle स्विन्'गॅल् १. n. अनाज पीटनेका सोंटा, पिटना, कुटना, मूसल, सोंटा; सन कूटनेकी मुँगरी^F; धुनकी^F; २. v.t. मुँगरी^Fसे सन साफ करना या झाड़ना, धुनना।

swinish स्वाइ'निश् a. शूकरशील, पाशविक, पशुवत्, म्लेच्छ, नीचतापूर्ण, निर्लज्ज, सुअर-सा, गन्दा, लालची।

swinishness –निस् n. पाशविकता^F, म्लेच्छपन, नीचपन, निर्लज्जता^F, गन्दापन, लालचीपन।

swink स्विन्क् १. n. कठोर परिश्रम, कड़ी मेहनत^F; २. v. i. (प्रा०) कठिन परिश्रम करना, सख्त मेहनत^F करना।

swipe स्वाइप्' १. n. (क्रिकेटमें) कड़ा आघात, कड़ी चोट^F, जोरका हाथ या टुल्ला या हिट^F; २. v.t. & i. (क्रिकेटकी गेंद^F आदिमें) कसके या लापरवाही^Fसे हाथ मारना, कड़ी चोट^F करना, टुल्ला लगाना, जोरका बल्ला चलाना; क्रिकेटकी गेंद^Fमें जोरका टुल्ला मारना, हिट^F लगाना; (ग्रा०) झटककर चम्पत हो जाना, छीनकर ले भागना।

swiper –'पॅर् n. जोरका टुल्ला लगानेवाला, हिट मारनेवाला; छीना झपटी^Fसे ले भागनेवाला।

swipes स्वाइप्स्' n. (pl.) पनीली या गँदली या घटिया शराब^F (बियर^F)।

swipple स्वि'पॅल् n. = SWINGLE.

swire स्वाॲर्' n. (पहाड़ोंके मध्य) दर्रा, तंग मार्ग।

swirl स्वर्ल्' १. n. पवनावर्त, जलावर्त, घूर्णन, भँवर, हवा^F या पानीका चक्कर; पानीमें मछली^Fके झपटनेकी छपछपाहट^F, फचफचाहट^F; २. v.t. & i. (पानीमें) जलावर्त आना, आवर्तित करना, आवर्तमें पड़ना, भँवर बनना, भँवर पड़ना, चक्कर खाना, घुमाना, भँवरके साथ बह जाना।

swirling –'लिंग् n. (प्रा० भू०) **भँवर**; a. **परिभ्रामी, भँवरदार**।

swish[1] स्विश्' १. n. भोजपत्रकी डण्डी^F या बेंत या कोड़ेकी चोट; बेंत या कोड़ेकी सड़सड़ाहट^F; चिड़िया^Fके उड़नेकी फुर्र^F; घास^Fपर हँसिया^F चलानेकी खरस-खरस^F; २. v.t. & i. भोजपत्रकी डण्डी^Fसे मारना; (बेंत आदि-को) हवा^Fमें सड़-सड़ चलाना, फूल आदिको (बेंतसे) उड़ा देना; बेंत आदिसे सड़ाका करना; चिड़िया^Fका तेजी^Fसे फुर्र^Fकी आवाज^F करना; सड़ाकसे चलना, खरस-खरस^Fकी आवाज^F करना।

swish[2] a. (बोल०) आत्मप्रशंसक, दम्भी, घमण्डी, बाँका, ठाठदार, फैशनदार, शेखीबाज।

Swiss स्विस्' १. n. स्विट्जरलैण्डका अधिवासी या बाशिन्दा, स्विस्; २. a. स्विट्जरलैण्डदेशीय, स्विट्जर-लैण्डीय, स्विट्जरलैण्ड-सम्बन्धी।

switch स्विच्' १. n. नमनीय शाखा^F, पेड़से काटी हुई पतली लचीली टहनी^F; बेंत, छड़ी^F, सण्टी^F, कमची^F; कृत्रिम घूँघर, बनावटी बालोंकी लट^F; संवियुत्, अर्गली^F, (बिजली^Fका) **बटन, स्विच**; कैंची^F (जिससे रेलगाड़ी^F एक पटरी^Fसे दूसरी पटरी^Fमें कर दी जाती है); २. v.t. & i. कशाघात करना, बेंत या सण्टी^Fसे मारना; (धारा^Fको) संवियुत्के द्वारा स्थानान्तरित करना, इधरसे उधर करना; रेलगाड़ी^Fको कैंची^Fके द्वारा दूसरी पटरी^Fपर लाना; (ला०) (वार्तालाप या विचारोंको) दूसरे विषयकी ओर मोड़ना, दिशा^F बदल देना, रुख बदल देना; (ताशके ब्रिज खेलमें) एक रंगके स्थानमें दूसरा रंग बोलना, बोली^F बदल देना; जल्दी^Fसे छीन लेना, एकाएक झटक लेना, किसी वस्तु^Fको तेजी^Fसे चारों ओर झुलाना, घुमाना फिराना, बुहारना, झाड़ना (*cow ~es her tail*); विद्युत्प्रवाहको वियुक्त करना या संयुक्त करना, विद्युत्धारा^Fको तोड़ना या जोड़ना, बिजली^Fका बटन दबाना, **स्विच दबाना**, स्विच बन्द करना या खोलना, बिजली^F बुझाना या जलाना; टेलीफोनका सम्बन्ध जोड़ना या दूसरेसे तोड़ देना; ~back कलापटरी^F, कलाबाजी^F करनेवाला रेलपथ (जिसमें गाड़ी^F ऊँचाई^Fसे एकाएक नीचे आती है और इसके जोरमें ऊपर चढ़ जाती है); लहरिया पटरी^F, लहरदार पटरी^F, ढालू स्थानमें बना हुआ टेढ़ा-मेढ़ा रेलपथ; ~ board व्यवस्थानी, संवियुत्फलक, विद्युत्फलक, बिजली^F-के बटनों वाला चौकोर पटरा, स्विच् बोर्ड; ~ over (वाणि०) **अन्तरण**; *~off* विद्युत्प्रवाहका संयोग छिन्न करना, बत्ती बुझाना, (रेल०) (रोशनी^F) **बन्द करना; बुझाना, स्विच बन्द करना**; सम्बन्ध काट देना; ~ on बत्ती^F जलाना, स्विच खोलना;

~gear, ~ gene, ~-keeper, ~-lever, ~man, ~ panel, ~ plant, ~ rail, ~ ring, ~ tender, ~ yard.

switching⊙ –'चिंग् n. कशाघात करना, बेंत लगाना;

(विद्यु०) द्विवचन (~ *circuit*)।
swither –स्वि'दॅर् १. n. (स्कॉट०) संकोच, सन्देह; अनिश्चय, झिझक^F; २. v. i. संकोच करना, झिझकना।
Switzer स्विट्'ज़ॅर् n. (प्रा०) = SWISS.
swivel स्वि'वॅल् १. n. भ्रामी, (परि०) **भँवर कली**^F, भँवरकड़ी^F, कुलावा, **चूलछल्ला**, (यंत्र०) **फिरकी**^F, चूल^F-पर घूमनेवाला रिंग (~ *chain*); आँकड़ा, कुण्डा, कड़ी^F; जम्बूरक^F, छोटी तोप^F, २. v.t. & i. चूल^F छल्लेपर घुमाना या घूमना; ~-eye(d) तिरपट, भेंगा, टेरा, ऐंचा; ~ chair, ~ gun, ~ handle, ~ headbar, ~ hood, ~-hooked, ~ joint, ~ like, ~ lock, ~ pin, ~ plough, ~ stool.
swizzle स्वि'ज़ॅल् v. i. अतिपान करना, खूब पीना।
swob(ber) स्वॉ'बॅर् = SWAB (BER).
swollen, swoln स्वो'लॅन्, स्वोल्न्' (प्रा०) SWELL का भू० कृ०।
swoon स्वून्' १. n. (चि०) संन्यास, अचैतन्य, मूर्च्छा^F, बेहोशी^F, गश; २. v. i. अचेत होना, मूर्च्छित होना, मूर्च्छा^F आना, बेहोश होना, गश आना (~ *ed for joy, with, pain*, etc,); (संगीत आदिका) धीरे-धीरे लुप्त होना या डूब जाना।
swooning –'निंग् १. n. = SWOON; २. a. (चि०) सम्मूर्च्छन, मुग्ध, मूर्च्छापन्न।
swoop स्वूप्' १. n. अवपात, सहसा आपतन, सहसा आक्रमण, झपट^F, झपट्टा, हाथ, वार, हमला, धावा; चील-झपट्टा, (एक बारमें बहुत-सी चीजें^F ले जाना); २. v.t. & i. (शिकार, स्थान आदिपर) दूरसे आकस्मिक आक्रमण करना, सहसा आक्रमण करना, सहसा टूट पड़ना, चील^F या बाजकी भाँति झपटकर नीचे आना, ऊपरसे टूट पड़ना, **झपट्टा मारना**, एकाएक धावा बोलना, चढ़ बैठना, हमला करना, (बोल०) झपट लेना, छीन लेना, झटक लेना, झपटना, एक झपट्टेमें ही सब कुछ उठा ले जाना; *at one fell* ~ एक ही चील-झपट्टेमें; एकाएक आनेवाली मुसीबत^F के रेलेमें।
swop, swap स्वॉप्', स्वॉप्' १. n. विनिमय, अदला-बदली^F; २. v.t. & i. विनिमय करना या होना, अदला-बदली^F करना या होना, पलटा करना, सौदा करना; (~*ped my knife for bread*); *never ~ horses while crossing the stream* संकटके व्यतीत होनेके पूर्व पुरानी व्यवस्थाएँ^F न बदलो, नाजुक वक्तमें नये इन्तजाम हरगिज न करो।
sword सॉर्ड्' n. करवाल^F, कृपाण^F, असि^F, खड्ग^F, तलवार^F, शमशीर^F (*double-edged* या *two-handed* ~); (सेना^F का ग्रा०) संगीन^F; युद्ध, कलह^F, विग्रह; सैनिक शक्ति^F; cavalry ~ टेढ़े फलकी तलवार^F; duelling-~, small-~ भुजाली^F, कटार^F, खंजर^F; ~-arm दक्षिण हस्त, दाहिनी भुजा^F, सीधा हाथ; ~ bar **किर्च-पत्ती**^F; ~ bean (वन०) **बड़ा सेम**; ~-bearer खड्गधर, खड्गधारी; ~-belt परतला, तलवार^F टाँगनेका कटिबन्ध; ~bill असिचंचु, लम्बी चोंचवाली गानेवाली चिड़िया^F; ~-cane असिगर्भ यष्टि^F, गुप्तीवाली छड़ी^F; ~-cut असिक्षत, तलवार^F का घाव; ~-dance तलवार^F का नाच (जिसमें तलवारें^F घुमा घुमाकर नाचा जाता है या नर्तकियाँ^F पुरुषोंकी कैंचीनुमा तलवारोंके नीचेसे निकलती जाती हैं या जिसमें नर्तक धरती^F पर रखी हुई तलवारों^F पर पैर रखते हुए जाता है); ~-fish खड्ग-मत्स्य, असिचंचुमत्स्य, तलवार मछली^F (अटलाण्टिक महासागर तथा भूमध्यसागरमें पायी जानेवाली बड़ी मछली^F); ~-flag पीले फूलोंका पौधा; ~-grass असिपत्र घास; ~-guard तलवार^F की मूठ^F का त्राण (जो हाथको बचाये रहता है); ~-hand दाहिना हाथ; ~ knot असि-ग्रन्थि^F, तेगबन्द, फीता या फुँदनेदार डोरी^F (जो तलवार^F-की मूठ^F में बँधी रहती है); ~-law सैनिक शासन; ~-lily खड्गिका^F, उरोमध्यफलक; ~-play असिक्रीड़ा^F, शमशीरबाजी^F, तलवार^F पर चलनेकी कला^F, (ला०) श्लेष-युक्त प्रत्युत्तर, वाद-विवाद या बहस^F की चोटें^F, नोंक-झोंक^F-के उत्तर, हाजिर-जवाबी; ~sman असिकला-प्रवीण, खड्ग-धर, तलवार^F का धनी, शमशीरबाज; ~smanship असिकलाप्रवीणता^F, असिचालन-निपुणता^F, शमशीर-बाजी^F; ~-stick कूटास्त्र, असिगर्भ यष्टि^F, असियुक्त छड़ी^F, गुप्ती^F; ~ sucker (कृषि०) **लम्बे पत्तेवाला सकर**; the ~ युद्ध, लड़ाई^F, जंग; the ~ of justice न्यायप्रतीक खड्ग, न्यायकी तलवार^F, न्याय-सत्ता^F; *cross* or *measure* ~s मतभेद होना, विरोध करना, खुला विरोध होना, लड़ाई^F करना; *draw the* ~ युद्ध छेड़ देना, लड़ाई^F शुरू करना; *put to the* ~ वध करना, तलवार^F के घाट उतारना, मार डालना; *sheathe the* ~ विवादमें निरस्त होना, युद्ध रोक देना, लड़ाई^F बन्द करना; *throw* one's ~ *into the scale* अस्त्र-शस्त्रोंके द्वारा किसी अधिकारको पुष्ट करना, किसी बात^F के पक्ष या हिमायत^F में तलवार^F उठाना;
~-armed, ~-bayonet, ~craft, ~-fishing, ~-shaped, ~tail (पक्षी)।
sworded –'डिड् a. असियुक्त, तलवारवाला, तलवार-धारी।
swordless –ड्'लिस् a. असिहीन, तलवाररहित, बेतलवार, बेशमशीर।
swordlike –लाइक् a. असिवत्, खड्ग-समान, तलवार-सा, तलवार-जैसा; शमशीरनुमा।
swordproof –'प्रूफ् a. असिसह, तलवार रोक।
swore स्वोॲर् SWEAR का भू०।
sworn स्वोॲर्न् SWEAR का भू० कृ०, सशपथ, गृहीत-शपथ (~ *declaration*); ~ enemy घोर या कट्टर शत्रु, पक्का दुश्मन; ~ friend घनिष्ठ या अन्तरंगमित्र, गहरा दोस्त।
~ aids, ~ combination, ~ devices, ~ load, ~ method, ~ practice, ~ procedure, ~ process, ~ staff, ~ success, ~ technique, ~ unit, ~ work.

teaey ⊙ टी'इ a. चायवत्, चाय-सदृश, चाय-जैसा।

Teague टीग' n. (निन्दात्मक) आयरलैण्डी।

teak टीक्' n. अर्ण, अर्णकाष्ठ, **सागौन**, सागौनकी लकड़ी^F, साल; T.;

~ brown, ~ overwood, ~ plantation, ~ plantation technique, ~ regeneration, ~stumps, ~wood, ~wood plane table.

teal टील्' n. (pl. वही) जलकुक्कुटी^F, पनमुर्गी^F, मुर्गाबी^F ।

team¹ टीम्' n. युग्म, नियुत, जोत, जोड़ी^F, (क्रीड़ा०) **दल, टीम^F**; पशुसमूह; वृन्द, झुण्ड, टोली^F; झोल^F, डार^F; दल, वर्ग, समूह;
~ approach, ~ exercise, ~ spirit, ~ work.

team² v.t. (घोड़ों इत्यादिको) एक साथ जोड़ना; ठीकेपर उठाना; ~-work सम्मिलित कार्य; ~ *up*⊙ सेना^Fमें शामिल होना ।

teaming –'मिंग् n. ठीकेपर देनेकी क्रिया^F ।

teamster टीम्'स्टॅर् n. युग्मसारथि, जोड़ी हाँकनेवाला, जोतवान ।

teamwise –'वाइज़् adv. युग्मानुसार, पंक्तिवत्, जोड़ी-जोड़ी; दलबद्ध, टीम^Fके हिसाबसे ।

teapoy टी'पाएँ n. त्रिपाद, त्रिपादी^F, तिपाई^F ।

tear¹ टीअॅर् n. नयनजल, अश्रु, आँसू; अश्रुवत् कोई द्रव, बूँद^F, कतरा; गोंद या रालके कड़े बूँद;
~-affected, ~-bright; ~-damped, ~-dewed, ~-dimmed, ~-duct, ~ ~-falling, ~-gas, ~-gland, ~-imaged, ~-kissed, ~-moist, ~-mourned, ~-plagued, ~-shaped, ~stained, ~-wet, ~-worn.

tear² टेअॅर्' n. विदर, भिदा, चीरा, खोंच, खोंचा; ~ fault (प्रा० भू०) **तिर्यक् भ्रंश** ।

tear³ v.t. & i. (*tore, torn*) विदारित करना, चीरना, फाड़ना, चाक करना, चिथड़े-चिथड़े करना, अलग-अलग करना (*has torn his coat*); चीरा लगाना, खोंचा लगाना; (शा० एवं ला०) नोच डालना, खसोट डालना, छीन लेना, उखाड़ डालना (~ one's *hair*); विदीर्ण होना, फटना; सवेग दौड़ना, झपटना, तेजी^Fसे चलना, लपकते हुए जाना; झल्लाना, झुँझलाना ।

tearer –'रॅर् n. विदारयिता, चीरनेवाला, फाड़नेवाला, चाक करनेवाला, चिथड़े करनेवाला ।

tearful टीअॅर्'फुल् a. अश्रुपूरित, अश्रुपूर्ण, साश्रु, डबडबाता हुआ, पुरनम, आँसूसे भरा हुआ; शोकपूर्ण, करुण, कारुणिक, दुःखपूर्ण, शोकावह ।

tearfulness –निॅस् n. अश्रुसिक्तता^F, आँसू आना; शोकप्रदता^F, दुःखपूर्णता^F ।

tearing टेअॅ'रिंग् १. n. पाटन, विभेदन, दारण, चीरना, **फाड़ना**; २. a. विभेदी, दारण करनेवाला, चीरनेवाला, फाड़नेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); उग्र, क्षिप्र, घोर, प्रबल, वेगवान् (~ *pace, rage*) ।

tearless टीअॅर्'लिॅस् a. निरश्रु, अश्रुविहीन, बेआँसू, बेअश्क ।

teary– –'अॅरि a. = TEARFUL.

tease¹ टीज़् n. बदमाश आदमी, दिल्लगीबाज, शरारती ।

tease² v.t. चिढ़ाना, छेड़ना, सताना, दिक करना, तंग करना, हैरान करना; अनुनय-विनय^F करना, पीछे पड़ना, जान खाना, सिरपर सवार हो जाना; तूमना, खुरचना, साफ करना, धुनकना; (वस्त्रों इत्यादिका) रोओं उठाना, रेशे निकालना; सुलझाना, कंघी^F करना; (चि०) ऊतकका रेशा-रेशामें विभक्त करना ।

teasel¹, -zel¹, -zle¹ टी'ज़ॅल्, -ज़ॅल्, -ज़ॅल् nn. विलायती गोखरू; विलायती गोखरूका गुच्छा; कपड़ेपर रोएँ उठानेकी मशीन^F ।

teasel², -zel², -zle² vv.t. (विलायती गोखरूसे) कपड़ेपर रोएँ उठाना ।

teaseler –लॅर् n. वस्त्र-रोमक यन्त्र, वस्त्र-लोमक यन्त्र, कपड़ेपर रोएँ उठानेकी मशीन ।

teaser टी'ज़ॅर् n. चिढ़ानेवाला, छेड़नेवाला, सतानेवाला, दिक करनेवाला, हैरान करनेवाला, शरारती, दिल्लगीबाज; (बोल०) कठिन समस्या^F, दुष्कर कार्य, दुःसाध्य वस्तु^F, पेचीदा काम, कड़ा मामला ।

teat टीट्' n. **चूचुक**, स्तनाग्र, स्तनरन्ध्र, (कृषि०) थनरन्ध्र, ढेंपुनी^F, (पशुओंका) **थन, चूचू** (~*s*) (श० र० शा०, कृषि०) **थन** (*bougies*) ।

teated –'टिॅड् a. (चि०) स्तनयुक्त, चूचुक-युक्त, स्तनाग्रवाला, थनका ।

teatlike –ट्'लाइक् a. चूचुकवत्, स्तनवृन्त-सदृश, स्तनाग्र-सदृश; थनका-सा ।

tec टेॅक्' n. गुप्तचर ।

tech. technical; technology.

technic टेॅक्'निक् a. & n. पारिभाषिक (शब्द, रीतियाँ^F, विवरण इत्यादि); (चि०) तान्त्रिक; औद्योगिक, शिल्पिक, शिल्पीय, तकनीकी ।

technical –कॅल् a. **प्राविधिक, तकनीकी**; परिभाषित; पारिभाषिक, शास्त्रीय (~*words*); प्रावैधिक, विधि-विषयक; (रसा०) प्रक्रियात्मक, **क्रियात्मक**; प्रौद्योगिक, औद्योगिक, व्यावसायिक, **शिल्पी, शिल्पीय**, शिल्प-, शिल्पविद्या-सम्बन्धी, (~ *education*); शिल्प-सम्बन्धी; पारिभाषिक; तान्त्रिक;
~ advice, ~ aid, ~ approval, ~ assistance, ~ assistant, ~ block, ~ branch, ~ control, ~ course, ~ data, ~ development, ~ directorate, ~ equipment, ~ expert, ~ handling, ~ information, ~ installation, ~ instruction, ~ knowledge, ~ library, ~ meaning, ~ objection, ~ officer, ~ process, ~ publication, ~ qualifications, ~ sanction, ~ school, ~ section, ~ service, ~ skill, ~ specification, ~ standard, ~ store, ~ storeman, ~ terminology, ~ training, ~ vocabulary.

technicalism –लिज़्म् n. प्राविधिक शैली^F, प्रावैधिक शैली^F, शास्त्रीय रीति^F, तकनीकी ढंग; पारिभाषिकता^F; प्रौद्योगिकता^F, औद्योगिकता^F, व्यावसायिकता^F ।

technicality, technicalness –कै'लिटि, –निॅस् nn. कलाविज्ञता^F, कलानिपुणता^F, कलाकारिता^F, कलात्मक विशिष्टता^F, कलासम्मतता^F; पारिभाषिकता^F,

शास्त्रीयता^F; (चि०) प्राविधिकता^F, प्रविधि^F, रीति^F, कार्य-पद्धति^F; सूक्ष्मता^F, बारीकी^F।
technician, technicist –नि'श्न्, –निसिस्ट् nn. प्रविधिज्ञ, प्रविधिविद, तकनीकी, शिल्पी, तन्त्रज्ञ, शिल्पज्ञ, कलानिपुण व्यक्ति, मिस्तरी।
technicolor टे'क्'निकलॅर् n. चलचित्रको रंगीन बनानेकी विधि^F।
technics टे'क्'निक्स् n. शिल्पविज्ञान।
technique टे'क्नीक् n. प्रविधि^F, (रसा०, कृषि०) प्रक्रिया, शिल्पविधि^F, तन्त्र, पद्धति^F, रीति^F, शैली^F, क्रियाशैली^F, कार्यपद्धति^F, रचनाप्रणाली^F, शिल्पकौशल, तकनीक; शिल्प, शिल्पपद्धति^F, यन्त्रचातुर्य, कलापद्धति^F।
technocracy –नॉ'क्रॅसि n. प्रोद्योगतन्त्र, उद्योगतन्त्र, व्यावसायिक शासन (वह सरकार^F जिसमें औद्योगिक उत्पादनको महत्ता^F दी जाती है)।
technocrat–नॅक्रैट् n. प्रोद्योगतन्त्रवादी, उद्योगतन्त्रवादी, व्यावसायिक शासन-समर्थक।
technocratic –टिक् a. प्रोद्योगतान्त्रिक, उद्योगतन्त्रीय, उद्योगतन्त्र-विषयक, व्यावसायिक शासन-सम्बन्धी।
technography–नॉ'ग्रॅफि n. औद्योगिकी^F, प्रौद्योगिकी^F, उद्योगविज्ञान, प्रौद्योग-शास्त्र, व्यवसाय-विद्या^F।
technological –नॅलॉ'जिकॅल् a. प्रौद्योगिक, प्रोद्योगिकीय, प्रावैधिक, प्रोद्योग-, शिल्पशास्त्र-विषयक, शिल्पविज्ञान-सम्बन्धी, शिल्पीय (~ *laboratory*)।
technologist –नॉ'लॅजिस्ट् n. प्रोद्योगविज्ञ, उद्योगविज्ञ, औद्योगिकीविज्ञ, शिल्पवैज्ञानिक, शिल्पशास्त्री, (कृषि०) प्रक्रिया विशेषज्ञ, शिल्पज्ञ; टेक्नोलॅजीविज्ञ।
technology –जि n. प्रौद्योगिकी^F, (कृषि०) प्रक्रिया-विज्ञान, शिल्प, शिल्पशास्त्र, शिल्पविज्ञान; शिल्प-विद्या^F, प्रविधि-विज्ञान; उद्योगविज्ञान, प्रोद्योग, उद्योगविद्या^F, T.।
technonomy –नॅमि n. औद्योगिकी^F, उद्योग-विज्ञान, व्यवसायशास्त्र; औद्योगिकी-प्रयोग, उद्योग-विज्ञान-प्रयोग, व्यवसायशास्त्र-निरूपण।
techy टे''कि a. दे० TETCHY.
tecnology टे'क्नॉ'लॅजि n. बाल्य-विज्ञान, शिशु-विज्ञान, बाल-शास्त्र, शिशु-विद्या^F, बाल-विद्या^F।
tecoma n. घटपुष्प।
tectiform ⊙टे'क्'टिफ़ॉर्म् a. (इति०) तम्बूरूप।
tectology टे'क्टॉ'लॅजि n. (चि०) रचनात्मकरूप विज्ञान, रूपरचनाविज्ञान, रचनाविज्ञान।
tectonic–निक् a. (प्रा०भू०) विवर्तनिक, निर्माणात्मक, निर्माण-विषयक, रचनासम्बन्धी, तक्षणी; ~ earthquake, ~ forces, ~ process.
tectonics –क्स् n. (pl.) (भूग०) रचिति^F, संरचनान्तरिकी^F, निर्माणिकी^F, निर्माण, रचनाशास्त्र।
tectorial टे'क्टॉ'रिॲल् a. आच्छादी, आवरणकारी, ढकनेवाला, आच्छादक, ~ membrane (चि०) आच्छादक कला^F, छादक कला^F; (शिक्षा०) प्रान्तस्था^F झिल्ली^F।
tectorium –ॲम् n. (चि०) छादक।
tectrices टे'क्ट्राइ'सीज़् n. (pl.) पक्षावरण, ओढ़नेके पंख।
tectum ⊙टे'क्'टॅम् (चि०) पटल।
ted टे'ड् v.t. (कटी हुई घास^F इत्यादि) विकीर्ण करना, बिखेरना, फैलाना।
tedder –डॅर् n. विकर्ता, विकीर्ण करनेवाला, बिखेरनेवाला, फैलानेवाला; टेडर, फैलानेकी मशीन^F।
Teddy bear टे'डि बेॲर् n. खिलौना भालू।
tedious टी'डिॲस् a. श्रमावह, क्लान्तिकर, क्लेशदायक, विरक्तिकर, चिरक्रिय, थका देनेवाला, उबा देनेवाला, नागवार, भारी, उकतानेवाला।
tediousness–नि'स् n. क्लान्तिकरता^F, क्लेशदायकता^F, विरक्तिकरता^F, उबाऊपन, उकताहट^F।
tedium –ॲम् n. श्रान्ति^F, परिश्रान्ति^F, क्लान्ति^F, श्रमजनकता^F, उकताहट^F, थकावट^F, ऊब^F।
tee[1] टी' n. T वर्ण; T की आकृति^F की कोई वस्तु^F; (यन्त्र०) दुकोना (~ *iron*, ~ *joint*), T.।
tee[2] n. (खेलोंमें) गेंद^F मारनेका निशान; (गोल्फ) गेंद^F मारनेका सूराख, टी^F; रेत^F की ढेरी^F।
tee[3] v.t. & i. (गेंद^F को) टी^F पर रखना, टी^F से खेल आरम्भ करना; (ला०) सूत्रपात करना, श्रीगणेश करना, आरम्भ करना, शुरू करना, हाथ लगा देना।
tee[4] n. स्तूप, छतरी^F, मढ़ी^F।
teem[1] टीम् v.t. & i. ढालना, उँडेल देना; गर्भ धारण करना, जनना, ब्याना, बहुलता^F से सन्तान^F उत्पन्न करना; आकीर्ण करना या होना, समाकुल होना, प्रपूरित करना या होना, प्रचुर होना, उमड़ना, भरना, भरपूर होना (*forests* ~ *with snakes*); बरसना, जोरकी वर्षा^F होना।
teemer –मॅर n. (नाव^F, गाड़ी^F, गली हुई धातु^F इत्यादि को) ढालनेवाला, माल उतारनेवाला; उत्पादक; भरनेवाला।
teemful –म्'फ़ुल् a. परिपूर्ण, प्रपूर्ण, भरापुरा; फलवान्, फलदायक, उत्पादक, उपजाऊ; बहुप्रसवी, आढ्य, बहुप्रज।
teeming –मिंग् a. आढ्य, उत्पादी, बहुप्रज, बहुप्रसवी; अतिवर्षी, बहुत बरसनेवाला।
-teen धन दस (*four*~, *six*~)।
teen टीन् n. शोक, दुःख, कष्ट, क्लेश, रंज, सदमा; अभाग्य, दुर्भाग्य, मुसीबत^F; हानि^F, नुकसान।
teens टीन्ज़् n. (pl.) आयु^F के १३ से १९ तकके वर्ष (*I was still under my* ~); **teen-age** ⊙१२ से २० वर्षकी अवस्था^F के बीच; **teen-ager** ⊙ १२ से २० सालके बीचका व्यक्ति।
teeny टी'नि a.=TINY.
teeter टी'टॅर् v.t. & i. तिर्यक् करना या होना, तिरछा करना या होना; चालित करना या होना, स्पन्दित करना या होना, झुलाना या झूलना; संकोच करना या होना, हिचकिचाना, डाँवाडोल होना; संकल्पविचलित करना या होना, बहकाना, बहकना।

teeterboard ⊙ –बोर्ड् n. ढेंकुल, लड़कोंका पटरेदार झूला।

teetered ⊙ –ई् a. वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा।

teeth टीथ् n. TOOTH का बहुव०; **दन्त, दाँत; दाँते;** permanant ~**स्थायी दाँत;** दूसरी बार निकलने वाले; ~-set (श०र०शा०) दंतावली^F, temporary ~ द्विजदन्त, दूधके दाँत, प्रथम बार निकलनेवाले।

teethe टीद् v.t. (विशे०) दूधके दाँतोंका निकलना।

teething –दिंग् n. दन्तोद्भेदन, दन्तोद्भेद, दन्तोद्गम, दाँत निकलना।

teethy –दि a. सदशन, सदन्त, दाँतदार, दाँतवाला।

teetotal टीटो'टॅल् a. मादक-द्रव्य-विरति-विषयक; मादक-द्रव्य-विरत; मद-निग्रहका (~ *meeting, pledge*)।

teetotalism –लिज़्म् n. मद्य-परिवर्जन, **मद्य-त्याग,** मादक-सेवन-विरति^F, मद-निग्रह।

teetotaller –लॅर् n. मद्य-परिवर्जक, मादक-पानीय-विरक्त, **मदनिग्रही।**

teetotally –लि adv. पूर्णतः, सम्पूर्णतः, बिल्कुल, पूरी तरहसे।

teetotum टीटो'टॅम् n. लट्टू, फिरकनी^F, चकई^F; *like a* ~ चक्कर खाते हुए।

t.e.g. top edge guilt (book-binding).

teg टॅग् n. एक वर्षसे अधिक और दो वर्षसे कम आयु^F-की भेड़^F।

tegmen टॅग्'मॅन् n. (वन०) **अन्तः कवच,** (जीववि०) आच्छद, अन्तश्छद, अंगच्छद; T.; ~ tympani (चि०) **मध्यकर्णच्छद।**

tegmentum ⊙ –न्'टॅम् n. (चि०) **छादिका^F;** आच्छादन, आवरण; त्वचा^F, त्वक्, चर्म, चमड़ा।

tegminal –मिनॅल् a. आच्छादन-विषयक, आवरण-सम्बन्धी; त्वगीय, त्वक्सम्बन्धी, चमड़ेका।

tegmine n. (गणि०) **तेगमाइन, षष्ठकर्क।**

tegular टॅ'ग्यूलॅर् a. खार्पर, खपरैल^Fका, खपरैल-जैसा, खप्परवाला, टाइल-का, टाइलवाला।

tegulated –लेटिॅड् a. अतिच्छादी, उपरिच्छादी, ऊपर छाया हुआ, चढ़ा हुआ।

tegument टॅ'ग्यूमॅन्ट् n. (चि०) छादिका^F, आच्छद, आच्छादन, आवरण, आवेष्टन, पुट, अन्तरावरण, त्वक्, कवच, छाल^F, खोल^F, झिल्ली^F।

tegumental, tegumentary –मॅ'न्'टॅल्, –मॅ'न्'टॅरि aa. (चि०) छादिकीय, आच्छादक, आवरक; आच्छादन-सम्बन्धी, त्वग्विषयक।

tehee[1] टीही' n. टी-ही^F, ही-ही^F, खी-खी^F, हि-हि-ही-ही^F, खिलखिलाहट^F, कहकहा।

tehee[2] v.i. टी-ही^F करना, ही-ही^F करना, खी-खी^F करना, हि-हि-ही-ही^F करना, खिलखिलाना।

Teian, Tean टी'इॅन्, टी'ॲन् a. टियासमें पैदा हुए कवि एनक्रियोनसे सम्बन्धित।

teind टीन्ड् n. (स्काटलैण्डमें) दशमांश कर; धार्मिक दान।

tel., teleg. telegram, telegraph.

telaesthesia टॅलीस्थी'सिॲ n. योगदृष्टि^F, दूरज्ञान।

telautogram टॅलॉ'टॅग्रैम् n. पाण्डुलिपि-दूरलेख, हस्तलिपि-टेलिग्राम।

telautograph–ग्राफ् n. पाण्डुलिपि-दूरलेख, हस्तलिपि-वाला टेलिग्राफ।

tele- दूर- (~*barometer*, ~*meter*, ~*thermometer*)।

teleceptor टॅ'लिसॅ'प्टॅर् n. (शिक्षा०) **दूरग्राही।**

telecommunication ⊙ टॅ'लिकम्यूनिके'शॅन् a. **दूर संचार;**
~ board, ~ component, ~ engineer.

telecommunion–निअॅन् n. दूर-संचार (~ *equipments*)।

telegnosis टॅ'लिग्नो'सिस् n. (शिक्षा०) **कालातीत ज्ञान,** दूरबोध, योगदृष्टि^F।

telegonic टॅ'लॅगॉनिक् a. दूर-प्रभाव-सम्बन्धी, दूरसंस्कार-सम्बन्धी।

telegony टिलॅ'गनि n. दूरप्रभाव, (शिक्षा०) **पूर्व-पुंसंस्कार,** पुर्वपुंप्रभाव, (पूर्व पतिका पश्चात् पतिसे उत्पन्न एक ही माताके बच्चोंपर दिखाई देनेवाला प्रभाव); (जीव०) T.।

telegram टॅ'लिग्रैम् n. दूरलेख, दूर-संवाद, **तार, टेलिग्राम।**

telegraph[1] –ग्राफ् n. **तारप्रेषण, तारयन्त्र,** दूरलिख, तारबर्की, **तार,** टेलीग्राफ; ~ master **अधिसंकेतक;**
~ authority, ~ bag, ~ blue, ~ code, ~ cover, ~ department, ~ draft, ~ equipment, ~ expenses, ~ instrument, ~ lines, ~ mast, ~ material, ~ office, ~ officer, ~ overseer, ~ plant, ~ pole, ~ section, ~ service, ~ station, ~ statistics, ~ stores, ~ superintendent, ~ wire.

telegraph[2] v.t. & i. दूरलेख भेजना, दूरसन्देश भेजना, **तार देना** या भेजना, टेलिग्राम भेजना (~ *to him to come at once*)।

telegrapher टिलॅ'ग्रॅफॅर्, टॅ'लिग्रॅफॅर् n. **संकेतक,** दूरसन्देशक, विद्युत्संवाद-प्रेषक, तारबाबू।

telegraphese टॅ'लिग्रॅफीज़् n. & a. (दूरलेख या तारमें व्यवहृत) लुप्तपदीय शैली^F (-विषयक), तारकी शैली^F (का)।

telegraphic–ग्रैफिक् a. तार-लेख-सम्बन्धी, मिताक्षरीय, मितशब्दीय, संक्षिप्त शैली^Fका, तारका-सा, तारका; ~ address **तारका पता; तार-पता;**
~ advice, ~ code, ~ draft, ~ enquiries, ~ expenses, ~ instrument, ~ intimation, ~ line, ~ message, ~ money-order, ~ notification, ~ parts, ~ report.

telegraphist टिलॅ'ग्रॅफिस्ट् n. = TELEGRAPHER.

telegraphy –फि n. तारप्रेषण, **तार-संचार; तार-**

विद्या^F, तारप्रणाली^F, दूरलिखा; दूरलिख-यन्त्रनिर्माण-कला^F; दूरलेखन, टेलिग्राफी^F।

telemechanics टे´लि्मि´कै´निक्स् n. तारयन्त्रविद्या^F।

telencephalization –लिन्सेफलाइज़ेशन n. (त्रि०) **उन्मस्तुलुंगीभवन, उन्मस्तुलुंगीकरण**।

telencephalon –सेफ़ॅलॉन n. (चि०) **उन्मस्तुलुंग**।

teleologic, -al टे´लि्ऑलॉ´जिक्,-ॲल् aa. औपायिक, हेतुवाद-विषयक, उद्देश्यवाद-सम्बन्धी, उद्देश्यमूलक (~ *argument*); उद्देश्य-विधेय (~ *judgement*), उद्देश्यपरक, साध्यपरक (~ *ethics*), हेतुवादी।

teleologism –ऑ´लॅगिज़्म् n. उपायवाद, हेतुवाद, उद्देश्यवाद।

teleologist –लॅजिस्ट् n. उपायवादी, हेतुवादी, उद्देश्यवादी।

teleology –जि n. औपायिकी^F, अंतिम हेतुविज्ञान, हेतुवाद, (दर्श०) **साध्यवाद, उद्देश्यवाद** या सिद्धान्त; मीमांसा^F, हेतुविद्या^F; लक्ष्य, उद्देश्य, प्रयोजन (जीव०) T.।

teleost टे´(टी)लि्ऑस्ट् n. (जीववि०) **अस्थिमीन**, T.।

teleostereoscope –स्टीरिओस्कोप n. (शिक्षा०) **दूरघनदर्शी**, T.।

telepathic टे लि्पै´थिक् a. विचारसंक्रमणात्मक, दूरानुभूति-विषयक, बोधसंवहन-सम्बन्धी, चेतनासंवहनीय।

telepathist टि्ले´पॅथिस्ट् n. विचारसंक्रमण-ज्ञानी, दूरानुभूतिविश्वासी, बोधसंवहन करनेवाला।

telepathize –थाइज़् v.t. & i. विचारसंक्रमण करना, दूरानुभव करना, दूरसंवहन द्वारा प्रभाव डालना, चेतना-संवहन द्वारा विचारविनिमय करना।

telepathy –थि n. विचारसंक्रमण, दूरानुभूति^F, बोध-वहन, चेतनासंवहन, पारेन्द्रिय ज्ञान।

telephone¹ टे´लि्फोन् n. दूरभाष, **टेलीफोन**, फोन;
~ bell, ~ boy, ~ call, ~ clerk, ~ circuit, ~ company, ~ connections, ~ directory, ~ district, ~equipment, ~ exchange, ~ inquiry, ~ instrument, ~ line, ~ manual, ~ material, ~ messenger, ~ monitor, ~ operater, ~ receipts, ~ receiver, ~ reference, ~ service, ~ subscriber, ~ supervisor, ~ system, ~ theory, ~ traffic, ~ transmitter.

telephone² v.i. (दूरभाष द्वारा) सम्भाषण करना, (टेलिफोन द्वारा) वातचीत^F करना, टेलीफोन करना, फोन करना।

telephonic –फॉ´निक् a. दूरभाषीय, टेलीफोन-सम्बन्धी फोनका (~ *system*); ~ communication दूर-भाषण, टेलीफोनसे वातचीत^F।

telephonist टि्ले´फॅनिस्ट् n. दूरभाषी, टेलीफोनबाबू।

telephonograph टे´लि्फॉ´नग्राफ् n. दूरभाष-लिख, दूरभाष-लेखक यन्त्र, टेलिफोनोग्राफ।

telephony टि्ले´फॅनि n. दूरभाष-व्यवहार, दूरभाष रीति^F, टेलीफोन द्वारा सम्भाषण या उसकी रीति^F, **टेलीफोन-विद्या**^F, T.।

telephoto a. = TELEPHOTOGRAPHIC.

telephotograph टे´लि्फॉ´टॅग्राफ् n. दूरच्छाया-चित्र, टेलीफोटो^F।

telephotographic –फोटॅग्रै´फिक् a. दूरच्छायाचित्रण-विषयक, टेलीफोटो-सम्बन्धी; (दूरच्छायाचित्रण-द्वारा) छाया-चित्रित।

telephotography –फॅटॉ´ग्रॅफि n. दूरच्छायाचित्रण, दूर अक्सी फोटोग्राफी^F, टेलीफोटोग्राफी^F।

teleprint टे´लिप्रिन्ट् v.t. दूरलेखी द्वारा लिखना, दूरमुद्रक द्वारा लिखना, दूरलिख यन्त्र द्वारा मुद्रित करना, टेलिप्रिण्टर द्वारा छापना या (समाचार) भेजना।

teleprinter –टॅर् n. **तारलेखी, दूरमुद्रक**, दूरलिख यन्त्र, टेलिप्रिण्टर;
~ apparatus, ~ circuit, ~ connection, ~ message, ~ operator, ~ shop, ~ stores, ~ supervisor.

telergy टे´लॅर्जि n. (मनोवि०) **परप्रभावन**, प्रभाव-शक्ति^F।

telescope¹ टे´लि्स्कोप् n. दूरेक्ष, दूरदर्शक यन्त्र, (ज्यौ०, भौ०) **दूरदर्शक, दूरदर्शी**, दूरवीक्षण यन्त्र, **दूरबीन**, T.।

telescope² v.t. & i. परस्पर धँस जाना, (रेल०) **अन्दर धँस जाना**; घुस जाना, बैठ जाना; (रेल^F के टकराते हुए डब्बोंको) एक साथ धकेलना।

telescopic –स्कॉ´पिक् a. दूरेक्षीय, दूरवीक्षणयन्त्रीय, दूरबीनका (~ *glasses*); **प्रवेशी, दूरबीनी**; दूरेक्षवत्, दूरवीक्षण यन्त्र-सदृश, दूरबीनकी तरह;
~ eyes, ~ sight, ~ system.

telescopist टि्ले´स्कॅपिस्ट् n. दूरेक्षण-प्रवीण, दूर-वीक्षण-विशारद।

telescopium ⊙ –को´पिॲम् n. (ज्यौ०) **दूरदर्शक**, T.।

telescopy –पि n. दूरेक्षविद्या^F, दूरवीक्षण कला^F; दूरबीनके प्रयोगकी विद्या^F।

teleseism n. **दूरकम्प**, दूरकेन्द्रित भूकम्प।

telesis n. (शिक्षा०) **हेतुसिद्धि**^F।

telespectroscope टे´लि्स्पे´क्ट्रॅस्कोप् n. (ज्यौ०) **दूर-वर्णक्रम-दर्शक**।

telesthesia n. (शिक्षा०) **दूरसंवेद्यता**^F, **दूरसंवेदन**।

telesthetic ⊙ –टे´लि्स्थे´टिक् a. (शिक्षा०) **दूर-संवेद्य**।

televiewer टे´लि्व्यूॲर् n. दूरवीक्षण संग्राही, टेली-विज़न रिसीवरका प्रयोग करनेवाला।

televise टे´लि्वाइज़् v.t. & i. दूरवीक्षण द्वारा प्रसारित करना, टेलिविज़न द्वारा भेजना।

televised –ड् a. **दूरवीक्षित**।

television –विज़न् n. **दूरवीक्षण**; (भौ०) **चित्रवाणी; सचित्र रेडियो, रेडियो वीक्षण**, दूरवीक्षण-यन्त्र, दूरदर्शी, **टेलीविज़न**; ~ set **टेलीविज़न सेट**।

televisor –वाइज़ॅर् n. दूरदर्शित्र, दूरवीक्षणोपकरण,

टेलिविजनमशीन^F ।

telg. telegram.

telic टे´लिक् a. संकल्पात्मक, निश्चयात्मक, **सहेतुक** ।

tell टे´ल् n. (इति०) **टीला** ।

tell टे´ल् v.t. & i. (*told*) वर्णन करना, कहना, सुनाना, बयान करना (*~ me a story*); व्यक्त करना, प्रकट करना, समझाना, बताना, बतलाना, (*~ me all about it*); बोलना, मुँहसे निकालना; निश्चय करना, पक्का करना, तय करना, ठहराना; पृथक् समझना, भेद करना; विश्वास दिलाना, भरोसा दिलाना, यकीन दिलाना; प्रभाव दिखाना, प्रभावित करना, असर डालना (*strain began to ~ on him*); गणना^{F} करना, गिनना; (*~s over his money every night*); निर्देश करना, आज्ञा^{F} देना, जताना, पढ़ाना, हिदायत^F करना; *~ off* नियत करना, कामपर लगा देना, लगा देना; भीतरकी बातें^{F} प्रकट करना, करतूतें^{F} बखानना, खरी-खरी सुनाना; *~ on* प्रभाव डालना, असर डालना; *~ person good-bye* ⊙ बिदा^{F} होते समय अभिवादन करना; *~ the tale* (ग्रा०, दुर्भाग्यकी) कहानी^{F} गढ़कर सुनाना; *~ the world* ⊙ स्पष्ट घोषणा^{F} करना, खुलेआम मुनादी^{F} करना ।

tellable –लॅबॅल् a. वर्णनीय, कथनीय, कहने योग्य; निर्वचनीय, अभिव्यंजनीय; निर्धारणीय; विश्वसनीय ।

teller –लॅर् n. आख्यायक, कथक, वर्णनकर्त्ता, बतानेवाला; **मत-गणक**; (बैंक) **गणक**; रुपया-पैसा गिननेवाला, करणिक, लेन-देन क्लर्क ।

tellership –शिप् n. मतपत्र-गणकका पद या सेवा^{F}; गणकत्व ।

telling–लिंग् १. n. कथन, निर्देश, व्याख्या^{F}; मत-गणन; २. a. प्रभावशाली, प्रभावपूर्ण, प्रभावी, फलप्रद, प्रभावोत्पादक, जोरदार, असर रखनेवाला ।

telltale टे´ल्‌'टेल् n. पिशुन, चुगलखोर; (नौवि०) **सूचक**, (ला०) आचार-सूचक वस्तु^{F}, विचार-सूचक वस्तु^{F}, रहस्यसूचक, भेद बतानेवाला; उपस्थिति-सूचक यन्त्र; (नौवि०, पतवार^{F}की) स्थिति^{F}को सूचित करनेवाला यन्त्र, वात-देशना (*~-compass* भी) ।

tellural टॅल्युॲ´रॅल् a. भौमिक, पार्थिव, भू-सम्बन्धी, पृथ्वी-सम्बन्धी, पृथ्वी-विषयक, जमीन^{F}का ।

tellurate टे´ल्युॲरॅट् n. वंगकीय, टेल्यूरेट, दे० TELLURIUM.

telluret, telluride ⊙ रेट्, –राइड् nn. वंगकेय, टेल्यूराइड ।

telluretted –रे´टिड् a. वंगकेयित, टेल्यूरेटिड ।

tellurian[1] टे´ल्युॲ´रिॲन् n. भूवासी, पृथ्वी-निवासी ।

tellurian[2] a. भौमिक, भू-सम्बन्धी, पृथ्वी-सम्बन्धी, पार्थिव, जमीनका ।

telluric टॅल्युॲ´रिक् a. वंगकिक, टेल्यूरिक ।

tellurism –'रिज़्म् n. (चि०) रोगोत्पत्ति^{F}में भूमि^{F}का प्रभाव ।

tellurium –रिॲम् n. (रसा०) वंगक, एक भंगुर चुम्बकीय रजत-श्वेत धातु-तत्त्व, (रसा०) **टेल्यूरियम** ।

Tel. No. Telephone Number.

telolecithal ⊙ टेलॅलेसिथल a. (चि०) **अतिपीतकी**^{F}, (जीव०) **एकांशपीतक**, T. ।

telophase टे´लॅफेज़् n. (जीव०,वन०) **अन्त्यावस्था**^{F}, (कृषि०) **अन्त्य रूप**, दूरतम स्थिति^{F} (कोशाविभजन में), T. ।

telosynopsis ⊙ टि´लोसिनैप्‌सिस् n. (कृषि०) **अन्त-संयोग** ।

telotype टे´लॅटाइप् n. वैद्युत्‌दूरलिख, दूरमुद्रक यन्त्र, टेलोटाइप; टेलोटाइप-मुद्रित दूरलेख ।

telpher टे´ल्‌फॅर १. n. विद्युद्वाहन, बिजली^{F}का छकड़ा; २. v.t. ऐसे छकड़ोंमें माल ढोना; ३. a. ऐसे छकड़ेका ।

telpherage –रिज् n. बिजली^{F}के छकड़ों द्वारा ढुलाई^F ।

temblor ⊙ टे´म्‌'बॅलर् n. भूस्पन्दन, भूकम्प, भूचाल ।

temenos टे´मिनॉस् n. (यूनानी पुरातत्त्व, pl. *-ne*) मन्दिरकी चहारदीवारी^{F} या आँगन ।

temerarious टे´मॅरेॲ´रिॲस् a. साहसी, दुःसाहसी, असावधान, लापरवाह, दिलेर; अधीर, उतावला; स्वेच्छाचारी; दुर्दम, हठी, जिद्दी ।

temerariousness –निॅस् n. साहसिकता^{F}, असावधानी^{F}, दिलेरी^{F}, लापरवाही^{F}; अधीरता^{F}, उतावलापन; स्वेच्छाचारिता^{F}; दुर्दान्तता^{F}, हठीपन, जिद्दीपन ।

temerity टि´मे´रिटि n. औद्धत्य, दुःसाहस, धृष्टता^{F}, दिलेरी^{F}, उतावलापन, तेजी^{F}, जीवट^F ।

temerous टे´मॅरस् a. अधीर, उतावला, दिलेर; निर्मम, निर्दय ।

temp (L) adv. समयमें, कालमें ।

temp. temporal; temporary, *tempore*, in the time (of); temperature.

temper[1] टे´म्'पर् n. मिश्रण, सम्मिश्रण, मिलावट^F, घोलमेल; (रसा०) **प्रतिबलता**^{F}; (मिश्रणका) परिणाम, घनत्व; धातु^{F}का कड़ापन और लचीलापन; मनःस्थिति^{F}; मानसिक अवस्था^{F}; प्रकृति^{F}, स्वभाव, शील,(चि०) **मिजाज** (*found him in a good ~*); क्षोभ, भावोन्माद, रोष, क्रोध, आवेश, खीज^F, गुस्सा, चिड़चिड़ापन (*a fit of ~*); *loose one's ~* क्रोधाभिभूत होना, लाल-पीला होना, गुस्सेमें आना, झल्लाना, खीजना; *out of ~* क्रुद्ध, झल्लाया हुआ, आपेसे बाहर ।

temper[2] v. t. & i. (भिगोकर, मिलाकर और सानकर) मिट्टी^{F} तैयार करना; (धातु^{F}को नरम करके) लचीला बनाना, धातु^{F}को तैयार करना, तैयार हो जाना, लचक^{F}से पक्का करना या होना; (रसा०) **पानी चढ़ाना**, पायना देना (धातु^{F}को या शस्त्रको कठिन या तीक्ष्ण बनाना); (न्याय आदिको) संयमित करना, मृदु बनाना, अकठोर करना, मुलायम बनाना, कम करना, उतार देना, नरम करना; (संगी०) स्वर-सन्धान करना, सुर साधना, आरोह-अवरोह लाना, ताल^F मिलाना ।

tempera टे´म्'पॅरॅ n. = DISTEMPER[3].

temperable टे´म्'पॅरॅबॅल् a. सम्मिश्रणीय, घुलाने-

मिलाने योग्य; मृद्वीकरणीय, संयम्य, प्रशमनीय, नरम या कोमल बनाने योग्य, लचकदार होनेवाला; (रसा०)पायना योग्य।

temperament टेम्'पॅरॅमॅन्ट् n. (चि०,शिक्षा०)**प्रकृति**F, **स्वभाव** (~ *trait, melancholic* ~); देहप्रकृतिF, देहस्वभाव; आभ्यन्तर प्रकृतिF, व्यक्तिगत चरित्र; तबीयतF, मिजाज; (भौ०) **संस्कार (स्वर)**; (संगीत) स्वरसन्धान, समान्तरस्वर, स्वर-समायोजन, स्वरसमान्तरण, स्वर-संस्कार; lymphatic ~ (चि०) कफ प्रकृतिF; nervous ~ (चि०) वातप्रकृतिF; sanguine ~(चि०) पित्तप्रकृतिF।

temperamental –मे`न्'टॅल् a. प्रकृति-विषयक, स्वभाव-सम्बन्धी, मिजाजी; चंचलचित्त, अस्थिरमना, **तुनुकमिजाज**।

temperance टे`म्'पॅरॅन्स् n. निग्रह, संयम, परिमितताF, अतिवर्जन, (दर्श०) **मिताचार**, मितभाषण, मिताहार, मिताशन, मितपान, मद्य-संयम, मदिरा-निषेध, परहेज, शराबबन्दीF (~ *movement*); ~ curve तापका उतार-चढ़ाव; ~ hotel निर्मद्य आवासगृह, वैष्णव भोजनालय; ~ *is the best physic* परहेजF सबसे अच्छी दवाF है।

temperate –रॅट् a. संयमी, निग्रही, मिताचारी, मितभाषी, मिताहारी, आत्म-संयमी; शान्त, धीर, संयत, अनुग्र (~ *habits*, ~ *language*); कोष्ण, कवोष्ण, मन्दोष्ण, (कृषि०) **शीतोष्ण**, समशीतोष्ण; मन्द, मद्धिम, धीमा;

~ climate, ~ forest, ~ grassland, ~ zone.

temperateness –नि`स् n. संयम, निग्रह, मिताचारिताF, मितभाषीपन; शान्तताF, आत्मसंयमी भाव; समशीतोष्णताF; मन्दापन, धीमापन।

temperative टे`म्'पॅरॅटिव् a. मिश्रणकारी; मन्दकारी, प्रशमनकारी; मृदु या कोमल बनानेवाला; स्वर-समायोजन करनेवाला।

temperature टे`म्'पॅरॅच्युअर् n. तापमापी, (प्रा० भूगोल) **तापमान**, तापांश, तापमात्राF; संताप, (चि०, रसा०, कृषि०) **ताप**, ज्वर, हरारतF, बुखार, गरमीF; *to have a* ~ ज्वर होना;

~ air, ~ analogy, ~ bulb, ~ chart, ~ coefficient, ~ control, ~-controller, ~ curve, ~ efficiency, ~ extremes, ~ gradient, ~ graph, ~ range, ~ scale, ~ sensation, ~ spot, ~ wave, ~ zone.

tempered टे`म्'पॅर्ड् a. (भौ०) संस्कारित (~ *scale*); मिश्रित, सम्मिश्रित, मिलावटी, घुलामिला; मृदुलित, मृदुकृत, (~ *glass*), प्रकृतियुक्त, स्वभाववाला, मिजाजका; रुष्ट, क्रोधित, आवेशमय, गुस्सेदार, नाराज; ~ steel **पनिया इस्पात**।

temperer –रॅर n. मिश्रणकर्त्ता; गूँधनेवाला; धातुF तैयार करनेवाला, नर्म बनानेवाला; प्रशामक, संयत करनेवाला; मन्द ताप लानेवाला; धीमा या मन्द बनानेवाला।

tempering –रिंग् n. (यन्त्र०) **मृदुकरण**, (कृषि०) **पान लगाना**।

tempest टे`म्'पि`स्ट् n. वात्याF, झंझा, अतिवात, प्रभंजन, अन्धड़, आँधीF, झक्कड़, तूफान; (ला०) उपद्रव, विप्लव, अशान्तिF, उथल-पुथल, हंगामा, हलचलF, हुल्लड़;

~-beaten, ~-blown, ~-driven, ~-flung, ~-gripped, ~proof, ~-rocked, ~-scattered, ~-sundered, ~-swept, ~-torn, ~-tossed, ~-winged, ~-worn.

tempestive टे`म्पे`स्'टिव् a. सामयिक, समयानुकूल, ऋतुFका, मौसमी; = SEASONABLE.

tempestuous टे`म्पे`स्'ट्यूअॅस् a. वात्यावान्, झंझावान्, प्रभंजनयुक्त, झक्कड़ या आँधीवाला, तूफानी (~ *weather*); प्रचण्ड, तुमुल, जोरदार (~ *appeal*); विप्लवमय, उपद्रवी, उपद्रवपूर्ण।

tempestuousness–नि`स् n. वात्यावत्ताF, झंझावत्ताF, प्रभंजनपूर्णताF; आन्दोलनमयताF, उथल-पुथलF; उग्रताF, भयंकरताF, प्रचण्डताF, अशान्तिF, उपद्रव।

templar टेम्'`पॅलॅर् n. (किसी तीर्थस्थानके पददलित यात्रियोंके रक्षार्थ; T~) धार्मिक संगठनका सदस्य, टेम्पलर; (लन्दनके टेम्पुलका) वकील, कानूनका विद्यार्थी; Good T~s मदिरा-निषेध-सभाF।

template टे`म्'पॅलेट् दे० TEMPLET.; (परि०) **रूपद**, **फर्मा**; (रेल०) T.।

temple[1] टे`म्'पॅल् n. (विशे० भारतीय, रोमन, मिस्री) देवालय, देवायतन, देवगृह, देवमन्दिर, **मन्दिर**; (विशे० फ्रांसके) प्रोटेस्टैण्ट चर्चका गिर्जाघर; (ला०) पूजास्थान, ठाकुरवाड़ा, शिवाला; T~ (मूलतः) तीर्थयात्रा-सहायक-संघ; न्यायालय, बैरिस्टरीF।

temple[2] n. शंख, कुम्भ, कपोलास्थिF, कनपटीF।

temple[3] n. शिकंजीF, करघेकी एक कलF।

templed टे`म्'पॅल्ड् a. शंखमय, कनपटीदार।

templet, -ate टे`म्'प्लिट्, -अेट् n. रूपद, साँचा; फर्मा; नमूनेकी पट्टियाF या धातुFका पत्ता, दासा; थूना, सहारा; पच्चर।

tempo (It.) n. गतिक्रम, रफ्तार।

tempo टेम्'पो n. काल, समय; प्रवेग (*the* ~ *of the war is slackening*); **ताव**; (भौ०) **लय**F, गतिF और लयF।

temporal[1] टेम्'पॅरॅल् n. (चि०) शंखक, **शंखास्थि**F, **कपालास्थि**F, कनपटीFकी हड्डीF।

temporal[2] a. ऐहिक, लौकिक, भौतिक, पार्थिव, प्रापंचिक, सांसारिक, दुनियावी; अनित्य; कालगत, सामयिक, **कालिक**, कालवाची, काल-सम्बन्धी, कालसूचक (~ *conjuction*); **शंखीय**, **शंख-**, कनपटीFका; ~ bone कपोलास्थिF, (कृषि०,चि०,जीव०) **शंखास्थि**F; ~ lobe **शंखपालि**F; **शंखखण्ड**; ~ muscle शंखच्छद;

~ affairs, ~ arcade, ~ area, ~ artery, ~ continuity, ~ fossa, ~ interests, ~ line, ~ lords, ~ maze, ~ operculum, ~ pole, ~ power, ~ relationship, ~ sign, ~ surface, ~ vein.

temporalis n. (चि०) **शंखच्छद** (जीव०) T. ।

temporalism –लिज़्म् n. ऐहिकता^F, लौकिकता^F, भौतिकता^F, पार्थिवता^F, प्रापंचिकता^F, दुनियावीपन; धर्मनिरपेक्षता^F ।

temporality –रैʹलिटि n. देवार्पित सम्पदा^F एवं उसकी आय^F, पार्थिव सम्पत्ति^F, सांसारिक लाभ, धर्मार्थ चर्चोंकी भूमि^F तथा अर्थ-सम्पत्ति^F, सांसारिकता^F; (प्रायः pl.) अस्थायित्व, क्षणिकता^F, अचिरता^F, अनित्यता^F, अल्पकालिकता^F ।

temporalness–पॅरॅल्-निॅस् n. ऐहिकता^F, लौकिकता^F, भौतिकता^F, पार्थिवता^F, प्रापंचिकता^F; अयाजकीयता^F, दुनियावीपन; कालिकता^F, कालवाचित्व ।

temporalty –ल्टि n. गृहस्थवर्ग, सामान्य लोग, सांसारिक लोग, दुनियादार लोग ।

tempora mutantur, nos et mutamur in illis (L) समय बदलता है और तदनुसार हममें भी परिवर्तन होता है ।

temporaneous टॅम्पॅरेʹनिॲस् a. पार्थिव, ऐहिक, लौकिक, संसारी ।

temporariness टॅम्ʹपॅरॅरिʹनिॅस् n. अनित्यता^F, क्षणिकता^F, अस्थायित्व, अल्पकालिकता^F; सामयिकता^F ।

temporary –रि a. क्षणिक, अनित्य, अचिर, (रसा०, प्रा० भू०) **अस्थायी, अल्पस्थायी**, तात्कालिक, अचिरकालिक, **अल्पकालिक**, सामयिक, वक्ती;

~ absence, ~ adjustment, ~ appointment, ~ camp, ~ closure, ~ communication, ~ commission, ~ connection, ~ detention, ~ diversion, ~ duty, ~ equilibrium, ~ gauge, ~ hardness, ~ illness, ~ line, ~ magnet, ~ nuisance, ~ occupation, ~ parasite, ~ position, ~ post, ~ purpose, ~ rank, ~ relief, ~ restriction, ~ service, ~ settlement, ~ staff, ~ star, ~ structure, ~ tenure, ~ vacancy, ~ wilting.

temporization –राइज़ेʹशॅन् n. अवसरवादिता^F, अवसरानुकूल आचरण, समयोचित व्यवहार; अनित्य कार्य, अस्थायी प्रबन्ध; टाल-मटोल^F; (चि०) तटस्थ चिकित्सा^F, मध्यस्थवादी चिकित्सा^F, जहाँतक होसके हस्तक्षेप न करनेवाली चिकित्सा^F ।

temporize –ʹपॅराइज़् v.t. अवसरवादिता^F ग्रहण करना, मौका देखकर रंग अख्तियार करना; वचन न देना, टालमटोल^F करना, वादा टालना; किसी प्रकार काम निकाल लेना, समयोचित व्यवहार करना; ढील देना ।

temporizer –ज़ॅर् n. अवसरवादी, समयाचारी; टालमटोल^F करनेवाला, ढील करनेवाला ।

temporizing –ज़िंग् १. n. = TEMPORIZATION; २. a. समयानुवर्ती, अवसरानुरोधी, अवसरवादी ।

temporo- शंख-, कनपटी- (~*facial*) ।

temporopontine –पोंटाइन n. (चि०) **शंख पौंसी** ।

tempt टॅम्प्ट्ʹ v.t. प्रणोदित करना, प्रेरित करना, उत्तेजित करना; प्रलोभित करना, बहकाना, उभारना, ललचाना, फँसाना; (प्रा०, बाइ०) परीक्षा^F लेना, विश्वास तोलना, दृढ़ता^F की परख^F करना, आजमाना (*God did ~ Abraham*); खुलकर विरोध करना, अवज्ञा^F करना, ललकारना, चुनौती^F देना, उपेक्षा^F करना (*shall not ~ the lord*) ।

temptability –टॅबिʹलिटि n. परीक्षणीयता^F; आकर्षणीयता^F, प्रलोभनीयता^F, प्रलोभ्यता^F, लुभाये जाने योग्य स्थिति^F; प्रणोदनीयता^F, प्रेरणीयता^F, उत्तेजनीयता^F ।

temptable –ʹटॅबॅल् a. परीक्षणीय; आकर्षणीय, प्रलोभनीय, प्रलोभ्य, लुभाये जाने योग्य, ललचानेवाला; प्रणोदनीय, प्रेरणीय, उत्तेजनीय ।

temptation –टेʹशॅन् n. परीक्षण, परख^F; आकर्षण, (दर्श०) **प्रलोभन**; प्रणोदन, प्रेरणा^F, उत्तेजना^F, उकसाव, बहकावा; लोभ, मोह, लालच^F; कुमार्ग-प्रेरक वस्तु^F, मोहक वस्तु^F; आकर्षक मार्ग, मोहजाल ।

tempter –ʹटॅर् n. परीक्षक, परखनेवाला; प्रलोभक, प्रलोभनकर्त्ता; मोहक, मोहनेवाला, कुवृत्ति-उत्तेजक, ललचानेवाला; the T~ शैतान ।

tempting –टिंग a. आकर्षी, विमोही, प्रलोभी, मोही, मनोहर, लुभावना ।

temptingness –निॅस् n. आकर्षण, प्रलोभन, लुभावनापन ।

temptress –ट्रिस् n. आकर्षक स्त्री^F, प्रलोभक महिला^F, लुभानेवाली स्त्री^F, फुसलानेवाली ।

tempus fugit (L) कालो गच्छति, समय भागता जाता है ।

tems(e) टॅम्स्ʹ, टॅम्ज़् n. छलनी^F, छन्ना, छन्नी^F ।

temulency टॅʹम्यूलॅन्सि n. मद्यपता^F, मद्यपायिता^F, मदिरासेवन ।

temulent –न्ट् a. मत्त, मस्त, नशेमें, धुत्त ।

Ten., Tenn. Tennessee.

ten. tenor; *tenuto*, sustained.

ten टॅन्ʹ a. दस, दहला; ~ billion खर्व; ~ million करोड़; ~-year plan दशवर्षीय योजना^F ।

tenability टॅनॅबिʹलिटि n. रक्षणीयता^F, प्रतिपादनीयता^F, समर्थनीयता^F; युक्तियुक्तता^F; मान्यता^F, धार्यता^F, टिकाऊपन ।

tenable –ʹनॅबॅल् a. रक्षार्ह, रक्षणीय, प्रतिरक्ष्य, सुरक्षायोग्य (~ *position, theory*); **धार्य**, धारणीय, प्रतिपादनीय, **मान्य**, समर्थनीय, **चालू**, टिकाऊ, पक्का, टिकनेवाला ।

tenableness –निॅस् n. रक्षणीयता^F, सुरक्षायोग्यता^F; धार्यता^F; प्रतिपादनीयता^F, समर्थनीयता^F, मान्यता^F;

स्वीकार्य, टिकाऊपन, पक्कापन।

tenace टे˘निम् n. (ताशमें) अगले-पिछले पत्तोंका जोड़ा, किसी रंगके दो पत्ते; किसी खिलाड़ीके पास ऐसा जोड़ा होना।

tenacious टि˘नेशस् a. दृढ़ग्राही, धारणशील, साग्रह, आग्रही, **दृढ़**, दृढ़निश्चयी, दृढ़संलग्न; (रसा०) **लगिष्णु,** कट्टर, दृढ़ सिद्धान्तवादी; कृपण, कंजूस; **तन्य;** (स्मृतिF) धारणशील, धारणक्षम, ग्रहणक्षम, पकड़ रखनेवाला; जिद्दी; पक्का, चीमड़; सान्द्र, चिक्कण, सांसक्तिक, कसकर चिपकनेवाला, चिपचिपा, लसलसा, लसदार।

tenaciousness, tenacity –निस्, –नैसिटि nn. ग्राह, आग्रह, दृढ़ग्राहिताF; अडिगताF, अचलताF, अटलताF, (रसा०, प्रा० भू०) **दृढ़ताF**, दृढ़निश्चयताF, जिदF, कड़ाईF, चीमड़पन; (रसा०) **लगिष्णुताF; तन्यताF;** धारणाशक्तिF, धारणक्षमताF, ग्राहकत्व; कृपणताF; कंजूसीF; (कृषि०) **आसक्तिF; संलग्नशीलताF;** निर्यास, सान्द्रताF, संसक्तिF, चिपचिपापन, चेप, लसलसाहटF, लस।

tenaculum टिनैक्यूलम् n. (pl. *-la*) (चि०) :शङ्कु, कुण्डीF (शल्यक्रियाFमें प्रयुक्त)।

tenail, -aille टिनेल्, -एल् n. (किलेमें) अधःप्राकार, नीची दीवारF।

tenancy टे˘नन्सि n. (कृषि०, का०) **आभोग; भूमिधारण,** भूधारण; **भाटिकताF**, भाड़ेदारीF, **किरायेदारीF,** लगानदारीF; भूम्यधिकार, **काश्तकारीF** (~ *act*); **रैयतदारीF, पट्टेदारीF,** अस्थायी भूधारण, सम्पत्तिधारण, दखीलकारीF, कब्जा; भाटकताFकी अवधिF;

~ holding, ~ law, ~ legislation, ~ rights, ~ system.

tenant[1] –ट् n. (कृषि०, चि०) **आभोगी; वाहक; मुजारा;** भाटकी, भाड़ेदार, (अर्थ०, का०) **किरायेदार,** पट्टेदार, लगानदार; कृषक, किसान, **काश्तकार, असामी,** (अर्थ०) **रैयतF**; भूम्यधिवासी, (किसी स्थानपर) बसनेवाला, रहनेवाला, आधिपत्य रखनेवाला; occupancy ~ दखीलकार;

~-farmer, ~ farming, ~ in-chief, ~ land, ~ paravail, ~-right.

tenant[2] v.t. आधिपत्य रखना, कब्जा करना; असामीकी तरह रहना, किरायेपर लेना, जोतFपर लेना।

tenantable –टेबल् a. भाटकितायोग्य, भाड़ेदारीFके योग्य; कृष्य, जोतने योग्य; वासयोग्य, किरायेवाला।

tenantless –न्टलिस् a. अभाटकी, भाटकी-विहीन, बेकिरायेदार; रिक्त, खाली।

tenantry –न्ट्रि n. भाटकीF, भाड़ेदार, किरायेदार; (कृषि०) **काश्तकारवर्ग,** लगानदार, असामी, रैयतF।

tenax proposit (L) a. दृढ़निश्चय, धुनFका पक्का।

tench टेन्च् n. विलायती सिंघाड़ा मछलीF।

tend टेन्ड् v.t. & i. **(किसी ओर) प्रवृत्त होना,** ढुलकना, झुकना, चलना, रुख होना; (शा० एवं ला०) साधन होना, उपाय होना; चिन्ताF करना, परवाहF करना; रक्षाF करना, देखभालF करना, रखवालीF करना, चौकसीF करना, साथ रहना; परिचर्याF करना, सेवा-शुश्रूषाF करना, खबरF रखना, तीमारदारीF करना; सेवाF करना, कामकाज करना, टहलF करना, खिदमतF करना; ~ to (ग०) **की ओर प्रवृत्त होना।**

tendance –डन्स् n. (प्रा०) ध्यान, सेवाF, देखभालF, देखासुनीF, देख-रेखF, टहलF, चाकरीF।

tendency* –सि n. प्रावण्य, प्रवणताF, **प्रवृत्तिशीलताF, प्रवृत्तिF***; (~ *test*), झुकाव, रुझान* (*creative, innate,* ~)।

tendential ⊙–डेन्शल् a. =TENDENTIOUS.

tendentious –शस् a. (कृतिF आदिके सम्बन्धमें) उद्देश्यमूलक, प्रच्छन्न प्रयोजनयुक्त, सोद्देश्य, निहित-प्रयोजन, प्रवृत्ति साधक, साध्यप्रवृत्त; **अर्थका अनर्थ या विकृत अर्थवाला।**

tender[1] टेन्डर् n. परिचारक, (नौवि०) **परिचर,** सेवक, टहलुआ; सेवी पोत, हरकारा जहाज, (बड़े जहाजके साथ लगा हुआ छोटा जहाज); ईंधनडिब्बा, ईंधनगाड़ीF; जलाधान, हौज; पानीकी टंकीF; पानीका डब्बा; gate ~⊙ द्वारपाल, गेटकीपर।

tender[2] n. प्राक्कलन, प्राक्कलन-पत्र, मँगनी-पत्र, (वाणि०, अर्थ०) **निविदाF**, प्रस्ताव, भेंटF, ठेका, **टेण्डर;** legal ~ मान्य सिक्का; ~ emotion करुणाF; ~ money सत्यकार, बयाना; **टेंडरकी रकमF;**

~ box, ~ enquiry, ~ fee, ~ form, ~ item, ~-money, ~ notice, ~ rates, ~ sample, ~ system.

tender[3] v.t. & i. उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, प्रदान करना, पेश करना, देना, भेंटF करना (~ *advice, resignation*); शोधन करना, भुगतान करना, चुकाना (~ *payment*); **निविदाF करना, निविदाF देना,** टेण्डर भरना।

tender[4] a. मृदु, मृदुल, सुकुमार, अबल, कोमल, मुलायम, नरम (~ *heart*); करुण, संवेदनशील, दयार्द्र, सदय, सुलभदुःख, दुःखज्ञ, नाजुकमिजाज; प्रणयी, प्रेमी, स्नेही, वत्सल (~ *parents*); मधुर, प्रिय, स्निग्ध, प्यारा; (परि०) **हलवार, सुडौल;** प्रबुद्ध, जागरूक, विचारशील, ध्यान रखनेवाला, सोचनेवाला, फूँक-फूँककर चलनेवाला; धर्मभीरु, बुरे कामसे डरनेवाला; जटिल, कठिन, नाजुक (~ *subject*); of ~ age अल्पवयस्क, सुकुमार, कमउम्र, ~ conscience (दर्श०) **मार्मिक अन्तर्भावनाF;** ~-eyed सुनेत्री, सुनयनी, शान्तनेत्री; क्षीणनेत्र, कमजोर आँखोंवाला; ~foot (औपनिवेशिक एवं अमेरिकी ग्रा०) सुकुमार, कोमल; नौसिखिया, नया आदमी; ~-hearted सहृदय, दयार्द्रचित्त, सकरुण, सुकुमारहृदय, कोमलहृदय, सदय, दयालु, प्रेमी, स्नेहशील, नरमदिल; (निदान) स्पर्शासह, पीड़नासह, दाबासह, पीड़नासहिष्णु;

~ age, ~-bearded, ~-bladed, ~-coloured, ~-conscienced, ~-handed, ~ heart, ~-heartedness, ~ looking, ~-natured, ~ plant, ~-rooted, ~-shelled, ~

shoot, ~-skinned, ~-souled, ~-tempered, ~ vegetable, ~-witted.

tendered ⊙ टेन्'डर्ड् a. दत्त, प्रदत्त, भेंट^F किया हुआ, दिया हुआ।

tenderer –रर् n. देनेवाला; निविदाकार, टेण्डर भरनेवाला।

tenderling टे॑न्'डर्लिंग् n. शिशु, बाल, बालक, बच्चा।

tenderloin ⊙ टे॑न्'डर्लॉएन् n. (सुअर या गाय^Fकी जंघा^Fका) मांसल भाग, मांसयुक्त पुट्ठा।

tenderness टे॑न्'डर्'निस् n. स्पर्शासह्यता^F, (चि०) दाबासह्यता^F, पीड़नासह्यता^F; स्निग्धता^F, कोमलता^F, नजाकत^F, नर्मी^F; संवेदनशीलता^F, करुणा^F, कारुण्य; क्षीणता^F, दुर्बलता^F, कमजोरी^F; सहृदयता^F, स्नेहशीलता^F, प्रियता^F, दयालुता^F; विचारशीलता^F; धर्मशीलता^F; सावधानी^F, चौकसी^F, खबरदारी^F।

tending टे॑न्'डिंग् १. n. परिपालन; २. a. प्रवण, उन्मुख।

tendinous ⊙ टे॑न्'डिनॅस् a. स्नायुमय, शिराल, काण्डर, कण्डरीय, पेशीबन्धनी^Fका, पट्ठेदार, रेशेदार; ~ intersection (चि०) **कण्डरा-प्रतिच्छेद**।

tendocalcaneus –डोकलके॑निअस् n. (चि०) **पार्ष्णिक कण्डरा**^F, T.।

tendon –डॅन् n. (चि०, कृषि०, जीव०) **कण्डरा**^F, मांसरज्जु^F, पेशीबन्धनी^F, शिरा^F, स्नायु^F, पेशी^F या पट्ठोंके सिरोंपरकी नस^F, रेशा (~ *cell*). T.।

tendril टे॑न्'ड्रिल् n. सूत्र, सूत्रकोष्ठ, (कृषि०) **तन्तु**, सूत; लतातन्तु, किसलय, **प्रतान**, संजनी^F, रेशा, T.।

tendrilled –ड् a. सूत्रयुक्त, तन्तुमय, सूतदार।

tendrilous ⊙ –लॅस् a. ससूत्र, सूत्रकोष्ठमय, तन्तुमय, रेशेदार।

tendron टे॑न्'ड्रॅन् n. प्ररोह, अंकुर, कोमल, अँखुआ, कल्ला; (pl.) पार्श्वकी तरुणास्थियाँ^F, पसली^Fकी कोमल हड्डियाँ^F।

tenebarae (L) n. अन्धकारोपासना^F।

tenebrific टे॑नि॑ब्रि'फ़िक् a. तमोमय, अन्धकारजनक, अँधेरा उत्पन्न करनेवाला; ~ stars नैश तारे।

tenebrose ⊙ –'नि॑ब्रोस् a. ध्वान्तमय, अन्धकारमय, तमयुक्त, अँधेरा।

tenebrosity ⊙ –ब्रॉ'सिटि n. ध्वान्तमयता^F, अन्धकारमयता^F, तमयुक्तता^F, अँधेरापन, अँधेरा।

tenebrous –'नि॑ब्रॅस् a. (प्रा०) अन्धकारमय, अन्धकारपूर्ण, अँधेरा।

tenebrousness –नि॑स् n. = TENEBROSITY.

tenement टे॑'नि॑मॅन्ट् n. भूखण्ड, भूमि^F, जमीन^F, जागीर^F; (कानून) मूर्त्तदाय, स्थायी सम्पत्ति^F (खेत; मकान इत्यादि); (का०) **आयुक्ति**^F; T.; आवास, निवासस्थान, भवन, गृह, घर, मकान (विशे० जिसमें एक परिवार रह सके), हवेली^F, चाल^F; ~ building **किराया-भवन; चाड़**।

tenemental –मे॑न्'टॅल् a. भूखण्डीय, जमीन^Fका, जागीर^Fका; आवास-विषयक, घर-मकानका; चाल^Fका।

tenementary –टॅरि a. रईसकी स्थायी सम्पत्ति^Fका, मूर्त्तदाय-सम्बन्धी, जागीरी।

teneral टे॑'नॅरॅल् a. अपक्व, अपरिपक्व, अपुष्ट, कच्चा।

tenesmus टि॑ने॑ज़्'मॅस् n. (चि०) निस्तानिका^F प्रवाहण, ऐंठन^Fके साथ मलाशयमें पीड़ा^F; टट्टी^F उतारनेका दुःखद प्रयत्न, अत्यन्त ताकत^Fसे काँखना।

tenet टे॑(टी)'नि॑ट् n. मतवाद, विश्वास, मत, सिद्धान्त, नीति^F. उसूल।

tenfold टे॑न्'फ़ोल्ड् a. दशगुण, दसगुना।

tenner टे॑'नॅर् n. दस रुपयेका नोट; दस डालरका नोट ⊙।

tennis टे॑'निस् n. टेनिस, गेंद^Fका खेल; ~-court टेनिसका मैदान, टेनिस कोर्ट।

tenno टेनो n. जापानके सम्राट्की उपाधि^F, तेनो^F।

tenon[1] टे॑'नॅन् n. (यंत्र०) (जोड़नेमें प्रयुक्त) **चूल**^F, लकड़ी^Fका सिरा, जोड़ (~ *saw*)।

tenon[2] v.t. चूल^F बनाना, चूल^F काटना, चूल^Fसे जोड़ना, चूल^F बिठाना।

tenoner –नॅर् n. चूल^F बनाने या बैठानेवाला; चूल^F बैठानेका यन्त्र।

tenoning –निंग n. (यंत्र०) **चूल^F बनाना**।

tenor टे॑'नॅर् n. गतिविधि^F, निश्चित धारा^F, प्रवृत्ति^F, प्रवाह, दिशा^F, चाल-ढाल^F; (विशे० ला०) जीवनावधि^F, जीवनधारा^F, क्रम, क्रमानुगति^F, कार्यगति^F; तार; (भाषण, लेखन आदिका) सामान्य आशय; अभिप्राय, भाव, भावार्थ, असली मंशा^F, मतलब; (संगीत) धैवत सुर, पुरुषका उच्चतम स्वर; धैवत सुरका गायन या गायक; धैवत सुरका वाद्ययन्त्र, बड़ा वायलिन या वेला, ऊँचे सरगमका चौतरा; ~ of a bill (का०) **विपत्रकी अवधि**^F, **हुण्डी^Fकी अवधि**^F।

tenorist टे॑'नॅरिस्ट् n. (संगी०) धैवत सुरमें गाने या बजानेवाला।

tenotomy टॅनॉ'टॅमि n. कण्डराच्छेदन, (कृषि०) **कण्डराशल्य-क्रिया**^F, मांसरज्जु^Fकी चीरफाड़^F।

tenrec, tan- टे॑न्'रे॑क्, टैन-' n. झाऊ चूहा।

tense[1] टे॑न्स् n. (क्रिया^Fका) काल (*present, past, future,* ~); कालक्रम, (भिन्न पुरुषोंके साथ इन) कालोंकी क्रमिक व्यवस्था^F।

tense[2] v.t. & i. प्रतत करना, तानना, खींचना।

tense[3] a. (चि०) **आतत**, प्रतत, अशिथिल, कड़ा, तनावपूर्ण, तना हुआ, कसा हुआ, खींचा हुआ; (ला०) आविष्ट, उद्विग्न, क्षुब्ध, बेचैन (~ *mind, emotion*)।

tenseless टे॑न्स्'लि॑स् a. कालरहित, कालशून्य, कालमुक्त।

tenseness, tensity टे॑न्स्'नि॑स्, –'सिटि nn. आततत्व, (शिक्षा०) **आततता**^F, प्रसार्यता^F, **तनाव**, खिंचाव; क्षोभ, उद्वेग, तनातनी^F।

tensibility, tensility –सिबि'लिटि, –सि'लिटि nn.

आतन्यता^F, प्रसारणीयता^F, प्रसार्यता^F, लचीलापन, (रसा०) **तनावपन**।

tensible –'सिबॅल् a. आतन्य, प्रसार्य, प्रसारणीय, तननेवाला, खिंचनेवाला, लचकदार, लचीला।

tensile –साइ(सि)ल् a. आतति-, आततीय, प्रतति-विषयक, प्रसार्यता-सम्बन्धी, वितति-सम्बन्धी, (रसा०, यन्त्र०) **तनन-, तनाव-**, आतन्य, **तन्य**, प्रसार्य, तननेवाला, खिंचनेवाला;
~ strain, ~ strength, ~ stress, ~ test.

tensility –सि'लिटि n. दे० TENSIBILITY; (रसा०) **तन्यता**^F।

tensimeter –'मिटॅर् n. (रसा०) **वाष्पदाबमापी**।

tensiometer –सि(ऑ)'मिटॅर् n. पृष्ठाततिमान, (रसा०, भौ०) **पृष्ठतनावमापी**, तनावमापी।

tension[1] टॅन्'शन् n. तान्ति^F, (स्थिति, गति०, ग० भौ०) **आतति**^F, वितति^F, प्रतति^F, प्रसारणा^F, प्रसार्यता^F, (प्रा० भूगोल, रसा०, स्थिति०, गति०) **तान**^F, **तनाव**, कसाव, खिंचाव; क्षोभ, उद्वेग, उत्तेजना^F, तनातनी^F, जोश; वातिप्रसारण, (वाति^F या गैस^F की) प्रसरणशील शक्ति^F, विद्युद्गामी बल, विद्युद्वाहक बल;
~ apparatus, ~ joint, ~ law, ~ member, ~ screw, ~ strength, ~ test, ~ testing, ~ wave, ~ wood.

tension[2] v.t. आतति^F या तनाव लाना, आतत करना, तानना, खींचना; क्षुब्ध करना, उद्विग्न करना।

tensional –शॅनॅल् a. विततिक, आततिक; (प्रा० भू०) **तनावमूलक, तनाव**; प्रसारण-विषयक, खिंचाव या तनाव-सम्बन्धी; क्षोभात्मक, उद्वेगी, उत्तेजनात्मक, उद्वेगात्मक;
~ force, ~ strain, ~ stress.

tensity –'सिटि n. दे० TENSENESS.

tensive –सिव् a. आतानशील, आततिसूचक, आतानी, तनाव या खिंचाववाला, तना हुआ।

tenson, -zon टॅन्'सॅन्, -ज़ॉन् n. काव्य-प्रतियोगिता^F; गीति^F।

tensor टॅन्'सॅर् n. (श० र० शा०) तानक, आतानक, उत्तंसनी^F,ताननी^F (शरीरके किसी भागको तना हुआ रखनेवाली) पेशी^F; (ग०) **प्रदिश**, T.।

tent[1] टॅन्ट्' n. पटवेश्म, वितान, पटावास, शिविर, तम्बू, खेमा, डेरा, कपड़कोट, छोलदारी^F, dark ~ अँधेरा तम्बू (जिसमें फोटो^F तैयार करते हैं); ~-bed मसहरी^F, तम्बूकी भाँति छतवाली खाट^F; ~-pegging नेजाबाज़ी^F; (वैद्यक०) शरीरगत नाली^F को विस्तारित करनेके लिए प्रयुक्त किसी वस्तु^F का बेलन;
~ cloth, ~ equipage, ~ godown, ~-master, ~-peg, ~-pole, ~'s store, ~-stitch, ~ wort.

tent[2] v. i. & t. वितानाच्छादित करना, तम्बूसे ढँकना; शिविरमें ठहरना, खेमा गाड़ना, पड़ाव डालना।

tent[3] n. घावमें भरी जानेवाली बत्ती^F, किसी खोल^F का पलीता, फोया।

tent[4] v.t. बत्ती रखना, पलीता रखना।

tentacle टॅन्'टॅकॅल् n. (जीव०) **संस्पर्शक**, स्पर्शकी^F, स्पर्शिका^F, ग्रन्थिकेश; थुथनी^F, कीड़ोंकी मूँछें^F, T.।

tentacled –ड् a. सांगक, अंगकयुक्त, ग्रन्थिकेशयुक्त, मूँछवाला।

tentacular –टैं'क्यूलॅर् a. अंगकीय, ग्रन्थिकेशीय (~ *nerve*)।

tentaculate, -ted –लॅट्, -ऍटि'ड् aa. = TENTACLED.

tentaculiferous –लि'फ़ॅरॅस् a. = TENTACLED.

tentaculiform –'क्यूलिफ़ॉर्म् a. अंगवत्, अंगक-समान, ग्रन्थिकेश-सदृश।

tentage ⊙ टॅन्'टिज n. **डेरा, तम्बू**;
~ equipment, ~ groups, ~ stores.

tentation टॅन्टे'शॅन् n. प्रयोजन, प्रयोगात्मकता^F, अन्वीक्षण, परीक्षण, आजमायश^F।

tentative[1] –'टॅटिव् n. प्रयोगात्मक प्रयास, अन्वीक्षात्मक सिद्धान्त, आजमायशी बात^F।

tentative[2] a. अस्थायी, प्रयोगात्मक, अन्वीक्षात्मक, परीक्षात्मक, परीक्षामूलक, आजमायशी (~ *proposal*); **अनन्तिम** (~ *concept*)।

tented टॅन्'टि'ड् a. वितानित, वितानाच्छादित, खेमेवाला, चँदोवेसे आच्छादित, तम्बूदार।

tenter[1] टॅन्'टॅर् n. निरीक्षक, (विशे० कारखानोंमें मशीनों^F की) देख-भाल^F करनेवाला।

tenter[2] n. (तह^F करने या सुखानेके लिए) कपड़ा फैलानेकी मशीन^F; ~(hook) (जिसमें कपड़ा फँसा रहता है वह) अँकड़ी^F, काँटा या हुक; *be on ~ hooks* या (प्रा०) *on the ~s* घोर मानसिक कष्ट पाना, असमंजसकी अवस्था^F में होना, काँटोंपर होना।

tenth टॅन्थ्' a. दशम, दसवाँ।

tentorial टॅन्टॉ'रिॲल् a. (जीव०) **शिरकंक** (~ *arm*, ~ *pit*)।

tentorium –ॲम् n. (जीव०) **शिरकंक** T.; ~ cerebelli (चि०) **अनुमस्तिष्कछदि**^F; ~ notch (चि०) **छदिभंगिका**^F।

tenuifolious टॅन्यूइफो'लिॲस् a. तनुदल-, तनुपत्र, पतली पत्तियोंवाला।

tenuis टॅ'न्यूइस् n. (pl. *tenues*) अनुच्चरित व्यंजन।

tenuity टि'न्यू'इटि n. **तनुता**^F (~ *factor*), सूक्ष्मता^F, क्षीणता^F, बारीकी^F, पतलापन, महीनपन; (वायु^F या तरल पदार्थकी) विरलता^F, पतलापन, हलकापन; (लेखन-शैली^F की) अनलंकारिता^F, सरलता^F, सादगी^F।

tenuous टॅ'न्यूॲस् a. (क०) तनु, सूक्ष्म, महीन, बारीक, पतला; अल्प, थोड़ा, छोटा; (भेदोंके सम्बन्धमें) अतिसूक्ष्म, नाजुक।

tenure टॅन्'यॅर् n. धारण, धारणत्व, धारिता^F; धारणाधिकार, अधिकार, लगानदारी^F का हक; (अर्थ०, का०) **भूधृति, पट्टा, पट्टेदारी**^F, मिल्कियत^F का हक; **कार्यकाल**,

अवधि^F^, भोगावधि^F^, धारणावधि^F^, **पदावधि^F^**, अधिकार-काल, अधिकाल, अहलदारी^F^का समय; military ~ सैनिक सेवावधि^F^; ~-holder **भूधृति-धारी**, भूधारी, भूमिहार; ~ port सावधि पद ।

tenurial ⊙ –न्युअ॔'रिअ॓ल् a. धारणीय, धृत, धारणाधिकार-विषयक, लगानदारी^F^के हकका; भूधृति-विषयक, मिल्कियत^F^के हकका; भोगावधि-विषयक, पदावधि-विषयक, अधिकार-सम्बन्धी, अहलदारी^F^के जमानेका (~-*sword*) ।

tenuto (It.) a. अविरल, अविच्छिन्न; संगीत पूरा ।

teocalli (Mex.) n. देवालय, मन्दिर ।

tepee, teepee टी'पी, टी'पी n. टेपी, तीपी, (अमेरिकी इण्डियनोंका शंकुवत् तम्बू) ।

tepefaction टे॓'पिफ़ैक्'शॅन् n. कोष्णता^F^, कोष्णन, गुनगुना होना या करना, गुनगुनापन ।

tepefy –'पि॓फ़ाइ v.t. & i. मन्दोष्ण करना, गुनगुना करना, थोड़ा गरम कर लेना; मन्दोष्ण होना, गुनगुना होना ।

tephigram टी'फ़िग्रैम् n. तापमान-चित्र, **ताफ़ीग्राम** ।

tephrite टे॓'फ़्राइट् n. ज्वालामुखी चट्टान^F^, उद्गीर्ण शैल ।

tephrochronology ⊙ टे॓फ़्रॅक्रॅनॉ'लॅजि n. (इति०) **भस्मतैथिकी^F^**, T. ।

tepid टे॓'पिड् a. (शा० एवं ला०) कोष्ण, कवोष्ण, **अल्पोष्ण**, मन्दोष्ण, ईषदुष्ण, कुनकुना, (रसा०, भौ०) **गुनगुना**, कुछ गर्म; शान्त, अनुत्तेजित, धीमा ।

tepidarium (L) –डेअ॔'रिअॅम् n. (रोमन स्नानगृहमें) उष्णकक्ष, गरम कमरा, हमाम; समताप मध्य-स्नानागार; (चि०) उष्ण जलस्नान; उष्णजल स्नानागार ।

tepidity, tepidness टि॓पि॓'डिटि, –नि॓स् n. कोष्णता^F^, कवोष्णता^F^, मन्दोष्णता^F^, ईषदुष्णता^F^, गुनगुनापन ।

-ter दे० –THER.

ter (L) adv. तिबारा, तीन बार; ~ **in die** (L) adv. दिनमें तीन बार ।

ter., terr. territory; terrace.

terai टॅराइ' n. तराई^F^; मोटा टोप ।

teraph टे॓'रॅफ् n. प्राचीन यहूदियोंके गृहदेव (की छोटी प्रतिमा^F^) ।

teras टे॓'रास् n. (चि०) विकृतगर्भ; राक्षस ।

teratism ⊙ टे॓'रॅटिज़्म् n. दैत्य, राक्षस; दैत्यत्व, दैत्यता^F^, राक्षसपन ।

terato- अपरूप- (~*genic*, ~*geny*, ~*logy*, ~*logical*, ~*logist*) ।

teratogeny टे॓रॅटॉ'जि॓नि n. अरूप या अद्भुत सृष्टि^F^; (चि०) राक्षसजनन ।

teratoid ⊙ टे॓'रॅटॉएड् a. (चि०) राक्षससम; असामान्य, अद्भुत, असाधारण ।

teratological टे॓रॅटॅलॉ'जिकॅल् n. (चि०) अद्भुत गर्भ विज्ञान-विषयक; राक्षस-विज्ञान-सम्बन्धी; अद्भुतोपाख्यान-विषयक, अद्भुताख्यान-सम्बन्धी, विलक्षण कहानीवाला ।

teratologist –टॉ'लॅजिस्ट् n. राक्षस विज्ञानी; अरूप-विज्ञानी, अद्भुत सृष्टि^F^का विशेषज्ञ ।

teratology –जि n. (चि०) विकृताकृति-गर्भ-विज्ञान, अद्भुत-गर्भ-विज्ञान; राक्षस-विज्ञान; अद्भुतोपाख्यान, अद्भुताख्यान, विलक्षण कहानी^F^; अपरूपविज्ञान, (शिक्षा०, जीव) **विकृतिविज्ञान** ।

terce ⊙ टर्स्'' दे० TIERCE.

tercel, tiercel टर्'सॅल्, टीर्'सॅल n. शिकरा, नर बाज़ ।

tercentenary, tercentennial टर्से॓न्'टि॓नॅरि, टी'नॅरि, टर्से॓न्टे॓'निअॅल् aa. & nn. त्रिशतवार्षिक, तीन सौ सालका; त्रिशतिक, त्रिशती^F^, त्रिशतवर्षीय वार्षिकी^F^, तीन सौवें सालकी वर्षगाँठ^F^ ।

tercet टर्'सि॓ट् दे० TRIPLET.

terebene टे॓'रि॓बीन् n. विसरलैन्य (तारपीनके तेल और गन्धकका एक संक्रमणनाशक मिश्रण) ।

terebrate टे॓'रि॓ब्रेट् v.t. & i. छेदना, सालना; छिदना ।

terebic टॅरे॓'बिक् a. तारपीनका ।

terebinth टे॓'रि॓बिन्थ् n. विसरल, तारपीनका पेड़ ।

terebinthine –'थाइन् a. तारपीनके वृक्ष या तेलसे सम्बन्धित ।

teredo टॅरी'डो n. (pl. *-s*) नौकाष्ठान्तक, काष्ठान्तक, घुन, पोतकीट, जहाजी कीड़ा ।

tergal टर्'गॅल् a. पृष्ठीय, पीठ^F^का ।

tergeminate टर्जे॓'मिनॅट् a. (वन०) त्रिधा^F^, त्रिभाग ।

tergite टर्'जाइट् n. (जीव०) **पृष्ठकठक** ।

tergiversate टर्'जिवे॓सेॅट् v. i. स्वधर्मपरित्याग करना, विश्वास बदलना, अपने ही विरुद्ध हो जाना, वादेसे हटना, पीठ^F^ मोड़ना, टलना, मुकर जाना; परस्परविरोधी बातें^F^ कहना, बार-बार पहलू बदलना, गिरगिटकी तरह रंग बदलना ।

tergiversation –से॓'शॅन् n. स्वधर्मत्याग, वचनत्याग, वाक्छल, बातें^F^ बदलना, छल, कपट, हेराफेरी^F^, टाल-मटोल^F^; अपलाप, परस्पर विरोधी कथन, दुहरी बात^F^ ।

tergiversator –'जिवे॓सेॅटॅर् n. स्वधर्मत्यागी, वाक्छली, सिद्धान्तोंको छोड़नेवाला, परस्पर विरोधी बात^F^ कहनेवाला ।

tergum –गम् n. (जीव०) **पृष्ठक** ।

term. termination.

term¹ टर्म्'' n. सीमा^F^, मर्यादा^F^, **अवधि^F^**, अन्त, पर्यन्त, हद^F^, (*set a ~ to his encroachments*); कालावधि^F^, नियत अवधि^F^, निर्दिष्ट अवधि^F^, समय, **मियाद^F^**, मुद्दत^F^; (चि०) (प्रसूति^F^) नवमासिक गर्भावस्था^F^, पूर्ण गर्भावस्थावधि^F^; (विश्वविद्यालय, कानून) **उपसत्र**, पर्व कार्यकाल, शिक्षणकाल, सत्रकाल, सत्रावधि^F^, अदालत^F^-की बैठक^F^का समय; नियत दिवस, निश्चित तिथि^F^; (कानून) निबन्धन, भूसम्पत्ति^F^के सावधिक अधिकार, मियादी कब्जा या दखल; (भौ०) **तरंग-संख्या^F^**; (गणित) पद; (भाषाशास्त्र) **शब्द, पद** (*technical, scientific*, ~); (pl.) अभिव्यंजना-शैली^F^ (*flattering ~s*); (pl.) बन्धन, **निबन्धन, नियम**, करार, **शर्तें^F^**

(*dictate your own~s*); मूल्य, दाम, कीमत^F; (pl.) पारस्परिक सम्बन्ध, व्यवहार, ताल्लुकात^F (*am on good, bad, ~s with him*); ~s of reference सन्दर्भ-पद, विचारार्थ विषय; *bring to ~s* बाधित करना, शर्तें^F मनवा लेना; *come to ~s* शर्तें^F मान लेना, रास्तेपर आ जाना, दब जाना, राजी हो जाना; *in ~s of* विशेष ढंगसे, इन-इन शब्दोंमें।

term² v.t. संज्ञा^F देना, अभिहित करना, नाम रखना (*this he ~ed* sheer *robbery*); नाम लेकर पुकारना, कहना, नामजद करना।

termagancy टर्'मॅजॅन्सि n. क्षोभ, अशान्ति^F; कोलाहल, खलबली^F; उपद्रव, शरारत^F; दुर्दान्तता^F, रणचण्डीपन, कर्कशापन, तेजतरारपन, झगड़ालूपन, दंगा।

termagant –न्ट् a. & n. कलहिनी (स्त्री^F), कर्कशा (नारी^F), दुर्दान्त, चण्डी, झगड़ैल (औरत^F), (मुसलमानोंका) कल्पित उपद्रवकारी देवता।

termer टर्'मॅर् n. (अवधि^F पूरा करनेवाला) बन्दी; पट्टीदार।

Termes टर्'मीज् n. काष्ठकीट, दीमक आदि।

terminability टर्मिनॅबि'लिटि n. =TERMINABLENESS.

terminable –'मिनॅबॅल् a. **पर्यवसेय,** अवसेय, सावधि, **समापनीय, समाप्य,** अन्त्य, अन्त होनेवाला (~ *annuity, loan*)।

terminableness –निॅस् n. अवसेयता^F; सावधित्व, समापनीयता^F, समाप्यता^F, निश्चितता^F।

terminal¹ टर्'मिनॅल् n. (किसी स्थानपर) समाप्त होनेवाली वस्तु^F, **अक्षिपट्ट; संयोगी पेंच;** अन्त, **सिरा;** रेल^Fका आखिरी स्टेशन, रेलवे टर्मिनस ⊙; T.।

terminal² a. असान्तिक (~ *examination*); सावधि, **आवधिक,** आवसानिक, अवसायी, अवसानीय, आन्त, **अन्त्य, अन्तिम,** अन्तका; सीमा-, सीमान्त, सीमावर्ती, हद^F बनानेवाला; (रसा०) **अग्र,** (रसा०) **अग्रीय,** (वन०, कृषि०) **अग्रस्थ,** शिखरस्थ, डण्ठलके सिरेका; नियतकालिक, मियादी; (गति० वि०) **चरम,** आखीरी; ~ cell (रसा०) **अग्रकोषिका^F,** अग्रकोष; ~ leave **सेवान्त छुट्टी^F;** ~ **tax सीमा-कर; चुंगी^F,** ~ value (गणि०) संक्षिप्त राशि^F, संक्षिप्त रूप;

~ accounts, ~ advantage, ~ artery, ~ benefits, ~ bud, ~ call, ~ charges, ~ costs, ~ leave, ~ moraine, ~ office, ~ organ, ~ ossicles, ~ sensitivity, ~ station, ~ strip, ~ tax, ~ time, ~ velocity, ~ ventricle, ~ voltage.

terminate¹ –नेट् v.t. & i. (का०) **पर्यवसान करना,** अवसान करना या होना, अन्त करना या होना, (रेल०) **समाप्त करना या होना,** खत्म करना या होना; सीमित करना, सीमा^F बाँधना, आबद्ध करना, हद^F बाँधना।

terminate² –नॅट् a. अनमानप्राय, अवसायी, शेषप्राय, समाप्तप्राय, खत्म होनेवाला; सीमित, बँधा हुआ।

termination –ने'शॅन् n. इतिश्री^F, **पर्यवसान, समाप्ति^F,** शेषकरण, अवसान, अन्त, खातमा; **अन्त भाग,** सीमा^F, हदबन्दी^F; सीमाबद्धता^F; प्रत्यय, शब्दका अन्त्याक्षर; (भूगर्भ०) सिरा, छोर; *bring to a~, put a ~ to* अवसान करना, अन्त करना, समाप्त करना।

terminational –नॅल् a. (व्या०) अन्त्यवर्णिक, अन्त्याक्षर-सम्बन्धी; अन्त्य, सिरेवाला, आखिरी।

terminative –'मिनॅटिव् a. अवसानसूचक, समाप्तिबोधक, समाप्तप्राय, निश्चितप्राय; चूड़ान्त, सिरेका; निश्चयार्थक।

terminator –नेटॅर् n. समापक, अन्तकर्त्ता, समाप्तिकर्त्ता, खतम करनेवाला (व्यक्ति या पदार्थ); (गणि०) **प्रकाशान्त रेखा^F,** चकासान्तरेखा^F; **दीप्तिसीमान्त, दीप्तिरेखा^F,** प्रकाशाप्रकाश-विभाजक रेखा^F।

terminatory ⊙–नॅटॅरि a. अवसेय, अवसानकारी, समापनकारी, अन्तकारी, खतम करनेवाला।

terminer टर्'मिनॅर् दे० OYER.

terminism –निज़्म् n. प्रायश्चित्तावधिवाद =NOMINALISM.

terminist –निस्ट् n. प्रायश्चित्तावधिवादी =NOMINALIST.

terminological टर्मिनॅलॉ'जिकॅल् a. संज्ञाशास्त्रीय, परिभाषाशास्त्रीय; पारिभाषिक, पारिभाषिक शब्दावलिविषयक।

terminology –नॉ'लॅजि n. संज्ञाशास्त्र, परिभाषाशास्त्र, परिभाषा-विज्ञान; परिभाषा^F; (पारिभाषिक) **शब्दावली^F**।

terminus टर्'मिनॅस् n. (pl. *-es*) (अब क्र०) लक्ष्य, ध्येय, उद्देश्य, निशाना, हद^F; मंजिल^F, अन्त, (रेल०) **अन्तिम स्टेशन,** टर्मिनस; (रोमन पुराण) दिक्पाल, दिगीश, सीमान्त-देव, सरहद^Fका देवता; (वर्गाकार स्तम्भपर आश्रित मनुष्यकी) अर्द्धमूर्ति^F, अर्द्धप्रतिमा^F।

termitarium, termitary टर्मिटेॲ'रिॲम्, टर्'मिटॅरि nn. वल्मीक, दीमक^Fका घर।

termite टर्'माइट् n. वल्म, (वन०, जीव०, कृषि०) **दीमक^F;** ~ mound वल्मीक, बाँभी^F।

termitophilous –टॉ'फिलॅस् a. (जीव०) **दीमकगृहवासी**।

termliss टर्म्''लिॅस् a. (काव्य, भाषण) निर्बन्ध, निरवधि, अवधिविहीन, असीम, कालहीन, समयहीन, अनन्त, वेहद।

termor टर्'मॅर् n. सावधि पट्टाधारी, निश्चित कालतकके लिए पट्टीदार।

tern¹ टर्न्'' १. n. त्रिक, तिक्का; २. a. =TERNATE.

tern², tarn टार्न्'' nn. (प्रा० भू०) **भृगुतीर सर;** कुररी^F, समुद्री टिट्हिरी^F।

ternal –'नॅल् a. त्रयात्मक, तीनका।

ternary –नॅरि a. (यन्त्र०) **त्रिधातुक;** त्रिभागीय, त्रिमय, त्र्यात्मक, तीनका (~ *alloy*); त्रिवर्णक; त्रिचर, (~

quantic), जिसमें तीन चल राशियाँ^F हों; (रसा०) **त्र्यंगी**, तिरंगा; क्रममें तृतीय।

ternate –'ने(नॅ)ट् a. त्रिकमय, त्रिकयुक्त, त्रिकन्यस्त, (वन०) **त्रिकात्मक**, त्रिदल, त्रिदली।

terne टर्न्' n. (~-*plate* भी) कलई^F और सीसेकी मिली धातु^F।

Terpsichorean टर्प्'सिकॅरी'अॅन् a. नृत्यदेवी^Fसे सम्बन्धित (~ *art*)।

terra (L) टे''रॅ n. क्षोणी^F, धरणी^F, धरा^F, भू^F, वसुन्धरा^F, वसुमती^F, पृथिवी^F, पृथ्वी^F, जमीन^F।

terrace¹ टे''रॅस् n. उत्तल, (कृषि०) **तल**, चबूतरा, चौतरा, मंजिल; **वेदी**^F, वेदिका^F; समतल टीला; **सीढ़ीदार खेत**; (भूगर्भ०) ऊँचा तट, समुद्री कगार; (ढाल^Fके ऊपर निर्मित) आवास-पंक्ति^F, गृहश्रेणी^F, घरोंकी **कतार**^F; खुली **छत**^F; पुश्ता, बाँध; ~ ablation (प्रा० भू०) **जलोढ अपक्षरण**; ~ cultivation (कृषि०) सीढ़ीदार खेती^F; ~ system (कृषि०) **तलवेदी रीति**^F।

terrace² v.t. उत्तलन करना, चबूतरा बनाना, समतल टीला निकालना; छत^F बनाना; पुश्ता बनाना।

terraced ⊙-ड् a. **वेदिकायित, वेदिकायुक्त** (~ *mountain*), उत्तलित, उत्तल, टीलेवाला (~ *soil*); ~ root **खुली छत**^F।

terracette ⊙ टे'रॅसे'ट् n. (प्रा० भू०) **मेषपथ**।

terracotta टे'रॅकॉ'टॅ n. पक्वमृदा, **मृण्मूर्त्ति**^F, **पकी मिट्टी**^F, पकायी हुई मिट्टी^F (मूर्तियाँ^F इत्यादि बनानेमें प्रयुक्त); (पकी हुई मिट्टी^Fकी बनी हुई) प्रतिमा^F, छोटी मूर्ति^F; (a. & n.) बादामीपन लिये हुए लाल रंगका; बादामी या लाल रंग।

terrae filius (L) पृथ्वीपुत्र, कृषक-मजदूर।

terrage टे''रिज् a. भूशुल्क।

terrain टे'रेन्' n. भूखण्ड, (ऋतु०) **भूप्रदेश**, भूभाग; (युद्धकला^Fमें) उपयोगी भूमि^F, मौकेकी जमीन^F।

terramare टे'रॅमार, टे'रॅमेअॅर' n. हड्डियोंवाली खाद^F।

terranean ⊙टे'रे'निअॅन् a. भौमिक, पार्थिव, भू-विषयक, पृथ्वी-सम्बन्धी, जमीन^Fका।

terraneous –अॅस् a. = TERRANEAN.

terrapin टे''रॅपिन् n. वारिकूर्म, मीठे पानीका एक कछुआ।

terraqueous टे'रे'क्विअॅस् a. जलस्थलमय, पानी और मिट्टी^Fका।

terrene टे'रीन्' a. पार्थिव, पृथ्वी^Fका, मृत्तिकामय, भौम, जमीन^Fका।

terreplein टेअॅर'प्लेन् n. क़िलेबन्दी^F, मोर्चा।

terrestrial¹ टॅरे'स्'ट्रिअॅल् n. स्थलज, भूवासी, पृथिवीवासी, जमीन^Fका बाशिन्दा।

terrestrial² a. भौम, **भौमिक, पार्थिव**, ऐहिक, लौकिक, सांसारिक, दुनियावी; **स्थलज, स्थलीय**, थलसम्बन्धी, जमीन^Fका; (जन्तुवि०) भूचर, भूमिवासी, स्थलचर, स्थलजीवी; ~ globe **पार्थिवगोलक**, पृथ्वी^F, भूमि^F; ~ adaptation, ~ animals, ~ equator, ~ globe, ~ latitude, ~ longitude, ~ magnetism, ~ meridian, ~ radiation, ~ stock, ~ telescope.

terret, -it टे''रिट्, -इट् n. (लगाम^Fकी) मुद्रिका^F, मुँदरी^F।

terrible टे''रॅबॅल् a. भयावह, भीषण, भयानक, कराल, विकराल, भयंकर, आतंककारी, विकट, डरावना (~ *ravages*); (बोल०) उग्र, दारुण, घोर, तीव्र, सातिशय, अतिप्रचण्ड, तीव्र, बहुत तेज, बड़ा भारी (~ *bore*)।

terribleness –निॅस् n. भयावहता^F, भीषणता^F, भयानकता^F, विकरालता^F, भयंकरता^F, विकटता^F, उग्रता^F, दारुणता^F, घोरता^F, तीव्रता^F, सातिशयता^F।

terricole ⊙टे''रिकोल् a. जीवी, सजीव, सप्राण; पार्थिव, भौमिक, भूमिजीवी; भू-जनित, जमीन^Fपर उगनेवाला।

terricolous –'कॅलॅस् a. भौमिक, पार्थिव, थली, जमीन^Fपरका।

terrier¹ टे''रिअॅर् n. (एक मजबूत जाति^Fका कुत्ता) टैरियर (*bull, fox* ~)।

terrier² n. भूविवरणिका^F, खाता, खतौनी^F, खसरा।

Terrier³ n. (बोल०) प्रादेशिक सैनिक।

terrific टॅरि'फ़िक् a. आतंककारी, आतंकपूर्ण, भयंकर, भयावह, भीषण, विकराल, दहलानेवाला, डरावना।

terrify टे''रिफ़ाइ v.t. आतंकित करना, भयभीत करना, दहलाना, डराना।

terrigenous टे'रि'जिॅनॅस् a. भौम, **भूमिज**, भौमिक, पार्थिव, भूजात, **स्थलजात**, पृथ्वीजनित (~ *deposits*)।

terrine (F) n. मृद्भाण्ड, मिट्टी^Fका बर्तन।

territ टे''रिट् n. = TERRET.

territorial¹ –टॉ'रिअॅल् n. प्रादेशिक सेना^Fका सिपाही।

territorial² a. **प्रादेशिक**; प्रदेशी, भूभागी, राज्यक्षेत्रीय; **क्षैत्रिक**, क्षेत्रीय, अमेरिकी प्रदेशोंमेंसे किसीका भी; T ~ Army *or* Force **प्रादेशिक सेना**^F, देशी फौज^F; **प्रादेशिक बल**; ~ system प्रादेशिक प्रणाली^F; ~ waters (राज०) **क्षैत्रिक सागर, समुद्री सीमा**^F, **भूभागी समुद्र, भूभागी जल**; जलीय प्रदेश, (का०) **जलप्रांगण**;

~ atmosphere, ~ bundle, ~ charge, ~ constituency, ~ distribution, ~ integrity, ~jurisdiction, ~limits, ~ material, ~ right, ~ sea, ~ sovereignty, ~ strait, ~ subsoil.

territorialism –लिज़्म् n. प्रादेशिकता^F, प्रान्तीयता^F; प्रादेशिक संगठन; सामन्तवाद, सामन्तशाही^F।

territoriality –अै'लिटि n. प्रादेशिकता^F, प्रदेशिता^F, राज्यक्षेत्रीयता^F, क्षेत्रीयता^F।

territorialize –'रिअॅलाइज् v.t. प्रदेश-विस्तार करना, राज्यक्षेत्र बढ़ाना या घटाना, प्रदेश बनाना; प्रादेशिक बनाना; प्रादेशिक स्तरपर लाना।

territory –'रिटॅरि n. देश, (का०) **प्रदेश**, शासनक्षेत्र,

राज्यक्षेत्र, नगरक्षेत्र, राज्य, रियासत^F, सल्तनत^F, अमलदारी^F, **इलाका;** (वाणि०) वाणिज्यक्षेत्र, व्यापारक्षेत्र, व्यवसायक्षेत्र; मण्डल, भूखण्ड, जिला ⊙ ।

terror टे'रॅर् n. त्रास, (शिक्षा०) **संत्रास, आतंक,** भीति^F, भय, डर, दहशत^F; खौफ; आतंकजनक पदार्थ, आतंककारी व्यक्ति; भयहेतु, डरावा; (बोल०) शरारती बच्चा; king of ~s मृत्यु^F, मौत^F; ~stricken, -struck आतंकित, भयभीत, भयग्रस्त, दहशत खाया हुआ।

terrorism –रिज़्म् n. (का०) **आतंकवाद,** संत्रासवाद ।

terrorist –रिस्ट् n. आतंकवादी, संत्रासवादी, उग्रतावादी, क्रान्तिकारी; ~ activity (का०) **आतंकपूर्ण कार्रवाई^F** ।

terroristic –'रिटिक् a. आतंकवादी, आतंकवादीका ।

terrorization –राइजे'शॅन् n. आतंकीकरण, संत्रासीकरण ।

terrorize –'रॅराइज़् v.t. आतंकित करना, संत्रस्त करना, भयभीत करना, डराना ।

terry[1] टे'रि n. उत्पाश वस्त्र, अनकटी बुनाईवाला कपड़ा ।

Terry[2] n. (बोल०) प्रादेशिक सैनिक ।

terse टर्स् a. (भाषण, लेखनशैली^F, लेखकके सम्बन्धमें) परिसंहत, संक्षिप्त, सुगठित, स्पष्ट, साफ-सुथरा ।

terseness –'निस् n. संक्षेप, लाघव, संक्षिप्तता^F, परिसंहति^F, सुगठितता^F, स्पष्टता^F, साफ-सुथरापन ।

tertian[1] टर्'शन् n. तृतीयक ज्वर, त्र्याहिक, विषम, एकान्तरा, तिजरा ।

tertian[2] a. त्र्याहिक, तृतीयक, एकान्तरा, अँतरिया, तीजरिया, तीसरे दिनका; ~ ague = TERTIAN[1].

tertiary[1] –शॅरि n. (पक्षीवि०) तीसरी पंक्ति^Fका उड़नेका पंख; (T ~) (मान०) **तृतीय युग;** धार्मिक संघका तीसरी श्रेणी^Fका सदस्य, तीसरे दर्जेका पादरी; the T ~ भूतत्त्व-सम्बन्धी तृतीय काल ।

tertiary[2] a. तृत, तृतीय, (रसा०) **तृतीयक,** तीसरा, तीसरे क्रमका, तीसरे दर्जे या नम्बरका; ~ period (*the T ~* भी) तृतीय काल, **तृतीय युग;** ~ root (कृषि०) **मूलानुकूल, प्रमूल;** ~ stage (चि०) तृतीयकावस्था^F;

~ alcohol, ~ base, ~ mutant, ~ triangulation.

tertium quid (L) n. मध्यवर्ती वस्तु^F, कोई तीसरी वस्तु^F ।

tertius –शॅस् a. तृतीय, तीसरा ।

tervalent –'वॅलॅन्ट् a. = TRIVALENT.

tessellar टे'सॅलॅर् a. चतुर्भुजनिर्मित, चौपड़का ।

tessellate[1] –लेट् v.t. कुट्टिमचित्रित करना, चित्रकुट्टिमित करना, मोजेकसे फर्श बनाना ।

tessellate[2] –लॅट् a. (वन०) **शबलित;** = TESSELLATED.

tessellated –टिड a. चतुष्कोणाकार, छोटे चतुर्भुजोंवाला; (वन०) कुट्टिमचित्र, रंग-बिरंगे चारखानोंवाला, खानेदार (~ *pavement*) ।

tesselation –ले'शॅन् n. चतुष्कोणोंका निर्माण, चतुर्भुजोंकी रचना^F, चौपड़का काम ।

tessera टे'सॅर् n. (pl. *-e*) (पच्चीकारी^F आदिमें व्यवहृत, सीसे आदिका) छोटा टुकड़ा या ब्लाक; (ग०) **गोलीय आयत;** (रोमन पुराण, सम्भवतः टिकटके रूपमें चलनेवाला) हड्डी^Fका छोटा टुकड़ा; पाँसा ।

tesseral –रॅल् a. घनाकार, (पच्चीकारी^Fके कामके) समितीय, चौकोर टुकड़ेका (~ *system*); ~ harmonic (ग०) **जालीय प्रसंवादी;** ~ system (रसा०) **घन-पद्धति^F** ।

tessitura (It) n. ध्वनि-विस्तार, ध्वनि-प्रसार ।

tessular a. = TESSERAL.

Test. Testament.

test[1]* टेस्ट् n. (रसा०) **परीक्षण,** (रसा०) **परीक्षा^F*, परख^F*, जाँच^F,** इम्तहान; निकष, प्रमाण, प्रतीति^F, मानदण्ड, मापदण्ड, कसौटी^F, (स्वीकृति^F अथवा अस्वीकृति^Fका) हेतु, मूल कारण, आधार; (रसा०) प्रतिकर्मक (किसी यौगिकमें उसके अवयवकी विद्यमानता^F दिखानेके लिए पदार्थ); धातु-शोधनपात्र, कुठाली^F; (बोल०) टेस्ट-मैच, मुकाबलेका खेल; ~-glass **परीक्षण काच, परख-काच,** परख-गिलास; ~ meal (चि०) परीक्षणाहार; प्रयोगाहार; ~ hand **जाँच-कर्मी;** ~-tube (रसा०) **परीक्षण-नलिका^F, परख-नली^F;** *has stood the successive ~s of poverty and riches* निर्धनता^F और सम्पन्नता^Fमेंसे होकर निकला है;

~ age, ~ audit, ~ battery, ~ bay, ~ bench, ~ box, ~ call, ~ card, ~ case, ~ certificates, ~charges, ~chart, ~check, ~ checker, ~ circuit, ~ clerk, ~ cord, ~ cross, ~ desk, ~ equipment, ~ examination, ~ head, ~-house, ~ letter, ~-load, ~-match, ~ message, ~ nail, ~-nail method, ~-paper, ~ piece, ~-pile, ~ pit, ~ plot, ~ pressure, ~ purchase, ~ reagent, ~ report, ~ rod, ~ room, ~ scaling, ~ slip, ~ solution, ~ speed, ~ strip, ~ tracks, ~ type, ~ weight, ~ well, ~ works.

test[2] v.t. परीक्षण करना, परीक्षा^F करना, परखना, जाँचना, कसौटी^Fपर कसना, आजमाना, इम्तहान लेना; कठोर परीक्षा^F करना, ठोक-बजाकर देखना; (धातु^F) शोधना ।

test[3] n. (कुछ जानवरोंका) शल्क, कठोर आवरण, कड़ी खाल^F या खोल^F ।

testa टे'स्टॅ n. दृढ़ शल्क, कठोर आच्छादन, कठिन आवरण, कवच, (वन०) **बीजकवच,** (कृषि०) **बीजावरण,** सख्त छिलका या खोल^F, घोंघा; घोंघा-कवच, T. ।

testable टे'स्टॅबल् a. परीक्षणीय, परीक्ष्य; शोधने योग्य ।

testacean टॅस्टे'शन् a. & n. बाह्यावरणयुक्त, कड़ी खाल^F रखनेवाला (जन्तु०) कड़े खोलवाला (जीव), घोंघा।

testaceology –सिॲऑ'लॅजि n. कर्परविज्ञान, प्रकवच-विज्ञान, घोंघेकी विद्या^F।

testaceous –'शॅस् a. कर्पर-सम्बन्धी, कर्परवासी, बाह्या-वरणसहित, कड़े खोलवाला, घोंघे-सा।

testacy टॅस्'टॅसि n. = TESTATION.

testament –टॅमॅन्ट् n. (क़ानून) मृत्युलेख, रिक्थपत्र; इच्छापत्र, (का०) **वसीयत**; (बाइ०) प्रतिज्ञापत्र, पुराना धर्मनियम, नियमपत्र; (T~) बाइबिलके नये टेस्टामेण्टकी प्रति^F या संहिता^F।

testamental –मे'न्ट्ल् a. = TESTAMENTARY.

testamentary –टॅरि a. मृत्युलेखनिर्दिष्ट; इच्छापत्रीय, रिक्थपत्रदत्त, इच्छापत्र-विषयक, मृत्युलेख-सम्बन्धी, **वसीयती**; ~ instrument इच्छापत्र;

~ disposition, ~ guardian, ~ inventory, ~ succession.

testamur टॅस्टे'मॅर् n. (विश्वविद्यालयीय परीक्षा^F उत्तीर्ण करनेका) प्रमाणपत्र, सनद।

testate टॅस्'टे(टॅ)ट् a. & n. कृतमृत्युलेख (व्यक्ति), (का०) **वसीयती**, वसीयत^F करके मरनेवाला (आदमी)।

testation –टे'शॅन् n. मृत्युलेखन, वसीयत^F करना।

testator –'टॅर् n. रिक्थसंकल्पक, मृत्युपत्रकर्ता, रिक्थ-कर्ता, (का०) **वसीयतकर्त्ता**, वसीयत^F करनेवाला।

testatrix –ट्रिक्स् n. मृत्युपत्रकर्त्री, रिक्थपत्रकर्त्री, वसी-यत^F करनेवाली।

tester[1] टॅस्'टॅर् n. (रसा०) **परीक्षक**, परीक्षणकर्ता, पारखी, परखनेवाला, जाँचनेवाला; परीक्षणयन्त्र, **परीक्षी**, **परीक्षित्र**, **परखी**, कसौटी^F।

tester[2] n. खाट^F का चँदवा, मसहरी^F का ऊपरका भाग।

tester[3] n. हेनरी अष्टमके राज्यकालका शिलिंग = ६ पेंस।

testes टॅस्'टीज़् n. = TESTICLES.

testicle –टिकॅल् n. मुष्क, वृषण, (चि०, कृषि०) वृषण-ग्रन्थि^F, (कृषि०) **अण्डग्रन्थि^F**।

testicular –'क्युलॅर a. मुष्कीय, (चि०) वृषण-वृषणिक, वृषणीय, (कृषि०, चि०) वृषणाग्रंथिक, अण्ड-ग्रन्थिक, अण्ड-;

~ activity, ~ artery, ~ follicle, ~ plexus, ~ vein.

testiculate –लॅट् a. मुष्कमय, वृषणयुक्त, अण्डयुक्त, फोतेदार; अण्डाकार, पेल्हरकी शक्ल^F का; (वन०) अण्डद्वय-युक्त, दो अण्डाकार अवयवोंवाला।

testification टॅस्टिफ़िके'शॅन् n. अभिसाक्षीकरण, प्रमाणीकरण, साक्ष्य, गवाही^F।

testificatory ⊙ –'टिफ़िकॅटॅरि a. अभिसाक्ष्यात्मक, प्रमाणात्मक।

testifier –'टिफ़ाइॲर् n. अभिसाक्षी, प्रमाणक व्यक्ति।

testify –इ v. i. & t. (*to, against* के साथ) सिद्ध करना, (का०) **प्रमाणित करना**, अभिसाक्ष्य देना, प्रमाण देना, गवाही^F देना, शहादत^F देना, सबूत देना, साबित करना (~ *the whole truth*)।

testimonial टॅस्टिमो'निॲल् n. (का०) **शंसापत्र**, प्रशंसापत्र, आचरणपत्र, शीलपत्र, आचारपत्र, प्रमाणलेख, प्रमाणपत्र, चरित्रपत्र, सनद^F; (सम्मानसूचक) उपहार, भेंट^F, थैली^F।

testimonialize –लाइज़् v. t. आचरणपत्र देना, प्रशंसापत्र देना।

testimony –'टिमॅनि n. (शिक्षा०, दर्श०, का०) **साक्ष्य**, प्रमाण, प्रमाण्य, सबूत, शहादत^F, गवाही^F (*called him in* ~); (क़ानून) अभिसाक्ष्य, (का०) **मौखिक साक्ष्य**, मुखसाक्ष्य, प्रतिज्ञान, प्रमाणित कथन, (दर्श०) **शब्द-प्रमाण**, **शपथपूर्वक घोषणा^F**; प्रमाणपत्र; (प्रा०) (*against* के साथ) घोर विरोध, (बाइ०) ईश्वरकी दस आज्ञाएँ^F (*sing.* या pl.) ईसाई धर्मग्रन्थ।

testiness टॅस्'टिनिस् n. दुःशीलता^F, क्रोधीपन; चिड़-चिड़ापन, झल्लापन, बदमिज़ाजी^F, तुनुकमिज़ाजी^F, दुर्द-मता^F, दुर्दमनीयता^F, ज़िद्दीपन।

testing टॅस्'टिंग् n. परीक्षा^F, (कृषि०) **परीक्षण**, (कृषि०) परख^F, जाँच^F, देखभाल^F;

~ bed, ~ group, ~ instrument, ~lamp, ~ machine, ~ material, ~ offices, ~ station, ~ telegraphist.

testis टेस्'टिस् n. (pl. जीव०, चि०) **वृषण**, (~ *sac*), (शिक्षा०) **अण्डकोष**, उभयाण्ड, (चि०, जीव०) **अण्ड-ग्रन्थि^F**, **कपूरा**, वृषणग्रन्थि^F, उभयाण्ड ग्रन्थियाँ^F, दोनों अण्डे, कपूरे, पेल्हर, दोनों पेल्हर, दोनों कुसुलियाँ^F।

teston टॅस्'टॅन् n. (१४७०-१५५० तक प्रचलित) टेस्टन (एक इताली मुद्रा^F)।

testudinal, -narious टॅस्ट्यू'डिनॅल, -नेॲ'रिॲस् aa. कच्छप-, कछुएका; कछुएके से रंगोंका।

testudinate –नॅट् a. कच्छपशल्कवत्, मेहराबदार।

testudineous –'निॲन् a. कच्छपशल्कवत्, कछुएके खपड़े जैसा।

testudo टॅस्ट्यू'डो n. (pl. *-s, -dines*) (रोमन पुराण) सैन्यव्यूह, सपरबन्दी^F, आड़^F; कच्छप, कछुआ।

testy टॅस्'टि a. क्रोधी, चिड़चिड़ा, झल्लानेवाला, तुनुक-मिज़ाज।

tetanic[1] टिटै'निक् n. (नाड़ियों^F द्वारा स्नायुओं^F पर असर डालनेवाली ओषधि^F) कुचलेका सत।

tetanic[2] a. धनुस्तम्भ-सम्बन्धी, अपतानिक, धनुर्वात-स्वरूप; अपतानक जनक।

tetanization टॅटॅनाइज़े'शॅन् n. (चि०) अपतानको-त्पादन, धनुस्तम्भोत्पादन, धनुस्तम्भीकरण, धनुर्वातके लक्षण उत्पन्न करनेकी क्रिया^F।

tetanize –'टॅनाइज़् v.t. धनुस्तम्भके लक्षण उत्पन्न करना।

tetanoid –नाॅइड् a. (चि०) अपतानकाभ, धनुस्तम्भवत्, धनुर्वात-जैसा।

tetanus –नॅस् n. धनुःरोग, (श० र० शा०, कृषि०) **धनु-र्वात**; (चि०) अपतानक, **धनुस्तम्भ**, **पेशी तनाव**,

(पेशियों^F में दुःखद आकुंचन उत्पन्न करनेवाला)।

tetany टे´टॅनि n. (चि०) अपतानिका^F, हस्तपादांगुलियों^F की ऐंठन^F, (कृषि०, चि०) T.।

te(t)chiness टे´किनि`स् n. चिड़चिड़ापन, झल्लापन, तुनुकमिजाजी^F, खीझ^F।

te(t)chy –कि a. क्रोधी, रोषी, झल्ला, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज, खीज^F जानेवाला।

tete-a tete[1] (F) adv. आमने-सामने।

tete-a-tete[2] टेटॅ-'आ-टेट् n. ऐकान्तिक भेंट^F, गुप्त वार्तालाप; दो व्यक्तियोंके बैठनेका सोफा।

tete-a-tete[3] a. गुप्त, गोपनीय, छिपाने योग्य, रहस्यमय, एकान्त।

tete-a-tete[3] adv. एकान्तः, गुप्तरूपेण, व्यक्तिगत रूपसे, निजी तौरपर।

tether[1] टे´दॅर् n. बन्धनरज्जु^F, प्रग्रह, रस्सा, जंजीर^F, पगहा, गिराई^F; (ला०) प्राधिकार क्षेत्र; बोध, ज्ञानसीमा^F, पकड़^F (*was beyond his* ~)।

tether[2] v.t. (पशुओंको) पगहा बाँधना, रस्सी^F या गिराई^F से बाँधना; सीमिति करना।

tetra- चतुः-, चतुर्-; चतुस्-, चतुष्-, चतुश् (~*chord*, ~*chordal*, ~*cyclic*, ~*dactyl*, ~*gon*, ~*gram*, ~*hedron*, ~*hedral*, ~*logy*, ~*meter*, ~*morph*, ~*petalous*, ~*phyllous*, ~*pod*, ~*stich*, ~*style*, ~*syllable*)।

tetrachord टे´ट्रॅकॅर्ड् n. (विशे०, प्राचीन संगीतमें) चार सुरोंका सरगम।

tetrachordal –कॉर्'डॅल् a. चार सुरोंका।

tetrachoric टे`ट्रॅकॉ'रिक् a. (सांख्य) **चतुष्कोष्ठिक** (~ *efficient*, ~ *correlation*)।

tetrachromatism ⊙ –'मॅटिज़्म् n. (शिक्षा०) **वर्णचतुष्टयवाद**।

tetrad टे´ट्रैड् n. चतुः, चार; (वन०) चतुष्टय, (कृषि०) **चतुष्टक**, चतुष्क, चतुःकलाप, चतुःसमूह, चारका समूह, चौकड़ी^F, चौका, T.।

tetradecapod टे`ट्रॅडे´कॅपॉड् a. चतुर्दशपाद, चौदह पैरोंवाला।

tetradic टि`टै'डिक् a. चतुः, चार; चतुःकलापीय, चतुःसमूह-सम्बन्धी, चारके समूहका।

tetradrachm टे`ट्रॅड्रैम् n. टेट्राड्राम (प्राचीन यूनानका एक सिक्का)।

tetragenous टि`टै'जिनॅस् a. चतुष्कोणुज, चार-चार जीवाणुओंवाला।

tetraglot ⊙ टे´ट्रॅग्लॉट् a. चतुर्भाषा-लिखित, चार भाषाओं^F में लिखा हुआ; चतुर्भाषाज्ञानी।

tetragon टे´ट्रॅगॅन् n. चतुष्कोण, चतुर्भुज, चतुरस्र, समायत।

tetragonal 'टि`ट्रै'गॅनॅल् a. (रसा०) चतुष्फलक, (रसा०, प्रा० भू०, भौ०) **चतुष्कोणिक, चतुष्कोणीय**, चतुर्भुजीय, चतुरस्र; ~ *crystal*, ~ *disphenoidal*, ~ *sphenoidal*, ~ *symmetry*, ~ *system*.

tetragram टे´ट्रग्रैम् n. चतुर्वर्णी शब्द; (रेखाग०) चतुर्भुज।

tetrahedral टे`ट्रॅही(हे`)'ड्रल् a. (वन०) **चतुष्पार्श्वी**, (प्रा० भू०) **चतुर्थपार्श्वकीय**, (रसा०) **चतुष्फलकीय**; (~ *hypothesis*, ~ *angle*), चतुरनीकी, चतुर्भुजीय ठोसका, चतुर्भुजी, चार सतही (~ *structure*)।

tetrahedron –ड्रॅन् n. (प्रा० भू०, ग०) **चतुष्फलक**, चतुरनीक, चतुर्भुजीय ठोस (विशे०, त्रिभुजाकार पिरामिड)।

tetralogy टि`ट्रै'लॅजि n. नाटकचतुष्टय।

tetrameral टि`ट्रै'मॅरॅल् a. =TETRAMEROUS.

tetramerous –रॅस् a. (वन०) **चतुष्टयी**, चतुरंग, चतुरवयव, चार भागोंवाला (~ *flower*)।

tetrameter टि`ट्रै'मि`ट्रॅर् n. चतुष्पदी^F, चतुश्छन्दी^F।

tetrandrous टि`ट्रै'न्ड्रॅस् a. (वन०) **चपुकेसर**; (वन०) **चतुःपुंकेसरयुक्त**।

tetraphyllous टे`ट्रॅफि'लॅस् a. चतुर्दल, चतुष्पर्ण, चतुष्पत्र, चार पत्तियोंवाला।

tetrapla टे´ट्रॅप्लॅ n. चतुर्भाषा-लिखित इंजील^F (एक बाइबिल^F जो चार स्तभ बनाकर चार भाषाओं^F में लिखी होती है।)

tetraplegia टे`ट्रॅप्ली'जिअॅ n. (चि०) **चतुरंगाघात**।

tetraploid टे´ट्रॅप्लाएॅड् a. (कृषि०) चतुर्गुणित, चारगुना, T. (~ *form*)।

tetrapod टे´ट्रॅपॉड् a. चतुष्पाद, चार पैरोंवाला।

tetrapolis (इति०) **चतुष्पुरी**^F।

tetrapteran टि`ट्रै'प्टॅरॅन् a. चतुष्पक्ष, चार पंखोंका।

tetrapterous –रॅस् a. =TETRAPTERAN.

tetrarch टे´(ट्री)'ट्रार्क् n. (वन० शा०) चतुःसूत्र; (वन०) **चतुष्वापी**; (रोम साम्राज्यमें देश या प्रान्तके) चौथाई भागका शासक, राज्यपाल, अधीनस्थ शासक; (सुगठित पदाति सेना^F के एक उप-विभागका) नायक।

tetrarchate –कॅट् n. (रोम साम्राज्यमें) चतुर्थ खण्डके राज्यपालका पद।

tetrarchical ट्रि`ट्रार्'किकॅल् a. चतुर्थ खण्डके राज्यपालसे सम्बन्धित।

tetrarchy टे`(ट्री)'ट्रार्कि n. चतुर्थ खण्डके राज्यपालका अधिकारक्षेत्र।

tetraspermus टे`ट्रस्पर्'मॅस् n. (वन०) चतुर्बीज, चार बीजोंवाला, चार-चार बीजोंवाला।

tetrasyllabic टे`ट्रिसिलै'बिक् a. चतुरक्षर, चार अक्षरोंका।

tetrasyllable –'लॅबॅल् n. चतुरक्षर शब्द, चार अक्षरोंका पद।

tetravalent टि`ट्रै'वॅलॅन्ट् a. (रसा०) **चतुः संयोजक**, चतुःसंयुज।

tetter टे´टॅर १. n. (चि०) कक्ष्या^F का एक प्रकार; छाजन; खर्जु^F, खुजली^F, खाज^F, दाद^F; २. v.t. खाज करना।

Teut. Teutonic.

Teuto- ट्यूटानी जर्मन (~ *mania(c)*, ~*phil(e)*, ~*phobe*, ~*phobia*)।
Teutonicism, Teutonism टीऊटॉ'निसिज़्म्, टीऊ' टॅनिज़्म् nn. ट्यूटानी भाषा^F^का प्रयोग; ट्यूटन जाति^F^के लोगोंकी विशेषताएँ^F^; ट्यूटानी शैली^F^ या सिद्धान्त।
Teutonization -टॅनाइज़े'शॅन् n. ट्यूटानीकरण, ट्यूटानी या जर्मन बनानेकी क्रिया^F^।
Teutonize -'टॅनाइज़् v. t. ट्यूटानी या जर्मन बनाना, ट्यूटानी रंग चढ़ाना।
tewel ट्यू'इॅल् n. (धुआँ इत्यादि निकलनेकी) चिमनी^F^, धुआँरा।
Tex. Texas (in. U.S.A.).
text टॅक्स्ट् n. मूल, **मूलपाठ, पाठ**, (*there is nothing about this in the* ~); **मज़मून**; उद्धृत अवतरण, सूत्र, वचन; ग्रन्थांश; प्रवचन-विषय; विषय, विषय-वस्तु^F^; (पुस्तक^F^का) पाठ्य भाग; पाठ्य-पुस्तक^F^, पाठ्य-ग्रन्थ; (~ *hand*) मोटे-मोटे अक्षर; ~book⊙ पाठ्यपुस्तक^F^, पाठ्यग्रन्थ।
textile[1] टॅक्स'टाइ(टि)ल् n. वसन, **वस्त्र**, कपड़ा, पारचा, बुनने योग्य या बुनी हुई सामग्री^F^; **वस्त्र-व्यवसाय, कपड़ा-व्यवसाय, वस्त्र उद्योग, कपड़ा उद्योग**।
textile[2] a. वयन-विषयक, बुनाई^F^का; वयनीय, वनने योग्य; तान्तव, तन्तुनिर्मित, बुना हुआ;
~ art, ~ business, ~ centre, ~ fabric, ~ industry, ~ material, ~ mill, ~ section, ~union.
textorial -टॉ'रिअॅल् a. वयन-विषयक, बुनाई-सम्बन्धी।
Text. Rec. *textus receptus*, the Received Text.
textual टॅक्स्'ट्यूअॅल a. पाठगत, पाठ-विषयक, पाठ-सम्बन्धी; ~ criticism पाठालोचन।
textualism -लिज़्म् n. पाठवाद, पाठोल्लेख।
textualist -लिस्ट् n. पाठवादी, पाठानुरागी, पाठोल्लेखक; (धर्मग्रन्थोंका) उल्लेख विशारद।
textuary -अॅरि a. = TEXTUAL.
textural टॅक्स्'चॅरॅल्, -ट्युअरॅल् a. वयन-विषयक, बुनाई^F^का; अंगव्यवस्था^F^का, ऊतिगठन सम्बन्धी; ऊति-सम्बन्धी; तन्तु-सम्बन्धी।
texture -'ट्युअॅर् n. रचना^F^, निर्माण, विन्यास, (रसा०) **ग्रन्थन, बनावट**^F^; (कृषि०) कणगठन^F^; (यन्त्र०) **अंग, ग्रथन, गठन**^F^, (कृषि०) **पोत**, मिट्टी **कण-आकार**; संगठित ऊतक, ऊति^F^, तन्तुविन्यास, (वन०) **वयन**, (**बुनावट**^F^) बुनाई^F^ (*loose* ~)।
t.f. till forbidden.
T.F. Territorial Force.
Th. Thursday.
Th Thorium.
thalamencephalon n. **थैलम मस्तुलुंग**, (जीव०) T.
-th[1] = -NESS (*mir*~, *bread*~, *weal*~ *streng* ~)।
-th[2], **-eth** थ (*four*~); -म (*ten*~); -म, -वाँ, भाग (*thirtieth*)।
thalamus थै'लॅमॅस् n. अन्तःकक्ष; (वन०) **पुष्पासन**; (श० र० शा०) **चेतक**, थालामस।
thalassian ⊙ थॅलै'सिअन् a. आर्णव, सागरीय, सागर विषयक, समुद्र-सम्बन्धी।
thalassic -सिक् a. = THALASSIAN.
thalassocracy थैलॅसा'क्रॅसि n. अर्णवतन्त्र, सागरतन्त्र, समुद्रोंपर शासन-प्रभुत्व, सागर-राज्य।
thalassography -'ग्रॅफि n. आर्णविकी^F^, सागरिकी^F^, अर्णव-विज्ञान, उदधिशास्त्र, सागरविद्या^F^।
thalassometer -'मिटॅर् n. ज्वारमान, ज्वारमापक यन्त्र, थलैसोमीटर।
thalassotherapy ⊙ -सॅथे'रॅपि n. (चि०) समुद्र-वातावरण-चिकित्सा^F^, समुद्र-यात्रा-चिकित्सा^F^, समुद्रस्नान-चिकित्सा^F^।
thaler टा'लॅर् n. (जर्मनीकी) रजतमुद्रा^F^, चाँदी^F^का सिक्का।
Thalian थॅला'इअॅन् a. काव्यदेवी थालिया^F^का।
thallium थै'लिअॅम् n. सिक्थ्य धातु^F^, एक नीलश्वेत कड़ा खनिज, (रसा०) **थैलियम**।
thalloid -लायड् a. (वन०) **सूकायाभ**।
thallus थै'लॅस् n. (वन०) **सूकाय (सूत्रोद्भिद्काय)**, सूत्रकाय, सिक्थ्य, पेड़ पौधेका धड़।
thalweg -थाल्वेग n. (राज०) **मध्यधारा**^F^।
than* दॅन्', दैन्, conj. & prep. से*, अपेक्षा, अपेक्षाकृत, तुलना^F^में, बनिस्बत (*you are taller* ~ *he is*)।
thanage थे'निज् n. रयीश-शासन, चौधरी-राज्य, चौधरी-पद।
thanatism थै'नॅटिज़्म् n. मोक्षवाद, मुक्तिवाद, निर्वाण-वाद (यह सिद्धान्त कि मृत्यु^F^के बाद आत्मा^F^ आवागमनसे मुक्त हो जाती है)।
thanat(o)- मृत्यु-, मरण- (~ *omania*)।
thanatognomonic -टॉग्नॅमा'निक् a. मारक, मृत्यु-जनक, मौत^F^ लानेवाला; मृत्यु-द्योतक, मौत^F^ प्रकट करनेवाला।
thanatoid थै'नॅटाइॅड् a. भयानक, भीतिजनक, डरावना; कालवत्, मृत्यु-सदृश, मौत-जैसा; विषाक्त, विषैला।
thanatology -टॉ'लॅजि n. मृत्यु-विज्ञान, मृत्युशास्त्र; शव विज्ञान।
thanatomania ⊙ -नैटॅमे'निअॅ n. हत्योन्माद; आत्मपरघातोन्माद, (शिक्षा०) **मरणोन्माद**।
thanatophobia ⊙ -टॅफो'बिअॅ n. मृत्युभीति^F^, (शिक्षा०) **मरणभीति**^F^, मृत्युभय, मरणातंक।
thane थेन्' n. (इंग्लैण्डके आरम्भिक इतिहासमें) उच्च-मध्य श्रेणी^F^का व्यक्ति, चौधरी।
thanedom -'डॅम् n. उच्च-मध्य श्रेणी^F^के व्यक्तिका अधिकारक्षेत्र, चौधरात, चौधरीका इलाका।
thanehood -'हुड n. रयीशता^F^, चौधराहट^F^, चौधरी

का पद।
thaneship –'शिप् n. रयीशत्व, चौधरीका पद या अधिकार।
thank¹ थैन्क्' n. (अब केवल pl. में) साधुवाद, धन्यवाद, आभार, कृतज्ञता-प्रकाश।
thank² v. t. साधुवाद देना, धन्यवाद देना, आभार प्रकट करना, कृतज्ञता-प्रकाश करना, शुक्र करना; *~ a man according to his rank* जैसा मुँह वैसी थपड़ी[F]; *~ you for nothing* जी, बस माफ कीजिये; *~ yourself for that* तुम्हारा ही दोष है।
thankful –फुल् a. धन्यवादी, कृतज्ञ, उपकारज्ञ, आभारी, एहसानमन्द; धन्यवादपूर्ण, कृतज्ञतापूर्ण, आभारसूचक।
thankfulness –निस् n. **कृतज्ञता**[F], आभारिता[F], आभार, एहसानमन्दी[F]; धन्यवादपूर्णता[F], आभारात्मकता[F]।
thankless –लिस् a. कृतघ्न, अकृतज्ञ, नाशुकरा, नमकहराम; अप्रशंसित (*~ task*)।
thanklessness –निस् n. कृतघ्नता[F], अकृतज्ञता[F], नाशुक्रापन, अप्रशंसा[F]।
thanksgiver –क्स्'गिवर् n. धन्यवाद-प्रकाश, कृतज्ञता-प्रकाशक।
thanksgiving –विंग् n. धन्यवाद-प्रकाशन, कृतज्ञता-प्रकाशन; (बाइ०) धन्यवाद-प्रकाशनरूप उपहार।
thankworthiness –क्'वर्-दिनिस् n. धन्यवादार्हता[F], धन्यवाद-योग्यता[F]।
thankworthy –दि a. धन्यवादार्ह, धन्यवादयोग्य।
thar टार्' n. (नेपालकी) थार बकरी[F]।
that* दैट्' १. a. ऐसा, इतना (*has ~ confidence in his theory*); २. pron. वह*, उस, उसने, उसको; (बहु० *those*) वे, उन्होंने, उनको (*what was ~ noise? don't roll your eyes like ~, was cured from ~ hour*); जो, जिस, जिन, जो कि, जिसे; ३. adv. इतना, इस प्रकार, इस हद[F] तक, इस कदर (*will go ~ far*); *come out of ~* भाग जाओ; *for ~*⊙ जहाँ तक उसका सम्बन्ध है; *so that's ~* यह बात[F] है, यह किस्सा है; *this, ~, and the other* भिन्न-भिन्न वस्तुएँ[F], अनेक वस्तुएँ[F]; *~ is* (i. e.), *~ is to say* अर्थात्; *would not give ~ for it* मुझे इसकी तनिक भी परवाह[F] नहीं है, मेरी जूती[F]से, यह लो ठेंगा।
that² दॅट्',दैट्' conj. जो कि (*they say ~ he is better*); ताकि (*he eats ~ he may live*); *in ~* क्योंकि, इसलिए कि; *now ~* अब जबकि, चूँकि अब, इसलिए कि।
thatch थैच्' १. n. छदि[F], तृणच्छदि[F], छाजन[F], छान[F], **छप्पर**; घास[F], छदिस्तृण, सरपत, पताई[F], पुआल, फूस, खर-पतवार; (बोल०) सिरके घने बाल; ~-board फूसका तख्ता; ~ grass काश, कासा; २. v. t. छप्पर डालना, **छप्पर छाना**, छाना, पाटना।
thatcher –'चॅर n. छादक, तृणाच्छादक, छाजन[F] करनेवाला, छानेवाला, छप्पर बनानेवाला।
thatching –चिंग् n. छादन, तृणाच्छादन, छाजन, छाना, छप्पर छाना, छवाई[F], फूस, पुआल।
thaumaturge थॉ'मॅटर्ज्' n. ऐन्द्रजालिक, चमत्कारी, जादूगर।
thaumaturgic, -al –'जिक्,-ॲल् aa. विचित्र, आश्चर्यजनक, चकित करनेवाला; इन्द्रजाल-विषयक, जादू-सम्बन्धी, चमत्कारपूर्ण, जादूका।
thaumaturgist -मॅटर्जिस्ट् n. दे० THAUMATURGE.
thaumaturgy –टर्जि n. इन्द्रजाल, बाजीगरी[F], जादूगरी[F]।
thaw¹ थॉ' n. सद्रवण, (प्रा० भू०)**हिमद्रव, हिम-द्रवण**, हिमस्रुति[F], हिमस्राव, गलन[F], (बर्फ[F]का) पिघलाना या पिघलना, गलाव।
thaw² v. i. & t. (हिम इत्यादिका) संद्रवित होना, गलना, पिघलना, घुलना; (द्रवणांक तक) कम तापमान होना; (ला०) द्रवित होना, आर्द्र होना, नम्र होना, पसीजना, ढीला पड़ना; सुशील होना, संलापप्रिय होना, प्रफुल्लचित्त होना; (शा० एवं ला०) द्रवित करना, पिघलाना।
thawless –'लिस् a. द्रवणशून्य, गलनरहित, कभी न पिघलनेवाला।
thawy –'इ a. द्रवणशील, गलनशील, पिघलनेवाला।
Th.D. Doctor of Theology.
the* दी', द्', दी' १. a. (स्वरके पूर्व 'दि', व्यंजनके पूर्व 'द') वही*, पूर्ववर्णित (*~ cup on ~ top shelf*); प्रत्यक्ष, वर्तमान; २. adv. जितना, उतना ही (*~ more he gets, ~ more he wants*); इस प्रकार, इस भाँति, उस कारण, इस कदर।
thea⊙ थी'ॲ n. चाय[F]।
theanthropic, -al थीॲन्थ्रॉ'पिक,-ॲल् aa. मानवेश-, मानवेश्वर-, अवतारी, (मानव और ईश्वर दोनोंका)।
theanhropism –ॲ'पिज़्म् n. (ईसा-सम्बन्धी) मानवेश्वरवाद, अवतारवाद।
thearchic –थीआर्'किक् a. ईशतन्त्रीय, धर्मतन्त्र-विषयक, धर्मराज्य-विषयक, दीनी हुकूमत सम्बन्धी, ईमानशाही।
thearchy –'आर्कि n. = THEOCRACY.
theat. theatrical.
theatre थी'ॲटॅर् n. प्रेक्षागार, **रंगशाला**[F], रंगालय, **रंगभूमि**[F], नाटकगृह, थियेटर; भाषणकक्ष, वक्तृतागृह; अध्यापनकक्ष; नाटकसाहित्य, नाट्यकला[F]; घटनाक्षेत्र, कार्यक्षेत्र, क्रीड़ाक्षेत्र, मैदान; अखाड़ा; (चि०) **शिल्पशाला**[F], **शाला**[F]; operating -~ शल्यकक्ष, शल्यशाला[F], चीरघर; ~-goer नाटक देखनेका शौकीन; ~-going नाटक देखनेका शौक।
theatric, -al थिॲ'ट्रिक, -ॲल् aa. प्रभावोत्पादक, प्रदर्शनपूर्ण, कृत्रिम, आडम्बरपूर्ण, बनावटी, दिखावटी, भड़कीला; नाट्यशाला-विषयक; नाटकीय, नाटकोचित, नाटकोपयोगी, अभिनयात्मक; **नाट्य-सम्बन्धी**, मंच-सम्बन्धी; ~performance नाट्याभिनय।
theatricalism, theatricality –कॅलिज़्म्, –कै'लिटि

nn. अभिनयात्मकता,F नाटकीयताF, कृत्रिमताF, बनावटीपन, दिखाऊपन; नाट्यतत्त्व, अभिनयतत्त्व।

theatricalize –'ट्रिकॅलाइज़् v.t. नाटकीय बनाना, अभिनयात्मक बनाना; कृत्रिम बनाना; अभिनयतत्त्व लाना, नाटकीय तत्त्व लाना।

theatricals –ल्स् n. नाटक, नाटकीय प्रदर्शन, नाट्याभिनय, नाट्यक्रीड़ाF, नाटकका खेल।

theatrum ⊙ थी'ॲट्रॅम् n. (इति०) **रंगशाला**F।

thebaine थी'बेआइन् n. अहिफेनFका एक अल्कलाइड, (रसा०) **थीबेन**।

theca थी'कॅ n. (चि०) **वेष्टन**, (वन०, जीववि०) छद, कोष्ठ, आवरण, परदा, (जीव०) खोलF, T.।

thecodont ⊙ थी'कॅडॉन्ट् a. (जीववि०) कोष्ठदन्त; (जीव०) **गर्तदन्ती**, **गर्तीदन्त**।

thee दी' pron. तुझे, तुझको।

theemim n. **थिमिम**F, **विंश वैतरणी**F।

theft थेॅफ्ट् n. **चौर्य**, चौरकर्म, **चोरी**F; लुण्ठन, दस्युकर्म, डाका, डकैतीF; चोरीFका धन।

theftuous ⊙ –'ट्यूॲस् a. = THIEVISH.

thegn थेन n. = THANE.

theic थी'इक् n. अति चायपायी, अधिक चायF पीनेवाला।

theiform थी'इफ़ॉर्म् a. चाय-सदृश, चाय-जैसा; चायवृक्षकवत्, चायFके पौधे-जैसा।

theine थी'इन् n. (रसा०) T.; = CAFFEINE; चायF-का सत।

their देॲर्' pron. उनका, इनका; अपना; T~ excellency परमश्रेष्ठ, महामान्य।

theism¹ थी'इज़्म् n. (चि०) चायपानात्यय, अति चायपान।

theism² n. आस्तिकताF, आस्तिक्य, आस्तिक्यवाद, ईश्वरवाद, खुदावाद।

theist –इस्ट् n. आस्तिक, ईश्वरवादी, खुदापरस्त।

theistic, -al –'टिक्, -ॲल् aa. आस्तिक, आस्तिकता-सम्बन्धी, ईश्वरीय (~ *subjectivism*), ईश्वरवाद-सम्बन्धी, खुदापरस्तीFका।

them दॅम्', देॅम्' pron. pl. उनको, उन्हें; ~ selves वे, स्वतः, स्वयं, अपने आप, खुद; स्वयंको, अपने आपको।

thematic थिमैॅ'टिक् a. (संगीत) मधुर या लयात्मक विषय-सम्बन्धी (~ *catalogue*); (व्या०) मूल अच्-विषयक, मूलान्तरस्वरीय (~ *verb*), विकरणीय, ~ apperception (शिक्षा०) **अन्तश्चेतनाभिबोधनपरीक्षण**।

thematist थी'मॅटिस्ट् n. कथाकार, विषय-वस्तुकार, कथाप्रसंग-रचयिता।

theme थीम्' n. वस्तुF, विषय, विषय-वस्तुF, **स्थायी विषय**, कथाF, प्रकरण, कथा प्रसंग; लेख, रचनाF, निबन्ध ⊙; (व्या०) संज्ञाF या क्रियाFका मूल; (संगीत) (विविधताFके साथ विकसित किया गया) गान-विषय; [इति०, बिज़ैन्टाइन (*Byzantine*) साम्राज्यका] एक प्रान्त; ~ song सुरीली धुनF, मीठी तानF।

Themis थी(थि॑)'मिस् n. (ग्रीक पुरा०) न्यायदेवीF, न्यायेश्वरीF; मानवीकृत न्याय विधान; (ज्यो०) दशम उपग्रह।

then✻ देॅन् १. adv. अथ, तब✻, उस समय (*was ~ too much occupied*); तदुपरान्त, इसके पश्चात्, तत्पश्चात्, अनन्तर, इसके बाद, फिर, उसके पीछे (*and ~ the operation is complete*); २. conj. तो, तभी, तब तो, फिर तो, तब फिर, ऐसी अवस्थाFमें (~ *you should have said so*); अतः, फलतः, अतएव, परिणामतः, इसलिए, इस कारणसे; अच्छा तो फिर, अच्छा साहब, खैर; तदनुरूप, तदनुसार (*the new Governor, ~, came prepared*); ३. a. तत्कालीन, उस समयका, उस वक्तका (*the ~ secretary*); ४. n. उस समय, उस वक्त (*till, by, ~*)।

thenadays –'ॲडेज़् adv. न दिनों।

thenal थी'नॅल् a. करतल या पादतल-विषयक, हथेली-सम्बन्धी, गदोलीFका।

thenar¹ –नॅर् n. पादतल, करतल, हथोलीF, गदोलीF, ~ *prominence* (चि०) हस्तांगुष्ठका उत्सेध।

thenar² a. = THENAL. (चि०) हस्त-पादतल-विषयक।

thence देॅन्स्' adv. (प्रा०) उस स्थानसे, वहाँसे, उस जगहFसे (*it ~ appears*); उस समयसे, तबसे; उस स्रोतसे, उस कारणसे, उस बातFसे; ~ forth, ~forward advv. & nn. तत्पश्चात्; उस समय(से), तब(से)।

theo- ईश-, देव- (~*cracy*, ~*cratist*, ~*dicy*, ~*gony*, ~*gonist*, ~*mania*, ~*philanthropist*, ~*pneusty*, ~*sophy*, ~*-techny*, ~*okos*)।

theocentric ⊙ थीॲसे॑न्'ट्रिक् a. ईश्वराभिमुख, ईशकेन्द्रिय।

theocracy थिऑ'क्रॅसि n. ईशतन्त्र, ईश्वरप्रभुत्व, (इति०) **धर्मतन्त्र**, धर्मराज्य, दीनी हुकूमतF, इलाही राज्य।

theocrasy थी'ॲक्रेसि, थिऑ'क्रॅसि n. आत्मदर्शन, आत्मानुभूतिF सायुज्य, भगवत्साक्षात्कार, आत्मसाक्षात्कार।

theocrat –क्रैट n. ईशतन्त्री, धर्मतन्त्री शासक या प्रजाF, धर्म-तन्त्रवादी।

theocratic –'टिक् a. धर्मतान्त्रिक, दीनी राज्यका।

theocratist थिऑ'क्रॅटिस्ट् n. धर्मतन्त्रवादी, ईश्वर-तन्त्रवादी, दीनी राज्यका हामी।

theodicy थिऑ'डिसि n. ईश्वरन्यायवाद, पापक्षयवाद।

thedolite थिऑ'डॅलाइट् n. (खनिज०) त्रिकोणमाप, ⊙(त्रिकोण०, प्रा० भूगोल, गणि०) **थियोडोलाइट** (~ *survey*)।

theodolitic –डॅलि'टिक् a. त्रिकोणमाप-विषयक, थियोडलाइट-सम्बन्धी।

theogonic थीॲगॉ'निक् a. देववंशवृक्ष-विषयक, देव-वंश-परम्परा-सम्बन्धी।

theogonist थिऑ'गॅनिस्ट n. देवसृष्टिFका कवि, देव-

वंशावली^F पर काव्य लिखनेवाला, देवपुराणकार।
theogony –नि n. देवोत्पत्ति^F, देववंश-परम्परा; देववंश-परम्परा-विषयक काव्य, देवपुराण।
theol. theology; theologian.
theologian थीॲलो'जिॲन् n. धर्मशास्त्री, धर्मशास्त्रज्ञ, धर्मतत्त्वज्ञ; धर्माचार्य, ब्रह्मज्ञानी, अध्यात्मवादी, परमार्थविद्, दीनधर्मका जानकार।
theological थीॲलॉ'जिकॅल् n. धर्मशास्त्रीय, धर्म-तत्त्व-सम्बन्धी, आध्यात्मिक, पारमार्थिक; ~ determinism, ~ education, ~ ethics, ~ naturalism, ~ utilitarianism.
theologist थि'ऑ'लॅजिस्ट् n. धर्मशास्त्री, धर्मविद्याविद्, धर्मतत्त्वज्ञ, धर्माचार्य, दीनधर्मका जानकार।
theologize –लॅगाइज़् v.t. & i. धर्मशास्त्रके अनुरूप बनाना; धार्मिक रूप देना; धर्मशास्त्रकी चर्चा^F करना।
theologue थी'ॲलॉग् n. = THEOLOGIST.
theology थिॅऑ'लॅजि n. ईश्वरज्ञान, ब्रह्मज्ञान, **धर्म-दर्शन**, धर्मशास्त्र, धर्मविद्या^F, धर्मतत्त्व, परमार्थविद्या^F, अध्यात्मविद्या^F, दीन-धर्म।
theomachist –'मॅकिस्ट् n. नास्तिक, देवद्रोही, धर्मद्रोही।
theomania थी'ॲमे'निॲ n. धर्मोन्माद, धार्मिक पागल-पन।
theomorphism ⊙ थी'ॲमॉर्फिज़्म् n. दैवीरूपवाद, अद्वैतवाद।
theopathetic थीॲपॅथे'टिक् a. चिन्तनावस्था-विषयक, ध्यानस्थिति-सम्बन्धी।
theopathic –पॅ'थिक् a. = THEOPATHETIC.
theopathy थिॅऑ'पॅथि n. चिन्तनावस्था^F, ध्यानस्थिति^F, धारणा^F।
theophagy थिॅऑ'फॅजि n. (इति०) **देवादन**।
theophilanthropism थीॲफिलैन्'थ्रॅपिज़्म् n. मानवेश-भक्ति^F, मानवेश्वरश्रद्धा^F, मानव और ईश्वरके प्रति अनुराग।
theophilanthropist –पिस्ट् n. मानवेश-भक्त, मान-वेश्वर-श्रद्धालु व्यक्ति।
theophilanthropy –पि n. = THEOPHILANTHROPISM.
theopneust थीॲप्न्यू'इस्ट् a. ईशप्रणोदित, देवज्ञान-प्रदत्त, धर्मस्फूर्त, देवप्रेरित।
theopneustic –'टिक् a. = THEOPNEUST.
theopneusty –'इस्टि n. ईशप्रणोदन, देवप्रोत्तेजना^F, धर्मस्फूर्ति^F, देवप्रेरणा^F।
theor. theorem.
theorbo थिॅऑर्'बो n. ग्यारह तारका एक वाद्ययन्त्र, सारंगी^F।
theorem थी'ॲरे'म् n. (गणि०, भौ०) **प्रमेय**, साध्य, प्रमेयोपपाद्य, प्रतीक; बीजगणितके अन्य नियम (प्रतीकों या सूत्रोंके रूपमें लिखे हुए); सूत्र, अनुमित सत्य।
theorematic, -al –रिमॅ'टिक्, -ॲल् aa. (ग० भी) प्रमेयात्मक, प्रमेय-विषयक, बीजगणितके नियमोंसे सम्ब-न्धित, सूत्रात्मक, सैद्धान्तिक।
theorematist –रे'मॅटिस्ट् n. प्रमेयक, प्रमेयान्वेषी, प्रमेयको स्थापित करनेवाला, सूत्रकार।
theoretic[1] थीॲरे'टिक् n. विचारवान् व्यक्ति; (pl.) काल्पनिक विषय।
theoretic[2], -al -ॲल् aa. विचारवान्; वादीय, तत्त्वीय, उपपत्तिक, **सैद्धान्तिक**, काल्पनिक, विचारात्मक, **मान-सिक**, अनुमानमूलक, अक्रियात्मक, ख्याली, **अन्तर व्यापारसे उत्पन्न**; ~ activity, ~ chemistry, ~ deduction, ~ economics, ~ efficiency, ~ frequency, ~ geometry, ~ mechanics, ~ method, ~ physics, ~ quantity, ~ reason, ~ right, ~ science, ~ statistics, ~ training, ~ value, ~ virtue.
theoretician –रि'टि'शन् n. सिद्धान्ती, सिद्धान्तवादी, सिद्धान्तप्रयोगी, सिद्धान्तकार।
theoretics –रे'टिक्स् n. (pl) सैद्धान्तिकी (किसी विज्ञान आदिका सैद्धान्तिक अध्ययन)।
theoric थिॅऑ'रिक् a. (ग्रीक पुराण) सार्वजनिक प्रद-र्शनोंसे सम्बन्धित, सार्वजनिक खेल-तमाशोंका (~ *fund*)।
theorist थी'ॲरिस्ट n. सिद्धान्ती, सिद्धान्तकार।
theorization –राइज़े'शन् n. सिद्धान्तीकरण, सिद्धान्त-स्थापन, मतस्थापन; अनुमानीकरण।
theorize –'ॲराइज़् v.t. सिद्धान्त स्थिर करना, नियम बनाना, मत स्थापित करना; अनुमान या कल्पना^F करना।
theorizer –ज़ॅर् n. = THEORIST.
theory* –रि n. आगम, शास्त्र, विद्या; (जीव०, प्रा० भूगोल, भौ०, वन०, ग०) **वाद**, नियम, परिकल्प, (अर्थ०, ग०) **उपपत्ति**^F, (जीव०, प्रा० भूगोल, भौ०, अर्थ०) **सिद्धान्त***, **मत**; कल्पना^F (*this is all very well in* ~); ~ of activities कर्मण्यतावाद; ~ of evolution (वन०, जीव०) **विकासवाद**; ~ of knowledge (शिक्षा०) **ज्ञानमीमांसा**^F, **ज्ञान-सिद्धान्त**; ~ of education शिक्षणवाद।
theosoph, theosopher, theosophist थी'ॲ-सॉफ्, थिॅऑ'सॅफॅर्, –फिस्ट nn. ब्रह्मज्ञानी, ब्रह्मवेत्ता, ब्रह्मविद्, ब्रह्मवादी, ब्रह्मविद्याज्ञानी, तत्त्वज्ञानी, अध्यात्म-ज्ञानी, दिव्यज्ञानी, थियोसोफिस्ट।
theosophic, -al थीॲसॉ'फिक्, -ॲल् aa. ब्रह्मवाद-सम्बन्धी, ब्रह्मविद्या-सम्बन्धी, ब्रह्मज्ञान-विषयक।
theosophism थिॅऑ'सॅफिज़्म् n. दे० THEOSOPHY.
theosophist –फिस्ट् n. दे० THEOSOPH.
theosophistical –'टिकॅल् a. ब्रह्मज्ञान-विषयक, ब्रह्म-विद्या-सम्बन्धी, ब्रह्मवादी, थियोसोफिस्टका, थियोसोफी^Fका।
theosophize थिॅऑ'सफाइज़् v.i. ब्रह्मज्ञानकी साधना करना, थियोसोफी^Fके सिद्धान्तोंपर चलना।

theosophy –सॉफि n. ब्रह्मज्ञान, ब्रह्मविद्या^F, ब्रह्मवाद, ईश्वरवाद, तत्त्वज्ञान, दिव्यज्ञान, अध्यात्मविद्या^F, थियोसोफी^F।

theotechny थीॲटे'क्नि n. दैवत, देव-कलाप, देव-वर्ग, देवतासमूह।

theotokos थिॲॉ'टकॉस् n. ईश-जननी^F, देवमाता^F, ईसामसीहकी माता^F मरियम^F।

-ther, -ter भिन्न, (सार्वनामिक तथा अन्य शब्दोंमें भेद या तुलना^Fके अर्थमें, जैसे, *whether, other, either; alter*)।

therapeutic, -al थरॅपीऊ'टिक्, -ॲल् aa. (रसा०, चि०) **चिकित्सा-, चिकित्सीय,** चिकित्सा-विषयक; आरोग्यकर, आरोग्य-सम्बन्धी (~ *index, potency*); ~ test उपशय।

therapeutics –क्स् n. (pl.) (चि०) **चिकित्सा शास्त्र,** चिकित्साविज्ञान, उपचारविज्ञान, **चिकित्सा^F,** (कृषि०) **चिकित्सा-उपयोग,** चिकित्सा-प्रयोग, चिकित्सातत्त्व, आरोग्यविज्ञान, रोग-चिकित्सा-विद्या^F।

therapeutist –टिस्ट् n. चिकित्सक, चिकित्सा-तत्त्वज्ञ, वैद्य, आरोग्य-विज्ञानी; उपचारज्ञ।

therapist --'रॅपिस्ट् n. = THERAPEUTIST.

therapy –पि n. (शिक्षा०, चि०) **चिकित्सा^F।**

there* देॲर', दॅर' १. adv. वहाँ*, उस स्थानपर, उस जगह^Fपर, उस बिन्दुपर, उस तथ्यपर, उस बात^Fपर; २. n. वह स्थान, वह जगह^F; ३. int. ठीक है ना; all ~ होशमें (ग्रा०); ~about(s) वहीं कहीं, लगभग, उसीके आस-पास, उसीके करीब; उसी संख्या^F या मात्रा^Fके लग-भग; ~-after (प्रा०) तदनन्तर, तदुपरि, तत्पश्चात्, तदुपरान्त, उसके बाद; तदनुसार, उसके हिसाबसे; ~anent (रसा०) तत्सम्बन्धी; ~at उस स्थानपर, वहाँ, उस जगह^Fपर; इस कारण, इसपर, इस वजहसे; तत्पश्चात्, इसके बाद; ~by फलतः, परिणामस्वरूप; इसके द्वारा, इसके कारण; इस सम्बन्धमें (~*by hangs a tale*); ~for तदर्थ, इस अभिप्रायसे, इस उद्देश्यसे, इसके लिए, इसके वास्ते; ~fore अतः, अतएव, इस कारणसे, इसलिए, लिहाजा; ~from (प्रा०) वहाँसे, उधरसे, उससे; ~in तदन्तर्गत, तद्गत, उसमें, इसमें; (प्रा०) उस स्थानमें, वहाँ; इस बात^Fमें, इस दृष्टि^Fसे, यों; ~inafter इसी (प्रलेख आदि) में आगे चलकर; तत्पश्चात्, इसके बाद; ~into (प्रा०) उस स्थानमें; ~of उसका; ~on (प्रा०) इसपर या उसपर; जिसपर, ~out (प्रा०) उस स्रोतसे, उसमेंसे, इसमेंसे; ~ through (प्रा०) उसमेंसे होकर, उसमेंसे; ~to (प्रा०) उसका, उस स्थानका; उसको, उससे; उस ओर, उस तरफ; उसके साथ, इसके अतिरिक्त; ~tofore पूर्वतः; पहले; ~under तदाधीन; ~unto (प्रा०) इसको, उस तरफ; ~upon फलतः, परिणामस्वरूप, इस पर, तो इस बात^Fपर, चुनांचि; तत्क्षण, तत्काल, इसके पश्चात्, तुरन्त ही, फौरन; (प्रा०, गति या स्थिति-सम्बन्धी) उसपर, उसके ऊपर; ~with (प्रा०) तदुपरान्त, उसके साथ, उसपर, बाद ही, तुरन्त ही; ~ withal इसके अतिरिक्त, इसके अलावा;

~above, ~against, ~among, ~in-before.

theriaca ⊙ थीरी'ॲकॅ n. (चि०) राब; अफीमकायोग; अवलेहरूप सर्पदंशकी औषधि^F।

theriacal थीॲरिॲ'कॅल् a. (चि०) सर्पदंशनाशक-विषयक; भैषजिक, भैषज्य-विषयक; दवावाला।

therianthropism थीॲरिॲन्'थ्रॅपिज़्म् n. नरपशु-पूजा^F।

theriomancy ⊙ थीॲ'रिॲमैन्सि n. (इति०) **जन्तु-शकुन,** T.।

theriomorph थीॲ'रिॲमॉर्फ् n. पशुरूप, (इति०) **जन्तुरूप वस्तु^F।**

theriomorphism ⊙ थीॲ'रिॲमॉर्फिज़्म् n. (इति०) **जन्तुदेवत्व।**

therm थम्'' n. ताप, धर्म, (रसा०, भौ०) **थर्म** (वाति-पूरणगैस-सप्लाई^Fके तापजनक मानकी परिनियत इकाई^F १००,००० B. Th. इकाइयाँ^F)।

thermae (L) थर्'मी n. (pl.) उष्ण स्रोत; (चि०) उष्ण निर्झर या उष्ण जलस्नान चिकित्सागृह; (प्राचीन रोममें) सार्वजनिक उष्ण स्नानागार, हमाम, आम जनता^Fके नहानेकी जगह^F।

thermal थर्'मॅल् a. (रसा०, भौ०) **तापिक; तापीय,** ताप-विषयक, औष्मिक, **उष्मीय,** हरारत^Fका, थर्म-सम्बन्धी (~ *balance*); (रसा०) **उष्ण;** ~ junction ताप-संगम;

~ action, ~ agitation, ~ analysis, ~ balance, ~ barrier, ~ capacity, ~ conductivity, ~ conductor, ~ convention ~ cracking, ~ diffusion, ~ diffusity, ~ efficiency, ~ effusion, ~ equator, ~ equilibrium, ~ excitation, ~ expansion, ~ insultation, ~ motion, ~ neutron, ~ omission, ~ overload, ~ potential, ~ pressure, ~ radiation, ~ regeneration, ~ resistance, ~ resistivity, ~ spring, ~ stimulus, ~ storage, ~ stratification, ~-stress, ~ transmittance, ~ transpiration, ~ velocity.

thermalgesia ⊙ थर्मलजी'सिॲ n. (शिक्षा०) **ताप-संवेद्यता^F,** तापार्ति संवेद्यता^F।

thermalgia ⊙ –'जिॲ (शिक्षा०) **दाहसंवेदन;** (चि०) तापार्ति^F।

thermality ⊙ –मॅ'लिटि n. ताप, ऊष्मा^F, उष्णता^F।

thermals –मल्स n. (pl.) उष्ण वायु^Fका उठता हुआ प्रवाह, लू^F।

thermanaesthesia ⊙ थर्मॅनीस्थी'सिॲ n. (चि०) ताप-ज्ञानाभाव, (शिक्षा०) **तापअसंवेद्यता^F।**

thermatology ⊙ थर्म'टॉ'लॅजि n. = THERMOLOGY.

thermic थर्'मिक् a. तापिक, औष्मिक, ताप-सम्बन्धी।
thermion –मॉइ'अॅन n. (रसा०) **तापायन** (तापोज्ज्वल या उद्दीप्त पदार्थसे निकला हुआ विद्युत-अयन) T.।
thermionic –मिऑ'निक् a. (रसा०) **तापायनिक**, तापायन-सम्बन्धी; ~ valve or vacuum tube तापायनिक कपाट या निर्वातित नलिका^F (जिसमें प्रचुर मात्रा^F में एलेक्ट्रोन मिलते हैं);
~ current, ~ detector, ~ emission, ~ hiss, ~ relay, ~ voltmeter.
thermionics –स् n. (रसा) **तापायनिकी**^F।
thermo- ताप- (*~chemistry*, *~-electric*, *~couple*, *~dynamics*, *~genesis*, *~genic*, *~gram*, *~graph*, *~scope*, *~scopic(al)*, *~stat*, *~statics*, *~taxis*, *~taxic*,*~tropism*)।
thermochemistry –र्मॅके'मिस्ट्रि n. (रसा०) **ऊष्मा-रसायन**, तापरसायन, (रसायनकी एक शाखा^F)।
thermocouple ⊙–कॅ'पॅल् n. ऊष्म-युग्म, (वन०, भौ०) **तापान्तर युग्म**, तापीय युग्म, तापमिथुन (*~ thermometer*), T.।
thermo-diffusion ⊙–र्मॅडिफ्यू'ज़न् n. (भौ०) **तापीय विसरण**।
thermodynamic ⊙–र्मॅडाइनै'मिक् a. (भौ०) **ऊष्मगतिक**, तापवैगिक;
~ concentration, ~ efficiency, ~ equilibrium, ~ potential, ~ process, ~ reversibility, ~ system.
thermodynamics ⊙–क्स् n. (pl.) (भौ०) **उष्मागतिकी**^F, तापवैगिकी^F, तापगति-विज्ञान।
thermo-electric थर्मॅ-इले'क्ट्रिक् a. (भौ०) तापवैद्युत, तापविद्युतीय;
~ current, ~ detector, ~ diagram, ~ disturbance, ~ effect, ~ galvanometer, ~ junction, ~ power, ~ pyrometer, ~ series, ~ thermometer, ~ thermometry.
thermo-electricity –ट्रि'सिटि n.(भौ०)**तापविद्युत्**^F, तापमानके अन्तर द्वारा उत्पन्न विद्युत्।
thermogenesis थर्मॅजे'निसिस् n. (शरीरमें) तापन, तापजनन, गर्मी^F पैदा होना।
thermogenetic –जिने'टिक् a. तापजनक, तापनीय, तापन-विषयक, तापजनन-सम्बन्धी, गर्मी^F पैदा होनेका।
thermogenous ⊙–र्मॉ'जिनॅस् a. तापजनित, गर्मी^F से पैदा हुआ; तापजनक, गर्मी^F उत्पन्न करनेवाला।
thermogram थर्'मॅग्रैम् n. तापलेख, तापका रिकार्ड।
thermograph –ग्राफ् n. (भौ०, चि०) तापान्तरलेखक, **तापलेखी**, तापलिख, तापमान, तापमापक यन्त्र, थर्मामीटर, थर्मोग्राफ (*~ chart*)।
thermography ⊙–र्मॉ'ग्रॅफि n. (भौ०) **तापविकिरणलेखी**।
thermohyperaesthesia ⊙–र्मॅहाइपॅरीस्थे'सिअॅ n. (शिक्षा०) **ताप-अतिसंवेद्यता**^F।
thermolabile ⊙–र्मॉ'लॅबाइल् a. (चि०) **ऊष्महत**, ताप-असह।
thermology ⊙–लॅजि n. औष्मिकी^F, तापिकी^F, तापविज्ञान, तापशास्त्र, ऊष्माविचार, तापविद्या^F; (चि०) तापोपचार-विज्ञान, उष्मोपचार-विज्ञान।
thermolysis ⊙–मॉ'लिसिस् n. तापविश्लेषण, तापनाशन, तापांशन; (मनो०) तापह्रास।
thermometer थर्मॉ'मिटॅर् n. उष्मामापक-यन्त्र, (भौ०, वन०, रसा०, भौ०) **तापमापी**, (*~ reading*); तापमापक, तापमान यन्त्र, ऊष्मामापक, **थर्मामीटर**; ~ clinical (चि०) ज्वरमापी।
thermometric, -al थर्मॅमे'ट्रिक्, -अॅल् aa. तापमानीय, तापमापकीय, तापमाप-विषयक।
thermometrograph ⊙थर्मॅमे'ट्रॅग्राफ् n. (भौ०) **तापलेखी**।
thermometry थर्मॉ'मिट्रि n. (भौ०) **तापमिति**^F, ताप-मापन।
thermonastic ⊙थर्मॅनैस्'टिक् a. (वन०) **अदिश तापप्रेरित**।
thermonasty ⊙–'मॅनैस्टि n. **आदर्श ताप-प्रेरणा**^F।
thermophilic ⊙थर्मॅफि'लिक् a. (चि०) **तापरागी** (*~ digestion*)।
thermophilous ⊙–मॉ'फिलॅस् a. (वन०) **तापप्रिय** (*~ plant*)।
thermopile[1] –'मॅपाइल् n. (रसा०, चि०, भौ०) **तापीय पुंज, ताप-वैद्युत् पाइल**।
thermopile[2] थर्'मॅपाइल् n. (रसा०) **ताप-वैद्युत पुंज**।
thermoplastic[1] ⊙–प्लैस्'टिक् a. (रसा०, यंत्र०) **ताप-सुनम्य** (*~ adhesive*); **ऊष्म-सुघव्य, ऊष्मी पक्व** (*~ plastics*); **ताप-प्लास्टिक**।
thermoplastic[2] ⊙थर्मॅप्लैस्'टिक् n. (रसा०) **ताप-प्लास्टिक**।
thermoplegia थर्मॅप्ली'जिअॅ n. (चि०) उष्माघात।
thermoreceptor थर्मॅरिसे'प्टॅर् n. तापग्राहक, (तन्त्रिकाग्र), **तापग्राही**।
thermos थर्'मॉस् n. स्थिरतापकूपी^F, तापरक्षक बोतल (*~ bottle*, *flask* भी), T.।
thermoscope –मॅस्कोप् n. तापदर्श, (भौ०) **तापदर्शी**, तापदर्शक यन्त्र, थर्मोस्कोप।
thermostabile थर्'मॅस्टॅबाइल् a. (चि०) **तापसह**।
thermostable –स्टेबल a. (चि०) तापसह।
thermostage थर्'मॅस्टिज् n. (कृषि०, वन०) **ताप-अवस्था**^F।
thermostat थर्'मॅस्टैट् n. तापस्थाप, (भौ०, रसा०, यंत्र०) **तापस्थापी** (*~ elements*); तापस्थापक (तापमानको नियमित करनेवाला स्वयंचालित उपकरण)।
thermostatic –टिक् a. (भौ०) **उष्मास्थैतिक**, (वन०) **ताप-अनुचालित**, तापस्थापकीय (*~ method*)।
thermostatics –क्स् n. (pl.) तापस्थैतिकी^F, (भौ०,

यंत्र०) **उष्मास्थैतिकी**^F, तापसाम्यका सिद्धान्त या विचार।

thermotaxis –मॅ˘टैक्'सिस् n. (चि०) **ताप-नियमन,** (प्राणि०) **ताप-अनुचलन,** तापक्रम, तापव्यवस्थापन।

thermotherapy ⊙–मॅ˘थे˘'रॅपि n. तापचिकित्सा^F।

thermotic –मॅ˘ऑ'टिक् a. तापीय, ताप-विषयक, ताप-सम्बन्धी, गर्मी^Fका।

thermotics –क्स् n. = THERMOLOGY.

thermotonic ⊙–थर्मॅ˘टॉ'निक् a. (वन०) **तापानुवर्ती**।

thermotropic ⊙थर्मॅ˘ट्रॉ'पिक् a. (वन०) **ऊष्माभिवर्त**।

thermotropism ⊙–ट्रॅ'पिज़्म् n. (वन०) ऊष्मानुवर्तन, सूर्यानुराग।

theroid थीअॅ'रॉइड् a. पाशव, पशुवत्, पशु-सदृश, पाशविक, जानवर-जैसा।

therologist थीअॅरॉ'लॅजिस्ट् n. स्तनविद्याविद्, स्तनपायी जीवशास्त्रज्ञ।

therology –जि n. स्तनविद्या^F, स्तन्यपायीजीवशास्त्र, स्तन्यपायी जीवश्रेणी^Fका विज्ञान, पशुविज्ञान।

thesaurus थीसॉ'रॅस् (pl. -*i*) शब्दकोश, ज्ञानकोष, बृहत् अभिधान।

these दीज़्' THIS का बहुव०।

thesis थी(थे˘)'सिस् n. (pl. -*ses*) प्रतिज्ञा^F, प्रतिपाद्य विषय, पूर्वपक्ष, वाद, दावा; अधिनिबन्ध, प्रबन्ध, अन्वेष-प्रबन्ध, शोध-प्रबन्ध, थीसिस; अँग्रेजी मात्रा-गणना^Fमें स्वराघातहीन पदांश।

thesmothete थे˘स्'मॅथीट् n. विधायक, विधिरचयिता, विधिनिर्माता, कानून बनानेवाला; विधिवेत्ता, कानून जाननेवाला, वकील।

thespian[1] थे˘स्'पिअॅन् n.अभिनेता या अभिनेत्री^F, पात्र।

Thespian[2] a. (छठी शती^F ईसा० पू० के अर्द्धकाल्पनिक ग्रीक नाटककार कवि) थैस्पीसका; ~ art नाटक, नाट्यकला^F।

theta थी'ट् n. ग्रीक वर्णमाला^Fका थ।

theurgic थीअर्'जिक् a. = THEURGICAL.

theurgical –कॅल् a. अलौकिक शक्ति-सम्बन्धी, दिव्य विज्ञानका; ऐन्द्रजालिक; प्रभावोत्पादक।

theurgist –'अॅजिस्ट् n. अलौकिक शक्तिवादी; ऐन्द्रजालिक, जादूगर।

theurgy –जि n. अलौकिक शक्ति^F, दैविक कार्य, अमानवीय प्रभाव; (नव प्लेटोवादियोंकी) ऐन्द्रजालिकी^F; चमत्कारविज्ञान।

thew थीऊ' n. पेशी^F, पुट्ठा; वीर्य, शक्ति^F, ताकत^F।

thewed –ड्' a. हृष्टपुष्ट, बलवान् (विशेष प्रकारके पुट्ठेवाला); बुद्धिमान्।

thewless –ऊ'लि˘स् a. मांसपेशीरहित, निर्बल, ढीला, कमजोर।

thews –ज़्' n. (pl.) पेशियाँ^F, पेशी-समूह, पुट्ठे; (ला०) मानसिक, चारित्रिक।

thewy –ऊ'इ a. पुट्ठेदार; पुष्ट, शक्तिमान्, मांसल, सबल।

they दे' pron. वे, वे लोग; ~ *say* लोग कहते हैं।

thick[1] थिक्' n. (किसी वस्तु^Fका) मोटा भाग, घना भाग; (ला०) घमासान, घनघोर; (बोल०) मूर्ख व्यक्ति, बुद्धू आदमी, अहमक; (ग्रा०) कोको, एक प्रकारका पेय; *through ~ and thin* बाधा-विघ्न होते हुए, प्रत्येक अवस्था^Fमें, सुख-दुःखमें, सभी परिस्थितियों^Fमें।

thick[2]* a. पीन, **स्थूल, मोटा***, दलदार (*how ~ was it ?*); विपुल, चौड़ा; घन, सान्द्र, निविड़, जनाकीर्ण, **घना**, सटा, घिचपिच, गुँजा हुआ (*trees ~ with leaves*); अगणित, बहुसंख्यक, बहुत-सा; भरा हुआ, लदा हुआ; ठोस, गफ, **गाढ़ा**; पंकिल, मलिन, मैला, गँदला, कीचड़वाला; मेघाच्छन्न, मेघावृत (~ *weather*); अस्पष्ट, धुँधला; मन्द, मूर्ख, जड़बुद्धि, बुद्धू, ठस, गावदी; आलसी, सुस्त, घोंचू; घनिष्ठ, नजदीकी, गहरा, गाढ़ी दोस्ती^F रखनेवाला (~ *as thieves*); ~ ear मारसे सूजा हुआ कान; ~head जड़बुद्धि, मूर्ख, ठोस-अक्ल, बेदिमाग; ~-headed मूर्ख, बुद्धू, बेवकूफ; ~set n. घनरोपित, घना, ठोस, गठा हुआ, सटा हुआ, घिचपिच; ठिंगना, गठीला, नाटा; भारी; एक प्रकारका सूती कपड़ा; ~-skinned (ला०) मानापमान बोधशून्य, मानापमानकी चिन्ता^F न करनेवाला; निर्लज्ज; मोटी-चमड़ी^Fका; ~-skulled, ~-witted मूर्ख; जड़बुद्धि, मोटी बुद्धि^Fका, बेवकूफ, अहमक, बेदिमाग; ~ weather धूमिका^F, धुन्ध^F; **कुहरेका मौसम**; *in the ~ of it* लड़ाई^Fके बीचमें; *lay it on ~* चापलूसी^F करना, खुशामद^F करना; झूठी प्रशंसा^F करना;

~-ankled, ~-barked, ~ barked tree, ~-barred, ~-bedded, ~-billed, ~-billed flower-pecker, ~-billed green pigeon, ~-billed shrike, ~-billed warbler, ~-blooded, ~-bodied, ~-bodied fruit-bat, ~-bottomed, ~ brown paper, ~ chamber, ~ cloth, ~ crowd, ~-eared, ~-eared bat, ~-fingered, ~-flanked, ~ fog, ~ forest, ~-haired, ~hided, ~-jawed, ~-jewelled, ~-laid, ~leaf, ~-leaved, ~-leaved penny-wort, ~-legged, ~ lens, ~ line, ~-lined, ~-lipped, ~ looking, ~ mirror, ~-necked, ~-packed, ~pated, ~-peopled, ~-piled, ~ planking, ~-ribbed, ~-rinded, ~-rooted, ~-shadowed, ~-shafted, ~-shelled, ~-sided, ~ skin, ~-walled, ~-walled tube, ~wit, ~-wooded, ~-woven, ~-wrought,

thick[3] adv. मोटेपनसे, घनेपनसे, लगातार, ताबड़-तोड़ (*snow was falling ~; blows came ~ and fast*)।

thicken –'कॅन् v.t. & i. स्थूलन करना या होना, मोटा या घना बनाना या होना; गुँजाना, गाढ़ा करना या

होना, जमाना, जमना; गंदला करना या होना।

thickening –निंग् १. n. (वन०) **स्थूलन**, मोटा करना या होना, मुटाना; (शोरबा इत्यादिको) प्रगाढ़ करनेकी क्रिया^{F}; (रसा०) **गाढ़ा होना;** स्थूलता^{F}, मोटापा, घनापन; २. a. स्थूलकारी; सान्द्रकारी, गाढ़ा करनेवाला (*~ material*)।

thicket थि'किट् n. गुल्म, निकुंज, झाड़ी^{F}; तरुगहन, झुण्ड, झुरमुट।

thickish थि'किश् a. स्थूल-सा, मोटा-सा, चौड़ा-सा; कुछ घना; बहुसंख्यक-सा।

thickness –क्'निस् n. पीनता^{F}, **स्थूलता^{F}**, मुटापा^{F}, **मोटाई^F**; संहति^{F}, घनता^{F}, सान्द्रता^{F}, निबिड़ता^{F}, जनाकीर्णता^{F}, संकुलता^{F}, घनापन; अगणितता^{F}, बहुसंख्यकता^{F}; प्रगाढ़ता^{F}, गाढ़ापन; पंकिलता^{F}, मलिनता^{F}, गँदलापन; मेघाच्छन्नता^{F}, मेघावृति^{F}; जड़बुद्धिता^{F}, मूढ़ता^{F}, बुद्धूपन; आलस्य, सुस्ती^{F}, घोंचूपन; घनिष्ठता^{F}, नजदीकीपन; स्वरसंग।

thief थीफ़्' n. (pl. *-ves*) लुण्ठक, लुटेरा; सन्धिभेदक, सेंधमार; दस्यु, डाकू; तस्कर, चोर; *to set a ~ to catch a ~* ठठेरे-ठठेरे बदलौअल।

thieve थीव्' v.i. & t. चोरी^{F} करना, चुराना।

thievery थी'वॅरि n. लुण्ठकता^{F}, लुटेरापन, चोरी^{F}।

thievish –विश् a. लुण्ठकवत्, अपहरणशील, चौर्यवृत्ति^{F}, चोट्टा, उचक्का, चोर-सा।

thievishness –निस् n. लुण्ठकवत्ता^{F}, चौर्यासक्ति^{F}, चौर्यशीलता^{F}, चोट्टापन, उचक्कापन।

thig थिग' v.t. याचना^{F} करना, माँगना; भिक्षाटन करना, भीख^F माँगना।

thigger थि'गॅर् n. याचक, भिक्षु, भिक्षुक, भिखारी, भिखमंगा, मँगता।

thigh थाइ' n. सक्थि^{F}, (चि०, जीव०) ऊरु^{F}, (श० र० शा०, कृषि०) **जाँघ^F**, साँथल^F, **रान^F**, *~-bone* (चि०) **ऊर्वस्थि^{F}**।

thigmaesthesia थिग'मस्थे सिॲ n. **स्पर्श-संवेद्यता^{F}**; स्पर्शविज्ञान।

thigmotaxis थिगमॅ टैक्'सिस् n. (प्राणि०) **स्पर्श अनुचलन**; (चि०) **स्पर्शी नियमन**।

thigmotropic –ट्रॉ'पिक् a. (वन०) **स्पर्शाभिवर्त**।

thigmotropism ⊙थिगमॉ'ट्रॅपिज़्म् n. (वन०) **स्पर्शाभिवर्तन**, स्पर्शानुवर्तन, स्पर्शसंवेद्यता^{F}।

thilk दिल्क्' pron. (बोली) तदेव, वही।

thill थिल्' n. (ताँगेका) बम्बू।

thiller थि'लॅर् n. घोड़ा (ताँगेमें जुता)।

thimble थिम्'बॅल् १. n. अंगुलित्राण, **अंगुश्ताना**, गुस्ताना, (धातु^{F}की टोपी^{F}); (यंत्र, धातु^{F}की) परिवल^F, (यंत्र०) **जोड़ नल**, छोटी-सी नली^{F}, शाम^F, छल्ला; (रसा०, यंत्र०, परि०) T.; २. v.t. & i. गुस्ताना चढ़ाना;

~-crowned, ~-eye, ~-eyed, ~-maker, ~-making, ~man, ~pie, ~rigging, ~-shaped, ~-sized.

thimbleful –फुल् n. ब्राण्डी^{F}की अल्प मात्रा^{F}।

thimblerig थिम्'बॅल्-रिग् n. & v. हाथकी सफाई^{F}का खेल (दिखाना, ठगना); झाँसा (देना)।

thimblerigger –गॅर n. हाथकी सफाई^{F}का खेल दिखानेवाला।

thin[1] थिन्' v.t. & i. क्षीण करना या होना, कम करना या होना, घटाना, घटना; पतला करना या होना, बारीक बनना, महीन करना या होना; (अंगूरकी बेल^{F}से कुछ) कच्चे फल तोड़ लेना; विरलित करना।

thin[2]* a. कृश, तनु, सूक्ष्म, क्षीण, दुबला, पतला*, झीना, महीन, बारीक; असान्द्र, अनिविड़, विरल, झिरझिरा; अपूर्ण, रिक्त; तरल; निःसत्त्व (*~ eloquence*); अगम्भीर, क्षुद्र, तुच्छ, ओछा; स्वच्छ, स्पष्ट, पारदर्शी; (n.) सूक्ष्म पतली (पंक्तियाँ^{F}); पतली पंक्तियोंवाली (लिपि); (ग्रा०) अप्रिय, अरुचिकर, असुविधाजनक, तकलीफदेह; ~-skinned (ला०) रागी, भावुक, आशुक्रोधी, तुनुकमिजाज;

~ air, ~ board, ~ film, ~ flake, ~ lens, ~ line, ~ plate, ~ sheet, ~ sowing, ~ string, ~ voice.

thine दाइन्' pron. तेरा।

thing* थिंग n. वस्तु^{F}*, पदार्थ, सामग्री^{F}, चीज^F*, जिन्स; कार्य, काम; तथ्य, विचार; परिस्थिति^{F}, विषय, बात^F, मामला (*that is not the only ~*); (किसी कार्यका) नमूना, बानगी^{F}; (pl.) निजी सम्पत्ति^{F}; जमीन-जायदाद^F (*~s personal, real*); ~ learning (शिक्षा०) **पदार्थाधिगम, उपकरणाधिगम;** *and ~s = & the like* etc. और इसी प्रकारकी अन्य वस्तुएँ^{F}; *make a good ~ of* लाभ उठाना; *some ~ is better than nothing* बैठेसे बेगार^F भली, फूल नहीं तो पंखड़ी^{F} ही सही।

thingamy थिन्'गॅमि n. = THINGUMBOB.

thingumajig थिन्'गॅमॅजिग् n. (बोल०) THINGUMBOB.

thingumbob थिन्'गम्बॉब् n. क्या नाम कि, अरे उसका नाम..., किस नामसे ! गोहरानेका नाम।

think थिन्क्' v.t. & i. (*thought*) धारणा बनाना, चिन्तन करना, विचार करना, मत होना, सोचना-विचारना, ख्याल करना; ज्ञान होना, खबर^F होना, समझना; ऊँचनीच समझना, भला-बुरा सोचना; *as you ~ so you are* मनके हारे हार^F है, मनके जीते जीत^F; *~ fit or good* अच्छा समझना, ठीक समझना, पसन्द करना; *~ highly of* बहुत अधिक सम्मान करना, अच्छा समझना, प्रशंसा^{F} करना, कद्र करना, (इसका विलोम *~ little of*); *~ of* कल्पना^{F} करना, विचारना, सोचना; *~ out* सोच निकालना; सोच-विचारकर तै करना; *~ over* पुनः विचार करना, गौर करना; *~ up* सोच निकालना।

thinkable –'कॅबॅल् a. चिन्त्य, चिन्तनीय, अनुमेय, विचारणीय, सोचने-विचारने योग्य।

thinker –कॅर्_ n. चिन्तक, विचारक, सोचनेवाला।
thinking –किंग् १. n. (शिक्षा०) **चिन्तन**; विचार-क्रिया^F, **विचारणा**^F, सोच-विचार, फिक्र^F; २. a. विचार-शील, मननशील, समझदार।
thinned थिन्ड्' a. विरलित; क्षीणकृत।
thinner थि'नॅर्_ n. विरलक, (यंत्र०) **द्रावक**, **तरलक**, क्षीणकारी; (रेल०) T.।
thinness –न्'निॅस् n. कार्श्य, तनुता^F, सूक्ष्मता^F, विरलता^F, अनिविड़ता^F, क्षीणता^F, अधनता^F, पतलापन, दुबलापन, झिरझिरापन।
thinning –'निंग् १. n. (कृषि०, जीव०) **विरलन**, **छिदराना**, पतला करना; २. a. क्षीणकारी, पतला करनेवाला (~ *disease*); ~ out **तनूकरण**, **विरल करना**, **कम करना**;
 ~ coupe, ~ cycle, ~ degree, ~ frequency, ~ grade, ~ intensity, ~ interval, ~ method, ~ operation, ~ plan.
thinnish –निश् a. ईषत्कृश, ईषत्तनु, किंचित्सूक्ष्म, किंचित्क्षीण, कुछ पतला, महीन-सा, बारीक-सा; ईषद्-निविड़, ईषदसान्द्र, किंचिद्विरल; तरल-सा; अगम्भीर-सा; ईषत्क्षुद्र, ईषत्तुच्छ, ओछा-सा; स्वच्छ-सा, स्पष्ट-सा, पारदर्शी-सा; अप्रिय-सा, अरुचिकर-सा, असुविधाजनक-सा।
thio-, thi- गन्ध-, गन्धक- (~*-acid*)।
thio-cotton ⊙थाइॲ-कॉट्न् n. गन्धतूल।
thiogene ⊙थाइॲजीन्' n. गन्धजन।
thionation ⊙थाइॲने'शॅन् n. गन्धायन।
thionous ⊙थाइ'ॲनॅस a. गन्ध्य, गन्धवाला।
third थर्ड' १. a. (स्थितिवि०) **तृतीय**, तीसरा; २. n. तिहाई; सेकिण्डके बादका; (संगीत, प्रथम और तृतीय) सुरोंका अन्तर; (पतिकी व्यक्तिगत) सम्पत्ति^Fका तीसरा भाग; ~ estate जनता^F, ~ person अन्य पुरुष, (का०) **अन्य व्यक्ति**; ~-rate तृतीय श्रेणी^Fका, घटिया;
 ~ account, ~ axillary, ~ class, ~ cuneiform, ~ degree, ~ engineer, ~ figure, ~ officer, ~ party, ~ power, ~ reaction, ~ reader, ~ reading, ~ request, ~ secretary, ~ ventricle.
thirdings –'डिंग्ज़_ n. (pl.) (लगानके रूपमें प्रदत्त उपज^Fका) तृतीयांश, तृतीय भाग, तीसरा हिस्सा, तिसरौनी।
thirdly –र्ड'लि adv. तृतीयतः, तीसरे।
thirl[1] थर्ल्_ n. विवर, द्वार, मुख, मुँह, छिद्र, छेद।
thirl[2] v.t. विवर बनाना, द्वार बनाना, मुख बनाना, मुँह बनाना, छिद्र बनाना, छेदना।
thirl[3], **thirlage** –'लिज् n. THRALDOM.
thirst थर्स्ट्_' n. & v.t. तृषा^F या चाह^F (होना), प्यास^F (लगना); (ला०) तृष्णा^F (होना), चाह^F (होना) *have a* ~ (बोल०) पीना चाहना।
thirstiness –'टिनिॅस् n. पिपासुत्व, तृषितता^F, पिपासा^F, प्यास^F।
thirstless –लिस a. तृषाहीन, अतृषित; पिपासाहीन, विना प्यास^F।
thirsty –टि a. पिपासित, तृषार्त, पिपासु, प्यासा, तृषितः सतृष्ण, तृष्णाक्रान्त; मद्यप्रिय, शराबी; शुष्क, सूखा, खुश्क (प्रदेश या ऋतु^F); (बोल०) तृषाजनक, पिपासोत्पादक।
thirteen थर्टीन्' a. & n. त्रयोदश, तेरह; ~ superstition तेरहके बारेमें अन्धविश्वास।
thirteenth –थ् a. & n. त्रयोदश, तेरहवाँ।
thirtieth –'टिॲथ् a. & n. त्रिंश, त्रिंशत्तम, तीसवाँ।
thirty –टि a. & n. त्रिंशत्, तीस; ~ one इकत्तीस; ~ two बत्तीस; ~ three तैंतीस; ~ *four* चौंतीस; ~ five पैंतीस; ~ six छत्तीस; ~ seven सैंतीस; ~ eight अड़तीस; ~ nine उन्तालीस।
thirtyfold –टिफ़ोल्ड् a तीसगुना।
this दिस्' a. & pron. (pl. *these*) यह*, इस, इसको (*I knew all* ~ *before*); इस जगह^F; इस समय (*should be ready by* ~); ~ day आज; ~ much इतना, उतना; ~ *is to certify* प्रमाणित किया जाता है।
thisness –'निॅस n. यह होनेका गुण, वह अवस्था^F।
thistle थि'सॅल्_ n. शृगालकण्टक, गोक्षुर, गोकण्टक, इक्षुगन्धा^F, भटकटैया^F; ऊँटकटार आदि, गोखरू; स्कॉटलैण्डका राष्ट्रीय प्रतीक; (रसा०) T. (~ *funnel*). yellow ~ सत्यानाशी, भरभाण्ड; *gather ~s and expect pickles* बोवै पेड़ बबूलका आम कहाँते खाय *he that sows ~s shall reap prickles* खाई^F खनै जो और को ताको कूप तयार।
thistly –लि a. गोखरूभरा, गोखरूका-सा, भटकटैयावाला।
thither थि'दॅर्_ adv. (प्रा०) उस स्थानको, उस ओर, वहाँ, उधर; ~ward उधर, उस ओर।
thivel ⊙थाइ'वॅल् n. (पकती हुई वस्तु^Fका) चालन-दण्ड चलना, चलानेकी छड़ी^F।
Tho., Thos. Thomas.
tho' दो' = THOUGH.
thole[1] थोल्' n. (~*-pin* भी) पतवार^Fकी टेक^F।
thole[2] v.t. (प्रा०) सहना, झेलना, भुगतना; अनुज्ञा देना, चलने देना, जायज रखना, गुंजाइश^F रखना।
Thomism टो'मिज़्म n. टॉमवाद, टॉम्स एकूनास (*Thomas Aquinas*) के सिद्धान्त।
Thomist –मिस्ट्_ n. टॉमवादी।
Thomistic,-al –टिक् –ॲल् aa. टॉमवादीय, टॉमवाद विषयक।
thong थॉन्ग्' n. & v.t. आबन्ध, चर्मरज्जु^F, (चमड़ेकी पतली पट्टी^F (लगाना), बद्धी^F (बाँधना), तसा (लगाना
thooid थो'आएॅड् a. वृक सदृश, भेड़िये-जैसा।
Thor थॉर्_' n. (नार्वे स्वीडनका) इन्द्रदेवता (~ *hammer*)।
thoracic थॅ रै'सिक् a. (चि०) **वक्ष-**, (जीव०) **वक्षीय**

सीनेका, छाती^F^का;

~ aorta, ~ artery, ~ cavity, ~ curvature, ~ duct, ~ gland, ~ nerve, ~ pleura, ~ plexus, ~ respiration, ~ rib, ~ terga, ~ vein, ~ vertebra.

thoracotomy ⊙थॅरैक्'टॅमि n. (चि०) वक्षच्छेदन, (कृषि०) **वक्ष शल्यक्रिया**, छाती^F^की चीरफाड़^F^ ।

thorax थोॲ'रैक्स् n. (चि०, कृषि०, जीव०) **वक्ष**, उर, छाती^F^, सीना ।

thorium थोॲ'रिॲम् n. (रसा०) हसातु, इन्द्रवज्र, (रसा०) **थोरियम** ।

thorn थॉर्न्' n. शूल, शल्य, (वन०) **कण्टक**, काँटा; कण्टकवृक्ष, कँटीली झाड़ी^F^; ~apple धत्तूरक, धतूरा; ~bill, ~tail कण्टक-चंचु, कण्टक पुच्छ (पक्षी); ~ in the flesh परेशानी^F^; *a ~in one's flesh* or *side* सदाकी झंझट^F^, सदाकी परेशानी^F^; *be on ~s* काँटोंपर सोना, सदैव संकटग्रस्त रहना; *sit on ~s* काँटोंपर होना, कष्टमें रहना;

~back, ~-bound, ~-bush, ~ climber, ~-covered, ~ forest, ~-headed, ~-hedged, ~-marked, ~-pricked, ~ root, ~-set, ~-stone, ~-wreathed.

thornless –लिॅस् a. निष्कण्टक, कण्टकहीन, बिना काँटोंका ।

thorny –a. कण्टकमय, कण्टकाकीर्ण, सकण्टक, (प्रा०भू०) **कँटीला, काँटेदार** (~ *bushes*); (ला०) कष्टदायक ।

thorough[1] थ'रॅ n. (इति०, चार्ल्स प्रथमके समयमें स्टैफर्ड और लाडडकी) अतिवादी नीति^F^, कट्टर नीति^F^ ।

thorough[2] a. सम्पूर्ण, पर्याप्त, पूर्ण, सम्यक्, पूरा, तमाम (~ *instruction, scoundrel*); ~-bass सामान्य स्वर-संगति^F^, स्वर-संगति-सूचक चिह्नोंका क्रम; (शिथिलतः) सुस्वरकृति^F^, स्वर-संगतिपूर्ण रचना^F^; ~bred a. & n. अभिजात, कुलीन, शुद्ध जाति^F^का या असली नस्ल^F^का (घोड़ा); श्रेष्ठ (पुरुष), उत्तम (व्यक्ति) सुसंस्कृत जन, सुशिक्षित (आदमी); ~fare सार्वजनिक मार्ग, राजमार्ग, सामान्य पथ, आम रास्ता; ~going पूरा, पक्का; ~paced सम्पूर्ण, पूरा, निपट, बिल्कुल (~ *rascal*) ।

thoroughly –लि adv. सम्यक्, सम्पूर्ण, पूर्णतया, बिलकुल ।

thoroughness –निॅस् n. परिपूर्त्ति^F^, निःशेषता^F^, संपूर्णता^F^, सम्यक्ता^F^, विशेषता^F^ ।

thorp, thorpe थॉर्प्', थार्प्' nn. बस्ती^F^, गाँव, पुरवा, खेड़ा ।

those दोज्' THAT का बहुव० ।

thou[1] दॉउ' v.t. & i. तू-से सम्बोधित करना, *you* के स्थानपर तू-का प्रयोग करना; अबे-तबे करना ।

thou[2] pron. तू, तैं ।

though* दो' conj. यद्यपि*, हालाँकि, चाहे*, भले ही (*he finished first ~ he began last*); तो भी, खैर; *as ~* मानों, जैसे, गोया (*he acts as ~ he were mad*); *what ~* तो क्या ।

thought* थॉट्' n. चिन्तन, मनन, (शिक्षा०)**विचार***, (~ *process*) ध्यान, सोच, ख्याल, सोच-समझ^F^, गौर; चिन्तनशक्ति^F^, विचारबुद्धि^F^, मननशक्ति^F^; विचारक्रम, विचार-शृंखला, उधेड़-बुन^F^; अपरिपक्व विचार, अधकचरा इरादा, (*had some ~s of resigning*); (प्रायः pl.) सम्मति^F^, राय^F^, सोची हुई बातें^F^ (*will tell you my ~s of the matter*); चिन्ता^F^का विषय (*his one ~ is how to get away*); a ~ थोड़ा, कुछ-कुछ (*cut it a ~ shorter*); ~-reading (शिक्षा०) **परचित्तज्ञान**, विचार-पठन; ~-transference अतीन्द्रिय भावविनिमय, विचारस्थानान्तरण; ~ unit (शिक्षा०) **विचार-एकांश**; *quick as ~* द्रुत गति^F^से; *take ~* विचार करना ।

thoughtful –फ़ुल् a. चिन्तनमग्न, मननशील, ध्यानमग्न, विचारपूर्ण, विचारशील, गम्भीर, ध्यानी, लौलीन; शान्त, सहृदय, सहानुभूतिशील ।

thoughtfulness –निॅस् n. चिन्तनमग्नता^F^, मननशीलता^F^, ध्यानमग्नता^F^, विचारशीलता^F^, विवेक ।

thoughtless –लिॅस् a. चिन्तनहीन, मननविहीन, विचारशून्य, ध्यानरहित, बेखबर, बेपरवाह ।

thoughtlessness –निॅस् n. चिन्तनहीनता^F^, मननविहीनता^F^, विचारशून्यता^F^, ध्यानराहित्य ।

thousand थॉउ'ज़ॅन्ड् a. & n. सहस्र, हजार; (शिथिलतः) असंख्य, अगणित (*a ~ thanks*); a ~ and one अगणित, अनन्त; ~-legs (बोल०) सहस्रपाद, कनखजूरा, गोजर; *one in a ~* अद्वितीय, अनुपम, हजारोंमें एक ।

thousandfold –फ़ोल्ड a. & adv. सहस्रगुणित, हजारगुना ।

thousandth –ड्थ् a. & n. सहस्रतम, सहस्रांश, हजारवाँ ।

thraldom थ्रॉल्'डॅम् n. दासत्व, दास्य, दासवृत्ति^F^, वशता^F^, अधीनता^F^, गुलामी^F^ ।

thrall[1] थ्रॉल्' n. दास, गुलाम; (शा० एवं ला०) बन्धन, दासता^F^, गुलामी^F^ ।

thrall[2] v.t. दास बनाना ।

thrall[3] a. (प्रायः, बनाया हुआ) दास ।

thranite थ्रे'नाइट n. (प्राचीन यूनानमें) नौचालक, नाविक, मल्लाह, खेनेवाला, खेवैया ।

thrapple ⊙थ्रै'पॅल n. श्वासित्र, श्वासनली^F^, श्वासनलिका^F^, (विशे० घोड़ेकी) ।

thrash, thresh थ्रैश्', थ्रे'श् v.t. & i. कूटना, पीटना, गाहना, दाने अलग करना; पटकना, खूब मारना; (पैडिल-चक्र, शाखा^F^ इत्यादिके बारेमें अनाज पीटनेकी) साँटी^F^की तरह चलना, तड़ातड़ लगना; (जहाजका) लहरों^F^से टकराते रहना, टकराकर आगे बढ़ना; (छड़ी^F^से) पीटना; पराजित करना; मात करना, जीत लेना; परिश्रम करना; रास्ता काटना ।

thrasher, thre- थ्रै'शर्, थ्रे- nn. सूप, गल्लेको गाहनेवाला व्यक्ति या यन्त्र; पीटकर साफ करनेवाला मजदूर; समुद्री लोमड़ी^F; ग्राह, घड़ियाल।

thrashing –शिंग् n. (चि०) **निस्तुषीकरण, भूसी^F निकालना;** कोड़ेकी मार^F; जीतना, हराना; ~-floor खलिहान; ~-machine गाहनेकी मशीन^F।

thrasonical थ्रॅसॉ'निकॅल् a. दम्भी, शेखीबाज, अक्कड़-बाज।

thrave थ्रेव्' n. (चौबीस फूलोंकी) राशि^F, गट्ठा, गँजहर।

thraw थ्रॉ' v.t. & i. घुमाना; बटना, भाँजना; ऐंठना, निचोड़ना; मरोड़ना, मुड़ना; निष्फल करना, काटना; घूमना, ऐंठना; छटपटाना; झूलना; उलट जाना; ढीठ होना।

thrawn थ्रॉन्' a. वक्रित, तोड़ा-मरोड़ा।

thread¹* थ्रेड्'n. **सूत्र**, सूत, धागा*, तागा, डोरा; तन्तु, तार, ताँता (*lost the ~ of his speech*);(खान^Fमें) कच्ची धातु^Fका तन्तु; (इंजी०) **चूड़ी^F;** कर्पास^F, कपास^F ⊙, gold ~ जरी^F; ~ and thrum सभी, अच्छे-बुरे दोनों; ~bare, -worn जीर्ण-शीर्ण, जर्जर, फटा-पुराना; जीर्ण-शीर्ण वस्त्र पहने हुए; घिसा-पिटा, पुराना; ~bareness जीर्ण-शीर्णता^F; ~-worm (चि०, जीव०) **सूत्रकृमि,** केचुआ, चुन्ना; *hang by a ~* जान^F निकलनेको होना; *has not a dry ~ on him* बिलकुल गीला है, भींग गया है;

~ ball, ~ blight, ~ cell, ~ gold, ~-wearing castes, ~-weed.

thread² v.t. (सुई^F) **पिरोना,** तागा पिरोना, तागेमें पिरोकर लड़ी^F बनाना; कठिनाई^Fसे निकालना, रास्ता बनाना; तागोंसे धारियाँ^F बनाना, कढ़ाई^F करना।

threaded –डिॅड् a. **पेचदार, चूड़ीदार।**

threader –डॅर् n. तागा पिरोनेवाला व्यक्ति या साधन; तागोंसे धारियाँ^F बनानेवाला व्यक्ति या औजार; (यन्त्र०) **चूड़ीकट, टैप।**

threadiness –ड्रिनिॅस् n. सूत्रमयता^F, तन्तुमयता^F, सूत्रवत्ता^F; तन्तुबहुलता^F; जीर्णता^F।

threading –डिंग् n. सूत्रण, पिरोना; चूड़ी^F डालना।

thready –डि a. सूत्रमय, तन्तुमय, नसीला, रेशेदार; सूत्रवत्, धागे-जैसा; जीर्ण, फटा-पुराना।

threap¹ थ्रीप्' n. विवाद, झगड़ा।

threap² v.t. अपशब्द बोलना, गाली^F देना; तिरस्कार करना, धिक्कारना, निन्दा करना; विवाद करना, वाग्युद्ध करना, झगड़ना।

threat थ्रे'ट्' n. संतर्जना^F, भर्त्सना^F, (का०) **धमकी^F,** घुड़की^F, डाँट^F, डरावा; भय, आशंका^F, अन्देशा, खटका (*there is a ~ of rain*)।

threaten–ट्न् v.t. & i. तर्जन करना, (का०) **धमकी^F देना,** भय दिखाना, धमकाना, डराना, आँख^F दिखाना, घुड़कना; अनिष्टकी आशंका^F प्रकट करना; प्रहारकी चेतावनी^F देना।

threatened–ड् a. सन्तर्जित, संकटस्थ (~ *abortion*)।

threatener –टॅनॅर् n. तर्जक व्यक्ति, धमकी^F देनेवाला, भय दिखानेवाला, आँख^F दिखानेवाला, घुड़कनेवाला; अनिष्टा-शंकालु व्यक्ति; चेतावनी^F देनेवाला।

threatening–निंग् १. n. = THREAT; २. a. संतर्जी, विभीषक, डरावना, धमकीभरा।

threatful–ट्'फुल् a. तर्जनापूर्ण, धमकी-भरा, डाँटवाला।

three थ्री' a. & n. त्रि, तीन; (स्केटिंग^Fमें) चार चक्करोंमें-से कोई एक; (रग्बी फुटबालमें) हाफबैकके पीछेका खिलाड़ी; ~-cornered त्रिकोण, तिकोना; ~-fourths तीन चौथाई, पौना, ~-decker तीन डेकका जहाज; तिनल्ला चबूतरा; ~-pair तीसरी मंजिल^Fके (*~-pair rooms*); ~pence तीन पेंसकी रकम^F; ~-ply तीन लड़ोंका, तीन तहों^Fका; (n.) तीन तहों^Fका लकड़ी^Fका तख्ता; ~ Rs = READING, WRITING; (A)RITHMETIC; ~score साठ, साठ वर्षकी आयु^F, ~ times तीनगुना;

~-angled, ~-armed, ~ aspect colour light, ~ aspect signals, ~-banded palm-civet, ~-celled, ~ centred, ~ cheers, ~-cleft, ~-colour, ~-colour printing, ~ column cash-book, ~-cornered, ~-cylinder locomotive, ~-day fever, ~-dimensional, ~-dimensional grating, ~-dimensional lattice, ~-dimensional space, ~-dimensional view, ~-dimensions, ~-edged, ~-electrode valve, ~ element tube, ~-eyed, ~-faced, ~-farthings, ~-fibered, ~ field system, ~-fingered, ~-furrow plough, ~-halfpence, ~-handed, ~-horned, ~-in-hand, ~-leaved pine, ~-lobed, ~-masted, ~ month's carry over, ~-mouthed, ~-necked, ~-necked flask, ~penny, ~-phase, ~ quarters, ~-quarters cream, ~-ranked, ~-rayed, ~-rayed bone, ~side trimmer, ~spot, ~ square, ~-toed, ~-toed sloth, ~-way key.

threefold –फोल्ड् a. त्रिगुण, तिगुना, तेहरा (~ *symmetry*)।

threesome¹ –सॅम् n. त्रि-क्रीड़ा^F, तीन व्यक्तियोंका कोई खेल।

threesome² a. त्रिगुण, त्रिगुणित, तिगुना, तिहरा।

thremmatology थ्रे'मॅटॉ'लॅजि n. पशु-पोषण-विज्ञान, वृक्ष-पोषण-विज्ञान; पशु-पोषण, पशु पालन; (चि०) आनुवंशिकता^F-विज्ञान, कुलजता^Fके नियम और तद्गत परिवर्तनका शास्त्र।

threnode, threnody थ्री(थ्रे')'नोड्, –डि nn. (मृत्यु^Fपर) विलाप, मातम; शोकगीत, विलापगीत, मातमपुरसीका गीत।

threnodial –डिॲल a. शोकगीत-सम्बन्धी; शोकपूर्ण, मातमी।

threnodic, threnodical, threnetic, thre

-netical -नॉडिक्, -कॅल्, -ने'टिक्-कॅल् aa. विलापी, विलाप-सम्बन्धी; विलापपूर्ण; शोकगीत-सम्बन्धी।
threnodist -नॅडिस्ट् n. शोकगीत-कार।
threnody -डि n. = THRENODE.
threpsology थ्रे'प्सॉ'लॅजि n. पौष्टिकी^F, पोषक-विज्ञान, पोषण-शास्त्र।
thresh थ्रेश्' v.t. & i. = THRASH.
threshed -ड' a. निस्तुषित, निस्तुष।
threshel थ्रे'शॅल् n. मूसल, मूसर, कँड़नी^F।
thresher थ्रे'शॅर् n. निस्तुषित्र, कण्डनी^F, मूसर, कुटना; (कृषि०) **गाहनेकी मशीन^F, T.**।
threshing-शिंग् n. निस्तुषण, (कृषि०,चि०) **विस्तुषीकरण, भूसी^F निकालना; गहाई^F, गाहना**; ~-floor खलधान्य, (कृषि०) **खलिहान**; ~-machine निस्तुषित्र, कण्डनी^F।
theshold थ्रे'स्'होल्ड् n. (दर्श०) **प्रवेश-द्वार**; अवग्रहणी^F, **देहली^F**, देहरी^F, चौखट; (शिथिलतः, विशे० ला०) प्रवेश, प्रारम्भ, शुरुआत^F (*at the ~ of a discussion*); (प्रा०भू०) **सीमान्त, द्वार**; (रसा०) **न्यूनतम सीमा रेखा^F**; (शिक्षा०) **अवसीमा^F**; (चि०) **प्रभाव-सीमा^F**; (ऋतु०) **सीमा^F**, सीमारेख^F; ~ worker द्वारस्थ कर्मी।
threw थ्रू' THROW का भू० रूप।
thrice थ्राइस् adv. (प्रा० या साहित्यिक) तीन बार; तिगुना, तीनगुना; अत्यधिक (*~-blessed, ~-favoured*)।
thrid थ्रिड्' v.t. = THREAD².
thrift थ्रिफ़्ट्' n. (अर्थ०, दर्श०) **मितव्यय**, मितव्ययिता^F, **किफायतशारी^F**; धनवृद्धि^F, लाभ, बढ़ती^F, बढ़ोतरी^F; (सागरतटपर उगनेवाला) एक पौधा।
thriftiness -'टिनिॅस् n. मितव्ययिता^F, अल्पव्ययिता^F, किफायतशारी^F; लाभ, बढ़ोतरी^F।
thriftless -लिॅस् a. अमितव्ययी, फिजूलखर्च, उड़ाऊ।
thriftlessness -निॅस् n. अमितव्ययिता^F, फिजूलखर्ची^F।
thrifty -'टि a. मितव्ययी, अल्पव्ययी, किफायती, जोड़ू; समृद्ध, सम्पन्न, उन्नतिशील, फलाफूला।
thrill¹ थ्रिल्' n. स्पन्दन, पुलक, भावावेग, रोमांच, स्फुरण, उद्धर्ष; स्पन्दनशीलता^F, धड़कन^F; तरंग^F (*a ~ of joy*); (चि०, आकर्णन-यन्त्रमें जानी गयी एक प्रकारकी) कँपकँपी^F, थरथरी^F, प्रकम्प, सिहरन^F; रोमांचकारी कहानी^F।
thrill² v.t. & i. स्पन्दित करना, पुलकित करना, भावाभिभूत करना, रोमांचित करना, स्फुरित करना, विभोर करना (*his voice ~ed the listeners*); स्पन्दित होना, पुलकित होना इत्यादि; (भावना^F आदिका) प्रवेश करना, स्पर्श करना, छूना, चुभना (*fear ~ed through my veins*)।
thriller -'लॅर् n. स्पन्दक, रोमांचकारी, पुलककारी, रोमांचित करनेवाला, जोश पैदा करनेवाला; लोमहर्षक नाटक, रोमांचकारी कहानी^F।
thrilling -लिंग् a. स्पन्दक, रोमांचकारी, पुलकित करनेवाला (*~ experience*)।
thrillingness -निॅस् n. रोमांच, पुलकितता^F, लोमहर्षता^F, रोमांचकारिता^F; सिहरन^F, धड़कन^F।
thrips थ्रिप्स्' n. अंगूरी कीड़े।
thrive थ्राइव् v. i (*thrived; throve, thriven*) समृद्ध होना, सम्पन्न होना, धनधान्यपूर्ण होना, उन्नति^F करना, फलना-फूलना, हरा-भरा होना, बढ़ना।
thriver -'वॅर् n. समृद्धिशील, सम्पन्नतोन्मुख, उन्नतिप्रवण, फलने-फूलनेवाला, दौलतमन्द होनेवाला।
thriving -विंग् a. समृद्ध, सम्पन्न, वर्धिष्णु।
thrivingness -निॅस् n. समृद्धिशीलता^F, सम्पन्नता^F, प्रवर्धनशीलता^F; फलना-फूलना।
thro' थ्रू' = THROUGH.
throat¹* थ्रोट्' n. **कण्ठ**, गल, **गला***, कण्ठनाली^F, श्वासनाली^F; (चि०, कृषि०) गलतोरणिका^F; ग्रसनिका^F; गलेका सामनेका भाग; कण्ठवत् वस्तु^F, गलेके आकारकी सँकरी चीज^F; सँकरा पथ; (चट्टानों^Fके मध्य) नदी^Fकी पतली धारा^F; sore-~ गलेकी सूजन^F; *cut one another's ~s* घातक नीति^Fका पालन करना, एकदूसरेका गला काटना, विनाशनीति^F ग्रहण करना; *cut* one's ~ गला काटना; *give* person *the lie in his* ~ झूठ बोलनेका आरोप लगाना; *lie in* one's ~ सरासर झूठ बोलना, मुँहपर झूठ बोलना; *stick in* one's ~ गलेसे न उतरना; *take by the* ~ गला घोंटनेका प्रयत्न करना; *thrust thing down* one's ~ बरबस ध्यान दिलाना;
~ affection, ~ brail, ~ paint, ~ practice, ~-strap, ~ swab.
throat² v.t. खाई^F बनाना, नालियाँ^F बनाना।
throatiness -'टिनिॅस् n. कण्ठ्यत्व, भारीपन, बड़े कण्ठका होना।
throating थ्रो'टिंग् n. (यन्त्र०) **तोता**।
throaty थ्रो'टि a. कण्ठ्य, भर्राये गलेवाला, भारी कण्ठवाला।
throb¹ थ्रॉब्' n. स्पन्दन, स्फुरण, कम्पन, (स्वाभाविकसे अधिक जोरदार) हृत्कम्पन; धड़कन^F (*~s of pleasure*)।
throb² v. i. स्पन्दित होना, स्फुरित होना, फड़कना, धधकना, धड़कना; भाववश होना, भावाभिभूत होना।
throbbing -'बिंग् १. n. = THROB¹; २. a. धड़कनेवाला।
throe¹ थ्रो' n. (प्रायः pl.) तीव्र यातना^F, व्यथा^F, अतिशय क्लेश, दारुण वेदना^F, उग्र वेदना^F, (प्रसववेदना) (शा० एवं ला०) सन्ताप, कष्ट, पीड़ा^F; *in the ~s of* संघर्षमें; संकटमें, कष्टमें।
throe² v. i. (क०) कष्टमें होना, कष्ट पाना, पीड़ा^Fमें होना; उलझन^Fमें होना, झंझट^Fमें पड़ना।
thrombosis थ्रॉम्बो'सिस् n. घनास्रता^F, रक्तातंच,

(चि०) T.।

thrombus –'बॅस् n. (चि०) **घनास्र, थ्रॉम्ब**।

thronal थ्रो'नॅल् a. सैंहासनिक, सिंहासन-विषयक, राजगद्दी-सम्बन्धी, तख्तका; प्रभुसत्ता-विषयक, राजसत्ता-विषयक, राजकीय, सरकारी।

throne[1] –न्' n. सिंहासन, राजसिंहासन, नृपासन, राजगद्दी^F, गद्दी^F, तख्त (*came to the* ~); प्रभुसत्ता^F, राजसत्ता^F, राज्य, हुकूमत^F।

throne[2] v.t. राज्याभिषेक करना, सिंहासनपर बैठाना, सत्ताधीश बनाना, राजा बनाना, अभिषिक्त करना, बिशपका पद देना; गौरवान्वित करना।

throneless –'लिस् n. सिंहासनरहित; सत्ताहीन, प्रभुत्वरहित, शक्तिरहित, बेतख्त।

throng[1] थ्रॉन्ग् n. जनसमुदाय, जनराशि^F, जनसंकुल, जनसमूह, जमघट, भीड़^F; अतिबहुलता^F; बहुतायत^F।

throng[2] v. i. & t. भीड़^F लगाना, इकट्ठा करना या होना, रेल-पेल^F होना, धक्कमधक्का होना (*round* इत्यादिके साथ); (सड़क^F इत्यादिको) जनाकीर्ण करना, ठसाठस भर देना; (प्रा०) प्रपीड़ित करना, संकटग्रस्त करना।

thronged –ड् a. आकीर्ण, संकुल।

thropple थ्रॉ'पॅल् n. = THRAPPLE.

throstle थ्रॉ'सॅल् n. एक गायक पक्षी; (~-*frame* भी) ऊन या सूत कातनेकी मशीन^F।

throttle[1] थ्रॉ'टॅल् n. कण्ठ, गल, गला, हलक; (कृषि०) **वाष्परोधी**; कण्ठनलिका^F, श्वासनलिका^F, **हवा बन्द करनेकी नली**^F, T.; प्ररोध, वातिरोध, वाष्परोध; ~ governing (यन्त्र०) **अवरुद्ध नियन्त्रण**; ~ valve (यन्त्र०) **नियन्त्रण-वाल्व**; (परि०) **संकीर्णन वाल्व**।

throttle[2] v.t. गला दबाना, गला घोंटना; (वातिरोध यन्त्र द्वारा इंजिनको) नियन्त्रित करना, हवा^F रोकना; ~ *down* (वातिरोध या वाष्परोध द्वारा वाष्प-नियन्त्रण करके) गति^F घटाना, रोकना; (ला०) बन्द करना।

throttling –लिंग् n. (यन्त्र०) **अवरोध**; (नौवि०) संकीर्णन; ~ of steam (नौवि०) **वाष्प-संकीर्णन**; ~ process (भौ०) **अवरुद्ध प्रक्रम**।

through*, **thro'**, **thro** थ्रू', थ्रू', थ्रू' १. prep. अन्तरेण, मेंसे*, बीचमेंसे, आर-पार, एक सिरेसे दूसरे सिरेतक (*marched* ~ *the town*); (किसी चीज^Fमेंसे) होकर, गुजरकर; से, के द्वारा, के कारण, की वजहसे (*it all came about* ~ *his not knowing the way*); मार्फत; २. adv. आद्योपान्त, एक ओरसे दूसरी ओरतक, शुरूसे आखीरतक, बिलकुल; ३. a. **धुर, पारगामी** (~ *call*, ~ *circuits*, ~ *lines*, ~ *train*); अन्तरवाही, आर-पार जानेवाला, इधरसे उधर पहुँचनेवाला (~ *train*); **सीधा** (~*passage*, ~ *service*); से⊙; *get* ~ (परीक्षा^Fमें) सफल होना, पास होना; *all* ~ = THROUGHOUT; *are you* ~ *with that job* क्या काम समाप्त कर दिया? *go* ~ (विचारका मस्तिष्कमें) गुजरना; सहन करना; पारायण करना; *let* ~ प्रविष्ट होने देना, अन्दर आने देना; *looked him* ~ *and* ~ उसे अत्यन्त ध्यानपूर्वक देखा, खोजपूर्ण दृष्टि^Fसे देखा; *read it* ~ *and* ~ पुनः-पुनः आद्योपान्त पढ़ना; ~ *proper channel* विधिवत्;

~ bogie, ~ bolt, ~ booking, ~ bridge, ~ call, ~ carriage, ~ circuit, ~ fastenings, ~ invoice, ~ line, ~ message, ~ passage, ~ service, ~ sleeper, ~ stone, ~ traffic, ~ train.

throughly थ्रू'लि adv. (प्रा०) पूर्णतः, सम्पूर्णतः, पूरा-पूरा, बिल्कुल, सरासर।

throughout थ्रू-ऑउट्' १. adv. नितान्त, सरासर, बिल्कुल; प्रत्येक रीति^Fसे, सब विधि^Fसे, सब प्रकारसे; प्रत्येक भागमें; २. prep. सर्वत्र, आद्योपान्त, आर-पार, सारेमें।

throve थ्रोव्' THRIVE का भू० का०।

throw[1] थ्रो' n. क्षेप, (रेल०) **विक्षेप**, क्षेपण, (भौ०) **प्रक्षेप**, प्रक्षेपण, पातन, प्रेरण, **फेंक**^F, उछाल, टप्पा, फेंकनेकी क्रिया^F; **दूरी**^F; (रसा०) **प्रक्षोभ**; वंशी^F या कँटिया^Fकी फेंक^F; क्षेपान्तर, प्रक्षेपान्तर, फेंकाव (*a stone's* ~); पटकनी^F; कुश्ती^Fमें गिरना; (क्रिके०) गलत फेंकी हुई गेंद^F; (भूगर्भ०) विक्षेप, स्तरदोष, स्तरभंग; तेजी^Fसे चक्कर देनेवाली कल^F; ~-off (दौड़^Fका) प्रारम्भ; ~-stick फेंकनेकी लाठी^F।

throw[2] v.t. & i. (*threw, thrown*) प्रक्षिप्त करना, (भौ०) **फेंकना**, गिरा देना (*house* ~*n down by earthquake*); (ला०) विपत्ति^Fमें डाल देना; (क्रिके०) नियमविरुद्ध गेंद^F फेंकना; (कुश्ती^Fमें) पटकना, धकेलना, दे मारना; (घोड़ेका सवारको) गिरा देना; (कपड़े इत्यादि) लापरवाही^Fसे पहनना (~ *on* one's *shoulders*); उतारना (~ *off* one's *shoulders*); (केंचुल) उतारना, गिराना, डालना; (खरगोश, कबूतर आदिका) बच्चे देना; पाँसे फेंकना; बल देना, धागे बटना; (चाकपर) गढ़ना; मोड़ना, झुकाना; chair ~⊙ कुर्सी^Fका गिलाफ; ~ *away* फेंक देना; उड़ाना; (ला०) खो बैठना; अस्वीकार करना, रद्द या नापसन्द करना; ~ *down* ढहाना, गिरा देना; अव्यवस्थित होना या करना; अस्वीकृत करना, त्याग देना⊙; ~ *by* बचा रखना; ~ *in* घुसेड़ना, डालना; जोड़ना, घेलुआ डालना; ~ *off* (परिचय, मित्रता^F इत्यादि) त्याग देना, (रोग इत्यादिसे) पीछा छुड़ाना; (बहुरूप या भेष) उतार फेंकना; दूर करना, निकालना; (भाषण इत्यादि) आरम्भ करना; ~ one's *eyes up* आँखें^F फाड़ना (भय या घृणा^Fसे), (जुगुप्सा^Fसे) स्तम्भित रह जाना, हक्का-बक्का रह जाना; ~ one*self at the head of* गले पड़ना, (विवादके लिए) खुल्लमखुल्ला प्रयत्न करना; ~ one*self down* लेटना; ~ one*self on, upon* आत्मसमर्पण कर देना; ~ *open* प्रविश्य बनाना, (सामान्य जनके लिए) खोल देना; ~ *out* निकाल देना; बाहर फेंकना; (भवन, सेतु इत्यादिको) आगे बढ़ाकर बनाना; व्यंजित करना, संकेत करना, इंगित करना; (संसद^Fमें,

विधेयक) अस्वीकृत करना, रद्द करना; (किसी व्यक्तिका चिन्तन या वार्तालाप) अस्त व्यस्त कर देना, गड़बड़ा देना; ~ *over* परित्याग करना, सम्बन्ध-विच्छेद करना, छोड़कर भाग जाना; ~ *stones* (ला०) दोष निकालना, आरोप लगाना; ~ *up* (खिड़कीका शीशा आदि) चढ़ाना, उठाना; पदत्याग करना, छोड़ देना; इस्तीफा दे देना; वमन कर देना, कै कर देना।

thrower –'ॲर् n. क्षेप्ता, पातयिता, फेंकनेवाला; बटनेवाला।

throwing –'इंग् n. (कृषि०) **गिराना;** ~ on (यन्त्र०) **छापना।**

throwster –'स्टॅर् n. पाँसा फेंकनेवाला; जुआरी; बटनेवाला।

thrum¹ थ्रम्' n. (करघेसे थान काट लेनेपर उसपर लगा हुआ) पल्लू, रेशमकी झालरF; इसका कोई तार; कोई टूटा हुआ तार या रेशा, तागा, डोरा।

thrum² v.t. झालरFका गुच्छा लगाना, (धागोंकी) झालरF लगाकर कोई चीजF बनाना, बटना, बुनना, ओटना।

thrum³ n. अन्यमनस्क वादन, तुन-तुनF; (सितार आदिपर) खट-खटF, थप-थपF, त्रुम-त्रुमF।

thrum⁴ v.i. & t. अन्यमनस्कताFके साथ बजाना, अनाड़ीपनसे बजाना, तुनतुनाना।

thrummy थ्र'मि a. झालरदार, गुच्छेदार।

thrush¹ थ्र'श n. कस्तूराF, कस्तूरिकाF, (*song*-~) सारीF, सारिकाF, मदनसारिकाF, शारिकाF, शलाकाF, मैनाF, तूतीF।

thrush² n. शिशुकण्ठरोग, मुखपाक (विशेषतः बच्चोंका), मुँहके छाले; (टापFकी गाँठFमें होनेवाला एक) अश्वरोग।

thrust¹ थ्रस्ट्' n. वितोद, वितोदन, सम्भंग, घोंप; (यन्त्र०) **नोद, प्रघात,** (आकस्मिक) आघात, प्रहार, ताड़न; (ग०) **प्रणोद, ठेलF, धकेलF,** प्रचण्ड आक्रमण, धक्का, (हथियारकी नोकFसे) आक्रमण; कटाक्ष, फबतीF, हस्तक्षेप, दखल; दो पिण्डोंके बीचका दबाव; (कोयलेकी खानFमें) स्तम्भ-ध्वंस; ~ zone (ऋतु०) **प्रणोद-क्षेत्र;**

~ bearings, ~ block, ~ collar, ~ fault, ~ indicator, ~ load, ~ recess.

thrust² v.t. & i. (*thrust*) वितोदन करना, सम्भंग करना; आघात करना, प्रहार करना, ताड़ित करना; प्रचण्ड आक्रमण करना; (हथियारकी नोकFसे) घुसेड़ना, मारना; भोंकना, छेदना, घोंपना; कटाक्ष करना, फबतीF कसना; धकियाना, ठेलना, धक्का देना, हटाना, (हटाकर) घुसना; ~ *oneself* or *one's nose in* हस्तक्षेप करना, टाँगF अड़ाना, दखल देना।

thrust³ a. (प्रा० भू०) **उत्क्रम-, उत्क्रमित।**

thruster –'टॅर् n. वितोदक, सम्भंजक; आघात करनेवाला, प्रहार करनेवाला, ताड़ित करनेवाला; भोंकनेवाला, छेदनेवाला; (स्का०, विशे० लोमड़ीFका) शिकारी।

thrustful –फुल् a. सवितोद, वितोदनयुक्त, सम्भंगयुक्त; आघातमय, प्रहारमय, आकस्मिक ताड़नमय, कटाक्षमय, फबती-भरा; धक्केका, जोरका।

Thuban थ्यूबन् n. (ज्यौ०) **प्रथम कालिय,** T.।

thud थड्' n. & v.i. धमाका (होना), गदाका (होना), धड़ामसे गिरना, भदसे गिरना, लद्दसे चू पड़ना।

thug थग्' n. स्थग, ठग, हत्यारा, बदमाश, गुण्डा, खूनी।

thugee –'गी n. = THUGGERY.

thuggery, thuggism –गॅरी, –गिज़्म् nn. ठगवृत्तिF, बदमाशीF, ठगीF, ठगवाजीF, गुण्डापन।

thuggish –गिश् n. ठग, ठगबाज, गुण्डा, बदमाश, लुटेरा।

thuja थूजा n. (कृषि०, वन०) **मोरपंखी, थूजा।**

thumb¹* थम्' n. (जीव०) **अंगुष्ठ, अँगूठा*;** rule of ~ व्यवहार; ~-nail sketch संश्लिष्ट चित्रण या वर्णन; **दुहर्फ़ी चित्र, दुहर्फ़ी झाँकीF;** ~-print अंगुष्ठ-पद, अँगूठेकी छापF; ~screw अंगुष्ठभ्रमिF, प्रपीडनार्थ, अँगूठा दबानेका यन्त्र, अँगूठोंका स्क्रू या शिकंजा; ~-stall अंगुष्ठरक्ष (अँगूठेकी रक्षाFके लिए खोलF); ~-tacks⊙ ड्राइंग पिनF; ~*s up* बस! *under* person's ~*s* (किसी व्यक्तिके) प्रभावमें, काबूमें, मुट्ठीFमें;

~-fingered, ~ impression, ~-latch, ~-made, ~-mark, ~nail, ~ nut, ~piece, ~ plate, ~ tip impressions, ~-worn.

thumb² v.t. (अँगूठेसे) घिस डालना, मैला कर देना; (पियानो इत्यादि) अनाड़ी ढंगसे बजाना; बुरी तरह काममें लाना; दबाना।

thumbed –ड्' a. अंगुष्ठवान्, अँगूठेवाला।

thumbless –म्'लिस् a. निरंगुष्ठ, अंगुष्ठरहित, बिना अँगूठेका।

thumby थम्मी a. अशिष्ट, असभ्य, फूहड़।

thump¹ थम्प् n. अभिघात, प्रचण्ड आघात, गुरु प्रहार; **मुक्केकी आवाजF;** घूँसा, मुक्का या थप्पड़, डण्डा।

thump² v.t. & i. अभिघात करना, प्रचण्ड आघात करना, गुरु प्रहार करना; घूँसा मारना, मुक्का या थप्पड़ मारना; डण्डा मारना; थपथपाना, पीटना, ठोंकना।

thumper–पॅर् n. प्रचण्ड आघात करनेवाला, गुरु प्रहार करनेवाला, घूँसा या थप्पड़ मारनेवाला, थापीF या डण्डेसे मारनेवाला।

thumping –पिंग् a. बहुत बड़ा; (झूठ इत्यादिके विषयमें) घोर, अत्यधिक, सफेद।

thunder¹* थन्'डॅर् n. (प्रा० भूगोल, भौ०, कृषि) **मेघगर्जन,** मेघध्वनिF, वज्रध्वनिF, **गर्जन*,** गड़गड़ाहटF, बादलकी गरजF*, बिजलीकी कड़कF, पवि, वज्र, कुलिश, अशनि, बिजलीF, (ला०) उच्चध्वनिF, शोर, हल्लागुल्ला; (pl.) साधिकार दोषारोपण, भीषण निन्दाF, भर्त्सनाF, फटकारF, डपटF; ~-&-lightning रंगारंग; चमकी कपड़ा, धूप-छाँव; ~bolt पवि, **वज्र,** कुलिश, अशनि, **गाजF,** बिजलीF; blood-&-~ बीभत्स; ~ clap गरज़F, कड़कF, (भौ०) **बिजलीFकी कड़कF,** तड़पF (*the news came on me like a ~ clap*); ~flash (बादलोंकी) **गड़गड़ाहटF;** (बिजलीFकी) **चमकF;** ~ squall

तड़ित प्रचण्डवात, विद्युत् वाताहति[F], विद्युत झक्कड़, तूफान, झक्कड़; ~storm (परि०) वातोत्पात, गरज-वर्षा, गरज[F]के साथ वर्षा[F]; (प्रा० भू०) तड़ित्झंझा, वज्रझंझावात, आंधी-पानी; ~ stroke (भौ०) वज्रपात; ~struck तड़िदाहत, वज्राहत, विजलीमारा; विस्मय-स्तम्भित, हक्का-बक्का, भौचक्का;

~burst, ~cloud, ~crack, ~ god, ~head, ~light, ~proof, ~shower, ~stone, ~ storm.

thunder² v.i. & t. गरजना, कड़कना, गड़गड़ाना, टूट पड़ना; गूँजना; धमकाना, डाँटना, दपटना; (प्रभावपूर्ण ढंगसे धमकियाँ[F] इत्यादि) प्रकाशित करना, गरजकर बोलना।

thunderer –ड्रॅर् n. वज्री, गर्जक, कड़कनेवाला; गर्जनेवाला; (विशे०, *the Thunderer*) इन्द्र, मेघराज; रोमियोंका जूपिटर देवता, बृहस्पति, गुरु; (स्कॉटलैण्ड, हास्य०) *The Times* नामक समाचारपत्र।

thundering –रिंग् १. n. कड़क[F], गरज[F]; २. a. & adv. गरजता हुआ, कड़कता हुआ; असाधारण (रूपसे), विचित्र (रूपसे), अत्यधिक (रूपसे), अत्यन्त (*was ~ glad to get back*)।

thunderless–र'लिस् a. निर्घोष, गर्जनरहित, वेकड़क।

thunderous, thundery –रॅस्, –रि aa. सघोष, गर्जनकारी, गर्जनयुक्त, (ऋतु०) गरज[F]का, कड़कदार।

thuri- लोहबान-, धूप- (*~fer, ~ferous, ~fication*)।

thurible थ्युॲ'रिवॅल् n. धूपदान, अगरदान।

thurifer –फ़ॅर् n. (प्रार्थना[F]के समय) धूपवाहक, धूप[F] ले चलनेवाला।

thuriferous –फ़ॅरॅस a. उद्यासजनक, धूपजनक, धूपोत्पादक, धूप[F] पैदा करनेवाला।

thurification –फ़िके'शॅन् n. उद्यास-ज्वालन, धूपायन, धूप[F] जलाकर धुआँ करना।

Thurs. Thursday.

Thursday थर्ज़'डि n. बृहस्पतिवार, गुरुवार, बीफै; Maundy ~ गुड फ्राइडेसे पहला गुरुवार।

thus दस् adv. एवं एतदनुसार, इस प्रकार, इस तरह, यों, ऐसा; इतना, यहाँ तक, बस, तो, इस कदर।

thusness –निॅस् n. (हास्य०) एतद्रीति-सम्मतता[F], इस प्रकारसे होनेकी क्रिया[F]का भाव।

thwack थ्वैक्' n. & v.t. = WHACK.

thwart¹ थ्वॉर्ट' १. n. (परि०) कुँवरा, आड़ा तख्ता, (नाव[F]में आड़ा-आड़ा लगा हुआ) खेवैयेके बैठनेका तख्ता; पटिया[F], बैठक[F]; २. a. आड़ा, टेढ़ा, तिरछा; कटवाँ।

thwart² v.t. व्यर्थ करना, निष्फल करना, काटना; अवहेलना करना, विरोध करना; उलट देना।

thwart³ adv. आड़े, तिरछे; आरपार; एक सिरेसे दूसरे सिरेको।

thwarter –टॅर् n. व्यर्थ करनेवाला, निष्फल करनेवाला, उलटनेवाला; अवहेलक व्यक्ति, विरोधी पुरुष।

T.H.W.M. Trinity High Water Mark.

thy दाइ' pron. & a. तू, तुम; तेरा (*~ fault*)।

thyme टाइम्' n. पर्णासी, अजवाइन (*~-oil*); T.; basil ~ तुलसी।

thymol –मोल् n. पर्णासीव, पर्णासी[F]का सत्त्व, (रसा०) अजमोदज, (कृषि०) अजवाइन[F]का सत्त, T.।

thymus थाइ'मॅस् n. (pl. *-i*) ग्रीवाग्रन्थि[F], (प्रायः ~ *gland*); (श० र० शा०) बाल्यग्रन्थि[F], थाइमस ग्रंथि[F], T.।

thymy टाइ'मि a. पर्णासीयुक्त, पर्णासी-मिश्रित, अजवाइन वाला।

thyroarytenoideus थायरॉरीटेन्वॉइडिअस् n. (श० र० शा०) अपट्टुदर्वीकलिपका[F]।

thyroepiglotticus –एपीग्लोटिकस् n. (श० र० शा०) अवटुकण्ठच्छदिका[F]।

thyrogenic ⊙ थाइॲरॅजे'निक् a. (चि०) अवटुग्रंथि-जनित, अवटु ग्रन्थि[F]से उत्पन्न।

thyrohyoid थाइॲरॅहाइ'आएँड् n. (चि०) अवटु कण्ठिकी[F]।

thyroid¹ थाइॲ'राएँड् n. वर्म, कवच, ढाल[F]; (रसा०, जीव०) अवटु-ग्रंथि[F], गलग्रंथि[F], T.; ~ cartilage काकल, (चि०) अवटु-उपास्थि[F], (जीव०) थाइराइड उपास्थि, गलकास्थि[F]; ~ gland (रसा०, जीव०) गलग्रन्थि[F], (चि०, कृषि०) अवटु-ग्रन्थि[F], थाइराड ग्लैण्ड[F]; ~ notch (श०र०शा०) अवटुभंगिका[F]।

thyroid² a. (चि०) अवटु (*~ artery, ~ vein*); वर्मवत्, वर्माकृति, वर्म-सदृश; वर्माकृतिचिह्न-युक्त (*~ wood pecker*)।

thyroidectomy –डेक्टमी n. (चि०) अवटुकोच्छेदन।

thyropharyngeus –फेरिंजिॲस् n. (श० र० शा०) अवटुग्रसनिका[F]।

thyrotoxicosis ⊙ थाइॲरॅटॉक्सिको'सिस् n. (चि०) अवटुविषाक्तता[F]।

thyrotropic ⊙ थाइॲरॅट्रॉ'पिक् a. (चि०) अवटु प्रेरक।

thyrotropin ⊙ –पिन् n. (रसा०, चि०) अवटु दीपन।

thyrsus थर्'सॅस् n. गदा अक्ष।

thyself दाइसे'ल्फ़्' pron. तू स्वयं, तू आप; तू अपनेको, तू खुदको।

Ti Titanium.

T.I. Technical Institute; Town Inspector; Traffic Inspector; Trains Inspector; Transportation Inspector.

ti टी' n. जावाका एक पेड़, टी।

tiang n. उत्तरपूर्वी अफ्रीकाका हिरन, त्यांग।

tiara टिआ'रॅ n. (पोपका तेहरा) शिरोवेष्टन, (प्राचीन) ईरानी पगड़ी; त्रिमुकुट, मौलि, किरीट; (ला०) पोपका पद; पोपका अलंकृत मुकुट।

tiaraed –ड् a. शिरोवेष्टनयुक्त, पगड़ीदार; त्रिमुकुटधारी, अलंकृत-मुकुट-युक्त, समौलि, सकिरीट, ताजपोश।

Tibetan टिबे'टॅन् a. & n. तिब्बती (भाषा[F], लोग); भोट-भाषा[F]।

tibia टि'बिॲ n. (pl, -*ae*) (चि०) **प्रजंघिका**[F], (चि०, जीव०, कृषि०) **अन्तर्जंघिका**[F], जंघास्थि[F], स्थूलजंघास्थि[F], स्थाविर, पिण्डली[F]की हड्डी[F], जंघा[F] (कीड़ोंकी टाँग[F]का चौथा जोड़); मुर्गकी टाँग[F]के नीचेका भाग; T. ।

tibial –ॲल् a. प्रजंघिका-, जंघास्थिक, जंघास्थि सम्बन्धी, पिण्डली[F]का (~ *artery*, ~ *vein*) ।

tic टिक्' n. (पेशियों[F]की अभ्यासगत या व्यावहारिक) सिकुड़न[F]; **फुरन**[F]; (मुखमें होनेवाला एक प्रचण्ड) स्नायविक शूल; (चि०) T. ।

tical टि'कॅल् n. टाइकल (स्यामकी रजतमुद्रा[F]),= १ रुपया ।

ticca टि'कॅ a. ठेकेका, भाड़ेका; (विशे०) ~-*gharry* ठेकागाड़ी[F], भाड़ेकी गाड़ी[F] ।

tice[1] टाइस् n. = YOLKER.

tice[2] v.t. = ENTICE.

tick[1] टिक्' n. खट-खट[F], टिक-टिक[F] (इत्यादि घड़ी[F]की ध्वनि[F]); (बोल०) पल, क्षण, निमिष; प्रांकण, प्रांकणचिह्न, (ध्वनि०) **लघुचिह्न**, टिकमार्क ।

tick[2] v. i. & t. खट-खट[F]की ध्वनि[F] करना, टिक-टिक[F] करना; प्रांकण करना, सही लगाना, टिक मारना; ~-mark प्रांक, टिक चिह्न; ~ *away* (घड़ी[F] आदिका टिक-टिक[F] करके) समयका बीतना सूचित करना; ~ *off* प्रांकित करना, टिक मारना; (ग्रा०) डाँटना; *on the* ~ ठीक समयपर; ~ *out* (टेपमशीन[F]का, कागजकी पट्टियों[F] पर समाचार आदि) मुद्रित करना; ~ *over* (मोटर[F] इत्यादिमें इंजिनका) ठिक-ठिक[F] करके चलना; **हल्की चोट**[F] **करना, हल्की चोट**[F] **मारना** ।

tick[3] n. चिचिड़[F], (कृषि०) **चिचड़ी**[F], चीचड़ (~ *fever*); (चि०) **किलनी**, T. ।

tick[4] n. (गद्दा, तोशक आदिका) खोल, विस्तरबन्द ।

tick[5] n. ऋण, उधार, साख (*buy goods on* ~) ।

tick[6] v. i. & t. ऋणपर खरीदना, उधार लेना; उधारपर बेचना; (किसी व्यक्तिको) ऋण देना, उधार देना ।

ticker टि'कॅर् n. टिक-टिक[F] करनेवाला; प्रांकक, लघुचिह्न लगानेवाला, टिक मारनेवाला; (बोल०) घड़ी[F]; तारकी पट्टी[F]; (हास्य०) हृदय, दिल ।

ticket[1]* टि'किट् n. पत्रक, प्रवेशपत्र, प्रयोगपत्र, (नौवि०) **प्रमाणपत्र**, (रेल०) **टिकट*** (*concert, lottery, railway, return*, ~); (स्कॉट०सेना०ग्रा०) पदच्युति[F], भारमुक्ति[F], बहिष्करण (*get* one's ~); (कार्डपर लिखी हुई घर आदिके बिकाऊ होनेकी सूचना[F]; (किसी राजनीतिक दलका) अभिज्ञान-पत्र; प्रत्याशी सूची[F], उम्मीदवारोंकी नामावली[F] ⊙; (ला०) किसी दलके सिद्धान्त (*the democratic* ~); the ~ (बोल०) उचित बात[F]; ~ agent ⊙ बुकिंग क्लर्क; ~ of leave अवकाश-पत्रक, रियायती छुट्टी[F]की चिट्ठी[F], कैदीकी रिहाई[F]का परवाना; ~-porter टिकटवाला कुली;

~-board, ~ book, ~-checker, ~-checking gate, ~ checking station, ~ collector, ~ *day*, ~ *indents*, ~ number, ~ office, ~ paper, ~-punch, ~-seller, ~ tube, ~ window.

ticket[2] v.t. टिकट देना; (विक्रयार्थ किसी वस्तु[F]पर) मूल्यपत्रक या लेबल लगाना, कीमत[F]की पर्ची[F] लगाना ।

tickey, -ky, tikkie, -ky टि'कि, –कि, टि'कि, –कि n. (दक्षिणी अफ्रीकी बोल०) तीन पेंसका सिक्का ।

ticking टि'किंग् n. टिक-टिक[F]; मोटा धारीदार सूती कपड़ा ।

tickle[1] टि'कॅल् n. गुदगुदी[F], गुदगुदाहट[F] ।

tickle[2] v.t. & i. गुदगुदाना, सहलाना (~ *the soles of her feet*); गुदगुदी[F]का अनुभव करना, गुदगुदी[F] लगना, चिनचिनी[F] होना (*I was highly* ~*d at the idea*); अत्यधिक प्रसन्न होना या करना, पुलकित होना या हर्षित होना या करना, रोमांचित होना या करना; हँसाना, मुस्कुराना, हँसी[F] आना, लुत्फ आना ।

tickled ⊙ –ड् a. पुलकित, हर्षित; ~ with ⊙ (से) प्रसन्न, सन्तुष्ट ।

tickler[1] –लॅर् n. रोमांचक, गुदगुदानेवाला; जटिल समस्या[F], विकट विषय, नाजुक मामला; (मजाक करनेवालों द्वारा प्रयुक्त) गुदगुदी[F] पैदा करनेवाला पंख ।

tickler[2] n. (रेलवे) सेतुसूचक ।

tickling टि'कॅलिंग् n. गुदगुदी[F], गुदगुदाहट[F] ।

ticklish –लिश् a. गुदगुदीप्रवण, गुदगुदीवाला, रोमांचकारी; जटिल, विकट, विषम, पेचीदा, नाजुक, मुश्किल (~ *question*) ।

ticklishness–निॅस् n. गुदगुदी[F]; जटिलता[F], विकटता[F], विषमता[F], बारीकी[F], पेचीदगी[F], मुश्किल[F] ।

tickly –लि a. = TICKLISH; TICKEY; किलनी या चीचड़वाला ।

ticpolonga टिकपॅलॉन्'गॅ n. सिंहली साँप, टिकपोलोंगा ।

t.i.d. *ter in die*, thrice a day.

tidal टाइ'डॅल् a. (परि०) **ज्वार-, ज्वारीय, ज्वार-सम्बन्धी**, वेला-, वेलीय, वेला-सम्बन्धी, ज्वारभाटेका (~ *friction, variations*); ~ air (चि०) श्वसन-वायु[F], श्वास-वायु[F], श्वासमात्रा; ~ port **ज्वार पतन**; ~ water, (विधा०) **वेला-जल**, (परि०) **ज्वारजल**; ~ wave ज्वार-तरंग[F], वेला-लहर[F]; वेग-तरंग[F]; भूकम्प; (ला०) संवेग, भावाभिव्यक्ति[F];

~ air, ~ basin, ~ bore, ~ current, ~ force, ~ friction, ~ gauge, ~ harbour, ~ power, ~ range, ~ river, ~ theory, ~ valve, ~ variation, ~ waters, ~ wave, ~ zone.

tidally टाइ'डॅलि adv. वेलावत्, वेलासदृश, ज्वारभाटेकी भाँति; ज्वारभाटेके कारण ।

tidbit टिड्बिट् n. = TITBIT.

tiddly[1] टि'डॅलि n. मद्य, मदिरा[F], सुरा[F], आसव, शराब[F]।

tiddly[2] a. मत्त, मतवाला, शराब[F] पिये हुए ।

tide[1] टाइड n. काल, समय, वक्त (*even*-~, *Christmas*-~); जून; ऋतु[F], मौसम; कालावधि[F], समयावधि[F],

वेला^{F}, **ज्वार, ज्वारभाटा**; ओघ, वेग, जोर; समयकी गति^{F} (*go with the ~s*); अवसर; बहाव, बाढ़^{F}, उतार-चढ़ाव; हवा^{F}का रुख; भाग्यका फेर; जमानेका रंग; high ~ उच्चवेला^{F}, ज्वार; low ~ निम्न वेला^{F}, भाटा; neap ~ अवतुंग वेला^{F}, मन्द ज्वार; spring~ उत्तुंगवेला^{F}, पूर्ण ज्वार; ~-gate वेलाद्वार (वह फाटक जो ज्वारके समय नौकाओं^{F}के प्रवेश करने तथा पानी आनेके लिए खोल दिया जाता है और भाटाके समय बन्द कर दिया जाता है); ~-gauge वेलामान (वह माप^F जिससे ज्वारभाटेकी उच्चतम एवं निम्नतम सतहें^{F} नापी जाती हैं); ~-rip(s) जल संक्षोभ, भँवर; ~way ज्वार-कुल्या^{F}, चढ़ते पानीकी नहर^F; *work double ~s* दिनरात^F काम करना;

~-beaten, ~-beset, ~-bound, ~-covered, ~-driven, ~-flooded, ~-free, ~ generating apparatus, ~ generating force, ~ height, ~-land, ~-locked, ~ mark, ~-marked, ~ mill, ~race, ~'sman, ~-swept, ~-table, ~-tossed, ~-trapped, ~-waiter, ~-washed, ~water, ~-wave.

tide^2 v.i. & t. ज्वारके साथ बहा ले जाना, ज्वार-भाटाके साथ बहना, ज्वारके साथ बन्दरगाहमें पहुँचना, भाटाके साथ बन्दरगाहसे निकलना; (*over* के साथ, कठिनाइयों^{F} इत्यादिपर) विजय^F पाना, पार करना।

tideless –'लिस् a. निर्वेला, वेलारहित, ज्वारभाटेसे शून्य।

tidiness –'डिनिस् n. सुव्यवस्था^{F}, व्यवस्थितता^{F}, सुश्रृंखलता^{F}; स्वच्छता^{F}, सुथरापन, सफाई^F।

tidings –डिंग्ज़् n. (एकव० या बहु० में प्रयुक्त) समाचार, संवाद, वार्ता^{F}, खबर^F [*the ~ come(s) too late*]।

tidology टाइडॉ'लॅजि n. वेलाविज्ञान, वेलाविद्या^{F}, वेलावर्णन, ज्वार-भाटेके वर्णनका विज्ञान।

tidy^1 टाइ'डि n. (कुर्सी^{F} इत्यादिका) अलंकृत पृष्ठभाग; (बेकार वस्तुएँ^{F} रखनेका) पात्र; street ~ कूड़ेका टीन।

tidy^2 v. t. (कमरा, मेज^F, कुर्सी^{F} इत्यादि) सुव्यवस्थित रखना, सुसज्जित करना, सजाना, ठीक-ठाक करना, स्वच्छ रखना, साफ-सुथरा रखना।

tidy^3 a. समयानुकूल; स्वच्छ, सुथरा, साफ; सुव्यवस्थित, सुश्रृंखलित, सज्जित, ठीक-ठाक; (बोल०) बृहत्, अत्यधिक, पर्याप्त, काफी (*left a ~ sum behind him*); (बोल०) बिलकुल स्वस्थ, बिलकुल भला-चंगा, तन्दुरुस्त (*am feeling pretty ~*)।

tie^1 टाइ' n. संश्लेषण, जोड़, ग्रन्थि^{F}, गाँठ^F; श्रृंखला^{F}, **बन्धन**, रस्सी^{F}, सुतली^{F}, डोरी^{F}, जंजीर^F; (यन्त्र०) **तान**^{F}; (ला०) सम्बन्ध, योग (*~s of blood, friendship*); दायित्व; (अवयवोंका) आश्रय, सहारा; डण्डा या कड़ी^{F}; रेल^{F}का स्लीपर ⊙; कण्ठबन्ध, टाई^F, नेकटाई^F, छोटा समूरी मफलर या गुलूबन्द; (संगीत, एक ही स्वरकी ऊँचाईवाले) दो सुरोंके ऊपर खींची जानेवाली वक्र रेखा^{F}; (खेल इत्यादिका निर्णयके बिना) **स्थगन**, बराबरपर छूट^F; बराबरका मैच या मुकाबला; जूते, स्लीपर ⊙; ~ back n. **लपटनेका काम**; vb. **लपेटना**; ~ bar (यन्त्र०) **तान छड़**^{F}; ~-beam **तान धरन**^{F}, (कड़ियों^{F} को मिलानेवाली) सहारेकी धन्नी^{F}, ~-line योजी रेखाएँ^{F}, ~ plate बन्धन पट्टी^{F}; ~rod (कृषि०, यन्त्र०) **बन्ध दण्ड, तानछड़**^{F}; ~ station (यन्त्र०) **योजक चाँदा**; ~-up ⊙ गतिरोध, विराम, अड़ंगा, रुकाव; रेल-कर्मचारियोंकी हड़ताल^F ⊙; ~ wall (यन्त्र०) **तानभीति**^{F}; ~-wig कृत्रिम बाल; *every tide has its ~* जो फरा सो झरा जो जरा सो बुताना।

tie^2 v. t. & i. संश्लिष्ट करना, संसक्त करना, संयुक्त करना, मिलना, सौंटना, बाँधना, जोड़ना; ग्रथित करना, गाँठना, गाँठ^F लगाना (*~ it in a bow*); फन्दा बनाना या लगाना; (कड़ियों^{F} आदिको आड़ी धन्नी^{F} लगाकर) सुदृढ़ करना, आड़ेकी धन्नी^{F} लगाना; (किसी कामसे किसी व्यक्तिको) नियन्त्रित करना, बाँध देना, जकड़ देना, कसना; (संगीत) सुरोंको मेलचिह्नों द्वारा मिलाना; (*with* के साथ, गन्तव्य स्थान या पुरस्कारके लिए) बराबर स्कोर बनाना; दौड़^{F}में बिलकुल बराबर होना; बिना निर्णयके खेल छोड़कर अलग होना; ~ person's *tongue* चुप करा देना; ~ *up* प्रतिबद्ध करना, प्रतिबन्धित करना; बाँध देना; शामिल होना ⊙।

tied –ड्' a. प्रतिबद्ध, प्रतिबन्धित, बँधा हुआ; ~ house प्रतिबद्ध मदिरालय; ~ rank सहबद्ध कोटि^{F}।

tier^1 टाइ'अॅर् n. बाँधनेवाला, बन्धानी।

tier^2 टीअॅर्' n. अवतान; (वन०) **स्तर**, श्रेणी^{F}, (वन०) **निःश्रेणी**^{F}, पंक्ति^{F}, कतार^F; (यन्त्र०) **खन, किंतार**; ~s of cable तारकी पिण्डियाँ^{F}, रस्सेके लच्छे, तारका चक्कर।

tier^3 v. t. (प्रायः *~up*) पंक्ति^{F}पर पंक्ति^{F} रखना, चट्टा लगाना।

tierce टीअॅर्स्' n. तिहाई पीपाभर माप^F; (संगीत) तृतीय; ताशके तीन लगातार पत्ते, रम्मी।

tiercel टीअॅर्'सॅल् n. दे० TERCEL.

tiercet टीअॅर्'सेट् n. = TERCET.

tiers etat (F) n. तृतीय राज्य (चर्च)।

tiff टिफ् n. v. t. & i. मदिरा^{F}का घूँट (लेना), शराब^F की चुसकी^{F} (लेना); रुष्ट हो जाना; खफा हो जाना; दोपहर^{F}का भोजन (करना), लंच (करना)।

tiffany टि'फॅनि n. जालीदार मलमल, टिफनी।

tiffin टि'फ़िन् १. n. मध्याश, मध्याह्नभोजन, दोपहरका जलपान, लंच, टिफिन (*~ room*); २. v. i. खाना खाना।

tig^1 टिग् n. टिग, (बच्चोंका एक खेल)।

tig^2 v. t. टिग, खेलमें छूना।

tige (L) n. स्तम्भका मुख्यभाग; तना, डण्ठल।

tiger टाइ'गॅर् n. शार्दूल, व्याघ्र, **बाघ**, चीता, नाहर, तेन्दुआ; (बोल०, किसी खेलमें) प्रबल प्रतिद्वन्द्वी या प्रतियोगी; क्रूर, कलही, लम्पट, नीच, गुण्डा, बदमाश,

फसादी, दंगई; साईस; (अमे० ग्रा०, किसीकी प्रशंसा^F में करतलध्वनि^F करके लगाया जानेवाला) नारा; ~-bean शंखकेसरी; ~-cat शार्दूलविडाल, व्याघ्रबिडाल, विडालजातीय पशु; ~-crouch **शेरकी दबकी**^F; ~ mosquito चित्रमशक; (चि०) स्टेगोमायामच्छर, दण्डक ज्वर और पीत ज्वरका सम्वाहक; ~'s claw व्याघ्र-नखर, बिच्छू बूटी^F; ~'s-eye हीरा; ~'s-foot व्याघ्रपद (पौधा); *work like a ~* जोरसे काम करना;
~-beetle, ~ cub, ~-eye, ~ hide, ~-lily, ~-moth, ~-nuts, ~ polecat, ~ shark, ~ skin, ~ snail.

tigerish –रिश् a. शार्दूलवत्, व्याघ्रतुल्य, बाघ-सा; क्रूर; भयानक, डरावना।

tigerism –रिज़्म् n. **दम्भ, अकड़**^F; नीचता^F; दुष्टता^F, गुण्डई^F, बदमाशी^F।

tight[1] टाइट् n. (परि०) **अचूवन, अनचूना;** (when pl.) अगसक्त वस्त्र, चुस्त कपड़े।

tight[2]* a. सुसंहत, संसक्त, दृढ़, गठा हुआ, ठोस; चुस्त (*~ ship*); अभेद्य, अप्रवेश्य, सुरक्षित, बन्द (*air, gas, water, wind, -~*); सन्निबद्ध, संकृष्ट, गाढ़बद्ध, दृढ़बद्ध, कसा हुआ*, तंग, फिट (*~ shoe*); सुगठित, सुडौल; अशिथिल, तना हुआ; (बोल०) मद्योन्मत्त, नशेमें, पिये हुए; बलापेक्षी, बलसाध्य (*money is~*); (नौवि०) **अचूवन, अनचूना,** ~ fisted कृपण, कंजूस; ~ market महँगा बाजार; ~ money **दुर्लभ रुपया;** ~rope दृढ़ रज्जु^F (ऐसी तनी हुई रस्सी^F जिसपर नट नाचते हैं); ~ wad ⊙ कृपण, कंजूस;
~-ankled, ~-belted, ~-bodied, ~-booted, ~-bound, ~-clad, ~ clay, ~-clenched, ~-closed, ~ collar, ~-draped, ~-drawn, ~-hosed, ~-lipped, ~ looking, ~-made, ~-necked, ~-packed, ~-pressed, ~-rooted, ~-set, ~-skinned, ~-skirted, ~-sleeved, ~-stretched, ~-tie, ~-valved, ~-waisted, ~ wire, ~-wound, ~-woven.

tight[3] adv. दृढ़तापूर्वक, बलपूर्वक; अशिथिलतया, जोरसे, कसकर (*hold it ~*); *sit ~* टससे मस न होना, अटल रहना।

tighten –'टॅन् v. t. & i. संकृष्ट करना, **कसना,** तानना, जकड़ना, भींचना, तंग करना, खींचना; ~ one's *belt* (हास्य०) भूखा रह जाना; बिना खाये चला जाना।

tightener –नॅर् n. संकर्षित्र, कसनेका यन्त्र; कसनेवाला।

tightish –टिश् a. ईषत्सकृष्ट, ईषत्संहत, ईषत्संसक्त, गाढ़ा-सा; ईषदभेद्य, किंचिदप्रवेश्य, सुरक्षित-सा, कुछ ठीक-ठीक; ईषदशिथिल, तना हुआ-सा।

tightness –ट्'निॅस् n. अशिथिलता^F, संहति^F, दृढ़ता^F, घनता^F, सुसंसक्ति^F, संकृष्टि^F, खिंचाव, दबाव, तनाव, कसाव; (सराफेकी) मन्दी^F, तंगी^F।

tiglium ⊙ टिग्'लिॲम् n. (चि०) जमाल गोटेका पौधा।

tigress टाइ'ग्रिॅस् n. व्याघ्री^F, मादा चीता।

tigrine –'ग्रिन् a. = TIGRISH.

T.I.H. Their Imperial Highnesses.

tike टाइक्' n. दे० TYKE.

tikkie, -ky टि'कि,-कि n. दे० TICKEY.

tilbury टिल्'बॅरि n. टिलबेरी^F, (एक दुपहिया गाड़ी^F)।

tilde टिल्'डे n. टिल्डा, (~) अनुनासिक चिह्न।

tile[1] टाइल् n. खपरी^F, खपड़ा-नरिया^F, **खपरैल**^F; पटरा, सुचिक्कणीकृत चटिया^F या चौकी^F; ~-fish पीतबिन्दुकी^F; ~ red उत्पीतातिरक्त; *have a ~ loose* (ग्रा०) सनकी या खब्ती होना; *on the ~s* (प्रा०) व्यभिचारतत्पर;
~ drain, ~ drainage, ~-layer, ~-maker, ~ shoot, ~ tread.

tile[2] v. t. खपड़ा छाना, खपरैल^F डालना; (किसी आवास या गोष्ठी^F में द्वारपर) द्वारपालको खड़ा करना; (किसी व्यक्तिको) गुप्त भेद प्रकट न करनेकी शपथ^F देना; *~ in* आस-पास खपड़े लगाना।

tiled –ड्' a. खपराच्छादित, खपरैलदार, टाइलवाला; टाइलदार (*~ floor*)।

tiler –'लॅर् n. खपड़े बनानेवाला, खपरैल^F डालने या छानेवाला; (यूरोपके तान्त्रिक सम्प्रदायके आवासका) द्वारपाल।

tilery –रि n. खपड़े या टाइल बनानेका कारखाना।

tiling –लिंग् n. खपरैल^F; खपड़ाछवाई^F, खपरैल^F या टाइलका फर्श आदि।

till[1] टिल' n. (प्रा० भूगोल) **गोलाश्म मृत्तिका**^F, **बटॅटघ मृत्तिका**^F; दुकान^F की गोलक^F, दुकान^F में रुपये रखनेकी दराज^F; ~ money (वाणि०) तिजोरी रोकड़^F; साई, बयाना।

till[2] n. हिमकर्द, हिमकर्दम, हिमनदीकर्दम, टिल।

till[3] v. t. कर्षण करना, कृषि^F करना, **जोतना,** कास्त^F करना, हल चलाना।

till[4]* १. prep. यावत्, तक*, जबतक (*wait ~ evening*); २. conj. जब तब कि, जब कि, यहाँ तक कि (*ring ~ you get an answer*); ~ now अबतक; *~ such time* जबतक...तबतक; ~ then तबतक।

tillable –'लॅबॅल् a. कर्षणीय, कृषियोग्य, बोने योग्य, काश्त करने लायक।

tillage –'लिज् n. कृषिकर्म, कर्षण, कृषि^F, (कृषि०, का०) **ज़ोत, जुताई**^F, खेती^F, कास्त^F।

tiller[1] –लॅर् n. कृषीवल, (कृषि०) **कृषक,** कर्षक, क्षेत्राजीव, किसान, काश्तकार, **जोतनेवाला।**

tiller[2] n. (नौवि०) **कर्ण-दण्ड, कर्ण, पतवार**^F; (पतवार^F को चलानेके लिए उसके सिरेपर लगा हुआ) हत्था (*~-chain*)।

tiller[3] n. मूलागत शाखा^F, जड़^F से निकलनेवाला अंकुर, कल्ला; पौध^F, बिरवा; (कृषि०) **दोजी**^F, T.।

tiller[4] v. t. मूलागत शाखा^F का फूटना, जड़^F से अंकुर

निकलना; पौधF का प्रस्फुटित होना, कल्ला फूटना।

tillering –रिंग् n. प्ररोहण, अंकुरण, प्रस्फुटन, फूटना; (कृषि०) **दोजीF करना, दोजीF निकालना।**

tilly टि'लि a. हिमकर्दयुक्त, हिमकर्दमिश्रित, हिमकर्दमीय, टिली, टिलवाला।

tilseed n. तिल।

tilt[1] टिल्ट्' १. n. वितान, शामियाना, साया, घटाटोप, पाल, सायबान; २. v. t. साया लगाना, ढकना, छाना, छायाF करना।

tilt[2] n. अभियान, अभिनतिF, अभ्यानतिF, एक ओरको **झुकाव,** ढालF; (वैरी या लक्ष्यपर नेजे या बरछेका) प्रहार, वार, हूलF; प्रास क्रीड़ाF, नेजेबाजीF; भलैतीF, दंगल (~-*yard*); बँटियाF में लगे हुए सरकण्डेके टुकड़े; (कीलF पर घूमनेवाला) भारी हथौड़ा (~-*hammer* भी); full ~ पूरेबलसे; ~ block (प्रा० भू०) **नत खण्ड;** ~ meter (ऋतु०) **नतिमापी।**

tilt[3] v. i. & t. अभिनमित करना या होना, झुकाना, एक ओर झुक जाना, एक तरफ टेढ़ा हो जाना (*don't ~ the table*); (भूगर्भ० स्तरों या पतोंFका) ऊपरको उठना; नेजे या बर्छेका वार करना, भोंकना, घोंपना, हूलना; (हथौड़ेसे लोहा आदि) पीटना, कूटना।

tilted –'टि्ड् a. अभ्यानत, (प्रा० भू०) **नत** (~ *axis*), एक ओर झुका हुआ; (~ *electroscope*)।

tilter –टॅर् n. अवनामी, आनतकारी, झुकानेवाला, झुकानेका यन्त्र; हथौड़ा मारनेवाला।

tilth टिल्थ्' n. कृपिF, कर्षण, जुताईF, काश्तF; कृषिF, मिट्टीFकी कमाईF; कृषिकर्म, खेती-बाड़ीF; **कृष्टभूमिF,** (कृषि०) **वाप्सा, बोने योग्य** भूमिF, जुता हुआ खेत, कमायी हुई जमीनF, T.।

tilting[1] टिल्'टिंग् n. अभिनमन, अभ्यानति, झुकना, टेढ़ा होना।

tilting[2] a. अभिनमनशील, **अवनामी, अवनम्य,** लुढ़काऊ, आनम्य, टेढ़ा होनेवाला, झुकनेवाला; ~ drum, ~ fillet, ~ furnace, ~ level, ~ lever, ~ screw, ~ table.

Tim. Timothy.

timbal टिम्'बॅल् n. मृदंग, तबला।

timber टिम्'बॅर् n. **काष्ठ,** दारु; **लकड़ीF;** प्रकाष्ठ, निर्माणकाष्ठ, **इमारती लकड़ीF;** इमारती लकड़ीFके पेड़, वन, जंगल; कड़ीF, शहतीर; (नौवि०, जहाजके पार्श्वस्थ) आड़े काष्ठखण्ड; (नौवि०) **गूढ़ा, जहाजकी पसलियाँF** (*shivering ~s*); (स्काटलैण्ड, शिकारमें) खेतोंके घेरेवाले बाड़े और दरवाजे; ~-head पोतमें सिरेवाली कड़ीF; ~-hitch (नौवि०) कड़ीFमें लगी रस्सीFकी गाँठF ~-toe(s) (बोल०) लकड़ीFकी टाँगवाला आदमी; ~-wolf बड़ा भारी अमरीकी भेड़िया; ~ account, ~-borer, ~ canter, ~ carriage, ~ cart, ~ checking station, ~ clerk, ~ connector, ~ construction, ~ depot, ~ disease, ~ drag, ~ felling, ~ floor, ~-forest, ~ form factor, ~ grading, ~ grading rules, ~-laced, ~ limit, ~ line, ~ logs, ~man, ~marker, ~ measurement, ~ merchant, ~ piling, ~ reserve, ~ ~ scribe, ~ slide, ~ soil, ~ species, ~ testing, ~ testing machine, ~ trade, ~ trees, ~ tresle, ~ yard.

timbered –ड्' a. काष्ठीय, निर्माणकाष्ठीय, काष्ठनिर्मित, काष्ठयुक्त, लकड़ीFका, लकड़ीवाला।

timbering –रिंग् n. काष्ठ, काठका इमारती सामान, कड़ियाँF, तख्ते; काष्ठकार्य, (स्था०) **काठबन्दीF,** लकड़ीF-का काम, तख्तों आदिका काम।

timbre टैम्'बॅर् n. **ध्वनिFका स्वरूप,** ध्वनिFका लाक्षणिक गुण, तानF, लयF; (भौ०) **काकु;** (मनो०) स्वरवर्ण; (यन्त्र०) **स्वरविशेषताF;** टोपीF।

timbrel टिम्'ब्रॅल् n. मृदंग, पखावज, छोटी ढोलकF, तबला।

timbrology ⊙ टिम्ब्रॉ'लॅजि n. डाक-टिकट-विज्ञान, डाक-टिकट-शास्त्र, = PHILATELY।

time[1]* टाइम्' n. वेला, युग, (गति वि०) **काल, समय*,** वक्त*, **टाइम** (~ *will show who is right*); अवधिF, निश्चित समय, निर्दिष्ट काल; जीवनकाल, श्वासावधिF; अवधिF, अवकाश, फुर्सतF (*have no ~ for such frivolities*); विश्रान्तिF; मृत्युF (*my ~ is coming*); प्रसंग, उपयुक्त अवसर, ठीक समय, अच्छा मौका (*there is a ~ for everything*); (प्रायः pl.) जीवन-दशाएँF, युग, जमाना, जमानेका रंग; गुना, गुणे, मरतबा, दफा (*the first ~ I saw him*); परिनिष्ठित समय, मियादF, मुद्दतF (*the ~ allowed was four years*); दाँव, वार, बार; (संगीत) तालF, लयF; (व्या०) काल (*future, past, present,* ~); कष्ट (*what a ~ you will have getting him home*); mean ~ मध्यकाल, सामान्य समय, औसत वक्त; ~-ball समय-स्फीट, कालपिण्ड (वह गोला जो एक निश्चित समयपर गिरता है); ~-barred गतावधिक, (का०) **कालबाधित,** कालावरोधित, कालातीत; ~-bomb नियतकालिक प्रस्फोट; ~-fuse काल-ज्वाल, निश्चित अवधिFके पश्चात् फटनेवाला (बम इत्यादि); **मियादी फ्यूज;** ~-honoured विगतकालिक, चिरकाल-सम्मानित, चिरप्रचलित; ~ immemorial *or* out of mind स्मरणातीत कालसे; ~-keeper **घड़ीF; समय-पाल,** समय-लेखक, समय-निरीक्षक, मजदूरोंके समयका हिसाब-किताब रखनेवाला; ~-lag (सांख्य०) **काल-पश्चताF, समय-पश्चताF,** (यन्त्र०) **समय-अन्तराल,** समयान्तर, विलम्वना; ~piece कालदर्श, सामयिकाF, टाइमपीस; ~-scale कालमान, **समयमान;** ~ schedule समय-सारणीF, ~-server अवसरवादी, दुनियासाज; ~-serving अवसरवादी; अवसरवादिताF, दुनियासाजीF; ~-table **समय-सारणीF,** समयावलीF, समय-तालिकाF, वेलापत्रक, काल-विभाग, टाइमटेबल; ~-wages (अर्थ०)

अमानी[F]; *against* ~ शीघ्र, जल्दी[F] में; *all the* ~ निरन्तर, अनवरत, सारे समय, बराबर; *at all* ~*s* ⊙ हर समय, हर वक्त; *at the same* ~ युगपद, एक साथ; तथापि, तोभी; *at* ~*s* प्रायः, प्रायशः, प्रायेण, कभी-कभी, किसी-किसी समय, कई वक्त; *from* ~ *to* ~ समय-समयपर; *in no* ~ निमिषमात्रमें, पलभरमें, तुरन्त, झटपट, चुटकी[F] बजाते; *in* ~ समयपर, ठीक समयपर, समयके भीतर, समय रहते; कभी-न-कभी, एक-न-एक दिन; *keep good* ~ ठीक समय देना; *the* ~ *of the day* कितने बजे; परिस्थिति[F], हालात; *keep* ~ (ताल[F]के साथ) चलना, नाचना या गाना; ~ *and tide wait for no body* समय किसीकी परवाह[F] नहीं करता; ~ *past never returns*, ~ *past cannot be recalled* गया वक्त फिर हाथ आता नहीं; *out of* ~ अकाण्ड, अनवसर, कुसमय, कुवेला, असमय, बेवक्त, बेमौका; (संगीत) बेताल; *what* ~ *is it?* कितने बजे हैं;

~-bargain, ~ barred, ~-base, ~ being, ~-bill, ~-book, ~-card, ~ changes, ~ charter, ~ checker, ~ constant, ~ deposit, ~ deviations, ~ earnings, ~ effect, ~ element, ~-expired convicts, ~-exposure, ~ factor, ~ gap, ~-gun, ~ integral, ~ interval, ~ keeping section, ~-killing, ~ liabilities, ~ limit, ~ machine, ~ money, ~ period, ~ plan, ~ policy, ~ preference, ~ rate, ~ ratio, ~ recorder, ~ records, ~ requisite, ~ retardation, ~ reversal test, ~ saver, ~-saving, ~-sense, ~-sequence, ~ series, ~-sheet, ~ signal, ~ stamp, ~ star, ~ statement, ~ switch, ~ test, ~ utility, ~ variable, ~ variations, ~-work, ~ work checker, ~-worn, ~ zone.

time[2] **v.t. & i.** समय निश्चित करना, समय चुनना; (ट्रेन[F] आदिकी पहुँच[F]का) समय सुव्यवस्थित करना, गति[F] नियन्त्रित करना; (घुड़दौड़[F]में) समयका अनुमान लगाना, टाइमका हिसाब लगाना; नियत समयपर करना।

timeful –'फ़ुल् a. कालिक, सामयिक, मौसमी, वक्ती।

timeless –'लिस् a. (क्व०) अनन्त, अन्तहीन, समयातीत; असमय, कुसमय, बेवक्त।

timeliness –लिनिस् n. कालौचित्य, अवसरोपयुक्तता[F], समयोचितता[F], सामयिकता[F]।

timely –लि a. कालोचित, अवसरोपयुक्त, समयोचित, सामयिक, यथासमय, समयपर (~ *information*)।

timeo Danaos et dona ferentes (L) शत्रु कितनी ही मित्रता[F] क्यों न दिखाये उसपर कभी विश्वास न करना चाहिये।

timeous, timous –'मस्, –'मस् aa. (प्रायः स्काटलैण्ड) समयोपयुक्त, अवसरोपयुक्त, कालोपयुक्त, समयानुसार, मौकेका।

timer –मॅर् n. **समयांकक**, कालिक, समयका हिसाब रखनेवाला; समयमापक यन्त्र; गतिनियन्त्रक यन्त्र।

trial ट्राइ'अॅल n. (सांख्य०, चि०) **परीक्षण**, (~ *period*) परीक्षा^F, जाँच^F, **परख^F**, आजमाइश^F (~ *marriage*, *trip*); प्रयत्न; अनुभव, अटकल^F; (कानून) अन्वीक्षा^F, **विचारणा^F** (~ *cord*), **विचारण, विचार**, अभियोग, मुकदमा (*underwent* ~ *for murder*); कष्ट, दुःख; ~ balance (गणि०) तल-पट, **शेष-परीक्षा^F**; (अर्थ०) **शेष-परीक्षण**, ~ fire अग्नि-परीक्षा^F; ~ trip (जहाजकी) परीक्षणात्मक जलयात्रा^F; (नौवि०) **जाँच-फेरा** (रेल०) **जाँच-चक्कर**;

~ boring, ~ card, ~ coincidence, ~ cutting, ~ mix, ~ period, ~pit.

trialogue ट्राइ'ॲलॉग् n. त्रिसंवादात्मक नाटक, त्रिपात्ररूपक, तीन पात्रोंका नाटक।

triandrous ट्राइऐन्'ड्रॅस् a. (वन०) **त्रिपुंकेसरी।**

triangle ट्राइ'ऐन्गॅल् n. (स्थिति० वि०, भौ०, ग०) **त्रिकोण, त्रिभुज**; तिकोन; त्रिकोणात्मक क्षेत्र, त्रिभुजाकार यन्त्र; (नौवि०) तीन तख्तेवाला एक भारोद्वाही यन्त्र; (इति०) तीन गँड़ासोंका एक ढाँचा; acute-angled ~ न्यूनकोण त्रिभुज; equilateral ~ समबाहु; isosceles ~ समद्विबाहु त्रिभुज; obtuse-angled ~ अधिक कोण त्रिभुज; right-angled ~ समकोण त्रिभुज; scalene ~ विषमबाहु त्रिभुज; the eternal ~ तीन प्रेमी, दो और एकका प्रेम-त्रिकोण;

~ adjustment, ~ closure, ~ condition.

triangular –ग्यूलॅर् a. **त्रिकोण**, (रसा०) **त्रिकोणीय**, त्रिकोणाकार, (स्थिति वि० भी) **त्रिभुजीय**, (कृषि०, ग०) **त्रिभुजाकार**, त्रिपक्षीय, (कृषि०) **तिकोना**, तिकोनिया; ~ treaty, duel त्रिपक्षीय सन्धि^F तथा विग्रह;

~ file, ~ fossa, ~ harrow, ~ lamina, ~ ligament, ~ prism.

triangularity –लै'रिटि n. त्रिकोणात्मकता^F; त्रिकोणाकृति^F, त्रिपक्षता^F, त्रिभुजाकृति^F।

triangulate¹ –ग्यूलेट् v. t. त्रिकोणीयित करना, त्रिकोणात्मक बनाना, त्रिभुजाकार बनाना, त्रिकोण बनाना; त्रिकोण-विभाजित करना, त्रिभुजोंमें बाँटना।

triangulate² –लॅट् a. (प्राणिवि०) त्रिकोणांकित, त्रिभुज-चिह्नित।

triangulation –ले'शॅन् n. त्रिकोणीयन, (यन्त्र०) **त्रिकोणीय सर्वेक्षण, त्रिकोणीकरण, त्रिभुजीकरण, त्रिभुजन, त्रिभुज द्वारा मापन**, त्रिकोणमापन, त्रिभुजाकार रूपमें विभाजन;

~ figure, ~ pamphlet, ~ station, ~ system.

trianguloid –ग्यूलाएँड् a. = TRIANGULAR.

triangulum⊙ ट्रिऐङ्'ग्यूलॅम्) n. (गणि०) **त्रिकोण**; ~ australis (गणि०) **दक्षिण-त्रिकोण।**

triarch⊙ –ट्रि'आर्क a. त्रिपट्टिक, त्रिसूत्र; (वन०) **त्रिचापी।**

triarchy⊙ –र्कि n. त्रितन्त्र, त्रिशासन, तिहरा शासन; त्रिसूत्रता^F।

trias ट्राइ'ऐस् n. (भूग०, महासरट्युग या जूरा पर्वतकी बीचकी परत^Fमें दबी हुई) मध्यशिला^F, रक्ताश्म।

triassic a. रक्ताश्म- (~ *period*)।

triatoma ट्राइॲटॉ'मॉ n. शंकुतुण्ड, त्र्यणु (खटमल)।

triatomic –मिक a. त्र्यणु, तीन परमाणुओंवाला।

triaxial ट्राइऐक्'सिॲल् a. त्र्यक्ष, तीन धुरोंवाला।

triaxon n. (जीव०) **त्रिअक्ष कंटिका^F।**

tribade n. स्वजातिकामिनी स्त्री^F, (चि०) वृहद्भगशिश्निका^Fवाली स्त्री^F जो दूसरी स्त्री^Fसे सम्भोग करती है।

tribadism ट्रि'बॅडिज़्म् n. (चि०) स्त्री^F-स्त्री^F-सम्भोग,

स्त्रियोंᶠका परस्पर मैथुन।

tribal ट्राइ'बॅल् a. वनजातीय, जन-जातीय, कबीला-सम्बन्धी, कबायली (~ *areas, welfare*); वंशीय, गोत्रीय, जातीय।

tribalism –लिज़्म् n. वन्यजातीयताᶠ, जाति-संगठन।

tribe –ब् n. वन्यजातिᶠ, गणजातिᶠ, (विधा०) **जनजाति**ᶠ, जत्था, टोलीᶠ, **कबीला**; आश्रम, गोत्र, गण, वर्ग, वंश, कुल, **कुटुम्ब**, जातिᶠ, कौमᶠ, नसलᶠ; प्रकार, भाँति, श्रेणीᶠ, किस्म; राजनीतिक विभाग; (प्रा० वि०, नृ० शा०) उपवंश, **उपकुल**, अनुवंश, अनुकुल; ~**sman** वनजातीयक, जनजातीय, आदिवासी, कबायली आदमी।

tribelet –'लिट् n. क्षुद्र जनजातिᶠ, लघु वनजातिᶠ, छोटा फिरका या कबीला।

tribious –बिअस a. त्रैलोक्य-विषयक; जल-थल-वायु-सम्बन्धी।

tribometer ट्राइ(ट्रि)बॉ'मिटॅर् n. घर्षणमापी।

tribrach¹ ⊙ ट्रि'ब्रैक् n. त्रिशाखी पदार्थ।

tribrach² n. छन्दश्चरण, गण, नगण (˘˘˘)।

tribrachial ट्राइब्रे'किॲल् a. त्रिबाहु,त्रिभुजी, त्रिशाखी।

tribrachic ट्रिब्रै'किक् a. नगण, नगण-छन्दश्चरण विषयक।

tribulation ट्रिब्यूले'शॅन् n. मनस्ताप, क्लेश, कष्ट, **पीड़ा**ᶠ, दुःख; आपत्तिᶠ, विपत्तिᶠ, मुसीबतᶠ।

tribunal ट्राइ(ट्रि)ब्यू'नॅल् n. (का०, विधा०) **न्यायाधिकरण, अधिकरण**, (~ *council*), न्यायासन, धर्मासन, कचहरीᶠकी कुर्सीᶠ; न्यायासभा, न्यायालय, कचहरीᶠ, अदालतᶠ (ला० भी *before the ~ of public opinion*)।

tribunary, tribunicial, tribunitial ट्रि'ब्यूनॅरि, –नि'शल्, –'शल् aa. जनरक्षकीयक, जनाभिवक्ता-विषयक, सार्वजनिक।

tribunate, tribuneship –नॅट्, –शिप् nn. जनरक्षकताᶠ, जनरक्षक-पद।

tribune¹ –न् n. जनरक्षक, प्रजारक्षक; जनाभिवक्ता, प्रसिद्ध प्रजानायक, सार्वजनिक नेता; समाचारपत्रका नाम; T.।

tribune² n. (न्यायालयमें) धर्मासन, विशपकी कुर्सीᶠ; मंच, चौकीᶠ, चबूतरा।

tribunician –नि'शन् a. =TRIBUNARY.

tribunitian –शॅन् a. =TRIBUNARY.

tributariness ट्रि'ब्यूटॅरि-निस् n. अमुख्यताᶠ, अप्रधानताᶠ; सहायताᶠ।

tributary¹ –रि n. सामन्त; करद राज्य; शाखाᶠ; (प्रा० भू०) **उपनदी**ᶠ, **सहायक नदी**ᶠ।

tributary² a. वलिदायी, करद, करदाता (~ *state*); अमुख्य, अप्रधान, सहायक; ~ glacier सहायक हिमानीᶠ; ~ state **माण्डलिक राज्य**;

tribute –ट् n. शुल्क, **कर**; वलिᶠ, उपहार, भेंटᶠ, नजरᶠ, (*will not withhold my ~ of praise*)।

tributer ट्रि'ब्यूटॅर् n. (उत्पादानुसार) खनिकर्मी, खनिश्रमिक, खनिक, खानᶠका अमानी मजदूर, खदानᶠका ठीकेका मजदूर।

tricar ट्राइ'कार् n. तिपहिया मोटरᶠ।

trice¹ ट्राइस् n. मुहूर्त्त, क्षण, पल, दम, लमहा; *in a* ~ क्षणभरमें, पलभरमें।

trice² v. t. (नौवि०) तानना, खींचना; उठाकर रस्सेसे बाँधना।

tricennial ट्राइसे'निॲल् a. त्रिंशतिवर्षीय, तीस वर्षका, तीस सालका।

tricephalous –'फ़ॅलॅस् a. त्रिशीर्ष, त्रिमूर्ति, त्रिशिर, तीन सिरोंवाला; (चि०) राक्षस गर्भ।

triceps ट्राइ'सेप्स् a. & n. (चि०, जीव०) **त्रिशिरस्का**, त्रिशिर (पेशीᶠ), तीन शाखाओंवाली (पेशीᶠ)।

trichi ट्रि'चि n. दे० TRICHINOPOLI.

trichiasis ट्रिकाइ'ॲसिस् n. (चि०) परवाल रोग, पक्ष्म कोप; मूत्रमें केशसम तन्तुओंका दिखाई देना।

trichina ट्रि'किनॅ n. (pl. -*e*) ऊतिकृमि, कचकृमि, शरीरमें पड़नेवाला महीन कीड़ा।

trichiniasis, trichinization, trichinosis –नाइ'ॲसिस, –नाइज़े'शॅन्, –नॉ'सिस् nn. (चि०) कचकृमिरोग, ऊतिकृमि-रुजाᶠ, परवाल, कीड़े पड़नेका रोग।

trichinize –'किनाइज़् v. t. शरीरमें कचकृमि पैदा करना।

trichinopoli, trichi ट्रिचिनॉ'पॅलि, ट्रि'चि n. त्रिचनापली तम्बाकूᶠ, भारतीय चुरट-विशेष।

trichinosed, trichinotic, trichinous ट्रि'किनोस्ड्, ट्रिकिनॉ'टिक्, ट्रि'किनॅस् aa. (चि०) कचकृमिजुष्ट, स्रोतिकृमि, ऊतिकृमियुक्त, चुन्ने कीड़ोंसे युक्त।

trich(o)- केश- (*trichogen, trichology, trichopathic*)।

trichocyst n. (जीव०) **दंशिका**ᶠ, T.।

trichogenous ट्रिकॉ'जिनॅस् a. उत्पादक, केशजनक, केशोत्पादक, बाल उगानेवाला।

trichogyne –जीन n. (वन०) **धान्यग्रिका**ᶠ, T.।

trichologist –'लॅजिस्ट् n. (चि०) केश-विज्ञान-विद्; केश-वैज्ञानिक; केशशास्त्री; केशरोग-चिकित्सक; शिरोरुह-चिकित्सा वैज्ञानिक, केश-चिकित्सा-शास्त्री।

trichology –जि n. (चि०) केशविज्ञान; शिरोरुहविज्ञान, केश-चिकित्सा-शास्त्र।

trichoma ट्रिको'मॅ n. (वन०) T.; **उद्रोम**, अधिरोम, रोमान्त; (चि०) अन्तर्वर्त्मताᶠ; केशोंका कवक जन्य रोग जिसमें जटाएँ वन जाती हैं, T.।

trichome ट्राइ(ट्रि)'कोम् n. बाल, केश, अधिरोम, (वन०) रोमिकोᶠ, **त्वकूरोमिका**ᶠ, रोआँ; शल्क; T.।

trichosis ट्रिकॉ'सिस् n. (चि०) केशातिवृद्धिᶠ; केशविकार; केशरोग, बालतोड़।

trichotomous ट्राइ(ट्रि)कॉ'टॅमॅस् a. त्रिशाखी, त्रिभागी, त्रिखण्डी, तीन भागोंवाला।

trichotomy –मि n. त्रिशाख, त्रिखण्ड, त्रिभाग, तीन भाग, तिबाँट।

trichromatism ट्रिक्रो'मॅटिज़्म् n. (शिक्षा०) त्रिवर्णता; त्रिवर्णवाद, तीन रंगोंका सिद्धान्त।

trick¹* ट्रिक् n. प्रतारणा^F, छद्म, माया^F, प्रवंचना^F, कपट, छल, धूर्तता^F, धोखेबाजी^F, चालाकी^F*, चाल^F, फरेब, दाँव (*I suspect some ~*); मक्कारी^F; पाटव, चातुर्य, कला^F, कौशल, हस्तलाघव, हाथकी सफाई^F (*conjurer's ~s*); विचित्र स्वभाव, विलक्षण रीति^F (*style is disfigured by ~s*); भद्दा या रद्दी आचरण; घेरेमें खेला गया ताश; (नौवि०) घण्टेभरकी पारी^F या ड्यूटी^F; *do the ~* काम निकालना; सफल होना; *play ~s* घात^F लगाना, दाँव दिखाना, चाल^F चलना, जाल रचना।

trick² v. t. & i. प्रतारणा^F करना, प्रवंचना^F करना, कपट करना, छल करना, ठगना, धूर्तता^F करना, फरेब करना, दगाबाजी^F करना, छलना, मक्कारी^F करना; आश्चर्यान्वित करना, अचरजमें डालना; परास्त कर देना, हराना; विफल करना; *~out, up* वस्त्र सज्जित करना, भूषित करना, अलंकृत करना, सजाना, सँवारना।

tricker –'कॅर् n. कितव, कूट व्यक्ति, प्रवंचक, प्रतारक, कपटी व्यक्ति, धूर्त, ठग, दगाबाज, चालबाज, मक्कार, मदारी।

trickery –रि n. कैतव, कूटता^F, प्रवंचकता^F, कपट, धूर्तता^F, ठगी^F, दगाबाजी^F, फरेब, मक्कारी^F; कौशल, हस्तलाघव।

trickiness –किनि'स् n. कैतव, कितवता^F, प्रवंचकता^F, प्रतारकता^F, धूर्तता^F, धोखेबाजी^F।

trickish –किश् a. (अब क० = TRICKY.) कितव, कूट, प्रतारक, प्रवंचक, छली, कपटी, ठग, धूर्त, मक्कार, धोखेबाज; कौशलपूर्ण।

trickishness –नि'स् n. कैतव, कितवता^F, कूटता^F, प्रतारकता^F, प्रवंचकता^F; छल, कपट, ठगी^F, धूर्तता^F, मक्कारी^F, धोखेबाजी^F।

tricle¹ ट्रि'कॅल् n. मन्द प्रवाह, धीरे-धीरे बहनेवाली धारा^F।

trickle² v. i. & t. आश्चोतित होना, स्रुत होना, स्रवित होना, चूना, टपकना, रिसना, झरना (*tears ~d down her cheeks*); चुवाना, टपकाना, रिसाना, बूँद-बूँद करके गिराना।

tricklet –लि'ट् n. क्षुद्र मन्दवाही स्रोत, धीरे-धीरे बहनेवाली छोटी धार^F।

trickly –लि a. मन्दवाही; चूता हुआ, टपकनेवाला।

tricksome ट्रिक्'सॅम् a. = TRICKY.

trickster –'स्टॅर् n. = TRICKER.

tricksy ट्रिक्'सि a. चपल, अस्थिर; विलक्षण, अनोखा; मायावी, कृत्रिम, बनावटी, झूठा, जाली।

trick-track. tick-tack ट्रिक्'-ट्रैक्, टिक्'-टैक् n. = BACKGAMMON की तरहका एक खेल।

tricky ट्रि'कि a. कितव, प्रवंचक, प्रतारक, धूर्त, छली, कपटी, धोखेबाज।

triclinium ट्राइ(ट्रि)क्लि'निॲम् n. (रोमन इति०, pl. *-ia*) भोजनपट्ट या भोजनकक्ष (जिसमें तीन ओर कुर्सियाँ^F लगी हों)।

tricoline ट्रि'कॅलिन् n. पापलीन, ट्रिकोलीन।

tricolour, -or ट्राई'कलॅर्, -ॲर् a. & n. त्रिवर्णरंजित भारतकी (राष्ट्रपताका), तिरंगा (झण्डा)।

tricoloured –ॅर्ड a. त्रिरंजित, तिरंगा।

triconodont ⊙ ट्राइकॉ'नडॉन्ट् a. त्रिकूटदन्त।

tricorn ट्राइ'कॉर्न a. त्रिशृंग, तीन सींगोंवाला; (चि०) मस्तिष्कका पार्श्व-निलय।

tricorporal ट्राइकॉर्'पॅरॅल् a. त्रिकाय, त्रिदेह, तीन शरीरोंवाला।

tricorporate –रॅट् a. = TRICORPORAL.

tricostate –कोस्टेट् a. त्रिपर्शु, तीन, पसलियोंवाला।

tricot (F) ट्राइको'ट n. अलग बुनाई^F; हाथका बुना ऊनी वस्त्र।

tricuspid ट्राइकस्'पिड् a. (चि०) त्रिकपर्दिक (कपाट); (जीव०) त्रिंदली, T. (*~ valve*)।

tricycle ट्राइ'सिकॅल् n. & v. i. त्रिचक्री, तिनपहिया सायकिल^F (पर चढ़ना), ट्राइसिकल^F चलाना।

tricyclist –लिस्ट् n. त्रिचक्रयान-यात्री, तिन-पहिया सायकिलपर चढ़नेवाला, ट्राइसिकलवाला।

trident ट्राइ'डॅन्ट् n. त्रिशाख, त्रिशिख, त्रिशीर्ष, (ग०) त्रिशूल, तिनोक; (जीव०) त्रिशूल दन्त; T.।

tridentate ट्राइडे'न्'टॅट् a. त्रिदन्तुर, त्रिदन्त, (जीव०) त्रिशूलदन्ती, तीन दाँतोंवाला।

Tridentine¹ ट्राइ(ट्रि)डे'न्'टाइन् n. रोमन कैथोलिक, ईसाई।

Tridentine² a. काउन्सिल ऑव् ट्रेन्टसे सम्बन्धित।

tridimensional ट्राइडिमे'न्'शॅनॅल् a. त्रिविम, त्रिविमीय; त्रिघाती, तीन आयामवाला।

triduan ट्राइ'ड्यूॲन् a. त्र्याहिक, त्रिदिवसीय, तीन दिनोंका।

triduo, triduum ट्रि'ड्यो, ट्राइ'ड्यूॲम् nn. त्रिदिवसावधि^F, तीन दिनोंका समय, तीन दिन; त्रिदिवसीय पूजापाठ।

tried ⊙ ट्राइड् a. प्रयुक्त, प्रयोजित, अनुभूत; विश्वस्य, विश्वसनीय, परीक्षित; विचारित।

triennial ट्राइए'निॲल् a. & n. त्रैवार्षिक, त्रिवर्षीय, (पौधा या वर्षगाँठ^F), तीन-वर्षीय (वृक्ष), तिसाला (*~ election, report*)।

triennium –ॲम् n. त्र्यब्दी, त्रिवर्षावधि^F, तीन सालका समय, तीन बरस।

trier ट्राइ'ॲर् n. प्रयोक्ता, आजमानेवाला।

trierarch ट्राइ'इआर्क् n. (यूनानी पुरा०) पोताध्यक्ष, पोतश्रेष्ठी।

trifid ट्राइ'फ़िड् a. (जीववि०, वन०) त्रिधा, त्रिविभक्त।

trifle¹ ट्राइ'फ़ॅल् n. लेश, लव, क्षुद्र वस्तु^F, नगण्य पदार्थ, साधारण चीज^F (*waste time in ~s*); छोटा खिलौना; अल्प धन, क्षुद्र धनराशि^F (*spare a ~ for the*

porter); सामान्य खाँसी ।

trifle[2] v. i. & t. तुच्छ बातें[F] करना, तुच्छ कार्य करना; अति व्यय करना, फिजूल खर्च करना; समय नष्ट करना, खोना, गँवाना; ~ *with* तिरस्कार करना, अवमान करना, अपमान करना, तुच्छ समझना; चुटकियों[F]में उड़ा देना ।

trifler –लॅर् n. बहुभाषी, वाचाल, बकवादी, बकवासी ।

trifling –लिंग् a. अल्प, लघु, क्षुद्र, तुच्छ, तृणप्राय, नगण्य, हलका, छोटा ।

triflingness–निॅस् n. क्षुद्रता[F], तुच्छता[F], नगण्यता[F], छोटाई[F] ।

trifocal ट्राइफ़ो'कॅल् a. त्रिनाभि (~ *lens*) ।

trifoliate ट्राइफ़ो'लिॲट् a. त्रिदल, त्रिपर्ण, (वन०) **त्रिपर्णकी, त्रिपत्रकी**, तीन पत्तीवाला ।

triforium ट्राइफ़ॉ'रिॲम् n. (pl. *-ia*) (गिरजेके मध्यभागमें गैलरी[F]के ऊपर) सामान्यतया छन्न मार्गके रूपमें गैलरी[F] ।

trig. trigonometry.

trig[1] ट्रिग' n. रोध, अवरोध, आड़[F], अड़वार[F] ।

trig[2] v. t. सज्जित करना, अलंकृत करना, सजाना, सँवारना; अवरुद्ध करना, आड़[F] लगाना, रोड़ा अटकाना, अड़वार[F] लगाना ।

trig[3] n. TRIGONOMETRY का संक्षिप्त रूप ।

trigamist ट्रि'गॅमिस्ट् n. त्रिपत्नीक, त्रिभर्तृका[F], तीन विवाहवाला पुरुष वा स्त्री[F] ।

trigamous –ॲस् a. त्रिविवाह-विषयक,तीन शादियों[F]का ।

trigamy –मि n. त्रिविवाह, तीन विवाह करना ।

trigeminal ट्राइजे''मिनॅल् a. त्रिशाख; ~ impression (चि०) **त्रिमूलांक**; ~ lemniscus (श० र० शा०) **त्रिधारा पट्टबन्ध**; ~ nerve (श० र० शा०) **त्रिधारा तंत्रिका**[F] ।

trigger ट्रि'गॅर् n. (बन्दूक[F] इत्यादिका) **घोड़ा**; बाधा[F], रोक[F], अटकाव; **लिबलिबी**; ~ finger **तर्जनी**[F]; ~ bar, ~ control, ~ guard, ~ mechanism, ~ operation.

triggered –र्ड् a. रोधयुक्त, घोड़ेदार, आड़दार ।

triglot ट्राइ'ग्लॉट् a. त्रिभाषान्तरित, तीन भाषाओं[F]में लिखा हुआ ।

triglyph ट्राइ'(ट्रि)ग्लिफ् n. (पच्चीकारी[F]में प्रयुक्त) तीन नाली[F]वाला भूषण; (यन्त्र०) **त्रिधारी** ।

trigon ट्राइ'गॉन् n. त्रिभुज, त्रिकोण, तिकोन ।

trigonal ट्रि'गॅनॅल् a. (ग०, वन०) **त्रिकोणी**, त्रिकोणात्मक, त्रिभुजात्मक, त्रिभुजाकार, तिखूँट, तिकोनिया; ~ class, ~ crystal, ~ division, ~ prism, ~ pyramid, ~ symmetry.

trigonic ट्राइगॉ'निक् a. त्रैभुजिक, त्रिभुजीय, त्रिभुजसम्बन्धी ।

trigonometer ट्रिगॅनॉ'मिटॅर् n. त्रिकोण-मान, त्रिकोणमापी, त्रिकोण-मापक यन्त्र ।

trigonometric –नॅमे''ट्रिक् a. (त्रिकोण) **त्रिकोणमितीय**, त्रिकोण-भूमितीय; ~ analytical, ~ curve, ~ equation, ~ function, ~ identity, ~ land, ~ marks, ~ plane, ~ point, ~ ratio, ~ ration, ~ series, ~ spherical, ~ station, ~ substitution, ~ survey, ~ symbol, ~ theorem.

trigonometrical –कॅल् a. = TRIGONOMETRIC; ~ function, ~ levelling, ~ point, ~ proposition, ~ transformation.

trigonometry –नॉ'मिॅट्रि n. (ग०) **त्रिकोण-मिति**[F], त्रिकोण-भूमिति[F] ।

trigonous ट्रि'गॅनॅस् a. = TRIGONAL. ~ class, ~ crystal, ~ division, ~ prism, ~ pyramid, ~ symmetry.

trigrip –ग्रिप n. त्रिग्रभ, तेहरी पकड़[F] (~ *clamp*) ।

trihedral ट्राइही(हे´)'ड्रॅल् a. त्र्यनीक, त्रितल (ध०, ज्या०) **त्रितलीय** (~ *angle*) ।

trihedron –ड्रॅन् n. त्र्यनीक, त्रितल ।

trihybrid ⊙ ट्राइहाइ'ब्रिड् a. **त्रिसंकर**, (~ *inheritance*), माता-पितासे तीन गुणोंमें भिन्न रहनेवाला ।

trijunction ⊙ ट्राइजन्क्'शॅन् n. त्रिसंगम, त्रिबन्ध, तीनका जोड़ (~ *mark*, *pillar*) ।

trike ट्राइक्' n. & v. i. (बोल०) = TRICYCLE.

trilateral ट्राइलै'टॅरॅल् a. त्रिपार्श्व, त्रिभुज, तीन भुजाओं[F]का ।

trilingual ट्राइलिन्''ग्वॅल् a. त्रैभाषिक, तीन भाषाओं[F]का ।

triliteral ट्राइलि'टॅरल् a. त्र्यक्षर, त्रिवर्णात्मक ।

trill[1] ट्रिल्' n. कम्पित स्वर, स्वरकम्पन, गिटकिरी[F], थर्राहट[F], कम्पन, खनक[F] ।

trill[2] v. i. & t. कम्पित स्वर उत्पन्न करना, काँपती हुई आवाज[F] निकालना; काँपना, थर्राना, खनकना; कम्पित स्वरमें गाना, गिटकिरी[F] भरना, लहराती हुई आवाज[F]में बोलना ।

trilling –'लिंग् १. n. त्रिक, संयुक्त मणिभ, तिहरा ढिठौर, तीन जुड़वाँ बच्चोंमेंसे प्रत्येक; २. a. प्रकम्पी, स्पन्दनशील, लहरिया (~ *laughter*) ।

trillion ट्रि'लयॅन् n. & a. करोड़ खरब, महासंख, पद्म, एक खराब, अमरीकी ट्रिलियन ⊙, (कहीं) महापद्म ।

trillionth –थ् a. & n. अष्टादशखम, द्वादशखम, महापद्मम, खरबवाँ ।

Trillium ट्रि'लिॲम् n. त्रिपर्ण नीलोत्पल ।

trilocular ट्राइलॉ'क्यूलॅर् a. त्रिगह्वर, त्रिकोष, तीन कोठँड़ियोंवाला ।

trilogy ट्रि'लॅजि n. (ग्रीक पुराण) त्रयी, नाटकत्रय, तीन दुःखान्त नाटक; ग्रन्थत्रय, भाषणत्रय ।

trim[1] ट्रिम्' n. वेशभूषा[F], श्रृङ्गार, बनाव, सिंगार; समंजन, समाकृन्तन, काटछाँट[F], टीपटाप[F]; (नौवि०) **नति**[F], **झुकाव**; (विशे० नौवि०) सुव्यवस्था[F], सुस्थिति[F], अच्छी दशा[F], अच्छी हालत[F]; (*found everything in* ~); ~

of the masts (नौवि०) मस्तूलोंका व्यवस्थित क्रम ।

trim² v. t. & i. व्यवस्थित करना, ढंगसे सजाना, साफ-सुथरा करना; परिष्कृत करना, समाकृन्तन करना, काट-छाँट^{F}कर ठीक करना, सजाना, सँवारना; (*off*, *away* के साथ) कतरकर हटा देना, छीलकर साफ कर देना, साफ सुथरा बनाना, स्वच्छ वेशभूषा^{F} धारण कराना या करना, सजधज^F या टीपटाप^{F}से तैयार करना; बंनाना; (वस्त्रोंपर) झालर^F लगाना, गोटापट्टी^{F} लगाना; (नौवि०, स्थान और यात्रियोंकी अदलाबदली^{F}से जहाज इत्यादिका) बोझ बराबर कर लेना; (मस्तूलों या पालोंको) हवा^{F}के रुखके अनुसार व्यवस्थित करना; मध्यमार्गी होना, अवसरवादी होना, थाली^{F}का बैगन होना, (बोल०) तीव्र भर्त्सना^{F} करना, आड़े हाथों लेना, कसके खबर^F लेना, अच्छी तरह ठोंकना; ठगना, मूँड़ना, झटक^F लेना; लाभकी स्थिति^{F}में रहना; ~ person's *jacket* कोड़े लगाना; ~ *the shore* (मछलियों^{F}के झुण्डका) किनारे-किनारे चलना ।

trim³ a. सुव्यवस्थित, सुरचित, सुसज्जित, परिष्कृत, स्वच्छ, साफ, सजीला, सुथरा, ठीक, बना-ठना; ~-ankled, ~-bearded, ~-bodiced, ~-bodied, ~-cut, ~-dressed, ~-hedged, ~-kept, ~-looking, ~-suited, ~-swept, ~-waisted.

trimensual ट्राइमे॑न्'स्युअॅल् a. त्रैमासिक, तिमाही, प्रत्येक तीसरे महीने होनेवाला ।

trimer ⊙ ट्राइ(ट्रि)'मॅर n. (रसा०) **त्रिलक** ।

trimerous ट्राइ(ट्रि)'मॅरस् n. (वन०) **त्र्यी**^{F}, त्र्यवयव त्रिभाग, त्रिखण्ड (~ *theory*) ।

trimester ट्रिमे'स्'टॅर् n. तिमाही ।

trimetallism ट्रिमे'टॅलिज़्म् n. त्रिधातुता^{F} ।

trimeter ट्रि'मिटॅर् n. & a. त्रिमान; त्रिपदी, तीन पदोंवाला ।

trimetric, -al ट्राइ(ट्रि)मे॑ट्रिक, -अॅल् aa. त्रिमानिक; त्रिमात्रिक, त्रिपदात्मक, त्रिपदीयुक्त ।

trimmer ट्रि'मॅर् n. समंजनकर्त्ता, व्यवस्थापक, सजानेवाला; समाकृन्तक, **कुन्तक**, काँट-छाँट^F करनेवाला (*coat, hat*, -~); गोटा-पट्टी^{F} टाँकनेवाला; (परि०) **कोयलावाला**; तटस्थ व्यक्ति, कालानुवर्ती व्यक्ति, अवसरवादी जन, थाली^{F}का बैगन, बेपेंदीका लोटा; कतरनी^{F}; कतरनेका औजार; (यंत्र०, स्था०) **बचाऊ कड़ी**^{F}; (अँगीठी^{F} आदि उठानेके लिए) लकड़ी^{F}का टुकड़ा; ~ arch (यंत्र०) **बचाऊ डाट**^{F}, **मेहराब**^{F} **या कमान**^{F}; ~ beam (यंत्र०) **भीतरी धरनी**^{F} ।

trimming -मिंग n. समाकृन्तन, (कृषि०, यंत्र०) **कर्त्तन, काटना**; सज्जा^{F}, सुव्यवस्था^{F}, सजाव-सिंगार, **छाँटन**^{F}, (परि०) **काट-छाँट**^{F}; गोटा-पट्टी^{F}; (नौवि०) **संवार शुल्क**; (pl.) शोभोपकरण, भूषा-पट्टी^{F}, झालर^F, सजाव-सिंगारकी वस्तुएँ^{F}; कतरन^F; ~ joist (यंत्र०) **रोक कड़ी**^{F} ।

trimness ट्रिम्'निॅस् n. सुव्यवस्था^{F}, सुस्थिति^{F}, स्वच्छता^{F}; श्रृंगार, साज-सिंगार, टीपटाप^F ।

trimonthly ⊙ ट्रि'मॅन्थ्-लि a. त्रैमासिक, तिमाही ।

trimorphic ट्राइमॉर्'फिक् a. (जीववि०, वन०) त्रिरूप ।

trimorphism –फिज़्म् n. (जीववि०) त्रिरूपता^{F} ।

trimorphous –फॅस् a. त्रिरूप, त्रिरूपात्मक ।

Trin. Trinity.

trinal, trinary ट्राइ'नॅल्, –नॅरि aa. त्रिगुणात्मक, तिहरा, तिगुना ।

trindle¹ ⊙ ट्रिन्'डॅल् n. खपची^{F}, तीली^{F}, = TRUNDLE¹.

trindle² v.t. & i. = TRUNDLE².

trine ट्राइन्' a. त्रिगुणात्मक, त्रिखण्डात्मक, तिहरा ।

tringle ट्रिन्'गॅल् n. पर्दा लटकानेकी छड़^{F}, मसहरी^{F}का डण्डा; (स्था०) छोटा साँचा, वर्गाकार सज्जा^{F}; (गोलन्दाजी^{F}में) पिछली रोक^F ।

trinitrotoluene, -uol ट्राइनाइट्रॅटॉ'ल्यूईन्, -यूऑ-(ओ)ल् n. एक अत्यधिक विस्फोटात्मक पदार्थ, बम (T. N. T.) ।

trinity ट्रि'निटि n. त्रित्व, तीन होना, त्रय, त्रयी^{F}, त्रिपुटी^{F}, त्रिमूर्ति^{F}, त्रिसमूह, त्रिगुट (पिता, पुत्र तथा पवित्रात्मा^{F}के त्रयकी प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति^{F}); त्रिदेव; T ~ House (पोतचालकोंको लाइसेंस देनेवाला, प्रकाश-गृहोंका निर्माण करनेवाला) एक संगठन; T ~ Sunday त्रित्व रविवार, ईस्टरके बादका आठवाँ रविवार ।

trinket ट्रिन्'किट् n. क्षुद्र भूषण, सामान्य अलंकार, साधारण गहने (अँगूठी^{F}, छल्ले इत्यादि); कोई छोटी-सी बढ़िया वस्तु^{F} ।

trinketry –ट्रि n. छोटा-मोटा गहना या जेवर ।

trinomial ट्राइनो'मिअॅल् a. (गणित, व्या०) त्रिपद, त्रिनाम, त्रिशब्द, तीन शब्दोंका (~ *expression*) ।

trio ट्री(ट्राइ)'ओ n. (pl. -s) **त्रय, त्रि-**, त्रिक, **त्रिवाद्य**, तीन वाद्योंके लिए उपयुक्त कृति^{F}, तीन कण्ठोंसे गायी जाने योग्य रचना^{F}; त्रिवादकसमूह, त्रिगायकवृन्द; नृत्यविशेष; (प्रयाण-गीत आदिके लिए) द्वितीय खण्ड; त्रयी, व्यक्तित्रय, तिकड़ी, तीनकी टोली^{F}; (*piquet* नामक ताशके खेलमें) तीन इक्कों, बादशाहों या रानियों^{F}की रम्मी^{F} ।

triode ट्राइ'ओड् a. (रसा०) T.; **त्र्यग्र**; (विद्यु०) त्रि-अग्र; त्र्यणु, तीन विद्युदणुवाला (~ *values*), T. ।

triole ट्री'ओल् n. (संगीत) = TRIPLET.

triolet ट्राइ(ट्री)'अॅलिट् n. अष्टपदी^{F}, आठ पंक्तियों^{F}की कविता^{F}-विशेष, अठपदी^{F}, अठपाई^F, आठ चरणोंका छन्द ।

Triones ट्राइओ'नीज़् n. pl. सप्तर्षि, हल ।

trior ट्राइ'अॅर् n. दे० TRIER.

trip¹ ट्रिप्' n. **पर्यटन**, आमोदयात्रा^{F}, **विहार**, जलयात्रा^{F}, **यात्रा**^{F}, सैर^F, **दौरा**, सफर; फेरा, खेवा, खेप; द्रुत चरण, सस्वर पदनिक्षेप; (शा० एवं ला०) स्खलन, बाधा^{F}, व्यवधान, विघ्न, अड़ंगा, भूल^F, ठोकर^F, डगमगाहट^F; रोध, रोधन, रोड़ा अटकाया जाना; जलयात्रा^{F} गृहीत मत्स्य ।

trip² v. i. & t. स्खलितपद होना, लड़खड़ाना, डग-

मगाना, ठोकर[F] खाना; अड़खड़ाना, ठोकर[F] देना, अड़ंगी[F] मारना, अड़ाना, रोकना; सत्वर पदनिक्षेप करना, थिरकना; तेजी[F] और नजाकत[F]से नाचना; (ला०, लय[F]का) सहज गति[F]से चलना; (लय[F]में) प्रवाह होना; (प्रा०) पर्यटन करना, आमोदयात्रा[F] करना, जलयात्रा[F] करना, सैर[F] करना, सफर करना; भूल[F] करना, **चूकना, चूक जाना,** गलती[F] करना; गलती[F] करते पकड़ना, असंगत कार्य करना, अनिश्चित काम करना; नैतिक अपराध करना; मशीन चालू करना, खटका दबाकर खोल देना, आड़[F] हटाकर चला देना, लंगर उठाना, चल पड़ना।

tripartite ट्राइ(ट्रि)पार्'टाइट्, ट्रि'पार्टाइट् a. त्रिखण्ड, त्रिभाग, त्रिभागी (~ *condyle*), त्रिभागीय, त्रिविभक्त, त्रिधाकृत; (वन० शा०) त्रिदलीय, तिनपतिया, तिफाँका, (राज०) **त्रिपक्षीय** (~ *treaty*)।

tripartition –टि'शॅन् n. त्रिभागत्व, त्रिविभाग; त्रिदलत्व।

tripe ट्राइप्' n. (बैलकी) ओझड़ी[F], ओझरी[F]; (अव ग्रा०; प्रायः pl.) अन्त्र[F], आँतें[F], जठर, उदर, पेट; (ग्रा०) घटिया सामान; गन्दगी[F], बेतुकी बात[F]; ~man खोंचेवाला।

tripedal ट्रि'पॅडॅल् a. त्रिपाद, तीन पैरोंका।

tripersonal ट्राइपर्'सॅनॅल a. त्रिव्यक्ति, त्रिपुरुष।

tripersonality –नॅ'लिटि n. त्रिव्यक्तित्व, त्रिपुरुषत्व।

tripery ट्राइ'पॅरि a. ओझड़ी[F]की दुकान[F]।

tripetalous ट्राइपे'टॅलस् a. (वन०) त्रिदल, त्रिपत्र।

triphibian –फिबिअॅन a. (सेना० ग्रा०) जल-थल-वायु-सम्बन्धी; जल-थल-वायु-अभ्यस्त।

triphthong ट्रिफ्'थॉन्ग n. (भाषा०) त्रिस्वर, त्रियुक्त स्वर (*adieu* में)।

triphthongal –'गॅल् a. त्रिस्वरीय।

tripinnate ट्रिपि'नॅट् a. (वन०) त्रिपक्ष, त्रिपक्षवत्, तीन पंखवाला।

triplane ट्राइ'प्लेन् n. त्रितल, तीन पंखोंका हवाई जहाज।

triple[1] ट्रि'पॅल् v.t. & i. त्रिगुणीकृत करना, तिगुना करना या होना, तिहरा करना या होना; (इंजिनमें) भाप[F]के तीन वेलन लगाना; (भाप[F]के तीन वेलन लगानेवाला) इंजिन बनाना; ~ time (संगी०) त्रिताल, तिताला।

triple[2] a. त्रि-, त्रिक, **त्रिगुण**, तिगुना, तेहरा, तिलड़ा; त्रिविध, त्रिधा, त्रिवार (~ *boycott*);

~-aisled, ~-arched, ~-awned, ~back, ~-barbed, ~-barred, ~-bodied, ~-bolted, ~ bond, ~-branched, ~-chorded, ~ coincidence, ~-coloured, ~ concentration, ~-crested, ~-crossing, ~-crowned, ~-decked, ~-distilled, ~-dyed, ~-edged, ~ expansion, ~fold, ~-formed, ~ fusion, ~-gemmed, ~-hatted, ~-headed, ~ integration, ~ ion, ~ ionization, ~-lived, ~ phosphate, ~-piled, ~ point, ~-rayed, ~ response, ~-ribbed, ~-riveted, ~ salt, ~ star, ~-stranded, ~tail, ~-tailed, ~-terraced, ~-throated, ~-tiered, ~-tongued, ~-toothed, ~-towered, ~tree, ~-turned, ~-turreted.

triplet ट्रिप्'लिट् n. (भौ०) त्रिक, (~ *linkage*, ~ *state*), त्र्यक, त्रिसमूह, त्रिपदी कविता[F], समतुकान्त पद्यत्रय; त्रिक रेखा[F]; (बोल०; एक साथ उत्पन्न) तिड्डा बच्चोंमेंसे एक; (नौवि०) जंजीर[F]की कड़ियाँ[F]।

triplex[1] ट्रिप्'लॅक्स् n. (संगीत) त्रिताल, तिताला; त्रिभागी कृति[F]।

triplex[2] a. त्रिक, त्रिगुण, त्रिस्तर, तिहरा (~ *glasses*); (कृषि०) **त्रिप्रभावी**।

triplicate[1] ट्रि'प्लिकॅट् n. तृतीयक; तृतीयक-स्थिति[F]; तीन प्रतियाँ[F], तीसरी प्रति[F], *in* ~ तीन प्रतियाँ[F]।

triplicate[2] v.t. त्रिगुणित करना, तिहरा करना; तीन प्रतियाँ[F] बनाना या निकालना।

triplicate[3] a. त्रिगुणित, तिगुना, त्रिस्तर, **तिहरा**, तिलड़ा; तीन प्रतियोंवाला (~ *certificate*); ~ copies तीन प्रतियाँ।

triplication, triplicature –के'शॅन्, –'प्लिकेट्युअॅर् nn. (गणि०) त्रिगुणन (~ *formula*), त्रिप्रतिकरण, तीन प्रतियाँ[F] बनाना।

triplicative –'प्लिकॅटिव् a. त्रिगुणक, त्रिस्तरक, तिहरा करनेवाला।

triplice (It.) n. त्रिक; त्रिसंघ।

triplicity –लि'सिटि n. त्रैविध्य, त्रैगुण्य, तिगुनापन।

triploid –प्लायेड a. त्रिगुण, तिगुना।

triplopia –लोपिअॅ n. त्रिदृष्टि[F], तीन-तीन दिखाई देनेका रोग।

tripod ट्राइ(ट्रि)'पॉड् n. **त्रिपाद**, त्रिपदी, **तिपाई**[F]; ~ dial, ~ legs, ~ mounting, ~ shoes, ~ stand.

tripodal –'डॅल् a. त्रिपदाकार, तिपाई-जैसा, तिपाई[F]का।

tripoli ट्रि'पॅलि n. दे० ROTTEN-stone; सैकतक्षोद, युक्ताप्यमृदा, कुरुम पत्थर।

tripos ट्राइ'पॉस् n. प्रावीण्य-परीक्षा[F], आनर्सका इम्तहान, प्रावीण्य-परीक्षोत्तीर्ण परीक्षार्थियोंकी सूची[F]।

tripper ट्रि'पॅर् n. पर्यटक, यात्री, मुसाफिर; अड़ंगेबाज।

trippet ⊙ ट्रि'पिट् n. = TRIVET.

tripping ट्रि'पिंग् a. पर्यटनशील, यात्रा[F] करनेवाला, मुसाफिरी[F] करनेवाला; ~ line (नौवि०) **रोक रस्सी**[F]।

tripsis ⊙ ट्रिप्'सिस् n. मर्दन, मालिश[F]।

tripterous ⊙ ट्रिप्'टॅरॅस् a. त्रिपक्षी, तीन पंखवाला।

triptych ट्रिप्'टिक् n. त्रिफलक चित्र, तीन फलकोंपर बनी तस्वीर[F]; त्रिपट्ट, एक साथ जड़ी तीन तख्तियाँ[F]।

tripudiate ट्राइप्यू'डिएट् v.i. (पांडित्यपूर्ण प्रयोग) आनन्दविभोर होकर नृत्य करना; ~ *upon* विजय[F] या विद्वेषके साथ नाचना।

tripudium –अॅम् n. (प्रा० रोमन) धार्मिक नृत्य,

नृत्य, नाच ।
tripy –पी a. (ग्रा०) तुच्छ, घटिया, मामूली ।
triquetrous ट्राइक्वे ´ट्रॅस् a. (वन०) त्रिकोण, **त्रिकोर**, त्र्यनीक; ~ leone (चि०) सीवनास्थि^{F}, कपाल-सीवनी^{F}के भीतरकी छोटी हड्डी^{F}; त्रिकोणिकास्थि^{F}, पुष्पलिका^{F} (हाथकी हड्डी^{F}) ।
triquetrum –ट्रॅम् n. (जीव०) **त्रिकोणिका^{F}** ।
triradiate ट्राइरे´डिॲट् a. त्रिकिरण, त्र्यरी (~ *fracture*) ।
trireceptor ट्रिरि´से´प्´टॅर् n. त्रिग्राही (~ *theory*) ।
trireme ट्राॲ´रीम् n. पतवार-त्रय-युक्त युद्धपोत, तीन डाँड़ोंकी तीन पंक्तियोंवाला युद्धपोत ।
trisect ट्राइसे´क्ट´ v.t. (ग० भी) त्रिधाकृत करना, त्रिभाजित करना, **समत्रिभाजन करना**, तीन भागोंमें विभक्त करना ।
trisection –क´शॅन् n. (ग० भी) त्रिधाकरण, त्रिभाजन, **समत्रिभाजन**, त्रिभाग; त्रिच्छेदन, समत्रिच्छेदन ।
trisectrix –´ट्रिक्स् n. (गणि०) **त्रिभाजिका^{F}** ।
triseme –सीम a. (का०) नगणसम ।
trismus ट्रिज़्´मॅस् n. (चि०) हनुस्तम्भ, हनुग्रह, जबड़ेकी पेशियों^{F}की जकड़न^F ।
trisomic ⊙ ट्रिसो´मिक् a. (कृषि०) **त्रिसूत्री, त्रिगुणसूत्री** (~ *form*) ।
trist(e) ट्रिस्ट्´ a. विषण्ण, दुःखी ।
tristesse –टेस्सी n. विषण्णता^{F}, उदासी^{F} ।
tristful ट्रिस्ट्फ़ुल् a. (प्रा०) खिन्न, अवसन्न, उदास ।
trisyllabic, -al ट्रिसिलै´बिक्, -ॲल् aa. त्र्यक्षर, त्रैशब्दांशिक, त्रिशब्द-सम्बन्धी; त्रिपदांश-विषयक ।
trisyllable ट्रिसि´लॅबॅल् n. त्र्यक्षर, त्रिशब्दांश, त्रिपदांश ।
tritagonist ट्राइ(ट्रि)टै´गॅनिस्ट्, –टॅगो´निस्ट n. (ग्रीक नाटकमें) तृतीय अभिनेता ।
tritanopia ⊙ ट्रिटॅनो´पिॲ n. (शिक्षा०) **अंशवर्णान्धता^{F}**; (चि०) नीलरंगान्धता^{F} ।
trite ट्राइट् a. अतिसामान्य, बहुत साधारण, मामूली, जीर्ण, उच्छिष्ट, पुरातन, प्राचीन, पुराना; अतिव्यवहृत, घिसापिटा, रद्दी ।
tritely –´लि adv. साधारणतः, सामान्य रूपसे, मामूली तौरपर ।
triteness –´निस् n. सामान्यता^{F}, साधारणता^{F}; जीर्णता^{F}, पुरानापन ।
titernate ट्रिटॅर´नॅट् a. (वन०) **त्रि-त्रिकात्मक** ।
tritheism ट्राइ´थीइज़्म् n. त्रिदेववाद, देवत्रयवाद, (तीन देवों—पिता, पुत्र एवं पवित्रात्मा^{F}—का सिद्धान्त) ।
tritheist –इस्ट् n. त्रिदेववादी ।
tritheistic, -al –´टिक्, -ॲल् aa. त्रिदेव-; त्रिदेववादी, देवत्रयवाद-विषयक ।
triticoid ट्रि´टिकाॅइड् a. गोधूमवत्, गोधूम-सदृश, गेहूँ-जैसा ।
triticum –कॅम् n. (चि०) गोधूम-प्रधान घास^{F}की जाति^{F}, T. ।
tritocerebrum –ट्रोसॅरेब्रम n. पश्चमूर्धा^{F}, खोपड़ी^{F}का पिछला हिस्सा ।
tritoral –टोरल a. परिपेषी, पीसनेका (~ *area*) ।
triturable ट्रि´च्युॲरॅबॅल् a. (चि०) सम्पेषणीय, विचूर्णीय, परिपेषणीय, बारीक करने योग्य; चर्वणीय, चबाने योग्य ।
triturate¹ –रॅट् n. (वन०, रसा०) **अवपेषण, संपेषण** ।
triturate² –रेट् v.t. विचूर्णन करना, (वन०, रसा०) **अवपेषण करना, संपेषण करना**, परिपेषण करना, परिघर्षण करना, बारीक करना, पीसना, बुकनी^{F} करना; चर्वण करना, चबाना ।
trituration –´रॆशॅन् n. (चि०) सम्पेषण, विचूर्णन, परिपेषण, परिघर्षण, पिसाई^F; चर्वण, चबाना ।
triturator –´च्युॲरेटॅर n· (चि०) सम्पेषणयन्त्र; विचूर्णक, परिपेष्टा; बारीक पीसनेका यन्त्र ।
triumph¹ ट्राइ´ॲम्फ n. (रोम पुरा०) शोभायात्रा^{F}, जययात्रा^{F}, जयहर्ष, विजयोत्सव जलूस, जलसा; महासिद्धि^{F}, प्राप्ति^{F}, जय^F, **विजय^F**, जीत^F (*returned home in ~*); आह्लाद, उल्लास, आनन्द (*great was his ~ on hearing this*); विजयोल्लास-प्रदर्शन ।
triumph² v. i. विजयोत्सव मनाना, विजयानन्द लेना; विजय^F प्राप्त करना, सफल होना; आनन्दविभोर होना, फूला न समाना, खुशी^{F} मनाना; जयघोष करना ।
triumphal –´फॅल् a. विजय-विषयक, विजयोल्लास-सम्बन्धी, विजय-सूचक (~ *progress*) ।
triumphant –´फॅन्ट् a. विजेता, विजयी, जयशाली, सफल, कामयाब; उल्लसित, आनन्दित; विजयाभिमानपूर्ण, उल्लाससूचक, आनन्दविभोर ।
triumphantly –लि adv. अभिमानपूर्वक, इतराते हुए ।
triumpher –´ॲम्फॅर् n. जेता, विजेता, जीतनेवाला ।
triumvir ट्राइअम्´वॅर् n. (रोमन इति०) त्रिशासक, शासकत्रय, (इति०) **त्रियुमवीर** ।
triumviral–रॅल् a. (रोमन इति०) त्रिशासकीय, शासकत्रयात्मक; त्रिकतन्त्र, त्रिकशासन ।
triumvirate –रॅट् n. (रोमन इति०) त्रिनरप्रभुत्व, त्रिशासकपद, शासकत्रयाधिकार; शासकत्रय, त्रिशासकसमूह ।
triune –ट्राइ´यून् a. त्रयात्मक, त्रिक, एकमें तीन ।
triunity –निटि n. त्रयात्मकता^{F} ।
trivalence, -cy ट्राइ(ट्रि)´वॅलॅन्स्, -सि nn. त्रिवत्ता^{F}, त्रियुक्तता^{F}; त्रिसंयुजता^{F} ।
trivalent –न्ट् a. (रसा०) **त्रिसंयुज, त्रिसंयोजक**, त्रियुक्त ।
trivalention ⊙ –न्´शॅन् n. (रसा०) **त्रिसंयोजक आयन** ।
trivariant ⊙ ट्रिवेॲ´रिॲन्ट् a. **त्रिचर** (~ *system*), त्रिवर्ती ।
trivet ट्रिवि´ट् n. (देगची^{F} इत्यादि रखनेकी) त्रिपादी^{F}, तिपाई^F, (अँगीठी^{F} इत्यादिमें झँझरी^{F}को साधनेके लिए)

लोहेका कुन्डा या कड़ा; *right as a* ~ (बोल०) स्वस्थ, प्रसन्नचित्त, सम्पन्न, ठीकठाक, बिलकुल ठीक।

trivia ट्रि'विअॅ n. (pl.) क्षुद्रताएँ^F, तुच्छताएँ^F, नीचताएँ^F।

trivial –अॅल् a. क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, महत्त्वहीन, छोटा, हल्का, मामूली (*raised ~ objections*); अयोग्य, अनैतिक, सामान्य, साधारण; (वन०, जन्तुवि०) अवैज्ञानिक, लोकप्रचलित, जाना-समझा;
~ derivation, ~ module, ~ solution.

trivialism –लिज़्म् n. क्षुद्रत्व, तुच्छता^F, नगण्यता^F, महत्त्वहीनता^F, छोटापन, हल्कापन, मामूलीपन; अयोग्यता^F, अनैतिकता^F; सामान्यता^F, साधारणता^F।

triviality –ऐ'लिटि n. क्षुद्रता^F, तुच्छता^F इत्यादि; क्षुद्र वस्तु^F।

trivialize –विअॅलाइज़् v.t. क्षुद्र बनाना, तुच्छ बनाना, नगण्य बनाना, महत्त्वहीन बनाना; सामान्य करना, साधारण कर देना।

trivially –लि adv. क्षुद्रतया, तुच्छतया, तुच्छ रीति^Fसे, अनैतिक रूपसे; सामान्यतया, साधारणतः, मामूली तौरसे, सरसरी तौरपर।

trivialness –निॅस n. = TRIVIALITY.

trivium ट्रि'विअॅम् n. (इति०, मध्ययुगीन विद्यालयोंमें) त्रिकला^F (अर्थात् व्याकरण, अलंकारशास्त्र तथा तर्कशास्त्र); (जीव०) त्रिभुजिका^F, त्रिबाहु।

triweekly ट्राइवीक्'लि a. त्रैसाप्ताहिक (~ *paper*)।

trix- -का, -इका, -त्री (-TOR से युक्त पुँल्लिंग संज्ञाओं^Fसे स्त्रीलिंग बनानेमें (*execu~, administra~, direct~, testa~*)।

troat ट्रोट्' n. & v.i. म्यौं-म्यौं (करना)।

trocar ट्रो'कॅर् n. (शल्य०) व्रीहीमुख-यन्त्र; (कृषि०) शूची-शलाका^F।

trochaic ट्रॅके'इक् a. द्वयक्षरीय-गण-विषयक, गुरु-लघुसे युक्त गण-सम्बन्धी; द्वयक्षरीय-गण-विरचित, लघु-गुरु-युक्त गणमें रचित।

trochaics –क्स् n. (pl.) द्वयक्षरीय-गण-युक्त पद्य।

trochal ट्रो(ट्रॉ)'कॅल् a. (जन्तुवि०) वलयाकार, चक्राकार, गोलाकार।

trochanter ट्रकैन्'टॅर् n. (चि०) शिखरक; उरुकूट, जंघाकूट, पुट्ठा; T.।

troche ट्रोक्', ट्रोश्' ट्रोच्, ट्रो'की n. (चि०) चूषिका^F, दवाई^Fकी टिकिया^F।

trochee ट्रो'कि n. द्वयक्षरीय गण, लघु-गुरु-युक्त छन्दोगण।

trochilics ट्रॅकि'लिक्स् n. वृत्तगति-विज्ञान, वैवर्तिकी^F।

trochiscus –किसकस n. (चि०) चूष, चूषिका^F, चूसनेकी औषधि^F-टिकिया^F।

trochlea ट्रॉ'क्लिअॅ n. (श०र०शा; pl. *trochleae*) (चि०, जीव०) चक्रक, घिरनी-सदृश-यन्त्र, चरखी-जैसा पुर्जा, घर्घरी^F, गरारी^F, पुली^F; T.।

trochlear –अॅर् a. (श०र०शा०) घिरनी-सदृश, चरखी-जैसा, गरारीवाला; ~ nerve (श०र०शा०) चक्रक तंत्रिका^F; ~ process (जीव०) चक्रक प्रवर्ध।

trochleate –ॲट् a. (वन०) घर्घरीयुक्त, घिरनीवाला, चरखीदार, गरारीवाला।

trochoid ट्रो'काॅइड १. n. (गणि०) त्रिज्याज; (~ *joint* भी) विवर्तसन्धि^F; शम्बूक, घोंघा; २. a. विवर्ती (~ *curve*); घोंघेजैसा; T.।

trochometer ट्रॅकॉ'मि'टॅर n. = HODOMETER.

troco ट्रो'को n. (एक मैदानी खेल) ट्रोको, मैदानी बिलियर्ड।

trod ट्रॉड्' TREAD का भू० का०।

trodden –डॅन् TREAD का भू० कृ०।

troglodyte ट्रो(ट्रॉ)'ग्लॅडाइट् n. कन्दरावासी, गुहानिवासी, गुफा^Fमें रहनेवाला; (ला०) एकान्तवासी; (pl.) चिकुर।

troglodytic, -al –डि'टिक्, -अॅल् aa. कन्दरावासीय, गुहानिवासी-विषयक; एकान्तवासी-सम्बन्धी; चिकुर-प्रजातीय।

troglodytism –ग्लॅडिज़्म् n. कन्दरावास, गुहानिवास; एकान्तवासका सिद्धान्त।

troika (Russ.) ट्राएँ'कॅ n. अश्वत्रयी, ट्रोइका^F, (तीन घोड़ोंकी गाड़ी^F)।

trois-temps (F) n. & a. = WALTZ.

Trojan ट्रो'जॅन् a. & n. (ला०) साहसिक, साहसपूर्ण कार्य करनेवाला; (ला०) (आपदाओं^Fके प्रति) तितिक्षु, सहनशील; *like a* ~ साहसके साथ।

troll[1] ट्रोल्' n. बारी-बारीसे गाया हुआ गीत; बीचमें उठाया हुआ अन्तरा; (मछली^F मारनेकी) लकड़ी^Fकी गरारी^F; (चारेकी तरह प्रयुक्त) तैरती हुई चमकीली धातु^F।

troll[2] v.t. & i. निश्चिन्त भावसे गाना, मुक्त कण्ठसे गाना, दिल खोलकर गाना; मछली^F मारना; (प्रा०; बोतल^Fको) मेज^Fपर घुमाना, चक्कर खिलाना, फेरना; घूम-घूमकर चलना, लुढ़कना; लुभाना, फुसलाना।

troll[3] n. दैत्य, भूत, जिन्न; बामन।

troller –लॅर् n. निश्चिन्त गायक, मुक्तकण्ठ गायक, दिल खोलकर गानेवाला; मत्स्याखेटक, मछुआ, मछली^F मारनेवाला; (बोतल^Fको मेज^Fपर) घुमानेवाला, चक्कर खिलानेवाला।

trolley ट्रॉ'ली n. (pl. -*s*) (यन्त्र०, रेल०) ठेला, ठेलागाड़ी^F, (कृषि०) ट्राली^F; रेल-ठेला; (~-*table* भी) पहियेदारमेज^F; (बिजली^Fके तारमें लगाकर ट्राम^F चलानेकी) फिरकी^F, गरारी^F; (~-*lace* भी) मोटे डोरेका कढ़ाईवाला फीता; ~-bus ठेलागाड़ी^F; विद्युत्^Fसे चलनेवाली बस^F; ~-car ⊙ विद्युच्चालित ट्रामगाड़ी^F; ~man ठेलेवाला, ट्रालीवाला।

trollop ट्रॉ'लॅप् n. फूहड़ स्त्री^F; वेश्या^F, रण्डी^F।

trollopish, trollopy –पिश्, –पि aa. फूहड़; आवारा; वेश्यावत्, रण्डी-सी।

trolly ट्रॉ'लि n. TROLLEY (-*lace*).

tromba (It.) ट्राम्ब n. भेरी^F, नगाड़ा।

trombidium –बिडियम n. इन्द्रगोप^F, बीरबहूटी^F।

trombone ट्रॉम्'बोन् n. सुतूर्य, बड़ा बिगुल, रमतूला, तुरँहा।

trombonist –निस्ट् n. सुतूर्यवादक, बड़ा बिगुलिया, रमतूला या तुरहा बजानेवाला।

trommel ट्रॉ'मॅल n. छलनी^F, छन्ना, चलनी^F, चन्नी^F।

tromometer ट्रॅमॉ'मिटॅर् n. भूस्पन्दनमापी, भूचालके धक्के नापनेका यन्त्र।

trompe ट्राम्प्' n. जलभस्त्रा, पन-धौंकनी^F।

-tron साधन, यन्त्र (*cyclo~*)।

tron ट्रॉन्' n. (प्रा०) तुला^F।

trona ट्रो'नॅ n. विक्षार, सोडा, (प्रा०भू०) T.।

troop[1] ट्रूप्' n. वृन्द, समुदाय, समूह, टोली^F, झुण्ड, गण; रेवड़, जमघट, जत्था(*a ~ of school-children*); (pl.) **सैनिक**, सैन्यदल, सिपाही; **फौजी, जवान**; गुल्म, **सेना**^F, फौज^F, लश्कर; टुकड़ी^F; अश्वारोही दल, घुड़सवारोंका दस्ता; तोपची जत्था; अश्वारोही-नायकत्व; प्रस्थानतूर्य, कूचका नगाड़ा; अभिनेता-मण्डली^F, खेल-तमाशावालोंकी कम्पनी^F; ~-carrier सेनावाहक (विमान) **ट्रूप वाहक**; ~ship सैन्यजलयान, **सैनिकपोत**; *get* one's ~ कप्तान हो जाना।

troop[2] v.i. & t. (*up, together* के साथ) एकत्र करना या होना, इकट्ठा करना या होना, जमा करना या होना; (*along in, out* के साथ) समुदायरूपमें चलना, दल बनाकर चलना, फौज^Fका मार्च करना; जत्था बाँधना; (बहुव० कर्ताके साथ) चल देना, चले जाना (*off, away* के साथ); सैन्यदल बनाना, रेजीमेण्ट^Fको टुकड़ियों^Fमें बाँटना।

trooper –पॅर् n. **अश्वारोही**, अश्वारोही सैनिक, घुड़सवार सिपाही; सैन्याश्व, घुड़सवार सेना^Fका घोड़ा; सैन्यजलयान, सैनिकपोत; *swear like a ~* बहुत शपथ^F उठाना।

trope ट्रोप्' n. रूपक, लाक्षणिक प्रयोग, आलंकारिक अभिव्यक्ति, व्यंग्यात्मक प्रयोग, अलंकार; (ग०) **विचित्र स्पर्श-समतल**।

trophesial ट्रॅफी'सिॲल् a. = TROPHIC.

trophesy ⊙ट्रॉ'फॅसि n. (चि०) (तन्त्रिका^F-विकारजन्य) हीन-पोषण, अपूर्ण पोषण, अपथ्य-सेवन।

trophic ट्रॉफिक् a. पोषणात्मक, पोषण-विषयक, पोषणसम्बन्धी (*~ nerves*)।

trophied ट्रो'फिड् a. विजयस्मारकयुक्त, जयचिह्न-भूषित।

trophism ट्रॉ'फिज़्म् n. पोषण, पथ्याचार, खाद्य-सेवन।

tropho- पोष- (*~neurosis*)।

trophoblast ⊙ ट्रॉ'फॅब्लास्ट् n. (चि०) **बीजप्रोषक, T.**।

trophocyst ⊙ट्रॉ'फॅसिस्ट् n. (वन०) **कवकपुटी**^F।

trophology ट्रॅफॉ'लॅजि n. पौष्टिकी^F, पोषण-विज्ञान, पथ्यशास्त्र।

trophopathy–पॅथि n. पोषविकार, अपथ्य-जन्य विकार।

trophoplasm ⊙ट्रॉ'फॅप्लैज़्म् n. पोषरस, पथ्य रस।

trophotherapy ⊙ ट्रॉफॅथे'रॅपि a. आहार चिकित्सा^F, पथ्योपचार।

trophy ट्रो'फि n. (ग्रीक पुरा०) विजित शत्रुके शस्त्रास्त्र, विजयस्मारक, जयस्मारक, विजयचिह्न; विजयोपहार, पारितोषिक, पुरस्कार, T; स्मरण-प्रार्थना^F; (दीवाल^Fपर अलंकृत) स्मृति-प्रतीक, स्मृतिचिह्न; running ~ चल विजयोपहार।

tropic[1] ट्रॉ'पिक् n. अयनवृत्त, २३° २७' उत्तरी या दक्षिणी अक्षांश; **उष्णवलय, उष्णकटिबन्ध; कटिबन्ध**, उष्णकटिबन्धकी सीमारेखाएँ^F; क्रान्तिमण्डल; (pl.) **उष्ण कटिबन्ध**, उष्णप्रदेश; ~ of Cancer (ज्यौ०, प्रा०भू०) **कर्क रेखा**^F; ~ of Capricorn (प्रा० भू०, ज्यौ०) **मकर रेखा**^F।

tropic[2], **-al** –ॲल् a. (कृषि०) अयतीय (*~ climate*), अयनवृत्तीय, **उष्णवलयिक, उष्णकटिबन्धीय**, उष्णदेशीय, उष्णप्रदेशीय (*~ cyclone*); (ला०) उष्ण, तीव्र, उत्तेजनापूर्ण; ~ room **लू-उपचार कमरा**; ~ year सौर वर्ष;

~ air, ~ belts, ~ climate, ~ country, ~ cyclone, ~ disease, ~ forest, ~ grassland, ~ heat, ~ medicine, ~ movements, ~ plants, ~ rain, ~ region, ~ weather, ~ year, ~ zone.

tropism ट्रॉ'पिज़्म् n. (वन०, शिक्षा०, जीव०) **वेदन; अभिवर्तन**, आवर्तन; अलंकार, लाक्षणिक प्रयोग।

tropist –पिस्ट् n. अलंकार-प्रयोक्ता, व्यंग्य-प्रयोक्ता, लाक्षणिक प्रयोग करनेवाला।

tropology ट्रॅपॉ'लॅजि n. अलंकारशास्त्र, अलंकार प्रयोग, लक्षणाप्रयोग।

tropopause ट्रॉ'पॅपॉज् n. परिवर्त, अवसान, (प्रा०भू०, ऋतु०) **शान्त मण्डल**।

tropophyte ट्रॉ'पॅफाइट् n.(कृषि०) **परिवृत्ति उद्भिद**।

troposphere ट्रॉ'पॅस्फीॲर् n. (रसा०, प्रा०भू०, ऋतु०, ज्यौ०) **परिवर्ती मण्डल**, (गणि०) **क्षोभ मण्डल**, T.।

tropostereoscope –पोस्टीरिओ'स्कोप n. (शिक्षा०) **द्विरूपदर्शी**।

troppo ट्रॉ'पो adv. अति, अतिशय, बहुत अधिक।

trot[1] ट्रॉट्' n. दुलकी चाल^F, कूकर चाल^F; लम्बे-लम्बे डगोंसे मजेसे दौड़नेका व्यायाम; (ला०)दौड़-धूप^F; दृढ़ परिश्रम, मेहनत^Fका काम; स्खलितपग शिशु, डगमगाकर चलनेवाला बच्चा; खूसट बुढ़िया; *keep* one *on the ~* किसीको व्यस्त रखना।

trot[2] ट्रॉट्' v. i. & t. (*-tt-*) दुलकी चाल^F चलना, दुलकी^F चलना या चलाना; लम्बे-लम्बे डग रखकर मजेमें दौड़ना; (प्रायः *along* के साथ)हल्की-सी दौड़^Fसे दूरी^Fतय करना; दौड़ा मारना, दौड़ाकर थकाना; दौड़ाकर लाना या पहुँचाना (*~ted him off to death*); ~ *out* घोड़ेसे दुलकी^F चलाकर दिखाना; (ला०) प्रशंसाई ढंगसे प्रदर्शित करना।

troth[1] ट्रोथ्' n. (प्रा०) विश्वास, प्रतीति^F, सत्यता^F, सत्य, ईमानदारी^F, सचाई^F; *plight* one's ~ सगाई^Fका वचन

देना, कौल करना।

troth² int. सच !, सचमुचमें !, शपथ लेकर।

trotter ट्रॉटॅर् n. दुलकी^F चलनेवाला, दुलकी^F दौड़नेवाला; दुलकी चाल^F का नसली घोड़ा; (pl.; खाद्यार्थ प्रयुक्त) खुरौड़े, गोड़ी^F, पशुओंके पैर (*sheep's ~*); (हास०) मानव-पाद, मनुष्यका पैर।

trottoir (F) n. पार्श्व आचिति^F, रविश।

troubadour ट्रू 'बॅडुअॅर् n. (११वीं शती^F में फ्रांसके) चारण, भाट; गीतकार, गीत-लेखक।

trouble¹* ट्रॅबॅल् n. क्लेश, कष्ट*, दुःख, संकट, विपत्ति^F, आपदा^F, परेशानी^F, तकलीफ^F* (*a great ~ came upon them*); व्याधि^F, रोग, बीमारी^F, मर्ज ((*liver, digestive, ~*); असुविधा^F, बाधा^F, झंझट^F; (खनिकर्म) क्षुद्र दोष, मामूली खराबी^F; शल्य, कण्टक; ~ men(अर्थ०) आपाती मिस्तरी; ~-mirth हर्षद्रोही, आनन्दनाशी; *asking for a ~* जोखिममें पड़ना; *be in ~, get into ~* दोष लगना, दण्ड मिलना, सजा^F पाना, कष्ट पाना;
~-free, ~-haunted, ~ house, ~-hunter, ~maker, ~ score, ~smith, ~ tossed, ~-worn.

trouble² v.t. & i. क्लेश देना, कष्ट देना, दुःख देना, संकटापन्न करना, विपद्ग्रस्त करना (*am ~d with neuralgia*); कष्ट उठाना, तकलीफ^F उठाना; अशान्त होना या करना, उत्तेजित होना या करना, विकम्पित होना या करना, हिलाना, वँघोलन, हिलकोरना; चिन्तित होना, फिक्र^F करना, घबराना; तंग करना, छेड़ना, दिक करना।

troubled –ड् a. बाधित, पीड़ित, व्यग्र, उद्विग्न, विह्वल, आर्त, विकल, सन्त्रस्त, क्षुब्ध, परेशान (*~ waters*)।

troubler –लॅर् n. क्लेशदाता, कष्टदाता, दुःखदाता, विपद्ग्रस्त करनेवाला, तकलीफ^F देनेवाला।

troublesome –ल्-सम् a. दुष्ट, क्लेशप्रद, कष्टदायक, दुःखदायी, कष्टकारक, पीड़ाकर, तकलीफ^F देनेवाला।

troublesomeness –निस् n. क्लेशप्रदता^F, कष्टदायकता^F; व्यथा^F, पीड़ा^F, दुःख।

troublous –लॅस् a. क्लेशमय, कष्टमय; उद्विग्न, क्षुब्ध, चिन्तित, व्याकुल, आन्दोलित, उत्तेजित, परेशान।

trough ट्रॉफ्', ट्रूफ् n. (रेल०) नाँद, कूँड़ा, डोंगी^F, कुण्डी^F; नाली^F, पनाली^F, पनाला; (रसा०, प्रा०भू०, ऋतु०) द्रोणिका^F, द्रोणी^F, कठरा, कठौता, टब; गर्त;
~ closet, ~ compass, ~ end, ~ fault, ~ plate, ~-shaped, ~ sleeper, ~ type public latrine.

trounce ट्रॉउन्स् v.t. (शा० एवं ला०) दण्डित करना, दण्ड देना, कसकर मारना, बुरी तरह पीटना, सजा^F देना।

trouncing –सिंग् n. कड़ा दण्ड, अच्छी मार^F, बुरी तरहकी पिटाई^F।

troupe ट्रूप n. अभिनेता-दल, नट-मण्डली^F, नाच-तमाशेवालोंकी कम्पनी^F या टोली^F।

trouper –पॅर् n. नाट्य-कम्पनी^F का सदस्य, मण्डली-वाला।

trous-de-coup (F) n. क्षुद्र शंकाकार छिद्र।

trouser* ट्रॉउ'ज़ॅर् n. (pl. *pair of -s* भी) पादावार, सलवार, पायजामा*, पतलून^F; ~-button पतलून^F या पायजामेका बटन; ~-stretcher पायजामे या पतलून^F का शिकंजा; अरगनी^F।

trousered –ड् a. पादावारधारी, पतलूनपोश, पायजामावाला।

trousering –रिंग् n. पादावारवस्त्र, पतलून^F या पायजामे-का कपड़ा।

trousseau ट्रूसो', ट्रू'सो (pl. *-s* or *-x*) नवोढा-वसनभूषण, नयी दुलहिन^F का साज-सामान, गट्ठर।

trout¹ ट्रॉउट्' n. (pl. प्रायः वही) कर्बुरी^F (मीठे जलकी मत्स्य-विशेष), ट्राउट^F; ~-coloured शबल, कर्बुर; चित्तीदार, सफेद।

trout² v. i. कर्बुरी-आखेट करना, ट्राउट^F का शिकार करना।

trouting –टिंग् n. कर्बुर्याखेटन, ट्राउट^F का शिकार करना।

troutlet, troutling –ट्'लिट्, –लिंग् nn. लघु कर्बुरी^F, छोटी ट्राउट^F।

trouty –टि a. कर्बुरीपूर्ण, ट्राउट^F मछलियों^F से भरा हुआ।

trouvaille (F) a. अलभ्य लाभ, अप्रत्याशित लाभ।

trouvère ट्रूवेअॅर्' n. (११वीं शती^F का उत्तरी फ्रांसके चारणवर्गका), महाकाव्यकार।

trove दे० TREASURE.

trover ट्रोवॅर् n. (कानून) वित्ति^F, सम्पत्ति-सम्प्राप्ति^F; (निजी सम्पत्ति^F की अवाप्ति^F के लिए) अभियोग, मुकदमा।

trow ट्रो', ट्रॉउ' v.t. (प्रा०) विश्वास करना; सोचना, समझना।

trowel¹ ट्रॉउ'अॅल् n. कर्णी^F, करणी^F, (यन्त्र०) करनी^F, कन्नी^F; (मालीका) गहरा बेलचा; *lay it on with a ~* (ला०) चापलूसी^F करना, खुशामद^F करना।

trowel² v.t. (कन्नी^F से) पलस्तर चढ़ाना, गारा फैलाना, चूना लगाना।

trowsers ⊙ ट्रॉउ'ज़ॅर्स् n. (pl.) = TROUSER.

troy ट्रॉय' n. (*~weight* भी) हैम तोल-प्रणाली^F, सोने-चाँदी^F के बटखरोंकी तोलन-व्यवस्था^F।

truancy ट्रू'अॅन्सि n. (चि०) कर्मपलायन, कर्तव्यालस्य, सुस्ती^F, भगोड़ापन, आवारापन।

truant¹ –न्ट n. कर्मपलायक, कर्तव्यालस व्यक्ति, कामचोर आदमी; भगोड़ा विद्यार्थी; *play ~* भाग जाना, बिना छुट्टी^F के अनुपस्थित रहना।

truant² v.i. (कार्य या कक्षासे) भाग जाना, बेकार घूमना, कामचोरी^F करना, आवारा बनना।

truant³ a. पराङ्मुख, कर्त्तव्यालस, कामचोर, भगोड़ा, घुमक्कड़, आवारा; (आचरण, चरित्र, विचार आदि) निष्क्रियतापूर्ण, आलस्ययुक्त, सुस्त।

truantry ⊙-ट्रि n. = TRUANCY.

truce ट्रूस्' n. (राज०, इति०, का०) **अवहार, विराम-सन्धि**^F; युद्धनिवृत्ति^F, युद्धविराम, युद्धविश्रान्ति^F; (पीड़ा^F या कार्यसे) विश्रान्ति^F, विरति^F, फ़ुरसत^F; ~ of God धर्मविश्रान्ति^F; a ~ to— (प्रा०) बस-समाप्त करो।

truceless -लिस् a. विरामसन्धिरहित, युद्धविरामशून्य, युद्धविश्रान्तिशून्य; विश्रान्तिविहीन, विरामशून्य।

trucial -शल् a. विरामसन्धि-विषयक, युद्धविराम-सम्बन्धी, युद्धविश्रान्तीय।

truck[1] ट्रक्' n. विनिमय, वस्तुविनिमय, वस्तुशोधन, आदान-प्रदान, व्यापार, लेन-देन, अदल बदल^F (*have no ~ with them*); बिक्री^F का छोटा-मोटा सामान; विक्रयार्थ फल, तरकारियाँ^F इत्यादि ⊙; (बोल०) कूड़ा-करकट, रद्दी माल; (ला०) व्यर्थ बात^F, बकवास^F (*shall have no ~*); मज़दूरोंको वस्तुओं^F के रूपमें पारिश्रमिक देनेकी प्रणाली^F; delivery ~ ⊙ डाक^F बाँटनेकी गाड़ी^F; farmer ~ ⊙ खेत-खलिहानकी गाड़ी^F; garden ~ ⊙ बगीचेमें उत्पन्न की गयी वस्तुएँ^F; ~ farming शाक-कृषि^F; ~ system वस्तु-शोधन-पद्धति^F; (अर्थ०) **जिन्स अदायगी पद्धति**^F।

truck[2] n. उद्वाही^F, वाही^F, शकट, छकड़ा, गाड़ी^F, ठेला, ट्रक^F; सैन्यवाही मोटरगाड़ी^F; (रेलवे स्टेशनपरका) ठेला; (रेल०) **खुला डिब्बा**; (रेलगाड़ी^F आदिका) निचला ढाँचा, पहिये इत्यादि; (नौवि०) मस्तूलकी रस्सियाँ^F बाँधनेका काष्ठखण्ड; (क्रि०) बिना टायरका छोटा पहिया।

truck[3] v.t. ठेले या ट्रक^F इत्यादिमें ले जाना; सौदा करना, अदला-बदला करना।

truckage -किज् n. उद्वहन, ट्रक^F से माल ढोना; ठेला-भाड़ा, ट्रक^F का भाड़ा, विनिमयकार्य, द्रव्यविनिमय।

trucker -कॅर् n. विनिमेता, वस्तुविनिमेता, वस्तुशोध-यिता, आदान-प्रदान करनेवाला, लेन-देन करनेवाला; उद्वाहन-स्वामी, ट्रक^F का मालिक।

truckle[1] ट्र'कॅल् n. छोटा पहिया, गरारी^F; (प्रायः ~-*bed* पहियेदार छोटी चारपाई^F।

truckle[2] v. i. पहियेदार गाड़ी^F में चलना; अधीन होना, वशीभूत होना, हीनता^F दिखाना, चापलूसी^F करना, दबना।

truckler -लॅर् n. अधीन व्यक्ति, वशीभूत पुरुष, दब्बू आदमी, चापलूसी^F करनेवाला।

truckling -लिंग् १. n. चाटुवादिता^F, चापलूसी^F, खुशामद^F; २. a. क्षुद्र, तुच्छ, नीच; खुशामदी।

truculence, -cy ट्र(ट्रू)'क्यूलॅन्स्, -सि nn. विग्रह-स्वभाव, द्वन्द्व, लड़ाकूपन; क्रूरता^F, निष्ठुरता^F, निर्दयता^F, बेरहमी^F; आक्रमणशीलता^F।

truculent -न्ट् a. विग्रही, द्वन्द्वी; कलहप्रिय, क्रूर, निष्ठुर, निर्दय, बेरहम; आक्रमणशील, लड़ाकू; भीषण।

trudge ट्रज्' १. n. भद्दी चाल^F; २. v.i. & t. बल लगाकर चलना, भद्दी चाल^F चलना।

trudgen, -eon ट्र'जॅन्,-ॲन् (गलती^F से) n.(~ *stroke*) तैराकीका एक पैंतरा।

true[1] ट्रू v.t. (यन्त्र, औजार आदि) ठीक तरहसे लगाना, फिट करना; ठीक करना, साधना।

true[2]* a. **सत्य**, सच, ठीक (*is ~ that he refused*); (क्षिति वि०) **यथार्थ**, यथातथ्य, अवितथ, सत्य, **वास्तविक**, सच्चा*, **असल**, **असली** (*frog is not a ~ reptile*); यथारूप, यथाकथित, प्रामाणिक, तर्क-संगत, युक्तिसंगत, युक्त, उचित; अकृत्रिम, स्वाभाविक, शुद्ध (~ *copy*), विशुद्ध, खरा, साफ़, चोखा; पूर्णतः अनुरूप; (ध्वनि^F) ठीक सधी हुई; निष्ठावान्, स्वामिभक्त, प्रभुभक्त, विश्वस्त, वफ़ादार, ईमानदार; दृढ़, अटल, पक्का; सीधा, एक-सा, सुडौल; सत्यभाषी, सच्चा; तद्रूप; ~ bill सच्चा आरोप-पत्र; ~-blue अटल सिद्धान्ती, दृढ़ भक्ति, पक्का; खरा, सच्चा, ईमानदार (व्यक्ति); ~-hearted निष्कपट, विश्वस्त, ईमानदार, सच्चे हृदयका; ~-heartedness निष्कपटता^F, विश्वस्तता^F, सरलता^F; ~-love प्रियतम, प्रिय, प्यारा, प्रिया^F, प्रियतमा^F, प्यारी^F; ~-lover('s) knot दुहरी गाँठ^F; पक्का प्यार; ~penny (प्रा०) सच्चा आदमी, ईमानदार आदमी; ~ to type ठीक, खरा;

~ account, ~-aimed, ~ alcohol, ~ allegiance, ~ anomaly, ~ area, ~ badger, ~ balance, ~ barometer, ~ bearing, ~-born, ~-bred, ~ breeding, ~ cinnamon, ~ daily account, ~-devoted, ~ dichotomy, ~ discount, ~ dissolution, ~ dye, ~ equator, ~ error, ~ extract, ~ fallow, ~ finality, ~ flght, ~ fruit, ~-grained, ~ horizon, ~ horizonal, ~ immunity, ~ interest, ~ length, ~ mean current, ~ mean place, ~ mustard, ~ north, ~ nucleolus, ~ nutmeg, ~ oil palm, ~ orbit, ~-paced, ~ range, ~ ribs, ~ root, ~ score, ~ soil, ~ solution, ~ spider, ~ spoken, ~ standardization, ~ statement, ~ station, ~ stomach, ~ story, ~ strength, ~ sun, ~ temperature, ~-toned, ~-tongued, ~ track, ~ value, ~ weight.

true[3] adv. सत्यतः, सच्चे रूपमें, ठीक-ठीक; ईमानदारी^F-से, सचाई^F से।

trueness -निस् n. सत्यता^F, सचाई^F।

truffle ट्र(ट्रू)'फ़ल् n. कन्द-कवक, खुम्भी, कुकुरमुत्ता।

truffled -ड् a. खुम्भीदार, कुकुरमुत्तेवाला।

trug -ट्रग् n. काष्ठभाण्ड, लकड़ी^F की तश्तरी^F, लकड़ी^F की ट्रे^F, डलिया^F, झाबा, टोकरी^F।

truing ट्रूइंग n. (परि०) **सीधा करना**।

truism ट्रू'इज़्म् n. (शिक्षा०) **स्वयंसिद्धि**^F, स्वतः सिद्ध सत्य, निःसन्देह वाक्य, घिसापिटा सत्य, सामान्य उक्ति^F।

trull ट्रल्' n. (प्रा०) स्वैरिणी^F, वेश्या^F, छिनाल^F।

truly ट्रू'लि adv. ईमान्दारी^F से (*has served ~*); वस्तुतः, सचमुच, ठीक-ठीक, वाकई (*a ~ courageous*

act); ~ yours भवदीय ही।

trumeau (F) n. दो द्वारोंके मध्य दीवारᶠका।

trump¹ ट्रम्प् n. (प्रा० का०) तूर्य, तुरहीᶠ, तासा, बिगुल; तूर्यध्वनिᶠ, तुरहीᶠकी आवाजᶠ (~ *of doom*)।

trump² १. n. (ताशके खेलमें) तुरुप; अन्तिम साधन; (बोल०) साहसी व्यक्ति, उदार पुरुष, साधनसम्पन्न जन, उत्तम व्यक्ति; २. v.t. & i. तुरुप देना, चालᶠ चलना, पत्ता चलना, धोखा देना; ~ card काटका पत्ता; ब्रह्मास्त्र; ~ *up* (कहानीᶠ) गढ़ लेना, (बहाने) बनाना; *turn up* ~*s* सफल होना।

trumpery¹ ट्रम्'पॅरि n. असार द्रव्य, कृत्रिम वस्तुएँᶠ, दिखावटी चीजेंᶠ, रद्दी माल, टीम-टामᶠ; झूठ, धोखा; मूर्खताᶠ, नासमझीᶠ, बेवकूफीᶠ; पत्तीᶠ।

trumpery² a. कृत्रिम, दिखावटी, निरर्थक, नुमायशी, निकम्मा; मिथ्या, असत्य, असार, तुच्छ, झूठा।

trumpet¹ ट्रम्'पिट् n. तूर्य, **तुरही**ᶠ, भेरीᶠ, नरसिंघा; तूर्यवादक, तुरहीᶠ बजानेवाला (~-*major*); (इति०) तूर्य-सदृश वस्तुᶠ, तुरहीᶠके आकारकी चीजᶠ; तूर्य-ध्वनिᶠ, तुरहीᶠका शब्द; (प्राणिवि०) श्वासशृंग; feast of ~s (यहूदी) नववर्षोत्सव; ~-call तूर्य-ध्वनिᶠ, तुरहीᶠकी आवाजᶠ;(ला०) शीघ्र आवाहन; ~ creeper शृंगवल्लीᶠ; ~ flower (वन०) तुरही फूल; ~ orifice (भौ०) **तूर्य द्वारक**; *blow* one's *own* ~ अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना।

trumpet² v.t. & i. तूर्यनाद द्वारा घोषित करना, घोषणाᶠ करना; (ला०) विज्ञापित करना, प्रचारित करना, तुरहीᶠ बजाना; (हाथी आदिका तुरहीᶠकी ध्वनिᶠके सदृश) चिंघाड़ना।

trumpeter¹ –टॅर् n. तूर्यवादक, **तुरमची**, तुरहीᶠ बजानेवाला; शृंगवाकु; तुरहीᶠकी तरह कूजनेवाला एक कबूतर; *be* one's *own* ~ अपने मुँह मियाँमिट्ठू बनना।

truncal ट्रन्'कॅल् a. (चि०) अन्तराधि-विषयक, कबन्धीय, देहकाण्ड-विषयक, मनुष्यके धड़का; पेड़के तनेका।

truncate¹ –केट् v.t. कर्तन करना, काटना, छाँटना, विकलांग करना, विकृतांग करना, रुण्डित करना, शाखाᶠ सिर-धड़से अलग कर देना; (शंकु, पिरामिडकी) चोटीᶠ काटना; (ला०, उद्धृत अवतरणके) आगे या पीछेके भागको उड़ा देना; (रन्देसे) तराशना।

truncate² a. (घ० ज्या०) **तिर्यक, छिन्न**; (चि०) शाखासिरविहीन, हाथ-पैर सिर-रुण्डित, कर्तित, (वन०) **छिन्नाभ**, छिन्न, कटा हुआ, कटाछँटा, तराशा हुआ।

truncated –टिड् a. (प्रा०भू०) **रुण्डित**, = TRUNCATE;

~ cone, ~ curve, ~ profile, ~ prism, ~ pyramid, ~ soil.

truncation, truncature –केशॅन्, –केच्युअॅर् nn. (कृषि०, रसा०) **भूमि-रुण्डन**, रुण्डन, छेदन, शीर्ष-शाखो-कर्तन, काट-छाँटᶠ, कटाईᶠ।

truncheon ट्रन्'शन् n. यष्टिᶠ, दण्ड, डण्डा, सोंटा (विशे० पुलिसᶠका); गदा, मुग्दर; राजदण्ड, अधिकार-दण्ड।

truncheoner –नॅर n. यष्टिधारी व्यक्ति, दण्डधारी व्यक्ति, लाठीधारी, सोंटेवाला।

trundle¹ ट्रन्'डॅल n. बेलनाकार दाँतेदार पहिया; छोटा-सा चौड़ा पहिया; छोटी गाड़ीᶠ, छोटे पहियोंका ठेला या ट्रक; लंगरके दुहरे चरखेके निचले भागका सिरा; ~-bed पहियेदार पलंगᶠ; ~-tail घुमावदार पूँछᶠ, घुमावदार पूँछवाला कुत्ता।

trundle² v. t. & i. (ठेले, पहिये आदिका) लुढ़कना या लुढ़काना, ढुलकाना (*along, down* आदिके साथ); (क्रिके०, ग्रा०) गेंदᶠ लुढ़काना।

trundler –लॅर n. लुढ़कानेवाला; (ग्रा०) गेंदᶠ फेंकनेवाला, बॉलर।

trunk ट्रन्क् n. (वन०, प्राणि०) **प्रकाण्ड**, काण्ड, **स्कन्ध**, तना; (चि०) अन्तराधि, कबन्ध, **धड़**; किसी ढाँचेका प्रमुख भाग; नहरᶠकी प्रमुख धाराᶠ; (नौवि०) **चौमोखा**; प्रमुख रेलवे लाइनᶠ; पेटक, सन्दूक, बक्स, ट्रंक; खानᶠकी सुरंगᶠ; (कच्ची धातुᶠको अलग करनेकी लकड़ीᶠकी) नालीᶠ या नाँदᶠ; (इंजिनोंमें) खुला बेलन; (हाथीका) शुण्ड, सूँड़; अग्रभाग; (pl.; ~ *hose* भी) कमरᶠसे जाँघᶠतककी बिरजिसᶠ; ~-call नगरान्तर दूरभाष, स्थानेतर दूरभाषीय-समावाहन; नगरान्तर फोन, **ट्रंक कॉल**; ~ fish डिब्बेमें बन्द मछलीᶠ; ~-road, ~-line महापथ, मुख्य मार्ग, बड़ी सड़कᶠ, जरनैली सड़कᶠ;

~ booking, ~ canker, ~ circuit, ~ exchange, ~ line, ~ load, ~ musculature, ~ returns, ~ sewer, ~ spares, ~ ticket.

trunkful –'फ़ुल n. सन्दूकभर, पेटीभर वस्तुᶠ।

trunkless –'लिस् a. स्कन्धरहित, बिना तनेका; कबन्धविहीन, बिना धड़का; शुण्डाविहीन, बिना सूँड़का।

trunnel ट्र'नॅल् n. (यन्त्र०) **गुज्जी**ᶠ।

trunnion ट्र'न्यॅन् n. (इंजनमें) वाष्पमार्ग, भापᶠका रास्ता; विवर्ता, विवर्तिनीᶠ, तोपᶠकी कीलᶠ, T. (~ *block*, ~ *colt*)।

trunnioned –ड् a. वाष्पमार्गयुक्त, भापके पथवाला, नालीदार, कीलकयुक्त, कीलीदार।

Truron. Truronensis; of truro.

truss¹ ट्रस्' n. (छतᶠ, पुल इत्यादिका) आधार-स्वरूप ढाँचा, पीलपाया, अड़वार, खम्भेदार कड़ियाँᶠ; गट्ठर, गड्डीᶠ, आँटीᶠ; (यन्त्र०) **कैंची**ᶠ; **T.**; सूखी घासᶠका पूला, गट्ठा; स्तबक, गुच्छ, फूलोंका गुच्छा; (जिसपर कोई स्मारक स्थापित हो वह) चबूतरा; (नौवि०) लोहेके भारी कलपुर्जे; (शल्य०) अन्त्रवृद्धिᶠमें प्रयुक्त पट्टीᶠ, हर्नियाकी पेटीᶠ, (कृषि०) **ट्रस**, लंगोटीᶠ।

truss² v.t. (छतᶠ, पुल आदिको) खम्भा लगाकर सहारा देना; (पकानेके पहले पक्षीके) पर बाँधना; मुश्केंᶠ बाँधना; (प्रा० प्रायः *up* के साथ) बाँध देना, कस देना, जकड़ना, समेटकर बाँधना; (प्रायः *up* के साथ) फाँसीᶠपर लटकाना; (बाज आदिका चिड़ियाᶠको) पकड़ना, धर दबोचना; गट्ठर बनाना।

trussed ⊙ –ड् a. कैंचीदार (~ *beam*) ।

trussing –'सिंग् n. धरणी^F, धन्नी^F ।

tympanum टिम्'पॅनम् n. (pl. -*na*) (श० र० शा०) (चि०) **मध्यकर्ण**, मध्यकर्णगुहा; पटह, (चि०, जीव०) **कर्णपट, कर्णपटह**, कानका पर्दा; (वतखों[F]की) श्वासनली[F]-का सुडौल सिरा; (स्था०) **सिपल**; (स्था०) द्वारकी ऊपरी चौखट[F] और महराब[F]के बीचका स्थान, किवाड़का दिला; एक प्रकारकी पाँव-चक्की[F]।

tympany ⊙ –नि n. (चि०) आध्मान; आध्मानध्वनि[F]।

typ., typo. typographer, typography.

typal टाइ'पॅल् a. प्ररूपवत्, नमूनेका।

type[1] –प्' n. (वाणि०) **निदर्शन**; आदर्श, **प्रतिरूप**, प्ररूप, (कृषि०) **रूप**, प्रतीक, उदाहरण, मिसाल; उदाहरण-स्वरूप व्यक्ति, वस्तु[F] या घटना[F]; (चि०, प्रा० भूगोल) **उपलक्षक**, नमूना (*the treatment he received is but a ~ of what patriots must expect*); (रसा०) **जाति**[F]; (रसा०, प्रा० भूगोल) **प्रकार**, भाँति, वर्ग (*I dislike men of that ~*); (प्राणिवि०) संरचना[F], रचना[F], ढाँचा; (पशु अथवा वनस्पति[F] आदिकी) विजाति[F], श्रेणी[F], वर्ग, नस्ल[F]; किसी समुदायका प्रतिनिधि प्राणी; (रसा०) यौगिक-प्ररूप; आदर्श धारणा[F], नमूनेकी कलाकृति[F]; (पदक या सिक्केके दोनों ओरका) ठप्पा, **छापा** मुद्र, मुद्रणाक्षर, **टाइप** (*wooden ~s are now used only for posters*); मुद्राक्षर-समुदाय, मुद्रणाक्षर-माला[F]; चिह्न, लक्षण, निशान; ~-founder टाइप ढालनेवाला; ~ foundry टाइपकी ढलाई[F] या ढलाई[F]का कारखाना;

~-metal (रसा०) **मुद्रण धातु**ᶠ, मुद्रधातुᶠ, **टाइप-धातु**ᶠ; ~script मुद्रलिपिᶠ, मुद्रलेख; (वाणि०) **टाइप-प्रति**; ~-setter कम्पोजीटर; टाइप जमानेका यन्त्र; ~-setting मुद्रस्थापन, टाइप-व्यवस्थाᶠ; ~-write टंकित या टाइप की हुई प्रतिᶠ; ~-writer टंकणयन्त्र, टंकनीᶠ, लिपियन्त्र, टंकलिख, मुद्रलिख, टाइपराइटर, **टाइप-मशीन**ᶠ; (अत्र क्वचित्) टंकणलेखक, टंकलिपिक, टाइपिस्ट; ~ writing टंकन, टंकलेखन, **टाइप करना, टाइपकारी**ᶠ;

~ bar, ~ basket, ~-body, ~ box, ~ case, ~ caster, ~casting, ~casting mechanic, ~casting operator, ~-cutter, ~ design, ~ face, ~-flimsies, ~fossil, ~ genus, ~-high, ~-holder, ~ inkman, ~ metal, ~ method, ~ organization, ~ printer, ~ sample, ~ species, ~ specimen, ~store branch, ~ storekeeper, ~ supplier, ~ tree, ~ written.

type² v.t. प्ररूप होना, प्रतीक होना, उस प्रकारका होना, नमूना बनना; टंकित करना, टाइप करना; चिह्नित करना; (चि०) वर्गनिर्धारण करना (रक्तका)।

typed –ट्' a. टंक-लिखित, टंकित, मुद्रलिखित (*type-written* भी)।

typhlitis टिफ्लाइ'टिस् n. (चि०) अन्धान्त्र-शोथ; उण्डुक-शोथ।

typhlology ⊙टाइफ्लॉ'लॅजि n. अन्धत्वविज्ञान, अन्धत्वशास्त्र।

typhogenic ⊙टाइफॅजे'निक् a. (चि०) तन्द्राभ-ज्वर-जनक, तन्द्रिकज्वरजनक, पृषज्ज्वर-जनक, आन्त्रज्वरोत्पादक, टाइफाइड सन्निपात ज्वर पैदा करनेवाला, मोतीझरा-का बुखार लानेवाला।

typhoid –'फाऍड् n. (~ *fever* भी) (चि०) तन्द्राभ-ज्वर, **आन्त्रज्वर**, पृषज्ज्वर, सन्निपात ज्वर, मोतीझरा, (चि०) **टाइफायड** (~ *pneumonia*); २. a. तन्द्रा-सम, तन्द्राभ (~ *state*)।

typhoidal –'डॅल् a. आन्त्रज्वरसम, तन्द्राभज्वरसम, आन्त्रज्वरीय, पृषज्ज्वर-विषयक, सन्निपात-ज्वर-सम्बन्धी, टाइफायडके स्वरूपका।

typhomania –फॅमे'निॲ n. आन्त्र-ज्वरोन्माद, टाइ-फायडकी बहकᶠ, तन्द्राभ स्थितिका लक्षण।

typhonic टाइफॉ'निक् a. तूफानी, टाइफूनसे सम्बन्धित।

typhoon टाइफून्' n. (प्रशान्तसागरीय) घूर्णवात, **प्रचण्ड झंझा**, चण्डवात, **प्रचण्ड तूफान, बवण्डर, तूफान, टाइफून**।

typhous टाइ'फॅस् a. तन्द्रिकज्वरसम; तन्द्रिकज्वर-सम्बन्धी; सन्निपात-ज्वर-सम्बन्धी; सन्निपात-रोग-ग्रस्त।

typhus –'फॅस् n. पृषज्ज्वर, मोहज्वर; सन्निपात ज्वर, (चि०) तन्द्रिक ज्वर, **टाइफस ज्वर**, टाइफस बुखार (*malignant, simple*, ~)।

typic टि'पिक a. (वन०) प्रारूपिक, प्रतिरूपक, प्रति-रूपात्मक, सार्वलक्षणिक, प्रतिरूपी (~ *average*); आदर्श-स्वरूप, प्रतिनिधि, प्रतीकात्मक, (रसा०) प्रकारात्मक, मिसाली, **नमूनेका**।

typical –कॅल् a. = TYPIC; सार्वलाक्षणिक; **प्रकारात्मक**; विशिष्ट, विशेष, विशेषता-सूचक; (प्रा० भूगोल) **उपलक्षक**; आदर्शभूत; ठेठ; (चि०) प्रतिरूपक, **प्रति-रूपी**, यथारूप; **प्रारूपिक**, T.;

~ average, ~ beauty, ~ compounds, ~ flower, ~ form, ~ genus, ~ market, ~ phraseology, ~ rock, ~ soil, ~ structure, ~ value, ~ vertebra.

typicality –कै'लिटि n. = TYPICALNESS.

typicalness –'पिकॅल्-नि'स् n. प्रतिरूपताᶠ, प्रारूपि-कताᶠ, प्रतिरूपात्मकताᶠ, प्रतीकात्मकताᶠ; विशिष्टताᶠ, विशेषताᶠ, आदर्शवत्ताᶠ।

typification –पिफ़िके'शॅन् n. प्ररूपण, प्ररूप-प्रदर्शन, पूर्वसूचन, पूर्वभासीकरण, आदर्श स्थापन; प्रतिनिधित्व, रूप-ग्रहण।

typifier –'पिफ़ाइॲर् n. प्ररूपक, प्ररूप-प्रदर्शक, पूर्व-सूचक; प्ररूपणकर्त्ता, प्रतीप, प्रतिनिधि।

typify –इ v.t. प्ररूपित करना, आदर्श होना, उदाहरण-स्वरूप होना, प्रतिनिधित्व करना; पूर्वाभास देना, पूर्व-लक्षण प्रकट करना; किसी वस्तुᶠकी विशेषताएँᶠ रखना; विशेषताओंᶠको मूर्त रूप देना।

typing टाइ'पिंग् n. मुद्रलेखन, टंकण, टाइप करना (~ *section*); (शिक्षा०) **प्रकारण**, प्रकार-निरूपण (*hereditary* ~); ~ of blood (चि०) रक्तवर्ग-निर्धारण।

typist –पिस्ट् n. टंकक, मुद्रलेखक, **टीपक, टाइपकर्त्ता, टाइपिस्ट**, टाइप बाबू।

typo- मुद्रण- (~*graph*, ~*lite*, ~*logy*, ~*logical*, ~*nym*, ~*nymic*)।

typo, typographer टाइ'पो, टाइपॉ'ग्रॅफ़र् n. मुद्र-लेखक, मुद्रटंकक।

typographic, -al –पॅग्रै'फिक्, -अल् aa. मुद्रण-कला-विषयक; मुद्रण-रूप-सम्बन्धी, छापेका, मुद्र- (~ *mistake*)।

typography –पॉ'ग्रॅफि n. मुद्रांकन, मुद्रण-कलाᶠ; मुद्रण-रूप, मुद्रित सामग्रीᶠका सौष्ठव या बाह्य रूप, मुद्रण सौन्दर्य।

typology –'लॅजि n. (शिक्षा०, इति०) **प्रकार-विद्या**ᶠ, प्रकार-विज्ञान, जातिविज्ञान।

typonym टाइ'पॅनिम् n. जातिनाम।

tyrannic, -al टाइ(टि)रै'निक्, -ॲल् aa. क्रूर, उत्पी-ड़क, नृशंस, अत्याचारी, जालिम; निरंकुश, स्वेच्छाचारी, ताना**शाह**।

tyrannicalness –नि'स n. क्रूरताᶠ, उत्पीड़न, नृशंसताᶠ, अत्याचारिताᶠ, अत्याचार; निरंकुशताᶠ, ताना-शाहीᶠ।

tyrannicidal टाइ(टि)रैनिसाइ'डॅल् a. निरंकुशता-घातक; क्रूर शासकके लिए घातक; नृशंस शासकके वधसे

सम्बन्धित।

tyrannicide –'निसाइड् n. (दर्श०) **अत्याचारि-हन्ता, आततायि हन्ता**, क्रूर-शासक-घाती; नृशंस-शासकहत्या^F; (दर्श०) **अत्याचारि-वध, आततायि-वध।**

tyrannize टि'रॅनाइज् v. i. & t. अत्याचार करना, क्रूरता^F बरतना, जुल्म करना; (अब क्व०) नृशंस शासन करना, निरंकुश शासन करना।

tyrannous टि'रॅनॅस् a. अत्याचारी, क्रूर, निर्दय, नृशंस, उत्पीड़क; निरंकुश, स्वेच्छाचारी, प्रजापीड़क।

tyrannousness –निॅस् n. क्रूरता^F, नृशंसता^F, उत्पीड़कता^F, अत्याचारिता^F, जुलुम; निरंकुशता^F, स्वेच्छाचारिता^F, प्रजापीड़कता^F।

tyranny टि'रॅनि n. (दर्श०) **अत्याचार**, क्रूरता^F, नृशंसता^F, उत्पीड़कता^F, जुलुम; **अत्याचारी शासन, निरंकुश शासन**, निष्ठुर शासन, **निरंकुशता^F**, स्वेच्छाचारिता^F, (दर्श०) **प्रजापीड़न**, ताना-शाही^F; निरंकुश शासनका युग।

tyrant टाॲ'रॅन्ट् n. क्रूर शासक, **अत्याचारी शासक**, प्रजापीड़क राजा; **निरंकुश शासक**, अधिनायक, तानाशाह।

tyre[1] टाॲर्' n. जमा हुआ दूध और मक्खन।

tyre[2] n. दे० TIRE[2]; **टायर**;
~bay, ~ check, ~ lever, ~ pressure, ~ pump.

tyriasis टिराइ'ॲसिस् n. = ELEPHANTIASIS. (चि०) खल्वाटता^F, गंजापन।

tyro टाॲ'रो n. नवच्छात्र, नवशिष्य, नौसिखिया।

tyronic –रॉ'निक् a. नवशिष्य-सम्बन्धी।

tyrotoxin ⊙ टिरॅटॉक्'सिन n. (चि०) दूध-विष; दधिक्षारेय, दधिविष।

Tzar –ज़ार् n. दे० CZAR.

tzetze से'ट्'सि n. दे० TSETSE.

Tzigane[1] टिस्'गान्' n. हंगरीका यायावर (जिप्सी)।

Tzigane[2] a. हंगरीके जिप्सियोंका या उनके संगीतका।

U

U (pl. *-s*, *~'s*) अंग्रेजी वर्णमाला^F का इक्कीसवाँ वर्ण यू, उ, ऊ; ~-boat जर्मन जलान्तर्गा, मग्नपोत, अधःपोत, जर्मन पनडुब्बी^F, यू-बोट; ~-bolt Uकी आकृति^F की चिटखनी^F या बोल्ट, यू-बोल्ट; ~-tube ऊर्ध्वबाहु नलिका^F, Uकी आकृति^F की नली^F, यू-ट्यूब।

U. Unionist; Uranium; Universal (motion picture certificate); University.

U.A.R. United Arabic Republic.

u- अ-, न (*~topia*)।

uberous यू'बॅरस् a. सफल, फलयुक्त, फलवान्, फलदार; प्रचुर, अधिक, काफी; विशाल, विस्तृत, लम्बा-चौड़ा, बड़ा।

uberty ⊙ –बॅर्टि n. साफल्य, सफलता^F, फलवत्ता^F, फलदार होना; प्रचुरता^F, प्राचुर्य, आधिक्य, अधिकता^F, बहुतायत^F; विशालता^F, विस्तृति^F, विस्तार।

ubication यूबिके'शॅन् n. = UBIETY.

ubiety –बाइ'इटि n. स्थानीयता^F, स्थान-सम्बन्ध; अवस्था^F।

ubiquarian यूबिक्वे'ॲरिॲन् a. = UBIQUITOUS.

ubique (L) adv. सर्वत्र, सब कहीं।

ubiquitarian यूबिक्विटे'ॲरिॲन् n. & a. (धर्म०) यीशू मसीहकी सत्ता^F की सर्वव्यापकता^F का (विश्वास करनेवाला); सर्वव्यापकतावादी।

ubiquitarianism –निज़्म् n. सर्वव्यापकतावाद।

ubiquitary –'क्विटॅरि a. = UBIQUITOUS.

ubiquitism –टिज़्म् n. = UBIQUITARIANISM.

ubiquitous –टॅस् a. सर्वव्यापक, सर्वव्यापी, सर्वगत, सर्वविद्यमान।

ubiquitously –लि adv. सर्वत्र।

ubiquitousness –निॅस् n. सर्वव्यापकता^F, सर्वविद्यमानता^F।

ubiquity –टि n. सर्वव्यापित्व, सर्वव्यापकता^F, सर्वत्र-विद्यमानता^F (एक ही समयमें सर्वत्र अथवा कई स्थानोंपर उपस्थिति^F); ~ of the king न्यायाधीशोंके रूपमें राजाकी सर्वविद्यमानता^F।

ubi supra (L) जहाँ ऊपर कह दिया गया।

-uble = ABLE (*sol~*, *vol~*)।

U.D. Upper Division.

udal यू'डॅल् १. n. जागीर^F; २. a. जागीरी।

udaller –लॅर् n. जागीरदार, जमींदार।

U.D.C. Urban District Council; Upper Division Clerk.

udder अ'डॅर् n. (चि०) ऊधस, आपीन, स्तन, (कृषि०, श० र० शा०) **अयन, ऊध**, दूधकोश (*~cistern*, *~ pendulous*), पीनोध्न, पशुओं इत्यादिके स्तन-कोष, थन।

uddered –ड् a. (चि०) ऊध्नी, स्तनी, पीतोध्नी, थनवाली (*~ cow*)।

udderful –र्-फुल् a. भरे हुए थनवाली।

udderless –लिॅस a. निःस्तन, थनविहीन।

udometer यूडॉ'मिटॅर् n. वर्षमान, वर्षामापी, वर्षामापक यन्त्र, उडोमीटर।

U.F.C. United Free Church (of Scotland).

U.G.C. University Grants Commission.

ugh उह्' int. (विरक्ति^F या भय सूचक पद) उफ!, ओफ!, बाप रे!, हैं!, राम! राम! लाहौल वला कूवत!, तोबा-तोबा! हाय रे!

uglification अग्लिफ़िके'शॅन् n. विकृतीकरण, आकृति^F बिगाड़ना, चेहरा बिगाड़ना या गन्दा करना।

uglify –'लिफ़ाइ v.t. विकृत कर देना, आकृति^F बिगाड़ देना, कुरूप बनाना, गन्दा करना।

ugliness –लिनिॅस् n. **असुन्दरता^F**; विकृति^F, विकार,

वैरूप्य, विरूपता^F, **कुरूपता**^F, अपरूपता^F, भद्दापन, भोंडापन, गन्दापन, बदसूरती^F।

ugly –लि १. n. (१९वीं शताब्दी^F के मध्यकालके लगभग पहनी जानेवाली स्त्रियों^F की टोपी^F में लगा हुआ) लघु आवरण, घूँघट, साया; (बोल०) कुरूप व्यक्ति, भद्दा आदमी; २. a. विरूप, अपरूप, कदाकार, विकृताकार, **कुरूप, दुर्दर्शन**, कुत्सित, निन्द्य, निन्दनीय, घृणास्पद, भोंडा, गन्दा, बदशक्ल, बदसूरत (*the ugliest house, face, I have seen*); चरित्रभ्रष्ट, दुश्चरित्र, चरित्रहीन, असभ्य, अशिष्ट, अधम, घृण्य, घृणित, अकीर्तिकर, अप्रीतिव्यंजक, अप्रीतिकर, अप्रिय, नैतिक दृष्टि^F से विरक्तिकर या घृणाजनक, भयप्रदर्शक, निराशाजनक, आशंकाजनक, भद्दा, भोंडा, बुरा, फूहड़, नागवार, नफरत^F के लायक (*his conduct has an ~ look*); रद्दी (*an ~ job*); ~ duckling निन्द्यानिन्द्य व्यक्ति (जो पहले सबसे बुद्धू या अकर्मण्य व्यक्ति समझा जाय, किन्तु बादमें अतीव प्रतिभाशाली एवं योग्य सिद्ध हो)।

ugsome अग्'सॅम् a. जुगुप्स्य, वीभत्स, घृण्य, घृणार्ह, घृणायोग्य; भीतिजनक, भयानक, डरावना, खौफनाक।

ugsomeness –निॅस् n. बीभत्सता^F, जुगुप्स्यता^F, घृण्यता^F, घृणार्हता^F, घृणायोग्यता^F; भयंकरता^F, भयानकता^F, डरावनापन, डर।

uhlan ऊ(यू)ह्'लॅन् n. कुछ योरपीय सेनाओं^F के अश्वारोही सैनिक, बरछीदार सैनिक।

Uitlander अेट्'लॉन्डॅर् n. (दक्षिणी अफ्रीका) परदेशी, विदेशी।

U.K. United Kingdom.

ukase यूकेस' n. रूस-सम्राटका प्रचारित आदेश, रूसकी जार-सरकार^F का आज्ञापत्र या फरमान; स्वेच्छाचारी शासककी कोई आज्ञा^F।

ukulele यूकले'ले' n. टोवाई द्वीपका गिटारके प्रकारका चार तारोंवाला वाद्ययन्त्र-विशेष, चौतारी वीणा^F।

-ul- प्रायः लघ्वर्थक विशेषण बनानेवाला (*globulin, nodulose*)।

ulcer अल्'सॅर् n. विद्रधि, पूयव्रण, नाड़ीव्रण, नाड़ीक्षत, (चि०) **व्रण**, क्षत, (कृषि०) **फोड़ा**, (चि०) **जख्म**, घाव, शरीरके बाह्य अथवा आन्तरिक तलका रसदार फोड़ा, नासूर, (चि०) **अलसर**; (ला०) नैतिक कलंक, चरित्रदोष, व्यभिचारपूर्ण प्रभाव, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, अनैतिकता^F, दुराचार; गन्दगी^F।

ulcerable –रॅबॅल a. व्रणयोग्य, नासूर होनेवाला।

ulcerate –रेट् v.t. & i. (चि०) व्रणित होना, व्रणका रूप धारण कर लेना, विद्रधि बना देना, व्रण या घाव कर देना, व्रण या अल्सर बन जाना, क्षतमें परिणत होना, फोड़ा होना, नासूर पड़ जाना; (ला०) नैतिक व्रण उत्पन्न कर देना, नैतिक दोष बन जाना, व्यभिचार फैलाना, भ्रष्टाचार फैलाना, भ्रष्टाचारका केन्द्र बन जाना, भ्रष्ट कर देना, दूषित कर देना, दुराचारी बनाना या बनना।

ulcerated –टि'ड् a. (चि०) क्षतयुक्त, व्रणी, व्रणित, विद्रधियुक्त।

ulceration –रे'शॅन् n. व्रणोद्भव, व्रण-निर्माण, (चि०) **व्रणन, व्रणोत्पत्ति**^F, क्षत, व्रण हो जानेकी अवस्था^F, नासूर हो जाना।

ulcerative –सॅरॅटिव् a. सव्रण, विद्रधियुक्त, व्रणका रूप धारण करनेवाला, व्रण बनने या बनानेवाला, नासूर करनेवाला।

ulcered, ulcerous –ड्, –रॅस् aa. (चि०) व्रणसम, व्रणस्वरूप; व्रणी, पूयव्रणी, सव्रण, सविद्रधि, उपहत, नासूरवाला, नासूरदार।

ulcerousness –निॅस् n. व्रणता^F, व्रणयुक्तता^F, सक्षतता^F।

-ule -क, लघ्वर्थक शब्दोंमें प्रयुक्त (*glob~, gran~, pust~*); -LE भी (*angle*)।

Ulema ऊ'लिॅमॅ n. मौलाना, पवित्र विधि^F एवं धर्मशास्त्रका ज्ञाता मुसलमान विद्वान, उलमा।

-ulent विशेषण बनानेमें प्रयुक्त (*fraud~, turb~; truc~*)।

uliginal यूलि'जिनॅल् a. कर्दमजात, कीचड़में पैदा होनेवाला।

uliginose –नोस् a. = ULIGINOUS.

uliginous –नॅस् a. स्रावी, च्यावी, रिसनेवाला, टपकनेवाला, चूनेवाला; पंकिल, मैला, गदला।

ullage अ'लिज् n. (वाणि०) हीनता^F, कमी^F (भरनेमें); (नौवि०) **छीज**^F; (पीपेकी) धारण-हीनता^F।

ulloa's circle युलोआस् सर्किल n. (ज्यौतिष) श्वेतचाप।

ulmin अल्'मिन् n. (वन०) उद्रस, उद्यास; (रसा०) उपकरि।

ulna अल्'नॅ n. (pl. *-e*) अन्तःप्रकोष्ठास्थि^F, (जीव०, कृषि०, चि०) **अन्तःप्रकोष्ठिका**^F, अरत्निगा^F, अरत्नि^F, कलाई^F की दो हड्डियों^F मेंसे बड़ी हड्डी^F, T.।

ulnad –नॅड् adv. अभ्यरत्नि, बाँह^F की निचली हड्डी^F की ओर।

ulnar –नॅर् a. अन्तःप्रकोष्ठिका (*~ artery*), अन्तःप्रकोष्ठास्थि-सम्बन्धी, अरत्नि-, अरत्नीय, बाँह^F की निचली हड्डी^F का (*~ nerve*)।

ulotrichan यूलॉ'ट्रिकॅन् n. ऊर्णकेशी^F, ऊनी बालोंवाली जाति^F।

ulotrichous –कॅस् a. ऊर्णाभकेशी, ऊर्णाभ रोमयुक्त, ऊन-जैसे बालोंवाला।

ulster अल्'स्टॅर् n. एक प्रकारका लम्बा ढीला-ढाला लबादा या ओवरकोट, अल्स्टर; U~ custom अल्स्टरी प्रथा^F, भूमिधरोंके अधिकारोंकी आयलैंण्डमें प्रचलित प्रणाली^F, अल्स्टर-प्रथा^F।

ulstered –र्ड a. अल्स्टर-धारी, अल्स्टर कोट पहने हुए।

ult. (**alsoulto.**) *ultimo*, last; ultimate; ultimately.

ulterior अल्टीअॅ'रिॲर् a. अन्तरस्थ, **दूरवर्ती**, दूरतर, दूरस्थ, परे स्थित; पश्चाद्वर्ती, अप्रत्यक्ष, परोक्ष, प्रच्छन्न, गुप्त, **गूढ़**, पृष्ठभूमि^F में निहित; **बाह्य, बाहरी**; अपर, अतीत (विवाद-विषय अथवा प्रत्यक्ष प्रमाणादिकी) सीमा^F से

बाहरका, परोक्ष, अवान्तर, उत्तर, इतर, परे, परला, दरपर्दा, तहमें छिपा हुआ ~ *motives, views*)।

ulteriorly –लि adv. अन्ततः, अन्ततोगत्वा, आखिर।

ultima (L) अल्'टिमॆ n. (व्या०) अन्त्य अक्षर; a. अन्त, चरम, अन्तिम।

ultimacy अल्'टिमॆसि n. आद्यता^F, आदिमता^F, मौलिकता^F, प्राथमिकता^F, मूलभूतता^F, आधारभूतता^F, बुनियादीपन; चरमता^F, परमता^F, अन्त्यता^F, अविभाज्यता^F, अन्तिमता^F, अन्त, आखिरीपन।

ultima ratio (L) n. अन्तिम विवाद-युक्ति^F, आखिरी तर्क^F।

ultima ratio regum (L) n. सम्राटोंका अन्तिम तर्क; सेना^Fका आश्रय-ग्रहण।

ultimate –मॆट् a. आद्य, आदिम, मौलिक, प्राथमिक, मूलभूत, आधारभूत, बुनियादी (भौ०, रसा०, निर्दे० ज्या०) **चरम, परम**, अन्त्य, अविभाज्य, (रसा०, भौ०). **अन्तिम**, अन्त, पिछला, आखिरी, कतई; ~ destination गम्य स्थान; ~ element मूलतत्त्व, ~ truth परम सत्य; the ~ facts of nature मूलभूत प्राकृतिक तथ्य;

~ analysis, ~ basis, ~ capacity, ~ class, ~ consignee, ~ constituent, ~ constitution, ~ cost, ~ destination, ~ intersection, ~ laws, ~ objective, ~ result, ~ truth, ~ unit, ~ value.

ultimately –लि adv. अन्ततोगत्वा, अन्ततः, फलतः, परिणामतः, शेषतः, अन्तको, आखिरकार।

ultimateness –निस् n. आद्यता^F, प्राथमिकता^F, मौलिकता^F, मूलभूतता^F, आधारभूतता^F, बुनियादीपन; चरमत्व, अन्तिमता^F, अन्त्यत्व, परमत्व, अन्तिम अवस्था^F, अन्त।

ultima thule (L) n. चरम सीमा^F, पराकाष्ठा^F।

ultimatum अल्टिमे'टॆम् n. (pl. -s, -*a*) मौलिक सिद्धान्त, मूलभूत या परम तत्त्व, चरमता^F, मौलिक बात^F; सार, अन्तिम निष्कर्ष, अन्तिम निर्णय, अन्तिम माँग^F, **अन्तिम चेतावनी**^F; चरमाभिसन्धि;^F, (राज०) **अन्तिम प्रस्ताव**, निदान प्रस्ताव, निदान-शब्द, अन्त्य-प्रतिज्ञा^F, चरम-पत्र, शेष प्रस्ताव, शर्तों^Fका अन्तिम प्रस्ताव या कथन, अन्तिम बात^F या शर्त^F, **अन्तिमेत्थम्, अल्टीमेटम**।

ultimity अल्टि'मिटि n. तात्त्विकता^F, तात्त्विक सिद्धान्त; चरमता^F, परमता^F, अन्त्यता^F, अन्त, आखिरीपन।

ultimo (L) अल्'टिमो a. & n. **गतमास; गत, गत मासका**, पिछले महीनेका।

ultimogeniture अल्टिमॆजे'निच्युअॅर n. अन्त्यजाताधिकार, कनिष्ठाधिकार; अन्त्यजन्मता^F, कनिष्ठता^F, छुटाई^F।

ultra- परे, पार-, सीमोत्तर, अति-, अतिशय, दूर (~*classical*, ~*conservatism*, ~*microscope*, ~*montane*)।

ultra अल्'ट्रॆ n. & a. उत्कट प्रगतिवादी, अतिपक्षी; अतिवादी, परम, चरम; अत्यन्त, अति, बहुल; अतीत, दूरस्थ, परे, पार।

~ absorption, ~ centrifuge, ~ high, ~ light, ~ rays, ~ violet.

ultraism –ट्रॆइज़्म् n. उत्कटवाद, उग्र सिद्धान्त; प्रगतिवाद; अतिपक्षवादिता^F, अतिवाद, अतिवादी दृष्टिकोण।

ultraist –इस्ट् n. उग्रवादी, उत्कटवादी; प्रगतिवादी; अतिपक्षी, अतिवादी।

ultra centrifuge ⊙ अल्ट्रॆसे'न्'ट्रिफ़्यूज् n. (रसा०, चि०), **पराकेन्द्रपसारण; पराकेन्द्रापसारित्र**, (भौ०) **द्रुत-अपकेन्द्रित्र**, (चि०) पराकेन्द्रापसारित्र; T.।

ultra-filteration ⊙ अल्ट्रॆ फ़िल्टॆरे'शॆन् n. (चि०) **परानिस्यन्दन, अतिसूक्ष्म छानना, अतिसूक्ष्म फ़िल्टर करना**।

ultramarine अल्ट्रॆमॅरीन्' १. n. **नील**, सुन्दर नीलवर्ण, नीला रंग; (रसा०) **कृत्रिम लाजवर्द, कृत्रिम लाजवर्द वर्णक**, २. a. पारसामुद्रिक, समुद्रपारस्थित, समुद्रपारका; artificial ~ बनावटी नील रंग, रासायनिक नील; ~ ashes नीलोपलास्थि^F, ~ yellow (रसा०) **लाजवर्दी पीतक**, पीला लाजवर्द।

ultra microscope ⊙ अल्ट्रॆमाइ'क्रॆस्कोप् n. (रसा०, भौ०) **अतिसूक्ष्मदर्शी**, (चि०) पराणुदर्शी।

ultra microscopic ⊙ –कॉ'पिक् a. (रसा०, भौ०) **अतिसूक्ष्मदर्शीय**, सूक्ष्मदर्शकातीत।

ultramontane अल्ट्रॆमॉन्'टेन् १. n. पर्वत-पारवासी व्यक्ति, आल्प्स पर्वतके दक्षिणका निवासी; पोपके निरंकुश आधिपत्यका पक्षपाती व्यक्ति; २. a. अतिपर्वतीय, आल्प्स पर्वतके दक्षिणमें स्थित; (अनुशासन एवं विश्वासके विषयमें) पोपके सर्वाधिपत्यका-पक्षपाती; इटली-निवासी, इटालियन।

ultramontanism –टॆनिज़्म् n. पोप-निरंकुशतावाद, पोपका पक्षपात।

ultramontanist –निस्ट् n. पोपाधिकारवादी, पोपतन्त्रवादी, पोपका पक्षपाती व्यक्ति।

ultramundane अल्ट्रॆमन्'डेन् a. जगदतीत, संसारपार, संसारसे परे।

ultra-rays अल्ट्रॆ'रेज् n. पराकिरण।

ultrasonic अल्ट्रॆसॉ'निक् a. (चि०, भौ०) **कर्णातीत**, श्रवणातीत; **पराश्रव्य**, (~ *frequency*, ~ *wave*), परास्वनिक।

ultrasonics –क्स् n. (चि०, भौ०) **पराश्रव्यकी**^F।

ultra-violet अल्ट्रॆ-वाइ'अॅलिट a. (सप्तवर्णोंकी अदृश्य किरणों^Fका) परानीलाभरक्त, पारजम्बु, नीललोहितातीत, पारनीललोहित, **पराबैंगनी**, पारजम्बू, बैंगनी किरणों^Fसे अधिक प्रकाशवान्;

~ light, ~ microscope, ~ radiation, ~ rays, ~ spectrometer, ~ spectrum, ~ therapy, ~ variation, ~ wave.

ultra vires (L) a. & adv. शक्ति-परस्तात्, अधिकारातीत, अधिकार बाह्य, नियम-विरुद्ध।

ultroneous अल्ट्रो'निॲस a. स्वैच्छिक, स्वयं।

ululant यू(अ)'ल्यूलॅन्ट a. क्रन्दी, आक्रन्दी, क्रोशी, आक्रोशी, विलापी, रोनेवाला, चीखनेवाला, गुर्रानेवाला।

ululate v.i. चीखना, गुर्राना, उल्लूकी-सी आवाज^F^ निकालना; भौंकना, भेड़ियेकी-सी आवाज^F^ निकालना।
ululation –ले'शॅन् n. क्रन्दन, आक्रन्दन, क्रोशण, आक्रोशण, विलाप, रोना, चीखना, गुर्राना।
umbel अम्'बॅल् n. क्षत्रपुष्प, (वन०) **छत्रक**, उच्छत्र, उच्छत्रकुल, छत्तर, छतरीदार फूल, पुष्पगुच्छ।
umbellal, umbellar –लॅल, –लॅर् aa. उच्छत्रीय, छत्रकीय।
umbellate –लॅट् a. गुच्छमय, (वन०) **छत्रकी**, छत्रकीय, उच्छत्राकार, छत्तरनुमा, छतरीदार, गुच्छेदार।
umbellet, umbellule –लिॅट, –बे'ल्युअॅल् nn. उच्छत्रिका^F^, नन्हीं-सी छतरी^F^, गुच्छा।
umbellic –बे'लिक् a. उच्छत्रिक (~ *acid*)।
umbelliferous –बॅलि'फ़ॅरस् a. छत्रपुष्पी, उच्छत्रयुक्त, छत्तरदार।
umbelliform –बे'लिफ़ॉर्म् a. (वन०) **छत्राकार**;= UMBELLATE.
umber[1] अम्'बॅर् १. n. बभ्रुमृदा^F^, बभ्रुकी^F^, भूरे रंगकी प्राकृतिक गेरू^F^, अम्बर; २. v.t. बभ्रुमृदा^F^ या बभ्रुकी^F^का रंग देना, भूरे रंगमें रंजित करना, अम्बरके रंगमें रँगना; ३. a. बभ्रुकीवर्ण, अम्बर, भूरा, श्याम, साँवला; ~-bird बभ्रुमृत्स्ना-पक्षी, बभ्रुकी पक्षी, अम्बर पक्षी, बगलेकी जाति^F^-का अफ्रीकी भूरा पक्षी।
umber[2] n. बभ्रमत्स्य, बभ्रुकी^F^, बभ्रुमीन^F^, अम्बर मछली^F^।
umbered –र्ड् a. बभ्रुमृत्स्ना-रंजित, बभ्रुकी-रंजित, अम्बरसे रँगा हुआ।
umbery –रि a. बभ्रुकीय, भूरा।
umbilic अम्बि'लिक् a. (ग०) **शून्यवृत्तक**।
umbilical –क़ॅल्, –लाइ'कॅल् a. नाभीय, नाभ्य, नाभि-सम्बन्धी, नाल-, नाभि^F^के निकट स्थित (~ *hernia, region*); केन्द्रीय, मध्यवर्ती; नारीपक्षसे सम्बन्धित (*an ~ ancestor*); ~ artery (जीव०) **नाभि धमनी**^F^, नालरोहिणी^F^; ~ cord **नाभिनाल**^F^, **नाभिरज्जु**^F^; नाभिनाड़ी^F^, गर्भनाड़ी^F^, जन्मरज्जु^F^, गर्भसे अपरा^F^तक जानेवाली नाल^F^; ~ fold (श० र० शा०) **नाभिपुटक**; ~ region (श० र० शा०) **नाभिप्रदेश**; ~ vesicle (चि०) **नाभि-स्फोटिका**^F^।
umbilicate–कॅट् a. नाभिमान्, नाभिवाला; नाभ्याकार, (वन०) **नाभिवत्**।
umbilication–के'शॅन् n. नाभीकरण; नाभिवत् खात।
umbilicus–लाइ'कस् n. अधिश्रयण, (जीव०) **नाभि**^F^; (वन०, जन्तुवि०, शंख शा०) नाभ्याकार रचना^F^, नाभिवत् गठन^F^; (रोमन पुरातत्त्व) शाखिशिफ^F^, उस लकड़ी^F^के दोनों सिरोंका लट्टू (जिसपर पाण्डुलिपि^F^ लपेटी जाती थी); (रेखा०) किसी तलका बिन्दु-विशेष (जिससे होकर सभी वक्र रेखाएँ^F^ जाती हैं); (जीव०) **पिच्छछिद्र**; **केन्द्रगर्त**, गर्तिका^F^, छोटा गड्ढा।
umbiliferous –लि'फ़ॅरॅस् a. नाभियुक्त, नाभिवाला।
umbiliform –बिलिफ़ॉर्म् a. नाभ्याकार।
umbles अम्बल्ज़् n. pl. हरिणान्त्र^F^, हिरनकी आँतें^F^।

umbo अम्'बो (श०र०शा०) **प्रोत्थ**; (वन०) T.।
umbra अम्'ब्रॅ n. (pl. -*e*) कलक, सूर्यके धब्बेका मध्यभाग; (ग० ज्यो०) भूछाया^F^, (प्रा० भू०, ज्यौ०, ऋतु०, भौ०) **प्रच्छाया**^F^, उपच्छाया^F^, ग्रहणमें पृथ्वी^F^ अथवा चन्द्रमा^F^ द्वारा पड़नेवाली सम्पूर्ण छाया^F^; (रोमन पुरातत्त्व) किसी अतिथि^F^ द्वारा साथमें लाया हुआ अनाहूत या अनिमन्त्रित अतिथि; भूत प्रेत।
umbraculiform –ब्रॅ'क्यूलिफ़ॉर्म् a. छत्रवत्, छत्र सदृश, छाते-जैसा।
umbrage अम्'ब्रिज् n. (प्रमुखतः का०) वृक्षच्छाया^F^, छाया^F^, छाँव; विरक्ति^F^, अपकार या अपमानका विषाद, व्यक्तित्व अथवा व्यवहारसे उत्पन्न उपेक्षाभाव, अपमानभाव, क्लेश, दुःख, रोग, खिन्नता^F^, कोप, क्रोध, अप्रसन्नता^F^, असन्तोष, अप्रीति^F^, नाराजगी^F^, खफ़गी^F^; *give* ~ दिल दुखाना; *take* ~ बुरा मानना।
umbrageous –ब्रे'जॅस् a. निविड़, छायाबहुल, छाया-प्रदायी, छायामय, छायादार, सायादार, धुँधला; विषण्ण, क्षुब्ध, रुष्ट, असन्तुष्ट, अप्रसन्न, नाराज, खफा।
umbrageousness –निस् n. निबिड़ता^F^, छाया-बहुलता^F^, छायाप्रदता^F^, छायामयता^F^, सायादारी^F^।
umbral –ब्रॅल a. छाया-, प्रच्छाया-सम्बन्धी (~ *cone*)।
umbratic –ब्रै'टिक् a. प्रच्छाय, एकान्त; UMBRATILE.
umbratile–ब्रॅटिल् a. प्रच्छाय, छाया-सम्बन्धी; छायामय, छायादार; अन्यावहारिक।
umbre अम्'बॅर् n. UMBER[2].
umbrella* अम्ब्रे'लॅ n. घर्मत्राण, आतपवारण, आतपत्र, जलत्र, छतर, **छत्र**, छत्री^F^, **छाता***, **छतरी**^F^; (~-*shell* भी) छतरी^F^की शक्ल^F^के घोंघे; (ला०) लड़ाकू वायुयानका एक पर्दा अथवा आग^F^का पर्दा; जेली मछली^F^के शरीरकी लिसलिसी पट्टियाँ^F^ (जिनके सिकुड़ने और फैलनेसे वह तैरती है); ~-bird छत्र-पक्षी, छतर-चिड़िया^F^, दक्षिणी अमेरिकाका कलँगीदार पक्षी; ~ catch **छाता खटका**; ~-tree (बोल०) छत्रवृक्ष; छत्राकार वृक्ष; छत्र-तरु, छत्तर-पात, छोटा मैग्नोलिया वृक्ष;
~ ant, ~ cloth, ~ fittings, ~ palm, ~ pine, ~-shaped, ~-stand, ~ type.
umbrella'd a. छत्रयुक्त, छतरदार; छत्री^F^ या छतरी^F^ लिये।
umbrette अॅम्ब्रे'ट् n. UMBER[2]; बभ्रु पक्षी।
umbriferous अम्ब्रि'फ़ॅरॅस् a. निबिड़, छायाबहुल, छायाप्रदायी, छायामय, छायादार, सायादार।
umbril –अम्'ब्रिल n. शिरस्त्राण, टोपी^F^।
umbrinaceous ⊙ अम्ब्रिने'शॅस् a. (वन०) **मधुवर्णी**।
umbrose अम्'ब्रोस् a. निबिड़, छायी, छायाप्रदायी, छायामय, छायादार, सायादार।
umbrosity –ब्रॉ'सिटि n. निबिड़ता^F^, छायिता^F^, छाया-प्रदता^F^, छायामयता^F^, छायादारी^F^, सायादारी^F^।
umbrous –ब्रॅस् a.= UMBROSE.
umiak(Esk.) ऊम्'यैक् n. ऊमियक नाव^F^, (एस्किमोकी नौका^F^)।

umlaut ऊ(उ)म्'लॉट् १. n. अभिश्रुति^F, स्वरपरिवृत्ति^F, (आर्यभाषाओं^F में) *i* अथवा *u* (अब प्रायः लुप्त अथवा परिवर्तित) के कारण अक्षरका स्वर-परिवर्तन; २. v.t. (रूप या ध्वनि^F में) स्वर-परिवर्तनका चिह्न लगाना; स्वर-परिवर्तन करना।

umpirage, umpireship अम्'पाऑरिज्, अम्'पाऑर्शिप् nn. मध्यस्थता^F, मध्यस्थका निर्णय, पंचायती; अम्पायरी^F; पंचायत^F।

umpire–र् १. n. निर्णायक, निर्णेता, विचारक, (राज०) **पंच**; प्रमाण-पुरुष, (क़ा०) **आप्त, आप्तजन,** क्रिकेट वगैरह खेलोंमें मतभेदोंका निर्णेता एवं नियमोंका पालन करानेवाला, **अम्पायर**; प्रश्नोंका निदान करनेके लिए नियुक्त मध्यस्थ व्यक्ति; (कानून) मध्यस्थ, तृतीय व्यक्ति, सरपंच, पंच, सालिस; २. v.t. & i. (खेलमें) अम्पायरके रूपमें कार्य करना, निर्णय करना, अम्पायरी^F करना, मध्यस्थ बनना।

umpteen अम्प्'टीन् a. (ग्रा०) कई, बहुतेरे, बहुत-से।

un- नहीं, अ-, अन-, निर्, वि (~*American*, ~*authorised*, ~*block*, ~*bonnet*, ~ *certified*, ~*disputed*, ~ *identified* , ~ *listed*, ~ *recorded*, ~ *recognized*, ~*ring*, ~ *tenable*.)

un- =UNI- (~*animous*)।

U.N.(A.) United Nations (Association).

'un 'अन् pron. (बोल०) एक (व्यक्ति या वस्तु^F); वह।

una n. ऊना^F, (एक पालवाली नौका^F)।

unabashed अनॅबैश्ट्' a. अलज्ज, व्रीडारहित, बेशर्म, बिना झेंप^F।

unable–ऍबॅल् a.(किसी कार्यको करनेमें) अक्षम, असमर्थ, अयोग्य, नाकाबिल, लाचार।

unabridged अन्-ॲब्रिज्ड् a. असंक्षिप्त, अन्यून, सम्पूर्ण, पूरा।

unabsorbed –ॲब्ज़ार्ब्ड्' (अर्थ०) अनवशोषित (~ *expense*)।

unaccented –ऐक्'सॅन्टिड् a. बलाघातहीन, बलरहित, अबल; अस्वरांकित (~ *syllable*)।

unacceptable –ॲक्से'प्'टॅबॅल् a. अस्वीकार्य, अग्राह्य, अप्रिय, अरुचिकर, अप्रीतिकर, नापसन्द।

unaccompanied–ॲकम्'पॅनिड् a. संगिहीन, एकाकी, अकेला; साथ न जानेवाला (~ *baggage*, ~ *luggage*); रहित, के बिना; (संगीत) बिना वाद्ययन्त्रोंकी संगत^F का।

unaccomplished –ॲकॉ(क)म्'प्लिश्ट् a. अप्रवीण, अमार्जित, गुणरहित, कलारहित, बेहुनर; असमाप्त, अनिष्पन्न, अकृत, अपूर्ण, असम्पादित, अधूरा, बेकार।

unaccountability, unaccountableness–ॲकाउन्टॅबि'लिटि, –निॅस्, nn. दायित्वशून्यता^F; दुर्ज्ञेयता^F, विचित्रता^F, अकथनीयता^F।

unaccountable –न्'टॅबॅल् a. दुर्ज्ञेय, अद्भुत, रहस्यमय, अकथनीय, अकथ, अनोखा; दायित्वशून्य, अनुत्तरदायी, गैर-जिम्मेदार; अकारण, अज्ञातकारण।

unaccredited –ॲक्रे'डिटिड् a. अनधिकृत, अमान्य, अप्रतीत।

unaccustomed –ॲकस्'टॅम्ड् a. (किसी कार्य इत्यादिके लिए) अनभ्यस्त, अकृताभ्यास, अपरिचित, अननुभूत, अनभिज्ञ, अनजान, अनजाना (*his* ~ *silence*)।

unacquainted –ॲक्वेन्'टिड् a. अनभिज्ञ, अजान, बेखबर; असामान्य, असाधारण, अनसुना।

unactable अन्-ऐक्'टॅबॅल् a. अनभिनेय, रंगमंचके अयोग्य।

unacted –टिड् a. अनभिनीत, न खेला गया।

unadaptable –ॲडैप्'टॅबॅल् a. अननुयोज्य, अनम्य, कठोर, कड़ा।

unadjusted –ॲड्जस्'टिड् a. (ग०) **असमंजित,** असमायोजित, अक्रम; अनिर्धारित, अस्थिर; बेढंगा।

unadmitted–ॲड्मि'टिड् a. अप्रविष्ट; अनभिज्ञात; अस्वीकृत, अगृहीत, अनभाता।

unadopted –ॲडॉप्'टिड् a. अगृहीत, अनुपयोजित।

unadorned –'अडॉर्न्ड्' a. अनलंकृत, अशोभित, सादा।

unadulterated –ॲडल्'टॅरेटिड a. अदूषित, अमिश्रित, शुद्ध, विशुद्ध, खालिस, बेमिलावट; वास्तविक, खरा, असली।

unadvanced ⊙ –ॲड्वॉन्स्ट्' a. अविकसित, अनुन्नत, पिछड़ा हुआ।

unadventurous –ॲड्वे'न्'चॅरॅस a. कातर, भीरु, कायर, भयभीत, असाहसी, डरपोक, बेहिम्मत।

unadvised –ॲड्वाइज़्ड्' a. अविवेकी, अयुक्तिसिद्ध, अविमृश्यकारी, असंयत, अविचारी, विचारहीन, गुमराह; **असूचित**।

unaffable –ऐ'फ़ैबॅल् a. असरल, अविनीत, अशील, अमिलनसार।

unaffected –ॲफे'क्'टिड् a. (किसीके द्वारा) अप्रभावित; अव्याज, अकृत्रिम, निष्कपट, सहज, सरल, अकपट, स्वाभाविक, यथार्थ, सच्चा, सीधा-सादा, खरा, असल; अविकृत।

unaffectedness –निॅस् n. अकृत्रिमता^F, यथार्थता^F, निष्कपटता^F, सरलता^F, सच्चाई^F, खरापन।

unaiming –ए'मिंग् a. लक्ष्यहीन, उद्देश्यरहित, बेकार।

unakin –ॲकिन्' a. असम्बन्धित।

unal यूनल a. एक, अकेला; एकात्मक, ऐक्य-सम्बन्धी, एकता-विषयक।

unalienable अन-ॲलाइ'नॅबॅल् a. (क़ा०) **अनन्य-संक्राम्य।**

unalloted –ॲलॉ'टिड् a. **अनियत,** अनिर्धारित, अप्रदत्त।

unambiguous –ऐम्बि'ग्यूॲस् a. स्पष्टार्थ, असन्दिग्धार्थ, असन्दिग्ध।

unambitious –ऐम्बि'शॅस् a. आकांक्षारहित, निराकांक्ष, सन्तोषी; एकान्तप्रिय; आत्मप्रदर्शनविरोधी।

unanimated –ऐ'निमेटिड् a. निर्जीव, निष्प्राण, बेजान, मुर्दा; निरुत्साही, अनुत्साही, आवेशहीन, बिना जोशका; अलस, आलसी, निकम्मा।

unanimating–टिंग a. अलस, आलसी, निकम्मा; ठण्डा।

unanimiter –अैनिमिटर् adv. (क़ानून) सर्वसम्मत्या, एकचित्ततया, सर्वमत्या, सर्वमतसे।

unanimity, unanimousness अन्-अॅनि'मिटि, -मॅसूर्निस् nn. समभावता^F, (राज०,का०) **सर्व-सम्मति**^F, एकचित्तता^F, एकमतता^F, मतैक्य, चित्तैक्य, ऐकमत्य, एकविचारता^F, एकदिली^F; **एक मत**, एक राय^F।

unanimous –मॅस् a. समभाव, एकचित्त, (का०) **एक-मत**, एक-विचार, एकराय (*the meeting was* ~); (मत, वोट इत्यादि-सम्बन्धी) **सर्वसम्मत**, सर्वस्वीकृत, सर्वप्रदत्त, मतैक्य द्वारा एक साथ समर्थित या प्रदत्त, सर्वसम्मति^F से निश्चित या निर्धारित, एकभाव, एकदिल, एकरंग।

unanswerability, unanswerableness अन्-आन्सॅरॅबि'लिटि, –निॅस् nn. अप्रतिवाच्यता^F, अप्रतिवादनीयता^F, अनुत्तरता^F।

unanswerable –'सॅरॅबॅल् a. अप्रतिवाच्य, अखण्डनीय, अनुत्तर, लाजवाब; अनुत्तरदायी, ग़ैर-जिम्मेदार।

unanswered –ड् a. अप्रत्याख्यात, अनुत्तरित, अनस्वीकृत, अखण्डित, जवाब न दिया हुआ।

unapostolic –अैपॅस्टॉ'लिक् a. ईसा द्वारा प्रेषित धर्मप्रचारक शिष्यके सिद्धान्तोंके विपरीत; ईसा द्वारा नियुक्त धर्माचार्योंकी प्रामाणिकता^F के विना।

unapparent –ॲपॅ'रॅन्ट् a. अस्पष्ट, दुरूह, (का०) अप्रत्यक्ष, अदृश्य, धुँधला।

unappetizing –अै'पि'टाइजिंग् a. अप्रिय, अनाकर्षक, घृण्य, बेमजा।

unappropriable –ॲप्रो'प्रिॲबॅल् (अर्थ०) नैसर्गिक (~ *goods*)।

unappropriated –ॲप्रो'प्रियेटि'ड् a. अप्रयुक्त, अरक्षित, अनधिकृत; ~ blessing (हास्य०) वृद्धा कुमारी^F या क्वाँरी स्त्री^F।

unapt –अैप्ट् a. असमर्थ, अयोग्य, अपात्र; अनिच्छुक अप्रवण, अनुद्यत, ढीला।

unarm –आर्म् v. t. निरस्त्रीकृत करना, अस्त्र-शस्त्रसे वंचित कर देना, हथियार या जिरह-बख्तर हटा देना या छीन लेना, निहत्था करना।

unarmed –ड् a. निरायुध, विशस्त्र, निरशस्त्र, निरस्त्र, असज्ज, अस्त्रादि द्वारा असज्जित, निहत्था, बेहथियार, खाली हाथ।

unarmoured –आर'मॅर्ड्' a. अवर्मित, **अकवचित**, जिरहबख्तरविना;

~ cable, ~ troops, ~ vehicle.

unartificial –आर्टिफ़ि'शॅल् a. अकृत्रिम, स्वाभाविक, असली।

unassailable –ॲसे'लॅबॅल् a. (वक्तव्य इत्यादि) अप्रतिवादनीय; अनाक्रम्य, अनाक्रमणीय, अखण्डनीय, आक्षेप या निन्दासे सुरक्षित, अनिन्द्य।

unassimilated –ॲसि'मिलेटि'ड् a. (चि०) असात्म्य, अपरिपाचित, अनात्मसात्कृत, विषम।

unassuming –ॲस्यू'मिंग् a. अदृप्त, अनहंकृत, अधृष्ट, सुशील, विनम्र, विनीत, निरभिमान, अप्रदर्शनप्रिय, सरल, सादा, बेतकल्लुफ़।

unattached –ॲटै'च्ड् a. (छात्र) किसी छात्रावास या विद्यालयसे असम्बद्ध; (सेना०) किसी संघ, पल्टन^F या रेजिमेण्ट^F से असम्बद्ध; असंयुक्त, पृथक्, असंलग्न, असम्बद्ध; (क़ानून) ऋणके बदले कुर्क न किया जानेवाला; अविवाहित।

unattested –ॲटे'स्टि'ड् a. (का०) **असाक्षित**।

unattired –ॲटाअॅर्ड' a. विवस्त्र, वस्त्रहीन, नग्न, नंगा।

unauthentic अन्-ऑथे'न्'टिक् a. अप्रमाण्य, अप्रामाणिक, प्रमाणरहित।

unauthenticated –केटि'ड् a. अप्रमाणित, प्रमाणविहीन, अतर्कसंगत, अयुक्त, अयुक्तियुक्त, ग़लत।

unauthorised –ऑ'थॅराइज़्ड् a. **अनधिकृत** (~ *person*), **नाजायज**।

unauthoritative –ऑथॉ'रिटेटिव् a. अप्रमाण्य, प्रमाणविहीन, अनधिकृत, अतर्क्य, अयुक्त, ग़लत।

unavailable –ॲवे'लॅबॅल् a. अलभ्य, अप्राप्य; अप्रभावी, निरर्थक, व्यर्थ, बेकार।

unavailing –लिंग् a. निष्फल, वृथा, निरर्थक, व्यर्थ, अकार्यकर, अकारथ, बेफ़ायदा, बेअसर।

unavailingly –लि adv. व्यर्थ, बेकार।

una voci (L) adv. एकस्वर, एकमत होकर, सर्वसम्मति^F से।

unavoidable –ॲवाऍ'डॅबॅल a. अनिवार्य, (का०) **अपरिहार्य**; (~ *accident*), न टालने योग्य, मजबूरीका, ला-इलाज (~ *delay*)।

unaware –ॲवेॲर्' a. अनभिज्ञ, अज्ञात, अचेत, अनजान, बेख़बर, ग़ाफ़िल।

unawares –'र्स् १. n. अलाभ, हानि^F; २. adv. हठात्, अकस्मात्, सहसा, एकाएक, अचानक, अप्रत्याशित रूपसे, अनभिप्रेत रूपसे, बेख़बरी^F में, बेजाने, बेइरादा (*was taken* ~ *by this question*)।

unbacked ⊙ –बैक्ड्' a. सहायहीन, रिक्तपक्ष, असमर्थित, बेसहारा, बेयार-मददगार, अकेला; बे फेरा हुआ (घोड़ेके लिए); (घुड़दौड़^F में) बिना शर्त^F का (घोड़ा)।

unbalanced ⊙ –बै'लॅन्स्ड् a. (यन्त्र०) **असन्तुलित**, (~ *design*), अस्थिर (~ *gyroscope*); सामंजस्यहीन, असंयत, आवेशी, उत्तेजनाशील, उखड़ा-पुखड़ा; ~ diet, (चि०) **असंतुलित आहार**, अयुक्ताहार, विषमाहार।

unballasted –बै'लॅस्टि'ड् a. असन्तुलित, अस्थिर (~ *ship*)।

unbank –बैन्क्' v. t. किनारेसे मिट्टी^F हटाना; (आग^F को) ऊपरसे राख^F हटाकर धुकाना या भड़काना।

unbar –बॉर्' v. t. (प्रायः ला०) प्रतिबन्ध उठा लेना, रोक हटा लेना, क़ैद^F उठा लेना; (दरवाजे वगैरहकी) अर्गला^F या बेलन हटा देना, (दरवाजा वगैरह) खोलना!

unbear –बेॲर' v. t. (घोड़ेकी) बागें^F ढीली करना या छोड़ देना।

unbeaten –बी'टॅन् a. अपराजित, अजित, अतुलनीय (~ *record*)।

unbeautiful –ब्यू'टिफ़ुल् a. विरूप, कुरूप, असुन्दर, भद्दा, बदसूरत।

unbecoming –बि'कॅमिंग् a. अशोभन, अनुपयुक्त, अनुचित, बुरा (~ *speech*)।

unbecomingness –निॅस् n. अशोभनीयता^F, अनुपयुक्तता^F।

unbegotten –बि'गॉटॅन् a. अजात, अजन्मा; अनादि।

unbeguile –बि'गाइल् v.t. स्पष्ट कर देना, भ्रान्ति दूर करना, अप्रतारित करना, न छलना, न ठगना।

unbeknown, unbeknownst –बि'नोन्, –न्स्ट् a. & adv. (बोल०) अज्ञात, नामालूम; अज्ञात रूपसे (*did it ~ to him*)।

unbelief –बि'लीफ़् n. अधर्म, अप्रत्यय, अनास्था^F, अविश्वास, विश्वासाभाव, पाखण्ड, अश्रद्धा^F, नास्तिकता^F, अनास्तिक्य, संशय, अभक्ति^F।

unbeliever –बि'ली'वॅर् n. नास्तिक, आस्थाहीन, संशयालु, संशयात्मा, **अश्रद्धालु**, श्रद्धाहीन, भक्तिहीन, **अविश्वासी**, अभक्त, पाखण्डी।

unbelieving –विंग् a. अधर्मी, नास्तिक, संशयात्मा, अविश्वासी, विश्वास न करनेवाला।

unbend –बे'न्ड् v. t. & i. (मस्तिष्क इत्यादिको) भार या परिश्रमसे विश्रान्ति^F प्रदान करना, उन्मुक्त करना, आराम देना, ढीला करना, खोलना, सरल करना, सीधा करना या होना; विनीत होना, नम्र होना, सादा या बेतकल्लुफ़ होना; (नौवि०) (पालोंकी) बल्लियाँ^F इत्यादि खोलना।

unbending –'डिंग् a. अनम्य, अनमनीय, अ-वश्य, अटल, कठोर, दृढ़, कड़ा, कठिन, बेलोच, सख्त, तना हुआ, अडिग, न झुकनेवाला; दृढ़प्रतिज्ञ।

unbendingness –निॅस n. अनम्यता^F, दृढ़ता^F, अ-वश्यता^F, अटलता^F, कठोरता^F, कड़ापन।

unbent –बे'न्ट्' a. अनत, अनमित, अनधीन।

unberufen (G) a. अतिच्छित, अवांछित।

unbias –बाइ'ॲस् v. t. पक्षपातहीन करना, पक्षपातित्व-से मुक्त करना, पक्षपात हटाना, तरफ़दारी^Fसे बरी करना।

unbias(s)ed ⊙ –ड् a. निष्पक्ष, पक्षपातरहित, **अनभिनत**;

~ error, ~ estimate, ~ opinion, ~ test.

unbiblical –बि'बिलिकॅल् a. बाइबिलके विरुद्ध, बाइ-बिलके अनुसार अप्रामाणिक या अवैध।

unbind –बाइन्ड् v.t. बन्धनमुक्त करना, मुक्ति^F देना, रिहा करना, रिहाई^F देना, खोलना, ढीला करना।

unbitted –बि'टिड् a. उद्दाम, बेलगाम (घोड़ा)।

unblemished ⊙ –ब्ले'मिस्ट् a. निष्कलंक, अदोष, बेदाग; अविकृत, अविकार।

unblessed –ब्ले'सिड् a. अनाशिष्ट; निरानन्द, अतुष्ट, अप्रसन्न; अभागा।

unblushing –ब्ल'शिंग् a. निर्लज्ज, लाजहीन, बेशर्म, ढीठ।

unbolt –बोल्ट् v. t. अर्गलमुक्त करना, अर्गला^F हटाना, कुण्डी^F खोलना, किवाड़ खोलना, चिटखनी^F हटाना।

unbosom –बु'ज़म् v. t. & i. अपनी गुप्त भावनाएँ^F प्रकाशित करना, दिलका भेद खोलना, प्रकट करना, दिली बातें^F कहना।

unbound –बॉउन्ड्' a. अजिल्द; खुला; अप्रतिबद्ध, स्वतन्त्र।

unbounded –'डिड् a. अपरिमित, अमित, असीम, अनन्त, असीमित, असंख्य, अपार, बे-ठिकाने।

unboundedness –निॅस् n. असीमितता^F, अनन्तता^F, अमितता^F, अपारता^F।

unbounteous –बॉउन्'टिॲस् a. अदानशील, संकुचितहृदय, कृपण; अनुदार।

unbrace अन्-ब्रेस् v. t. शिथिल करना, आराम पहुँचाना, तनाव दूर करना, ढीला करना (शिराओं^F या नसों^Fके सम्बन्धमें); तस्मे खोलना, पेटी^F खोल देना।

unbred –ब्रे'ड् a. अपोषित; अशिष्ट, असभ्य, अकुलीन।

unbridle –ब्राइ'डॅल् v. t. घोड़ेकी लगाम^F उतारना या हटाना; (ला० व्यक्तिकी जबान^F) खोल देना, बेलगाम कर देना।

unbridled –ड् a. उद्दाम, बेलगाम; अनर्गल, निरंकुश, उच्छृंखल, असंयत (~ *tongue*); कामुक, व्यसनी, लम्पट।

unbroken –ब्रो'कॅन् a. क्रमबद्ध, अबाधित, निर्विघ्न, अखण्ड, अखण्डित, अपराजित, अभग्न, अटूट, पूरा (~ *sleep*); अलंघ्य (~ *record*); बे फेरा हुआ (~ *horse*)।

unbrokenness –निॅस् n. क्रमबद्धता^F, अबाधता^F, अखण्डता^F।

unbuckle –ब'कॅल् v. t. बक्सुआ खोलना (तस्मे या पेटी^F, जूते आदिका), ढीला करना।

unburden –बर्'डॅन् v. t. (स्वयंको अथवा अन्तः-करण इत्यादिको) उद्वेगशून्य करना, भारमुक्त करना, भार हटाना, चिन्तामुक्त करना, किसी व्यक्तिके सम्मुख स्वीकारोक्ति^F करके शान्ति^F प्राप्त करना, दोषस्वीकार इत्यादि द्वारा अपनेको हलका करना, भारमुक्त होना, बोझ उतारना।

unbutton –ब'टॅन् v. t. (कोट इत्यादिके) बटन खोलना।

uncage –केज्' v.t. पिंजरेसे उड़ा देना; मुक्त करना, रिहा करना।

uncalled –कॉल्ड्' a. अनामन्त्रित, अनाहूत, (वाणि०) अनमाँगी (~ *capital*), बेतलब, बिना बुलाया; ~ *for* अनुचित, अनावश्यक, व्यर्थ, बेकार, बेजा; अयाचित, अननुमत, धृष्टतापूर्वक किया हुआ (*the remark was ~ for*)।

uncandid –कैन्'डिड् a. छली, कपटी, धूर्त, असरल।

uncanniness –कैं'निनिॅस् n. अप्राकृतता^F, रहस्य-मयता^F, विलक्षणता^F, अलौकिकता^F; भयंकरता^F, भोंडापन।

uncanny –नि a. प्रारब्धिक, भाग्य-सम्बन्धी; आपत-संकुल; अप्राकृतिक, अस्वाभाविक; रहस्यमय, विलक्षण, भयंकर, भयानक; डरावना, खतरनाक; भोंड़ा, मनहूस।

uncap –कैप्' v.t. अनावृत करना, खोलना; v. i. टोपी^F उतारना।

uncared-for –के'अॅर्ड-फ़ॉर् a. अनादृत, अकृत, अव-हेलित, उपेक्षित।

uncase –केस्' v.t. बाहर निकालना।

uncaused –कॉज़्ड्' a. अहेतुक, अजात, स्वतःजात, आत्मजात, अनिर्मित।

unceasing –सी'जिंग् a. अनवरत, निरन्तर, लगातार (~ *effort*)।

unceremonious –से'रि'मो'निअॅस् a. अनौपचारिक, धृष्ट, नियमविरुद्ध, वाह्याचार-रहित, शिष्टाचारविहीन, गैररस्मी, बे-तकल्लुफ, अक्खड़।

unceremoniousness –निॅस् n. अनौपचारिकता^F, शिष्टाचारहीनता^F, धृष्टता^F, नियमविरुद्धता^F, अक्खड़पन।

uncertain –सर ट्न्, -टिन् a. अविश्वसनीय, बे-पतवार (*is ~ in his aim*); सन्दिग्ध, अनिश्चित, संशयापन्न, संशयग्रस्त, संदेहयुक्त, ढुलमुल, डाँवाडोल (*am ~ which he means*); परिवर्तनशील (~ *weather*)।

uncertainty –न्टि n. अनिधीर्यता^F, अनिश्चय, अनिर्णय, (भौ०) **अनिश्चितता**^F, संशय; ~ bearing **संशयमूलक**।

unchain –चेन्' v. t. जंजीर^F खोलना; मुक्त करना, रिहा करना।

unchancy –चान्'सि a. असामयिक, अप्रसंगोचित, अकालोचित, बेवक्त, बेमौका; अभागा, मनहूस, भोंड़ा; खतरनाक।

unchanging –चेन्'जिंग् a. अपरिवर्त्य; दृढ़, अपरि-वर्ती, अविकारी (~ *force*)।

uncharitable –चै'रिटॅबॅल् a. छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी, न्याय-निष्ठुर, कठोर, कड़ा, कड़ा न्याय करनेवाला; अनु-दार, कृपण।

uncharitableness –निॅस् n. छिद्रान्वेषिता^F, दोषदर्शिता^F, कठोरता^F, सख्तदिली^F; अनुदारता^F।

unchastity –चैस्'टिटि n. (का०) **असतीत्व**, कामु-कता^F, लम्पटता^F।

unchristian –क्रिस्ट्यॅन् a. ईसाई-सुलभ गुणोंके विपरीत, गैरईसाई, ईसाइयोंके तरीके या धर्मके खिलाफ।

unchristianize –नाइज़् v. t. ईसाईको धर्मच्युत करना।

unchurch –चर्च् v. t. गिरजेसे वहिष्कृत करना, चर्चसे निकालना।

uncia अन्'शिअॅ (pl. *iae*) रोमका प्राचीन सिक्का; चित्र-व्याघ्र।

uncial अन्'शल् १. n. बृहत् अक्षर-सम्बन्धी पाण्डुलिपि^F या अक्षर; २. a. बृहत् अक्षर-सम्बन्धी, चौथी से आठवीं शताब्दी^Fके मध्यमें पायी जानेवाली पाण्डुलिपियों^Fकी एक प्रकारकी बड़े अक्षरोंकी लिखावट^Fमें लिखा हुआ या तत्सम्बन्धी।

unciform अन्'सिफार्म् a. वक्र, टेढ़ा; अंकुशरूप, हँसिया-जैसा, कँटिया-जैसा; ~ bone (चि०) फणधर।

uncinal –सिनॅल् a. = UNCINATE.

uncinate –नॅट् a. अंकुशाग्र, सांकुश, वक्र, टेढ़ा, हुकदार; ~ fasciculus (श० र० शा०) **अंकुश पूलिका**; ~ process (चि०, जीव०) **अंकुश प्रवर्ध**।

U.N.C.I.P. United Nations Commission on India & Pakistan.

uncircumcised –सर्कॅम्साइज्ड् a. विना सुन्नत^F; अमुसलिम; काफिर, मूर्तिपूजक।

uncircumcision –सि'ज़न् n. सुन्नत^F या खतना^F न होना, अनकटइलापन; गैर-मुसलमानी; the ~ (न्यू टेस्टामेण्ट) गैरयहूदीपन, गैरमुसलिम (देवदूत या ऐंजिल)।

uncirostrate –सिरोस्ट्रेट a. वक्रचंचु, टेढ़ी चोंचवाला।

uncivil अन्-सि'विल् a. अशिष्ट, अविनीत, असभ्य, गँवार, उजड्ड, अक्खड़।

uncivilizable –लाइज़ॅबॅल् a. असभ्यकरणीय; सभ्य न बनाने योग्य।

uncivilization –लाइ(लि)ज़े'शॅन् n. असभ्यता^F।

uncivilized –'विलाइज़्ड् a. असभ्य, गँवार, मूर्ख, बेहूदा, अक्खड़, बुद्धू।

unclaimed –क्लेम्ड्' a. अस्वामिक, अनधिकृत, **अदावी, बेदावेदार, बेवारसी, लावारिसी**;
~ article, ~ baggage, ~ consignment, ~ corpse, ~ dividend, ~ document, ~ telegram.

unclasp –क्लास्प्' v. t. बन्द ढीला करना, बक्सुआ ढीला करना; रोक हटाना, खोलना।

unclassified⊙ –क्ला'सिफिड् a. (रेल०) **अवर्गीकृत, अवर्गित; विविध**;
~ bay, ~ document, ~ goods, ~ pay-ment, ~ receipt, ~ station.

-uncle लघु अर्थमें प्रयुक्त (*-cule* or *-culus* के स्थान-पर, जैसे *ped* ~)।

uncle अन्'कॅल् n. तात, मातुल, मामा, चाचा, ताऊ, मौसा, फूफा, पिता या माँका भाई, मौसी^F या बुआ^Fका पति; (ग्रा०) गिरवीदार, चीजें^F गिरवी रखकर कर्ज देने-वाला व्यक्ति; (सम्बोधनमें प्रयुक्त) दादा⊙ (जैसे, *U~ Tom's Cabin*); ~ paternal पितृव्य, चाचा, काका; maternal ~ मातुल, मामा; U~ Sam संयुक्तराज्य अमेरिकाकी सरकार^F, अमेरिकावासी, (राज०) **चचासाम**; *talk to (person) like a Dutch ~* प्रेमपूर्ण कठोर-ता^Fसे (किसी व्यक्तिसे) बात^F करना।

unclean, -ly अन्-क्लीन्, -लि aa. मलिन, अपवित्र, अस्वच्छ, अशुद्ध, मैला, गन्दा; मलिनात्मा, संस्कारके अनुसार अशुद्ध (यहूदी कानूनमें)।

unclear –क्लीअॅर्' a. अस्वच्छ, मलिन, मैला, गन्दा; अस्पष्ट, दुर्बोध।

uncleship अन्'कॅल-शिप् n. चाचा, मामा इत्यादिका

सम्बन्ध या भाव।

unclew –क्लू′ v. t. (नौवि०) मुक्त करना, खोलना, ढीला करना।

unclose –क्लोज़ v. t. & i. प्रकट करना, खोलना।

unclothed –क्लोद्ड्′ a. विवस्त्र, नग्न, नंगा।

unclouded –क्लॉउ′डिंड् a. उन्मुक्त; निर्मेघ, मेघमुक्त, मेघरहित; निर्मल, स्वच्छ, साफ।

unco अन्′को १. n. अभ्यागत, अजनबी; (pl.) समाचार, खबरें^F; २. a. असामान्य, असाधारण; स्मरणीय; विचित्र, विलक्षण, अपूर्व, अनोखा, निराला; ३. adv. अत्यधिक, अधिक; the ~ guild कट्टर धार्मिक लोग।

uncock अन्-कॉक् v.t. बन्दूक^F का चढ़ा हुआ घोड़ा इस प्रकार गिराना (कि बन्दूक^F न छूटने पाये)।

uncoloured –क′लॅर्ड् a. अरंजित, विना रंगका;(ला०) अनतिरंजित, अनतिशयोक्त (~ *account*)।

uncomely –कम्′लि a. अभद्र, अशोभन, भद्दा, बेडौल।

uncomfortable –कम्-फ़र्टे′बॅल a. असुविधाजनक, कष्टदायक; कष्टमें, बेआराम।

uncommerciable –कॅमर′शिअॅबॅल् a. अविक्रेय, अव्यवसाय्य, अव्यापार्य, व्यापारके अनुपयुक्त।

uncommercial –शल् a. अव्यावसायिक, अव्यापारिक, अव्यवसायी, व्यापारिक नियमोंके विरुद्ध।

uncommon –कॉ′मॅन् १. a. विरल, असामान्य, अपूर्व, विचित्र, विलक्षण; असाधारण, विशेष, निराला; २. adv. असाधारण रूपसे, विशेषतः(*an ~ fine girl*)।

uncommonly –लि adv. असामान्यतया, असाधारणतः, विशेषतः; विरलतया, कहीं-कहीं।

uncommonness –निॅस् n. विरलता^F, विशेषता^F, असामान्यता^F, अपूर्वता^F, असाधारणता^F, निरालापन।

uncommunicated –कॅम्यू′निकेटिॅड् a. अनभिप्रेषित; भावनिगूहीत, अल्पभाषित, मितभाषित।

uncommunicative –टिव् a. (शिक्षा०) **असंवादशील**, असंवाही, भावनिग्रही, मितभाषी, अल्पभाषी, मौन, अपने विचार प्रकट न करनेवाला।

uncommunicativeness –निॅस् n. भावनिग्रह, मितभाषिता^F, अल्पभाषिता^F, मौन।

uncomplimentary –कॉम्प्लिमे′न्टॅरि a. अभद्र, अशिष्ट।

uncompromising –कॉम्′प्रॅमाइज़िंग् a. धृष्ट, अ-वश्य, अनमनीय, दुराग्रही, हठधर्मी, समझौतेके लिए अनुद्यत; दृढ़, (सिद्धान्त आदिपर) कड़ा, अटल।

unconcern –कॅन्सर्न्′ n. अनौत्सुक्य, औदासीन्य, अरुचि^F, उदासीनता^F, निश्चिन्तता^F, बेपरवाही^F, बेफिक्री^F।

unconcerned –ड्′ a. (किसी वस्तु^Fसे) तटस्थ, निर्लिप्त, उद्वेगशून्य, असंसृष्ट, उदासीन, असम्बन्धित, निश्चिन्त, अलग, बेलाग, बेपरवाह, बेफिक्र।

unconditional –कॅन्डि′शॅनॅल् a. **अनिर्बन्ध, अप्रतिबन्ध**, (दर्श०) **निरुपाधि**, निरुपाधिक, स्वतन्त्र, निरपेक्ष, प्रतिबन्धहीन, **शर्तरहित, अशर्त, बिना शर्त**, बिला शर्त (~ *refusal, surrender*)।

unconditionality, unconditionalness –नैॅ′लिटि, –निॅस् nn. निरपेक्षता^F, प्रतिबन्धहीनता^F, स्वतन्त्रता^F।

unconditioned –′शॅन्ड् a. निरपेक्ष, अप्रतिबन्ध, निरुपाधिक, स्वतन्त्र, प्रतिबन्ध-रहित; ~ reflex (शिक्षा०) **अननुकूलित प्रतिवर्त**; the U~ (दर्शन०) अनन्त, सीमा-निरपेक्ष।

unconfinable अन्-कॅन्फ़ाइ′नॅबॅल् a. अबाध्य, अप्रतिबन्ध।

unconfirmed ⊙ –कॅन्फ़र्म्ड्′ a. अप्रामाणिक, प्रमाणरहित, असमर्थित, अदृढ़ीकृत, **अपुष्ट**, (~ *credit*); (वाणि०) **विकल्पी**।

unconformity –कॅन्फॉर्′मिटि n. (प्रा० भू०) **विषम विन्यास**।

unconscionable –कॉन्′शॅनॅबॅल् a. विवेकशून्य, अनुपपन्न, पूर्णरूपेण अयुक्तिसंगत, अन्याय्य, अमर्यादित, अयुक्त, नावाजिब; अत्यन्त, ~ bargain (का०) **नृशंस सौदा**।

unconscionableness –निॅस् n. अनौचित्य, अमर्यादा^F, अन्याय्यता^F, विवेकशून्यता^F, अयुक्तियुक्तता^F, नावाजिबी^F।

unconscious –कॉन्′शॅस् a. निर्बोध, अज्ञान, अचेतन, अचेत, विसंज्ञ, चेतनाहीन, विसुध, बेसुध, जड़, बेखबर (*was ~ of any change*); the ~ अचेतन मन; अचेत मन

~ intention, ~ mind, ~will.

unconsciousness –निॅस् n. निर्बोधता^F, अज्ञानता^F, **अचेतनता^F**, अचेतता^F, जड़ता^F, अचेतावस्था^F, **बेहोशी^F**।

unconsidered –कॅन्सि′डॅर्ड a. अनिरूपित, अविवेचित; अनादृत, उपेक्षित, अविचारित।

unconstitutional –कॉन्स्टिट्यू′शॅनॅल् a. अवैधानिक, अवैध, (का०) **असांवैधानिक**, संविधान-विरुद्ध, नियमतन्त्र-विरुद्ध (योजनाएँ, कार्य इत्यादि), विधिविरुद्ध।

unconstitutionality –नै′लिटि n. अवैधता^F, असंवैधानिकता^F, अवैधानिकता^F, संविधान-विरुद्धता^F।

unconstraint –कॅन्स्ट्रेन्ट्′ n. प्रतिबन्धहीनता^F, अबाधा^F, निरोधहीनता^F, अनुशासन या अवरोधसे मुक्ति^F, आजादी^F।

uncontemplated –कॉन्′टॅम्प्लेटिॅड् a. अप्रत्याशित, अनाशित, आशातीत, अविचारित, अचानक, विना सोचा हुआ।

uncontent –कॅन्टे′न्ट्′ n. असन्तोष।

uncontested –′टिॅड् a. (का०) **निर्विरोध** (~ *election*)।

uncontrolled –कॅन्ट्रोल्ड्′ a. अप्रतिबन्ध, अनर्गल, **अनियन्त्रित** (~ *stores*), निरंकुश।

unconventional –कॅन्वे′न्शॅनॅल् a. रुढ़िविरुद्ध, रूढ़िमुक्त (~ *treatment*), अप्रचलित (~ *weapon*)।

uncork –कॉर्क्′ v.t. (बोतलका) काग निकालना, डाट^F हटाना; (बोल०) अभिव्यक्त करना, जाहिर करना

(मनोभावनाओं^{F} इत्यादिको)।

uncorroborated –कॅरॉ'बॅरेटिॅड् a. असंपुष्ट, (का०) अपरिपुष्ट (~ *testimony*)।

uncorruptness –कॅरप्ट्'निॅस् n. अभ्रष्टता^{F}, सचाई^F, ईमानदारी^{F}।

uncountable –कॉउन्'टॅबॅल् a. अगणित, असंख्य; अकथ।

uncouple –क'पॅल् v.t. पृथक् करना, सन्धिच्युत करना; रेल^{F}के डिब्बेको अलग करना; कुत्तेका तस्मा या डोरा खोल देना।

uncouth अॅन्कूथ्' a. (रूप, व्यक्ति, स्वभाव इत्यादि) कुत्सित, विरूप, अपरूप, असुसंस्कृत, अशोभन, विचित्र, अद्भुत, गँवारू, बेडौल, भद्दा, भौंड़ा; (भाषा) क्लिष्ट, कठिन, पाण्डित्यपूर्ण, बेलोच; जघन्य; (स्थान) वन्य, निर्जन, सुनसान, वीरान, जंगली; (जीवन) कुसंस्कृत; असंस्कृत; सुविधारहित, बेआराम; (अप्र० अथवा प्रा०) विचित्र, अज्ञात, अपरिचित, असामान्य, अनोखा, निराला।

uncouthness –'निॅस् n. क्लिष्टता^{F}, कठोरता, बेलोचपन, कड़ाई^F, विचित्रता^{F}, असंस्कृतता^{F}, अशोभा^{F}, भद्दापन, गँवारूपन; निरालापन, अनोखापन।

uncovenanted अन्-क'विॅनॅन्टिॅड् a. अप्रतिश्रुत, असंश्रावित, अवचनबद्ध; ~ mercies ईश्वरकी अनुकम्पा^{F}, भगवान्‌की उदारता^{F} या दया^{F}।

uncover –क'वॅर् v.t. &i. अनाच्छादित करना, उद्घाटित करना, अनावृत करना, आवरण हटाना, प्रकट करना, ढक्कन उतारना, खोल देना, पर्दा हटाना, नंगा करना; टोपी^{F} सिरसे उतारना; (सेना०, पीछेकी पंक्ति^{F}का) स्वयं दायें या बायें घूमकर अपने आगेवाली पंक्ति^{F}की सीध^{F}में होना।

uncovered –ड्' a. अनावृत, अनाच्छादित, खुला हुआ, न ढँका हुआ; ~ demand अपूरित **माँग^F**।

uncreate –क्रिॅएट्' v.t. नाश करना, मिटाना।

uncreated –टिॅड् a. स्वयंभू, अज, अनादि, अजन्मा, अनिर्मित, अरचित।

uncritical अन्-क्रि'टिकॅल् a. समालोचना-सिद्धान्तों-के प्रतिकूल, अनालोचनात्मक; आलोचनदृष्टि-शून्य समालोचनावृत्ति^{F}-रहित।

uncritically –लि adv. समालोचना-सिद्धान्तोंके प्रतिकूल, समालोचन-दृष्टि^{F}के बिना।

uncropped –क्रॉप्ट्' a. असस्य, सस्यहीन (~ *land*)।

uncross –क्रॉस्' v.t. (किन्हीं एक-दूसरेको काटनेवाली वस्तुओं^{F}को) सीधा करना, काटा हटाना।

uncrossed –ड्' a. अरेखांकित, बेलकीर; बिना काटा लगाये (~ *cheque* etc.)।

uncrown –क्रॉउन्' v.t. सिंहासनच्युत करना, राजमुकुटसे वंचित करना, गद्दी^{F}से उतारना; अनावृत करना।

unction अन्क्'शॅन् n. मूर्धाभिषेक, अभिषेक, चर्चन, राजाके सिंहासनारोहणके अवसरपर सम्पन्न होनेवाला अनुलेपन-संस्कार, अभिलेपन, अनुलेपन, कैथोलिक-सम्प्रदायमें मृत्यु^{F}के समय सम्पन्न किया जानेवाला पवित्र विलेपन-संस्कार, तैल अथवा लेप इत्यादिका ओषधि^{F}के रूपमें अथवा धार्मिक कृत्यके रूपमें विलेपन, तैलमर्दन, चिकित्सा^{F} करनेके लिए तैल इत्यादिकी मालिश^F, मलना; विलेपन, उबटन, मरहम, लेप, विलेपन-पदार्थ; (ला०) चाटुकारितापूर्ण शब्द या व्यवहार, दिखाऊ चिकनी-चुपड़ी बातें^{F}; मिथ्या भावावेश, बनावटी या दिखाऊ जोश; वर्णनमें अत्यधिक आनन्द, स्वाद, मजा (*told the story with much* ~); शिष्टता^{F} या अत्यधिक नम्रता^{F}।

unctuosity अन्क्ट्यूऑ'सिटि n. = UNCTUOUSNESS.

unctuous –'ट्यूअॅस् a. चिक्कण, स्निग्ध, मसृण, तैलाक्त, चर्बीयुक्त, चिपचिपा, लिजलिजा, लसदार, चिकना; भावावेगपूर्ण, चिकनी-चुपड़ी (बातें^{F}); चिकनी-चुपड़ी बातें^{F} बनानेवाला।

unctuousness –निॅस् n. चिक्कणता^{F}, स्निग्धता^{F}, मसृणता^{F}, चिकनाई^F, चिकनाहट^F, लिजलिजापन; कृत्रिम भावावेग; कृत्रिम चाटुकारिता^{F}, बनावटी खुशामद^F।

unculled –कल्ड्' a. अनेकत्रित, विकीर्ण, बिखराया हुआ; न चुना हुआ (~ *flowers*)।

uncultivable –कल्'टिवॅबॅल् a. अकृष्य, न जोतने-बोने योग्य (~ *waterland*)।

uncultivated –वेटिॅड् a. अकृष्ट, बिना जोती-बोयी, परती (~ *land*)।

uncultured ⊙ –कल्'ट्युॲर्ड् a. असभ्य, असंस्कृत, अशिष्ट, गँवार, अक्खड़, बुद्धू, उजड्ड, बेहूदा।

uncus अङ्'कॅस् n. **अंकुश**, (चि०) बाङ्'स, हुक।

uncut अन्-कट्' a. अकर्तित, अविच्छिन्न, न कटा हुआ।

undamped –डैम्प्ट्' a. (ऋतु०) **अनवमन्दित, अमन्दित**।

undate अन्'डेट् a. तरंगायित, तरंगित, उन्नतानत, लहरियादार।

undated –टिड् a. अ-दिनांकित, तिथिरहित, तिथिशून्य (~ *cheque*); (रेल०) **बिना तिथि^{F}का, बिना तारीख^F**; बेतारीख; = UNDATE।

undaunted –डॉन्'टिॅड् a. अदमित, निर्भीक, निर्भय, साहसी, वीर, निडर, भयरहित, दिलेर।

undauntedness –निॅस् n. निर्भीकता^{F}, साहस, वीरता^{F}, निर्भयता^{F}, निडरपन, दिलेरी^{F}।

U.N. Day United Nations Day.

undecagon –डे'कॅगॉन् n. एकादशभुज, एकादशकोण।

undeceivable –डिॅसी'वॅबॅल् a. भ्रान्त्यपनेय, भ्रान्ति^{F} दूर करने योग्य, समझाने योग्य।

undeceive –व्' v.t. भ्रान्ति^{F} दूर करना, भ्रम या छलसे मुक्ति^{F} दिलाना, वास्तविकता^{F}से अवगत कराना, धोखा दूर करना, कान खोलना, समझाना, चिताना।

undeceived –ड्' a. भ्रममुक्त, छलरहित।

undecennary, undecennial –डिॅसे'नॅरि, –'निअॅल् aa. एकादशवर्षीय।

undecidable –डिॅसाइ'डॅबॅल् a. अमीमांस्य, अनिश्चेय, अनिर्णेय, अविचार्य।

undecided –डिॅड् a. अमीमांसित, अनिरूपित, अनिर्णीत, अनिश्चित, विचाराधीन (*point is still* ~);

अस्थिरचित्त (*he stood* ~)।

undecisive –डिॅसाइ'सिव् a. अनिर्णय, अपरिणम्य, जिसका कोई फल न मिले।

undeclined⊙ –डिॅक्लाइन्ड् a. (व्या०) अविकारी।

undecorticated –डिॅकार'टिकेटि'ड् a. (कृषि०) **छिलकासहित।**

undefended –डिॅफ़ेन्'डि'ड् a. अरक्षित, सुरक्षारहित, रक्षाहीन, बेरोक; असमर्थित, बेपैरवी, बेवकील।

undefined –डिफ़ाइन्ड् a. अपरिभाषित, अस्पष्ट, अनिश्चित।

undemocratic –डेॅमॅक्रै'टिक् a. अप्रजातान्त्रिक।

undemocratize –डिॅमॉ'क्रॅटाइज् v.t. प्रजातन्त्र-विरुद्ध करना, अप्रजातान्त्रिक बनाना।

undemonstrative –डिॅमॉन्'स्ट्रॅटिव् a. भावसंयमी, भावगोप्ता, संयत, शान्त, गम्भीर, अप्रदर्शनशील, भावोद्वेगोंको न प्रकट करनेवाला।

undeniable –डिॅनाइ'ॲबॅल् a. अखण्डनीय, अकाट्य, निर्विवाद, अवश्य-स्वीकार्य, निस्सन्देह, निर्विवाद रूपसे अथवा निश्चित रूपसे मान्य, ठीक।

under- अवर-, अधः-, तले, नीचे (~*arm*, ~-*clerk*, ~*foot*, ~*ground*); अन्तः, अन्तर्- (~*flow*); निम्न, निम्नस्थ, अधीनस्थ, निचला (~ *clay*, ~*coat*, ~*clothes*, ~*garment*, ~*king*); अव-, अल्प- (~ *developed*, ~*valuation*); (क्रियाओं^F के साथ) अपूर्ण रूपसे, अक्षम रूपसे, असन्तोषजनक रूपसे, कम (~ *act*, ~*charge*, ~ *develop*, ~ *do*, ~ *dress*, ~*estimate*, ~*expose*, ~*feed*)।

under* अन्'डॅर् १. a. निम्नस्थ, निचला* (~ *jaw*, ~*drain*); अपूर्ण, **न्यून**, ऊन, **कम**, थोड़ा; २. prep. द्वारा वशीभूत, अमुकके (शासनके) अन्तर्गत, के अन्तर्गत, के अधीन*, (नियम आदि) के अनुसार, में, अमुक समय-में, की दशा^F में, की अवस्था^F में (*groaning* ~ *tyranny*); (किसी) से घटकर, से छोटा, से कम (*no one* ~ *a bishop*); अधः, अपेक्षाकृत निम्न, नीचे*, तले, निम्नवर्ती स्थानपर, निचली ओर (*it fell* ~ *the table*); अन्तर्वर्ती पक्ष या दिशा^F में, अन्दर, भीतर (तल इत्यादिके) (*inserted a knife-blade* ~ *the bark*); गौण स्थिति^F में, गौण दशा^F में, नीचेकी ओर, अपेक्षाकृत निम्न स्थानपर या में, नीचे करके (*a cloth should be spread* ~); **अवर, अधीन,** अधीनस्थ, निम्नस्थ, निम्न, नीचे, तले, मातहत; अक्षम रूपसे, अपूर्ण रूपसे, असन्तोषजनक रूपसे; *a few acres* ~ *corn* अनाज-वाली कुछ एकड़ जमीन^F; *keep* ~ अधीन रखना, वशमें करना; *speak* ~ *one's breath* फुसफुसाहट^F के साथ बोलना, चुपकेसे कहना; ~ *colour of* के आभासमें; ~ *consideration* विचाराधीन; ~ *dog* पराजित, दबा हुआ, हारा हुआ, किसी लड़ाई^F या मुठभेड़^F में हारा हुआ कुत्ता या वैसा आदमी; ~ *his hand* अपने हस्ताक्षर सहित; ~ *report* आलोच्य, प्रतिवेच; ~ *review* समीक्षाधीन, समीक्ष्य; ~ *the hearth* कानाफूसी^F करते हुए; ~ *the signature* हस्ताक्षरसे; ~ *the sun* कहीं भी, आसमानके नीचे, विस्तृत धरती^F पर; ~ *this agreement* इस करारके अनुसार; ~ *trial* अन्वीक्षाधीन, विचारणाधीन; ~ *water* जलमग्न, जलमें, पानीके नीचे, पानीमें डूबा हुआ; *with a good meal* ~ *his belt* पेटमें खाना ठूँसकर।

underact अन्डॅर्-ऐक्ट् v.t. अक्षमतापूर्वक कार्य करना, (अपना काम या पार्ट इत्यादि अथवा निर०) असन्तोषजनक रूपसे सम्पन्न करना,(कामका) ठीक निर्वाह न करना।

underarm[1] –आर्म्'' v.t. कम शस्त्र-सज्जित करना, थोड़े हथियार देना या लगाना।

underarm[2] a. जानुके नीचेतक बाँह^F करके (क्रिकेट)।

underbear –बेॲर् v.t. आश्रय देना, सहारा देना; सहना, ओढ़ लेना।

underbid –बिड्' v.t. (ब्रिज खेलमें) कम हाथ बोलना; (दूसरे व्यक्तिकी अपेक्षा) कम बोली^F बोलना।

underboard –बोॲड्'' adv. प्रच्छन्न रूपसे, गुप्त रीति^F से, चोरी-छिपे।

underbred –ब्रे'ड्' a. अशिष्ट, असभ्य, अकुलीन, हीनाचार-विशिष्ट या हीनशिक्षायुक्त, दुष्ट, नीच, गँवार, कमीना।

underbrush, -bush –ब्रश्', -बुश्' nn. अधःक्षुप, अनुक्षुप, झाड़झंखाड़, रद्दी घास-पतवार^F।

underbuy –बाइ' v.t. कम मूल्यमें या सस्ता खरीदना; v.i. कम मात्रामें खरीदना।

undercarriage –कै'रिज् n. **अवचक्र,** अधोविमान, गाड़ी^F या हवाई जहाजके नीचे लगे हुए पुर्जे; **अवप्रभार,** कम बोझा।

undercharge[1] –'चार्ज् n. (रेल०) **न्यून शुल्क, न्यून प्रभार, अवप्रभार।**

undercharge[2] v.t. अल्पमूल्य लगाना, कम मूल्य लेना, **कम दाम लेना;** (बन्दूक^F इत्यादिमें) अपर्याप्त कारतूस भरना, कम भरना, (बन्दूक^F को) पूरा न भरना।

underclad –क्लैड्' a. कम कपड़ोंमें।

underclay –क्ले' n. कोयलेके नीचेकी चिकनी मिट्टी-की तह।

underclothes, underclothing –क्लोद्स, –क्लॉ'दिंग् nn. अधोवस्त्र, दूसरे वस्त्रोंके नीचेके वस्त्र।

undercroft अन्'डॅर्-क्रॉफ्ट् n. तलगृह, तहखाना, तलघर।

undercurrent[1] अन्'डॅर्-करॅन्ट् n. (खानखुदाई^F) बड़ी-सी छिछली टोकरी^F (जो सोनेके कणोंको एकत्रित करनेके लिए बाँधके नीचे लगा देते हैं; अन्तःस्रोत, अधःस्रोत, (नौवि०) **अन्तःप्रवाह,** (प्रा० भू०) **अन्तर्धारा;** (ला०) विरोधी या भिन्न प्रवृत्ति^F का अलक्षित या अदृष्ट प्रभाव, प्रच्छन्न कार्य, गुप्त प्रभाव।

undercurrent[2] a. प्रच्छन्न, अन्तर्भू, अन्तःप्रवाही, जमीनके भीतरका; अदृश्य, गुप्त, प्रच्छन्न, अदेखा।

undercut[1] अन्'डॅर्-कट् n. (मुष्टियुद्धमें) नीचेसे ऊपरको मारा जानेवाला मुक्का; पीठ^F के नीचेका मांस, रानका टुकड़ा (विशे० गाय^F के गोश्तका)।

undercut² v.t. (वाणि०) प्रतियोगीकी अपेक्षा कम कीमत^F पर बेचना; (संगतराशी^F या कन्दाकारी^F में प्रचना या डिजाइन-सम्बन्धी) आसपाससे खोदकर उभरवाँ काम बनाना; (गोल्फ आदि खेलोंमें गेंद^F को) कट मारना (कि वह ऊँची जाये और गिरनेपर दूर^F तक न लुढ़के)।

undercut³ a. (प्रा० भू०) **तलोच्छिन्न**।

underdeveloped⊙ –डिवे॑लप्ड् a. अर्द्धोन्नत, अविकसित, अर्द्धविकसित, पिछड़ा हुआ (~ *areas*)।

underdo –'डू v.t. अपर्याप्त रूपसे पकाना, अधगला रखना, अधकचरा रखना, अधपका रखना; घटी^F करना, कम करना।

underdone –डन्' a. अल्पकृत, असुपक्व, अधपका, अपर्याप्त रूपसे पकाया हुआ, अधकचरा; अधूरा, कम।

underdress –ड्रेस्' v.t. & i. अपर्याप्त वस्त्र पहनना, बहुत हलके या मामूली वस्त्र पहनाना।

under-employment –ऍम्प्लाॅयमॅन्ट् n. (श्रम०) **अपूर्ण रोजगार**।

underestimate¹ –ॲस्'टिमेट् v.t. न्यूनानुमान करना, अल्पानुमान करना, **कम अनुमान लगाना**, वास्तविकता^F-से कम समझना, कम आँकना, झूठा अन्दाजा करना।

underestimate², **-ation** -मॅट्, -ॲ'शॅन् nn. अवमानन, न्यूनानुमान, अल्पानुमान, अल्प मूल्य-निरूपण, कम अन्दाजा।

underexpose –इॅक्स्पोज़् v.t (छायाचित्र०) प्लेटको अपर्याप्त प्रकाश पहुँचाना।

underexposure –ज़ॅर् n. (छायाचित्र०) प्लेटको कम प्रकाश पहुँचाने या पहुँचाये जानेका भाव या क्रिया^F।

underfeed v.t. & i. **underfeeding** –फ़ीड्', फ़ी'डिंग् n. अपतर्पण; (कृषि०, चि०) **अपर्याप्त भोजन**, आवश्यकता^F से कम भोजन देना, आधा पेट खिलाना, (कृषि०) **कम खिलाना**, कम खाना।

underfired –'फ़ाअॅड् a. (दर्तन) अल्पपक्व, कमपका।

underfoot –'फ़ुट् १. a. तुच्छ, क्षुद्र, कमीना; २. adv. पाँवतले, पैरोंके नीचे।

undergarment –गाॅर्-मॅन्ट् n. अधोवस्त्र, नीचेके कपड़े, अन्य वस्त्रोंके नीचे पहने जानेवाले वस्त्र।

undergo –गो' v.t. अनुभव करना, भोग करना, भोगना, भुगतान, दृढ़ता^F के साथ सहन करना, सहना, झेलना, उठाना, बरदाश्त करना, काटना (*has ~ne many trials*); ~ *training* प्रशिक्षण प्राप्त करना।

undergraduate, **undergrad** –ग्रै'ड्यूॲट्, –⊙ग्रैड् १. n. पूर्वस्नातक, अवरस्नातक, उपस्नातक, उपाधि^F या डिग्री^F अप्राप्त विश्वविद्यालयका छात्र, अण्डरग्रेजुएट; २. a. स्नातकपूर्व (~ *level*)।

undergraduateship –शिप् n. पूर्वस्नातकत्व।

undergraduette⊙ –ॲ'ट् n. (हास्य०) पूर्वस्नातिका^F, अभिस्नातक, पूर्वस्नातक महिला^F।

underground –ग्रॉउन्ड्' १. n. गुप्त संस्था^F; गुप्त विरोध; (स्कॉटलैण्ड) जमीन^F के नीचे चलनेवाली रेलवे^F, अन्तर्भू रेलवे^F; २. a. (गुण० प्रयोगमें) भूगत, (वन०, प्रा० भूगोल) **भूमिगत**, (प्रा० भूगोल) **अन्तर्भौम**, भूगर्भी, (कृषि०) **भूगर्भित**, **भूमि^F के नीचे**, अन्तरित, अन्तर्लीन, भूतलके नीचे स्थित (~ *canal*, *railway*); (ला०) गूढ़, रहस्य, गुप्त, प्रच्छन्न, आच्छादित, छिपाया हुआ (~ *movement*); ३. adv. अधस्तल; धरती^F के तलके नीचे; ~ movement गुप्त आन्दोलन, ~ worker **खान^F के भीतरका कर्मी**; go ~ अन्तर्धान होना, अज्ञातवास करना;

~ cable, ~ canal, ~ drainage, ~ growth, ~ irrigation, ~ reservoir, ~ tank, ~ water, ~ wealth.

undergrowth –ग्रोथ्' n. निम्नरोह, **झाड़-झंखाड़**, तलझाड़ी^F, बड़े पेड़ोंके नीचे उग आनेवाले छोटे वृक्ष या पौधे या झाड़ियाँ^F।

underhand –हैन्ड' १. n. (क्रिकेट) हाथ नीचे करके फेंकी जानेवाली गेंद^F, अण्डरहैण्ड; (pl.) **छोटे कारीगर**; २. a. प्रच्छन्न, गूढ़, गुह्य, गुप्त, छुपा; निन्द्य, गर्हणीय; छलयुक्त; ३. adv. गुप्त रीतिसे; कपटसे, शठतापूर्वक।

underhold –होल्ड्' n. (कुश्ती^F में) भुजाओं^F के नीचेकी पकड़^F।

underhung –हन्ग्' a. (विशे० जबड़ा) आगेको निकला हुआ; कम लटका हुआ; आगेको निकले हुए जबड़ेवाला।

underived –डे॑राइव्ड्' a. अप्रसूत, अव्युत्पन्न।

underlay¹ अन्डॅर'ले n. (खान^F की खुदाई^F) झुकी हुई तिरछी दरार^F; निपत्र, तलपत्र, जलरोध या वाटरप्रूफ पत्र या कागज, टाइपको ऊँचा करनेके लिए उसके नीचे रखा जानेवाला कागज; तलवस्त्र, कालीन, तोशक, गद्दा, बिछावन आदिके नीचे बिछायी जानेवाली चद्दर^F इत्यादि।

underlay² v.t. & i. निम्नस्थ होना, अधःस्थ होना, नीचे पड़ना; (खान^F की खुदाई^F) नमित स्थिति^F में आना, झुका हुआ होना, तिरछा होना; नीचे स्थापन करना, किसी वस्तु^F के नीचे कोई दूसरी वस्तु^F रखना, सहारा लगाना, थामना।

underlease –लीस' n. (का०) **उपपट्टा**, **शिकमी पट्टा**, v.t. शिकमी पट्टेपर देना।

under-lessee –लॅसी' n. उपपट्टाधारी, शिकमीपट्टाधारी।

underlet–लॅट्' v.t. दूसरे किरायेदारको किरायेपर देना, आगे फिर पट्टेपर देना; मकान जमीन^F को निश्चित किरायेसे कमपर उठाना, कम किराया लेना।

underlie –लाइ' v.t. (भूतल इत्यादिके अथवा निर०) नीचे होना, तले होना; (ला०, सिद्धान्त इत्यादि सम्बन्धी) नींव^F होना, अवलम्बन होना, आधार होना।

underline¹ –लाइन्' n. अन्तःघोषणा^F, अन्तःसूचना^F, आगे होनेवाले तमाशेकी घोषणा^F; अधःपंक्ति^F।

underline² v.t. (शब्दपर अधिक बल देनेके लिए अथवा यह सूचित करनेके लिए कि शब्द तिरछे अक्षरों या इटैलिक्समें छापे जायँ) रेखांकित करना, (शब्दके) नीचे रेखा^F खींचना।

underlinen –लि'निन् n. अधोवस्त्र, कुर्ता, कमीज^F,

अन्दर पहने जानेवाले दूसरे कपड़े।

underling –लिंग' n. अनुजीवी, टहलुआ; अधीनस्थ, अधीन कर्मचारी, छोटा (प्रायः हीनतासूचक)।

underlying –लाइ'इंग् a. अधःशायी, **अधःस्थ** (~ *rock*), नीचे पड़ा हुआ (~ *mass*); अन्तर्निहित, भीतरी (~ *idea*)।

underman –मैन्' v.t. आवश्यकता^{F}से कम आदमी नियुक्त करना, आवश्यकता^{F}से कम कर्मचारी या नाविक रखना।

under-manned –ड a. **अवनाविक, कम नाविक वाला**।

undermentioned –मे'न्'शन्ड् a. **निम्नलिखित** (~ *premises*)।

undermine –माइन् v.t. गुप्त साधनों द्वारा (व्यक्तिकी ख्याति^{F}, प्रभाव इत्यादिकी) क्षति^{F} करना, जड़^{F} काटना, जड़^{F} खोदना, सेंध^{F} लगाना; (स्वास्थ्य इत्यादिको) अज्ञात रूपसे हानि^{F} पहुँचाना या नष्ट कर देना, दुर्बल बनाना; नींव^{F} खोखली कर देना, अधःखनन करना, अन्दर-अन्दर सुरंग^{F} खोदना (*rivers ~ their banks*)।

underminer –नॅर n. (किसी व्यक्ति की ख्याति^{F}, प्रभाव आदिकी) जड़^{F} खोदनेवाला; क्षतिकर्ता; (स्वास्थ्य इत्यादिको) अज्ञात रूपसे हानि^{F} पहुँचाने या नष्ट करनेवाला; अन्दर-अन्दर सुरंग^{F} खोदनेवाला, बुनियाद^{F} खोखली करनेवाला।

undermost –मोस्ट् a. सर्वापेक्षा निम्न, निम्नतमवर्ती, सर्वनिम्नवर्ती, निम्नतम।

under-muslins ⊙ n. अन्दर पहननेके कपड़े।

underneath अन्डॅर्-नीथ १. n. निचला तल, निचला भाग; २. adv. निम्नतर स्थानकी ओर, निचले स्थानपर; ३. prep. नीचे, तले; (तलभाग-सम्बन्धी) निम्नस्थ, निम्नतर, निचला।

under-nourishment अन्डॅर्-न'रिश्-मॅन्ट् n. (चि०) अपतर्पण, अल्पपोषण, न्यूनपोषण।

underpart –पार्ट्' n. अधीन भाग, निचला हिस्सा।

underpass ⊙ –पास्' n. छोटा मार्ग।

underpay –पे' v. t. (कर्मचारियों इत्यादिको) उचितसे कम पारिश्रमिक देना, अपर्याप्त या असन्तोषजनक वेतन या मजदूरी^{F} देना।

underpin –पिन्' v. t. बाँध या पुश्ता लगाना, सहारेके लिए थम^{F} लगाना, थूनी^{F} या अड़ान^{F} लगाना, टेक^{F} लगाना, सहारा देना।

under-pinning –निंग् n. (यन्त्र०) **निचले भागका पुनर्निर्माण**।

underplot –प्लॉट्' n. अभिसन्धि^{F}, गुप्त मन्त्रणा^{F}; अवान्तर कथानक, अवान्तर कथा^{F}, अन्तर्कथानक, अन्तर्कथा^{F}।

underproduction –प्रडक्'शॅन् n. न्यून उत्पादन, अल्प उत्पादन, अपर्याप्त उत्पादन, नाकाफी पैदावार^{F}।

underproof –प्रूफ्' a. ऊनप्रुष्व (~ *spirit*)।

underprop –प्रॉप्' v.t. अवलम्बन देना, सहारा या थूनी^{F} लगाना।

underproprietor –प्रॅप्राइ'ॲटॅर् n. (का०) **उपस्वत्वाधिकारी, उपस्वामी**, छोटा मालिक।

underquote–क्वोट् v.t. (दूसरेकी अपेक्षा) कम कीमत^{F} माँगना या बताना, कम आँकना, कम कीमत^{F} लगाना (माला इत्यादिकी)।

underrate –रेट् v.t. न्यूनानुमान करना, अल्पानुमान करना, कम मूल्य लगाना।

under-ripe –राइप्' a. अपक्व, कच्चा।

underscore –स्कोॲर्' v.t. अनुरेखित करना, रेखांकित करना, नीचे लाइन^{F} खींचना।

underscoring –रिंग n. (वाणि०) **अधोरेखन**।

undersecretary –से'क्रिटॅरि n. **अवरसचिव**, उपसचिव, अण्डरसेक्रेटरी।

undersecretaryship –शिप् n. अवरसचिवत्व, उपसचिवका पद।

undersell १. n. (बैंक०) **अपविक्रय**; २. v.t. (दूसरेकी अपेक्षा) अधिक सस्ता बेचना।

underseller –लॅर् n. (दूसरेकी अपेक्षा) अधिक सस्ता बेचनेवाला।

underset[1] –से'ट्' n. (नौवि०) अन्तःप्रवाह, विरुद्ध अन्तःस्रोत, विरोधी अन्तःधारा^{F}, ऊपर जल अथवा वायु^{F}के विपरीत बहनेवाला जलस्रोत या जलधारा^{F}।

underset[2] v.t. सहारेके लिए थूनी^{F} इत्यादि लगाना या अड़ाना, सहारा देना, नीचे लगाना।

undersheriff –शे'रिफ़ n. उपक्षेत्रपाल, अधीनस्थ शेरिफ।

undershirt ⊙ –शर्ट्' n. फतुही^{F}, वास्कट^{F}, कुरती^{F}, बण्डी^{F}।

undershot–शॉट्' a. बहनेवाले पानीके नीचे चलनेवाला (पहिया); (कानून) कम सजा^{F} पाये हुआ।

undershrub –श्रब' n. अधःक्षुप, लघु गुल्म, छोटी झाड़ी^{F}।

undersigned –साइन्ड् a. अधोहस्ताक्षरी, निम्नहस्ताक्षरित; the ~ निम्नहस्ताक्षरकर्ता।

undersized –साइज़्ड् a. छोटा, ठिगना, नाटा, साधारण आकार या कदसे छोटा।

undersoil –सॉएल्' n. = SUBSOIL.

understamped ⊙–स्टैम्प्ड्' a. अल्पमुद्रांकित, **ऊनमुद्रांकित, कम स्टाम्प लगा**, थोड़े स्टाम्प या टिकटवाला (~ *document*)।

understand –स्टैन्ड्' v.t. & i. अवबोध करना, प्रणिधान करना, हृदयंगम करना, अर्थ समझना, अर्थ जानना (शब्दों, व्यक्ति अथवा भाषा^{F} इत्यादिका) (*does not ~ what you say*); कल्पित करना, मानसिक रूपसे पूर्ति^{F} करना, मान लेना, शब्द जोड़ लेना, बना लेना (*the verb may be either expressed or understood*); (किसी भी वस्तु^{F} या व्यक्तिका महत्त्व अथवा व्यवस्था^{F} या कारण या स्वभाव) मानसिक रूपसे ग्रहण करना या मालूम करना, बूझना, बात^{F} समझना (*quite ~ your difficulty*); परिणाम निकालना

या अनुमान करना, विशेष सूचना^{F} द्वारा सूचित होना, स्वीकृत रूपमें लेना, अनुमान कर लेना, जानना, मान लेना (*I ~ that doors open at 7.30*)।

understandable –ड'बॅल a. अवबोध्य, अवबोधनीय, प्रणिधेय, हृदयंगमनीय, समझने योग्य, जानने लायक।

understanding[1] –डिंग् n. **प्रतिपत्ति**^{F}, अवबोधन, अर्थग्रहण (क्रियागत अर्थोंमें); धारणा^{F}, बोधशक्ति^{F}, ज्ञान, मेधा^{F}, बोध, मति^{F}, बुद्धि^{F}, प्रज्ञा^{F}, **अवबोध**, कल्पनाशक्ति^{F}, धीशक्ति^{F}, ग्रहणशक्ति^{F}, **समझ**^{F}, **बूझ**^{F}; ऐक्य, संगति^{F}, एकमतता^{F}, सम्मति^{F}, सहमति^{F}, मतैक्य, एकता^{F}, **समझौता**, मेल (*must come to an ~ with him*); (pl. ग्रा०) पैर, पाँव, टाँगें^{F}, जूते इत्यादि)।

understanding[2] a. विचक्षण, सुनिपुण, सूक्ष्मदृष्टियुक्त, समझदार, पैनी समझवाला।

understate –स्टेट्' v.t. कम बतलाना।

understock –स्टॉक' v.t. (दुकान^F या कारखानेमें) कम सामान रखना।

understood –स्टुड्' a. अवबुद्ध, विज्ञात, विदित, समझी हुई (बात^F इत्यादि)।

understrapper –स्ट्रै'पॅर् n. उपाधिकारी, अधीनस्थ अभिकर्त्ता, अधीनस्थ पदाधिकारी या कार्यकर्त्ता, पेशकार; अनुजीवी।

understrapping–पिंग् a. अधीनस्थ, अधीन, अनुजीवी, अवर, मातहत।

understudy अन्'डॅर्-स्टडि १. n. अन्तःअभिनेता, स्थानापन्न अभिनेता, झटपट किसी दूसरेका अभिनय तैयार करनेवाला; (श्रम०) उपकर्मी; (अर्थ०) **बदल**^{F}; २. v.t. (किसी अभिनेताके) स्थानापन्न अभिनेता या अन्तःअभिनेता-के रूपमें अभिनय करना, एवजी (अभिनेय अंशका) अध्ययन करना या पढ़ना।

undertake अन्डॅर्-टेक् v.t. & i. (किसी कार्यको) करनेकी स्वीकृति^{F} देना, **वचन देना**, वादा करना, हामी^{F} भरना; (का०) **उपक्रम करना**, उत्तरदायित्व लेना, किसी कार्यमें अपनेको संलग्न करना, अंगीकार करना, किसी कार्यके लिए अपनेको उत्तरदायी बनाना, ग्रहण करना, हाथमें लेना, **लेना**, कबूल करना, (अपने ऊपर किसी कार्यका) **भार लेना**, बीड़ा उठाना, अपने जिम्मे लेना; प्रतिज्ञा^{F} करना, विश्वासके साथ कहना, पक्की बात^F बताना (*I will ~ that he has not heard a word*); (प्रा०) प्रतिभूति^{F} करना, प्रतिभू होना, जामिन होना (किसी बात^F या किसी व्यक्तिके लिए); (बोल०) अन्त्येष्टि-क्रिया^{F}का प्रबन्ध करना; (प्रा०) (किसी व्यक्तिसे) लड़ाई^F या बहस^F छेड़ना।

undertaker –कॅर् n. उपक्रामी, **अनुष्ठाता**, किसी कार्य-का अपने ऊपर भार लेनेवाला, **प्रतिभूति**^{F} करनेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); प्रतिभू, जामिन; ठेकेदार; महाब्राह्मण, अचारज; (इति०) उत्तरदायी व्यक्ति (जो इस बात^{F}का जिम्मा लेता था कि अगर सम्राट उसे कुछ सुविधाएँ^{F} प्रदान करे तो वह पार्लियामेण्ट^{F}से कोई कानून स्वीकृत करा देगा)।

undertaking –किंग् n. व्यापार, कार्य, व्यवसाय, कारोबार; कार्यभारग्रहण, स्वीकृति, अंगीकार, प्रतिभूति^{F} इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); **वचन, प्रतिश्रुति**^{F}, प्रतिज्ञा^{F}, देयता^{F}, उत्तरदायित्व; **उपक्रम**, समारम्भ, व्यवसाय, योजना; **लेना**; जोखिम, जिम्मेदारी^{F} (*a serious ~*); अन्तिम-संस्कार सम्पादन, अन्त्येष्टि-क्रिया-प्रबन्ध।

under-tenancy –टे'नॅन्सि n. अधोधृति^{F}, दूसरेकी पट्टेदारी^{F}, भाड़ेदारी^{F}, शिकमी पट्टा।

under-tenant –न्ट् n. (का०) **उपाभोगी**, दूसरेका पट्टेदार, असामी या किरायेदार, पट्टेदारका भाड़ेदार।

under-tenure –टे'न्युर्' n. (का०) **उपभू-धृति**^{F}, **उपधृति**^{F}।

under-time –टाइम्' n. **समय-पूर्व**।

undertone –टोन् n. निम्नस्वर, धीमा स्वर या लय; पतला या हलका रंग।

undertook –टुक्' UNDERTAKE का भू० का०।

undertow–टो' n. (प्रा०भू०) **अधःप्रवाह, अधोधारा**^{F}; लहरों^{F}की किनारेसे टक्कर^F।

undervaluation–वैल्युए'शॅन् n. **अधोमूल्यांकन, ऊन-मूल्यांकन, न्यून मूल्यांकन, अल्पमूल्यन**, कममूल्यांकन।

undervalue –वै'ल्यू v.t. (का०) **अधोमूल्यांकन करना, ऊनमूल्यांकन करना, न्यून मूल्यांकन करना**।

underwaist ⊙ –वेस्ट n. चोली^{F}, अंगिया^{F}, वाडी^{F}।

under-way –वे' a. (परि०) **खुला; चालू**।

under-weigh –वे' a. (परि०) **खुला**।

underwear –वेअॅर्' n. अन्तरीय, अन्तर्वस्त्र, अधोवस्त्र, जाँघिया, नीचे पहननेके कपड़े।

underwing –विंग् n. अन्तर्पक्षी, छोटा पतिंगा।

underwood–वुड्' n.= (कृषि०) **अधोवन**; UNDER-GROWTH.

underwork[1] –वर्क्' n. सहायक कार्य, इमदादी काम; हलका काम; कम मजदूरी^{F}का काम।

underwork[2] v.i. कम मजदूरी^{F}पर काम करना; सहायक कार्य करना; नींव^F खोदना, जड़^{F} काटना, बिगाड़ करना।

underworld –वर्ल्ड्' n. रसातल, नरक, पाताललोक, **पाताल** (*~ deity; ~ god*), पृथ्वी^{F}के विपरीत तलके देश, पृथ्वीके नीचेकी दुनिया^{F}; सबसे नीचेका स्तर, तह^F या पर्त^F; गुप्त स्थान; गुप्त जीवन।

underwrite –राइट् v.t. & i. (का०) **निम्नांकन करना**, नीचे लिखना; हस्ताक्षर करके देना (बीमापत्रपर), **बीमा करना**; समुद्री सम्पत्ति^{F}का व्यवसाय या कारबार करना, जनता^{F} द्वारा न खरीदे हुए (कम्पनी^{F} इत्यादिके) समस्त हिस्सोंको खरीदनेका जिम्मा लेना।

underwriter –टॅर् n. **निम्नांकक**, स्वहस्ताक्षरकर्त्ता; (वाणि०, अर्थ०) **हामीदार**, अभिगोपक, समुद्री बीमा करनेवाला, बीमेवाला, **बीमाकर्त्ता, बीमादार**; (कम्पनी^{F}के) न बिके हुए हिस्सोंके खरीदनेका जिम्मेदार, हामीदार।

underwriting –टिंग् n. **निम्नांकन**, नीचे लिखना; हस्ताक्षरण, हस्ताक्षर करना; (अर्थ०) हामीदारी^{F} (*~ commission*); अभिगोपन, **बीमा करना**।

undeserving अन्-डिज़र्'विंग् a. अनर्ह, अपात्र, अनधिकारी ।

undesigned ⊙ -डिज़ाइन्ड' a. असंकल्प, अनभिप्रेत, अयोजित, अपरिकल्पित, अनजान, बेइरादा ।

undesigning–निंग् a. UNDESIGNED; ऋजु, सीधा; निरीह, निर्दोष, सच्चा ।

undesirability, undesirableness –डिज़ाअॅरॅ-बि'लिटि, -नॅस् n. अवांछनीयता^F, अनिष्टता^F, अप्रीति-करता^F, असुविधाजनकता^F ।

undesirable –रॅबॅल् १. n. अवांछनीय या अनिच्छित व्यक्ति; २. a. अनिच्छित, अनभिप्रेत, **अवांछनीय,** अवांछित, अप्रिय, अप्रीतिकर, असुविधाजनक (~ *qualities*); निरर्थक, फालतू (~ *matter*) ।

undesired –ड' n. अयाचित, अनिच्छित, बिन माँगा ।

undesirous –रॅस् a. अनीह, अनभीप्सु, अनिच्छुक ।

undetermined –डिटर'मिन्ड् a. अनिर्णीत, **अनिर्धारित,** अस्थिर, अनिश्चित (~ *form*) ।

undeviating –डी'विअेटिंग् a. अविचल, दृढ, अविच-लित, अटल; नियमित, नियमबद्ध ।

undies अन्'डिज़् n. (pl.) (बोल०) अधोवस्त्र, जाँघिया, नीचे पहननेके कपड़े, कुर्ते या पाजामेके नीचे पहननेके कपड़े, बनियान^F ।

undigested अन्-डिजे'स्टिड् a. अजीर्ण, अपचित, अपक्व, अनपचा, कच्चा; (तथ्य आदि) दुर्व्यवस्थित, अव्यवस्थित ।

undignified ⊙ -डिग्'निफ़ाइड् a. अप्रतिष्ठोचित, अमर्यादोचित, अभद्र, गौरवहीन, मर्यादाहीन, गौरवहानि-जनक, प्रतिष्ठारहित या प्रतिष्ठाके विरुद्ध ।

undiminished –डिमि'निश्ड् a. अक्षत, अन्यून, अक्षीण, अक्षुण्ण ।

undine अन्डीन्' n. जलपरी^F, समुद्र परी^F ।

undiplomatic अन्-डिप्लॅमै'टिक् a. अकूटनीतिक, कूटनीतिविरुद्ध ।

undisciplined –डि'सिप्लिन्ड् a. अशासित, अनु-शासनहीन; अशिक्षित; कच्चा ।

undisguisable –डिज़गाइ'ज़ॅबॅल् a. अविकार्य, अनावरणीय, अप्रच्छादनीय ।

undisguised ⊙ज़्ड् a. विवृत, अनावृत, अप्रच्छन्न, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, आवरणरहित, साफ़, बेपरदा, खुला हुआ (~ *reluctance* etc.); अद्व्य, सरल, सादा ।

undisguisedly ⊙ -ज़िड्-लि adv. प्रत्यक्षतः, खुल्लम-खुल्ला ।

undisposed –डिस्पोज़्ड् a. INDISPOSED; अप्रवण, उचाट ।

undissociated –डिसो'शिअेटिड् a. (भौ०) **अवियोजित,** (रसा०) **अविघटित,** अविलग्न ।

undistributed –डिस्'ट्रिब्यूटिड् a. अवितरित, अविभक्त, अविभाजित; (दर्श०) **अव्याप्त,** अव्याप्तदोष (~ *preposition*) ।

undisturbed –डिस्'टर्ब्ड् a. अविकल, अविचल, शान्त, स्थिर, गम्भीर, अनुद्विग्न, शान्त ।

undivided –डिवाइ'डिड् a. अभिन्न, एकाग्र, अनन्य, **अविभक्त** (~ *attention, family*) ।

undivinable –डिवाइ'नॅबॅल् a. अनवधार्य, अविचार-णीय, समझमें न आने योग्य ।

undo –डू v.t. सर्वनाश करना, (सम्भावनाएँ^F, प्रसिद्धि^F अथवा भविष्य या चरित्र) नष्ट करना, बरबाद करना, तबाह करना, बिगाड़ना; शून्य करना, मिटाना, किये हुए को अन्यथा या व्यर्थ करना (*cannot ~ the past, our past actions*); बन्धनमुक्त करना, ढीला करना, उधेड़ना; (व्यक्तिके) वस्त्र या बटन आदि खोलना; (कोट, बटन या पार्सलको) खोलना; हल करना ।

undoer –अॅर् n. (सम्भावनाएँ^F, प्रसिद्धि^F, भविष्य, चरित्र इत्यादिको) नष्ट करनेवाला व्यक्ति, अन्यथाकारी ।

undoing –इंग् n. **निराकरण** (~ *mechanism*), भ्रष्टता^F, नाश, बरबादी^F, तबाही^F, बेकार करना ।

undone–डन् a. हत, भ्रष्ट, विनष्ट, नष्ट, तबाह, बरबाद; असम्पादित, अकृत, असम्पन्न, बिना किया ।

undoubtedly –डॉउ'टिड्-लि adv. निस्सन्देह, निश्चय, बेशक ।

undress[1] –ड्रे'स् n. शिथिल परिच्छद, खुले वस्त्र; (घरपर पहननेके) ढीले-ढाले कपड़े (प्रायः ला० एवं गुण०)।

undress[2] v.t. & i. विवस्त्र करना, वस्त्रहीन करना या होना, नंगा करना या होना, कपड़े उतारना; पट्टी^F खोलना, फाहा उतारना ।

undressed –ड्' a. विवसन, विवस्त्र, वस्त्ररहित, वस्त्रहीन, नंगा; असंस्कृत, अपक्व, कच्चा; ढीले-ढाले या घरेलू वस्त्र पहने हुए ।

undried ⊙ -ड्राइ'इड् a. क्लिन्न, आर्द्र, भींगा हुआ; हरा, कच्चा ।

undue –ड्यू' a. अदेय; **अनुचित,** अयुक्त, अवैध, नामुनासिब, नाजायज; (~ *advantage, influence*); अत्यधिक, अनुपातरहित, असन्तुलित; अनावश्यक, अधिक, अत्यन्त (*spoke with ~ warmth*);
~ claim, ~ delay, ~ influence, ~ offence, ~ pressure.

undulant –ड्यूलॅन्ट्' (चि०) उर्मिमान्, तरंगयुक्त, लहरदार, लहरानेवाला; ~ fever (चि०, कृषि०) उर्मिमान् ज्वर, **माल्टा ज्वर, T. ज्वर** ।

undulate[1] v.i. (चि०) उर्मिमान् होना, तरंगायित होना, स्पन्दित होना, कम्पित होना, लहरें^F लेना, (भौ०) **लहराना,** लहराकर चलना, लहरिया होना, लहरदार दिखना, लहरदार बनना ।

undulate[2]–लॅट्' a. (चि०) उर्मिमान्, (वन०) **ऊर्मिल,** तरंगायित, लहरिया, लहराता हुआ, लहरदार (*leaves with ~ margins*) ।

undulated –टिड् a. तरंगित, उच्चावच, नतोन्नत, लहरियादार ।

undulating–टिंग् a. (चि०) उर्मिमान्, (भौ०) **ऊर्मिल,** तरंगवत्, **तरंगित,** लहरियादार; विषम, असमतल,

उन्नतावनत, ऊँचानीचा; ~ country (प्रा०भू०) **ऊँचा-नीचा प्रदेश;**
~ form, ~ ground, ~ membrane, ~ surface, ~ turns, ~ zone.

undulation –ले'शॅन् n. (भौ०) **तरंगन**, तरंगगति^{F}, ऊर्मिमत्ता^{F}, तरंगायित अवस्था^{F}, तरंगवत् आन्दोलन, लहरिया गति^{F} या आकार; (भौ०) **ऊर्मि**^{F}, झकोरा, तरंग^F, हिलोरा; सौष्ठवयुक्त या सुघर उठान^F और गिरान^F, इसकी प्रत्येक लहर^F; (भौ०) **ऊर्मिमाला**^{F}; लहरदार पंक्तियों^{F}का समूह; (निदान०) हृदयमें लहरदार कम्पन^{F}की अनुभूति^{F}, लहर^F ।

undulationist–निस्ट् n.तरंगसिद्धान्तको माननेवाला।

undulatory –ड्यूलेटॅरि a. ऊर्मिमान्, (भौ०) **ऊर्मिल**, (जीव०) **तरंगित**, तरंगी, तरंगवत, उन्नतानत, ऊँचानीचा, थरथराता हुआ, हिलोरता हुआ, लहरिया, (भौ०) **लहरदार**, लहराता हुआ; लहरिया गतिका अथवा उसके फलस्वरूप उत्पन्न;
~ current, ~ curve, ~ fluctuation, ~ motion, ~ theory.

undulous –ड्यूलॅस् a. = UNDULATING.

unduly –ड्यू'लि adv. अत्यधिक, अति-, अत्यन्त, असाधारण रूपमें, अनुचित रूपसे; अनावश्यक रूपसे (~ *burdensome*) ।

unduteous –ड्यू'टिॲस् a. कर्तव्यच्युत, कपूत ।

undy a. तरंगायित, उन्नतानत, लहरियादार ।

undying अन्-डाइ'इंग् a. शाश्वत, अविनश्वर, अनश्वर, अमर, अमिट (~ *fame*) ।

unearned –अर्न्ड्' a. (का०) **अनुपार्जित**, (वाणि०) **अनर्जित** (~ *increment*), अनुचित, बिना उद्योगके प्राप्त, बिना प्रयासके प्राप्त, नावाजिब, बिना कमाया हुआ, बेकमाया (~ *income*) ।

unearth –अर्थ्' v.t. भूमि^{F}के बाहर निकालना, गर्तसे बाहर करना, खोदकर निकालना; प्रकाशमें लाना; लोमड़ी^{F} को माँद^{F}से निकालना; (ला०) पता लगाना (षड्यन्त्र या अभिसन्धि^{F} आदिका) ।

unearthed –ड्' a. उत्पाटित, खनित, खोदा हुआ, खोदकर निकाला हुआ, प्राप्त ।

unearthliness –थॅलि-निॅस् n. अपार्थिवता^{F}, अतिप्राकृतिकता^{F}, अलौकिकता^{F}, विलक्षणता^{F} ।

unearthly –लि a. अपार्थिव, अतिप्राकृत, लोकातीत, अलौकिक, स्वर्गीय, प्रेतवत्, असांसारिक, अद्भुत, विलक्षण, अजीब (~ *cry*); (बोल०) व्यर्थ, बेकार, बुरा, सवेरे, समयसे पहले, असमय (*why call me at this ~ hour*) ।

unease –ईज़्' n. असुख, अशान्ति^{F}, विकलता^{F}, उद्विग्नता^{F}, बेचैनी^{F}, बे-आरामी^{F} ।

uneasiness –ज़िनिॅस् n. असमाधान, विकलता^{F}, आकुलता^{F}, व्याकुलता^{F}, अशान्ति^{F}, असुख, घबराहट^F, बेचैनी^{F}; बेकली^{F} ।

uneasy –ज़ि a. (शारीरिक या मानसिक रूपसे) उद्विग्न, अस्थिर, विकल, व्याकुल, आकुल, बेचैन, बेकल, परेशान, बेआराम (*you seem ~*); अशान्तिजनक, चिन्ताजनक, आशंकास्पद, घबरा देनेवाला(*had an ~ suspicion*); ~ *lies the head that wears the crown* जितनी दौलत^F उतनी मुसीबत^F ।

uneconomic–ईकॅनॉ'मिक् a. अलाभकारक, अलाभकर, लाभरहित, बेफायदा (~ *holdings*, ~ *property*) ।

uneconomical –कॅल् a.**महँगा; खर्चीला; किफ़ायती।**

unedifying–ऍ'डिफ़ाइइंग् a. अनाध्यात्मिक, आत्माको ऊपर न उठानेवाला; अनैतिक, पापशिक्षणशील, अनैतिकता^{F}को प्रश्रय देनेवाला ।

uneducated –ऍ'ड्यूकेटि'ड् a. अशिक्षित, अनपढ़, गँवार, जाहिल ।

U.N.E.F. United Nations Emergency Fund.

unembodied–ईम्बॉ'डिड् a. **असंलग्न, असम्बद्ध** ।

unemployability –इम्प्लाऍॲबि'लिटि n. (अर्थ०) **अनियोज्यता**^{F}**, रोजगारके लिए अयोग्यता**^{F} ।

unemployable –ईम्प्लाऍ'ॲबॅल् a. & n. **अनियोज्य**, व्यर्थ, बेकार, व्यवहारके अयोग्य, (श्रम०) **रोजगारके अयोग्य**, अकारथ; (चरित्र, आयु^{F} अथवा अन्य पक्षोंमें सवैतनिक) नियुक्ति^{F}के अयोग्य (व्यक्ति) ।

unemployed ⊙ –ईड् a. अनधियुक्त, निरुद्यम, निरुद्योग, वृत्तिरहित, वृत्तिहीन, अनियुक्त, अनियोजित, नियुक्तिहीन, अव्यवहृत, निर्व्यापार, बेकार, खाली, बेरोजगार, रोजगारमें न लगा हुआ(~*capital, person*)।

unemployment –मॅन्ट् n. निरुद्योगिता^{F}, अनुद्योग, निरुद्यमता^{F}, उद्योगाभाव, **वृत्तिहीनता**^{F}, कार्याभाव, (अर्थ०, श्रम०) **बेकारी**^{F}, (अर्थ०, श्रम०) **बेरोजगारी**^{F}, बेकार अवस्था^{F}; ~ benefit बेकारी लाभ, (अर्थ०) **बेकारी भत्ता**, (बीमा अधिनियमके अन्तर्गत अथवा श्रमजीवीसंघ द्वारा) वृत्तिहीन श्रमिकको दिया जानेवाला लाभधन; ~ insurance (वाणि०, अर्थ०) **बेरोजगारी बीमा**; (अर्थ०) **बेकारी बीमा** ।

unencumbered –ईन्कम्'बॅर्ड् a. दायमुक्त, ऋणमुक्त, भारमुक्त, (का०) **भाररहित**, बन्धनमुक्त, ऋणमुक्त (~ *securities*); ~ estate अभारसम्पत्ति^{F}, दाय अथवा ऋणसे मुक्त भूसम्पत्ति^{F} या जायदाद^F ।

unending –ऍन्'डिंग् a. अनवरत, अनन्त; शाश्वत, निरन्तर, चिरस्थायी, अन्तहीन, छोरहीन, बेहद ।

unendingly –लि adv. अनवरत, बेहद ।

unendingness –निॅस् n. अनवरतता^{F}, सततता^{F}, चिरस्थायित्व, अनन्तता^{F} ।

unenervated –ऍ'नॅर्वेटि'ड् a. अक्षीण, अन[illegible], स्फूर्तियुक्त, अहततेज ।

un-English –इंग्'लिश a. गैर-अंग्रेजी, अंग्रेजोंके आचार-व्यवहार या रीति-रस्मोंसे पृथक् या उनसे विपरीत, अंग्रेजी भाषा^{F} अथवा उसके सिद्धान्तोंसे असम्बद्ध ।

unenjoyed –इन्जाऍ'ईड a. अप्राप्त, अलब्ध, जो न भोगा हो ।

unequal –ई'क्वॅल् a. [illegible], असमान, **विषम**, (~

angle), अतुल्य, हीन, अनन्यगुणयुक्त, बेमेल, थोड़ा-बहुत (~ *development*)।

unequivocal –इॅक्विव'वॅकॅल् a. अश्लिष्ट, अद्वयर्थ, सुव्यक्त, सुस्पष्ट, स्पष्ट, असन्दिग्ध, बिल्कुल साफ (~ *terms*)।

unequivocally –लि adv. सुस्पष्टतः।

uuequivocalness –ल्-निॅस n. अश्लिष्टता^F, अद्वयर्थता^F, सुव्यक्तता^F, सुस्पष्टता^F, शुद्धता^F, असन्दिग्धता^F।

unerring–अॅ'र्'रिंग a. अभ्रान्त, अमोघ, अचूक-सन्धानी, भ्रमशून्य, निर्भूल, अचूक, ठीक (~ *judgement*)।

unerringly –लि adv. ठीक-ठीक, अचूक, बिलकुल सही तौरपर।

unerringness –निॅस् n. अभ्रान्तता^F, अभ्रान्ति^F, अचूकसन्धानत्व, अचूकपन।

U.N.E.S.C.O., UNESCO United Nations Educational scientific and Cultural Organization.

unessential –इॅसे'न्'शल् १. n. किसी वस्तु^F का अतात्विक या अनावश्यक भाग; २. a. अतात्विक, अनावश्यक, गौण, गैरअहम, गैरलाजमी, गैरअसली, गैरजरूरी।

uneven –ईॅ'वॅन् a. असदृश, (यन्त्र०, प्रा०भू०) **असम,** विषम, अतुल्य (*makes ~progress*); **असमतल,** उन्नतानत, असमान, नाहमवार, ऊबड़-खाबड़, बीहड़, टेढ़ा, ऊँचा-नीचा; (संख्या-सम्बन्धी, क०) विषम, ताक;
~ age, ~-aged, ~-aged crop, ~-aged forest, ~-aged system, ~-carriaged, ~ contour, ~ crop, ~ distribution, ~-handed, ~-numbered, ~-priced, ~-roofed, ~ soil.

unevenness –निॅस् n. असमानता^F, (शिक्षा०) **असमता^F,** विषमता^F, ऊबड़-खाबड़पन, नीची-ऊँची स्थिति^F।

unexampled ⊙–इॅग्ज़ैम्'पॅल्ड् a. निरुपम, अनुपम, अपूर्व, अद्वितीय, दृष्टान्तशून्य, बेजोड़।

unexceptionable –इॅक्से'प्'शॅनॅबॅल् a. श्लाघ्य, निर्बाधित, निर्बाध, अबाधित, अबाध, अदूष्य, अबाध्य, निर्दोष, बेगुनाह।

unexceptionableness –निॅस् n. श्लाघ्यता^F, निर्बाधता^F, निर्बाधितता^F, अबाधता^F, अदूष्यता^F, निर्दोषता^F।

unexceptional –नॅल् a. अपवर्ज्य, श्लाघ्य, निर्बाध, अबाध, अदूष्य, निर्दोष।

unexpected –इॅक्स्पे'क्'टिॅड् a. अप्रत्याशित, आशा-विपरीत, अतर्कित, आकस्मिक, सहसा, अचिन्तित, अनाशंकित, अचानक, एकाएक।

unexpectedness –निस n. अप्रत्याशितता^F, आशा-विपरीतता^F, अतर्किकता^F, अचानक होना।

unexperienced –इॅक्स्पीअॅ'रीन्स्ट् a. अननुभवी, अनुभवहीन।

unexpired –इॅक्स्पाअॅर्ड् a. (पट्टा, छुट्टी^F आदि) अव्यतीतावधि, अनवमित, (वाणि०) **अनातीत,** (~ *discounts*), **असमाप्त,** अव्यतीत, शेष।

unexplored ⊙–इॅक्स्प्लोअॅर्ड्' a. अपरीक्षित, अज्ञात, गुप्त, नामालूम।

unfabled ⊙–फ़े'बॅल्ड् a. अकल्पित, सत्य, वास्तविक, सच्चा।

unface –फ़ेस् v.t. अनावृत्ति करना, प्रकाशित करना, प्रकट करना, सामने करना, खोलना।

unfadable –फ़े'डॅबॅल् a. अक्षय, अमिट, कभी न घटनेवाला।

unfailing –फ़े'लिंग् a. अचूक, न घटनेवाला, कम न पड़नेवाला, (~ *supply*); अच्युत, अक्षय, अमोघ, अव्यर्थ, अनश्वर, निश्चित, अचूक; आशानुकूल (~ *resource*)।

unfailingness –निॅस् n. अक्षयता^F, अमोघता^F, निश्चितता^F, अचूकपन; आशानुकूलता^F।

unfair –फ़ेअॅर्' a. अन्याय्य, असाधु, अनीतिपूर्ण, अनुचित, अयोग्य, बेजा, नावाजिब (*an ~ advantage, play*)।

unfairness –निॅस् n. पक्षपात, असाधुता^F, अनौचित्य, अनीतिपूर्णता^F, अनीति^F, धाँधली^F।

unfaith –फ़ेथ्' n. (क्वचिद्) आस्थाहीनता^F, अविश्वासिता^F, अविश्वास।

unfaithful –'फ़ुल a. कृतघ्न, अकृतज्ञ, अविश्वस्त, अस्वामिभक्त, अधर्मी, भक्तिहीन, नमकहराम, बेवफा, झूठा, दगाबाज।

unfaithfulness –निॅस् n. अकृतज्ञता^F, कृतघ्नता^F, भक्तिहीनता^F, नमकहरामी^F, बेवफाई^F, दगाबाजी^F।

U.N.F.A.O. United Nations Food & Agriculture Organization.

unfashioned –फ़ै'शॅन्ड् a. अघटित, निराकार, असाकार, अनगढ़, बेडौल, बेगढ़ा, बेढंगा।

unfasten –फ़ा'सॅन् v.t. ढीला करना, खोलना।

unfathered –फ़ा'दॅर्ड् a. (का०) पितृविहीन, पितृहीन; (ला०) स्वामिहीन, अनाथ, लावारिस; अस्वीकृत, अनधिकृत (~ *theory* etc.)।

unfathomed –फ़ै'दॅम्ड् a. अज्ञाततल, अगाध।

unfavourable –फ़े'वॅरॅबॅल् a. (का०) **अननुकूल,** विषम, **प्रतिकूल,** (~ *balance*), पराङ्मुख, विमुख, विरक्त; अप्रिय (~ *remarks*)।

unfeathered –फ़े'दॅर्ड् a. = UNFLEDGED; अपरिपक्व, कच्चा।

unfeatured –फ़ी'चॅर्ड् a. विकृत, बुरे चेहरे-मोहरेका।

unfee'd ⊙–फ़ीड a. अशुल्क, अदत्तशुल्क।

unfeeling –फ़ी'लिंग a. निष्ठुर, निर्दय, अकरुण, क्रूर; कठोर, हृदयहीन, निर्मोही, दयाहीन, संगदिल, सख्तदिल, बेदर्द, निर्विवेक, विवेकहीन, संवेदनाशून्य, व्यवहारोचित बुद्धि^F से रहित, बेदिल, बेएहसास, एहसाससे खाली।

unfeelingness –निॅस n. निष्ठुरता^F, निर्दयता^F, क्रूरता^F, कठोरता^F, हृदयहीनता^F, संगदिली^F, सख्तदिली^F, बेदर्दी^F।

unfetter –फ़े'टर् v.t. जंजीर^F खोलना, बेड़ी^F काटना; मुक्त करना, रिहा करना।

unfettered –र्ड् a. निरंकुश, अशृंखल, मुक्त, खुला, आजाद।

unfigured –फ़ि'गर्ड a. अचित्रांकित, अचित्रित, बेल-बूटों या चित्रोंके बिना (~ *muslin*)।

unfirm –फ़र्म' a. अदृढ़, निर्बल, अबल, डाँवाडोल, कमजोर।

unfit[1] –फ़िट्' a. अक्षम, अव्यवहार्य, अनुपयुक्त, अनुचित, अनुपयोगी, अयोग्य, अस्वस्थ, नालायक, बेकार (~ *wagon*)।

unfit[2] v.t. (किसी वस्तु^F के लिए) अक्षम बनाना, अनुपयुक्त बनाना, अयोग्य ठहराना, नाकाबिल कर देना।

unfitness –निस् n. अक्षमता^F, अव्यवहार्यता^F, अस्वास्थ्य, अनुपयुक्तता^F, अयोग्यता^F, अनौचित्य।

unfitted –टिड् a. अक्षम, अनुपयुक्त, अनुपयोगी, अयोग्य।

unfledged –फ्लेज्ड a. अजातपक्ष, अनुदितपक्ष, पक्ष-रहित, लुण्डा, पोटा, बेपर; (ला०) (व्यक्ति इत्यादि) अप्रौढ़, अविकसित, अधपका, अधकचरा, बच्चा।

unfold –फ़ोल्ड्' v.t. & i. (भेड़^F, बकरियों^F इत्यादिको) बाड़ेसे बाहर निकालना या छोड़ना; (ला०) (विचारों, योजनाओं^F को) उद्घाटित करना, उन्मीलित करना या होना, प्रकटित होना, प्रकाशित करना या होना, विस्तार करना, प्रकट करना या होना, खोलना, फैलाना, बताना।

unfolded –'डिड a. (वन०) तहहीन, खुला।

unforeseen –फ़ोर्सीन्' a. अनपेक्षित, अतर्कित, अपूर्व-दृष्ट, अदृष्ट, अचिन्तित, अननुमित, (~ *charges*, ~ *expenditure*)।

unformed –फ़ार्म्ड्' a. अनिर्मित, अगठित, आकृति-विहीन, रूपरहित, अधूरा, बेडौल, बेशक्ल।

unfortunate –फ़ॉर्'च्यूनट् १. n. अभागा, आपद्ग्रस्त व्यक्ति, भाग्यहीन व्यक्ति; २. a. आपद्ग्रस्त, दैवोपहत, अमंगल, अभद्र, अशुभ, हतभाग्य, मन्दभाग्य, भाग्यहीन, हीनभाग्य, अभागा, अधन्य, दुःखी, बदनसीब, बदकिस्मत।

unfortunately –लि adv. दुर्योगवश, दुर्दैववशात्, दुर्भाग्यवशात्, अभाग्यवश, बदकिस्मती^F से।

unfounded –फ़ाउन्'डिड् a. निराधार, अमूल, निर्मूल, निराश्रय, निर्बीज, भित्तिशून्य, आधारहीन, मिथ्या, अवास्तविक, अवास्तव, बेबुनियाद, बेअसल, सरासर गलत (~ *rumour*, *hopes*); विस्थापित, अस्थापित।

unfriended –फ्रे'न्'डिड a. मित्रहीन, अमित्र।

unfriendliness –डलि-निस् n. अमित्रता^F, शत्रुता^F, रिपुता^F, दुश्मनी^F।

unfriendly –लि a. अमित्र, शत्रु, रिपु, दुश्मन।

unfunded –फ़न्'डिड् a. अल्पकालीन, निधिमुक्त, (ऋण-सम्बन्धी) चालू।

unfurl –फ़र्ल् v.t. & i. (पाल) प्रसारित करना या होना, विस्तार करना, फैलाना, लहराना, खोलना, पसारना, फहराना, फैलना।

unfurnished –फ़र'निश्ट् a. असज्ज, असज्जित, रिक्त, खाली।

ungainliness –गेन्'लिनिस् n. विकृति^F, विरूपता^F, कुरूपता^F, असौष्ठव, भोंडापन, भद्दापन, बेडौलपन।

ungainly –लि a. विसदृश, कदाकार, (व्यक्ति या पशु या उनके कार्यकलाप) विकृत, कुरूप, गर्हित, सौष्ठवहीन, घृणित, भोंड़ा, भद्दा, बेडौल; अदक्ष।

ungallant –गै'लन्ट् a. स्त्रियों^F के प्रति अशिष्ट, अशूर, कायर।

ungarnished –गार्निश्ट् a. अनलंकृत, असज्जित, बगैर सजायी हुई, अनपरोसी (थाली^F)।

ungear –गीअर्' v.t. उपकरण या साज-सामान आदि-से वंचित करना या हटा लेना, कल बिगाड़ देना, मशीन^F बेकार कर देना, गियर निकाल देना।

ungentle –जे'न्'टल a. अशिष्ट, अभद्र, धृष्ट, अनम्र, असभ्य, कठोर, रुक्ष, अक्खड़, खरा।

ungentlemanly –'टल्मन्-लि a. अशिष्ट, अभद्र, असभ्य, अभद्र-जनोचित, अभद्रोचित, कठोर, बेहूदा, गैरशरीफ।

ungentleness –ल्-निस् n. अशिष्टता^F, अनम्रता^F, रूक्षता^F; असभ्यता^F, कठोरता^F, अक्खड़पन, खरापन।

ungovernable –ग'वर्नबल a. प्रचण्ड, उच्छृंखल, दुर्धर्ष, दुर्दमनीय, दुर्दम, अमर्यादित, अशासनीय, अविधेय, दुर्निवार, उद्दाम, दुर्निग्रह, अवश्य, वहशी, जंगली, बेरोक, बेकाबू, बेलगाम (~ *passions*)।

ungracious –ग्रे'शस् a. अशिष्ट, अभद्र, असभ्य, असौम्य, अननुग्रही, निरुपकारी, अनुपकारी, अकृपालु, अनुदार, दुष्ट, नीच (~ *reply*)।

ungraciousness –निस n. अशिष्टता^F, असभ्यता^F, असौम्यता^F, अकृपालुता^F, अनुदारता^F, दुष्टता^F, नीचता^F।

ungrammatical –ग्रमै'टिकल् a. शब्दशास्त्र विरुद्ध, व्याकरणदुष्ट, अव्याकरणसम्मत, व्याकरण-विरुद्ध, व्याकरण-विपरीत, व्याकरणके नियमोंके विपरीत।

ungrounded –ग्राउन्'डिड् a. (वक्तव्य इत्यादि) निर्मूल, अमूलक, निराधार, भित्तिहीन, आधारहीन, बेबुनियाद।

ungual अन्'ग्वल a. नखसदृश, नखयुक्त, सुमदार, खुर-वाला, पंजादार, पंजेका, नख-सम्बन्धी।

unguarded अन्-गार्'डिड् a. विचाररहित, विचार-हीन, असजग, असतर्क, अरक्षित, असावधान, अचेत, बेखबर, बेध्यान (*an ~ expression*)।

unguent अन्'ग्वन्ट् n. विलेपन, प्रलेप, अभ्यंजन, अनुलेपन; अनुलेप, मरहम, मालिश^F या चुपड़नेकी दवा^F, लेपकी भाँति प्रयुक्त कोई भी स्निग्ध पदार्थ जैसे उबटन।

unguentary –टरि a. अनुलेपीय, लेप-सम्बन्धी, मरहमी।

unguentum –टम् n. (चि०) मरहम।

ungues –ग्यूस n. नखर, नख।

unguicular अन्ग्वि'क्यूलर् a. शफरूप, नखरवत्, नखाकार, नाखूननुमा, पंजानुमा।

unguiculate –लट् a. नखरी, नखयुक्त, (वन०) नखाकार, पंजादार, खुरवाला।

unguiferous –फ़ॅरॅस a. नखयुक्त, पंजादार, नाखून-दार, खुर देनेवाला।
unguiform –'ग्विफ़ॉर्म a. शफ़रूप, नखाकार, पंजा-सा।
unguis अन्'ग्विस् n. (जीव०) **नखर**।
ungula अन्'ग्यूल् n. (चि०) (मृत गर्भको निकालनेका) शंकु, हुकदार शल्य-शस्त्र विशेष; सुम, खुर, पंजा।
ungular –लॅर a. शफ़वत्, खुरनुमा, पंजानुमा, पंजेका।
ungulate –लॅट् n. & a. शफ़विशिष्ट, खुरदार(जानवर)।
unhair अन्-हेअॅर' v.t. & i. (विशेष कर चमड़ेसे) बाल साफ करना, बाल बिखराना।
unhallow –है'लो v.t. अपवित्र करना, दूषित करना।
unhand –हैन्ड' v.t. हाथ उठा लेना, हाथ हटा लेना, त्याग करना, जाने देना, छोड़ना।
unhandiness –'डिनिॅस् n. अपटुता^F, अनाड़ीपन; कष्टसाध्यता^F, असुविधाजनकता^F, बेडौलपन, भारीपन।
unhandsome –ड्सॅम् a. (रूप, आचरण इत्यादि) अप्रशस्त, अनुदार; विरूप, कुरूप, अशोभन; अमनोहर, अस्वरूपवान्, असुन्दर, भोंड़ा, बेडौल, भद्दा, बदसूरत।
unhandsomeness –निॅस n. अनुदारता^F, कुरूपता^F, अशोभनता^F, असुन्दरता^F, भद्दापन, फूहड़पन, भोंड़ापन।
unhandy –'डि a. (व्यक्ति) अपटु, अदक्ष, भद्दा, अनाड़ी, फूहड़; कष्टसाध्य, असुविधाजनक, भारी, बेडौल, बरतनेमें कष्टकर।
unhang –हैन्ग् v.t. लटकती हुई चीज^Fको उतारना, (दीवार^F इत्यादिसे) लटकन^F या टँगना हटा लेना।
unhanged ⊙ –ड' a. बेलटकाया हुआ, बिना फाँसी^F पाये (*the greatest scoundrel* ~)।
unhappiness अन्-है'पिनिॅस् n. अक्षेम, अकल्याण, आपद्ग्रस्तता^F, अकुशलता^F, शोकावस्था^F, दुःख, खिन्नता^F, अप्रसन्नता^F, असुख।
unhappy –पि a. अनिर्वृत्त, हतभाग्य, मन्दभाग्य, अधन्य, दुःखापन्न, दुःखभाजन, अकुशल, दुःखी, असुखी, अप्रसन्न, अभागा, बदकिसत, नाखुश।
unharmed –हा'र्म्ड्' a. अक्षत, निर्व्रण, सही सलामत।
unhatched –हैच्ट्' a. अण्डेसे न निकला हुआ, बे सेया हुआ (अण्डा); न सोच निकाला गया या न गढ़ा गया (उपाय इत्यादि)।
unhead –हे'ड' v.t. शिरश्छेदन करना, सिर काटना, मूँड़ काटना, सिर उतारना।
unhealthful –हे'ल्थ्'फ़ुल् a. असद्विग्रह, अस्वस्थ।
unhealthfulness –निॅस् n. असद्विग्रहता^F, अस्वस्थता^F।
unhealthiness –हे'ल्'दिनिॅस् n. रुग्णता^F, अस्व-स्थता^F, अस्वास्थ्यकरता^F, अस्वास्थ्यजनकता^F, अस्वास्थ्य।
unhealthy –दि n. अस्वास्थ्यकर, स्वस्थताहर (~ *locality*); रुग्ण, रोगिष्ठ, अस्वस्थ, रोगी, बीमार, गैर-तन्दुरुस्त; भयंकर, भयावह, खतरनाक।
unheard –हर्ड्' a. **अश्रुत**, अज्ञात, अनसुना, बेसुना हुआ (मुकदमा); **न सुनी गयी**, ~ *of* अश्रुतपूर्व, निराला, अनोखा।
unheeded –ही'डिड् a. अवज्ञात, उपेक्षित।
unheedful –ड्'फ़ुल् a. उपेक्षापूर्ण, लापरवाह।
unhewn –हीऊन्' a. बेकटा; (ला०) रूक्ष, अनगढ़, भद्दा, रद्दी, नातराश।
unhinge –हिन्ज् v.t. (दरवाजेको) कब्जे या चूलमेंसे निकालना, खोलना; विचलित करना, व्याकुल करना, अस्थिर करना; (मस्तिष्क इत्यादिमें) अव्यवस्था^F उत्पन्न करना।
unhinged –हिन्ज्ड्' a. कब्जे या चूलमेंसे निकाला हुआ, खोला हुआ; अव्यवस्थित, परेशान।
unhistoric, -al –हिस्टॉ'रिक, -ॲल् a. अनैतिहासिक, पौराणिक कथामात्र, इतिहास-विरुद्ध।
unhitch –हिच्' v.t. (रस्सी^F इत्यादि) खोलना, ढीला करना।
unhive –हाइव्' v.t. उद्वासित करना, घर छीनना, छत्तेसे निकाल देना।
unholiness –हो'लिनिॅस् n. अशुचिता^F, अपवित्रता^F, मलिनप्राणता^F, असाधुता^F, दुष्टता^F।
unholy –लि a. अशुचि, अपवित्र, अपावन, अपूत, अशुद्ध, अमंगल, मलिनात्मा, मलिन, असत्, असाधु, दुष्ट, अधर्मी; कठोर, भयानक, भयंकर, घोर (*what an ~ row to kick up!*)।
unhook –हुक' v.t. हुकोंको अलग करके वस्त्रादि खोलना, खूँटी^F या काँटे आदिसे उतारना।
unhopeful –होप्'फ़ुल् a. आशातीत, आशारहित, निराश।
unhorse –हार्स v.t. घोड़ेसे पटक देना, गिरा देना, उतार देना।
unhouse –हॉउस्' v.t. निराश्रय करना, खाना बरबाद करना, घरसे निकालना, बेघर करना।
unhoused ⊙ –ट् a. अशरण, निराश्रय, बेघर, बेदर।
unhuman –ह्यू'मॅन् a. अमानुषिक, अमानवीय; निर्मम, निर्दय।
unhumanize –नाइज् v.t. अमानुषीकृत करना, अमा-नवीय बनाना, मानवोचित न रहने देना।
unhusked ⊙ –हस्क्ट्' a. अकुट्टित, गैरकूटा, अनफटका।
uni- एक- (~*lingual*, ~*capsular*, ~*foliate*, ~*form*, ~*literal*, ~*valve*)।
Uniat, -ate यू'निॲट्, -ॲट् n. यूनानी ईसाई, पूर्वी ईसाइयोंके यूनी सम्प्रदायका व्यक्ति (जो पोपकी प्रभुता^F स्वीकार करता है किन्तु अपने धार्मिक रीति-रिवाजोंका ही पालन करता है)।
uniaural यूनिऑ'रॅल् a. (अर्थ०) **एककर्णिक**, एक कानवाला।
uniaxial –ऐक्'सिॲल् a. (प्रा० भू०, भौ०) **एकाक्ष**, **एकाक्षीय**, एक धुरीय (~ *joint*)।
U.N.I.C. United Nations Information Centre.
U.N.I.C.E.F. United Nations International Children's Emergency Fund.
unicameral –कै'मॅरॅल् a. (का०) **एकसदनी**, एक-

सदनीय, एककक्षीय, एकघरा।

unicellular –से'ल्यूलॅर् a. एककोषीय, (कृषि०, चि०) **एककौशिक**, एककोश;

~ animal, ~ gland, ~ organism.

unicity यूनि'सिटि n. अनन्यता^F, अद्वितीयता^F, विलक्षणता^F।

unicorn यू'निकॉर्न् n. अरण्याश्व, एकशृंगीय अश्व, अरना घोड़ा, पौराणिक कथाओंमें वर्णित शृंगी पशु; अरण्याश्वका वंशावली सम्बन्धी चित्रण; (~-*shell* भी) एक प्रकारका **शम्बूक**, पृष्ठपाद घोंघा; अश्वोंका युग्म (जिसके आगे तीसरा घोड़ा हो); **युग्मित गाड़ी**^F (जिसमें दो घोड़ोंके आगे एक तीसरा घोड़ा जुता हो); एक प्रकारकी तितली^F, एक प्रकारका कीड़ा; (~-*fish*, ~-*whale*, *sea*-~ भी) नरवल^F, एक बड़ी समुद्री मछली^F।

unicornous –र्नस् a. एकशृंग, एक सींगका।

unicostate यूनिकॉस्'टॅट् a. एकपर्शु, **एकशिरायुत**, एक पसलीवाला।

unidead ⊙ अन्-आइ'डिॲड् a. धारणारहित, विचारहीन, बुद्धिरहित, ठुस, विचारोंमें कोरा।

unidentate यूनिडे'न्'टेट् a. एकदन्त, एक दाँतवाला।

unidirectional –डॅरे'क्'शॅनॅल् a. एकदिश, (भौ०) **एकदिशिक, एकदिशी**, एक ओरका (~ *current*)।

unifacial –फ़े'शॅल् a. एकानीक, एकतलीय, एक धरातलका; (इति०) **एकमुख**, एकमुँहा (~ *structure*)।

unifiable यू'निफ़ाइॲबॅल् a. समकार्य, समीकरणीय, एककरणीय, मिलाने योग्य, जोड़ने लायक।

unification –फ़िके'शॅन् n. समरूपीकरण, एकविधीकरण, एकरूपण, एकरूपीकरण, (राज०) **एकीकरण**, मेलन।

unified ⊙ –'निफ़ाइड् a. (वाणि०) **एकीकृत**, सम्मिलित; ~ command, ~ pattern, ~ stock.

unifier –फ़ाइॲर् n. एकरूपता^F प्रदान करनेवाला, एक करनेवाला।

uniflorous –फ़्लॉ'रॅस् a. एकपुष्प, एक फूलवाला।

unifoliate –फ़ो'लिॲट् a. एकपर्ण, (वन०) **एकपर्णी**, एकदलीय, एक पत्तीवाला, एकपतिया।

uniform यू'निफ़ॉर्म् १. n. **वेष**, समपरिधान, समवेश, समवस्त्र, **वर्दी**^F (सैनिकों, नाविकों, आरक्षकों इत्यादि द्वारा पहनी जानेवाली); २. a. **एकसार**, अपरिवर्तनशील, परिवर्तनहीन, **एकसम**, (भौ०, गति वि०) **एकसमान**, बराबर (~ *flow*); एक-सा (*present a ~ appearance*); सतत्, निरन्तर, अपरिवर्तनीय; सरूप, समवेश, एकरंग, (स्थिति वि०) **समांग**, एकाकार, सम, **समान**, **समरूप**, **एकसार**, एकविध, **एकरूप**; संगत; ~ acceleration (ग०) **एकसमान त्वरण**, एकरूप त्वरण, सम गतिवर्धन; **अचर त्वरण**;

~ bore, ~ conditions, ~ convergence, ~ crop, ~ density, ~ diffuser, ~ dimension, ~ distribution, ~ drainage, ~ duty, ~ flow, ~ form, ~ illumination, ~ increase, ~ lamina, ~ moderation, ~ motion, ~ pattern, ~ price, ~ procedure, ~ profile, ~ rate, ~ reaction, ~ retardation, ~ rod, ~ size, ~ slope, ~ speed, ~ stamp, ~ system, ~ tardation, ~ velocity ~ weight.

uniformitarian –मिटेॲ'रिॲन् n. समरूपतावादी, एकरूपता^F-समर्थक।

uniformitarianism –निज़्म् n. एकरूपतावाद।

uniformity –'मिटि n. समवेशत्व, एकनियमानुवर्तिता^F; समत्व, समता, साम्य, **समानता**^F, सारूप्य, **एकसमानता**^F (~ *trial*), एकरसता^F, समांगता^F, एकविधता^F, समरूपता^F, **एकरूपता**^F, **इकसारी**^F, मेल।

uniformly –'निफ़ॉर्म्'लि adv. समरूपेण, एकरूप, एक-सा।

unify –फ़ाइ v.t. (वस्तुओं^Fको अथवा निर०) समरूपता^F देना, एकरूप करना, एकविधता^F प्रदान करना, एकीभूत करना, एकरूप बनाना या करना, समांग बनाना, समान करना, एकरंग कर देना, एक कर देना।

unigeneric ⊙ यूनिजि'ने'रिक् a. (वन०) **एकवंशी**; **एक जीव-सी**।

unigeniture –जे'निच्युॲर् n. एकजातता^F, इकलौतापन।

unilabiate –ले'बिॲट् a. एकोष्ठ, एक होंठवाला।

unilateral –लै'टॅरॅल् a. एकपार्श्वी, (का०) **एकपार्श्विक** (~ *declaration*), एकपार्श्वीय, **एकपक्षीय**, एकरुखी, एकतरफ़ा (~ *contract, transfers*); (चि०) करवट।

unilluminated अन्-इल्'मिनेटि'ड् a. अप्रकाशित, अनुज्ज्वल, अन्धकारयुक्त, अँधेरा।

unimodel यूनिमॉ'डॅल् n. (शिक्षा०) **एकचरमावृत्ति**^F; (ऋतु०) **एक बहुलक**।

unimolecular –मॉ'लि'क्यूलॅर् a. (रसा०) **एकाणिवक, एकाणुक** (~ *reaction*)।

unimpeachability, **unimpeachableness** –इम्पीचॅबि'लिटि, –'नॅस् nn. अमतर्सनीयता^F, अनिन्द्यता^F, अतिरस्करणीयता^F, आपत्तिशून्यता^F।

unimpeachable –'चॅबॅल् a. (का०) **अधिक्षेप्य**, **अधिक्षेपातीत**; प्रश्नातीत, अभर्त्सनीय, अनिन्द्य, निर्दोष, अदोष, अतिरस्करणीय, आपत्तिरहित, निरपराध, अनिन्दनीय, बेकसूर, सच्चा।

unimportant –इम्पार्'टॅन्ट् a. महत्त्वहीन, अनावश्यक, अमहत्त्वपूर्ण (~ *matters*); हलका, छोटा।

unimprovable –इम्प्रू'वॅबॅल् a. अपरिष्कार्य, अपरिष्करणीय, अशोध्य, अशोधनीय, न सुधरने लायक।

unimprovableness –निॅस् n. अपरिष्कार्यता^F, अपरिष्करणीयता^F, अशोध्यता^F, अशोधनीयता^F, असुधार्यता^F।

unimproved –व्ड्' a. अपरिष्कृत, अशोधित, असुधारित।

unimproving –'विंग a. अपरिष्कारशील, अशोधनप्रवण।

uninformed –इन्फ़ॉर्म्ड्' a. अज्ञापित, अज्ञानी, असूचित, अजान, बेखबर, नादान, जाहिल।
uninhabited –इन्है'बिटि`ड् a. निर्जन, विजन, उजाड़, वीरान, गैरआबाद, खाली (~ *village*)।
uninspired –इन्स्पाइअ'र्ड् a. अनुत्तेजित, सहज, सामान्य, साधारण, मामूली; अप्रेरित।
unintelligibility –इन्टे`लिजिबि'लिटि n. अविज्ञेयता^F, दुरूहता^F, अबोध्यता^F, समझ^F के बाहर होना।
unintelligible –'लिजिबॅल् a. अबोध्य, अविज्ञेय, दुरूहता^F, समझ^F में न आनेवाला।
unintelligibleness नि`स् n. = UNINTELLIGIBILITY.
uninterrupted –इन्टॅरप्'टि`ड् a. निर्विघ्न, निरन्तर, अखण्डित, अविच्छिन्न, अविरत, बेरोक (~ *progress*)।
uninviting –इन्वाइ'टिंग् a. विकर्षक, अनाकर्षक।
union यूनियॅन् n. (राज०) **संघ,** (विशे०, भारत राज्य-संघ, संयुक्त राज्यसंघ अमेरिका, संयुक्त राज्यसंघ ब्रिटेन); (कुछ विश्वविद्यालयोंकी) विद्यार्थी-सभा^F एवं वाद-विवाद समाज, यूनियन; सभाभवन, सभागृह, यूनियन हाल; संघ (*postal* ~); (उपासक समाजवाले या ईसाई दीक्षानुवर्ती) गिरजोंका संघबन्धन या सम्मेलन, सहयोग, संगति, संहति^F; सम्मेलन, एकलन, **सम्मेल,** समागम, संयोग, सम्मिलन, मिलन, **जोड़,** मेल, मिलाव, एका^F (*effected a* ~); उद्वाह, विवाह, ब्याह, शादी^F; सन्धि^F, एकता^F, मेल, एका^F (*lived together in perfect* ~); (दरिद्रार्थ विधानों अथवा दरिद्ररक्षा^F कानूनोंके प्रबन्धके लिए पादरीके दो या दोसे अधिक) संयुक्त किये हुए क्षेत्र या हलके; ऐसे क्षेत्र-संयोजन द्वारा निर्मित दरिद्रशाला^F; (चि०) व्रणरोपण; संयुति^F, संयुक्तता^F, सम्मिलन; ब्रिटेनके झण्डेका चिह्न-संयोजन (जिसमें एकता^F का चिह्न बना होता है और जो साधारणतः डण्डी^F के पासवाले ऊपरी कोनेमें होता है); नलों इत्यादिकी संयोजक शृंखला^F या कील^F, नलिकाओं^F इत्यादिका एक प्रकारका संयोजन या जोड़; बड़ा टब (जिसमें बीयर शराब^F साफ की जाती है); मिश्रित पदार्थोंका धागा, मिलावटी सूत; मिलावटी रंग (~ *blue, green, red*); the U~ इंग्लैण्ड और स्कॉटलैण्डका संयुक्तीकरण या एकलन; ग्रेटब्रिटेन एवं आयलैंण्डका संयुक्तीकरण या एकलन; Trade U~ द्रे० TRADE; U~ Jack or flag ग्रेटब्रिटेन एवं आयलैंण्डका राष्ट्रीय झण्डा, यूनियन जैक; ~ of states राज्यसंघ; ~ scale (अर्थ०) **संघ-वेतन-मान;** ~ purchase (नौवि०) **जोड़वाँ लफ़्ती^F, बर्टन लफ़्ती, टालियो;** ~ suit ⊙ जोड़ा, पोशाक^F (जिसमें कुर्ता या पायजामा जुड़ा हुआ होता है); *ensign hoisted* ~ *down* झण्डा उलटा लटकाया (विपत्ति^F की सूचना^F या चिह्न-स्वरूप); ~ *is strength* संघमें शक्ति^F, एकता^F में बल है, इत्तफाक बड़ी चीज^F है;

~ agency, ~ bating, ~ charge, ~ commission, ~ countries, ~ court, ~ ~ credit, ~ duty, ~ emoluments, ~ employee, ~ excise, ~ fees, ~ government, ~ insignia, ~ label, ~ list, ~ lottery, ~ nut, ~ pension, ~ period, ~ pieces, ~ public service commission, ~ railways, ~ services, ~ smashers, ~ wage, ~ war book, ~ workhouse, ~ works.

unionism –निज़्म् n. संघवाद, संघ-पद्धति^F, संघता^F; ऐक्य-प्रियता^F, एकताप्रियता^F।
unionist –निस्ट् n. ग्रेटब्रिटेन एवं आयलैंण्डके बीच व्यवस्थापक एकता^F की विच्छिन्नता^F का विरोध करनेवाला व्यक्ति (*liberal* ~); **संघवादी, संघिक,** संघी, श्रमिक-संघका पोषक या इसका सदस्य; (इति०, अमेरिकी रियासतों^F में होनेवाले गृहयुद्धके समयमें) रियासतों^F के पृथक् हो जानेका विरोध करनेवाला ⊙; एकतावादी; ~party एकतावादी दल; (इति० अमेरिका) राज्यसंघवादी दल, T.।
unionistic –'टिक् a. ऐक्य-प्रियता-सम्बन्धी, संघवादीय।
unionize –नाइज़् v.t. & i. संघबद्ध करना, संघ बनाना, यूनियन बनाना; संघका सदस्य बनाना या होना, यूनियनमें शामिल होना।
unipara ⊙ यूनि'पॅरॅ a. (चि०) एक प्रसूता^F, एक ही बार प्रसूत हुई (स्त्री^F)।
uniparous –रॅस् a. एकप्रसूता^F, (चि०) एक-गर्भ-प्रसवा^F, एक गर्भमें एक बच्चा पैदा करनेवाली; (वन०) एकभुजी, T.।
unipartite यूनिपार्'टाइट् a. एक, अकेला, अविभक्त, अविभाजित।
uniped यू'निपे`ड् n. एक पाद पुरुष या जानवर, एकपाया।
unipolar यूनिपो'लॅर् a. (शिक्षा०) **एकध्रुवीय;** (चि०) एक प्रवर्धयुक्त (कोशा^F)।
unique यूनिक्' १. n. अनुपम वस्तु^F, अद्वितीय पदार्थ, बेजोड़ चीज^F; २. a. अनूप, अनुपम; (शिक्षा०) **अनन्य,** अपूर्व, अप्रतिरूप, अद्वितीय, अनोखा, अनूठा, निराला, बेजोड़ (*his position was* ~)।
uniqueness –'निस् n. अनूपता^F, अनुपमता^F, (ग०) **अद्वितीयता^F** (~ *theorem*), (शिक्षा०) **अनन्यता^F,** अपूर्वता^F, अनोखापन।
unirrigated अन्'इ'रिगेटि`ड् a. असिक्त, असिंचित (~ *land*), (कृषि०) **बारानी, खाकी।**
unisexual यूनिसे`क्'स्यूॲल् a. एकलिंग, (कृषि०, वन०) **एकलिंगी,** एकांग, (~ *flowers*)।
unisexualism –लिज़्म् n. (वन०) **एकलिंगिता^F।**
unison यू'निसॅन् १. n. (संगीत) एकस्वनता^F, एक ही स्वरारोह या ताल^F पर ध्वनित होनेकी स्थिति^F; ध्वनियों^F या स्वरोंमें आरोह-समता^F या ताल^F की एकता^F; (भौ०) **स्वरैक्य, स्वरमेल,** विराम समझी जानेवाली यह स्वरारोह-समता^F या ताल-समता^F; संगति^F, ऐक्य, एकता^F, मेल (*acted in perfect* ~); २. a. (संगीत) एकस्वन, एकतान, तुल्य तालयुक्त, संगत, तुल्य आरोहवाला, समान स्वर या रागवाला, एकतार, एकसाज।

unisonal, unisonant, unisonous –नॅल्, –नॅन्ट्, –नॅस् aa. (संगीत) एकताल, एकस्वन, एकतान, एकतार।
unisonance –नॅन्स् n. एकस्वनता^F, समध्वनिता^F।
Unit. Unitation.
unit* यू'निट् n. एक, **एकांक, एकांश, एकांग,** (कृषि०, वन०, निर्दे०, ज्या०) **एकक** (~ *circle*), (वन०) **इकाई*** (*take the family as the ~ of society*); **मात्रक,** इकाई^F का परिमाण (*electrical ~*); अनुभाग, खण्ड; **कर्मचारी दल; दल,** अंग, **यूनिट^F,** टुकड़ी^F* (*military ~*); abstract ~ अमूर्त इकाई^F; C. G. S. system of ~s गणना-रीति^F-विशेष (जिसमें सेण्टीमीटर, ग्राम, सेकेण्डकी इकाई^F मानी जाती है); ~'s place (ग०) **इकाई^F;**
~ account, ~ adjustment, ~ armourer, ~ arrangement, ~ banking, ~ canteen, ~ card, ~ cell, ~ character, ~ charge, ~ circle, ~ column, ~ commander, ~ cord, ~ cost, ~ density, ~ entitlement, ~ equipment, ~ establishment, ~ garden, ~ holdings, ~ length, ~ magnetic pole, ~ matrix, ~ orders, ~ parade, ~ period, ~ plan, ~ plane, ~ point, ~ pole, ~ prism, ~ recruiting party, ~ repairs, ~ salvage, ~ signaller, ~ stress, ~ system, ~ time, ~ tube, ~ type, ~ value, ~ velocity, ~ volume.
unitable यूनाइ'टॅबॅल a. सहयोज्य, सहयोगार्ह, मिलने योग्य, सहमत होने लायक; संयोज्य, सन्धि^F करने लायक।
Unitarian यूनिटेअॅ'रिअॅन् १. n. एकेश्वरवादी, अद्वैतवादी, ऐक्यवादी, केन्द्रीयकरण या एकता^F का समर्थक, एकदेववादी ईसाई धार्मिक संस्था^F का सदस्य (जो त्रिमूर्तिवाद अर्थात् ईश्वर एक आत्मा^F या व्यष्टि^F है इस सिद्धान्तका विरोध करता है); २. a. एकेश्वरवादियोंसे सम्बन्धित (*U ~ Church*)।
Unitarianism –निज़्म् n. अद्वैतवाद, एकेश्वरवाद; केन्द्रीयकरण, ऐक्यवाद।
Unitarianize –नाइज़् v.t. ऐक्य स्थापित करना।
unitary –'निटॅरि a. एक-, **एकात्मक,** एकीय, **ऐकिक,** (~ *type*); एकलन-सम्बन्धी, सम्मिलन-सम्बन्धी, एकता-सम्बन्धी; ~ method ऐकिक रीति^F, इकाई^F का ढंग, गणितका एक नियम इकाई^F से हल करनेका;
~ government, ~ matrix, ~ module, ~ organization, ~ over-ring, ~ reduction, ~ subring, ~ term, ~ theory, ~ transformation.
unite यूनाइट्' v.t. & i. सहयोग करना, सहमत होना, मिलकर काम करना, जुड़ना (भावना^F, आचरण, किसी कार्यका); सन्धि^F करना, संयोग करना, संयुक्त करना, सम्मिलित करना, परस्पर मिलाना या मिलना, जोड़ना, साँटना, एक करना या होना (*the two nations gradually became ~d*); विवाह बंधनमें बँधना।
united –'टिॅड् a. **संयुक्त,** संहत, युक्त, मिलित, एकीकृत, एकीभूत; U ~ Irishmen संयुक्त आयरिश समाज, पार्लमेण्टी सुधार इत्यादिके प्रयोजनोंके लिए १७९१ में संगठित आयरिश संघ; U ~ Kingdom संयुक्तराज्य (इंग्लिस्तान); U ~ Nations Organization संयुक्त राष्ट्रसंघ; U ~ States संयुक्तराष्ट्र (अमेरिका); ~ *we rise divided we fall* जहाँ सुमति^F तहाँ सम्पति^F नाना, जहाँ कुमति^F तहाँ विपद^F निदाना, एकता^F में शक्ति^F है।
uniter –टॅर् n. संहर्ता, संयोजक, संघटयिता, एकीकर्ता, एकमें मिलानेवाला।
unition –नि'शॅन् n. संहरण, संयोजन, संघटन, एकीकरण, एकमें मिलाना।
unitive –'निटिव् a. संयोजक, यौगिक, सहमति^F उत्पन्न करानेवाला, सम्मिलित करानेवाला, एकता^F उत्पन्न करनेवाला, मेल करानेवाला, मिलानेवाला, संगठन पैदा करनेवाला।
unitize –टाइज़् v.t. इकाई^F के रूपमें व्यवहृत करना, इकाई^F मानना, इकाई^F बनाना, इकाई^F समझना या करार देना।
unity –टि n. संगति^F, समानता^F, समरूपता^F, सम्मिलन, सम्मेल, मेल (*dwell together in ~*); एकत्व, ऐक्य, **एकता^F,** अद्वैत, अभेद; अद्वितीयत्व, इकाईपन (*disturbs the ~ of the idea*); संश्लिष्ट वस्तु^F, एक वस्तु^F (*a person regarded as a ~*); (गणित) इकाई^F, **एक,** एककी संख्या^F; (कानून) एक व्यक्ति द्वारा विभिन्न अधिकारोंका सम्मिलित स्वामित्व, विभिन्न भाड़ेदारों या किरायेदारोंकी सम्मिलित लगानदारी^F; the dramatic ~ies, ~ies of time, place & action नाटकीय-एकलन, समय-संकलन, स्थान-एकलन, कार्य-एकलन।
Univ. University; Universalist.
univalence यूनि'वॅलन्स् n. (रसा०) **एक संयोजकता^F।**
univalent –न्ट् a. (रसा०) **एक संयोजक।**
univalve यू'निवैल्व् n. (जीव०) **एकपुट** (~ *shell*)।
univalved –ड् a. एकपुट, एक परत^F का।
univariant यूनिवेअॅ'रिअॅन्ट् n. (रसा०) **एकचल राशि^F;** ~ system (रसा०) **एकचल पद्धति^F।**
univariate ⊙यूनिवै'रिअॅट् n. (ग०) **एकचर,** एकचल (~ *system*)।
universal यूनिवर'सॅल् १. n. सामान्यपद; सार्वभौम विचार; (तर्कशास्त्र) सामान्य प्रस्थापना^F, सामान्य स्थापना^F; (दर्शन०) सामान्य प्रत्यय, सामान्य धारणा^F या मत; २. a. **सार्वलौकिक, सार्वत्रिक, सार्वभौमिक** (~ *illusion, veil*); **सार्वदेशिक, विश्व-,** विश्वव्यापी, वैश्व, सर्वदेशीय, सर्ववर्गीय, व्यापक, सामान्य, सर्वव्यापक (~ *demand, supply*); **सर्वव्यापी; सार्विक,** सार्वजनीन, सर्वनिष्ठ, सर्वसाधारण, सर्वगत (*the terror was ~*); सम्पूर्ण-कुल; ~ bar (ध्वनि०) **चाँद;** ~ compass सर्वोपयोगी परकार^F (जिससे छोटे-बड़े हर तरह-

के वृत्त खींचे जा सकें; ~ cure सर्वत्रोपयोगी उपचार; ~ coupling *or* joint (चि०) उलूखल-सन्धि^F, सर्वतोमुखी जोड़, मशीन^Fका सर्वक्षम जोड़ (जो यन्त्रके पुर्जोंको जोड़नेवाले धातुदण्ड या धुरेके द्वारा किसी निश्चित कोणसे सबका संचालन करता है); ~ intelligence महत् बुद्धि^F; ~ time विश्व-समय; ~ legatee सम्पूर्ण उत्तराधिकारी, सम्पूर्ण दायादी; ~ proposition **पूर्णव्यापी तर्कवाक्य,** सर्वतन्त्र निर्देश, सर्वग्राही प्रस्थापना, सर्वदेशी साध्य, सामान्य स्थापना^F, सर्वदेशीय सत्यधारणा^F;
~ application, ~ carrier, ~ complex, ~ constant, ~ coupling, ~ gravitation, ~ intuitionism, ~ joint, ~ observance, ~ proposition. ~ respect, ~ shunt, ~ subjectivism, ~ succession, ~ suffrage, ~ time, ~ value.

universalism, U ~ –लिज़्म्, यू- n. (दर्श०) **सर्वार्थवाद,** सर्वरक्षावाद; सार्वभौमवाद, (अर्थ०) **विश्ववाद।**

universalist, U ~ –लिस्ट्, यू- n. सर्वरक्षावादी; विश्ववादी।

universalistic –'टिक् a. सर्वरक्षावादीय, सर्वरक्षावादसम्बन्धी; विश्ववादी; सार्वभौम; ~ hedonism (दर्श०) **सर्वसुखवाद;** ~ perfection (दर्श०) **सर्वनिष्पत्तिवाद, सर्वसम्पूर्णवाद।**

universality –सै'लिटि n. व्याप्ति^F, अभिव्याप्ति^F, परिव्याप्ति^F; सार्वभौमिकता^F, विश्वव्यापकता^F, सर्वव्यापकता^F, सर्वदेशीयता^F, सर्वसामान्यता^F, सार्वदेशिकता^F।

universalization –सॅलाइज़ेशॅन् n. सार्वभौमिकीकरण, विश्वव्यापीकरण, सर्वसामान्यीकरण, सर्वसाधारणीकरण, सर्वदेशीयकरण।

universalize –'सॅलाइज़् v.t. सार्वभौमिक बनाना, सर्वनिष्ठ बनाना, विश्वव्यापी बनाना, (दर्श०) **सर्वव्यापी बनाना,** सर्वसामान्य बनाना, सार्वदेशिक बनाना।

universalness –ल्-निॅस n. सार्वभौमिकता^F, विश्वव्यापकता^F, सार्वदेशीयता^F, सर्ववर्गीयता^F, व्यापकता^F, सामान्यता^F, सर्वजनीनता^F, साधारणता^F, सर्वगतता^F।

universe –'निवर्स् n. (सांख्य०) **समष्टि^F,** संसृति^F, सम्पूर्ण सृष्टि^F, **ब्रह्माण्ड,** विश्व, जगत्, पृथ्वी^F, संसार (एवं उसका सृजनकर्त्ता); सम्पूर्ण मानवजाति^F; (तर्क०) समस्त विचाराधीन वस्तुएँ^F; समस्त पदार्थ; ~ of discourse **प्रवचन प्रसंग।**

university –'सिटी n. **विश्वविद्यालय, युनिवर्सिटी^F,** विश्वविद्यालयके छात्र इत्यादि; किसी विश्वविद्यालयका दल (*the ~ had four wickets to fall*); ~ senate विश्वविद्यालयकी कार्यसमिति^F या प्रबन्धसमिति^F;
~ calender, ~ corps, ~ court, ~ crest, ~ degree, ~ enrolment fee, ~ examination, ~ fee, ~ scholarship.

universologist –सॉ'लॅजिस्ट n. विश्वविज्ञानी।

universology –जि n. विश्वविज्ञान।

univocal यूनि'वॅकॅल् a. (दर्श०) **एकार्थक,** एकार्थ; एकतानिक, एकस्वरीय।

unjoint अन्-जाएंन्ट् v.t. (मछली^F मारनेकी बंसी^F आदिके) जोड़ खोलना।

unjust –जस्ट्' a. (का०) **अन्याय्य** (*~ war*), अनुचित, अन्यायसंगत, **अन्यायपूर्ण,** न्यायविरुद्ध (*~ action*); अन्यायी (*~ person*)।

unjustifiable –'टिफ़ाइॲबॅल् a. असमर्थ्य, अन्याय्य, अनुचित, अन्यायसंगत, न्यायविरुद्ध।

unjustifiableness –निॅस n. अन्याय्यता^F, अनुचितता^F, अन्यायसंगति^F, न्यायविरुद्धता^F।

unjustified ⊙–फ़िड् a. अन्याययुक्त, अनुचित, अन्यायसंगत, न्यायविरुद्ध।

unjustly –ट्'लि adv. अनौचित्यपूर्वक, न्यायके विरुद्ध।

unkempt अन्-के'म्प्ट्' a. अस्तव्यस्त, आकुल, रूक्षमूर्ति, अनादृत या उपेक्षित आकृतिवाला (व्यक्ति); उलझे हुए (बाल); (भाषा^F) विशृंखल, **सौष्ठवरहित,** व्यवस्थारहित, असज्जित; असतर्क, असावधान, उलझा हुआ, लचर, फुसफुसा; बेढंगा, बेतरतीब।

unkind –काइन्ड्' a. विप्रिय, निर्दय, निर्मम, अस्निग्ध, उपकारविमत, क्रूर, निष्ठुर, अनुपकारी, अकृपालु, कृपाहीन, उपकार-विमुख, स्नेहरहित, ममताहीन, कृपाशून्य, अकरुण, हृदयहीन, कठोर, बेरहम, बेदर्द।

unkindliness –'लिनिॅस् n. निर्दयता^F, अनुपकारिता^F, अपकार, अहित, उपकार-विमुखता^F, अकृपालुता^F, बेरहमी, बेदर्दी।

unkindly –लि a. निर्दय, अनुपकारी, अपकारी, उपकारविमुख, अकृपालु, बेरहम, बेदर्द।

unkindness ⊙–'निॅस् n. UNKINDLINESS.

unking –किंग्' v.t. राज्यच्युत करना, गद्दी^Fसे उतारना।

unknowability, unknowableness –नोॲबि'लिटि. –निॅस् nn. ज्ञानातीतता^F, अज्ञेयता^F।

unknowable –'ॲबॅल् a. & n. (*the U~*) चरम सत्य, अन्त्यसत्य, अन्तिम सत्य, आदि सत्य, आदि सत्ता^F, आदि हेतु, आदि कर्त्ता, मूलतत्त्व या आदिकारण; चरम, असीम, परिमित, धारणा^Fसे परे, समझ^Fसे बाहर; अज्ञेय।

unknowing –'इंग् a. अज्ञ, अप्रबुद्ध, अनभिज्ञ, अबोध, अज्ञान, अजान, अनजान, नादान।

unknown –नोन्' १. n. (*the ~*) अज्ञात राशि^F, अज्ञात परिमाण (*we all dread the ~*); २. a. **अज्ञात,** अविदित, अपरिचित, अनजान, नामालूम (*~ quantity, person*); बेगाना, अजनबी, (*that district was ~ to me*); ३. adv. बिना ज्ञानके, बिना सूचना^F-के, अनजाने (*did it ~ to me*)।

unlaboured –लेॅबॅर्ड a. (शैली^F इत्यादि) स्वतोभावी, स्वतः उद्भूत, सहज, सरल, स्वाभाविक, प्रकृत, अप्रयास, अनायास, प्रयासरहित।

unlace –लेस्' v.t. (जूते वगैरहका) बन्द या फीता खोलना।

unlatch –लैच्' v.t. लट्टू घुमाकर दरवाजा खोलना,

दरवाजेकी फिरकी^F खोलना, कुण्डा खोलना, चिटकनी^F हटाना ।

unlawful –लॉफ़ुल् a. अवैधानिक, अवैध, (क़ा०) **विधि-विरुद्ध**, गैर कानूनी;
~ assembly, ~ consideration, ~ entry.

unlawfulness –निॅस् n. अवैधानिकता^F, अविधि-सम्मति^F, गैरकानूनीपन ।

unlearn –लर्न्, v.t. विस्मृत होना, विस्मृत करना, छोड़ देना, दिलसे निकाल देना, भुला देना, भूलना ।

unlearned –'निॅड a. (शिक्षा०) **अनधिगत**; अविद्वान्, अपण्डित, अज्ञान, अनपढ़, मूढ़, काला अक्षर भैंस^F बराबर; अज्ञात, अजान, गैर जाना हुआ ।

unlearnt, -ned –लर्न्ट्', –न्ड्' a. अनवाप्त, अशिक्षित, बे-पढ़ा, बे-सिखाया हुआ (पाठ इत्यादि) ।

unleavened –ली'वॅन्ड् a. बिना खमीर उठाया हुआ; (ला०) अदूषित ।

unless अॅन्ले'स्' conj. अतिरिक्त इसके कि, सिवाय इसके कि, इसको छोड़कर कि (~ *and until*); यदि न, अगर न, मगर, नहीं तो, जबतक न (*shall* (*not*) *go* ~ *I hear from him*) ।

unlettered अन्-ले'टॅर्ड् a. निरक्षर, अनपढ़, अपढ़, अशिक्षित, बे लिखा-पढ़ा, उजड्ड, गँवार ।

unlicensed –लाइ'सॅन्स्ट् a. अननुज्ञप्त, (रेल०) **बिना लाइसेंस** (~ *place*) ।

unlicked –लिक्ट् a. कुरूप, आकारविहीन, अनगढ़, बेडौल ।

unlike –लाइक् a. & prep. विसदृश, **विषम**, असदृश, असम, अतुल्य, भिन्न, असमान (*is* ~ *both his parents*); (स्थितिवि०) विपरीत दिशा; (ग०, भौ०) **विजातीय; प्रतिकूल, विपरीत**;
~ forces, ~ poles, ~ sign, ~ terms.

unlikelihood, unlikeliness –लिहुड्, –लिनिसॅ् nn. भिन्नता^F, असंगति^F, असम्भूति^F; असम्भाव्यता^F, असम्भावना^F ।

unlikely –लि a. असंगत, दुःसम्भाव्य, असम्भाव्य, असम्भव, अविश्वास्य (~ *tale*) ।

unlikeness –'निस् n. असादृश्य, असाम्य, अतुल्यता^F, अक्षमता^F, असमानता^F ।

unlimitable अन्-लि'मिटॅबॅल् a. निरवधि, असीम, अपरिमेय, अपार, अमर्याद, अनिश्चेय, अनिर्धार्य, बेहद ।

unlimited –टि'ड् a. निरवधि, असीम, अपरिमित, **असीमित**, सीमारहित, अपार (~ *possibilities, powers*); असंख्य, अनिश्चित, अत्यधिक, अत्यन्त, बेहद, (*has* ~ *scope*); ~ in number असंख्य, अगणित, अनगिनत;
~ company, ~ income, ~ liability.

unlimitedly –लि adv. अत्यन्त, अत्यधिक, बेहद ।

unlimitedness –निॅस् n. अपारता^F, निरवधित्व, अवधिहीनता^F, अमर्यादितता^F, असीमता^F, अनिश्चितता^F ।

unline–लाइन्' v.t. (आस्तीन^Fका) अस्तर निकाल देना; पंक्ति^F हटाना ।

unlined –ड्' a. (मुखाकृति) इत्यादि) रेखारहित, झुर्रियों^Fके बिना; रेखांकनरहित, बिना हाशियेका; अस्तरके बिना ।

unload –लोड्' v.t. (जहाज, गाड़ी^F इत्यादि सम्बन्धी अथवा निर०) अवतारण करना, भारमुक्त करना, खाली कर देना, बोझा उतारना; हलका करना; (बन्दूक^F आदि) खाली करना, गोली-छर्रे निकालना; (सराफा-सम्बन्धी) माल या हिस्से बेच डालना ।

unlock –लॉक्' v.t. (सन्दूक, दरवाजे आदिका) ताला खोलना; (ला०) दिलकी बात^F उद्घाटित करना, प्रकट कर देना, कह देना (भेद इत्यादि); **खोलना** ।

unlooked-for –लुक्ट्-फ़ॉर् a. अप्रत्याशित, अपूर्वदृष्ट ।

unloose –लूस्' v.t. शिथिल करना, मुक्त या स्वतन्त्र करना, ढीला करना, रिहा करना, आजाद करना, छोड़ना, खोलना ।

unloosen –'सॅन् v.t. मुक्त करना, स्वतन्त्र करना, रिहा करना, आजाद करना; शिथिल करना, ढीला करना ।

unlosable –लू'ज़ॅबॅल् a. न खोने योग्य, रक्षणीय, रक्षा-योग्य; बहुमूल्य, कीमती ।

unlovable –ल'वॅबल् a. = UNLOVELY.

unloveliness –लव'लिनिस् n. असौष्ठव, अनाकर्ष-कता^F, अमनोहरता^F, अरोचकता^F, अलावण्य, असुन्दरता^F ।

unlovely –लि a. असुष्ठु, अकमनीय, अप्रीतिकर, अमनोहर, चित्तविकर्षक, अनाकर्षक, असुन्दर, बदसूरत, भोंड़ा, बुरा ।

unloving –ल'विंग् a. = UNLOVELY.

unluckiness –ल'किनिॅस् n. दग्धहस्तता^F, हत-भाग्यता^F, निर्भाग्यता^F, अभाग्यशालिता^F, भाग्यहीनता^F, अभद्रता^F, अशुभता^F, अनर्थकारिता^F, असफलता^F, अभागापन, बदकिस्मती^F ।

unlucky –कि a. दग्धहस्त, हतभाग्य, निर्भाग्य, अभाग्य-शाली, भाग्यहीन, अभद्र, अशुभ, अनर्थकारी, असफल, अभागा, मनहूस, बेतुका, भोंड़ा, कमबख्त, नामुराद, बद-किस्मत (*always* ~ *at cards*) ।

unmade –मेड्' a. ध्वस्त, भग्न, नष्ट, मिटा हुआ, बर-बाद, रद्द, मंसूख ।

unmailable –मे'लॅबॅल a. डाक^F द्वारा न भेजा जा सकनेवाला ।

unmakable –मे'कॅबॅल a. ध्वंस योग्य, भंजनीय, नाश्य, नाशनीय, मिटाने योग्य, बरबाद करने योग्य, रद्द या मंसूख करने लायक ।

unmake –क्' v.t. ध्वंस कर देना, भंग करना, नष्ट कर देना, कियेको मिटाना, बरबाद करना, रद्द करना ।

unman –मैन् v.t. आदमियोंको हटा देना या निकाल देना; पुरुषत्वहीन करना, पुरुषोचित गुणोंसे वंचित करना, नपुंसक बनाना, बधिया करना; बलहीन करना, दुर्बल कर देना, कमजोर कर देना, हताश करना, निरुत्साह करना, हिम्मत^F तोड़ देना, बेदिल करना ।

unmanageable –मै'निजॅबॅल a. दुर्धर्ष, दुःसाध्य,

असाध्य, दुरुपचार्य, अनिर्वाह्य, दुर्निवार, अनिवार, अ-वश्य, अपरिचालनीय, अप्रबन्ध्य, अनुशासनमें लानेके अयोग्य, बदलगाम, काबूसे बाहर (~ *child, situation*)।

unmanageableness –निस् n. दुःसाध्यता[F], अप्रबन्ध्यता[F], अनिर्वाह्यता[F], असाध्यता[F], दुरुपचार्यता[F], अवश्यता[F]।

unmanaged –ड्ड् a. विपर्यस्त, अव्यवस्थित, बिखरा हुआ; दुर्निवार, अ-वश्य, काबूके बाहर।

unmanly –मैन्'लि a. अपुरुषोचित, पुरुषार्थहीन, भीरु।

unmannerliness –मैं'नॅर-लिनिस् n. अशिष्टता[F], असभ्यता[F], बेहूदगी[F], बेहूदापन, बदतमीजी[F]।

unmannerly –लि a. धृष्ट, अशिष्ट, असभ्य, गँवार, बेहूदा, बदतमीज।

unmarked –मार्क्ट्' a. अपरिलक्षित, अलक्षित, (~ *trees*)।

unmarried –मैं'रिड् a. अविवाहित, कुँवारा, कुँवारी।

unmartial –मार्'शल् a. असामरिक, असैन्य, अयौद्धिक, अयुद्धोचित, गैरफौजी, गैरजंगी।

unmask –मास्क्' v.t. & i. छद्मवेश त्याग करना, स्वरूप-प्रकाश करना, आवरण हटा देना, भेद खोलना, नकाब उतारना, असलियत[F] जाहिर करना, पर्दा हटा देना, कलई[F] खोलना, कलई[F] खुलना।

unmeaning –मी'निंग a. अनर्थक, निरर्थक, अर्थहीन, असंगत, बेमानी।

unmeant –मे'न्ट् a. अनभिप्रेत।

unmeasurable –मे'ज़ॅरॅबॅल् a. अमेय, अपरिमेय, असीम, अकूत।

unmeasured –ज़ॅर्ड a. बेतौल, न तौला हुआ; (का०) अपरिमित, अमित, असीम, अतिरिक्त, अकूत, बेहिसाब, बेहद, नापतौल[F]के बिना।

unmeet –मीट्' a. (का०) अयुक्त, असमीचीन, अयोग्य, अनुचित, नामुनासिब (किसी प्रयोजनके लिए, किसी कार्य-को करनेके लिए)।

unmeetness –'निस् n. अयुक्तता[F], अनौचित्य, अयोग्यता[F]।

unmentionable –मे'न्'शॅनॅबॅल् १. n. (pl.) (हास्य०) पायजामा; २. a. अकथ, अनुल्लेख्य, अनुल्लेखनीय।

unmentioned –न्ड् a. अनुल्लिखित, अकथित, जिसका जिक्र न हुआ हो।

unmerchantable –मर्'चॅन्टॅबॅल् a. अविक्रेय, पणायोग्य।

unmerciful –मर्'सिफुल a. निर्दय, दयाहीन, क्रूर, कठोर-हृदय, पत्थरदिल, बेदर्द।

unmetalled –मे'टॅल्ड a. कच्ची (~ *road*)।

unmetrical –मे'ट्रिकॅल् a. अछन्द, अमानिक, अमापी।

unmew –मीऊ' v.t. (कानून) बन्धनमुक्त करना, रिहा करना, बरी करना।

unmistakable –मिस्टे'कॅबॅल् a. निर्भ्रान्त, अभ्रान्त, भ्रमरहित, असन्दिग्ध, सुस्पष्ट, बिलकुल साफ, अचूक।

unmitigable –मि'टिगॅबॅल् a. अप्रशम्य, अन्यूनी-करणीय।

unmitigated –गेटिड् a. सम्पूर्ण, निरा, पूरा (~ *blackguard*); अप्रशमित, अन्यूनीकृत।

unmixed –मिक्स्ट्' a. अमिश्रित, शुद्ध, निरा, खालिस, बेमेल।

unmoneyed –म'निड् a. निर्धन, दरिद्र, कंगाल, गरीब।

unmoor –मुअॅर्' v.t. (परि०) खोलना, (नौका[F] इत्यादिकी, निर० भी) जंजीरें[F] खोलना; दो या अधिकमेंसे एक लंगर उठाना (जलयान या नौका[F]का), जहाज चलाना; (ला०) अलग कर देना या रास्ता कर देना।

unmoral –मॉ'रॅल् a. अनैतिक, नीतीतर, नैतिकता[F]से असम्बद्ध।

unmorality –मॅरै'लिटि n. अनैतिकता[F], नीतिहीनता[F], नीति-सिद्धान्तसे असम्बद्धता[F]।

unmould –मोल्ड्' v.t. रूप बदलना।

unmounted –मॉउन्'टिड् a. न जड़ा हुआ, दफ्तीपर न चिपकी हुई (तस्वीर[F]); बेमढ़ा (नगीना); पदाति, अना-रूढ़, पैदल, प्यादा, गैरसवार (~ *police*)।

unmoved –मूव्ड्' a. संयत, निर्विकार, शान्त, दृढ़ (उद्देश्यपर), अचल, स्थिर, अविचलित, भावनाओं[F]से अप्रभावित, बेहरकत; उदासीन, स्थितप्रज्ञ।

unmuffle –म'फ़ॅल् v.t. & i. लिपटा हुआ गिलाफ या कपड़ा हटा लेना, गुलूबन्द या मफलर उतार देना।

unmurmuring –मर्-मॅरिंग् a. निरापत्ति, सहनशील, बेशिकायत।

unmusical –म्यू'ज़िकॅल् a. संगीतमें कोरा, संगीतके प्रति रुचि[F] न रखनेवाला; कर्कश, विस्वर, अपस्वर, स्वर-शून्य, रूक्ष, रूखा, बेसुरा।

unmusicality –ज़िकै'लिटि n. विस्वरता[F], अपस्वरता[F], स्वरशून्यता[F], कर्कशता[F], रूक्षता[F], रूखापन, बेसुरापन, संगीत-विरति[F], संगीत-औदासीन्य।

unmuzzle –म'ज़ॅल् v.t. कुत्ते आदिका छींका हटा लेना; मौन रहनेका बन्धन उठा लेना, खामोशी[F]की कैद[F] उठा लेना, बातचीत[F]की आजादी[F] देना।

unnamable –नें'मॅबॅल् a. अकथ्य, अकथ, अनुल्लेखनीय।

unnamed –नेम्ड्' a. अकथित, अनुल्लिखित।

unnatural –नै'चॅरॅल् a. नृशंस, निसर्गविरुद्ध, अनैस-र्गिक, पैशाचिक, अप्राकृतिक, प्रकृतिविरुद्ध (~ *death, offence*); कृत्रिम, अस्वाभाविक, बनावटी।

unnaturalness –निस् n. नृशंसता[F], पैशाचिकता[F]; कृत्रिमता[F], अनैसर्गिकता[F], अस्वाभाविकता[F], प्रकृति-विरुद्धता[F], अप्राकृतिकता[F], बनावटीपन।

unnaturalize –लाइज् v.t. देशीय न बनाना, अनु-कूल न करना; प्राकृतिक दशा[F]से दूर करना, अप्राकृतिक बनाना।

unnaturalized –ड a. अदेशीयकृत, अगृहीत (विदेशी,

विदेशी शब्द, पशु, प्रथा[F] इत्यादि)।

unnecessary –ने`'सिसॅरि १. n. अनावश्यक पदार्थ, आवश्यकता[F]से अधिक वस्तु[F]; २. a. निष्प्रयोजन, अनावश्यक, वृथा, आवश्यकता[F]से अधिक (*with ~ care, ~ delay*)।

unnerve –नर्व्' v.t. हतोत्साह करना, दुर्बल करना, शक्तिहीन कर देना, कमजोर करना; संकल्पसे विचलित कर देना, छक्के छुड़ा देना, बल निकाल देना, **औसान भुलाना** या उड़ाना, होश बिगाड़ देना, हिम्मत किरकिरी[F] कर देना।

unnerved –ड्' a. शक्तिहत, हतोत्साह, असमर्थ, बलहीन, दुर्बल, पस्तहिम्मत।

unnumbered –नम्'बॅर्ड् a. संख्यातीत, अगणित, असंख्य, अनगिनत, अनगिन, बेहद, बेशुमार, बे गिना हुआ; असंख्यांकित, असंख्यात, बेनम्बर, बेनिशान।

U.N.O.; uno United Nations Organizations.

unobservance –अॅब्ज़र्'वॅन्स् n. उपेक्षा[F], असावधानी[F], अचेतनता[F], लापरवाही[F], बेखबरी[F]।

unobserved –ब्ज़र्व्ड्' a. अलक्षित, उपेक्षित।

unobstructed –अॅब्स्ट्रक्'टिड् a. अप्रतिबद्ध, अरुद्ध, बेरोक (*~ heritage*)।

unobtrusive –अॅब्ट्रू'सिव् a. अधृष्ट, संकोची, झेंपू, शर्मीला।

unof. unofficial.

unoffending –अॅफ़ें'न्डिंग् a. निरीह, निर्दोष, निरपराध, अपकार-रहित, अपकारहीन, दोषरहित, सरल,सीधा।

unofficial –अॅफ़ि'शल् a. अक्रमिक, **अनौपचारिक; अनाधिकारिक, अशासकीय,** अमान्य, अनधिकृत, कार्यालय द्वारा अपुष्ट, कार्यालयसे असम्बद्ध, **गैरसरकारी;**
~ bill, ~ communication, ~ letter, ~ member, ~ observer, ~ translation.

unopposed –अॅपोज़्ड्' a. **निर्विरोध,** बेरोक।

unoriginal –अॅरि'जिनॅल् a. अनुकरणमूलक, अमौलिक, गृहीत, नकली।

unornamental –ऑर्नॅमे'न्टॅल् a. अनलंकृत, सादा; असुन्दर, भद्दा, भोंडा।

unowned –ओन्ड्' a.स्वामिहीन, अनधिकृत, लावारिस।

unpack –पैक्' v.t. (सन्दूक, पैकेज आदिका अथवा निर०) खोलकर सामान निकालना, निकालना, गठरी[F] खोलना; बोझ उतारना।

unpaged –पेज्ड्' a. अपृष्ठांकित।

unpaid –पेड' a. अवैतनिक, वे-तनख्वाह (*~ peon*); (वाणि०) **अदत्त** (*~ tax*); शेष, बकिया; अशोधित (*~ debt*); the great ~ अवैतनिक दण्डाधिकारी (मजिस्ट्रेट) या न्यायाधीश;
~ apprentice, ~ article, ~ bills, ~ clerk, ~ letter, ~ money-order, ~ seller, ~ stamp, ~ wages.

unpaired –पेअॅर्ड्' a. (जीव०) **अयुग्मित** (*~ fin*)।

unparalleled –पेरॅ'लॅल्ड् a. अप्रतिम, निरुपम, अनुपम, अपूर्व, अद्वितीय, अतुल्य, अतुल; अद्भुत, अनोखा, निराला, लासानी, बेनजीर।

unparental –पॅरे'न्टॅल् a. अपैतृक, मातृ-पितृ-स्वभाव-विरुद्ध, माता-पिताके अयोग्य।

unparliamentariness –पार्लॅमे'न्टॅरि-निस् n. असंसद्यता[F], असांसदिकता[F], संसद-मर्यादा-विरुद्धता[F], संसद-रीति-विरुद्धता[F], पार्लमेण्ट-नियम-विपरीतता[F]।

unparliamentary –रि a. **सदस्येतर; असंसदीय,** असांसद, असांसदिक, व्यवस्थापिका सभा[F]के नियम-विरुद्ध, खिलाफ दस्तूर पार्लियामेण्ट; *~ language* असंसद्य भाषा[F], असांसदिक भाषा[F],अश्लील भाषा[F],अशिष्ट भाषा[F]।

unpeg –पे'ग् v.t. खूँटी[F] हटाना, कील-काँटा निकालना, खोलना; ढीला करना।

unpeople –पी'पल् v.t. उजाड़ना, सूना करना, वीरान करना।

unphilosophical –फ़िलॅसॉ'फ़िकॅल् n. अदार्शनिक, दर्शनविरुद्ध, दर्शनशास्त्रके विषयमें अनभिज्ञ, दर्शनशास्त्रके सिद्धान्तोंके विपरीत या असंगत।

unpick –पिक्' v.t. (नोकदार वस्तु[F] या सलाई[F]से) उधेड़ना, टाँके खोलना (कपड़ेके)।

unpicked –ट्' a. (फूल) बिना चुने हुए, वे छँटे हुए, वे तोड़े हुए।

unpin –पिन्' v.t. पिन[F] निकाल देना, (पिन[F] निकालकर एक वस्तु[F]को दूसरी वस्तु[F]से) अलग कर देना,खोलना।

unplaced –प्लेस्ट्' a. अस्थित, अस्थानप्राप्त, अनियुक्त, न रखा हुआ (सूची[F] या घुड़दौड़[F]से)।

unplanned –प्लान्ड' a. अयोजनाबद्ध, अयोजित (*~ economy*)।

unplayable –प्ले'अॅबॅल् a. अक्रीड्य,खेलके अनुपयुक्त।

unpleasable –प्ली'ज़ॅबॅल् a. अप्रसाद्य, अप्रसादनीय, अतोष्य, अतोषणीय, जिसे खुश न किया जा सके।

unpleasant –ज़ॅन्ट् a. विरक्तिजनक, अप्रिय, अचारु, अप्रीतिकर, असुखद, बेमजा, बुरा, नागवार; ~ smell **दुर्गन्ध, बदबू।**

unpleasantness –निस् n. भ्रान्ति[F], असुखदता[F], अप्रीतिकरता[F], **अप्रियता**[F], आनन्दाभाव, अस्वादुता[F]; the last ~ ⊙ (अमेरिकी, हास्य०) गृहयुद्ध, अमेरिकी रियासतों[F]की खानाजंगी[F]।

unpleasing –ज़िंग् a. = UNPLEASANT.

unpointed –पॉइ'न्टिड् a. (भवन-निर्माण-सम्बन्धी) (ईंटों[F] या पत्थरोंके जोड़) बिना टीप[F]के, बिना मोखे हुए; (यहूदी इत्यादि भाषालिपियों[F]में) स्वर-चिह्न-रहित; अविराम-चिह्नांकित, बिन्दुहीन, कुन्द, बिना नुक्ते या शोशेका; अतीक्ष्ण, बेनोक।

unpolitical –पॅलि'टिकॅल् a. अराजनीतिक।

unpolarised –पोलॅराइज़्ड् n. (ऋतु०, भौ०) **अध्रुवीकृत, अध्रुवित** (*~ bursts, ~ light*)।

unpolled –पोल्ड्' a. अप्रदत्त, अदत्त, प्रदान न किया गया, न डाला हुआ, न दिया हुआ (*~ vote*); जिसका

वोट (मत) न पड़ा हो (~ *elector*)।

unpopular –पॉ'प्यूलॅर् a. अप्रिय, जनद्विष्ट, लोकगर्हित, लोकाग्राह्य, लोकाप्रिय, जनाप्रिय, अप्रसिद्ध, बदनाम।

unpopularity –लै'रिटि n. अप्रियता^F, अलोकग्राह्यता^F, जनाप्रियता^F, लोकाप्रियता^F, अप्रसिद्धि^F, कुख्याति^F, बदनामी^F।

unposted –पोस्'टिॅड् a. अनियुक्त; असूचित।

unpractical –प्रैक्'टिकॅल् a. (युक्ति^F, योजना^F, रीति^F, व्यक्ति आदि सम्बन्धी) अनभ्यस्त, अकार्यकर, व्यवहारातीत, अव्यवहार्य, अव्यावहारिक, अव्यवहारकुशल, बेकार।

unpracticality –कै'लिटि n. अव्यवहार्यता^F, अव्यावहारिकता^F, अव्यवहारकुशलता^F, अव्यवहारयोग्यता^F।

unpractised –'टिस्ट् a. अनभ्यस्त, अनभ्यासी, अननुभूत, अव्यवहृत, अनिपुण, अनभिज्ञ, अपटु, अकुशल, अनुभवरहित, अनुभवहीन, अनाड़ी।

unprecedented –प्रे''सिडे'न्टिॅड् a. अदृष्टपूर्व, अजातपूर्व, अज्ञातपूर्व, अभूतपूर्व, अपूर्व, नूतन, नवीन, नया, नवेला, अनोखा।

unpredictable –प्रि'डिक्'टॅबॅल् a. अपूर्वदृष्ट, अज्ञात, (का०) **अपूर्वानुमेय**, अप्रत्याशित।

unprejudiced –प्रे'ज्यूडिस्ट् a. निष्पक्ष, पूर्वग्रहरहित, पक्षपातशून्य, पक्षपातरहित, बेलाग।

unpremeditated –प्रि'मे''डिटेटिॅड् a. मन्तव्यरहित, अपूर्वयोजित, अकल्पित, अचिन्तितपूर्व, (शिक्षा०) **अचिन्तित**, अपूर्वकल्पित, अपूर्वचिन्तित, बे सोचा समझा।

unprepared –प्रि'पेअॅर्ड् a. अप्रस्तुत, असिद्ध, बिना तैयारी^F का (*found everything* ~); अनध्यात।

unpreparedness –'रिॅड्-निॅस् n. अप्रस्तुतता^F, असिद्धता^F, बेतैयारी^F; अनध्याततता^F।

unpresentable –प्रि'ज़े'न्'टॅबॅल् a. अनुपहार्य, अप्रदर्शनीय, अदर्शनीय, अशोभन, भद्दा, भोंडा।

unpresumptuous –प्रि'जम्प्'ट्यूअॅस् a. अधृष्ट, विनीत, विनयशील, वश्य, सरल, सादा।

unpretending, unpretentious –प्रि'टे'न्'डिंग्, –'शॅस् aa. सरल, प्रदर्शनशून्य, अप्रदर्शनप्रिय, प्रदर्शनरहित, नम्र, अदृप्त, दम्भहीन, सीधा-सादा, बे तूम-तड़ाक, बेबनावट, गरीब।

unpretentiousness –निॅस् n. अकपट, प्रदर्शनशून्यता^F, अप्रदर्शनप्रियता^F, प्रदर्शनराहित्य, सादगी^F।

unpriced –प्राइस्ट्' a. अमूल्यांकित, अमूल्यनिर्धारित, अनिश्चितमूल्य (~ *goods*)।

unprincipled –प्रिन्'सिपॅल्ड् a. सदसद्विवेकहीन, न्यायान्यायविवेचनाशून्य, दुर्वृत्त, दुराचारी, सदाचारशून्य, चरित्रभ्रष्ट, सिद्धान्तहीन, अधर्मी, बे-ईमान (~ *person*)।

unprized –प्राइज़्ड' a. अनादृत, अधृतमूल्य, बेकदर।

unproductive –प्रडक्'टिव् a. **अनुत्पादी, अनुत्पादक**, बंजर, ऊसर, (कृषि०) व्यर्थ, बेकार; अलाभकर; अयोग्य;

~ classes, ~ expenses, ~ labour, ~ land.

unprofessional –प्रॅफे'शॅनॅल् a. अव्यावसायिक, व्यवसायविगर्हित, अव्यवसायी, व्यावसायिक शिष्टाचार आदिके प्रतिकूल (*knows nothing of* ~ *matters*)।

unprofitable –प्रॉ'फ़िटॅबॅल् a. व्यर्थ, अलाभजनक, अहितकर, लाभहीन; ~ servants व्यर्थ भृत्य, अपने निश्चित कार्यसे अधिक न करनेवाले नौकर।

unprofitableness –निॅस् n. व्यर्थता^F, अलाभजनक, लाभहीनता^F।

unprofitably –लि adv. व्यर्थ।

unprogressive –प्रॅग्रे''सिव् a. अप्रगतिवादी, अप्रगतिशील, परिवर्तनविरोधी, अक्रियाशील।

unprogressiveness –निॅस् n. अप्रगतिशीलता^F, परिवर्तनविरुद्धता^F।

unprohibitive –प्रॅहि'बिटिव् a. अनिषिद्ध, वैध, उचित, मुक्त, अनुमत।

unprompted –प्रॉम्प्'टिॅड् a. स्वतोभूत, स्वतःकृत, अप्रेरित।

unprop –प्रॉप्' v.t. साहाय्यहीन करना, मदद छीनना; निराधार करना, निराश्रय करना, आसरा हटाना।

unpropped ⊙ –ट्' a. अनाश्रित, असहाय, बिना सहारेका।

unprovided –प्रॅवाइ'डिॅड् a. असंभृत, अप्रस्तुत, असम्पन्न, असज्जित, रिक्त, शून्य, खाली (धन इत्यादिसे)।

unprovoked –प्रॅवोक्ट्' a. (व्यक्ति या कार्य) अकारण, अनुत्तेजित, उत्तेजनाशून्य, उत्तेजनारहित; स्वतःकृत।

unpublished ⊙ –पब्'लिश्ट् a. गुप्त, अविज्ञापित, अप्रकाशित (पाण्डुलिपि^F इत्यादि)।

unquailing –क्वे'लिंग a. अचल, दृढ़, अडिग, अटल।

unqualified ⊙ –क्वॉ'लिफ़ाइड् a. अक्षम, **अनर्ह**, अविशेषित, अर्हताहीन, अनुपयुक्त, अयोग्यतासम्पन्न, **अयोग्य**, अगुणसम्पन्न, योग्यताहीन, नालायक (*am* ~ *to serve*); मुक्त।

unquestionable –क्वे'स्'चॅनॅबल् a. (का०) **प्रश्नातीत**, असन्दिग्ध, निःसंशय, निर्विवाद, निःसन्देह, **अशंक्य**, संशयरहित, अतर्कनीय; आपत्तिरहित।

unquestionableness –निॅस् n. असन्दिग्धता^F, निःसंशयता^F, निश्चिंतता^F; आपत्तिहीनता^F, निर्विवादता^F।

unquestionably –लि adv. निःसन्देह, निश्चय ही।

unquestioned –न्ड a. असन्दिग्ध, निर्विवाद; निश्चित, अविवादग्रस्त, बे-चूँ चपड़।

unquestioning –निंग् a. अविवादी, बे-चूँ-चपड़, ननु न च^F न करनेवाला (~ *obedience* etc.)।

unquestioningly –लि adv. निर्विवाद, बिना चूँ-चपड़^F के।

unquiet –क्वाइ'अॅट् १. a. उद्विग्न, विक्षुब्ध, विकल, आकुल, व्याकुल, अशान्त, अस्थिर, बेचैन (~ *spirit*); २. n. उद्विग्नता^F, विकलता^F, विक्षोभ, अशान्ति^F, अस्थिरता^F, बेचैनी^F; ३. v.t. उद्विग्न करना, बेचैन करना।

unquietude –'इट्यूड n. उद्विग्नता^F, विक्षोभ, विक्षुब्धता^F, विकलता^F, आकुलता^F, अशान्ति^F, अस्थिरता^F,

व्याकुलता^F, बेचैनी^F।

unravel -रै'वॅल् v.t. पृथक् करना, सुलझाना, अलग करना (धातु^F के तार या रेशे) खोलना, हल करना, उधेड़ना; (ला०) व्याख्या^F करना।

unrazored -रे'ज़ॅर्ड् a. असुण्डित, बे मुँड़ा।

unread -रे'ड् a. (पुस्तक^F इत्यादि) अपठित, अनपढ़ी, बेपढ़ी हुई; (व्यक्ति) निरक्षर, अपढ़, अनपढ़।

unready -रे'डि a. दीर्घसूत्री, अतत्पर, अप्रस्तुत, सुस्त, ढीला।

unreal -री'अॅल् a. अतथ्य, कल्पित, मायामय, आभासात्मक, अयथार्थ, अतथ्य, अतात्विक, अवास्तविक, अवास्तव, अमूर्तिमान्, असार, असत्य, असत्, दिखाऊ, नकली।

unreality -रि'ऐलिटि n. असत्ता^F, अतथ्यता^F, अतात्विकता^F; अविद्यमानता^F, अवास्तविकता^F, असत्यता^F, अयथार्थता^F।

unreason -री'ज़ॅन् n. युक्तिहीनता^F, तर्कहीनता^F, निर्बुद्धिता^F, मूर्खता^F, बेतुकापन।

unreasonable -नॅबॅल् a. अविवेकी, निर्बुद्धि, अयुक्तिसंगत, तर्कशून्य, बुद्धिविपरीत, अयुक्तियुक्त, अयुक्त, युक्तिहीन, अनुचित, बेतुका, बेजा, गैरमाकूल (~ *demands*); अपरिमित, अत्यन्त, बेहद, बेठिकाने, बहुत।

unreasonableness -निॅस् n. अयुक्तिसंगतता^F, युक्तिहीनता^F, विवेकहीनता^F, तर्कशून्यता^F, बेतुकापन।

unreasoned -न्ड् a. अतर्कित, तर्कशून्य, तर्करहित, तर्कहीन, अयुक्तियुक्त।

unreasoning -निंग् a. (शिक्षा०) **तर्कहीन,** तर्कशून्य।

unrecorded-रि'कॉर्'डिड् a. **अलेखबद्ध, अलिखित।**

unrecovered -रि'कॅ'वॅर्ड् a. रोगग्रस्त, अलब्धारोग्य; अप्राप्त।

unredeemable -रि'डी'मॅबॅल् a. (का०) **अमोच्य, अनिष्क्रेय।**

unredeemed -म्ड् a. अनुद्धारित, अपरिशोधित, असम्पादित; अमुक्त, अदत्त, बे छुड़ाया हुआ (दोष, ऋण, देयपत्र इत्यादि); अपरिपूर्ण, न पूरा किया हुआ, न दिया हुआ (वचन^F इत्यादि)।

unreel रील्' v.t. & i. पेचक या रील^F से तागा खोलना या खुल जाना।

unrefined -रि'फ़ाइन्ड् a. असंस्कृत, अपरिष्कृत, अपरिमार्जित, अशुद्धीकृत, अस्वच्छीकृत (~ *sugar*, ~ *manners*); अस्वच्छ।

unregistered -रे'जिस्टॅर्ड् a. अपंजीयित, अपंजीकृत; •(का०) **अरजिस्ट्रीकृत, बिना रजिस्ट्री^F;**

~ article, ~ company, ~ firm, ~ property.

unrehearsed -रि'हर्स्ट् a. अनभ्यस्त, बिना रिहर्सल-का; अप्रत्याशित, आकस्मिक।

unreined -रेन्ड् a. निरंकुश, उद्दाम, निर्यंत्रित, अपरिबन्ध, मुक्त, बेरोक।

unrejoicing -रि'जाएँ'सिंग् a. अप्रसन्न विषण्ण, उदास।

unrelieveable -रि'ली'वॅबॅल् a. अनुद्धार्य, अनुद्धारणीय, भार अथवा पीड़ा^F से मुक्त न होने योग्य, अमोच्य, अमोचनीय।

unrelieved -व्ड् a. अनुद्धारित, अकृतसाहाय्य, अपीड़ामुक्त, अमुक्तभार।

unremitting -रि'मि'टिंग् a. अनथक; अजस्र, सतत, नियत, अविराम, निरन्तर, लगातार, एकटक, बराबर (~ *care*, *exertions*)।

unremunerative -रि म्यू'नॅरॅटिव् a. अलाभकर, अलाभकारी, लाभहीन, लाभरहित; (अर्थ०) अनर्जक (~ *exports*);

~ lines, ~ scheme, ~ work.

unrequited -रि'क्वाइ'टिड् a. अप्रतिदत्त, अपरिशोधित, अपुरस्कृत, न लौटाया (~ *affection*)।

unreserve -रि'ज़र्व' n. असंकोच, अकपटता^F, खरापन, सफाई^F, साफदिली^F।

unreserved -ड् a. निस्संकोच, असंकोच, असंकोची, संकोचरहित, निष्कपट, अकपट, खरा, खुलकर मिलनेवाला (*an* ~ *nature, person*); अपूर्वरक्षित, असुरक्षित, अरक्षित (~ *seats*); अप्रतिबन्ध, बन्धनरहित, बिना शर्त^F (~ *compliance*); अशेष, निःशेष, सम्पूर्ण, पूर्ण, पूरा।

unreservedly -'विडलि adv. निःसंकोच, सफाई^F के साथ, बिना किसी कपट या दुरावके, खुलकर; असुरक्षित रूपमें; अप्रतिबन्ध, बिना शर्त^F।

unreservedness -निॅस् n. असंकोचशीलता^F, निष्कपटता^F, खरापन; अप्रतिबन्धता^F; अपूर्वरक्षण।

unresisting -रि'सिस्'टिंग् a. अरोधी, वश्य।

unresolved -रि'जॉल्व्ड् a. अपृथक्कृत; अनुभवहीन, अशिक्षित; अकृतसमाधान, अकृतसंकल्प, अकृतनिश्चय, अनिर्णीत, अनिश्चित, बिना हल किये (~ *problems*)।

unrespited -रे'स्'पिटिड् a. अनवरत, निरन्तर, लगातार।

unresponsiveness ⊙ -रि'स्पॉन्'सिव्-निॅस् a. (शिक्षा०) **अननुक्रियात्मकता^F।**

unrest -रे'स्ट् n. व्यग्रता^F, उत्कण्ठा^F, अशान्ति^F, विक्षोभ, गड़बड़^F, बेचैनी^F (*the* ~ *in Turkey*)।

unrestrained, unrestricted -रि'स्ट्रेन्ड्, -रि'स्ट्रिक्'टिड् aa. **असंयमित,** अनियंत्रित, निरंकुश, अनर्गल, उच्छृंखल, प्रतिबन्धरहित, निर्बाध, खुला, बेरोक (~ *speed*, ~ *rights*)।

unrhythmical -रिद्'मिकॅल् a. (सन्तोषजनक) आरोहावरोहसे रहित, लयरहित, ताल-विरुद्ध, तालरहित, बेसुरा।

unriddle -रि'डॅल् v.t. समस्या^F हल करना, सुलझाना; बुझौवल^F बताना, बूझना।

unrig -रिग्' v.t. (नौवि०) जहाजका पाल मस्तूल आदि अलग कर देना, रस्सियाँ^F खोलना।

unrighteous -राइ'चॅस् a. अधर्मिष्ठ, अधर्मनिष्ठ, अधार्मिक, अधर्मचारी, अधर्मी, असाधु, अनीतिचारी, अनीतिमान्, अन्यायी, पापाचारी, पापी, दुष्ट, बेईमान।

unrighteousness -निॅस n. अधार्मिकता^F, (दर्श०)

अनीतिपरायणता^F; अनीतिचारिता^F, अनीतियुक्तता^F, अन्याययुक्तता^F, असाधुता^F, पाप, दुष्टता^F, बेईमानी^F।

unrip –रिप्' v.t. उतारकर अलग डाल देना, काटकर या फाड़कर खोल देना; (ला०) प्रकट करना, खोलना।

unripe –राइप् a. अपक्व, कच्चा, हरा (~ *crop*); (ला०) अविकसित, अपरिपक्व, अवयस्क, नाबालिग; अनुभवहीनता^F।

unripeness –निस् n. हरितता^F, अपक्वता^F, कच्चापन; अपरिपक्वता^F, अवयस्कता^F, नाबालिगी^F।

unrivalled –राइ'वॅल्ड् a. अप्रतिम, अप्रतिद्वन्द्वी, अद्वितीय, निरुपम, अप्रतिरूप, अनुपम, अतुल्य, अनूठा, लाजवाब।

unrobe –रोब्' v.t. & i. वस्त्रहीन करना या होना, नंगा करना, अपने कपड़े उतारना।

unroll –रोल्' v.t. & i. प्रदर्शन करना; प्रकट करना; किसी लिपटी हुई वस्तु^F का खोलना या खुलना, (कपड़े आदिकी गठरी^F) खोलना।

unroot –रूट्' v.t. निर्मूल करना, जड़से उखाड़ना, हटाना, निकालना।

unroyal –राएॅल्' a. अनृपतिसुलभ, असम्राटोचित, असम्राट्सम, अराजोचित, राजविरुद्ध।

unroyally –लि adv. राजाकी मर्यादा^F के विरुद्ध।

U.N.R.R.A., UNRRA United Nations Relief and Rehabilitation Administration.

unruled –रूल्ड्' a. अशासित; अवशीकृत, बेलगाम; अरेखांकित, रेखाहीन (~ *paper*)।

unruliness –रू'लिनिॅस् n. अदम्यता^F, अशास्यता^F, अ-वश्यता^F, विधिहीनता^F, अराजकता^F, विद्रोहशीलता^F, विद्रोह।

unruly –लि a. अदम्य, दुरन्त, अशास्य, अबाध्य, अ-वश्य, उच्छृंखल, विधिरहित, नियमरहित, विद्रोही, बेलगाम, मुँहजोर।

unsaddle –सैं'डॅल् v.t. घोड़ेपरसे जीन^F उतारना (प्रायः निर०)।

unsafe –सेफ्' a. अनिष्कण्टक, आशंकास्पद, विपज्जनक, अनिर्विघ्न, भयास्पद, असुरक्षित, अरक्षित (~ *ship*), सभय, अनिर्भय, भयंकर, खतरनाक, (खतरे) जोखिम-वाला।

unsafely –लि adv. सभय, असुरक्षापूर्वक, खतरेके साथ।

unsafeness –निॅस् n. निष्कण्टकता^F, आशंकास्पदता^F, आशंकापूर्णता^F, भयास्पदता^F, भयंकरता^F, असुरक्षितता^F, खतरा।

unsaid –सेॅड्' a. अव्यक्त, अकथित, अनकहा, बिना कहा।

unsanitary –सैं'निटॅरि a. अस्वास्थ्यकर, रोगावह।

unsatisfactory –सैटिस्फैक्'टॅरि a. असन्तोषप्रद, असन्तोषजनक (~ *character*, ~ *position*)।

unsatisfied –'टिस्फ़ाइड् a. असन्तुष्ट, अतृप्त, बेमन; अनिश्चयपूर्ण; अविश्वस्त; अपूर्ण।

unsaturated –सैं'च्युअॅरेटिॅड् a. (रसा०, प्रा० भू०, यन्त्र०) **असंतृप्त** (~ *molecule*)।

unsaturation –रे'शॅन् n. (रसा०) **असंतृप्ति^F**।

unsavouriness –से'वॅरि-निॅस् n. स्वादहीनता^F, नीरसता^F, अस्वादिष्ठता^F, अस्वादुता^F, अचित्ताकर्षकता^F, अरुचिकरता^F, असुन्दरता^F।

unsavoury –वॅरि a. अचित्ताकर्षक, अरुचिकर, असुन्दर, स्वादहीन, नीरस, विस्वाद, स्वादरहित, अस्वादिष्ठ, अस्वादु, बेमजा, फीका, नागवार (*an ~ dish*)।

unsay –से' v.t. प्रत्याख्यान करना, कहेको अनकहा करना, (वक्तव्य अथवा शब्दोंको) वापस लेना, इन्कार करना, बात^F पलटना, मुकर जाना।

unsayable –'अॅबॅल् a. अकथ्य, अकथनीय, अवर्ण्य, अवर्णनीय, अकथ, न कहने योग्य।

unscalable –स्के'लॅबॅल् a. अनारोहणीय, अपार।

unscathed –स्केद्ड्' a. निष्कलंक, पवित्र, शुद्ध; अक्षत, अनाहत, क्षतरहित, बिना चोट^F।

unscientific –साइन्टि'फ़िक् a. **अवैज्ञानिक** (~ *induction*), अविज्ञानसम्मत, विज्ञानविरुद्ध, नियमविरुद्ध।

unscramble –स्क्रैम्'बॅल् v.t. **ध्वनि^F सुलझाना**।

unscreened –स्क्रीन्ड्' a. बे छना हुआ; अप्रच्छन्न, बेपर्दा, बिना आड़का, बे ओट^F।

unscrew –स्क्रू' v.t. पेच ढीला करना, खोलना।

unscriptural –स्क्रिप्'चुअॅरॅल् a. अशास्त्रीय, अशास्त्रोक्त, अशास्त्रसम्मत, शास्त्र-विरुद्ध, वेद-विरुद्ध, बाइबिल-विरुद्ध।

unscripturally –लि adv. शास्त्रके विरुद्ध, वेद या बाइबिलके विरुद्ध।

unscrupulous –स्क्रू'प्यूलॅस् a. असंकोची, अविनीत, निर्लज्ज, बेहया; अविवेकी, धर्माधर्म-विवेचना-शून्य, धर्माधर्म या न्यायान्याय-विचार-शून्य, सिद्धान्तशून्य, चरित्रहीन, असाधु, बेढब, बेईमान।

unscrupulously –लि adv. सिद्धान्तविरुद्ध; निस्संकोच, असावधानीसे।

unscrupulousness –निॅस् n. धर्माधर्मविचार-राहित्य, न्यायान्याय-विचार-शून्यता^F, सिद्धान्तशून्यता^F, असाधुता^F, चरित्रहीनता^F, बेढबपन, बेईमानी^F; संकोचहीनता^F, असावधानी^F, निर्लज्जता^F, असतर्कता^F।

unseal –सील्' v.t. (पत्रादिकी) मोहर^F तोड़ना, मोहर^F खोलना, मोहर^F दूर करना।

unseam –सीम्' v.t. बखिया^F उधेड़ना; खोलना।

unsearchable –सर्'चॅबॅल् a. दुर्लक्ष्य, अतर्क्य, दुर्ज्ञेय, अनन्वेषणीय, अगम, अपार।

unsearchableness –निॅस् n. दुर्लक्ष्यता^F, अतर्क्यता^F, दुर्ज्ञेयता^F, अनन्वेषणीयता^F।

unsearched –च्ड्' a. दुर्लक्षित, अतर्कित, दुर्ज्ञात, अनन्वेषित।

unsearching –'चिंग् a. दुर्लक्षी, अतर्की, दुर्ज्ञानी, अनन्वेषी।

unseasonable -सी'ज़नॅबॅल् a. अकालिक, असामयिक, बेमौसम (~ *rainfall*)।

unseasonableness -निॅस् n. अकालिकता^F, असामयिकता^F।

unseasoned -न्ड् a. अकालिक, असमय-जनित, बे मौसमका पैदा हुआ।

unseat -सीट्' v.t. अनासीन करना, स्थान-च्युत करना, जगह^F से हटाना, घोड़ेकी पीठ^F परसे गिराना; (M. P. अथवा पार्लियामेण्ट^F की सदस्यता^F से) च्युत करना, हटाना।

unseated a. अनासीन, आसन-च्युत, स्थान-च्युत, आसन-वंचित, आसनरहित; (पार्लियामेण्ट^F की सदस्यता^F से) च्युत, मेम्बरी^F से हटा हुआ।

unsectarian -सेॅक्टेअॅ'रिअॅन् a. उदार, असाम्प्रदायिक, साम्प्रदायिक सीमाओं^F से मुक्त।

unsectarianism -निज़्म् n. असाम्प्रदायिकता^F।

unsecured -सिॅक्युअॅड्' a. अप्रतिभूत, (का०) **प्रतिभूतरहित**, विना जमानत^F (~ *loan*); अरक्षित (~ *creditor*)।

unseeing -सी'इंग् a. विवेकशून्य, निरीक्षणशून्य, दृष्टिहीन; अन्धा; विचारहीन; असावधान।

unseemliness -सीम्'लिनिॅस् n. अश्लीलता^F, अशोभनता^F, अनौचित्य, अयोग्यता^F; असभ्यता^F, अविनय^F।

unseemly -लि a. असभ्य, अविनीत, अश्लील, अयोग्य, अनुचित, अयुक्त, लचर; अशोभन, बुरा।

unseen -सीन्' १. n. अपठित पाठ, अपठित; २. a. अदृश्य, अज्ञेय, अज्ञात, अलक्षित, अनवलोकित, अदृष्ट, अदृष्टपूर्व, अनदेखा (~ *passage*); the ~ जीवात्मालोक, अदृष्टलोक, प्रेतलोक।

unselect -सिॅलेॅक्ट्' a. मिश्रित, मिलाजुला।

unselfish -सेॅल्'फ़िश् a. अकाम्य, अस्वार्थदृष्टि, अलाभदृष्टि, अस्वार्थतत्पर, निःस्वार्थ, निःस्वार्थी, स्वार्थरहित, अस्वार्थी, निष्काम, बेगरज।

unselfishness -निॅस् n. निःस्वार्थता^F, स्वार्थहीनता^F, निष्कामभाव, अस्वार्थता^F।

unseptate -सेॅप्'टॅट् a. **पटहीन**।

unserviceable -सर्'विसॅबॅल् a. अनुप्रयोज्य, अप्रयोज्य, असेव्य, बेकार, निकम्मा, (रेल०) **बेकाम, नाकारा;**

~ article, ~ material, ~ store.

unset -सेॅट् १. v.t. न लगाना; २. a. न लगाया हुआ (फन्दा); न चढ़ा हुआ (नगीना); अव्यवस्थित, उखड़ा हुआ, न बिठाया हुआ (शरीरावयव, हड्डी^F इत्यादि); न डूबा (सूर्य)।

unsetted -'टिॅड a. (ऋतु०) **अनिश्चित**।

unsettle -सेॅ'टॅल् v.t. अव्यवस्था^F उत्पन्न करना, व्यवस्था^F बिगाड़ना, विचलित करना, अस्थिर करना, मस्तिष्कको विक्षुब्ध करना, दिनचर्या^F इत्यादिसे विचलित होना, उथलपुथल^F करना, गड़बड़^F करना, तरतीब^F बिगाड़ना (*holidays* ~ *me*)।

unsettled -ड् a. व्यग्र, अकृतव्यवस्थ, अजातव्यवस्थ, अव्यवस्थित, अनिर्णीत, अकृतनिश्चय, अनिर्धारित, अनिश्चित, अनवधारित, अनियमित, अनियत, अनियुक्त, विचलित, क्षुब्ध, आकुल, अस्थिर, डाँवाडोल; (भूमि^F) व्यवस्थाहीन, विना बन्दोबस्त।

unsettlement -ल्मॅन्ट् n. (भूमि^F का) अव्यवस्थापन; अनिश्चयन, अस्थिरीकरण।

unsex -सेॅक्स् v.t. यौन-विशेषताओं^F से वंचित करना, नारीत्व या पुरुषत्वका विलोप करना; (चि०) बन्ध्यकरण।

unshaken -शे'कॅन् a. अकम्पित, अविचलित, स्थिर, अटल, अडिग, पक्का।

unshapen -शे'पॅन् a. अरूप, कुरूप, विकृत, भोंड़ा, गन्दा, बदसूरत, बेशक्ल।

unship -शिप्' v.t. जहाजका मस्तूल वगैरह अपने स्थानसे हटाना; (परि०) (यात्रियोंको) **उतारना, हटाना**, जहाजपरसे सामान उतारना।

unshipped -ट्' a. स्थानच्युत, जगह^F से हटाया हुआ, जहाजसे उतारा हुआ।

unshoe -शू' v.t. जूता उतारना, घोड़ेकी नाल^F उखाड़ना।

unshorn -शॉन्'' a. अकर्तित (~ *sheep*, जिसकी ऊन^F बहुत बढ़ी हुई हो, कटी न हो)।

unshrinkable -श्रिन्'कॅबॅल् a. असंकोचनशील, न सिकुड़नेवाला (~ *flannel*)।

unshrinking -किंग् a. निःसंकोच, संकोचरहित, अकुण्ठित, निश्शंक, निर्भय, दृढ़, अटल, बेधड़क, निडर।

unsighted -साइ'टिॅड a. शून्यदृष्टि, असावधान (*the umpire was* ~ *when Jones was caught*); अदृष्ट, अदृष्टिगोचर, अप्रकट, ओझल, अनदेखा (*ship is still* ~); बिना मक्खी^F की, निशानेपर न बँधी हुई (~ *gun*)।

unsightliness -ट्'लिनिॅस् n. अशोभनता^F, कुरूपता^F, विरक्तिजनकता^F, घृणाजनकता^F, बदसूरती^F, भद्दापन।

unsightly -लि a. अप्रियदर्शन, अशोभन, कुत्सित, कदाकार, विशोभित, विरक्तिकर, कुरूप, विरूपदर्शन, घृणाजनक, बदसूरत, भद्दा।

unsized -साइज़्ड्' a. असज्जित, बेकलफ।

unskilful -स्किल्'फ़ुल् a. = UNSKILLED.

unskilfulness -निॅस् n. अपटुता^F, अनिपुणता^F, अकुशलता^F, कलाराहित्य, अशिक्षितता^F, गुणराहित्य, अनाड़ीपन।

unskilled -स्किल्ड्' a. **अकुशल**, अपटु, अनिपुण, ज्ञानहीन, कलारहित, अशिक्षित, गुणरहित, बेसीखा, अनाड़ी; **बेहुनर**; ~ labour (कृषि०) **असिद्धहस्त श्रमिक, अकुशल श्रमिक**, अपटु या अदक्ष श्रम, साधारण श्रम या श्रमिक, कलारहित मजदूरी या मजदूर, (अर्थ०) **मजदूर**।

uuslumbering -स्लम्'बॅरिंग् a. अनिद्रालु, अतन्द्रालु, न सोनेवाला; (ला०) सदा सतर्क, सदा सजग, चौकस।

unsnarl ⊙ –स्नार्ल् v.t. सुलझाना।
unsociable –सो'शॅबॅल् a. = UNSOCIAL.
unsociableness –निॅस् n. असामाजिकता^F, गैर-मिलनसारी^F।
unsocial –शल् a. असामाजिक, गैरमिलनसार।
unsolicited -सॅलि'सिटि'ड् a. (राज०) **अप्रार्थित** (~ *script*)।
unsolid –सॉ'लिड् a. अदृढ़, कच्चा; अवास्तविक, झूठा, नकली।
unsophisticated–सॅफ़िस्'टिकेटि'ड् a. ऋजु, निर्दोष, निश्छल, अकपट, सरल, सीधा-सादा, भोला; प्रकृत, अकृत्रिम, शुद्ध, विशुद्ध, मिश्रणरहित, बेमेल, खालिस।
unsophisticatedness –निॅस् n. निश्छलता^F, अकपटता^F, सरलता^F, सादगी^F, सीधापन, सिधाई^F, भोलापन; प्राकृत्य, अकृत्रिमता^F, शुद्धता^F।
unsound –सॉउन्ड्' a. अशुद्ध; अविश्वास्य, अविश्वसनीय, अस्वीकार्य; भ्रान्तियुक्त, दोषयुक्त, दोषपूर्ण, बेहूदा, गलत (~ *argument*); रोगी, अस्वस्थ, पीड़ित, बीमार; **विकृत**, खराब (~ *mind*); बिगड़ा हुआ, सड़ा-गला, सड़ा हुआ, निकम्मा (~ *fruit of ~ mind*); **चित्त-विकृति^F**, विक्षिप्त, अस्वस्थमन, उचाट।
unsounded –'डिॅड् a. अवादित, बे बजाया हुआ; अज्ञात (तल), अथाह, बे-थाह।
unsoundness –ड्'निॅस् n. अविश्वास्यता^F, अस्वीकार्यता^F; भ्रान्तिपूर्णता^F, गलती^F; अस्वस्थता^F, रोगलक्षण-युक्तता^F, विकार, दोष, विकृति^F, बीमारी^F; सड़ायँध^F, खराबी^F, सड़ा-गलापन।
unsparing –स्पेॲ'रिंग् a. उदार, मुक्तहस्त; निष्ठुर, निर्दय, क्रूर, दयारहित, जालिम, बेरहम; प्रचुर, अत्यधिक, अपरिमित, अनुमानातीत, अनुमानरहित, बे-अन्दाज (~ *praise*)।
unsparingness –निॅस् n. निर्ममता^F, निर्दयता^F, कठोरता^F, बेरहमी^F; अपरिमितता^F, प्रचुरता^F, अत्यधिकता^F, अनुमानातीतता^F।
unspeak –स्पीक्' v.t. शब्दोंको वापस लेना, कहेको अनकहा करना।
unspeakable –'कॅबॅल् a. अनिर्वाच्य, अनिर्वचनीय, अवाच्य, अवचनीय, शब्दातीत, अकथ्य, अकथ, वर्णनातीत, अवर्णनीय (~ *joys*); बहुत बुरा।
unspeakableness –निॅस् n. अवाच्यता^F, अवचनीयता^F, वर्णनातीतता^F, अवर्णनीयता^F, अकथ्यता^F, अकथनीयता^F।
unspent –स्पे'न्ट्' a. अव्ययित, अबीत; अप्रयुक्त; ~ balance बचत।
unsportsmanlike –स्पॉर्ट्स'मन्-लाइक् a. (बोल० *unsporting* भी) (बोल०) अपौरुष-सुलभ, पौरुषविरुद्ध; असौम्य; (सच्चे) खिलाड़ीके अनुपयुक्त।
unspotted –स्पॉ'टि'ड् a. निर्मल, स्वच्छ; (ला०) निष्कलुष, अकलुषित, निष्कलंक, कलंकरहित, बेदाग, बिना धब्बेका।
unsquared –स्क्वेॲड्' a. अवर्गीकृत; अव्यवस्थित, अक्रम; अरूप।
unstability –स्टॅबि'लिटि n. अस्थिरता^F।
unstable –बॅल् a. (स्थिति वि०, प्रा० भूगोल) **अस्थायी, अस्थिर;**
~equilibrium, ~ nucleus, ~ position.
unstaid –स्टेड्' a. = UNSTEADY.
unstained –स्टेन्ड्' a. अनभिरंजित, बेदाग; (ला०) निष्कलंक, अकलंक, अकलंकित, निर्दोष, निर्मल, साफ।
unstamped –स्टैम्प्ट्' a. **अमुद्रांकित, बे-मोहर^F, बे-टिकट, बिना स्टैम्प**, सादा (~ *letter*); अमान्यताप्राप्त (~ *deed*)।
unstatutable –स्टै'ट्यूटॅबॅल् a. अविधि-सम्मत, विधि-विरुद्ध।
unsteadfast –स्टे'ड्'फ़ॅस्ट् a. अस्थिर, चल, चलायमान, विचलित, धैर्यहीन, अधीर, कच्चा।
unsteadiness –स्टे'डिनिॅस् n. अस्थिरता^F, चंचलता^F, अधीरता^F, अदृढ़ता^F, दुर्बलता^F, कच्चापन।
unsteady –डि a. घूर्णनशील, गतिशील, सचल, परिवर्तनशील, विचलित, अनियमित, अदृढ़, अस्थिर, चंचल, धैर्यहीन, अधीर, डाँवाडोल, डगमगाता हुआ (*was ~ in his adherence*)।
unsteel –स्टील्' v.t. अदृढ़ करना, नम्र बनाना, ढीला करना, नरम बनाना (प्रस्ताव, व्यक्तिको)।
unstick –स्टिक्' v.t. चिपकी हुई चीज^Fको छुड़ाना, अलग करना, उखाड़ना।
unstitch –स्टिच' v.t. सीवन खोलना, टाँके उधेड़ना, बखिया^F उधेड़ना।
unstop स्टॉप्' v.t. काग खोलना, डाट^F खोलना; प्रतिबन्ध-रहित करना, बाधामुक्त करना, बाधा^F दूर करना, रुकावट^F दूर करना।
unstrained –स्ट्रेन्ड्' a. स्वतःनिःसृत, अकष्टप्रसूत, अनछाना; सरल, स्वाभाविक, अकृत्रिम, सहज; अकृष्ट, बे-तनाव, ढीला।
unstrap –स्ट्रैप्' v.t. पेटियाँ^F या तस्मे खोलना।
unstressed –स्ट्रे'स्ट्' a. बलरहित; प्रभावहीन।
unstriated ⊙ –स्ट्रिए'टि'ड् a. (चि०) अरेखित (~ *muscle*)।
unstring –स्ट्रिन्ग्' v.t. सूत्रहीन करना, शिथिल करना, लड़ी^Fमेंसे मोती या मनके निकालना; तार ढीला करना; (मोती इत्यादिमेंसे) सूत्र निकालना, धागा निकालना, धागा ढीला करना; नसें^F कमजोर करना, नसें^F ढीली करना (व्यक्ति इत्यादिकी)।
unstriped –स्ट्राइप्ट्' a. (जीव०) **अरेखित** (~ *muscle*) **अरेखी**।
unstrung –स्ट्रन्ग' a. ढीली, कमजोर (नसें^F)।
unstudied –स्ट'डिड् a. स्वतोभूत, सहज, स्वाभाविक, प्रकृत, प्राकृतिक, सरल, अपूर्वचिन्तित (~ *ease*); अनधीत।
unsubstantial –सॅब्स्टैन्'शल् a. अल्प, कमजोर, बहुत हलका या पतला, बहुत छोटा या थोड़ा (~ *air*);

निःसत्त्व, निर्जीव, काल्पनिक, निस्सार, असार, सारहीन, अवास्तविक, ख्याली (~ *visions*)।

unsubstantiality –ऐ'लिटि n. अल्पत्व; निःसत्त्वता^{F}, काल्पनिकता^{F}, निःसारता^{F}, अवास्तविकता^{F}।

unsubstantially –श्लि adv. अल्पतः; निःसारतापूर्वक।

unsubstantiated –शिएटि'ड् a. अपुष्टीकृत, प्रमाणरहित, बेसबूत (~ *rumours*)।

unsuccess –सॅक्से'स्' n. अकृतकार्यता^{F}, असफलता^{F}।

unsuitability –स्यूटॅबि'लिटि n. अक्षमता^{F}, अनुपयुक्तता^{F}, अननुकूलता^{F}, अनुपयोगिता^{F}, अयोग्यता^{F}, भद्दापन, बेडौलपन।

unsuitable –'टॅबॅल् a. अक्षम, अनुपयुक्त, अननुकूल (~ *locality*); अनुपयोगी, अयोग्य, अकार्यकर, अशोभनीय, बेमेल, बेडौल, भद्दा;

unsuitableness –निॅस् n. = UNSUITABILITY.

unsuited –टिड् a. अक्षम, अनुपयुक्त, अनुपयोगी, अयोग्य, अकार्यकर।

unsung –सन्ग्' a. (का०) अंगीत, न गाया हुआ; विस्मृत।

unsunned –सन्ड्' a. अनातपित, असूर्योद्भासित, बिना धूप^{F}का।

unsurmountable –सॅर्माउन्'टॅबॅल् a. अलंध्य, दुरतिक्रम्य।

unswayed –स्वेड्' a. अवशीकृत, अप्रभावित, अशासित।

unswear –स्वेॲर' v.t. शपथ^F लौटाना, शपथपूर्वक कही हुई बात^{F}का खण्डन करना या उसे वापस लेना।

unsworn –स्वॉर्न्' a. शपथमुक्त, अकृतशपथ, अशपथबद्ध (~ *oath, witness*)।

unsymmetrical –सिमे'ट्रिकॅल् a. अप्रतिसम, सम्मितिरहित, (रसा०) **असम्मित**, (~ *beam*), **असमान**, संगतिविहीन, सौष्ठवहीन, बेडौल, बेमेल, फूहड़।

unsymmetry –'मिॅट्रि n. असौष्ठव, असम्मिति^{F}, असुघरता^{F}, विसंगति^{F}, बेजोड़पन, बेडौलपन, बेढंगापन।

unsystematic –सिस्टिमै'टिक् a. अव्यवस्थित, अक्रम; योजनाहीन, गड़बड़।

untack –टैक्' v.t. अलग करना, खोलना (चपटी कीलों^{F}से जड़ी या रस्सों से बँधी हुई वस्तु^{F}को)।

untainted –टेन्'टिड् a. अदूषित, बेबू; अरंजित; निष्कलंक, अछूता; साफ, बेदाग।

untaught –टॉट्' a. नैसर्गिक, प्राकृतिक, जन्मजात, ईश्वरप्रदत्त; अपठित, अपुस्तकीय, बेपढ़ाया हुआ; (व्यक्ति, विद्यार्थी अथवा विषय इत्यादि) निरक्षर भट्टाचार्य, अशिष्ट, अशिक्षित, अपढ़, अनपढ़, मूर्ख, गँवार, उजड्ड, अक्खड़, जाहिल; बे-सिखाया हुआ।

untemperd –टे'म्'पॅर्ड् a. अप्रशमित (~ *mortar*); झाल उतारा हुआ (~ *metal*)।

untenantable –टे'नॅन्टॅबॅल् a. अनुपयोग्य; अनिवासयोग्य।

unthankful –थैन्क्'फुल् a. अकृतज्ञ, कृतघ्न।

unthaw –थॉ' v.t. & i. गरम करना या होना; पिघलना, पिघलाना, गलना, गलाना।

unthink –थिन्क् v.t. (किसी चीज^{F}का) विचार मनसे निकाल देना।

unthinkable –'कॅबॅल् a. कल्पनातीत, विचारातीत, अचिन्त्य, अविचार्य, अचिन्तनीय, अशोचनीय; (बोल०) सम्भाव्य, असम्भव, अनहोनहार।

unthinking –किंग a. अविवेकी, निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, असावधान, अविचारी, विचारहीन, चिन्ताहीन, लापरवाह, बे-परवाह, न सोचनेवाला, बेफिक्र।

unthought –थॉट्' a. अचिन्तित, विचारहीन, गम्भीर विचारोंसे शून्य, लापरवाह, बेपरवाह।

unthoughtful –फुल् a. विचारहीन, चिन्तनहीन, बेफिक्र।

unthread थ्रे'ड् v.t. (सुई^{F}से) धागा निकालना, ढीला करना; रास्ता पा लेना, (भूल-भूलैया^{F}मेंसे) निकालना।

unthrift थ्रिफ्ट्' n. (प्रा०) अपव्यय, अमितव्यय, फिजूल खर्च।

unthrone –थ्रोन्' v.t. सिंहासनच्युत करना, गद्दी^{F}से उतारना।

untidy –टा'इडि a. अव्यवस्थित, अक्रम, मलिन, मैला-कुचैला, गन्दा, ढीला ढाला।

untie –टाइ' v.t. ग्रन्थिमोचन करना, (गाँठ^F इत्यादि) खोलना, सुतली^{F} वगैरह खोलना (किसी पुलिन्दे, पैक की हुई वस्तु^{F} इत्यादिको); बन्धनोंसे मुक्त करना, रस्सी^{F}से बँधे हुए मनुष्यको खोलना, रिहा करना।

untied –ड्' a. बन्धनमुक्त, बन्धनरहित, खुला, ढीला।

until ॲन्टिल्' prep. & conj. जबतक, तक; इस हद^{F}तक; जबतक न (~ *you told me, I had no idea of it*)।

untimeliness अन्-टाइम्'लिनिॅस् n. असामयिकता^{F}।

untimely, untim(e)ous –लि, –'मॅस् (स्का०) १. a. अकाल, असामयिक, असमयोचित; २. adv. कुवेलामें, कुअवसर, कुसमय, असमय, बेमौके।

unto अन्'टु **Prep.** जहाँ तक कि, के प्रति, को, तक।

untold अन्-टोल्ड्' a. असन्दिष्ट, अनुक्त, अव्यक्त, अकथित, अप्रकट, अकथ, बिन कहा (~ *misery*); अनिवेदित, अकथित, अवर्णित, असूचित; गूढ़, छिपी हुई; असीम, अपार, निरनुमान, संख्यातीत, असंख्य, अगणित, अगण्य, निःसीम, बेहद, बेहिसाब।

untouchability –टचॅबि'लिटि n. **अस्पृश्यता^{F}**; अछूतपन; **छुआछूत^F**।

untouchable –'चॅबॅल् १. n. अस्पृश्य, हरिजन, अछूत; २. a. अस्पृश्य, अछूत।

untouched –चड्' a. अस्पृष्ट, अछूत।

untoward –टोॲर्ड्' a. हतभाग्य, अभागा; दुर्दम, अशिष्ट, अभद्र, उग्र, अबाध्य, धृष्ट, हठी, दुष्ट, उत्पाती, ऊधमी, चिड़चिड़ा, जिद्दी, सिरफिरा (*an ~ generation*); (चि०) अनपेक्षित, कुत्सित, असमयोचित, भद्दा, बुरा, बेमौका (*an ~ accident* or *symptom*)।

untowardliness –लिनि॑स् n. उग्रता^{F}, उत्पात, बुराई^{F}।

untowardly –लि a. अशिष्ट, असभ्य, गँवार; विपरीत, उल्टा।

untowardness –नि॑स् n. हतभाग्यता^{F}, अभागापन; दुर्दमता^{F}, अशिष्टता^{F}, उग्रता^{F}, अबाध्यता^{F}, धृष्टता^{F}, हठीपन, दुष्टता^{F}, उत्पातिता^{F}, ऊधमीपन, चिड़चिड़ापन।

untractable –ट्रै॑क्'टॅबॅल् a. = UNWORKABLE.

untrained –ट्रेन्ड्' a. अनिपुण, अपटु, अकृताभ्यास, अप्रशिक्षित, अशिक्षित (*~staff*); अविनीत।

untransferable –ट्रैन्स्'फ़र॑ॅबॅल् a. अहस्तान्तरणीय, अस्थानान्तरीय।

untravelled –ट्रै॑वॅल्ड् a. अपर्यटित, अभ्रमित, अछूता (देश)।

untried –ट्राइड्' a. अपरीक्षित, कोरा, अनसुना (मुकदमा, व्यक्ति); अप्रमाणित; अनुभवशून्य, अनुभवहीन, कच्चा।

untroubled –ट्रबॅल्ड्' a. अव्यथित, अक्लेशित, अपीड़ित, अदुःखी; अविक्षुब्ध, अनालोड़ित, प्रशान्त, शान्त, स्थिर।

untrue –ट्रू' a. अप्रकृत, अयथार्थ, अतथ्य, असत्य, अवास्तविक, मिथ्या, तथ्यविरुद्ध, अवास्तव, झूठा; श्रद्धाहीन, बेईमान (सिद्धान्त इत्यादिके प्रति); स्वरभ्रष्ट या विचलित।

untrustworthy, untrusty –ट्रस्ट्'वर्दि, –ट्रस्'टि aa. अविश्वास्य, अविश्वासयोग्य; अविश्वस्त।

untruth –ट्रूथ्' n. मिथ्यात्व, मिथ्या, अयथार्थता^{F}, असत्यता^{F}, झूठ (*the manifest ~ of this statement*)।

untune –ट्यून्' v.t. बेसुरा करना, बेताल करना (शा० एवं ला०)।

unturned –टर्न्ड् a. अनूर्ध्वकृत, न उलटा हुआ, अछूता, (*leave no stone ~*)।

untutored –ट्यू'टॅर्ड् a. अकृताभ्यास, अशिक्षित, बे सिखाया हुआ।

untwine –ट्वाइन् v.t. वल हटाना, उधेड़ना, खोलना, अलग करना, सुलझाना।

unused –यूज़्ड्' a. **अप्रयुक्त, बिना इस्तेमाल किया** (*~ ticket*)।

unusual –यू'ज़ुॲल् a. विलक्षण, असामान्य, **असाधारण**, अपूर्व, विरला, निराला, अनोखा;
~ bay, ~ disease, ~ invoice, ~ laxity, ~ mail.

unusuality, (क्र०) **unusualness** –ऐ॑लिटि, –ज़ुॲल्-नि॑स् nn. विलक्षणता^{F}, असाधारणता^{F}, निरालापन, अनोखापन, विरलापन।

unusually –लि adv. असाधारणतया, असामान्य रूपसे; बहुत अधिक।

unutterable –अ॑टॅरॅबॅल् a. अवाच्य, अवक्तव्य, अनुच्चार्य, अकथ्य, अवर्णनीय, अकथ, बयानसे बाहर (*~ torment*)।

unvalued –वै॑ल्यूड् a. अकृतमूल्यांकन, अकृतमूल्यानुमान, अनर्हित (*~ policy*); उपेक्षित, अमान्य, अमूल्य, बेकद्र।

unvarnished –वार्'निश्ट् a. अरंजित, सादा, बेरोगन, बेवार्निश, बिना वार्निश^{F} किया हुआ (*~ surface*); (ला०) यथातथ्य, सीधा-सादा, सही-सही (*~ facts*)।

unveil –वेल्' v. t. & i. अवगुण्ठनमुक्त करना, अनावृत करना, अनाच्छादित करना, आवरण हटाना, प्रकाश करना, घूँघट उठाना, नकाब हटाना; अनावरण करना, (किसी ढकी हुई चीज^{F}का समारोहके साथ पर्दा) उठाना (मूर्ति^{F} इत्यादिका), खोलना।

unveiling –'लिंग् n. अनावरण।

unversed –वर्स्ट्' a. अदक्ष, अपटु, अनिपुण, अकुशल (किसी कार्य इत्यादिमें)।

unvoiced –वाइस्ट्' a. अघोष (*~ consonants*), अनुच्चरित, अनुक्त, अव्यक्त, अकथित (ध्वनि या भाव)।

unvote –वोट्' v.t. राय^{F} देनेके बाद उसे वापस ले लेना; मत प्रदान करनेके पश्चात् उसे रद्द करना या लौटा लेना।

unvouched –वॉउच्ड्' a. समर्थनरहित, अपुष्ट; बेजमानत।

unwanted –वॉन्'टि॑ड् a. अनभीष्ट, अवांछित, अनिच्छित, अनावश्यक (*~ cloth*)।

unwarrantable –वॉ'रॅन्टॅबॅल् a. अविहित, अवैध, अन्यायसंगत, असमर्थनीय, अनुचित, न्यायविरुद्ध, अनुपयुक्त, बेजा; अप्रमाण्य।

unwarrantableness –नि॑स् n. अविहितता^{F}, अनौचित्य, अवैधता^{F}, अन्यायसंगति^{F}, असमर्थनीयता^{F}, अनुपयुक्तता^{F}, अयोग्यता^{F}; अप्रमाण।

unwarranted –टि॑ड् a. अप्रत्याभावित, प्रत्याभूतिरहित, अननुमत, अनुमतिरहित, अयुक्तियुक्त, अवैध, अनभीष्ट, अनधिदिष्ट, विधिरहित, विधिहीन, अनुचित, अकारण, नाजायज, बेवजह।

unwashed –वॉश्ट्' a. अप्रक्षालित, अधौत, अस्नात, मलिन, मैला, बे धुला हुआ; the great ~ जनसाधारण; निम्नतम जनता, निम्नतम श्रेणी^{F}के लोग।

unwatered –वॉ'टॅर्ड् a. असिंचित, अजलसिक्त, जलवंचित, जलरहित, जलहीन, अजलमिश्रित, जलशून्य, निर्जल, बिना पानी, खालिस, बेपानी मिला (*~ milk*); सूखा।

unwearying –वीॲ'रिइंग् a. अनवरत, निरन्तर, अविचलित, अश्रान्त, अक्लान्त, अथक, अनथक, लगातार, न थकनेवाला (*~ efforts*)।

unwearyingly–लि adv. अनवरत, निरन्तर, अनथक, लगातार।

unweave –वीव्' v.t. (बुनेहुए धागोंको अलग-अलग करना, (बुनावट^{F}के सूतोंको) उधेड़ना।

unwed –वॅ॑ड्' a. एकाकी, अकेला; अपरिणीत, अविवाहित।

unwedded –'डि॑ड a. = UNWED.

unwelcome –वॅ॑ल्'कॅम् a. अप्रिय, अवांछनीय

(~ *consequence*)।
unwell –वे'ल a. अस्वस्थ, पीड़ित, मन्द, असुखी, बीमार, अनमना; (स्त्रीF) कपड़ोंसे, मासिक धर्ममें।
unwept –वे'प्ट् a. (भाषण०, का०) अक्रन्दित, अविलापित, अशोचित, अरोदित।
unwholesome –होल्'सम् a. अस्वास्थ्यप्रद, अपथ्य, अपौष्टिक (~ *food*); अनुपयोगी, अनुपयुक्त; अपुष्ट, अदृढ़, अस्वस्थ (~ *animal*); हानिप्रद, अहितावह, नुकसानदेह।
unwholesomeness –निस् n. अनुपयोगिताF, अनुपयुक्तताF; अपुष्टताF, अदृढ़ताF; हानिप्रदताF, नुकसानदेहीF।
unwieldiness –वील्'डिनिस् n. कष्टसाध्यताF, विकटताF, दुर्वहताF; भद्दापन, भारीपन, बोझिलपन; असुन्दरताF, टेढ़ापना।
unwieldy –डि a. दुःसाध्य, दुर्ग्राह्य, दुर्वह, सहजमें न चलाने योग्य (भार, आकृतिF, आकार इत्यादिके कारण); प्रकाण्ड, सौष्ठवहीन, असुन्दर, स्थूल, भारी, विरूप, भद्दा, टेढ़ा, बोझिल, बेडौल।
unwill –विल् v. t. (जिस बातFकी वसीयतF की है उसका) खण्डन करना या उससे विमुख होना, वसीयतF मंसूख करना; पूर्व-इच्छित वस्तुFके विपरीत चाहF करना।
unwilling –लिंग् a. विमुख, अनिच्छुक, असम्मत, असहमत, बेदिल (कोई कार्य करनेको)।
unwillingness –निस् n. विमुखताF, (राज०) अनिच्छाF, अनिच्छुकताF, असम्मतिF, असहमतिF।
unwind –विन्ड्' v.t. & i. लिपटी हुई चीजFका खोलना या खुलना, उघाड़ना, उधेड़ना, उधड़ना।
unwinking –विन्'किंग् a. सतर्क, सजग, चौकस, चौकन्ना, सावधान, होशियार, बिना झपके।
unwisdom –विज्'डम् n. अविवेक, अबुद्धिF, विवेकहीनताF, बुद्धिहीनताF, अबुद्धिमत्ताF, मूर्खताF, बेवकूफीF।
unwise –वाइज् a. अविवेकी, जड़बुद्धि, अज्ञ, निर्बुद्धि, अपण्डित, अज्ञानी, मूढ़, बुद्धिहीन, मूर्ख, बेवकूफ, बेअक्ल।
unwished –विश्ट a. अनिच्छित।
unwitting –वि'टिंग् a. अज्ञान; अजान।
unwittingly –लि adv. अज्ञानता, अजाने।
unworkable –वर्'कबल् a. अकृत्य, असाध्य; अकृष्य (~ *soil*)।
unworldliness –वर्ल्'ड्लिनिस् n. (दर्श०) असांसारिकताF।
unworldly –लि a. अलौकिक, अपार्थिव, आध्यात्मिक; असांसारिक (~-*minded* etc.)।
unworn –वॉर्न्' a. अपरिहित, अप्रयुक्त, अकृतोपयोग, अशीर्ण, अधारित, बे घिसा हुआ, बे पहना हुआ (कपड़ा)।
unworthiness –वर्'दिनिस् n. अपात्रताF, कुपात्रताF, अशोभनताF, अनधिकारिताF, अनौचित्य, अनुपयुक्तताF, अयोग्यताF, गुणहीनताF, नालायकीF।
unworthy –दि a. अनर्ह, अपात्र, कुपात्र, अशोभन, अनुपयुक्त, अनधिकारी, अनुचित, अयोग्य, निर्गुणी, अगुणी, गुणहीन, योग्यतारहित, नालायक।
unwritten –रि'टन् a. मौखिक, परम्परागत, अलिखित, (~ *law*), बिना लिखा, बेलिखा, जबानी (~ *constitution*)।
unwrung –रन्ग् a. बेमरोड़ा हुआ।
unyielding –यील्'डिंग a. अनमनीय, अ-वश्य, दृढ़, कठोर, अटल, हठी, बेलोच, कड़ा, सख्त, न दबनेवाला।
unyoke –योक् v. t. & i. जुआ हटाना; मुक्तिF देना, स्वतन्त्र कर देना, छुटकारा देना; अलग करना; (ला०) काम बन्द कर देना।
unzoned –ज़ोन्ड् a. असीमित, असीम; अविभाजित।
U.O. unofficial.
U.P. United Presbyterian; United Press; Uttar Pradesh (*prev.* United Provinces).
up- उत्-, ऊर्ध्व-, उपरि- (~*bear*, ~*borne*, ~*growth*, ~*heaval*, ~*lift*, ~*root*, ~*throw*); ऊपर, के ऊपर (~*board*, ~*hill*, ~*stairs*); उच्च, उन्नत (~*land*, ~*right*)।
up* अप् १. n. उन्नतिF, उन्नत स्थितिF, उन्नत अवस्थाF, उन्नत स्थान, ऊँचाईF (*on the* ~); (रेल०) T.; २. v.i. (बोल० एवं बोलीF) उठ खड़े होना, उठ जाना (*he* ~*s and says*); उठा लेना (*he* ~*ped with his fist*); ३. a. उच्च*, ऊपरी अपर (~ *stroke*); ४. adv. यहाँ तक, यहाँपर, इस स्थानपर; (*child came* ~ *and asked me the time*); ऊर्ध्व, उच्च, उच्च (तर) (स्थान, स्थितिF, मात्राF, अंश, परिमाण, मूल्य इत्यादिमें), ऊपर*, ऊपर तक, ऊपरको, ऊपरकी ओर (*bird flew* ~ *to the eaves*); सीधा खड़ा; (ला०) सजग होकर, होशियारीFसे स्थितिFमें (*sprang* ~ *from his seat*); सुरक्षित रूपसे, पूरी तरह, अच्छी तरह (*eat* ~); बिलकुल; ५. prep. ऊपर, पर, उच्चतर स्थानपर, ऊँचाईF की दिशाFमें (*climbed* ~ *the ladder*); ~ and-coming ⊙ खूब जागता हुआ; ~ direction (रेलवेF) उपदिशाF; ~ line उपदिशापथ; ~ swing ⊙ विकास, उन्नतिF; *a hundred* ~. सौ अंक या नम्बर पूरे हो गये (किसी खेलमें नम्बरोंके तख्तेपर); *am not* ~ *to travelling* मैं यात्राFके योग्य नहीं हूँ; *beer is* ~ बीयर (शराबF) की तेजीF जाती रही; *corn is* ~ अनाज महँगा (तेज) हो गया है; *have looked for it* ~ *and down* इसके लिए प्रत्येक दिशाFमें खोजFकी; *his blood is* ~ उसका क्रोध या कोई संवेग उत्तेजित हो गया है, उसे जोश या गुस्सा आ गया है; *hunt* ~ शिकार खोज लेना; *is well* ~ *in mathematics* वह गणितमें पटु (दक्ष) है; *it is all* ~ *with him* वह निराशाजनक परिस्थितिFमें है, उसकी दशाF निराशापूर्ण है, उसके मामलेमें कोई आशाF नहीं है; *it is* ~ *to us* यह हमारा कर्त्तव्य है, हमारा काम है, हमारे जिम्मे है; *lives* ~ *to his income* वह अपनी सारी आयF खर्च कर देता है; *on the* ~-*and*-~ ⊙ विकासशील, सुधरनेवाला; *save* ~ एकत्रित करना,

बचा रखना; *speak* ~ जोरसे बोलो; ~ *against a hard job* एक कठिन कार्यमें लगा हुआ है; ~ *hill and down dale* ऊपर-नीचे—सर्वत्र; ~*s and downs* उत्थान-पतन, उन्नति-अवनति^F, सुदिन-कुदिन, भाग्य आदिका उलट-फेर; ऊबड़-खाबड़ जमीन^F; ~ *with it* इसे उठाओ; ~ *with you* उठो खड़े हो; *what is* ~ ? क्या हो रहा है, क्या है ? *whole of the west was* ~ सारे पश्चिममें विद्रोह हो गया;

~-anchor, ~beat, ~build, ~cross, ~ direction, ~line, ~side, ~-state, ~swing, ~ trend, ~ yard.

U.P.A. United Press of America.

upas यू'पॅस् n. (~-*tree* भी) विषवृक्ष, जावा देशके अनेक विषैले वृक्षोंका नाम, उपास; इस वृक्ष और अन्य वृक्षोंका विषाक्त रस; (ला०) विनाशक प्रभाव, विनाशकारी कार्य, दुराचरण इत्यादि।

upbeat अप्-बेअॅर् v. t. ऊपर उठाये रखना, सम्हाले रहना; सहन करना, सहना, झेलना, उठाना।

upborne –बॉर्न् a. ऊपर उठाया हुआ।

upbraid अपॅब्रेड्' v. t. (*with, for* के साथ) भर्त्सना^F करना, तिरस्कार करना, झिड़कना, फटकारना, डाँटना (किसी व्यक्ति इत्यादिको, किसी भूल^F इत्यादिके लिए)।

upbraiding –'डिंग् १. n. भर्त्सना^F, झिड़की^F, डाँट-फटकार^F, लानत-मलामत^F; २. a. भर्त्सनाकारी।

upbringing अप्-ब्रिन्'गिंग् n. लालन-पालन या शिक्षादान, पालन-पोषण, शिक्षा^F।

U.P.C. Under Postal Certificate.

upcast अप्-कास्ट्' n. (यन्त्र०) **उत्कूपक**; ऊर्ध्वगत निक्षेप, उछाल^F, फेंक, ऊपर फेंका जाना या फेंकना, (खान^F की खुदाई^F में) खान^F का वायुमार्ग, हवा^F के बाहर निकालनेका रास्ता; तिरस्कार।

up-country अप्-कन्'ट्रि a. देशाभ्यन्तर, अन्तर्प्रदेशीय, अन्तर्वर्ती (~ *districts*)।

up-end अप्-ऍन्ड्' v. t. सिरेके बल टिकाना; v. i. उठ बैठना, उठ खड़े होना।

upgrade अप्-ग्रेड्' १. n. **पदोन्नति^F**; २. v. t. पदोन्नति करना, **उन्नत करना**, ऊँचा उठाना; दर्जा बढ़ाना।

upgraded –'डिड् a. **दरजा बढ़ाया गया**।

upgrading –'डिंग् n. क्रमोन्नयन, (क्रि०) **उन्नयन, पदोन्नति^F करना**, क्रमोन्नत करना, ऊँचे दर्जेमें लाना, दर्जा बढ़ाना, ऊँचा करना, **ग्रेड बढ़ाना**।

upgrowth अप्-ग्रोथ्' n. प्रस्फुटन, बर्द्धन, विकास, उभार; विकसित होने या उभरनेवाली वस्तु^F।

upheaval अप्-ही'वॅल् n. (आधु०) उत्तोलन या उत्क्षेपण, (प्रा० भू०) **अभ्युत्थान**, उत्थान, उभार, उठान^F; भूपृष्ठके कुछ भागका उभार; (ला०) विप्लव, समाज आदिमें महान् परिवर्तन, उथल-पुथल^F।

upheave –व्' v.t. & i. (प्रा०) स्फीत करना, उन्नोलन करना, उठाना, उभारना, ऊपर उठाना, उभर आना।

verificatory –'रिफ़िकॅटॅरि a. सत्यापी, सत्योद्घाटक, सत्यनिरूपक, यथार्थप्रतिपादी, समर्थनकारी।

verified –फ़िड् a. सत्यापित, प्रमाणित, समर्थित (~ *claim, copy*); मिलाया हुआ (~ *account*)।

verifier –फ़ाइऍर् n. **सत्यापक**, सत्योद्घाटक, सत्य-निरूपक, यथार्थ-प्रतिप्रादक, सच्चाई^{F}की छानबीन^{F} या जाँच^{F} करनेवाला।

verify –इ v.t. (का०, ग०) **सत्यापन करना**, सत्य-साधन करना, सत्यस्थापन करना, सत्य प्रमाणित करना, सत्यनिरूपण करना, सत्योद्घाटन करना, सत्यान्वेषण करना, यथार्थ खोजना, **जाँचना**, **जाँच^{F} करना**, सच्चाई^{F}-की छानबीन^{F} करना; मिलाना, मिलान करना (*must ~ his figures*); (कार्य और घटना^{F}का) पूर्ण करना, पूरा करना, भरना; सिद्ध करना, सत्याकार करना, समर्थन करना; हलफनामामें पुष्टि^{F} करना, तसदीक कराना।

verifying –इंग् a. सत्यापी, सत्यापनकारी (~ *officer*)।

verily वे''रिलि adv. (प्रा०) वस्तुतः, सत्य, सच, सचमुच, यथार्थमें, वास्तवमें, निश्चय ही, अवश्य, दरअसल, जरूर।

verisimilar वे'रिसि'मिलॅर् a. सत्यवत्, सत्य-सदृश, सत्याभासी, सत्यसम, सम्भव, यथार्थकी तरह, सच-सा।

verisimilitude –'लिट्यूड् n. सत्याभास, सत्य-सादृश्य, सम्भावना^{F} (*the ~ of the tale*); सत्य होनेकी हवा^{F}, अफवाह^{F}।

veritable वे''रिटॅबॅल् a. प्रकृत, वास्तविक, यथार्थ, सत्य, ठीक-ठीक, सचमुचका (*the ~ boon*)।

veritas वे'रिटॅस् n. फ्रांसीसी पोत-पंजी^{F}; (का०) **सत्य**।

verity वे''रिटि n. सत्य, सत्यता^{F}, यथार्थता^{F}, वास्तविकता^{F}, सचाई^{F}; सत्य प्राक्कथन, सच्चा बयान; सत्य वस्तु^{F}, वास्तविक पदार्थ, यथार्थ बात (*these things, alas! are ~ies*); *of a ~* (प्रा०) यथार्थतः, वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच, ठीक ही।

verjuice वर्'जूस् n. अम्लद्राक्षारस, खट्टे अंगूरोंका अम्ल, सिरका; (चि०) कच्चे फलोंका रस।

verjuiced –ट् a. अम्लद्राक्षामय, खट्टे अंगूरोंके अम्लसे मिश्रित, सिरकेवाला।

vermeil वर्'मिल् n. (नारंगी रंगका) लाल मणि; चाँदी^{F}का मुलम्मा; (मुलम्मेपर लगाया जानेवाला) रोगन, वार्निश^{F}; (का०) सिन्दूर, ईंगुर; लालरंग, सिन्दूरी रंग।

vermeology–ऑ'लॅजि n. (अप्र०) = HELMINTHOLOGY.

vermi- कृमि-, कीट- (*~cide, ~form, ~fuge, ~fugal, ~grade, ~vorous*)।

vermian वर्'मिअॅन् a. शलभीय, कृमि-विषयक, कीट-सम्बन्धी, कीड़ेका; शलभवत्, कृमि-सदृश, कीट-सदृश, कीड़े-जैसा।

vermicelli वर्मिसे''लि n. नालाशिका^{F}, सेव, सिवैयाँ^{F}।

vermiceous वर्मि'शॅस् a. शलभीय, कृमि-विषयक, कीट-सम्बन्धी, कीड़ेका।

vermicidal वे'र्मिसाइ'डॅल् a. कृमिनाशी, कृमिनाशक-ओषधि-सम्बन्धी, कीटान्तक दवाका।

vermicide –मिसाइड् १. n. (चि०) (आन्त्रस्थ) कृमिघ्न ओषधि^{F}, कृमिनाशक ओषधि^{F}, कीटान्तक दवा, कीटमार; २. a. कृमिघ्न, (कृषि०, चि०) **कृमिनाशी**, कीटमार।

vermicular वॅर्मि'क्यूलॅर् a. (चि०) कृम्याकार, कृमिल, कृमि सदृश, कृमिवत्, कीटसदृश, कीटकाकार, कीड़ेकी तरहका; कीट-भक्षी-सा, कृमिभोजी-सा, कीड़े-खोर-सा; घना लहरियादार, बनी लहरदार रेखावाला; ~ motion (चि०) आन्त्रका परिसर्पण।

vermiculate –लॅट् a. (वन०) **कृमिरूप**, **कृमिवत्** = VERMICULAR.

vermiculated –टिड् a. (चि०) कृमिसर्पण मार्गसम चिह्नित।

vermiculation –ले'शॅन् n. कीटाक्रान्त होना, कीटाकीर्ण होना, कीड़ा लगना, कीड़े द्वारा खाया जाना; कीटमें परिणत होना, कीड़ा हो जाना, कीड़ेमें बदल जाना; कृमिगति^{F}; कीटगति^{F}, कृमि-सदृश गति^{F}; (स्था०) **कीड़ेदार गढ़ाई**; कीटयुक्त अवस्था^{F}, कुलबुलाहट^{F}; (चि०) कृमिसर्पण सदृश चिह्नांकित होना; कृमिसर्पण सदृशगति^{F}, आन्त्रपरिसर्पण गति^{F}।

vermicule –क्यूल् n. कृमिक, छोटा-कृमि, छोटा कीड़ा।

vermiculite –लाइट् n. कृम्यभ्रक, कीटाभ्राश्म, T.।

vermiculous –लॅस् a. कृमीय, कृमि-विषयक, कीट-सम्बन्धी; कृमिवत्, कीट-सदृश; कृमियुक्त, कीड़ेदार।

vermiform वर्'मिफ़ार्म् a. कृमिरूप, कृम्याकार, कीटकाकार, कीड़ेके आकारका (~ *appendix*)।

vermifuge –फ़्यूज् a. & n. (कृषि०, चि०) कृमिनिस्सारक, कृमिनाशी, (कृषि०) **कृमिहारक**, कृमिहर, कृमिघ्न औषध^{F}, कृमिनाशक दवा^{F}, कीटमार।

vermigrade –मिग्रेड a. कृमिगामी, कीड़े-जैसा रेंगनेवाला।

vermilion[1] वॅर्मि'ल्यॅन् n. कीटवर्ण; रक्त हिंगुल, (रसा०) **सिन्दूर**, सेंदुर, ईंगुर; ~ red सिन्दूरी लाल रंग।

vermilion[2] v. t. सिन्दूरमें रँगना, सिन्दूरी रंगमें रँगना; सिन्दूर लगाना।

vermilion[3] a. रक्त, शोण, सिन्दूरी, सेंदुरी, ईंगुरी।

vermin वर्'मिन् n. जन्तुहन्तक; कृषिनाशक जन्तुवर्ग; (चि०) कृमि; बाह्यपरजीवी कीट; (चि०, जीव०) **पीड़क जन्तु** (~ *control*), **पीड़क जन्तुक**, **दुष्ट कीट**, हानिकारक कीड़े; (ला०) दुष्ट व्यक्ति, नीच व्यक्ति, खूँखार आदमी, मूजी आदमी, कमीना आदमी (*the ~ that infest race-courses*); ~ killer (रसा०)

कृमिनाशी ।
verminate–नेट् v.i. कृमिबहुल होना, कीटाकुल होना, कीटजुष्ट होना, कृमि पैदा करना ।
verminous –नॅस् a. (चि०) कृमिमय, कृमिजुष्ट, कृमियोंसे भरा, कीटमय, कीटजनक, कीड़ोंसे भरा; (कृषि०) कृमिज, (~ *bronchitis*), कीटजन्य, कीड़ोंसे पैदा की हुई; दुष्ट, नीच, मूज़ी, कमीना, पाजी ।
vermiparous –मि'पॅरस् a. (त्रि०) कृम्योत्पादक, कीटोत्पादी, कीड़े पैदा करनेवाला ।
vermis–मिस् n (चि०) **कीटक**, कृमि, कृमिरूप अंग, T. ।
vermivorous–वॅरॅस् a. कीटाशी, कृमिभोजी, कीड़ेखाऊ ।
verm(o)uth वर्'मूथ् , वेअॅर्'मूट् n. सुरभिरा[F] (नागदौन आदि कड़वी बूटियों[F]से बनी हुई सफ़ेद शराब[F]) ।
vernacular[1] वॅर्नै'क्यूलॅर् n. देशभाषा[F], स्थानीय भाषा[F], प्राकृत भाषा[F], जनपदीय भाषा[F], देहाती बोली[F], वर्नाकुलर ।
vernacular[2] a. देशी, स्वदेशी, स्थानीय, घरेलू, देशी, देहाती ।
vernacularism –रिज़्म् n. देशीभाषावाद, जनभाषावाद ।
vernacularist –रिस्ट् n. देशभाषा-लेखक, स्थानीयभाषा-लेखक, देशी भाषा[F]का जानकार ।
vernacularity –लै'रिटि n. (भाषाओं[F] आदिका) देशीपन, देहातीपन ।
vernacularization –लॅराइज़े'शॅन् n. (भाषा[F] आदिका) स्थानीयकरण, देशीकरण ।
vernacularize –क्यूलॅराइज़् v.t. देशी भाषा[F]के रूपमें बनाना, स्थानीय भाषा[F]के साँचेमें ढालना ।
vernal वर्'नॅल् a. वासन्त, वासन्तिक, वासन्ती, वसन्ती, माधवी, वसन्तकालीन, बहारका; ~ equinox (ज्यौ०, प्रा०भू०, भौ०) **महाविषुव, वसन्त विषुव**; ~ fever मलेरिया; ~ signs मेषादि राशित्रय;
~ breezes, ~ flowers, ~ grass, ~ migration, ~ outburst, ~ signs.
vernalization –लाइज़े'शॅन् n. पुष्पावेजन, वसन्तप्ररोहण, (वन०) **वासन्तीकरण** ।
vernation वॅर्ने'शॅन् n. (वन०) परस्परता[F], कलिपारस्पर्य, कलिकान्तःपर्ण-पारस्पर्य, (वन०) **पत्रपारस्पर्य**, पत्रकलिकान्तर्गत रचना[F], पर्णक स्थिति[F], T. ।
vernier वर्'निअॅर् n. अनुश्रेणी, अनुमापी, सचल लघुमाप (~ *division*);
~ constant, ~ protractor, ~ scale.
veronal वे'रॅनॅल् n. (चि०) निद्राकर औषधि[F], उपशामक औषधि[F], अवसादक औषधि[F] ।
Veronese वे'रॅनीज़् a. & n. वेरोना-सम्बन्धी, (इटलीके नगर) वेरोनाका (निवासी) ।
veronica वॅरॉ'निकॅ n. वेरोनिका (जल्दी उगनेवाला एक पुष्प-वृक्षक); महात्मा ईसाकी मूर्तिवाला कपड़ा ।
verruca वे'रूकॅ n. (चि०) चर्मकील, चर्मकील सम प्रवर्ध; मुहासा ।
verruciform वे'रूसिफ़ॉर्म् a. (वन०) **किणाकार** ।
verrucose, -ous वे'रुकोस्, -अॅस् aa. चर्म-कीलबहुल, (वन०) **कीलकी**, चर्म-कीलाकीर्ण, चर्म-कीलयुक्त ।
versant[1] वर्'सॅन्ट् n. ढालू भूमि[F] ।
versant[2] a. परिचित, ज्ञानी, जानकार ।
versatile वर्'सॅटाइल् a. बहुविद्य, बहुश्रुत; बहुशास्त्रकुशल; सर्वतोमुखी, बहुमुखी (~ *author, mind*); सुगमतासे एक पेशेसे दूसरी ओर मुड़नेवाला; (वन०, जीवविं०) दोलक, परिदोली, (वन०) **मध्यदोली**, मध्यलग्न, मध्यस्पर्शी; भ्रमणानुकूल (~ *spindle*); परिवर्तनशील, परिवर्तनीय, परिवर्तनक्षम, लोल, चंचल, चपल, अस्थिर (~ *head*); लोलमति, चंचलबुद्धि; T. ।
versatileness –निॅस् n. = VERSATILITY.
versatility–टि'लिटि n. सर्वतोमुखी प्रतिभा[F], बहुविद्या[F], बहुमुखी प्रतिभाशीलता[F], बहुशास्त्रज्ञता[F]; (वन०, जीवविं०) परिदोलिता[F], मध्यदोलिता[F], मध्यलग्नता[F], मध्यस्पर्शिता[F]; परिवर्तनशीलता[F], परिवर्तनीयता[F], परिवर्तनक्षमता[F], लौल्य, लोलता[F], चंचलता[F], चपलता[F], अस्थिरता[F] ।
verse[1]* वर्स् n. (छन्दका) पाद, चरण, पंक्ति[F], कड़ी[F] (*quoted several ~s from the Iliad*); छन्द, श्लोक, पद, पद्य*, काव्य, कविता[F] (*what is not prose is ~*); संक्षिप्त स्तोत्र-वाक्य (बाइबिलके अध्यायोंका) विभाग, उपविभाजन; ~-monger तुक्कड़, तुकबाज, गन्दा पद्य-लेखक, तुकबन्द कविता[F] लिखनेवाला; ~-mongering गन्दा या भद्दा पद्य-लेखन ।
verse[2] v.t. & i. पद्यबद्ध करना या होना, छन्दोबद्ध करना या होना, कविताबद्ध करना या होना ।
versed –स्ट् a. अधिविद्य, अभिज्ञ, दक्ष, पटु, प्रवीण, निपुण, विशारद, निष्णात; कुशल, अनुभवी, जानकार; ~ cosine (ग०) **कोशरज्या[F], शरकोज्या[F]**; ~ sine (ग०) **शरज्या[F]** ।
verselet–सॅ'लिट् n. क्षुद्र छन्द, छोटी कविता[F] या पद्य ।
versicle –सिकॅल् n. संक्षिप्त कविता[F], संक्षिप्त पद्य ।
versicoloured वर्'सिकलॅर्ड् a. शबल, चित्र-विचित्र, रंग-बिरंगा ।
versicular वसि'क्यूलॅर् a. छान्दिक, छन्द-सम्बन्धी, पद्य-सम्बन्धी, कविता-सम्बन्धी; ~ division छान्दिक विभाजन, छन्दोविभाग, पद-विभाजन ।
versification –सिफ़िके'शॅन् n. छन्दोविन्यास, श्लोकरचना[F], काव्यसर्जना[F], पद्यरचना[F] ।
versificator –सिफ़िकेटॅर् n. पद्यकार, छन्दरचयिता, कठकवि ।
versifier–सिफ़ाइअॅर् n. कवि, काव्यरचयिता, पद्यलेखक ।
versiform वर्'सिफ़ॉर्म् a. विभिन्नाकृति, विभिन्नाकार, अलग-अलग आकारका ।
versify वर्'सिफ़ाइ v.t. & i. (गद्यको) छन्दोबद्ध करना, पद्यबद्ध करना, छन्दमें बदलना; श्लोकरचना[F] करना, कविता[F] करना, छन्द बनाना, पदरचना[F] करना ।
version वर्'शन् n. पाठ, पाठान्तर; भाषान्तर, भाषान्तरण, अनुवाद, उल्था; भाषान्तरित पुस्तक, अन्य

भाषा^F में अनूदित पुस्तक^F; वर्णना^F, विवरण, कथन, (*now let me have your own ~ of the affair*); (चि०) गर्भानुलोमन, प्रसवकालमें गर्भाशयके भीतर बच्चेको सीधा करना या घुमाना; संस्करण; (कृषि०) प्रतिवर्तन, वर्तन; Authorized V~ बाइबिलका अधिकृत अनुवाद; Revised V~ पुनरीक्षित पाठ, संशोधित अनुवाद।

versional –शॅनॅल् a. भाषान्तर-सम्बन्धी, भाषान्तर-विषयक, पाठान्तरीय, अनुवाद-सम्बन्धी, अनुवादका; विवरण-सम्बन्धी, लेखा-जोखाका।

versionist –निस्ट् n. अनुवादक, उलथा करनेवाला।

verslibrist वेॲर्ली'ब्रिस्ट् n. अछन्द-कविताकार।

verso वर्'सो n. (pl. -*s*) (पुस्तक^F) वाम पृष्ठ, बायाँ पृष्ठ; (सिक्केका) विलोम, विपरीत पक्ष।

verst वर्स्ट्' n. (३५०० फुटकी एक प्राचीन रूसी नाप^F), वरसेट, लगभग २/३ मील।

versus (L) वर्'सॅस् prep. प्रति, **विरुद्ध, बनाम**।

versute वीॲस्यूट्' a. धूर्त्त, मक्कार, काइयाँ, घाघ।

Vert[1]. Vertebrata.

vert[2] वर्ट्' n. (कानून, इति०) जीवित वनस्पति^F, जिन्दा पेड़; हरियाली^F; (जंगलके) हरे वृक्षोंका अधिकार; चमचमानेवाला या चमकनेवाला हरा रंग।

vert[3] n. (बोल०) धर्म-परिवर्तक मनुष्य, स्वधर्म-त्यागी, CONVERT।

vert[4] v. i. धर्मपरिवर्तन करना, बदलना।

vertebra वर्'ट्ब्रि n. (pl. -*e*) पृष्ठवंशास्थि^F, कीकस, कशेरु, **कशेरुक**, (चि०, कृषि०) **कशेरुका**^F, मेरुदण्ड, रीढ़^F की हड्डी^F; false ~ (चि०) मिथ्या, संयुक्त या एकीभूत कशेरुकाएँ^F, जैसे त्रिक और अनुत्रिककी; true ~ वास्तविक, स्वतंत्र या नैकीभूत कशेरुकाएँ^F, जैसे ग्रीवापृष्ठ, कटिकी।

vertebral –ब्रॅल् a. कीकस-, कीकसीय, (चि०, जीव०) **कशेरुक**-, कशेरुकीय, **कशेरुका**-, मेरुदण्डीय, रीढ़वाला; ~ column (प्राणि०) **कशेरुक दण्ड**, (चि०) **मेरुदण्ड**; पृष्ठवंश; **रीढ़**^F;

~ artery, ~ canal, ~ foramen, ~ nerve, ~ rib, ~ ring, ~ veen.

vertebrate[1] –ब्रॅट् n. पृष्ठवंशी, (जीव०) **कशेरुकदण्डी**, मेरुदण्डी, पृष्ठवंशीय पशु, रीढ़दार जानवर या प्राणी।

vertebrate[2], **-ed** –इॅड् a. मेरुदण्डात्मक, (जीव०) **कशेरुकी**, पृष्ठवंशयुत, कशेरुकायुक्त, रीढ़दार।

vertebration –ब्रे'शॅन् n. कशेरुकातन्त्र, मेरुगठन; मेरुदण्डवत् खण्डोंमें विभाजन।

vertex वर्'टेॅक्स् n. (pl. -*ices*) (भौ०,नौवि०,गणि०) **शीर्ष**, शिखा^F, शिखर, **मूर्धा**^F, चूड़ा^F, चोटी^F (~ *structure*); शीर्षबिन्दु, शिरोबिन्दु, राशि^F, सर्वोच्च आकाशबिन्दु; पराकाष्ठा^F; (श०र०शा०) शीर्षका सर्वोच्च भाग, अग्र, अग्रभाग; (रेखा ग०; त्रिभुजका) शीर्षबिन्दु, कोणबिन्दु; (~ *of an angle*); T.; ~ constructure (ऋतु०) **चक्रसंरचना**^F।

vertical[1] वर्'टिकॅल् n. शीर्षवृत्त, शिरोवृत्त, (ज्यौ०) **उद्वृत्त**, दिगंशवृत्त, उदग्र वृत्त; अनुलम्ब समतल, उदग्र समतल, **ऊर्ध्वाधर**, समतल, **ऊर्ध्वाधर रेखा**^F, खड़ी रेखा^F।

vertical[2] a. शीर्षस्थानीय, शीर्षका, शिखरका, चोटी^F का; लम्बमान, (वन०) **उदग्र**, ऊर्ध्व, (गति० वि०, गणि०, भौ०, प्रा०भूगोल) **ऊर्ध्वाधर**, लम्बात्मक, लम्बरूप; **खड़ा**; (श०र०शा०, ग०) **शीर्ष**-, मूर्ध-, शीर्ष-सम्बन्धी, चाँदका; ~ angle शीर्षकोण;

~ acceleration, ~ array, ~ axis, ~ bar, ~ boiler, ~ circle, ~ clearance, ~ clevis, ~ column, ~ combination, ~ competition, ~ curve, ~ distance, ~ distribution, ~ engine, ~ error, ~ fault, ~ force, ~ height, ~ hitch, ~ index, ~ interval, ~line, ~ linguae, ~ mobility, ~ motion, ~ ordinates, ~ photograph, ~ pipe, ~ plane, ~ plexus, ~ position, ~ pressure, ~ raise, ~ scale, ~ section, ~ shaft, ~ socket, ~ suction, ~ unionism, ~ variometer, ~ view, ~ visibility.

verticalis liguae n. (श० र० शा०) **लम्बजिह्विका**^F।

verticality –कै'लिटि n. शीर्षता^F, उदग्रता^F, ऊर्ध्वता^F, ऊर्ध्वाधरता^F, लम्बात्मकता^F।

vertically –लि adv. **ऊर्ध्वाधर**, (भौ०) **ऊर्ध्वाधरतः**, (ग०) **ऊर्ध्वाधर दिशा**^F **में**; लम्बरूप, उदग्र रीति^F से।

verticalness टिकॅल्‌निस् n. = VERTICALITY.

verticil वर्'टिसिल् n. भ्रमि^F, चक्र, चक्कर, घुमाव।

verticillate –सिलॅट् a. (वन०) **आवर्त्तरूप**, वक्रित, चक्रित, घूर्णित, घूर्णायमान, चक्करदार, घुमावदार (~ *leaf*)।

vertiginous वॅर्टि'जिनॅस् a. (चि०) भ्रमि-पीड़ित; घूर्णमान, घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ, चक्कर पैदा करनेवाला।

vertiginousness –निॅस् n. घूर्णन, घूर्णमानता^F, घूम^F, चक्कर, घुमेर^F, भँवर, चकराहट^F।

vertigo वर्'टिगो;वॅर्टाइ(टी)'गो (pl. -*s*) (चि०) **भ्रमि**^F, (शिक्षा०) **भ्रामर**, शिरोघूर्णन, घूर्णिरोग, घुमरी^F, (शिक्षा०) **चक्कर**, सिरका चक्कर, सिरका दौरा, भौंरी^F; essential ~ अकारण चक्कर।

vertu वर्टू' n. = VIRTU.

vervain वर्'वेन् n. भेकपद, वर्वेन (वरवीना जाति^F का फूलोंका पौधा)।

verve वेॲर्व n. प्रतिभा^F, कल्पना^F, प्रेरणा^F, उत्साह, ओज, आवेश, जोश; शक्ति^F, क्षमता^F, बल, साहस।

vervel वर्'वेॅल् n. वलय, अँगूठी^F, छल्ला (विशे० पक्षियोंकी टाँग^F में बँधा हुआ)।

vervet वर्'विॅट् n. (दक्षिण अफ्रीकी) बन्दर, बरवट।

very[1] वेॅ'रि n. (प्रायः गुणवाचक); ~ light वेरी-प्रकाश (वेरी द्वारा आविष्कृत प्रकाश); ~ pistol (युद्ध-स्थलमें क्षणिक प्रकाशार्थ) पिस्तौल^F के आकारकी टार्च^F।

very[1]* a. प्रकृत, यथार्थ, वास्तविक, सत्य, सच्चा, सही, ठीक*, खरा, असली (*he has grown a ~ knave*); मात्र, ही, वही*; यही, इसी (*this is the ~ spot I found it on*)।

very[2]* adv. पूर्णतः, पूर्णतया, सम्पूर्ण रूपसे, एकदम (*drank it to the ~ last drop*); अति, अतिशय, अतीव, नितान्त, अत्यन्त, अधिक, निहायत, बहुत*, बहुत ही (*a ~ dazzling effect*); ~ fine (यंत्र०) **अतिसूक्ष्म**; ~ good **बिल्कुल ठीक, बहुत अच्छा**; ~ superior **अत्युत्तम**, अतिश्रेष्ठ; ~ well बहुत अच्छा; बिल्कुल ठीक, एकदम सही।

Ves. Vessel.

vesania वि'सेनिअ n. विक्षिप्तता^F, सनक^F, पागलपन।

vesanic –सै'निक् a. विक्षिप्त, सनकी, पागल।

vesica वि'साइ'कॅ n. (श० र० शा०, वन०, जीववि०) **वस्ति**^F, **मूत्राशय**, मूत्राधार, मूत्र कोश; (स्था०) अण्डाकार चिह्न (○)।

vesical वे'सिकॅल् a. मूत्राशय-, (चि०) **मूत्राशयी**, मूत्राशय-सम्बन्धी, बस्तीय, वस्ति-सम्बन्धी;
 ~ artery, ~ plexus, ~ reflex.

vesicant, vesicatory वे'सिकॅन्ट्, –केटॅरि aa & nn. उत्स्फोटक, स्फोटंकर, छाले या फफोले उठानेवाला (पदार्थ)।

vesicate –केट् v.t. उत्स्फोटन करना, फफोले उठा देना, छाले डाल देना।

vesication –के'शॅन् n. उत्स्फोट, उत्स्फोटन, छाले या फफोले पड़नेकी क्रिया^F।

vesicatory –'सिकेटॅरि a. दे० VESICANT.

vesicle वे'सिकॅल n. (श० र० शा०, वन०, भूग०) पुट, (वन०, प्राणि०) **पुटी**^F, पुटिका^F, आशयक, क्षुद्र स्यून^F, क्षुद्र कोष, शरीरस्थ छोटी द्रव गर्भ थैली^F; चर्मस्फोट; (शिक्षा०, चि०) **स्फोटिका**^F, जलस्फोटिका^F, फफोला, दाना, छाला; बुद्बुद, बुलबुला; T.।

vesico- मूत्राशय- (~*cele*, ~*tomy*)।

vesicocele वे'सिकॅसील् n. अर्बुद, वस्तिशोथ, (चि०) वस्तिकी हार्निया^F, मूत्राशय-वंर्धम, मूत्राशय-वृद्धि^F।

vesicotomy वेसि'कॉटॅमि n. (चि०) वस्तिछेदन, मूत्राशयकी शल्यक्रिया^F।

vesicular वि'सिक्यूलॅर् a. आशयिक, आशयवत्, आशयात्मक, क्षुद्रस्यूनात्मक, पुटिका- (~ *blood*); पुटकमय (~ *area*); स्फोटमय, फफोलेदार, बुद्बुदमय, छालेदार; वायुकोशीय;
 ~ follicle, ~ glass, ~ texture.

vesiculate –लॅट् a. (चि०) उत्स्फोटिकीय; पुटकीय, क्षुद्रकोशीय; बुद्बुदीय, बुद्बुदेका, छालेका, दानेवाला।

vesiculation –ले'शॅन् n. पुटिकायन, पुटिक-पंक्ति^F, आशयविन्यास, क्षुद्रस्यून निर्माण; बुद्बुद-क्रम, (चि०) स्फोटिकोंका उत्पन्न होना, फफोलोंका उत्पादन; दाने निकलना।

vesiculiferous –लि'फ़ॅरॅस a. आशयमय, क्षुद्रस्यूनमय, पुटकयुक्त; (चि०) स्फोटिकामय, बुद्बुदमय, छालोंवाला।

vesiculiform –'क्यूलिफ़ॉर्म् a. आशयवत्, पुटकाकार, बुद्बुदाकार।

vesiculose, vesiculous –लोस्, –लॅस् aa. आशयमय, पुटकमय; (चि०) स्फोटिकामय, बुद्बुदमय, छालोंवाला।

Vespa वे'स्पॅ n. वरटप्रजाति^F, भिड़^F, बर्रें^F।

vesper वे'स्पॅर् n. (*V*·~ भी) सान्ध्यतारक, शुक्र तारा, वेनस; (का०) सन्ध्या^F, सायं, साँझ^F, शाम^F; (बहुव०; गिरजेमें) सायंकालीन उपासना^Fका समय, सान्ध्य-गीत, सान्ध्यकालीन उपासना^F; (~-*bell* भी) सान्ध्योपासना^Fकी घण्टी^F।

vespertine –पॅर्टाइ(टि)न् a. सान्ध्य, सन्ध्याकालीन, सायंकालीन, साँझ^Fका, शाम^Fका; (वन०) सायंकालमें विकसित होनेवाला, शामिया; (जीववि०) सायंकालमें उड़नेवाला; (ग० ज्यो०) अस्ताभिमुख, अस्तोन्मुख।

vespiary वे'स्पिॲरि n. भिड़ोंका छत्ता, बर्रेका घर।

vespine –पाइ(पि)न् a. भिड़ोंका।

vessel* वे'सॅल् n. भाण्ड, भाजन, पात्र*, बर्तन, वासन; पानपात्र; समुद्रयान, तरणी^F, नौका^F, नाव^F, पोत, वहित्र, (परि०) **जलयान**, जहाज, किश्ती^F; (श० र० शा०) संवाहिनी^F, शिरा^F, नाड़ी^F*, नलिका^F, धमनी^F, नस^F, रग^F (विशे० *blood*-~); (वन०) रसवाहिनी^F, जलवाहिनी^F, (चि०, जीव०) **वाहिका**^F, (वन०) **वाहिनी**^F, नाली^F, नली^F; T.; (बाइ० अथवा अन्य प्रसंग, विशे० हास्य) प्रापक व्यक्ति, प्राप्तकर्ता, भागी, भागीदार (*chosen* ~); weaker ~ नारी^F, स्त्री^F, महिला^F, जनाना, औरत^F; *an empty ~ sounds much, makes much noise* थोथा चना बाजे घना।

vesselful –फ़ल् n. पात्रभर, बर्तनभर, वासनभर(वस्तु^F)।

vest[1] वे'स्ट् n. अन्तःपरिच्छद, अन्तर्परिधान, अन्तर्वसन, अन्तर्वस्त्र, सलूका, बंडी^F; बनियान; (प्रा०) वेश, वसन, वस्त्र, परिधान, वेशभूषा^F, पोशाक^F, जामा, लिबास; अँगरखा, सदरी^F, फतुही^F, वास्कट^F, वेस्टकोट⊙।

vest[2] v.t. & i. **निहित करना या होना**; (अधिकार, शक्ति^F इत्यादि) समर्पित करना, सुपुर्द करना, हवाले करना, देना; (का०) वस्त्राभूषित करना, सज्जित करना, वस्त्र पहनाना या पहनना; ~ *in* (सम्पत्ति^F आदि) अधिकारमें देना, दखल^Fमें देना।

Vesta वे'स्टॅ n. (रोमन पुराण) रोमन अग्निदेवता; (रोमकी) अन्नपूर्णा^F, गृहदेवी^F, चौकेकी देवी^F, वेस्ता; एक छोटा नक्षत्र, उपग्रह।

vestal –टॅल् १. n. गृहदेवता (वेस्ता)से सम्बन्धित चीजें^F, (~ *virgin* भी) वेस्ताको समर्पित कुमारियाँ^F, सती स्त्री^F, पतिव्रता^F, पवित्र महिला^F, निष्कलंक स्त्री^F; संन्यासिनी^F, साध्वी^F; २. a. वेस्ता-सम्बन्धी, अग्निदेवी^F-का; शुद्ध, पवित्र, निर्मल।

vested वे'स्टिड् a. निविष्ट, स्थित, **निहित** (~ *rights, interests, estate*)।

vestibular, vestibulate वे'स्टि'ब्यूलॅर्, –लॅट् aa.

(शा० र० शा०) प्रघ्राण-, कर्णकोटरीय, कर्णगुहा-, कानके छेदसे सम्बन्धित (~ *canal*) प्रविवरीय, दालानका;
~ apparatus, ~ area, ~ crest, ~ fissure, ~ fold, ~ fossa, ~ gland, ~ ligament, ~ lip, ~ membrane, ~ nerve, ~ nuclus.

vestibule वे`स्‌'टिब्यूल् n. अलिन्द, ड्योढ़ी^F, दालान^F, देहली^F, दहलीज^F; दर्शक कक्ष, बड़ा कमरा; (चर्चका) द्वार-मण्डप, बरसाती^F; (पुरा०) **अन्तराल**; (शा० र० शा०), (वन०) प्रघ्राण, **प्रविवर**, प्रगुहा^F, मध्यगुहा^F, तुम्बिकाधार, शंखस्थान, गुहा^F; कुटीर, कोटर, छिद्र (विशे० ~ *of the ear*)।

vestibuled –ड् a. (चि०) प्रघ्राणयुक्त, अलिन्दयुत, ड्योढ़ीदार, दालानदार, देहलीजदार।

vestige वे`स्टिज् n. प्रमाण, अंक, चिह्न, लक्षण, संकेत, निशान, पता (~s *of an earlier civilization*); पदांक, पदचिह्न, खोज^F; (शिथिल अर्थमें नकारात्मक शब्द-सहित) अणु, लव, लेशमात्र (*has not a ~ of evidence for this assertion*); (प्राणि वि०, पूर्वज आदिका) (वन०) **लुप्तावशेष**, (जीव०) **अवशेष**, अस्थि-शेष; स्मृतिचिह्न।

vestigia (L) –जिॲ n. आकृति^F, चिह्न।

vestigial –'जिॲल् a. (विशे० प्राणिवि० में) अवशिष्ट, (वन०, जीव०) **लुप्तावशेषी, अवशेषी, अवशेष-सदृश** (~ *organ*, ~ *structure*)।

Vestigia nulla vetrorsum (L) एक पग भी पीछे नहीं।

vestigiary –ॲरि a. अवशिष्ट; पदचिह्न-सम्बन्धी।

vesting वे`स्‌'टिंग n. बनियान^F, फतुही^F का वस्त्र, वास्कट^F का कपड़ा; निधान, निहित करना या होना, लगाना; ~ order (का०) **निधायक आदेश।**

vestiture वे`स्‌'टिच्युॲर् n. वस्त्र, कपड़े; (वन०) आवरण, पट, परत^F।

vestment –ट्‌'मॅन्ट् n. राजकीय परिच्छद, आधिकारिक परिधान; पादरियोंकी आधिकारिक वेशभूषा^F; पूजन-परिच्छद, पूजा^F की पोशाक^F; वस्त्र, कपड़ा, जामा।

vestral –'ट्रॅल् a. वस्त्रागार-सम्बन्धी, वस्त्रागारका; पादरियोंके हल्केका।

vestry –ट्रि n. वस्त्रागार, लिबासखाना, कक्ष, कोष्ठ, कोठरी^F, कमरा; (गिरजेसे जुटे, पूजादिके वस्त्र रखनेके लिए प्रयुक्त) भवन, मकान; छोटा गिरजा; (पादरियोंके हल्केका) करदाता; करदाताओंका प्रतिनिधि-मण्डल; ~ man पादरियोंके हल्केका सदस्य।

vestrydom वे`स्‌'ट्रिडॅम् n. पादरियोंके हल्केकी जन-सरकार^F।

vestuary ⊙ वे`स्‌'च्युॲरि n. वस्त्र-कोष्ठ, वसन-मंजूषा^F, दराज^F।

vestural ⊙ –रॅल् a. परिच्छदार्थ, परिधानार्थ, पहिरावोंके लिए, लिबासके लिए; वस्त्रकक्षका।

vesture¹ वे`स्‌'च्यॲर् n. परिच्छद, परिधान, (वन०) **वेष्टन**, वस्त्र, वेशभूषा^F, पहिरावा, लिबास, पोशाक^F, कपड़े।

vesture² v.t. वस्त्रालंकृत करना, वस्त्रसज्जित करना, पोशाक^F पहनाना।

vesturer –'चॅरॅर् n. (गिरजेका) पूजनवस्त्राधिकारी; उपकोषाध्यक्ष, छोटा खजांची।

Vesuvian¹ वि`स्यू'विॲन् n. दीपशलाका^F, एक प्रकारकी दियासलाई^F।

Vesuvian² a. विस्यूवियसका, विस्यूवियस-विषयक; (*v*~) ज्वालामुखी, आग^F उगलनेवाला।

vesuvianite, vesuvian³ –नाइट्, –ॲन् nn. (*V*~) विस्यूवियसमें प्राप्य हरे या बादामी रंगका ज्वालामुखी पत्थर।

vet¹ वे`ट्' n. (बोल०) = VETERINARY.

vet² v.t. पशुरोग-परीक्षा^F करना, पशुचिकित्सा^F करना, जानवरोंकी दवा^F करना; (कानून०) विधीक्षा^F करना।

Vet., Veter., Vety. Veterinary.

vetch वे`च्' n. पृथुशिम्बी^F, उड़द^F, मोठ, बेच (छीमीदार पौधे)।

vetchling –'लिंग् n. शिम्बी^F, बेचकी तरहका पौधा।

vetchy –'चि a. पृथुशिम्बीमय, घासपाती, बेचवाला, बेची।

veteran¹ वे`'टॅरॅन् n. दक्ष व्यक्ति, कुशल व्यक्ति, निपुण व्यक्ति, वयोवृद्ध या अनुभवी व्यक्ति; भूतपूर्व कर्मचारी ⊙।

veteran² a. कर्मप्रवीण, दक्ष, कुशल, निपुण, वयःस्थ, जातानुभव, ज्ञानवृद्ध, अनुभवी (~ *golfer, soldier*); अनुभवी व्यक्ति-सम्बन्धी, अनुभवी या पुराने लोगोंका (~ *troops*)।

veteranize –नाइज् v.t. दक्ष करना, कुशल बनाना, निपुण बनाना, अनुभवी बनाना।

veterinarian¹ ⊙ वे`टॅरिनेॲरियन् n. शालिहोत्री, पशु-वैद्य, पशुभिषग्, पशु-चिकित्सक, सलोतरी।

veterinarian² a. पशु-, पशुचिकित्सा-, गृह-पशु-चिकित्सा-सम्बन्धी, घरेलू जानवरोंकी दवा^F से सम्बन्धित; शालिहोत्रीय।

veterinary¹ –'टॅरिनॅरि n. **पशु-चिकित्सा^F**; शालिहोत्री, पशु-उपवैद्य, पशु-उपचिकित्सक, पशुचिकित्सक, सलोतरी।

veterinary² a. पशु-सम्बन्धी, पशु-चिकित्सा-विषयक, पशुचिकित्सा-सम्बन्धी; शालिहोत्रीय; ~ doctor पशु-चिकित्सक, शालिहोत्री, सलोतरी;
~ assistant, ~ college, ~ department, ~ dispensary, ~ hospital, ~ inspector, ~ practitioner, ~ science, ~ service, ~ surgeon, ~ training.

vetiver वे`'टिवॅर् n. खसखस^F (घास^F)।

veto¹ वी'टो n. (pl. -*es*) अभिषेध, प्रतिषेध, प्रतिनिषेध, निवारणी, प्रत्यादेश, (राज०) **निषेधाधिकार, रोध-अधिकार**, रोक^F, **विटो** (~ *power*); अभिषेध पत्र, प्रतिनिषेध-पत्र, प्रत्यादेश-पत्र, निषेध-पत्र; suspensory ~ स्थगनकारी प्रत्यादेश।

veto² v.t. अभिषिद्ध करना, निषेध करना, निषिद्ध करना, निषेधाधिकारका प्रयोग करना, नामंजूर करना, रोकना।

vetoist –टोइस्ट् n. अभिषेधाधिसम्पन्न व्यक्ति, निषेधाधिकारी, प्रतिषेधी।
Vet. Surg. Veterinary Surgeon.
vetting वे ´टिंग् n. विधीक्षा^{F} करना, **पड़ताल^F करना।**
vettura (It.) n. चार पहियेकी गाड़ी^{F}।
vetust वि´टस्ट्´ a. प्राचीन, अतीतकालीन, पुराना।
Vety. Disp. Veterinary Dispensary.
vex वे´क्स्´ १. v.t. बाधित करना, प्रबाधित करना, क्रुद्ध करना, प्रकुपित करना, छेड़ना, (का०) **तंग करना,** चिढ़ाना, खिझाना (*this would ~ even a saint*); (प्रा०) कष्ट देना, दुःख देना, पीड़ा^{F} पहुँचाना, सन्तप्त करना, क्लेशित करना, क्लेश पहुँचाना, सताना; (का०, भाषण०) विक्षुब्ध करना, उद्विग्न करना, बेचैन करना, परेशान करना; २. v.i. छिड़ना, तंग होना, खीझना, चिढ़ना।
vexata quaestio (L) n. शास्त्रार्थका विषय, विवादग्रस्त प्रश्न।
vexation –से´शॅन् n. बाधा^{F}, प्रबाधन, क्रोध, प्रकोप, प्रकोपन, क्रोधोद्दीपन, चिढ़^{F}, मलाल, तंगी^{F}, खीझ^F; क्लेश, सन्ताप, दुःख, पीड़ा^{F}, कष्ट, चोट^F; (का०) **तंग करना;** (pl.) उद्विग्न या बेचैन करनेवाले मामले (*subjected to many ~s*)।
vexatious –शॅस् a. प्रबाधी, प्रबाधनात्मक, खिझाऊ, चिढ़ाने या खिझानेवाला, (का०) दिक या **तंग करनेवाला** (~ *delay, interference*); सन्तापमय, दुःखदायी, कष्टद, क्लेशकर, उद्वेगकर, बेचैन करनेवाला।
vexatiousness –नि´स् n. प्रबाधनात्मकता^{F}; खीझ^F, तंगी^{F}; सन्तप्तता^{F}, कष्टमयता^{F}, पीड़ावहता^{F}, क्लेशकरता^{F}; उद्विग्नता^{F}, उद्वेगजनकता^{F}, बेचैनी^{F}, परेशानी^{F}।
vexed –क्स्ट्´ a. दुःखित, सन्तापित, बाधित, प्रबाधित, क्रुद्ध, प्रकुपित, चिढ़ा हुआ; जटिल, दुरूह, कठिन, अनिर्णीत (~ *question*)।
vexer –´सॅर् n. बाधक, प्रबाधक, क्रोधित या कुपित करनेवाला, खिझानेवाला; उद्वेजक व्यक्ति, उद्विग्न करनेवाला।
vexil वे´क्´सिल् n. ध्वज, पताका^{F}, झण्डा; परदा, परत^F।
vexillary –लॅरि n. (प्राचीन रोमन) ध्वज, पताका^{F}, झण्डा।
vexillation –ले´शॅन् n. रोमीय सैन्य-विभाग, रोमन सेना^{F}की एक टुकड़ी^{F}।
vexillum –´लॅम् n. (pl. *-illa*) (प्राचीन रोमका) (वन०) **ध्वजक,** ध्वज, पताका^{F}, झण्डा; पट, परदा, परत^F; T.।
V.G. Vicar-General.
v.g. *verbi gratia,* for example; (or V.G.) Very Good.
v.h.c. very highly commended.
v.h.p. very high pressure.
v.i. verb intransitive.
via वाइ´अॅ (L) n. & prep. मार्ग, मार्गसे, द्वारा, **से होकर, बरास्ता,** (~ *main line*)।
viability –बि´लिटि n. जीव्यता^{F}, जीविष्णुता^{F}; (चि०) जीवन-क्षमता^{F}, (दर्श०) **जीविष्णुता^{F}, जीव्यता^{F},** वर्धिष्णुता^{F}, जीवन-योग्यता^{F}; अंकुरणशक्ति^{F}, (कृषि०) **अंकुरणक्षमता^{F};** (अर्थ०) **अर्थक्षमता^{F};** स्वयंशोधिता^{F}।
viable –अॅबॅल् a. (प्रायः गर्भस्थ या नवजात शिशुके लिए) जीव्य, (शिक्षा, इति०) **जीवनक्षम,** जीविष्णु, **जीनेयोग्य;** वर्धिष्णु, वर्धनक्षम, विकासक्षम; (बीज आदिके लिए) अंकुरणशक्त, (कृषि०, वन०) **अंकुरणक्षम,** अंकुरणयोग्य।
viaduct वाइ´अॅडक्ट् n. रथ्योत्तार, वाटोत्तार, (यन्त्र०, रेल०) **उत्तार;** मार्ग-सेतु, मार्गवाहि सेतु, **पुल।**
vial वाइ´अॅल् n. काचभाण्ड, काचपात्र, कूपिका^{F}, शीशी^{F}, बोतल^F; *pour out ~s of wrath* बहुत क्रोध करना, गुस्सा निकालना।
via lactea (L) n. आकाशगंगा^{F}।
vialful –फुल् n. कूपिकाभर, शीशीभर, बोतलभर (वस्तु^{F})।
via media (L) n. मध्यमार्ग।
viameter वाइऑ´मि´टॅर् n. = ODOMETER.
viand वाइ´अॅन्ड् n. (विशे० बहुवचनमें) खाद्य, भक्ष्य, भोजन, अन्न, भोज्य-पदार्थ, रसद^F, खाना।
viaticum वाइऐ´टिकॅम् n. (रोमन पुराण) पाथेय, सम्बल, पथव्यय, वटखर्चा, राहखर्च, सफरखर्च, राह^{F}का भत्ता; चलदेवी^{F}, वहनीय मूर्ति; (ईसाई) अन्तिम भोजन।
viator वाइऐ´टॅर् n. यात्री, राहगीर, राही, मुसाफिर।
vibraculum वाइब्रै´क्यूलॅम् n. (pl. *-a*) चलांग, कीटशुण्ड।
vibrancy वाइ´ब्रॅन्सि n. वेप, प्रवेप, वेपन, प्रवेपन, कम्पन, दोलन, आदोलन, स्पन्दन, थर्राहट^F; अनुवाद, प्रतिध्वनि^{F}, गुंजार^F।
vibrant –न्ट् a. प्रवेपक, आवेपक, वेपमान, दोलायमान, कम्पमान, स्पन्दनशील, थर्रानेवाला, झूलनेवाला; (शब्दों इत्यादिके लिए) स्वनित, प्रतिध्वनिशील, प्रतिध्वनित, गुंजित, अनुनादित, शब्दायमान।
vibrate –ब्रेट् v.i. & t. आवेपित होना, प्रवेपित होना, वेपमान होना, प्रदोलित होना, कम्पित होना, स्पन्दित होना, काँपना, थर्राना, थरथराना; दोलायमान होना, आदोलित होना, हिलना, डुलाना, झूलना, डोलना, लहराना, झुलाना; (आवाज^{F}के लिए) जल्दी-जल्दी धकधक करना; (पेण्डुलम या लटकन^{F}का हिलडुलकर) सेकेण्ड बनाना, सेकेण्डका समय सूचित करना।
vibrated –´टिड् a. (यन्त्र०) **कम्पित** (~ *concrete*)।
vibratile –ब्रॅटाइल् a. आवेपी, वेपनशील, प्रवेपमय, कम्पनीय, (चि०) **कम्पशील,** कम्पनशील, हिलाने-डुलाने योग्य, थर्रानेवाला (~ *filament*)।
vibratility –टि´लिटि n. वेपन, वेपमानता^{F}, स्पन्दनशीलता^{F}, कम्पनीयता^{F}, कम्पनशीलता^{F}।
vibrating –ब्रे´टिंग् a. **कम्पायमान,** स्पन्दनशील, आवेप, आवेपी;
~ jet, ~ machine, ~ membrane, ~

mirror, ~ plate, ~ roller, ~ string, ~ system.

vibration –'शॅन् n. आवेप, प्रवेप, प्रदोलन, आदोलन, (भौ०, प्रा०, भूगो०, यन्त्र०) **कम्पन**[F], स्पन्दन, स्फुरण, लहराव, कँपकपी[F], थरथरी[F], थरथराहट[F], हिलाव, झुलाव, लहक[F], तरंग[F]; amplitude of ~ स्पन्दित पदार्थका विस्तारक्षेत्र;
~ magnetometer, ~ meter, ~ needle, ~ period, ~ ratio, ~ sensation, ~ sense, ~s per second.

vibrational –नॅल a. आवेपात्मक, आवेपी, **कम्पनिक**, कम्पनात्मक, स्पन्दनात्मक, कम्पी;
~ energy, ~ level, ~ motion.

vibratiuncle वाइब्रे'टिॲन्कॅल् n. सूक्ष्म आवेप, लघु कम्प, हल्की तरंग[F]।

vibrative वाइ'ब्रॅटिव् a. वेपमान, कम्पायमान, आवेपी, दोलायमान, हिलनेवाला, डोलनेवाला, झूलता हुआ।

vibrator वाइब्रे'टॅर् n. (यन्त्र०, चि०, भौ०) **कम्पित्र; कम्पक**, (परि०) **कम्पी**, आवेपक, वेपमान व्यक्ति, प्रवेपशील पदार्थ, कम्पनशील व्यक्ति, थरथरानेवाला पदार्थ; (विद्यु०, तार०) कम्पनशील नड[F]; (संगीत) कम्पनशील फलक; (मुद्रण०, स्याही[F] देनेका) कम्पनशील या गतिशील बेलन; (चि०, बिजली[F] इत्यादिका) अंगमर्दक यन्त्र, मालिश[F] करनेका औजार।

vibratory –'ब्रॅटॅरि a. आवेपी, वेपमान, प्रवेपशील, **कम्पन**-, कम्पनशील, थरथरानेवाला;
~ motion, ~ movement, ~ reaction.

vibrio वि'ब्रिओ n. (वन०, चि०) **लोलाणु**; (वन०) **वक्रिल दण्डाणु**, (चि०) वक्राणु (जैसे विसूचिका[F]का), T.।

vibrissa वाइब्रि'सॅ n. श्मश्रु, दाढ़ी[F], गलमुच्छ; (चि०) नासा-केश, (चि०) **नासा-बाल**, नासिका[F]के बाल।

vibrograph वाइ'ब्रॅग्राफ् n. कम्पमापक, (ऋतु०) **कम्पनलेखी**, कम्पनमापी यन्त्र, वाइब्रोग्राफ।

vibroscope –'ब्रॅस्कोप् n. कम्पन-वीक्ष, स्पन्दनवीक्ष, तरंगवीक्षक यन्त्र।

vibrotherapeutics ⊙ वाइब्रॅथे'रॅपीऊ'टिक्स् n. (चि०) कम्पन चिकित्सा[F], स्पंदनचिकित्सा[F]।

viburnum वाइबर'नॅम् n. क्षारपर्णी झाड़ियाँ[F]; (चि०) वायबरनम, गर्भाशय शामक औषधि[F]।

Vic. Vicar; Vicarage.

vicar वि'कॅर् n. उपाचार्य, पल्ली पुरोहित, गिरजेका पुरोहित, ग्राम-पादरी; apostolic ~ प्रचारक पादरी; cardinal ~ पोपका प्रतिनिधि पुरोहित; ~ choral गायक पुरोहित, भजनोपदेशक, भजनीक पादरी; ~ of Bray स्वपक्षत्यागी, परपक्षग्राही।

vicarage –रिज् n. उपाध्याय-वृत्ति[F], पुरोहित-वृत्ति[F], पुरोहित-कर्म, पुरोहितका पेशा; उपाचार्य निवासस्थान, पुरोहित-निवास, विकरका पद तथा स्थान।

vicarial –केॲ'रिॲल् a. उपाध्यायीय, उपाचार्य, पुरोहित विषयक, विकर-सम्बन्धी; प्रतिनिधि विषयक।

vicariate, vicarship वि(वाइ)कॅॲ'रिॲट्, –शिप् nn. पौरोहित्य, पुरोहित-पद, पुरोहित क्षेत्र।

vicarious –ॲस् a. सम्प्रेषित, समादिष्ट, नियोजित, प्रतिनिहित, प्रत्याधिकृत, प्रत्यायुक्त, प्रतिरूपी, प्रतिनिधि-रूप (~ *authority, liability*); स्थानापन्न, परार्थकृत, परार्थ कार्य करनेवाला; (विकृति०) विमार्गगामी, अपथ-प्रवृत्त, अकालप्रवृत्त; ~ menstruation (चि०) अपथ-प्रवृत्त-आर्तव।

vicariousness –निॅस् n. सम्प्रेषितत्व, समादिष्टता[F], नियोजितत्व, प्रतिनिधित्व; स्थानापन्नता[F]; (चि०) विमार्गगामिता[F], अपथ प्रवृत्ति[F]।

vice- उप- (~*-agent*, ~*-chairman (ship)*, ~*-chamberlin*, ~*-chancellor*, ~*-consul(ship)*, ~*-dean*, ~*-governor*, ~*-king*, ~*-queen*, ~*regent*, ~*sheriff*, ~*warden*)।

vice[1] वाइस् n. दुर्वृत्ति[F], दुराचार, व्यभिचार, असदाचार, पापाचरण, पापाचार, व्यसन, भ्रष्टता[F]; कलंक, धब्बा, दाग; अधर्म, पाप, कुकर्म, दुष्कर्म, दोष, (दर्श०) **दुर्गुण**, अवगुण, बुराई[F], ऐब, खोट[F], खराबी[F] (*has no ~s, is free from ~*); (अब क्व०) विकार, विकृति[F], शारीरिक अस्वस्थता[F] (*inherited ~s of constituion*); *V* ~ भाँड़, मसखरा।

vice[2] (L) के स्थानपर।

vice[3] n. (बोल०) = VICE PRESIDENT, VICE PRINCIPAL इत्यादि।

vice[4] n. संग्रभ, (कृषि०, यन्त्र०) **बाँक**[F], (भौ०, यन्त्र०) **शिकंजा**, पकड़[F] (*bench-~*); T.; ~ clamp **शिकंजा**।

vice[5] v.t. (ला० भी) बाँक[F]में कसना, शिकंजेमें दबाना या पकड़ना, कसना।

vice[6] वाइ'सि prep. प्रतिनिधिरूपमें, स्थानपर, जगह[F]पर, बदलेमें।

vice-admiral वाइसॅ-ऐड्'मॅरॅल् n. उप-महानौपति, उपनौकाध्यक्ष।

vice-admiralty –रॅल्टि n. महानौपतित्व; महानौपति-कार्यालय अथवा पद।

vicegerency वाइस्जे'(जीॲ)'रॅन्सि n. प्राणिध्य, प्रणिधित्व, प्रतिनिधित्व, सहायकत्व, नायबगीरी[F], नायबका पद।

vicegerent –न्ट् a. & n. प्रणिधि, प्रतिनिधि, सहायक, नायब, उपशासक।

vicenary, vicennial वि'सिनॅरि, वाइसे'निॲल् aa. विंशवर्षीय, बीससाला।

vice-president वाइस्-प्रे'सिडॅन्ट् n. उपप्रधान, **उपाध्यक्ष**, उपसभापति, **उपराष्ट्रपति**।

vice-principal वाइस्-प्रिन्'सिपॅल् n. उपाचार्य, (शिक्षा०) **उप-प्रधानाचार्य, वाइस-प्रिंसिपल**।

viceregal, viceroyal वाइसरी'गॅल्, वाइस्राएँ'ॲल् aa. औपराजिक, राज-प्रतिनिधि-सम्बन्धी, वाइसरायका, बड़े लाटका।

vicereine ⊙ वाइस्'रेन् n. उपराज्ञी[F]; वाइसरायिन[F], VICEROY की पत्नी[F]।

viceroy वाइस्'राएँ n. उपराज, उपराजा, राजप्रतिनिधि, बड़ा लाट, मुल्की लाट, **वाइसराय** (इति० ~*of India*)।

viceroyalty, viceroyship –'ॲल्टि, –शिप् nn. उपराजत्व, राजप्रतिनिधित्व, लाटसाहबी, वाइसरायका पद।

vice versa (L) adv. विपरीत ढंगसे, उल्टे क्रमसे।

Vichy (water) वी'शी(वॉ'टॅर्) n. विशी स्थानका खनिज-जल-विशेष।

vicinage वि'सिनिज् n. प्रतिवेश, प्रतिवेशित्व, सान्निध्य, सन्निधि^F, सन्निकर्ष, सामीप्य, समीपता^F, पड़ोस; प्रतिवेशी जनपद, आसन्नस्थ जनपद, इर्द-गिर्दका जिला; पड़ोसका सम्बन्ध, पड़ोस-भाव।

vicinal –नॅल् a. प्रतिवेश्य; (रसा०) संचारी; संनिधि-संवादी;

~ action, ~ form, ~ function. ~ glycol.

vicinity वि(वाइ)सि'निटि n. सन्निकर्ष, सान्निध्य, (का०) **सामीप्य,** समीपता^F, आसन्नता^F, निकटता^F, घनिष्ठता^F, नजदीकी^F, पड़ोस, पड़ोसका जिला, इर्द-गिर्दका क्षेत्र।

viciosity विसिऑ'सिटि n. = VICIOUSNESS.

vicious वि'शॅस् a. पापी, पापिष्ठ, पापासक्त, अधम, नीच, दुष्ट, बुरा (~*tendencies; life*); दुर्वृत्त, दुश्चरित्र, दुरात्मा, पापवृत्त, कुपथगामी, कुमार्गगामी, व्यसनी, दुराचारी, बदकार, बदमाश; (दर्श०) **दुर्गुणी, दूषित,** दोष-युक्त, दोषपूर्ण, दोषी, अपराधी, अवगुणमय, ऐबी, खोटा (प्रायः घोड़ों इत्यादिके लिए भी); (तर्क, भाषा^F आदिके लिए) मिथ्या, अयथार्थ, असत्य, झूठ; निराधार, त्रुटिपूर्ण, दूषित, दोषपूर्ण, अगम्भीर, थोथा, उथला (~ *style*); उग्र, क्रोधी, असन्तुलित-चित्त, चिड़चिड़ा; (दर्श०) **दुश्चक्र,** ईर्ष्यापूर्ण, द्वेषपूर्ण, विद्वेषपूर्ण, डाही; ~ circle विषयवृत्त, अपचक्र, दुष्टचक्र, कुचक्र; ~union (शल्य०) हड्डियों^F का दोषपूर्ण संयोजन, गलत जोड़।

viciousness –निॅस् n. पाप, अधर्म, कुकर्म, दुर्वृत्ति^F, दुश्चरित्रता^F, दुष्टता^F, दुराचरण, दुराचारिता^F, नीचता^F, बदमाशी^F, बदकारी^F, बुराई^F; अयथार्थता^F, मिथ्यात्व, असत्यता^F; अगाम्भीर्य, थोथापन, छिछलापन, हल्कापन; ईर्ष्या^F, द्वेषिता^F, विद्वेष; चिड़चिड़ापन।

vicissitude वि(वाइ)सि'सिट्यूड् n. विपर्यय, विपर्यास, विप्लव, अनुक्रम, परिवर्त, परिवृत्ति^F, (दर्श०) **उलटफेर,** अदलबदल, हेरफेर; (प्रा० का०) नियमित परिवर्तन, नियमित हेरफेर, नियमित पलटाव, घुमाव।

vicissitudinous –विसिसिट्यू'डिनस् a. विपर्ययशील, विपर्यासशील, अनुक्रमिक, परिवर्तनशील, हेरफेर होनेवाला, बदलनेवाला।

Vict. Victoria; Victoria University.

victim विक्'टिम् n. बलि^F, बध्य, उपहार, यज्ञ-पशु, भेंट; (उद्देश्य-सिद्धि^F में) आहत व्यक्ति या वस्तु^F, विनष्ट वस्तु^F; उत्तेजना^F से विनष्ट व्यक्ति; विपद्ग्रस्त व्यक्ति, घटनाग्रस्त व्यक्ति; आखेट, शिकार, चिड़िया^F (*the numerous ~s of the confidence trick*)।

victimization –माइज़े'शॅन् n. बलीकरण, बलिदान, कुर्बानी^F, संहार, विनाश, **अत्याचार, सताना, तंग करना।**

victimize विक्'टिमाइज् v.t. बलि^F देना, उपहार करना, बलिपशु बनाना, शिकार बनाना; धोखा देना, चिड़िया^F फँसाना, सिर मूँड़ना, हजामत^F बनाना; विनष्ट करना, संहार करना; ठगना, उल्लू बनाना।

victimizer –ज़ॅर् n. बलिदाता, उपहर्ता; धोखेबाज, चिड़िया^F फँसानेवाला, सिर मूँड़नेवाला।

victor विक्'टॅर n (भाष०) जेता, विजेता, जयी, विजयी, मैदान मारनेवाला, फतह करनेवाला (~ *troops*)।

victoria विक्टॉ'रिॲ n. चौपहिया गाड़ी^F-विशेष; भीम नलिनी^F, बड़ी कुमुदिनी^F; गृह-कपोत-विशेष; घरेलू पंखा-विशेष; (विशे० V ~ ज्योतिष०) द्वादश क्षुद्र ग्रह; ~ colour विजया वर्ण; V ~ Cross (V. C.) विक्टोरिया-पदक, विक्टोरिया क्रास।

Victorian विक्टॉ'रिॲल् n. विटोरियाका शासन-काल।

victorious विक्टॉ'रिॲस् a. प्राप्तजय, जेता, विजेता, जयी, विजयी, मैदान मारनेवाला, फतह^F करनेवाला; जय-सम्बन्धी, विजय-विषयक, जीत^F का; जय-सूचक, विजय-सूचक (~ *day*)।

victoriousness –निॅस् n. जय^F, विजय^F, जीत^F।

victory –'टॅरि n. सिद्धि^F, जय^F, विजय^F, जीत^F, फतह^F (*battle ended in a decisive ~*); (V~) विजयश्री^F, जय-लक्ष्मी^F, विजय-देवी^F; ~-tower जयस्तम्भ।

victress –ट्रिस् n. जेत्री^F, जयिनी^F, विजयिनी^F, विज-यित्री^F, विजयकर्त्री^F, फतह^F करनेवाली।

victual[1] वि'ट्ल् n. (प्रा० बहुव०) खाद्य सामग्री^F, भक्ष्य सम्भार, भोज्य पदार्थ, रसद^F, खानेका सामान।

victual[2] v.t. & i. खाद्य सामग्री^F एकत्र करना, भोज्य पदार्थ जुटाना, रसद^F इकट्ठा करना; खाद्य-सामग्री^F प्रेषित करना, रसद^F भेजना, खूराक^F देना; भोज्य सामग्री^F भक्षण करना, रसद^F खा जाना; भोजन कराना, खिलाना।

victualler –लॅर् n. पान्थशालिक; भक्ष्य-व्यवस्थापक, भक्ष्यविक्रेता, भोज्य-विक्रयी, भोजनसामग्री बेचनेवाला (*licensed ~*); (अन्य जहाजोंके लिए) खाद्यवाही पोत।

victualless –ल्-लिॅस् a. भोज्य-पदार्थ-विहीन, खाद्य-सामग्री-रहित, बिना रसद^F का।

victualling –लिंग् n. भोज्य, प्रबन्ध, भक्ष्य-व्यवहार; भक्ष्य-विक्रय, अन्न-विक्रय; रसद-जुटाई^F, ~ bill रसद भारपत्र; ~ office रसदघर।

vicugna, -una वि'कूनूयॅ nn. तुरोष्ट्र, विक्यूना (दक्षिणी अमेरिकाका ऊँट-जैसा स्तनपायी जानवर)।

Vid. Vide See.

vide (L) v. imperat. देखो, देखिए।

videlicet (L) adv. अर्थात्, यानी।

vidette विडे'ट्' n. दे० VEDETTE.

vidimus (L) n. आय-व्यय-लेखा-निरीक्षण; किसी प्रलेखकी संक्षिप्ति^F।

viduage ⊙ विड्यू'इज् n. वैधव्य, विधवापन।

vidual ⊙ –'ॲल् a. वैधव्य-, वैधव्य-सम्बन्धी, विधवा-पनका।

viduity –'इटि n. वैधव्य, विधवापन।

vie वाइ' v.i. स्पर्धा^F करना, स्पृहा^F करना, प्रतियोगिता^F करना, होड़ लगाना, बराबरी^F करना, रीस^F करना।

Viennese विनीज़्' १. a. वियना-सम्बन्धी, वियना-विषयक, वियनाका; २. n. वियना-निवासी।

vi et armis (L) adv. बलात्, जबरदस्ती।

view[1]* व्यू'n. आलोकन, अवलोकन, निरीक्षण, पर्यवेक्षण, प्रेक्षण, दर्शन*; (कानून) मुआइना; मानसिक पर्यवेक्षण (*take a general ~ of the subject*); दृष्टि^F; ईक्षण-शक्ति^F, वीक्षण-शक्ति^F, आँख^F, नजर^F (*passed from our ~*); दृशा^F, दृष्टिपथ, नयनगोचर-प्रदेश, दृष्टिसीमा^F, पर्यवेक्षण-सीमा^F, नजर^Fकी हद्द^F, **दृश्य*** (*a superb ~*); सोच-विचार, ख्याल, गौर; मत*, मति^F, सम्मति^F, विचार, राय^F (*takes a different ~*); अभिप्राय, प्रयोजन, आशय, उद्देश्य, हेतु, मंशा^F, नीयत^F, इरादा (*cat has a ~ upon the larder*); प्रदर्शन, शो (*private ~ of a picture*); ~-finder (भौ०) **दृश्यदर्शी**, (चित्रोंकी सीमाओं^Fका पता देनेवाला) कैमरेका पुरजा; ~ halloo वू-हलू, आखेटकोंकी हर्षध्वनि^F; ~ point दृष्टिबिन्दु, **दृष्टिकोण**; रूप, रुख, खाका; *in full ~ of the crowd* भीड़^Fके बिलकुल सामने; *in ~ of* इस कारणसे; विचारसे, ख्यालसे, देखते हुए (*in ~ of recent developments we do not think this step advisable*); *on ~* प्रदर्शनार्थ; *to the ~* स्पष्टतया, खुल्लमखुल्ला, साफ-साफ, खुले तौरसे; *with a ~ to* अभिप्रायसे, प्रयोजनसे, उद्देश्यसे, मतलबसे (*with a ~ to extending*); प्राप्ति^Fकी दृष्टि^Fसे, पानेकी आशा^Fमें (*he said this with a ~ to the vacant secretaryship*)।

view[2] v.t. पर्यवेक्षण करना, निरीक्षण करना, अवलोकन करना, दृष्टि^F डालना, निहारना, देखना, नजर^F डालना; समीक्षा^F करना, विचार करना, सोचना, परखना (*does not ~ the matter in the right light*) समझना।

viewable –ॲबॅल्_a. दृष्टिगोचर, दृश्यमान, दिखाई पड़नेवाला।

viewer –ॲर n. पर्यवेक्षक, **प्रेक्षक**, निरीक्षक, दर्शक, देखनेवाला; समीक्षक; आलोचक, विचारक, अन्वीक्षा^F करनेवाला, परख^F करनेवाला, जाँचनेवाला।

viewiness –'इनिॅस्_n. धुन^F, सनकीपन, झक्कीपन।

viewless –'लिॅस्_a. (काव्य०, भाषण) अदृश्य, अगोचर, अलक्ष्य, दिखाई न पड़नेवाला, बिनदेखा।

viewy –'इ a. (बोल०) सनकी, झक्की, धुनवाला।

vigesimal वाइजे'सिमॅल् a. विंश, बीसवाँ।

vigia विजी'अॅ n. सूचना^F, चेतावनी^F, खबरदारी^F।

vigil वि'जिल् n. सजगता^F, जागरूकता^F, जागृति^F, जागरण, चौकसी^F, होशियारी^F; रात्रिजागरण, रतजगा; (विशे० बहुव०) नैशपूजन, निशापूजा^F, रात्रिपूजा^F, रात^Fकी उपासना^F।

vigilance –लॅन्स्_n. **सतर्कता**^F, (~ *case*), सजगता^F, जागरूकता^F, अवधान, सावधानी^F, **चौकसी**^F, देखरेख^F, होशियारी^F, खबरदारी^F, (~ *committee*); (विकृति०) अनिद्रा^F, विनिद्रता^F, निद्राहीनता^F, जाग्रदवस्था^F, जागनेकी बीमारी^F;

~ case, ~ officer, ~ section.

vigilant –न्ट् a. अनिन्द्र, विनिद्र, अस्वाप, जाग्रत, जागरूक, अप्रमत्त, सचेत, सजग, सतर्क, सावधान, चौकस, होशियार, खबरदार (~ *control*)।

vigilante⊙ विजिलैन्'टि n. शान्ति-सुख-व्यवस्थापक समिति^Fका सदस्य या मेम्बर।

vignette[1] विन्ये'ट्' n. (स्था०) पुष्पादि-चित्र, चित्र-विचित्र छवि^F; बेलबूटा, पत्तीकारी^F, गुलकारी^F, पुस्तक^Fके मुखपृष्ठका चित्र; (छायांकित या रेखांकित) चित्र, फीटो, प्रतिमा^F; (ला०) रेखाचित्र; शब्दचित्र।

vignette[2] v. t. (केवल कन्धे तककी) मूर्तियाँ^F बनाना, मूर्तियों^Fकी छाया^F बनाना।

vignetter, vignettist –'टॅर्, –'टिस्ट् nn. पुष्पादि-चित्रकार, क्षुद्रछविकार, बेलबूटा काढ़नेवाला, प्रतिमा^F बनानेवाला।

vigoroso विगॅरो'सो (It) adv. (संगीत) सवेग, तेजी^Fसे; शक्तितः, जोशके साथ।

vigorous वि'गॅरॅस्_a. ओजपूर्ण, **ओजस्वी, प्रबल,** शक्तिशाली, शक्तिवान्, वीर्यवान्, बलशाली, जोरदार; साहसी, साहसपूर्ण, हिम्मती; मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, अन्तः-स्पर्शी, तीक्ष्ण, प्रभावपूर्ण; उत्साही, उत्साहपूर्ण, उत्साह-वर्द्धक;

~ delta, ~ monsoon, ~ storm.

vigorousness –निस्_n. ओजपूर्णता^F, शक्तिवत्ता^F, वीर्यवत्ता^F; बलशालिता^F, साहस, साहसपूर्णता^F; मर्म-भेदिता^F, मर्मस्पर्शिता^F, अन्तःस्पर्शिता^F, तीक्ष्णता^F, प्रभावपूर्णता^F; उत्साहपूर्णता^F।

vigour, vigor⊙ –र्_n. वीर्य, **बल**, शक्ति^F, शौर्य, ताकत^F; सजीवता^F, जीवनशक्ति^F; मानसिक शक्ति^F, दिमागी ताकत^F, (जीव०, वन०) **ओज**, तेज, प्रभाव; पौरुष; साहस, हिम्मत^F; मर्मभेद, मर्मस्पर्शिता^F, अन्तः-स्पर्शिता^F, हृदयवेधिता^F, तीक्ष्णता^F; उत्साह, प्रेरणा^F, आवेश, जोश।

vigourless –लिॅस्_a. शक्तिहीन, बलहीन, बिना ताकत^Fका; ओजहीन, तेजरहित, प्रभावहीन, पौरुषहीन; साहसरहित, बेहिम्मत; अमर्मभेदी, अमर्मस्पर्शी, अहृदयवेधी; अनुत्साह, निरुत्साह, आवेशहीन, मन्द।

viking वाइ'किंग् n. (आठवींसे दसवीं शती^Fके बीचका उत्तर सागरका) साहसिक, जलदस्यु, सामुद्रिक दस्यु, समुद्री डाकू।

vikingism –गिज़्म् n. जलदस्युवाद, समुद्रदस्युवाद, डाकूपन।

Vil. Village.

vilayet विला'येट् n. विलायत, (वलीके नीचे एक तुर्की प्रशासनक्षेत्र)।

vile वाइल्' a. व्यर्थ, निकृष्ट, निकम्मा, बेकार (~ *pen, pastry*); अधम, नीच, जघन्य, कमीना, घटिया (*the*

~ *trade of an informer*); दुष्ट, दुरात्मा, दुराचारी, पापी, अधर्मी, दुश्चरित्र, शैतान, पिशाच, पाजी।

vileness –'निस् n. व्यर्थता^F, निकृष्टता^F, निकम्मापन, बेकारी^F; अधमता^F, नीचता^F; दुष्टता^F, दुरात्मता^F; दुराचार, पाप, अधर्म, अधर्मिता, दुश्चरित्रता^F, शैतानी^F, पिशाचपन।

vilification विलिफ़िके'शॅन् n. परिवाद, अपवाद, निन्दावाद, निन्दा, अयश, कुयश, कलंक, बदनामी^F, बुराई^F, खराबी^F, गाली गलौज।

vilifier –'लिफ़ाइअॅर् n. अपवादक, परीवादक, निन्दक, निन्दावादक, अपयश देनेवाला; कलंकित करनेवाला, बुराई^F लगानेवाला, बदनाम करनेवाला।

vilify –इ v.t. अपवाद फैलाना, निन्दा^F करना, मानहानि^F करना, कलंकित करना, कुयश फैलाना, बदनाम करना, बुराभला कहना।

vilipend वि'लिपे'न्ड् v.t. तिरस्कृत करना, उपेक्षित समझना, अवज्ञा^F करना, अपमानजनक व्यवहार करना।

vill विल्' n. = VILLAGE, बस्ती^F।

villa वि'लॅ n. पल्लीभवन, महाभवन, ग्रामगृह, ग्रामनिवास, गाँवका बँगला।

villadom वि'लॅडॅम् n. ग्राम्य-समाज, ग्रामीण समाज, गाँव-समाज, ग्राम-मण्डली^F।

village –लिज् n. (कृषि०) ग्राम, गाँव, देहात, पुरवा, मौजा, बस्ती^F, (गुण०) ग्राम्य, ग्रामीण;

~ account, ~ accountant, ~ administration, ~ affairs, ~ agency, ~ agricultural land, ~ area, ~ area's lists, ~ authorites, ~ bench, ~ blacksmith, ~ book, ~ boundary, ~ carpenter, ~ cattle, ~ cess, ~ channel, ~ community, ~ conservancy, ~ council, ~ court, ~ economy, ~ farm, ~ forest, ~ forest officer, ~ guide, ~ headman, ~ ~ history, ~ holder, ~ house, ~ immovable property, ~ industry, ~-land, ~ management, ~ map, ~ market, ~notebook, ~ office, ~ officer, ~ official, ~ organization, ~ panchayat, ~ papers, ~ planning, ~ police, ~-policeman, ~ police officer, ~ postman, ~ practitioner, ~ record, ~ register, ~ rent-roll, ~ return, ~ revenues, ~ road, ~ sanitation, ~ sanitation measures, ~ sanitation records, ~ school, ~ servant, ~ service holding, ~ service tenant, ~ service tenure, ~ share, ~ site, ~ statement, ~ survey, ~ sweeper, ~ tract, ~ trading, ~-uplift, ~-uplift centre, ~ vaccination, register, ~ waste, ~ watchman.

villager –जॅर् n. ग्रामिक, ग्रामीण, ग्रामी, ग्रामवासी, ग्राम्यजन, गँवार, देहाती।

villagery –रि n. ग्रामवर्ग, ग्राममण्डल, ग्राम्य जनता^F।

villain[1] वि'लॅन् n. (स्त्री० *-ess*) दुष्ट, दुरात्मा, दुर्जन, **खलनायक, खल**, नराधम, नीच, शैतान, पाजी, लुच्चा, गुण्डा, आवारा; ग्रामिक, ग्रामीण, ग्राम्यजन, ग्रामवासी, गँवार, देहाती; असभ्य (व्यक्ति), अशिष्ट (आदमी); (इति० *villein* भी) भूमिजीवी, खेतिहर।

villain[2] a. (प्रा०) ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती, गँवार; अशिष्ट, असभ्य, उजड्ड, अक्खड़, अनगढ़; (इति०) ग्राम्यजीवी, खेतिहर, सम्बन्धी।

villa(i)nage, ville(i)nage –निज्, –निज nn. नीचता^F, अधमता^F; श्रमजीवियोंकी खेती^F या चाकरी^F, पहरेदार खेतिहरोंकी दासप्रथा^F या चाकरी^F; दुष्टजन, बदमाश लोग; दुष्टता^F, नीचता^F, शैतानी^F, बदमाशी^F।

villainous वि'लॅनॅस् a. पिशाचाई, दुर्जनोचित, शैतानवाला; दुष्ट, दुर्वृत्त, पापिष्ठ, जघन्य, कुत्सित, अधम, नीच, क्षुद्र, पाजी, बदजात, कमीना, बदमाश, बुरा; (बोल०) एकदम खराब, बिल्कुल बुरा, निहायत रद्दी (~ *hotel, style*)।

villainousness –निॅस् n. दुर्वृत्तता^F, दुष्टता^F, अधमता^F, जघन्यता^F, नीचता^F, क्षुद्रता^F, कमीनापन।

villainy –नि n. दुष्कर्म, जघन्य कर्म, पाप, अधम, कार्य, पाजीपन, शरारत^F, बदमाशी^F का काम।

villatic –टिक a. ग्राम्य, ग्रामिक, ग्रामीण, देहाती, गाँवका।

villeggiatura (It) n. ग्रामवास, ग्रामनिवास, देहातमें रहना।

villein वाइ(वि)'लिन् a. & n. दे० VILLAIN; दास, प्रजा^F, रइयत^F।

villiform, villoid वि'लिफ़ॉर्म्, –'लाॅइड् aa. रसांकुर रूप, अंगुष्ठिकाकार; लोमवत्, बालनुमा, पशमनुमा।

villose, villous –लोस्, लॅस् aa. रसांकुरीय, रसांकुर-सम्बन्धी; अंकुरीय; अंकुर-सम; (वन०) **विरल रोमी**, विरल रोमिल, रोएँदार, बालदार, झबरा।

villosity –लॉ'सिटि n. (चि०) सांकुरता^F, अंकुरावृत्तता^F; रसांकुरत्व, अंगुष्ठिकात्व; झबरापन।

villous –'लॅस् a. (वन०) **विरल रोमिल, रोमांकुरयुत,** दे० VILLOSE.

villus –स् n. (श० र० शा०) (वन०, जीव०, चि०, कृषि०) **अंकुर** (श्लेष्मल कलापर होनेवाले) **रसांकुर, रोमांकुर**, अंगुष्ठिका^F; (वन० शा०; फूलों अथवा फलोंके ऊपरके) कोमल बाल, लोम, रोएँ, पशम।

vim विम्' n. (बोल०) ओज, तेज, प्रभाव, सत्त्व, शक्ति^F, बल, पौरुष, ताकत^F; प्रेरणा^F, उत्साह, जोश; उद्यम।

viminal –'मिनॅल् a. प्ररोहात्मक, प्ररोही; कोपल^F का।

vimineous –निॅअॅस् a. प्ररोह-निर्मित, अँखुयेका बना; शाखा-निर्मित, टहनियों^F का बना।

vina वी'नॅ n. वीणा^F, प्रपंची^F।

vinaceous वि(वाइ)ने'शॅस् a. द्राक्षीय, द्राक्षा-विषयक, अंगूरका; शोणित।

vinaigrette विनिग्रे'ट् n. सुगन्धि^F की बोतल^F, सुगन्धित द्रवके लिए शीशी^F या बोतल^F या डब्बा।

vinasse विनास' n. तलछट^F।

vinca विन्'कॅ n. करवीरबन्धु, (चि०) विंका, ग्राही, व्रणरोपक और स्तन्यरोधी।

vincibility विन्सॅबि'लिटि n. जेयता^F, विजेयता^F, जीते जीनेकी अवस्था^F।

vincible –सॅबॅल् a. (क०) जेय, विजेय, जीतने योग्य।

vinculum विन्'क्यूलॅम् n. (pl. *-la*) शिरोवार, (ग०) **रेखाकोष्ठक, रेखाबन्धनी^F**, शिरोरेखा^F, ऊपरी रेखा^F ($a+b \times c = ac+bc$); (शारीर०) बन्धनी^F।

vindemial विन्डी'मिॲल् a. द्राक्षीय, द्राक्षा-, अंगूरी।

vindicability विन्डिकॅबि'लिटि n. निरसनीयता^F; प्रतिपाद्यता^F, समर्थनीयता^F; पौष्टिकता^F; रक्षणीयता^F।

vindicable –'डिकॅबॅल् a. निरसनीय; प्रतिपाद्य, समर्थनीय; पोषणीय, रक्षणीय।

vindicate –केट् v.t. प्रतिपादन करना, प्रतिसमर्थन करना, समर्थन करना, पुष्टि^F करना, सहारा देना; पालन करना, रक्षा^F करना; सत्त्व स्थापित करना, स्थिर करना, कायम रखना, पक्का करना; प्रमाणित करना; दोषनिरसन करना, निर्दोष सिद्ध करना, न्यायसंगत सिद्ध करना; शोधन करना, दण्ड देना।

vindication –के'शॅन् n. प्रतिपादन, प्रतिसमर्थन, पुष्टीकरण, प्रमाणीकरण, स्थापन, निर्वाह; दोष-प्रक्षालन, परिशोधन, दोषमुक्ति^F, दोषनिरसन।

vindicative –डिकॅटिव् a. प्रतिकारपरायण, वैरसाधक, निरसनशील, प्रतिशोधात्मक; समर्थनशील; समर्थनकारी; ~ damage (का०) **दण्डात्मक क्षतिमूल्य या हर्जाना**।

vindicator –केटॅर् n. प्रतिपादक, पोषक, प्रतिसमर्थक, समर्थनशील, प्रमाणित करनेवाला।

vindicatory–रि a. समर्थनशील, समर्थनकारी; (कानून) दण्डात्मक, दोषनिरसनात्मक, परिशोधात्मक।

vindicatress –ट्रिस् n. समर्थिका^F, प्रतिपादिका^F।

vindictive विन्डिक्'टिव् a. प्रतिहिंसापरायण, प्रतिकारपरायण, प्रत्यपकारी, प्रतिकारी; प्रतिकारशील; (कार्य आदि के लिए) प्रतिशोधात्मक, प्रतिहिंसात्मक, प्रत्यपकारात्मक; दण्डात्मक; ~ damages प्रतिवादीसे दण्डस्वरूप लिया गया खर्चा।

vindictiveness –नॅस् n. प्रतिहिंसापरायणता^F, प्रतिकारपरायणता^F, प्रत्यपकारिता^F, प्रतिकारिता^F; प्रतिहिंसात्मकता^F, प्रत्यपकारात्मकता^F, प्रतिशोधभाव, दण्डभाव, प्रतिशोधात्मक व्यवहार।

vindimiatrix –मिॲट्रिक्स n. (ज्यौ०) **पंचम कन्या^F**, T.।

vine वाइन्' n. द्राक्षा^F, दाख^Fकी लता^F, (कृषि०) **अंगूर-की बेल^F**; ~s वल्ली^F, लतायें^F ⊙ ~-borer, -fretter, -grub अंगूरी कीड़ा;

~ black, ~-bordered, ~-clad, ~-covered, ~-decked, ~ disease, ~ dresser, ~-encircled, ~ grower, ~-hung, ~-laced, ~land, ~-leafed, ~-mantled, ~ prop, ~-robed, ~-tree, ~-wreathed.

vinegar[1] वि'नि'गॅर् n. (रसा०) चुक्र, शुक्त, शौक्तिक, (रसा०) **सिरका**; (ला० प्रायः गुण०) अम्ल, खट्टा (~ *countenance*); V ~ Bible अंगूरवाटिका^Fकी कथा^Fसे युक्त (१७१७ ई० में सम्पादित) बाइबिल^F; ~ plant खमीर वाली काई^F।

vinegar[2] v. t. चुक्रमिश्रित करना, शुक्तमिश्रण करना, सिरका मिलाना; चुक्र बनाना, शुक्त बनाना।

vinegarish –रिश् a. चुक्रात्मक, शुक्तात्मक, सिरकेदार, खट्टा।

vinegary –रि a. चुक्रस्वाद, शुक्तस्वाद, अम्ल, खट्टा।

vinery वाइ'नॅरि n. (उत्पादनार्थ) द्राक्षाभवन, अंगूर-घर।

vineyard विन्'यॅर्ड् n. द्राक्षा-वाटिका^F, द्राक्षा-क्षेत्र, (कृषि०) **अंगूर वाटिका^F**, अंगूरोपवन, अंगूरका खेत, अंगूरका बाग।

vingt-et-um (F) वान्टेअम् n. इक्कीसी, इक्कीस पत्तों-का ताशका खेल।

vini- द्राक्षा-, द्राक्षिरा-, अंगूर- (~*culture*, ~*culturist*, ~*ferous*, ~*fication*)।

vinic विनिक a. द्राक्षिरीय, सुरा-सम्बन्धी, शराब^Fका।

viniculture विनिकल्'च्यूॲर् n. द्राक्षा-कृषि^F, **अंगूरकी खेती^F**।

viniculturist –चॅरिस्ट् n. द्राक्षाकृषक, द्राक्षोत्पादक कृषक, अंगूरका किसान।

vinification –निफिके'शॅन् n. द्राक्षिरीयण, फलयूषका खमीर उठाना।

vinology वाइनॉ'लॅजि n. द्राक्षिरा-विज्ञान, मद्यशास्त्र, मदिरा-विद्या^F।

vinosity–सिटि n. मद्य-सादृश्य, मदिरावत्ता^F; द्राक्षीयता^F; मद्य; नशा, नशीलापन।

vinous –नॅस् a. द्राक्षा-, द्राक्षीय (~ *liquors*); मद्य-सम्बन्धी, आसवीय, आसव-विषयक, सुरामय, मद्यका, मदिरा^Fका, शराब^Fका; मद्यवत्, शराब^Fके समान; मद्यजनित; नशाका-सा, नशीला।

vint[1] विन्ट्' n. विण्ट (रूसी ताशका खेल-विशेष)।

vint[2] v.t. मद्य-निर्माण करना, मदिरा^F बनाना, शराब^F बनाना।

vintage –टिज n. द्राक्षा^F, दाख^F, अंगूर; द्राक्षा-चयन-ऋतु^F, द्राक्षा-संग्रहकाल, अंगूर आनेका मौसम; (अंगूरकी मौसमी उपज^Fसे बना हुआ) मद्य; (काव्य, भाषण) मद्य, मधु, मदिरा^F, आसव, शराब^F; ~ wine अंगूरी शराब^F।

vintager –जॅर् n. द्राक्षा-चयक, द्राक्षा-चयनकार, अंगूरकी फसल^F एकत्र करनेवाला।

vintner विन्ट्'नॅर् n. शौण्डिक, सुराजीवी, मद्यविक्रयी, मधुविक्रेता, मदिरा-व्यवसायी, शराब बेचनेवाला, कलार, कलवार।

vintnery –रि n. मदिरा-व्यवसाय, शराब^Fकी दुकान^F।

vintry –ट्रि n. द्राक्षिरा-कक्ष, द्राक्षिराशाला^F, मदिरा^F रखनेकी दुकान^F या जगह^F।

vinum ⊙ वाइ'नॅम् n. द्राक्षिरा^F, मदिरा^F, अंगूरी शराब^F, वाइन^F।

viny–नि a. द्राक्षालता-विषयक, दाख^Fके पौधेका, अंगूरकी

बेल^Fका।

viol वाइ'अल् n. षट्तन्त्री^F, वीणा^F, सारंगी^F, वायल, (चि०) वनफशाह तथा उस जाति^Fके अन्य पौधे, छाती^F और वृक्क-रोगोंमें उपयुक्त।

viola¹ विओ'लॅ n. मध्यतन्त्री^F, बेला^F(बड़ी सारंगी^F)।

viola² n. हृत्सुख, नैनसुख, वायला (एक नील-लोहित फूलदार पौधा)।

violable वाइ'अॅबॅल् a. लंघनीय, उल्लंघनीय, अतिक्रमणीय, भंजनीय, भंग करने योग्य, तोड़ने योग्य; अपवित्र करने योग्य, भ्रष्ट करने योग्य; व्याघात करने योग्य।

violaceous वाइअॅले'शॅस a. नीलारक्त, नीलरक्ताभ, नीललोहितवर्णीय, नीला लाल रंगका, बैंगनी; नीललोहित पौधेके परिवारका।

violate वाइ'अॅलेट् v. t. लंघन करना, उल्लंघन करना, (का०) **अतिक्रमण करना,** सीमोल्लंघन करना, भंग करना, तोड़ना; विरुद्ध करना, प्रतिकूल करना; (शपथ^F, समझौता, नियम इत्यादिको) अपवित्र करना, दूषित करना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ना; दुर्व्यवहार करना, उद्धतता करना, उद्दण्डता करना, असाधु आचरण करना; विघ्न करना, बाधा^F देना, आघात करना, व्याघात करना, खलल डालना; बलात्कार करना, जबरदस्ती^F करना; सतीत्व भंग करना।

violated –टि॑ड् a. अतिक्रान्त, उल्लंघित, अतिक्रमित; दूषित, भ्रष्ट।

violation –ले'शॅन् n. **उल्लंघन, अतिक्रमण,** अतिक्रम, खण्डन, भंग; अपवित्रीकरण, दूषित करना; बाधा^F, विघ्न, आघात, व्याघात; बलात्कार, आधर्षण।

violative–अलेटिव् a. उल्लंघी, (राज०) **उल्लंघनकारी,** अतिक्रामी; बाधक, विघ्नशील, आघाती, व्याघाती; दूषक, अपवित्रकारी।

violator –टॅर् n. लंघक, उल्लंघक, अतिक्रामी, भंजक, तोड़नेवाला, उद्धत, उद्दण्ड, गुस्ताख आदमी; बाधक, आघाती, व्याघाती; बलात्कारी, धर्षक।

violence वाइ'अॅलॅन्स् n. (का०) **हिंसा**^F, बलाचरण, बल-प्रयोग, शक्ति-प्रयोग (*was compelled to use ~*); वेग, उग्रता^F, तीक्ष्णता^F, प्रचण्डता^F, तीव्रता^F; विरोधी आचरण, उग्र व्यवहार, निरादर, अपमान (*did ~ to his feelings*); उत्पीड़न, प्रमाथ, अत्याचार, बलात्कार, जबरदस्ती^F।

violent* –न्ट् a. **हिंस्र, हिंसात्मक,** हिंसापूर्ण* (*~ conduct*); अन्यायपूर्ण; गुरु, वेगवान्, (रसा०) **तीव्र,** तेज*, सख्त, जोरदार; बलात्कारपूर्ण, जबरदस्तीका; उग्र, प्रबल, (रसा०) **प्रचण्ड*,** घोर*; शक्तिशाली, बलशाली; (कानून) हिंस्र, हिंसक;

widow[1] वि'डो n. मृतभर्तृका[F], विधवा[F], बेवा[F], राँड़[F]; child ~ बालविधवा[F]; ~'s cruse देखनेमें कम किन्तु कभी न समाप्त होनेवाली राशि[F], ~'s mite (विधवा[F] द्वारा प्रदत्त) यथाशक्य दान, थोड़ा कण-भर दान।
widow[2] v. t. विधवा[F] कर देना, बेवा[F] कर देना, राँड़[F] बना देना; विधुर कर देना, रँडुआ कर देना।
widowed -ड् a. विधुरित, विधुर, (*the* ~ *father*); विधवा, अनाथ (*the* ~ *mother*)।
widower -डोॲर n. विधुर, रँडुआ।
widowhood -डोहुड् n. **वैधव्य**, विधवापन, रँड़ापा।
width विड्थ्' n. **विस्तृति**[F], विस्तार, **चौड़ाई**[F], पाट, अर्ज; (अर्ज; (दृष्टिकोणों इत्यादिकी) उदारता[F], उच्चता[F], विशालता[F], व्यापकता[F]; निश्चित चौड़ाई[F]के किसी पदार्थका टुकड़ा, पाट (*shall want 3* ~*s of it*)।
wield वील्ड्' v.t. शासन करना, वशमें रखना, अधिकारमें रखना, कब्जेमें रखना, काबूमें रखना; व्यवस्थित करना; उपभोग करना, लाभ प्राप्त करना, काममें लाना, बरतना; उठाना, घुमाना, फिराना, चलाना, हिलाना; (~ *the sceptre* शासन करना; ~ *weapons* (शा० एवं ला०) अस्त्र उठाना, शस्त्रधारण करना, हथियार उठाना।
wieldable -'डॅबॅल् a. शास्य, शासनीय, वश्य, अधिकार्य, अधिकारमें करने योग्य, काबूमें करने योग्य; उठाने या चलाने लायक।
wielder -डॅर n. शासक, अधिकर्ता, कब्जेवाला, काबू करनेवाला; चलने या उठानेवाला।
wieldless -ड् 'लिँस् a. अव्यवस्थाप्य, अव्यवस्थापनीय, अ-वश्य, न सँभालने योग्य, बेकाबू।

wieldy –'डि a. शास्य, शासनीय, वश्य, अधिकार्य, व्यवस्थाप्य, व्यवस्थापनीय, सुप्रयोज्य, इन्तजामके लायक, काबूमें आने लायक।

wife वाइफ़्' n. (pl. *wives*) दारा^F^, भार्या^F^, स्त्री^F^, सहधर्मिणी^F^, गृहस्वामिनी^F^, पत्नी^F^, जोरू^F^, औरत^F^, घरवाली^F^, मेहरारू^F^, लुगाई^F^, बीबी^F^; (अव अप्र०) वृद्धा^F^, बुढ़िया^F^; old wives' tale अन्धविश्वासपूर्ण रीति^F^, मूर्खतापूर्ण परम्परा^F^।

wifehood –'हुड् n. भार्यात्व, स्त्रीत्व, पत्नीत्व, जोरूपन।

wifeless –'लि॑स् a. पत्नीविहीन, बिना औरत^F^का।

wifelike, wifely –लाइक्, –लि aa. भार्योचित, पत्न्युचित, बीबी^F^के लायक, औरत^F^का-सा।

wifie –'फ़ि n. दयिता^F^, प्रियतमा^F^, प्राणप्रिया^F^, प्यारी^F^; छोटी-सी पत्नी^F^।

wig[1] विग्' n. उपकेश, (कृत्रिम बालोंका टोप) विग; *there will be ~s on the green* खुल्लमखुल्ला लड़ाई^F^ होगी।

wig[2] v. t. (बोल०) भर्त्सना^F^ करना, निर्भर्त्सना^F^ करना, डाँटना-डपटना, बुरा-भला कहना।

wigan वि'गॅन् n. (किरमिचकी तरहका एक कड़ा पदार्थ) विगन।

wigged विग्ड' n. विग-सज्जित, बाल पहने हुए।

wiggery –'गॅरि n. कृत्रिम केश-कलाप, विग।

wigging वि'गिंग् n. (बोल०) भर्त्सना^F^, निर्भर्त्सना^F^, डाँट-डपट^F^, लानत-मलामत^F^।

wiggle वि'गॅल् v. t. (बोल० या बोली^F^) इतस्ततः-श्चालित करना, दोलित करना, इधर-उधर हिलाना, घुमाना; (नाव^F^को) एक चप्पूसे चलाना।

wight[1] वाइट् n. (प्रा० या हास्य०) माणवक, जन्तु, प्राणी, जीव, व्यक्ति, आदमी, मर्द (*luckless, wretched, ~*)।

wight[2] a. सुदृढ़, सुपुष्ट, हृष्टपुष्ट, तगड़ा।

Wigorn. **Wigorniensis**, of Worcester.

wigwag ⊙ विग्'वैग् v.t. झण्डेसे संकेत करना।

wigwagger –गॅर् n. संकेतक सैनिक, निर्देशक सैनिक, सिग्नल देनेवाला सिपाही।

wigwam विग्'वै(वॉ)म् n. (अमेरिकी) रेड इण्डियन-कुटीर (पश्चिमी द्वीप समूहके) आदिवासियोंका झोपड़ा या खेमा।

wild[1] वाइल्ड' n. वन, जंगल, उजाड़; मरुभूमि^F^, मरु-प्रदेश, मरुस्थल, मरुथल, रेगिस्तान; ऊसर प्रदेश, बंजर इलाका।

wild[2] a. अपालित, अपोषित, वन्य, वनजात, जंगली, वनैला, वहशी; निर्जन, सुनसान, वीरान; (घोड़े, खच्चर आदि) सतर्क, भड़कीला, बिगड़ैल; (भूमि^F^ इत्यादि) आकृष्ट, आकर्षित, परती, बिना जोती हुई; अ-वश्य, अनियन्त्रित, अशासनीय, असभ्य, दुर्दान्त, उद्दाम, उच्छृंखल, हठी, दुराग्रही, जिद्दी, सरकश, बे-लगाम (~ *fellow, youth*); उत्कट, तीव्र, उग्र, प्रचण्ड, प्रबल, तेज, तूफ़ानी; भयानक, भयंकर; प्रखर; अनोखा, निराला; उत्सुक, उत्कण्ठित, उत्तेजित, व्यग्र, उन्मत्त, अतिव्याकुल, उतावला; पागल, दीवाना, सिरफिरा; श्रमशील, परिश्रमी, मेहनती; कामी, कामुक, लम्पट, दुराचारी, व्यभिचारी; चरित्रहीन; अन्धाधुन्ध, ताबड़-तोड़, उत्तेजनावश किया हुआ, बे सोचा-समझा; अविचारित, अचिन्तित (~ *guess, shot*); the ~ men अतिवादी व्यक्ति, इन्तिहापसन्द मेम्बर; ~ basil (वन०) **वनतुलसी^F^**, जंगली तुलसी^F^; ~ beet (वन०) **जंगली चुकन्दर**; ~ cat वनबिलाव, जंगली बिल्ली^F^; ~ fire दाव^F^, दावानल^F^, दावाग्नि^F^, वनानल^F^, वनाग्नि^F^, ~-goose वनहंस, जंगली हंस; मूर्ख व्यक्ति; ~-goose chase जंगली हंसका शिकार; (ला०) असम्भव कार्यकी चेष्टा^F^; ~ man क्रूर व्यक्ति, असभ्य आदमी, जंगली आदमी, वहशी आदमी; ~ scenery भयंकर दृश्य; ~ track **अतंत्र ध्वनि-पथ**; ~ trap (परि०) **कचरा जाली^F^**; ~ work अवैधानिक कार्य, जंगली काम, अन्धाधुन्ध काम; *drive* ~ आपेसे बाहर कर देना, पागल कर देना; *run* ~ (पौधोंका) स्वतः उगना; (मनुष्यका) मुक्त हो जाना, स्वतन्त्र हो जाना, स्वच्छन्द हो जाना, बेलगाम हो जाना;

~animal, ~ armed, ~ arrowroot, ~ asparagus, ~ ass, ~ beast, ~ bird, ~ boar, ~-born, ~ brier, ~ buffalo, ~ cabbage, ~ cherry, ~ cinnamon, ~ date-palm, ~ dog, ~ duck, ~ endive, ~ fowl, ~ game, ~ geranium, ~ ginger, ~ goat, ~ guava, ~ hog, ~ horse, ~ indigo, ~ jack, ~ jasmine, ~ jujube, ~ justice, ~ jute, ~ laburnum, ~ life, ~ lime, ~ liquorice, ~ madder, ~ mango, ~ marjoram, ~ monkey, ~ mountain region, ~ mustard, ~ oat, ~ olive, ~ pansy, ~ pear, ~ pepper, ~ pig, ~ pink, ~ plant, ~ plum, ~ rattan, ~ rice, ~ rose, ~ rue, ~ rye, ~ saffron, ~ sage, ~ service tree, ~ spinach, ~-spirited, ~ stock, ~ strawberry, ~ succory, ~ sugarcane, ~ sunflower, ~ swine, ~ swordbean, ~ thyme, ~ tobacco, ~ track, ~ transplants, ~ turnip, ~ vine, ~ violet, ~ wood, ~ yam.

wildebeest विल्'डॅबीईस्ट् n. (ब॰ व॰ ~ भी) = GNU.

wilder विल्'डॅर् v.t. (का०) उद्भ्रान्त करना, विभ्रान्त करना, व्यग्र करना, उद्वेजित करना, घबरा देना, हड़बड़ी^F^ में डालना, परेशान कर देना।

wilderness –निस् n. वन्य प्रदेश, वन, मरुभूमि^F^, विजन, जंगल, उजाड़, वीराना; निर्जनता^F^; अनियत संख्या^F^, अपरिमित परिमाण, ढेर; *voice in the* ~ अरण्य-रोदन (करना), भैंस^F^के आगे बीन बजे भैंस^F^ बैठ पगुराय; *wandering etc. in the* ~ (किसी राजनीतिक दलसे)

अधिकारच्युत होकर घूमना।

wilding वाइल्'डिंग् n. (विशे०) जँगली सेब, जंगली, पौधा, स्वयं उगनेवाला पौधा।

wildish –डिश् a. ईषत्पालित, ईषत्पोषित, किंचिद्वन्य, जंगली-सा, वहशी-सा; ईषत्सतर्क, भड़कीला-सा, बिगड़ैल-सा, ईषदवश्य, किंचिदनियन्त्रित, कुछ दुराग्रही, हठी-सा; ईषदुत्कट, ईषत्प्रचण्ड, कुछ प्रबल।

willdness –ड्'निस् n. वन्यता^F, असभ्यता^F, अशिष्टता^F, गँवारपन; जंगलीपन, उजाड़, वीरानापन, रौद्रता^F, प्रचण्डता^F, हठवादिता^F; व्यग्रता^F, विभ्रान्ति^F, उत्तेजनापूर्णता^F, बेताबी^F, परेशानी^F।

wile[1] वाइल्' n. वंचन, प्रतारण, कपट; छल, चाल^F, चालाकी^F, धूर्तता^F, छद्म, धोखा, फरेब; लोभ, प्रलोभन, लालच।

wile[2] v.t. (प्रायः *into*, *away* के साथ) फाँसना, फुसलाना, बहकाना, झाँसा देना, धोखा देना।

wileness –'निस् n. प्रतारणा^F, छल, चालबाजी^F, मक्कारी^F।

wilful विल्'फुल् a. स्वैरी, स्वेच्छयाकृत, यथेष्ट, स्वेच्छाकृत, स्वेच्छाचारी, **कामतः**, इच्छाकृत, मनमाना, जानबूझकर, (*~ breach, obstruction*); दुराग्रही, हठी, जिद्दी, सरकश।

wilfully –लि adv. **कामतः**; स्वेच्छापूर्वक, जानबूझकर (*~ donee*)।

wilfulness –ल्–निस् n. स्वेच्छा^F, स्वेच्छाचारिता^F, कामाचार, स्वैरिता^F, मनमानी^F; दुराग्रहवादिता^F, हठवादिता^F, हठ, जिद्द^F, जिद्दीपन।

wiliness वाइ'लिनिस् n. प्रतारकता^F, कैतव, कपट, छल, शठता^F, धूर्त्तता^F, मक्कारी^F, चालबाजी^F, काइयाँपन।

will[1]* विल्' n. प्रवृत्ति^F, **संकल्प**, संकल्पशक्ति^F, इच्छाशक्ति^F, आत्मसंयम, आत्मनिग्रह (*has a strong, weak, ~*); **कृति**^F; वांछा^F, कामना^F, **इच्छा**^F*, आकांक्षा^F, लालसा^F, अभिलाषा^F, मनोरथ, चाह^F, मंशा^F (*my poverty but not my ~ consents*); अभिप्राय, भावना^F; अभिभूत करनेकी शक्ति^F; निदेश, आदेश, आज्ञा^F, हुक्म; (का०, विधा०), **इच्छापत्र**, वसीयत^F, वसीयतनामा; विचारशीलता^F, स्वेच्छाचारी विवेक; (दूसरोंके प्रति) सदिच्छा^F, सद्भाव; free ~ मुक्त संकल्प, स्वतन्त्र इच्छाशक्ति^F; good-~ सद्भावना^F; विश्रुति^F, सुख्याति^F, प्रसिद्धि^F; ill-~ दुर्भावना^F, असद्भावना^F; अविश्रुति^F, कुख्याति^F, बदनीयती^F, बदनामी^F; ~-power इच्छाशक्ति^F; *at ~* स्वेच्छया, इच्छापूर्वक, अपनी इच्छा^Fसे, मर्जी^Fपर; *God's ~ be done* ईश्वरेच्छा^F बलीयसी; *have one's ~* इच्छा^F पूरी करना, मनकी बन आना; *where there is a ~ there is a way* जहाँ चाह^F है वहाँ राह^F है।

will[2] v.t. कामना^F करना, वांछा^F करना, अभिलाषा^F रखना, इच्छा^F करना, चाहना, चाह^F रखना (*God ~s that man should be happy*); अपेक्षा^F करना, आवश्यक समझना, जरूरत^F समझना; सम्मत होना, सहमत होना; राजी होना; (कोई बात^F) जरूर होना, जरूर करना, होकर रहना; निदेश करना, आदेश देना, आज्ञा^F देना; इच्छापत्र लिखना, वसीयत^F कर देना; (कोई काम) मनमाने ढंगसे करना।

will[3] v.t. & aux. गा, गे, गी (*I, we, he, they you, ~ go*); सम्भावना^F होना (*this ~ be Waterloo I suppose*)।

willed –ड्' a. इच्छाशक्तिमान्।

willer –'लॅर् n. इच्छाशक्ति-सम्पन्न व्यक्ति, इच्छाशक्तिमान् व्यक्ति, चाहनेवाला।

willies ⊙ वि'लिज् n. भीति^F, भीतता^F, भयभीतता^F, डरपोकपन; आवेशमन्दता^F, उत्साहक्षीणता^F।

willing वि'लिंग a. सम्मत, सहमत, इच्छुक, तत्पर, उद्यत, अविमुख, रजामन्द, तैयार; ईप्सित, अनुमत, चाहा हुआ; इच्छुक व्यक्ति द्वारा प्रदत्त, खुशी^Fसे दिया गया।

willingness –'निस् n. सम्मति^F, सहमति^F, इच्छुकता^F, इच्छा^F, तत्परता^F, रजामन्दी^F; शौक।

will-less –ल्-'लिस् a. इच्छाशक्तिहीन।

will-o'-the-wisp विल्-अँ'-दॅ-विस्प् n. कच्छ-प्रकाश; घुमक्कड़ व्यक्ति।

willow[1] वि'लो n. नम्रा, वीरा, वेत, बैत (एक प्रकारका वृक्ष); (क्रिके०) बल्ला, बैट; ~-pattern श्वेत चीनीके वर्तनोंपर नीली नक्काशी^F; *handle the ~* बल्ला थामना, बैट उठाना; *wear the ~* (प्रिय जनोंकी अनुपस्थिति^F या मृत्यु^Fपर) शोक करना;

~-culture, ~-grouse, ~ herb, ~ oak, ~ power, ~ warbler, ~-wren.

willow[2] n. धुननेकी मशीन^F।

Willow[3] v.t. (धुनाई^Fकी मशीन^Fसे) धुनना।

willowed –ड a. नम्राच्छादित, वीरा-संकुल, बैतवाला।

willowish –लोइश्' a. नम्रावत्, वीरा-सदृश्य, बैत-जैसा।

willowy –इ a. मधुर, माधुर्यमय, सुन्दर; वीरा-बहुल, जहाँ बैतके वृक्ष अधिक हों; कृश, पतला और लचकेदार।

willy वि'लि n. धुनकी^F, धुननेकी मशीन^F।

willy-nilly विलि'-नि'लि adv. दे० NILL; इच्छापूर्वक या अनिच्छापूर्वक; अनुरोधसे, बलात्, चाहे-अनचाहे; T.।

willy-willy विलि-वि'लि n. चक्रपवन, चक्रवात, वात्या^F, बवण्डर।

wilsome विल्'सॅम् a. दुर्दम, दुराग्रही, हठी, जिद्दी।

wilt[1] विल्ट्' WILL[2] का द्वितीय पुरुष एकव०।

wilt[2] १. n. (कृषि०) **म्लान**, **मुरझान**^F, **कुम्हलाना**; २. v.t. & i. शिथिलित करना, शिथिल करना या होना, हिम्मत^F तोड़ना; म्लान होना, मुरझाना, सूख जाना, **कुम्हलाना**, ~ disease शैथिल्य-रोग।

wilting –'टिंग् n. शिथिलीकरण, शैथिल्य, शिथिलन, (वन०) कुम्हलाना, कुम्हला जाना, मुरझा जाना; ~ coefficient (कृषि०) **म्लान गुणांक**; ~ point शैथिल्यांक, (कृषि०) **म्लानांक**।

Wilton विल्'टॅन् n. (विल्टन नगरमें निर्मित) एक प्रकार-

का कालीन, गलीचा, विल्टन (~ *carpet* भी)।

Wilts. Wiltshire.

wily वाइ'लि a. मायावी, प्रतारक, कितव, कपटी, छली, शठ, धूर्त, छद्मपर, कापटिक, सकपट, मक्कार, चालाक, चालबाज, ऐयार, धोखेबाज, घाघ, काइयाँ।

Wimco. Western India Match Company.

wimple¹ विम्'पॅल् n. तह-दर-तह नकाब, बुरका, घूँघट, परदा; तह^F; फरहरा।

wimple² v. t. & i. घूँघटमें लपेटना या लिपटना, परदा करना; नकाब डालना, नकाबसे छिपना; तह^F में लपेटना, तहियाना, तहियाकर रखना; चक्कर खाते हुए बहना, लहराना, लहरें^F उठाना।

win¹ विन्' n. विजय^F, जीत^F, बाजी^F (*has had three ~s*)।

win² v.t. & i. (*won*) विजयी होना, विजेता होना, विजित करना, विजय^F पाना, जयलाभ करना, जीतना (~*bet, fortress*); प्राप्त करना, पाना (~ *fame, prize*); (धन-सम्पत्ति^F आदिमें) आगे बढ़ जाना, आगे रहना; सफल होना, कृतकार्य होना; प्रयत्नतः पहुँचना, कोशिश^F करके पहुँचना, रास्ता तय करना (~ *the shore, summit*); सफल-प्रयत्न होना; अनुग्रहलाभ करना, कृपा^F पाना, प्रसाद पाना; प्रभावित करना, प्रवृत्त करना, सम्मत कर लेना, सहमत कर लेना, झुकना, तैयार कर लेना अभिभूत कर लेना, अपने पक्षमें कर लेना, तरफदार बना लेना, मोह लेना; ~ one's *bread* रोटी^F कमाना, रोजी^F कमाना; ~ one's *way* संघर्ष करते हुए आगे जाना; कठिनाइयों^F के बीचसे रास्ता बनाना; लड़-झगड़कर प्राप्त करना; ~ *out* ⊙ सफल होना; ~ *the field* मैदान जीत^F लेना, मैदान मार लेना; ~ *through* सफल होना, पार होना (~ *through all difficulties*)।

wince¹ विन्स्' n. कँपकँपी^F, झुरझुरी^F, झुरझुराहट; झिझक^F, सिकुड़न^F।

wince² v.t. सिकुड़ना, कँपकँपी^F आना, झुरझुरी^F आना, झुरझुराना; हिचकिचाना, चौंकना, झिझकना, पीछे हटना।

wincer –सर् n. काँपनेवाला; झुरझुरानेवाला; हिचकिचानेवाला।

wincey विन्'सि n. (pl. -*s*) (एक प्रकारका सूती-ऊनी कपड़ा) विन्सी।

winceyette विन्सिअॅट्' n. नकली विन्सी, दे० WINCEY.

winch विन्च्' n. भ्रामणी^F, चक्रभुजा^F, अक्षभुजा^F, चर्खी^F, घिरनी^F, धुरेकी चक्कर कुहनी^F; (यन्त्र०) **गरारी-ढोल**; भारवाहक कल^F, बोझ उठानेकी मशीन^F।

Winchester¹ विन्'चिॅस्टर् n. विंचेस्टर रायफल।

Winchester² n. आधे गैलनकी बोतल^F।

wind¹* विन्ड् n. सदागति^F, अनिल, (काव्यमें, वाइन्ड भी) (कृषि०) **पवन**, मरुत, (कृषि०) **वात^F, वायु^F**, बयार^F, **हवा^F***, (*constant, periodical, ~*); क्षिप्र वायु^F, चंचल समीर, तेज हवा^F; आँधी^F, झक्कड़; वायु^F की दिशा^F (जिधर बहती हो); (ला०) सुअवसर, अच्छा मौका; (pl.) चार प्रमुख दिशाएँ^F (*scatter to the four ~ of heaven*); अहंकार, अनर्थक बात^F, निरर्थक बात^F, व्यर्थकी बात^F, खाली बातें^F; कृत्रिम वायु-तरंग^F; वाहित गन्ध^F, गन्ध^F, बू^F; (ला०) पता, सुनगुन^F, सुराग, खबर^F; उदराध्मान, स्फीतता^F, अधोवायु^F, अपान वायु^F, अपच वायु^F, हवा^F, पाद; निःश्वास, श्वास, साँस^F, दम^F; contrary ~ प्रतिकूल वायु^F, मुखालिफ हवा^F; fair ~ अनुकूल वायु^F, मुआफिक हवा^F; ~ bag बहुभाषी वक्ता, लम्बी-चौड़ी हाँकनेवाला आदमी; वायुपूर्ण थैली^F, हवाई झोला; फेफड़ा; असार वस्तु^F; ~-bound वायुरुद्ध, पवन-प्रतिरुद्ध; ~-break (कृषि०, ऋतु०) **वायुरोधी, वातरोक**; ~ burn (चि०) वातदग्ध, वायुसे उत्पन्न त्वग्विकार; ~-colic वातशूल, वातपीड़ा^F, बाई^F का दर्द; ~-egg वाताण्ड, कच्चा अण्डा, खाली अण्डा; ~fall वायुपातित फल; असम्भाव्य आय, अप्रत्याश लाभ, (अर्थ०) आकस्मिक लाभ, **अप्रत्याशित आय^F, छप्पर-फाड़ आय^F**, दैव आय^F; ~-flower (का०) वातिका^F, मारुत-पुष्प, समीर-पुष्प, रत्नज्योति पौधा; ~-gall (घोड़ेका रोग-विशेष) वातशोथ, पादार्बुद; ~-gap (प्रा० भू०) वातावकाश; ~-gauge वायुमापी, वायुमापक यन्त्र, **हवामाप**, विण्ड-गेज; ~-instrument (भौ०) **सुषिर वाद्य**, वातयन्त्र, वंशी^F, बाँसुरी^F; ~mill पवनपेषणी^F, (इति०) **पवन-चक्की^F**, हवा^F की चक्की^F; ~mill plane वातचक्रिल वायुयान, ~ nut **पंख ढिबरी^F**; ~ pipe (चि०) **श्वास प्रनाल**; (जीव०) **श्वासनली^F**, श्वासनाल, श्वासनलिका^F, कण्ठनाली^F, साँस^F लेनेकी नली^F; ~ rose वात कमल; ~-screen (मोटर^F में) **वातरोध**, वायु^F-आवरण, **हवारोक शीशा**, हवा^F से बचनेका शीशा; ~-spout प्रचण्ड झंझा, भयानक आँधी^F; *get the ~ up* (ग्रा०) भयभीत हो जाना, दम^F निकलने लगना, हवा^F खिसक जाना; शिथिल होना; *get ~ of* पता चल जाना, खबर^F लग जाना; *go like the ~* क्षिप्रता^F से गमन करना, शीघ्रता^F से चलना, वायु वेगसे चलना; *raise the ~* (ला०) इच्छित धन प्राप्त करना; *take the ~ out of* one's *sails* (किसी व्यक्तिको उसके अभीष्ट तर्कको पहलेसे कहकर उसे) निराश कर देना; लाभसे वंचित करना; *take* or *get ~* प्रसिद्ध हो जाना, नाम कमाना; *what ~ blew you here* आज किधरका चाँद निकला है ?; *which way the ~ blows ?* ऊँट कैसी करवट^F लेता है;

~ ablation, ~ abrasion, ~ allowance, ~ axis, ~ ball, ~ belt, ~ bill, ~-blown, ~-borne, ~-borne seed, ~-broken, ~ burn, ~ chest, ~ chute, ~ cloud, ~ cock, ~ correction, ~ deflation, ~ derosion, ~ direction, ~ dispersal, ~ drift structure, ~ eddies, ~ erosion, ~ filling, ~ firm, ~fish, ~ force, ~ god, ~ horse,

~-hungry, ~-laid, ~laid soil, ~ load, ~ mantle, ~-pollinated, ~-pollination, ~ power, ~ pressure, ~-proof, ~ puff, ~ rose, ~ row, ~ rower, ~ rowing, ~-sail, ~ scale, ~ screen wiper, ~-shake, ~-shaken, ~ side, ~ speed, ~ strip crops, ~-swept, ~ table, ~-throw, ~-tight, ~ tunnel, ~ vane, ~ veersing, ~ velocity, ~ wave, ~ whirl, ~ worm, ~zone.

wind² v. t. फूँक^F मारना, फूँकना, बजाना, फूँककर बजाना; हवा^F देना; हवा^F करना, फटकना; (किसी व्यक्ति या वस्तु^F की) गन्ध^F पा लेना, बू^F पा लेना, सूँघना (*hounds ~ the fox*); साँस^F लेना; (व्यायामसे) साँस^F फुलाना, दम बढ़ाना (*am quite ~ ed by the climb*); दम^F बाँधना, दम^F ताजा करना (*rested to ~ the horses*); ~ *up* समाप्त करना, बन्द करना, समेटना।

wind³ वाइन्ड् n. कुण्डलित वक्रता^F, ऐंठन^F, लपेटन^F, बल, पेंच, मोड़^F, फेर, लपेट^F, घुमाव, चक्कर; ~-up निष्कर्ष; (का०) **समापन**, शेष, समाप्ति^F, खात्मा।

wind⁴ v. i. & t. बल देना, बटना; सर्पिल गति^F से जाना, वलयाकार जाना, वृत्ताकार जाना, टेढ़े-मेढ़े होकर जाना; बायीं ओर घूमना; घुमावदार होकर बहना; (*way* के साथ) चक्कर खाकर रास्ता चलना, फेर खाकर जाना, चक्कर खाना, कतरना, मुड़ना; फेरना; चतुराई^F से हृदयमें स्थान बना लेना; कुण्डलित करना या होना, लपेट लेना, लिपटना; लच्छा बनाना; समेटना; (क्रेन इत्यादिसे) घुमाना, उठाना; कूकना, कूक देना, चाबी^F देना; ~ *off* खोलना, पेच खोलना; ~ *ship* जहाजका पूरा रुख बदलना; ~ *up* पूर्णतया कुण्डलित करना, पूरा-पूरा लपेट लेना; कमानी^F को कसना; कूकना, कूक देना, चाबी^F देना; उत्तेजित करना; कसाव पैदा करना, चुस्ती^F पैदा करना; समाप्त करना, समेटना (*~ up your speech*); ~ *up company* व्यापारिक संघ (कम्पनी^F) तोड़ देना।

windable –'इंवल् a. वलयनीय, कुण्डलनीय, लपेटने योग्य।

windage विन्'डिज् n. (यन्त्र०) **वायु-घर्षण**, पवनान्तर, वायु अन्तर, हवा^F की जगह^F; (चि०) बात सम्पीड़न जन्य, भीतरी चोट।

winder वाइन्'डर् n. सर्पिल गन्ता, वलय-गन्ता, वृत्ताकार जानेवाला; कुण्डलित करनेवाला, लपेटनेवाला, फिरकी^F; (स्था०) **घुमावदार पैड़ी**^F; लिपटनेवाला; बेल^F, लता^F।

windiness विन्'डिनिस् n. वायुमयता^F, अन्धड़पन; वागाडम्बर, शब्दबाहुल्य; वादीपन।

winding वाइन्'डिंग् १. n. **कुण्डली**^F; **कुण्डलन**; आवलन, (विद्यु०) **लपेटन**^F, लपेटना, **लपेट**^F; मोड़; **फेरा**, २. a. सर्पिल, चक्रिल, चक्करदार, घुमावदार, बल खाती हुई (*~ staircase*); ~ sheet शव-वस्त्र, कफ़न; ~ up उपसंहार, **समापन**।

windlass¹ विन्ड्'लॅस् n. हस्तघर्घरी^F, गररी^F, (परि०) **बेलन चर्खी**^F, बोझा उठानेकी चर्खी^F।

windlass² v. t. (हस्तघर्घरी^F या चर्खी^F से) उठाना, खींचना।

windle विन्'डल् n. तकला, फिरकी^F।

windless विन्ड्'लिस् a. श्रान्त, क्लान्त, थका हुआ; निर्वात, अवात, वायुहीन, बेदम, बेहवा।

windlestraw विन्'डॅल्स्ट्रॉ n. (घास^F की) पुरानी डण्डी^F, डण्ठल।

window* विन्'डो n. द्वारी^F, वातायन, बारी^F, झरोखा, खिड़की^F*; (लिफाफेमें पतेके स्थानपर) खुला हुआ भाग; **कतरन**^F, **किरिचगोला**; ~-dressing अभिविन्यसन, वस्तु-विन्यास, **दूकान^F की सजावट**^F; प्रदर्शन-कला^F, दिखावा, टीमटाम^F; (दूकान^F की) खिड़कियों^F में चीजें^F सजानेकी कला^F; ~ delivery **खिड़की^F वितरण, यहाँ डाक^F बँटती है**; ~ envelope (वाणि०) **पारदर्शी लिफाफा**; ~ ledger (अर्थ०) **पटल खाता**; *have all* one's *goods in the ~* ओछा होना, छिछोरा होना, दिखावा करना।

windowed –ड् a. वातायनयुक्त, खिड़कीदार।

windowless –डो-लिस् a. वातायन, विहीन, बेखिड़कीका।

Windsor विन्ड्'ज़र् n. House of ~ विण्डसरका राजवंश; ~ chair सारी लकड़ी^F की कुरसी^F।

windward विन्ड्'वॅर्ड a. वातसम्मुख, **वाताभिमुख**, **पवनाभिमुख**, **पवनमुख**, अनुवात, **प्रतिवात**, हवा^F के रुख (*~ side*), **हवा^F की ओर**।

windy विन्'डि a. वातल, वातमय, वायुमय, पवन-प्रवाहित, तेज हवावाला, हवादार (*~ plain, situation*); झंझामय, आँधीका, तूफ़ानी (*~ weather*); शून्य, निरर्थक, वागाडम्बरपूर्ण, हवाई; अधोवायुमय; अपानवायु-उत्पादक, 'वादी (*~ colic, food*); (प्रा०) हवा^F के रुखका; (ग्रा०) निरर्थक, बेमतलब (*~ applause*); शिथिल; भयभीत, डरा हुआ; on the ~ *side of the law* कानूनकी पकड़^F के बाहर।

wine¹* वाइन् n. (रसा०) **आसव**, मद्य, हाला^F, (रसा०) **मदिरा**^F, **सुरा**^F, दारू^F, '**शराब**^F*; द्राक्षिरा^F, द्राक्षारस, द्राक्षा-सत्व, अंगूरी शराब^F; सुरापान, द्राक्षा-मदिरा^F का आपानक, अंगूरी शराब^F की पार्टी (*~ s have gone out of fashion*); मदिरा^F में औषधका मिश्रण; ताड़ी^F (*orange, palm, ~*); Adam's ~ पानी; ~ bibber मद्यप, मद्यपायी, पक्का शराबी, पियक्कड़, पक्का शराबखोर; ~ bibbing a. मद्यप, मद्यपायी, अतिशय मदिरासेवी; n. अतिशय मदिरासेवन; ~ bowl (ग्रा०) मदिरापात्र, शराब^F का प्याला, जाम; ~-carriage पहियेदार मदिरा-पात्र; ~-cooler (बर्तन जिसमें शराब^F की बोतलें^F बर्फ़^F के साथ रखकर ठण्डी की जाती हैं) वाइन-कूलर; ~ cup मद्य-चषक, मदिरापात्र, जाम; ~-drinker मद्यप, मद्यपायी, शराबी; ~ glass चषक, मदिरापात्र; सुराभाजन, शराब^F का गिलास; ~ glassful

शराब^F गिलासभर, दो औंसके बराबर; ~ merchant मद्यविक्रयी; ~-press द्राक्षापेषणी^F, (अंगूरका) रस निकालनेकी कल^F; ~-skin शराब^Fकी मशक^F; *in ~* मदमत्त; मत्त; *new ~ in old bottles* (पुरानी प्रथाओं^Fमें न बँधनेवाला) नया सिद्धान्त, नवीकृत विचार; *take ~ with* (मेज^Fपर परस्पर स्वास्थ्य-कामना^F करते हुए) मद्यपान करना;

~ball, ~-bin, ~bottle, ~bowl, ~-cellar, ~-coloured, ~ flask, ~-grower, ~-growing, ~ house, ~-palm, ~purple, ~-seller, ~-stained, ~-taster, ~-vault, ~ vinegar, ~ yellow.

wine² v. t. शराब^F पीना (प्रायः *~ and dine*)।

wineless –'लिस् a. मद्यविहीन, मदिरारहित, बे-शराबका।

winery –'नॅरि n. मदिरालय, मद्यगृह, मद्य-निर्माणी^F, शराब^Fका कारखाना।

wing¹* विन्ग्' n. **स्कन्ध**; पार्श्व, **पक्ष***; (वन०, जीव०) **पंख***, पाँख, **पाखा**, पखना, (कृषि०) **पर, बाजू**, डैना; **कक्ष, विभाग**, गृहपार्श्व, भवन-विभाग (*the north ~*); उड्डयन, उड़ान^F; (हास्य०) मानव-बाहु, आदमीका बाजू; पंखा, सूप, छाज; पार्श्वभाग, बगल^F, बाजू (*cavalry were massed on left ~*); (फुटबालमें सेण्टरके) दायें-बायें फारवर्ड खिलाड़ी; (राजकीय वायु-सेना^Fका) चक्र, विभाग, सैन्यपक्ष; (pl.; वायुयान-चालक-का) बिल्ला, बैज; (pl.) रंगमंचके पार्श्व; पार्श्व-दृश्य; high ~ (वायुयानके) सिरेवाले पंख; low ~ (वायु-यानके) नीचेका पंख; ~-case पंखका खोल; ~-commander पार्श्वनायक, पक्षाधिपति, अधिविमानिक, पार्श्व-बलाधिकृत, विंग कमाण्डर; ~-covert पक्षावरण, पार्श्व-रक्षक, पार्श्व-आवरक, बाजूपोश; ~-footed (का०) क्षिप्र, तीव्र, तेज रफ्तारवाला; ~-sheath पंखका खोल; *clip one's ~s* पर कतर देना; *come on the ~s of the wind* तीव्रगतिसे आना; हवा^Fसे बातें करते हुए आना; घोड़ेपर सवार आना; *his ~s are sprouting* वह देवदूत होता जा रहा है, वह देवता होता जा रहा है; *lend, add, ~s to* त्वरित करना, तेज करना, गति^F बढ़ाना; *on the ~* उत्पतन, उड्डीयमान, उड़ता हुआ; *take under one's ~* अपने संरक्षणमें लेना, छाया^Fमें या आश्रयमें लेना; *take ~* उड़ना आरम्भ करना, उड़ने लगना;

~ commander, ~-cover, ~dam, ~ headquarter, ~ officer, ~ rail, ~ resistance, ~-spread, ~ tip, ~ walls.

wing² v. t. & i. आरोहण-योग्य बनाना, उड़ने योग्य बनाना, पंख देना, पर लगाना (*~ arrow with eagle's feathers*); उड़कर यात्रा^F करना, उड़कर जाना, उड़कर रास्ता तय करना, पर मारना (*bird ~s its way*); (पक्षी या मनुष्यको) बाजू लगाना; बाजू या पर काट देना।

winged –ड्'–'गिँड् a. पक्षवान्, सपक्ष, (*~ animal, ~ insect*); पक्षयुक्त, पंखदार, परदार, तेज (*~ horse, shoot*); ~ furrower (कृषि०) **मिट्टी चढ़ाऊ कल**; ~ words अचूक शब्द, सार्थक शब्द।

wingless –ग्'लिस् a. पक्षहीन, पार्श्वहीन, पंख-विहीन, बे बाजूका।

winglet –लिट् n. क्षुद्र पक्ष, क्षुद्र पंख, छोटा पंख।

wingy विन्'गि a. सपक्ष, सपत्र, पंखदार, पखनेदार, परदार; प्रजवी, प्रवेगी, द्रुत, गतिमान्, तेज।

wink¹ विन्क्' n उन्मीलन, मीलन, झपकी^F; संकेत, इंगित, सैन, इशारा (*nod is as good as ~ to blind horse*); पलक^F (*could not get a ~ of sleep*)।

wink² v. i. & t. सत्वर उन्मीलित करना, पुनः-पुनः निमीलित करना, जल्दी-जल्दी आँख^F झपकाना या पलक^F मारना; अपांग-संकेत करना, संकेत देना, सैन करना; आँख^F मारना; (प्रायः *at* के साथ, प्रकाश, तारा इत्यादि-का) कौंधना, चमचमाना, चमकना, टिमटिमाना; ~ *at* उपेक्षा^F करना, ध्यान न देना, आनाकानी^F करना, आखें^F मूँद लेना।

wink-a-peep विन्क्-अ-पीप् n. जलौकामारी^F, जोंकमार (बूटी^F)।

winker विन्'कॅर् n. आँख^F मिचकानेवाला, झपकी^F मारनेवाला; इंगित या संकेत करनेवाला।

winking –किंग् a. सत्वरोन्मीलन, मिचकाहट^F, झपकी^F; अपांग-संकेतन, आँख^F मारना; *like ~* अतिशीघ्र, तुरन्त, जल्दी^Fसे, झटपट; ~ *at* उपेक्षी।

winkle¹ विन्'कॅल् n. (एक प्रकारका खाद्य समुद्री) शम्बुक, घोंघा, झींगा।

winkle² v.t. (~ *out*) निकाल लेना, बाहर निकालना।

winner वि'नॅर् n. जेता, विजेता, जयी, विजयी, जीतनेवाला।

winning –निंग् १. n. विजय^F, जीत^F, जीतना; (यन्त्र०) **निकालना**; २. a. जयी, विजयी, जीतनेवाला; जीत^Fका, जीत-सम्बन्धी; विजय^F निश्चित कर देनेवाला; अनुरंजक, आकर्षक, चित्ताकर्षक, हृदयग्राही, मनोरम, मनोहर, सुन्दर, दिलकश; ~ post (घुड़दौड़^Fमें) जीतने-का खम्भा।

winnings –ग्ज् n. (pl.) जीता हुआ रुपया या माल।

winnow v.t. निष्पवन करना, वीजन करना, ओसाना, फटकना, पछोरना; शोधना, सूक्ष्म-परीक्षा^F करना, छान-बीन^F करना, छाँटना, (परोंसे) हवा^F झलना, हवा^F करना; उड़ाना; छानना, पृथक् करना; पर फड़फड़ाना, पंख फटफटाना, फड़फड़ाना, पर मारना; (बालों इत्यादि-का) लहराना।

winnowed –ड् a. पूत, परिपूत, छाना हुआ; पृथक्कृत।

winnower –नोअॅर् n. निष्पवित्र, शूर्प, सूप; (क्रिया-गत अर्थोंमें) ओसानेवाला, (कृषि०) ओसानेका यन्त्र, **ओसाई मशीन^F**, निष्पावक, फटकनेवाला, पछोरनेवाला।

winnowing –नोइंग् n. निष्पावन, बीजन, पछोरना, उड़ाना, (कृषि०) **बरसाना, ओसाना,** (~ *basket, machine*); ~ fan सूप ।

winsome विन्'सम् a. सुन्दर, मनोरम, मनहर, मनोहर, ललित, आकर्षक, सलोना, लुभावना, प्यारा; हृष्ट, प्रफुल्ल, प्रसन्न, मुदित, मोदमय, खुश ।

winsomeness –निॅस् n. सुन्दरता^F, मनोरमता^F, मनहरता^F, मनोहरता^F, आकर्षकता^F, हर्ष, प्रफुल्लता^F, प्रसन्नता^F, मोद, खुशदिली^F ।

winter[1]* विन्'टॅर् n. हेमन्त, (प्रा० भूगोल, कृषि०) **शिशिर, शीतकाल, शीतऋतु^F,** शरद् ऋतु^F, हिमकाल, **सरदी^F*, जाड़ा*;** (गुण०) शरत्कालीन, शीतकालीन, जाड़ेमें होनेवाला; हैमन्ती, सर्दी^Fका, जाड़ेका (~ *session*); जरा, वार्द्धक्य, वृद्धावस्था^F, बुढ़ापा; (भाषण०, का०) आयु^Fका वर्ष, उम्र^Fका साल (*a man of 50 ~s*); hard ~ कड़ाकेकी सर्दी^F; mild ~ गुलाबी जाड़ा, हल्का जाड़ा; ~ garden उद्यानकक्ष, शिशिर-उद्यान, शीशेकी छतवाली नरसरी^F; ~-quarters शिशिर-निवास, (सर्दी^Fमें फौजों^Fकी) पड़ावगाह^F; ~-tide शरत्काल; (का०) शीत-लहर^F; oil of ~ green (नि०) गन्धपूराका तेल;

~-beaten, ~ buds, ~ cherry, ~ cough, ~ cress, ~-crop, ~ culivation, ~ deciduous, ~ egg, ~ frost, ~-green, ~ ice, ~ injury, ~-killed, ~-killing, ~ line, ~ melon, ~ monsoon, ~ months, ~ moth, ~ planting, ~ precipitation, ~ rainfall, ~ season, ~ showers, ~ sleep, ~ solstice, ~ spore, ~ sports, ~ sweet, ~ temperatures, ~ wear.

winter[2] v. i. & t. (*at, in* के साथ) शीतकाल व्यतीत करना, जाड़ा काटना; (जाड़ेमें पौधों, पशुओं इत्यादिकी) सेवा^F करना; जाड़ेमें पालन-पोषण करना ।

winterish –रिश् a. ईषच्छीतोपयुक्त, ईषच्छारदीय, कुछ जाड़ेका, जाड़ेका-सा ।

winterless –लिॅस् a. शीतविहीन, शीतकालविहीन ।

winterly –लि a. शारदीय, सरद, जाड़ेका ।

Winton. Wintoniensis, of Winchester.

wintriness –ट्रिनिॅस् n. शिशिरावस्था^F; शीतोपयुक्तता^F, शारदीयत्व, सरदी^F, ठण्डक^F; उत्साहहीनता^F, बेमजगी^F ।

wintry –ट्रि a. शीतल, ठण्डा; शीतोपयुक्त, हैमन्त, हिमकाल-सम्बन्धी, शारदीय, जाड़ेका (~ *day, weather*); हर्षविहीन, आनन्दरहित, फीका, बेमजा; उत्साहहीन, जोशसे खाली (~ *scene*) ।

winy वाइ'नि a. आसववत्, मद्य-सदृश, मदिरा-सा, शराब-जैसा ।

wipe[1] वाइप् n. प्रक्षालन, प्रोंछन, **मार्जन,** परिष्कार, **पोंछ,** पोंछना (*give this plate a ~*); आघात, प्रहार, घूँसा, मार^F, चोट^F (*fetched him a ~*); (ग्रा०) रूमाल; नोकझोंक^F, बोली-ठोली^F ।

wipe[2] v.t. & i. प्रोंछित करना, मार्जित करना, मार्जन करना, परिष्कार करना, पोंछना, (रगड़कर) साफ करना, मिटाना; (ग्रा०) गहरा आघात करना, लम्बा वार करना; ~ *off* पोंछ डालना, साफ करना; ~ one's *eye* (ग्रा०) किसीपर पूर्वदृष्टि^F रखकर उससे आगे बढ़ जाना; ~ one's *eyes* आँसू पोंछना, रोना बन्द करना; ~ *out* प्रतिकार करना, प्रतिशोध करना, समूल विनष्ट करना, मिटा देना, बर्बाद कर देना, **सफाया करना,** सत्यानास कर देना; ~ *out bath* हौज साफ करना; ~ *out disgrace, insult* etc. अपमान धो डालना, बदनामी^F धो डालना; ~ *the floor with* (ग्रा०) अपमानजनक रीति^Fसे सुधारना, अपमानजनक पराजय देना ।

wiper –'पॅर् n. प्रोंछक, पोंछनेवाला, मिटानेवाला; मार्जनवस्त्र, पोंछा, पुचारा, झाड़न (~ *cloth* भी) ।

wire[1]* वाअॅर् n. तन्तु, (रसा०) **तार*** (*copper, silver, ~*); (टेलीग्राफ द्वारा प्रेषित) संवाद, तार (*sent congratulations by ~*); ~draw तार-निर्माण; तार खींचना, तार बनाना; ~ entanglement तार-बाड़ा, तारका घेरा; ~ entrance (कृषि०) **द्वार-रोधक पर्दा,** ~-gun तार-तोप; ~-haired (तारकी तरह) कड़े बालोंवाला; ~ heel घोड़ेके पैरकी बीमारी^F; ~puller सूत्र-संचालक, दलका गुप्त संगठन-कर्ता राजनीतिज्ञ; ~rope **तार-रस्सा, तार-रस्सी^F;** तारकी रस्सी^F; ~worn तन्तु-कृमि (एक प्रकारका हानिकारक कीट-डिम्भ); *pull the ~s* (तारों द्वारा) कठपुतली^F नचाना; (ला०) षड्यन्त्र रचना, गुप्त रूपसे दलका संगठन करना; ~ *in* (ग्रा०) सम्पूर्ण शक्ति^Fसे कार्य करना, एँड़ी-चोटी^Fका जोर लगा देना;

~basket, ~ blanket, ~ bridge, ~ brush, ~ cutter, ~-dealer, ~ dome, ~ drawing, ~ enamelled, ~-fence, ~-fencing, ~ gauge, ~-gauze, ~ gold, ~ grass, ~ handle, ~-holder, ~ hoop, ~man, ~ mileage, ~ nail, ~-net, ~-netting, ~ operator, ~ patenting, ~ obstacle, ~ recording, ~ rope, ~ sewer, ~ stitching, ~-tailed swallow, ~ tramway, ~weed, ~ wheel, ~ winding.

wire[2] v.t. & i. तार कसना, तार लपेटना, तार घेरना, तार बाँधना; (मनकोंको) तारमें पिरोना; (चिड़ियों^Fको) तारमें फँसाना; (विद्यु०) बिजली^Fका तार लगाना; (क्रिकेट खेलमें) गेंद^F रोकवाना; तार देना, तार भेजना (~ *me the result*) ।

wireless[1] –'लिॅस् n. वितन्तु-संवाद, वितन्तु-प्रणाली^F, बेतारका तार; **बेतार;** वितन्तुक, वितन्तु ग्राहिका कल^F; वितन्तु-प्रसारित कार्यक्रम; नभोवाणी^F, आकाशवाणी^F, रेडियो; ~ signal बेतार संकेत;

~ apparatus, ~ beacon, ~ bugle, ~

circuit, ~ communication, ~ dome, ~ equipment, ~ gauge, ~ interception, ~ license, link, ~ message, ~ nail, ~ netting, ~ network, ~ officer, ~ operator, ~ receiver, ~ rope, ~ section, ~ set, ~ station, ~ stores, ~ supervisor, ~ telegraph, ~ telegraphist, ~ telegraphy, ~ telephone, ~ telephony, ~ theory, ~ transmission, ~ tansmitter, ~ waves.

wireless² v. i. & t. बेतारका तार भेजना, वायरलेस करना।

wireless³ a. वितन्तु, तन्तुविहीन, **बेतार**, बिना तारका।

wirer –'रॅर् n तार कसनेवाला, तार लपेटनेवाला, तार घेरनेवाला, तार बाँधनेवाला।

wiriness –रिनिॅस् n. दृढ़ता^F एवं नमनीयता^F; बलिष्ठता^F, अथकपन, मजबूती^F।

wiring –रिंग् n. तार कसना, तार लपेटना, तार घेरना, तार बाँधना।

wiry –रि a. तन्तुमय, तान्तविक, तन्तु-निर्मित, तारवाला, तारका बना; (का०, तारकी भाँति) दृढ़ एवं नमनीय, मजबूत और लचकदार; बलवान्, बलिष्ठ, दृढ़, सुगठित शरीरका; अथक, अनथक।

Wis. Wisconsin.

wis विस्' v. i. (प्रा० भाषामें) 'मैं जानता हूँ, मैं अच्छी तरह जानता हूँ' दे० WIST.

wisdom विज़्'डॅम् n. (दर्श०) **प्रज्ञान**, ज्ञान, विज्ञता^F, प्रज्ञा^F, प्रज्ञता^F, बुद्धिमत्ता^F, बुद्धिमानी^F, मनीषा^F, मति^F, बुद्धि^F, अक्ल^F, अक्लमन्दी^F, दानाई^F; विवेक, विमर्श, विमृश्यकारिता^F, दूरदर्शिता^F, सावधानी^F; व्यावहारिक ज्ञान; बोध-वचन, बुद्धिमत्तापूर्ण कहावतें^F (*pour forth* ~); god of ~ गणेश; ~-tooth (शिक्षा०) **कामना**^F; (चि०) **चरम चर्वणक**, प्रज्ञादन्त, अक्ल^F के दाँत, अक्ल-दाढ़^F; *cut* one's ~-*teeth* विवेकशील होना, बुद्धि^F प्राप्त करना, अक्ल^F की दाढ़^F निकालना; *no* ~ *like silence* सबसे भला चुप।

-wise (प्रायः क्रियाविशेषणोंके बनानेमें प्रयुक्त) -वत्, के सदृश, की तरह (*cross* ~); के अनुसार, की ओर, की तरफ (*clock*~, *like*~); अन्य अर्थोंमें भी प्रयुक्त (*length*~, *no*~)।

wise¹ वाइज़्' n. आचरण, रीति^F, ढंग, भाँति^F (*in no* ~)।

wise²* a. (*wiser, wiset*), ज्ञानी, विज्ञ, प्रज्ञ, विचक्षण, बुद्धिमान्*, मतिमान्, प्रज्ञावान्, सविवेक, विवेकी, विमृश्यकारी, दूरदर्शी, निपुण, दक्ष, समझदार*, सयाना* (*where ignorance is bliss 'tis folly to be* ~); जादूगर; विवेकाभिव्यंजक, बुद्धि^F का, अक्लमन्दी^F का; ~ crack क्षिप्र उक्ति^F; ~ man मायावी, जादूगर; ~ saw सूक्ति^F; ~ woman मायाविनी^F, जादूगरनी^F, चुड़ैल^F, भाग्य बतानेवाली^F, धात्री^F, धाय^F, दाई^F; ~ *up*⊙ (ग्रा०) अवगत होना या कराना, सयाना होना या करना।

wise³ v.t. & i.

wiseacre –ऐक्रॅ n. पण्डितम्मन्य, लाल बुझक्कड़, ज्ञानाभिमानी पुरुष, झूठा अक्लमन्द बननेवाला आदमी।

wisecrack¹⊙ –'क्रैक् n. क्षिप्र उक्ति^F, हाजिरजवाबी^F।

wisecrack² ⊙वाइज़्'क्रैक् v.t. क्षिप्रभाषण करना, तत्काल उत्तर देना, हाजिरजवाब होना।

wisecracker⊙ –कॅर् n. क्षिप्रभाषी, हाजिरजवाब।

wish¹ विश् n. इच्छा^F, (दर्श०) **अभिलाषा**^F, आकांक्षा^F, कामना^F, मन्तव्य, मनोरथ, चाह^F, मंशा^F (*cannot grant your* ~); अनुनय, अनुरोध; प्रयोजन, ईप्सित, मनोवांछित वस्तु^F, इच्छित वस्तु^F, मनचाही बात^F (*have got my* ~); good (*best*) ~es हितकांक्षाएँ^F, शुभाकांक्षाएँ^F, सदिच्छाएँ^F, मंगल-कामनाएँ^F, खैरकी दुआएँ^F; ~ *is father to thought* मनोरथ विचारका जनक है, मनोरथसे विचार पैदा होते हैं।

wish² v.t. & i. वांछा^F करना, आकांक्षा^F करना, इच्छा^F करना, अभिलाषा^F करना, कामना^F करना, चाहना (*I* ~ *to go, you* ~ *to do it*); शुभाकांक्षी होना, अनिष्टाकांक्षी होना, भला या बुरा चाहना; मंगलकामना^F करना, शुभकामनाएँ^F या अशुभकामनाएँ^F प्रकट करना (~ *success to each and all*); ~ one *at the devil* or *further* यह चाहना कि अमुक व्यक्ति चला जाय या नजरों^F से दूर हो जाय; ~ person *joy of* (किसीके लिए) शुभ चाहना।

wisher –'शॅर् n. अभिलाषी व्यक्ति, आकांक्षी पुरुष, कामना^F करनेवाला, शुभेच्छु।

wishful –श्'फुल् a. व्यग्र, व्याकुल, उत्सुक; अभिलाषी, इच्छुक; इच्छामूलक, यथैच्छ, दिलपसन्द (~ *thinking*)।

wishfulness –निॅस् n. व्यग्रता^F, व्याकुलता^F, उत्सुकता^F; अभिलाषिता^F, दिलपसन्दी^F।

wish-wash विश्-'वॉश n. पतला पेय, धोवन-जैसा शोरबा; फीका पानी, धोवन-धावन; फीकी बातचीत^F, बेमजा बात^F।

wishy-washy वि'शि-वॉशि a. नीरस, पतला, पानी-सा, फीका; निस्तेज; दुर्बल, शक्तिहीन, कमजोर।

wisket विस्'किॅट् n. डलिया^F, टोकरी^F।

wisp¹ विस्' n. संतृण, तृणगुच्छ, गुच्छा, गट्ठा, मुट्ठा, आँटी^F, पूली^F; झाड़ू^F।

wisp² v.t. झाड़ना, झटकना।

wispish –'पिश् a. = WISPY.

wispy –पि a. गुच्छित, गुच्छेदार, गट्ठेदार, आँटीदार, पूलीदार; झाड़ूदार।

wist विस्ट्' v.t. & i. = WIT³; ज्ञात, जाना हुआ।

wistaria विस्टेऑ'रिॲ n. विस्टारिया (एक प्रकारका फलीदार वृक्ष)।

wistful विस्ट्'फुल् a. उत्सुक, उत्साही, आग्रहान्वित, अभिलाषी, लालसापूर्ण; चिन्तित, चिन्तामग्न, चिन्तायुक्त, चिन्ताशील, ध्यानपरायण, लवलीन, सोचमें डूबा, फिक्र^F-में डूबा हुआ।

wistfulness –निस् n. उत्सुकता[F], आग्रहान्वितता[F], लालसापूर्णता[F]; चिन्तामग्नता[F], चिन्तायुक्तता[F], चिन्ताशीलता[F], चिन्तितावस्था[F], चिन्ता[F], फ़िक्र[F]की हालत[F]।

wit[1] विट्' n. (प्रा०) बुद्धिमान्, प्रतिभाशाली व्यक्ति; रसिक व्यक्ति, कौतुकप्रिय व्यक्ति; समझदार, अक्लमन्द; कौशलभाषी, परिहास-चतुर, नर्मभाषी, मसखरा, हाजिरजवाब।

wit[2] n. मेधा[F], बुद्धि[F], बुद्धिमानी[F], बुद्धि-चातुर्य, बुद्धि-विलास, विचारशक्ति[F], समझ[F], अक्ल[F], दिमाग (*quick, slow, ~*); रस, रसिकोक्ति[F], नर्मोक्ति[F] (*pages sparkling with ~*); ~-cracker परिहासिक, ठिठोलिया, खिल्लीबाज; *at one's ~'s end* हतबुद्धि, किंकर्तव्यविमूढ़, चक्करमें, फेरमें; *has his ~s about him* समझदार; *his ~s are gone a wool-gathering* उसकी अक्ल[F] चरने गयी है; *out of one's ~s* पागल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

wit[3] v.t. & i. विदित करना, जानना, पहचानना; *God wot* ईश्वर जानता है; *I wot* मैंने समझा; *to ~* अर्थात, यानी।

witch- विच्-' दे० WYCH-।

witch[1] विच्' n. (अव क०) अभिचारक, जादूगर; अभिचारिका[F], पूतना[F], मायाविनी[F], डाकिनी[F], डायन[F], जोगनी[F], जादूगरनी[F]; (ला०) मोहिनी बाला[F] या स्त्री[F]; स्थविरा[F], वृद्धा स्त्री[F], खूसट औरत[F], बदसूरत बुढ़िया औरत[F]; (इंग्लैण्ड) एक प्रकारकी चपटी मछली[F]; white ~ हितकारिणी जादूगरनी[F]; ~-hunt डाकिनी-आखेट; (ला०) सन्दिग्ध साम्यवादियों आदिकी खोज[F]।

witch[2] v.t. मुग्ध करना, मोहित करना, मोह लेना, जादू करना (*the ~ing time of night*)।

witchcraft –क्राफ़्ट् n. **अभिचारक्रिया[F]**, अभिचार, माया[F], मोहिनी शक्ति[F], डाकिनीवृत्ति[F], जादूविद्या, **जादूगरी[F], जादू टोना**।

witchery –'चेरि n. इन्द्रजाल, माया-सम्मोहन, मोहिनी-शक्ति[F], जादू-टोना।

witching –चिंग् a. मोहिनी, मुग्ध करनेवाली, जादू करनेवाली, मोहक।

witenagemot विट्'अॅनिंगे'मोट् n. (इति०) आँगल-सैक्सन राष्ट्रीय संसद्[F]।

with- प्रति- (*~draw, ~stand*); निकट (*~in*)।

with* विद्', विथ्' prep. विरोधमें, विपक्षमें, खिलाफ (*fight, quarrel, struggle, argue, compete, vie, ~*); सहित, युक्त, साथ*, संग (*man ~ sinister expression*); लिये हुए, रखे हुए (*walking ~ a stick, gun*); पक्षमें, मुवाफ़िक (*I feel, sympathise ~ you*); स्वामित्वमें, संरक्षणमें, अधिकारमें, पास, जिम्मे, कब्जेमें (*have no money ~ me*); मतमें, विचारसे, ख्यालसे; से, की सहायता[F]से, की मदद[F]से (*have no pen to write ~*); द्वारा, से, के जरियेसे (*the mango is to be cut ~ a knife*); सम्बन्धमें, विषयमें; संग-संग, साथ-साथ, साथ ही (*changes ~ the season*); हेतुसे, कारणसे, वजहसे (*trembles ~ fear*); का, में; इसपर (*~ that she said*); के प्रति, की ओर (*be patient ~ him, what do you want ~ me ?*); होते हुए भी, बावजूद (*~ all his learning he is the simplest of men*); ~ child गर्भिणी[F], गर्भवती[F]; ~ God मृत, स्वर्गवासी, भगवान्की गोद[F]में; *~ pay* सवेतन (*~ vocation*); *~ respects* सादर; *~ a view to* की दृष्टि[F]से; *~ effect from* से (लेकर); *~ respect to* के विषयमें, के बारेमें; *~ that* तब, उसपर, उसके साथ ही।

withal विदॉल्' adv. & prep. से, के साथ, को लेकर (*what shall he fill his belly ~ ?*); भी, साथ ही; तथापि, तो भी; इसपर; इसके अतिरिक्त, इसके अलावा, और भी।

withdraw विद्ड्रॉ' v.t. & i. प्रत्याहार करना, प्रत्याहरण करना, अपकर्षण करना, निवर्तन करना, **पीछे हटाना**, वापस करना, उठा लेना, लौटा लेना, वापस लेना (*~ curtain, one's hand*); लौटना, (बैंक इत्यादिसे) **रुपया निकालना**, धन निकालना, निकासी[F] करना; पीछे लौटना, हट जाना, वापस चले आना; विलग करना या होना, अलग करना या होना, हाथ खींच लेना।

withdrawable –'अॅबॅल् a. प्रत्याहार्य, लौटाने योग्य।

withdrawal –अॅल् n. प्रत्याहार, (का०) **प्रत्याहरण**, प्रत्यावर्षण, **परावर्तन**, विनिवर्तन, निवर्तन, पश्चाद्गमन, अपसरण, अवहार, वापसी[F], हटाव; हटाना; **पीछे हट जाना**; (धनकी) निकासी[F], निस्सृति[F], निकास, **रुपया निकालना**; ~ fee, ~ form, ~ tube.

withdrawer –अॅर् n. प्रत्याहर्ता, अपकर्षयिता, निवर्तयिता, उठा लेनेवाला, वापस लेनेवाला; विलग होनेवाला, अलग होनेवाला, हाथ खींच लेनेवाला।

withdrawn –ड्रॉन्' a. प्रत्याहृत, अपनीत, निकाला हुआ।

withe[1], withy विं'दि, विद्; विं'दि nn. (pl. -s) लचीली शाख[F], बैत[F], टहनी[F]।

withe[2] v.t. बैतसे बाँधना; बैतकी तरह मोड़ना।

wither विं'दॅर् v.t. & i. नीरस होना, शुष्क होना, विशुष्क होना, विशोषित करना या होना, सूखना, सुखाना; म्लान करना या होना, कुम्हलाना, मुरझाना, मुरझा देना (*age cannot ~ her, flowers ~*); (प्रायः *away* के साथ) कृश होना, क्षीण होना, दुर्बल होना, घुलना; निर्जीव होना; नष्ट होना, सड़ना, सड़ाना; महत्त्वहीन बनाना या होना (*the individual ~s*); ह्रास होना, पतन होना, गिरना; कान्तिहरण करना, म्लान करना, फीका करना।

withered –ॅर्ड् a. नीरस, म्लान, परिम्लान, गतरस, शुष्क, विशुष्क, मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ; शीर्ण, नष्ट।

witheredness –निस् n. नीरसता[F], म्लानता[F], परिम्लानता[F], शुष्कता[F], विशुष्कता[F], कुम्हलाहट[F]; शीर्णता[F],

नष्टता^F।

withering –रिंग् a. निस्तेज, म्लान, कुम्हलाता हुआ, मुरझाता हुआ; क्लान्तिकर; शीर्णकारक, जीर्णकारक, म्लानकारक, शुष्ककर्ता।

withers वि'दॅज़् n. (pl.) (घोड़ेका) स्कन्ध, (कृषि०) **स्कन्ध-देश**, स्कन्ध-सन्धि स्थान, कन्धा, मद्दू, खाँदा, (श० र० शा०) मध्य पृष्ठ, विदर्स; *my ~ are unwrung* मैं आक्षेपमुक्त हूँ, अछूता हूँ, मैं इल्जामसे बरी हूँ।

withheld विद्हे'ल्ड् a. प्रत्याहृत, निगृहीत, विधृत, रोका हुआ।

withhold विद्होल्ड' v.t. विधृत करना, निगृहीत करना, प्रतिरोध करना, अटकाना, दबा रखना, रोकना, रोक रखना, न देना (*~ consent, support*); देनेसे इनकार करना; संयत करना, थामना, अटकाना, खींच लेना।

withholden –'डॅन् WITHHOLD का भू० कृ०।

withholder –डॅर् n. विधर्ता, प्रतिरोधयिता, अटकानेवाला, रोकनेवाला, न देनेवाला, इनकार करनेवाला।

withholdment –ड्'मॅन्ट् n. विधृति^F, विधारण, प्रतिरोधन, अटका, रोक^F, रुकावट^F, इनकार।

within[1] विदिन्' n. अन्तः, अन्तर, अन्तर्भाग, भीतरी हिस्सा (*seen from ~*)।

within[2] adv. अन्तः-, अन्तर-, अभ्यन्तर, अन्दर, भीतर, बीचमें; अन्दरसे, भीतरसे (*clean ~ & without*); *go ~* अन्दर प्रवेश करना, भीतर जाना; *make me pure ~* मेरी आत्मा^Fको पवित्र करो; *~ doors* घरके भीतर।

within[3] prep. में, भीतर, अन्दर (*safe ~ the walls*); अन्तर्गत(*~ the jurisdiction*);सीमान्तर्गत, सीमा^Fमें, पहुँच^Fके भीतर, हद^Fमें, दायरेमें (*live, keep ~ one's income*); बीचमें; से कम (*is ~ three miles*); निकट, समीप, पास, करीब; के आरम्भमें, पहले ही, समयके भीतर, बीतनेके पहले ही (*~ a year, all was changed*); अन्दर-अन्दर (*shall have it ~ an hour*)।

without[1] विदॉउट्' a. बहिर्भाग, बाहरी हिस्सा; बाह्य साधन, बाह्य स्रोत, बाहरी पक्ष।

without[2] adv. (प्रा०) बाह्यतः, बाहर, घरके बाहर, बाहरसे (*white within & ~*); बिना, रहित, छोड़कर, सिवाय; *do, go ~* किसी वस्तुके बिना काम चलाना; *goes ~ saying* सत्य है, मानी हुई बात^F है, सीधी बात^F है, कहनेकी आवश्यकता^F नहीं है।

without[3] prep. के बिना; अतीत, परे, शून्य, वंचित, से मुक्त, से स्वतन्त्र, के अभावमें (*came ~ a hat*); के परे, के बाहर, से बाहर (*met us ~ the gates*); ~ doubt निस्सन्देह; ~ cause अकारण, अकस्मात्, अचानक; ~ delay अविलम्ब; ~ money धनहीन, धनरहित।

withstand विद्स्टैण्ड्' v.t. & i. प्रतिसहन करना, सहारना, सहन करना; बाधा^F देना, विरोध करना, रोध करना, प्रतिरोध करना, रोड़े अटकाना, सामना करना, टक्कर^F लेना, रोकना, मुकाबला करना।

withstander –'डॅर् n. विघ्नकारक; रोक^F, आड़^F।

withstood –टुड्' WITHSTAND का भूत तथा भू० कृ०।

withy वि'दि १. n. दे० WITHE; २. a. बेतका बना हुआ; लचीला।

witless विट्'लिॅस a. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, मतिमन्द, मूर्ख, कम-अक्ल, बेसमझ।

witlessness –निॅस n. निर्बुद्धिता^F, बुद्धिहीनता^F, मतिमन्दता^F, मूर्खता^F, बेसमझी^F, कम-अक्ली^F।

witling विट्'लिंग् n. अल्प-परिहास बुद्धि व्यक्ति, अल्पबुद्धि; रसिक, रसिया, ठठोलिया, दिल्लगीबाज।

witness[1] विट्'निॅस n. पुष्टि^F, प्रमाण, साक्ष्य, साखी^F, गवाही^F, सबूत, शहादत^F (*stands there in ~ of the event*); (का०) **साक्षी**, साक्ष्यदाता, **गवाह**; (*eye ~* भी) दृष्ट साक्षी, प्रत्यक्षदर्शी, चाक्षुष, **साक्षी**, आँख^Fसे घटना^F देखनेवाला व्यक्ति; (स्वहस्ताक्षरसे) पुष्ट करनेवाला व्यक्ति, प्रमाणित करनेवाला व्यक्ति; *bear ~ to* or *of* साक्ष्य देना, गवाही^F देना, सबूत देना, शहादत^F देना; *call to ~* साक्ष्य चाहना, पुष्टि^F चाहना, गवाही^F चाहना।

witness[2] v.t. & i. (प्रायः *against* अथवा *for* के साथ) प्रमाण-रूप होना, साक्ष्य देना, साक्षी रहना या होना, प्रमाण देना, गवाही^F देना; सूचित करना, संकेत करना, पता देना (*a deathly pallor ~ed his agitation*); दिखाना; दर्शक होना, देखना; (प्रलेख या दस्तावेजपर) साक्षीरूपमें हस्ताक्षर करना।

witted वि'टिॅड a. बुद्धि-विशिष्ट, बुद्धिजीवी, बुद्धिमान्, चतुर, समझदार, अक्लमन्द।

witticism विटिसिज़्म् n. रसिकोक्ति^F, सरस उक्ति^F, रसमय वाक्य, वाग्विलास, बुद्धि-विलास, व्यंग्योक्ति^F, परिहासोक्ति^F, ठिठोली^F, फबती^F, भोंड़ा या भद्दा मजाक।

witticize –साइज़् v.t. रसमय वाक्य बोलना, व्यंग्योक्ति^F करना; ठिठोली^F करना, फबती^F कसना।

wittiness वि'टिनिॅस् n. व्यंग्य-चातुर्य, परिहास-पटुता^F।

witting वि'टिंग् a. स्वैच्छ, मनमाना।

witty वि'टि a. रसिक, परिहासक, परिहासपटु, नर्मभाषी, हँसोड़, ठठोलिया, तीक्ष्णबुद्धि, प्रत्युत्पन्नमति, सयाना।

wive वाइव्' v.t. & i. (अब क्व०) परिणय करना, विवाह करना, पत्नी^F बनाना।

wivern वाइ'वॅर्न् n. (अप्र०) दैत्य, वाइवर्न (अजगरकी तरहका एक भयानक जन्तु); (ढाल^Fपर बनी हुई) वाइवर्नकी आकृति^F।

wives ⊙ वाइव्ज़् n. pl. दे० WIFE.

wizard[1] वि'ज़ॅर्ड् n. अभिचारी, मायावी, मायाकार, जादूगर, ओझा, जोगी; अतिनिपुण व्यक्ति, विशेषज्ञ, कौशलकार; *the W ~ of the North* सर वाल्टर स्कॉट।

wizard² a. (ग्रा०) चमत्कारिक, विचित्र, आश्चर्यजनक।
wizardry -ड्रि n. मायाविता^F, ऐन्द्रजालिकता^F, जादूगरी^F, ओझाई^F; अतिनिपुणता^F, विशेषज्ञता^F, कौशल।
wizen¹ वि'ज़ॅन् v. i. शीर्ण होना, विशीर्ण होना, विच्छिन्न होना, क्षय होना।
wizen² a. शीर्ण, विशीर्ण, विच्छिन्न, क्षयपूर्ण।
wizened, wizen, weazen -ड्, वि'ज़ॅन्, वी'ज़ॅन् aa. कठिन, कठोर; शुष्क, सूखा, मुरझाया हुआ।
wk. week.
W/L. wave-length.
W.L.A. Women's Land Army.
W.M. Works Manager.
Wm. William.
W.M.O. World Meteorological Organization.
W.M.S. Wesleyan Missionary Society.
W.N.W., WNW. West North-West.
W.O. War Office; Warrant Officer; Wireless Operator.
wo, whoa वो, वोॲ intrr. (विशे० घोड़ोंके लिए) बस!, ठहर जा!, रुक जा!
woad¹ वोड् n. वोड, नीले रंगवाला पौधा; नीला रंग।
woad² v.t. वोडसे रँगना, नीला करना।
wo-back वो-बैक् int. (घोड़ोंको पीछे हटानेमें प्रकट किया गया) धत्-धत्, चल हट, पीछे हो!
wobble¹, **wabble**¹ वॉ'बॅल्, वॉ'बॅल् nn. स्पन्दन, कम्पन, अस्थिरता^F, दोलायमानता^F, डगमगाहट^F, लड़खड़ाहट^F, डावाँडोलपन; (नीति^F, इत्यादिमें) अनिश्चय, ढुलमुलपन।
wobble², **wabble**² vv.t. स्पन्दित होना, कम्पित होना, दोलायमान होना, डगमगाना, **डोलना, लड़खड़ाना**, इधर-उधर घूमना, चक्कर खाना; थर्राना, झोंके खाना; असंगतिपूर्वक कार्य करना, अस्थिर रूपमें जाना; बार-बार पलटा खाना, बार-बार रंग बदलना; (नीयत^F इत्यादिका) अनिश्चित होना, विचल होना, डावाँडोल होना।
wobbler -लॅर् n. अस्थिरचित्त पुरुष, चंचलचित्त मनुष्य, डावाँडोल इरादेका आदमी।
wobbling -लिंग् n. विह्वरण, अघूर्णन, चक्कर; चक्करदार चाल^F।
woe वो n. मनस्ताप, त्रास, विपत्ति^F, दुःख, कष्ट, पीड़ा^F, दुर्गति^F, सन्ताप, चिन्ता^F, मुसीबत^F, शोक, सोग, मातम, गम; (pl.) विपत्तियाँ^F, कठिनाइयाँ^F, बाधाएँ^F, मुसीबतें^F, आफतें^F; *~ be to* विपत्ति^F पड़े, गाज^F गिरे, लानत^F हो; *~ is me* हाय!, शोक!, अफसोस!; *~ worth the day* गन्दा दिन है।
woebegone वो'बि'गॉन् a. दुःखी, दुःखित, शोकाभिभूत, शोकार्त, शोकग्रस्त, विषादमलिन, मलिनमुख, खिन्नवदन, उदास।
woeful वो'फ़ुल a. शोकार्त, शोकमय, शोकपूर्ण, दुःखी, गमगीन; कष्टयुक्त, त्रासयुक्त; दुःखप्रद; अभागा, निगोड़ा; अत्यन्त (*~ ignorance*)।
woefulness -नि॑स् n. शोकार्तता^F, शोकमयता^F, शोकपूर्णता^F; गमगीनी^F; कष्टयुक्तता^F, त्रासयुक्तता^F, दुःखप्रदता^F।
woesome वो'सॅम् a. = WOEFUL.
woke वोक् v.i. दे० WAKE का भूत०।
wold वोल्ड् n. वन, अरण्य, जंगल, उजाड़खण्ड, बंजर प्रदेश; अकृष्ट भूमि^F, अकर्षित भूखण्ड, परती भूमि^F, खाली मैदान।
woldsman ⊙ -स्'मॅन् n. वनजीवी, अरण्यजीवी, जंगलमें गुजर-बसर करनेवाला।
wolf¹ वुल्फ़् n. वृक, कोक, ईहामृग, **भेड़िया**, भेड़हा, बनैया कूकुर; क्षुधातुर जीव; क्रूर एवं लोभी व्यक्ति, जालिम और लालची आदमी; (संगीत) कर्णकटु ध्वनि^F, कर्कश कम्पित ध्वनि^F; ~-cub वृकशावक, भेड़ियेका बच्चा; (स्काउ०) जूनियर बॉय स्काउट; ~-dog वृक-श्वान, कोकश्वान, रखवाला कुत्ता; ~-fish वृकमत्स्य, वृकमीन, कोकमत्स्य; ~-hound वृकाखेटिक, रूसी नस्ल^Fका कुत्ता; अलसेशी नस्ल^Fका कुत्ता; ~'s-bane (चि०) विष, शृङ्गी विष, मीठा जहर; प्रविष, वृकविषा^F, एकोनाइट; ~'s-claws, -foot मृगशृंग शैवाल, गदापर्णांग; ~'s fish एक तरहका^F कुकुरमुत्ता; ~-spider = TARANTULA; *cry ~ too often* मिथ्या विपद्-घोषणा^F करना; *have, hold ~ by the ears* असमंजसमें पड़ना; *keep ~ from door* किसी-न-किसी तरहसे पेट भरना; *~ in sheep's clothing* बगुला भगत, मुखमें राम बगल^Fमें छुरी^F, साधुवेशमें चाण्डाल, प्रतारक, कितव, कपटी, छली, धूर्त।
wolf² v. t. (भुक्खड़की भाँति) निगल जाना, हड़प जाना।
wolf³ n. (चि०) व्रण, फोड़ा, गिल्टी^F।
wolfish वुल्'फ़िश् a. वृकवत्, भेड़िये-जैसा; अतिलोभी, क्रूर एवं लोभी, जालिम और लालची।
wolfishness -नि॑स् n. वृकवत्ता^F, वृक स्वभाव, भेड़ियापन; अतिलोभीपन, क्रूर एवं लोभी स्वभाव।
wolfram वुल्'फ्रॅम् n. चण्डातु, (रसा०) **वुल्फ्रैम** (टंगस्टन उत्पन्न करनेवाला एक खनिज पदार्थ)।
wolverene वुल्'वॅरीन् n. शीनवृक (नेवले जैसा एक अमेरिकी पशु)।
wolves वुल्व्ज् n. pl. दे० WOLF¹.
woman¹* वु'मॅन् n. (pl. *women*) ललना^F, रमणी^F, वनिता^F, अबला^F, महिला^F, **नारी**^F, **स्त्री**^F*, औरत^F* (*how does ~ differ from man?*); नारीवर्ग, स्त्रीवर्ग, स्त्रीलोक, स्त्री-जाति^F, औरत-जात^F (*is an excellent thing in ~*); (रानी^F इत्यादिकी) परिचारिका^F, सेविका^F, दासी^F; स्त्रैण पुरुष, जनाना आदमी (*is a ~ in tenderness*); नारीत्व, स्त्रियोचित भावनाएँ^F, नारीभावना^F (*stirred the ~ in her*); (गुण०) महिला-, जनाना (*~ doctor, councillor*);

~kind, womenkind स्त्रियाँ^{F}, स्त्री-समुदाय, स्त्री जाति^{F}; ~ suffrage महिला-मताधिकार; womenfolk स्त्रियाँ^{F}, घरकी औरतें^{F} ~ student छात्रा^{F}; *make an honest ~ of* फुसलाकर विवाह कर लेना; *play the ~* भय-प्रदर्शन करना, रोना; *there is a ~ in it* मामला गड़बड़ है, दालमें कुछ काला है; *~ of the world* अनुभवी स्त्री^{F}; *~ with a past* कलंकित या संदिग्ध जीवनवाली स्त्री^{F}।

woman^2 v.t. सामान्य स्त्री^{F}के रूपमें उल्लेख करना; 'मेरी अच्छी स्त्री^{F}, इत्यादि कहकर सम्बोधित करना; स्त्रियों^{F}-जैसा बना देना।

womanhood –हूड् n. (स्त्रियों^{F}का) यौवन, तारुण्य, वयस्कता^{F}; नारी-सुलभ प्रौढ़ता^{F}, नारी-स्वभाव; नारीत्व, स्त्रीत्व, तिरियापन; स्त्री-समुदाय, औरतें^{F}।

womanish –निश् a. स्त्रैण, स्त्री-सदृश, नारीवत्; (प्रायः अपशब्द) कापुरुष, निर्बल, स्त्रियों-जैसा।

womanishness –निस् n. स्त्रैणता^{F}, स्त्री-सदृशता^{F}, नारीवत्ता^{F}, जनानापन।

womanize –नाइज़् v. t. & i. स्त्रैण बना देना, औरत^F बना देना, जनाना कर देना; स्त्री^{F} स्वभावका बनना; (पुरुषोंका) व्यभिचारी होना, वेश्यागामी होना, भोग-विलास करना, ऐयाशी^{F} करना, रण्डीबाजी^{F} करना।

womanizer –ज़र् n. व्यभिचारी, भोगी, विलासी।

womanless –न्-लिस् a. नारी-विहीन, स्त्री-विहीन।

womanlike –लाइक् n. स्त्रैण, स्त्रीवत्, स्त्रियोचित, औरतकी तरह।

womanliness –लिनिस् n. स्त्रैणता^{F}, स्त्रीवत्ता^{F}, नारीसदृशता^{F}, स्त्री-सुलभता^{F}; नारी स्वभाव।

womanly–लि a. स्त्रैण, स्त्रीवत्, नारी-सदृश, स्त्रियोचित, स्त्रीसुलभ, स्त्री-स्वभाव-सुलभ, औरतों^{F}का, जनाना (*~ modesty, compassion*); मृदु, कोमल, स्निग्ध।

womb वूम् n. (चि०) गर्भशय्या^{F}, जरायु, गर्भकोष, (कृषि०, चि०) **गर्भाशय**, गर्भस्थान, योनि^{F}, कोख^F, धरन^F; पेट, बच्चादानी^{F}; गड्ढा, खोह^F; fruit of the ~ सन्तान^F, सन्तति^{F}, बालबच्चे; *in the ~ of time* कालके गर्भमें, भविष्यमें।

wombat वॉम्‌बैट् n. धानी ऋक्षक (आस्ट्रेलियाका एक थैलीदार जानवर), वाम्बट।

womby ⊙वूमि a. विस्तृत, विशाल, लम्बा-चौड़ा।

women विमिन् दे० WOMAN.

won वन् दे० WIN.

wonder^1 वन्‌डॅर् n. विचित्र प्रतिरूप, विचित्र वस्तु^{F}, अद्‌भुत वस्तु^{F}, अजूबा चीज^F (*child is a ~*); असामान्य व्यापार, असाधारण घटना^{F}; कौतुक, चमत्कार (*is a ~ of delicate workmanship*); विस्मय, आश्चर्य, अचम्भा, अचरज (*were filled with ~*); ~ candle माया-वर्ती^{F}; जादूकी मोमबत्ती^{F}; ~land विस्मयलोक, परीलोक; ~-struck, -stricken विस्मयाहत, विस्मयरूक्, आश्चर्यचकित, भौचक्का, हक्का-बक्का, हैरान; ~-worker ऐन्द्रजालिक, करामाती, जादूगर; असाधारण रूपसे सफल होनेवाला; *a nine day's ~* क्षणिक महत्त्वकी घटना^{F}, चार दिनकी चाँदनी^{F} फिर अँधेरा पाख; *did ~s* बड़ी सफलता^{F} पायी, कमाल कर दिया; *for a ~* आश्चर्यकी बात^{F}है; *what ~, it is no ~, no ~ that* इसमें कोई अचरजकी बात^F नहीं है; *work ~s* असामान्यरूपेण सफल होना, विलक्षणता^{F} दिखाना।

wonder^2 v. i. & t. आश्चर्यान्वित होना, आश्चर्य करना, चकित होना, विस्मित होना, ताज्जुब करना, अचम्भेमें पड़ना, हैरान होना (*shall never cease to ~ at it*); उत्सुक होना, व्यग्र होना, इच्छुक होना, जानना चाहना, हैरानी^{F} है कि (*~ why pain exists*)।

wonderer –रॅर् n. आश्चर्यकर्ता, चकित होनेवाला, विस्मित होनेवाला, ताज्जुब करनेवाला, हैरानी^{F}में पड़नेवाला।

wonderful –र्-फुल् a. अपूर्व, असामान्य, असाधारण, आशातीत, अद्‌भुत, विलक्षण, आश्चर्यजनक, अप्रत्याशित, विस्मयकर, अनोखा, अजीब, वाह-वाह; प्रशंसनीय, निहायत बढ़िया, तारीफ^{F}के लायक।

wonderfulness –निस् n. अपूर्वता^{F}, असामान्यता^{F}, असाधारणता^{F}, आशातीतता^{F}, अद्‌भुतता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, अप्रत्याशितता^{F}, विस्मयकरता^{F}, अनोखापन, कमाल।

wonderment–मॅन्ट् n. विस्मयाभिभूत अवस्था^{F}, विस्मयकारिता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, ताज्जुब।

wondrous^1 –ड्रॅस a. आश्चर्यजनक, अद्‌भुत, विचित्र, अजीब, निराला; अति उत्कृष्ट, निहायत अच्छा।

wondrous^2 adv. अत्यधिक, अत्यन्त (*~ kind*); विस्मयजनक रूपसे, आश्चर्यजनक रूपसे।

wondrousness –निस् n. अद्‌भुतता^{F}, विलक्षणता^{F}, अपूर्वता^{F}, विचित्रता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, विस्मयकारिता^{F}, चमत्कारपूर्णता^{F}।

wonky वॉन्‌कि a. अस्थिर, विचलित, ढुलमुल, डाँवाडोल; अवर, अश्रेष्ठ, तुच्छ, हीन, घटिया।

wont^1 वो(व)न्ट् n. रीति^{F}, रस्म^F, रिवाज (*according to ~*); अभ्यास, स्वभावगत बात^F, स्वभाव, आदत^F (*it is my ~ to*); use & ~ प्रथा^{F}, रीति^{F}, परम्परा^{F}, व्यवहार, रिवाज।

wont^2 v. aux. (*to do* के साथ) अभ्यस्त होना, आदी होना।

wont^3 a. अभ्यस्त, आदी (*as he was ~ to say*)।

won't^4 वोन्ट् = WILL NOT, WOULD NOT.

wonted वो(व)न्‌टिड् attrib. a. स्वभावगत, अभ्यासगत, अभ्यासानुकूल, आदत^{F}के अनुकूल; अभ्यस्त, आदी; व्यावहारिक; (क्व०) प्रायिक, सामान्य, साधारण, स्वाभाविक, नित्यका, आम (*heard me with his ~ courtesy*)।

wontedness –निस् n. अभ्यास, स्वभाव, अभ्यासानुकूलता^{F}, आदत^F; प्रायिकता^{F}, सामान्यता^{F}, साधारणता^{F},

स्वाभाविकता^F, नित्यता^F।

woo वू' v.t. प्रणय-प्रार्थना^F करना, प्रणय याचना^F करना, प्रीति^F चाहना, प्रेमोपासना^F करना; प्रेम-प्रदर्शन करना, प्रेम करना, इश्क़बाजी^F करना; (*to* के साथ) मनाना, फुसलाना, राजी करना।

wood* वुड्' n. कान्तार, कानन, अरण्य, अटवी, वन, जंगल (*came upon a clearing in the ~s*); (रसा०, प्रा० भू०) **दारु, काष्ठ,** (प्रा० भूगोल) **काठ, लकड़ी^F*,** ईंधन; वृक्षोंका मुख्यांग; (*the* के साथ) शराब^F-का पीपा; (बाँसुरी^F इत्यादि) काष्ठ-निर्मित वायु-वाद्य-यन्त्र; (गाल्फ खेलनेका) लकड़ी^Fका डण्डा, वुड; (गुण०) काष्ठ-, लकड़ी^Fका (*~-house*); (जन्तु) वन-, वन्य, जंगली (*~ owl, pigeon*); (बहु०) **वनस्थली^F**; sweet ~ruff एक प्रकारका पौधा; ~age दारुयुग, काष्ठयुग; ~apple कपित्थ, कैथ; बिल्व, बेल; ~bine, ~-bind मारवल्ली^F, मधुचूषक^F, एक जंगली लतर^F; ~chuck भूशूकर; ~cock भण्डुतित्तिर, वन-कुक्कुट, जंगली मुर्गा; ~craft वन-विद्या^F; वन-विहार-पटुता^F; काष्ठकला^F, काष्ठ-शिल्प; ~cut काष्ठ-चित्र, काष्ठ-फलक-चित्र; ~ cutter काष्ठछेत्ता, लकड़हारा; काष्ठ-चित्रकार; ~ land (वन०) **वनस्थली^F, वनभूमि^F**; ~ lot अनु-वन; लकड़ी^Fका ढेर; ~-louse वनयूका^F, काष्ठकृमि, लकड़ी^Fका कीड़ा; ~man वनाध्यक्ष, वनाधिकारी, वनरक्षक, जंगलका दारोगा; आटविक, वनचारी, वनजीवी, लकड़हारा; ~-nymph वन-परी^F, वनदेवी^F, वन-देवता; ~ pavement (सड़क-की) तख्ताबन्दी; काष्ठ फलक, लकड़ी^Fके तख्ते; ~pecker काष्ठकूट, दार्वाघाट, सुतार, कठफोड़ा, कठफोड़वा, हुदहुद; ~pine (चित्तीदार) कठफोड़वा, हुदहुद; ~-pigeon वन-कपोत, वन-पारावत, हारीत, हारिल, जंगली कबूतर; ~-pulp काष्ठगोर्द, काष्ठसार, लकड़ी^Fका गूदा; ~ruff विम्ब्रखण्ड-कीला; मधुगन्धा (पौधा); ~ scrap **छीलन**; sman वनवासी, वनचारी, जंगलमें रहनेवाला; ~ stone (प्रा० भू०) **काष्ठाश्म;** ~ work काष्ठकर्म, काष्ठशिल्प, **लकड़ी^Fका काम;** काष्ठ-निर्मित वस्तुएँ^F; *cannot see ~ for trees* पत्तियाँ गिनते हैं पर पेड़ दिखायी नहीं देता; विस्तारमें जानेसे सामान्य रूपसे दिखायी पड़नेवाला तथ्य भी आँख^Fसे ओझल हो जाता है; *don't halloo till you are out of the ~* समयके पहले यह मत समझो कि सब संकट दूर हो गये;

~ alcohol, ~ applicators, ~ ash, ~ avens, ~ bark, ~-bind, ~-block, ~ borer, ~ box, ~-brown, ~ cell, ~ charcoal, ~craftsman, ~ depot, ~ distiller, ~-duck, ~ ferrule, ~ fibre, ~ flour, ~ hen, ~-hewer, ~ hyacinth, ~ ibis, ~-lark, ~ leopard moth, ~ machine, ~ machinist, ~ mineral, ~ mouse, ~ naptha, ~-oil, ~-oil tree, ~ opal, ~ parenchyma, ~ paving, ~ peat, ~ pile, ~ pin, ~ powder, ~ power, ~ preservation, ~ preservation section, ~ print, ~ produce, ~ pulp, ~ quail, ~ ranger, ~refuse, ~ right, ~ rose, ~ rot, ~ ruff, ~rush, ~ sandpiper, ~ screw, ~ shavings, ~ shed, ~-shop, ~ shrike, ~ skirting, ~ snipe, ~ sorrel, ~ sour, ~ sower, ~ spirit, ~-stall, ~ strawberry, ~ structure, ~ sugar, ~ technologist, ~ technology, ~ tin, ~ transport, ~ turning, ~ vessel, ~ vinegar, ~ violet, ~-warbler, ~ wasp, ~ wax, ~wedges, ~-wind instrument, ~ wool, ~working, ~working machine, ~workshop, ~worm.

wooded –'डिड् a. सवृक्ष, वृक्षयुक्त, वृक्षावृत्त; काष्ठ-युक्त, लकड़ीदार; वन्य, वनाच्छादित, वनबहुल (*~ area*)।

wooden –डॅन् a. काष्ठविनिर्मित, काष्ठनिर्मित, काष्ठ-, **लकड़ी^Fका, काठका**; निष्प्राण, प्राणहीन; अशोभन, भद्दा, बेढंगा (*~ motions*); अभिव्यक्तिरहित, अभि-व्यंजनारहित (*~ stare*); रूखा (*~ manners*); ~ head मूर्खता^F, मूढ़ता^F, जड़ता^F, बुद्धूपन; ~-headed मूर्ख, मूढ़, जड़, बुद्धू, गावदी; ~-headedness मूर्खता^F, मूढ़ता^F, जड़ता^F, बुद्धूपन, गावदीपन; ~ walls युद्धपोत, जंगी जहाज;

~ articles, ~ floor, ~ flume, ~ lath, ~ mallet, ~ pile, ~ pin, ~ spoon.

woodenness –निॅस् n. कठोरता^F, कड़ापन, सख्ती^F; अशोभनता^F; भोंड़ापन, भद्दापन; निर्जीवता^F, जड़ता^F।

woodiness –डिनिॅस् n. वनाकीर्णता^F, वनबहुलता^F, वृक्षाकीर्णता^F, वृक्षबहुलता^F; काष्ठमयता^F; काष्ठयुक्तता^F।

woodland –ड्'लैन्ड n. वनभूमि^F, वनस्थली^F, वन, जंगल (*~ climate, crop*); the ~ choir गायक पक्षी।

woodless –लिॅस् a. अरण्यहीन, वनविहीन, वनरहित; नितरु, बे पेड़का; काष्ठरहित, काष्ठशून्य, बिना लकड़ी^Fका।

woody –'डि a. काष्ठमय, लकड़ीवाला; अरण्यमय, वनाकीर्ण, वनबहुल, तृणावृत, जंगलसे भरा; वृक्षाकीर्ण, वृक्षबहुल, तरुबहुल; (क्र०) वन्य, वनजात, जंगली; काष्ठीय, काष्ठमय (*~ tissue*); ~ bract (वन०) **कठ निपत्र।**

wooer वू'ॲर् n. प्रेमी, प्रणयी; प्रणय-प्रार्थी, प्रेमोपासक, प्रणय-याचक, प्रणयाकांक्षी, विवाहार्थी, परिणय-याचक, सगाई^F चाहनेवाला।

woof वूफ़्' n. बाना, भरनी^F; वस्त्र, कपड़ा।

wool* वुल्' n. मेषलोम, ऊर्णा, **ऊन*,** पशम; ऊर्णा-सूत्र, ऊन, ऊनी कपड़े; लोम, **रोआँ**; (हबशीके) घुँघराले बाल; ऊनजैसी वस्तुओं^Fके प्रकार; ~-fell भेड़^Fकी ऊन-समेत खाल, ऊनदार चमड़ी; ~-gathering अवधान-रहित(ता^F), अनवधान(ता^F), शून्यचित्त(ता^F), अन्य-मनस्क(ता^F); निरर्थक कल्पना^F; ~-pack ऊनका

गट्ठर; ~sack (सामन्तभवन या हाउस ऑव लार्ड्समें) ऊनकी गद्दी[F]; ~sorter's disease (चि०) ऊर्णा-व्यवसायिक रोग, ऊनका व्यवसाय करनेवालोंमें होनेवाला फुफ्फुसका ऐन्थ्राक्स रोग; ~-work ऊनकी कारीगरी[F]; *better give the ~ than the whole sheep* सारा जाता देख आधा दीजै बाँट; *dyed in the ~* कातनेसे पूर्व रँगा हुआ; (ला०) पक्का, परले सिरेका, छँटा हुआ; *go for ~ and come home shorn* मूँड़ने गये थे मुँड़वाकर आ गये, चौबे गये छब्बे होने दुब्बे होकर आये; *lose* one's ~ गुस्से होना; *much cry & little ~* खोदा पहाड़ निकली चुहिया[F], याँय-याँय फिस्स[F]; नाम बड़ा दर्शन थोड़ा, *pull ~ over* one's *eyes* झाँसा देना, धूल[F] झोंकना;

~ backed, ~-ball, ~ black, ~ blue, ~ blueblack, ~ brilliant scarlet, ~ brown, ~ carding, ~ combing, ~ dark blue, ~ deep black, ~ development officer, ~ discharge, ~-dyed, ~ fast black, ~ fast blue, ~ fast brown, ~ fast orange, ~ fast violet, ~ fast yellow, ~ fat, ~-flock, ~ green, ~ grey, ~-growing, ~-laden, ~-lined, ~man, ~ navy, ~ navy blue, ~-oil, ~ orange, ~ press, ~ printing black, ~ printing violet, ~ red. ~ red-black, ~ scarlet, ~ shearer, ~ shears, ~skin, ~ sorter, ~ stock, ~ tape, ~ violet, ~ washer, ~ weaver, ~ winder, ~yellow.

woold[1] वूल्ड् n. (लपेटनेकी) रज्जु[F], रस्सी[F], डोर[F], डोरी[F]।

woold[2] v.t. लपेटना, बाँधना, कसना।

woolder –ड॑र् n. लपेटनेवाला, बाँधनेवाला, कसनेवाला।

woolding –डिंग् n. लपेटना, बाँधना, कसना।

wooled वुल्ड्' a. ऊर्णायुक्त, ऊर्णा-मिश्रित, ऊनी, ऊनका, ऊनवाला।

woollen[1] –'लॅन् n. ऊर्णा-वस्त्र, ऊनी कपड़ा।

woollen[2] a. और्ण, ऊर्णामय, ऊनी, पशमी।

woollenette –ने'ट्' n. सूक्ष्म ऊर्णा वस्त्र, पतला ऊनी कपड़ा।

woolliness –'लिनिस् n. ऊर्णामयता[F], ऊन[F]की विशेषता[F]; लोमशता[F], लोमयुक्तता[F], ऊनीपन; अस्पष्टता[F], अनुज्ज्वलता[F], धुँधलापन, फीकापन।

woolly[1] –लि n. ऊनी वस्त्र (विशे० स्वेटर); ~-bear लोमश तितली[F]की एक जाति[F]।

woolly[2] a. ऊर्णामय, ऊर्णायुक्त, ऊनदार, पशमदार, ऊनी (*the ~ flock*); ऊर्णाभ, ऊन-जैसा, ऊनसा; रोमवत्, लोमश, (*~ knot, ~ root*) बालदार, झबरा (*~ puppy, head*); अस्पष्ट, अव्यक्त, परिभाषा-विहीन, धुँधला, फीका; तीक्ष्णता-रहित, भोथरा; व्यग्र, भ्रान्तचित्त, उतावला, घबराया हुआ; (वन०) लोमयुक्त, रोएँदार; ~ voice भर्राई हुई आवाज[F]।

Worc. Worcestershire.

word[1]* वर्ड्' n. पद, शब्द*; वचन, कथन, वक्तव्य, भाषण, कथनी[F]; भाषा[F], बोली[F], बोल (*honest in ~ & deed*); उक्ति[F], बात[F], कहनी[F]; संवाद, संदेश, समाचार, इत्तला[F], खबर[F]; वचन, आश्वासन, प्रतिज्ञा[F], वादा, कौल; आदेश, आज्ञा[F], हुक्म; big ~s अहंकार, अभिमानोक्ति[F], burning ~s उत्तेजक शब्द, जोशकी बात[F]; high, hard, warm, hot, short, ~s क्रोधपूर्ण बात[F]; the last ~ निष्कर्ष-शब्द, निर्णयात्मक शब्द; wild & whirling ~s असन्तुलित शब्द, बहकी बात[F]; ~ blindness (चि०) लेखान्धता[F]; ~ book शब्दाभिधान; ~ deafness (चि०) शब्दबधिरता[F]; ~-perfect कण्ठाग्र अभिनेयांश; ~-picture शब्द-चित्र; ~-play शब्द-कौतुक, शब्दजाल, नोक-झोंक[F]; ~-splitter शब्दोंका अतिसूक्ष्म विश्लेषक; ~-splitting अतिसूक्ष्म शब्द-विश्लेषण; *a ~ to the wise* अक्लमन्दको इशारा काफी; *a ~ with you* आपसे एक शब्द कहना चाहता हूँ; *bare ~s buy no barley* खाली बातों[F]से पेट नहीं भरता; *be as good as* one's ~ वचन पूरा करना, बात[F]का धनी होना; *by ~ of mouth* मौखिक रूपसे, जबानी; *eat* one's *~s* कथन प्रत्याहृत करना, अपने शब्द वापस लेना; दबकर क्षमा[F] माँगना; *few ~s are best* थोड़ा बोलना अच्छा है; *give* person, *give, pledge, pass,* one's ~ वचन देना, वादा करना, कौल करना; *give* person one's *good ~s* सिफारिश[F] करना; *hard ~s break no bones, fine ~s butter no parsnips, ~s are but wind* बातों[F]से पेट नहीं भरता; *have a ~ with* संक्षिप्त वार्तालाप करना, दो-दो बातें[F] करना; *in a* or *one ~* संक्षेपतः, संक्षेपतया; *keep* one's ~ वचन पालन करना, वादा पूरा करना; *pass* one's ~ वचन देना, प्रतिज्ञा[F] करना; *say a good ~ for* प्रतिवाद करना, हिमायत[F] करना; प्रशंसा[F] करना, सिफारिश[F] करना; *take* one *at his ~* कथनमें विश्वास करना, बात[F] सही मान लेना; *they had ~s* तूतू-मैंमैं[F] करने लगे, वे आपसमें झगड़े; *upon my ~* अपनी प्रतिष्ठा[F]की शपथ[F]; मैं वचन देता हूँ; *waste ~s* बेकार बात[F] करना;

~ association, ~base, ~ building, ~ catcher, ~craftsman, ~-deaf, ~ fluency, ~ formation, ~ maker, ~man, ~ matching, ~ monger, ~mongering, ~ order, ~ slinger, ~ slinging, ~ square.

word[2] v. t. शब्दोंमें व्यक्त करना या कहना।

wordage –'डिज् n. शब्दसंख्या[F]।

worded –डिड् a. शब्दाभिव्यक्त, शब्दोंमें गठा हुआ।

wordiness –डिनिस् n. पदबाहुल्य, शब्दबहुलता[F], बहुशब्दत्व, वाग्जाल, शब्दाडम्बर; शब्दविस्तार, विस्तृत वर्णन।

wording –डिंग् n. शब्दरचना^F, पदविन्यास, शब्द-योजना^F, शब्दचयन; वाक्य-रचना^F; वर्णनशैली^F, भाषण-शैली^F; (राज०) **शब्द**, शब्दावली^F।

wordless –ड्'लिस् a. निःशब्द, शब्दहीन, मूक, वाणी-वंचित, अभिव्यक्ति-रहित, चुप, खामोश, बेजबान।

wordlore –'लॉर् n. पदविज्ञान; शब्दविज्ञान, शब्द-शास्त्र; पदविज्ञानानुशीलन, शब्दविज्ञानानुशीलन, शब्द-शास्त्र-अध्ययन।

wordlorist –रिस्ट् n. पदविज्ञानाध्येता, शब्दविज्ञाना-नुशीलनपर, शब्दशास्त्री।

wordy –'डि a. पदबहुल, पद-संक्रान्त, शब्दपूर्ण, शब्द-बहुल, वाचनिक, शब्दाडम्बरपूर्ण; बहुवाक्य, वाक्यात्मक; विस्तृत, विस्तारपूर्ण; शाब्द, शाब्दिक, शब्दोंका, बातों^Fका।

wore वोॲर्' WEAR^{2/3} का भूत०।

work^1* वर्क्' n. व्यापार, उद्योग, उद्यम, (गति०, स्थिति०, अर्थ०) **कर्म**, (अर्थ०) **कार्य**, कृत्य, कार, (अर्थ०) **काम***; धन्धा (*never liked, will do no, ~*); श्रम, मजदूरी^F (*do you want the ~ or the wages ?*); प्रयत्न, आयास; (भौतिकी^F) ऊर्जा^F, शक्ति^F (*convert heat into ~*); सिद्धि^F, सफलता^F; निर्मित वस्तु^F, बनायी गयी चीज^F; सामग्री^F, सामान (*bring your ~ downstairs*); कौशल, कारीगरी^F, (साहि-त्यिक) ग्रन्थ, कृति^F, रचना^F; प्रभाव; नमूना; (धर्म, प्रायः pl. में) सुकर्म, पुण्य-कर्म, नेक काम; सूचिका-कर्म, **सुई^Fका काम**, कसीदेका काम; किलेबन्दी^Fका काम; क्लेश, कष्ट; **अनुष्ठान**; प्रबन्ध, सम्प्रबन्ध; (pl.) स्थापत्य, भवन-निर्माण, गृह-निर्माण; निर्माण-कार्य, **निर्माण** (*~ committee*); विभाग; (मशीन^Fके) पुर्जे; कृतियाँ^F; (pl.) कर्मालय, कार्य-शाला^F, निर्माण-गृह, **निर्माणशाला^F**, कारखाना; **विनि-र्माण, निर्माण**; सज्जाकार्य, सजावटी काम (*covered with elaborate ~*); सजावट^Fकी वस्तुएँ^F; internal ~ देहान्तरिक क्रिया^F; the ~s of God लीला^F, प्रकृति^F; ~s of mercy दान-पुण्यके कार्य; ~aday, ~day⊙ सामान्य, साधारण, व्यावहारिक, कारोबारी, काम-काजी (*this ~-a-day world*); ~-bag, ~-basket, ~-box (सीने-पिरोनेके कामका) थैला, टोकरी^F, सन्दूक; ~ cell **कोष्ठिका^F**, कोठरी^F; ~cycle (अर्थ०) **कार्य-चक्र**; ~day कार्य दिवस, कामका दिन; ~-house कर्मशाला^F, कारखाना; अनाथालय, दरिद्रालय; **निबल निकेतन, मोहताजखाना**; ~-in-progress (वाणि०) **चालू काम**; ~man कार्यचालक; **कर्मकार**, कर्मचारी, कर्मी, **कामगर, कारीगर**, श्रमिक, श्रमजीवी, मजदूर; शिल्पी, शिल्पकार, मिस्त्री, मिस्तरी, कारीगर; ~manlike सुनिपुण शिल्पीवत, अच्छे कारीगर-जैसा; ~manship रचना^F, निर्माण; कार्य-कौशल, शिल्प-कौशल, (अर्थ०) **कर्म-कौशल, कारीगरी^F** (*God's ~manship*); ~-people कर्मी, मजदूर या मजदूर-नियाँ^F; ~shop **कर्मशाला^F**, शिल्पशाला^F, निर्माण-गृह, (अर्थ०) कारखाना, कठाल^F, **वर्कशाप**; ~woman संचालिका^F; कर्मकारिणी^F, स्त्री कर्मचारी^F, मजदूरनी^F; शिल्प-निपुण स्त्री^F, सूचीकर्म-दक्ष स्त्री^F, कारीगरनी^F; *a bad ~man quarrels with his tools* नाच न जाने आँगन टेढ़ा; *a good day's ~* सम्पन्न कार्य; *a ~ of art* कलाकृति^F; *all is the day's ~* सामान्य, साधारण, मामूली, रोजके कामका; *good wages, good ~* खरी मजूरी^F खासा काम; *if you want your ~ well done, do it yourself* आप काज महा काज, आप न मरिये स्वर्ग न जाइये; *make short ~ of* झटपट करना, तुरन्त पार होना; *set to ~* कार्यारम्भ करना, काममें लग जाना;

~ account, ~ agent, ~bench, ~book, ~-centre, ~ certificate, ~-charges, ~ contract, ~ curve, ~ decrement, ~ diagram, ~-driven, ~ expenditure, ~ fellow, ~-function, ~ fund, ~girl, ~ habits, ~-hardened, ~-hardening, ~ horse, ~ load, ~master, ~mistress, ~ order, ~ paper, ~place, ~ priority, ~ projects, ~ register, ~room, ~s abstract, ~s central division, ~schedule, ~s committee, ~s cost, ~s cycle, ~s services, ~s expendi-ture, ~s expenses, ~ sheet, ~-shop acco-unts, ~shop attendant, ~shop division, ~shop drill, ~shop foreman, ~shop inspe-ctor, ~shop instructor, ~shop medical officer, ~ shop office, ~shop staff, ~shop store, ~shop superintendent, ~-shy, ~s inspector, ~ site, ~ slip, ~s manager, ~s oncost, ~ spreading, ~s procedure, ~ s services, ~s slip, ~s staff, ~ s store, ~s supervisor, ~-stained, ~stand, ~-table, ~-ticket, ~time, ~ value, ~week, ~-worn.

work^2 v.t. & i. (*-ed, wrought*) उद्योग करना, उद्यम करना, काम करना, कार करना, धन्धा करना; श्रम करना, परिश्रम करना; प्रयत्न करना, कोशिश^F करना; कष्ट होना, पीड़ा^F होना; शिल्पी बनना, कारीगर बनना; कार्य-निर्वाह करना, काम चलाना, कार्यवाही^F करना, चालू रखना; चलना, चालू रहना (*pump does not ~*); काममें जोते रहना, मेहनत^Fसे काम लेना (*~s his men too hard*); परिक्रमा^F करना, घूमना, चक्कर काटना (*handle, wheel, ~s freely*); संचालित करना, प्रबन्ध करना, व्यवस्था^F करना (*my partner ~s the northern zone*); नियन्त्रण करना, काबूमें रखना; कब्जा करना; फल देना, फलोत्पादन करना; प्रभाव डालना, असर करना (*the appeal wrought powerfully upon him*); उत्पन्न करना, निकालना (*wrought wonders, a change*); पूरा करना, लाना; सूचि-कर्म करना, सुई^Fका काम करना, कढ़ाई^F करना, कसीदेका काम करना (*reads to them while*

they ~); आंदोलित होना, गतिशील होना, हिलना-डुलना, हरकत^F करना (*waves ~ to & fro*); जोश पैदा करना, जोश आना, तेजी^F आना, उबाल पैदा करना; (शा० एवं ला०) अशान्ति^F उत्पन्न करना; कठिनाई^F से चलना, बढ़ना, खिसकना (*stockings, shirt, ~ down, up*); होना; चलाना; करना, बनाना; डगमगाते हुए चलना; समाधान करना, सुलझाना; (आटा आदि) गूँधना, सानना (*~ dough, clay, properly*); उत्तेजित करना, भड़काना; (गणित) प्रश्न करना, सवाल हल करना; मजदूरी^F करके यात्रा^F करना; *who ~s gets* खोजे सो पावे; ~ *away* or *on* करते जाना, काम जारी रखना; ~ *in* प्रवेश कराना, स्थान देना, खपाना; ~ *off* शनैः-शनैः निस्सारित करना, निकालना (*~s off his bad temper on his servants*); ग्राहक लग जाना, बेच डालना; मुक्त होना, निपट जाना; ~ one's *will* मनोरथ पूरा करना; ~ *out* (गणना^F द्वारा) पड़ना, राशि^F आना, गणना^F करना, गिनती^F करना (*~s out at £ 6 a day*); प्रश्न करना, सवाल हल करना; (कामसे) सारी शक्ति^F ले लेना, बुरी तरह थका देना; कठिनाई^F से प्राप्त करना, मुश्किलसे पाना (~ *out* one's *salvation*); सम्पन्न करना, निष्पन्न करना, निष्पादित करना, कार्य-परिणत करना, कार्य तैयार करना, बनाना, करना, सुलझाना; सम्पूर्ण करना, निःशेष करना, समाप्त करना; ~*up* (धीरे-धीरे) अच्छी स्थिति^F पर लाना; चरम सीमा^F तक पहुँचना; शनैः-शनैः उत्तेजित करना, उभारना, भड़काना; नियुक्त करना, नियोजित करना, लगाना; अनुसन्धान करना; निःशेष करना, समाप्त करना।

workability, workableness –वर्कबि'लिटि, –नि'स् nn. व्यवहार्यता^F, (यन्त्र०) **सुकरता**^F, (परि०) **सुकार्यता**^F, सम्पादनीयता^F, संचालनीयता^F, चलनशीलता^F; (धातु०) रूप्यता^F।

workable –वर्कबॅल् a. कार्ययोग्य, व्यवहार्य, करणीय, सुकर, सम्पादनीय, संचालनीय, साध्य, प्रायोगिक; सुकृष्य (*~ soil*); ~ mixture **तैयार मसाला**।

worker–वर्कॅर् n. **कार्यकर्ता, कर्मी, कर्मकार**, कर्मकारी; **कर्मचारी; श्रमिक**, श्रमी, **मजदूर**, कमिया, (कृषि०) कमेरा, कमेरी^F, **कामगार; सेवक**; wage ~ ⊙ मजदूरी^F पर काम करनेवाला; ~ cell (कृषि०) **कोष्ठिका**^F; ~s' union श्रमी संघ, कर्मी संघ।

working[1] –वर्किंग् n. कर्मकरण, कार्यकरण, श्रमकरण; कार्य, **क्रिया**, काम, (*~ account*); परिचालन, कार्य-संचालन, **कार्यचालन**, कार्यसम्पादन, प्रबन्ध, संप्रबन्धन, चलाना (*~ scheme*); (कानून) प्रवर्त्तन; गतिविधि^F, **कार्य-प्रणाली**^F, कार्यपद्धति^F (*the ~s of his face, conscience*); कार्य-फल, कार्य-परिणाम; खान^F, खदान^F; खनन; ~ committee कार्यसमिति^F, कार्यकारिणी समिति^F, ~ condition चलनावस्था^F; चालू अवस्था^F; ~ expenses कार्य-व्यय, आवश्यक व्यय; ~-out परिणाम-गणना, फलानुमान, अनुमान; ~ parts (यन्त्र०) **चालू पुर्जे**; ~ platform (यन्त्र०) **चाली**।

working[2] a. (का०) **श्रमजीवी**, उद्योगी, **सक्रिय**, कार्यवाहक, **कार्यकर, कार्यकारी**, कर्मकारी, कार्यशील, चालू, चलता, कामचलाऊ, (*~ agreement, capital*); कार्य, कर्मयोग्य, कामका (*~ cattle, day, hours*); ~ classes श्रमजीवी, श्रमिक वर्ग; हाथका काम करनेवाला; ~ language व्यवहार-भाषा^F, चलती भाषा^F;

~ assets, ~ capital, ~ cattle, ~ committee, ~ cost, ~ day, ~ drawing, ~ employer, ~ formula, ~ group, ~ hours, ~ hypothesis, ~ knowledge, ~ language, ~ order, ~ papers, ~ plan, ~ pressure, ~ stock, ~ substance.

workless –वर्क्लिस् a. बेकार, बेरोजगार।

world वर्ल्ड् n. **विश्व**, पृथ्वी^F, लोक, भूलोक, **भूमण्डल**, संसृति^F, **संसार, जगत्, दुनिया**^F, इहजीवन, इहलीला^F, जीवनयात्रा^F, लौकिक जीवन, जिन्दगी^F; सांसारिक व्यवसाय, संसारी^F, दुनिया^F के धन्धे, दुनिया^F के रिश्ते (*forsake the ~*); ब्रह्माण्ड; बाह्य जगत्, बाहरी दुनिया^F; मानव-वर्ग, मनुष्य-जाति^F; पृथ्वी^F-जैसा लोक; सुविस्तृत भूभाग; जीवन-गति^F, जीवन-व्यापार, सांसारिक गतिविधि^F, लोकव्यवहार, जनरीति^F, दुनियादारी^F; रीति^F, ढंग; लोक, सामान्य जन, जन-साधारण, आम लोग (*what will the ~ say ?*); सांसारिक जीवन, लौकिक अवस्था^F; क्षेत्र, वृत्त, दायरा; बृहन्मात्रा^F, बड़ी संख्या^F (*a ~ of notes, faults*); man of the ~ अनुभवी, व्यावहारिक, दुनियादार; Prince of this ~ शैतान; the great ~ ठाठदार लोगोंका समाज; the lower ~ नरक, रसातल; the New W~ नयी दुनिया^F (उ० एवं द० अमेरिका); the Old W~ पुरानी दुनिया^F (एशिया, अफ्रीका और यूरोप); the other *or* next ~ मरणान्तर लोक; the *or* this ~ मर्त्यलोक, यह जीवन; the ~ of dreams स्वप्न-जगत्, स्वप्न-संसार, स्वप्नलोक; W~ War (राज०) **विश्वयुद्ध**; ~-weary जीवन-विरक्त; खिन्न-जीवन, जीवन-क्लान्त, दुनिया^F से तंग; ~-wide विश्वव्यापी, विश्वव्यापक, जगद्व्यापी; *all's right with the ~* सब कुछ ठीक चल रहा है; *begin the ~* जीवन-यात्रा^F आरम्भ करना; दुनिया^F में कदम रखना; *bring child into the ~* जनना, जन्म देना; *carry the ~ before* one शीघ्र सफलता पाना, जल्दी बढ़ जाना, आगे निकलना; *for all the ~* ठीक; *go to the ~* विवाह कर लेना, शादी^F हो जाना; *know the ~* अनुभवी होना, दुनिया^F समझना; *take the ~ as it is* अपनेको संसारके अनुकूल बनाओ; *to the ~* पूरी तरहसे, बिल्कुल; *to the ~'s end* अनन्त, संसार-के छोरतक;

W~-Bank, ~-beater, ~ citizenship, ~ ~-consciousness, W~ Court, ~ domination, ~ federation, ~ forum, ~ maker, ~

organization, ~-power, ~ soil group, ~ state, ~ tour, ~-weariness, ~-wide distribution.

worlded ⊙-डिॅड् a. लोकमय, संसारयुक्त।

worldliness -ड्लि-निॅस् n. पार्थिवता^F, (दर्श०) **ऐहिकता**^F, सांसारिकता^F; प्रपंच, **लौकिकता**^F, संसार-निष्ठा^F, इहलोकासक्ति^F, दुनियादारी^F; वैषयिकता^F, विषयासक्ति^F।

worldling -लिंग् n. प्रपंची, संसारी मनुष्य, दुनियादार आदमी; विषयी; (दर्श०) **इहलोकनिष्ठ, संसारी**।

wordly -लि a. पार्थिव, ऐहिक, लौकिक, इहलौकिक, संसारनिष्ठ, सांसारिक, संसारी, दुनियावी; वैषयिक, विषयाधीन, विषयासक्त; व्यावहारिक; ~-minded ऐहिकबुद्धि, सांसारिक; ~-wise संसारज्ञ, व्यवहारज्ञानी, व्यवहारकुशल, दुनियादार; ~ wisdom संसारज्ञान, व्यवहारज्ञान, व्यवहार-कुशलता^F, दुनियादारी^F।

worm¹* वर्म्' n. सरीसृप, कीट, (चि०, कृषि०) **कृमि, कीड़ा***; नगण्य मनुष्य, क्षुद्र व्यक्ति, मामूली आदमी, (रसा०) **सर्पिल**, सर्पिल वस्तु^F, पेचदार वस्तु^F, कृमि रोग, (यन्त्र०) **वर्म**, भ्रमि^F, पेच, चूड़ी^F; धुँआकश; खर्जु^F, खुजली^F; क्लेशदायक वस्तु^F, कष्टदायक पदार्थ; (कुत्तेकी जीभ^F के नीचेका) बन्ध, नस^F; अनुताप, परिताप, पश्चात्ताप; ~-fishing केंचुआ लगाकर किया गया मछली^F का शिकार; ~-gear पेच-घेरा, दाँतेदार पहिया; (कृषि०) **सर्पिल गरारी**^F, T. ~-holed घुन लगा हुआ, कीड़ोंसे खाया हुआ; ~-screw (कृषि०) **सर्पिल** या भ्रमी **पेच**; *am a ~ today* आज सत्वहीन हो रहा हूँ; *a ~ will turn* तंग करनेपर कीड़ा भी विद्रोह कर देगा; *I should ~* मुझे क्या पड़ी है, दूर^F ही रहना ठीक है; ~ seed (चि०) सेन्टोनाईन देनेवाले पौधेका बीज; ~ seedoil सुगन्धवास्तुकका तेल, चेनोपोडियमका तेल;

~-cankered, ~-cast, ~-conveyer, ~-eaten, ~-feed, ~-gnawed, ~ hole, ~-ridden, ~ screw, ~ shaped, ~ shell, ~ spindle, ~-tongued, ~ wheel, ~-worn.

worm² v.t. & i. (कपटसे) विश्वास प्राप्त करना, दिलमें जगह^F बना लेना; अग्रसर होना, प्रगति^F करना; रेंगना, रेंगकर रास्ता बनाना (*~ed himself or his way through the bushes*); धीरे-धीरे करना; (कपटसे) रहस्य जान लेना, कुरेद-कुरेदकर बात^F निकाल लेना, पेटमें पैठकर बात^F का पता लेना; (कुत्तेकी जीभ^F के नीचेकी) नस^F काट देना; कीड़े निकाल फेंकना; *~ oneself into* घुसना, पैठना।

wormed -ड' a. कीट-दष्ट, कीट-भुक्त, कीड़ा लगा हुआ, घुन लगा हुआ।

wormianbones -मिअन बोॅन्स n.(चि०)सीवनास्थि^F, कपाल चक्रक।

worminess-मिनिॅस् n. सकीटता^F, सघुणता^F, घुनदार होना।

worming वर्'मिंग् n. विश्वास-प्रापण, पैठ^F, दिलमें जगह^F पाना; अग्रसरण, अग्रगमन; रेंगना।

wormwood वर्म्'वुड् n. (चि०) अफ़सन्तीन, एक हृद्य और अग्निदीपक काष्ठौषधि; सोमराज, नागदौन; कठोर आत्मदमन, मनस्ताप; मनस्तापका कारण।

wormy वर्'मि a. कृमिमय, कृमिल, सकीट, सघुण, घुनदार।

worn वॉन्' a. WEAR² का भू० कृ०।

wornness-निॅस् n. दुर्वासता^F, दुर्वसनता^F, फटेहाली^F, जीर्णता^F, शीर्णता^F।

worried ⊙वॅरिड् a. श्रान्त, परिश्रान्त, क्लान्त, परिक्लान्त, चिन्ताकुल; व्यग्र, उद्विग्न, व्यथित, परेशान (*is much ~*)।

worrier -रिॲर् n. परेशान करनेवाला; परेशान होनेवाला।

worriless -लिॅस् a. निश्चिन्त, चिन्तारहित, बेफ़िक्र।

worriment -मॅन्ट् n. व्यग्रता^F, उद्वेजकता^F, अशान्ति^F, चिन्ता^F, फ़िक्र^F, परेशानी^F ⊙; बाधा^F, कठिनाई^F, मुसीबत^F, दिक़्क़त^F।

worrisome -सॅम् a. क्लेशकर, कष्टकारक, चिन्ताप्रद, चिन्ताप्रवण, चिन्ताजनक, विरक्तिजनक; कष्टप्रद, दुःखदायी ⊙।

worry¹ -रि n. (प्रायः pl. में) विरक्ति^F, **चिन्ताएँ**^F, फ़िक्र^F, परेशानियाँ^F, अतिचिन्ता^F, विपत्ति, क्लेश, दिक़्क़त^F, परेशानी^F (*be prepared for the ~*); (शिकारी कुत्तोंका शिकारको) झँझोड़ना, झकझोरना, बार-बार खींचना; *if the ~ comes to the ~* यदि विपत्ति^F पर विपत्ति^F या चिन्ता^F के ऊपर चिन्ता^F आ पड़े।

worry² v.t. & i. विरक्त करना, क्लिष्ट करना, उत्तप्त करना, उद्विग्न करना, उद्वेजित करना, दिक करना या होना, परेशान करना, नाक^F में दम कर देना, चिढ़ाना, चिढ़ना; चिन्ता^F करना, सोच^F करना, कुढ़ते रहना, फ़िक्र^F करना; (कुत्तोंका शिकार आदिको) झँझोड़ना, चीथना।

worse¹ वर्स्' n. निकृष्ट वस्तुएँ^F, बुरी चीजें^F या बातें^F, *have the ~* पराजित होना, हार^F खाना, बुरी होना; *for the ~* बुरीसे बुरी अवस्था^F के लिए; *the ~* संघर्षमें पराजय^F, बुरी हार^F।

worse² a. दुष्टतर, अधिकतर खराब, बदतर; अधिक बुरी अवस्था^F में, बदतर हालत^F में (*is ~ today*)।

worse³ adv. और बुरे ढंगसे, ज्यादा खराब ढंगसे, बुरी तरह; बुरी अवस्था^F में।

worsen v.t. & i. अधिकतर मन्द करना, और खराब करना, अधिक बिगाड़ देना, बुरा करना, बदतर कर देना; बिगड़ना, खराब होना, बदतर होना।

worship¹ वर्'शिप् n. पूजन, भजन, अर्चा^F, अर्चना^F, आराधना^F, (दर्श०) **उपासना**^F, पूजा^F, भक्ति^F, (*public ~, place of ~*); आस्था^F, श्रद्धा^F; गुण, योग्यता^F; सत्कार, सम्मान, क़द्र^F, इज़्ज़त^F (*an object of ~*); man of ~ पूज्य व्यक्ति, सम्मान्य पुरुष; *win, have, ~* प्रतिष्ठित होना, ख्याति^F पाना।

worship² v.t. & i. अर्चना^F करना, आराधना^F करना,

उपासना[F] करना, पूजा[F] करना, भक्ति[F] रखना, पूजना; आस्था[F] रखना, श्रद्धा[F] रखना; सम्मान करना, समादर करना, कद्र[F] करना, इज्जत[F] करना (*~s the ground she treads on*)।

worshipable –पॅबॅल् a. पूजार्ह, अर्चनीय, आराध्य, उपास्य, पूज्य, पूजनीय, मान्य, आदरणीय।

worshipful –शिप्-फ़ुल n. = WORSHIPABLE.

worshipfulness –निॅस् n. पूज्यता[F], अर्चनीयता[F], उपासनीयता[F], आराधनीयता[F], आदरणीयता[F], सम्मान्यता[F], समादरणीयता[F]।

worshipper–पॅर् n. अर्चक, आराधक, उपासक, पूजक, पुजारी।

worst[1] वर्स्ट्' n. सर्वाधिक बुरा भाग या लक्षण, दुष्टतम दशा[F], अधमतम अवस्था[F] (*the ~ of the storm is over*); सर्वाधिक बुरी अवस्था[F], घटना[F] इत्यादि; *do your ~* कर लो जो करना है; *have the ~* पराजित होना, नुकसान उठाना; *if the ~ comes to the ~* यदि भारी अकल्याण हो जाये, कितना ही बुरा हो जाये; *put to the ~* पराजित करना, हराना; बुरा करना।

worst[2] v.t. विजय[F] पाना, जीतना, परास्त करना, हरा देना, मात देना; हटाना, भगाना।

worst[3] a. मन्दतम, नीचतम, निकृष्टतम, दुष्टतम, अधमतम, पापिष्ठ, सबसे बुरा।

worst[4] adv. मन्दतम अवस्था[F]में, अधम दशा[F]में, बुरी अवस्था[F]में; नीचता[F]से।

worsted[1] वुस्'टि्ड् n. और्णतन्तु[F], समूर्णा[F], ऊर्णा-सूत्र, ऊनी तागा, पशमी सूत (*~ socks*)।

worsted[2] a. ऊनी तागेका; विजित, थका-माँदा, हारा।

wort वर्ट्' n. शाक, पौधा, जड़ी-बूटी[F]; अनाजका शीरा, (रसा०) T.।

worth[1] वर्थ्' n. अर्घ, अर्ह[F], मूल्य, मोल, दाम, कीमत[F] (*of great, little, no, ~*); श्रेष्ठता[F], श्रेष्ठ गुण, उत्तमता[F], योग्यता[F], सारता[F], महत्त्व (*a person of ~*); माल (*give me a shilling's ~*); *~-while* उचित, समयोचित, उपयुक्त, उपयोगी, कामका; *is little ~* (का०) किसी मूल्य या कामका नहीं; *~ one's salt* (पारिश्रमिकके अनुरूप) काम करनेवाला।

worth[2] v.t. (प्रा०) हो, पड़े (*woe ~ the day*)।

worth[3] a. के मूल्यका, की कीमत[F]का, के दामका (*is ~ about 2/6*); योग्य, उपयुक्त, उचित, लायक (*~ daing, notice*); पूरक, के बराबर; सम्पन्न, सम्पत्तिवान्, हैसियतवाला (*is ~ a million*); *a bird in hand is ~ two in the nest* आधी छोड़ सारीको धावे, आधी मिले न सारी पावे।

worthiness वर्'दिनिॅस् n. अर्हता[F], योग्यता[F], सुपात्रता[F], गुणवत्ता[F], गुणशालिता[F]; उपयुक्तता[F], यथेष्टता[F], पर्याप्तता[F]।

worthless –र्थ्'लिॅस् a. अनर्ह, अयोग्य, अकर्मण्य, व्यर्थ, गुणहीन, खराब, निकम्मा, बेकार; निष्प्रयोजन, निस्सार, असार, बेमतलब।

worthlessness –निॅस् n. अनर्हता[F], अयोग्यता[F], अकर्मण्यता[F], वैगुण्य, गुणहीनता[F], व्यर्थता[F], निकम्मापन, बेहूदगी[F]।

worthy[1] वर्'दि n. आर्यजन, सज्जन, मानपात्र, योग्य व्यक्ति; (किसी देश या कालका) सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति।

worthy[2] a. श्रद्धेय, पूज्य, माननीय, सम्माननीय, आदरणीय, प्रतिष्ठित, कद्र[F]के लायक (*has lived a ~ life*); यथेष्ट, अनुरूप, योग्य, पर्याप्त; बहुमूल्य, मूल्यवान्, मूल्यानुरूप, उचित, उपयुक्त (*in words ~ of the occasion*); अर्ह, योग्य (*is ~ to be remembered*); गुणवान, गुणशील, गुण-सम्पन्न।

wot वाट् दे० WIT.

would वुड्' WILL का भूत० रूप।

would-be वुड्'-बी a. & adv. भावी, भविष्यत्, होनेवाला (*~ husband*)।

wouldst वुड्स्ट्' v.i. WILL का द्वितीय पुरुष भूतकाल।

wound[1]* वून्ड् n. व्रण, घात, उपघात, (चि०) **क्षत**, (चि०, कृषि०) **घाव***, (चि०) **जख्म** (*receive, inflict, make, heal, a ~*); मानसिक आघात, भावनाओं[F]पर की गयी चोट[F]; (काव्य०) प्रेमकी पीड़ा[F], *penetrating ~* (चि०) भेदक व्रण, शरीरकी किसी गुहा[F], आशय या अन्तरंगमें प्रवेश करनेवाला; *~wort* क्षतरोप, घावबूटी।

wound[2] v.t. आहत करना, आघात पहुँचाना, घाव करना, घायल करना, जख्मी कर देना; मानसिक आघात पहुँचाना।

wound[3] दे० WIND[2,4].

wounded –'डिॅड् a. विद्ध, व्रणित, आहत, विक्षत, घाववाला, **घायल**, जख्मी (*~ feelings*); जर्जरित, जर्जरीकृत, जर्जर।

wounder –डॅर् n. क्षतकर्ता, घाव करनेवाला, जख्म बनानेवाला।

wounding –डिंग् n. आहनन, उपहनन, क्षतकरण, घाव बनाना, जख्म बनाना।

woundless –ड्'लिॅस् a. अनाहत, अनाघात, अनुपघात, अक्षत, क्षत-हीन, बिना घावका।

woundy –'डि a. क्षतमय, घाव-पूर्ण, जख्मी।

wove(n) वूव्(न्) WEAVE का भूत० तथा भू० कृ०; *~ mass* जटाजूट पुंज।

wow[1] वॉउ' n. (रंगमंचीय) सफलता[F], सफल अभिनय; **ववकार**[F]; *it is ~* बढ़िया है।

wow[2] int. ओह! अरे! रे-रे! वाउ! (आश्चर्यद्योतक)।

wowser वॉउ'ज़ॅर् n. कट्टर ईसाई; हठधर्मी।

W.P. Wheat Production; Working Plan.

Wp., Wpfl. Worshipful.

w.p. weather permitting.

w.p.b. waste paper basket.

W.P.C. World Population Conference; World Power Conference.

W.P.O. Working Plan Officer.

W.R. Western Range; Western Railway; West Riding.

W.R.A.C. Women's Royal Army Corps.

wrack रैक् n. तोरण, (एक प्रकारकी समुद्री घास[F]); विनाश, विध्वंस; पोतभंग; पोतका भग्नावशेष; = RACK[1]।

wrackful –'फ़ुल् a. भग्न, टूटा-फूटा।

W.R.A.F. Women's Royal Air Force.

wraith रेथ्' n. पिशाच, यमदूत, (मृत्यु[F]के पूर्व या पश्चात् दिखाई पड़नेवाली) प्रेतात्मा[F]।

wrangle[1] रैन्गॅल् n. विवाद, वितण्डा, तू-तू मैं-मैं[F], तकरार[F], झगड़ा।

wrangle[2] v. i. वाक्कलह[F] करना, वाग्युद्ध करना, वाद-विवाद करना, तू-तू- मैं-मैं[F] करना, झगड़ना।

wrangler –लॅर् n. विवादक, कलहकारी, वितण्डा खड़ा करनेवाला, बखेड़िया, हुज्जती; (केम्ब्रिज विश्व० में, गणितकी परीक्षा[F]में) प्रथम श्रेणी[F]में उत्तीर्ण व्यक्ति।

wranglership –शिप् n. (गणितकी परीक्षा[F]में) प्रथम श्रेणी[F]में उत्तीर्ण होनेकी योग्यता[F] या पद।

wranglesome –ल्-सॅम् a. विवादी, कलही, झगड़ालू, हुज्जती, लड़ाका।

wrangling –लिंग् १. n. वाक्कलह, वाग्युद्ध, वादविवाद, वितण्डा, झगड़ा, तू-तू मैं-मैं[F], तकरार[F]; २. a. कलही, झगड़ालू।

wrap[1] रैप्' n. (प्रायः pl. में) शाल, दुशाला, चादर[F], रैपर; **वेष्ट**, ओढ़ना, ढँकन, ओढ़नी[F]; लबादा; गुलूबन्द।

wrap[2] v.t. & i. वेष्टित करना, आवेष्टित करना, परिवेष्टित करना, आवृत करना, आच्छादित करना, छाना; बाँधना, पैक करना (~ *it in paper, cotton, wool*); घेरना, छिपाना, बन्द करना, लपेटना, ओढ़ना, ढाँकना (*mountain ~ped in mist*); ऊपर चढ़ना (*edges should not ~*); ~ *up* शाल ओढ़ लेना, चादर[F] या दुशाला ओढ़ लेना (*mind you ~ up well if you go out*)।

wrappage –'पिज् n. वेष्टन, बेठन, बस्ता; ओढ़ना, ओढ़ने-लपेटनेकी वस्तुएँ[F]।

wrapped –प्ट्' a. वेष्टित, परिवेष्टित, आवेष्टित, आच्छन्न, आच्छादित, लपेटा हुआ; ढँका हुआ; (ला०) व्यस्त, खोया हुआ (*is ~ped in her child*)।

wrapper –'पॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) लपेटनेवाला, घेरनेवाला आदि; ओढ़नी[F], चादर[F]; आवेष्टन, वेष्ट, वेष्टन, वेठन, (कृषि०) **लपेटन**[F]; (सिगार) पत्ती[F]; (किताब[F]का) प्राकार, कवर, रैपर; वासन, ड्रेसिंग गाउन ⊙।

wrapping –पिंग् n. वेष्टन (~ *twins*); कपड़ा लपेटनेकी क्रिया[F]; ढकन।

wrapt रैप्ट्' = RAPT.

wrasse रैस' n. एक प्रकारकी समुद्री मछली[F]।

wrath रॉथ्' n. मन्यु, क्रोध, कोप, रोष, नाराजगी[F], गुस्सा।

wrathful –फ़ल् a. मन्युपूर्ण, क्रोधपूर्ण, क्रुद्ध, कुपित, कोपी, चण्ड, रोषपूर्ण, क्रोधी, गुस्सैल।

wrathfulness –निॅस् n. मन्युपूर्णता[F], क्रोधपूर्णता[F], क्रुद्धता[F], कुपितता[F], कोप।

wrathless –'लिस् a. अमन्यु, अक्रोधपूर्ण, अक्रुद्ध, अकुपित।

wrathy –'थि a. अतिमन्युपूर्ण, अतिक्रोधपूर्ण, अतिक्रुद्ध, अतिकुपित।

wrawl रॉल्' v.t. म्याऊँ-म्याऊँ करना।

wreak[1] रीक्' n. प्रतिशोध, प्रतिकार, बदला।

wreak[2] v.t. (प्रा०) प्रतिशोध करना, प्रतिकार करना, बदला लेना, गुस्सा उतारना; क्षिप्त करना, प्रक्षिप्त करना, प्रक्षेपण करना, निकाल देना, फेंकना; ~ *one's thoughts upon expression* अभिव्यक्ति[F]के लिए उपयुक्त शब्द पाना।

wreakful –'फ़ुल् a. सप्रतिशोध, सप्रतिकार, बदला लेनेवाला; मन्युपूर्ण, क्रुद्ध, रोषपूर्ण, गुस्सेभरा।

wreakless –'लिॅस् a. प्रतिशोधहीन, प्रतिकारविहीन; बदलेकी भावना[F]से रहित; अक्रुद्ध, अरुष्ट, बिना गुस्सेका।

wreath रीथ' n. अवली[F], माल्य, माला[F], हार, फूल॰माला[F]; मालानुकृति[F], चित्राकृत हार; मेघमाला[F], धुएँका छल्ला; (नर्त्तकों या दर्शकोंका) वृत्त, (यंत्र०) **वलय**, घेरा।

wreathe रीद्' v.t. & i. मालाकार बनाना; हार पहनाना, माला[F]से सजाना; माला[F] गूँथना, हार गूँथना; (हाथोंमें) लपेटना; (साँपका) लिपटना; ऐंठना; (धुएँका) छल्ला बनाना, छल्लेके रूपमें ऊपर उठना।

wreathen –'दॅन् a. माल्ययुक्त, मालामय, हारका।

wreathless रीथ्'लिॅस् a. अमाल्य, माला-विहीन, बिना हार।

wreathy –'थि a. माल्य-सज्जित, माला-सज्जित, हार पहने हुए।

wreck[1] रे`क्' n. (परि०) **नष्टि**[F], (~ *bouy*), ध्वंस, विनाश, सर्वनाश, बरबादी[F]; नौभंग, पोतध्वंस (*gale caused many ~s*); भग्न पोत, (परि०) **नष्टपोत**, नष्ट नौका[F], बरबाद जहाज (*shores are strewn with ~s*); विनष्ट भवन, खण्डहर, (शा० एवं ला०) भग्नावशेष, ध्वंसावशेष (*that* person *is a ~*); (समुद्र-तटपर) बहकर लगा हुआ सामान।

wreck[2] v.t. & i. नष्ट करना, सत्यानाश करना, बरबाद करना; नष्ट होना, बरबाद होना (*this is the obstacle your hopes will ~ on*)।

wreckage –'किज n. भग्नावशेष, ध्वंसावशेष, नष्ट-भ्रष्ट सामग्री[F]; **भग्न शेष, कूँचा**।

wrecked –क्ट्' a. (पोत०) ध्वस्त, विध्वस्त, विनष्ट, नष्ट, भग्न; भग्नावशिष्ट, ध्वंसावशिष्ट (~ *sailors, goods*)।

wrecker –'कॅर् n. भंजक, भग्नकारी; ध्वंसकारी उपकरण; पोत-ध्वंसकारी; ध्वंस-अपहरणकारी; विनष्ट-पोतरक्षक।

wreckful –क्'फ़ुल् a. ध्वंसपूर्ण, विध्वंसपूर्ण, विनाशमय, सर्वनाशमय, बरबादी-भरा; भग्नावशेषपूर्ण, ध्वंसावशेषपूर्ण।

wren[1] रे`न्' n. चिकुर, फुदकी[F], रेन[F]; ~-flower रक्त कषाय मूल।

wren[2] n. वीमेन्स रॉयल नैवेल सर्विस (की सदस्या[F])।

wrench[1] रेन्च्' n. (ग०) **प्रकुंच,** मोच[F], ऐंठन[F], मरोड़[F]; खेंच[F], खिंचाव, झटका (*gave a ~ to his ankle*); (ला०) विरह-पीड़ा[F]; संसी[F], जम्बूर, पेचकश, (कृषि०, भौ०) **रेंच**।

wrench[2] v.t. ऐंठना, मरोड़ना; खींचना, झटका देना (*~ed the door open*); (तथ्योंका) विकृत करना, रूप बिगाड़ना; खींचा-तानी[F] करना; छीनना (*~ed opponent's sword from him*)।

wrest[1] रेस्ट्' n. (सितार आदिकी) खूँटी[F]; ऐंठन[F], मरोड़[F]।

wrest[2] v.t. विकृत करना, मरोड़ना, तोड़ना-मरोड़ना, ऐंठना; बिगाड़ना; (*~ the law to suit himself*); बलात् अपहरण करना, बलपूर्वक छीनना, झटक लेना, झटका देकर छीन लेना (*~ed his sword from him*); जबरदस्ती[F]का अर्थ लगाना।

wrester –'टॅर् n. विकर्ता, मरोड़नेवाला, तोड़नेवाला; बलादपहर्ता, जबरदस्ती छीननेवाला।

wrestle[1] रे'सॅल् n. मल्लयुद्ध, दंगल, कुश्ती[F]; कठोर संघर्ष, कड़ी होड़[F]।

wrestle[2] v. i. & t. मल्लयुद्ध करना, दंगल करना, कुश्ती[F] लड़ना; प्रतियोगिता[F] करना, मुकाबिला करना; जोरसे लग जाना (*~ in prayer*); (किसी समस्या[F]-पर) बुद्धि[F] लड़ाना।

wrestler –लॅर् n. मल्ल, मल्लयोधा, पहलवान।

wrestling –लिंग् n. बाहुयुद्ध, मल्लयुद्ध, मल्ल-युद्ध-कला[F], कुश्ती[F]।

wretch रेच्' n. दुरात्मा, नराधम, खल, जुगुप्स्य व्यक्ति; जघन्य व्यक्ति, नीच पुरुष, नाकारा आदमी, पाजी।

wretched –'चिड् a. दीन, दुःखी, कष्ट-ग्रस्त, विपद्-ग्रस्त, मन्दभाग्य, अभागा, आफतका मारा; पापिष्ठ, अधम, दुरात्मा, क्षुद्र, तुच्छ, घृणित, नीच, निकम्मा (*~ horse, poetry*); अप्रिय, असन्तोषप्रद, अरुचिकर, खराब, रद्दी, बहुत खराब (*~ weather*); अस्तव्यस्त, हक्का-बक्का; महा, अत्यधिक, अत्यन्त, बड़ा, बेहद, (*~ insufficiency, stupidity*)।

wretchedness –निस् n. दुर्भाग्य, अभाग्य; दीनता[F], दुर्दशा[F], कष्टमयता[F], तुच्छता[F], नीचता[F], निकम्मापन; अप्रियता[F], अरुचिकरता[F]; अस्त-व्यस्तता[F]; अधिकता[F], बहुतायत[F]।

W.R.I. Women's Rural Institute.

wrick[1], rick[1] रिक्, रिक् nn. मोच[F], मरोड़, झटका (*gave my back a ~*)।

wrick[2], rick[2] vv.t. मोच[F] देना, मरोड़[F] देना, ऐंठना, झटका देना, झटकना।

wried ⊙राइ'इड् a. वक्रित, वलयित, तोड़ा हुआ, मरोड़ा हुआ।

wriggle[1] रि'गॅल n. सर्पिल गति[F], टेढ़ी चाल[F]।

wriggle[2] v.t. & i. (*along, through, out, in* के साथ) सर्पवत् गमन करना, सर्पिलगति[F]से चलना, बल खाते चलना, रेंगना; (ला०) अस्थिर होना; अविश्वसनीय होना; बल खाते हुए निकल जाना; ऐंठना; *~ out of a difficulty* (ला०) कठिनाई[F]से बच निकलना।

wriggler –लॅर् n. सर्पवद्गन्ता, सर्पिल गति[F]से चलनेवाला, रेंगनेवाला, कुलबुलानेवाला।

wrigglesome –ल्'सॅम् a. सर्पवद्गामी, सर्पिल गति[F]से चलनेवाला, रेंगनेवाला।

wriggling –लिंग १. n. संन्याकोचन, संकोच; २. a. = WRIGGLESOME.

wriggly –लि a. = WRIGGLESOME.

wright राइट्' n. प्रणेता, रचयिता; कर्मकार, शिल्पी, मिस्त्री, कारीगर (*ship, wheel, play, -~*)।

wring[1] रिंग्' n. ऐंठन[F], मरोड़[F], दबाव; निचोड़न।

wring[2] v.t. (*wrung*) ऐंठना, मरोड़ना; मरोड़कर तोड़ डालना; मींचना, मसलना, मलना, दबाना; निचोड़ना, निचोड़कर निकालना (*~ water, consent, money*); अर्थ विकृत करना, तोड़-मरोड़[F] करना; दुःख देना, सताना; *~ neck of* गर्दन[F] मरोड़ डालना; *~ one's hands* (चिन्ता[F] या घबड़ाहट[F]से) हाथ मलना; *~ out* or *~ clothes* कपड़े निचोड़ना।

wringer –'गॅर n. दबानेवाला व्यक्ति, निचोड़नेवाला यन्त्र।

wrinkle[1] रिन्'कॅल् n. आभास, संकेत, इंगित, इशारा (*gave me a ~*); युक्ति[F]।

wrinkle[2] n. वलि[F], त्वग्रेखा[F], चर्मरेखा[F], भंगी[F], झुर्री[F], सिकुड़न[F], शिकन[F]।

wrinkle[3] v.t. & i. झुर्रियाँ[F] डालना, सिकुड़न[F] डालना; (*he ~ed his forehead*); (प्रायः *up* के साथ) झुर्रियाँ[F] पड़ना, झुर्रीदार दिखाई पड़ना।

wrinkled –ड् a. वलियुक्त, रेखांकित, झुर्रीदार, सिकुड़ा हुआ, चुचका (*~ peas*)।

wrinkly –लि a. रेखांकित, झुर्रीदार, सिकुड़नदार।

wrist रिस्ट्' n. **मणिबन्ध,** (*~ joint*) **कलाई**[F], पहुँचा; (तलवार[F] इत्यादि घुमानेमें) कलाई[F]का काम, कलाई[F] घुमानेका पैतरा; रिस्ट[F], रिस्टपिन[F]; ~band आस्तीन[F]का कफ, मोहरी[F]; ~ drop (चि०) मणिबन्ध स्रन्स।

wristlet –'लिट् n. वलय, कंगन, कलाईबन्ध, कड़ा, पहुँची[F], चूड़ी[F] (*~-watch*)।

writ[1] रिट्' n. आदिष्टि[F], आदेश-लेख, (का०) **प्रादेश;** लेख्य, (विधा०) **लेख,** समादेश-पत्र, हुक्मनामा, परवाना; Holy W~ बाइबिल[F]; ~ petition प्रादेश-याचिका[F]।

writ[2] दे० WRITE.

writable राइ'टॅबॅल् a. लेख्य, लेखनीय, लिखने लायक।

writative ⊙-टॅटिव् a. लिखनशील, लिखनेको इच्छुक।

write –ट्' v.t. & i. (*wrote, written,* अप्र० *writ*) अंकित करना, लिपिबद्ध करना, लिखना; (ला०, व्यक्तिके चेहरेपर गुण, अवस्थाओं[F] इत्यादिके) चिह्न अंकित करना; भरना, खाना-पूरी[F] करना (*~ cheque, application*); रचना[F] करना, साहित्य लिखना, पुस्तकें[F] लिखना; चिट्ठी[F] लिखना, पत्र भेजना (*wrote to his mother*); लिखित वक्तव्य देना, लिखकर बात[F] कहना; वर्णन करना, कहना,

लिख देना; ~-up समाचार, संवाद; ~ *down* लिख रखना, नोट कर लेना; ~ *back* (वाणि०) **पुनरांकन करना**; ~ *off* अपलिखित करना, अस्वीकृत कर देना, काट देना, कलम[F] फेर देना, मिटाना, (वाणि०) **बट्टे खातेमें लिखना, बट्टे खाते डालना**, उड़ा देना; पत्र लिखकर भेजना; सुगमतापूर्वक रचना[F] करना, आसानी[F]से लिख डालना; ~ *out* पूरा लिख डालना (*has written himself out*); ~ *up* अधिलिखित करना, पूर्ण विवरण लिखना, विस्तारसे वर्णन करना, बढ़ा-चढ़ाकर लिखना।

writer –'टॅर् n. रचयिता, प्रणेता, ग्रन्थकार, लेखक; करणिक, लिपिक, क्लर्क, मुंशी; (किसी भाषा[F]का) लिखना सिखानेवाली पुस्तक[F]।

writership –शिप् n. लेखकता[F], लेखक-पद, लेखक-कार्यालय, लेखनकार्य, मुन्शीगिरी[F]।

writhe[1] राइद् n. मानसिक यन्त्रणा[F], ऐंठन[F], छटपटाहट[F], तिलमिलाहट[F]।

writhe[2] v. i. & t. छटपटाना, तड़पना, दर्दसे ऐंठना; इधर-उधर लपेटना, (शरीरको) ऐंठना, मरोड़ना; रूप बिगाड़ना; संकुचित करना या होना।

writing* राइ'टिङ् n. लिपि[F], अक्षर-रचना[F], अक्षर-विन्यास, हस्तलेख, लेखन, लेखन-कार्य, लिखाई[F]*, **लिखावट[F]; लेख**, लेख्य, लिखित पत्र, दस्तावेज, सनद[F]; ग्रन्थ-रचना[F]; रचना[F], कृति[F], ग्रन्थ, पुस्तक[F]; टंकण; *in* ~ लिखित, लिखकर; *put in* ~ लिख डालना;

~ accent, ~ book, ~-desk, ~ fee, ~ lever, ~ line, ~ material, ~ obligatory, ~-pad, ~ paper, ~ plate, ~-position, ~ reed, ~ report, ~-school, ~ state, ~ table, ~ tremour.

written रि'टॅन् a. लिखित, (~ *evidence*), अंकित, लिपिबद्ध, लिखा हुआ; ~ *statement* लिखित वक्तव्य; (का०) **लिखित कथन; प्रतिवादपत्र**, उत्तरपत्र।

W.R.N.S. Women's Royal Naval Service.

wrong[1] रॉन्ग' n. अधर्म, पाप, अनुचित कार्य, अनैतिक बात[F], गलती[F], भूल[F], चूक[F], बुरा काम; **अपकार**, अनाचार, अनुचित वर्ताव, अन्याय, अपकृत्य, **दोष**, अपराध (*private, public*, ~*s*); कलह-उत्पादक या अपराधी स्थिति[F]; ~doer पापी, पापिष्ठ, अपराधी, अपकृत्यकारी, अधर्मी, अन्यायी, दोषी, अपकारी, गुनहगार; ~doing n. पाप, दोष, अपराध; अत्याचार, अपकार, दुर्व्यवहार, दुष्टकर्म; हानि[F]; ~-headed दुराग्रही, विपरीतबुद्धि, औंधी खोपड़ीका, सिर-फिरा; ~ headedness दुराग्रह, हठ, विपरीत बुद्धि[F]; *do* ~ धर्मोल्लंघन करना; अपराध करना, पाप करना, गुनाह करना; *put* one *in the* ~ अन्यायीकी स्थिति[F]में रखना, गलत रास्तेपर डालना, (किसीको) अपराधी बताना या दिखाना।

wrong[2] v.t. अनिष्ट करना, अपकार करना, अन्याय करना, अनुचित व्यवहार करना, बुरा करना, बेइन्साफी[F] करना; क्षति[F] पहुँचाना; अधिकार-वंचित करना; (भूल[F]से) अनुचित दोषारोपण करना, गलत इल्जाम लगाना, बदनाम करना।

wrong[3]* a. विधिविरुद्ध, **अवैध**, नीति-विरुद्ध, न्याय-विरुद्ध, अन्यायपूर्ण; **अनैतिक**, दोषपूर्ण, सदोष, न्यायविरुद्ध, पापमय, बुरा; अयुक्त, अनुपयुक्त, अवांछित, **अनुचित, गलत*** (~ *number*), बेजा; खराब (*my liver has gone* ~); अशुद्ध, **असत्य**, अयथार्थ, मिथ्या, भ्रान्त, गलत; उलटा (~ *side*); *in the* ~ *box* अनिष्ट स्थिति[F]में; *on the* ~ *side of 40* चालीस वर्षसे ऊपरका।

wrong[4] adv. अयथार्थ रूपसे; **भूलसे**, गलती[F]से; गलत दिशा[F]में; *don't get me* ~ मुझे गलत न समझना; *go* ~ पथ-भ्रष्ट होना, बिगड़ जाना, चरित्र-भ्रष्ट होना; गलती[F] करना।

wronged –ड्' a. अपकृत, अपकारित (~ *state*), कृतापकार।

wronger –'गॅर् n. अपकारक; गलती[F] करनेवाला।

wrongful –ग्'फ़ुल् a. (वाणि०) अवैध (~ *holder*), अनुचित, बेजा; दोषावह, दोषपूर्ण, **सदोष, सापकार**; अनाचारपूर्ण, अन्यायपूर्ण; अपकारी;

~ confinement, ~ detention, ~ retention.

wrongfulness –निॅस् n. अवैधता[F], अनौचित्य, गलती[F], बेजापन; सदोषता[F]; अन्यायपूर्णता[F]।

wrongness –'निस् n. अवैधता[F], नीतिविरुद्धता[F], न्यायविरुद्धता[F]; अनैतिकता[F], पापमयता[F]; अवांछितता[F], अनुचितता[F], गलती[F], बेजापन; अशुद्धता[F], असत्यता[F], अयथार्थता[F], मिथ्यापन, भ्रान्तता[F], भूल[F], चूक[F]।

wrongous –'गॅस् a. अवैध, गैरकानूनी, निषिद्ध, प्रतिषिद्ध, रोका हुआ।

wrote रोट्' a. WRITE का भू० कृ०।

wroth रो(व्रॉ)थ्' a. क्रुद्ध, कोपाविष्ट, रोषयुक्त, नाराज।

wrought रॉट्' a. WORK[2] का भूत तथा भू० कृ०; ~ iron व्यंगारित लोहा; (कृषि०, रसा०, यंत्र०) **पिटा लोहा, पिटवाँ लोहा**; ~ *on* प्रभावित, हावी; ~ *up* उत्तेजित, भड़का हुआ।

wrung रन्ग्' WRING[2] का भूत तथा भू० कृ०।

wry[1] ⊙राइ' v.t. & i. = WRITHE[2].

wry[2] a. विकृत, तोड़ा-मरोड़ा, ऐंठा हुआ, मुड़ा, उलटा, टेढ़ा, तिरछा; ~neck साचिग्रीव, कठफुड़वा जाति[F]का पक्षी; (निदान) मन्यास्तम्भ; ~-necked (चि०) मन्यास्तम्भ पीड़ित; वक्रग्रीव, कड़ी गर्दनवाला।

wryness –'निॅस् n. वक्रिमा[F], विकृति[F], टेढ़ापन, तिरछापन; वैरूप्य, विरूपता[F], विकृत रूप, टेढ़ा आकार।

W.S. Writer to the Signet; South of West.

W.S.W., WSW. West-South-West.

W.T. War Transport; Weapon Training; Wireless Telegraphy.

Wt. Weight.

W.T.O. Weapon Training Officer.

W.T.U.C. World Trade Union Congress.
wuff¹ वुफ़् n. (कुत्तेकी) दवी भौंकाहट^F।
wuff² v.i. दबी आवाज^F में भूँकना।
W.U.S. World University Service.
W.V.S. Women's Voluntary Service.
W.W.1. World War No. 1. (1914-18).
W.W.2 World War No. 2 (1939-45).
Wy. Wyoming (in U.S.A.).
wych-, wich-, witch- गिरि-, पहाड़ी (वृक्षोंके नामों-के साथ प्रयुक्त, *~-alder*, *~-elm*, *~-hazel*)।
wye वाइ' n. Y की आकृतिकी वस्तु^F।
Wykehamist वि'कॅमिस्ट् a. & n. विंचेस्टर कालेज-सम्बन्धी, विंचेस्टर कालेजका (सदस्य)।
wynd वाइन्ड्' n. (स्काटलैण्डके नगरकी) वीथी^F, गली^F।
wyvern वाइ'वॅन्' दे० WIVERN.
w.z. wheat zone.

X

X अंग्रेजी वर्णमाला^F का चौबीसवाँ अक्षर क्स, क्ष, ख; (बीजग०; *x*) क, प्रथम अज्ञात राशि^F; (वन०) मू (**मूल संख्या^F**); (परिवर्तित) गणनातीत खण्ड, रहस्यपूर्ण प्रभाव; विना (~ *interest*)।
X Used to mark motion pictures to which persons under sixteen will not be admitted; (Roman numeral) ten.
x. *ex* (L., without), as in **x.d.** ex dividend.
X. or **Xt.** Christ.
xanthic जैन्'थिक् a. **पीताभ, पाण्डुर;** पीतोन्मुख, पीतवर्णता-प्रवण, वासन्ती, नारंजी, पीला, पीला पड़नेवाला।
xanth(o)- पीत- (*~ate*, *~ein(e)*, *~ic*, *~ochroia*, *~ogenic*, *~omelanous*, *~ophyll*)।
xanthochroia ⊙-थॅक्रो'इॲ n. = XANTHOSIS.
xanthochroic -इक् a. (चि०) पीत, पीतवर्ण; गौर, गौरवर्ण, शुक्ल, शुभ्रवर्ण, साफ रंगका।
xanthochroism ⊙-थॉ'क्रॅइज़्म् n. (चि०) पीत-वर्णता^F, पीतता^F; (विशे० तोतोंकी) पक्षपीतवर्णता^F, पतत्र-पीताभता^F, पखनेका पीलापन।
xanthochromia -थॅक्रो'मिॲ n. चर्म-पीतता^F, पीलिया, कँवल, कमल; पीतवर्णता^F, पीलापन (त्वचा-मस्तिष्कजल आदिका)।
xanthochroous जैन्थॉ'क्रॅअस् a. = XANTHOCHROIC.
xanthoderm जै'न्'थॅडॅर्म् n. (इति०) **पीतवर्ण**।
xanthodermatous ⊙-थॅडर्'मॅटॅस् a. पीतचर्म, पीले चमड़ेका।
xanthogenic -थॅजे'निक् a. = XANTHIC.
xanthoma -थो'मॅ n. (चि०) पीतार्बुद, पीतचर्मरोग, खाल^F पर पीली चित्तीवाला रोग।
xanthophyll जैन्'थॅफिल् n. (वन०) **पर्णपीत, T.**।
xanthopsia -थॉप्'सिॲ n. (चि०) पीतावलोकन, पीतदृष्टि^F।
xanthosis -थो'सिस n. (चि०) पीतामयता^F, त्वग्पी-तता^F, चर्म-पीतता^F, चमड़ेका पीलापन।
xanthous -'थॅस् a. पीतजातीय, मंगोलीय, मंगोल-विषयक, मंगोल जाति-सम्बन्धी; (चि०) पीले त्वचावाले, पीतचर्म।
xanthippe ज़ैन्टि'पि n. दुर्मुखी^F, उग्रचित्त रमणी^F, कलहप्रिया स्त्री^F, कर्कशा^F, लड़ाकी स्त्री^F।
xanthopsia -थोपसिॲ n. (शिक्षा०) **पीत दृष्टि^F**।
X.D. X dividend, without dividend.
Xe. Xenon.
xebec ज़ी'बे'क् n. त्रिकूपदण्डी, तीन मस्तूल-विशिष्ट क्षुद्र पोत-विशेष, जीबेक।
X.E.N. Executive Engineer.
xenelasia ज़े'नीलै'सिॲ n. (यूनानी इति०) पर-बहि-ष्कार, परदेशी-बहिष्कार।
xenial ज़े'निॲल् a. आतिथेय-सम्बन्धी, आतिथ्याति-थेयता-विषयक, मेहमानका और मेहमान-वरदारीका।
xenium -ॲम् n. (बहु० (~ *nia*) (प्रा० राजदूतोंको दिया जानेवाला) उपहार, भेंट^F।
xen(o)- बाह्य- (*~ial*, *~ogamy*, *~olith*, *~o-phobia*)।
xenodochium ज़े'नॅडॅकाइ'ॲम् n. अतिथिशाला^F, अतिथि-गृह, मेहमानखाना (विशे० ईसाई आश्रमका)।
xenodochy ज़ि'नॉ'डॅकि n. अतिथिपूजन, अतिथि-सत्कार।
xenoglossia जेनॅग्लॉ'सिॲ n. (शिक्षा०) **अधिमनो-भाषेतर ज्ञान**, भाषेतरज्ञान, बाह्यभाषाज्ञान, **T.**।
xenolith ज़े'नॅलिथ् n. बाह्योपल, (प्रा० भू०) **आग-न्तुक उपल**।
xenomania ज़े'नॅमे'निॲ n. विदेश-मोह, विदेशी-संस्कृति-प्रेम।
xenomorphic ⊙ज़ीनॅमॉर्'फ़िक a. (प्रा० भू०) **परिरूपिक**।
xenon ज़े'नॉन् n. (pl. *xenia*, रसा०), (रसा०) **ज़ीनान** (भारी गैसीय पदार्थ-विशेष), **T.**
xenophobe ज़े'नॅफोबि n. विदेशी-भीत-व्यक्ति, परा-तंकित पुरुष, विदेशी-जुगुप्सक।
xenophobia -फो'बिॲ n. (शिक्षा०) **अज्ञातजन-भीति^F**, परातंक, विदेशीभय, विदेशी-भीति^F, विदेशी-घृणा^F, विदेशी-जुगुप्सा^F, दूसरे देशके लोगोंके प्रति घृणा^F।
xer(o)- शुष्क- (*~odermatous*, *~ophagy*, *~philous*, *~osis*, *~ostomia*)।
xeroma ज़े'रो'मॅ n. (चि०) शुष्काक्षिपाक, नेत्र श्लेष्मला^F-की शुष्कता^F और स्थूलता^F; चर्मशोष, चमड़ेकी शुष्कता^F।

xeromorphic जे`रॅमॉर्'फ़िक् a. शुष्कानुरूप, (वन०) शुष्कानुकूलित, **शुष्कता-प्रतिरक्षित** ।

xerophyte जे`'रॅफ़ाइट् n. (वन०) **मरुद्भिद** ।

xerophytic ⊙ –फ़ि'टिक् a. (वन०) **मरुद्भिदी** ।

xeropthalmia जे`रॉफ़्थैल्'मिॲ n. (चि०) **शुष्काक्षिपाक**, T. ।

xerosis जेरॉ'सिस् n. (चि०) शुष्कतामय (त्वचा, आँख^F इत्यादिका) ।

xerostomia जेरॉस्टो'मिॲ n. मुखशोष, मुख-शुष्कता^F ।

xerotic ज़ेरॉ'टिक् a. नीरस, शुष्क, सूखा ।

xi जी n. ग्रीक अक्षर (क्षी) = x ।

X.I., x.i. X Interest, Without Interest.

xiph(i, -o)- खड्ग (*~oid, ~isternum*) ।

xiphiplastron ज़िफ़िप्लैस्'ट्रॉन् n. पश्चोदरवर्म ।

xiphoid ज़ि'फ़ाऍड् a. खड्गाकार, असिरूप, तलवार-जैसा (*~ cartilage*); ~ process (चि०) **उरोस्थि-पत्रक, उरःपत्रक** ।

Xm., Xmas. Christmas.

Xn., Xtian Christian.

xoanon ज़ो'अॅनॉन् n. (pl. *xoana*) काष्ठमूर्ति^F, लकड़ी^F-पर खुदी हुई देवप्रतिमा^F ।

X-ray[1] अे`क्स्-रे n. (pl.) (रसा०) **एक्स किरण**^F, रुण्टजन किरण^F, क्ष-किरण^F, क्ष-रश्मि^F, **एक्सरे** (विशेषण रूपमें एकव०, जैसे, *X-ray-examination, photograph*);

~ apparatus, ~ centre, ~ crystallography, ~ department, ~ installation, ~ photograph, ~ spectrograph, ~ spectrometer, ~ spectrum.

X-ray[2] v.t. क्ष-किरणीकृत करना, एक्सरे द्वारा चिकित्सा^F करना या परीक्षा^F करना, एक्स-रेका चित्र लेना ।

Xt. Christ.

xylem ज़ाइ'ले`म् n. (कृषि०) **रसवाहिनी**^F; (वनशा०) **दारु**, काष्ठ, लकड़ी^F; काष्ठतन्तु, लकड़ी^Fका रेशा, **ज़ाइलम**; ~ vessel (कृषि०) **रसवाहिकी**^F;

~ fibres, ~ parenchyma, ~ plate, ~ ray, ~ vessel.

xylic ⊙ ज़ाइ'लिक् a. (रसा०) काष्ठीय, काष्ठिक ।

xyl(o)- काष्ठ- (*~obalsam, ~ocarp, ~ocarpous, ~ograph, ~ometer, ~ophagous, ~ophone*) ।

xylograph ज़ाइ'लॅग्राफ़् n. काष्ठोत्कीर्णन, (लकड़ी^Fपर) नक़्क़ाशी^F, खुदाई^F; काष्ठोत्कीर्णित मूर्ति^F ।

xylographer –लॉ'ग्रॅफ़र् n. काष्ठकलाकार, नक़्क़ाश ।

xylographic –लॅग्रै'फ़िक् a. काष्ठकला-विषयक, (लकड़ी^Fपर) नक़्क़ाशी-सम्बन्धी ।

xylography –लॉ'ग्रॅफ़ि n. काष्ठकला^F (लकड़ी^Fपर नक़्क़ाशी^Fकी विद्या^F) ।

xyloid ज़ाइ'लाऍड् a. काष्ठवत्, काष्ठ-सदृश, लकड़ी-जैसा; काष्ठमय, लकड़ीवाला, लकड़ी^Fका ।

xylol ⊙ ज़ाइ'लोल् n. (रसा०) काष्ठव, (रसा०, चि०) **ज़ाइलोल**, काष्ठतैल, लकड़ी^Fका तेल ।

xylometer ज़ाइलॉ'मि`टॅर् n. काष्ठमान, काष्ठमापी ।

xylonite ज़ाइ'लॅनाइट् = CELLULOID.

xylophagous ज़ाइलॉ'फ़ॅगॅस् a. काष्ठाशी, काष्ठ-भक्षी, लकड़ी^F खानेवाला ।

xylopyrography ज़ाइलॅपिरॉ'ग्रॅफ़ि n. काष्ठोत्कीर्णन-विज्ञान, काष्ठोत्कीर्णन-शास्त्र ।

xylose ज़ाइ'लोज़् n. (रसा०) काष्ठशर्करा^F, काष्ठमधु^F; T. ।

xylotomous –लॉ'टॅमॅस् a. काष्ठच्छेदी, काष्ठभेदी (*~ worm*) ।

xyris ज़ाइ'रिस् n. दद्रुमारी^F ।

xyster ज़िस्'टॅर् n. (शल्य०) निघर्षणी^F, खुर्चनी^F ।

xystus ज़िस्'टॅस् n. (pl. *-ti*) व्यायाम-प्रांगण; उद्यान-मार्ग, वीथी^F ।

Y

Y (pl. *ys, y's*) अँग्रेजी वर्णमाला^Fका पचीसवाँ अक्षर, य; xyz में त्र ।

Y (or Yt) Yttrium.

y. (or yr.) year; (or **yd.**) yard.

y- पर (*yclad, yclept* इत्यादिमें) ।

-y[1] भाववाचक संज्ञाएँ^F बनानेमें व्यवहृत (*victor~, remed~, primar~, peremptor~*) ।

-y[2] -युक्त, -सहित, (विशेषण बनानेमें, *bon~, frost~, thorn~, milk~, slang~, snow~*); -आभ (*whit~-brown, pink~-white*) ।

-y[3] लघ्वर्थक संज्ञाओं^Fमें प्रयुक्त (*bab~, Bill~, Johnn~, Jenn~*) ।

-y[4] संज्ञार्थक (*deput~, arm~, assembl~. deliver~, treat~*) ।

yacht[1] यॉट् n. (परि०) **क्रीड़ानौका**^F, केलिनौ^F, प्रमोद-तरणी^F, केलिपोत, सुसज्जित क्षुद्र राजपोत, **लघु बजरा**, सैर^F करनेकी नाव^F; (नौवि०) **पनसुआ**, T.; (*~ club*); ~-club (विशे० नौकाप्रतियोगिता^Fके लिए) पोत-विहार-गोष्ठी^F; ~sman केलिपोत-वाहक, प्रमोद-तरणी-चालक, बजरा खेनेवाला; केलिपोत-भ्रमणकारी, (नौवि०) **पनसुइया**, बजरेसे सैर^F करनेवाला ।

yacht[2] v. i. नौकेलि^F करना, नौका-विहार करना, नौका-प्रतियोगिता^F करना ।

yachter –'टॅर् n. प्रमोदतरणी-चालक, केलिपोत-चालक, क्षुद्र-नौका-केवट, बजरेका मल्लाह ।

